।। श्रीरामजयम् ।।

पञ्चदशी[१]

प्रथमप्रकरणम् - तत्त्वविवेकप्रकरणम्

(स्वरूपबोधिन्याख्या व्याख्या)

इह खल्वनाद्यविद्याविजृम्भितेऽस्मिन् भवदवशिखासन्तापेन भृशं सन्तप्तानां निखिलजीवानां समुद्दिधीर्षया निर्व्याजकरुणापूर्णो भगवान् परमात्मा ज्ञानामृतमभिवर्षन् प्रथमजाय हिरण्यगर्भाय वितेने समग्रान्निगमान् । तेषूपनिषद्राशिरत्यन्तं मुमुक्षुजनोपकारी विराजते तासां चोपनिषदर्थविषदीकरणाय हि भगवती भवसन्तारिणी भगवद्गीता प्रववृते । एषामेवोपनिषदादिब्रह्मविद्याप्रतिपादकानां ग्रन्थानामुपक्रमादिषड्विधतात्पर्यलिङ्गै-स्तात्पर्यावधारणाय संन्यायोपदर्शनाय च भगवान् वेदव्यासो जग्रन्थ ब्रह्मसूत्राणीत्येवं प्रस्थानत्रयी विविदिषुजनमनांस्याह्लादयन्ती चकास्ते। श्रीमदाद्यशङ्करभगवत्पूज्यपादवर्याणां भाष्याणि च प्रथन्ते । तत उपर्युपरि व्याख्योपव्याख्यानान्यसंख्याकान्यर्थगम्भीराणि द्वैतविशिष्टाद्वैताद्यनेकमतोपन्यस्तन्यायाभासखण्डन-पटून्यात्मयाथार्थ्यप्रकाशनपराणि संप्रकाशन्ते । दर्शनेषु सर्वेषु दर्शनीयतमेऽद्वैतवेदान्तदर्शने समेषामद्वैतात्म-याथार्थ्यबोधकग्रन्थानां श्रीमद्ब्रह्मसूत्राद्यखिलबृहल्लघुनिबन्धानां तात्पर्यसारं समुद्दिधीर्षवः श्रीभगवद्विद्यारण्य-श्रीचरणास्तथा श्रीभारतीतीर्थचरणाश्च निखिलमुमुक्षुजनाननुजिघृक्षवः प्राणिन्युः पञ्चदशीनामकमेकमपूर्वप्रकरण-ग्रन्थमनेकप्रक्रियाविशेषैस्सकलजनोपकाराय ।

अथ तत्त्वविवेकनामकं प्रथमं प्रकरणम्

(श्रीसद्गुरुसपर्या व्याख्या)

मङ्गलाचरणम्

नमस्तस्मै गणेशाय ब्रह्मविद्याप्रदायिने । यस्यागस्त्यायते नाम विघ्नसागरशोषणे ।।
वागीशाद्यास्सुमनसस्सर्वार्थानामुपक्रमे । यन्नत्वा कृतकृत्यास्स्युः तन्नमामि गजाननम् ।।
प्रमाणनखनिर्भिन्नमहामोहामरारये । नमस्कुर्मो नृसिंहाय स्वप्रकाशचिदात्मने ।।
अज्ञानतिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जनशलाकया । चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः ।।
कल्याणानां निधानं कलिमलमथनं पावनं पावनानां
पाथेयं यन्मुमुक्षोः सपदि परपदप्राप्तये प्रस्थितस्य ।
विश्रामस्थानमेकं कविवरवचसां जीवनं सज्जनानां
बीजं धर्मद्रुमस्य प्रभवतु भवतां भूतये रामनाम ।।

अनादि अविद्या से विजृम्भित इस संसार रूपी दावानल की प्रचण्ड ज्वालाओं से निरन्तर सन्तप्त सम्पूर्ण

---

१. यदि पञ्चदशप्रकरणान्यस्मिन्ग्रन्थे सन्तीति पञ्चदशीत्युच्येत तत्र पञ्चदशशब्दात् ''अर्चादिभ्योऽच'' इत्यच्प्रत्यये ''नस्तद्धिते'' इत्यादिना च टिलोपे तस्य च गौरादिषु पठितत्त्वात् ''षिद्गौरादिभ्यश्च'' इति ङीष्प्रत्ययान्तोऽयं शब्दः । यद्वा पञ्चेति पूर्वपदस्य तदधिकलक्षणया पञ्चाधिकानां दशानां प्रकरणानां समाहार इति ''तद्धितार्थेत्यादिना समाहारसमासे'' ''अनो लोपश्च नलोपश्च वाद्विगुस्त्रिया''मिति वार्तिकेन न लोपे ''द्विगो''रिति ङीबन्तो वायम् । अथवा ''पक्षान्तौ पञ्चदश्या''वितिवत् पञ्चदशानां पूरणीत्यर्थे डिटि टित्त्वप्रयुक्तङीपा वा साधनीयमित्यलम् ।

तत्रादौ "मङ्गलादीनि मङ्गलमध्यानि मङ्गलान्तानि शास्त्राणि प्रथन्त" इत्यादिमहाभाष्यवचनप्रामाण्येन "समाप्तिकामो मङ्गलमाचरेत्" इति शिष्टाचारानुमितश्रुतिप्रामाण्येन च श्रीगुर्वात्मदेवतैक्यानुसन्धानेन जगदीश्वराभिन्नगुरुनमस्कारात्मकं मङ्गलं ग्रन्थादौ कलयन्ति "**आशीर्नमस्क्रियावस्तुनिर्देशो वापि तन्मुखम्**" इति काव्यज्ञसमयात् । श्वेताश्वतराणामुपनिषदि – "**यस्य देवे परा भक्तिर्यथा देवे तथा गुरौ**" इत्यपि जोघुष्यत इति गुर्वात्मैक्यं भावयन्तः समनुष्ठितं च मङ्गलं शिष्यानुशिशासिषया ग्रन्थादौ निबध्नन्ति । अनुबन्धचतुष्टयमप्युपदर्शयन्ति प्रेक्षावत्प्रवृत्त्युपपत्तये –

प्राणियों का उद्धार करने की इच्छा से निष्कपट और करुणामूर्ति परमात्मा ने ज्ञान रूपी अमृत की वर्षा करते हुए सर्वप्रथम उत्पन्न हिरण्यगर्भ (ब्रह्मा) के हृदय में सम्पूर्ण वेदों का प्राकट्य किया । उन अपौरुषेय वेदराशि में उपनिषद् राशि मुमुक्षुजनों के लिये अत्यन्त उपयोगी है । उन्हीं उपनिषदों के अर्थ को विशद करने के लिये भवसागर से पार कराने वाली भगवती गीता का प्राकट्य हुआ है । तथा ब्रह्मविद्या का प्रतिपादन करने वाले उपनिषदादि ग्रन्थों का उपक्रमोपसंहारादि षड्विध तात्पर्य लिंगो के द्वारा एकमात्र ब्रह्म तत्त्व में तात्पर्य निर्धारण करने के लिये ही भगवान् वेदव्यास जी ने ब्रह्मसूत्र की रचना की है । इन्हीं तीनों (उपनिषद् , गीता और ब्रह्मसूत्र) को प्रस्थानत्रयी कहा जाता है । शंकरावतार भगवान् आद्यशंकराचार्य जी का प्रस्थानत्रयी पर भाष्य अत्यन्त प्रसिद्ध है, जिनको कि परवर्ती अनेकों आचार्यों ने व्याख्यानोपव्याख्यानादि के द्वारा अत्यन्त सुदृढ़ करते हुए श्रुतिसम्मत अद्वैत मत का यथार्थ भाव स्पष्ट किया है ।

अद्वैत तत्त्व का बोध कराने वाले ब्रह्मसूत्रादि जितने भी छोटे-बड़े ग्रन्थ और निबन्ध हैं, उन सबका मन्थन करके मुमुक्षुजनों के उद्धार के लिये स्वामी श्रीविद्यारण्य जी और स्वामी श्रीभारतीतीर्थ जी ने पञ्चदशी नामक इस ग्रन्थ की रचना की है । इस ग्रन्थ में पन्द्रह प्रकरण होने से इसका नाम पञ्चदशी रखा गया है । अथवा "***पक्षान्तौ पञ्चदश्यौ***" इस अमरकोश के अनुसार पूर्णिमा के अर्थ में भी पञ्चदशी का ग्रहण किया जा सकता है । "***मञ्चाः क्रोशन्ति***" इस वाक्य में जैसे लक्षणा की जाती है कि "***मञ्चस्थाः पुरुषाः क्रोशन्ति***" उसी प्रकार यहाँ पर लक्षणा के द्वारा ज्योत्स्ना का ग्रहण करना चाहिये । भाव यह है कि अत्यन्त दुरूह अद्वैत सिद्धान्त रहस्य के परिशोधनार्थ श्रम को दूर कर के आह्लाद पूर्वक तत्त्व को प्रकाशित करने में यह ग्रन्थ समर्थ है अर्थात् चाँदनी के समान है, अतः ज्योत्स्नापरक अर्थ भी यहाँ पर असंगत नहीं है ।

इस ग्रन्थ में तत्व विवेक, पञ्चमहाभूत विवेक, पञ्चकोश विवेक, द्वैत विवेक और महावाक्य विवेक नामक प्रथम पञ्चक में २९४ श्लोक हैं । तथा चित्रदीप, तृप्तिदीप, कूटस्थदीप, ध्यानदीप और नाटकदीप नामक द्वितीय पञ्चक में ८४८ श्लोक हैं और योगानन्द, आत्मानन्द, अद्वैतानन्द, विद्यानन्द और विषयानन्द नामक तृतीय पञ्चक में ४२९ श्लोक हैं । सब मिलाकर १५७१ श्लोकों वाले विवेक, दीप और आनन्द नामक तीन पञ्चकों से युक्त पन्द्रह प्रकरणों के इस ग्रन्थ के दो रचयिता हैं ।

श्रीविद्यारण्यकृताः पञ्चविवेकास्मचित्रदीपाः स्युः। शिष्टं तु समुपदिष्टं श्रीमद्भिर्भारतीतीर्थैः।।

प्रथम छह प्रकरणों के रचयिता स्वामी श्रीविद्यारण्य जी और अन्तिम नौ प्रकरणों के रचयिता स्वामी श्रीभारतीतीर्थ जी माने जाते हैं । विवेक नामक प्रथम पञ्चक में तत्पदार्थ का शोधन किया गया है । दीप नामक द्वितीय पञ्चक में त्वंपदार्थ का शोधन किया गया है तथा आनन्द नामक अन्तिम पञ्चक में दोनों की एकता का प्रतिपादन है ।

मङ्गलादीनि मङ्गलमध्यानि मङ्गलान्तानि शास्त्राणि प्रथन्ते । वीरपुरुषाणि च भवन्त्यायुष्मत् पुरुषाणि चाध्येतारश्च मङ्गलयुक्ता यथा स्युरिति । (पातञ्जल महाभाष्य) अर्थात् जिन शास्त्रों के आदि, मध्य और अन्त में मंगलाचरण किया जाता है, वे शास्त्र सुप्रसिद्ध होते हैं तथा

मङ्गलाचरणम् -

नमश्श्रीशङ्करानन्दगुरुपादाम्बुजन्मने ।
सविलासमहामोहग्राहग्रासैककर्मणे ॥ १ ॥

अन्वयः - श्रीशङ्करानन्दगुरुपादाम्बुजन्मने सविलासमहामोहग्राहग्रासैककर्मणे नमः ।

व्याख्या :- श्रियाणिमाद्यष्टैश्वर्यसम्पदा स्वभक्तेभ्यः शं कैवल्यानन्दं करोति प्रददातीति श्रीशङ्करः। शाकपार्थिवादिवत् श्रीशङ्कर इत्यत्रापि समासः । शमु-उपशम इति दैवादिकाद्धातोः कल्याणार्थे निष्पन्नोऽयं "शम्" इति शब्दः । यत्प्रत्यगभिन्नात्मविज्ञानं सर्वैर्जन्तुभिरनुभूयमानान्सर्वाननर्थव्राताञ्छिशमिषति तच्छं कल्याणम् । तत्करोतीति परमात्मा शङ्करः । "दिष्ट्या शमुपजोषं चेत्यानन्दे" इति कोशोऽपि आनन्दार्थकत्त्वं ब्रवीति शं शब्दस्य । तथा च भगवान्नित्यैश्वर्यशक्त्या भक्तानां प्रपन्नानां मुमुक्षूणां जिज्ञासूनां कैवल्यैकलक्षणं कल्याणं करोतीति शङ्करः "एष ह्येवानन्दयाति","ददामि बुद्धियोगं तं येन मामुपयान्ति ते" इत्याद्यनेकश्रुतिस्मृतिभिः । "टुनदि-समृद्धौ" इति धातोर्निष्पन्नः आङ्पूर्वकः घञन्तश्चानन्दशब्दः । प्रकृते चानन्दरूपिणं परमात्मानमेव वक्ति । निरतिशयप्रेमास्पदत्त्वात्प्रत्यगात्मैव परमानन्दरूपः । अत्र च शङ्करशब्देन "तत्त्वमसि" इति महावाक्यघटिततत्पदवाच्येश्वरत्त्वोपलक्षितं सत्यज्ञानानन्तानन्दादिलक्षणं शुद्धं ब्रह्मोच्यते । तथा "तदेतत्प्रेयः पुत्रात्" इत्यादिश्रुतिभिः निरुपचरितप्रीतिविषयीभूतानन्दरूपः "त्वं"पदलक्ष्यशुद्धजीवः उच्यत आनन्दशब्देन । "शोधितयोस्तत्त्वंपदार्थयोरैक्यं बोध्यते शास्त्रेण, न

उनका अध्ययन करनेवाले (श्रोता और वक्ता) आयुष्मान् , वीर और कल्याण के भागी होते हैं तथा "***समाप्तिकामो मङ्गलमाचरेत्*** " अर्थात् ग्रन्थ की निर्विघ्न समाप्ति की इच्छा करने वाला मंगलाचरण करे । इत्यादि प्रमाणों से ग्रन्थ के प्रारम्भ में मंगलाचरण किया जाता है । तथा मंगलाचरण करना वाल्मीकि, व्यास आदि शिष्टपुरुषों के द्वारा अनुप्राणित है अर्थात् मंगलाचरण करना एक शिष्टाचार भी है । मंगलाचरण तीन प्रकार का होता है । (१) नमस्कारात्मक (२) आशीर्वादात्मक (३) वस्तुनिर्देशात्मक ।

जिसमें इष्ट देवता को या गुरु को नमस्कार किया जाए, उसे नमस्कारात्मक मंगलाचरण कहते हैं । जिसमें आशीर्वाद माँगा जाए या दिया जाए, उसे आशीर्वादात्मक मंगलाचरण कहते हैं । जिसमें प्रतिपाद्य विषय का ही निर्देश हो, उसे वस्तुनिर्देशात्मक मंगलाचरण कहते हैं । यहाँ ग्रन्थकार नमस्कारात्मक मंगलाचरण करते हैं ।

अर्थ - कार्यवर्ग सहित महामोह रूपी ग्राह को ग्रस लेना ही जिनका मुख्य कार्य है, उन श्रीशंकरानन्द नामक गुरु के चरण कमल को नमस्कार है ।१।

व्याख्या - छन्दशास्त्र में आठ गण होते हैं - मगण, यगण, भगण, नगण, रगण, सगण, तगण और जगण । इनमें से प्रथम चार को शुभ तथा अन्तिम चार को अशुभ माना जाता है ।

मो भूमिः श्रियमातनोति यो जलं वृद्धिं रचाग्निर्मूर्तिं
सो वायुः परदेशदूरगमनं त व्योम शून्यं फलम् ।
जस्सूर्यो रुजमाददाति विपुलं भेन्दुर्यशो निर्मलं
नो नाकश्च सुखप्रदः फलमिदं प्राहुर्गणानां बुधाः।। (श्रुतिबोधके)

त्त्वशोधितयोः'' इति रीत्यात्र शङ्करानन्दशब्दयोः कर्मधारयसमासेनाभेदो बोध्यते इति महावाक्यार्थः सर्वशास्त्रसारसर्वस्वभूतः, वेदान्तशास्त्रविषयश्च जीवब्रह्मैक्यमित्युक्तमत्र स्पष्टं प्रतीयते । गुरुः ''गृ-शब्दे''''गृ-निगरणे'' इति वा तौदादिकाद्धातोर्निष्पन्नोऽयं शब्दः । ''गुकारस्त्वन्धकारः स्याद्रुकारस्तन्निरोधक'' इत्यादिनिरुक्तिभिः सर्वानर्थमूलमज्ञानमुन्मूलयति यो ब्रह्मिष्ठः श्रोत्रियः स गुरुरित्यभीधीयते ।

शङ्करानन्द एव गुरुरिति शङ्करानन्दगुरुः ''तद्विज्ञानार्थं स गुरुमेवाभिगच्छेत्समित्पाणिः श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठ''मिति श्रुतेर्ब्रह्मिष्ठविद्वद्वरिष्ठस्यैव गुरुत्त्वं विज्ञेयम् । ''परिपक्वमला ये तानुत्सादनहेतु शक्तिपातेन। योजयति परे तत्त्वे स दीक्षयाऽऽचार्यमूर्तिस्थः ।।'' इत्यागमवचनात् शिष्यान्निर्मलान्विधाय तेभ्यः स्वीयामपूर्वामनिर्वचनीयां शक्तिमनुगृह्य दीक्षितांस्ताञ्छिष्यान्समाप्य परं ब्रह्मैवाचार्यमूर्तिस्थः प्रत्यग-भिन्नाद्वितीयब्रह्मात्मज्ञानं वितीर्यात्मना संयोज्य जीवात्मानं मुक्तात्मानं करोतीत्यवगम्यते । ''श्रिञ् सेवायाम्'' इति धातोर्निष्पन्नः श्रीशब्दः । श्रीयते सेव्यते सर्वैरिति श्रीः । श्रीमांश्चासौ शङ्करानन्दगुरुश्चेति श्रीशङ्करानन्दगुरुः । ''गन्धद्विप''इत्यादिवत्समासः । श्रीगुरोः श्रीमत्त्वं चाणिमाद्यष्टैश्वर्यवत्त्वम् । ''रातेर्दातुः परायण''मिति बृहदारण्यकश्रुत्या भक्तेष्टदानसमर्थः श्रीगुरुः इति सूचितं भवति । तस्य गुरोः

इस श्लोक में प्रत्येक गण के देवता का और उसके फल का वर्णन है ।

गण	देवता	फल	गण	देवता	फल
मगण	भूमि	मंगलश्री का विस्तार	तगण	आकाश	शून्य
यगण	जल	वृद्धिकारक	जगण	सूर्य	रोग
रगण	अग्नि	मृत्युकारक	भगण	चन्द्र	यश
सगण	वायु	परदेशगमन	नगण	स्वर्ग	सुख

तीन अक्षरों का एक गण होता है । सर्वप्रथम ''नमःश्री'' ऐसा कहकर प्रस्तुत मंगलाचरण में ग्रन्थकार ने यगण का प्रयोग किया है । इसके देवता जल हैं और फल वृद्धि है । भाव यह है कि यह ग्रन्थ जल की तरह निर्मल और गम्भीर है अर्थात् शुद्ध और गम्भीर अर्थों वाला है तथा अज्ञान को निवृत्त करके ज्ञान-विज्ञान का वर्धक है ।

''***शमु उपशमे*** '' (शान्त होना, शमन करना) इस धातु से शान्त्यर्थ अर्थात् कल्याण के अर्थ में शं शब्द निष्पन्न होता है । ***शं करोतीति शंकरः*** अर्थात् कल्याण करने वाले को शंकर कहा जाता है । और ''***दिष्ट्या शमुपजोषं चेत्यानन्दे*** '' इस कोशवचनानुसार शं शब्द आनन्दार्थक है । नित्य ऐश्वर्य सम्पन्न परमात्मा अपने शरणागत जिज्ञासु भक्तों को कैवल्यपद प्रदान कर उनका कल्याण करते हैं , इसलिये वे शंकर कहे जाते हैं । ''***एष ह्येवानन्दयाति*** '' और ''***ददामि बुद्धियोगं तं येन मामुपयान्ति ते*** '' (गीता) इत्यादि अनेकों श्रुति-स्मृति वाक्य इसमें प्रमाण हैं । तत्पदवाच्य ईश्वरोपलक्षित सत्य-ज्ञान-आनन्दादि लक्षणों वाला शुद्ध ब्रह्म ही शंकर शब्दवाच्य है तथा सर्वाधिक प्रीति का विषय होने के कारण परमानन्द रूप त्वंपदलक्ष्य शुद्ध जीव ही आनन्द शब्दवाच्य है । अर्थात् शंकर शब्द का अर्थ परमात्मा है और आनन्द शब्द का अर्थ प्रत्यगात्मा है । शोधित तत्पदार्थ और त्वंपदार्थ की एकता ही शास्त्रों से जानी जाती है, अशोधित की नहीं । इसलिये शंकर और आनन्द इन दो शब्दों का कर्मधारय समास के द्वारा अभेद जाना जाता है । अर्थात् शंकरानन्द शब्द का अर्थ प्रत्यगभिन्न परमात्मा है, वही श्रीगुरु है । गु शब्द अज्ञान रूपी अन्धकार का वाचक है और रु शब्द उसका निरोधक है, अतः अज्ञान

पादावेवाम्बुजन्म सरसीरुहं तस्मै नमः।

किं कृत्त्वा? - सविलासमहामोहग्राहग्रासैककर्मणे विलासः, "लस - श्लेषणक्रीडनयो"रिति भौवादिकधातोः निष्पन्नः प्रकृते कार्यवर्गमाचष्टे । तेन सह वर्तत इति सविलासः । ईदृग्विधो यो महामोहः सर्वानर्थबीजभूतं मूलाज्ञानं स एव च ग्राहः नक्रः । यथा वा मकरादयः कथञ्चित्स्ववशंप्राप्तस्य दुःखहेतवो भवन्ति तद्वत् मूलाज्ञानमप्यनाद्यविद्यया प्रारब्धवशेन स्ववशप्राप्तं जीवं बहुधा दुःखादिना पीडयतीति महामोहे ग्राहत्वारोपो युक्तः । ग्रासः "ग्रसु-अदन"इति धातोर्निष्पन्नो घञन्तः शब्दः भक्षणार्थकः । तदेवैकं मुख्यं कर्म क्रिया यस्य तत्तथोक्तः तस्मै नमः इति वाक्यार्थः । अत्र श्रीगुरोरुत्तमपुरुषत्त्वं संसूचयतीति पादाम्बुजन्मन इत्येकवचनम् । श्रीमद्गुरुरुक्तशुक्लप्रभामिश्रपादकुशेशययोर्द्वे शक्तीस्तः अधिकारितारतम्येन यथायोग्यं जीवन्मुक्तिसद्योमुक्ती वितरतः । अचेतनमप्यम्बुजन्म गुरुपादत्त्वेन परिणमत इति हेतोः ग्रासैककर्मणि नितरां क्षम इति परिणामालङ्कारोऽत्र । "परिणामः क्रियार्थश्चेद्विषयीविषयात्मना । प्रसन्नेन दृगब्जेन वीक्षते मदिरेक्षणा ।। "इत्यालङ्कारिकसमयप्रसिद्धेः । अचेतने पद्मे चेतनार्थस्य ग्राहग्रासकर्मणो विरोध इति विरोधाभासालङ्कारानुप्राणित एव परिणामालङ्कारः।

रूपी अन्धकार का जो नाशक है, उसे गुरु कहा जाता है ।

गुशब्दस्त्वन्धकारः स्यात् रुशब्दस्तन्निरोधकः ।
अन्धकारनिरोधित्वाद् गुरुरित्यभिधीयते ।। **(द्वयोपनिषद् -४)**

अर्थात् जिन अधिकारी व्यक्तियों के राग-द्वेषादि दोष दग्ध हो चुके हैं, उनको आचार्य (गुरु) की मूर्ति में स्थित वह प्रत्यगभिन्न परमात्मा उपदेश के द्वारा अज्ञानादि प्रतिबन्धों को नष्ट करने की शक्ति प्रदान कर प्रत्यगभिन्न परमतत्त्व में जोड़ता है अर्थात् स्वस्वरूप का बोध कराता है । श्रीशंकरानन्द ही गुरु हैं, श्रुति के अनुसार गुरु श्रोत्रिय और ब्रह्मनिष्ठ होना चाहिये, अतः ब्रह्मविद्वरिष्ठ का ही गुरुत्व जानना चाहिये । "***श्रिञ् सेवायाम्***" इस धातु से श्री शब्द निष्पन्न होता है । "***श्रीमांश्चासौ शंकरानन्दगुरुश्चेति श्रीशंकरानन्दगुरुः***"। "***गन्धवान् द्विपः गन्धद्विपः***" और "***शाकप्रियः पार्थिवः शाकपार्थिवः***" के समान । यहाँ पर मध्यमपदलोपी कर्मधारय समास हुआ है । 'श्री' शब्द का अर्थ श्रीमान् है । अणिमादि ऐश्वर्य सम्पन्नत्व ही श्रीगुरु का श्रीमत्व है अर्थात् श्रीगुरु भक्तों का इष्ट सम्पादन करने में समर्थ हैं ।

अणिमा महिमा चैव गरिमा लघिमा तथा । प्राप्तिः प्राकाम्यमीशित्वं वशित्वं चाष्टसिद्धयः।।

(अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व ये आठ सिद्धियाँ हैं)

उन श्रीशंकरानन्द गुरु के चरण कमल को नमस्कार है । उनका चरण ही कमल है, वह चरण रूप कमल कैसा है ? विलाससहित अर्थात् स्थूल-सूक्ष्म प्रपञ्च रूप कार्य के सहित महामोह रूपी ग्राह को ग्रस लेना ही जिनका कार्य है । सर्वानर्थमूलक मूलाज्ञान ही ग्राह (मकर) है । जैसे ग्राह अपने वशीभूत प्राणी के दुःख का हेतु होता है, उसी प्रकार महामोह भी अपने वशीभूत जीवों को बहुत प्रकार से दुःख देता है । इसलिये महामोह में ग्राह का आरोप करना उचित ही है । "***ग्रसु अदने***" इस धातु से भक्षणार्थ ग्रास शब्द निष्पन्न होता है । अर्थात् महामोह रूपी ग्राह को ग्रस लेना ही गुरु के चरणकमल का मुख्य कार्य है । चरण दो होने पर भी "***पादाम्बुजन्मने***" यहाँ पर एकवचन का प्रयोग किया गया है, इसका भाव यह है कि गुरु के चरण कमलों में स्थित एक ही शक्ति अधिकारी भेद से जीवन्मुक्ति और सद्योमुक्ति प्रदान करती है ।

कमल अचेतन पदार्थ होने पर भी गुरु के चरण रूप से परिणत होने के कारण महामोह रूपी ग्राह का

"आश्चर्यवत्पश्यति कश्चिदेन"मित्यादिश्रुत्युक्तदिशा चाद्भुतरसानुप्राणितश्शान्त एव रसोऽत्र प्राधान्येन ध्वन्यते । निखिलजीवैर्निरन्तरमनुभूयमानमपि निखिलं द्वैतलक्षणं दुःखं केवलमाभासमात्रमेवेति चात्र सम्यक्सूचितं भवति ।

द्वयोश्शङ्करानन्दपदार्थयोः कर्मधारयोक्त्या सामानाधिकरण्यसिद्धेर्जीवब्रह्मणोरेकत्त्वलक्षणो विषयो यथोपदर्शितस्तथैव जीवस्याखण्डब्रह्मरूपतया निरतिशयसुखाविर्भावलक्षणं प्रयोजनमप्यत्र संसूचितमित्यनुबन्धोऽप्युपन्यस्तो ग्रन्थकारेण मङ्गलव्याजेन । निश्शेषानर्थनिवृत्तिलक्षणं च प्रयोजनं सविलासेत्यादिना स्पष्टमुक्तम् ।

"तरति शोकमात्मविदि"ति श्रुत्या दुःखात्यन्ताभावः, ब्रह्मविदाप्नोति परमिति श्रुत्या निरतिशयानन्दाविर्भावश्चेति दुःखात्यन्ताभावोपलक्षितनिरतिशयसुखाविर्भाव एवात्र प्रयोजनमिति दिक्।।

तत्पादाम्बुरुहद्वन्द्वसेवानिर्मलचेतसाम् ।
सुखबोधाय तत्त्वस्य विवेकोऽयं विधीयते ॥ २ ॥

अन्वयः – तत्पादाम्बुरुहद्वन्द्वसेवानिर्मलचेतसां सुखबोधाय तत्त्वस्य अयं विवेको विधीयते ।

व्याख्या :– श्रीगुरोस्तस्य पादावेवाम्बुरुहे तामरसे तयोर्द्वन्द्वं तत्सेवया पूर्वोत्थानजघन्यशायित्त्वादि–धर्मशास्त्रोक्तमार्गेण स्तोत्रादिभिरनवरतप्रणिपतनादिभिश्चेत्येवमादिपरिचर्यया निर्मलं रागद्वेषादिरहितं दम्भदर्पाभिमानक्रोधपारुष्याद्यासुरीसम्पद्विवर्जितं चेतो हृदयं येषां तेषां, निर्मलचेतसामित्यनेन रागाद्यकलुषितान्तःकरणः साधनचतुष्टयसम्पन्नोऽधिकारीत्यपि संसूचितोऽस्ति । सुखबोधायानायासेन निखिलवेदान्तशास्त्रप्रतिपादितार्थावबोधायायमुपरिष्टाद्वक्ष्यमाणः – "त्रितयीमपि तां मुत्त्वा परस्परविरोधिनीम्।

नाश करने में समर्थ है । यहाँ पर साहित्यशास्त्रानुसार परिणामालंकार है । अचेतन कमल में ग्राह ग्रसन रूप चेतन कर्म का विरोध होने के कारण विरोधाभास से अनुप्राणित ही परिणामालंकार है और समस्त प्राणियों के द्वारा निरन्तर अनुभूत द्वैतलक्षण वाला यह दुःख केवल आभासमात्र है अतः "***आश्चर्यवत्पश्यति***" (कठो.) इस श्रुति के अनुसार अद्भुतरस से अनुप्राणित शान्तरस ही प्रधान रूप से यहाँ ध्वनित होता है ।

इस श्लोक में शंकर और आनन्द ये दोनों पद सामानाधिकरण्य अर्थात् एक ही विषय के वाचक हैं । इससे जीव और ब्रह्म की एकता ग्रन्थ का विषय है, यह सूचित होता है । और '***तरति शोकमात्मवित्***' (छा. ३) आत्मवेत्ता परम तत्त्व को प्राप्त कर लेता है, इत्यादि श्रुतियों के द्वारा समस्त दुःखों की निवृत्तिपूर्वक निरतिशय सुख का आविर्भाव ही इस ग्रन्थ का प्रयोजन है । जैसा कि "**सविलासमहामोह**" इत्यादि से स्पष्ट रूप से कहा गया है । इस तरह मंगलाचरण के व्याज से ग्रन्थकार ने ग्रन्थ का विषय और प्रयोजन भी सूचित कर दिया है ।

मंगलाचरण में व्यंग रूप से वर्णित विषय, प्रयोजन और अधिकारी का भी अब स्पष्ट रूप से प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ – उन (सद्गुरु के) युगल पादपद्मों की सेवा से जिनका चित्त निर्मल हो गया है, उन्हें सुखपूर्वक ज्ञान कराने के लिये यह तत्त्व का विवेक (विवेचन) किया जाता है । २ ।

व्याख्या – सद्गुरुदेव के दोनों चरण ही कमल हैं, उन युगल पादपद्मों की सेवा–शुश्रूषा करने से अर्थात् गुरु के जागने से पहले जाग जाना, उनके शयन करने के बाद शयन करना, गुरु के भोजन कर

अखण्डं सच्चिदानन्दं महावाक्येन लक्ष्यते ।" इति रीत्या तत्त्वस्य वास्तवस्यानारोपितस्वस्वरूपस्य विवेकः "विचिर्-पृथग्भावे" विवेकः प्रत्यगात्मता इत्यमरात् । "विवेकस्याञ्जलद्रोण्यां पृथग्भावविचारयोः इति मेदिनीवचनाच्च विवेचनमित्यर्थलाभात् अध्यारोपितात् जगतः पञ्चकोशेभ्यः स्वात्मा विविच्यते विधीयते प्रतिपाद्यते । "तद्विद्धि प्रणिपातेन परिप्रश्नेन सेवया । उपदेक्ष्यन्ति ते ज्ञानं ज्ञानिनस्तत्त्वदर्शिनः।।" इति स्मृतेर्देशिकचरणोपसेवाया एव ज्ञानसाधनेषु विशिष्टतरत्त्वात् जिज्ञासुभिर्विधिवद्गुरूपसत्तिरेव विधेया ।

आत्मनो विवेको विचारः क्रियत इत्यवोचि । कथमेतद्घटते ? यतः विचाराङ्गभूतयोस्सन्देह-प्रयोजनयोरभावो दृश्यते - यदसन्दिग्धमप्रयोजनं न तत्कश्चिदपि मतिमद्विविदिषाविषयं भवति समनस्केन्द्रियसन्निकृष्टः प्रस्फुटालोकगर्भस्थः स्थाणुः । मेषाण्डप्रमाणपरीक्षा वा आब्रह्मपिपीलिकान्तं सर्वस्यापि जीवस्यानात्मभ्यो देहेन्द्रियमनोबुद्धिविषयेभ्य इदङ्कारास्पदेभ्यो विवेकेना"यमस्मी"त्यसंशयम् अविपर्यासं चाहङ्कारास्पदस्यात्मनः पृथग्भावेनानुभूयमानत्त्वादज्ञातत्त्वाभावान्न शास्त्रगम्य इति नैवात्मा विचार्यः । अत्रैवं प्रयोगः -"आत्मा मुमुक्ष्वविचार्यः" असन्दिग्धत्त्वान्निष्प्रयोजनत्त्वात् इत्यादि, इति प्रश्ने जाते -

---

लेने के बाद भोजन करना, उनके चरण दबाना, उनकी आज्ञा का पालन करना, गुरु को दण्डवत् प्रणाम नमस्कारादि करना, शरीर, मन और वाणी से सदा गुरु का हित करना, इत्यादि गुरु के चरण कमलों की सेवा मानी जाती है । गीता में भी भगवान् अर्जुन से कहते हैं कि "***तद्विद्धि प्रणिपातेन परिप्रश्नेन सेवया***" (गी ४/३४) श्रोत्रिय-ब्रह्मनिष्ठ आचार्य को दण्डवत् प्रणाम करने से उनकी सेवा करने से और कपट रहित सरलतापूर्वक प्रश्न करने से वे महात्मा तुझे तत्त्वज्ञान का उपदेश करेंगे । अतः गुरुचरणों की सेवा ही ज्ञान का मुख्य हेतु है । जैसे जल निम्नस्थान की ओर स्वतः ही बहता चला जाता है, उसी प्रकार गुरु की सेवा करने वाले के पास विद्या स्वतः ही आ जाती है । इस तरह गुरु के चरण कमलों की सेवा करने से जिसका अन्तःकरण शुद्ध हो गया है । यहाँ पर निर्मल अन्तःकरण का भाव यह है कि राग-द्वेषादि से रहित जिसका अन्तःकरण हो गया है, वही साधनचतुष्टय सम्पन्न होने के कारण वेदान्तों का श्रवण करने का अधिकारी है । अतः ऐसे अधिकारी व्यक्तियों को सुखपूर्वक (अनायास ही) समस्त वेदान्तशास्त्रों में प्रतिपादित अर्थ का सम्यक् ज्ञान कराने के लिये यह तत्त्व का विवेक (विवेचन) किया जाता है । "***विचिर् पृथग्भावे***" तथा "***विवेकः पृथगात्मता***" इस अमरकोश के अनुसार तथा "***विवेकस्योज्जलद्रोण्यां पृथग्भावविचारयोः***" इस मेदिनीकोश के अनुसार विवेक का अर्थ पृथक्करण अर्थात् विवेचन करना है । भाव यह है कि तत्त्व का जो वास्तविक सच्चिदानन्द स्वरूप है, उसका विवेचन किया जाता है । ग्रन्थ में आगे कहेंगे कि '***अखण्डं सच्चिदानन्दं महावाक्येन लक्ष्यते***' अतः आत्मा में अध्यारोपित जगत् और पञ्चकोशों से प्रत्यगात्मा का विवेचन करना यहाँ अभीष्ट है।

शंका - प्रत्यगात्मा के विवेचन का विचार किया जाता है, ऐसा जो आपने कहा, वह उचित नहीं है क्योंकि विचार करने के लिये वस्तु का सन्दिग्ध और प्रयोजनवान होना आवश्यक है । क्योंकि जो वस्तु असन्दिग्ध और प्रयोजन रहित होती है, वह जिज्ञासा का विषय नहीं हो सकती । जैसे सजग पुरुष की आँखों के सामने प्रखर प्रकाश में रखा हुआ घड़ा असन्दिग्ध होने से उसे जानने की इच्छा नहीं होती और कौवे के दांत कितने हैं ? यह प्रश्न भी निष्प्रयोजन होने के कारण जिज्ञासा का विषय नहीं होता।

अत्रेत्थं समाधीयते – यद्य''प्यहमि''ति प्रत्यये ज्ञायत एवात्मा अथापि चिन्मात्ररूपेण निरस्तनिखिलोपाधिसम्बन्ध आत्मा न विषयीभवति । तस्यात्मनस्साक्षात्कारे खलु सर्वानर्थनिवृत्तिपूर्वकपरमानन्दाविर्भावो भवेत् । तादृशस्य च शास्त्रैकसमधिगम्यत्वात्सफलत्त्वाज्जिज्ञासितत्त्वेन च सन्दिग्धत्त्वादवश्यमेवात्मा विचार्य इति । ''तमेतं वेदानुवचनेन विविदिषन्ति'' इत्यादिश्रुतिभिस्तथा – ''प्रत्यग्विविदिषां बुद्धेः कर्माण्युत्पाद्य शुद्धितः। कृतार्थान्यस्तमायान्ति प्रावृडन्ते घना इव'' इति च वार्तिकेनायमर्थः सिद्ध्यति। विविदिषन्तीत्यत्राश्वेन जिगमिषतीतिवज्ज्ञानलक्षणा । धात्वर्थप्राधान्यं नाङ्गीकार्यं यतः प्रकृतिप्रत्ययौ सहार्थं ब्रूतस्तयोस्तु प्रत्ययः प्राधान्येनेति जागर्ति स्मृतिः । किञ्च श्रवणादिविध्यनुपपत्तिः। पूर्वोक्तवार्तिकेन तु सन्प्रत्ययवाच्येच्छायामेव लक्षणौचित्यमुपदर्शितमिति ''गुणे त्वन्याय्यकल्पने''ति न्यायो नात्रावतरति। ईश्वरार्पितकर्मभिर्ज्ञानानुत्पत्तिकारिणीभूतस्य दुरितस्य प्रध्वंसद्वारा मणिदर्पणादिवद्विमलतरं मानसं सम्पाद्यते । तदैवजिज्ञासुजनानामनायासेनाबाधिताप्रतिबद्धाद्वैतात्मवस्तुबोधोपयोगित्त्वेन विधीनां चारितार्थ्यमिति दिक्।।

ज्ञानस्य नित्यत्त्वोपपादनं पञ्चभिः –

शब्दस्पर्शादयो वेद्या वैचित्र्याज्जागरे पृथक् ।
ततो विभक्ता तत्संविदैकरूप्यान्न भिद्यते ।। ३ ।।

अन्वयः – जागरे वेद्याः शब्दस्पर्शादयः वैचित्र्यात् पृथक् (भिद्यन्ते) ततो विभक्ता तत्संवित् ऐकरूप्यात् न भिद्यते ।

व्याख्या :– ब्रह्मणो नित्याखण्डज्ञानरूपत्वादात्मभिन्नस्य सर्वस्याप्यनृततया ''अतोऽन्यदार्तमि''

इसी तरह प्रकृत में भी आत्मा को ''अहं–अहं'' रूप से सभी जानते हैं अतः आत्मा सन्दिग्ध नहीं है और कर्तृत्व–भोक्तृत्व रहित आत्मा के ज्ञान का कोई फल भी नहीं है अतः प्रत्यक् तत्त्व असन्दिग्ध और निष्प्रयोजन होने से विचार का विषय नहीं हो सकता ।

समाधान – यद्यपि अहं–अहं रूप से आत्मा का ज्ञान सभी को होता है तथापि समस्त उपाधियों से रहित सच्चिदानन्द स्वरूप आत्मा के यथार्थ रूप को सभी नहीं जानते हैं । और उस आत्मा का साक्षात्कार हो जाने पर समस्त अनर्थों की निवृत्तिपूर्वक परमानन्द का आविर्भाव भी होता है । अतः आत्मा के यथार्थ रूप में सन्दिग्धता और उसको जानने से मोक्ष रूप प्रयोजन भी सिद्ध होने से प्रत्यगात्मा का विचार अवश्य करना चाहिये ।

राग–द्वेषादि से रहित शुद्ध अन्तःकरण वाला जिज्ञासु व्यक्ति इस ग्रन्थ को पढ़ने का अधिकारी है । ब्रह्म का यथार्थ ज्ञान यहाँ ज्ञेय वस्तु है, उसका पाँच कोशों से विवेचन ही ग्रन्थ का प्रयोजन है । इस प्रकार प्रस्तुत श्लोक में अनुबन्ध चतुष्टय में से तीन अनुबन्धों का स्पष्ट रूप से प्रतिपादन किया गया है ।

अब पाँच श्लोकों के द्वारा ज्ञान के नित्यत्व का प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ – जाग्रत् अवस्था में ज्ञान के विषय शब्द–स्पर्शादि परस्पर विलक्षण होने से अलग–अलग हैं किन्तु उनसे पृथक् रहने वाला उनका ज्ञान एकरूप होने से भेद रहित है । ३ ।

व्याख्या – ब्रह्म नित्य और अखण्ड ज्ञानरूप है तथा आत्मातिरिक्त सभी पदार्थ अनृत (मिथ्या) हैं । यह बात अनुभवसिद्ध भी है और ''**घटज्ञानं नष्टं**'' इत्यादि व्यवहार से भी यह बात जानी जाती है । इसलिये सर्वप्रथम सामान्य ज्ञान का नित्यत्व और एकत्व युक्तिपूर्वक सिद्ध करते हुए

त्यादिश्रुतिसिद्धत्त्वादनुभवाच्च ''घटज्ञानं नष्ट''मित्यादिव्यवहाराच्च सर्वप्रथमं ज्ञानसामान्यस्य युक्त्या नित्यत्त्वमेकत्त्वमित्यादि संसाधयञ्छास्त्रप्रतिपाद्यमानविषयमपि द्रढयति । शास्त्रेऽस्मिन्विषयो जीवब्रह्मैक्यं प्रायो न तत्संभवति । एवं जीवस्यापि ब्रह्मरूपता सिद्धैव । अतो ज्ञानस्याभेदो यदि प्रथमं निर्णीयते तेन सर्वमेतत्प्रसिध्यतीत्याशयेन पञ्चभिरखण्डज्ञानोपपादनमत्र प्रस्तूयते । जागरे हि व्यवहारः सुस्पष्टं प्रतिभासते ''इन्द्रियैरर्थोपलब्धिर्जागरित''मिति श्रीमद्भगवत्पादाः । तादृश्यामवस्थायां वेद्याः । ज्ञानविषयभूताः शब्दस्पर्शरूपरसगन्धा आकाशवाय्वग्न्यप्पृथिवीनां गुणाः। एवमन्येऽपि स्वस्ववैचित्र्या-त्पृथक्परस्परं भिद्यन्ते । गौरयमश्वोऽयमिति जात्यादिवैचित्र्येण यथा भिद्यन्ते तद्वत् । ततस्तेभ्यो विषयेभ्यो विभक्ता मत्या पृथक्कृता संवित् ज्ञानं तु न भिद्यते । यतस्सैकरूपा एकं रूपं यस्यास्सा एकरूपा तस्याः भावः ऐकरूप्यम् ।

संविन्नाम विषयोपलब्धिप्रयोजकं स्वप्रकाशकचेतनात्मकं वस्तु । तच्चान्तःकरणे प्रतिबिम्बितचिदाभासद्वारा विषयान्प्रकाशयति । यथा प्रकाशते घटं प्रभाद्वारा प्रदीपः । चिदाभासेन प्रकाशितमन्तःकरणं ज्ञानेन्द्रियैर्विभिन्नविषयान्गृहीत्त्वा केदारप्रविष्टतटाकोदकमिव तदाकाराकारितं भवति यदा तदा तत्तद्विषयोपलब्धिर्जायते । दर्पणस्य पुरः प्रकाशे सति विविधविषयप्रतिबिम्बग्राहकत्त्वं यथा सिद्ध्यति तद्वत् । दर्पणस्य प्रकाशस्वभावात्प्रतिबिम्बासद्भावेऽपि प्रकाशत एव । तथा दर्पणाभावेऽपि तत्प्रकाशिका सूर्यकान्तिश्च स्वयं प्रकाशते । इदं चिदात्मकं स्वयं प्रकाशं वस्त्वेव संविदित्युच्यते । ''परागर्थप्रमेयेषु या फलत्त्वेन सम्मता । संवित्सैवेह मेयोऽर्थो वेदान्तोक्तिप्रमाणत'' इति वार्तिकम् । अत्रैवानुमानप्रयोगः- विमतं ज्ञानं स्वभावतो भेदशून्यम् । विषयविशेषभेदमन्तरेणासंविभाज्यभेदत्त्वात्

शास्त्रप्रतिपाद्यमान विषय को भी दृढ़ करते हैं । इस ग्रन्थ का विषय जीव और ब्रह्म की एकता है, जो प्रायः असम्भव-सी प्रतीत होती है । और इसी प्रकार जीव की ब्रह्मरूपता भी असिद्ध ही है । अतः सर्वप्रथम यदि ज्ञान के अभेद का निर्णय हो जाए , तो उससे सब कुछ सिद्ध हो जाएगा । इस आशय से पाँच श्लोकों के द्वारा अखण्ड ज्ञान का उपपादन करते हैं । जाग्रदवस्था में व्यवहार सुस्पष्ट भासित होता है । ''***इन्द्रियैरर्थोपलब्धिर्जागरितम्*** '' जिस अवस्था में विषयों की स्पष्ट उपलब्धि होती है, उसे ही जाग्रदवस्था कहा जाता है । ऐसी जाग्रदवस्था में शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध जो कि क्रम से आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी के गुण हैं, वे परस्पर विलक्षण होने से एक दूसरे से भिन्न होते हैं । जैसे - यह गाय है, यह अश्व है, इत्यादि जाति के भेद से भिन्न-भिन्न हैं, उसी प्रकार शब्दादि भी भिन्न-भिन्न हैं । तथापि उन शब्दादि विषयों से पृथक् जो संवित् (ज्ञान) है, वह भेदरहित है क्योंकि ज्ञान सर्वदा एकरूप ही रहता है । विषयोपलब्धिप्रयोजक चेतनात्मक वस्तु को संवित् कहते हैं । वह अन्तःकरण में प्रतिबिम्बित चिदाभास के द्वारा विषयों को प्रकाशित करती है, जैसे दीपक प्रभा के द्वारा घड़े को प्रकाशित करता है । चिदाभास से प्रकाशित अन्तःकरण ज्ञानेन्द्रियों के द्वारा विभिन्न विषयों का ग्रहण करके सरोवर का जल जैसे नहरों में जाकर तदाकाराकारित हो जाता है, वैसे ही जब तद्रूप हो जाता है तब विषयों के प्रतिबिम्बों को ग्रहण करता है । वस्तु के अभाव में भी दर्पण तो प्रकाशित होता ही है । तथा दर्पण के अभाव में भी उसको प्रकाशित करने वाली सूर्य की कान्ति स्वयं प्रकाशित होती है । अतः स्वप्रकाश चिदात्मक वस्तु ही संवित् है ।

आकाशादिवत् । यतश्च घटाकाशमहाकाशाद्युपाधिमन्तरा नाकाशस्य भेदो वक्तुं शक्यः । तथा गन्धज्ञानं रसज्ञानान्न भिद्यते ज्ञानत्वात् शब्दज्ञानवदित्येकस्यैव ज्ञानस्याकाशस्यैवौपाधिकभेदेनापि भिन्नव्यवहारोपपत्तौ तात्त्विकभेदकल्पनानौचित्याद्गौरवाच्चेति दिक् ।।

प्रजागरे संसिद्धं ज्ञानस्यैकत्त्वमतिदिशति स्वप्नेऽपि –

तथा स्वप्नेऽत्र वेद्यन्तु न स्थिरं जागरे स्थिरम् ।
तद्भेदोऽतस्तयोस्संविदेकरूपा न भिद्यते ॥ ४ ॥

अन्वयः – तथा स्वप्ने (यथा जागरे विषयाणां वैचित्र्याद्भेदः तथा स्वप्नेऽपि विषया एव भिन्नाः, न संवित्) अत्र (स्वप्ने) तु वेद्यं न स्थिरम् । जागरे तु स्थिरम्, अतः तद्भेदः, तयोः एकरूपा संवित् न भिद्यते ।

व्याख्या :– स्वप्नः "करणेषूपसंहृतेषु जागरितसंस्कारजः प्रत्ययः सविषयः स्वप्न" इति भगवत्पादैर्लक्षितं तत्राप्यवस्थायां यथा जागरे तत्तद्विषयवैचित्र्यात्परस्परं तेषां भेदो ज्ञानस्य चैकरूप्यादभेदस्तथैतेनैव प्रकारेण स्वप्नेऽपि विषयभेदेनैव ज्ञानभेदः न स्वतो ज्ञानभेद इति ज्ञानस्याभेद एव । यदि स्वप्नजाग्रदवस्थाद्वयेऽपि समो गुणस्तर्हि स्वप्नो जागर इति कुतो भेदव्यवहारः इत्यत्रोत्तरमाह– अत्र स्वप्ने वेद्यं विषयसमुदायं पुरो दृश्यमानं सर्वमपि न स्थिरं जलबुद्बुदवत्क्षणिकम् । किञ्च

यहाँ अनुमान प्रयोग इस प्रकार है – ज्ञान स्वभाव से भेद शून्य है, क्योंकि विषयों के भिन्न होने पर भी स्वयं अविभक्त है, आकाश के समान । जैसे घटाकाश और मठाकाशादि उपाधि भेद से आकाश का भेद नहीं माना जाता, उसी प्रकार गन्धज्ञान भी रसज्ञान से भिन्न नहीं है, ज्ञान होने के कारण, शब्द ज्ञान के समान । इसलिये आकाश के औपाधिक भेद के समान एक ही ज्ञान का व्यवहार में भेद होने पर भी तात्विक भेद नहीं है ।

जाग्रदवस्था में ज्ञान की एकता का प्रतिपादन कर अब स्वप्न में भी उसकी एकरूपता का प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ – उसी प्रकार स्वप्न में भी जानना चाहिये । इस स्वप्नावस्था में दृश्य पदार्थ स्थिर नहीं है किन्तु जाग्रदवस्था में स्थिर हैं । इसलिये उन (स्वप्न और जाग्रत्) का भेद है, किन्तु दोनों अवस्थाओं में ज्ञान एकरूप होन से भिन्न नहीं है । ४ ।

व्याख्या – "***करणेषूपसंहृतेषु जागरितसंस्कारजः प्रत्ययः सविषयः स्वप्नः***" अर्थात् चक्षुरादि इन्द्रिय रूप करणों का उपशम हो जाने पर जाग्रत् के संस्कार से उत्पन्न विषयात्मक ज्ञान स्वप्न कहा जाता है । जिस तरह जाग्रदवस्था में विषय विलक्षणता के कारण परस्पर भिन्न होते हुए भी एकरूप होने के कारण उनके ज्ञान का भेद नहीं है, वैसे ही स्वप्नावस्था में भी जानना चाहिये ।

यदि स्वप्न और जाग्रत् दोनों में समान गुण हैं तो फिर "यह स्वप्न है, यह जाग्रत् है" ऐसा भेद किस लिये कहा जाता है ? इसका उत्तर देते हैं कि इस स्वप्नावस्था में दृश्यमान समस्त विषय समुदाय जल में बुलबुले के समान स्थिर नहीं है । किन्तु गन्धर्वनगर के समान प्रतीतिमात्र ही हैं अर्थात् वास्तविक नहीं हैं । और जाग्रदवस्था में दृश्यमान सभी पदार्थ स्थिर हैं क्योंकि कालान्तर में भी उनका अनुभव

गन्धर्वनगरादिवत्प्रतीतिमात्रस्वरूपमेव न वास्तविकं किञ्चिदस्ति । जागरे तु यद्यद्दृश्यमानं पदार्थजातं तत्सर्वमपि स्थिरं स्थायि, यतः कालान्तरेऽपि तथैवानुभूयते । तथा च स्वप्नजागरयोरेतावान्भेदस्सिद्ध्यति यत् स्थिरास्थिरविषयकत्त्वमेवेत्येतल्लक्षणवैलक्षण्यम् । अथापि स्वप्नजाग्रज्ज्ञानयोस्तु न कोऽपि भेद एकरूपत्त्वात् ।।

सुषुप्त्यवस्थायां ज्ञानास्तित्वप्रसाधनम् -

सुप्तोत्थितस्य सौषुप्ततमो बोधो भवेत्स्मृतिः ।
सा चावबुद्धविषयाऽवबुद्धन्तत्तदा तमः ॥ ५ ॥

अन्वयः - सुप्तोत्थितस्य सौषुप्ततमोबोधः स्मृतिः भवेत् (न अनुभवः) सा च (स्मृतिः) अवबुद्धविषया । तत् (तस्मात्कारणात्) सौषुप्तं तमः तदा (सौषुप्तौ) अवबुद्धम् (इत्यवगन्तव्यम्)।

व्याख्या :- सुषुप्तिः गाढनिद्रा - "सर्वप्रकारज्ञानोपसंहारे बुद्धेः कारणात्मनावस्थानं सुषुप्ति"रिति आचार्यवचनम् । अत्रैव वार्तिककारा अपि - " ज्ञानानामुपसंहारे बुद्धेः कारणता स्थितिः । वटबीजे वटस्येव सुषुप्तिरभिधीयते" इति । सुप्तोत्थितः पूर्वं सुप्तः पश्चादुत्थित इति सुप्तश्चासावुत्थितश्चेति कर्मधारयसमासाश्रयेणार्थकरणं प्रसिद्धा रीतिः । अथवा सुप्तं सुषुप्तं तस्मात्सुषुप्तेरुत्थित इति गाढनिद्रायां मनसा सह सर्वाणीन्द्रियाण्युपरतानि तदाप्यज्ञानमनुभूयत एव । यतः सुप्तोत्थितो वदति "सुखमहमस्वाप्सं न किञ्चिदवेदिषम्" । यदि नानुभूतं तदोत्थितो भूतपूर्वगत्या नावेदिषमिति कथं वदेत् ? उत्थितमात्र एव च स्मरति । स्मरणं चानुभवेन विनाऽनुपपन्नमेव । अनुभवजन्यज्ञानस्यैव स्मृतित्त्वात् ।

होता ही हैं, अतः स्वप्न और जाग्रत् में केवल इतना ही अन्तर है कि स्वाप्निक पदार्थ अस्थिर और जाग्रत् के पदार्थ स्थिर होते हैं । दोनों अवस्थाओं में केवल इतना ही वैलक्षण्य है । फिर भी स्वप्न और जाग्रत् में जो ज्ञान होता है, वह सदा एकरूप रहने के कारण भेदरहित होता है । इसलिये कहा कि जाग्रत् और स्वप्न में ज्ञान का भेद नहीं होता है ।

अब सौषुप्तिक ज्ञान की भी एकता सिद्ध करने के लिये सर्वप्रथम उस अवस्था में ज्ञान का अस्तित्व सिद्ध करते हैं ।

अर्थ - सुषुप्ति से जगे हुए पुरुष को सुषुप्तिकालीन अज्ञान का जो ज्ञान होता है, वह स्मृति है (अनुभव नहीं) और वह स्मृति अनुभव किये हुए विषय की ही होती है । इसलिये सुषुप्तिकालीन अज्ञान का सुषुप्ति में अनुभव हुआ था (ऐसा जानना चाहिये) । ५ ।

व्याख्या - सुषुप्ति गाढ़ निद्रा को कहते हैं । "***सर्वप्रकारज्ञानोपसंहारे बुद्धेः कारणात्मनावस्थानं सुषुप्तिः***" अर्थात् सभी प्रकार के विशेष ज्ञान का लय हो जाने पर बुद्धि की कारण रूप से स्थिति जिस अवस्था में होती है, उसे सुषुप्ति कहते हैं । "***यत्र सुप्तो न कञ्चन कामं कामयते न कञ्चन स्वप्नं पश्यति तत्सुषुप्तम्*** " (मा.उ. ५) अर्थात् जिस काल में सोया हुआ पुरुष न तो किसी विषय-भोग की कामना करता है और न किसी स्वप्न को ही देखता है, उसे सुषुप्ति कहते हैं । '**सुप्तोत्थितः**' का अर्थ है कि जो सोया हुआ था, बाद में जग गया है । "***सुप्तश्चासावुत्थितश्च सुप्तोत्थितः***" इस प्रकार कर्मधारय समास से यह अर्थ ज्ञात होता है अथवा "***सुप्तं सुषुप्तं तस्मात् सुषुप्तेरुत्थितः***" अर्थात्

नाज्ञासिषमित्युत्थितो यद्वदति यद्वानुसन्धत्ते सोऽयं नानुभवः । यतः प्रबुद्धस्य यत्किञ्चिद्दृश्यजातं इन्द्रियैः प्रस्फुटमनुभवतो न किञ्चिदवेदिषमित्यनुभवस्सर्वात्मनाऽनुपपन्न एव । अतस्सा स्मृतिरेव तदन्यथानुपपत्त्यैवावश्यं सुषुप्तावज्ञानानुभवो जात इत्येष्टव्यम् । सर्वोऽप्यनुभवो ज्ञानात्मकः । तथा च सौषुप्तिकाज्ञानानुभवोऽपि ज्ञानमेवेति गाढनिद्रायामपि सिद्ध ज्ञानास्तित्त्वम् । एवञ्च ज्ञानस्यापि सविषयकत्त्वनियमेन सम्प्रति साधिते सौषुप्ते ज्ञाने को विषय इति प्रश्ने न किञ्चिदित्यादिस्मरणान्निर्विशेषाज्ञानमेवेत्यस्मिञ्छ्लोके तमस्तदा सुषुप्तावबुद्धमित्याह । न हि "न किञ्चिदवेदिषमिति ज्ञाने ज्ञानाभावो विषय इति साम्प्रतम्। ज्ञानसत्त्वे कथं वा ज्ञानाभावोऽङ्गीकर्तुं शक्यः। "सुखमहमस्वाप्स"मिति प्रतीतावहममित्यस्यापि प्रतीयमानत्त्वेन ज्ञानस्य सत्तानिच्छताप्यङ्गीकार्या। अथापि तत्कालावच्छेदेन ज्ञानं नोपजायते प्रतिबन्धकवशादिति यद्युच्येत, कः स प्रतिबन्धः? स्वरूपावारकं तमः इति चेत्तदेव तमः "न किञ्चिदवेदिषमित्यनुभवे विषय इति कथयामः । कुतो वा पृथक् ज्ञानाभावकल्पना ? तथा च भावरूपं तमः इत्यपि सिद्धम् । अत्रैवं प्रयोगः–विवादाध्यासितं न किञ्चिदवेदिषमिति ज्ञानमनुभवपूर्वकं भवितुमर्हति । स्मृतित्त्वात् स मे गुरुरितिवदिति ।

सुषुप्ति से जागा हुआ, यह अर्थ भी संभव है क्योंकि गाढ़ निद्रा में मन के सहित संपूर्ण इन्द्रियाँ उपरत हो जाती हैं फिर भी अज्ञान का अनुभव होता ही है । सुषुप्ति से उठा हुआ पुरुष कहता है कि "आज मैं ऐसा सुख से सोया कि मुझे कुछ पता ही न चला" यदि उसने उस अवस्था में अज्ञान का अनुभव न किया होता तो मैंने कुछ भी नहीं जाना, ऐसा कैसे कह सकता था ? किन्तु वह उठते ही इस बात का स्मरण करता है और बिना अनुभव के स्मरण होना संभव नहीं है । क्योंकि अनुभवजन्य ज्ञान को ही स्मृति कहते हैं । "***अनुभूतविषयासम्प्रमोषः स्मृतिः***" (यो. सू. १/११) अर्थात् अनुभूत विषय का न छिपना (प्रकट हो जाना) ही स्मृति है ।

मैंने कुछ नहीं जाना, इस प्रकार का कथन अनुभव नहीं है क्योंकि उस समय विषय और इन्द्रियों के सम्पर्क का अभाव होता है । तथा लिंगादि का अभाव होने के कारण अनुमान भी नहीं है, अतः वह स्मृति ही है । इससे यह सिद्ध होता है कि सुषुप्ति में अवश्य ही अज्ञान का अनुभव हुआ था । सभी प्रकार के अनुभव ज्ञानात्मक ही होते हैं इसलिये सौषुप्तिक अज्ञान का अनुभव ही ज्ञान है । अतः गाढ़ निद्रा में भी ज्ञान का अस्तित्त्व सिद्ध ही है ।

इस तरह सुषुप्ति में ज्ञान के अस्तित्व को सिद्ध करने पर प्रश्न होता है कि सौषुप्तिक ज्ञान का विषय क्या है ? इसका उत्तर है कि मैंने कुछ भी नहीं जाना इस कथन से उस समय निर्विशेष ज्ञान को ही विषय जानना चाहिये । क्योंकि सभी लोगों के अनुभव से सिद्ध इस तम अर्थात् अज्ञान का सुषुप्ति में अनुभव हुआ ही था । "मैंने कुछ भी न जाना" इस सौषुप्तिक ज्ञान का विषय ज्ञानाभाव नहीं मानना चाहिये क्योंकि ज्ञान के रहते हुए ज्ञानाभाव का निरूपण असम्भव है । उस समय मैं सुख से सोया इत्यादि प्रतीति में अहंभाव की प्रतीति होने के कारण अनिच्छा से भी आपको ज्ञान की सत्ता स्वीकार करनी ही पड़ेगी। यदि कहो कि प्रतिबन्ध के कारण उस समय ज्ञान नहीं होता है, तो वह प्रतिबन्ध क्या है ? जिससे ज्ञान नहीं होता । स्वस्वरूप को ढ़कने वाले अज्ञान को यदि प्रतिबन्ध मानोगे तो वही अज्ञान मैंने कुछ नहीं जाना इस अनुभव का विषय है, ऐसा हमारा कथन है । अतः व्यर्थ ही ज्ञानाभाव की कल्पना करने से

पूर्वपक्षः

नाज्ञासिषमिति न स्मृतिः, वार्तिककारैरनभ्युपगतत्त्वादिति ।

बृहदारण्यकवार्तिके हि - "न सुषुप्तिगविज्ञानं नाज्ञासिषमिति स्मृतिः। कालाद्यव्यवधानत्त्वान्न ह्यात्मस्थमतीतभाक् " । इति तस्य स्मृतित्वं निराकृतम् । तथा हि - सुषुप्तं गच्छतीति सुषुप्तिगः तस्य यद्विज्ञानं सुखमहमस्वाप्समित्यादिरूपं तज्जाग्रदाद्यननुभूतविषयकत्त्वेन विलक्षणं ज्ञानं विज्ञानं न तत्स्मृतिः, नाज्ञासिषमित्यादि । कालदेशाद्यव्यवधानत्त्वात् । एवं च स्मृतिकालावच्छेदेनाप्यात्मनस्सत्त्वात् "न किञ्चिदवेदिषम्" इति सर्वाभावविषयकस्मरणस्यानुपपद्यमानत्त्वात् भ्रम एवायमिति ।

अत्रेदमवगन्तव्यम् - आत्ममनस्संयोगो ज्ञानसामान्यं प्रति कारणम् । आत्मनश्च नित्यत्त्वेन तत्संयोगस्यापि नित्यत्त्वात् सर्वस्मिन्नपि काले ज्ञानोत्पत्तिः प्रसज्येत । न हि तथानुभवोऽस्ति । तस्मान्मनो यदा पुरीतत्याख्यां नाडीं प्रविशति न तदा ज्ञानमुत्पद्यते । सुषुप्तिरिति तदैवोच्यते । अतः पुरीतदितरावच्छेदेनात्मनस्संयोगो ज्ञानकारणमित्यभ्युपगम्यते । सुषुप्तौ च तादृशात्ममनस्संयोगस्याभावान्न ज्ञानोत्पत्तिः अतोऽनुभवाभावादुत्थितस्य "न किञ्चिदवेदिष"मिति न स्मृतिरिति ।

अत्राभिधीयते - नाज्ञासिषमिति न भ्रमः । शुक्तिरजतादिवदनन्तरकाले बाधादर्शनात् । या या स्मृतिस्सानुभवपूर्विकेति व्याप्त्या तमोविषयकज्ञानपूर्वकत्त्वे स्मृत्यां सिद्धे सौषुप्तिकानुभवस्य

क्या लाभ ? इसलिये ज्ञानाभाव से विलक्षण तम भी भाव रूप ही है । यहाँ अनुमान प्रयोग इस प्रकार है - मैंने कुछ भी नहीं जाना, यह ज्ञान अनुभवपूर्वक ही हो सकता है, स्मृति होने के कारण, वह मेरे गुरु हैं, इस स्मृति के समान ।

पूर्वपक्षी - "मैंने कुछ नहीं जाना" यह स्मृति नहीं है क्योंकि वार्तिककार श्रीसुरेश्वराचार्य जी ने इसके स्मृतित्व का निराकरण किया है ।

न सुषुप्तिगविज्ञानं नाज्ञासिषमिति स्मृतिः ।
कालाद्यव्यवधानत्वान्नह्यात्मस्थमतीतभाक् ।। (बृह. वा.)

बृहदारण्यक के इस वार्तिक में सौषुप्तिक ज्ञान को स्मृति रूप नहीं माना गया हैं । आत्मा और मन के संयोग से ही ज्ञान होता है और आत्मा नित्य होने के कारण उसका संयोग भी नित्य है अतः सभी काल में ज्ञान होना चाहिये किन्तु वैसा होता नहीं है, क्योंकि मन जब पुरीतत् नामक नाड़ी में प्रवेश कर सो जाता है तब ज्ञान नहीं होता, उसी अवस्था को सुषुप्ति कहते हैं । सुषुप्ति में दोनों का संयोग न होने के कारण ज्ञान नहीं हो सकता अतः अनुभव के अभाव के कारण मैंने कुछ भी नहीं जाना, यह कथन स्मृति नहीं है किन्तु भ्रम ही है ।

सिद्धान्ती - सौषुप्तिक ज्ञान भ्रम नहीं है, क्योंकि शुक्ति में प्रतीत होने वाली चाँदी के समान इसका बाध नहीं होता है । ज्ञान तो नित्य है । और जो-जो स्मृति होती है, वह अनुभव पूर्वक ही होती है, ऐसी व्याप्ति है । अतः सुषुप्ति में अनुभूत स्मृति का बाध नहीं किया जा सकता । और जो आपने वार्तिककार का मत दर्शाया है, वह मूलाज्ञान विषयक स्मृति का ही निषेधक है, सौषुप्तिक ज्ञान का नहीं । इस विषय का न्यायरत्नावली नामक ग्रन्थ में स्वामी श्रीब्रह्मानन्द सरस्वती जी ने स्पष्ट रूप से प्रतिपादन किया है। जिज्ञासुओं को वहीं देखना चाहिये, विस्तार भय से यहाँ उसका निरूपण नहीं कर रहे हैं ।

सुप्तोत्थितस्मृतेश्च न व्याहतिः । वार्तिकमते तु – न स्मृतिरिति मूलाज्ञानविषयकस्मृतिं निषेधतीति–ब्रह्मानन्दसरस्वतीचरणैर्न्यायरत्नावलौ विस्पष्टमुक्तत्त्वादिति सर्वमवद्यम् । सौषुप्तिगज्ञानस्यापि–ज्ञानान्तरैरभेदप्रदर्शनम् ।

सौषुप्तानुभवस्य स्वविषयाद्भेदं ज्ञानान्तरादभेदं च प्रदर्शयति –

स बोधो विषयाद्भिन्नो न बोधात्स्वप्नबोधवत् ।
एवं स्थानत्रयेऽप्येका संवित्तद्वद्दिनान्तरे ॥ ६ ॥

अन्वयः – सः बोधः (सौषुप्ताज्ञानानुभवः) विषयात् (अज्ञानात्) भिन्नः (भवितुमर्हति) । बोधात् (बोधान्तरात्) न भिन्नः । स्वप्नबोधवत् । एवं स्थानत्रयेऽपि (एकदिवसीयजाग्रदाद्यवस्थात्रयेऽपि) संवित् एकैव । तद्वत् दिनान्तरे ।

व्याख्या :– सः सौषुप्तिगतमोविषयकः बोधः ज्ञानं विषयात् तमसो भिन्नः विषयविषयिणोर्भेदस्य स्वाभाविकत्त्वात् । स्पर्शबोधादिवत् । अत्रैवं प्रयोगः – सौषुप्तबोधो विषयाद्भिन्नः बोधत्त्वात् पटबोधवदिति एवं बोधान्तरैक्यसाधकानुमानप्रयोगोऽपीत्थं बोध्यः सौषुप्तबोधो जाग्रदादिबोधान्न भिद्यते बोधत्त्वात् स्वप्नबोधवत् । एवमेकस्मिन्दिनेऽवस्थात्रयेऽपि जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्यवस्थास्वेकैव संवित् । संवित्संविदित्येकाकारेण प्रतीतेः । एवं सर्वस्मिन्नपि काले संविदो भेदो नास्तीत्याह, तद्वद्दिनान्तर इति । अहरन्तरेऽपि पूर्वमुपपादितरीत्या सर्वास्ववस्थास्वेकस्मिन्दिने न ज्ञानस्य भेदस्तद्वन्न कदापि भेदो ज्ञानस्येत्यखण्डता ज्ञानस्य । "असति बाधके सर्वं वाक्यं सावधारणम्" इति न्यायेन अवस्थात्रयेऽपि सर्वस्मिन्नपि दिने संविदेकैवेति ज्ञायते । अत्र श्रुतिर्जीवं सुषुप्तौ तमोगुणाकारपरिणतमज्ञाने विलीनमनुभोक्तारं वर्णयति – "सुषुप्तिकाले सकले विलीने तमोऽभिभूतस्सुखरूपमेति । पुनश्च कर्मान्तरजन्मयोगात्स एव जीवस्स्वपिति प्रबुद्ध" इति । अथापि यो यो बोधस्स विषयाद्भिन्न इति व्याप्तेस्सर्वतैर्थिकसंमतत्त्वा–त्सौषुप्ताज्ञानानुभवस्य "सुखमहमस्वाप्सं न किञ्चिदवेदिष"मिति सुप्तोत्थितस्य स्मृत्यन्यथानुपपत्त्या

अब सौषुप्तिक ज्ञान का भी ज्ञानान्तरों से अभेद का वर्णन करते हैं ।

अर्थ – वह सुषुप्ति कालीन अज्ञान का अनुभव अपने विषय अज्ञान से भिन्न है किन्तु जाग्रत् आदि बोधान्तर से भिन्न नहीं है, स्वप्नबोध के समान । इस प्रकार तीनों अवस्थाओं में भी ज्ञान एक ही है । इसी तरह दूसरे दिन में भी जानना चाहिये । ६ ।

व्याख्या – वह सुषुप्ति में अनुभूत तमोविषयक ज्ञान अपने विषय अज्ञान से पृथक है क्योंकि विषय और विषयी का भेद स्वाभाविक है, स्वप्नबोध के समान । यहाँ अनुमान प्रयोग इस प्रकार है – सौषुप्तिक बोध विषयों से भिन्न है, बोध होने के कारण, पटबोध के समान । इसी प्रकार बोधान्तरैक्यसाधक अनुमान प्रयोग इस तरह जानना चाहिये – सौषुप्तिक बोध जाग्रत् आदि बोध से भिन्न नहीं है, बोध होने के कारण, स्वप्नबोध के समान । अर्थात् सुषुप्ति कालीन अनुभव भी जाग्रत् आदि के शब्दादि ज्ञान से भिन्न नहीं है, ज्ञान होने के कारण, वस्त्रज्ञान के समान । इस प्रकार जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति इन तीनों अवस्थाओं में ज्ञान एक ही है । क्योंकि "ज्ञान–ज्ञान" इस तरह से ही उसकी प्रतीति होती है । इसी तरह दूसरे दिन में भी जानना चाहिये अर्थात् ज्ञान सदा अखण्ड रहता है ।

"सा चावबुद्धविषया" इत्यत्रैवोपपादितत्त्वात् "अजामेकां लोहितशुक्लकृष्णां" "सत्त्वात्सञ्जायते ज्ञान"मित्यादिश्रुतिस्मृतिभिस्तथा सौषुप्ततमोविषयकः प्रकृतो बोधः स्वविषयात्तमसो भिन्नत्त्वे सति वृत्त्यात्मकबोधाभासेतरबोधादभिन्नः कूटस्थबोधत्त्वात्स्वप्नबोधवदित्यनुमानाच्च तमोविषयज्ञानमेव सुषुप्तौ जायत इत्यङ्गीकार्यम् । अत्र पूर्वोक्तानुमाने साध्योत्तरदले मुख्यविशेष्यताकतान्तसाध्याभेदप्रतियोगि-बोधकबोधपदं किमहो बोधत्त्वावच्छिन्नयावद्बोधपरमुत पक्षीकृतबोधमात्रपरम् ? इति शङ्कां कृत्त्वा दृष्टान्तासिद्धेर्नाद्यः पक्षः साधीयान् । सिद्धसाधनतापत्तेर्न द्वितीयोऽपीति महति सन्देहे प्रवृत्ते समाधीयते- यथा वा जाग्रद्विषयको बोधः कूटस्थबोधत्त्वादेव पूर्वमुपपादितस्वप्नकालिककूटस्थबोधादभिन्नस्तथैव सुषुप्तिकालिकतमोविषयकबोधोऽपि कूटस्थबोधत्त्वादेव हेतोस्तदवस्थाकालिकबोधादभिन्न इत्येव विवक्षायास्सद्भावेनादोषात् । किरीटसुवर्णं किरीटसुवर्णादभिन्नं यथा तथा वलयसुवर्णमपि वलयसुवर्णादभिन्नमित्युक्तौ किं प्रयोक्ता प्रत्यैवेति, न वा प्रतिपत्ता चाप्रतिपद्यते । यथा च स्थूलसूक्ष्मसूक्ष्मतरतरङ्गेषु प्रतिबिम्बिताश्चन्द्रा विभिन्नविधाभिः प्रतीयमाना अपि कूटस्थाद्युलोक-स्थाच्चन्द्रमसः तेनेव चन्द्रत्त्वेन रूपेण हेतुना चाभिन्नाः प्रत्येकमनुमानत्रयेण बुभुत्सुं प्रति प्रबोद्धुं बोद्ध्रा प्रसाध्यन्ते । तथैवावस्थात्रयेऽपि ज्ञानस्यैक्यमाचार्यैस्साधितमित्यलम् ।

ज्ञानस्य स्वप्रकाशत्त्वं कालापरिच्छिन्नत्त्वं च -

मासाब्दयुगकल्पेषु गतागम्येष्वनेकधा ।
नोदेति नास्तमेत्येका संविदेषा स्वयम्प्रभा ॥ ७ ॥

अन्वयः - अनेकधा गतागम्येषु - गतागामिषु (पाठान्तरे) मासाब्दयुगकल्पेषु (अपि ज्ञानस्याभेदः एव, यथैकस्मिन्दिने) (यतः) संवित् एका (अतः) न उदेति, न अस्तमेति । एषा संवित् स्वयंप्रभा।

व्याख्या :- अनेकधा बहुधा विविधसृष्टिषु गतागामिषु पूर्वं गतेषु इतः परमागमिष्वपि । अत्र "गतागम्येषु" "गतागतेषु" इत्यपि पाठास्समुपलभ्यन्ते । अथाप्यर्थतो रमणीयत्वादयमेव पाठो हृद्य इति मन्महे । मासाब्दयुगकल्पेषु मेषादयस्सौराश्चैत्रादयश्च चान्द्रामासास्तथा प्रभवादयोऽक्षयान्ता अब्दाः

अब ज्ञान का स्वयंप्रकाशत्व और कालापरिच्छिन्नत्व का प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ - अनेक प्रकार से बीते हुए और आने वाले मास, वर्ष, युग और कल्पों में ज्ञान एक ही है । अतः न उत्पन्न होता है और न विनष्ट होता है, यह ज्ञान स्वयंप्रकाश रूप है । ७ ।

व्याख्या - जिस प्रकार दिनान्तर में भी ज्ञान का भेद नहीं होता है, उसी तरह अनेक प्रकार से बीते हुए और आने वाले जितने भी मेषादि सौर्यमास और चैत्रादि चान्द्रमास हैं तथा प्रभव से लेकर अक्षय पर्यन्त साठ वर्ष (संवत्सर) इसप्रकार हैं -

६० संवत्सर के नाम -

प्रभवो विभवः शुक्लो प्रमोदोऽथ प्रजापतिः । अंगिरा श्रीमुखो भावो युवा धाता तथैव च ।।
ईश्वरो बहुधान्यश्च प्रमाथी विक्रमो वृषः । चित्रभानुः सुभानुश्च तारणः पार्थिवोऽव्ययः ।।
सर्वजित्सर्वधारी च विरोधी विकृतिः खरः । नन्दनो विजयश्चैव जयो मन्मथदुर्मुखौ ।।
हेमलम्बी विलम्बी च विकारी शार्वरी प्लवः । शुभकृच्छोभनः क्रोधी विश्वावसुपराभवौ ।।

कृतत्रेताद्वापरकल्याख्या युगा ब्रह्मादयश्च कल्पाः ज्योतिश्शास्त्रप्रसिद्धाः । प्रकृतग्रन्थकर्त्रापि कालमाधवादौ सुनिरूपितास्तेषु सर्वेषु कालेषु संविज्ज्ञानमेकाद्वितीयाखण्डेति ज्ञानस्याभेदस्साधितः । यत एका संविदत एव नोदेति नोत्पद्यते नास्तमेति न वा विनश्यति नित्यत्त्वात् । सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्मेत्यात्मनो ज्ञानरूपत्त्वेन तस्यैव सर्वसाक्षित्त्वादसाक्षिकयोरुत्पत्तिविनाशयोरसंभवात्सा संविन्नोदेति नास्तमेति च। स्वस्य चोत्पत्तिविनाशौ स्वेनैव ग्रहीतुमशक्ये इति ज्ञानस्यैकत्त्वेन तद्ग्राहकज्ञानान्तराभावाच्च संविन्नोत्पद्यते नैव च विनश्यतीति सिद्धम् । सा संवित्स्वयम्प्रभा स्वयमेव प्रकाशते नान्यैः प्रकाश्या, चित्त्वात् । तथा चाह श्रुतिः – "विज्ञातारमरे केन विजानीयात्" "अदृष्टो द्रष्टा..अमतो मन्ता अविज्ञातो विज्ञाता" "तस्य भासा सर्वमिदं विभाति" "न जायते म्रियते वा विपश्चिन्नायम्" इत्यादिपरसहस्रं श्रुतयोऽत्र प्रमाणम् । स्वयंप्रभा स्वयंप्रकाशा अपरोक्षासत्यवेद्येति भावः । अत्रैवं प्रयोगः – संवित्स्वयं प्रभा अवेद्यत्त्वे सत्यपरोक्षत्त्वात् यन्नैवं तन्नैवं यथा घटः । यद्यत्र संविदस्स्वसंवेद्यत्वमङ्गीक्रियेत कर्मकर्तृत्त्वविरोधप्रसङ्गः । यदि चान्यसंवेद्यत्त्वमभ्युपगम्येतानवस्थेत्यतस्स्वयं प्रकाशा संवित् । अत्र नोदेति नास्तमेतीत्याभ्यां संविदो नित्यत्त्वमुक्तं भवति । प्रागभावाप्रतियोगित्त्वे सति ध्वंसाप्रतियोगित्त्वं

प्लवंगः कीलकः सौम्यः साधारणो विरोधकृत् । परिधावी प्रमादी च आनन्दो राक्षसोऽनलः।।
पिंगलः कालयुक्तश्च सिद्धार्थी रौद्रदुर्मती । दुन्दुभी रुधिरोद्गारी रक्ताक्षो क्रोधनः क्षयः ।।

और कृत, त्रेता, द्वापर तथा कलि नामक चार युग हैं । तथा ब्राह्म आदि जितने भी ज्योतिष शास्त्र में प्रसिद्ध कल्प हैं, उन सभी में ज्ञान सर्वदा एक ही रहता है । ज्ञान सदा एकरूप है इसलिये इसका न उदय होता है और न अस्त (नाश) होता है । "***सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म***" इस श्रुति के अनुसार आत्मा ज्ञानरूप ही है अतः वह सर्वसाक्षी है । और जो सबका साक्षी होता है, उसकी उत्पत्ति या नाश नहीं होता अतः ज्ञान उदयास्त से रहित है । तथा स्वयं के द्वारा स्वयं की उत्पत्ति और नाश नहीं जाना जा सकता। और ज्ञान सदा एकरूप होने के कारण तथा उसका ग्रहण करने वाले ज्ञानान्तर का अभाव होने से भी ज्ञान उत्पत्ति और विनाश से रहित है, यह सिद्ध होता है ।

यह ज्ञान स्वयंप्रकाश रूप है अर्थात् प्रकाशान्तर से अप्रकाश्य है । वेद भी ऐसा ही कहते हैं कि "***विज्ञातारमरे केन विजानीयात्" (बृह.उ.) "अदृष्टो द्रष्टा ..... अविज्ञातो विज्ञाता" (बृह.उ.) "तस्य भासा सर्वमिदं विभाति" (कठो.) "न जायते म्रियते वा विपश्चित्" (कठो.)*** इत्यादि अनेकों श्रुतिवचन इस विषय में प्रमाण हैं । जो अपरोक्ष होकर भी जाना न जा सके, उसे स्वयंप्रकाश कहते हैं । यहाँ अनुमान प्रयोग है – ज्ञान स्वयंप्रकाश है, अवेद्य होने पर भी अपरोक्ष होने के कारण, जो ऐसा नहीं है, वह स्वयंप्रकाश नहीं है, जैसे घट ।

यदि ज्ञान को स्वसंवेद्य माना जाएगा तो कर्तृ-कर्म का विरोध हो जाएगा । नट कितना ही पटु क्यों न हो, वह अपने कन्धे पर नहीं चढ़ सकता, अतः कर्ता और कर्म एक नहीं हो सकते । यदि ज्ञान को अन्यसंवेद्य मानोगे तो अनवस्था दोष आ जएगा । इसलिये ज्ञान स्वयंप्रकाश ही है । श्लोक में "**नोदेति नास्तमेति**" के द्वारा ज्ञान का नित्यत्व कहा गया है । जो स्वयंप्रकाश होता है, वही नित्य होता है । जो स्वयंप्रकाश नहीं होता, वह अनित्य होता है अतः ज्ञान सत्य है । इस तरह ज्ञान देश, काल और वस्तु परिच्छेद से रहित अनन्त है, यह सिद्ध होता है ।

नित्यत्त्वं, तदेव सत्यत्त्वं चातो लोके यदस्वप्रकाशं तत्सर्वं मिथ्येति तद्विपरीतत्त्वात्संविदस्सत्यत्त्वं सिद्ध्यति । एतेनास्यास्संविदो देशकालवस्त्वपरिच्छेदरूपानन्त्यं सकलविधाभावाप्रतियोगित्त्वं च सिद्धं भवति ।

स्वप्रकाशत्त्वपरिष्कारः

"ज्ञानस्य तु स्वप्रभता विनैव ज्ञानप्रयुक्तं विषयत्त्वमेव । सन्देहमुख्याविषयत्त्वयोग्यस्वरूपसत्तैव मता विपश्चिता"मिति ज्ञानाविषयत्त्वे सति संशयावरणोभयशून्यत्त्वयोग्यस्वरूपसत्त्वमेव स्वप्रकाशत्त्वम्। घटोऽयमित्यादिवृत्तिज्ञानेषु साक्षिभास्येष्वतिव्याप्तिनिरासार्थमेव ज्ञानाविषयत्त्वे सतीति सत्यन्तदलोपादानम् आत्मा स्वप्रकाश इत्याद्याप्तवाक्यजन्यपरोक्षज्ञानविषयीभूते स्वप्रकाशे स्वस्वरूप आत्मन्यव्याप्ति-निरासायोत्तरदलम् । यदीदं लक्षणं गुर्विति विचिन्तयेयुस्तदास्त्वनधीनभानत्त्वमेवास्त्विति शिवम् ।।

ज्ञानस्यात्मत्त्वं परमानन्दत्त्वं च -

इयमात्मा परानन्दः परप्रमेस्पदं यतः ।
मा न भूवं हि भूयासमिति प्रेमात्मनीक्ष्यते ॥ ८ ॥

अन्वयः - इयं (संवित्) आत्मा च परानन्दः । यतः परप्रेमास्पदं भूयासम् (एव) इति प्रेमा ईक्ष्यते (सर्वैः) ।

व्याख्या :- "यच्चाप्नोति यदादत्ते यच्चात्ति विषयानिह । यच्चास्य सन्ततो भावस्तस्मादात्मेति गीयते "।। इत्यात्मलक्षणमभियुक्ता वदन्ति । इयं संविदात्मा नित्यत्वे सति सत्यत्त्वात्तथा नित्यत्त्वे सति स्वप्रकाशत्त्वात् । नित्यत्त्वं च जायतेऽस्ति वर्धते परिणमत्यपक्षीयते नश्यतीति यास्कपरिपठितषड्विधविकारराहित्यम्। तदेव च सत्यं - यद्रूपेण यन्निश्चितं वस्तु तद्रूपं चेन्न व्यभिचरति

अब ज्ञान का आत्मत्व और परमानन्दत्व कहते हैं ।

अर्थ - यह ज्ञान आत्मा ही है और आत्मा निरतिशयसुख रूप है क्योंकि स्वाभाविक प्रेम का आस्पद (विषय) है । इसलिये आत्मा में मेरा असत्व (अभाव) कदापि न हो किन्तु मैं सदा बना रहूँ, इस प्रकार का प्रेम देखने में आता है । ८ ।

व्याख्या - यह ज्ञान ही आत्मा है क्योंकि यह नित्य होते हुये सत्य है और नित्य होते हुए स्वयंप्रकाश है । उत्पन्न होना, अस्तित्त्व, बढ़ना, परिणत होना, क्षय होना और नाश होना । जो इन छह प्रकार के विकारों से रहित होता है, वही नित्य कहा जाता है । और जिस रूप से निश्चित की हुई वस्तु अपने रूप से व्यभिचरित नहीं होती, वही सत्य है । तथा जो वस्तु जिस रूप से निश्चित की गई है, उस रूप से यदि व्यभिचरित हो जाती है तो वह अनृत (मिथ्या) है । भाव यह है कि नित्यत्व, सत्यत्व और स्वयंप्रकाशत्व जो ज्ञान है, वह आत्मा से अभिन्न है । वाचस्पति मिश्र ने भी ऐसा ही कहा है कि जिस पदार्थ का नित्यत्व और सत्यत्व होता है, वही नित्य और सत्य है । ऐसा यह आत्मा निरतिशय सुख रूप है "***सुखमस्यात्मनो रूपं सर्वेहोपरतिस्तनुः***" (भा. ७/१३/२३) अर्थात् सुख ही आत्मा का स्वरूप है और समस्त चेष्टाओं की निवृत्ति ही इसका शरीर है अर्थात् उसके प्रकाशित होने का स्थान है । आत्मा का परमानन्दत्व क्यों है ? क्योंकि आत्मा परमप्रेमास्पद है अर्थात् निरुपाधिक निरतिशय प्रेम का स्थान है । श्लोक में 'परानन्दः'

तदेव सत्यम् । यद्द्रूपेण यन्निश्चितं वस्तु तद्रूपं व्यभितरति तदनृतम् । तथा च नित्यसत्यस्वप्रकाश-स्वरूपसंविदभिन्न आत्मेति पर्यवसानम्। श्रीवाचस्पतिमिश्रा अपि नित्यत्त्वं सत्यत्त्वं तद्यस्यास्ति तन्नित्यं सत्यमिति भणन्ति । सोऽयमात्मा परमानन्दः । परश्चासावानन्दश्चेति तथा निरतिशयसुखस्वरूपः। कुतः? यतः परप्रेमास्पदम् । नित्यनिरतिशयप्रेम्णस्स्थानम् । परस्य निरुपाधिकत्त्वेन निरतिशयस्य प्रेम्णः स्नेहस्यास्पदं स्थानम् । आनन्दे परत्वविशेषणेन जाग्रदाद्यवच्छेदेन शब्दादिविषयजन्याल्पानन्दा निरस्यन्ते । विषयानन्दानामागमापायित्त्वेन तुच्छत्त्वात् । अत्रैवं प्रयोगः – आत्मा परमानन्दस्वरूपः परप्रेमास्पदत्त्वात् । परमानन्दरूपो यो न भवति स न परप्रेमास्पदमपीति घटदृष्टान्ते व्याप्तिर्गृहीता । तस्मादात्मनः परप्रेमास्पदत्त्वेन परमानन्दरूपत्त्वमिति सिद्धम् । अत्रैवं शङ्कोदेति – न ह्यात्मन्येकान्तेन परप्रेमास्पदत्त्वमस्ति कदाचि''द्धिङ्मा''मित्यादिनात्मन्यपि द्वेषस्योपलभ्यमानत्त्वेन प्रेमास्पदत्त्वेऽप्यसिद्धे कुतस्तरां परप्रमेास्पदत्त्वमिति । समाधिरेवमुच्यते – अनात्मस्वाप्यात्माध्यासेन यदानात्मसम्बन्धितया सह्यदुःखाद्यनुभववशात्तादृशानुभव इत्यन्यथासिद्धत्त्वात्प्रेमैवात्मनि सर्वानुभवसिद्ध इति । अत आह ''मा न भूवमि''त्यादि । यतश्चात्मनि विषयेऽहं मा न भूवं कदापि न ममासद्भावो मा भूत्परं तु सर्वदैव ममास्तित्त्वमस्त्विति । परमप्रेमैव सर्वैरात्मनीक्ष्यते इति न कोऽपि दोषः । श्रुतिरप्यत्र ब्रूते ''तदेतत्प्रेयः पुत्रात्प्रेयो वित्तात्प्रेयोऽन्यस्मात्सर्वस्मादन्तरन्तरं यदयमात्मेति । सङ्क्षेपशारीरकेऽप्युक्तम्– ''सर्वं यदर्थमिहवस्तु यदस्ति किञ्चित्पारार्थ्यमुज्झति यन्निजसत्तयैव । तद्वर्णयन्ति हि सुखं सुखलक्षणज्ञास्तत्प्रत्यगात्मनि समं सुखतास्य तस्मात् । प्रेमानुपाधिरसुखात्मनि नोपलब्धस्स प्रत्यगात्मनि कृमेरपि नित्यसिद्धः । प्रेयः श्रुतेरपि ततस्सुखतानुमानं नैयायिकोऽपि न दृगात्मनि निह्नवीत इत्यादि।

तस्मादुपपादितविधयात्मनः परिच्छिन्नत्त्वस्य सुतरामसंभावितत्त्वान्नित्यसत्यज्ञानानन्तानन्दादिरूपः आत्मेति ''तत्त्वमस्यादिमहावाक्यार्थसिद्धस्सच्चिदानन्दाद्वैतरूपप्रत्यग्ब्रह्मैक्यलक्षणस्सकल-द्वैतप्रपञ्चबाधपूर्वकः कैवल्यात्मा निष्प्रत्यूह एव षड्विधतात्पर्यग्राहकलिङ्गानुगृहीतस्सर्वशास्त्रसार इति सिद्धम् । द्वैतिन इममद्वैतं खण्डयन्ति तत्कथमद्वैते श्रुतिः प्रमाणम् ? तथा हि सर्वदर्शनसङ्ग्रहे – पूर्णप्रज्ञदर्शने ''अनुमानेनापि भेदोऽवसीयते । परमेश्वरो जीवाद्भिन्नः तं प्रति सेव्यत्त्वात् । यो यं प्रति सेव्यस्स तस्माद्भिन्नः यथा भृत्याद्राजा । न हि सुखं मे स्यादुःखं मे न मनागपि'' इति पुरुषार्थमर्थयमानाः

शब्द में आनन्द के पूर्व जो पर विशेषण दिया है, उसका तात्पर्य यह है कि जाग्रदादि अवस्थाओं में अनुभूत शब्दादि विषयों से उत्पन्न अल्प विषयानन्द आत्मानन्द की तुलना में तुच्छ है । क्योंकि विषयानन्द तो आगमापायी है अर्थात् अनित्य है । यहाँ अनुमान प्रयोग इस प्रकार है – आत्मा परमानन्द स्वरूप है, निरतिशय प्रेमास्पद होने के कारण, जो परमानन्द रूप नहीं होता, वह निरतिशय प्रेमास्पद भी नहीं होता, जैसे घट । अतः आत्मा परमप्रेमास्पद होने के कारण परमानन्द रूप है, यह सिद्ध होता है ।

शंका – आपने जो कहा कि आत्मा ही परमप्रेमास्पद है, यह बात ठीक नहीं है क्योंकि कई बार लोग स्वयं को धिक्कारते हैं और कई लोग तो आत्महत्या भी करते हैं । यदि आत्मा ही परमप्रेमास्पद होता तो वे लोग ऐसा क्यों करते ?

पुरुषास्स्थपतिपदं कामयमानास्सत्कारभाजो भवेयुः? । प्रत्युत सर्वानर्थभाजनं भवन्ति । यः स्वस्यात्मनो हीनत्त्वं परस्य गौणोत्कर्षं च कथयति स स्तुत्यः प्रीतस्स्तावकस्य तस्याभीष्टं प्रयच्छति । तदाहुः - ''घातयन्ति राजानो राजाहमिति वादिनः । ददत्यखिलमिष्टं च स्वगुणोत्कर्षवादिनम्''।। इति । एवं च परमेश्वराभेदतृष्णया विष्णोर्गुणोत्कर्षस्य मृगतृष्णिकासमत्वाभिधानं विपुलकदलीफललिप्सया जिह्वाच्छेदनमनुहरति'' इत्याद्युक्तम् । अत्र समाधीयते - जीवेश्वरयोस्सेव्यसेवकाभावेन यो भेदो द्वैतिभिस्साध्यते किमयं भेदः पारमार्थिकः ? पारमार्थिकत्त्वं नाम त्रिकालाबाध्यत्त्वम् । पूर्वोक्तानुमाने व्यभिचारदर्शनान्नैतद्घटते - तथाहि - भृत्योऽहं राजानं सततं सेवे इति स्वप्न पश्यति राजन्येव हेतोर्व्यभिचारः । जाग्रत्कथाप्रसङ्गे स्वप्नकथानुदाहार्येति साम्प्रतम् । ''तस्य त्रय आवस्थास्त्रयस्स्वप्ना'' इति श्रुत्यैव द्वयोस्तुल्यतयोपन्यासात्। यथा जाग्रति दीर्घकालिको व्यवहारस्तथा स्वप्नेऽप्यनुभूयते । उक्तं च वासिष्ठे - ''दीर्घस्वप्नमिमं विद्धि'' इत्यादि । किञ्च द्वैतिभिरुक्तेऽनुमाने हेतोस्सत्प्रतिपक्षता। ''परमेश्वरः पारमार्थिकतया जीवाभिन्नः। बुद्ध्यादिप्रतिबिम्बं प्रति मायया बिम्बीभूतत्त्वात् । आदर्शादिगतमुखप्रतिबिम्बं प्रति ग्रीवास्थमुखवदित्यनेन सत्प्रतिपक्षता । अत्रार्थे श्रुतयोऽपि सन्ति - ''अयं ज्योतिरात्मा विवस्वानपो भिन्ना बहुधैकोऽनुगच्छन्। उपाधिना क्रियते भिन्नरूपो देवः क्षेत्रेष्वेवमजोऽयमात्मा ।। एक एव हि भूतात्मा भूते भूते व्यवस्थितः एकधा बहुधा चैव दृश्यते जलचन्द्रवत्'' इत्यादयः । तथा न्याया अपि - ''आभास एव च'' ''अत एव चोपमा सूर्यकादिव''दित्यादि । ''नेह नानास्ति किञ्चन'' इति श्रुतिः सर्वं द्वैतं निषेधत्येव । एवं परमेश्वरो जीवाद्भिन्न इति भेदसाधकानुमाने मायोपहितत्त्वमुपाधिः । पक्षे परमेश्वरे मायोपहितत्त्वात्साध्यव्यापकतेति सोपाधिकत्त्वाद्व्याप्यत्त्वासिद्धिरपि । तथा ''यत्र हि द्वैतमिव भवति तदितर इतरं पश्यति'' ''यत्र त्वस्य सर्वमात्मैवाभूत्तत्केन कं पश्ये''दित्यादिश्रुतिभिरनुमानस्य पूर्वोक्तस्य बाधोऽपीत्येवं बहुविधदोषदुष्टत्त्वात् द्वैतिनां मतं न श्रुतिसम्मतम् । तथा च सर्वोऽपि द्वैतप्रपञ्चोऽविद्यामूलक एव तत्त्वमस्यादिमहावाक्यार्थविचारमात्रजन्यब्रह्मात्मैक्यापरोक्षज्ञानेनैव कैवल्यमुक्तिरिति पर्यवसितोऽर्थः। अत्राविद्यां भावरूपां रामानुजानुयायिनो न सहन्ते । अतस्तेषां मतमनूदितं श्रीचरणैः - ''विवादाध्यासितमज्ञानं न ज्ञानमात्रब्रह्माश्रितम् । अज्ञानत्त्वाच्छुक्तिकाद्यज्ञानव''दिति । ननु

समाधान - आपका कथन सही नहीं है क्योंकि जो लोग स्वयं को धिक्कारते हैं, वे शरीरादि अनात्मा में आत्मा का अनुभव (आरोप) करने से ही ऐसा करते हैं, मुख्य आत्मा से कोई घृणा नहीं करता । और जो आपने कहा कि कई लोग आत्महत्या करते हैं यह बात भी ठीक नहीं है, आत्महत्या का तात्पर्य वहाँ प्राण त्याग से है । क्योंकि आत्मा अजर-अमर होने से उसकी हत्या सम्भव नहीं है और जो शारीरिक आदि कष्टों से प्राणत्याग करते हैं, वे भी कष्ट से निवृत्ति के लिये ही वैसा करते हैं । वे समझते हैं कि देह और प्राण का त्याग करने से हमारा कष्ट दूर हो जायेगा किन्तु कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं चाहता कि मेरा अस्तित्व ही न रहे, सभी यही चाहते हैं कि मैं हमेशा बना रहूँ, मेरा नाश कभी न हो । तथा आत्मा पुत्र-वित्तादि सभी पदार्थों से सर्वाधिक प्रिय है, ऐसा श्रुति भी कहती है ।

शुक्तिकाद्यज्ञानस्याश्रयस्य प्रत्यगर्थस्य ज्ञानमात्रभावत्त्वमेवेति चेन्मैवं शङ्किष्ठाः । अनुभूतिर्हि स्वसद्भावेनैव कस्य चिद्वस्तुनो व्यवहारानुगुणत्वापादस्वभावो ज्ञानावगतिसंविदाद्यपरनामा सकर्मकोऽनुभवितुरात्मनो धर्मविशेषः । अनुभवितुरात्मत्त्वमात्मवृत्तिगुणविशेषस्य ज्ञानत्त्वमित्याश्रयणात् । ननु ज्ञानरूपस्यात्मनः कथं ज्ञानगुणकत्त्वमिति चेदसारम् । यथा हि मणिप्रभृतितेजोद्रव्यं प्रभावद्रूपेणावलिष्ठमानं प्रभारूपगुणाश्रयः। स्वाश्रयादन्यत्रापि वर्तमानत्त्वेन रूपवत्त्वेन च प्रभा द्रव्यरूपापि तच्छेषत्त्वनिबन्धनगुणव्यवहारा एवमयमात्मा स्वप्रकाशचिद्रूप एव चैतन्यगुणः । तथा च श्रुतिः – " स यथा सैन्धवघनोऽनन्तरोऽबाह्यः कृत्स्नो रसघन एवैवं वा अरेऽयमात्मानन्तरोऽबाह्यः कृत्स्नः प्रज्ञानघन एव" "अत्रायं पुरुषस्स्वयं ज्योतिर्भवति" "न हि विज्ञातुर्विज्ञातेर्विपरिलोपो विद्यते" "अथ यो वेदेदं जिघ्राणीति स आत्मा" "योऽयं विज्ञानमयः प्राणेषु ह्यद्यन्तर्ज्योतिः पुरुषः" "एष हि द्रष्टा स्प्रष्टा श्रोता घ्राता रसयिता मन्ता बोद्धा कर्ता विज्ञानात्मा पुरुष" इत्यादिका । "न चानृतेन हि प्रत्यूढा इति" श्रुतिरविद्यायां प्रमाणमित्याश्रयितुं शक्यम् । ऋतेतरविषयो ह्यनृतशब्दः, ऋतशब्दश्च कर्मवचनः "ऋतं पिबन्ता"विति वचनात् । ऋतं कर्म फलाभिसन्धिरहितं परमपुरुषाराधनवेषं तत्प्राप्तिफलम् । अत्र तद्व्यतिरिक्तं सांसारिकाल्पफलं कर्मानृतं ब्रह्मप्राप्तिविरोधि । य एतं ब्रह्मलोकं न विन्दन्त्यनृतेन हि प्रत्यूढा" इति वचनात् । "मायां तु प्रकृतिं विद्या"दित्यादौ मायाशब्दो विचित्रार्थसर्गकर–त्रिगुणात्मकप्रकृत्यभिधायको नानिर्वचनीयाज्ञानवचनः ।

तेन माया सहस्रं तच्छम्बरस्याशुगामिना । बालस्य रक्षता देहमेकैकांशेन सूदित"मित्यादौ विचित्रार्थसर्गसमग्रस्य पारमार्थिकस्यैवासुराद्यस्त्रविशेषस्यैव मायाशब्दाभिधेयत्वोपलम्भात् । अतो न कदाचिदपि श्रुत्यानिर्वचनीयाज्ञानप्रतिपादन"मिति । अत्रैवमुच्यते – प्रभामणिदृष्टान्तस्य सम्यङ्निर्वक्तुमशक्यत्वाद्बहुरद्वैतिभिस्तत्र पराक्रान्तमिति च कृत्त्वा समूलं खण्डितत्वान्नैतत्प्रमाण–पथमारोहतीति त्यज्यते । तथा च "साक्षी चेता केवलो निर्गुणश्चे"त्यादिनिर्धर्मकाद्वैतचिन्मात्रात्मत्त्व–बोधकश्रुतीनां स्वारस्येन "स यथे"त्यादिश्रुतयस्तात्पर्यवच्छ्रुतीनामतत्परश्रुत्यपेक्षबलवत्त्वौचित्यात्तास्सर्वा अप्यस्मिन्नर्थे एव समन्वेतव्या इति । विमतमज्ञानं – न ज्ञानमात्रब्रह्माश्रितम् अज्ञानत्त्वात् शुक्तिकाज्ञानस्यापि ज्ञानमात्रस्वभावप्रत्यगाश्रितत्वात्साध्यवैकल्यम् । तथा चा"नृतेन प्रत्यूढा" इत्यत्रानृतशब्देन ज्ञानोत्पत्तिप्रतिबन्धककर्मविवक्षया भावरूपाज्ञानखण्डनमपि रामानुजीयै कृतं तन्निर्युक्तिकमेव । तद्यथा

"तदेतत्प्रेयः पुत्रात्प्रेयो वित्तात्प्रेयोऽन्यस्मात्सर्वस्मादन्तरतमं यदयमात्मा" (बृह.उ.१/१/८) तथा संक्षेपशारीरक में श्रीसर्वज्ञात्ममुनि भी कहते हैं कि –

सर्वं यदर्थमिह वस्तु यदस्ति किञ्चित्पारार्थ्यमुज्झति च यन्निजसत्तयैव ।
तद्वर्णयन्ति हि सुखं सुखलक्षणज्ञाः तत्प्रत्यगात्मनि समं सुखतास्य तस्मात् ।। (सं. शा. १/२४)

अर्थात् – इस संसार में जो कुछ भी वस्तु है, वह जिसके लिये है और जो अपनी सत्तामात्र से परार्थता का त्याग करता है, उसे ही सुखलक्षण को जानने वाले विद्वान् सुख कहते हैं । वह लक्षण प्रत्यगात्मा में भी घट जाता है, अतः प्रत्यगात्मा सुख रूप है ।

''हिरण्यनिधिं निहितमक्षेत्रज्ञा उपर्युपुरि सञ्चरन्तो न विदन्त्यनृतेन हि प्रत्यूढा'' इति पूर्ववाक्योपक्रान्तहिरण्यनिधिदृष्टान्तादपि भावरूपाज्ञानस्यैवानृतशब्देन श्रुत्या विवक्षितत्त्वात् । तथाहि- अक्षेत्रज्ञा हिरण्यनिधिनिधानक्षेत्रशब्दितस्थानविषेषविषयकज्ञानविधुरा जना हिरण्यनिधिनिधानोर्ध्व-भूमावुपर्युपरि सञ्चरन्तोऽपि हिरण्यनिधिशब्दवाच्यतया तत्स्थलं न विन्देयुरेतं सुषुप्त्यच्छेदेन साक्षिप्रत्यक्षं ब्रह्मलोकं ''बृहतेर्धातोरर्थानुगमा''दिति भाष्यवचनात् । तथा वार्तिककारैरप्युक्तम् - ''अव्यावृत्ताननुगतं वस्तु ब्रह्मेति भण्यते । ब्रह्मार्थो दुर्लभोऽत्र स्यात् द्वितीये सति वस्तुनि''इति । स्वप्रकाशमात्मानमहरहः प्रतिदिनं गच्छन्त्योऽपि सुषुप्त्यात्मकतमोगुणात्मकात् परिणतमूलाज्ञानावृतत्त्वावत्छेदेन आवाप्याप्येतं ब्रह्मलोकं स्वप्रकाशमद्वैतात्मानं नैव जानन्ति । यतोऽनृतेन प्रत्यूढाः । नृसिंहोत्तरतापनीयेऽपि ''माया च तमो रूपानुभूतेस्तदेतज्जडं मोहात्मकमनन्तं तुच्छमिदं रूपमस्यास्य व्यञ्जिका नित्यनिवृत्तापि मूढैरात्मैव दृष्टे''ति । ''तुच्छानिर्वचनीया च वास्तवी चेति च त्रिधा । ज्ञेया मायात्रिभिर्बोधैश्श्रौत-यौक्तिकलौकिकैः'' इत्यभियुक्तानां वचनाच्च श्रौतदृष्ट्या तुच्छेनापि यौक्तिकदृष्ट्या भावरूपानिर्वचनीयेनोक्तमोगुणात्मना परिणतेनाज्ञानेन प्रत्यूढाः व्याप्ताः इति । तथा चास्मिन्स्थले हिरण्यनिधिर्वर्तत इति तत्क्षेत्रज्ञानमाप्तवाक्यजन्यमादौ समपेक्षितं ततस्तत्कामुकस्य तदावरकमृत्तिकापाकरणार्थं खननप्रयत्नस्तदनन्तरं निश्शेषं तदावरणीभूतमृदादीनां निर्हरणे कृते निधिसाक्षात्कारः केवलं सालोकचक्षुस्सन्निकर्षमात्रेण सम्पत्स्यते यद्वत् तद्वदेवात्मविषयकयाथार्थ्यज्ञानेऽपि प्रथमं परोक्षज्ञानं ''इमास्सर्वाः प्रजाः अहरहर्गच्छन्त्य एतं ब्रह्मलोकं न विदन्ती''ति सुषुप्त्यवच्छेदेन सकलदृश्याधिष्ठानं ब्रह्म सर्वे इमे जीवाः अधिगच्छन्तोऽप्यावृतत्त्वान्नैव लक्षन्त इत्युक्त्या तत्कामुकस्य तदावरकं सुषुप्तिसाधकगाढतमोगुणात्मना परिणतं सुषुप्त्युत्थानोत्तरकालं जाग्रद्दशायां यत्स्मरणं ''सुखमहमस्वाप्सं न किञ्चिदवेदिष''मित्येदन्यथानुपपत्तिसिद्ध''मज्ञानेनावृतं ज्ञानं तेन मुह्यन्ति जन्तवः'' इति स्मृतिसिद्धमज्ञानस्य भावरूपत्त्वं सिद्ध्यतीति यथा तथैवाज्ञानमपि निराकर्तुं प्रथमं श्रवणादिप्रयत्नस्ततश्च निश्शेषप्रतिबन्धनिवृत्त्यनन्तरं तत्त्वमस्यादिमहावाक्यजन्यप्रत्यगभिन्नाद्वितीयनित्य-शुद्धबुद्धमुक्तस्वभावब्रह्मात्मैक्यसाक्षात्कारेण द्वैतप्रपञ्चबोधपूर्वकमूलावरणभावरूपाज्ञानस्य समूलं नाशे स्वप्रकाशपरमाखण्डाद्वैतानन्दसन्मात्राशेषलक्षणो मोक्षश्च संसिद्ध्यतीति श्रौतो मार्गः । ''तरत्यविद्याविततां

और

प्रेमाऽनुपाधिरसुखात्मनि नोपलब्धः स प्रत्यगात्मनि कृमेरपि नित्यसिद्धः ।
प्रेयः श्रुतेरपि ततः सुखतानुमानं नैयायिकोऽपि न दृगात्मनि निह्नुवीत ।। (सं शा. १/२५)

अर्थात् - स्वाभाविक प्रेम सुखातिरिक्त घटादि में नहीं पाया जाता, वह कृमि-कीटादि के प्रत्यगात्मा में अनुभव सिद्ध ही है और ''**तदेतत् प्रेयः पुत्रादपि...**'' इस श्रुति के बल से भी नित्यसिद्ध है । अतः प्रत्यगात्मा में सुखरूपता के अनुमान से नैयायिक लोग भी इनकार नहीं कर सकते । इसलिये आत्मा ही परमानन्द रूप होने के कारण सभी को सर्वाधिक प्रिय होता है, यह सिद्ध होता है ।

हृदि यस्मिन्निवेशिते । योगी माययाममेयाय तस्मै ज्ञानात्मने नमः" इत्यलम् ।।

आत्मीयप्रेम्णः परत्त्वप्रदर्शनम् –

तत्प्रेमात्मार्थमन्यत्र नैवमन्यार्थमात्मनि ।
अतस्तत्परमं तेन परमानन्दतात्मनः ॥ ९ ॥

अन्वयः – अन्यत्र (यत्) प्रेम तत् आत्मार्थम् (एव) । एवम् आत्मनि (यत्प्रेम) न अन्यार्थम् अतः तत् परमम् । तेन आत्मनः परमानन्दता ।

व्याख्या :– अन्यत्र जायापतिपुत्रमातृपितृभ्रातृगृहारामक्षेत्रवित्तपश्वादिषु स्वात्मव्यतिरिक्तेषु तेषु यत्प्रेम जनैः प्रदर्श्यते तत्प्रेमात्मार्थमात्मनः प्रयोजनार्थम् । अन्यत्र विद्यमानं प्रेम न स्वाभाविकं तेषामात्मशेषत्त्वात् । एवं प्रकारेणात्मनि यत्प्रेम दृश्यते न तदन्यार्थमन्येषां प्रयोजनार्थं न भवति । तदात्मार्थमेव स्वाभाविकं प्रेमात्मनि दृश्यते। "आत्मनस्तु कामाय सर्वं प्रियं भवति" इति श्रुतेः । अत आत्मनि विद्यमानं प्रेम परमं निरतिशयं निरुपाधिकं प्रेमान्तरेणाप्रयोज्यम् । दारापुत्रादिष्वन्यत्र प्रेम तु आत्मप्रेमप्रयोज्यम् । ततस्सिद्धमाह – तेनेति, तेन कारणेनात्मनः परमानन्दता निरतिशयप्रेमास्पदत्वान्निरतिशयसुखरूपत्वमित्यात्मन्यनुभूयमानं प्रेम प्रयोजनान्तरानपेक्षि वित्तापत्त्यादिष्वात्मप्रेमापेक्षीत्ययमंशस्स्पष्टतरमस्यामेव पञ्चदश्यामात्मानन्दप्रकारणे । "पतिजायापुत्रवित्ते पशुब्राह्मणबाहुजाः। लोका देवा वेदभूते सर्वं चात्मार्थतः प्रिय"मित्यारभ्य "तत्र तत्रोचिते प्रीतिरन्यत्र नोभय"मित्यन्तेषु श्लोकेषु प्रत्यपादयन् ।

अब आत्मप्रेम का निरतिशयत्व प्रदर्शित करते हैं ।

अर्थ – अपने से भिन्न (पुत्रादि) में जो प्रेम है, वह आत्मा के लिये ही है । इसी तरह आत्मा में विद्यमान जो प्रेम है, वह अन्य के लिये नहीं है अतः वह निरतिशय है । इसीलिये आत्मा की परमानन्दता सिद्ध होती है । ९ ।

व्याख्या – पति, पत्नी, पुत्र, वित्त, माता, पिता, भाई, बहन, गृह और पशु आदि आत्मातिरिक्त पदार्थों में जो प्रेम होता है, वह आत्मा के लिये ही होता है अर्थात् आत्मसुख के लिये ही इन सबसे प्रेम होता है । जब तक ये अनुकूल रहते हैं तब तक उनसे प्रेम रहता है, उनके प्रतिकूल होते ही उनसे प्रेम नष्ट हो जाता है । इससे यही ज्ञात होता है कि पुत्र, पुत्र के लिये प्रिय नहीं होता है, अपने लिये ही प्रिय होता है । पत्नी, पत्नी के लिये प्रिय नहीं होती है, आत्मा के लिये प्रिय होती है । जब तक पत्नी पति की आज्ञानुसार रहेगी तब तक वह पति को प्रिय लगेगी किन्तु यदि वह आज्ञा का उल्लंघन करे और व्यभिचारिणी हो जाए तो वही प्रेम करने वाला पति उससे घृणा करेगा । अतः आत्मसुख के लिये ही पत्नी, पुत्रादि प्रिय होते हैं । इसी बात को याज्ञवल्क्य जी अपनी ब्रह्मवादिनी पत्नी को समझाते हुए कहते हैं कि अरी मैत्रेयि ! पति के लिये पति प्रिय नहीं होता है, अपने लिये ही पति प्रिय होता है । "***न वा अरे पत्युः कामाय पतिः प्रियो भवति, आत्मनस्तु कामाय पतिः प्रियो भवति***" (बृह.उ.) इसी प्रकार पत्नी, पुत्र, वित्त, पशु, लोक, वेद, देवता आदि सभी पदार्थ आत्मार्थ ही प्रिय होते हैं "***आत्मनस्तु***

श्लोकेऽस्मिन्पूर्वोक्तानुमाने "परानन्द आत्मा परप्रेमास्पदत्त्वादित्यत्र स्वरूपासिद्धिदोषं परिहृतमिति वेदितव्यम् । तथा हि - यत्प्रेमात्मन्यपि विद्यते तदप्यात्यन्तिकदुःखध्वंससाधनीभूतनित्य-निरतिशयनिर्विकल्पानन्दार्थमेवेति स्वरूपासिद्धिराशङ्क्यते । तत्परिहारस्त्वित्थम् - पूर्वोक्तात्यन्त-दुःखनिवृत्तिरप्यात्मसम्बन्धित्त्वेनैवैति न स्वरूपासिद्धिरिति । ये महात्मानोऽन्येषां सुखाय कायक्लेशादिरूपं तपस्समनुतिष्ठन्ति तत्रापि "दया सर्वभूतेष्वि"त्याद्युक्तरीत्या निरुपचरितपरदुःखप्रहरणेच्छारूपाया अपि स्मार्तधर्मानुष्ठानद्वारा दैवसम्पत्पुष्टिप्रवर्धनप्रणाल्या स्वात्मबोधसाधकत्त्वेन मार्कण्डेयपुराणादि-प्रसिद्धमदालसोपाख्यानादिष्वप्यात्मशेषत्त्वं न व्यभिचरतीति दिक् ।।

ज्ञानस्य परब्रह्मरूपत्त्वम् -

इत्थं सच्चित्परानन्द आत्मा युक्त्या तथाविधम् ।
परं ब्रह्म तयोश्चैक्यं श्रुत्यन्तेषूपदिश्यते ।। १० ।।

अन्वयः - इत्थं युक्त्या आत्मा सच्चित्परानन्दः (इति सिद्धः) तथाविधं परं ब्रह्म, तयोः (प्रत्यगात्मनोः) ऐक्यं वेदान्तेषु उपदिश्यते ।

व्याख्या :- पूर्वं नित्यसत्यस्वप्रकाशायास्संवदः परमानन्दरूपत्त्वमात्माभिन्नत्त्वं संसाध्य सम्प्रति ब्रह्माभेदोऽप्युपपादयन्पूर्वोक्तश्लोकसप्तकार्थमपि सङ्गृह्णातीत्थमिति । तत्त्वमस्यादिमहावाक्यार्थज्ञानेन निखिलानर्थनिबर्हणपूर्वकनिरतिशयानन्दाविर्भाव इति श्रौतं हार्दम् । तत्र वाक्यार्थज्ञानं प्रति

कामाय सर्वं प्रियं भवति " (बृ.उ.) आत्मार्थ ही सभी प्रिय होते हैं । अतः आत्मा ही सर्वाधिक प्रेमास्पद है । और आत्मा में जो प्रेम है वह किसी अन्य प्रेम के अधीन नहीं है किन्तु स्वाभाविक है अर्थात् यह निरुपाधिक आत्मप्रेम प्रेमान्तरों से अप्रयोज्य है । पुत्रादि में जो प्रेम है, वह आत्मप्रयोज्य है किन्तु यह आत्मप्रेम वैसा नहीं है । यह तो स्वाभाविक सिद्ध होने के कारण निरतिशय है अर्थात् इससे बढ़कर और कुछ नहीं है । इससे आत्मा की परमानन्दता भी सिद्ध हो जाती है ।

इसी बात को आत्मानन्द नामक बारहवें प्रकरण में ग्रन्थकार ४५ श्लोकों के द्वारा स्पष्ट करेंगे ।

पतिर्जाया पुत्रवित्ते पशुब्राह्मणबाहुजाः। लोका देवा वेदभूते सर्वं चात्मार्थतः प्रियम् ।। (पं.द. १२/६) इस श्लोक से लेकर - ***तत्र तत्रोचिते प्रीतिरात्मन्येवातिशायिनी ।अनात्मनि तु तच्छेषे प्रीतिरन्यत्र नोभयम्।।*** (१२/५०) इस श्लोक पर्यन्त । अतः आत्मा ही परमानन्द रूप है, यह बात सिद्ध होती है ।

अब ज्ञान की परब्रह्म से एकता का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - इस प्रकार युक्ति के द्वारा आत्मा सत्, चित् और निर्विषय सुखरूप सिद्ध हुआ, उसी प्रकार परब्रह्म भी है । इसलिये उन दोनों की एकता का उपदेश वेदान्तों में किया गया है । १० ।

व्याख्या - तृतीय श्लोक में ज्ञान का नित्यत्व कहा, उसी को अष्टम श्लोक में आत्मा के रूप में प्रतिपादित करके नवम श्लोक में आत्मा का परमानन्दत्व सिद्ध किया गया है । उसी आत्मा का ब्रह्म

तद्वाक्यघटकीभूतपदार्थज्ञानस्य कारणत्त्वेन तत्त्वं पदयोरर्थो वर्णनीय इति धिया ''शब्दस्पर्शादयो वेद्या'' इत्याद्यारभ्य त्वंपदार्थस्सम्यग्वर्णितः । लक्षणैक्याल्लक्ष्यैक्यमिति न्यायेन तथाविधं परं ब्रह्मेति तयोरैक्यं चात्र प्रदर्श्यते । इत्थमेवंप्रकारेण पूर्वमुदर्शितरीत्या युक्त्या लोकानुभवहेतुपरामर्शेनात्मा सच्चित्परानन्दो नित्यसत्यनिरतिशयानन्दरूपस्सिद्धस्तस्मिन्नात्मनि ब्रह्माभेदं च प्रतिपिपादयिषुराह – तथाविधमिति । यथात्मा सच्चिदानन्दरूप एवं परं ब्रह्मापि तथाविधं सच्चिदानन्दात्मकमेव ''सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म'' ''विज्ञानमानन्दं ब्रह्म'' अत्रायं पुरुषस्स्वयं ज्योतिर्भव''तीत्यादिश्रुतिभि''र्ज्ञोऽत एव'' इत्यादिन्यायैश्च ब्रह्मण एवं रूपत्त्वं सिद्धम् । तयोरात्मब्रह्मणोरैक्यं युक्त्या प्रतिपादितमिति वेदान्तशास्त्रप्रामाण्यादेवसिद्ध्यतीत्याह – वेदान्तेषूपदिश्यते इति । वेदान्तेषु श्रुत्यन्तेषु निश्चितार्थासूपनिषत्सु ''अयमात्मा ब्रह्म'' इत्यादिभिरखण्डैकरसत्त्वमुपदिश्यते स्वयं भगवानाप्तो भूत्त्वा समनुजग्राह । एतावता ग्रन्थेन वक्तव्यं सर्वं सम्पन्नमेन यतो''अविद्यास्तमयो मोक्षः सा च बन्ध उदाहृतः'' इति वार्तिकोक्तदिशाविद्याध्वंस एव मोक्षस्स च महावाक्यार्थीभूतजीवब्रह्मैक्यसाक्षात्कारप्रमयैवागच्छति इत्येतावता श्लोकजातेन तत्सर्वं सम्पन्नमेवेत्यग्रिमग्रन्थस्य का वा समुत्थिति प्रश्ने सपरिकरशाब्दिकबोधसिद्धिरेवोत्तरग्रन्थस्योत्थापिकेति समाधिः । अत्र सच्चित्परानन्द आत्मेत्यत्र त्रिकालाबाध्यत्त्वरूपं सत्त्वं स्वप्रकाशत्त्वं चित्त्वं निरुपचरितप्रीतिविषयत्त्वं परानन्दत्त्वमित्यादि-शास्त्रप्रसिद्धमेव । एवं च जीवब्रह्मणोरैक्यं सिद्धमिति दिक् ।।

के साथ अभेद है । वाक्यार्थ ज्ञान के प्रति उस वाक्य का घटकीभूत पदार्थ ज्ञान का कारण होने से तत् और त्वं पद का अर्थ स्पष्ट करना चाहिये, ऐसा सोचकर ''***शब्दस्पर्शादयो वेद्या*** '' (प.द. १/३) यहाँ से प्रारम्भ कर त्वं पदार्थ का सम्यक् वर्णन किया है । ''***लक्षणैक्यात् लक्ष्यैक्यम्*** '' इस न्याय से ब्रह्म भी वैसा ही है ''***सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म*** '' (तै.उ. २/१) ''***विज्ञानमानन्दं ब्रह्म*** '' (बृ.उ. ३/९/२८) ''***अत्रायं पुरुषः स्वयंज्योतिर्भवति*** '' (बृ.उ. ४/३/९) इत्यादि श्रुतियों से ब्रह्म का सच्चिदानन्दत्व सिद्ध ही है ।

यद्यपि आत्मा और ब्रह्म का युक्ति से एकत्व प्रतिपादन कर चुके हैं फिर भी श्रुति प्रमाण से ही वे युक्तियाँ प्रामाणिक हैं, यह सिद्ध करने के लिये कहा कि श्रुति के अन्त में अर्थात् वेदान्तों में (श्रुति के निश्चितार्थ उपनिषदों में) ''***अयं आत्मा ब्रह्म*** '' (मा.उ. ३) इत्यादि से आत्मा और ब्रह्म की एकता का उपदेश किया जाता है ।

आत्मा को जो सत्, चित् और परमानन्द कहा है, उसका तात्पर्य यह है कि आत्मा तीनों कालों में अबाध्य होने से सत् है । स्वप्रकाश रूप होने के कारण चित् है और निरुपाधिक प्रेम का विषय होने के कारण परमानन्द है । उसी प्रकार ब्रह्म भी सच्चिदानन्द रूप होने के कारण दोनों की एकता सिद्ध होती है ।

आत्मनः परमानन्दत्त्व आक्षेपः -

अभाने न परं प्रेम भाने न विषये स्पृहा ।
अतो भानेऽप्यभातासौ परमानन्दतात्मनः ॥ ११ ॥

अन्वयः - अभाने (सति, आत्मनि) परं प्रेम न (स्यात्) भाने (सति विषये स्पृहा न स्यात्) अतः आत्मनः असौ परानन्दता भाने अपि अभाता ।

व्याख्या :- आत्मनः परमानन्दता किं भासते उताहो न भासते इत्याक्षेपः । तत्राभाने सत्यननृतभूतेऽप्रतीतौ तस्मिन्न परं प्रेम संभवेत् । सर्वो लोको हि विज्ञातपूर्वे रामणीयके एव वस्तुनि प्रेम करोति, नाविज्ञातमाधुर्ये तस्मादात्मनोऽभाने तत्र निरतिशयस्नेहो न स्यात् । स्नेहस्य विषयगतमाधुर्य-ज्ञानजन्यत्त्वनियमात् । तथा चात्मनः पूर्वोक्तं परमप्रेमास्पदत्त्वमसिद्धम् । यद्यात्मनो भाने सम्यक्प्रतीतौ विषये सुखकारणे स्वर्गादौ तज्जनके यागादौ धर्मफले सुखे वा लौकिकं स्रक्चन्दनवनितागृहाराम-क्षेत्रपुत्रमित्रकलत्रपशुपक्षिवित्तादिषु स्पृहा महती तृष्णा सर्वैरनुभूयमाना विषयेच्छा स्यात् । उपायेच्छाया उपेयेच्छाधीनत्त्वात् । आनन्दस्य उपेयस्य स्वयमात्मारूपत्त्वेन सिद्धत्त्वात्तत्साधने उपाय इच्छा नैव भवेत् । तस्माद्वैषयिकसुखेच्छा ह्यनुक्षणं मनसि सर्वेषां पुङ्खानुपुङ्खतया प्रजायमाना नैवोपपन्ना स्यात् । तज्जायत एव । अतोऽनिच्छताप्यभानमवश्यमङ्गीकर्तव्यमित्यात्मनि परमप्रेमास्पदत्त्वं नैव सिद्ध्यतीत्यत "उभयतः पाशा रज्जु"रितिन्यायेन महत्क्लेशे सञ्जाते समाधीयते - अत इति । भानेऽप्यभातात्मनोऽसौ

आत्मा की परमानन्दरूपता नहीं बन सकती, इस प्रकार पूर्वार्ध से आक्षेप करके उत्तरार्ध से उसका परिहार करते हैं ।

अर्थ - यदि आत्मा की परमानन्दता का भान न हो तो आत्मा में परम प्रेम नहीं हो सकता । और यदि उसका भान होता है तो विषयों की इच्छा नहीं होगी । इसलिये आत्मा की वह परमानन्दता प्रतीत होने पर भी विशेष रूप से प्रतीत नहीं होती । ११ ।

व्याख्या - आत्मा की परमानन्दता भासित होती है या नहीं ? यह आक्षेप है । यदि कहो भासित नहीं होती है तो जिसका अनुभव नहीं हुआ, उस वस्तु में परम प्रेम नहीं हो सकता । क्योंकि पदार्थ की सुन्दरता का ज्ञान होने पर ही उस पदार्थ से प्रेम होता है । जिस पदार्थ की मधुरिमा का ज्ञान कभी हुआ ही न हो, उससे व्यक्ति का प्रेम कभी नहीं हो सकता । जिसने कभी रसगुल्ला खाया ही न हो और देखा भी न हो, उसे रसगुल्ले से प्रेम कैसे हो सकता है ? व्यक्ति का स्नेह विषयगत माधुर्यज्ञानजन्य ही होता है । और यदि कहो कि आत्मा की परमानन्दता का भान होता है तो फिर विषयेच्छा नहीं होनी चाहिये। अर्थात् 'आत्मा परमानन्द रूप है' ऐसा भान हो जाने पर मनुष्यों को तुच्छ विषयों के प्रति आकृष्ट नहीं होना चाहिये । मीठे पानी से भरा सरोवर मिल जाने पर कोई कीचड़ युक्त मलिन जल की इच्छा क्यों करेगा ? किन्तु ऐसा नहीं है, सभी पुरुष माला, चन्दन और वनितादि से उत्पन्न विषयसुख की इच्छा करते हैं । विषयतृष्णा लौकिक पुरुषों में स्वाभाविक रूप से देखी जाती है । साध्य प्राप्त होने पर साधन करने की इच्छा कैसे हो सकती है ? क्योंकि उपाय (साधन) की इच्छा उपेय (साध्य) इच्छा के अधीन होती है । आनन्द तो उपेय है, स्वयं आत्मरूप से सिद्ध होने के कारण । अतः विषयजन्य सुख की इच्छा किसी

परमानन्दता । मन्दान्धकारविषयादिवत्प्रतीतौ सत्यामपि न प्रतीयते आत्मनः परमानन्दता त्वंपदार्थभूत आत्मनि नित्यापरोक्षत्त्वं परमानन्दरूपत्त्वं चात्मविचारात्प्रागपि विद्यतेऽथाप्यनाद्यनिर्वचनीयाविद्ययावृतेति प्राग्विचारात्स्फुटतरं निवृत्तौ प्रभूतालोकमध्यवर्तिनां समनस्केन्द्रियचक्षुस्संयुक्तपटादीनामिव प्रस्फुरं साक्षात्कारो भवति । तदुक्तं – "सत्ता स्फुरता परमात्मनो या नाच्छाद्यते साह्युपजीव्यभावात् । आनन्दमाच्छादयतीव माया" "तन्नाशने तत्त्वमसीति वाक्यम् ।" इति ।

अत्र भानेऽप्यभातेत्यत्र यथा रज्जुसर्पादिस्थले पुरोवर्तिनो वस्तुनो यत्किञ्चिदाकारेण भानेऽपि विशेषाकारेण रज्ज्वाद्यात्मनाभानं तद्वदात्मनोऽप्यहमहमिति सार्वदिकप्रतीतावपि मायावरणबलेन परमानन्दस्वरूपब्रह्माभेदेन न प्रतीयत इति हेतोस्तदावरणभङ्गाय वेदान्तशास्त्रैरद्वैतात्मतत्त्वविचारे कृते जाते च महावाक्यार्थबोधे निष्प्रत्यूहं परमानन्दरसाविर्भावो भवति । अत एव ब्रह्मनिष्ठा वदन्ति "किं प्रजया करिष्यामो येषां नोऽयमात्माऽयं लोकः" इति । किं करिष्यामो न किञ्चिदपि प्रयोजनं सम्पादयिष्याम इति भावः । आत्मैवेयं लोको नित्यापरोक्षस्वप्रकाशः परमानन्दरूपो नित्यशुद्धबुद्धमुक्तोऽद्वितीयस्सर्वव्यापकस्सच्चिदानन्दघनोऽस्तीत्यतः किं प्रजयेत्यादि । यद्यप्यात्मा निस्सामान्यविशेषोऽथाप्यविद्याकल्पितसामान्यविशेषभावोऽवभासत इति भानेऽप्यभानमुपपद्यते । विषयस्पृहा तु परमात्मसाक्षात्कारादेवेति च भगवद्वचनम् ।

को भी नहीं होनी चाहिये, किन्तु वस्तुस्थिति इसके विपरीत है । सभी विषयजन्य सुख की अभिलाषा करते हैं, अतः आत्मा का भान (प्रतीति) और अभान (अप्रतीति) दोनो में दोष है । इस तरह प्रथम पंक्ति में आक्षेप करके अब दूसरी पंक्ति से उसका समाधान देते हुए ग्रन्थकार कहते हैं कि वस्तुतः आत्मा की परमानन्दता का भान होता है फिर भी वह अभासित है अर्थात् जैसे मन्द अन्धकार में पड़ी हुई रस्सी की सामान्य रूप से प्रतीति तो होती है किन्तु विशेष रूप से अर्थात् "यह रस्सी ही है" इस तरह स्पष्ट रूप से प्रतीति नहीं होती है, इसीलिये उसमें सर्पाभास होता है , उसी प्रकार आत्मा की सामान्य प्रतीति तो सभी को है पर विशेष प्रतीति के अभाव के कारण सभी लोग आत्मा की परमानन्दता को नहीं जान पाते हैं । भाव यह है कि त्वं पदार्थभूत आत्मा में नित्य अपरोक्षत्व सिद्ध है किन्तु अनिर्वचनीय अविद्या की आवृति (आवरण) के कारण उसकी स्पष्ट रूप से प्रतीति नहीं होती है । विचार के द्वारा जब आवरण का भंग हो जाता है तो सजग व्यक्ति के सामने स्पष्ट प्रकाश में रखे हुए घट के समान आत्मसाक्षात्कार होता है ।

यद्यपि 'मैं-मैं' के रूप से अर्थात् सामान्य रूप से आत्मा की प्रतीति सभी को होती है फिर भी माया के कारण आत्मा की परमानन्दता का भान नहीं होता है । उस माया रूपी आवरण का नाश करने के लिये वेदान्तशास्त्र प्रतिपादित अद्वैतात्मतत्त्व का महावाक्यों के द्वारा विचार करने पर निष्प्रत्यूह आत्मा के परमानन्दत्व का भान होता है । इसलिये ब्रह्मनिष्ठ महात्मागण कहते हैं कि "***किं प्रजया करिष्यामो येषां नोऽयमात्माऽयं लोक इति*** " अर्थात् हम प्रजा से क्या करेंगे, जो अनाप्तकाम होते हैं, वे ही जाया, पुत्रादि में आसक्त होते हैं किन्तु हमारा तो यह आत्मा ही लोक है । नित्य अपरोक्ष, स्वयंप्रकाश, परमानन्दरूप, नित्य, शुद्ध, बुद्ध, मुक्त, अद्वितीय, सर्वव्यापक, सच्चिदानन्द स्वरूप यह आत्मा ही हमारा लोक है अतः हमारा प्रजा से क्या प्रयोजन ? यद्यपि आत्मा असामान्यविशेष है तथापि अविद्या कल्पित सामान्यविशेष भाव प्रतीत होता है, यही आत्मा का भान होते हुए अभान होने का कारण है ।

"विषया विनिवर्तन्ते निराहारस्य देहिनः । रसवर्जं रसोऽप्यस्य परं दृष्ट्वा निवर्तते" इति ।अत्रैवं प्रयोगः - परमात्मतत्त्वनिष्ठः सकलविषयादिविनिस्स्पृहः लब्धपरमार्थानन्दत्त्वात् यन्नैवं तन्नैवं यथा कामुकः इत्यादीति शिवम् ।

आत्मभाने प्रतिबन्धविचारः -

अध्येतृवर्गमध्यस्थपुत्राध्ययनशब्दवत् ।
भानेऽप्यभानं भानस्य प्रतिबन्धेन युज्यते ॥ १२ ॥

अन्वयः - अध्येतृवर्गमध्यस्थपुत्राध्ययनशब्दवत् (सामान्यतः) भानेऽपि (विशेषतः) अभानं (भवति) । भानस्य प्रतिबन्धेन (भानेऽप्यभानं) युज्यते ।।

व्याख्या :- एकस्य वस्तुनः एककालावच्छेदेन भानाभाने न सम्भवतः इत्याक्षेप उत्तरं पठति- भावार्थ एवं - वेदाध्ययनपराणां समुदाये विद्यमानोऽध्यापकस्यौरसः पुत्रस्तत्कर्तृकं यदध्ययनं तस्य शब्द इवेति - अध्येतृवर्गमध्यस्थपुत्राध्ययनशब्दवदित्यस्य । यथा वा तत्पुत्रध्वनिः पार्थक्येन न श्रूयते सामान्यतः श्रूयत एव तद्वत्परमानन्दस्य भानेऽपि स्वप्रकाशरूपतया प्रतीतावपि प्रतिबन्धकवशात् विषयानन्दात्पृथक्त्वेनाभानमपि पूर्वोक्तदृष्टान्तेन युज्यत एव । रागद्वेषादिव्याकुलान्तःकरणस्य

और जो आपने विषयस्पृहा की बात कही कि आत्मा की परमानन्दता की प्रतीति होने पर विषयस्पृहा नहीं होनी चाहिये तो यह सही है, जब विचार करने से आत्मा का साक्षात्कार हो जाता है तो उस ज्ञानी की विषयस्पृहा सर्वथा निवृत हो जाती है । गीता में भगवान् ने भी यही कहा है । "**रसोऽप्यस्य परं दृष्ट्वा निवर्तते**"।

यहाँ अनुमान प्रयोग इस प्रकार है - परमात्मतत्त्व में निष्ठावान् पुरुष समस्त विषयेच्छाओं से रहित होता है क्योंकि उसने परमानन्द को प्राप्त कर लिया है, जो ऐसा नहीं है, वह विषयेच्छारहित नहीं है, जैसे कामुकपुरुष।

एक ही वस्तु का एक ही काल में भान और अभान दोनों नहीं बन सकते, इस आक्षेप का उत्तर देते हैं ।

अर्थ - **अध्येतृवर्गमध्यस्थ पुत्राध्ययनशब्दवत्** (आत्मा की परमानन्दता का) भान होने पर भी अभान भान के प्रतिबन्ध के कारण बन सकता है । १२ ।

व्याख्या - "***अध्येतृवर्गमध्यस्थपुत्राध्ययनशब्दवत्*** " अर्थात् वेद पाठकों के समूह के मध्य में स्थित पुत्र के वेदपाठ की ध्वनि के समान एक ही वस्तु का एक ही काल में भान और अभान दोनों बन सकते हैं । और भान होने पर भी अभान प्रतिबन्ध के कारण बन सकता है ।

किसी पाठशाला के किसी कक्ष में कुछ ब्रह्मचारी वेदपाठ कर रहे हैं । उसी समय उनमें से किसी एक छात्र का पिता अपने पुत्र से मिलने के लिए वहाँ आया । उसने वेदपाठ करने वाले सभी छात्रों की ध्वनि सुनी । उसमें उसके पुत्र की ध्वनि भी थी, उसने सामान्य रूप से यह तो जान लिया कि इसमें मेरे पुत्र की भी ध्वनि है किन्तु कौन-सी ध्वनि मेरे पुत्र की है, यह ज्ञान उसे नहीं होता । अर्थात् सामान्य रूप से पुत्र की ध्वनि का श्रवण रूप भान होने पर भी विशेष भान नहीं होता, क्योंकि पुत्रध्वनि की अप्रतीति का कारण वहाँ पर उपस्थित है । अन्य ध्वनि मिश्रित होने से पिता को अपने पुत्र की ध्वनि का स्पष्ट

नित्यनिरतिशयानन्दात्मनो भाने सत्यपि अन्तःकरणशुद्ध्यभावेन विशेषतस्साक्षात्कारो न जायते । पुरोवर्तिन्यपि मुकुरेऽविशुद्धे न प्रतिफलति मुखादिकं यद्वत् । अत्रैवं प्रयोगः – स्वप्रकाशात्माभिन्न–निरतिशयानन्दता सामान्यतो भासमानत्त्वे सति विशेषतोऽनवभासमाना । प्रतिबद्धत्त्वात्। अध्येतृवर्गमध्यस्थपुत्राध्ययनशब्दवत्सूर्यमण्डलमध्यगहिरण्यश्मश्रुत्त्वादिशालीश्वरलीलाविग्रहविशेषवच्च तस्माद्भानेऽप्यभानमुपपन्नमिति दिक् ।।

प्रतिबन्धस्वरूपवर्णनम् –

प्रतिबन्धोऽस्तिभातीतिव्यवहारार्हवस्तुनि ।
तन्निरस्य विरुद्धस्य तस्योत्पादनमुच्यते ।। १३ ।।

अन्वयः – अस्ति भाति इति व्यवहार्यवस्तुनि तं (व्यवहारं) निरस्य विरुद्धस्य तस्य उत्पादनं प्रतिबन्धः (इति) उच्यते ।।

व्याख्या :– इदमस्तीदं भातीत्येवं सम्यग्व्यवहार्ये वस्तुनि सत्ताप्रकाशाभ्यां निर्देष्टुमुचितेऽपि वस्तुनि तं तादृशं अस्ति विद्यते भाति प्रकाशत इत्यादिव्यवहारं निरस्य निरुद्ध्य समुल्लङ्घ्य तिरस्कृत्य विरुद्धस्य विप्रतिपन्नस्य नास्ति न भातीत्येवंरूपस्योत्पादनं जननं प्रतिबन्ध इत्युच्यते । प्रतिबन्धस्यैकं लक्षणमिदं यत्कारणसामग्रीसत्त्वेऽपि कार्याजनकवस्तुत्त्वमित्येतल्लक्षणं दाहजनकाग्न्यादौ सत्यपि चन्द्रकान्तमणिसमवधाने

भान नहीं होता है । इसी प्रकार आत्मा की परमानन्दरूपता का भान होने पर भी अर्थात् आत्मा की स्वयंप्रकाश रूप से प्रतीति होने पर भी प्रतीति के प्रतिबन्ध के कारण उसकी प्रतीति नहीं होती है । जैसे अविशुद्ध दर्पण के सन्मुख होने पर भी उसमें मुख का प्रतिबिम्ब नही पड़ता है, उसी प्रकार अन्तःकरण की मलिनता के कारण आत्मा का सामान्य रूप से भान होने पर भी विशेष रूप से भान नहीं होता है।

यहाँ अनुमान प्रयोग इस प्रकार है – स्वयंप्रकाश आत्माभिन्न निरतिशयानन्दता सामान्य रूप से भासित होने पर भी विशेष रूप से भासित नहीं होती है, प्रतिबन्ध के कारण, **अध्येतृवर्गमध्यस्थ पुत्राध्ययनशब्दवत्** । इससे यह सिद्ध होता है कि एक ही वस्तु का एक ही काल में भान और अभान दोनों बन सकता है ।

प्रतिबन्ध का स्वरूप दर्शाते हैं ।

अर्थ – विद्यमान है और भासता भी है, इस प्रकार व्यवहार योग्य वस्तु में उस व्यवहार का निराकरण करके विद्यमान नहीं है और भासित भी नहीं होता है, इस प्रकार विरुद्ध व्यवहार की उत्पत्ति का हेतु प्रतिबन्ध कहा जाता है । १३ ।

व्याख्या – व्यवहार में कोई भी वस्तु की सत्ता और भासित होना देखा जाता है । जैसे व्यवहार में घट की सत्ता है अर्थात् घट विद्यमान है और जिसकी सत्ता होती है, वह पदार्थ भासित भी होता है। अतः घट भासित भी होता है और विद्यमान भी है । हम उसको देख सकते हैं, छू सकते हैं, उसमें जल भर सकते हैं इत्यादि । अतः व्यवहार में विद्यमानता और भासित होना इन दोनों का निराकरण करके विद्यमान नहीं है और भासित भी नहीं होता है अर्थात् घट नहीं है और घट भासित नहीं होता है, इस प्रकार विरुद्ध व्यवहार की उत्पत्ति का हेतु प्रतिबन्ध कहा जाता है अर्थात् अन्धेरे में रखा हुआ घट विद्यमान होने पर भी भासित नहीं होता । अन्धकार रूपी प्रतिबन्ध के कारण उल्टा ही प्रतीत होता है कि घट नहीं

कार्यदाहाजनकत्त्वमेव विद्यते प्रतिबन्धमण्यादौ लक्षणसङ्गमः । द्वितीयं च लक्षणं विलक्षणव्यवहार्यवस्तुनि तन्निरोधेन तद्विरुद्धव्यवहारोत्पादनमिति । अस्यार्थस्तु श्लोकव्याख्यानेनैव विवृतः । लक्षणद्वयोक्तौ कस्य सत्यतेति प्रश्ने न हि लक्षणस्य लक्षणान्तरदूषकत्त्वमित्येव समाधिः। कारणसामग्रीसत्त्वेऽपि कार्याजनकवस्तुरूपत्त्वलक्षणस्य प्रकृतेऽव्याप्तिः मूलाज्ञानस्य मिथ्यात्त्वेन वस्तुत्त्वाभावादिति वस्तुपदार्थघटितलक्षणस्यावास्तवत्त्वेनाव्याप्तिरिति चेन्न लक्षणे वस्तुरूपत्त्वमित्यस्य वस्तुनाबाधितेन सन्मात्रेण परब्रह्मणैव रूप्यते निरूप्यते स्वसत्ताप्रदानेनाज्ञानमस्तीति निरूप्य स्वाध्यस्ततयैव भास्यत इति व्युत्पत्यार्थवर्णनान्न दोषः । एतेनाज्ञानस्य स्वतस्सत्ताशून्यत्त्वमिति मिथ्यात्त्वलक्षणमपि सङ्गटते । द्वितीयलक्षणमपि मण्यादिवह्न्यादिकर्तृकादाहादिकार्यप्रतिबन्धेऽव्याप्तिग्रस्तमेवेति चेन्न । अस्ति वह्निजन्यो दाहस्स च भाति स्पष्टमित्यादिव्यवहारार्हवस्तुनि वह्नौ तादृशं व्यवहारं निरुद्ध्य नास्ति वह्निजन्यो दाहो न भाति चेति तद्विरुद्धव्यवहारोत्पादनसद्भावात् । तार्किकोक्तप्रतिबन्धकत्त्वलक्षणे कारणीभूताभावप्रतियोगित्त्वेऽपि दोषास्सन्तीति यावत्कारणसामग्रीसत्त्वे कार्याजनकत्त्वं प्रतिबन्धकत्त्वलक्षणमिति दिक् ।।

प्रकृते प्रतिबन्धकत्त्वलक्षणसमन्वयः -

तस्य हेतुः समानाभिहारः पुत्रध्वनिश्रुतौ ।
इहानादिरविद्यैव व्यामोहैकनिबन्धनम् ।। १४ ।।

अन्वयः - पुत्रध्वनिश्रुतौ तस्य (प्रतिबन्धस्य) हेतुः समानाभिहारः । इह (दार्ष्टान्तिके) व्यामोहैकनिबन्धनम् अनादिः अविद्यैव ।

है और भासित भी नहीं हो रहा है । वस्तुतः वहाँ घट है किन्तु अन्धकार रूपी प्रतिबन्ध ने उसे ढक लिया है । जैसे अग्नि का स्वभाव जलाना है किन्तु चन्द्रकान्त मणि को यदि उसके समीप रख दिया जाए तो अग्नि जलाने में असमर्थ हो जाता है अर्थात् अग्नि की दाहकत्व शक्ति चन्द्रकान्त मणि के कारण प्रतिबन्धित हो जाती है । प्रतिबन्ध उसे कहते हैं जो वस्तु को आच्छादित मात्र करता है, उसका नाश नहीं करता । प्रतिबन्ध यह शब्द वेदान्त का पारिभाषिक शब्द है । इसको ठीक तरह से समझ लेने पर वेदान्त की प्रक्रिया समझने में आसानी होती है । अतः वेदान्त जिज्ञासुओं को ऐसे पारिभाषिक शब्दों को ठीक तरह से समझ लेना चाहिये । प्रतिबन्ध का एक लक्षण यह भी है कि जो कारण सामग्री के रहते हुए भी कार्य को उत्पन्न न होने दे, उसे प्रतिबन्ध कहते हैं । प्रतिबन्ध वस्तु को भासित नहीं होने देता । प्रतिबन्ध दूर हो जाने पर वस्तु का भान स्पष्ट रूप से होने लगता है । प्रकाश द्वारा अन्धकार रूप प्रतिबन्ध के दूर होते ही कमरे में रखा हुआ घट भासित होने लगता है । अतः आत्मज्ञानार्थ प्रतिबन्ध को दूर करना आवश्यक है ।

प्रतिबन्ध का हेतु दर्शाते हैं ।

अर्थ - पुत्र के अध्ययन की ध्वनि के श्रवण में जो प्रतिबन्ध है, उसका कारण बहुतों के साथ एक ही काल में उच्चारण है और यहाँ (दार्ष्टान्तिक में) विपरीतज्ञान का मुख्य कारण अनादि अज्ञान ही है । १४।

व्याख्या - श्लोक बारह में पठित दृष्टान्त के प्रतिबन्ध का हेतु बताते हुये कहते हैं कि पुत्र की ध्वनि सुनने पर भी पिता को जो पुत्र की ध्वनि का विशेष ज्ञान नहीं हुआ था, उसका कारण यह है कि

व्याख्या :- दृष्टान्ते पितुरध्यापयितुः पुत्रध्वनिश्रुतौ शिष्यान्तरध्वनिपार्थक्येनायं मे पुत्रध्वनिरिति ज्ञप्तौ तस्य श्रवणप्रतिबन्धस्य हेतुर्बीजं समानाभिहार ऐककण्ठ्येनैकस्वर्येणैकवृत्त्या द्रुतमध्यविलम्बितादि-वृत्तिभेदं विना सर्वैश्शिष्यैस्संभूय उच्चारणं पठनं तेन प्रतिबन्धेनेत्यर्थः । इह प्रकृते 'दार्ष्टान्तिके व्यामोहैकनिबन्धनम्'' व्यामोहानां मिथ्याभूतवस्तुज्ञानानां विपरीतप्रत्ययानामेकनिबन्धनं मुख्यकारणमनादिरुत्पत्तिशून्याविद्यैवाज्ञानमेव प्रतिबन्धस्य हेतुरिति भावः । स्वप्रकाशात्मभूताया अपि परमानन्दतायास्सामान्यतः परमानन्दताप्रयोजकपरप्रेमास्पदत्त्वेन भानसत्त्वेऽप्यखण्डत्त्वलक्षणविशेषणाभाने विषय इति तात्पर्यम् । ''अनादिमायया सुप्तो यदा जीवः प्रबुध्यते । अजमनिद्रमस्वप्नमद्वैतं बुद्ध्यते तदे''ति कारिकया प्रागभावाप्रतियोगित्त्वमनादित्त्वमित्यनादिरविद्यैव माया । निबन्धनमित्याद्युक्तम् । ''मुहु-वैचित्ये'' इति धातोर्निष्पन्नोऽयं व्यामोहशब्दः । अहिते तत्साधनेऽपि हिततत्साधनधियं जनयतीति शब्दार्थस्वारस्यम् ।।

प्रकृतिस्वरूपप्रदर्शनम् -

चिदानन्दमयब्रह्मप्रतिबिम्बसमन्विता ।
तमोरजःसत्त्वगुणा प्रकृतिर्द्विविधा च सा ।। १५ ।।

अन्वयः - चिदानन्दमयब्रह्मप्रतिबिम्बसमन्विता तमोरजस्सत्त्वगुणा प्रकृतिः (इत्युच्यते) सा च द्विविधा (भवति) ।

वहाँ उपस्थित सभी बालकों के मुख से द्रुत, मध्यम और विलम्बित आदि भेद से रहित समस्वर में वेदपाठ की ध्वनि हो रही थी । अतः पिता पुत्र की वाणी को स्पष्ट रूप से नहीं सुन सका और यहाँ अर्थात् प्रकृत (दार्ष्टान्तिक) में अनादि अविद्या ही प्रतिबन्ध है । आत्मा की परमानन्दरूपता के विशेष भान होने में अनादि अविद्या ही प्रतिबन्ध है । इसी के कारण पुरुष को अपने स्वाभाविक स्वरूप का बोध नहीं हो पाता है ।

श्रीगौड़पादाचार्य जी ने भी कहा है कि -

अनादिमायया सुप्तो यदा जीवः प्रबुध्यते ।
अजमनिद्रमस्वप्नमद्वैतं बुध्यते तदा ।। (गौ.का. १/१६)

अर्थात् - अनादि माया के द्वारा सुप्त जीव जब तत्त्वबोध के द्वारा जग जाता है तभी उसे जन्म, निद्रा और स्वप्न से रहित अद्वैत आत्मतत्त्व का ज्ञान होता है ।

प्रागभाव का अप्रतियोगित्व ही अनादित्व है, अविद्या (माया) अनादि है । ''विपरीत ज्ञान का मुख्य कारण अनादि अज्ञान ही है'' ऐसा जो कहा गया है, वह ज्ञानाभाव का निराकरण करने के लिये कहा गया है ।

अब प्रकृति के स्वरूप का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - चिदानन्दमय ब्रह्म के प्रतिबिम्ब से समन्वित प्रकृति सत्त्व, रज और तमोगुण वाली है और वह दो प्रकार की है । १५ ।

व्याख्या - प्रकृत में प्रतिबन्ध का हेतु अविद्या को कहा गया है । अब उस अविद्या का भी मूल जो प्रकृति है, उसका वर्णन करते हुए कहते हैं कि जो चित् (ज्ञान) और आनन्दमय ब्रह्म है, उस ब्रह्म के प्रतिबिम्ब (प्रतिछाया) से समन्वित सत्त्व, रज और तमोगुण वाली जो मूलाविद्या है, वही प्रकृति है।

व्याख्या :- प्रकृतप्रतिबन्धहेतोरविद्याया अपि मूलभूतां प्रकृतिं प्रदर्शयति यच्चिदानन्दमयं तद्रूपं ब्रह्म तस्य प्रतिबिम्बेन प्रतिच्छायया समन्वितो सङ्गता तमोरजस्सत्त्वगुणा गुणत्रयसाम्यावस्था मूलाविद्या या सा प्रकृतिरित्युच्यते चिदानन्दमयप्रतिबिम्बसमन्वितत्त्वे सति सत्त्वरजस्तमोगुणात्मकत्त्वमिति प्रकृते लक्षणं सिद्धयति । साङ्ख्योक्तं सत्त्वरजस्तमसां साम्यावस्थारूपत्त्वं तु न समुचितं लक्षणम् । "अध्यारोपापवादाभ्यां निष्प्रपञ्चं प्रपञ्च्यते" इति वचनानुसारं ग्रन्थकारो गूढाभिसन्धिस्तत्त्वं कथयन् लोकव्यवहारसिद्धो जगज्जीवेश्वरभेद औपाधिक एव, न तु स्वाभाविक इति सञ्चिन्त्य प्रकृतेर्द्वैविध्यं वर्णयति । सा प्रकृतिर्द्विविधा भवति । अत्र चकारोऽनुक्तार्थसमुच्चायक इति तृतीयोऽपि प्रकृतिप्रकारोऽत्र संसूचितः स चोत्तरत्र वक्ष्यति "तमः प्रधानप्रकृते"रित्यादिना । एवं च प्रकृतिस्त्रिविधा । अत एवोपरिष्टात्पठिष्यति । "त्रितयीमपि तां मुक्त्वा परस्परविरोधिनीम् । अखण्डं सच्चिदानन्दं महावाक्येन लक्ष्यत" इति । सम्प्रति तु जीवेश्वरोपाधिभेदमनुसन्धाय प्रकृतेर्द्वैविध्यमवोचि । मृन्मयो घटस्तन्तुमयः पट इत्यादिव्यवहारेषु मयट्प्रत्ययस्य स्वार्थेऽपि दृष्टचरत्वात्स्वप्रकाशसंविदभिन्नापरिच्छिन्नस्वसुख-प्रतिबिम्बैकायत्तसत्ताकेत्युक्तं भवति । अनेन स्वतस्तस्यास्सत्ताशून्यत्वान्मिथ्यात्त्वं सिद्धयति । मायायास्त्रिगुणवत्त्वे श्रुतिरेवास्माकं प्रमाणम् - "अजामेकां लोहितशुक्लकृष्णा"मित्यादिका । तथा स्मृतिरपि "सत्त्वं रजस्तम इति गुणाः प्रकृतिसंभवाः" इति प्रकृतिः - शुद्धसत्त्वप्रधाना, मलिनसत्त्वप्रधाना चेति द्विविधात्रोक्ता, तमःप्रधाना तु प्रस्तोष्यते ।।

यहाँ चिदानन्दमय ब्रह्म के प्रतिबिम्ब से युक्त ही सत्त्व, रज और तमोगुण वाली प्रकृति है, ऐसा कहकर सांख्यशास्त्रानुसार प्रतिपादित "सत्त्व, रज और तमोगुण की साम्यावस्था प्रकृति है" इस बात का निराकरण किया गया है । "***अध्यारोपापवादाभ्यां निष्प्रपञ्चं प्रपञ्च्यते*** " (अध्यारोप और अपवाद के द्वारा प्रपञ्चरहित ब्रह्म का प्रतिपादन किया जाता है ।) इस वचन के अनुसार गूढ़ाभिप्राय से तत्व का वर्णन करते हुए लोकव्यवहार सिद्ध जीव और ईश्वर का भेद औपाधिक ही है स्वाभाविक नहीं है, ऐसा विचार करके ही ग्रन्थकार प्रकृति का द्वैविध्य दर्शाते हैं । त्रिगुणात्मिका वह प्रकृति दो प्रकार की है । श्लोक में चकार अनुक्तार्थ का द्योतक है अर्थात् चकार के द्वारा प्रकृति का तीसरा प्रकार भी सूचित किया गया है । जिसका वर्णन अठारहवें श्लोक में आगे करेंगे । इस प्रकार प्रकृति तीन प्रकार की है । इसीलिए ग्रन्थ में आगे स्पष्ट रूप से कहेंगे कि -

त्रितयीमपि तां मुक्त्वा परस्परविरोधिनीम् ।
अखण्डं सच्चिदानन्दं महावाक्येन लक्ष्यते ।। (प.द. १/४६)

सम्प्रति तो जीव और ईश्वर रूप उपाधि के भेद को ध्यान में रखते हुए "प्रकृति दो प्रकार की है" ऐसा कहा गया है ।

"***अजामेकां लोहितशुक्लकृष्णाम्*** " (श्वे.उ.) और "***सत्त्वं रजस्तम इति गुणाः प्रकृतिसंभवाः***" (गीता) इत्यादि श्रुति और स्मृति के प्रमाण से यद्यपि प्रकृति का त्रैविध्य ही इष्ट है तथापि शुद्धसत्त्वप्रधाना और मलिनसत्त्वप्रधाना इस प्रकार प्रकृति यहाँ पर द्विविध रूप से कही गयी है और तमप्रधान प्रकृति का वर्णन ग्रन्थ में आगे करेंगे ।

मायाविद्यादिप्रदर्शनम् –

सत्त्वशुद्ध्यविशुद्धिभ्यां मायाविद्ये च ते मते ।
मायाबिम्बो वशीकृत्य तां स्यात्सर्वज्ञ ईश्वरः ॥ १६ ॥

अन्वयः – सत्त्वशुद्ध्यविशुद्धिभ्यां ते च मयाविद्येति मते । मायाबिम्बः तां (मायां) वशीकृत्य (वर्तमानः) सर्वज्ञः ईश्वरः स्यात् ।

व्याख्या :– सत्त्वस्य प्रकाशस्वभावस्य शुद्धिर्गुणान्तरासम्बन्धोऽनभिभवोऽकलुषीकृतता वा । अविशुद्धिः न विशेषेण शुद्धिः रजस्तमोभ्यां न्यूनाधिकतया मिश्रणं गुणान्तरेण कलुषीकृतत्त्वं ताभ्यां ते च द्विविधे द्विप्रकारे मायाविद्येति मते सम्मते । तत्र माया नाम विशुद्धसत्त्वप्रधाना । अविद्या च मलिनसत्त्वप्रधानेति विवेकः । द्वैविध्यनिरूपणस्य प्रयोजनं प्रदर्शयति – मायाबिम्बो मायायां प्रतिफलितो यश्चिदात्मा स तां मायां वशीकृत्य स्वायत्तीकृत्य विद्यमानः सर्वज्ञ ईश्वरस्स्यात् । चिदानन्दप्रतिबिम्बयुक्ता शुद्धसत्त्वप्रधाना प्रकृतिर्माया भवति । तत्र प्रकृतौ मायायां प्रतिबिम्बितस्स्वाधीनमायस्सर्वज्ञ ईश्वरः। चिदाभासप्रतिबिम्बयुक्ता मलिनसत्त्वप्रधाना रजस्तमो मिश्रिता प्रकृतिरविद्येति तत्त्वम् । अत्रैव किञ्चिल्लक्षणान्तरमपि लिख्यते रजस्तमोऽनभिभूतसत्त्वप्रधानस्वगतचित्प्रतिबिम्बकल्पितद्वैत-परिणाम्युपादानत्त्वं मायात्वमिति, तथा तदभिभूततत्प्रधानस्वगतचित्प्रतिबिम्बकल्पितद्वैतपरिणाम्युपादानत्व-मविद्यात्वमिति च । अत्र च मायालक्षणे सत्त्वप्रधानेत्याद्येवोक्ताविद्यायाम् अतिव्याप्तिरिति तद्वारणाय रजस्तमोऽनभिभूतेत्युपादीयते । द्वैतपरिणामीत्याद्येवोक्तौ गोमयाद्वृश्चिकादिजननस्थले वृश्चिकादि-परिणाम्युपादाने गोमयादावतिव्याप्तिरिति तद्व्याप्त्यर्थं कल्पितान्तदलस्य निवेशेऽकारि । तथैवासम्भव-दोषपरिहाराय स्वगतचित्प्रतिबिम्बेत्याद्यप्युपादीयते । एवमेवद्वितीयेऽविद्यालक्षणेऽपि मायादिष्वति-व्याप्त्यादिदोषाणां विनिवारणाय तत्तद्दलकृत्यादिकमूह्यम् । अत्र द्विविधप्रकृत्योस्सङ्ग्रहः– "मायाविद्ये जायत एषा स्वयमेव श्रुत्यां जीवस्तल्लवगः क्व प्रतिबिम्बः । एवं भ्रान्तस्सत्त्वविशुद्ध्यादि-विभेदाद्विद्यारण्यैस्तत्त्वविवेके समशिक्षी"ति । तथा – "रजस्तमोभ्यामभिभूतसत्त्वा भवेदविद्या न

पूर्वोक्त प्रकृति के द्वैविध्य के विभाग का प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ – सत्त्वगुण की शुद्धि और अशुद्धि के कारण (प्रकृति के) माया और अविद्या नामक दो भेद माने जाते हैं । माया में स्थित चित् प्रतिबिम्ब उस माया को अपने वश में करके स्थित हुआ सर्वज्ञत्वादि गुण वाला ईश्वर कहा जाता है । १६ ।

व्याख्या – जो सत्त्वगुण रज और तम से रहित होता है, उसे शुद्धसत्त्व कहते हैं और उसकी प्रकृति माया है । तथा रज और तम से मिला हुआ सत्त्वगुण अशुद्धसत्त्व (मलिन सत्त्व) कहा जाता है, जिसकी प्रकृति अविद्या है । अर्थात् सत्वगुण की शुद्धि और अशुद्धि के कारण प्रकृति के माया और अविद्या नामक दो भेद माने जाते हैं । शुद्धसत्त्वप्रधाना को माया कहते हैं और मलिनसत्त्वप्रधाना को अविद्या कहते हैं । इस विभाग का प्रयोजन दर्शाते हैं कि माया में प्रतिफलित जो चिदात्मा है, वह सदा माया को अपने वश में करके स्थित रहता है । वही मायाधीश सर्वदा ईश्वर नाम से जाना जाता है । गीता में भी भगवान् कहते हैं कि –

तथा तु माया । जीवेश्वरौ तत्प्रतिबिम्बरूपौ ब्रह्मात्मनश्शुद्धचितेः क्रमेणे''ति । एवं प्रतिबिम्बादिलक्षणमपि- ''अथ वा प्रतिबिम्बता मत बत बिम्बैक्यकृते तदर्हता । विमलोपाधिसन्निधानता तदभीप्सद्वि- मतेऽपि बिम्बते''ति तथा च बिम्बभिन्नत्वावभासे सति तदैक्यानुकूलत्त्वं प्रतिबिम्बत्त्वमिति लक्षणं पर्यवसितमिति शम् ।।

कारणशरीरनिरूपणम् -

अविद्यावशगस्त्वन्यस्तद्वैचित्र्यादनेकधा ।
सा कारणशरीरं स्यात्प्राज्ञस्तत्राभिमानवान् ।। १७ ।।

अन्वयः - अविद्यावशगः तु अन्यः (जीवः स्यात्) । (सः) तद्वैचित्र्यात् (अविद्यावैचित्र्यात्) अनेकधा (भवति) । सा (अविद्या) कारणशरीरं स्यात् । तत्र अभिमानवान् प्राज्ञः स्यात् ।

व्याख्या :- अविद्यावशगो मलिनसत्त्वप्रधानाभूतायां प्रकृतावविद्यायां प्रतिबिम्बितस्तत्परतन्त्र- श्चिदाभासस्त्वन्य इतरो जीवस्स्यात् । स च जीवः तद्वैचित्र्यात्तस्याः प्रकृतेरविद्याया उपाधिरूपाया वैचित्र्याद्रजस्तमोरूपमालिन्यांशस्याविशुद्धितारतम्यान्न्यूनाधिकताभेदेन कल्पितानां विकाराणा- मनेकत्त्वेनानेकधानेकप्रकारो देवतिर्यङ्मनुष्यादिभेदैर्बहुधा भवति । उपरिष्टाद्ग्रन्थे त्रिभ्यश्शरीरेभ्यो युक्त्या विवेकेन विवेचितस्य जीवस्य ब्रह्मणा सहैक्यं वक्ष्यति ''यथा मुञ्जादिषीकैवमात्मा युक्त्या समुद्धृतः । शरीरत्रितयाद्धीरैः परं ब्रह्मैव जायत'' इति । त्रीणि तानि कानि शरीराणीत्यपेक्षायां क्रमशो वक्तुमुपक्रमते - सा कारणशरीरमित्यादिना । सा चाविद्या कारणशरीरं भवेत् । स्थूलसूक्ष्मादिशरीर- परम्परावृतस्य प्रपञ्चस्योत्पत्तेरविद्यैव कारणभूतेति कारणत्त्वोपचारात्कारणशरीरमिति, ''शृ-हिंसायाम्''

अजोऽपि सन्नव्ययात्मा भूतानामीश्वरोऽपि सन् ।
प्रकृतिं स्वामधिष्ठाय सम्भवाम्यात्ममायया ।। (गी. ४/६)

अर्थात् मैं अजन्मा और अविनाशी होने पर भी तथा ब्रह्मा से लेकर स्तम्ब पर्यन्त सभी प्राणियों का ईश्वर होते हुये भी अपनी वैष्णवी माया को अपने वश में करके आत्ममाया के द्वारा प्रकट होता हूँ (अर्थात् व्यावहारिक दृष्टि से देहवान् के समान होता हूँ, परमार्थ दृष्टि से नहीं)

अब कारण शरीर का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - और दूसरा अविद्या के वश में हुआ चिदात्मा जीव है । वह अविद्या की विचित्रता से अनेक प्रकार का होता है । वह अविद्या कारण शरीर है, उसमें अभिमान करने वाला जीव प्राज्ञ कहलाता है। १७।

व्याख्या - ईश्वर से भिन्न, अविद्या में स्थित चित् प्रतिबिम्ब अविद्या के वशीभूत जीव कहा जाता है । जब वह मलिनसत्त्वप्रधान प्रकृति के (अविद्या के) वशीभूत हो जाता है तब (अधिष्ठान चैतन्य, उसकी उपाधि अविद्या और उसमें पड़ा हुआ चित्प्रतिबिम्ब (चिदाभास) ये तीनों मिलकर जीव शब्दवाच्य होते हैं) वह जीव प्रकृति की अविद्या उपाधि से अर्थात् तारतम्य से देवता, पशु, पक्षी आदि तिर्यक् तथा मनुष्यादि भेद से अनेक प्रकार का होता है । अर्थात् रजोगुण तथा रज मिश्रित तमोगुण रूपी मलिनता से न्यूनाधिक भेद के कारण तथा कल्पित विकार भी अनेकों होने के कारण जीव भी देव, मनुष्यादि भेद वाला हो जाता है । ग्रन्थ में आगे तीनों शरीरों का विवेचन युक्तिपूर्वक करके विवेचित जीव का ब्रह्म के साथ ऐक्य प्रदर्शित करेंगे ।

इति धातोः "कृशृपृकटिपटिशौटिभ्य" इतीरन्प्रत्ययान्तश्शरीरशब्दश्शीर्यते विद्यया प्रत्यगभिन्नाद्वितीय-ब्रह्मात्मतत्त्वज्ञानाद्विनश्यतीति शरीरं च भवेत् । तत्र तस्मिन्कारणशरीरेऽभिमानवानहं ममेत्यभिमानाविष्ट-स्तादात्म्याध्यासवाञ्जीवः प्राज्ञ इत्युच्यते । अविनाशिस्वस्वरूपानुभवरूपा प्रज्ञा यस्यास्ति स प्रज्ञस्स एव प्राज्ञ एतन्नाम्ना शास्त्रेषु व्यवह्रियते । मलिनसत्त्वप्रधानायामविद्यायां प्रतिबिम्बितश्चिदाभासः कारणशरीराभिमानी प्राज्ञनामको भवतीति भावः । जीवस्य कारणशरीरमविद्योक्त्यैवेश्वरस्यापि कारणशरीरं मायेत्युक्तं सम्पत्स्यते । अत्र "तद्वैचित्र्यादनेकधे"त्यत्र "परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया चे"तिश्रुतिः प्रमाणम् । अत्रेदं ज्ञातव्यम् – ब्रह्मवल्ल्यामारम्भे "ब्रह्मविदाप्नोति पर"मिति समस्तवेदान्तशास्त्रार्थं संसूच्य ततो ब्रह्मलक्षणमुक्त्वा येन वा प्रकारेण जीवो ब्रह्मनिर्वाणमृच्छतीति सामग्र्येणोपदिदेश । एवमादिभिश्श्रुतिशतैर्मोक्षस्य ज्ञानैकप्राप्यत्त्वं तात्पर्यतो वर्णयद्भिर्बन्धस्य ज्ञानमात्रनिरत्यर्त्तत्त्वमपि संसूच्यते । तच्चेश्वरजीवजगदात्मकचिज्जडलक्षणनानाविध-द्वैतमूलीभूतत्त्वात्प्रकृतिपदवाच्यमनादिभावरूपं ब्रह्माद्वैतात्मैक्यविषयकज्ञानैक्यविरोधि मूलज्ञानं रजस्तमोभ्यामननभिभूतसत्त्वप्रधानत्त्वादिभेदैस्त्रिधा भवतीत्येतदधस्तादुपपादितमेव । तत्र द्वैतलक्षणदुःखमूलीभूताविद्याध्वंसरूपमुक्त्यर्थमेव "अथातो ब्रह्मजिज्ञासा" इति महतश्शारीरक-मीमांसाशास्त्रस्यारब्धत्त्वात्तस्याविद्याध्वंसस्य प्रत्यगभिन्नाद्वितीयात्मज्ञानैकसाध्यत्त्वत्तस्य न नानाजीववादे

यथा मुञ्जादिषीकैवमात्मा युक्त्या समुद्धृतः ।
शरीरत्रितयाद्धीरैः परं ब्रह्मैव जायते ।। (पं.द. १/४२)

वे तीन शरीर कौन-से हैं ? इस अपेक्षा से क्रमशः तीनों का वर्णन "***सा कारणशरीरं स्यात्***" इत्यादि रूप से आरम्भ करते हैं । वह अविद्या कारण शरीर है । स्थूल-सूक्ष्मादि शरीर की परम्परा से आवृत प्रपञ्च की उत्पत्ति का कारण अविद्या ही है, इसलिये उसे कारणशरीर कहा जाता है ।

"***शृ हिंसायाम्***" इस धातु से ईरन् प्रत्ययान्त शरीर शब्द बनता है । "***शीर्यते इति शरीरम्***" अर्थात् विद्या के द्वारा प्रत्यगभिन्न अद्वितीय ब्रह्मात्मतत्त्व के ज्ञान से जो नष्ट हो जाता है, उसे शरीर कहते हैं । उस कारणशरीर में अभिमान वाला अर्थात् 'मैं और मेरा' इस तरह के अभिमान से आविष्ट अर्थात् तादात्म्य अध्यास करने वाला जीव प्राज्ञ कहा जाता है । विनाशरहित अपने स्वरूप की अनुभव रूपा प्रज्ञा जिसकी होती है वह प्रज्ञ है, प्रज्ञ को ही शास्त्रों में प्राज्ञ रूप से कहा जाता है । भाव यह है कि मलिनसत्त्वप्रधाना जो अविद्या है, उसमें प्रतिबिम्बत चिदाभास कारणशरीराभिमानी प्राज्ञ कहलाता है । यहाँ पर जीव का कारण शरीर अविद्या है, ऐसा कहने से ईश्वर का कारणशरीर माया है, ऐसा भी जाना जाता है । "***तद्वैचित्र्यादनेकधा***" ऐसा कहने से यद्यपि अनेक जीववाद सूचित होता है किन्तु श्रीमधुसूदन सरस्वती जी के द्वारा रचित **सिद्धान्तबिन्दु** नामक ग्रन्थ में एकजीववाद ही मुख्य रूप से माना गया है । तथा प्रकृत ग्रन्थ में ग्रन्थकार को भी एक जीववाद ही अभीष्ट है "***अविद्यावशगस्त्वन्यः***" यहाँ पर '***अन्यः***' में एकवचन का प्रयोग करने से यही ज्ञात होता है ।

आद्यशंकराचार्य जी ने भी मनीषापञ्चक में कहा है कि –

ब्रह्मैवाहमिदं जगच्च सकलं चिन्मात्रविस्तारितं
सर्वं चैतदविद्यया त्रिगुणयाऽशेषं मया कल्पितम् ।

विलम्बप्रवृत्तिकत्त्वादेकजीववादो मुख्य इति हृदयम् । अतो भगवत्पादा अपि मनीषापञ्चके "ब्रह्मैवाहमिदं जगच्च सकलं चिन्मात्रविस्तारितं सर्वं चैतदविद्यया त्रिगुणयाऽशेषं मया कल्पितम् । इत्थं यस्य दृढा मतिस्सुखतरे नित्ये परे निर्मले चाण्डालोऽस्तु स तु द्विजोऽस्तु गुरुरित्येषा मनीषा मम ।।" इत्यादिवचनैरविद्येतरयावद्दृश्यस्य जीवैककल्पितत्त्वादिनैकजीववादमवोचन् । तेन मुमुक्षूणां शीघ्रं प्रवृत्तिर्भवतीति योगाभ्यासादिप्रयासं विनैव जीवन्मुक्तिसिद्धेश्चेत्येवमादिभावान्मनसि निधायैवा"विद्यावशगस्त्वन्य"इति तथा "सा कारणशरीर"मिति चाद्यन्तयोरेकजीववादमुक्त्वा "तद्वैचित्र्यादनेकधे"ति नानाजीववादोऽप्युपक्षिप्त इति सर्वमनवद्यम्। अद्वैतमते आत्मेतरं सर्वमपि कल्प्यते तत्र गुरुरपि कल्प्यत एव । तथा च कल्पितादुरोः कथं नित्यसत्यात्मोपदेश इति प्रश्ने सङ्क्षेपशारीरके समाहितमित्थम् - "परिकल्पितोऽपि सकलज्ञतया गुरुरेवतत्त्वमवबोधयति । परिकल्पितो मरणाय भवेदुरगो यथा न तु नभो मलिनम् ।।"इति । श्रीमतां प्रकृतग्रन्थकर्तृणां त्वेकजीववाद एवाभिप्रेत इत्यत्र बहूनि गमकानि यथा पञ्चकोशविवेके "तद्वन्नेशो नापि जीव" इत्येकवचनम् । तथैव द्वैतविवेकेऽपि "ईश्वरेणापि जीवेन" इत्यदि । तद्वदनुभूतिप्रकाशेऽपि इन्द्रप्रतर्दनसंवाद-रूपेऽष्टमाध्यायेऽपि "एकादशेन्द्रियाण्येषां विषयाश्च जगत्खल्वि"त्यारभ्य "स्वप्रबोधात्स्वसंसारो लीयते स्वप्नवद्यत" इत्यन्तेन ग्रन्थेन । तथा बालाक्यजातशत्रुसंवादे नवमेऽध्याये - "कुत आगादिति प्रश्नस्योत्तरं

इत्थं यस्य दृढा मतिस्सुखतरे नित्ये परे निर्मले
चाण्डालोऽस्तु स तु द्विजोऽस्तु गुरुरित्येषा मनीषा मम ।।

इस श्लोकानुसार अविद्या से ही जीव में कल्पित भेद है, वास्तव में नहीं । अतः यहाँ भी एकजीववाद ही सूचित होता है । वस्तुतः मुमुक्षुजनों की ज्ञान में शीघ्र प्रवृत्ति और योगाभ्यास के बिना ही जीवन्मुक्ति की सिद्धि के लिये ही ग्रन्थकार ने "***अविद्यावशगस्त्वन्यः***" और "***सा कारणशरीरं स्यात्***" इस तरह आदि और अन्त में एक जीववाद कहकर "***तद्वैचित्र्यादनेकधा***" इस प्रकार नाना जीववाद का प्रतिपादन किया है । अतः यहाँ शंका के लिये कोई स्थान नहीं है ।

यदि कहो कि अद्वैत मतानुसार आत्मा से अतिरिक्त सब कुछ कल्पित है तब तो ज्ञानोपदेष्टा गुरु भी कल्पित ही होगा । फिर कल्पित गुरु से नित्य सत् स्वरूप आत्मोपदेश कैसे संभव हैं ? इसका उत्तर संक्षेपशारीरककार इस तरह देते हैं - ***परिकल्पितोऽपि सकलज्ञतया गुरुरेव पूर्णमवबोधयति । परिकल्पितोऽपि मरणाय भवेदुरगो यथा न तु नभो मलिनम् ।।*** (सं. शा. २/२२७)

अर्थात् - कल्पित होने पर भी गुरु ही सर्वज्ञ होने के कारण पूर्णस्वरूप का बोध कराते हैं (घटादि नहीं) । जैसे कि परिकल्पित होने पर भी सर्प ही मरण का हेतु होता है, नीला गगन नहीं ।

और प्रकृत ग्रन्थकार को तो एक जीववाद ही अभीष्ट है । इस बात को अनेकों प्रमाणों से जान सकते हैं यथा - पञ्चकोशविवेक प्रकरण में "***तद्वन्नेशो नापि जीवः***" (३/४२) यहाँ एकवचन का प्रयोग किया है और द्वैत विवेक नामक प्रकरण में भी "***ईश्वरेणापि जीवेन***" एकवचन का ही प्रयोग किया गया है, उसी प्रकार ग्रन्थकार अनुभूतिप्रकाश नामक अपने अन्य ग्रन्थ में भी इसी का समर्थन करते हैं । इन्द्र-प्रतर्दन संवाद नामक आठवें अध्याय में "***एकादशेन्द्रियाण्येषां विषयाश्च जगत्खलु***" **(अनु.प्र.)** यहाँ से लेकर "***स्वप्रबोधात्स्वसंसारो लीयते स्वप्नवत् यतः***" यहाँ तक । तथा

दृश्यतामिद''मित्यारभ्य ''द्वितीयानन्द आत्मा सुषुप्तावनुभूयते'' इत्यन्तेन । तस्मादयं वादो ग्रन्थकृदभिमतो द्रष्टव्यः । तथैव ''यथा मुञ्जादिषीकैवमात्मा युक्त्या समुद्धृतः । शरीरत्रितयाद्धीरैः परं ब्रह्मैव जायत'' इत्युपरितनमूलग्रन्थेन ''तस्य त्रय आवसथास्त्रयस्स्वप्ना'' इति तथा ''त्रिषु धामसु यद्भोज्यं भोक्ता भोगश्च यद्भवेत् । तेभ्यो विलक्षणस्साक्षी चिन्मात्रोऽहं सदाशिव'' इत्यादिश्रुतिप्रतिपादितकारणादिशरीरत्रयस्यैव त्वंपदवाच्यजीवावलम्बितोपाधित्त्वात्तस्यापि यावत्प्रारब्धं तदुपादेयान्तःपातिकारणशरीरसत्त्वेऽपि निरुक्तोपादानतापयोजकमूलाविद्यालेशसत्त्वेऽपि बाधकाभावात् । श्रीसर्वज्ञात्ममुनीश्वरा अप्येवं वदन्ति– ''जीवन्मुक्तिस्तावदस्ति प्रतीतेद्वैतच्छाया तत्र चास्ति प्रतीतेः । द्वैतच्छायारक्षणायास्ति लेशस्तस्मिन्नर्थे स्वानुभूतिः प्रमाण''मिति । श्लोकेऽस्मि''न्प्राज्ञस्तत्राभिमानवा''नित्युक्तः प्राज्ञ इत्यत्राभिहित एवेति शम् ।।

पञ्चमहाभूतोत्पत्तिक्रमः –

तमःप्रधानप्रकृतेस्तद्भोगायेश्वराज्ञया ।
वियत्पवनतेजोऽम्बुभुवो भूतानि जज्ञिरे ।। १८ ।।

अन्वयः – तद्भोगाय तमःप्रधानप्रकृतेः ईश्वराज्ञया वियत्पवनतेचोऽम्बुभुवः भूतनि जज्ञिरे ।

व्याख्या :– तद्भोगाय तेषां कारणशरीरोपाधिकानां प्राज्ञाभिधानां जीवानां भोगाय ''सुखदुःखानुभवाय तत्तत्साक्षात्काराय तमःप्रधानप्रकृतेः तमोगुणाधिकायाः प्रकृतेः पूर्वश्लोके चकारात्संसूचिताया उपादानकारणभूतायास्सकाशादीश्वराज्ञया निखिलजगदधीनादिसर्वशक्तियुक्तस्य जगदधिष्ठातुराज्ञया ''स ईक्षत लोकान्नु सृजा इति'' ''सोऽकामयत बहुस्यां प्रजायेय''इत्याकारिकयेक्षापूर्वकसिसृक्षया निमित्तकारणभूतयो वियत्पवनतेजोम्बुभुव आकाशवाय्वग्न्यप्क्षितिरूपाणि पञ्चभूतानि जज्ञिरे सञ्जातान्युत्पन्नानि । अत्रैवं ज्ञेयं – सत्त्वरजस्तमोगुणात्मिका प्रकृतिः । रजस्तमोभ्याममिश्रिता शुद्धसत्त्वा माया। सा चेश्वरोपाधिः । रजस्तमोभ्यां मिश्रिता एवाविशुद्धा मलिनसत्त्वा चाविद्या । सा च जीवोपाधिः । त्रिगुणानां मिश्रणे न्यूनाधिकभेदेनाविद्याया बहूनि भवन्ति विकाराणि । यदा तमोगुणस्याधिक्यं तदा तमःप्रधानप्रकृतिर्भवति तत एव सार्वभौतिकसृष्टिरित्यादिदृश्यमाननिखिलप्रपञ्चोपपत्तिरिति । अत्र ''भूतानि

बालाकी–अजातशत्रु संवाद नामक नवम अध्याय में ''***कुत आगादिति प्रश्नस्योत्तरं द्रष्टव्यतामिदम्*** '' यहाँ से प्रारम्भ कर ''***अद्वितीयानन्द आत्मा सुषुप्तावनुभूयते*** '' यहाँ तक ।

इसलिये ग्रन्थकार को एकजीववाद ही अभीष्ट है, ऐसा जानना चाहिये । श्लोक में ''***प्राज्ञस्तत्राभिमानवान्*** '' ऐसा जो कहा गया है, यहाँ पर प्राज्ञ शब्द ''***आनन्दभुक्चेतोमुखः प्राज्ञः तृतीयपादः***'' (मा. उ.) इस श्रुति में प्रतिपादित प्राज्ञ शब्द का ही ज्ञापक है ।

अब पञ्चमहाभूतों की उत्पत्ति का वर्णन करते हैं ।

अर्थ – उन (प्राज्ञनामा जीवों) के भोग के लिये तमोगुण प्रधान प्रकृति से ईश्वर की आज्ञानुसार आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी ये पाँच महाभूत उत्पन्न हुये । १८ ।

व्याख्या – पूर्व श्लोक में वर्णित प्राज्ञ नाम से कहे जाने वाले (कारणशरीरोपाधि वाले) जीवों के

जज्ञिर" इत्यस्य "तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशस्सम्भूत" इत्यादिश्रुतिः प्रमाणम् । तमःप्रधानप्रकृतेरिति तन्तुभ्यः पटः मृदो घट इत्यादिवदुपादानत्वविवक्षयैवात्र पञ्चमी । सोऽकामयतेत्यादिश्रुतेर्माया-वृत्त्यात्मकेच्छाविशिष्टेश्वर एव निमित्तमिति शम् ।।

ज्ञानेन्द्रियसृष्टिनिरूपणम् -

सत्त्वांशैः पञ्चभिस्तेषां क्रमाद्धीन्द्रियपञ्चकम् ।
श्रोत्रत्वगक्षिरसनघ्राणाख्यमुपजायते ॥ १९ ॥

अन्वयः - तेषां (वियदादीनां) पञ्चभिः सत्त्वांशैः श्रोत्रत्त्वगक्षिरसनघ्राणाख्यं धीन्द्रियपञ्चकं क्रमात् उपजायते ।

भोग के लिये अर्थात् सुख और दुःख का अनुभव करने के लिये (सुख और दुःख का साक्षात्कार ही भोग शब्दवाच्य है) तमोगुणप्रधाना प्रकृति (जिसे पूर्वश्लोक में चकार के द्वारा सूचित किया गया है) जो कि सभी की उपादानभूता है उससे क्रमसे आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी इन पाँच महाभूतों की उत्पत्ति हुई । यहाँ पर सांख्यशास्त्र की तरह प्रकृति स्वतन्त्र नहीं है किन्तु ईश्वराधीन है इसलिये कहा कि ईश्वर की आज्ञानुसार ही उस तमोगुणप्रधाना प्रकृति से पाँच भूतों की उत्पत्ति हुई । जो सम्पूर्ण जगत् का स्वामी सर्वशक्तिमान ईश्वर है, उसी की आज्ञा से अर्थात् उनकी इच्छा करने मात्र से सृष्टि होती है क्योंकि परमात्मा सिद्धसंकल्प हैं । अतः सृष्टि की उत्पत्ति का संकल्प करना ही यहाँ पर आज्ञा शब्द से कहा गया है । "***स ईक्षत लोकान्नुसृजा इति*** " (ऐ.उ.) "***सोऽकामयत एकोऽहं बहु स्यां प्रजायेय*** " इत्यादि वेदवचन के अनुसार ईश्वर की इच्छा ही सृष्टि की उत्पत्ति का हेतु है ।

यहाँ इस तरह जानना चाहिये कि प्रकृति सत्त्व, रज और तमोगुण वाली है । उसमें रज और तम से रहित शुद्धसत्त्वरूपा माया है, जो ईश्वर की उपाधि है । और रजोगुण तथा तमोगुण से मिश्रित मलिनसत्त्वप्रधाना अविद्या है, जो जीव की उपाधि है । तथा तीनों गुणों के मिश्रण से न्यूनाधिक भेद से अविद्या के बहुत विकार होते हैं । उसमें जब तमोगुण की प्रचुरता होती है तब तमोगुणप्रधाना प्रकृति होती है जिससे कि सम्पूर्ण भूत-भौतिकादि की सृष्टि होती है ।

श्लोक में "***भूतानि जज्ञिरे*** " इस विषय में "***तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशस्सम्भूतः***" (तै.उ.) इत्यादि श्रुतिवाक्य प्रमाण हैं । और तमोगुणप्रधाना प्रकृति से पाँच भूतों की उत्पत्ति हुई, इस वाक्य में पञ्चमी विभक्ति उपादानत्व की विवक्षा से कही गई है अर्थात् जैसे तन्तु से वस्त्र और मिट्टी से घड़े की उत्पत्ति होती है, वैसे ही प्रकृति से पाँच भूतों की उत्पत्ति हुई । और "***सोऽकामयत*** " इत्यादि श्रुति से भूतोत्पत्ति में मायावृत्त्यात्मक इच्छाविशिष्ट ईश्वर ही निमित्त कारण है ।

अब ज्ञानेन्द्रिय सृष्टि का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - उन (आकाशादि) पञ्चभूतों के सत्त्वगुणों के अंश से श्रोत्र, त्वक्, नेत्र, रसना और घ्राण नामवाली पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ क्रमानुसार उत्पन्न होती हैं । १९ ।

व्याख्या :- ईश्वराज्ञयाकाशादिसत्त्वांशैर्धीन्द्रियपञ्चकमुपजायते । आकाशादिपञ्चमहाभूतोपादानमायागतसत्त्वांशानामेव गुणानां तत्परिणामतापन्नाकाशादिभूतेष्वप्यनुवृत्तिः क्षीरशौक्ल्यस्य दध्यादाविव । तार्किकाभ्युपेतगुणान्तरं तु न, प्रमाणाभावात् । वियदादीनां वियदनिलानलाप्पृथिवीनां पञ्चानां सत्त्वांशैस्सत्त्वगुणभागैरुपादानभूतैः पञ्चभिश्श्रोत्रत्वगक्षिरसनघ्राणाख्यं शब्दस्पर्शरूपरसगन्धग्राहकं धीन्द्रियपञ्चकं ज्ञानेन्द्रियाणां पञ्चकं क्रमान्नैयत्येनोपजायते आकाशादीनां सत्त्वांशानां प्रत्येकमसाधारणकार्याणि क्रमाज्ज्ञानेन्द्रियाणि शब्दस्पर्शरूपरसगन्धज्ञानजनकानीति भावः। एकैकभूतसत्त्वांशादेकैकं ज्ञानेन्द्रियमुपजायत इति दिक् ।।

अन्तःकरणसृष्टिनिरूपणम् -

तैरन्तःकरणं सर्वैर्वृत्तिभेदेन तद्द्विधा ।
मनो विमर्शरूपं स्याद्बुद्धिः स्यान्निश्चयात्मिका ॥ २० ॥

अन्वयः - तैः सर्वैः (समष्टिभूतैः सत्त्वांशैः मिलितैःसह) अन्तःकरणम् (उपजायते) । तत् (अन्तःकरणं) वृत्तिभेदेन द्विधा (भवति)। विमर्शरूपं मनः स्यात् । निश्चयात्मिका बुद्धिः स्यात् ।

व्याख्या :- तैस्सर्वैराकाशादिमहाभूतपञ्चकस्य समष्टिभूतैस्सत्त्वांशैस्सह सर्वैस्संभूय वर्तमानैरन्तःकरणं तन्नामकमुपजायते । मनोबुद्ध्युपादानभूतं द्रव्यमन्तःकरणम् । तद्वृत्तिभेदेन द्विधा भवति मनो बुद्धिरिति। अन्तःकरणस्यावान्तरभेदो निमित्तवशाद्भवति । वृत्तिभेदेनेति परिणामभेदेनेत्यर्थः। द्विधा द्विप्रकारं । तत्र च मनो विमर्शरूपं परीक्षा संशयो विमर्शः तदात्मिका वृत्तिः सैव रूपं स्वरूपं यस्य तत्तत्तन्मनः

व्याख्या - पूर्वश्लोक में वर्णित आकाशादि पञ्चमहाभूतों के सत्त्वगुण से क्रमशः श्रोत्रादि पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ उत्पन्न होती हैं अर्थात् आकाश से श्रोत्रेन्द्रिय, वायु से त्वगिन्द्रिय, अग्नि से नेत्रेन्द्रिय, जल से रसनेन्द्रिय और पृथ्वी से घ्राणेन्द्रिय नामक पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ क्रमानुसार उत्पन्न होती हैं । जैसे दूध की शुक्लता दधि में भी देखी जाती है, वैसे ही आकाशादि पञ्चमहाभूतों के गुणों की अन्य महाभूतों में क्रम से अनुवृत्ति होती है । तार्किक मत के समान गुणान्तर नहीं होता है क्योंकि इस विषय में प्रमाण का अभाव है । भाव यह है कि आकाशादि के सात्त्विक अंश से उत्पन्न ज्ञानेन्द्रियाँ उनका असाधारण कार्य हैं । भिन्न-भिन्न भूतों के सात्त्विक अंश से भिन्न-भिन्न ज्ञानेन्द्रियाँ क्रम से उत्पन्न होती हैं ।

अब अन्तःकरण की सृष्टि का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - उन (पाँचों महाभूतों के सम्मिलित सत्त्वांश) से अन्तःकरण उत्पन्न होता है, वह अन्तःकरण वृत्ति भेद से दो प्रकार का है । संशयात्मकवृत्ति रूप मन है और निश्चयात्मकवृत्ति रूप बुद्धि है । २०।

व्याख्या - जब आकाशादि महाभूतों के सत्त्वांश सम्मिलित हो जाते हैं तब उनसे अन्तःकरण की उत्पत्ति होती है । मन और बुद्धि का उपादानभूत द्रव्य अन्तःकरण है "***अन्तःभवं करणं ज्ञानसाधनमित्यन्तःकरणम्*** " ऐसा ज्ञान का साधनभूत जो अन्तःकरण है, वह वृत्तिभेद से दो प्रकार का हो जाता है । जब यह अन्तःकरण "यह स्थाणु है या पुरुष है ?" इस प्रकार विमर्श (संशय) करता है तब इसे मन कहा जाता है और जब विमर्श करने के बाद निश्चय कर लेता है कि "यह पुरुष नहीं है, स्थाणु (ठूँठ) ही है" तब इस निश्चयात्क वृत्ति के कारण उसकी बुद्धि संज्ञा हो जाती है । अर्थात्

स्यात् । स्थाणुर्वा पुरुषो वेत्यादिपुरोदृश्यमाने वस्तुनि संशयात्मिका वृत्तिः । निश्चयात्मिका तु बुद्धिः। अध्यवसायो निश्चयो निर्णयः । परीक्षान्तरं मनसा विमृश्य पुरोवर्ती नायं पुरुषस्स्थाणुरेवेत्याकारकविषयाध्यवसायो निश्चयः । स एवात्मा स्वरूपं यस्यास्सा निश्चयात्मिकावृत्तिर्बुद्धिस्स्यात् । अत्र चित्ताहङ्कारयोरपि मनोबुद्ध्योरेवान्तर्भावो द्रष्टव्यः ।।

कर्मेन्द्रियोत्पत्तिप्रकारः -

रजोंशैः पञ्चभिस्तेषां क्रमात्कर्मेन्द्रियाणि तु ।
वाक्पाणिपादपायूपस्थाभिधानानि जज्ञिरे ॥ २१ ॥

अन्वयः - तेषां (वियदादीनां) पञ्चभिः रजोंशैः वाक्पाणिपादपायूपस्थाभिधानानि कर्मेन्द्रियाणि क्रमात् तु जज्ञिरे ।

व्याख्या :- तेषामाकाशादीनां महाभूतानां रजोंशैः पञ्चभिः रजोभागैः क्रमात्प्रत्येकमुपादानभूतैः कर्मेन्द्रियाणि वाक्पाणिपादपायूपस्थाभिधानानि क्रियाचरणयोग्यानीन्द्रियाण्येतन्नामधेयानीन्द्रियाणि विसर्गादानगमनादिक्रियाजनकानि जज्ञिरेऽजायन्त ।।

पञ्चप्राणोत्पत्तिक्रमः -

तैः सर्वैः सहितैः प्राणो वृत्तिभेदात्स पञ्चधा ।
प्राणोऽपानः समानश्चोदानव्यानौ च ते पुनः ॥ २२ ॥

अन्वयः - तैः सर्वैः सहितैः प्राणः (अजायत) । सः (प्राणः) वृत्तिभेदात् पञ्चधा (भवति) । ते पञ्चविधाः प्राणाः पुनः प्राणः, अपानः, समानः, उदानव्यानौ (इति) च व्यवह्रियन्ते ।

संशयात्मकवृत्ति रूप मन और निश्चयात्मकवृत्ति रूप बुद्धि ये दो अन्तःकरण के भेद हैं । यहाँ चित्त और अहंकार का भी क्रम से मन और बुद्धि में अन्तर्भाव जानना चाहिये ।

अब कर्मेन्द्रियों की उत्पत्ति का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - उन (आकाशादि) पञ्चमहाभूतों के राजोगुण के अंश से वाक् (वाणी), हाथ, पैर, गुदा और उपस्थ नामवाली (पाँच) कर्मेन्द्रियाँ क्रम से उत्पन्न हुई । २१ ।

व्याख्या - आकाशादि पञ्चमहाभूतों के सात्त्विकांश से ज्ञानेन्द्रियाँ और अन्तःकरण उत्पन्न हुआ तथा उनके रजोगुण के अंश से क्रम से वागादि कर्मेन्द्रियाँ उत्पन्न हुई । अर्थात् आकाश से वागिन्द्रय, वायु से हस्तेन्द्रिय, अग्नि से पादेन्द्रिय, जल से गुदेन्द्रिय और पृथ्वी से उपस्थेन्द्रिय की उत्पत्ति हुई । जो कर्म करने में समर्थ हो, उसे कर्मेन्द्रिय कहते हैं । वाणी से बोलना, हस्त से पदार्थ ग्रहण करना, पैर से गमन करना, गुदा और उपस्थ से मल-मूत्र का त्याग करना ही कर्मेन्द्रियों का कार्य माना जाता है ।

अब पाँच प्राणों की उत्पत्ति का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - उन सभी (पञ्चमहाभूतों के) सम्मिलित (रजोगुण के अंश से) प्राण उत्पन्न हुआ, वह वृत्तिभेद से प्राण, अपान, व्यान, उदान और समान इस तरह पाँच प्रकार का है । २२ ।

व्याख्या - उन आकाशादि सभी महाभूतों के रजोगुण के अंश जब सम्मिलित हुये तब प्राण की

व्याख्या :- तैस्सर्वैस्सहितैराकाशादीनां पञ्चमहाभूतानां रजोंशैस्सम्मिश्रितैस्संभूय कारणतां प्राप्तैः प्राणोऽजायत । स च प्राणो वृत्तीनां भेदेन प्राणनमपाननमित्यादिव्यापारभेदात्प्राधान्येन पुनः पञ्चधा पञ्चप्रकारो भवति । तेषामेव वृत्तिभेदान्संदर्शयति - प्राणोऽपान इत्यदिना । प्रकर्षेण वायोरननात्प्राणो हृदि भवति । अपकर्षेण वायोरननादपानो गुदे भवति । मूत्रपुरीषादेरधोनिवर्तको वायुः । भुक्तान्नादेस्समीकरणेन नाभिदेशस्स्थो वायुस्समानः । उद्वेजयति मर्माणीत्युदानो वायुः कण्ठे भवति। व्यानयत्यन्नं सर्वव्याधिप्रकोपनो व्यानस्सर्वस्मिञ्छरीरे तिष्ठति । ते पुनः पञ्च भेदाः प्राणादीनां वृत्तीनां वर्तनमेवात्रवृत्तिस्तद्भेदाः प्राणापानादिशब्दैर्व्यवह्रियते । तत्तद्वृत्तिव्यञ्जकपदैरेव व्यवहारस्तेषाम् ।।

लिङ्गशरीरनिरूपणम् -

बुद्धिकर्मेन्द्रियप्राणपञ्चकैर्मनसा धिया ।
शरीरं सप्तदशभिस्सूक्ष्मं तल्लिङ्गमुच्यते ॥ २३ ॥

अन्वयः - बुद्धिकर्मेन्द्रियप्राणपञ्चकैः, मनसा धिया (इति) सप्तदशभिः (सह) सूक्ष्मं शरीरं (भवति) । तत् (सूक्ष्मशरीरमेव) लिङ्गं (शरीरं) (इति) उच्यते (वेदान्तेषु) ।

व्याख्या :- बुद्धिकर्मेन्द्रियप्राणपञ्चकैः - बुद्धीन्द्रियाणि वाक्चक्षुश्श्रोत्रजिह्वाघ्राणनामानि पञ्च ज्ञानेन्द्रियाणि, तथा कर्मेन्द्रियाणि वाक्पाणिपादपायूपस्थाख्यानि पञ्च, प्राणपञ्चकं प्राणापानव्यानोदान-समानानां समाहारः तैः अत्र बुद्धयो ज्ञानानि, कर्माणि च व्यापाराः, तज्जनकानि- ज्ञानजनकानि व्यापारजनकानि चेन्द्रियाणि चेति बुद्धीन्द्रियाणि कर्मेन्द्रियाणि चेति भावः । बुद्धिकर्मेन्द्रियाणि च

उत्पत्ति हुई । वस्तुतः प्राण तो एक ही है किन्तु (व्यापार के) भेद से वह एक होते हुये भी पाँच रूप से विभक्त हो जाता है । वृत्तिभेद से वह प्राण क्रम से प्राण, अपान, व्यान, उदान और समान नाम से जाना जाता है । श्वास लेना और छोड़ना प्राण का कार्य है और हृदय में इसका स्थान है । मलादि को नीचे ले जाना अपान का कार्य है, इसका स्थान गुदा में है । खाये और पिये हुए अन्न-जल को नाड़ियों के द्वारा फैलाना व्यान का कार्य है, यह सम्पूर्ण शरीर में व्याप्त है । वमन और भाषणादि उदान के कार्य हैं, इसका स्थान कण्ठ है । और खाये हुये अन्न-रसादि को समान रूप से विभक्त करना समान का कार्य है, इसका स्थान नाभिमण्डल है ।

हृदि प्राणो गुदेऽपानः समानो नाभिमण्डले ।
उदानः कण्ठदेशे स्याद् व्यानः सर्वशरीरगः ।।

अब लिंगशरीर का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच कर्मेन्द्रियाँ, पाँच प्राण, मन और बुद्धि इन सत्रह का समुच्चय सूक्ष्मशरीर है, उसीको लिंगशरीर भी कहते हैं । २३ ।

व्याख्या - श्रोत्र, त्वक्, चक्षु, रसना और घ्राण नामक पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ । वाक्, पाणि, पाद, पायु (गुदा) और उपस्थ नामक पाँच कर्मेन्द्रियाँ । प्राण, अपान, व्यान, उदान और समान नामक पाँच प्राण, संशयवृत्त्यात्मक मन और निश्चयवृत्त्यात्मक बुद्धि इन सत्रह के समुदाय को सूक्ष्मशरीर कहा जाता है ।

प्राणाश्चेति तथा तेषां पञ्चकानि तैस्सहेत्यर्थः । मनसा विमर्शरूपेण सङ्कल्पविकल्पात्मकेन धिया निश्चयात्मिकया अध्यवसायजनिकया बुद्ध्या सह चैतैस्सप्तदशभिस्तत्सङ्घ्याकैस्सूक्ष्मशरीरं भवति । तदेव च शास्त्रेषु लिङ्गशरीरमित्यपि व्यवह्रियते । अस्य सप्तदशकसङ्घातस्यातीन्द्रियत्वात्सूक्ष्मत्त्वेनास्य शरीरस्यैवं नाम सूक्ष्मशरीरमिति सम्पन्नम् ।

अत्र प्रश्न उदेति - यज्ज्ञानेन्द्रियपञ्चकं तथा कर्मेन्द्रियपञ्चकं मनोबुद्धिश्चेति द्वादशापि नेन्द्रियगोचराणि भवन्तीति कृत्त्वा सूक्ष्मत्त्वं सिद्धमेव । परं पञ्चसु प्राणेषु कथमिति सूक्ष्ममिति? यतो हि उच्छ्वासनिश्वासरूपस्य प्राणस्य मुखनासिकाबिलावच्छेदेन कराङ्गुल्यादिस्पार्शनप्रत्यक्षेणैवानुभूयमानत्वाद्बाह्यवायुवत्प्रत्यक्षतयेन्द्रियग्राह्यत्त्वेनातीन्द्रियत्वाभावात्साक्षिमात्रभास्यत्वाभावाच्च न सूक्ष्मता। तत्रेदमुत्तरं भवितुमर्हति - यथा नैयायिकादीनां परेषां मते भौमं तेजस्स्वोत्पत्तिक्षण एव काष्ठादितादात्म्यं विना चाक्षुषप्रत्यक्षविषयत्त्वं न भजते तथैवमस्माकमद्वैतिनां मतेऽपि प्राणशरीरकारणीभूतवायुतादात्म्यापन्न एव पूर्वोक्तप्रत्यक्षतायोग्योऽपि भवतीति न कोऽप्यत्र विरोध इति । यथा वा पर्वतो वह्निमान्धूमादित्यनुमानस्थले धूमादिकं लिङ्ग्यते ज्ञाप्यते साध्यवह्न्याद्यनेनेति व्युत्पत्तिमाश्रित्यानुमानप्रमापको हेतुर्धूमादिलिङ्गमित्युच्यते तद्वदिहापि साक्षिणस्साक्षात्तद्भास्यत्त्वेन तज्ज्ञापकत्त्वात्प्राणादीनामपि लिङ्गमिति व्यवहार इति न किञ्चिद्दोषमुत्पश्यामः ।।

सूक्ष्मशरीराभिमानिनिरूपणम् -

प्राज्ञस्तत्राभिमानेन तैजसत्त्वं प्रपद्यते ।
हिरण्यगर्भतामीशस्तयोर्व्यष्टिसमष्टिता ।। २४ ।।

अन्वयः - प्राज्ञः तत्र (लिङ्गशरीरे) अभिमानेन तैजसत्त्वं प्रपद्यते । ईशः (तत्र अभिमानेन) हिरण्यगर्भतां (प्रपद्यते) । तयोः (तैजसहिरण्यगर्भयोः) व्यष्टिसमष्टिता (भवति) ।

व्याख्या :- तत्र लिङ्गशरीरेऽहमिति ममेत्यभिमानेन तादात्म्यापन्नः प्राज्ञ एव मलिनसत्त्वप्रधानाविद्योपाधिको जीवस्तेजश्शब्दवाच्यान्तःकरणोपलक्षिते लिङ्गशरीरेऽभिमानेन तेजसत्त्वं शास्त्रेषु

इसी सूक्ष्म शरीर को शास्त्रों में लिंग शरीर के नाम से जाना जाता है । लिंग किसी परोक्षवस्तु का सूचक होता है । "***पर्वतो वह्निमान् धूमात्***" (पर्वत वह्निवान है धूम के कारण) इस अनुमान वाक्य में धूम के कारण यह ज्ञात होता है कि पर्वत पर अग्नि विद्यमान है अतः धूम अग्नि का ज्ञापक होने के कारण लिंग कहा जाता है । उसी तरह से प्राणादि भी साक्षिचैतन्य के ज्ञापक होने के कारण लिंग शब्द से कहे जाते हैं ।

अब सूक्ष्म शरीर में अभिमान रखने वालों का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - प्राज्ञ (जीव) उस व्यष्टि लिंगशरीर में अभिमान (अहंभाव) करने के कारण तैजस नाम को प्राप्त होता है और ईश्वर समष्टि सूक्ष्मशरीर में अभिमान करने के कारण हिरण्यगर्भ नाम को प्राप्त होता है । उन दोनों (तैजस और हिरण्यगर्भ) का व्यष्टि भाव और समष्टि भाव है । २४ ।

व्याख्या - मलिनसत्त्वप्रधाना अविद्या उपाधि में अभिमान (अहंभाव) करने वाला प्राज्ञ (जीव) उस व्यष्टि लिंगशरीर में तादात्म्य के कारण तैजस नाम से जाना जाता है । उसी प्रकार विशुद्धसत्त्वप्रधान

तैजसनामकत्त्वं तन्नाम्ना प्रसिद्धिं प्रतिपद्यते प्राप्नोति । एवमीशोऽपि विशुद्धसत्त्वप्रधानमायोपाधिकोऽपि परमेश्वरस्तत्र तस्मिन्सूक्ष्मशरीरेऽहमित्यभिमानेन हिरण्यगर्भतां हिरण्यगर्भोऽयमिति प्रसिद्धिं तत्संज्ञकत्त्वं प्रपद्यते प्राप्नोति । प्राज्ञेश्वरयोर्लिङ्गशरीराभिमानमात्रेण तैजसहिरण्यगर्भनामानौ तौ सञ्जातौ । तयोरुभयोरपि समाने शरीराभिमाने सत्यपि भेदः किंनिबन्धन इत्याकाङ्क्षायामाह – तयोर्व्यष्टिसमष्टिता इति । तयोस्तैजसहिरण्यगर्भयोः क्रमाद्व्यष्टिसमष्टिता तैजसस्य समष्टिता हिरण्यगर्भस्येतावांस्तथैव हिरण्यगर्भः। प्रजास्तु यथा वा स्वस्वशरीरमात्राभिमानास्तथा जीवा इति विवेकः । जीवत्त्वं च तमोगुणाकार-परिणतमूलाविद्यावच्छिन्नस्य मलिनसत्त्वप्रधानाविद्याप्रतिबिम्बरूपत्त्वम्। अत्र सर्वत्राभिमानशब्दो "रक्तस्स्फटिक" इत्यादिवद्भेदसहिष्णवभेदरूपाध्यासिकतादात्म्यमेव वक्ति। "तैजसत्त्वं प्रपद्यत" इत्यत्र माण्डूक्यश्रुति"स्तैजसो द्वितीयः पाद" इति प्रमाणम् । हिरण्यगर्भविराजोरीश्वरोपाधित्त्वम्।।

तैजसहिरण्यगर्भयोर्व्यष्टिसमष्ट्यभिमानत्त्वे उपपत्तिदर्शनम् –

समष्टिरीशस्सर्वेषां स्वात्मतादात्म्यवेदनात् ।
तदभावात्ततोऽन्ये तु कथ्यन्ते व्यष्टिसंज्ञया ॥ २५ ॥

अन्वयः – ईशः सर्वेषां (तैजसानां) स्वात्मतादात्म्यवेदनात् (समष्टिः) (भवति) ततः (ईश्वरात्) अन्ये तु (जीवाः) तदभावात् (सर्वत्र स्वात्मतादात्म्यवेदनाभावात्) व्यष्टिसंज्ञया कथ्यन्ते ।

व्याख्या :– ईशः हिरण्यगर्भ ईश्वरस्सर्वेषां सूक्ष्म(लिङ्ग)शरीरोपाधिकानां तैजसानां स्वात्मता–

मायोपाधि में अभिमान करने वाला ईश्वर समष्टि सूक्ष्म शरीर में अहंभाव के कारण हिरण्यगर्भ के नाम से जाना जाता है । भाव यह है कि प्राज्ञ और ईश्वर दोनों लिंगशरीर में अभिमान करने के कारण तैजस और हिरण्यगर्भ संज्ञावाले हो जाते हैं । अब प्रश्न होता है कि यदि उन दोनों का लिंगशरीर में समान रूप से अभिमान है तो फिर दोनों में अन्तर क्या है ? इसका उत्तर देते हैं कि तैजस का व्यष्टि लिंगशरीर में और हिरण्यगर्भ का समष्टि लिंगशरीर में अभिमान होता है, बस दोनों में इतना ही अन्तर है । व्यष्टि शरीर में अभिमान रखने वाला जीव और समष्टि शरीर में अभिमान रखने वाला हिरण्यगर्भ कहा जाता है । जैसे राजा सभी प्राणियों में अभिमान रखने वाला होता है, वैसे ही हिरण्यगर्भ को जानना चाहिये । जैसे राज्य की समस्त चराचर सम्पत्ति को राजा अपना मानता है, उसी प्रकार हिरण्यगर्भ भी सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को अपना स्वरूप ही मानता है और जैसे राजा की प्रजा स्वयं के शरीर में ही अभिमान करने वाली होती है, वैसे ही केवल अपने शरीर में ही अभिमान रखने वाला जीव कहा जाता है । तमोगुणाकार से परिणत मूलाविद्यावच्छिन्न मलिनसत्त्वप्रधाना अविद्या का प्रतिबिम्बरूपत्व ही जीवत्व है । श्लोक में अभिमान शब्द तादात्म्य का द्योतक है । "***तैजसत्वं प्रपद्यते*** " इस विषय में "***तैजसो द्वितीयः पादः***" यह माण्डूक्य श्रुतिवाक्य प्रमाण है ।

अब तैजस और हिरण्यगर्भ के व्यष्टि और समष्टि रूप होने का कारण बताते हैं ।

अर्थ – हिरण्यगर्भ रूप ईश्वर सम्पूर्ण तैजसों (जीवों) को अपने स्वरूप से अभिन्न रूप से जानने के कारण समष्टि रूप है और इस (ईश्वर) से भिन्न (जीव) तो तादात्म्य ज्ञान के अभाव से व्यष्टि नाम से कहे जाते हैं । २५ ।

व्याख्या – समष्टि और व्यष्टि को दृष्टान्त पूर्वक ऐसे समझा जा सकता है कि अनार समष्टि है तो

दात्म्यवेदनात्स्वात्मना तादात्म्यस्यैकत्त्वस्य वेदनात्परिज्ञानात्समष्टिर्भवति । तत ईशाद्धिरण्यगर्भादन्ये तु भिन्ना जीवास्तु तदभावात्तस्य स्वात्मतादात्म्यवेदनस्याभावाद्व्यष्टिसंज्ञया व्यष्टिशब्देन कथ्यन्ते शास्त्रज्ञैः। जीवानां तु प्रत्येकं तत्तच्छरीरतादात्म्यवेदनमेवास्तीति न सर्वशरीरतादात्म्यवेदनमिति सारः । अत्रेशस्सकलसूक्ष्मशरीरसङ्घाभिमानित्त्वलक्षणहिरण्यगर्भत्त्वावच्छिन्नोक्तमायाप्रतिफलितचिदात्मेति ग्राह्यः। सर्वेषामित्यत्रापि निखिलतत्तल्लिङ्गशरीरावच्छिन्नोक्ताविद्याप्रतिबिम्बिततन्नानात्त्वविभिन्नानन्त-चिदात्मनामित्यर्थो बोध्यः । स्वात्मतादात्म्यवेदनादित्यत्र स्वपदं शुद्धव्यावृत्तिपरम् ।।

पञ्चीकरणनिरूपणम् -

तद्भोगाय पुनर्भोग्यभोगायतनजन्मने ।
पञ्चीकरोति भगवान्प्रत्येकं वियदादिकम् ।। २६ ।।

अन्वयः - भगवान् पुनः तद्भोगाय (जीवानां भोगायैव) भोग्यभोगायतनजन्मने वियदादिकं पञ्चीकरोति ।

व्याख्या :- भगवानणिमाद्यष्टैश्वर्यसम्पन्नः - "ऐश्वर्यस्य समग्रस्य धर्मस्य यशसश्रियः । ज्ञानवैराग्ययोश्चैव षण्णां भग इतीरणा ।" "उत्पत्तिं प्रलयं चैव भूतानामागतिं गतिम् । वेत्ति विद्यामविद्याञ्च स वाच्यो भगवानिति ।" तद्वान्भगवान्परमेश्वरः प्रथमतः प्राज्ञादीन्सृष्ट्वा पुनः पुनरपि तद्भोगाय तेषां जीवानां भोगायैव कर्मफलानुभवाय भोग्यभोगायतनजन्मने भोग्यमनुभवार्हमन्नपानादि तस्य च यो भोगस्सुखदुःखसाक्षात्कारस्तस्य यदायतनं स्थानं स्वेदजाण्डजपिण्डजजरायुजादिशरीरजातस्य च जन्मन

उसके प्रत्येक दानें व्यष्टि हैं । "***व्यस्तोपाधिविशिष्टो व्यष्टिः*** " और "***समस्तोपाधिविशिष्टः समष्टिः***" अर्थात् व्यस्तोपाधि विशिष्ट व्यष्टि कहा जाता है और समस्तोपाधि विशिष्ट समष्टि कहा जाता है । हिरण्यगर्भ रूप जिस ईश्वर का पूर्व में वर्णन कर आये हैं, वही सम्पूर्ण तैजस संज्ञा वाले जीवों को अपने स्वरूप से अभिन्न मानता है अर्थात् तैजसों में वह तादात्म्य भाव रखता है । इसीलिये वह समष्टि रूप है । और उस हिरण्यगर्भाख्य ईश्वर से भिन्न तैजस संज्ञा वाले जितने भी जीव हैं, वे सभी तादात्म्य ज्ञान के अभाव से स्वयं को सभी से भिन्न मानते हैं केवल स्वशरीर को ही वे अपना स्वरूप मानते हैं अतः वे व्यष्टि नाम से कहे जाते हैं । भाव यह है कि समस्त देहधारियों में स्वाभिमान करने वाला हिरण्यगर्भ समष्टि रूप है और केवल अपने देह में अभिमान करने वाले जीव (तैजस) व्यष्टि रूप हैं ।

अब पञ्चीकरण का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - भगवान् फिर उन जीवों के भोग के निमित्त भोग्य (अन्नपानादि) और भोगायतन (स्थूल शरीर) की उत्पत्ति के लिये आकाशादि प्रत्येक का पञ्चीकरण करते हैं । २६ ।

व्याख्या - ***ऐश्वर्यस्य समग्रस्य धर्मस्य यशसः श्रियः ।***

ज्ञानवैराग्ययोश्चैव षण्णां भग इतीरणा ।। (वि.पु. ६/५/७४) सम्पूर्ण ऐश्वर्य, धर्म, यश, श्री, ज्ञान और वैराग्य इन छः का नाम भग है, ये जिसमें हैं, उसे ही भगवान् कहते हैं ।

उत्पत्तिं प्रलयञ्चैव भूतानामागतिं गतिम् ।
वेत्ति विद्यामविद्याञ्च स वाच्यो भगवानिति।। (वि.पु. ६/५/७८)

उत्पत्तये वियदादिकमाकाशादिमहाभूतपञ्चकप्रत्येकमेकैकमपि पञ्चीकरोत्यपञ्चात्मकं पञ्चात्मकत्त्वेन भासमानं करोति ।

पञ्चीकरणप्रक्रियानिरूपणम् –

द्विधा विधाय चैकैकं चतुर्धा प्रथमं पुनः ।
स्वस्वेतरद्वितीयांशैर्योजनात्पञ्च पञ्च ते ॥ २७ ॥

अन्वयः – (वियदादिकम्) एकैकं द्विधा द्विधा विधाय पुनः पुनः प्रथमं चतुर्धा (विधाय) स्वस्वेतरद्वितीयांशैः योजनात् ते (वियदादयः) पञ्च पञ्च (पञ्चात्मकाः) भवन्ति ।

व्याख्या :– वियदादिपञ्चमहाभूतान्येकैकमेकमेकमपि द्विविधा – सर्वेषामपि भूतानां प्रथमं द्वेधा विभक्तत्त्वाद्यावत्त्वद्योतनाय प्रयोक्तव्यैव वीप्सा, तत्र च वीप्सायां द्विरुक्तिर्भवत्यवश्यमथाप्यत्र द्विवारमुच्चारणीयस्यापि तन्त्रेण सकृदुच्चारणं कृतं यथा प्रतिप्रधानमङ्गावृत्तिवृत्तिन्यायेन

अर्थात् उत्पत्ति, प्रलय, प्राणियों का आवागमन तथा विद्या और अविद्या को जो जानता है, वह भगवान् शब्दवाच्य है ।

उपर्युक्त विष्णुपुराण में वर्णित श्लोकों से जिसे भगवान् कहा गया है, वही भगवान् अपञ्चीकृत पञ्चमहाभूतों की सृष्टि करने के बाद फिर से उन जीवों के भोग के निमित्त अर्थात् कर्मफल के अनुभव के लिये अन्नपानादि भोग्य पदार्थ और उन पदार्थों का भोग करने में समर्थ (सुख-दुःख का साक्षात्कार ही भोग शब्द से कहा जाता है) स्वेदज (पसीने से उत्पन्न होने वाले जूँ आदि) अण्डज (अण्डे से उत्पन्न होने वाले पक्षी आदि) उद्भिज (पृथ्वी को भेद कर उत्पन्न होने वाले वृक्षादि) और जरायुज (जेर से उत्पन्न होने वाले मनुष्यादि) इन चार प्रकार के चौरासी लाख योनियों में उत्पन्न होने वाले जितने भी देह हैं, वे सभी भोगायतन हैं ।

जलजा नवलक्षाणि स्थावरा लक्षविंशतिः ।
कृमयो रुद्रलक्षाणि पक्षिणो दशलक्षकाः ।
त्रिंशल्लक्षाणि पशवश्चतुर्लक्षाणि मानवाः ।।

अर्थात् – नौ लाख प्रकार के जल में उत्पन्न होने वाले, बीस लाख प्रकार के वृक्षादि स्थावर, ग्यारह लाख प्रकार के कृमि (कीड़े), दस लाख प्रकार के पक्षी, तीस लाख प्रकार के पशु और चार लाख प्रकार के मनुष्य । ये ही चौरासी लाख योनियाँ हैं । इन सभी योनियों में जो शरीर होता है, वह भोग्य पादार्थ का भोगायतन माना जाता है । ईश्वर इन भोग्य और भोगायतन की उत्पत्ति के लिये आकाशादि प्रत्येक अपञ्चीकृत महाभूतों का पञ्चीकरण करते हैं अर्थात् प्रत्येक को पञ्चात्मक रूप से भासित करते हैं ।

अब पञ्चीकरण की प्रक्रिया का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – (आकाशादि) हर एक महाभूत के समान रूप से दो भाग करके फिर प्रत्येक के प्रथम-प्रथम भाग के चार-चार समान भाग करके अपने से भिन्न चारों भूतों के दूसरे आधे भाग के साथ चतुर्थांश भाग को मिला देने से वे (आकाशादि) प्रत्येक पञ्चीकृत हो जाते हैं । २७ ।

व्याख्या – "**द्विधा विधाय**" इस वाक्य में वीप्सा जानना चाहिये । एक ही बात को दो बार कहना वीप्सा कहलाता है । प्रकृत में भी "द्विधा-द्विधा" इस प्रकार दो बार कहना चाहिये था फिर भी यहाँ

आग्नेयादीन्त्रीन्प्रधानान्यागानुद्दिश्याङ्गभूतानां प्रयाजादीनां त्रिवारमनुष्ठाने न्यायतस्सम्प्राप्तेऽप्यने-कोद्देश्यकैकवारानुष्ठानं तन्त्रमिति प्रयाजादीनां तन्त्रेणैकवारमेवानुष्ठानं समर्थितं तद्वदिहाप्येकवारमेव द्विधेति शब्दः प्रयुक्तोऽथाप्यर्थतो द्वेधा वक्तव्यः । एवं च द्विधाद्विधेति सर्वाणि भूतान्यादौ द्विधा विधाय विभज्य पुनः प्रथमं प्रथमं भागं चतुर्धा चतुर्धा भागचतुष्टयोपेतं कृत्त्वा स्वस्वेतरद्वितीयांशैस्स्वस्मात्स्वस्मादितरेषां चतुर्णां भूतानां यो यो द्वितीयो भागस्तेन तेन सह प्रथमप्रथमांशानां चतुर्णां चतुर्णां मध्ये प्रत्येकमष्टमांशानामेकैकस्य संयोजनात्ते वियदादयः प्रत्येकं पञ्चापि पञ्चात्मका भवन्ति । अतः पञ्चीकरणानन्तरमेकैकस्मिन्भूते स्वस्वांशस्यार्धभागतयेतरेषां चतुर्णां भूतानां प्रत्येकमष्टमांशानां योजनात्सर्वत्र समभावेन पञ्चीकरणं भवति । अत्र च पञ्चीकरणे व्योमादीनां पञ्चानामपि स्वरूपाविनाशेनैव मायावृत्त्यात्मकेश्वरसङ्कल्पं निमित्तीकृत्य सूक्ष्मशरीरसामग्र्याद्युत्पत्ताविव अत्रापि सर्वं संभाव्यत इतीश्वरस्सत्यसङ्कल्पः परमेश्वरः स्वसङ्कल्पमात्रेणैव सर्वं सम्पादयति ।।

स्थूलदेहाभिमानिनोर्विश्ववैश्वानरोर्निरूपणम् -

तैरण्डस्तत्र भुवनं भोग्यभोगाश्रयोद्भवः ।
हिरण्यगर्भः स्थूलेऽस्मिन्देहे वैश्वानरोऽभवत् ॥ २८ ॥
तैजसा विश्वतां याता देवतिर्यङ्नरादयः ।

अन्वयः - तैः (पञ्चीकृतभूतैः) अण्डः (ब्रह्माण्डः) उत्पद्यते । तत्र (ब्रह्माण्डे) भुवनं (समभवत्) तत्र (भुवने) भोग्यभोगाश्रयोद्भवः (अभवत्) (भवेदित्यपपाठः) । (तथा) तैजसाः विश्वतां यातः।

तन्त्रानुसार एक बार ही कहा है "***सकृदुच्चरितत्त्वे सति अनेकार्थबोधकत्वं तन्त्रम्***" अर्थात् एक बार कहने पर भी अनेकार्थ बोधकत्व को तन्त्र कहा जाता है अतः यह दोष नहीं है । वेदों में भी इसी प्रकार के कई वचन प्राप्त होते हैं । जैसे "***प्रतिप्रधानमङ्गावृत्तिवृत्तिः***" इस न्याय के अनुसार तीन प्रधान योगों के अंगभूत प्रयाजादि का तीन बार अनुष्ठान करना न्यायतः प्राप्त होने पर भी (अनेक को उद्देश्य करके एक बार ही अनुष्ठान करना तन्त्र है अतः) तन्त्रानुसार प्रयाजादि का एक बार अनुष्ठान करने का ही वहाँ पर समर्थन किया है, उसी प्रकार प्रकृत में भी जानना चाहिये ।

आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी इन प्रत्येक अपञ्चीकृत पञ्चमहाभूतों को समान रूप से दो-दो भाग में विभक्त कर फिर प्रत्येक के प्रथम-प्रथम भाग का समान रूप से चार-चार भाग करके अपने-अपने से भिन्न चारों महाभूतों के जो दूसरे-दूसरे आधे भाग हैं, उनके साथ चातुर्थांश भाग को मिला देने से वे आकाशादि प्रत्येक पञ्चीकृत हो जाते हैं । अर्थात् पञ्चीकरण होने के बाद प्रत्येक महाभूत में स्वयं का आधा और अन्य चार भूतों का अष्टमांश होता है। पञ्चीकरण के बाद ही इन महाभूतों का गगनादि स्थूल शब्द से व्यवहार होता है । इस पञ्चीकरण में आकाशादि पाँचों महाभूतों का स्वरूप से नाश नहीं होता है केवल मायावृत्यात्मक ईश्वर का संकल्प ही इसमें कारण है । जैसे सामग्री के अभाव में भी ईश्वर सूक्ष्म शरीर की उत्पत्ति संकल्पमात्र से करता है, वैसे ही यहाँ भी जानना चाहिये, क्योंकि ईश्वर सत्यसंकल्प है । वह जैसा भी संकल्प करता है तदनुरूप ही सभी कार्य होते हैं ।

अब समष्टि स्थूलदेहाभिमानी वैश्वानर का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - उन (पञ्चीकृत महाभूतों) से ब्रह्माण्ड उत्पन्न होता है । उस (ब्रह्माण्ड) में (चतुर्दश) भुवन

(ते एव) देवतिर्यङ्नरादयः (अभवन्) ।

व्याख्या :- तैजसा विश्वतां याता देवतिर्यङ्नरादयः । तैः पञ्चीकृतैर्भूतैरुपादानकारणैरखण्डो ब्रह्माण्ड उत्पद्यते । तत्र च ब्रह्माण्डमध्ये चतुर्दशभुवनानि समभवन् । तेषूपरिभागे भूर्भुवस्वर्जनस्तपो-लोकादयस्सप्त। तथाधोभागेऽप्यतलवितलसुतलरसातलादिपातालान्तास्सप्तलोकाः । एवं चतुर्दशभुवनानि। तेषु तेषु भुवनेषु तैस्तैर्विजातीयप्राणिवर्गैरनुभोक्तुं भोग्यभोगाश्रयोद्भवो भोग्यानि भोक्तुं योग्यान्यन्नपानादीनिभोगस्य सुखदुःखसाक्षात्कारस्य आश्रया भोगाश्रयास्तत्तल्लोकोचितानि शरीराणि तेषामुद्भव उत्पत्तिश्चेत्येतत्सर्वं तैरेव पञ्चीकृतैर्भूतैरीश्वराज्ञया समुत्पद्यन्ते । तस्मिन्स्थूले देहे समष्ट्या तादात्म्याभिमानवान् हिरण्यगर्भोऽत्र वैश्वानरस्तत्संज्ञकोऽभवत् । केचनात्र भवेदिति पठन्ति नैतत्समञ्जसम्। यत उत्तरत्र "तैजसा विश्वतां याता" इत्यनुपदमेव पठितत्त्वाद्भूतकालिकक्तप्रत्ययान्तशब्दसाहचर्येण हेतुनाप्यभवदिति भूतकालार्थको लकार एवोचित इति ज्ञेयम् । सूक्ष्मशरीरे यस्समष्ट्यभिमानवान् हिरण्यगर्भस्स एव स्थूलशरीरे वेश्वानरनामको भवति । तथा सूक्ष्मशरीरे व्यष्टिदेहाभिमानवान् तैजसस्स्थूलशरीरे विश्वसंज्ञको भवति। स्थूलशरीराणां बहुधा भेदो विद्यते - यथा देवतिर्यङ्नरादयः, देवा इन्द्रादयः अत्र सत्त्वगुणप्रधाना देवाः, रजोगुणप्रधानाश्च मनुष्याः, तमोगुणप्रधानाश्च पशवः इति शास्त्रमर्यादायास्सद्भावेन कुतो वात्र क्रमे व्यत्ययः कृतः? देवतिर्यङ्नरादयः इति । देवमर्त्यगवादय इति कुतो न पठितमिति प्रश्ने इदमुच्यते - कर्मानधिकारिणो देवाः पशवश्च । मनुष्यास्तु कर्माधिकारिण इति कृत्त्वा कर्मानधिकारणत्त्वरूपं लक्षणं पुरस्कृत्य देवानामनन्तरं पशव उपपादितास्ततश्चाधिकारिणो नराः प्रक्रान्ता इति विज्ञेयम् । अत्र तमःप्रधानप्रकृतेरवशिष्टोत्पन्नपञ्चमहाभूतनिष्ठो यस्तमोंशस्तन्मात्रभूतपञ्चकस्य पञ्चीकरणविकारमात्रेण कथं वा तेषामिन्द्रियत्वमवगम्यत इति शङ्कोदये - सर्वत्रैन्द्रजालिकपठितमायामन्त्रप्रभावेण संभाविता अप्यर्था यथा सिद्ध्यन्त्येवमेवेश्वरसङ्कल्पवशेन सञ्जातपञ्चीकरणेनैव तत्सामर्थ्यमपीति विज्ञेयम् । तथा चातथाभूतलिङ्गशरीरादावनिन्द्रियग्राह्यत्त्वेऽपि

(और उन चौदह भुवनों में) भोग्य पदार्थ और भोगायतन (स्थूलशरीर) की उत्पत्ति होती है । हिरण्यगर्भ इस स्थूल (समष्टि) शरीर में अभिमान करने से वैश्वानर नामवाला हुआ । २८ ।

व्याख्या - उन आकाशादि पञ्चीकृत महाभूतों से ब्रह्माण्ड उत्पन्न होता है । उस ब्रह्माण्ड में चौदह भुवन हुए । भूर्लोक (पृथ्वी), भुवर्लोक (अन्तरिक्ष), स्वर्लोक (स्वर्ग) महर्लोक, जन लोक, तप लोक और सत्य लोक (ब्रह्मलोक) ये सात ऊपर के लोक माने जाते हैं और अतल, वितल, सुतल, तलातल, रसातल, महातल और पाताल ये सात नीचे के लोक माने जाते हैं । उन लोकों में विविध प्राणिवर्गों के लिये अन्नादि भोग सामग्री और उन पदार्थों का भोग करने के लिये उन-उन लोकोचित शरीर की उत्पत्ति हुई । अर्थात् सुख-दुःख के साक्षात्कार रूप भोग के आश्रयभूत (भोगायतन) उन चतुर्दश भुवनों में यथोचित शरीरों की भी उत्पत्ति हुई । इस समष्टि स्थूल देह में अभिमान करने वाला हिरण्यगर्भ ही वैश्वानर संज्ञा को प्राप्त हुआ । कुछ लोगों के मतानुसार श्लोक में "भवेत्" ऐसा पाठ माना जाता है किन्तु यह समीचीन प्रतीत नहीं होता, क्योंकि "***तैजसा विश्वतां याताः***" इस प्रकार से अगले श्लोक में भूतकालिक '**क्त**' प्रत्ययान्त शब्द का प्रयोग किया गया है और यह वाक्य पूर्वश्लोक के तुरन्त बाद में कहा गया

न कोऽपि विस्मय इति च ग्राह्यम् । सर्वेऽपीमे जीवा यावत्कर्मफलभोगे पुनःपुनर्जननमुपलभ्य मुहुः कर्माणि कुर्वन्त एव क्लिश्यन्ति । ये त्वव्यक्तमुपासते ते मन्वन्तराणां दशकं तिष्ठन्ति । ये पुनर्ज्ञानिनो निर्गुणं पुरुषमात्मत्त्वेनैव साक्षात्कुर्वन्ति तेषां स्थितेस्सङ्ख्यानाय कालसङ्ख्यैव नास्ति यतस्ते परमात्मना सर्वात्मनैकीभूता इत्यत उक्तम् - "दशमन्वन्तराणीह तिष्ठन्त्यव्यक्तचिन्तकाः । पुरुषं निर्गुणं प्राप्य कालसङ्ख्या न विद्यत" इति ।।

जीवस्य संसारापत्तिप्रकारवर्णनम् -

ते पराग्दर्शिनः प्रत्यक्तत्त्वबोधविवर्जिताः ।। २९ ।।
कुर्वते कर्म भोगाय कर्म कर्तुञ्च भुञ्जते ।

अन्वयः - ते (देवादयः) (विश्वादिसंज्ञकाः जीवाः)परागदर्शिनः प्रत्यक्तत्त्वबोधविवर्जिताः । भोगाय कर्म कुर्वते । (पुनश्च) कर्म कर्तुं च भुञ्जते ।

व्याख्या :- विश्वसंज्ञां प्राप्तानां तेषां जीवानां तत्त्वज्ञानरहितत्त्वादेव हेतोः संसारापत्तिर्भवति यदा देहेऽभिमानस्सञ्जातस्तदैव संसारः । अभिमान एव संसारो निरभिमान एव च मोक्ष इत्यपि शक्यमेव ज्ञातुम् । ते कारणशरीरे तादात्म्याभिमानेन ये प्राज्ञसंज्ञकाः सूक्ष्मशरीरतादात्म्याभिमानेन त एव तैजससंज्ञकास्स्थूलशरीरतादात्म्याभिमानेनाप्येत एव विश्वसंज्ञतां प्राप्तास्ते देवतिर्यङ्मनुष्यादयो जीवाः परागदर्शिनः यो पराचो बाह्याच्छब्दादीनेव विषयान्पश्यन्तीति तथोक्ताः नैव प्रत्यगात्मदर्शनशीलाः कठोक्तदिशा "पराञ्चि खानि व्यतृणत्स्वयंभूस्तस्मात्पराङ् पश्यति नान्तरात्मन्" इति बाह्यदर्शिनः । कुतस्ते नात्मानं पश्यन्तीत्यत्र कारणमाह - प्रत्यक्तत्त्वबोधविवर्जिता इति । यत आत्मयाथार्थ्यज्ञान-विधुरास्तेऽत एव न पश्यन्ति । श्रौतात्मतत्त्वज्ञानशून्यत्त्वमेव तेषां बहिर्दृष्टेः कारणमिति सारः । अतोऽज्ञानात्संसरन्तीत्युक्तं भवति । बाह्यदृष्ट्या तेषां यादृशमनर्थं भवति तद्वदतिभोगाय सुखदुःखानुभवनिमित्तं देवतिर्यङ्मनुष्यादिशरीराण्यधिष्ठाय कर्म पुनः पुनर्जन्मनिमित्तकं शुभाशुभं तत्तच्छरीरोचितं कुर्वते समनुतिष्ठन्ति । कर्मेति जातावेकवचनम् । सकलविधानि कर्माणि कुर्वन्ति ।

है, अतः यहाँ पर भूतकालिक लङ् लकार (अभवत्) ही उचित प्रतीत होता है ।

अब व्यष्टि स्थूलदेहाभिमानी विश्वसंज्ञावान तैजस का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - तैजस् संज्ञा वाले (जीव) (व्यष्टि स्थूल देह में अभिमान करने से) विश्व संज्ञा वाले हो जाते हैं । वे (जीव) देवता, तिर्यक् और मनुष्यादि भेद से अनेक प्रकार के बन जाते हैं । २९ ।

व्याख्या - जैसे समष्टि स्थूल देह में अभिमान करने से हिरण्यगर्भ वैश्वानर संज्ञा को प्राप्त होता है, वैसे ही व्यष्टि स्थूलशरीर में अभिमान करने से तैजस विश्व संज्ञा को प्राप्त होता है । उन स्थूलशरीर के अनेक प्रकार के भेद हैं । जैसे इन्द्रादि देवता शरीर, अश्वादि तिर्यक् शरीर और देवदत्तादि मनुष्य शरीर आदि । यहाँ प्रश्न होता है कि देवता सत्त्वगुणप्रधान हैं, मनुष्य रजोगुणप्रधान हैं और पशु तमोगुणप्रधान हैं, यह शास्त्रमर्यादा है तो फिर श्लोक में "***देवतिर्यङ्नरादयः***" ऐसा क्रमव्यत्यय करने का क्या प्रयोजन है ? "***देवमर्त्यगवादयः***" ऐसा क्यों नहीं कहा ? इसका उत्तर यह है कि देवयोनि और पशुयोनि में नूतन कर्मों में अधिकार नहीं है, केवल मनुष्यों को ही कर्माधिकार प्राप्त है । इसलिये कर्म में अधिकार न

मुहुश्च कर्म कर्तुं मनुष्यादिशरीरैस्तत्तत्फलं भुञ्जतेऽनुभवन्ति । व्यवहरन्तस्तस्तच्छरीरानुकूलं फलान्युपभुञ्जते । तत्तत्फलोचितानि जन्मानि च प्राप्नुवन्ति "तद्य इह रमणीयचरणा रमणीयां योनिमापद्यन्ते। अथ य इहकपूयां योनिमापद्यन्त" इत्यादिश्रुतिभ्यः । फलभोगान्तरमवशिष्टकर्मांशफलानुभवाय जन्मान्तरं प्राप्नुवन्ति । "तस्मिन्यावत्सम्पातमुषित्त्वाथैतमेवाध्वानं पुनर्निवर्तन्त" इति श्रुतेः । फलानुभावाभावे तत्तत्सजातीयेच्छानुपपत्त्या तत्साधनानुपपत्तेः । शब्दस्पर्शादिविषयोपभोगलालसत्वादेव जीवा

होना रूप लक्षण को ध्यान में रखकर देवता के बाद तिर्यक् योनि का वर्णन किया है और उन दो योनियों के बाद मनुष्य योनि का वर्णन किया है ।

अब जीव की संसार प्राप्ति का प्रकार बताते हैं ।

अर्थ - वे (विश्व संज्ञावाले जीव) स्वभाव से ही बाह्य विषयों को देखने वाले होते हैं क्योंकि वे प्रत्यक् तत्त्व के बोध से रहित होते हैं । अतः वे भोग के लिये कर्म करते हैं और कर्म करने के लिये (देवतादि शरीर में) कर्म फल भोगते हैं ।३०।

व्याख्या - विश्व संज्ञा वाले उन जीवों का तत्त्वज्ञान के अभाव के कारण ही संसार में आगमन होता है । जब वे देह में अभिमान करते हैं तभी उन्हे संसार की प्राप्ति होती है । अतः यह कहा जा सकता है कि अभिमान ही संसार का कारण है और निरभिमानी होना ही मोक्ष है । वे कारण शरीर में तादात्म्य रूपी अभिमान करने वाले प्राज्ञ संज्ञक जीव ही जब सूक्ष्मशरीर में तादात्म्य अभिमान करते हैं तब तैजस संज्ञा को प्राप्त होते हैं और वे ही स्थूलदेह में तादात्म्य करने के कारण विश्व संज्ञा को प्राप्त होते हैं । देव, तिर्यक् और मनुष्यादि शरीर में तादात्म्य करने वाले विश्व संज्ञा वाले जीव स्वभाव से ही बाह्य विषयों को देखने वाले होते हैं अर्थात् सदा विषयलोलुप होते हैं क्योंकि परमात्मा ने इन्द्रियों को बहिर्मुख बनाया है । "***पराञ्चि खानि व्यतृणत् स्वयंभूः*** " (कठो.) अतः वे सदा बहिर्मुख ही रहते हैं और उसका कारण बताते हैं कि "***प्रत्यक्तत्त्वबोधवर्जिताः***" अर्थात् वे जीव अपने यथार्थ आत्मस्वरूप के बोध से रहित होने के कारण ही बहिर्मुख होते हैं और अपनी अन्तरात्मा का दर्शन करने में असमर्थ होते हैं । भाव यह है कि श्रौतात्मज्ञानशून्यत्व ही उनकी बहिर्मुखता का कारण है । इसीलिये कहा कि वे अज्ञान के कारण संसार को प्राप्त होते हैं । बहिर्मुखता के कारण उनको जिन अनर्थों की प्राप्ति होती है, उनका वर्णन करते हुए कहते हैं कि वे भोग के लिये कर्म करते हैं और कर्म करने के लिये भोग करते हैं ।

'भोगाय' अर्थात् सुख और दुःख का अनुभव करने के लिये देव-तिर्यक्-मनुष्यादि शरीरों का आश्रय लेकर पुनः-पुनः जन्म देने वाले शुभाशुभ कर्म करते हैं अर्थात् तद्-तद् शरीरोचित कर्मों का अनुष्ठान करते हैं । श्लोक में कर्म शब्द जातिवाचक होने के कारण एकवचन का प्रयोग किया है । और पुनः कर्म करने के लिये मनुष्य आदि शरीरों के द्वारा उन-उन कर्मों का फल भोगते हैं अर्थात् अनुभव करते हैं । व्यवहार करते हुए ही उन-उन शरीरों के अनुकूल फलों का भोग करते हैं और उन-उन फलों के अनुसार बारम्बार जन्म को ही प्राप्त होते हैं । "***तद्य इह रमणीयचरणा अभ्याशो ह यत्ते रमणीयां योनिमापद्येरन् ... अथ य इह कपूयचरणा अभ्याशो ह यत्ते कपूयां योनिमापद्येरन्*** " (छा.उ. ५/१०/७) ऐसा श्रुति का वचन है । फलभोगानन्तर अवशिष्ट कर्मों के फल का अनुभव करने के लिये जन्मान्तर को प्राप्त होते हैं । शब्द, स्पर्शादि विषयों के उपभोग की लालसा से ही जीव अग्निहोत्रादि शास्त्रीय और लौकिक (अशास्त्रीय) कर्म करते हैं । इस तरह जीव भोग के लिये कर्म करते हैं और

अग्निहोत्रादिविहितं लौकिकादीनपि कृष्यादीन् कुर्वते । तत्कर्म सद्यस्तत्संस्काराज्जन्मान्तरेऽपि कर्तुमेवेत्येतत्कर्म भोगश्चेत्यावर्तवन्महानर्थकारिचक्रम्।।

संसारानुवृत्तिनिरूपणम् -

नद्याङ्कीटा इवावर्तादावर्तान्तरमाशु ते ।
व्रजन्तो जन्मनो जन्म लभन्ते नैव निर्वृतिम् ।। ३० ।।

अन्वयः - ते (जीवाः) नद्यां कीटा इव आवर्तात् आवर्तान्तरम् आशु व्रजन्तः निर्वृतिं नैव लभन्ते (तद्वत्) जन्मनः जन्म व्रजन्तः निर्वृतिं नैव लभन्ते ।

व्याख्या :- संसारानुवृत्तौ दृष्टान्तमाह - यथा नद्यां तद्वेगेन कीटाः तत्प्रवाहतिरोधानासमर्थाः क्षुद्रप्राणिनः आशु द्रुततरमायासोपशमनात्प्रागेवावर्तात् भ्रमादावर्तान्तरमित्येवं परम्परामाव्रजन्ति । तद्वत्तेऽपि पराग्दर्शिनो देवादयो जीवा अपि जन्मनो जन्मान्यज्जन्म व्रजन्तो निवृतिमात्मानन्दं निरतिशयसुखं नैष्कर्म्यसिद्धिं नैव लभन्ते । "मृत्योस्स मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यती"त्यादिश्रुतेः ।।

संसारनिवृत्त्युपाये दृष्टान्तप्रदर्शनम् -

सत्कर्मपरिपाकात्ते करुणानिधिनोद्धृताः ।
प्राप्य तीरतरुच्छायां विश्राम्यन्ति यथासुखम् ।। ३१ ।।

कर्म करने के लिये देवतादि शरीरों में कर्मों के फलों को भोगते हैं । इस तरह संसार चक्र से वे बाहर नहीं निकल पाते और जन्म-मरण रूप महान अनर्थ को प्राप्त होते रहते हैं ।

अब जीवों की बहिर्मुखता के फल का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - जैसे नदी के प्रवाह में पड़े हुए कीड़े एक भँवर से दूसरे भँवर को शीघ्र ही प्राप्त होते हुए सुख को प्राप्त नहीं करते हैं, उसी प्रकार वे जीव भी एक जन्म से दूसरे जन्म को प्राप्त होकर सुख प्राप्त नहीं करते हैं । ३० ।

व्याख्या - जीव जब बहिर्मुख हो जाते हैं तब उनकी क्या गति होती है ? इस बात को दृष्टान्त पूर्वक समझाते हुए कहते हैं कि जब नदी की विशाल जलराशि में क्षुद्र जन्तु गिर जाते हैं तो वे उस नदी के प्रवाह में बहते हुए बारम्बार अतिशीघ्र एक भँवर से दूसरे भँवर में गिरते जाते हैं और सदा कष्ट पाते रहते हैं, उसी प्रकार ये जीव भी जन्म-मरण की श्रृंखला रूप भँवर में बारम्बार गिरते रहते हैं । आत्मज्ञान के अभाव से बहिर्मुख हुए ये जीव "***पुनरपि जननं पुनरपि मरणं पुनरपि जननीजठरे शयनम्***" वाली स्थिति को प्राप्त होते हैं और नित्यसुख से सदा वंचित रहते हैं । श्रुति भी कहती है कि "***मृत्योस्स मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यति***" जो इस अद्वय आत्मतत्त्व में भेद देखता है, वह बार-बार मृत्यु से मृत्यु को प्राप्त होता है । अतः नित्य आत्मसुख रहित वे जीव सदा कष्टानुभव ही करते हैं ।

अब दृष्टान्त द्वारा इस संसार रूपी भँवर से निकलने का उपाय बताते हैं ।

अर्थ - वे कीड़े पूर्व किये हुए पुण्य कर्म के परिपाक से किसी कृपालु पुरुष के द्वारा (नदी प्रवाह से) निकाले हुए नदीतट के वृक्ष की छाया को प्राप्त कर जैसे सुखपूर्वक आराम करते हैं । ३१ ।

अन्वयः – ते कीटाः सत्कर्मपरिपाकात् करुणानिधिना उद्धृताः (सन्तः) तीरतरुच्छायां प्राप्य यथासुखं विश्राम्यन्ति (यथा तथा ते जीवाः अपि) ।

व्याख्या :– दृष्टान्ते ते कीटाः कथञ्चिद्दयापरेणोद्धृताः यथासुखं विहरन्ति यद्वत्तद्वद्दार्ष्टान्तिकेऽपि ते पराग्दर्शिनो जीवास्सत्कर्मपरिपाकात्पूर्वपूर्वजन्मोपार्जितसुकृतकर्मपरिपाकात्सम्यक्फलोद्गमात्करुणानिधिना करुणा स्वयमात्मनस्समुद्धरणेऽसमर्थेषु कृपणेषु दया तस्या निधिराकारस्तेनात्यन्तकृपालुना दयापरेण केन चिन्महात्मना पुरुषेणोद्धृता नदीप्रवाहवेगाद्बहिरुन्नीताः कीटा यथा तीरतरुच्छायां सात्मसमीपं शान्तिस्थानं प्राप्य यथासुखं विश्राम्यन्ति विश्रामं प्राप्नुवन्ति । एवमेव जीवाः पारमार्थिकं सुखमुपलभन्त इति भावः।।

आत्यन्तिकदुःखनिवृत्तिप्रकारनिरूपणम् –

उपदेशमवाप्यैवमाचार्यात्तत्त्वदर्शिनः ।
पञ्चकोशविवेकेन लभन्ते निर्वृतिं पराम् ॥ ३२ ॥

अन्वयः – एवं तत्त्वदर्शिनः आचार्यात् उपदेशम् अवाप्य पञ्चकोशविवेकेन परां निर्वृतिं लभन्ते।

व्याख्या :– एवं पूर्वसन्दर्शितमार्गेणानेकपूर्वजन्मोपार्जितपुण्यकर्मपरिपाकबलात्तत्फलोद्गमे पराग्दर्शिनो ब्रह्मनिष्ठवरिष्ठादाचार्यात्प्रत्यगभिन्नाद्वितीयब्रह्मसाक्षात्कारवतो ज्ञानिनस्सकाशादुपदेशमुपनिषदर्थसारभूतं तत्त्वमस्यादिमहावाक्यार्थज्ञानं तत्साधनं श्रवणादिकं चावाप्य मननिदिध्यासनाद्यपि सम्पाद्य तत्त्वदर्शिनस्सन्तः पञ्चकोशविवेकेनान्नमयादीनामानन्दमयान्तानां पञ्चानां कोशानां विवेकेन कोशेभ्यः

व्याख्या – वे कीड़े अपने बल से उस नदी के प्रवाह का निरोध करने में समर्थ न होने से उनकी मृत्यु निश्चित थी किन्तु जब पूर्वजन्म के किये हुए पुण्य कर्मों के फलोन्मुख हो जाने से किसी (करुणानिधि–करुणा के सागर) कृपालु पुरुष के द्वारा उन्हें पकड़ कर नदी के प्रवाह से निकाल दिया जाता है । और नदीतट पर स्थित किसी विशाल वृक्ष की शीतल छाया में उनको रख दिया जाता है तब वे उस वृक्ष की छाया में जैसे सुखपूर्वक विश्राम करते हैं । यह श्लोक अगले श्लोक से अन्वित है ।

अब दार्ष्टान्तिक में आत्यन्तिक दुःखनिवृत्ति का प्रकार बताते हैं ।

अर्थ – उसी तरह से (वे जीव) तत्वदर्शी आचार्य से उपदेश प्राप्त कर पञ्चकोश का विवेचन करने पर परम निर्वृति (आनन्द) को प्राप्त होते हैं । ३२ ।

व्याख्या – पूर्वश्लोक में जो कीड़ों का दृष्टान्त दिया है, उसे दार्ष्टान्तिक में ऐसे घटाना चाहिये कि पूर्वजन्म के किये हुए सत्कर्म के कारण जब ईश्वर गुरु रूप में आकर शिष्य को ज्ञानोपदेश करते हैं तब आत्मसाक्षात्कार करके वह जीव परमशान्ति को प्राप्त होता है । जैसे कीड़े को कृपालु पुरुष जल प्रवाह से निकाल कर वृक्ष की छाया में रख देता है और वह कीड़ा अत्यन्त सुख को प्राप्त करता है, वैसे ही तत्वदर्शी आचार्य के मुखारविन्द से निर्गलित तत्वमस्यादि महावाक्यों का उपदेश प्राप्त करके अर्थात् उसका श्रवण, मननादि करके जब वे अन्नमयादि कोशों का विवेचन करते हैं अर्थात् "मैं अन्नमय स्थूल देह नहीं हूँ, मैं सूक्ष्मप्राण भी नहीं हूँ, मैं मनोमय से रहित हूँ" इत्यादि प्रकार से जब पञ्चकोश का विवेचन करके उन सभी का साक्षी एकमात्र नित्य–शुद्ध–बुद्ध–मुक्तस्वभाव परब्रह्म मैं ही हूँ, इस प्रकार से आत्मसाक्षात्कार करते हैं तभी वे जीव परमशान्ति को प्राप्त करते हैं अर्थात् मोक्षसुख को प्राप्त करते हैं ।

पृथग्विविच्य प्रत्यगात्मानं ब्रह्माभिन्नतया साक्षात्कृत्य परां निर्वृतिं निरतिशयानन्दावाप्तिलक्षणं निर्वाणसुखं लभन्ते प्राप्नुवन्ति । जगत्सृष्टिस्थितिलयानां यत्कारणं तद्ब्रह्मेत्याचार्येणोपदिष्टो वारुणिर्भृगुस्स्वयं मुहुर्मुहुस्तपस्तप्त्वान्नमयादिपञ्चकोशविवेचनान्ते "आनन्दो ब्रह्म" "स यश्चायं पुरुषे । यश्चासावादित्ये। स एक" इत्यादिमहावाक्यार्थमवगत्य परं ब्रह्म स्वात्माभिन्नतया यथा व्यजानत्तथैवेति निर्गलितोऽर्थः। परब्रह्मात्मना संस्थितिरिति यत्परमं प्रयोजनमस्ति तच्छ्रीगुरोरीश्वरप्रसादैकलभ्यमेव । सोऽयं प्रसादोऽनन्तजन्मसञ्चितनिखिलकाम्यनिषिद्धवैधुर्यपूर्वकमन्तर्यामिपरमात्मैकप्रीत्यर्थमनुष्ठिताशेषवैदिक-तन्त्रलेशामिश्रितश्रौतस्मार्तपौराणिकनित्यनैमित्तिकप्रायश्चित्ताख्यतत्तद्वर्णाश्रमाद्युचितस्वधर्मफलोन्मुखतारूपः। आचार्यस्य त्वित्थमस्ति लक्षणम् "आचिनोति हि शास्त्रार्थमाचारे स्थापयत्यपि । स्वयमाचरते यस्मात्तस्मादाचार्य उच्यत" इति । यथा धान्यादिषु उपरि तुषादिनिर्मोकेनातो विविच्य तण्डुलादिप्राप्तिस्तद्वद्द्वयष्ट्याद्यन्नमयादिपदवाच्यस्थूलदेहादिलक्षणानां खण्डतण्डुलादेरिवाद्वैतब्रह्मरूपप्रतीचः प्रच्छादकत्त्वाच्चर्मेव चर्म तुषविशेषादीनामिव त्रयाणां देहानां सत्तादिप्रदनिरुक्तरूपात्मनः सकाशात्पृथक्कारेण स्वात्मस्वरूपलाभः । अज्ञानहानिमात्रादेव कैवल्यसिद्धिरिति वार्तिकेऽप्युक्तम्- "सत्यादिलक्ष्या ज्ञानोत्था सत्याद्यर्थनिषेधधीः । वर्त्मनैवाप्तमाप्नोति केवलाज्ञानहानतः ।। एवं ज्ञातं विजानाति विमुक्तश्च विमुच्यते । निवर्तते निवृत्तं च त्रिर्वश्शपथयाम्यहम्" इति ।।

दशश्लोकी (आत्मविवेचनी) पञ्चकोशपरिचयः -

अन्नं प्राणो मनो बुद्धिरानन्दश्चेति पञ्च ते
कोशैस्तैरावृतस्स्वात्मा विस्मृत्या संसृतिं व्रजेत् ।। ३३ ।।

अन्वयः - ते कोशाः अन्नं,प्राणं,मनो,बुद्धिः,आनन्दश्च इति पञ्च तैः (कोशैः) आवृतः स्वात्मा विस्मृत्या संसृतिं व्रजेत् ।

इसके द्वारा यह भी ज्ञात होता है कि जैसे कीड़े नदी प्रवाह से स्वयं निकलने में असमर्थ हैं, वैसे ही जीव भी इस संसार रूपी महाप्रवाह में से तब तक बाहर नहीं निकल सकता जब तक कि उस पर कोई तत्त्वदर्शी आचार्य (गुरु) की कृपा न हो जाए। जो शास्त्रों के अर्थों को भली-भाँति समझकर उनका संग्रहण करके अन्य लोगों को शास्त्रमर्यादानुकूल आचरण में स्थापित कराता है अर्थात् शास्त्रानुकूल आचरण की शिक्षा देता है । केवल शिक्षा देता ही नहीं है स्वयं उन नियमों का अपने आचरण के द्वारा पालन भी करता है, वही आचार्य कहा जाता है, ऐसा श्रुति का कथन है ।

आचिनोति हि शास्त्रार्थानाचारे स्थापयत्यपि ।
स्वयमाचरते यस्मात्तस्मादाचार्य उच्यते ।। (द्वयोपनिषद्)

भाव यह है कि मुमुक्षु को तत्वदर्शी आचार्य की ही शरण ग्रहण करना चाहिये ।

अब पाँच कोशों का विवरण करते हैं ।

अर्थ - अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय और आनन्दमय ये पाँच कोश हैं । इन कोशों से आवृत (जीव) अपने आत्मा के यथार्थ रूप की विस्मृति के कारण (जन्म-मरणरूप) संसार को प्राप्त होता है । ३३ ।

व्याख्या :- पञ्च कोशा अन्नमन्नमयकोशो "नामैकदेशग्रहणे नामग्रहण"मिति न्यायेनान्नादिशब्दैरन्न-मयादिकोशा गृह्यन्ते । भीमसेनो भीम इति सत्यभामा सत्येति यथा । प्राणः प्राणमयकोशो मनो मनोमयकोशो बुद्धिर्विज्ञानमयकोश आनन्द आनन्दमयकोश इत्येते पञ्चसङ्ख्याकाः कोशाः प्रकीर्तिता वेदान्तेषु । कोशशब्दो मूर्धन्यान्तस्तालव्यान्तश्चेत्युभयथापि प्रामाणिक एवेति कोशेषु स्पष्टम् । तैः पञ्चभिः कौशैरावृत आच्छादितस्स्वात्मा निजहृत्पुण्डरीक एव स्वस्वरूपत्त्वेन साक्षात्कारयोग्य आत्मानादिमायानिमग्नो विस्मृत्या स्वस्वरूपविस्मरणेन संसृतिं जननादिप्राप्तिरूपं संसारं व्रजेत् प्राप्नुयादिति। अत्रेदं किञ्चिद्विचार्यते -पतञ्जलिर्योगसूत्रे"ष्वनुभूतिविषयासम्प्रमोषः स्मृति"रिति दृश्यते । तथा "संस्कारजन्यं ज्ञानं स्मृति"रिति तार्किकाणामप्युक्तिः । कथमप्यनुभूतार्थविषयकसंस्कारजन्यपरोक्षान्तःकरणवृत्तावेव स्मृतित्त्वपर्यवसानम् । तदभावे विस्मृतिः । "आत्मा विस्मृत्या संसृतिं व्रजे"दित्यत्रात्मनो याथार्थ्यस्य पूर्वमनुभवे जाते स्मृतिर्वा विस्मृतिर्वा । तादृशानुभवः पूर्वं नैव जातः। यतस्तदर्थमेव जिज्ञासुरधुना "आत्मा वा अरे द्रष्टव्य" इत्यादिभिः प्रवर्तते । अतः कथमत्र विस्मृतिरिति? । एवं वक्तुं न शक्यते यथा महाभारतादिप्रसिद्धदुर्वाससश्शापाच्छकुन्तलायाः कण्वाश्रमे गन्धर्वविधिकृतपाणिग्रहण-संस्कारपुरस्सरमाचरितगर्भाधानादिविषयकविस्मरणं दुष्यन्तस्य उपलभ्यते । प्रकृते त्वेवं सुतरां नैव वक्तुं शक्नुमः । शापादीनामनुपलभ्यमानत्त्वात् स्मृतेरनुभवपूर्वकत्त्वनियमस्य सर्वसंप्रतिपन्नत्त्वात्प्रत्यग-भिन्नब्रह्मानुभवे द्वैतस्याखिलस्यापि बाधितत्त्वेन विस्मृतिसामग्र्या एवाभावाद्विस्मृतिः कथं घटेत?

व्याख्या - "***नामैकदेशग्रहणे नामग्रहणम्***" इस न्याय के अनुसार अन्नादि शब्दों से अन्नमयादि कोश कहे गये हैं । जैसे भीमसेन को भीम और सत्यभामा को सत्या कहा जाता है, वैसे ही प्रकृत में जानना चाहिये । अतः अन्न से अन्नमय कोश, प्राण से प्राणमय कोश, मन से मनोमय कोश, बुद्धि से विज्ञानमय कोश और आनन्द से आनन्दमय कोश जानना चाहिये । इन्हीं को पञ्चकोश कहा जाता है। इन पाँचों कोशों से आच्छादित (आवृत) यह जीव अपने वास्तविक ब्रह्मस्वरूप को भूल जाता है और उस विस्मृति के कारण जन्म-मरण रूप इस संसार को प्राप्त होता है । अर्थात् सभी अनर्थों का मूल स्वात्मविस्मृति ही है और उस विस्मृति का कारण पञ्चकोशों से आवृत होना ही है । तात्पर्य यह है कि आत्मज्ञान के लिये पाँचों कोशों का विवेचन करके अपने आत्मा को उनसे भिन्न नित्य-शुद्ध-बुद्ध-मुक्तस्वभाव ब्रह्मरूप से जानना ही जन्म-मरण के चक्र से छूटने का एकमात्र उपाय है ।

यहाँ शंका हो सकती है कि योगसूत्रानुसार "***अनुभूतविषयासम्प्रमोषः स्मृतिः***" (पा.यो.सू. १/११) अनुभूतविषय के न छिपने (प्रकट हो जाने) को स्मृति कहते हैं और तार्किक मतानुसार "***संस्कारजन्यं ज्ञानं स्मृतिः***" संस्कारजन्य ज्ञान को स्मृति कहते हैं । किसी भी प्रकार से अनुभूतार्थ विषयक संस्कारजन्य परोक्ष अन्तःकरण की वृत्ति में ही स्मृतित्व पर्यवसित होता है और उस स्मृति का अभाव ही विस्मृति है । श्लोक में "***आत्मा विस्मृत्या संसृतिं व्रजेत्***" ऐसा जो कहा गया है, वह आत्मा की यथार्थता का पूर्व में अनुभव हो जाने पर संभव नहीं है अन्यथा उसकी विस्मृति कैसे हो सकती है ? आत्मा का यथार्थ अनुभव हो जाता तो "***आत्मा वाऽरे द्रष्टव्यः***" इत्यादि वेदवचनों से जिज्ञासु की आत्मज्ञान में प्रवृत्ति कैसे संभव होती ? अतः आत्मा का यथार्थ ज्ञान होने पर कथमपि विस्मृति संभव नहीं है । यदि कहो कि महाभारत के अनुसार कण्व ऋषि के आश्रम में राजा दुष्यन्त को शकुन्तला के साथ गान्धर्व

योगवासिष्ठादिषु सनत्कुमारविष्ण्वादीनां परस्परशापवृत्तान्तानामपीश्वरलीलाविशेषत्त्वेनानुदाहरणत्त्वात्। यदि महता प्रयासेन कथञ्चित्पुण्यवशेन सद्गुरूपदेशेन सर्वेश्वरानुग्रहेण च सम्पादितोऽपि महावाक्यजन्याखण्डार्थबोधोऽद्वितीयब्रह्मसाक्षात्कारोऽपि विस्मर्तुं संभाव्येत तर्हि महान् ज्ञानप्रयासो व्यर्थो भवेत् । गीतायां "नष्टो मोहस्स्मृतिर्लब्धा त्वत्प्रसादान्मयाऽच्युते"त्यात्मतत्त्वविषया स्मृतिरिति साक्षात्कारस्यैव स्मृतित्वमाचार्यपादैरभ्यधायि । यथा छान्दोग्ये "स्मृतिलम्भे सर्वग्रन्थीनां विप्रमोक्ष" इत्यादवगत्यापौरुषेयवचनानामार्षवचसामपि व्याख्याकरणेन पौरुषेये प्रकृते ग्रन्थे कथं लाक्षणिकत्त्वं वक्तुं शक्यम्? कथञ्चिदभ्युपगमेऽपि "कोशैस्तैरावृतस्स्वात्मैवेति पूर्वपादेन "विस्मृत्या संसृतिं व्रजे" दित्युत्तरवाक्यविहितजननमरणलक्षणविशेषात्मकसंसारस्य निदानतया आनन्दमयाख्यान्तिमकोशान्तर्निविष्टमूलाविद्यायामेवाखण्डापरिच्छिन्नानन्दावरणकारिण्यामावृतपदेन वात्यवृत्त्यैव कण्ठरवेण प्रस्फुरमुक्तत्त्वेन पौनरुक्त्यापत्तेश्च । महाभारतेऽश्वमेधपर्वण्यनुगीतानामुपदेशान्यथानुपपत्त्यैवार्जुनस्य भीष्मपर्वण्युपदिष्टब्रह्मणो विस्मृतिवत्प्रकृतेऽप्यस्मदादीनां विस्मृतिसम्भवो नैव युक्तः । आश्वमेधिकानुगीतोपदेशस्याद्वैतब्रह्मविद्याया दुर्लभतमत्त्वकथनमात्रतात्पर्यकत्त्वेन प्रसिद्धगीताशास्त्रोपदेशवैयर्थ्यादिन्यायसिद्धार्थबाधकत्वासामर्थ्यात्।

विधि से विवाह और गर्भाधानादि का विस्मरण दुर्वासा जी के शाप के कारण जैसे हुआ था वैसे ही प्रकृत में भी मान लेने में क्या हानि है ? किन्तु यह कथन उचित नहीं है क्योंकि प्रत्यगभिन्न ब्रह्मानुभव हो जाने पर सम्पूर्ण द्वैत का अभाव हो जाता है अतः विस्मृति के कारणभूत अज्ञान का अभाव हो जाने से आत्मविस्मृति का प्रसंग ही असंभव है । और आपने जो कहा कि शापवशात् विस्मृति संभव है, तो यह भी उचित नहीं है क्योंकि महान प्रयत्न से कदाचित् पुण्यपुंज के फलीभूत होने पर जब सद्गुरु की प्राप्ति और उनके मुखारविन्द से वेदान्तों के महावाक्यों का श्रवण, मनन और निदिध्यासन करने के बाद जो अद्वितीय ब्रह्म का साक्षात्कार होता है, वह भी यदि विस्मृति का विषय हो जाए तो ज्ञानप्राप्ति के लिये किया गया महान प्रयास व्यर्थ हो जाएगा । और यह कथन शास्त्र विरुद्ध भी है क्योंकि "***स्मृतिलम्भे सर्वग्रन्थीनां विप्रमोक्षः***" (छा.उ.) इत्यादि वेदवचनों में साक्षात्कार को मोक्ष का कारण कहा गया है और उसे समस्त अज्ञानजन्य ग्रन्थियों का भेदक कहा गया है । यदि कहो कि भगवान् ने अर्जुन को गीता का उपदेश किया और अर्जुन ने भी कहा कि "***नष्टो मोहः स्मृतिर्लब्धा***" अर्थात् मेरा मोह नष्ट हो गया है और मैंने आत्म-विषयक स्मृति अर्थात् अपने स्वरूप को यथार्थ रूप से जान लिया है । फिर भी युद्ध के बाद अर्जुन ने पुनः गीता श्रवण की इच्छा क्यों प्रगट की ? और भगवान् ने भी पुनः वही गीता का उपदेश करने में असमर्थता क्यों प्रकट की ? इसका उत्तर यह है कि वहाँ पर ब्रह्मविद्या की दुर्लभता प्रदर्शित करना ही मुख्य है अन्यथा गीता शास्त्र का उपदेश भी व्यर्थ सिद्ध होगा । अतः विस्मृति शब्द का अर्थ इस तरह से समझना चाहिये कि गर्भ में स्थित शिशु नवम मास में सर्वाङ्गपूर्ण हो जाता है और गर्भ से बाहर आता है किन्तु उसके पूर्व जब वह गर्भ में होता है तब उसे अपने पूर्व के सौ जन्मों का स्मरण हो आता है । गर्भ में कई महीनों तक उल्टे (पैर ऊपर सिर नीचे) रहने के कारण उसकी कुण्डली जागृत हो जाती है तब वह विचार करता है कि मैंने अनेकों जन्म व्यर्थ ही गँवा दिये, परमात्मा को नहीं जाना, जिसके कारण आज मुझे पुनः इस नरककुण्ड रूप गर्भ में आना पड़ा हैं । मैं अनेकों योनियों में जन्म लेकर अनेकों माताओं का स्तनपान कर चुका हूँ । अनेकों प्रकार के आहार का भक्षण कर

तस्मादत्र विस्मृतिशब्दार्थनिरुक्तिवशादेवं चिन्त्यते – गर्भस्थश्शिशुर्नवमे मासि सर्वाङ्गसम्पूर्णो भवति। ''मृतश्चाहं पुनर्जातो जातश्चाहं पुनर्मृतः । नानायोनि सहस्राणि मयोषितानि यानि वै । आहारा विविधा भुक्ताः पीता नानाविधास्तनाः । मातरो विविधा दृष्टाः पितरस्सुहृदस्तथा। अवाङ्मुखः पीड्यमानो जन्तुभिश्च समन्वितः साङ्ख्यं योगं समभ्यस्येत्पुरुषं पञ्चविंशक''मिति । ततश्च दशमे मासि प्रजायते। ''जातश्च वायुनास्पृष्ट तन्न स्मरति पूर्वज''मिति। एवं च जीवः कदाचिद्गर्भवासविशेषे सञ्जातामपि विवेकादिकृतप्रतिज्ञां बाह्यवायुस्पर्शमात्राद्विस्मरति तया विस्मृत्या संसरतीत्यलम् ।।

अन्नमयप्राणमयकोशयोर्निरूपणम् –

स्यात्पञ्चीकृतभूतोत्थो देहः स्थूलोऽन्नसंज्ञकः ।
लिङ्गे तु राजसैः प्राणैः प्राणः कर्मेन्द्रियैस्सह ।। ३४ ।।

अन्वयः – पञ्चीकृतभूतोत्थः स्थूलः देहः अन्नसंज्ञकः स्यात् । प्राणः तु लिङ्गे (विद्यमानैः) राजसैः प्राणैः (पञ्चप्राणवृत्तिभिः) कर्मेन्द्रियैः सह (दशभिः) (भवेत्) ।

व्याख्या :– पञ्चीकृतभूतेभ्यस्सञ्जातस्स्थूलोऽन्नसंज्ञकोऽन्नमयः कोशस्स्यात् । प्राणस्तु प्राणमयकोशो लिङ्गे लिङ्गशरीरे विद्यमानैः राजसैः पञ्चभूतानां समष्टिकृतैः पञ्चभिः रजोंशैरुत्पन्नैः प्राणैः प्राणापानादिवायुपञ्चकेन कर्मेन्द्रियैस्सह भूतानां पञ्चानां प्रत्येकं रजोंशैरुत्पन्नैर्वाक्पाणिपादपायूपस्थाख्यैस्सह दशभिः प्राणमयकोशो भवेत् ।।

चुका हूँ । अनेकों माता-पिताओं को और सगे संबन्धियों को देख चुका हूँ ।

मृतश्चाहं पुनर्जातो जातश्चाहं पुनर्मृतः ।
नाना योनिसहस्राणि मयोषितानि यानि वै ।।
आहारा विविधा भुक्ताः पीता नानाविधास्स्तनाः ।
मातरो विविधादृष्टाः पितरस्सुहृदस्तथा ।।

और भगवान् से प्रार्थना करता है कि हे प्रभो ! मुझे इस बार इस नरककुण्ड से बाहर निकाल दीजिये । मैं बाहर आकर आपका भजन करूँगा । अपने यथार्थ स्वरूप को जानकर जन्म-मरण के इस चक्र से सदा के लिये मुक्त हो जाऊँगा, इत्यादि । तब करुणानिधि भगवान् उसे गर्भ से बाहर लाते हैं, किन्तु जैसे ही उसे संसार की वायु का स्पर्श होता है और वह जोर-जोर से रोते हुए मानो यह कहता है कि मैंने कब कहा कि मैं भजन करूँगा । इस तरह संसार की हवा लगते ही वह पूर्व की सभी बातों को भूल जाता है, उसी प्रकार प्रकृत श्लोक में भी जानना चाहिये ।

अब अन्नमय और प्राणमय कोश का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – पञ्चीकृत महाभूतों से उत्पन्न स्थूलशरीर अन्नमय संज्ञक कोश है और सूक्ष्मशरीर में राजस् प्राण कर्मेन्द्रियों के साथ मिलकर प्राणमय कोश कहलाता है । ३४ ।

व्याख्या – आकाशादि पञ्चीकृत पञ्चमहाभूतों से उत्पन्न यह स्थूलशरीर ही अन्नमय कोश नाम से जाना जाता है और अपञ्चीकृत पञ्चमहाभूतों के राजसांश से उत्पन्न प्राण, अपान, व्यान, उदान और समान नामक प्राण; वाणी, हाथ, पैर, गुदा और उपस्थ (जननेन्द्रिय) नामक पाँच कर्मेन्द्रियों के साथ मिलकर प्राणमय नामक कोश कहलाता है ।

मनोमयविज्ञानमयकोशयोर्निरूपणम् –

सात्त्विकैर्धीन्द्रियैस्साकं विमर्शात्मा मनोमयः ।
तैरेव साकं विज्ञानमयो धीर्निश्चयात्मिका ॥ ३५ ॥

अन्वयः – सात्त्विकैः धीन्द्रियैः साकं विमर्शात्मा मनोमयः (कोशः) (स्यात्)। तैरेव धीन्द्रियैः साकं निश्चयात्मिका धीः विज्ञानमयः (कोशः स्यात्)

व्याख्या :- पञ्चानां भूतानां पृथक्शस्सत्त्वांशैर्जातानि यानि त्वक्चक्षुश्श्रोत्रजिह्वाघ्राणाख्यानि धीन्द्रियाणि यानि तैस्साकं विमर्शात्मा संशयात्मकं पञ्चभूतसत्त्वकार्यं यदस्ति मनस्तन्मयः कोशो भवति । तेषां पञ्चानां भूतानां समष्टिभूतसत्त्वांशैरुत्पन्नं सङ्कल्पविकल्पात्मकवृत्तिरूपं मनोमयः कोशस्स्यात् । निश्चयात्मिका धीर्विज्ञानमयकोशो भूतानां सत्त्वकार्यरूपस्तैः पूर्वोक्तैर्धीन्द्रियैस्साकं भवति । निश्चयात्मिका निश्चयवृत्तिरूपा बुद्धिर्विज्ञानमयकोशः । ज्ञानेन्द्रियाणां मनोमयविज्ञानमयकोशद्वयेऽपि प्रवेशस्तेषां संशयनिश्चयोभयविधदृष्टेरेवेति शम् ।।

अयमत्रार्थसङ्ग्रहः – अन्नमयप्राणमयमनोमयविज्ञानमयानन्दमया इति पञ्चकोशाः । तमःप्रधानायाः प्रकृतेः कार्यमधिकतमोंऽशकं सत्त्वरजस्सम्मिश्रितमाकाशादिभूतपञ्चकम् । तेषां प्रत्येकं सत्त्वांशसमारब्धं ज्ञानेन्द्रियपञ्चकम् । तेषामेव समष्टिसत्त्वांशोद्भूतं ज्ञानशक्त्यात्मकमन्तःकरणम् । तच्च विमर्शनिश्चयरूपवृत्तिभेदान्मनो बुद्धिरिति च द्विविधम् । तेषां भूतानां समुदायरजोंशसम्भूतः प्राणः । स च प्राणनादिहेतुः क्रियाशक्त्यात्मकः प्राणापानादिवृत्तिभेदेन पञ्चधा भवति । ज्ञानेन्द्रियपञ्चकं कर्मेन्द्रियपञ्चकं प्राणपञ्चकञ्चेति त्रितयमपि गुणत्रयस्य तरतमभेदेन सम्मिश्रणाद्भवति । स्थूलशरीरेऽन्नमयकोशः । ततस्सूक्ष्मतरः प्राणमयकोशः । अन्तःकरणोपादानभूतसत्त्वगुणस्य सुखप्रकाशनगुणप्रकटनसामर्थ्यं तत्कार्येऽन्तःकरणेऽप्यभिव्यज्यते । सत्त्वगुणस्वरूपप्रकाशनात्मिका-वृत्तिस्सङ्कल्पविकल्पस्वरूपा मन इत्यभिधीयते । तत्स्वरूपसुखाभिव्यञ्जिका निश्चयात्मिका बुद्धिरितीरिता। वृत्तिद्वयस्यापि चक्षुरादीन्द्रियाणि तत्तज्ज्ञानसाधनत्त्वेनोपकुर्वन्ति । अतो विमर्शसाधनज्ञानेन्द्रिय-पञ्चकसचिवमन्तःकरणवृत्तिविशेषात्मकं मनोमयकोशः । निश्चयज्ञानसाधनज्ञानेन्द्रियपञ्चक-सचिवान्तःकरणवृत्तिविशेषात्मिका बुद्धिर्विज्ञानमयकोशः । सर्वत्रेदमित्थमिति निश्चयकरणात्प्राग्गुणदोष-विषयपरिच्छेदनरूपस्य साधनस्यावश्यकत्त्वान्मनोमयकोशस्य करणत्त्वमिदमित्थमिति निश्चायकस्य

अब मनोमय और विज्ञानमय कोश का वर्णन करते हैं ।

अर्थ – संशयात्मक मन पञ्चभूतों के सत्त्वगुणांश के कार्य ज्ञानेन्द्रियों के साथ मिलकर मनोमय कोश कहलाता है । और निश्चयात्मिका बुद्धि पूर्वोक्त ज्ञानेन्द्रियों के साथ मिलकर विज्ञानमय कोश कही जाती है । ३५ ।

व्याख्या – चक्षु, श्रोत्र, त्वक्, रसना और घ्राण ये पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ पञ्चमहाभूतों के सत्त्वगुणों के अंश से उत्पन्न हुई हैं । इन ज्ञानेन्द्रियों के साथ जब संशयात्मक (संकल्प-विकल्पात्मक) मन जुड़ जाता है तब इनका संयोग ही मनोमय कोश कहलाता है । अर्थात् पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ और मन को मनोमय कोश

विज्ञानमयकोशस्य कर्तृत्वं चोपपन्नमेव । तथा चाहङ्कर्तेति वृत्तिज्ञानवेद्यं यद्वस्तु तद्विज्ञानमिति जानीयात् । एवमन्तःकरणस्य वृत्तिद्वयं निश्चायकवस्तुज्ञानमेकं निश्चेयवस्तुज्ञानमित्यपरम् । तत्र निश्चायकवस्तुज्ञान-महङ्कर्तेति ज्ञातारमेव विषयीकरोति । सोऽयं विज्ञानमयः । निश्चेयवस्तुज्ञानं तु ज्ञातुः पृथग्भूतमिदम्पदार्थं विषयीकरोति । अयमात्मा विज्ञानमयो न । सर्वव्यवहारप्रमातात्मैव कर्तेति न साम्प्रतम् । कर्तृत्वादीनामुपाधिधर्मारोपेण कर्तृत्वभोक्तृत्वे आत्मनि नावकल्प्येते । "कर्ता शास्त्रार्थवत्त्वात्" "यथा च तक्षोभयथा" इत्यादिन्यायबलात् । तक्षेवायमात्मा सर्वव्यापारेष्वपेक्ष्यैव मन आदीनि कारणानि कर्ता भवति । न च कर्तृत्वमापादयति शास्त्रमात्मनः । परं "यजेत जुहुया"दित्यादिविशेषविधिशास्त्रमादाय कर्तव्यविशेषमेवोपपादयतीत्यात्मनः कर्तृत्वं न तात्त्विकमित्यलम् ।।

आनन्दमयकोशनिरूपणम् –

कारणे सत्त्वमानन्दमयो मोदादिवृत्तिभिः ।
तत्तत्कोशैस्तु तादात्म्यादात्मा तत्तन्मयो भवेत् ॥ ३६ ॥

अन्वयः – कारणे (शरीरे) (यत्) सत्त्वं तत् मोदादिवृत्तिभिः (सहितः) आनन्दमयः (कोशः) (स्यात्) । आत्मा तु तत्तत्कोशैः तादात्म्यात् तत्तन्मयः भवेत् ।

व्याख्या :– कारणे कारणशरीरभूतायामविशुद्धसत्त्वरूपायामविद्यायां यत्सत्त्वमविशुद्धत्त्वान्मलिन-मस्ति सत्त्वं तन्मोदादिवृत्तिभिः प्रियमोदप्रमोदाख्यैस्सहितमानन्दमयस्तन्नामकः कोशो भवेत् । इष्टवस्तुदर्शनजन्या प्रीतिः प्रियः । इष्टवस्तुलाभजन्यप्रीतिर्मोदः । इष्टवस्तुभोगजन्या प्रीतिः प्रमोदः इति तेषां भेदः । स्थूलशरीरादीनामन्नमयादिशब्दवाच्यत्त्वे " स वा एष पुरुषोऽन्नरसमय इत्यारभ्य आत्मा प्राणमय"स्तथा "अन्योन्तर आत्मा मनोमय" इत्यादिवाक्यानां सद्भावेनात्मनोऽन्नमयादि-पदवाच्यता कथमित्याशङ्क्याह-तत्तत्कोशैरन्नमयादिभिस्तादात्म्यात्तत्तत्कोशस्वरूपाभिमानादात्मा प्रत्यगात्मा तत्तन्मयस्तत्तत्कोशस्वरूप इव

कहते हैं । यही ज्ञानेन्द्रियाँ जब निश्चयात्मिका बुद्धि से संयुक्त हो जाती हैं तब ये विज्ञानमय कोश नाम से जानी जाती हैं । अर्थात् पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ और बुद्धि को विज्ञानमय कोश कहते हैं ।

अब आनन्दमय कोश का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – कारण शरीर में सत्त्वगुण मोद आदि वृत्तियों के साथ मिलकर आनन्दमय कोश कहलाता है । उन-उन कोशों से तादात्म्य करने के कारण आत्मा भी उन-उन कोशमय हो जाता है । ३६ ।

व्याख्या – सत्वगुण की शुद्धता होने से प्रकृति माया शब्दवाच्य होती है और सत्त्वगुण के मलिन होने पर अर्थात् उसमें रजोगुण और तमोगुण मिल जाने पर वही प्रकृति अविद्या कही जाती है । वही अविद्या कारण शरीर है । इसका वर्णन श्लोक १७ में कर चुके हैं । उसी कारण शरीर रूप अविद्या में जब सत्त्वगुण की वृद्धि होती है तब रज और तम की न्यूनता हो जाती है, उसके परिणाम स्वरूप मोद आदि वृत्तियाँ वृद्धि को प्राप्त होती हैं । इसी कारण शरीर में सत्त्वगुण के साथ जब मोद आदि वृत्तियाँ मिल जाती हैं तब इसे ही आनन्दमय कोश कहा जाता है । आदि शब्द से प्रिय और प्रमोद जानना चाहिये । इष्टवस्तु के दर्शन से उत्पन्न प्रीति को प्रिय कहते हैं । इष्टवस्तु की प्राप्ति होने पर जो हर्ष होता है, उसे मोद कहते हैं और इष्टपदार्थ के उपभोग से उत्पन्न विशेष हर्ष को प्रमोद कहते हैं । उक्त अन्नमय से लेकर आनन्दमय

भवेत् । तुशब्द आत्मनो वैलक्षण्यं कोशेभ्यो द्योतयति । व्यवहारकालेऽन्नमयादिकोशप्राधान्यात्ताच्छब्द्यमिति भावः । इष्टवस्तुदर्शनलाभसम्भोगजन्यप्रियमोदप्रमोदादिजाग्रदादिकालिकवृत्तिभिस्सह सत्त्वमपि सत्त्वगुणप्राधान्यमपि तथा कारणे सुषुप्तिकालिकं तमोगुणाकारपरिणतमूलाविद्यात्मकजाग्रदादि-कारणशरीरावच्छेदेनाज्ञातात्मसुखविषयकाविद्या-वृत्तिभिश्चानन्दमयोऽस्तीति योज्यम् ।।

पञ्चकोशविवेकेन स्वस्वरूपावाप्तिप्रदर्शनम् -

अन्वयव्यतिरेकाभ्यां पञ्चकोशविवेकतः ।
स्वात्मानं तत उद्धृत्य परं ब्रह्म प्रपद्यते ।। ३७ ।।

अन्वयः - अन्वयव्यतिरेकाभ्यां पञ्चकोशविवेकतः, ततः स्वात्मानम् उद्धृत्य परं ब्रह्म प्रपद्यते ।

व्याख्या :- वक्ष्यमाणाभ्यामन्वयव्यतिरेकाभ्याम् । प्रकरणेऽस्मिन्नन्वयव्यतिरेकशब्दाभ्या-मनुवृत्तिव्यावृत्ती उच्येते इति ज्ञेयम् । न तु यत्सत्त्वे यत्सत्त्वं, यदसत्त्वे यदसत्त्वमिति लक्षणलक्षिते। प्रतीतिरनुवृत्तिरप्रतीतिश्च व्यावृत्तिरिति ।

पञ्चकोशविवेकतः पञ्चानां कोशानामन्नमयादीनां विवेकतः पृथक्करणेन प्रत्यगात्मनो विवेचनेन। अथवाऽन्नमयादिभ्यः पञ्चकोशेभ्यः आत्मानं पृथक्कृत्त्वा । स्वात्मानं प्रत्यगात्मानं ततस्तेभ्यः कोशेभ्यः उद्धृत्य ज्ञानेन बुद्ध्या अध्यवस्य निष्कृष्य चिदानन्दस्वरूपं निश्चित्य परं ब्रह्म सत्यज्ञानानन्तानन्दादिलक्षणं प्रपद्यते स्वयं ब्रह्मैव भवति । सामन्तराजो निजमण्डलं प्रविष्टं सम्राजमनुसृत्य स्वमण्डलसीमान्तमनुवर्तते। तस्मिन्सम्राजि मण्डलान्तरं प्रविशति सति सामन्तराजः प्रतिनिवर्तते एव। तत्तत्सामन्तराजैरनुवृत्तस्सम्राट्

कोश पर्यन्त जो पाँच कोश हैं, उन कोशों के साथ तादात्म्य करने के कारण अर्थात् उन कोशों को अपना स्वरूप मानने के कारण प्रत्यगात्मा भी उन्हीं के रूप का हो जाता है । अर्थात् अपने वास्तविक स्वरूप को भूलकर अनात्म-कोशों में ही आत्माभिमानी हो जाता है । श्लोक में '**तु**' शब्द पाँचों कोशों से आत्मा की विलक्षणता का द्योतक है । आनन्दमय कोश की प्रतीति सुषुप्ति में अधिक होती है ।

आनन्दमयकोशस्य सुषुप्तौ स्फूर्तिरुत्कटा ।
स्वप्नजागरयोरीषदिष्टसंदर्शनादिना ।। (वि.चू. २१०)

अर्थात् - आनन्दमय कोश का अधिक स्फुरण सुषुप्ति में होता है, इष्ट वस्तु के दर्शनादि के द्वारा स्वप्न और जाग्रत् में स्वल्प होता है ।

पञ्चकोश के विवेक से ब्रह्मप्राप्ति होती है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - अन्वय और व्यतिरेक के द्वारा पञ्चकोशों का विवेक करके उन कोशों से आत्मा को निकाल लेने से परब्रह्म की प्राप्ति होती है । ३७ ।

व्याख्या - अन्वय और व्यतिरेक कई प्रकार के होते हैं । उनमें से एक है '***यत्सत्त्वे यत्सत्त्वम्***" (अन्वयः) और "***यदभावे यदभावः***" (व्यतिरेकः) जिसके रहने पर जिसकी सत्ता रहे उसे अन्वय और जिसके न रहने पर जिसका अभाव हो वह व्यतिरेक है किन्तु प्रकृत में अन्वय शब्द से अनुवृत्ति और व्यतिरेक शब्द से व्यावृत्ति जानना चाहिये । इसका वर्णन आगे करेंगे । इस अनुवृत्ति और व्यावृत्ति (अन्वय-व्यतिरेक) के द्वारा पञ्चकोशों का विवेक करके प्रत्यगात्मा को उनसे पृथक् करके अथवा पाँचों कोशों से आत्मा को निकाल लेने से अर्थात् बुद्धि द्वारा अपने आत्मा को उन पाँचों कोशों से निकाल कर (चिदानन्द

सर्वाणि मण्डलानि पर्यटति । सामन्तराजास्तु स्वस्वमण्डलसीमावधिसम्राजमनुवर्त्य ततो निवर्तन्ते । मण्डलान्तरे तु नानुवर्तन्ते । एवं च सम्राजो भिन्ना एव सामन्तराजाः । एवमेव पञ्चकोशविवेके-नान्नमयादिकोशेभ्यः प्रत्यगात्मनो विभजनेन सामन्तराजेभ्यस्सम्राजमिव स्वात्मानं बुद्ध्या विनिश्चित्य परब्रह्मभावं प्राप्नोतीति निखिलद्वैतध्वंसपूर्वकाद्वैतसच्चिदानन्दलक्षणब्रह्मात्मस्थितिरूपमुक्तिरेवात्रोक्तेति शम्।।

स्थूलदेहस्यात्मत्त्वनिराकरणम् –

अभाने स्थूलदेहस्य स्वप्ने यद्भानमात्मनः ।
सोऽन्वयो व्यतिरेकस्तद्भानेऽन्यानवभासनम् ।। ३८ ।।

अन्वयः – स्वप्ने स्थूलदेहस्य अभाने आत्मनः यत् भानं सः अन्वयः तद्भाने अन्वयानवभासनं व्यतिरेकः ।

व्याख्या :- स्फुटतरं परिदृश्यमानान्नमयस्थूलदेहात्मक एवायं पुरुषोऽन्नकार्यत्वादन्नेनैवोपचीय-मानत्त्वादन्ने एव विलीयमानत्त्वादित्यादिहेतुभिस्सिद्धमन्नमयस्य पुरुषत्त्वं व्यावर्त्य दर्शयति । अत्र श्रुति"रन्नाद्भूतानि जायन्ते । जातान्यन्नेन वर्धन्त" इत्यादि ।

स्थूलदेहस्यान्नमयकोशस्य स्वप्ने स्वप्नावस्थायामभानेऽप्रतीतौ सत्यामात्मनः प्रत्यगात्मनो यद्भानं तदवस्थासाक्षित्त्वेन यत्स्फुरणमस्ति सोऽयमात्मनोऽन्वयः । तद्भाने तस्यात्मनो भाने स्फुरणेऽपि तत्रैव स्वप्नावस्थायामन्यानवभासनमप्रतीतिर्हि व्यतिरेकः । अन्नमयकोशो नात्मा स्वप्नावस्थायामात्मनि भासमानेऽपि तदभानादित्यादिप्रयोगो ज्ञेयः । अत्र जीवकर्तृकान्वयादिप्रयोजकपञ्चकोशविवेककरणका-

---

रूप से निश्चय करके) विवेकी पुरुष परब्रह्म को प्राप्त कर लेता है भाव यह है कि जैसे सामन्त राजा अपने मण्डल (राज्य) में प्रविष्ट हुए सम्राट् (महाराज) का अनुसरण करके अपने राज्य की सीमा तक उसे छोड़ने के लिये उसके पीछे-पीछे जाता है । जब वह सम्राट् अन्य राज्य में प्रविष्ट होता है तब वह सामन्त राजा वहाँ से लौट आता है । और दूसरे मण्डल का राजा उस सम्राट् का अनुसरण करता है । इस तरह भिन्न-भिन्न सामन्त राजाओं के द्वारा अनुवृत्त सम्राट् सभी मण्डलों में भ्रमण करता है । जबकि सामन्त राजागण अपने-अपने राज्य की सीमा तक उन्हें विदा कर वहाँ से लौट आते हैं, अन्य के राज्य में सम्राट् का अनुवर्तन नहीं करते हैं । यहाँ पर जैसे सम्राट् से सामन्त राजागण भिन्न हैं ठीक उसी तरह से सामन्तराजा स्थानीय अन्नमय कोशादि से सम्राट् स्थानीय आत्मा को भिन्न ही मानना चाहिये । अर्थात् अन्नमयादि कोशों से अपने आत्मा को पृथक् करके उन कोशों से आत्मा को निश्चयात्मिका बुद्धि के द्वारा निकाल लेने से साधक को ब्रह्मभाव की प्राप्ति होती है । साधक को समस्त द्वैत रूपी वन का उच्छेद करने पर सच्चिदानन्द लक्षण वाली ब्रह्मात्मनासंस्थिति रूप मुक्ति की प्राप्ति होती है ।

अब स्थूलदेह के आत्मत्व का निराकरण करते हैं ।

अर्थ – स्वप्नावस्था में स्थूलदेह का अभाव होने पर भी आत्मा का जो भान होता है, वह अन्वय है और आत्मा का भान होते हुए भी स्वप्न में अन्य (स्थूलदेहादि) की जो अप्रतीति है, वह व्यतिरेक है । ३८।

व्याख्या – पूर्व कथित अन्वय-व्यतिरेक को यहाँ पर स्पष्ट कर रहे हैं । जब व्यक्ति स्वप्नावस्था में होता है तब उसको वर्तमान में स्थित स्थूलदेह की प्रतीति नहीं होती है अर्थात् अन्नमय कोश नामसे

नाद्यविद्यापादिततत्तादात्म्याध्यासापादानकस्वात्मपृथक्करणक्षणाव्यवहितोत्तरक्षणिकब्रह्मप्रापणस्य प्रतिपादितत्त्वात् ब्रह्मलक्षणान्यूनानतिरिक्तस्वरूपलक्षणकत्त्वमात्मनि सम्पन्नम् । एवं सति वार्तिकवचनं कथं सङ्गच्छत इति किञ्चिद्विचार्यते - "अव्यावृत्ताननुगतं वस्तु ब्रह्मेति भण्यते । ब्रह्मार्थो दुर्लभोऽत्र स्याद्वितीये सति वस्तुनि" इति व्यावृत्त्याद्यखिलधर्मविधुराद्वैतचिन्मात्रतयैव लक्षणमुक्तम् । तथा श्रुतिरपि "यथोदकं शुद्धे शुद्धमासिक्तं तादृगेव भवति । एवं मुनेर्विजानत आत्मा भवति गौतमे"ति। शोधितयोस्तत्त्वंपदलक्ष्यार्थभूतयोर्जीवब्रह्मार्थयोन्यूनानतिरिक्तस्वरूपत्त्व एवैक्यार्हत्त्वाच्च । नन्वेकसत्त्वेऽपि द्वयं नास्तीति न्यायेन "आहवनीये जुहोति" इत्यनारभ्याधीतवाक्यविहिताहवनीयाधिकरणकहोमस्य लौकिकाग्नावुद्दीप्ताग्नित्त्वसत्त्वेऽप्याहवनीयपदाभिहिताधानादिसंस्कारविशेषवत्त्वाभावेन व्युदासवदात्मन्य-नुवृत्तत्त्वसत्त्वेऽपि व्यावृत्तिविशिष्टानुवृत्यभावेन ब्रह्मभावनयोग्यतायास्समुचितत्त्वमेवेति चेन्न । पूर्वोक्ते वार्तिके व्यावृत्यनुवृत्त्युभयाभावसमुच्चयस्याविवक्षितत्त्वात् । यदि भवेद्विवक्षा तदा ह्यव्यावृत्तमिति पृथङ्न प्रयुज्य पुनरनुगतमिति द्वितीयं वारं नैव प्रयुज्यते नञ् । "व्यावृत्तं चानुगतं चैतयोस्समाहारो व्यावृत्तानुगतमिति समस्य तत एतादृशं यन्न भवतीत्यव्यावृत्तानुगतमिति द्विवारं यतो नञ्प्रयुक्तमत एव व्यावृत्तानुवृत्त्याद्यखिलधर्माभावोपलक्षितचिन्मात्राद्वैतवस्तुन एवोक्तत्त्वादस्माकमपि जाग्रदादि-समाध्यन्तनिखलावस्थानुवृत्त्युपलक्षितप्रत्यक्चिन्मात्र एवात्मशब्दार्थ इति न कोऽपि दोष इति वक्तुं युक्तम् । तथा सत्यभाने स्थूलदेहस्येत्यादिना स्वप्नाद्यवस्थात्रये स्थूलदेहादित्रयाभिमानलक्षणस्त-द्व्यतिरेकस्तथा तत्रात्मनः स्फुरणरूपोऽन्वयो देहत्रयात्मपञ्चकोशतादात्म्याध्यासबाधप्रयोजनः कुतो वा न कथ्यतेऽहं ब्राह्मणो जाग्रदादिमान्प्राणादिमानात्मास्मीत्येतावतैव ब्रह्मणत्त्वाद्यखिलधर्मोप-लक्षितचिन्मात्रप्रत्यगात्मवस्तुनस्सकलावस्थादिविलक्षणस्य सिद्धिसंभवात् । तस्मात्प्रकृतग्रन्थाभिप्रायः क इति चेदुच्यते "शब्दस्पर्शादयो वेद्या" इत्यादिना प्राग्यथा सर्वसाक्षित्त्वोपलक्षितचिन्मात्रस्य शोधितत्त्वंपदार्थेन सहैक्यकथनार्थमुपायः कुतस्सङ्क्षेपतस्तत्रैव च पुनर्व्यतिहारेणात्यन्तिकाद्वैतप्रत्यगात्म-प्रबोधदाढ्यार्थं शोधितत्त्वंपदार्थस्यैवानुवृत्त्या तदध्यस्ततादात्म्यापन्नदेहादेस्ततो व्यावृत्त्या च केवलं विवेचनमात्रोपायीभूततयानन्तानन्दसत्ताभिन्नप्रत्यक्चिन्मात्रवस्तुनस्तादृक्छोधिततत्पदार्थीभूतब्रह्मभावनार्थं कथ्यत इति सर्वमनवद्यमिति शम् ।।

प्रसिद्ध इस स्थूल शरीर में उसका अभिमान नहीं रहता है । अतः इस स्थूलदेह का स्वप्नकाल में अभाव माना गया है । इस देह की प्रतीति न होने पर भी जो आत्मा की प्रतीति होती है, उसे आत्मा का अन्वय कहा जाता है और आत्मा का भान होते हुए भी स्वप्न में अन्य स्थूलदेहादि की अप्रतीति को व्यतिरेक कहते हैं अर्थात् स्वप्न में आत्मा का भान होने पर भी इस स्थूलदेह की प्रतीति नहीं होती है, यही व्यतिरेक है । तात्पर्य यह है कि अन्नमय कोश आत्मा नहीं है क्योंकि स्वप्नावस्था में आत्मा का भान होने पर भी इसकी प्रतीति नहीं होती हैं ।

लिङ्गदेहस्यात्मत्त्वनिराकरणम् –

लिङ्गाभाने सुषुप्तौ स्यादात्मनो भानमन्वयः ।
व्यतिरेकस्तु तद्भाने लिङ्गस्याभानमुच्यते ॥ ३९ ॥

अन्वयः – सुषुप्तौ लिङ्गाभाने आत्मनः भानम् अन्वयः स्यात् । तद्भाने लिङ्गस्य अभानं तु व्यतिरेकः उच्यते ।।

व्याख्या :– मास्तु स्थूलशरीरस्यात्मता, सूक्ष्मशरीरस्य कुत आत्मता न स्यात् । सूक्ष्म एव शरीरे प्राणादिक्रियाशक्तेस्सङ्कल्पविकल्पनिश्चयात्मकसर्वव्यवहारस्य दृश्यमानत्त्वादिति शङ्कायां स्वप्नस्य सुषुप्तावननुवृत्तत्त्वेन व्यावृतिं तथात्मनोऽनुवृतिं च कथयति – सुषुप्तौ लिङ्गाभाने लिङ्गस्य सूक्ष्मशरीरस्याभाने सर्वेन्द्रियाणां सुषुप्त्यवस्थायां विलीनत्त्वादात्मनो भानं तदवस्थासाक्षितया प्रतीतिरात्मनोऽन्वयः । सुषुप्तौ तद्भाने आत्मनो भाने लिङ्गस्य लिङ्गशरीरस्याभानमप्रतीतिर्व्यतिरेकः। लिङ्गशरीरस्योपरमेऽप्यात्मनस्साक्षिरूपेण भासमानत्त्वात् । अत्रैवं प्रयोगः – नात्मा सूक्ष्मशरीरं सुषुप्तावत्मनि भासमानेऽपि स्वप्नाभानात् ।।

प्राणमनोविज्ञानमयकोशानां लिङ्गदेहतानिरूपणम् –

तद्विवेकाद्विविक्ताः स्युः कोशाः प्राणमनोधियः ।
ते हि तत्र गुणावस्थाभेदमात्रात्पृथक्कृताः ॥ ४० ॥

अब सूक्ष्मदेह के आत्मत्व का निराकरण करते हैं ।

अर्थ – सुषुप्ति अवस्था में सूक्ष्मदेह की अप्रतीति होने पर भी आत्मा की जो प्रतीति होती है, वह (आत्मा का) अन्वय है और आत्मा का भान होने पर भी सूक्ष्म शरीर का भान न होना (सूक्ष्मशरीर का) व्यतिरेक कहा जाता है । ३९ ।

व्याख्या – पूर्व श्लोक में आपने जो कहा कि स्थूदेह आत्मा नहीं है, तो भले ही न हो किन्तु सूक्ष्मशरीर को आत्मा मानने में क्या अड़चन है ? क्योंकि प्राणादि क्रियाशक्ति और संकल्प-विकल्पादि तथा निश्चयादि सभी व्यवहार सूक्ष्मशरीर में ही देखे जाते हैं । इस शंका की निवृत्ति के लिये अनुवृत्ति और व्यावृत्तिपूर्वक सूक्ष्मदेह का अनात्मत्व कहते हैं । सुषुप्ति अवस्था में सूक्ष्मदेह की प्रतीति नहीं होती है । व्यक्ति जब गाढ़ निद्रा में होता है तब उसका मन पुरीतत् नामक नाड़ी में सो जाता है अतः मनोराज्य युक्त स्वप्नावस्था का उस समय भान नहीं होता है । किन्तु सुषुप्ति में भी आत्मा की प्रतीति होती है, यही आत्मा का अन्वय है अर्थात् आत्मा स्वप्न और सुषुप्ति दोनों अवस्थाओं में विद्यमान रहता है अतः आत्मा का अन्वय है और सुषुप्ति में आत्मा का तो भान होता है किन्तु सूक्ष्मशरीर का भान नहीं होता है, यही सूक्ष्मशरीर का व्यतिरेक है । सूक्ष्मशरीर के लीन हो जाने पर भी आत्मा साक्षी रूप से भासित होता रहता है अतः सूक्ष्मशरीर का व्यतिरेक कहा गया है । तात्पर्य यह है कि सूक्ष्मशरीर भी आत्मा नहीं है, क्योंकि सुषुप्ति में आत्मा की प्रतीति होने पर भी स्वप्न की प्रतीति नहीं होती है ।

पञ्चकोशों का उपक्रम करके लिंग देह का विवेचन असंगत है क्योंकि उनका कोश रूप से वर्णन नहीं किया गया है । ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये क्योंकि प्राणमय, मनोमय

अन्वयः - तद्विवेकात् प्राणमनोधियः कोशाः विभक्ताः स्युः । हि ते तत्र गुणावस्थाभेदमात्रात् पृथक् कृताः ।।

व्याख्या :- प्रकृते ग्रन्थे "पञ्चकोशविवेकेन" इति समारब्धः पञ्चकोशविवेकः । तत्र लिङ्गदेहवर्णनं कथं सङ्गच्छते । न हि कोशशब्दवाच्यत्त्वं लिङ्गशरीरस्यास्ति? इति प्रश्ने जाते इदमुच्यते - प्राणादीनां त्रयाणां कोशानामुपवर्णनं लिङ्गशरीरनिरूपणेन कृतं भवति । कोशत्रयरूपत्त्वाल्लिङ्गदेहस्य। तद्विवेकात्तस्य लिङ्गशरीरस्य विवेकाद्विवेचनात्प्राणमनोधियस्तन्नामकाः कोशाविविक्ता आत्मनस्स्वरूपा-द्विवेचितास्स्युः । अत्र कारणमाह - हि यस्मात्कारणात्ते प्राणमनोधियस्तत्र तस्मिन्सूक्ष्मशरीरे गुणावस्थाभेदमात्राद्गुणौ च तदवस्थे च गुणावस्थास्तेषां भेदो "द्वन्द्वान्ते श्रूयमाणं पदं प्रत्येकमभिसम्बध्यते" इति न्यायाद्गुणभेदमात्रात्तदवस्थाभेदमात्राद्गुणप्रधानभावेनावस्थाविशेषादेव पृथक्कृता भेदेन निर्दिष्टा भवन्तीत्यर्थः । गुणावस्थाभेदमात्रादित्यनेन गुणयोः रजस्सत्त्वगुणयोर्योऽवस्थाभेदोऽधस्तादुपपादित आकाशादिसूक्ष्मपञ्चमहाभूतसमस्तरजोंशैः प्राणस्तैर्व्यस्तैः कर्मेन्द्रियाणि चेति प्राणमयकोशः । एवं तेषां समस्तैस्सात्त्विकैरंशैस्संशयात्मकैर्मनस्तादृशैर्व्यस्तैस्तैः पञ्चज्ञानेन्द्रियाणि चेति मनोमयकोशः । एवं निश्चयात्मकैस्समस्तैस्तैर्बुद्धिर्व्यस्तैश्च तैस्तादृशान्येव ज्ञानेन्द्रियाणि चेति विज्ञानमय इत्येवं पृथग्भाव इति दिक् ।।

और विज्ञानमय इन तीनों कोशों का लिंग शरीर में अन्तर्भाव है । अतः प्रकृत में लिंगशरीर का प्रतिपादन असंगत नहीं है, इसका प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ - उस (लिंगदेह) के विवेक से प्राणमय, मनोमय और विज्ञानमय कोश विवेचित हो जाते हैं क्योंकि उसमें वे (तीनों कोश) गुण की अवस्था के भेद मात्र से भिन्न-भिन्न कहे गये हैं । ४० ।

व्याख्या - "***पञ्चकोशविवेकतः***" (पं.द. ३७) इस श्लोक से आरम्भ किये गये पाँच कोशों के विवेक के प्रसंग में लिंग देह के वर्णन का क्या औचित्य है ? इसके उत्तर में कहते हैं कि प्राणमयादि तीनों कोशों का वर्णन लिंगशरीर के निरूपण से स्वतः ही हो जाता है । क्योंकि ये तीनों कोश लिंगशरीर के स्वरूपभूत हैं । उस लिंगदेह के विवेक से अर्थात् उसका विवेचन करने से प्राणमयादि तीनों कोश भी विवेचित हो जाते हैं । इसका कारण यह है कि उस सूक्ष्मशरीर (लिंगशरीर) में वे तीनों (प्राणमय, मनोमय और विज्ञानमय) कोश गुण की अवस्था के भेदमात्र से ही भिन्न-भिन्न कहे गये हैं । अर्थात् अपञ्चीकृत पञ्चमहाभूतों के सत्त्व और रजोगुण की अवस्था के भेद से ही प्राणमयादि कोशों का भी भेद कहा गया है । सूक्ष्म पञ्चमहाभूतों के सत्त्वांश से पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ और अन्तःकरण की उत्पति हुई है तथा उनके रजोगुण के अंश से पाँच प्राणों की उत्पत्ति हुई है, इत्यादि का वर्णन ग्रन्थ में पहले कर चुके हैं । पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ और बुद्धि को विज्ञानमय कोश कहते हैं । पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ और मन को मनोमय कोश कहते हैं । पाँच कर्मेन्द्रियाँ और पाँच प्राण को प्राणमय कोश कहते हैं । अतः सत्त्व और रज नामक गुण की अवस्था के भेद से ही वे तीनों कोश पृथक्-पृथक् कहे जाते हैं ।

कारणशरीरस्यानात्मत्त्वनिरूपणम् –

सुषुप्त्यभाने भानन्तु समाधावात्मनोऽन्वयः ।
व्यतिरेकस्त्वात्मभाने सुषुप्त्यनवभासनम् ॥ ४१ ॥

अन्वयः – समाधौ सुषुप्त्यभाने आत्मनः तु भानम् अन्वयः । आत्मभाने सुषुप्त्यनवभासनं तु व्यतिरेकः ॥

व्याख्या :– समाधौ "लीने पूर्वविकल्पे तु यावदन्यस्य नोदयः । निर्विकल्पचैतन्यं स्पष्टं तावद्विभासत" इत्यादिबहुविधशास्त्रप्रमितायां समाध्यवस्थायां सुषुप्त्यभानेऽप्रतीतावात्मनस्तु तुरवधारणे "तु स्याद्भेदेऽवधारण" इति काशोदात्मन एव भानमशेषावरणोच्छेदानन्तरं स्वस्वरूपात्मज्योतिः प्रकाशनं तिरस्करण्यपनयनोत्तरं दीपप्रकाशस्येवात एव भामत्यामपि "प्रतिसीरापनयनमत्रमेवापेत" इत्यादिना प्रत्यपादि । तादृशस्फुरणं यदस्ति सोऽन्वयः । आत्मभाने प्रत्यगात्मस्फुरणे सति सुषुप्त्यनवभानं सुषुप्तिशब्दोपलक्षिताज्ञानानवभासनमेव तत्र व्यतिरेकः । अत्रैते प्रयोगाः – अन्नमयादिपञ्चकोशाः परस्परं व्यावर्त्यन्ते । एकत्र एकतरस्य भानेऽप्यन्यस्याभानात् । एवमन्नमयादिभ्यः प्रत्यगात्मा भिद्यते। तेषामभानेऽपि तद्भानात्तथा तेषु परस्परं व्यावर्त्यमानेष्वपि स्वयमव्यावृतत्त्वाद्यदितरेषामभानेऽपि स्वयं भासते तदितरेभ्यो भिद्यते यथा कुसुमेभ्यस्सूत्रं व्यक्तिभ्यो वा जातिरेवं पञ्चकोशेभ्यः प्रत्यगात्मा विवेचनीय इति भावः ॥

अब कारण शरीर के अनात्मत्व का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – समाधि में सुषुप्ति की प्रतीति न होने पर भी आत्मा की जो प्रतीति (स्फुरण) है, वह अन्वय है और आत्मा की प्रतीति होने पर भी सुषुप्ति (अज्ञान) की अप्रतीति ही व्यतिरेक है । ४१ ।

व्याख्या – ***लीने पूर्वविकल्पे तु यावदन्यस्य नोदयः ।***
निर्विकल्पकचैतन्यं स्पष्टं तावद्विभासते ॥

अर्थात् – पूर्व विकल्प के लीन होने पर जब तक अन्य विकल्प का उदय नहीं होता उस बीच की (विकल्परहित) अवस्था में निर्विकल्प चैतन्य (ब्रह्म) स्पष्ट रूप से भासित होता है ।

इत्यादि शास्त्र प्रमाणों से यह ज्ञात होता है कि समाधि काल में सुषुप्ति का भान नहीं होता है । उस समय केवल निर्विकार आत्मा ही अवशिष्ट रहता है । अर्थात् अज्ञान रूपी सुषुप्ति के अभाव में भी आत्मा की प्रतीति होती है, यही आत्मा का अन्वय है । "***तु स्याद् भेदेऽवधारणे***" इस कोश वचनानुसार श्लोक में '**तु**' शब्द अवधारणार्थ है । समाधि में स्वयंप्रकाश आत्मा की ही प्रतीति होती है और आत्मा की प्रतीति (स्फुरण) होने पर भी सुषुप्ति (तदुपलक्षित अज्ञान) की जो अप्रतीति है, वह व्यतिरेक है । यहाँ अनुमान प्रयोग इस प्रकार है – अन्नमयादि पाँचों कोश एक दूसरे से भिन्न हैं क्योंकि एक की प्रतीति होने पर अन्य की प्रतीति नहीं होती है । उसी प्रकार अन्नमयादि कोशों से प्रत्यगात्मा भिन्न है क्योंकि उन कोशों की प्रतीति न होने पर भी आत्मा स्वयं अव्यावृत रहता है । जो पदार्थ अन्य के भासित न होने पर भी स्वयं भासित होता है, वह उनसे भिन्न होता है, जैसे पुष्पों से सूत्र और व्यक्ति से जाति । इसी प्रकार पाँच कोशों से प्रत्यगात्मा का विवेचन करना चाहिये ।

पञ्चकोशेभ्य आत्मविवेचने श्रुतिप्रमाणप्रदर्शनम् -

यथा मुञ्जादिषीकैवमात्मा युक्त्या समुद्धृतः ।
शरीरत्रितयाद्धीरैः परं ब्रह्मैव जायते ॥ ४२ ॥

अन्वयः - यथा मुञ्जात् इषीका, एवम् आत्मा युक्त्या शरीरत्रितयात् धीरैः समुद्धृतः परं ब्रह्म एव जायते ।।

व्याख्या :- एतावता ग्रन्थेनान्वयव्यतिरेकाभ्यामात्मनि पञ्चकोशेभ्यो विवेचिते ब्रह्मसाक्षात्कारो भवतीति विवेचितम् । एतदर्थप्रतिपादिकां काठकीं श्रुतिमुपन्यसति - "अङ्गुष्ठमात्रः पुरुषो मध्य आत्मनि तिष्ठति । ईशानो भूतभव्यस्य न ततो विजुगुप्सते । एतद्वै तत् ।।" इत्यारभ्य "अङ्गुष्ठमात्रः पुरुषोन्तरात्मा सदा जनानां हृदये सन्निविष्टः । तं स्वाच्छरीरात्प्रवृहेन्मुञ्जादिवेषिकां धैर्येण । तं विद्याच्छुक्रममृतं तं विद्याच्छुक्रममृतमिति" । यथा येन प्रकारेण मुञ्जादेतन्नाम्ना प्रसिद्धात्तृणविशेषादिषी-कान्तर्गर्भस्थः कोमलतृणविशेषो युक्त्या सावधानं बहिरावरणरूपेण स्थितानां स्थूलतृणानां विभजनाद्युपायेन समुद्धियते एवमात्मापि युक्त्या प्रतीत्यप्रतीतिरूपान्वयव्यतिरेकाद्युपायेन धीरैः धियं रान्ति धियमीरयन्तीति धीरास्तैः "विकारहेतौ सति विक्रियन्ते येषां न चेतांसि त एव धीराः" इत्याद्युक्तलक्षणैर्महापुरुषैश्शरीर-त्रितयादधस्तादुपपादिदिशा स्थूलसूक्ष्मकारणरूपात्सम्यक्पृथक्कृतो ब्रह्मचर्यादिसाधनसम्पन्नैर्यमनियम-

---

अब **पञ्चकोश विवेक का फल बोधित कराने वाली श्रुति का अर्थतः प्रतिपादन करते हैं ।**

अर्थ - जिस प्रकार मूँज नामक तृण से इषीका (सींक) युक्तिपूर्वक निकाल ली जाती है, उसी प्रकार धीर पुरुषों के द्वारा तीनों शरीरों से पृथक् कर लेने पर आत्मा ब्रह्म ही हो जाता है । ४२ ।

व्याख्या - अन्वय और व्यतिरेक के द्वारा आत्मा का पाँचों कोशों से विवेचन करने पर आत्मसाक्षात्कार होता है, ऐसा प्रतिपादन पूर्व ग्रन्थ में कर चुके हैं । उसी अर्थ का प्रतिपादन करने वाली काठक श्रुति का उपन्यास करते हैं । "***अङ्गुष्ठमात्रः पुरुषोऽन्तरात्मा सदा जनानां हृदये सन्निविष्टः। तं स्वाच्छरीरात् प्रवृहेन्मुञ्जादिवेषीकां धैर्येण तं विद्याच्छुक्रममृतं तं विद्याच्छुक्रममृतमिति*** " (कठो. २/३/१७) अर्थात् - अंगुष्ठमात्र अन्तरात्मा पुरुष सदा जीवों के हृदय में संनिविष्ट है, उसे धैर्य पूर्वक मूँज से सींक की भाँति अपने शरीर से पृथक् करें । शरीर से पृथक् किये हुए उस आत्मा को विशुद्ध और अमृतमय समझें ।

मूँज नामक प्रसिद्ध तृणमें जो इषीका (सींक) अर्थात् उसके अन्तवर्ती विशेष प्रकार की कोमल तृण है, उसको युक्तिपूर्वक निकाला जाता है अर्थात् सावधान होकर ही उसे निकाला जाता है अन्यथा हाथों में क्षति होने का भय रहता है । अतः जानकार व्यक्ति जैसे मूँज से सींक को निकालता है, ठीक उसी प्रकार आत्मा भी प्रतीति और अप्रतीति रूप अन्यव-व्यतिरेकादि उपाय से धीर पुरुषों के द्वारा ("***विषयेभ्यो धियं रातिं निगृह्णातीति धीरः***" विषयों से बुद्धि का निग्रहण करने वाला धीर कहा जाता है । ऐसे धैर्यवान पुरुषों के द्वारा) स्थूल, सूक्ष्म और कारण नामक तीनों शरीरों से पृथक् कर लेने पर ब्रह्म रूप ही हो जाता है । "***धियमीरयन्तीति धीराः***" "***विकारहेतौ सति विक्रियन्ते येषां न चेतांसि त एव धीराः***" अर्थात् - विकार का हेतु प्राप्त होने पर भी जिनके चित्त विकार को प्राप्त

वद्भिर्विवेकवैराग्यसम्पन्नैरधिकारिभिस्तथाभूत आत्मा परं ब्रह्मैव चित्सदानन्दात्मकमेव जायते । सच्चिदानन्दरूपत्त्वस्य लक्षणस्योभयोरविशिष्टत्त्वादिति दिक् ।।

तत्त्वमसीतिमहावाक्यार्थनिर्णयः –

परापरात्मनोरेवं युक्त्या सम्भावितैकता ।
तत्त्वमस्यादिवाक्यैस्सा भागत्यागेन लक्ष्यते ।। ४३ ।।

अन्वयः – एवं परापरात्मनोः एकता युक्त्या सम्भाविता, सा तत्त्वमस्यादिवाक्यैः भागत्यागेन लक्ष्यते ।।

व्याख्या :– एव"मन्नं प्राणो मन" इत्यादिदशश्लोक्या पूर्वोक्तयुक्त्या परापरात्मनोस्तत्त्वंपद-लक्ष्यत्त्वोपलक्षितचिन्मात्रयोः परमात्मजीवात्मनोरेकता भिन्नता युक्त्या अनुवृत्तव्यावृत्ताख्य-पञ्चमान्वयव्यतिरेकलक्षणतर्कविशेषरूपया लक्षणसाम्याद्युपायप्रदर्शनादिना । दशश्लोक्यां श्रीमधुसूदनश्रीचरणैरुक्तमत्रानुसन्धेयम् "दृग्दृश्यान्वव्यतिरेकस्साक्षिसाक्ष्यान्वयव्यतिरेक आगमापायितदवध्यन्वयव्यतिरेको दुःखिपरप्रेमास्पदान्वयव्यतिरेकोऽनुवृत्तान्वयव्यतिरेकोऽपि पञ्चम" इत्यादि । ईदृग्विधा सम्भाविता निरस्ता सम्भावनीकृताथवा ज्ञापिताङ्गीकारिता सैकता तत्त्वमस्यादिमहावाक्यैर्भागत्यागेन परस्परविरुद्धतया प्रतीयमानानां भागानां सन्त्यागेन वक्ष्यमाणरीत्या विरुद्धांशपरित्यागेन लक्ष्यते लक्षणया वृत्त्या बोध्यते इति शम् ।।

नहीं होते हैं, वे ही धीर कहे जाते हैं । इत्यादि लक्षणयुक्त जो महापुरूष हैं, उनके द्वारा जब स्थूल, सूक्ष्म और कारण रूप तीनों शरीरों (जिसका वर्णन पूर्व में कर चुके हैं) को आत्मा से पृथक् (विवेचित) कर लेने पर आत्मा ब्रह्म ही हो जाता है । अर्थात् साधनचतुष्टय सम्पन्न अधिकारी के द्वारा जब पाँचों कोशों से आत्मा का विवेचन कर लिया जाता है तब उन कोशों से विभक्त हुआ आत्मा सच्चिदानन्द स्वरूप ही हो जाता है ।

अब 'तत्त्वमसि' इस महावाक्यार्थ का निर्णय कहते हैं ।

अर्थ – उक्त प्रकार से परमात्मा और जीवात्मा दोनों की एकता युक्तिपूर्वक बतायी गयी । वही एकता तत्त्वमसि आदि महावाक्यों के द्वारा भागत्याग लक्षणा से लक्षित होती है । ४३ ।

व्याख्या – पूर्वोक्त प्रकार से अन्वय और व्यतिरेक युक्ति से जीव और ब्रह्म की एकता (अभिन्नता) बतायी गयी (ज्ञापित की गयी) । श्रीमधूसूदन सरस्वती जी ने सिद्धान्तबिन्दु नामके ग्रन्थ में पाँच प्रकार के अन्वय और व्यतिरेक का वर्णन किया है ।

(१) दृग्दृश्यान्वयव्यतिरेकः (२) साक्षिसाक्ष्यान्वयव्यतिरेकः (३) आगमापायितदवध्यन्वय-व्यतिरेकः (४) दुःखिपरप्रेमास्पदान्वयव्यतिरेकः (५) अनुवृत्तव्यावृत्तान्वयव्यतिरेकः ।

इन पाँच में से अन्तिम अनृवृत्ति और व्यावृत्ति नामक अन्वय-व्यतिरेक रूपी युक्ति से पूर्व में जीवब्रह्मैक्य का प्रतिपादन किया गया । वह एकता तत्त्वमसि आदि महावाक्यों के द्वारा भागत्याग लक्षणा से अर्थात् परस्पर विरुद्ध प्रतीत होने वाले भागों का त्याग करने पर जो लक्षणा होती है, उस आगे कही जाने वाली लक्षणा वृत्ति से लक्षित होती है ।

तत्त्वमसीतिमहावाक्यगततच्छब्दवाच्यार्थनिरूपणम् -

जगतो यदुपादानं मायामादाय तामसीम् ।
निमित्तं शुद्धसत्त्वां तामुच्यते ब्रह्म तद्गिरा ॥ ४४ ॥

अन्वयः-यत् तामसीं मायाम् आदाय जगतः उपादानं, शुद्धसत्वां तां निमित्तं ब्रह्म 'तत्' गिरा उच्यते।।

व्याख्या :- तामसीं "तमःप्रधानप्रकृते"रित्यादिनोक्तां तमोगुणप्रधानां मायामादायोपाधित्त्वेन स्वीकृत्य जगतश्चराचरात्मकस्य कार्यवर्गस्योपादानमुपदानकारणमध्यासाधिष्ठानं शुद्धसत्त्वां विशुद्धसत्त्वगुणप्रधानां तां मायाप्रकृतिमादायोपाधितयाङ्गीकृत्य निमित्तं निमित्तकारणमुपादानाद्यभिन्नं कर्तृ यत्सच्चिदानन्दलक्षणं स्वस्वरूपमपरित्यज्यैवाभिन्ननिमित्तोपादानं कारणं ब्रह्म भवति तद्ब्रह्म तद्गिरा तत्त्वमसीतिमहावाक्यगतेन तच्छब्देनोच्यते बोध्यते । तमोगुणप्रधानीभूतां मायामुपादाय ब्रह्म जगत्सृष्टेरुपादानकारणं, शुद्धसत्त्वप्रधानीभूतां मायामुपादाय निमित्तकारणं च ब्रह्मेति प्रक्रिया । एवं च सत्त्वतमःप्रधानमायाशक्त्युपहितमद्वैतसच्चिदानन्दं यद्ब्रह्म जगदभिन्ननिमित्तोपादानं तदेव तत्पदवाच्यमिति भावः ।।

तत्त्वमसीतिमहावाक्यगतत्त्वंपदवाच्यार्थनिरूपणम् -

यदा मलिनसत्त्वां तां कामकर्मादिदूषिताम् ।
आदत्ते तत्परं ब्रह्म त्वम्पदेन तदोच्यते ॥ ४५ ॥

अन्वयः - तत् परं ब्रह्म यदा मलिनसत्त्वां कामकर्मादिदूषितां ताम् आदत्ते तदा 'त्त्वं' पदेन उच्यते।

व्याख्या :- तत्परं ब्रह्म तदेव परं ब्रह्म यदा यस्यामवस्थायां मलिनसत्त्वामविशुद्धामीषद्रजोस्तमो-मिश्रणेन मलिनसत्त्वप्रधानामत एव कामकर्मादिदूषितां यत्र "कुर्वते कर्म भोगाय कर्म कर्तुं च भुञ्जते" इति लक्षितामविद्यास्वरूपां तामविद्याशब्दवाच्यां प्रकृत्यपराभिधां मायामादत्ते समधितिष्ठति तामुपाधित्त्वेन

अब तत्त्वमसि इस महावाक्यान्तर्गत तत् शब्द के वाच्यार्थ का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - जो तमोगुणप्रधाना माया को स्वीकार करके जगत् का उपादान कारण और शुद्धसत्त्वप्रधाना माया को स्वीकार करके जगत् का निमित्त कारण होता है, वह ब्रह्म तत्त्वमसि इस महावाक्यान्तर्गत तत् पद से कहा जाता है । ४४ ।

व्याख्या - तामसी अर्थात् तमोगुणप्रधाना माया को उपाधि रूप से स्वीकार करके जो संपूर्ण चराचर जगत् का उपादान कारण अर्थात् भ्रम रूप इस जगत् का अधिष्ठान होता है । और शुद्धसत्त्वप्रधाना माया (प्रकृति) को उपाधि रूप से ग्रहण करके जो इस जगत् का निमित्त कारण (कर्त्ता) होता है, वह जगत् का अभिन्ननिमित्तोपादान कारण ब्रह्म 'तत्त्वमसि' इस छान्दोग्य श्रुति के महावाक्य के 'तत्' पद से कहा जाता है।

अब त्वं पदार्थ का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - वही परब्रह्म जब मलिनसत्त्वप्रधाना काम-कर्मादि से दूषित उस माया को स्वीकार करता है तब त्वं पद से कहा जाता है । ४५ ।

व्याख्या - पूर्वोक्त परब्रह्म जब स्वल्प रज और तमोगुण मिश्रित मलिनसत्त्वप्रधाना माया को ग्रहण करता है तब वह त्वं पद से कहा जाता है । वह मलिनसत्त्वप्रधाना माया काम, कर्म आदि से दूषित है ।

स्वीकरोति तदा त्त्वं पदेनोच्यते । परं ब्रह्माविद्यामास्थाय जीवस्वरूपेण यदा भोगायतनपरम्परामभिमन्यते तदा त्त्वं पदवाच्यं भवतीति भावः । कामकर्मादिशब्देन संस्काराः गृह्यन्ते । भगवत्पूज्यपादैर्भाष्यकारै "रेवमयमनादिरनन्तो नैसर्गिकोऽध्यास" इत्युक्तेर्मलिनसत्त्वप्रधानप्रकृतिभागविशेषलक्षणाविद्यासत्त्वे कामकर्म-संस्कारादिदोषसत्त्वं तत्सत्त्वे च तत्सत्त्वमित्यन्योऽन्याश्रयो निराकर्तव्यः । दृश्यपञ्चकाख्यजीवादिवद्बीजात्म-नाध्यस्ताखिलप्रपञ्चस्याप्यनादित्त्वादिति भावः । तथानन्त्यमपि ब्रह्मज्ञानेतरानिरस्यत्त्वरूपमेवेति दिक् ।।

तत्त्वमसीतिमहावाक्यार्थनिरूपणम् -

त्रितयीमपि तां मुत्त्वा परस्परविरोधिनीम् ।
अखण्डं सच्चिदानन्दं महावाक्येन लक्ष्यते ।। ४६ ।।

अन्वयः - त्रितयीम् अपि परस्परविरोधिनीं तां मुत्त्वा अखण्डं सच्चिदानन्दं महावाक्येन लक्ष्यते।।

व्याख्या :- परस्परविरोधिनीं शुद्धसत्त्वप्रधाना मलिनसत्त्वप्रधाना तमोगुणप्रधानेति विभिन्नतयात एव परस्परविरुद्धतया भासमानां तां त्रितयीमपि प्रकारत्रयविशिष्टां प्रकृतिरित्यपरनाम्नीं मायां मुत्त्वा सम्परित्यज्य महावाक्येन तत्वमस्यादिजीवब्रह्मैक्यबोधकेनाखण्डं स्वसजातीयविजातीयस्वगतभेदत्रयरहितं सच्चिदानन्दं शुद्धबुद्धमुक्तस्वभावं ब्रह्म लक्ष्यते बोध्यते । अधिष्ठानपरित्यागे तत्कृतभेदनाशस्तन्नाशेऽधिष्ठातु रैक्यमेव शिष्यत इति दिक् ।।

जहदजहल्लक्षणाविषये दृष्टान्तोपन्यासः -

सोऽयमित्यादिवाक्येषु विरोधात्तदिदन्तयोः ।
त्यागेन भागयोरेक आश्रयो लक्ष्यते यथा ।। ४७ ।।

"***कुर्वते कर्म भोगाय कर्म कर्तुञ्च भुञ्जते***"(पं.द.१/३०) इस पूर्वोक्त लक्षित अविद्यास्वरूपा अर्थात् अविद्याशब्दवाच्या उस प्रकृति (माया) को उपाधि रूप से जब ब्रह्म स्वीकार करता है तब वही तत् पदवाच्य ब्रह्म त्वं पद से कहा जाता है । काम-कर्मादि में आदि शब्द से संस्कार का ग्रहण करना चाहिये।

अब तत्त्वमसि इस महावाक्यार्थ का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - उस तीन प्रकार की परस्पर विरोधिनी माया का त्याग करके महावाक्य द्वारा अखण्ड सच्चिदानन्द ब्रह्म लक्षित होता है । ४६ ।

व्याख्या - शुद्धसत्त्वप्रधाना, मलिनसत्त्वप्रधाना और तमःप्रधाना इस प्रकार भिन्न रूप से भासित होने वाली (इसीलिये परस्पर विरोधिनी) तीन प्रकार की उस माया (प्रकृति) का त्याग करके 'तत्त्वमसि' इस महावाक्य के द्वारा सजातीय, विजातीय और स्वगत भेद शून्य अखण्ड सच्चिदानन्द नित्य-शुद्ध-बुद्ध-मुक्तस्वभाव ब्रह्म लक्षित होता है अर्थात् लक्षणा द्वारा वाक्य का लक्ष्य होता है । भाव यह है कि अधिष्ठान का परित्याग करने पर तत्कृत भेद का भी नाश हो जाता है और भेद के नष्ट होने पर अधिष्ठाता की एकता ही अवशिष्ट रहती है । अर्थात् अधिष्ठान रूप माया का त्याग करने पर तत्कृत जीव और ईश्वर रूपी भेद नष्ट हो जाता है और भेद के अभाव में दोनों की एकता ही अवशिष्ट रहती है ।

अब भागत्याग लक्षणा (जहदजहल्लक्षणा) के द्वारा प्रकृत प्रसंग को दृष्टान्त पूर्वक समझाते हैं ।

अन्वयः - सः अयम् इत्यादिवाक्येषु तदिदंतयोः विरोधात् भागयोः त्यागेन एकः आश्रयः यथा लक्ष्यते ।।

व्याख्या :- यथा सोऽयमित्यादिवाक्येषु सोऽयं देवदत्त इत्यादिषु स देवदत्तो ह्ययमेवेत्यन्वये कर्तव्ये तच्छब्देन यः पूर्वस्मिन्काले कस्मिंश्चिद्देशविशेषे कश्चिद्वयोविशेषविशिष्टः देवदत्ताख्यः परोक्षः पुरुष उच्यते । एवं विभिन्नार्थबोधकपदसामाकरण्यस्थलेष्वेवमादिवाक्येषु तदिदन्तयोस्तत्पदार्थे विशेषणतया भासमानस्य तद्देशतत्कालवृत्तित्त्वादेरिदं पदार्थविशेषणतया भासमानस्यैतद्देशैतत्काल-वृत्तित्त्वादेश्च विरोधात्परस्पराभेदबोधकासिपदबोधितमैक्यमनुपपन्नमित्यनुपपत्तिमूलकलक्षणामहिम्ना भागयोर्विरुद्धार्थसमर्पकविशेषणांशयोस्त्यागेनैक एवाश्रयतत्तेदन्तालम्बनीभूतश्चेतनो देवदत्तादिरूपेकावशिष्टा। विरुद्धा व्यक्तिर्यथा लक्ष्यते जहदजहल्लक्षणया तद्वदत्रापि वाक्ये बोधो भवतीत्यवगन्तव्यम् ।।

दृष्टान्तेन सिद्धार्थस्य दार्ष्टान्तिके सङ्क्रमनम् -

मायाविद्ये विहायैवमुपाधी परजीवयोः ।
अखण्डं सच्चिदानन्दं परं ब्रह्मैव लक्ष्यते ।। ४८ ।।

अन्वयः - एवं परजीवयोः उपाधी मायाविद्ये विहाय अखण्डं सच्चिदानन्दं परं ब्रह्म लक्ष्यते ।।

व्याख्या :- एवं सोऽयं देवदत्त इत्यादिवाक्ये यथा तद्वत्परजीवयोः परश्शुद्धसत्त्वप्रधानमायाप्रति-बिम्बितत्त्वेन निमित्तभूता च या चित्तद्रूप ईश्वरो, जीवः कामकर्ममलादिदूषितमलिनसत्त्वप्रधानामविद्या-

---

अर्थ - 'सोऽयं देवदत्तः' इत्यादि वाक्यों में तत्ता (वहपना) और इदंता (यहपना) का विरोध होने के कारण उन विरुद्धांश दोनों भागों का त्याग करने से (देवदत्तरूप) एक ही आश्रय जैसे लक्षित होता है । ४७।

व्याख्या - देवदत्त नामक किसी व्यक्ति को एक सज्जन ने पटना में देखा था, वही सज्जन जब दिल्ली में उसे देखता है तो वह कहता है कि 'सोऽयं देवदत्तः' यह वही देवदत्त है । इस वाक्य में पूर्वकाल में स्थानविशेष में जो पुरुष देखा था, वह परोक्ष था और वर्तमान में पूर्व से भिन्न स्थान में जो पुरुष दिख रहा है, वह प्रत्यक्ष है । अतः तत्ता (वहपना) 'वह देवदत्त' और इदंता (यहपना) 'यह देवदत्त' इस प्रकार दोनों का विरोध है अर्थात् तत् पदवाच्य इदंपदवाच्य नहीं हो सकता । क्योंकि तत् शब्द से भिन्न देश और काल में जो व्यक्ति था, वह इदं शब्द से वर्तमान में उपस्थित व्यक्ति से भिन्न है । इसी प्रकार तत्त्वमसि महावाक्य में असि पद से तत् और त्वं पद की एकता कहना भी उचित नहीं है । इस शंका का समाधान करते हुए कहते हैं कि तत्ता और इदंता में जो विरुद्धांश है, उनका त्याग करने पर अर्थात् 'वह देवदत्त' और 'यह देवदत्त' इन दो वाक्यों में से वहपना और यहपना का त्याग करने पर देवदत्त रूप एक ही आश्रय जैसे लक्षित होता है अर्थात् एक देवदत्त रूप व्यक्ति ही जहदजहल्लक्षणा (भागत्याग लक्षणा) के द्वारा जैसे जाना जाता है, इस श्लोक का सम्बन्ध अगले श्लोक से है ।

पूर्वश्लोक में वर्णित दृष्टान्त को अब दार्ष्टान्तिक में घटाते हैं ।

अर्थ - उसी प्रकार परमात्मा और जीवात्मा दोनों की माया और अविद्या रूप उपाधि को छोड़कर अखण्ड सच्चिदानन्द परब्रह्म ही लक्षणा वृत्ति से ज्ञात होता है । ४८ ।

व्याख्या - पूर्वश्लोक में 'वह देवदत्त' और 'यह देवदत्त' इन दोनों वाक्यों में से तत्ता और इदंता का त्याग करने पर जैसे देवदत्त रूप आश्रय एक ही है, उसी प्रकार परमात्मा और जीवात्मा इन दोनों

माश्रित्य जीवेश्वररूपेण प्रतीयमानश्च तयोरुपाधी विशेषणीभूते मायाविद्ये पूर्वं व्याख्याते विहायाखण्डं भेदरहितं सच्चिदानन्दमवशिष्टं परं ब्रह्मैव महावाक्येन लक्ष्यते । ब्रह्मणस्स्वरूपसङ्ग्रहोऽस्मिञ्छ्लोक उपनिबद्धो मधुसूदनसरस्वतीस्वामिचरणैः- "अनादिसुखरूपता निखिलहृदयनिर्मुक्तता निरन्तरमनन्तता स्फुरणरूपता च स्वतः । त्रिकालपरमार्थता त्रिविधभेदशून्यात्मता मम श्रुतिशतार्पिता तदहमस्मि पूर्णो हरि"रिति । सन्दर्भशुद्धयेऽत्र शाब्दिकी प्रक्रिया किञ्चिन्निरूप्यते वृत्तिरभिधा लक्षणा व्यञ्जना चेति त्रिविधा । तासु त्रिविधा पुनर्लक्षणा वृत्तिः । जहत्स्वार्थाजहत्स्वार्थाजहदजहत्स्वार्था चेति । यत्र मुख्यार्थस्य बाधे सति तात्पर्यवशाद्वेत्यन्यदेतत् । तथा चार्थान्तरे गृह्यमाणे मुख्यार्थस्य सर्वथा त्यागस्तत्र जहत्स्वार्था लक्षणा । यथा "गङ्गायां घोष" इत्यत्र गङ्गापदवाच्ये प्रवाहे घोषपदार्थस्य ग्रामस्य स्थितेरसम्भवाद्गङ्गाशब्दस्य शक्यार्थसमन्धिनि तीरे लक्षणाङ्गीक्रियत इत्यतो जहल्लक्षणाया इदमुदाहरणम् । अजहत्स्वार्था तु मुख्यार्थमपरिहाय यत्रान्यार्थोऽपि गृह्यते सा । यथा काकेभ्यो दधि रक्ष्यतामित्यत्र काकशब्देन काकशब्दमुख्यार्थरूपकाकमपरिहाय तेन सह दध्युपघातुका बिडालादयोऽपि तात्पर्यबलाद्गृह्यन्ते । अतस्तत्राजहल्लक्षणेति व्यवहारः । जहदजहल्लक्षणा तु तृतीया

की अलग-अलग (माया ईश्वर की और अविद्या जीव की उपाधि है) उपाधियों का त्याग कर देने पर भेदत्रयशून्य सत्, चित्त और आनन्द स्वरूप एकमात्र ब्रह्म ही महावाक्य के द्वारा लक्षणा वृत्ति से लक्षित होता है ।

अर्थबोधिका वृत्ति तीन प्रकार की होती है - अभिधा, लक्षणा और व्यंजना । लक्षणा वृत्ति भी तीन प्रकार की होती है - जहती लक्षणा (जहल्लक्षणा), अजहती लक्षणा (अजहल्लक्षणा) और जहदजहल्लक्षणा (भागत्याग लक्षणा) । जहत् नाम त्याग का है अर्थात् जब शक्यार्थ को पूर्णरूप से त्याग दिया जाता है और लक्ष्य मैं कुछ भी अन्तर्भाव नहीं किया जाता तब उसे जहल्लक्षणा कहते हैं । (शक्यसम्बन्ध को लक्षणा कहते हैं) अर्थात् सम्पूर्ण वाच्यार्थ को छोड़कर उससे अन्वित अन्यार्थ में जो वृत्ति है, **वह जहती लक्षणा है** । इसका दृष्टान्त है "***गङ्गायां घोषः***" अर्थात् गंगा में घोष है , आभीरपल्ली - (ग्वाल की झोपड़ी अथवा ग्वालों के गाँव) को घोष कहते हैं । इस वाक्य का गंगापदप्रवाहवृत्तित्व संभव नहीं है अर्थात् गंगा के प्रवाह में घोष का होना संभव न होने के कारण गंगा शब्द की "गंगा के तीर में घोष है" ऐसी लक्षणा की जाती है । तथा मुख्यार्थ का त्याग किये बिना अन्यार्थ का भी जहाँ पर ग्रहण किया जाता है, **वह अजहती लक्षणा है** । जैसे - "***काकेभ्यो दधि रक्ष्यताम्***" अर्थात् कौओं से दधि की रक्षा करो । इस वाक्य में मुख्यार्थ कौओं का त्याग किये बिना दधि विघातक जितने भी प्राणी हैं, उनका भी ग्रहण होता है । तथा वाच्यार्थ के एकदेश को छोड़कर अन्यांश का बोध कराने वाली **जहदजहल्लक्षणा कही जाती है,** इसे भागत्याग लक्षणा भी कहते हैं । इसका दृष्टान्त है "***सोऽयं देवदत्तः***" इसवाक्य में वाच्यार्थ के एकदेश के विशेषणांश का परित्याग करके भागान्तर का ग्रहण किया गया है। "***सोऽयं देवदत्तः***" इस वाक्य में '**सः**' से परोक्ष और '**अयं**' से प्रत्यक्ष का बोध होता है । किन्तु दोनों शब्द देवदत्त को लक्षित करके ही कहे गये हैं । पूर्वकाल में जिस देवदत्त को हमने पटना में देखा था, उसी देवदत्त को आज हम दिल्ली में देख रहे हैं । यहाँ देवदत्त एक ही है किन्तु देश और काल का भेद है अर्थात् भिन्नदेश और भिन्नकाल में देखे जाने पर भी जैसे देवदत्त एक

पदार्थैकदेशमपहायांशान्तरं यत्र गृह्यते तत्र भागत्यागलक्षणा जहदजहत्स्वार्था इति चोच्यते । प्रकृते "सोऽयं देवदत्त" इत्यत्र मुख्यार्थैकदेशविशेषणांशपरित्यागेन भागान्तरस्य परिग्रह इति शम् ।।

महावाक्यलक्ष्यार्थस्य सविकल्पत्त्वे निर्विकल्पत्त्वे वा उभयथापि दोष इति पूर्वपक्षप्रदर्शनम् -

सविकल्पस्य लक्ष्यत्त्वे लक्ष्यस्य स्यादवस्तुता ।
निर्विकल्पस्य लक्ष्यत्वन्न दृष्टन्न च संभवि ॥ ४९ ॥

अन्वयः - सविकल्पस्य लक्ष्यत्त्वे लक्ष्यस्य अवस्तुता स्यात् । निर्विकल्पस्य लक्ष्यत्त्वं न दृष्टं च न सम्भवि ।।

व्याख्या :- लक्ष्यार्थस्सर्वोऽपि लक्ष्यतावच्छेदकधर्मविशिष्टमवस्त्वित्यद्वैतं ब्रुवतामौपनिषदानां राद्धान्तः । एवं सति ब्रह्म कथं लक्ष्यत इत्युच्यत इत्याक्षेपसारः । आक्षेपार्थस्तु - सविकल्पस्य विकल्पेन विपरीतत्त्वेन कल्पितेन नामरूपजात्यादिना धर्मेण सह वर्तत इति धर्मविशिष्टं सविकल्पं वस्तु । तादृशस्य लक्ष्यत्त्वे वाक्यलक्ष्यत्त्वाङ्गीकारे तादृशस्य लक्ष्यस्य वाक्यतयाङ्गीकारे लक्ष्यस्य परब्रह्मणोऽवस्तुता मिथ्यात्त्वं स्यात् । यद्धर्मान्तरविशिष्टं तन्मिथ्येति नियमात् । सधर्मकस्य वस्तुनो वेदान्तिनां सिद्धान्ते मिथ्यात्त्वाभ्युपगमादिति हृदयम् । एवं च सविकल्पस्य लक्ष्यत्त्वं नाभ्युपगन्तव्यम्। यदि धर्मविशिष्टं वस्तु न लक्ष्यते शुद्धं निर्धर्मकं वस्तु परं ब्रह्मैव लक्ष्यत इत्यभ्युपगम्यते तदपि नैव समीचीनम् । यतो निर्विकल्पस्य नामरूपजात्यादिना रहितस्य लक्ष्यत्त्वं लक्षणावृत्त्या बोध्यत्त्वं लोके न दृष्टं शाब्दिकैः क्वापि नाभ्युपगतं न कुत्रापि व्यवहारसिद्धम् । न केवलं व्यवहारेऽदर्शनमात्रमेव

ही माना जाता है, उसी प्रकार तत् पद और त्वं पद के अर्थ की भी एकता है । अर्थात् तत्पदवाच्य परमात्मा और त्वंपदवाच्य जीवात्मा दोनों एक ही हैं । माया और अविद्या रूपी उपाधि का त्याग कर देने पर जहदजहल्लक्षणा के द्वारा अखण्ड सच्चिदानन्द परब्रह्म ही लक्षित होता है ।

महावाक्य के लक्ष्यार्थ का सविकल्पत्व और निर्विकल्पत्व दोनों ही दोषयुक्त है, इस प्रकार पूर्वपक्ष को प्रदर्शित करते हैं ।

अर्थ - सविकल्प की लक्ष्यता यदि मानोगे तो लक्ष्य की अवस्तुता होगी और निर्विकल्प का लक्ष्यत्व न देखा गया है और न संभव ही है । ४९ ।

व्याख्या - अब पूर्वपक्षी शंका करता है कि आपने जो ब्रह्म को महावाक्य का लक्ष्यार्थ कहा है, वह उचित नहीं है क्योंकि सभी लक्ष्यार्थ लक्ष्यतावच्छेदक विशिष्ट धर्म के द्वारा ही जाने जाते हैं । ऐसा अनुभव से सिद्ध है और धर्मविशिष्ट सभी पदार्थ मिथ्या हैं, ऐसा उपनिषदों का सिद्धान्त है । अतः ब्रह्म की लक्ष्यता का प्रतिपादन आप कैसे कर सकते हैं ?

विपरीत रूप से जो कल्पित है अर्थात् नाम-रूप आदि धर्म से युक्त जो विशिष्ट धर्मवान है, वह सविकल्प है । उसकी लक्ष्यता यदि आप मानोगे तो आपका लक्ष्य जो परब्रह्म है, उसकी अवस्तुता होगी, क्योंकि सधर्मक वस्तु का मिथ्यात्व माना गया है और यदि निर्विकल्प को अर्थात् नाम-रूपादि धर्मों से रहित को लक्ष्य मानोगे तो उसका लक्ष्यत्व अर्थात् लक्षणावृत्ति के द्वारा बोध्यत्व लोक में कहीं देखा नहीं गया है । यानी कि यह कथन सर्वथा लोकव्यवहार के विरुद्ध है । केवल व्यवहार में ही नहीं , अपितु

न, किन्तु न युक्त्यापि साधयितुं शक्यम् । न सम्भव्युपपद्यमानमपि न । लक्ष्यत्त्वधर्मवतो निर्विकल्पत्त्वव्याघातादिति भावः भेदवादिनस्तार्किकादय एवमखिलवेदान्तसिद्धमद्वैतसिद्धान्तं जन्मजन्मान्तरसञ्चितदुरितविशेषादेव प्रामाणिकमपि सोढुमशक्ता "अखण्डं सच्चिदानन्दं परं ब्रह्मैव लक्ष्यत" इत्युक्तमसङ्गतमित्याशया एवं पप्रच्छुः । तेषामयमाशयो यदखण्डपदप्रतिपाद्यं देशकालवस्तुपरिच्छेदराहित्यमपि तु स्वगतभेदराहित्यमेव । तच्चाकाशपरमाण्वादिष्वपि समानं सर्वेषामेव निरवयववस्तूनां स्वगतभेदराहित्यमस्तीत्यखण्डत्त्वं जातिरेव । नित्यत्त्वे सत्येकत्त्वे सत्यनेकानुगतत्त्वात्। अस्मिन्नेवार्थे सदादिपदमपि सङ्गतम् । एवं च तेनैव शक्यत्त्वे कथं लक्ष्यत्त्वमखण्डत्त्वं वा ? महावाक्यलक्ष्यं किं भवेत् ? लक्ष्यतावच्छेदकधर्माक्रान्तत्त्वेन सविकल्पमुतश्रुत्या निर्विकल्पमित्यादिः- "निर्विकल्पमनन्तं च हेतुदृष्टान्तवर्जितम् । अप्रमेयमनादिं च यज्ज्ञात्त्वा मुच्यते बुधः ।।" इति श्रुतिर्निर्विकल्पत्त्वबोधिका ।।

वितण्डया समादधति -

विकल्पो निर्विकल्पस्य सविकल्पस्य वा भवेत् ।
आद्ये व्याहतिरन्यत्रानवस्थात्माश्रयादयः ॥ ५० ॥

अन्वयः - विकल्पः निर्विकल्पस्य सविकल्पस्य वा भवेत् । आद्ये व्याहृतिः । अन्यत्र अनवस्थात्माश्रयादयः दोषाः ।।

व्याख्या :- महावाक्यस्य लक्ष्यत्त्वं सविकल्पस्य निर्विकल्पस्य वा स्यादिति पूर्वपक्षिणा यो विकल्पः कृतस्स विकल्पः किं निर्विकल्पस्याथ सविकल्पस्येति सिद्धान्तिना विकल्प्यते । अद्य मया कृतो विकल्पो निर्विकल्पस्येति पक्षे व्याहतिस्त्वयोक्तस्स्ववचनव्याघातो दोषः । अन्यत्र सविकल्पस्य विकल्प इति द्वितीये पक्षेऽनवस्थात्माश्रयादयः । आदिशब्देनान्योऽन्याश्रयचक्रके गृह्येते। एवं चात्माश्रयान्योन्याश्रयचक्रकानवस्थाख्याश्चत्त्वारो दोषाः भवन्ति । तत्र विशेषणीभूतविकल्पाद्विधेयभूतो विकल्पो भिन्नो न वा? अभिन्नत्त्वे विधेयस्याज्ञातत्त्वनियमेन तस्यैव च विशेषणत्त्वे विशेषस्या-ज्ञानाद्विशेषेणविशिष्टस्य विकल्प इति वाक्यस्याबोधकत्त्वप्रसङ्गः । यदि पूर्वपक्षी विशेषणी-

---

युक्ति के द्वारा भी इसको सिद्ध नहीं किया जा सकता है , इसलिए कहा कि "***न च सम्भवि***" अर्थात् संभव भी नहीं है । भाव यह है कि निर्विकल्प का लक्ष्यत्व युक्ति से सिद्ध नहीं होता है ।

पूर्वपक्षी की शंका पर वितण्डावाद के द्वारा प्रतिप्रश्न करते हैं ।

अर्थ - विकल्प निर्विकल्प का होता है अथवा सविकल्प का ? प्रथम पक्ष में व्याघात दोष आता है और दूसरे पक्ष में अनवस्था, आत्माश्रय आदि दोष आते हैं । ५० ।

व्याख्या - पूर्वपक्षी ने जो कहा कि सविकल्प की लक्ष्यता मानने पर लक्ष्य मिथ्या सिद्ध होगा और निर्विकल्प का लक्ष्यत्व संभव नहीं है । इस शंका पर वितण्डावाद के द्वारा प्रतिप्रश्न करते हुए ग्रन्थकार कहते हैं कि आपने जो शंका की है , वह निर्विकल्प के विषय में है अथवा सविकल्प के विषय में? यदि कहो कि हमारा विकल्प निर्विकल्प के विषय में है तो यह वदतोव्याघात दोष से दूषित है अर्थात् स्ववचन के विरुद्ध है । जैसे कोई कहे मेरी माता वन्ध्या है । (माता वन्ध्या है तो तुम कहाँ से उत्पन्न

भूतविकल्पाद्विधेयभूतो विकल्पो भिन्न इत्युच्यते तदा विशेषणीभूतविकल्पस्सविकल्पकस्य वा निर्विकल्पकस्य वेति पुनर्विकल्पे तत्र विकल्पस्य प्रथमविकल्पात्मकत्त्वेऽन्योऽन्याश्रयः । द्वितीयविकल्पात्मकत्त्वे आत्माश्रयः । तस्यापि विकल्पान्तरापेक्षत्त्वे तस्यापि विकल्पस्य विकल्पान्तरापेक्षत्त्वमित्यादिक्रमेणानवस्था । अतस्त्वयोक्तो विकल्पोऽयुक्त एवेति सामान्येनार्थो वर्णितः।

अत्रायं विवेकः - सविकल्पशब्दे विकल्प इत्यत्र तथा विकल्पेन सह वर्तत इति समासवृत्तिवाक्यधृततृतीयान्तविकल्पेनेत्यत्र चैक एवार्थो न वा ? तृतीयान्तविकल्पपदेन प्रथमान्तविकल्पपदेन चैक एव किं विकल्पोऽभिधीयते द्वौ वा ? यद्येकश्चेत्स्वयमेक एव विकल्पाश्रयविशेषणतयाश्रयस्तदाश्रितो विकल्पश्चेत्तदात्माश्रयता । द्वौ चेत्तदा तृतीयान्तनिर्दिष्टस्यापि विकल्पस्य विकल्परूपत्त्वात्तदाश्रयस्यापि सविकल्पत्त्वात्तद्विशेषणभूतो विकल्पः किं प्रथमान्तनिर्दिष्ट एव विकल्प आहोस्वित्ताभ्यामन्यः ? आद्येऽन्योऽन्याश्रयता, द्वितीयेऽपि धर्मविशेषणीभूतो विकल्पः किं प्रथमान्तनिर्दिष्ट उत तेभ्योऽन्यः ? आद्ये चक्रकापत्तिर्द्वितीये तस्याप्यन्यस्तस्याप्यन्य इत्यनवस्थापात इति । विशुद्धहीरकन्यायेन महावाक्यलक्ष्यशबलब्रह्मज्ञानान्मोक्ष इति ज्ञेयम् । निर्विकल्पं ब्रह्मोद्दिश्य "सविकल्पस्य लक्ष्यत्त्वे" इत्यादिना यो विकल्पः परैः कृतस्तत्र वदतामेवोपजीव्यविरोधलक्षणो "मन्माता वन्ध्या" "वदतो मे नास्ति जिह्वा" इत्यादिवाक्यवत्स्ववचनव्याघातोऽत्र स्पष्टं ज्ञेयः । यदि सविकल्पं ब्रह्मोद्दिश्यैव मामकः प्रश्न इति चेत्तर्हि त्वदुद्दिष्टं यस्य विकल्पं ब्रह्म तत्किं त्वत्कृतविकल्पेनैव सविकल्पमुताहो विकल्पान्तरेण? आद्ये ब्रह्मणः त्त्वदुद्दिष्टस्य सविकल्पसिद्ध्यर्थं त्वत्कृतविकल्पापेक्षेति स्वस्य स्वापेक्षालक्षणः आत्माश्रयः । न्यायसूत्रेषु प्रथमे सूत्रे "प्रमाणप्रमेये"त्यादौ षोडशपदार्थानां तत्त्वज्ञानान्निश्श्रेयसाधिगम इत्युक्तम् । तत्र तत्त्वपदेन भ्रमादिर्व्युदस्यत इति जानन्त्येव। प्रकृते तत्त्वज्ञानं प्रमात्मकमिति हि पर्यवसन्नम् । तच्च प्रमाणैककरणमिति सर्वसम्मतः पन्थाः । तच्च

हुए ?) और जैसे कोई कहे कि मेरे मुख में जिह्वा नहीं है । (यदि जिह्वा नहीं है तो बोल कैसे रहे हो?) इत्यादि वदतोव्याघात दोष माने जाते हैं । यदि आप निर्विकल्प में विकल्प कहोगे तो आपके कथन में भी यही दोष होगा, क्योंकि जो विकल्प रहित होता है, वही निर्विकल्प होता है । अतः विकल्प से रहित में विकल्प का होना संभव न होने से आपका कथन स्ववचन विरुद्ध है । और यदि आप कहो कि हम सविकल्प का विकल्प कह रहे हैं तो आपके कथन में अनवस्था और आत्माश्रय आदि दोष आ जाएँगे। आदि शब्द से चक्रिका और अन्योन्याश्रय दोष का ग्रहण करना चाहिये ।

"***विकल्पेन सह वर्तते इति सविकल्पः***" अर्थात् विकल्प के साथ जो विद्यमान हो, उसे सविकल्प कहते हैं । इस कथनानुसार विकल्प शब्द के दो रूप हैं - एक तृतीया विभक्ति वाला (तृतीयान्त) और दूसरा प्रथमा विभक्ति वाला (प्रथमान्त) । यहाँ शंका होती है कि दोनों विकल्प एक ही हैं या भिन्न-भिन्न हैं ? प्रथम पक्ष में आत्माश्रय नामक दोष होगा, क्योंकि एक ही विकल्प, विकल्प के आश्रयभूत सविकल्प ब्रह्म का विशेषण होने से स्वयं ही अपना आश्रय सिद्ध होता है । अर्थात् जो प्रथमान्त रूप विकल्प आपने माना है, उसका आश्रय सविकल्प का विशेषण रूप तृतीयान्त विकल्प भी आपके प्रथमान्त विकल्प का आश्रय होगा, क्योंकि यह नियम है कि विशिष्ट में रहने वाला धर्म विशेषण में अवश्य

प्रमाणं स्वयमज्ञानं सन्नैव प्रमां जनयितुं समर्थमिति । चक्षुषाहं घटं जानामीत्यनुभवाद्व्याप्ति-विशिष्टपक्षधर्मतावत्त्वेन ज्ञात एव पर्वतधूमादौ तन्निष्ठवह्न्यनुमितिकरणत्त्वाच्च। एवं च प्रमाणज्ञाने प्रमाणज्ञानापेक्षेति स्वस्य स्वापेक्षलक्षण आत्माश्रयः प्रस्फुर इति प्रकृतेऽपि तद्वदित्यात्माश्रयो दोषः। एवमन्योऽन्याश्रयोऽपि । तथा हि – यदि सविकल्पं ब्रह्मैवोद्दिश्यायं विकल्पो मया तल्लक्ष्यत्त्वविषयकः कृतः । तत्रोद्दिष्टब्रह्मनिष्ठो विकल्पः प्रकृतमत्कृतविकल्पाद्भिन्न एवोद्देश्यतावच्छेदकधर्मलक्षणो ब्रह्मत्त्वादिरूपस्तथा च क्वात्माश्रय इति पूर्वपक्षिणो वदेयुस्तर्हि निरुक्तोद्देश्यतावच्छेदकब्रह्मत्त्वादि-रूपविकल्पसिद्धौ तेन विकल्पेन सविकल्पं ब्रह्मोद्दिश्य प्रकृतलक्ष्यत्त्वविकल्पसिद्धिः, प्रकृतलक्ष्यत्त्व-विकल्परूपविधेयविकल्पसिद्धौ च तन्निरूपितोद्देश्यतावच्छेदकीभूतब्रह्मत्त्वादिधर्मे तत्र सविकल्पत्त्वसिद्धिरिति परस्परापेक्षालक्षणोऽन्योऽन्याश्रयः। न्यायसूत्रे पूर्वोक्तस्थल एव प्रमाणपदार्थसिद्धौ तत्करणकप्रमाविषयीभूतप्रमेयपदार्थसिद्धिः प्रमेयपदार्थसिद्धौ च तद्विषयकप्रमाकरणत्त्वेन प्रमाणपदार्थ-सिद्धिरिति सुस्पष्ट एव परस्परापेक्षालक्षणोऽन्योऽन्याश्रयः एवमेव प्रकृतस्थलेऽपीति ।

यद्यन्योऽन्याश्रयदोषभीत्या ज्ञाते ब्रह्मणिविकल्पासंभादज्ञातत्त्वलक्षणस्तृतीयो विकल्पो ब्रह्मणि स्वीक्रियेत चेत्तर्हि ब्रह्मण्यज्ञातत्त्वसिद्धावुद्देश्यत्त्वसिद्धौ च भवत्कृतलक्ष्यत्त्वविकल्पसिद्धिरित्यादिना पारस्परिकपदार्थत्रितयापेक्षतालक्षणं चक्रकं भवेत् । यथा वा न्यायशास्त्रे ''द्रव्यगुणकर्मसामान्य-विशेषसमवाये''त्यादिस्थले द्रव्यत्त्वं नाम किमित्यपेक्षायां गुणादिमत्त्वं द्रव्यत्त्वमिति गुणादित्त्वेन लक्षणेन द्रव्यत्त्वसिद्धिः । गुणादिमत्त्वं च केन सम्बन्धेनेत्याकाङ्क्षायां समवायेनेति गुणादिमत्त्वसिद्धौ समवाय-सम्बन्धापेक्षा, तथा समवायः किंरूप इत्याकाङ्क्षायां ''समवायिकारणत्त्वं द्रव्यस्यैवेति विज्ञेय''मिति तर्कपञ्चाननविश्वनाथवचनाद्द्रव्ये समवायिकारणत्त्वसिद्ध्यर्थं द्रव्यत्त्वसिद्ध्यपेक्षेति चक्रकं स्पष्टं तद्वत्प्रकृतेऽपीति। एवं यद्येतच्चक्रकदोषनिराकरणार्थं न केवलं ब्रह्मण्यज्ञातत्त्वमात्रेण लक्ष्यत्त्वविकल्पविषयत्त्वं

रहता है । एक ही विकल्प जो तृतीयान्त रूप से आश्रय है, वही विकल्प प्रथमान्त रूप से आश्रित हो गया, यही आत्माश्रय दोष है । अर्थात् **स्वयं की सिद्धि के लिये स्वयं की अपेक्षा रखना ही आत्माश्रय दोष माना जाता है** । यदि द्वितीय पक्ष को लेकर दोनों में भेद मानते हो तो विशेषणीभूत तृतीयान्त विकल्प को पुनः सविकल्प मानना पड़ेगा, क्योंकि निर्विकल्प ब्रह्म तो किसी विशेषण का आश्रय हो ही नहीं सकता । और तृतीयान्त शब्द से निर्दिष्ट विकल्प भी विकल्प रूप होने के कारण सविकल्प ही होगा, तो उसका विशेषणभूत जो विकल्प है, वह क्या प्रथमान्त विकल्प ही है अथवा उससे भिन्न है ? प्रथम पक्ष में अन्योन्याश्रय नामक दोष होगा । क्योंकि तृतीय विकल्प से अभिन्न प्रथमान्त विकल्प की सिद्धि के लिए तृतीयान्त विकल्प की अपेक्षा है और तृतीयान्त विकल्प की सिद्धि के लिये तृतीय विकल्प से अभिन्न प्रथमान्त विकल्प की अपेक्षा है, इस तरह अन्योन्याश्रय दोष प्राप्त होगा । और द्वितीय पक्ष का तृतीय विकल्प भी विकल्प होने के कारण सविकल्प ही होगा, तो वह चतुर्थ विकल्प क्या प्रथमान्त विकल्प से अभिन्न है या भिन्न ? प्रथम पक्ष में चक्रिका नामक दोष होगा, क्योंकि चौथे विकल्प से अभिन्न प्रथमान्त विकल्प की सिद्धि के लिए तृतीयान्त विकल्प की अपेक्षा है और तृतीयान्त विकल्प की सिद्धि के लिये तीसरे विकल्प की अपेक्षा है और तीसरे विकल्प की सिद्धि के लिए चौथे

किन्तु सविकल्पं ब्रह्म निर्विकल्पं ब्रह्मेति च सहस्रधा शास्त्रवाक्यश्रवणजन्यसंस्कारेणैवेति चतुर्थविकल्पाश्रयणेन व्यवस्थां दर्शयसि चेत्तर्हि प्रसिद्धनिरुक्तशास्त्रश्रवणादिकारणीभूतजन्मान्तरीयसंस्काराख्यविकल्पान्तरेणैव वक्तव्यं, तदपि तज्जन्मान्तरीयसंस्काराख्यविकल्पान्तरविषयत्त्वेनैवति सर्वथा कारणानिर्झरपर्यवसानाभाव-रूपानवस्थैव दुर्निवारा प्रसज्येत । यथा कार्यनियतपूर्ववृत्तित्त्वस्य घटं प्रतिकपालादौ जन्ये पदार्थ एव दृष्टत्त्वेन जन्यत्त्वलक्षणकार्यत्त्वावश्यकत्त्वेन तत्कारणीयनियतपूर्ववृत्तित्त्वापेक्षं तत्तदपि तत्कारणीयनियतपूर्ववृत्तित्त्वापेक्षमिति प्रसिद्धतरैवानवस्था। तद्वदिहापि भवदुक्तेऽर्थेऽनवस्थेति दोषोऽनिवार्यः। अद्वैतिनामप्यात्माश्रयादयो दोषास्सुदुर्भरा एवेति नैव चिन्त्यम् । यतो वेदान्तिनां व्यवहारे केवलं निखिलदोषाकरशेखरीभूता भगवती महामायानाद्यविद्यारूपिणी सर्वदोषकरमपि शेखरीकृत्य विभूषयिष्यतीत्येव तदा कैव कथावान्तरानन्तदोषतुषाणाम् । तस्माद्विकल्पं कुर्वता भवताद्वैतवादिषु जीवन्मुक्तचक्रवर्तिषु खण्डनप्रयासो न कार्यः । किन्तु भेदवादिष्वेव कार्य इत्यलं प्रपञ्चेन ।।

परमतेऽप्यात्माश्रयादिदोषाणां सद्भावप्रदर्शनम् -

इदङ्गुणक्रियाजातिद्रव्यसम्बन्धवस्तुषु ।
समं तेन स्वरूपस्य सर्वमेतदितीष्यताम् ।। ५१ ।।

अन्वयः - इदं गुणक्रियाजातिद्रव्यसम्बन्धवस्तुषु समम् तेन एतत् सर्व स्वरूपस्य इति इष्यताम्।।

व्याख्या :- नैयायिकादीनां भेदवादिनां मतेऽपीदं पूर्वोक्तविकल्पादिदूषणजातं गुणक्रियाजातिद्रव्य-सम्बन्धवस्तुषु द्रव्यगुणकर्मसामान्यसमवायिसम्बन्धादिषु पञ्चसु पदार्थेषु सममेवाविष्टमेव । तथा हि- किं गुणो निर्गुणे विद्यते उताहो गुणवति वर्तते ? सम्बन्धस्समवायादिः किमसम्बद्धे द्रव्ये तिष्ठति? सम्बद्धे वा? एवं क्रियापि किं तद्वति तद्रहिते वा ? अत्र वस्तुपदं वैशेषिकाभिमतविशेषाख्यपदार्थमभिचष्टे। अयं परमाणुस्तस्मात्परमाणोर्भिन्न एतद्विशेषादित्यादिना सिद्धो विशेषः सोऽपि किं निर्विशेषनित्यद्रव्येऽस्ति?

विकल्प से अभिन्न विकल्प की अपेक्षा है । अतः **इस प्रकार चक्र की तरह घूमते रहने के कारण चक्रिका दोष प्राप्त होगा** । तथा द्वितीय पक्ष को यदि मानोगे कि चतुर्थ विकल्प प्रथमान्त विकल्प से भिन्न है तो अनवस्था नामक दोष होगा । क्योंकि चतुर्थ विकल्प की सिद्धि के लिये पञ्चम विकल्प की अपेक्षा होगी और पञ्चम के लिये छटवें विकल्प की, उसी प्रकार छटवें के लिये सातवें की और सातवें के लिये आठवें की, इस प्रकार अनवस्था रूप दोष प्राप्त होगा ।

भाव यह है कि ग्रन्थकार पूर्वपक्षी पर आक्षेप करते हुए कहते हैं कि किसी भी दृष्टि से आपके द्वारा किया हुआ विकल्पात्मक प्रश्न सिद्ध ही नहीं हो सकता।

अब न्यायमत में भी आत्माश्रयादि दोषों के सद्भाव का वर्णन करते हैं।

अर्थ - पूर्वोक्त सभी दोष गुण, क्रिया, जाति, द्रव्य और सम्बन्ध इन पाँचों वस्तुओं में भी समान रूप से हैं । इसलिये गुण आदि सभी वस्तुएँ स्वरूप में ही कल्पित हैं, ऐसा मानना चाहिये । ५१ ।

व्याख्या - पूर्व में कहे गये आत्माश्रयादि सभी दोष केवल प्रकृत प्रसंग में हीं नहीं, अपितु नैयायिकादि के सिद्धान्तों पर भी लागू होते हैं, क्योंकि गुण, क्रिया, जाति, द्रव्य और सम्बन्ध नामक पाँचों वस्तुओं में भी पूर्वोक्त दोष समान रूप से विद्यमान हैं । क्या गुण निर्गुण में है या गुणवान में ? क्रिया भी क्रिया

सविशेषे वा ? सर्वत्रैवमादिविकल्पेषु व्याघात एकस्मिन्पक्षेऽन्यत्र चात्माश्रयान्योऽन्याश्रयचक्रकानवस्थाख्या दोषाः केनाप्यपरिहरणीयाः इत्याद्यूह्यम् । एवं वितण्डया पूर्वपक्षस्यानुपपत्तिः प्रदर्शिता । स्वमतानुयायिनां तृप्तये सदुत्तरमपि दयालुरनुजग्राह, तेन विकल्पस्यासङ्गत्त्वेनैतत्सर्वं दृश्यजालं गुणक्रियादयो धर्मास्सर्वेऽपि स्वरूपस्य वस्तुनो नामरूपात्मकस्य स्वात्मसत्ता प्रकाशसम्बद्धेष्वेव । न तु परमार्थवस्तुनि । स्वात्माभिन्नसत्ताप्रकाशेनैव सत्त्वादिदं सर्वमस्ति तत्पार्थक्ये न तु मिथ्यैव । तथा च सर्वस्मिन्नपि द्वैतप्रपञ्चे स्वतस्सत्ताशून्यत्त्वं मिथ्यात्त्वं ज्ञातव्यम् । इममेवार्थमितीष्यतां स्वीक्रियतामिति सारः । परमार्थवस्तुनो गुणक्रियारूपादिरहितत्त्वात् । "निर्गुणं निष्क्रियं नीरूपं ब्रह्मे"त्यादिवचनप्रामाण्यात् । तत्राखण्डे वस्तुनि भेदकल्पनैवासङ्गता । नामरूपविशिष्टस्यानेकभेदभिन्नतया प्रतीयमानस्य जगत एवैष विभागो, न सर्वथा परमार्थवस्तुनो ब्रह्मणः। "वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्य"मित्यादिश्रुतेरिति दिक् ।।

सर्वमेतद् ब्रह्मण्यधिष्ठाने कल्पितमित्युपसंहारः –

विकल्पतदभावाभ्यामसंस्पृष्टात्मवस्तुनि ।
विकल्पितत्त्वलक्ष्यत्त्वसम्बन्धाद्यास्तु कल्पिताः ॥ ५२ ॥

अन्वयः – विकल्पतदभावाभ्याम् असंस्पृष्टात्मवस्तुनि विकल्पितत्त्व-लक्ष्यत्त्व-सम्बन्धाद्याः तु कल्पिताः ।।

व्याख्या :– यदि निखिलं द्वैतजालं स्वाभिन्नप्रकाशप्रकाश्यमेव तदेकायत्तसत्ताकत्त्वादिति चेत्तर्हि दृग्दृश्ययोस्सम्बन्धो भास्यभासकभावरूप इति तस्य सत्यमिथ्योभयप्रतियोगिकत्त्वादुभयात्मकस्तथा चांशिकद्वैतापत्तिरित्याशङ्कां परिहरति । विकल्पतदभावाभ्यां विकल्पोऽत्राध्यासः । तथा

रहित में है या क्रियावान में ? जाति भी जाति रहित में है या जातिवान में ? द्रव्य भी द्रव्य रहित में है या द्रव्यमान में ? सम्बन्ध भी सम्बन्ध रहित में है या सम्बन्धवान में ? इत्यादि विकल्प करके पूछने पर प्रथमपक्ष में वदतोव्याघात दोष होगा । और द्वितीय पक्ष में आत्माश्रयादि सभी दोष पूर्ववत् समझना चाहिये । अर्थात् उक्त आत्माश्रयादि दोषों का परिहार किसी से भी संभव नहीं है । इस प्रकार ग्रन्थकार ने वितण्डा के द्वारा पूर्वपक्ष की अनुपपत्ति का वर्णन किया । अब स्वमतानुयायी मुमुक्षुजनों की तृप्ति के लिए उन पर अनुग्रह करने के लिए आचार्य दया पूर्वक सदुत्तर देते हैं कि इसलिये गुण आदि सभी वस्तुएँ, स्वरूप में ही कल्पित हैं, ऐसा मानना चाहिये । तात्पर्य यह है कि पूर्वोक्त प्रकार से विकल्प की संगति ही नहीं बैठती है, इसीलिये ये गुणादिक सभी धर्म वस्तु के स्वरूप में कल्पित तादात्म्य सम्बन्ध से रहते हैं ।

अब उक्त प्रसंग का उपसंहार करते हुए सब कुछ अधिष्ठान रूप ब्रह्म में कल्पित है, इसका प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ – विकल्प और विकल्पाभाव से असंस्पृष्ट आत्मवस्तु में विकल्पत्व, लक्ष्यत्व और सम्बन्धादि कल्पित हैं । ५२ ।

व्याख्या – महावाक्यलक्षित परमार्थ वस्तु सविकल्प है अथवा निर्विकल्प ? इत्यादि विचार से असंस्पृष्ट जो असंग आत्मवस्तु है, उसमें विकल्पत्वादि कल्पित हैं । विकल्प उसे कहते हैं जो सविकल्प और निर्विकल्प रूपी संशय का विषय हो । लक्षणावृत्ति से जो जाना जाए, उसे लक्ष्यत्व कहते हैं और

चाध्यासतद्ध्वंसाभ्यां विकल्पेन विकल्पाभावेन च महावाक्यलक्षितं परमार्थं वस्तु सविकल्पं निर्विकल्पं वेत्याकारकविचारणया असंस्पृष्टात्मवस्तुनि सम्बन्धादिरहितेऽसङ्गात्मपदार्थे विकल्पितत्त्वलक्ष्यत्त्व-सम्बन्धाद्यास्तु तत्र विकल्पितत्त्वं च सविकल्पमुताहो निर्विकल्पमिति संशयविषयीकृतं लक्ष्यत्त्वं च लक्षणावृत्त्याज्ञाप्यत्त्वं सम्बन्धश्च समवायादिः त आदिर्येषां ते तथाभूताः । आदिपदेन द्रव्यादिसप्तपदार्था गृह्यन्ते । तुशब्दोऽत्रावधारणे । तेऽत्र ब्रह्मणि कल्पिता आरोपिताः । तत्र द्रव्यं नाम गुणानामाश्रयो द्रव्यं, समवायिकारणं द्रव्यमिति वा नैयायिकैर्लक्षणादिभिः परिष्कृतमेव तार्किकाभिमतद्रव्यपदार्थ विभाजकधर्मा नामरूपात्मकस्य जगतो, न परमार्थवस्तुनो ब्रह्मणो, यतोऽशब्दमस्पर्शमरूपमव्यय" मित्यादिना सर्वधर्मनिषेधः श्रूयते । तथा गुणत्त्वमपि कर्मव्यतिरिक्तत्त्वे सति जातिमात्राश्रयत्त्वमेवं जातिपदार्थोऽपि नित्यत्त्वे सत्येकत्त्वे सत्यनेकवृत्तित्त्वं सामान्यमिति लक्षितः। कर्मपदार्थोऽपि संयोगवियोगयोरसमवायिकारणजातीयमिति लक्षितः । वेदान्तिभिरपि शुद्धे ब्रह्मणि कथं लक्षणा कथं स्वीक्रियत इति चेन्महावाक्यार्थरूपव्यवहारदशायामेव लक्षणावृत्त्यादीनामङ्गीकारान्न दोषः । असंस्पृष्टात्मवस्तुनीत्यनेनाध्यासभाष्यं संस्मृतं "यत्र यदध्यस्तं तत्कृतेन दोषेण गुणेन वाणुमात्रेणापि स न सम्बध्यत" इत्यादि । सर्वकल्पनाधिष्ठानमात्रे ब्रह्मणि किमपि न सम्बध्यते इत्यत एव श्रीसङ्क्षेपशारीरककारा अप्यूचिरे - बहु निगद्य किमत्र वदामि वश्शृणुत सङ्ग्रहमद्वयशासने । सकल-वाङ्मनसातिगता चितिस्सकलवाङ्मनसव्यवहारभागि"ति शम् ।।

समवाय आदि सम्बन्ध हैं । आदि शब्द से द्रव्य आदि सात पदार्थों का ग्रहण करना चाहिये । "***द्रव्यगुणकर्मसामान्यविशेषसमवायाभावाः सप्त पदार्थाः***" द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष, समवाय और अभाव ये सात पदार्थ हैं । "***पदजन्यप्रतीतिविषयत्वं पदार्थत्वम्***" अर्थात् पद से उत्पन्न प्रतीति (ज्ञान) के विषयों को पदार्थ कहते हैं । ये सभी पदार्थ ब्रह्म में कल्पित हैं । गुणों के आश्रय को द्रव्य कहते हैं अथवा समवायिकारण को द्रव्य कहते हैं । नैयायिकों की लक्षणा के द्वारा इस प्रकार परिष्कृत द्रव्यत्वादि पदार्थों के विभाजक धर्म नामरूपात्मक जगत् के ही हैं, परमार्थ वस्तु ब्रह्म के नहीं । क्योंकि "***अशब्दमस्पर्शमरूपमव्ययम्***" इत्यादि श्रुतियों में ब्रह्म में समस्त धर्मों का निषेध किया गया है । यदि कहो कि वेदान्तियों के द्वारा शुद्धब्रह्म में लक्षणा कैसे मानी जाती है ? तो इसका उत्तर यह है कि महावाक्यार्थ रूप व्यवहार दशा में लक्षणा वृत्ति आदि का ग्रहण करने पर कोई दोष नहीं है । अध्यास भाष्य में भगवान् भाष्यकार कहते हैं कि "***यत्र यदध्यस्तं तत्कृतेन दोषेण गुणेन वाणुमात्रेणापि स न सम्बध्यते***" अर्थात् जिसमें जो वस्तु अध्यस्त (आरोपित) होती है, वह तत्कृत दोष या गुण से अणुमात्र भी लिप्त नहीं होती है । भाव यह है कि समस्त कल्पनाओं के अधिष्ठान रूप ब्रह्म का किसी से भी सम्बन्ध नहीं होता । संक्षेपशारीरककार भी कहते हैं कि -

बहु निगद्य किमत्र वदाम्यहं शृणुत संग्रहमद्वयशासने ।
सकलवाङ्मनसातिगता चितिः सकलवाङ्मनसव्यवहारभाक् ।। *(सं.शा.१/३३१)*

अर्थात् - इस विषय में मैं बहुत क्या कहूँ ? अद्वैत सिद्धान्त का संग्रह (सार) सुनिये - समस्त वागादि का अगोचर शुद्ध चेतन ही समस्त वाचिकादि व्यवहारों का विषय होता है । अतः विकल्पादि से असंस्पृष्ट आत्मा का विकल्पत्व, लक्ष्यत्व और सम्बन्धादि सब कुछ कल्पित ही है ।

श्रवणमननपदार्थनिरूपणम् –

इत्थं वाक्यैस्तदर्थानुसन्धानं श्रवणं भवेत् ।
युक्त्या संभावितत्त्वानुसन्धानं मननन्तु तत् ॥ ५३ ॥

अन्वयः – इत्थं वाक्यैः तदर्थानुसन्धानं श्रवणं भवेत् । युक्त्या सम्भावितत्त्वानुसन्धानं तु मननम्।

व्याख्या :– प्रतिपादितमेतावता तत्त्वमस्यादिमहावाक्यार्थविचारणाफलादिकम् । सोऽयं महावाक्यार्थबोधोऽन्तरङ्गसाधनभूतैश्श्रवणादिभिर्विना नैव सिद्ध्यती''त्यात्मा वा अरे द्रष्टव्यश्श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्य'' इति श्रौतानां तेषां लक्षणानि सङ्क्षिपति । वाक्यैस्तत्त्वमस्यादिमहावाक्यैरित्थं ''जगतो यदुपादान''मित्यादिप्रबन्धप्रसाधितप्रकारेणान्वयव्यतिरेकादियुत्त्या पञ्चकोशेभ्यः प्रत्यगात्मनो विवेकेन ''सोऽयमित्यादिवाक्येष्वि''त्यादिपूर्वोक्तप्रक्रियया भागत्यागलक्षणया महावाक्यार्थवर्णनेन तदर्थानुसन्धानं तेषां तत्त्वमस्यहं ब्रह्मास्मीत्यादिमहावाक्यानामर्थभूतजीवब्रह्मैक्यरूपस्यानुसन्धान-मवबोधनमुपक्रमोपसंहारादिषड्विधतात्पर्यलिङ्गैर्वेदान्तानां सर्वेषामद्वितीये ब्रह्मणि तात्पर्यावधारणरूपं श्रवणं भवेत् । ''सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म'' ''विज्ञानमानन्दं ब्रह्म'' इत्याद्युपनिषद्वाक्यैर्भगवत्पादभाष्यवचनैश्चाद्वैते श्रुतीनां तात्पर्यनिर्धारणमेव श्रवणपदार्थः । एवं श्रवणानन्तरं श्रुतार्थस्य युत्त्या ''शब्दस्पर्शादयो वेद्या'' इत्यादिग्रन्थेन ''परापरात्मनोरेवं युत्त्या सम्भावितैकते''त्यन्तेन सम्भावितत्त्वानुसन्धानमुपपद्यमानत्त्व-ज्ञानं यत्तत्तु मननमित्यभिधीयते । असङ्गाद्वैतचिन्मात्ररूपतत्प्रतिपाद्यानुसन्धानमुपष्टम्भक-युक्तिभिरनुमानैस्सतर्कैश्चाद्वैतं समुपपन्नमित्यवधारणं मननपदार्थ इति दिक् ।।

अब श्रवण और मनन का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – इस प्रकार महावाक्यों के द्वारा उनके अर्थ का अनुसन्धान करना श्रवण कहलाता है और युक्ति के द्वारा श्रुतार्थ के संभावित होने का अनुसन्धान करना मनन है । ५३ ।

व्याख्या – श्लोक ४४ से ५२ तक वर्णित महावाक्य के द्वारा तत्त्वमसि आदि महावाक्यों के अर्थ का विचार अर्थात् विचारपूर्वक निश्चय करना श्रवण है । पूर्वश्लोक में अन्वय–व्यतिरेक के द्वारा, पञ्चकोश विवेक के द्वारा, भागत्याग लक्षणा के द्वारा जिस आत्मतत्त्व का निरूपण किया है, उसके अर्थ का अर्थात् ब्रह्म और आत्मा की एकता का अनुसन्धान (अवबोधन) करना श्रवण कहलाता है । तथा श्रवणानन्तर श्रुतार्थ का युक्ति से अर्थात् श्लोक ३ से ३३ तक कही गयी युक्ति के द्वारा उसके संभावित होने का यानी कि श्रुति में जो सुना गया है, वह अर्थ (एकत्व) बन सकता है । इस प्रकार का जो ज्ञान है, वह मनन कहलाता है । (तात्पर्य यह है कि गुरुमुख से वेदान्त का अध्ययन कर उपक्रमोपसंहारादि छह प्रकार के तात्पर्य लिंगों के द्वारा समस्त वेदान्तों का तात्पर्य एकमात्र अद्वितीय ब्रह्म है, ऐसा निर्धारण करना ही श्रवण है जिससे कि प्रमाणगत संशय की निवृत्ति होती है , इसका वर्णन ग्रन्थ में आगे करेंगे ।)

''सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म'' ''विज्ञानमानन्दं ब्रह्म'' इत्यादि उपनिषदों के वाक्यों से और भगवान् भाष्यकार के वचनानुसार समस्त श्रुतियों का तात्पर्य अद्वैत में ही है, ऐसा निर्धारण करना श्रवण है और सद्युक्तियों के द्वारा श्रुतार्थ का सम्यक् अवधारण करना मनन है ।

निदिध्यासनपदार्थनिरूपणम् -

ताभ्यां निर्विचिकित्सेऽर्थे चेतसः स्थापितस्य यत् ।
एकतानत्त्वमेतद्धि निदिध्यासनमुच्यते ॥ ५४ ॥

अन्वयः - ताभ्यां निर्विचिकित्सेऽर्थे चेतसः स्थापितस्य यत् एकतानत्त्वं एतत् निदिध्यासनम् उच्यते हि ।।

व्याख्या :- ताभ्यामुक्तलक्षणाभ्यां श्रवणमननाभ्यां निर्विचिकित्से "विचिकित्सा तु संशय" इति कोशान्निर्गता विचिकित्सा शङ्का संशयो यस्मात्सोऽसंदिग्धो योऽर्थस्तस्मिन्नर्थे विषये स्थापितस्य स्थिरीकृतस्य घारणावतश्चेतसो "देशसम्बन्धश्चित्तस्य धारणे"ति योगसूत्रोक्तेरेकतानत्त्वं तैलधारासन्तानवदेकाकारवृत्तिप्रवाहत्त्वमिति यदेतन्निदिध्यासनमुच्यते इति योगशास्त्रादौ प्रसिद्धिमाह- "तत्र प्रत्ययैकतानता ध्यानम्" इति सूत्रबलात् विजातीयप्रत्ययानन्तरितसजातीयप्रत्ययप्रवाहीकरणं निदिद्ध्यासनमिति शम् ।।

समाधिनिरूपणम् -

ध्यातृध्याने परित्यज्य क्रमाद्ध्येयैकगोचरम् ।
निवातदीपवच्चित्तं समाधिरभिधीयते ॥ ५५ ॥

अन्वयः - ध्यातृध्याने क्रमात् परित्यज्य ध्येयैकगोचरं निवातदीपवत् चित्तं समाधिः अभिधीयते।।

अब निदिध्यासन का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - उन दोनों (श्रवण और मनन) के द्वारा संशय रहित विषय में स्थापित चित्त की जो एकतानता होती है, उसी को निदिध्यासन कहते हैं । ५४ ।

व्याख्या - श्रवण और मनन के द्वारा "***निर्विचिकित्सेऽर्थे निर्गता विचिकित्सा शंका यस्मात् स असन्दिग्धः योऽर्थः तस्मिन्***" अर्थात् असन्दिग्ध जो अर्थ है उसमें "***विचिकित्सा तु संशयः***" इस कोश वचनानुसार विचिकित्सा का अर्थ संशय है अतः निर्विचिकित्सा का अर्थ है संशयरहित । ऐसा जो विषय है, उसमें स्थापित किये गये चित्त की जो एकतानता है अर्थात् तैलधारा के समान चित्त को स्थापित करना निदिध्यासन कहलाता है । धारावाहिक रूप से चित्त को असन्दिग्ध विषय में स्थापित करना निदिध्यासन कहा जाता है । श्लोक में 'हि' शब्द प्रसिद्धि का द्योतक है कि यह बात योगशास्त्र में प्रसिद्ध है । योगशास्त्र में कहा गया है कि "***देशबन्धश्चित्तस्य धारणा***" (पा.यो.सू. ३/१) अर्थात् बाह्य या शरीर के भीतर कहीं भी किसी एकदेश (स्थान) में चित्त को बाँधना (ठहराना) धारणा है और "***तत्र प्रत्ययैकतानता ध्यानम्***" (पा.यो.सू. ३/२) जहाँ चित्त को लगाया जाए वहाँ प्रत्यय (वृत्ति) की एकतानता को ध्यान कहते हैं । सार यह है कि "***विजातीयप्रत्ययानन्तरितसजातीयप्रत्यय-प्रवाहीकरणं निदिध्यासनम्***" विजातीय प्रत्यय से रहित सजातीय प्रत्यय में चित्त का निरन्तर प्रवाहित होना निदिध्यासन है ।

अब समाधि का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - ध्याता और ध्यान का क्रम से त्याग कर वायुरहित स्थान में रखे हुए दीपक के समान जब चित्त केवल ध्येयाकार हो जाता है तो उसे समाधि कहते हैं । ५५ ।

व्याख्या :- निदिध्यासनस्य परिपाकदशैव समाधिः । एवं सकलवेदान्तवाक्यार्थोपकारकोपक्रमादिलिङ्गैस्तत्तात्पर्याविस्मरणलक्षणे श्रवणे तदनुकूललौकिकशास्त्रीयसत्तर्कानुगृहीतानुमित्यादिलक्षणयुक्तिभिस्तदसम्भावनानिराकरणलक्षणे मनने च सम्पन्ने ततस्ताभ्यामेवासन्दिग्धे ब्रह्मात्मैक्यरूपे किञ्चित्पारोक्ष्यशालिन्यर्थे सुस्थिरीकृतचेतसां तदितराकारपरिणतिपरम्परालक्षणनिदिध्यासनेऽपि सिद्धेऽखिलविपरीतभावनानामपनोदे जाते किमसम्प्रज्ञातादिसमाधिसमभिधानप्रयोजनमिति चेच्छ्रूयताम् । "तत्पादाम्बुरुहद्वन्द्वसेवानिर्मलचेतसाम् । सुखबोधाय तत्त्वस्य विवेकोऽयं विधीयते" इत्यादिना केवलगुरुनाथाभिन्नपरमेश्वरैकसमर्पितनिषिद्धादिरहितवैदिकनित्यनैमित्तिककर्मानुष्ठानजनितचेतोनैर्मल्यानां मुमुक्षूणां करुणया प्रत्यक्तत्त्वविवेकारम्भस्य प्रतिज्ञातत्त्वात्प्रकृते कलिकाले करालेऽस्मिन्नल्पायुषामल्पभाग्यानां हठयोगादिसकलसामग्रीपूर्वकदीर्घकालफलकाष्टाङ्गयोगानुष्ठानद्वारा दहराद्युपासनानां बहूनामसम्भवाद्यथा सुनिर्मलतरे मुकुरतले जलेऽचञ्चले वा सन्निहिते सति मुखादिप्रतिबिम्बस्य यथावद्दर्शनवद्ब्रह्मात्मैक्यानुभवार्थं स्वान्तश्शुद्धिवन्मनोनिरोधस्याप्यावश्यकत्त्वान्नित्यानित्यवस्तुविवेकादिसमाध्यन्तसाधनत्रयप्रयोज्यविशिष्टमुमुक्षाया अपीतः प्राक्तनग्रन्थेऽनुक्तत्त्वात्तत्सङ्ग्रहार्थमपि समाधिकथनस्यावश्यकतां विचिन्त्य "आत्मा वा अरे द्रष्टव्यश्श्रुतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्य" इत्युक्तश्रवणादिसिद्ध्यनन्तरमनुष्ठेयत्त्वं समाधेरेवास्ति यतस्तत्फलमत एवात्र समाधिरसम्प्रज्ञातोऽभिधीयत इति निदिध्यासनं ध्यानमात्रमेव भवति । ततस्सम्प्रज्ञातसमाध्यभ्यासक्रमेणासम्प्रज्ञातमभ्यसतीति सर्वमेतद्विशदयति । निदिध्यासने हि ध्यातृध्यानध्येयत्रिपुटी प्रतीयते । "यत्र हि द्वैतमिव भवति तदितर इतरं पश्यती"ति श्रुतेस्तत्सर्वं द्वैतमेव । नैतत्तत्त्वमस्यादिमहावाक्योपदिष्टमात्मैक्यानुसन्धानमतोऽभिधीयते समाधिः । अहं मुमुक्षुर्ध्याता ध्येयं ब्रह्म विजातीयज्ञानानन्तरितसजातीयज्ञानप्रवाहो ध्यानमिति सर्वमेतद्भासते । ततोऽभ्यासवशेन क्रमाद्ध्यातृध्याने ध्यातारं ध्यानं च परित्यज्य निवातदीपवद्वायुरहिते प्रदेशे यथा दीपो निश्चलो भवति। तथा मुमुक्षोरपि चित्तं ध्येयैकगोचरं ध्येयमेकमेव गोचरो विषयो यस्य तत्तथाविधं यदा सम्पद्यते तदा समाधिरित्यभिधीयते । यदाभ्यासातिशयेन

व्याख्या – प्रमाणगत संशय की निवृत्ति श्रवण से, प्रमेयगत संशय की निवृत्ति मनन से और विपरीतभावना की निवृत्ति निदिध्यासन से होती है किन्तु आत्मसाक्षात्कार तो समाधि के द्वारा ही होता है ।

श्रुतेश्शतगुणं विद्यान्मननं मननादपि ।
निदिध्यासं लक्षगुणमनन्तं निर्विकल्पकम् ।। (वि.चू. ३६५)

अर्थात् – श्रवण से सौ गुना मनन को जानना चाहिये, मनन से भी लाख गुना निदिध्यासन को और निदिध्यासन से निर्विकल्प समाधि को अनन्त गुना जानना चाहिये ।

निदिध्यासन में ध्याता, ध्यान और ध्येय रूप त्रिपुटी बनी रहती है अर्थात् साधक, साधन और साध्य रूप त्रिपुटी के रहते आत्मसाक्षात्कार संभव नहीं है । जब तक साधक स्वयं को ध्याता और "मैं ध्यान कर रहा हूँ तथा यह मेरा ध्येय है" इस प्रकार का चिन्तन करता है तब तक वह परमार्थोपलब्धि से रहित माना जाता है । किन्तु इस त्रिपुटी में से प्रथम दो (ध्याता और ध्यान) का क्रम से अर्थात् अभ्यासबल से जब त्याग कर दिया जाता है तब वायुरहित प्रदेश में रखे हुए दीपक की भाँति साधक का चित्त निश्चल हो जाता

ध्यातृध्याने अनवगाह्य ध्येयब्रह्मैकगोचरं चित्तं निवातदीपवन्निश्चलं भवति तदैव समाधिरिति भावः ।।

समाधावपि वृत्तीनां सद्भावनिरूपणम् -

वृत्तयस्तु तदानीमज्ञाता अप्यात्मगोचराः ।
स्मरणादनुमीयन्ते व्युत्थितस्य समुत्थितात् ।। ५६ ।।

अन्वयः - आत्मगोचराः वृत्तयः तु तदानीं अज्ञाताः अपि व्युत्थितस्य समुत्थितात् स्मरणात् अनुमीयन्ते ।

व्याख्या :-आत्मगोचरा आत्मा गोचरो विषयो यासां ता वृत्तयस्तथोक्तास्ता अन्तःकरणस्य वृत्तयस्तदानीं समाधिसमयेऽज्ञाता अपि समाधेर्व्युत्थितस्य साधकस्य समुत्थितात्स्मरणादेतावत्कालमहं समाहितोऽभूवमिति स्मरणान्यथानुपपत्त्या तदापि वृत्तीनां सद्भावमनुमीयते । यद्यत्स्मर्यते तत्तदनुभूतपूर्वमिति व्याप्तेर्न्यायसिद्धत्त्वात् । समाधौ ध्यातृर्ध्यानध्येयानां मध्ये प्रथमयोर्द्वयोर्हाने सति ध्येयं परं ब्रह्मैवावशिष्यते। वशीकृतान्तःकरणस्य निरस्ताहंकर्तृताभिमानत्त्वात् ।।

समाधौ निष्क्रियस्यापि वृत्तीनामनुवृत्त्युपपादनम् -

वृत्तीनामनुवृत्तिस्तु प्रयत्नात्प्रथमादपि ।
अदृष्टासकृदभ्याससंस्कारसचिवाद्भवेत् ।। ५७ ।।

अन्वयः - वृत्तीनाम् अनुवृत्तिः तु प्रथमात् अपि प्रयत्नात् अदृष्टासकृदभ्याससंस्कारसचिवात् भवेत् ।।

है । अतः उसका चित्त ध्येयाकार हो जाता है, इसी अवस्था को समाधि अवस्था कहा जाता है।

समाधि में भी वृत्तियों के सद्भाव का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - आत्मगोचर वृत्तियाँ उस समय (समाधि में) अज्ञात होने पर भी समाधि से उठे हुए पुरुष के स्मरण से अनुमान के द्वारा जानी जाती हैं । ५६ ।

व्याख्या - आत्मा को ही विषय करने वाली अन्तःकरण की वृत्तियाँ यद्यपि समाधि काल में अज्ञात रहती हैं तथापि समाधि से उठे हुए पुरुष को यह ज्ञान होता है कि मैं इतने काल तक समाधि में लीन रहा, अतः उसके स्मरणजन्य ज्ञान से यह अनुमान होता है कि यदि उस समय कोई वृत्ति न होती तो समाधि से व्युत्थान काल में ऐसा ज्ञान होना कैसे संभव था ? क्योंकि जो स्मृति होती है, वह अनुभूत विषय की ही होती है, ऐसी व्याप्ति है । वशीकृतान्तःकरण वाले पुरुष का अहंकर्तृत्वाभिमान नष्ट हो जाने से समाधि काल में ध्याता, ध्यान और ध्येय इन तीन में से प्रथम दो के नष्ट होने पर केवल ध्येय परब्रह्म ही अवशिष्ट रहता है । ऐसी स्थिति सुषुप्ति में होना संभव नहीं है, अतः समाधि में भी वृत्तियों का सद्भाव माना जाता है ।

समाधि में निष्क्रिय होने पर भी वृत्तियों की अनुवृत्ति का प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ - वृत्तियों की अनुवृत्ति तो अदृष्ट से, अनेक बार किये गये अभ्यासजन्य संस्कार सचिव से और समाधि से पूर्वकालीन प्रयत्न से भी हो जाती है । ५७ ।

व्याख्या - पूर्वश्लोक में वर्णित स्मरणज्ञानजन्य अनुमान से समाधि काल में वृत्तियों का सद्भाव

व्याख्या :- भवत्त्वेवं समाधिसमयेऽसम्प्रज्ञाताख्यनिर्विकल्पत्त्वेऽपि तस्य व्युत्थानकालिकस्मरणानुमितास्सुसूक्ष्मतमास्सत्त्वमात्रप्रधानाश्चित्तवृत्तयो ध्येयनिर्गुणब्राह्मात्मैक्याकाराः। परन्तु तासां वृत्तीनामनुवृत्तिसामग्री केति विशदयति । वृत्तीनां परिशिष्टात्मध्येयैकगोचराणामनुवृत्तिस्तु पारम्पर्येण प्रवाहरूपेणानुगतिः प्रथमादपि प्रयत्नात्समाधेः प्राक्कालिकादपि भवति । अत्रेवमाशङ्का जायते प्राथमिकात्प्रयत्नात्प्रथमैव वृत्तिर्जायते । समाधौ स्थितस्य निष्क्रियस्य पुनः प्रयत्नाभावेन द्वितीयादिवृत्तीनां कथमुदय? इति । अत्र समाधीयते - असकृदभ्याससंस्कारसचिवाददृष्टादिसहकृतात्प्रथमादेवप्रयत्नाद्वृत्तीनामनुवृत्तिर्भवेदिति । अदृष्टमधर्मासंस्पृष्टः पुण्यविशेषोऽशुक्लकृष्णकर्माख्यः। योगसूत्रे हि "कर्माशुक्लकृष्णं योगिनस्त्रिविधमितरेषाम्" इत्युक्तम् । शुद्धसंवित्कर्म, तथासकृद्भूयो भूयो यस्समाध्यभ्यासो मुहुर्मुहुश्चित्तवृत्तिनिरोधने प्रयत्नस्तस्य च यस्संस्कारो भावनावासनेत्यादिशब्दैरभिलप्यस्सूक्ष्मावस्थाविशेषस्तौ सचिवौ सहायौ यस्य तस्मात्तथोक्तादेतादृशात्प्रथमादप्यसम्प्रज्ञातसमाधिप्राक्कालिकादपि प्रयत्नात् वृत्तीनामनुवृत्त्युत्पादकप्रयत्नादेवान्या जायन्ते । विचारोऽयमकाण्डताण्डव इव भातीति कश्चन शङ्कते । यतस्सति कुड्ये चित्रलेखनमिति न्यायानुसारं प्रथममसम्प्रज्ञाताख्ये निर्विकल्पे निरोधसमाधौ यदि वृत्तीनां सम्भवो बुद्धौ संभवेत्तत्पश्चात्तासां वृत्तीनामनुवृत्तिः कस्माद्भवतीति विचारस्समुचितो भवेत्समाधौ वृत्तिसद्भावमेव न पश्याम इति । यतो"ऽसम्प्रज्ञातसमाधिस्तु सकलवृत्तिशून्यं निरोधरूपेण परिगणितमावृतं मन एवे"ति न्यायरत्नावलीकारैस्समाधौ वृत्तिसद्भाव एव खण्डितः । यद्यपि वेदान्तसारादौ वृत्तिसद्भावोऽङ्गीकृतो न स प्रामाणिकः । तथा हि "निरोधरूपेण परिणामोऽपि केवलात्माकारवृत्तिरूपो मनोवृत्तिभानाभावे समानेऽपि मनोवृत्तिसत्त्वासत्त्वाभ्यामसम्प्रज्ञातसमाधिसुषुप्त्योर्भेदा"दित्याद्युक्तं तन्न सङ्गच्छते "मोक्षो निर्विषयं स्मृतं" "यदा पञ्चावतिष्ठन्ते ज्ञानानि मनसा

कहा गया, अब उन वृत्तियों की अनुवृत्ति कैसे होती है, इसको स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि एकमात्र ध्येयाकार (ब्रह्माकार) जो वृत्तियाँ हैं, उनकी अनुवृत्ति अर्थात् धाराप्रवाह से उत्पत्ति समाधि से पूर्व में किये हुए प्रयत्न से भी होती है । यहाँ शंका होती है कि प्रथम प्रयत्न से प्रथम वृत्ति ही उत्पन्न होगी, किन्तु जो समाधि में स्थित है, वह तो निष्क्रिय होता है और निष्क्रिय का बारम्बार प्रयत्न करता संभव नहीं है तब द्वितीय, तृतीय आदि वृत्तियाँ कैसे उत्पन्न होगीं ? इसका समाधान देते हैं कि समाधि से पूर्व में जो समाधि प्राप्ति के लिये बारम्बार प्रयत्न किया गया था, उसी अभ्यास से उत्पन्न जो संस्कार हैं, उनसे वृत्तियों की अनुवृत्ति होती है । और अदृष्ट से (अधर्म से सर्वथा रहित विशेष प्रकार के पुण्य को अदृष्ट कहते हैं उससे) वृत्तियों की अनुवृत्ति होती है । "***कर्माशुक्लाकृष्णं योगिनः त्रिविधमितरेषाम्*** " (पा.यो.सू. ४/७) अर्थात् योगी के कर्म अशुक्ल और अकृष्ण होते हैं तथा दूसरों के कर्म तीन प्रकार के होते हैं । जिनका फल विषयसुख है, वे शुक्ल कर्म हैं और नरकादि दुःखों को देने वाले कृष्णकर्म कहे जाते हैं । योगी का कर्म इन दोनों से भिन्न होता है । इसी अशुक्ल और अकृष्ण विशेष कर्म को अदृष्ट कहते हैं । और अनेक बार किये गये अभ्यासजन्य संस्कार सचिव से अर्थात् समाधि के लिये चित्तनिरोध रूपी अभ्यास को बारम्बार करने से यानी कि अभ्यासजन्य भावना (वासना) से, इन दोनों के सहायक होने पर अर्थात् अदृष्ट और असकृत् किये गये अभ्यासजन्य संस्कार द्वारा सहकृत प्रयत्न से वृत्तियों की अनुवृत्ति होती है ।

सह'' ''तद्यच्छेच्छान्त आत्मनी''त्यादिश्रुतीनां पूर्वोक्तसूत्राणां च विरोधात्तस्मात्समाधौ वृत्तीनामनुवृत्तिः केन प्रकारेणेति विचारप्रयासो विफल एवेति । नेयं शङ्का समुचिता । तथा हि - निरोधसमाधेस्सकाशाद्व्युत्थितस्या''हमेतावन्तं कालं सुखं निर्विकल्पं समाहितोऽभूव''मिति स्मृत्यन्यथानुपपत्त्या विवरणाचार्याणां मतेन सुषुप्ताविव समाधावपि सत्त्वमात्रपरिणतसूक्ष्मतमचित्तवृत्ति-कल्पनौचित्यात्तद्बाधरूपास्वारस्यं हृदि कृत्त्वैव पक्षान्तरमुपन्यस्तम् ''मोक्षो निर्विषय''मित्यादिश्रुतयस्त्व-संप्रज्ञातसमाधेरात्मान्याविषयकत्त्वबोधिका इति न कोऽपि विरोधः। योगसूत्राण्यप्यस्मिन्नर्थे तात्पर्यवन्ति । सर्वमेतन्मनस्याकलय्य सङ्क्षेपशारीरकाचार्याः ''आत्मनात्माकारं स्वभावतोऽवस्थितं चित्तम् । आत्मैकाकारतया तिरस्कृतानात्मदृष्टिर्विदधीत'' इत्यवोचन् । तेन च पक्षान्तरस्यैकदेश्यभिप्रायकत्त्वं सिद्ध्यतीति प्रकृतो वृत्तीनामनुवृत्तिविचारस्समाधौ कथमित्युपपन्न एवेति शम् ।।

श्रीगीताचार्योपदिष्टसमाधिप्रदर्शनम् -

यथा दीपो निवातस्थ इत्यादिभिरनेकधा ।
भगवानिममेवार्थमर्जुनाय न्यरूपयत् ।। ५८ ।।

अन्वयः - 'यथा दीपो निवातस्थः दीपः' इत्यादिभिः भगवान् अनेकधा इमम् एव अर्थम् अर्जुनाय न्यरूपयत् ।।

व्याख्या :- ''यथा दीप'' इत्यादिग्रन्थेनानेकधा बहुविधप्रकारैर्भगवानणिमाद्यष्टैश्वर्यसम्पन्नो ज्ञानैश्वर्यादियुक्तश्च श्रीकृष्ण इममेवार्थं निर्विकल्पसमाधिरूपमर्जुनाय स्वशिष्याय न्यरूपयन्निरूपणमकरोदिति। अस्मिन्नर्थे गीतावचनानीमानि - ''यथा दीपो निवातस्थो नेङ्गते सोपमा

यदि कहो कि वृत्तियों की अनुवृत्ति का वर्णन करना उचित नहीं है, क्योंकि यदि निर्विकल्प समाधि में वृत्ति का सद्भाव सिद्ध हो, तब तो उसकी अनुवृत्ति का विचार करना उचित है किन्तु निर्विकल्प समाधि तो संपूर्ण वृत्तियों से रहित होती है । तथा अनेक आचार्यों ने इसका समर्थन भी किया है और ***''मोक्षो निर्विषयं स्मृतम्''*** ***''यदा पञ्चावतिष्ठन्ते ज्ञानानि मनसा सह''*** (कठो.२/३/१०) ***''तद्यच्छेच्छान्त आत्मनि''*** इत्यादि श्रुतियाँ भी निर्विकल्प समाधि में वृत्तियों का अभाव कहती हैं । जब वृत्तियाँ ही नहीं हैं तो उनकी अनुवृत्ति का विचार करना कहाँ तक उचित है । इस शंका का समाधान यह है कि समाधि से व्युत्थित व्यक्ति कहता है कि ''मैं इतने काल तक समाहित रहा, मुझे कुछ पता तो नहीं चला किन्तु मैंने बहुत ही आनन्द का अनुभव किया'' यह स्मृति अनुभवजन्या होने के कारण आप इसका निरादर नहीं कर सकते । और आपने जो श्रुतियों के प्रमाण दिये हैं वे केवल निर्विकल्प समाधि में आत्मा में अविषयत्व का बोध कराने वाली हैं, अतः उनसे किसी भी प्रकार का विरोध नहीं है । योगसूत्रादि इसी अर्थ में तात्पर्य रखते हैं, अतः पूर्वोक्त शंका करना अनुचित है ।

श्रीमद्भगवद्गीता में प्रतिपादित समाधि का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - ''***यथा दीपो निवातस्थः***'' इत्यादि श्लोकों के द्वारा अनेक प्रकार से भगवान् श्रीकृष्ण ने अर्जुन के प्रति इसी अर्थ का निरूपण किया है । ५८ ।

व्याख्या - आपके द्वारा वर्णित समाधि का पूर्वाचार्यों ने निरूपण नहीं किया है, ऐसी शंका नहीं

स्मृता । योगिनो यतचित्तस्य युञ्जतो योगमात्मनः''।। ''यत्रोपरमते चित्तं निरुद्धं योगसेवया । यत्र चैवात्मनात्मानं पश्यन्नात्मनि तुष्यति''।। ''सुखमात्यन्तिकं यत्तद्बुद्धिग्राह्यमतीन्द्रियम् । वेत्ति यत्र न चैवायं स्थितश्चलति तत्त्वतः''।। ''यं लब्ध्वा चापरं लाभं मन्यते नाधिकं ततः । यस्मिन्स्थितो न दुःखेन गुरुणापि विचाल्यते''।। ''तं विद्याद्दुःखसंयोगवियोगं योगसंज्ञितम् । स निश्चयेन योक्तव्यो योगोऽनिर्विण्णचेतसा''।। ''सङ्कल्पप्रभवान्कामांस्त्यक्त्वा सर्वानशेषतः । मनसैवेन्द्रियग्रामं विनियम्य समन्ततः'' ।। ''शनैश्शनैरुपरमेद्बुद्ध्या धृतिगृहीतया । आत्मसंस्थं मनः कृत्त्वा न किञ्चिदपि चिन्तयेत्''।। ''यतो यतो निश्चरति मनश्चञ्चलमस्थिरम्। ततस्ततो नियम्यैतदात्मन्येव वशं नयेत्'' ।। ''प्रशान्तमनसं ह्येनं योगिनं सुखमुत्तमम् । उपैति शान्तरजसं ब्रह्मभूतमकल्पषम्'' ।। ''युञ्जन्नेव सदात्मानं योगी विगतकल्मषः । सुखेन ब्रह्मसंस्पर्शमत्यन्तं सुखमश्नुते''।। इत्यादि । एषामर्थस्तु बहुभिर्व्याख्यात इत्युपरम्यते ।

एवञ्च निवातदेशे देवमन्दिरादौ विहितदीपे विषये यथा प्रथममेव सकलसामग्रीवैपुल्यार्थं प्रयत्नोऽपेक्षितस्तदूर्ध्वं ह्यसौ दीपो यावत्कारणसामग्रीपर्याप्त्यचञ्चलाग्निशिखस्सन्प्रज्वलति सामग्रीह्रासान्यथानुपपत्त्या प्रतिक्षणं मध्ये ज्वालाप्रभेदेऽप्येकैवेयं सेयं दीपज्वालेति प्रस्फुरति । तद्वत्समाधावपि सम्प्रज्ञातकाले समनुष्ठितप्राथमिकप्रयत्नादृष्टाभ्यासासादितसामग्रीपौष्कल्येन तैलधारावदविच्छिन्नतायै वृत्तिसन्ताने सिद्धे कदाचिद्व्युत्थानकालिकस्मृत्याद्यन्यथानुपपत्तिसिद्धवृत्तीनां बहुसंख्याकानां सत्त्वेऽप्यतिसादृश्यादेकरूपतयैव भातीति सर्वमनवद्यम् ।।

निर्विकल्पसमाधेरवान्तरफलप्रदर्शनम् –

अनादाविह संसारे सञ्चिताः कर्मकोटयः ।
अनेन विलयं यान्ति शुद्धो धर्मो विवर्धते ।। ५९ ।।

करनी चाहिये क्योंकि जगद्गुरु भगवान् श्रीकृष्ण ने इस समाधि का निरूपण किया है । गीता के आत्मसंयमयोग नामक छटवें अध्याय में श्लोक ११ से लेकर श्लोक २९ तक भगवान् ने इसी अर्थ का निरूपण अर्जुन के प्रति किया है । शुद्ध भूमि में जिसके ऊपर क्रमशः कुशा, मृगछाला और वस्त्र बिछे हों, जो बहुत ऊँची-नीची न हो, ऐसी भूमि पर स्थिर आसन से बैठकर मन और इन्द्रियों को एकाग्र करके अन्तःकरण की शुद्धि के लिये योग का अभ्यास करें । शरीर, मस्तक और गले को समान रखें । नासाग्रभाग पर दृष्टि रखें, अन्यदिशाओं में न देखें, ब्रह्मचर्यव्रत का पालन करने वाला योगी मुझ परमात्मा का ध्यान करने से परम शान्ति को प्राप्त करता है । योगी को अधिक या कम भोजन नहीं करना चाहिये । अधिक या कम शयन भी नहीं करना चाहिये । उचित आहार-विहार करना चाहिये । जैसे वायुरहित स्थान में स्थित दीपक चलायमान नहीं होता है, उसी प्रकार योगी का चित्त भी परमात्मा के ध्यान में लग जाने पर विचलित नहीं होता है । इत्यादि अनेक प्रकार से भगवान् ने पूर्वोक्त समाधि का निरूपण किया ही है । भाव यह है कि पूर्वोक्त कथन स्वकलोपकल्पित नहीं है किन्तु शास्त्रों से प्रमाणित ही है ।

अब निर्विकल्प समाधि के अवान्तर फल का वर्णन करते हैं ।

अर्थ – अनादि इस संसार में संचित करोड़ों कर्म इस समाधि से विनाश को प्राप्त हो जाते हैं और शुद्धधर्म की वृद्धि होती है । ५९ ।

अन्वयः - अनादौ इह संसारे सञ्चिताः कर्मकोटयः अनेन विलयं यान्ति, शुद्धः धर्मः विवर्धते।

व्याख्या :-आनादाविह संसारे प्रवर्तमानानां धर्माधर्ममिश्रफलजनकानामनेकविधकर्मणां सञ्चितानामनुस्यूतत्त्वेन समाधिकालिकानेकवृत्तिपरम्परासाधनताकस्य प्रथमप्रयत्नस्याधर्मासंस्पृष्ट-धर्मविशिष्टत्त्वं कथं वा संभाव्येत? यतो धर्मेण सह सञ्चितकर्मजनिताधर्मस्य मिश्रस्याप्यनुवर्तमानता संभाव्यत इतीमां शङ्कां परिहरत्ययं श्लोकः । अनादावादिरहित इहास्मिन्संसारे सञ्चिता अचिरेण सम्पादिताः कर्मकोटयः कर्मणां पुण्यपापमिश्रलक्षणानां कोटयोऽनन्तकर्माण्यप्यनेन निरुक्तनिर्विकल्पसमाधिना विलयं यान्ति निर्मूलतया विनश्यन्ति । फलदानं विना कर्मणां क्षयोऽसम्भव इति "नाभुक्तं क्षीयते कर्म" इत्यादिवचनानि वदन्ति, तत्कथमत्र विरुद्धमुच्यत इति चेन्न । तेषां कर्मक्षयनिषेधवचनानां प्रारब्धकर्ममात्रपरत्त्वस्य न्यायतस्सिद्धान्तितत्त्वात् । अन्यथा प्रायश्चित्तादिविधीनां वैयर्थ्यप्रसङ्गः । एवं चागामिसञ्चितानां कर्मणां फलदानशक्तिविनाशः प्रायश्चित्तानुष्ठानेनात्मन्यविद्या-कल्पितकर्तृत्त्वभोक्तृत्त्वाभिमानपरित्यागेन वेत्यन्यदेतत् । अस्मादेव च हेतोः "क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन्दृष्टे परावर" इत्यादिश्रुतयोऽपि सङ्गतार्था भवन्ति । तथा "ज्ञानाग्निस्सर्वकर्माणि भस्मसात्कुरुते" इत्यादिस्मृत्श्चात एव शुद्ध च सविलासाविद्यानिवर्तनपूर्वकमात्मसाक्षात्कारसाधनसमर्थत्त्वमेवेति दिक्।।

व्याख्या - अनादि इस संसार में धर्म और अधर्म रूप अनेक प्रकार के कर्मों का संचय मनुष्य करता ही रहता है । जब धर्म के साथ संचितकर्मजनित अधर्म भी फलोन्मुख होगा तब अधर्म से असंस्पृष्ट जो धर्मसचिवत्व है, वह कैसे संभव है ? इस शंका का उत्तर देते हुए कहते हैं कि यह संसार अनादि है । जिसका कोई आदि न हो, उसे अनादि कहते हैं । ऐसे इस संसार में पूर्वजन्मोपार्जित अनेक शुभाशुभ फलदायी कर्म इस समाधि के द्वारा विलीन हो जाते हैं अर्थात् पूर्णरूप से नष्ट हो जाते हैं । श्रुति भी कहती है कि "***क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन्दृष्टे परावरे***" (मु.उ. २/२/८) अर्थात् उस परावर ब्रह्म तत्त्व का साक्षात्कार हो जाने पर इसके सभी कर्म क्षीण हो जाते है और "***ज्ञानाग्निः सर्वकर्माणि भस्मसात्कुरुतेऽर्जुन***" (गी.) इस प्रकार गीता में भी ज्ञानी के सभी कर्म भस्म हो जाते हैं, ऐसा कहा गया है ।

पूर्वपक्षी - शुभाशुभ फल दिये बिना कर्मों का नाश होना असंभव है । "***नाभुक्तं क्षीयते कर्म***" (भोग के बिना कर्म क्षीण नहीं होते) इत्यादि वचन इस विषय में प्रमाण हैं ।

समाधान - "***नाभुक्तं क्षीयते कर्म***" इस वाक्य में जो कर्म क्षय का निषेध सुना जाता है, वह प्रारब्धकर्मों का ही है, अन्यथा प्रायश्चित्त विधियों के वैयर्थ्य का प्रसंग आ जाएगा । अतः आगामी और संचित कर्मों का क्षय प्रायश्चित्तादि के द्वारा कर्तृत्वाभिमान का परित्याग करने पर संभव हो जाएगा । इसीलिये "***क्षीयन्ते चास्य कर्माणि***" इस श्रुति में और गीता में भी प्रारब्ध से अतिरिक्त कर्मों का ही क्षय होना कहा गया है ।

जब संचित कर्मों का नाश हो जाएगा तो उससे क्या होगा ? इसका उत्तर देते हैं कि इससे शुद्धधर्म की वृद्धि होती है अर्थात् अविद्या का नाश करने वाला मोक्ष का साधनभूत धर्म वृद्धि को प्राप्त होता है ।

समाधिना शुद्धधर्मवृद्धौ प्रमाणनिरूपणम् -

धर्ममेघमिमं प्राहुस्समाधिं योगवित्तमाः ।
वर्षत्येष यतो धर्मामृतधारास्सहस्त्रशः ॥ ६० ॥

अन्वयः - योगवित्तमाः इमं समाधिं धर्ममेघं प्राहुः । यतः एषः धर्मामृतधाराः सहस्त्रशः वर्षति।

व्याख्या :- योगवित्तमाः योगः प्रत्यग्ब्रह्मात्मैक्यसाक्षात्कारः । तं सम्यग्विन्दन्तीति तथोक्ता ब्रह्मविद्वरिष्ठा अतिशयेन योगज्ञा इमं निर्विकल्पसमाधिं धर्ममेघं धर्माच्छुद्धान्मेहति प्रवर्षतीति धर्ममेघः मिह सेचन इति धातोर्हि मेघशब्दो निष्पद्यते । एवंविधं समाधिं प्राहुः । यतो हेतोरशेष-समाधिस्सहस्त्रशोऽनेकशो धर्मामृतधारा धर्म एवामृतममृतरूपमोक्षस्य परम्परया साधनत्त्वात्तस्य धारा वर्षति । पतञ्जलिर्ब्रूते - "प्रसङ्ख्यानेऽप्यकुसीदस्य सर्वथा विवेकख्यातेः धर्ममेघस्समाधि"रिति । सूत्रस्यार्थ आकरे द्रष्टव्य एवं शिवाथर्वशिखोपनिषद्यपि श्रूयते "क्षणमेकं क्रतुशतस्यापी"ति शम् ।।

समाधिमुख्यफलप्रदर्शनम् -

अमुना वासनाजाले निःशेषं प्रविलापिते ।
समूलोन्मूलिते पुण्यपापाख्ये कर्मसञ्चये ॥ ६१ ॥

अन्वयः - अमुना वासनाजाले निःशेषं प्रविलापिते पुण्यपापाख्ये कर्मसञ्चये समूलोन्मूलिते ।।

अब समाधि की प्रशंसा करते हैं ।

अर्थ - श्रेष्ठ ब्रह्मवेत्ताओं ने इस निर्विकल्प समाधि को धर्ममेघ नाम से कहा है क्योंकि यह धर्म रूप अमृत की धाराओं को हजारों प्रकार से वर्षाती है । ६० ।

व्याख्या - प्रत्यगात्मा और ब्रह्म की एकता का साक्षात्कार योग है । उस योग को जो जानते हैं अर्थात् ब्रह्मसाक्षात्कार करने वाले जो योगज्ञ हैं, उनमें भी जो सर्वश्रेष्ठ हैं, ऐसे योगवित्तम जो महात्मा हैं, उन्होंने इस निर्विकल्प समाधि को धर्ममेघ नाम से कहा है '***मिह सेचने***' इस धातु से मेघ शब्द बनता है । अर्थात् शुद्ध धर्म को वर्षाने के कारण इसे धर्ममेघ कहा गया है । इसका कारण यह है कि यह समाधि धर्म रूप अमृत की अनेकों प्रकार की धाराओं को वर्षाती है । जैसे ग्रीष्मकाल में सन्तप्त पृथ्वी को वर्षाकालीन मेघ जल बरसा के सन्तृप्त करते हैं, वैसे ही यह समाधि ब्रह्मानुभूति रूप अमृत धर्म की वर्षा करने के कारण धर्ममेघ नाम से कही जाती है । "***प्रसंख्यानेऽप्यकुसीदस्य सर्वथा विवेकख्यातेर्धर्ममेघस्समाधिः***" (पा.यो.सू.४/२९) अर्थात् जिस योगी का विवेकज्ञान की महिमा में भी वैराग्य हो जाता है, उसका विवेकज्ञान सर्वथा प्रकाशमान रहने के कारण उसे धर्ममेघ समाधि प्राप्त हो जाती है । "***ततः क्लेशकर्मनिवृत्तिः***" (पा.यो.सू. ४/३०) उस धर्ममेघ समाधि से योगी के समस्त क्लेश और कर्मों का नाश हो जाता है ।

अब दो श्लोकों से समाधि का मुख्य प्रयोजन बताते हैं ।

अर्थ - इस समाधि से वासनाजाल सम्पूर्ण रूप से नष्ट हो जाने पर पुण्य और पापात्मक सभी संचित

व्याख्या :- अमुना निर्विकल्पसमाधिना वासनाजाले दीर्घकालाभ्यस्तकर्मणां संस्कारसमूहबलेन सञ्जातेऽहङ्कारममकारकर्तृत्त्वभोक्तृत्त्वाद्यभिमानहेतुभूते ज्ञानविरोधिन्यज्ञानकार्यवर्गे निश्शेषं यथा किञ्चिदपि शेषो नावशिष्यते तथा प्रविलापिते समग्रतया विनाशिते पुण्यपापाख्ये सुकृतदुष्कृताख्ये उपलक्षणविधया मिश्ररूपे कर्मणि सर्वविधेऽपि कर्मसञ्चये बहुजन्मोपार्जिते तस्मिन्समूलमुन्मीलिते मुलेनाज्ञानेन सहोन्मूलिते समुद्धृते विलयं प्राप्ते इत्यनेनासम्प्रज्ञातसमाधेः फलं निखिलकर्मणां क्षयो वासनाजालस्य च विनाश इति सर्वस्मिन्नेतस्मिन्सर्वानर्थकारणभूते महामोहे च विनष्टे दुःखात्यन्ताभावोपलक्षित-निरतिशयसुखावाप्तिरेवेति दिक् ।।

समाधिना फलितमात्मज्ञानमिति प्रदर्शनम् -

वाक्यमप्रतिबद्धं सत्प्राक्परोक्षावभासिते ।
करामलकवद्बोधमपरोक्षं प्रसूयते ।। ६२ ।।

अन्वयः - वाक्यम् अप्रतिबद्धं सत् प्राक् परोक्षावभासिते करामलकवत् अपरोक्षं बोधं प्रसूयते।।

व्याख्या :- वाक्यं तत्त्वमस्यादिमहावाक्यमप्रतिबद्धं विषयवासनाप्रमाणासंभवनाप्रमेयासम्भावना-साधनविपरीतभावनाफलविपरीतभावनाख्यप्रतिबन्धपञ्चकेन नित्यानित्यवस्तुविवेकादिसकलसाधन-सम्पच्छ्रवणमननिदिध्यासनजीवन्मुक्त्यादिफलसाधकसमाधिभिः क्रमान्निरस्तत्त्वाच्छून्यं सत्पूर्वसत्कर्मवासनाद्यवरोधरहितं सत्प्रागितः पूर्वं परोक्षावभासिते परोक्षतया सुप्रकाशिते तत्त्वे करामलकवत्करतलगतामृतादिवत्सर्वात्मना गोचरमिवापरोक्षमपरोक्षतया साक्षात्काररूपं

कर्म मूलसहित उखड़ जाते हैं । (अर्थात् नष्ट हो जाते हैं) । ६१ ।

व्याख्या - पूर्वोक्त समाधि के द्वारा वासनाजाल अर्थात् दीर्घकाल से अभ्यस्त कर्मों का पूर्ण रूप से विनाश हो जाने पर पुण्यपापात्मक सभी कर्म अर्थात् पूर्वजन्मोपार्जित सम्पूर्ण संचित कर्म मूलसहित उखड़ जाते हैं अर्थात् नष्ट हो जाते हैं । जैसे वृक्ष को काट देने पर भी जलादि के सम्पर्क से वह पुनः उत्पन्न हो जाता है किन्तु यदि उसे मूल सहित उखाड़ दिया जाय तो वह पुनः उत्पन्न नहीं हो सकता, उसी प्रकार पुण्यपापात्मक सभी संचित कर्म जब मूलसहित नष्ट हो जाते हैं तो पुनः संसारसागर में गिरना नहीं पड़ता है ।

यह समाधि का मुख्य फल है, इसका फलितार्थ अगले श्लोक में कहेंगे ।

अर्थ - महावाक्य अप्रतिबद्ध होकर पूर्वकाल में परोक्ष रूप से अवभासित तत्त्व का हाथ में रखे हुए आँवले के समान अपरोक्ष ज्ञान को उत्पन्न करता है । ६२ ।

व्याख्या - समाधि के द्वारा वासना और पुण्यपापात्मक सभी संचित कर्मों के नष्ट हो जाने पर महावाक्य समस्त प्रतिबन्धों से रहित हो जाता है । प्रतिबन्ध के सद्भाव में कोई भी वस्तु अपना प्रभाव नहीं दिखा सकती । यद्यपि महावाक्य साक्षात् ज्ञान कराने में समर्थ है तथापि वासना और संचित पुण्यपापात्मक कर्मों के कारण वह प्रतिबद्ध हो जाता है । किन्तु जब निर्विकल्प समाधि के द्वारा उक्त वासनाओं का क्षय हो जाता है तब तत्त्वमसि आदि महावाक्य प्रतिबन्ध रहित हो जाते हैं और वे अप्रतिबद्ध

जीवब्रह्मैक्यतत्त्वावभासनसमर्थं बोधं संविदं प्रसूते सञ्जनयति । अत्र महावाक्ये प्रतिबन्धाः प्रदर्शिताः। सङ्क्षेपशारीरककारास्तु तत्त्वमस्यादिमहावाक्यप्रमितावेव सदृष्टान्तं प्रतिबन्धसद्भावं वर्णयन्ति । "पुरुषापराधमलिना धिषणा निरवद्यचक्षुरुदयापि यथा । न फलाय भर्छुविषया भवति श्रुतिसम्भवापि तु तथात्मधीः" ।। इति । नायं विरोधः यतो"ऽहं ब्रह्मास्मि" इति बोध एव "तत्त्वमस्यादि"वाक्य-स्वाभाव्याज्जायत इति निर्विवाद एव । समधीतषडङ्गस्वाध्यायेऽधिकारिणि तथैव दर्शनात् । परं त्वसौ पूर्वोक्तसकलविधप्रतिबन्धध्वंसात्प्राक् परोक्षमिव निरुक्तप्रतिबन्धादवभासस्सञ्जायते । यस्मै तादृगेव ब्रह्मात्मैक्यं विषयीकरोति न तु नित्यापरोक्षं तेनोक्तबोधस्य त्रिक्षणावस्थायित्त्वात्प्रतिबद्धाग्निवद्दीर्घ-कालावस्थानासम्भवाद्वाक्य एव तदपि वक्तव्यमिति प्रकृतग्रन्थाशय इति शम् ।।

परोक्षज्ञानफलबोधनाय सूतसंहितावाक्योद्धरणम् –

परोक्षं ब्रह्मविज्ञानं शाब्दं देशिकपूर्वकम् ।
बुद्धिपूर्वकृतं पापं कृत्स्नं दहति वह्निवत् ॥ ६३ ॥

अन्वयः – देशिकपूर्वकं शाब्दं परोक्षं ब्रह्मविज्ञानं बुद्धिपूर्वकृतं कृत्स्नं पापं वह्निवत् दहति ।।

व्याख्या :- परोक्षापरोक्षज्ञानयोः फलं भिद्यते । तत्र परोक्षज्ञानस्य फलबोधकं वाक्यं यत्सूतसंहितायां यज्ञवैभवखण्डे पठितं तदक्षरशस्तथैव पठति देशिकश्श्रीगुरुनाथस्तत्पूर्वकं श्रीसद्गुरूपदिष्ट-वेदान्तवाक्यजन्यं शाब्दं तत्त्वमस्यादिमहावाक्यैर्बोधितमत एव परोक्षं ब्रह्मविज्ञानं "अस्ति ब्रह्मेति चेद्वेद । सन्तमेनं ततो विदुरिति" इति । "अहं विश्वं भुवनमभ्यभव"मिति च श्रुतिप्रसिद्धम् । बुद्धिपूर्वकृतं विज्ञानपूर्वकं यथा भवति तथा कृत्स्नं समस्तं पापं पुण्यपापाख्यं सर्वं कर्मफलमशेषकर्मसञ्चयं

महावाक्य समाधि के पूर्व परोक्ष रूप से अवभासित ब्रह्मतत्त्व का अपरोक्ष ज्ञान करा देते हैं । इस विषय में दृष्टान्त देते हैं कि जैसे हाथ में रखा हुआ आँवले का फल व्यक्ति को अपरोक्ष रूप से प्रतीत होता है अर्थात् स्पष्ट दीखता है, वैसे ही अप्रतिबद्ध महावाक्य भी अपरोक्ष ज्ञान को उत्पन्न करता है अर्थात् स्पष्ट रूप से भासित करता है ।

अब परोक्ष ज्ञान के फल का वर्णन करते हैं ।

अर्थ – गुरुमुख से प्राप्त महावाक्यजन्य परोक्ष ब्रह्मज्ञान बुद्धिपूर्वक किये गये समस्त पापों को अग्नि के समान जला डालता है । ६३ ।

व्याख्या – यहाँ 'सूतसंहिता' के यज्ञवैभवखण्ड के दूसरे अध्याय के सोलहवें श्लोक को अक्षरशः पढ़ा गया है । परोक्ष और अपरोक्ष दोनों प्रकार के ज्ञान के फल में अन्तर होने से ग्रन्थकार प्रथम परोक्ष ज्ञान के फल का वर्णन करते हैं । "***शिष्येभ्यो ज्ञानमुपदिशतीति देशिकः***" शिष्यों को ज्ञान का उपदेश करने वाला ब्रह्मनिष्ठ गुरु ही देशिक (आचार्य) कहा जाता है । ऐसे गुरु के मुखारविन्द से प्राप्त तत्त्वमसि आदि महावाक्य से परोक्ष ब्रह्म ज्ञान होता है । अर्थात् श्रुति, युक्ति और गुरूक्ति से आत्मा में किसी भी प्रकार की शंका तो नहीं रहती किन्तु अनुभूति के अभाव में अपरोक्ष ज्ञान नहीं होता । तथापि परोक्ष ज्ञान

वह्निवद्वहति यद्वद्वह्नी रमणीयमरमणीयं वा सर्वमपि स्वसम्बद्धं दहति तद्वज्ज्ञानमपि पुण्यं पापं वा सर्वमपि जन्मजराद्यनर्थप्रदं सन्दहतीति शम् ।।

अपरोक्षज्ञानफलनिरूपणम् –

अपरोक्षात्मविज्ञानं शाब्दं देशिकपूर्वकम् ।
संसारकारणाज्ञानतमसश्चण्डभास्करः ।। ६४ ।।

अन्वयः – शाब्दं देशिकपूर्वकं अपरोक्षात्मविज्ञानं संसारकारणाज्ञानतमसः चण्डभास्करः ।

व्याख्या :- देशिकपूर्वकमाचार्यानुग्रहलब्धं शाब्दं तथाप्यपरोक्षात्मविज्ञानमपरोक्षस्यात्मनो दशमस्त्वमसीत्यादिवाक्यजन्यबोधवद्यद्विज्ञानं संशयविपर्ययविधुरं निष्कृष्टात्मयाथार्थ्यज्ञानं तत्संसारकारणाज्ञानतमसः संसारस्य जन्ममरणादिप्रवाहस्य मिथ्याभूतस्य मायाकल्पितस्य जगतः कारणं निदानं यदज्ञानमविद्यारूपमस्ति तदेव तमस्तमिस्रं महामोहान्धकारं तस्य चण्डभास्कर-स्तीक्ष्णांशुर्घर्मकालिको मध्यन्दिनगतस्सूर्यो बाह्यतमस इवान्तराज्ञानतमसो ज्ञानभास्करो ध्वंसकस्समूलनिवर्तक इति दिक् ।।

भी निष्फल नहीं है, क्योंकि श्रवणादिजन्य परोक्ष ज्ञान बुद्धिपूर्वक अर्थात् जानबूझ कर किये गये समस्त पाप कर्मों को यानी कि संचित पुण्य-पाप उभय रूप सम्पूर्ण कर्मों को अग्नि के समान नष्ट कर देता है । जैसे अग्नि के सम्पर्क से रमणीय और अरमणीय समस्त वस्तुएँ विनष्ट हो जाती हैं, वैसे ही परोक्ष ज्ञान से भी पुण्य हो या पाप हो, दोनों प्रकार के संचित कर्म विनष्ट हो जाते हैं । पुण्यकर्म भी विषयसुख देने के लिये जन्म के कारण होते हैं, इसलिये यहाँ पर पाप शब्द से पुण्य का भी ग्रहण करना चाहिये । भाव यह है कि परोक्ष ज्ञान जन्म, जरा आदि अनर्थप्रद समस्त कर्मों को दग्ध कर देता है ।

अब अपरोक्ष ज्ञान के फल का वर्णन करते हैं ।

अर्थ – गुरुमुख से प्राप्त महावाक्यजन्य अपरोक्ष आत्मज्ञान संसार के कारण अज्ञान रूपी अन्धकार को नष्ट करने के लिये प्रचण्ड सूर्य के समान है । ६४ ।

व्याख्या – गुरु को सेवा सुश्रुषा आदि से प्रसन्न करके उनके अनुग्रह से जब महावाक्य का उपदेश प्राप्त होता है, तब वही तत्त्वमसि आदि महावाक्यों से उत्पन्न अपरोक्ष आत्मज्ञान अर्थात् निर्विकल्प समाधि के द्वारा आत्मसाक्षात्कार संसार का कारण जो अज्ञान है, उस अज्ञान रूपी अन्धकार को प्रचण्ड सूर्य के समान नष्ट कर देता है । "***दशमस्त्वमसि***" इत्यादि वाक्यजन्य बोध के समान समस्त संशय-विपर्यय से रहित सर्वोत्कृष्ट अपरोक्ष आत्मविज्ञान अज्ञान रूपी तम का समूल नाश कर देता है । भाव यह है कि सूर्य की तीक्ष्ण किरणों के सामने जैसे अन्धकार क्षणमात्र भी नहीं ठहर सकता, उसी प्रकार आत्मसाक्षात्कार रूप अपरोक्ष आत्मज्ञान के होने पर अविद्या रूपी अन्धकार भी मूल सहित नष्ट हो जाता है । सूर्य की किरणें बाह्य अन्धकार को दूर करती हैं और अपरोक्ष आत्मज्ञान आन्तरिक अन्धकार को हमेशा के लिये दूर (नष्ट) कर देता है ।

प्रत्यक्तत्त्वविवेकोपसंहारः –

इत्थं तत्त्वविवेकं विधाय विधिवन्मनः समाधाय ।
विगलितसंसृतिनिबन्धः प्राप्नोति परं पदन्नरो न चिरात् ॥ ६५ ॥

।। इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीभारतीतीर्थविद्यारण्यमुनिवर्यविरचितायां पञ्चदश्यां तत्त्वविवेकाख्यं प्रथमं प्रकरणं सम्पूर्णम् ।।

अन्वयः – नरः इत्थं तत्त्वविवेकं विधाय, विधिवत् मनः समाधाय, विगलितसंसृतिबन्धः, न चिरात् परं पदं प्राप्नोति ।।

व्याख्या :– इत्थमेवं प्रकारेण यथोक्तं सङ्क्षेपशारीरके "ब्रह्मज्ञानविभावसुस्सकलमेवाज्ञानतत्सम्भवं सद्यो वस्तुबलप्रवर्तनमरुद्व्यापारसन्दीपितः । निर्लेपेन हि दन्दहीति न मनागप्यस्य रूपान्तरं संसारस्य शिनष्टि तेन विदुषस्सद्यो विमुक्तिर्ध्रुवा" इति चरमप्रयाससमकालमेव निखिलद्वैतध्वंसपूर्वकं सद्योमुक्तिं तदधिकारिभ्य उक्त्वा जीवन्मुक्त्यधिकारिभ्यो जीवन्मुक्तिमपि कथयन्प्रत्यक्तत्त्वविवेकाख्यप्रथम-प्रकरणमुपसञ्जिहीर्षुरार्यया गीत्या गायति जिज्ञासुर्नरस्साधनचतुष्टयसम्पन्नस्तत्त्वविवेकमन्वय-व्यतिरेकाभ्यामनुवृत्तिव्यावृत्तिलक्षणाभ्यां पञ्चभ्यः कोशेभ्य आत्मानं विभज्य विवेचनं विधाय कृत्त्वा तस्मिन्विविक्त आत्मतत्त्वे विधिवच्छास्त्रोदितमार्गेण श्रवणमननिदिध्यासनादिकं गुरूपसत्तिपुरस्सरमनुष्ठाय तत्त्वमस्यादिमहावाक्यार्थं समाधौ साक्षात्कृत्यानेकवाराभ्यासादिना ध्यातृध्याने परित्यज्य ध्येयैकगोचरे समाधौ मनस्समाधाय निवातदीपवच्चित्तं स्थिरीकृत्य विगलितसंसृतिबन्धोऽपाकृतसंसारपाशोऽपरोक्षज्ञानेन

अब ग्रन्थ के आदि में प्रतिज्ञात तत्त्वविवेचन का फलानुवादपूर्वक उपसंहार करते हैं।

अर्थ – मनुष्य इस प्रकार तत्त्व का विवेक करके और मन का विधिवत् समाधान करके संसार बन्धन को नष्ट करता हुआ अतिशीघ्र परम पद को प्राप्त करता है । ६५ ।

व्याख्या – मनुष्य इस प्रकार तत्त्व का विवेक करके अर्थात् अन्वय–व्यतिरेक के द्वारा आत्मा को अन्नमयादि पाँचों कोशों से विभक्त करके श्रवण, मनन और निदिध्यासन के द्वारा तत्त्वमसि आदि महावाक्य के अर्थ को समाधि में साक्षात् करके (अनुभव करके) मन का विधिवत् समाधान करके अर्थात् ध्याता और ध्यान का क्रम से परित्याग करके एकमात्र ध्येय को ही विषय करके अर्थात् वायु रहित स्थान में रखे हुए दीपक के समान चित्त को ब्रह्म में स्थापित करके संसार रूपी बन्धन को नष्ट करता हुआ साधनचतुष्टयसम्पन्न अधिकारी पुरुष अतिशीघ्र सर्वथा दुःखरहित और निरतिशय आनन्द स्वरूप परम पद को (ब्रह्म को) प्राप्त करता है । ब्रह्मज्ञान यज्ञादि के समान कालान्तर में फल प्रदाता नहीं है, आत्मसाक्षात्कार होते ही परम पद स्वरूप ब्रह्म की प्राप्ति उसी क्षण हो जाती है । इसलिये श्लोक में '***अचिरात्***' शब्द का प्रयोग किया गया है । "***ब्रह्मविदाप्नोति परम्***" (तै.उ. ३) "***ब्रह्मविद् ब्रह्मैव भवति***" इत्यादि श्रुतियाँ ब्रह्मवेत्ता की अविलम्बित मुक्ति में प्रमाण हैं ।

विवेकपञ्चक, दीपपञ्चक और आनन्दपञ्चक नामक तीन पञ्चकों से युक्त अर्थात् पन्द्रह प्रकरणों वाला यह पञ्चदशी नामक ग्रन्थ एक–एक पञ्चक के द्वारा महावाक्यार्थ का वर्णन करता है । प्रथम पञ्चक के द्वारा तत् पदार्थ की शुद्धि, द्वितीय पञ्चक के द्वारा त्वं पदार्थ की शुद्धि और अन्तिम पञ्चक के द्वारा

निवृत्तनिखिलज्ञानतत्कार्यबन्धस्सन्परं पदं निरतिश्यानन्दरूपं फलं "ब्रह्मविदाप्नोति पर"मिति श्रुत्या न चिरादनुपदमेव तत्क्षणमेवाविलम्बेन "तस्य तावदेव चिरं यावन्न विमोक्ष्येऽथ सम्पत्स्य" इति श्रुतिसिद्धमुक्तिं प्राप्नोति स्वयं च सत्यज्ञानानन्दादिलक्षणं ब्रह्मैव भवति । "ब्रह्मविद्ब्रह्मैव भवति" इति श्रुतेरिति दिक् ।।

पञ्चदश्यां विषयविभाग इत्थमनुभूयते -

विवेकपञ्चकदीपपञ्चकानन्दपञ्चकाख्यैस्त्रिभिः पञ्चकैः पञ्चदशप्रकरणैस्तत्त्वमसीति महावाक्यार्थो वर्ण्यते । तत्र तत्पदार्थसंशुद्धिः प्रथमेन विवेकपञ्चकेन, त्वंपदार्थशुद्धिर्द्वितीयेन दीपपञ्चकेन तथा शोधितयोस्तत्त्वंपदार्थयोरैक्यमन्त्येनानन्दपञ्चकेनेति सर्वोऽप्ययं ग्रन्थोऽद्वैतात्मैक्यतात्पर्यक एवेति ज्ञेयः भगवता वेदव्यासेन सर्वोपनिषद्रत्नप्रसूनग्रथनाय चतुरध्यायी सूत्रावली प्रवर्तिता । तत्र च भाष्यकारा उपोद्घाततयाध्यासं प्रथमं न्यरूपयन् । तेषामयमाशयो यज्जनानां जिज्ञासूनां प्रायः प्रतिबन्धाः पञ्च भवन्ति तेषामेभिर्निराकरणं भूयादिति । तत्राध्यासनिरूपणेन विषयवासनारूपः प्रतिबन्धस्समन्वयाध्यायेन च प्रमाणासंभावनारूपोऽविरोधाध्यायेन प्रमेयासंभवानारूपस्साधनाध्यायेन साधनविपरीतभावना-रूपोऽन्तिमेन फलाध्यायेन फलविपरीतभ्रमरूपः पञ्चविधोऽपि प्रतिबन्धो निराकृतो यथा तथैव प्रकृतग्रन्थेऽप्येकैकस्मिन्पञ्चक एकैकेन प्रकरणेनैकैकोऽपि प्रतिबन्धो निराकृतो वेदितव्य एव । तत्पदार्थे पञ्च प्रतिबन्धास्त्वंपदार्थे पञ्चासिपदार्थेऽपि तथैवेति प्रकरणानां पञ्चदशी सङ्गाता । सर्वेषामेषां परमफलत्त्वेनैतच्छेषतया प्रकरणानां षोडशी जीवन्मुक्तिविवेक इति ग्रथितेति जिज्ञासुलोकदयालवो

शोधित तत्-त्वं पदार्थ की एकता का बोध कराता है । भगवान् वेदव्यास जी ने समस्त उपनिषद्रत्न रूपी पुष्पों का संग्रथन करने के लिए चतुरध्यायी सूत्रावली (ब्रह्मसूत्र) की रचना की है । उस ब्रह्मसूत्र पर भाष्यकार भगवान् आद्यशंकराचार्य जी ने सर्वप्रथम अध्यास का वर्णन किया है । इसका आशय यह है कि जिज्ञासुओं को प्रायः पाँच प्रकार के प्रतिबन्धों का सामना करना पड़ता है । उनका सम्यक् रूप से निराकरण करना ही सूत्रकार और भाष्यकार का अभिप्राय है । (१) विषयवासना (२) प्रमाणासंभावना (३) प्रमेयासंभावना (४) साधनविपरीतभावना और (५) फलविपरीतभावना । ये पाँच मुख्य प्रतिबन्ध माने गये हैं ।

अध्यास का निरूपण करने से विषयवासना रूप प्रथम प्रतिबन्ध का, समन्वयाध्याय के द्वारा प्रमाणासंभावना नामक द्वितीय प्रतिबन्ध का, अविरोधाख्य नामक द्वितीय अध्याय के द्वारा प्रमेयासंभावना नामक तृतीय प्रतिबन्धन का, साधनाख्य तृतीय अध्याय से साधनविपरीतभावना नामक चतुर्थ प्रतिबन्ध का और फलाध्याय से फलविपरीतभावना नामक पञ्चम प्रतिबन्ध का जैसे निराकरण किया है, उसी प्रकार प्रकृत ग्रन्थ में भी प्रत्येक पञ्चक में एक-एक प्रकरण के द्वारा एक-एक प्रतिबन्ध का निराकरण किया गया है । अर्थात् तत् पदार्थ के बोध में पाँच प्रतिबन्ध, त्वं पदार्थ के बोध में पाँच प्रतिबन्ध और 'असि' पदार्थ में भी पाँच प्रतिबन्ध जानना चाहिये ।

सायुज्याद्यभिवाञ्छासह सगुणेनाथ तत्र सत्यधिया ।
भक्तिः पुमर्थबुद्ध्या प्रतिबन्धः प्रथम एष ईशमितौ ।।

सालोक्य, सामीप्य, सार्ष्टि, सारूप्य और सायुज्य ये पाँच प्रकार की मुक्तियाँ ईश्वर के सगुणोपासकों की होती हैं । ब्रह्मज्ञानियों की कैवल्य नामक मुक्ति होती है । वस्तुतः यही मुक्ति मुख्य है । तुलसीदास जी भी कहते हैं कि "***अति दुर्लभ कैवल्य परमपद***" (रा.मा.) तथापि आत्मातिरिक्त सुखदायिनी

विद्यारण्यचरणा अहर्निशं वन्द्या ॐ नमो गुरुभ्य इति ।

अथ प्रथमेन तत्त्वविवेकप्रकरणेन येषां पुंसां सगुणेऽपि परमात्मनि सत्यत्त्वधीस्तेषां भवति भक्तिरेव परमः पुरुषार्थो न मुक्तिरितीश्वरज्ञानविषयकः प्राथमिको विषयवासनाख्यः प्रतिबन्धोऽस्ति। तन्निराक्रियते– तथा हि प्रकरणेऽस्मिन्सकलाद्वैतशास्त्रीयाकरप्रकरणात्मकनिखिलग्रन्थसारसङ्ग्रह–भूतेऽधिकारसम्पदेव मुख्यतया प्रतिपादिता । यतोऽत्रविवेकवैराग्यवस्तुप्रतिपादनप्राधान्यं दरीदृश्यते। उपक्रमे ताव"त्तत्पादाम्बुरुहद्वन्द्व–सेवानिर्मलचेतसा"मित्यादेस्तथा "शब्दस्पर्शादयो वेद्या वैचित्र्याज्जागरे पृथक् । ततो विभक्ता तत्संविदैकरूप्यान्न भिद्यत" इत्यादेश्चो"पसंहार" इत्थं तत्त्वविवेकं विधाय विधिवन्मनस्समाधाये"ति चाधिकारसम्पत्सूचितेत्यत्र प्रथमं तात्पर्यग्राहकमुपक्रमोपसंहाररूपम् । तथा "भाने न विषये स्पृहा" "कुर्वते कर्म भोगाय कर्म कर्तुं च भुञ्जते" "नद्यां कीटा इवावर्तादावर्तान्तरमाशु ते । व्रजन्तो जन्मनो जन्म लभन्ते नैव निर्वृतिम् ।" इत्यभ्यासो द्वितीयं लिङ्गम् । एवमेव "ध्यातृध्याने परित्यज्य क्रमाद् ध्येयैकगोचराः । स्मरणादनुमीयन्ते व्युत्थितस्य समुत्थितात् " । वृत्तीनामनुवृत्तिस्तु प्रयत्नात्प्रथमादपि । अदृष्टासकृदभ्याससंस्कारसचिवाद्भवेत्।" इत्यपूर्वता तृतीयं लिङ्गम् । "अमुना वासनाजाले निश्शेषं प्रविलापिते । समूलोन्मूलिते पुण्यपापाख्ये कर्मसञ्चये ।।" "वाक्यमप्रतिबद्धं सत्प्राक्परोक्षावभासिते । करामलकवद्बोधमपरोक्षं प्रसूयते ।।" इति च फलोक्तिश्चतुर्थं लिङ्गम् । "यथा दीपो निवातस्थ इत्यादिभिरनेकधा । भगवानिममेवार्थमर्जुनाय न्यरूपयन्।" इत्यर्थवादः पञ्चमं लिङ्गम् । "अनादाविह संसारे सञ्चिताः कर्मकोटयः । अनेन विलयं यान्ति शुद्धो धर्मो विवर्धते" ।। "धर्ममेघमिमं प्राहुस्समाधिं योगवित्तमाः । वर्षत्येष यतो धर्मामृतधारास्सहस्रशः"।। इत्युपपत्तिश्च षष्ठं तात्पर्यग्राहकलिङ्गम् ।।

इन मुक्तियों को ही सत्य मानकर जो इन्हीं की प्राप्ति के लिये उपासना आदि करते हैं अर्थात् परलोक में भी सुखप्राप्ति की कामना से जो उपासना आदि करते हैं और इसी को परमार्थ मानते हैं, उनके लिये ब्रह्मज्ञान प्राप्ति में यह विषयवासना नामक प्रथम प्रतिबन्ध है । इसी का निराकरण तत्त्वविवेक नामक इस प्रथम प्रकरण के द्वारा किया गया है ।

प्रथमेऽधिकारसंपत्तदर्थमुख्यत्वमस्त्युपक्रमतः ।
तत्पादेति च शब्देत्यादिग्रन्थस्य तत्परत्वेन ।।

तत्त्वविवेक नामक इस प्रथम प्रकरण में अधिकारसंपत्ति का वर्णन है, क्योंकि इस प्रकरण में मुख्यतया विवेक और वैराग्य का ही प्रतिपादन दृष्टिगोचर होता है ।

उपक्रमोपसंहार – "***तत्पादाम्बुरुहद्वन्द्वसेवा निर्मलचेतसाम्*** " (श्लोक .२)
शब्दस्पर्शादयो वेद्या वैचित्र्याज्जागरे पृथक् ।
ततो विभक्ता तत्संविदैकरूप्यान्न भिद्यते ।। (श्लोक . ३)

यहाँ से उपक्रम करके "***इत्थं तत्त्वविवेकं विधाय विधिवन्मनस्समाधाय*** " (६५) इस श्लोक से उपसंहार किया गया है । इस उपक्रमोपसंहार नामक तात्पर्यग्राहक प्रथम लिंग के द्वारा अधिकारसंपत्ति का ही निरूपण किया गया है ।

किसी भी ग्रन्थ का तात्पर्य निर्धारण करने के लिये छह प्रकार के तात्पर्य ज्ञापक लिंगो का अनुसन्धान करना आवश्यक है । वे लिंग इस प्रकार हैं ।

एवं षोढा लिङ्गैरन्तःकरणनैर्मल्यादिनिर्विकल्पसमाध्यन्ताधिकारसम्पद्येव प्राधन्यदर्शनादस्य तत्त्वविवेकप्रकरणस्य तात्पर्यतोऽयमर्थो निर्णीयते तथा चैतया सम्पदाधिकारिणस्सगुणेन हरिहरादिरूपेण ब्रह्मणा सह भक्त्या सालोक्यादिमुक्तौ प्राप्तायामपि "नाल्पे सुखमस्ती"ति श्रुतेर्जाग्रदादावन्वयव्यतिरेक-सिद्धत्त्वाच्च युक्तीनामनुभवस्य च सद्भावा "द्विवादाध्यासितं मिथ्या दृश्यत्त्वाच्छुक्तिरजतवदित्याद्यनुमानैश्च तत्र सगुणे सत्यत्त्वबुद्ध्येच्छावशात्पुमर्थधिया परमप्रेमरूपा भक्तिः कथमुपपद्यत इत्यत एवास्य प्रकरणस्य देशिकानुग्रहपूर्वकमधिकारिविशेषणविशिष्टेन पुंसा विचारितस्य पूर्वोक्तविषयवासनाप्रतिबन्धक-बाधकत्त्वमिति शिवम् ।।

।। इति श्रीद्वारकाशारदापीठाधीश्वरैः एवं ज्योतिष्पीठाधीश्वरैः श्रीमज्जगद्गुरुशङ्कराचार्यैः अनन्तश्रीविभूषितश्रीस्वरूपानन्दसरस्वतीमहास्वामिभिः विरचितायां स्वरूपबोधिनीव्याख्यायां तत्त्वविवेकस्समाप्तः ।।

उपक्रमोपसंहारावभ्यासोऽपूर्वता फलम् । अर्थवादोपपत्ती च लिङ्गं तात्पर्यनिर्णये ।।

(१) उपक्रम-उपसंहार (२) अभ्यास (३) अपूर्वता (४) फल (५) अर्थवाद और (६) उपपत्ति (युक्ति) इन छह लिंगों के द्वारा ग्रन्थ के तात्पर्य का निर्णय होता है ।

अभ्यास -	*''भाने न विषयस्पृहा''* (श्लोक-११)
	कुर्वते कर्म भोगाय कर्म कर्तुञ्च भुञ्जते ।
	नद्यां कीटा इवावर्तादावर्तान्तरमाशु ते ।
	व्रजन्तो जन्मनो जन्म लभन्ते नैव निर्वृतिम् ।। (श्लोक .३०)
अपूर्वता -	*ध्यातृध्याने परित्यज्य*..... (श्लोक .५५)
	वृत्तयस्तु तदानीमज्ञाता..... (श्लोक .५६)
	वृत्तीनामनुवृत्तिस्तु ..... (श्लोक .५७)
फल -	*अमुनावासना जाले* ..... (श्लोक .६१)
.	*वाक्यमप्रतिबद्धं* ..... (श्लोक .६२)
अर्थवाद -	*यथा दीपो निवातस्थो* ..... (श्लोक .५८)
उपपत्ति -	*अनादाविह संसारे* ..... (श्लोक .५९)
	धर्ममेघमिमं प्राहुः ..... (श्लोक .६०)

इस प्रकार षड्विध तात्पर्य लिंगों के द्वारा चित्त की निर्मलता से लेकर निर्विकल्प समाधि पर्यन्त प्रकृत प्रकरण में अधिकार सम्पत् का ही प्राधान्येन वर्णन किया गया है, अतः सालोक्यादि मुक्ति को ही परमार्थ मानने वाले विषयी पुरुषों को ब्रह्मज्ञान प्राप्त करने की इच्छा नहीं होती, इसी को ज्ञान का प्रथम प्रतिबन्ध माना गया है । अतः विवेक-वैराग्य के द्वारा मुमुक्षु को विषयवासना नामक प्रतिबन्ध का नाश करना चाहिये ।

।। इस प्रकार द्वारका एवं ज्योतिष्पीठाधीश्वर अनन्तश्रीविभूषित जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी **श्रीस्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज** द्वारा विरचित **श्रीसद्गुरुसपर्या** नामक हिन्दी व्याख्या में तत्त्वविवेक नामक प्रथम प्रकरण समाप्त हुआ ।।

।। द्वितीयं प्रकरणम् - महाभूतविवेकप्रकरणम् ।।

भूतपञ्चकविवेचनप्रतिज्ञाकरणम् -

सदद्वैतं श्रुतं यत्तत्पञ्चभूतविवेकतः ।
बोद्धुं शक्यन्ततो भूतपञ्चकं प्रविविच्यते ॥ १ ॥

अन्वयः - यत् सत् अद्वैतं श्रुतं तत् पञ्चभूतविवेकतः बोद्धुम् शक्यम् । ततः भूतपञ्चकं प्रविविच्यते।

व्याख्या :- प्रथमे तावत्प्रकरणे प्रत्यपादि यदुत्तमबोधनसरण्या साधकानामनुभवपूर्वकं सत्यज्ञानानन्तानन्दात्मकसाक्षिणोऽनाद्यविद्याप्रतिबन्धकवशादभानमिति तथा पञ्चतन्मात्रस्थव्यष्टि-समष्ट्यात्मकसात्त्विकराजसांशप्रसूतस्य सप्तदशकावयवकस्य सूक्ष्मशरीरस्य सृष्टिमारभ्य, पञ्चीकृततामसपञ्चतन्मात्रोद्भूतस्थूलभूतकार्यात्मकस्थूलशरीरसृष्टिपर्यन्तं मायागतचित्प्रतिबिम्बस्वरूपस्य परमेश्वराज्ञया प्रकल्पितं कोशजातं चाभ्यधायि । अनुवृत्तिव्यावृत्तिरूपान्वयव्यतिरेकाभ्यां पञ्चकोशविवेचनेन हृत्पुण्डरीकगुहान्तस्थस्य साक्षिणो निर्विकल्पसमाधावात्मसाक्षात्कारप्रकारोऽपि दिङ्मात्रेण प्रादर्शि । पञ्चकोशविवेकस्तु कोशस्वरूपपरिज्ञानं विना न सिद्ध्यतीत्यभिप्रायेण द्वितीये भूतपञ्चकप्रपञ्चनं विधीयते। "सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकेमेवाद्वितीय"मित्यादिभिश्श्रौतवचनैर्जगत्सर्जनात्प्राग्यज्जगत्कारणं सन्मात्रमद्वितीयं ब्रह्मास्तीति श्रुतं तस्य ब्रह्मणोऽवाङ्मनसगोचरत्त्वेन स्वस्वलौकिकप्रमाणजातेना-वगन्तुमशक्यत्त्वात्तत्कार्यत्त्वेन तदुपाधिरूपमहाभूतपञ्चकस्य विवेचनप्रणाल्या ब्रह्मावबोधनाय भूतपञ्चकप्रतियोगिकाद्वैतसन्मात्रापादानकविवेचनं प्रतिजानीते । "सदित्यस्तितामात्रं वस्त्विन्द्रियगोचरं क्रियागुणरहितं सर्वगतमेकं निरञ्जनं निरवयवं विज्ञान"मिति श्रुत्युपात्तस्सत्पदार्थः। तथाद्वैतं यस्य च

पूर्व प्रकरण में तत्त्वविवेक को आत्मज्ञान का हेतु कहा गया, अब तत्त्वबोध में सहायक होने के कारण पञ्चमहाभूतों का विवेक करने की प्रतिज्ञा करते हैं।

अर्थ - जो सत्स्वरूप अद्वितीय ब्रह्म श्रुति में सुना गया है, वह पञ्चभूतों के विवेक से जाना जा सकता है, इसलिये हम पाँचों भूतों का भली-भाँति विवेचन करते हैं । १ ।

व्याख्या - छान्दोग्य श्रुति में आरुणि अपने पुत्र श्वेतकेतु से कहते हैं कि "***सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयम्***" (छा.उ. ६/२/१) अर्थात् हे सोम्य ! सृष्टि की उत्पत्ति से पूर्व एक अद्वितीय सत् ही था । यही श्रुतिवचन इस प्रकरण का विचारणीय विषय है । जिसका बीज ग्रन्थकार ने प्रथम श्लोक से ही रोपित कर दिया है ।

जिसका अस्तित्व हो, जो इन्द्रियगोचर न हो, गुण और क्रिया से रहित हो, सर्वगत और एक हो, निरंजन, निरवयव और विज्ञानस्वरूप हो, उसे सत् कहा जाता है । और द्वितीय वस्तु से रहित हो अर्थात् सजातीय, विजातीय, स्वगतभेद रहित हो, उसे अद्वितीय कहते हैं । ऐसा सत्स्वरूप और अद्वितीय ब्रह्म "***सदेव सोम्येदमग्र .....***" इत्यादि श्रुति में सुना गया है अर्थात् जो श्रुति में प्रसिद्ध है, ऐसे ब्रह्म को

द्वितीयं वस्त्वन्तरं न भवति तद्वैतं यथा हिरण्यादिव्यतिरेकेण हिरण्यादन्यत्कुण्डलाद्याकारेण परिणमयितृ-स्वर्णकारादिनिमित्तकारणं लोके दृष्टचरं न तथा सद्व्यतिरेकेण तत्सहकारिकारणं वस्त्वन्तरं दृश्यते । अतोऽत्र लोकदृष्ट्या कार्यसामान्ये प्राप्तस्य द्वितीयवस्तुनो निषेध इत्ययमप्राप्तबाधः। तदद्वितीयं यत्परं ब्रह्म श्रुतौ श्रुतं तत्सृष्टेः प्राग्विद्यमानं पञ्चभूतविवेकतो बोद्धुमवगन्तुं शक्यं सुगमं भवतीत्यतो भूतपञ्चकं प्रविविच्यते प्रकृष्टतया विवेचनं क्रियते "सन्मूलास्सोम्येमास्सर्वाः प्रजास्सदायतनाः सम्प्रतिष्ठा" इत्यखिलभेदविधुरत्त्वेन जगदभिन्ननिमित्तोपादानत्त्वेनापि यतस्समाम्नातमतो विविच्यते । अत्र पञ्चभूतविवेचनमात्रकारणकत्त्वं श्रुतेरभिप्रेतं स्याद्घटेतापि प्रतिज्ञा । असङ्गस्य ब्रह्मणो भूतानां विवेकोऽप्रस्तुतः । परस्परं भूतानां विवेकोऽप्रकृतो निष्प्रयोजनश्च अतः किमत्र सारमिति चेदुच्यते-पञ्चभूतोपलक्षितसर्वद्वैतस्याप्यनाद्यविद्ययाध्यस्तत्त्वाद्रज्जूरगवदध्यस्तस्यधिष्ठानाद्विवेचने कृते यथार्थवस्तुज्ञानलाभोऽनर्थनिवृत्तिश्चेति यथानुभूयते तद्वत्प्रकृतेऽपीति शम् ।।

पञ्चमहाभूतगुणनिरूपणम् -

शब्दस्पर्शौ रूपरसौ गन्धो भूतगुणा इमे ।
एकद्वित्रिचतुःपञ्चगुणा व्योमादिषु क्रमात् ।। २ ।।

अन्वयः - शब्दस्पर्शौ, रूपरसौ, गन्धः इमे भूतगुणाः । व्योमादिषु क्रमात् एकद्वित्रिचतुःपञ्चगुणाः।।

व्याख्या :- विवेकस्तु द्विधा भवति । संयोगादिसम्बन्धेन सम्मिश्रितयोः क्षीरनीरयोः हंसादिकर्तृको विभागः । तथैव जलपङ्कयोस्सम्मिश्रितयोरपि कतकरजसः प्रक्षेपणमात्रकर्तृको विभाग इत्ययमेकविधो विभागः । सोऽयं पृथक्करणरूपो विभागो नात्र संभाव्यते । द्वयोस्सतोरेववस्तुनोरस्मिन्पक्षे पृथक्करणम्। तथा कार्यकारणरूपेण सम्मिलितयोर्घटिककटकचोराध्यासिकैकतापन्नयोश्शुक्तिरजतयोर्वा पृथग्भावस्तु

पञ्चभूतों के विवेक से जाना जा सकता है अर्थात् पञ्चभूत विवेक के द्वारा ब्रह्म को जानना अतिसुगम हो जाता है । इसलिये अब पाँचों भूतों का भली-भाँति विवेक किया जाता है । इस श्लोक से ग्रन्थकार पञ्चभूत विवेक की प्रतिज्ञा कर रहे हैं ।

शंका - यदि पाँचों भूतों का विवेचन करना ही श्रुति को अभिप्रेत होता, तो आपकी यह प्रतिज्ञा बन सकती थी । किन्तु असंग ब्रह्म को जानने के लिये भूतविवेक करना उचित नहीं है तथा पञ्चभूतों का परस्पर विवेचन करना अप्राकृत और निष्प्रयोजन भी है, अतः आपका तात्पर्य क्या है ?

समाधान - वस्तुतः पञ्चभूतोपलक्षित समस्त द्वैतप्रपञ्च अनादि अविद्या के द्वारा रज्जु में सर्प के समान अध्यस्त किया गया है । अतः सर्प का रज्जु से विवेचन करने पर जैसे यथार्थ वस्तु (रस्सी) का बोध होता है और भय-कम्पनादि अनर्थों की निवृत्ति होती है, उसी प्रकार प्रकृत में भी जानना चाहिये।

अब पञ्चमहाभूतों के गुणों का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध ये पाँच महाभूतों के गुण हैं । एक, दो, तीन, चार और पाँच गुण क्रम से आकाशादि भूतों में रहते हैं । २ ।

व्याख्या - शब्दादि पाँच आकाशादि पञ्चमहाभूतों के गुण हैं । ये एक से लेकर पाँच तक क्रम से इनमें रहते हैं अर्थात् आकाश में एक शब्दगुण है, वायु में (शब्द और स्पर्श) दो गुण हैं । अग्नि में (शब्द,

ज्ञानात्मैकरूपस्स एव प्रकृते उपयुज्यमान इति विज्ञेयम् । शब्दस्पर्शौ रूपरसौ गन्धश्चेतीमे पञ्चापि भूतगुणाः प्रत्येकं भूतानां गुणास्ते क्रमाद्व्योमानिलानलसलिलधरित्रीष्वेकद्वित्रिचतुष्पञ्चगुणा विद्यन्ते । "आत्मन आकाशस्सम्भूतः । आकाशाद्वायुः । वायोरग्निः । अग्नेरापः । अद्भ्यः पृथिवी ।" इति क्रमेणोत्पन्नानां भूतानां स्वस्वकारणीभूतपूर्वपूर्वभूतगुणसङ्क्रम उत्तरोत्तरभूत इत्याकाश एकश्शब्दो गुणो वायौ द्वौ शब्दस्पर्शौ गुणावग्नौ त्रयश्शब्दस्पर्शरूपाख्या जले चत्वारश्शब्दस्पर्शरूपरसाः पृथिव्यां शब्दस्पर्शरूपरसगन्धाः इति दिक् ।।

भूतगुणानां विशेषतो निरूपणम् -

प्रतिध्वनिर्वियच्छब्दो वायौ बीसीति शब्दनम् ।
अनुष्णाशीतसंस्पर्शो वह्नौ भुगुभुगुध्वनिः ॥ ३ ॥
उष्णः स्पर्शः प्रभारूपं जले बुलुबुलुध्वनिः ।
शीतः स्पर्शः शुक्लरूपं रसो माधुर्यमीरितम् ॥ ४ ॥
भूमौ कडकडाशब्दः काठिन्यं स्पर्श इष्यते ।
नीलादिकञ्चित्ररूपं मधुराम्लादिको रसः ॥ ५ ॥
सुरभीतरगन्धौ द्वौ गुणाः सम्यग्विवेचिताः ।

अन्वयः - वियत् -शब्दः प्रतिध्वनिः, वायौ 'बीसी' इति शब्दनम्, अनुष्णाशीतसंस्पर्शः, वह्नौ भुगुभुगुध्वनिः, उष्ण स्पर्शः प्रभारूपं, जले बुलुबुलुध्वनिः, शीतः स्पर्शः, शुक्लरूपं, माधुर्यं रसः ईरितम् । भूमौ कडकडाशब्दः, काठिन्यं स्पर्शः इष्यते, नीलादिकं चित्ररूपं, मधुराम्लादिकः रसः, द्वौ सुरभीतरगन्धौ । गुणाः सम्यग्विवेचिताः ।।

व्याख्या :- साधारण्येन भूतगुणान्विवेचयति । अत्रापञ्चीकृतमहाभूतानामतीन्द्रियत्त्वेन शास्त्रैकगम्यत्त्वात्तद्धर्माणामपि तथात्त्वात्पञ्चीकृतभूतगुणानामेव विवेचनं प्रक्रमते - आकाशे शब्द

स्पर्श और रूप) तीन गुण हैं । जल में (शब्द, स्पर्श, रूप और रस) चार गुण हैं और पृथ्वी में (शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध) पाँचों गुण हैं ।

अब महाभूतों के गुण का विशेष रूप से प्रतिपादन साड़े तीन श्लोकों से करते हैं ।

अर्थ - आकाश में प्रतिध्वनि रूप (एकमात्रगुण) शब्द है । वायु में बी-सी इस प्रकार शब्द तथा अनुष्ण और अशीत स्पर्श (इस प्रकार दो गुण) है । अग्नि में भुगु-भुगु इस प्रकार शब्द, उष्ण स्पर्श और भास्वर रूप (तीन गुण) है । जल में बुल-बुल ध्वनि रूप शब्द, शीत स्पर्श, शुक्ल रूप और मधुर रस (ये चार गुण) है । भूमि में कड़-कड़ शब्द, कठोर स्पर्श, नीला आदि अनेक प्रकार के रूप, मधुर, अम्ल आदि रस और सुगन्ध-दुर्गन्ध रूप दो प्रकार की गन्ध (ये पाँच गुण) रहते है । इस प्रकार गुणों का सम्यक् प्रकार से विवेचन किया गया । ३, ४, ५, ५-१/२ ।

व्याख्या - जिस प्रकार अपञ्चीकृत पञ्चमहाभूत अतीन्द्रिय होने से शास्त्रों के द्वारा ही जाने जाते हैं, वैसे ही उनके धर्म भी शास्त्रैकसमधिगम्य ही हैं, अतः पञ्चीकृत महाभूतों के गुणों के विवेचन का

एक एव गुणस्स च प्रतिध्वनिरूपः । वियच्छब्द आकाशगुणश्शब्दस्सोऽपि साक्षाच्छ्रोत्रगोचरतां नाप्नोति किन्तु वायुतरङ्गवशाच्छ्रोत्रसकाशं सम्प्राप्त एव श्रुतिगोचरो भवति । सोऽयं प्रतिध्वनिरूप इति कृत्त्वा प्रतिध्वनिरित्युच्यते ।। गुहाद्यवच्छिन्ने नभोदेशे क्रियमाणाच्छब्दात्प्रतीयमानं शब्दान्तरं प्रतिध्वनिः। सिद्धान्तबिन्दौ शब्दप्रतिबिम्बत्त्वमुक्तं प्रतिध्वनेः । बिम्बीभूतशब्देतरानिमित्तकत्त्वेन तदेकहेतुकत्त्वाद्भेरी-मृदङ्गादिशब्दस्यान्यनिमित्तकत्त्वेनातथात्त्वादिति बोध्यम् । वायौ द्वौ गुणौ शब्दस्पर्शाख्यौ वायौ शब्दमनुकृत्य दर्शयति वीसीति शब्दनमिति । "वेणवः कीचकास्ते स्युर्येस्वनन्त्यनलोद्धता" इति कीचकाद्युद्गतः बीसीति शब्दनम् । एवमेवोत्तरत्राप्यनुकरणशब्दाः प्रत्येतव्याः। तथा वायावनुष्णाशीतस्पर्श नोष्णो न शीतो यस्स्पर्शस्स्वाभाविको गुण एकः तथा स्वकारणीभूताकाशगुणश्शब्दः कार्ये वायौ सङ्क्रमतीति सोऽपि वर्तत इति द्वौ - गुणौ वायौ । अथाग्नेस्त्रयो गुणा वह्नौ भुगुभुग्विति ध्वनिः । काष्ठज्वलनकाले श्रूयमाणध्वन्यनुकरणमेतत्सोऽयं शब्द एको द्वितीयस्तु उष्णस्पर्शस्तृतीयः प्रभारूपमिति तेष्वसाधारणो गुणोऽग्ने रूपमित्याहत्य शब्दस्पर्शरूपाणीति गुणास्त्रयः । एतेनाकाशस्य यस्स्वीयो गुणश्शब्दस्स कार्यभूतवायुद्वारा तत्कार्ये तेजस्यपि सङ्क्रामतीत्याद्यूह्यम् । तथैवोत्तरत्रापि पूर्वपूर्वगुणसङ्क्रमो ज्ञेयः । एवमपां चत्वारश्शब्दस्पर्शरूपरसा इति । तेषु बुलुबुलुध्वनिश्शिलाशर्करादिसङ्कीर्णस्थले जलप्रवाहे श्रूयमाणध्वनेरनुकरणशब्दोऽयम् । शीतस्पर्शश्शुक्लरूपं माधुर्यं रसो मधुरस्य भावो माधुर्यमेतेष्वपां स्वीयो गुणो माधुर्यमितरे गुणास्तु

उपक्रम करते हैं ।

आकाश में शब्द नामक एक ही गुण है और वह भी प्रतिध्वनि रूप है, क्योंकि शब्द भी साक्षात् इन्द्रिय-गोचर नहीं होता किन्तु वायु की तरंगो से श्रवण (कान) तक पहुँचने पर ही सुना जा सकता है। इस प्रकार प्रतिशब्द होने के कारण इसे प्रतिध्वनि रूप कहा है । वायु में दो गुण हैं - एक शब्द और दूसरा स्पर्श । तेज हवा चलने पर जो बी-सी इस प्रकार की ध्वनि सुनाई देती है, वह वायु का शब्द गुण है और अनुष्ण (जो गरम न हो) तथा अशीत (ठंडा भी न हो) ऐसा स्पर्श वायु का द्वितीय गुण है । यहाँ पर शब्द गुण मुख्यतया आकाश का है और स्पर्श गुण वायु का अपना गुण है । आकाश से वायु को शब्द गुण की प्राप्ति होती है । अग्नि के तीन गुण हैं - शब्द, स्पर्श और रूप । जब लकड़ी को जलाया जाता है, तब प्रचण्ड अग्नि से भुग्-भुग् इस प्रकार की ध्वनि सुनाई देती है, यही अग्नि का शब्द गुण है । शब्द और स्पर्श ये दो गुण आकाश और वायु से अनुगत हैं और रूप अग्नि का स्वयं का गुण है। जल के चार गुण हैं - शब्द, स्पर्श, रूप और रस । इनमें से प्रथम तीन आकाश, वायु और अग्नि से प्राप्त हैं और रस जल का स्वकीय गुण है । नदी का जल जब विशिष्ट (चट्टानों आदि) स्थानों से होकर निकलता है, तब उसमें बुल-बुल इस प्रकार की ध्वनि सुनाई देती है । समुद्र की चट्टानों से या बड़ी शिलाओं से जब जल टकराता है तब इसी प्रकार की और अन्य प्रकार की भी ध्वनियाँ सुनाई देती हैं। यह जल का शब्द गुण है । जल का स्पर्श हमेशा शीतलता प्रदान करता है, यही शीतलता जल का स्पर्श नामक द्वितीय गुण है । जल स्वभाव से स्वच्छ होता है, उसमें अन्य रंग मिलाने पर ही वह अन्य वर्ण का होता है । जल का रूप सफेद है अतः जल का रूप शुक्ल कहा गया है । जल में जो मधुरता है,

स्वस्वकारणीभूतेभ्यो भूतेभ्यस्वस्वकार्यभूतद्वारा सङ्क्रमन्तीति पूर्ववद्बोध्यम् । भूमौ शब्दादयः पञ्चापि गुणास्सन्ति । तत्र कडकडेतिशब्दः कपाटोद्घाटनादौ जायमानध्वन्यनुकरणम् । काठिन्यं स्पर्शः कठिनस्य भावस्तत् नीलादिकं रूपं नीलपीतरक्तहरितक-पिशचित्रादीनि सर्वाणि रूपाणि । मधुराम्ललवणकटुकषायतिक्ता रसा षड्विधाः। सुरभिः सुगन्धस्तदितरो दुर्गन्धश्चेति द्वौ गन्धौ स्तः। एवं तिष्ठन्ति पञ्चापि गुणाश्शब्दस्पर्शरूपरसगन्धाख्यास्तत्र स्वीयो गुणो गन्ध इतरेतरस्वकारणपरम्परया सम्प्राप्ता इति विवेकः । एवं सम्यग्विवेचिता यत्र यावन्तो गुणा सन्तीति यस्य च यो गुणस्स्वं ये वा कारणगुणा इत्यादिस्पष्टमुपपादितमिति शम् ।।

पञ्चविषयग्राहकज्ञानेन्द्रियनिरूपणम् –

श्रोत्रन्त्वक्चक्षुषी जिह्वा घ्राणञ्चेन्द्रियपञ्चकम् ।। ६ ।।

अन्वयः – श्रोत्रं त्वक्चक्षुषी जिह्वा घ्राणं च इन्द्रियपञ्चकम् ।

व्याख्या :- एतावताऽकाशादिभूतानां गुणान्विविच्य प्रदर्श्य ''सत्त्वांशैः पञ्चभिस्तेषां क्रमाद्धीन्द्रियपञ्चकमि''त्युक्तसरण्या पञ्चीकृतमहाभूतसत्त्वांशकार्याणि पञ्चज्ञानेन्द्रियाणि शब्दादिविषयकज्ञानजनकानि श्रोत्रं त्वक्चक्षुषी जिह्वाघ्राणमित्येतन्नामकानि प्रसिद्धानि ।

ज्ञानेन्द्रियाणां स्थानप्रदर्शनम् –

कर्णादिगोलकस्थन्तच्छब्दादिग्राहकङ्क्रमात् ।

अन्वयः – तत् क्रमात् कर्णादिगोलकस्थं शब्दादिग्राहकम् ।।

व्याख्या :- कर्णादिगोलकस्थं कर्णशष्कुल्यवच्छिन्ननभः तस्यैव श्रोत्रेन्द्रियत्त्वम् । सर्वशरीरवर्ति

वह उसका रस नामक चतुर्थ गुण है । पृथ्वी में शब्दादि पाँचों गुण रहते हैं । प्रथम चार आकाशादि चारभूतों के और पञ्चम गन्धनामक गुण पृथ्वी का अपना गुण है । कड़-कड़ इस प्रकार की जो ध्वनि है, वह पृथ्वी का शब्दगुण है ''***कठिनस्य भावः काठिन्यम्*** '' अर्थात् पृथ्वी की कठोरता उसका स्पर्श गुण है । पृथ्वी लाल, काली, पीली आदि अनेक रंगो वाली प्रतीत होती है, यही पृथ्वी का रूप नामक तृतीय गुण है । मधुर (मीठा), अम्ल (खट्टा), लवण (खारा), कटु (तीखा), कषाय (तुरा) और तिक्त (कड़वा) ये छः प्रकार के रस ही उसका रस नामक चतुर्थ गुण है । सुगन्ध और दुर्गन्ध रूप दो प्रकार की गन्ध ही पृथ्वी का पाँचवाँ गन्ध नामक गुण है । इसी प्रकार पाँचों भूतों के पाँचों गुणों का भली-भाँति विवेचन कर दिया गया ।

अब पाँच विषयों को ग्रहण करने वाली ज्ञानेन्द्रियों का तथा उनके स्थान का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – कान, त्वचा, चक्षु, जिह्वा और नासिका यह इन्द्रियपञ्चक है । वह क्रम से कान आदि गोलकों में स्थित है और (क्रम से ही) शब्दादि का ग्रहण करता है । वह (इन्द्रियपञ्चक) सूक्ष्म होने के कारण कार्य के द्वारा अनुमेय है और प्रायः बाह्य विषयों में ही दौड़ता है ।।६-७।।

व्याख्या – पूर्व श्लोकों में आकाशादि के गुणों का विवेचन किया गया, अब अपञ्चीकृत पञ्चमहाभूतों के सात्विकांश से उत्पन्न पाँच ज्ञानेन्द्रियों का वर्णन करते हैं । श्रोत्र (कान), त्वक् (चर्म), चक्षु (आँख),

त्त्वगिन्द्रियं स्पर्शग्राहकम् । चक्षुर्गोलमध्यवर्ति नीलतारानिष्ठं रूपग्राहकं चक्षुरिन्द्रयम् । रसग्राहकं रसनाग्रवर्ति रासनेन्द्रियं जिह्वा । गन्धग्राहकं नासाग्रवर्तिघ्राणेन्द्रियमित्यादिशास्त्रमक्षुण्णमिति नात्र विस्तरशः प्रपञ्च्यते इति दिक् ।।

इन्द्रियाणां कार्यानुमेयत्त्वनिरूपणम् -

सौक्ष्म्यात्कार्यानुमेयन्तत्प्रायो धावेद्बहिर्मुखम् ।। ७ ।।

अन्वयः - सौक्ष्म्यात् कार्यानुमेयम् । तत् प्रायः बहिर्मुखं धावेत् ।।

व्याख्या :- इन्द्रियाणामतीन्द्रियत्वेनाप्रत्यक्षत्त्वात्तेषामस्तित्त्वे किं मानमित्याशङ्कां परिहरति कार्यलिङ्गानुमानप्रदर्शनेन । सौक्ष्म्यात्सूक्ष्मस्वभावाद्धेतोरिन्द्रियावेद्यतेत्यतस्तेषां कार्यानुमेयत्त्वं तत्तदिन्द्रियजन्यश्रावणचाक्षुषप्रत्यक्षादिकार्येणानुमेयम् । अत्रैवं प्रयोगः - रूपशब्दाद्युपलब्धिः यत्किञ्चित्करणजन्या । क्रियात्वाच्छिदादिक्रियावदित्यादि । सौक्ष्म्यं चात्रापञ्चीकृतपञ्चभूतकार्यत्त्वं द्योतयदिन्द्रियाणां दुर्लक्ष्यतां स्फुटयति । कर्म चक्षुरादिगोलेषु सत्स्वपि तद्गतसामर्थ्यप्रतिबन्धेन

जिह्वा (जीभ) और घ्राण (नासिका) यह ज्ञानेन्द्रियपञ्चक कहा जाता है । यह क्रम से कान आदि गोलकों में स्थित है । वस्तुतः इन्द्रियाँ अतीन्द्रिय होती हैं अर्थात् इन्द्रियाँ इन्द्रियों के द्वारा जानी नहीं जा सकती। इन्द्रियों की अभिव्यक्ति का स्थान गोलक कहा जाता है अर्थात् इन्द्रियों का निवास स्थान ही गोलक शब्दवाच्य है । जो जिसका निवास स्थान होता है, वह उससे भिन्न होता है, जैसे गृह से गृहस्वामी । अतः इन्द्रियाँ भी गोलक से भिन्न ही हैं । श्रोत्रेन्द्रिय का गोलक कान है अर्थात् श्रोत्रेन्द्रिय कर्णगोलकावच्छिन्न है । इसी प्रकार त्वक् इन्द्रिय त्वचा में, चक्षु इन्द्रिय आँख में, रसनेन्द्रिय जिह्वा में और घ्राणेन्द्रिय नासिका गोलकावच्छिन्न है । ये इन्दियाँ क्रम से शब्दादि विषयों का ग्रहण करती हैं अर्थात् श्रोत्र शब्द का, त्वचा स्पर्श का, चक्षु रूप का, जिह्वा रस का और नासिका गन्ध का ग्रहण करती है । यह इन्द्रिय पञ्चक अत्यन्त सूक्ष्म है । जो वस्तु सूक्ष्म होती है, वह प्रायः इन्द्रियों का विषय नहीं होती है अर्थात् प्रत्यक्ष नहीं होती है । ऐसी स्थिति में उन सूक्ष्म पदार्थों का ज्ञान उनके कार्यों के द्वारा अनुमानित किया जाता है - जैसे गृह को देखकर यह अनुमान किया जाता है कि जरूर इसका बनाने वाला कोई रहा होगा तभी तो गृह निर्माण हुआ । उसी प्रकार ये इन्द्रियाँ भी सूक्ष्म होने के कारण दृष्टिगोचर नहीं होती हैं अतः हम इन्हें इनके कार्य के द्वारा जानते हैं । जब कार्य को देखकर कारण का अनुमान किया जाता है तो उसे कार्यानुमान कहते हैं । देखना नेत्रेन्द्रिय का, स्पर्श करना त्वगिन्द्रय का, सुनना श्रोत्रेन्द्रिय का, स्वाद लेना रसनेन्द्रिय का और गन्ध ग्रहण करना घ्राणेन्द्रिय का कार्य है । इन कार्यों के द्वारा हम इनकी कारण रूपी इन्द्रियों का अनुमान कर सकते हैं । इन्द्रियगोलक इन्द्रिय नहीं है क्योंकि स्वप्नावस्था में इनके अभाव में भी शब्दादि विषयों का ग्रहण होता है । और कभी-कभी यह भी देखा जाता है कि कान खुले हैं, किसी ने कुछ कहा किन्तु हम उसे सुन न सके । कान तो वहाँ पर थे किन्तु मन के अधीनस्थ श्रोतेन्द्रिय वहाँ नहीं थी, जिससे कि हम शब्द ग्रहण नहीं कर सके । इससे यह ज्ञात होता है कि गोलक इन्द्रिय नहीं है । और अन्ध, बधिरादि व्यक्ति में इन्द्रियगोलक तो होते हैं किन्तु प्रतिबन्ध के कारण इन्द्रिय सामर्थ्य के क्षीण हो जाने से वे शब्दादि बाह्य विषयों को ग्रहण नहीं कर पाते । तथा जन्मान्ध व्यक्ति भी स्वप्न में रूप देखता है, इससे भी यही ज्ञात होता है कि इन्द्रियाँ इन्द्रियगोलक से भिन्न हैं । ये इन्द्रियाँ प्रायः बहिर्मुख

श्रवणदर्शनादिकार्येषु न प्रभवन्त्यन्धबधिरादयः । तेषां च ज्ञानेन्द्रियाणां प्रायो बहुशः "प्रायो भूम्नी"ति कोशात् बहिर्मुखप्रवृत्तिः तत्तदिन्द्रियविषयीभूतेषु बाह्यवस्तुषु धीन्द्रियपञ्चकं धावेद्गच्छति "पराञ्चि खानि व्यतृणत्स्वयंभूस्तस्मात्पराङ् पश्यति नान्तरात्मन्नि"ति श्रुतेः ।

धीन्द्रियाणामन्तर्विषयेष्वपि कादाचित्कप्रवृत्तिप्रदर्शनम् -

कदाचित्पिहिते कर्णे श्रूयते शब्द आन्तरः ।
प्राणवायौ जाठराग्नौ जलपानेऽन्नभक्षणे ॥ ८ ॥
व्यज्यन्ते ह्यान्तराः स्पर्शा मीलने चान्तरन्तमः ।
उद्गारे रसगन्धौ चेत्यक्षाणामान्तरग्रहः ॥ ९ ॥

अन्वयः - कदाचित् कर्णे पिहिते प्राणवायौ जाठराग्नौ आन्तरः शब्दः श्रूयते । जलपाने अन्नभक्षणे हि आन्तराः स्पर्शाः व्यज्यन्ते । मीलने च आन्तरं तमः । उद्गारे च रसगन्धौ हि अक्षाणाम् आन्तरग्रहः ।।

व्याख्या :- कदाचिद्यदाकदापि कर्णे पिहिते सति कराङ्गुल्या निरुद्धे सति प्राणवायौ जाठराग्नावुपलभ्यमान आन्तरश्शब्दश्श्रूयते । श्रोत्रस्यान्तर्मुखत्त्वं विनान्तरशब्दग्रहणं न घटते । "पराञ्चि खानि व्यतृणत्स्वयम्भू"रित्यादिश्रुत्या सर्वेषामेवेन्द्रियाणां बहिर्मुखप्रवृत्तिस्वाभाव्यस्य वर्णितत्त्वात्तद्विरुद्धतयान्तरशब्दादिग्राहकत्त्वं कथमुच्यत इति प्रश्ने समायात एवमभिधीयते - निरुक्तश्रुताववधारणार्थकैवकारस्याश्रुतत्त्वादिन्द्रियाणां बहिर्मुखत्त्वमेवेति न निर्बन्ध इति । न ह्यसति बाधके सर्वं वाक्यं

होती हैं । "***पराञ्चि खानि व्यतृणद् स्वयंभूः***" परमात्मा ने इन्हे बहिर्मुख ही बनाया है, इसलिये ये प्रायः बाहर की ओर ही दौड़ती हैं अर्थात् आत्मज्ञान के बाधक बाह्य शब्दादि विषयों की प्राप्ति में ही सदा तत्पर रहती हैं । श्लोक में जो प्रायः शब्द आया है, उससे यह भी सूचित होता है कि कभी-कबार ये इन्द्रियाँ अन्तर्मुख होकर आन्तरिक विषयों को भी ग्रहण करती हैं ।

अब ज्ञानेन्द्रियों की आन्तरिक विषयग्रहण की प्रवृत्ति का वर्णन करते हैं।

अर्थ - कदाचित् कान बन्ध करने से प्राण वायु और जठराग्नि में स्थित भीतर का शब्द सुनाई देता है । जल पीने में और अन्न भक्षण के समय में भीतर के स्पर्श प्रतीत होते हैं । नेत्र बन्ध करने पर आन्तरिक तम और डकार आने पर रस और गन्ध का ज्ञान होता है, इस प्रकार इन्द्रियाँ आन्तरिक विषयों को भी ग्रहण करती हैं । ८-९ ।

व्याख्या - पूर्व श्लोक में 'प्रायः' शब्द से इन्द्रियों की आन्तरिक विषय ग्रहण की बात कही गयी, उसी को यहाँ पर ग्रन्थकार अनुभव प्रमाण से स्पष्ट कर रहे हैं । इन्द्रियाँ जब बहिर्मुख होती हैं तभी शब्दादि विषयों को ग्रहण करती हैं, यह प्रसिद्ध है । उसके विपरीत आप आन्तरिक विषयों के ग्रहण की बात क्यों करते हैं ? इस प्रकार की शंका को प्रमाण पूर्वक निरस्त करते हुए 'प्रायः' शब्द के अर्थ को ही स्पष्ट कर रहे हैं ।

कदाचित् उँगली आदि के द्वारा कान बन्द करने पर प्राण वायु और जठराग्नि में स्थित भीतर का शब्द सुनाई देता है तथा जल पीने पर और अन्न खाने पर तद्गत शीत और उष्ण का स्पर्श भी शरीर के भीतर होता है । जब हम नेत्रों को बन्द करते हैं तब आँखों के सामने अन्धेरा छा जाता है अर्थात् आन्तरिक

सावधारणमिति न्यायस्य जागरूकत्त्वाद्बहिर्मुखमात्रप्रवृत्तिकत्त्वमिन्द्रियाणामिति वाच्यम् । आन्तरशब्दाद्यनुभवस्यैवात्र बाधकत्त्वात्तन्न्यायस्यात्राप्रवृत्तेः । तस्मादान्तरत्त्वबाह्यत्त्वयोस्साधारण्येनैव प्रवृत्तौ बहुधा बहुलतरमिन्द्रियाणां बहिर्मुखैव प्रवृत्तिर्भवतीति श्रुतेस्तात्पर्यं पूर्वश्लोकस्थ प्रायश्शब्देनैव ज्ञापितमित्यलम् । एवमेव जलपानेऽन्नभक्षण आन्तरास्स्पर्शास्त्वगिन्द्रियविषया व्यज्यन्तेऽभिव्यक्ता भवन्ति । तथैव मीलने चक्षुर्निमीलने चान्तरं तमो व्यज्यतेऽनुभूयते । तम उपलभ्यत इति कथं शक्यं वक्तुमभावरूपत्त्वेन तमसो नैयायिकादभिः बहुतरमुपपादितत्त्वादिति चेन्न । भाष्यकारैरध्यासभाष्ये तमःप्रकाशवद्विरुद्धस्वभावयोरित्युक्तेः । तदाशयं च प्रकृतग्रन्थकर्तृभिर्विवरणसारेऽभिहितम् । "ननु तमःप्रकाशदृष्टान्ते भावाभावरूपत्त्वमुपाधिः । "आलोकाभावस्तम" इति तार्किकाः । "रूपदर्शनाभावस्तम" इति प्राभाकरा इति चेन्मैवम् । उपचयाद्यवस्थाभेदवत्त्वेनोपलभ्यमानस्याभावत्त्वायोगात् । नीलरूपवत्त्वेन द्रव्यत्त्वात् । ननु भावत्वपक्षे बहुलालोकवति देशे निमीलितनयनस्य कथमप्रतीतिः? । बहुलालोकेन निवृत्त्यङ्गीकारात् । सहावस्थानं तु मन्दालोकेनैव पूर्वमुक्तमिति चेन्न । गोलकान्तर्वर्तितमसः प्रवृत्त्यनुपपत्तेः। न च नेत्रस्यान्तर्वर्तिवस्तुग्राहकत्त्वासम्भवः। पिहितकर्णस्यान्तरशब्दग्राहकत्त्वदर्शनात् । न चैवं गोलकान्तरवस्थाञ्जनादेरपि निमीलितनयनेन ग्रहणप्रसङ्गः ? तमोव्यतिरिक्तरूपिण आलोकसहकृतचक्षु-र्ग्राह्यत्त्वनियमादि"त्यादिग्रन्थेन । तथा बिन्दावप्याचार्यमधुसूदनसरस्वतीश्रीचरणैस्तमसो भावरूपत्त्वं प्रसाधितम् । "एवमविघात एवान्धकारोऽपि भावरूप एवावरणात्मा चाक्षुषज्ञानविरोध्यालोकनाश्यश्च । झटिति विद्युदादिवदाविर्भवति तिरोभवति चेति सिद्धान्तः । संसारहेतुदेहोपादानत्त्वाभावाच्च न श्रुतिषु सृष्टिप्रक्रियास्वाम्नायत इत्यविरोध" इति सन्दर्भेण । एवं सति तमसो भावरूपत्त्वे सावयवत्त्वेऽपि च पूर्वोक्तरीत्या साक्षादेवाविद्यावदमूर्तत्त्वाच्च साक्षिभास्यत्त्वमेवेति चेन्न "मीलने चान्तरं तम" इति । मूलोक्तयैव परिहृतत्त्वात् । न हि यस्साक्षिविषय इति चेन्न । युक्त्योभयथापि विरोधसम्भवात् । यथा वा साक्षिभास्यस्याप्याकाशस्य शब्दलक्षणो गुणश्श्रोत्रग्राह्यस्य साक्षिप्रत्यक्षस्याप्याकाशस्य जलादौ प्रतिबिम्बितत्त्वोपलम्भादिति बिन्दावुक्तं तद्वत्तमसोऽपि साक्षिप्रत्यक्षनैयत्ये तदीयनीलरूपस्यैवोक्त-रीतिकचाक्षुषत्त्वे न किमपि बाधकम् । न च वेदान्तिनां मते समवायाभावेऽपि द्रव्यगुणयोस्तादात्म्यस्या-वश्यकत्त्वात्तमोरूपस्य नीलस्य चाक्षुषत्त्वे तमसोऽपि चाक्षुषत्त्वापत्तिरिति वाच्यम्। यत आकाशगुणस्य शब्दस्य श्रावणत्त्वेनाकाशेऽपि न श्रावणत्त्वापत्तिः । यदि च शब्दावच्छेदेनाकाशस्य श्रावणत्त्वमिष्टमेवेति

अन्धकार का दर्शन होता है । तार्किक मतानुसार प्रकाश के अभाव को तम कहते हैं - "***आलोकाभावस्तमः***" और प्रभाकरमतानुयायी मीमांसक रूप दर्शन के अभाव को तम कहते हैं - "***रूपदर्शनाभावस्तमः***"। नेत्र बन्द करने पर तम का दर्शन होता है, आपका यह कथन उचित नहीं है, ऐसी शंका नहीं करना चाहिये क्योंकि वेदान्त मत में तम (अन्धकार) को भी भावरूप माना गया है । श्री आद्यशंकराचार्य जी ब्रह्मसूत्र के अध्यास भाष्य में तम को भाव रूप ही कहते हैं । "***तमः प्रकाशवत् विरुद्धस्वभावयोः***" (शां.भा.) । सिद्धान्तबिन्दु में श्रीमधुसूदन सरस्वती जी ने भी तम को भावरूप ही कहा है । अतः नेत्रों की अन्तर्वर्ति वस्तु का ग्रहण असंभव है ऐसा नहीं कह सकते, क्योंकि कान बन्ध करने पर आन्तरिक शब्दग्रहण के समान आन्तरिक रूप का भी ग्रहण होता है । और खाये हुए अन्न से जो डकार आती है, उससे भक्षित अन्न के रस और गन्ध का भी ज्ञान होता है । जैसा अन्न खाया

चेत्तर्हि नीलरूपावच्छेदेन तमसोऽपि चाक्षुषत्त्वमिष्टमेवेति न कोऽपि दोषः । उद्गारे जलपानान्नभक्षण-करणकोदरपूरणतन्निष्ठवायोरुदानात्मन ऊर्ध्वागम इति भावः । एवमुद्गारे भुक्तस्यापक्वस्योर्ध्वदेशं प्रति प्रसरणे रसगन्धौ जिह्वाघ्राणविषयौ द्वावप्यान्तरौ व्यज्येते । इत्येवमक्षाणामिन्द्रियाणामान्तर-ग्रहोऽन्तर्वर्तिनां विषयाणां ग्रहणमेवं प्रकारेणेति । अक्षाणामिति षष्ठीविभक्तिरत्र कर्तर्यर्थ इति शम् ।।

कर्मेन्द्रियपञ्चकव्यापारनिरूपणम् -

पञ्चोक्त्यादानगमनविसर्गानन्दकाः क्रियाः ।
कृषिवाणिज्यसेवाद्याः पञ्चस्वन्तर्भवन्ति हि ॥ १० ॥

अन्वयः - उक्त्यादान-गमन-विसर्गानन्दकाः पञ्च क्रियाः हि कृषि वाणिज्य-सेवाद्याः पञ्चसु अन्तर्भवन्ति ।।

व्याख्या :- उक्तिर्वचनमादानं ग्रहणं गमनं पूर्वदेशवियोगपूर्वकमुत्तरदेशसंयोगो विसर्गो मूत्रपुरीषोत्सर्जनमानन्दको विषयानन्दश्चेति पञ्च त उक्त्यादानगमनविसर्गानन्दकाः क्रियाः, क्रमाद्वाक्पाणिपादपायूपस्थाख्यानां कर्मेन्द्रियाणां व्यापारा भवन्ति । लोकेऽन्यान्यपि बहूनि कर्माणि दृश्यन्ते कथमत्र पञ्चैवेत्युच्यत इत्यत आह - कृषिवाणिज्यसेवाद्याः पञ्चस्वन्तर्भवन्तीति यावत्यः क्रियाः अपि लोके दृश्यमानास्सर्वा अप्यत्रैवान्तर्भावमधिगच्छन्तीति न कोऽपि दोषलेश इति शम् ।।

कर्मेन्द्रियस्थाननिरूपणम् -

वाक्पाणिपादपायूपस्थैरक्षैस्तत्क्रियाजनिः ।
मुखादिगोलकेष्वास्ते तत्कर्मेन्द्रियपञ्चकम् ॥ ११ ॥

जाता है, तृप्त्युद्गार (डकार) भी वैसा ही होता है । इस प्रकार इन्द्रियाँ आन्तरिक विषयों को भी ग्रहण करती हैं ।

अब पाँच कर्मेन्द्रियों के व्यापार का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - उक्ति (बोलना), आदान (ग्रहण करना), गमन, विसर्ग और आनन्द ये पाँच ही क्रियाएँ हैं । कृषि, वाणिज्य और सेवा आदि सभी क्रियाएँ पूर्वोक्त पञ्च क्रियाओं के अन्तर्भूत ही हैं ।।१०।।

व्याख्या - बोलना, वस्तु का ग्रहण करना, एक स्थान से दूसरे स्थान तक गमन करना, विसर्ग अर्थात् मल का त्याग करना और विषयानन्द प्राप्त करना, ये पाँच ही क्रियाएँ हैं । जो क्रम से वाणी, पाणि (हाथ), पाद, पायु (गुदा) और उपस्थ (जननेन्द्रिय) नामक पाँच कर्मेन्द्रियों का व्यापार है । यहाँ प्रश्न हो सकता है कि लोक में उपर्युक्त क्रियाओं के अतिरिक्त भी कई क्रियाएँ देखी जाती हैं । तो आप केवल पाँच ही क्रियाओं का निरूपण कैसे कर रहे हैं ? इसका उत्तर उत्तरार्ध से देते हुए ग्रन्थकार कहते हैं कि कृषि (खेती), वाणिज्य (व्यापार) और सेवा आदि सभी क्रियाएँ पूर्वोक्त पाँच क्रियाओं में ही अन्तर्भूत हैं अर्थात् सभी क्रियाएँ उक्ति-आदानादि क्रियाओं में ही समाहित हैं ।

अब पञ्चकर्मेन्द्रियों के स्थान का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - वाणी, हाथ, पैर, गुदा और लिंग इन पाँच कर्मेन्द्रियों के द्वारा पूर्वोक्त पाँच प्रकार की क्रियाएँ उत्पन्न होती हैं, वह कर्मेन्द्रिय पञ्चक मुख आदि गोलकों में रहता है ।।११।।

अन्वयः - वाक्-पाणि-पाद-पायूपस्थैः अक्षैः तत्क्रियाजनिः । तत्कर्मेन्द्रियपञ्चकं मुखादिगोलकेषु आस्ते ।।

व्याख्या :- इतः पूर्वं तत्त्वविवेकोक्तदिशाकाशादिभूतपञ्चकरजोंशैः प्रत्येकं भवन्ति कर्मेन्द्रियाणि, "रजोंशैः पञ्चभिस्तेषां क्रमात्कर्मेन्द्रियाणि तु । वाक्पाणिपादपायूपस्थाभिधानानि जज्ञिरे ।।" इत्युक्तम्। वागादिभिः पञ्चभिरक्षैरिन्द्रियैस्तत्क्रियाजनिस्तासां क्रियाणामुत्त्यादानादीनां जनिरुत्पत्तिर्भवति । एषामपि कर्मेन्द्रियाणामतीन्द्रियत्त्वेन कार्यलिङ्गानुमानेनैवैषां सद्भावो ज्ञेय इत्यनुमानप्रयोगस्सूच्यते -उक्तिः करणपूर्विका क्रियात्त्वात्सन्धानक्रियावदित्याद्यूह्यम् । तस्य कर्मेन्द्रियपञ्चकस्य स्थानानि निर्दिश्यन्ते। मुखादीत्यनेन करचरणगुदशिश्नानां ग्रहणं भवति । क्रमादत्र वागिन्द्रियं मुखे, पाणीन्द्रियं करयोः, पादेन्द्रियं चरणयोः, पाय्विन्द्रियं गुद उपस्थेन्द्रियं शिश्न इति ज्ञेयम् । अत्र वाक्पाणिपादादि-शब्दाश्शरीरावयववचनाः कर्मेन्द्रियवचनाश्चेति साधारणशब्दा इति कृत्त्वा तत्तत्प्रकरणानुसारमर्थो विज्ञेयस्तेषाम् । यथा रसनेन्द्रियं जिह्वायां तिष्ठत्येवमेव वागिन्द्रियमपि तत्रैव तिष्ठतीत्यन्वय-व्यतिरेकाभ्यामवगतत्त्वेन वागिन्द्रियस्थानोत्त्यवसरे विशेषतो जिह्वेत्यनुक्त्वा कुतो वा सामान्यतेमुखमित्युत इति संशय एवं समाधीयते । परापश्यन्तीमध्यमावैखरीरूपेण वाक्चतुर्धा अभिधीयते। तत्र वागिन्द्रियेण वैखरीवागेवाभिव्यज्यते । तत्र च जिह्वैव करणम् । श्रुतौ चाभिहितम् - "तुरीयं वाचो मनुष्या वदन्ती"ति । तादृशवैखरीरूपवाच आविर्भाव उपकरणभूतानि स्थानानि बूहनि सन्ति कण्ठताल्वादीनि। तानि सर्वाण्यभिलक्ष्य वागिन्द्रियस्थानत्त्वेन मुखस्योक्तिः । तानि च स्थानानि शिक्षादिषु शिक्षितानि

व्याख्या - अपञ्चीकृत पञ्चमहाभूतों के राजसांश से पाँच कर्मेन्द्रियों की उत्पत्ति होती है । इसका वर्णन प्रथम प्रकरण के इक्कीसवें श्लोक में कर चुके हैं । और पूर्वश्लोक में उन कर्मेन्द्रियों के व्यापार का भी निरूपण हो चुका, अब उनके स्थान का निरूपण करते हैं । वाणी, हाथ, पैर, गुदा और लिंग इन पञ्चकर्मेन्द्रियों के द्वारा पूर्वोक्त पाँच प्रकार की क्रियाएँ उत्पन्न होती हैं अर्थात् वाणी से बोलना, हाथ से ग्रहण करना, पैर से गमन करना, तथा गुदा और लिंग से मल-मूत्र का त्याग तथा स्त्रीसंगजन्य आनन्दरूपी क्रियाएँ होती हैं । ये पाँचों कर्मेन्द्रियाँ क्रम से मुखादि गोलकों में रहती हैं अर्थात् वाक् इन्द्रिय मुख में, हस्तेन्द्रिय हाथ में, पादेन्द्रिय पैर में, गुदेन्द्रिय गुदा में और जननेन्द्रिय लिंग में रहती है । यहाँ शंका हो सकती है कि रसनेन्द्रिय और वाक् इन्द्रिय ये दोनों ही जिह्वा से सम्बन्धित हैं, तब यहाँ सामान्य मुख शब्द का प्रयोग क्यों किया गया ? जिह्वा मात्र क्यों नहीं कहा गया ? इसका समाधान यह है कि वाणी चार प्रकार की होती है - परा, पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी । इनमें से मनुष्य चौथी वाणी का ही प्रयोग करते हैं "***तुरीयं वाचो मनुष्या वदन्ति***" इस वैखरी नामक चतुर्थ वाणी के आविर्भाव के अनेक स्थान हैं - जैसे कण्ठ, तालु आदि । उन सभी को अभिलक्षित करते हुए वागिन्द्रियस्थानीय मुख का वर्णन किया गया है । वे स्थान पाणिनीय शिक्षा आदि कई शिक्षाग्रन्थों में वर्णित हैं - जैसे '***अकुहविसर्जनीयानां कण्ठः***' अ, कवर्ग (क,ख,ग,घ,ङ), ह और विसर्ग (:) का उच्चारण स्थान कण्ठ है, अतः इनको कण्ठ्य वर्ण कहते हैं । '***इचुयशानां तालु***' चवर्ग (च,छ,ज,झ,ञ), य और श का उच्चारण स्थान तालु है, अतः इनको तालव्य वर्ण कहते हैं । '***ऋटुरषाणां मूर्धा***' ऋ, टवर्ग (ट,ठ,ड,ढ,ण), र और ष का उच्चारण स्थान मूर्धा है, अतः इनको मूर्धन्य वर्ण कहते हैं । '***लृतुलसानां दन्ताः***' लृ, तवर्ग (त,थ,द,ध,न), ल

तानि यथा – "अकुहविसर्जनीयानां कण्ठः । इचुयशानां तालु । ऋटुरषाणां मूर्धा । ऌतुलसानां दन्ताः । उपूपध्मानीयानामोष्ठौ । ञमङणनानां नासिका च । एदैतोः कण्ठतालु । ओदौतोः कण्ठोष्ठम्। वकारस्य दन्तोष्ठम् । जिह्वामूलीयस्य जिह्वामूलम् । नासिकानुस्वारस्य । इत्यादि । तस्मात्सर्वस्थानोप-लक्षितमुखस्यैव वागिन्द्रियस्थानत्त्वेनोक्तिस्सुसमञ्जसेति दिक् ।।

मनसस्सर्वेन्द्रियाध्यक्षत्त्वनिरूपणम् –

मनो दशेन्द्रियाध्यक्षं हृत्पद्मगोलके स्थितम् ।
तच्चान्तःकरणं बाह्येष्वस्वातन्त्र्याद्विनेन्द्रियैः ॥ १२ ॥

अन्वयः – मनः दशेन्द्रियाध्यक्षं– हृत्पद्मगोले स्थितम् । तत् च इन्द्रियैः विना बाह्ये अस्वातन्त्र्यात् अन्तःकरणम् ।।

व्याख्या :– पूर्वोक्तानां पञ्चज्ञानेन्द्रियाणां कर्मेन्द्रियाणां च प्रेरकं यन्मनस्तस्य स्थानकृत्यादिकमुच्यते। पूर्वं तत्त्वविवेके उक्तं "तैरन्तःकरणं सर्वैर्वृत्तिभेदेन तद्द्विधा । मनो विमर्शरूपं स्याद्बुद्धिस्स्या-न्निश्चयात्मिका" इति । दशेन्द्रियाध्यक्षं कर्मज्ञानेन्द्रियाध्यक्षं मन इत्यनेनैव सर्वेन्द्रियप्रेरकत्त्वं मनसो व्यापार इत्युक्तं भवति । मनसा प्रेरितान्येवेन्द्रियाणि स्वस्वव्यापारक्षमाणि भवन्ति । तच्च मनो हृत्पद्मे हृदयगोलके स्थितमित्यनेन मनसस्स्थानं हृत्पद्मगोलकमित्युक्तं वेदितव्यम् । तच्च मनः

और स का उच्चारण स्थान दन्त है, अतः इनको दन्त्य वर्ण कहते हैं । '***उपूपध्मानीयानामोष्ठौ***' उ, पवर्ग (प,फ,ब,भ,म) और उपध्मानीय का उच्चारण स्थान ओष्ठ है । '***ञमङणनानां नासिका च***' ञ, म, ङ, ण और न का उच्चारण स्थान नासिका भी है (कण्ठ, तालु, मूर्धा, दन्त और ओष्ठ तो हैं ही) । '***एदैतोः कण्ठतालु***' ए और ऐ का उच्चारण स्थान कण्ठ और तालु है । '***ओदौतोः कण्ठोष्ठम्***' ओ और औ का उच्चारण स्थान कण्ठ और ओष्ठ है । '***वकारस्य दन्तोष्ठम्***' व का उच्चारण स्थान दन्त और ओष्ठ है । '***जिह्वामूलीयस्य जिह्वामूलम्***' जिह्वामूलीय का उच्चारण स्थान जिह्वा का मूल है, अतः इसे जिह्वामूलीय कहते हैं । '***नासिकाऽनुस्वारस्य***' अनुस्वार का उच्चारण स्थान नासिका है, इत्यादि । इसलिये सर्वस्थानोपलक्षित मुख को ही वागिन्द्रियस्थानीय कहना सर्वथा उचित ही है।

अब सभी इन्द्रियों में मन के मुख्यत्व का प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ – मन दसों इन्द्रियों का अध्यक्ष है और वह हृदयकमल रूपी गोलक में स्थित है । वह मन इन्द्रियों के बिना बाह्य विषयों से सम्पर्क करने में अस्वतन्त्र होने के कारण अन्तःकरण (आन्तरिक इन्द्रिय) कहलाता है ।।१२।।

व्याख्या – पूर्वोक्त पञ्चज्ञानेन्द्रियों का और पञ्चकर्मेन्द्रियों का प्रेरक जो मन है, उसके स्थान आदि का वर्णन करते हैं । प्रथम प्रकरण के बीसवें श्लोक में "मन संशयात्मकवृत्ति रूप है" ऐसा बता चुके हैं । मन दसों इन्द्रियों का अध्यक्ष है, इस कथन से सभी इन्द्रियों को प्रेरित करना मन का कार्य है, ऐसा ज्ञात होता है । मन से प्रेरित होकर ही सभी इन्द्रियाँ अपने-अपने कार्य करने में समर्थ होती हैं । वह मन हृदयकमल रूपी गोलक में स्थित है, इस कथन से मन का स्थान हृदयकमल रूपी गोलक है, ऐसा जानना चाहिये । वह मन इन्द्रियों के बिना बाह्य शब्दादि विषयों से सम्पर्क करने में अस्वतन्त्र है । मन

अन्तःकरणं यथा बाह्येषु विषयेषु शब्दादिषु गृह्यमाणेषु करणानि श्रोत्रादीनि भवन्ति । तथा सर्वस्मिन्नपि ज्ञाने जननीये मनः अन्तःकरणं भवति । तस्मान्मनः अन्तरिन्द्रियमिति कथ्यते। सर्वेषामपि विषयाणां ग्रहणेऽसाधारणकारणं मन इति तस्य करणत्त्वमप्युपपन्नमिति दिक् ।।

मनसोऽङ्गीकारे हेतुनिरूपणम् –

अक्षेष्वर्थार्पितेष्वेतद्गुणदोषविचारकम् ।
सत्त्वं रजस्तमश्चास्य गुणा विक्रियते हि तैः ।। १३ ।।

अन्वयः – अक्षेषु अर्थार्पितेषु एतत् (मनः) गुणदोषविचारकम् । सत्त्वं, रजः, तमः च अस्य गुणाः, हि तैः विक्रियते ।।

व्याख्या :– अक्षेषु श्रोत्रादीन्द्रियेष्वर्थार्पितेषु तत्तद्विषयैस्सह संयोजितेषु सत्स्वेतन्मनो गुणदोषविचारकं यत्र ये गुणदोषा विद्यन्ते । तेषां विचारकमिदं समीचीनमिदमसमीचीनमित्यादिविचारकर्तृ मनो भवति। सेयं विचारणा शक्तिर्नात्मनस्तस्य निर्विकारत्त्वात् । नापीन्द्रियाणामियं शक्तिस्तेषां केवलविषयग्रहणमात्रचरितार्थत्त्वात् । तथापीदं ग्राह्यमिदं न ग्राह्यमित्याकारकविचारणा पिपीलिकादिब्रह्मपर्यन्तमनुभूयमानेति सार्वजनीनोऽयम् । अतो विचारणान्यथानुपपत्त्या मन इत्यन्यदन्तरिन्द्रियमस्तीत्यवश्यमभ्युपगन्तव्यम् । आत्मनः प्रमातृत्त्वेन सर्वज्ञानसाधारण्यम् । मनसो विकारित्त्वं वैराग्यकामाद्यनेकविधवृत्तिमत्त्वं सत्त्वादिगुणवत्त्वेनेति ज्ञेयम् । अस्य मनसस्सत्त्वंरजस्तम इति त्रयो गुणास्तैर्गुणैर्विक्रियते विकारमाप्नोतीत्यतस्त्रिगुणत्त्वाद्धेतोर्विकारित्त्वमिति शम् ।।

जब तक इन्द्रियों से नहीं जुड़ता तब तक बाह्य शब्दादि विषयों का भोग नहीं कर सकता, अतः विषयग्रहण करने में मन अस्वतन्त्र है । इसीलिए इसे अन्तःकरण अर्थात् भीतर की इन्द्रिय कहा जाता है । इससे यह भी ज्ञात होता है कि समस्त विषयों को ग्रहण करने में मन असाधारण कारण है, अतः मन का करणत्व भी उचित है ।

अब मन के अंगीकार में हेतु का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – इन्द्रियों को विषयों में स्थापित करने के बाद यह मन गुण और दोष का विचार करता है । सत्त्व, रज और तम इसके गुण हैं, उनसे मन विकारवान् होता है ।।१३।।

व्याख्या – मन ही श्रोत्रादि इन्द्रियों का प्रेरक है अतः मन श्रोत्रादि इन्द्रियों को उनके शब्दादि विषयों में स्थापित करने के बाद उनके गुण और दोष का चिन्तन करता है । "यह सही है, यह गलत है, इसे ग्रहण करना चाहिये, इसे ग्रहण नहीं करना चाहिये" इस प्रकार की विचारणा ब्रह्मा जी से लेकर स्तम्ब पर्यन्त सभी प्राणियों में देखी जाती है । यह विचारणा शक्ति आत्मा की नहीं है, क्योंकि आत्मा तो निर्विकार है । और इन्द्रियों में भी यह शक्ति नहीं है, क्योंकि वे तो केवल विषयों का ग्रहण ही कर सकती हैं । इसलिये सभी मनुष्यों के द्वारा अनुभूत इष्टानिष्ट चिन्तन का कारण मन ही है, जिसे भीतर की इन्द्रिय कहा गया है । आत्मा प्रमाता होने के कारण संपूर्ण ज्ञान का साधारण कारण है । वैराग्य, कामना आदि सभी वृत्तियाँ मन की ही हैं, क्योंकि यह त्रिगुणात्मक है। सत्वगुण, रजोगुण और तमोगुण ये तीनों मन के गुण हैं । इन्ही से यह मन विकारवान् होता है अर्थात् मन त्रिगुणात्मक होने के कारण ही विकारवान् होता है ।

मनोगुणविकारफलनिरूपणम् –

वैराग्यं क्षान्तिरौदार्यमित्याद्यास्सत्त्वसंभवाः ।
कामक्रोधौ लोभयत्नावित्याद्या रजसोत्थिताः ॥ १४ ॥
आलस्यभ्रान्तितन्द्राद्या विकारास्तमसोत्थिताः ।

अन्वयः – वैराग्यं, क्षान्तिः, औदार्यम् इत्याद्याः सत्त्वसम्भवाः, कामक्रोधौ, लोभयत्नौ इत्याद्याः रजसा उत्थिताः, आलस्य–भ्रान्ति–तन्द्राद्याः विकाराः तमसा उत्थिताः ।।

व्याख्या :– वैराग्यं विवेकजन्यसकलदृश्यविषयकदुःखरूपत्त्वस्वतस्सत्ताशून्यत्त्वप्रतिक्षण–विलक्षणत्त्वाविनश्वरत्त्वादिप्रमाजन्यद्वैतात्मेतरानादरदार्ढ्यमेव । क्षान्तिः – ''अपराधिनि कोपश्चेत्कोपे कोपः कथं न ते । सर्वेषां पुरुषार्थानां प्रसह्य परिपन्थिनि'' इति नैष्कर्म्यसिद्धौ श्रीसुरेश्वरोक्तदिशा सामर्थ्यसत्त्वेऽपि परविरचितनिरतिशयापकारजन्यकोपशामकविवेकेन तत्सहनसातत्यमेव । औदार्यं वितरणा यावद्दृश्यविनश्वरत्त्वानुसन्धानेन स्वशक्यवस्तुविषयकतात्कालिकयाचकाभिलाषापरिपूरणोत्साह एव। अत्रादिशब्देन शमदमोपरमसमाधानादिदैवप्रकृतिसम्पद् गृह्यते । एवमादिगुणास्सत्त्वगुणसम्पन्ने मनसि प्रजायन्ते । कामो यावद्दृश्यमिथ्यात्त्वानुसन्धानविनश्वरस्येष्टवस्त्वभिलाष एव । क्रोधस्तत्प्रतिघात–जन्यान्तरभिज्वलनात्मकचित्तवृत्तिरेव । लोभः कामपरिपोष एव । यत्नो यथासामर्थ्यं साध्यसाधनव्यापार एव । अत्रादिशब्देन दम्भदर्पदौष्ट्याद्यासुरीप्रकृतिसम्पद्गृह्यते । सर्वेऽपीमे गुणा रजोगुणविशिष्टे मनसि जायन्ते । आलस्यं विहितकर्माचरणेऽनुत्साहस्सति सामर्थ्येऽपि प्रोक्तप्रयत्नवैमुख्यं वा । भ्रान्तिस्तदभाववति तत्प्रकारकं ज्ञानम् । तन्द्रा तमोवातकफोद्भवेषन्निद्रा जागरेऽपि सुप्त्यादिसंस्कारादिन्द्रियाणां यथावद्विषयाग्रहणमुद्रा । सर्व एते गुणास्तमोगुणसमन्विते मनसि समुत्पद्यन्ते। अत्रादिशब्देनाप्रकाशा–प्रवृत्त्यादिराक्षसप्रकृतिसम्पद्गृह्यते ।।

अब सत्वादि गुणों से होने वाली मन की विक्रियाओं का निरूपण डेढ़ श्लोक से करते हैं।

अर्थ – वैराग्य, क्षान्ति और उदारता आदि विकार सत्त्व गुण से उत्पन्न होने वाले हैं । काम और क्रोध तथा लोभ और यत्न आदि विकार रजोगुण से उत्पन्न होते हैं। आलस्य, भ्रान्ति और तन्द्रा आदि विकार तमोगुण से उत्पन्न होते हैं । १४, १५.१/२।

व्याख्या – ''***इहामुत्रफलभोगविरागः***'' इस लोक और परलोक के फल भोग की इच्छा का अभाव वैराग्य, सामर्थ्य होने पर भी स्वयं के प्रति किये गये महान अपराध का भी दण्ड न देना क्षान्ति (सहनशीलता) और उदारता इत्यादि विकार सत्त्वगुण से उत्पन्न होते हैं अर्थात् सत्त्वगुण की वृद्धि होने पर वैराग्यादि उत्पन्न होते हैं । विषयसुख प्राप्ति की इच्छा काम, उसकी पूर्ति न होने पर उत्पन्न होने वाला क्रोध तथा लोभ और प्रयत्न आदि विकार रजोगुण से उत्पन्न होते हैं अर्थात् रजोगुण की वृद्धि होने पर ये विकार उत्पन्न होते हैं । विहित कर्मों को करने में उत्साह का न होना आलस्य है । वस्तु के विपरीत ज्ञान को भ्रान्ति कहते हैं तथा अर्धसुषुप्तावस्था तन्द्रा कही जाती है, इत्यादि सभी विकार तमोगुण की वृद्धि होने पर उत्पन्न होते हैं ।

पुण्यपापोत्पत्तिनिरूपणम् -

सात्त्विकैः पुण्यनिष्पत्तिः पापोत्पत्तिश्च राजसैः ॥ १५ ॥
तामसैर्नोभयङ्किन्तु वृथायुःक्षपणं भवेत् ।

अन्वयः - सात्त्विकैः पुण्यनिष्पत्तिः , च राजसैः पापोत्पत्तिः, तामसैः न उभयम् किन्तु वृथा आयुः क्षपणं भवेत् ।।

व्याख्या :- मनोविकाराणां फलान्येवं जानीयात्सात्त्विकैर्वैराग्यादिविकारैः पुण्यनिष्पत्तिर्धर्मस्योद्भवो राजसैश्शास्त्रीयैः कामादिरजोगुणसञ्जातचित्तवृत्तिभिः पापोत्पत्तिरधर्मस्य सम्भवोऽत्र कामादिर्धर्मविरोधी चेदेव पापजनकः "धर्माविरुद्धो भूतेषु कामोऽस्मि भरतर्षभे"ति श्रीमुखोक्तेस्तेन विध्यभ्यनुज्ञातानामकरणे प्रत्यवायजनकानां कामानां सेवनेन पापोत्पत्तिः । एकादश्युपवासोत्तरं द्वादश्यां पारणे पुण्यमेवोपजायते न पापम् । तामसैरालस्यादिविकारैरुभयमपि पुण्यपापे धर्माधर्मौ नैवोत्पद्येते किन्तु वृथा व्यर्थमायुः-क्षपणमायुषो विनाशो भवेत् । दुर्लभं मानुषं जन्म प्राप्यापि वृथा यापने को वा मूढः करिष्यति । यदि दौर्भाग्यात्करोति ततोऽप्यनर्थो न कोऽप्यस्त्यत एवोक्तम् - "कालक्षेपो न कर्तव्यः क्षीणमायुः क्षणे क्षणे । यमस्य करुणा नास्ति कर्तव्यं हरिकीर्तन"मिति ।।

कर्तृपदार्थनिरूपणम् -

अत्राहंप्रत्ययी कर्तेत्येवं लोकव्यवस्थितिः ॥ १६ ॥

अन्वयः - अत्र अहंप्रत्ययी कर्ता इति, एवं लोकव्यवस्थितिः ।।

अब सात्त्विकादि गुणों से उत्पन्न विकारों के फल का प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ - सात्त्विक विकार से पुण्य और राजसिक विकारों से पाप की उत्पत्ति होती है । तामसी विकारों से दोनों (पुण्य-पाप) की उत्पत्ति नहीं होती किन्तु आयु का वृथा क्षय होता है । यहाँ अहं प्रत्यय करने वाला कर्ता कहलाता है, यही लोक में व्यवस्था है । १५, १६ ।

व्याख्या - सात्त्विक वैराग्यादि विकारों से पुण्य की उत्पत्ति होती है और रजोगुण से उत्पन्न कामादि विकारों से पाप की उत्पत्ति होती है और तमोगुण के आलस्यादि विकारों से पुण्य और पाप तो नहीं होते, किन्तु आयु का वृथा क्षय होता है अर्थात् मनुष्यजन्म प्राप्त करने पर भी इस दुर्लभ मनुष्य जन्म का व्यर्थ ही व्यय हो जाता है । भाव यह है कि वैराग्यादि दैवीसम्पत्ति हैं, इनसे मनुष्य धर्मानुकूल शुभ कर्म करता है, जिससे कि पुण्य की वृद्धि होती है और काम-क्रोधादि के द्वारा जिन्हें आसुरी सम्पत्ति कहा गया है, उसके द्वारा मनुष्य अधर्माचरण करता है, जिससे कि पाप की वृद्धि होती है और आलस्यादि से धर्माधर्म की वृद्धि या ह्रास तो नहीं होता किन्तु अत्यन्त मूल्यवान आयु का वृथा विनाश होता है । जो अत्यन्त दुर्लभ मनुष्यजन्म को वृथा गँवाता है, उसके समान मूढ़ और कौन होगा ।

कालक्षेपो न कर्तव्यः क्षीणमायुः क्षणे क्षणे ।
यमस्य करुणा नास्ति कर्तव्यं हरिकीर्तनम् ।।

समय को वृथा नहीं गँवाना चाहिये क्योंकि आयु प्रतिक्षण क्षीण हो रही है और यमराज करुणारहित हैं, अर्थात् मृत्यु कभी भी हो सकती है, इसलिये आत्मस्वरूप हरि का कीर्तन करना चाहिये ।

व्याख्या :- अत्रान्तःकरणादिविषयेऽहं प्रत्ययव्यहमिति ग्रहवान्यस्स एव कर्ता प्रभुर्भवतीत्येवं लोके व्यवस्थितिव्यवस्थाहंवृत्तिविशिष्टो ह्यात्मा कार्यकारी प्रभुः कर्तेत्येवं व्यपदिश्यते ।।

जगतो भौतिकत्त्वविज्ञानोपायप्रदर्शनम् -

स्पष्टशब्दादियुक्तेषु भौतिकत्त्वमतिस्फुटम् ।
अक्षादावपि तच्छास्त्रयुक्तिभ्यामवधार्यताम् ।। १७ ।।

अन्वयः - स्पष्टशब्दादियुक्तेषु भौतिकत्त्वम् अतिस्फुटम् । अक्षादौ अपि शास्त्रयुक्तिभ्यां तत् अवधार्यताम्।।

व्याख्या :- अद्वितीयात्मसतस्सकाशात्पञ्चानां भूतानामुत्पत्तिं तेषां गुणानां स्वरूपादिकं चोपदिष्टमनेन प्रत्यक्षत उपलभ्यमानशब्दरूपरसादिगुणवत्सु घटपटादिषु भूतकार्यत्त्वेन स्वानुस्यूताधिष्ठानात्मसद्वस्तुनस्स-काशात्पृथक्करणं यद्यपि धीमतां सरलमथापि श्रोत्रादीन्द्रियवति लिङ्गदेहे तद्घटकेष्वन्येष्वपि वस्तुषु भौतिकत्त्वसिद्धिश्श्रुत्या श्रुतिसम्मतानुमानेन चैव बोध्या । तथा च क्रमशस्स्थूलसूक्ष्मकारणशरीरत्रय-स्याप्यनात्मत्त्वे सम्यक् ज्ञातेऽवशिष्टस्याद्वितीयप्रत्यगभिन्नात्मनो बोधस्सुकर इति बुद्ध्या भौतिकत्त्वबोधनं क्रियत इति वेदितव्यम् । तथैवाक्षादावपीन्द्रियादिषु भौतिकत्त्वं शास्त्रयुक्तिभ्यामागमानुमानाभ्यामवधार्यतां निश्चीयताम् । अत्राक्षादीत्यादिशब्देन मनसस्तद्विकाराणां च सङ्ग्रहः । अक्षाणां भौतिकत्त्वे श्रुतिस्ताव "दन्नमयं हि सोम्य मन आपोमयः प्राणस्तेजोमयी वागि"त्यादिका छन्दोगैरधीयमाना । युक्तिश्च तत्तदिन्द्रियं तत्तद्भूतजन्यं तत्तद्भूतगुणग्राहकत्त्वात् । येनेन्द्रियेण यो भूतगुणो गृह्यते तत्तद्भूतजन्यमिति व्याप्तेः । तथान्योऽप्यनुमानप्रकारः - विवादाध्यासितानि श्रोत्रादीन्द्रियाणि भूतकार्याणि । भूतान्वयव्यति-रेकानुविधायित्त्वाद्यद्यदन्वयव्यतिरेकानुविधायि तत्तत्कार्यं दृष्टं यथा सुवर्णान्वयव्यतिरेकानुविधायि-कुण्डलादिकं सुवर्णकार्यं दृष्टं तथाक्षाणि तस्मात्तथेति च निगमः । मनः प्राणादीनामन्नोदका-न्वयव्यतिरेकानुविधायित्त्वं "षोडशकलस्सोम्य पुरुष" इत्यादिश्रुतिप्रसिद्धम् । अनुभवोऽप्यत्र प्रमाणम् । इन्द्रियेषु श्रोत्रादिधीन्द्रियाणि यानि वागादिकर्मेन्द्रियाणि च क्रमादाकाशादिकार्याणि शब्दादितत्तन्मात्रगुण-ग्राहकत्त्वादेवं

यहाँ (अन्तःकरणादि विषय में) प्रत्यय करने वाला अर्थात् इनमें तादात्म्य युक्त ज्ञानवाला कर्ता कहलाता है । लोक में ऐसी ही व्यवस्था है अर्थात् अहंवृत्ति से विशिष्ट आत्मा ही कर्ता कहलाता है । मनुष्य जब तक अहंभाव का त्याग नहीं करता तब तक वह निष्क्रिय ब्रह्म रूप नहीं हो सकता । पूर्वोक्त वृत्तियों में जो अहंभाव करता है, वही अहंभावविशिष्ट आत्मा लोक में कर्ता नाम से जाना जाता है ।

अब इन्द्रियों के भौतिकत्व का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - स्पष्ट शब्दादि से युक्त में भौतिकत्व अत्यन्त स्फुट है । अक्षादि में भी वह (भौतिकत्व) शास्त्र और युक्ति से जान लेना चाहिये । १७ ।

व्याख्या - स्पष्ट शब्दादि गुणों से युक्त पृथिव्यादि में भौतिकत्व अर्थात् भूतकार्यत्व अत्यन्त स्पष्ट है, उसी प्रकार अक्षादि में (इन्द्रियों आदि में) भी (आदि शब्द से मन और उसके विकारों का ग्रहण करना चाहिये) वह भौतिकत्व शास्त्र और युक्ति से जान लेना चाहिये अर्थात् निश्चित करना चाहिये । "***अन्नमयं हि सोम्य मनः आपोमयः प्राणस्तेजोमयी वाक्***" (छा.उ.) हे सोम्य ! मन अन्नमय ही है, प्राण जलमय है और वाक् तेजोमय है, इत्यादि शास्त्रों से और उन-उन भूतों के गुणों का ग्रहण करने के कारण वे तद्-तद् भूतजन्य

शब्दादितत्तन्मात्रगुणग्राहकगोलकसमाननाडीकगोलकत्त्वाद्व्यतिरेकेऽव्याकृतवदित्याद्यूह्यम्। अत्र मूके बाधिर्यस्य करे त्वग्गोलकस्यापि चरणोपचारेण लोचनस्वास्थ्यस्य पायूपस्थयोरसगन्ध-परिणामयितृत्त्वस्येत्येवमादीनां प्रत्यक्षत्त्वाद्धेतोर्न स्वरूपासिद्धिः। सिद्धान्तबिन्दावष्टमश्लोकव्याख्यात्र द्रष्टव्या ।।

सदेव सोम्येत्यत्रेदंपदार्थविचारः -

एकादशेन्द्रियैर्युत्त्या शास्त्रेणाप्यवगम्यते ।
यावत्किचिद्भवेदेतदिदंशब्दोदितं जगत् ।। १८ ।।

अन्वयः - एकादशेन्द्रियैः युत्त्या शास्त्रेण अपि यावत् किञ्चित् जगत् अवगम्यते, एतत् इदं शब्दोदितं भवेत् ।।

व्याख्या :- सर्वस्यापि जगत इदम्पदार्थत्त्वम् । एकादशेन्द्रियैर्ज्ञानकर्मेन्द्रियपञ्चके मनश्चेति तैः प्रत्यक्षादिभिर्निखिलैः प्रमाणैर्युत्त्यानुमानेन शास्त्रेण श्रुत्यादिना चात्रापिशब्देनार्थापत्त्यादीनामपि ग्रहणं तैरैतैस्सर्वैः प्रमाणैर्यावत्किञ्चिज्जगत्स्थावरजङ्गमात्मकमवगम्यतेऽनुभूयते तत्सर्वमेत"त्सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीय"मित्यत्रेदंशब्देनोदितमभिहितम् । अत्रान्तरिन्द्रियस्य मनसश्श्रोत्रादिबहिरिन्द्रियद्वारा शब्दादीनां प्रत्यक्षे कारणत्त्वसम्भवेऽपि वागादिकर्मेन्द्रियाणां कारणता क्वावगतेति शङ्कोदेति । तामेवं प्रहिरामः । साक्षात्करणत्त्वासम्भवेऽपि शब्दोच्चारादिक्रियाद्वारा तत्तद्विषयकज्ञानकारणत्त्वसम्भवादिति शम् ।।

सदेवेतिश्रुतेरर्थतः पठनम् -

इदं सर्वं पुरा सृष्टेरेकमेवाद्वितीयकम् ।
सदेवासीन्नामरूपे नास्तामित्यारुणेर्वचः ।। १९ ।।

अन्वयः - 'इदं सर्वं सृष्टेः पुरा एकम् एव अद्वितीयकं सत् एव आसीत् । नामरूपे न आस्ताम् इति आरुणेः वचः ।।

हैं क्योंकि जिस इन्द्रिय से जिस महाभूत के गुण का ग्रहण होता है, वह तद्-तद् भूतजन्य है, ऐसी व्याप्ति है । इस प्रकार युक्ति से भी इन्द्रियों का भौतिकत्व जानना चाहिये ।

''सदेवसोम्येदमग्र आसीत्'' इस श्रुति के इदं पद का विचार करते हैं ।

अर्थ - ग्यारह इन्द्रियों के द्वारा तथा युक्ति और शास्त्र से जितना भी संसार ज्ञात होता है, वह सब इदं शब्द से अभिहित है । १८।

व्याख्या - पाँच ज्ञानेन्द्रिय, पाँच कर्मेन्द्रिय और उन दसों इन्द्रियों का प्रेरक मन, इन ग्यारह इन्द्रियों के द्वारा अर्थात् प्रत्यक्षादि प्रमाणों के द्वारा, युक्ति (अनुमान) से और श्रुति के द्वारा स्थावर जंगम जितना भी जगत् परिलक्षित होता है, यह सब "***सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयम्*** " (छा.उ.) इस श्रुति में प्रतिपादित 'इदं' शब्द से अभिहित है अर्थात् कहा गया है । भाव यह है कि इदं शब्द में सम्पूर्ण जगत् का अन्तर्भाव जानना चाहिये, क्योंकि सम्पूर्ण जगत् को इदं शब्द से कहा गया है ।

उक्त श्रुति का अर्थतः पठन करते हैं ।

अर्थ - सृष्टि से पूर्व यह सम्पूर्ण जगत् एक अद्वितीय सद्ब्रह्मरूप ही था, नाम और रूप दोनों नहीं थे । इस प्रकार आरुणि का वचन है ।१९।

व्याख्या :- सृष्टेस्सर्जनात्पुरा पूर्वमिदं सर्वं मूर्तामूर्तात्मकमखिलदृश्यजालं नामरूपक्रियात्मकतया परिदृश्यमानमिदं जगत्सर्वमेकं स्वोत्पादकावयवविधुरसन्मात्रात्मकमेव स्वसजातीयविजातीयस्वगतभेद-रहितमद्वितीयकं सद्व्यतिरेकेण सहकारिकारणं वस्त्वन्तरं यस्य नो विद्यते तत्सदस्तितामात्रं सूक्ष्मं वस्त्वासीत् । सृष्टेः प्रागपि सतो रूपं तदा तद्वाचकं सदित्यादिपदं नाम चास्त्येवेति कथमन्यत्किमपि नास्तीत्युच्यते इति प्रश्नस्य समाधानमाह - नामरूपे नास्तामित्यारुणेर्वच इति । नामरूपे नास्तां नैव विद्येते - "अनेन जीवेनात्मनानुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणी"ति श्रुत्या जीवात्मना प्रविश्य हि नामरूपे व्याकरोति । तच्च सर्गोत्तरकालमिति "तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशदि"तीयं श्रुतिर्ब्रूते । एवं च पूर्वं नास्तामित्यारुणेररुणस्यापत्यं पुमानारुणिररुणवंशोद्भव उद्दालकस्तस्य वचनमुपदेशवाक्यमिति। महर्षिरारुणिरुद्दालकोऽनूचानमानिनं श्वेतकेतुं स्वपुत्रं प्रति ब्रह्मोपदेशकाल इदं वाक्यमवादीदिति शम्।।

लोके वृक्षादिषु सर्वत्र भेदत्रयस्यास्तित्त्वप्रतिपादनम् -

वृक्षस्य स्वगतो भेदः पत्रपुष्पफलादिभिः ।
वृक्षान्तरात्सजातीयो विजातीयः शिलादितः ॥ २० ॥

अन्वयः - वृक्षस्य पत्रपुष्पफलादिभिः स्वगतः भेदः, वृक्षान्तरात् सजातीयः, शिलादितः विजातीयः।।

व्याख्या :- वृक्षस्याम्रादेः पत्रपुष्पफलादिभिस्स्वावयवैस्स्वगतो भेदो भवति "पत्राद् वृक्षो भिन्नः" "पुष्पं न वृक्षः" इत्याद्याकारेण प्रत्ययेन भेदस्य सिद्धत्त्वात् । वृक्षान्तरात्तज्जातीयादन्यस्मात् वृक्षात्तद्गतो भेदस्सजातीयः । वृक्षोऽयमस्माद्वृक्षाद्भिन्न इति प्रतीतेः । शिलादितश्शिलादिविजातीय-वस्त्वन्तराद्यो वृक्षस्य यो भेदस्स विजातीयः । वृक्षो न शिलेत्यादिभेदप्रतीतेः ।।

व्याख्या - सृष्टि रचना से पूर्व मूर्तामूर्तात्मक सम्पूर्ण दृश्यजाल अर्थात् नाम, रूप और क्रियात्मक रूप से परिदृश्यमान यह सम्पूर्ण जगत् एक अद्वितीय ही था अर्थात् सजातीय, विजातीय और स्वगत भेदशून्य एक सद्ब्रह्म रूप ही था। सत् के अतिरिक्त जिसका कोई सहकारी कारण नहीं है, वह सत् अर्थात् त्रिकालाबाध्य अस्तित्वमात्र सूक्ष्म वस्तु था । सृष्टि के पूर्व भी इसका रूप और 'सत्' इस प्रकार से नाम तो है ही, तब आप 'कुछ भी नहीं था' ऐसा क्यों कहते हैं ? इस प्रश्न का उत्तर देते हैं कि उस समय नाम और रूप दोनों ही नहीं थे । "***अनेन जीवेनात्मनाऽनुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणीति***" (छा.उ. ६/३/२) इस श्रुति के अनुसार परमात्मा का जीव रूप से अनुप्रवेश होने के बाद ही नाम और रूप का व्याकरण हुआ है । यह क्रिया सर्गोत्तरकालीन है । सृष्टि के बाद ही परमात्मा का जीव रूप से अनुप्रवेश कहा गया है । इस प्रकार विद्या का अभिमान करने वाले अपने पुत्र श्वेतकेतु के प्रति आरुणि (अरुण का पौत्र) का वचन है । यह कथा छान्दोग्य उपनिषद् के छटवें अध्याय में विस्तार से वर्णित है ।

"एकमेवाद्वितीयम्" इन तीन विशेषण पदों से सद्वस्तु में स्वगतादि तीनों भेदों का निवारण करने के लिये दृष्टान्त पूर्वक उन तीनों भेदों का प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ - वृक्ष का पत्र, पुष्प और फल आदि से स्वगत भेद है । एक वृक्ष का दूसरे वृक्ष से सजातीय भेद है और पत्थर आदि से विजातीय भेद है ।२०।

व्याख्या - वृक्ष अवयवी है और पत्र, पुष्पादि उसके अवयव हैं । जो अवयवी होता है, उसे अवयव नहीं कहा जा सकता क्योंकि दोनों का भेद लोक में प्रसिद्ध है । पत्र, पुष्प, फलादि वृक्ष नहीं हैं, वृक्ष

सद्वस्तुनो भेदत्रयवैधुर्यनिरूपणम् -

तथा सद्वस्तुनो भेदत्रयं प्राप्तं निवार्यते ।
ऐक्यावधारणद्वैतप्रतिषेधैस्त्रिभिः क्रमात् ॥ २१ ॥

अन्वयः - तथा सद्वस्तुनः प्राप्तं भेदत्रयं ऐक्यावधारणद्वैतप्रतिषेधैः त्रिभिः क्रमात् निवार्यते ॥

व्याख्या :- पूर्वमुपपादितरीत्यावृक्षादिवस्तुषु यथा भेदत्रयं प्रसिद्ध्यत्येवमेव वस्तुत्त्वाविशेषेणात्मन्यपि सम्प्राप्तं भेदत्रयं श्रुत्या निवार्यते - यथा वृक्षादिषु भेदत्रयमुपलभ्यते तथा सद्वस्तुन आत्मनः प्राप्तं नामरूपसंख्येयाकारैरापादितं भेदत्रयं स्वसजातीयविजातीयस्वगतभेदरूपमैक्यावधारणद्वैतप्रतिषेधैरैक्यमेकता "सदेव सोम्येदमग्र आसीदेक"मित्यत्रैकपदेनात्मन एकत्त्वबोधनान्तरस्य स्वावयवाभावे पर्यवसानात्स्वगत-भेदो दुर्घट उपपादयितुम् । एवमवधारणमेवकारार्थस्तस्यामेव श्रुता"वासीदेकमेवे"त्येवकारस्यान्य-निषेधतात्पर्यात्सजातीयो भेदोऽनेन निवार्यत एकमेवाद्वितीयमिति द्वैतस्यान्यवस्तुसामान्यस्यैव प्रतिषेधः क्रियते। तत्रैवा"सीदेकमेवाद्वितीय" मित्यात्मभिन्नद्वितीयवस्तुमात्रस्य निषेधो विद्यत इति विजातीयभेदो न सिद्ध्यतीति हेतोस्तैरेकमेवाद्वितीयमिति त्रिभिश्शब्दैः क्रमात्स्वगतसजातीयविजातीयभेदा निवार्यन्ते। भेदत्रयप्रतिषेधोऽयं सत्यरूपो न वा? संश्चेद्द्वैतमापद्येतासंश्चेन्निषेधस्यैवासत्यत्त्वेन नानात्वमाबाल-गोपालमनुभूयमानं सिद्ध्यतीति सुतरां द्वैतसिद्धिस्सदसद्रूप इत्युभयात्मकश्चेत्सुन्दोपसुन्दन्यायेन विरुद्धयोः परस्परं सङ्घर्षाद्व्याघातः । यदि सदसद्वैलक्षण्यमनिर्वचनीयत्त्वरूपं चेदनिर्वचनीयत्वस्याप्यात्मनो भिन्नरूपेण सद्भावाद्द्वैतापत्तिर्दुर्निवारैवेति चेन्न । भेदभेद्यात्मकद्वैतप्रतियोगिकभावाभावयोश्शुद्धाधिष्ठानैकसत्ता-नतिरिक्तसत्ताकत्त्वस्य शुक्तिरजतादौ दृष्टत्त्वादुक्तद्वैतस्याद्वितीये ब्रह्मणि निषेधान्यथानुपपत्त्यैवारोपि-

---

का इनसे स्वगत भेद है । स्वयं में ही जो भेद होता है, उसे स्वगत भेद कहते हैं - जैसे हाथ, पैर आदि शरीर के स्वगत भेद माने जाते हैं । एक वृक्ष से दूसरे वृक्ष का सजातीय भेद होता है । जो आम्र का वृक्ष है, वह नीम के वृक्ष से भिन्न होता है । वृक्षत्व दोनों में समान होने पर भी जाति भेद से दोनों में भेद माना जाता है, इसे ही सजातीय भेद कहते हैं । और पत्थर आदि से वृक्ष का विजातीय भेद है । पत्थर आदि भिन्न जाति के हैं और वृक्ष भी भिन्न जाति के होते हैं, अतः इन दोनों में जातिभेद होने के कारण इनका विजातीय भेद माना जाता है - जैसे मनुष्य और पशुओं का विजातीय भेद है ।

सद्वस्तु तीनों भेदों से रहित होती है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - उसी प्रकार सद्वस्तु में प्रसक्त तीनों भेदों का एकता, अवधारणा और द्वैत निषेध कहने वाले (एकम् एव अद्वितीयम्) इन तीनों पदों के द्वारा क्रम से निवारण किया जाता है । २१ ।

व्याख्या - पूर्व श्लोक में अनात्म वस्तु में तीन भेद प्राप्त होते हैं, ऐसा कहा गया है । जैसे अनात्म वस्तु में स्वगतादि तीन भेद प्राप्त होते हैं, उसी प्रकार सद्रूप आत्म वस्तु में प्रसक्त अर्थात् भेदों का प्रसंग प्राप्त होने पर स्वगतादि तीनों भेदो का एकता, अवधारणा और द्वैत निषेध के द्वारा क्रम से एकम्, एव और अद्वितीयम् इन तीनों पदों से निवारण किया जाता है । अर्थात् "***सदेव सोम्य इद मग्रआसीदेकमेवाद्वितीयम्*** " इस श्रुति में ब्रह्म के तीन विशेषण दिये गये हैं - एकम्, एव और अद्वितीयम् । एकम् एकता का द्योतक है अर्थात् सद्वस्तु (ब्रह्म) स्वगत भेद से रहित है । एवकार

तत्त्वस्याङ्गीकर्तव्यत्त्वात् । "सदेवेदमग्र आसीदि"त्यग्रशब्देन सृष्टेः पूर्वमित्यर्थलाभात्कालतःपरिच्छेद-स्सोम्येमास्सर्वाः प्रजास्सदायतनाः सत्प्रतिष्ठा" इति श्रुत्या सृष्टिबीजभूताया अव्याकृताख्याया अविद्यायास्तस्यास्तादात्म्यापन्नाया एवेष्टत्त्वादिति दिक् ।।

सदात्मनश्श्रुत्या सिद्धस्य स्वगतभेदाभावस्य युत्त्योपपादनम् –

सतो नावयवाः शङ्क्यास्तदंशस्यानिरूपणात् ।
नामरूपे न तस्यांशौ तयोरद्याप्यनुद्भवात् ।। २२ ।।

अन्वयः – सतः अवयवाः न शङ्क्याः, तदंशस्य अनिरूपणात् । नामरूपे तस्य अंशौ न, तयोः अद्य अपि अनुद्भवात् ।।

व्याख्या :– ब्रह्मण एकत्त्वादेव स्वगतभेदरहितत्त्वमिति न युक्तिसहम् । पुष्पदन्तयोरेकत्त्व-विशिष्टयोरपि स्वकिरणैः कलाभिश्च स्वगतभेददर्शनादेकत्त्वं स्वगतभेदनिवारणसमर्थं न भवतीति चेन्न । दृष्टान्ते सूर्याचन्द्रमयोस्सावयवत्त्वेन स्वगतभेदत्त्वेऽप्येकत्त्वाद्यखिलधर्मविधुरैकरसे सदात्मनि सावयवत्त्वसंभावनाया अप्यभावान्नैव स्वगतभेदसम्भव इति समादधाति । तदंशस्य ब्रह्मणोऽवययवस्य अनिरूपणात् केनापि प्रमाणेन प्रतीयमानत्त्वात्सत आत्मनोऽवयवा नैव शङ्क्याः । "अनेन जीवेनात्मनानुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणि" "ममैवांशो जीवलोके जीवभूतस्सनातन" इत्यादिश्रुतिस्मृतिभ्यो

अवधारणार्थ है, इससे सद्वस्तु में सजातीय भेद का अभाव ज्ञात होता है और अद्वितीयम् द्वैत का निषेध करता है अर्थात् सद्वस्तु विजातीय भेद से रहित है । इस प्रकार एकम्, एव और अद्वितीयम् कहने से सद्वस्तु में स्वगतादि तीनों भेदों का अभाव कहा गया है।

श्रुति के द्वारा सत् स्वरूप आत्मा में स्वगतादि तीनों भेदों का अभाव बताकर अब युक्ति से भी उसका प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ – सद्रूप ब्रह्म के अवयवों की आशंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि उसके अंश का निरूपण नहीं हो सकता। तथा नाम और रूप दोनों सद्ब्रह्म के अंश नहीं बन सकते क्योंकि वर्तमान काल में भी (मिथ्या होन के कारण) उन दोनों की उत्पत्ति नहीं हुई है ।२२।

व्याख्या – एक होने के कारण ब्रह्म में स्वगत भेद नहीं है, यह बात युक्तियुक्त प्रतीत नहीं होती है, क्योंकि सूर्य और चन्द्र आदि एक-एक होने पर भी सूर्य अपनी किरणों और चन्द्र अपनी कलाओं के द्वारा स्वगतभेद रहित नहीं है । इसलिये एकत्व मात्र स्वगत भेद को दूर करने में समर्थ नहीं है । यदि ऐसा कहें, तो यह कथन ठीक नहीं है । क्योंकि सूर्य और चन्द्र सावयव हैं । इसलिये उनमें स्वगत भेद बन सकता है, किन्तु प्रकृत ब्रह्म निरवयव होने के कारण समस्त अनात्म धर्मों से रहित है, अतः उसमें सावयवत्व की संभावना न होने के कारण स्वगत भेद की संभावना भी नहीं है । इस प्रकार का समाधान करते हुए ग्रन्थकार कहते हैं कि ब्रह्म में अंश का निरूपण करना असंभव है इसलिये सद्रूप ब्रह्म में अवयवों की आशंका नहीं करनी चाहिये । इस विषय में कोई प्रमाण भी नहीं है । जहाँ तक नाम और रूप का प्रश्न है तो ये दोनों भी मिथ्या (कल्पित) होने के कारण वर्तमान में ही अनुत्पन्न हैं, अतः ये दोनों भी सद्रूप ब्रह्म के अंश नहीं बन सकते । श्रुति और स्मृतियों में जहाँ पर ब्रह्म को नामरूपात्मक प्रतिपादित

ब्रह्मणोंऽशीभूतजीवव्याकृतनामरूपयोरेवावयवत्त्वमस्त्विति न वाच्यम् । सृष्टिपूर्वकालावच्छेदेनावयवत्त्वासम्भवात् । उत्तरकालेऽपि वा कल्पितावयवत्त्वमेवेति न कदापि ब्रह्मणोऽवयवित्त्वसंभव इत्याह- नामरूपे तस्य ब्रह्मणोंशौ न भवतः । कुतः? तयोर्नामरूपयोरद्यापि वर्तमानकालेऽप्यनुद्भवान्मिथ्यात्त्वात्काल्पनिकत्त्वादिति । अत्र श्लोकेऽद्याप्यनुद्भवादित्यद्यशब्देन वर्तमानार्थकेन श्रुत्युक्ताग्रशब्द एव व्याख्यात इति सृष्टेः प्राक्काल एवात्राद्यपदार्थ इति स एव वर्तमानपदाभिलाप्यः प्रकृत इति दिक् ।।

सृष्टेः प्राङ्नामरूपयोरभावविशदीकरणम् -

नामरूपोद्भवस्यैव सृष्टित्त्वात्सृष्टितः पुरा ।
न तयोरुद्भवस्तस्मान्निरंशं सद्यथा वियत् ॥ २३ ॥

अन्वयः - नामरूपोद्भवस्य एव सृष्टित्त्वात् सृष्टितः पुरा तयोः उद्भवः न । तस्मात् यथा वियत् सत् निरंशम् ।।

व्याख्या :- सृष्टिर्नाम नामरूपव्याकरणमेव नामरूपोद्भवस्यैव नामरूपयोरुद्भवस्य विवर्तस्यैव सृष्टित्त्वात्सृष्टिशब्दार्थत्त्वात्सतो नामरूपादिकल्पनैव शास्त्रकारैस्सृष्टिरिति कथ्यतेऽस्माद्धेतोस्स्वगतभेदराहित्यबोधकैकशब्दस्य सार्थक्यमिति शम् ।।

किया गया है, वहाँ पर उसे मायाविशिष्ट ब्रह्म ही जानना चाहिये अथवा श्रोता को तत्त्वबोध बुद्धिगम्य हो, इसलिये नामरूपात्मक ब्रह्म का प्रतिपादन भगवती श्रुति करती है, ऐसा जानना चाहिये । क्योंकि "***अध्यारोपापवादाभ्यां निष्प्रपञ्चं प्रपञ्च्यते***" अर्थात् अध्यारोप और अपवाद के द्वारा प्रपञ्च रहित ब्रह्म का प्रतिपादन किया जाता है । ब्रह्म वस्तुतः नाम और रूप से रहित है । इसलिये उसमें नामरूपात्मक अवयवों की आशंका करना उचित नहीं है । श्लोक में '***अद्याप्यनुद्भवः***' जो कहा है, इसमें अद्य शब्द वर्तमान का द्योतक है । इससे '***सदेवसौम्येदमग्र आसीत्***' इस श्रुतिस्थ अग्र शब्द ही व्याख्यात हुआ है । सृष्टि के प्राक्काल को ज्ञापित करने के लिये ही अद्य शब्द कहा गया है अर्थात् यह वर्णन सृष्टि से पहले का चल रहा है, अतः तत्काल विशिष्ट ही अद्य शब्द है । तात्पर्य यह है कि सृष्टि से पूर्व नाम और रूप उत्पन्न नहीं हुए थे ।

सृष्टि से पूर्व नाम और रूप के अभाव को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - नाम और रूप का उद्भव ही सृष्टि होने के कारण सृष्टि से पूर्व उन दोनों का उद्भव नहीं हुआ था, इसलिये उस समय आकाश के समान सद्ब्रह्म निरवयव ही था । २३ ।

व्याख्या - नाम और रूप की उत्पत्ति का नाम ही सृष्टि है अर्थात् सृष्टि नामरूपात्मक विवर्त ही है । इसलिये सृष्टि से पूर्व नाम और रूप दोनों की उत्पत्ति नहीं हुई थी । अतः जैसे आकाश अवयव रहित है, उसी प्रकार सृष्टि से पूर्व सद्ब्रह्म अवयव रहित ही था । नाम और रूप की कल्पना ही सृष्टि है, ऐसा शास्त्रज्ञों का मानना है । इसलिये स्वगतभेद का अभाव बताने वाला 'एकम्' शब्द भी सार्थक सिद्ध होता है ।

ब्रह्मणस्स्वसजातीयभेदराहित्ये युक्तिप्रदर्शनम् –

सदन्तरं सजातीयन्न वैलक्षण्यवर्जनात् ।
नामरूपोपाधिभेदं विना नैव सतो भिदा ॥ २४ ॥

अन्वयः – सजातीयं सदन्तरं न, वैलक्षण्यवर्जनात् । नामरूपोपाधिभेदं विना सदः भिदा न एव।।

व्याख्या :– "पार्थ एव धनुर्धरः" इत्यादावेवकारो यथान्ययोगव्यवच्छेदक एवं "सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेव" इत्यत्राप्येवकारोऽन्ययोगव्यवच्छेदक इत्यात्मनस्स्वसजातीयस्यान्यपरस्य वस्तुनोऽभावात्त-द्भेदस्याप्रसिद्धत्त्वात्तद्राहित्यं प्रसिद्ध्यतीत्याशयं प्रकटयति । सदन्तरमन्यत्सजातीयभेदराहित्यबोधकमेकपदं प्रयोजनवत् लोके सतोऽपि भेदो दृश्यते । घटसत्ता पटसत्तेत्यादिव्यवहारदर्शनात् । एवञ्च भिन्नप्रतीति-बलात्तत्सत्तयोर्भेदे सिद्धे सजातीयं सदन्तरं नास्तीति कथमुच्यत इत्याशङ्कां वारयति नामरूपोपाधि-भेदमित्यादिना – नामरूपोपाधिभेदं विना नामरूपमित्युपाधी तयोर्भेदं विना सतो भिदा भेदो नैवास्ति। घटाकाशात्पटाकाशो भिन्न इति प्रतीतिविषयस्य भेदस्य विशेष्यभूत आकाशे भेदसाधकवैलक्षण्या-भावादनुपपन्नस्य "शिखी ध्वस्त" इत्यादिप्रतीतिविषयीभूतस्य विशेष्यांशेऽनुपपन्नस्य ध्वंसस्य विशेषणीभूतशिखायां पर्यवसानवद्विलक्षणयोर्घटपटयोर्भेदे पर्यवसानं न सत्तयोर्भेद इति ज्ञेयम्। अत्रैवं

ब्रह्म में सजातीय भेद नहीं है, इसको युक्तिपूर्वक कहते हैं ।

अर्थ – सत् से विलक्षणता का अभाव होने के कारण सत् से भिन्न दूसरा सजातीय सत् नहीं है । नाम और रूप की उपाधि से भेद के बिना सत् में भेद है ही नहीं । २४ ।

व्याख्या – '***पार्थ एव धनुर्धरः***' (अर्जुन ही धनुर्धर है) इत्यादि वाक्यों में जैसे एवकार अन्ययोगव्यवच्छेदक है, उसी प्रकार "***सदेवसोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयम्***" इस श्रुति वचन में भी एवकार अन्ययोगव्यवच्छेदक है । अतः आत्मा के अतिरिक्त अन्य कोई सजातीय न होने के कारण आत्मा का भेद सिद्ध नहीं हो सकता, इसी आशय को प्रकट करते हैं ।

यदि कहो कि निरवयव होने से आत्मा में स्वगत भेद भले ही न हो किन्तु सजातीय भेद क्यों नहीं होगा ? इस आशंका का उत्तर देते हैं कि तब तो सत् का सजातीय दूसरा सत् कहना होगा, किन्तु दूसरे सत् का निरूपण शक्य नहीं है क्योंकि प्रथम सत् से दूसरे सत् का वैलक्षण्य न होने के कारण अनेक सत् सिद्ध ही नहीं हो सकते । घटाकाश और मठाकाश में जैसे आकाश का भेद नहीं है, उसी प्रकार सद्ब्रह्म का भी स्वतः भेद नहीं हो सकता । उसमें औपाधिक भेद की ही प्रतीति होती है । इसलिये वस्तुतः ब्रह्म के अतिरिक्त अन्य सजातीय सत् के अभाव के कारण उसमें सजातीय भेद नहीं है । जैसे वृक्ष से अन्य वृक्ष का सजातीय भेद होता है, वैसा ब्रह्म में भेद नहीं है । यदि कहो कि लोक में सत् का भी भेद देखा जाता है, क्योंकि घटसत्ता, पटसत्ता इत्यादि व्यवहार देखा जाता है । इस प्रकार भिन्न प्रतीति के बल से दोनों सत्ताओं का भेद सिद्ध ही है, तो फिर सत् के अतिरिक्त दूसरा सजातीय सत् नहीं है, ऐसा आप कैसे कह सकते हैं ? इस शंका का समाधान देते हुए ग्रन्थकार कहते हैं कि नाम और रूप की उपाधि के भेद के बिना सत् में भेद नहीं हो सकता । घटाकाश और मठाकाश इन दोनों में आकाश में कोई भेद नहीं है तथापि घट और मठ की उपाधि के कारण ही उनमें भेद की प्रतीति होती है । उसी प्रकार नाम और रूप की उपाधि ही सत्ता भेद का कारण है, अन्यथा ब्रह्म में किसी भी प्रकार का भेद संभव

प्रयोगः - सद्वस्तु सजातीयभेदरहितमुपाधिपरामर्शमन्तरेणाविभाव्यमानभेदत्त्वादाकाशादिवत् तस्मात्सतस्सजातीयभेदो न निरूपयितुं शक्य इति दिक् ।।

सद्वस्तुनो विजातीयभेदराहित्ये युक्तिप्रदर्शनम् -

विजातीयमसत्तत्तु न खल्वस्तीति गम्यते ।
नास्यातः प्रतियोगित्त्वं विजातीयाद्भिदा कुतः ॥ २५ ॥

अन्वयः - विजातीयं असत् तत् तु 'अस्ति' इति खलु न गम्यते । अतः अस्य प्रतियोगित्त्वं न, विजातीयात् भिदा कुतः ?

व्याख्या :- सदित्यादिवाक्यगताद्वितीयपदबोधितद्वैतप्रतिषेधेन विजातीयभेदराहित्यमुपपाद्यते । न हि सतो विलक्षणः कोऽपि पदार्थो लोके दृष्टचरः । असत्पदार्थस्यानुभवो वन्ध्यासुतायते । सतो विजातीयमसदेव भवति "नास्तीत्यसदि"ति व्युत्पत्यासदित्यविद्यमानमेवेति गम्यते । अतो विजातीयादसद्रूपात्प्रतियोगित्त्वमस्य सतो न सम्भवति । प्रतियोग्यभावे विजातीयात्पदार्थाद्भिदा भेदः कुतस्संभाव्यते । शून्यवादिन "स्तद्धैक आहुरसदेवेदमग्र आसीदि"ति श्रुतिं स्वसिद्धान्तपोषणायोप-

---

ही नहीं है । यहाँ अनुमान प्रयोग इस प्रकार है - सद्वस्तु सजातीय भेद से रहित होती है, उपाधि के बिना उसमें भेद होना संभव न होने के कारण, जैसे आकाश । इसलिये सत् ब्रह्म के सजातीय भेद का निरूपण करना शक्य नहीं है ।

सद्वस्तु ब्रह्म में विजातीय भेद नहीं है, इसका युक्तिपूर्वक प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ - सत् का विजातीय असत् होगा, किन्तु उसका तो अस्तित्त्व ही नहीं है । अतः जब इस (सत्) का प्रतियोगी ही नहीं है, तो भला विजातीय से भेद कैसे हो सकता है ? । २५ ।

व्याख्या - सत् का स्वगत और सजातीय भेद भले ही न हो, किन्तु विजातीय भेद तो अवश्य होगा, इस आशंका का उत्तर देते हैं । "***एकम् एव अद्वितीयम्***" इस श्रुति वचन में से अन्तिम अद्वितीय (द्वैतप्रतिषेध) के द्वारा विजातीय भेद का निराकरण करते हैं । विजातीय तो एकमात्र असत् ही हो सकता है, किन्तु सत् से विलक्षण कोई असत् नामक पदार्थ लोक में नहीं देखा जाता । आज तक किसी ने वन्ध्या के पुत्र को, आकाश में उत्पन्न पुष्पों को और खरगोश के सींग को कभी नहीं देखा, क्योंकि ये सभी असत् हैं । '***नास्तीत्यसद्***' अर्थात् जो नहीं है, उसे असत् कहते हैं । इस व्युत्पत्ति के अनुसार असत् का अर्थ है, जो विद्यामन न हो, इसलिये सत् का प्रतियोगी असत् नहीं हो सकता । जब कोई प्रतियोगी पदार्थ है ही नहीं, तो फिर विजातीय भेद कैसे संभव है ? बौद्ध लोग "***असदेवेदमग्र आसीत्***" इस श्रुति का आश्रय लेकर कहते हैं कि उपनिषदों में असद्वाद का ही प्रतिपादन किया गया है। किन्तु यह कथन अविचारितरमणीय है । इसमें कोई सार नहीं है, क्योंकि वहाँ अगले ही मन्त्र में श्रुति ने असद्वाद (शून्यवाद) का खण्डन कर दिया है । श्रुति कहती है कि "***तद्धैक आहुरसदेवेदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयं तस्मादसतः सज्जायते***" (छा.उ. ६/२/१) अर्थात् कुछ लोगों का कहना है कि आरम्भ में यह जगत् एकमात्र अद्वितीय असत् ही था, उसी असत् से सत् की उत्पत्ति हुई । "***कुतस्तु खलु सोम्यैवं स्यादिति होवाच कथमसतः सज्जायेतेति । सत्त्वेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयम्***" (छा.उ. ६/२/२) अर्थात् हे सोम्य ! भला ऐसे कैसे हो सकता है ? असत् से सत् की उत्पत्ति कैसे हो

निषत्स्वप्ययमेव वाद उक्त इति वदन्ति । नैतत्सारम्, यत उपनिषद्गतोऽसच्छब्दाऽव्याकृतनामरूपं ब्रह्मसत्पदार्थमेव ब्रूते । उपक्रमोपसंहारादिभिस्सर्वेषां वेदान्तानां सत्पदार्थे तात्पर्यस्य निश्चितत्त्वाच्छून्य-वाद्यभिलषितोऽर्थः कोऽपि न सिद्ध्यति । सर्वोऽप्ययं विषयो विस्तरशो भाष्येऽ''सद्वा इदमग्र आसीत्। ततो वै सदजायत'' इत्यत्रोपपादितिमिति दिक् ।।

श्रुतिसिद्धान्तपरिपन्थिनो माध्यमिकमतस्य खण्डनम् –

एकमेवाद्वितीयं सत्सिद्धमत्र तु केचन ।
विह्वला असदेवेदं पुरासीदित्यवर्णयन् ॥ २६ ॥

अन्वयः – एकम् एव अद्वितीयं सत् सिद्धम् । अत्र तु विह्वलाः केचन असत् एव इदं पुरा आसीत् इति अवर्णयन् ।।

व्याख्या :– एतावता ''सदेव सोम्येद''मिति श्रुत्यवष्टम्भेन सजातीयविजातीयस्वगतभेदरहितं ब्रह्मे''त्येकमेवाद्वितीय''मिति त्रिभिः पदैस्तदनुकूलयुक्तिभिश्च निर्धारितम् । स्वसिद्धान्तसंस्थापनं तदैव सिद्ध्यति यावतान्येषामपि सिद्धान्तानां खण्डनं भवति । तथा च परपक्षानिराकरणपूर्वकं स्वपक्षस्थापन-मित्येषा दार्शनिकी मर्यादा । तां पुरस्कृत्यात्र स्थूणानिखननन्यायेन सदद्वैतमेवौपनिषन्मतमिति द्रढयितुमादौ माध्यमिकमतनिराकरणायोपक्रमते – एवं सद्वस्त्वे''कमेवाद्वितीयं'' स्वगतसजातीयविजातीयभेदरहितमिति सिद्धम् । तथाप्यत्रास्मिन्नर्थे केचन माध्यामिका तुकारोऽप्यर्थकः। अक्षपादानुसारिणोऽपि। माध्यमिका-

---

सकती है ? अतः हे सोम्य ! सृष्टि के आरम्भ में यह नामरूपात्मक जगत् एकमात्र अद्वितीय सत् ही था। तथा उपक्रमोपसंहारादि षड्विध लिंगो के द्वारा समस्त वेदान्तों का तात्पर्य एकमात्र सत्पदार्थ ब्रह्म में ही निश्चित किया गया है । अतः शून्यवादी आदि किसी का भी मनघडन्त अर्थ श्रुति के द्वारा सिद्ध नहीं हो सकता । भाष्यकार भगवान् आद्यशंकराचार्य जी ने ''***असद्वा इदमग्र आसीत्***'' इस मन्त्र के भाष्य में इस विषय का विस्तार से प्रतिपादन किया है । जिज्ञासुओं को वहीं देखना चाहिये । अतः असत् का अस्तित्त्व न होने के कारण वह सत् का प्रतियोगी नहीं हो सकता । इसलिये सद्ब्रह्म में विजातीय भेद भी संभव नहीं है ।

अब श्रुति सिद्धान्त के विरोधी (बौद्ध) मत का खण्डन करते हैं ।

अर्थ – इस प्रकार एक ही अद्वितीय सद्रूप ब्रह्म सिद्ध हुआ परन्तु इस विषय में कुछ लोगों ने विह्वल (व्याकुल) होकर सृष्टि से पूर्व यह जगत् असद्रूप ही था, ऐसा वर्णन किया है ।२६।

व्याख्या – इस प्रकार ''***सदेवसोम्येदमग्र आसीत्***'' इस श्रुति से सजातीय, विजातीय और स्वगत भेदशून्य एक अद्वितीय ब्रह्म एकम्, एव, और अद्वितीयम् इन तीन पदों से युक्तिपूर्वक भी निर्धारित हो चुका है । **स्वसिद्धान्त का स्थापन तभी हो सकता है जब अन्य मत के सिद्धान्तों का भी खण्डन हो । इसलिये परपक्ष निराकरण पूर्वक स्वपक्ष का स्थापन करना यह दार्शनिकों की मर्यादा है ।** उसी मर्यादा के अनुसार यहाँ पर '***स्थूणानिखनन न्याय***' के द्वारा उपनिषदों का मत एकमात्र अद्वितीय सद् ब्रह्म ही है, इस बात को दृढ़ करने के लिये बौद्ध मत का खण्डन करने का उपक्रम करते हैं अर्थात् जैसे खूँटे को हिला डुलाकर देखते हैं कि यह मजबूत गड़ा है कि नहीं, वैसे ही

भिधशून्यवादिनो बौद्धविशेषास्तदेकोपजीवनः । ते विह्वला विकलधियस्सद्युक्तिपरिज्ञानरहिताः। यतस्ते विह्वला अतस्तेषां मतं प्रत्यक्षादिप्रमाणविरुद्धं द्वैतम् । इदं जगन्नामरूपात्मकं पुरा सृष्टेः प्राक्प्राक्काले तत्कालावच्छेदेनासदेव तुच्छमेवासीदित्यवर्णयन् ।।

शून्यवादिनां विह्वलताविशदीकरणम् -

मग्नस्याब्धौ यथाक्षाणि विह्वलानि तथास्य धीः ।
अखण्डैकरसं श्रुत्त्वा निष्प्रचारा बिभेत्यतः ॥ २७ ॥

अन्वयः - अब्धौ मग्नस्य अक्षाणि यथा विह्वलानि, तथा अस्य धीः अखण्डैकरसं श्रुत्त्वा अप्रचारा अतः बिभेति ।।

व्याख्या :- यस्स्वाङ्गान्यपि धारयितुमशक्तस्स विह्वलः । "विक्लवो विह्वल" इति कोशः । यथाखण्डजलेऽब्धौ मग्नस्याक्षाणीन्द्रियाणि विह्वलान्यस्थिराण्यत एव भयाविष्टान्यतीव चञ्चलानि भवन्ति। तथाऽस्य शून्यवादिनो वैनाशिकस्य जातावेकवचनं धीर्बुद्धिरखण्डैकरसं "सदेव सोम्ये"त्यादि-श्रुत्युक्तम् अद्वैतं ब्रह्म श्रुत्त्वा "नेति नेती"ति श्रुत्या सर्वबुद्धिगोचरव्यावर्तकत्त्वेन सन्मात्रतया बोध्यमानं सच्चिदानन्दस्वरूपं परं ब्रह्मेत्यापाततः श्रुत्त्वा निष्प्रचारा साकारवस्तुनीवाखण्डैकरसे वस्तुनि प्रचाररहिता सत्यतोऽखण्डैकरसाद्वस्तुनो बिभेति भयमाप्नोति । अज्ञानमुषितोपनिषदर्थज्योत्स्नानां निजशेमुषी भयकारणमेवेत्याशयः ।।

अद्वितीय सद्रूप खूँटे को पूर्वपक्ष द्वारा हिलाकर फिर उसके समाधान से दृढ़ करते हैं । भेदत्रय रहित ब्रह्म का पूर्वोक्त प्रकार से प्रतिपादन करने पर भी इस विषय में कुछ लोग (बौद्ध) व्याकुल होकर सद्युक्ति के परिज्ञान से रहित होने के कारण इस नामरूपात्मक जगत् का सृष्टि से पूर्व असद्रूप से वर्णन करते हैं ।

उनकी विह्वलता का कारण दृष्टान्त पूर्वक कहते हैं ।

अर्थ - समुद्र में डूबते हुए पुरुष की इन्द्रियाँ जैसे विह्वल हो जाती हैं, उसी प्रकार अखण्ड और एकरस ब्रह्म को सुनकर प्रचार रहित हुई इसकी (असद्वादी की) बुद्धि सद्वस्तु से डरती है । २७ ।

व्याख्या - जो अपने अंगो को भी धारण करने में असमर्थ होता है, उसे विह्वल कहते हैं । (***विक्लवो विह्वलः इति कोशः***) जैसे अखण्ड जल की निधि (समुद्र) में डूबते हुए पुरुष की इन्द्रियाँ विह्वल अर्थात् भयाकुल होने के कारण अत्यन्त चंचल हो जाती हैं, उसी प्रकार वैनाशिकों (बौद्धों) की बुद्धि अखण्ड एकरस ब्रह्म को 'नेति नेति' इत्यादि श्रुति वचनों से सुनकर अर्थात् "ब्रह्म समस्त बुद्धियों से अगोचर है, सन्मात्र रूप से जाना जाता है, सच्चिदानन्द स्वरूप है" इस प्रकार सुनकर प्रचार रहित हो जाती है । इस विषय में अवगाहन से रहित होकर अखण्ड सद्वस्तु ब्रह्म से डरती है अर्थात् भयभीत होती है । आशय यह है कि अज्ञानाविष्ट, उपनिषदर्थज्योत्स्ना से रहित स्वबुद्धि ही भय का कारण है ।

टिप्पणी - बौद्धों के चार भेद हैं - (१) माध्यमिक (२) योगाचार (३) सौत्रान्तिक और (४) वैभाषिक । जो क्रम से सर्वशून्यत्व, बाह्यशून्यत्व, बाह्यार्थानुमेयत्व और बाह्यार्थप्रत्यक्षत्व वादी हैं ।

अवैदिकानां विह्वलता गौडपादाचार्यैरुद्घोषितेति घोषणम् ।

गौडाचार्या निर्विकल्पे समाधावन्ययोगिनाम् ।
साकारब्रह्मनिष्ठानामत्यन्तं भयमूचिरे ॥ २८ ॥

अन्वयः – गौडाचार्याः साकारब्रह्मनिष्ठानां अन्ययोगिनां निर्विकल्पे समाधौ अत्यन्तं भयम् ऊचिरे।।

व्याख्या :- निर्विकल्पे ज्ञातृज्ञेयादिविभागशून्ये समाधौ यत्र ध्येयैकगोचरं निवातदीपवच्चित्तं भवति तत्र साकारब्रह्मनिष्ठानां सगुणब्रह्मोपासकानां ध्यातृध्यानध्येयभेदे त्रिपुट्यां सत्यत्त्वबुद्धीनामन्य-योगिनामत्यन्तं भयं गौडाचार्या गौडपादाचार्या ऊचिरे माण्डूक्योपनिषत्कारिकास्विति शेषः । यदि साकारनिष्ठानामुपासकानामपि निर्गुणब्रह्मविषये भीतिश्चेत्किमु वक्तव्यं चञ्चलचित्तानां स्वाभीष्टाभिनिविष्टानां सौगतानामिति माध्यमिकानां भयं कैमुतिकन्यायसिद्धमिति दिक् ।।

श्रीमद्गौडपादाचार्यवाक्यप्रदर्शनम् –

अस्पर्शयोगो नामैष दुर्दर्शस्सर्वयोगिभिः ।
योगिनो बिभ्यति ह्यस्मादभये भयदर्शिनः ॥ २९ ॥

अन्वयः – अस्पर्शयोगः नाम एषः (समाधिः) सर्वयोगिभिः दुर्दर्शः । हि योगिनः अभये भयदर्शिनः अस्मात् बिभ्यति ।।

व्याख्या :- योऽयमस्पर्शयोगाख्यो निर्विकल्पस्समाधिर्नामेति प्रसिद्धौ । न विद्यते स्पर्शयोगो

अवैदिकों की विह्वलता की घोषणा श्रीशंकराचार्य जी के परमगुरु श्रीगौडापादाचार्य ने भी की है, इसका प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ – श्रीगौड़पादाचार्य जी ने साकार ब्रह्म में निष्ठा रखने वाले योगियों को निर्विकल्प समाधि में अत्यन्त भय होना बताया है ।२८।

व्याख्या – ज्ञाता, ज्ञेय आदि विभाग से रहित जो निर्विकल्प समाधि है, उसमें हवा रहित स्थान में रखे हुए दीपक की तरह मन केवल ध्येयगोचर ही होता है । इस समाधि से सगुण ब्रह्म में निष्ठा रखने वाले द्वैतदर्शी योगी लोग अत्यधिक भय का अनुभव करते हैं । अर्थात् जो ध्याता, ध्यान और ध्येय इन तीनों को सत्य मानने वाले सगुण ब्रह्म के उपासक हैं, जो नामरूपात्मक ब्रह्म में आसक्त हैं, ऐसे योगियों को निर्विकल्प समाधि रूप ब्रह्म के विषय में सुनते ही डर लगने लगता है । उनकी बुद्धि निर्गुण निराकार, नाम और रूप से रहित, अद्वितीय ब्रह्म के ध्यान के विषय में भयभीत हो जाती है । ऐसा श्रीशंकराचार्य जी के परमगुरु और श्रीगोविन्दपादाचार्य जी के गुरु श्रीगौडपादाचार्य जी ने माण्डूक्योपनिषद् की कारिका में कहा है । भाव यह है कि सगुण साकार ब्रह्म में निष्ठा रखने वाले योगियों को भी निर्गुण ब्रह्म के विषय में भय होता है तो फिर जो चंचल चित्त वाले हैं और अपने अभीष्ट की सिद्धि करने में ही निरन्तर लगे रहते हैं, ऐसे बौद्धों का तो कहना ही क्या ?

अब श्रीगौडपादाचार्य जी की कारिका को प्रदर्शित करते हैं ।

अर्थ – अस्पर्श योग नामक यह निर्विकल्प समाधि समस्त द्वैतदर्शियोगियों के द्वारा दुर्दर्श है, क्योंकि पूर्वोक्त योगी लोग भयरहित (समाधि) में भय को देखते हैं, इसलिये इस (अस्पर्श योग) से डरते हैं ।२९।

बुद्धिविषयतासम्बन्धो यस्मिन्सोऽस्पर्शयोगः । एषोऽसम्प्रज्ञातसमाध्युपलक्षितशोधितत्त्वंपदार्थभूतः प्रत्यक्चिन्मात्र आत्मा । सोऽयं स्वानुभवगोचरस्सर्वयोगिभिस्सगुणोपासकैस्साकारध्याननिष्ठैर्दुर्दर्शो दुःखेन द्रष्टुं शक्यो दुष्प्रापः । किं तत्र कारणमित्यत आह- हि यस्माद्धेतोरेतेऽन्ययोगिनः प्रागुक्ता द्वैतदर्शिनोऽभये भयं सर्वात्मना यस्मिन्न विद्यते तस्मिन्स्वस्वरूपेऽद्वितीय आत्मनि भयवर्जितेऽपि भयदर्शिनो भयं भेदभावं "द्वितीयाद्वै भयं भवती"ति श्रुतेः । पश्यन्तीति तथोक्ता यथा भयहेतुशून्ये निर्जनेऽप्युत्तमे देशे बाला भयदर्शिनो भवन्ति भयहेतुतां कल्पयन्तो बिभ्यति तद्वदिमेऽपि द्वैतिनो बिभ्यतीति तेषां विह्वलता स्पष्टीकृतेति दिक् ।।

द्वैतिनो विह्वला इत्यत्र आचार्याणामपि सम्मतेः प्रदर्शनम् -

भगवत्पूज्यपादाश्च शुष्कतर्कपटूनमून् ।
आहुर्माध्यमिकान्भ्रान्तानचिन्त्येऽस्मिन्सदात्मनि ।। ३० ।।

अन्वयः - भगवत्पूज्यपादाः च शुष्कतर्कपटून् अमून् माध्यमिकान् अचिन्त्ये अस्मिन् सदात्मनि भ्रान्तान् आहुः ।।

व्याख्या :- भगवत्पूज्यपादाश्च शुष्कतर्कपटूञ्छुष्कः प्रमाणरहितश्चासौ तर्को युक्तिमात्रवाद-स्तस्मिन्पटूंस्तन्मात्रसमर्थान्माध्यमिकादीन्द्वैतिनोऽचिन्त्येऽवाङ्मानसगोचरे सदात्मनि सत्स्वरूपे ह्यात्मनि विषये भ्रान्तान्यथार्थज्ञानविधुरान्प्रत्युत विप्रतिपन्नानाहुर्वदन्ति । शिष्यैरवश्यमनुष्ठेययोः योगाचारयोराद्यस्य

व्याख्या - यद्यपि यह अस्पर्श योग नामक निर्विकल्प समाधि ही परमार्थ तत्त्व है फिर भी इस विषय में कुछ लोग मोहित हो जाते हैं । समस्त सम्बन्धाख्य स्पर्शों से रहित होने के कारण इसे अस्पर्शयोग कहा जाता है, ऐसा उपनिषदों में प्रसिद्ध है । यह योग वेदान्तजन्य विज्ञान से रहित समस्त योगियों के द्वारा दुर्दर्श है अर्थात् अत्यन्त कठिनता से देखा जाता है (दुष्प्राप्य है) । यह तो केवल आत्मसत्यानुबोध के लिये किये गये प्रयास से ही प्राप्त होने योग्य है । द्वैतदर्शी योगियों के भय का कारण कहते हैं कि सम्पूर्ण भय से रहित होने पर भी अविवेकी योगी लोग इस निर्विकल्प समाधि में भय को देखते हैं अर्थात् भयभीत होते हैं । "***द्वितीयाद्वै भयं भवति***" भय द्वितीय से ही होता है, स्वयं से कोई नहीं डरता, अतः ये द्वैतदर्शी योगी लोग इस अस्पर्शयोग नामक निर्विकल्प समाधि से डरते हैं । जैसे भयहेतु रहित निर्जन श्रेष्ठ स्थान में भी नादान बालक भय का अनुभव करते हैं, वैसे ही ये द्वैतद्रर्शी योगी लोग भी निर्विकल्प समाधि से भयभीत होते हैं ।

पूर्वोक्त विषय में श्रीशंकराचार्य जी की भी सम्मति प्रदर्शित करते हैं ।

अर्थ - भगवत्पूज्यपाद श्रीशंकराचार्य जी ने भी शुष्क तर्क करने में चतुर इन माध्यमिकों (बौद्धों) को अचिन्त्य सदात्मा के विषय में भ्रान्त कहा है ।३० ।

व्याख्या - जो केवल शुष्कतर्क अर्थात् प्रमाणों से रहित केवल तर्क (युक्तिवाद) करने में दक्ष हैं, ऐसे माध्यमिक नामक बौद्धों को आद्य शंकराचार्य जी महाराज ने अचिन्त्य सत् स्वरूप आत्मा के विषय में भ्रान्त (विपरीतज्ञानवान्) कहा है । बौद्ध लोग श्रुति को प्रमाण न मानने के कारण केवल मन्धडन्त शुष्क तर्क ही करते हैं । इसीलिये उनको आत्मा के विषय में भ्रम होना स्वाभाविक है, क्योंकि "***नैषा***

योगस्याकरणाद्वितीयस्याचरणस्याङ्गीकारादेषां बौद्धैकदेशिनां माध्यमिका इति प्रसिद्धिः ।।

आचार्यवचनप्रदर्शनम् -

अनादृत्य श्रुतिं मौर्ख्यादिमे बौद्धास्तमस्विनः ।
आपेदिरे निरात्मत्त्वमनुमानैकचक्षुषः ॥ ३१ ॥

अन्वयः - तमस्विनः अनुमानैकचक्षुषः इमे बौद्धाः मौर्ख्यात् श्रुतिम् अनादृत्य निरात्मत्त्वम् आपेदिरे ।।

व्याख्या :- तमस्विनस्तमोऽयथार्थज्ञानमेषामस्तीति तथोक्ता इमे बोद्धा मौर्ख्यान्मूढत्त्वाच्छ्रुतिं "सदेव सोम्येदमग्र आसी"दित्यादिवाक्यम् अनादृत्याप्रमाणीकृत्याननुमानैकचक्षुषोऽनुमानमेव मुख्यप्रमाणत्त्वेनाङ्गीकुर्वन्तस्तस्मादेव कारणा"त्तद्धैक आहुरसदेवेद"मित्यादिष्वसच्छब्दस्य शून्यार्थकतां प्रकल्प्य निरात्मत्त्वमात्माभावमेवापेदिरेऽङ्गीचक्रुः ।।

शून्यवादनिरासः -

शून्यमासीदिति ब्रूषे सद्योगं वा सदात्मताम् ।
शून्यस्य न तु तद्युक्तमुभयं व्याहतत्त्वतः ॥ ३२ ॥

अन्वयः - "शून्यम् आसीत्" इति सद्योगं ब्रूषे वा सदात्मताम् ? तत् उभयं शून्यस्य व्याहतत्त्वतः न तु युक्तम् ।।

तर्केण मतिरापनेया " (कठो.) ऐसा श्रुति भी कहती है । अतः आत्मज्ञानेच्छु पुरुषों को शुष्क तर्क से बचना चाहिये।

भगवान् श्रीशंकराचार्य जी के वाक्य को दर्शाते हैं ।

अर्थ - अत्यन्त तमोगुणी ये बौद्ध लोग मूर्खतावश श्रुति का अनादर करके एकमात्र अनुमान प्रमाण को ही मानते हुए अनात्मत्व को प्राप्त हुये ।३१।

व्याख्या - "***ज्ञानमावृत्य तु तमः प्रमादे संजयत्युत*** " (गी.१४/९) तमोगुण ज्ञान को ढ़क कर प्रमाद में लगाता है और "***अज्ञानं तमसः फलम्*** " (गी.१४/१६) "***प्रमादमोहौ तमसो भवतोऽज्ञानमेव च*** " (गी.१४/१७) इत्यादि प्रमाण से तमोगुण को अत्यन्त निकृष्ट कहा गया है । भगवान् श्रीशंकराचार्य जी बौद्धों को अत्यन्त तमोगुणी कहते हैं । अर्थात् अयथार्थ ज्ञानवान ये बौद्ध लोग अपनी मूर्खता से श्रुति का अनादर करते हैं । "***सदेवसोम्येदमग्र आसीत्*** " इत्यादि श्रुति वचन को प्रमाण न मानना ही श्रुति का अनादर है । वे इस श्रुति को प्रमाण न मानकर केवल अनुमान प्रमाण को ही सर्वोपरि मानते हैं । इसीलिये "***असद्वा इदमग्र आसीत्*** " इस श्रुति में असत् को शून्यार्थक मानते हैं । अतः अनात्मत्व (शून्य) को ही तत्त्वरूप से प्राप्त हुये अर्थात् शून्य को ही तत्त्व रूप से ग्रहण किया।

अब शून्यवाद का खण्डन करने के लिये सर्वप्रथम उसमें विकल्प करते हैं।

अर्थ - 'शून्य था' इस वाक्य से तुम शून्य का सद्योग कहते हो या सदात्मता ? व्याहत होने के कारण तदुभय युक्त नहीं है ।३२।

व्याख्या :- रे माध्यमिक । त्त्वं शून्यमासीदिति वाक्येन "तद्धैक आहुरसेदेवेदमग्र आसीदि"ति श्रुतिमूलकेन किमभिप्रैषि? आसीदित्याख्यातवशादस-भुवि भू-सत्तायामित्यदिस्मृतेस्सद्योगं सता सह भूतपूर्वकालावच्छेदेन शून्यस्य सत्सम्बन्धं ब्रूषेऽथ वा सत्तारूपजातेश्शून्यस्य सम्बन्धम् । तत्र न प्रथमः पक्षो युक्तः । सच्छून्ययोरुभयोरपि निरवयवत्त्वनिर्गुणत्त्वनिष्क्रियत्त्वादिभिरसम्भवात् । न द्वितीयः । शून्यस्य सदात्मत्त्वासम्भवात् । सदसदात्मत्त्वमित्युभयरूपत्त्वं भवत्विति चेत्परस्परं विरुद्धवस्तुद्वय-सामानाधिकरण्यापातलक्षणव्याघाताख्यदोषसम्भवात् । माता मे वन्ध्येतिवाक्यवच्छून्यमासीदितिवाक्यमपि व्याहतम् । प्राधान्येन वक्तव्यांशविघटकपदार्थघटितार्थबोधकत्त्वात् । सन्घटस्सन्पट इत्यादौ यथा सामानाधिकरण्यं न तथा सच्छून्यमिति भवति । यद्युच्येत शून्यं केन वा सम्बन्धेन सता सम्बध्येत ? घटपटयोरिव संयोगसम्बन्धेन मधुराम्रयोरिव समवायसम्बन्धेन वा । द्रव्ययोस्संयोग इति रूपादिविहीनस्य शून्यस्याद्रव्यत्त्वान्न संयोगसम्बन्धः । भावाभावयोस्संयोगस्य दुर्घटत्त्वात् । अत एव हेतोर्न तादात्म्यसम्बन्धोऽपि। समवायस्थाने तादात्म्यमभिषिञ्चन्ति भाट्टा इति तादात्म्यसमवाययोः नाम्नि एव भेदः । तथा च शून्यमासीदिति वाक्यादर्थबोधासंभवाद्वाक्याभास एव । अतो बौद्धानां शून्यवादोद्घोषः कण्ठशोषणायैव ।

व्याख्या - ग्रन्थकार बौद्ध से पूछते हैं कि हे माध्यमिक ! तुम हमेशा यही कहते हो कि सब कुछ शून्य ही था, तब यह बताओ कि शून्य का सत् के साथ योग (संयोग सम्बन्ध) था अथवा सदात्मता (तादात्म्य सम्बन्ध) ? संयोग सम्बन्ध और तादात्म्य सम्बन्ध ये दोनों शून्य के नहीं हो सकते । क्योंकि ऐसा कहने से वदतोव्याघात दोष आता है । "मेरी माता वन्ध्या है, मेरे मुख में जिह्वा नहीं है" इन वाक्यों में जैसे वदतोव्याघात दोष है, उसी प्रकार तुम्हारे कथन में भी यही दोष उपस्थित होता है । शून्य का सत्ता के साथ न संयोग है और न तादात्म्य । सत् और शून्य दोनों ही निरवयव, निगुर्ण और निष्क्रिय हैं । अतः दोनों का संयोग सम्बन्ध संभव नहीं है और शून्य का सदात्मत्व संभव न होने के कारण तादात्म्य भी संभव नहीं है । यदि कहो कि सद् और असद् उभय रूप मान लो, तो यह कहना उचित नहीं है क्योंकि विरुद्ध-धर्म वाली दो वस्तुओं का सामानाधिकरण्य संभव न होने से लक्षणव्याघात नामक दोष होता है । 'शून्य था' यहाँ पर 'घटः सन्, पटः सन्' इत्यादि के समान 'शून्यं सन्' ऐसा कहने पर यह बताओ कि सत् और शून्य दोनों का कौन-सा सम्बन्ध है ? क्या घट और पट के समान संयोग सम्बन्ध होगा अथवा गुण और गुणी के समान तादात्म्य सम्बन्ध ?

दो द्रव्यों का संयोग सम्बन्ध होता है । रूपादि से विहीन शून्य, द्रव्य न होने के कारण उसका संयोग सम्बन्ध संभव नहीं है । तथा भाव और अभाव का संयोग दुर्घट होने के कारण दोनों का तादात्म्य सम्बन्ध भी नहीं हो सकता । (मीमांसक लोग समवाय सम्बन्ध को ही तादात्म्य सम्बन्ध कहते हैं अतः दोनों में नाममात्र का ही अन्तर है ।) अतः तुमने जो कहा कि शून्य ही था, यह वाक्य वाक्याभास ही है । भाव यह है कि आपकी यह शून्यवाद पोषिका घोषणा विषम घोषणा ही है, इसमें कुछ भी सार नहीं है ।

शून्यमासीदितिवाक्यार्थो व्याहत इति सदृष्टान्तमुपपादनम् -

न युक्तस्तमसा सूर्यो नापि चासौ तमोमयः ।
सच्छून्ययोर्विरोधित्त्वाच्छून्यमासीत्कथं वद ॥ ३३ ॥

अन्वयः - सूर्यः तमसा युक्तः न, च असौ तमोमयः अपि न । सत्-शून्ययोः विरोधित्त्वात् 'शून्यम् आसीत्' कथं वद?

व्याख्या :- अद्य यावत्सूर्यस्तमसा न युक्तो न वा युज्यते तमःप्रकाशयोरत्यन्तविरुद्धस्वभावादसौ सूर्यस्तमोमयस्तमस्स्वरूपोऽपि यथा न भवति तथैव सच्छून्ययोर्भावाभावरूपयोर्विरोधित्त्वात्कथं शून्यमासीदिति वक्तुं शक्यते न कथमपि शक्यत इति भावः ।।

शून्येऽपि नामरूपयोः कल्पितत्त्वादिति माध्यमिकस्य प्रतिवचनम् -

वियदादेर्नामरूपे मायया सुविकल्पिते ।
शून्यस्य नामरूपे च तथा चेज्जीव्यतां चिरम् ॥ ३४ ॥

अन्वयः - वियत् - आदेः नामरूपे मायया सुविकल्पिते शून्यस्य नामरूपे च तथा चेत्, चिरं जीव्यताम् ।।

व्याख्या :- यथा वेदान्तिनां मते वियदादेर्नामरूपे कल्पिते तथैव शून्यस्यापि मायया नामरूपे

पूवोक्त कथन को दृष्टान्तपूर्वक स्थापित करते हैं ।

अर्थ - जैसे सूर्य न तो अन्धकार से युक्त है और न अन्धकार रूप ही, उसी प्रकार सत् और शून्य परस्पर विरोधी होने से 'शून्य था' यह तुम कैसे कहते हो ? ।।३३।।

व्याख्या - सूर्य कभी अन्धकार से युक्त नहीं हो सकता और अन्धकार रूप भी नहीं हो सकता ।

दृष्टान्त - एक बार अन्धकार ब्रह्मा जी के पास सूर्य की शिकायत लेकर गया । उसने कहा - ब्रह्मा जी ! सूर्य मुझे बहुत परेशान करता है । मैं जहाँ भी जाता हूँ, मुझे वहाँ से भगा देता है, उसको दण्ड दीजिए । ब्रह्मा जी ने कहा एक पक्ष सुनकर सुनवाई नहीं हो सकती । दोनों को एकसाथ उपस्थित होकर अपना-अपना पक्ष रखना चाहिये । तब सूर्य को बुलावा भेजा गया, सूर्यदेव वहाँ उपस्थित हो ही रहे थे कि अन्धकार वहाँ से भाग गया । इसका भाव यह है कि सूर्योदय से पूर्व ही जब अन्धकार भाग जाता है, तब सूर्य का अन्धकारयुक्त अथवा अन्धकार रूप होने का तो प्रश्न ही नहीं है । क्योंकि अन्धकार और प्रकाश दोनों विरुद्ध स्वभाव वाले हैं, उसी प्रकार सत् और शून्य भी विरुद्ध स्वभाव वाले हैं । अतः दोनों का कोई सम्बन्ध सम्भव नहीं है । इसलिये तुम जो यह कहते हो कि 'शून्य था' यह कैसे कहते हो ? तुम दोनों का सम्बन्ध कैसे कह सकते हो ? अर्थात् दोनों के सम्बन्ध का प्रतिपादन करना संभव ही नहीं है ।

शून्यवादी के प्रतिवचन का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - जैसे आकाशादि के नाम और रूप माया के द्वारा (ब्रह्म में) कल्पित हैं, उसी प्रकार शून्य का भी नाम और रूप (माया से) कल्पित है, यदि तुम ऐसा कहते हो तो (वह शून्य) चिरकाल तक जीवित रहे ।३४।

व्याख्या - जैसे वेदान्तियों के मत में आकाशादि के नाम और रूप माया के द्वारा ब्रह्म में कल्पित

कल्पिते एव भवतो यदि तर्हि तच्छून्यं चिरं चिरकालं जीव्यतां तिष्ठतु । कल्पितेन वस्तुनाधिष्ठान-दोषाप्रसक्तेः । अत्र वियदादेरिति सृष्टौ प्रथमजत्त्वात्तस्य ग्रहणम् "आत्मन आकाशस्संभूत" इति प्राथम्यं श्रुतम् । "सुविकल्पिते" इति सुष्ठु विशेषणारोपिते । चिरं जीव्यतामिति माध्यमिकपरकमिति यदि चिन्त्यते तर्हि दीर्घायुष्मान्भवेति व्यतिरेकलक्षणया बालिशस्त्वं मन्दमतिरित्याद्युपालम्भकवचनमेव। "वाचारम्भण"श्रुतेर्वियदादिमायया नामरूपे कल्पिते इति यथास्माभिरभ्युपगतं तथैव शून्येऽपि त्वया बौद्धेनाङ्गीकृतं चेत्तवापि वेदान्तमतप्रवेश एव स्यादित्यस्मदीयत्त्वादपि चिरं जीवेत्याशिषः प्रयुज्यन्त इति वा भावः ।।

निरधिष्ठानभ्रमोऽप्रसिद्ध इति कथनम् -

सतोऽपि नामरूपे द्वे कल्पिते चेत्तदा वद ।
कुत्रेति निरधिष्ठानो न भ्रमः क्वचिदीक्ष्यते ।। ३५ ।।

अन्वयः - सतः अपि नामरूपे द्वे कल्पिते चेत् ? तदा कुत्र ? इति वद , निरधिष्ठानः भ्रमः क्वचित् न ईक्ष्यते ।।

व्याख्या :- अत्र प्रतिबन्द्या प्रतिवादी पृच्छति तां विकल्पेन सिद्धान्ती निराकरोति । नामरूपे द्वे सतोऽपि कल्पिते स्यातामिति चेत्तदा त्वदभिप्रेतासतो नामरूपे कुत्र कस्मिन्वाधिष्ठाने कल्प्येते तद्वद । अत्रायमाशयः - सतो नामरूपे सति उताहो असति जगति वा कल्पिते । आद्यो न

हैं, उसी प्रकार शून्य का भी माया के द्वारा ही नाम और रूप कल्पित है, यदि ऐसा तुम कहते हो तो तुम्हारे द्वारा कहा गया वह शून्य चिरकाल तक जीवित रहे । क्योंकि कल्पित वस्तु से अधिष्ठान में दोष की प्रसक्ति नहीं होती है । "***आत्मन आकाशस्सम्भूतः***" इस श्रुति के अनुसार सृष्टि के आरम्भ में आकाश की उत्पत्ति हुई है, अतः श्लोक में (वियदादेः) वियदादि (आकाशादि) का ग्रहण किया गया है । ***'सुविकल्पिते' अर्थात् 'सुष्ठु विशेषेण कल्पिते (आरोपिते)'***

'***चिरं जीव्यताम्***' यह कथन यदि बौद्ध के प्रति माना जाय, तो इसका अर्थ होगा कि यदि तुम शून्य का भी नाम और रूप माया के द्वारा ही कल्पित मानते हो तो तुम चिरकाल तक जीवित रहो अर्थात् '***दीर्घायुष्मान् भव' ।*** इस प्रकार व्यतिरेक लक्षणा के द्वारा यह ज्ञात होता है कि तुम बालक होने से मन्दमति हो, इस प्रकार उपालम्भ दिया गया है । भाव यह है कि जैसे वेदान्त मत में नाम-रूपादि को माया द्वारा कल्पित माना जाता है, उसी प्रकार शून्य का नामरूप तुम माया से कल्पित मानते हो तो तुमने हमारे वेदान्त मत को ही अंगीकार कर लिया, अतः तुम्हारा भी वेदान्तप्रवेश हो जाने से तुम भी हमारे अपने हो गये । इसलिए अस्मदीय होने के कारण तुम चिरकाल तक जीवित रहो, यह हमारा आशीर्वाद है ।

निरधिष्ठान भ्रम की अप्रसिद्धि का प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ - सत् के भी नाम और रूप कल्पित हैं, यदि ऐसा कहते हो तो बताओ कि वे किसमें कल्पित हैं ? क्योंकि अधिष्ठान के बिना भ्रम होना कहीं भी देखा नहीं जाता है ।३५।

व्याख्या - सिद्धान्ती प्रतिवादी से पूछता है कि यदि तुम ऐसा कहते हो कि सत् के नाम और रूप भी कल्पित ही हैं, तो तुम्हें यह बताना पड़ेगा कि वे कहाँ और किस पदार्थ में कल्पित हैं ? क्योंकि बिना किसी आधार के भ्रम होना सम्भव नहीं है । अधिष्ठानरहित कोई भ्रामक पदार्थ हो, ऐसा लोक में कहीं

समीचीनः। अन्यस्य सर्पादेर्नामरूपयोरन्यत्र रज्वादावारोपदर्शनात्सतो नामरूपयोस्सत्येव कल्पयितुमशक्यत्त्वात्। तथैव द्वितीयोऽपि न समीचीनः । निरात्मकस्यासतोऽधिष्ठानत्त्वस्यायुक्तत्त्वात्। न वा तृतीयः सतो जातस्य जगतस्सन्नामरूपकल्पनाधिष्ठानत्त्वस्यानुपपद्यमानत्त्वात् । कारणस्य कार्यनियतपूर्ववृत्तित्त्वाद्युपपत्तिभिश्च सतो नामरूपकल्पनाधिष्ठानात्मकत्त्वेनाभिमतस्य जगतस्स्वस्य पूर्वमसिद्धेरिति दिक् ।।

सदासीदित्यत्रसत्तासामानाधिकरण्योपपादनम् –

सदासीदिति शब्दार्थभेदे वैगुण्यमापतेत् ।
अभेदे पुनरुक्तिः स्यान्मैवं लोके तथेक्षणात् ।। ३६ ।।

अन्वयः – 'सत् आसीत्' इति शब्दार्थभेदे वैगुण्यमापतेत् अभेदे पुनरुक्तिः स्यात् ? एवम् मा । लोके तथा ईक्षणात् ।।

व्याख्या :– सदासीदिति विभिन्नयोः पदयोर्नानार्थकत्त्वमुतैकार्थबोधकत्त्वम् । आद्ये पक्षे शब्दार्थभेदे सदासीदित्यनयोश्शब्दयोरर्थवैलक्षण्ये वैगुण्यमद्वैतहानिर्यतस्सत्पदार्थद्वयमङ्गीकार्यमापतेत्। अन्त्ये पक्षे पुनरुक्तिस्स्यात्पर्यायाणां सह प्रयोगाभावादित्युभयतःपाशा रज्जुरिति चेन्मैवं शङ्किष्ठाः

भी देखा नहीं गया है । जो भी भ्रम होता है, वह किसी न किसी अधिष्ठान के कारण ही होता है । भाव यह है कि सत् के नाम और रूप सत् में कल्पित हैं या असत् में अथवा जगत में ? प्रथम पक्ष ठीक नहीं है क्योंकि स्वयं का स्वयं में आरोप होना संभव नहीं है । अन्य का ही अन्य में आरोप होता है जैसे रस्सी में सर्प का आरोप होता है, सर्प में ही सर्प का आरोप नहीं होता है । द्वितीय पक्ष भी समीचीन नहीं है, क्योंकि जो स्वयं निरात्मक (असत्) है, उसमें अधिष्ठान होने की योग्यता होना ही असम्भव है । तृतीय पक्ष भी उचित नहीं है, क्योंकि कारण का कार्य से नियतपूर्व में होना आवश्यक है, जो युक्ति से भी सिद्ध है । जगत् स्वयं नामरूपात्मक है और इसका अधिष्ठान सत् ही है । और सत् से पूर्व जगत् की स्थिति असिद्ध है, अतः सत् के नाम और रूप जगत् में भी कल्पित होना संभव नहीं है ।

सद् और आसीत् इन दोनों शब्दों में सामानाधिकरण्य का प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ – सत् और आसीत् (था) इन दो शब्दों के अर्थ में यदि भेद मानोगे तो वैगुण्य दोष प्राप्त होगा और अभेद मानने पर पुनरुक्ति दोष होगा । (इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि) ऐसा नहीं है, क्योंकि लोक में ऐसा देखा जाता है ।३६।

व्याख्या – 'सत्' और 'आसीत्' ये दोनों शब्द भिन्न अर्थ का बोध कराते हैं अथवा अभिन्न का ? यदि प्रथम पक्ष को स्वीकार करते हैं तो वैगुण्यदोष होगा अर्थात् भेद मानने पर अद्वैत सिद्धान्त की हानि होगी, क्योंकि वेदान्त मतानुसार दो सत् पदार्थों का अंगीकार नहीं हो सकता । और यदि द्वितीय पक्ष मानोगे तो पुनरुक्ति दोष प्राप्त होगा, क्योंकि दो पर्याय शब्दों का एकसाथ प्रयोग नहीं हो सकता । सिद्धान्ती कहते हैं कि यदि ऐसा कहते हो तो यह कथन ठीक नहीं है, क्योंकि लोक में पर्याय शब्दों के एक साथ प्रयोग देखे जाते हैं ।

लोके तथेक्षणात्तथाभूतानां प्रयोगानां प्रामाणिकानां बहुशस्समुपलब्धेरिति ।।

प्रकृतार्थप्रामाण्यसिद्धयै लौकिकप्रयोगप्रदर्शनम् -

कर्तव्यङ्कुरुते वाक्यं ब्रूते धार्यस्य धारणम् ।
इत्यादिवासनाविष्टं प्रत्यासीत्सदितीरणम् ।। ३७ ।।

अन्वयः - कर्तव्यं कुरुते, वाक्यं ब्रूते, धार्यस्य धारणम् इत्यादिवासनाविष्टं प्रति सत् आसीत् इति ईरणम् ।।

व्याख्या :- कर्तव्यं कुरुते इत्यादिषु पुनरुक्तिमननुचिन्त्यैव लोकेऽर्थप्रतिपत्तिं लभन्ते व्युत्पित्सवः। तद्वत्प्रकृतेऽपीति भावः । विशेषणान्तरसमवधाने विशिष्टार्थबोधकानामपि शब्दानां विशेषणमात्रबोधकत्त्वमिति नियमस्य शाब्दिकैरङ्गीकृतत्त्वात् । "आम्रो वृक्षः" "सकीचकैर्मारुतपूर्णरन्ध्रैः" इत्यादिप्रयोगेषु तथादर्शनात् । तथा वाक्यं ब्रूते धार्यस्य धारणमित्यादीनि वाक्यानि यानि लोके प्रथितानि तेषां वासनाविशिष्टं संस्कारसंयुतं पुरुषं प्रति सदासीदितीरणं श्रुत्युक्तिलौकिकप्रसिद्धप्रयोग-प्रविष्टचेतसां श्वेतकेतूपलक्षितमुमुक्षूणां सुखबोधार्थमेवं श्रुतिर्वदतीति तात्पर्यम् ।।

सदेवसोम्येतिश्रुतावग्रशब्दार्थनिरूपणम् -

कालाभावे पुरेत्युक्तिः कालवासनया युतम् ।
शिष्यं प्रत्येव तेनात्र द्वितीयन्न हि शङ्क्यते ।। ३८ ।।

अन्वयः - कालाभावे पुरा इति उक्तिः कालवासनया युतं शिष्यं प्रति एव । तेन अत्र द्वितीयं न हि शङ्क्यते ।।

प्रकृतार्थप्रामाण्य की सिद्धि के लिये अब लौकिक प्रयोगों का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - कर्तव्य करता है, वाक्य बोलता है और धारण करने योग्य को धारण करता है, इत्यादि संस्काराविष्ट पुरुष के प्रति 'सत्' और 'आसीत्' ऐसा कथन हुआ है ।३७।

व्याख्या - लोक में ऐसे कई प्रकार के वाक्य हैं, जिसे मनुष्य स्वभाव से ही बोलता है - जैसे 'कर्तव्य करता है' यहाँ जो किया जाता है, उसे ही कर्तव्य कहते हैं, पुनः करता है ऐसा कहने की आवश्यकता नहीं है तथापि लोग ऐसा ही कहते हैं कि यह अपना कर्तव्य करता है । 'वाक्य बोलता है' इस कथन में भी जो बोला जाता है, उसी को वाक्य कहते हैं, पुनः बोलता है ऐसा कहने की आवश्यकता नहीं है फिर भी सभी लोग ऐसा ही कहते हैं कि यह वाक्य बोलता है । इसी प्रकार धारण करने योग्य का ही धारण होता है तथापि लोग कहते हैं कि 'यह धर्म को धारण करता है' इत्यादि वासनाविष्ट (संस्कारयुक्त) पुरुषों के प्रति ही सत् और आसीत् इस प्रकार का कथन हुआ है । भाव यह है कि लौकिक प्रसिद्ध प्रयोगों से आविष्ट चित्त वाले मनुष्यों को सुखपूर्वक बोध कराने के लिये ही भगवती श्रुति ने ऐसा कहा है । अतः सत् और आसीत् दोनों एकार्थक ही हैं ।

''सदेवसोम्येदमग्र आसीत्'' इस श्रुति के 'अग्रे' शब्दार्थ का प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ - काल के अभाव में कालवासनायुक्त शिष्य के प्रति ही '**अग्रे**' ऐसाा कहा गया है । इसलिये यहाँ पर द्वितीय की शंका नहीं करनी चाहिये ।३८।

व्याख्या :- भूतभविष्यद्वर्तमानकालत्रयापरिच्छिन्ने वस्तुनि ब्रह्मणि "सोम्येदमग्र आसीदि"ति कथं वा भूतकालावच्छेदेनोच्यत इति प्रश्नस्योत्तरमाह - कालाभावे कालाद्यात्मकस्य प्रपञ्चस्य सृष्टेरग्रे प्राक्काले वस्तुतः कालस्यैवाभावादग्र इत्युक्तिः । कालवासनया युतं भूतभविष्यद्वर्तमानकाल-त्रयरूपपरिच्छिन्नकालस्य वासनया युतं तद्वासनाभरितं मुमुक्षुं शिष्यमभिलक्ष्यैव तथोक्तम् । एतावतात्र ब्रह्मणोऽन्यद्विजातीयं कालरूपं वस्त्वस्तीति तेनाद्वितीयभङ्ग इत्यादिना न भ्रमितव्यम् । अत्र क्वचि"त्कालाभावे पुरेत्युक्ति"रिति पाठ उपलभ्यते । "सदेव सोम्येद"मित्यादिश्रुतौ "पुरे"तिशब्दस्या-भावात्तद्घटितः पाठो न समञ्जस इति कृत्त्वा "कालाभावेऽग्र इत्युक्ति"रिति पाठं प्रामाणिकं मन्यामह इति दिक् ।।

सिद्धान्तरहस्यप्रदर्शनम् -

चोद्यं वा परिहारो वा क्रियतान्द्वैतभाषया ।
अद्वैतभाषया चोद्यन्नास्ति नापि तदुत्तरम् ।। ३९ ।।

अन्वयः - चोद्यं वा परिहारः वा द्वैतभाषया क्रियताम् । अद्वैतभाषया चोद्यं न अस्ति । तदुत्तरम् अपि न ।।

व्याख्या :- "द्वितीयं न हि शङ्क्यत" इति किं राजाज्ञेति शङ्क्यम् । वस्तुतोऽद्वैतस्य व्यवहाररूपकथायां सर्वथा प्रवेश एव नास्तीति ज्ञातव्यमित्याह - चोद्यं पूर्वपक्षः तस्य परिहारस्समाधानं सिद्धान्तो वा द्वैतभाषया द्वैतविषयकवाङ्मयेनैव क्रियतां सम्पाद्यताम् । अद्वैतभाषया तु न चोद्यं न

व्याख्या - जो ब्रह्म भूत, भविष्य और वर्तमान इन तीनों कालों से अपरिच्छिन्न है, उसके विषय में "***इदमग्र आसीत्***" इस प्रकार भूतकाल का प्रयोग किस लिये किया गया है ? इस प्रश्न का उत्तर देते हैं कि सृष्टि से पूर्व काल का ही अभाव था, इसलिये इस मन्त्र में जो भूतकाल का प्रयोग किया गया है, वह कालवासना से युक्त शिष्य के प्रति ही कहा गया है । जो जिस तरह समझ सके, उसे उसी तरह समझाना ही समझाने वाले की कुशलता है । श्रुति भगवती तो सबकी परम हितैषिणी है, इसलिये श्रोता को समयक् अर्थ का बोध कराने के लिये ही विशिष्टकाल और लकारों का प्रयोग श्रुति में किया जाता है । शिष्य कालवासना से परिच्छिन्न है, अतः उसके प्रति '**अग्रे**' शब्द का प्रयोग किया गया है । अतः ब्रह्म के अतिरिक्त किसी अन्य काल नामक वस्तु का प्रतिपादन इस श्रुति वाक्य में किया गया है, इस प्रकार भ्रमित नहीं होना चाहिये । कुछ जगह "***कालाभावे पुरेत्युक्तिः***" ऐसा पाठ उपलब्ध होता है, किन्तु "***सदेवसोम्येदमग्र आसीत्***" इस श्रुति में 'पुरा' शब्द का प्रयोग न होने के कारण "***कालाभावेऽग्रइत्युक्तिः***" यही पाठ समीचीन प्रतीत होता है ।

शिष्यानुकूल भाषा का प्रयोग करने का कारण बताते हैं, जो कि वेदान्त सिद्धान्त का रहस्य है ।

अर्थ - प्रश्न (पूर्वपक्ष) अथवा उसका परिहार द्वैतभाषा से करना चाहिये, क्योंकि अद्वैतभाषा के द्वारा न तो प्रश्न बन सकता है और न उसका उत्तर ही ।३९।

व्याख्या - आपने जो कहा कि "***दितीयं न हि शक्यते***" यह क्या राजानुशासन है ? जो हर कोई इस कथन को स्वीकार कर ले । इस प्रकार की शंका होने पर कहते हैं कि वस्तुतः अद्वैत का व्यवहार

वा परिहारः "यतो वाचो निवर्तन्ते । अप्राप्य मनसा सहे"ति श्रुतेः । "मौनव्याख्याप्रकटितपरब्रह्मतत्त्वं युवान"मित्याचार्योक्तेः । "गुरोस्तु मौनं व्याख्यान"मित्यभियुक्तेश्च यस्य प्रकाशनाय मौनमेव व्याख्या भवति तत्र परे ब्रह्मणि भाषाप्रसक्तेरत्यन्ताभाव एवेति भावः । अथापि व्यवहारदशायां जिज्ञासुप्ररोचनार्थं चोद्यसमानादिव्यावहारिकभाषयैवानुजिघृक्षुभिराचार्यैः क्रियते । "असत्ये वर्त्मनि स्थित्त्वा ततस्सत्यं समीहत" इति न्यायेन ज्ञातवस्तुमुखेनाज्ञातवस्तु बोधयन्त्यन्तेवासिनं सद्गुरव इति तत्त्वमिति दिक् ।।

अद्वैतं परमार्थतो विद्यत इत्यत्र वासिष्ठवाक्यप्रदर्शनम् -

तदा स्तिमितगम्भीरन्न तेजो न तमस्ततम् ।
अनाख्यमनभिव्यक्तं सत्किञ्चिदवशिष्यते ॥ ४० ॥

अन्वयः - तदा स्तिमितगम्भीरं, न तेजः, न तमः, ततम् अनाख्यम् अनभिव्यक्तं सत् किञ्चित् अवशिष्यते ।।

व्याख्या :- "सदेव सोम्येद"मित्यादिवाक्यानां त्रिविधपरिच्छेदरहितसदात्मवस्तुपरत्त्वे वासिष्ठादिस्मृतिरपि प्रमाणमित्युपष्टम्भयति । राज्ञो विदेहस्य मुक्तिविषयकप्रश्ने श्रीरामचन्द्रेण पृष्टे

रूप कथा में सर्वथा प्रवेश ही नहीं है । चोद्यम् अर्थात् पूर्वपक्ष और उसका परिहार (समाधान) अथवा सिद्धान्त पक्ष का स्थापन द्वैतभाषा से ही संभव है, अतः उनको द्वैत विषयक वाङ्मय के द्वारा ही करना चाहिये । क्योंकि अद्वैतभाषानुसार न तो प्रश्न बन सकता है और न उसका उत्तर ही, क्योंकि "***यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह***" (तै.उ.) ऐसा श्रुति कहती है और "***मौनव्याख्याप्रकटितपरब्रह्मतत्त्वं युवानम्***" ऐसा आचार्य का कथन है तथा "***गुरोस्तुमौनं व्याख्यानं***" ऐसा भी कहा गया है । जिस परब्रह्म को प्रकाशित करने के लिये मौन ही व्याख्या रूप होता है, उस परब्रह्म के विषय में भाषा की प्रसक्ति कैसे संभव है ? तथापि व्यवहार दशा में आचार्य जिज्ञासु पर अनुग्रह करने के लिये प्रश्न और उसका समाधान आदि व्यवहारिक भाषा में ही करते हैं । "***असत्ये वर्त्मनि स्थित्वा ततस्सत्यं समीहते***" इस न्याय के अनुसार ज्ञात वस्तु के व्याज से अज्ञात वस्तु (ब्रह्म) का बोध सद्गुरुदेव अपने अन्तेवासी को कराते हैं ।

परमार्थतः अद्वैत ही है, इस विषय में योगवासिष्ठ का प्रमाण देते हैं ।

अर्थ - उस समय निश्चल और गम्भीर, तेज और तम से रहित, सर्वव्यापी, अनाख्य, अनभिव्यक्त कोई सद्वस्तु ही शेष रहती है ।४०।

व्याख्या - "***सदैवसोम्येदमग्र आसीत्***" इत्यादि वाक्यों का त्रिविध-परिच्छेद से रहित सदात्मवस्तु में ही तात्पर्य है । इस विषय में योगवासिष्ठ भी प्रमाण है । श्रीरामचन्द्र जी द्वारा विदेह मुक्ति के विषय में प्रश्न करने पर श्रीवसिष्ठ जी ने इस श्लोक से उनका समाधान किया था । उस समय (सृष्टि से पूवकाल में अर्थात् परमार्थ दशा में) एकमात्र अद्वैत वस्तु ही अवशिष्ट रहती है । वह वस्तु कैसी है ? तो कहते हैं कि वह निश्चल है, गम्भीर है अर्थात् मन से भी जिसका चिन्तन संभव नहीं है । तेज और तम से रहित है । परमात्मा तेज का भी अधिष्ठान है, उन्हें तेज जान नहीं सकता, वे तेज को जानते है, तेज का नियमन करते हैं "***यस्तेजसि तिष्ठंस्तेजसोऽन्तरो यं तेजो न वेद यस्य तेजः शरीरं यस्तेजोऽन्तरो यमयत्येष त आत्माऽन्तर्याम्यमृतः***" (बृ.उ. ३/७/१४) और परमात्मा तम का भी

वसिष्ठोऽनेन प्रतिवचनेन समादधाति । तदाद्वैते वस्तुनि सति स्तिमितगम्भीरं स्तिमितं विनिश्चलं च तद्गम्भीरं दुःखग्राहं मनसापि चिन्तितुं विषयीकर्तुं दुश्शकमिति तथोक्तम् । न तेज इति तेजस्स्वरूपत्त्वं तेजसत्वाधिकरणत्त्वमित्यादि न किञ्चिदपि । तथा न तमस्ततोऽपि विलक्षणं भिन्नमनावरणस्वभावम्। असम्बद्धमनावृतं च । ततं सर्वव्यापि । तनुविस्तार इति धातोर्निष्पन्नत्त्वात् "विसृतं विस्तृतं तत"मिति कोशः। अनाख्यमवर्णनीयं व्याख्यातुमशक्यम् । अनभिव्यक्तं चक्षुरादीन्द्रियागोचरम् । सच्छून्य-विलक्षणमस्मादेव हेतोः किञ्चिदिदमित्थमितीदन्तया निर्देष्टुमशक्यमनिर्वचनीयं वस्त्ववशिष्यते "नेति नेती"ति सर्वद्वैतनिषेधे निखिलनिषेधशेषतया योऽवशिष्यते तदेव सकलकल्पनाधिष्ठानभूतं परब्रह्मेति शम् ।।

नैयायिकमतनिराकरणम् –

ननु भूम्यादिकं माभूत्परमाण्वन्तनाशतः ।
कथन्ते वियतोऽसत्त्वं बुद्धिमारोहतीति चेत् ।। ४१ ।।

अन्वयः – ननु परमाण्वन्तनाशतः भूम्यादिकं मा भूत् । वियतः असत्त्वं ते बुद्धिं कथम् आरोहति इति चेत् ?

व्याख्या :– "प्रश्नावधारणानुज्ञानुनयामन्त्रणे नन्वि"ति कोशादत्र ननुः प्रश्नार्थे । भूम्यादि-कमित्यादिशब्दादप्तेजोवायवो गृह्यन्ते । परमाण्वन्तनाशतः परमाणव एवान्तोऽन्तिमावयवः तदवधि नाशात्कारणात् । परमाणूनां तु नित्यत्त्वात्कारणत्त्वाच्च न नाशोऽङ्गीक्रियते । अतो भूम्यादीनामपि चतुर्णां द्व्यणुकादिमहाभूतपर्यन्तानां कार्यत्त्वेनानित्यत्त्वाद्विनाशोऽस्तु मा भून्नामा तेषां सत्यत्त्वम् । परं

अधिष्ठान है । जो तम के भीतर रहते हैं, तम को जानते हैं किन्तु तम जिन्हें नहीं जानता, जो तम (अन्धकार) का नियमन करते हैं "***यस्तमसि तिष्ठंस्तमसोऽन्तरो यं तमो न वेद यस्य तमः शरीरं यस्तमोऽन्तरो यमयत्येष त आत्माऽन्तर्याम्यमृतः***" (बृ.उ. ३/७/१३) इत्यादि श्रुति प्रमाण से परमात्मा तेज और तम से रहित सिद्ध होता है । वह ततम् अर्थात् सर्वव्यापी है । जिसका व्याख्यान (वर्णन) नहीं किया जा सकता अर्थात् जो अनिर्वचनीय है, उसे अनाख्य कहते हैं । चक्षुरादि इन्द्रियों का विषय न होने के कारण परमात्मा अनभिव्यक्त है । उपर्युक्त विशेषणों से युक्त कोई ऐसी सद्वस्तु (शून्य से विलक्षण वस्तु) ही परमार्थ रूप से अवशिष्ट रहती है । भाव यह है कि शून्य से विलक्षण और अनिर्वचनीय होने के कारण जिसे **'इदमित्थं'** इस प्रकार से नहीं कहा जा सकता, जिसे वेदों में 'नेति नेति' इस प्रकार से कहा गया है, जो समस्त द्वैत का निषेध करने के बाद एकमात्र अवशिष्ट रहता है, वह समस्त कल्पनाओं का अधिष्ठानभूत ही ब्रह्म है ।

अब नैयायिक मत का निराकरण करते हैं ।

अर्थ – ननु पृथ्वी आदि भले ही न रहें, क्योंकि वे परमाणु पर्यन्त नाश को प्राप्त होते हैं किन्तु आकाश का अभाव तुम्हारी बुद्धि में कैसे आरूढ़ होता है ? यदि ऐसी शंका है तो ।४१।

व्याख्या – "***प्रश्नावधारणानुज्ञानुनयामन्त्रणे ननु*** " इस कोशवचनानुसार प्रश्न, अवधारणा, अनुज्ञा, अनुनय और आमन्त्रणार्थ ननु का प्रयोग होता है । प्रकृत में ननु प्रश्नवाचक है । नैयायिक वेदान्ती पर आक्षेप करता है कि भूम्यादि (आदि शब्द से जल, अग्नि और वायु का ग्रहण करना चाहिये) भले

तु प्रत्यक्षादिप्रमाणसहस्रैरप्यसम्भावितस्य आकाशस्य निरवयवस्य नित्यस्यासत्त्वमभावस्तेऽद्वैतिनस्तव कथङ्कारं बुद्धिं प्रत्यारोति ज्ञानविषयी भवति? अत्रासत्त्वाच्च "सदेव सोम्येदमग्रे" "तदास्तिमित गम्भीर"मित्यादिश्रुतिस्मृतिषु प्रतिपादितमविद्यमानत्त्वं तच्छ्रद्धाजडैर्यथाश्रुतार्थग्राहिभिर्वेदान्तिभिरङ्गीक्रियत इति नैयायिकानामाक्षेपः । प्रागभावाप्रतियोगित्त्वे सति ध्वंसाप्रतियोगित्त्वलक्षणनित्यत्त्वशालिन आकाशस्य प्रलयकालावच्छेदेनापि विद्यमानत्त्वाद्ब्रह्मानतिरिक्तस्य सर्वस्याप्यसत्त्वमद्वितीयत्त्वं तस्येत्यादि कथं बुद्ध्यधिरूढं भवतीत्याकशस्य नित्यत्त्वमितरेषामनित्यत्त्वमङ्गीकुर्वतामाक्षेपः ।।

नैयायिकं प्रति सिद्धान्तिनः प्रतिबन्द्या समाधानम् -

अत्यन्तन्निर्जगद्व्योम यथा ते बुद्धिमाश्रितम् ।
तदैव सन्निराकाशङ्कुतो नाश्रयते मतिम् ।। ४२ ।।

अन्वयः - अत्यन्तं निर्जगत् व्योम यथा ते बुद्धिम्आश्रितं तथा एव निराकाशं सत् मतिम् कुतः न आश्रयते ?

व्याख्या :- यथात्यन्तं निर्जगज्जगन्मात्ररहितं व्योमापास्तभूम्यादिचतुष्टयात्मकं नभस्ते बुद्धिमाश्रितं भूम्यादिचतुष्टयं विहाय केवलाकाशमात्रमनुमानप्रमाणैकबलात्त्वं यथा चिन्तयसि तथैव निराकाश-माकाशरहितं केवलसन्मात्रं परमार्थवस्त्वेव कुतस्तव मतिं नाश्रयते ? यथा वा तार्किकोऽनुमानप्रमाण-मात्रमवष्टम्भ्य पृथिव्यादीनां चतुर्णां नित्यतां निराकरोति तथैवास्माभिर्वेदान्तिभिः "तस्माद्वा एतस्मादात्मन

ही न रहें, क्योंकि वे परमाणु पर्यन्त नाश को प्राप्त होते हैं । **परमाण्वन्तनाशतः** अर्थात् "***परमाणव एवान्तोऽन्तिमावयवः***" परमाणु ही अन्तिम अवयव है जिसका, वे भूमि आदि विनष्ट होकर परमाणु रूप हो जाते हैं । परमाणु को नैयायिक लोग नित्य और कारण रूप मानते हैं, अतः उसके नाश को वे अंगीकार नहीं करते हैं । उनके मतानुसार द्व्यणुक से लेकर महाभूत पर्यन्त सब कुछ कार्य होने के कारण अनित्य है । अतः उनका विनाश भले ही हो जाये किन्तु आकाश तो निरवयव और नित्य है, उसका असत्व तुम वेदान्ती लोगों की बुद्धि में कैसे आरूढ़ हो गया है ? वेदान्त मतानुसार ब्रह्म के अतिरिक्त सब कुछ अनित्य है, अतः नैयायिक वेदान्ती पर आक्षेप कर रहा है कि आकाश को तुम नित्य क्यों नहीं मानते ? आकाश तो निरवयव और विभु है फिर भी तुम उसके नाश का प्रतिपादन करते हो, यह सर्वथा अनुचित है । यदि ऐसी शंका है तो, उक्त आक्षेप का समाधान अगले श्लोक में करते हैं ।

पूर्वोक्त प्रश्न का समाधान करते हैं ।

अर्थ - जैसे सर्वथा जगत् रहित आकाश तुम्हारी बुद्धि का आश्रय हुआ है, उसी प्रकार आकाश रहित सत् तुम्हारी बुद्धि में क्यों नहीं आता ?।४२।

व्याख्या - जैसे पृथ्वी, जल, अग्नि और वायु से सर्वथा भिन्न आकाश को तुम मानते हो अर्थात् पृथ्वी आदि भूतचतुष्टय से रहित केवल आकाश को तुम एकमात्र अनुमान प्रमाण के बल से चिन्तन करते हो, उसी प्रकार आकाश से रहित केवल सन्मात्र ब्रह्म तुम्हारी बुद्धि में क्यों नहीं आता ? भाव यह है कि जैसे नैयायिक लोग केवल अनुमान प्रमाण से ही भूम्यादि चतुष्टय की नित्यता का निराकरण करते हैं, उसी प्रकार हम (वेदान्ती लोग) केवल अनुमान से आकाश की नित्यता का निराकरण नहीं करते

आकाशस्सम्भूत'' इत्यादिप्रमाणराजावष्टम्भेन आकाशस्यापि कार्यत्त्वलिङ्गेनानित्यत्त्वं निराबाधं प्रसाध्यत इति कोऽत्र दोषः । प्रबलप्रमाणावष्टम्भा वयमिति सिद्धान्तिनां गूढाभिसन्धिः ।।

कृपालोस्सिद्धान्तिनः प्रतिबन्दीविमोचनम् -

निर्जगद्व्योम दृष्टञ्चेत्प्रकाशतमसी विना ।
क्व दृष्टङ्किञ्च ते पक्षन्न प्रत्यक्षं वियत्खलु ।। ४३ ।।

अन्वयः - निर्जगद्व्योम दृष्टं चेत् , प्रकाशतमसी विना क्व दृष्टम् ? किं च, ते पक्षे वियत् प्रत्यक्षं न।।

व्याख्या :- ''न हि दृष्टेऽनुपपन्नं नामे''ति न्यायाच्चोदयति - प्रकाशतमसी विना तेजस्तिमिराभ्यामन्तरा निर्जगद्व्योम पृथिव्यादिभूतचतुष्टयजगद्विधुर आकाशो दृष्टमनुभूतञ्चेत्प्रतिबन्धिनिराकरणमपि स्वमस्तकेऽशनिपातवत्स्वमतव्याघातकमेवेत्याक्षिपति - क्व दृष्टं कुत्र वा दृग्गोचरमभूत्तद्वदेत्यध्याहारः। न कुत्रापि दृष्टमिति भावः । किञ्च प्रष्टव्यमन्यदप्यस्ति । ते पक्षे भवत्सिद्धान्ते न वियत्प्रत्यक्षं हीन्द्रियागोचरमिति त्वयाभ्युपगम्यते । तस्माद्दृष्टमिति न शक्यं वक्तुम् । यद्याकाशस्य प्रत्यक्षत्त्वमभ्युपगम्यते तदा तवैव मतहानिः । तथा च यथा भवन्मते वियदिन्द्रियाद्यतीतमित्यभ्युपगम्यते तथैवास्माकं सद्वस्त्वपीति हृदयम्।।

सद्वस्तु सर्वानुभवसिद्धमित्याकाशाद्वैशेष्यनिरूपणम् -

सद्वस्तु शुद्धं त्वस्माभिर्निश्चितैरनुभूयते ।
तूष्णीं स्थितौ न शून्यत्त्वं शून्यबुद्धेश्च वर्जनात् ।। ४४ ।।

अन्वयः - शुद्धं सद्वस्तु तु निश्चितैः अस्माभिः तूष्णीं स्थतौ अनुभूयते । च शून्यबुद्धेः वर्जनात् शून्यत्त्वं न ।।

व्याख्या :- यथा आकाशस्य दृष्ट्यगोचरतया तथैव सद्वस्तुनोऽपीति चेन्न । प्रमाणैकसिद्धं न

हैं किन्तु ''***तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशस्सम्भूतः***'' (तै.उ.) इत्यादि श्रुत्तियाँ भी इस विषय में प्रबल प्रमाण हैं।

अर्थ - जगत् के बिना आकाश देखा गया है, यदि ऐसा कहते हो तो प्रकाश और अन्धकार के बिना कहाँ देखा है ? और तुम्हारे पक्ष (मन) में निश्चित ही आकाश प्रत्यक्ष नहीं है ।४३।

व्याख्या - नैयायिक के प्रति सिद्धान्ती प्रश्न करता है कि यदि तुम कहते हो कि पृथ्वी आदि भूतचतुष्टय के बिना भी आकाश देखा गया है अर्थात् अनुभूत है, तो तुम्हें बताना पड़ेगा की कहाँ देखा है ? क्योंकि प्रकाश और अन्धकार के बिना पृथ्वी आदि से रहित केवल शुद्ध आकाश का दर्शन संभव नहीं है । यदि तुम आकाश को प्रत्यक्ष मानोगे तो तुम्हारे मत की हानि होगी, क्योंकि तुम्हारे मतानुसार आकाश प्रत्यक्ष का विषय नहीं है । भाव यह है कि जैसे तुम्हारे मत में आकाश इन्द्रियों से पर माना जाता है, उसी प्रकार हमारे मत में सत् को इन्द्रियातीत माना जाता है ।

सद्वस्तु सभी के द्वारा अनुभूत है, यही आकाश से उसकी विशेषता है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ - तूष्णी अवस्था में शुद्ध सद्वस्तु का अनुभव हमारे द्वारा निश्चय ही होता है (उस अवस्था में) शून्यता नहीं है, क्योंकि उस समय शून्यत्व बुद्धि का भी अभाव होता है ।४४।

सर्वानुभवसिद्धत्त्वात्सद्वस्तुनः । आकाशसत्पदार्थयोर्वैलक्षण्यद्योतकस्तुकारः । शुद्धं निर्द्वैतमत एव रागादिदोषैरभूषितं सद्वस्तु सच्चिदानन्दात्मकं तन्निश्चितैः निर्गतं ध्यातृध्यानभावाभ्यां विरहितं चित्तं येषां तैरस्माभिरथवात्र निश्चितैरपीत्यपि पाठान्तरस्योपलम्भात्संशयभ्रमादिधीदोषासंस्पृष्टानुभववद्भिरित्यर्थो ग्राह्यः । असम्प्रज्ञातसमाधिनिष्ठैरपरोक्षतया प्रत्यगभिन्नाद्वितीयात्मा सद्वस्त्वनुभूयते । ईदृशोऽनुभवः कस्मिन्काले सञ्जायते ? इत्यत्राह - तूष्णीं स्थितावितिं मनसो वृत्तयो यदा सर्वा अपि निरुद्धा भवन्ति तदैव तूष्णीं स्थितिः । यदि न कापि वृत्तिर्जायते तस्मिंस्तूष्णीम्भावे शून्यत्त्वमेव स्यादितरस्यापि कस्यापि वस्तुनः प्रतीत्यभाादिति चेन्न । सर्ववृत्तिनिरोधकाले निर्विकल्पसमाधौ शून्यस्य प्रतीतेरप्यभावेन तदा शून्यमस्तीत्यपि वक्तुं न शक्यते । न शून्यत्त्वमप्यस्ति । कुतः? शून्यबुद्धेश्च वर्जनात् । समाधिनिष्ठस्य निवातदीपवन्निश्चलैकाग्रधियो हस्तगतामृतामलकवदात्मापरोक्षसाक्षात्कार एवानुभूयते। न शून्यत्त्वस्य प्रतीतिर्भवति । तस्मात्सद्वस्तु न शून्यं परन्तु सन्मात्रमेवेति भाव इति दिक् ।।

स्वयंप्रभत्त्वात्सदात्मनस्समाधावप्यनुभूयत इति निरूपणम् -

सद्बुद्धिरपि चेन्नास्ति मास्त्वस्य स्वप्रभत्त्वतः ।
निर्मनस्कत्त्वसाक्षित्त्वात्सन्मात्रं सुगमं नृणाम् ।। ४५ ।।

अन्वयः - सद्बुद्धिः अपि न अस्ति चेत् ? अस्य स्वप्रभत्त्वतः मा अस्तु । निर्मनस्कत्त्वात् सन्मात्रं नृणां सुगमम् ।।

व्याख्या - जैसे आकाश दृष्टिगोचर नहीं होता, उसी प्रकार सद्वस्तु को केवल तर्क से ही नहीं माना जाता है । किन्तु श्रुति और स्वयं का अनुभव भी इसमें प्रमाण है । जब पुरुष निर्विकल्प समाधि अवस्था में होता है तो शुद्ध ब्रह्मानुभूति होती है । "***निर्विकल्पकसमाधिना स्फुटं ब्रह्मतत्त्वमवगम्यते ध्रुवम्***" (वि.चू.३६६) इसी अवस्था को तूष्णी अवस्था भी कहते हैं । जब मन पूर्णरूप से विषयों से हटकर केवल आत्मा में ही स्थिर हो जाता है तब उस शान्तावस्था में अद्वैतात्मानुभूति अवश्य होती है । अतः ग्रन्थकार कहते हैं कि तूष्णी अवस्था में हमारे द्वारा शुद्ध अर्थात् रागादि दोष से रहित सच्चिदानन्द रूप सद्वस्तु का अनुभव अवश्य ही होता है । यदि कहो कि समस्त वृत्तियों का निषेध हो जाने पर तो शून्य ही रह जाता है, तो यह कहना ठीक नहीं है क्योंकि उस अवस्था में शून्यबुद्धि का अभाव हो जाता है । अर्थात् वायुरहित प्रदेश में स्थित दीपक की तरह एकाग्र बुद्धि वाले पुरुष को हाथ में रखे हुए आँवले के समान स्पष्ट रूप से आत्मा का अनुभव होता है अतः उस समय शून्य की प्रतीति होना संभव नहीं है । यदि उस समय आत्मा के अतिरिक्त शून्य की प्रतीति होती, तो समाधिस्थ पुरुष को शून्य की प्रतीति होनी चाहिये थी । किन्तु ऐसा नहीं होता, अतः शून्य प्रतीति के अभाव के कारण उस अवस्था में अनुभूत वस्तु शून्य नहीं हैं किन्तु सद् (ब्रह्म) ही है ।

आत्मा स्वयंप्रकाश होने के कारण समाधि में भी अनुभूत होता है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ - यदि कहो कि तूष्णी अवस्था में सद्वस्तु का भी बोध न होगा, तो वह भले ही न हो, क्योंकि यह सत् (ब्रह्म) स्वयंप्रकाश है । अमनीभाव का साक्षी होने से सत् स्वरूप ब्रह्म मनुष्यों को जानने के लिये सुगम है ।४५।

व्याख्या :- वेदान्तिभिर्गुरुसम्प्रदायविवृतवेदान्ततदनुग्राहकब्रह्मसूत्रादिभिर्निर्णीतदृश्यमिथ्यात्त्व-पूर्वकब्रह्माद्वैतात्मैक्यनिर्णयवशात्तूष्णीं स्थितिकालावच्छेदेन शुद्धमद्वैतं सद्वस्त्वनुभूयते न शून्यत्त्वं तद्बुद्धेरभावादिति यदुक्तं तत्कथं घटते ? यतो वृत्तिसामान्याभावसमये यद्वच्छून्यानुभवो नास्ति तद्वदेव सद्बुद्धेरप्यनुदयात्तस्याप्यनुभवो दुर्घट इति दुर्घटः । तत्रोच्यते । स्वप्रकाशदृङ्मात्रात्मवस्तुन्यद्वैते प्रमाणान्तरापेक्षाया अभावादित्याशयेन सद्बुद्धिरित्यारभते । सद्बुद्धिरस्ति तस्मिन्समाधिकाल इति चेन्मास्तु। अस्माकमपीदमेवेष्टस्तदा न कस्या अपि बुद्धेरुदय इति । यतस्सद्वस्तु बुद्ध्यगोचरम् । एवं च सति सद्वस्तुनो भानं कथमिति चेदुच्यते । अस्य सद्वस्तुनस्स्वप्रभत्त्वतस्स्वयंप्रकाशत्त्वात्प्रकाशान्तरान-पेक्षत्त्वात्स्वत एव स्फुरणमिति । पूर्वस्मिन्प्रकरणे "मनो विमर्शरूपं स्या"दित्युक्तेस्सङ्कल्पा-द्यात्मकान्तःकरणवृत्त्यभावदशाव्युत्थानकालावच्छेदेनाहमेतावत्कालं निर्विकल्प एवासमिति परामर्शानुमितनिखिलसङ्कल्पाभावविषयकसद्वस्तुमात्रभानादित्यभिप्रेत्य निर्मनस्कत्त्वसाक्षित्त्वादित्युक्तमत एव नृणां निश्चितानां नामरूपविधुरं सन्मात्रं वस्तु सुगमं सुखेन ज्ञेयमिति ।।

निर्विकल्पसमाधौ सद्वस्त्वनुभवदृष्टान्तेन सृष्टेः प्रागपि सद्वस्तुमात्रास्तित्त्वं विज्ञेयमिति निरूपणम्-

मनोजृम्भणराहित्ये यथा साक्षी निराकुलः ।
मायाजृम्भणतः पूर्वं सत्तथैव निराकुलम् ।। ४६ ।।

अन्वयः - मनोजृम्भणराहित्ये यथा साक्षी निराकुलः तथा एव मायाजृम्भणतः पूर्वं सत् निराकुलम्।।

व्याख्या :- एतावता तूष्णीं स्थितिकालावच्छेदेन सद्वस्तुनोऽनुभवस्सिद्धः । अत्र प्राचामाचार्याणां

व्याख्या - पूर्वपक्षी कहता है कि समाधि अवस्था में तो सद्वस्तु का भी बोध नहीं हो सकता । इसके उत्तर में सिद्धान्ती कहता है कि सद्वस्तु का बोध भले ही न हो, इससे हमारे मत में कोई हानि नहीं है क्योंकि सद्वस्तु को हम बुद्धि का विषय नहीं मानते हैं । ***पूर्वपक्षी*** - तो फिर उसकी प्रतीति कैसे होगी? ***सिद्धान्ती*** - आत्मा स्वयंप्रकाश है अर्थात् उसे स्वयं को प्रकाशित करने के लिये किसी अन्य प्रकाश की अपेक्षा नहीं है, इसलिये समाधि में वह प्रतीत होता है । इतना ही नहीं, यह ब्रह्म निर्मनस्कत्व अर्थात् अमनीभाव का साक्षी है । क्योंकि समाधि से उठने पर व्यक्ति को यह अनुभव होता है कि इतने समय तक मैं समस्त संकल्पों से रहित निर्विकल्प अवस्था में था । उस समय केवल सद्रूप आत्मा का ही भान हो रहा था । अमनस्कता का भी साक्षी होने के कारण चित्तरहित मनुष्यों को नामरूप से रहित सन्मात्र वस्तु का ज्ञान होना अत्यन्त सुगम हो जाता है अर्थात् मनुष्यों से सुखपूर्वक ज्ञेय होता है ।

इस प्रकार समाधि में अनुभवपूर्वक सद्वस्तु की सत्ता को स्पष्ट करके अब सृष्टि के पहले भी उसकी सत्ता को सिद्ध करते हैं ।

अर्थ - मन की स्फुरणा के पहले तूष्णी अवस्था में साक्षी (आत्मा) जैसे निराकुल होता है, वैसे ही माया के विस्तार से पूर्व (सृष्टि से पूर्व) सत् (ब्रह्म) निराकुल होता है ।४६।

व्याख्या - ***लीने पूर्वविकल्पे तु यावदन्यस्य नोदयः ।***
निर्विकल्पकचैतन्यं स्पष्टं तावद्विभासते ।।

पूर्व विकल्प के लीन होने पर अन्य विकल्प का जब तक उदय नहीं होता, उस बीच की अवस्था

सूक्तयोऽपि स्मर्तव्याः - "लीने पूर्वविकल्पे तु यावदन्यस्य नोदयः । निर्विकल्पकचैतन्यं स्पष्टं तावद्विभासते ।। अर्थादर्थान्तरं वृत्तिर्गन्तुं चलति चान्तरे । अनाधारा निर्विकारा यादृशी सोन्मनी स्मृता ।।" इत्यादि । अनेन निर्मनस्कत्त्वशब्दितनिर्विकल्पावस्थासाक्षित्त्वोपलक्षिताद्वैतसन्मात्रं मुमुक्षुमताव-धिरूढम् । साम्प्रतमेतद्दृष्टान्तबलेन सृष्टिप्राक्कालावच्छेदेनापि सन्मात्रास्तित्त्वं प्रसाध्यते । अत्रैवं प्रयोगः-सृष्टिप्राक्कालावच्छेदेन सद्वस्तु त्रिविधपरिच्छेदरहितं यत्किञ्चिद्भास्यव्यत्तत्यभावात् । असम्प्रज्ञातावस्थासाक्षित्त्वोपलक्षितसन्मात्रवदित्याद्यूह्यम् । मनोजृम्भणराहित्ये मनसो जृम्भणं प्रमातृ-त्त्वादिवृत्त्युन्मुखता तस्या राहित्यं वैधुर्यं तत्तस्मिन्निष्प्रपञ्चे मनसि यथा साक्षी प्रत्यगात्मा निराकुलमचञ्चलं विभाति । स्तिमितगम्भीराद्युक्तलक्षणलक्षितं सदवतिष्ठत इति भावः ।।

मायास्वरूपनिरूपणम् -

निस्तत्त्वा कार्यगम्यास्य शक्तिर्मायाग्निशक्तिवत् ।
न हि शक्तिः क्वचित्कैश्चिद्बुध्यते कार्यतः पुरा ।। ४७ ।।

अन्वयः - निस्तत्त्वा कार्यगम्या अस्य शक्तिः माया, अग्निशक्तिवत् । कैश्चित् क्वचित् कार्यतः पुरा शक्तिः न हि बुध्यते ।।

व्याख्या :- यया सर्वमिदं जगत्सृष्टं सा माया किंलक्षणेत्यत्र मायाया लक्षणमुच्यते । "सदेव सोम्येदमग्र आसी" दित्यादिश्रुतौ जगत्सर्जनप्राक्कालावच्छेदेन सदात्मातिरिक्तं न किञ्चिदप्यस्तीत्य-व्यवहितपूर्ववाक्ये "मायाजृम्भणतः पूर्वं सत्तथैव निराकुलमिति मनः प्रचारादिवैधुर्यप्रयुक्तभास्यवस्तुरूप-

---

में निर्विकल्प शुद्ध ब्रह्म स्पष्टरूप से प्रकाशित होता है।

अर्थादर्थान्तरं वृत्तिर्गन्तुं चलति चान्तरे ।
अनाधारा निर्विकारा यादृशी सोन्मनी स्मृता ।।

एक विषय से दूसरे विषय को जाने के लिये वृत्ति जब प्रस्थान करती है, उस बीच की अवस्था में आधाररहित निर्विकार जो स्थिति है, वही उन्मनी अवस्था है ।

इत्यादि प्रमाणों से यह स्पष्ट है कि मन की स्फुरणा के अभाव में आत्मा निराकुल रहता है । प्रमातृत्वादि वृत्तियों के प्रति मन की उन्मुखता ही मन का जृम्भण कहा गया है । उससे रहित अर्थात् समस्त प्रपञ्चों से रहित जब मन हो जाता है तब प्रत्यगात्मा जिस प्रकार निराकुल अर्थात् समस्त चित्त विक्षेपों से रहित स्फुरित होता है । उसी प्रकार माया के जृम्भण से पूर्व अर्थात् माया के सृष्टि रूप व्यापार से पूर्व सत् (परब्रह्म) निराकुल (अचंचल) प्रकाशित होता है ।

माया के स्वरूप का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - अग्नि की शक्ति के समान माया सत् (ब्रह्म) की एक शक्ति है, जो तत्त्वरहित है और कार्यों से जानी जाती है । क्योंकि कार्य से पूर्व किसी से भी कहीं भी शक्ति का बोध नहीं होता है।४७।

व्याख्या - जिसके द्वारा नामरूपात्मक यह सम्पूर्ण जगत् रचा गया है, उस माया का क्या लक्षण है ? इसको स्पष्ट करते हैं "***सदेव सोम्येदमग्र आसीत्***" और "***मायाजृम्भणतः पूर्वं सत्तथैव निराकुलः***" (प.द. ४६) इत्यादि के द्वारा सृष्टि से पूर्व एकमात्र सत् ही था और माया के व्यापार से पूर्व यह सत् निर्विकल्प समाधि में जैसे प्रत्यगात्मा निराकुल रहता है, उसी प्रकार निराकुल रहता है । इस

साक्ष्यरहितत्वनिबन्धनसाक्षिनिराकुलत्वदृष्टान्तेन मनोविकासवैधुर्यप्रयुक्तमेव सद्वस्तुनोऽप्यद्वैतत्तवं प्रतिपादितम् । तथा सति मायाया अस्तितायां किं प्रमाणमित्यत्रोच्यते। "लक्षणप्रमाणाभ्यां वस्तुसिद्धि"रिति न्यायेन प्रथमं स्वेतरव्यावर्तकं मायालक्षणमभिधीयते । कार्यमात्रगम्यत्त्वे सति सदनन्यसत्ताकशक्तित्त्वं मायात्वमिति लक्षणम् । सतश्शक्तिर्माया या सा निस्तत्त्वा वास्तविकस्वरूपवर्जिता । या मा सा मायेति मायापदस्वारस्यादेव निस्तत्त्वरूपत्त्वं मायायास्सिद्ध्यति । यदि मायाया वस्तुतस्स्वरूपाभावे तस्या एवाभावस्स्यादिति चेन्न । सा विद्यत इति गम्यते । कार्यगम्या हि सा । कार्यलिङ्गकानुमानमेव मायायास्सत्त्वे व्यावहारिकं प्रमाणं लक्षणमपि कार्यगम्यत्त्वमेवेति सामान्यतस्सिद्ध्यति । अत्रायं प्रयोगः – जगदात्मशक्तिमूलकं कार्यत्त्वाद्वाहवदिति । श्रुतौ "सदेव सोम्येद"मित्यादिना सदात्मानं प्रकृत्य सृष्टिरुक्ता "तत्तेजोऽसृजते"त्यादिना । एतत्सृष्टिकथनान्यथानुपपत्त्यैव सदद्वैतब्रह्मकार्यं जगदिति प्रतीयते । "मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरं" "परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया चे"त्यादिश्रुतिभिर्ब्रह्मणश्शक्तिर्मायेति च स्पष्टं भवति । यथा च लोके सन्तप्तायोगोलकनिष्ठाग्नेस्तृणादिदाह उपलभ्य तादृशदाहानुकूला-शक्तिर्वह्निमात्रगता काचन शक्तिरित्यूह्यते । तथैव ब्रह्मणो जगत्कार्यमुपलभ्य काचन शक्तिर्मायाख्या ब्रह्मण इति निश्चीयते । एवं च निस्तत्त्वशब्देन स्वतस्सत्ताशून्यत्त्वरूपमिथ्यात्त्वमप्युक्तं भवति । स्फोटाकार्यलिङ्गे-नाग्निशक्त्यनुमानवद्वियदादिकार्यलिङ्गेन सच्छक्तिर्मायानुमीयत इत्यत्रानुमानान्तरप्रयोगोऽपीत्थं, सद्वस्तु मायाख्यशक्तिकमाकाशादिकार्यजनकत्त्वाद्वह्न्यादिवदिति । यदि माया विद्यतेऽनुमानादिप्रमागम्या च सा कथमद्वैतात्मज्ञानबाध्या ? प्रमाणप्रमितं वस्तु न कदाचिदपि बाध्यते । बाध्यमानं च न प्रमितं भवतीति चेन्न । निस्तत्त्वेत्यादिलक्षणबलेनैव व्यावहारिकप्रामाण्यशालिप्रमाणगम्यानामपि घटादीनां प्रत्यगभिन्नब्रह्मात्मैक्य-साक्षात्काररूपचरमप्रमाबाध्यत्त्वं शास्त्रप्रसिद्धं तद्वद्व्यावहारिकप्रमाणप्रमिताया अपि मायायाः पारमार्थिके-नात्मज्ञानेन बाध्यत्त्वे न काप्यनुपपत्तिः । अथाप्यत्र वार्तिकविरोधोऽस्त्येव । तथा हि वार्तिकारैर्माया-

---

प्रकार सद्वस्तु का अद्वितीयत्व प्रतिपादित किया गया । तब प्रश्न होता है कि माया के अस्तित्व में क्या प्रमाण है ? क्योंकि "***लक्षणप्रमाणाभ्यां वस्तु सिद्धिर्भवति न तु प्रतिज्ञामात्रेण***" अर्थात् लक्षण और प्रमाण के द्वारा ही वस्तु की सिद्धि होती है, केवल प्रतिज्ञा करने से नहीं । अतः सिद्धान्ती सर्वप्रथम माया का लक्षण कहते हैं – "***कार्यमात्रगम्यत्वे सति सदनन्यसत्ताकशक्तित्वं मायात्वम्***" अर्थात् जो केवल कार्य से ही जानी जा सके और सत् (ब्रह्म) से भिन्न जिसकी शक्ति न हो, उसे माया कहते हैं । सत् की शक्ति माया है । जो माया है अर्थात् (मा) नहीं है (या) जो, उसे माया कहते हैं । वह माया निस्तत्त्व है क्योंकि माया शब्द से भी माया का निस्तत्त्व सिद्ध ही है । यदि कहो कि जब वस्तुतः माया के स्वरूप का अभाव है तो माया का ही अभाव क्यों नहीं मान लेते ? ऐसा कहना ठीक नहीं है, क्योंकि वह माया अवश्य ही है, ऐसा जाना जाता है । वह कार्यगम्या है अर्थात् अपने कार्यों के द्वारा जानी जाती है । कार्यलिंग के द्वारा माया का अनुमान करना व्यवहारिक प्रमाण है और कार्यगम्यत्व रूप माया का लक्षण सामान्य रूप से सिद्ध होता है । "***मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम्***" (श्वे.उ.) "***परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च***" (श्वे.उ.) इत्यादि श्रुतियों से माया ब्रह्म की शक्ति है, यह स्पष्ट ही है । ***पूर्वपक्षी*** – यदि माया है तो वह कैसे जानी जाती

लक्षणोक्तिप्रसङ्गे–"यत्प्रमाणासहिष्णुत्त्वमसाधारणमिष्यत" इत्युक्तम् । असाधारणमिति लक्षणमुच्यते । मायाया मायात्त्वमिदमेव यत्प्रमाणासहिष्णुत्त्वमित्यसाधारणलक्षणं वर्णितम् । अत्र कार्यलिङ्गकानुमानप्रमाण–गम्यत्त्वमुच्यत इति विरोधस्स्पष्ट इति चेच्छ्रूयताम् । वार्तिकस्थप्रमाणपदेन पारमार्थिकार्थविषयकविचारितवेदान्त–महावाक्यादिरूपस्यैव प्रमाणस्य विविक्षितत्त्वेनापातरमणीयलौकिकव्यावहारिकप्रत्यक्षादीनाम् अग्रहणात्प्रमाणासहिष्णुत्त्वलक्षणेन न कोऽपि विरोधः प्रकृते । अत्रार्थे ज्ञापकमपि वार्तिकान्तमेव । यथा नाविद्यास्त्येत्यविद्यायामेवासित्त्वा प्रकल्प्यते । "ब्रह्मदृष्ट्या त्वविद्येयं न कथञ्चन युज्यते" इत्यत्र सम्बन्धभाष्यवार्तिकप्रस्तुत्यवसरे प्रकल्प्यत इति शब्दध्वनितां हि कार्यलिङ्गगम्यत्त्वं व्यतिरेकेणापि द्रढयितुमुपक्रमते–न हि शक्तिरित्यादि – शक्तिः क्वचिद्यदा कदापि कैश्चिदपि कार्यतः पुरा कार्योत्पत्तेः प्राङ्न बुध्यते नैव ज्ञायते । अतः कार्यानुमेया शक्तिरिति भावः । सद्वस्तुनस्स्वतो नाकाशादिकारणत्त्वं निष्क्रियत्त्वा"न्निष्कलं निष्क्रियं शान्तं निरवद्यं निरञ्जन"मित्यादिश्रुतेः। अतस्सतः कारणत्त्वनिर्वाहायैव माया नाम्नी काचिच्छक्तिरङ्गीक्रियते । सा चायथार्थस्वरूपैवेति निर्गलितोऽर्थः। वस्तुतो वेदान्तेषु सृष्टेरुक्तिर्मायायाः कल्पनमित्यादि सर्वं प्रधानादिकारणान्तरनिराकरणपुरस्सरं सदात्मानन्यत्त्वज्ञापनद्वारात्मावबोधनायेत्युक्तम् ।।

मायाया निस्तत्त्वोपपादनम् –

न सद्वस्तु सतः शक्तिर्न हि वह्नेः स्वशक्तिता ।
सद्विलक्षणतायान्तु शक्तेः किन्तत्त्वमुच्यताम् ।। ४८ ।।

अन्वयः – सद्वस्तु सतः शक्तिः न । हि वह्नेः स्वशक्तिता न । सद्विलक्षणतायां तु शक्तेः किं तत्त्वम् उच्यताम् ।।

व्याख्या :– मायारूपिण्याशक्तेः कार्यैकतर्क्यत्त्वेऽप्ययस्कान्तशक्तिवत्साधिते तच्छक्तेः पार्थक्यं त्ववश्यवाच्यमेव । तदैव हि सतोऽङ्गत्त्वं प्रसिद्ध्यति । यद्येवं सतः पृथङ्माया स्वीक्रियते तदा

है ? ***सिद्धान्ती*** – अग्निशक्ति के समान जानी जाती है । स्फोटादि कार्यलिंगो के द्वारा जैसे अग्नी की शक्ति का अनुमान होता है, वैसे ही आकाशादि कार्य के द्वारा वह माया भी अनुमान प्रमाण से जानी जाती है । यहाँ अनुमान प्रयोग इस प्रकार है – सत् (ब्रह्म) मायाशक्तिमत् है, आकाशादि कार्यों का जनक होने के कारण; जैसे अग्नि । यदि माया है ही, तो प्रत्यक्ष क्यों नहीं होती ? इसका उत्तर देते हैं कि किसी को भी कभी भी कार्य से पूर्व (कार्योत्पत्ति से पूर्व) उस कार्य की शक्ति का ज्ञान नहीं होता है । सद्वस्तु ब्रह्म स्वतः आकाशादि का कारण नहीं होता है, क्योंकि वह निष्क्रिय है । "***निष्कलं निष्क्रियं शान्तं निरवद्यं निरंजनम्*** " (श्वे.उ. ३) ऐसा श्रुतिवचन इसमें प्रमाण है । इसलिये कार्य का निर्वाह करने के लिये ही माया नामक किसी शक्ति का अंगीकार किया जाता है । भाव यह है कि माया का कोई यथार्थ स्वरूप नहीं है ।

माया के निस्तत्त्व का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – सद्वस्तु की शक्ति (माया) सत् नहीं है, क्योंकि अग्नि स्वशक्ति (दाहकता शक्ति) रूप नहीं होती । यदि माया शक्ति सत् से विलक्षण है तो यह बताओ कि उसका स्वरूप क्या है ? ।४८।

व्याख्या – माया रूपी शक्ति अपने कार्य से ही जानी जाती है फिर भी वह सत् नहीं है । माया

"सदेव सोम्ये"त्याद्युपक्रान्ताद्वितीयश्रुतिबाधः मायया सद्वितीयत्त्वं हि सेत्स्यति । अतस्सा माया पृथग्विद्यते न वा ? सा किं सती न वा । उभयलक्षणा वा इत्यादिप्रश्नपरम्परां समाधातुमारभते – नेति । सतश्शक्तिर्मायेति "सतश्शक्तिर्मायाग्निशक्तिवदिति प्रतिजज्ञे" । सा शक्तिस्सती न । न सतस्सत्पदार्थस्य शक्तिस्सद्वस्तु न भवति । तत्रैवोपपत्तिर्न हि वह्नेरिति । अत्रेदं ज्ञेयम् – यदि वह्निरेव दाहकशक्तिश्चेन्मणिसमवधानेन किं प्रतिबध्येत ? प्रतिबध्यते च किञ्चित्तत्तद्भिन्ना तदेकाश्रिता तच्छक्तिरिति सार्वजनीनम् । नैतदेवं यदि समणिकरेणाङ्गारस्पर्शस्फोटाद्यनुपलब्धिदर्शनं बाध्येत । तस्मात्सच्छक्तिस्सद्रूपेत्युन्मत्तप्रलपितम् । अक्षरार्थस्तु वह्नेस्स्वशक्तितो स्वस्यैव शक्तेराकारादेस्स्वरूपता वह्निर्न भवति । तथा हि मण्यादिसंयोगे वह्नेर्दाहकत्त्वशक्तेरदर्शनात्सा मण्यादिना नश्यतीति मन्यन्ते मीमांसकाः । यदि सा शक्तिर्वह्न्यनतिरिक्ता तर्हि शक्तिनाशो नाम वह्निनाश इत्यापतेत् । इष्टापत्तिरिति न वाच्यम् । मणिसंयोगेऽपि भास्वररूपादिना प्रत्यक्षतया वह्नेर्गृह्यमाणत्त्वात् । अतो न वह्निरूपा सा। परं तन्निष्ठेत्यवश्यमभ्युपगन्तव्यम् । एवं सन्निष्ठा मायाख्या शक्तिरपि सतो भिन्नेति सद्वितीयत्त्वप्रसक्त्याद्वितीयत्त्वभङ्गः । अथ वा सद्विलक्षणतायामङ्गीकृतायामपि किं वा तत्त्वं शक्तेः किं शून्यात्मकमुतान्यद्वस्त्वित्युच्यताम् ।।

मायायास्स्वरूपमनिर्वचनीयमेवेति निरूपणम् –

शून्यत्त्वमिति चेच्छून्यं मायाकार्यमितीरितम् ।
न शून्यन्नापि सद्यादृक्तादृक्तत्त्वमिहेष्यताम् ।। ४९ ।।

को सत् से भिन्न मानने पर ही "***सदेव सोम्येदमग्र***" इत्यादि श्रुति का तात्पर्य ठीक से ज्ञात होता है । अतः प्रश्न होता है कि वह माया सत् से भिन्न है कि नहीं ? क्या वह सत् है ? असद् है ? अथवा दोनों से विलक्षण है ? इत्यादि प्रश्नपरम्परा का समाधान करने के लिये ग्रन्थकार कहते हैं कि सद्वस्तु ब्रह्म की शक्ति जो माया है, वह सत् नहीं है । क्योंकि अग्नि स्वशक्ति (दाहकता शक्ति) रूप नहीं होती । अयस्कान्त मणि को अग्नि के समीप रखने पर अग्नि की दाहकत्व शक्ति नष्ट हो जाती है । अग्नि रहने पर भी वह जलाती नहीं है, क्योंकि उसकी शक्ति प्रतिबन्धित हो जाती है । इससे यह ज्ञात होता है कि अग्नि अपनी दाहकत्व शक्ति से भिन्न है । यदि ऐसा न होता अर्थात् दाहकता शक्ति अग्नि रूप ही होती, तो उसके प्रतिबन्धित हो जाने पर अर्थात् नष्ट हो जाने पर अग्नि का भी नाश हो जाना चाहिये, किन्तु ऐसा नहीं होता है । दाहकत्व शक्ति के अभाव में भी अग्नि का भास्वरत्व नष्ट नहीं होता है, वह प्रकाशमान ही रहती है । अतः जैसे अग्नि की शक्ति अग्नि रूप नहीं है, उसी प्रकार ब्रह्म की शक्ति भी ब्रह्म रूप नहीं है । अतः मायाशक्ति सत् नहीं है । यदि माया को सत् मान लेंगे, तो अद्वितीयत्व का प्रतिपादन करने वाली श्रुतियों का विरोध होगा । इसलिये माया सद्रूप नहीं है । यदि माया सद्रूप नहीं है अर्थात् सत् से विलक्षण है, तो उस सत् से भिन्न मायाशक्ति का क्या तत्व है ? उसका क्या स्वरूप है ? यह तुम बताओ अर्थात् वह शून्यात्मक है अथवा अशून्यात्मक है, इसको स्पष्ट करो ।

सिद्धान्ती स्वपक्ष की स्थापना करता है कि माया अनिर्वचनीया है ।

अर्थ – यदि कहो कि माया शून्य रूपा है तो शून्य माया का कार्य है, ऐसा पहले कह चुके हैं । अतः माया न शून्य है और न सत् ही है । यह जैसी है, वैसी ही तुम इसे स्वीकार करो ।४९।

अन्वयः - शून्यत्त्वं इति चेत् शून्यं मायाकार्यम् इति ईरितम् । शून्यं न । सत् अपि न । यादृक् तत्त्वं तादृक् इह इष्यताम् ।।

व्याख्या :- कोऽयं महानाक्षेपो मायायास्तत्त्वं शून्यत्त्वमेवेति चेन्न । पूर्वमेव "शून्यस्य नामरूपे च तथा चेज्जीव्यतां चिर"मित्यादिना तस्यापि पक्षस्य निरस्तत्त्वात् । न हि कस्यापि माध्यमिकातिरिक्तस्य दार्शनिकस्यास्य जगतश्शून्यत्त्वमिष्टम् । अतो मायायास्स्वरूपं सत्त्वासत्त्वाभ्यामनिर्वचनीयमेव । एतदेव च मिथ्यात्त्वलक्षणे सदसद्विलक्षणत्त्वं तत्त्वमित्युक्तम् । यादृङ्न शून्यं नासन्नापि सत्तादृक्च्छक्तेस्तत्त्वमितीष्यताम् । ऐन्द्रजालिकमायाविपुरुषसृष्टेर्मायाकार्यत्त्वेन व्यवहारदर्शनात्सतश्शक्तेरपि मायात्त्वमुक्तमिति ज्ञेयम् ।।

मायायास्सदसद्विलक्षणत्त्वे श्रौतप्रमाणनिरूपणम् -

नासदासीन्नो सदासीत्तदानीङ्किन्त्वभूत्तमः ।
सद्योगात्तमसस्सत्त्वन्न स्वतस्तन्निषेधनात् ॥ ५० ॥

अन्वयः - तदानीं न असत् आसीत् नो सत् आसीत् किन्तु तमः अभूत् । सत् योगात् तमसः सत्त्वम् न स्वतः तन्निषेधात् ।।

व्याख्या :- मायास्वरूपं न केवलं मत्कपोलकल्पितम् । किन्तु "तम आसीत्तमसा गूढमग्रेऽप्रकेतम्"। "नासदासीन्नो सदासीत्तदानी"मित्यादिना नासदीयसूक्ते सत्त्वासत्त्वाभ्यामनिर्वचयनीयत्त्वं मायात्त्वमिति विस्पष्टमुक्तम् । सा माया नासच्छून्याथवा सदपि नो आसीत् । किन्तु तदानीं सृष्टेः

व्याख्या - सिद्धान्ती कहते हैं कि यदि आप माया को शून्य रूपा मानते हैं अर्थात् वन्ध्यापुत्र के समान अत्यन्त असत् मानते हैं तो यह कहना उचित नहीं है, क्योंकि श्लोक ३४ में आप शून्य को माया का कार्य कह चुके हैं । अतः माया शून्य का कारण होने से उससे भिन्न है । यदि माया शून्य रूपा अर्थात् असत् नहीं है तो फिर सत् स्वरूपा होगी, ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये । इसलिये सिद्धान्ती अपने वेदान्त मत के अनुसार माया के स्वरूप का वर्णन करते हैं कि माया न तो शून्य है और न सत् ही है । अतः माया का स्वरूप जैसा है, वैसा ही तुम्हें उसे स्वीकार करना चाहिये अर्थात् माया अनिर्विचनीया है । जो न सत् हो, न असत् हो और न सदसत् ही हो, उसे अनिर्वचनीय कहते हैं । सृष्टि रूप कार्य से माया का अनुमान होता है अतः माया सर्वथा असत् नहीं है और ब्रह्मज्ञान के द्वारा इसका बाध भी होता है "***भूयश्चान्ते विश्वमाया निवृत्तिः***" (श्वे.उ.) अतः माया सत् स्वरूपा भी नहीं है । तथा अन्धकार और प्रकाश के समान सत् और असत् भिन्न-भिन्न होने के कारण एक नहीं हो सकते, इसलिये माया सदसद्रूपा भी नहीं है, अतः माया अनिर्वचनीया ही है ।

माया की अनिर्वचनीयता के विषय में श्रुति का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - तब (सृष्टि से पूर्व यह माया) असत् नहीं थी और सत् भी नहीं थी, किन्तु अन्धकार रूप अज्ञान ही था । सद्ब्रह्म के सम्बन्ध से ही तम (माया) की सत्ता कही जाती है । स्वरूप से उसकी सत्ता नहीं है, क्योंकि उसकी स्वरूप से सत्ता का निषेध किया गया है ।५०।

व्याख्या - माया के स्वरूप का जो हमने प्रतिपादन किया है, वह केवल कपोल कल्पित नहीं है किन्तु श्रुति से परिपुष्ट है । "***तम आसीत्तमसा गूढमग्रेऽप्रकेतम्***" (नासदीयसूक्तं/३) "***नासदासीन्नो***

प्राक्कालावच्छेदेन तमोऽभून्न स्वभावरूपं वस्त्वासीदिति श्रुतेरर्थः । अत्रासत्त्वञ्च सर्वदेशकालावच्छेदेनात्यन्ताभावप्रतियोगित्वे सति सत्तादात्म्यशून्यत्त्वं ग्राह्यम् । विकल्पैकविषयस्य शून्यस्यासतस्तु सृष्टेः प्राङ्निषेधः इति चेन्न । यावदभावाप्रतियोगिलक्षणस्य सतस्तावदुक्ता रूपत्त्वादेव नैवायं निषेधः। वक्ष्यमाणमूलाज्ञानकार्यस्यैव सन्नाकाश इत्यादिप्रतीतियोग्यस्य सत्तादात्म्यापन्नाकाशादेवेति "तम आसीदित्यादिश्रुतेरप्यभिप्रायः । एवं चेत्तर्हि – "तम आसीदि"ति कथमसतस्सत्त्वमुच्यत इत्यत्राह सद्योगादिति । तमसो मायायास्सद्योगात्सद्वस्तुसंबन्धात्सत्त्वं सत्ता धर्मः । मायायाः कस्मात्कारणात्स्वतस्सत्ता न विद्यत इत्युक्तौ तन्निषेधनादित्याह । तस्य सत्ता धर्मस्य निषेधादिति स्वतस्सत्ताशून्यत्वरूपं मिथ्यात्त्वमत्राप्युक्तं भवतीति दिक् ।।

मायायास्सदभिन्नत्त्वमिव सद्भिन्नत्त्वस्यापि निराकरणम् –

अत एव द्वितीयत्त्वं शून्यवन्न हि गण्यते ।
न लोके चैत्रतच्छक्त्योर्जीवितं लिख्यते पृथक् ।। ५१ ।।

अन्वयः – अतः एव शून्यवत् द्वितीयत्त्वं न हि गण्यते । लोके चैत्रतच्छक्त्योः जीवितं पृथक् न लिख्यते ।।

व्याख्या :– "एकमेवाद्वितीय"मिति श्रुतौ ब्रह्मणि द्वितीयप्रतियोगिकाभावरूपशून्येनैव सद्वितीयत्त्वं शङ्कितुर्मते यथा तथा नैवोक्तशक्त्या तदेकायत्तसत्ताकया गण्यत इति मनसि निधायाह । अत एव मायाया मिथ्यास्वरूपत्त्वाद्धेतोश्शून्यवद्द्वितीयत्त्वं न हि गण्यते नाङ्गीक्रियते । यथा लोके चैत्रतच्छक्त्योश्चैत्रस्य तद्गतशक्तेश्च जीवितं स्थित्यादिकं पृथङ्न लिख्यते । यतस्स्वतस्सत्ता मायाया

सदासीत्तदानीम् नासीद्रजो नो व्योमा परो यत् । किमावरीवः कुह कस्य शर्मन्नम्भः किमासीद् गहनं गभीरम्' (ना.सू./१) इस ऋग्वेदीय नासदीय सूक्त में सत् और असत् से विलक्षण माया का अनिर्वचनीयत्व स्पष्ट रूप से कहा गया है । वह माया असत् (शून्यरूपा) नहीं थी और सत् भी नहीं थी, किन्तु सृष्टि से पूर्व केवल तम था । यदि तम ही था तो फिर असत् रूप तम की सत्ता कैसे कहते हो ? इसका उत्तर देते हैं कि सद्ब्रह्म के सम्बन्ध से ही तम की सत्ता कही जाती है । स्वरूप से उसकी कोई सत्ता नहीं है । माया की स्वतः सत्ता के अभाव का कारण कहते हैं कि माया की सत्ता का श्रुति में निषेध किया गया है, इसलिये उसकी स्वतः सत्ता नहीं मानी जाती है । यहाँ पर माया का स्वतः सत्ताशून्यत्व कहने से उसका मिथ्यात्व भी सूचित होता है ।

माया के मिथ्यात्व की विवक्षा से सत् से अभिन्नत्व की तरह सत् से भिन्नत्व का भी निराकरण करते हैं ।

अर्थ – इसलिये शून्य की तरह उसका (माया का) द्वितीयत्व नहीं गिना जाता । लोक में चैत्र और उसकी शक्ति की स्थिति का पृथक् उल्लेख नहीं होता है ।५१।

व्याख्या – पिछले श्लोक में माया की स्वतः सत्ता का निषेध कहा गया और ब्रह्म की सत्ता से ही वह सत्ता वाली कही जाती है ऐसा कहा गया, इसलिये सत्ता एक ही है । शून्य की तरह माया का द्वितीयत्व नहीं गिना जाता अर्थात् अंगीकार नहीं किया जाता । इस विषय में दृष्टान्त देते हैं कि लोक में चैत्र और उसकी शक्ति की स्थित्यादि का पृथक् उल्लेख नहीं होता है । अर्थात् लोक में शक्तिमान

नैवास्त्यतश्शून्यस्येव मायाया अपि द्वितीयत्त्वं नाद्रियत इति भावः ।।

शक्तिर्व्यक्तेर्न भिन्नेति निरूपणम् –

शक्त्याधिक्ये जीवितञ्चेद्वर्धते तत्र वृद्धिकृत् ।
न शक्तिः किन्तु तत्कार्यं युद्धकृष्यादिकन्तथा ।। ५२ ।।

अन्वयः – शक्त्याधिक्ये जीवितं वर्धते चेत् ? तत्र वृद्धिकृत् तत्कार्यं युद्धकृष्यादिकम् न शक्तिः ।।

व्याख्या :– लोके तावद्यद्यपि पार्थक्येन चैत्रतच्छक्त्योर्जीवितं न लिख्यतेऽथापि नारदगरुडपुराणादौ गजादीनामधिकशक्तिमतां दीर्घायुष्ट्वस्य शक्त्याधिक्यकारणेन दृष्टत्त्वात्कार्यलिङ्गकानुमानग्राह्यमिति चेन्न। चैत्रोऽधिकतरशक्तिमानधिकजीवितत्त्वाद्गजादिवदित्यनुमानादिनैवाधिक्य धर्मधर्मिभूतशक्तिपृथक्त्वसाधने हेतुसाध्ययोः कार्यकारणभावाभावादप्रयोजकत्त्वमित्याशयेनाचष्टे शक्त्याधिक्ये सति जीवितं जीवनं वर्धते । अतश्चैत्रात्तच्छक्तिर्भिन्नेति न मन्तव्यम् । यतस्तत्र वृद्धिकृन्न शक्तिः । शक्तिकार्यं वृद्धिर्न भवतीति भावः । किन्तु शक्तिकार्यं युद्धकृष्यादिकमेव । अत्र जीवितशब्देन किमायुषो ग्रहणं भवति? दीर्घायुषामपि काकादीनमधिकशक्त्यभावदर्शनान्नायुषो ग्रहणं युज्यते । लिख्यत इत्याख्यात–सूचितव्यक्तेरनिर्धारणाज्जीवितपदवाच्यं शक्तिरूपसामर्थ्यानुमापकमेव भवति । न व्यक्त्याधिक्यानुकार्यमेव शक्तिवृद्ध्यनुमापकं यतश्शक्तिवृद्धिसत्त्व एव युद्धकृष्यादिकार्यं दृश्यते शक्त्यभावे च तत्कार्याभाव इति शक्तिकार्ययोरेव कार्यकारणभावसत्त्वाद्धेतुसाध्यभावः । न शक्त्यायुषोस्तदभावात्। अतो जीवितपदाभिधेयव्यक्तिवृद्धिरन्यथासिद्धैवेति शम् ।।

पुरुष और उसकी कार्य करने की आजीविका रूप सामर्थ्य का पृथक् उल्लेख नहीं किया जाता है ।

शक्ति व्यक्ति से भिन्न नहीं होती है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ – यदि कहो कि शक्ति अधिक होने पर जीवन भी बढ़ता है तो जीवन वृद्धि का कारण शक्ति नहीं है वरन् उस शक्ति के द्वारा सम्पादित युद्ध, कृषि आदि कार्य हैं ।५२।

व्याख्या – यद्यपि लोक में चैत्र और उसकी आजीविका रूप शक्ति की पृथक् गणना नहीं होती है तथापि पुराणों में गजादि अधिक शक्तिवालों को दीर्घजीवी देखा जाता है अतः कार्यलिंग से यह ज्ञात होता है कि अधिक शक्तिशाली दीर्घजीवी होते हैं यदि ऐसा कहें , तो यह ठीक नहीं है, क्योंकि अधिक शक्तिशाली होना दीर्घजीवी होने का कारण नहीं हो सकता अन्यथा दीर्घजीवी कौवें भी शक्तिशाली होने चाहिये, किन्तु ऐसा नहीं देखा गया है । श्लोक में 'जीवितम्' शब्द से क्या आयु का ग्रहण किया गया है ? नहीं, जीवितम् शब्द से आजीविका रूप सामर्थ्य कहा गया है । यदि कहो शक्ति अधिक होने पर जीविका भी बढ़ती है तो यह भी उचित नहीं है क्योंकि जीविका बढ़ने का कारण शक्ति नहीं है, उस शक्ति के द्वारा सम्पादित होने वाले युद्ध आदि कार्य हैं । जब व्यक्ति शक्ति द्वारा युद्ध अथवा कृषि आदि कार्य करता है तब उसकी जीविका बढ़ती है । अधिक कार्य करने पर जीविका में भी वृद्धि होगी, शक्ति होने पर भी यदि कोई कृषि आदि कार्य नहीं करेगा तो उसको जीविका प्राप्त नहीं होगी । अतः व्यक्ति और उसकी शक्ति में भेद होने की शंका नहीं करनी चाहिये ।

अनतिरिक्तसत्ताका मायेति ब्रह्मणोऽद्वितीयत्वस्य न कापि हानिरिति निरूपणम् -

सर्वथा शक्तिमात्रस्य न पृथग्गणना क्वचित् ।
शक्तिकार्यन्तु नैवास्ति द्वितीयं शङ्क्यते कथम् ॥ ५३ ॥

अन्वयः - शक्तिमात्रस्य सर्वथा पृथग्गणना क्वचित् न । शक्तिकार्यं तु नैव अस्ति । द्वितीयं कथं शङ्क्यते ?

व्याख्या :- सर्वथा शक्तिमात्रस्य क्वचिदपि पृथग्गणना प्रत्येकव्यवहारो न दृश्यते । मा भूच्छक्त्या सद्वितीयत्त्वं सतः किन्तु तत्कार्येण तद्भवत्विति चेन्न । शक्तिकार्यं तु मायायाः कार्यभूतं नामरूपदिकं न वास्तविकं केवलमैन्द्रजालिकमेवातः किमस्ति । येन सद्वितीयत्त्वं शङ्क्येत । एवं च सति द्वितीयं कथं नाम शङ्क्यते । खपुष्पायितेन शक्तिकार्येण सतस्सद्वितीयत्त्वं नानुमातुं शक्यत इति दिक् ॥

ब्रह्मण्येकदेशवर्तिन्येव मायेति निरूपणम् -

न कृत्स्नब्रह्मवृत्तिस्सा शक्तिः किन्त्वेकदेशभाक् ।
घटशक्तिर्यथा भूमौ स्निग्धमृद्येव वर्तते ॥ ५४ ॥

अन्वयः - सा शक्तिः कृत्स्नब्रह्मवृत्तिः न, किन्तु एकदेशभाक् यथा भूमौ घटशक्तिः स्निग्धमृदि एव वर्तते ॥

व्याख्या :- माया शक्तिस्सद्वस्त्वधिष्ठाना सा कृत्स्ने ब्रह्मणि वर्तते । वह्न्यादिनिष्ठशक्तिवदाध्यासिक-तादात्म्येन एकदेशेऽपि न विद्यते । उभयाथापीयत्तया परिच्छिन्नत्त्वापत्तेरिति चेन्मन्दम् । आलोकसह-कृतोर्ध्वव्यापारितचक्षुरश्म्यवच्छिन्न एवाकाश एव नीलिमभ्रमाधिष्ठानता यतो दृश्यते । अत एव

शक्ति के कार्य से भी सत् में सद्वितीयत्व संभव नहीं है, इसका प्रतिपादन करते हैं।

अर्थ - सर्वथा शक्तिमात्र की पृथक् गणना कहीं भी नहीं होती, शक्ति का कार्य (द्वैत) तो (सृष्टि से पूर्व) है ही नहीं । फिर द्वितीयत्व की आशंका कैसे हो सकती है ? ५३।

व्याख्या - सर्वथा शक्तिमात्र की पृथक् गणना अर्थात् प्रत्येक का भिन्न व्यवहार कहीं पर भी देखने में नहीं आता है । यदि कहो शक्ति में द्वितीयत्व का अभाव होने पर भी उसके कार्य में तो द्वितीयत्व अवश्य होगा । इसका उत्तर देते हैं कि शक्ति का कार्य अर्थात् माया का नामरूपात्मक कार्य सर्वथा नहीं है । जैसे जादूगर द्वारा निर्मित मिथ्यापदार्थ की कभी भी सत्ता नहीं मानी जाती, उसी प्रकार माया का कार्य यह जगत् सृष्टि से पूर्व सर्वथा नहीं है । (श्लोक में एवकार निश्चय के अर्थ में है) मायाशक्ति का कार्य यह जगत् सृष्टि से पूर्व न होने के कारण द्वैतापत्ति कैसे संभव है ? भाव यह है कि शक्ति का कार्य भी वन्ध्यापुत्र के समान होने के कारण उससे सत् (ब्रह्म) में द्वैत की कल्पना करना संभव नहीं है ।

माया ब्रह्म के एकदेश में रहती है, इसका दृष्टान्त पूर्वक निरूपण करते हैं।

अर्थ - वह शक्ति (माया) सम्पूर्ण ब्रह्म में व्याप्त नहीं है किन्तु उसके एक भाग में ही है । जैसे भूमि में घटशक्ति केवल चिकनी मिट्टी में ही रहती है ।५४।

व्याख्या - ब्रह्म की शक्ति माया ब्रह्म में सर्वत्र व्याप्त रहती है अथवा किसी एक स्थान में ? प्रथम पक्ष नहीं बन सकता, क्योंकि उससे मुक्त पुरुष के द्वारा प्राप्य शुद्धब्रह्म के अभाव का प्रसंग प्राप्त होगा

सर्वज्ञात्ममुनीश्वरा वदन्ति - "भेदं च भेद्यं च भिनत्ति भेदो यथैव भेदान्तरमन्तरेण । मोहं च कार्यं च बिभर्ति मोहस्तथैव मोहान्तरमन्तरेण " ।। इति । अतोऽध्यस्तोक्तशक्त्यवच्छिन्नैकदेश एव ब्रह्मणि मायेति न कोऽपि दोषः । सा मायाशक्तिर्न कृत्स्नब्रह्मवृत्तिः कृत्स्नेऽशेषे ब्रह्मणि नो विद्यते । किन्त्वेकदेशभाक् । किञ्चिद्देशे एव वर्तते । तत्रायं दृष्टान्तः - घटशक्तिर्घटोत्पादनशक्तिस्स्वाश्रयभूतभूमौ सर्वत्र नास्ते । परं तदेकदेशे स्निग्धमृद्येव दृश्यत इति तद्वत्सच्छक्तिः ।।

मायाशक्तिर्ब्रह्मण्येकदेशवर्तिनीत्यत्र प्रमाणत्त्वेन श्रुत्युपन्यासः -

पादोऽस्य सर्वा भूतानि त्रिपादस्य स्वयम्प्रभः ।
इत्येकदेशवृत्तित्त्वं मायाया वदति श्रुतिः ॥ ५५ ॥

अन्वयः - अस्य पादः सर्वभूतानि त्रिपाद् स्वयंप्रभः अस्ति इति श्रुतिः मायाया एकदेशवृत्तित्त्वं वदति ।।

व्याख्या :- "पादोऽस्य विश्वा भूतानि । त्रिपादस्यामृतं दिवी"ति श्रुतिः चतुष्पाद्धर्मचिन्तनसञ्जात-संस्कारसचिवशिष्यबुद्ध्यभिप्रायेण पादकल्पनां विदधति । सर्वा सर्वाणि "बहुलं छन्दसी"ति सूत्रात्सर्वं वैदिके प्रयोगे सिद्ध्यति बहूनर्थान्लतीति व्युत्पत्त्या सिद्धोऽयमर्थः । "षष्ठी युक्तश्छन्दसि वे"त्यत्रापि "छन्दसि वे"ति योगविभागाच्चायमर्थः प्रसिद्ध्यतीत्याकरग्रन्थेषु क्षुण्णम् । "क्वचित्प्रवृत्तिः क्वचिदप्रवृत्तिः क्वचिद्विभाषा क्वचिदन्यदेवे"त्यादिना । तथा "सुप्तिङुपग्रहलिङ्गनराणां कालहलच्स्वरतिङ्चङां च। व्यत्ययमिच्छति शास्त्रकृदेषां सोऽपि च सिद्ध्यति बाहुलकेने"त्यलम् । सर्वाणि भूतान्याकाशादीनि

और ब्रह्म निरवयव होने के कारण दूसरा पक्ष भी संभव नहीं है । इसलिये ब्रह्म के एकदेश में माया का होना असंभव है । ऐसी शंका होने पर द्वितीय पक्ष को स्वीकार करते हुए उक्त शंका का परिहार करते हैं और माया ब्रह्म के एकदेश में है, इस बात को दृष्टान्तपूर्वक बताते हैं । वह माया सम्पूर्ण ब्रह्म में व्याप्त नहीं है किन्तु ब्रह्म के एक भाग में ही है । इस विषय में दृष्टान्त देते हैं कि जैसे घट उत्पन्न करने की शक्ति सम्पूर्ण पृथ्वी में नहीं होती किन्तु पृथ्वी के एकभाग में अर्थात् चिकनी मिट्टी में ही रहती है, उसी प्रकार मायाशक्ति भी ब्रह्म के एकदेश में ही रहती है ।

मायाशक्ति ब्रह्म के एकदेश में रहती है, इस विषय में श्रुति का प्रमाण देते हैं ।

अर्थ - इस (ब्रह्म) के एक पाद (अंश) में समस्त भूत रहते हैं और (ब्रह्म के) तीन पाद स्वयंप्रकाश रूप हैं । इस प्रकार श्रुति माया का (ब्रह्म में) एकदेशवृत्तित्व कहती है ।५५।

व्याख्या - "***पादोऽस्य सर्वा भूतानि त्रिपादस्यामृतन्दिवि***" (छा.उ. ३.१२.६) यह श्रुति का वचन है । चतुष्पाद धर्म के चिन्तन से उत्पन्न संस्कारों से युक्त शिष्य को समझाने के लिये श्रुति भगवती ब्रह्म में पाद (अंश) का प्रतिपादन करती है । क्योंकि परमार्थतः ब्रह्म निरंश होने के कारण अंश रूप से उसका प्रतिपादन संभव नहीं है । **सर्वा अर्थात् सर्वाणि यहाँ सर्वा शब्द छान्दस् है** । "***बहुलं छन्दसि***" इस सूत्र से सम्पूर्ण वैदिक प्रयोग में यह अर्थ सिद्ध होता है ।

आकाशादि समस्त स्थावर जंगमादि कार्य इस ब्रह्म के एक पाद अर्थात् चतुर्थांश हैं और अवशिष्ट

स्थावरजङ्गमादीनि कार्यण्यस्य परब्रह्मणः पादस्तुरीयो भागः । अत्यल्प इति भावः । अवशिष्टस्त्रि-पाद्भागत्रयात्मको महान्भागस्स्वयंप्रभस्स्वयंप्रकाश इत्येव मायाशक्तेरेकदेशवृत्तिता तत्कार्यभूतमहाभूत-ग्रामस्यात्यल्पांशत्त्वेनोपपादितत्वात्कारणरूपाया मायाशक्तेरित्येकदेशवृत्तित्त्वं प्रकृतश्रुतिसिद्धमिति तात्पर्यम् । देशकालाद्यपरिच्छिन्नाद्ब्रह्मणस्साकाशात्परिच्छिन्नस्य जगतोऽत्यन्ताल्पतामेव पाद इत्यादिव्यपदेशो वा चतुर्थांशविधानाय बोधनाय वा निरंशे ब्रह्मणि पादकल्पनाया अनौचित्यात् । यथा दार्शनिकैकदेशिनो मन्यन्ते द्वित्त्वादिसङ्ख्यायामेकत्त्वद्वित्त्वाद्यभावेऽप्येकत्त्वद्वित्त्वादिरूपं द्वित्त्वादीति शम् ।।

मायाया आत्मैकदेशवर्तित्त्वे प्रमाणतया स्मृत्युपन्यासः –

विष्टभ्याहमिदङ्कृत्स्नमेकांशेन स्थितो जगत् ।
इति कृष्णोऽर्जुनायाह जगतस्त्वेकदेशताम् ।। ५६ ।।

अन्वयः – "अहम् इदं कृत्स्नं जगत् एकांशेन विष्टभ्य स्थितः" इति कृष्णः अर्जुनाय जगतः एकदेशताम् आह ।।

व्याख्या :– पूर्वार्ध एवं स्मर्यतेऽत्र "अथवा बहुनैतेन किं ज्ञातेन तवार्जुने"ति गीतादशमान्ते । एतच्छ्लोकात्प्रागवयवशो विभूतयस्सन्दर्शितास्सम्प्रत्यस्मिंछ्लोके भगवद्विभूतिं साकल्येन स्पष्टयति भगवान् । हे अर्जुन, एतेन बहुना ज्ञातेन तव किं वा प्रयोजनं सिद्ध्यति । सर्वमिदं कृत्स्नं जगदे-कांशेनैकदेशमात्रेण विष्टभ्य संव्याप्याहमेव तिष्ठामि । न मद्व्यतिरिक्तं किञ्चिदप्यत्रास्ति । तस्मात्किमनेन परिच्छिन्नदर्शनेन ? तस्मात्सर्वत्रापि मद्दृष्टिरेव विधातव्येति भावः । इत्यर्जुनमुपदिशन्भगवांच्छ्रीकृष्णो ब्रह्मण्येकदेश एव जगतोऽस्तित्त्वं प्रकटयतीति शम् ।।

तीन पाद स्वयंप्रकाश हैं । इस प्रकार माया के कार्य आकाशादि को ब्रह्म के एक भाग में कहने से उनकी कारणभूता माया का भी ब्रह्म के एक भाग में होना कह दिया गया । अपरिच्छिन्न ब्रह्म से परिच्छिन्न जगत् की अल्पता का बोध कराने के लिये ही माया का चतुर्थांशवृत्तित्व कहा गया है । वस्तुतः उसका चतुर्थांशत्व नहीं है, क्योंकि अंश–अंशी का वर्णन सावयव में ही संभव है किन्तु ब्रह्म तो सर्वथा निरंश है । अतः उसमें अंश–अंशी की कल्पना का कोई औचित्य नहीं है । दार्शनिक लोग जैसे संख्या में एकत्व, द्वित्व आदि संख्या के ने होने पर भी एकत्व, द्वित्वादि की कल्पना करते हैं, उसी प्रकार प्रकृत में भी ब्रह्म के एकदेश में माया का होना कहा गया है ।

अब स्मृति का भी प्रमाण देते हैं ।

अर्थ – मैं इस सम्पूर्ण जगत् को एक अंश से धारण करके (व्याप्त करके) स्थित हूँ । इस प्रकार भगवान् श्रीकृष्ण ने अर्जुन के प्रति जगत् की एकदेशीयता कही है ।५६।

व्याख्या – विभूति योग नामक दशम अध्याय के अन्तिम श्लोक में भगवान् अर्जुन से कहते हैं कि हे अर्जुन! मैं इस सम्पूर्ण जगत् को एक अंशमात्र से धारण करके (व्याप्त करके) स्थित हूँ । इस प्रकार भगवान् ने जगत् को एकदेशीय कहा है अर्थात् माया का कार्य जैसे ब्रह्म के एक भाग में स्थित हैं, वैसे ही माया भी ब्रह्म के एक भाग में ही स्थित है ।

प्रस्तुतं परं ब्रह्म मायागन्धरहितमिति प्रमाणपुरस्सरं निरूपणम् –

स भूमिं विश्वतो वृत्त्वा ह्यत्यतिष्ठद्दशाङ्गुलम् ।
विकारावर्ति चात्रास्ति श्रुतिसूत्रकृतोर्वचः ॥ ५७ ॥

अन्वयः – सः भूमिं विश्वतः वृत्त्वा दशाङ्गुलं अत्यतिष्ठत् । 'विकारवर्ति' च अत्र श्रुतिसूत्रकृतोः वचः अस्ति ।।

व्याख्या :– स प्रकृतः परमात्मा भूमिं तदुपलक्षितं कृत्स्नं द्वैतजालं जगद्विश्वतस्सर्वतो वृत्त्वाकाशमिव स्वाध्यस्तनीलिमानमखिलदृश्यजालं सबाह्याभ्यन्तरं समभिव्याप्य दशाङ्गुलं तदुपलक्षितानन्तरूपं यथा स्यात्तथात्यतिष्ठदतिरिच्यावर्तत । जगदपेक्षया भूयस्तरां व्याप्यास्त इति भावः । न परं ब्रह्म विकारवर्ति चात्र विकारास्सूर्यमण्डलादयस्तेष्वेव न वर्तते न तावन्मात्रपरिच्छिन्न इति भावः । अत्र वैयासिकं ब्रह्मसूत्रं "विकारवर्ति च तथा हि स्थितिमाहे"ति फलाध्यायस्थमपि सूत्रमस्मिन्नर्थे प्रमाणम् । अत्राचार्या – "विकारावर्त्यपि च नित्यमुक्तं पारमेश्वरं रूपं न केवलं विकारमात्रगोचरं सवितृमण्डलाद्यधिष्ठानमि"त्यादिना वर्णयन्तीत्येकदेशवर्तित्त्वे न कोऽपि विरोध इति शम् ।।

वस्तुतः ब्रह्म माया से सर्वथा रहित है, इस विषय में श्रुति और सूत्र का प्रमाण देते हैं।

अर्थ – वह (परमात्मा) समस्त जगत् को सब और से व्याप्त करके उससे दश अंगुल ऊपर स्थित है । (यह श्रुति वचन है) और विकार रहित भी ब्रह्म का रूप है । (यह सूत्र है) ऐसा श्रुति और सूत्रकार (व्यासजी) का वचन है ।५७।

व्याख्या – वह परमात्मा भूमि को अर्थात् सम्पूर्ण जगत् को चारों ओर से आवृत करके उससे दश अंगुल ऊपर स्थित है अर्थात् उसका अतिक्रमण करके स्थित है । श्रुति में दश शब्द का अर्थ केवल दशत्व संख्यावाचक नहीं है किन्तु जगत् की अपेक्षा उसका भूयस्त्व का ही बोधक है, ऐसा श्वेताश्वतर श्रुति का वचन है ।

सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात् ।

स भूमिं विश्वतो वृत्वा अत्यतिष्ठद्दशाङ्गुलम् ।। (श्वे.उ. ३/१४) इस मन्त्र में सहस्र शब्द अनन्त वाचक है और ***दशाङ्गुलम्*** का अर्थ अनन्त अर्थात् अपार है । ***दशाङ्गुलमनन्तमपारमित्यर्थः*** (शा.भा.) "***अथवा नाभेरुपरि दशाङ्गुलं हृदयं तत्राधितिष्ठति***" (शा.भा.) अथवा नाभि से दस अंगुल ऊपर जो हृदय है, उसमें वह परमात्मा स्थित है ।

इस विषय में केवल श्रुति ही नहीं अपितु सूत्र भी है "***विकारावर्ति च तथा हि स्थितिमाह***" (ब्र.सू. ४/४/१९) ब्रह्मसूत्र के चौथे अध्याय के चतुर्थपाद के जगद्व्यापाराधिकरण नामक सातवें अधिकरण में यह सूत्र आया है । इसका अर्थ है कि नित्यमुक्त परमेश्वर केवल आदित्यमण्डल आदि विकारों में ही नहीं है किन्तु विकारावर्ति अर्थात् विकारों से रहित भी है । इस प्रकार पूर्वार्ध से श्रुति और उत्तरार्ध से सूत्र का प्रमाण दिया गया है । अतः परब्रह्म का स्वरूप माया से सर्वथा रहित है, यह सिद्ध होता है ।

ब्रह्मणो निरंशत्त्वकथनम् –

निरंशेऽप्यंशमारोप्य कृत्स्नेंऽशं वेति पृच्छतः ।
तद्भाषयोत्तरं ब्रूते श्रुतिः श्रोतृहितैषिणी ॥ ५८ ॥

अन्वयः – श्रोतृहितैषिणी श्रुतिः कृत्स्ने अंशे वा इति पृच्छतः तद् भाषया निरंशे अपि अंशम् आरोप्य उत्तरं ब्रूते ।।

व्याख्या :– द्वैतभाषामाश्रित्य पृच्छतो मन्दधियो विषयस्य सुगमतायै तथैव भाषयोत्तरमपि ददातीति। अयं पट एतत्तन्तुनिष्ठात्यन्ताभावप्रतियोगी । अंशित्त्वादितरांशिवदित्यनुमानेन ध्वनितं यद्ब्रह्मणि निरंशत्त्वं तेन स विरोध इति चेन्न । द्वैतमिदं कृत्स्ने ब्रह्मणि किमारोपितं तदंशे एव पृच्छतो मुमुक्षून्प्रति श्रोतृहितैषिणी स्वोपदेशपरायणकल्याणदायिनी भगवती श्रुतिर्निरंशेऽपि ब्रह्मणि तद्भाषयैवांशमारोप्योत्तरं समाधानं ब्रूत इति हेतोर्नोक्तविरोधगन्धोऽस्तीति भाव इति दिक् ।।

ब्रह्मणि मायाङ्गीकारे प्रयोजनप्रदर्शनम् –

सत्तत्त्वमाश्रिता शक्तिः कल्पयेत्सति विक्रियाः ।
वर्णा भित्तिगता भित्तौ चित्रे नानाविधन्तथा ॥ ५९ ॥

ब्रह्म के निरंशत्व का वर्णन करते हैं ।

अर्थ – अंशरहित ब्रह्म में अंश का आरोप करके माया सम्पूर्ण ब्रह्म में है ? अथवा एकदेश में है? इस प्रकार पूछने वाले श्रोता के प्रति श्रोता का हित चाहने वाली श्रुति उसी की भाषा से उत्तर देती है ।५८।

व्याख्या – पूर्वोक्त श्रुति प्रमाण से यह ज्ञात होता है कि यह श्रुति माया को ब्रह्म के एकदेश में मानती है किन्तु वेदान्त सिद्धान्त के अनुसार तो ब्रह्म को निरवयव माना गया है । अवयवरहित में अंश और अंशी की कल्पना करने से वदतोव्याघात दोष प्राप्त होगा । अतः यह स्वाभाविक जिज्ञास्य हो जाता है कि श्रुति (वेद) ने ऐसा किस उद्देश्य से कहा है । इसका उत्तर देते हैं कि जो व्यक्ति यह पूछता है कि माया ब्रह्म के एक अंश में रहती है या सम्पूर्ण ब्रह्म में ? इस प्रकार पूछने वाला स्वाभाविक रूप से ब्रह्म तत्त्व से अनभिज्ञ है, इसीलिये ऐसा प्रश्न कर रहा है । यह विचार की प्रारम्भिक अवस्था है, इस समय निरवयव ब्रह्म को बुद्धि पूर्णरूप से ग्रहण करने में असमर्थ होती है । साधक माया और ब्रह्म दोनों को भिन्न-भिन्न पदार्थ रूप से जानता है, इसीलिये उसके मन में ऐसी शंकाएँ होती रहती हैं । ऐसे साधकों को परमार्थतत्त्व का बोध कराने के लिये ही भगवती श्रुति अंशरहित ब्रह्म में अंश का आरोप करके माया को उसके एकदेश में स्थित बताती है । "***अध्यारोपापवादाभ्यां निष्प्रपञ्चम् प्रपञ्च्यते***" जो जिस भाषा में समझे, उसे उसी भाषा में समझाने से उसे सम्यक् बोध होता है । रामचरित मानस में जब गरुड़ जी को भगवान् के विषय में मोह हो गया तब वे शिवजी के पास समाधान के लिये गये । शिवजी ने उन्हें काकभुशुण्डी जी के पास भेज दिया । इसका कारण शिवजी पार्वती जी से कहते हैं कि "***कछु तेहि ते पुनि मैं नहिं राखा । समुझइ खग खगही कै भाषा***।। "हे उमा ! मैंने कुछ इस कारण से भी उसे अपने पास नहीं रखा कि पक्षी पक्षी की ही भाषा समझते हैं । ब्रह्म में माया का अस्तित्व मानने वाला द्वैत बुद्धि से प्रश्न कर रहा है । अतः भगवती श्रुति भी उसे उसी के अनुरूप उत्तर देती है कि माया ब्रह्म के एक अंश में ही रहती है, सम्पूर्ण ब्रह्म में नहीं ।

अन्वयः - यथा भित्तिगताः वर्णाः भित्तौ नानाविधम् चित्रम् (तथा) सत् तत्त्वं आश्रिताः शक्तिः सति विक्रियाः कल्पयेत् ।।

व्याख्या :- भित्तिगताः कुड्ये विलिप्ता वर्णा रक्तपीतादिरूपविशेषप्रयोजका नानाविधाकृति-विशिष्टास्तज्जनका हिङ्गुलादिरङ्गाः धातुविशेषाः एव विक्रिया विविधत्त्वेन सृष्ट्यादिविकारान्क्रियन्त इति विक्रियाः कार्यविशेषास्तेऽपि वस्तुतो विचार्यमाणे सत्तत्त्वमाश्रिता अधिष्ठानीभूतभित्तेर्मृन्मयत्त्वान्मृन्मात्र-रूपा एव किन्तु चित्रजनकत्त्वेन जगज्जनकमायानिदर्शनीभूता इति बहुवचनेन "परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते" इति श्रुत्युक्तवैविध्यमेव परामृश्यत इति श्रुतिमक्षरशोऽनुसरन्तीति शम् ।।

मायाविकारेष्वाद्यस्याकाशस्य स्वरूपनिरूपणम् -

आद्यो विकार आकाशस्सोऽवकाशस्वरूपवान् ।
आकाशोऽस्तीति सत्तत्त्वमाकाशेऽप्यनुगच्छति ।। ६० ।।

अन्वयः - आद्यः विकारः आकाशः स अवकाशः स्वरूपवान् । आकाशः 'अस्ति' इति सत् तत्त्वं आकाशे अपि अनुगच्छति ।।

व्याख्या :- अविद्याविकारेषु के ते सृष्ट्यादिविकारेष्वप्यवान्तरविकारा इति विचिकित्सायां "पञ्चभूतविवेकत" इति प्रतिज्ञानुरोधेन पञ्चैवेति ज्ञाने सत्यपि तेष्वाद्यः क इति प्रतिपित्साया"मात्मन आकाशस्सम्भूत" इत्यादिश्रुतिबलादाकाश एवेति निश्चीयते तत्राकाशेऽधिष्ठानीभूतसत्तानुवृत्तिमनुभवपूर्वकं च विशदयति । मायया सद्वस्तुनि कल्पितानां विकाराणां मध्य आद्यः प्रथमो विकार आकाशो

ब्रह्म में माया के अंगीकार का प्रयोजन बताते हैं ।

अर्थ - जैसे भित्तिगत वर्ण (रंग) भित्ति (दिवाल) में नानाविध चित्रों की कल्पना करते हैं, उसी प्रकार सत् तत्त्व का आश्रय लेने वाली शक्ति (माया) सत् में ही नाना प्रकार के विकारों की कल्पना करती है ।५९।

व्याख्या - नाना प्रकार के वर्णों (रंगों) से दिवाल पर विविध प्रकार के चित्र बनाये जाते हैं । दिवाल अधिष्ठान है और वर्ण उसी के आश्रित रहकर उसी दिवाल में जैसे मनुष्य, पशु, पक्षी, वृक्षादि नाना प्रकार की कल्पना करते हैं, उसी प्रकार माया भी सत् ब्रह्म के ही आश्रित है । ब्रह्म ही उसका अधिष्ठान है फिर भी वह अपने अधिष्ठान में ही नाना प्रकार के आकाश आदि विकारों की कल्पना करती है ।

मायाकल्पित विकारों में से प्रथम विकार आकाश का विचार करते हैं ।

अर्थ - (माया का) पहला विकार आकाश है, वह अवकाश रूप है । 'आकाश है' इस प्रकार सत् तत्त्व आकाश में भी अनुगत है ।६०।

व्याख्या - पूर्व श्लोक में जो कहा गया कि माया ब्रह्म में नानाविध विकारों की कल्पना करती है तो प्रश्न होता है कि वे विकार कौन-से हैं, जिससे कि सृष्टि की उत्पत्ति होती है ? यद्यपि इस प्रकरण के प्रथम श्लोक में पाँचभूतों का विवेक किया जाता है "***भूतपञ्चकं प्रविविच्यते***" (२/१) इस प्रकार कह चुके हैं, जिससे भूतों की संख्या के विषय में संशय न होने पर भी उनमें प्रथम कौन है ? इस जिज्ञासा की निवृत्ति के लिये कहते हैं कि माया का प्रथम विकार आकाश है । "***तस्माद् वा एतस्मादात्मन आकाशस्संभूतः***" (तै.उ.) यह श्रुति इस विषय में प्रमाण है । नाम और रूप का जुड़ना ही विकार

निरुक्तिश्रुतेः । नामरूपसाहित्यमेव विकारत्त्वम् । सृष्टावाद्यकार्यस्याकाश इति नाम । सोऽवकाश-स्वरूपवानित्यवकाश एवाकाशस्य स्वरूपम् । अवकाशत्त्वं हि मूर्तजद्रव्याणामवकाशदातृत्त्वेन। "द्रव्यान्तप्रवेशयोग्यतासम्पादको दैशिकस्सोऽवकाश" इत्युक्तेः । सत्कार्यत्त्वं चाकाशस्योपपत्तिपूर्वकं वदत्याकाशोऽस्तीति तत्सत्त्वं तद्रूपो धर्म आकाशेऽनुगच्छति सन्नाकाश इति प्रतीतेः । अतो नामरूपाध्यासमात्रेणाकाशादिप्रतीयत इति दिक् ।।

कार्यस्याकाशस्य कारणस्य च सतो धर्मावुभावप्याकाशेऽनुवर्तेत इति विशदीकरणम् –

एकस्वभावं सत्तत्त्वमाकाशो द्विस्वभावकः ।
नावकाशस्सति व्योम्नि स चैषोऽपि द्वयं स्थितम् ।। ६१ ।।

अन्वयः – सत्त्वम् एकस्वभावम् आकाशः द्विस्वभावकः, सति अवकाशः न, व्योम्नि च एषः अपि द्वयं स्थितम् ।।

व्याख्या :– अवकाशो नाम अवयवशून्यत्त्वं तच्च सावयवे भित्यादौ न दृश्यते । तस्मात्पृथिव्यादि-भूतचतुष्टयपरमाणुरूपावरणाभाव एवाकाशपदार्थ एवमस्तीति धातुना वर्तमानकालवाचिना लडा च तत्कालमेवावरणाभावाधिकरणत्त्वेन बोध्यत इति सद्वस्तु ब्रह्म न वा तच्छक्तिकल्पित आद्यो विकार आकाश इति चेन्न । वर्तमानादावसतोऽनुवर्तमानत्त्वात्स्वरूपलाभादवकाशावरणाभावशब्दयोः पर्यायत्त्वा-भावात्प्रवृत्तिनिमित्तीभूतशक्यतावच्छेदभेदात्तथा व्यवहारभेदाच्चातस्सत्तत्त्वाकाशयोस्स्वभावभेदोऽत्र प्रकटीक्रियते – सत्तत्त्वं सद्भाव एकस्वभावं सत्तारूपैकधर्मकम् । अवकाशरूपाकाशस्तु द्विस्वभावकः। सति सद्रूपे वस्तुन्याकाशो न हि विद्यते । व्योम्नि तु सत्सता एषोऽप्यवकाशस्वभावोऽपीति द्वयमिह।

कहा जाता है । सृष्टि में प्रथमकार्य का नाम आकाश है । वह आकाश अवकाश रूप है अर्थात् अवकाश ही उसका स्वरूप है । क्योंकि जो मूर्त पदार्थ हैं, उनको वह अवकाश देने वाला है । "***द्रव्यान्तरस्थितिप्रवेशयोग्यतासम्पादको दैशिकः स चावकाशः***" द्रव्यान्तर की स्थिति के लिये उसके प्रवेश की योग्यता का सम्पादन करने वाला जो विशेष स्थान है, वही आकाश है । आकाश सत् का कार्य है, इसको युक्तिपूर्वक कहते हैं – 'आकाश है' इस वाक्य में जो सत्ता है अर्थात् 'है' इस प्रकार का सत्तारूप जो धर्म है, वह आकाश में भी अनुगत है । अर्थात् सत्ता रूप से सत् तत्त्व आकाश में भी अनुस्यूत (अध्यस्त) है ।

आकाश में कार्य और कारण धर्मों को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ – सत् तत्त्व एक स्वभाव वाला है और आकाश दो स्वभाव वाला है । सद्वस्तु में अवकाश नहीं है किन्तु आकाश में सत् और अवकाश दोनों है ।६१।

व्याख्या – सत् तत्त्व एक ही स्वभाव वाला है अर्थात् सत्तारूप एक ही धर्मवाला है और आकाश दो स्वभाव वाला है । सत् तत्त्व ब्रह्म में सत् का सत्ता रूप धर्म और अवकाश रूप धर्म दोनों विद्यमान रहते हैं । जैसे आकाश में कालत्रयाबाध्यत्व रूप सत् वस्तु का स्वभाव भी रहता है, उसी प्रकार वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी का पूर्व-पूर्व का उत्तर-उत्तर के प्रति कारणत्व है । और उत्तरोत्तर कार्यों में पूर्व-

सत्कार्यत्त्वधर्मविशिष्टावकाशदातृत्त्वमाकाशस्येति भावः । आकाशे सोऽपि कालत्राबाध्यत्त्वरूपसद्वस्तु-स्वभावोऽपीत्येवमाकाशवायुतेजोऽम्बुभुवां पूर्वपूर्वस्योत्तरत्तरकारणत्त्वादुत्तरोत्तरकार्येषु पूर्वपूर्वकारणस्य गुणसङ्क्रमण "मेकद्वित्रिचतुष्पञ्चगुणा व्योमादिषु क्रमा"दित्यत्रोपपादितम्। प्रत्येकं भूतानां धर्माश्चाभिहिताः "प्रतिध्वनिर्विय्यच्छब्दो वायौ वीसीति शब्दन"मित्यारभ्य "सुरभीतरगन्धौ द्वौ गुणास्सम्यग्विवेचिता" इत्यन्तेन । तथा चैवमेते क्रमशो द्वित्रिचतुष्पञ्चषट्स्वभावका भवन्ति सर्वत्र सतोऽनुवृत्तेरिति शम् ।।

प्रकारान्तरेणाप्याकाशस्य द्विस्वभावत्त्ववर्णनम् -

यद्वा प्रतिध्वनिर्व्योम्नो गुणो नासौ सतीक्ष्यते ।
व्योम्नि द्वौ सद्ध्वनी तेन सदेकं द्विगुणं वियत् ॥ ६२ ॥

अन्वयः - यद्वा प्रतिध्वनिः व्योम्नः गुणः, असौ सति न ईक्ष्यते । व्योम्नि सद्ध्वनी-द्वौ, तेन सत् एकं, वियत् द्विगुणम् ।।

व्याख्या :- यद्वा अन्येन प्रकारेण वियतो द्वैगुण्यमुच्यते । प्रतिध्वनिश्शब्दो व्योम्नो साधारणो गुणः । सोऽसौ शब्दस्सत्यात्मनि नेक्ष्यते नोपलभ्यते । व्योम्नि तु सद्ध्वनी सत्ता ध्वन्याख्यशब्द इत्युभौ द्वौ गुणावुपलभ्येते । तेन हेतुना सदेकमेककस्वभावं, वियच्च द्विगुणं द्विस्वभावकमिति फलितम्। तथा च भ्रमोपदाकाज्ञानविषयीभूताधिष्ठानसत्तैव सूक्ष्मशब्दाख्यगुणभ्रमवती वियद्भवतीति

पूर्व के कारणों के गुणों का संक्रमण होता है । इसका वर्णन पूर्व में कर चुके हैं । और प्रत्येक भूतों के धर्मों का भी वर्णन इसी प्रकरण के श्लोक ३ से लेकर साड़े पाँच श्लोकों में कर चुके हैं और इसी प्रकार ये पञ्चभूत क्रम से दो, तीन, चार, पाँच और छः स्वभाव वाले होते हैं । सत्ता रूप सत् का स्वभाव सभी में अनुस्यूत रहता है ।

अब प्रकारान्तर से भी आकाश के द्विस्वभावत्व का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - अथवा आकाश का गुण प्रतिध्वनि है । यह गुण सत् में नहीं दिखाई देता किन्तु आकाश में सत् की सत्ता और प्रतिध्वनि ये दोनों हैं । इसलिए सत् एक स्वभाव वाला और आकाश दो गुणों (स्वभाव) वाला है ।६२।

व्याख्या - 'आकाश है' इस वाक्य में 'है' शब्द से सत् की अनुवृत्ति सर्वत्र होती है, यह बात ठीक है, किन्तु आकाश की 'सत्ता' इस प्रकार सत्ता शब्द की प्रतीति तो विरुद्ध होने के कारण उचित नहीं है। फिर भी प्रायः प्रतीत होती ही है, उसी प्रकार 'आकाश था' इस शब्द में तो 'है' शब्द नहीं है, तो आकाश को सत्ता धर्म से विशिष्ट कैसे माना जाएगा ? और इससे आकाश और सत् दोनों में धर्म और धर्माभाव भी नहीं हो सकता ? तथा आकाश सत् का कार्य है अतः आकाश का धर्म सत्ता नहीं हो सकता । इत्यादि प्रश्नों का निराकरण यहाँ किया जा रहा है । जो मायाशक्ति ब्रह्म में आकाश की कल्पना करती है अर्थात् ब्रह्म में आरोपित करती है, वही मायाशक्ति सर्वप्रथम सत् ब्रह्म और आकाश की अभिन्नता (तादात्म्य) को संपादित करके पुनः उन दोनों को विपरीत धर्मवाला अर्थात् धर्म रूप आकाश में धर्मित्व और धर्मी रूप सत् में धर्मत्व भाव की कल्पना करती है । इससे आकाश का सत्धर्मित्व भी जाना जाता है ।

अग्नि धर्मी है और दाहकता उसका धर्म है । मिट्टी धर्मी है और घट उसका धर्म है । इसी प्रकार प्रकृत प्रसंग में सत् धर्मी है और आकाश धर्म है । जैसे "अग्नि की दाहकता" और "मिट्टी का घट"

भावः । नैयायिकास्तु ''शब्दगुणकमाकाश''मिति यद्वदन्ति लक्षणं तद्द्रव्येतरविभाजक-धर्मप्रतिपादकमात्रमेव। नत्वाकाशस्वरूपप्रदर्शकपरमिति ध्येयमिति दिक् ।।

आकाशस्य सत्तेति व्यवहारोपपादनम् –

या शक्तिः कल्पयेद्व्योम सा सद्व्योम्नोरभिन्नताम् ।
आपाद्य धर्मधर्मित्त्वं व्यत्ययेनावकल्पयेत् ॥ ६३ ॥

अन्वयः – या शक्तिः व्योम कल्पयेत् सा सद्व्योम्नोः अभिन्नताम् आपाद्य व्यत्ययेन धर्मधर्मित्त्वं कल्पयेत् ।।

व्याख्या :- सन्नाकाशस्सन् शब्द इत्यादिप्रतीतय उपपन्नतराः । सतस्सर्वत्रानुवृत्तेः । परं त्वाकाशस्य सत्ता शब्दस्य सत्तेत्यादिप्रतीतयस्तु विरुद्धत्त्वान्नोपपन्नाः । किन्तु प्रतीयन्ते प्रायस्तथा । एवमाकाश आसीदित्यत्र सत्ताधर्मविशिष्ट आकाश इत्यर्थस्त्वसङ्गत एव सदाकाशयोर्धर्मधर्मिभावापत्तेः। आकाशस्य सत्कार्यत्त्वेनाकाशधर्मो न सत्ता भवितुमर्हतीत्यादिप्रश्नजालमेवात्र निराक्रियते । या मायाशक्तिस्सद्वस्तुनि व्योम कल्पयेदारोपयति सैव शक्तिः प्रथमतस्सद्व्योम्नोरभिन्नतामापाद्य कल्पयित्त्वैव पश्चात् व्यत्ययेन वैपरीत्येन धर्मधर्मित्त्वं धर्मस्याकाशस्य धर्मिभावमित्यादि कल्पयेत् । व्यत्ययो नामाविद्यकशब्दैक गुणकावकाशात्मकाकाशाख्याद्यविवर्ततादात्म्यापन्नाधिष्ठानीभूताद्वैतब्रह्मस्वरूपसत्तैव रजतमिदमिदं रजतमितिवत्सन्नाकाशस्सन् शब्द इति स्वयं धर्मिण्यप्यवकाशादिधर्मतापन्नाप्याकाशस्य सत्तेत्यादिप्रतीतियोग्यपि भवितुमर्हतीति भावः । अत एवाकाशस्य सद्धर्मित्त्वमवगम्यते इति दिक् ।।

इस प्रकार से बोला जाता है, उसी प्रकार ''सत् का आकाश'' ऐसे कहना चाहिये था । किन्तु ऐसा न कहकर हम कहते हैं कि ''आकाश है'' इसमें 'है' शब्द सत् का वाचक है । यहाँ पर जो विपरीत स्थिति हुई है अर्थात् धर्म रूप आकाश को धर्मी रूप सत् का न कहकर आकाश की ही सत्ता स्वीकार की गई, यह माया का प्रभाव है । माया शक्ति ही उन दोनों में विपरीत कल्पना करती है ।

''आकाश की सत्ता'' इस प्रकार के शब्द व्यवहार का कारण बताते हैं ।

अर्थ – जो मायाशक्ति (शब्दब्रह्म में) आकाश की कल्पना करती है, वह (मायाशक्ति) सत् और आकाश इन दोनों की अभिन्नता की कल्पना करके (उन दोनों के) धर्म-धर्मिभाव की विपरीत क्रम से कल्पना करके दिखा देती है ।।६३।।

व्याख्या – आकाश यदि सद् ब्रह्म का कार्य है तो सद् ब्रह्म का धर्म आकाश है, ऐसी प्रतीति होनी चाहिये किन्तु ऐसा न होकर ''आकाश है'' इस प्रकार का शब्द व्यवहार होता है । यहाँ सत्तावाचक 'है' शब्द से सत् आकाश का धर्म प्रतीत होता है । ऐसी विपरीत प्रतीति क्यों होती है? ऐसी आशंका होने पर कहते हैं कि जो मायाशक्ति सद्ब्रह्म में आकाश की कल्पना (आरोप) करती है, वही शक्ति सर्वप्रथम सत् और आकाश इन दोनों की अभिन्नता की कल्पना करके तदनन्तर उन दोनों के धर्म-धर्मिभाव की विपरीत क्रम से कल्पना करके दिखा देती है अर्थात् धर्मरूप आकाश में धर्मिभाव की कल्पना कर लेती है । इसी कारण से आकाश सत् का धर्मी है ऐसी विपरीत भावना उत्पन्न होती है ।

सर्वोऽपि विपरीतव्यवहारो मायाबलादिति निरूपणम् -

सतो व्योमत्त्वमापन्नं व्योम्नस्सत्तान्तु लौकिकाः ।
तार्किकाश्चावगच्छन्ति मायाया उचितं हि तत् ॥ ६४ ॥

अन्वयः - लौकिकाः सतः व्योमत्त्वम् आपन्नं, च तार्किकाः व्योम्नः सत्ताम् अवगच्छन्ति, तत् हि मायायाः उचितम् ।।

व्याख्या :- अधिष्ठानाध्यस्तयोस्सद्व्योम्नोर्मायाकल्पितधर्मिधर्मभावयोर्वैपरीत्येनान्यथाकल्पन - मुपपाद्यते । मृदो घटरूपत्त्वमिव सतो मायया व्योमत्त्वमापन्नं वस्तुतत्त्वविचारे परं देशपरिच्छिन्नत्त्व-शब्दगुणकत्त्वादिधर्मा विकारा यया वैपरीत्येन सद्वस्तुन्यारोप्यन्ते । तदेव लौकिकाः पारमार्थिकसंस्कार-शून्याः प्राणिनः, शास्त्रज्ञा अपि प्रतीतिमात्रशरणास्तार्किकास्तर्कप्रधानगौतमकणादमतोपलक्षितनिखिलद्वैत-वादिनश्च व्योम्नो धर्मिणस्सत्तां सद्रूपधर्मजातिं सामान्याख्यामवगच्छन्ति विजानन्ति कल्पयन्तीति भावः। यथाहुर्विश्वनाथपञ्चाननभट्टाचार्याः - ''द्रव्यादिभिन्नवृत्तिस्तु सत्ता परतयोच्यत'' इति । कुतोऽयं सर्वेषां भ्रमः-तन्मायाया उचितं हि । तद्विपरीतदर्शनहेतुत्त्वं वैपरीत्येन कल्पनं मायाया उचितं युक्तं धर्मधर्मिणो-र्व्यत्ययेन ग्रहणं केवलं मायाकृतव्यामोहैकनिबन्धनमित्यलम् ।।

मायायास्स्वभावो विपरीतप्रतीतिजनकत्त्वमिति लोकन्यायमुखेन प्रदर्शनम् -

यद्यथा वर्तते तस्य तथात्त्वं भाति मानतः ।
अन्यथात्त्वं भ्रमेणेति न्यायोऽयं सार्वलौकिकः ॥ ६५ ॥

समस्त विपरीत व्यवहार माया के कारण ही हैं, इसका निरूपण करते हैं।

अर्थ - सद्वस्तु ही आकाशरूपता को प्राप्त हुई है किन्तु लौकिक और तार्किक लोग आकाश की सत्ता मानते हैं । यह विपरीत ज्ञान माया के कारण होना उचित ही है ।६४।

व्याख्या - जैसे मिट्टी घट रूप से परिणत हो जाती है, उसी प्रकार विचार करने पर सद्वस्तु आकाशरूपता को प्राप्त हुई है । देशविशेष में रहने वाले आकाशादि के शब्दादि विकार सद्वस्तु में माया के कारण आरोपित किये गये हैं । तथापि शास्त्रज्ञान से रहित लौकिक और प्रतीतिमात्र पर विश्वास करने वाले तार्किक लोग आकाश की सत्ता को स्वीकार करते हैं । 'आकाश है' इस वाक्य में 'है' शब्द सत्ता वाचक है और यह सद्वस्तु का स्वभाव है फिर भी अज्ञानवश लौकिक और तार्किक लोग इस सत्ता को आकाश ही मानते हैं । यह धर्म और धर्मी का विपरीत ज्ञान कैसे होता है ? तो कहते हैं कि यह मायाकृत व्यामोह का ही फल है । माया के द्वारा इस प्रकार विपरीत ज्ञान कराना उचित ही है, क्योंकि विपरीत ज्ञान कराना ही माया का स्वभाव है ।

माया का स्वभाव विपरीत ज्ञान को उत्पन्न करना है, इस विषय को लौकिक युक्ति से प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - जो वस्तु जैसे होती है, उसका वास्तविक स्वरूप प्रमाण से भासित होता है और विपरीत ज्ञान भ्रम से होता है । यह न्याय सार्वलौकिक है ।६५।

व्याख्या - जो वस्तु जैसी होती है, उसका वास्तविक स्वरूप प्रत्यक्षादि प्रमाणों से सिद्ध होता है ।

अन्वयः – यत् यथा वर्तते तस्य तथात्त्वं मानतः भाति, अन्यथात्त्वं भ्रमेण, इति अयं न्यायः सार्वलौकिकः ।।

व्याख्या :– यच्छुक्त्यादिवस्तु यथा येन प्रकारेण शुक्तिकादिरूपेण वर्तते तस्य शुक्त्यादिवस्तुन–स्तथात्त्वं शुक्त्याद्यात्मना प्रतीयमानत्त्वं मानतः प्रत्यक्षादिनिखिलप्रमाणेभ्यस्सिद्ध्यति तद्वति तद्बुद्धिः प्रमा । अन्यथात्त्वं त्वन्यधर्मत्त्वं शुक्त्यादि रजतादिरूपेण भातीति ग्रन्थपातः यत्तत्त्वं न्यायस्सार्वलौकिकः सर्वजनप्रसिद्धस्सर्वदार्शनिकसम्मत इति भावः ।।

भ्रमनिवृत्तिः प्रामाणिकविचारेणेति निरूपणम् –

एवं श्रुतिविचारात्प्राग्यथा यद्वस्तु भासते ।
विचारेण विपर्येति ततस्तच्चिन्त्यतां वियत् ।। ६६ ।।

अन्वयः – एवं श्रुतिविचारात् प्राक् यत् वस्तु यथा भासते, विचारेण (तत्) विपर्येति । ततः तत् वियत् चिन्त्यताम् ।।

व्याख्या :– एवं पूर्वप्रदर्शितन्यायमार्गेण यद्वस्तु द्वैतान्तःपातिपदार्थजातं श्रुतिविचाराद्वेदान्तवाक्यानां संन्यायसहकारेण तात्पर्यावधारणात्प्राक्पूर्वं यथा येन प्रकारेणाकाश आसीदित्याकाशनिष्ठसत्ताधर्मकतया भासते परिस्फुरति तद्वस्तु विचारेण श्रुत्यर्थपर्यालोचनजन्यविवेकेन विपर्येति वैपरीत्येन प्रतीयते वियदादिभावं परित्यज्य सद्रूपं ब्रह्मैव भवति । यस्मादेवमविचारेण वैपरीत्येन प्रतीयते तस्मच्छ्रुतिविचारेण वस्तुयाथा–

अर्थात् शुक्ति आदि वस्तु की शुक्ति रूप से प्रतीति प्रत्यक्षादि प्रमाणों से सिद्ध होती है । शुक्ति को शुक्ति रूप से जानना प्रमा है और शुक्ति को रजत रूप में देखना भ्रम है । अर्थात् अन्य वस्तु में अन्य वस्तु का आरोप करना भ्रम कहलाता है । जैसे शुक्ति में रजत का आरोप करना, और रस्सी में सर्प का आरोप करना इत्यादि भ्रम है । श्रीशंकराचार्य जी ने भी ब्रह्मसूत्र के अध्यास भाष्य में कहा है कि "***अतस्मिन् तत् बुद्धिरध्यासः***" यह अध्यास भ्रम से ही होता है । अन्य वस्तु में अन्य वस्तु के आरोप को भ्रम कहते हैं, यह न्याय सभी दार्शनिकों को मान्य है । इसलिये कहा कि यह न्याय सार्वलौकिक है अर्थात् सर्वप्रसिद्ध होने के कारण इसे प्रमाणित करने की आवश्यकता नहीं है – जैसे अग्नि जलाती है या नहीं ? इसे प्रमाणित करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि अग्नि जलाती है, यह बात सभी जानते हैं । अतः यह विवाद का विषय नहीं है कि भ्रम किसे कहते हैं ।

भ्रमनिवृत्ति प्रामाणिक विचार से ही होती है, इसका प्रतिपादन करते हैं।

अर्थ – इस प्रकार श्रुति विचार करने से पूर्व जो वस्तु जैसी भासित होती है, विचार करने पर वह विपरीत हो जाती है अतः आकाश का विचार करना चाहिये ।६६।

व्याख्या – इस प्रकार पूर्वोक्त प्रकार से जो वस्तु श्रुति के अर्थ का विचार करने से पूर्व जिस रूप में भासित होती है अर्थात् 'आकाश था' इस प्रकार आकाशनिष्ठ सत्ताधर्म से जानी जाती है, वह वस्तु श्रुति के अर्थ का सम्यक् विचार करने पर विपरीत हो जाती है अर्थात् विपरीत भासित होने लगती है । सत्ता आकाश का धर्म नहीं है किन्तु सद्वस्तु का धर्म है किन्तु माया से कल्पित भ्रम के द्वारा आकाशनाम से प्रतीत होती है, ऐसा जाना जाता है । इसलिये आकाश का विचार करना चाहिये । श्लोक में वियत्

त्म्यदर्शनद्वारा विचिन्त्यतां वियतः कार्यत्त्वमधिगम्यताम् । श्रुत्यर्थानुसारं विविच्यतामिति शम् ।।

सदसद्विवेचनसरणेः प्रदर्शनम् -

भिन्ने वियत्सती शब्दभेदाद्बुद्धेश्च भेदतः ।
वाय्वादिष्वनुवृत्तं सन्न तु व्योमेति भेदधीः ॥ ६७ ॥

अन्वयः - भिन्ने वियत्सती, शब्दभेदात् च बुद्धेः भेदतः । वाय्वादिषु सत् अनुवृत्तं न व्योम इति भेदधीः ।।

व्याख्या :- वियत्सती वियदाकाशश्च सच्च तथोक्तेस्सद्वस्तुनी भिन्ने व्यावहारिकभेदवती भवत इति प्रतिज्ञा । कुतः? शब्दभेदाद्वियत्सच्छब्दयोरपर्यायत्त्वात् । अत्रैवं प्रयोगः - सद्वियतो भिन्नम्। वियद्वाचकशब्दप्रतिपाद्यत्त्वादित्यनुमानप्रयोगद्वयमप्यत्र वाक्ये सूचितमिति ज्ञातव्यम् । अत्रानुमाने घटः कलश इत्यादौ शाब्दभेदेऽप्यर्थाभेदाद्धेतोस्साध्याभाववद्वृत्तित्त्वलक्षणो व्यभिचारो यदि शङ्क्येत तत्परिहाराय हेत्त्वन्तरं प्रदर्शयति बुद्धश्चेति । भिन्ने वियत्सती बुद्धेश्च भेदतः । अत्रायं प्रयोगः - सद्वियतो भिन्नं वियद्विषयकबुद्धिविलक्षणबुद्धिविषयत्त्वात् । तथा वियत्सतो भिन्नम् । सद्विषयकबुद्धिविलक्षणबुद्धिविषयत्त्वात् । अत्राप्यनुमानद्वयं पूर्ववत्सूचितमेवेति ज्ञेयम् । अथवा अत्रैको विशिष्टो हेतुश्चापर्यायशब्दजन्यबुद्धिविषयत्त्वभेदादिति । घटपटादिवदिति दृष्टान्तः । बुद्धिभेदरूपं हेतुं विशदयंस्तत्र यदि वियत्सतोरभेदस्स्याच्चेत्तर्हि वाय्वादिषु व्योमाननुवृत्तिवत्सतोऽप्यननुवृत्तिस्स्यादिति प्रकृतानुमानेऽनुकूलतर्कं प्रदर्शयति । यद्वाय्वादिषु भूतवर्गेषु सन्वायुस्सत्तेज इत्येवं प्रकारेणानुवृत्तं

शब्द से आकाशादि समस्त सृष्टि प्रपञ्च का ग्रहण करना चाहिये ।

निरुक्त विवेचन की रीति का विवरण करते हैं ।

अर्थ - आकाश और सत् भिन्न हैं क्योंकि दोनों में शब्दभेद और बुद्धिभेद है । सत् की वायु आदि में अनुवृत्ति है किन्तु आकाश की नहीं है, यह भेदबुद्धि है ।६७।

व्याख्या - आकाश और सत् भिन्न-भिन्न हैं, आपको यह कैसे पता चला ? तो कहते हैं कि इन दोनों में शब्दभेद है । एक को आकाश कहते हैं और एक को सत् कहते हैं । इस प्रकार दोनों के लिये भिन्न शब्द का प्रयोग होने के कारण दोनों भिन्न हैं । अर्थात् आकाश सत् से भिन्न है क्योंकि सत् शब्द से उसका प्रतिपादन नहीं होता । उसी प्रकार सत् आकाश से भिन्न है क्योंकि आकाश शब्द से सत् का प्रतिपादन नहीं होता है । इस प्रकार इस वाक्य में दो अनुमान सूचित होते हैं । यदि कहो कि घट और कलश दोनों भिन्न शब्द होने पर भी दोनों के उच्चारण काल में कुम्भ बुद्धि ही रहती है, उसी प्रकार वियत् और सत् में भले ही शब्द भेद हो किन्तु दोनों एक ही हैं तो इसका उत्तर देते हैं कि दोनों में केवल शब्दभेद ही नहीं है किन्तु बुद्धिभेद भी है । जब सत् शब्द का उच्चारण होता है तब सद्विषयक विलक्षण बुद्धि होती है और आकाश शब्द के उच्चारण पर आकाशविषयक विलक्षण बुद्धि होती है । इस प्रकार दोनों में बुद्धिभेद भी स्पष्ट ही है । यहाँ पर भी दो अनुमान सूचित किये गये हैं - सत् आकाश से भिन्न है क्योंकि सत् शब्द से आकाश से भिन्नबुद्धि होती है और आकाश सत् से भिन्न है क्योंकि आकाश शब्द से सत् से भिन्न आकाशबुद्धि होती है । बुद्धिभेद स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि सत् की वायु आदि में अनुवृत्ति है किन्तु

भासते । व्योम तु नानुवृत्तमिति स्पष्टं भासते इत्याद्याकारकं यज्ज्ञानं सैव भेदधीरित्यनेनात्र विवक्षितम्। अत्र व्योमापि वाय्वादिषु स्वरूपेणाननुगतमपि वाय्वादिषु शब्दात्मनानुगतमेव विद्यते इति न वाच्यम्। आकाशस्य वायुं प्रति परिणाम्युपादानत्त्वेऽप्याकाशगुणस्यैव शब्दस्य शुक्लतन्त्वारब्धपटे शुक्ल-रूपस्यैवानुवृत्तत्त्वं न तु पटव्यवहार्यतन्तुत्त्वेनेति विशेषात् । ब्रह्म तु सर्वत्र विवर्तोपादानमेवेति स्वसामान्यांशसद्रूपेणैवानुगतमिति विवेकस्स्पष्टः ।।

सदसद्विवेचने युक्तिप्रदर्शनम् –

सद्वस्त्वधिकवृत्तित्त्वाद्धर्मि व्योम्नस्तु धर्मता ।
धिया सतः पृथक्कारे ब्रूहि व्योम किमात्मकम् ।। ६८ ।।

अन्वयः – अधिकवृत्तित्त्वात् सद्वस्तु धर्मि, व्योम्नः तु धर्मता । धिया सतः पृथक्कारे ब्रूहि व्योम किमात्मकम् ?

व्याख्या :– सद्वस्त्वधिकवृत्तित्त्वादधिकदेशवृत्तित्त्वाद्धर्मि भवति । व्योम्नस्तु न्यूनदेशवृत्तित्त्वाद्धर्मता। रूपरसादिष्वनुवृत्तस्य द्रव्यस्येवाकाशवाय्वादिष्वनुवृत्तस्य सतो धर्मित्त्वं रसादिभ्यो व्यावृत्तस्य रूपस्येव वाय्वादिभ्यो व्यावृत्तस्याकाशस्य धर्मत्त्वमिति भावः । धर्मस्य धर्मिवृत्तितया धर्मिणोऽधिकदेशवृत्तित्त्वं, धर्मस्य न्यूनदेशवृत्तित्त्वं च सामान्यतो लोके दृष्टम् । तथा प्रकृतेऽप्यधिकदेशवृत्तेस्सतो धर्मित्त्वं न्यूनदेशवृत्तेर्वियतो धर्मत्त्वं च । न तु तद्वैपरीत्यम् । वैपरीत्यव्यवहारो वस्तुतत्त्वानवबोधनिबन्धन एव । तथा च धर्मधर्मिभावे स्थिते धिया सतः पृथक्कारे सतो धर्मिभूतस्य विवेचने धर्मस्य धर्मिव्यतिरेकेणावर्तनाद्व्योम किमात्मकं ब्रूहि किंस्वरूपमवतिष्ठेतेत्येतत्कथय । सद्व्यतिरिक्तस्याकाशस्य दुर्निरूपत्त्वादिति शम् ।।

आकाश में नहीं है । अर्थात् 'वायु है' 'अग्नि है' 'जल है' 'पृथ्वी है' इस प्रकार सत्ता रूप सत् का धर्म 'हैपना' सब में अनुवृत्त है, किन्तु आकाश, वायु आदि सभी में अनुवृत्त नहीं है । इस प्रकार का ज्ञान भेदबुद्धि है ।

सत् और असत् के विवेचन में युक्ति का प्रदर्शन करते हैं ।

अर्थ – सद्वस्तु अधिक वृत्ति युक्त (व्यापक) होने के कारण धर्मी है, आकाश तो धर्म है । इस प्रकार बुद्धि के द्वारा सद्वस्तु से पृथक् कर लेने पर आकाश का क्या स्वरूप है ? यह बताओ ।६८।

व्याख्या – सद्वस्तु अधिक वृत्ति युक्त अर्थात् व्यापक होने के कारण धर्मी है और आकाश अल्पदेश में रहने के कारण धर्म है । अर्थात् सद्वस्तु आश्रय है और आकाश आश्रित है । जो आश्रय अर्थात् अधिष्ठान होता है, वह अपने आश्रित से अधिक व्यापक होता है, यह बात लोक में प्रसिद्ध ही है । अर्थात् धर्मी धर्म की अपेक्षा व्यापक होता है और धर्म धर्मी की अपेक्षा न्यून होता है । और जहाँ इससे विपरीत ज्ञान होता है, वह तो अज्ञान के कारण ही होता है । पूर्वोक्त प्रकार से सद्वस्तु धर्म और धर्मी भाव में स्थित बुद्धि के द्वारा सत् से आकाश को पृथक् कर लेने पर धर्मी से व्यतिरिक्त धर्म का स्वरूप क्या होगा ? यह बताओ । अर्थात् सत् के बिना आकाश का स्वरूप क्या होगा ? भाव यह है कि सत् से व्यतिरिक्त आकाश का निरूपण करना संभव नहीं है ।

न वियदादीनां पृथक्सत्ता दुर्निरूपेति शङ्का, तन्निराकरणम् -

अवकाशात्मकन्तच्चेदसत्तदिति चिन्त्यताम् ।
भिन्नं सतोऽसच्च नेति वक्षि चेद्व्याहतिस्तव ॥ ६९ ॥

अन्वयः - तत् अवकाशात्मकं चेत् ? असत् इति चिन्त्यताम् । सतः भिन्नं च असत् न, इति वक्षि चेत् ? तव व्याहतिः ।

व्याख्या :- पूर्व"माद्यो विकार आकाशस्सोऽवकाशस्स्वरूपवा"नित्यावेदितम् । ततोऽन्तरं तयोर्भेदोऽपि प्रसाधितो "भिन्ने वियत्सती" इत्यादिना । सम्प्रत्यव्यवहितपूर्वश्लोके "धिया सतः पृथक्कारे ब्रूहि व्योम किमात्मक"मिति बुद्ध्या सतः पृथक्कारे नभ आदीनां निस्स्वरूपवत्त्वमुक्तम्। तत्कथमित्यत्रोच्यते । वियतस्सतः पृथक्करणानन्तरमवकाशात्मकं नभ इत्याकारमस्तीति चेद्वदसि तदा तदवकाशात्मकं सतो विलक्षणत्त्वादसदिति चिन्त्यतां ज्ञायताम् । सद्भेदोऽस्त्वथाप्यसत्त्वं तुच्छत्त्वं मास्त्विति चेद्व्याघातः किन्तु सदसद्विलक्षणमिथ्यारूपवस्त्वङ्गीकर्तृणां सर्वेषामेव व्याघातः । तस्मा"द्भिन्ने वियत्सती" इत्यत्र भिन्ने इत्यस्य "व्यवहारभेदवती" इत्येवार्थस्स्वीकृत इति शम् ।।

अविद्यमानावभासनं मायाया भूषणमिति मायाप्रभावप्रदर्शनम् -

भातीति चेद्भातु नाम भूषणं मायिकस्य तत् ।
यदसद्भासमानन्तन्मिथ्यास्वप्नगजादिवत् ॥ ७० ॥

प्रकृत विषय में पूर्वपक्षी का उत्तर और उसका निराकरण करते हैं ।

अर्थ - यदि आकाश अवकाश रूप है तो उसे असत् समझो, यदि कहो कि आकाश सत् से भिन्न है किन्तु असत् नहीं है तो तुम्हें वदतोव्याघात नामक दोष प्राप्त होगा ।६९।

व्याख्या - पूर्व में कह चुके हैं कि "***आद्यो विकार आकाशः सोऽवकाशस्स्वरूपवान्*** " (२/६०) माया का प्रथम विकार आकाश है और वह अवकाश रूप है । उसके बाद सत् और आकाश का भेद भी सिद्ध किया गया "***भिन्ने वियत्सती*** " (२/६७) । और पूर्व श्लोक में कहा कि बुद्धि के द्वारा सद्वस्तु से आकाश को पृथक् करने पर आकाश का क्या स्वरूप है ? यह बताओ । ***पूर्वपक्षी*** - सत् से भिन्न आकाशादि का जो आपने तुच्छत्व प्रदर्शित किया, यह ठीक नहीं है क्योंकि आकाश तो अवकाश रूप है अतः असत् नहीं है । सत् से पृथक् करने के बाद आकाश अवकाश रूप से रहता है । ***सिद्धान्ती*** - यदि ऐसा कहते हो तो यह सही नहीं है । सत् से भिन्न अवकाश रूप आकाश को तुम असत् समझो । और यदि कहते हो कि आकाश सत् से भले ही पृथक् हो किन्तु वह असत् रूप नहीं है, तो यह तुम्हारा कथन परस्पर विरुद्ध है । इसलिये तुम्हें वदतोव्याघात नामक दोष प्राप्त होगा अर्थात् आकाश को सत् से भिन्न मानकर भी सत् स्वरूप ही मानना वदतोव्याघात दोष है ।

अवकाशात्मक आकाश असत् होने पर भी कैसे भासित होता है ? इस शंका का उत्तर देते हैं ।

अर्थ - यदि कहो कि आकाश भासित होता है तो भले ही भासित हो, वह तो मायिक पदार्थ का भूषण है । जो वस्तु असत् होते हुए भी भासित हो, वह स्वप्न में दिखने वाले हाथी आदि के समान मिथ्या होती है ।७०।

अन्वयः – भाति इति चेत् ? भातु नाम, तत् मायिकस्य भूषणम् , यत् असत् भासमानं तत् स्वप्नगजादिवत् मिथ्या ।।

व्याख्या :– मिथ्या चेत्कथं वियद्भातीत्युक्तौ सदसद्विलक्षणत्त्वरूपानिर्वचनीयत्त्वेनैव वियदादीनां भानमविरुद्धमित्याह – अवकाशात्मकं नभस्सतः पृथक्करणानन्तरमपि भातीति वदसि चेद्भातु नाम का हानिः । तद्भानं मायिकस्य मायाकार्यस्य भूषणमलङ्कार एव । यद्यसद्वस्तु मरुमरीचिकेवाविद्यमानमपि भासते तत्स्वप्ने दृश्यमानगजादिवन्मिथ्यैवेति भावः ।।

जातिव्यक्त्यादिदृष्टान्तेन सहोपलभ्यमानयोरपि भेदो न दोषावह इति निरूपणम् –

जातिव्यक्ती देहिदेहौ गुणद्रव्ये यथा पृथक् ।
वियत्सतोस्तथैवास्तु पार्थक्यङ्कोऽत्र विस्मयः ।। ७१ ।।

अन्वयः – यथा जातिव्यक्ती, देहिदेहौ, गुणद्रव्ये, पृथक् तथा, एव वियत्सतः पार्थक्यम् अत्र कः विस्मयः ?

व्याख्या :– "नित्यमेकमनेकानुगतं सामान्य"मिति लक्षिता जातिर्गोत्त्वादिः गौर्धर्मी व्यक्तिः । जीवो देही, जीवाश्रयो देहः । नीलपीतादयश्च गुणाः । घटपटादिकं द्रव्यं सर्वमेतद्युगलं सहैवोपलभ्य-मानमपि यथा पृथग्विधं भासते तद्वद्वियत्सतोर्धर्मरूपस्य नभसो धर्मितया प्रतीयमानस्य च सतः पार्थक्यं भिन्नताऽस्तु । कोऽत्र विस्मयो दृष्टचरे विषय इति दिक् ।।

व्याख्या – अवकाशस्वरूप आकाश सत् से पृथक् करने के बाद भी भासित होता है, यदि तुम ऐसा कहते हो तो वह आकाश भले ही भासित हो अर्थात् उसके भासित होने में कोई हानि नहीं है । उलटा यह तो मायिक पदार्थ का अर्थात् माया के कार्य का भूषण (अलंकार) ही है । जो वस्तु असत् होते हुए भी मरुमरीचिका के समान भासित होती है, वह मिथ्या होती है । इसमें दृष्टान्त देते हैं कि जैसे स्वप्न में प्रतीत होने वाले गजादि समस्त स्वाप्निक पदार्थ मिथ्या होते हैं, उसी प्रकार सत् से भिन्न प्रतीत होने वाले आकाशादि सभी मायिक पदार्थ मिथ्या ही हैं ।

नियमपूर्वक एकसाथ उपलब्ध होने वाली दो वस्तुओं का भेद कैसे हो सकता है ? इस प्रकार की शंका का परकीय अनुभव बताते हुए समाधान करते हैं ।

अर्थ – जैसे जाति और व्यक्ति, देही और देह, गुण और द्रव्य पृथक्–पृथक् हैं, उसी प्रकार आकाश और सत् की भी पृथकता है । इस विषय में आश्चर्य की क्या बात है ?७१।

व्याख्या – जो एक होकर भी अनेकों में रहे, उसे जाति कहते हैं – जैसे गोत्व जाति । अनेक गायों में विद्यमान गोत्वधर्म जाति है और एक गाय व्यक्ति है । अर्थात् गाय धर्मी है और गोत्व धर्म है । जीव देही है और उसका आश्रय देह है । नील, पीत आदि गुण हैं और घट आदि द्रव्य हैं । ये सभी जैसे पृथक् रूप से भासित होते हैं, उसी प्रकार आकाश और सत् का भी भेद जानना चाहिये । भाव यह है कि जाति–व्यक्ति, देही–देह और गुण–द्रव्य एकसाथ ही उपलब्ध होते हैं तथापि उनमें पृथकता है । इसलिये एकसाथ उपलब्ध होने वाली दो वस्तुओं का भेद सिद्ध ही है । इसीलिये हम आकाश और सत् की पृथकता का वर्णन करते हैं, इस विषय में आश्चर्य क्या है ? अर्थात् हम कोई असंभव बात नहीं कह रहे हैं । लोक में भी जाति–व्यक्ति आदि में इस प्रकार का भेद देखा जाता है अतः यहाँ पर शंका करने का कोई स्थान नहीं है ।

नानिश्चितबुद्धीनां विषयाध्यवसायो दुर्लभ इति निरूपणम् -

बुद्धोऽपि भेदो नो चित्ते निरूढिं याति चेत्तदा ।
अनैकाग्र्यात्संशयाद्वा रूढ्यभावोऽस्य ते वद ॥ ७२ ॥

अन्वयः - 'बुद्धिः अपि भेदः चित्ते निरूढिं न याति' इति चेत् ? तदा अस्य ते रूढ्यभावः अनैकाग्र्यात् संशयात् वा इति वद ।।

व्याख्या :- स्वप्नगजवद्वियतोर्भेदोऽपि मिथ्येत्यङ्गीकारो दुस्सह इति चेन्न । सदात्मनो भिन्नस्य नभसस्तत्प्रतियोगिकभेदस्य च स्वप्नगजादिवन्मिथ्यात्त्वात्मिका निरूढिस्त्ववद्धृदयं न प्रविशतीत्यत्र किमनैकाग्र्यं ? अथ संशयो वा हेतुरिति विकल्प्य पृच्छति पूर्वोक्तरीत्या सदाकाशयोर्यद्यपि भेदो बुद्धोऽवबुद्धस्सहेतुकं सम्यगवगतोऽपि चित्ते स्वान्ते निरूढिं दृढतां नो याति नैवाप्नोतीति तन्निश्चितत्त्वाभावे किं वा कारणं भवेदिति विकल्प्य दर्शयति । रूढ्यभावोऽनैकाग्र्यादेकमग्रं विषयप्रवणता यस्य तदेकाग्रं तस्य भाव ऐकाग्र्यं तन्न भवतीत्यनैकाग्र्यम् । चित्तविक्षेपादिति भावः । आहोस्वित्संशयाद्गुरु-शास्त्रवाक्येषु विश्वासाभावाद्वा ? एतयोरेकं निश्चित्य वदेति परिजिहीर्षयैव पृच्छति इति शम् ।।

चित्तविक्षेपाविश्वासयोर्निवृत्त्युपायप्रदर्शनम् -

अप्रमत्तो भव ध्यानादाद्येऽन्यस्मिन्विवेचनम् ।
कुरु प्रमाणयुक्तिभ्यां ततो रूढतमो भवेत् ॥ ७३ ॥

अन्वयः - आद्ये ध्यानात् अप्रमत्तः भव, अन्यस्मिन् प्रमाणयुक्तिभ्यां विवेचनं कुरु, ततो रूढतमः भवेत् ।।

व्याख्या :- आद्येऽनैकाग्र्यात्मके सद्वस्तुतद्विवर्तरूपाकाशप्रतियोगिक तत्तादात्म्यविघटकभेद-

---

उक्त कथन पूर्वपक्षी की समझ में न आने का कारण पूछते हैं ।

अर्थ - (सत् और आकाश का) भेद ज्ञात होने पर भी यदि चित्त में आरूढ़ नहीं होता, तब यह कहो कि तुम्हारा यह दृढ़ज्ञानाभाव क्या मन की एकाग्रता के न होने से है अथवा संशय के कारण है?७२।

व्याख्या - पूर्वोक्त प्रकार से आकाश और सत् का भेद जान लेने पर भी यदि वह चित्त में आरूढ़ नहीं होता है अर्थात् यह बोध दृढ़ता को प्राप्त नहीं होता है तो इसका क्या कारण है ? इस प्रकार विकल्प करके पूछते हैं कि सत् और आकाश के भेदज्ञान का अभाव क्या तुम्हारे मन की एकाग्रता न होने के कारण है ? अर्थात् चित्त के विक्षेप के कारण है अथवा संशय अर्थात् गुरु शास्त्रादि के वचनों में अविश्वास के कारण है ? तुम इसका उत्तर दो । इस प्रकार सिद्धान्ती भ्रमित व्यक्ति के दोष को दूर करने की इच्छा से ही प्रश्न करते हैं ।

अब चित्तविक्षेप और संशय की निवृत्ति का उपाय बताते हैं ।

अर्थ - प्रथम प्रक्ष में ध्यानाभ्यास से अप्रमत्त हो जाओ और दूसरे पक्ष में प्रमाण और युक्ति के द्वारा विवेचन करो, ऐसा करने से (सत् और आकाश का भेद ज्ञान) अत्यन्त दृढ़ हो जायेगा ।७३।

व्याख्या - पूर्वश्लोक में जो दो विकल्प किये गये हैं, उसके प्रथम पक्ष में अर्थात् यदि चित्त एकाग्र नहीं होता है तो तुम ध्यानाभ्यास करो । ध्यान करने से तुम्हारा मन चंचलता को त्याग देगा अर्थात् एकाग्र

तन्मिथ्यात्त्वविषयकनिश्चयोदयप्रतिबन्धकविषये ध्यानात्साक्षिकत्त्वोपलक्षितो"ऽहं ब्रह्मास्मी" त्येकरूपप्रत्ययप्रचयरचनाविशेषः "तत्र प्रत्ययैकतानता ध्यान"मिति लक्षितादप्रमत्तो भव सावधानो भव। चित्तैकाग्र्यं सम्पादयाथवान्यस्मिन्पक्षे संशयग्रस्तत्त्वे सति प्रमाणयुक्तिभ्यां "सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीय"मित्यादिश्रुतिवाक्यजातं प्रमाणमनुवृत्तिव्यावृत्त्यादिरूपा च युक्तिरित्येताभ्यां विवेचनं वास्तवपरीक्षणद्वारा अन्यतरकोटिव्यावृत्तिं कुरु । ततो हेयकोट्यन्तरनिरासनोपादेयकोटिनिर्णयेन च निरूढ्यभावहेतुभूतयोरनैकाग्र्यसंशयोस्समूलं निरस्तत्त्वात्तदा गुर्वनुग्रहादिना जायमानां बुद्धिं निश्चयात्मिकां सम्प्राप्य तस्मिन्नर्थे रूढतमोऽत्यन्तप्रत्ययवयुक्तो भवेत् । "श्रद्धत्स्व सोम्ये"ति श्रुतेर्विश्वासो हेतुरिति भावः।।

ध्यानविवेचनादीनां फलनिरूपणम् –

ध्यानान्मानाद्युक्तितोऽपि रूढे भेदे वियत्सतोः ।
न कदाचिद्वियत्सत्यं सद्वस्तु च्छिद्रवन्न च ॥ ७४ ॥

अन्वयः – ध्यानात् मानात् युक्तितः अपि वियत्सतोः भेदे रूढे, वियत् कदाचित् न सत्यम्, च सद्वस्तु अपि छिद्रवत् न ।।

व्याख्या :– ध्यानात्पूर्वोक्तात्प्रत्ययैकतानतारूपाच्चित्तैकाग्र्यात्मना "भिन्ने वियत्सती शब्दभेदाद्बुद्धेश्च भेदत" इत्यादिषूक्तात्प्रमाणाद्युक्तित"स्सद्वस्त्वधिकवृत्तित्त्वाद्धर्मि व्योम्नस्तु धर्मते"त्यादिषु निरूपिताया अप्येतैर्ध्यानप्रमाणयुक्तिभिर्वियत्सतोर्भेदे रूढे चित्ते दृढतमं निश्चिते सति न वियत्कदाचिदपि सत्यं किन्तु सर्वथा मिथ्यैवेति भासते । तथा सद्वस्तु परं ब्रह्मापि छिद्रवदाकाशवत्कदापि नैव भवतीत्यनेन ध्यानयुक्त्यादीनां मुख्यं फलमाकाशस्य सत्यतया भानाभाव इति सूचितमिति शम् ।।

हो जाएगा, अतः ध्यान के द्वारा तुम अप्रमत्त (प्रमादरहित) हो जाओ अर्थात् चित्त की एकाग्रता का संपादन करो । और दूसरे पक्ष में अर्थात् यदि तुम्हारे मन में संशय (अविश्वास) है तो तुम "***सदेव सोम्येदमग्र आसीत्*** " इत्यादि प्रमाण और अनुवृत्ति और व्यावृत्ति रूप युक्ति के द्वारा सत् और आकाश दोनों का विवेचन करो । इस प्रकार ध्यान तथा प्रमाण और युक्ति के द्वारा विक्षेप और संशय की निवृत्ति हो जाने पर सत् और आकाश के भेद का ज्ञान अर्थात् दोनों में भेदबुद्धि अत्यन्त दृढ़ हो जाती है ।

ध्यान और विवेचनादि के फल का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – ध्यान से, प्रमाण से और युक्ति से भी आकाश और सत् का भेद रूढ़ हो जाने पर आकाश कभी सत्य प्रतीत नहीं होता और सद्वस्तु कभी छिद्रवत् (आकाशवत्) प्रतीत नहीं होती है ।७४।

व्याख्या – प्रत्यैकतानता रूप ध्यान से "***भिन्ने वियत्सती शब्दभेदाद्बुद्धेश्च भेदतः***" (पं.द.२/६७) इत्यादि पूर्वोक्त प्रमाण से और "**सद्वस्त्वधिकवृत्तित्त्वात् धर्मिव्योम्नस्तु धर्मता**" (पं.द.२/६८) इत्यादि श्लोकों में प्रतिपादित युक्ति से भी जब आकाश और सत् का भेदज्ञान रूढ़ हो जाता है तब आकाश कभी भी सत्य रूप से प्रतीत नहीं होता है, किन्तु सर्वथा मिथ्या रूप से ही प्रतीत होता है । और सत् (ब्रह्म) कभी भी छिद्रवत् अर्थात् आकाश के समान अवकाश वाला प्रतीत नहीं होता है । इस प्रकार ध्यान, प्रमाण और युक्ति का साक्षात् फल भेद का निश्चय है और इससे आकाश सत्य रूप से और सद्वस्तु अवकाश रूप से प्रतीत नहीं होती है, यह फल भी सूचित किया गया है अर्थात् यही ध्यानादि का मुख्य फल है ।

अन्वयव्यतिरेकाभ्यां ज्ञानस्य फलनिरूपणम् -

ज्ञस्य भाति सदा व्योम निस्तत्त्वोल्लेखपूर्वकम् ।
सद्वस्त्वपि विभात्यस्य निश्छिद्रत्त्वपुरःसरम् ॥ ७५ ॥

अन्वयः - ज्ञस्य व्योम सदा निस्तत्त्वोल्लेखपूर्वकं भाति । अस्य सद्वस्तु अपि निश्छिद्रत्त्वपूर्वकं विभाति ।।

व्याख्या :- ज्ञस्य प्रत्यगभिन्नात्मब्रह्मज्ञानिनस्सदा व्योम निस्तत्त्वोल्लेखपूर्वकं निर्गतं तत्त्वाद्यर्थरूपात्तन्निस्तत्त्वं तस्योल्लेखोऽभिलापकश्शब्दस्तत्पूर्वकं मिथ्यात्त्वेनैव भात्यवभासते । अस्य चात्मज्ञानिनस्तथैव सद्वस्त्वपि निश्छिद्रत्त्वपुरस्सरं छिद्राभाववत्त्वेन निरवकाशवत्त्वेन विभाति संस्फुरति ।

वियन्मिथ्यात्त्वब्रह्मसत्यत्वयोश्चिन्तनस्य फलनिरूपणम् -

वासनायां प्रवृद्धायां वियत्सत्यत्त्ववादिनम् ।
सन्मात्रबोधयुक्तञ्च दृष्ट्वा विस्मयते बुधः ॥ ७६ ॥

अन्वयः - वासनायां प्रवृद्धायां वियत् सत्यत्त्ववादिनं सन्मात्रबोधमुक्तं च दृष्ट्वा बुधः विस्मयते।।

व्याख्या :- वियत्सतोर्मिथ्यात्त्वसत्यत्त्ववासनायामीदृशानुसन्धानसंस्कारपरम्परायां प्रवृद्धायां समेधितायां बुधो ब्रह्मनिष्ठो वियत्सतोस्तत्त्ववियत्सत्यत्त्ववादिनं गगनस्य सत्यत्त्वं वदन्तं पण्डितम्मन्यं सन्मात्राबोधरहितमात्मज्ञानशून्यं सत्यत्त्वेतरधर्मशून्यत्त्वे सति सत्यतया सद्वस्तुस्वरूपानभिज्ञं तं दृष्ट्वा

अन्वय और व्यतिरेक के द्वारा भेदज्ञान के फल का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - ज्ञानी को आकाश सदा निस्तत्त्व (मिथ्या) ही भासित होता है और इस ज्ञानी को सद्रूप ब्रह्म भी अवकाशरहित ही भासता है ॥७५।

व्याख्या - आकाश और सत् के भेद को जानने वाले ज्ञानी को आकाश सदा तत्त्वरहित अर्थात् मिथ्या ही भासित होता है । उसे आकाश के मिथ्यात्व में स्वल्पमात्र भी संशय नहीं रहता । वह आकाश को निश्चित रूप से मिथ्या ही मानता है और इस विवेकी को सद्वस्तु भी सर्वदा छिद्ररहित अर्थात् आकाश के गुण अवकाशरहित ही भासती है । सद्वस्तु आकाश से सर्वथा भिन्न है, यह प्रतीति उसकी कभी नष्ट नहीं होती है । उसे सत् सर्वथा आकाश रहित ही प्रतीत होता है ।

आकाश के मिथ्यात्व और सत् के सत्यत्व के चिन्तन का फल बताते हैं।

अर्थ - इस प्रकार की वासना के बढ़ जाने पर ज्ञानी पुरुष आकाश को सत्य कहने वाले और सद्वस्तु को न जानने वाले को देखकर विस्मित होता है ॥७६।

व्याख्या - आकाश के मिथ्यात्व का और सद्ब्रह्म के सत्यत्त्व का संस्कार दृढ़ हो जाने पर उन दोनों तत्त्वों के स्वरूप को ठीक तरह से जानने वाला विवेकी पुरुष आकाश को सत्य कहने वाले (स्वयं को पण्डित माननेवाले) और सद्ब्रह्म को न जानने वाले को जब देखता है तब वह अत्यन्त आश्चर्यमग्न हो जाता है ।

जिस व्यक्ति की अज्ञान दृष्टि नष्ट हो जाती है, उसे सद्वस्तु सत्य रूप में और आकाश मिथ्या रूप में ही प्रतीत होता है । अज्ञानी पुरूषों की दृष्टि इससे विपरीत होती है, इसलिये वे आकाश को सत्य कहते

विस्मयते परमाश्चर्यमग्नो भवति **इत्याकाशमिथ्यात्त्वनिरूपणग्रन्थः** ।।

वायोर्मिथ्यात्त्वविचारः । आकाशन्यायेन सतो वायोर्विवेचनम् -

एवमाकाशमिथ्यात्त्वे सत्सत्यत्त्वे च वासिते ।
न्यायेनानेन वाय्वादेस्सद्वस्तु प्रविविच्यताम् ।। ७७ ।।

अन्वयः - एवं आकाशमिथ्यात्त्वे सत्सत्यत्त्वे च वासिते अनेन न्यायेन वाय्वादेः सद्वस्तु प्रविविच्यताम्।।

व्याख्या :- एवं पूर्वं प्रतिपादितरीत्याकाशस्य मिथ्यात्त्वे सत्सत्यत्त्वे सत आत्मवस्तुनः परमार्थ-सत्यत्त्वे च वासिते निश्चितेऽनेनैव न्यायेन कारणाकाशस्यासत्त्वे तत्कार्यभूतस्य वाय्वादेरादिशब्देनानल-जलादिपरिग्रहस्तेषां सर्वेषां सत्यतां सर्वेष्वप्यनुस्यूततां समधिगम्य तत्प्रविविच्यतामिति ।।

सतो वायुविवेचनप्रकारप्रदर्शनम् -

सद्वस्तुन्येकदेशस्था माया तत्रैकदेशगम् ।
वियत्तत्राप्येकदेशगतो वायुः प्रकल्पितः ।। ७८ ।।

अन्वयः-सद्वस्तुनि एकदेशस्था माया, तत्र एकदेशगं वियत् । तत्र अपि एकदेशगतः वायुः प्रकल्पितः।।

व्याख्या :- वायोराकाशकार्यत्त्वेन सद्वस्त्वकार्यत्त्वात्सता सह तादात्म्यप्रतीत्यसंभवेन कथं वा सतो वायोर्विवेचनं सङ्गच्छत इति चेन्न । सति साक्षात्कारणत्त्वाभावेऽप्याकाशादिद्वारा परम्परया कारणत्त्वाक्षतत्त्वात् । सन्वायुस्सत्तेज इत्यादिप्रतीत्यनुरोधेन वाय्वनलजलादयोर्धर्मिणस्सत्ता च तेषां धर्म इति फलति । एवं च धर्मिणामनिलानलजलादीनां मिथ्यात्त्वेन निराकृते तद्गतधर्मस्य सतोऽपि

हैं और सद्वस्तु का ज्ञान न होने के कारण वे सद्वतु जैसी कोई वस्तु है ही नहीं, ऐसा कहते हैं । ऐसे अज्ञजनों को देखकर ज्ञानी का आश्चर्यचकित होना स्वाभाविक ही है ।

अब वायु के मिथ्यात्व का विचार प्रारम्भ करते हुए पूर्वोक्त न्यायानुसार सत् से वायु का विवेचन करते हैं ।

अर्थ - इस प्रकार आकाश का मिथ्यात्व और सत् के सत्यत्व का निश्चित् हो जाने पर पूर्वोक्त युक्ति से वायु आदि से सद्वस्तु का विवेचन करो ॥७७।

व्याख्या - पूर्वोक्त प्रकार से आकाश का मिथ्यात्व और सत् का सत्यत्व जब निश्चित हो जाता है तब उसी युक्ति से वायु आदि अन्य चार भूतों से भी सद्वस्तु का विवेचन कर लेना चाहिये ।

सत् से वायु का साक्षात्सम्बन्ध न होने से सत् और वायु का विवेचन करना उचित नहीं है, इस शंका का निराकरण करते हैं ।

अर्थ - माया सद्वस्तु ब्रह्म के एकदेश में रहती है । उस माया के एकदेश में आकाश स्थित है , उस आकाश के भी एकदेश में वायु कल्पित (आरोपित) है ॥७८।

व्याख्या - ***शंका*** - सद्वस्तु के एकदेश में माया स्थित है । उस माया के एकदेश में कार्य न होने के कारण अर्थात् सत् के साथ उसका तादात्म्य सम्बन्ध न होने के कारण सत् से वायु का विवेचन कैसे संभव है ?

समाधान - आपका यह कथन उचित नहीं है, क्योंकि सत् से वायु का साक्षात्सम्बन्ध न होने

निराकृतिः कैमुतिकन्यायसिद्धा प्रसज्येत । अतस्सत्सु वाय्वादिषु कथमत्र वेदान्तिनां सिद्धान्तनिर्वाह इत्यत आह -

सद्वस्तुन्यात्मनि मायैकदेशस्था, न सम्पूर्णा व्याप्य विद्यते । तत्र मायायां वियदेकदेशगं मायाया अंशमात्र एवाकाशः । यत आकाशो मायाया आद्यो विकारः । तत्राप्यकाशेऽप्येकदेशगत एकेनांशेन संभूतो वायुः प्रकल्पित इत्येवं क्रमेण उत्तरोत्तरस्य पूर्वपूर्वैकदेशगतत्त्वोक्तिमात्रेण मायैकदेशगतो यथाकाशो मायाद्वाराऽसत्कारणं भवति तथैव वियदेकदेशगतो वायुरपि मायाद्वारा सत्कारणको भवतीति ज्ञेयम् । सम्बन्धोऽत्र साक्षात्परम्परया वेत्यन्यदेतत् । तथा च मूलतस्सर्वमपि सत एव जायत इति कृत्त्वा सत्कार्यत्त्वाविशेषाद्वाय्वादिष्वपि सत्सम्बन्धो निष्प्रत्यूहः । अन्यच्च लोके धर्मधर्मिभावस्याज्ञानिनां वैपरीत्येनाधिकदेशवृत्तिर्धर्मी न्यूनदेशवृत्तिश्च धर्म इति । "सद्वस्त्वधिकदेशवृत्तिर्धर्मि व्योम्नस्तु धर्मते" त्यधस्तात्प्रतिपादितमर्यादानुसारं सतो धर्मित्त्वं वाय्वादीनामाकाशवत्सद्धर्मत्त्वमपि सिद्ध्यति । धर्मिणामत्र पृथक्करणे धर्माणामभाव इत्येतदादिकं वियदादिप्रक्रियावत्क्रमेणैकदेशगतत्त्वोक्त्या सुस्पष्टं भवतीति बोध्यम्।।

वायुधर्मनिरूपणम् -

शोषस्पर्शौ गतिर्वेगो वायुधर्मा इमे मताः ।
त्रयः स्वभावाः सन्मायाव्योम्नां ये तेऽपि वायुगाः ॥ ७९ ॥

अन्वयः - शोषस्पर्शौ गतिः, वेगः इमे वायुधर्माः मताः । सन्मायाव्योम्नां ये त्रयः स्वभावाः ते अपि वायुगाः ।।

पर भी आकाशादि के द्वारा परम्परा से सम्बन्ध है ही, अतः परम्परा से सत् वायु का कारण सिद्ध होता है । पुनः प्रश्न होता है कि वायु है, अग्नि है, जल है, इत्यादि प्रतीति से वायु, अग्नि और जलादि धर्मीभूत हैं और सत्ता उनका धर्म है, यह ज्ञात होता है । इस प्रकार धर्मीभूत वायु आदि का मिथ्यात्व समझकर निराकरण करने पर तद्गत धर्म का अर्थात् सत् का भी निराकरण कैमुतिक न्याय से सिद्ध हो जाएगा, तब वेदान्त मत का निर्वाह कैसे होगा ? इस पर कहते हैं कि माया सद्वस्तु ब्रह्म के एकदेश में रहती है अर्थात् सम्पूर्ण ब्रह्म में व्याप्त नहीं होती है । उस माया के एकदेश में आकाश स्थित है, क्योंकि माया का सर्वप्रथम विकार आकाश ही है, इसका पूर्व में वर्णन कर चुके हैं । उस आकाश के भी एकदेश अर्थात् एक भाग में वायु कल्पित (आरोपित) है । इस प्रकार क्रम से उत्तरोत्तर का पूर्व-पूर्व के एक भाग में स्थित होना कहा गया है । जो धर्म होता है, वह धर्मी से न्यून होता है, क्योंकि धर्मी व्यापक होता है । धर्म धर्मी के एकदेश में स्थित होता है । वायु आकाश का कार्य है, आकाश माया का कार्य है और माया सद्वस्तु का कार्य है अतः वायु सद्वस्तु का साक्षात् कार्य न होने पर भी परम्परा से कार्य सिद्ध होता है । अर्थात् परम्परा से वायु का कारण भी सद्वस्तु ही है । अतः सद्वस्तु से वायु का विवेचन करना उचित ही है ।

वायु के धर्म का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - शोष (सुखाना), स्पर्श, गति और वेग ये चारों वायु के धर्म माने गये हैं । सद्वस्तु, माया और आकाश के जो तीन स्वभाव हैं, वे तीनों वायु में विद्यमान हैं । ७९।

व्याख्या :- शोषस्पर्शो शोषो द्रवत्त्वनिवर्तकः (आर्द्रत्त्वनिवर्तकः) । गतिर्वेग इतीमे गुणा वायुधर्मा इत्येवं प्रातिस्विकधर्मा मताः । इतोऽपि वायुगताः कारणतस्सम्प्राप्ता धर्माः कथ्यन्ते । सन्मायाव्योम्नां ये त्रयो विद्यन्ते स्वभावा धर्माश्शीलविशेषास्तेऽपि वायुगा वायौ वर्तन्त इति भावः। अत्र पूर्वं "शब्दो वायौ वीसीति शब्दन"मिति वायोस्स्पर्श एक एव प्रधानो गुण इत्युक्तम् । सम्प्रति शोषस्पर्शगतिवेगा वायुधर्मत्त्वेनोक्ताः। कथमेतत्सङ्गच्छते "नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुत" इति भगवद्वचनात्प्रत्यक्षतोऽपि वायुमात्रकरणकार्द्रवास-श्शुष्कीभावस्य वायुनिष्ठगत्यादेश्चोपलभ्यमानत्त्वाच्छोषगतिवेगा अप्यवान्तरधर्मा वायौ सन्तीति पूर्वोक्तस्स्पर्शोऽसाधारण धर्मो विद्यत इति न कोऽपि विरोधः । नैयायिकादीनां मतेन वायौ रूपाभावा-त्प्रत्यक्षगम्यत्त्वं नास्ति किन्तु स्पर्शानुमेयत्त्वमेव । तथा च धर्मिणो वायोः प्रत्यक्षमन्तरा गतिवेगादीनां धर्माणां कथं प्रत्यक्षत्वसम्भवः? "सत्यां भित्तौ चित्रलेखनमि"ति न्यायेन वायुगतगत्यादीनां प्रत्यक्षोपन्यासवचनमनुचितमेवेति चेन्न । वायुः प्रत्यक्ष एव । यद्यप्रत्यक्षो वायुस्तर्हि शीतलं मन्दं वायुं स्पृशामीत्यबाधितः प्रत्ययस्सार्वजनीनो बाध्येत । भूयोऽनुग्रहस्य न्याय्यत्वेन नैयायिकानां वायोस्सपर्शानुमेयत्वोक्तिरेव युक्त्य सहेति त्याज्येतीतोऽप्यस्मिन्विषये जिज्ञासुभिश्शाबरभाष्य-वार्तिकाद्याकरग्रन्था एव द्रष्टव्या इति शम् ।।

व्याख्या - शोषण करना अर्थात् द्रव्यों को सुखाना, स्पर्श, गति और वेग, ये चार वायु के स्वकीय धर्म माने जाते हैं । और अपने कारणभूत आकाशादि से भी वायु को तीन गुण प्राप्त हुए हैं । वे तीन हैं - सत्, माया और आकाश । इन तीनों के स्वभाव (धर्म) भी वायु में रहते हैं । इसी प्रकरण के तृतीय श्लोक में "वायु में बी-सी इस प्रकार का शब्द है तथा अनुष्ण और अशीत स्पर्श है" ऐसा कह चुके हैं, फिर यहाँ पर शोष, स्पर्श, गति और वेग नामक वायु के धर्मों का निरूपण करना कैसे उचित है ? इसका उत्तर यह है कि सुखाना आदि वायु के अवान्तर धर्म हैं और पूर्वोक्त स्पर्श असाधारण धर्म है। इसलिये पूर्वोक्त कथन से इस कथन का कोई विरोध नहीं है ।

नैयायिक मतानुसार वायु में रूप न होने के कारण उसका प्रत्यक्ष नहीं हो सकता, केवल स्पर्श के द्वारा अनुमान ही किया जा सकता है । अतः वायु रूप धर्मी का प्रत्यक्ष न होने पर गति, वेगादि धर्मों का प्रत्यक्षत्व कैसे संभव है ? "***सत्यां भित्तौ चित्रलेखनम्***" इस न्याय के अनुसार अर्थात् जब दिवाल होगी तभी तो चित्र बनाया जाएगा, जब दिवाल ही नहीं है तो चित्र बनाना कैसे संभव है ? अतः वायुगत गति, वेगादि का प्रत्यक्षोपन्यास वचन अनुचित ही है, यदि ऐसा कहें तो यह कथन ठीक नहीं है, क्योंकि वायु प्रत्यक्ष ही है । यदि वायु प्रत्यक्ष न होता तो वायु शीतल है, मन्द है, मैं वायु का स्पर्श कर रहा हूँ, इस प्रकार का ज्ञान कैसे होता ? किन्तु यह ज्ञान सभी को होता है । अतः सर्वजनानुभूत प्रत्यक्ष वायु को अनुमान का विषय मानना कथमपि उचित नहीं है । इस विषय को अधिक स्पष्ट रूप से समझने के लिये जिज्ञासुओं को शाबर भाष्य और वार्तिक आदि आकर ग्रन्थों को देखना चाहिये ।

सदादिकारणधर्माणां कार्ये वायावनुवृत्तिप्रदर्शनम् -

वायुरस्तीति सद्भावस्सतो वायौ पृथक्कृते ।
निस्तत्त्वरूपता मायास्वभावो व्योमगो ध्वनिः ॥ ८० ॥

अन्वयः - वायुः अस्ति इति सद्भावः वायौ, सतः पृथक्कृते निस्तत्त्वरूपता मायास्वभावः व्योमगः ध्वनिः ।।

व्याख्या :- वायुरस्तीति व्यवहारहेतुस्सद्भावस्सत्त्वं सद्रूपता सद्धर्मस्सद्वस्तुनो धर्मोऽयमेकः । तथा धर्मिणस्सतस्सद्वस्तुनो वायौ पृथक्कृते विवेचिते सति सिद्धा या निस्तत्त्वरूपता सदसद्भ्यामनिर्वचनीयता स मायास्वभावो द्वितीयः । धर्मिणमन्तरा धर्मस्याविद्यमानत्त्वात् । व्योमगः व्योम्नस्सकाशादागतो ध्वनिरपि तृतीयो गुण इत्येवं कारणभूतानां सन्मायाव्योमभ्यस्सत्ता निस्तत्त्वशब्दाख्या धर्माः कार्ये वायौ सङ्क्रान्ता इति दिक् ।।

पूर्वापरग्रन्थविरोधप्रदर्शनम् -

सतोऽनुवृत्तिस्सर्वत्र व्योम्नो नेति पुरेरितम् ।
व्योमानुवृत्तिरधुना कथन्न व्याहतं वचः ॥ ८१ ॥

अन्वयः - 'सतः सर्वत्र अनुवृत्तिः, व्योम्नः न' इति पुरा ईरितम् । अधुना व्योमानुवृत्तिः (उच्यते), वचः कथं व्याहतं न ? ।।

व्याख्या :- पुरा पूर्वस्मिन्ग्रन्थे सत आकाशविवेचनप्रस्तावे "भिन्ने वियत्सती शब्दभेदाद्बुद्धेश्च

सत् आदि कारण धर्मों की कार्य रूपी वायु में अनुवृत्ति कौसे होती है ? ऐसी आकांक्षा होने पर कहते हैं ।

अर्थ - 'वायु है' इस प्रकार वायु में सत् का भाव है । सत् से यदि वायु को पृथक् कर लिया जाए तो उसकी जो निस्तत्त्वता है, वह माया का स्वरूप है और वायु में ध्वनि आकाश का स्वभाव है ।८०।

व्याख्या - पूर्वश्लोक में कहा कि सत् आदि कारण धर्मों के जो तीन स्वभाव हैं, वे वायु में भी हैं । उन्हीं तीनों धर्मों का वर्णन करते हुए कहते हैं कि 'वायु है' इस प्रकार वायु में जो 'हैपना' अर्थात् सत्यत्व है, वह सत् का धर्म है अर्थात् वायु में जो सद्भाव है, वह सत् का धर्म है । और यदि सत् से वायु को पृथक् कर लिया जाए अर्थात् वायु में से सत्यत्व को निकाल दिया जाए तो सत्व से रहित वायु की जो निस्तत्त्वता है, वह माया का स्वभाव है । माया का स्वभाव असत् है, अतः वायु में से सत् निकल जाने पर वायु का अतात्त्विक रूप माया का धर्म है । तथा वायु में जो ध्वनि है, वह आकाश का धर्म है । इस प्रकार सत् आदि तीनों कारणों के तीन धर्म कार्यभूत वायु में रहते हैं ।

पूर्वपक्षी सिद्धान्ती पर पूर्वापर विरोधी वचन का आरोप करता है ।

अर्थ - 'सत् की अनुवृत्ति सर्वत्र है किन्तु आकाश की अनुवृत्ति नहीं है' इस प्रकार आपने पूर्व में कहा और अब आप आकाश की भी अनुवृत्ति बताते हैं तो फिर आप के वचन में व्याघात दोष कैसे नहीं है ?८१।

व्याख्या - पूर्वपक्षी कहता है कि श्लोक ६७ में आपने कहा कि सत् की वायु आदि में अनुवृत्ति

भेदतः । वाय्वादिष्वनुवृत्तं सन्नतु व्योमेति भेदधीः" ।। इत्यादिना वाय्वादिषु व्योमानुवृत्तिर्व्योम्नो गुणस्य शब्दस्यानुवृत्तिरभिहिता । एतदनुवृत्तिकथने न पूर्वग्रन्थविरोधः । तथा च तव वचः कथं न व्याहतं पूर्वोत्तरभावेन परस्परविरुद्धं किं न भवति ? भवत्येवेति भावः ।।

ग्रन्थविरोधपरिहारप्रदर्शनम् –

छिद्रानुवृत्तिर्नेतीति पूर्वोक्तिरधुना त्वियम् ।
शब्दानुवृत्तिरेवोक्ता वचसो व्याहतिः कुतः ॥ ८२ ॥

अन्वयः – 'छिद्रानुवृत्तिः न' इति पूर्वोक्तिः, अधुना तु इयं शब्दानुवृत्तिः एव उक्ता वचसः व्याहतिः कुतः ? ।।

व्याख्या :– पूर्वं त्ववकाशरूपाकाशस्वरूपानुवृत्तिर्निराकृता । सम्प्रत्याकाशगुणस्य शब्दस्य धर्मस्यैवानुवृत्तेः कथनेन का मे व्याहतिरिति विरोधं परिहरन्समाधत्ते विषयभेदसद्भावेन न परस्परं विरुध्येत वचसीति इति भावः । अक्षरार्थस्तु छिद्रानुवृत्तिरेवाकाशस्य गुणस्य वाभिधीयते । शब्दानुक्तेरेवोक्तत्त्वान्न स्वरूपानुवृत्तिरिति क्व विरोधः ? तदुच्यते – वचसो व्याहतिः कुत इति । आकाशस्य यो वस्तुविभाजकरूपो धर्मोऽवकाशरूपस्स न वायावनुवर्तते । अत आकाशाद्वयावर्तते वायुः । तथाऽपि योऽयं वियद्गुणशब्दस्स वायावित्यनुवर्तत इति नातः पूर्वोत्तरयोः कोऽपि विरोधगन्धलेशोऽपि इति शम् ।।

है किन्तु आकाश की नहीं है । और श्लोक ८० में कहा कि वायु में ध्वनि आकाश का धर्म है । अब आप बताइये कि आपका यह कथन क्या परस्पर विरुद्ध नहीं है ? पूर्व में आकाश की वायु आदि में अनुवृत्ति का निषेध करना और पुनः आकाश के धर्म ध्वनि का वायु में होने का निरूपण करना, ये दोनों बातें परस्पर विरुद्ध हैं । अतः आपको वदतोव्याघात दोष क्यों नहीं होगा ? अर्थात् अवश्य होगा।

पूर्वपक्षी की शंका का समाधान करते हैं ।

अर्थ – अवकाश रूप आकाश की अनुवृत्ति (वायु में) नहीं होती है, पूर्व में ऐसा कहा था और अब (वायु में आकाश के गुण) शब्द की अनुवृत्ति (पूर्व श्लोक में) कही, तो फिर हमारे वचन में व्याघात दोष कहाँ से हुआ ?८२।

व्याख्या – सिद्धान्ती कहता है कि आपकी शंका उचित नहीं है क्योंकि अवकाश रूप जो आकाश है, उसकी वायु में अनुवृत्ति नहीं होती है अर्थात् अवकाश रूप आकाश की स्वरूप से वायु में अनुवृत्ति का निषेध पूर्व में कहा था किन्तु वर्तमान में (श्लोक ८०) आकाश का जो शब्द नामक गुण है, उसकी ही वायु में अनुवृत्ति का हम निरूपण कर रहे हैं अर्थात् पूर्व में हमने आकाश की अनुवृत्ति का निषेध किया था, उसके गुण शब्द की अनुवृत्ति का निषेध नहीं किया था । अतः हमारे वचन में व्याघात दोष कहाँ से हुआ ? अर्थात् हम अपने वचन पर अडिग हैं । हम विरुद्ध कथन नहीं कर रहे हैं किन्तु आप ही विषय को न समझने के कारण हम पर परस्पर विरुद्ध वचन कहने का आरोप लगा रहे हैं ।

वाय्वादीनाममायामयत्त्वशङ्काचोदनम् -

ननु सद्वस्तुपार्थक्यादसत्त्वञ्चेत्तदा कथम् ।
अव्यक्तमायावैषम्यादमायामयतापि नो ॥ ८३ ॥

अन्वयः - ननु सद्वस्तुपार्थक्यात् असत्त्वं चेत् तदा अव्यक्तमायावैषम्यात् अमायामयता अपि कथं नो ?

व्याख्या :- सद्वस्तुवैलक्षण्येन सतो वाय्वादेः प्रविविच्यमाने यथा वायोरसत्त्वमुक्तमेवं माया-वैलक्षण्यस्यापि सद्भावेन वायोर्मायायामपि पृथक्कृतायां सत्यां मायानुवृत्त्यसद्भावेनामायामयत्त्वं वास्तविकत्त्वमेव वाय्वादेस्सिद्ध्यतीति शङ्कते - प्रश्नार्थोऽत्र ननुः । वायोस्सद्वस्तुपार्थक्यात्सतो भेदसद्भावादसत्त्वं चेत्सद्वै-लक्षण्यान्मिथ्येति वदसि चेत्तथैवाव्यक्तमायावैषम्यादपि तद्वैलक्षण्यं वक्तव्यमिति भावः। अव्यक्तेन्द्रियगोचरा या माया मिथ्याभूता ततो विषमस्वभावत्त्वादिन्द्रियगोचरत्त्वेन वैलक्षण्यादमायामयता मायातो भिन्ना सत्यस्वरूपता कथं न भवेदिति प्रश्नः । इन्द्रियागोचरा माया। अत एवाव्यक्तपदवाच्या। वाय्वादिकं त्विन्द्रियगोचरमत एवाव्यक्तविलक्षणम् । तस्मात्तयोर्भेदे मिथ्याविलक्षणममिथ्यैव सत्यमेव स्यादिति भावः।।

वाय्वादीनां सत्यत्त्वाक्षेपपरिहरणम् -

निस्तत्त्वरूपतैवात्र मायात्वस्य प्रयोजिका ।
सा शक्तिकार्ययोस्तुल्या व्यक्ताव्यक्तत्त्वभेदिनोः ॥ ८४ ॥

अन्वयः - अत्र मायात्त्वस्य प्रयोजिका निस्तत्त्वरूपता एव । सा, व्यक्ताव्यक्तत्त्वभेदिनोः शक्तिकार्ययोः तुल्या ।।

पूर्वपक्षी वायु के अमायामयत्व की शंका करता है ।

अर्थ - यदि सद्वस्तु से भिन्न होने के कारण वायु असत् है तो अव्यक्त माया से विलक्षण होने के कारण वह अमायामय (सत्य) क्यों न होगी ।८३।

व्याख्या - सद्वस्तु से विलक्षण होने के कारण यदि आप वायु को असद्रूप अर्थात् मायामय मानते हैं तो वह वायु अव्यक्त रूप माया से भी विलक्षण है, अतः माया से विलक्षण होने के कारण वायु अमायामय अर्थात् सत्य स्वरूप क्यों न होगी ? (श्लोक में ननु शब्द प्रश्नवाचक है) इस प्रकार शंका करते हुए पूर्वपक्षी पूछता है कि आपने वायु को सद्वस्तु से सिद्ध कर दिया अर्थात् जैसे सत् से भिन्न होने के कारण वायु मिथ्या है (क्योंकि सत् से भिन्न असत् ही होता है और वह मिथ्या होता है) उसी प्रकार अव्यक्त माया से विलक्षण होने के कारण वह अमायामय क्यों न होगी ? अव्यक्त अर्थात् इन्द्रियों से अगोचर जो मिथ्याभूता माया है, उससे भी वायु विलक्षण है अर्थात् माया अव्यक्त है और वायु व्यक्त है, अतः व्यक्त होने के कारण वायु माया से विलक्षण है । अतः माया से विलक्षण होने के कारण वायु अमायामय क्यों नहीं होगी ? अर्थात् सत्य क्यों न होगी ? इस प्रकार पूर्वपक्षी आक्षेप करता है।

उक्त आक्षेप का परिहार करते हैं ।

अर्थ - निस्तत्त्वता ही मायामयत्व का कारण है, वह शक्ति (माया) और उसके कार्य (वायु) में अव्यक्त और व्यक्त रूप में एक समान विद्यमान है ।८४।

व्याख्या :- कस्यापि वस्तुनो मिथ्यात्त्वेऽव्यक्तत्त्वं न प्रयोजकं परं निस्तत्त्वस्वभावत्त्वमेव प्रकृते वाय्वादिष्वपि निस्तत्त्वमस्तीति कृत्त्वा कथममायामयतां शङ्कस इत्याशयेनाह - वेदान्तेष्वसत्त्वं मिथ्यात्त्वमित्यादिभिर्न तुच्छत्त्वमुच्यते । अपि तु निस्तत्त्वरूपत्त्वमेवेति ज्ञेयम् । अत एव भामतीकारा मिथ्याशब्दो न अपह्नववचनः किन्त्वनिर्वचनीयतावचन एवेति जगुः । अत्र वायोर्मिथ्यात्त्वनिरूपणे निस्तत्त्वरूपता तत्त्वभिन्नस्वरूपतैव मिथ्यात्त्वस्य प्रयोजिका । सा निस्तत्त्वरूपता व्यक्ताव्यक्तत्त्व-भेदिनोर्विभिन्नयोश्शक्तिकार्ययोरिन्द्रियाणामगोचरायायश्शक्तेस्तथेन्द्रियगोचरस्य कार्यस्य च तुल्यैव समानैव न वैषम्यम् । मायाया इन्द्रियगोचरत्त्वे तत्कार्यभूतामाकाशादीनां चेन्द्रियगोचरत्त्वे च विषये वैषम्यसत्त्वेऽप्युभयोर्निस्तत्त्वरूपतायां न किञ्चिद्वैषम्यम् । मिथ्यात्त्वप्रयोजिकायाः निस्तत्त्वरूपताया उभयत्राविशेषाद्वाय्वादीनां प्रकृतमायाकार्याणां मिथ्यात्त्वापरपर्यायमसत्यत्त्वम् अबाधितमेवेति शम् ।।

मायातत्कार्ययोरवान्तरभेदस्य प्रकृतानुपयुक्ततच्चिन्ताया वैयर्थ्यकथनम् -

सदसत्त्वविवेकस्य प्रस्तुतत्त्वात्स चिन्त्यताम् ।
असतोऽवान्तरो भेद आस्तां तच्चिन्तयात्र किम् ॥ ८५ ॥

अन्वयः - सदसत्त्वविवेकस्य प्रस्तुतत्त्वात् सः चिन्त्यताम् असतः अवान्तरः भेदः आस्ताम् । अत्र तच्चिन्तया किम् ?

व्याख्या :- सदसत्त्वविवेकस्य सन्नयं नायमसन्निति विवेचनस्यैवात्र प्रस्तुतत्त्वात्सम्प्रति विचारविषयत्त्वात्स एव चिन्त्यताम् । असतस्सतो विलक्षणस्य मायातत्कार्यरूपस्यावान्तरभेदो

व्याख्या - किसी भी वस्तु के मिथ्यात्व में अव्यक्त होना कोई कारण नहीं है अपितु निस्तत्त्वता है, इसलिये उसके अमायामयत्व की शंका आप कैसे करते हैं ? इस प्रकार ग्रन्थकार पूर्वपक्षी के आक्षेप का समाधान करते हुए कहते हैं कि निस्तत्त्वता ही मायामयत्व का कारण है । वेदान्तों में असत् और मिथ्या आदि शब्दों से तुच्छत्व नहीं कहा जाता किन्तु निस्तत्त्वरूपत्व ही कहा जाता है । इसीलिये भामतीकार कहते हैं कि "***मिथ्याशब्दो नापह्नववचनः किन्त्वनिर्वचनीयतावचनः***" मिथ्या शब्द अनिर्वचनीयता का द्योतक है, तुच्छत्व का नहीं । अतः प्रकृत वायुमिथ्यात्व के प्रसंग में निस्तत्त्वता ही मायामयत्व का कारण है । तत्व से भिन्नरूपा शक्ति (माया) अव्यक्त और वायु व्यक्त होने पर भी निस्तत्त्वता दोनों में समान रूप से विद्यमान है ।

माया और उसके कार्य वायु इन दोनों में निस्तत्त्वता यदि समान ही है तो माया अव्यक्त है और वायु व्यक्त है, इस प्रकार के भेद का कारण क्या है ? ऐसी शंका करने से कोई प्रयोजन सिद्ध न होने से इसका विवेक प्रकृत में अप्रासंगिक है, इसका निरूपण करते हैं।

अर्थ - सत् और असत् का विवेचन ही प्रस्तुत प्रकरण से प्राप्त होने के कारण उसी का विचार करो । असत् के अवान्तर भेद का विचार रहने दो, उसकी चिन्ता से प्रकृत प्रसंग में क्या प्रयोजन है?८५।

व्याख्या - ग्रन्थकार कहते हैं कि प्रस्तुत प्रसंग में हम सत् और असत् का विवेचन कर रहे हैं, अतः "यह सत् है" और "यह असत् है" इस विषय का ही विचार करो । माया अव्यक्त और उसका कार्य वायु व्यक्त कैसे है ? इत्यादि अवान्तर भेदों का विचार रहने दो । उनके विचार से सत् और असत् के

व्यक्तत्वाव्यक्तत्त्वलक्षणो भेदस्तावदास्ताम् । सदसद्विवेचनप्रकरणेऽस्मिन्भेदविवेचनस्याप्रस्तुततया अवान्तरभेदचिन्तया किं प्रयोजनं ? न किमपीति भाव इति दिक् ।।

वायोर्मिथ्यात्त्वोपसंहारः -

सद्वस्तु ब्रह्म शिष्टोंऽशो वायुर्मिथ्या यथा वियत् ।
वासयित्त्वा चिरं वायोर्मिथ्यात्त्वं मरुतन्त्यजेत् ॥ ८६ ॥

अन्वयः - सत् वस्तु ब्रह्म, शिष्टः अंशः वायुः मिथ्या, यथा वियत् । इत्थं चिरं वायोः मिथ्यात्त्वं वासयित्त्वा मरुत् त्यजेत् ।।

व्याख्या :- वायुस्सन्निति प्रतीतिसिद्धो यो वायौ सदंशस्तद्ब्रह्मरूपं सद्वस्तु । तत्रैव च यश्शिष्टोऽंशो निस्तत्त्वरूपो यद्वायोस्स्वरूपं स एव वायुर्वायुपदाभिलप्यः । परं तु "सत्यानृते मिथुनीकृत्य लोकव्यवहार" इति भाष्यानुसारमविचारेणाविवेकेन व्यवहारः प्रवर्तते । वस्तुतो विचार्यमाणे सद्वस्तुनो भिन्नतया सर्वमपि पूतिकूष्माण्डीकृतमेव । न किञ्चित्तत्त्वमिहोपलभामहे । तस्मान्निस्तत्त्वरूपत्त्वादेव वियदादिवन्मिथ्या वायुः । एवं चिरं बहुकालं यावन्मनसि दृढो निश्चयस्तावद्वायोर्मिथ्यात्त्वं वासयित्त्वा विचार्य निश्चित्य मरुतं मरुतस्सत्त्यत्त्वबुद्धिं त्यजेत्सर्वत्रानुगतं सदेव ब्रह्मेति चिन्तयेत् ।।

वह्नेरपि मिथ्यात्त्वनिश्चयाय पूर्वोक्तन्यायस्यातिदेशनम् -

चिन्तयेद्वह्निमप्येवं मरुतो न्यूनवर्तिनम् ।

अन्वयः - एवं मरुतः न्यूनवर्तिनं वह्निम् अपि चिन्तयेत् ।।

विवेक रूप प्रकृत प्रसंग में क्या प्रयोजन है ? अर्थात् कुछ भी प्रयोजन नहीं है । जिस वस्तु के विचार से कोई प्रयोजन न हो, उसका विचार तो मन्दमति भी नहीं करता । अतः आप मुख्य मार्ग पर ही चलिये, इधर-उधर जाने से लक्ष्य प्राप्त नहीं होगा ।

अब वायु के मिथ्यात्व का उपसंहार करते हैं ।

अर्थ - वायु में सदंश ब्रह्म का और अवशिष्ट अंश वायु का है । वह वायु आकाश के समान मिथ्या है । इस प्रकार वायु के मिथ्यात्व को चिरकाल तक विचार करके वायु का त्याग करें ।८६।

व्याख्या - 'वायु है' इस वाक्य में जो हैपना अर्थात् सदंश है, वह सद्वस्तु ब्रह्म का है और अवशिष्ट अंश अर्थात् निस्तब्ध रूप जो वायु है, वही वायु का स्वरूप है अर्थात् वायु शब्द से कहा जाता है । वस्तुतः विचार करने पर वह वायु मिथ्या है - जैसे आकाश । निस्तत्व होने के कारण ही वायु मिथ्या कहा गया है । इस प्रकार वायु के मिथ्यात्व का चिरकाल तक विचार करने पर अर्थात् जब तक इसमें मिथ्यात्व का निश्चय दृढ़ न हो जाए तब तक निरन्तर इसका सद्वस्तु से विवेचन करते रहने पर निस्तत्व रूप जो वायु अवशिष्ट रहता है, उसका परित्याग करें अर्थात् वायु में सत्यत्व बुद्धि का त्याग करके तदनुगत सद्वस्तु का ही चिन्तन करें ।

अब अग्नि के मिथ्यात्व को प्रतिपादित करते हैं ।

अर्थ - इसी प्रकार अग्नि के विषय में भी विचार करें कि अग्नि वायु से न्यूनवर्ती (एकदेश में स्थित) है । ब्रह्माण्ड के समस्त आवरणों में इस न्यूनाधिकता का विचार करना चाहिये । ८७।

व्याख्या :- मरुतो वायोरपि न्यूनवर्तिनमेकदेशस्थं वह्निमपि तेजोऽप्येवमेव धर्मरूपतया पूर्वोक्तरीत्या सदंशं पृथक्कृत्यनिस्तत्त्वरूपं वह्निं मिथ्यात्त्वेन चिन्तयेदित्येवं सर्वेष्वपि न्यायस्य तौल्यात्सर्वस्यापि जगतो ब्रह्मभिन्नस्य मिथ्यात्त्वसिद्धिरिति दिक् ।।

वियदादीनां न्यूनाधिकभावविचारः -

ब्रह्माण्डावरणेष्वेषा न्यूनाधिकविचारणा ।। ८७ ।।
वायोर्दशांशतो न्यूनो वह्निर्वायौ प्रकल्पितः ।
पुराणोक्तं तारतम्यं दशांशैर्भूतपञ्चके ।। ८८ ।।

अन्वयः - ब्रह्माण्डावरणेषु एषा न्यूनाधिकविचारणा । वह्निः वायोः दशांशतः न्यूनः, स च वायौ प्रकल्पितः । भूतपञ्चके पुराणोक्तं तारतम्यं दशांशैः (वर्तते) ।।

व्याख्या :- पूर्वं "सद्वस्तुन्येकदेशस्था माया तत्रैकदेशगम् । वियत्तत्राप्येकदेशगतो वायुः प्रकल्पित" इत्याकाशादीनां यो न्यूनाधिकभावः कथितस्य लोके न क्वापि दरीदृश्यत इति चेन्न । न्यूनाधिकभावस्य ब्रह्माण्डापेक्षयोक्तत्त्वात् । एषा न्यूनाधिकविचारणा ब्रह्माण्डावरणेषु "सोऽकामयत । बहु स्यां प्रजायेयेति" "तदैक्षते"त्यादिश्रुतिसिद्धसृष्टौ ब्रह्मणोत्पादितस्याण्डाकारस्य चतुर्दशभुवनात्मकस्यावरणेषु भूर्भुवस्स्वरादिलोकेष्वेवं विचारणा कार्येति भावः । कियतांशेन न्यूनाधिकभाव इत्यत्रोच्यते - वह्निर्वायोर्दशांशतो न्यूनस्सोऽयं वह्निर्वायौ वाय्ववच्छिन्नचैतन्ये प्रकल्पितो माययाध्यस्त इत्यनेन न्यूनाधिकभावस्य वास्तवत्त्वशङ्कापि

व्याख्या - जिस प्रकार वायु को सत् रहित होने के कारण निस्तत्व जानकर त्याग दिया, उसी प्रकार अग्नि को भी विचार के द्वारा त्यागना चाहिये । क्योंकि अग्नि वायु से न्यूनवर्ती अर्थात् एकदेश में स्थित (परिच्छिन्न) है । भाव यह है कि अग्नि को भी सद्वस्तु ब्रह्म से पृथक् करके उसके मिथ्यात्व का निश्चय करके त्याग देना चाहिये । केवल अग्नि आदि में ही यह न्यूनाधिक का भाव नहीं है किन्तु समस्त ब्रह्माण्ड में यह न्यूनाधिक भाव विद्यमान है । अतः उन सभी का विचार करना चाहिये अर्थात् ब्रह्म से भिन्न होने के कारण मिथ्या समझकर उनका त्याग करना चाहिये । पूर्व में कहा कि -

सद्वस्तुन्येकदेशस्था माया तत्रैकदेशगम् ।
वियत्तत्राप्येकदेशगतो वायुः प्रकल्पितः ।। (पं.द.२/७८)

अर्थात् ब्रह्म के एकदेश में माया, माया के एकदेश में आकाश और आकाश के एकदेश में वायु कल्पित है । इस प्रकार का जो न्यूनाधिक भाव आपने कहा, वह लोक में कहीं देखने में नहीं आता है, यदि ऐसा कहो तो यह ठीक नहीं है, क्योंकि यह न्यूनाधिक भाव ब्रह्माण्ड की अपेक्षा से कहा गया है । अतः यह न्यूनाधिक का विचार ब्रह्माण्डावरण की दृष्टि से ही करना चाहिये ।

पाँचों भूतों की न्यूनाधिकता का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - वायु से दस गुना न्यून अग्नि है और वह वायु में ही कल्पित है । (आकाशादि) पाँचों भूतों में दस-दस गुना न्यूनाधिक भाव पुराणों में कहा गया है ।८८।

व्याख्या - वायु की अपेक्षा अग्नि दस गुना कम है और वह अग्नि वायु के ही एकदेश में स्थित होने के कारण उसी में कल्पित है । इसी प्रकार आकाशादि पाँचों भूतों का एक-दूसरे से दस-दस गुना

परास्ता । एवं सत्ययं न्यूनाधिकभावः किं स्वकपोलप्रकल्पित इति चेन्न सर्वपुराणतिलकभूतेन श्रीमद्भागवतेनैव निर्दिष्टत्त्वादित्यभिप्रेत्याह - भूतपञ्चके वियदनिलानलाब्भूषु पूर्वपूर्वापेक्षया उत्तरोत्तरस्य दशांशैर्न्यूनत्त्वरूपं तारतम्यं तरतमभावः पुराणोक्तं भागवतोपदिष्टम् - "एतदण्डं विशेषाख्यं क्रमवृद्धैर्दशोत्तरैः । तोयादिभिः परिवृतं प्रधानेनावृतं बहि"रित्यादि। भूतानामुत्पत्तावाकाशादिभ्यो वाय्वादीनां यथाक्रमं दशांशतो न्यूनापरिमाणता। पञ्चीकरणे यथापरिमाणं समशो द्वेधा विभज्यैकैकं भूतं भूतान्तराणामष्टमांशैरायोजनमित्यादिसर्वमप्येतत्कल्पनया सङ्गच्छते । एवं च कुवलयापेक्षया तदावरणीभूततोयब्रह्माण्डस्य दशगुणाधिक्यमेवं ततस्तदपेक्षया तेजस्ततोऽपि वायोरथाकाशस्येप्याद्यूह्यम् । एवं व्युत्क्रमतोऽप्याकाशापेक्षया दशांशतो न्यूनो वायुस्ततोऽपि दशांशतो न्यूनोऽग्निस्ततो जलमित्यादि । पुराणश्लोके प्रधानशब्देन त्रिगुणात्मिका मायैव गृह्यत इति दिक् ।।

तेजस्स्वरूपनिरूपणम् -

वह्निरुष्णः प्रकाशात्मा पूर्वानुगतिरत्र च ।
अस्ति वह्निस्स निस्तत्त्वश्शब्दवान्स्पर्शवानपि ॥ ८९ ॥

अन्वयः - वह्निः उष्णः प्रकाशात्मा । अत्र च पूर्वानुगतिः । अस्ति वह्निः, स निस्तत्त्वः, शब्दवान् स्पर्शवान् अपि ।।

व्याख्या :- वह्निरुष्ण इत्यनेनौष्ण्यं वह्नेर्धर्मोऽभिहितः । वह्नेस्स्वरूपं प्रकाशात्मेत्युच्यते । अत्र वह्नौ पूर्वानुगतिः पूर्वेषां कारणानां तद्गतगुणानामनुवृत्तिर्गुणानुसारम् । वायौ यथा सन्मायाकाशधर्मास्सङ्क्रान्तास्तथा वह्नावपि सन्मायाकाशवधर्मासत्तानिस्तत्त्वशब्दस्पर्शा अपि

न्यूनाधिक भाव पुराणों में कहा गया है । अर्थात् पूर्वोक्त कथन केवल कपोलकल्पित नहीं है, शास्त्र भी इसमें प्रमाण हैं । समस्त पुराणों में सर्वश्रेष्ठ श्रीमद्भागवत महापुराण में भगवान् कपिल माता देवहूति से कहते हैं कि -

एतदण्डं विशेषाख्यं क्रमवृद्धैर्दशोत्तरैः ।
तोयादिभिः परिवृतं प्रधानेनावृतैर्बहिः ।। (भाग. ३/२६/५२)

इस अण्ड का नाम विशेष है । यह चारों ओर से क्रमशः एक-दूसरे से दस गुने जल आदि आवरणों से घिरा हुआ है और ये सभी आवरण प्रधान (प्रकृति) से आवृत हैं ।

इस प्रकार आकाश से दस गुना न्यून वायु है, वायु से दस गुना न्यून अग्नि है, अग्नि से दस गुना न्यून जल है और जल से दस गुनी न्यून पृथ्वी है । अर्थात् पृथ्वी से दस गुना अधिक जल है, जल से दस गुना अधिक अग्नि है, अग्नि से दस गुना अधिक वायु और वायु से दस गुना अधिक आकाश है।

अब तेज (अग्नि) का विवेचन करने के लिये उसके स्वरूप का निरूपण करते हैं।

अर्थ - अग्नि उष्ण और प्रकाशस्वरूप है और इस (अग्नि) में (सत् आदि की) अनुगति है । 'अग्नि है' (इससे सत् की), वह निस्तत्व है (इससे माया की), (अग्नि) शब्दवान है (इससे आकाश की) और स्पर्शवान भी है (इससे वायु की अनुगति है) ।८९।

व्याख्या - अग्नि का स्वभाव उष्ण और प्रकाश रूप है । और अग्नि में अपने कारणभूत सत् आदि की अनुगति है अर्थात् सत् आदि के गुणधर्म भी अग्नि में विद्यमान हैं । 'अग्नि है' इस वाक्य में सद्वस्तु

कारणगुणास्सङ्क्रान्ता इत्याह । अस्ति वह्निरिति प्रतीतिसिद्धो वह्नौ सद्धर्म उक्तस्सोऽयं सतो विवेचिते निस्तत्त्वो भवतीति मायाधर्मस्तथैव भुगुभुगुध्वनिरिति वह्नौ यश्शब्द उक्त स आकाशधर्मश्शब्दवानित्युच्यते एवमुष्णस्पर्शौ वह्नौ यस्समुपलभ्यते स्पर्शवानिति स वायुधर्म इत्येते कारणधर्मा अत्राप्यनुगता भवन्तीति भाव इति दिक् ।।

वह्नेर्निजगुणप्रदर्शनम् -

सन्मायाव्योमवाय्वंशैर्युक्तस्याग्नेर्निजो गुणः ।
रूपन्तत्र सतस्सर्वमन्यद्बुद्ध्या विविच्यताम् ॥ ९० ॥

अन्वयः - सन्मायाव्योमवाय्वंशैः युक्तस्य अग्नेः निजः गुणः रूपं अस्ति । तत्र सतः अन्यत् सर्वं बुद्ध्या विविच्यताम् ।।

व्याख्या :- प्रतिपादितरीत्यास्ति वह्निरित्यादिना सदाद्यनुवृत्तिमद्वह्नेः को निजो गुण इत्यत्राह - सन्मायाव्योमवाय्वंशैर्युक्तस्याग्नेर्निजस्स्वीयोऽसाधारणो गुणो रूपम् । तत्र तेषु सर्वेषु गुणेषु सतस्सर्वमन्यत्सद्भिन्नं समस्तधर्मजातं मिथ्येति बुद्ध्या विविच्यतां पृथक्क्रियताम् । सतो विवेचिते सर्वस्याप्यन्यस्य सद्भिन्नस्य निस्तत्त्वेन मिथ्यात्त्वं सम्यक्सञ्चितं स्यादिति शम् ।।

वह्नेर्मिथ्यात्त्वोपसंहारः -

सतो विवेचिते वह्नौ मिथ्यात्त्वे सति वासिते ।
आपो दशांशतो न्यूनाः कल्पिता इति चिन्त्यताम् ॥ ९१ ॥

के धर्म सत्ता की अनुगति है । माया का स्वभाव निस्तत्त्वता है । 'वायु निस्तत्व है' इस वाक्य में माया के गुणधर्म का अग्नि में अनुगमन कहा गया है । अग्नि शब्दवान है । प्रज्वलित अग्नि में जो भुग्-भुग् इस प्रकार की ध्वनि (शब्द) है, वह आकाश का धर्म है । और अग्नि स्पर्शवान भी है । अग्नि को स्पर्श करने पर जो दाहकता का अनुभव होता है, वह अग्नि में वायु का गुणधर्म है । इस प्रकार कार्य रूप वायु में कारण रूप सत् आदि के गुणधर्मों का अनुप्रवेश होता है ।

अग्नि के स्वकीय गुण का प्रदर्शन करते हैं ।

अर्थ - सत्, माया, आकाश और वायु के अंशों से युक्त अग्नि का अपना धर्म 'रूप' है । उसमें सत् से अन्य सभी धर्मों का बुद्धि से विवेक कर लें ।९०।

व्याख्या - वायु में सत्ता रूप सत् का अंश, मिथ्यात्व रूप माया का अंश, शब्द रूप आकाश का अंश और स्पर्श रूप वायु का अंश है । इस सत् आदि अंशों से युक्त अग्नि का स्वयं का धर्म 'रूप' है अर्थात् अग्नि का असाधारण धर्म 'रूप' है । अग्नि में सत् से भिन्न सभी गुणधर्मों को पृथक् करना ही अर्थात् उनके मिथ्यात्व का निश्चय करना ही अग्नि का विवेक करना है । अतः उन गुण धर्मों को सत् से भिन्न निस्तत्त्व (मिथ्या) जानकर उनका त्याग करना चाहिये ।

अग्नि के मिथ्यात्व का उपसंहार करके जल के मिथ्यात्व का विचार प्रारम्भ करते हैं।

अर्थ - सत् से अग्नि का विवेचन कर लेने पर और उसके मिथ्यात्व का निश्चय हो जाने पर अग्नि से दस गुना न्यून जल (अग्नि में ही) कल्पित है, इस प्रकार विचार करना चाहिये ।९१।

अन्वयः - वह्नौ सतः विवेचिते, (तथा वह्नौ) मिथ्यात्त्वे वासिते, आपः दशांशतः न्यूनाः इति चिन्तयेत् ।।

व्याख्या :- वह्नौ सतो विवेचिते सति निस्तत्त्वता स्फुटं प्रतीयते । ततश्च निश्चिते मिथ्यात्त्वे पृथङ्नैव तिष्ठति । तस्माद्वह्निर्मिथ्या । तत्र वह्नौ वह्न्यवच्छिन्नचैतन्ये दशांशतो न्यूना आप कल्पिता अध्यस्ता इति चिन्तयेत् इति दिक् ।।

अप्स्वनुवृत्तधर्माणां नैजगुणस्य च निरूपणम् -

सन्त्यापोऽमूश्शून्यतत्त्वास्सशब्दस्पर्शसंयुताः ।
रूपवत्योऽन्यधर्मानुवृत्त्या स्वीयो रसो गुणः ॥ ९२ ॥

अन्वयः - अन्यधर्मानुवृत्त्या अमूः आपः सन्ति, शून्यतत्त्वाः, सशब्दस्पर्शसंयुताः रूपवत्यः । स्वीयः गुणः रसः ।।

व्याख्या :- रूपवत्योऽन्यधर्मानुवृत्त्या सदाकाशवाय्वादीनामन्येषां सत्तानिस्तत्त्वशब्दस्पर्शादीनां धर्माणामनुवृत्त्या तत्तद्धर्मवत्तया भासन्त इत्यर्थः । यथा अमूरापस्सन्तीति सत्त्वं सद्धर्मः । सतो विवेचितास्वप्सु ताश्शून्यतत्त्वा इति निस्तत्त्वता मायाधर्मः । सशब्दस्पर्शसंयुताश्शब्देन सहितो यस्पर्शस्स सशब्दस्पर्शस्तेन संयुता आप इति समासः शब्देनाकाशादनुवृत्तेन सह सामानाधिकरण्येन वर्तत इति सशब्दश्चासौ स्पर्शश्चेति तथोक्तस्य वायोरप्यनुमानात्संयुता युक्तासत्थोक्ताः । विशेषणेनानेकाशा-वाय्वोर्धर्मावुक्तौ । रूपवत्यस्तेजसो गुणो रूपं तदासामस्तीति च तथोक्ताः । स्वीयो नैजो गुणश्च रसो यो जिह्वाविषयो मधुराम्लादिभेदभिन्न इत्यप्स्वरूपविवेचनमिति शम् ।।

व्याख्या - पूर्वोक्त प्रकार से सत् से अग्नि के पृथकत्व का निश्चय हो जाने पर अग्नि के एकदेश में जल स्थित है और वह जल अग्नि से दस गुना छोटा है तथा अग्नि में ही वह कल्पित है, इस प्रकार का विचार करना चाहिये ।

अब जल में कारणधर्म और स्वयं के धर्म का भी निरूपण करते हैं ।

अर्थ - जल है (इसमें सत् की), वह निस्तत्व है (यह माया की), शब्दसहित, स्पर्शयुक्त और रूपवान है (यह आकाश, वायु और अग्नि की अनुवृत्ति है) । इस प्रकार अन्य धर्मों की अनुवृत्ति के साथ जल का अपना गुण 'रस' है ।९२।

व्याख्या - 'जल है' इस प्रकार जल की सत्ता की प्रतीति सद्वस्तु का धर्म है । और सत् से भिन्न जल निस्तत्व है, यह निस्तत्वता माया का धर्म है । जल में जो शब्द सुनाई देता है, वह आकाश का धर्म है । जल का स्पर्श होता है अर्थात् जल में जो स्पर्श है, वह वायु का धर्म है । जल का रूप भी है जो हमें दृष्टिगोचर होता है, यह रूप जल को अग्नि से प्राप्त हुआ है । इस प्रकार सत् आदि कारण धर्मों की अनुवृत्ति कार्य रूप जल में होती है । इन सबसे भिन्न जल का अपना धर्म 'रस' है । जिसे जिह्वा के द्वारा मधुर, लवणादि भेद से जाना जाता है । 'अप' शब्द नित्य बहुवचनान्त होने के कारण श्लोक में "***सन्ति आपः***" ऐसा कहा गया है ।

अपां मिथ्यात्त्वनिरूपणम् -

सतो विवेचितास्वप्सु तन्मिथ्यात्त्वे च वासिते ।
भूमिर्दशांशतो न्यूना कल्पिताप्स्विति चिन्तयेत् ॥ ९३ ॥

अन्वयः - अप्सु सतः विवेचितासु तन्मिथ्यात्त्वे च वासिते, भूमिः दशांशतः न्यूना अप्सु कल्पिता इति चिन्तयेत् ।।

व्याख्या :- अप्सु सतस्सत्पदार्थाद्विवेचितासु निस्तत्त्वतया विज्ञातासु सत्सु तन्मिथ्यात्त्वेन तास्वप्सु मिथ्यात्त्वेन वासिते मिथ्यात्त्वदार्ढ्येन निश्चिते च सति तास्स्वप्स्ववच्छिन्नचैतन्ये दशांशतो न्यूना भूमिः कल्पिताध्यस्तेति चिन्तयेद्विवेकध्यानाभ्यामिति दिक् ।।

पृथिवीमिथ्यात्त्वविचारः -

अस्ति भूस्तत्त्वशून्यास्यां शब्दस्पर्शौ सरूपकौ ।
रसश्च परतो गन्धो नैजस्सत्ता विविच्यताम् ॥ ९४ ॥

अन्वयः - भूः अस्ति, तत्त्वशून्या, अस्यां सरूपकौ च रसः परतः गन्धः नैजः, सत्ता विविच्यताम्।

व्याख्या :- पृथिव्यस्तीति सद्धर्म उक्तः । सतो विविक्तायां पृथिव्यां सा निस्तत्त्वैव भवतीति मायागुणस्तत्त्वशून्येत्यनेनोच्यते । सरूपकौ रूपसहितौ शब्दस्पर्शरसश्चेत्याकाशवाय्वग्न्यपां गुणा अप्यस्यां पृथिव्यां सङ्क्रान्ता इत्येते धर्माः कारणभूतेभ्यः पदार्थेभ्यो भवन्ति । नैजं "स्वके नित्ये निजं त्रिष्वि"ति कोशात्स्वीयो निजस्तस्य भावो नैजं तादृशो गुणो भूमौ गन्ध इति सर्वेभ्यस्सत्तामात्रं

अब भूमि के मिथ्यात्व का विचार प्रारम्भ करते हैं ।

अर्थ - सत् से जल का विवेचन कर लेने पर और उसके मिथ्यात्व का निश्चय हो जाने पर उससे दस गुनी छोटी पृथ्वी जल में ही कल्पित है, इस प्रकार विचार करना चाहिये ।९३।

व्याख्या - पूर्वोक्त प्रकार से सत् ब्रह्म से जब जल का पृथक्करण हो जाए और वह ब्रह्म से भिन्न होने के कारण मिथ्या है, इस प्रकार का दृढ़ निश्चय हो जाए तब फिर उस जल से पृथ्वी दस गुनी छोटी है और जल के ही एकदेश में स्थित होने के कारण जल में ही कल्पित है । इस प्रकार का विचार प्रारम्भ करना चाहिये ।

अब कारण धर्मों के सहित भूमि के अपने धर्म का भी वर्णन करते हैं ।

अर्थ - पृथ्वी है और वह निस्तत्वा (मिथ्या) है तथा शब्द, स्पर्श, रूप और रस नामक अन्य के गुण धर्मों से युक्त है । उसका स्वयं का गुण गन्ध है । इन सब से सत्ता का विवेचन कर लेना चाहिये।९४।

व्याख्या - 'पृथ्वी है' इस प्रकार पृथ्वी की सत्ता की प्रतीति सद्वस्तु का धर्म है । पृथ्वी निस्तत्व है, यह माया का धर्म है । पृथ्वी में जो कड्-कड् आदि शब्द है, वह आकाश का धर्म है । पृथ्वी का जो कठोर स्पर्श है, वह वायु का धर्म है । रक्त, कृष्ण, पीत आदि वर्णयुक्त दृष्टिगोचर होने वाली पृथ्वी में रक्तत्वादि अग्नि का धर्म है । पृथ्वी में मधुरतादि रस जल का गुण धर्म है । इन सभी कारण धर्मों से युक्त पृथ्वी का स्वयं का धर्म गन्ध है अर्थात् पृथ्वी का असाधारण गुण गन्ध है । इस प्रकार सभी धर्मों को सत् से पृथक् करके विचार करना चाहिये । अर्थात् पृथ्वी आदि सभी भूत सत्ता से रहित निस्तत्व

विविच्यतां पृथक्क्रियतां तेन मिथ्यात्त्वं सुगमं भवतीति शम् ।।

सत्तापृथक्करणे फलनिरूपणम् -

पृथक्कृतायां सत्तायां भूमिर्मिथ्याऽवशिष्यते ।

अन्वयः - सत्तायां पृथक् कृतायां भूमिः मिथ्या अवशिष्यते ।।

व्याख्या :- भूमेस्सत्तायां पृथक्कृतायां विविच्य ज्ञातायां भूमिर्मिथ्यैवेत्यवशिष्यते । सदतिरिक्ततया न स्फुरतीति भावः ।

न्यूनाधिकभावेन लोकानां देहिनां च स्थितिवर्णनम् -

भूमेर्दशांशतो न्यूनं ब्रह्माण्डं भूमिमध्यगम् ।। ९५ ।।
ब्रह्माण्डमध्ये तिष्ठन्ति भुवनानि चतुर्दश ।
भुवनेषु वसन्त्येषु प्राणिदेहा यथायथम् ।। ९६ ।।

अन्वयः - भूमिमध्यगं ब्रह्माण्डं भूमेः दशांशतः न्यूनम् । ब्रह्माण्डमध्ये चतुर्दश भुवनानि तिष्ठन्ति। एषु भुवनेषु प्राणिदेहाः यथायथं वसन्ति ।।

व्याख्या :- भूमेः पञ्चमहाभूतेष्वन्यतमायाः पृथिव्या ब्रह्माण्डं दशांशतो न्यूनम् । तद्ब्रह्माण्डं भूमिमध्यगं भूमध्ये तिष्ठति । इदं भूमण्डलं चतुर्दशभुवनान्तर्गतं यस्मिन्वयं वसाम इति । ब्रह्माण्डावरणभूता भूरधिकदेशवर्तिनी प्राणनिवासहेतुभूतभूमण्डलं भुवनान्तर्विद्यत इति न्यूनदेशवर्तीति विवेकः । चतुर्दश चतुरधिका दश तावत्सङ्ख्यानि भुवनानि ब्रह्माण्डमध्ये एव तिष्ठन्ति । तेषु च भुवनेषूत्तममध्यमाधमभेदेन

होने के कारण मिथ्या हैं । एकमात्र सद्वस्तु ही परमार्थ रूप है, इस प्रकार विचार करना चाहिये ।

इस प्रकार विचार करने का फल प्रदर्शित करके ब्रह्माण्डादि के मिथ्यात्व का विचार प्रारम्भ करते हैं ।

अर्थ - सत्ता रूप ब्रह्म को भूमि से पृथक् कर लेने पर पृथ्वी मिथ्या रूप ही अवशिष्ट रहती है । पृथ्वी से दस गुना छोटा ब्रह्माण्ड भूमि के अन्तर्गत स्थित है ।९५।

व्याख्या - पूर्वोक्त प्रकार से सत् स्वरूप ब्रह्म और पृथ्वी का सम्यक् रूप से विवेक हो जाने पर एकमात्र सत् स्वरूप ब्रह्म ही परमार्थ रूप से भासित होता है और पृथ्वी तो तत्वरहित होने के कारण मिथ्या ही प्रतीत होती है । पृथ्वी से दस गुना छोटा ब्रह्माण्ड है और वह भूमि के ही एकदेश में स्थित होने के कारण तदन्तर्गत ही माना गया है । भूमि शब्द से यहाँ पर हमे प्रत्यक्ष होने वाले भू-भाग का वर्णन नहीं किया गया है । भूमि शब्द से यहाँ पञ्चभूतों से अन्यतमा भूमि का ग्रहण करना चाहिये ।

ब्रह्माण्ड में न्यूनाधिक भाव से लोक ओर प्राणियों की स्थिति का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - ब्रह्माण्ड के भीतर चौदह लोक स्थित हैं और इन लोकों में प्राणियों के शरीर यथोचित रूप से निवास करते हैं ।९६।

व्याख्या - ब्रह्माण्ड के भीतर चौदह लोक माने जाते हैं । सात उपर के और सात नीचे के । भूः (पृथ्वी), भूवः (अन्तरिक्ष), स्वः (स्वर्ग), महः, जनः, तपः और सत्य ये सात ऊपर के और अतल, वितल, सुतल, तलातल, रसातल, महातल और पाताल ये नीचे के लोक हैं । इन लोकों में विविध प्रकार

शास्त्रव्यवस्थामनतिक्रम्य यथायथं प्राणिदेहाः प्राणिनां जीवानां शरीराणि वसन्ति ।।

ब्रह्माण्डमिथ्यात्त्वनिरूपणम् –

ब्रह्माण्डलोकदेहेषु सद्वस्तुनि पृथक्कृते ।
असन्तोऽण्डादयो भान्तु तद्भानेऽपीह का क्षतिः ॥ ९७ ॥

अन्वयः – ब्रह्माण्डलोकदेहेषु सद्वस्तुनि पृथक्कृते, असन्तः अण्डादयः (यदि भान्ति) भान्तु, तद्भाने अपि इह का क्षतिः ?

व्याख्या :– ब्रह्माण्डलोकदेहेषु ब्रह्माण्डमध्यवर्तिचतुर्दशलोकेषु सुकृतदुष्कृतानुसारं तत्तल्लोके संवसत्सु प्राणिदेहेषु वाक्चक्षुरादिकर्मज्ञानेन्द्रियविशिष्टप्राणवायुसहितास्सूक्ष्मदेहसंयुतास्स्थूलदेहा एवात्र देहपदेन गृह्यन्ते । सर्वेषु तेषु प्राणिदेहेषु स्थावरजङ्गमेषु सद्वस्तुनि पृथक्कृते सत्यण्डादयो ब्रह्माण्डदयोऽसन्तो मिथ्याभूता निस्तत्त्वा मरुमरीचिकेव भवन्ति । अथापि भान्ति चेद्भान्तु नाम स्फुरणमात्रेण किं भवति । ऐन्द्रजालिकं दृश्यं सर्वं मिथ्यैवेति जानन्नपि विनोदाय पश्यति हसति च। तद्भानेऽपीह का क्षतिः? तेषां दृश्यानां वस्तुतोऽसत्यतयास्मकं न कापि क्षतिरिति दिक् ।।

के प्राणियों का निवास माना जाता है और ये समस्त प्राणिसमुदाय अपने कर्मों के अनुसार अधम, मध्यम और उत्तम शरीरों को धारण करके इन्हीं लोकों में निवास करते हैं ।

अब ब्रह्माण्डादि के मिथ्यात्व का वर्णन करते हैं ।

अर्थ – ब्रह्माण्ड, चौदह लोक और शरीरों में से सद्वस्तु को पृथक् कर लेने पर ब्रह्माण्डादि असद्रूप से भले ही भासित हों, उनके भासित होने पर भी यहाँ (अद्वितीय ब्रह्म के ज्ञान में) क्या हानि है ? अर्थात् कुछ भी हानि नहीं है ।९७।

व्याख्या – पूर्वश्लोक में वर्णित ब्रह्माण्ड, तदन्तर्गत चौदह भुवन और तदन्तर्गत उत्तमाधमादि विविध शरीरों में से सद्वस्तु को यदि पृथक् रूप से जान लिया जाए अर्थात् ब्रह्म को इन सभी मिथ्या पदार्थों से असंग अनुभव कर लिया जाए तो सभी पदार्थ मिथ्या रूप से ही भासित होते हैं । मरुभूमि में ग्रीष्मकाल में सूर्य की किरणों से जो जल की प्रतीति होती है, वह मिथ्या ही होती है । उस मिथ्या जल को जिसने जान लिया, वह उसकी प्राप्ति के लिये व्याकुल नहीं होता है । उसी प्रकार ब्रह्माण्डादि सभी पदार्थों की सत् से भिन्नता का ज्ञान हो जाने पर वे इन्द्रजाल के समान मिथ्या ही प्रतीत होते हैं । ***शंका*** – यदि कहो कि अद्वैत ज्ञान होने पर इनकी प्रतीति नहीं होनी चाहिये, क्योंकि इनकी प्रतीति होती रही तो भेदज्ञान भी बना रहेगा और ज्ञानी का भी ज्ञान लुप्त हो जाएगा । ***समाधान*** – यह कथन ठीक नहीं है क्योंकि जिस वस्तु का मिथ्यात्व निश्चित हो जाता है, उसमें पुनः सत्यत्व की भ्रान्ति नहीं होती है । प्रकाश के द्वारा जब सर्प रूप से भासित रस्सी को स्पष्ट रूप से जान लिया जाता है तब पुनः उसमें सर्पत्व की भ्रान्ति नहीं हो सकती । उसी प्रकार ज्ञान होने पर ब्रह्माण्डादि की प्रतीति होने पर भी वे हमेशा मिथ्या रूप से ही भासित होते हैं । अतः उनके भासित होने पर भी अद्वितीय ब्रह्म के ज्ञान में किसी भी प्रकार की हानि नहीं होती है ।

द्वैतभानेऽप्यक्षतिरिति विशदीकरणम् -

भूतभौतिकमायानामसत्त्वेऽत्यन्तवासिते ।
सद्वस्त्वद्वैतमित्येषा धीर्विपर्येति न क्वचित् ॥ ९८ ॥

अन्वयः - भूतभोतिकमायानां असत्त्वे अत्यन्तवासिते 'सद्वस्तु अद्वैतम्' इति एषा धीः क्वचित् न विपर्येति ।।

व्याख्या :- भूतभौतिकमायानां भूतान्याकाशादीनि भौतिकानि इन्द्रियाणि माया च त्रिगुणात्मिकेत्येतासां तत्कारणभूतायाश्चाविद्याया असत्त्वे मिथ्यात्त्वे विवेचनयोगाभ्यासध्यान-समाध्यादिनात्यन्तवासिते मनीषाविशेषे च दृढं निरूढे सति सद्वस्त्वद्वैतमद्वितीयं सद्वस्तुतोऽद्वैततत्त्वबुद्धिरेषा न क्वचिदपि विपर्येति न विहन्यते न विकारं प्राप्नोति सर्वथा स्थिरीभवति । शोधिततत्पदार्थरूप-सतस्सकाशाद्विवेचिता ब्रह्माण्डलोकदेहास्स्वतस्सत्ताशून्यत्त्वादतात्त्विकास्त्वंपदार्था मिथ्याभूता इत्यधस्तादवोचि "ब्रह्माण्डलोकदेहेष्वित्यादिना । तत्रैव मिथ्याभूता अपि दृश्यपदार्था यदि नाम भान्ति भान्तु का नाम क्षतिरिति च । कुतो न क्षतिः यतो मिथ्यात्त्वज्ञानमात्रेण मुक्तिर्न सिद्ध्यति । "नाहं ब्रह्म जानामीति प्रतीत्यानुभूयमानाज्ञानस्यात्यन्तोच्छेदरूपो मोक्ष""स्सदात्मब्रह्मभिन्नं सर्वं मिथ्येति प्रमितिमात्रेण नैव सिद्ध्यति। द्वैतपदार्थ एतावानेवे"ति बिन्दुकाराः "अविद्यातद्व्याप्यतत्कार्यात्मकः प्रपञ्चो दृश्यपदार्थः। तस्य चापारमार्थिकत्त्वेऽपि व्यावहारिकसत्ताभ्युपग-मान्न स्वाप्रिकपदार्थवन्निरूपणं व्यर्थम् । उपासनादावुपयोगात्सोऽपि त्रिविधः । अव्याकृतमूर्तामूर्तभेदात् तत्र साभासाविद्या मूर्तामूर्तप्रपञ्चबीजशक्तिरूपा । तदजन्यत्त्वेऽपि तन्निवृत्तौ निवर्तमानत्त्वेन तद्व्याप्यैश्चैतन्य-तत्सम्बन्धजीवेशविभागचिदाभासैस्सह नादित्त्वादव्याकृतमित्युच्यते" इति । पञ्चदश्यां मूले भूतभौतिक-मायाख्यपदार्थत्रयात्मकमेव द्वयमित्यार्थिकम् । उत्तरार्धान्यथानुपपत्त्यैवोक्तेः। बिन्दौ पुन"रविद्यातद्व्याप्य-तत्कार्यात्मकं तदव्याकृतमूर्तामूर्ताख्यं पुनस्त्रिप्रकारकं चाप्युक्तम् । तत्कथमेतयोरेकवाक्यतेति चेत् शृणु । मूले मायापदेनाव्याकृतस्यैवाविद्यातद्व्याप्यात्मकस्य बिद्धौ व्याख्यातरीत्या विवक्षिततत्वादन्यथा मायापदेनाविद्याग्रहेऽपि मूले तदितरानादिदृश्यचतुष्टयासङ्ग्रहापत्तेश्च। तथा मूले भूतभौतिकशब्दाभ्यां मूर्तामूर्तात्मकमविद्याकार्यमेव बिन्दुविवृतं विवक्षितमित्यैकमत्यमनयोस्सुघटमेव । तत्रैव बिन्दावविद्येत्यादिना दृश्यपदार्थं निरूप्य पुनस्सोऽपि त्रिविध इत्यादिना तदाग्रेडनं कुत इति चेन्न । सङ्ग्रहेण पूर्ववाक्योक्त-स्यैवोत्तरस्मिन्वाक्ये विस्तरशो विवृतत्त्वात् । दृश्यपदार्थ एतावानित्यत्र न सर्वथा विप्रतिपत्तिः । तथा च प्रातिभासिकस्य दृश्यपदार्थस्य कस्मिन्नन्तर्भावः ? इति प्रश्नेऽविद्याकार्येऽन्तर्भाव

पूर्व श्लोक में वर्णित क्षति के अभाव को दर्शाते हैं ।

अर्थ - भूत, भौतिक और माया के मिथ्यात्व का दृढ़ निश्चय हो जाने पर सद्वस्तु अद्वैत ही है, यह बुद्धि कभी भी विपरीत नहीं होती है ।९८।

व्याख्या - पूर्व श्लोक में कहा था कि ब्रह्माण्डादि के भासित होने पर भी ज्ञानी के ज्ञान में कोई क्षति नहीं होती है । इसी को विशद करते हुए कहते हैं कि आकाशादि पाँच महाभूत, भौतिक (उनके कार्य ब्रह्माण्डादि) और उन सब की कारणभूता माया इन सभी का मिथ्यात्व जब दृढ़ हो जाता है तब

इति वक्तुं न उचितम् । अविद्यादिदृश्यपदार्थस्य व्यावहारिकसत्त्वाभ्युपगमेनास्य प्रातिभासिकस्य तत्रान्तर्भावासम्भवात् । न वाद्वैतसिद्ध्यादिषूक्तेषु विवादाध्यासितं मिथ्या दृश्यत्त्वाच्छुक्तिरजतवदित्याद्यनुमानेषु दृष्टान्तीकृतस्य तस्य मिथ्यात्त्वेनोभयवादिसम्मतत्त्वात्प्रकृतेऽनुपन्यास इत्युचितम्। तस्मादेव बिन्दौ "न जाग्रन्न मे स्वप्नको वा सुषुप्तिर्न विश्वो न वा तैजसः प्राज्ञको वा । अविद्यात्मकत्त्वात् त्रयाणां तुरीयस्तदेकोऽवशिष्टश्शिवः केवलोऽह"मिति श्लोकटीकायामत्र लयक्रमेण पौर्वापर्यव्यपदेशः तथा ह्यस्मन्मते पदार्थो द्विविधः । दृग्दृश्यश्च अन्वयादिपरिकल्पितानां पदार्थानामत्रैवान्तर्भावा"दित्यात्मजिज्ञासोः कृते एवोपन्यासात्तत्र च मूलश्लोके स्वप्नादिनिषेधस्येव प्रातिभासिकस्यापि दृश्यपदार्थस्यावश्यं वक्तव्यत्त्वाच्चेति किं वात्र बिन्दुकाराणामाशय इति चेच्छृणु । तैरस्मिन्नेव ग्रन्थे"ऽस्ति सोऽपि प्रातिभासिको दृश्यपदार्थः" "तस्य चापारमार्थिकत्त्वेऽपि व्यावहारिकसत्त्वाभ्युपगमान्न स्वाप्निकपदार्थवन्निरूपणं व्यर्थ"मिति च प्रत्यपादि । एवं च व्यर्थनिरूपणोक्तिस्वारस्यादेव स्वाप्निकादिः प्रातिभासिको दृश्यपदार्थस्तेषां सम्मत इति प्रतीयते । तथा च सोऽपि त्रिविध इत्यत्र तच्छब्देनोपासनाद्युपयुक्तव्यावहारिकदृश्यपदार्थान्परामृश्याव्याकृतादित्रैविध्यविधानेऽपि तत्समभिव्याहृतेनापि शब्देन प्रातिभासिकोऽपि दृश्यपदार्थोऽव्याकृतमूर्तामर्तभेदात्त्रिविध इत्यङ्गीकार्यम् । अत एवाग्रे जाग्रदवस्थाविवरणे "शुक्तिरजतादिज्ञानानामप्रामाणिकत्त्वात्तद्विषयस्याव्यावहारिकत्त्वे अपीन्द्रियव्यापारकालिकत्त्वाज्जागरत्त्वोपपत्ति"रित्येवमेवोपरिष्टज्जाग्रदाद्यवस्थात्रयाणामपि प्रत्येकं त्रैविध्यं वर्णयन्स्वप्नत्रैविध्ये "स्वप्ने मन्त्रादिप्राप्तिस्स्वप्नजाग्रत्स्वप्ने स्वप्नो मया दृष्ट इति बुद्धिस्स्वप्तस्वप्नो जाग्रद्दशायां कथयितुं न शक्यते स्वप्नावस्थायां च यत्किञ्चिदनुभूयते तत्स्वप्नसुषुप्ति"रित्यादि । तथा चेयं प्रोक्त लक्षणलक्षिता स्वप्नसुषुप्तिरेवं जागरेऽपि गाढान्धकारे मया किञ्चिदरण्ये दृष्टमथापि तत्किं वन्यमृगादिकमाहोस्वित्प्रेतादिकं वेति वक्तुं न शक्यत इत्यादयो भ्रमा अप्यव्याकृताः प्रातिभासिकाः। एवं पूर्वोक्तस्वप्नजाग्रद्रूपशुक्तिरजतादिभ्रमस्तु मूर्तः । एवमेवोक्तस्स्वप्नो जागरेऽपि मनोराज्यमित्येतदादिकं चामूर्तमिति प्रातिभासिकदृश्यत्रैविध्योपपादनमप्युपपन्नमेव । अस्पष्टत्त्वविस्पष्टत्वेषद्विस्पष्टत्त्वरूपाणामव्याकृतत्त्वादिघटकासाधारणधर्माणां व्यावहारिकाव्याकृता-दिष्विवात्रापि दोषा वारिता एव किन्तु ब्रह्मप्रमेतराबाध्यत्त्वतद्बाध्यत्त्वाभ्यां व्यावहारिकत्त्वाद्युपपत्तिर्न कोऽप्यत्र दोषलेशः। यद्यप्येतावता बिन्दुग्रन्थस्य पारस्परिकविरोधः परिहृतस्तथापि "भूतभौतिमायाना" मिति प्रकृतश्लोके कथं व्यवस्था मायाशब्दोऽपि यथासम्भवं मूर्ताद्यात्माविद्याकार्यपरस्तिष्ठतु व्यावहारिकद्वैतेतरप्रातिभासिकद्वैतस्य सङ्ग्रहः कथमिति प्रश्नस्तदवस्थ एव । न चात्र तस्यासत्त्वलक्षण-मिथ्यात्त्वदार्ढ्यस्य सर्वसम्मतत्त्वेन पुनस्तथेमे इत्यनुवादापत्त्या तदसङ्ग्रह एवाभीप्सित इति चिन्त्यम्। स्वतस्सत्ताशून्यत्त्वादिलक्षणस्य मिथ्यात्त्वस्य वेदान्तिसम्मतस्य अनिर्वचनीयख्यातेरितरेतरेषामन्यथादि-ख्यातिवादिनां न केषामपि वादिनां सम्मतत्त्वात्

इनकी प्रतीति होने पर भी ज्ञान में न्यूनता नहीं आती है । ये भूत, भौतिकादि सभी मिथ्या हैं, इस प्रकार अत्यन्त दृढ़ निश्चय हो जाने पर एकमात्र अवशिष्ट सद्वस्तु ब्रह्म अद्वैत ही है अर्थात् ब्रह्म में नाना कुछ भी नहीं है, इस प्रकार की बुद्धि कभी भी विपरीत नहीं होती है अर्थात् विकार को प्राप्त नहीं होती है। अज्ञान के कारण शुक्ति (सीपी) में रजत की भ्रान्ति होती है किन्तु उसके ज्ञान से रजत बुद्धि के नष्ट हो

अतस्तद्व्युत्पादनाय तस्यापि सङ्ग्रह आवश्यक इति चेद्बाढम् - विश्वं माति यस्यामिति व्युत्पत्त्या "माया स्याच्छाम्बरी बुद्धो" "स्यान्माया शाम्बरी" इत्यादिकोशबलान्मायाशब्दस्य शाम्बर्याद्यैन्द्रजालिकविरचितभ्रान्ति-विशेषस्यापि वाचकत्त्वात्। भूतान्याकाशादीनि भौतिकानि तत्कार्याणीन्द्रियादीनि माया अव्याकृतैन्द्रजालादिभ्रान्ती इति भूतभौतिकमायास्तासामित्यर्थवर्णनात्प्रातिभासिकदृश्यसङ्ग्रहोऽपि संभवत्येवेत्यलम् ।।

जगतो मिथ्यात्त्वेऽपि व्यवहारानुवृत्तिवर्णनम् -

सदद्वैतात्पृथग्भूते द्वैते भूम्यादिरूपिणि ।
तत्तदर्थक्रिया लोके यथा दृष्टा तथैव सा ।। ९९ ।।

अन्वयः - भूम्यादिरूपिणि द्वैते सदद्वैतात् पृथक्भूते तत्तदर्थक्रिया लोके यथा दृष्टा तथा एव सा ।।

व्याख्या :- पृथिव्यादीनां सर्वेषां दृश्यानां द्वैतपदार्थानां पारमार्थिकसतो विवेकेन पृथक्कारे कृते सति प्रत्यगभिन्नाद्वैतब्रह्माहमस्मीत्येवं बुद्धिर्यदि कस्यापि भाग्यशालिनो गुर्वनुग्रहबलाज्जायेत तदास्मिन्देशेऽस्मिन्कालेऽहमेतादृशब्राह्मणत्त्वादिजातिविशिष्ट एतदाश्रमधर्मवानित्यादिदृश्यप्रत्ययेषु ब्रह्मविदस्सत्यत्त्वलक्षणविपर्ययो यद्यपि न भवति तथापि तस्यैव प्रारब्धपरिसमाप्त्यवधि ज्ञानोत्पत्तिं यावत्प्रतीयमानव्यवहारस्यपि लोपो भवेज्ज्ञानाज्ञानयोर्यौगपद्यासंभवात्तेन सुखदुःखान्यतरसाक्षात्काराख्य-भोगान्प्रारब्धकर्माणि कथं कुर्युरित्यत्रोच्यते - भूम्यादिरूपिणि पृथिव्यादिचतुर्दशलोकप्राणिदेहादिरूपेण प्रतीयमाने द्वैते सदद्वैतान्निरस्तसमस्तद्वैतधर्मात्सतः पृथग्भूते विविक्ततया बुद्ध्या विवेचिते सति सर्वं जगदिदं मिथ्येति मिथ्यात्त्वेन निश्चिते सत्यपि तत्तदर्थक्रिया ते च ते चार्था तत्तदर्थास्तेषां क्रिया यथा

जाने पर पुनः शुक्ति में रजत (चाँदी) बुद्धि नहीं होती है । और यह शुक्ति ही है, इस प्रकार की बुद्धि का नाश नहीं होता है । इसी प्रकार सम्पूर्ण प्रपञ्च के मिथ्यात्व का एकबार भी दृढ़ निश्चय हो जाए, तो पुनः उनमें सत्यत्व की भ्रान्ति नहीं होती है । इसलिये भूत, भौतिकादि भले ही भासित हों, उनके भासित होने पर ज्ञान की कोई क्षति नहीं होती है ।

यदि भौतिक पदार्थों का मिथ्यात्व कहोगे तो सम्पूर्ण लोकव्यवहार का लोप हो जाएगा, इस शंका का उत्तर देते हैं ।

अर्थ - सद्रूप अद्वैत से पृथ्वी आदि द्वैत पृथक् होने पर भी उन पदार्थों की क्रिया लोक में जैसी देखी गई है, वैसी ही रहती है ।९९।

व्याख्या - पृथ्वी आदि सभी दृश्य पदार्थों का पारमार्थिक सद्वस्तु से विवेक पूर्वक विवेचन कर लेने पर "मैं प्रत्यगभिन्न अद्वैत ब्रह्म हूँ" इस प्रकार की बुद्धि यदि किसी भाग्यशाली को गुरु के अनुग्रह से प्राप्त हो जाए तब "मैं इस देश, काल, जाति में उत्पन्न हुआ हूँ तथा मैं इस (ब्रह्मचर्यादि) आश्रम में स्थित हूँ" इत्यादि विपरीत ज्ञान यद्यपि उसको नहीं होता है फिर भी जब तक प्रारब्ध का क्षय नहीं हो जाता तब तक दृश्य पदार्थों की प्रतीति होती रहती है । ***शंका*** - यदि कहो कि अद्वैत ब्रह्मतत्त्व का ज्ञान होने पर उस ज्ञानी के लिये जब सब कुछ ब्रह्म ही हो गया तब उसका लौकिक व्यवहार कैसे संभव है ? ***समाधान*** - पृथ्वी आदि चौदह भुवन और तदन्तर्गत विविध शरीर रूप से प्रतीत होने वाले द्वैत को जब सद्ब्रह्म से पृथक् कर लिया जाता है तब उनका स्वरूप से नाश नहीं होता है, किन्तु उनमें सत्यत्व बुद्धि का अभाव हो जाता है । अतः उनके प्रतीत होने पर भी उनके मिथ्यात्व का ज्ञान नष्ट नहीं होता

लोके यत्प्रयोजना क्रिया दृष्टा सा सा तथैव भवेत् । जगति व्यावहारिकप्रामाण्यस्याङ्गीकारादात्मनस्सतः पृथक्करणात्प्राग्द्वैतस्य व्यवहारो लोके येन प्रकारेण दृष्टस्तथैव ज्ञानोत्पत्तिरपि भवति । तस्माद्व्यवहारलोपप्रसङ्गो नास्त्येव । अत्रायं भावः – भूम्यादिरूपद्वैतजालस्य मिथ्यात्त्वे सत्यपि तत्तत्पदार्थसाध्यायास्तत्तदर्थक्रियाया यथापूर्वं सद्भावात्सुखादिवृत्तीतरकालावच्छेदेन पूर्वोक्तद्वैतात्मवृत्ति-संभवेन प्रारब्धकर्मोपभोगजीवन्मुक्तिलौकिकोपभोगयोरुभयविधयोरपि संभावितत्त्वान्न कापि हानिरिति। एतदेवाभिप्रेत्य सङ्क्षेपशारीरके तुरीयेऽध्याये गीतम् – "पश्यामि चित्रमिव सर्वमिदं द्वितीयं तिष्ठामि निष्कलचिदेकवपुष्यनन्ते । आत्मानमद्वयमनन्तसुखैकरूपं पश्यामि दग्धरशनामिव च प्रपञ्चम् ।। अद्वैतमप्यनुभवामि करस्थबिल्वतुल्यं शरीरमहिनिर्ल्वयनीव वीक्षे । एवञ्च जीवनमिव प्रतिभासमानं निश्श्रेयसोऽधिगमनं च मम प्रसिद्धम् ।।" साम्प्रदायिकोक्तिरहिनिर्ल्वयनी सर्पत्वमिति । यतो जीवन्मुक्तप्रसङ्गे श्रुति"स्तद्यथाहिर्निर्ल्वयनी वल्मीके मृता प्रत्यस्ता शयीतेवमेवेदं शरीरं शेत" इत्याह।। यथा सर्पः परित्यक्तं स्वशरीरकञ्चुकं पश्यन्नपि यथापूर्वमात्मत्त्वेन नाभिमन्यते तथैवेदमपि शरीरं कदाचित्पश्यन्नप्यात्मतया न जानामीदंत्त्वेनैव पश्यामीति निर्गलितोऽर्थ इति शम् ।।

है । इसीलिए ज्ञान होने के बाद भी पृथ्वी आदि पदार्थों की क्रिया लोक में ज्ञान से पूर्व जैसी देखी गई है, वैसी ही रहती है । ज्ञान होने के पूर्व जैसे सूर्योदय और सूर्यास्त होता था, वैसे ही ज्ञान होने के बाद भी होता है । पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश ये सब ज्ञान से पूर्व में जैसे विद्यमान थे और अपनी-अपनी क्रियाएँ करते थे, ज्ञानोत्तर काल में भी उनकी क्रियाएँ वैसी ही रहती हैं । अतः ज्ञानी के व्यवहारलोप का प्रसंग उपस्थित नहीं होता है । ज्ञानी का शरीर प्रारब्धवश जब तक रहता है तब तक वह जीवन्मुक्ति का आनन्द लेता है और शरीरपात होने पर विदेह मुक्ति को प्राप्त होता है । इस प्रकार ज्ञानी की दोनों ही स्थिति में कोई हानि नहीं है । ज्ञानी सब कुछ देखता हुआ भी कुछ भी नहीं देखता । सब कुछ करता हुआ भी कुछ भी नही करता । इस मिथ्या प्रपञ्च को स्वप्न के समान देखता है । इसी अभिप्राय से संक्षेपशारीरककार कहते हैं कि –

पश्यामि चित्रमिव सर्वमिदं द्वितीयं तिष्ठामि निष्कलचिदेकवपुष्यन्ते ।
आत्मानमद्वयमनन्तसुखैकरूपं पश्यामि दग्धरशनामिव च प्रपञ्चम् ।। (सं.शा. ४/५४)

अर्थात् – इस सम्पूर्ण द्वैत जगत् को मैं चित्र के समान देखता हूँ, मैं निष्कल, ज्ञान रूपी शरीर वाले अनन्त ब्रह्म में स्थित हूँ, आत्मा को अद्वितीय, अनन्त और सुख रूप देखता हूँ और सम्पूर्ण प्रपञ्च को जली हुई रस्सी के समान देखता हूँ।

अद्वैतमप्यनुभवामि करस्थबिल्बतुल्यं शरीरमहिनिर्ल्वयनीव वीक्षे ।
एवं च जीवनमिव प्रतिभासमानं निःश्रेयसोऽधिगमनं च मम प्रसिद्धम्।। (सं.शा. ४/५५)

हाथ में रखे हुए बिल्व फल के समान मैं अद्वैत तत्त्व का अनुभव कर रहा हूँ । अपने शरीर को साँप की छोड़ी हुई केंचुली के समान देखता हूँ । इसी प्रकार अपने जीवन को प्रतिभासमान रूप देखता हूँ और मेरी मोक्ष प्राप्ति भी सिद्ध ही है ।

इस प्रकार ज्ञानी पुरुष समस्त लोकव्यवहार करते हुए भी दृश्य पदार्थों में मिथ्यात्व बुद्धि के कारण उनका स्वरूप से नाश किये बिना ही अद्वैतात्मरूप में स्थित रहता है । अतः द्वैत पदार्थों की क्रियाएँ पूर्ववत् ही चलती रहती हैं, इससे ज्ञान में कोई बाधा नहीं आती है ।

जगतो व्यावहारिकसत्यताभ्युपगमेन द्वैतिभिस्सह अद्वैतिनां तद्विषये न कोऽपि विवाद इति निरूपणम् -

सांख्यकाणादबौद्धाद्यैर्जगद्भेदो यथा यथा ।
उत्प्रेक्ष्यतेऽनेकयुक्त्या भवत्वेष तथा तथा ॥ १०० ॥

अन्वयः - सांख्यकाणादबौद्धाद्यैः अनेकयुक्त्या यथा यथा जगद्भेदः उत्प्रेक्ष्यते एष तथा तथा भवतु ॥

व्याख्या :- सदात्मनोऽद्वैतरूपत्त्वाद्बुद्धिवैषम्यकृतहेतुवादप्रधानैस्साङ्ख्यादिशास्त्रकारैस्सत्यतयाभ्युपगतस्य भेदस्य खण्डने कुतो न यत्यते तत्त्ववादिनेति चेद्व्यावहारिकभेदस्य जगति व्यावहारिकसत्यत्त्वस्य सिद्धान्तेऽप्यभ्युपगम्यमानत्त्वान्न तन्निराकरणायासः क्रियत इति वदति साङ्ख्यकाणादबौद्धाद्यैर्नानाविधतीर्थकारैरादिशब्दाच्चार्वाकाश्शैवा वैष्णवादयश्च गृह्यन्ते । तैस्तैर्यथा यथा जगद्भेदो दृश्यवैविध्यं लोकवैचित्र्यमनेकयुक्त्या बहुभिरनुमानादिभिरुत्प्रेक्ष्यते सहजबुद्धिवैषम्याद्विविधरीत्या प्रतिपाद्यते तथा तथैव जगद्विषयको बोधो व्यावहारिको भवतु काऽस्माकमेतावता क्षतिः ॥

द्वैतावज्ञायां न कापि हानिरिति स्पष्टीकरणम् -

अवज्ञातं सदद्वैतं निःशङ्कैरन्यवादिभिः ।
एवङ्का क्षतिरस्माकं तद्द्वैतमवजानताम् ॥ १०१ ॥

अन्वयः - अन्यवादिभिः निश्शङ्कैः अवज्ञातं सदद्वैतं, तद्-द्वैतं अवजानतां हि अस्माकम् एवं का क्षतिः ? ॥

व्याख्याः-निश्शङ्कैर्विनैव शङ्कामतिसाहसेन श्रुत्यादिप्रामाण्यमवजानद्भिरन्यवादिभिस्साङ्ख्यादि-

---

जगत् की व्यावहारिक सत्ता को स्वीकार करने से हमारा किसी से भी विवाद नहीं है , अतः उनका खण्डन करने की हमे आवश्यकता नहीं है, इसका प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ - सांख्य, काणाद और बौद्धादि ने जगत् के भेद की अनेक युक्तियों से जैसी-जैसी उत्प्रेक्षा की है, वह उसी प्रकार रहे । (हमें उनसे कोई विरोध नहीं है)।१००।

व्याख्या - सांख्य, काणाद (वैशेषिक शास्त्र के रचयिता कणभक्ष के अनुयायी), और बौद्धादि (आदि शब्द से चार्वाक, शौव, वैष्णवादि को सूचित किया गया है) इन सभी भेदवादियों ने जगत् के भेद की नाना प्रकार की युक्तियों के द्वारा जैसी-जैसी उत्प्रेक्षा (कल्पना) की है अर्थात् स्वाभाविक बुद्धि की विषमता के कारण जगत् को भिन्न-भिन्न रूप से जैसे प्रतिपादित किया है, वह जगद्विषयक ज्ञान व्यवहार दशा में उसी प्रकार रहे । इस विषय में हमारा उनसे कोई विवाद नहीं है, क्योंकि इससे हमारे सिद्धान्त में किसी भी प्रकार की कोई हानि नहीं है ।

प्रमाण से सिद्ध द्वैत की अवज्ञा नहीं करनी चाहिये, ऐसी आशंका का उत्तर देते हैं।

अर्थ - जैसे अन्य दार्शनिकों ने निःशंक होकर सद्रूप अद्वैत का अनादर किया है, उसी प्रकार उनके द्वारा प्रतिपादित द्वैत का (श्रुत्यादि प्रमाणों से) अनादर करने वाले हम वेदान्तियों की क्या हानि है ?१०१।

व्याख्या - निःशंक होकर अर्थात् अतिसाहस पूर्वक श्रुतिप्रमाणों से पुष्ट सत्स्वरूप अद्वैत का

द्वैतिभिस्सदद्वैतं विगलिताशेषभेदं पारमार्थिकं श्रौतं निखिलनिषेधावशिष्टं तत्त्वमवज्ञातं तिरस्कृतं यथा तथैवं तद्वैतं द्वैतिभिः प्रतिपादितरीत्या जगत्सत्यत्त्वमवजानतां वस्तुतस्तस्य मिथ्यात्त्वेनादरमकुर्वतामस्माकं श्रुतिप्रमाणराजावलम्बिनां वेदान्तिनां का क्षतिः । श्रुतियुक्त्यनुभवाद्यवष्टम्भेनास्माभिर्द्वैतं परिहीयते । विद्यन्तां नाम बहुशश्श्रुत्यर्थविमुखाः परस्परविरुद्धार्थाभिनिविष्टा अनेकविधदार्शनिकाः तैरस्माकं को वा विवादः इति दिक् ।।

अद्वैतस्थैर्ये जीवन्मुक्तिरिति प्रदर्शनम् –

द्वैतावज्ञा सुस्थिता चेदद्वैते धीः स्थिरा भवेत् ।
स्थैर्ये तस्याः पुमानेष जीवन्मुक्त इतीर्यते ।। १०२ ।।

अन्वयः – द्वैतावज्ञा सुस्थिरा चेत्, धीः अद्वैते स्थिरा भवेत् । तस्याः स्थैर्ये एषः पुमान् जीवन्मुक्तः इति ईर्यते ।।

व्याख्या :– द्वैतावज्ञा द्वैतस्य जगज्जीवेश्वरमायाद्यनेकवैचित्र्यविशिष्टस्य ब्रह्मभिन्नस्य मिथ्यात्त्वेनावज्ञा तिरस्कारो यदि सुस्थिता सम्यक्प्रतिष्ठिता चेदद्वैतनिर्विशेषोऽपरिच्छिन्नेऽद्वितीये ब्रह्मणि सर्वव्यापक आत्मनि धीस्थिरा भवेत् । अद्वैतनिश्चयस्य द्वैतमिथ्यात्त्वज्ञानपूर्वकत्त्वनियमात् । तस्या बुद्धेरद्वैते

सांख्यादि भेदवादी दार्शनिकों ने जैसे अनादर किया है, उसी प्रकार हम भी उनके द्वारा प्रतिपादन द्वैत का अनादर करते हैं । किन्तु इसमें अन्तर इतना है कि सांख्यादि भेदवादियों को पता है कि वेदों में एक अद्वितीय ब्रह्मतत्त्व को ही परमार्थ रूप से स्वीकार किया गया है, फिर भी वे सर्वजन हितैषिणी भगवती श्रुति का कथन न मानकर उसका अनादर करते हैं । किन्तु हम तो उनके द्वारा निरूपित द्वैत का श्रुति, युक्ति, अनुभूति आदि के द्वारा द्वैत का निराकरण करते हुए उनका अनादर करते हैं, इससे हमारी क्या क्षति है ? उनका द्वैत श्रुति विरुद्ध है । अतः श्रुति विरुद्ध कथन से उनका अनिष्ट होना अवश्यम्भावी है किन्तु हम वेदान्ती लोग तो भगवती श्रुति का ही मुख्य आश्रय लेकर अद्वैत का प्रतिपादन करते हुए द्वैत का अनादर करते हैं । इस श्रुति विरुद्ध द्वैत का अनादर करने से हमारी कोई क्षति नहीं है । हम तो जगत् को मिथ्या रूप से जानकर ही उसका अनादर करते हैं ।

अब द्वैत की अवज्ञा का फल बताते हैं ।

अर्थ – द्वैत की अवज्ञा (अनादर) स्थिर होने पर अद्वैत में बुद्धि स्थिर होती है । उसके स्थिर होने पर यह (ज्ञानवान) पुरुष जीवन्मुक्त कहा जाता है ।१०२।

व्याख्या – पूर्वश्लोक में द्वैत का अनादर करने पर सिद्धान्ती को कोई हानि नहीं है, ऐसा कहा गया । ठीक है, हानि नहीं होने पर भी इससे लाभ क्या है ? इसका उत्तर देते हैं । द्वैत की अवज्ञा स्थिर होन पर अर्थात् द्वैत का मिथ्यात्व निश्चय दृढ़ हो जाने पर अद्वैत में बुद्धि स्थिर होती है । द्वैत की अवज्ञा किये बिना अद्वैत ब्रह्मतत्त्व में बुद्धि का प्रवेश होना संभव नहीं है, अतः जिज्ञासुओं को सर्वप्रथम द्वैत के मिथ्यात्व का निश्चय कर उसका पूर्णरूप से तिरस्कार कर देना चाहिये । क्योंकि द्वैत में आसक्ति होना वर्तमान प्रतिबन्ध माना जाता है और प्रतिबन्ध के रहते ज्ञान होना संभव नहीं है । अद्वैतबुद्धि स्थिर हो जाने पर इस ज्ञानी पुरुष की दृष्टि में अद्वैतब्रह्म तत्त्व के सिवा और कुछ भी नहीं रहता । अतः ऐसे पुण्यश्लोक

धियस्स्थैर्ये सत्येषोऽद्वैतब्रह्मणि सुस्थिरचित्तः पुमाञ्जीवन्मुक्त इतीर्यते । तथा चाद्वैतात्मैकत्त्वविषयस्थिर-बुद्धित्त्वं जीवन्मुक्तत्त्वमिति लक्षणं सिद्ध्यति ।

जीवन्मुक्तनिरूपणाय भगवद्वचनोदाहरणम् -

एषा ब्राह्मी स्थितिः पार्थ ! नैनां प्राप्य विमुह्यति ।
स्थित्त्वास्यामन्तकालेऽपि ब्रह्मनिर्वाणमृच्छति ॥ १०३ ॥

अन्वयः - पार्थ ! एषा ब्राह्मी स्थितिः, एनां, प्राप्य न विमुह्यति । अन्तकाले अपि अस्यां स्थित्त्वा ब्रह्मनिर्वाणम् ऋच्छति ।।

व्याख्या :- यस्यां स्थितौ "विहाय कामान्यस्सर्वान् पुमांश्चरति निस्स्पृहः । निर्ममो निरङ्कारस्स शान्तिमधिगच्छति"।। इत्येतादृशी सिद्धिस्सैषा ब्राह्मी ब्रह्मणि भवाद्वैतब्रह्मात्मैक्यसम्बन्धिनी स्थितिस्तद्विषयकधीस्थैर्यरूपा सर्वकर्मसंन्यासपूर्वकब्रह्मभावप्राप्तिलक्षणा हे पार्थ, तामेनां स्थितिं प्राप्य स्थैर्येण लब्ध्वा नैव विमुह्यति न कदापि द्वैतकृतव्यामोहं प्राप्नोति । स तादृशो ब्रह्मनिष्ठो विद्वानन्तकालेऽपि शरीरवियोगसमयेऽपि ब्राह्यामेवास्यां स्थितौ सुस्थिरस्सन्ब्रह्मनिर्वाणं ब्रह्मात्मनिर्वृत्तिं "मुक्तिः कैवल्य-निर्वाणश्रेयो निश्श्रेयसामृत"मिति कोशाद्विदेहमुक्तिं चर्च्छति समवाप्नोति । अत्रापेरर्थो योऽयं ब्रह्मनिष्ठः क्रमेणेमां स्थितिं सम्प्राप्य ब्रह्मनिर्वाणं गच्छतीत्युक्तौ किमु वक्तव्यं ब्रह्मचर्यादेव संन्यस्य यावज्जीवं यो ब्रह्मण्येवावतिष्ठते स ब्रह्मनिर्वाणमृच्छतीति ।।

महात्माओं को जीवन्मुक्त के नाम से जाना जाता है । जीवन्मुक्ति अद्वैत ज्ञान के दृढ़ होने पर मिलती है और वह अद्वैतज्ञान द्वैत का तिरस्कार करने पर होता है । अतः जीवन्मुक्ति की सिद्धि के लिये मिथ्या द्वैतप्रपञ्च का तिरस्कार करना अत्यावश्यक है ।

प्रकृत प्रसंग में श्रीमद्भगवद्गीता के वचन को उद्धृत करते हैं ।

अर्थ - हे पार्थ ! यह ब्राह्मी स्थिति है, इसको प्राप्त करके मनुष्य (पुनः) मोहित नहीं होता है । अन्तकाल में भी इसमें स्थित हो जाने पर वह ब्रह्मनिर्वाण को प्राप्त होता है ।१०३।

व्याख्या - भगवान् श्रीकृष्ण श्रीमद्भगवद्गीता के सांख्ययोग नामक द्वितीय अध्याय के अन्तिम श्लोक में अर्जुन से कहते हैं कि हे पार्थ ! (अद्वैतात्मस्वरूप में स्थित हो जाना ही मुक्ति का कारण है। जो पुरुष कामनाओं, ममता और अहंकार का त्याग करके विचरण करता है, वही शान्ति को प्राप्त करता है) यह ब्राह्मी स्थिति है । (***ब्रह्मणि भवा ब्राह्मी***) ब्रह्म में होने वाली इस स्थिति को ब्राह्मी स्थिति कहते हैं । अर्थात् समस्त कर्मों का त्याग करके केवल ब्रह्म रूप में स्थित होने को ब्राह्मी स्थिति कहते हैं । इस स्थिति को प्राप्त कर मनुष्य पुनः मोहित नहीं होता है । इस स्थिति को यदि कोई अन्तकाल (मरणकाल) में भी प्राप्त कर ले तो वह भी कैवल्यपद को प्राप्त करता है । भाव यह है कि अन्तकाल में भी जिसमें स्थित होने का इतना महान फल है तो फिर जो ब्रह्मचर्याश्रम से ही संन्यास ग्रहण करके जीवन पर्यन्त ब्रह्म में ही स्थित रहता है, वह ब्रह्मनिर्वाण को प्राप्त होता है, इसमें तो कहना ही क्या है ? "***मुक्तिः कैवल्यनिर्वाणश्रेयो निःश्रेयसामृतम्***" इस अमरकोश के अनुसार निर्वाण शब्द मुक्ति का अर्थात् कैवल्य का पर्यायवाची है ।

भगवद्वचनेऽन्तकालशब्दार्थनिरूपणम् –

सदद्वैतेऽनृतद्वैते यदन्योन्यैक्यवीक्षणम् ।
तस्यान्तकालस्तद्भेदबुद्धिरेव न चेतरः ॥ १०४ ॥

अन्वयः – सदद्वैते अनृतद्वैते यद् अन्योन्यैकवीक्षणं तद्भेदबुद्धिः एवं तस्य अन्तकालः, न इतरः।।

व्याख्या :– सदद्वैते अत्र सप्तम्योरवच्छेदकत्त्वमेवार्थस्तथा च सदद्वैतत्त्वावच्छेदेनानृतद्वैतत्त्वावच्छेदेन च यः परस्परैक्याध्यासानुभवस्य सदद्वैतमिति द्वैते सद्वस्तुनस्संसृष्टतया सद्वस्तुनि च द्वैतस्य तादात्म्येनारोपणम् । सद्रूपेऽद्वैतेऽनृतेऽसत्ये च द्वैते च यदन्योऽन्यैक्यवीक्षणमन्योऽन्यस्यातस्मिंस्तद्बुद्धिरित्युक्तलक्षणाध्यासरूपमैक्यज्ञानं तादात्म्यज्ञानमैक्यभावेन वीक्षणं सत्यानृतमिथुनीकरणं रूपं यदस्ति तस्यैक्यभ्रमस्यान्तकालोऽवसानकालो नाम तद्भेदबुद्धिरेव तस्यास्सदसतोस्सत्यानृतरूपेण निश्चितयोरद्वैत-द्वैतपदार्थयोश्चिज्जडयोर्भेदबुद्धिरेव विवेचनमेव नेतरो वर्तमानशरीरवियोगक्षण इत्यादिनान्तकालपदार्थः। जीवन्मुक्तस्य प्राणानुत्क्रान्तेः । "न तस्य प्राणा उत्क्रामन्त्यत्रैव समवलीयन्ते" इत्यादिश्रुतेः ।। अत एव

पूर्वोक्त श्लोक में आये हुए अन्त शब्द के अर्थ का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – सद्रूप अद्वैत ब्रह्म और मिथ्या रूप द्वैत के विषय में जो परस्पर अध्यास रूप अभेद ज्ञान है, उस भ्रम का अन्तकाल उनका विवेक ज्ञान (भेदबुद्धि) ही है, अन्य अर्थ नहीं है ।१०४।

व्याख्या – सत् स्वरूप अद्वैत ब्रह्म और मिथ्या रूप द्वैत को परस्पर एक दूसरे में आरोपित करना अर्थात् सत्य और अनृत का मिथुनीकरण ही अज्ञान है । इन दोनों को अभेद रूप से जानना ही भ्रम है । उस भ्रम का अन्तकाल वही है, जब उन दोनों का सम्यक् विवेक हो जाए । उन दोनों का भेदज्ञान ही अन्तकाल शब्दवाच्य है अर्थात् सत् और अनृत को भिन्न जानकर एक दूसरे में आरोपित न करना ही अन्तकाल कहा गया है । अन्य अर्थ नहीं है अर्थात् अन्तकाल शब्द से शरीर का अन्तकाल (देहपात) नहीं कहा गया है । क्योंकि जीवन्मुक्त महात्मा के प्राणों का उत्क्रमण नहीं होता है, ऐसा श्रुति का कथन है । "***न तस्य प्राणा उत्क्रामन्ते । अत्रैव समविलीयन्ते***" (बृ.उ.) ब्रह्मनिष्ठ महात्मा के प्राणों का पुनः शरीर धारण करने के लिये उत्क्रमण नहीं होता है, वे तो यहीं लीन हो जाते हैं ।

पाषाणवृक्षतृणधान्यकटाम्बराद्या दग्धा भवन्ति हि मृदेव यथा तथैव ।
देहेन्द्रियासुमनआदि समस्तदृश्यं ज्ञानाग्निदग्धमुपयाति परात्मभावम् ।। (वि.चू. ५६४)

अर्थात् – पत्थर, वृक्ष, तृण, अन्न, भूसा और वस्त्रादि जल जाने पर जैसे मिट्टी ही हो जाते हैं, उसी प्रकार ज्ञानी का देह, इन्द्रियाँ, प्राण और मन आदि सम्पूर्ण दृश्य पदार्थ ज्ञानाग्नि से दग्ध होकर परमात्मभाव को ही प्राप्त हो जाते हैं ।

धनपति शास्त्री रचित गीताभाष्योत्कर्षदीपिका में भी लिखा है कि "***अन्तकाले मृत्युसमय इत्यर्थस्तु न, तस्मिन्काल एतादृशस्थित्यसंभवात्***" (२/७२) अर्थात् अन्तकाल का अर्थ मृत्युकाल नहीं समझना चाहिये, क्योंकि उस समय पूर्वोक्त ब्राह्मी स्थिति होना संभव नहीं है । इसलिये वैराग्य और विवेकपूर्वक योग्य अधिकारी पुरुष के द्वारा द्वैत और अद्वैत का जब पृथक्करण किया जाता है, वही अन्तकाल कहा गया है । अज्ञानी पुरुषों की मृत्यु होने पर उनका पुनः जन्म होता है, अतः उनके शरीरपात को भी वस्तुतः अन्तकाल नहीं कहा जा सकता क्योंकि एक शरीर के बाद उनको दूसरा शरीर

गीताभाष्योत्कर्षदीपिकाकरो ब्रूते"ऽन्तकाले मृत्युसमय इत्यर्थस्तु न, तस्मिन्काल एतादृशस्थित्यसंभवादि"ति। तस्माद्वैराग्यविज्ञानपूर्वकमधिकारिभिर्विवेकबुद्ध्या द्वैताद्वैतयोर्यः पृथग्भावनिश्चयः क्रियते स एवान्तकालपदार्थः।

लोकप्रसिद्ध्यनुसारेणाप्यन्तकालपदार्थनिरूपणम् -

यद्वान्तकालः प्राणस्य वियोगोऽस्तु प्रसिद्धितः ।
तस्मिन्कालेऽपि न भ्रान्तेर्गतायाः पुनरागमः ॥ १०५ ॥

अन्वयः - यद्वा प्रसिद्धितः प्राणस्य वियोगः अन्तः कालः अस्तु । तस्मिन् काले गतायाः भ्रान्तेः पुनः आगमः न ।

व्याख्या :- पूर्वोक्तान्तकालस्तु दृढतरद्वैतावज्ञापूर्वकाद्वैतविषयकधीस्थैर्यप्रयोजकब्रह्मात्मैक्य-विषयकप्रमैवेति लभ्यते कथं तदुत्तरभाविन्या उक्तबुद्धिस्थिरतायास्तदवच्छेदेन स्वविषयकसाक्षिकत्त्वानु-सन्धानवते मुक्तित्त्वदातृत्त्वमुचितमेव । यतस्तस्याः प्रागेव सिद्धा सेत्याशङ्कायां तन्निवारणायाह पक्षान्तरप्रदर्शनार्थं यद्वेति लोके शाब्दिकव्यवहारे प्रसिद्धितः प्राणस्य वियोगो देहनाशाच्छरीरपातसमय एवान्तकालशब्दार्थोऽस्तु । तस्मिन्नपि काले गताया भ्रान्तेर्द्वैतबुद्धेर्न पुनरागमस्सम्भवोऽस्ति । तथा च पूर्वगतायां भ्रान्तेर्द्वैतावज्ञा-सुस्थिरत्त्वपूर्वकमद्वैतविषयकबुद्धिस्थैर्यवतोऽसुवियोगरूपान्तकालावच्छेदेन तदवस्थाप्रयुक्तमुमूर्षाकालिकमूर्च्छादिना पुनः प्राप्तिर्नैव भवति । तस्मादस्यां ब्राह्म्यां स्थित्यां संस्थितो दृढतमाभ्यासं कृत्वान्तकाले मरणकालासन्नवातपित्तकफश्लेष्मादिरोगसञ्जातासह्यबाधादिना पीडितोऽपि ब्रह्मनिर्वाणमृच्छत्येवेति भगवद्वचनार्थः। अनेनैव "यं यं वापि स्मरन्भावं त्यजत्यन्ते कलेवरम् । तं तमेवैति कौन्तेय सदा तद्भावभावित" इति

मिल जाएगा । पुनः उसका नाश होने पर पुनः अन्य शरीर प्राप्त होगा । इस प्रकार यह क्रम जब तक आत्मबोध न हो जाए तब तक चलता रहेगा । किन्तु साधक को जब आत्मा और अनात्मा का सम्यक् बोध हो जाता है तो उसका जन्म-मरण का चक्र हमेशा के लिये छूट जाता है । इससे यह ज्ञात होता है कि मरणकाल ही अन्तकाल शब्द से नहीं कहा गया है किन्तु सत् और असत् का सम्यक् विवेक होना ही समस्त अनर्थों का अन्त करने वाला होने से उसी क्षण को अन्तकाल शब्द से कहा गया है ।

अब लोक मान्यतानुसार अन्तकाल शब्द का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - अथवा लोक प्रसिद्धि के अनुसार प्राण का वियोग ही अन्तकाल शब्द का अर्थ होवे । उस अन्तकाल में भी भ्रान्ति के नष्ट हो जाने से पुनरागम (पुनर्जन्म) नहीं होता है ।१०५।

व्याख्या - लोकमान्यतानुसार अन्तकाल का अर्थ प्राणों का वियोग माना गया है । उसी अर्थ को 'यद् वा' कहकर प्रस्तुत करते हुए कहते हैं कि वस्तुतः अन्तकाल का अर्थ दृढ़तर द्वैत की अवज्ञा पूर्वक अद्वैत विषयक बुद्धि की स्थिरता से प्राप्त ज्ञान ही है, जिससे कि अज्ञानजन्य प्रपञ्च का सर्वदा के लिये अन्त हो जाता है । किन्तु लोक प्रसिद्धि के अनुसार अन्तकाल शब्द का मृत्यु अर्थ करने पर भी हमें कोई आपत्ति नहीं है । उस अन्तकाल में अर्थात् मृत्यु के समय में भी भ्रान्ति के सर्वथा नष्ट हो जाने के कारण जीवन्मुक्त महात्मा का पुनर्जन्म नहीं होता है । "***प्राणप्रयाणसमये कफवातपित्तैः कण्ठावरोधनविधौ स्मरणं कुतस्ते***" प्राण के प्रयाणकाल में कफ, वात और पित्तादि दोषों से समस्त इन्द्रियाँ अवरुद्ध हो जाती हैं और उन व्याकुल इन्द्रियों के द्वारा ब्रह्म चिन्तन कैसे संभव है ? और यदि आत्मचिन्तन उस समय नहीं हुआ तो ज्ञानी की भी पुनरावृत्ति (पुनर्जन्म) होगी । ऐसी शंका नहीं करनी

वचनार्थोऽपि दर्शितः । एवं च यस्मिन्कस्मिन्नपि काले तथाभूते च देशे नैरन्तर्येण तद्भावभावितस्य भवतु देहपातोऽथापि मुक्तिर्निश्चितैव न संशयः । अत्र श्रुतिस्मृती अपि भवतः – "तीर्थे श्वपचगृहे वा नष्टस्मृतिरपि परित्यजन्देहम् । ज्ञानसमकालमुक्तः कैवल्यं याति हतशोकः" इति । "तनुं त्यजतु वा काश्यां श्वपचस्य गृहेऽथवा । ज्ञानसम्प्राप्तिसमये मुक्तोऽसौ विगताशयः" इत्यादीति दिक् ।।

प्रकृतविषये भाष्याद्यविरोधेन स्वाशयप्रकटीकरणम् –

नीरोग उपविष्टो वा रुग्णो वा विलुठन्भुवि ।
मूर्च्छितो वा त्यजत्वेष प्राणान्भ्रान्तिर्न सर्वथा ।। १०६ ।।

अन्वयः–एषः नीरोगः उपविष्टः, वा भुवि विलुठन् रुग्णः, वा मूर्च्छितः प्राणान् त्यजतु, भ्रान्तिः सर्वथा न।।

व्याख्या :– जीवन्मुक्तानामपि व्यवहारसन्दर्शनात्तेऽपि सचित्ता इति कृत्वा प्राणवियोगकालिक–चित्तविकाराणां सद्भावे "यान्ते मतिस्सा गतिरि"ति कथं घटेत? "तस्मिन्कालेऽपि न भ्रान्तेर्गतायाः पुनरागम" इत्यादिवाक्यं सद्योमुक्तिपरमेवास्तु । यतः पूर्वाभ्यस्तश्रवणादिपरिपाकसहकृताष्टाङ्गयोगविशिष्ट–निर्गुणस्याहङ्ग्रहोपासनस्य बलात्प्रारब्धपरिसमाप्तौ मरणकाल आसन्नेऽद्वैतब्रह्मात्मैक्यविषया"दहं ब्रह्मास्मीति सञ्चिन्तितमहावाक्यजन्यसाक्षात्कारान्निर्गतद्वैतभ्रान्तेः पुनरागमो न कालान्तरे संभवतीति । अत्रेदं तत्त्वं बोध्यं "स्थितप्रज्ञस्य का भाषे"त्यादिनाऽर्जुनस्य जीवन्मुक्तविषयक एव प्रश्नो विद्यत इति तदनुरूपतयैवास्य ग्रन्थस्य व्याख्येयत्त्वाद्भाष्याद्यनुरोधेन जीवन्मुक्तिपरत्त्वमेवेत्याशयवानाह–नीरोगो

चाहिये, क्योंकि ज्ञानी का शरीर किसी भी देश, काल अथवा विपरीत परिस्थिति में भी क्यों न छूटे, उसको आत्मविषयक भ्रम कभी नहीं हो सकता । इस विषय में श्रुति और स्मृति भी प्रमाण हैं ।

तीर्थे श्वपचगृहे वा नष्टस्मृतिरपि त्यजन्देहम् ।
ज्ञानसमकालमुक्तः कैवल्यं याति हतशोकः ।। और
तनुं त्यजतु वा काश्यां श्वपचस्य गृहेऽथवा ।
ज्ञानसम्प्राप्तिसमये मुक्तोऽसौ विगताशयः ।।

अर्थात् – ज्ञानी पुरुष शरीर का त्याग चाहे काशी में करे अथवा चाण्डाल के घर में, जिसकी वासना नष्ट हो गयी है, ऐसा वह पुरुष ज्ञान प्राप्त होते ही मुक्त हो जाता है ।

उक्तार्थ को ही विशद करते हैं ।

अर्थ – यह (जीवन्मुक्त पुरुष) भले ही रोगरहित, बैठा हुआ, रुग्णावस्था में, पृथ्वी में लोटता हुआ अथवा मूर्छित अवस्था में प्राण त्याग करे, तो भी (उसे) भ्रान्ति कभी भी नहीं होती है ।१०६।

व्याख्या – अन्तकाल में जैसी मति होती है, वैसी ही गति होती है । अतः यदि ज्ञानी का ज्ञान अन्तकाल में नहीं रहा तो उसका भी पुनर्जन्म हो सकता है । ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि ज्ञानी का शरीर किसी भी अवस्था में कैसे भी छूटे, उसे द्वैत विषयक भ्रान्ति होती ही नहीं है । वह जीवन्मुक्त पुरुष भले ही रोगों से रहित होकर ऐश्वर्य का उपभोग करता हो, स्वस्थ चित्त से बैठे हुए प्राण त्याग करे अथवा '**विलुठन्**' अत्यन्त रुग्ण होकर पृथ्वी में लोट–पोट होकर प्राण त्याग करे अथवा '**परिभ्रमन्**' पृथ्वी में परिभ्रमण करता हुआ प्राण त्याग करे अथवा मूर्छित अवस्था में ही प्राण त्याग क्यों न करे, उसे आत्म विषयक अज्ञान अर्थात् द्वैतसत्यत्व रूप भ्रम कभी भी उत्पन्न नहीं होता है ।

निर्गतो रोगो यस्मात्स च उपविष्टो वा रुग्णो "रुग्णं भुग्न" इति कोशाद्वक्ररोगाद्याविष्टो वा भुवि विलुठन्परिभ्रमन्मूर्छितो वैष ब्रह्मवित्प्राणां-स्त्यजतु । न हि तस्य सर्वथा भ्रान्तिर्द्वैतविषयिणी न कदापि समुदेतीति भावः । इदमत्र ज्ञेयं - यदयं रुग्णो मूर्छित उपविष्ट इत्यादिसर्वमन्यस्यैव द्वैतदर्शिनो भ्रान्तिगोचरम् । अद्वैतात्मसाक्षात्कारविध्वस्ताज्ञानस्य जीवन्मुक्तस्य चित्तेतरविकारलोपेन तस्यापि चित्त्वसम्पत्तेर्मनोविकाराणां मूर्छादीनां प्राणवियोगकालेऽसंभवाज्जायमानप्राणवियोगादि-कमप्यविद्वद्दृष्ट्यैव श्रुतिर्विद्वद्दृष्टिमनुसृत्यैव वक्ति "न तस्य प्राणा ह्युत्क्रामन्त्यत्रैव समवलीयन्त" इति शम् ।।

गुरुमुखाद्विधिवदधिगतमहावाक्यज्ञानं न कदापि नश्यतीति निरूपणम् -

दिने दिने स्वप्नसुप्त्योरधीते विस्मृतेऽप्ययम् ।
परेद्युर्नानधीतः स्यात्तद्वद्विद्या न नश्यति ।। १०७ ।।

अन्वयः - यथा दिने - दिने अधीते (वेदे) स्वप्नसुप्त्योः विस्मृते अपि अयम् परेद्युः अनधीतः न स्यात् तद्वत् विद्या न नश्यति ।।

व्याख्या :- दिने दिने प्रतिदिनमप्यधीते वेदे स्वप्नसुप्त्योर्विस्मृतेऽप्ययं वेदानामध्येता परेद्युः परस्मिन्दिनेऽनधीतो नैव स्यात्स्वप्नसुषुप्तिसमये यस्तत्काले विस्मृतोऽपि विस्मृत इव भासमानोऽपि

उक्तेयं कर्मयुक्तानां मतिर्यान्तेऽपि सा गतिः।
न चोक्ता योगयुक्तानां मतिर्यान्तेऽपि सा गतिः।। (अवधूतगीता २/२६)

अर्थात् - अन्तकाल में जैसी मति होती है, वैसी ही गति होती है । यह कथन कर्मासक्त पुरुषों के लिये ही है । ब्रह्म और आत्मा की एकता रूपी योग से युक्त जीवन्मुक्त महात्माओं के लिये यह कथन नहीं है । भाव यह है कि "यह रुग्ण (अस्वस्थ) है, यह बैठा है" इत्यादि सब कुछ भ्रान्तिगोचर है अर्थात् भ्रान्ति के कारण ही ऐसी प्रतीति होती है । ज्ञानी अपने आत्मस्वरूप में स्थित होने के कारण उक्त भ्रान्तियों का विचार नहीं करता है । वह सर्वथा आत्मा को देहसम्बन्ध से रहित ही जानता है । अतः रुग्णादि देह आदि के धर्मों को स्वयं में आरोपित न करने से उसकी दृष्टि में पूर्वोक्त भ्रम नहीं होता है । यह कथन तो परदृष्टि से कहा गया है, ज्ञानी की दृष्टि से नहीं, क्योंकि "आत्मा का न जन्म हुआ है और न नाश होगा" यह ज्ञान उसको नित्य बना रहता है । शरीर का त्याग आदि भी परदृष्टि से ही है, आत्मदृष्टि से नहीं।

विधिवत् अधिगत महावाक्यार्थ के ज्ञान का कभी भी नाश नहीं होता है, इसका दृष्टान्तपूर्वक प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ - प्रतिदिन अध्ययन किये हुए वेद को स्वप्न और सुषुप्ति में भूल जाने पर भी यह (वेदपाठी) दूसरे दिन अपठित नहीं कहा जाता, उसी प्रकार ज्ञान का नाश नहीं होता है ।१०७।

व्याख्या - वेदों का अध्ययन करने वाले ब्रह्मचारिगण प्रतिदिन गुरुमुख से मन्त्रों का अध्ययन करते हैं और बारम्बार उसका अभ्यास करके उसे कण्ठस्थ कर लेते हैं । रात्रि होने पर शयन करते हैं और स्वप्नावस्था में स्वप्न भी देखते हैं तथा सुषुप्ति (गाढ़ निद्रा) में भी जाते हैं । उस समय उन्हें पढ़े हुए

वेदः पुनरुत्थानानन्तरं संस्मृतेन सम्यक्पठ्यते यद्वत्तद्वदेव ध्यानप्रमाणयुक्तिभिरपि दृढाभ्यासवशीकृता ह्यात्मविद्या नैव विनश्यतीति भावः ।।

विद्याफलं न कदाचिदपि नश्यतीत्यत्र युक्त्यन्तरप्रदर्शनम् –

प्रमाणोत्पादिता विद्या प्रमाणं प्रबलं विना ।
न नश्यति न वेदान्तात्प्रबलं मानमीक्ष्यते ॥ १०८ ॥

अन्वयः – प्रमाणोत्पादिता विद्या प्रबलं प्रमाणं विना न नश्यति । वेदान्तात् प्रबलं मानं न ईक्षते।।

व्याख्या :– प्रमाणोत्पादिता प्रमाया यथार्थज्ञानस्य करणमसाधारणकारणं प्रमाणं प्रत्यक्षा-नुमानोपमानार्थापत्त्यनुपलब्धिशब्दादिस्तत्र केचनैकप्रमाणवादिनः प्रत्यक्षमेकं चार्वाका इति केचन (वैशेषिकाः) प्रत्यक्षानुमाने तथा साङ्ख्यादयस्त्रीण्येव प्रत्यक्षानुमानशाब्दाः प्रमाणत्त्वेनाभ्युपगच्छन्त्येवं नैयायिकास्तूपमानमधिकं ह्यभ्युपगम्य प्रमाणचतुष्टयमङ्गीकुर्वन्त्येवं विविधदार्शनिकास्स्वस्वसिद्धान्तानुसारं प्रमाणगणनां कुर्वन्तोऽपि येषां मते शब्दः प्रमाणं ते प्रमाणान्तरापेक्षया शब्दस्य निखिलनिरस्तपुंदोषत्त्व-प्राबल्यमङ्गीकुर्वन्ति । प्रत्यक्षस्य तावदतीन्द्रियार्थविषयाग्राहकत्त्वं सर्वसम्प्रतिपन्नमेव। कदाचित्करणा-पाटवादिना दोषविशिष्टत्त्वे विपरीतार्थग्राहकत्त्वं प्रत्यक्षस्य प्रत्यक्षत एवानुभूयते रज्जुसर्पादौ। अनुमानस्यापि हेत्त्वंशे प्रत्यक्षोपजीव्यत्त्वेन प्रत्यक्षतोऽपि दौर्बल्यम् । एवमेकैकस्यापि कथं चिद्दौर्बल्ये सञ्जाते निर्दुष्टत्त्वादप्रामाण्यज्ञानानास्कन्दितत्त्वात्सर्वप्रमाणापेक्षया प्रबलं प्रमाणं शब्दः । तत्रप्यपौरुषेयानादिनिधना स्वतः प्रमाणभूता श्रुतिः प्रबलतरं प्रमाणभूता । तत्र वेदान्तशास्त्रस्य सदद्वैतस्य "प्रज्ञानं ब्रह्म" "अहं ब्रह्मास्मि" "तत्त्वमसि" "अयमात्मा ब्रह्म" इत्यादि न नश्यति । नाशकारणसामग्र्यभावात् । न

वेदमन्त्रों का स्मरण नहीं होता है अर्थात् स्वप्न और सुषुप्ति में वे मन्त्रों को भूल जाते हैं । इस प्रकार स्वप्न और सुषुप्ति में वेदों का स्मरण न होने पर भी दूसरे दिन उन्हें अनघीत अर्थात् अपठित नहीं कहा जाता । वे दूसरे दिन उठकर पुनः विस्मृत वेदमन्त्रों का पाठ करते हैं, उसी प्रकार गुरुमुख से वेदान्तों का श्रवण करके उसका मनन और निदिध्यासन करके निर्विकल्प समाधि के द्वारा जिसने आत्मज्ञान प्राप्त किया है, उसका वह ज्ञान कभी भी नष्ट नहीं होता है ।

विद्या का फल कभी नष्ट नहीं होता है, इस बात को युक्तिपूर्वक दर्शाते हैं।

अर्थ – प्रमाण से उत्पन्न विद्या प्रबल प्रमाण के बिना नष्ट नहीं होती है और वेदान्त से प्रबल प्रमाण देखने में नहीं आता है ।१०८।

व्याख्या – "***प्रमाकरणं प्रमाणम्***" जिससे वस्तु का ज्ञान हो, उसे प्रमाण कहते हैं । वेदान्त और पूर्वमीमांसा शास्त्र में छह प्रमाण माने गये हैं । (१) प्रत्यक्ष (२) अनुमान (३) शब्द (४) उपमान (५) अर्थापत्ति और (६) अनुपलब्धि । दार्शिनिक लोग अपने-अपने सिद्धान्तानुसार प्रत्यक्षादि प्रमाणों को स्वीकार करते हैं । जाग्रदवस्था में इन्द्रियों के द्वारा होने वाला पदार्थ का ज्ञान प्रत्यक्ष प्रमाणजन्य कहा जाता है । किन्तु भ्रम के कारण प्रत्यक्ष रज्जु में भी सर्प की भ्रान्ति हो जाती है । अनुमान प्रमाण प्रत्यक्ष प्रमाण से ही उपजीव्य होने के कारण प्रत्यक्ष प्रमाण से भी दुर्बल है । किन्तु सभी प्रमाणों में सबसे अधिक बलवान शब्द प्रमाण है । उसमें भी अनादिनिधना अपौरुषेय शब्दाराशि (वेद) स्वतः प्रमाण होने से सर्वाधिक प्रमाण रूप है । उसी वेदराशि के सारभूत उपनिषदों को वेदान्त कहा जाता है । उस वेदान्त

ह्यपौरुषेयश्रुतेः प्रामाण्यनाशकं किञ्चिदस्ति प्रबलं प्रमाणान्तरम् । सा विद्या प्रबलं प्रमाणं विना न नश्यति । वेदान्तात्प्रबलं प्रमाणं लोके नेक्ष्यते सर्वेषां वेदानां तत्परत्त्वात् ।।

भूतविवेकस्य फलप्रदर्शनपुरस्सरमुपसंहारः -

तस्माद्वेदान्तसंसिद्धं सदद्वैतं न बाध्यते ।
अन्तकालेऽप्यतो भूतविवेकान्निर्वृतिः स्थिता ।। १०९ ।।

।। इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीभारतीतीर्थविद्यारण्यमुनिवर्यविरचितायां पञ्चदश्यां महाभूतविवेकाख्यं द्वितीयं प्रकरणं सम्पूर्णम् ।।

अन्वयः - तस्मात् वेदान्तसंसद्धिं सत् - अद्वैतं अन्तकाले अपि न बाध्यते । अतः भूतविवेकात् निर्वृतिः स्थिता ।।

व्याख्या :- तस्मात्प्रत्यक्षानुमानादीनां वेदान्ताच्छ्रुतेर्दुर्बलप्रमाणत्त्ववेदान्तसंसिद्धं वेदान्तैरुपक्रमोपसंहारादिषड्विधतात्पर्यलिङ्गैर्निर्णीतार्थवद्भिः प्रबलप्रमाणभूतैस्सिद्धान्ततया सम्यक्प्राप्तं सदद्वैतं भेदत्रयरहितमपरिच्छिन्नं न बाध्यते प्रमाणान्तरेण । अतो भूतविवेकात्सतः पञ्चानां महाभूतानां विवेचनान्निर्वृतिर्निखिलद्वैतोन्मूलनकारणतो योऽयमखण्डानन्दस्सोऽन्तकालेऽपि प्राणवियोगसमयेऽपि स्थिता सती निरूढतां प्राप्य तिष्ठतीति सर्वमप्यद्वैतशास्त्रं निर्गुणेऽद्वैतवस्तुनि पर्यवसन्नमत एव प्रमाणासम्भावनारूपः प्रतिबन्धोऽनेन प्रकरणेन निवर्त्यते ।

शास्त्र में ब्रह्मात्मैक्य रूप विद्या का प्रतिपादन किया गया है । "***अहं ब्रह्मास्मि***" (बृ.उ. १/४/१०) "***तत्त्वमसि***" (छा.उ. ६/८/८) "***प्रज्ञानं ब्रह्म***" (ऐ.उ.) "***अयमात्मा ब्रह्म***" (मा.उ.) इत्यादि महावाक्यों से उत्पन्न ब्रह्मविद्या कभी नष्ट नहीं होती है । क्योंकि इसको नष्ट करने वाली अन्य सामग्री का अभाव है । वेदान्तों से प्रबल प्रमाण लोक में कुछ भी नहीं है । यदि प्रबल प्रमाण हो तो दुर्बल प्रमाण नष्ट हो जाता है किन्तु वेदान्त रूपी प्रबल प्रमाण को नष्ट करने वाला उससे भी प्रबलतम प्रमाण देखने में नहीं आता है ।

अब भूत विवेक का फल प्रदर्शित करते हुए प्रकरण का उपसंहार करते हैं।

अर्थ - इसलिये उपनिषद् वाक्यरूप प्रमाण से भली-भाँति सिद्ध किया हुआ सद्रूप अद्वैत (ब्रह्मविद्या) का बाध नहीं होता है, अतः पञ्चभूतों के विवेक से निरतिशय सुख अन्तकाल में भी स्थिर होता है ।१०९।

व्याख्या - अनुमानादि प्रमाण वेदान्तप्रमाण से दुर्बल होने के कारण प्रबलतम प्रमाण रूप वेदान्त के महावाक्य रूप प्रमाण से सम्यक् रूप से निश्चित किया हुआ भेदत्रयरहित जो अद्वैत ब्रह्म तत्त्व है, उसका बाध नहीं हो सकता । अर्थात् अनुमानादि प्रमाणों से ब्रह्मविद्या का नाश नहीं हो सकता । इसलिये पञ्चमहाभूतों के विवेक से अर्थात् सत् से भूतों का विवेचन करने से समस्त द्वैत के उन्मूलन का निमित्त जो अखण्ड आनन्द (मुक्ति) है, वह अन्तकाल (मृत्युकाल) में भी स्थिर होता है । पञ्चमहाभूतों का सत् से विवेचन कर लेने पर एकमात्र सत् ब्रह्म ही अवशिष्ट रहता है और वही मैं हूँ, इस प्रकार का ज्ञान होने पर निरतिशयसुख रूप मुक्ति की प्राप्ति होती है । यह ज्ञान यदि अन्तकाल में भी हो जाए तो भी महान फलदायी है, तो फिर वर्तमान काल में ही भूत विवेचन करके क्यों न इसे प्राप्त कर लिया जाए ।

सगुणे ब्रह्मण्यखिलं पर्यवसानं प्रयाति शास्त्रमिदम् इति दृढतमबुद्धिर्या, प्रतिबन्धोऽयं द्वितीय ईशमिताविति शोधिततत्पदार्थबोधे श्रुतीनां तात्पर्यं सगुणे निर्गुणे वेति विशये सगुण एवेतीति प्रमाणासंभावनारूपो द्वितीयः प्रतिबन्धः तत्परिहाराय "एवं समन्वयोक्तेर्भूतविचारेण तत्पदस्यार्थे तत्परता निर्णेया तस्य सदित्यादिना द्वितीयेऽपी"ति प्रकरणस्यास्य निर्गुणे श्रुतितात्पर्य-निर्णयात्प्रमाणासंभावनारूपः प्रतिबन्धो निवारित इति निष्प्रत्यूहं ज्ञानावाप्तिर्भवति । तथाहि – "सदद्वैतं श्रुतं यत्तत्पञ्चभूतविवेकतः" इत्युपक्रम्य "तस्माद्वेदान्तसंसिद्धं सदद्वैतं न बाध्यत" इत्युपसंहाराद्ब्रह्मणि वेदान्तानां समन्वयः प्रतिपादित इति प्रथममुपक्रमोपसंहाररूपं लिङ्गम् । तथे"दं सर्वं पुरा सृष्टेरेकमेवाद्वितीयकम् । सदेवासीन्नामरूपे नास्तामित्यारुणेर्वच" इति सद्वस्तुनो भेदत्रयं लोकसाधारण्येन प्राप्तं निवार्य "सतो नावयवाश्शङ्क्यास्तदंशस्यानिरूपणात् । नामरूपे न तस्यांशौ तयोरद्याप्यनुद्भवा" दित्यभ्यासो द्वितीयं लिङ्गम् । "अस्पर्शयोगो नामैष दुर्दर्शस्सर्वयोगिभि"रित्यपूर्वता तृतीयं लिङ्गम् । "द्वैतावज्ञा सुस्थिरा चेदद्वैते धीस्स्थिरा भवेत् । स्थैर्ये तस्याः पुमानेष जीवन्मुक्त इतीर्यत" इति फलोक्तिश्चतुर्थं लिङ्गम् । "विष्टभ्याहमिदं कृत्स्नमेकांशेन स्थितो जगत् । इति कृष्णोऽर्जुनायाह

सम्पूर्ण अद्वैत शास्त्र निर्गुण अद्वैत वस्तु में ही पर्यवसित होने के कारण प्रमाणासंभावना रूप द्वितीय प्रतिबन्ध का निराकरण इस भूत विवेक नामक द्वितीय प्रकारण से किया गया है ।

सगुणे ब्रह्मण्यखिलं पर्यवसानं प्रयाति शास्त्रमिदम् ।
इति दृढतमबुद्धिर्या प्रतिबन्धोऽयं द्वितीय ईशमितौ ।।

सगुण ब्रह्म में ही सभी का पर्यवसान होता है, ऐसा ही शास्त्रों में प्रतिपादित किया गया है । इस प्रकार का जो दृढ़तम बुद्धि का निश्चय है, वह आत्मज्ञान का द्वितीय प्रतिबन्ध है । शोधित तत्पदार्थ बोध के विषय में श्रुतियों का तात्पर्य सगुण में है अथवा निर्गुण में ? इस प्रकार का संशय होने पर सगुण में ही है, ऐसा दृढ़ निश्चय हो जाना ही प्रमाणासंभावना नामक द्वितीय प्रतिबन्ध है । इसी प्रतिबन्ध को इस प्रकरण द्वारा दूर किया गया है ।

एवं समन्वयोक्तेर्भूतविचारेण तत्पदस्यार्थे ।
तत्परता निर्णेया तस्य सदित्यदिना द्वितीयेऽपि ।।

इस प्रकार इस द्वितीय प्रकरण से श्रुतियों का तात्पर्य निर्गुण ब्रह्म में ही है, ऐसा ज्ञान होने से प्रमाणासंभावना रूप प्रतिबन्ध का निराकरण किया गया है।

अब षड्विध तात्पर्य लिंगों के द्वारा इस प्रकरण का निर्गुण ब्रह्म में तात्पर्य निर्णय करते हैं ।

उपक्रमोपसंहार – "**सदद्वैतं श्रुतं**" (२/१) से उपक्रम करके "**तस्माद्वेदान्तसंसिद्धं सदद्वैतं न बाध्यते**" (२/१०९) इस प्रकार उपसंहार किया गया है ।

यह उपक्रमोपसंहार नामक प्रथम लिंग है ।

अभ्यास – ***इदं सर्वं पुरा सृष्टेरेकमेवाद्वितीयकम् ।***
सदेवासीन्नामरूपे नास्तामित्यारुणेर्वचः ।। २/१९

जगतस्त्वेकदेशता''मित्यर्थवादः पञ्चमम् । ''सत्तत्त्वमाश्रिता शक्तिः कल्पयेत्सति विक्रियाः। वर्णा भित्तिगता भित्तौ चित्रं नानाविधं यथे''त्याद्युपपत्तिरपि षष्ठं लिङ्गमिति षोढा लिङ्गैरस्मिन्प्रकरणेऽद्वैतब्रह्मण्येव वेदान्तानां छान्दोग्योपनिषदुपलक्षितानां समस्तानामपि तात्पर्यपर्यवसानलक्षणस्समन्वयः प्रसाधितो मुख्यतयेति सगुणे ब्रह्मण्यखिलशास्त्रतात्पर्यबुद्धिस्थैर्यात्मकः प्रमाणासंभवानारूपप्रतिबन्धस्य निवारणप्रकारश्श्रीगुरूपसत्तिप्रणाड्या भूतविवेकप्रकरणे सम्यगधिकारिणा विवेचिते द्वैतं निखिलं समूलं सम्बाध्येतेति सर्वमनवद्यम् ।।

।। इति श्रीद्वारकाशारदापीठाधीश्वरैः एवं ज्योतिष्पीठाधीश्वरैः श्रीमज्जगद्गुरुशङ्कराचार्यैः अनन्तश्रीविभूषितश्रीस्वरूपानन्दसरस्वतीमहास्वामिभिः विरचितायां स्वरूपबोधिनीव्याख्यायां महाभूतविवेकस्समाप्तः ।।

तथा सद्वस्तुनो भेदत्रयं प्राप्तं निवार्यते ।
ऐक्यावधारणद्वैतप्रतिषेधैस्त्रिभिः क्रमात् ।। २/२१
सतो नावयवाः शङ्क्यास्तदंशस्यानिरूपणात् ।
नामरूपे न तस्यांशौ तयोरद्याप्यनुद्भवात् ।। २/२२

अपूर्वता - *अस्पर्शयोगो नामैष दुर्दर्शः सर्वयोगिभिः।*
योगिनो बिभ्यति ह्यस्मादभये भयदर्शिनः।। २/२९

फल - *द्वैतावज्ञा सुस्थिता चेदद्वैते धीः स्थिरा भवेत् ।*
स्थैर्ये तस्याः पुमानेष जीवन्मुक्त इतीर्यते ।। २/१०२

अर्थवाद - **विष्टभ्याहमिदं कृत्स्नमेकांशेन स्थितो जगत् ।**
इति कृष्णोऽर्जुनायाह जगतस्त्वेकदेशताम् ।। २/५६

उपपत्ति - *सतत्त्वमाश्रिता शक्तिः कल्पेयत्सति विक्रियाः ।*
वर्णा भित्तिगता भित्तौ चित्रं नानाविधं यथा ।। २/५९

इस प्रकार उपक्रमोपसंहारादि षड्विध तात्पर्य निर्णायक लिंगों के द्वारा अद्वैत ब्रह्म में ही वेदान्तों का तात्पर्य है, ऐसा इस प्रकरण से ज्ञात होता है ।

।। इस प्रकार द्वारका एवं ज्योतिष्पीठाधीश्वर अनन्तश्रीविभूषित जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी **श्रीस्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज** द्वारा विरचित **श्रीसद्गुरुसपर्या** नामक हिन्दी व्याख्या में महाभूतविवेक नामक दूसरा प्रकरण समाप्त हुआ ।।

।। तृतीयं प्रकरणम् - पञ्चकोशविवेकप्रकरणम् ।।

पञ्चकोशविवेकप्रतिज्ञाकरणम् -

गुहाहितं ब्रह्म यत्तत्पञ्चकोशविवेकतः
बोद्धुं शक्यं ततः कोशपञ्चकं प्रविविच्यते ॥ १ ॥

अन्वयः - गुहाहितं यत् ब्रह्म तत् पञ्चकोशविवेकतः बोद्धुं शक्यम् । ततः कोशपञ्चकं प्रविविच्यते।

व्याख्या :- जगतो भूतसमुदायात्सदात्मानं पृथक्कृत्य ब्रह्मावबोधनाय पूर्वस्मिन्प्रकरणे प्रयत्नो विहितः । तस्य फलञ्च सम्प्रति पञ्चभ्यः कोशेभ्योऽपि विविच्यात्मनो दर्शनीयत्त्वेनावश्यपतितत्त्वात्प्रसङ्ग-सङ्गत्या तैत्तिरीयोपनिशद्व्याख्यानव्याजेन पञ्चकोशविवेकाख्यं प्रकरणमारभ्यते - गुहाहितं गुहायामन्नमय-प्राणमयमनोमयविज्ञानमयानन्दमयाख्यकोशपञ्चकान्तः "यो वेद निहितं गुहायां परमे व्योम"न्निति श्रुत्या तत्राहितं निहितं निगूढतया स्थितं यद्ब्रह्म प्रत्यगात्माभिन्नं परं ब्रह्म यदस्ति तत्पञ्चकोश-विवेकतोऽन्वयव्यतिरेकाद्युपायेन कोशानामन्नमयादीनां पञ्चकं प्रविविच्यते प्रकृष्टतया प्रतीचो विविच्य प्रदर्श्यते । अत्रैवमुपनिषदर्थस्सङ्ग्राह्यो "ब्रह्मविदाप्नोति पर"मिति सूत्रभूते मुमुक्षोर्ब्रह्मविषयकं

।। *तृतीयं पञ्चकोशविवेकप्रकरणम्* ।।

पूर्व प्रकरण में आकाशादि महाभूतों से आत्मा का विवेचन किया गया । अब पञ्चकोशों का विवेक प्रारम्भ करते हैं । मनुष्यों की बुद्धि प्रायः सूक्ष्म विषय को ग्रहण करने में अक्षम होती है, अतः स्थूल का विवेचन करने के बाद सूक्ष्म का विवेचन करने से सूक्ष्म विषय को ग्रहण करना कुछ आसान हो जाता है। इसलिये श्रीविद्यारण्य स्वामी ने प्रथम स्थूल रूप पञ्चमहाभूतों का आत्मा से विवेचन प्रस्तुत किया, अब आभ्यन्तर होने के कारण सूक्ष्म कहे जाने वाले अन्नमयादि पाँच कोशों का विवेचन प्रारम्भ करते हैं । यह प्रकरण तैत्तिरीयोपनिषद् के तात्पर्य का ही व्याख्यान है ।

सर्वप्रथम श्रोत्राओं की प्रवृत्ति की सिद्धि के लिये प्रयोजन सहित प्रतिपाद्य विषय को सूचित करते हुये कोशपञ्चक के विवेचन की प्रतिज्ञा करते हैं ।

अर्थ - जो ब्रह्म गुहा में निहित है, उसे पञ्चकोश विवेक के द्वारा जाना जा सकता है । इसलिये कोशपञ्चक का (प्रत्यगात्मा से) विवेचन किया जा रहा है ।१।

व्याख्या - तैत्तिरीयोपनिषद् की तृतीय भृगुवल्ली में वरुण के पुत्र वारुणि अर्थात् भृगु अपने पिता के पास जाकर ब्रह्मविद्या की प्राप्ति के लिये उनसे प्रार्थना करता हुआ कहता है कि हे भगवन् ! आप मुझे ब्रह्म का उपदेश करें। इस प्रकार विधिवत् अपने पास आये हुए जिज्ञासु पुत्र को पिता ब्रह्म का उपदेश करते हुए कहते हैं कि जिससे ब्रह्म से लेकर स्तम्ब पर्यन्त ये सभी प्राणी उत्पन्न होते हैं और जिसके कारण जीते हैं तथा अन्त में जिसमें लीन हो जाते हैं, तू उसी ब्रह्म को विशेष रूप से जानने का प्रयत्न कर । तदन्तर पिता क्रम से अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय और आनन्दमय का अनात्मत्व प्रदर्शित करके अन्त के ब्रह्म का उपदेश करते हैं ।

तथा द्वितीय ब्रह्मवल्ली में भी पाँचों कोशों का विवेचन भली प्रकार से किया गया है । उसमें सर्वप्रथम "***ब्रह्मविदाप्नोति परम्*** " ब्रह्मवेत्ता परमतत्त्व को प्राप्त होता है, ऐसा कहकर ब्रह्म का लक्षण कहते

ज्ञानलक्षणमविद्यासद्वैतबाधरूपं च मोक्षं प्रतिजज्ञे । किं तद्ब्रह्मेत्याकाङ्क्षायां च सूत्रव्याख्यानपरे मन्त्रे लक्षणोपदेशव्याजेन "सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्मे"त्यादिना ब्रह्मस्वरूपं विस्पष्टं च प्रादर्शि । तच्च ब्रह्म क्व विद्यत इति प्रश्ने जाग्रति सति "यो वेद निहितं गुहाया"मित्यादिना ग्रन्थेन गुहायामेतन्निहतमिति प्रत्युत्तरमदात् । गुहशब्दार्थश्चोपरिष्टाद्ग्रन्थकारेणैव स्पष्टीकरिष्यते "गुहा सेयं परम्परे"त्यादिना वक्ष्यमाणप्रकारेण पञ्चकोशो गुहा । तदुपलक्षितानाद्यविद्यासमारोपितनिखिलद्वैताधिष्ठानं यद्ब्रह्म तद्ब्रह्मात्मैक्यायत्तसत्ताकं कोशादिदृश्यजातं तन्मात्रप्रतियोगिकतदपादानकपृथक्काररूपद्वैतबाधेनैव स्वात्मप्रकाशो भवतीति श्रुतियुत्त्यनुभूतिभिस्सविचारं बोध्यतामिति शम् ।।

गुहाशब्दार्थनिरूपणम् -

देहादाभ्यन्तरः प्राणः प्राणादाभ्यन्तरं मनः ।
ततः कर्ता ततो भोक्ता गुहा सेयं परम्परा ।। २ ।।

अन्वयः - देहात् प्राणः आभ्यन्तरः । प्राणात् मनः आभ्यन्तरम् । ततः कर्ता । ततः भोक्ता । सा इयं परम्परा गुहा ।।

व्याख्या :- देहात्करचरणादिमतोऽन्नमयादाभ्यन्तरः प्राणः प्राणमयकोशः क्रियाशक्तिकारणभूतः प्राणापानादिभेदेन पञ्चवृत्त्यात्मकस्तस्मात्प्राणादाभ्यन्तरं मनो मनोमयकोशो विमर्शात्मकस्ततो मनोमयादान्तरः

हैं कि "***सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म*** " ब्रह्म सत्स्वरूप, ज्ञानस्वरूप और त्रिविधपरिच्छेद शून्य (अनन्त) है । "***यो वेद निहितं गुहायां परमे व्योमन् सोऽश्नुते सर्वान्कामान्सह ब्रह्मणा विपश्चितेति*** " जो पुरुष उस ब्रह्म को बुद्धि रूप गुफा में निहित जानता है, वह सर्वज्ञ ब्रह्म रूप से सम्पूर्ण भोगों को एक साथ प्राप्त कर लेता है । इस प्रकार आत्मा से ही आकाशादि भूतों की उत्पत्ति का वर्णन कर अन्नमयादि कोशों का वर्णन किया गया है । और अन्त में आत्मा को पाँचों कोशों से रहित नित्य-शुद्ध-बुद्ध-मुक्तस्वभाव रूप से कहा गया है ।

जो ब्रह्म गुहा (गुफा) में अर्थात् अन्नमय से लेकर आनन्दमय पर्यन्त पाँच कोशों के समुदाय में प्रविष्ट है, वह पाँचों कोशों के विवेक के द्वारा जाना जा सकता है अर्थात् अन्वय और व्यतिरेक के द्वारा पाँचों कोशों का विवेचन कर लेने पर जाना जा सकता है । इसीलिये (ब्रह्म को जानने के लिये) कोशपञ्चक का विवेचन अगले श्लोक में करेंगे ।

"***कोशपञ्चकं प्रविविच्यते*** " ऐसा कहकर प्रकरण का प्रतिपाद्य विषय सूचित किया गया है तथा "पाँच कोशों के विवेक से ब्रह्म को जाना जा सकता है" ऐसा कहकर ब्रह्मज्ञान के लिये श्रोताओं की प्रवृत्ति और ज्ञान से निरतिशय सुखस्वरूप मुक्ति रूप प्रयोजन भी सूचित किया गया है ।

ग्रन्थकार स्वयं गुहा शब्द को स्पष्ट कर रहे हैं ।

अर्थ - देह (अन्नमय कोश) से आन्तरिक प्राणमय कोश, प्राणमय कोश से आन्तरिक मनोमय कोश, उससे (मनोमय कोश से आन्तरिक) कर्ता (विज्ञानमय कोश) और उससे आन्तरिक भोक्ता (आनन्दमय कोश) है, यही परम्परा गुहा शब्द से जानी जाती है ।२।

व्याख्या - देह से अर्थात् हस्त-पादादि विशिष्ट अन्नमय कोश से आभ्यन्तर (आन्तरिक) प्राण अर्थात् प्राणमय कोश है । आभ्यन्तर शब्द से आन्तरत्व कहा जाता है । "***अन्योऽन्तर आत्मा प्राणमयः***"

कर्ता विज्ञानमयकोशोऽहं कर्तास्मीति कर्तृत्वधर्मविशिष्टस्ततो विज्ञानमयादान्तरो भोक्तानन्दमयः प्रियमोद-प्रमोदादीनामुपभोक्ता । वास्तविकानन्दस्य छाया रूपा एव प्रियमोदप्रमोदादयः। "भारापगमे सुखी संवृत्त"इतिवदन्यत्र सर्वत्राभासमानमेव । "स वा एष पुरुषोऽन्नरसमय" इति श्रुतेरन्वयानुविधायित्त्वा-देहोऽन्नमयस्स नात्मा । प्रागभावप्रतियोगित्त्वात्पटवदित्यनुभवपूर्वकयुक्तेश्च । अत्र श्लोकेऽऽभ्यन्तरशब्द आन्तरमर्थं गमयति । श्रुत्यनुगमा"दन्योऽन्तर आत्मे"त्यादिवाक्यात् । लोके सर्वत्र कर्तृत्त्वभोक्तृत्त्वयोस्सामाना-धिकरण्यदर्शनादत्र विज्ञानमयः कर्ता भोक्तात्त्वानन्दमय इति तयोर्वैय्यधिकरण्यं कथं सङ्गच्छत इति चेदुच्यते । तत्तत्कोशोपाधिना कर्तृत्त्वभोक्तृत्त्वसंज्ञासत्त्वेऽपि कोशेषु पञ्चस्वप्याध्यासिकतादात्म्यापन्नचिदाभास-स्यैक्येन भेदाभावान्न कर्तृत्त्वभोक्तृत्त्वयोर्वैयधिकरण्यम् । पूर्वं प्रदर्शितप्रकारेणोक्ता सेयमन्नमयाद्यानन्दमयान्तानां कोशानां परम्परा गुहाशब्देनोच्यते । गुहू-संवरण इति धातोर्निष्पन्नोऽयं गुहाशब्दो निगूढार्थबोधकः । यथा पर्वतादिष्वगम्यत्त्वं दुर्ज्ञेयत्त्वं तत्र विद्यमानस्यापि वस्तुनस्सौलभ्येनानुपलभ्यमानत्त्वमित्यादिधर्मा विद्यन्त एवमेव कोशानामन्तरतमेऽपि दुर्गमत्त्वादिकमस्तीति तत्सादृश्यात्ताच्छब्द्यम् । एवं सर्वकोशान्तर्वर्तिनः प्रत्यगात्मनोऽत्यन्तसूक्ष्मत्त्वेन सौलभ्येनोपलभ्यत्त्वमपि नास्तीति गुहाशब्दोऽयं श्लिष्ट इति दिक् ।।

देहात्मवादिनां चार्वाकानां मतनिराकरणम् । अन्नमयकोशस्वरूपनिरूपणम् । देहस्यानात्मत्त्व-निरूपणम् ।।

पितृभुक्तान्नजाद्वीर्याज्जातोऽन्नेनैव वर्धते ।
देहस्सोऽन्नमयो नात्मा प्राक् चोर्ध्वन्तदभावतः ।। ३ ।।

(ऐ.उ. २/२) इत्यादि श्रुति में भी अन्तर शब्द आन्तरपरक ही है । यह प्राण क्रियाशक्ति के कारणभूत पञ्चवृत्यात्मक है अर्थात् प्राण, अपान, व्यान, उदान तथा समान नामक पाँच रूपों में विभक्त है । इस प्राणमय कोश के भीतर मनोमय कोश है, जो कि विमर्शात्मक है । संकल्प-विकल्प करना ही इसका कार्य है । उस मनोमय कोश के भीतर कर्ता अर्थात् विज्ञानमय कोश है । "मैं कर्ता हूँ" इस प्रकार कर्तृत्व धर्म से विशिष्ट होने के कारण विज्ञानमय कोश को कर्ता शब्द से कहा गया है । इस विज्ञानमय कोश के भीतर भोक्ता अर्थात् आनन्दमय कोश है । प्रिय, मोद, प्रमोदादि का भोक्ता होने के कारण आनन्दमय कोश को भोक्ता शब्द से कहा गया है । यही पाँच कोशों की परम्परा गुहा शब्द से कही जाती है । "***गुहू संवरणे***" इस धातु से गुहा शब्द निष्पन्न होता है, जो निगूढ़ार्थ का बोधक है । जिस प्रकार पर्वत और समुद्रादि में जाना कठिन होने के कारण उनको जानना तथा उनमें स्थित वस्तु की प्राप्ति सुलभ नहीं होती है, उसी प्रकार एक कोश से दूसरा कोश अन्तरतम होने पर भी दुर्गम है । तथा सभी कोशों के भीतर स्थित प्रत्यगात्मा अन्त्यन्त सूक्ष्म होने के कारण सुलभता से ज्ञेय नहीं होता है। कोश (म्यान) के भीतर रखी हुई तलवार के समान यह प्रत्यगात्मा भी अन्नमयादि कोशों के भीतर स्थित है । इन कोशों से उसका विवेचन करने पर स्वयंप्रकाश होने के कारण वह स्वयं ही प्रकाशित हो जाता है ।

अब अन्नमय कोश का स्वरूप और उसके अनात्मत्व का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – पिता द्वारा खाये गये अन्न से उत्पन्न वीर्य से पैदा हुआ देह अन्न से ही बढ़ता है । वह देह अन्नमय कहा जाता है, वह आत्मा नहीं है क्योंकि जन्म से पूर्व और मृत्यु के पश्चात् उसका अभाव होता है ।३।

अन्वयः - पितृभुक्तान्नजात् वीर्यात् जातः अन्नेन एव वर्धते सः देहः अन्नमयः अनात्मा । प्राक् ऊर्ध्वं च तदभावतः ।।

व्याख्या :- पितृभुक्तान्नजान्मातापितृभुक्तादेकशेषसमासबलेन पितृशब्द एवावशिष्टस्ताभ्यां भुक्तादन्नाद्यज्जायते वीर्यादिकं तिलमाषव्रीहियवप्रियङ्गूवणुगोधूमवेणुश्यामाकनीवारजर्तिलगवीधुकगार्मुत-कुलित्थाद्यनेकविधान्नाद्यच्छुक्रशोणितरूपात्तस्माज्जातो यो देहो दृश्यमानस्स्थूलदेहो जातो योऽपि च जननोत्तरमपि क्षीराद्यन्नेनैव प्रवर्धते समुपचीयते स देहोऽन्नमयोऽन्नस्य विकारः । यथा श्रुति"रन्नात्पुरुषः। स वा एष पुरुषोऽन्नरसमयः" तथा "भ्रं भूत्त्वा मेघो भवती"त्युपक्रम्य "यो रेतस्सिञ्चति । तद्भूय एव भवती"त्यन्तेन च ग्रन्थेन । अथान्नमयस्यानात्मत्त्वं साध्यते । अत्रैवं प्रयोगः - अन्नमयो देहो नात्मा प्राक्चोर्ध्वं तदभावतः प्रागभावप्रतियोगित्त्वात्प्रध्वंसाभावप्रतियोगित्त्वाच्च । देहोत्पत्तेः पूर्वं देहपातानन्तरं च देहस्याभावादित्यर्थः । उत्पत्तिविनाशशालित्त्वादिति वा हेतुः । अत्र प्राक्तदभावत इत्यत्र पुंसा योषिद्योनौ वीर्यनिषेकात्प्रागित्यर्थः । केचन लोकायतिका देह आत्मेति प्रतिपद्यन्ते - "अन्नाद्वै प्रजाः प्रजायन्त" इत्यादिनान्नस्य सृष्टिस्थितिलयकारणत्त्वं ज्ञायते । चेतनत्त्वमात्मनस्सर्वसम्प्रतिपन्नम् । अनुभूयते च चैतन्यं सति देहे, न चासति । अतो देह आत्मेति । तन्न, मृतदेहे देहत्त्वसद्भावेऽपि

व्याख्या - एकशेष समास के द्वारा पितृशब्द से माता का भी ग्रहण होता है अर्थात् माता और पिता के द्वारा खाये गये अन्न से रस-रक्त क्रम से रज और वीर्य उत्पन्न होता है, उसी रज-वीर्य के संयोग से माता के गर्भ में भ्रूण होता है । उसी भ्रूण से शरीर की उत्पत्ति होती है और जन्म होने के बाद बालक सर्वप्रथम माँ का दूध पीता है । वह दूध भी माता के द्वारा खाये गये अन्न से ही बनता है । तदनन्तर कुछ समय बाद बालक साक्षात् अन्न का भक्षण करता है, जिससे कि उसके स्थूल शरीर की वृद्धि होती है और अन्न के अभाव में शरीर क्षीण होता है । इससे यह ज्ञात होता है कि यह स्थूल शरीर पूर्ण रूप से अन्न से ही निर्मित और अन्न के ही आश्रित है । अतः अन्न का ही विकार होने से इसे अन्नमय कहा जाता है । श्रुति भी कहती है कि "***अन्नात् पुरुषः स वा एष पुरुषोऽन्नरसमयः***" अन्न से ही पुरुष (शरीर) होता है, वह शरीर अन्नरसमय ही है । तथा छान्दोग्योपनिषद् में भी "***अभ्रं भूत्वा मेघो भवति***" यहाँ से लेकर "***यो रेतः सिंचति तद्भूय एष भवति***" यहाँ तक पञ्च आहुतियों के द्वारा कैसे अन्न से पुरुष की उत्पत्ति हुई है, इसका स्पष्ट रूप से वर्णन किया गया है । यह अन्न का विकार देह आत्मा नहीं हो सकता, क्योंकि पूर्व और पश्चात् दोनों कालों में इसका अभाव होता है । अर्थात् जन्म से पूर्व भी इस वर्तमान शरीर का अस्तित्व न था और मृत्यु के पश्चात् भी इसका अस्तित्त्व नहीं रहने के कारण यह अन्नमय शरीर आत्मा नहीं है अथवा उत्पत्ति और विनाशशील होने के कारण यह देह आत्मा नहीं है ।

कुछ चार्वाक लोग "***अन्नाद्वै प्रजाः प्रजायन्ते***" (तै.उ. २/२) इस श्रुति का प्रमाण देकर अन्न को ही सृष्टि, स्थिति और लय का कारण बताकर अन्नमय शरीर को ही आत्मा कहते हैं । आत्मा देह के अभाव में नहीं रहता, इसलिये देह ही आत्मा है ऐसा उनका कथन है । यद्यपि यह सत्य है कि देह में ही चैतन्य की उपलब्धि होती है किन्तु इससे देह को चैतन्य स्वरूप नहीं माना जा सकता, क्योंकि मृतशरीर के रहते हुए भी उसमें चैतन्य का अभाव होता है । अर्थात् मृतशरीर में उपर्युक्त कथन व्यभिचरित

चैतन्यस्यानुपलम्भाच्छवशरीरे व्यभिचारदर्शनाद्देहश्चैतन्यमित्यनयोस्तत्त्वयोः पार्थक्याच्च सति देहे चैतन्योपलम्भनमात्रेण न देहश्चैतन्यम् । जडत्त्वाद्देहस्य दृश्यत्त्वेन नात्मत्त्वमिति दिक् ।।

देहस्यानात्मत्त्वानुमाने पूर्वोक्ते हेतोरप्रयोजकत्त्वशङ्कानिराकरणम् –

पूर्वजन्मन्यसन्नैतज्जन्म सम्पादयेत्कथम् ।
भाविजन्मन्यसत्कर्म न भुञ्जीतेह सञ्चितम् ॥ ४ ॥

अन्वयः – पूर्वजन्मनि असत् एतत् जन्म कथं सम्पादयेत् । भाविजन्मनि असत् इह सञ्चितं कर्म न भुञ्जीत ।।

व्याख्या :– यदि स्थूलदेहोऽन्नमय एवात्मा स्यात्तर्हि पूर्वजन्मैतद्देहरूपस्यात्मनः पूर्वस्मिन्काले यो देहस्तस्य जन्मासन्न विद्यते चेदेतज्जन्महेत्त्वदृष्टासंभवादेतज्जन्म वर्तमानशरीरस्य जन्म कथं संपादयेत्। तस्माद्देहोत्पत्तेः पूर्वं नियमेन केनापि कारणेन भाव्यम् । यदि पूर्वजन्म नाङ्गीक्रियते तर्ह्येतज्जन्मकारणभूत–पुण्यादेरभावादस्मिञ्जन्मन्यनुभूयमानसुखदुःखादिवैचित्र्यस्य हेत्वभावादकृताभ्यागमः प्रसज्येतेति भावः। अतोऽकृताभ्यागमदोषपरिहाराय पूर्वजन्माङ्गीकार्यमेव । तथा कृतविप्रणाशदोषभियोत्तरमपि जन्माभ्युपगन्तव्यम् । पूर्वमुपन्यस्तेऽनुमाने "देहो नात्मा प्रागभावप्रध्वंसाभावप्रतियोगित्त्वा"दित्यत्र तादृशाभावप्रतियोगित्त्वरूपहेतुरप्रयोजकस्तेषां चार्वाकानां मते देहस्य नित्यत्त्वेन पक्षे देहे हेतोरसिद्धिस्साध्यं चात्मत्त्वं विद्यत एवेति विपक्षे बाधकाभावदित्याशङ्कितमिति तत्समाधानायात्राकृताभ्यागमकृत–

होने के कारण युक्तियुक्त नहीं है । भाव यह है कि मृत्यु के बाद शरीर तो रहता है किन्तु उसमें चैतन्य की उपलब्धि नहीं होती है । देहात्मवादियों के अनुसार तो देह ही चैतन्य स्वरूप है । यदि देह ही चैतन्य होता तो मृत शरीर में भी वह चैतन्यत्व रहना चाहिये था किन्तु ऐसा नहीं होता है, यह लोकसिद्ध बात है । इसलिये देह आत्मा नहीं है ।

देह कार्य रूप भले ही हो फिर भी वह आत्मा ही है, इस शंका का परिहार करते हैं।

अर्थ – पूर्वजन्म में असत् (अविद्यमान यह देहात्मा) इस (वर्तमान) जन्म का सम्पादन कैसे करेगा? और भावी जन्म में असत् (अविद्यमान यह देहात्मा) इस जीवन के संचित कर्मों को भोग नहीं सकेगा।४।

व्याख्या – यदि स्थूल देह रूप यह अन्नमय ही आत्मा होता तो इस जन्म का सम्पादन वह कैसे करता ? क्योंकि वह तो पूर्वजन्म में असत् अर्थात् अविद्यमान था । जो स्वयं अविद्यमान हो वह दूसरों का सम्पादन कैसे कर सकता है ? इससे यह ज्ञात होता है कि इस वर्तमान शरीर की उत्पत्ति का कोई न कोई कारण अवश्य है । और पूर्वजन्म में ही यह देहात्मा असत् है, ऐसा नहीं है किन्तु भावी जन्म में भी असत् है । देह असत् होने से इस जीवन में किये गये पुण्य और पाप कर्मों का भोग कौन करेगा? इस जन्म में किये गये संचित कर्मों से उत्पन्न फल का भोक्ता यदि कोई भावी जन्म में नहीं रहेगा, तो उन कार्मों के फल का कोई भोक्ता ही नहीं रहेगा । यदि देह को ही कर्ता माने तो भावी जन्म में तो वह विद्यमान नहीं रहता, तब उन कर्मों का भोक्ता कौन होगा ? अर्थात् देहातिरिक्त आत्मा को न मानने पर अकृताभ्यागम और कृतविप्रणाश नामक दोष प्राप्त होंगे । जिन कर्मों को हमने नहीं किया है, उनका फल भोगना अथवा अकारण ही सुख और दुःख भोगना पड़े तो अकृताभ्यागम दोष होता है । यदि शरीर ही आत्मा है तो संसार में क्यों कोई सुखी और कोई दुःखी है ? क्यों कोई धनवान और कोई निर्धन

विप्रणाशरूपबाधकसद्भावादात्मनः कार्यत्त्वावगमान्नित्यता न संभवतीत्यात्मत्त्वमपि परास्तम् । आशुतरविनाशिनां कर्मणां स्वभावादेव नाशे प्राप्ते कृतविप्रणाशो नाम कोऽयं दोष इति चेत्सर्वेषां कर्मणां फलप्रदशक्तिरदृष्टनाम्ना प्रसिद्धास्ति या स्थायिनी सती फलं दत्त्वैव नश्यतीति सिद्धान्त इति शम् ।।

हैरण्यगर्भमतनिरूपणम् -

पूर्णो देहे बलं यच्छन्नक्षाणां यः प्रवर्तकः ।
वायुः प्राणमयो नासावात्मा चैतन्यवर्जनात् ॥ ५ ॥

अन्वयः - यः देहे पूर्णः बलं यच्छन् अक्षाणां प्रवर्तकः वायुः प्राणमयः । असौ आत्मा न , चैतन्यवर्जनात् ।।

व्याख्या :- ग्रन्थेऽस्मिन्नुत्तरत्र "हैरण्यगर्भाः प्राणात्मवादिनस्त्वेवमूचिर' इत्युक्तेः प्राणात्मवादो हैरण्यगर्भाणामिति ज्ञायते । योऽनिलो देहे बलं यच्छन्व्यानरूपेण शरीरपरिपुष्टिं प्रकल्पयन्नक्षाणामविशेषेण ज्ञानेन्द्रियकर्मेन्द्रियाणां प्रवर्तकः प्रेरयिता सन्पूर्ण आपादमस्तकं संव्याप्तो "हृदि प्राणो गुदेऽपानस्समानो नाभिसंस्थितः । उदानः कण्ठदेशस्थो व्यानस्सर्वशरीरग" इति कोशात्प्रसिद्धो वर्तते स प्राणमयस्तन्नाम्ना व्यवह्रियमाणः कोशः । स एवात्मेतिवादिनो हैरण्यगर्भा इत्यनुमानं दर्शयन्ति । प्राणमय आत्मा

है ? क्यों कोई स्वस्थ्य और कोई रोगी है । हम देखते हैं कि एक ही दिन, एक ही तिथि, एक ही नक्षत्र, एक ही समय में उत्पन्न दो जुड़वा भाईयों का भी भाग्य एक समान नहीं होता है । यदि देह को ही आत्मा माने तो जिसने जो कर्म किया नहीं, उसका फल वह क्यों भोगेगा ? जिसने पाप नहीं किया, वह दुःखी क्यों होगा ? और जिसने पुण्य किया है, वह दुःखी क्यों होगा ? इससे यह ज्ञात होता है कि आत्मा इस शरीर से भिन्न है । जिसने पूर्व जन्म में जैसे कर्म किये थे, उसे उन्हीं कर्मों के अनुसार वर्तमान शरीर प्राप्त हुआ है । इससे अकृताभ्यागम नाम का दोष भी नहीं लगेगा । और अपने किये हुए कर्मों का यदि फल न मिले, तो उसे कृतविप्रणाश कहते हैं । अर्थात् यदि किसी ने कोई सत्कर्म किया और उसका फल भोगे बिना ही वह मर गया तो क्या उसे उस कर्म का फल नहीं मिलेगा ? आपने अनेक शुभकर्म किये और उसका फल यदि आपको न मिले, तो आप शुभकर्म करेंगे ? यज्ञादि कर्मों से स्वर्ग प्राप्त होता है किन्तु वह इस शरीर से नहीं होता है । मरने के बाद ही होता है । यदि शरीर को ही आत्मा मानेंगे तो कौन यज्ञादि शुभ कर्म करेगा ? कई कर्म ऐसे होते हैं, जिनका फल एक ही शरीर से नहीं भोगा जाता। यदि देह को ही आत्मा मानेंगे तो कृतविप्रणाश अर्थात् किये हुए कर्मों का विनाश माना जाएगा, जो कि एक दोष है । क्योंकि कर्मों का बिना भोग किये कभी भी क्षय नहीं होता है । "***क्षीयते न कृतं कर्म कल्पकोटिशतैरपि***" इसलिये देह को आत्मा मानना कथमपि उचित नहीं है ।

अब प्राणमय कोश का स्वरूप और उसके अनात्मत्व का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - सम्पूर्ण देह में व्याप्त बल देने वाला और इन्द्रियों का प्रवर्तक जो वायु है, वही प्राणमय कोश है । यह प्राणमय कोश भी चैतन्य से रहित (जड़) होने के कारण आत्मा नहीं है ।५।

व्याख्या - प्राणात्मवाद हैरण्यगर्भों का मत है । हिरण्यगर्भ को मानने वाले प्राण को ही आत्मा मानते हैं, जिसका वर्णन ग्रन्थ में आगे किया जाएगा । उनके मत का निराकरण करते हैं अर्थात् प्राणमय कोश का अनात्मत्व प्रदर्शित करने के लिये सर्वप्रथम उसके स्वरूप का वर्णन करते हुए कहते हैं कि

जन्मस्थितिलयहेतुत्त्वात् यन्नैवं तन्नैवं यथा घट इति । तत्रोपपत्तिमपीत्थं प्रदर्शयन्ति । प्राणवायुरेव योषिद्गर्भं प्रविष्टं रेतोघनीभावमापद्य पिण्डादिक्रमेण शिशुशरीरमुत्पादयतीति श्वासकोशद्वारा प्राणवायुस्सञ्चलति तदेव हि जीवानामायुः "प्राणो भूतानामायुरिति श्रुतेस्तदुत्क्रान्तिरेव च लोके मरणमिति व्यपदिश्यते । वारुण्यपि वल्लीममेवार्थं वदति "प्राणाद्धयेव खल्विमानि भूतानि जायन्ते। प्राणेन जातानि जीवन्ति । प्राणं प्रयन्त्यभिसंविशन्तीति" "तस्मात्प्राणमयकोश आत्मेति चेन्न । नायमात्मा चैतन्यवर्जनादचेतनत्त्वाज्जड-त्त्वादित्यर्थः। घटवद् पूर्वोक्तहेतोस्सत्प्रतिपक्षत्त्वान्न प्राण आत्मेति सिद्धमिति शम् ।।

मनोमयकोशस्वरूपनिरूपणम् -

अहन्तां ममतां देहे गेहादौ च करोति यः ।
कामाद्यवस्थया भ्रान्तो नासावात्मा मनोमयः ।। ६ ।।

अन्वयः - देहे अहन्तां गेहादौ ममतां च यः करोति कामाद्यवस्थया भ्रान्तः मनोमयः । असौ आत्मा न ।।

व्याख्या :- प्रथमं मनोमयकोशस्वरूपं प्रदर्शयति । यो मनोमयो देहेऽहन्तामहंभावं गेहा-दावादिशब्देन कलत्रापत्यारामक्षेत्रपश्वादिकं गृह्यते । तत्र ममतां मदीयत्त्वाभिमानं च करोति स मनोमयकोशः । अहमिदं ममेदमित्यभिमानाविष्टो हि मनोमय इति यावत् । मनआत्मवादिनो वदन्ति चैतन्यवर्जनात्प्राणो नात्मेति सत्यम् । सात्त्विकांशसम्भूतत्त्वाज्ज्ञानशक्तिकत्त्वाच्च मनसश्चेचतनत्त्वं विद्यते । किञ्च जगज्जन्मस्थितिलयकारणत्त्वमपि मनसश्श्रूयते "मनसो ह्येव खल्विमानि भूतानि

जो वायु सम्पूर्ण शरीर में व्याप्त है । (हृदय में प्राण, गुदा में अपान, नाभिमण्डल में समान, कण्ठ में उदान और सम्पूर्ण शरीर में व्यान व्याप्त है) जो वायु बल प्रदान करता है । जलादि के अभाव में प्राणादि के क्षीण हो जाने पर बलादि भी क्षीण हो जाते हैं । इससे ज्ञात होता है कि वायु से ही बल प्राप्त होता है और सम्पूर्ण इन्द्रियों का प्रेरक संचालक भी यही वायु है । उसी वायु को प्राणमय नामक कोश कहा जाता है । यदि कहो कि प्राणमय ही आत्मा है क्योंकि प्राण से ही जन्म, स्थिति और लय होता है । प्राणवायु ही स्त्री के गर्भ में प्रविष्ट होकर वीर्य को घनीभाव प्रदान कर पिण्डादि क्रम से देह को उत्पन्न करता है । श्वासोच्छ्वास को ही वायु कहा गया है, यही सभी भूतों का जीवन है । "***प्राणो हि भूतानामायुः***" (तै. उ.) और प्राण का उत्क्रमण होना ही मरण शब्दवाच्य है तथा श्रुति भी कहती है "***प्राणाध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते, प्राणेन जातानि जीवन्ति, प्राणं प्रयन्त्यभिसंविशन्ति***" (तै. उ.) अतः 'प्राणमय ही आत्मा है' तो यह आपका कथन उचित नहीं है, क्योंकि प्राणमय चैतन्य से रहित अर्थात् जड़ है । जड़ से जन्मादि का होना संभव नहीं है और आत्मा जड़ नहीं है, अतः प्राणमय भी आत्मा नहीं है ।

अब मनोमय का स्वरूप और उसके अनात्मत्व को कहते हैं ।

अर्थ - देह में अहंता और गृहादि में ममता करने वाला तथा कामादि अवस्थाओं से भ्रान्त रहने वाला यह मनोमय कोश आत्मा नहीं है ।६।

व्याख्या - मनोमय का अनात्मत्व कहने के लिये सर्वप्रथम उसके स्वरूप को बताते हैं । जो देह में अहंता करता है अर्थात् यह स्थूल शरीर मैं ही हूँ, इस प्रकार शरीर में आत्मबुद्धि करता है और गृह, पत्नी, पुत्र, धनादि में ममता करता है अर्थात् "यह गृह मेरा है, यह मेरी पत्नी है, यह मेरा पुत्र है" इत्यादि

जायन्ते । मनसा जातानि जीवन्ति । मनः प्रयत्यभिसंविशन्ति" इति । तथा स्थूलदेहवत्प्रागभावप्रध्वंसाभावप्रतियोगित्त्वमपि नास्ति । यतो मरणकाले तृणजलूकान्यायेन मनो देहान्तरं स्वकर्मानुसारं प्रविशति मनसस्सर्वव्यवहारहेतुत्त्वात्स्थितिहेतुत्त्वमपि स्पष्टम् । यदि च सर्वसङ्गसन्त्यागः कर्तव्यश्चेन्मनसैव स साध्यः । अतो मन आत्मेति । नैतद्युक्तिसहम् । कामाद्यवस्थया कामक्रोधादिविविधविकारावस्थया भ्रान्तोऽहमिदं ममेदमित्ययथार्थपदार्थेष्वध्यासवशात्तादात्म्यमापन्नोऽतो नात्मेति भावः । अत्रैवं प्रयोगः- मनोमयो नात्मा विकारवत्त्वाद्देहादिवदिति । कामाद्यवस्था भ्रान्त इत्यनेन कामक्रोधाद्यनेकवृत्तिमत्त्वोक्त्या- नियतस्वभाववत्त्वेन मनसोऽनात्मत्त्वे साध्ये विकारित्त्वापरपर्यायः परिणामित्त्वरूपो हेतुः प्रदर्शित इति बोध्यम् । आत्मनश्च निर्विकारत्त्वं सकलश्रुतिस्मृतिप्रसिद्धमिति न तद्विरुद्धतया परिणामिनो मनस आत्मत्त्वमभ्युपगन्तुं शक्यत इति दिक् ।।

बौद्धमतखण्डनम् । विज्ञानमयकोशस्वरूपनिरूपणम् -

लीना सुप्तौ वपुर्बोधे व्याप्नुयादानखाग्रगा ।
चिच्छायोपेतधीर्नात्मा विज्ञानमयशब्दभाक् ॥ ७ ॥

अन्वयः - चिच्छायोपेतधीः सुप्तौ लीना बोधे आनखाग्रगा वपुः व्याप्नुयात् विज्ञानमयशब्दभाक्। आत्मा न ।।

प्रकार से गृहादि में ममत्व भाव रखता है, वह मनोमय कोश कहलाता है । अर्थात् अहंता और ममता से आवृत ही मनोमय कोश है । अब उसका अनात्मत्व बताते हैं ।

पूर्वपक्षी - चैतन्य के अभाव के कारण भले ही प्राणमय आत्मा न हो किन्तु मनोमय आत्मा क्यों नहीं होगा ? मन तो अपञ्चीकृत पञ्च महाभूतों के सात्त्विकांश से उत्पन्न हुआ है और उसमें चैतन्य भी विद्यमान है । तथा "***मनसा ह्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते***" (तै.उ. ३/४) इत्यादि श्रुति में मनोमय को ही जन्म, स्थिति और लय का कारण कहा गया है । मरणकाल में भी तृणजलूका न्याय से जीवात्मा मन के द्वारा ही देहान्तर की भावना करके अन्य देह में प्रवेश करता है । लोक में समस्त व्यवहार भी मन के द्वारा ही होते हैं । तथा सभी पदार्थों का त्याग भी मन से ही होता है, इसलिये मनोमय ही आत्मा है ।

सिद्धान्ती - आपका कथन ठीक नहीं है, क्योंकि यह मनोमय काम-क्रोधादि विकारों से विकारवान है । इसीलिये सर्वदा भ्रान्त रहता है । कामादि के कारण ही "यह मैं हूँ, यह मेरा है" इस प्रकार अहंता और ममत्व से युक्त रहता है । उन-उन पदार्थों में तादात्म्याध्यास के कारण सर्वदा भ्रमित रहता है। इसलिये यह मनोमय कोश आत्मा नहीं है, क्योंकि आत्मा तो निर्विकार है । "***अविकार्योऽयमुच्यते***" (गी. २/२५) आत्मा का निर्विकारत्व अनेकों श्रुति-स्मृति प्रमाणों से सिद्ध ही है, अतः विकारवान होने के कारण मनोमय भी आत्मा नहीं है ।

अब विज्ञानमय कोश के स्वरूप का वर्णन कर उसके भी अनात्मत्व का प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ - चिदाभास से युक्त बुद्धि सुषुप्ति में लीन हो जाती है और जाग्रदवस्था में मस्तक से लेकर नख पर्यन्त शरीर को व्याप्त करके स्थित रहती है । वह विज्ञानमय शब्द से कही जाती है, वह आत्मा नहीं है॥७।

व्याख्या :- या चिच्छायोपेतधीश्चितश्छाया चिदाभासप्रतिबिम्बस्तेनोपेता धीर्निश्चयात्मिका बुद्धिस्सा सुप्तौ गाढनिद्रायां लीना विलयं गता सती बोधे जाग्रद्दशायामानखाग्रगा नखानामग्रपर्यन्तमभिव्याप्य गच्छतीति कररुहान्तपर्यन्तं वर्तमाना सती वपुर्देहं व्याप्नुयात्सम्यग्व्याप्य वर्तते । सा धीर्विज्ञानमयशब्द-भाग्विज्ञानमयकोशोऽस्ति । अयमेवात्मेति बौद्धाः । विज्ञानात्मवादिनामयमाशयो "यद्विज्ञानं यज्ञं तनुते । कर्माणि तनुतेऽपि चे"त्यादिश्रत्युपपादितरीत्या कर्तृत्त्वाभिमानी विज्ञानमयः कर्माण्यनुतिष्ठति। तेषां कर्मणां फलोपभोगार्थं देहान्तरं चावाप्नोति । पौनःपुन्येन कर्मणा भवति पापः पापेने"त्यादिनावबुद्ध्यते। निश्चयात्मिका बुद्धिरेव व्यापारादौ स्थितिहेतुः, युद्धादौ मरणहेतुरपि तास्मादात्मत्त्वं विज्ञानमयस्येति । नैतच्छोभतेतरां विज्ञानमयशब्दभाङ्नात्मा । विलयाद्यवस्थावत्त्वात् घटादिवत् । तथा च कदाचिल्लीयत इति विक्रियत्त्वादेव नात्मत्त्वमिति दिक् ।।

मनोमयविज्ञानमयकोशयोर्भेदनिरूपणम् -

कर्तृत्त्वकरणत्त्वाभ्यां विक्रियेतान्तरिन्द्रियम् ।
विज्ञानमनसी अन्तर्बहिश्चैते परस्परम् ॥ ८ ॥

अन्वयः - अन्तरिन्द्रियं कर्तृत्त्वकरणत्त्वाभ्यां विक्रियेत एते विज्ञानमनसी । एते च परस्परम् अन्तः बहिः।

व्याख्या :- मनो बुद्ध्योरुभयोरप्यन्तःकरणत्त्वाविशेषात्कथमत्र कोशद्वयकल्पना कृता मनोमयो

व्याख्या - चिच्छायोपेत अर्थात् आत्मा के प्रतिबिम्ब से युक्त जो निश्चयात्मिका बुद्धि है, वह बुद्धि सुषुप्ति (गाढ़ निद्रा) में लीन हो जाती है । और जाग्रदवस्था में मस्तक से लेकर पैर के नाखुन पर्यन्त अर्थात् सम्पूर्ण शरीर में व्याप्त रहती है । वही बुद्धि विज्ञानमय नाम से प्रख्यात है । वह विज्ञानमय भी आत्मा नहीं है । विज्ञानमय ही आत्मा है, ऐसा बोद्धों का कथन है ।

पूर्वपक्ष - "***विज्ञानं यज्ञं तनुते कर्माणि तनुतेऽपि च***" (तै.उ.) विज्ञानवान ही यज्ञ का विस्तार करता है और वही कर्मों का भी विस्तार करता है । कर्तृत्वाभिमानी ही कर्मों को करता है और उनका फल भोगने के लिये देहान्तर को प्राप्त होता है । विज्ञानमय ही जन्म का कारण है । "***पुण्यो वै पुण्येन कर्मणा भवति पापः पापेन***" (बृ.उ. ४/४/५) अर्थात् मनुष्य पुण्य कर्म से पुण्यवान और पाप कर्म से पापी होता है, ऐसा श्रुति का वचन है । तथा व्यापारादि में निश्चय करने पर ही मन की स्थिति होती है, इत्यादि प्रमाणों से ज्ञात होता है कि विज्ञानमय ही आत्मा है ।

सिद्धान्तपक्ष - आपका यह कथन अविचारित रमणीय है । विज्ञानमय शब्द से आत्मा का ग्रहण नहीं हो सकता, क्योंकि विज्ञानमयशब्दभाक् बुद्धि सुषुप्ति में लीन हो जाती है । जिसका विलय हो जाता हो, वह आत्मा कैसे हो सकता है ? अतः सुषुप्ति में विज्ञानमय का विलय हो जाने के कारण वह भी आत्मा नहीं है ।

अब मनोमय और विज्ञानमय कोश का भेद प्रदर्शित करते हैं ।

अर्थ - अन्तःकरण ही कर्तृत्व और करणत्व रूप से विकृत होता है । इससे वह विज्ञानमय और मनोमय कोश कहलाता है । ये दोनों परस्पर अन्दर और बाहर रहते हैं ।८।

व्याख्या - ***पूर्वपक्षी*** - मन और बुद्धि इन दोनों को ही अन्तःकरण कहा जाता है । इन दोनों में

विज्ञानमय इति चेदुच्यते - कर्तृत्त्वकरणत्त्वरूपभेदसद्भावादुचितमेव द्वैविध्यम् । अन्तरिन्द्रिय-मन्तःकरणमेकमपि कर्तृत्त्वकरणत्त्वाभ्यां धर्माभ्यां विक्रियेत परिणमते । मनः प्रथमं संशेते सर्वत्र किं यज्ञादिरनुष्ठेयो नवेति किमिदं भोक्तव्यं नवेत्येवं गुणदोषौ विमृश्य तदनन्तरमेवैतन्मयाचरणीयमिदं भोक्तव्यमित्यादिना स्वकर्तव्यतां विनिश्चित्य प्रवर्तत इति संशयात्मा करणं मनः । कर्ता च विज्ञानमयः। तस्माद्विमर्शनिश्चयात्मकवृत्तिभेदेन कर्तृत्त्वकरणत्त्वे विज्ञानमयकोशमनोमयकोशौ । तथाचान्तःकरण-विकारविशेषनिष्ठकर्तृत्त्वनिरूपितमेवापरतद्विकारविशेषे करणत्त्वमेवं तन्निष्ठकर्तृत्त्वनिरूपितमेव पूर्वनिष्ठं कर्तृत्त्वमिति रहस्यम् । यस्मिन्समये यादृशो विकारो भवति तद्विकारानुगुणमन्तर्बहिर्वाङ्मनसी च भवत इति ज्ञेयम् । अतः कोशद्वयोक्तौ न काप्यनुपपत्तिरिति दिक् ।।

आनन्दमयकोशस्वरूपनिरूपणम् -

काचिदन्तर्मुखा वृत्तिरानन्दप्रतिबिम्बभाक् ।
पुण्यभोगे भोगशान्तौ निद्रारूपेण लीयते ।। ९ ।।

कोई विशेषता न होने के कारण यहाँ पर मनोमय और विज्ञानमय रूप दो कोशों की कल्पना करने की क्या आवश्यकता है ?

सिद्धान्ती - कर्तृत्व और करणत्व भेद के कारण ही दोनों को भिन्न कहा गया है, अतः दो कोशों का प्रतिपादन करना उचित ही है ।

अन्तरिन्द्रियम् अर्थात् अन्तःकरण कर्ता और कारण रूप से विकृत अर्थात् परिणाम को प्राप्त होता है । मन का कार्य संकल्प-विकल्प करना है । सर्वप्रथम मन संशय करता है कि मैं यह कार्य करूँ अथवा नहीं ? इसको करने से मुझे लाभ होगा या हानि ? इस प्रकार गुण और दोष का विमर्श करने के बाद मुझे यह कार्य नहीं करना चाहिये । इससे मुझे हानि है, मुझे दूसरा कार्य करना चाहिये, जिससे मुझे लाभ हो । इस प्रकार अपने कर्तव्य और अकर्तव्य का निश्चय करके तदनुरूप आचरण करने वाला विज्ञानमय (बुद्धि) है । इस प्रकार विमर्श और निश्चय रूप वृत्ति के भेद से एक ही अन्तःकरण कर्ता और करण रूप से परिणत हो जाता है । कर्ता के कर्तव्य निश्चय के पूर्व गुण-दोष विमर्शन के साधनभूत मन की वृत्ति प्रथम होने से उसका करणत्व है । मन सभी इन्द्रियों का अध्यक्ष है, इसलिये मन से प्रेरित होकर ही इन्द्रियाँ विषयों को ग्रहण करती हैं, मन के अभाव में नहीं । बुद्धि साक्षात् इन्द्रियों को प्रेरित नहीं करती है, मन के द्वारा ही प्रेरित करती है । अतः मन बुद्धि का करण अर्थात् साधन है । जैसे बढ़ई वसूले आदि उपकरणों से काम करता है, वैसे ही बुद्धि मन के द्वारा इन्द्रियों से काम कराती है । मन बुद्धि का उपकरण होने से करण कहा गया है । और बुद्धि कर्ता है, इसीलिये कर्ता को विज्ञानमय कोश और करण को मनोमय कोश कहा जाता है । ये दोनों परस्पर आन्तरभाव और बाह्यभाव से रहते हैं, इसीलिये दोनों भिन्न-भिन्न कोश हैं ।

अब आनन्दमय कोश का अनात्मत्व बताने के लिये सर्वप्रथम उसके स्वरूप का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - पुण्यभोग में कोई अन्तर्मुखी वृत्ति आनन्द के प्रतिबिम्ब का भोग करती है और भोग शान्त होने पर (वही वृत्ति) निद्रा रूप में विलीन हो जाती है ।९।

अन्वयः – पुण्यभोगे काचित् वृत्तिः अन्तर्मुखा आनन्दप्रतिबिम्बभाक् भोगशान्तौ निद्रारूपेण लीयते ।।

व्याख्या :– पुण्यभोगे पुण्यस्य कर्मणः फलानुभवदशायां काचिदनिर्वचनीया वृत्तिर्बोधे वृत्तिरन्तर्मुखा बाह्यविषयेभ्यो विनिवृत्ता सती ह्यानन्दप्रतिबिम्बभोगानन्दो निरतिशयानन्द आत्मस्वरूपं यत्परं ब्रह्म तत्प्रतिबिम्बं तस्यानन्दस्य छायामनुभवित्र्यस्ति । वृत्तिश्च जाग्रत्स्वप्नावस्थयोर्मनसो भवति । सुषुप्त्यवस्थायां परमविद्याया इति विवेको द्रष्टव्यः । बाह्येषु शब्दादिविषयेषु सम्बद्धेषु सत्स्वन्तःकरणं तत्तदाकारमेति नदीकुल्यादिभ्यः केदारषु निःसृतं जलं यथा तत्तदाकारम् । बहिर्विषयवैमुख्ये त्वन्तःकरणमन्तर्मुखं सत्प्रियमोदप्रमोदाकारादृष्टवृत्तीर्लभते । प्रियो विषयदर्शनजं सुखं, मोदो दृश्यविषयलाभजन्य आनन्दः, प्रमोदश्च लब्धविषयानुभवजन्य इत्यासामानन्दवृत्तीनां भेदः । तथा च प्रियमोदप्रमोदानन्दानुभोक्त्र्यन्तः–करणवृत्तिः परं विषयाकाराकारितवृत्तित्त्वावच्छिन्ना आनन्दाकारवृत्तिः परं विषयाकाराकारित–वृत्तित्त्वानवच्छिन्नेति भेदोऽयमानन्दमयस्य । सोऽयमप्यानन्दो विषयानन्दाश्च ब्रह्मानन्दस्य निरतिशयस्य नैकां कलामप्यर्हन्ति । "एतस्यैवानन्दस्यान्यानि भूतानि मात्रामुपजीवन्ति" इति श्रुतेः । अतश्च प्रतिबिम्बशब्देन केवलं छायामात्रमुच्यते । भोगशान्तौ सुकृतकर्मफलभोगोपरमे निद्रारूपेण लीयते । सान्तर्मुखावृत्तिर्विलयं प्रयाति । सैवानन्दमयः । भोक्ता सुखं यथानुभवति तथैव दुःखमप्यनुभवतीत्यनयोः को भेद इति चेन्मनोधर्मो दुःखानुभव आनन्दमयधर्मस्सुखानुभव इत्येतावानेवानयोः भेद इति गृहाण । कोऽयमानन्दमयो नाम? किं दुःखनिवृत्तिस्वरूप उताहो सुखाद्यनुभवविशेषो वा? अत्र नैयायिका दुःखाभावातिरिक्तमानन्दं नैव मन्यन्ते । वेदान्तिनस्त्वतिरिक्त इति । आनन्दो दुःखाभावो न तदनिरूप्यत्त्वात्सातिशयत्त्वाच्च । यो येन न निरूप्यते न स तदभावरूपो भवति । स्वभावस्य प्रतियोगिनिरूप्यत्त्वनियमादिति दिक् ।।

व्याख्या – पुण्यकर्मों के फल का अनुभव करते समय कोई बुद्धि वृत्ति निरतिशय आनन्द रूप परब्रह्म के प्रतिबिम्ब का अनुभव करती है । बाह्य विषयों के सम्बन्ध से अन्तःकरण तदाकाराकारित हो जाता है । और उसके विपरीत अन्तर्मुख होने पर प्रिय–मोदादि वृत्ति उत्पन्न होती हैं । दृष्ट पदार्थ का दर्शन प्रिय, उसकी प्राप्ति मोद और उसका उपभोग प्रमोद है । इस प्रकार प्रिय, मोद और प्रमोदादि का अनुभव करने वाली अन्तःकरण की विशेषवृत्ति आनन्दमय कही जाती है । यह आनन्दमय वृत्ति विषयाकाराकारित वृत्तियों से अवच्छिन्न नहीं है । सुखादि वृत्तियाँ तो विषयाकाराकारित वृत्तियों से अवच्छिन्न होती हैं । बाह्यसुख और आनन्दमय में यही भेद है । ये दोनों ही ब्रह्मानन्द की तुलना में कुछ भी नहीं हैं । ये ब्रह्मानन्द की एक कला के बराबर भी नहीं हैं । "***एतस्यैवानन्दस्यान्यानि भूतानि मात्रामुपजीवन्ति***" इसलिये प्रतिबिम्ब शब्द से केवल छायामात्र कहा गया है । यह वृत्ति भोग शान्त होने पर निद्रा रूप से लीन हो जाती है अर्थात् वही अन्तर्मुखा वृत्ति विलीन हो जाती है । यदि कहो कि भोक्ता केवल सुख का ही नहीं किन्तु दुःख का भी अनुभव करता है, तो आपका कथन ठीक है, किन्तु दुःख का अनुभव मन का धर्म है और सुख का अनुभव आनन्दमय का धर्म है । अच्छा बताइये कि वह आनन्द क्या है ? दुःख निवृत्ति रूप है अथवा विशिष्ट सुखानुभव रूप है ? नैयायिक लोग दुःख

अयं सर्वैस्सर्वान्तरतयानुभूयमान आनन्दमयो भोक्ता नात्मा । कादाचित्कत्त्वतो नैरन्तर्येणाभावात् प्रियमोदादिविकाराणामन्तर्मुखतायामेवोपलब्धेर्विकाराश्रयत्त्वादिति भावः ।

आनन्दमयकोशस्यानात्मत्त्वप्रतिपादनम् -

कादाचित्कत्वतोऽनात्मा स्यादानन्दमयोऽप्ययम् ।
बिम्बभूतो य आनन्द आत्मासौ सर्वदा स्थितेः ॥ १० ॥

अन्वयः - अयम् आनन्दमयः अपि कादाचित्कत्त्वतः आत्मा न स्यात् । बिम्बभूतः यः आनन्दः असौ आत्मा । सर्वदा स्थितेः ॥

व्याख्या :- अन्नमयादीनामानन्दमयान्तानां पञ्चानां कोशानामात्मत्त्वं निराकृतं चेन्नैरात्म्यमेवावशिष्येतेति न मन्तव्यमित्याह - बिम्बभूतो यो बुद्ध्यादावानन्दस्य प्रतिबिम्बभूता मनुष्यानन्दादयो ब्रह्मानन्दान्ता अन्यानन्दास्वादकरा य आसते तेषा''मानन्दानां बिम्बभूतोऽधिष्ठानरूपोऽद्वितीयोऽसौ कारणभूतो य आनन्दस्स आत्मा भवति । सर्वदा स्थितेः । नित्यत्त्वात् । त्रिविधकालापरिच्छिन्नत्त्वात्त्रिविधभेदवैधुर्यान्निर्विकारत्त्वाच्च । ''यच्चाप्नोति यदादत्ते यच्चात्ति विषयानिह । यच्चास्य सन्ततो भावस्तस्मादात्मेति गीयत'' इत्याद्यात्मनिरुक्त्यनुरोधेन सततं गच्छतीत्याप्नोतीत्यत्तीत्यद्यत इति वात्मेति गिरन्ते । य आत्मा न भवति न स नित्यो यथा देहादिः गमनादेस्सर्वस्याप्युत्पत्तिमत्त्वेनानित्यत्वान्नैवैकान्तिकतेति दिक् ॥

के अभाव को ही आनन्द मानते हैं किन्तु वेदान्ती लोग दुःख के अतिरिक्त आनन्द को मानते हैं । आनन्द दुःखाभाव नहीं हो सकता, क्योंकि उसका निरूपण करना शक्य नहीं है । अतः दुःखाभाव को ही आनन्द कहना उचित नहीं है ।

अब आनन्दमय कोश का भी अनात्मत्व प्रदर्शित करते हैं ।

अर्थ - क्षणिक होने के कारण यह आनन्दमय भी आत्मा नहीं है । सदा स्थित रहने के कारण बिम्बभूत जो आनन्द है, वही आत्मा है ।१०।

व्याख्या - यह सभी के द्वारा अनुभूयमान आनन्दमय भोक्ता भी आत्मा नहीं है, क्योंकि यह क्षणिक है । इस आनन्द में निरन्तरता का अभाव है । प्रिय, मोद, प्रमोदादि विकारों से जब अन्तर्मुखता आती है तभी इसकी उपलब्धि होती है । भाव यह है कि यह आनन्दमय विकारों का आश्रय है । अन्नमय से लेकर आनन्दमय पर्यन्त पाँचों कोशों के अनात्मत्व का प्रतिपादन कर उनके निराकरण से नैरात्म्यवाद (अनात्मवाद) ही अवशिष्ट रहता है, ऐसा नहीं मानना चाहिये । इसलिये कहते हैं कि नित्य रहने वाला बिम्बभूत जो आनन्द है अर्थात् मनुष्य के आनन्द से लेकर ब्रह्मा जी के आनन्द तक सभी प्रतिबिम्ब रूप आनन्दों का जो एकमात्र अधिष्ठान (बिम्ब रूप) है, वही आत्मा है । और यह आनन्दमय कोश के समान क्षणिक नहीं है । यह सर्वदा रहने वाला आनन्द है, क्योंकि यह नित्य है । यह आनन्द तीनों कालों से अपरिच्छिन्न, स्वगतादि तीनों भेदों से रहित और निर्विकार होने के कारण नित्य है । यहाँ अनुमान प्रयोग है - आत्मा नित्य है, जो आत्मा नहीं होता, वह नित्य नहीं होता-जैसे देह आदि ।

देहादीनामनात्मत्त्वे आत्मनैराश्यं प्रसज्येतेति पूर्वपक्षनिरूपणम् -

ननु देहमुपक्रम्य निद्रानन्दान्तवस्तुषु ।
मा भूदात्मत्त्वमन्यस्तु न कश्चिदनुभूयते ॥ ११ ॥

अन्वयः - ननु देहम् उपक्रम्य निद्रानन्दान्तवस्तुषु आत्मत्त्वं मा भूत् । अन्यः तु कश्चित् न अनुभूयते ।।

व्याख्या :- पूर्वोक्तानुमाने ''सर्वदा स्थिते''रिति हेतुराश्रयासिद्धः । यतो निद्रानन्दान्तवस्तुभ्यो भिन्नतया बिम्बीभूतानन्दस्यैवाद्यावध्यनुपलम्भादित्याह - ननु देहमन्नमयकोशमुपक्रम्य निद्रानन्दान्तवस्तुषु सुषुप्त्यवस्थायां यादृश आनन्दस्स एवान्तो येषामानन्दमयान्तानां सौषुप्तिसुखान्तमनुभूयमानेषु वस्तुषु मा भूदात्मत्त्वं तेषां सर्वेषां बहुभिर्युक्तिभिरनात्मा साध्यतां नाम । अन्य इतरः कश्चित्तद्विलक्षणस्तेभ्यो विभिन्नतया क आत्मानुभूयते? अत आत्मपदार्थ एव कश्चनाप्रसिद्धो जातः तस्मान्नैरात्म्यमिति पूर्वपक्षः।

दशश्लोक्या नैरात्म्यशङ्काखण्डनम् -

बाढं निद्रादयस्सर्वेऽनुभूयन्ते न चेतरः ।
तथाप्येतेऽनुभूयन्ते येन तङ्को निवारयेत् ॥ १२ ॥

अन्वयः - निद्रादयः सर्वे अनुभूयन्ते च इतरः न (अनुभूयते) बाढम् । तथापि येन एते अनुभूयन्ते तं कः निवारयेत् ?

व्याख्या :- सर्वे निद्रादयोऽनुभूयन्ते । सम्प्रति निद्राशब्दो निद्रानन्दं लक्षयति । तथा च देहादयस्सौषुप्त्यानन्दान्तास्समनुभूयन्ते । उपलभ्यमानत्त्वात् । तेभ्योऽन्यो न कश्चिदनुभूयत इत्येवं यत्ते मुग्धवचस्तद्बाढम् ''भृशप्रतिज्ञयोर्बाढ''मिति कोशात्तत्साधु यद्यपि तथाप्यन्यस्य

अन्नमयादि कोशों का भले ही आत्मत्व न हो किन्तु उनके अतिरिक्त भी कोई आत्मा प्रतीत नहीं होने से नैरात्म्यवाद ही प्राप्त होगा, इस प्रकार पूर्वपक्ष प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - देह से लेकर निद्रानन्द (आनन्दमय कोश) पर्यन्त सभी वस्तुओं (कोशों) में आत्मत्व भले ही न हो किन्तु उनके बिना अन्य कुछ अनुभव में नहीं आता है । (इसलिये आत्मा नहीं है)।११।

व्याख्या - पूर्वपक्षी शंका करता है कि देह से प्रारम्भ कर निद्रानन्द पर्यन्त अर्थात् निद्रा में जो आनन्द होता है वही अन्त है जिसका, उस आनन्दमय पर्यन्त सभी पाँचों कोशो में आत्मत्व भले ही न हो । अर्थात् आपके द्वारा युक्ति पूर्वक उनका जो अनात्मत्व प्रतिपादित किया गया है, वह भले ही मान लिया जाए किन्तु उन पाँचों कोशों के अतिरिक्त भी तो कोई आत्मा उपलब्ध नहीं होता । इसलिये आत्मा नाम की कोई वस्तु है ही नहीं ।

अब दश श्लोकों के द्वारा पूर्वोक्त पूर्वपक्ष का परिहार करते हैं ।

अर्थ - ठीक है, निद्रादि सब अनुभव के विषय होते हैं, उनसे अन्य नहीं तथापि ये (पाँचों कोश) जिसके द्वारा अनुभूत होते हैं, उसका निवारण कौन कर सकता है ? १२।

व्याख्या - **निद्रादयः** अर्थात् आनन्दमयादि पाँचों कोश अनुभव के विषय हैं किन्तु उनसे भिन्न आत्मा नामक कोई अन्य वस्तु अनुभव का विषय नहीं है, ऐसा जो तुम्हारा वचन है, वह ठीक है

कस्याप्यनुलभ्यमानत्त्वेऽपि येनाधिष्ठानभूतेन परमार्थसत्येन त्रिकालाबाध्येन स्वाभिन्नेन दृङ्मात्रस्वरूपेण सर्वव्यापकेन सर्वकारणकारणेनात्मानैतेऽन्नमयाद्यानन्दमयान्ता अनुभूयन्ते । यद्बलवदनुभूयमानानामुपलभ्यमानता सिद्ध्यति सोऽनुभवः कुतो नाङ्गीक्रियत इत्याशयेनाह तं को निवारयेत्तं ज्ञातारं साक्षिणं को वा निवारयितुमीष्टे । सर्वेषामनुभवानामनुभावयिता कश्चनापेक्षत इति सोऽवश्यमभ्युपगन्तव्य इति स एवात्मेति दिक् ।।

आत्मनस्स्वयं प्रकाशत्त्वेनावेद्यत्त्वनिरूपणम् -

स्वयमेवानुभूतित्त्वाद्विद्यते नानुभाव्यता ।
ज्ञातृज्ञानान्तराभावादज्ञेयो न त्वसत्तया ।। १३ ।।

अन्वयः - स्वयम् एव अनुभूतिमत्त्वात् अनुभाव्यता न विद्यते । ज्ञातृज्ञानान्तराभावात् अज्ञेयः । असत्तया तु न ।।

व्याख्या :- यद्युक्तपदार्थेभ्योऽन्य आत्मा स्यादुपलभ्येतैव यतो नोपलभ्यतेऽतो नास्तीत्यत्र योग्यानुपलब्धिप्रमाणं न प्रसरतीत्याह । स्वयमेवानुभूतित्त्वादात्मनस्सर्वसाक्षितयानुभवरूपत्त्वात्तत्र साक्षिण्यात्मनि विषयेऽनुभाव्यतान्यानुभवगोचरत्त्वं न विद्यते । स्थूलदेहादिकारणदेहान्तानां साक्ष्यनुभवरूपत्त्वादेव तस्यानुभाव्यता नास्तीति भावः । उक्तवस्त्वनुभवितुरेवात्मत्त्वं यदि तत्सिद्धिरनुभवित्राश्रितानुभवाद्वाच्या । तस्मादानन्दमयान्तास्स्वाश्रितानुभवेनानुभवित्रा मयानुभूता एवमेव स्वयमप्यहं तेनैवानुभूतोऽस्मीत्यादि ज्ञानमापद्येत । अतो वेणुसङ्घर्षणजन्यवह्निन्यायेन यावदनुभाव्यमेवानु-

---

"***भृशप्रतिज्ञयोर्बाढम्***" इस कोशवचनानुसार '**बाढं**' का अर्थ है '**ठीक है**' अर्थात् यद्यपि आपका कथन ठीक है फिर भी ये पाँचों कोश जिसके द्वारा अनुभूत होते हैं, उसका निवारण कौन कर सकता है ? आनन्दमयादि को जानने वाला जो साक्षी है, उसका निवारण कैसे संभव है ? भाव यह है कि समस्त अनुभवों का अनुभविता कोई न कोई अवश्य है, वही आत्मा है ।

तत्साक्षिकं भवेत्तत्तत् यद्यद्येनानुभूयते ।
कस्याप्यननुभूतार्थे साक्षित्वं नोपपद्यते ।। (वि.चू. २१७)

अर्थात् - जो-जो (पदार्थ) जिसके द्वारा अनुभूत होता है, वह-वह तत्साक्षिक ही होता है । बिना अनुभव किये पदार्थों में किसी का भी साक्षित्व नहीं घटता ।

आत्मा अनुपलब्ध होने के कारण असत् है, इस शंका का निराकरण करते हैं ।

अर्थ - (आत्मा) स्वयं ही अनुभूति रूप होने से उसमें अनुभाव्यता नहीं है । अन्य ज्ञाता-ज्ञेय का अभाव होने के कारण ही (वह) अज्ञेय है, असत्ता के कारण नहीं ।१३।

व्याख्या - आत्मा स्वयं अनुभव रूप है, इसलिये आत्मा में अनुभाव्यता नहीं है अर्थात् वह अन्य के द्वारा अनुभव का विषय नहीं होता है । "***सर्वे येनानुभूयन्ते यः स्वयं नानुभूयते***" (वि.चू. २१६) सभी पदार्थ जिसके द्वारा अनुभव किये जाते हैं किन्तु जो स्वयं अनुभूत नहीं होता, वही आत्मा है ।

असौ स्वसाक्षिको भावो यतः स्वेनानुभूयते ।
अतः परं स्वयं साक्षात्प्रत्यगात्मा न चेतरः ।। (वि.चू. २१८)

भवितृसत्त्वं तदभावे च तस्याप्यभावाच्छून्यतापत्तिरिति न वाच्यम् । तदेदं चोद्यं घटेत यदानान्दमयान्त-पदार्थानुभवितानुभवाश्रयतासिद्धे तदेव तु न सिद्ध्यति । यतश्श्रुति"स्त्रिषु धामसु यद्भोग्यं भोक्ता भोगश्च यद्भवेत् । तेभ्यो विलक्षणस्साक्षी चिन्मात्रोऽहं सदाशिव" इति । स्वप्रकाशात्माभावे जगदान्ध्यापत्तिरित्य-तस्तद्वारणाय निद्रानन्दान्तवस्तुसाक्षिणस्स्वप्रकाशत्त्वादात्मवेदनेनैवापनोद्य शून्यवादापत्तिरित्यतोऽत्रानुभव एव महत्प्रमाणमिति भावः । साक्षिणि सत्येव सर्वे व्यवहारा विषयाः। विषयिणं विना विषयता न भवति । स्वस्मिन्विषयस्स्वमेव भवितुं नैवार्हति । तस्मात्तस्यानुभवरूपस्यानुभवविषयत्वं नास्तीत्यत्रोपपत्तिः प्रदर्श्यते। ज्ञातृज्ञानान्तराभावादुक्तसाक्षिणोऽन्यः कश्चन ज्ञाता तद्विषयकज्ञानाश्रयो ज्ञानं तद्विषयकं वेदनं तदभावादेव स्वप्रकाशसाक्ष्यात्मा योऽसावज्ञेयो न त्वसत्तया तस्याभावान्नेति । सोषुप्तानन्दादिसाक्षित्त्वेनासत्त्वस्याधस्तादेव खण्डितत्त्वात् । ज्ञेयातिरिक्तयोः ज्ञातृज्ञानयोस्सत्त्वे ज्ञेयत्वव्यवहारो लोके दृश्यते । अत्र तदभावादेवाज्ञेय इति व्यपदिश्यते । अत्रैवं प्रयोगोऽज्ञेय आत्मा ज्ञात्रभावाद्यन्नैवं तन्नैवं यथा घट इति दिक् ।।

आत्मनोऽज्ञेयत्त्वसाधकहेतोरसिद्धत्त्वशङ्कादूरीकरणम् –

माधुर्यादिस्वभावानामन्यत्र स्वगुणार्पिणाम् ।
स्वस्मिंस्तदर्पणापेक्षा नो न चास्त्यन्यदर्पकम् ।। १४ ।।

अन्वयः – अन्यत्र स्वगुणार्पिणां माधुर्यादिस्वभावानां स्वस्मिन् तदर्पणापेक्षा नो । (किं) च अन्यत् अर्पकं नास्ति ।।

व्याख्या :– आत्मनोऽनुभवस्वरूपत्त्वेनानुभाव्यत्त्वं नास्तीत्यस्मिन्नर्थे दृष्टान्तं प्रदर्शयति । अन्यत्र

वह (अहंकारादि सभी विकारों का) अभाव स्वसाक्षी है, क्योंकि स्वयं के द्वारा ही अनुभव किया जाता है । अतः प्रत्यगात्मा स्वयं साक्षात् सर्वोत्कृष्ट ब्रह्म ही है, ब्रह्म से भिन्न नहीं है ।

इसी में सभी व्यवहार होते हैं । और विषयता विषयी की अपेक्षा करती है, स्वयं का विषय स्वयं ही नहीं हो सकता । इसे युक्ति द्वारा सिद्ध करते हैं कि आत्मा के अतिरिक्त और कोई ज्ञाता अथवा ज्ञान का अभाव होने के कारण आत्मा अज्ञेय है ।

त्रिषु धामसु यद्भोग्यं भोक्ता भोगश्च यद्भवेत् ।
तेभ्यो विलक्षणस्साक्षी चिन्मात्रोऽहं सदा शिवः ।।

इस प्रकार भगवती श्रुति आत्मा को जाग्रदादि तीनों अवस्थाओं और भोक्ता, भोग्य और भोग से विलक्षण कहती है ।

आत्मा अज्ञेय है, यह कथन आत्मा की असत्ता (अभाव) के कारण नहीं कहा गया है । ज्ञेय से अतिरिक्त ज्ञाता और ज्ञान के रहने पर ही ज्ञेय विषयक व्यवहार देखा गया है, किन्तु प्रकृत में दोनों का अभाव होने के कारण आत्मा को अज्ञेय कहा गया है ।

अनुभवस्वरूप आत्मा अनुभव का विषय नहीं होता, इस विषय में दृष्टान्त देते हैं ।

अर्थ – अपने गुण को अन्यत्र अर्पण करने वाली माधुर्यादि स्वभाव वाली वस्तुओं को स्वयं में उनको लेने की (मधुरता को दूसरे से प्राप्त करने की) अपेक्षा नहीं होती है और उससे भिन्न मधुरता को अर्पण करने वाली (देने वाली) अन्य वस्तु होती ही नहीं है ।१४।

भक्ष्यविशेषेषु स्वसंसृष्टपदार्थेषु नारिकेलादिषु स्वगुणार्पिणां स्वस्वगुणान्माधुर्यादीनर्पयन्तीति तथाविधानां माधुर्यादिस्वभावानामाम्लकटुकषायादयो ग्राह्याः आदिपदेन । माधुर्यादयस्स्वभावा सहजधर्मविशेषा येषां ते तथोक्तास्तेषां माधुर्यादिधर्माणां गुडादीनां स्वस्मिन्नेव गुडादौ तदर्पणापेक्षो तेषां माधुर्यादीनामर्पणे सम्पादनेऽपेक्षा समाकाङ्क्षा गुडे स्वविषये माधुर्यं केनचिदन्येन सम्पादनीयमित्येवंरूपापेक्षा नो विद्यते न चान्यदस्त्यर्पकम् । किञ्चिदपि नास्त्येव । स्वयं मधुरात्मकत्त्वात् । अमधुराणां च चणकगोधूमादीनां माधुर्यसम्पादने मधुरवस्तुसम्पर्कोऽपेक्षितः। गुडखण्डशर्करादिनाभिलषितमाधुर्यमिष्टभक्ष्यपदार्थेषु संपिपादयिषति लोकः । स्वतो मधुरे शर्करादौ न तत्संपर्कापेक्षा । तेषु स्वभावतो माधुर्यस्य सिद्धत्त्वादिति शम् ।।

दृष्टान्तसिद्धार्थस्य दार्ष्टान्तिके योजनम् -

अर्पकान्तरराहित्येऽप्यस्त्येषां तत्स्वभावता ।
मा भूत्तथानुभाव्यत्त्वं बोधात्मा तु न हीयते ॥ १५ ॥

अन्वयः - अर्पकान्तरराहित्ये अपि एषां तत्स्वभावता अस्ति । तथा अनुभाव्यत्त्वं मा भूत् ।।

व्याख्या :- एषां गुडखण्डशर्करादीनामर्पणं रसप्रदानं करोतीत्यर्पकस्तस्यान्यस्य पदार्थान्तरस्याभावेऽपि खण्डशर्करादिषु माधुर्यादिरससमर्पणाभावेऽपि तत्तत्स्वभावतया मधुरिमादयो यथा सन्त्येवं तथैवात्मनोऽनुभाव्यत्त्वं तत्तज्ज्ञानविषयत्त्वं मा भून्मा तिष्ठतु । अथाप्यनुभवरूपता भवत्येव । तावन्मात्रेण

व्याख्या - जो वस्तु स्वाभाविक रूप से मधुर है और दूसरों को भी अपनी मधुरता प्रदान करती है, उसे स्वयं के लिये अर्थात् स्वयं की मधुरता के लिये अन्य पदार्थ की अपेक्षा नहीं रहती है । श्लोक में माधुर्यादि शब्द में आदि शब्द से अम्ल, कटु, कषायादि का ग्रहण करना चाहिये । गुड़ और शक्कर स्वाभाविक रूप से मधुर होते हैं । वे चने और गेहूँ से निर्मित लड्डू में अपनी मधुरता अर्थात् मीठाश अर्पण करते हैं । किन्तु गुड़ और शक्करादि को मधुरता प्राप्त करने के लिये किसी अन्य पदार्थ की अपेक्षा नहीं है, क्योंकि मधुरता उनका आगन्तुक गुण नहीं है किन्तु स्वाभाविक गुण है । और दूसरा यह कि गुड़, शक्करादि से भिन्न मधुरता को अर्पण करने वाली अन्य वस्तु होती ही नहीं है । भाव यह है कि अमधुर पदार्थों में मधुरता का सम्पादन करने के लिये मधुर वस्तु का सम्पर्क अपेक्षित है किन्तु मधुर पदार्थ स्वयं मधुर होने से उसे स्वयं की मधुरता के लिये मधुरान्तर पदार्थ की अपेक्षा नहीं होती है, क्योंकि मधुरता उसका स्वभाव ही है ।

अब दृष्टान्त से सिद्ध अर्थ को दार्ष्टान्तिक में घटाते हैं ।

अर्थ - जैसे अर्पकान्तर के न होने पर भी (इन गुड़ादि पदार्थों में) वह मधुरता स्वभाव से ही रहती है, उसी प्रकार आत्मा भले ही अनुभाव्य न हो किन्तु उसकी बोधात्मकता नष्ट नहीं होती है ।१५।

व्याख्या - जैसे गुड़-शर्करादि पदार्थों को मधुरता प्रदान करने वाले अन्य पदार्थ के न होने पर भी उनमें मधुरता स्वाभाविक रूप से विद्यमान रहती है । उसी प्रकार आत्मा में भले ही अनुभाव्यत्व न हो अर्थात् आत्मा भले ही ज्ञान का विषय न हो फिर भी इसकी अनुभवरूपता तो है ही । केवल अज्ञेय होने के कारण आत्मा की बोधत्मकता नष्ट नहीं होती है अर्थात् आत्मा सदा अनुभव रूप बना ही रहता

बोधात्मा ज्ञानस्वरूप आत्मा तु न हीयते न त्यज्यते । अन्यप्रकाश्यत्त्वाभावेऽपि प्रकाशस्योपलब्धिर्यथा तथैवात्मनीति दिक् ।।

आत्मनस्स्वयंप्रकाशत्त्वबोधिकानां श्रुतीनामर्थतः श्लोकत्रय्या प्रदर्शनम् –

स्वयंज्योतिर्भवत्येष पुरोऽस्माद्भासतेऽखिलात् ।
तमेव भान्तमन्वेति तद्भासा भास्यते जगत् ।। १६ ।।

अन्वयः – एषः स्वयंज्योतिः भवति । अस्मात् अखिलात् पुरः भासते । तम् एव भान्तम् अन्वेति। तद्भासा जगत् भास्यते ।।

व्याख्या :– अत्र श्रुतयः "अत्रायं पुरुषस्स्वयं ज्योतिर्भवति" "अस्मात्सर्वस्मात्पुरतस्सुविभातम्" "तमेव भान्तमनुभाति सर्वं तस्य भासा सर्वमिदं विभाती"त्यादयो ग्राह्याः । एष ज्ञानस्वरूप आत्मा स्वयं ज्योतिरन्यान्प्रकाशयदात्मानमपि स्वयमेव प्रकाशयतीति प्रकाशान्तरनिरपेक्षत्त्वे सति स्वप्रकाशः। यतो यस्माद्धेतोः परिदृश्यमानात्सर्वस्मादपि जगतस्सृष्टेः पुरोऽग्र एव भासते इति तदा भासकान्तरस्य द्वितीयस्य वस्तुनोऽभावादयं स्वयंप्रकाशः । इत्थम्प्रकारेण बृहदारण्यकश्रुतिप्रतिपादितां युक्तिं दर्शयित्त्वा मुण्डकश्रुतिं प्रसिद्धां पठति "तमेव भान्त"मित्यादि । भान्तं स्वयं प्रकाशमानं तं प्रत्यगात्मानमनुतमनुसृत्यैव तत्प्रकाशाधीनतयैवाखिलमपि जगदन्वेति परिस्फुरति । तद्भासा तस्याद्वितीयात्मनो भासा प्रकाशेनैव जगत्समग्रमपि भास्यत इति कुतोऽत्र नैरात्म्यवादावकाशो जगदान्ध्यप्रसङ्गो वेति दिक् ।।

है । जैसे अन्य प्रकाश के अभाव में भी प्रकाश की उपलब्धि होती ही है, वैसे ही आत्मा की बोधात्मकता भी सदा बनी रहती है ।

अब आत्मा के स्वयंप्रकाशत्व में वैदिक युक्तियों को प्रदर्शित करते हैं।

अर्थ – यह आत्मा स्वयंज्योति है, क्योंकि यह सम्पूर्ण जगत् से पूर्व भासित होता है और उसके भासित होने के बाद ही जगत् भासित होता है तथा उसके प्रकाश से ही जगत् प्रकाशित होता है । १६।

व्याख्या – " ***अत्रायं पुरुषः स्वयंज्योतिर्भवति*** " (बृ.उ. ४/३/९) यहाँ (सुषुप्ति में) यह पुरुष (आत्मा) स्वयंज्योति होता है । "***अस्मात् सर्वस्मात्पुरतस्सुविभातम्*** " (नृ.उ.ता.) इस सम्पूर्ण जगत् से पूर्व वह (आत्मा) भली-भाँति भासित होता है । "***तमेव भान्तमनुभाति सर्वं तस्य भासा सर्वमिदं विभाति*** " (मु.उ.) उसके भासित होने पर ही ये अनुभासित होते हैं । उसी के प्रकाश में ये सम्पूर्ण जगत् प्रकाशित हो रहा है । इत्यादि श्रुतियों का सार इस श्लोक में प्रस्तुत किया गया है । यह आत्मा स्वयंज्योति है अर्थात् यह ज्ञानस्वरूप आत्मा अन्य प्रकाश की अपेक्षा न करते हुए स्वयं प्रकाश रूप है । इसीलिये परिदृश्यमान इस सम्पूर्ण जगत् से पूर्व (सृष्टि से पूर्व) भासित होता है । भाव यह है कि सृष्टि से पूर्वभासित होने से अर्थात् उस समय अन्य प्रकाशक के अभाव में भी यह भासित होता है, इसलिये स्वयंप्रकाश है । इस प्रकार बृहदारण्यकादि श्रुति में प्रतिपादित मन्त्रार्थ को दर्शाकर अब मुण्डक श्रुति के मन्त्रार्थ को दर्शाते हैं "***तमेवभान्तमनुभाति सर्वं तस्य भासा सर्वमिदं विभाति*** " (मु.उ. २/२/१०) आत्मा के भासित होने के बाद ही जगत् भासित होता है और इस आत्मा के प्रकाश से ही सम्पूर्ण जगत् प्रकाशित होता है । इसलिये यहाँ नैरात्म्यवाद को अवकाश ही नहीं है और जगदान्ध्यप्रसंग भी संभव नहीं है ।

स्थूणानिखननन्यायेनात्मनस्स्वयंप्रकाशत्त्वप्रतिपादनम् -

येनेदं जानते सर्वं तत्केनान्येन जानताम् ।
विज्ञातारङ्केन विद्याच्छक्तं वेद्ये तु साधनम् ॥ १७ ॥

अन्वयः - येन इदं सर्वं जानते तत् केन अन्येन जानताम् ? । विज्ञातारं केन विद्यात् ? साधनं तु वेद्ये शक्तम् ।।

व्याख्या :- येन साक्षिचैतन्येनात्मनेदं सर्वं स्थावरजङ्गमात्मकं सम्पूर्णं जगद्दृश्यजातं ज्ञातारो जानते तं साक्षिणमात्मचैतन्यं केनान्येन साक्ष्यभूतेनाचेतनेन जडेन जानतामवगच्छतां प्रतिपित्सवः । अस्याश्श्रुतेराशयं प्रकटयन्कथयति विज्ञातारं जगतो ज्ञातारं साक्षिणं केनान्येन जडेन साधनेन विद्याज्जानीयान्न केनापीति भावः । यदि सर्वजगद् द्रष्टारं साक्षिणमन्यः कश्चन पश्यति तस्यापि द्रष्टान्योऽपेक्षत इत्यनवस्थादोषप्रसङ्गः । न केनापि साक्षी ज्ञातुं शक्य इति कथमुच्यते? मनसा ज्ञातुं शक्य एवेति चेन्न । वेद्ये तु ज्ञेये वस्तुनि विषये साधनं मनो ज्ञानसाधनं तद्विषये शक्तं समर्थम् । नत्ववेद्ये वेत्तर्यात्मनि । ज्ञानाविषयत्त्वात्तस्य । न हि साक्षी मनसो विषयो भवति । यतो मनोऽपि स्वविषयं साक्षिचैतन्यभासैव विजानातीति स्वप्रकाशत्त्वं सुस्थम् । साक्षिचैतन्यस्य ज्ञानाविषयत्त्वे श्रुतय एव प्रमाणं "नैव वाचा न मनसा" "यतो वाचो निवर्तन्ते । अप्राप्य मनसा सहे"त्यादयः । यदि निखिलदृश्यज्ञातुस्साक्षिणोऽपि ज्ञेयत्त्वमङ्गीक्रियेत तदकर्मकर्तृत्त्वविरोधोऽप्यापद्येतेति शम् ।।

अब स्थूणानिखनन न्याय के द्वारा आत्मा के स्वयं प्रकाशत्व का प्रतिपादन करते हैं।

अर्थ - जिसके द्वारा यह सब जाना जाता है, उसे किस अन्य के द्वारा जाना जा सकता है ? जानने वाले को किसके द्वारा जानें ? (मन आदि ज्ञान के) साधन तो (घट-पट आदि) ज्ञेय पदार्थों को ही जान सकते हैं (आत्मा को नहीं)।१७।

व्याख्या - जिस साक्षी चैतन्य के द्वारा इस स्थावर-जंगमात्मक सम्पूर्ण दृश्यमान जगत् को मनुष्य जानते हैं, उस सबके जानने वाले साक्षी चैतन्य को किसके द्वारा जानें ? अर्थात् किस जड़ पदार्थ के द्वारा आत्मा को जानें ? यदि आत्मा के अतिरिक्त किसी अन्य साक्षी की सत्ता मानेंगे तो अनवस्था दोष होगा। अर्थात् उस साक्षी को जानने वाला कोई और साक्षी होगा और उसको भी जानने वाला कोई और साक्षी होगा, इस प्रकार अनवस्था दोष प्राप्त होगा । इसलिये कहा कि किस जड़ साधन से साक्षी आत्मा को जानें ? अर्थात् आत्मा के अतिरिक्त अन्य ज्ञान के अभाव के कारण आत्मा अज्ञेय है । यदि कहो कि मन के द्वारा आत्मा ज्ञेय है तो यह कथन उचित नहीं है । क्योंकि जो पदार्थ ज्ञेय हैं, उनको जानने में यह मन (अन्तःकरण) समर्थ है किन्तु जो सबका ज्ञाता आत्मा है, उसको जानने में समर्थ नहीं है, क्योंकि आत्मा ज्ञान का विषय नहीं है । मन भी अपने प्रकाशक विषयों को साक्षीचैतन्य के प्रकाश से ही जानता है, अतः आत्मा का स्वप्रकाशत्व स्पष्ट ही है । साक्षीचैतन्य ज्ञान का विषय नहीं है, इस विषय में वेद प्रमाण है । "***नैव वाचा न मनसा***", "***यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह***" इत्यादि श्रुतियों में आत्मा को मन, वाणी आदि के द्वारा दुर्विज्ञेय कहा गया है । यदि समस्त दृश्य पदार्थों के ज्ञाता साक्षी का भी ज्ञेयत्व मानेंगे तो कतृकर्म विरोध भी प्राप्त होगा । अतः आत्मा स्वयंप्रकाश है ।

श्रुतियुक्त्यनुभवसिद्धस्यात्मस्वप्रकाशत्त्वस्योपसंहरणम् -

स वेत्ति वेद्यं तत्सर्वं नान्यस्तस्यास्ति वेदिता ।
विदिताविदिताभ्यां तत्पृथग्बोधस्वरूपकम् ॥ १८ ॥

अन्वयः - सः तत् सर्वं वेद्यं वेत्ति । तस्य वेदिता अन्यः न अस्ति । तत् बोधस्वरूपकं विदिताविदिताभ्यां पृथक् ।।

व्याख्या :- "स वेत्ति वेद्यं न च तस्यास्ति वेत्ता" "अन्यदेव तद्विदितादथो अविदितादधि" इत्यादिवाक्यान्यप्यत्रार्थे प्रमाणभूतानीत्याह - स प्रत्यगात्मा साक्षी यद्यद्वेद्यं ज्ञेयमस्ति तद्दृश्यजातं सर्वमपि वेत्ति । तस्य साक्षिचैतन्यस्यान्य इतरः कोऽपि वेदिता परिज्ञाता नास्त्येव । ज्ञेयं तन्न भवति। बोधस्वरूपं ज्ञानमात्रं परं ब्रह्म प्रत्यक्चैतन्यम् । तस्य ज्ञानमेव स्वरूपं "सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्मे"ति श्रुतेः । तच्च विदिताविदिताभ्यां स्थावरजङ्गमात्मकं यज्जगज्ज्ञानविषयं तद्विदितमुच्यते । यच्चाज्ञानेन शबलितं तदविदितमिति । ताभ्यामुभाभ्यां विलक्षणं भिन्नमस्ति । "स बोधो विषयाद्भिन्नो न बोधात्स्वप्नबोधवत्। एवं स्थानत्रयेऽप्येका संवित्तद्वद्दिनान्तर" इति प्रथमप्रकरण एवोक्तत्त्वादिति दिक् ।।

श्लोकद्वयेनात्मनो ज्ञप्तिमात्रत्त्वप्रदर्शनम् -

बोधेऽप्यनुभवो यस्य न कथञ्चन जायते ।
तं कथं बोधयेच्छास्त्रं लोष्टं नरसमाकृतिम् ॥ १९ ॥

अन्वयः-यस्य बोधे अपि अनुभवः कथञ्चन न जायते । तं नरसमाकृतिं लोष्टं शास्त्रं कथं बोधयेत्।।

श्रुति, युक्ति और अनुभव से सिद्ध आत्मा के स्वप्रकाशत्व का उपसंहार करते हैं ।

अर्थ - जो सर्ववेद्य का वेत्ता है, उसका कोई अन्य वेत्ता नहीं है वह विदित और अविदित से पृथक् बोधस्वरूप है ।१८।

व्याख्या - "***स वेत्ति वेद्यं न तस्यास्ति वेत्ता***" (श्वे.उ. ३/१९), "***अन्यदेव तद्विदितादथो अविदितादधि***" (के.उ. १/३) इत्यादि श्रुतियों के अर्थ को विशद करते हैं । उपर्युक्त श्रुतियाँ भी आत्मा के स्वयंप्रकाशत्व में प्रमाण हैं । वह साक्षी जो कुछ भी ज्ञेय है, उन सब को जानता है किन्तु उस साक्षी को जानने वाला दूसरा कोई ज्ञाता नहीं है, क्योंकि ब्रह्म बोधस्वरूप अर्थात् ज्ञानात्मक है । स्थावर-जंगमात्मक संपूर्ण जगत् ज्ञान का विषय होने के कारण विदित कहा जाता है । आत्मा विदित अर्थात् जगदादि और अज्ञान से शबलित अविदित इन दोनों से पृथक् (विलक्षण) है । इसी अर्थ को प्रथम प्रकरण में भी कह चुके हैं ।

स बोधो विषयाद् भिन्नो न बोधात् स्वप्नबोधवत् ।
एवं स्थानत्रयेऽप्येका संवित्तद्वद् दिनान्तरे ।। (पं.द. १/६)

उक्त रीति से आत्मा बोध रूप है, यह सिद्ध हो जाने पर भी जो स्वयं को बोध रूप नहीं जानता है, उसे दो श्लोकों के द्वारा उपालम्भ देते हैं ।

अर्थ - बोध रहने पर भी जिसे उसका किसी प्रकार का अनुभव नहीं होता है, उस नर समान आकृति वाले मिट्टी के ढेले को शास्त्र कैसे बोध करा सकता है ? १९।

व्याख्या :- वृत्यात्मकज्ञानभिन्नकूटस्थबोधस्स्वयंप्रकाशो यद्यपि पूर्वमुदाहृतश्रुतिभिस्तथापि स्वयंप्रकाशत्त्वबुद्धिर्नोपजायत इति चेत्सोपहासं वदति तं कथं बोधयेच्छास्त्रमिति । तथा विदिताविदिताभ्यां पृथग्भूतं ज्ञानेनानुभूयत इति चेद्विदितपदविशेषणस्यैव वेदनस्य ज्ञानस्वरूपत्त्वाद्विशिष्टो यदि बुद्धो भवेत्स विशेषणबोधं विना नोपपद्येतैवेति लोष्टं कथं बोधयेदित्युपालभते । घटपटादिविविधव्यवहारेषु यस्सम्यग्व्यहरन्ननुभवति तद्व्यवहर्ता तद्बोधस्वरूप इत्ययमनुक्तिसिद्धस्तथापि मायामोहितो मन्दधीस्स्वात्मानं बोधस्वरूपं यो न वेत्ति स शोच्य इत्याशयवानाह - बोधेऽपि सप्तमीयं वैषयिकी । साक्षित्त्वेन विषयिण्यात्मस्वरूपेऽपरोक्षतया भासमानेऽपि यस्य मन्दस्यानुभवस्साक्षात्कारः कथञ्चन कथमपि न जायते नैवोदेति तं नरसमाकृतिं नरेण मानवेन समा बाह्यदेहाकृतिर्यस्य तमाकारमात्रेण मनुजं मनुष्यत्त्वेन व्यवह्रियमाणमपि लोष्टं तद्वदचेतन कुण्ठितधियं कथं नाम शास्त्रं बोधयेत्कथञ्चिदपि नैव बोधयितुमीष्ट इति शम् ।।

ज्ञानं नैव ज्ञायत इत्युक्तिरेव व्याहतेति प्रदर्शनम् -

जिह्वा मेऽस्ति न वेत्युक्तिर्लज्जायै केवलं यथा ।
न बुध्यते मया बोधो बोद्धव्य इति तादृशी ।। २० ।।

अन्वयः - मे जिह्वा अस्ति न वा इति उक्तिः । यथा केवलं लज्जायै । मया बोधः न बुध्यते बोद्धव्यः इति तादृशी ।।

व्याख्या :- यथा जिह्वा मेऽस्ति न वेत्युक्तिः स्वकण्ठरवेण संभाषणं पूर्वोक्तविकल्पवक्तुः

व्याख्या - वृत्त्यात्मक ज्ञान से भिन्न कूटस्थ बोध स्वरूप स्वयंप्रकाश आत्मा का यद्यपि पूर्वश्लोकों में श्रुति प्रमाणों से सम्यक् प्रतिपादन किया गया है तथापि उसमें स्वप्रकाशत्व बुद्धि यदि नहीं होती है तो (इस प्रकार उपहासपूर्वक कहते हैं) उसको शास्त्र कैसे बोध करा सकता है ? घट-पटादि विविध व्यवहारों में जो सम्यक् व्यवहार करता हुआ उनका अनुभव करता है, वह बोधस्वरूप ही है । यह बात युक्ति से सिद्ध है तथापि माया से मोहित हुआ मन्दबुद्धि पुरुष स्वयं की आत्मा को बोध रूप नहीं जानता है, वह शोक करने योग्य है । इस आशय से कहते हैं कि साक्षित्व रूप से अपरोक्ष आत्मा भासित होने पर भी जिस मन्दमति को उसका अनुभव (साक्षात्कार) किसी भी प्रकार से यदि नहीं होता है तो उस नर के समान आकृति वाले अर्थात् मनुष्य के समान बाह्य देहाकृति वाले को यानी कि जो केवल नाममात्र का मनुष्य है, वैसे मिट्टी के ढेले को अर्थात् मिट्टी के समान जड़ (कुंठितबुद्धि) को शास्त्र कैसे बोध करा सकता है ? अर्थात् नहीं करा सकता ।

''बोधो न बुध्यते'' यह कथन ही वदतोव्याघात दोष से ग्रस्त है, इसको दर्शाते हैं ।

अर्थ - "मेरी जिह्वा है अथवा नहीं" यह कथन जैसे केवल लज्जा का ही कारण है, उसी प्रकार मैं बोध को नहीं जानता हूँ, मुझे (उसे) जानना चाहिये, ऐसा वचन भी वैसा ही (लज्जा का विषय ही) है ।२०।

व्याख्या - मेरे मुख में जिह्वा है अथवा नहीं ? ऐसा यदि कोई कहे तो वह हँसी का पात्र होता है । क्योंकि यदि तेरे मुख में जिह्वा है ही नहीं, तो फिर तू बोल कैसे रहा है ? अतः पूर्वोक्त जिह्वा विषयक विकल्प बोलने वाले की मूर्खता का द्योतक होने से उसके लिये लज्जादायक ही होता है । उसी प्रकार मुझे ज्ञानस्वरूप आत्मा का बोध नहीं हो रहा है अर्थात् मैं आत्मा को नहीं जानता हूँ परन्तु मुझे आत्मा

केवलं लज्जायै लज्जामात्रजननायोपकल्पते विना जिह्वामेव विकल्पोक्तिरपि नैव शक्या कर्तुमित्यात्मनो मूढत्त्वज्ञापनायैव भवति न बुद्धिमत्त्वज्ञापनाय तथा मया बोधो ज्ञानाकार आत्मा साक्षिचैतन्यं न बुद्ध्यते नैव ज्ञायतेऽद्य परन्त्वितः परं ज्ञातव्यमित्युक्तिर्वचनमपि तादृशी केवलं लज्जावहा । विना ज्ञानं पूर्वोक्तव्यवहारस्यैवासंभवात् । न बुध्यत इत्यज्ञानानुभवस्यापलपितुमक्षमत्त्वादिति दिक् ।।

शृङ्गिग्राहितया ज्ञानस्य स्वयंप्रकाशत्त्वसमर्थनम् –

यस्मिन्यस्मिन्नस्ति लोके बोधस्तत्तदुपेक्षणे ।
यद्बोधमात्रं तद्ब्रह्मेत्येवंधीर्ब्रह्मनिश्चयः ।। २१ ।।

अन्वयः–लोके यस्मिन् यस्मिन् बोधः अस्ति तत्तदुपेक्षणे यत् बोधमात्रं तत् ब्रह्म इति एवं धीः ब्रह्मनिश्चयः।।

व्याख्या :– लोके यस्मिन्यस्मिन्पटघटकुड्यकुसूलादिविषये ज्ञेये वस्तुनि बोधस्तत्तद्विषयकं ज्ञानमस्ति तत्तदुपेक्षणे तेषां तेषां ज्ञानीयविषयाणां पटघटादिविषयाणां सर्वेषां नेति नेतीत्युपेक्षणेऽनृततया निषेधे कृतेऽवशिष्यते यद्बोधमात्रं सर्वत्रविषयेष्वनुस्यूतं यद्भानरूपमस्ति तदेव परं ब्रह्मेत्येवंप्रकाश धीर्ज्ञानं ब्रह्मनिश्चयः प्रत्यगभिन्नाद्वितीयब्रह्मात्मावगतिरिति भावः । जानातेस्सविषयत्त्वनियमेन यत्र यत्र जानातिव्यवहारस्तत्र सर्वत्र ज्ञानं तद्विषयश्चेत्युभयं प्रसिद्ध्यति । तयोर्मध्येऽस्मत्प्रत्ययगोचरवत्सर्वमिदं दृश्यजातं ज्ञानविषयभूतमनृतमपारमार्थिकम् अतो ज्ञानाद्विषयिणो भिन्नं सर्वमिदं विषयजातम् । व्यवहारस्सर्वोऽपि तयोरविवेकात् । तस्माज्ज्ञानं ब्रह्म । अत एव वार्तिककारा अपि – "परागर्थप्रमेयेषु या फलत्त्वेन सम्मता । संवित्सैवेह मेयोऽर्थो वेदान्तोक्ति प्रमाणत" इति वदन्ति ।।

को जानना ही चाहिये, यह वचन भी वैसा ही है अर्थात् लज्जाकारक ही है । मुझे बोधस्वरूप आत्मा का बोध नहीं हो रहा है यह कथन बिना बोध के हो नहीं सकता । भाव यह है कि यदि कोई कहता है कि "मुझे विदित अथवा अविदित वस्तु का बोध है किन्तु उस बोध का अनुभव नहीं है" तो उसके कथन में वदतोव्याघात दोष है । वह बोध को स्वीकार करते हुए भी अस्वीकार करता है, इसमें उसकी मूर्खता ही सिद्ध होती है । तात्पर्य यह है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने बोधस्वरूप आत्मा का अनुभव है, जिसका कि वह निषेध नहीं कर सकता । आत्मा के अनुभव की प्रक्रिया अगले श्लोक में बताएँगे।

इस प्रकार बोध के निरूपण का प्रकृत में उपयोग बताते हैं ।

अर्थ – लोक में जिस-जिस वस्तु का बोध होता है, उस-उस वस्तु का निषेध करने पर जो बोधमात्र शेष रहे, वही ब्रह्म है । इस प्रकार की बुद्धि होना ही ब्रह्म निश्चय (ब्रह्मज्ञान) है ।२१।

व्याख्या – लोक में जिस-जिस घट-पट आदि ज्ञेय वस्तु का जो बोध (ज्ञान) होता है, उस-उस घट-पट आदि सभी ज्ञेय वस्तु का 'नेति नेति' इस प्रकार से निराकरण करके जो अवशिष्ट रहता है अर्थात् प्रथम 'न इति' (नेति) से मूर्त (पृथ्वी, जल, अग्नि) अर्थात् स्थूल का निषेध किया गया है और द्वितीय 'नेति' से अमूर्त (वायु और आकाश) अर्थात् सूक्ष्म का निषेध किया गया है । इस प्रकार समस्त मूर्त और अमूर्त का निषेध करने पर जो अवशिष्ट रहता है, वह बोधमात्र परब्रह्म ही है । इस प्रकार की बुद्धि अर्थात् इस प्रकार का ज्ञान ब्रह्म निश्चय (ब्रह्मज्ञान) है । ज्ञान और ज्ञान का विषय इस प्रकार इन दोनों की सर्वत्र प्रसिद्धि है। उसमें ज्ञानमात्र जो परमार्थ वस्तु है, वह अस्मत्प्रत्ययगोचर है तथा ज्ञान का विषय यह सम्पूर्ण दृश्य युष्मत्प्रत्ययगोचर है । इसलिये विषयी ज्ञान से विषयभूत इदंशब्दवाच्य सब कुछ भिन्न है ।

आत्मनस्सत्यत्त्वनिरूपणम् -

पञ्चकोशपरित्यागे साक्षिबोधावशेषतः ।
स्वस्वरूपं स एव स्याच्छून्यत्त्वन्तस्य दुर्घटम् ॥ २२ ॥

अन्वयः - पञ्चकोशपरित्यागे साक्षिबोधावशेषतः । स्वस्वरूपम् एवं सः (भवेत्) तस्य शून्यत्वं (तु) दुर्घटम् ॥

व्याख्या :- एतावता विषयाणामुपेक्षणमात्रेण यद्बोधमात्रमवशिष्यते तद्ब्रह्मेति प्रत्यपादि । प्रकरणारम्भे प्रतिज्ञायां तु "गुहाहितं ब्रह्म यत्तत्पञ्चकोशविवेकतः । बोद्धुं शक्यं ततः कोशपञ्चकं प्रविविच्यत" इत्युक्त्या पञ्चकोशात्मकगुहायां ब्रह्माणं पिहितत्त्वेन तद्विवेकलभ्य आत्मेति ज्ञायते । अत्र तु घटपटाद्युपलक्षितज्ञानरूपत्त्वेनैव तत्समर्थ्यत इत्यस्ति विरोध इति चेन्न । शोधिततत्पदार्थस्य ब्रह्मणो घटपटाद्युपलक्षितज्ञानस्वरूपत्त्वेऽपि पञ्चकोशोपलक्षितप्रत्यक्चैतन्यसाक्षिमात्रात्माभेदप्रमां विहायापरोक्षाद्वैतभ्रमकारणीभूतात्माश्रिततद्विषयकानादिभावरूपमूलाज्ञानस्यानिवर्तनात् । तस्मात्पञ्चकोशविवेकस्यापि साफल्यान्न विरोध इति ज्ञेयम् । पञ्चकोशपरित्यागे पञ्चानामन्नमयादीनामानन्दमयान्तानां कोशानामनात्मत्त्वबुद्ध्या निरसने कृते साक्षिबोधावशेषतस्साक्षिचैतन्यस्वरूपस्य बोधस्यावशेषणात्स साक्षिबोध एव स्वस्वरूपं नैजं स्वरूपं प्रत्यगभिन्नब्रह्मैव स्यात्। नेति नेतीति सर्वस्यापि निषेधे शून्यमेवाविशिष्यत इति नो मन्तव्यमित्याह शून्यत्त्वं तस्य दुर्घटमिति विषयोऽयमधस्तान्माध्यमिकमतखण्डनावसर एव "ज्ञातुर्ज्ञानान्तराभावादज्ञेयो न त्वसत्तये"त्यादिना प्रपञ्चितोऽपि विषयवैपुल्यं सम्पिपादयिषुरत्र पुनराह - तस्य साक्षिबोधस्य शून्यत्त्वमत्यन्ताभावो दुर्घटं दुःखेनापि सम्पादितुं नैव शक्यम् । यदि शून्यं स्यात्तस्यापि सत्ता ज्ञानसापेक्षैव । अन्यथा तत्सत्तायाम-

---

आत्मा के सत्यत्व का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - पाँचों कोशों का निषेध करने पर उनके साक्षी का बोध ही अवशिष्ट रहता है, वही अपना स्वरूप (आत्मा) है । उसका शून्यत्व दुर्घट (असंभव) है ।२२।

व्याख्या - पूर्व प्रतिपादित विषय और विषयी के विभाग करने मात्र से यदि ब्रह्म के स्वरूप का निश्चय हो जाएगा तो फिर पञ्चकोश विवेक करने की क्या आवश्यकता है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि ब्रह्म प्रत्यगात्मरूप है, इस ज्ञान के बिना संसार की निवृत्ति नहीं हो सकती । अतः ब्रह्म की प्रत्यगात्मरूपता का बोध कराने में उपयोगी होने के कारण पाँचों कोशों का विवेक करना व्यर्थ नहीं है ।

अन्नमयादि पाँचों कोशों के अनात्मत्व का बुद्धि से निराकरण करने पर साक्षी स्वरूप आत्मा ही रहता है अर्थात् विवेकबुद्धि से पाँचों कोशों का निषेध करने पर उन कोशों के साक्षी का बोध ही अवशिष्ट रहता है । वही अपना स्वरूप है अर्थात् वही ब्रह्म और आत्मा का स्वरूप है । पाँचों कोशों का निषेध करने पर तो सब कुछ शून्य ही होगा तब तो बोद्धों और वेदान्तियों में क्या अन्तर रहेगा ? इस प्रकार की शंका का उत्तर देते हैं - उस साक्षीबोध का शून्यत्व अर्थात् अत्यन्त अभाव दुर्घट (असंभव) है । क्योंकि शून्य की सत्ता भी ज्ञानसापेक्ष है । सर्वत्र ज्ञान को ही साक्षी रूप से माना गया है । कहीं पर

प्रामाणिकत्त्वापत्तेः । "नासाक्षिकं ज्ञानं जानातिनाभिधीयत" इत्यभियुक्तोक्तेरसाक्षिकस्य ज्ञेयस्या-निरूप्यत्त्वात् । शून्यसत्ताप्रकाशयोरपि साक्षिचैतन्यैकायत्तत्त्वात्तस्यात्मनश्शून्यत्त्वं दुर्घटमित्यलम् ।।

आत्मनश्शून्यत्वस्य दुर्घटत्त्वनिरूपणम् –

अस्ति तावत्स्वयं नाम विवादाविषयत्त्वतः ।
स्वस्मिन्नपि विवादश्चेत्प्रतिवाद्यत्र को भवेत् ।। २३ ।।

अन्वयः – स्वयं तावत् अस्ति नाम । विवादाविषयत्वतः । स्वस्मिन् अपि विवादः चेत् अत्र कः प्रतिवादी भवेत् ।।

व्याख्या :- यः प्रतिवाद्यत्र स त्वं भवाञ्छून्यवाद्यस्ति । स्वयंशब्दशक्यस्स्वस्वरूपं लोकवेदयोरस्त्येव । स्वप्रकाश आत्मैव स्वयंपदार्थप्रसिद्धोऽस्त्येवेति भावः । स्वयं तावन्नामास्ति। किं भवतश्शून्यवादिनस्सत्ताविषये विवादोऽस्ति ? नास्त्येव । अतो विवादाविषयत्वतस्स्वस्वरूपस्य विप्रतिपत्तिविषयत्त्वाभावाद्विवादाभावादस्त्येवेति शून्यत्वनिराकरणात्सत्ताया एव दार्ढ्यं प्रतीयते । तस्यास्सत्तायास्सर्वजनप्रसिद्धिरपि तावन्नामेति द्वाभ्यां पदाभ्याम् । अत्रैवं प्रयोगः – सत्तावच्छून्यं न विवादाविषयत्वात् । स्वस्वरूपस्य विप्रतिपत्तिविषयत्ववैधुर्यादिति तदर्थः । विपक्षे बाधकदर्शनाय स्वस्मिन्नपीत्यारभते । तथा च स्वस्मिन्नपि भवत्सत्ताविषये स्वात्मन्यपि विवादो विप्रतिपत्तिश्चेति कोटिर्यद्यङ्गीकृता स्यादत्रास्मिन्विवादे प्रतिवादी नास्तीति पक्षस्वीकर्ता को वा भवेन्न कोऽपीति भावः। भवतश्शून्यवादिनोऽसत्त्वान्नकोऽपीति यदि प्रतिवादी सत्त्वमङ्गीकरोति चेत्सिद्धो वेदान्तपक्षः। यदि वा सत्त्वं नाङ्गीकरोति विवादेऽस्मिन्प्रतिवादिन एवाभावान्निष्प्रत्यूहं संसिद्ध एवौपनिषत्पक्षः ।

भी साक्षी के अभाव में ज्ञेय का निरूपण करना संभव नहीं है । अतः आत्मा शून्य रूप नहीं है किन्तु सबका साक्षी होने के कारण सत्स्वरूप है ।

शून्यत्व के दुर्घटत्व का वर्णन करते हैं ।

अर्थ – स्वयं नामक वस्तु (अपना स्वरूप) अवश्य है क्योंकि अपना स्वरूप कभी विवाद का विषय नहीं होता है । यदि अपने स्वरूप में भी विवाद हो तो इस (विवाद) में प्रतिवादी कौन होगा ? (अर्थात् कोई नहीं हो सकता) ।२३।

व्याख्या – स्वयं नामक वस्तु अर्थात् अपना स्वरूप अवश्य है । यह लोक और वेद में प्रसिद्ध है क्योंकि अपना स्वरूप कभी विवाद का विषय नहीं होता है । आप स्वयं शून्यवादी हैं और इस नाम से प्रसिद्ध भी हैं । अपनी सत्ता के विषय में विवाद न होने के कारण अस्ति शब्द से सत्ता का ही दृढ़त्व प्रतीत होता है । क्योंकि 'तावत्' और 'नाम' इन दोनों पदों से सत्ता की प्रसिद्धि है। इसलिये स्वयं की सत्ता के विषय में भी विवाद होगा तब तो बड़ी विप्रतिपत्ति होगी, यदि आप स्वयं की असत्ता स्वीकार करेंगे तो इस विवाद में प्रतिवादी कौन होगा ? क्योंकि आपकी तो सत्ता है ही नहीं । जब आप स्वयं ही नहीं हैं, फिर वादी-प्रतिवादी का प्रश्न ही नहीं है । अर्थात् आपकी असत्ता के कारण कोई भी प्रतिवादी नहीं होगा । यदि आप स्वयं की सत्ता स्वीकार करते हैं तो आपका शून्यवाद खण्डित हो जाएगा और वेदान्तपक्ष की सिद्धि हो जाएगी । और यदि अपनी सत्ता स्वीकार नहीं करते हो तो इस प्रकृत विप्रतिपत्ति

अत्र विवाद इत्यत्र विशिष्टो जल्पादिसङ्घटितो वाद इति भावः वादो नाम तत्त्वनिर्णयफलकः कथाविशेषः। जल्पश्चोभयसाधनवती विजिगीषुकथा वितण्डा तु स्वपक्षस्थापनरहितः कथा विशेषः वादिप्रतिवादिनोः पक्षप्रतिपक्षपरिग्रहः कथेति । तस्मात्स्वत्वं च वादिप्रतिवादिनोरुभयोरपि कथाप्रवृत्यन्यथानुपपत्त्यानिर्विचिकित्समेव । तद्यदि च विवादास्पदं तदप्रतिवादिनोऽभावस्सुघट एवेति शम् ।।

न कोऽपि सङ्ख्यावान्स्वासत्त्वं प्रत्येतीति निरूपणम् -

स्वासत्त्वन्तु न कस्मैचिद्रोचते विभ्रमं विना ।
अत एव श्रुतिर्बाधं ब्रूते चासत्त्ववादिनः ॥ २४ ॥

अन्वयः - स्वासत्त्वं तु विभ्रमं विना कस्मैचित् न रोचते । अतः एव च श्रुतिः असत्त्ववादिनः बाधं ब्रूते ।।

व्याख्या :- न हि शून्यवादी स्वासत्त्ववादी भवत्वित्याशङ्कनीयमित्याह - विभ्रमं विना विभ्रान्तिमेकां विहायेतरस्यां स्थित्यां कस्मैचिन्मानवमात्राय स्वासत्त्वं स्वस्यात्मनोऽभाव नैव रोचते । अत्र तुरप्यर्थकः। स्वासत्त्वं सर्वेषामप्यनिष्टमेवेति सप्रमाणं वक्ति । अत एव स्वासत्त्वानभीप्सितत्त्वाद्धेतोश्श्रुतिरसत्त्ववादिनो बाधमनुपपत्तिं ब्रूते । न नाहमस्मीति कोऽपि विपर्येति। नवाहमस्मि नवेति च सन्दिग्ध इत्यनुभवान्न कथमपि स्वासत्त्वं घटत इति भाव इति दिक् ।।

में प्रतिवादी के अभाव के कारण हमारा वेदान्त पक्ष स्वतः ही निष्कण्टक सिद्ध हो जाएगा ।

श्लोक में विवाद का अर्थ है - विशिष्टजल्पादि संघटितवाद । तत्व निर्णय के लिये किया गया विचार वाद कहा जाता है । स्वपक्ष का स्थापन और परपक्ष का खण्डन करना जल्प कहा जाता है । और स्वपक्ष को स्थापित किये बिना ही परपक्ष का खण्डन करना वितण्डा कहा जाता है ।

उक्त विषय में अनुभूति दर्शाते हैं ।

अर्थ - भ्रान्ति के बिना स्वयं का अभाव किसी को भी रुचिकर नहीं होता है, इसलिये श्रुति भी असत्वादियों (शून्यवादियों) का निषेध कहती है ।२४।

व्याख्या - भ्रान्त पुरुष के अलावा स्वयं की सत्ता का निषेध कोई नहीं कर सकता । यदि कहो शून्यवादी अपनी सत्ता का अर्थात् आत्मसत्ता का निषेध करते हैं, तो यह उनका भ्रम ही है । इसलिये कहा कि भ्रान्ति के बिना स्वयं का निषेध कोई नहीं कर सकता । क्योंकि किसी भी मनुष्य को भ्रान्ति अवस्था के बिना स्वयं का अभाव रुचिकर नहीं होता । (श्लोक में 'तु' अपि के अर्थ में है) भाव यह है कि अपना अभाव सभी के लिए अनिष्ट कर ही है । इस बात को प्रमाण सहित कहते हैं कि इस विषय में केवल अनुभूति प्रमाण नहीं है, किन्तु वेदभगवान् भी ऐसा ही कहते हैं अर्थात् वेद भगवान् भी असत्ववादियों का (शून्यवादियों का) निषध कहते हैं । (उस श्रुतिवचन को अगले श्लोक में स्पष्ट करेंगे) कोई भी पुरुष "मैं नहीं हूँ" ऐसा नहीं कहता और "मैं हूँ अथवा नहीं हूँ" इस प्रकार का संदेह भी नहीं करता । इस प्रकार का अनुभव सब को होता है, इसलिये स्वयं का अभाव किसी भी प्रकार से संभव नहीं है ।

स्वासत्त्वं नोपपद्यत इत्यर्थबोधिकायाश्श्रुतेरर्थत उपन्यासः -

असद्ब्रह्मेति चेद्वेद स्वयमेव भवेदसत् ।
अतोऽस्य मा भूद्वेद्यत्त्वं स्वसत्त्वं त्वभ्युपेयताम् ॥ २५ ॥

अन्वयः - ब्रह्म असत् इति वेद चेत् स्वयम् एव असत् भवेत् । अतः अस्य वेद्यत्त्वं मा भूत् स्वसत्त्वं तु अभ्युपेयताम् ।।

व्याख्या :- तैत्तिरीयश्रुति"रसन्नेव स भवति । असद्ब्रह्मेति वेद चे"दित्यादि । यो जिज्ञासुर्ब्रह्मासदिति नासीदस्ति भविष्यति वेति तत्तत्त्वं शून्यमिति वेद चेज्जानाति यदि तर्हि स स्वयमेव ब्रह्मणोऽसत्त्ववादी शून्यवाद्यसदेव भवेत् । यतो ब्रह्मणस्स्वरूपमेव स्वस्यापि स्वरूपमिति शून्यवादिनोऽसत्त्वमेवापद्यते । तच्च प्रतिवादिनोऽनिष्टमेव । तस्मात्स्वस्यानिष्टमसत्त्वं न शून्यवादिनाङ्गीकर्तव्यम् । यदि कथञ्चित्स्वस्य सत्त्वमङ्गीकरोति ब्रह्मणस्स्वस्वरूपत्त्वात्सद्ब्रह्मेत्यङ्गीकृतं भवतीति भावः । अतोऽत्र किं फलितमिति सारमाह । अतोऽस्य पञ्चकोशबाधावधिभूतस्य चिन्मात्रस्य वेद्यत्त्वं ज्ञानविषयत्त्वं मा भून्मैव भवतु। आत्मनोऽनिष्टवारणाय शून्यतां त्यक्त्वा स्वसत्त्वं स्वस्यात्मनस्सत्त्वमभ्युपेयतां प्रतिपद्यताम् । यदि शून्यवादिनस्तव सत्त्वं सत्तामभिलषसि तर्हि प्रत्यगभिन्नात्मापि सदिति विजानीही"त्यस्तीत्येवोपलब्धव्य" इति सुहृच्छिखामणिश्श्रुतिर्ब्रवीति । तस्माद्ब्रह्मणस्सत्त्वमभ्युपगच्छ त्वमपि सत्तावान्भवति । "अस्ति ब्रह्मेति

असत्ववादियों का बाध करने वाली वह श्रुति कोन-सी है, ऐसी आशंका होने पर उस श्रुति का अर्थतः पठन करते हैं ।

अर्थ - "ब्रह्म असत् है" ऐसा जो जानता है, वह स्वयं असत् हो जाता है। अतः ब्रह्म का वेद्यत्व भले ही न हो किन्तु अपना अस्तित्व तो अवश्य स्वीकार करना ही चाहिये ।२५।

व्याख्या - "***असन्नेव स भवति असद् ब्रह्मेति वेद चेत्***" (तै.उ. २/६) इस प्रकार भगवती श्रुति असत्वादियों के अनिष्ट का प्रतिपादन करती है। 'ब्रह्म असत् (शून्य) है' ऐसा यदि कोई जानता है, तो वह स्वयं असत् हो जाता है । अर्थात् जो जिज्ञासु ब्रह्म असत् होने से न कभी था, न है और न कभी होगा, इस प्रकार से तत्त्व को शून्य रूप से जानता है, वह ब्रह्म को शून्य मानने वाला स्वयं भी शून्य रूप ही हो जाता है । क्योंकि जो ब्रह्म का स्वरूप है, वही स्वयं का स्वरूप है । अतः ब्रह्म यदि असत् हुआ तो असत् ब्रह्म को जानने वाला शून्यवादी भी असत्व को ही प्राप्त होगा । इसलिये प्रतिवादी को अनिष्ट से बचने के लिये शून्यवाद का त्याग करना चाहिये । क्योंकि "***अस्ति ब्रह्मेति चेद्वेद सन्तमेनं ततो विदुः***" (तै.उ. २/६) 'ब्रह्म है' ऐसा जो जानता है, उसे ब्रह्मवेत्ता सद्रूप मानते हैं अतः ब्रह्म है, ऐसा ही मानना चाहिये । उत्तरार्ध से उक्त कथन का फलितार्थ कहते हैं कि इसलिये ब्रह्म का वेद्यत्व (ज्ञानविषयत्व) भले ही न हो किन्तु अनिष्टकारी शून्यत्वापत्ति को दूर करने के लिये स्वयं का (आत्मा का) सत्यत्व अंगीकार करना ही चाहिये । यदि तुम सत्य की इच्छा रखते हो तब विविक्त वस्तु को सद्रूप से ही जानो, ऐसा सबका कल्याण चाहने वाली भगवती श्रुति उपदेश करती है ।

अस्तीत्येवोपलब्धव्यस्तत्त्वभावेन चोभयोः ।
अस्तीत्येवोपलब्धस्य तत्त्वभावः प्रसीदति ।। (कठो.२/३/१३)

चेद्वेद । सन्तमेनं ततो विदुरिती''त्यादिश्रुतेरिति दिक् ।।

आत्मतत्त्वप्रतिपादनम् -

कीदृक्तर्हीति चेत्पृच्छेदीदृक्ता नास्ति तत्र हि ।
यदनीदृगतादृक् च तत्स्वरूपं विनिश्चिनु ।। २६ ।।

अन्वयः - कीदृक् ? इति पृच्छेत् चेत् । तर्हि तत्र ईदृक्ता न हि अस्ति यत् अनीदृक् अतादृक् च तत् स्वरूपं विनिश्चिनु ।।

व्याख्या :- किमात्मनस्स्वरूपं ? न दृश्यतेऽथाप्यस्तीति चेच्छशविषाणगगनकुसुमवन्ध्यासुतादितौल्यमात्मनस्समापन्नमिति निगूढाशयः पृच्छति कीदृक्तर्हीति? तर्ह्यात्मनस्सत्त्वमभ्युपगम्यते चेत्तदा तस्य स्वरूपं कीदृक्कैः कैर्धर्मैरन्वितमिति पृच्छेच्चेत्तत्र हि तदात्मनस्स्वरूपं ईदृक्तैवंगुणगणवैशिष्ट्यमिति नास्त्येवा''शब्दमस्पर्शमरूपमव्ययं तथारसं नित्यमगन्धवच्च'' ''अस्थूलमनण्वह्रस्वमदीर्घ''मित्यादिश्रुतिशतैरात्मनो यदनीदृगतादृगिति सर्वविलक्षणं स्वरूपं सर्वविलक्षणत्वादीदृक्तादृगिति वर्णनातीतं तत्स्वरूपं तदेवात्मनस्तत्त्वमिति विनिश्चिनु विशेषतो निश्चयमाप्नुहि । इदमत्राकूतम् । ईदृक्तादृक्तत्ववादिनात्मनः केनचिदाकारेण वैशिष्ट्याङ्गीकारे तेनैवाकारेण वेद्यत्त्वं भवेत्तद्यदि नाङ्गीक्रियते शून्यत्त्वमापतेदिति

अर्थात् आत्मा अवश्य है, इस प्रकार से उसको जानना चाहिये और सत्त्व रूप से उसे जानना चाहिये । इन दोनों में से जिसे आत्मा की अस्तिभाव से उपलब्धि हुई है, उसी को तत्त्वभाव (साक्षात्कार) प्राप्त होता है ।

आत्मा का स्वरूप क्या है ? इसका उत्तर देते हैं ।

अर्थ - तो फिर आत्मा का स्वरूप क्या है ? यदि कोई ऐसा पूछे तो 'आत्मा ऐसा है' इस प्रकार उसका निर्देश नहीं किया जा सकता । इसलिये जो 'न ऐसा है' और 'न वैसा है' उस आत्मा का स्वरूप तुम ऐसा ही जानो ।२६।

व्याख्या - पूर्वपक्षी शंका करता है - आत्मा को इस प्रकार मानने पर उसका स्वरूप क्या है? यदि आप आत्मा के सत्त्व को अंगीकार करते हैं तो उसका स्वरूप कैसा है ? यदि कहो आत्मा अदृश्य होने पर भी सत् है तो वह खरगोश के सींग के समान, गगन कुसुम के समान और वन्ध्या के पुत्र के समान ही माना जाएगा । इस गूढ़ाशय से पूर्वपक्षी पूछता है कि आत्मा कैसा है ? अर्थात् किन विशिष्ट धर्मों वाला है ? इस प्रकार यदि कोई पूछता है तो "आत्मा ऐसा ही है" इस प्रकार किन्हीं विशेष गुणों से युक्त आत्मा का वर्णन नहीं किया जा सकता । "***अशब्दमस्पर्शमरूपमव्ययं तथारसं नित्यमगन्धवच्च यत्***" (कठो.१/३/१५) अर्थात् आत्मा शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध से रहित नित्य है । "***अस्थूलमनण्वह्रस्वमदीर्घम्***" (बृ.उ. ३/८/८) अर्थात् आत्मा न स्थूल है, न अणु है, न ह्रस्व है और न दीर्घ है । इत्यादि अनेकों श्रुतिवचन आत्मा की अनीदृक्ता और अतादृक्ता का प्रतिपादन करते हैं अर्थात् आत्मा 'न ऐसा है' और 'न वैसा है' तुम उस आत्मा के स्वरूप को ऐसा ही जानो । अर्थात् आत्मा का वर्णन किसी भी प्रकार से संभव न होने के कारण वह वर्णनातीत है, तुम आत्मा को ऐसा ही निश्चय करो । भाव यह है कि यदि आत्मा को ईदृक् अथवा तादृक् रूप से जानेंगे तो वह वेद्य हो जाएगा । यदि आप उसका वेद्यत्व नहीं मानते हैं तो शून्यत्व की प्राप्ति होगी, यदि ऐसा कोई कहे तो यह ठीक नहीं है, क्योंकि आत्मा को ईदृक् और तादृक् दोनों से विलक्षण कहने

चेन्न । ईदृक्तादृक्त्वोभयविलक्षणताङ्गीकारेण न वेद्यत्त्वापत्तिर्न वा शून्यत्त्वापत्तिरिति । अनीदृगतादृक्च ब्रह्मेति पर्यवसन्नम् । अत्रानीदृक्त्वं चापरोक्षसदृक्षता । तथा तादृक्त्वं च परोक्षसदृक्षतेति दिक् ।।

सर्वविलक्षण आत्मेत्यत्रोपपत्तिप्रदर्शनम् –

अक्षाणां विषयस्त्वीदृक्परोक्षस्तादृगुच्यते ।
विषयी नाक्षविषयः स्वत्त्वान्नास्य परोक्षता ।। २७ ।।

अन्वयः – अक्षाणां विषयः तु ईदृक् । परोक्षः तादृक् (इति) उच्यते । विषयी अक्षविषयः न स्वत्त्वात् । अस्य परोक्षता न ।।

व्याख्या :– न ह्यात्मनोऽनीदृक्त्वातादृक्त्वप्रतिज्ञामात्रेणार्थसिद्धिरितीदृक्तादृक्पदार्थविवरणायोपक्रमते। अक्षाणां चक्षुरादिधीन्द्रियाणां विषयो यो रूपादिर्गोचरो भवति स त्वीदृक्पदवाच्यः । घटादेः प्रत्यक्षादि-विषयस्यैवेदृक्पदार्थता दृष्टा लोक इति भावः । परोक्षस्त्वीन्द्रियागोचरप्रमाणान्तरप्रमेयस्तादृक्पदवाच्य इत्युच्यते । धर्मादेरतीन्द्रियस्य परोक्षस्यैव तादृक्छब्दार्थतोऽनुभवसिद्धेरिति भावः। विषयी साक्षी यो निखिलव्यवहारज्ञाता स नाक्षविषयो मनसेन्द्रियैर्वा ग्राह्यो नास्ति । यस्माद्विषयी प्रकाशैकरूपस्त-स्मान्नेन्द्रियविषय इति भावः । अत आत्मेदृगिति वक्तुं न शक्यते स्वत्त्वादात्मनः । स्वयं प्रकाशतया च मानान्तरानपेक्षणात्साक्षिणो न परोक्षताऽपि प्रमाणान्तरप्रमेयतापि नास्तीति तादृगिति वक्तुं च नैव शक्यते । द्रष्टुस्साक्षिणः प्रत्यगात्मनश्चक्षुरादीन्द्रियजन्यज्ञानाविषयान्नेदृक्त्वं स्वस्वरूपत्त्वादेव च कारणात्परोक्षत्वाभावेन न तादृक्त्वमित्युभयविलक्षणत्वादनिर्वचनीयतासिद्धिरिति शम् ।।

से न तो उसमें वेद्यत्वापत्ति की संभावना है और न शून्यत्व की ही । अतः आत्मा का स्वरूप वर्णनातीत ही है, ऐसा तुम दृढ़ निश्चय करो ।

आत्मा का स्वरूप वर्णनातीत है, इसमें युक्ति दर्शाते हैं ।

अर्थ – इन्द्रियों का विषय ईदृक् और परोक्ष तादृक् कहा जाता है । विषयी (साक्षी) इन्द्रियों का विषय नहीं है और स्वरूपभूत होने से इसकी (आत्मा की) परोक्षता भी नहीं है ।२७।

व्याख्या – आत्मा ईदृक् और तादृक् नहीं है, इस प्रतिज्ञामात्र से अर्थसिद्धि नहीं हो सकती । इसलिये ईदृक् और तादृक् पदार्थ का स्पष्टीकरण करते हैं । इन्द्रिय को अक्ष कहते हैं । जो चक्षुरादि इन्द्रियों का गोचर होता है, वह ईदृक् कहा जाता है । भाव यह है कि प्रत्यक्षादि के विषय घटादि की ही ईदृक्पदार्थता लोक में देखी गयी है । और परोक्ष तादृक् कहा जाता है अर्थात् जो इन्द्रियों का गोचर नहीं है, वह तादृक् शब्दवाच्य है । प्रमाणान्तर से जो प्रमेय हो, उसे तादृक् कहा जाता है । धर्म, स्वर्ग आदि परोक्ष होने से तादृक् पदवाच्य हैं । किन्तु विषयी अर्थात् समस्त व्यवहारों का ज्ञाता जो साक्षी है, वह इन्द्रियों का विषय नहीं है अर्थात् वह इन्द्रियों अथवा मन आदि से ज्ञेय नहीं है । इसलिए आत्मा को ईदृक् ऐसा नहीं कहा जा सकता । और स्वरूपभूत होने से इस आत्मा की परोक्षता भी नहीं है । आत्मा अपना स्वरूप ही है और स्वयंप्रकाश है अतः स्वयं के प्रकाश के लिये इसे प्रकाशान्तर की आवश्यकता न होने से इसकी परोक्षता भी नहीं है । इसलिए आत्मा को तादृक् भी नहीं कहा जा सकता । तात्पर्य यह है कि आत्मा प्रत्यक्ष और परोक्ष का विषय नहीं है ।

आत्मनस्स्वरूपलक्षणम् -

अवेद्योऽप्यपरोक्षोऽतः स्वप्रकाशो भवत्ययम् ।
सत्यं ज्ञानमनन्तञ्चेत्यस्तीह ब्रह्मलक्षणम् ॥ २८ ॥

अन्वयः - अयम् अवेद्यः अपि अपरोक्षः । अतः स्वप्रकाशः भवति । सत्यं ज्ञानम् अनन्तं च इति ब्रह्मलक्षणम् इह अस्ति ।

व्याख्या :- अवेद्योऽयमात्मेन्द्रियजन्यज्ञानविषयत्त्वाभाववान् अथाप्यपरोक्षोऽहमिति स्वात्मसाक्षात्कारविषयः । अत एव च हेतोस्स्वप्रकाशः । स्वप्रकाशत्त्वं चावेद्यत्त्वे सत्यपरोक्षत्त्वम्। लक्षणस्यास्यैवानुगमोऽनधीतभानत्त्वमिति । अत्रैवं प्रयोगः - स्वप्रकाश आत्मा ज्ञानविषयत्त्ववैधुर्येऽ-प्यपरोक्षत्त्वात् ज्ञानवत् । यत्स्वयमेव स्वं संवेत्ति चेत्स स्वप्रकाशो भवेत् । यदीदृशं स्वप्रकाशत्त्वमुच्येत तदा विरुद्धयेत कर्मकर्तृभावः । तेन पूर्वोक्तानुमाने हेतोर्विशेषणासिद्धिः। यद्येकस्यापतितं कर्मकर्तृत्त्वविरुद्धं रूपं विरोधं परिहर्तुमेवं यद्युच्येत - कर्तृत्त्वं स्वस्वरूपवेषेण, कर्मत्त्वं च विशिष्टवेषेणेति न विरोध इति चेत्समानमेतद्गमिक्रियादिष्वपि रामाद्येकव्यक्तेरपि स्वरूपेण कर्तृत्त्वं विशिष्टरूपेण कर्मत्त्वमिति न कुत्राप्ययं दोष एव भवेदेकस्यैव वेषान्तरेण कर्मकर्तृत्त्वयोस्समन्वयादित्यतोऽतिप्रसङ्गदोषस्समापतेत् । तथा"ज्ञानवदि"ति दृष्टान्ते साधनवैकल्यमपि ज्ञानस्य ज्ञानान्तरापेक्षत्त्वेऽनवस्थापातात् । नैयायिकानां मते घटज्ञानेन घटो भासते, घटज्ञानं त्वनुव्यवसायेनेति ज्ञानवत्स्वप्रकाशे दृष्टान्तस्साधनविकल इति न वाच्यम् । संवेदनान्तरेण संवेदनस्य भासनाभावान्न दोष इत्यलम् । एतावता ग्रन्थेन प्रत्यगात्मन-

---

आत्मा वर्णनातीत है, इस विषय में युक्ति प्रदर्शित करते हैं ।

अर्थ - आत्मा अवेद्य (ज्ञान का अविषय) होते हुए भी अपरोक्ष है । अतः यह (आत्मा) स्वप्रकाश है तथा सत्य, ज्ञान और अनन्त ये ब्रह्म के लक्षण आत्मा में विद्यमान हैं ।२८।

व्याख्या - इन्द्रियजन्य ज्ञान का विषय न होने के कारण यह आत्मा अवेद्य है फिर भी अपरोक्ष है । अर्थात् 'मैं' इस प्रकार स्वात्मसाक्षात्कार का विषय है । इसीलिये यह आत्मा स्वयंप्रकाश है । जो अवेद्य होकर भी अपरोक्ष हो, उसे स्वयंप्रकाश कहते हैं । यहाँ अनुमान प्रयोग इस प्रकार है - आत्मा स्वयंप्रकाश है । अवेद्य होने पर भी अपरोक्ष होने के कारण, जैसे संवित् (ज्ञान)। स्वप्रकाशत्व का अर्थ है कि स्वयं ही स्वयं को जानता है, ऐसा कहने पर कर्तृकर्म विरोध का भी परिहार हो जाता है क्योंकि संवित् भी अन्य ज्ञान का विषय नहीं है । अन्यथा अनवस्था दोष आ जाएगा । यदि कहो कि प्रत्यगात्मा भले ही स्वयंप्रकाश हो किन्तु उसमें ब्रह्मत्व की सिद्धि नहीं हो सकती । इस शंका का समाधान देते हैं कि सत्य, ज्ञानादि ब्रह्म के लक्षण आत्मा में विद्यमान हैं, इसलिए आत्मा में ब्रह्मत्व की सिद्धि हो जाती है । तीनों कालों में जिसका बाध न हो, उसे सत्य कहते हैं । स्वप्रकाश रूप को ज्ञान कहते हैं और अपरिच्छिन्न को अनन्त कहते हैं । ये तीनों ब्रह्म के श्रौत लक्षण हैं अर्थात् श्रुति के द्वारा प्रतिपादित लक्षण हैं । इस प्रत्यगात्मा में भी तैत्तिरीयोपनिषद् में प्रतिपादित सत्यत्वादि ब्रह्म के लक्षण विद्यमान हैं ही । वस्तुतः इन लक्षणों का तात्पर्य स्वरूप का स्फोरणमात्र करना है । ये धर्म-धर्मी भाव के द्योतक नहीं हैं । यदि कहो कि आपने पूर्व में आत्मा को अनिर्वचनीय कहा कि आत्मा न ऐसा है और वैसा है । किन्तु प्रकृत

स्स्वप्रकाशत्त्वं सिद्ध्यति । तस्मिन्न ब्रह्मलक्षणं समन्वेतीति कथं सिद्ध्येत ब्रह्मत्त्वमिति चेत्तत्राह श्रौतं लक्षणम् । इह प्रत्यगात्मनि "सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्मे"ति श्रुत्युक्तं ब्रह्मलक्षणमस्त्येव । अत्र सत्यादिशब्दैर्ब्रह्म विशिष्यते – सत्यं ब्रह्म, ज्ञानं ब्रह्म, अनन्तं ब्रह्मेति । बाधरहितत्त्वमेव सत्यत्त्वम् । ज्ञानमिति भावार्थमात्रमुच्यते ज्ञप्तिरवबोधः, स स्वप्रकाशस्वरूपः । देशकालवस्तुपरिच्छेदराहित्यमनन्ततत्वम् । स्वरूपस्फोरकमात्रफलकान्येवैतानि लक्षणानि । न ह्यत्र धर्मधर्मिभावः कोऽप्यस्ति । पूर्वं सर्वविलक्षणत्वमात्मन उक्तम् अनीदृगतादृग्ब्रह्मेति। प्रकृततैत्तिरीयोपनिषद्वाक्येन "सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्मे"त्यादिना ब्रह्मण ईदृत्त्वतादृत्त्वे उक्तप्राये । अतश्च पूर्वोक्तिविरोधात्कथं घटत एतल्लक्षणमिति चेदुच्यते । निर्धर्मके ब्रह्मणि सत्यत्त्वादिधर्मपरास्सत्यादिशब्दा अवास्तविकधर्मपरा एवात्र लक्षणघटका इति न दोषः । तेन तत्तद्धर्मवैशिष्ट्येनाभानादनीदृगतादृत्त्वं ब्रह्मणस्सुस्थमेव । ब्रह्मण आत्मनश्च लक्षणैक्या–द्वस्त्वैक्यमिति सर्वमनवद्यम् ।।

सत्यत्त्वपरिष्कारः –

सत्यत्त्वं बाधराहित्यं जगद्बाधैकसाक्षिणः ।
बाधः किंसाक्षिको ब्रूहि नत्वसाक्षिक इष्यते ।। २९ ।।

अन्वयः – बाधराहित्यं सत्यत्त्वम् । जगद्बाधैकसाक्षिणः बाधः किंसाक्षिकः? ब्रूहि । असाक्षिकः तु न इष्यते ।।

व्याख्या :– पूर्वाचार्योक्तिं प्रमाणयति – सत्यत्त्वं बाधराहित्यं बाधशून्यत्त्वम् । त्रैकालिकाबाध्यत्त्वम्। बाधो नाम यस्य लक्षणं येन दूष्यते स एव तस्य बाधक इति । विकारविरहितत्त्वं सत्यत्त्वम् । अत एव पूर्वेषामुक्ति"स्सत्यमबाध्यं बाध्यं मिथ्येति तद्विवेक" इति सङ्गच्छते । एवञ्च जगद्बाधैकसाक्षिणे

में "***सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म***" (तै.उ.) इस तैत्तिरीयोपनिषद् के वाक्य से तो ब्रह्म का ईदृक्त्व और तादृक्त्व भी उक्तप्राय है । इसलिये पूर्वोक्त विरोध होने के कारण ये लक्षण ब्रह्म में कैसे घटित होंगे ? इसका उत्तर यह है कि निर्धर्मक ब्रह्म में सत्यत्वादि धर्म वाले सत्यादि शब्द अवास्तविक धर्म वाले ही हैं, इसलिये यहाँ पर दोष नहीं है । उन–उन विशिष्ट धर्मों से विशिष्ट ब्रह्म की उपलब्धि न होने के कारण ब्रह्म ईदृक् और तादृक् रूप से प्रतिपादित नहीं हो सकता । विशिष्ट धर्म के कारण ही यह ऐसा है या वैसा है, ऐसा कहा जाता है । किन्तु ब्रह्म में समस्त धर्मों का अभाव होने के कारण पूर्वकथन का विरोध नहीं है । अतः ब्रह्म और आत्मा का लक्षण एक होने के कारण दोनों में भेद नहीं है, क्योंकि "***लक्षणैक्यात् वस्त्वैक्यं भवति***" लक्षण की एकता से वस्तु की भी एकता सिद्ध होती है ।

ब्रह्म के सत्यत्व का परिष्कार करते हैं ।

अर्थ – बाधरहित होना ही सत्यत्व है । जगत् के बाध का जो एकमात्र (अद्वितीय) साक्षी है । कहो उसके बाध का साक्षी कौन है ? साक्षी के बिना बाध मान्य नहीं हो सकता ।२९।

व्याख्या – जिसका बाध न हो, उसे सत्य कहते हैं । अर्थात् भूत, भविष्य और वर्तमान इन तीनों कालों में जिसका कभी भी बाध न हो, उसे सत्य कहते हैं । जिस पदार्थ का लक्षण जिस पदार्थान्तर से दूषित होता है, वह उसका बाधक होता है । आत्मा विकार रहित होने के कारण सत्य है । पूर्वाचार्यों

जगतः पञ्चकोशात्मकस्य चराचरात्मकस्य स्थूलसूक्ष्मकारणदेहत्रितयस्य योऽसौ बाधोऽविद्यमानता मूर्च्छासुषुप्तिसमाध्यादिषु । तस्यैको मुख्योऽद्वितीयस्साक्षी प्रत्यगात्मा द्रष्टा तस्य सर्वसाक्षिचैतन्यस्यात्मनो बाधो यदि भवेत्तत्र कस्साक्षी ? किंसाक्षिको बाध इति ब्रूहि ? न कोऽपि साक्षी विद्यत इति तात्पर्यम्। किमसाक्षिकात्मबाधो न प्रसिद्ध्यतीति चेदुच्यते । नत्वसाक्षिक इष्यत इति असाक्षिकस्साक्षि-विरहितो बाधो नेष्यते नाङ्गीक्रियते शास्त्रविद्भिः । यद्यसाक्षिको बाधोऽङ्गीक्रियेत तर्ह्यतिप्रसङ्गः । विकारवत्त्वं च जगतस्साक्षिणाऽनुभूयते । न हि तस्य साक्षिणो द्रष्टा कोऽपि दृश्यते। अतो निर्विकार-त्त्वादात्मा सत्यस्वरूप इति दिक् ।।

आत्मनस्सत्यत्त्वस्य दृष्टान्तेनोपपादनम् -

अपनीतेषु मूर्तेषु ह्यमूर्तं शिष्यते वियत् ।
शक्येषु बाधितेष्वन्ते शिष्यते यत्तदेव तत् ॥ ३० ॥

अन्वयः - मूर्तेषु अपनीतेषु अमूर्तं वियत् हि शिष्यते । शक्येषु बाधितेषु अन्ते यत् शिष्यते । तत् एव तत् ।।

व्याख्या :- यथालयादिगतेषु मूर्तेषु परिच्छिन्नपरिमाणवस्तुषु घटपटादिष्वपनीतेषु पृथिव्यप्तेजो-वायुष्वपनीतेषु बुद्ध्या पृथक्कृतेषु सत्त्स्वपनेतुमशक्यं वियदवशिष्यते । तथा प्रतीयमानेषु मूर्तामूर्तेषु देहेन्द्रियादिष्वात्मव्यतिरिक्तेषु सर्वेष्वप्यपनेतुं शक्येष्वपसारणसाध्येषु पदार्थेषु "नेति नेती"त्यादि-श्रुतियुक्तिपर्यालोचनोपायेनापह्नुतेषु सत्स्वन्ते सर्वनिषेधावधित्त्वेन शिष्यते यत्किञ्चित्सन्मात्रं सर्वबाधसाक्षी

ने भी कहा है कि "***सत्यमबाध्यं बाध्यं मिथ्येति तद्विवेकः***" अर्थात् जो अबाध्य हो वह सत्य और जो बाधित हो वह मिथ्या है, यही दोनों का विवेक है । सम्पूर्ण जगत् के बाध का जो साक्षी है अर्थात् स्थूल, सूक्ष्म और कारण शरीर रूप समस्त प्रपञ्चों के बाध का जो साक्षी है, उस एकमात्र द्रष्टा का अर्थात् सर्वसाक्षी प्रत्यगात्मा का भी यदि आप बाध कहोगे तो आपको बताना पड़ेगा की उस बाध का साक्षी कौन है ? भाव यह है कि आत्मा के बाध का अर्थात् नाश का कोई अन्य साक्षी नहीं है । यदि कहो भले ही आत्मा के बाध का कोई साक्षी न हो फिर भी उसका बाध क्यों नहीं होगा ? इसका उत्तर देते हैं कि असाक्षिक अर्थात् साक्षी रहित बाध नहीं माना जा सकता । यदि असाक्षिक बाध का अंगीकार करेंगे तो अतिप्रसंग हो जाएगा । जिस प्रकार सम्पूर्ण प्रपञ्च का बाध साक्षी के द्वारा अनुभूत है, उसी प्रकार आत्मा के बाध का कोई अन्य साक्षी नहीं हैं । इसलिये निर्विकार होने के कारण आत्मा सत्स्वरूप ही है ।

दृष्टान्तपूर्वक आत्मा के सत्यत्व का प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ - जैसे मूर्त (स्थूल) पदार्थों को दूर हटाने पर अमूर्त (सूक्ष्म) आकाश ही अवशिष्ट रहता है, उसी प्रकार बाध करने योग्य पदार्थों का बाध कर देने पर अन्त में जो शेष रहता है, वही वह (साक्षी आत्मा) है ।३०।

व्याख्या - जैसे एक गृह में घट, पट, जल आदि पदार्थ रखे हुए हैं । उस गृह से घटादि मूर्त पदार्थों को निकाल देने पर भी उस गृह में अमूर्त आकाश अवशिष्ट रहता है, उसी प्रकार जो बाध करने योग्य पदार्थ हैं, उन सभी का बाध कर देने पर उन सभी बाधों का साक्षी जो कुछ अवशिष्ट रहता है अर्थात् उन सभी बाधित पदार्थों का साक्षी जो सद्वस्तु है, वही आत्मा है । 'नेति नेति' इत्यादि श्रुतियों का पर्यालोचन

या संविदवशिष्टा तन्निर्बाध्यमानं वस्त्वात्मैव । अत आत्मनो बाधाभावात्सत्यरूपता। "स एष नेति नेतीत्यात्माऽगृह्यो न हि गृह्यत" इत्यादिश्रुतेः । दृश्यत्त्वेन न बाधितुं शक्येषु सर्वेषु वस्तुषु बाधितेषु सत्स्ववशिष्यमाणो यस्सर्वबाधावभासकतया बाध्यं केवलदृक्स्वरूपं कालत्रयानुगतमपरिच्छिन्नं सद्रूप आत्मा ब्रह्मैवैति सिद्धमिति शम् ।।

सर्वस्मिन्द्वैतजाले निरस्तेऽद्वैत आत्मैवावशिष्यत इति निरूपणम् –

सर्वबाधे न किञ्चिच्चेद्यन्न किञ्चित्तदेव तत् ।
भाषा एवात्र भिद्यन्ते निर्बाधन्तावदस्ति हि ॥ ३१ ॥

अन्वयः – सर्वबाधे किञ्चित् न चेत् । न किञ्चित् यत् तत् एव तत् अत्र भाषा एव भिद्यन्ते । निर्बाधं तावत् इष्यते ।।

व्याख्या :– निखिलदृश्यनिषेधोत्तरमवशिष्टस्यैवात्मत्त्वमिति स्थूणानिखननन्यायेनाह – सर्वबाधे जगति प्रतीयमानसकलदृश्यपदार्थानां नेति नेतीति निराकरणे कृते तेषु मिथ्यात्त्वनिश्चये च जाते "न किञ्चिदवशिष्यत" इति वदति चेदीदृशप्रयोगसिद्ध्यै यत्किञ्चित्पदार्थाभावविषयकज्ञानं त्ववश्यमभ्युपेयम्। अतः किञ्चिदपि नेतीति यत्तदेव सर्वाभावावभासकं चैतन्यं ज्ञानस्वरूपं ब्रह्म । न किञ्चिदिति सर्वाभावबोधकश्शब्दसमुदायः। स कथं भावरूपं चैतन्यं प्रत्याययेदित्यत्रोच्यते । अत्र सर्वबाधसाक्षिण्यद्वितीये प्रत्यगात्मनि भाषा एव "न किञ्चित्" "साक्षी"त्यादिशब्दा एव भिद्यन्ते । प्रत्यगभिन्नब्रह्मात्मबोधकशब्देष्वेव केवलं भेदो नाभिधेये । तज्ज्ञानं तु निर्बाधं बाधविरहितं तावत्साकल्येन "यावत्तावच्च साकल्येऽवधौ मानेऽवधारण" इति कोशात् तावदस्ति साक्षिचैतन्यं नित्यतया प्रकाशत इति । न किञ्चिदित्यत्र सर्वदृश्यप्रतियोगिकाभाव एव प्रतीयत इत्यविवेककृत एव निर्णयः । यतो विचारितेऽभावस्यापि दृश्यत्त्वाविशेषान्नाभावाभिधायकोऽयं, परं सर्वबाधसाक्षिभूतात्माभिधायक एवेति

करने पर जो सद्वस्तु अवशिष्ट रहती है, वही आत्मा है। "***स एष नेति नेत्यात्माऽगृह्यो न हि गृह्यते***" (बृ.उ.) इत्यादि श्रुतियाँ भी इस विषय में प्रमाण हैं । इसलिये सभी का बाध हो जाने पर समस्त बाधों का अवभासक, अबाध्य, अपरिच्छिन्न आत्मा सद्रूप ही है ।

सम्पूर्ण द्वैतजाल का निरसन करने पर अद्वैत आत्मा ही अवशिष्ट रहता है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ – सब पदार्थों का बाध करने पर कुछ भी नहीं रहता, यदि ऐसा कहते हो तो जिसे कुछ भी नहीं कहते हो, वही आत्मा है । भाषामात्र का यहाँ पर भेद है । निर्बाध आत्मा तो विद्यमान ही है ।३१।

व्याख्या – समस्त दृश्य पदार्थों का निषेध करने पर जो अवशिष्ट रहता है, वही आत्मा है । स्थूणानिखनन न्याय से कहते हैं कि जगत् में प्रतीयमान समस्त दृश्य पदार्थों का नेति नेति के द्वारा निराकरण कर देने पर अर्थात् उनके मिथ्यात्व का निश्चय हो जाने पर कुछ भी नहीं रहता, यदि तुम ऐसा कहते हो तो जिसे तुम "***न किंचिदवशिष्यते***" इस प्रकार से कह रहे हो, वही आत्मा है । "कुछ भी नहीं रहता" यह कथन समस्त अभावों का बोध कराने वाला शब्द समूह है । इसलिये सर्वावभासक प्रत्यागात्मा के विषय में यहाँ पर भाषामात्र का भेद है अर्थात् चाहे उसे 'कुछ भी नहीं' ऐसा कहो अथवा

ज्ञेयम् । तथा च ''न किञ्चिदवशिष्यत'' इत्यस्यैव भाषान्तरं निखिलदृश्यबाधे तद्भासकसाक्षिचैतन्यमवशिष्यत इति दिक् ।।

आत्मनोऽबाध्यत्त्वे श्रौतप्रमाणनिरूपणम् -

अत एव श्रुतिर्बाध्यं बाधित्त्वा शेषयत्यदः ।
स एष नति नेत्यात्मेत्यतद्व्यावृत्तिरूपतः ॥ ३२ ॥

अन्वयः - अतः एव ''सः एषः आत्मा न इति न इति'' इति श्रुतिः अतद्व्यावृत्तिरूपतः बाध्यं बाधित्त्वा अदः (प्रत्यक्स्वरूपं) शेषयति ।

व्याख्या :- यतो बाधितुमशक्य आत्मा सर्वसाक्षित्त्वादत एव ''स एष नेति नेत्यात्मे'' त्यादिश्रुतिरबाध्य आत्मेत्यतद्व्यावृत्तिरूपतोऽनात्मवस्तुभ्यो निराकरणद्वारा ततोऽतिरिक्तं यद्बाध्यं कार्यकारणसङ्घातात्मकं द्वैतं यन्निराकर्तुं शक्यं जगत्तत्समस्तमनात्मकं नामरूपात्मकं वस्तुजातं बाधित्त्वाऽपह्नुत्य सर्वमिदं जगन्मिथ्येति बुद्ध्या निश्चित्यादोऽपरिहरणीयं पारमार्थिकमात्मवस्तु प्रत्यक्चैतन्यं निखिलनिषेधावधितयावशेषयति दृश्याभिन्नरूपेण प्रत्यगभिन्नमद्वैतब्रह्मात्मचैतन्यमेवावशिनष्टि । न हि सर्वव्यापकब्रह्मपदार्थाद्व्यतिरिक्तं किञ्चित्पारमार्थिकतयास्ति । न वा स्वयमेव नास्तीत्यपि न सर्वस्यात्मभूतत्त्वात् । अतोऽनात्मभूतस्य सर्वस्यापि प्रपञ्चस्य नेतीति निषेधे कृते सति यन्निषेद्धुमशक्य-मात्मचैतन्यं तदेवावशिष्यत इति शम् ।।

साक्षी कहो, दोनों समान ही है । अर्थात् जो समस्त अभावों का अवभासक है, वही ज्ञानात्मक ब्रह्म है। इसलिये आत्मा के विषय में भाषाभेद ही है, आत्मबोधक शब्दों का ही भेद है । वह ज्ञानात्मक आत्मा निर्बाध होने के कारण विद्यमान ही है अर्थात् नित्य रूप से सर्वदा प्रकाशित होता रहता है ।

आत्मा के निर्बाधत्व को श्रुत्यारूढ़ करते हैं ।

अर्थ - इसलिये ''**स एष नेति नेतीत्यात्मा**'' यह श्रुति बाध करने योग्य समस्त पदार्थों का बाध करके अतद्व्यावृत्ति रूप इस आत्मा को ही अवशिष्ट रखती है ।३२।

व्याख्या - सर्वसाक्षी होने के कारण आत्मा का बाध नहीं हो सकता, इसलिये ''***स एष नेति नेतीत्यात्मा*** '' इत्यादि श्रुति वचन आत्मा के अबाधितत्व का वर्णन करते हैं । अनात्म वस्तुओं का निराकरण करना ही जिसका स्वरूप है, उसे अतद्व्यावृत्ति रूप कहा जाता है । आत्मा भी वैसा ही है, इसलिये कार्य-करण संघातात्मक सम्पूर्ण द्वैत जो कि बाध्य है अर्थात् बाध करने योग्य है, उसका बाध करके अर्थात् समस्त अनात्मक नामरूपात्मक पदार्थों का बाध करके यह सम्पूर्ण जगत् मिथ्या है, इस प्रकार अनात्म पदार्थों में मिथ्यात्व का निश्चय कराकर श्रुति अबाध्य पारमार्थिक आत्मवस्तु (प्रत्येक् चैतन्य) को ही अवशिष्ट रखती है । अर्थात् प्रत्यगभिन्न ब्रह्मात्मतत्त्व के अलावा और कोई पदार्थ पारमार्थिक सत्य नहीं है, इसका बोध कराती है । भाव यह है कि सबका बाधक आत्मा ही नहीं है, ऐसा नहीं कहती है क्योंकि आत्मा तो सभी का अनुभवगम्य अन्तरात्मा ही है । इसलिये अनात्मभूत समस्त प्रपञ्च का 'नेति नेति' इस प्रकार निषेध करने पर जिसका निषेध करना शक्य नहीं है, वही आत्मचैतन्य अवशिष्ट रहता है ।

आत्मनोऽबाध्यत्त्वे हेतूनां निरूपणम् -

इदं रूपन्तु यद्यावत्तत्त्यक्तुं शक्यतेऽखिलम् ।
अशक्यो ह्यनिदंरूपः स आत्मा बाधवर्जितः ॥ ३३ ॥

अन्वयः - यत् यावत् इदं रूपं तत् तु अखिलं त्यक्तुं शक्यते । अनिदंरूपः अशक्यः हि । (यः) बाधवर्जितः सः आत्मा ।।

व्याख्या :- "नेति नेती"तिश्रुतिर्बाध्यं जगद्बाधित्वाबाध्यं साक्षिचैतन्यमवशेषयतीत्युक्तौ बाध्याबाध्ययोः रूपं कीदृशमिति प्रश्न उत्थिते तद्वारयति-इदं रूपमिति सान्निद्ध्यात्प्रत्यक्षतो हस्तेनाभिनीय दर्शयितुं शक्यं पुरो दृश्यमानमस्मदादिभिरनुभूयमानं देहादिनिखिलद्वैतप्रपञ्चं न नेदमिति बुद्ध्या मिथ्यात्त्वेन त्यक्तुं शक्यम्। अवधारणार्थकोऽत्र तु शब्दः । सर्वान्दृश्यपदार्थाननुसङ्गृह्य यद्यावत्पदे तथा च दृश्यं सकलमपि निराकर्तुं शक्यत इति सिद्ध्यति । योऽनिदंरूपम् इदमिति निर्देशानर्हं रूपं यस्य स प्रत्यक् स्वस्वरूपत्त्वादेवाहमिति व्यवहारार्हो नेदमिति स साक्षी स्वात्मरूपत्त्वेनाशक्यो निराकर्तुम् । प्रसिद्धिद्योतको हीति निपातो निराकर्तुरात्मतया निराकार्यतां सूचयति। सोऽयमनिदंरूपः प्रत्यगात्मा बाधवर्जितस्त्रैकालिकबाधरहितस्स साक्षी स एवात्मा नाहङ्कारादिर्दृश्यः। दृश्यं सर्वमिदन्तया बाध्यम् । परिशिष्टं दृश्यभिन्नं वस्तु तदेवात्मेति दिक् ।।

आत्मनो ज्ञानरूपतास्मारणम् -

सिद्धं ब्रह्मणि सत्यत्त्वं ज्ञानत्त्वन्तु पुरेरितम् ।
स्वयमेवानुभूतित्त्वादित्यादिवचनैः स्फुटम् ॥ ३४ ॥

आत्मा के अबाध्यत्व में हेतु प्रदर्शित करते हैं ।

अर्थ - जो इदं रूप है, वह सब त्याग किया जा सकता है और जो अनिदं रूप है, उसका त्याग संभव नहीं है । वही बाधरहित वस्तु आत्मा है ।३३।

व्याख्या - 'नेति नेति' इत्यादि श्रुतिवचन से जगत् बाध्य है और प्रत्यक् चैतन्य अबाध्य है, ऐसा कहा गया । ऐसा कहने पर प्रश्न होता है कि उस बाध्य और अबाध्य का स्वरूप क्या है ? इसी का समाधान करते हुए कहते हैं कि जिस पदार्थ को प्रत्यक्ष रूप से अर्थात् हाथ के द्वारा निर्देश करके बताया जा सके, वह इदंशब्दवाच्य है अर्थात् नेत्रों के सामने दृश्यमान हम सभी के द्वारा अनुभूयमान देहादि सम्पूर्ण प्रपञ्च इदंशब्द से कहा गया है । इदं रूप जितने भी पदार्थ हैं, उनका बुद्धि के द्वारा मिथ्यात्व निश्चय करके त्याग किया जा सकता है (श्लोक में '**तु**' शब्द अवधारणार्थक है) तथा समस्त दृश्य पदार्थों का ग्रहण '**यद्**' और '**यावत्**' इन दों पदों से कहा गया है । और जो अनिदं रूप है अर्थात् इदं रूप से जिसका निर्देश शक्य नहीं है, उस बाधवर्जित वस्तु का निराकरण नहीं हो सकता, वही साक्षी आत्मा है । (श्लोक में '**हि**' शब्द प्रसिद्धि का द्योतक है), जो आत्मा के अबाधित्व का सूचक है । भाव यह है कि इदं रूप से प्रतीयमान सभी पदार्थ बाध्य हैं और उनसे भिन्न अनिदं रूप से निर्देशित जो अबाध्य वस्तु अवशिष्ट रहती है, वही आत्मा है ।

आत्मा की ज्ञानरूपता का स्मरण कराते हैं ।

अर्थ - इस प्रकार ब्रह्म (आत्मा) में सत्यत्व सिद्ध हुआ '**स्वयमेवानुभूतित्वात्**' इत्यादि वचनों

अन्वयः - ब्रह्मणि सत्यत्त्वं सिद्धम् । "स्वयम् एव अनुभूतित्त्वात्" इत्यादिवचनैः ज्ञानत्त्वं तु पुरा स्फुटम् ईरितम् ।।

व्याख्या :- आत्मनो ज्ञानत्त्वोपपादनाय पूर्ववृत्तं समासेनानुवदन् प्रागुपपादितमपि सकृत्स्मारयति। ब्रह्मणि ब्रह्मलक्षणविषये यत्सत्यत्त्वमुपवर्णितं तदात्मन्यात्मलक्षणविषये सिद्धम् । सम्पत्यस्मिन्प्रकरणे पञ्चकोशनिषेधावधिभूतसाक्षिणं चैतन्यमात्मानमनूद्य तस्यैव ब्रह्माभेदार्थं तल्लक्षणसमन्वयोपपादनस्यैव प्रकृते सङ्गतत्वात्सिद्धमात्मनीत्यात्मशब्दे प्रयोक्तव्ये सिद्धं ब्रह्मणि सत्यत्त्वमिति ब्रह्मशब्दप्रयोग आत्मब्रह्मणोरत्यन्ताभेदप्रदर्शनायैवेति ज्ञेयम् । आत्मनो ज्ञानरूपत्त्वं तु पुरैव "इयमात्मा परानन्दः परप्रमोस्पदं यतः" । "स्वयमेवानुभूतित्त्वाद्विद्यते नानुभाव्यते"त्यादिभिर्वाक्यैस्सप्रमाणं सयुक्तिकञ्च पूर्वस्मिन्ग्रन्थे एव स्पष्टमभ्यधायीति शम् ।।

आत्मनोऽनन्तत्त्वप्रदर्शनम् -

न व्यापित्त्वाद्देशतोऽन्तो नित्यत्त्वान्नापि कालतः ।
न वस्तुतोऽपि सार्वात्म्यादानन्त्यं ब्रह्मणि त्रिधा ।। ३५ ।।

अन्वयः - व्यापित्त्वात् देशतः अन्तः न (विद्यते) । नित्यत्त्वात्, कालतः अपि (अन्तः) न । सार्वात्म्यात्, वस्तुतः अपि न । ब्रह्मणि आनन्त्यं त्रिधा ।।

व्याख्या :- लोके कस्यापि वस्तुनोऽन्तो देशात्कालाद्वस्तुद्वारा वा वक्तव्यः । इदमस्मिन्देशे नास्तीति दैशिकः परिच्छेदः । इदमस्मिन्काले नास्तीति कालिकः परिच्छेदः, इदमेतद्रूपेण नास्तीति वस्तुतः परिच्छेदः । आत्मभिन्ने सर्वत्र त्रिविधस्यापि परिच्छेदस्य संभवोऽस्ति । नात्मनि । यतः आत्मनि नित्यत्वं श्रूयते । "आकाशवत्सर्वगतश्च नित्यः" "नित्यो नित्यानां चेतनश्चेतनाना" मित्यादिभिः।

के द्वारा इसका ज्ञातत्व स्पष्ट रूप से पहले ही कहा गया है ।३४।

व्याख्या - आत्मा के ज्ञातत्व का उपपादन करने के लिये पूर्ववृत्त का समास पूर्वक पूर्व में प्रतिपादन होने पर भी पुनः एकबार स्मरण कराते हैं । ब्रह्म के लक्षणों का प्रतिपादन करते समय उसमें जो सत्यत्व का प्रतिपादन किया गया है, वह सत्यत्व आत्मलक्षण के विषय में भी सिद्ध है । श्लोक में ब्रह्म शब्द का प्रयोग करके आत्मा में सत्यत्व का वर्णन करने से आत्मा और ब्रह्म में अभेद दर्शाया गया है । और आत्मा के ज्ञातत्व का वर्णन तो "***स्वयमेवानुभूतित्वात्***" (श्लोक १३) इत्यादि वचनों से प्रमाण और युक्तियों के सहित पूर्वग्रन्थ में स्पष्ट रूप से कह चुके हैं । श्लोक में आदि शब्द से "***इयमात्मा परानन्दः***" (१/८) इत्यादि का ग्रहण करना चाहिये ।

अब आत्मा के अनन्तत्व का प्रदर्शन करते हैं ।

अर्थ - व्यापक होने के कारण देशकृत, नित्य होने के कारण कालकृत और सर्वात्मक होने के कारण वस्तुकृत परिच्छेद भी ब्रह्म में नहीं है । इस प्रकार ब्रह्म में तीन प्रकार का आनन्त्य है ।३५।

व्याख्या - लोक में किसी वस्तु का अन्त तीन प्रकार का होता है - देश, काल और वस्तुकृत । यह वस्तु इस देश (स्थान) में नहीं है, इसे देशकृतपरिच्छेद कहते हैं । यह वस्तु इस काल में नहीं है, इसे कालकृतपरिच्छेद कहते हैं और यह वस्तु इस वस्तु से भिन्न है, इसे वस्तुकृतपरिच्छेद कहते हैं । आत्मा

तस्मात्सर्वस्मिन्नपि देशे काले चानुगत आत्मेति दैशिककालिकाभावप्रतियोगितात्मनि नागच्छति । अत आत्मा न परिच्छिद्यते देशतः कालतो वा "आकाशवत्सर्वगतश्च नित्यः" "नित्यं विभुं सर्वगतं सुसूक्ष्म"मित्यादिभिः । तस्मान्न कस्मिन्नपि देशे काले ह्यात्मनोऽभावं निरूपयितुं शक्यमिति देशतः कालतोऽपि नास्ति परिच्छेदः ।। एवमात्मनस्सर्वात्मकतापि श्रूयते । "इदं सर्वं यदयमात्मा" "सर्वं ह्येतद्ब्रह्म" "ब्रह्मैवेदं सर्व"मित्यादिभिः। सर्वेषु मार्तिकेषु पदार्थेषु मृदः कारणात्मनानुगतत्त्वान्मृद्भेदो यथा घटादिषु दर्शयितुं न शक्य एवं सर्वस्यापि जगतः कारणत्त्वादात्मनस्सर्वानुस्यूतता विद्यत इति न कुत्राप्यात्मभेदः प्रसिद्ध्यतीत्यात्मनो वस्तुतोऽप्यभावप्रतियोगित्त्वं नास्तीति परिच्छित्तिर्वस्तुतोऽपि नास्तीति कृत्त्वा त्रिविधपरिच्छेदशून्यत्त्वात्कथमप्यन्तता नास्तीत्यात्मन आनन्त्यं सिद्धम् । अक्षरार्थतस्तु व्यापित्त्वात्सर्वदेशव्यापित्त्वाद्देशतोऽन्तो देशकृतपरिच्छेदो नात्मनः । तथा नित्यत्त्वात्सर्व-कालानुगतत्त्वात्त्रिकालाबाध्यत्त्वात्कालतोऽप्यन्तो न विद्यत इति कालकृतपरिच्छेदोऽपि नात्मनः । सार्वात्म्यात्सर्ववस्तुषु सच्चिदानन्दात्मना कारणरूपेणानुगतत्त्वाद्वस्तुतोऽप्यन्तो नास्तीति न वस्तुकृतपरिच्छेदोऽपि नात्मनः । सर्वमात्मास्वरूपं यस्य, तस्य भावात्सार्वात्म्यादिति त्रिविधपरिच्छेदराहित्यमात्मनि स्पष्टमुक्तमिति त्रिधा त्रिप्रकारेणापि ब्रह्मण्यानन्त्यं समर्थितम् । सर्वोऽप्ययं विषय "इदं सर्वं पुरा सृष्टेरेकमेवाद्वितीयकम्। सदेवासीन्नामरूपे नास्तामित्यारुणेर्वचः" इत्यादिभिः पूर्वमुपपादितम् । बृह-बृहि वृद्धाविति बृहि घातोर्निष्पन्न एव ब्रह्मशब्दो व्यापकत्त्वमनुपचरितं वक्तीति भाष्यकारा अपि "बृंहतेर्धातोरर्थानुगमादि"त्यवोचुः । तेन

के अतिरिक्त सर्वत्र इन तीनों परिच्छेद का होना संभव है किन्तु आत्मा में नहीं । "***आकाशवत्सर्वगतश्च नित्यः***" "***नित्यं विभुं सर्वगतं सुसूक्ष्मम्***" इत्यादि श्रुतिवचनों से आत्मा को सर्वगत अर्थात् व्यापक कहा गया है । इसलिए देशकृतपरिच्छेद आत्मा में नहीं है अर्थात् किसी भी देश (स्थान) में आत्मा के अभाव का निरूपण करना अशक्य है, इसलिये आत्मा देशकृतपरिच्छद से रहित है । "***नित्यो नित्यानां चेतनश्चेतनानाम्***" इत्यादि श्रुति वचन से आत्मा में नित्यत्व का वर्णन किया गया है, अतः नित्य होने के कारण आत्मा में कालकृतपरिच्छेद भी नहीं है अर्थात् आत्मा तीनों कालों में विद्यमान होने के कारण कालकृतपरिच्छेद से रहित है । इसी प्रकार आत्मा की सर्वात्मकता भी सुनी जाती है । "***इदं सर्वं यदयमात्मा, सर्वं ह्येतद्ब्रह्म, ब्रह्मैवेदं सर्वम्***" इत्यादि श्रुतिवाक्य आत्मा की सर्वात्मकता का वर्णन करते हैं । मिट्टी से बने पदार्थों में मिट्टी कारण रूप से अनुगत होने के कारण जैसे उसका भेद नहीं कहा जा सकता, उसी प्रकार सम्पूर्ण जगत् का कारण होने के कारण आत्मा सम्पूर्ण जगत् में अनुस्यूत है, इसलिये आत्मा का भेद नहीं कहा जा सकता । तात्पर्य यह है कि आत्मा सर्वगत होने के कारण वस्तुकृतपरिच्छेद से भी रहित है ।

"***इदं सर्वं पुरा***..... (पं.द.२/१९)" इत्यादि के द्वारा इस सम्पूर्ण विषय को द्वितीय प्रकरण में स्पष्ट रूप से प्रतिपादित किया गया है ।

इस प्रकार आत्मा त्रिविधपरिच्छेद से शून्य सर्वथा अन्त रहित होने के कारण अनन्त है, यह सिद्ध होता है । अर्थात् व्यापक, नित्य और सर्वात्मक होने से देश, काल और वस्तु से परिच्छिन्न न होने के कारण ब्रह्म में तीन प्रकार का आनन्त्य है । इस श्लोक में परमत का अनुसरण करते हुए देश, कालादि

देशकालवस्त्वपरिच्छिन्नत्त्वमानन्त्यं सिद्ध्यतीति "ब्रह्मैवेदं विश्व"मित्यादिश्रुतिभिश्च त्रिविधमानन्त्यं सम्पन्नम्। प्रकृते नैयायिकादिमतानुसारं देशकालादीनामपि वस्तुत्त्वमभ्युपगम्य देशकालकृतपरिच्छेदोऽत्र निरस्यते तदभावश्च प्रसाद्ध्यत इति बोध्यमिति दिक् ।।

स्वभावत एव ब्रह्मण आनन्त्यमिति निरूपणम् -

देशकालान्यवस्तूनां कल्पितत्त्वाच्च मायया ।
न देशादिकृतोऽन्तोऽस्ति ब्रह्मानन्त्यं स्फुटन्ततः ।। ३६ ।।

अन्वयः - (किं) च देशकालान्वयवस्तूनां मायया कल्पितत्त्वात् देशादिकृतः अन्तः न अस्ति। ततः ब्रह्मानन्त्यं स्फुटम् ।।

व्याख्या :- परमार्थतो विचार्यमाणे देशकालादीनामवास्तवत्त्वात्तत्कृतपरिच्छेदोऽप्यवास्तविक एव। तेन ब्रह्मणोऽनन्तता स्वभावत एव सिद्ध्यतीति भावः । देशकालान्यवस्तूनां परिच्छेदकारणानां मायया "सत्तत्त्वमाश्रिता शक्तिः कल्पयेत्सति विक्रियाः" । "वर्णा भित्तिगता भित्तौ चित्रं नानाविधं तथे"ति पूर्वमुपपादितरीत्या कल्पितत्त्वाद्यथा मायानिर्मितगन्धर्वनगरादिभिस्तत्र कल्पितगगनस्य देशकालादिपरिच्छेदो न भवति केवलं भ्रान्तिकृतस्स सम्बन्धः न वास्तविको यथा तथा मायाकल्पितैः देशकालादिभिर्नैव प्रत्यगभिन्नब्रह्मात्मनोऽपि तत्कृतोऽन्तो नास्तीति पारमार्थिकः परिच्छेदो ब्रह्मणि नैव संभवतीति हेतोर्व्यक्तमेवानन्त्यं ब्रह्मणः । अत्र च श्रुतिरपि "तदेतत्सत्यमात्मा ब्रह्मैव" "ब्रह्मात्मैवात्र ह्येवं न विचिकित्स्यमित्यों सत्यमात्मैव नृसिंहो देवो ब्रह्म भवति" "अयमात्मा ब्रह्मे"त्यादिभिश्श्रुतिभिरात्मब्रह्मणोरभेदप्रतिपादनादुभयोरप्यानन्त्यं निर्विवादं सिद्ध्यतीति दिक् ।।

का वस्तुत्व स्वीकार करके तत्कृत परिच्छेदों का ही निरसन किया गया है । वस्तुतः देशकालादि का अवस्तुत्व होने के कारण तत्कृत परिच्छेद भी नहीं है, इसे अगले श्लोक में कहेंगे ।

ब्रह्म का आनन्त्य स्वाभाविक है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - देश, काल और अन्य वस्तुएँ माया के द्वारा कल्पित होने के कारण ब्रह्म में देशादिकृत परिच्छेद नहीं है । अतः ब्रह्म की अनन्तता स्पष्ट ही है ।३६।

व्याख्या - परमार्थ रूप से विचार करने पर देश, कालादि की कोई वास्तविक सत्ता नहीं है । इसलिए उनके द्वारा किया गया परिच्छेद भी अवास्तविक ही है । अतः ब्रह्म में अनन्तता स्वभाव से ही सिद्ध है । देशकालादि सभी माया के द्वारा कल्पित हैं । जैसे गन्धर्वनगर आदि से आकाश का परिच्छेद नहीं हो सकता, क्योंकि वह आकाश में कल्पित है । ठीक उसी प्रकार कल्पित देश-कालादि के द्वारा भी ब्रह्म में परिच्छेद नहीं हो सकता । कल्पित पदार्थ का वास्तविक पदार्थ से कभी भी पारमार्थिक सम्बन्ध नहीं हो सकता । इसलिये कल्पित देश-कालादि से ब्रह्म का सम्बन्ध न होने से ब्रह्म की अनन्तता भी नष्ट नहीं हो सकती । अतः ब्रह्म में आनन्त्य स्पष्ट ही है । "***तदेतत्सत्यमात्मा ब्रह्मैव ब्रह्मात्मैवात्र ह्येवं न विचिकित्स्यमित्यों सत्यमात्मैव नृसिंहो देवो ब्रह्म भवति*** ", "***अयमात्मा ब्रह्म*** " इत्यादि श्रुतियाँ आत्मा और ब्रह्म के अभेद का प्रतिपादन करती हैं । इसलिये आत्मा में भी आनन्त्य निर्विवाद सिद्ध ही है ।

ब्रह्मण ईश्वरत्त्वं जीवत्त्वं चौपाधिकमेवेति निरूपणम् -

सत्यं ज्ञानमनन्तं यद्ब्रह्म तद्वस्तु तस्य तत् ।
ईश्वरत्त्वञ्च जीवत्त्वमुपाधिद्वयकल्पितम् ॥ ३७ ॥

अन्वयः - यत् सत्यं ज्ञानम् अनन्तं ब्रह्म तत् वस्तु । तस्य ईश्वरत्त्वं च जीवत्त्वं च तत् । उपाधिद्वयकल्पितम् ।।

व्याख्या :- ब्रह्मणि मायया देहादिजडपदार्थानां गन्धर्वनगरादिवत्कल्पितत्त्वेन तत्कृतपरिच्छेद-प्रभावेणान्तवत्त्वं न ब्रह्मण इत्युक्तं युक्तमथापि चेतनजीवेश्वरकृतपरिच्छेदोऽन्तवत्त्वं किं न कल्पयति ब्रह्मणीत्याशङ्कायामाह - "सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्मे"ति लक्षणलक्षितं यद्ब्रह्म तद्वस्तु तदेव पारमार्थिकं वस्तु । तस्य तदीश्वरत्त्वं यल्लोकवेदप्रसिद्धं जीवत्त्वं चोपाधिद्वयेन कल्पितमेव । न तदपि वास्तवम् । कल्पितं चोपाधिद्वयमप्यनुपदमेव वक्ष्यति ग्रन्थकृत् - "चिच्छायावेशतश्शक्तिश्चेतनेव विभाति सा । तच्छक्त्युपाधिसंयोगाद्ब्रह्मैवेश्वरतां व्रजेत्" ।। "कोशोपाधिविवक्षायां याति ब्रह्मैव जीवता"मित्यादिना । अतः कल्पितमेवमीश्वरजीवयोरपि न परिच्छेदकत्त्वम् । जीवेश्वरत्त्वयोरपि निस्तत्त्वोपाधिकल्पितत्त्वा-त्तथाविधोपाध्याश्रययोर्जीवेश्वरयोरपि निस्तत्त्वतैवेति न तत्कृतपरिच्छेदो वास्तविक इति शम् ।।

ईश्वरोपाधेश्शक्तेर्निरूपणम् -

शक्तिरस्त्यैश्वरी काचित्सर्ववस्तुनियामिका ।
आनन्दमयमारभ्य गूढा सर्वेषु वस्तुषु ॥ ३८ ॥

ब्रह्म में देशादिकृत भेद भले ही न हो किन्तु ईश्वर और जीव का भेद तो होगा ही, इस शंका का समाधान करते हैं ।

अर्थ - जो सत्य, ज्ञान और अनन्त ब्रह्म है, वही पारमार्थिक है । उसका ईश्वरभाव और जीवभाव दोनों उपाधियों से कल्पित है ।३७।

व्याख्या - गन्धर्वनगर के समान देहादि जड़ पदार्थ माया के द्वारा ब्रह्म में ही कल्पित होने के कारण तत्कृत परिच्छेद के प्रभाव से ब्रह्म में अन्तत्व नहीं हो सकता, ऐसा कहा गया । वह बात तो ठीक है, किन्तु ईश्वर और जीव तो भिन्न हैं, इसलिये दोनों परिच्छिन्न हैं । अतः ब्रह्म में अनन्तत्व कैसे संभव है ? ऐसी शंका होने पर ग्रन्थकार कहते हैं कि सत्य, ज्ञान और अनन्त इन लक्षणों से लक्षित जो ब्रह्म है, वही पारमार्थिक वस्तु है अर्थात् उसके अतिरिक्त कोई भी वस्तु वास्तविक नहीं है । उस ब्रह्म का ईश्वरत्व और जीवत्व ये दोनों उपाधि के कारण हैं, इसलिये दोनों कल्पित हैं । ब्रह्म की सत्ता से पृथक् उनकी पारमार्थिक सत्ता नहीं है । वे दोनों उपाधियाँ कौन-सी हैं ? इसका उत्तर ग्रन्थ के अगले श्लोकों में देंगे । भाव यह है कि जैसे कल्पित जगत् से ब्रह्म परिच्छिन्न नहीं होता, उसी प्रकार ईश्वरत्व और जीवत्व भी कल्पित होने के कारण ब्रह्म के परिच्छेदक नहीं हो सकते । इसलिये ब्रह्म में ईश्वर और जीवकृत परिच्छेद संभव नहीं है ।

अब ईश्वर की उपाधिभूत शक्ति का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - सब वस्तुओं का नियमन करने वाली कोई अनिर्वचनीय ईश्वरी शक्ति है, जो आनन्दमय से आरम्भ कर सब वस्तुओं में गुप्त रूप से रहती है।३८।

अन्वयः - ऐश्वरी काचित् सर्ववस्तुनियामिका शक्तिः अस्ति (सा) आनन्दमयम् आरभ्य सर्वेषु वस्तुषु गूढा ।।

व्याख्या :- "परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया चे"ति श्रुतिप्रसिद्धा शुद्धे ब्रह्मण्यनादिभावत्त्वेनाध्यस्ता शक्तिरीश्वरोपाधिभूता । जीवेश्वरयोरुपाधी पूर्वं निर्दिष्टे । "सत्त्वशुद्ध्यविशुद्धिभ्यां मायाविद्ये च ते मते । मायाबिम्बो वशीकृत्य तां स्यात्सर्वज्ञ ईश्वरः" इत्युपाध्योस्स्वरूपं निर्दिश्योत्तरत्र विशदीकृतं च । "मायाविद्ये विहायैवमुपाधी परजीवयोः । अखण्डं सच्चिदानन्दं परं ब्रह्मैव लक्ष्यते" इत्यादिना शुद्धसत्त्वप्रधाना मायैवेश्वरोपाधिरिति सा चानुमेया सर्ववस्तुनियमनहेतुनैव । किमियं शक्तिस्स्व-प्रतिबिम्बितचैतन्येश्वरपक्षपातिनी? नैवमुचितम् । यतस्सर्ववस्त्वन्तःपात्यज्ञत्त्वप्रतियोगिकनियामकत्त्वस्यापि मायाशत्त्यामङ्गीकर्तव्यत्त्वेन तत्सार्वज्ञ्यविरोधापत्तिः । न वा स्वविशेषप्रतिबिम्बितचिद्रूपजीवपक्षपातिनी तस्य सर्वज्ञत्वसर्वकारणत्त्वाद्यभावेन सर्ववस्तुनियामकत्त्वासम्भवात् । नापि च शुद्धचिन्मात्रपक्षपातिनी । उपाधेः प्रतिबिम्बपक्षपातित्वनियमात् बिम्बपक्षपातिता न भवति तस्मात्सर्ववस्तुनियामकत्त्वेनैव तस्याश्शक्तेस्सार्वज्ञ्यघटकतया स्वप्रतिबिम्बितचैतन्यरूपेश्वरपक्षपातित्त्वस्यैवेष्टत्त्वात्सर्ववस्त्वन्तःपात्य-ज्ञतात्वीश्वरसार्वज्ञ्यविरुद्धतया जाड्यादिवज्जीवनिष्ठतयैव सा नियमयतीत्यवश्यं वाच्येति ज्ञेयम् । ऐश्वरी शुद्धसत्त्वप्रधानेश्वरोपाधिरितीश्वरसम्बन्धिनः शक्तिरैश्वरी सा काचित्सेश्वरसाङ्ख्याभिमतप्रधानाद्भिन्ना सत्त्वेनासत्त्वेन च निर्वक्तुमशक्याऽनिर्वचनीया सर्ववस्तुनियामिका बृहदारण्यकादिप्रसिद्धान्तर्यामिब्राह्मणग्रन्थोक्तपृथिव्यादीनां सर्वेषां नियम्यवस्तूनामियं शक्तिर्नियमनकर्त्री सा चानन्दमयमारभ्य कारणशरीरादिषु ब्रह्माण्डान्तेषु सर्वेषु वस्तुषु गूढी निगूढालक्ष्या तिष्ठति । अत एव सर्वैर्नोपलभ्यते इति दिक् ।।

अर्थापत्तिप्रमाणलभ्याया मायाशक्तेर्निरूपणम् -

वस्तुधर्मा नियम्येरञ्छक्त्या नैव यदा तदा ।
अन्योन्यधर्मसाङ्कर्याद्विप्लवेत जगत्खलु ।। ३९ ।।

अन्वयः-वस्तुधर्माः यदा शक्त्या न एव नियम्येरन् । तदा अन्योऽन्यधर्मसाङ्कर्यात् खलु जगत् विप्लवेत।।

व्याख्या - "***परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च***" (श्वे.उ.) इत्यादि श्रुति प्रसिद्ध शुद्धब्रह्म में अनादिकाल से अध्यस्त शक्ति, ईश्वर की उपाधिभूता है । जीव और ईश्वर की उपाधि इसी ग्रन्थ के प्रथम प्रकरण में वर्णित है ।

सत्त्वशुद्ध्यविशुद्धिभ्यां मायाविद्ये च ते मते ।
मायाबिम्बो वशीकृत्य तां स्यात्सर्वज्ञ ईश्वरः ।। (पं.द. १/१६)

इस प्रकार शुद्धसत्त्वप्रधाना माया ही ईश्वर की उपाधि है और वह भी सर्ववस्तु नियामिका रूप हेतु से अनुमेय ही है । वह ईश्वर की अनिर्वचनीय माया शक्ति आनन्दमय से लेकर समस्त पदार्थों में गूढ़भाव से अर्थात् अप्रत्यक्ष रूप से निवास करती है ।

अब अर्थापत्तिप्रमाणलभ्या माया का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - यदि माया शक्ति से पदार्थों के धर्म नियमित न रहें तो एक दूसरे के धर्म, संकरता से (आपस

व्याख्या :- मायाशक्तिर्नियमेनानुपलभ्यमानापि पृथिव्यादिसकलजगन्नियमनान्यथानुपपत्त्यावश्य-मभ्युपगन्तव्या । यदा कयाचिच्छक्त्या वस्तुधर्मा भूतानां भौतिकानां च काठिन्यादयो धर्मा नैव नियम्येरन्व्यवस्थामापाद्यन्ते तदान्योऽन्यधर्मस्यौष्ण्यस्य वायावित्यादिना धर्माणामव्यवस्था जगद्विप्लवेता-नियतत्त्वतो महान्कोलाहलो भवेत् । धर्मसाङ्कर्याद्विश्रम्भेण यथानियममेकत्रानवस्थितौ जगतोऽनियत-व्यवहारापत्तिः । खल्विति वर्णाश्रमधर्माणामन्योऽन्यसाङ्कर्ये यथा विप्लवोऽनुभूयते इति प्रसिद्धिं द्योतयति । अचिन्त्यापरिमितामेयकल्पनाविचित्रचित्रितस्य जगतो नियमनाभावे धर्माणां साङ्कर्याद्विप्लवो भवेत् । तृषार्तानां जलपानेन पिपासानिवृत्तिर्नियमेन तदैव भवेद्यदा काचन शक्तिर्नियामिका स्यात् । अन्यथा तु न । एवं घटादीनां दीपादिप्रकाशकत्त्वं दीपादीनां चाप्रकाशकत्त्वमित्यादिविप्लवो महान्भवेत्। तस्मात्तत्पदार्थेषु तत्तद्धर्मनियामिका काचन शक्तिरनिवार्यतया स्वीकार्या । तथा च धर्मनियमन-रूपहेतोर्नासिद्धिः । यदि शक्तिस्सिद्धा सा कस्येति विचिकित्सायां सर्वपदार्थनियमनशक्तिस्सर्वज्ञस्यैकस्यैव संभवतीत्यनुमीयते निर्णीयते चेश्वरस्यैवेति । अत्र श्रुतिश्चै"ष सेतुर्विधारण एषां लोकानामसंभेदाय" "अथ य आत्मा स सेतुर्विधृतिरेषां लोकानामसंभेदाये"त्यादिः। तस्मादैश्वरीयशक्तिर्जगन्नियामिकेति सिद्धम् ।।

में मिल जाना रूप संकरता से) जगत् में निश्चित ही विप्लव (अव्यवस्था) कर देंगे ।३९।

व्याख्या - माया शक्ति सब की नियामिका रूप से उपलब्ध न होने पर भी पृथिव्यादि सम्पूर्ण जगत् का नियमन करने वाली कोई शक्ति है, ऐसा अवश्य ही मानना पड़ेगा । यदि कभी पृथ्वी आदि पदार्थों के काठिन्यादि धर्मों का नियमन न हो तो अव्यवस्था उत्पन्न हो जाएगी । अर्थात् अन्य पदार्थ के गुणधर्म अन्य पदार्थों से मिलकर जगत् में विप्लव कर देंगे । अग्नि का गुणधर्म उष्णता है और जल का गुणधर्म शीतलता है । यदि इन के गुणधर्मों का नियमन करने वाली कोई शक्ति न हो तो अग्नि कभी उष्ण और कभी शीतल हो जाएगी, उसी प्रकार जल कभी शीतल और कभी उष्ण हो जाएगा । जल पीने से पिपासा की निवृत्ति नियमपूर्वक होती है । यह तभी हो सकता है, जब उसका नियमन करने वाली काई शक्ति हो । अन्यथा जल पीने से कभी पिपासा शान्त होगी और कभी नहीं होगी । उसी प्रकार दीपक के द्वारा घट प्रकाशित होता है किन्तु दोनों के गुणधर्म के सांकर्य से कभी दीपक घट को प्रकाशित करेगा और कभी घट दीपक को । इस प्रकार महान विप्लव (अव्यवस्था) होगा । इसलिये अर्थापत्ति प्रमाण के द्वारा माया शक्ति का ज्ञान होता है । जैसे कोई कहे कि मोटा-तगड़ा देवदेत्त दीन में भोजन नहीं करता है, तो यहाँ शंका होती है कि भोजन न करने से तो कोई मोटा-तगड़ा हो नहीं सकता । इससे अनुमान किया जाता है कि देवदत्त दिन में नहीं तो रात्रि में अवश्य भोजन करता होगा । इसे अर्थापत्ति प्रमाण कहते हैं । इसी प्रकार मायाशक्ति का प्रत्यक्ष रूप से निरूपण भले ही न हो किन्तु अर्थापत्ति के द्वारा उसका निरूपण किया जा सकता है । तो प्रश्न होता है कि वह शक्ति किसकी है ? इससे यह अनुमान किया जाता है कि समस्त पदार्थों का नियमन करने वाली शक्ति अवश्य ही किसी सर्वज्ञ की ही होगी। और वह सर्वज्ञ ही ईश्वर है, ऐसा निर्णित होता है । इस विषय में श्रुतियाँ भी प्रमाण हैं । यथा - "***एष सर्वेश्वर एष भूताधिपतिरेष भूतपाल एष सेतुर्विधरण एषां लोकानामसंभेदाय*** " (बृ.उ. ४/४/२२), "***अथ य आत्मा स सेतुर्विधृतिरेषां लोकानामसंभेदाय*** " ।

चित्संबद्धायाश्शक्तेर्जगन्नियामकत्त्वप्रदर्शनम् -

चिच्छायावेशतश्शक्तिश्चेतनेव विभाति सा ।
तच्छक्त्युपाधिसंयोगाद्ब्रह्मैवेश्वरतां व्रजेत् ॥ ४० ॥

अन्वयः - सा शक्तिः चिच्छायाऽऽवशेतः चेतना इव विभाति । तच्छक्त्युपाधिसंयोगात् ब्रह्म एव ईश्वरतां व्रजेत् ।।

व्याख्या :- अन्तर्यामिब्राह्मणादिषु सर्ववस्तुनियमनं चैतनस्यैव श्रुतं न जडायाश्शक्तेरिति शङ्कायामाह- सा विलक्षणा शक्तिश्चिच्छायावेशतश्चित्सम्बन्धाच्चिदाभासप्रवेशाच्चित्प्रतिबिम्बप्रवेशादियावत् । "चिदानन्दमयब्रह्मप्रतिबिम्बसमन्वित"मित्युक्तेः । सा शक्तिश्चेतनेव चैतन्यवती समापन्नचैतन्यकलेव विभाति परिस्फुरति । चिदाभासस्य स्वकीयस्य सम्पर्कमात्रेण तथा विभाति । तच्छक्त्युपाधिसंयोगाच्चित्प्रतिबिम्बयुक्ता शक्तिरेवोपाधिः । अतोऽस्याश्शक्तेस्सकलजगन्नियामकत्त्वं घटते । तथा च, सा चासौ शक्तिश्च तच्छक्ति- स्सैवोपाधिस्तेन संयोगस्सम्बन्धस्तस्माद्ब्रह्मैव सत्यज्ञानादिलक्षणलक्षितं स्वस्वरूपमपरित्यज्यैवोपाधि- वशादीश्वरतां तत्पदवाच्यतां सर्वज्ञत्त्वसर्वशक्तिमत्वादिधर्मयोगितां व्रजेत्सम्प्राप्नुयात् । तच्छक्त्युपाधिसम्बन्ध इत्यत्र तादृशी स्वचिदाभासविशिष्टा या शक्तिरनाद्यविद्यावासनारूपा सैवोपाधिस्तत्संयोगात्तत्तादात्म्याध्या- सादित्यर्थस्वारस्यादाभासवादो विद्यारण्यचरणानामभिमत इति ज्ञायते । ब्रह्मेश्वरतां व्रजेत्स्रष्टृत्त्वादिधर्मवत्तां प्राप्नुयात्। श्रीमद्वार्तिककारैराभासवादोऽभ्युपगतः-अज्ञानोपहित आत्मा । अज्ञानतादात्म्यापन्नस्स्वचिदाभासा- विवेकादन्तर्यामी साक्षीश्वरो जगत्कारणमित्युच्यते । बुद्ध्युपहितो बुद्धितादात्म्यापन्नस्स्वचिदाभासविवेकाज्जीवः कर्ता भोक्ता प्रमातेति च कथ्यत इति । विवरणकारैस्त्वज्ञानोपहितं बिम्बचैतन्यमीश्वरोऽन्तःकरणतत्संस्कार- वच्छिन्नाज्ञानप्रतिबिम्बितं चैतन्यं जीव इत्युक्तम् । अत्रैव सङ्क्षेपशारीरककारैरज्ञानप्रतिबिम्बितं चैतन्यमीश्वरः। बुद्धिप्रतिबिम्बितं चैतन्यं जीवोऽज्ञानोपहितं बिम्बचैतन्यं शुद्धमित्यादि । प्रतिबिम्बवादमिममाचक्षते । श्रीभामतीकारैस्त्वज्ञानविषयीकृतं चैतन्यमीश्वरोऽज्ञानाश्रयीभूतं जीव इत्यादि । अस्यावच्छेदवाद इति व्यवहारो विस्तरस्त्वाकरग्रन्थेषु द्रष्टव्य इति शम् ।।

मायाशक्ति जड़ होने पर भी जगत् का नियमन कैसे करती है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - वह शक्ति ब्रह्म की छाया के आवेश से चेतनवत् भासित होती है और उसी शक्ति की उपाधि के संयोग से ब्रह्म ही ईश्वरत्व को प्राप्त होता है ।४०।

व्याख्या - बृहदारण्यक के अन्तर्यामी ब्राह्मणादि में सब वस्तुओं का नियामक चेतन को ही कहा गया है, जड़ शक्ति को नहीं । तब आप माया शक्ति को सभी की नियामिका कैसे कहते हो ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि वह विलक्षण शक्ति ब्रह्म की छाया के आवेश से अर्थात् चिदाभास के प्रवेश करने से चेतनवती भासित होती है । अर्थात् चिदाभास (चित्प्रतिबिम्ब) के सम्पर्क मात्र से वह स्फुरित होती है, वस्तुतः मायाशक्ति जड़ है । इसलिये श्लोक में '***चेतनेव***' अर्थात् चेतन के समान, ऐसा कहा गया है । उसी चित्प्रतिबिम्ब के सम्पर्क से चेतनवती हुई शक्ति के संयोग से अर्थात् माया रूप उपाधि को धारण करने से ब्रह्म ही ईश्वरत्व को प्राप्त होता है । अर्थात् मायोपाधि से तादात्म्य के कारण सत्य, ज्ञानादि लक्षणों वाला ब्रह्म ही अपने स्वरूप का त्याग किये बिना ही उपाधि के कारण तत्पदवाच्य सर्वज्ञत्व, सर्वशक्तिमत्वादि धर्म वाले ईश्वरभाव को प्राप्त होता है ।

जीवोपाधिप्रदर्शनम् -

कोशोपाधिविवक्षायां याति ब्रह्मैव जीवताम् ।
पिता पितमहश्चैकः पुत्रपौत्रौ यथा प्रति ॥ ४१ ॥

अन्वयः - कोशोपाधिविवक्षायां ब्रह्म एव जीवतां याति । यथा एकः पुत्रपौत्रौ प्रति पिता पितामहः च।।

व्याख्या :- कोशोपाधिविवक्षायां कोशा एवोपाधिस्तद्विवक्षायामन्नमयाद्यानन्दमयान्तकोशानां समालोचनसमये सम्यग्विचारणे कृते ब्रह्मैव सत्यज्ञानानन्तानन्दादिस्वरूपमेव जीवतां जीवपदवाच्यतां याति प्राप्नोति । लोके न क्वाप्येतस्यैव वस्तुनो युगपद्विरुद्धधर्मद्वयाक्रान्तता दृष्टेति चेन्न । यथा यज्ञदत्त एकैव व्यक्तिर्युगपदेव पुत्रपौत्रौ प्रति पुत्रमपेक्ष्य पिता पौत्रमपेक्ष्य च पितामहश्च भवति तथैव परं ब्रह्मापि कोशोपाधिदृष्ट्या जीवश्शक्त्युपाधिदृष्ट्या चेश्वरश्च भवति । यदि पुत्ररूपोपाधिर्न स्यात्पितृत्त्वमपि नैव स्यादेवं न पौत्रो यदि तदा न पितामहत्त्वमपि तथैव शक्त्युपाध्यभावे नैवेश्वरत्त्वं कोशोपाध्यभावे च न जीवत्त्वमिति केवलौपाधिकत्त्वमेवेति दिक् ।।

ब्रह्मणो जीवत्त्वमीश्वरत्त्वं च न वास्तविकमिति निरूपणम् -

पुत्रादेरविवक्षायां न पिता न पितामहः ।
तद्वन्नेशो नापि जीवश्शक्तिकोशाविवक्षणे ॥ ४२ ॥

अब जीव की उपाधि का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - पञ्चकोश की उपाधि की विवक्षा करने पर ब्रह्म ही जीवत्व को प्राप्त होता है । जैसे एक ही पुरुष पुत्र और पौत्र की अपेक्षा से पिता और पितामह होता है ।४१।

व्याख्या - अन्नमय से लेकर आनन्दमय कोश पर्यन्त पाँचों कोशों की समालोचना करने पर अर्थात् उनका सम्यक् विचार करने पर ज्ञात होता है कि सत्य, ज्ञान, अनन्त, आनन्दादि स्वरूप वाला ब्रह्म ही जीवभाव को प्राप्त होता है अर्थात् ब्रह्म ही जीवपदवाच्य हो जाता है । यदि कहो कि एक ही वस्तु का एक साथ विरुद्ध धर्म वाला होना लोक में कहीं भी देखा नहीं गया है तो यह कथन ठीक नहीं है । जैसे यज्ञदत्त नामक एक ही पुरुष युगपत् (एकसाथ) पुत्र और पौत्र की अपेक्षा से पिता और पितामह हो जाता है अर्थात् पुत्र की अपेक्षा से यज्ञदत्त पिता कहलाता है और पौत्र की अपेक्षा से पितामह कहलाता है । उसी प्रकार एक ही परब्रह्म परमात्मा कोशों की उपाधि से जीव और माया की उपाधि से ईश्वर कहलाता है ।

यदि पुत्र रूपी उपाधि न हो तो यज्ञदत्त में पितृत्व संभव नहीं है और पौत्र रूपी उपाधि यदि न हो तो उसमें पितामहत्व भी नहीं हो सकता । भाव यह है कि जैसे यज्ञदत्त का पितृत्व और पितामहत्व पुत्र और पौत्र रूपी उपाधि के अभाव में संभाव नहीं है, ठीक उसी प्रकार माया की उपाधि के अभाव में ईश्वरत्व और पाँच कोशों की उपाधि के अभाव में जीवत्व भी संभव नहीं है । तात्पर्य यह है कि ब्रह्म में ईश्वरभाव और जीवात्मभाव दोनों ही औपाधिक हैं, वास्तविक नहीं हैं ।

ब्रह्म में ईश्वरभाव और जीवभाव वास्तविक नहीं है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ - पुत्रादि की विवक्षा न रहे तो वह न पिता है और न पितामह है, उसी प्रकार मायाशक्ति और पञ्चकोश की विवक्षा न हो तो न ईश्वर है और न जीव है ।४२।

अन्वयः - पुत्रादेः अविवक्षायां पिता न । पितामहः न । तद्वत् शक्तिकोशाविवक्षणे ईशः न जीवः अपि न ।।

व्याख्या :- निरूपितश्चैतावताध्यारोपः । अथेदानीं सदृष्टान्तमपवादो निरूप्यते । पुत्रादेः पुत्रस्य पौत्रस्य वा विवक्षायां तत्तदुपाध्यभावे पिता वा पितामहो वा नास्त्येव यद्वत्तद्वदेव शक्तेः कोशानां वोपाधीनामभावे ईश्वरो जीवो वा नास्तीति व्यावहारिक एवायं जीवेश्वरादिभेदः । न ब्रह्मणो वस्तुतो जीवत्त्वमीश्वरत्त्वं वास्तीति तत्त्वम् । तथा चैवं प्रकारेण जीवेश्वराभावे तत्कल्पितद्वैतजगतोऽप्यभावोऽनुक्ति-सिद्ध एवेति शम् ।।

पञ्चकोशविवेकफलप्रदर्शनपूर्वकं प्रकरणोपसंहरणम् -

य एवं ब्रह्म वेदैष ब्रह्मैव भवति स्वयम् ।
ब्रह्मणो नास्ति जन्मातः पुनरेष न जायते ।। ४३ ।।

।। इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीभारतीतीर्थविद्यारण्यमुनिवर्यविरचितायां पञ्चदश्यां पञ्चकोशविवेकाख्यं तृतीयं प्रकरणं सम्पूर्णम् ।।

अन्वयः - यः एवं ब्रह्म वेद एषः स्वयं ब्रह्म एव भवति । ब्रह्मणः जन्म नास्ति । अतः एषः पुनः न जायते ।।

व्याख्या :- यो विवेकवैराग्यादिसाधनचतुष्टयसम्पन्नो जिज्ञासुरेवमेतत्प्रकरणोक्तेन प्रकारेण पञ्चकोशविवेकपूर्वकं ब्रह्म प्रत्यक्चैतन्याभिन्नाद्वितीयं सत्यज्ञानादिलक्षणं वेद स्वात्मतया विजानाति सोऽयं साक्षात्कारस्तद्वानेष स्वयं ब्रह्मैव भवति । "ब्रह्म भवति य एवं वेद" "ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवति" "ब्रह्मविदाप्नोति परं" "गुहा ग्रन्थिभ्यो विमुक्तोऽमृतो भवती"त्यादिवाक्येभ्यः यतो ब्रह्मविद्ब्रह्मैव

व्याख्या - अभी तक अध्यारोप करके अब दृष्टान्त पूर्वक अपवाद का निरूपण करते हैं । पुत्र और पौत्र रूपी उपाधि के अभाव में यज्ञदत्त न पिता है और न पितामह । ठीक उसी प्रकार माया और पञ्चकोश रूपी उपाधि के अभाव में न तो ईश्वर है और न जीव ही । भाव यह है कि ईश्वर और जीवभाव दोनों ही नहीं हैं । इस प्रकार ईश्वर और जीव के अभाव में उनके द्वारा कल्पित द्वैत जगत् का भी अभाव सिद्ध ही है ।

अब पञ्चकोशों के विवेक करने का फल प्रदर्शित करते हुए प्रकृत प्रकरण का उपसंहार करते हैं ।

अर्थ - जो इस प्रकार ब्रह्म को जानता है, यह (ब्रह्मज्ञानी) स्वयं ब्रह्म ही हो जाता है । ब्रह्म का जन्म नहीं होता है, इसलिये यह ब्रह्मवेत्ता पुनः जन्म नहीं लेता ।४३।

व्याख्या - विवेक-वैराग्यादि साधनचतुष्टय सम्पन्न जो जिज्ञासु उक्त प्रकार से अर्थात् पाँचों कोशों का विवेक करके प्रत्यक् चैतन्याभिन्न, अद्वितीय, सत्य-ज्ञानादि लक्षण युक्त ब्रह्म को जानता है अर्थात् ब्रह्म को स्वात्मरूप से जानता है, वह ब्रह्मसाक्षात्कारवान पुरुष स्वयं ब्रह्म ही हो जाता है । ***''ब्रह्म भवति य एवं वेद'' ''ब्रह्मवेद ब्रह्मैव भवति'' (मु. उ.), ''ब्रह्मविदाप्नोति परम्'' (तै. उ.), ''गुहाग्रन्थिभ्यो विमुक्तोऽमृतो भवति''*** इत्यादि अनेकों श्रुतिवचनों से पूर्वोक्त कथन की पुष्टि होती

भवत्यतो न तस्य पुनर्जननमरणरूपसंसारचक्रे कदापि पातो भवति । "न जायते म्रियते वा विपश्चित्" "न स भूयोऽभिजायत" इत्यादिश्रुतिस्मृतिशतेभ्यो ब्रह्मणो जन्म नास्ति तस्मादेव ब्रह्मविदोऽपि न जन्मास्ति । स्वात्मानमद्वितीयब्रह्माभिन्नतया योऽनुसन्धत्ते "न स पुनरावर्तत" इति तस्य पुनरावृत्ति-राहित्यलक्षणो मोक्षस्सिद्ध्यति । कोशशक्त्योर्जीवेश्वरोपाद्ध्योर्बाधज्ञानं विना निराकरणासंभवादुपाधि-कल्पिताकाशादिभूतेषु तथा भौतिकेषु चाहन्ताममते सर्वथा कथं दूरापास्ता इति मा शङ्कनीयम् । मायाशक्तेस्तत्कार्यकोशादेस्तदुपहितजीवेश्वरयोतत्कल्पितनिखिलद्वैतसमूहस्य च वस्तुत आत्मस्वरूप-त्त्वादद्वैतप्रमैकबाध्यत्त्वात्सर्वस्यापि द्वैतस्य बाधस्सिद्ध्यति । सा चाद्वैतप्रमा पूर्वोक्तपञ्चकोशविवेचना-द्युपायेनैव सिद्ध्यतीति सर्वमनवद्यम् । प्रमेयासंभावनारूपस्तृतीयः प्रतिबन्धोऽत्र निराक्रियते ।।

"निर्गुण आत्मा जगतः कर्ता भर्ता कथं नु संहर्ता । सम्भवति वा नियन्ता प्रतिबन्धोऽयं तृतीय ईशमितौ"। अतस्तत्पदार्थविषये ब्रह्मनिर्गुणं सगुणं वेत्यत्र निर्गुणं न संभवतीति प्रतिबन्धः । तन्निराकरणायोच्यते "प्रत्यक्षाद्यविरोधं वक्तुं कोशान्विवेचयद्ब्रह्म । सम्भावयति तृतीये तदर्थभूतं गुहेत्यादि।।" इति कोशविवेचनप्रणाड्या सर्वद्वैतबाधे निर्गुणं ब्रह्मैवावशिष्यत इति तत्प्रतिबन्धकबाधकत्त्वमस्य प्रकरणस्य युज्यते । तथा हि निर्गुणस्यैवात्मनो जगत्प्रत्यगभिन्ननिमित्तोपादानत्त्वमस्मिन्प्रकरणे निर्णीतमस्ति तत्र "गुहाहितं ब्रह्म यत्तत्पञ्चकोशविवेकतः। बोद्धुं शक्यं ततः कोशपञ्चकं प्रविविच्यत" इत्युपक्रम्य "य एवं ब्रह्म वेदैष ब्रह्मैव भवति स्वयम् । ब्रह्मणो नास्ति जन्मातः पुनरेष न जायते" इत्युपसंहाराल्लिङ्गाज्जगत्कारणत्त्वोप-लक्षितब्रह्मण एव जीवस्वरूपत्त्वेन ज्ञानमात्रान्मोक्षदत्त्वान्निर्गुणं ब्रह्मेत्युक्तं भवति । तथा – "बिम्बभूतो य आनन्द आत्मासौ सर्वदास्थिते"रिति । "यस्मिन्यस्मिन्नस्ति लोके बोधस्तत्तदुपेक्षणे । यद्बोधमात्रं तद्ब्रह्मेत्येवं

है । वह ब्रह्मवेत्ता ब्रह्म ही होने से पुनः जन्ममरण रूप चक्र में नहीं गिरता है । "***न जायते म्रियते वा विपश्चित्*** " (कठो.), "***न स भूयोऽभिजायते*** " इत्यादि अनेकों श्रुति और स्मृतियों से ब्रह्मज्ञानी के जन्म का अभाव कहा गया है, इसीलिये ब्रह्मज्ञानी का जन्म नहीं होता है । जो स्वयं को अद्वितीय ब्रह्म से अभिन्न रूप से अनुसन्धान करता है, उसका पुनरावृत्ति रहित लक्षण रूप मोक्ष सिद्ध ही है । "***न स पुनरावर्तते*** " (छा.उ.) ।

प्रमेयासंभावना रूप तृतीय प्रतिबन्ध का इस तृतीय प्रकरण के द्वारा निराकरण किया गया है ।

निर्गुण आत्मा जगतः कर्ता भर्ता कथं नु संहर्ता ।
संभवति वा नियन्ता प्रतिबन्धोऽयं तृतीय ईशमितौ ।।

निर्गुण ब्रह्म जगत् का कर्ता, भर्ता और संहर्ता कैसे हो सकता है ? इसी को प्रमेयासंभावना रूप तृतीय दोष माना गया है ।

प्रत्यक्षाद्यविरोधं वक्तुं कोशान्विवेचयद् ब्रह्म ।
संभावयति तृतीये तदर्थभूतं गुहेत्यादि ।।

ब्रह्म प्रत्यक्षादि से अविरुद्ध है, यह दर्शाने के लिये पञ्चकोशों का विवेचन इस तृतीय प्रकरण में किया गया है । पञ्चकोश विवेचन की प्रणाली के द्वारा सम्पूर्ण द्वैत का बाध हो जाने पर एकमात्र ब्रह्म ही अवशिष्ट रहता है । उस ब्रह्म के प्रतिबन्धक का बाध करना ही इस प्रकरण का मुख्य कार्य है । इसलिये निर्गुण ब्रह्म का ही जगत् के प्रति अभिन्ननिमित्तोपादानत्व का निरूपण किया गया है।

धीर्ब्रह्मनिश्चय" इत्यादिश्चाभ्यासो द्वितीयं लिङ्गम् ।

"यदनीदृगतादृक्च तत्स्वरूपं विनिश्चिन्वि"त्यपूर्वता तृतीयं लिङ्गम् । "ब्रह्मणो नास्ति जन्मातः पुनरेव न जायत" इति फलोक्तिस्तुरीयं लिङ्गम् ।

"देहादाभ्यन्तरः प्राणः प्राणादाभ्यन्तरं मनः । ततः कर्ता ततो भोक्ता गुहा सेयं परम्परे"ति चार्थवादः पञ्चमं लिङ्गम् ।

माधुर्यादिस्वभावानामन्यत्रस्वगुणार्पिणां । स्वस्मिंस्तदर्पिणापेक्षा नो न चास्त्यन्यदर्पकम्" "पिता-पितामहश्चैकः पुत्रपौत्रौ यथा प्रती"त्याद्युपपत्तिष्षष्ठं लिङ्गमित्येवं षड्भिस्तात्पर्यग्राहकलिङ्गैर्निर्गुणं ब्रह्म जगदभिन्ननिमित्तोपादानकारणत्त्वोपलक्षितमद्वैतसच्चिदानन्दात्मककैवल्यरूपं जीवस्वरूपं सम्भवत्येवेति नात्र प्रमेयासम्भावनाशङ्काया अवकाशोऽस्तीति शम् ।।

।। इति श्रीद्वारकाशारदापीठाधीश्वरैः एवं ज्योतिष्पीठाधीश्वरैः श्रीमज्जगद्गुरुशङ्कराचार्यैः अनन्तश्रीविभूषितश्रीस्वरूपानन्दसरस्वतिस्वामिभिः विरचितायां स्वरूपबोधिन्यां व्याख्यायां पञ्चकोशविवेकस्समाप्तः ।।

अब उपक्रमोपसंहारादि षड्विध तात्पर्य लिंगों के द्वारा उपर्युक्त कथन को स्पष्ट कर रहे हैं ।

उपक्रमोपसंहार - *गुहाहितं ब्रह्म यत्तत्पञ्चकोशविवेकतः ।*
बोद्धुं शक्यं ततः कोशपञ्चकं प्रविविच्यते।। (३/१)

यहाँ से उपक्रम करके

"य एवं ब्रह्म वेदैष ब्रह्मैव भवति स्वयम्" (३/४३)

यहाँ पर प्रकरण का उपसंहार किया गया है ।

अभ्यास - *यस्मिन्यस्मिन्नस्ति लोके बोधस्तत्तदुपेक्षणे ।*
यद्बोधमात्रं तद्ब्रह्मेत्येवं धीर्ब्रह्मनिश्चयः ।। (३/२१)

अपूर्वता - *"यदनीदृगतादृक् च तत्स्वरूपं विनिश्चिनु"* (३/२६)

फल - *"ब्रह्मणो नास्ति जन्मातः पुनरेष न जायते"* (३/४३)

अर्थवाद - *देहादाभ्यन्तरः प्राणः प्राणादाभ्यन्तरं मनः ।*
ततः कर्ता ततो भोक्ता गुहा सेयं परम्परा ।। (३/२)

उपपत्ति - *माधुर्यादिस्वभावानामन्यत्रस्वगुणार्पिणाम् ।*
स्वस्मिंस्तदर्पणापेक्षा नो न चास्त्यन्यदर्पकम् ।। (३/१४)
"पिता पितामहश्चैकः पुत्रपौत्रौ यथा प्रति" (३/४१)

इस प्रकार उपक्रमादि छह लिंगों के द्वारा जगत् का अभिन्न निमित्तोपादानकारणत्वोपलक्षित अद्वितीय सच्चिदानन्दात्मक कैवल्य रूप निर्गुण ब्रह्म ही जीव का स्वरूप है, ऐसा निश्चित होता है । इसलिये इस विषय में प्रमेयासंभावना के लिए अवकाश ही नहीं है ।

।। इस प्रकार द्वारका एवं ज्योतिष्पीठाधीश्वर अनन्तश्रीविभूषित जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी **श्रीस्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज** द्वारा विरचित **श्रीसद्गुरुसपर्या** नामक हिन्दी व्याख्या में पञ्चकोशविवेक नामक तीसरा प्रकरण समाप्त हुआ ।।

।। चतुर्थं प्रकरणम् - द्वैतविवेकप्रकरणम् ।।

ईश्वरसृष्टद्वैतवर्णनम् -

ईश्वरेणापि जीवेन सृष्टं द्वैतं विविच्यते ।
विवेके सति जीवेन हेयो बन्धः स्फुटीभवेत् ॥ १ ॥

अन्वयः - ईश्वरेण जीवेन अपि सृष्टं द्वैतं प्रपञ्च्यते । विवेके सति जीवेन हेयः बन्धः स्फुटीभवेत्।

व्याख्या :- प्रथमे प्रकरणे प्रत्यगात्मतत्त्वं विवेचितम् । तच्च भूतानां कोशानाञ्च विवेचनमन्तरा न सम्भवतीति क्रमेण द्वितीयतृतीयप्रकरणयोस्तत्सर्वं सुविवेचितम् । प्रकरणैक्ये विषयैक्यं तद्भेदे च विषयभेदः प्रयोजक इति लोकशास्त्रमर्यादानुसारं भूतानां कोशानां वा विवेचनमेकरूपमेवास्तीति निरूपणीयस्य विषयस्यैक्यात्प्रकरणभेदोऽसङ्गत इति न मन्तव्यम् । विवेचनत्त्वेन रूपेणोभयोरैक्येऽपि फलभेदसद्भावात्फलभेदप्रयुक्तोऽत्र प्रकरणभेद इति सुवचत्त्वात् । मायाबिम्बेन वशीकृतमायेनेश्वरेण कारणोपाधिकेनान्तर्यामिणाविद्यावशगेन कार्योपाधिकेनाहं प्रत्ययिना जीवेन च सृष्टमुत्पादितं द्वैतं निखिलं जगदस्मिंश्चतुर्थे प्रकरणे विविच्यते विशेषेण विभज्य प्रदर्श्यते । एतावता द्वितीये प्रकरणे यो

प्रथम प्रकरण में प्रत्यगात्मतत्त्व का विवेचन किया गया । वह पञ्चभूत और पञ्चकोश के विवेचनानन्तर संभव न होने से उन दोनों का विवेचन क्रम से द्वितीय और तृतीय प्रकरण में किया गया। प्रत्यगात्मतत्त्व जिस विवेक से जाना जाता है, उसका निरूपण दो प्रकरणों द्वारा किया गया । द्वितीय और तृतीय प्रकरण का विषय एक होने से एक ही प्रकरण में विवेक का निरूपण करना चाहिये था, दो प्रकरणों में निरूपण करने से क्या लाभ ? इस प्रश्न का समाधान यह है कि पञ्चभूत और पञ्चकोश नामक द्वितीय और तृतीय प्रकरण में प्रतिपादित दोनों विवेक का फल भिन्न-भिन्न है । इसलिये भिन्नफलानुरोध के कारण ही दोनों का भिन्नरूप से निरूपण किया गया है ।

इस प्रकरण के प्रथम श्लोक के पूर्वार्ध में ग्रन्थकार प्रकरण आरम्भ करने की प्रतिज्ञा करते हैं और उत्तरार्ध से द्वैत विवेचन का फल प्रस्तुत कर उसकी निष्प्रयोजनता का वारण करते हैं ।

अर्थ - अब ईश्वर और जीव के द्वारा रचित द्वैत का विवेचन करते हैं । इसका विवेचन हो जाने पर जीव के द्वारा त्याज्य बन्धन स्पष्ट हो जाएगा ।१।

व्याख्या - माया बिम्ब के वशीभूत कारण रूप उपाधि युक्त अन्तर्यामी ईश्वर और अविद्या के वशीभूत कार्य रूपी उपाधि युक्त अहं प्रत्ययी जीव के द्वारा रचित सम्पूर्ण द्वैत जगत् की विवेचना इस चतुर्थ प्रकरण में की गई है। "***विविच्यते - विशेषेण विभज्य प्रदर्श्यते***" अर्थात् विशेष रूप से विभाग करके उसको प्रदर्शित किया गया है । '**ईक्षत**' इत्यादि वाक्यों से प्रतिपादित सम्पूर्ण द्वैत प्रपञ्च की सृष्टि के आरम्भ का संकल्प करके "***तदेवानुप्राविशत्***" (ऐ.उ.) उसी में परमात्मा प्रवेश कर गया । यहाँ तक की जो द्वैत सृष्टि कही गई है, उसे ही ईक्षण से लेकर प्रवेश पर्यन्त की ईश्वरकृत द्वैत सृष्टि कहा जाता है । जिसका कि इस ग्रन्थ के द्वितीय प्रकरण में वर्णन किया गया है । तथा जाग्रदवस्था से लेकर मोक्ष पर्यन्त की जो सृष्टि कही गई है, वह जीवकृत है । जिसका वर्णन तृतीय प्रकरण में हो चुका है । इस

भूतपञ्चकविवेक उक्तस्तस्य फलमुपलक्षितं भवति । "स ईक्षते"त्यादिवाक्यप्रतिपादितेक्षणात्मक-द्वैतप्रपञ्चसर्जनसङ्कल्पमारभ्य "तदेवानुप्रविशदि"त्युक्तानुप्रवेशान्ता द्वैती जगत्सृष्टिरीश्वरकृता । तृतीये च प्रकरणे या जाग्रदवस्थामारभ्य विमोक्षान्ता सृष्टिरुक्ता सा जीवकृता । ईदृशविभागविज्ञापनायैव हि भूतविवेचनं कोशविवेचनमिति पृथक्कृत्य प्रकरणद्वये प्रतिपादितमस्ति । अस्मिन्वाक्ये प्रथममीश्वरपदोपादानस्येदमेव प्रयोजनं यद्बहवो वादिनो जीवस्य स्रष्टृत्त्वे न विप्रतिपद्यन्ते । परमीश्वरस्य नेच्छन्ति स्रष्टृत्त्वमिति तत्परिजिहीर्षयैवेति । एवं प्रकारेण विवेके सति जीवेश्वरसृष्टद्वैतविवेचने कृते हेयो निराकरणीयो बन्धो बन्धनहेतुकारणं द्वैतं जीवेन बाध्यं द्वैतं स्फुटीभवेत् प्रस्फुरतामियात् । जीवेन परित्याज्यमेतावदिति निश्चीयते ।।

ईश्वरस्य जगत्स्रष्टृत्त्वे श्रुतेः प्रमाणत्त्वेन निरूपणम् - (श्वेताश्वतराणां वचनम्)

मायान्तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनन्तु महेश्वरम् ।
स मायी सृजतीत्याहुः श्वेताश्वतरशाखिनः ॥ २ ॥

अन्वयः - मायां तु प्रकृतिं विद्यात् । मायिनं तु महेश्वरम् । सः मायी सृजति इति श्वेताश्वतरशाखिनः आहुः ।

व्याख्या :- स्वस्वादृष्टद्वारानुभोक्तव्यं द्वैतं निखिलं जगज्जीव एव सृजति । का वा तत्रेश्वरापेक्षा। अतो नेश्वरो जगत्स्रष्टेति चेन्न श्रुतिविरोधात् । तामेतां श्रुतिं सन्दर्शयति । प्रकृतिं तु मायां विद्याद्विजानीयात्।

प्रकार की द्विविध सृष्टि का विभाग दर्शाने के लिए ही पञ्चभूतविवेक और पञ्चकोशविवेक का विभाग करके दो प्रकरणों में कहा गया है । श्लोक में "***ईश्वरेणापि जीवेन***" ऐसा जो कहा है, यहाँ पर अपि शब्द का प्रयोग जीव शब्द के बाद भी कर सकते थे, क्योंकि जीव और ईश्वर दोनों में जगत् सृष्टृत्व का प्रतिपादन करना है । तथा समुच्चय के द्योतक (अपि) शब्द का समुच्चेय अर्थ का बोध कराने वाले पद के बाद ही पाठ होता है, यह नियम है । इसलिए 'अपि' शब्द जीव शब्द के बाद ही प्रयोग करना चाहिए था तथापि ईश्वर शब्द के बाद समुच्चायक अपि शब्द का प्रयोग किया गया है । इसका कारण यह है कि शुभाशुभ कर्म के द्वारा जीव ही जगत् का हेतु है, इस प्रकार अनेकों वादी लोग कहते हैं । अतः जीवकृत जगत् सृष्टृत्व में अधिक विप्रतिपत्ति का अभाव होने के कारण ईश्वरकृत जगत् सृष्टृत्व में विप्रतिपत्ति (शंका) का परिहार करने के लिये ही अर्थात् ईश्वर का भी सृष्टृत्व प्रकट करने के लिये ही ईश्वर शब्द के बाद अपि शब्द का प्रयोग किया गया है । इस प्रकार विवेक हो जाने पर जीव के द्वारा त्याज्य बन्धन स्पष्ट हो जाएगा अर्थात् जीव के द्वारा त्याज्य जो बन्धन है और उस बन्धन का हेतु जो द्वैत है, वह स्पष्ट हो जाएगा ।

ईश्वरकृत द्वैत का समर्थन करने वाली प्रमाणभूत श्रुति का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - माया को तो प्रकृति जानो और मायावी को महेश्वर जानो, वही मायावी (जगत् का) सृजन करता है, ऐसा श्वेताश्वतर शाखा वालों ने कहा है ।२।

व्याख्या - अपने-अपने कर्मों के द्वारा जीव ही जगत् का सृजन करते हैं, उसमें ईश्वर की क्या अपेक्षा है ? इसलिये ईश्वर जगत् का सृजन नहीं करता है । यदि ऐसा कहोगे तो श्रुति का विरोध होगा, क्योंकि भगवती श्रुति प्रकृति को माया और ईश्वर को मायावी कहती है । प्रकृति को माया जानो और

महेश्वरं मायोपाधिकमप्रमेयजगद्रचनाचतुरमत एव महान्तमीश्वरं मायिनं विद्यात् । "मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम् । तस्यावयवभूतैस्तु व्याप्तं सर्वमिदं जगदि"ति श्रुतिः । अत्र च ईश्वरकर्तृत्त्वे विप्रतिपन्ना माध्यमिका बोद्धा नैयायिका रामानुजीयाः कापिला आर्हतप्रभृतयश्च । तेषां मते जीवस्यैव कर्मद्वारा जगत्सर्जकत्त्वम् । तानेतान्निराकरिष्णुराचार्यश्श्रुतिं प्रमाणयति । श्वेताश्वतरशाखिनो मायोपहितचैतन्यं प्रकृत्य वदन्त्य"स्मान्मायी सृजते विश्वमेतदि"ति । स एव च मायी मायावीदं जगत्सृजत इति तदर्थ इति दिक् ।।

ईश्वरस्य जगत्स्रष्टृत्त्वे ऐतरेयश्रुत्युदाहरणम् –

आत्मा वा इदमग्रेऽभूत्स ईक्षत सृजा इति ।
सङ्कल्पेनासृजल्लोकान्स एतानिति बह्वृचाः ॥ ३ ॥

अन्वयः – इदम् अग्रे आत्मा वै अभूत् । सः सृजै इति ईक्षत । सः सङ्कल्पेन एतान् लोकान् असृजत् इति बह्वृचाः ।

व्याख्या :– अग्रे सृष्टेः प्रागिदं जगदात्मैवाभूत् । स एवाद्वितीयः परमात्मा सर्वज्ञो लोकान्सृजै सकलं जगदुत्पादयानीतीक्षत समकल्पयत् । सर्जनात्प्राग्यत्किञ्चिदुपकरणविधुरोऽपि सर्वज्ञस्सर्वशक्त-स्सर्वेश्वर ईक्षत । यथा लोके मन्त्रवादी कश्चिदैन्द्रजालिको मायावी यत्किञ्चिदुपकरणं विनैव स्वशक्त्या

महेश्वर को मायावी जानो । मायोपाधिक, अप्रमेय और जगत् की रचना करने में चतुर होने के कारण ही जो महान ईश्वर है, उसे महेश्वर कहा जाता है । वही मायावी महेश्वर जगत् की रचना करता है, ऐसा श्वेताश्वतर शाखा का अध्ययन करने वालों ने कहा है अर्थात् यह बात श्वेताश्वतरोपनिषद् में कही गई है । अतः ईश्वर जगत् का स्रष्टा है, यह कथन वेदप्रमाण से पुष्ट है । श्वेताश्वतरोपनिषद् में कहा है कि–

मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम् ।
तस्यावयवभूतैस्तु व्याप्तं सर्वमिदं जगत् ।। (श्वे.उ. ४/१०)

माध्यमिकादि बौद्ध, नैयायिक लोग, रामानुजानुयायी लोग, कापालिक और जैन आदि 'जगत् की रचना ईश्वरकृत है' इस विषय में विप्रतिपन्न हैं अर्थात् इस विषय में उनको संदेह है । उनके मतानुसार जीव ही कर्म के द्वारा जगत् की सृष्टि करता है । उस संदेह का निराकरण करने के लिए ही ग्रन्थकार श्रुति का प्रमाण देते हैं "***अस्मान्मायी सृजते विश्वमेतत्***" (श्वे.उ. ४/९) । वही मायावी ईश्वर जगत् का स्रष्टा है ।

अब ऋग्वेदीय ऐतरेय श्रुति का उदाहरण देते हैं ।

अर्थ – यह (नामरूपात्मक जगत्) सृष्टि से पहले आत्म रूप ही था । उस आत्मा (परमात्मा) ने ईक्षण किया कि मैं सम्पूर्ण लोकों की सृष्टि करूँ । इस प्रकार उस परमात्मा ने इन लोकों की संकल्प द्वारा रचना की, ऐसा ऋग्वेदीय ऐतरेय शाखा वालों ने कहा है ।३।

व्याख्या – सृष्टि से पूर्व यह नामरूपात्मक जगत् एकमात्र आत्म रूप ही था अर्थात् एकमात्र परमात्मा के अतिरिक्त कुछ भी नहीं था । उस अद्वितीय सर्वज्ञ परमात्मा ने ही "मैं इन सम्पूर्ण लोकों की रचना करूँ" इस प्रकार समस्त जगत् की उत्पित्ति के लिए ईक्षण किया अर्थात् जगत् सर्जन की कल्पना की। सर्जन से पूर्व सर्जन की सामग्री के अभाव में भी उस सर्वशक्तिमान सर्वज्ञ ईश्वर ने ईक्षण किया । जैसे

मायया नरमृगाद्यलङ्कृतां नगरीं निर्माय विजृम्भते एवमेवा''पाणिपादो जवनो ग्रहीता'' सङ्कल्पमात्रेण स्वमायया परमात्मा सर्वेश्वर एतान्पुरो दृश्यमानान्सर्वान्लोकानसृजद्यथा पाचकस्सर्वं चिकीर्षितं स्रष्टव्यपदार्थजातं मनस्यादौ विनिश्चित्य ततः कार्योन्मुखो भवति तथैवेश्वर आदौ सङ्कल्पयामासेतीममर्थं बह्वृचा ऋग्वेदीया अधीयते –''आत्मा वा इदमेक एवाग्र आसीन्नान्यत्किञ्चन मिषत्स ईक्षत लोकान्नु सृजा इति स इमाँल्लोकानसृजते''ति ।।

ईश्वरस्य जगत्कारणत्त्वे तैत्तिरीयश्रुत्युदाहरणम् –

खं वाय्वग्निजलोर्व्योषध्यन्नदेहाः क्रमादमी ।
सम्भूता ब्रह्मणस्तस्मादेतस्मादात्मनोऽखिलाः ।। ४ ।।

अन्वयः – खं वाय्वग्निजलोर्व्योषध्यन्नदेहाः अमी अखिलाः क्रमात् तस्मात् एतस्मात् आत्मनः ब्रह्मणः सम्भूतः ।

व्याख्या :– अमी समस्ताः परिदृश्यमानाः पदार्थाः खं नभो वाय्वग्निजलोर्व्योषध्यन्नदेहा वायुश्चाग्निश्च जलं चोर्वी भूमिश्चोषधयश्चान्नं च देहश्चेति ते क्रमात्पूर्वपूर्वसृष्टपदार्थद्वारोत्तरोत्तरमुपजायते । ब्रह्मण''स्सत्यं ज्ञानमनन्त''मिति लक्षितात्परमात्मनस्सर्वेऽपीमे सम्भूता उदपद्यन्त । तैत्तिरीयोपनिषदि ''ब्रह्मविदाप्नोति पर''मिति सकलवल्यर्थं संसूत्र्य तस्य ब्रह्मणो लक्षणं ''सत्यं ज्ञान''मित्यादिना विधाय तमेवात्मानं प्रकृत्य ''तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशस्सम्भूतः । आकाशाद्वायुः । वायोरग्निः । अग्नेरापः ।

लोक में कोई मायावी बिना किसी उपकरण के अपनी माया से नगरादि की रचना करता है, वैसे ही सर्वज्ञ परमात्मा भी अपने संकल्पमात्र से अपनी माया के प्रभाव से समस्त लोकों की रचना करता है । जैसे कोई पाचक भोजन बनाने से पूर्व जिन-जिन पदार्थों का निर्माण करना हैं, उनका अपने मन में निश्चय कर लेता है । और जैसे गृह का निर्माण करने वाला व्यक्ति सम्पूर्ण विधान को सर्वप्रथम अपने मन में निश्चय करके ही कार्योन्मुख होता है, उसी प्रकार ईश्वर सर्वप्रथम संकल्प के द्वारा सृष्टि करता है । ऐसा '**बह्वृचाः**' ऋग्वेदीय ऐतरेय शाखा का अध्ययन करने वालों ने कहा है अर्थात् यह बात ऐतरेयोपनिषद् में कही गई है । "***आत्मा वा इदमेक एवाग्र आसीन्नान्यत्किंचनमिषत्स ईक्षत लोकान्नु सृजा इति स इमान्लोकानसृजत*** " (ऐ.उ. १/१) ।

ईश्वर ही जगत् का कारण है, इस विषय में तैत्तिरीय श्रुति का प्रमाण देते हैं ।

अर्थ – उस ब्रह्म रूप इस आत्मा (परमात्मा) से आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी, औषधि, अन्न और देह ये सभी पदार्थ क्रम से उत्पन्न हुए ।४।

व्याख्या – आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी, औषधि, अन्न और देह ये सभी पदार्थ क्रम से (एक के बाद एक) उस परमात्मा से उत्पन्न हुए जो सत्य, ज्ञानादि लक्षणों से लक्षित है । तैत्तिरीयोपनिषद् में "***ब्रह्मविदाप्नोति परम्*** " इस प्रकार सम्पूर्ण ब्रह्मवल्ली के अर्थ को सूत्र रूप में कहकर "***सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म*** " इस प्रकार ब्रह्म के लक्षण को बताकर उसी का वर्णन करते हुए कहा गया है कि "***तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशस्संभूतः । आकाशाद्वायुः । वायोरग्निः । अग्नेरापः । अद्भ्यः पृथिवी । पृथिव्या ओषधयः । ओषधीभ्योऽन्नम् । अन्नात्पुरुषः***" (ते.उ. २/१) अर्थात्

अद्भ्यः पृथिवी । पृथिव्या ओषधयः । ओषधीभ्योऽन्नम् । अन्नात्पुरुषः ।" इति गुहाहितात् प्रत्यग-भिन्नाद् ब्रह्मणस्सर्वस्य खादिदेहान्तस्य जगत उत्पत्तिमभ्यधायि । तथैवोपरिष्टादपि ग्रन्थे "सोऽकामयत। बहु स्यां प्रजायेयेति । स तपोऽतप्यत । स तपस्तप्त्वा । इदँसर्वमसृजत । यदिदं किञ्चे"ति पूर्वोक्तस्यैव ब्रह्मणो जगत्सिसृक्षापूर्विकां पर्यालोचनां ततो जगत्स्रष्टृत्वं चेत्येतत्सर्वमाम्नातम्। "स तपोऽतप्यते"त्यत्र तपस्सृज्यमानजगद्विषयकजीवकर्मादिपर्यालोचनम् । "यस्सर्वज्ञस्सर्ववित् यस्य ज्ञानमयं तप" इति श्रुतेः । शुद्धस्य निर्विकारिणो ब्रह्मणो जगत्कारणत्त्वमनुपपन्नमित्याशङ्कां निवारयन्ती श्रुति"रेतस्मादि"त्याह । तेन "तस्मादेतस्मादात्मन" इति सामानाधिकरण्यबलेनेश्वरतामापन्नाद्ब्रह्मण इत्यर्थस्सिद्ध्यति । एवमुत्तरत्रापि सर्वत्राध्यासेन तत्तादात्म्यापन्नाद्ब्रह्मण इति विवक्षणेन सर्वस्यापि ब्रह्मकार्यत्त्वसिद्धिः । आत्मन इत्युक्तेः फलं तु सर्वैराबालगोपालमात्मतयानुभूयमानो जीवोऽपि नैव तदतिरिक्त इति ज्ञापनमिति दिक् ।।

सृष्टेस्सङ्कल्पपूर्वकत्त्वोपपादनम् –

बहु स्यामहमेवातः प्रजायेयेति कामतः ।
तपस्तप्त्वासृजत्सर्वं जगदित्याह तित्तिरिः ॥ ५ ॥

अन्वयः – अहम् एव बहु स्याम् अतः प्रजायेय इति कामतः तपः तप्त्वा सर्वं जगत् असृजत् इति तित्तिरिः आह ।

व्याख्या :– अहमद्वितीयस्सहायान्तररहित एव किमपि करणजातमनपेक्ष्यैव बहु विविधं स्यां भवेयमित्यतो बहुभवनाय प्रजायेय प्रकर्षेणात्मानं विपुलीकुर्याम् इत्येवं रूपात्कामतस्तपस्तप्त्वा जीवादृष्टजातं सम्यग्विज्ञायासृजत्प्राणिकर्मनिमित्तानुरूपं जगत्सृष्ट्वा तत्रानुप्रविश्य च नामरूपे व्याकरोत्।

सत्यज्ञानादि लक्षण वाले इस ब्रह्म रूपी आत्मा से ही आकाश उत्पन्न हुआ । आकाश से वायु, वायु से अग्नि, अग्नि से जल, जल से पृथ्वी, पृथ्वी से औषधियाँ, औषधियों से अन्न और अन्न से पुरुष (देह) उत्पन्न हुआ । शुद्ध ब्रह्म जगत् का कारण कैसे हो सकता है ? इस शंका का निवारण करने के लिये ही '***एतस्मादात्मनः***' इस प्रकार सामानाधिकरण्ययुक्त विशेषण कहा गया है । एतस्मात् शब्द से ईश्वरभाव को प्राप्त ब्रह्म जानना चाहिये । अध्यास के द्वारा तादात्म्य होने पर ब्रह्म ही सब का कारण है । अतः '**आत्मनः**' ऐसा जो कहा गया है, उसका तात्पर्य यह है कि सभी प्राणियों के द्वारा आत्मरूप से अनुभूयमान यह जीव भी ब्रह्म से भिन्न नहीं है ।

सृष्टि परमात्मा के संकल्प से हुई है, इसका प्रतिपादन श्रुतिवचन से करते हैं ।

अर्थ – "मैं ही बहुत हो जाऊँ अतः उत्पन्न होऊँ" इस कामना से तप करके उस परमात्मा ने सम्पूर्ण जगत् की रचना की । इस प्रकार तित्तिरि नामक ऋषि ने कहा है । (अर्थात् यह वचन तैत्तिरीयोपनिषद् में कहा गया है) ।५।

व्याख्या – मैं अद्वितीय सहायान्तर रहित ही अर्थात् किसी भी अन्य की सहायता के बिना ही "बहुत हो जाऊँ" अतः विविध रूप होने के लिए उत्पन्न होऊँ अर्थात् स्वयं को अनेक रूपों में उत्पन्न करूँ । इस प्रकार कामना करके परमात्मा ने तप किया अर्थात् सृष्टि की पर्यालोचना करके उस परमात्मा ने

अत्र "स्या"मित्युत्तमपुरुषैक वचनान्तपदस्वारस्यादिदमवगम्यते यद्यथा मायावी केवलं स्वमायाबलेन यत्किञ्चित्करणसामग्रीमनपेक्षमाणस्स्वयमेव बहुधा विचित्रतयावभासत एवाहं निर्विकारोऽनेकनाम-रूपात्मना मायात्मानं लोकाय दर्शयेयमिति । "नामरूपे व्याकरवाणी"ति श्रुतेरव्याकृतात्मना स्थितस्यात्मनो नामरूपव्याकरणमेव सृष्टिपदार्थः इत्याह तित्तिरिरित्येतन्नामक ऋषिर्मन्त्रद्रष्टावोचत् । तस्मादत्रापि सङ्कल्पपूर्विकैव सृष्टिरुक्तेति नोपनिषदर्थे यः कोऽपि विरोध इति शम् ।।

ईश्वरस्य कारणत्त्वबोधिकायाश्छान्दोग्यश्रुतेः प्रदर्शनम् -

इदमग्रे सदेवासीद्बहुत्त्वाय तदैक्षत ।
तेजोऽबन्नाण्डजादीनि ससर्जेति च सामगाः ॥ ६ ॥

अन्वयः - अग्रे इदं सत् एव आसीत् । तत् बहुत्त्वाय ऐक्षत च तेजोऽबन्नाण्डजादीनि ससर्ज इति सामगाः ।

व्याख्या :- इदमत्र विज्ञेयमस्ति - जगत्स्रष्टृत्त्वं श्वेताश्वतरैर्मायिन उपपादितम् । मायाशबलितब्रह्मण इत्यभिप्रायः । बह्वृचैस्त्वात्मनः "आत्मा वा इद"मित्यादिश्रुतः । शाखान्तरोपसंहारन्यायेनायोरेकवाक्यतां

सम्पूर्ण जगत् की रचना की । "***यस्य ज्ञानमयं तपः***" (मु.उ. १/१/९) इस श्रुति के अनुसार सम्यक् पर्यालोचन रूप ज्ञान ही तप है । उस ज्ञान रूपी तप के द्वारा प्राणियों के कर्मों को निमित्त बनाकर इस सम्पूर्ण जगत् को रचा अर्थात् नामरूप के द्वारा व्याकरण किया । "***नामरूपे व्याकरवाणि***" इस श्रुति के अनुसार अव्याकृत रूप से स्थित आत्मा का नामरूपादि व्याकरण ही सृष्टि शब्दवाच्य है । "***बहु स्याम्***" यहाँ पर उत्तम पुरुष बहुवचन का प्रयोग हुआ है, इससे यह ज्ञात होता है कि जैसे कोई मायावी (जादूगर) अपनी माया के बल से किसी भी सामग्री की बिना अपेक्षा किए स्वयं ही विविध रूप से अवभासित होता है, उसी प्रकार मैं भी निर्विकार होते हुए भी नाम-रूप से अपने मायिक रूप को लोगों को दिखाऊँ। ऐसा विचार कर परमात्मा ने सम्पूर्ण जगत् की रचना की । ऐसा तित्तिर-नामक मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने कहा है अर्थात् तैत्तिरीय शाखान्तर्गत तैत्तिरीयोपनिषद् में भी परमात्मा को ही जगत्सृष्टा कहा गया है । अतः पूर्वोक्त ऋग्वेदीय श्रुति से इसका कोई विरोध नहीं है । भाव यह है कि पूर्वोक्त आकाशादि क्रम से वर्णित सृष्टि संकल्प करने के बाद ही हुई है अतः दोनों वेदवचनों में विरोध की शंका नहीं करनी चाहिये।

प्रकृत विषय में अब छान्दोग्य श्रुति को प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - यह (जगत्) सृष्टि से पूर्व सद्रूप ही था, उस सत् (ब्रह्म) ने बहुत रूप होने के लिये ईक्षण (संकल्प) किया और तेज, जल, अन्न (पृथ्वी) और अण्डज आदि की सृष्टि की, इस प्रकार सामवेद के ज्ञाता कहते हैं । (अर्थात् ऐसा छान्दोग्य श्रुति में कहा गया है) ।६।

व्याख्या - श्वेताश्वतरोपनिषद् में मायावी (ईश्वर) का जगत्स्रष्टा के रूप में प्रतिपादन किया गया और ऋग्वेदीय ऐतरेयोपनिषद् में आत्मा शब्द का उपादान करने से मायावी से अभिन्न रूप से ही उसका भी जगत्स्रष्टृत्व प्रतीत होता है । तथा "***तस्माद् वा एतस्मादात्मनः***" इस तैत्तिरीयोपनिषद् में आत्मा को

टिप्पणी : "ऋषयो मन्त्रदृष्टारः" इस निघण्टु वचनानुसार जो मन्त्रों के द्रष्टा तपस्वी महापुरूष होते हैं, उन्हीं को ऋषि कहा जाता है । जो मन्त्रों के द्रष्टा नहीं हैं किन्तु सामान्य व्यक्ति हैं, उनके नाम के साथ ऋषि शब्द लगाना अनुचित है ।

सम्पाद्य माय्वभिन्नात्मनो जगत्स्रष्टृत्त्वमवसेयम् । तैत्तिरीयैश्चायमेवार्थ एतस्मादिति पदेन यद्यपि सूचितोऽथापि "तस्मादि"ति शुद्धब्रह्मपरामर्शकेन तच्छब्देन सह सामानाधिकरण्यमीश्वराध्यासं विना न घटते । न सम्भवति च शुद्धेऽध्यासः । तस्माद्यावता शुद्धेऽप्यध्यासो न प्रतिपाद्यते तावच्छुद्धस्य कारणत्त्वं नोक्तं स्यात् । अनुक्तावद्वितीयत्त्वभङ्गः । अतश्छन्दोगैस्साक्षाच्छुद्धस्यैव ब्रह्मणो जगत्कारणत्त्वमुच्यते । विनेश्वराध्यासं शुद्धस्य कारणतानुपपन्ना सती श्रुतार्थान्यथानुपपत्त्या शुद्धेऽप्यध्यासोऽङ्गीकार्य एवेति सर्वत्रैकवाक्यतया मायाविन ईश्वरस्यैव जगत्कारणत्त्वमुक्तं भवतीत्यालोच्य छान्दोग्यश्रुतिरप्युदाह्रियत इति । इदमिति श्रुतिः पुरोवर्तिनः पदार्थान्हस्तेनाभिनीय सन्दर्शयति परिदृश्यमानं सर्वं नामरूपात्मकं जगदग्रे प्राक्सृष्टेस्सदेवाद्वितीयं मायादिसम्बन्धरहितं शुद्धं सद्वस्तु केवलमासीत् । तत्सद्वस्तु बहुत्त्वायात्मनोऽनेकधा भवनाय नामरूपादिव्याकरणेनानेकतां दर्शयितुमैक्षत पर्यालोचयामास। ततस्तेजोबन्नाण्डजादीन्याकाशादिक्रमेणेत्युपनिषदन्तरसहकारादर्थो वर्णनीयः । तेजो जलं पृथिव्यन्नमित्यादि सृष्ट्वाण्डजजरायुजस्वेदजानि त्रिप्रकाराण्यपि शरीराणि ससर्जेत्येवं सामगाश्छान्दोग्य उपनिषदि प्रतिपादयन्ति। तत्र छान्दोग्ये ताव"त्सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीय"मिति सद्रूपमद्वितीयं शुद्धं ब्रह्म प्रकृत्य "तदैक्षत बहु स्यां प्रजायेयेति । तत्तेजोऽसृजते"त्यादिना तस्यैव सङ्कल्पापरपर्यायेक्षणपूर्वकं तेजोऽबन्नादीनां सृष्टिमुक्त्वा "तेषां खल्वेषां भूतानां त्रीण्येव बीजानि भवन्त्यण्डजं जीवजमुद्भिज्ज"मित्यादिना शरीराणामुत्पत्तिश्चोक्तेति शुद्धस्याद्वितीयस्य सदात्मनोऽत्र जगत्कारणतोक्ता भवति । एवञ्च सर्वोपनिषत्सु विद्यमानानां जगत्कारणत्त्वबोधकानां वाक्यानामेकवाक्यता सम्पादनाय "सत्यं ज्ञान"मित्युपक्रान्तस्यापि शुद्धस्यैवात्मनस्तस्मादिति पञ्चम्या श्रुतहेतुत्त्वान्यथानुपपत्त्येश्वराध्यासोऽवश्यं शुद्धे स्वीकार्यः । तस्मात्तैत्तिरीयश्रुति"स्तस्मादेतस्मादात्मन" इति परस्पराध्सासे प्रमणभूता । सोऽयं शुद्धे ब्रह्मणीश्वराध्यासश्छान्दोग्येऽपि ज्ञापित एव सत्पदार्थेनोपक्रान्तस्यैवेक्षणं श्रुतं तदन्यथानुपपत्त्यापि शुद्धेऽध्यासोऽङ्गीकार्य एव । "यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते" इत्यादिना यज्जगत्सृष्टिस्थितिलय-कारणत्त्वमुक्तं तदपि शुद्धे न संभवतीत्याक्षेपोऽपि परिहृतो वेदितव्य इति दिक् ।।

ही जगत्स्रष्टा कहा गया है, ऐसा स्पष्ट प्रतीत होता है । और छान्दोग्य श्रुति में भी मायावी ईश्वर को ही जगत् का स्रष्टा कहा गया है । उस छान्दोग्य श्रुति के अर्थ को प्रतिपादित करते हुए ग्रन्थकार कहते हैं कि यह परिदृश्यमान नामरूपात्मक सम्पूर्ण जगत् सृष्टि से पूर्व एकमात्र सद्रूप ही था अर्थात् अद्वितीय सद्ब्रह्म के अलावा कुछ भी नहीं था । उसी सद्वस्तु (ब्रह्म) ने नामरूपों के द्वारा स्वयं को अनेक रूप से प्रकट करने के लिये ईक्षण अर्थात् संकल्प किया । संकल्प करने के बाद उसने क्या किया ? ऐसी जिज्ञासा होने पर कहते हैं कि उसने तेज (अग्नि), जल, अन्न (पृथ्वी) और अण्डजादि (आदि शब्द से जरायुज, स्वेदज और उद्भिज का ग्रहण करना चाहिये) चार प्रकार के शरीरों की रचना की । इस प्रकार सामवेदी लोग कहते हैं अर्थात् सामवेदीय छान्दोग्य श्रुति में ऐसा कहा गया है । "***सदेव सोम्येदमग्र आसीत्***" (छा.उ. ६/२/१) इस प्रकार सद्रूप अद्वितीय शुद्ध ब्रह्म का प्रतिपादन कर "***तदैक्षत बहुस्यां प्रजायेय तत्तेजोऽसृजत***" ऐसा कहा गया है ।

ब्रह्मणो जगत्कारणत्त्वे मुण्डकवाक्योदाहरणम् -

विस्फुलिङ्गा यथा वह्नेर्जायन्तेऽक्षरतस्तथा ।
विविधाश्चिज्जडा भावा इत्याथर्वणिकी श्रुतिः ॥ ७ ॥

अन्वयः - यथा वह्नेः विस्फुलिङ्गाः जायन्ते । तथा अक्षरतः विविधाः चिज्जडाः भावाः इति आथर्वणिकी श्रुतिः ।

व्याख्या :- शुद्धेश्वरयोस्तादात्म्याध्यासे भवन्तु नैका श्रुतयः प्रमाणम्। जीवेश्वरयोः परस्पराध्यासे का वा श्रुतिः प्रमाणमित्याशङ्कायामुच्यते । तैत्तिरीय ए"वैतस्मादात्मन" इत्यत्रात्मपदार्थजीवस्य तथैतच्छब्दोपात्तेश्वरस्य च परस्पराध्यासं विना तयोश्शब्दयोस्समानाधिकरण्यमनुपपद्यमानं सदेव स्फोरयत्यथापि स्पष्टतरं जीवेश्वराध्यासस्थलं दर्शयति । यथा वह्नेर्विस्फुलिङ्गा तत्समानधर्मा एव जायन्तेऽसङ्ख्याका उद्भवन्ति तथैवाक्षरतो न क्षरतीत्यक्षरं विनाशरहितं नित्यं सत्यं ततः कूटस्थाद्-ब्रह्मणस्सकाशात् "क्षरस्सर्वाणि भूतानि कूटस्थोऽक्षर उच्यत" इति भगवद्वचनात् । विविधा अनेकदेहो-पाधिभेदभिन्नाश्चिज्जडाश्चिदात्मिका अचिदात्मकाश्च भावाः पदार्थाः प्रभवन्ति । तत्र श्रुति "स्तदेतत्सत्यं यथा सुदीप्तात्पावकाद्विस्फुलिङ्गास्सहस्त्रशः प्रभवन्ते सरूपाः । तथाऽक्षराद्विविधास्सोम्य भावाः प्रजायन्ते तत्र चैवापियन्ती"त्याथर्वणिकी मुण्डकश्रुतिर्ब्रवीति। तस्मादीश्वरे श्रुतस्य जगत्कारणत्त्वस्य कूटस्थेऽक्षरे प्रकृतश्रुतौ वर्णनाज्जीवेश्वराध्यासोऽपि सिद्धः। तथा च शुद्धब्रह्मण ईश्वरस्य च परस्परं तादात्म्याध्यासस्तथा जीवब्रह्मणोरपीति सर्वोऽप्यर्थः श्रुतित एव सिद्ध इति शम् ।।

ब्रह्मणो जगत्कर्तृत्त्वे बार्हदारण्यकश्रुतिं प्रमाणयति -

जगदव्याकृतं पूर्वमासीद्व्याक्रियताधुना ।
दृश्याभ्यां नामरूपाभ्यां विराडादिषु ते स्फुटे ॥ ८ ॥

अब मुण्डकोपनिषद् का उदाहरण देते हैं ।

अर्थ - जैसे अग्नि से चिनगारियाँ निकलती हैं, उसी तरह अक्षर (परमात्मा) से अनेक चेतन और जड़ पदार्थ उत्पन्न होते हैं । ऐसा अथर्ववेद की मुण्डकोपनिषद्रूप श्रुति कहती है ॥७।

व्याख्या - शुद्धब्रह्म और ईश्वर का तादात्म्य रूप अध्यास का प्रतिपादन करने वाली श्रुतियाँ भले ही अनेकों हों, किन्तु जीव और ईश्वर के परस्पर अध्यास का प्रतिपादन करने वाली कौन-सी श्रुति है ? इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि जैसे अग्नि से अनेकों चिनगारियाँ निकलती हैं, उसी प्रकार अक्षर से "***न क्षरतीति अक्षरः***" जो क्षीण न हो उसे अक्षर कहते हैं अर्थात् "***कूटस्थोऽक्षर उच्यते***" (गी.) विनाशरहित कूटस्थ ब्रह्म से विविध अर्थात् नाना देहोपाधिभेदों से भिन्न-भिन्न जड़ और चेतन रूप भाव (पदार्थ) उत्पन्न होते हैं । "***तदेतत्सत्यं यथा सुदीप्तात् पावकाद्विस्फुलिंगाः सहस्त्रशः प्रभवन्ते सरूपाः। तथाऽक्षराद्विविधाः सौम्य भावाः प्रजायन्ते तत्र चैवापियन्ति***" (मु.उ. २/१) इस प्रकार अथर्ववेद से सम्बन्धित मुण्डक श्रुति कहती है ।

अब बृहदारण्यक श्रुति का प्रमाण देते हैं ।

अर्थ - सृष्टि से पूर्व यह जगत् अव्याकृत था और अब यह दृश्य नाम और रूप के द्वारा व्याकृत

विराण्मनुर्नरा गावः खराश्चाजावयस्तथा ।
पिपीलिकावधिद्वन्द्वमिति वाजसनेयिनः ॥ ९ ॥

अन्वयः – पूर्वं जगते अव्याकृतम् आसीत् । अधुना दृश्याभ्यां नामरूपाभ्यां व्याक्रियत । ते विराडादिषु स्फुटे ।

अन्वयः – विराट् मनुः नराः गावः खराश्चाजावयः तथा पिपीलिकावधि द्वन्द्वम् इति वाजसनेयिनः।

व्याख्या :– मायोपाधिकस्येश्वरस्य जगत्कारणत्त्वमुक्तम् । तदर्थं मायास्वरूपमिति विब्रियते । अव्याकृतशब्दवाच्यब्रह्मणो जगत्कारणत्त्वं निरूपयितुं बृहदारण्यकश्रुतिमुदाहरति । पूर्वं प्राक्सर्जना-ज्जगदव्याकृतमनभिव्यक्तनामरूपात्मकमासीत् । अधुना जगदुत्पत्त्यनन्तरं दृश्याभ्यामभिव्यक्ताभ्यां नामरूपाभ्यां व्याक्रियत सुस्पष्टमकरोत् । "असद्वा इदमग्र आसीत् । ततो वै सदजायत ।" तद्धेदं तर्ह्यव्याकृतमासीन्नामरूपाभ्यामेव व्याक्रियतासौ नामायमिदं रूप" इति श्रुत्या सर्जनात्प्रागस्पष्टनाममरूपं यदव्याकृतं ब्रह्म तन्मायोपाधिद्वारा नामरूपव्याख्यानात्मिकां सृष्टिमातनुते । ते च नामरूपे विराडादिषु स्फुटे । समष्टिस्थूलदेहाभिमानी विराडित्युच्यते । नरा गावोऽन्यतोदतस्तथोभयतोदतश्च खरा अश्वा अजा एकशफा द्विशफाश्चेत्यादयः पिपीलिकान्ताश्च द्वन्द्वं स्त्रीपुंसोर्मिथुनं सर्वमप्यव्याकृतादुत्पन्नमिति वाजसनेयिनश्शुक्लयजुश्शाखीयास्समामनन्ति । अत्राजावय इति पाठापेक्षेयानुक्तानां सङ्ग्रहार्थमजाद-यस्तथेति पाठस्समीचीन इति विभाव्यते । नामरूपयोस्स्थूलकार्येषु विराडादिपिपीलिकान्तेषु स्फुटता श्रुत्यैवाभिहिता । "तदिदमप्येतर्हि नामरूपाभ्यामेव व्याक्रियतेऽसौ नामायमिदं रूपमिति । ते च

हो गया है । वही वियत् आदि में सुप्रसिद्ध है । विराट्, मनु, नर, गौएँ, खर (गर्दभ), अश्व, बकरी और भेड़ आदि से लेकर पिपीलिका (चींटी) पर्यन्त द्वन्द्व (स्त्री-पुरुषों) की उत्पत्ति परमात्मा से हुई ऐसा वाजसनेयी शाखा वाले कहते हैं ।८-९।

व्याख्या – मायोपाधिक ईश्वर को जगत् का कारण कहा गया, इसीलिये माया के स्वरूप का विवरण करते हैं । अव्याकृत शब्दवाच्य ब्रह्म के जगत् कारणत्व को बृहदारण्यक श्रुति से निरूपित करते हैं । सृष्टि की रचना होने से पूर्व यह दृश्यमान जगत् अव्याकृत था । और उत्पत्ति के बाद दृश्य अर्थात् अभिव्यक्त नाम और रूप के द्वारा व्याकृत हो गया अर्थात् स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त हो गया । "***तद्धेदं तर्ह्यव्याकृतमासीन्नामरूपाभ्यामेव व्याक्रियतासौ नामायमिदं रूपमिति*** " (बृ.उ. १/४/७) इस श्रुति के अनुसार सृष्टि से पूर्व अस्पष्ट नाम-रूप वाला जो अव्याकृत ब्रह्म था, वही मायोपाधि के द्वारा नामरूपात्मक सृष्टि का विस्तार करता है । वे नामादि विराट् आदि में स्पष्ट हैं । समष्टि स्थूल देह के अभिमानी को विराट् कहा जाता है । मनु, मनुष्य, गौएँ, खर (गर्दभ), अश्व (घोड़े), बकरियाँ और भेड़ आदि से लेकर चींटी पर्यन्त जितना भी द्वन्द्व है अर्थात् जितने भी नर-मादा के जोड़े हैं, वे सभी परमात्मा से उत्पन्न हुए । ऐसा वाजसनेयी शाखा वाले कहते हैं अर्थात् ऐसा यजुर्वेदीय बृहदारण्यक श्रुति में कहा गया है । श्लोक में '***अजावयस्तथा***' इस पाठ की अपेक्षा '***अजादयस्तथा***' ऐसा पाठ अधिक समीचीन प्रतीत होता है, क्योंकि आदि शब्द का प्रयोग करने से सभी मिथुनों का समावेश करना सुलभ हो जाएगा। "***आत्मैवेदमग्र आसीत्पुरुषविधः***" (बृह. १/४/१) यहाँ से उपक्रम करके "***एवमेव यदिदं किञ्च***

विराडादयो बृहदारण्यके दर्शिता "आत्मैवेदमग्र आसीत्पुरुषविधः" इत्युपक्रम्यैवमेव यदिदं किञ्च मिथुनमापिपीलिकाभ्यस्तत्सर्वमसृजते"त्यन्तेन ग्रन्थेनेति दिक् ।।

जीवरूपेणेश्वरस्य सृष्ट्यनुप्रवेशवर्णनम् -

कृत्वा रूपान्तरं जैवन्देहे प्राविशदीश्वरः ।
इति ताः श्रुतयः प्राहुर्जीवत्त्वं प्राणधारणात् ॥ १० ॥

अन्वयः - ईश्वरः जैवं रूपान्तरं कृत्त्वा देहे प्राविशत् । इति ता; श्रुतयः प्राहुः । प्राणधारणात् ईश्वरस्य जीवत्त्वम् ।

व्याख्या :- ऋगादिनिखिलश्रुतिषु जीवतामापन्नोऽपि परमात्मा स्वेनैवाकारेण निर्विकार एव विराडादिसमस्तदेहसमुदायेऽनुप्राविशदित्यभ्यधायि "स एतमेव सीमानं विदार्यैतया द्वारा प्रापद्यत" "तत्सृष्ट्वा । तदेवानुप्राविशत्" "अनेन जीवेनात्मनानुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणी"त्यादयः । कदाचिदीश्वर-स्स्वात्मनो बहुभवनायेक्षणापरपर्यायमालोचनमकार्षीत् । स सर्वसामर्थ्यनिधी रूपान्तरमात्मन एवान्यद्रूपं किञ्चिद्विकृतिमापन्नं जैवं जीवसम्बन्धिरूपं कृत्त्वा स्वीकृत्य देहे प्राविशत्प्रविष्ट इवाभातीत्येवं सर्वाश्श्रुतयः प्रोचुः । प्राणधारणात्प्राणोपलक्षितलिङ्गशरीरतादात्म्याध्यासात्प्राणानां स्वामित्त्वात्प्रेरकत्त्वाद्वास्य जीवत्त्वं "जीव-प्राणधारण" इति हि धातुः जीवेश्वरयोरभेदं रूपान्तरशब्दो गमयति । तथा चैकस्यैव शुद्धत्त्वं स्रष्टृत्त्वं प्रवेशनकर्तृत्त्वमित्यादिपरस्परतादात्म्याध्यासं मनसि कृत्य बोधयन्ति सर्वाश्श्रुतयः । तस्मात्सर्वो-पनिषदामेकवाक्यता सुप्रपञ्चितेति दिक् ।।

मिथुनमापिपीलिकाभ्यः तत्सर्वमसृजत " (बृह. १/४/४) यहाँ तक उपर्युक्त विषय को स्पष्ट रूप से प्रतिपादित किया गया है ।

ईश्वर का ही जीव रूप से शरीर में प्रवेश हुआ है, इसका वर्णन करते है।

अर्थ - ईश्वर ने जीवभाव से रूपान्तरित होकर देह में प्रवेश किया, ऐसा वे श्रुतियाँ कहती हैं । प्राण धारण करने के कारण वह (परमात्मा) जीवभाव को प्राप्त हुआ ।१०।

व्याख्या - ऋक् आदि समस्त वेदों में सर्वसमर्थ परमात्मा ने ही जीव रूप से रूपान्तरित होकर विराट् आदि समस्त प्राणिशरीरों में प्रवेश किया, ऐसा कहा गया है । "***स एतमेव सीमानं विदार्यैतया द्वारा प्रापद्यत (ऐ.उ.)***", "***तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्*** " (तै.उ. २/६) "***अनेन जीवेनात्मनानुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणि***" (छा.उ. ६/३/२) इत्यादि श्रुतियाँ ईश्वर को ही सम्पूर्ण देहों में प्रविष्ट हुआ बताती हैं । प्राण धारण करने के कारण वही परमात्मा जीवभाव को प्राप्त हुआ । प्राण धारण करने से अर्थात् प्राणोपलक्षित लिंगशरीर से तादात्म्य रूप अध्यास से ईश्वर जीवत्व को प्राप्त हुआ । "***जीव प्राणधारणे***' जीव धातु प्राणधारण के अर्थ में प्रसिद्ध ही है । अथवा प्राणों का स्वामी होने के कारण प्राणों को प्रेरित करना ही ईश्वर का जीवत्व है । श्लोक में '***रूपान्तरम्***' शब्द के प्रयोग से ईश्वर और जीव का अभेद सिद्ध होता है । इस प्रकार एक ही नित्य-शुद्ध-बुद्ध-मुक्त परमात्मा का स्रष्टृत्व और उसीका शरीरादि में अनुप्रवेशादि का उल्लेख होने से ईश्वर का ही जीव रूप से परिणत होने का वर्णन सभी श्रुतियाँ करती हैं । इससे सभी उपनिषदों की एकवाक्यता भी स्पष्ट होती है ।

जीवस्वरूपनिरूपणम् -

चैतन्यं यदधिष्ठानं लिङ्गदेहश्च यः पुनः ।
चिच्छाया लिङ्गदेहस्था तत्सङ्घो जीव उच्यते ॥ ११ ॥

अन्वयः - यत् अधिष्ठानं चैतन्यम् , लिङ्गदेहः पुनः लिङ्गदेहस्था चिच्छाया च । तत्सङ्घः जीवः (इति) उच्यते ।

व्याख्या :- लिङ्गदेहे कल्पनीये यदधिष्ठानं कल्पनाधारं चैतन्यं, तस्मिंश्चैतन्येऽध्यासेन कल्पितो यो लिङ्गदेहो यो मनसा पञ्चभिः प्राणैः कर्मेन्द्रियैर्धिया च विशिष्टो याऽपि च पुनः लिङ्गदेहे विद्यमाना चिच्छाया चिदाभासस्तत्सङ्घस्तेषामेषां त्रयाणामपि समुदाय एव जीव इति वेदान्तेषूच्यते । एतेन जीवपदार्थे विशुद्धा चिच्चित्प्रतिबिम्बो लिङ्गदेहश्चेतत्त्रयं सम्मिलितमिति दिक् ।।

माया जीवं मोहयतीति निरूपणम् -

माहेश्वरी तु माया या तस्या निर्माणशक्तिवत् ।
विद्यते मोहशक्तिश्च तं जीवं मोहयत्यसौ ॥ १२ ॥

अन्वयः - माहेश्वरी तु या माया तस्याः निर्माणशक्तिवत् मोहशक्तिः च विद्यते । असौ तं जीवं मोहयति ।

व्याख्या :- माहेश्वरी "मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरं" "मम माये"त्यादिश्रुति-स्मृतिभिर्महेश्वसम्बन्धान्माया माहेश्वरी तादृशी या त्रिगुणात्मिका चित्प्रतिबिम्बसंयुतास्ति तस्या मायाया निर्माणशक्तिवत्कारणदेहमारभ्य समग्रजगन्निर्माणचातुर्यमिव मोहशक्तिश्चिदानन्दस्वरूपसम्मोहन-शक्तिर्ज्ञानशक्तिश्च विद्यते "तदेतज्जडं मोहात्मक"मिति श्रुतेः । साऽसौ मोहनशक्तिस्तं पूर्वमुपदर्शितं

अब जीव के स्वरूप का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - अधिष्ठान रूप से जो चैतन्य है और जो लिंग देह है तथा उस लिंगदेह में जो चिच्छाया है, उन तीनों का संघात जीव कहलाता है ।११।

व्याख्या - जो कल्पित लिंगदेह (सूक्ष्मशरीर) का आधारभूत चैतन्य है और उस चैतन्य में अध्यास के कारण कल्पित जो लिंगदेह है । पाँच प्राण, पाँच कर्मेन्द्रियाँ, पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, मन और बुद्धि इन सप्तदश पदार्थों से विशिष्ट को लिंगशरीर अर्थात् सूक्ष्मशरीर कहते हैं । और उस लिंगशरीर में विद्यमान जो चिच्छाया (चिदाभास) है, इन तीनों का संघात ही जीव कहा जाता है । भाव यह है कि शुद्ध चित् (कूटस्थ), चिदाभास (शुद्ध चैतन्य का प्रतिबिम्ब) और लिंगदेह (सूक्ष्मशरीर) इन तीनों के समुदाय को जीव कहते हैं ।

माया जीव को मोहित करती है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ - महेश्वर की जो माया है, उसमें जगत् का निर्माण करने की शक्ति के समान मोह उत्पन्न करेन की शक्ति भी रहती है । वह मोहशक्ति उस जीव को मोहित करती है ।१२।

व्याख्या - "***मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम्***" (श्वे.उ.) "***मम माया दुरत्यया***" (गीता) इत्यादि श्रुति-स्मृति के द्वारा माया को महेश्वर से सम्बन्धित कहा गया है, इसीलिये माया को माहेश्वरी कहते हैं । ऐसी जो माया है अर्थात् त्रिगुणात्मिका और चित्प्रतिबिम्ब से संयुक्त जो माया है, वह जैसे जगत् का

जीवं मोहयति सच्चिदानन्दात्मस्वरूपज्ञानविधुरं करोति । "अज्ञानेनावृतं ज्ञानं तेन मुह्यन्ति जन्तव" इति स्मृतेः ।

मुग्धो जीवो दुःखी भवतीति निरूपणम् -

मोहादनीशतां प्राप्य मग्नो वपुषि शोचति ।
ईशसृष्टमिदन्द्वैतं सर्वमुक्तं समासतः ॥ १३ ॥

अन्वयः - मोहात् अनीशतां प्राप्य वपुषि मग्नः शोचति । इदम् ईशसृष्टं सर्वं द्वैतं समासतः उक्तम्।

व्याख्या :- एवं मायाप्रभावेण मोहमापन्नो जीवो मोहाद् ज्ञानादनीशतामीश्वरभिन्नभावमिष्ट-प्राप्तेरनिष्टपरिहृतेश्चोपायमजानन्नसामर्थ्यं सम्प्राप्योपलक्षणविधयासङ्गचिद्भिन्नतां च प्राप्य वस्तुतस्स्वस्वरूपे विद्यमानमीश्वरत्त्वमसङ्गशुद्धचिद्रूपत्त्वं च मोहादविज्ञाय वपुषि शरीरपञ्जरे मग्नोऽहन्ताममतादिना तादात्म्याभिमानविशिष्टश्शोचत्यात्मनि दुःखित्त्वाद्यभिमानं करोति "समाने वृक्षे पुरुषो निमग्नोऽनीशया

निर्माण करने में समर्थ है, उसी प्रकार उस माया में मोह उत्पन्न करने की शक्ति भी विद्यमान है । अर्थात् कारणदेह से लेकर समस्त जगत् का निर्माण करने के समान मोहित करने में भी वह समर्थ है । वह मोहशक्ति पूर्वोक्त जीव को मोहित करती है अर्थात् जीव के सच्चिदानन्द स्वरूप को विस्मृत करा देती है । जीव को स्वात्मज्ञानविमुख बना देती है । "***अज्ञानेनावृतं ज्ञानं तेन मुह्यन्ति जन्तवः***" (गी.) ।

मोहित होने के फल का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - (जीव) मोह के कारण अनीश्वरता को प्राप्त कर शरीराभिमान में मग्न होकर शोक करता है । ईश्वर के द्वारा रचित इस सम्पूर्ण द्वैत को संक्षेप से कहा गया है ।१३।

व्याख्या - जीव माया के द्वारा मोहित हो जाने के कारण अर्थात् माया के प्रभाव से मोह (अज्ञान) के कारण अनीश्वरता को प्राप्त कर अर्थात् स्वयं को ईश्वर से भिन्न रूप से जानकर (इष्ट की प्राप्ति और अनिष्ट का परिहार करने की सामर्थ्याभाव को प्राप्त कर) शरीराभिमान में मग्न होकर शोक करता है । भाव यह है कि यह जीव स्वरूप से ईश्वर से भिन्न नहीं है, फिर भी मायाजनित अज्ञान से स्वयं को परमात्मा से भिन्न रूप से जानने के कारण इस शरीर रूपी पिंजरे में फँसकर "यह मैं हूँ, यह मेरा है" इत्यादि अहंता-ममता रूप तादात्म्य के कारण शरीर के गुणधर्मों को स्वयं में आरोपित करने के कारण दुःख का अनुभव करते हुए शोक करता है । "***समाने वृक्षे पुरुषो निमग्नोऽनीशया शोचति मुह्यमानः***" (मु.उ. ३/१/२) अर्थात् अविद्या, काम और कर्म तथा उसके फल में रागादि रूप अत्यन्त गुरुतर भार से आक्रान्त यह जीव शरीर रूपी वृक्ष में समुद्र के जल में तुम्बे के समान निमग्न रहता है । स्वयं को कर्मों का भोक्ता मानकर "यह शरीर मैं हूँ, अमुक का पुत्र हूँ, अमुक का पौत्र हूँ, कृश हूँ, स्थूल हूँ, गुणवान हूँ, गुणरहित हूँ, सुखी हूँ, दुःखी हूँ" इत्यादि अनात्मा का आरोप करके देह से भिन्न कुछ भी नहीं है, ऐसा मानकर जन्मता और मरता है । सगे-सम्बन्धियों से संयुक्त और वियुक्त भी होता है । इस प्रकार शोक करता है। "मैं किसी काम में समर्थ नहीं हूँ, मेरे पुत्र नष्ट हो गये, मेरी पत्नी मर गयी, अब मुझे जीवित रहने से क्या लाभ ?" ऐसी दीनता का नाम ही अनीशा है । इसी अनीशत्व के कारण चिन्तित होता हुआ वह जीव प्रेत-तिर्यक् मनुष्यादि योनियों में घूमता रहता है अर्थात् जन्मता और मरता रहता है । और सदा शोकाकुल रहता है । इस प्रकार ईश्वर के द्वारा रचित इस सम्पूर्ण द्वैत को संक्षेप

शोचति मुह्यमान'' इति श्रुतेः । एतावता ग्रन्थेन समासतस्सङ्ग्रहेणेशसृष्टमीश्वरकृतां सृष्टिं सर्वं द्वैतमीक्षणाद्यनुप्रवेशान्तमुक्तमित्यनेन वक्ष्यमाणजीवसृष्टिसाङ्कर्यं परिहृतं भवतीति धिया प्रकृतग्रन्थवृत्तं निगमय्य दर्शयति ।।

जीवसृष्टद्वैतनिरूपणम् -

सप्तान्नब्राह्मणे द्वैतं जीवसृष्टं प्रपञ्चितम् ।
अन्नानि सप्त ज्ञानेन कर्मणाऽजनयत्पिता ।। १४ ।।

अन्वयः - सप्तान्नब्राह्मणे जीवसृष्टं द्वैतं प्रपञ्चितम् । पिता सप्त अन्नानि ज्ञानेन कर्मणा अजनयत्।

व्याख्या :- जीवस्य द्वैतप्रपञ्चस्रष्टृत्वे वृहदारण्यकश्रुतिः प्रमाणम् । तत्र सप्तान्नब्राह्मणे ''यत्सप्तान्नानि मेधया तपसाजनयत्पिते''त्यारभ्य जीवसृष्टं ''जाया मे स्या''दित्यादिना कामसाधनाभ्यां ज्ञानकर्मभ्यां प्रयुक्तेन जीवात्मनेश्वरेण सृष्टद्वैतप्रपञ्चे सर्वं भोग्यजातं सप्तधा प्रविभज्या''हमुपासकोऽन्य उपास्यो देवोऽन्य इति द्वैतं परिकल्प्य भेदबुद्धिं सम्पाद्य सर्वा सृष्टिस्तत्र प्रकरणे प्रपञ्चिता । पिता स्वादृष्टद्वारा सप्तान्नोपलक्षितसकलजगदुत्पादनेन निखिललोकपालकस्समष्टिजीवो ज्ञानेन स्वप्रतिभावैशद्येन कर्मणा पूर्वसञ्चितकर्मफलभूतादृष्टरूपिणा सप्तान्नानि वक्ष्यमाणान्यजनयदुत्पादयामासेति दिक् ।।

अन्नसप्तकप्रदर्शनम् -

मर्त्यान्नमेकन्देवान्ने द्वे पश्वन्नञ्चतुर्थकम् ।
अन्यत्त्रितयमात्मार्थमन्नानां विनियोजकम् ।। १५ ।।

से कह दिया गया अर्थात् ईक्षण (संकल्प) से लेकर देह प्रवेश पर्यन्त ईश्वरकृत सम्पूर्ण द्वैतसृष्टि का प्रतिपादन संक्षेप रूप से कर दिया गया ।

अब जीवकृत द्वैत का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - सप्तान्न ब्राह्मण में जीवसृष्ट द्वैत का विस्तार से वर्णन किया गया है । पिता (समष्टि जीव) ने अपने ज्ञान और कर्म से सात अन्न उत्पन्न किये।१४।

व्याख्या - यजुर्वेदान्तर्गत बृहदारण्यकोपनिषद् के प्रथम अध्याय के पञ्चम सप्तान्न नामक ब्राह्मण (प्रकरण) में जीवकृत द्वैत का वर्णन किया गया है । ''***यत् सप्तान्नानि मेधया तपसाऽजनयत्पिता***'' (बृ.उ. १/५/१) यहाँ से प्रारम्भ करके ''***जाया मे स्यात्***'' इत्यादि कामना के साधनभूत द्वैत प्रपञ्च में समस्त भोग्य पदार्थों को सात रूप से विभक्त करके ''***अहमुपासकोऽन्य उपास्यो देवोऽन्यः***'' मैं उपासक भिन्न हूँ, मुझसे मेरे उपास्य देव भिन्न हैं । इत्यादि भेदबुद्धिविशिष्ट द्वैत सृष्टि की कल्पना की । ऐसा उस प्रकारण में विस्तार से वर्णन किया गया है । पिता ने अपने ज्ञान और कर्म से सात अन्न उत्पन्न किये । समस्त लोकों के पालक समष्टिजीव को यहाँ पिता कहा गया है । उस जीव ने स्वबुद्धिकौशल रूप ज्ञान और पूर्व संचित सत्कर्म के फल रूप अदृष्ट (कर्म) से आगे कहे जाने वाले सात अन्न उत्पन्न किये ।

वे सात अन्न किसके लिए हैं ? इसका निरूपण विभागपूर्वक करते हैं ।

अर्थ - एक प्राणिमात्र का अन्न, दो देवता के अन्न, चतुर्थ पशु का अन्न और शेष तीन अन्न स्वयं के लिये । इस प्रकार (सात) अन्नों का विनियोजन (सप्तान्न ब्राह्मण में कहा गया) है ।१५।

अन्वयः - एकं मर्त्यान्नम् । द्वे देवान्ने । चतुर्थकं पश्वन्नञ्च । अन्यत् त्रितयम् आत्मार्थम् । अन्नानां विनियोजनम् ।

व्याख्या :- प्रतिनियतविभागप्रदर्शनपुरस्सरं सप्तान्नोत्पादकत्त्वं ज्ञानपूर्वकतयैवेति स्पष्टयति । सप्तान्नविनियोजकं बार्हदारण्यकं वाक्यम् "एकमस्य साधारणं द्वे देवानामभाजयत्त्रीण्यात्मनेऽकुरुत पशुभ्य एकं प्रायच्छदि"ति । तेषु सप्तस्वन्नेष्वेकं मर्त्यान्नं - "एकमस्य साधारणमितीदमेवास्य तत्साधारणमन्नं यदिदमद्यते" इत्यादिब्राह्मणोक्तविधानेन मर्त्यानां मरणशीलानां सर्वेषां प्राणिनामधीनं व्रीह्यादिकं यत्तदुपभोग्यमन्नं निखिलप्राणिवर्गसाधारणं प्रथममत एवोक्तं वार्तिककारैः - "अस्य भोक्तृ समूहस्य साधारणमचीक्लृपत्। एकमन्नं पिता सृष्ट्वा तच्चेदं यदिहाद्यते । यदिदं प्रणिभिर्नित्यमद्यतेऽहरहस्तृषा । साधारणमिदं युक्तं सर्वभूतस्थितेस्ततः" इत्यादिना । ततो द्वे देवान्ने निखिलबृन्दारकबृन्दसाधारणे द्वितीयतृतीये हुतप्रहुते, दर्शपूर्णमासरूपे वा । अथ पश्वन्नं पश्वधीनं पशूनामुपभोग्यं निखिलस्थावरजङ्गमसाधारणमन्नं चतुर्थं अत एव वार्तिके "पयो द्रव्याहुतेश्चैतत्परिणामोऽखिलं जगत् । एतच्च श्रुतितस्सिद्धं विश्वमाहुतिकारणमि"त्यादि। पशुत्त्वं चाविशेषेण दर्शना"दिति । पूर्वोक्तेभ्यश्चतुर्भ्यो भोगेभ्योऽवशिष्टं यदन्यत्त्रितयं भागानां त्रयमात्मार्थमात्मन उपभोगायात्माधीनतया स्थापयामास एवं पृथक्कृत्य प्रकल्पितानामन्नानां सप्तानामपि विनियोजनं विनियोगस्सप्तान्नब्राह्मणेनोक्तम् । पश्वादितो विभज्यात्मनोंऽशपृथक्करणप्रतिपादनप्रदर्शनादियं श्रुतिर्व्यावहारिकं भेदमादाय प्रवृत्तेत्यवगम्यते ।।

सप्तानामन्नानां नामतो निरूपणम् -

व्रीह्यादिकन्दर्शपूर्णमासौ क्षीरन्तथा मनः ।
वाक् प्राणश्चेति सप्तत्त्वमन्नानामवगम्यताम् ।। १६ ।।

व्याख्या - प्रत्येक का विभागपूर्वक वर्णन करने से सातों अन्न की उत्पत्ति ज्ञानपूर्वक ही हुई है, इसको स्पष्ट करते हैं । बृहदारण्यक श्रुति का वाक्य इस प्रकार है - "***एकमस्य साधारणं द्वे देवानामभाजयत्त्रीण्यात्मनेऽकुरुत पशुभ्य एकं प्रायच्छत्***" (बृ.उ.१/५/१) इन सात अन्न में एक अन्न साधारण मर्त्यान्न है । मर्त्य का तात्पर्य है कि जितने भी मरणधर्मा हैं, उन सभी प्राणिवर्ग का एक साधारण अन्न है । समस्त देवताओं के लिए दो (अर्थात् द्वितीय और तृतीय) अन्न हैं । चौथा पशुओं का अन्न है अर्थात् पशुत्व जातिमात्र का उपभोग्य अन्न है । तथा सात में से शेष तीन अन्न स्वयं के लिये है अर्थात् स्वात्मभोग के लिए कल्पित हैं । इस प्रकार सातों अन्नों का विनियोजन (विनियोग) अर्थात् विभागपूर्वक उपभोग का वर्णन किया गया है । विस्तार से जानने के लिये बृहदारण्यक के सप्तान्न ब्राह्मण का अवलोकन करना चाहिये । पश्वादि से विभक्त कर आत्मांश का पृथक् रूप से प्रतिपादन करने के कारण यह श्रुति व्यवहारसिद्ध जीवों के भेद को लेकर प्रवृत्त हुई है, ऐसा जानना चाहिये ।

अब सातों अन्नों का नामपूर्वक निरूपण करते हैं ।

अर्थ - व्रीहि (चावल) आदि (एक मर्त्यान्न है), दर्श और पूर्णमास (याग) यह दो (देवतान्न हैं), दूध (पशुओं का अन्न है) तथा मन, वाणी और प्राण (ये तीनों आत्मा के अन्न हैं) इस प्रकार अन्नों की सात संख्या जाननी चाहिये ।१६।

अन्वयः–व्रीह्यादिकं दर्शपूर्णमासौ क्षीरं तथा मनः वाक् च प्राणाः इति अन्नानां सप्तत्त्वम् अवगम्यताम्।

व्याख्या :- कानि तानि सप्तान्नानीत्यत्र बृहदारण्यके तृतीये "एकमस्य साधारण"मित्युपक्रम्य "मनोमयः प्राणमय" इत्यन्तेन ग्रन्थेन विवृतानीत्याह । प्राणिसाधारणविनियुक्तमन्नं व्रीह्यादिकं देवेभ्यश्च दर्शपूर्णमासौ श्रुतिप्रसिद्धे कर्मणी तत्र हविष्टेन विहिताज्यपुरोडाशसान्नाय्यादिकान्ने देवेभ्यो विनियुङ्क्ते । पशुभ्यो निखिलस्थावरजङ्गमेभ्यः - "तस्मिन्सर्वं प्रतिष्ठितं यच्च प्राणिति यच्च नेति पयसि हीदं सर्वं प्रतिष्ठित"मित्यादिब्राह्मणोक्तेः विनियुक्तं क्षीरम् । आत्मने जीवाय स्वस्मै त्रितयमन्नं त्रिविधमन्नं मनो वाक्प्राणश्चेति त्रीण्यपि विनियुक्तानि इत्येवमन्नसप्तकविभागोऽवगन्तव्य इति शम् ।।

सप्तान्नानि भोग्यत्त्वाकारेण जीवस्सृजतीति निरूपणम् -

ईशेन यद्यप्येतानि निर्मितानि स्वरूपतः ।
तथापि ज्ञानकर्मभ्यां जीवोऽकार्षीत्तदन्नताम् ।। १७ ।।

अन्वयः - यद्यपि एतानि स्वरूपतः ईशेन निर्मितानि । तथापि जीवः ज्ञानकर्मभ्यां तदन्नताम् अकार्षीत् ।

व्याख्या :- यद्यपि स्वरूपत एतान्यन्नानि पूर्वोक्तानि सप्तापीशेनैव निर्मितानि सृष्टानि । तथा सति जीवनिर्मितत्त्वोक्तिरसङ्गतेति चेन्न । "तं विद्याकर्मणी समन्वारभेते पूर्वप्रज्ञा चे"ति श्रुत्या ज्ञानकर्मभ्यां तेषामन्नानां जीवस्यापि स्रष्टृत्त्वमव्याहतमेव । ज्ञानमत्र विहितं देवतोपासनादि, प्रतिषिद्धं च परयोषिदादिविषयध्यानं तथा विहितं च कर्म यजेत जुहोति ददातीत्यादिविधिविषयो धर्मः

व्याख्या - वे सात अन्न कौन से हैं ? ऐसी जिज्ञासा होने पर कहते हैं कि प्राणिमात्र के लिए विनियुक्त चावल आदि साधारण अन्न प्रथम अन्न है । दर्श (अमावास्या) और पूर्णमास (पूर्णिमा) के दिन होने वाले दो याग देवताओं के दो अन्न हैं । दूध पशुओं के लिए है । तथा मन, वाणी और प्राण ये तीन जीव (स्वयं) के लिए हैं । इस प्रकार सातों अन्न का विभाग जाना चाहिये ।

भोग्य रूप से सातों अन्न जीव रचित हैं, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - यद्यपि ये सब अन्न स्वरूपतः ईश्वर द्वारा निर्मित हैं तथापि जीव अपने ज्ञान और कर्म से उन्हें अन्न रूप बनाता है ।१७।

व्याख्या - पूर्व में कहे गये सातों अन्न जगत् के अन्तर्गत होने से ईश्वर निर्मित ही हैं, तो फिर उनको जीव निर्मित कैसे कह रहे हो ? इस शंका का निवारण करते हुए कहते हैं कि यद्यपि ये सातों अन्न स्वरूपतः तो ईश्वर के द्वारा ही निर्मित हैं किन्तु जीव उनके भोग्य रूप का कारण है अतः वे जीव निर्मित कहे जाते हैं । यदि कहो कि ये सातों अन्न ईश्वर निर्मित होने से उनको जीव निर्मित कहना उचित नहीं है तो यह कथन ठीक है, फिर भी "***तं विद्याकर्मणी समन्वारभेते पूर्वप्रज्ञा च***" इस श्रुति के अनुसार ज्ञान और कर्म के द्वारा जीव का भी आत्मभोगार्थ स्रष्टृत्व है ही । ज्ञान का तात्पर्य यहाँ विहित और निषिद्ध चिन्तन है । देवोपासना विहित है और परस्त्री का चिन्तन (ध्यान) निषिद्ध है । तथा यजेत, जुहोति, ददाति । इत्यादि विधिशास्त्रों का विषयभूत कर्म विहित कर्म कहा जाता है और हिंसा आदि समस्त निषेधशास्त्रों का विषयभूत कर्म निषिद्ध कर्म कहा जाता है । उन ज्ञान और कर्म के द्वारा जीव सातों

"चोदनालक्षणोऽर्थो धर्मः" इति न्यायात् । प्रतिषिद्धं चान्यहिंसादिरूपं निखिलं निषेधशास्त्रविषयीभूतम्। ताभ्यामेताभ्यां ज्ञानकर्मभ्यामुपभोग्यतामन्नेषु सृजति जीवः । तदन्नतां व्रीह्यादिप्राणान्तानां सप्तानामप्यन्नानां तेषां स्वभोगोपकरणतामेवासृजदिति दिक् ।।

जगतः कर्ता चेशो भोक्ता जीव इति प्रदर्शनम् -

ईशकार्यं जीवभोग्यं जगद्द्वाभ्यां समन्वितम् ।
पितृजन्या भर्तृभोग्या यथा योषित्तथेष्यताम् ।। १८ ।।

अन्वयः - ईशकार्यं जीवभोग्यं जगत् द्वाभ्यां समन्वितम् । यथा योषित् पितृजन्या भर्तृभोग्या तथा इष्यताम्।

व्याख्या :- जगत्प्रकृतसप्तान्नादिकं स्वरूपत ईशकार्यं सृष्टमीश्वरेण । ईश्वरस्य जैवकर्मादिफलदातृत्त्वेन तदर्थं घटत एव जगन्निर्मातृत्त्वम् । पूर्णकामत्त्वान्नेशो भोक्ता भवति । जगदिदं व्रीह्यादिरूपान्नसप्तकं जीवभोग्यं जीवानामुपभोग्यत्त्वेन कृतमित्येताभ्यां द्वाभ्यां सम्बद्धम् । जगद्भोक्तृता कर्मादिना सम्पादितेति जीवस्य घटते । एकस्य वस्तुनो निर्मातान्यो भोक्तान्य इत्यत्र दृष्टान्तो योषिद्युवतिः पितृजन्या भर्तृभोग्या च यथा तथैव जगदिदमपीशसृष्टं जीवभोग्या चेतीष्यतीति दिक् ।।

जीवेश्वरयोर्जगत्सृष्टौ साधननिरूपणम् -

मायावृत्त्यात्मको हीशसङ्कल्पस्साधनं जनौ ।
मनोवृत्त्यात्मको जीवसङ्कल्पो भोगसाधनम् ।। १९ ।।

अन्वयः - मायावृत्त्यात्मकः हि ईशसङ्कल्पः जनौ साधनम् । मनोवृत्त्यात्मकः जीवसङ्कल्पः भोगसाधनम् ।

अन्न में उपभोग्यत्व की रचना करता है । इसीलिए इन्हें जीव निर्मित कहना अनुचित नहीं है ।

जगत् का कर्ता ईश्वर और भोक्ता जीव है, इसका दृष्टान्तपूर्वक प्रतिपादन करते हैं।

अर्थ - जगत् ईश्वर का कार्य और जीव का भोग्य है अतः उन दोनों से समन्वित है । जैसे एक स्त्री का शरीर पितृजन्य है और पतिभोग्य है, उसी प्रकार यहाँ भी जानना चाहिये ।१८।

व्याख्या - यह सम्पूर्ण जगत् ईश्वर का कार्य है अर्थात् स्वरूप से यह सम्पूर्ण जगत् ईश्वरजन्य है और जीव का भोग्य है अर्थात् इसका भोक्ता जीव है । इस प्रकार यह ईश्वर के कार्यत्व और जीव के भोग्यत्व इन दोनों से समन्वित है । एक ही वस्तु का निर्माता कोई और हो तथा उपभोक्ता कोई अन्य हो, इस विषय में दृष्टान्त देते हैं - जैसे नारी का शरीर उसके पिता के द्वारा उत्पन्न होता है अर्थात् वह पिता का कार्य है । और वही शरीर पति के द्वारा भोग्य हो जाता है अर्थात् पति उसका भोक्ता है । उसी प्रकार यहाँ भी जानना चाहिये अर्थात् इसी प्रकार यह जगत् ईश्वर का कार्य और जीव का भोग्य है ।

ईश्वर और जीव किस साधन से जगन्निर्माण करते हैं ? इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ - मायावृत्यात्मक ईश्वर का संकल्प जगदुत्पत्ति का साधन है और मनोवृत्त्यात्मक जीव का संकल्प भोग का साधन है ।१९।

व्याख्या - '**जनौ**' अर्थात् जगत् की उत्पत्ति में हेतु ईश्वर का संकल्प है । वह ईश्वर मायावृत्ति

व्याख्या :- जनौ जनने जगत्सर्जने मायावृत्त्यात्मको मायावृत्तेर्विशेषस्तत्स्वरूप ईशसङ्कल्प एव साधनमीश्वरकर्तृकसृष्टौ सङ्कल्प एव करणमित्यर्थः । मायाप्रतिबिम्बितेश्वरस्य सङ्कल्पमात्रात्सर्वमिदं जगत्सृज्यते । मनो वृत्त्यात्मको मनसो वृत्तयो "जाया मे स्या""द्वित्तं मे स्या"दित्याकारककामरूपा-स्तदात्मकस्तद्रूपो यो जीवसङ्कल्पस्स एव भोगसाधनं जीवस्य सर्वापीयं प्रवृत्तिः कामनिबन्धनैव "कर्महेतुः कामस्स्यादि"ति भाष्यम् । तथा च स एव सङ्कल्पो भोगसाधनमिति विवेक इति शम् ।।

भोग्याकाराया जीवकर्तृकायास्सृष्टेर्निरूपणम् -

ईशनिर्मितमण्यादौ वस्तुन्येकविधे स्थिते ।
भोक्तृधीवृत्तिनानात्त्वात्तद्भोगो बहुधेष्यते ॥ २० ॥

अन्वयः - ईशनिर्मितमण्यादौ एकविधे वस्तुनि स्थिते भोक्तृधीवृत्तिनानात्त्वात् तद्भोगः बहुधा इष्यते ।

व्याख्या :- जीवसृष्टो भोग्याकारः कश्चिदीश्वरसृष्टपदार्थस्वरूपादतिरिक्तो भवेच्चेत्संभाव्येत जीवस्यापि स्रष्टृत्त्वकल्पना । स्वरूपाद्भिन्नभोगाकारं न हि पश्याम इत्यत्राह - ईशनिर्मितमण्यादौ ईश्वरसृष्टे जगति वस्तुनि तस्मिंस्तस्मिन्पदार्थे एकविधे स्थिते एकरूपेणैव विद्यमाने सत्यपि भोक्तृधीवृत्ति-नानात्त्वादनुभवितुर्जीवस्य मनोवृत्तीनामनेकत्त्वाद्बहुधा तत्तन्मनोवृत्त्यनुसारेण भोगोऽनुभव इष्यते । तेनैकस्मिन्नेव वस्तुनि विषयेऽनेकविधोपभोगरुचीनामुपलभ्यमानत्त्वात्तत्तदुपभोगप्रयोजिका भोग्याकारता स्वरूपतो भिन्नाङ्गीकार्येति भावः ।।

से युक्त है । मायावृत्ति से विशिष्ट स्वरूप वाला ईश्वर जब संकल्प करता है तब जगत् की उत्पत्ति होती है । अतः जगत् की उत्पत्ति का कारण एकमात्र ईश्वर का संकल्प ही है । इसीलिए ईश्वर के संकल्प को जगत् की उत्पत्ति का साधन कहा गया है । ***"जाया मे स्यात्" "वित्तं मे स्यात्"*** इत्यादि कामना रूप जो मन की वृत्तियाँ हैं, वही जिसका स्वरूप है, उस मनोवृत्यात्मक जीव का संकल्प जगत् के उपभोग का साधन है । अर्थात् कामना से बद्ध जीव की प्रवृत्ति ही भोग का साधन है ।

एक ही वस्तु में भिन्न-भिन्न भोगोपपत्ति कैसे संभव है ? इस शंका का निराकरण करते हैं।

अर्थ - ईश्वर रचित मणि आदि वस्तु एक प्रकार की रहते हुए भी भोक्ता की बुद्धिवृत्तियों के नानात्व के कारण उसका भोग अनेक प्रकार का कहा जाता है ।२०।

व्याख्या - भोक्ता की बुद्धिवृत्ति के नानात्व के कारण अर्थात् अनुभवकर्ता जीव की मनोवृत्तियों के नानात्व के कारण एक ही पदार्थ का भोग नाना प्रकार से कहा जाता है । ईश्वर द्वारा निर्मित मणि आदि जितने भी पदार्थ हैं, वे सब एक ही प्रकार से स्थित होने पर भी उनके भोग में जो नानात्व (अनेकता) है, उसका कारण जीव की भिन्न-भिन्न मनोवृत्तियाँ ही हैं ।

भोगवैविध्यप्रदर्शनम् -

हृष्यत्येको मणिं लब्ध्वा क्रुध्यत्यन्यो ह्यलाभतः ।
पश्यत्येव विरक्तोऽत्र न हृष्यति न कुप्यति ॥ २१ ॥

अन्वयः - एकः मणिं लब्ध्वा हृष्यति हि । अन्यः अलाभतः क्रुध्यति । अत्र विरक्तः पश्यति एव न हृष्यति न कुप्यति ।

व्याख्या :- सहकारिकारणभेदात्कार्यभेद इति न्यायसिद्धस्य एव भोगभेदेऽपि दृष्टान्तयितव्य इत्याह एको भाग्यवान्मणिनार्थी तं मणिं लब्ध्वोपलभ्य हृष्यति सन्तुष्टो भवति । अन्यो दौर्भाग्यवांस्तदर्थी सन्नपि तदलाभतः क्रुध्यति रुष्टो भवति । अत्र कश्चन महाभाग्यवान्विरक्तो मणिविषयकरागविधुरो मणिं साक्षितया केवलं पश्यत्येव न स मणिं दृष्ट्वा हृष्यति कुप्यति वा रागद्वेषयोरभावाल्लाभालाभप्रयुक्तौ हर्षशोकौ नैवाप्नोति । तथा चैक एव मणिस्स्वरूपत एकविधोऽपि जीवमनोवृत्तिभेदेन सन्तुष्ट्य-सन्तुष्ट्यौदासीन्याद्यन्यतमभावस्य विविधस्य यथाकारणं भवति तथैव सृष्टौ सर्वोऽपि पदार्थो भोक्तुर्मनोभावानुगुणं कदाचित्संतुष्ट्यै कदाचिदसन्तुष्ट्यै कदाचिदौदासीन्याय च कल्पत इति स्पष्टं स्वरूपादधिकं जगति भोग्याकारतास्तीति सैव जीवसृष्टेति ज्ञातव्येति दिक् ।।

जीवसृष्टावाकारभेददर्शनम् -

प्रियोऽप्रिय उपेक्ष्यश्चेत्याकारा मणिगास्त्रयः ।
सृष्टा जीवैरीशसृष्टं रूपं साधारणं त्रिषु ॥ २२ ॥

पूर्वोक्त प्रसंग को दृष्टान्त पूर्वक समझाते हैं ।

अर्थ - एक मनुष्य मणि प्राप्त कर प्रसन्न होता है, दूसरा मणि न मिलने से क्रोध करता है और तीसरा विरक्त पुरुष उसे केवल देखता है, वह न प्रसन्न होता है और न क्रोध करता है । २१।

व्याख्या - सहकारी कारण के भेद से कार्यभेद होता है, इस न्याय से सिद्ध भोगों के भेद को दृष्टान्त रूप से कहते हैं कि एक मणि प्राप्त करने की इच्छा वाला पुरुष मणि को प्राप्त कर हर्षित होता है । और मणि को प्राप्त करने की इच्छा वाला दूसरा पुरुष भाग्यवशात् मणि न मिलने पर क्रोध करता है अर्थात् रुष्ट हो जाता है । तथा कोई महाभाग्यशाली विरक्त पुरुष जो मणि के विषय में विरक्त है, वह मणि को केवल साक्षी रूप से देखता है । वह मणि को देखकर न हर्षित होता है और न कुपित होता है । राग और द्वेष के अभाव के कारण लाभ और अलाभ से प्रयुक्त हर्ष और शोक को प्राप्त नहीं करता है । इस प्रकार एक ही मणि स्वरूप से तो एकरूप में ही विद्यमान है । उसमें कुछ भी परिवर्तन नहीं होता है, फिर भी जीव की मनोवृत्ति के भेद के कारण मणि हर्ष, क्रोध और उदासीनता आदि विविध भावों का कारण होती है । उसी प्रकार सृष्टि में विद्यमान समस्त पदार्थ भोक्ता के मनोभावानुसार कभी हर्ष कभी शोक और कभी उदासीनता के कारण होते हैं । इससे यह भी सिद्ध होता है कि पदार्थ के स्वरूप से अतिरिक्त जगत् में कोई भोग्याकारता अवश्य है और वही जीव निर्मित सृष्टि है ।

जीव सृष्टि में आकार भेद का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - मणिगत प्रिय, अप्रिय और उपेक्षा रूप तीन आकार जीव के द्वारा रचित हैं । उन तीनों आकरों

अन्वयः – मणिगाः – प्रियः, अप्रियः, उपेक्ष्यः च इति त्रयः आकाराः सृष्टाः । त्रिषु साधारणं रूपम् ईशसृष्टम् ।

व्याख्या :– एवं मण्यर्थिनस्तल्लाभात्प्रियः प्रीतिविषयता । कदाचित्तदलाभादप्रियो द्वेषविषयता कदाचिन्मनसि निश्चले रागद्वेषाद्यभावेन निस्तरङ्गे तदोपेक्ष्य उपेक्षाविषयतेति मणिगास्स्वरूपत एकविधे मणौ विद्यमाना मनोवृत्तिभेदात्सञ्जातास्त्रय आकाराः प्रीत्यप्रीत्युपेक्षविषयत्त्वरूपा विभिन्नास्संदृश्यन्ते। जीवैरेव हीम आकारास्सृष्टाः । तथा चात्र "होतुः प्रथम भक्ष" इत्यत्र यथा प्राप्ताप्राप्तविवेकन्यायेन केवलं प्राथम्यविधौ विधेस्तात्पर्यं पूर्वतन्त्र उपदर्शितमेवमत्राप्येकाकारताया पदार्थानां स्वभावस्सेश्वरसृष्टेति ततो भिन्ना विविधा ये भोग्याकाराश्च ते जीवसृष्टा इति च विवेचनीयाः । एवं च भोग्याकारत्त्ववैशिष्ट्येन मणेरपि स्रष्टृत्त्वं विशिष्टवेषेण जीवस्येत्युक्तं भवति । जीवगतबहुवचनाभिप्रायस्तु यौगपद्येन विभिन्नविषयतानामस्तितोपपादनायैव । प्रियाप्रियोपेक्ष्येति त्रिष्वपीशसृष्टं रूपं न भिद्यते । त्रिष्वप्याकारेष्वीशसृष्टरूपं मणेस्स्वरूपं साधारणं सर्वेष्वाकारेष्वनुस्यूतं यन्मणिरूपं तत् समानमेव न भिद्यते । तस्मात्तत्तद्विषयता–विशिष्टमणीनां सृष्ट्यै विशेषणांशे जीवस्सृष्टिकर्ता । मणौ विशेष्यांशे चेश्वरः स्रष्टेति ग्राह्यः ।।

जीवसृष्टानां भोगाकाराणामनन्तविधत्त्वनिरूपणम् –

भार्या स्नुषा ननन्दा च याता मातेत्यनेकधा ।
प्रतियोगिधिया योषिद्भिद्यते न स्वरूपतः ।। २३ ।।

अन्वयः – भार्या स्नुषा ननन्दा याता माता च इति अनेकधा योषित् प्रतियोगिधिया भिद्यते न स्वरूपतः ।

व्याख्या :– भोगाकाराणां न केवलं त्रैविध्यमेवापि त्वेकैकस्यापि बहुविधा इत्याह – स्वरूपत

में अनुगत (मणि का) साधारण रूप ईश्वर रचित है ।२२।

व्याख्या – मणि को प्राप्त करने की इच्छा वाले पुरुष को मणि प्राप्त होने पर वह प्रिय अर्थात् प्रीति का विषय होती है । प्राप्त न होने पर अप्रिय अर्थात् द्वेष का विषय होती है । तथा विरक्त के द्वारा उपेक्षा का विषय हो जाती है । इस प्रकार मणियों में तीन प्रकार के आकार देखे जाते हैं अर्थात् मणि में प्रीति विषयत्व, द्वेष विषयत्व और उपेक्षा विषयत्व ये तीनों भिन्न विषयता देखी जाती है । ये भिन्न आकार जीव के द्वारा रचित हैं । विभिन्न विषयों का एक साथ सत्त्वोपपादन के लिए ही श्लोक में '**जीवैः**' इस प्रकार बहुवचन का प्रयोग किया गया है । उन तीनों आकरों में अनुगत मणि का साधारण रूप ईश्वर रचित है अर्थात् ईश्वर के द्वारा रचित रूप तीनों में समान ही है । तीनों आकारों में ईश्वर रचित मणि का रूप साधारण (समान) है । भाव यह है कि उन–उन विषयता विशिष्ट मणिदृष्टि में जीव का स्रष्टृत्व विशेषणांश में है और ईश्वर का विशेष्यांश में है, यही दोनों का विवेक है ।

पूर्वोक्त उदाहरण से जीव रचित भोग्य पदार्थों का त्रैविध्य ही जाना जाता है किन्तु उनका अनन्तत्व निर्दिष्ट नहीं होता है, इसलिये अब प्रत्येक का बहुविधत्व स्पष्ट कर रहे हैं।

अर्थ – एक ही स्त्री (पति आदि) प्रतियगियों की बुद्धि (अपेक्षा) से पत्नी, पुत्रवधु, ननद, याता (देवरानी–जेठानी) और माता आदि अनेक प्रकार से विभक्त होती है । स्वभाव से वह विभक्त नहीं होती है ।२३।

एकापि योषिद्वनिता पत्युर्भार्या, पित्रोः पुत्री श्वशुरयोस्स्नुषा "ननन्दा तु स्वसा पत्यु"रिति कोशाद्भर्तुर्भगिनी ननान्दा "भार्यास्तु भ्रातृवर्गस्य यातरस्स्युः परस्पर"मिति कोशाद्देवरपत्नी याता पुत्राणां मातेत्येवं तत्र तत्र सम्बन्धभेदेनानेकधाकारभेदेन व्यवह्रियमाणापि प्रतियोगिधिया प्रतियोगिना भर्तृश्वशुरादीनां विशिष्टसम्बन्धाद्वैलक्षण्येन तत्तदपेक्षाबुद्ध्या निरूपिता सती तदनुगुणं भिद्यते । स्वरूपत एकस्यापि सम्बन्धभेदाद्भेदः । विजातीयप्रीतिविषयताश्रयत्त्वेन तत्तत्प्रीत्याधायकसम्बन्धभेदेन विभिन्नत्त्वात्तत्तत्प्रीतीनां वैजात्येन तत्तद्विषयतानां भेदस्तेनैव तदाश्रयभेदोऽपि सिद्ध्यतीति दिक् ।।

प्रतियोगिभेदाज्ज्ञानमेव भिद्यते नाकारभेद इति पूर्वपक्षनिरूपणम् -

ननु ज्ञानानि भिद्यन्तामाकारस्तु न भिद्यते ।
योषिद्वपुष्यतिशयो न दृष्टो जीवनिर्मितः ।। २४ ।।

अन्वयः - ननु ज्ञानानि भिद्यन्ताम् । आकारः तु न भिद्यते । योषिद्वपुषि जीवनिर्मितः अतिशयः न दृष्टः ।

व्याख्या :- "प्रतियोगिधिया योषिद्भिद्यत" इत्यनुपपन्नम् । भार्यास्नुषेत्यादिज्ञानानामेव भेदेन तद्विषयभूतयोषित्स्वरूपभेदाभावादित्याशङ्कां वारयितुमुपक्रमते-प्रश्नार्थको ननुः । ईशसृष्टं वस्तुजातं भोगाय बहुधेष्यते जीवेनेति यत्पूर्वमुक्तमेवं योषिद् दृष्टान्तेऽपि प्रतियोगिधिया भार्यास्नुषेत्याद्याकारज्ञानान्येव भिद्यन्तां योषिदाकारो न भिद्यते । यतो योषिद्वपुषि जीवनिर्मितोऽतिशयो विशेषभोग्याकारभेदो न कोऽपि दृष्टः ।

व्याख्या - जीव रचित भोग्य पदार्थों का केवल त्रैविध्य ही नहीं है किन्तु वे बहुविध हैं । इस आशय से कहते हैं कि स्त्री स्वरूप से एक होते हुए भी अपने पति की पत्नी और ससुर की पुत्रवधु होती है । "***ननान्दा तु स्वसापत्युः***" इस कोशवचनानुसार पति की बहिन को ननान्दा (ननद) कहते हैं "***भार्यास्तु भ्रातृवर्गस्य यातरस्स्युः परस्परम्***" इस कोशवचनानुसार भाईयों की पत्नियाँ परस्पर याता कहलाती हैं अर्थात् देवरानी और जेठानी को याता कहते हैं । तथा वह नारी पुत्र के लिये माता होती है । इस प्रकार उन-उन सम्बन्धों के भेद से पति, ससुर आदि प्रतियोगियों की अपेक्षा से एक ही स्त्री अनेक रूपों वाली हो जाती है । वस्तुतः स्त्री में कोई भेद नहीं है । अन्य की अपेक्षा से वह अनेक नामों से जानी जाती है । भाव यह है कि जीव रचित द्वैत केवल त्रिविध नहीं है अपितु बहुविध है ।

प्रतियोगिभेद से ज्ञान ही विभक्त होता है, आकार नहीं । इस पूर्वपक्ष का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - ज्ञान में भले ही भेद हो किन्तु (स्त्री के) आकार में तो भेद नहीं है । अतः जीव निर्मित स्त्री के शरीर में कोई विशेषता दिखाई नहीं देती है ।२४।

व्याख्या - श्लोक में '**ननु**' प्रश्नवाचक है । पूर्वपक्षी प्रश्न करता है कि आपने जो कहा "***प्रतियोगिधिया योषिद्भिद्यते***" यह कथन ठीक नहीं है । भार्या, स्नुषा (पुत्रवधु) इत्यादि ज्ञान का ही भेद है, उनके विषयभूत स्त्री के स्वरूप में भेद का अभाव है । पत्नी, पुत्रवधू आदि ज्ञान में भले ही भेद प्रतीत होता हो किन्तु इससे स्त्री के आकार (शरीर) में तो भेद नहीं होता है । इसलिये आप जो जीवनिर्मित द्वैत का प्रतिपादन कर रहे हैं, वह अनुपयुक्त है क्योंकि जीव निर्मित भार्या आदि भेद के होने पर भी स्त्री के शरीर में किसी भी प्रकार की कोई विशेषता नहीं दिखती । अर्थात् पत्नी कहने पर

ज्ञानज्ञेययोरविनाभूतत्त्वादितिसिद्धान्तवर्णनम् –

मैवं मांसमयी योषित्काचिदन्या मनोमयी ।
मांसमय्या अभेदेऽपि भिद्यते हि मनोमयी ॥ २५ ॥

अन्वयः – मा एवम् – काचित् मांसमयी योषित् । अन्या मनोमयी । मांसमय्याः अभेदे अपि मनोमयी हि भिद्यते ।

व्याख्या :– ज्ञानवैजात्यं ज्ञेयवैजात्यं विना न सिद्ध्यति । ज्ञानज्ञेययोरविनाभूतत्त्वात् । अतो ज्ञानानि भिद्यन्तां नाम ज्ञेया योषिन्न भिद्यत इत्ययुक्तमित्याह – मैवं योषिद्वपुषि कश्चनाकारभेदो न दृष्टोऽतो नास्तीत्याक्षेपो न कार्यः । मांसमयी पिशितपिण्डविकारा स्थूलदेहादियुक्ता योषिदबला काचिदेका । मनोमयी चित्तवृत्तिविकारपरिणता योषिन्मांसमय्या अन्या भिन्ना काचित् । मांसविकारयोषिति वैजात्याभावेन भेदाभावेऽपि वैलक्षण्याद्भिद्यत एव योषिन्मनोमयी । हिर्हेतौ । भेदानङ्गीकारे भार्यापुत्रीस्नुषेत्यादिशब्दानां ज्ञानानां व्यवहारणां च नैव स्याद्भेदः । अत एव तत्तज्जीवमनोवृत्ति-कल्पितान्या काचन योषिन्मनोमयी मांसयोषितो भिन्नैव । अतो वैविध्यमुररीकार्यम्। ज्ञानगोचरा मनोमयी योषिन्न मांसमयी, यतो भिद्यते । प्रतियोगिनां भर्तृपितृश्वशुरादीनां पत्नीपुत्रीस्नुषेत्यादि-ज्ञानान्यत्यन्तविलक्षणतयानुभूयन्ते । न हि दृष्टेऽनुपपन्नं नाम । यस्य प्रतियोगिनो यस्यां भार्यात्वज्ञानं तस्य तस्यामेव तद्विरुद्धं पुत्रीति स्नुषेति वा ज्ञानं न जायते । तस्मादत्यन्तविलक्षणत्त्वात्प्रतियोगिभेदेन ज्ञानभेदोऽभ्युपगन्तव्यः । अबाधितानुभवस्यापलपितुमशक्यत्त्वात् । ज्ञानभेदश्च तदैव सिद्ध्यति यदा ज्ञेयभेदोऽङ्गीक्रियेत । अतस्तत्तत्प्रतियोगिभिर्ज्ञेया योषिद्भिन्नैव । ज्ञेयमांसमययोषित्यभेदोऽस्तीति न वाच्यम् । न हि स्वरूपेण सा ज्ञेया । तत्तदाकाराकारिता चित्तवृत्तिरेव ज्ञेया । वृत्तेरेव ह्यान्तरे चैतन्ये

स्त्री का जैसा स्वरूप है, पुत्रवधू में भी स्त्री का स्वरूप वैसा ही है । उसी प्रकार ननद, देवरानी-जेठानी और माता आदि में भी जानना चाहिये । भाव यह है कि जीव ईश्वर द्वारा रचित समस्त पदार्थों की भोग करने के लिये बहुविध सृष्टि करता है, यह आपका कथन प्रत्यक्ष विरुद्ध है ।

पूर्वोक्त शंका का सिद्धान्ती परिहार करते हैं ।

अर्थ – (सिद्धान्ती) ऐसा नहीं है, क्योंकि कोई एक मांसमयी स्त्री है और दूसरी मनोमयी है । मांसमयी स्त्री में भेद न होने पर भी मनोमयी में भेद होता ही है ।२५।

व्याख्या – पूर्वपक्षी की शंका का परिहार करते हुए सिद्धान्ती कहते हैं कि आपने जो कहा कि ज्ञान में भले ही भेद हो किन्तु स्त्री के आकार में कोई भेद प्रतीत नहीं होता, अतः जीव निर्मित स्त्रीशरीर में कोई विशेषता नहीं है । यह आपका कथन ठीक नहीं है, अर्थात् स्त्री विषयक आकार भेद नहीं होता है, ऐसा आक्षेप मत करो क्योंकि स्थूलदेह विशिष्ट (मांसमयी) कोई एक स्त्री है और मनोमयी अर्थात् मन के विकारों से परिणत स्त्री अन्य (भिन्न) ही है । श्लोक में **'हि'** निश्चयार्थक है । ज्ञानगोचर स्त्री मांसमयी स्त्री से अलग है, क्योंकि पति, श्वसुरादि प्रतियोगियों के ज्ञान अत्यन्त विलक्षण हैं । यदि ज्ञान में विलक्षणता न होती तो जिसको पत्नी रूप का ज्ञान है, उसी का पुत्रवधू रूप में भी ज्ञान होने लगेगा, किन्तु ऐसा नहीं है । इसलिये उन भिन्न-भिन्न प्रतियोगियों का ज्ञान एक दूसरे से सर्वथा विलक्षण है, ऐसा जानना चाहिये। ज्ञानवैलक्षण्य ज्ञेयवैलक्षण्य के

संभवति प्रतिफलनं ज्ञानं नाम चैतन्यप्रतिफलनमेव । तस्मात्तत्तदाकाराकारिता मनोमयी चित्तवृत्तिरेव योषिज्जीवोपभोग्या, तथा च चित्तवृत्तीनां नानात्त्वाद्भोक्त्र्याकारेणाभिन्नानां योषितामपि भेदस्सिद्ध्यतीत्यत्र न कापि संशीतिः ।।

प्रमास्थले मनःकल्पितस्य कथं भानमिति शङ्कानिरूपणम् -

भ्रान्तिस्वप्नमनोराज्यस्मृतिष्वस्तु मनोमयम् ।
जाग्रन्मानेन मेयस्य न मनोमयतेति चेत् ।। २६ ।।

अन्वयः - भ्रान्तिस्वप्नमनोराज्यस्मृतिषु मनोमयम् अस्तु । जाग्रन्मानेन मेयस्य मनोमयता न इति चेत्?

व्याख्या :- यत्र नास्ति बाह्यं वस्तु भ्रान्त्यादौ तत्र नाम प्रतीयतां मनोमयं वस्तु । जाग्रति स्फुटतरं बाह्यवस्तुनो भानान्न प्रसक्तिर्मनोमयस्येत्याशयेन शङ्कते - भ्रान्तिस्वप्नमनोराज्यस्मृतिषु तेषु तेषु विशिष्टविषयेषु मनोमयं मनसा कल्पितं विद्यमानवस्तुस्वरूपापेक्षया विलक्षणभोग्याकारादिवस्त्वस्तु कामम् । पूर्वोक्तेषु भ्रान्त्यादिषु वास्तविकस्य बाह्यवस्तुनोऽभावान्निर्विषयज्ञानासंभवाच्च कल्पनीयेऽवश्यं विषये गत्यन्तराभावान्मनोमयं किञ्चिद्वस्त्वङ्गीक्रियतां नाम । परं तु जाग्रन्मानेन जाग्रत्कालिकव्यावहारिकप्रत्यक्षादिप्रमाणेन मेयस्य प्रमेयस्य विषयसम्बन्धानुसारं बहिर्विद्यमानस्याभ्युपेयतया न मनोमयता संभवति । मनोमयवस्तुकल्पना नावश्यकी । बाह्यस्य वस्तुनः स्वतस्सिद्धौ का वास्ति कल्पनावश्यकतेति शङ्काग्रन्थसारः।।

बिना सिद्ध नहीं होता है । अतः उनके द्वारा ज्ञेय स्त्री अत्यन्त विलक्षण है, ऐसा जानना चाहिये । ज्ञेय मांसमयी स्त्री में भेद नहीं है, ऐसा भ्रम नहीं करना चाहिये क्योंकि स्वरूप से वह अज्ञेय है । तदाकाराकारित चित्तवृत्ति ही ज्ञेय है क्योंकि उसी चित्तवृत्ति का चैतन्य में प्रतिफलन संभव है । चैतन्य का प्रतिफलन ही ज्ञान है । अतः तदाकाराकरित मनोमयी चित्तवृत्ति रूप ही जीव की उपभोग्या है । भाव यह है कि चित्तवृत्तियों के नानात्व के कारण भोग्य स्त्री का भी नानात्व अवश्य ही सिद्ध होता है ।

प्रमास्थल में मनःकल्पित का भान कैसे हो सकता है? इस शंका का निरूपण करते हैं।

अर्थ - (पूर्वपक्षी) भ्रान्ति, स्वप्न, मनोराज्य और स्मृति में प्रतीयमान वस्तु भले ही मनोमय होवें, किन्तु जाग्रत् अवस्था में प्रत्यक्षादि प्रमाण के द्वारा प्रमेय की मनोमयता नहीं है । यदि ऐसी आशंका हो तो (इसका अन्वय अगले श्लोक से है)।२६।

व्याख्या - ग्रन्थकार शंका प्रस्तुत कर कहते हैं कि भ्रान्ति आदि में जहाँ बाह्य वस्तु नहीं है, वहाँ पर प्रतीयमान वस्तु का मनोमय भले ही हो किन्तु जाग्रत् अवस्था में बाह्य पदार्थ का स्पष्ट रूप से भान होता है, अतः वहाँ मनोमयत्व का होना कैसे संभव है ? इस आशय से शंका प्रस्तुत करते हैं । भ्रान्ति, स्वप्न आदि भले ही मनोमय होवें अर्थात् उन-उन विशिष्ट विषयों में मन से कल्पित स्त्री आदि वस्तु भले ही हो । उन विषयों में बाह्य वस्तु के अभाव के कारण विषय के न रहने से निर्विषय ज्ञान होना संभव नहीं है अतः विषयोपलब्धि के लिए मनोमय वस्तु का अंगीकार भले ही कर लो । किन्तु जाग्रत् अवस्था में व्यवहारिक प्रत्यक्षादि प्रमाण के द्वारा स्पष्ट रूप से प्रतीत होने वाली वस्तु (प्रमेय) का मनोमयत्व नहीं हो सकता अर्थात् उसमें मनोमयत्व की कल्पना करना आवश्यक नहीं है । बाह्य स्थित वस्तु तो स्वतः सिद्ध है, उसके विषय में कल्पना करने की क्या आवश्यकता है ? यदि ऐसी आशंका हो तो (यह श्लोक अगले श्लोक से सम्बन्धित है ।)

प्रमास्थलेऽपि प्रमित्याख्यं मनोमयं वस्त्ववश्यमङ्गीकार्यमिति सिद्धान्तप्रदर्शनम् –

बाढं माने तु मेयेन योगात्स्याद्विषयाकृतिः ।
भाष्यवार्तिककाराभ्यामयमर्थ उदीरितः ॥ २७ ॥

अन्वयः – बाढम् । माने विषयाऽऽकृतिः तु मेयेन योगात् स्यात् । भाष्यवार्तिककाराभ्याम् अयम् अर्थः उदीरितः ।

व्याख्या :– व्यावहारिकप्रमाणप्रमेयस्थलेऽपि प्रमित्याह्वयं मनोमयं चान्यद्वस्तु वर्तत इत्यवश्य-मभ्युपेयम् । यदि नाभ्युपेयतेऽन्तःकरणवृत्त्यवच्छिन्नचैतन्यस्यालोकसहकृतचक्षुर्द्वारा प्रमाणपदवाच्यस्य घटपटादिज्ञेयपदार्थदेशपर्यन्तमागतत्त्वात्प्रमेयपदवाच्या विज्ञातघटावच्छिन्नचैतन्याकारतारूपिणीं प्रमितिं विना देहव्याप्यन्तःकरणभागावच्छिन्नप्रमा स्वाश्रितमज्ञानं नैव नश्येदिति हेतोर्मनोमयं वस्त्वङ्गीकार्यम् । बाढं पूर्वपक्षिणो वचस्सत्यमेव । माने प्रमाणेऽन्तःकरणवृत्तौ मेयेन प्रमेयेन विषयेण चक्षुरादीन्द्रियद्वारान्तः-करणस्य योगात्संयोगाद्विषयाकृतिर्विषयाणां प्रमेयपदार्थानामाकृतिर्भवेत् । नायं वादः केवलं प्रौढ्या-स्माभिरेवेक्तो न स्वकपोलकल्पितः । किन्त्वयमर्थो भाष्यवार्तिककाराभ्यामप्युदीरितः । "सूत्रार्थो वर्ण्यते यत्र पदैस्सूत्रानुसारिभिः । स्वपदानि च वर्ण्यन्ते भाष्यं भाष्यविदो विदु"रित्याद्युक्तलक्षणोपेतमुप-निषद्गीताशारीरकन्यायमीमांसेतिप्रस्थानत्रयमधिकृत्य यच्छङ्करपादैर्भाषितं भाष्यं तत्कर्तारो भगवत्पूज्यपादा एव प्रकृते भाष्यकारपदवाच्यास्तथा तेषां भाष्याणां वृत्तिरूपं ग्रन्थं परमगम्भीरं प्रणीय वार्तिककारचरणा इति लब्धप्रतिष्ठाश्श्रीसुरेश्वराचार्या एव प्रकृते तत्पदवाच्या इति ताभ्यामुभाभ्यां स्वस्वग्रन्थेष्वप्ययं

शंका को एकांश से अंगीकार करके उसका परिहार करते हैं ।

अर्थ – (पूर्वोक्त कथन) सत्य है (कि प्रमा स्थल में बाह्य वस्तु की सत्ता होती है) किन्तु प्रमाणजन्य ज्ञान में विषय का आकार तो प्रमेय वस्तु के साथ सम्बन्ध से ही होता है । यह अर्थ भाष्यकार (भगवान् आद्यशंकराचार्य) और वार्तिककार (श्रीसुरेश्वराचार्य) के द्वारा कहा गया है ।२७।

व्याख्या – सिद्धान्ती पूर्वपक्षी की शंका को एकांश में अंगीकार करते हुए कहते हैं कि आपने जो कहा कि प्रमास्थल में बाह्य वस्तु की सत्ता होती है । यह सत्य है, अतः इस बात को हम स्वीकार करते हैं किन्तु हम उस विषय को मनोमय कहते हैं । उसका कारण यह है कि प्रमाणजन्य ज्ञान में घटादि विषय का जो आकार है, वह प्रमेय घटादि वस्तु के सम्बन्ध से ही होता है । भाव यह है कि उस प्रमाणजन्य घटादि विषयाकारता को ही हम मनोमय वस्तु कहते हैं । अन्तःकरण की वृत्ति (प्रमाण) में विषय (प्रमेय) के द्वारा अन्तःकरण के संयोग से घटादि विषयों की विषयाकृति होती है । इसी अर्थ को भाष्यकार और वार्तिककार ने कहा है ।

सूत्रार्थो वर्ण्यते यत्र वाक्यैः सूत्रानुकारिभिः ।
स्वपदानि च वर्ण्यन्ते भाष्यं भाष्यविदो विदुः ।।

इस भाष्य के लक्षणों से युक्त उपनिषद्, गीता और ब्रह्मसूत्र (प्रस्थानत्रयी) को आधार बनाकर आद्यशंकराचार्य जी ने उन पर भाष्य की रचना की है । अतः लोक में वे भाष्यकार के रूप में प्रसिद्ध हैं तथा उनके भाष्य पर वृत्ति रूप परम गम्भीर ग्रन्थ की रचना करने वाले श्रीसुरेश्वराचार्य जी को वार्तिककार के रूप में जाना जाता है । इन दोनों महानुभावों के द्वारा उक्त अर्थ का पूर्ण समर्थन किया गया है । भाव यह है कि उक्तार्थ केवल कपोलकल्पित नहीं है किन्तु वेदान्तदर्शन के सर्वोच्च आचार्यों

विषयस्स्पष्टमुपदिष्ट एवेति क्षुण्णः पन्था इति दिक् ।।

प्रकृतार्थोपष्टम्भनायोपदेशसाहस्रीस्थवचनद्वयोदाहरणम् -

मूषासिक्तं यथा ताम्रं तन्निभं जायते तथा ।
रूपादीन्व्याप्नुयाच्चित्तं तन्निभं दृश्यते ध्रुवम् ।। २८ ।।
व्यञ्जको वा यथाऽऽलोको व्यङ्ग्यस्याकारतामियात् ।
सर्वार्थव्यञ्जकत्त्वाद्धीरर्थाकारा प्रदृश्यते ।। २९ ।।

अन्वयः - यथा ताम्रं मूषासिक्तं तन्निभं जायते । तथा रूपादीन् व्याप्नुवत् चित्तं ध्रुवं तन्निभं दृश्यते। यथा वा व्यञ्जकः आलोकः व्यङ्ग्यस्य आकारताम् इयात् । धीः सर्वार्थव्यञ्जकत्त्वात् अर्थाकारा प्रदृश्यते ।

व्याख्या :- बुद्धेरर्थाकारेण दृश्यमानत्त्वं दृष्टान्तेन स्पष्टयति यथा मूषासिक्तं मूषायां निषिक्तं परमप्रज्वलत्पावकसंयोगाद्द्रवीभूतं ताम्रादिलोहविकारं वस्तु मूषानिक्षिप्तं सत्तन्निभं मूषासमानाकारं जायते । मूषा नाम धातुमूर्तिप्रतिमादिविरचनायाकारविशिष्टो मृत्तिकाभिस्संलेपितो वस्तुविशेषः। तत्र निषेचितं सत्तदाकारतां भजते । तथैव बाह्यान्रूपादिविषयान्व्याप्नुवच्चित्तमिन्द्रियगोलकादिद्वारा विषयदेश-संस्पृष्टं सत्तन्निभं संव्याप्तवस्तुसदृशं तदपि ध्रुवं निश्चयं दृश्यते समुपलभ्यते । दत्तेऽस्मिन्दृष्टान्ते प्रथमं ताम्रादिधातूनां प्रकृष्टाग्निसम्बन्धेन द्रवीभावस्ततो मूषानिषिक्तस्य कठिनमूषाभिघातेन शैत्यापत्तौ तदाकारतापत्तिरिति

के द्वारा भी स्वीकार किया गया है।

भाष्यकार ने उक्तार्थ का कहाँ पर समर्थन किया है ? ऐसी जिज्ञासा होने पर आद्यशंकराचार्य रचित उपदेशसाहस्री नामक ग्रन्थ का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - जैसे साँचे में डाला गया (पिघला हुआ) तांबा तद्रूप (ताम्ररूप) हो जात है, उसी प्रकार रूपादि विषयों में व्याप्त हुआ चित्त अवश्य ही तादाकाराकारित हुआ देखा जाता है ।२८।

व्याख्या - यह श्लोक उपदेशसाहस्री के चतुर्दश स्वप्नस्मृति नामक प्रकरण का तीसरा श्लोक है। जैसे मूषासिक्त अग्नि से द्रवीभूत ताम्र तद्रूप अर्थात् मूषाकाराकारित हो जाता है, उसी प्रकार बाह्य रूप, रस आदि विषयों को व्याप्त करता हुआ अर्थात् इन्द्रियों के द्वारा विषयों को व्याप्त करता हुआ चित्त व्याप्त वस्तु के समान हो जाता है । श्लोक में '**ध्रुवं**' शब्द का तात्पर्य है कि चित्त अवश्य ही तद्रूप हो जाता है । ऐसा '**दृश्यते**' देखा जाता है अर्थात् प्रतीत होता है । (मूर्ति आदि बनाने के लिये ताम्र आदि धातुओं को अग्नि के द्वारा पीघलाकर जिस वस्तुविशेष में डाला जाता है, उसे मूषा कहते हैं । ताम्रादि धातु अग्निसंपर्क से द्रवीभूत हो जाने के कारण मूषा में आसानी से डाली जा सकती है । और कुछ समय बाद उसका द्रवीभाव समाप्त होने पर वह ताम्रादि धातु मूषा के आकार की धनीभूत मूर्ति आदि के रूप में परिणत हो जाती है)

अग्निसंयोग से द्रवीभूत ताम्र मूषादि संयोग से जब धनीभूत हो जाता है तब वह

दृष्टान्ते स्थितिः । परं दार्ष्टान्तिके न हि कस्यापि संयोगादमूर्तचित्तस्य द्रवीभावो, न वा विषयसम्पर्कात्काठिन्यं न च तदाकारितेत्यपेक्षितांशानामभावात्कथमेतदुदाहरणमित्यसन्तुष्टहृदयं जनं तोषयितुं भगवानाचार्यो दयया दृष्टान्तान्तरं प्रदर्शयति – यथा वा व्यञ्जकोऽभिद्योतक आलोकः प्रकाशो रविदीपादीनां स व्यङ्ग्यस्य प्रकाश्यस्य घटपटादेराकारतामियात्तथैव धीरपि सर्वार्थव्यञ्जकत्त्वान्निखिलवस्तुप्रकाशकत्त्वादालोकदृष्टान्ते–नार्थाकारार्थस्य विषयस्याकार इवाकारो यस्यास्सा बुद्धिरेवं प्रदृश्यते स्पष्टमुपलभ्यते ।।

चित्तस्य विषयाकारतायां वार्तिककारवचनोदाहरणम् –

मातुर्मानाभिनिष्पत्तिर्निष्पन्नं मेयमेति तत् ।
मेयाभिसङ्गतन्तच्च मेयाभत्त्वं प्रपद्यते ॥ ३० ॥

अन्वयः – मातुः मानाभिनिष्पत्तिः (भवति) निष्पन्नं तत् मेयम् एति च । तते मेयाभिसङ्गतं मेयाऽऽभत्त्वं प्रपद्यते ।

व्याख्या :– मातुस्साधिष्ठानधीनिष्ठचिदाभासात्प्रमातुस्सकाशान्मानाभिनिष्पत्तिर्मानस्य साभासान्तः–करणवृत्तेः प्रमाणस्याभिनिष्पत्तिर्जननं भवति । निष्पन्नं सञ्जातं तद्वृत्त्यात्मकमन्तःकरण–चक्षुरादीन्द्रियगोलकद्वारा मेयं बाह्यं घटपटादिप्रमेयवस्तुरूपमेति सम्प्राप्नोति। इतोऽपि तत्प्रमाणं मेयाभिसङ्गतं

मूषाकाराकारित हो जाता है, यह तो देखा गया है किन्तु मनोवृत्ति का वैसा द्रवीभाव देखा नहीं जाता और न ही विषयों के सम्बन्ध से उसमें काठिन्य देखा जाता है । अतः तदाकाराकारित रूप से आपने जो दृष्टान्त दिया है, वह कैसे सिद्ध हो सकता है ? इस शंका का निवारण करने के लिए भाष्यकार का दूसरा दृष्टान्त प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ – अथवा जैसे पदार्थ को व्यक्त करने वाला प्रकाश अपने प्रकाश्य के आकार का हो जाता है, वैसे ही सम्पूर्ण वस्तुओं को अभिव्यक्त करने वाली होने के कारण बुद्धि भी उन–उन वस्तु के आकार वाली होती देखी जाती है।२९।

व्याख्या – यह श्लोक उपदेशसाहस्री के पूर्व श्लोक के तुरन्त बाद में कहा गया है, इसलिये श्लोक में **'वा'** शब्द अथवा के लिए है । भाव यह है कि पूर्वश्लोक में मूषासिक्त ताम्र के दृष्टान्त में यदि शंका हो, तो उसका निवारण इस श्लोक से करते हैं । जैसे व्यक्त करने वाला सूर्य अथवा दीपकादि का प्रकाश अपने व्यंग्य (अभिव्यक्त का) अर्थात् घटादि प्रकाश्य के आकार का हो जाता है (तदाकाराकारित हो जाता है), वैसे ही सम्पूर्ण वस्तुओं को अभिव्यक्त करने वाली होने के कारण बुद्धि भी उन–उन पदार्थों के आकार वाली होती देखी जाती है ।

इस प्रकार भाष्यकार की सम्मति प्रदर्शित कर अब वार्तिककार श्रीसुरेश्वराचार्य जी की सम्मति दर्शाते हैं ।

अर्थ – प्रमाता से प्रमाण की उत्पत्ति होती है । उत्पन्न हुआ वह प्रमाण प्रमेय को प्राप्त होता है । और वह प्रमाण प्रमेय के संसर्ग से प्रमेय के समान आकार को ही प्राप्त होता है ।३०।

मेयेन घटादिना प्रमेयेण साकमभिसङ्गतं सम्बद्धं सदन्तःकरणं मेयाभत्त्वं मेयस्य प्रमेयस्याभेव रूपमिवाभा यस्य तस्य भावं प्रमेयवस्तुसमानाकारतां प्रपद्यतेऽवाप्नोति । तथा चान्तःकरणं विषयसम्बद्धं सत्तदाकाराकारितं भवतीति भावः । चिदाभासाग्निप्रज्वलनोज्ज्वलितान्तःकरणवृत्तिरिन्द्रियादिगोलकद्वारा प्रमेयं प्रत्येत्य तदाकारतां भजत इति दिक् ।।

प्रमेयगतरूपद्वयनिगमनम् -

सत्येवं विषयौ द्वौ स्तो घटौ मृन्मयधीमयौ ।
मृन्मयो मानमेयः स्यात्साक्षिभास्यस्तु धीमयः ॥ ३१ ॥

अन्वयः - एवं सति मृन्मयधीमयौ घटौ विषयौ द्वौ स्तः। मृन्मयः मानमेयः । धीमयः तु साक्षिभास्य स्यात् ।

व्याख्या :- यदि पूर्वमुपपादितप्रणाड्या घटादिप्रमेयेषु रूपद्वयं भवेदपि यथा मृन्मयो घटो मनसा गृह्यते तथैव धीमयोऽपीति ग्राहकवस्त्वन्तराभावान्नेदं प्रमाणसिद्धमिति मन्वानं प्रति वदति ग्राहकान्तरमस्त्येवेति नासिद्धिः । तथा हि एवं सति प्रमेयौ पदार्थौ विषयौ घटौ मृन्मयस्स्वरूपतो धीमयो भोग्यत्त्वाकार इति द्वौ स्तस्तयोर्मृन्मयो मृदात्मको घटो मानमेयः प्रमाणेनान्तःकरणेन मेयो ज्ञेयः प्रमेयः । योऽन्यो धीमयो घटस्स साक्षिभास्य इति विवेक इति शम् ।।

व्याख्या - मानसोल्लास (३/६) में श्रीसुरेश्वराचार्य जी कहते हैं कि प्रमाता से अर्थात् साधिष्ठान बुद्धिगत चिदाभास से प्रमाण की अर्थात् अन्तःकरण की वृत्ति की उत्पत्ति होती है । इस प्रकार उत्पन्न हुआ वृत्यात्मक अन्तःकरण चक्षुरादि इन्द्रियों के द्वारा प्रमेय को अर्थात् बाह्य घट-पट आदि प्रमेय वस्तुरूपता को प्राप्त होता है, यानी कि उनके साथ सम्बद्ध हो जाता है । प्रमेय अर्थात् ज्ञेयवस्तु के साथ संबद्ध (संसर्ग) होने से वह अन्तःकरण की वृत्ति रूप प्रमाण '**मेयाभत्वं**' अर्थात् ज्ञेयवस्तु के आकार का हो जाता है । "***मेयस्य प्रमेयस्य आभा इव रूपमिव आभा यस्य तत् तस्य भावं मेयाभत्वं***" अर्थात् प्रमेय (ज्ञेयवस्तु) की आभा (रूप) के समान जिसकी आभा है, उसको मेयाभत्वं शब्द से कहा गया है । भाव यह है कि प्रमाण प्रमेय रूप से परिणत हो जाता है अर्थात् चिदाभास से उज्ज्वलित अन्तःकरण की वृत्ति चक्षुरादि गोलकों के द्वारा ज्ञेयवस्तु के संसर्ग से तदाकाराकारित हो जाती है ।

अब फलितार्थ को कहते हैं ।

अर्थ - ऐसा होने से, विषय दो होते हैं - एक मृन्मय घट और दूसरा धीमय घट (मनोमय घट) । मृन्मय घट प्रमाण का विषय होता है और धीमय घट तो साक्षी चैतन्य से जाना जाता है ।३१।

व्याख्या - '**सत्येवं**' अर्थात् ऐसा होने के कारण घट रूप विषय दो होंगे। वे दो कौन होंगे ? तो कहते हैं कि एक मृन्मय अर्थात् मिट्टीवाला घट और दूसरा धीमय अर्थात् मनोमय घट । प्रथम मृन्मय घट अन्तःकरण से ज्ञेय अर्थात् ग्राह्य है और दूसरा मनोमय घट साक्षी चैतन्य से जाना जाता है ।

जीवसृष्टद्वैतस्य हेयत्त्वप्रदर्शनम् –

अन्वयव्यतिरेकाभ्यां धीमयो जीवबन्धकृत् ।
सत्यस्मिन्सुखदुःखे स्तस्तस्मिन्नसति न द्वयम् ॥ ३२ ॥

अन्वयः – अन्वयव्यतिरेकाभ्यां धीमयः जीवबन्धकृत् । अस्मिन् सति सुखदुःखे स्तः । असति तस्मिन् न द्वयम् ।

व्याख्या :– धीमयस्य सर्वस्यापि जगतो भ्रान्त्यादिकेवलं मनोमयत्त्वान्मायिकत्वादुःखमयमिति तदवश्यपरित्याज्यमित्याशयवानाह । धीमयो मनोमय एव । असति बाधके सर्वं वाक्यं सावधारणमिति नियमात् । जीवबन्धकृज्जीवस्य च बन्धहेतुत्त्वमन्वयव्यतिरेकाभ्यामवगम्यते । तावन्वयव्यतिरेकौ दन्दर्शयति । धीमयेऽस्मिन्विद्यमाने सति सुखदुःखे स्तः । तस्मिन्धीमयेऽस्मिन्विद्यमाने सति न द्वयं सुखदुःखे नैव स्त इति । धीमयविषयत्त्वे जाग्रत्स्वप्नयोर्विद्यते बन्धः । समाधिसुषुप्त्योस्तु धीमयविषयाभावाद्बन्धोऽपि नास्त्येवेति लोकेऽनुभूतचरावेव तावन्वयव्यतिरेकौ । वार्तिककारैस्तु सुषुप्तावपि बन्धसत्त्वमुक्तं यतोऽ"विद्यास्तमयो मोक्षस्सा च बन्ध उदाहृत" इत्यविद्याया एव बन्धकत्त्वोक्त्या सुषुप्तावपि मूलाविद्यायास्सत्त्वेन तत्राप्यङ्गीकृतेति वक्तव्यम् । तथा ज्ञानिनो जाग्रदादावपि मूलाविद्याया ज्ञानेन नाशन्नैव बन्धोऽस्तीत्युक्तावन्वयव्यतिरेकावयुक्ताविति न भ्रमितव्यम् । वास्तविकतथात्त्वेऽपि मूलाविद्याध्वंसोत्तरमपि सुखदुःखप्रदस्य मनोमयविषयद्वैतप्रपञ्चविलयस्यैव बन्धभावत्त्वेन विवक्षणात्। "जीवन्मुक्तेः परा काष्ठा जीवद्वैतविवर्जना"दिति वक्ष्यमाणत्त्वात्तदभावेऽविद्याध्वंसोत्तरमपि जीवन्मुक्त्यभावादित्याशयवानेव धीमयविषयसत्त्वे बन्धस्तदभावे तदभाव इत्यन्वयव्यतिरेकावोचदिति दिक् ।।

दो प्रकार की सृष्टि का वर्णन कर त्याज्य होने से जीवकृत मनोमय सृष्टि बन्धन में डालने वाली है, इसको अन्वय और व्यतिरेक के द्वारा बताते हैं ।

अर्थ – अन्वय और व्यतिरेक रूप युक्ति से जीव रचित मनोमय द्वैत ही जीव के बन्धन का कारण है । इसके रहने पर सुख और दुःख दोनों होते हैं और उसके न रहने पर दोनों ही नहीं होते हैं ।३२।

व्याख्या – सम्पूर्ण सृष्टि मायिक होने के कारण दुःखमय है, अतः उसका अवश्य ही त्याग करना चाहिये । इस आशय से कहते हैं कि धीमय अर्थात् मनोमय द्वैत ही जीव के बन्धन का कारण है । यह बात अन्वय और व्यतिरेक रूप युक्ति से सिद्ध होती है । वह अन्वय और व्यतिरेक क्या है ? तो कहते हैं कि इस मनोमय जीवसृष्टि (द्वैत) के रहने पर सुख और दुःख दोनों होते हैं, इसे अन्वय कहते हैं और इसके न रहने पर सुख और दुःख दोनों ही नहीं रहते हैं, इसे व्यतिरेक कहते हैं । जिसके रहने पर जो रहे, उसका अन्वय और जिसके न रहने पर जो न रहे, उसका व्यतिरेक होता हैं । प्रकृत में जीवसृष्ट मनोमय द्वैत के रहने पर ही सुख-दुःख होते हैं, अतः उसका अन्वय है और उसके अभाव में सुख-दुःख भी नहीं होते अतः उससे व्यतिरेक है । इस तरह अन्वय और व्यतिरेक रूपी युक्ति से जीव के बन्धन का कारण मनोमय जगत् ही है ।

बाह्यान्वयव्यतिरेकविघटनम् –

असत्यपि च बाह्यार्थे स्वप्नादौ बध्यते नरः ।
समाधिसुप्तिमूर्च्छासु सत्यप्यस्मिन्न बध्यते ॥ ३३ ॥

अन्वयः – नरः स्वप्नादौ बाह्यार्थे च असति अपि बाध्यते । समाधिसुषुप्तिमुर्च्छासु अस्मिन् (बाह्यार्थे) सति अपि न बाध्यते ।

व्याख्या :– स्वप्नादौ स्वप्नस्मृत्यादिसमये बाह्येऽर्थेऽनुकूलविषये योषिदादौ प्रतिकूलविषये व्याघ्रादौ चैवं स्थिते वस्तुतः पारमार्थिके विषयेऽसत्यपि मरुमरीचिकादिवदविद्यमानेऽपि नरस्तदुपलक्षितस्सर्वोऽपि जीवो बध्यते सुखदुःखादिचिन्तयत्यनुभवति च । अनेन प्रदर्शितं व्यतिरेकस्य विघटनम् । समाधिसुप्तिमूर्च्छासु समाधिः वशीकृतान्तःकरणस्य निवातदीपवन्निश्चला मनसः स्थितिः । सुप्तिस्सुषुप्तिस्सर्वेषामिन्द्रियाणामन्तःकरणस्य च लयावस्था । मूर्च्छा चित्तस्य जडीभूतावस्था। तास्ववस्थासु बाह्यार्थेऽस्मिन्धीमये विषये सत्यपि न बध्यते । न तत्प्रयुक्तसुखदुःखे विचिन्तयति। अनेनान्वयस्य विघटनमुक्तम् । अतस्तद्विषयावन्वयव्यतिरेकौ विघटितत्त्वान्नैव स्तः । तस्माद्बन्धस्य बाह्येनान्वयव्यतिरेकयोरसंभवान्न बाह्यस्य बन्धकत्त्वमिति शम् ।।

उक्त अन्वय-व्यतिरेक बाह्य विषयों में क्यों नहीं होंगे ? इस शंका का उत्तर देते हैं।

अर्थ – स्वप्नादि में बाह्य विषय न होने पर भी मनुष्य बँधता है परन्तु समाधि, सुषुप्ति और मूर्च्छा की अवस्था में बाह्य विषय रहने पर भी उसमें नहीं बँधता है ।३३।

व्याख्या – स्वप्न, स्मृति आदि अवस्थाओं में मनुष्य को अनुकूल और प्रतिकूल दोनों प्रकार की विषयोपलब्धि होती है । स्त्री, धन आदि अनुकूल विषयोपलब्धि होने पर सुख तथा व्याघ्र, रोग आदि प्रतिकूल विषयोपलब्धि होने पर दुःख होता है । परमार्थ रूप से वे बाह्य विषय सत्य नहीं हैं, वे तो मरुमरीचिका के समान मिथ्या हैं तथापि नर उनसे बँधता है । अर्थात् नरोपलक्षित समस्त जीव बँधन का अनुभव करते हैं । सुख और दुःख का चिन्तन और अनुभव करते हैं । इस प्रकार व्यतिरेक का विघटन प्रदर्शित किया गया है । तथा समाधि, सुषुप्ति और मूर्च्छा की अवस्था में बाह्य विषय रहने पर भी मनुष्य उसमें नहीं बँधता है । वश में किये हुए अन्तःकरण की वायुरहित स्थान पर रखे हुए दीपक के समान निश्चल स्थिति को समाधि कहते हैं । समस्त इन्द्रियाँ और अन्तःकरण का भी जब लय हो जाता है, उसे सुषुप्ति कहते हैं । तथा चित्त की जड़ीभूता अवस्था को मूर्च्छा कहते हैं । इन समाधि आदि अवस्थाओं में धीमय बाह्य विषय होने पर भी मनुष्य नहीं बँधता है अर्थात् इन अवस्थाओं में सुख और दुःख का अनुभव नहीं करता है । इस प्रकार अन्वय का विघटन प्रदर्शित किया गया है । भाव यह है कि मनोमय के रहते सुख और दुःख का सद्भाव तथा उसके अभाव में सुख और दुःख भी नहीं होते हैं । स्वप्नादि में सुख-दुःख का अनुभव रूप बन्धन विषयाभाव में भी होता है किन्तु समाधि आदि में बाह्य विषय के रहने पर भी मनुष्य सुख और दुःख रूपी बन्धन से मुक्त रहता है । अतः बन्धन का बाह्य विषयों के साथ अन्वय और व्यतिरेक होना संभव न होने से बाह्य का बन्धकत्व सिद्ध नहीं होता है ।

मनोमयप्रपञ्चस्य बन्धकारणत्त्वेऽन्वयव्यतिरेकयोः प्रदर्शनम् -

दूरदेशङ्गते पुत्रे जीवत्येवात्र तत्पिता ।
विप्रलम्भकवाक्येन मृतं मत्त्वा प्ररोदिति ॥ ३४ ॥
मृतेऽपि तस्मिन्वार्तायामश्रुतायान्न रोदिति ।
अतस्सर्वस्य जीवस्य बन्धकृन्मानसं जगत् ॥ ३५ ॥

अन्वयः - दूरदेशं गते पुत्रे जीवति एव अत्र तत्पिता विप्रलम्भकवाक्येन मृतं मत्त्वा प्ररोदिति। तस्मिन् मृते अपि वार्तायाम् अश्रुतायां न रोदिति । अतः सर्वस्य जीवस्य मानसं जगत् बन्धकृत् ।

व्याख्या :- विप्रलम्भकवाक्येन वञ्चकपुरुषोदितेन वचनेन "तव पुत्रो मृत" इत्यादिमिथ्याभूतेन देशान्तरं गते पुत्रे वस्तुतो जीवत्यपि सति तत्पितात्र स्वगृहे स्थितस्सन्नैव स्वपुत्रं मृतं मनसा कल्पयित्त्वा

मनोमय प्रपञ्च ही बन्धन का कारण है, ऐसा कहने के बाद अब अन्वय और व्यतिरेक को दृष्टान्त पूर्वक स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - दूरदेश में गये हुए पुत्र के जीवित होने पर भी यहाँ उसका पिता ठग पुरुष के वचन से उसे मृत मानकर रुदन करता है । और उसके (दूरदेशस्थ पुत्र के) मर जाने पर भी उसकी मृत्यु का समाचार न सुनने पर वह नहीं रोता है । अतः मनोकल्पित जगत् ही समस्त जीवों के बन्धन का कारण है । ३४-३५।

व्याख्या - परदेश में गये हुए पुत्र के जीवित होने पर भी यदि कोई वंचक पुरुष उसके पिता को यह कह दे कि तुम्हारा पुत्र मर गया है । तब उस ठग पुरुष के वचनों को सत्य मानकर उसका पिता अपने पुत्र को मृत मानकर उसके पीछे बहुत शोक करता हुआ अत्यन्त करुणक्रन्दन करता है । तथा दूरदेश में गये हुए पुत्र की मृत्यु हो जाने पर भी जब तक पिता उसकी मृत्यु का समाचार नहीं सुन लेता तब तक वह न तो दुःखी होता है और न रोता ही है । अतः जीवकृत सुख-दुःख रूप यह मनोमय जगत् ही समस्त जीवों के बन्धन का कारण है।

एक गाँव से दो व्यक्ति धन कमाने के लिये परदेश गये । वहाँ दोनों ने खूब धन कमाया । दोनों में से एक ने वहीं पर विवाह कर लिया और उसे एक पुत्र प्राप्त हुआ । उसी समय दोनों में से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी। दूसरा व्यक्ति अपने पुत्र को लेकर गाँव लौट रहा था, उसने अपने आगमन की सूचना पहले ही भिजवा दी । किन्तु किसी ठग व्यक्ति ने जिसको पुत्र प्राप्त हुआ था और बहुत धन भी कमाया था, उसके घर जाकर कह दिया कि आपका पुत्र मर गया है तथा जिसका पुत्र मर गया था उसके घर जाकर कह दिया कि आपका पुत्र बहुत धन कमाकर वापस आ रहा है । इसका परिणाम यह हुआ कि जिसका पुत्र मर गया था, वहाँ उत्सव मनाया जाने लगा और जिसका पुत्र सकुशल धन लेकर लौट रहा था, उसके घर में शोक मनाया जाने लगा । ये दोनों सुख और दुख ईश्वर सृष्टि के नहीं थे, किन्तु वंचकपुरुषवाक्यजन्य थे अर्थात् जीवसृष्टि से उत्पन्न हुए थे । उसी प्रकार प्रकृत में ग्रन्थकार दृष्टान्त देते हैं कि पुत्र की मृत्यु न होने पर भी वंचक पुरुष के वाक्य से उसे मृत मानकर पिता रुदन करता है और यदि उसका पुत्र मर भी जाए किन्तु जब तक वह उसकी मृत्यु का समाचार नहीं सुन लेता तब तक शोक नहीं करता । भाव यह है कि पुत्र का मरना अथवा न मरना रुदन अथवा अरुदन का कारण नहीं था। किन्तु पुत्र मृत्यु के समाचार और उसके अभाव से युक्त जो मन की वृत्ति है, वही रुदन का कारण है

प्रकर्षेण सशिरस्ताडमुच्चै रोदिति । तस्मिन्पुत्रे तत्र देशान्तर एव वस्तुतो मृतेऽपि वार्तायां तत्पुत्रमरणवार्तायामश्रुतायां सत्यां नैव रोदिति । पुत्रस्य मृतत्त्वतदभावौ रोदनरोदनाभावयोर्न कारणे किन्तु मृतत्त्वतदभावाकाराकारितमनोवृत्ती एव । तस्मान्मानसिकसत्ताविशिष्टयोरेव कारणत्त्वमिति स्फुटमवगम्यते । अतो मानसं मनःकल्पितमेव जगत्सर्वस्य जीवस्य सुरनरतिर्यगादिभेदभिन्नस्य बन्धकृद्बन्धकारणम् नान्यत्किमपीति दिक् ।।

विज्ञानवादनिराकरणम् –

विज्ञानवादो बाह्यार्थवैयर्थ्यात्स्यादिहेति चेत् ।
न हृद्याकारमाधातुं बाह्यस्यापेक्षितत्त्वतः ।। ३६ ।।

अन्वयः – बाह्यार्थे वैयर्थ्यात् इह विज्ञानवादः स्यात् इति चेत् ? न हृदि आकारम् आधातुं बाह्यस्य अपेक्षितत्त्वतः ।

व्याख्या :– धीमयस्यैव प्रपञ्चस्य जीवबन्धकृत्त्वाङ्गीकारे बाह्यार्थापलापप्रसङ्गादपसिद्धान्त आपतेदिति प्रथममाशङ्क्य परिहरति । इहा"तस्सर्वस्य जीवस्य बन्धकृन्मानसं जग"दिति राद्धान्ते स्वीकृते बाह्यार्थवैयर्थ्याद्बाह्यार्थस्य बन्धेऽपेक्षाभावादधुनोदितं सर्वं विज्ञानवाद एव भवेदिति न वाच्यम्। यत हृद्यन्तःकरणे बाह्यानां पदार्थानामाकारमाधातुं निक्षेप्तुं चित्तस्य बाह्यविषयाकाराकारितत्त्वाय बाह्यस्य वस्तुनोऽपेक्षितत्त्वतोऽपेक्षणान्न विज्ञानवादिनो वयमिति भावः । यद्यपि बन्धहेतुता

अर्थात् पिता जीवित पुत्र को मृत मानकर तदाकारित मनोवृत्ति होने पर रोता है और पुत्र की मृत्यु होने पर भी उसको न जानकर पुत्र को जीवित मानकर तदनुरूप मनोवृत्ति के कारण दुःखी होकर रुदन नहीं करता है । अतः मानसिक वृत्ति को ही मुख्य कारण जानना चाहिये । इसलिये कहा कि मनोकल्पित जगत् ही सुर, नर, तिर्यक् आदि भेदों से भिन्न समस्त जीवों के बन्धन का कारण है । श्रुति में भी कहा है कि "***मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः***"।

विज्ञानवाद का निराकरण करते हैं ।

अर्थ – बाह्य जगत् निरर्थक होने के कारण प्रकृत में बोद्धों का विज्ञानवाद प्राप्त होगा, यदि ऐसा कहें तो यह ठीक नहीं है क्योंकि मन में आकार धारण करने के लिये बाह्य प्रपञ्च की अपेक्षा है ।३६।

व्याख्या – मनोमय प्रपञ्च को ही जीव के बन्धन का कारण यदि मानोगे तो बाह्यार्थ के अपलाप का प्रसंग प्राप्त होने से अपसिद्धान्त नामक दोष होगा । "***सर्वस्य जीवस्य बन्धकृन्मानसं जगत्***" इस सिद्धान्त के अनुसार सम्पूर्ण बाह्य विषयों की अपेक्षा ही नहीं रहेगी, अतः आपके द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्त बौद्धों के विज्ञानवाद का ही समर्थन करता है । यदि ऐसा कहें तो, यह कथन ठीक नहीं है क्योंकि मन में आकार धारण करने के लिये बाह्य पदार्थ की अपेक्षा अवश्य ही है । बाह्य पदार्थ को देखे बिना तदाकाराकारित वृत्ति नहीं हो सकती। अतः मनोवृत्ति बाह्य पदार्थ सापेक्ष है । भाव यह है कि मनोवृत्ति बाह्य पदार्थ सापेक्ष होने के कारण हमारे सिद्धान्त में बोद्धों के विज्ञानवाद की शंका नहीं करनी चाहिये । यद्यपि बन्धन का कारण मानस प्रपञ्च ही है तथापि उसके कारण के रूप में बाह्यार्थ का भी स्वीकार करने से हमारे (वेदान्त) सिद्धान्त और बौद्धों के विज्ञानवाद में समानता नहीं है । बाह्य आकार के बिना

मानसप्रपञ्चस्यैव। तथापि तत्कारणतया बाह्यार्थस्यापि स्वीकृतत्त्वान्न विज्ञानवादसाम्यम् । बाह्याकारं विनाऽन्तःकरणस्य तदाकाराकारितत्त्वासंभवाद्बाह्यस्य सत्तास्माभिरङ्गीकृतेति विज्ञानवादिभ्यो वैलक्षण्यम् ।

अत्र विज्ञानवादपरिचयार्थं किञ्चित्प्रस्तूयते । बौद्धानामचार्येष्वन्यतमो बुद्ध''स्सर्वं क्षणिकं क्षणिकं, दुःखं दुःखं, स्वलक्षणं स्वलक्षणं, शून्यं शून्य''मित्याद्युपदिदेश । तेषां मर्यादया क्षणिकास्सर्वे पदार्थाः । द्वितीयक्षणे स्थित्यभावात् । संसारस्य सर्वस्यापि दुःखात्मकत्त्वाद्धेयतामपीच्छन्ति । तदैव मुमुक्षुप्रवृत्युपपत्तेः स्वीयेनासाधारणेन लक्षणेन सर्वे पदार्था लक्ष्यन्त इति सर्वं स्वलक्षणम् । न हि साधारणं लक्षणं तेषामस्ति । तेषां वस्त्वन्तरसादृश्याभावेनानिर्वचनीयत्त्वाच्छून्यरूपता चेति । एकस्यापि बुद्धस्याचार्यस्योपदेशश्शिष्यबुद्धिभेदाद्भावनाभेदाच्च चतुर्धा प्रथितः । ते च शिष्याणां समया माध्यमिका योगाचाराः सौत्रान्तिकाः वैभाषिका इति । तेषु माध्यमिकस्सर्वशून्यवादी । बाह्यशून्यत्त्ववादी च योगाचारः । बाह्यार्थानुमेयत्त्ववादी सौत्रान्तिकः । वैभाषिकस्तु बाह्यार्थप्रत्यक्षत्त्ववादीति तेषामवान्तरभेदः। बाह्यशून्यत्ववादिनां योगाचाराणां विज्ञानैकस्कन्धवादस्तेषां मते स्कन्धशब्दः पदार्थबोधकः । एतैर्जगदान्ध्यप्रसक्तिभिया वेदा नाङ्गीक्रियन्ते। आत्मैव वेदनं, बाह्यं सर्वं वस्त्ववास्तवम् । अनुभवादन्योऽनुभाव्योऽनुभवितानुभवनं वा किञ्चिदस्ति। विज्ञानादन्यत्सर्वमवास्तवमेव । अन्तस्स्थमेव बुद्धिकल्पितेन रूपेण नीलाद्याकारत्त्वेन प्रमेयं, प्रमाणफलं तु प्रमेयप्रकाशात्मत्त्वेन । प्रमाणं च प्रमेयप्रकाशनशक्त्यात्मतया । प्रमाता हि शक्त्याश्रयत्त्वाकारेण एवं सर्वोऽपि व्यवहारः प्रमाणप्रमेयादि-भेदकल्पनेन । प्रमेयं तु बुद्धिस्थाकार एव न बाह्यं वस्तु । बाह्यार्थस्य बुद्ध्यारोपं विना प्रमाणादि-व्यवहारायोगात् । विज्ञानातिरिक्तो नास्त्येव कश्चन बाह्यार्थः । यदि स्यात्स किमुत्पन्नोऽनुत्पन्नोऽतीतो वा? उत्पन्नस्य क्षणिकत्त्वेन तदुत्तरक्षणेऽसत्त्वात् । उत्पत्तिसमकालं च ज्ञानस्य विषयो नैव भवति ।

अन्तःकरण तदाकाराकारित नहीं हो सकता है । बाह्यार्थ की सत्ता हमारे द्वारा अंगीकार की जाती है, यही विज्ञानवादियों से हमारी विलक्षणता है । बौद्धों के मतानुसार बुद्ध एक ही आचार्य हुए हैं, उनका उपदेश है - ''***सर्वं क्षणिकं क्षणिकं दुःखं दुःखं स्वलक्षणम् स्वलक्षणम् शून्यं शून्यमिति भावनाचतुष्टयमुपदिष्टं द्रष्टव्यं*** '' (सर्वदर्शनसंग्रहः) बौद्धों की परिभाषा के अनुसार सभी पदार्थ क्षणिक हैं क्योंकि द्वितीय क्षण में उनकी स्थिति का अभाव है अतः सर्वं क्षणिकं । समस्त संसार दुःखात्मक होने के कारण हेय है अतः सर्वं दुःखम् । सभी पदार्थ स्वयं के असाधारण रूप से लक्षित होते हैं, उनका साधारण लक्षण नहीं होता है अतः सर्वं स्वलक्षणम् । और वस्त्वन्तर सादृश्याभाव के कारण उनका अनिर्वचनीयत्व होने से उनकी शून्यरूपता है अतः सर्वं शून्यम्।

यद्यपि बुद्ध एक ही थे और उनका उपदेश भी एक ही था, किन्तु शिष्यों के बुद्धिभेद और कल्पनाभेद के कारण वह चार प्रकार का हो गया - माध्यमिक, योगाचार, सौत्रान्तिक और वैभाषिक । माध्यमिक सर्वशून्यत्ववादी हैं । योगाचार बाह्यशून्यत्ववादी हैं । सौत्रान्तिक बाह्यार्थानुमेयत्ववादी हैं और वैभाषिक बाह्यार्थ प्रत्यक्षत्ववादी हैं । उनमें शून्यत्ववादी योगाचार विज्ञानैकस्कन्धवादी के रूप में भी जाने जाते हैं । उनके मतानुसार स्कन्ध शब्द पदार्थवाची है । ये लोग वेदों को नहीं मानते हैं । विज्ञानवादी के अनुसार विज्ञान के सिवा सब कुछ अवास्तविक है । अतः विज्ञान के अतिरिक्त कोई बाह्य पदार्थ है ही नहीं,

कारणस्य कार्यानियतपूर्ववृत्तित्त्वनियमात् । अनुत्पन्न इत्यपि नैव वक्तुं शक्योऽविद्यमानस्यार्थस्य ज्ञानजनकत्त्वासहत्त्वात् । नाप्यतीतः । नष्टस्याविद्यमानत्त्वेन ज्ञानजनकत्त्वासंभवात्। इन्द्रियाणामपि ज्ञानसाधनत्त्वेन ज्ञानजनकत्त्वम् । बाह्यार्थो ज्ञानविषयो यदि भवति किमवयवी घट उतैकदेशः परमाणुर्वा । न परमाणुः तन्मात्रदर्शनेन घटो दृष्ट इति व्यवहाराभावात्। नापि घटः पूर्णस्य घटस्येन्द्रियसम्बन्धाभावात् । किञ्च घटः परमाणुभ्यो भिन्नोऽभिन्नो वा ? यदि भिन्नोऽत्यन्तवैलक्षण्यं यद्यभिन्नो घटस्य परमाणुमात्रतया स्थूलाकारेण भासनासंभवः । तस्माद्घटप्रत्ययो भ्रान्तिरेव । एवमन्यत्राप्यूह्यम्। तथा ज्ञानगतविशेषाणामेव ज्ञानेन विषयीकरणान्न बाह्यार्थसिद्धिः । प्रमाणाभावात्कल्पनागौरवाच्च । जाग्रति ये बुद्धिगोचरा विषयास्ते विनैव बाह्यार्थेन ज्ञेयज्ञातृस्वरूपा भवन्ति । स्वप्नवत् । वस्तुनो ज्ञानस्वरूपमप्याकारविधुरम् । अनादौ संसारे मिथ्याभूतवासनानामन्योऽन्यकार्यकारणभेदेन ज्ञातृज्ञानाकारभेदस्संभाव्यते । अनादिसन्तानान्तर्गतपूर्वज्ञानमेव वासना । तथा च शून्यो बाह्यार्थ इत्यलम् ।।

बाह्यार्थसत्त्वसमर्थनम् -

वैयर्थ्यमस्तु वा बाह्यं न वारयितुमीश्महे ।
प्रयोजनमपेक्षन्ते न मानानीति हि स्थितिः ॥ ३७ ॥

अन्वयः - (अथ) वा वैयर्थ्यम् अस्तु । बाह्यं वारयितुं न ईश्महे । मानानि प्रयोजनं न अपेक्षन्ते इति हि स्थितिः ।

व्याख्या :- पूर्वपूर्वमानसप्रपञ्चसंस्कारस्यैवोत्तरोत्तरमानसप्रपञ्चहेतुत्त्वाद्बह्याकारसमर्पणाय न बाह्यार्थोऽपेक्षणीय इत्याशङ्कायामङ्गीकरोति प्रौढवादेन । बाह्यस्य वैयर्थ्यमस्तु वा । बाह्यं वारयितुं

इस विषय में वे लोग अनेक प्रकार की युक्तियाँ प्रदर्शित करते हैं।

चतुःप्रस्थानिका बौद्धाः ख्याता वैभाषिकादयः।
अर्थो ज्ञानान्वितो वैभाषिकेण बहु मन्यते ।।
सौत्रान्तिकेन प्रत्यक्षग्राह्योऽर्थो न बहिर्मतः ।
आकारसहिता बुद्धिर्योगाचारस्य सम्मता।।
केवलां संविदं स्वस्थां मन्यन्ते मध्यमा पुनः।
रागादिज्ञानसन्तानवसनाच्छेदसम्भवा।
चतुर्णामपि बौद्धानां मुक्तिरेषा प्रकीर्तिता।। (सवदर्शनसंग्रहः)

बाह्यार्थ सत्त्व का समर्थन करते हैं ।

अर्थ - अथवा बाह्य पदार्थ भले ही व्यर्थ हो, हम उसका निवारण करना नहीं चाहते हैं । (प्रत्यक्षादि) प्रमाण प्रयोजन की अपेक्षा नहीं रखते, यही वस्तु स्थिति है ।३७।

व्याख्या - प्रौढ़ीवाद के द्वारा जगत् का वैयर्थ्य अंगीकार करते हुए भी उसकी बाह्य सत्ता का समर्थन करते हुए ग्रन्थकार कहते हैं कि बाह्य पदार्थ व्यर्थ भले ही हो, उसका वारण करना हमें अभीष्ट नहीं है । अर्थात् बाह्य पदार्थ का निराकरण करना अशक्य होने के कारण हम उसकी बाह्य सत्ता को स्वीकार

नेश्महे । वारयितुमशक्यत्त्वाद्बाह्यमभ्युपगच्छामः । विज्ञानवादिनो बाह्यार्थमेवापलपन्ति । न वयं तथेति तेभ्योऽस्माकं भेदः । वस्तुसिद्धिर्हि मानाधीना न प्रयोजनाधीना । प्रमाणसिद्धस्य पदार्थस्य प्रयोजनादर्शनमात्रेण निराकरणं न विचक्षणसम्मतम् । मानानि प्रमाणानि प्रयोजनं फलं नापेक्षन्ते इति हि स्थितिश्शास्त्रवित्समयः । इन्द्रियाणि स्वप्रयोजनवत्पदार्थप्रत्ययं यथा जनयन्ति तथा स्वप्रयोजनशून्य-पदार्थतृणादिज्ञानमपि जनयन्तीति शास्त्रलोकसिद्धः । तथा च प्रयोजनाभावेऽपि प्रमाणसिद्धत्त्वेन प्रमितत्त्वात्प्रमितं वस्त्वपलपितुं न साहसमस्माकं प्रामाणिकानामिति दिक् ।।

बन्धनिवृत्तेर्योगेनैव सिद्धत्त्वात्किं ज्ञानेनेति योगिनां पूर्वपक्षः –

बन्धश्चेन्मानसद्वैतन्तन्निरोधेन शाम्यति ।
अभ्यसेद्योगमेवातो ब्रह्मज्ञानेन किं वद ।। ३८ ।।

अन्वयः – मानसं द्वैतं बन्धः चेत् । तत् निरोधेन शाम्यति अतः योगम् एव अभ्यसेत् । ब्रह्मज्ञानेन किं वद?

व्याख्या :- मानसद्वैतस्यैव बन्धकृत्त्वात्तस्य च मनोनिरोधरूपयोगेनैव निवृत्तिसम्भवाद्ब्रह्मज्ञानस्य बन्धनिवर्तकत्त्वाभ्युपगमो विरुध्यत इति योगी शङ्कते । मानसद्वैतं मनःकल्पितं कामनिमित्तं द्वैतं बन्धं जीवबन्धनहेतुरिति यद्यभ्युपगम्येत तदा तन्निरोधेन तस्य मनसो योगाभ्यासादिना निरोधेन संयमनेन

करते हैं । विज्ञानवादी तो 'बाह्यार्थ है ही नहीं' ऐसा अपलाप करते हैं । किन्तु हम वैसा नहीं कहते हैं, यही वेदान्त और विज्ञानवादी में अन्तर है । वस्तु की सिद्धि प्रमाण के अधीन होती है, न कि प्रयोजन के अधीन । प्रमाण से सिद्ध पदार्थ का प्रयोजन प्रतीत न होने मात्र से उसका निराकरण करना बुद्धिमत्ता नहीं है । प्रत्यक्षादि प्रमाण प्रयोजन (फल) की अपेक्षा नहीं करते हैं । यही वस्तुस्थिति है अर्थात् शास्त्रज्ञों का सिद्धान्त है । जैसे इन्द्रियाँ स्वप्रयोजन वाले पदार्थों का ज्ञान उत्पन्न करती हैं, वैसे ही स्वप्रयोजनशून्य तृणादि पदार्थों के ज्ञान को भी उत्पन्न करती हैं । यह बात शास्त्र और लोक में सिद्ध ही है। उदाहरणार्थ- सड़क पर पड़ा तिनका यदि किसी काम का न हो, तो भी वह आँखों से देखा और जाना जाता है । ऐसा कभी नहीं होता कि वह अनुपयोगी होने के कारण दिखाई ही न दे अथवा अनुपयोग के कारण अस्तित्वहीन ही हो जाए । भाव यह है कि हम ईश्वर रचित जगत् का बाह्य अस्तित्व स्वीकार करते हैं । विज्ञानवादी बौद्धों की तरह उसकी उपेक्षा और निषेध नहीं करते हैं ।

बन्धन की निवृत्ति तो योग के द्वारा ही हो जाएगी फिर ज्ञान की क्या आवश्यकता है ? इस प्रकार योगियों के पूर्वपक्ष का प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ – यदि मानसिक द्वैत ही बन्धन का कारण है तो वह मन का निरोध करने पर निवृत्त हो जाता है । इसलिये योग का ही अभ्यास करना चाहिये । फिर बताओ कि ब्रह्मज्ञान से क्या प्रयोजन है ।३८।

व्याख्या – मानस द्वैत ही बन्धन का कारण है और उसकी निवृत्ति मनोनिरोध रूप योग के द्वारा ही संभव है, अतः ब्रह्मज्ञान बन्धनिवर्तक कैसे हो सकता है ? इसलिये योगी शंका करता है । **मानसं द्वैतं** अर्थात् मनःकल्पित द्वैत जीव के बन्धन का कारण माना जाता है । यदि ऐसा ही है तो उस बन्धन की निवृत्ति के लिए मन के निरोध की आवश्यकता है और वह योग के द्वारा ही संभव है, अतः योग के द्वारा ही बन्धन की निवृत्ति हो जाएगी । मन का निरोध हो जाने पर तत्कृत प्रपञ्च का भी अभाव हो

शाम्यति शमं प्राप्नोति । निरुद्धस्य संशान्तस्य मनसो जगदुत्पादकत्त्वशक्तेरभावात्तस्या अभावेन बन्ध एव न भवतीत्यतो मनो निरोधोपायमाश्रयेद्योगमभ्यसेदिति । "योगश्चित्तवृत्तिनिरोध" इति पातञ्जलं सूत्रम् । "यदा पञ्चावतिष्ठन्ते ज्ञानानि मनसा सह । बुद्धिश्च न विचेष्टते तामाहुः परमां गतिम् ।। तां योगमिति मन्यन्ते स्थिरामिन्द्रियधारणाम् । अप्रमत्तस्तदा भवति योगो हि प्रभवाप्ययौ" इति च श्रुतेः। एवं श्रुतिसूत्रादिषूपदिष्टयोगमभ्यस्य बन्धविमुक्तिरूपं मोक्षं लभते । अलं ब्रह्मज्ञानेनेति प्रष्टुराशय इति दिक् ।।

ब्रह्मज्ञानेनैवात्यन्तिकदुःखक्षयरूपो मोक्ष इति सिद्धान्तनिरूपणम् -

तात्कालिकद्वैतशान्तावप्यागामिजनिक्षयः ।
ब्रह्मज्ञानं विना न स्यादिति वेदान्तडिण्डिमः ।। ३९ ।।

अन्वयः - तात्कालिकद्वैतशान्तौ अपि "आगामिजनिक्षयः । ब्रह्मज्ञानं विना न स्यात् " इति वेदान्तडिण्डिमः ।

व्याख्या :- योगेन चित्तवृत्तिनिरोधाख्येन तात्कालिकबन्धस्यैव निवृत्तेरात्यन्तिकबन्धनिवृत्त्यै ब्रह्मज्ञानमेवापेक्षते "नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाये"ति श्रुतिशतेभ्यः । मोक्षश्चात्यन्तिकबन्धविमोक्ष एवेति शास्त्रसिद्धान्त इति कृत्त्वा योगेन ब्रह्मज्ञानस्य नान्यथा सिद्धिरित्याह । तात्कालिकद्वैतशान्तौ चित्तवृत्तिनिरोधो

जाने से बन्धन भी नहीं रहेगा । इसलिये बन्धन की निवृत्ति के लिये मनोनिरोध रूप योग का ही अभ्यास करना चाहिये। पातञ्जल योगसूत्र के अनुसार चित्त की वृत्तियों के निरोध को ही योग कहते हैं । "***योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः***" (पा.यो.सू. १/२) तथा वेद भगवान् भी कहते हैं कि "***यदा पञ्चावतिष्ठन्ते ज्ञानानि मनसा सह । बुद्धिश्च न विचेष्टते तामाहुः परमां गतिम् ।। तां योगमिति मन्यन्ते स्थिरामिन्द्रियधारणाम् । अप्रमत्तस्तदा भवति योगो हि प्रभवाप्ययौ***" (क.उ. २/३/१०,११)

इस तरह श्रुति और सूत्रोपदिष्ट योगाभ्यास से ही बन्धन से मुक्ति सिद्ध है, तो फिर बताओ कि ब्रह्मज्ञान से क्या प्रयोजन है ? भाव यह है कि ब्रह्माज्ञान का प्रयोजन अन्यथासिद्ध होने के कारण उसकी कोई आवश्यकता नहीं है ।

ब्रह्मज्ञान के द्वारा ही आत्यन्तिक दुःख निवृत्ति और मोक्ष प्राप्त होता है । इस प्रकार सिद्धान्ती स्वपक्ष का निरूपण करतें हैं ?

अर्थ - योगाभ्यास से द्वैत की तात्कालिक शान्ति होने पर भी आगामी जन्म का नाश ब्रह्मज्ञान के बिना नहीं होगा । यह वेदान्तदर्शन का डिण्डिम घोष है ।३९।

व्याख्या - पूर्वपक्षी ने जो कहा कि ब्रह्मज्ञान मोक्ष में अन्यथासिद्ध है, उसका उत्तर देते हुए सिद्धान्ती वेदान्त सिद्धान्त को प्रस्तुत करते हुए कहते हैं कि चित्तवृत्ति के निरोध रूप योग से तात्कालिक बन्धन की निवृत्ति तो हो जाएगी किन्तु बन्धन की आत्यन्तिक निवृत्ति के लिए तो ब्रह्मज्ञान की ही अपेक्षा है। "***नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय***" (श्वे.उ.) इत्यादि अनेकों श्रुतियों में ज्ञान के सिवा मुक्ति का और कोई मार्ग नहीं है, ऐसा कहा गया है । आत्यन्तिक बन्धन की निवृत्ति को ही मोक्ष कहा जाता है । जो सभी दार्शनिकों को मान्य है । और आपने जो कहा कि ब्रह्मज्ञान से मुक्ति अन्यथासिद्ध है, यह बात

योगाभ्यासबलेन यावत्कालमभिव्याप्य तिष्ठति तावत्कालं द्वैतनिवृत्तिरूपमनश्शान्तिरेव सिद्ध्यति । मनसः प्रचाराभावेन संशान्तं भवति नत्वागामिजनिक्षयः जननमरणप्रवाहरूपसंसारराहित्यं तु न भवति । अथवा आगामि योगविरामोत्तरकालं जायमानो द्वैताकारो यो बन्धस्तस्य क्षयो विनाशस्तु विना ज्ञानं न स्यादिति "ज्ञात्त्वा देवं मुच्यते सर्वपाशैः" ज्ञानादेव तु कैवल्यं" "ज्ञात्त्वा शिवं शान्तिमत्यन्तमेति" यदा चर्मवदाकाशं वेष्टयिष्यन्ति मानवाः । तदा देवमविज्ञाय दुःखस्यान्तो भविष्यति" "नान्यः पन्था अयनाय विद्यत" इत्यादिभिश्श्रुतिभिरन्वयव्यतिरेकाभ्यामात्यन्तिक-द्वैतबाधपुरस्सरं निश्श्रेयसलाभहेतुत्त्वेन ब्रह्मज्ञानस्यैवोपदेशान्नान्यथा सिद्धिरिति शम् ।।

जगतो मिथ्यात्त्वनिश्चयज्ञानेनाद्वितीयब्रह्मणो बोध इति सिद्धान्तमतनिरूपणम् -

अनिवृत्तेऽपीशसृष्टे द्वैते तस्य मृषात्मताम् ।
बुद्ध्वा ब्रह्माद्वयं बोद्धुं शक्यं वस्त्वैक्यवादिनः ॥ ४० ॥

अन्वयः - ईशसृष्टे द्वैते अनिवृत्ते अपि तस्य मृषात्मतां बुद्ध्वा वस्त्वैक्यवादिनः अद्वयं बोद्धुं शक्यम् ।

व्याख्या :- मानसिकद्वैतप्रपञ्चस्य कूटस्थचैतन्यविवेकेन निवृत्तौ सत्यामप्यद्वितीयब्रह्मात्मज्ञानसिद्धिः

सही नहीं है क्योंकि योगाभ्यास से तो तात्कालिक द्वैत का ही उपशमन होता है, हमेशा के लिए नहीं । योगाभ्यास से जब तक चित्त का निरोध होगा तभी तक द्वैत की प्रतीति नहीं होगी । उस समय मनोसंचार के अभाव में द्वैत का अभाव होता है ।

एक योगी को प्यास लगी, शिष्य से कहा नदी से जल ले आओ । शिष्य जल लेने के लिये गया। गुरु का समाधिकाल निकट आ गया तो गुरु समाधि में बैठ गए । कई दिनों तक वह समाधि में ही रहे। जब उनकी समाधि खुली तो शिष्य को सम्मुख देखा और गुस्से में बोले - मैंने तुझे पानी लाने के लिये भेजा था, अभी तक क्यों नहीं लाया ? देखा ! प्यास लगी थी कई दिनों पहले और समाधि में उसकी विस्मृति रही तथापि जब समाधि खुली तो पुनः जल की ही याद आई । समाधि काल में उसके चित्त का निरोध हो जाने से उतने समय तक उसे द्वैत का भान नहीं रहा किन्तु समाधिभंग होते ही पुनः पूर्व की वासनाओं ने उसे आ घेरा । इसलिए कहा कि योग से मानसिक द्वैत की तात्कालिक निवृत्ति होने पर भी वह अभ्यास सर्वदा के लिए जन्म-मरण के प्रवाह रूप इस संसार का नाश नहीं कर सकता । व्युत्थान काल में प्रतीत होने वाले द्वैत प्रपञ्च का बाध बिना ज्ञान के नहीं हो सकता । "***ज्ञात्वा देवं मुच्यते सर्वपाशैः***" (श्वे.उ.), "***ज्ञानादेव तु कैवल्यं प्राप्यते तेन मुच्यते***" "***यदा चर्मवदाकाशं वेष्टयिष्यन्ति मानवाः। तदा देवमविज्ञाय दुःखस्यान्तो भविष्यति***" (श्वेता.), "***नान्यः पन्था अयनाय विद्यते***" इत्यादि श्रुतियाँ अन्वय और व्यतिरेक के द्वारा अत्यान्ताबाधित निःश्रेयस की प्राप्ति के लिए ब्रह्मज्ञान का ही उपदेश करती हैं । अतः ब्रह्मज्ञान से ही मोक्ष प्राप्त होता है, यह वेदान्त दर्शन का डिण्डिम घोष है अर्थात् स्पष्ट घोषणा है ।

बाह्य द्वैत का निराकरण किये बिना ब्रह्मज्ञान कैसे हो सकता है ? इस शंका का परिहार करते हैं ।

अर्थ - ईश्वर निर्मित द्वैतप्रपञ्च की निवृत्ति न हाने पर भी उस द्वैतप्रपञ्च के मिथ्यात्व को जान लेने से अद्वैतवादी वेदान्ती का अद्वितीय परब्रह्म जाना जा सकता है ।४०।

कथं? "बाह्यं द्वैतं न वारयितुमीश्महे" इति साहसा प्रतिजानता बाह्यद्वैतस्यानिवार्यतोक्ता । तन्निवृत्तिमन्तराद्वितीयब्रह्मज्ञानं नैवोदेतीति शङ्कायां समाधत्ते । बाह्यद्वैतस्यानिवृत्तावपि तस्य मिथ्यात्त्वज्ञानादेवाद्वितीयं ब्रह्म पारमार्थिकमवगन्तुं शक्यमित्याह । ईशसृष्टे माया प्रतिबिम्बितेश्वरकल्पिते नामरूपात्मके द्वैते जगत्यनिवृत्तेऽपि तस्य मृषात्मतां मिथ्यास्वरूपतां बुद्ध्वा ज्ञानेन निश्चित्य वस्त्वैक्यवादिनस्सत्पदार्थस्यैकत्त्वमङ्गीकुर्वतो वेदान्तिनोऽद्वयं ब्रह्म शक्यं बोद्धुमिति जगति मिथ्यात्त्व-निश्चयोऽपेक्षित इति दिक् ।।

मोक्षप्रतिबन्धो न प्रपञ्चः किन्तु तत्सत्यत्त्वज्ञानमिति निरूपणम् -

प्रलये तन्निवृत्तौ तु गुरुशास्त्राद्यभावतः ।
विरोधिद्वैताभावेऽपि न शक्यं बोद्धुमद्वयम् ।। ४१ ।।

अन्वयः - प्रलये तन्निवृत्तौ तु विरोधिद्वैताभावे अपि गुरुशास्त्राद्यभावतः अद्वयं शक्यं न (अस्ति)।

व्याख्या :- द्वैतमिथ्यात्त्वज्ञानमेवाद्वैतज्ञानप्रयोजकम् । न तु द्वैतप्रपञ्चनिवृत्तिरित्युक्तम् । अथापि कश्चनाग्रहेण प्रपञ्चनिवृत्तिरेव ज्ञानकारणमिति वदेत्तं प्रति व्यभिचारं दर्शयित्त्वा तमाग्रहं विघटयति ।

व्याख्या - सिद्धान्ती ने पूर्व में कहा कि "***बाह्यं (द्वैतं) न वारयितुमीश्महे***" (३७) अतः यहाँ शंका होती है कि यदि बाह्य द्वैत का नाश करना आपको अभीष्ट नहीं है तो फिर बिना द्वैत प्रपञ्च के नष्ट हुए ब्रह्मज्ञान होना कैसे संभव है । इसके उत्तर में आचार्य कहते हैं कि ईश्वर निर्मित जो बाह्य प्रपञ्च है, उसका निवारण किये बिना ही केवल उसके मिथ्यात्व का दृढ़ निश्चय हो जाए कि "यह दृश्यमान जगत् मिथ्या ही है" तो इस मिथ्यात्व के ज्ञान से अर्थात् जगत् के मिथ्यापने को जान लेने से '**वस्त्वेकवादिनः**' अर्थात् परमार्थ रूप से एक ही वस्तु को सत्य मानने वाले जो अद्वैतवादी वेदान्ती हैं, उनका अद्वितीय परब्रह्म जाना जा सकता है । अर्थात् वेदान्तशास्त्र में प्रतिपादित अद्वितीय ब्रह्म का ज्ञान ईश्वर निर्मित द्वैत का बाध किये बिना ही केवल उसको मिथ्या मान लेने पर भी हो सकता है । अतः हम (वेदान्ती) ईश निर्मित द्वैत का निराकरण करने में अधिक आग्रहवान नहीं हैं ।

द्वैत के मिथ्यात्व का ज्ञान अद्वैत ज्ञान का प्रयोजक नहीं है अपितु द्वैत का निवारण ही प्रयोजक है, ऐसा हठ करने वाले के प्रति कहते हैं ।

अर्थ - प्रलयकाल में उस द्वैत की निवृत्ति हो जाने पर अद्वैत ज्ञान के विरोधी द्वैत ज्ञान का अभाव हो जाने पर भी गुरु-शास्त्रादि का अभाव होने से अद्वितीय ब्रह्म को जानना शक्य नहीं है ।४१।

व्याख्या - जिस समय महाप्रलय होता है, उस समय सम्पूर्ण जगत् अपने कारण में लीन हो जाता है । उस समय द्वैत पूर्णरूप से निवृत्त हो जात है अतः पूर्वपक्षानुसार अद्वैत ज्ञान का विरोधी जो द्वैत ज्ञान है, उसका अभाव हो जाता है । पूर्वपक्षी के अनुसार तो द्वैत के अभाव से ही ब्रह्मज्ञान संभव है। किन्तु उस प्रलयकाल में सभी प्राणियों कि मुक्त नहीं होती है । प्राणियों की उत्पत्ति होने से यह अनुमान किया जाता है कि यदि ये मुक्त हो गये होते तो पुनः जन्मग्रहण नहीं करते । किन्तु उनके जन्मग्रहण करने से ही यह सिद्ध होता है कि उनकी मुक्ति नहीं हुई । प्रलय में मुक्ति क्यों नहीं हुई ? इसका सामाधान करते हैं कि गुरु और शास्त्रादि के अभाव से अद्वितीय ब्रह्म को जानना शक्य नहीं है । यद्यपि द्वैत मिथ्या है तथापि बिना गुरु-शास्त्रादि के ब्रह्मज्ञान होना संभव नहीं है । वेदराशि रूप समुद्र से सूर्य रूपी सद्गुरु

प्रलये कल्पनाकाले यदा सर्वं द्वैतं जगद्ब्रह्मणि विलीयते तदा तन्निवृत्तौ तस्येश्वरसृष्टद्वैतप्रपञ्चस्य निवृत्तौ सर्वस्य कार्यसङ्घस्य कारणे विलीने सति तु तदानीं विरोधिद्वैताभावेऽप्यद्वैतज्ञानविरोधित्त्वेन पूर्वपक्ष्यभिमतस्य द्वैतस्याभावेऽपि गुरुशास्त्राद्यभावतो गुरोस्तत्त्वोपदेष्टुश्शास्त्रस्य तत्त्ववेदकग्रन्थस्येत्येवमादिज्ञानसाधनसामग्र्या अभावाद्धेतोरद्वयं ब्रह्म बोद्धुं न शक्यम् । श्रवणादिज्ञानसाधनानुष्ठानावकाशाभावात्। "सर्वं खल्विदं ब्रह्मे"ति ज्ञानोत्पत्तेरनवकाशः । अतो द्वैतप्रपञ्चाभावो ज्ञानोत्पत्तावप्रयोजकः । अद्वितीयब्रह्मज्ञानप्रतिबन्धके द्वैतसत्यत्त्वज्ञाने गुर्वनुग्रहादद्वैतश्रुतिलब्धद्वैतमिथ्यात्त्वज्ञानेनापह्नुते प्रतिबन्धकाभावादेव स्वरूपतो द्वैतसत्त्वेऽपि निष्प्रत्यूहमद्वितीयब्रह्मज्ञानं सिद्ध्यतीति भावः ।।

ईश्वरसृष्टद्वैतस्य न ब्रह्मज्ञानबाधकत्त्वमपि तु साधकत्त्वमेवेति निरूपणम् –

अबाधकं साधकञ्च द्वैतमीश्वरनिर्मितम् ।
अपनेतुमशक्यञ्चेत्यास्तां तद्द्विष्यते कुतः ॥ ४२ ॥

अन्वयः–ईश्वरनिर्मितं द्वैतं अबाधकं च साधकं च अपनेतुम् अशक्यम् इति तत् आस्ताम् । कुतः द्विष्यते ।

व्याख्या :– सति द्वैते कथमद्वैतमित्याशङ्कायां परिहरति । ईश्वरनिर्मितं द्वैतं जगदद्वैतज्ञानं प्रति तदुपलक्ष्याबाधकं द्वैतमिथ्याज्ञानमात्रेणाद्वैतज्ञानोत्पत्तेः किञ्च साधकमपीश्वरसृष्टद्वैताभावे गुरुशास्त्रादीनामभावप्रसङ्गाद्गुरूपदेशस्य वा शास्त्रसिद्धान्तनिर्णीततत्त्वस्य वा दुर्लभत्त्वाद्ब्रह्मज्ञानं नैव जायते । तस्माज्ज्ञानो–

सारभूत वेदान्तभाग को अपनी ज्ञान रूपी किरणों से खींचकर जब महावाक्योपदेश रूप अमृत वर्षा से शिष्य को आप्लावित करते हैं, तभी गुरुकृपा से श्रवण, मनन, निदिध्यासन के द्वारा आत्मसाक्षात्कार करके शिष्य भवबन्धन के चक्र से सदा के लिए मुक्त हो जाता है । अतः गुरु और शास्त्रादि के बिना ब्रह्मज्ञान होना संभव नहीं । केवल द्वैत का अभाव होना ही ज्ञान का प्रयोजक नहीं है । भाव यह है कि आपने जो मन में दुराग्रह कर लिया है कि द्वैत का निराकरण करने पर ही ब्रह्मज्ञान होता है अतः वही ज्ञान का प्रयोजक है और उसके मिथ्यात्व का निश्चय कर लेने मात्र से ज्ञान नहीं हो सकता । इत्यादि दुराग्रह का त्याग करो, क्योंकि द्वैत का निराकरण किये बिना ही केवल उसके मिथ्यात्व को जान लेन पर भी ब्रह्मज्ञान हो सकता है ।

ईश्वरकृत द्वैत ब्रह्मज्ञान का बाधक नहीं किन्तु साधक है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ – ईश्वर निर्मित द्वैत ज्ञान का बाधक नहीं अपितु सहायक है और उसका निवारण भी शक्य नहीं है । अतः उसे वैसा ही रहने दो, उसके प्रति द्वेष क्यों करते हो ?४२।

व्याख्या – ईश्वर निर्मित द्वैत अद्वैत ज्ञान का बाधक (प्रतिबन्धक) नहीं है, इसलिये उससे द्वेष नहीं करना चाहिये । तब तो उसके प्रति उदासीन हो जाना चाहिये । नहीं, वह न केवल अबाधक है अपितु साधक भी है । ईश्वरसृष्ट द्वैत के अभाव में गुरु–शास्त्रादि का भी अभाव होने से उनके द्वारा उपदेश प्राप्त न होन से ब्रह्मज्ञान ही उत्पन्न न होगा । अतः ब्रह्मज्ञान के कारणभूत गुरु–शास्त्रादि का सम्पादक होने के कारण ईशनिर्मित द्वैत ब्रह्मज्ञान का सहायक ही है । अतः उसके प्रति उदसीन होने की कोई आवश्यकात नहीं है । इतना ही नहीं, हम ईश्वर निर्मित द्वैत को नष्ट भी नहीं कर सकते क्योंकि वह जीव के द्वारा अनिवार्य है । अतः उसके निवारण का प्रयत्न नहीं करना चाहिये, अन्यथा निराशा ही होगी । सूर्य और चन्द्र को उदय और अस्त होने से हम नहीं रोक सकते । वायु को निष्क्रिय नहीं कर सकते । पृथ्वी को गन्ध रहित

पायगुरुशास्त्रादिसम्पादकत्त्वेन साधकत्त्वं स्पष्टमेव । अन्यच्च विद्यमानं द्वैतं नास्माभिरपनेतुं शक्यमनिवार्यमेव । तस्मादास्तां द्वैतम् । तद्द्वैतं कुतो द्विष्यते । द्वेषमात्रेण न निवर्तते। अतोऽनिवार्ये वस्तुनि निष्प्रयोजनो द्वेषो न कार्यः ।।

शास्त्रीयाशास्त्रीयभेदेन जीवसृष्टद्वैतस्य द्वैविध्यप्रदर्शनम् -

जीवद्वैतन्तु शास्त्रीयमशास्त्रीयमिति द्विधा ।
उपाददीत शास्त्रीयमातत्त्वस्यावबोधनात् ॥ ४३ ॥

अन्वयः-जीवद्वैतं तु शास्त्रीयम् अशास्त्रीयम् इति द्विधा । आ तत्त्वस्य अवबोधनात् शास्त्रीयम् उपाददीत ।

व्याख्या :- मानसी जीवसृष्टिर्मनो निरोधमात्रेणापनेतुं शक्या । यद्यपि तथाप्यंशतो ब्रह्मज्ञान-साधकत्त्वमस्तीति भागत उपदेया चातो हेयोपादेयभागविभजनायोपक्रमते । जीवद्वैतं जीवसृष्टं मानसिकं द्वैतं जगच्छास्त्रीयं ब्रह्मज्ञानोपकारकत्त्वेन शास्त्रप्रतिपादितमुपादेयम् । तद्भिन्नमशास्त्रीयं शास्त्रेणाप्रतिपादितं केवलं स्वस्वबुद्धिकल्पितं हेयम् । शास्त्रीयमपि द्वैतं तत्त्वस्य परब्रह्मण अवबोधनादवगतिपर्यन्तमुपाददीत।

जीवसृष्टशास्त्रीयद्वैतस्य निरूपणम् -

आत्मब्रह्मविचाराख्यं शास्त्रीयं मानसं जगत् ।
बुद्धे तत्त्वे तच्च हेयमिति श्रुत्यनुशासनम् ॥ ४४ ॥

अन्वयः - आत्मब्रह्मविचाराख्यं शास्त्रीयं मानसं जगत् तत्त्वे बुद्धे तत् च हेयम् इति श्रुत्यनुशासनम्।

व्याख्या :- आत्मब्रह्मविचाराख्यं प्रत्यगात्मनः परब्रह्मणश्च स्वस्वरूपविचाराख्यं यच्छ्रवणमनन-

---

नहीं कर सकते । अतः दुराग्रहवश ईश्वर निर्मित द्वैत से द्वेष करने पर कुछ भी हाथ नहीं लगेगा । इसलिए वह प्रपञ्च भले ही रहे, उससे तुम द्वेष क्यों करते हो ? भाव यह है कि जो अनिवार्य है, उसके निवारण का निष्फल प्रयत्न तुम क्यों करते हो ?

शास्त्रीय और अशास्त्रीय भेद से जीव निर्मित द्वैत का द्वैविध्य दर्शाते हैं ।

अर्थ - जीवरचित द्वैत शास्त्रीय और अशास्त्रीय रूप से दो प्रकार का है । उनमें शास्त्रीय द्वैत को तत्त्वज्ञान पर्यन्त ग्रहण करना चाहिये ।४३।

व्याख्या - यद्यपि जीवसृष्टि मानसिक होने के कारण मन का निरोध करने पर शीघ्र ही उसका निवारण संभव है तथापि ब्रह्मज्ञान में सहायक होने के कारण अंशतः वह भी उपादेय है । अतः जीवकृत द्वैत का विभाग बताकर उसमें से उपादेय अंश को दर्शाते हैं । जीवकृत द्वैत दो प्रकार का है - एक शास्त्रीय और दूसरा अशास्त्रीय (निषिद्ध)। इन दोनों में शास्त्रीय द्वैत ब्रह्मज्ञान कराने में सहायक होने से ज्ञान होने तक उसका ग्रहण करना चाहिये । गुरु, वेदान्तशास्त्र तथा श्रवण, मनन, निदिध्यासन आदि सभी शास्त्रीय द्वैत के अन्तर्गत हैं । ये सभी ब्रह्मज्ञान में सहायक होने से इनका त्याग न करके इनका ग्रहण करना ही मुमुक्षु के लिये श्रेयस्कर है ।

जीवकृत शास्त्रीय द्वैत का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - प्रत्यगात्मा और ब्रह्म का विचार रूप शास्त्रीय मानस जगत् (द्वैत) है । तत्त्वज्ञान हो जाने पर वह (मानस द्वैत) भी हेय (त्याज्य) है, ऐसा वेद का आदेश है ।४४।

निदिध्यासनादिकमस्ति तच्छास्त्रीयं शास्त्रसम्मतं मनोनिर्मितं जगत् द्वैतमातत्त्वस्यावबोधनाच्चिन्तयेत् ज्ञाते तत्त्वे त्याज्यमेव । "आसुप्तेरामृतेः कालं नयेद्वेदान्तचिन्तये"ति वचनान्मरणान्तं शास्त्रविचारस्य कर्तव्यत्त्वेन प्रतिपादनात्कथं "बुद्धे तत्त्वे तच्च हेय"मित्युच्यत इति चेन्न । "दद्यान्नावसरं किञ्चित्कामादीनां मनागपि" इति पूर्ववचने कामपरत्त्वनिषेधेन तदैकवाक्यतयास्यापि वाक्यस्य तत्परत्त्वावगमात् । किञ्च सर्वशास्त्रार्थं विज्ञायानुभूय "त्यजेद्ग्रन्थमशेषतः" "नानुध्यायाद्बहूञ्छब्दान् वाचो विग्लापनं हि तत्" "उल्कावत्तान्यथोत्सृजेत्" "अन्या वाचो विमुञ्चथे"त्यादि श्रुतिविरोधाच्च । तस्मात्तत्त्वे प्रत्यगभिन्नाद्वितीयब्रह्मात्मैक्ये बुद्धे दृश्यमिथ्यात्त्वपूर्वकं ब्रह्मात्मनोरैक्यस्य साक्षात्कारेणानुभूते सति तत् द्वैतं जीवसृष्टं शास्त्रादिरूपमपि हेयमिति त्याज्यमिति श्रुत्यनुशासनं श्रुतीनामेतच्छासनं यथा महाराजानां शासनमनुल्लङ्घनीयमेव तथेदमपीति भावः। "यावज्जीवं त्रयो वन्द्याः वेदान्तो गुरुरीश्वरः" इत्यादीनामप्यनुत्पन्नज्ञानविषयत्त्वमुक्तं भवति ।।

तत्त्वबोधानन्तरं शास्त्रीयस्यापि द्वैतस्य हेयता श्रुतिभिरेवोदाहृतेति श्रुतीनामुपन्यसनम् -

शास्त्राण्यधीत्य मेधावी अभ्यस्य च पुनः पुनः ।
परमं ब्रह्म विज्ञाय चोल्कावत्तान्यथोत्सृजेत् ॥ ४५ ॥
ग्रन्थमभ्यस्य मेधावी ज्ञानविज्ञानतत्परः ।
पलालमिव धान्यार्थी त्यजेद्ग्रन्थमशेषतः ॥ ४६ ॥

व्याख्या - प्रत्यागात्मा (जीव) और ब्रह्म का विचार रूप अर्थात् श्रवण, मनन, और निदिध्यासन रूप शास्त्रीय (शास्त्रसम्मत) मनोनिर्मित जगत् (द्वैत) है । इससे शास्त्रीय द्वैत के उपादान काल की सीमा सूचित की गई है । अर्थात् श्रवणादि शास्त्रीय द्वैत ब्रह्मज्ञान में सहायक होने से उनको ब्रह्मज्ञान पर्यन्त ग्रहण करना चाहिये । किन्तु जैसे नदी को पार करके व्यक्ति साधन रूप नाव का त्याग कर देता है, उसी प्रकार संसार रूपी समुद्र को श्रवणादि शास्त्रीय द्वैत रूपी नौका द्वारा मोक्ष रूपी तीर पर उतरकर त्याग देना चाहिये । "***बुद्धे तत्त्वे तच्च हेयम्***" अर्थात् तत्त्वज्ञान हो जाने पर शास्त्रीय द्वैत भी त्याग देना चाहिये।

शंका - "***आसुप्तेरामृतेः कालं नयेद्वेदान्तचिन्तया***" इस शास्त्रवचनानुसार जागने से लेकर निद्रा पर्यन्त और जन्म से लेकर मरण पर्यन्त वेदान्त का विचार करते रहने का विधान है । अतः आप कैसे कहते हैं कि ज्ञान के बाद शास्त्रीय द्वैत भी त्याज्य है ?

समाधान - यह कथन जिनको आत्मज्ञान उत्पन्न नहीं हुआ है, उनके के लिये कहा गया है । अद्वैत ब्रह्मात्मतत्त्व का साक्षात्कार कर चुके तत्त्वदर्शी के लिए नहीं । दूसरा यह है कि "***दद्यान्नावसरं किञ्चित्कामादीनां मनागपि***" इस पूर्वार्ध से कामादि को अवसर प्रदान न करने में ही इस श्लोक का तात्पर्य है । अतः ज्ञान होने पर शास्त्रीय द्वैत भी त्याज्य है । यह कथन केवल कपोलकल्पित नहीं है किन्तु भगवती श्रुति भी ऐसा ही कहती है । न केवल कहती है अपितु उसके त्याग की आज्ञा भी देती है । भाव यह है कि ज्ञानप्राप्ति पर्यन्त शास्त्रीय द्वैत को श्रुति भी अंगीकार करती है ।

तत्त्वज्ञान होने पर मानस द्वैत का हेयत्व प्रतिपादन करने वाली श्रुतियों का क्रमशः प्रतिपादन करते हैं । सर्वप्रथम अमृतनादोपनिषद् का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - बुद्धिमान पुरुष शास्त्रों का अध्ययन करके बारम्बार अभ्यास करके परब्रह्म को जानकर उन शास्त्रों को उल्का (जले हुए काष्ठ) की तरह त्याग दे।४५।

तमेव धीरो विज्ञाय प्रज्ञां कुर्वीत ब्राह्मणः ।
नानुध्यायाद्बहूञ्छब्दान्वाचो विग्लापनं हि तत् ॥ ४७ ॥
तमेवैकं विजानीथ ह्यन्या वाचो विमुञ्चथ ।
यच्छेद्वाङ्मनसी प्राज्ञ इत्याद्याः श्रुतयः स्फुटाः ॥ ४८ ॥

अन्वयः - मेधावी शास्त्राणि अधीत्य पुनः पुनः अभ्यस्य च परमं ब्रह्म विज्ञाय अथ उल्कावत् तानि उत्सृजेत् ।

अन्वयः- मेधावी ग्रन्थम् अभ्यस्य ज्ञानविज्ञानतत्परः सन् धान्यार्थी पलालम् इव अशेषतः ग्रन्थं त्यजेत् ।

अन्वयः - धीरः ब्राह्मणः तम् एव विज्ञाय प्रज्ञां कुर्वीत । बहून् शब्दान् न अनुध्यायात् हि (यतः) तत् वाचः विग्लापनम् ।

अन्वयः - एकं तम् एव विजानीथ हि । अन्याः वाचः विमुञ्चथ । प्राज्ञः वाङ्मनसी यच्छेत् इत्याद्याः श्रुतयः स्फुटाः ।

व्याख्या :- मेधावी प्रतिभावाञ्छास्त्राण्युपनिषत्प्रभृतीन्यभ्यस्य विदिवत्सद्गुरुमभिगम्य यथा सम्प्रदायं श्रवणं विधाय गृहीतज्ञानदाढ्यर्थं पुनः पुनर्मननं कृत्त्वा परमं ब्रह्म विज्ञाय जगन्मिथ्यात्त्वज्ञानपूर्वकं प्रत्यगभिन्नाद्वितीयात्मतत्त्वं निदिध्यासनेन साक्षात्समनुभूयाथ ततस्तानि शास्त्राणि पाकोत्तरमुल्काव''दुल्का स्यान्निर्गतज्वाले''ति कोशादर्धदग्धेन्धनवदुत्सृजेत्परित्यजेदिति, लोके यथा धान्यार्थी स्वव्यापारेण

व्याख्या - (**यह श्लोक अमृतनादोपनिषद् का प्रथम मन्त्र है**) मेधावी (बुद्धिमान) पुरुष वेदान्तशास्त्रों का अध्ययन करके गुरुसान्निध्य में श्रवण करके दृढज्ञानोत्पादनार्थ बारम्बार उन शास्त्रों में प्रतिपादित जीव और ब्रह्म की एकता का मनन करके परब्रह्म को निदिध्यासन के द्वारा जानकर अर्थात् साक्षात्कार करके तदनन्तर उन शास्त्रों को भी त्याग दे । इस विषय में उल्का का दृष्टान्त देते हैं । भोजन पकाने के लिए लकड़ी इकट्ठी की जाती है और भोजन पकने तक आग को जलाये रखते हैं किन्तु भोजन पक जाने पर जलती हुई लकड़ियों का कोई प्रयोजन नहीं रह जाता, अतः जैसे उनका त्याग कर दिया जाता है, उसी प्रकार ब्रह्मज्ञान प्राप्त हो जाने पर शास्त्रों की आवश्यकता नहीं रह जाती । श्रीशंकराचार्य जी भी कहते हैं कि -

अविज्ञाते परे तत्त्वे शास्त्राधीतिस्तु निष्फला ।
विज्ञातेऽपि परे तत्त्वे शास्त्राधीतिस्तु निष्फला ।। (वि.चू.-६१)

अर्थात् - परमतत्त्व को यदि नहीं जाना तो शास्त्राध्ययन व्यर्थ है और यदि परम तत्त्व को जान लिया तो भी शास्त्राध्ययन निष्प्रयोजन होने से अनावश्यक ही है । इसलिये तत्त्वज्ञान हो जाने पर जीवकृत शास्त्रीय द्वैत भी हेय ही है ।

अब ब्रह्मबिन्दूपनिषद् का प्रमाण देते हैं ।

अर्थ - ज्ञान-विज्ञान में तत्पर मेधावी पुरुष अभ्यास कर सभी ग्रन्थों को उसी भाँति त्याग दे, जैसे धान्यार्थी पलाल (भूसा) का त्याग कर देता है ।४६।

व्याख्या - (**यह श्लोक ब्रह्मबिन्दु उपनिषद् का अठारवाँ मन्त्र है**) जैसे धान्यार्थी धान का

धान्यान्यादाय पलालं त्यजत्येव ज्ञानविज्ञानतत्परो ज्ञानं शास्त्रजन्यं विज्ञानं चानुभवजन्यमित्युभयार्थी तत्परस्सन्ग्रन्थ-मध्यात्मशास्त्रमभ्यस्य ततोऽशेषग्रन्थजातं त्यजेत् । ब्राह्मणो "ब्राह्मण्यं ब्रह्मविज्ञाना"दिति ब्रह्मणि निरतो जिज्ञासुर्गुरूपदेशेन तं प्रत्यगात्मानं विज्ञायाशेषतो ज्ञात्त्वा प्रज्ञां चित्तैकाग्र्यं मनस्समाधानं कुर्वीत सम्पादयेत् । न बहून्छब्दानुपनिषदृतानपि नानुध्यायेद्यतश्च तद्ध्यानं वाचो वागिन्द्रियस्योपलक्षण-विधयान्येषामपि विग्लापनं क्लेशहेतुर्निश्चयेनेति हिर्निश्चये । एकमद्वितीयं तमौपनिषदं पुरुषं विजानीथ ज्ञानविषयं कुरुत । अन्या आत्मेतरविषयका वाचो विमुञ्चथ त्यजत । यतो मुण्डके "तमेवैकं

संग्रह करने के बाद उसके भूसे को अलग कर देता है, वैसे ही ज्ञान (शास्त्रीय) और विज्ञान (अनुभवजन्य) इन दोनों में तत्पर मेधावी पुरुष ग्रन्थ का बारम्बार अभ्यास कर लेने के बाद वेदान्तशास्त्रों में प्रतिपादित जीव और ब्रह्म की एकता रूप सार को ग्रहण कर लेने के बाद सम्पूर्ण ग्रन्थों को त्याग दे ।

पोथी पत्रा फेककर बिचरे पथ निर्वाण
आतम अनुसन्धान कर दिन में होय आराम ।
दिन में होय आराम और कछु करे न शंका
अहं ब्रह्म परिपूर्ण निशदिन बांजे डंका ।।

अब बृहदारण्यक श्रुति को प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - बुद्धिमान ब्राह्मण को उस ब्रह्म को ही जानकर उसी में बुद्धि लगानी चाहिये । बहुत शब्दों का चिन्तन न करे क्योंकि वह तो वाणी का परिश्रम मात्र ही है ।४७।

व्याख्या - श्लोक में ब्राह्मण शब्द जिज्ञासु का उपलक्षण है अर्थात् "***ब्राह्मण्यं ब्रह्मविज्ञानात्***" ब्रह्म में निरत रहने वाला जिज्ञासु पुरुष '**धीरः**' अर्थात् बुद्धिमान् ब्रह्मवेत्ता '**तमेव**' अर्थात् उस आत्मा को ही आचार्योपदेश और शास्त्र से जानकर "**प्रज्ञां कुर्वीत**" अर्थात् शास्त्र और आचार्योपदिष्ट, सभी शोक और आकांक्षाओं को शमन करने वाली प्रज्ञा करे, ब्रह्म में बुद्धि लगावे । संन्यासी शम, दम, उपरति, तितिक्षा और समाधानादि प्रज्ञाकारक साधनों का अनुष्ठान करे । बहुत शब्दों का चिन्तन न करे । "***शब्दजालं महारण्यं चित्तभ्रमणकारणम्***" (वि.चू. ६२) शब्दजाल महारण्य है और चित्त को भ्रमित करने वाला है । अतः अत्यधिक शास्त्रचिन्तन न करे । भाव यह है कि यहाँ बहुत्व का प्रतिषेध करके केवल आत्मैकत्व प्रतिपादन करने वाले थोड़े शब्दों का ही चिन्तन करना कहा गया है । "***ओमित्येवं ध्यायथ आत्मानम्***" "***अन्या वाचो विमुञ्चथ***" इत्यादि श्रुतियाँ इस विषय में प्रमाण है । भाव यह है कि सदा अद्वैतात्मानुसन्धान ही करना चाहिये । तदतिरिक्त कुछ भी नहीं करना चाहिये । बहुत शब्दों का चिन्तन नहीं करना चाहिये, क्योंकि वह तो वाणी का परिश्रम मात्र ही है अर्थात् वाणी को थकाने वाले ही हैं, अतः ब्रह्मचिन्तन ही करना चाहिये ।

उक्त विषय में मुण्डक और कठोपनिषद् का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - "उसी एक अद्वितीय आत्मा को तुम सब जानों, अन्य वाणी को छोड़ दो" तथा "बुद्धिमान पुरुष वाणी को मन में लीन करे" इत्यादि श्रुतियाँ (शास्त्रीय द्वैत का भी त्याग करने के विषय में) स्पष्ट हैं ।४८।

व्याख्या - श्लोक का पूर्वार्ध मुण्डकोपनिषद् का है "***तमेवैकं जानथ आत्मानमन्या वाचो विमुञ्चथामृतस्यैष सेतुः***" (मु.उ. २/२/५) अर्थात् उसी अद्वितीय आत्मतत्त्व को तुम सब जानों, अन्य

विजानथ आत्मानमन्या वाचो विमुञ्चथे''ति श्रूयते । ''अमृतस्यैष सेतु''रिति च । सर्वदा सर्वथाप्यद्वैतात्मानुसन्धानमेव कर्तव्यं न किञ्चिदितरव्यापारजातमिति भावः । प्राज्ञो वाक्तदुपलक्षितानि सर्वाणीन्द्रियाणि मनसि विलापयेत्तन्मनो ज्ञान आत्मनि यच्छेन्नियच्छेदित्येवं विधा नैकशश्श्रुतयस्स्फुटम् । विस्पष्टार्था विद्यन्ते इत्याद्या इत्यादिशब्देन ''तमेव विदित्त्वाथ मुनिर्भवती''त्यादयश्श्रुतयो गृह्यन्ते । एतावता प्रबन्धेन सर्वकर्मसंन्यासो नैष्कर्म्यसिद्धिहेतुर्विद्वत्संन्यासोऽपि ब्रह्मात्मैक्यानुसन्धानहेतुरुक्तो वेदितव्यः। शास्त्रचोदितानि कर्माणि कथं त्यक्तुं शक्यन्ते सर्वकर्मसंन्यासः कथं ''यावज्जीवमग्निहोत्रं जुहोति'' ''तं यज्ञपात्रैर्दहन्त्यग्निभिश्च'' कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समाः'' ''अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा

अनात्म बातों को छोड़ दो अर्थात् आत्मातिरिक्त कुछ भी चिन्तन मत करो क्योंकि यही मोक्षप्राप्ति का एकमात्र साधन है अर्थात् यह आत्मज्ञान मोक्ष रूप अमरत्व की प्राप्ति के लिये सेतु के समान है । जैसे बड़े-बड़े नदी-नालों को पुल के सहारे सभी जीव सरलता से पार कर जाते हैं, ऐसे ही संसार रूपी भयावह महासमुद्र को आत्मज्ञान रूप सेतु से सभी जीव पार कर सकते हैं । अतः संसार समुद्र से तरने का साधन होने के कारण आत्मज्ञान को तथा आत्मा को भी सेतु शब्द से कहा गया है । तथा ''***यच्छेद्वाङ्मनसी प्राज्ञः***'' यह कठोपनिषद् का वचन है । पूरा मन्त्र इस प्रकार है - ''***यच्छेद्वाङ्मनसी प्राज्ञस्तद्यच्छेज्ज्ञान आत्मनि । ज्ञानमात्मनि महति नियच्छेत्तद्यच्छेच्छान्त आत्मनि***'' (कठो. १/३/१३) अर्थात् विवेकी पुरुष वाणी आदि सभी इन्द्रियों को मन में लीन करे, मन को बुद्धि में, बुद्धि को महत्तत्त्व में और महत्तत्त्व को निर्विशेष, निर्विकार, सर्वबुद्धि के साक्षी शान्त आत्मा में लीन करे । इत्यादि अनेकों श्रुतिवचन जीव निर्मित शास्त्रीय द्वैत के त्याग का स्पष्ट रूप से प्रतिपादन करते हैं । अतः तत्त्वज्ञान प्राप्त कर लेने पर जीव निर्मित शास्त्रीय द्वैत भी त्याज्य ही है ।

उपर्युक्त श्लोकों के द्वारा नैष्कर्म्यसिद्धि के कारणभूत सर्वकर्मसंन्यास का प्रतिपादन किया गया है । यदि कहो कि सर्वकर्मसंन्यास शास्त्रों को मान्य नहीं है, क्योंकि कर्म का प्रतिपादन भी तो शास्त्र ही करते हैं । ''***कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समाः***'' (ईशावास्योपनिषद्), ''***यावज्जीवमग्निहोत्रं जुहोति***'' इत्यादि अनेकों वेदमन्त्र मृत्यु पर्यन्त कर्म करने का विधान करते हैं। तो यह कथन ठीक नहीं है, क्योंकि उक्त वचन अविद्वान् के लिए ही कहे गये हैं । गृहस्थाश्रम में जाया, पुत्र, वित्तादि की अभिलाषा वाले अनात्मज्ञों के लिए ही इन कर्मों का प्रतिपादन किया गया है । ये कर्म इच्छाजन्य हैं । इच्छा राग से और राग अज्ञान से उत्पन्न होता है । जो आप्तकाम आत्मनिष्ठ संन्यासी हैं, उनमें इन कामनाओं का अभाव होने से ये विधिशास्त्र उनके लिए नहीं हैं । यदि शास्त्र विद्या और अविद्या को एक ही पुरुष का विषय कहेगा तो वह विरुद्धार्थबोधक माना जाएगा । तथा ''***दूरमेते विपरीते विषूची अविद्या या च विद्येति***'' (कठो. १/२/४) इत्यादि श्रुतियाँ विद्या और अविद्या की एकसाथ उपस्थिति का निषेध करती हैं । तथा सकाम कर्म ज्ञान के प्रतिबन्धक माने जाते हैं अतः इनका त्याग आवश्यक है । तब तो वेद का कर्मकाण्ड भाग निरर्थक हो जाएगा, ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये क्योंकि शास्त्र किसी को भी प्रवृत्ति में प्रेरित नहीं करता। किन्तु स्वाभाविक राग से प्राप्त प्रवृत्ति का अनुसरण करता

विद्ययामृतमश्नुते'' इति विद्याविद्ययोर्ज्ञानसाधनत्त्वश्रवणादादेहपातं नियतकर्तव्यता कर्मणां विहितत्त्वाच्चेति चेदुच्यते । उपदर्शिनां विधीनामविद्यावत्पुरुषविषयत्त्वाद्यस्याज्ञानानुवृत्तिस्तस्यैवाहं ब्राह्मण इत्याद्यध्यास-सम्भवेन तस्यैव कर्मण्यधिकारो न विदुषः । तथा विद्याविद्ययोर्ज्ञानकारणत्त्वं नास्त्येव ''दूरमेते विपरीते विषूची अविद्या या च विद्ये''त्यादिभिश्श्रुतिभिरुभयोर्विरोधस्य दर्शितत्त्वात्। ज्ञानाय तु सर्वकर्मसंन्यासपूर्वकश्रवणाद्यात्मकं तप एव साधनमिति ''तपसा ब्रह्म विजिज्ञासस्वे''ति वदत्येव श्रुतिः । तर्हि विधिशास्त्रस्य वैयर्थ्यमिति न चिन्त्यम् । अविद्वत्पुरुषरागप्राप्तप्रवृत्तेर्व्यवस्थापनार्थत्त्वा-द्विधिनिषेधयोः अत एव ''लोके व्यवायामिषमद्यसेवा नित्यास्तु जन्तोर्नहि तत्र चोदना । व्यवस्थितिस्तेषु विवाहयज्ञसुराग्रहैरासु निवृत्तिरिष्टे''ति । तस्मान्न विद्वान्कर्म कर्तुं शक्नोति त्यक्तुं चाविद्वान् । असंशयात्मज्ञानोत्पत्तिपर्यन्तं जिज्ञासुगुरुशास्त्रादीनि सेवते न तदुत्तरम् । ज्ञानभास्करे समुदिते किं प्रदीपैरिति शम् ।।

अशास्त्रीयस्यापि द्वैतस्य द्वैविध्यप्रदर्शनम् –

अशास्त्रीयमपि द्वैतं तीव्रं मन्दमिति द्विधा ।
कामक्रोधादिकन्तीव्रं मनोराज्यन्तथेतरत् ।। ४९ ।।

अन्वयः – अशास्त्रीयं द्वैतम् अपि तीव्रं मन्दम् इति द्विधा । कामक्रोधादिकं तीव्रम् । तथा मनोराज्यम् इतरत् ।

व्याख्या :– जीवकल्पितमशास्त्रीयं द्वैतं तीव्रमन्दभेदेन द्विप्रकारमस्ति । तीव्रं द्वैतं कामक्रोधादिरूपम्। मन्दं द्वैतं मनोराज्यात्मकम्, उभयविधमप्यशास्त्रीयं द्वैतं ।।

हुआ अविद्वान् पुरुष अपनी कामना पूर्ति के लिए ही सकाम कर्मों का आश्रय लेता है । और आपने जो कहा कि ज्ञानोत्तरकाल में शास्त्र का त्याग करने पर तो कर्मशास्त्र निरर्थक ही हो जाएगा, तो आपका यह कथन ठीक ही है, क्योंकि आत्मतत्त्व का साक्षात्कार कर लेने पर वह अनुपयुक्त ही है । जिसके हृदय में ज्ञान रूपी सूर्य प्रकाशित हो जाए, उसको शास्त्र रूपी दीपक के प्रकाश की आवश्यकता नहीं रहती है । अतः ब्रह्मज्ञान प्राप्त होने पर जीवनिर्मित शास्त्रीय द्वैत भी त्याज्य ही है । और यह बात सर्वथा शास्त्रानुमोदित ही है ।

अब अशास्त्रीय द्वैत का भी द्वैविध्य दर्शाते हैं ।

अर्थ – अशास्त्रीय द्वैत भी तीव्र और मन्द भेद से दो प्रकार का है । काम क्रोधादि तीव्र और मनोराज्य दूसरा अर्थात् मन्द है ।४९।

व्याख्या – पूर्व में जीवनिर्मित शास्त्रीय और अशास्त्रीय द्वैत का निरूपण किया था, उसमें से शास्त्रीय द्वैत ज्ञानोत्पादक होने से ज्ञान से पूर्व आदरणीय और ज्ञानोत्तर काल में निरर्थक होने से त्याज्य है, ऐसा कहा गया । अब अशास्त्रीय द्वैत का वर्णन करते हुए कहते हैं कि जीवनिर्मित अशास्त्रीय द्वैतप्रपञ्च दो प्रकार का है – एक तीव्र और दूसरा मन्द । काम, क्रोध, लोभ आदि तीव्र अशास्त्रीय द्वैत है तथा मनोराज्य (मानसिक कल्पना) दूसरा मन्द अशास्त्रीय द्वैत है ।

उभयविधस्याप्यशास्त्रीयस्य द्वैतस्य त्यागोत्तरमेव ज्ञानोत्पत्तिरिति निरूपणम् -

उभयं तत्त्वबोधात्प्राङ् निवार्यं बोधसिद्धये ।
शमस्समाहितत्त्वञ्च साधनेषु श्रुतं यतः ॥ ५० ॥

अन्वयः-उभयं तत्त्वबोधात् प्राक् निवार्यम् । बोधसिद्धये । यतः शमः समाहितत्त्वं च साधनेषु श्रुतम्।

व्याख्या :- तत्त्वबोधात्तत्त्वस्यात्मनोऽद्वितीयत्वस्य बोधात्साक्षात्कारात्प्रागेवोभयमुभयविधमशास्त्रीयं जीवकल्पितं तीव्रमन्दाख्यं द्वैतं बोधसिद्धये प्रत्यगभिन्नात्मसाक्षात्कारलाभाय निवार्यं त्याज्यमेव । अत्रार्थे ज्ञापकं लिङ्गं दर्शयति । यतश्शमो बाह्येन्द्रियनिग्रहस्तथा समाहितत्त्वं मनस्समाधानं च साधनेषु तत्त्वज्ञानसाधनेषु "शान्तो दान्त उपरतस्तितिक्षुस्समाहितश्श्रद्धावित्तो भूत्त्वात्मन्येवात्मानं पश्ये"दिति श्रुतौ श्रुतमतः प्राग्बोधात्त्या-ज्यमिति भावः । साधनचतुष्टयसम्पन्नस्यैव समुदेति ब्रह्मजिज्ञासा "अथातो ब्रह्मजिज्ञासे"ति सूत्रेऽथशब्दार्थ आनन्तर्यमेव हि । साधनचतुष्टयसम्पत्तेरनन्तरमिति भावः । तच्च साधनचतुष्टयं नित्यानित्यवस्तुविवेक इहामुत्रफलभोगविरागश्शमादिसाधनसम्पत्तिर्मुमुक्षुतेति। तथा च जिज्ञासायाः पूर्वमेव सम्पादनीये शमादिपदार्थे शमसमाधी तत्परिपन्थितीव्रमन्दोभयविधद्वैतपरित्यागं विना न सिद्ध्यत इति शमादिसम्पत्तेः प्रागेव त्याज्यं द्वैतं तदिति दिक् ।।

ज्ञान प्राप्ति के लिए दोनों आशास्त्रीय द्वैत का त्याग करना अत्यावश्यक है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ - तत्त्वज्ञान की प्राप्ति के लिए तत्त्वबोध से पूर्व दोनों प्रकार के अशास्त्रीय द्वैत (तीव्र और मन्द) का निवारण करना चाहिये । क्योंकि शम और समाधान (ये दोनों ब्रह्मज्ञान के) साधनों में सुने गये हैं ।५०।

व्याख्या - पूर्व श्लोक में वर्णित काम-क्रोधादि तीव्र और मनोराज्य रूपी मन्द, इन दोनों जीवनिर्मित अशास्त्रीय द्वैत को तत्त्वबोध से पूर्व त्यागना चाहिये । किस लिये त्यागना चाहिए ? तो कहते हैं '***बोधसिद्धये***' अर्थात् आत्मज्ञान की प्राप्ति के लिए दोनों का त्याग करना चाहिये, क्योंकि ये दोनों तत्वज्ञान के बाधक हैं । इसलिए मनोनिग्रह रूप शम और चितैकाग्रता रूप समाधान को ब्रह्मज्ञान के साधनों में गिना गया है । शम के द्वारा काम-क्रोधादि का और समाधान के द्वारा मनोराज्य का निवारण करना चाहिये । "***शान्तो दान्त उपरतस्तितिक्षुः समाहितः श्रद्धावित्तो भूत्वाऽत्मन्येवात्मानं पश्येत्***" (बृ.उ. ४/४/२३) इस प्रकार शम और समाधान को श्रुति में ब्रह्मज्ञान का साधन बताया गया है । साधन के अभाव में कोई भी कार्य आरम्भ नहीं करना चाहिये । अतः ब्रह्म जिज्ञासा भी साधनचतुष्टयसम्पन्न होकर ही करनी चाहिये । विवेक, वैराग्य, शमादि षट्सम्पत्ति और मुमुक्षा ये ही चार वेदान्त के साधनचतुष्टय कहे गये हैं । नित्य और अनित्य पदार्थ के भेदज्ञान को विवेक कहते हैं । इस लोक तथा परलोक के समस्त भोगों से विरक्त होना ही वैराग्य है । शमादि षट्कम् में शम, दम, उपरति, तितिक्षा, श्रद्धा और समाधान का समावेश है । मन के निग्रह को शम और बाह्य इन्द्रियों के निग्रह को दम कहते हैं । वृत्ति का बाह्य विषयों का आश्रय न लेना उपरति है । सुख-दुःख को बिना प्रतिकार किये सहन करना तितिक्षा है । गुरु और शास्त्र में सत्यत्व बुद्धि रखना श्रद्धा है तथा बुद्धि को शुद्ध ब्रह्म में स्थिर रखना अर्थात् चित्त की एकाग्रता को समाधान कहते हैं । तथा मोक्ष की इच्छा को मुमुक्षा कहते हैं । इन चार साधनों से युक्त अधिकारी व्यक्ति ही ब्रह्मज्ञान प्राप्त कर सकता है ।

तीव्रमन्देत्युभयविधद्वैतस्य ज्ञानादूर्ध्वमपि त्याज्यतायाः प्रदर्शनम् -

बोधादूर्ध्वं च तद्धेयं जीवन्मुक्तिप्रसिद्धये ।
कामादिक्लेशबन्धेन युक्तस्य न हि मुक्तता ॥ ५१ ॥

अन्वयः - (अपि) च बोधात् ऊर्ध्वं जीवन्मुक्तिप्रसिद्धये तत् हेयम् । कामादिक्लेशबन्धेन युक्तस्य मुक्तता न हि (विद्यते) ।

व्याख्या :- कामक्रोधमनोराज्यादेर्जीवकल्पितस्य तीव्रमन्देत्यशास्त्रीयद्वैतस्य शमादिज्ञानसाधनपरिपन्थित्त्वान्निराकर्तव्यता सन्दर्शिता । पुनस्तत्त्वबोधोत्तरं तन्निषेधप्रसक्तिः का? बोधात्पुरा निवारितमपि समूलमबाधितत्त्वेन संस्काररूपेणानुवृत्तिसंभवात्सोऽपि जीवन्मुक्तेः प्रतिबन्धक इति कृत्वा बोधादूर्ध्वमपि निवार्यमित्युच्यते । बोधादूर्ध्वं तत्त्वज्ञानोत्पत्त्यनन्तरमपि जीवन्मुक्तिप्रसिद्धये तदशास्त्रीयं तीव्रमन्दाख्यं द्वैतं हेयमेव । यतः कामादिक्लेशबन्धेन कामक्रोधादय एव क्लेशा त एव बन्धस्तेन युक्तस्य विशिष्टस्य मुक्तता जीवन्मुक्तत्त्वं न हि संभव एव नास्ति । तस्मात्त्याज्यमिति शम् ।।

जीवन्मुक्तेः प्रमाणप्रदर्शनम् -

जीवन्मुक्तिरियं मा भूज्जन्माभावे त्वहङ्कृती ।
तर्हि जन्मापि तेऽस्त्वेव स्वर्गमात्रात्कृती भवान् ॥ ५२ ॥

अन्वयः - इयं जीवन्मुक्तिः मा भूत् । (अपि) तु जन्माभावे अहं कृती । तर्हि जन्म अपि ते अस्तु एव स्वर्गमात्रात् भवान् कृती ।

ज्ञानोत्तर काल में भी तीव्र और मन्द रूपी दोनों द्वैत त्याज्य ही हैं, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - तत्त्वज्ञान के अनन्तर भी जीवन्मुक्ति की सिद्धि के लिये वह (द्विविध अशास्त्रीय द्वैत) त्यागने योग्य ही है, क्योंकि कामादि क्लेश रूप बन्धन से युक्त (बद्ध पुरुष) की जीवन्मुक्ति नहीं हो सकती ।५१।

व्याख्या - पूर्व में कहा कि तत्त्वज्ञान के पहले अशास्त्रीय द्वैत निवारणीय है । तो क्या तत्त्वज्ञान होने के बाद वह तीव्र और मन्द रूपी जीव निर्मित अशास्त्रीय द्वैत ग्राह्य होगा ? इस शंका का समाधान करते हुए कहते हैं कि यदि तुम्हें जीवन्मुक्ति की सिद्धि चाहिये तो ज्ञानोत्तरकाल में भी अशास्त्रीय दोनों प्रकार के द्वैत का पूर्णरूप से त्याग करना चाहिये । अर्थात् ज्ञान होने के बाद भी काम-क्रोधादि और मनोराज्य रूपी मिथ्याजगत् का किंचिन्मात्र भी आदर नहीं करना चाहिये । इसका कारण बताते हुए कहते हैं कि काम-क्रोधादि क्लेश रूप बन्धन से युक्त पुरुष की जीवन्मुक्ति संभव नहीं है । अतः जीवन्मुक्ति का विलक्षण सुख प्राप्त करने के लिए ज्ञानोत्पत्ति के अनन्तर भी द्विविध अशास्त्रीय द्वैत का त्याग करना चाहिये ।

ज्ञान होने से मरने के बाद तो मुक्ति अवश्य ही हो जाएगी । तब जीवन्मुक्ति से क्या प्रयोजन ? पूर्वपक्षी की इस शंका का समाधान करते हैं ।

अर्थ - वह जीवन्मुक्ति मुझे भले ही प्राप्त न होवे, मैं तो पुनर्जन्म के अभावमात्र से कृतार्थ हूँ । यदि ऐसा कहते हो तब तो तुम्हारा जन्म भी अवश्य हो । आप तो स्वर्ग से ही कृतार्थ हो जाओ ।५२।

व्याख्या - पूर्वपक्षी शंका करता है कि आप सर्वकामनाओं का उन्मूलन करने वाली जिस जीवन्मुक्ति की बात कर रहे हैं, वह मुझे भले ही न मिले । मैं तो जन्म के अभाव मात्र से स्वयं को कृती (कृतकृत्य)

व्याख्या :- पुरुषस्य जन्मराहित्येन कृतार्थतासंभवाद्विदेहमुक्त्यैवालं कृतं जीवन्मुक्त्या । किञ्च तत्सद्भावे न प्रमाणं पश्यामः । "तस्य तावदेव चिरं यावन्न विमोक्ष्येऽथ सम्पत्स्य" इति न जीवन्मुक्तिज्ञापिका। यत आचार्यास्सर्वज्ञात्मश्रीचरणा अर्थवादतामेवास्याभ्युपगच्छन्ति । "जीवन्मुक्तिप्रत्ययं शास्त्रजातं जीवन्मुक्ते कल्पिते योजनीयम् । तावन्मात्रेणार्थवत्त्वोपपत्तेस्सद्योमुक्तिस्सम्यगेतस्य हेतो"रिति । (सङ्क्षेपशारीरकम् ४।३९) तत्र मधुसूदनश्रीपादास्तत्त्वविदस्सद्यो विदेहकैवल्योपगमे "तस्य तावदेव चिरं यावन्न विमोक्ष्येऽथ सम्पत्स्ये", "प्रजहाति यदा कामान्सर्वान्पार्थ मनोगतान् । आत्मन्येवात्मना तुष्टस्स्थितप्रज्ञस्तदोच्यते" इत्यादीनि जीवन्मुक्तिप्रतिपादकशास्त्राणि निर्वीर्याणि स्युरिति पूर्वपक्षं विधाय तेषामर्थवादत्त्वेन "गर्भस्थो वामदेवः प्रपेदे अहमनुरभवं सूर्यश्चे"त्यादिशुकवामदेवादिमुक्तिशास्त्रमिव प्रकृष्टप्राज्ञकल्पितजीवन्मुक्त्यनुवादेनात्म-विद्याप्राशस्त्यबोधकत्त्वान्न तद्विरोध इति समादधति। एवं जीवन्मुक्तिप्रतिपादकवाक्यानामर्थवादतां सङ्क्षेपशारीरककारास्स्वीकुर्वन्तीति सिद्धान्तलेशसङ्ग्रहसूक्तिमञ्जर्यामप्यवोचि । "विरोधिन्युदितेशेषा-सम्भवादर्थवादताम् । सर्वज्ञात्मगुरुः प्राह जीवन्मुक्तश्रुतेस्स्फुट"मिति । अत एतत्सर्वमभिप्रेत्य शङ्कते मास्तु जीवन्मुक्तिरिति । इयं सर्वकामोन्मूलिनी जीवन्मुक्तिर्नो मा भूत् । यतोऽहं जन्माभावे तावन्मात्रेण कृती धन्यः । विदेहमुक्त्यैवालमिति भावः। ऐहिकसुखभोगत्यागभिया यदि जीवन्मुक्तिं त्यजसि तर्ह्यामुष्मिकसुखभोगत्यागभिया त्याज्या विदेहमुक्तिरपीति प्रतिबन्द्या समाधत्ते । ऐहिकसुखभोगेच्छया जीवन्मुक्तिं त्यजतस्ते पुनर्जन्माप्यस्तु । तदा सुखभोगो भूयो भवेत् । अथवाऽमुष्मिकभोगलालसो भवान्स्वर्गमात्रात्कृती भवतु । कामोपस्थापितकर्माचरणफलं स्वरवाप्य यावत्कालमुषित्त्वा फलभोगोत्तरं "ततश्शेषेणे"ति पुनः कर्मशेषफलोभोगाय जन्मस्वीकृत्य सुखमनुभूय तावता कृतकृत्यंमन्यो भवेति भावः। रागानिवृत्तेर्न तस्य निश्श्रेयसावाप्तिः । अत एवोक्तं प्राचीनैः "ब्रह्मलोकाभिवाञ्छायां सम्यक्सत्यां निरुद्ध्यताम् । विचारयेद्य आत्मानं न तु साक्षात्कारोत्यय"मिति । सङ्क्षेपशारीरके हि प्रथमं सद्योमुक्तिपक्षोऽभिहितः ।

मानता हूँ । शरीर का त्याग करके ज्ञानी पुरुष विदेह मुक्ति को प्राप्त करता है अतः मुझे ज्ञानबल से विदेहमुक्ति अवश्य ही मिल जाएगी । तब मैं जीवन्मुक्ति के लिए वृथा प्रयत्न क्यों करूँ ? पुनर्जन्म के अभाव में ही पुरुष की कृतार्थता है, अतः विदेहमुक्ति ही पर्याप्त है । और दूसरा यह कि जीवन्मुक्ति के विषय में प्रमाण भी नहीं है। "***तस्य तावदेव चिरं यावन्न विमोक्ष्येऽथ सम्पत्स्ये***" । इत्यादि श्रुतिवचन भी विदेहमुक्ति के ही समर्थक हैं । इस प्रकार विदेहमुक्ति के व्याज से जीवन्मुक्ति का अपलाप करने वाले पूर्वपक्षी को समझाते हुए कहते हैं कि यदि तुम दैहिक भोग त्याग करने के भय से जीवन्मुक्ति का त्याग करते हो तब तो तुम्हारा जन्म भी होवे अर्थात् तुम्हें पुनर्जन्म को भी अंगीकार करना चाहिये । तुम तो स्वर्गमात्र से कृतार्थ हो जाओ । अर्थात् स्वर्ग के सुखानुभव मात्र से कृतकृत्य हो जाओ। तात्पर्य यह है कि यदि तुम दैहिक सुख भोगने के लिए जीवन्मुक्ति का त्याग कर सकते हो तो स्वर्गसुख के लिए विदेहमुक्ति का भी अवश्य ही त्याग कर सकते हो, क्योंकि इस लोक की अपेक्षा स्वर्ग का सुख अत्यधिक होता है । अर्थात् शुभकर्मजन्य स्वर्ग को प्राप्त कर शुभ कार्मों की समाप्ति पर्यन्त अनेक भोगों का उपभोग करके अवशिष्ट कर्मों का फल भोगने के लिए पुनः जन्म स्वीकार करो । इस तरह तुम जन्म का अंगीकार करके ही स्वयं को धन्य मानो। वस्तुतः जब तक राग की निवृत्ति नहीं होती तब तक निःश्रेयस की प्राप्ति

"सम्यज्ज्ञानविभावसुस्सकलमेवाज्ञानतत्सम्भवं सद्यो वस्तुबलप्रवर्तनमरुद्व्यापारसन्दीपितः । निर्लेपे न हि दन्दहीति न मनागप्यस्य रूपान्तरं संसारस्य शिनष्टि तेन विदुषस्सद्यो विमुक्तिर्ध्रुवे"ति । तथैवोत्तरश्लोकेऽपि स्पष्टमभ्यधायि "सद्योमुक्तिस्सम्यगेतस्य हेतो"रिति । विद्वद्गोचरमित्यादिनोत्तरत्र पद्यैरुपन्यस्यत एव जीवन्मुक्तिपक्षः । तथा हि "जीवन्मुक्तिस्तावदस्ति प्रतीतेर्द्वैतेच्छाया तत्र चास्ति प्रतीतेः । द्वैतेच्छाया रक्षणायास्ति लेशस्तस्मिन्नर्थे स्वानुभूतिः प्रमाण"मित्यन्तेन तं पक्षमुपपाद्य "पश्यामि चित्रमिव सर्वमिदं द्वितीयं तिष्ठामि निष्कालचिदेकवपुष्यनन्ते । आत्मानमद्वयमनन्तसुखैकरूपं पश्यामि दग्धरशनामिव च प्रपञ्चम् । अद्वैतमप्यनुभवामि करस्थबिल्वतुल्यं शरीरमहिर्निर्ल्वयनीव वीक्षे । एवं च जीवनमिव प्रतिभासमानं निश्श्रेयोऽधिगमनं च मम प्रसिद्ध"मित्यादिना स्वानुभूतिस्सम्यक्प्रदर्शितेति सर्वेषां सम्मतैव जीवन्मुक्तिरिति शिवम् ।।

सकलपुरुषार्थविध्वंसकृत्कामादीनां नितरां त्याज्यतेति निरूपणम् –

क्षयातिशयदोषेण स्वर्गो हेयो यदा तदा ।
स्वयं दोषतमात्मायङ्कामादिः किन्न हीयते ।। ५३ ।।

अन्वयः–क्षयातिशयदोषेण स्वर्गः यदा हेयः तदा स्वयं दोषतमाऽऽत्मा अयं कामादिः किं न हीयते?

व्याख्या :– अभ्युदयानन्दहेतुस्स्वर्गोऽपि क्षयातिशयदोषेण विनाशतरतमभावादिदोषेण हेयः । तस्मान्न स्वर्गमात्रात्कृतार्थता इति चेद्यद्येवं स्वर्गस्य सातिशयत्त्वेन नश्वरत्त्वाद्धेयतया कृतकृत्यता न तेनेत्यभ्युपेयसे तदा दोषतमात्मा सकलपुमर्थविनाशकरी महान्दुष्टः कामादिः किं न हीयते? अत्यन्तत्याज्यमिति भावः । काम्यकर्मफलस्य स्वर्गस्य विनाशित्त्वेन निराकृते स्वर्गादिफलकारणीभूत–

संभव नहीं है । कोई पुरुष सर्वश्रेष्ठ ब्रह्मलोक की इच्छा मन में रखकर चाहे जितना भी योग अथवा समाधि का अभ्यास करे किन्तु वह आत्मसाक्षात्कार से वञ्चित ही रहता है ।

ब्रह्मलोकाभिवाञ्छायां सम्यक् सत्यां निरुध्यताम् ।
विचारयेद्य आत्मानं न तु साक्षात्करोत्ययम् ।।

स्वल्पमात्र भी राग ब्रह्मज्ञान में बाधक है अतः ऐहिक सुखों में राग का त्याग करके जीवन्मुक्ति का नित्यसुख प्राप्त करना चाहिये ।

सम्स्त पुरुषार्थों के विघातक कामादिओं को अवश्य ही त्याग देना चाहिये, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ – यदि क्षय और अतिशय रूप दोष के कारण स्वर्ग हेय है, तब स्वयं ही अत्यन्त दोष रूप इन कामादि का त्याग क्यों नहीं करते हो ?५३।

व्याख्या – सिद्धान्ती पूर्वपक्षी की शंका को दर्शाते हुए कहते हैं कि क्षय और अतिशय रूप अर्थात् नाश के तारतम्य रूप दोष के कारण स्वर्ग त्याज्य है अतः आपने जो कहा कि स्वर्गमात्र से कृतार्थता हो जाएगी, यह बात ठीक नहीं है । इस पर सिद्धान्ती कहते हैं कि यदि क्षयातिशय दोष के कारण तुम स्वर्ग को त्याज्य मान रहे हो तो फिर इन कामादि का त्याग क्यों नहीं कर रहे हो ? कामादि तो समस्त पुरुषार्थों का नाश करने वाले हैं । वे स्वयं ही अत्यन्त दोष रूप हैं, उनका त्याग क्यों नहीं करते हो ?

कामादीनां नितरां क्षयिष्णुत्त्वेन निखिलपुमर्थपरिपन्थित्त्वेन च सुतरां त्याज्यतेति भाव इति दिक् ।।

कामादीनां त्यागे यथेष्टाचारिता स्यादिति निरूपणम् -

तत्त्वं बुद्ध्वापि कामादीन्निःशेषन्न जहासि चेत् ।
यथेष्टाचरणन्ते स्यात्कर्मशास्त्रातिलङ्घिनः ।। ५४ ।।

अन्वयः-तत्त्वं बुद्ध्वा अपि निश्शेषं कामादीन् न जहासि चेत् कर्मशास्त्रातिलङ्घिनः ते यथेष्टाचरणं स्यात्।

व्याख्या :- निष्कामकर्मानुष्ठानेन चित्तशुद्धौ जिज्ञासोदेति । ततश्च श्रवणादिद्वारा मोक्ष इति स्थितिः । तथा चित्तशुद्धिसम्पादनायैहिकामुष्मिकफलकामना प्रतिबन्धिका । अतो वैराग्यं निश्श्रेयस्समधिगमे परमं कारणम् । साधनचतुष्टयान्तःपातिवैराग्ये न केवलमामुष्मिकफलभोगविराग एव विवक्षितः किन्त्वैहिकफलभोगविरागोऽपि । प्रतिबन्धकाभावविधया तस्यापि साधन-चतुष्टयान्तःपातित्त्वात् । "ज्ञानामृतेन तृप्तस्य कृतकृत्यस्य योगिनः । नैवास्ति किञ्चित्कर्तव्यमस्ति चेन्न स तत्त्ववि"दिति वचनान्मम कामादिपरित्यागोऽपि न कार्य इति चेदनर्थमापद्येत त इति समाधत्ते। तत्त्वं बुद्ध्वापि कामादीन्निश्शेषं न जहासि चेदैहिकफलकामानां न त्यजसि निश्शेषमनर्थमृच्छेः। निश्शेषशब्देनात्र तत्संस्कारलेशोऽपि जीवमुक्तिविघ्नकृदेवेति सूच्यते । कोऽनर्थ इति चेत्कर्मशास्त्रातिलङ्घिनः हेतुगर्भितं विशेषणमेतत्ते यथेष्टाचरणमैहिकभोगप्रयोजकनिषिद्धकर्माचरणमपि स्यात् । तथा च निषिद्धकर्मजन्यपापं साक्षात्कारं प्रतिबध्नाति । अत एव च वक्ष्यति अपरिपक्ववैराग्ये जातोऽपि बोधो न पूर्णतामेतीति । मोक्षहेतुत्त्वं च पूर्णबोधस्यैव । वैराग्येऽपि तरतमभावोऽपि च । श्लोकेऽस्मिंस्तत्त्वं

भाव यह है कि कामादि अनर्थ का कारण होने के कारण अवश्य ही हेय हैं । काम्य कर्मों के फलभूत जो स्वर्ग है, वह क्षयातिशय दोषयुक्त होने के कारण हेय है । ऐसा तुमने अंगीकार किया है तो फिर उनके कारणभूत जो कामादि हैं, वे भी क्षयादिदोष से युक्त हैं । अतः सभी पुरुषार्थों के विघातक तथा अन्यन्त दुष्ट स्वभाव वाले कामादि का तुम त्याग क्यों नहीं करते ? दोनों में क्षयित्वादि दोष समान होने के कारण स्वर्ग के समान कामादि भी त्याज्य हैं ।

कामादि का त्याग न करने पर तो यथेष्टाचरण ही होगा, इसका प्रतिपादन करते हैं।

अर्थ - तत्त्व को जानकर भी यदि तुम पूर्णरूप से कामादि को नहीं छोड़ते हो तो कर्मशास्त्र का उल्लंघन करने वाले तुम्हारा यह यथेच्छाचरण होगा ।५४।

व्याख्या - निष्काम कर्मानुष्ठान से जब चित्त अत्यन्त शुद्ध हो जाता है तब जिज्ञासा उत्पन्न होती है । तदनन्तर श्रवण, मननादि के द्वारा मोक्ष प्राप्त होता है । ऐहिक और आमुष्मिक (परलोकसम्बन्धी) फल भोगने की वासना चित्तशुद्धि की प्रतिबन्धिका है । अतः वैराग्य ही निःश्रेयस का कारण है । साधनचतुष्टय में अन्यतम वैराग्य से न केवल ऐहिक फलभोग का अपितु आमुष्मिक फलभोग का भी विराग लक्षित है । अतः वैराग्य का आश्रय लेकर कामनाओं का त्याग अवश्य करना चाहिये । पूर्वपक्षी के प्रति सिद्धान्ती कहते हैं कि यदि तुम तत्त्व को जानकर भी कामादि का पूर्णरूप से त्याग नहीं करते हो, तो कर्मशास्त्र का उल्लंघन होगा । अतः कर्मशात्र की मर्यादा का उल्लंघन करने वाले तुम्हारा यह

बुद्ध्वापीत्यत्र बोधः परिपूर्णो? न वा? कर्मशास्त्रातिलङ्घिन इत्यनेनायं बोधो न वास्तविकः । किन्तु मम बोधो जात इत्यभिमानमात्रमेव । तथा यथेष्टाचरणापादनमपि कामाद्यधीनाचरणापादनार्थकमेव। निष्कामाचरणपरं नैव भवति वस्तुतो ब्रह्मसाक्षात्कारवतः कर्मशास्त्रोल्लङ्घनेन दोषासंस्पृष्टेः । "भेदाभेदौ सपदि गलितौ पुण्यपापे विशीर्णे मायामोहौ क्षयमधिगतौ नष्टसन्देहवृत्तेः । शब्दातीतं त्रिगुणरहितं प्राप्य तत्त्वावबोधं निस्त्रैगुण्ये पथि विचरतां को विधिः को निषेध" इत्यनेन ज्ञानिनो विधिनिषेधानपेक्षत्त्वमुक्तम् तदुल्लङ्घनमत्र नोक्तम् । अतो गृहस्थानां तत्त्वबोधो दुष्करः । गार्हस्थ्ये हि नियमा अनुष्ठेया नियततया । ज्ञानेन तद्विरुद्ध्यते । संन्यासिनामपि भिक्षाटनादिविहितधर्मेषु नैयत्यमावश्यकमेवेति को विशेष इति न वाच्यम् । गृहस्थकर्माणि कामप्रयुक्तानि। यतेः कर्माण्यभिमानविधुराणीति विशेषस्य सद्भावात् । तस्मात्सर्वात्मना कामादीनां त्यागोऽवश्यं विधेय इति शम् ।।

यथेच्छाचरण होगा अर्थात् ऐहिक सुखभोग का प्रयोजक निषिद्ध कर्माचरण भी होगा । और यदि तुम निषिद्धाचरण करते हो तो तज्जन्य पाप आत्मसाक्षात्कार का प्रतिबन्धक होगा । इसलिए ग्रन्थ में आगे कहेंगे कि जब तक वैराग्य परिपक्व नहीं होता तब तक उत्पन्न हुआ ज्ञान भी पूर्णता को प्राप्त नहीं होता है । पूर्णबोध ही मोक्ष का हेतु है । "***तत्त्वं बुद्ध्वापि***" ऐसा जो श्लोक में कहा गया है, वह वस्तुतः तत्त्वबोध नहीं है क्योंकि अजितेन्द्रिय होने के कारण विधि-निषेधात्मक शास्त्र का उल्लंघन करने वाला यथोच्छाचारी पुरुष तत्त्वज्ञानी नहीं हो सकता । इसलिए पूर्वपक्षी को ज्ञानी नहीं कहा गया है किन्तु "मैंने तत्त्व को जान लिया है, मैं ज्ञानी हो गया हूँ, अब मुझे विधि-निषेधात्मक शास्त्र बाँध नहीं सकते, अब में यथेच्छा से कामना की पूर्ति करूँगा" इत्यादि रूप से ज्ञानाभास को ही यहाँ पर '***तत्त्वं बुद्ध्वापि***' ऐसा कहा गया है । यदि पूर्वपक्षी कहे कि ज्ञानामृत से तृप्त योगी का कोई कर्तव्य अवशिष्ट नहीं रहता, यदि कोई कर्तव्य रहता है तो वह ज्ञानी ही नहीं है । अतः मुझे कामादि का त्याग भी नहीं करना चाहिये। तो यह कथन ठीक नहीं है, क्योंकि कामादि अनर्थ के कारण हैं, अतः तत्त्व को जानकर पूर्ण रूप से कामादि का त्याग करना चाहिये । श्लोक में '**निःशेषं**' शब्द का अर्थ है कि कामादि के लेशमात्र संस्कार भी जीवन्मुक्ति के बाधक हैं । अतः इनका सर्वथा त्याग करना चाहिये । वस्तुतः जिसने आत्मसाक्षात्कार कर लिया है ऐसे ब्रह्मनिष्ठ महात्मा के द्वारा यदि शास्त्रोल्लंघन हो भी जाए तो उसे दोष नहीं लगता है। कहा भी है कि "***निस्त्रैगुण्ये पथि विचरतां को विधिः को निषेधः***" इस वचन से ज्ञानी विधि-निषेध से रहित होता है, यह सूचित होता है । यहाँ पर ज्ञानी को विधि-निषेध से अनपेक्ष कहा गया है, न कि उनका उल्लंघन करने वाला । अतः श्लोक में "***तत्त्वं बुद्ध्वापि***" यह कथन पूर्ण तत्त्वज्ञ के लिए नहीं अपितु अजितेन्द्रय होने के कारण शास्त्रों का उल्लंघन करने वाले यथेच्छाचारी पुरुष को लक्ष्य कर ही कहा गया है कि यदि तुम ज्ञानाभिमानी होकर कामादि का त्याग नहीं करोगे तो बड़ा अनर्थ होगा।

यथेष्टाचरणं निन्दितमित्यत्र नैष्कर्म्यसिद्धिकाराणां वचनोदाहरणम् -

बुद्धाद्वैतस्वतत्त्वस्य यथेष्टाचरणं यदि ।
शुनां तत्त्वदृशाञ्चैव को भेदोऽशुचिभक्षणे ॥ ५५ ॥

अन्वयः - बुद्धाद्वैतस्वतत्त्वस्य यदि यथेष्टाचरणं (स्यात्) (तर्हि) अशुचिभक्षणे (अपि प्रवृत्तिः स्यात्) शुनां तत्त्वदृशां च एव को भेदः (स्यात्) ?

व्याख्या :- श्रीगुरुपादोपसर्पणेन सम्प्रदायपुरस्सरं तन्मुखविगलितमहावाक्यार्थमद्वैतात्मतत्त्वं दृश्य-

---

यथेष्टाचरण की सर्वत्र निन्दा की गई है । इस विषय में वार्तिककार श्रीसुरेश्वराचार्य रचित नैष्कर्म्यसिद्धि (४/६२) का वचन प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - अद्वैत रूप अपने निजस्वरूप को जिसने जान लिया है, ऐसा पुरुष यदि यथेष्टाचरण करता है तो अपवित्र पदार्थ का भक्षण करने वाले श्वान और तत्त्ववेत्ता में क्या अन्तर रहेगा ?५५।

व्याख्या - श्रोत्रिय-ब्रह्मनिष्ठ गुरु की निष्कपट भाव से सेवा करते हुए तीव्र वैराग्य को धारण करने वाले आत्मजिज्ञासु के लिए जब श्रीगुरुदेव अपने मुखकमल से महावाक्य रूपी ज्ञानगंगा प्रवाहित करते हैं तब गुरु की अहैतुकी कृपा से शिष्य को श्रवणादि के द्वारा ज्ञान प्राप्त हो जाता है । वह अपने स्वाभाविक द्वैत से रहित नित्य आत्मा का साक्षात्कार करके कृतकृत्य हो जाता है । ऐसा पुरुष शास्त्रों का उल्लंघन करते हुए यथेष्टाचरण नहीं करता है । शिष्य ज्ञान होने से पूर्व गुरु की सेवा करता था किन्तु ज्ञान होने के बाद गुरु से यह नहीं कहता कि अब हम भी ब्रह्म हो गये हैं, आप हमारी सेवा करें, यह यथेष्टाचरण है । किन्तु ज्ञानोत्तर काल में भी शिष्य गुरु की आज्ञा के अधीन ही रहता है । इसलिए कहा है कि "***गुरुलोपो न कर्तव्यो स्वच्छन्दो यदि वा भवेत्***' (गुरुगीता) और "***गुरुरात्मवतां शास्ता***" (गु.गी.) अतः ज्ञानी की कामादि से प्रेरित प्रवृत्ति नहीं होती है । '***इषु इच्छायाम्***' इस धातु से क्त-प्रत्यय होने पर इष्टम् सिद्ध होता है । पूर्वोक्त ज्ञानी में इच्छा का भी अभाव होने के कारण यथेष्टाचरण का तो प्रश्न ही नहीं है । जनवंचकचूडामणि कामुक व्यक्ति ही यथेष्टाचरण करते हैं, उन्हीं का यहाँ पर निषेध किया गया है ।

दृष्टान्त - एक दम्भी वेदान्ती था । उसने कुछ वेदान्त रट लिया था कि आँख के अधिष्ठातृ देवता सूर्य हैं, हाथ के इन्द्र हैं, पैर के विष्णु हैं इत्यादि । उसने एक बहुत सुन्दर बगीचा बनाया । उसमें वह जल डाल रहा था तभी वहाँ एक गाय आ गई, उसके पैरों से कुछ पौधें नष्ट हो गये । यह देख उसे बड़ा गुस्सा आया । उसने डंडा उठाया और पीट-पीटकर उस गाय को मार डाला। जब गाय मर गई तो उस कथितवेदान्ती के सामने गौहत्या आकर खड़ी हो गई। उसने पूछा - कौन हो तुम ? वह बोली - मैं गौहत्या हूँ । किस लिये आयी हो ? तुमने गौहत्या की है अतः इसके परिणामस्वरूप तुम्हें नरक ले जाने के लिए आई हूँ । वेदान्ती नरक का नाम सुनकर घबरा गया, थोड़ी देर विचार करके बोला । सुनो ! इस गाय को मैंने नहीं मारा है । इसे इन्द्र ने मारा है अतः तुम इन्द्र के पास चली जाओ । गौहत्या बोली इन्द्र ने इसकी हत्या कैसी की है ? वेदान्ती बोला हाथ के अधिष्ठातृ देवता कौन है ? गौहत्या बोली कि इन्द्र है । वेदान्ती बोला कि इस गाय की हत्या मैंने नहीं की है, हाथ ने की है और हाथ का अधिष्ठातृ देवता इन्द्र है अतः इन्द्र ने ही इसकी हत्या की है अतः तुम इन्द्र के पास जाओ । गौहत्या मौन होकर इन्द्र के

मिथ्यात्त्वपूर्वकतया दृढमनुभवतो न यथेष्टाचरणप्रसक्तिः । इषु इच्छायामिति धातोः क्त प्रत्यये इष्टमिति सिद्ध्यति । इच्छाविषयत्त्वं तस्यार्थः । पूर्वोक्तस्य ज्ञानिन इच्छाया एवाभावेन यथेष्टस्य दूरापास्तत्त्वात् । किन्तु जनवञ्चकचूडामणेः किञ्चिच्छास्त्रसंस्कारशालिनस्सम्प्रदायसूर्योलूकस्य कामुकस्यैव यथेष्टाचरणप्रसक्तिरित्यतो निषध्यते । बुद्धाद्वैतस्वतत्त्वस्य बुद्धमपरोक्षीकृतमद्वितीयं प्रत्यगभिन्नब्रह्मात्मैक्यं स्वतत्त्वं द्वैतमिथ्यात्त्वनिश्चयपूर्वकनिजरूपं येन स तथोक्तस्य यथेष्टाचरणं स्वेच्छया वर्तनं यदि स्याच्छुनां तत्त्वदृशां चाशुचिभक्षणेऽमेध्यखादने को भेदः । न कोऽपि भेदोऽस्तीति भावः ? सनत्सुजातीये– "आचारहीनं न पुनन्ति वेदा यद्यप्यधीतास्सह षड्भिरङ्गैः । छन्दांस्येनं मृत्युकाले

पास गई । इन्द्र ने पूछा कौन हो तुम और क्यों आई हो ? गौहत्या ने सारी कथा विस्तार से सुना दी । इन्द्र ने कहा ठीक है, तुम मेरे साथ चलो । इन्द्र उसी वेदान्ती के बगीचे के पास गया और गौहत्या से कहा कि तुम यहीं छुप कर सब देखती रहना । मैं जब बुलाऊँ तो आ जाना, इतना कहकर इन्द्र एक ब्राह्मण का वेश बनाकर उस वेदान्ती के बगीचे में गया । वहाँ जाकर उसने उस बगीचे की खूब प्रशंसा करना प्रारम्भ कर दिया । इन्द्र बोला – अरे वाह! कितना सुन्दर बगीचा है । कितने अच्छे फूल हैं । यह तो बड़ा ही अद्भुत है, कितनी मेहनत से इसे बनाया गया होगा । इतना सुनकर वह वेदान्ती उस ब्राह्मण वेशधारी इन्द्र के पास आकर कहता है कि आप अभी क्या कह रहे थे ? ब्राह्मण पुनः बगीचे की प्रशंसा करने लगता है । कितनी मेहनत और लगन से इसे बनाया गया है, इसका बनाने वाला बड़ा ही दिव्यपुरुष होगा । अरे भाई ! मुझे उस दिव्यपुरुष के दर्शन करा दो, जिसने इतना दिव्य बगीचा बनाया है । इतना सुनकर ही आत्मश्लाघा से भरा हुआ वह वेदान्ती अभिमानपूर्वक बोलने लगा कि अरे ! यह बगीचा मैंने स्वयं लगाया है । इन्द्र बोला – क्या आपने स्वयं अपने हाथों से लगाया है ? वह बोला– अरे हाँ भाई, मैंने स्वयं अपने हाथों से इसे लगाया है । इतना सुनते ही ब्राह्मणवेशधारी इन्द्र बोला कि अच्छा गाय मारी तो इन्द्र ने और बगीचा लगाया तो स्वयं ने ? इन्द्र ने गौहत्या को बुलाया और कहा पकड़ लो इसे और डाल दो नरक में ।

दृष्टान्त का भाव यह है कि कुछ लोग वेदान्त के नाम पर स्वयं को ज्ञानी सिद्ध करते हुए यथेष्टाचरण करते हैं और जब इन्हें उससे रोका जाता है तब वे मिथ्यावेदान्तवादी लोग झूठा ज्ञान प्रदर्शित करते हुए कहते हैं कि आत्मा तो नित्य शुद्ध है, हम कुछ भी करें, इससे आत्मा में कोई फरक नहीं पड़ता । एक बार पंजाब में वेदान्तियों की विशाल गोष्ठी हुई । उस गोष्ठी में रोज १०० किलो से ज्यादा लहसुन, प्याज आदि का सेवन होता था । कहने का तात्पर्य यह है कि ज्ञानोत्तरकाल में यदि ज्ञानी भक्ष्याभक्ष्य का विचार नहीं करेगा और कहीं भी किसी के भी हाथ का कुछ भी भोजन करेगा तो उसमें और श्वान (कुत्ते) में क्या अन्तर रहेगा ? श्वान भी भक्ष्याभक्ष्य का विचार किये बिना कहीं भी कुछ भी खा लेता है, उसी प्रकार यदि ज्ञानी का भी आचरण हो गया तो वह कुत्ते के समान ही हो जाएगा । कहा भी गया है कि "***आचारहीनं न पुनन्ति वेदाः***" अर्थात् आचारभ्रष्ट पुरुष को तो वेद भी पवित्र नहीं कर सकते हैं । वस्तुतः अनेक जन्मों के पुण्यपुंज के फलस्वरूप ही मनुष्य देह, मुमुक्षुत्व और सद्गुरु की प्राप्तिपूर्वक आत्मज्ञान प्राप्त होता है । अतः पुण्यकर्मों की वासना के कारण ज्ञानी पुरूष प्रायः पुण्यकर्म ही करते हैं । अनुभूतिप्रकाश में भी यही कहा है ।

त्यजन्ति नीडाश्शकुन्ता इव जातपक्षा" इत्युक्तम् । एवमेवानुभूतिप्रकाशेऽपि "किञ्च पुण्यरतः पूर्वं ज्ञानमाप्नोति नान्यथा । पश्चाच्च तद्वासनया पुण्यमेव करोत्यसा"वित्यवोचि । तस्मान्मुक्तम्मन्यान्प्रत्येव यथेष्टाचरणनिषेध इति दिक् ।।

लोकव्याकुलता यथेष्टाचरणेनेति निरूपणम् -

बोधात्पुरा मनोदोषमात्रात्क्लिश्नात्यथाऽधुना ।
अशेषलोकनिन्दा चेत्यहो ते बोधवैभवम् ।। ५६ ।।

अन्वयः - बोधात्पुरा मनोमात्रदोषात् क्लिश्नाति अथ अधुना च अशेषलोकनिन्दा इति ते बोधवैभवम् अहो ।

व्याख्या :- बोधात्पुरा तत्त्वज्ञानोत्पत्तेः प्राङ्मनोदोषमात्रात्कामक्रोधलोभमोदमदमात्सर्यादयो ये मनोदोषास्तावन्मात्रेण कारणेन क्लिश्नाति । अत्र क्लिश्यसीत्यपपाठ एव । वार्तमानिकप्रयोगेणेदं प्रतीयते यदद्यापि बोधो नास्योदित इति । अधुना तत्त्वज्ञानजननादूर्ध्वं यथेष्टाचरणनिमित्ता महत्यशेषलोकनिन्दा च निखिलैर्लोकैः क्रियमाणा जुगुप्सावहा निन्दा तत्प्रायोऽपीति क्लेशद्वैगुण्यमिति भावः । इत्यहो ते बौधवैभवं तवेदृशी विलक्षणज्ञानशोभा । अत्याश्चर्यकरीत्यहो इत्यनेनोपहासः द्योत्यते । वस्तुतो यदि तत्त्वज्ञानी यथा कामादिभ्यो न क्लिश्नात्येवं लोकनिन्दाया अपि नैव क्लिश्नाति । विज्ञम्मन्यस्तु क्लिश्नात्येव सर्वत्रेति सारः ।।

किञ्च पुण्यरतः पूर्वं ज्ञानमाप्नोति नान्यथा ।
पश्चाच्च तद्वासनया पुण्यमेव करोत्यसौ ।। (अनु.प्र.)

सार यह है कि आत्मज्ञानी कामादि प्रेरित मनमाना आचरण नहीं करता है।

अब सिद्धान्ती पूर्वपक्षी के यथेष्टाचरण का उपहास करते हैं ।

अर्थ - तत्त्वज्ञान की उत्पत्ति से पूर्व तो तुमने केवल कामदि मानसिक दोषों से उत्पन्न क्लेश ही सहन किये थे । किन्तु अब तो समस्त लोगों के द्वारा की गई निन्दा भी सहन करनी पड़ेगी । अहो ! तुम्हारे ज्ञान का वैभव । (जिससे अब द्विगुण क्लेश तुम्हें सहन करना पड़ेगा) ।५६।

व्याख्या - '***बोधात्पुरा***' अर्थात् तुम्हारे मतानुसार तुम जिसे बोध मानते हो उस बोध के उत्पन्न होने से पूर्व '***मनोदोषमात्रात्***' ***मनसः कामक्रोधादयो ये दोषाः तन्मात्रेणैव हेतुना*** मन के काम, क्रोध, लोभादि जो दोष हैं, उन्हीं दोषों के कारण तुम क्लेश का अनुभव करते थे । (श्लोक में '**क्लिश्नासि**' इस वर्तमान क्रिया के प्रयोग से तुम्हें अभी भी बोध नहीं है, यह ध्वनित होता है ।) और अब तादृश ज्ञानोत्पत्यनन्तर भी यथेष्टाचरण करने से सभी लोगों की निन्दा भी सहन करनी पड़ेगी । इस प्रकार तुम्हारा क्लेश द्विगुण हो गया । इसलिए कहते हैं कि "***अहो ते बोधवैभवम्***" अहो ! तुम्हारे ज्ञान का वैभव! अर्थात् तुम्हारे ज्ञान की शोभा बड़ी विलक्षण है । अहो शब्द आश्चर्य का द्योतक है । अतः यहाँ उपहास करना प्रतीत होता है । वस्तुतः तत्त्वज्ञानी न कामादि क्लेशों से और न ही लोक निन्दा से व्यथित होता है, किन्तु ज्ञानाभिमानी पुरुष ही कामादि से और लोक निन्दा से भी क्लेश पाता है । यही तत्त्वज्ञानी और तत्त्वज्ञानाभिमानी के यथेष्टाचरण में विशेषता है ।

बुद्धिदोषाणां त्यज्यतावर्णनम् -

विड्वाराहादितुल्यत्त्वं मा काङ्क्षीस्तत्त्ववित्तम ।
सर्वधीदोषसन्त्यागाल्लोकैः पूज्यस्व देववत् ॥ ५७ ॥

अन्वयः - तत्त्ववित् भवान् विड्वाराहादितुल्यत्त्वं मा काङ्क्षीः सर्वधीदोषसन्त्यागात् लोकैः देववत् पूज्यस्व ।

व्याख्या :- भवांस्तत्त्ववित्सत्यतो ज्ञानी यदि सर्वोत्कर्षात्मज्ञानवान्कामादीनल्पान्परित्यज्य सर्वाधमविड्वराहादितौल्यं मा भज विट् वराहो ग्रामसूकरः तादृशनीचजन्मसाम्यं मा काङ्क्षीः । सर्वधीदोषसन्त्यागात्कामक्रोधाद्यशेषधिषणादोषान्दूरीकृत्य लौकैस्सर्वैर्जनैर्देववत्पूज्यस्व । पूज्यो भवेति भावः । ज्ञानाभाववतो विड्वराहादिसाम्यान्निन्द्यता । अत ऐहिककामादीन्संत्यज्य लोकमान्यो भवेति भाव इति शम् ।।

कामादीनां त्यागोपायप्रदर्शनम् -

काम्यादिदोषदृष्ट्याद्याः कामादित्यागहेतवः ।
प्रसिद्धो मोक्षशास्त्रेषु तानन्विष्य सुखी भव ॥ ५८ ॥

अन्वयः - काम्यादिदोषदृष्ट्याद्याः कामादित्यागहेतवः । मोक्षशास्त्रेषु प्रसिद्धाः । तान् अन्विष्य सुखी भव ।

व्याख्या :- काम्यादिदोषदृष्ट्याद्याः काम्याः कामनाविषयास्स्रक्चन्दनवनितादय उपलक्षणविधया

इस प्रकार उपहास करने के बाद सुहृद्भाव से उपदेश करते हैं ।

अर्थ - तत्त्ववित् होकर तुम विष्ठा भक्षण करने वाले सूकर की भाँति विषयों की कामना मत करो। अपने मन से समस्त काम-क्रोधादि दोषों का त्याग कर सब मनुष्यों के द्वारा देवता की तरह पूजनीय बनो ।५७।

व्याख्या - सिद्धान्ती कहते हैं कि यदि आप सचमुच तत्त्ववित् हैं तो "***विट्वराहादि तुल्यत्वम्***" अर्थात् ग्रामसूकरादि जन्तु से समानता की इच्छा मत करो । मानसिक काम-क्रोधादि सभी दोषों का त्याग करके सभी के द्वारा देवताओं की तरह पूजनीय बनो अर्थात् लोक में पूजनीय बनो । काम-क्रोधादि दोषों का परित्याग करने पर ही तत्त्ववित् लोक में पूजनीय होता है । उनका त्याग न करके यथेष्टाचरण करने से तो लोक में सूकर की तरह वह निन्दा का पात्र होता है । जैसे सूकर भक्ष्याभक्ष्य का विचार किये बिना कहीं भी कुछ भी खा लेता है, उसी प्रकार तुम भी यदि कामादि से प्रेरित होकर भक्ष्याभक्ष्य का विचार न करके मनमाना आचरण करोगे तो लोक में निन्दनीय हो जाओगे। इसलिए ऐहिक कामादि का त्याग करना भी अति आवश्यक है, अन्यथा लोकनिन्दा होगी अतः यथेष्टाचरण का त्याग करके निन्दनीय नहीं अपितु पूजनीय बनो ।

अब कामादि के त्याग का उपाय बताते हैं ।

अर्थ - काम्यादि में दोषदृष्टि आदि करना कामादि के त्याग का कारण है, जो मोक्षशास्त्रों में प्रसिद्ध है । उनका अनुसन्धान कर सुखी हो जाओ ।५८।

द्वेष्या दुर्गन्धादय इष्टानिष्टरूपास्तेषु क्षयिष्णुत्त्वबन्धकृत्त्वादिलक्षणो यो दोषस्तस्य दृष्टिर्विवेकज्ञानोदयः। एवं दोषेष्वपि तत्परिजिहीर्षया क्रियमाणप्रयत्नवैविध्यादिकमपि ग्राह्यम् । त एव कामादित्यागहेतवः कामादीनां त्यागस्य कारणानि । कामादिषु दोषदर्शनमेव कामादित्यागहेतुरिति नास्मत्कपोलकल्पितः। किन्तु प्रसिद्धोऽयं मोक्षशास्त्रेषु । वासिष्ठे "केशकज्जलधारिण्यो दुस्स्पर्शा लोचनप्रियाः । दुष्कृताग्निशिखा नार्यो दहन्ति तृणवन्नर"मित्यादि । अन्यत्रापि - "चिन्ता निचय चक्राणि नानन्दाय धनानि मे ।

व्याख्या - जब पुरुष किसी पदार्थ में दोषदृष्टि कर लेता है तो पुनः उसे ग्रहण करने की इच्छा नहीं करता । आद्यशंकराचार्य जी ने कहा है कि-

प्रदृश्यते वस्तुनि यत्र दोषो न तत्र पुंसोऽस्ति पुनः प्रवृत्तिः।
अन्तर्महारोगवतीं विजानन्को नाम वेश्यामपि रूपिणीं व्रजेत् ।। (स.वे.सि.सा.सं. २५)

जिस वस्तु में दोष दिखाई देता है, उसमें पुरुष की पुनः प्रवृत्ति नहीं होती। जैसे कितनी भी रूपवती वैश्या क्यों न हो, उसके शरीर में महारोग है, ऐसा जान लेने पर क्या कोई पुरुष उसके साथ रमण करेगा? इसलिए कहा कि काम्यादि में दोषदृष्टि आदि करना कामादि के त्याग का कारण है । '**कामादि**' में आदि शब्द से इष्ट, अनिष्टादि का ग्रहण होता है । माला, चन्दन, वनिता आदि इष्ट हैं अर्थात् कामना के विषय हैं । उनमें क्षय और सातिशयता रूप जो दोष है, उसका चिन्तन करना ही दोषदृष्टि कहलाती है । '***दृष्ट्याद्याः***' (अर्थात् दोषदृष्टि आदि) यहाँ पर आदि शब्द से दोषदर्शन के बाद उसका परिहार करने के लिए किये जाने वाले उपायों का ग्रहण होता है । अर्थात् दोषदर्शन के बाद उन अनित्य पदार्थों का त्याग करने के लिए जो कर्तव्य है, उनका पालन करना भी आवश्यक है । यही कामादि के त्याग का कारण है ।

दृष्टान्त - एक पुत्र ने अपने पिता से कहा कि पिताजी ! आज हम चाट खाने जाएँगे । पिता ने मना किया, पुत्र जिद करने लगा कि नहीं, हम बाजार में जाकर चाट ही खाएँगे । जब पुत्र अत्यधिक जिद करने लगा तब पिता ने कहा ठीक है, चलो चाट खाने चलते हैं । पिता पुत्र को चाट वाले की दुकान पर ले गया । वहाँ जाकर पिता ने पुत्र से कहा बेटा देखो तो सही, यहाँ पर कितनी गन्दगी है । चाट पर मक्खियाँ भन-भना रही हैं । चाट बनाने वाले के हाथ कितने गन्दे हैं । और उसकी नाक बह रही है, पसीना भी हो रहा है। बेटा यदि हम इसके यहाँ चाट खाएँगे तो जरूर बीमार हो जाएँगे । फिर अस्पताल जाना पड़ेगा, इंजेक्शन लगाना पड़ेगा, बहुत समय और पैसा बर्बाद होगा और कष्ट भोगना पड़ेगा सो अलग । अतः चलो किसी दूसरे चाट वाले के यहाँ जाते हैं । पुत्र ने भी कहा - ठीक है, पिता पुत्र को दूसरी जगह ले गया वहाँ पर भी अनेकों दोष दिखाकर कहने लगा चलो कहीं और जाकर चाट खाएँगे। इस तरह जहाँ-जहाँ भी गये, उन सभी जगह में पिता ने पूर्ववत् दोष दिखा। इसका परिणाम यह हुआ कि पुत्र ने स्वयं कहा कि पिताजी अब हम चाट नहीं खाएँगे, चलो घर चलो ।

इस दृष्टान्त का भाव यह कि दोषदर्शन से ही कामादि प्रेरित प्रवृत्तियाँ शान्त होती हैं, अन्यथा नहीं। यदि पिता पुत्र को चाँटा मारकर चाट खाने से मना कर देता तो पुत्र उस समय तो चुप-चाप बैठ जाता, किन्तु जब भी उसके पास पैसा आता, वह तुरन्त चाट खाने चला जाता । किन्तु अब जबकि पिता ने चाट खाने में दोष दिखा दिए पुत्र कभी भी चाट खाने की इच्छा नहीं करेगा। ठीक इसी तरह कामादि में दोषदृष्टि करना ही उनके त्याग का कारण है ।

यह हमारा कथन स्वकपोकल्पित नहीं है किन्तु शास्त्र सम्मत है, इस आशय से ग्रन्थकार कहते

सम्प्रसूतकलत्राणि गृहाण्युग्रापदामिवे''ति । एवमन्यत्राप्यूह्यम् अतस्तान्मोक्षशास्त्रोपदिष्टान्दोषान्यत्नेनान्विष्य सुनिशितं परीक्ष्य तत्त्यागेन सुखी भवात्मानन्दं भजेति दिक् ।।

अनर्थहेतोर्मनोराज्यस्यापि त्याज्यतानिरूपणम् –

त्यज्यतामेव कामादिर्मनोराज्ये तु का क्षतिः ।
अशेषदोषबीजत्त्वात्क्षतिर्भगवतेरिता ।। ५९ ।।

अन्वयः – एषः कामादिः त्यज्यताम् । तु मनोराज्ये का क्षतिः अशेषदोषबीजत्त्वात् भगवता क्षतिः ईरिता ।

व्याख्या :– बाह्यविषयकाः कामादयश्चित्तविक्षेपकरत्त्वात्परित्यज्यन्तां मनोराज्येन का क्षतिरिति चेत्तस्य साक्षादनर्थहेतुत्त्वाभावेऽपि परम्परया ततोऽप्यधिकतरानर्थतरहेतुता विद्यत एवेति वदति । एष कामादिरनर्थहेतुरिति त्यज्यताम् । मनोराज्ये यथेच्छं मनसि विषयध्याने सति का क्षतिर्हानिरिति चेदशेषदोषबीजत्त्वान्निखिलदोषबीजानां कामादीनामुत्पत्तौ मूलकारणत्त्वान्महती विनष्टिरिति भगवता स्वमुखपद्माद्विनिर्गतायां गीतायामीरिता । अतस्तदपि त्याज्यमेवेति शम् ।।

हैं कि कामादि में दोषदृष्टि करना कामादि के त्याग का हेतु है । यह बात उपनिषदादि मोक्ष शास्त्रों में प्रसिद्ध है । उनका '**अन्विष्य**' अन्वेषण करके अर्थात् अनुसन्धान करके तुम सुखी हो जाओ अर्थात् उनके द्वारा कामादि का त्याग करके ब्रह्मानन्द को प्राप्त करो ।

अनर्थ का हेतु होने से मनोराज्य भी त्याज्य है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ – (पूर्वपक्षी) इन कामादि का त्याग करना भले ही आवश्यक हो किन्तु मनोराज्य से क्या हानि है ? (उत्तर) मनोराज्य समस्त दोषों का बीज होने के कारण भगवान् श्रीकृष्ण ने उसे हानिकारक बताया है । ५९।

व्याख्या – पूर्वपक्षी शंका करते हुए कहता है कि आपने जिन बाह्य कामादि को अनर्थ का कारण बताया है, वह ठीक है अतः उनका त्याग अवश्य ही करना चाहिये । किन्तु जो मनोराज्य (मनोरथ) हैं, उनका त्याग न करने पर क्या हानि है ? अर्थात् बाह्य इन्द्रियों से हम भले ही विषयों का सेवन न करें किन्तु मनोरथ के द्वारा विषयों का सेवन करने में क्या हानि है ? लोक में भी देखा गया है कि किसी भी व्यक्ति की साक्षात् हत्या करने पर ही दण्ड मिलता है, मनसे किसी की हत्या करने पर कोई दण्ड नहीं मिलता है अतः मनोरथ करने में कोई दोष नहीं है । पूर्वपक्षी की इस बात से असहमत सिद्धान्ती कहते हैं कि यह आपका भ्रम है, वस्तुतः मनोराज्य ही परम्परा से समस्त अनर्थों का मूल कारण है । जब व्यक्ति मन से इष्ट विषयों का ध्यान करता है तभी कामादि की उत्पत्ति होती है । अतः मनोराज्य ही सम्पूर्ण दोषों का बीज होने के कारण कामादि दोषों की उत्पत्ति का हेतु है और यह हमारा कथन केवल कपोलकल्पित (मनघड़न्त) नहीं है, इसीलिए कहते हैं कि मनोराज्य को भगवान् श्रीकृष्ण ने अपने मुखारबिन्द से निर्गलित श्रीमद्भगवद्गीता में हानिकारक बताया है ।

मनोराज्यस्यानर्थहेतुत्त्वे भगवदुक्तेरुदाहरणम् -

ध्यायतो विषयान्पुंसस्सङ्गस्तेषूपजायते ।
सङ्गात्सञ्जायते कामः कामात्क्रोधोऽभिजायते ॥ ६० ॥

अन्वयः - विषयान् ध्यायतः पुंसः तेषु सङ्गः उपजायते । सङ्गात् कामः सञ्जायते । कामात् क्रोधः अभिजायते ।

व्याख्या :- विषयान्गन्धादीन्ध्यायतो मनसि सदा चिन्तयतः पुंसो जीवस्य तेषु सङ्गस्स्वहित-साधनत्वाध्यास उपजायते । तस्माच्च सङ्गात्कामस्तत्प्राप्त्यादीच्छा तृष्णा सञ्जायते विफलीकृता-त्कामात्क्रोधः कामप्रतिहतिजन्यः कोपस्समभिज्ज्वलनलक्षणो मनःपरिणामविशेषोऽभिजायते। एवमादिप्रणाड्या मनोराज्यं सर्वानर्थहेतुरित्यर्थः ।

समाधिना मनोराज्यस्य त्याज्यतावर्णनम् -

शक्यं जेतुं मनोराज्यं निर्विकल्पसमाधितः ।
सुसंपादः क्रमात्सोऽपि सविकल्पसमाधिना ॥ ६१ ॥

अन्वयः - निर्विकल्पसमाधितः मनोराज्यं जेतुं शक्यम् । सः अपि क्रमात् सविकल्पसमाधिना सुसम्पादः ।

व्याख्या :- निर्विकल्पसमाधितो निर्विकल्पे परे ब्रह्मणि मनस ऐकाग्र्यं सम्पाद्य तैलधारावत्तदाकारां

मनोराज्य अनर्थ का हेतु है, इस विषय में श्रीमद्भगवद्गीता का उदाहरण देते हैं ।

अर्थ - विषयों का चिन्तन करने वाले पुरुष की उन विषयों में आसक्ति हो जाती है और आसक्ति से उन विषयों की कामना उत्पन्न होती है और कामना में विघ्न पड़ने पर क्रोध उत्पन्न होता है ।६०।

व्याख्या - श्रीमद्भगवद्गीता के द्वितीय अध्याय के ६२ वें श्लोक में भगवान् कहते हैं कि शब्द, स्पर्शादि विषयों का ध्यान (चिन्तन) करने वाले अर्थात् मन से उनकी भावना करने वाले पुरुष की उन विषयों में आसक्ति हो जाती है और आसक्ति के कारण कामना (तृष्णा) उत्पन्न होती है । और यदि उस कामना की पूर्ति न हो तो क्रोध उत्पन्न होता है । दूसरे का लड़का यदि फैल हो जाय तो पिता को गुस्सा नहीं आता किन्तु यदि स्वयं का पुत्र फेल (अनुत्तीर्ण) हो जाए तो उसे बहुत क्रोध आता है । इसका कारण यही है कि पुत्र के प्रति पिता की कामना थी कि यह अच्छी तरह से पढ़कर अच्छे नम्बरों से पास हो । जब कामना की पूर्ति नहीं हुई तो क्रोध आ गया । यह कामना आसक्तिजन्य है अर्थात् राग से ही कामना होती है और वह राग विषयों का चिन्तन करने से होता है । अतः विषयों का चिन्तन करना रूप मनोराज्य ही सभी अनर्थों का मूल कारण है ।

मनोराज्य पर निर्विकल्प समाधि के द्वारा विजय पायी जा सकती है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - मनोराज्य निर्विकल्प समाधि के द्वारा जीता जा सकता है, वह निर्विकल्प समाधि भी सविकल्प समाधि के द्वारा क्रमपूर्वक अनायास ही सुखपूर्वक सम्पादित की जा सकती है । ६१।

व्याख्या - ***दृश्यस्यापि च साक्षित्वात्समुल्लेखनमात्मनि ।***
निवर्तकमनोवस्था निर्विकल्प इतीर्यते ।। (स.वे.सि.सा.सं. ८७३)

वृत्तिं विजातीयज्ञानानन्तरितसजातीयज्ञानस्य परम्परयानवरतं प्रवाहीकरणं तस्मान्निखिलदोषनिदानं मनोराज्यं जेतुं शक्यमेव । निर्विकल्पसमाधिरपि कथं सिद्ध्यतीति चेत्सोऽपि पूर्वोक्तो निर्विकल्प-समाधिस्सविकल्पसमाधिना सगुणस्य श्रीकृष्णपरब्रह्मणश्चिन्मूर्तेर्ध्यानाभ्यासात्क्रमा''द्यमनियमासन-प्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यानसमाधयोऽष्टावङ्गानी''ति पातञ्जलसूत्राद्युपदर्शितरीत्याऽनुष्ठानेन सुसम्पादस्सुखेनानायासेन गुर्वनुग्रहेण सम्पादयितुं शक्य एवेति शम् ।।

मनोराज्यजये प्रणवाद्युपासनोपायप्रदर्शनम् –

बुद्धतत्त्वेन धीदोषशून्येनैकान्तवासिना ।
दीर्घं प्रणवमुच्चार्य मनोराज्यं विजीयते ।। ६२ ।।

अन्वयः – धीदोषशून्येन एकान्तवासिना बुद्धतत्त्वेन दीर्घं प्रणवम् उच्चार्य मनोराज्यं विजीयते ।

व्याख्या :- बुद्धतत्त्वेन बुद्धमनुभूतं तत्त्वं ब्रह्मात्मैक्यरूपं येन स तेन धीदोषशून्येन कामक्रोधादिशेमुषीदोषविधुरेण निर्मलान्तःकरणेनैकान्तवासिना एक एवान्तोऽवधिर्यस्य तस्मिन्वासं कुर्वता विजनप्रदेशनिवासस्वभावेन पुंसा दीर्घं मात्राधिक्येनाधिककालं षड्द्वादशमात्रादिना प्रणवं

आत्मा समस्त दृश्य पदार्थों का साक्षी होने के कारण देह, इन्द्रिय, मन और बुद्धि आदि सभी दृश्य पदार्थों का आत्मा में विलय करके मन की निवृत्तिजनक जो विशेष अवस्था है, उसे निर्विकल्पावस्था कहते हैं । ध्याता, ध्यान और ध्येय रूप त्रिपुटी से रहित निर्विकल्प समाधि के द्वारा मनोरथ रूप जो मानसिक दोष हैं, उनको जीता जा सकता है अर्थात् उनका त्याग किया जा सकता है । वह निर्विकल्प समाधि भी सविकल्प समाधि का दीर्घकाल तक अभ्यास करने पर सहजता से प्राप्त हो जाती है ।

सविकल्पसमाधिं यो दीर्घकालं निरन्तरम् ।
संस्कारपूर्वकं कुर्यान्निर्विकल्पोऽस्य सिध्यति।। (स.वे.सि.सा.सं. ८७४)

जिस अवस्था में ध्याता, ध्यान और ध्येय रूप त्रिपुटी भासित होती है, उसे सविकल्प समाधि कहते हैं । इस समाधि का क्रमपूर्वक अभ्यास करने पर अर्थात् पतञ्जलिमुनि प्रोक्त यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि रूप अष्टाङ्ग योग का क्रम से पालन करने पर निर्विकल्प समाधि अनायास प्राप्त होती है । साधनचतुष्टय सम्पन्न अधिकारी पुरुष जब श्रोत्रिय-ब्रह्मनिष्ठ गुरु के पास वेदान्तों का सम्यक् रूप से श्रवण, मनन और निदिध्यासन करता है तब गुरु के अनुग्रह से वह सविकल्प समाधि के द्वारा निर्विकल्प समाधि को बिना ही प्रयास के प्राप्त कर लेता है, जिससे कि समस्त अनर्थों का मूलकारण रूप जो मनोराज्य है, वह भी पूर्णरूप से नष्ट हो जाता है । अतः निर्विकल्प समाधि की प्राप्ति भी अति कठिन नहीं है । नियमानुसार सविकल्प समाधि का दीर्घकाल अभ्यास करने पर वह अनायास ही प्राप्त हो जाती है ।

अब मनोराज्य पर विजय प्राप्त करने का दूसरा सरल उपाय बताते हैं ।

अर्थ – आत्मतत्त्व को जानने वाले, बुद्धिगत दोषों से शून्य और एकान्तवासी पुरुष के द्वारा दीर्घ प्रणव का उच्चारण करके मनोराज्य जीता जा सकता है ।६२।

व्याख्या – पूर्व श्लोक में निर्विकल्प समाधि के द्वारा मनोराज्य जीतने की बात कही गयी किन्तु वह तो योगयुक्त पुरुष के लिए ही सम्भव है, योग रहित पुरुष के लिए नहीं । अतः योग रहित पुरुषों

प्रकर्षेण नूयते परं ब्रह्मानेनेत्योङ्कारस्तमुच्चार्य "ओमित्यात्मानं युञ्जीते"ति श्रुतेः प्रणवोच्चारणमजस्रं कुर्वन्मनोराज्यं विजीयते ।।

मनोराज्यविजयफलप्रदर्शनम् -

जिते तस्मिन्वृत्तिशून्यं मनस्तिष्ठति मूकवत् ।
एतत्पदं वसिष्ठेन रामाय बहुधेरितम् ।। ६३ ।।

अन्वयः - तस्मिन् जिते मनः वृत्तिशून्यं मूकवत् तिष्ठति । एतत् पदं वसिष्ठेन रामाय बहुधा ईरितम्।

व्याख्या :- मूकवद्यथा मूकस्सकलवाग्व्यवहाररहित एव तिष्ठत्येवं वृत्तिशून्यं समस्तव्यापारविरहितं मनोऽपि तिष्ठति । तस्मिन्समये विषयध्यानाभावात्तत्तदाकाराकारिता वृत्तयो न जायन्त इति भावः। वृत्त्यत्यन्ताभावविशिष्टमनोऽवस्थानस्यैव परमपुरुषार्थत्त्वात् । अत एव मुनीनां वरिष्ठेन वसिष्ठेन रामाय काकुत्स्थाय तत्पदं साधकप्राप्यं मनसो निस्सङ्कल्पावस्थानं बहुधेरितमुपदिष्टम् ।।

की क्या गति होगी ? इस शंका का निवारण करते हुए योग रहित पुरुष भी जिस तरह मनोराज्य का सरलता से त्याग कर सकें, उसका उपाय बताते हुए कहते हैं कि जिस साधनचतुष्टय सम्पन्न अधिकारी ने गुरुमुख से वेदान्तों का श्रवणादि करके अपने आत्मा को ब्रह्म से अपृथक् रूप से जान लिया है अर्थात् आत्मा के यथार्थ रूप को जान लिया है तथा बुद्धिगत काम-क्रोधादि समस्त दोषों का त्याग कर दिया है और सदा एकान्त में निवास करता है । ऐसे पुरुष के द्वारा दीर्घ प्रणव का अर्थात् छह से लेकर बारह मात्रायुक्त ओंकार का उच्चारण करके मनोराज्य जीता जा सकता है । काम-क्रोधादि शून्य अर्थात् निर्मल अन्तःकरण वाला व्यक्ति जब एकान्त वास करता है "***एक एव अन्तः सीमा यस्य तस्मिन् वसतीति तथाभूतः तेन एकान्तवासिना***" मनुष्यों से रहित प्रदेश में रहकर दीर्घ काल तक दीर्घ प्रणव का उच्चारण (जप) करके "***प्रकर्षेण नूयते परं ब्रह्मानेनेति प्रणवः ओंकारः***" ऐसे ओंकार का जप करने से मनोराज्य आसानी से जीता जा सकता है अर्थात् त्याग किया जा सकता है ।

अब मनोराज्य विजय का फल बताते हैं ।

अर्थ - मनोराज्य जीत लेने पर वृत्तिरहित हुआ मन गूँगे के समान हो जाता है । इस स्थिति का वर्णन वसिष्ठ जी ने श्रीरामचन्द्र जी से अनेक प्रकार से किया है ।६३।

व्याख्या - निर्विकल्प समाधि के द्वारा अथवा दीर्घ प्रणवोच्चारण से जब मनोराज्य का नाश हो जाता है तब क्या होता है ? ऐसी जिज्ञासा होने पर कहते हैं कि जब मनोराज्य पर विजय प्राप्त हो जाती है तब मन वृत्तिशून्य हो जाता है । "***कामः संकल्पो विचिकित्सा श्रद्धाऽश्रद्धा धृतिरधृतिर्ह्रीर्धीर्भीरित्येतत्सर्वं मन एव***" (बृ.उ. १/५/३) इस श्रुति के अनुसार काम, संकल्प, विचिकित्सा, श्रद्धा, अश्रद्धा, धृति, अधृति, लज्जा, बुद्धि, भय इत्यादि सब कुछ मन ही है । अतः मन जब वृत्तिशून्य हो जाता है तब वह मूकवत् हो जाता है । जैसे गूँगा पुरुष समस्त वाक् व्यवहार से रहित होता है, उसी प्रकार वृत्ति रहित मन भी समस्त व्यापर से रहित हो जाता है । भाव यह है कि उस अवस्था में विषयों का ध्यान न होने के कारण विषयाकारित वृत्तियाँ उत्पन्न ही नहीं होती हैं । वृत्ति से सर्वथा रहित मन जब आत्मा में लीन हो जाता है, उसी को परमपद कहा जाता है । इस परमपद का उपदेश त्रेता युग के जगद्गुरु श्रीवसिष्ठ जी ने दशरथनन्दन श्रीरामचन्द्र जी को अनेक प्रकार से किया है ।

वसिष्ठोपदेशप्रकारस्य वचोद्वयोदाहरणेन प्रदर्शनम् -

दृश्यन्नास्तीति बोधेन मनसो दृश्यमार्जनम् ।
सम्पन्नञ्चेत्तदुत्पन्ना परा निर्वाणनिर्वृतिः ॥ ६४ ॥
विचारितमलं शास्त्रं चिरमुद्ग्राहितं मिथः ।
सन्त्यक्तवासनान्मौनादृते नास्त्युत्तमं पदम् ॥ ६५ ॥

अन्वयः - दृश्यं नास्ति इति बोधेन मनसः दृश्यमार्जनं सम्पन्नं चेत् तत् परा निर्वाणनिर्वृतिः उत्पन्ना।

अन्वयः - शास्त्रम् अलं विचारितम् । मिथः चिरम् उद्ग्राहितम् । सन्त्यक्तवासनात् मौनात् ऋते उत्तमं पदं न अस्ति ।

व्याख्या :- दृश्यं "नेह नानास्ति किञ्चने"त्यादिश्रुतिवचनैरद्वितीयब्रह्मातिरिक्तं पुरः परिदृश्यमानं जगत्सत्यत्त्वेन नास्ति मनसस्सकाशाद् दृश्याध्यासनिरसने कृते जगन्मिथ्येति बोधेन यथा मन्दिरात्सर्वोच्छिष्टस्य सम्मार्जन्या निर्हरणं तथैव मनसो दृश्यमार्जनं नाम दृश्यस्य मिथ्यात्त्वेन प्रमाणैर्निश्चयीकरणं तत्सम्पन्नं चेत्तत्तदा परोत्कटा निरतिशया निर्वाणनिर्वृतिर्निर्वाणं मोक्षोऽभिन्नात्मबोधस्स एव निर्वृतिस्स्वप्रकाशसुखाभिव्यक्तिर्निष्पन्नेति जानीयात् । नेतीत्यादिश्रुतिभिर्जगतो बोधेऽवशिष्टो ब्रह्मानन्द एवानुभूयत इति दिक् ।।

श्रीवसिष्ठ जी ने राम जी को किस प्रकार उपदेश दिया, ऐसी जिज्ञासा होने पर मन की निःसंकल्पता के विषय में स्थालीपुलाक न्याय से योगवासिष्ठ के दो श्लोकों का उदाहरण देते हैं ।

अर्थ - दृश्य (जगत्) नहीं है, इस प्रकार के बोध के द्वारा जब मन से दृश्य का मार्जन संपन्न हो जाए तब नितिशय मोक्षसुख उत्पन्न होता है ।६४।

व्याख्या - (***यह श्लोक योगवासिष्ठ के वैराग्यप्रकरण ३/६ से उद्धृत है***) "***नेह नानास्ति किञ्चन***" इस ब्रह्म में नाना कुछ भी नहीं है इत्यादि श्रुतिवचनों के द्वारा अद्वितीय ब्रह्मातिरिक्त दृश्य रूप जगत् है ही नहीं । इस प्रकार के ज्ञान के द्वारा अर्थात् दृश्यमान यह जगत् सत्य नहीं है, मिथ्या है। इस प्रकार के ज्ञान के द्वारा मन से दृश्य का मार्जन करना चाहिये । जैसे गृह से समस्त उच्छिष्ट पदार्थों का झाड़ू द्वारा मार्जन किया जाता है, उसी प्रकार मन रूपी गृह में भी दृश्य जगत् है ही नहीं, इस प्रकार की दृढ़निश्चय रूप झाड़ू के द्वारा मन के समस्त दृश्य का अर्थात् समस्त मनोवृत्तियों का मार्जन करना चाहिये । जब सभी प्रमाणों से यह मिथ्यात्व निष्पन्न हो जाता है तब निरतिशय अर्थात् जिससे अधिक और कोई दूसरा सुख नहीं है ऐसा मोक्ष उत्पन्न (निष्पन्न) होता है । निर्वाण मोक्ष को कहते हैं, वही निरतिशय आनन्द रूप है । जब श्रुति, युक्ति, गुरूक्ति और अनुभूति से जगत् के मिथ्यात्व का दृढ़ निश्चय हो जाता है तब एकमात्र परब्रह्म के आनन्द का ही अनुभव होता है ।

अर्थ - (वसिष्ठ जी) मैंने सम्पूर्ण अध्यात्म शास्त्र का विचार किया है और बहुत काल पर्यन्त परस्पर गुरु-शिष्य संवाद से बोधन किया है । (इससे यह निश्चय हुआ कि) सम्यक् प्रकार से वासना के त्याग रूप मौन के अतिरिक्त दूसरा कोई उत्तम पद नहीं है । ६५।

व्याख्या - **यह श्लोक योगवासिष्ठ के स्थिति प्रकरण के सत्तावन वें अध्याय का २८वाँ**

निर्वाणनिर्वृत्यपेक्षया किमधिकं प्राप्तव्यमस्ति? सा मानसमौनेन लभ्यतेऽतस्तत्सूयते सर्वमध्यात्मशास्त्रमद्वैततत्त्वबोधग्रन्थजातमलं कृत्स्नशो विचारितम् । न केवलं मयैकेन विचारितमलमिति। मिथो गुरुशिष्यादिपरम्परया प्रश्नप्रतिवचनाभ्यां परस्परं चिरं बहुकालमुद्ग्राहितं तथा संवादात्स-तीर्थ्यान्प्रत्यप्युद्ग्राहितं प्रत्यायितं च । सम्यङ्मननेन बुद्धाववधारितमपि । तेनेदमायातं यत्सन्त्यक्तवासना-न्निश्शेषनिर्मूलितकामादिसंस्कारान्मनसस्तूष्णींभावा"दमौनं मौनं च निर्विद्याथ ब्राह्मण" इति वचनान्मननशीलो मुनिस्तस्य कर्म मौनमिति शब्दव्युत्पत्तेश्च । निदिध्यासनद्वारा परोक्षज्ञानानुभवपूर्वकमद्वैत-बोधात्सर्वसङ्कल्पशून्येन मनसोऽवस्थितिस्ततो मौनादृते नोत्तमं पदं स्थानमुत्तमः पुरुषार्थो वा तत्साधनं वान्यदस्ति । "नोत्तमं निरस्तविषयासङ्गं संनिरुद्धं मनो हृदि । यदा यात्युन्मनीभावं तदा तत्परमं पदम्" इति वचनात् । मानसिकान्मौनादधिकं किमपि नास्तीति भाव इति शम् ।।

विक्षिप्तचित्तस्य तत्प्रतीकारप्रदर्शनम् -

विक्षिप्यते कदाचिद्धीः कर्मणा भोगदायिना ।
पुनस्समाहिता सा स्यात्तदैवाभ्यासपाटवात् ।। ६६ ।।

श्लोक है । भगवान् श्रीवसिष्ठ कौशल्यानन्दन श्रीरामचन्द्र जी से कहते हैं कि हे राम ! मैंने सम्पूर्ण अध्यात्म शास्त्रों का गुरुमुख से अध्ययन करने के बाद उस पर बहुत विचार भी किया है । इतना ही नहीं, अपितु गुरु-शिष्यादि परम्परा के द्वारा प्रश्नोत्तर रूप से बहुत काल पर्यन्त परस्पर समझा और समझाया है । इस प्रकार सम्यक् मनन करने पर मेरा यह दृढ़ निश्चय हुआ है कि समस्त वासनाओं को पूर्णरूप से भली-भाँति त्यागना अर्थात् कामादि संस्कारों का त्याग करना रूप मौन के अतिरिक्त अर्थात् तूष्णीभाव रूप मौन से बढ़कर दूसरा कोई उत्तम पद नहीं है । भाव यह है कि गुरुमुख से वेदान्तों का श्रवण, मनन और निदिध्यासन करके निर्विकल्प समाधि में अपने स्वरूप का सम्यक् अनुभव प्राप्त कर समस्त द्वैत वस्तु का बाध करते हुए संपूर्ण संकल्पों से शून्य मन की जो स्थिति है अर्थात् जो उन्मनी अवस्था है, उस वासना रहित मौन से बढ़कर और कोई श्रेष्ठ पद नहीं है । आद्यशंकराचार्य जी भी कहते हैं कि -

नास्ति निर्वासनान्मौनात्परं सुखकृदुत्तमम्।
विज्ञातात्मस्वरूपस्य स्वानन्दरसपायिनः ।। (वि.चू. ५२८)

जिसने आत्मस्वरूप को जान लिया है, ऐसे स्वानन्दरस का पान करने वाले ज्ञानी के लिए वासना रहित मौन से उत्तम सुखदायक और कुछ भी नहीं है ।

निरस्तविषयासङ्गं सन्निरुद्धं मनो हृदि ।
यदा यात्युन्मनीभावं तदा तत्परमं पदम् ।।

विषयों की आसक्ति का त्याग करने वाले मन को हृदय में निरुद्ध करने पर जब पुरुष उन्मनी अवस्था को प्राप्त होता है तभी वह परमपद को प्राप्त होता है ।

इस प्रकार सम्पादित मौन को यदि प्रारब्ध कर्मों से विक्षेप हो तो उसके प्रतिकार का उपाय बताते हैं ।

अर्थ - फलोन्मुख प्रारब्ध कर्म से यदि बुद्धि कदाचित् विक्षिप्त हो तो पुनः अभ्यास की दृढ़ता से वह बुद्धि समाहित (एकाग्र) हो सकती है ।६६।

अन्वयः – भोगदायिना कर्मणा धीः कदाचित् विक्षिप्यते तदा सा अभ्यासपाटवात् पुनः समाहिता स्यात् ।

व्याख्या :– मौनान्निर्वृत्तिकस्यापि मनसः प्रारब्धकर्मबलाद्विक्षेपे तत्कथं निरोद्धव्यमित्यत्राह कदाचिद्भोगदायिना कर्मणः प्रारब्धकर्मपरिपाकबलेन धीर्विक्षिप्यते चेत्तदाभ्यासपाटवाद्दार्ढ्यात्सपद्येव सविकल्पसमाध्यभ्यासबलेन समाहिततां नयेन्मनः । तस्मादात्मानुचिन्तनं सदैव विधेयमिति भाव इति शम् ।।

व्याख्या –***प्रारब्धं बलवत्तरं खलु विदां भोगेन तस्य क्षयः ।***
सम्यग्ज्ञानहुताशनेन विलयः प्राक्सञ्चितागामिनाम् ।। (वि.चू. ४५४)

ब्रह्मवेत्ताओं का (ज्ञान से भी) प्रारब्ध बलवान् होता है । उसका क्षय भोग से ही होता है । प्राक् संचित और आगामी कर्मों का नाश सम्यक् ज्ञान रूपी अग्नि के द्वारा हो जाता है ।

ज्ञान प्रारब्ध कर्म का विरोधी नहीं है । प्रारब्ध कर्म तो ज्ञान के हेतु होने से ज्ञान में सहायक हैं, अतः ज्ञान का प्रारब्ध से विरोध न होने से ज्ञानोत्तरकाल में भी ज्ञान प्रारब्ध कर्मों का नाश नहीं करता है । इसलिए प्रारब्ध कर्म को बलवत्तर कहा है । प्रारब्ध कर्म में अच्छे और बुरे दोनों प्रकार के कर्म होने से उनका फल भी वैसा ही होता है । निर्विकल्प समाधि के द्वारा उन्मनी अवस्था को प्राप्त कर लेने पर भी यदि प्रबल प्रारब्धवशात् मन में विक्षेप उत्पन्न हो जाए तो चिन्ता करने की कोई बात नहीं है । व्याघ्र समझकर उसे मारने के लिये छोड़ा हुआ बाण छोड़ने के बाद यह पता चले कि यह गौ है तो वह वापस नहीं लौटता, वह अपना लक्ष्य अवश्य ही भेदता है । उसी प्रकार ज्ञानी का प्रारब्ध कर्म छोड़े हुए बाण के समान है अतः वह अवश्य ही अपना फल देगा । कुम्हार घड़ा बनाने के लिए मिट्टी के पिण्ड को चक्र में रखकर घुमाता है । जब तक उसमें वेग होता है तब तक वह चक्र घूमता रहता है । वेग समाप्त होते ही चक्र का घूमना बन्द हो जाता है । छोड़े हुए बाण की भी वही स्थिति है, जब तक उसमें वेग है, वह लक्ष्य की ओर बढ़ेगा, जब वेग समाप्त हो जाएगा तो बाण भी नीचे गिर जायेगा । ज्ञानी का शरीर भी कुम्हार के चक्र और छोड़े हुए बाण के समान है । जब तक प्रारब्ध रूप वेग इसे जीवित रखता है तब तक यह रहता है, पश्चात् गिर जाता है । ज्ञानी का शरीर प्रारब्धानुसार प्राप्त हुआ है, अतः उसे प्रारब्ध कर्मों का फल अवश्य ही भोगना पड़ता है । फलोन्मुख प्रारब्ध कर्मों के परिणाम स्वरूप यदि चित्त में विक्षेप उत्पन्न हो जाए तो उस विक्षेप का निराकरण करने के लिए पुनः बारम्बार ब्रह्माभ्यास करना चाहिये, जिससे कि मन विक्षेप का त्याग कर पुनः स्वस्थ हो जाए । किसी व्यक्ति ने किसी अन्य व्यक्ति को मारने के लिए यदि तलवार चलाई है तो दूसरा व्यक्ति उसकी तलवार को तो नहीं रोक सकता किन्तु ढ़ाल के द्वारा उस तलवार से अपनी रक्षा अवश्य कर सकता है । तीव्र प्रारब्ध से प्राप्त रोग का निवारण तो नहीं किया जा सकता किन्तु औषधि, व्यायाम आदि के द्वारा रोग प्रतिकारक शक्ति को बढ़ाकर उसको सहन करने की शक्ति तो प्राप्त की ही जा सकती है । उसी प्रकार प्रबल प्रारब्ध से विक्षिप्त चित्त को दृढ़ ब्रह्माभ्यास के द्वारा पुनः एकाग्र किया जा सकता है ।

चित्तविक्षेपरहितस्य साक्षात् ब्रह्मत्ममेवेति निरूपणम् -

विक्षेपो यस्य नास्त्यस्य ब्रह्मवित्त्वन्न मन्यते ।
ब्रह्मैवायमिति प्राहुर्मुनयः पारदर्शिनः ॥ ६७ ॥

अन्वयः - यस्य विक्षेपः न अस्ति अस्य ब्रह्मवित्त्वं न मन्यते । पारदर्शिनः मुनयः "अयं ब्रह्मैव" इति प्राहुः ।

व्याख्या :- यस्य चित्ते विक्षेप एव नास्ति तादृशस्यास्य ज्ञानिनो ब्रह्मवित्त्वं मन्यते वास्तविकं ब्रह्मज्ञानित्त्वं नाभ्युपेयते । किन्तु लाक्षणिकमेव केवलं गौणः प्रयोगः । कुतो नानुमन्यत इत्यत्राह । अयं ज्ञानी ब्रह्मैवा"हं ब्रह्मास्मी"त्यादिमहावाक्यलक्ष्यभूत एव भवति । पारदर्शिनो वेदान्तशास्त्रार्थपारगा मुनयो मननशीलाश्च प्राहुः । तथा चोक्तं श्रीमद्भगवत्पूज्यचरणैः - "यत्सौख्याम्बुधिलेशलेशत इमे शक्रादयो निर्वृतास्तच्चित्ते नितरां प्रशान्तकलने लब्ध्वा मुनिर्निर्वृतः। तस्मिन्नित्यसुखाम्बुधौ गलितधीर्ब्रह्मैव न ब्रह्मविद्यः कश्चित्स सुरेन्द्रवन्दितपदो नूनं मनीषा मम"ति । तस्य महानुभावस्य ब्रह्मभावादद्वैतस्वरूपत्त्वेन ब्रह्मवदिति भेदावगाहिव्यवहाराविषयत्त्वाद्ब्रह्मवित्त्वं तस्मिन्नौपचारिकमेवेत्यर्थ इति दिक् ।।

सर्वथा विक्षेपरहित पुरुष साक्षात् ब्रह्म ही होता है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ - सम्पूर्ण वेदान्तशास्त्र को जानने वाले पारदर्शी मुनि लोगों ने कहा है कि जिसके मन में विक्षेप नहीं होता, उसे केवल ब्रह्मवेत्ता नहीं मानना चाहिये, बल्कि यह तो ब्रह्म ही है ।६७।

व्याख्या - जिस पुरुष के चित्त में कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी क्षणमात्र भी विक्षेप नहीं होता है अर्थात् जो अपनी स्थिति से कभी भी च्युत नहीं होता है, वह ज्ञानी पुरुष केवल ब्रह्मवेत्ता ही नहीं है । (ब्रह्म को जानने वाले को ब्रह्मवित् कहा जाता है) वह तो साक्षात् परब्रह्म ही होता है । अतः उसको केवल ब्रह्मवेत्ता नहीं जानना चाहिये । वैसे ज्ञानी पुरुष को गौण दृष्टि से ब्रह्मज्ञानी कहा जाता है। यह औपचारिक है, मुख्य नहीं है । वह तो "***अहं ब्रह्मास्मि***" इस महावाक्य का लक्ष्यभूत होता है अर्थात् साक्षात् ब्रह्म ही होता है । ऐसा वेदान्त शास्त्र को पूर्णरूप से आत्मसात् करने वाले मननशील मुनियों ने कहा है । आद्यशंकराचार्य जी भी मनीषापञ्चक में कहते हैं कि जिस सुखसागर परमात्मा के अंश के भी अंश से इन्द्रादि देवता आनन्द को प्राप्त होते हैं और विक्षेपरहित चित्त में जिसे प्राप्त कर मुनिगण आनन्द को प्राप्त होते हैं, उस नित्य आनन्दसमुद्र में जिसकी बुद्धि लीन हो गयी है, ऐसा जो कोई भी पुरुष है, वो ब्रह्मवेत्ता नहीं है अपितु इन्द्रादि से पूजित साक्षात् परब्रह्म ही है, ऐसी मेरी दृढ़ मति है ।

यत्सौख्याम्बुधिलेशलेशत इमे शक्रादयो निर्वृता
यच्चित्ते नितरां प्रशान्तकलने लब्ध्वा मुनिर्निर्वृतः ।
यस्मिन्नित्यसुखाम्बुधौ गलितधीर्ब्रह्मैव न ब्रह्मवित्
यः कश्चित् स सुरेन्द्रवन्दितपदो नूनं मनीषा मम ।। (मनीषापञ्चकम्)

इसलिए सर्वथा विक्षेप रहित ज्ञानी पुरुष ब्रह्म ही होता है ।

अविक्षिप्तचित्तस्य ब्रह्मत्त्वमेवेत्यत्र वासिष्ठवचनोदाहरणम् -

दर्शनादर्शने हित्वा स्वयं केवलरूपतः ।
यस्तिष्ठति स तु ब्रह्मन्ब्रह्म न ब्रह्मवित्स्वयम् ॥ ६८ ॥

अन्वयः - यः दर्शनादर्शने हित्त्वा स्वयं केवलरूपतः तिष्ठति । सः तु ब्रह्मन् स्वयं ब्रह्म । ब्रह्मवित् न।

व्याख्या :- पूर्वमुक्तस्यार्थस्य दाढ्यर्य प्रमाणं वासिष्ठं वचनमुदाहरति । तत्कथाप्रसङ्गागत ब्रह्मशिखामणिं संबोधयति हे ब्रह्मन्निति । दर्शनादर्शने ज्ञानाज्ञाने ब्रह्म जानामि, नाहं जानामीत्या-कारकव्यवहारद्वयं हित्त्वा परित्यज्योभयत्रापि तादात्म्याध्यासं बाधित्त्वा स्वयं केवलमद्वितीयचैतन्याकारेण यस्तिष्ठति स साक्षाद्ब्रह्मैव । न ब्रह्मवित् । जानामीत्यादिधातुपदप्रयोगो ज्ञातृज्ञानज्ञेयरूपत्रिपुटीसापेक्षत्त्वेनैव, तद्विपरीतव्यवहारस्यापि निरुक्तत्रिपुटीपरित्यागसापेक्षत्त्वेन यस्यावस्थायां दर्शनादर्शने सन्त्यज्य तिष्ठति तदा ब्रह्मविदि व्यवहारे न स्वारसिको भवति । अत एव "परमं ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवति" इति श्रूयते । तस्माद्यो व्यवहारातीतो भवति स ब्रह्मैव भवतीति शम्।।

सकलद्वैतत्यागस्य फलप्रदर्शनम् -

जीवन्मुक्तेः परा काष्ठा जीवद्वैतविवर्जनात् ।
लभ्यतेऽसावतोऽत्रेदमीशद्वैताद्विवेचितम् ॥ ६९ ॥

।। इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीभारतीतीर्थविद्यारण्यमुनिवर्यविरचितायां पञ्चदश्यां द्वैतविवेकाख्यं चतुर्थं प्रकरणं सम्पूर्णम् ।।

पूर्वोक्त वचन को योगवासिष्ठ के द्वारा पुष्ट करते हैं ।

अर्थ - हे ब्रह्मन् ! जो ज्ञानी पुरुष ज्ञान और अज्ञान दोनों को छोड़कर केवल अपने स्वरूप में ही स्थित रहता है, वह ब्रह्मवेत्ता नहीं है अपितु साक्षात् ब्रह्म ही है ।६८।

व्याख्या - भगवान् शंकर वसिष्ठ जी को सम्बोधित करते हुए कहते हैं कि हे ब्रह्मन् ! जो पुरुष दर्शन (ज्ञान) और अदर्शन (अज्ञान) इन दोनों को छोड़कर केवल अपने स्वरूप में ही स्थित रहता है । अर्थात् "मैं ब्रह्म को जानता हूँ और मैं ब्रह्म को नहीं जानता हूँ" इस प्रकार के दोनों व्यवहारों को त्यागकर जो अपने अद्वितीय चिन्मात्र ब्रह्मरूप में ही स्थित रहता है, वह ब्रह्मवेत्ता नहीं अपितु साक्षात् ब्रह्म ही है । मैं ब्रह्म को जानता हूँ, इत्यादि ज्ञातृत्व भाव से ही ब्रह्मवित्व कहा जाता है अर्थात् ब्रह्मवित्त्व ज्ञाता, ज्ञान और ज्ञेय सापेक्ष है । जिसका यह त्रिपुटी रूप व्यवहार भी पूर्णरूप से शान्त हो गया है, उसको ब्रह्मवित् कहना कथमपि उचित नहीं है । भगवती श्रुति भी कहती है कि "***ब्रह्मवित् ब्रह्मैव भवति***" (मु.उ. ३/२/९) यहाँ भू-धातु वर्तमान काल (लट् लकार) में है अर्थात् ब्रह्मवित् ब्रह्म ही होता है । भगवान् दत्तात्रेय जी भी कहते हैं कि -

नैव बोधो न चाबोधो न बोधाबोध एव च ।
यस्येदृशः सदा बोधः स बोधो नान्यथा भवेत् ।। (अव.गी.)

ईश्वरद्वैत से जीवद्वैत के विवेचन का फल दर्शाते हुए प्रकरण का उपसंहार करते हैं।

अर्थ - वह (विक्षेपरहित स्थिति) जीवन्मुक्ति की पराकाष्ठा है । जीवकृत द्वैत का त्याग करने पर वह प्राप्त होती है, अतः इस (द्वैतविवेक नामक) प्रकरण में ईश्वरकृत द्वैत से जीवकृत द्वैत का पृथक् विवेचन किया गया है ।६९।

अन्वयः-असौ जीवन्मुक्तेः परा काष्ठा जीवद्वैतविवर्जनात् लभ्यते अतः अत्र इदं ईशद्वैतात् विवेचितम्।

व्याख्या :- प्रकृतद्वैतविवेकप्रकरणमुपसंहरन्नीश्वरसृष्टद्वैताज्जीवसृष्टद्वैतं विविच्य तन्निराकृत्य निरतिशयानन्दमुपलभत इत्याह । असावीदृशी जीवन्मुक्तेः परा काष्ठा "सा काष्ठा सा परा गति"रित्यादि श्रुतिप्रतिपादिता निरवधिकसुखभूमा जीवद्वैतविवर्जनाज्जीवद्वैतस्य जीवसृष्टस्य मनोमयप्रपञ्चस्य विवर्जनान्मिथ्यात्त्वनिश्चयपूर्वकत्यागाल्लभ्यतेऽनुभूयते । अतोऽस्माद्धेतोरस्मिन्प्रकरण इदं जीवद्वैतमीशद्वैतादीश्वर-कल्पितप्रपञ्चाद्विवेचितं पृथक्कृत्य प्रदर्शितम् । तस्मात्तद्विवेकेन परागतिभाव इति शम् ।।

साधकानां दुष्कृतिप्रभावेण कदाचित्साधनविपरीतभ्रमस्सञ्जायते "ईशोपदिष्टबोधादेव विमुक्तिर्न तु क्वचिद्गुरुजात् । इति या निर्णीतमतिः प्रतिबन्धोऽयं चतुर्थ ईशमिता"विति तत्पदार्थज्ञानविषयकः साधनविपरीतभावनारूपश्चतुर्थः प्रतिबन्धोऽत्र चतुर्थे प्रकरणे निराक्रियते । "ईश्वरमुख्यकल्पितद्वैतविचारेण गुरुमृते प्रलये । बोधाभावोक्त्या तन्मुख्यत्त्वं स्याच्चतुर्थेऽपि"।। इति जीवेश्वरसृष्टयोर्द्वैतयोर्विवेचनेन साधनभ्रमो निवर्तत इत्यतो हेतोरस्य प्रकरणस्य गुरूपदेशस्यैव तात्पर्यतोऽवधारणमिति निश्चीयते - तथा हि - "ईश्वरेणापि जीवेन सृष्टं द्वैतं विविच्यते । विवेके सति जीवेन हेयो बन्धस्स्फुटो भवे"दित्युपक्रम्य "जीवन्मुक्तेः परा काष्ठा जीवद्वैतविवर्जनात् । लभ्यतेऽसावतोऽत्रेदृगीशद्वैता-द्विवेचन"मित्युपसंहाराज्जीवत्याज्यबन्धस्य श्रीगुरूपदिष्टजीवेश्वरसृष्टद्वैतप्रपञ्चनिराकृतिजन्यजीवन्मुक्तिपरा

व्याख्या - ग्रन्थकार प्रकृत द्वैतविवेक नामक प्रकरण का उपसंहार करते हुए कहते हैं कि पूर्व में विक्षेपरहित स्थिति का प्रतिपादन किया गया है, वही जीवन्मुक्ति की पराकाष्ठा है । "***सा काष्ठा सा परा गतिः***" इत्यादि श्रुतिप्रतिपादित निरतिशय सुखस्वरूपा जो सर्वोत्कृष्ट स्थिति है, वह जीवकृत द्वैत का त्याग करने पर ही प्राप्त होती है । अर्थात् जीवनिर्मित मनोमय प्रपञ्च का त्याग करने से उसके मिथ्यात्व का निश्चयपूर्वक त्याग करने से ही जीवन्मुक्ति की पराकाष्ठा का अनुभव होता है । अतः इस द्वैत विवेकनामक प्रकरण में ईश्वरकृत द्वैत से जीवकल्पित द्वैत का पृथक् विवेचन किया गया है अर्थात् पृथक् करके दिखाया गया है । भाव यह है कि इन दोनों का विवेक करके जीवकृत द्वैत का त्याग करने पर ही आत्मरूप परमगति प्राप्त होती है ।

विषयवासना, प्रमाणासंभावना, प्रमेयासंभावना, साधनविपरीत भ्रम और फलविपरीत भ्रम ये पाँच आत्मज्ञान के प्रतिबन्धक हैं । इनमें से प्रथम तीन प्रतिबन्धों की निवृत्ति प्रथम तीन प्रकरणों के द्वारा की जा चुकी है । साधन विपरीत भ्रम नामक चतुर्थ प्रतिबन्ध की निवृत्ति इस प्रकरण से जाननी चाहिये। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को कौन-से साधन की आवश्यकता है, उसे वह स्वयं निश्चित करता है । यदि वह उचित साधन का ग्रहण करेगा तो शीघ्र और निश्चित ही लक्ष्य को प्राप्त करेगा किन्तु यदि वह भ्रमवशात् अनुचित साधन का ग्रहण करेगा तो अपने लक्ष्य से वंचित रह जाएगा । इसलिए ब्रह्मज्ञान रूपी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कौन-सा साधन है ? इस पर विचार करने से ज्ञात होता है कि सद्गुरु ही मुख्य साधन है । किन्तु कुछ लोग भ्रमवश विपरीत साधन को ग्रहण करने पर निरतिशय आनन्द रूप अपनी आत्मा से दूर हो जाते हैं । उनके इसी साधनविपरीत भ्रम का निवारण इस प्रकरण से किया गया है।

काष्ठालाभोक्तेर्गुरूपदिष्टबोध एव तात्पर्यादाद्यं लिङ्गम् । श्रीगुरुर्यद्यपि हरिहरादीष्टदेवेश्वरूपेणाद्वैतमुपदिश-त्यथापि भगवता "शिष्यस्तेऽहं शाधि मां त्वां प्रपन्नम्" इत्यादिज्ञापकादर्जुननिष्ठशिष्यत्वनिरूपित गुरुत्वमेव ज्ञानोपदेशप्रयोजकं न भगवत्वमिति सम्प्रदायविदः। तथा "अनिवृत्तेऽपीशसृष्टे द्वैते तस्य मृषात्मताम् । बुद्ध्वा ब्रह्माद्वयं बोद्धुं शक्यं वस्त्वैक्यवादिनः।।" प्रलये तन्निवृत्तौ तु गुरुशास्त्राद्यभावतः। विरोधिद्वैतभानेऽपि न शक्यं बोद्धुमद्वयमित्यादिनाभ्यासो द्वितीयं लिङ्गम् । एवं "मैवं मांसमयी काचिद्भिद्यतेऽन्या मनोमयी । मांसमय्या अभेदेऽपि भिद्यते हि मनोमयी"त्यादिना पूर्वतोक्तेति तृतीयं लिङ्गम् । प्रत्यक्षादिप्रमाणोपलब्धमांसमययोषितो भेदेन मनोमय्याश्श्रीगुरूपदेशैकविज्ञेयत्वादपूर्वत्वम्। "भाष्यवार्तिककाराभ्यामयमर्थ उदीरित" इत्यादिना श्रूगुरोर्महत्त्वे सम्प्रदायादरः फलं चतुर्थं लिङ्गम्।

ईशोपदिष्टबोधादेव विमुक्तिर्न तु क्वचित् गुरुजात् ।
इति या निर्णीतमतिः प्रतिबन्धोऽयं चतुर्थ ईशमितौ ।।

अर्थात् - ईशोपदिष्ट बोध से ही मुक्ति संभव है । मुक्ति के लिए किसी गुरु की आवश्यकता नहीं है । गुरु द्वारा प्रदत्त ज्ञान से मुक्ति नहीं हो सकती। ऐसा जिसका दृढ़ निश्चय है, यह ज्ञानप्राप्ति में चतुर्थ प्रतिबन्ध है ।

सद्गुरु के उपदेश बिना और ईश्वर तथा जीवकृत समस्तद्वैत का मिथ्यात्व रूप निश्चय किये बिना मुक्ति नहीं हो सकती । ज्ञान ही मुक्ति का साधन है और वह गुरुकृपा से ही प्राप्त होता है यदि द्वैत की अप्रतीतिमात्र को मुक्ति मानोगे तो सुषुप्ति और प्रलय में सभी प्राणी मुक्त हो जाने चाहिये किन्तु ऐसा नहीं होता है । अतः मुक्ति ज्ञानाधीन है और ज्ञान गुरुकृपाधीन है । इसलिये गुरुमुख से वेदान्तों का श्रवणादि करके आत्मसाक्षात्कार द्वारा ब्रह्मानुभूति रूप मुक्ति प्राप्त होती है ।

यदि कहो कि भगवान् श्रीकृष्ण ने महाभारत में अर्जुन को उपदेश किया है । अतः ईश्वर के उपदेश से ही मुक्ति होती है तो आपका यह कथन ठीक नहीं है, क्योंकि अर्जुन ने भी जब यह कहा कि "***शिष्यस्तेऽहं शाधि मां त्वां प्रपन्नम्***" हे भगवन् ! मैं आपका शिष्य हूँ और आपकी शरण में हूँ अतः आप मुझे उपदेश दीजिये । इस प्रकार अर्जुन ने जब श्रीकृष्ण को गुरु बनाकर उनका शिष्यत्व स्वीकार किया तभी भगवान् ने उन्हें उपदेश दिया । इससे भी गुरु-शिष्य परम्परा की ही सर्वोत्कृष्टता सिद्ध होती है ।

तत्पदार्थबोध विषयक साधनविपरीतभावना रूप चतुर्थ प्रतिबन्ध का निवारण ही इस प्रकरण का सार है । जिसे अब उपक्रमादि षड्विध तात्पर्यज्ञापक लिंगों के द्वारा स्पष्ट करते हैं ।

उपक्रमोपसंहार -

ईश्वरेणापि जीवेन सृष्टं द्वैतं विविच्यते ।
विवेके सति जीवेन हेयो बन्धः स्फुटी भवेत् ।। (४/१)

यहाँ से उपक्रम करके

जीवन्मुक्तेः पराकाष्ठा जीवद्वैतविवर्जनात् ।
लभ्यतेऽसावतोऽत्रेदमीशद्वैताद्विवेचितम् ।। (४/६९)

''एतत्पदं वसिष्ठेन रामाय बहुधेरित''मित्यर्थवादः पञ्चमम् । ''प्रलये तन्निवृत्तौ तु गुरुशास्त्राद्यभावत'' इत्युपपत्तिरिति षड्विधानामपि लिङ्गानां गुरुमहत्त्वप्राधान्यपरत्वात्साधनविपरीतभावनाभ्रमो निवारित इति सर्वमनवद्यमिति शम् ।।

।। इति श्रीद्वारकाशारदापीठाधीश्वरैः एवं ज्योतिष्पीठाधीश्वरैः श्रीमज्जगद्गुरुशङ्कराचार्यैः अनन्तश्रीविभूषितश्रीस्वरूपानन्दसरस्वतिस्वामिभिः विरचितायां स्वरूपबोधिन्यां व्याख्यायां द्वैतविवेकस्समाप्तः ।।

इस श्लोक से प्रकरण का उपसंहार किया गया है ।

अभ्यास - *अनिवृत्तेऽपीशसृष्टे द्वैते तस्य मृषात्मताम् ।*
बुद्ध्वा ब्रह्माद्वयं बोद्धुं शक्यं वस्त्वैक्यवादिनः ।। (४/४०)
प्रलये तन्निवृत्तौ तु गुरुशास्त्राद्यभावतः ।
विरोधिद्वैताभावेऽपि न शक्यं बोद्धुमद्वयम् ।। (४/४१)

अपूर्वता - *मैवं मांसमयी योषित् काचिदन्या मनोमयी ।*
मांसमय्या अभेदेऽपि भिद्यते हि मनोमयी ।। (४/२५)

प्रत्यक्ष उपलब्ध मांसमयी नारी के अतिरिक्त मनोमयी नारी का वर्णन ही यहाँ अपूर्वता का द्योतक है।

फलम् - *भाष्यवार्तिककाराभ्यामयमर्थ उदीरितः ।।* (४/२७)

गुरु महत्व को प्रदर्शित करते हुए सम्प्रदाय का आदर रूप चतुर्थ फल नामक लिंग है ।

अर्थवाद - *एतत्पदं वसिष्ठेन रामाय बहुधेरितम् ।।* (४/६३)

उपपत्ति - *प्रलये तन्निवृत्तौ तु गुरुशास्त्राद्यभावतः।।* (४/४१)

इस प्रकार छह तात्पर्य लिंगों के द्वारा मुक्ति के लिए गुरु का ही महत्व प्रधान रूप से वर्णित करते हुए साधन विपरीतभावना रूपी भ्रम का निवारण किया गया है ।

।। इस प्रकार द्वारका एवं ज्योतिष्पीठाधीश्वर अनन्तश्रीविभूषित जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी **श्रीस्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज** द्वारा विरचित **श्रीसद्गुरुसपर्या** नामक हिन्दी व्याख्या में द्वैतविवेक नामक चौथा प्रकरण समाप्त हुआ ।।

।। पञ्चमं प्रकरणम् - महावाक्यविवेकप्रकरणम् ।।

प्रकरणेऽस्मिन्नाचार्यवर्यैश्शुकरहस्योरनिषद्गता महावाक्यार्थव्याख्यानरूपा मन्त्रा अष्टावपि स्वरूपतस्सङ्गृहीताः ।

प्रज्ञानं ब्रह्मेति वाक्यस्थप्रज्ञानपदार्थनिरूपणम् -

येनेक्षते शृणोतीदं जिघ्रति व्याकरोति च ।
स्वाद्वस्वादू विजानाति तत्प्रज्ञानमुदीरितम् ॥ १ ॥

तत्वविवेक नामक प्रथम प्रकरण में सम्पूर्ण वेदान्त सिद्धान्त की रूपरेखा संक्षेप में कही गई है । उसी प्रकरण में महावाक्यों का भी उल्लेख श्लोक ४३ से ४८ तक किया गया है । उन्हीं महावाक्यों का विस्तृत वर्णन करने के लिए इस प्रकरण की रचना की गई है ।

साधक को ज्ञानाधिकार की सिद्ध के लिए वैराग्य उत्पन्न कराना चाहिये। इस आशय से जीव और ईश्वरकृत दोनों सृष्टियों का वर्णन कर उनके मिथ्यात्व का प्रतिपादन किया गया तथा क्रिया-कारक फलाभिसन्धिप्रयुक्त वेदविहित नित्य और नैमित्तिकादिजन्य समस्त कर्मफलों का भी अनित्यत्व होने से उनका भी त्याग करना चाहिये, इसका भी प्रतिपादन किया गया । और संग्रह रूप से जीव तथा ब्रह्म का अभेद भी प्रस्तुत किया गया । तत् और त्वंपदार्थ ज्ञान के बिना केवल वैराग्य से तत्त्वबोध नहीं होता है, इसलिए समस्त वेदों के सारभूत तत्पदार्थ का बोध कराने वाले महावाक्यों का व्याख्यान करना आवश्यक है । शोधन के बिना प्रत्यक्तत्त्व (आत्मा) और ब्रह्म की एकता का ज्ञान होना संभव नहीं है ।

"***एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म***" (छा.उ.), "***आत्मा वा इदमेक एवाग्र आसीत्***" (ऐ.उ.) इत्यादि अनेकों श्रुतियों से सजातीय, विजातीय और स्वगतभेद शून्य किसी निरूपाधिक वस्तु का सद्भाव कहा गया । उसी प्रकार "***स एतमेव सीमानं विदार्यैतया द्वारा प्रापद्यत***" (ऐ.उ. १/३/१२), "इस पुरुष में पादाग्रभाग द्वारा ब्रह्म प्रविष्ट हुआ" तथा "***स एतमेव सीमानं विदार्य***" "वह इस सीमा को ही विदीर्ण कर" इत्यादि एक दूसरे से प्रतिकूल दो ब्रह्म की उपस्थिति यहाँ पर ज्ञात होती है । किन्तु इन दोनों में से कोई एक ही आत्मा उपासनीय हो सकता है। अतः इनमें जो उपास्य है, वह आत्मा कौन-सा है ? उसका क्या स्वरूप है ? इस विशेष बात को निश्चय करने के लिए ब्रह्मजिज्ञासु मुमुक्षु ब्राह्मणों में परस्पर विचार प्रारम्भ हुआ । तब वे एक दूसरे से पूछते हैं कि "***कोऽयमात्मेति वयमुपास्महे कतरः स आत्मा***" (ऐ.उ. ३/१/१) हम जिस आत्मा की उपासना करते हैं, वह आत्मा कौन है ? उसका क्या स्वरूप है? इत्यादि संशय प्राप्त होने पर उस संशय का निवारण करने के लिए आत्मा का यथार्थ बोध कराने के लिए महावाक्य का ज्ञान आवश्यक है । विशिष्टार्थ का बोध कराने के लिए जो कहा जाता है, उसे वाक्य कहते हैं और "***महच्च तद्वाक्यं च महावाक्यम्***" उन वाक्यों में जो सर्वश्रेष्ठ हो, उसे महावाक्य कहते हैं । ऐसे तो महावाक्यों की संख्या बहुत है किन्तु चारों वेदों के चार ही मुख्य महावाक्य माने जाते हैं। ऋग्वेदान्तर्गत ऐतरेय उपनिषद् का महावाक्य "***प्रज्ञानं ब्रह्म***" (३/१/१) है। यजुर्वेदान्तर्गत बृहदारण्यक उपनिषद् का महावाक्य "***अहं ब्रह्मास्मि***" (१/४/१०) है । सामवेदान्तर्गत छान्दोग्य उपनिषद् का महावाक्य "***तत्त्वमसि***" (६/८/१५) है और अथर्ववेदान्तर्गत माण्डूक्य उपनिषद् का महावाक्य "***अयमात्मा ब्रह्म***" (२) है । इन्हीं चारों महावाक्यों का विवेक इस प्रकरण का विषय है।

अन्वयः - येन इदम् ईक्षते शृणोति जिघ्रति व्याकरोति स्वद्वस्वादू विजानाति च तत् प्रज्ञानम् उदीरितम् ।

व्याख्या :- साधकस्य ज्ञानाधिकारसिद्धये वैराग्यमुत्पादनीयमिति बुद्ध्या जीवेश्वरसृष्टस्योभय-विधस्यापि जगतोऽनित्यत्त्वेन मिथ्यात्त्वं प्रत्यपादि । तथा क्रियाकारकफलाभिसन्धिप्रयुक्तस्य वेदविहितनित्यनैमित्तिकादिकर्मजातस्याप्यनित्यफलदत्त्वेन त्याज्यता चाभिहिता । सङ्ग्रहेण जीवब्रह्मणोरभेदोऽपि प्रस्तुतः । तत्त्वं पदार्थयोश्शोधनं विना केवलं वैराग्यान्नोदेति तत्त्वबोधः । सकलवेदार्थसारभूततत्त्वंपदार्थस्वरूपबोधकानि महावाक्यानि च व्याख्यातव्यानि । स्वरूपशोधनं विना प्रत्यग्ब्रह्मणोरैक्यं न संभाव्यते । "एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म" "आत्मा वा इदमेक एवाग्र आसी"दित्या-श्रुतिसहस्रेणोक्तस्य त्रिविधभेदविधुरस्य त्रिविधपरिच्छेदशून्यस्य निरुपाधिकस्य सर्वविलक्षणस्यस्याव्यक्त-पदार्थस्यास्तिता समुपस्थापिता । एवं "स एतमेव सीमानं विदार्यैतया द्वारा प्रापद्यते"ति च श्रूयते । कोऽयमात्मा ? किंस्वरूपः? किं सोपाधिक आहोस्विन्निरुपाधिकः? इति विशेषत आत्मस्वरूपस्य विचार्यता । किञ्चास्मत्प्रत्ययगोचर आत्मानेककोटिकसंशयास्पदः । स्थूलोऽहं, पश्यामि, स्मरामीत्यादि-प्रतीतिबलात् । तथा चैतन्यात्मकोऽप्यहं प्रत्ययो विविधमभिव्यज्यते। अत एवैतरेयके प्रस्तुता विचारणा "कोऽयमात्मेति वयमुपास्मह" इति । अतो मोक्षसाधनब्रह्मात्मैकत्त्वावगतिलब्धये वेदचतुष्टयेऽप्युपल-

---

सर्वप्रथम ऋग्वेदीय ऐतरेयोपनिषद् के महावाक्य का विचार प्रारम्भ करते हैं । (इस प्रकरण के आठों श्लोक पूर्णरूप से शुकरहस्योपनिषद् से उद्धृत हैं)

अर्थ - जिसके द्वारा (पुरुष) विषयों को देखता है, सुनता है, सूंघता है, बोलता है, स्वाद और अस्वाद को जानता है, उसे प्रज्ञान कहते हैं ।१।

व्याख्या - ब्रह्मवादी मुमुक्षुजनों ने सभा में आत्मतत्त्व का विचार करते हुए परस्पर पूछा था कि "***कोऽयमात्मेति वयमुपास्महे कतरः स आत्मा*** " इस प्रश्न का उत्तर यह निकला की जो नित्य, शुद्ध, बुद्ध, मुक्तस्वभाव निरुपाधिक है, वही आत्मा है । किन्तु प्रतिदिन अनुभूयमान अस्मत्प्रत्ययगोचर चक्षुरादि इन्द्रियोपाधियुक्त कार्य-करण से संकीर्ण कोई अन्य चेतन पदार्थ भी है । इन दोनों का भेद है अथवा अभेद है ? यदि भेद है तो हमें किस की उपासना करनी चाहिए ? इस स्थिति में निश्चित आत्मस्वरूप को ही प्रज्ञान शब्द से कहा गया। जिसके द्वारा पुरुष देखता है अर्थात् चक्षुमार्ग से निकली हुई अन्तःकरण की वृत्ति रूप उपाधि से युक्त चैतन्य के द्वारा पुरुष उसके विषय रूप को देखता है । और उसी प्रकार श्रोत्रेन्द्रिय मार्ग से निकली हुई अन्तःकरण की वृत्ति रूप उपाधि से युक्त चैतन्य के द्वारा पुरुष उसके विषय शब्द को सुनता है । जिस घ्राणेन्द्रिय से संपृक्त अन्तःकरण की वृत्ति से उपहित चैतन्य के द्वारा पुरुष उसके विषय गन्ध को सूंघता है । उसी प्रकार जिस वागिन्द्रिय से व्यापृतान्तःकरण की वृत्ति से उपहित चैतन्य स्वाद और अस्वाद को जानता है, उसे प्रज्ञान कहते हैं । श्लोक में **'च'** शब्द अनुक्त का समुच्चायक है । अतः चकार से त्वक्, पाद आदि बाह्य इन्द्रियों की वृत्तियाँ तथा मन और बुद्धि की वृत्तियों का भी ग्रहण करना चाहिये । मन और बुद्धि रूप से विभक्त अन्तःकरण की अनेकों वृत्तियाँ हैं । जिसे प्रज्ञान शब्द से ही कहा गया है । "***यदेतद्धृदयं मनश्चैतत् । संज्ञानमाज्ञानं विज्ञानं प्रज्ञानं मेधा दृष्टिर्धृतिर्मतिर्मनीषा जूतिः स्मृतिः संकल्पः क्रतुरसुः कामो वश इति सर्वाण्येवैतानि***

भ्यमानानां महावाक्यानां क्रमशोऽर्थं निरूपयति। वाक्यत्त्वं च विशिष्टार्थबोधकत्त्वम् । महच्च तद्वाक्यमित्यखण्डार्थबोधकत्त्वं महत्त्वम् । "आन्महतस्समानाधिकरण" इत्यात्त्वम् । सर्वेषामात्मज्ञान-प्रतिपादकानां वाक्यानां मध्ये सुस्पष्टं सुसूक्ष्मं निखिलवेदान्तशास्त्रार्थसाररूपब्रह्मात्मैक्या-खण्डार्थबोधकत्त्वान्मुख्यत्त्वं च । एवं महत्त्वे बहूनि कारणानि, आत्यन्तिकनिश्श्रेयसप्राप्तिप्रदर्शकत्त्वं, दुश्शकस्यार्थस्य सुखेनाविष्कर्तृत्त्वं, जिज्ञासूनामर्थनिश्चयसम्पादनद्वारा तृप्तिकरत्त्वं सर्वेषां महावाक्यानामेक-वाक्यतापादनद्वारा विशिष्टैकार्थबोधकत्त्वमित्यादीन्यन्यान्यपि च । तेषां चतुर्णां महावाक्यानां मध्ये प्रथममृग्वेदस्थं "प्रज्ञानं ब्रह्मे"ति महावाक्यार्थं प्रतिपिपादयिषुर्वाक्यार्थज्ञानं प्रति पदार्थज्ञानस्य कारणत्त्वेन तन्महावाक्यघटकप्रज्ञानपदार्थं विशदीकरोति ।

प्रज्ञानशब्दार्थश्शुद्धजीवचैतन्यमेव । ब्रह्मवादिनो मुमुक्षुपरिषदि तत्त्वं जिज्ञासमानाः "कतरस्स आत्मे"ति मिथोऽपृच्छन् । निगमान्तेषु नित्यशुद्धबुद्ध-मुक्तस्वभावो निरुपाधिक आत्मेति श्रूयते । समनुभूयते चानुदिनमनुक्षणं चास्मत्प्रत्ययगोचर इन्द्रियोपाधिः कार्यकरणसङ्घातात्मक आत्माभिधनश्चेतनपदार्थः कश्चित् । किं तौ भिन्नावभिन्नौ ? यदि भिन्नौ तयोः क उपास्य "कोऽयमात्मेति वयमुपास्महे" इति विचारस्समवर्तत । तन्निर्णयाय "येने"त्यादिवाक्यमुपात्तम् । येन चक्षुष्पथा निर्गतान्तःकरणवृत्त्युपहितचैतन्येनेदं चक्षुर्गोचरं रूपमीक्षते पश्यति जीवः, तथैव श्रोत्रेन्द्रियद्वारा बहिर्गतान्तःकरणवृत्तिप्रतिबिम्बितचैतन्येन तद्गोचरं शब्दजालं शृणोति, घ्राणेन्द्रियमार्गेण निर्गतान्तःकरणवृत्तिप्रतिबिम्बितचैतन्यैन तद्गोचरं गन्धं जिघ्रति । वागिन्द्रियव्यापृतान्तःकरण-वृत्तिप्रतिफलितचैतन्येन व्याकरोति शब्दान्व्याहरति । रसनेन्द्रियसरण्या विनिर्गतान्तःकरणवृत्तिप्रतिबिम्बित-चैतन्येन स्वाद्वस्वादू रसौ विजानाति । चकारोऽनुक्तानामपि समुच्चायक इति करपादत्वगादीन्द्रियवृत्तीनां बाह्येन्द्रियप्रयुक्तानां तथान्तराणां मनोबुद्धिवृत्तीनां च सङ्ग्रहेण तत्तुदपहितचैतन्येन तत्तद्विषयाभिव्यञ्जनं भवति । सन्ति चान्तःकरणस्य मनोबुद्धिभेदेन नैकाश्च वृत्तयः । तत्र वस्तुस्वरूपं सम्यग्जानाति तत्संज्ञानम् । भूत्यादीन्यदाज्ञापयति तदाज्ञानम् । कलाकौशलमशेषं यदा तनोति तद्विज्ञानम् । शास्त्रार्थावगमेन नवनवोन्मेषं यदा कलयति तत्प्रज्ञानम् । प्रज्ञयाकलितानर्थान्या धारयति सा मेधा। सूक्ष्मांस्तांत्रिकान्नैतिकान्यालोचयति सा दृष्टिः । आपदि येन्द्रियाण्युत्तम्भयति सा धृतिः । या स्वातन्त्र्यं प्रदर्शयति सा मनीषा । प्राप्तावसरेषु कार्येषु योद्विग्रतामाप्रोति सा जूतिः । समनुभूतपूर्वं वस्तु या स्मृतिपथमानयति सा स्मृतिः । कर्तव्येषु विषयेषु साधनसामग्रीं सम्यक्परिकल्प्य

प्रज्ञानस्य नामधेयानि भवन्ति " (ऐ.उ. ३/१/२) यह हृदय और मन भी है, संज्ञप्ति रूप चैतन्य भाव अर्थात् जिससे वस्तु के स्वरूप का सम्यक् ज्ञान होता है, उसे संज्ञान कहते हैं । आज्ञा करना रूप ईश्वरभाव को आज्ञान कहते हैं । कला-कौशलादि के परिज्ञान को विज्ञान कहते हैं । प्रज्ञप्ति (समयोचित बुद्धि स्फुरित होना रूप प्रतिभा) को प्रज्ञान कहते हैं । ग्रन्थ धारण की शक्ति को मेधा कहते हैं । इन्द्रियों के द्वारा समस्त विषयों की उपलब्धि को दृष्टि कहते हैं । शिथिल हुए शरीर और इन्द्रियों को जिससे धारण किया जाता है, उसे धृति कहते हैं । मनन करना मति है । मनन करने में स्वतन्त्रता को मनीषा कहते

तदवश्यकर्तव्यतायां यो व्यवसायी भवति स सङ्कल्पः(क्रतुः)। प्राणवायोस्सञ्चलनेन यः प्राणिति स प्राणः । काम्यान्य आकाङ्क्षते स कामः । काम्येषु विषयेषु यो वश्यतां याति स वशः । एवमन्यानपि मनोविकारान्सात्त्विकराजसतामसान्बाह्यान्यच्चैतन्यमभिव्यञ्जयति तच्चैतन्यमात्मैव । तथा चोक्तैरनुक्तैस्सर्वैरपीन्द्रियैरन्तःकरणवृत्तिभेदैश्चोपलक्षितं चैतन्यमेव प्रज्ञानपदार्थः। एतेन "येन वा पश्यति येन वा शृणोति" इत्यारभ्य "संज्ञानमाज्ञानं विज्ञानं प्रज्ञानं मेधा दृष्टिर्धृतिर्मतिर्मनीषा जूतिस्स्मृतिस्सङ्कल्पः क्रतुरसुः कामो वश इति सर्वाण्येतानि प्रज्ञानस्य नामधेयानि भवन्ती"त्यन्तस्य अवान्तरवाक्य-सन्दर्भस्यार्थोऽत्र संसूचितः । "प्रकृष्टज्ञानरूपत्त्वात्तत्प्रज्ञानमुदीरित"मिति । एवं च "प्रज्ञानं ब्रह्मेत्यत्र प्रज्ञानपदार्थो निबिलबहिरन्तःकरणाभासावृत्तिसाक्षित्त्वोपलक्षितचैतन्यमिति शम् ।।

"प्रज्ञानं ब्रह्मे"त्यत्र ब्रह्मपदार्थप्रदर्शनम् -

चतुर्मुखेन्द्रदेवेषु मनुष्याश्वगवादिषु ।
चैतन्यमेकं ब्रह्मातः प्रज्ञानं ब्रह्म मय्यपि ।। २ ।।

अन्वयः - चतुर्मुखेन्द्रदेवेषु मनुष्याश्वगवादिषु एकं चैतन्यं ब्रह्म अतः मयि अपि प्रज्ञानं ब्रह्म ।

व्याख्या :- चतुर्मुखेन्द्रदेवेषु "हिरण्यगर्भस्समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत् । स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेमे"त्यादिश्रुतिप्रसिद्धस्सृष्टिकर्ताद्यशरीरी चतुर्मुखः। सुकृतफलपरिपाकेन देवराजपदमावेशितोऽकामहतश्श्रोत्रियाग्रणीरिन्द्रः । तत्तत्पदाधिकृताश्च देवास्ते सर्व उत्तमजन्मानः । सुकृतदुष्कृतोभयमेलनेन सञ्जातत्त्वान्मनुष्या मध्यमजन्मानः । तिर्यग्जन्मानोऽश्व-गवादयोऽधमजन्मानः । अण्डजादिक्षुद्रप्राणिन आदिशब्देन गृह्यन्ते । तेष्वेतेषूच्चावचेषु

हैं । रोगादि से चित्त का दुःखी होना जूति है । स्मरण को स्मृति कहते हैं । शुक्ल-कृष्णादि भाव से रूपादि का संकल्प करना संकल्प कहलाता है । 'मैं यह अवश्य करूँगा' इस प्रकार की वृत्ति को अर्थात् अध्यवसाय को क्रतु कहते हैं । प्रणादि (श्वासोच्छ्वासादि) क्रिया की निमित्तभूता वृत्ति को असु कहते हैं । अप्राप्त विषय की इच्छा अर्थात् तृष्णा को काम और स्त्री संसर्गादि की अभिलाषा को वश कहते हैं । इत्यादि अन्तःकरण की सभी वृत्तियाँ प्रज्ञान शब्द से कही जाती हैं । इस प्रकार "***प्रज्ञानं ब्रह्म***" इस महावाक्य में प्रज्ञान शब्द का अर्थ अन्तःकरणाभासवृत्तिसाक्षित्वोपलक्षितचैतन्य है ।

"प्रज्ञानं ब्रह्म" इस महावाक्य के ब्रह्म पद के अर्थ का विवरण करते हैं।

अर्थ - ब्रह्मा, इन्द्रादि देवों में, मनुष्यों में, अश्व और गाय आदि में जो एक चैतन्य है, वह ब्रह्म है । इसलिए प्रज्ञान रूप मुझ में भी है ।२।

व्याख्या - "***हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत***" (ऋ. सं. १०/१२१/१) इस वेदवचन से प्रसिद्ध सृष्टिकर्ता सर्वप्रथम शरीरी को ही चतुर्मुख अर्थात् ब्रह्मा कहते हैं । सुकृतफल के परिपाक स्वरूप देवराज पद पर अभिषिक्त श्रोत्रियों में अग्रणी को इन्द्र कहते हैं । ब्रह्म, इन्द्र और देवताओं की गणना उत्तम योनि में की गई है तथा मनुष्यों को मध्यम योनि का कहा गया है और अश्व (घोड़ा) गाय आदि अधम योनि में माने जाते हैं । '**गवादिषु**' में आदि शब्द से अण्डज, उद्भिज आदि का ग्रहण करना चाहिये । इन सभी में प्रतीयमान जो चैतन्य है, वह एक ही है । चतुर्मुख, इन्द्र आदि

देहधारिष्वाकाशादिभूतेषु च जगज्जन्मादिहेतुभूतं यदेकं चैतन्यमस्ति तद्ब्रह्मैव । हिरण्यगर्भादि-सर्वदेहोपाधीनां व्यावृत्तताया मिथो भिन्नत्त्वेऽपि सर्वत्र चैतन्यस्यानुवृत्ततया सर्वोपाधिपरिहरणे शुद्धं चैतन्यमेकमेवावतिष्ठते । तस्मात्सर्वव्यापकत्त्वात्तदर्थबोधब्रह्मशब्दाभिधेयं तच्चैतन्यं भवितुमर्हति। परस्परविलक्षणानां सुरनराश्वकीटकादिव्यक्तीनां चैतन्येऽयं ब्रह्मेत्यादिनारोपितत्त्वादनेकधा प्रतीतिः । अध्यासप्रभावेणान्यथाभूतं वस्त्वन्यथावभासत इति प्रसिद्धमेव रज्जूरगादौ । सहजस्थितिमास्थितापि रज्जुर्भ्रान्त्या सर्प इव विशेषाकारेणावभासते । आप्तोक्त्या लोकसहकृतचक्षुरादिप्रमाणेन च नायं सर्पो रज्जुरेवेति यथार्थज्ञानं जायते तदा स्वयं निर्विकारा रज्जुरेव तिष्ठते । सैव रज्जुरध्यस्तस्य सर्पस्य कारणम् । रज्जोरेवाभावे भ्रान्तिः कुत्रोदियात् । तथैव निर्विकारेऽपि ब्रह्मणि परस्मिन्नविद्यया जगदेतत्सर्वमध्यस्यते । यतस्तत्तद्विशेषाकारेण विद्यमानमिव प्रतीयते । तस्माद्यस्मिंश्चैतन्ये जगदध्यस्तं तदेव चैतन्यं जगतः कारणमिति स्पष्टमवगम्यते । एवं स्थिते काचन शङ्का समुदेति । अनिर्ज्ञात-पूर्वसर्पस्वरूपस्य पुरुषस्य कस्यापि कथमपि रज्जौ न संभवति सर्पभ्रान्तिः । एवञ्च चतुर्मुखादीनामननुभूततया कथमात्मन्यध्यास इति । तत्रोच्यते अध्यस्यमानस्य पूर्वानुभवोऽपेक्षित इति तु सत्यम् । सोऽयमनुभवः प्रमात्मक एवेति न हि निर्बन्धः । भ्रमात्मकेनाध्याससंभवात् । अत एव भाष्यकारैरध्यासलक्षणोक्त्यवसरे "परत्र पूर्वदृष्टावभास" इत्येवोक्तम् न तु प्रमितावभास इति।

उपाधि से युक्त होने के कारण परस्पर भिन्न होते हुए भी चैतन्य की अनुवृत्ति सर्वत्र होने के कारण उपाधि को दूर करने पर एकमात्र चैतन्य ही अवशिष्ट रहता है, अतः सर्वव्यापक होने के कारण व्यापक रूपार्थ बोधक ब्रह्म शब्द का वह अभिधेय हो सकता है । ब्रह्मादि व्यक्तियों में परस्पर विलक्षणता आरोपित होने के कारण वे अनेक प्रकार के प्रतीत होते हैं । जैसे सर्प के अध्यास से रज्जु (रस्सी) भी सर्प रूप में प्रतीत होती है । वस्तुतः रज्जु अपने स्वाभाविक रूप में ही स्थित है तथापि भ्रान्ति के कारण सर्प के समान दिखाई देती है । आप्तपुरुष के वचन से प्रेरित होकर हाथ में दीपक लेकर मन्द अन्धकार में रखी हुई उस रस्सी को जब पुरुष अपनी चक्षु इन्द्रिय के द्वारा प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करता है कि यह सर्प नहीं है, यह तो रस्सी है तब उसे रस्सी का यथार्थ ज्ञान उत्पन्न होता है । तब निर्विकार एकमात्र रस्सी ही अवशिष्ट रहती है । वही रस्सी उस अध्यस्त सर्प का कारण थी अर्थात् रस्सी के सद्भाव में ही सर्पभ्रम की प्रतीति हो रही थी। यदि रस्सी ही न होती तो सर्प दिखाई ही न देता । इसी प्रकार अविद्या के कारण निर्विकार परब्रह्म में सम्पूर्ण जगत् अध्यस्त है । ब्रह्म ही जगत् का अधिष्ठान है। अधिष्ठान रूप ब्रह्म के अतिरिक्त जगत् की तीनों कालों में कोई सत्ता नहीं है। यदि कहो कि पूर्व में जिसने सर्प को देखा ही नहीं है, उसे रज्जु में कभी भी सर्प की भ्रान्ति नहीं हो सकती, उसी प्रकार जगत् आदि के पूर्वानुभव के बिना ब्रह्म में उसकी प्रतीति कैसे हो सकती है ? आपका यह कथन ठीक है कि पूर्वानुभव के बिना अध्यस्त पदार्थ का अधिष्ठान में आरोप संभव नहीं है तथापि प्रकृत में जो रज्जु-सर्प का दृष्टान्त दिया गया है, उसका तात्पर्य केवल "सर्प रज्जु में अध्यस्त है" इतना ही है । दृष्टान्त एकांश से ग्राह्य होता है, सर्वांश से नहीं, यह नियम है । यदि दृष्टान्त को भी सर्वांश में ग्रहण करेंगे तो दृष्टान्त और दार्ष्टान्तिक में अन्तर ही क्या होगा ? और दृष्टान्त के सभी अंश दार्ष्टान्तिक में दिखाना किसी को भी अभीष्ट नहीं है, अन्यथा अनर्थ हो जाएगा । सुन्दर नारी को चन्द्रमुखी कहा जाता है, इसका मतलब यह नहीं है कि जैसे

रज्जुसर्पदृष्टान्तेनाध्यासमात्रस्यैव विवक्षितत्त्वात् । न हि नियमोऽस्ति दृष्टान्ते विद्यमानाः सर्वेऽपि धर्मा दार्ष्टान्तिके समन्वेया इति । यावद्धर्मसाम्ये किञ्चिद्भेदाभावेन दृष्टान्तदार्ष्टान्तिकभाव एव न स्यात् । अतस्तयोः क्वचित्किञ्चिद्विवक्षितांशं विहाय सर्वसारूप्यं न केनचिद्दर्शयितुं शक्यम् । चन्द्रवन्मुखमित्यादौ चन्द्रगतकलङ्कत्त्वस्य न विवक्षता । तथा सति सहृदयाह्लादकता भज्येत । अतोऽपेक्षितधर्माणामेव स्फोरणमिष्यते । न सर्वेषां प्रकृतानपेक्षितानाम् । नामरूपात्मकजगतो मिथ्यात्त्वानङ्गीकारे नामरूपादिवैविध्यप्रतीतेः प्रमात्त्वं स्यात् । तच्च श्रुतिबाधितम् । "वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्य"मिति श्रुतिर्नामरूपविकाराणामसत्यतां सयुक्तिकं सुविशदं प्रतिपादयन्ती निर्विकारस्य ब्रह्मणस्सत्यत्त्वं सुस्पष्टं वक्ति । अतस्तच्छ्रुत्यनुरोधेन तत्प्रतीतेर्भ्रान्तित्त्वसिद्धये विकाराणामध्यासवशेनैव दृष्टान्तमुखेन मिथ्यात्त्वं बोधनीयमिति रज्जुसर्पदृष्टान्तः प्रदर्शितः । न तु सर्वधर्मप्रसिद्ध्यर्थः। अत एव रज्जुसर्पस्थलेऽध्यस्तस्य प्रातिभासिकसत्यत्त्वम् । इदं जगदित्यत्र जगतो व्यावहारिकसत्यत्त्वमिति भेदस्सर्वेणाप्यभ्युपगन्तव्यः। तस्माद्भ्रमात्मकेनाप्यनुभवेनाध्यासस्सिद्ध्यति। अद्वैतिनां मतेऽविद्याया अनादित्त्वाङ्गीकारेण पूर्वपूर्वाविद्ययोत्तरोत्तरो भ्रमस्सिद्ध्यति । "जीवेशौ च विशुद्धा चित् तथा जीवेशयोर्भिदा । अविद्यातच्चितोर्भेदः षडस्माकमनादयः" ।।

चन्द्र में कलंक है, वैसे तुम्हारा मुख भी कलंकित है । यदि ऐसा कहोगे तो उसके कोप का भाजन होना पड़ेगा । अतः दृष्टान्त के कुछ धर्म ही उसके दार्ष्टान्तिक में माने जाते हैं, सभी नहीं ।

"***वाचारम्भणो विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यम्*** " (छा.उ. ६/१/४), "विकार वाचारम्भण मात्र हैं, मृत्तिका ही सत्य है" इस श्रुति में मिट्टी के विकारों को मिथ्या कहा गया है किन्तु मिट्टी को सत्य कहा गया है । इसका मतलब यह नहीं है कि मिट्टी ही पारमार्थिक सत्पदार्थ है । यहाँ पर तो विकारों के मिथ्यात्व और निर्विकार परब्रह्म परमात्मा के सत्यत्व का ही प्रतिपादन किया गया है । वेदान्त सिद्धान्तानुसार पदार्थ की तीन सत्ता मानी गई है - पारमार्थिक, व्यावहारिक और प्रातिभासिक । जिसका कभी भी बाध न हो, उसकी पारमार्थिक सत्ता है । जिसकी सत्ता पारमार्थिक ज्ञान से बाधित हो जाए, उसकी व्यावहारिक सत्ता है और जो प्रतीति मात्र हो, जिसकी सत्ता वस्तु की व्यावहारिक सत्ता के ज्ञान से बाधित हो जाए, उसकी प्रातिभासिक सत्ता मानी जाती है । ब्रह्म की पारमार्थिक सत्ता है । जगत् की व्यावहारिक सत्ता है और रज्जु में प्रतीत होने वाले सर्प की प्रातिभासिक सत्ता है । रज्जु के ज्ञान से सर्पज्ञान का बाध होता है अतः सर्प प्रातिभासिक है । जगत् का भी ब्रह्मज्ञान से बाध होता है अतः पारमार्थिक दृष्टि से जगत् मिथ्या होने पर भी उसकी व्यावहारिक सत्ता मानी गई है । अतः जहाँ भी जगत् सत्यत्व की बात आती है "जैसे कि मिट्टी ही सत्य है" वहाँ पर उसकी व्यावहारिक सत्ता ही माननी चाहिये । और आपने जो पूर्व में कहा था कि अध्यास में पूर्वानुभव अपेक्षित है । वह बात सत्य ही है तथापि वह अध्यास प्रमात्मक ही हो, ऐसा कोई नियम नहीं है । भ्रमात्मक अनुभव के द्वारा भी उत्तरोत्तर में अध्यास की सिद्धि होती ही है । अद्वैत सिद्धान्तानुसार अविद्या को माना गया है अतः पूर्व-पूर्व की अविद्या से उत्तरोत्तर भ्रम होना संभव ही है । प्राक्तन सृष्टिवासनात्मिका अविद्या अद्यतन सृष्टि में चतुर्मुख ब्रह्मादि रूप अध्यास की कल्पना करती है, ऐसा कहने में कोई हानि नहीं है । इसीलिए भाष्यकार आद्यशंकराचार्य जी ने भी ब्रह्मसूत्र के अध्यास भाष्य में अध्यास का लक्षण करते हुए कहा है कि "***परत्र***

अतः परे ब्रह्मण्यद्वितीये नानात्त्वदर्शनं भ्रमः । एतावतै"ष ब्रह्मैष इन्द्र" इत्यारभ्य "प्रज्ञा प्रतिष्ठिते"त्यन्तोऽवान्तरवाक्यार्थसन्दर्भस्सङ्ग्रहेण दर्शितः । पदार्थावुभावपि व्याख्यातौ । वाक्यार्थस्त्वधुनाभिधीयते । अतः प्रज्ञानं ब्रह्म मय्यपि । यतस्सर्वत्रावस्थितं प्रज्ञानं ब्रह्मैवातो मय्यपि प्रज्ञानं ब्रह्मैव विद्यते । मय्यस्मच्छब्दवाच्यदेहादि-सङ्घातावच्छिन्नत्त्वोपलक्षितं चैतन्यं परं ब्रह्माद्वैतमेवास्ति इति भावः । "यतो वा इमानि भूतानि जायन्त" इत्यादिना सृष्टिस्थितिलयकारणत्त्वेनोक्तं ब्रह्मैव "प्रज्ञाने प्रतिष्ठितं प्रज्ञानेत्रो लोकः प्रज्ञा प्रतिष्ठे"त्यादिना चोक्तं प्रज्ञानस्य जगत्प्रभवाप्ययत्त्वादिकारणत्त्वम् । अतः प्रज्ञानं ब्रह्मेति सामानाधिकरण्येन प्रज्ञानब्रह्मणोरैक्यमेव सिद्ध्यति । देवतिर्यङ्नरादिषूपाधिभेदेन भिन्नतयानुभूयमानोऽप्यात्मा स्वतो भेदशून्य एवेत्यखण्डपदार्थसिद्धिरिति दिक् ।।

"अहं ब्रह्मास्मीति महावाक्येऽहं पदार्थ निरूपणम् " -

परिपूर्णः परात्माऽस्मिन्देहे विद्याधिकारिणि ।
बुद्धेस्साक्षितया स्थित्त्वा स्फुरन्नहमितीर्यते ।। ३ ।।

अन्वयः - परिपूर्णः परात्मा अस्मिन् विद्याधिकारिणि देहे बुद्धेः साक्षितया स्थित्त्वा स्फुरन् "अहम्" इति ईर्यते ।

व्याख्या :- बृहदारण्यकस्था"हं ब्रह्मास्मी"ति महावाक्यार्थविचारायादौ पदार्थनिरूपणमारभते। तत्र हि बृहदारण्यके ब्रह्मवादिनस्संसारसागरं साध्यसाधनोर्मिमालाकुलं धर्माधर्मग्राहादिभयानकं सद्गुरु-सामासादितज्ञानोडुपेन तितीर्षवः परब्रह्मस्वभावं प्रतिविचारमकार्षु"र्यद्ब्रह्मविद्यया सर्वं भविष्यन्तो

पूर्वदृष्टावभासः" (ब्र.सू.शां.भा.) यहाँ पर दर्शन भ्रमात्मक अथवा प्रमात्मक हो सकता है किन्तु यदि प्रमामात्र ही विवक्षित होता, तो भगवान् भाष्यकार "***पूर्वदृष्टप्रमितावभासः***" ऐसा कहते, किन्तु ऐसा नहीं है । अतः परब्रह्म परमात्मा में नानात्व दर्शन भ्रम ही है ।

इसलिए मुझ में जो प्रज्ञान है, वह ब्रह्म ही है । "***यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते***" (तै.उ. ३/१) इस श्रुति में ब्रह्म ही सृष्टि, स्थिति और लय का कारण कहा गया है । उसी प्रकार "***प्रज्ञाने प्रतिष्ठितम् प्रज्ञानेत्रो लोकः प्रज्ञाने प्रतिष्ठितम्***" (ऐ.उ. २/५/३) इस श्रुति में प्राज्ञन को ही जगत् की उत्पत्त्यादि का कारण कहा गया है । अतः "***प्रज्ञानं ब्रह्म***" इस महावाक्य में प्रज्ञान और ब्रह्म का सामानाधिकरण्य होने के कारण दोनों का एकत्व ही सिद्ध होता है । इसी प्रकार देव, तिर्यक्, मनुष्यादि में विलक्षण रूप से अनुभूत होते हुए भी आत्मा एक ही है, भिन्न-भिन्न नहीं है ।

"अहं ब्रह्मास्मि" इस यजुर्वेदीय महावाक्य के अहं पदार्थ का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - परिपूर्ण परमात्मा इस जगत् में ब्रह्मविद्या के अधिकारी मनुष्यदेह में बुद्धि के साक्षी रूप से स्थित होकर प्रकाशित हो रहा है, वही 'अहं' ऐसा कहा जाता है ।३।

व्याख्या - ऐतरेय महावाक्य विचारानन्तर अब यजुर्वेदीय बृहदारण्यक के महावाक्य का विचार प्रारम्भ करते हैं । "***अहं ब्रह्मास्मि***" इस महावाक्य का विचार अगले दो श्लोको में किया जाएगा ।

"***तदाहुर्यद् ब्रह्मविद्यया सर्वं भविष्यन्तो मनुष्या मन्यन्ते । किमु तद् ब्रह्मावेद्यस्मात्तत्सर्वमभवदिति***" (बृ.उ. १/४/९) अर्थात् - ब्रह्म की जिज्ञासा करने वाले ब्राह्मणों ने यह कहा कि

मनुष्या मन्यन्ते । किमु तद्ब्रह्मावेद्यस्मात्तत्सर्वमभवदि''ति । ब्रह्मविद्यया सर्वं निरवशेषं भविष्यन्तो भविष्याम इति मनुष्या ब्रह्मविद्यां जिज्ञासवो मन्यन्ते । तद्ब्रह्म किमावेज्ज्ञातवान्यस्माज्ज्ञानात्तद्ब्रह्म सर्वमभवदिति भावः । ब्रह्म यत्किञ्चिज्ज्ञात्त्वा सर्वमभवत् ? आहोस्विदज्ञात्त्वैव ? ज्ञात्त्वाभवदिति चेद्ब्रह्मणस्सर्वभवनस्य ज्ञानजन्यत्त्वादनित्यमेव तद्भवनं भवेत् । यज्जन्यं तदनित्यमिति व्याप्तेः । यद्यज्ञात्त्वैव सर्वमभवदिति चेद्यथा ब्रह्मणस्तथान्येषामस्मदादीनामप्यज्ञानेनैव सर्वभवनसमर्थतासिद्धौ किं शास्त्रेण तद्विचारेण वा। किञ्च श्रुतिर्विज्ञायैवेति वक्ष्यति किं विज्ञाय ब्रह्म सर्वभवदिति इत्येव

ब्रह्मविद्या के द्वारा मनुष्य 'हम सर्वरूप हो जाएँगे' ऐसा मानते हैं । उसके विषय में यह प्रश्न होता है कि उस ब्रह्म ने क्या जाना, जिस विज्ञान से वह ब्रह्म सर्वरूप हो गया । जन्म-वृद्धावस्था-मरण रूप प्रवाह में चक्र की तरह अनवरत भ्रमण से उत्पन्न आयासात्मक दुःख रूपी जल है जिसमें, साध्य-साधन रूप विकराल तरंगों से युक्त, धर्माधर्म रूप ग्राह से परिपूर्ण, ऐसे अपार संसार रूपी महासमुद्र को पार करने के लिए नौका रूप गुरु की शरण में जाकर उस समुद्र को पार करने के इच्छुक, साध्य-साधन रूप संसार से वैराग्य धारण करने वाले और उससे विलक्षण नित्य निरतिशय श्रेय को जानने वाले, उन ब्रह्मजिज्ञासुओं ने ऐसा कहा कि जिस ब्रह्मविद्या के द्वारा हम सर्वरूप हो जाएँगे, ऐसा मनुष्य लोग मानते हैं । यहाँ मनुष्य पद का ग्रहण ज्ञान और कर्म का अधिकार ज्ञापन करने के लिए है ।

भाव यह है कि अभ्युदय और निःश्रेयस की सिद्धि के लिए ज्ञान और कर्म रूपी साधनों में विशेषतः मनुष्यों का ही अधिकार है । जिस प्रकार कर्मकाण्ड में कर्मों से होने वाली फलप्राप्ति को अव्यभिचारी माना जाता है, उसी प्रकार ब्रह्मविद्या से सर्वात्मभाव रूपी फल की प्राप्ति को भी अव्यभिचारी माना जाता है क्योंकि वेद की प्रमाणता दोनों के विषय में समान ही है । ज्ञान मनुष्य द्वारा संभावित अर्थ में है और उससे मोक्ष रूपी फल प्राप्त होता है, यह बात विरुद्ध-सी प्रतीत होती है । इसलिये हम पूछते हैं कि वह ब्रह्म क्या है ? जिसके जानने से 'हम सर्वरूप हो जाएँगे' ऐसा मनुष्य मानते हैं । उसने क्या जाना, जिसके जानने से वह ब्रह्म सर्वरूप हो गया ? ब्रह्म सर्वरूप है यह तो सुना ही जाता है, अतः ब्रह्म यदि कुछ भी न जानकर सर्वरूप हुआ है तो फिर दूसरों के लिए भी यही बात होनी चाहिये । ऐसे में ब्रह्मविद्या से क्या प्रयोजन है ? और यदि वह ब्रह्म जानकर सर्वरूप हुआ है तो विज्ञानसाध्य होने से उसकी सर्वरूपता कर्मफल के समान ही है । इससे ब्रह्मविद्या के फल की सर्वरूपता के अनित्यत्व का प्रसंग आता है । और यदि वह ब्रह्म स्वयं से भिन्न पदार्थ को जानकर सर्वरूप हुआ तो फिर उससे पहले भी वह किसी अन्य को जानकर सर्वरूप हुआ और उससे पहले भी वह किसी अन्य को जानकर सर्वरूप हुआ इस प्रकार अनवस्था दोष आ जाता है । किन्तु वह बिना जाने तो ब्रह्मरूप नहीं हुआ, अन्यथा शास्त्रों की अनर्थकता सिद्ध होगी । तो फिर ज्ञान से सर्वभावप्राप्ति रूप फल की अनित्यता का दोष बना ही रहेगा । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि नहीं, ऐसा नहीं कह सकते, क्योंकि विशेषार्थ की सिद्धि होने पर एक भी दोष नहीं रहेगा । यदि वह ब्रह्म कुछ जानकर ही सर्वरूप हुआ तो हम पूछते हैं कि उस ब्रह्म ने क्या जाना, जिससे वह सर्वरूप हो गया ? ऐसा प्रश्न होने पर श्रुति स्वयं उत्तर देती है कि "***ब्रह्म वा इदमग्र आसीत्तदात्मानमेवावेत् अहं ब्रह्मास्मीति, तस्मात्तत्सर्वमभवत्***" (बृ.उ. १/४/१०) अर्थात् उत्पत्ति से पहले यह नामरूपात्मक जगत् ब्रह्मस्वरूप ही था । उसने स्वयं को ही जाना कि 'मैं ब्रह्म हूँ' इसी विज्ञान से वह सर्वरूप हो गया ।

प्रश्नविषयः । तत्र समाधिं श्रुतिरनुजग्राह "ब्रह्म वा इदमग्र आसीत्तदात्मानमेवावेदहं ब्रह्मास्मीति" अतो ब्रह्माप्यहं ब्रह्मास्मीत्येव वित्त्वा सर्वमभवदित्यतोऽत्राहं शब्दार्थं विवृणोति । देशकालादिपरिच्छेदत्रयशून्यत्त्वेन चतुर्विधाभावप्रतियोगित्त्वं परिपूर्णत्त्वम् । परिपूर्णस्वभावतो देशकावस्तुभिरपरिच्छिन्नस्सर्वसमृद्धः परात्मास्मिन्मायाकल्पिते जगति विद्याधिकारिणि विद्याया ब्रह्मविद्यायाश्शमदमादिसाधनसम्पन्नत्त्वेन विद्यासम्पादनयोग्येऽस्मिन्देहे श्रवणाद्यनुष्ठानवति मनुष्यादिशरीरे मनुष्याणामेवात्यन्तं सगुणनिर्गुणोपासनायोग्य-त्त्वात्सर्वसङ्कल्पविकल्पनिश्चयात्मिकाया बुद्धेस्तदुपलक्षितस्य सूक्ष्मशरीरस्य साक्षितया विकारित्त्वेनावभासकतया स्थित्त्वा स्वयं किमप्यकुर्वन्सर्वव्यवहारद्रष्टा सन्स्फुरन्प्रकाशमानस्स्वसान्निद्ध्यमात्राद्बुद्ध्याद्यवभासक इति व्यवहृतस्सन् लक्षणयाहमिति शब्देनेर्यते लक्ष्यते तत्पदादवगम्यते ।।

"अहं ब्रह्मास्मी"ति वाक्यगत ब्रह्मपदार्थनिरूपणम् –

स्वतःपूर्णः परात्मात्र ब्रह्मशब्देन वर्णितः ।
अस्मीत्यैक्यपरामर्शस्तेन ब्रह्म भवाम्यहम् ॥ ४ ॥

अन्वयः – स्वतः पूर्णः परात्मा अत्र ब्रह्मशब्देन वर्णितः । अस्मि इति ऐक्यपरामर्शः । तेन अहं ब्रह्म भवामि ।

व्याख्या :– अत्रास्मिन्माहावाक्ये स्वत इतरसहायमनपेक्ष्य पूर्णः परिपूर्णो देशकालवस्त्वनवच्छिन्नः परात्मा "अव्यावृत्ताननुगतं वस्तु ब्रह्मगिरोच्यते । मुख्यार्थो ब्रह्मशब्दोऽयमेवं सत्युपपद्यते"।। इति वार्तिकनिरुक्तः। ब्रह्मशब्देन वर्णितो लक्षणयोक्त इति भावः । बृहि वृद्धाविति धातोर्निष्पन्नेन ब्रह्मशब्देन

श्लोक में '**अहं**' शब्द के अर्थ को स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि '**परिपूर्णः**' अर्थात् देश, काल और वस्तु भेद से अपरिच्छिन्न सर्वातिशय समृद्धिशाली परमात्मा '**अहम्**' शब्द से कहा जाता है । इस जगत् में ब्रह्मविद्या के अधिकारी मनुष्य शरीर में साधनचतुष्टयसम्पन्न अधिकारी ही ब्रह्मविद्या का अधिकारी है और ऐसा अधिकारी पुरुष मनुष्य ही हो सकता है । इसलिए कहा कि ब्रह्मज्ञान का अधिकारी यह जो मनष्य शरीर है, उसमें समस्त संकल्प–विकल्पादि का निश्चय करने वाली बुद्धि का अर्थात् अन्तःकरण का साक्षी रूप होकर अर्थात् स्वयं कुछ भी न करता हुआ सर्वव्यवहार का दृष्टा मात्र होकर परमात्मा सभी को प्रकाशित करता है । स्वसान्निध्य मात्र से बुद्ध्यादि का अवभासक होता है । वह स्वयं तो अविकारी ही रहता है । लक्षणा वृत्ति से वही परमात्मा अहम् शब्द से कहा जाता है अर्थात् "***अहं ब्रह्मास्मि***" इस महावाक्य मे अहं पद के द्वारा जाना जाता है ।

अब ब्रह्म पदार्थ का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – स्वतः पूर्ण परमात्मा यहाँ (महावाक्य में) ब्रह्म शब्द से वर्णित है और अस्मि शब्द एकता का बोधक है । इसलिए 'मैं ब्रह्म हूँ' ।४।

व्याख्या – "***अहं ब्रह्मास्मि***" इस महावाक्य में अन्य की सहायता से अनपेक्ष्य होने के कारण स्वतः अर्थात् स्वभाव से ही जो पूर्ण है अर्थात् देश, काल, वस्तु परिच्छेद से रहित है । ऐसा पूर्वोक्त परमात्मा ब्रह्म शब्द से लक्षणा द्वारा कहा गया है । "***बृहि वृद्धौ***" इस धातु से निष्पन्न ब्रह्म शब्द से नित्य शुद्धत्वादि अर्थ पूर्णरूप से प्रतीत होते हैं । इससे ब्रह्म नित्य, शुद्ध, बुद्ध, मुक्तस्वभाव है, ऐसा जाना

नित्यशुद्धबुद्धमुक्तत्त्वादयोऽर्थास्सम्पूर्णतया प्रतीयन्ते । तेन च नित्यादिस्वभावं ब्रह्मेति ज्ञायते । अस्मिन्महावाक्ये ब्रह्मशब्देनापरमेव ब्रह्म गृह्यत इति केचनात्र प्रत्यवतिष्ठन्ते । सर्वभवनोक्तिर्वेदनाकर्तुरेव भवति । अपरब्रह्मैव वेदनाकर्ता भवति । मनुष्याणामपि भविष्यति काले तत्पदलङ्घनाधिकारस्य श्रुतत्त्वात् । दक्षिणोत्तराविति मार्गभेदोऽ"प्यहं ब्रह्मास्मी"ति ज्ञानस्य साधनभेदेनोपदिष्टयोः कर्मोपासनयोरनुरूपो विशेषत उपदिश्यते । तथा ब्रह्मलोकस्वर्गलोकादिगम्य-स्थानभेदोऽपि । एवं फलभेदो तत्राप्रलयं निवासः कर्मफलक्षयावधि वेति । तस्मान्मार्गफलगम्यानां भेदश्रवणात्प्रस्तुतं ब्रह्मापरमेवेति । प्रकरणविरोधान्नैतत्समञ्जसम् । ज्ञानकर्मणोर्विभूतिवर्णनाव्याजेन पूर्वार्धे प्रकर्षेण तयोरुत्कर्षश्श्रूयते । उत्तरार्धे च मोक्षहेतुत्त्वं ब्रह्मविद्यायाः प्रदर्श्यते । तदर्थं च प्राणादीनां परब्रह्मणः कर्मनाम्नामेकैकोपासकस्य कृत्स्नतामुक्त्वा "त्मैवोपासीतात्र ह्येते सर्व एकं भवन्ति तदेतत्पदनीयस्य सर्वस्य यदयमात्मानेन ह्येतत्सर्वं वेदे"त्यात्मैक्यज्ञानस्य फलमात्मनः पदनीयसर्वात्मभवनमिति चाभ्यधायि। पुत्रवित्ताद्यन्यस्मात्सर्वस्मा"त्प्रियतममित्यादिनात्मोपलब्धिरेव गम्येति चावर्णयत् । तज्ज्ञानाभिलाषया ह्यपृच्छन्मिथो ब्रह्मवादिनो "यद्ब्रह्मविद्यया सर्वं भविष्यन्तो मनुष्या मन्यन्ते किमु तद्ब्रह्मावेद्यस्मात्तत्सर्वमभवदि"ति । सर्वात्मभवनमेवात्र यत्किञ्चिदन्यज्ञानफलभूतं यद्यभिहितं तर्हि यज्ज्ञात्वा ब्रह्माभवत्तत्सर्वात्मभवनमनित्यमेव तन्न निश्श्रेयेसम् । वामदेवादयोऽपि तज्ज्ञाननैव निश्श्रेयसं प्रपेदिर इति च । अत एतत्प्रकरणं निश्श्रेयसप्राप्त्युपायबोधकम् । अत्रान्यज्ञानकथनमप्रस्तुतं प्रकरणविरोधात्।

जाता है । इसी महावाक्य में स्थित '**अस्मि**' इस पद से अहं और ब्रह्म दोनों पदों का सामानाधिकरण्य कहा गया है अर्थात् अस्मि शब्द जीव और ब्रह्म की एकता का बोधक है । इसलिए मैं ब्रह्म ही हूँ ।

शंका – कुछ लोग इस विषय में शंका करते हैं कि विद्या में मनुष्य का ही अधिकार होने से ब्रह्म शब्द से ब्रह्मभाव को प्राप्त होने वाला मनुष्य हो सकता है । "हम सर्वरूप हो जाएँगे ऐसा मनुष्य मानते है" इस वाक्य से यहाँ मनुष्यों का प्रकरण है, क्योंकि उन्हीं का अभ्युदय-निःश्रेयस रूप ज्ञान और कर्म के साधनों मे विशेष रूप से अधिकार है, परब्रह्म या अपरब्रह्म का नहीं । अतः परिशेषतः कर्म सहित द्वैतैकत्व रूप अपर ब्रह्मविद्या द्वारा अपर ब्रह्मभाव को प्राप्त हुआ, ऐसा मानना चाहिये । परब्रह्म का सर्वभाव को प्राप्त होना विज्ञान साध्य नहीं है "***तस्मात् तत्सर्वमभवत्***" इस वाक्य से श्रुति सर्वभाव प्राप्ति को विज्ञानसाध्य बतलाती है । अतः "***ब्रह्म वा इदमग्र आसीत्***" इस वाक्य में ब्रह्म पद अपर ब्रह्म का वाचक होना चाहिये । अथवा भोगों से निवृत्त सर्वकर्मफल की प्राप्ति होने से जिसके काम और कर्म रूप बन्धन क्षीण हो गये हैं, वह परब्रह्म को प्राप्त होने वाला मनुष्य ब्रह्मविद्या रूप हेतु से 'ब्रह्म' इस शब्द से कहा जाता है । भविष्यवृत्ति को ध्यान में रखकर ऐसा कहा गया है क्योंकि लोकव्यवहार में भी ऐसे शब्दों का प्रयोग देखा जाता है – जैसे 'भात पकाता है' इस वाक्य में पकते हुए चाँवलों को भात कहा जाता है । तथा शास्त्र में भी 'संन्यासी समस्त प्राणियों को अभय रूप दक्षिणा देकर संन्यास ग्रहण करे' ऐसा प्रयोग है । उसी प्रकार यहाँ भी कुछ लोग ब्रह्मभाव को प्राप्त होने वाला मनुष्य ही ब्रह्म है, ऐसी व्याख्या करते हैं ।

समाधान – ऐसा कहना ठीक नहीं है, क्योंकि इससे सर्वभावप्राप्ति रूप मोक्ष में अनित्यत्व दोष आ जाएगा । लोक या शास्त्र में ऐसा कोई वास्तविक पदार्थ नहीं है जो किसी कारणवश भावान्तर को प्राप्त हो और नित्य भी हो। इसी प्रकार सर्वभावापत्ति भी ब्रह्मज्ञान रूप कारणजन्या हो और वह नित्य भी हो, ऐसा कहना युक्ति संगत नहीं है । यदि उसे अनित्य कहा जाएगा तो वह कर्मफल के तुल्य होगी । यदि आप अविद्याकृत असर्वत्व निवृत्ति को ब्रह्मविद्या का सर्वभावप्राप्ति रूप फल मानते हैं तो ब्रह्मीभूत

अन्यच्च यदि सर्वभवनसिद्धिरनात्मज्ञानेनैव तदा ब्रह्मविद्यायाः वैयर्थ्यम् । अनर्थको ब्रह्मविचारो भवेत्। सर्वोपनिषदुपबृंहितं सर्वशास्त्रार्थनिश्चितं सैन्धवघनवदेकरसं श्रूयते ब्रह्मविज्ञानमेवामृतत्त्वनिमित्तमिति । किञ्च सर्वात्मभवनस्य ज्ञानजन्यत्त्वेऽनित्यत्त्वापत्तेर्यदन्यकारणजन्यं भावान्तरं न तन्नित्यं भवितुमर्हति । परब्रह्मणोऽन्यस्य वेदनासंभवाच्च । यद्ब्रह्मसृष्टेः प्रागव्याकृतनामरूपात्मकमासीत्तस्यैव "तदात्मावे" दित्यात्मवेत्तृत्त्वमुक्तं भवति । वेदनसमयेऽप्यपरं ब्रह्मैव नास्ति । "ब्रह्म वा इदमग्र आसीत्। तदात्मानमावे" दित्युक्तेः । तस्माद्यद्ब्रह्म जगदाविर्भावात्प्रागासीत्तदेव ब्रह्मावेदित्यनिवार्यतयाङ्गीकार्यं भवति। किञ्चान्यस्यान्यभावनुपपत्तेरप्येवमभ्युपेयम् । "ब्रह्मविद्यया सर्वं भविष्याम" इति मन्यन्ते मनुष्या इत्यनेनान्यभावो ब्रह्मविद्यया श्रुतिसिद्ध एवेति न वाच्यम् । न ह्यन्यभावश्शास्त्रबोध्यः । शास्त्रं सर्वत्र ज्ञापकमेव न हि कारकम्। अब्रह्माणं किं ब्रह्मविद्या ब्रह्माणं करोति । किन्त्वज्ञानानुरोधेनात्मानमन्यं मन्यमानं त्वमेव ब्रह्मेति ज्ञापयित्वाज्ञानापनोदनमार्गमुपदिशच्चरितार्थं शास्त्रम् । नष्टे चाज्ञानपटले स्वभावसिद्धं परमार्थं वस्तु स्वयं प्रकाशमानं कण्ठचामीकरन्यायेनावाप्यते। सर्वात्मभवनशब्देनाप्ययमेव भाव उच्यते । गुरुमुखाच्छास्त्रादहं ब्रह्मास्मीति श्रुत्त्वा तन्माहावाक्यार्थं मननेन दृढीकृत्यान्यथा भावनिमित्तमज्ञानं दूरीकृत्य ब्रह्मवित्स्वयं ब्रह्मैवाभवदिति सर्वमनवद्यम् ।

एवं पदार्थमभिधाय वाक्यार्थं दर्शयति । एतद्वाक्यगतेनास्मीति पदेन पदद्वयसामानाधिकरण्यलभ्यं जीवब्रह्मणोरैक्यं परामृश्यते । तेनैवं वाक्यार्थभूतब्रह्मात्मैक्यज्ञानेनाहं ब्रह्म भवामि जीवब्रह्मैक्यज्ञानस्य ब्रह्मभावप्राप्तिः फलम् । एवं "ब्रह्माहमस्मी"ति महानारायणोपनिषदृतवाक्यादीनामप्यर्थो व्याख्येय इति दिक् ।।

मनुष्य की कल्पना करना वृथा है । ब्रह्मविज्ञान होने से पूर्व भी सभी प्राणी ब्रह्म रूप होने के कारण पारमार्थिक दृष्टि से सभी नित्य सर्वभाव को प्राप्त ही हैं । अब्रह्मत्व और असर्वत्व तो अविद्या के द्वारा अध्यस्त है । जिस प्रकार सीपी में चाँदी और आकाश में तलमलिनतादि दोष आरोपित हैं, उसी प्रकार यहाँ ब्रह्म में अविद्या से अध्यारोपित अब्रह्मत्व और असर्वत्व की ब्रह्मज्ञान से निवृत्ति हो जाती है । यदि आप ऐसा मानते हैं तब तो आपका कथन ठीक है कि जो परमार्थतः ब्रह्मशब्द का मुख्यार्थभूत परब्रह्म ही है वही "***ब्रह्म वा इदमग्र आसीत्***" इस श्रुति में कहा गया है, क्योंकि वेद मुख्यार्थवादी हैं अतः यह कल्पना करना ठीक नहीं है कि ब्रह्म शब्द के द्वारा ब्रह्म होने वाला मनुष्य कहा गया है । श्रुतार्थ का त्याग करना और अश्रुतार्थ की कल्पना करना युक्ति संगत नहीं है । दूसरी बात यह है कि अन्य का अन्यभाव होना संभव नहीं है, यदि कहो कि "***ब्रह्मविद्यया सर्वं भविष्याम इति मन्यन्ते मनुष्याः***" इससे तो ब्रह्मविद्या के द्वारा अन्यभाव की प्राप्ति श्रुतिसिद्ध है, तो यह कथन ठीक नहीं है, क्योंकि शास्त्र के द्वारा अन्यभाव अनवबोधित है । शास्त्र ज्ञापक ही होते हैं, कारक नहीं । ब्रह्मविद्या कभी भी किसी भी अब्रह्म को ब्रह्म नहीं बना सकती । किन्तु अविद्या के कारण स्वयं को अन्य रूप से मानने वाले पुरुष को 'तू ब्रह्म है' इत्यादि वाक्यों के द्वारा अविद्या को दूर करने का मार्ग बताती है । अविद्या दूर हो जाने पर स्वप्रकाश परब्रह्म स्वयं ही प्रकाशित हो जाता है । जैसे गले में रखी हुई माला अज्ञान के कारण प्रतीत नहीं होती है किन्तु किसी आप्तपुरुष के द्वारा यह कहने पर कि तुम्हारी माला तुम्हारे गले में ही है, वह माला प्राप्त हो जाती है । सर्वात्मभाव शब्द का भी यही आशय है । साधनचतुष्टय सम्पन्न अधिकारी पुरुष गुरु की शरण में जाकर उनके श्रीमुख से "***अहं ब्रह्मास्मि***" इत्यादि महावाक्यों का श्रवण करके उनको मननादि के द्वारा दृढ़ करके अविद्या का त्याग कर स्वयं के ब्रह्म रूप को जानकर ब्रह्म ही हो जाता है ।

तत्त्वमसिमहावाक्यस्थतत्पदार्थनिरूपणम् –

एकमेवाद्वितीयं सन्नामरूपविवर्जितम् ।
सृष्टेः पुराधुनाप्यस्य तादृत्त्वं तदितीर्यते ॥ ५ ॥

अन्वयः – सृष्टेः पुरा एकम् एव अद्वितीयं नामरूपविवर्जितं सत् । अस्य अधुना अपि तादृत्त्वं "तत्" इति ईर्यते ।

व्याख्या :– पित्रादेशेन वेदानध्येतुं गुरुकुलवासं सनियमं परिसमाप्य महामनाश्श्वेतकेतुरनूचानमानी स्वजनकसमीपमाययौ । समागतं निजतनयं विद्यामदोन्नद्धं विज्ञायाध्यात्मिकमार्गनिनीषया तमपृच्छदुद्दालक "उत तमादेशमप्राक्ष्यो येनाश्रुतं श्रुतं भवत्यमतं मतमविज्ञातं विज्ञातमि"ति प्रश्नं शृण्वन्नेव विह्वलमना निर्गतविद्यामादौद्धत्यस्सर्वान्समधीत्यापि वेदानात्मानमकृतकृत्यं विचिन्त्य तत्त्वजिज्ञासुस्तातं प्रार्थयामास। सम्प्रार्थितश्चारुणिश्शिष्यवत्सलो मुमुक्षुं जिज्ञासुमधिकारिणं कृपयान्वगृह्णा"त्सदेव सोम्येदमग्र आसी"दित्यादिना सविस्तरम् । एवमुपदेशान्ते चाह "स य एषोऽणिमैतदात्म्यमिदं सर्वं तत्सत्यं स आत्मा तत्त्वमसि श्वेतकेतो"इत्यादि । सङ्ख्यावतामप्यस्य विषयस्य दुर्ग्राह्यत्त्वा"द्भूय एव मा भगवन्विज्ञापयत्त्वि"ति मुहुर्मुहुः प्रणिपातपुरस्सरं प्रार्थयन्तं शिष्यमव्याजकरुणापूर्णस्सम्यक्प्रत्याययितुं नवकृत्व उपदिदेश सोदाहरणम् । सर्वमेतच्छान्दोग्यस्थं स्मारयति । व्याचिकीर्षुरेकमेवाद्वितीयमित्यादिना। "सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीय"मिति जगतस्सर्जनात्प्रागुत्पत्तेरेकमेव स्वसजातीयविजातीयस्वगत-भेदशून्यं कालत्रयाबाध्यं नामरूपविहीनं स्वकार्यपतितान्यवस्तुरहितमद्वितीयं स्वव्यतिरिक्तान्यवस्तुविरहितं

अब सामवेदीय तत्त्वमसि इस महावाक्य के तत् पदार्थ का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – सृष्टि से पूर्व नामरूप रहित एक अद्वितीय वस्तु ही थी । अब सृष्टि के बाद भी वह वस्तु वैसी ही है, उसे तत् कहते हैं । ५।

व्याख्या – छान्दोग्य उपनिषद् के छटवें अध्याय में उद्दालक नाम के ऋषि अपने पुत्र को इस महावाक्य का उपदेश देते हैं । शास्त्रों में प्रसिद्ध ही है कि अरुण का पौत्र श्वेतकेतु था । उससे उसके पिता उद्दालक ने कहा हे श्वेतकेतु! तू हमारे कुल के अनुरूप गुरु के पास जाकर ब्रह्मचर्य पूर्वक निवास कर, क्योंकि हमारे कुल में उत्पन्न हुआ कोई पुरुष ब्रह्मबन्धु हो जाए, यह उचित नहीं है । पिता के कहने पर वह श्वेतकेतु बारह वर्ष की अवस्था में उपनयन कराके चौबीस वर्ष की अवस्था तक सम्पूर्ण वेदों का अध्ययन कर और उनका अर्थ जानकर स्वयं को बड़ा बुद्धिमान और व्याख्याता मानता हुआ अविनीत स्वभाव वाला होकर घर लौटा । पिता ने उससे कहा हे सोम्य ! तुम जो पण्डित और उद्दण्ड से दिखाई देते हो । क्या तुमने उस आदेश को पूछा है ? जिसके द्वारा अश्रुत भी श्रुत हो जाता है, अमत भी मत और अविज्ञात भी विज्ञात हो जाता है । इस बात को सुनकर श्वेतकेतु ने कहा भगवन् ! वह आदेश कौन-सा है ? मैं उसे नहीं जानता हूँ , तब पिता कहते हैं कि हे सोम्य ! लोक में जिस प्रकार मृत्तिका के एक पिण्ड के द्वारा सम्पूर्ण मृत्तिका के कार्य समूह का ज्ञान हो जाता है कि विकार केवल वाणी के आधार नाममात्र ही हैं वस्तुतः सत्य तो केवल मृत्तिका ही है । तथा जैसे एक सुवर्ण के पिण्ड के ज्ञान से समस्त सुवर्णमय पदार्थ का ज्ञान हो जाता है और जैसे एक लोह पिण्ड के ज्ञान से समस्त लोह विकार

यत्सद्वस्त्वस्ति कल्पितद्वैतसृष्टेः प्रागधुनापि वर्तते तत्केवलमस्तितामात्रं सदासीत् । अस्य च सद्वस्तुनोऽधुनापि जगदुत्पत्त्युत्तरकालावच्छेदेनापि तादृत्त्वं तथाभूतत्त्वं वास्तविकदृष्ट्या तादृग्वस्तु तत्पदेनेर्यते लक्षितं भवति । एकस्मिन्वस्तुनि प्रपञ्चसृष्टेः प्राक्पश्चाच्च विद्यमाने कोऽप्यस्ति विशेषः? उत निर्विशेषः ? अस्ति च विशेषोऽयमेव यत्प्राक्सृष्टेर्नामरूपव्याकरणविवर्जितमवभासते तदुत्तरं च नामरूपसहितमिति वस्तुतस्सृष्टिपदार्थो नामरूपव्याकरणमेव कल्पितत्त्वेन मिथ्यात्त्वान्नामरूपयोस्तयोर-पहीयमानयोस्सन्मात्रमेवावशिष्यते । तदेव च तत्पदलक्ष्यार्थ इति शम् ।।

तत्त्वमसिवाक्यस्थत्वंपदार्थनिरूपणम् –

श्रोतुर्देहेन्द्रियातीतं वस्त्वत्र त्वंपदेरितम् ।
एकता ग्राह्यतेऽसीति तदैक्यमनुभूयताम् ।। ६ ।।

अन्वयः – श्रोतुः देहेन्द्रियातीतं वस्तु अत्र "त्वं" पदेरितम् । "असि" इति एकता ग्राह्यते तदैक्यम्

समूह का ज्ञान हो जाता है, हे सोम्य ! ऐसा ही वह आदेश है । इतना सुनकर श्वेतकेतु ने कहा कि निश्चय ही वे मेरे पूज्य गुरुदेव आपकी पूछी हुई बात को नहीं जानते थे । यदि वे जानते होते तो मुझ गुणवान गुरुभक्त को अवश्य ही बताते । अब आप ही मुझे उस वस्तु का उपदेश करें । तब पिता ने कहा अच्छा अब हे सोम्य ! मैं तुझे उस तत्त्व का उपदेश करता हूँ ।

इसके बाद पिता पुत्र को अनेक प्रकार से तत्त्व का उपदेश करते हैं, उसी में ***"तत्त्वमसि"*** यह महावाक्य है । बार-बार समझाने पर भी जब पुत्र तत्त्व को नहीं समझ सका तब पिता ने अलग-अलग दृष्टान्त देकर नौ बार तत्त्वमसि इस महावाक्य का उपदेश किया । उसी आख्यायिका को स्पष्ट करते हुए ***"सदेव सोम्य इदमग्र आसीत्"*** इसी मन्त्र के अर्थ को इस श्लोक में स्पष्ट किया गया है । उत्पत्ति से पूर्व प्रतीत होने वाला यह नामरूपात्मक जगत् सजातीय, विजातीय और स्वगतभेद शून्य एकमात्र अद्वितीय सत् ही था । उस सत् पदार्थ का '**अधुनापि**' अर्थात् सृष्टि के बाद वर्तमान काल में भी तादृक्त्व ही है अर्थात् सृष्टि के बाद भी वह सत् वस्तु सृष्टिपूर्व की स्थिति में ही विद्यमान है । वही सत्पदार्थ तत् पद से कहा जाता है । यहाँ प्रश्न होता है कि सृष्टि के पूर्व और पश्चात् दोनों कालों में यदि वह सत् पदार्थ एक ही है तो दोनों में विशेषता क्या है ? इसका उत्तर यह है कि सृष्टि के पूर्व वह सत्पदार्थ नामरूप रहित भासित होती है और सृष्टि के बाद नामरूपात्मक प्रतीत होती है, यही दोनों में विशेषता है । नामरूप का व्याकरण ही सृष्टिशब्दवाच्य है । नामरूप का त्याग कर देने पर एकमात्र सद्वस्तु ही अवशिष्ट रहती है। इसी अर्थ को ***"सदेव सोम्येदमग्र आसीत्"*** इस श्रुति में बहुत ही स्पष्ट रूप से दिखाया गया है ।

अब त्वम् पदार्थ का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – श्रोता के देह और इन्द्रियों से अतीत वस्तु यहाँ पर (महावाक्य में) 'त्वं' पद से कही जाती है । 'असि' पद दोनों की एकता का ग्रहण कराता है। उस एकता का अनुभव करें ।६।

व्याख्या – श्रुति में श्रोता श्वेतकेतु है अतः भगवती श्रुति व्याज से श्वेतकेतु को सम्बोधित करती है अर्थात् समस्त मुमुक्षु जनों के प्रति उपदेश करती है । देह और इन्द्रियों से अतीत स्थूल, सूक्ष्म और कारण शरीर से भिन्न साक्षी रूप से भासित होने वाली जो वस्तु है, वह ***"तत्त्वमसि"*** इस महावाक्य में त्वंपद से कही गई है । तत्त्वमसि इस महावाक्य में तीन पद हैं – तत्, त्वम् और असि। तत् पद का विवेचन पूर्व में कर चुके हैं । पूर्वार्ध से त्वम् पद का अर्थ भी बता दिया गया, अब कहते हैं कि असि

अनुभूयताम् ।

व्याख्या :- श्रोतुश्श्रवणादिसाधनकर्तुर्महावाक्यर्थं प्रतिपत्तुश्श्वेतकेतूपलक्षितमुमुक्षोर्देहेन्द्रियातीतं देहाद्युपलक्षितस्थूलसूक्ष्मकारणशरीरत्रितयादन्तःकरणादेश्च भिन्नं यत्साक्षितया भासते वस्त्वत्र महावाक्ये त्वंपदेरितं तदेवविलक्षणं सद्वस्तु त्वं पदेन लक्ष्यते । एतन्महावाक्यान्तर्गतासि पदेनैकता तत्त्वंपदसामानाधिकरण्यलब्धा ग्राह्यते शिष्यं प्रति प्रत्याय्यते । तत्तस्माद्धेतोस्तत्त्वं पदार्थयोरेवं वाक्यार्थभूतं प्रत्यग्ब्रह्मणोरैक्यं प्रमाणसिद्धं तन्मननिदिध्यासनपूर्वकमनुभूयतां साक्षात्क्रियतां मुमुक्षुभिः । नायमर्थः केवलं शास्त्रविचारलभ्यः, परन्त्वनुभवैकवेद्य इत्यनुभूयतामिति शब्दस्वारस्याज्ज्ञापयति ।।

अयमात्मा ब्रह्मेति वाक्यस्थायमिति पदार्थनिरूपणम् -

स्वप्रकाशापरोक्षत्त्वमयमित्युक्तितो मतम् ।

अन्वयः - "अयम्" इति उक्तितः स्वप्रकाशापरोक्षत्त्वं मतम् ।

व्याख्या :- अयमिति विवक्षितार्थज्ञानाय योगिनां दहराकाश एवोपलभ्यमानत्त्वादङ्गुल्या हृदयदेशं स्पर्शनमुद्रयाभिनीयदर्शयित्त्वोक्तितः कथनेन च स्वप्रकाशापरोक्षत्त्वं स्वप्रकाशेनापरोक्षत्त्वं प्रत्यगात्मनो मतमभिमतम् । धर्मादिवन्नित्यपरोक्षो नायमात्मेति धर्मादिव्यावृत्तयेऽपरोक्षत्त्वविशेषणं दत्तम् । घटादिवद्दृश्यता नास्येति दृश्यघटादिव्यावर्तनाय स्वप्रकाशेति च विशेषणम् । एतेनेन्द्रियागोचरस्यात्मनोऽपरोक्षता सूचिता।।

पद तत् और त्वम् इन दोनों शब्दों की एकता का द्योतक है अर्थात् असि शब्द से दोनों की एकता मानी जाती है । अतः तत् पदवाच्य ब्रह्म और त्वं पदवाच्य प्रत्यगात्मा इन दोनों की जो प्रसिद्ध एकता है, उसका श्रवण, मनन और निदिध्यासन के द्वारा अनुभव करें अर्थात् दोनों की एकता का साक्षात्कार करें । भाव यह है कि केवल शास्त्रचर्चा से ही उक्त रहस्य को नहीं जानना चाहिये किन्तु जीवन्मुक्ति के लिए इसका साक्षात्कार करना चाहिये । इसीलिए श्लोक में '***अनुभूयताम्***' इस पद का प्रयोग किया गया है । अपरोक्ष ज्ञान ही मुक्ति का कारण है । कहा भी है कि -

न गच्छति विना पानं व्याधिरौषधशब्दतः ।
विनापरोक्षानुभवं ब्रह्मशब्दैर्न मुच्यते ।। (वि.चू. ६४)

अर्थात् - औषधसेवन किये बिना औषधशब्द के उच्चारण मात्र से रोग निवृत्त नहीं होता, उसी प्रकार अपरोक्षानुभव के बिना केवल 'ब्रह्म-ब्रह्म' कहने से कोई मुक्त नहीं होता है । अतः तत् और त्वम् इन दोनों की एकता का साक्षात्कार ही मुक्ति का कारण है । इसलिए मुमुक्षु को दोनों की एकता का अनुभव करना चाहिये ।

अब अथर्ववेदीय''अयमात्मा ब्रह्म'' इस महावाक्य के अयम् पद का निरूपण करते हैं।

अर्थ - अयं इस शब्द से साक्षी आत्मा की स्वप्रकाश होने से अपरोक्षता मानी गई है । और अहंकार से लेकर देहपर्यन्त संघात का जो साक्षी है, वही आत्मा कहा जाता है ॥७।

व्याख्या - ऋग्वेदीय, यजुर्वेदीय और सामवेदीय उपनिषदों के महावाक्यों का निरूपण करने के बाद अब अथर्ववेदीय माण्डूक्योपनिषद् के "***अयमात्मा ब्रह्म***" इस महावाक्य का विवरण करना प्रारम्भ करते हैं । "***माण्डूक्यमेकमेवालं मुमुक्षूणां विमुक्तये***" (मुक्तिकोपनिषद् २६) इस श्रुति के अनुसार मुमुक्षुओं की मुक्ति के लिए एकमात्र माण्डूक्योपनिषद् ही पर्याप्त कही गई है । इस सर्वोत्तम उपनिषद् में ओंकार को ही आत्मोपलब्धि का मुख्य साधन निर्णित किया गया है । "***अयमात्मा ब्रह्म***" यह

अयमात्मा ब्रह्मेति वाक्यस्थात्मपदार्थनिरूपणम् -

अहङ्कारादिदेहान्तात्प्रत्यगात्मेति गीयते ॥ ७ ॥

अन्वयः - अहङ्कारादिदेहान्तात् प्रत्यक् आत्मा इति गीयते ।

व्याख्या :- लोके शास्त्रेषु च देहादिष्वप्यात्मपदव्यवहारस्य दर्शनादत्रात्मशब्दविवक्षितोऽर्थः क इत्युच्यते । अहङ्कारादिदेहान्तादहङ्कारः कर्तृत्त्वाभिमानस्स आदिर्यस्य प्राणमन इन्द्रियदेहसङ्घातस्य सोऽहङ्कारादिरेव देहोऽन्तो यस्य पूर्वोक्तसङ्घातस्य स देहान्तोऽहङ्कारादिश्चासौ देहान्तश्चेति तथोक्तस्तस्मात्तदपेक्षया प्रत्यक्सर्वान्तरोऽहङ्कराद्यधिष्ठानतया साक्षितया च विद्यमान आत्मेति गीयते लक्ष्यते । स्थूलसूक्ष्मकारणशरीराधिष्ठानत्त्वेनान्तरो यस्साक्षी हृदि प्रकाशते स आत्मेति दिक् ॥

अयमात्मा ब्रह्मेति वाक्यस्थब्रह्मपदार्थमाह -

दृश्यमानस्य सर्वस्य जगतस्तत्त्वमीर्यते ।
ब्रह्मशब्देन तद्ब्रह्म स्वप्रकाशात्मरूपकम् ॥ ८ ॥

॥ इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीभारतीतीर्थविद्यारण्यमुनिवर्यविरचितायां पञ्चदश्यां महावाक्यविवेकाख्यं पञ्चमं प्रकरणं सम्पूर्णम् ॥

अन्वयः - दृश्यमानस्य सर्वस्य जगतः तत्त्वं ब्रह्मशब्देन ईर्यते । तत् ब्रह्म स्वप्रकाशात्मरूपकम्।

महावाक्य माण्डूक्योपनिषद् के दूसरे मन्त्र में कहा गया है । 'ॐ' यह अक्षर ही सब कुछ है । भूत, वर्तमान और भविष्य इन तीनों कालों में विद्यमान वस्तु उसी का स्पष्ट व्याख्यान है । अतः यह सब ओंकार स्वरूप ही है । इसके अतिरिक्त त्रिकालातीत जो अन्य वस्तु हैं, वे भी ओंकार स्वरूप ही हैं । "***सर्वं ह्येतद् ब्रह्मायमात्मा ब्रह्म सोऽयमात्मा चतुष्पात्***" (मा.उ. २) जिन्हें ओंकार मात्र कहा गया है, यह सब ब्रह्म ही है । यह अपरोक्ष आत्मा ही ब्रह्म है, वही यह आत्मा चार पादों वाला है । जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति और तुरीय अवस्था ये चारों ही आत्मा के चार पाद हैं । इसका वर्णन उपनिषद् के आगे के मन्त्रों में किया गया है ।

प्रस्तुत श्लोक में पूर्वार्ध के द्वारा अयम् शब्द को और उत्तरार्ध से आत्मा शब्द को स्पष्ट करते हैं। "***अयमात्मा ब्रह्म***" इस महावाक्य में पठित अयं शब्द से साक्षी आत्मा की स्वप्रकाश होने से अपरोक्षता मानी गई है अर्थात् स्वयंप्रकाश होने के कारण ही प्रत्यगात्मा अपरोक्ष माना जाता है । यह आत्मतत्त्व अदृष्ट अर्थात् धर्माधर्म की तरह सदा परोक्ष भी नहीं है और घटादि पदार्थों की तरह दृश्य अर्थात् अन्य से प्रकाशित होने वाला भी नहीं है । आत्मा स्वयंप्रकाश होने के कारण अपरोक्ष है । इससे उसकी इन्द्रियों से अगोचराता सूचित की गई है। अब आत्मा शब्द का अर्थ कहते हैं कि अहंकार आदि से स्थूल देह पर्यन्त संघात का जो साक्षी है, वही आत्मा कहा जाता है । अर्थात् अहंकार, प्राण, मन, बुद्धि, इन्द्रियाँ और देह रूप संघात से भिन्न उनका साक्षी रूप जो अधिष्ठान है, उसी को इस महावाक्य में आत्मा शब्द से कहा गया है । भाव यह है कि स्थूल, सूक्ष्म और कारण शरीरों का अधिष्ठान रूप जो साक्षी चैतन्य हृदय में प्रकाशित होता है, वही आत्मा है ।

अब "अयमात्मा ब्रह्म" इस महावाक्य के ब्रह्म शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - दृश्यमान सम्पूर्ण जगत् का जो वास्तविक स्वरूप है, वह ब्रह्म शब्द से कहा जाता है और वह ब्रह्म स्वयंप्रकाश आत्मरूप है ।८।

व्याख्याः-ब्रह्मशब्दो ब्राह्मणादिजातिसाधारण इति प्रकृते विवक्षितोऽर्थ उच्यते । रज्जुसर्पादिवद्दृश्यमानस्यात एव मिथ्याभूतस्य मायाकल्पितस्य सर्वस्याकाशादेर्जगतस्तत्त्वमधिष्ठानतया यथार्थस्वरूपं द्वैतस्य मिथ्यात्त्वेन तद्बाधावधिभूतं वस्तु पारमार्थिकं सच्चिदानन्दलक्षणं यदस्ति तदेवात्र महावाक्ये ब्रह्मशब्देनेर्यते। एवं पदार्थं निरूप्य पदसमभिव्याहारलब्धं वाक्यार्थमपि प्रदर्शयति । तद्ब्रह्मेति आत्मपरामर्शकोऽत्र तच्छब्दः । नपुंसकलिङ्गनिर्देशस्तु विधेयप्राधान्येन ब्रह्मशब्दापेक्षया क्रियते "तप्ते पयसि दध्यानयति सा वैश्वदेव्यामिक्षे"ति श्रुतिप्रयोगात् "शैत्यं हि यत्सा प्रकृतिर्जलस्य" इति महाकविप्रयोगाच्च । अतस्सामानाधिकरण्येनान्वयबलादवगम्यते ब्रह्मात्मनोरैक्यम् । तथा चैक्यमेव वाक्यार्थः । ऐक्यनिश्चायकहेतुं गर्भीकृत्य विशेषणं वदति स्वप्रकाशात्मरूपकमिति । यदुक्तलक्षणं ब्रह्म स्वप्रकाशात्मकं स्वप्रकाशात्मनस्स्वरूपं यस्य तत्स्वप्रकाशात्मरूपकम् । वाक्यघटकपदद्वयोपस्थापितस्यार्थस्य स्वप्रकाशात्मरूपकत्त्वाविशेषात्प्रत्यग्ब्रह्मणोरैक्यमुक्तं भवतीति शम् ।।

ज्ञानार्थिनो मुमुक्षोः कदाचिद्दुष्कृतविशेषात्फलविपरीतभ्रमो जायते "मुक्तस्य सर्वभाने सर्वात्मत्त्वेन भवति सर्वत्र । सर्वनियन्तृत्त्वाद्यपि प्रतिबन्धः पञ्चमोऽयमीशमिता"विति तत्पदार्थभूतेश्वरस्वरूपज्ञानविषयकफलविपरीतभावना यः पञ्चमः प्रतिबन्धस्सोऽनेन प्रकरणेन बाध्यते । "ब्रह्मैक्यमेव मुक्तिर्यत्र द्वैतं न विद्यते किमपि । इति तत्प्रधानतापि स्पष्टतरा पञ्चमे ज्ञेये"ति प्रत्यगभिन्नाद्वैतात्मैक्यरूपस्यार्थस्यात्र प्राधान्येन महावाक्यार्थवर्णनव्याजेन प्रतिपादनान्मोक्षविषये संशयाभावात्स प्रतिबन्धोऽवश्यं बाध्यते। ऋगादिवेदचतुष्टयमहावाक्यानामप्यद्वैतस्वप्रकाशात्मानन्दस्वरूपब्रह्ममात्रपरत्त्वात् । श्रीसर्वज्ञात्मचरणा

व्याख्या - रज्जु में सर्प के समान माया कल्पित सम्पूर्ण दृश्यमान जगत् का अर्थात् मिथ्या रूप आकाशादि सम्पूर्ण जगत् का जो तत्व अर्थात् यथार्थ स्वरूप (अधिष्ठान) है, वह "***अयमात्मा ब्रह्म***" इस महावाक्य में पठित ब्रह्म शब्द से कहा जाता है । ब्रह्म शब्द अनेक अर्थों में प्रयुक्त होता है । जैसे- ब्रह्मा, वेद, और ब्राह्मणादि में । किन्तु महावाक्य में प्रयुक्त ब्रह्म शब्द का अर्थ इनमें से कोई नहीं है। वहाँ ब्रह्म शब्द परमात्मावाची है, जो समस्त दृश्यमान जगत् का अधिष्ठान रूप है । इस प्रकार पदार्थ का वर्णन कर अब वाक्यार्थ का वर्णन करते हैं कि यहाँ (महावाक्य में) तत् शब्द से आत्मा का परामर्श है । श्लोक में आत्मा के विषय में तत् शब्द का निर्देश उसका ब्रह्म शब्द के साथ सामानाधिकरण्य होने के कारण है । अर्थात् तत् शब्द का प्रयोग विधेयप्राधान्य ब्रह्म शब्द की अपेक्षा से किया गया है । ऐसा ही प्रयोग श्रुति आदि में भी देखा जाता है । यथा "***तप्ते पयसि दध्यानयति सा वैश्वदेव्यामिक्षा***" यह श्रुतिवचन है । और महाकवि कालिदास ने भी कहा है कि "***शैत्यं हि यत्सा प्रकृतिर्जलस्य***" । अतः सामानाधिकरण्य के द्वारा अन्वय से ब्रह्म और आत्मा की एकता का बोध होता है । इन दोनों की एकता ही वाक्यार्थ है । दोनों की एकता के निश्चायक हेतु को ध्यान में रखकर "***स्वप्रकाशात्मरूपकम्***" ऐसा विशेषण देते हैं । ***स्वप्रकाशात्मनस्स्वरूपं यस्य तत् स्वप्रकाशात्मरूपकम्*** अर्थात् स्वयंप्रकाश आत्मा ही जिसका स्वरूप है, वह स्वप्रकाशात्म रूप ब्रह्म है अर्थात् वह ब्रह्म स्वयंप्रकाश आत्मरूप है । इससे ब्रह्म और आत्मा की एकता भी सिद्ध होती है ।

ज्ञानार्थी मुमुक्षु को कदाचित् दुष्कृतवशात् फल विपरीतभ्रम उत्पन्न हो सकता है ।

मुक्तस्य सर्वभाने सर्वात्मत्वेन भवति सर्वत्र ।
सर्वनियंतृत्वाद्यपि प्रतिबन्धः पञ्चमोऽयमीशमितौ ।।

अपि मोक्षस्वरूपमेवं वदन्ति "निरतिशयसुखं च दुःखजातव्युपरमणं च वदन्ति मोक्षतत्त्व"मिति । मोक्षस्य ब्रह्मात्मैकत्त्वरूपत्त्वात्तत्पदार्थविषये कस्यापि सञ्जातानां विषयवासना, प्रमाणासंभावाना, प्रमेयासंभावना, साधनविपरीतभावना, फलविपरीतभ्रमाख्याः पञ्चापि प्रतिबन्धा विवेकपञ्चकेन प्रबाधिता इति शोधिततत्पदार्थ ईश्वरे महातात्पर्येण पर्यवसन्नत्त्वात्प्रथमं पञ्चकमिदं तत्पदार्थप्रतिपादकम् । महावाक्यार्थश्च सर्वेषु ग्रन्थेषु सर्वैरपि प्राधान्येन वर्णित इति तत्र जीवब्रह्मैक्यरूपेऽर्थे च तात्पर्यग्राहकाणि लिङ्गानि समुपदर्शितानि प्रसिद्धानीति च पृथगत्र न प्रयस्यत इति सर्वमनवद्यम् ।।

।। इति श्रीद्वारकाशारदापीठाधीश्वरैः एवं ज्योतिष्पीठाधीश्वरैः श्रीमज्जगद्गुरुशङ्कराचार्यैः अनन्तश्रीविभूषितश्रीस्वरूपानन्दसरस्वतिस्वामिभिः विरचितायां स्वरूपबोधिन्यां व्याख्यायां महावाक्यविवेकस्समाप्तः ।।

मुक्त पुरुष को भी द्वैत प्रतीत होता है, वह सर्वात्मक रूप से सर्वत्र रहता है और सबका नियन्ता आदि भी होता है । इस प्रकार की बुद्धि होना ज्ञान प्राप्ति में पञ्चम प्रतिबन्ध कहा गया है । तत्पदार्थभूत ईश्वर के स्वरूपज्ञान विषयक फलविपरीत भावना नामक पञ्चम प्रतिबन्ध इस पञ्चम प्रकरण के द्वारा दूर किया गया है ।

ब्रह्मैक्यमेवमुक्तिर्यत्र द्वैतं न विद्यते किमपि ।
इति तत्प्रधानताऽपि स्पष्टतरा पञ्चमे ज्ञेया ।।

ब्रह्म और आत्मा की एकता ही मुक्ति है, उस ब्रह्मात्मैक्य रूप मुक्ति में प्रत्यगभिन्न अद्वैतात्मकता रूप अर्थ का प्राधान्य है । इसका प्रतिपादन महावाक्यार्थ वर्णन के व्याज से किया गया है । इसमें मोक्ष विषयक संशय का अभाव होने के कारण उक्त प्रतिबन्ध का अवश्य ही नाश होता है । और ऋग्वेदादि चारों वेदों के "***प्रज्ञानं ब्रह्म***" आदि चारों महावाक्यों का तात्पर्य अद्वैत, स्वयंप्रकाश, आनन्दरूप ब्रह्म और जीव की एकता ज्ञापित करना ही है। संक्षेपशारीरककार स्वामी श्रीसर्वज्ञात्म मुनि भी मोक्ष का स्वरूप इस प्रकार दर्शाते हैं - "***निरतिशयसुखं च दुःखजातव्युपरमणं च वदन्ति मोक्षतत्त्वम्***" समस्त दुःखों की निवृत्तिपूर्वक निरतिशय सुख की प्राप्ति ही मोक्ष है । यह मोक्ष ब्रह्म और आत्मा की एकता के ज्ञान से ही संभव है ।

पाँच प्रकार के प्रतिबन्ध के कारण सम्यक् ज्ञान नहीं होता है । इसका वर्णन हम पहले कर चुकें हैं । वे पाँच हैं - विषयवासना, प्रमाणासंभावना, प्रमेयासंभावना, साधनविपरीतभ्रम और फलविपरीतभ्रम । इन पाँचों प्रतिबन्धों का क्रम से इस प्रथम विवेक नामक पाँच प्रकरणों द्वारा निराकरण किया गया है । इस प्रकरण का महातात्पर्य बोधित तत्पदार्थ रूप ईश्वर में ही पर्यवसित होता है अतः यह प्रथम पञ्चक तत्पदार्थ का प्रतिपादक है । महावाक्यों के अर्थ को अनेकों अद्वैत ग्रन्थों में अनेकों विद्वानों ने प्रधान रूप से कहा है और वहाँ पर जीव और ब्रह्म की एकता के विषय में षड्विध तात्पर्य ग्राहक लिंगों का भी स्पष्ट रूप से वर्णन हुआ है । तथा अत्यन्त प्रसिद्ध होने के कारण उनका पृथक् रूप से यहाँ उल्लेख नहीं किया जा रहा है ।

।। इस प्रकार द्वारका एवं ज्योतिष्पीठाधीश्वर अनन्तश्रीविभूषित जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी **श्रीस्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज** द्वारा विरचित **श्रीसद्गुरुसपर्या** नामक हिन्दी व्याख्या में महावाक्यविवेक नामक पाँचवाँ प्रकरण समाप्त हुआ ।।

।। द्वितीयं दीपपञ्चकम् ।।

।। षष्ठं प्रकरणम् - चित्रदीपप्रकरणम् ।।

चित्रदीपोदाहरणेन परमात्मनोऽवस्थाचतुष्टयप्रदर्शनम् -

यथा चित्रपटे दृष्टमवस्थानां चतुष्टयम् ।
परमात्मनि विज्ञेयं तथावस्थाचतुष्टम् ॥ १ ॥

अन्वयः - चित्रपटे यथा अवस्थानां चतुष्टयं दृष्टम् । तथा परमात्मनि अवस्थाचतुष्टयं विज्ञेयम्।

व्याख्या :- पूर्वग्रन्थेन निर्णीतं ब्रह्मात्मैक्यं सम्यग्बोधयितुं दृष्टान्तमुखेन प्रकृतप्रकरणमारभते। अत्र चित्रपटोदाहरणं श्रुतिप्रसिद्धत्त्वात्स्वीक्रियते । मैत्रायणीयश्रुतौ "चित्रमिव मिथ्यामनोरम"मिति श्रूयते । योगवासिष्ठेऽपि चा"कृत्रिममरङ्गं च गगने चित्रमुत्थित"मिति स्मर्यते। "अध्यारोपापवादाभ्यां

अध्यारोपापवादाभ्यां निष्प्रपञ्चं प्रपञ्च्यते ।
शिष्याणां बोधसिद्ध्यर्थं तत्त्वज्ञैः कल्पितः क्रमः ।।

अध्यारोप और अपवाद के द्वारा प्रपञ्च रहित ब्रह्म का वर्णन किया जाता है । शिष्यों को सम्यक् बोध प्राप्त हो, इसलिए तत्त्वज्ञ पुरुषों के द्वारा यह क्रम कल्पित किया गया है । किसी पदार्थ में किसी अन्य वस्तु का आरोप करके पुनः उस आरोपित वस्तु का निराकरण किया जाता है । इसी को अध्यारोप-अपवाद न्याय कहते हैं । ब्रह्म में भी सर्वप्रथम जगत् का आरोप करके उसका निराकरण किया जाता है । आरोपित वस्तु सत्य नहीं होती, जैसे रस्सी में सर्प।

उक्त न्याय का अनुसरण करते हुए सर्वप्रथम परमात्मा में आरोपित जगत् की चार अवस्थाओं को उदाहरण पूर्वक दर्शाते हैं ।

जैसे संसार की घट-पट आदि वस्तुएँ दीप के प्रकाश में दिखाई देती हैं, उसी प्रकार ज्ञान के प्रकाश में आत्मा का दर्शन होता है । अतः आन्तरिक ज्ञान के दीपक को प्रज्वलित करने के लिए द्वितीय दीपपंचक का प्रारम्भ करते हैं। इस पंचक में पाँच दीपों का वर्णन है - चित्रदीप, तृप्तिदीप, कूटस्थदीप, ध्यानदीप और नाटकदीप ।

इसका प्रथम प्रकरण चित्रदीप है । इस प्रकरण में वस्त्र पर बने हुए चित्र के दृष्टान्त से परमात्मा में अधिष्ठित जगत् का स्वरूप स्पष्ट किया गया है । इसलिए इस प्रकरण का नाम चित्रदीप रखा गया है । यहाँ चित्रपट का उदाहरण श्रुतिप्रसिद्ध होने के कारण ग्रहण किया गया है । मैत्रायणी श्रुति में सुना गया है कि "***चित्रमिव मिथ्या मनोरम्***" और योगवासिष्ठ में भी "***अकृत्रिममरङ्गं च गगने चित्रमुत्थितम्***" ऐसा कहा गया है । पूर्वग्रन्थ में निर्णीत ब्रह्मात्मैक्य का सम्यक् बोध कराने के लिए दृष्टान्तमुखेन प्रकृत प्रकरण का प्रारम्भ करते हैं ।

अर्थ - जैसे चित्रपट में चार अवस्थाएँ देखी गई हैं, उसी प्रकार परमात्मा में चार अवस्थाएँ जाननी चाहिये ।१।

व्याख्या- जिस वस्त्र पर चित्र बना होता है, उसे चित्रपट कहते हैं । जैसे चित्रपट में अर्थात् चित्रलेखन से सम्यक् चित्रित वस्त्र में आगे कही जाने वाली चार अवस्थाएँ देखी गई हैं अर्थात् प्रसिद्ध रूप से अनुभूत

निष्प्रपञ्चं प्रपञ्च्यते" इति न्यायानुसारं परमात्मन्यारोपितस्य जगतस्थितिचतुष्टयं सोदाहरणं विशदयति। यथा चित्रपटे चित्रलेखनेन सम्यक्चित्रिते वस्त्रे वक्ष्यमाणानामवस्थानां चतुष्टयं दृष्टमनुभूतं प्रसिद्धतया तथैव परमात्मन्यपि प्रदर्शियिष्यमाणावस्थाचतुष्टयमस्तीति विज्ञेयं जिज्ञासुभिः ।।

अवस्थाचतुष्टयस्योद्देशतो निर्देशनम् -

यथा धौतो घट्टितश्च लाञ्छितो रञ्जितः पटः ।
चिदन्तर्यामी सूत्रात्मा विराट् चात्मा तथेर्यते ॥ २ ॥

अन्वयः - यथा धौतः घट्टितः लाञ्छितः रञ्जितः च पटः तथा चित् अन्तर्यामी सूत्रात्मा विराट् आत्मा ईर्यते ।।

व्याख्या :- यथा चित्रलेखनपटो धौतो, घट्टितो, लाञ्छितो, रञ्जित इत्येवं प्रकारेण चतस्रोऽवस्थाः प्रसिद्धास्सन्दृश्यन्ते । तथैव परमात्मन्यपि चिदात्मा, अन्तर्याम्यात्मा, सूत्रात्मा, विराडात्मा चेत्यवस्थाचतुष्टयमीर्यते कथ्यते ।।

दृष्टान्तेऽवस्थाचतुष्टयस्य क्रमशः प्रतिपादनम् -

स्वतश्शुभ्रोऽत्र धौतः स्याद्घट्टितोऽन्नविलेपनात् ।
मष्याकारैर्लाञ्छितः स्याद्रञ्जितो वर्णपूरणात् ॥ ३ ॥

अन्वयः - अत्र स्वतः शुभ्रः धौतः । अन्नविलेपनात् घट्टितः स्यात् । मष्याकारैः लाञ्छितः । वर्णपूरणात् रञ्जितः स्यात् ।।

व्याख्या :- अत्र चतसृष्वप्यवस्थासु मध्ये पटस्स्वत उत्पत्त्यैव स्वभावत एव द्रव्यान्तसम्बन्धं विना शुभ्रस्स्वच्छो यश्चित्रलेखनाय स्थापितस्स धौत इत्युच्यते । स एवान्नविलेपनादन्नस्य विलेपनाद्विजातीयसंस्काराद्घट्टितो भवति । मसृणीक्रियत इति भावः । ततो मष्याकारैर्मषीमयैर्लेखनीय-

---

होती हैं, उसी प्रकार आत्मजिज्ञासुओं को परमात्मा में भी वक्ष्यमाण चार अवस्थाएँ जाननी चाहिये।

चार अवस्थाओं का संक्षेप में (नाममात्र का) वर्णन करते हैं ।

अर्थ - जैसे धौत, घट्टित, लांछित और रंजित चित्रपट की चार अवस्थाएँ हैं, उसी प्रकार परमात्मा की चित्, अन्तर्यामी, सूत्रात्मा और विराट् (ये चार) अवस्थाएँ कही जाती हैं ।२।

व्याख्या - जैसे चित्रित पट (वस्त्र) पर धौत, घट्टित, लांछित और रंजित इस प्रकार चार अवस्थाएँ देखी जाती हैं, उसी प्रकार परमात्मा में भी चित् (चिदात्मा), अन्तर्यामी (अन्तरात्मा), सूत्रात्मा (हिरण्यगर्भ) और विराट् (विराडात्मा) ये चार अवस्थाएँ कही जाती हैं ।

पटगत चार अवस्थाओं का क्रम से प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ - वस्त्र स्वतः शुभ्र (स्वच्छ) और यहाँ (चित्रविलेखनार्थ) धौत होता है । अन्नलेपन से घट्टित, स्याही द्वारा आकार बनाने पर लांछित और वर्णपूरण (रंग भरने) से रंजित कहा जाता है ।३।

व्याख्या - पट (वस्त्र) स्वतः शुभ्र होता है अर्थात् उत्पत्ति काल से ही स्वाभाविक रूप से द्रव्यान्तर संबन्ध से रहित स्वच्छ होता है और '**अत्र**' चित्रविलेखनार्थ स्थापित वस्त्र धौत कहा जाता है । वही वस्त्र अन्नविलेपन से विजातीय संस्कार के कारण घट्टित हो जाता है । उसके बाद स्याही युक्त लेखनी के

चित्रानुगुणैराकारैर्लाञ्छितस्सम्पद्यते । लेखनसाधनं द्रवद्रव्यं मषीति प्रसिद्धं लोके "मलिनाम्बुमषीमसी" मेलामसीजलं पत्राञ्जनं च स्यान्मसिर्द्वयोरिति कोशात् घट्टिते वाससि चित्राकारा मष्या चिकीर्षितस्य चित्रस्य बाह्याकारमात्रं विलिखन्ति । अथ यथायोग्यं वर्णपूरणाद्वर्णानां रक्तपीतकृष्णादीनां पूरणात्सुचि-त्रितत्त्वाद्रञ्जितो भवति ।।

दार्ष्टान्तिकेऽप्यवस्थाचतुष्टयस्य व्युत्पादनम् -

स्वतश्चिदन्तर्यामी तु मायावी सूक्ष्मसृष्टितः ।
सूत्रात्मा स्थूलसृष्ट्यैव विराडित्युच्यते परः ॥ ४ ॥

अन्वयः - परः स्वतः तु चित् । मायावी अन्तर्यामी । सूक्ष्मसृष्टितः सूत्रात्मा । स्थूलसृष्ट्या विराट् एव इति उच्यते ।।

व्याख्या :- परः परमात्मा स्वतो मायातत्कार्यादिसम्बन्धविरहितश्चैतन्यमात्रस्वरूपश्शुद्धश्चिदित्युच्यते। अत्र दृष्टान्ते धौतो दार्ष्टान्तिके चिदित्युभयसमकक्ष्याकमित्याशयेन हि समुदाह्रियते । तत्र दृष्टान्ते तन्तुवायनिर्मिते वस्त्रे रजककृतधावनलक्षणसंस्कारविशेषाद्धि वस्त्रस्य धौतत्त्वं तथाऽत्र दार्ष्टान्तिके प्रथमावस्थाभूतचिति कोऽपि संस्कारविशेषो न दृश्यत इति महद्वैषम्यं भातीति चेन्न । दृष्टान्तेऽपि धौतशब्देन स्वतस्सिद्धकार्पासतन्तुनिष्ठशुभ्ररूपवत्त्वस्यैवान्यसंस्कारराहित्यस्यैव विवक्षितत्त्वात् पूर्वोक्तरजकव्यापारस्यागन्तुकतन्तुवायकृतसंस्कारनिरासार्थमुपयुज्यमानत्त्वाच्च दृष्टान्ते दार्ष्टान्तिके च शुद्ध एव विवक्षित इति न कोऽपि दोषः। अत एव ग्रन्थकार एतदाशयवानुभयत्रापि शुद्धत्त्वसाधर्म्यं

द्वारा चित्रानुसार आकार बना देने पर वह लांछित कहलाता है और उसमें यथायोग्य वर्णपूरण से अर्थात् रक्त, पीतादि रंग भर देने पर वही सुन्दर चित्रयुक्त वस्त्र रंजित कहलाता है ।

चित्रपट की चार अवस्थाओं में प्रथम धौत अवस्था है । धुला हुआ सफेद वस्त्र धौत है । उस पर जब चावल, सुपाड़ी या किसी अन्य सफेद चिकनी वस्तु का माड़ चाढ़ाया जाता है तब वह वस्त्र कुछ चिकना और कड़ा हो जाता है, उसमें चित्र सुगमता से बन सकता है । इसी अवस्था को द्वितीय घट्टित अवस्था कहते हैं । घट्टित (घुटे हुए) वस्त्र पर सर्वप्रथम काले रंग से अथवा पेंसिल आदि से चित्र की रूपरेखा बनाई जाती है । जो चित्र बनाना हो उसकी आकृति बनाई जाती है । इसी सादी आकृति को वस्त्र की लांछित नामक तृतीय अवस्था कहते हैं । चित्र की उन आकृतियों में लाल, पीले आदि रंग भर देने पर पटस्थ चित्र स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, यही चित्रपट की चतुर्थ रंजित अवस्था है ।

दार्ष्टान्तिक में भी चार अवस्थाओं का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - परमात्मा स्वतः चित् (चिदात्मा) है । मायावी अन्तर्यामी है । सूक्ष्म सृष्टि से सूत्रात्मा और स्थूल सृष्टि से ही विराट् ऐसा कहा जाता है ।४।

व्याख्या - परमात्मा स्वतः चित् है अर्थात् माया और उसके कार्यादि सम्बन्ध से रहित चेतन्यमात्र

विवक्षुस्स्वतः पदप्रयोगमकार्षीत् । मायावी मायया युक्तोऽन्तर्यामी । अन्तर्मेध्येऽनुप्रविश्य यमयति पृथिव्यादीनि स्वस्वकर्मसु नियमयति जीवं वा दारुयन्त्रमिव व्यापारयति "य इमञ्च लोकं परञ्च लोकं सर्वाणि भूतानि योऽन्तरो यमयति" "यस्सर्वेषु भूतेषु तिष्ठन्सर्वेभ्यो भूतेभ्योऽन्तरो यं सर्वाणि भूतानि न विदुस्सर्वाणि भूतान्यन्तरो यमयती"ति श्रुतिभ्यः। "अन्तर्याम्यधिदैवादिषु तद्धर्मव्यपदेशा"दित्यादि न्यायाच्च । सूक्ष्मसृष्टितस्सूक्ष्मस्य लिङ्गशरीरस्य सृष्टेः कारणादपञ्चीकृतभूतकार्यसमष्टिसूक्ष्मशरीर-योगात्सूत्रात्मा सूत्रमिव सर्वानुस्यूत आत्मा यस्य स तथाविधस्समष्ट्युपहितचैतन्यो हिरण्यगर्भः । स्थूलसृष्ट्यैव स्थूलस्य पञ्चीकृतभूतोत्थस्य द्वैतस्य सृष्ट्या पञ्चीकृतभूतकार्यसमष्टिस्थूलशरीरोपाधि-योगाद्विराडित्युच्यते । एवं चतस्रोऽवस्थाः ।।

स्वरूप शुद्ध परमात्मा चित् (चिदात्मा) कहलाता है । यहाँ दृष्टान्त में धौतवस्त्र और दार्ष्टान्तिक में चित् इन दोनों की समानता दर्शायी गयी है ।

शंका – वहाँ दृष्टान्त में तन्तुवायनिर्मित वस्त्र में रजककृत धावन लक्षण रूप विशेष संस्कार से ही वस्त्र का धौतत्व है किन्तु यहाँ दार्ष्टान्तिक में प्रथमावस्थाभूत चित् में कोई भी विशेष संस्कार परिलक्षित नहीं होता है, अतः दोनों में महान विषमता प्रतीत होती है ।

समाधान – यह कथन ठीक नहीं है, क्योंकि दृष्टान्त में भी धौत शब्द से स्वतःसिद्ध कार्पासतन्तुनिष्ठ शुभ्र वस्त्र का अन्यसंस्काररहित्य ही विवक्षित है । पूर्वोक्त रजकव्यापार तो वहाँ आगन्तुक तन्तुवायकृत संस्कार निरासार्थ ही कहा गया है । दृष्टान्त और दार्ष्टान्तिक में केवल शुद्धत्व ही विवक्षित होने से कोई दोष नहीं है । इसीलिए ग्रन्थकार ने भी उक्त आशय से ही दोनों का शुद्धत्व साधर्म्य दर्शाने की इच्छा से श्लोक में '**स्वतः**' पद का प्रयोग किया है ।

मायावी अन्तर्यामी है अर्थात् माया युक्त चैतन्य ही अन्तर्यामी शब्दवाच्य है । भीतर प्रवेश करके पृथ्वी आदि समस्त भूतों को जो अपने-अपने कर्मों में नियमन करता है अथवा जीव को दारुयन्त्र की तरह व्यापारवान करता है, इसलिये वह अन्तर्यामी है । श्रुति में भी कहा गया है कि "***य इमं च लोकं परं च लोकं सर्वाणि भूतानि योऽन्तरो यमयति***" (बृ.उ. ३/७/१), "***यस्सर्वेषु भूतेषु तिष्ठन् सर्वेभ्यो भूतेभ्योऽन्तरो यं सर्वाणि भूतानि न विदुः यस्य सर्वाणि भूतानि शरीरं यः सर्वाणि भूतान्यन्तरो यमयति एष त आत्माऽन्तर्याम्यमृतः***" (बृ.उ. ३/७/१५) और ब्रह्मसूत्र में भी कहा है- "***अन्तर्याम्यधिदैवादिषु तद्धर्मव्यपदेशात्***" (ब्र.सू. १/२/१९) । वही परमात्मा सूक्ष्म सृष्टि से सूत्रात्मा है अर्थात् लिंगशरीर की सृष्टि से सूत्रात्मा है "***सूत्रमिव सर्वानुस्यूत आत्मा यस्य सः समष्टयुपहितचैतन्यो हिरण्यगर्भः***" सूत्र के समान सर्वानुस्यूत आत्मा है जिसकी, वह समष्टि उपहित चैतन्य हिरण्यगर्भ ही सूत्रात्मा शब्दवाच्य है । और वह परमात्मा स्थूल सृष्टि से ही विराट् कहा जाता है। स्थूल पंचीकृत भूतोत्थ द्वैतसृष्टि से पंचीकृत भूतकार्य समष्टि स्थूलशरीर की उपाधि से विराट् शब्दवाच्य होता है।

सर्वजगदाधारस्य ब्रह्मणः पटचित्रोदाहरणेन प्रदर्शनम् -

ब्रह्माद्याः स्तम्बपर्यन्ताः प्राणिनोऽत्र जडा अपि ।
उत्तमाधमभेदेन वर्तन्ते पटचित्रवत् ॥ ५ ॥

अन्वयः - अत्र उत्तमाधमभावेन ब्रह्माद्याः स्तम्बपर्यन्ताः प्राणिनः जडाः अपि पटचित्रवत् वर्तन्ते।

व्याख्या :- परमात्मनश्चित्रपटस्थानापन्नत्त्वात्तस्मिन् भासमानानि तदाश्रितानि चित्राणि कानीत्यत आह ब्रह्मादिस्तम्बपर्यन्ता इति । परमात्मैव स्थूलसृष्ट्याख्योपाधिविशेषेण विराड् भवत्त्वथापि स्थूलसृष्टिलक्षणापञ्चीकृतपञ्चमहाभूततत्कार्यजगल्लक्षणोपाध्यवच्छिन्नसूत्रात्मपदवाच्यसमष्टिजीवाव्याप्या व्यष्टिजीवाः क्व कल्पिता इति चेत्तेऽप्यत्रैव कल्पिता इति दृष्टान्तपुरस्सरं विशदीकरोति । अत्र परे ब्रह्मणि परमात्मनि ब्रह्माद्या ब्रह्मा चतुर्मख आद्यः प्रथमो येषां ते तथोक्ताः । अत्र ब्रह्माद्या इत्यत्र लम्बकर्णमानयेतिवत्तद्गुणसंविज्ञानबहुव्रीह्याश्रयेण चतुराननोऽपि कश्चन जीवविशेष इति ज्ञायते । अत्र "स वै शरीरी प्रथमस्स वै पुरुष उच्यते । आदिकर्ता स भूतानां ब्रह्माग्रे समवर्तते"ति स्मृतिः प्रमाणम्। यदि चित्रगुमानयेतिवदतद्गुणसंविज्ञानबहुव्रीह्याश्रयणे तु तस्येश्वरत्त्वेन जीवकोट्यप्रविष्ट-त्त्वात्तद्व्युदास एव विवक्षित इति न दोषः । तस्येश्वरत्त्वमपि मैत्रायण्यां श्रुतम् "अथ यो ह खलु वावास्य राजसोंशोऽसौ सब्रह्मचारिणो योऽयं ब्रह्मे"त्यादिना मायीश्वरराजसीलीलाविग्रहविशेषत्त्वेने-स्वरत्त्वस्यापि सिद्धत्त्वात् । एवं च सति कः पक्षस्सिद्धान्त्यभिमत इत्युक्तौ तद्गुणसंविज्ञानबहुव्रीहिरेवेति वदामः । यतोऽर्थवत्समासः। "ब्रह्म वा इदमग्र आसीत्तदाऽत्मानमेवावेदहं ब्रह्मास्मीति तस्मात्तत्सर्वम-भवदि"ति श्रुत्येकवाक्यतावश्यंभावेन "स वै शरीरी"ति स्मार्तवचनस्थं ब्रह्मपदं समष्टिजीव-परमित्याश्रयामः। तेन स्तम्बपर्यन्तशब्देऽपि सारूप्यं भवेदिति च । स्तम्बपर्यन्ता स्तम्बेनाल्पतृणेन

चित्रपट के पट के समान समस्त जगत् का अधिष्ठान ब्रह्म है, इसका वर्णन करते हैं।

अर्थ - इस परमात्मा में ब्रह्मा जी से लेकर स्तम्ब पर्यन्त समस्त प्राणी और जड़ पदार्थ भी उत्तमाधम भाव से पटचित्रवत् रहते हैं ।५।

व्याख्या - परमात्मा चित्रपटस्थानीय होने से उसमें भासित होने वाले उसके आश्रित चित्र कितने हैं ? ऐसी आकांक्षा होने पर कहते हैं कि इस परब्रह्म परमात्मा में ब्रह्मा जी से लेकर स्तम्ब पर्यन्त समस्त प्राणी और जड़ पदार्थ भी रहते हैं।

स वै शरीरप्रथमः स वै पुरुष उच्यते ।
आदिकर्ता स भूतानां ब्रह्माऽग्रे समवर्तते ।।

इस स्मृतिवचनानुसार चतुरानन ब्रह्मा जी भी जीवविशेष माने गये हैं । उन ब्रह्मा जी (हिरण्यगर्भ) से प्रारम्भ कर स्तम्ब पर्यन्त (अल्प तृण पर्यन्त अथवा अत्यन्त सूक्ष्म जीव पर्यन्त) जीवकोटि के समस्त प्राणी तथा अचेतन रूप से प्रसिद्ध पर्वतादि जड़ पदार्थ भी, ये सभी उत्तमाधम भाव से प्रारब्धानुसार उच्च और नीच स्थिति को प्राप्त कर पटचित्रवत् रहते हैं अर्थात् वस्त्र में चित्रित चित्र के समान रहते हैं ।

वस्त्र पर बने चित्र में पर्वत, नदी, मकान आदि जड़ पदार्थ और देव, मनुष्य, पशु, पक्षी आदि चेतन पदार्थ दोनों होते हैं, उसी प्रकार परमात्मा रूपी वस्त्र में पृथ्वी-जल आदि जड़ और देव-मनुष्यादि चेतन

परिगतोऽन्तो येषां ते तथोक्ताः । एवं सर्वे प्राणिनो जीवकोटयस्तथा जडा अपि पर्वतादयस्ते उत्तमाधमभावेन सुकृतदुष्कृतादिप्रारब्धानुसारमुच्चावचस्थितिमासाद्य पटचित्रवत्पटे चित्राणीव पटचित्रवद्वर्तत इति दिक् ।।

चिदाभासनिरूपणम् -

चित्रार्पितमनुष्याणां वस्त्रभासाः पृथक् पृथक् ।
चित्राधारेण वस्त्रेण सदृशा इव कल्पिताः ॥ ६ ॥
पृथक् पृथक्चिदाभासाश्चैतन्याध्यस्तदेहिनाम् ।
कल्प्यन्ते जीवनामानो बहुधा संसरन्त्यमी ॥ ७ ॥

अन्वयः - चित्रार्पितमनुष्याणां पृथक् पृथक् वस्त्राभासाः चित्राधारेण वस्त्रेण सदृशा इव कल्पिताः।।

अन्वयः - चैतन्याध्यस्तदेहिनां पृथक् पृथक् जीवनामानः चिदाभासाः कल्प्यन्ते । अमी बहुधा संसरन्ति ।

व्याख्या :-चित्रार्पितमनुष्याणां चित्रे चित्रपटे विलिखितानां मनुष्याणां मनुष्यादिशरीराणां, न गिरिनद्यादीनाम् । चित्राधारेण दृश्यमानस्य चित्रस्य य आधारः पटस्तेन तदात्मकेन वस्त्रेण सदृशा वस्त्राभासा नानावर्णेपिता विचित्रवस्त्रविशेषा वस्त्रवद्दृश्यमाना न तु तत्कार्यकारिणश्शीतलाद्यनिवारकत्त्वात्ते पृथक्पृथक्कल्पिताश्चित्राकारेण चित्रिताः । चित्रगतानि बहुधा वीक्ष्यमाणानि वस्त्राणि वस्त्रच्छायामात्राण्येव। न हि तत्त्वतो वासांसीति भावः । यथा चित्रे वस्त्राभासाः प्रकल्पिता एवमेव चैतन्याध्यस्तदेहिनां चैतन्येऽद्वितीये परब्रह्मण्यध्यस्ता आरोपिता ये देहिनोऽमरनरमृगादयस्तेषां जीवनामानो जीव इति

प्राणी भी हैं । उनके उत्तम और अधम भाव भी हैं, जो सर्वप्रसिद्ध ही हैं । इस प्रकार उत्तमाधम भाव से समस्त प्राणी उसी परब्रह्म परमात्मा में रहते हैं ।

चिदाभास की चित्रगत वस्त्राभासानुरूपता को दो श्लोकों में कहते हैं ।

अर्थ - जैसे चित्रार्पित मनुष्यों का चित्राधार पट के समान वस्त्राभास पृथक्-पृथक् कल्पित है, उसी प्रकार चैतन्य में अध्यस्त शरीरों का जीव नामक पृथक्-पृथक् चिदाभास कल्पित होता है । ये जीव अनेक प्रकार से संसार को प्राप्त होते हैं ।६-७।

व्याख्या - चित्रार्पित मनुष्यों का (चित्र में अंकित मनुष्यों का) चित्राधार पट के समान (चित्र का जो आधार वस्त्र है, उस वस्त्र के समान) वस्त्राभास पृथक्-पृथक् कल्पित है । जो वास्तविक वस्त्र न होते हुए भी वस्त्र की प्रतीति कराता हो, उसे वस्त्राभास कहते हैं । वे वस्त्राभास पृथक-पृथक् (अलग-अलग) कल्पित (चित्रित) हैं । चित्रगत अनेक प्रकार से वीक्ष्यमाण वस्त्र वास्तविक न होकर वस्त्र की छायामात्र है, तत्त्वतः वे वस्त्र नहीं हैं । उसी प्रकार चैतन्य में अध्यस्त शरीरों का अर्थात् परब्रह्म में आरोपित जो देव-मनुष्य आदि शरीर हैं, उनका जीवनामक पृथक्-पृथक् चिदाभास कल्पित होता है । "***जीव***

नाम येषां ते चिदाभासाश्चित्प्रतिबिम्बाः पृथक्पृथक्कल्प्यन्ते । मायया चैतन्यस्याविद्ययान्यथाग्रहण-मेवाध्यासः शुक्तिकाया रजतत्त्वेन ग्रहणवत् । अमी चिदाभासा जीवा बहुधा संसरन्ति संसारं जननमरणप्रवाहरूपमापद्यन्ते इति चिदाभासानामेवायं सर्वोऽपि परिदृश्यमानप्रपञ्च इति दिक् ।।

आत्मनोऽसंसारित्त्वस्य सदृष्टान्तं निरूपणम् -

वस्त्राभासस्थितान्वर्णान्यद्वदाधारवस्त्रगान् ।
वदन्त्यज्ञास्तथा जीवसंसारं चिद्गतं विदुः ॥ ८ ॥

अन्वयः - वस्त्राभासस्थितान् वर्णान् यद्वत् आधारवस्त्रगान् वदन्ति । तथा अज्ञाः जीवसंसारं चिद्गतं विदुः ।।

व्याख्या :- सर्वे दार्शनिकाः वैदिकाः पौराणिकाश्चान्ये सर्वेऽप्यात्मन एव संसारं वर्णयन्ति किं तत्र कारणमिति चेन्महदज्ञानमित्येव गृहाणेति सदृष्टान्तं कथयति । वस्त्राभासस्थितान्वस्त्राभासेन प्रतीयमानान्वर्णान्रक्तकृष्णपीतादीनज्ञा आधारवस्त्रगांश्चित्राधारवस्त्रगान्यद्वदन्त्यज्ञानेन वदन्ति । तद्वज्जीवं संसारं चिद्गतं विदुश्चिन्तयन्ति । यथा चित्रपटे लिखितानां विविधसुरनरादीनां परिहितवस्त्राभासनिष्ठ-रक्तपीतादिवर्णान्मूढास्तदाधारवस्त्रस्थान् सङ्गिरन्त्येवमविद्यामोहिता जीवसंसारं चिदाभासनिष्ठकर्तृत्त्वादिकं चिद्गतं मत्त्वा मुह्यन्तीति भावः । चित्रे प्रकाशमानस्य वस्त्रवर्णस्याधारो मष्याधिकृताकारो न तु चित्रपट एवं जीवभावस्याधारश्चिदाभासो न तु चिदिति दिक् ।।

इति नाम येषां तथाभूताः चिदाभासाः चित्प्रतिबिम्बाः" जीव है जिनका नाम, ऐसे भिन्न-भिन्न चिदाभास कल्पित होते हैं । जैसे रज्जु का सर्पत्वेन ग्रहण होता है, उसी प्रकार माया के द्वारा चैतन्य का अविद्या से अन्यथा परिग्रहण ही यहाँ अध्यास कहा गया है । ये समस्त जीव बहुधा (अनेक प्रकार से) संसार को प्राप्त होते हैं ।

आत्मा के असंसारित्व का दृष्टान्त पूर्वक निरूपण करते हैं ।

अर्थ - अविवेकी मनुष्य वस्त्राभास में स्थित रंगों को जैसे आधार भूत (धौत) वस्त्र में स्थित कहते हैं, उसी प्रकार (अज्ञानी लोग) जीवगत संसार को चैतन्य में स्थित जानते हैं ।८।

व्याख्या - समस्त दार्शनिक, वैदिक, पौराणिक और अन्य लोग भी "आत्मा का ही यह संसार है" इस प्रकार कहते हैं । इसका क्या कारण है ? इस आशंका के उत्तर में कहते हैं कि महान अज्ञान ही इसका कारण है । इसी बात को दृष्टान्त पूर्वक कहते हैं कि वस्त्राभास में स्थित रंगों को अर्थात् वस्त्र के समान प्रतीत होने वाली वस्त्रों की छाया में प्रतीत होने वाले रक्त, पीत आदि रंगों को जैसे अविवेकी लोग जिस तरह आधारभूत धौत वस्त्र में स्थित कहते हैं, उसी प्रकार जीवगत संस्कार को चिद्गत अर्थात् चैतन्य में स्थित मानते हैं ।

भाव यह है कि जैसे चित्र में प्रकाशित होने वाले रंगों का आधार मस्यादिकृत (स्याही आदि से बनाये गये) आकार हैं , न कि चित्रपट । उसी प्रकार जीवभाव का आधार चिदाभास ही है, शुद्ध चैतन्य नहीं ।

गिरिनद्यादीनां चिदाभासकल्पनाभावस्य निरूपणम् -

चित्रस्थपर्वतादीनां वस्त्राभासो न लिख्यते ।
सृष्टिस्थमृत्तिकादीनां चिदाभासस्तथा न हि ॥ ९ ॥

अन्वयः - चित्रस्थपर्वतादीनां वस्त्राभासः न लिख्यते । तथा सृष्टिस्थिमृत्तिकादीनां चिदाभासः न हि (विद्यते) ।

व्याख्या :- चित्रस्थपर्वतादीनां चित्रे विद्यमानानां पर्वतादीनां वस्त्राभासो यथा न लिख्यते तथैव सृष्टिस्थमृत्तिकादीनां जडानां चिदाभासो न हि कल्प्यते । मृदादीनां चिदाभासाकल्पने हेतुश्चित्रे वस्त्राभासलेखनाभावस्सन्दर्शितः । हेतुरयं वृक्षादीनामपि समानम् । चित्रस्थवृक्षादीनामपि वस्त्रभासा-लेखनात्तेषामपि मृत्पाषाणादिवच्चिदाभासाभावेन निर्जीवित्त्वापत्तिरिति चेन्न । यस्मिन्विषये सजीवत्त्वं शास्त्रान्न सिद्ध्यति तत्रैव चिदाभासाभावताङ्गीक्रियते । "तस्माज्जिघ्रन्ति पादपा" इत्यादिशास्त्राद्वृक्षादीनां सजीवत्त्वस्य निर्णीतत्त्वेन न तत्र प्रवर्तत इति शम् ।।

संसारकारणभूताया अविद्याया ज्ञाननिवर्त्यत्त्वनिरूपणम् -

संसारः परमार्थोऽत्र संल्लग्नः स्वात्मवस्तुनि ।
इति भ्रान्तिरविद्या स्याद्विद्ययैषा निवर्तते ॥ १० ॥

अन्वयः-अयं संसारः परमार्थः स्वात्मवस्तुनि संलग्नः इति भ्रान्तिः अविद्या स्यात् । एषा विद्यया निवर्तते।

मिट्टी आदि में चिदाभास के अभाव का कारण बताते हैं ।

अर्थ - जैसे चित्रस्थ पर्वतादि के वस्त्राभास बनाये नहीं जाते हैं, उसी प्रकार सृष्टिस्थ मृत्तिका आदि का चिदाभास नहीं है ।९।

व्याख्या - उक्त चिदाभास रूप जीव जड़भूत मृत्, पाषाणादि के भी हैं अथवा नहीं ? इस शंका का उपशमन करते हैं । चित्रस्थ पर्वतादिओं के अर्थात् चित्र में विद्यमान पर्वत, वृक्ष आदि के वस्त्राभास बनाये नहीं जाते हैं अर्थात् वस्त्र में चित्रित नदी, पर्वत, वृक्ष आदि पर जैसे वस्त्रों की रचना नहीं की जाती है, उसी प्रकार सृष्टिस्थ मृत्, पाषाणादि जड़ पदार्थों का चिदाभास नहीं है । सृष्टि में देव-मनुष्यादि को अपने कर्मों का फल भोगना होता है, अतः उन्हीं को चिदाभास की आवश्यकता है । मिट्टी, पर्वत आदि को चिदाभास की आवश्यकता न होने से उनमें चिदाभास की कल्पना नहीं की जाती है ।

मिट्टी आदि में चिदाभास की कल्पना के अभाव का हेतु चित्रस्थ वस्त्राभास का लेखनाभाव दर्शाया गया, यह हेतु वृक्षादि में भी समान ही है । तब तो चित्रस्थ वृक्षादि को भी मृत्पाषाणादि के समान निर्जीव (चिदाभास रहित) ही मानना पड़ेगा, यदि ऐसा कहो तो यह कथन ठीक नहीं है क्योंकि जिस विषय में सजीवत्व शास्त्र से सिद्ध नहीं होता है, उसी में चिदाभास का अभाव अंगीकार किया जाता है किन्तु वृक्षादि सजीव हैं । "***तस्माज्जिघ्रन्ति पादपाः***" इत्यादि शास्त्रवचनों से वृक्षादि में चेतनत्व स्पष्ट ही है।

संसार की कारणभूता अविद्या की निवृत्ति ज्ञान से होती है, इसका निरूपण करते हैं।

अर्थ- "यह संसार परमार्थ है और अपने आत्मस्वरूप में संलग्न है" ऐसी भ्रान्ति अविद्या है । यह विद्या (ज्ञान) से निवृत्त होती है ।१०।

व्याख्या :- "वस्त्राभासस्थितान्वर्णान्यद्वदाधारवस्त्रगान् । वदन्त्यज्ञास्तथा जीवसंसारं चिद्गतं विदु"रित्यत्रोक्तमज्ञानं कीदृशमिति विशदयति । अयं संसारः परमार्थः त्रिकालाबाध्यस्सत्यभूतस्स्वात्म-वस्तुनि स्वस्वरूपभूते परमात्मनि संलग्न इति या भ्रान्तिस्सैवाविद्या । सैषाऽविद्या विद्यया ज्ञानेन "ब्रह्मैव सत्यं जगन्मिथ्या जीवो ब्रह्मैव नापर" इत्यादिशास्त्रप्रदर्शितरीत्या संसारस्य मिथ्यात्त्वनिश्चयेन निवर्तते । एवं च संसारस्य कारणमज्ञानमिति तच्च ज्ञानैकनिवर्त्यमिति च प्रतिपादितं भवति ।।

संसारभ्रान्तिनिवर्तिकाया विद्याया निरूपणम् -

आत्माभासस्य जीवस्य संसारो नात्मवस्तुनः ।
इति बोधो भवेद्विद्या लभ्यतेऽसौ विचारणात् ॥ ११ ॥

अन्वयः - आत्माभासस्य जीवस्य संसारः, आत्मवस्तुनः न इति बोधः विद्या भवेत् । असौ विचारणात् लभ्यते ।

व्याख्या :- संसार आत्माभासस्य चिदाभासस्य जीवस्यैव । न त्त्वसङ्गस्यात्मवस्तुन इति यो बोधो निश्चितं ज्ञानं सैव विद्या । असौ विद्या च विचारणाद्गुरूपसत्तिपूर्वकं वेदान्तवाक्यानां न्यायतो विचाराल्लभ्यते ।।

व्याख्या - श्लोक ८ में "जीवगत संसार को अज्ञानी लोग चैतन्य में स्थित मानते हैं" ऐसा कहा गया । वह अज्ञान कैसा है ? इस प्रकार उसके स्वरूप की आकांक्षा होने पर कहते हैं कि यह संसार परमार्थ है अर्थात् तीनों कालों में बाधरहित सत्य ही है और वह संसार अपने आत्मस्वरूप में अर्थात् स्वस्वरूपभूत परमात्मा में संलग्न है । इस प्रकार की जो भ्रान्ति है, वही अविद्या है । यह अविद्या विद्या (ज्ञान) के द्वारा निवृत्त होती है अर्थात् "***ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या जीवो ब्रह्मैव नापरः***" (ब्रह्म सत्य है, जगत् मिथ्या है तथा जीव ब्रह्म ही है, ब्रह्म से भिन्न नहीं हैं) इत्यादि शास्त्रों से प्रदर्शित रीति के द्वारा संसार के मिथ्यात्व का निश्चय हो जाने पर वह अविद्या निवृत्त हो जाती है । भाव यह है कि संसार का कारण अज्ञान है और वह अज्ञान ज्ञान से ही निवृत्त होता है ।

संसारभ्रान्ति को दूर करने वाली विद्या का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - चिदाभास रूप जीव का (यह) संसार है, आत्म वस्तु का नहीं । ऐसा बोध विद्या है और वह (विद्या) विचार से प्राप्त होती है ।११।

व्याख्या - यह प्रतीत होने वाला नामरूपात्मक संसार आत्माभास (चिदाभास) रूप जीव का ही है, आत्मवस्तु का नहीं है अर्थात् नित्य-शुद्ध-बुद्ध-मुक्तस्वभाव असंग आत्मा का नहीं है । इस प्रकार के बोध को विद्या कहते हैं अर्थात् ऐसा दृढ़ निश्चय हो जाना ही विद्या है । वह मुक्तिप्रदा विद्या विचार से प्राप्त होती है अर्थात् विधिवत् सद्गुरु की शरण ग्रहण कर उनसे वेदान्त वाक्यों का न्यायपूर्वक विचार करने से प्राप्त होती है ।

ज्ञानसाधकविचारनिरूपणम् -

सदा विचारयेत्तस्माज्जगज्जीवपरात्मनः ।
जीवभावजगद्भावबाधे स्वात्मैव शिष्यते ॥ १२ ॥

अन्वयः - तस्मात् जगज्जीवपरमात्मनः सदा विचारयेत् जीवभावजगद्भावबाधे स्वात्मा एव शिष्यते ।

व्याख्या :- तस्माज्जगज्जीवपरात्मनस्सदा विचारयेन्मुमुक्षुभिर्यथा परमात्मस्वरूपविचारस्सर्वदावश्यं कर्तव्यस्तथैव तदवशेषणाय जगज्जीवस्वरूपविचारोऽप्यवश्यकर्तव्य इत्यर्थः । यथा परमात्मविचारेण मोक्षावस्थायां फलरूपेण तदवतिष्ठते एव जगज्जीवविचारेणापि तदपवाददद्वारा तन्मात्रावशेषावस्थीयत इत्यस्योपयोगः । जीवभावजगद्भावबाधे स्वरूपतो जीवस्य जगतश्च मिथ्यात्त्वनिश्चयेन बाधे सति स्वात्मैव परमार्थसत्यतयावशिष्यत इति भावः । यथा रज्जावयं सर्प इति भ्रमस्थले भासमानसर्पस्येदंपदार्थस्य तत्संसर्गस्यैव चाभ्रमनिवृत्तिविचारणीयता केवलं तत्र दीपालोकेन मन्दान्धकारध्वंसद्वारासर्पतत्संसर्गयोर्ध्वंस इदंपदार्थरूपरज्जुरेवावशिष्यते भ्रमश्च नश्यति तत्प्रयुक्तभीतिकम्पज्वरादयो नश्यन्ति तद्वद्विचारेणोक्ता-विद्याध्वंसद्वारा जीवभावजगद्भावयोर्बाधे सति सच्चिदानन्दरूपस्स्वात्मैवाशिष्यत इति दिक् ।।

बाधस्वरूपनिरूपणम् -

नाप्रतीतिस्तयोर्बोधः किन्तु मिथ्यात्त्वनिश्चयः ।
नो चेत्सुषुप्तिर्मूर्च्छादौ मुच्येतायत्नतो जनः ॥ १३ ॥

विद्याप्राप्त्यर्थ विचार के विषय को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - इसलिये जगत्, जीव और परमात्मा का सदा विचार करें । जीवभाव और जगद्भाव का बाध हो जाने पर अपना आत्मा ही शेष रहता है ।१२।

व्याख्या - इसलिये मुमुक्षुजन जगत्, जीव और परमात्मा का सदा विचार करें अर्थात् उनके स्वरूप का निरन्तर चिन्तन करते रहना चाहिये । ऐसा करने से क्या होगा ? तो कहते हैं कि उक्त विचार के परिपक्व हो जाने पर जीवभाव और जगद्भाव का बाध हो जाएगा । उसके परिणामस्वरूप एकमात्र परमात्मा ही शेष रहेगा जो कि हमारा अपना आत्मा ही है । भाव यह है कि परमात्मा के विचार की तरह मुमुक्षु को जीव और जगत् के स्वरूप का भी विचार करना चाहिये । विचार के द्वारा उनके मिथ्यात्व का निश्चय कर लेने पर एकमात्र परमात्मा ही अवशिष्ट रहता है । अतः जीव और जगत् के स्वरूप का विचार करना भी उपयोगी ही है । उनका निषेध करने पर सत्यस्वरूप परमार्थ रूप परमात्मा ही शेष रहता है । जिस प्रकार मन्द अन्धकार में रखी हुई रस्सी में सर्प का भ्रम हो जाने पर दीपक के प्रकाश से रस्सी के स्वरूप को देखकर उसका विचार करने पर जब ज्ञात होता है कि यह सर्प नहीं, रस्सी ही है तब एकमात्र रस्सी ही शेष रहती है । उसी प्रकार विचार के द्वारा जीवभाव और जगद्भाव के नष्ट हो जाने पर एकमात्र सत्यस्वरूप अपना आत्मा (परमात्मा) ही शेष रहता है ।

उक्त बाध के स्वरूप का विवरण करते हैं ।

अर्थ -उन दोनों (जीवभाव और जगद्भाव) की अप्रतीति उनका बाध नहीं है किन्तु (उनके)

अन्वयः - अप्रतीतिः तयोः बोधः न । किन्तु मिथ्यात्त्वनिश्चयः । नो चेत् सुषुप्तिमूर्च्छादौ जनः अयत्नतः मुच्येत ।

व्याख्या :- विचारेण जीवजगतोर्बाधे स्वात्ममात्रावशेषेण बाधितयोरप्रतीतिरेव बाधो भवेत्तथा सति व्यवहारलोपप्रसङ्ग इति चेन्नाप्रतीतिर्बाध इति वदति । जगज्जीवयोरप्रतीतिर्बुद्धावभानं न बाधः। किन्तु तयोर्द्वयोस्संसारित्त्वजगत्सत्यत्त्वयोर्मिथ्यात्त्वनिश्चयो बाधः । बाधो नामासत्यत्त्वेन निश्चयज्ञानम्। व्यवहारकाल इश्वरसृष्टेरनिवृत्तत्त्वाज्जगज्जीवयोर्मिथ्यात्त्वज्ञानमेवावश्यकमिति भावः । सम्प्रयुक्तलक्षणं मिथ्यात्त्वनिश्चयो बाध इति तच्छुक्तिरजतरज्जुसर्पादिभ्रमेष्वव्याप्तमिति न वाच्यम् । तत्र निरूपाधिभ्रमत्त्वेनाप्रतीतिसद्भावेऽपि मिथ्यात्त्वनिश्चयानपायात् । यद्यप्रतीतिरेवबाधस्स्यात्तर्हि सुषुप्तिमूर्च्छादौ स्वत एव द्वैतप्रतीत्यभावात्तत्त्वज्ञानं विनापि मुक्तिर्भवेदित्याह । नो चेत्सुषुप्तिमूर्च्छादावादिना मरणादिसङ्ग्रहः । तत्र जगज्जीवयोर्भानं नास्तीत्ययत्नतो गुरूपसदनवेदान्तवाक्यश्रवणमननाद्यभ्यासप्रयत्नं विनैव जनो मुच्येत मुक्तो भवेत् । मोक्षकारणं सुषुप्त्यादावनुभूयमानं जगदाद्यभानं न भवति । किन्तु गुरुशास्त्राभ्याससादितजगदादिमिथ्यात्त्वज्ञानमेवेति दिक् ।।

आत्मनस्सत्यत्त्वविनिश्चयस्यैव मोक्षकारणत्त्वप्रतिपादनम् -

परमात्मावशेषोऽपि तत्सत्यत्त्वविनिश्चयः ।
न जगद्विस्मृतिर्नो चेज्जीवन्मुक्तिर्न सम्भवेत् ॥ १४ ॥

अन्वयः- परमात्मावशेषः अपि तत्सत्यत्त्वविनिश्चयः जगद्विस्मृतिः न । नो चेत् जीवन्मुक्तिः न संभवेत्।

मिथ्यात्व का निश्चय ही उनका बाध है । यदि ऐसा नहीं मानोगे तो मनुष्य सुषुप्ति, मूर्च्छा आदि में बिना प्रयत्न के ही मुक्त हो जाएगा ।१३।

व्याख्या - विचार के द्वारा जीवभाव और जगद्भाव का बाध हो जाने पर तो उनकी प्रतीति ही न होगी, ऐसी स्थिति में समस्त व्यवहारों के लोप का प्रसंग उपस्थित होगा । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि उन दोनों की अप्रतीति (अभान) उनका बाध नहीं है । अर्थात् जीवभाव और जगद्भाव का बुद्धि में भान न होना उनका बाध नहीं है किन्तु उनके मिथ्यात्व का निश्चय हो जाना ही उनका बाध है अर्थात् जीव का संसारित्व और जगत् का सत्यत्व दोनों मिथ्या हैं, ऐसा दृढ़ निश्चय हो जाना ही उनका बाध है । वस्तु के असत्यत्व का दृढ़ज्ञान ही बाध शब्दवाच्य है । भाव यह है कि ईश्वररचित सृष्टि व्यवहारकाल में निवृत्त न होने के कारण उसके मिथ्यात्व का ज्ञान आवश्यक है । यदि ऐसा नहीं मानोगे तो सुषुप्ति, मूर्च्छा और मरणावस्थाओं में उन जीवभाव और जगद्भाव का भान नहीं होने से बिना प्रयत्न के ही अर्थात् सद्गुरु और वेदान्त शास्त्राभ्यास के बिना ही मनुष्य मुक्त हो जाएगा । तात्पर्य यह है कि सद्गुरु और वेदान्त शास्त्राभ्यास से उनके मिथ्यात्व का ज्ञान ही मोक्ष का कारण है । सुषुप्ति आदि में अनुभूयमान जगदादि का अभान मोक्ष का कारण नहीं है ।

''स्वात्माऽवशिष्यते'' इस वचन के विवक्षितार्थ को दर्शाते हैं ।

अर्थ - परमात्मा का अवशेष रह जाना भी उसके सत्यत्व का विनिश्चय है, जगत् की विस्मृतिमात्र नहीं । यदि ऐसा नहीं मानोगे तो जीवन्मुक्ति संभव न होगी ।१४।

व्याख्या :- ''स्वात्मैव शिष्यत'' इत्यत्रापि परमात्मनस्सत्यत्त्वज्ञानमेव विवक्ष्यते । जगज्जीव-योर्मिथ्यात्त्वज्ञानसिद्धौ यः परमात्मावशेषः परमात्मनः परिशिष्टता सोऽपि तत्सत्यत्त्वविनिश्चयः परमात्मैव सत्यमिति दृढज्ञानं न जगद्विस्मृतिः । नेति नेतीति सर्वद्वैतनिराकरणे यदवशिष्टं तदेव सर्वनिषेधशेषभूतं वस्तु परमात्मैवेत्युक्तप्रायमेव, पुनस्तत्स्वरूपनिश्चयप्रयत्नगौरवेण किमस्ति साधनीयमिति चेन्न । जगतो मिथ्यात्त्वज्ञानेनैव द्वैतविस्मृतिसंभवाद्बन्धकप्रपञ्चनिवृत्तेः । तस्मात्परमात्मावशिष्यत इत्यनेन जगद्विस्मृतिरूपार्थ एव विवक्षणीय इति चेन्न । जगद्विस्मृतिर्जगतोऽभानं नावशेषो नो चेज्जगद्विस्मृतिरेवावशेष इत्युच्यते चेज्जीवन्मुक्तिर्जीवत एव शरीरपतनात्पूर्वमेव मुक्तिर्ब्रह्मभावापत्तिर्बहुशास्त्रसिद्धो न संभवेत् । जगतो मिथ्यात्त्वेऽपि तद्भानस्य पुरा शरीरपातादपरिहार्यतया जगद्विस्मृतेस्तदानीमसद्भावेन जीवतस्सतो ब्रह्मभावापत्तिरूपमोक्षासंभव इति शम् ।।

व्याख्या - श्लोक १२ में कहा कि ''***स्वात्माऽवशिष्यते***'' अर्थात् जीवभाव और जगद्भाव के नष्ट हो जाने पर स्वात्मा (परमात्मा) ही अवशिष्ट रहता है । वहाँ पर परमात्मा के सत्यत्व का ज्ञान ही विवक्षित है । जीव और जगत् के मिथ्यात्व का ज्ञान दृढ़ हो जाने पर एकमात्र परमात्मा ही अवशिष्ट रहता है । उस परमात्मा का अवशेष रह जाना भी उसके सत्यत्व का विनिश्चय है अर्थात् यही उसका दृढ़ज्ञान है।

शंका - ''**नेति नेति**'' इत्यादि वेद वचनों से समस्त वस्तुओं का निराकरण कर देने पर जो अवशिष्ट रहता है, वही परमात्मा है । ऐसा आप मानते हैं तो फिर उसके स्वरूप का निश्चय करने के लिए अधिक प्रयत्न की क्या आवश्यकता है ? जगत् के मिथ्यात्व ज्ञान से उसकी विस्मृति हो जाने पर बन्धकारी प्रपंच की निवृत्ति हो जाती है, अतः ''परमात्मा ही अवशिष्ट रहता है'' इस वचन के द्वारा जगद्विस्मृति रूप अवशेष ही विवक्षित होना चाहिये ।

समाधान - आपका यह कथन ठीक नहीं है, क्योंकि जगत् की विस्मृति अर्थात् जगत् का प्रतीत न होना मात्र अवशेष का अर्थ नहीं है । यदि जगत् की विस्मृति को ही आप अवशेष मानोगे तो जीवन्मुक्ति ही संभव न होगी अर्थात् जीवितावस्था में शरीरपात होने से पूर्व जो ब्रह्मभावापत्ति रूप मुक्ति है, वह संभव न होगी । जगत् के मिथ्यात्व का ज्ञान हो जाने पर भी जगत् का भान होने से शरीरपात होने से पूर्व उसका परिहार होना संभव नहीं है । ऐसी स्थिति में जगत् की विस्मृति के अभाव में जीवितावस्था में प्राप्त होने वाली सर्वशास्त्रसिद्ध जीवन्मुक्ति की ही सिद्धि न होगी । तात्पर्य यह है कि जीवन्मुक्त अवस्था में भी जीव और जगत् की न तो विस्मृति होती है और न अप्रतीति । इसीलिए तो जीवन्मुक्त पुरुषों का भी लौकिक व्यवहार देखा जाता है । विस्मृति या अप्रतीति तो सुषुप्ति आदि अवस्थाओं में भी रहती है किन्तु सुषुप्ति अथवा मूर्छित व्यक्ति को जीवन्मुक्त नहीं कह सकते हैं । जीवन्मुक्त पुरुष जगत् और जीव को मिथ्या मानकर व्यवहार करता है । अतः जीव और जगत् के मिथ्यात्व का दृढ़ ज्ञान हो जाने पर एकमात्र परमात्मा ही अवशिष्ट रहता है । उसका अवशिष्ट रहना ही उसके सत्यत्व का विनिश्चय है।

विद्यायाः परोक्षापरोक्षभेदेन द्वैविध्यनिरूपणम् -

परोक्षा चापरोक्षेति विद्या द्वेधा विचारजा ।
तत्रापरोक्षविद्याप्तौ विचारोऽयं समाप्यते ॥ १५ ॥

अन्वयः - विचारजा विद्या परोक्षा अपरोक्षा च इति द्वेधा । तत्र अपरोक्षविद्याप्तौ अयं विचारः समाप्यते ।

व्याख्या :- "सदा विचारये"दिति प्रागुक्त्या आदेहपातं विचारप्रसक्तौ तस्यावधिरुच्यते । जीवप्राणधारण इति धातोर्जीवतीति जीवस्तस्य मुक्तिरिति व्युत्पत्तिसिद्धाया बाधोत्तरमपि मृगजलादिवत्सोपाधिकभ्रमत्त्वेन यावदुपाधिमिथ्यात्त्वेनावभासमानमूलाविद्येतरप्रारब्धभोगोपयुक्ताखिल-दृश्यपूर्वकाद्वैतात्मनुसंधानलक्षणाया जीवन्मुक्तेरन्यथासिद्ध्यनापत्त्या चिन्मात्रसत्यत्त्वविनिश्चय एव परमात्मावशेषो यद्यपि तथापि "सदा विचारये"दित्युक्तो विचारः "आत्मब्रह्मविचाराख्यं शास्त्रीयं मानसं जगत् । बुद्धे तत्त्वे तच्च हेयमिति श्रुत्यनुशासन"मित्यनेन विरुद्ध्यत इति चेन्न पूर्वं सामान्यतो लक्षितविद्याया एव सम्प्रति द्वैविध्योपन्यासात् । विचारजा गुरुशास्त्रविचाराज्जाता विद्या परोक्षापरोक्षेति द्वेधा दृश्यते । तत्र तयोर्मध्येऽपरोक्षविद्या तावदपरोक्षज्ञानसम्पत्तावयं विचारस्सत्यत्त्वासत्यत्त्व-विषयकस्समाप्यतेऽपरोक्षसाक्षात्कारोत्पत्तिक्षण एव विचारकालचरमावधिरित्यर्थ इति दिक् ।।

विद्याया उभयविधाया अपि स्वरूपनिरूपणम् -

अस्ति ब्रह्मेति चेद्वेद परोक्षज्ञानमेव तत् ।
अहं ब्रह्मेति चेद्वेद साक्षात्कारस्स उच्यते ॥ १६ ॥

"सदा विचारयेत्" इस वाक्य से विवक्षित कालावधि को दर्शाते हैं ।

अर्थ - विचार से उत्पन्न होने वाली विद्या दो प्रकार की है - परोक्ष और अपरोक्ष । उनमें से अपरोक्ष विद्या की प्राप्ति होने पर यह विचार समाप्त होता है ।१५।

व्याख्या - बारहवें श्लोक में कहा कि "***सदा विचारयेत्***" इस उक्ति से देहपात पर्यन्त विचार का प्रसंग प्राप्त होने पर विचार की अवधि बताते हैं । चतुर्थ द्वैतविवेक के श्लोक ४४ (ब्रह्मात्मविचाराख्य) में आपने कहा कि ब्रह्मात्मविचार रूप शास्त्रीय मानस जगत् का ज्ञानोत्तर काल में त्याग कर देना चाहिये और अब आप कहते हैं कि जगत्, जीव और परमात्मा का सदा विचार करना चाहये । तो क्या यह आपका कथन परस्पर विरुद्ध नहीं है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि पूर्व में सामान्य रूप से लक्षित विद्या के द्वैविध्य का ही यहाँ पर विधान किया गया है, अतः हमारे वचन में विरोध नहीं है । विचार से उत्पन्न होने वाली विद्या दो प्रकार की है - परोक्ष और अपरोक्ष । अर्थात् गुरु और वेदान्त शास्त्रों के विचार से उत्पन्न विद्या परोक्ष और अपरोक्ष रूप से दो तरह की है । उनमें से अपरोक्ष विद्या की प्राप्ति होने पर अर्थात् अपरोक्ष ज्ञानलाभ होने पर सत्यत्व और असत्यत्व रूप यह विचार समाप्त होता है । भाव यह है कि जिस समय अपरोक्ष ज्ञान उत्पन्न होता है, वही क्षण विचारकाल की चरम सीमा है ।

परोक्ष और अपरोक्ष के स्वरूप को दर्शाते हैं ।

अर्थ - 'ब्रह्म है' ऐसा यदि जानता है तो वह परोक्ष ज्ञान ही है और 'मैं ब्रह्म हूँ' ऐसा यदि जानता

अन्वयः – "ब्रह्म अस्ति" इति चेत् वेद तत् परोक्षज्ञानम् एव । "अहं ब्रह्म" इति चेत् वेद सः साक्षात्कारः उच्यते ।।

व्याख्या :– विद्या नाम ज्ञानं तद्द्विविधं परोक्षमपरोक्षं चेति । "अस्ति ब्रह्मेति चेद्वेद । सन्तमेनं ततो विदुरिति श्रुत्युक्तदिशा ब्रह्मणोऽस्तित्त्वमात्रज्ञानं परोक्षमित्युच्यते । तदात्मानमेवावेदहं ब्रह्मास्मीति तस्मात्तत्सर्वमभव"दिति रीत्या यः प्रत्यगभिन्नतयात्मानं साक्षात्करोति स साक्षात्कार एवापरोक्षज्ञानमिति शम् ।।

आत्मतत्त्वसाक्षात्कारसाधनस्य विवेचनस्य प्रदर्शनम् –

तत्साक्षात्कारसिद्ध्यर्थमात्मतत्त्वं विविच्यते ।
येनायं सर्वसंसारात्सद्य एव विमुच्यते ।। १७ ।।

अन्वयः – येन अयं सर्वसंसारात् सद्य एव विमुच्यते । तत्साक्षात्कारसिद्ध्यर्थम् आत्मतत्त्वं विविच्यते ।।

व्याख्या :– आत्मतत्त्वसाक्षात्कारः कथं स्यादित्यत्र समादधात्यात्मतत्त्वविवेचनादेवेति । तत्साक्षात्कारसिद्ध्यर्थं मुमुक्षुजनोऽयं येन साक्षात्कारेण सद्य एव विमुच्यते तस्यात्मतत्त्वस्य साक्षात्कारसिद्धये आत्मतत्त्वं विविच्यते तदध्यस्तद्वैतात्पृथक्कारेण तन्मिथ्यात्त्वपूर्वकं ज्ञाप्यते । सर्वसंसारात्सर्वस्माद्यावद्वैताध्यासात्तद्रूपात्संसारात्सद्य एव विमुच्यते । कल्पतरौ हि "सद्य एव शुद्धं ब्रह्मेति विषयीकुर्वाणा वृत्तिस्स्वस्वेतरोपाधिनिवृत्तिरुदयत"इत्युक्तेस्साक्षात्कारस्सद्य एव जायते ।

है तो वह साक्षात्कार (अपरोक्षज्ञान) कहा जाता है । (यह श्लोक वाराहोपनिषद् २/७१ से उद्धृत है)।१६।

व्याख्या – विद्या अर्थात् ज्ञान दो प्रकार का है – एक परोक्ष और दूसरा अपरोक्ष । "***अस्ति ब्रह्मेति चेद्वेद***" इत्यादि वेदवचनों से ब्रह्म के अस्तित्व का जो ज्ञान होता है, वह परोक्ष ज्ञान कहलाता है और "***तदात्मानमेवावेदहं ब्रह्मास्मीति तस्मात्तत्सर्वमभवत्***" (बृ.उ.) इत्यादि श्रुतिवचनों से अपनी प्रत्यगात्मा को ही ब्रह्मरूप जानना अर्थात् 'मैं ही ब्रह्म हूँ' इस प्रकार का ज्ञान ही साक्षात्कार है, इसी को अपरोक्ष ज्ञान कहते हैं ।

आत्मसाक्षात्कार के तत्त्वविवेचन रूप असाधारण साधन की प्रतिज्ञा करते हैं ।

अर्थ – जिस के द्वारा यह (मुमुक्षु) समस्त संसार से सद्य ही विमुक्त हो जाता है, उस साक्षात्कार की सिद्धि के लिए आत्मतत्त्व का विवेचन किया जा रहा है ।१७।

व्याख्या – पूर्वोक्त साक्षात्कार कैसे हो सकता है ? ऐसी शंका होने पर आत्मतत्त्व के विवेचन से ही साक्षात्कार संभव है, ऐसा सूचित करते हुए प्रतिज्ञा करते हैं । जिस के द्वारा यह मुमुक्षु पुरुष नामरूपात्मक सम्पूर्ण संसार से सद्य (तुरन्त) ही विमुक्त हो जाता है, उस साक्षात्कार की सिद्धि के लिये अब ग्रन्थ में उस आत्मतत्त्व का विवेचन प्रारम्भ किया जा रहा है । कल्पतरु में भी कहा है कि "***सद्य एव शुद्धं ब्रह्मेति विषयीकुर्वाणा वृतिः स्वस्वेतरोपाधिनिवृत्तिरुदयते***" अर्थात् – शुद्ध ब्रह्म को विषय करने वाली वृत्ति होते ही आत्मा से भिन्न समस्त उपाधियों की निवृत्ति तुरन्त ही उदित होती है । श्रोत्रिय-ब्रह्मनिष्ठ सद्गुरु के मुखारविन्द से समुपदिष्ट स्वशाखीय सुविचारित वेदान्त महावाक्यजन्य

श्रीसद्गुरुसमुपदिष्टस्वशाखीयविचारितवेदान्तमहावाक्यजन्यचरमचित्तवृत्तिसमकालत्त्वमेव सद्य इत्युच्यते। आत्मनः कालत्रयाबाध्यत्त्वस्वरूपबोधनेन विमुच्यते जीवन्मुक्तो भवतीति दिक् ।।

चिच्चातुर्विध्यनिरूपणम् -

कूटस्थो ब्रह्मजीवेशावित्येवं चिच्चतुर्विधा ।
घटाकाशमहाकाशौ जलाकाशाभ्रखे यथा ॥ १८ ॥

अन्वयः - कूटस्थः ब्रह्म जीवेशौ इति एवं चित् चतुर्विधा । यथा घटाकाशमहाकाशौ जलाकाशाभ्रखे।

व्याख्या :- महावाक्यमित्यस्मिन्वेदान्तशास्त्रे जीवेश्वरस्वरूपैक्यबोधकं वाक्यमुच्यते । सम्पूर्णस्यापि शास्त्रस्य तन्मात्रविषयकत्त्वं च प्रसिद्धम् । तस्य च महावाक्यार्थस्य जीवेश्वरवाचकपदयोर्जहद-जहत्स्वार्थयोरैक्यायोगात्तल्लक्ष्यौ वाच्यौ च पदार्थौ क्रमादुदाहरति । कूटस्थो जीवस्सम्प्रति कस्य महावाक्यस्यर्थो निरूप्यत इति चेद्ग्रन्थकर्तुस्स्वशाखीयमहावाक्यमेवेति वदामः । ग्रन्थकर्तुश्च शाखा तैत्तिरीयेति प्रसिद्धा । यतस्तेनैवान्यत्रोक्तम् "भारद्वाजः कुलं यस्य शाखा यस्य च याजुषी । सूत्रं बोधायनं यस्य सर्वज्ञस्स हि माधव" इचि । अत्र बोधायनशाखासाहचर्याद्याजुषीशाखेत्यनेन तैत्तिरीयशाखैव गृह्यत इति ग्राह्यम् । तस्यां च शाखायां श्रूयमाणं महावाक्यं तावत् "स यश्चायं पुरुषे। यश्चासावादित्ये । स एक" इति । तथा च प्रकृते इदमेव महावाक्यं विवेचनीयत्त्वेन स्वीक्रियते । स्वशाखीयमेव महावाक्यमनुसन्धेयमिति कोऽस्ति नियम इति चेत्सर्वज्ञात्मचरणवचस एव प्रमाणत्त्वात् । तच्च "स्वाध्यायधर्मपठितं निजवेदशाखा वेदान्तभूमिगतमादरपालितं च । संन्यासिना परदृशा गुरुणोपदिष्टं साक्षान्महावचनमेव विमुक्तिहेतु"रिति ।। कूटस्थो ब्रह्म जीव ईश इति चतुर्विधा चिद्भवतीति भावः।

चरमचित्तवृत्ति ही साक्षात्कार है । आत्मा के त्रैकालाबाध्य स्वरूप का बोध होते ही पुरुष विमुक्त (जीवन्मुक्त) हो जाता है ।

चार प्रकार के चैतन्य का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - जैसे (एक ही आकाश के) घटाकाश और महाकाश तथा जलाकाश और मेघाकाश इस तरह चार भेद हैं, उसी प्रकार चैतन्य भी कूटस्थ, ब्रह्म, जीव और ईश्वर इस तरह चार प्रकार का है ।१८।

व्याख्या - निर्विकार तथा देहद्वय का अधिष्ठान रूप चैतन्य कूटस्थ है । सर्वव्यापक सर्वाधिष्ठान चैतन्य ब्रह्म है तथा अविद्योपाधिक जीव और मायोपाधिक ईश्वर है । इस तरह एक ही चैतन्य चार प्रकार का है । एक ही चैतन्य चार प्रकार का कैसे हो सकता है ? क्या इसमें कोई दृष्टान्त भी है ? तो कहते हैं कि जैसे एक ही आकाश के घटाकाशादि चार भेद हैं, उसी प्रकार चैतन्य भी चार भागों में विभक्त हुआ जानना चाहिये ।

इस सम्पूर्ण शास्त्र का जीवब्रह्मैक्य बोध कराना ही लक्ष्य है । जीव और ईश्वर के स्वरूप की एकता का बोध कराने वाला वाक्य महावाक्य कहलाता है । उन महावाक्यों का अर्थ जहदजहल्लक्षणा का अंगीकार किये बिना संभव नहीं है क्योंकि परस्पर अत्यन्त विलक्षण जीव और ईश्वर की एकता कथमपि संभव प्रतीत नहीं होती है । इसीलिये उन महावाक्यों के जो वाच्यार्थ हैं तथा जो लक्ष्यार्थ हैं, उनका क्रम से स्पष्टीकरण प्रारम्भ करने के लिये उपक्रम करते हैं ।

कथमेकैवासङ्गस्वप्रकाशभूमा चिच्चतुर्विधा भवतीत्यत्र दृष्टान्तदर्शनपुरस्सरं विशदीकरोति । यथा घटाकाशो महाकाशो जलाकाशोऽभ्रखमित्यभ्रे प्रतिबिम्बिताकाश इत्येवमेकस्यैवाकाशस्य चातुर्विध्यं दृश्यते तद्वदित्यर्थः । अन्यत्र "जीव ईशो विशुद्धाचि"दिति त्रैविध्यमुक्तमत्र तु चातुर्विध्यमुच्यत इति विरोध इति चेन्न । विशुद्धस्यैव चितः कूटस्थ इति ब्रह्मेति च भेदेन व्यवहारदर्शनान्न विरोधः । तद्व्यवहारस्य कल्पितभेदमूलकत्त्वेऽपि ब्रह्मात्मैक्यज्ञानोपायतायै आश्रितत्त्वात्कल्पितं कूटस्थब्रह्मणोर्भेद-माश्रित्यैवात्र जिज्ञासूनां सुखबोधार्थं चातुर्विध्यस्याश्रितत्त्वादिति न कोऽपि दोषलेशः। पूर्वमत्रैव जीवेश्वरयोस्स्वरूपविवेचनावसरे "चिदानन्दमयब्रह्मप्रतिबिम्बसमन्विता । तमोरजस्सत्त्वगुणा प्रकृतिर्द्विविधा च सा । सत्त्वशुद्ध्यविशुद्धिभ्यां मायाविद्ये च ते मते । मायाबिम्बो वशीकृत्य तां स्यात्सर्वज्ञ ईश्वरः । अविद्यावशगस्त्वन्यस्तद्वैचित्र्यादनेकधे"त्यन्यथा वर्णितम् । तत्त्वविवेकोक्त एव चान्यत्रापि दृश्यते "रजस्तमोभ्यामभिभूतसत्त्वा भवेदविद्या न तथा तु माया । जीवेश्वरौ तत्प्रतिबिम्बरूपौ ब्रह्मात्मनश्शुद्धचितेः क्रमेणे"ति किञ्चैतत्प्रकरणारम्भेऽपि "यथा धौतो घट्टितश्च लाञ्छितो रञ्जितः पटः। चिदन्तर्यामी सूत्रात्मा विराडात्मा तथेर्यत" इत्युपक्रम्य "स्वतश्चिदन्तर्यामी तु मायावी सूक्ष्मसृष्टितः। सूत्रात्मा स्थूलसृष्ट्यैव विराडित्युच्यते पर" इत्युपसंहृतम् । साम्प्रतं "कूटस्थो ब्रह्मजीवेशावित्येवं चिच्चतुर्विधे"त्युच्यते । कथमत्र मिथो विरुद्धं प्रक्रियात्रयमेकस्यैवाचार्यस्यैकस्मिन्नेव ग्रन्थ इति चेच्छृणु । तत्त्वविवेके "चिदानन्दमये"त्यादिना जीवेश्वरस्वरूपमुपावर्णि तत्स्वसंमतमेव । रजस्तमोऽभि-भूतसत्त्वाख्यमूलाविद्यानामकप्रकृतिप्रतिबिम्बितं ब्रह्मचैतन्यं जीवो रजस्तमोऽनभिभूतसत्त्वाख्य-तद्भागप्रतिबिम्बितं ब्रह्मचैतन्यमीश्वर इत्येव ग्रन्थकृत्सम्मतं मतम् । अस्मिंस्तु प्रकरणे

इस प्रकार भेद रूप से व्यवहार देखा गया है । यद्यपि वह व्यवहार कल्पित भेदमूलक ही है तथापि सभी आचार्यों के द्वारा उसका आश्रय लेने के कारण कल्पित कूटस्थ और ब्रह्म के भेद का आश्रय लेकर चैतन्य का चातुर्विध्य कहा गया है । यह कल्पना जिज्ञासुओं को सुखपूर्वक बोध कराने के लिये ही है अतः यहाँ किसी भी प्रकार की विप्रतिपत्ति संभव नहीं है ।

शंका - सत्वशुद्ध्यविशुद्धिभ्यां मायाविद्ये च ते मते ।
मयाबिम्बो वशीकृत्य तां स्यान्सर्वज्ञ ईश्वरः।।
अविद्यावशगस्त्वन्यस्तद्वैचित्र्यादनेकधा" (पं.द. १/१६)

तत्त्वविवेक नामक प्रथम प्रकरण में तो जीव और ईश्वर का स्वरूप इस प्रकार प्रतिपादित किया । और इस चित्रदीप के आरम्भ में

यथा धौतो घट्टितश्च लांछितो रञ्जितः पटः।
चिदन्तर्यामी सूत्रात्मा विराडात्मा तथेर्यते ।। (पं.द. ६/२)

यहाँ से उपक्रम कर

स्वतश्चिदन्तर्यामी तु मायावी सूक्ष्मसृष्टितः।
सूत्रात्मा स्थूलसृष्ट्यैव विराडित्युच्यते परः।। (पं.द. ६/४)

ऐसा कहा गया ।

और अब पुनः यहाँ पर कूटस्थ, ब्रह्म आदि चैतन्य का चातुर्विध्य बता रहे हैं । ये सभी प्रक्रियाँ

वार्तिककृदभिमताभासवादेन सहैकमत्यध्वननार्थं तद्वादस्य चित्रपटघटाकाशादिदृष्टान्तैरुभयविधपद्धत्यैव जिज्ञासुबुद्धिसौकर्यायोपन्यासः कृतः । आभासवादश्चाज्ञानोपहित आत्माज्ञानतादात्म्यापन्नस्वचिदाभासा-विवेकादन्तर्यामी साक्षी कथ्यते जगत्कारणमिति । बुद्ध्युपहितश्च तत्तादात्मयापन्नस्वचिदाभास-विवेकाज्जीवः कर्ता भोक्ता प्रमातेति च । "जीवेशौ रचयति या स्वर्गावभासा"दित्यादिश्रुतिमूलको वार्तिककृदभिमत आभासवादः । आभासत्त्वं च बिम्बाधीनसत्ताकत्त्वे सत्येतत्समपरिभासमात्रत्त्वमिति । प्रसङ्गाद्बिम्बत्त्वोपाधित्त्वयोरपि लक्षणे सङ्गृह्येते "यदीयप्रमा स्वप्रयुक्तं भ्रमं न प्रबाधेत तद्बिम्बमारादुपाधेः। स्वधर्माद्यारोपकत्त्वं हि तत्त्वं मुखादौ तु तद् दृश्यते दर्पणादे"रित्यादिना । एवं च वार्तिककारमते जीवोपाधिर्बुद्धिरिति न विवादः । सैव शुद्धमलिनसत्त्वप्रधानात्मकमूलाविद्यापरनामक-मायाविद्याख्यप्रकृतिभागयुगभिन्न सत्त्वप्रधानतामस्याख्यतत्तृतीयभागपरिणताकाशादि-शब्दाद्यात्मकापञ्चीकृतसूक्ष्मपञ्चमहाभूतसत्त्वांशपञ्चकजन्येत्युच्यते । तथा चा"विद्यावशगस्त्वन्य" इति जीवस्वरूपं यदुक्तं तत्समष्ट्यव्याकृताभिधव्यष्टिसुषुप्तसंज्ञकविलयकालिकमेवेत्यवश्यं वक्तव्यम् । "सा कारण शरीरं स्या"दित्यादिना तथैव प्रतीयमानत्त्वात् । किञ्चोत्तरत्रापि "तमः प्रधानप्रकृतेस्तद्भोगायेश्वराज्ञया । वियत्पवनतेजोऽम्बुभुवो भूतानि जज्ञिर" इत्यादिपूर्वोक्तस्रष्टृक्रेश्च । तेनाव्याकृतदशायां त्रयाणामप्युक्तमूला-विद्याख्यप्रकृतिभागानामेकीभूतत्त्वेनैवस्थितेर्जीवस्य तज्जन्यत्त्वाच्च तदानीमपि सत्त्वावश्यकत्त्वात्सृष्टि-दशायामुक्तरीत्या बुद्धिरूपेण यत्परिणतं यत्सत्त्वं तदपि पूर्वोक्ततमःप्रधानप्रकृतिकार्यत्त्वेन सृष्टिदशापन्नत्त्वेन च रजस्तमोभ्यामभिभूतमेवेति निरुक्तव्यक्तदशापन्नबुद्धावपि तादृशाविद्यात्त्वं तस्यामप्यविद्यायाम-व्याकृतदशापन्नायां जीवानादित्त्वान्यथानुपपत्तिसिद्धसूक्ष्मतमसंस्कारात्मकबुद्धिरूपत्त्वमपि युक्तमेवेति

तो परस्पर विरुद्ध हैं । एक ही आचार्य के द्वारा इन तीन प्रकार की विरुद्ध प्रक्रिया दर्शाना क्या परस्पर विरुद्ध नहीं है ?

समाधान - तत्त्वविवेक नामक प्रथम प्रकरण में आचार्य श्रीविद्यारण्य जी ने जो जीव और ईश्वर के स्वरूप का वर्णन किया है, वह स्वसम्मत है । और प्रकृत प्रकरण में जो प्रक्रिया दर्शायी गयी है, वह वार्तिककार श्रीसुरेश्वराचार्य जी के आभासवाद के साथ मतैक्य दर्शाने के लिये है । चित्रपट और घटाकाशादि दृष्टान्तों से दोनों ही प्रक्रिया जिज्ञासुजनों को सरलता से ज्ञान कराने के लिये करुणापूर्वक ही दर्शायी गयी हैं ।

हरि, हर और चतुरानन (ब्रह्मा) के अवतार रूप वेदव्यास जी (हरि), शंकराचार्य जी (हर) और सुरेश्वराचार्य जी (ब्रह्मा) क्रम से सूत्र (ब्रह्मसूत्र), भाष्य और वार्तिक के रचयिता हैं । जैसे व्याकरण शास्त्र में (पाणिनि, कात्यायन, पतञ्जलि) तीन मुनियों के वाक्यों को प्रमाण माना जाता है, उसी प्रकार वेदान्त शास्त्र में हरिहरचतुरानन रूप व्यास जी, शंकराचार्य जी और सुरेश्वराचार्य जी के वचन परम प्रमाण हैं । शांकरभाष्य पर वार्तिक की रचना करने के कारण सुरेश्वराचार्य जी वार्तिककार के नाम से प्रसिद्ध हैं । "***यथोत्तरं मुनीनां प्रामाण्यम्*** " इस न्याय के अनुसार हरिहरचतुरानन रूप तीन आचार्यों में भी चतुरानन (ब्रह्मा) रूप सुरेश्वराचार्य जी का वचन सर्वाधिक प्रमाणभूत है । श्रीवार्तिककार ने आभासवाद

वार्तिकमततत्त्वविवेकयोरैकमत्यं सिद्धम्। एवं प्रतिबिम्बवादस्याप्युक्ताभासवादे पर्यवसानं तदुपाध्यंशमिथ्यात्त्वेन प्रतिबिम्बवादेऽप्याभासवादपर्यवसानमित्युपधेयजीवस्वरूपैक्यमपि मतयोरनयोर्युक्तमेव । अत्र तत्त्वविवेक ईश्वरोपाधिर्मायेति वार्तिकमते त्वविद्येति भेद आभाति यद्यपि तथापि "मायातमोरूपे"ति श्रुते"स्तरत्यविद्यां विततां हृदि यस्मिन्निवेशिते । योगीमाययामेयाय तस्मै ज्ञानात्मने नम" इति स्मृतेश्च मायायां ज्ञाननिरस्यत्त्वेनाविद्यात्वस्याविद्यायां चेश्वरोपाधित्त्वेन शुद्धसत्त्वप्रधानत्त्वेन मायात्वस्यापि पर्यवसानान्मतद्वयेऽपीश्वरोपाध्यैकरूप्येण तदुपहितस्य साक्षिण ईश्वरस्याप्यैक्यमेवेति न ग्रन्थे क्वचिदपि मिथो विरोधश्शङ्क्यः । एवं सर्वत्रापि जीवादिस्वरूप-प्रतिपादकवाक्यान्याभासपर्यवसितान्येव ।। चिच्छायापदप्रयोगस्वारस्यादिति ज्ञेयम् । तथा हि - कोशविवेके "चिच्छायावेशतशक्तिश्चेतनेनैव विभाति सा । तच्छक्त्युपाधिसंयोगाद्ब्रह्मैवेश्वरतां व्रजेत् । कोशोपाधिविवक्षायां याति ब्रह्मैव जीवताम् । पिता पितामहश्चैकः पुत्रपौत्रौ यथा प्रती"ति। एवं द्वैतविवेकेऽपि "चैतन्यं यदधिष्ठानं लिङ्गदेहश्च यः पुनः चिच्छाया लिङ्गदेहस्था तत्सङ्गो जीव उच्यते । माहेश्वरी तु या शक्तिस्तस्या निर्माणशक्तिवत् । विद्यते मोहशक्तिश्च तं जीवं मोहयत्यसा"वितिः। यच्चात्र चित्रपटघटाकाशादिदृष्टान्तैराभासवादविशदीकरणे मार्गद्वयमुपन्यस्तं तदप्यविरुद्धमेव । शुद्धब्रह्मस्थानीयो धौतपटो महाकाशश्च तुल्यः । परन्त्वीश्वरस्थानीयो घट्टितपटो जलाकाशश्च कथं तौल्यमर्हत इत्यत्र समाधास्यत्यग्रे - "तमः प्रधानः क्षेत्राणां चित्प्रधानश्चिदात्मना"मित्यादिना "तद्ब्रह्मेशयोरैक्यं पश्यन्त्यापातदर्शिन" इत्यन्तग्रन्थेन । तथेश्वरदृष्टान्तस्पष्टीकारवज्जीवजगद्दृष्टान्त-स्पष्टीकरणमपि "सर्वतो लाञ्छितो मष्या यथा स्याद्घट्टितः पटः" इत्युपक्रम्य "सस्यं वा फलितं यद्वत्तथा स्पष्टवपुर्विरा"डित्यन्तेन । अनेन समष्टिलिङ्गशरीराभिमानिसूत्रात्माध्यासोऽपि सूचितः । तथा

को स्वीकार किया है । श्रीमधुसूदन सरस्वती जी ने सिद्धान्तबिन्दु में इसी बात का समर्थन किया है । प्रकृत ग्रन्थकार को भी आभासवाद ही अभीष्ट है । पञ्चकोश विवेक में -

चिच्छायावेशतः शक्तिश्चेतनेव विभाति सा ।
तच्छक्त्युपाधिसंयोगाद् ब्रह्मैवैश्वरतां व्रजेत् ।।
कोशोपाधिविवक्षायां याति ब्रह्मैव जीवताम् ।
पिता पितामहश्चैकः पुत्रपौत्रौ यथा प्रति ।।

और द्वैतविवेक में -

चैतन्यं यदधिष्ठानं लिङ्गदेहश्च यः पुनः।
चिच्छाया लिङ्गदेहस्था तत्सङ्गो जीव उच्यते ।।
माहेश्वरी तु या शक्तिस्तस्या निर्माणशक्तिवत् ।
विद्यते मोहशक्तिश्च तं जीवं मोहयत्यसौ ।।

इस प्रकार जीवादि के स्वरूप का प्रतिपादन करने वाले वाक्य तात्पर्य रूप से आभासवाद में ही पर्यवसित हैं । प्रकृत प्रकरण में चित्रपट और घटाकाशादि दृष्टान्तों के द्वारा ग्रन्थकार आभासवाद को ही विशद कर रहे हैं ।

च "पटाभाससमोऽसुभृ"दिति । एवं व्यष्टि जीवाध्यासो जगदाध्यास इति सर्वोऽपि च सूचितः। "जलव्योम्ना घटाकाशो यथा सर्वस्तिरोहितः। तथा जीवेन कूटस्थस्सोऽन्यान्याध्यास उच्यते" इति । एवञ्च कूटस्थस्साक्षित्त्वोपलक्षितश्चिदात्मा शोधितस्त्वंपदार्थस्तच्चिदाभासस्तत्र मूलाविद्याकल्पितबुद्धौ तत्प्रतिबिम्ब एव जीवस्त्वंपदवाच्यार्थस्सर्वथा मिथ्यैव । कूटस्थे दृष्टान्तीकृतो घटाकाशः पटाभासावच्छिन्नश्शुद्धपटश्च । जीवे त्वसौ घटाकाशपूरितजलप्रतिबिम्बितमहाकाश एव तथा पटाभासश्च। तद्वद्ब्रह्म तु शुद्धाद्वैतचिन्मात्रमेव शोधितस्तत्पदार्थः । तत्र दृष्टान्तो महाकाशो धौतपटश्च । ईश्वरस्तु तदारोपितमूलाविद्यायां प्रतिबिम्बितश्चिदाभास एव सर्वथापि मिथ्यैव तत्पदवाच्यार्थः । तत्र दृष्टान्तो मेघावच्छिन्नजले प्रतिबिम्बितो महाकाशो घट्टितपटश्च । सूत्रात्मा समष्टिजीवो विराट् च जगत्स्थूलादि तत्र दृष्टान्तो लाञ्छितो रञ्जितश्च पट एव । यश्चोरस्स स्थाणुरित्यादौ चोरो नास्त्येव स्थाणुरेवास्तीतिवद्बाधायां जीवादेस्सत्यामेव ब्रह्मसामानाधिकरण्यम् । आनन्दमयकोश एव मायाद्यभिध ईश्वरोपाधिः । अवच्छिन्नप्रतिबिम्बवादयोरत्रैवान्तर्भावश्चेति शम् ।।

जलाकाशविवरणम् -

घटावच्छिन्नखे नीरं यत्तत्र प्रतिबिम्बितः ।
साभ्रनक्षत्र आकाशो जलाकाश उदीर्यते ।। १९ ।।

अन्वयः - घटावच्छिन्नखे यत् नीरं तत्र प्रतिबिम्बितः साभ्रनक्षत्रः आकाशः जलाकाशः(इति) उदीर्यते ।।

व्याख्या :- घटावच्छिन्नस्य घटाकाशस्यानवच्छिन्नस्य महाकाशस्य च प्रसिद्धतरत्त्वान्न विव्रियेते। जीवेश्वरदृष्टान्तीकृतौ जलाकाशमेघाकाशौ क्रमेण व्युत्पादयति । घटान्तर्वर्तिनो महाकाशस्य

श्लोक में चैतन्य चार प्रकार का बताया गया - कूटस्थ, ब्रह्म, जीव, और ईश्वर । यहाँ साक्षित्वोपलिक्षत चिदात्मा शोधित त्वं पदार्थ (कूटस्थ) है । मूलाविद्या के कारण कल्पित बुद्धि में प्रतिबिम्बित चिदाभास जीव है । जो त्वं पद का वाच्यार्थ है और सर्वथा मिथ्या ही है । निर्विकार शुद्धचैतन्य ब्रह्म शोधित तत् पदार्थ है । और मायोपाधि युक्त चैतन्य ईश्वर है जो तत्पद का वाच्यार्थ है । श्लोक में जहाँ घटाकाशादि का दृष्टान्त दिया गया है, वहाँ इस प्रकार योजना करनी चाहिये - कूटस्थ घटाकाश के समान है । ब्रह्म महाकाश के समान है और जलाकाश जीव तथा मेघाकाश ईश्वर के समान है । ग्रन्थकार इस विषय को आगे स्वयं स्पष्ट करेंगे ।

जलाकाश का विवरण करते हैं ।

अर्थ - घटावच्छिन्न आकाश में जो जल है, उसमें प्रतिबिम्बित मेघ और नक्षत्र से युक्त आकाश जलाकाश कहा गया है ।१९।

व्याख्या - घटाकाश और महाकाश अत्यन्त प्रसिद्ध होने के कारण उनका विवरण न करते हुए जलाकाश का विवरण करते हैं । जो अपरिच्छिन्न (निःसीम) सर्वव्यापक आकाश है, उसे महाकाश कहते हैं । वही आकाश जब घट रूप उपाधि से युक्त हो जाता है तब उसका घटाकाश ऐसा नाम हो जाता है । लोक में इसी नाम से उसका व्यवहार होता है । "***येनावच्छिद्यते सोऽवच्छेदकः***" जिसके द्वारा

घटोपाधिवशाद्घटाकाश इति व्यवहारः । येनावच्छिद्यते सोऽवच्छेदकः । योऽवच्छिद्यते सोऽवच्छिन्न इति शास्त्रपरिभाषा । घटावच्छिन्नखे घटेन परिमित इव प्रतीयमाने घटावच्छिन्नाकाशे यन्नीरमुदकं वर्तते तत्र जले प्रतिबिम्बितस्साभ्रनक्षत्रो मेघनक्षत्रसहित आकाशो जलाकाश इत्युदीर्यते कथ्यते ।

मेघाकाशनिरूपणम् -

महाकाशस्य मध्ये यन्मेघमण्डलमीक्ष्यते ।
प्रतिबिम्बतया तत्र मेघाकाशो जले स्थितः ॥ २० ॥

अन्वयः - महाकाशस्य मध्ये यत् मेघमण्डलं ईक्ष्यते तत्र जले प्रतिबिम्बतया स्थितः मेघाकाशः।

व्याख्या :- महाकाशस्य निरवच्छिन्नाकाशस्य मध्येऽन्तो मेधमण्डलं वारिवाहानां समुदायो यदीक्ष्यते तत्र जले मेघमण्डलस्थजले प्रतिबिम्बित आकाशो मेघाकाश इत्युदीर्यते ।।

मेघाकाशसद्भावेऽनुमानप्रमाणनिरूपणम् -

मेघांशरूपमुदकं तुषाराकारसंस्थितम् ।
तत्र स्वप्रतिबिम्बोऽयं नीरत्त्वादनुमीयते ॥ २१ ॥

अन्वयः - तुषाराकारसंस्थितं मेघांशरूपम् उदकं तत्र अयं स्वप्रतिबिम्बः नीरत्त्वात् अनुमीयते ।

व्याख्या :- मेघस्थजलस्य प्रत्यक्षेणानुपलम्भेऽपि वृष्टिरूपकार्येण मेघे वृष्ट्युपादानमुदकमस्तीत्य-नुमीयते मेघांशरूपं मेघे सूक्ष्मावयवरूपमुदकं तुषाराकारसंस्थितं सूक्ष्मावयवरूपेण संस्थितमुदकत्त्वेनैव

अवच्छेद होता है, वह अवच्छेदक कहा जाता है और "***योऽवच्छिद्यते सोऽवच्छिन्नः***" जो भेदित होता है, वह अवच्छिन्न कहलाता है । घटाकाश के दृष्टान्त में घट अवच्छेदक है और घट में स्थित आकाश घटावच्छिन्न है । घटावच्छिन्न आकाश में जो जल है, अर्थात् घट के कारण सीमित-से प्रतीत होने वाले घटाकाश में जो जल है, उस जल में प्रतिबिम्बित अभ्र (मेघ) और नक्षत्र से युक्त जो आकाश प्रतीत होता है, उसे जलाकाश कहा गया है ।

अब मेघाकाश का स्वरूप स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - महाकाश के मध्य जो मेघमण्डल देखने में आता है, उसके जल में प्रतिबिम्बतया स्थित आकाश मेघाकाश कहा जाता है ।२०।

व्याख्या - सर्वव्यापक घटावच्छिन्न से रहित महाकाश में जो मेघमण्डल (मेघों का समूह) देखने में आता है । उस मेघमण्डल के जल में प्रतिबिम्ब रूप से स्थित जो आकाश है, उसे मेघाकाश कहा जाता है ।

अनुमान प्रमाण से मेघाकाश को सिद्ध करते हैं ।

अर्थ - (मेघ में) मेघांश रूप जल तुषाराकार से स्थित है । उसमें यह आकाश का प्रतिबिम्ब नीरत्व रूप हेतु से अनुमान द्वारा जाना जाता है ।२१।

व्याख्या - मेघ में स्थित जल यद्यपि प्रत्यक्ष रूप से ज्ञात नहीं होता है तथापि वर्षा रूप कार्य से मेघ (बादल) में वर्षा का उपादान कारण सूक्ष्म अवयव रूप जल अवश्य है, ऐसा अनुमान किया जाता है । और जलत्व रूप हेतु से वह उस सूक्ष्म जल में आकाश का प्रतिबिम्ब भी है, ऐसा अनुमान

लिङ्गेन प्रतिबिम्बितत्त्वमपि ज्ञायते । तत्र तुषारे नीरत्त्वादयं खप्रतिबिम्बो घटगतजलदृष्टान्तेनामुमीयते । प्रत्यक्षतोऽदृश्यमानत्त्वादभ्यूह्यते । तत्र प्रयोगस्त्वित्थं विवादाध्यासितं नीरमाकाशप्रतिबिम्बवन्नीरत्त्वादिति व्याप्तेर्जलाकाशान्तर्भावेण दृष्टत्त्वादिति दिक् ।।

अधिष्ठानतया देहद्वयावच्छिन्नचेतनः ।
कूटवन्निर्विकारेण स्थितः कूटस्थ उच्यते ।। २२ ।।

अन्वयः - अधिष्ठानतया देहद्वयावच्छिन्नचेतनः कूटवत् निर्विकारेण स्थितः कूटस्थः उच्यते ।।

व्याख्या :- कूटस्थशब्दार्थो न लोके प्रचुरप्रसिद्ध इत्यत्र व्युत्पाद्यते । पञ्चीकृतापञ्चीकृतभूतकार्यत्त्वेन देहद्वयावच्छिन्नचेतनस्स्थूलसूक्ष्मरूपदेहेनावच्छिन्नो यश्चेतनस्सोऽधिष्ठानतया देहद्वयस्याविद्याकल्पितस्या-धारतया वर्तमानत्त्वेन ताभ्यामवच्छिन्न आत्मा कूटव''दायोधने शैलशृङ्गे सीराङ्गे कूटमस्त्रिया''मिति कोशात्कर्मागारे स्थापितो यस्मिन्कनकादिताड्यवस्तु निक्षिप्यायोधनेन शतसहस्रवारं कृतेऽपि ताडने यो निर्विकारलोहघन स उद्धन एव कूटस्तद्वत्तिष्ठतीति कूटस्थ इत्युच्यते ।।

बन सकता है। इसलिये मेघ के अंश रूप जल में आकाश का प्रतिबिम्ब अवश्य ही है, ऐसा ज्ञात होता है । इसलिये कहा कि मेघ में मेघ का अंश रूप जल तुषाराकार से स्थित है अर्थात् जल के सूक्ष्म अवयव रूप बाष्पाकार से स्थित है । उस तुषार में नीरत्व (जलत्व) रूप हेतु से यह आकाश का प्रतिबिम्ब घटगत जल के समान अनुमान द्वारा जाना जाता है । भाव यह है कि मेघाकाश प्रत्यक्ष रूप से दृष्यमान न होने पर भी अनुमान प्रमाण से सिद्ध होता है ।

अब कूटस्थ का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - अधिष्ठान रूप से देहद्वय (स्थूल और सूक्ष्म) से अवच्छिन्न चैतन्य कूट के समान निर्विकार रूप से स्थित होने से कूटस्थ कहा जाता है ।२२।

व्याख्या - इस प्रकार दृष्टान्त रूप आकाश के चार भेद बताकर दार्ष्टान्तिक में सर्वप्रथम उपदिष्ट कूटस्थ शब्द लोक में अधिक प्रसिद्ध न होने के कारण उसका व्युत्पादन करते हैं और उत्तरार्ध से उस अधिष्ठान चैतन्य में कूटस्थ शब्द की प्रवृत्ति का निमित्त बताते हैं ।

पंचीकृत पंच महाभूतों के कार्य जो स्थूलदेह हैं और अपंचीकृत पंचमहाभूतों के कार्य जो सूक्ष्म शरीर हैं, उन दो प्रकार के शरीरों के अधिष्ठान रूप से स्थित होने के कारण आत्मा देहद्वय से अवच्छिन्न चैतन्य कहलाता है । उन दोनों देह के भीतर आया हुआ चैतन्य कूट के समान निर्विकार रूप से स्थित होने के कारण कूटस्थ कहा जाता है । लोहार जिस वस्तु में अपने लोहमय औजार आदि को स्थापित कर ऊपर से उन पर आघात करता है, उसको कूट (निहाई) कहते हैं । उस कूट में अनेकों लोहमय पदार्थ कूट-कूट कर सुन्दर बनाये जाते हैं । सभी पदार्थ आते-जाते रहते हैं और कूट के द्वारा परिवर्तित होते रहते हैं किन्तु लोहार का वह कूट सर्वथा निर्विकार ही बना रहता है, उसमें कोई परिवर्तन नहीं आता । उसी प्रकार आत्मा भी कूटस्थ है । जिसमें स्थूल, सूक्ष्म आदि सभी पदार्थ आते-जाते रहते हैं पर आत्मा कूट के समान निर्विकार ही रहता है, इसलिए आत्मा को कूटस्थ कहा जाता है । अथवा कूट अविद्या और चिदाभास को भी कहते हैं, जो कि मिथ्या है । उनके अधिष्ठान रूप से स्थित जो असंग चैतन्य है, उसको कूटस्थ कहते हैं ।

स्वाभिमतजीवशब्दार्थनिरूपणम् –

कूटस्थे कल्पिता बुद्धिस्तत्र चित्प्रतिबिम्बकः ।
प्राणानान्धारणाज्जीवस्संसारेण स युज्यते ॥ २३ ॥

अन्वयः – कूटस्थे कल्पिता बुद्धिः तत्र चित्प्रतिबिम्बकः । प्राणानां धारणात् जीवः सः संसारेण युज्यते ।।

व्याख्या :– कूटस्थे कल्पितबुद्धिप्रतिबिम्बकत्त्वेन जीवस्य तत्पक्षपातित्त्वात्तं जीवमवसरप्राप्तं व्युत्पादयति कूटस्थे बुद्धिर्मायया कल्पिता तत्र बुद्धौ घटगतजले प्रतिबिम्बिताकाश इव चित्प्रतिबिम्ब–कश्चितः कुत्सितस्सर्वथा मिथ्याभूतः प्रतिबिम्बश्चिदाभासः इत्यर्थः । तस्य जीवशब्दाभिधेयत्वे निमित्तं तु प्राणानां धारणाज्जीवः । जीव–प्राणधारण इति धातोः प्राणधारणरूप जीवशब्दप्रवृत्तिनिमित्तक्रिया–संबन्धाज्जीवस्तत्संज्ञिको भवति । निर्विकारिणः कूटस्थस्य संसारयात्राया असम्भवेन तन्निर्वाहाय जीवः कश्चनाङ्गीक्रियते । स जीवस्संसारेण युज्यत इति संसारी तद्धर्मयुक्त इव भवति । कूटस्थस्य निष्क्रियत्त्वेन स न संसारी तदतिरिक्तस्तत्प्रतिबिम्बो जीवस्तु संसारीति शम् ।।

अब स्वाभिमत जीव शब्द का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – कूटस्थ में कल्पित जो बुद्धि है, उसमें चैतन्य का प्रतिबिम्ब पड़ता है । (यही प्रतिबिम्ब) प्राणों को धारण करने के कारण जीव कहलाता है और वह संसार से युक्त होता है ।।२३।।

व्याख्या – कूटस्थ में माया के द्वारा बुद्धि की कल्पना होती है । उस बुद्धि में घटगत जल में प्रतिबिम्बित आकाश की तरह चैतन्य का प्रतिबिम्ब पड़ता है । यही चैतन्य का प्रतिबिम्ब (चिदाभास) प्राणों को धारण करने के कारण जीव कहलाता है अर्थात् प्राणधारण रूप जीवशब्द की प्रवृत्ति की निमित्तभूत क्रिया के सम्बन्ध से जीव संज्ञक होता है । "***जीव प्राणधारणे***" इस धातु से प्राणधारण के अर्थ में ही जीव शब्द की निष्पत्ति होती है ।

शंका – यह प्राणधारण रूप क्रिया कूटस्थ की ही क्यों नहीं मान लेते, वृथा चिदाभास की कल्पना से तो गौरव दोष प्राप्त होगा ।

समाधान – आपका कथन ठीक नहीं है, क्योंकि "***संसारेण स युज्यते***" वह जीव संसार से युक्त होता है अर्थात् जीव ही संसारी होता है, कूटस्थ चैतन्य नहीं । अतः प्राणधारण रूप क्रिया कूटस्थ नहीं अपितु जीव की ही है ।

भाव यह है कि कूटस्थ निष्क्रिय होने के कारण उसके द्वारा प्राणधारण संभव नहीं है और असंग होने के कारण कूटस्थ संसार से सम्बन्ध का भी अभाव है अर्थात् वह संसारी नहीं है, अतः उसके अतिरिक्त उसका प्रतिबिम्ब रूप जीव ही संसारी है ।

अन्योऽन्याध्यासनिरूपणम् -

जलव्योम्ना घटाकाशो यथा सर्वस्तिरोहितः ।
तथा जीवेन कूटस्थस्सोऽन्योन्याध्यास उच्यते ॥ २४ ॥

अन्वयः - यथा जलव्योम्ना घटाकाशः सर्वः तिरोहितः तथा जीवेन कूटस्थः (तिरोहितः) सः अन्योऽन्याध्यासः उच्यते ।।

व्याख्या :- जीवातिरिक्तः कूटस्थो यदि स्यादुपलभ्येतेति चेदनुपलम्भे तिरोहितत्त्वमेव कारणं नासत्त्वमित्याह । जलव्योम्ना "घटावच्छिन्नखे नीरं यत्तत्र प्रतिबिम्बितः । साभ्रनक्षत्र आकाशो जलाकाश उदीर्यते" इति लक्षितेन नीराकाशेन सर्वोऽपि घटाकाशो यथा तिरोहित आच्छादितस्तथा जीवेन कूटस्थोऽपि तिरोहित इति न पृथक्सर्वैरनुभूयते । न हि शास्त्रेषु क्वापि कूटस्थतिरोधानमुपवर्णितमिति मन्तव्यम् । अन्योऽन्याध्यासशब्देन तस्यैव वर्णनात् । अतो यदत्र प्रतिपादितं तिरोधानं स एव भाष्यादिष्वन्योऽन्याध्यास इत्युच्यते । अन्योऽन्यतादात्म्याध्यासस्तथा तद्धर्माध्यासोऽप्यत्र विवक्षितः। अस्मत्प्रत्ययगोचरस्य विषयस्य तद्धर्माणां चारोपणं प्रकृतेऽध्यास इति भावः ।।

मूलाविद्यानिरूपणम् -

अयं जीवो न कूटस्थं विविनक्ति कदाचन ।
अनादिरविवेकोऽयं मूलाविद्येति गम्यताम् ॥ २५ ॥

अन्वयः - अयं जीवः कदाचन कूटस्थं न विविनक्ति अयम् अनादिः अविवेकः मूलाविद्या इति गम्यताम् ।।

अन्योन्याध्यास का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - जैसे जलाकाश के द्वारा सम्पूर्ण घटाकाश तिरोहित हो जाता है, उसी प्रकार जीव के द्वारा कूटस्थ तिरोहित हो जाता है । वह अन्योन्याध्यास कहलाता है ।२४।

व्याख्या - जीव से अतिरिक्त यदि कोई कूटस्थ है तो वह प्रतीत क्यों नहीं होता ? इस शंका का उत्तर दृष्टान्तपूर्वक देते हैं कि जीव के द्वारा तिरोहित होने के कारण कूटस्थ का भान नहीं होता है - जैसे जलाकाश के द्वारा सम्पूर्ण घटाकाश तिरोहित (आच्छादित) हो जाता है । इसी को शास्त्रों में अन्योन्याध्याय कहा गया है । प्रकृत में जीव के द्वारा कूटस्थ का तिरोधान व्यवहार में अनुभूयमान तिरोधान के सदृश नहीं है किन्तु भिन्न ही है । उस तिरोधान को शांकर भाष्यादि ग्रन्थों में अन्योन्याध्यास कहा गया है । अन्य पदार्थ के धर्मों का अन्य पदार्थ के धर्मों में जो तादात्म्याध्यास है, वही यहाँ पर अन्योन्याध्यास रूप से विवक्षित है । तात्पर्य यह है कि अस्मत्प्रत्ययगोचर विषय का और उसके धर्मों का आरोपण ही प्रकृत में अध्यास शब्दवाच्य है।

मूलाविद्या का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - यह जीव कूटस्थ को कभी भी पृथक् रूप से नहीं जानता है । यह अनादि अविवेक ही मूलाविद्या है, ऐसा जानना चाहिये ।२५।

व्याख्या - पूर्वोक्त अन्योन्याध्यास का कारण क्या है ? ऐसी आकांक्षा होने पर कहते हैं कि

व्याख्या :- जीवकूटस्थयोस्संसारदशायां भेदाप्रतीतिरेवाज्ञानमित्याह । अयमेवमन्योऽन्याध्यासेन मिथ्याज्ञानविशिष्टो जीवः कदाचन न कदापि कूटस्थं न विविनक्ति स्वस्माद्भेदेन न जानाति । मूलाविद्यै-वायमनादिरविवेक इति गम्यतां विज्ञायतामित्यनेन साङ्ख्यादयः प्रत्याख्याता वेदितव्या इति दिक् ।।

अविद्यायाद्वैविध्यनिरूपणम्, आवरणनिरूपणम् -

विक्षेपावृत्तिरूपाभ्यां द्विधाऽविद्या व्यवस्थिता ।
न भाति नास्ति कूटस्थ इत्यापादनमावृतिः ।। २६ ।।

अन्वयः - विक्षेपावृतिरूपाभ्यां द्विधा अविद्या व्यवस्थिता कूटस्थः "न भाति" "न अस्ति" इति आपादनम् आवृतिः ।

व्याख्या :- अन्योऽन्याध्यासस्सर्वत्राधिष्ठानीय आरोपे संसर्गस्तस्य च तत्र तादात्म्यमिति प्रसिद्धौ सत्यां कथं साविद्येत्युच्यते इत्यत्राह विक्षेपावृतिरूपाभ्यां विक्षेपो विक्षेपशक्तिर्यया आवरणशक्तिमताज्ञानेन कस्मिंश्चिद्वस्तुनि तिरोहित आकाशादिसर्वा सृष्टिः कल्प्यते सैव । अस्या विक्षेपशक्तेर्हेतुरावरणम् । तथा चोक्ताध्यासो विक्षेपात्मिकैवेति भावः । आवृतिरावरणशक्तिर्यया वर्तमानस्य वस्तुनस्स्वरूपेण भानं प्रतिबद्ध्यते सेत्येताभ्यां मूलाविद्या द्विधा व्यवस्थिता । आवरणं प्रदर्शयति कूटस्थो न भाति न प्रकाशते नास्ति चेति व्यवहारकारणमावृतिरिति व्यपदिश्यते । विशेषतो विक्षेपावृती "अमार्गेण विचार्याथ नास्ति नो भाति चेत्यसौ । विपरीतव्यवहृतिरावृतेः कार्यमिष्यते ।। देहद्वयचिदाभासरूपो विक्षेप ईरितः । कर्तृत्त्वाद्यखिल-श्शोकस्संसाराख्योऽस्य बन्धकः" । इति विवरिष्येते ग्रन्थकृतैवेति शम् ।।

मूलाविद्या (मूल अज्ञान) ही अन्योन्याध्यास का बीज है। यही अन्योन्याध्यास से युक्त मिथ्याज्ञानविशिष्ट जीव कभी भी कूटस्थ को पृथक् रूप से अर्थात् स्वयं से भिन्न रूप से नहीं जानता है । यह अनादि अविवेक ही मूलाविद्या है, ऐसा जानना चाहिये ।

अविद्या का द्वैविध्य और आवरण शक्ति का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - विक्षेप और आवृत्ति रूप से अविद्या दो प्रकार से व्यवस्थित है । कूटस्थ भासित नहीं होता है और (कूटस्थ) नहीं है, इस प्रकार का अपादान आवृति है ।२६।

व्याख्या - अविद्या भी दो प्रकार की है - एक विक्षेप रूपा दूसरी आवृति (आवरण) रूपा । जिस आवरणशक्ति युक्त अज्ञान के द्वारा वस्तु के तिरोहित हो जाने पर आकाशादि की कल्पना होती है, वह विक्षेपशक्ति है। और जिसके द्वारा विद्यमान वस्तु का स्वरूप से भान प्रतिबद्ध हो जाता है, वह आवरण शक्ति है । इस प्रकार अविद्या दो रूप से व्यवस्थित (स्थित) है । पूर्वार्ध से विक्षेप और आवृतिरूप द्वैविध्य को प्रदर्शित कर उत्तरार्ध से आवृति के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि "**कूटस्थः न भाति**" कूटस्थ है ही नहीं, इस प्रकार का अपादान अर्थात् व्यवहार का कारण आवृति कहलाती है । विक्षेप और आवृति का विवरण ग्रन्थकार स्वयं सप्तम तृप्तिदीप के श्लोक ३६/३७ में करेंगे।

अज्ञानावरणयोरस्तित्त्वे प्रमाणतयानुभवप्रदर्शनम् -

अज्ञानी विदुषा पृष्टः कूटस्थं न प्रबुध्यते ।
न भाति नास्ति कूटस्थ इति बुद्ध्वा वदत्यपि ॥ २७ ॥

अन्वयः - विदुषा पृष्टः अज्ञानी "कूटस्थं (कूटस्थः) (मया) न प्रबुध्यते । कूटस्थः न भाति न अस्ति इति बुद्ध्वा वदति अपि ।

व्याख्या :- लोकानुभवसिद्धये एवाज्ञानावरणे इति दर्शयति विदुषा ज्ञानिना पृष्टो रे यज्ञदत्त किं त्वं कूटस्थं जानासीत्येवमज्ञानी न मया प्रबुद्ध्यते नैवाहं कूटस्थं जानामीत्येव प्रतिवदतीत्येवमज्ञानमनुभूय यद्वक्ति सोऽयमविद्यानुभवः । एवं च वाक्यप्रयोगस्य वाक्यार्थज्ञानपूर्वकत्त्वेन प्रकृते वाक्यार्थस्याज्ञानरूपत्त्वेन तदज्ञानानुभवो वक्तरि सिद्ध इति ज्ञायते। अज्ञानिनस्तत्कृतावरणानुभवं विशदयति स्वयं साक्षितयाज्ञानानुभवरूपेण भासमानं कूटस्थं सम्यग्विज्ञायापि न भाति कूटस्थो नास्ति चेति स्वप्रकाशत्त्वेन सामान्यतो बुद्ध्वापि कूटस्थ इति च वदति एवं कूटस्थस्याभावाभाने यत्समनुभूय वदति सोऽयमावरणानुभवः । तस्मादुभयत्राप्य-नुभवः प्रमाणमित्यर्थः । वचनमिदमज्ञानावरणमन्तरा न घटत इत्यावृतेरनुभवः प्रदर्शित इति शम् ।।

स्वप्रकाशाज्ञानयोस्सहावस्थानप्रदर्शनम् -

स्वप्रकाशे कुतोऽविद्या तां विना कथमावृतिः ।
इत्यादितर्कजालानि स्वनुभूतिर्ग्रसत्यसौ ॥ २८ ॥

अन्वयः - स्वप्रकाशे अविद्या कुतः । तां विना आवृतिः कथम् ? इत्यादितर्कजालानि असौ

अज्ञान और आवरण की लोकानुभवसिद्धता को दर्शाते हैं ।

अर्थ - विद्वान् ने अज्ञानी से पूछा - क्या तुम कूटस्थ को जानते हो ? अज्ञानी बोला - मैं कूटस्थ को नहीं जानता हूँ । कूटस्थ भासित नहीं होता है और (कूटस्थ) नहीं है, इस प्रकार जानकर बोलता भी है ।२७।

व्याख्या - "***अज्ञानी विदुषा पृष्टः***" विद्वान् के द्वारा अज्ञानी को पूछा गया अर्थात् ज्ञानी पुरुष ने अज्ञानी पुरुष से पूछा कि रे यज्ञदत्त! क्या तुम कूटस्थ को जानते हो ? ऐसा पूछने पर वह अज्ञानी पुरुष कहता है कि मैं कूटस्थ को नहीं जानता हूँ । भाव यह है कि वाक्यार्थ का अर्थ अज्ञान रूप होने से तादृश अज्ञान का अनुभव बोलने वाले में सिद्ध ही है । अज्ञानी का तत्कृत आवरणानुभव दिखाते हैं कि स्वयं में ही साक्षीतया अर्थात् अज्ञानानुभव रूप से भासित कूटस्थ को जानकर भी कूटस्थ भासित नहीं होता है और कूटस्थ है भी नहीं, इस प्रकार कहता है । ऐसा प्रतिवचन आवरण के बिना संभव न होने से आवरणानुभव भी सिद्ध होता है ।

तात्पर्य यह है कि "कूटस्थ को मैं नहीं जानता हूँ" यह तो अज्ञान का अनुभव है और "कूटस्थ भासता नहीं है और है भी नहीं" यह आवरण का अनुभव है । इस प्रकार अज्ञान और आवरण दोनों लोकानुभव सिद्ध हैं । इसलिये दोनों में अनुभव ही प्रमाण है ।

पूर्वोक्त कथन आपके सिद्धान्त के विरुद्ध है, ऐसी शंका कर उत्तरार्ध से समाधान करते हैं।

अर्थ - स्वयंप्रकाश (कूटस्थ) में अविद्या कहाँ से ? और उसके (अविद्या के) बिना आवृति कैसे

स्वानुभूतिः ग्रसति ।

व्याख्या :- वेदान्तिनां मत आत्मनस्स्वप्रकाशत्त्वाभ्युपगमेन तस्मिन्नात्मन्यविद्या नोपपन्ना । ज्ञानाज्ञानयोस्तेजस्तिमिरयोरिव विरुद्धस्वभावत्त्वात्सहावस्थानानुपपत्तेः । यद्यात्मन्यविद्या न स्यात्तदा तत्कृतावरणनिरूपणं दुश्शकं स्यात् । आवृत्त्यभावे च विक्षेपाभावोऽपि वक्तव्यः । यदि विक्षेपो न स्यात्तदा ज्ञाननिर्वत्यत्त्वं कस्योच्यते ? यदि किञ्चिन्निवर्त्यं न भवेत्तदा ज्ञानवैयर्थ्यप्रसङ्गः । तथा च ज्ञानप्रतिपादकशास्त्रस्याप्यप्रामाण्यं प्रसज्येतेत्यनर्थपरम्परा महती स्यादित्यस्य सर्वस्याप्यनुभवं प्रमाणीकृत्य विषयशोधः कर्तव्य इत्याह - स्वप्रकाशे कूटस्थेऽविद्याज्ञानं कुतस्सम्भवति नैव संभवतीत्यर्थः। तामविद्यां विनावृतिरावरणं कथं संभवति । इत्यादितर्कजालानि कुतर्कविस्तराणि त्यजत "दुस्तर्कात्सुविरम्यतां श्रुतिमतस्तर्कोऽनु सन्धीयताम् । ब्रह्मास्मीति विभाव्यतामहरहर्गर्वः परित्यज्यताम्। श्रुतिशिरः-पक्षस्समाश्रीयता"मित्याद्याचार्योक्तेः । आदिशब्देन आवरणविक्षेपज्ञानशास्त्राणां ग्रहणम् । तेन परम्परया सर्वेषामप्रामाण्यमिति स्यात् । सर्वानेतान्दोषान्स्वानुभवोऽसौ प्रागुदाहृतो ग्रसति बाधते। अत एव भाष्यकारा "अहमिदं ममेदमिति नैसर्गिकोऽयं लोकव्यवहार" इति वदन्ति। न हि दृष्टेऽनुपपन्नं नामेति न्यायादनुभवस्यापलापो न कर्तव्य इति भाव इति शम् ।।

संभव है ? इत्यादि तर्क जालों को वह (पूर्वोक्त) स्वानुभूति ग्रस लेती है ।२८।

व्याख्या - ***शंका*** - पूर्वपक्षी शंका करता है कि आप वेदान्तियों के मतानुसार आत्मा स्वयंप्रकाश है, उस स्वयंप्रकाश आत्मा में अविद्या नहीं हो सकती । वे दोनों प्रकाश और अन्धकार की तरह विरुद्ध स्वभाव वाले होने के कारण दोनों का सम्बन्ध नहीं बन सकता । अविद्या का अभाव सिद्ध होने पर अविद्याकृत आवरण का भी निरूपण संभव नहीं है । और आवरण के अभाव में आवरणमूलक विक्षेप भी संभव नहीं है और विक्षेप के अभाव में ज्ञान के द्वारा नष्ट करने योग्य अनर्थ पदार्थ का अभाव होने से ज्ञान की व्यर्थता सिद्ध होगी और इससे तो ज्ञान प्रतिपादक शास्त्रों का भी अप्रामाण्य होगा ।

समाधान - आपके द्वारा संभावित समस्त तर्कसमुदाय पूर्व श्लोक में प्रतिपादित अनुभूति से बाधित होता है, अतः आपकी शंका व्यर्थ है ।

स्वयंप्रकाश कूटस्थ चैतन्य में अविद्या कैसे संभव है ? अर्थात् संभव नहीं है । और उस अविद्या के अभाव में आवृति (आवरण) कैसे संभव है ? इत्यादि तर्क जालों को वह पूर्वोक्त स्वानुभूति ग्रस (निगल) लेती है अर्थात् आवरण के अभाव में तन्निमित्तक विक्षेप का अभाव और उसके अभाव में ज्ञानवैयर्थ्य और उससे तत्प्रतिपादक शास्त्रों का अप्रामाण्य, इत्यादि प्रकार की हेतुवाद परम्परा को पूर्वश्लोकोक्त अनुभव ग्रस लेता है । नष्ट कर देता है । भगवान् भाष्यकार ने भी ब्रह्मसूत्र के उपोद्घात भाष्य में कहा है कि "***अहमिदं ममेदमिति नैसर्गिकोऽयं लोकव्यवहारः***" यह मैं हूँ, यह मेरा है, इत्यादि लोक-व्यवहार नैसर्गिक (स्वाभाविक) है । भाव यह है कि सर्वानुभव से सिद्ध पदार्थ का अपलाप नहीं करना चाहिये । तर्क ज्ञान में सहायक है किन्तु कुतर्क नहीं । इसीलिये साधनपंचक में श्रीशंकराचार्य जी ने कहा है कि दुस्तर्क का त्याग करना चाहिये और श्रुतिसम्मत तर्क का अनुसन्धान करना चाहिये "***दुस्तर्कात्सुविरम्यतां श्रुतिमतस्तर्कोऽनुसन्धीयताम्*** " ।

अनुभवरहितस्य केवलहेतुवादस्याप्रामाण्यप्रदर्शनम् -

स्वानुभूताववविश्वासे तर्कस्याप्यनवस्थितेः ।
कथं वा तार्किकंमन्यस्तत्त्वनिश्चयमाप्नुयात् ॥ २९ ॥

अन्वयः - स्वानुभूतौ अविश्वासे तर्कस्य अपि अनवस्थितेः तार्किकम्मन्यः तत्वनिश्चयं कथं वा आप्नुयात् ।

व्याख्या :- तर्कविरुद्धस्यानुभवस्याभासतैव न तेन तत्त्वनिश्चय इति चेन्न स्वाप्निकाद्यनुभवस्य तथात्त्वेऽपि प्रमाणानुगृहीतानुभवस्य विद्यत एव तत्त्वनिश्चायकत्त्वम् । तथा तर्कबाधकत्त्वं च । एतच्च "तर्काप्रतिष्ठानादि"त्यत्र स्फुटतरमुपपादितम् । स्वानुभूतौ स्वानुभवेऽविश्वासे प्रामाण्यसंशये सति स्वानुभवनिराकरणेन हेतुवादमात्रावलम्बने सति तर्कस्यापि चानवस्थितेरप्रतिष्ठानादनुकूलतर्काभावे केवलानुमानस्याप्यनिश्चायकत्त्वस्य नैयायिकैरप्यङ्गीकृततया तार्किकंमन्यं आत्मानमतार्किकमपि तार्किकं यो मन्यते तत्त्वतो न स तार्किकस्स स्वानुभवमपरिज्ञाय केवलं स्वप्रतिभाप्रकल्पितहेतुवादावलम्बी स तत्त्वनिश्चयं कथमाप्नुयात् नैवाप्नुयादित्यर्थः । प्रमाणानुगृहीतानुभवबाधकस्तर्कस्त्याज्य एवेति दिक् ।।

श्रुतिमततर्कस्य प्रामाण्यप्रदर्शनम् -

बुद्ध्यारोहाय तर्कश्चेदपेक्षेत तथा सति ।
स्वानुभूत्यनुसारेण तर्क्यतां मा कुतर्क्यताम् ॥ ३० ॥

अन्वयः - बुद्ध्यारोहाय तर्कः अपेक्षेत चेत् तथा सति स्वानुभूत्यनुसारेण तर्क्यताम् मा कुतर्क्यताम्।

अनुभव से बाधित केवल हेतुवाद का निष्प्रयोजनत्व दर्शाते हैं ।

अर्थ - स्वानुभूति में अविश्वास और तर्क की भी अनवस्थिति होन से तर्काभिमानी व्यक्ति तत्त्वनिश्चय को कैसे प्राप्त करेगा ?२९।

व्याख्या - पूर्वोक्त तर्क का विरोध होने के कारण स्वप्न के समान अनुभव भी आभास रूप (अप्रामाणिक) हो सकता है । अतः उस अनुभव से तत्त्व का निश्चय नहीं हो सकता । ऐसी आशंका करके उसका उत्तर देते हैं कि केवल तर्क तत्त्व निश्चय का हेतु नहीं होता अतः अनुभव को प्रमाण न मानने पर तार्किक को तत्त्व निश्चय कभी भी नहीं हो सकता । स्वानुभूति में अर्थात् स्वयं के अनुभव में अविश्वास अर्थात् प्रमाण्य संशय होने पर (स्वानुभव को न मान कर केवल हेतुवाद का आश्रय लेने पर) और तर्क की भी अनवस्थिति होने से तर्काभिमानी व्यक्ति तत्त्व निश्चय को कैसे प्राप्त करेगा ? जो तार्किक न होते हुए भी स्वयं को तार्किक मानता है, उसे "***तार्किकंमन्यः***" कहा जाता है । अर्थात् जो वास्तविक तार्किक नहीं है केवल तर्काभिमानी है, वह स्वयं के अनुभव को न जानकर केवल स्वप्रतिभापरिकल्पित हेतुवाद का अवलम्बन लेने वाला तत्त्व का निश्चय कैसे प्राप्त कर सकता है ? अर्थात् नहीं कर सकता । तात्पर्य यह है कि स्वानुभवबाधक तर्क का त्याग करना चाहिये ।

अनुभव से अविरुद्ध तर्क ग्राह्य है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - (अनुभूत विषय को) बुद्धि में आरूढ़ (स्थिर) करने के लिए यदि तर्क की अपेक्षा हो तो स्वानुभूति के अनुसार ही तर्क करो कुतर्क मत करो ।३०।

व्याख्या :- अनुभवस्य तत्त्वनिश्चायकत्त्वे सत्यपि समनुभूतस्य तत्त्वस्य संभावितत्त्वज्ञानार्थं तर्कोऽवश्यमभ्युपेतव्य इति चेदनुभवाविरोधेन क्रियतां तर्कस्त्यज्यतां च तद्विपरीत इत्याह - अनुभूतस्य विषयस्य बुद्ध्यारोहाय बुद्धौ सम्यक्स्थिरीकरणाय तर्कोऽपेक्षत इति चेत्स्वानुभूत्यनुसारेण तर्क्यतां मा कुतर्क्यतां वितर्क्यतां कुत्सितवादो मा क्रियतामिति हितमुपदिशति । "श्रुतिमतस्तर्कोऽनुसन्धीयता"मित्याचार्यवचनादिति दिक् ।।

स्वानुभवानुसारिणस्तर्कस्य प्रदर्शनम् -

स्वानुभूतिरविद्यायामावृतौ च प्रदर्शिता ।
अतः कूटस्थचैतन्यमविरोधीति तर्क्यताम् ।। ३१ ।।
तच्चेद्विरोधि केनेयमावृतिर्ह्यनुभूयताम् ।
विवेकस्तु विरोध्यस्यास्तत्त्वज्ञानिनि दृश्यताम् ।। ३२ ।।

अन्वयः - स्वानुभूतिः अविद्यायां च आवृतौ प्रदर्शिता अतः कूटस्थचैतन्यम् अविरोधि इति तर्क्यताम् । तत् विरोधि चेत् इयम् आवृतिः केन अनुभूयतां हि । विवेकः तु अस्याः विरोधी तत्त्वज्ञानिनि दृश्यताम् ।।

व्याख्या :- अविद्यायामज्ञान आवृतावावरणे च स्वानुभूति "र्न भाति नास्ति कूटस्थ इति बुद्ध्वा वदत्यपी"त्यज्ञानिनोऽनुभवोऽधस्तात्सन्दर्शिता । अतः कूटस्थचैतन्यस्य तथा ज्ञानावरणयोश्च समकालमेव

व्याख्या- अनुभव तत्त्व का निश्चायक होने पर भी अनुभूत तत्त्व के संभावितत्त्व ज्ञानार्थ तर्क का आश्रय अवश्य लेना चाहिये । ऐसी शंका उपस्थित कर कहते हैं कि यदि ऐसी ही बात है तो फिर अनुभव से अविरुद्ध तर्क का ही आश्रय लेना चाहिये, उसके विरोधी का नहीं । अनुभूत विषय को बुद्धि में आरूढ़ करने के लिये अर्थात् भली-भाँति स्थिर (दृढ़) करने के लिये यदि तर्क की अपेक्षा हो तो स्वानुभूति के अनुसार ही तर्क करो अर्थात् अपने अनुभव के अनुसार ही तर्क करना चाहिये । कुतर्क मत करो अर्थात् कुत्सितवाद नहीं करना चाहिये । भगवान् शंकराचार्य जी ने भी कहा है कि "***दुस्तर्कात् सुविरम्यतां श्रुतिमतस्तर्कोऽनुसन्धीयताम्*** " अतः श्रुतिसम्मत तर्क का ही अनुसन्धान करना चाहिये । दुस्तर्क का त्याग करना चाहिये ।

वह अनुभव कौन-सा है, जिसके अनुसार तर्क करना चाहिये ? ऐसी आशंका होने पर पूर्वोक्त अविद्या और आवरण विषयक अनुभव का स्मरण करवाते हैं ।

अर्थ - अविद्या और आवरण में स्वानुभूति प्रदर्शित की गयी (श्लोक २७ में)। इसलिये कूटस्थ चैतन्य (अज्ञान का) विरोधी नहीं है । इस प्रकार (अनुकूल) तर्क करो ।३१।

व्याख्या - "मैं कूटस्थ को नहीं जानता हूँ" यह अज्ञान और "कूटस्थ भासित नहीं होता है और है भी नहीं" यह आवरण है , ऐसा श्लोक २७ में बता चुके हैं । उसी का स्मरण कराते हुए कहते हैं कि अविद्या (अज्ञान) और आवरण के विषय में अज्ञानी की स्वानुभूति प्रदर्शित की गयी । इसलिये अधिष्ठान रूप निर्विकार चैतन्य अज्ञान का विरोधी नहीं है । इस प्रकार तर्क करो अर्थात् इस प्रकार अनुकूल तर्क करना चाहिये ।

प्रतिभानात्स्वप्रकाशं कूटस्थचैतन्यमविद्यावरणयोरविरोधीति विरोधि न भवतीति तर्क्यताम् । कथं स तर्कः कर्तव्य इति चेत्तमेव तर्कमभिनीय प्रदर्शयति । तत्कूटस्थचैतन्यमविद्याया विरोधीति चेत्तर्हि तयोरेकत्रावस्थानासंभवेऽज्ञानिनस्स्वानुभूत्या प्रदर्शितेयमावृतिः केनानुभूयताम्? अविद्यावरणसाधक-चैतन्यस्यैव तद्विरोधित्वेऽविद्याप्रतीतिरेव न स्यादिति भावः । यद्यावृतेस्स्वप्रकाशस्य चैतन्यस्य चाविरोधस्तदा तत्त्वज्ञानादावरणनाश इति कथमुपपद्यत इति मुख्यतया विद्यायाः को विरोधीत्येत्प्रदर्शयति। आवृतेर्विवेक उपनिषद्विचारजन्यं ज्ञानमस्या आवृतेर्विरोधि विनाशम् । विवेकस्याविद्याविरोधित्वं क्व दृष्टचरं तत्त्वज्ञानिनि दृश्यतामतो विवेकस्यैवाविद्यानाशकत्त्वम् । न हि केवलतत्त्वज्ञानस्य । यतस्तज्ज्ञानं तत्त्वात्मकमेव । तत्त्वस्य सर्वदा सत्त्वात्सर्वदा नाशप्रसङ्गापत्तेरिति दिक् ।।

विक्षेपशक्तिस्वरूपनिरूपणम् -

अविद्यावृतकूटस्थे देहद्वययुता चितिः ।
शुक्तौ रूप्यवदध्यस्ता विक्षेपाध्यास एव हि ॥ ३३ ॥

अन्वयः - अविद्याऽऽवृतकूटस्थे शुक्तौ रूप्यवत् अध्यस्ता देहद्वययुता चितिः विक्षेपाध्यासः एव हि।

व्याख्या :- "अनादिरविवेकोऽयं मूलाविद्येति गम्यता"मित्यादिनोपक्रान्ताया मूलाविद्याया

स्वानुभव के अनुकूल तर्क को दर्शाते हैं ।

अर्थ - वह (कूटस्थ) यदि (अविद्या का) विरोधी है तो यह आवृति किस के द्वारा अनुभूत होगी ? (अतः) विवेक ही इस (अविद्या) का विरोधी है । यह बात तत्त्वज्ञानी में देख लो ।३२।

व्याख्या - पूर्वोक्त तर्क को अंगुलीनिर्देश से दिखाते हैं कि वह कूटस्थ चैतन्य यदि अविद्या का विरोधी है तो फिर यह आवृति (आवरण) किस के द्वारा अनुभूत होगी ? अर्थात् कूटस्थ चैतन्य और अविद्या दोनों का एकसाथ रहना असंभव होने पर पूर्व में अज्ञानी की स्वानुभूति से प्रदर्शित आवृति का अनुभव कौन करता है ? अतः कूटस्थ और अविद्या का विरोध नहीं है ।

शंका - यदि आवृति और स्वयंप्रकाश कूटस्थ चैतन्य का अविरोध है तो फिर "तत्त्व ज्ञान से आवरण नाश होता है" ऐसा क्यों कहते हो ?

समाधान - ऐसी शंका होने पर उत्तरार्ध से अविद्या के विरोधी (नाशक) का प्रतिपादन करते हैं कि विवेक ही इस अविद्या का विरोधी है अर्थात् विचारजन्य ज्ञान ही इस आवरण का नाशक है , साक्षी चैतन्य नहीं । यह बात तत्त्वज्ञानी में देख लो । अतः विवेक ही अविद्या का नाशक है, केवल कूटस्थ-चैतन्य नहीं । भाव यह है कि कूटस्थ का तो सर्वदा सद्भाव है, ऐसी स्थिति में सर्वदा अविद्या का नाश होता रहेगा अर्थात् अविद्या होनी ही नहीं चाहिये किन्तु ऐसा नहीं है, अज्ञानी के स्वानुभव से अविद्या का सद्भाव स्पष्ट ही है। और विचारजन्य विवेक से तत्त्वज्ञानी में अविद्या का नाश होने से यही मानना पड़ेगा कि विवेक ही अविद्या का विरोधी है, कूटस्थ चैतन्य नहीं ।

आवरणशक्ति का स्वरूप और उसकी सत्ता का प्रदर्शन कर अब उससे भिन्न विक्षेपशक्ति के स्वरूप का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - अविद्या से आवृत कूटस्थ में देहद्वय से युक्त चैतन्य शुक्ति में चाँदी की तरह अध्यस्त है, यही विक्षेपाध्यास है ।३३।

"विक्षेपावृतिरूपाभ्यां द्विधाविद्या व्यवस्थिते"त्यनेनोद्दिष्टतदवस्थाद्वैरूप्यमध्ये विक्षेपस्यावरणपूर्वकत्वात्प्रथमं "न भाति नास्ति कूटस्थ इत्यापादनमावृति"रित्यावरणशक्तिमुपपाद्य सम्प्रति विक्षेपशक्तिं निरूपयति । शुक्तौ रूप्यवदारोपितमध्यस्तं रजतमिवाविद्यावृतकूटस्थेऽविद्यया ह्यावृतो यः कूटस्थस्तस्मिन्नध्यस्ता देहद्वययुता स्थूलसूक्ष्मशरीरविशिष्टा चितिर्बुद्धिप्रतिबिम्बितश्चिदाभासो विक्षेपाध्यास एव हीति शास्त्रप्रसिद्धिं द्योतयति। पूर्वं प्रतिपादिताविद्यावरणवति कूटस्थे प्रत्यगात्मन्यारोपितस्थूलसूक्ष्मशरीरसहितश्चिदाभासो विक्षेपाध्यास इति भावः । "कूटस्थब्रह्मणोर्भेदो नाममात्रादृते न हि । घटाकाशमहाकाशौ वियुज्येते न हि क्वचि"दिति वक्ष्यमाणत्वात्राविद्यातदावरणतत्कृतविक्षेपे चाधिष्ठानं कूटस्थब्रह्मैवेति ज्ञेयमिति शम् ।।

शुक्तिरजतदृष्टान्तेनाध्यासविशदीकरणम् अध्यासे सामान्यांशसाम्यनिरूपणम् –

इदमंशस्य सत्यत्त्वं शुक्तिगं रूप्य ईक्ष्यते ।
स्वयंत्त्वं वस्तुता चैवं विक्षेपे वीक्ष्यतेऽन्यगम् ।। ३४ ।।

अन्वयः – शुक्तिगं इदमंशः च सत्यत्त्वं रूप्ये ईक्ष्यते एव अन्यगं स्वयन्त्वं च वस्तुता विक्षेपे वीक्ष्यते ।

व्याख्या :– विक्षेपस्याध्यासत्वसिद्धये शुक्तिरजताध्याससाम्यमाह पूर्वार्धेन शुक्तौ रजताध्यासो विव्रियते । शुक्ताविदं रजतमिति व्यवहारे शुक्तिगं शुक्तिगतमिदंमशस्येदन्तारूपस्य पुरोवर्तित्त्वादेर्व्यावहारिकं

व्याख्या – "***अनादिरविवेकोऽयं मूलाविद्येति गम्यताम्***" (पं.द. ६/२५) यहाँ से उपक्रान्त मूलाविद्या का "***विक्षेपावृतिरूपाभ्यां द्विधा विद्या व्यवस्थिता***" (पं.द. ६/२६) इस प्रकार प्रतिपादित उसके अवस्थान के द्वैरूप्य में विक्षेप हमेशा आवरण पूर्वक ही होने से प्रथम आवरण का प्रतिपादन करने के बाद अब विक्षेप का निरूपण करते हैं ।

अविद्या से आवृत (आच्छादित) कूटस्थ चैतन्य में देहद्वय से युक्त अर्थात् स्थूल और सूक्ष्म शरीर से युक्त चैतन्य शुक्ति (सीपी) में रूप्यवत् (चाँदी की तरह) अध्यस्त (आरोपित) है । रास्ते में पड़ी हुई सीपी चाँदी के रूपये जैसी लगती है । वहाँ चाँदी न होने पर भी उसकी प्रतीति होती है । इसी प्रकार अविद्या से आच्छादित कूटस्थ चैतन्य में स्थूल-सूक्ष्म शरीरों का चिदाभास अध्यस्त होता है । और कूटस्थ की सत्यता से चिदाभास सत्य-सा प्रतीत होता है, यही विक्षेपाध्यास है । इसे आगे स्पष्ट करेंगे । भाव यह है कि अन्य को अन्यथा दिखाने के कारण इसे अध्यास कहते हैं । जिसके द्वारा निर्विकार कूटस्थ चैतन्य में अन्योन्य धर्म अन्योन्य में आरोपित होते हैं, वही विक्षेप है । "***कूटस्थब्रह्मणोर्भेदो नाममात्रादृते न हि***" इस प्रकार आगे कहा जाएगा । अतः अविद्या, उसका आवरण और तत्कृत विक्षेप का भी अधिष्ठान कूटस्थ ब्रह्म को ही जानना चाहिये । बुद्धिप्रतिबिम्बित चिदाभास '**चितिः**' है और श्लोक में पठित '**हि**' शास्त्र में प्रसिद्धि का द्योतक है ।

विषयसौलभ्यार्थं उभयत्र अध्यास साम्य का विवरण करते हैं ।

अर्थ – शुक्तिगत इदं अंश और सत्यता जैसे चाँदी में देखी जाती है, उसी प्रकार अन्यगत (कूटस्थ की) सत्यता और वस्तुता विक्षेप (चिदाभास) में देखी जाती है ।३४।

व्याख्या – पूर्वार्ध से शुक्ति में रजताध्यास का विवरण करते हैं । जैसे शुक्तिगत इदं अंश अर्थात्

यत्सत्यत्त्वं व्यवहाराबाध्यत्वं तद्रूप्य आरोपितमीक्षते । उत्तरार्धेन च कूटस्थे देहद्वयाध्यासो विन्रियते। तथैव कूटस्थगतं स्वयन्त्वं वस्तुता चेति द्वयं विक्षेपे सत्यन्यगं स्थूलसूक्ष्मदेहसहितचिदाभासगतं वीक्ष्यते तत्राभावेऽपि तद्गतत्त्वेन दृश्यत इति दिक् ।।

अध्यासे विशेषांशप्रतीतिसाम्यनिरूपणम् –

नीलपृष्ठत्रिकोणत्त्वं यथा शुक्तौ तिरोहितम् ।
असङ्गानन्दताद्येवं कूटस्थेऽपि तिरोहितम् ।। ३५ ।।

अन्वयः – नीलपृष्ठत्रिकोणत्त्वं यथा शुक्तौ तिरोहितम् । एवं कूटस्थे अपि असङ्गानन्दतादि तिरोहितम्।

व्याख्या :– यथा शुक्तौ रजताध्यासे शुक्तिगतं नीलपृष्ठत्रिकोणत्त्वं तिरोहितमप्रतीतं भवति । शुक्तौ रजतस्य तद्धर्माणां चाध्यासेन शुक्तिगतनीलपृष्ठत्त्वादयो न भासन्त एवं कूटस्थे स्थूलसूक्ष्मदेहादेस्तद्धर्मसङ्गित्त्वादेरध्यासेन वस्तुतः कूटस्थगतमसङ्गानन्दब्रह्मत्त्वादिकं तिरोहितं सन्नभासते। कूटस्थोऽसङ्गानन्दरूपः । चिदाभासस्तद्विरुद्धधर्मा भ्रान्त्या यथेदं रजतमिति पुरोवर्तिशुक्तिकायां रजतत्त्वारोपे वस्तुत इदंपदार्थे विद्यमाननीलपृष्ठत्रिकोणत्वादितिरोधीयते एवमेव कूटस्थे चिदाभासस्याहंशब्दवाच्यस्यारोपे कूटस्थनिष्ठासङ्गानन्दब्रह्मत्वादि तिरोदधाति । पुरोदेशसम्बन्धिता शुक्तिकायां विद्यमानारोपितरजते यथा भासत एवं कूटस्थनिष्ठं स्वयन्त्वं चिदाभासता च भासते । इदं रजतमित्यादाविवेन्द्रियसन्नि–

शुक्तिका में अवस्थित सामान्य इदं अंश सन्मुखदेशादि से सम्बन्धित तथा अबाधित्व रूप सत्यता चाँदी में आरोपित देखी जाती है । (अब उत्तरार्ध से कूटस्थ में देहद्वयाध्यास का विवरण करते हैं) उसी प्रकार अन्यगत अर्थात् कूटस्थगत सत्यता और वस्तुता विक्षेप में अर्थात् चिदाभास में तद्गत रूप से देखी जाती है ।

दृष्टान्त-दार्ष्टान्तिक में विशेष अंश की अप्रतीति रूप साम्य दर्शाते हैं ।

अर्थ – जैसे शुक्तिका में नीलपृष्ठत्व और त्रिकोणत्व तिरोहित हो जाते हैं, उसी प्रकार कूटस्थ में भी असङ्गत्व और आनन्दता आदि तिरोहित हो जाते हैं।३५।

व्याख्या – जैसे शुक्तिका में रजत का अध्यास हो जाने पर शुक्तिगत नीलपृष्ठत्व (नीलीपीठ) और त्रिकोणत्व (तिकोनापन) तिरोहत (अच्छादित) हो जाता है, प्रतीत नहीं होता है । अर्थात् शुक्तिका में रजत का और उसके धर्मों का अध्यास होने से शुक्तिगत नीलपृष्ठत्वादि का जैसे भान नहीं होता है, उसी प्रकार कूटस्थ में भी स्थूल–सूक्ष्म शरीरों से और उनके धर्मों के संग आदि से अध्यास के कारण उसके विरोधी असंगत्व, आनन्दता और ब्रह्मत्व आदि तिरोहित हो जाने से भासित नहीं होते हैं ।

कूटस्थ असंग और आनन्द रूप है । चिदाभास वैसा नहीं है । जैसे पुरोवर्ति शुक्तिका में भ्रान्ति से 'यह रजत है' इस प्रकार रजतत्व का आरोप करने पर इदं पदार्थ में वस्तुतः अविद्यमान नीलपृष्ठत्रिकोणत्वादि तिरोहित हो जाते हैं । इसी प्रकार कूटस्थ में अहं शब्दवाच्य चिदाभास का आरोप करने पर कूटस्थनिष्ठ असंगत्व, आनन्दत्व, ब्रह्मत्व आदि तिरोहित हो जाते हैं । शुक्तिका में विद्यमान पुरोदेश सम्बन्धित्व जैसे आरोपित रजत में भासित होता है, उसी प्रकार कूटस्थनिष्ठ स्वयंता चिदाभास

कर्षादेरभावेऽपि समारोप्याधिष्ठानस्यात्मन इन्द्रियगोचरत्त्वेऽपि स्वयम्प्रकाशत्वेनाध्यासस्सङ्गच्छते । यद्यपि ब्रह्मस्वयमात्मकूटस्थशब्दास्समानार्थकाः तथापि कूटस्थ आत्मनि चिदाभासाध्यासे स्वयमहंशब्दयोरेकार्थकता नापतति । व्याप्यव्यापकभेदसद्भावात् स्वयमहं शक्नोमि त्वं वीक्षस्व स्वयमित्यादौ स्वयं शब्दार्थस्यानुगतत्त्वेन व्यापकता । अहन्त्वादेस्तदर्थमात्रनिष्ठत्त्वेन व्याप्यता । इदन्त्वरजतत्त्वादेरिव सामान्यविशेषभावेन तयोर्भेदस्य निश्चितत्त्वात् । अन्यत्वं निवारयत्स्वयन्त्वं कूटस्थतामेव निश्चाययति । स्वयन्त्वात्मत्वयोरेकत्वेऽपि घटादिष्वचेतनेषु स्वयंशब्दप्रयोगो न विरुद्ध्यते। तत्रात्मत्वस्य व्यापकस्याव्यभिचारात् । घटादिषु स्वयं शब्दप्रयोगोऽपि तत्र बुद्धिप्रतिफलितचैतन्याभावा-च्चेतनाचेतनविभागस्समञ्जस इति तेष्वचेतनव्यवहारस्य नानुपपत्तिः। आत्मन एकत्वेन चिदाभासकल्पना-धिष्ठानत्वस्येवाचेतनघटादिकल्पनाधिष्ठानत्वस्यावश्यमभ्युपगमात् । स्वयन्त्वात्मत्वयोरेकत्वेऽहमा-दिष्वनुगतस्य स्वयन्त्वादेरात्मत्वमिवेदमात्मत्वं तदात्मत्वमित्यादावनुगतमिदन्त्वतत्वाद्यात्मत्वमेवेति न वाच्यम् सम्यगात्मत्वमित्यादौ सम्यक्त्वमात्मत्वनुगतमप्यन्यत्रापि सम्यक्त्व व्यवहारात्पृथग्भूतमिव तदात्मत्वमिदमात्मत्वमिति तत्तेदन्तयोरात्मानुगतत्त्वेऽपि स घटोऽयं घट इत्यत्रापि तत्तेदन्तयोर्दर्शनेनात्मत्व-व्यभिचारात् । इमे विरुद्धधर्माः । तत्त्वप्रतियोगीदन्त्वम् । स्वयन्त्वप्रतियोग्यन्यत्वम्। त्वन्ताप्रतियोग्यहन्ता । अन्यत्र प्रतियोगिनि स्वयंशब्दार्थे कूटस्थे त्विदन्ताप्रतियोग्यहं शब्दार्थः परिकल्पितः । एवं जीवकूटस्थ-योर्भेदस्स्फुटमवगम्यमानोऽप्यविद्यावशंवदाः कूटस्थस्य बुद्ध्यगोचरत्त्वात्तयोरेकतामवगच्छन्ति । अविद्या

में भासित होती है । '***इदं रजतम्***' इत्यादि की तरह इन्द्रियसन्निकर्षादि का अभाव होने पर भी और ओरोपित अधिष्ठान रूप आत्मा का इन्द्रियगोचरत्व होने पर भी स्वयंप्रकाशत्वेन अध्यास हो सकता है। यद्यपि स्वयं, आत्मा और कूटस्थ ये शब्द एकार्थक ही हैं तथापि उस कूटस्थ आत्मा में चिदाभास का अध्यास मान लेने पर स्वयं और अहं शब्द का एकार्थकत्व नहीं माना गया है । ''***अहं स्वयं शक्नोमि***'' ''***त्वं वीक्षस्व स्वयं***''मैं स्वयं कर सकता हूँ, तू स्वयं देख ले' इत्यादि में दोनों का भेद देखा गया है । '***इदं रजतम्***' में जैसे इदं शब्द सामान्य का और रजत शब्द विशेष का घोतक है, उसी प्रकार सामान्य-विशेष भाव से दोनों का भेद स्पष्ट ही है । स्वयंता और आत्मता का एकत्व होने पर भी घटादि अचेतन पदार्थों में स्वयं शब्द का प्रयोग विरुद्ध नहीं है । क्योंकि वहाँ व्यापक आत्मा का अव्यभिचार है । घटादि में स्वयं शब्द का प्रयोग होने पर भी वहाँ बुद्धि प्रतिफलित चैतन्य का अभाव होने से चेतन और अचेतन का विभाग बन जाता है । अतः उन घटादि में अचेतनत्व के व्यवहार में भी कोई बाधा नहीं है । आत्मा एक होने के कारण चिदाभासकल्पनाधिष्ठानत्व की तरह अचेतन घटादि कल्पनाधिष्ठानत्व भी अवश्य मानना चाहिये ।

तात्पर्य यह है कि इस प्रकार जीव और कूटस्थ का भेद स्पष्ट प्रतीत होने पर भी अविद्या के वशीभूत होने के कारण अज्ञानी लोग कूटस्थ की अबुद्धिगोचरता के कारण दोनों को एक जानते हैं । यह जीव और कूटस्थ का भ्रम अविद्या से ही परिकल्पित है और अविद्या के निवर्तक ज्ञान के बिना इसका नाश नहीं होता है । इस विषय को आगे के कुछ श्लोकों में अधिक स्पष्ट किया जाएगा ।

परिकल्पित एवैष जीवकूटस्थयोर्भ्रमोऽविद्यानिवर्तकज्ञानादृते न निवर्तते इत्यलम् ।।

अध्याससाम्यान्तरनिरूपणम् -

आरोपितस्य दृष्टान्ते रूप्यं नाम यथा तथा ।
कूटस्थाध्यस्तविक्षेपनामाहमिति निश्चयः ॥ ३६ ॥

अन्वयः - दृष्टान्ते आरोपितस्य रूप्यं नाम यथा । तथा कूटस्थाध्यस्तविक्षेप नाम "अहम्" इति निश्चयः ।

व्याख्या :- यथा दृष्टान्ते शुक्तिरजतस्थल आरोपितस्य वस्तुनो रूप्यमिति नाम रूप्यनाम यथा भवति तथा कूटस्थाध्यस्तविक्षेपनामकूटस्थेऽध्यस्तो यो विक्षेपश्चिदाभासस्वरूपस्तस्य नामाहमिति नामपदमत्र संज्ञापरमेव । निश्चयो निर्णयः ।।

वैषम्यपरिहरणम् -

इदमंशं स्वतः पश्यन् रूप्यमित्यभिमन्यते ।
तथा स्वञ्च स्वतः पश्यन्नहमित्यभिमन्यते ॥ ३७ ॥

अन्वयः - इदमंशं स्वतः पश्यन् रूप्यम् इति अभिमन्यते । तथा स्वं च स्वतः पश्यन् अहम् इति अभिमन्यते ।।

व्याख्या :- दृष्टान्ते पुरो विद्यमाने शुक्तिशकल इन्द्रियसन्निकृष्टे भ्रान्त्या रजतमिदमिति शुक्तिकातिरिक्तरजतसंसर्गो भासत उपपद्यते च । दार्ष्टान्तिके आत्मातिरिक्तवस्तुन एवाभावात्सर्वस्या-त्मत्वात्तदतिरिक्तसंसर्गो दुर्घट इत्यवैषम्यशङ्कायामाह - इदमंशं शुक्तिकाशकल इदन्तां स्वतः साक्षिणा पश्यन्न लोकावच्छेदेनापरोक्षीकुर्वन्निदमिति हस्तेन निर्दिशंस्तद्रूप्यमिदं रजतमित्यभिमन्यते रजतसंसर्गाध्यासं

अन्य समता भी दिखाते हैं ।

अर्थ - जैसे दृष्टान्त में आरोपित का 'रूप्यं' यह नाम है, उसी प्रकार कूटस्थ में अध्यस्त विक्षेप का 'अहं' ऐसा नाम निश्चित है ।३६।

व्याख्या - जैसे दृष्टान्त रूप शुक्तिस्थल में आरोपित (कल्पित) वस्तु का 'रूप्यं' ऐसा नाम है, उसी प्रकार कूटस्थ चैतन्य में अध्यस्त जो चिदाभास रूप विक्षेप है उसका 'अहं' ऐसा नाम निश्चित है।

वैषम्य का परिहार करते हैं ।

अर्थ - जैसे इदं अंश को स्वतः देखता हुआ 'यह रूप्य है' ऐसा मानता है, उसी प्रकार स्वतः स्वयं को देखता हुआ 'अहं' ऐसा मानता है ।३७।

व्याख्या - पूर्वोक्त दृष्टान्त में पुरोवर्ति शुक्तिका में इन्द्रिय सन्निकर्ष होने के कारण 'यह चाँदी है' इस प्रकार का अभिमान बन सकता है किन्तु दार्ष्टान्तिक में आत्मा के अतिरिक्त अन्य कोई वस्तु का अभिमान बन ही नहीं सकता । अतः आपका दृष्टान्त विषम है । ऐसी शंका उठाकर दार्ष्टान्तिक में स्वयंप्रकाश रूप से भासमान चिदात्मा में उससे अतिरिक्त अहं का अभिमान होता है, अतः वैषम्य नहीं है । इस अभिप्राय से उत्तर देते हैं कि जैसे शुक्तिस्थल में इदं अंश को अर्थात् इदन्ता को स्वतः देखता हुआ, सन्मुखस्थित शुक्ति नामक वस्तुमात्र को निर्देशित कर पुरुष 'यह रूप्य (चाँदी) है' ऐसा मानता

करोति यथा तथा स्वतः स्वप्रकाशत्वेनैव । वस्तुतस्स्वयंप्रकाशं स्वमात्मानमेनं पश्यन् वृत्तिं विनानुभवन् अहमित्यभिमन्यते । स्वप्रकाशतया चिदात्मन्यवभासमानेऽपि तदतिरिक्तोऽहमित्यभिमन्यते इति न किमपि वैषम्यमिति दिक् ।।

प्रकारताविशेष्यतयोर्भेदाभाव इति शङ्काया अपि दूरीकरणम् –

इदन्त्वरूप्यते भिन्ने स्वत्त्वाहन्ते तथेष्यताम् ।
सामान्यञ्च विशेषश्च ह्युभयत्रापि गम्यते ॥ ३८ ॥

अन्वयः – इदन्त्वरूप्यते भिन्ने, तथा स्वत्वाहन्ते इष्यताम् । सामान्यं च विशेषः च उभयत्रापि गम्यते ।।

व्याख्या :– दृष्टान्त इदमा शुक्तिशकलं निर्दिश्य रजतमित्युच्यते भ्रान्तेन । रजतत्त्वप्रकारकेदन्त्व-विशेष्यतावगाहि ज्ञानमेतत् । दार्ष्टान्तिके तु न तथेति शङ्कायामाह । अयमत्र भावः । इदन्त्वरूप्यत्वां-शयोर्विशेषणीभूतयोर्भिन्नत्वेऽपि विशेष्यभूतो व्यक्त्यंशो यथा दृष्टान्तेऽभिन्नस्तथा दार्ष्टान्तिके स्वयन्ताहन्त-योर्विशेषणीभूतयोर्धर्मयोर्भिन्नत्वेऽपि धर्मिणे न भेद एवेत्युभयोरप्युभयत्र समानैव प्रतीतिरिति । दृष्टान्ते शुक्तिरजतस्थल इदन्त्वरूप्यते शुक्तिकायां निर्दिश्यमानमिदन्त्वं तदारोपिता रूप्यता च यथा भिन्ने पृथग्भवतस्तथैव कूटस्थे विद्यमानं स्वत्त्वं तस्मिन्नारोपिताहन्ता च भिन्ने इतीष्यताम् । उभयत्रापि दृष्टान्तदार्ष्टान्तिकयोस्सामान्यमुभयानुगतधर्मो विशेषः प्रत्येकमसाधारणो धर्मश्च गम्यते प्रतीतिगोचरो भवति।।

है अर्थात् उसमें रजताभिमानी होता है, उसी प्रकार स्वतः (परमार्थतः) स्वयंप्रकाश रूप स्वयं (आत्मा) को ही देखता हुआ 'अहं' ऐसा मानता है अर्थात् उसमें अहंकाराभिमानी होता है ।

दृष्टान्त और दार्ष्टान्तिक की समता को पुनः प्रतिपादित करते हैं ।

अर्थ – जैसे इदन्ता और रूप्यता में भेद है, उसी प्रकार स्वयंता और अहंता में भी भेद है, ऐसा मानना चाहिये । (दृष्टान्त और दार्ष्टान्तिक) दोनों में सामान्य और विशेष धर्म (अलग-अलग ही) प्रतीत होते हैं ।३८।

व्याख्या – पूर्वपक्षी के मन में पुनः शंका होती है कि स्वयं और अहं ये दोनों शब्द तो समानार्थक हैं अतः शुक्ति रूप दृष्टान्त से इसकी समानता कैसे होगी ? इसका उत्तर देते हैं कि जैसे शुक्ति दृष्टान्त के इदंता और रूप्यता रूप विशेषण भिन्न होने पर भी विशेष्य रूप व्यक्ति का अभेद है, उसी प्रकार दार्ष्टान्तिक में भी स्वयंता और अहंता रूप विशेषण भिन्न होने पर भी विशेष्य रूप से दोनों में अभेद ही है अतः दृष्टान्त और दार्ष्टान्तिक दोनों ही स्थलो में समानता अवश्य ही प्रतीत होती है ।

जैसे इदंता और रूप्यता में भेद है अर्थात् '**इदं रजतम्**' इस वाक्य में इदं शब्द शुक्ति के लिए प्रयुक्त हुआ है और रजत भ्रम से प्रतीत होती है अतः यह स्पष्ट ही है कि इदंता और रूप्यता दोनों भिन्न हैं । इसी प्रकार कूटस्थ में (दार्ष्टान्तिक में) प्रतिपादित स्वयंता और अहंता भी भिन्न-भिन्न ही है । तथा दृष्टान्त और दार्ष्टान्तिक में सामान्य धर्म और विशेष धर्म भी भिन्न ही प्रतीत होते हैं । इसका स्पष्टीकरण अगले श्लोक में करेंगे ।

स्वयंशब्दस्य सामान्यार्थबोधकत्वनिरूपणम् -

देवदत्तस्स्वयङ्गच्छेत्त्वं वीक्षस्व स्वयन्तथा ।
अहं स्वयं न शक्नोमीत्येवं लोके प्रयुज्यते ॥ ३९ ॥

अन्वयः - "देवदत्तः स्वयं गच्छेत्" । तथा "त्वं स्वयं वीक्षस्व" "अहं स्वयं न शक्नोमि" इति एवं लोके प्रयुज्यते ।

व्याख्या :- देवदत्तः स्वयं गच्छेत् । त्वं स्वयं वीक्षस्व, अहं स्वयं न शक्नोमीत्येवंरूपः प्रयोगो लोके प्रयुज्यते । तस्मात्स्वयन्त्वं नाम सर्वानुगो धर्मोऽहन्ता चाभिमानमात्रगत इत्यनयोस्सामान्यविशेषभावः।।

इदंशब्दस्वयंशब्दयोस्सर्वानुगतधर्मार्थकत्त्वनिरूपणम् -

इदं रूप्यमिदं वस्त्रमिति यद्वदिदन्तथा ।
असौ त्वमहमित्येषु स्वयमित्यभिमन्यते ॥ ४० ॥

अन्वयः - "इदं रूप्यम्" "इदं वस्त्रम्" इति यद्वत् इदम् तथा असौ "त्वम्" "अहम्" इति एषु "स्वयम्" इति अभिमन्यते ।।

व्याख्या :- दृष्टान्त इदं शब्दस्य दार्ष्टान्तिके स्वयं शब्दस्य च सर्वत्रानुगतार्थबोधकत्त्वात्सामान्यार्थकतां प्रदर्शयति । इदं रूप्यमिदं वस्त्रमिति रूप्यवस्त्रयोस्साधारण्येनेदं पदं यद्वत्प्रयुज्यते

पूर्व कथन को दृष्टान्त पूर्वक स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - 'देवदत्त स्वयं जाये' 'तुम स्वयं देख लो' और 'मैं स्वयं समर्थ नहीं हूँ' इस प्रकार लोक में स्वयं शब्द का प्रयोग होता है ।३९।

व्याख्या - पूर्व श्लोक में कहा गया कि स्वयंता और अहंता दोनों भिन्न हैं, एक सामान्य में प्रयुक्त होता है और एक विशेष में । इसी को दृष्टान्त पूर्वक बताते हैं कि 'देवदत्त स्वयं जाये' 'तुम स्वयं देख लो' और 'मैं स्वयं समर्थ नहीं हूँ' इत्यादि लोकिक व्यवहार में स्वयं शब्द का प्रयोग किया जाता है अर्थात् स्वयं शब्द सामान्य रूप से उत्तमपुरुष, मध्यमपुरुष और अन्यपुरुष के लिए सर्वत्र प्रयोग में आता है । देवदत्त स्वयं जाये, यहाँ अन्यपुरुष का प्रयोग है। तुम स्वयं देख लो, यहाँ मध्यमपुरुष का प्रयोग है और मैं स्वयं समर्थ नहीं हूँ, यहाँ उत्तमपुरुष का प्रयोग है । तात्पर्य यह है कि स्वयं शब्द सामान्य रूप से सभी के लिए नहीं होता है । व्यक्ति केवल स्वयं के लिए ही अहं का प्रयोग कर सकता है, अन्य के लिए नहीं । अतः स्वयं शब्द और अहं शब्द दोनों पर्यायवाची शब्द नहीं हैं ।

दृष्टान्त में इदं शब्द और दार्ष्टान्तिक में स्वयं शब्द ये दोनों अनुगत होते हैं, इस प्रकार दर्शाकर दोनों की सामानार्थकता को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - 'यह चाँदी है' 'यह वस्त्र है' इस प्रकार जैसे इदं (यह) शब्द का प्रयोग होता है, उसी प्रकार वह, तुम और मैं, इन तीनों शब्दों में स्वयं का प्रयोग स्वीकार किया जाता है ।४०।

व्याख्या - 'इदं रूप्यम्' यह चाँदी है, 'इदं वस्त्रम्' यह वस्त्र है, इत्यादि वाक्यों में जैसे इदं शब्द का प्रयोग सामान्य रूप से किया जाता है, ठीक उसी प्रकार से 'असौ' (वह) 'त्वम्' (तू) और 'अहम्' (मैं) इन तीनों शब्दों में स्वयं शब्द का प्रयोग सामान्य रूप से किया जाता है । अर्थात् इदं शब्द के समान सर्वत्र अनुगत होने के कारण स्वयं शब्द को साधारणशब्द मानना चाहिये । वह, तू और मैं, इत्यादि

तथासौ त्वमहमित्येषु स्वयमिति साधारण्येनाभिमन्यते । यथा रूप्यवस्त्रादौ सर्वत्रेदं शब्दस्य प्रयुज्यमानत्वात्सामान्यरूपत्वं तथैव त्वमहमित्यादौ सर्वत्र स्वयं शब्दप्रयोगात्तदर्थस्यापि सामान्यरूपत्वमवगन्तव्यम् त्वमहमसावित्यादिसर्वव्यवहारेषु स्वयन्तायाः प्रत्यनुगमेन तस्यास्सामान्यत्वं, तदनुगतानां च युष्मदादीनां विशेषत्वमित्यपि ज्ञेयमिति शम् ।।

कूटस्थात्मस्वयंशब्दानां समानार्थकत्त्वनिरूपणम् –

अहन्त्वाद्भिद्यतां स्वत्त्वं कूटस्थे तेन किन्तव ।
स्वयं शब्दार्थ एवैष कूटस्थ इति मे भवेत् ॥ ४१ ॥

अन्वयः – अहन्त्वात् स्वत्वं भिद्यताम् । तेन कूटस्थे तव किम् ? "स्वयं शब्दार्थः एव एषः कूटस्थः" इति मे भवेत् ।।

व्याख्या :– लोके स्वयमहंशब्दयोरर्थभेदोऽस्तु नाम किं तावता कूटस्थे ? इत्यत्राह । यद्यपि कूटस्थे स्वत्महन्त्वाज्जीवे विद्यमानाद्भिद्यतां पृथग्वर्ततां नाम । तेन तव भेदवादिनः किं प्रयोजनम्। भेदमात्रेण विशेष्ये भेदालाभात् । तत्स्पष्टीक्रियते । स्वयंशब्दार्थस्स्वयंपदजन्यज्ञानविशेष्यभूत एष कूटस्थ एवेति मे मम सिद्धान्तिनो भवेदिति शम् ।।

समस्त व्यवहारों में स्वयं की प्रतीति सर्वत्र होने के कारण ही स्वयं शब्द का सामान्यत्व स्वीकार किया जाता है और 'असौ' आदि तीनों शब्दों में अहं शब्द का प्रयोग सामान्य रूप से न होने के कारण 'अहं' का विशेषत्व है । वह, तुम और मैं, इत्यादि चिदाभास विशिष्ट बुद्धियाँ हैं और स्वयं शब्दवाच्य कूटस्थ सब का अधिष्ठान होकर सर्वत्र अनुगत है । अतः दृष्टान्त और दार्ष्टान्तिक दोनों की समानता में शंका नहीं करनी चाहिये ।

यदि स्वयं शब्द और अहं शब्द को भिन्नार्थक मानोगे तो उन दोनों का आश्रयभूत जो कूटस्थ है, उसका भी भेद मानना पड़ेगा । इससे तो वेदान्त सिद्धान्त की ही हानि होगी, ऐसी आशंका कर उसका समाधान करते हैं ।

अर्थ – (पूर्वपक्षी) अहंता से स्वयंता का भेद भले ही हो, उससे कूटस्थ विषयक तुम्हारा क्या प्रयोजन है ? (सिद्धान्ती) स्वयं शब्द का अर्थ यह कूटस्थ ही है, यही मेरा प्रयोजन है ।४१।

व्याख्या – पूर्वपक्षी कहता है कि इस प्रकार तुमने जो स्वयं शब्द को अहं शब्द से भिन्न सिद्ध किया, यह भले ही हम मान लें अर्थात् लोकव्यवहार में स्वयं और अहं शब्द का भेद भले ही हो किन्तु इससे तुम्हारा कौन-सा प्रयोजन सिद्ध होगा ? यह प्रश्न पूर्वपक्षी स्वयं और अहं शब्द का भेद का प्रतिपादन करने वाले सिद्धान्ती से कर रहा है । सिद्धान्ती इस प्रश्न का उत्तर देते हुए कहता है कि मैंने स्वयं और अहं को भिन्न सिद्ध किया है, उससे मेरा लाभ अवश्य ही है क्योंकि हमारे मतानुसार स्वयं शब्द का अर्थ (स्वयंशब्दजन्य विशेष बोध) कूटस्थ ही है । इसका यह भी तात्पर्य है कि अहं शब्द का अर्थ चिदाभास है । दृश्टन्त में घटाकाश और जलाकाश जैसे भिन्न है, उसी प्रकार कूटस्थ और चिदाभास भी भिन्न है । अतः स्वयं शब्द को अहं शब्द से भिन्न रूप से जान लेने पर कूटस्थ को समझना आसान हो जाएगा, इसी आशय से हमने इन दोनों के भेद का प्रतिपादन किया है ।

कूटस्थस्य स्वयं शब्दार्थत्वे आक्षेपप्रदर्शनम् -

अन्यत्त्ववारकं स्वत्त्वमिति चेदन्यवारणम् ।
कूटस्थस्यात्मतां वक्तुरिष्टमेव हि तद्भवेत् ॥ ४२ ॥

अन्वयः - अन्यत्ववारकं स्वत्वम् इति चेत् कूटस्थस्य आत्मतां वक्तुः तत् अन्यवारणम् इष्टम् एव हि भवेत् ।।

व्याख्या :- अन्यत्वनिवारक एव स्वत्वरूपो धर्मो न कूटस्थत्वबोधक इति शङ्कायां वदति। स्वत्वं स्वयं शब्दार्थविशेषणीभूतो धर्मोन्यत्ववारकमन्यत्वरूपधर्मस्य निवर्तकमिति कथयसि चेत्तदन्यवारणं स्वयंपदार्थस्य कूटस्थस्यात्मतां वक्तुस्सिद्धान्तिनो मे ममेष्टमेव हि भवेत् । अन्यत्त्वनिवारकेण स्वयंत्वेन बोधितो यः कूटस्थस्स एव ह्यद्वैतब्रह्मात्मेति तात्पर्यम् । एवं च नेति नेतीति वाक्येन कूटस्थेतरनिवारणेनैव ब्रह्मसिद्धिरित्यतस्स्वयंशब्दस्येतरार्थनिवारकत्वमिष्टार्थसाधकमेव न इति न कोऽपि दोष इति शम् ।।

स्वयमात्मेतिशब्दयोरेकार्थत्त्वप्रदर्शनम् -

स्वयमात्मेति पर्यायौ तेन लोके तयोस्सह ।
प्रयोगो नास्त्यतः स्वत्त्वमात्मत्त्वञ्चान्यवारकम् ॥ ४३ ॥

अन्वयः - "अन्यवारकं स्वत्वम्" इति चेत् कूटस्थस्य आत्मतां वक्तुः तत् अन्यवारकम् इष्टम् एव हि भवेत् ।।

स्वयं शब्द अन्य का निवारक है, यदि आप ऐसा मानते हो तो यह बात हमें भी स्वकार्य है, इसका प्रतिपादन करते है ।

अर्थ - यदि कहो कि स्वयंता अन्यत्व का निवारण करती है तो कूटस्थ की आत्मरूपता को कहने वाले (मुझ सिद्धान्ती को) यह कथन अभिष्ट ही है ।४२।

व्याख्या - पूर्वपक्षी कहता है कि स्वयं शब्द अन्यत्व का निवारण करने के लिए है, वह कूटस्थ का बोध करने वाला नहीं है अर्थात् स्वत्व रूप धर्म अन्यत्व रूप धर्म का निषेध करता है, कूटस्थत्व धर्म का बोध नहीं कराता है । अतः स्वयं शब्द का अर्थ कूटस्थ है, यह कैसे कहा जा सकता है ? इसके समाधान में आचार्य कहते हैं कि आपका कथन सत्य है कि स्वयं शब्द अन्य का वारण करता है । अन्य का निवारण आत्मा के लिए ही होता है और वह आत्मा कूटस्थ से भिन्न नहीं है । अतः स्वयं शब्द का अर्थ कूटस्थ ही है । स्वयं शब्द अन्यत्व का निवारक होने के कारण ही आत्मा है अतः कूटस्थ को ही आत्मा कहने वाले मुझ सिद्धान्ती को आपका यह कथन अभिष्ट ही है । भाव यह है कि "***नेति नेति***" आदि वाक्यों के द्वारा कूटस्थ से अतिरिक्त सभी का निवारण करने से ही ब्रह्म की सिद्धि होती है अतः स्वयं शब्द का अन्यार्थ निवारकत्व हमें भी अभिष्ट ही है क्योंकि इससे हमारे अद्वैतसिद्धान्त की ही पुष्टि होती है। अतः इस विषय में तुमसे हमारा कोई मतभेद नहीं है ।

स्वयं और आत्मा दोनों की एकार्थता का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - स्वयं और आत्मा ये दोनों पर्यायवाची शब्द हैं । इसलिए लोक में उन दोनों का एक साथ प्रयोग नहीं होता, अतः स्वत्व और आत्मत्व अन्य का निषेध करने वाले हैं ।४३।

व्याख्या :- भवतु च स्वयंशब्दार्थः कूटस्थः । आत्मता कूटस्थस्य कथं सिद्ध्यति स्वयं शब्दार्थविशेषणीभूतस्वत्वस्यान्यनिवारकत्वाभ्युपगमेनैवात्मत्वस्यापि निवारणप्रसङ्गादिति चेन्न स्वत्वमात्मत्त्वं चैकमेव । न हि तौ भिन्नौ धर्मवतो वारयति स्वत्त्वमात्मत्वमित्याह - स्वयमात्मेति द्वौ शब्दौ पर्यायौ समानार्थकौ समानप्रवृत्तिनिमित्तकौ । लोके ययोश्शब्दयोरुच्चारणेन समान एवार्थोऽवबुद्ध्यते तयोः पर्यायताभ्युपगम्यते । तस्मात्स्वयमात्मेति शब्दयोस्सहप्रयोगो नास्ति । अर्थैक्यात् । सहप्रयोगे च धर्मभेदो नियामकः । तस्मात्तयोस्सहप्रयोगाभावाद्भिन्नधर्मता नास्तीत्यवगन्तुं शक्यते । तथा व्यापारैक्याद्भेदाभावोऽपि ज्ञेय इत्याह । अतस्स्वत्वमात्मत्वमुभयमप्यन्यवारकमिति तयोरन्यवारणमेक एव व्यापार इति हस्तकरादिशब्दवद्व्यापारैक्यादर्थैक्यं निश्चेतुं शक्यमिति न स्वत्वात्मत्वयोर्भेद इति दिक् ।।

घटादिष्वपि स्वयंशब्दप्रयोगास्तित्त्वसमर्थनम् -

घटस्स्वयं न जानातीत्येवं स्वत्त्वं घटादिषु ।
अचेतनेषु दृष्टञ्चेद्दृश्यतामात्मसत्त्वतः ॥ ४४ ॥

अन्वयः - "घटः स्वयं न जानाति" इति एवम् अचेतनेषु घटादिषु स्वत्वं दृष्टं चेत् आत्मसत्वतः दृश्यताम् ।।

व्याख्या - स्वयं शब्द का अर्थ कूटस्थ भले ही हो, किन्तु उसकी आत्मता कैसे सिद्ध होगी ? गौ और अश्व शब्द की तरह स्वयं और आत्मा शब्द की प्रवृत्ति का निमित्त भिन्न-भिन्न है । अतः दोनों की एकार्थकता संभव नहीं है। ऐसी आशंका होने पर कहते हैं कि हस्त और कर इन दोनों शब्दों की तरह स्वयं और आत्मा शब्द की एकार्थता बन सकती है, इसी बात को हेतु सहित प्रदर्शित करते हुए कहते हैं कि स्वयं और आत्मा ये दोनों शब्द पर्यायवाची हैं अर्थात् समान प्रवृत्तिनिमित्तक हैं । जिन दो शब्दों के प्रयोग से दोनों का अर्थ एक ही जाना जाता है, उन दोनों शब्दों को पर्यायवाची शब्द कहा जाता है, जैसे हस्त (हाथ) और कर (हाथ) । हस्त और कर इन दोनों शब्दों से हाथ का ही ज्ञान होता है अतः ये दोनों पर्यायवाची हैं । उसी प्रकार प्रकृत में भी जानना चाहिये । स्वयं और आत्मा ये दोनों शब्द पयार्यवाची होने के कारण ही लोक में उन दोनों का एक साथ प्रयोग नहीं होता है क्योंकि उनकी प्रवृत्तिनिमित्तक एक ही है । दो शब्दों का एकसाथ प्रयोग करने में दोनों में स्थित भेदधर्म ही नियामक है । अतः एकसाथ प्रयोग के अभाव में स्वयं और आत्मा शब्द भिन्न धर्म वाले नहीं हैं, ऐसा जाना जा सकता है । इस प्रकार सहप्रयोग के अभाव के कारण स्वत्व और आत्मत्व के भेद का निराकरण कर उन दोनों का व्यापारैक्य होने से भी भेद भाव को सिद्ध करते हैं कि इसीलिए स्वत्व और आत्मत्व अन्य का निषेध करने वाले हैं अर्थात् स्वत्व और आत्मत्व का मुख्यव्यापार अन्य का वारण करना ही है । भाव यह है कि इस प्रकार व्यापारैक्य होने से भी दोनों की एकता का ज्ञान हो सकता है ।

आपका कथन घटादि जड़ पदार्थ में व्यभिचरित होने के कारण दूषित है, ऐसी पूर्वपक्षी की आशंका का निवारण करते हैं ।

अर्थ - (पूर्वपक्षी) यदि कहो कि 'घट स्वयं नहीं जानता है' इस प्रकार घट आदि अचेतन पदार्थों में भी स्वयंता देखने में आती है तो (सिद्धान्ती) वह भले ही हो, इसका कारण उसमें (घटादि में) आत्मा का सद्भाव है, ऐसा देखो (समझो) ।४४।

व्याख्या :- स्वत्त्वं कूटस्थात्मधर्मः । चेतनश्चात्मा तथा सत्यचेतने घटादौ चेतनधर्मस्य स्वत्वस्य कथं स्थितिरित्यत्राह "घटस्स्वयं जानातीत्येवमाकारकशब्दप्रयोगेऽचेतनेषु घटादिषु स्वत्वं दृश्यते । यदि तत्र स्वयन्ता न स्यात्तर्ह्येतत्प्रयोगानुपपत्तिरिति चेन्न । घटादिष्वपि स्फुरणरूपेणात्मचैतन्यस्य सत्त्वात्तत्रापि स्वयंशब्दप्रयोगस्येष्टत्त्वात् । आत्मसत्त्वत आत्मनो घटादिषु स्फुरत्तारूपेण सद्भावात्स्वत्व-व्यवहारो दृश्यतां न कोऽपि बाधः । रथो गच्छतीत्यादिषु गमनानुकूलव्यापाराभाववत्स्वपि रथादिष्वौपचारिकः प्रयोगो यथा तथैवात्मनिष्ठस्वत्वस्य घटेऽध्यस्यायमौपचारिक एव । यतो वस्तुतो घटे नास्त्येव स्वत्वमित्द्रिबहजा शम् ।।

चेतनाचेतननिमित्तप्रदर्शनम् -

चेतनाचेतनभिदा कूटस्थात्मकृता न हि ।
किन्तु बुद्धिकृताऽऽभासकृतैवेत्यवगम्यताम् ।। ४५ ।।

अन्वयः - चेतनाचेतनभिदा कूटस्थात्मकृता न हि । किन्तु बुद्धिकृताऽऽभासकृता एव इति अवगम्यताम् ।।

व्याख्या :- घटादिष्वप्यात्मचैतन्यस्य सत्त्वे चेतनाचेतनविभागः किं निमित्तको भवेदिति चेच्चिदाभाससत्त्वासत्त्वनिमित्तक एवेति गृहाणेत्याह - चेतनाचेतनभिदा चेतनोऽयमचेतनोऽयमिति

व्याख्या - घटादि अचेतन पदार्थों में भी स्वयं शब्द का प्रयोग देखा जाता है अतः स्वयं और आत्मा शब्द की एकार्थता नहीं बन सकती, ऐसी शंका उठाकर उसका समाधान करते हैं कि घटादि अचेतन पदार्थों में भी स्फुरण रूप से आत्मचैतन्य विद्यमान है ही, इसीलिए उनमें भी स्वयं शब्द का प्रयोग विरुद्ध नहीं है ।

पूर्वपक्षी शंका करता है - आपने जो कहा कि स्वयं शब्द और आत्म शब्द पर्यायवाची हैं, यह कथन ठीक नहीं है क्योंकि आत्मा तो चेतन है और घटादि पदार्थ अचेतन हैं फिर भी 'घट स्वयं को नहीं जानता है' इत्यादि वाक्यों में घटादि अचेतन पदार्थ के लिए भी स्वयं शब्द का प्रयोग होता है अर्थात् स्वत्व रूप धर्म घटादि जड़ पदार्थों में भी देखा गया है, फिर स्वयं शब्द को आत्मा शब्द का पर्यायवाची कहना कहाँ तक संगत है ? क्योंकि यदि घटादि में स्वयं का अभाव होता तो ऐसे प्रयोग कैसे हो सकते थे ? इस शंका का समाधान करते हुए सिद्धान्ती कहते हैं कि घटादि जड़ पदार्थों में जो स्वयं शब्द का प्रयोग हुआ है, उसका कारण आत्मा ही है । आत्मा के सद्भाव के कारण ही घटादि में भी स्वयं शब्द का प्रयोग होता है, ऐसा तुम समझो अर्थात् घटादि में स्फुरण रूप चैतन्य विद्यमान होने के कारण आत्मा का सद्भाव है, अतः स्वयं शब्द का प्रयोग घटादि में विरुद्ध नहीं है ।

चेतन और अचेतन के भेद के निमित्त का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - चेतन और अचेतन का भेद कूटस्थ आत्मा ने नहीं किया है, किन्तु बुद्धि के अधीन चिदाभास के द्वारा किया गया है, ऐसा समझना चाहिये ।४५।

व्याख्या - यदि घटादि अचेतन पदार्थों में भी आत्मत्व और स्वयंता रूप व्यवहार मानोगे तो फिर चेतन और अचेतन पदार्थों का विभाग ही नहीं होगा। इस शंका का समाधान करते हैं कि चेतन और अचेतन का भेद कूटस्थ आत्मा ने नहीं किया हैं अर्थात् 'यह चेतन है' और 'यह अचेतन है' इस प्रकार

भेदो न हि कूटस्थात्मकृता कूटस्थरूपात्मकृता तन्निबन्धनो नेत्यर्थः । आत्मनो भावाभावकल्पितो न तद्भेदः । सर्वत्रात्मसत्तायास्समानत्वात् । एवं चेत्कुतोऽयं भेद इत्यत्राह – किन्तु बुद्धिकृताभासकृता बुद्धौ प्रतिबिम्बिताभासश्चिदाभासस्तेन कृता तन्निबन्धनोऽयं भेदः । चिदाभासविशिष्टबुद्धिसत्त्वे चेतन इति व्यवहारः । तदभावेऽचेतन इति शम् ।।

कूटस्थचितिरेव मिथ्याजगदधिष्ठानमिति निरूपणम् –

यथा चेतन आभासः कूटस्थे भ्रान्तिकल्पितः ।
अचेतनो घटादिश्च तथा तत्रैव कल्पितः ॥ ४६ ॥

अन्वयः – यथा चेतनः आभासः कूटस्थे भ्रान्तिकल्पितः तथा अचेतनः घटादिः च तत्र एव कल्पितः ।।

व्याख्या :– चिदाभाससत्त्वासत्त्वनिबन्धन एव चेतनाचेतनविभागोऽभ्युपगतः । तथा सति घटादिष्वात्मसत्ता कुतोऽङ्गीकार्येति चेन्न यद्यपि कूटस्थश्चेतनाचेतनविभागहेतुर्माभवत्यथाप्यचेतन–कल्पनाधिष्ठानमेवेति घटादीनामपि कूटस्थे कल्पितत्त्वमुच्यत इत्याह । चेतन आभासश्चेतनत्त्वेन व्यवह्रियमाणश्चिदाभासस्तत्प्रतिबिम्बितत्वात् । यथा कूटस्थे प्रत्यगात्मनि ब्रह्मात्मवस्तुनि भ्रान्तिकल्पित आरोपित एव तथा चेतनो घटादिरपि तत्रैव कूटस्थे परिकल्पितः । सर्वस्यापि चेतनाचेतनात्मकमिथ्या–जगतोऽधिष्ठानं ब्रह्मैवेति दिक् ।।

का भेद कूटस्थ रूप जो आत्मा है, उसके द्वारा नहीं किया गया है । अर्थात् वह भेद आत्मा के सद्भाव और असद्भाव के कारण कल्पित नहीं है क्योंकि चेतन और अचेतन दोनों में ही आत्मा की सत्ता समान रूप से विद्यमान है । यदि ऐसा ही है तो फिर चेतन और अचेतन का भेद किसके कारण है ? इसका उत्तर देते हैं कि बुद्धि के अधीन चिदाभास के द्वारा ही यह भेद किया गया है ऐसा समझना चाहिये अर्थात् बुद्धि में जो कूटस्थ का आभास (चिदाभास) है, उसी चिदाभास के द्वारा चेतनाचेतन रूप विभाग किया गया है । चिदाभास विशिष्ट बुद्धि के रहने पर चेतन और उसके अभाव में अचेतन इस प्रकार का व्यवहार होता है।

कूटस्थ ब्रह्म ही सम्पूर्ण चराचर जगत् का अधिष्ठान है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ – जैसे चेतन चिदाभास कूटस्थ में भ्रान्ति से कल्पित है, उसी प्रकार घटादि अचेतन भी उसी में (कूटस्थ में) कल्पित हैं ।४६।

व्याख्या – चिदाभास के रहने पर चेतनत्व और उसके अभाव में अचेतनत्व का विभाग दिखाने के बाद जैसे चिदाभास ब्रह्म में कल्पित है वैसे ही घटादि पदार्थ भी उसी में कल्पित हैं, इसका प्रतिपादन करते हैं । भेद मानने पर तो अद्वैत सिद्धान्त की हानि होगी अतः चेतन रूप से कहा जाने वाला जो चिदाभास है, वह भ्रान्ति के कारण कूटस्थ में कल्पित है । जैसे कूटस्थ का प्रतिबिम्ब होने के कारण चिदाभास को भी भ्रान्ति से कूटस्थ में ही आरोपित किया जाता है उसी प्रकार घटादि जितने भी अचेतन पदार्थ हैं, वे भी भ्रान्ति के कारण कूटस्थ चैतन्य (प्रत्यगात्मा) में ही कल्पित (आरोपित) हैं । भाव यह है कि चेतन और अचेतन रूप समस्त जगत् का अधिष्ठान एकमात्र कूटस्थ ब्रह्म ही है ।

तत्तेदन्तयोरप्यात्मत्वाक्षेपप्रदर्शनम् -

तत्तेदन्ते अपि स्वत्त्वमिव त्वमहमादिषु ।
सर्वत्रानुगते तेन तयोरप्यात्मतेति चेत् ॥ ४७ ॥

अन्वयः - स्वत्वम् इव तत्तेदन्ते अपि त्वमहमादिषु सर्वत्र अनुगते । तेन तयोः अपि आत्मता इति चेत् ।।

व्याख्या :- सर्वानुगतत्त्वेन स्वत्त्वस्यात्मतोक्ता । अनेन च यत्सर्वानुगतमित्यात्मत्त्वं परिष्कृतम्। एवं च सति तत्तेदन्तयोरपि सर्वानुगतत्त्वादात्मत्त्वापत्तिरिति शङ्कते त्वमहमादिषु त्वमहमित्यादिना व्यवह्रियमाणेषु स्वत्वमिव त्वं स्वयं वीक्षस्वाहं स्वयं न शक्नोमीत्यादिस्थलेषु यथा स्वत्त्वं सर्वानुगत-मेवमेव तत्तेदन्ते तदिदंपदबोध्यौ धर्मौ व्यवहारे सर्वानुगततया स्वयंत्ववत्सर्ववस्तुसाधारणे । एतेन स्वयन्त्वस्यात्मरूपता यथाङ्गीकृता तत्तेदन्तयोरपि तथैवाङ्गीकार्येत्याक्षेपसार इति शम् ।।

नात्मता तत्तेदन्तयोरिति समाधानप्रदर्शनम् -

ते आत्मत्त्वेऽप्यनुगते तत्तेदन्ते ततस्तयोः ।
आत्मत्त्वन्नैव सम्भाव्यं सम्यक्त्वादेर्यथा तथा ॥ ४८ ॥

अन्वयः - ते तत्तेदन्ते आत्मत्वे अपि अनुगते । ततः तयोः आत्मत्वं सम्भाव्यं न एव । यथा सम्यक्त्वादेः तथा ।

व्याख्या :- ते तत्तेदन्ते पूर्ववादिसम्मतं तदात्मत्त्वं सिद्धान्तमतिसम्मतमिदमात्मत्त्वमित्यादि-व्यवहारदर्शनादादिदन्तात्मत्त्वे अप्यनुगते भवतः । ततस्तावन्मात्रेणैव तयोस्तत्तेदन्तयोरात्मत्वमात्मस्वरूपत्त्वं

पूर्वपक्षी तत्ता और इदंता में भी आत्मत्व का आक्षेप करता है ।

अर्थ - त्वम्, अहं आदि में स्वयंता की तरह तत्ता और इदंता भी सर्वत्र अनुगत है, इसलिये उन दोनों की भी आत्मरूपता हो जाएगी; इसका क्या समाधान है ?४७।

व्याख्या - यह सम्पूर्ण श्लोक पूर्वपक्षी का प्रश्न उपस्थित करता है । पूर्वपक्षी स्वत्व और आत्मत्व की एकता मानने पर अतिप्रसंग की आशंका करते हुए कहता है कि जैसे त्वम्, अहं आदि में स्वयंता अनुगत है अर्थात् '***त्वं स्वयं वीक्षस्व***' '***अहं स्वयं न शक्नोमि***' इत्यादि वाक्यों में जैसे स्वयं शब्द सर्वत्र अनुगत है, उसी प्रकार तत्ता और इदंता अर्थात् तत् और इदं शब्द से बोधित धर्म भी व्यवहार में सभी वस्तुओं में साधारण रूप से स्वयं शब्द की तरह सर्वत्र ही अनुगत है । इसलिए स्वयं शब्द और तत्ता, इदंता शब्द के सर्वत्र अनुगत रूप धर्म समान होने के कारण जैसे स्वयंता को आत्मरूप से स्वीकार किया गया है, उसी प्रकार तत्ता और इदंता को भी आत्मरूप ही मानना चाहिये । यदि हम ऐसा कहें तो आप (सिद्धान्ती) के पास इस प्रश्न का क्या उत्तर है?

पूर्वोक्त प्रश्न का समाधान करते हैं ।

अर्थ - तत्ता और इदंता दोनों आत्मत्व में भी अनुगत होने के कारण उन दोनों में आत्मता संभव नहीं है । जैसे सम्यक्त्वादि में आत्मत्व संभव नहीं है, वैसे ही (प्रकृत में भी जानना चाहिये) ।४८।

व्याख्या - पूर्वपक्षी की शंका का समाधान करते हुए आचार्य कहते हैं कि यद्यपि त्वम्, अहम्

नैव सम्भाव्यं न सम्भावनीयम् । अस्मिन्नर्थे दृष्टान्तः प्रदर्श्यते । यथा सम्यक्त्ववादेरात्मत्त्वं सम्यगात्मत्त्वमसम्यगितिव्यवहारे सम्यक्त्वासम्यक्त्वयोरात्मत्त्वेऽनुवर्तमानयोरपि सम्यगुक्तं त्वया तेनोक्तमसम्यगित्यादौ सम्यक्त्वासम्यक्त्वादेरुपलभ्यमानत्त्वात्तयोरधिकदेशवृत्तित्त्वेनात्मत्त्वाभावस्तथा स घटोऽयं घट इत्यादौ तत्तेदन्तयोर्घटत्त्वाद्यनुगतत्त्वेनापि दृष्टत्त्वादात्मापेक्षयाधिकदेशवृत्तित्त्वेन न तत्तेदन्तयोरात्मतेति दिक् ।।

प्रतिद्वन्द्विधर्मियुग्मोदाहरणम् –

तत्तेदन्ते स्वतान्यत्वे त्वन्ताहन्ते परस्परम् ।
प्रतिद्वन्द्वितया लोके प्रसिद्धे नास्ति संशयः ॥ ४९ ॥

अन्वयः – तत्तेदन्ते स्वतान्यत्वे त्वन्ताहन्ते परस्परं प्रतिद्वन्द्वितया लोके प्रसिद्धे संशयः न अस्ति।।

व्याख्या :– यदि तत्तेदन्ते अप्यात्मत्त्वरूपे स्यातां तर्हि लोकप्रसिद्धस्तयोः प्रतिद्वन्द्विभावव्यवहारो भज्येतेत्याह – तत्तेदन्ते स्वतान्यत्त्वे स्वयन्त्वान्यत्त्वे इत्यर्थः । त्वन्ताहन्ते इत्येवमादिः परस्परं प्रतिद्वन्द्वितया

आदि में स्वयंता की तरह तत्ता और इदंता भी अनुगत है तथापि स्वयं की भाँति तत्ता और इदंता में आत्मत्व संभव नहीं है क्योंकि तत्ता और इदंता आत्मत्व में भी अनुगत है । अतः तत्ता और इदंता का आत्मत्व कथमपि संभव नहीं है । व्यवहार में हम कहते हैं कि वह आत्मा और यह आत्मा भिन्न नहीं है । इस प्रकार आत्मा के लिए वह (तत्) और यह (इदम्) शब्द का प्रयोग किया जाता है । अतः यदि तत्ता और इदंता का अर्थ भी आत्मा ही मानेंगे तो आत्मा में भी पुनः आत्मत्व मानना पड़ेगा, इस प्रकार अनवस्था दोष प्राप्त होगा । अतः तत्ता और इदंता में आत्मत्व संभव नहीं है । इस विषय में दृष्टान्त देते हैं । जैसे सम्यक्त्वादि में आत्मत्व संभव नहीं है, उसी प्रकार प्रकृत में भी जानना चाहिये । अर्थात् "देह में आत्मत्व असम्यक् है और प्रत्यगात्मा में ही आत्मत्व सम्यक् है" इत्यादि वाक्यों में आत्मत्व के लिए सम्यक् और असम्यक् शब्दों का विशेषण के रूप में प्रयोग किया गया है । इसीलिए सम्यक् और असम्यक् का अर्थ आत्मा नहीं हो सकता । इस दृष्टान्त से सिद्ध है कि तत्ता और इदंता में भी आत्मत्व संभव नहीं है ।

प्रकृत प्रसंग में लोकसिद्ध व्यवहार का प्रदर्शन करते हैं ।

अर्थ – तत्ता (वहपन) और इदंता (यहपन), स्वयंता (अपनापन) और अन्यता (परायापन) तथा त्वंता (तुम्हारापन) और अहंता (मेरापन) ये सभी शब्द लोक में परस्पर प्रतिद्वन्द्वी के रूप में प्रसिद्ध हैं । इसमें कुछ भी संशय नहीं है ।४९।

व्याख्या – पूर्वपक्षी कहता है कि तत्ता और इदंता का भी स्वयंता के समान आत्मत्व मानना ही चाहिये । तुम क्यों इनका निषेध कर रहे हो ? उनकी आत्मता का निवारण करने में तुम दुराग्रही क्यों हो ? यदि दोनों में आत्मत्व स्वीकार कर लोगे, तो क्या हानि है ? इस पर सिद्धान्ती कहता है कि यदि तत्ता और इदंता में भी आत्मत्व मान लिया जाएगा तो उन दोनों का जो लोक में प्रतिद्वन्द्वी रूप से व्यवहार होता है, उस व्यवहार का भंग हो जाएगा । इस आशय से परिहार करते हुए सिद्धान्ती कहते हैं कि तत्ता, इदंता, स्वयंता, अन्यता, त्वंता और अहंता ये सभी शब्द लोक में परस्पर प्रतिद्वन्द्वी के रूप में ही प्रसिद्ध हैं । अर्थात् तत्ता और इदंता परस्पर विरोधी हैं । दूर की वस्तु के लिए तत् और निकट की वस्तु के लिए इदं शब्द का प्रयोग होता है । जो निकट है, वह दूर नहीं और जो दूर है, वह निकट नहीं । अतः दोनों

विरुद्धतया प्रसिद्धे लोके । तस्मादात्मत्त्वस्य विरुद्धद्वयात्मकता न युज्यत इत्यत्र संशयो नास्ति । तदिदमिति तत्ताप्रतियोगित्वमिदन्तायास्तथा स्वयमन्य इति स्वत्वप्रतियोगित्वमन्यत्वस्यैवं त्वमहमिति त्वन्ताप्रतियोगित्वमहन्ताया इत्यादिना विरुद्धतया प्रयोगदर्शनं प्रसिद्धमित्यभिप्राय इति शम् ।।

फलितार्थकथनम् -

अन्यतायाः प्रतिद्वन्द्वी स्वयं कूटस्थ इष्यताम् ।
त्वन्तायाः प्रतियोग्येषोऽहमित्यात्मनि कल्पितः ॥ ५० ॥

अन्वयः - अन्यतायाः प्रतिद्वन्द्वी स्वयं कूटस्थः इष्यताम् । त्वन्तायाः प्रतियोगी एषः अहम् इति आत्मनि कल्पितः ।।

व्याख्या :- अन्यताया अन्यशब्दबोध्यधर्मस्य प्रतिद्वन्द्वी विरोधी अन्यत्त्वप्रतियोगी स्वयं स्वयंशब्दार्थः कूटस्थः,त्वन्तायाः त्वंशब्दबोध्यधर्मस्य प्रतियोगीविरोधी त्वान्ताप्रतियोग्यहमहन्ताश्रयोऽहं-शब्दबोध्यधर्माश्रयस्सोऽपि कूटस्थे कल्पितः । एषोऽहं कर्तृत्त्वाभिमानोऽहं शब्दबोधित एष चिदाभासश्चात्मनि कूटस्थे कल्पित इतीष्यतामिति शम् ।।

मोहाज्जीवकूटस्थयोः परस्पराध्यास इति प्रदर्शनम् -

अहन्तास्वत्त्वयोर्भेदे रूप्यतेदन्तयोरिव ।
स्पष्टेऽपि मोहमापन्ना एकत्त्वं प्रतिपेदिरे ॥ ५१ ॥

अन्वयः - रूप्यतेदन्तयोः एव अहन्तास्वत्वयोः भेदे स्पष्टे अपि मोहम् आपन्नाः एकत्वं प्रतिपेदिरे।।

व्याख्या :- स्वयमहं जानामीत्याकारकप्रतीतिबलात्स्वयन्ताहन्तयोस्सामानाधिकरण्यप्रतीतेरहन्तायाः

में विरोध है । इसी प्रकार स्वयंता और अन्यता के विषय में भी जानना चाहिये । जो स्वयं है, वह अन्य नहीं है और जो अन्य है, वह स्वयं नहीं है । इसी प्रकार त्वंता और अहंता में भी विरोध है । जहाँ तुम्हारापन है, वहाँ मेरापन नहीं है और जहाँ मेरापन है, वहाँ तुम्हारापन नहीं है । अतः दोनों परस्पर विरोधी हैं । इस विषय में बिल्कुल भी संशय नहीं है । भाव यह है कि तत्ता और इदंता दोनों विरुद्धात्मक होने के कारण उनका आत्मत्व संभव नहीं है ।

पूर्व कथन का फलितार्थ कहते हैं ।

अर्थ - अन्यत्व का प्रतिद्वन्द्वी स्वयं कूटस्थ और त्वंता का प्रतियोगी यह अहंता है, जो कूटस्थ आत्मा में कल्पित है, ऐसा मानना चाहिये ।५०।

व्याख्या - अन्यत्व धर्म का प्रतिद्वन्द्वी (विरोधी) स्वयं शब्द का अर्थ कूटस्थ चैतन्य है और त्वं शब्द के अर्थ का विरोधी यह अहंता अर्थात् अहंकर्तृत्वाभिमान अहं शब्द से बोधित यह चिदाभास है और यह चिदाभास भी कूटस्थ आत्मा में भ्रान्ति से कल्पित है ।

जीव और कूटस्थ के परस्पर अध्यास का कारण मोह है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - रूप्यता (चाँदीपन) और शुक्ति के इदं अंश की तरह अहंता और स्वयंता में स्पष्ट भेद होने पर भी मोहाविष्ट मनुष्य दोनों की एकता मानते हैं ।५१।

व्याख्या - उक्त प्रकार से जीव और कूटस्थ का भेद होने पर भी सभी लोग इस प्रकार क्यों नहीं

कल्पितत्त्वं कथमुच्यत इत्याशङ्क्यायामाह । रूप्यतेदन्तयोरिव यथेदमिति निर्दिश्यमाने वस्तुनि शुक्तिशकले भ्रान्त्या तद्भिन्नस्य रूप्यत्त्वस्यारोपितत्त्वाद्भेदे स्पष्टेऽपि तं भेदमविज्ञाय मोहमापन्ना इदं रजतमिति व्यवहरन्त एकत्त्वं प्रतिपेदिरे तथैवाहन्तास्वत्वयोरहं स्वयंशब्दबोध्ययोर्धर्मयोर्भेदे प्रागुपदर्शितरीत्या सुस्पष्टे जीवकूटस्थयोर्भेदे सुविदितेऽपि मोहमापन्ना जना अज्ञा अन्यधर्मानन्यस्मिन्नारोप्य परस्पराध्यासं कृत्त्वैकत्त्वमैक्यं प्रतिपेदिरे ।।

अविद्यानिवृत्तौ तत्कार्यस्यापि नाशप्रदर्शनम् । भ्रान्तिरविद्यामूलिकैवेति निरूपणम् –

तादात्म्याध्यास एवात्र पूर्वोक्ताविद्यया कृतः ।
अविद्यायान्निवृत्तायान्तत्कार्यं विनिवर्तते ।। ५२ ।।

अन्वयः – तादात्म्याध्यासः एव अत्र पूर्वोक्ताविद्यया कृतः । अविद्यायां निवृत्तायां तत्कार्यं विनिवर्तते ।।

व्याख्या :– कूटस्थात्मनि योऽयमहङ्काराध्यासस्स किं संसर्गाध्यास उत तादात्म्याध्यास इत्यत्र तादात्म्याध्यास एवेत्याह अत्र विभिन्नयोरहन्तास्वत्वयोरेकत्वापादने तादात्म्याध्यासो जीवकूटस्थयोः एकत्त्वकल्पना पूर्वोक्ताविद्यया"नादिरविवेकोऽयं मूलाविद्येति गम्यता"मित्युक्त्याविद्यया जीवकूटस्थ–विवेचनासामर्थ्यरूपानादिरविवेकात्मकमूलाविद्ययाकृतः कल्पितः । यस्मादाविद्याकार्यत्त्वमस्य तस्मादेवा–विद्यानिवर्तकज्ञाननैव तन्निवृत्तिरित्याह । अविद्यायां निवृत्तायां समूलमात्मानुभवेन नष्टायां तत्कार्यं

जानते हैं ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि जैसे अधिष्ठान रूप शुक्ति का सामान्य इदं अंश और आरोपित का विशेष रजतांश इन दोनों का भेद स्पष्ट होने पर भी मोहाविष्ट अज्ञानी मनुष्य उन दोनों का भेद न जानने के कारण दोनों की एकता मानते हैं । उसी प्रकार अहंता और स्वयंता का भेद पूर्वोक्त रीति से स्पष्ट विदित होने पर भी अज्ञानी लोग अन्य के धर्मों को अन्य में आरोपित करते हुए दोनों की एकता मानते हैं । भाव यह है कि उन दोनों की एकता रूप अध्यास का कारण मोह ही है ।

पूर्वोक्त भ्रान्ति के हेतु का वर्णन करते हैं ।

अर्थ – पूर्वोक्त अविद्याकृत तादात्म्याध्यास ही यहाँ जीव और कूटस्थ की एकता के भ्रम का कारण है । अविद्या के निवृत्त हो जाने पर उसका कार्य (जीव और कूटस्थ की एकता का भ्रम) भी निवृत्त हो जाता है ।५२।

व्याख्या – कूटस्थ आत्मा में जो यह अहंकाराध्यास है, वह संसर्गाध्यास है अथवा तादात्म्याध्यास ? ऐसी आशंका होने पर कहते हैं कि अविद्याकृत तादात्म्याध्यास ही जीव और कूटस्थ के अभेद रूप भ्रम का कारण है ।

"***अनादिरविवेकोऽयं मूलाविद्येति गम्यताम्*** "(पं.द. ६/२५) इस प्रकार पूर्वोक्त मूलाविद्या (अज्ञान) से ही जीव और कूटस्थ का अभेद रूप भ्रम उत्पन्न हुआ है । अर्थात् जीव और कूटस्थ का विवेचन करने में असमर्थ अनादि अविवेकात्मक जो मूलाविद्या है, उसी के द्वारा यह भ्रम हुआ है । अविद्या के द्वारा यह भ्रम कल्पित है । इस अविद्या की निवृत्ति हो जाने पर जीव और कूटस्थ की एकता का भ्रम रूप जो उसका कार्य है, वह भी निवृत्त हो जाता है अर्थात् स्वयं ही नष्ट हो जाता है । उपादान कारण

तस्या अविद्यायाः कार्यात्मकं जगद्विलासोऽन्योऽन्यतादात्म्याध्यास इत्येतत्सर्वं विनिवर्तते दग्धेन्धनाग्निरिव स्वयं शान्तो भवति । लोक उपादानकारणनाशेन कार्यनाशस्य दृष्टचरत्वादिति दिक् ।।

जीवन्मुक्त्युपपत्तिप्रदर्शनम् -

अविद्यावृतितादात्म्ये विद्ययैव विनश्यतः ।
विक्षेपस्य स्वरूपन्तु प्रारब्धक्षयमीक्षते ॥ ५३ ॥

अन्वयः-अविद्यावृतितादात्म्ये विद्यया एव विनश्यतः । विक्षेपस्य स्वरूपं तु प्रारब्धक्षयम् ईक्षते ।।

व्याख्या :- जीवन्मुक्तानामविद्यानाशकब्रह्मात्मैकत्वानुभवरूपविद्याया साक्षात्कृतायामप्य-विद्याकार्यस्य देहादेरुपलम्भा"दविद्यायां निवृत्तायां तत्कार्यं विनिवर्तत" इत्युक्तमयुक्तमिति चेदुच्यते। विद्यया चिदाभासकूटस्थैक्यज्ञानेनाविद्यावृतितादात्म्ये केवलाविद्याकृते "न भाति नास्ति कूटस्थ" इत्युक्तावृति "रविद्यावृतकूटस्थे देहद्वययुता चितिः । शुक्तौ रूप्यवदध्यस्ता विक्षेपाध्यास एव ही"त्युक्ताविद्यावृतकूटस्थस्य देहद्वयविशिष्टचिदाभासस्यैक्याध्यासस्तादात्म्यमित्युभे विनश्यत इत्यत्राप्यनु-पपत्तिः । ज्ञानेनाज्ञाननिवृत्तिदर्शनात् । अविद्यैककारणयोरावृतितादात्म्ययोः विद्ययैव विनिवृत्तिरिति भावः । किन्तु प्रारब्धकर्मसहिताविद्याजन्यस्य विक्षेपात्मकस्य स्थूलसूक्ष्मदेहद्वयस्य स्वरूपं तु प्रारब्धक्षय-मीक्षते प्रारब्धकर्मभोगानन्तरमेव नश्यति । विक्षेपः कर्मक्षयावसानमवतिष्ठते । "ज्ञानाग्निस्सर्वकर्माणि

के नष्ट होने पर कार्य का नाश होना लोक में देखा ही जाता है । अतः अविद्या रूप कारण के नष्ट होने पर उसका कार्य भी नष्ट हो जाएगा ।

विक्षेप का स्वरूप से नाश प्रारब्धाधीन है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - अविद्याजन्य आवरण और तादात्म्याध्यास ये दोनों विद्या से ही नष्ट हो जाते हैं किन्तु विक्षेप का स्वरूप से नाश होना प्रारब्धक्षय की अपेक्षा रखता है ।५३।

व्याख्या - अविद्या का नाशक ब्रह्मात्मैकत्व रूप ज्ञान उत्पन्न होने पर भी अविद्या के कार्य जो देहादि हैं, उनकी उपलब्धि तो होती ही है, तो फिर "***अविद्यायां निवृत्तायां तत्कार्यं विनिवर्तते***" यह आपका कथन कैसे उचित है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि ज्ञान होने पर अविद्याजन्य आवरण और तादात्म्याध्यास का ही नाश होता है । अर्थात् "***न भाति नास्ति कूटस्थः***" इस प्रकार की आवृति (आवरण) और -

अविद्यावृतकूटस्थे देहद्वययुता चितिः ।
शुक्तौ रूप्यवदध्यस्ता विक्षेपाध्यास एव हि ।। (पं.द. ६/३३)

इस श्लोक में प्रतिपादित विक्षेपाध्यास अर्थात् तादात्म्याध्यास का ही नाश होता है । इस विषय में केाई शंका नहीं है क्योंकि ज्ञान के द्वारा अज्ञान की निवृत्ति होना लोक में भी देखा गया है । किन्तु ज्ञानोत्तरकाल में ज्ञानी का शरीरादि से सम्बन्ध होने का क्या कारण है ? इसका उत्तर देते हैं कि विक्षेप का स्वरूप से नाश तो प्रारब्ध की अपेक्षा रखता है अर्थात् अविद्याजन्य विक्षेपात्मक स्थूल और सूक्ष्म रूप शरीरों का स्वरूप से नाश तो प्रारब्ध क्षय होने की प्रतिक्षा करता है । इनका नाश तो प्रारब्ध कर्मों के नष्ट होने पर ही होता है। "***ज्ञानाग्निः सर्वकर्माणि भस्मसात्कुरुतेऽर्जुन***" (गी. ४/३७) इस भगवद्वचन में

भस्मसात्कुरुत'' इत्युक्तेरयमेवार्थो यत्प्रारब्धातिरिक्तं कर्म ज्ञानेन विनश्यतीति । प्रारब्धनाशस्तु प्रारब्धाधीनदेहपातान्त इति भावः । न भाति नास्ति कूटस्थ इत्याकारिकावृतिः कूटस्थे चिदाभासाध्यासरूपस्थूलसूक्ष्मशरीरद्वयविशिष्टा । प्रारब्धप्राप्तं च तच्छरीरद्वयम् । तत्र चिदाभासस्यारोपिततत्वज्ञानोदयेनाविद्याविनाशे सत्यावृतिविक्षेपौ विनश्यतः । नाशानन्तरमपि ज्ञानदशायां योऽनुवर्तते देहस्सा दग्धरशनेवाभाति। अज्ञजनतादृग्गोचरमेव स्वदृष्ट्या ब्रह्मातिरिक्तं किमपि नास्त्येव। चिदाभासस्य शरीरद्वयं तु देहपातोत्तरमेव विनश्यतीति न जीवन्मुक्तौ कोऽपि विरोध इति शम् ।।

उपादाननाशोत्तरमपि कार्यस्य किञ्चित्कालमनुवृत्तौ न्यायमतसम्मतिप्रदर्शनम् –

उपादाने विनष्टेऽपि क्षणङ्कार्यं प्रतीक्षते ।
इत्याहुस्तार्किकास्तद्वदस्माकङ्किन्नसम्भवेत् ।। ५४ ।।

अन्वयः – उपादाने विनष्टे अपि क्षणं कार्यं प्रतीक्षते इति तार्किकाः आहुः । तद्वत् अस्माकं किं न सम्भवेत् ?

व्याख्या :– आधारभूताया अविद्याया नाशे निराश्रया विक्षेपशक्तिर्नश्यत्येव । तत्कथमुच्यतेऽविद्या–निवृत्तावपि यावत्प्रारब्धक्षयं विक्षेपस्तिष्ठतीति चेदुपादाननाशोत्तरमपि कार्यानुवृत्तिः किञ्चित्कालमभ्युपगता नैयायिकैस्तद्वदेवस्माकमित्याह । उपादाने कारणे विनष्टेऽपि तस्य कार्यं क्षणं किञ्चित्कालं प्रतीक्षते स्वनाशार्थं निरीक्षत इत्याहुस्तार्किकाः । तद्वदस्माकं वेदान्तिनां मतेऽप्युपादानभूताया अविद्याया नाशे

भी प्रारब्धातिरिक्त कर्मों का ही ज्ञान से नाश होना कहा गया है । भाव यह है कि प्रारब्ध का नाश तो प्रारब्धाधीन देह के नष्ट होने पर ही होता है । "***न भाति नास्ति कूटस्थः***" इस प्रकार की आवृति चिदाभासाध्यास रूप स्थूल और सूक्ष्म शरीरों से युक्त कूटस्थ में है और वे दोनों देह प्रारब्ध से प्राप्त हुए हैं । तत्त्वज्ञान के द्वारा जब अविद्या का नाश हो जाता है, तब आवृति और तादात्म्याध्यास दोनों ही नष्ट हो जाते हैं । किन्तु चिदाभास के दोनों शरीरों का नाश तो उनका पतन होने पर ही होता है ।

उपादान कारण के नाश होने के बाद भी कुछ काल तक कार्य रहता है, इस कथन में न्याय शास्त्र की सम्मति दिखाते हैं ।

अर्थ – उपादान कारण के नष्ट हो जाने पर भी उसका कार्य एक क्षण तक ठहरता है । इस प्रकार नैयायिकों ने कहा है, उसी प्रकार हमारे वेदान्त मत में भी संभव क्यों न होगा ?५४।

व्याख्या – पूर्व में जो कहा कि अविद्या के नाश होने पर भी उसका कार्य रूप यह शरीर प्रारब्धक्षय पर्यन्त रहता है, यह बात कैसे संभव है ? क्योंकि अविद्या का नाश हो जाने पर उसकी आश्रयभूता विक्षेपशक्ति किसका आश्रय लेकर रहती है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि निराश्रय की स्थिति भी किञ्चित् काल तक रहती है, ऐसा नैयायिकों ने भी स्वीकार किया है अतः हमारे पक्ष में भी यही समाधान मान लो । इस प्रकार समाधान देते हुए कहते हैं कि उपादान कारण के नष्ट हो जाने पर भी उनका जो कार्य है, वह क्षणमात्र के लिये बना रहता है अर्थात् उपादान कारण के नष्ट होते ही उसका कार्य तुरन्त ही नष्ट नहीं हो जाता । नैयायिकों ने अपने कार्य–कारणभाव को सिद्ध करने के लिए इस प्रकार कहा

तच्छक्तिभूतो विक्षेपः किञ्चित्कालमनुवर्तत इति किं न संभवेत् ? कारणनाशोत्तरं कार्यानुवृत्तौ कालतारतम्यगणनापरोक्षाया अप्रयोजकत्त्वादिति दिक् ।।

प्रकृतौपायिकक्षणपदार्थनिरूपणम् –

तन्तूनां दिनसंख्यानां तैस्तादृक् क्षण ईरितः ।
भ्रमस्यासङ्ख्यकल्पस्य योग्यः क्षण इहेष्यताम् ।। ५५ ।।

अन्वयः – दिनसंख्यानां तन्तूनां तैः तादृक् क्षणः ईरितः । इह असङ्ख्यकल्पस्य भ्रमस्य योग्यः क्षणः इष्यताम् ।।

व्याख्या :– कार्यनाशजनकः कारणनाशः । तत्र कार्यनाशसामग्र्यां प्रतियोगिनोऽपि प्रवेशोऽभ्युपगन्तव्यः । अन्यथा प्रतियोगिस्वरूपोपलम्भात्प्रागपि तन्नाशापत्तेः । तथा च कार्यनाशं प्रति प्रतियोगिनोऽपि कारणत्वाकारणनाशक्षणे कार्याव्यवहितपूर्ववृत्तित्त्वं कारणत्वमित्युक्तलक्षणरीत्या प्रतियोगिभूतकार्यस्यापि निराश्रया स्थितिः केवलं कारणत्त्वोपपादनाय क्षणमात्रमभ्युपेयते । तद् दृष्टान्तेन प्रारब्धक्षयं यावदिति दीर्घकालस्थित्यङ्गीकारो न न्याय्यः । तार्किककल्पितक्षणमात्रकालेन सह प्रारब्धभोगावसानपर्याप्तकालस्य तौल्याभावादिति चेदुच्यते । दिनसङ्ख्यानां क्षणसमुदायात्मकदिननिष्ठसङ्ख्यापरिच्छिन्नानां उत्पत्तिमारभ्य

है । अतः नैयायिकों की तरह हमारे वेदान्त मत में भी उक्त कथन असंभव कैसे हो सकता है ? अर्थात् अविद्या रूप उपादान कारण के नाश होने पर भी उसका कार्य रूप जो विक्षेप है, वह कुछ समय तक रहता है, यह हमारा कथन अयुक्त कैसे हो सकता है ?

तार्किकों ने तो कार्य की स्थिति का काल एकक्षण मात्र अंगीकार किया है, चिरकाल तक नहीं । ऐसी आशंका होने पर कहते हैं कि -

अर्थ – दिनों से जिनकी आयु की गणना हो सकती है, ऐसे सूत्रों (तन्तुओं) का उन नैयायिकों ने उसी के अनुरूप क्षण कहा है । किन्तु भ्रम तो अनेकों कल्पों से चला आ रहा है अतः उसके अनुसार हमारे द्वारा प्रतिपादित (दीर्घ) क्षण का वर्णन योग्य ही है, ऐसा समझना चाहिये ।५५।

व्याख्या – सिद्धान्ती ने जिस न्यायशास्त्र का उल्लेख अपने मत की पुष्टि के लिये किया है, वह सर्वथा सिद्धान्त मत की पुष्टि नहीं करता है क्योंकि नैयायिकों ने तो उपादान कारण के नष्ट होने के बाद उसके कार्य की स्थिति केवल क्षणभर के लिए ही स्वीकार की है किन्तु आपका प्रारब्ध रूप जो विक्षेप है, वह तो कई वर्षों का होता है अर्थात् शरीर का नाश होने में तो कई वर्ष लग जाते हैं । तो फिर आप अपने मत की पुष्टि नैयायिकों से कैसे करते हैं ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि जिनकी आयु की गणना कुछ दिनों में हो सकती है, ऐसे सूत्रों (तन्तुओं) के विषय में नैयायिकों ने जिस क्षण की कल्पना की है, वह उनके कथनानुकूल है अर्थात् नैयायिकों ने कार्य-कारणभाव की सिद्धि के लिए सूत्र रूप उपादान कारण के नष्ट होने पर भी पट रूप कार्य की स्थिति को क्षणमात्र के लिए जो अंगीकार किया है, वह उनके अनुसार ठीक है, क्योंकि उनके तन्तु रूप उपादानकारण की आयु बहुत अधिक न होकर कुछ दिनों की ही है । अतः उस गणना के अनुसार उनका उक्त कथन ठीक है, किन्तु हमारे वेदान्त सिद्धान्त में प्रतिपादित जो भ्रम है, उसकी आयु तन्तु के समान कुछ दिनों की नहीं है । यह भ्रम तो अनादिकाल

नाशावधिकतिचिद्विनमात्रप्रख्यातानां तन्तूनां पटोपादानकारणभूतानां सूत्राणां विषये तैस्तार्किकै-स्तादृक्तदवयवसूक्ष्मकालरूपः क्षणः कार्यस्थित्यनुकूल ईरितः । असङ्ख्यकल्पस्य न सङ्ख्यायाः कल्पा यस्य तादृशस्य सङ्ख्यावदवयवशून्यकल्पस्याखण्डकल्पकल्पन्तरेभ्योऽनुवृत्तस्यानादिकालप्रवृत्तस्य भ्रमस्य तत्कृतसंसारस्य योग्यस्तदनुरूपक्षण इष्यताम् । संसारस्यानादिकालमारभ्यानुवृत्तत्त्वा-त्तत्संस्कारवशेन कुलालचक्रभ्रमणवच्चिरकालानुवृत्तिर्नैव विरुद्ध्यत इति दिक् ।।

प्रमाणयुक्त्यनुभूतिभ्य उपादानध्वंसोत्तरं कार्यावस्थितिनिरूपणम् –

विना क्षोदक्षमं मानन्तैर्वृथा परिकल्प्यते ।
श्रुतियुक्त्यनुभूतिभ्यो वदताङ्किन्नु दुःशकम् ।। ५६ ।।

अन्वयः – क्षोदक्षमं मानं विना तैः वृथा परिकल्प्यते । श्रुतयुक्त्यनुभूतिभ्यः वदतां किं नु दुश्शकम् ?

व्याख्या :– वस्तुतस्तार्किकाणामारम्भवादिनामुपादानध्वंसानन्तरं क्षणमात्रं कार्यस्थित्यङ्गीकारो नैवोचितस्तस्मिन्प्रचुरप्रमाणालाभात् । अस्माकमद्वैतिनां विवर्तवादिनां श्रुतिरस्ति प्रमाणं "तस्य तावदेव

से है । अनेकों कल्प बीत जाने पर भी यह भ्रम अभी भी बना हुआ है अतः इस गणना के अनुसार यदि आप विचार करेंगे तो हमारे द्वारा प्रतिपादित दीर्घ क्षण का काल भी उचित ही प्रतीत होगा । अर्थात् प्रारब्धनाश होने तक अविद्याकृत जो विक्षेप है, वह शरीर रूप से कुछ समय तक (कुछ वर्षों तक) रहता है, यह कथन भी विरुद्ध नहीं है । भाव यह है कि दिनों की गणना के अनुसार नैयायिकों के क्षण को आप जैसे स्वीकार करते हो, उसी प्रकार अनेकों कल्पों की गणना के अनुसार कुछ वर्षो का समय भी क्षण के बराबर ही है । अतः कुलालचक्र के भ्रमण की तरह अनादिकाल से अनुवृत्त संसार की अज्ञान के नाश होने के बाद भी चिरकाल तक अनुवृत्ति संस्कारवश होती है, ऐसा कहने में कोई विरोध नहीं है ।

श्रुति, युक्ति और अनुभूति के द्वारा उपादान ने नाश होने पर कार्य की स्थिति का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – विचारों को सहन करने वाले प्रमाण के बिना ही उन नैयायिकों ने (क्षणरूपी) वृथा कल्पना की है । परन्तु श्रुति, युक्ति और अनुभूति के द्वारा बोलने वाले हम वेदान्तियों के लिये क्या कहना अशक्य है ?५६।

व्याख्या – यदि कहो कि नैयायिकों के जिस मत का आश्रय आप ले रहे हैं, उनका वह मत उचित न होने के कारण आपका कथन भी अप्रमाणिक ही होगा । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि वस्तुतः तार्किकों ने उपादान कारण के ध्वंस होने के बाद भी क्षणमात्र कार्य की स्थिति को अंगीकार किया है, वह उचित नहीं है क्योंकि उस विषय में प्रचुर प्रमाणों का अभाव है । किन्तु विवर्तवाद को मानने वाले हम वेदान्तियों के विषय में यह बात नहीं है । हम जो कुछ भी कहते हैं, वह श्रुति (वेद), युक्ति (तर्क) और अनुभूति (अनुभव) के आधार पर ही बोलते हैं । मनमाना कुछ भी नहीं कहते हैं । **सर्वप्रथम श्रुति का प्रतिपादन करते हैं** – "***तस्य तावदेव चिरं चावन्न विमोक्ष्येऽथ संपत्स्ये***" (छा.उ. ६/१४/२) उस तत्त्वेत्ता के लिये विदेह कैवल्य प्राप्त करने में उतनी ही देर है जब तक कि वह प्रारब्ध कर्मों

चिरं यावन्न विमोक्ष्येऽथ सम्पत्स्य'' इति तथा दृढतरा युक्तिरपि, मरीचिकायां जलबुद्ध्या स्नान-पानादिजलकार्यार्थं प्रधाव्य यत्किञ्चिदलब्ध्वा तदधिष्ठानीभूतमध्याह्नकालिकभानुकिरणालोका-वच्छिन्नोषरभूतलसाक्षात्कारेण नेदं जलमिति बाधेऽपि यावन्माध्यन्दिनसौरालोकसंयोगं तावत्तदग्रदेशा-वच्छेदेन तत्प्रतीत्यादिरस्ति । एवं ज्ञानिनामबाधितानुभूतिरपि ''जीवन्मुक्तिस्तावदस्ति प्रतीतेर्द्वैतच्छाया

का भोगकर वर्तमान देह बन्धन से मुक्त नहीं हो जाता । इस श्रुति प्रमाण से सिद्ध होता है कि ज्ञानोत्तरकाल में भी ज्ञानी का शरीर बना रहता है । **अब युक्ति दिखाते हैं** - कुम्भकार का चक्र यहाँ युक्ति प्रमाण है । कुम्भकार (कुम्हार) घड़ा बनाने के लिये मिट्टी का पिण्ड चक्र पर रखकर उसे पूरी शक्ति से घुमाता है, फिर उसे छोड़ देता है । तब चक्र को छोड़ देने पर अर्थात् उसको घुमाना बन्ध कर देने के बाद भी वह चक्र जब तक उसमें वेग है, घूमता रहता है । वेग समाप्त होने पर ही उसका घुमना बन्द होता है । इस विषय में दूसरी युक्ति यह है कि कोई धनुर्धर जब बाण चलाता है तो जितनी शक्ति से उस बाण को चलाया जाएगा, वह उतनी ही दूर जाएगा अर्थात् जब तक उसमें वेग है तब तक वह लक्ष्य की ओर बढ़ता रहेगा, वेग समाप्त होते ही गिर जाएगा । इसी प्रकार प्रकृत में भी जानना चाहिये । प्रारब्ध रूप वेग समाप्त होने तक कुम्हार के चक्र और बाण की तरह यह शरीर चलता रहता है ।

अब अनुभूति प्रमाण प्रस्तुत करते हैं - अनुभूति प्रमाण के रूप में जीवन्मुक्त महात्माओं का शरीर साक्षात् उपलब्ध है । ज्ञानी का शरीर प्रारब्धाधीन होने के कारण प्रारब्ध क्षय पर्यन्त वह चलता रहता है । यदि ज्ञान होते ही शरीर का नाश हो जाता तब तो ज्ञान की परम्परा ही नष्ट हो जाती । जब ज्ञान प्रदाता गुरु ही नहीं रहेंगे तो मुमुक्षुओं को किनसे ज्ञान प्राप्त होगा ? अतः हमारे कथन में अनुभूति प्रमाण भी जाग्रत् है ।

इस विषय मे संक्षेपशारीरक में भी कहा है कि -

जीवन्मुक्तिस्तावदस्ति प्रतीतेः द्वैतच्छाया तत्र चास्ति प्रतीतेः।

द्वैतच्छायारक्षणायास्तिलेशः तस्मिन्नर्थे स्वानुभूतिः प्रमाणम् ।। (सं.शा. ४/४३)

अर्थात् - जीवन्मुक्ति अवश्य है, क्योंकि उसकी प्रतीति होती है और उस जीवन्मुक्ति में द्वैताभास भी है क्योंकि उसकी भी प्रतीति होती है । द्वैताभास की सिद्धि लेशमात्र प्रतीति के कारण है । उक्त अर्थ में अपना अनुभव ही प्रमाण है ।

तस्माज्जीवन्मुक्तिरूपेण विद्वान् आरब्धानां कर्मणां भोगसिद्ध्यै ।

स्थित्वा भोगं ध्वान्तगन्धप्रसूतं भुक्त्वात्यन्तं याति कैवल्यमन्ते ।। (सं.शा. ४/४५)

अर्थात् - इसलिये ज्ञानवान प्रारब्धकर्मों का भोग करने के लिए जीवन्मुक्त रूप से स्थित होकर ही अविद्याजन्य भोगों का उपभोग करके प्राणान्त होने पर अन्त में परम कैवल्य पद को प्राप्त होता है ।

और -

पश्यामि चित्रमिव सर्वमिदं द्वितीयं तिष्ठामि निष्कलचिदेकवपुष्यनन्ते ।

आत्मानमद्वयमनन्तसुखैकरूपं पश्यामि दग्धरशनामिव च प्रपञ्चम् ।। (सं.शा. ४/५४)

शिष्य अपना अनुभव प्रदर्शित करते हुए कहता है कि मैं इस सम्पूर्ण जगत् को चित्र के समान देख रहा हूँ । पूर्ण चैतन्यैकस्वरूप निष्कल अनन्त ब्रह्म में स्थित हूँ । और आत्मा को अद्वितीय,अनन्त, सुखस्वरूप देखता हूँ ।

तत्र चास्ति प्रतीतेः । द्वैतच्छाया रक्षणायास्तिलेशस्तस्मिन्नर्थे स्वानुभूतिः प्रमाणम् । तस्माज्जीवन्मुक्तरूपेण विद्वानारब्धाणां कर्मणां भोगसिद्धयै । स्थित्त्वा भोगं ध्वान्तगन्धप्रसूतं भुक्त्वात्यन्तं याति कैवल्यमन्ते ।। पश्यामि चित्रमिव सर्वमिदं द्वितीयं तिष्ठामि निष्कलचिदेकवपुष्यनन्ते । आत्मानमद्वयमनन्तसुखैकरूपं पश्यामि दग्धरशनामिव च प्रपञ्चम्" इत्यादि । अत एवमङ्गीकारे न किञ्चिद्बाधकमित्याह – क्षोदक्षमं विचारसहं मानं प्रमाणं विना तदुपलक्षणाय युक्त्यनुभूती अप्यन्तरेणैव तैस्तार्किकैः निरर्थकं केवलया युक्त्याभासया युक्त्या परिकल्प्यते । श्रुतियुक्त्यनुभूतिभ्यो वदतां तदालम्बनेनार्थनिर्णयं कुर्वतां प्रक्रियां च प्रदर्शयतां वेदान्तिनामस्माकं किं नु दुश्शकम् न किमप्यस्ति। "तस्य तावदेव चिरं यावन्न विमोक्ष्येऽथ सम्पत्स्ये" इत्यादिश्रुतिः । चक्रभ्रमादिदृष्टान्तसिद्धा मुक्तेषुन्यायसिद्धा वा मृगमरीचिकादिदर्शनादयश्च युक्तयः। जीवन्मुक्तानां विद्वद्वरिष्ठानां ज्ञानिनामनुभूतिश्चेत्येतेभ्यो बलेन किं वक्तुमशक्यमिति शम् ।।

कूटस्थपरिणामिनोरेकत्त्वं भ्रान्तिपरिकल्पितमिति निरूपणम् –

आस्तां दुस्तार्किकैस्साकं विवादः प्रकृतं ब्रुवे ।
स्वाहमोस्सिद्धमेकत्त्वङ्कूटस्थपरिणामिनोः ।। ५७ ।।

अन्वयः – दुस्तार्किकैः साकं विवादः आस्ताम् । प्रकृतं ब्रुवे । कूटस्थपरिणामिनोः स्वाहमोः एकत्वं सिद्धम् ।।

व्याख्या :– दुस्तार्किकैश्श्रुत्यादिप्रमाणमन्तरेण केवलं युक्त्यवलम्बिभिस्साकं विवाद आस्ताम्। तत्र बुद्धेर्नावसरो देयो मनागपि । प्रकृतमनुसरामः । यदुपदेष्टव्यं तद्ब्रुवे । "कालक्षेपो न कर्तव्यः क्षीणमायुः क्षणे क्षणे । यमस्य करुणा नास्ति कर्तव्यं ह्यात्मचिन्तनम्" ।। स्वाहमोस्स्वयन्ताहन्ताविशिष्टयोः

इस प्रकार उक्त कथन में अनुभूति प्रमाण का भी स्पष्ट प्रतिपादन कर दिया गया है । युक्तियों को सहन न कर सकने वाले प्रमाण को "**क्षोदक्षमं मानं**" कहते हैं । भाव यह है कि नैयायिक लोगों ने जिस क्षण की कल्पना की है, वह न तो श्रुति से प्रमाणित है और न अनुभूति से तथा युक्ति भी पूर्ण रूप से सफल नहीं है । अतः उनकी यह कल्पना व्यर्थ ही है किन्तु वेदान्त मतानुयायीं हम लोग कभी अप्रामाणिक बात नहीं करते हैं । हमारे मत की पुष्टि के लिए श्रुति, युक्ति और अनुभूति प्रमाण विद्यमान हैं, जिसका वर्णन हम कर चुके हैं । अतः हमारे लिए क्या कहना अशक्य है ? अर्थात् कुछ भी नहीं ।

अत्यन्त निरर्थक मानते हुए, तार्किकवाद की उपेक्षा करते हुए अब प्रकृत प्रसंग का अनुसरण करते हैं ।

अर्थ – कुतर्कवादियों के साथ वाद–विवाद रहने दो, अब मैं प्रसंग में प्राप्त विषय को कहता हूँ । स्वयं रूप कूटस्थ और अहं रूप परिणामी चिदाभास की एकता भ्रान्ति से सिद्ध हुई ।५७।

व्याख्या – ग्रन्थकार कहते हैं कि प्रमाणों को छोड़कर केवल युक्ति का आश्रय लेने वाले जो दुष्ट तार्किक लोग हैं, उनके साथ वाद–विवाद रहने दो। अर्थात् उनके साथ व्यर्थ वाद–विवाद का कोई औचित्य नहीं है, केवल समय की बरवादी करना ही है ।

कालक्षेपो न कर्तव्यः क्षीणमायुः क्षणे क्षणे ।
यमस्य करुणा नास्ति कर्तव्यं ह्यात्मचिन्तनम् ।।

कूटस्थपरिणामिनोः कूटस्थस्योपाधिकल्पितपरिणामवच्चिदाभासस्य चैकत्त्वमनन्यत्त्वं तादात्म्यं भ्रान्त्या परस्परारोपादिना सिद्धमिति । अद्वितीयमात्मसाक्षात्कारेण भ्रान्तिनाशेऽहंकारास्पदचिदाभासो न दृश्यते केवलं कूटस्थ एव प्रतीयत इति दिक् ।।

भ्रान्तिः प्रमाणानादरादिति निरूपणम् –

भ्राम्यन्ते पण्डितंमन्यास्सर्वे लौकिकतैर्थिकाः ।
अनादृत्य श्रुतिं मौर्ख्यात्केवलां युक्तिमाश्रिताः ॥ ५८ ॥

अन्वयः – पण्डितम्मन्याः लौकिकतैर्थिकाः सर्वे मोर्ख्यात् श्रुतिम् अनादृत्य केवलां युक्तिम् आश्रिताः भ्राम्यन्ते ।

व्याख्या :– श्रुतितात्पर्यालोचनशून्याः कूटस्थजीवयोरेकतां भ्रान्तिसिद्धामिति नैव जानन्ति तैर्थिका एव यदि न जानन्ति कैमुतिकन्यायेन लौकिकानां विषये किं वक्तव्यमित्याह । सर्वे लौकिकतैर्थिका युक्तिमात्रावष्टम्भेन ये तत्त्वनिश्चयायाभिप्रवृत्तास्तत्तद्दर्शनप्रवर्तकाः पण्डितंमन्या आत्मानं पण्डितम्मन्य-मानास्तत्त्वज्ञानविधुराश्श्रुतिमनादृत्य मौर्ख्यादज्ञानात्केवलं युक्तिमाश्रिता भ्राम्यन्ते भ्रान्तिं यान्त्यपसिद्धान्तेषु प्रवर्तन्त इति शम् ।।

समय को व्यर्थ नहीं गवाना चाहिये । आयु प्रतिक्षण क्षीण होती जा रही है और यमराज को करुणा नहीं है अतः आत्मचिन्तन ही करना चाहिये ।

अतः प्रकृत विषय का अनुसरण करने के लिये ग्रन्थकार कहते हैं कि अब हम पुनः प्रकृत प्रसंग को स्पष्ट करने का प्रयत्न करते हैं । वह प्रसंग क्या था ? तो कहते हैं कि स्वयंता विशिष्ट कूटस्थ और अहंता विशिष्ट परिणामी चिदाभास इन दोनों की तादात्म्याध्यास के कारण एकता प्रतीत होती है, जो कि भ्रान्ति के कारण है । अतः पूर्व में दोनों की भ्रान्तिजनित एकता को हम सिद्ध कर चुके हैं । भाव यह है कि कूटस्थ चैतन्य भ्रान्ति के परिणाम अहंकारास्पद चिदाभास से अतिरिक्त ही है । कूटस्थ अहंकारास्पद नहीं है अतः भ्रान्तिजनित चिदाभास का ज्ञान से बोध हो जाने पर एक मात्र कूटस्थ चैतन्य ही अवशिष्ट रहता है ।

दुष्टतार्किकों के वाद का फल्गु रूप से उपेक्षा करने का कारण बताते हैं।

अर्थ – स्वयं को पण्डित मानने वाले सभी, शास्त्र संस्कार रहित और शास्त्र संस्कार युक्त लोग श्रुति का अनादर करके मूर्खतावश केवल युक्ति का ही आश्रय लेने से भ्रान्ति को प्राप्त होते हैं ।५८।

व्याख्या – श्रुतितात्पर्यालोचनशून्य लोग कूटस्थ और जीव की एकता भ्रान्ति के कारण है, ऐसा नहीं जानते हैं । 'तैर्थिकाः' शब्द का प्रयोग दर्शन शास्त्रों के प्रवर्तक आचार्यों के लिए किया गया है । जो शास्त्र संस्कार से युक्त होने पर भी इस बात को नहीं समझ सके तो फिर सामान्य मनुष्यों की तो बात ही क्या है ? केवल युक्ति से तत्त्व का निश्चय करने में प्रवृत्त हुए, पण्डित न होते हुए भी स्वयं को पण्डित मानने वाले सभी लौकिक और तैर्थिक (दर्शनशास्त्र प्रवर्तक) लोग सर्वजन हितैषिणी भगवती श्रुति का अनादर करके अर्थात् श्रुति में प्रतिपादित बात को अपने सिद्धान्त के अनुकूल न होने के कारण श्रुतिवचनों को प्रमाण न मानने वाले लोग मूर्खतावशात् केवल युक्ति का ही आश्रय लेते हैं, वे भ्रान्ति को प्राप्त होकर अपमार्ग में प्रवृत्त होते हैं । अतः उनकी अशास्त्रीय बातों पर बिल्कुल भी विश्वास नहीं करना चाहिये ।

साकल्येन श्रुत्यर्थानभिज्ञास्स्वस्वपक्षस्थापका इति निरूपणम् –

पूर्वापरपरामर्शविकलास्तत्र केचन ।
वाक्याभासान्स्वस्वपक्षे योजयन्त्यप्यलज्जया ॥ ५९ ॥

अन्वयः – तत्र पूर्वापरपरामर्शविकलाः केचन स्वस्वपक्षे वाक्याभासान् अपि अलज्जया योजयन्ति।

व्याख्या :– श्रुत्यर्थप्रवक्तारोऽप्यास्तिकदार्शनिकाः कुतस्तत्त्वं न जानन्तीत्यत्राह । तत्र तैर्थिकानां मध्ये ये बौद्धप्रमुखा नास्तिकदर्शनप्रवर्तकास्ते श्रुत्यर्थानभिज्ञा इति नाश्चर्यास्पदम् । परं ये केचन कणादकपिलभट्टगौतमपतञ्जला अप्यास्तिकदर्शनाचार्याः श्रुत्यर्थतत्त्वं पूर्वापरपरामर्शविकला उपक्रमादितात्पर्यलिङ्गैः प्रमाणवाक्यानां पूर्वोत्तरसन्दर्भसमालोचनेनैकवाक्यताकल्पनेऽसमर्थाः विकला यतस्स्वस्वपक्षेऽलज्जया वाक्याभासन्स्वाभिलषितं योजयन्ति कल्पयन्त्यतो भ्रमं प्राप्नुवन्ति ।।

लोकायतमतनिरूपणम् –

कूटस्थादिशरीरान्तसङ्घातस्यात्मतां जगुः ।
लोकायताः पामराश्च प्रत्यक्षाभासमाश्रिताः ॥ ६० ॥

अन्वयः – लोकायताः च पामराः कूटस्थादिशरीरान्तसङ्घातस्य आत्मतां जगुः । प्रत्यक्षाभासम् आश्रिताः।।

अपने-अपने सिद्धान्त को स्थापित करने वाले सभी दर्शनप्रवर्तक लोग पूर्ण रूप से श्रुत्यर्थ से अनभिज्ञ ही हैं, इसका प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ – उनमें कुछ लोग पूर्वापर का परामर्श करने में असमर्थ होने से अपने-अपने पक्ष में वाक्याभासों को लज्जा रहित होकर जोड़ते भी हैं ।५९।

व्याख्या – यहाँ शंका ऐसी हीती है कि बौद्ध, जैनादि नास्तिक दर्शन प्रवर्तकों के द्वारा श्रुति का अनादर होना तो संभव है किन्तु जो आस्तिक दर्शन हैं, उन दर्शनों के आचार्यों के द्वारा श्रुति का अनादर होना कैसे संभव है ? अतः आपका कथन अनुचित है । ऐसी आशंका होने पर कहते हैं कि उनके द्वारा भी नास्तिक दर्शनप्रवर्तकों की तरह श्रुति का अनादर अवश्य ही होता है । इस बात को स्पष्ट करते हुए आचार्य कहते हैं कि उन तैर्थिकों के मध्य में कुछ कणाद (वैशेषिकदर्शनाचार्य), कपिल (सांख्यदर्शनाचार्य), जैमिनि (मीमांसकाचार्य) आदि आस्तिकदर्शन प्रवर्तक लोग पूर्वापर का परामर्थ करने में असमर्थ होने के कारण अर्थात् पूर्व में कहे हुए और बाद में कहे हुए संदर्भों की विचार के द्वारा एकवाक्यता की कल्पना करने में अशक्त होन के कारण अपने-अपने पक्ष की पुष्टि करने के लिए वेद वाक्यों का सही अर्थ न जानने के कारण वाक्याभास प्रस्तुत करते हैं । और यदि उन वाक्यों के सही अर्थ को जानते हैं, तब भी अपने मत की सिद्धि के लिये निर्लज्ज होकर वाक्याभासों की कल्पना करते हैं अर्थात् स्वपक्ष की सिद्धि के लिए वाक्याभास को वेद के सही अर्थ के रूप में प्रस्तुत करते हैं । अतः अद्वैतातिरिक्त जितने भी आस्तिक दर्शन हैं, वे सभी किसी न किसी प्रकार से भगवती श्रुति का अनादर ही करते हैं ।

उनमें से सर्वथा श्रुति का अनादर करके वेद अप्रमाणित हैं, ऐसा कहने वालों में सर्वप्रथम चार्वाकों की मूर्खता का वर्णन करते हैं ।

अर्थ – प्रत्यक्षाभास प्रमाण पर ही आश्रित रहने वाले लोकायत (चार्वाक) और पामर लोगों ने कूटस्थ से लेकर शरीर पर्यन्त समस्त संघात को आत्मा कहा है ।६०।

व्याख्या :- सर्वथा श्रुतिमनादृत्य स्वमौर्ख्यं ये प्रदर्शयन्ति तेषां लोकायतिकानां मतं खण्डयितुं किञ्चिदनुवदति । लोकायता लोके आयता विस्तृता अनायाससाध्यत्त्वाच्चार्वाकमतसिद्धान्तानुयायिनो लोकायताः । ते प्रत्यक्षमेकं प्रमाणं मन्यन्ते । पामरा "विवर्णः पामरो नीचः प्राकृतश्च पृथग्जनः । निहीनोऽपसदो जाल्मः क्षुल्लकश्चेतरश्च स" इति कोशात्पा धर्मो म्रियते येनेति व्युत्पत्त्या च सामान्यतोऽपि शास्त्रज्ञानविकलाः प्रामाण्याभासं प्रमाणवदाभासमानं प्रत्यक्षमात्रं प्राकृतजनैकसुलभं प्रमाणत्त्वेनाश्रिताः कूटस्थादिशरीरसङ्घातस्य कूटस्थ आदिश्शरीरमन्तो यस्य तस्य तादृशस्य सङ्घातस्य स्थूलदेहस्य स्थूलोऽहं

व्याख्या - चार्वाकमतावलम्बी लोगों को लोकायत कहते हैं । लोक प्रसिद्ध पदार्थों के अतिरिक्त कोई वस्तु नहीं है, ऐसा मानने के कारण ही उन्हें लोकायत कहा जाता है । ये चार्वाकमतावलम्बी लोग एकमात्र प्रत्यक्ष को ही प्रमाण मानते हैं ।

अत्र चत्वारि भूतानि भूमिवाय्वनलानिलाः।
चतुर्भ्यः खलु भूतेभ्यश्चैतन्यमुपजायते ।।
किण्वादिभ्यः समेतेभ्यो द्रव्येभ्यो मदशक्तिवत् ।
अहं स्थूलः कृशोऽस्मीति सामानाधिकरण्यतः।।
मम देहोऽयमित्युक्तिः सम्भवेदौपचारिकी ।।

अर्थात् - पृथ्वी , जल, अग्नि और वायु ये चार ही तत्त्व हैं । और इन्हीं तत्त्वों से मादकद्रव्य समुदाय से उत्पन्न मदशक्ति के समान चैतन्य उत्पन्न होता है । 'मैं स्थूल हूँ' 'मेरा देह' इत्यादि व्यवहार भी औपचारिक ही हैं ।

चार्वाक लोग वेद को प्रमाण नहीं मानते हैं, वे वेदनिर्माता की निन्दा भी करते हैं कि वेदत्रयी के रचयिता भाण्ड, धूर्त और निशाचर हैं *''त्रयो वेदस्य कर्त्तारो भण्डधूर्तनिशाचराः''* देह के अतिरिक्त आत्मा को न मानने के कारण वे कहते हैं कि -

यावज्जीवेत् सुखं जीवेत् ऋणं कृत्वा घृतं पिबेत् ।
भस्मीभूतस्य देहस्य पुनरागमनं कुतः ।।

अर्थात् - जब तक जीवन है सुखपूर्वक जीयो, कर्ज लेकर भी घी पिओ, क्योंकि (कर्ज चुकाने के लिए) भस्मीभूत देह का पुनरागमन कहा होता है । और

न स्वर्गो नापवर्गो वा नैवात्मा पारलौकिकः।
नैव वर्णाश्रमादीनां क्रियाश्च फलदायिकाः।।

अर्थात् - न स्वर्ग है, न मोक्ष है और परलोक का सुख भोगने वाला कोई आत्मा भी नहीं है । और वर्णाश्रम आदि के जो कर्म हैं, वे भी फलदायक नहीं हैं ।

उनसे पूछा जाए कि यह संसार बिना ईश्वर के कैसे चल रहा है तो वे कहते हैं कि

अग्निरुष्णो जलं शीतं शीतस्पर्शस्तथानिलः।
केनेदं चित्रितं तस्मात् स्वभावात्तत् व्यवस्थितिः।।

अर्थात् - अग्नि को उष्ण, जल को शीतल, वायु को शीतस्पर्श इत्यादि विचित्र रूप किसने बनाया? अर्थात् किसी ने नहीं । यह सब स्वभाव से ही होते हैं ।

इस तरह अनेक प्रकार से अपने मत को सिद्ध करने की व्यर्थ चेष्टा करते रहते हैं ।

गौरोऽहं दीर्घोऽहमित्यादिप्रात्यक्षिकप्रतीतिबलादात्मतां जगुर्वदन्ति । प्रत्यक्षेणानुभूयमानत्त्वात्स्थूलदेहमेवात्मेति मन्यमाना नास्तिकाः प्रत्यक्षमपि न सम्यग्विचारयन्ति । यतो मरणानन्तरं शवशरीरे स्थूलदेहस्य सत्त्वेऽपि चैतन्यस्याभावाद्व्यवहारो न दृश्यतेऽतो न किमपि प्रमाणं पश्यन्तीति भावः। ते पामराश्चार्वाका लोकायताः प्रत्यक्षाभासमाश्रिता इत्यनेन प्रत्यक्षमपि न ते सम्यक्परीक्षन्त इति द्योतितमिति शम् ।।

लोकायतिकानां वञ्चकत्त्वप्रदर्शनम् –

श्रौतीकर्तुं स्वपक्षन्ते कोशमन्नमयन्तथा ।
विरोचनस्य सिद्धान्तं प्रमाणं प्रतिजज्ञिरे ।। ६१ ।।

अन्वयः – ते (चार्वाकादयः) स्वपक्षं श्रौतीकर्तुम् अन्नमयं कोशं तथा विरोचनस्य सिद्धान्तं प्रमाणं प्रतिजज्ञिरे ।

और प्राकृत जनों को पामर कहा गया है ।

विवर्णः पामरो नीचः प्राकृतश्च पृथग्जनः।
निहीनोऽपसदो जाल्मः क्षुल्लकश्चेतरश्च सः।। (अ.को. २/१०/१६)

इस अमरकोश के वचनानुसार '***पा धर्मो म्रियते येन स पामरः***' अर्थात् पा शब्द धर्मवाची है, जिसके द्वारा धर्म का नाश होता है, वह पामर कहलाता है । "***निकृष्टां लक्ष्मीं चिनोति स नीचः , प्रकृतौ भवः प्राकृतः , सज्जनेभ्यः पृथग्भूतो जनः पृथग्जनः***" और '***नितरां हीनः निहीनः***' इत्यादि पामरपुरुष के नाम हैं । इससे स्पष्ट है कि सर्वथा शास्त्रज्ञान रहित प्राकृत पुरुष को पामर कहा जाता है । इनकी गणना भी चार्वाकों के साथ ही कर ली गई है क्योंकि जैसे चार्वाक लोग प्रत्यक्ष को ही प्रमाण मानते हैं प्रायः पामर लोग भी वैसे ही हैं।

ये किसे आत्मा मानते हैं तो ग्रन्थकार कहते हैं कि "***कूटस्थादिशरीरान्तसंघातस्यात्मतां जगुः***" अर्थात् कूटस्थ से लेकर शरीर पर्यन्त समस्त संधात को ही ये लोग आत्मा मानते हैं । 'मैं स्थूल हूँ, मैं कृश हूँ, इत्यादि प्रत्यक्ष प्रमाण से पुष्ट स्थूल शरीर को ही आत्मा मानते हैं । इस स्थूल शरीर का प्रत्यक्ष से अनुभव होता है अतः यही आत्मा है । ऐसा मानने वाले नास्तिक लोक वस्तुतः प्रत्यक्ष प्रमाण को भी ठीक तरह से नहीं समझते हैं । क्योंकि मृत्यु के पश्चात् यह स्थूल शरीर प्रत्यक्ष दृष्टिगोचर होता है किन्तु चैतन्य के अभाव के कारण वह निश्चेष्ट ही पड़ा रहता है । इसी से देहातिरिक्त चैतन्य का अस्तित्व सिद्ध है तथापि चार्वाकादि देह को ही आत्मा मानते हैं । इसलिये कहा कि '***प्रत्यक्षाभासमाश्रिताः***' (प्रत्यक्षाभास प्रमाण पर ही आश्रित रहनेवाले) इसका भाव यह है कि वे मूर्ख लोग प्रत्यक्ष प्रमाण को भी ठीक नहीं जानते हैं, इसीलिए उन्हें प्रत्यक्षाभास प्रमाण के आश्रित कहा गया है । यदि वे प्रत्यक्ष प्रमाण पर ही विचार करें तो भी मृत्यु के पश्चात् मृतशरीर के सद्भाव और उसमें चैतन्य के अभाव से भी आत्मा का अस्तित्त्व सिद्ध ही है ।

अब आत्मा के स्वरूप का विचार करने वाले विविध मत मतान्तरों का विचार प्रारम्भ करते हुए सर्वप्रथम चार्वाकों के वञ्चकत्व का प्रदर्शन करते हैं।

अर्थ – वे (चार्वाक और पामर लोग) अपने पक्ष को श्रुतिसिद्ध करने के लिये अन्नमय कोश और विरोचन के सिद्धान्त को प्रमाण मानते हैं ।६१।

व्याख्या :- प्रत्यक्षाभासमात्राश्रयास्ते नास्तिका स्वमतमपि श्रुतिसिद्धमिति वञ्चयन्ति परान्व्यामोहयन्ति च ।। ते नास्तिकास्स्वपक्षं श्रौतीकर्तुं परसंमोहनाय प्रत्ययनाय चाश्रौतं पक्षं श्रुतसम्मतमिति केवलं प्रदर्शयितुं कोशमन्नमयं तत्कोशप्रतिपादवाक्यं "स वा एष पुरुषोऽन्नरसमय" इत्यादिकमत्र लक्ष्यते । एतादृशं स्वार्थेऽविश्रान्तं श्रुत्येकदेशमुदाहरन्ती विरोचनस्यासुरराजस्य सिद्धान्तं देहस्स्थूल आत्मा ह्यात्मैव देहमय इत्यादिकप्रमाणं प्रतिजज्ञिरे केवलं प्रतिजानन्ति स्म न पुनस्तस्य समर्थनायोपपादनाय वा समर्था भवन्ति प्रकरणार्थविरुद्धार्थोपस्थापका इति दिक् ।।

इन्द्रियात्मवादिनां केषाञ्चन लोकायतिकानां देहात्मवादखण्डनप्रदर्शनम् -

जीवात्मनिर्गमे देहे मरणस्यात्र दर्शनात् ।
देहातिरिक्त एवात्मेत्याहुर्लोकायताः परे ।। ६२ ।।

अन्वयः - जीवात्मनिर्गमे अत्र देहमरणस्य दर्शनात् देहातिरिक्तः एव आत्मा इति परे लोकायताः आहुः ।।

व्याख्या :- परे लोकायता देहात्मवादं न सहन्ते । कुतः? स्थूलदेहादन्नमयकोशाज्जीवात्मनिर्गमे जीवनशक्त्याधारभूतस्य तन्मते जीवात्मत्त्वेनाभिमतस्य जीवस्य निर्गमे देहमरणाद्देहनाशस्य दर्शनान्न

व्याख्या - यद्यपि चार्वाकादि नास्तिक लोग प्रत्यक्ष को ही प्रमाण मानते हैं तथापि लोगों को छल कर व्यामोह में डालने के लिये वे श्रौतमत का आश्रय भी लेते हैं अर्थात् अपने पक्ष को श्रुति के द्वारा भी अनुमोदित होने की घोषणा करते हैं । वे कोन-सी श्रुति को स्वपक्ष की सिद्धि के लिये प्रदर्शित करते हैं ? ऐसी आकांक्षा होने पर कहते हैं कि अन्नमय कोश और विरोचन के सिद्धान्त को वे स्वपक्ष के समर्थन में निरुपित करते हैं । ***"स वा एष पुरुषोऽन्नरसमयः"*** (तै.उ. २/१) "वह यह पुरुष अन्नरसमय है" इस श्रुति वचन से वे देह को ही आत्मा सिद्ध करने का दावा करते हैं । यद्यपि यह वाक्य श्रुति का ही है और इसमें अन्नमय कोश का आत्मरूप से वर्णन किया गया है तथापि पूर्वापर का विचार करने से आत्मा को पञ्चकोशातीत ही कहा गया है । शरीर आत्मा नहीं है अतः ऐसे उद्धरण को वाक्याभास कहा जाता है । छान्दोग्योपनिषद् के अष्टम अध्याय के अष्टम खण्ड से द्वादश खण्ड पर्यन्त असुरराज विरोचन और देवराज इन्द्र की अख्यायिका है । विरोचन और इन्द्र दोनों आत्मज्ञान की प्राप्ति के लिए प्रजापति ब्रह्माजी से उपदेश ग्रहण करते हैं । किन्तु अपने प्रतिबन्ध के कारण विरोचन शरीर को ही आत्मा समझ लेता है । और इन्द्र पूर्णज्ञान के लिए ३२, ३२, ३२ और ५ इस प्रकार १०१ वर्ष तक ब्रह्मचर्य का पालन कर आत्मज्ञान को प्राप्त करता है । इससे यह सिद्ध होता है कि विरोचन द्वारा प्रतिपादित देहात्मवाद श्रुति को मान्य नहीं है, अतः उसके सिद्धान्त को वेद का सिद्धान्त बताना वाक्याभास मात्र है ।

अब देहात्मवाद में दोष दिखाने वाले इन्द्रियात्मवाद के समर्थकों का मत बताते हैं ।

अर्थ - शरीर से जीवात्मा निकल जाने पर यहाँ देह का मरण दिखाई देता है, अतः आत्मा देह से भिन्न है । यह दूसरे लोकायतों का कथन है ।६२।

व्याख्या - दूसरे लोकायत लोग देहात्मवाद को सहन नहीं करते हैं । क्यों नहीं करते हैं ? क्योंकि अन्नमय कोश रूप इस शरीर से जीवात्मा जब निकल जाता है अर्थात् लोक में जिसे जीवात्मा के नाम से जाना जाता है उस जीवनधर्म के कारण रूप पदार्थ के निकल जाने पर भी यह स्थूल देह तो प्रत्यक्ष

स्थूलदेह आत्मेत्यभिप्रयन्ति । आत्मनो नाशाभावाद्देहस्य च नाशानुभवादिति भावः । अतो देहातिरिक्तस्स्थूलदेहातिरिक्तस्तद्भिन्न एवात्मा प्रत्येतव्य इत्याहुरिति दिक् ।।

इन्द्रियात्मवादेऽनुभवस्य प्रमाणतया प्रदर्शनम् -

प्रत्यक्षत्त्वेनाभिमताहंधीर्देहातिरेकिणम् ।
गमयेदिन्द्रियात्मानं वच्मीत्यादिप्रयोगतः ।। ६३ ।।

अन्वयः-प्रत्यक्षत्त्वेन अभिमता अहन्धीः वच्मि इत्यादिप्रयोगतः देहातिरेकिणम् इन्द्रियात्मानं गमयेत्।।

व्याख्या :- लोकायतानां मते हि प्रत्यक्षमेकं प्रमाणं नानुमानादिकं तथा सति देहनाशोत्तरं कथं तदतिरिक्तात्मसिद्धिर्येनेन्द्रियाण्येवात्मेति निश्चिन्वन्तीत्यत्र प्रत्यक्षेणैवाहंबुद्ध्युल्लेखेन वच्म्यहं पश्यामि श्रुणोमिजिघ्रामीत्याद्यनुभवेन देहातिरिक्तमात्मानमिन्द्रियाणीत्येव चिन्तयन्तीत्याह । अहं वच्मीत्यादिप्रयोगतो वदामि स्पृशामीत्याकारकव्यवहारः प्रत्यक्षत्वेनाभिमता प्रत्यक्षेणाङ्गीकृताहंधीरहमितीन्द्रियेषु बुद्धिर्देहतिरेकिणमन्नमयकोशात्स्थूलदेहाद्भिन्नमिन्द्रियात्मानमिन्द्रियाण्येवात्मेति तं गमयेज्ज्ञापयेदिति शम्।।

वागादीन्द्रियेषु चैतन्यास्तित्त्वसमर्थनम् -

वागादीनामिन्द्रियाणाङ्कलहश्श्रुतिषु श्रुतः ।
तेन चैतन्यमेतेषामात्मत्त्वन्तत एव हि ।। ६४ ।।

दिखाई देता है । यदि यह देह ही आत्मा होता तो फिर देह के दर्शन होने पर उसमें जीवन भी लक्षित होना चाहिये, किन्तु ऐसा नहीं है । मृत देह निश्चेष्ट ही पड़ा रहता है । इससे यह सिद्ध होता है कि आत्मा देह से भिन्न ही है । ऐसा दूसरे लोकायतों (चार्वाकों) का मत है । श्रुतिसम्मत आत्मा का त्याग कर इन्द्रियों को ही आत्मा मानने के कारण इन्द्रियात्मवाद के समर्थकों को भी लोकायतों की श्रेणी में ही रखा गया है ।

उनके मतानुसार आत्मा का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - 'मैं बोलता हूँ' इत्यादि वाक्यप्रयोग से प्रत्यक्ष रूप से अभिमत अहंबुद्धि देहातिरिक्त इन्द्रिय रूप आत्मा का बोध कराती है ।६३।

व्याख्या - लोकायतों के अनुसार एकमात्र प्रत्यक्ष ही प्रमाण है, फिर देह से अतिरिक्त आत्मा को मानने वाले लोकायत कैसे माने जाएँ ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि "मैं बोलता हूँ , मैं सुनता हूँ, मैं सूंघता हूँ" इत्यादि प्रत्यक्ष अनुभव के बल से ही यह जाना जाता है कि देह से अतिरिक्त आत्मा है। अर्थात् इन्द्रिय रूप आत्मा को इन्द्रियात्मवादी लोकायत लोग प्रत्यक्ष प्रमाण के कारण ही अंगीकार करते हैं । भाव यह है कि यद्यपि इन्द्रियाँ प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं हैं, अनुमान से ही उनका ज्ञान होता है तथापि इन्द्रियों की क्रियाओं में अहं बुद्धि होने के कारण "मैं बोलता हूँ, मैं स्पर्श करता हूँ" इत्यादि वाक्यों का प्रयोग प्रत्यक्ष रूप से देहातिरिक्त इन्द्रियों को ही आत्मरूप जनाता है । इससे स्पष्ट है कि इन्द्रियों में ही हमारा अहंभाव है, शरीर में नहीं । इसलिए इन्द्रियाँ ही आत्मा है ।

अब वागादि इन्द्रियों में चेतनत्व का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - वागादि इन्द्रियों का कलह श्रुतियों में सुना गया है, अतः इनमें चेतनत्व सिद्ध है । इसलिये निश्चय ही इन्द्रियाँ आत्मरूप हैं ।६४।

अन्वयः - वागादीनाम् इन्द्रियाणां कलहः श्रुतिषु श्रुतः । तेन एतेषां चैतन्यम् । ततः आत्मत्त्वम् एव हि ।।

व्याख्या :- श्रुतिष्विन्द्रियाणां परस्परसंवादश्रवणान्यथानुपपत्त्या चेतनत्त्वमभ्युपेयम् । आत्मलक्षणं च चेतनावत्त्वमेवेत्यात्मत्त्वमपीन्द्रियाणां प्रसिद्ध्यतीत्याह - श्रुतिषु सामगानां वाजसनेयिनां चोपनिषत्सु "यो ह वै ज्येष्ठं च श्रेष्ठं च" सा ह वागुच्चक्राम "चक्षुर्होच्चक्रामे"त्यादिना छान्दोग्ये "ते ह वाचमूचुस्त्वं न उद्गायेति तेभ्यो वागुदगाय"दित्यादि च बृहदारण्यके वागादीनामिन्द्रियाणां ज्ञानेन्द्रियाणां कलहः । परस्परसङ्ग्रामरूपो वाग्युद्धविशेषश्चेतनस्वभावश्श्रुतस्तेन तेषां चैतन्यमस्तीति तत एव चैतन्यवत्त्वादेवेन्द्रियाणा-मात्मत्त्वमपि सिद्ध्यतीति जगुः । हीति प्रसिद्धिद्योतकस्सन्ननुभवं प्रमाणयतीति दिक् ।।

प्राणात्मवादिनां हैरण्यगर्भाणां मतप्रदर्शनम् -

हैरण्यगर्भाः प्राणात्मवादिनस्त्वेवमूचिरे ।
चक्षुराद्यक्षलोपेऽपि प्राणसत्त्वे तु जीवति ।। ६५ ।।
प्राणे जागर्ति सुप्तेऽपि प्राणश्रैष्ठ्यादिकं श्रुतम् ।
कोशः प्राणमयः सम्यग्विस्तरेण प्रपञ्चितः ।। ६६ ।।

व्याख्या - इन्द्रियाँ तो सभी अचेतन हैं फिर उन्हें आत्मरूप कैसे कहा जा सकता है ? ऐसी आशंका होने पर इन्द्रियात्मवादी लोकायत लोग उत्तर देते हैं कि इन्द्रियाँ अचेतन नहीं हैं । श्रुति में उनके चेतनत्व का स्पष्ट वर्णन है । छान्दोग्योपनिषद् के पञ्चम अध्याय के प्रथम खण्ड में प्राण और इन्द्रियों के कलह का वर्णन आता है । अपनी ज्येष्ठता और श्रेष्ठता सिद्ध करने के लिए वे ब्रह्माजी के पास जाती हैं । ब्रह्माजी कहते हैं कि जिसके निकल जाने से यह शरीर पापिष्ठतर के समान दिखाई दे , वही तुम सभी में सर्वश्रेष्ठ होगा । प्रत्येक इन्द्रिय के एक वर्ष पर्यन्त शरीर से निकल जाने पर भी शरीर का कार्य चलता रहता है। जब प्राण निकलता है तब सभी इन्द्रियाँ डर जाती हैं और उसकी स्तुति करके उसे ही ज्येष्ठ और श्रेष्ठ स्वीकार करती हैं । इस प्रकार प्राण और इन्द्रियों के संवाद से यह ज्ञात होता है कि इन्द्रियाँ चेतन हैं । यदि वे चेतन न होतीं तो प्राणादि के साथ उनका संवाद कैसे होता ? अचेतन पदार्थ का संवाद लोक में नहीं सुना गया है । कभी भी घट और वस्त्र का संवाद सुनने में नहीं आया है अतः इन्द्रियाँ चेतन ही हैं । न केवल छान्दोग्य में अपितु बृहदारण्यकोपनिषद् में भी ऐसा ही वर्णन आया हैं "***ते हेमे प्राणा अहं श्रेयसे विवदमाना ब्रह्म जग्मुः***"(बृ.उ. ६/१/१७) इस श्रुति में भी इन्द्रियाँ आपस में विवाद करती हुई अपने श्रेष्ठत्व की पुष्टि के लिए ब्रह्माजी के पास जाती हैं । इस प्रकार श्रुतियों में वाक्, चक्षु आदि इन्द्रियों का कलह सुना गया है । चेतना के बिना वाद-विवाद संभव न होने के कारण इन्द्रियों में चेतनत्व सिद्ध है । चेतन को ही आत्मा कहा जाता है, इसलिए इन्द्रियाँ ही आत्मा हैं ।

अब प्राणात्मवाद का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - प्राणात्मवादी हैरण्यगर्भ लोगों ने ऐसा कहा है कि चक्षु आदि इन्द्रियों के लोप हो जाने पर भी प्राण के रहने पर यह शरीर जीवित रहता है । सुषुप्ति में भी प्राण जागता है । और प्राणों की श्रेष्ठता श्रुतियों में सुनी गयी है तथा प्राणमय कोश का वर्णन विस्तारपूर्वक भली-भाँति किया गया है, अतः प्राण ही आत्मा है ।६५-६६।

अन्वयः - हैरण्यगर्भाः प्राणात्मवादिनः तु एवम् ऊचिरे । चक्षुराद्यक्षलोपे अपि प्राणसत्त्वे तु जीवति ।।

अन्वयः - सुप्ते अपि प्राणः जागर्ति । प्राणश्रैष्ठ्यादिकं श्रुतम् । प्राणमयः कोशः सम्यक् विस्तरेण प्रपञ्चितः ।।

व्याख्या :- ते ह प्राणाः प्रजापतिं पितरमेत्योचुर्भगवन्को नश्श्रेष्ठ इति तान्होवाच यस्मिन्व उत्क्रान्ते शरीरं पापिष्ठतरमिव दृश्येत स वै श्रेष्ठ इति'' तथैव बृहदारण्यकेऽपि ''ते हेमे प्राणा अहं श्रेयसे विवदमाना ब्रह्म जग्मुस्तद्धोचुः को नो वसिष्ठ इति तद्धोवाच यस्मिन्व उत्क्रान्त इदं शरीरं पापीयो मन्यते स वो वसिष्ठ इति'' पूर्वोक्तश्रुतिवाक्यानि पर्यवलोकयन्तः प्राणात्मवादिनो हैरण्यगर्भाश्चक्षुराद्यक्षलोपेऽपि चक्षुरादीनामक्षाणामिन्द्रियाणां लोपेऽपि नाशेऽपि प्राणसत्त्वे प्राणानां सत्त्वे सद्भावमात्रेण यतो जीवति लोके मूकान्धबधिरादयो जीवन्तो दृश्यन्ते न प्राणहीना इत्यन्वयव्यतिरेकाभ्यां प्राण आत्मेत्येवमूचिरेऽवोचन् । किञ्च तत्र प्राणानामात्मत्त्वे श्रुतिरपि प्रमाणं विद्यत इत्याह ''पूर्णो देहे बलं यच्छन्नक्षाणां यः प्रवर्तकः । वायुः प्राणमय'' इति प्राणमयकोशप्रपञ्चनावसरेऽपि प्रपञ्चितमेतत्। सुप्तेऽपि देवदत्तादाविन्द्रियाणि लयङ्गतानि । तस्मिन्नपि काले प्राणो जागर्त्येव । सुषुप्तिं प्रकृत्य प्रश्नोपनिषदि ''तस्मै स होवाच यथा गार्ग्य मरीचयोऽर्कस्यास्तं गच्छतस्सर्वा एतस्मिंस्तेजोमण्डल एकीभवन्ति ताः पुनः पुनरुदयन्तः प्रचरन्त्येवं ह वै तत्सर्वं परे देवे मनस्येकीभवति । तेन तर्ह्येव पुरुषो न शृणोति न पश्यति न जिघ्रति न रसयते न स्पृशते नाभिवदते नादत्ते नानन्दयते न विसृजते नेयायते स्वपितीत्याचक्षत'' इत्युक्त्वा ''प्राणाग्नय एवैतस्मिन्पुरे जाग्रती''त्युक्तम् । तथा छान्दोग्ये ''तत्प्राणे प्रपन्न उदतिष्ठत्तदुक्थमभवत्तदेतदुकथं प्राणो वाव ज्येष्ठश्च श्रेष्ठश्च'' यस्मिन्व उत्क्रान्ते शरीरं पापिष्ठतरमिव दृश्यते स वश्श्रेष्ठः प्राणस्येदं वशं सर्व''मित्यादिभ्यो

व्याख्या - प्राण को आत्मा मानने वाले प्राणात्मवादी कहलाते हैं । हिरण्यगर्भ ब्रह्मा की उपासना करने वाले हैरण्यगर्भ कहलाते हैं । बृहदारण्यक और छान्दोग्य श्रुति में प्राण और इन्द्रियों के संवाद का वर्णन है । वहाँ पर सभी इन्द्रियों के एक वर्ष तक शरीर से बाहर चले जाने पर भी शरीर का नाश नहीं हुआ किन्तु जब मुख्य प्राण निकलने लगा तो सभी इन्द्रियाँ व्याकुल हो गई और प्राण को ही ज्येष्ठ और श्रेष्ठ रूप से अंगीकार कर उसकी स्तुति करती हैं । इस प्रमाण से स्पष्ट है कि चक्षु आदि इन्द्रियों के अभाव में व्यक्ति अन्धा, गूंगा, बहरा आदि होकर भी जीवित रहता है किन्तु प्राण के अभाव में जीवन संभव नहीं है, अतः प्राण ही आत्मा है । ऐसा हिरण्यगर्भ के उपासक प्राणात्मवादी लोगों का कथन है। इस विषय में वे श्रुति प्रमाण को भी प्रस्तुत करते हुए कहते हैं कि ''***प्राणाग्नय एवैतस्मिन्पुरे जाग्रति***'' (प्र.उ. ४/३) अर्थात् नौ द्वार वाले शरीर रूप इस पुरी में प्राणाग्नि ही जागती है । ''***अरा इव रथनाभौ प्राणे सर्वं प्रतिष्ठितम्***'' (प्र.उ. २/६) जैसे रथ की नाभि में अरे लगे रहते हैं, वैसे ही सब कुछ प्राण में ही स्थित है । ''***प्राणस्येदं वशे सर्वं त्रिदिवे यत्प्रतिष्ठितम्***'' (प्र.उ. २/१३) इस लोक में और स्वर्ग लोक में देवादि के उपभोग रूप जो कुछ वैभव है, वह सब प्राण के ही अधीन है । इत्यादि वेदवचनों से प्राण को ही सर्वाधिष्ठान आत्मा के रूप में कहा गया है । और ''***अन्योन्यतर आत्मा प्राणमयः***''

वाक्येभ्यः प्राणश्रैष्ठ्यादिकं श्रुतमस्ति। तथोपनिषत्सु प्राणमयः कोशो विस्तरेण "अन्योऽतर आत्मा प्राणमय" इत्यादिना प्राणसंवादप्रवेशादिसन्दर्भैश्च सम्यग्बहुधा प्रपञ्चित इति प्राणनामात्मत्त्वं निश्चीयते।

मन आत्मवादिनामुपासकानां मतनिरूपणम् -

मन आत्मेति मन्यन्त उपासनपरा जनाः ।
प्राणस्याभोक्तृता स्पष्टा भोक्तृत्त्वं मनसस्ततः ॥ ६७ ॥

अन्वयः - उपासनपरा जनाः मनः आत्मा इति मन्यन्ते । प्राणस्य अभोक्तृता स्पष्टा । ततः मनसः भोक्तृत्त्वम् ॥

व्याख्या :- प्राणेभ्योऽप्यान्तरस्य मनस आत्मवादी प्राणात्मवादं खण्डयित्त्वा स्वपक्षं युत्तया स्थापयति । प्राणा नात्मा भोक्तृत्त्वाभावात्सुखदुःखाद्यनाश्रयत्त्वात् । अत उपासनपरा जना मन आत्मेति मन्यन्ते । यतोऽहं भुञ्ज इत्यादिव्यवहारेष्वहन्तासामानाधिकरण्येनानुभूयमानं भोक्तृत्त्वं मनस्येव समनुभूयते । स्पष्टतरं च प्राणे तदभावो नातः प्राण आत्मा मन एवात्मेति दिक् ॥

मनस आत्मत्त्वे प्रमाणप्रदर्शनम् -

मन एव मनुष्याणाङ्कारणं बन्धमोक्षयोः ।
श्रुतो मनोमयः कोशस्तेनात्मेतीरितं मनः ॥ ६८ ॥

अन्वयः - मनुष्याणां बन्धमोक्षयोः कारणं मनः एव । मनोमयः कोशः श्रुतः । तेन मनः आत्मा इति ईरितम् ॥

व्याख्या :- मन आत्मवादी स्वपक्षस्थापनाय प्रमाणभूतां श्रुतिमुपस्थापयति "मन एव मनुष्याणां

(तै.उ. २/२) इस प्रकार तैत्तिरीयोपनिषद् आदि में भी प्राणमय कोश का विस्तार पूर्वक भली-भाँति वर्णन किया गया है । अतः इन सभी का यही निष्कर्ष निकलता है कि न देह आत्मा है और न इद्रियाँ ही, किन्तु प्राण ही आत्मा है ।

अब मन को आत्मा मानने वालों का मत दर्शाते हैं ।

अर्थ - उपासना करने वाले लोग मन ही आत्मा है, ऐसा मानते हैं । प्राण का भोक्ता न होना स्पष्ट है, मन ही भोक्ता है; इसलिए मन ही आत्मा है ।६७।

व्याख्या - मन को आत्मा मानने वाले प्राणात्मवाद का खण्डन करते हुए कहते हैं कि प्राण आत्मा नहीं हो सकता । मन ही आत्मा है । ऐसा मन को ही आत्मा मानकर उपासना करने वाले लोगों का मानना है । प्राण को आत्मा न मानने का कारण वे उसके भोक्तृत्वाभाव को बताते हैं । अर्थात् 'मैं भोक्ता हूँ' इत्यादि वाक्यों में प्राण का अभोक्तृत्व स्पष्ट रूप से जाना जाता है । भाव यह है कि भोक्ता न होने के कारण प्राण आत्मा नहीं है और भोक्ता होने से मन ही आत्मा है । इस श्लोक का उत्तरश्लोक से अन्वय होने के कारण मन का भोक्तृत्व अगले श्लोक में स्पष्ट करेंगे ।

मन ही आत्मा है, इस विषय में प्रमाण प्रदर्शित करते हैं ।

अर्थ - मनुष्यों के बन्धन और मोक्ष का कारण मन ही है और मनोमय कोश श्रुतियों में आत्म रूप से सुना गया है । इसलिए मन ही आत्मा है ऐसा कहा गया है ।६८।

कारणं बन्धमोक्षयोः । बन्धाय विषयासक्तं मुक्त्यै निर्विषयं स्मृतम्" इति यस्य तत्त्वज्ञानेन बन्धो यस्य च तत्त्वज्ञानेन मोक्षस्स एवात्मेति मनस आत्मत्त्वसिद्धिः । किञ्च तस्माद्वा एतस्मात्प्राणमयात्। अन्योऽन्तर आत्मा मनोमय" इत्यादिना मनोमयकोशः प्रपञ्चितश्च । तेन कारणेन मन आत्मेतीरितं प्रतिपादितमिति दिक् ।।

विज्ञानवादिनां बोद्धानां मतनिरूपणम् –

विज्ञानमात्मेति पर आहुः क्षणिकवादिनः ।
यतो विज्ञानमूलत्वं मनसो गम्यते स्फुटम् ।। ६९ ।।

अन्वयः – परे क्षणिकवादिनः विज्ञानम् आत्मा इति आहुः । यतः मनसः विज्ञानमूलत्त्वं स्फुटं गम्यते ।।

व्याख्या :– मनसोऽप्यान्तरस्य विज्ञानस्यात्मत्ववादिनां बौद्धमतैकदेशिनां मतमुपन्यसति परेऽन्ये क्षणिकवादिनो विज्ञानमेवात्मेत्याहुः यतो मनसस्स्फुटं विज्ञानमूलत्त्वं मनोविज्ञानयोः कार्यकारणभावसद्भावाद्गम्यतेऽवगम्यते ।।

व्याख्या – ***मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः।***
बन्धाय विषयासक्तं मुक्त्यै निर्विषयं स्मृतम् ।।

इस श्रुति वचन के अनुसार मन को ही बन्धन और मोक्ष का कारण माना गया है अतः इसी प्रमाण को स्वपक्ष में उपस्थित करते हुए मनात्मवादी लोग मन को ही आत्मरूप से प्रतिपादित करते हैं । और तैत्तिरीयोपनिषद् में भी मनोमय कोश का वर्णन कर उसे आत्मरूप ही कहा गया है । "***तस्माद्वा एतस्मात्प्राणमयादन्योन्यतर आत्मा मनोमयः***" (तै.उ. २/३/१) इस प्रकार वेद में प्राणमय कोश से भीतर मनोमय कोश का वर्णन सुना गया है । अतः प्राण आत्मा नहीं है, मन ही आत्मा है । इसीलिए हम मनात्मवादी लोग मन को ही आत्मा मानते हैं ।

अब विज्ञानवादी बोद्धों का मत दिखाते हैं ।

अर्थ – दूसरे क्षणिकवादियों ने विज्ञान (बुद्धि) को ही आत्मा कहा है । क्योंकि मन का मूल विज्ञान ही है, ऐसा स्पष्ट रूप से जाना जाता है । ६९।

व्याख्या – बौद्ध सम्प्रदाय में चार अवान्तर भेद हैं । उनमें से एक क्षणिकवादी है । वे समस्त आन्तरिक और बाह्य जगत् को क्षणिक मानते हैं । उनके अनुसार जगत् हर क्षण उत्पन्न और नष्ट होता है । इसी मान्यता के कारण उन्हें क्षणिकवादी कहा जाता है । यद्यपि वे अनात्मवादी हैं किन्तु आलय विज्ञान को आत्मा के समान मानते हैं । वही पुनर्जन्म धारण करता है । यह आलय विज्ञान बुद्धि है अतः क्षणिकवादी बौद्ध लोग मन को आत्मा मानने वालों का खण्डन करते हुए कहते हैं कि मन का मूल विज्ञान (बुद्धि) है अर्थात् मन कार्य और बद्धि उसका कारण है, अतः कार्य–कारण दृष्टि से जो कारण होता है, वही मुख्य होता है अतः मन का भी कारण होने के कारण विज्ञान ही आत्मा है ।

अन्तःकरणस्य द्वैधप्रदर्शनम् -

अहंवृत्तिरिदंवृत्तिरित्यन्तःकरणं द्विधा ।
विज्ञानं स्यादहंवृत्तिरिदंवृत्तिर्मनो भवेत् ॥ ७० ॥

अन्वयः - अहंवृत्तिः इदंवृत्तिः इति अन्तःकरणं द्विधा । अहंवृत्तिः विज्ञानं स्यात् । इदंवृत्तिः मनः भवेत् ॥

व्याख्या :- मनोविज्ञानशब्दाभ्यां वाच्यस्यान्तःकरणस्यैकत्त्वान्मनसो विज्ञानस्यान्तरत्त्वं कथम्? मनसो विज्ञानमूलत्त्वं कथम् ? मनोविज्ञानयोः कार्यकारणभावश्च कथमित्यवेमादिप्रश्नान्क्रमेण समाधातुमन्तःकरणस्य द्वैधं प्रदर्श्य मनोविज्ञानयोस्स्वरूपं सङ्क्षिपति । अहंवृत्तिरहमित्याकारकं ज्ञानमिदंवृत्तिरिदमित्याकरणं ज्ञानमित्येवं द्विधाप्रकारद्वयेनान्तःकरणं तैजसः पदार्थविशेषो भिद्यते । तत्राहं वृत्तिर्विज्ञानं विज्ञानपदवाच्यम् । इदंवृत्तिश्च मनो मनःपदवाच्यं च भवेत् । तत्राहंवृत्तिर्ज्ञातारं स्वमात्मनमेव विषयीकरोति । इदं वृत्तिस्तु ज्ञातुरन्यद्बाह्यं सर्वं वस्तु विषयीकरोतीत्यनयोर्भेद इति दिक् ॥

मनोविज्ञानयोः कार्यकारणभावनिरूपणम् -

अहंप्रत्ययबीजत्त्वमिदंवृत्तेरिति स्फुटम् ।
अविदित्त्वा स्वमात्मानं बाह्यं वेत्ति न तु क्वचित् ॥ ७१ ॥

अन्वयः - अहंप्रत्ययबीजत्वम् इदंवृत्तेः इति स्फुटम् । स्वम् आत्मानम् अविदित्त्वा क्वचित् बाह्यं न तु वेत्ति ॥

पूर्व श्लोक में मन को विज्ञानमूलक कहा गया है, उसी को अगले दो श्लोकों में स्पष्ट करेंगे । सर्वप्रथम मन और विज्ञान के स्वरूप का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - अहं वृत्ति और इदं वृत्ति इस तरह अन्तःकरण दो प्रकार का है । अहं वृत्ति विज्ञान है और इदं वृत्ति मन है ॥७०॥

व्याख्या - मन और विज्ञान (बुद्धि) शब्दवाच्य अन्तःकरण एक ही है तब मन से विज्ञान का अन्तरत्व कैसे हो सकता है ? तथा मन और विज्ञान का कार्य-कारण भाव भी कैसे संभव है ? इत्यादि प्रश्नों का समाधान देने के लिए विज्ञान वादी बुद्धि की श्रेष्ठता सिद्ध करने के लिए कहता है कि अन्तःकरण तो एक ही है किन्तु उसकी वृत्तियाँ दो हैं - एक अहं वृत्ति और दूसरी इदं वृत्ति । अन्तःकरण में जो 'मैंपना' (अहंभाव) का अनुभव होता है, वह अहं वृत्ति है और अन्तःकरण में घट आदि पदार्थ की वृत्ति आती है कि 'यह घट है' तो इस घटाकार वृत्ति के साथ इदं वृत्ति रहती है । यही वृत्ति मन शब्द वाच्य है । अर्थात् अहं वृत्ति दृष्टा है और इदं वृत्ति दृश्य है । अहं वृत्ति ज्ञाता को ही विषय करती है और इदं वृत्ति ज्ञाता से भिन्न किसी अन्य बाह्य वस्तु को विषय करती है ।

इस प्रकार दोनों के स्वरूप का वर्णन कर अब मन के विज्ञानमूलकत्व को अनुमान से दर्शाते हैं ।

अर्थ - इदं वृत्ति का बीज अहं वृत्ति है यह स्पष्ट अनुभव में आता है । पुरुष अपने आत्मस्वरूप को जाने बिना कभी बाह्य वस्तु को नहीं जानता है ॥७१॥

व्याख्या :- पूर्वं स्वरूपमुपपादितं सम्प्रति मनोविज्ञानयोः कार्यकारणभाव उपपाद्यते । इदंवृत्तेरिदमित्याकारकस्य ज्ञानस्याहंप्रत्ययबीजत्त्वमहमित्याकारकज्ञानकारणत्त्वमित्येत्स्फुटं सार्वजनीनम्। एतावता प्रतिज्ञा प्रदर्शिता भवत्यहंवृत्तिमूलिकेदंवृत्तिरिति । व्यतिरेकमुखेन हेतुं प्रदर्शयति । स्वमात्मानं ज्ञातारमविदित्त्वा विज्ञाय बाह्यं वस्तु प्रमातृभिन्नं क्वचिदपि न वेत्ति नैव जानाति । अनेनाहंवृत्तिरूपस्य ज्ञानपूर्वकत्त्वादिति हेतुरपि संदर्शितो भवति । अहंवृत्त्युदयाभाव इदंवृत्त्यनुदयादहंवृत्तिरूपविज्ञानस्येदंवृत्तिलक्षणमनसश्च कार्यकारणभावः प्रदर्शितो वेदितव्यः ।।

विज्ञानस्य क्षणिकत्त्वनिरूपणम् -

क्षणे क्षणे जन्मनाशावहंवृत्तेर्मितौ यतः ।
विज्ञानं क्षणिकन्तेन स्वप्रकाशं स्वतो मितेः ॥ ७२ ॥

अन्वयः - यतः क्षणे क्षणे अहंवृत्तेः जन्मनाशौ मितौ । तेन विज्ञानं क्षणिकम् । स्वतः मितेः स्वप्रकाशम् ।।

व्याख्या :- विज्ञानसाधनोत्तरं तस्य क्षणिकत्त्वमनुभवेन प्रमाणयति । यतो यस्माद्धेतोरहंवृत्तेः क्षणे क्षणेऽनुक्षणं जन्मनाशावुत्पत्तिप्रलयौ मितौ प्रमितौ ज्ञानविषयौ भवत इति सर्वानुभवसिद्धो विषयस्तेन हेतुना विज्ञानं क्षणिकं क्षणमात्रस्थायि भवेदिति वयमभ्युपगच्छामः । मितेः प्रमितेर्विज्ञानस्य स्वतस्स्वयमेव स्वप्रकाशत्त्वेनैव रूपेण भानादिति शम् ।।

व्याख्या - मन और विज्ञान के कार्य-कारण भाव को स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि इदं वृत्ति का बीज अहं वृत्ति है अर्थात् इदं वृत्ति अहं वृत्ति से ही उत्पन्न होती है । यह बात सभी लोगों के द्वारा अनुभूत है । स्वयं को जाने बिना बाह्य पदार्थ का ज्ञान कभी भी नहीं हो सकता अतः अहंकाराकारित वृत्ति होने के बाद ही इदंकाराकारित वृत्ति होती है । अर्थात् अहं वृत्ति कारण है और इदं वृत्ति कार्य है । इसलिए अहंवृत्यात्मक विज्ञान बुद्धि ही इदंवृत्यात्मक मन का मूल है, यह सिद्ध होता है । अतः मन आत्मा नहीं है, विज्ञान ही आत्मा है ।

इस प्रकार विज्ञान को सिद्ध कर अब उसके क्षणिकत्व को सिद्ध करते हैं।

अर्थ - क्योंकि प्रतिक्षण अहंवृत्ति का जन्म और नाश होता है, इसलिए विज्ञान क्षणिक है और स्वयं बोध रूप होने से यह स्वयंप्रकाश है । ७२।

व्याख्या - विज्ञानवादी विज्ञान को क्षणिक क्यों मानते हैं ? इसका उत्तर देते हैं कि पूर्वकथनानुसार अहंवृत्ति रूप विज्ञान ही आत्मा है और वह अहं वृत्ति प्रतिक्षण उत्पन्न और नष्ट हाती है । एक क्षण घट का ज्ञान हुआ, दूसरी क्षण में पट का ज्ञान हुआ । पट का ज्ञान होते ही घटज्ञानात्मक अहं वृत्ति नष्ट हो जाती है और पटात्मक अहं वृत्ति उत्पन्न हो जाती है । इसी प्रकार प्रत्येक पदार्थ के ज्ञान के साथ अहं वृत्ति उत्पन्न और नष्ट होती रहती है अर्थात् प्रत्येक अहं वृत्ति क्षणिक है । इसलिए विज्ञानस्वरूप आत्मा भी क्षणिक है । और यह विज्ञान रूप आत्मा स्वयं बोध रूप है, इसे स्वयं को जनाने के लिए प्रमाणान्तर की अपेक्षा नहीं रहती है, इसलिए यह स्वयंप्रकाश है ।

विज्ञानस्यात्मत्त्वे श्रुतिप्रमाणप्रदर्शनम् -

विज्ञानमयकोशोऽयं जीव इत्यागमाः जगुः ।
सर्वसंसार एतस्य जन्मनाशसुखादिकः ॥ ७३ ॥

अन्वयः - "विज्ञानमयकोशः अयं जीवः जन्मनाशसुखादिकः सर्वसंसारः एतस्य" इति आगमाः जगुः ।।

व्याख्या :- आगमा श्रुतयस्तैत्तिरीयप्रभृतयोऽयं सर्वैरहमहमित्यनुभूयमानो विज्ञानमयकोशो जीवो जीवात्मेति जगुस्सङ्गिरन्ते । तथा च श्रुति"स्तस्माद्वा एतस्मान्मनोमयात् । अन्योऽन्तर आत्मा विज्ञानमयः"। "विज्ञानं यज्ञं तनुत" इत्यादिका विज्ञानस्यात्मत्त्वप्रतिपादिकेत्यर्थः । जन्मनाशसुखादिकस्सुकृतदुष्कृतकर्म-जन्यादृष्टद्वारा तत्तदुचितफलभोगदानेन जननमरणजरासुखदुःखादिमयस्सर्वसंसार एतस्य जीवस्यैवेत्यतो विज्ञानमेवात्मेति दिक् ।।

शून्यवादिनो माध्यमिकस्य मतनिरूपणम् -

विज्ञानं क्षणिकन्नात्मा विद्युदभ्रनिमेषवत् ।
अन्यस्यानुपलब्धत्त्वाच्छून्यं माध्यमिका जगुः ॥ ७४ ॥

अन्वयः - विद्युदभ्रनिमेषवत् क्षणिकं विज्ञानं न आत्मा । अन्यस्य अनुपलब्धत्त्वात् माध्यमिकाः शून्यं जगुः ।।

व्याख्या :- अथ योगाचारा विज्ञानात्मवादं न सहन्ते शून्यतत्त्ववादिनः । विद्युदभ्रनिमेषव-

---

विज्ञान ही आत्मा है, इस विषय में प्रमाण प्रदर्शित करते हैं ।

अर्थ - यह विज्ञानमय कोश जीव है, ऐसा वेद कहते हैं और जन्म-मरण, सुख-दुःख रूप सब संसार इसी का है ॥७३॥

व्याख्या - "***तस्माद्वा एतस्मान्मनोमयादन्योऽन्तर आत्मा विज्ञानमयः***" (तै.उ. २/४/१) इत्यादि आगम (वेद) वचनों के द्वारा विज्ञानमय कोश को ही जीव कहा गया है । अर्थात् वेदानुसार विज्ञान ही जीव शब्दवाच्य है । और "***विज्ञानं यज्ञं तनुते कर्माणि तनुतेऽपि च विज्ञानं देवाः सर्वे । ब्रह्म ज्येष्ठमुपासते । विज्ञानं ब्रह्म***" (तै.उ. २/५/१) अर्थात् विज्ञानवान पुरुष ही श्रद्धादि पूर्वक यज्ञ का विस्तार करता है और वही कर्मों का भी विस्तार करता है । इन्द्रादि सभी देवगण (सर्वप्रथम उत्पन्न होने से) ज्येष्ठ विज्ञानस्वरूप ब्रह्म की उपासना करते हैं । इत्यादि श्रुतियों में विज्ञान को ही आत्मरूप से कहा गया है । तथा जन्म-मरण, सुख-दुःख और सुकृत-दुष्कृत फलभोगात्मक यह सम्पूर्ण संसार इस जीव का ही है । अतः विज्ञान ही आत्मा है ।

अब शून्यवादी माध्यमिकों के मत का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - बिजली, बादल और निमेष (पलकों का झपकना) के समान क्षणिक विज्ञान आत्मा नहीं है । उसके बिना अन्य कोई आत्मा उपलब्ध भी नहीं है, इसलिए शून्य ही आत्मा है । ऐसा माध्यमिकों (शून्यवादी बौद्धों) का कथन है ॥७४॥

व्याख्या - बौद्ध सम्प्रदाय का एक वर्ग शून्यवादी (माध्यमिक) कहलाता है । वे विज्ञानवादी मत

त्सौदामिनीलतिकेव क्षणिकं क्षणस्थायिविज्ञानमात्मा न भवति । अन्यस्येतरस्यात्मनोऽनुपलब्धत्त्वा-दप्राप्तत्त्वादात्मा शून्यमेवेति माध्यमिका जगुरिति ।

शून्यस्यैवात्मत्त्वे प्रमाणप्रदर्शनम् –

असदेवेदमित्यादाविदमेव श्रुतन्ततः ।
ज्ञानज्ञेयात्मकं सर्वं जगद्भ्रान्तिप्रकल्पितम् ॥ ७५ ॥

अन्वयः – इदम् असत् एव इत्यादौ इदम् एव श्रुतम् । ततः ज्ञानज्ञेयात्मकं सर्वं जगत् भ्रान्तिकल्पितम्।।

व्याख्या :– छान्दोग्यश्रुतौ "तद्धेक आहुरसदेवेदमग्र आसी"दित्यादिना श्रुतायामसदेवेदमित्यादौ शून्यमेवेदं सर्वं श्रुतं शून्यस्यैव तद्रूपत्त्वे प्रतीयमानस्य जगतः का गतिरिति चेत्ततो ज्ञानज्ञेयात्मकं प्रमाणप्रमितिप्रमेयात्मकं सर्वमिदं जगद्भ्रान्तिकल्पितमिति वस्तुतो नास्त्येवातश्शून्यमिति शम् ।।

शून्यवादखण्डनम् –

निरधिष्ठानविभ्रान्तेरभावादात्मनोऽस्तिता ।
शून्यस्यापि ससाक्षित्त्वादन्यथा नोक्तिरस्य ते ॥ ७६ ॥

अन्वयः – निरधिष्ठानविभ्रान्तेः अभावात् शून्यस्य अपि ससाक्षित्त्वात् आत्मनः अस्तिता । अन्यथा (शून्यस्य) अस्य उक्तिः ते न (सिद्धयेत्) ।।

का खण्डन करते हुए कहते हैं कि विज्ञान आत्मा नहीं हो सकता क्योंकि वह क्षणिक है । इसमें वे दृष्टान्त देते हैं कि ***विद्युदभ्रनिमेषवत्*** । विद्युत (बिजली) अभ्र (बादल) और निमेष (पलको का झपकना) ये सभी क्षणिक हैं । विद्युत क्षण भर के लिए चमकती है और विनष्ट हो जाती है । बादल भी थोड़ी देर में घिर आते हैं और कुछ ही क्षण में बिखर भी जाते हैं । पलकें भी प्रतिक्षण उठती और गिरती रहती हैं । अतः इन सभी को क्षणिक कहा गया है । इन्हीं की तरह विज्ञान भी क्षणिक है अतः (क्षणिक होने के कारण) विज्ञान आत्मा नहीं है । और इनके अतिरिक्त कोई अन्य वस्तु उपलब्ध नहीं होती है अर्थात् केवल शून्य ही रहता है, अतः शून्य ही आत्मा है ।

अब शून्यत्व के आत्मत्व को सिद्ध करने के लिए प्रमाण प्रस्तुत करते हैं।

अर्थ – "यह नामरूपात्मक जगत् सृष्टि से पूर्व असत् ही था" इत्यादि श्रुतियों में यह सब कुछ शून्य ही था, ऐसा सुना गया है । इसलिए ज्ञान और ज्ञेयात्मक यह सम्पूर्ण जगत् भ्रान्तिकल्पित है ॥७५।

व्याख्या – यद्यपि शून्यवादी वेदों को प्रमाण नहीं मानते हैं तथापि स्वपक्ष को सिद्ध करने में वेदों के वाक्यों (वाक्याभासों) को प्रमाण रूप से उद्धृत करते हैं । छान्दोग्योपनिषद् में कहा है कि "***असदेवेदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयं तस्मादसतः सज्जायत***" (छा.उ. ६/२/१) अर्थात् सृष्टि से पूर्व यह नामरूपात्मक सम्पूर्ण जगत् एकमात्र अद्वितीय असद्रूप ही था । उसी असत् से सत् की उत्पत्ति हुई। इस श्रुति ने शून्यवाद का समर्थन किया है । अतः सब कुछ शून्य ही है । तो फिर यह जो संसार प्रतीत हो रहा है, उसकी क्या गति होगी ? इसका उत्तर शून्यवादी देता है कि ज्ञान और ज्ञेयात्मक यह सम्पूर्ण जगत् भ्रान्ति के कारण कल्पित है अर्थात् शून्य है । इसलिए सब कुछ शून्य ही है । बौद्धों के सिद्धान्तों के बारे में द्वैतविवेक नामक चतुर्थप्रकरण के श्लोक ३७ की व्याख्या में विस्तार से वर्णन किया गया है । जिज्ञासुओं को वहीं देखना चाहिये ।

व्याख्या :- निरधिष्ठानविभ्रान्तेरधिष्ठानरहिताया विभ्रान्तेरभावाद्रज्वभावे सर्पभ्रान्तेरिव लोके यत्र क्वाप्यदर्शनादधिष्ठानस्यात्मनोऽस्तिता संसिद्ध्यति । निस्तत्त्वरूपस्य शून्यस्याधिष्ठानत्वानुपपत्ते-र्निरधिष्ठानस्य च भ्रान्तेर्लौकिकैस्तैर्थिकैश्चानङ्गीकाराज्ज्ञानज्ञेयात्मकजगद्भ्रान्तिकल्पनाधिष्ठानस्यात्मनस्सत्ता अभ्युपगन्तव्या । सकलदेशकालावच्छिन्नसत्त्वात्यन्ताभावप्रतियोगिनश्शून्यशब्दवाच्यस्यासतश्शश-विषाणादेरधिष्ठानत्वायोगादसम्भवात्सद्रूपस्यैव सर्वभ्रमाधिष्ठानतेति भावः । अत्रैव हेतुं वदंस्तस्याधिष्ठानी-भूतसद्रूपस्यात्मनश्चिद्रूपतामपि वक्ष्यन्नाह । शून्यस्यापि ससाक्षित्त्वाच्छून्यविषयकज्ञानस्य साक्षिवैशिष्ट्य-शून्यवादिनाप्यवश्यमभ्युपगन्तव्यमित्यर्थः । तदेव च ज्ञानं साक्षिचैतन्यमात्मरूपमित्यात्मास्तित्त्वं सिद्धमेव। तत्राप्यन्यथानुपपत्तिं प्रमाणयति । अन्यथा ज्ञानाभावेऽस्य शून्यत्त्वोक्तिश्शून्यमासीदिति व्यवहारस्ते शून्यवादिनो न सिद्ध्यति । सर्वत्र शब्दव्यवहारस्य ज्ञानपूर्वकत्त्वात् । अर्थं बुद्ध्वा शब्दरचनेति न्यायात् । शून्यवादिनोऽपि शून्यसाक्षित्त्वेनावश्यमात्माभ्युपगन्तव्यः । साक्षिणोऽनभ्युपगमे बौद्धस्य शून्यत्त्वोक्तेरसाक्षिकत्त्वादप्रामाण्यमेव स्यात् । माध्यमिकस्यास्य शून्यस्य विषयिण्युक्तिस्तद्विषयकानुभव-मन्तरा शून्यमासीदस्तीत्यादिव्यवहारो न संभवेदिति दिक् ।।

सिद्धान्ती शून्यवाद का खण्डन करता है ।

अर्थ - निरधिष्ठान भ्रम के अभाव के कारण और शून्य का भी साक्षी होने से आत्मा का अस्तित्व सिद्ध होता है । यदि ऐसा नहीं मानोगे तो 'सब कुछ शून्य है' यह तुम्हारा कथन भी नहीं बन सकता है।७६।

व्याख्या - अधिष्ठान के बिना कभी भी, किसी को भी, कहीं भी भ्रम नहीं हो सकता । भ्रम का कोई न कोई अधिष्ठान अवश्य ही होता है । मन्द अन्धकार में रस्सी के स्थान पर भ्रम से सर्प की प्रतीति होती है । यद्यपि सर्प भ्रम रूप ही है तथापि उसका अधिष्ठान तो रस्सी ही है । रस्सी के कारण ही सर्प की प्रतीति होती है यदि रस्सी ही न होती, तो सर्प रूप भ्रम की प्रतीति भी न होती । इससे सिद्ध है कि भ्रम हमेशा साधिष्ठान ही होता है । इसलिए आपने जो कहा कि जगत् भ्रान्ति से कल्पित है, तो उस भ्रान्ति का कोई अधिष्ठान भी अवश्य ही होना चाहिये । और वह अधिष्ठान ही आत्मा है अतः आत्मा का अस्तित्व सिद्ध है । यदि आप कहो कि शून्य ही उसका अधिष्ठान है तो यह कहना संभव नहीं है । जो स्वयं शून्य रूप हो, वह अन्य का अधिष्ठान कैसे बन सकता है । अब आत्मा के अस्तित्व में दूसरा कारण बताते हैं कि आत्मा शून्य का भी साक्षी है 'सब कुछ शून्य है' इस प्रकार का शून्यविषयक ज्ञान जिसे होता है, उस ज्ञान को जो जानता है, वही शून्य का साक्षी है । इस बात को तो शून्यवादियों को भी स्वीकार करना पड़ेगा । वह शून्यविषयक ज्ञान साक्षीचैतन्य रूप आत्मा के अस्तित्व को सिद्ध करता है । अर्थात् शून्य का दृष्टा शून्य से भिन्न होना चाहिये । स्वयं शून्य ही अपना ज्ञाता नहीं हो सकता । अतः शून्य का भी साक्षी होने के कारण आत्मा का अस्तित्व सिद्ध होता है । और यदि तुम ऐसा नहीं मानोगे अर्थात् शून्य के साक्षी रूप में किसी को नहीं मानोगे तो तुम जो कहते हो कि 'सब कुछ शून्य ही था' यह कथन नहीं बनेगा । अर्थात् 'सब कुछ शून्य है' इस प्रकार का तुम्हारा जो व्यवहार है, वह सिद्ध ही न होगा । क्योंकि शाब्दिक व्यवहार हमेशा ज्ञानपूर्वक ही होता है । इससे यह सिद्ध होता है कि मुक्तकच्छ बौद्धों का सिद्धान्त श्रुतिविरुद्ध होने के कारण सर्वथा त्याज्य है ।

वैदिकमतप्रदर्शनम् –

अन्यो विज्ञानमयत आनन्दमय आन्तरः ।
अस्तीत्येवोपलब्धव्य इति वैदिकदर्शनात् ॥ ७७ ॥

अन्वयः – विज्ञानमयतः अन्यः आन्तरः आनन्दमयः "अस्ति इति एव उपलब्धव्यः" इति वैदिकदर्शनात् ।।

व्याख्या :– विज्ञानमयतोऽन्यस्तस्मादान्तरस्सूक्ष्मातिसूक्ष्मतर आनन्दमय आत्मास्ती-त्येवोपलब्धव्योऽ"स्तीत्येवोपलब्धव्यः तत्त्वभावेन चोभयोः । अस्तीत्येवोपलब्धस्य तत्त्वभावः प्रसीदति"

इस प्रकार बौद्धादि नास्तिक मत का निरसन करने के बाद अब आस्तिक मत की विवक्षा से आत्मा के स्वरूप का वर्णन करते हैं ।

अर्थ – विज्ञानमय कोश से भिन्न उसके भीतर आनन्दमय आत्मा है । वह 'है ही' इस प्रकार से प्राप्तव्य है, यह वैदिक दर्शन है ।७७।

व्याख्या – पूर्व श्लोकों में नास्तिक चार्वाक से लेकर शून्यवादी बौद्धों द्वारा प्रतिपादित आत्मा का निराकरण करने पर आकांक्षा होती है कि इन सबसे अतिरिक्त वह आत्मा कौन–सा है ? अतः आत्मा के स्वरूप का वर्णन करते हुए सर्वप्रथम वैदिक दर्शन अर्थात् आस्तिक सिद्धान्तानुसार आत्मा का स्वरूप क्या है, इसका वर्णन करते हैं ।

विज्ञानमय कोश से भिन्न एक आनन्दमय नामक आत्मा है और वह विज्ञानमय कोश के भीतर है अर्थात् विज्ञानमय से भी अत्यन्त सूक्ष्म है । वह आत्मा 'अस्ति' (है) रूप से ही प्राप्तव्य है

अस्तीत्येवोपलब्धव्यस्तत्त्वभावेन चोभयोः।
अस्तीत्येवोपलब्धस्य तत्त्वभावः प्रसीदति ।। (कठो. २/३/१३)

अर्थात्– 'आत्मा अवश्य है' इस प्रकार से ही उसे उपलब्ध करना चाहिये और तत्त्वभाव से उसे जानना चाहिये । इन दोनों में से जिसे पहले उसकी अस्ति भाव से उपलब्धि हुई है, उसी को तत्त्वरूप से भी साक्षात्कार होता है ।

इसका भाव यह है कि पूर्व में ब्रह्म को व्यवहारातीत रूप से वर्णित किया गया, उससे ब्रह्म के विषय में नास्तिक बुद्धि उत्पन्न न हो जाए इसलिए कहा गया कि 'आत्मा है ही' इसी प्रकार उसे जानो । अर्थात् अस्तित्व बुद्धि के द्वारा ही आत्मा का साक्षात्कार करना चाहिये, यही वैदिक दर्शन है । "***तस्माद्वा एतस्माद्विज्ञानमयात् अन्योऽन्यतर आत्माऽऽनन्दमयः***" (तै.उ. २/५/१) 'उस विज्ञानमय कोश से भिन्न, उसके भीतर रहने वाला आनन्दमय आत्मा है' "***अस्ति ब्रह्मेति चेद्वेद सन्तमेनं ततो विदुः***" (तै.उ. २/६/१) 'ब्रह्म है' ऐसा जो जानता है, उसे ब्रह्मवेत्ता लोग सन्त (सद्रूप) कहते हैं । इस प्रकार वैदिक दर्शनानुसार आत्मा आनन्दमय है ।

यद्यपि अन्नमय, प्राणमय, मनोमय और विज्ञानमय आत्मा का वर्णन भी श्रुति में प्राप्त होता है और उसको अपने–अपने पक्ष की सिद्धि के लिए चार्वाकादियों ने प्रमाणरूप से उद्धृत किया है तथापि वे लोग वेदों को न मानने के कारण नास्तिक कहलाते हैं और उनके द्वारा प्रतिपादित दर्शन भी नास्तिक दर्शन कहलाता है । अतः श्रुतियों के वाक्य उद्धृत करने पर भी उनको वैदिक दर्शन के रूप में नहीं कहा गया है । जब की आनन्दमय भी आत्मा नहीं है तब भी आस्तिक दर्शन के अनुसार इसी को आत्मरूप

इति श्रुतेः । ब्रह्मणो व्यवहारातीतकल्पितां नास्तित्त्वबुद्धिमपहायास्तित्त्वधियात्मा प्रत्यगभेदेन साक्षात्कार्य इति वैदिकदर्शनं वेदार्थतत्त्वप्रतिपादकं शास्त्रम् । तत्र "तस्माद्वा एतस्माद्विज्ञानमयात् । अन्योऽन्तर आत्मानन्दमयः" "अस्ति ब्रह्मेति चेद्वेद । सन्तमेनं ततो विदुरिती"त्यादिश्रुतयः प्रमाणमिति शम् ।।

आत्मपरिमाणविषयकविचाराणां निरूपणम् -

अणुर्महान्मध्यमो वेत्येवन्तत्रापि वादिनः ।
बहुधा विवदन्ते हि श्रुतियुक्तिसमाश्रयात् ॥ ७८ ॥

अन्वयः - अणुः महान् मध्यमः इति एवं तत्र अपि वादिनः श्रुतियुक्तिसमाश्रयात् बहुधा विवदन्ते हि।।

व्याख्या :- आत्मपरिमाणविषये विचाराः प्रस्तूयन्ते । तदर्थं वादिनां विप्रतिपत्तीः प्रदर्शयति । तत्राप्यात्मपरिमाणाविषयेप्यणुरित्यान्तराला रामानुजामाध्वाश्च । अन्ये मध्यमो मध्यमपरिमाण इति दैगम्बराः। श्रुतितत्त्वज्ञास्तु महानिति च वादिनो दर्शनप्रवर्तकाश्श्रुतियुक्तिसमाश्रयात्स्वस्ववादानामुपष्टम्भकतया श्रुतिवाक्यानि नैजप्रतिभाप्रकल्पितयुक्तीश्चालम्ब्य बहुधा बहुप्रकारं विवदन्ते । "विभाषा विप्रलाप" इत्यात्मनेपदम् ।।

आत्माणुवादिनां मतनिरूपणम् -

अणुं वदन्त्यान्तरालास्सूक्ष्मनाडीप्रचारतः ।
रोम्णस्सहस्त्रभागेन तुल्यासु प्रचरत्ययम् ॥ ७९॥

अन्वयः - आन्तराला: अणुं वदन्ति । सूक्ष्मनाडीप्रचारतः । रोम्णः सहस्त्रभागेन तुल्यासु अयं प्रचरति।

से प्रतिपादित किया जाता है अतः इसे वैदिक दर्शन के रूप में निरूपित किया गया है । १२ दर्शनों में से ६ आस्तिक और ६ नास्तिक दर्शन माने जाते हैं । पूर्वमीमांसा, उत्तरमीमांसा (वेदान्त), सांख्य, योग, न्याय और वैशेषिक ये छः आस्तिक दर्शन हैं तथा चार्वाक, जैन और बौद्धों के चार (सौत्रान्तिक, वैभाषिक, माध्यमिक और योगाचार) ये छः नास्तिक दर्शन हैं ।

अब आत्मा के परिमाण विषयक विचार को प्रारम्भ करते हैं ।

अर्थ - आत्मा अणु है, महान है अथवा मध्यम परिमाण वाला है ? इस प्रकार सद्रूप आत्मा के स्वरूप में भी वादी लोग श्रुति और युक्ति का आश्रय लेकर बहुत प्रकार से विवाद करते हैं ॥७८।

व्याख्या - पूर्व श्लोक में आत्मा के अस्तित्व को दर्शाया गया । सभी वैदिक दर्शन उसे स्वीकार करते हैं । किन्तु वह आत्मा कैसा है ? उसका परिमाण क्या है ? इस विषय में सभी दार्शनिक एकमत नहीं हैं । कुछ लोग आत्मा को अणुपरिमाण वाला मानते हैं । कुछ लोग मध्यमपरिमाण वाला मानते हैं और कुछ लोग आत्मा को विभु मानते हैं । अतः सभी दार्शनिक स्वपक्ष की सिद्धि के लिए अनेकों श्रुतियों और युक्तियों का आश्रय लेते हैं और आपस में बहुत प्रकार से आत्मा के विषय में वाद-विवाद किया करते हैं । उन वादियों के मतों का वर्णन ग्रन्थ में आगे किया जाएगा ।

सर्वप्रथम आत्मा को अणुपरिमाण वाला मानने वालों के मत का निरूपण करते हैं।

अर्थ - आत्मा का सूक्ष्म नाड़ी में प्रचार होने से आन्तराल (कुछ वैष्णव) लोग आत्मा को अणु परिमाण वाला कहते हैं । यह आत्मा एक बाल के एक हज़ारवें भाग के समान सूक्ष्म नाड़ियों में विचरण करता है ॥७९।

व्याख्या :- आन्तराला अन्तश्शरीरमध्ये भवतीत्यान्तरस्सूक्ष्मनाडीप्रचारस्तमेवाणुर्वा हेतुत्त्वेन लान्त्यङ्गीकुर्वन्तीत्यान्तराला तथा रामानुजा माध्वाश्च । अत एव विद्यारण्यचरणाः पूर्णप्रज्ञदर्शनप्रस्तावनावसरे "तदेतद्रामानुजमतं जीवाणुत्त्वदासत्त्ववेदापौरुषेयत्त्वसिद्धार्थबोधकत्त्वस्वतः प्रमाणत्त्वप्रमाणत्रित्त्व-पञ्चरात्रोपजीव्यत्वप्रपञ्चभेदसत्यत्त्वासाम्येऽपि परस्परविरुद्धभेदादिपक्षत्रयकक्षीकारेण क्षपणकपक्षनिक्षिप्त-मित्युपेक्षमाण "स्स आत्मा तत्त्वमसी"त्यादेर्वेदान्तवाक्यजातस्य भङ्ग्यन्तरेणार्थान्तरपरत्त्वमुपपाद्य ब्रह्ममीमांसा विवरणव्याजेनानन्दतीर्थः प्रस्थानान्तरमास्थिषते"ति कथयन्ति । सूक्ष्मनाडीप्रचारतस्सूक्ष्मनाडीषु सञ्चारादात्मान-मणुमात्रपरिमाणं वदन्ति । तत्र कारणमुपदर्शयति। अयमात्मा रोम्णस्सहस्रभागेन तुल्यास्वत्यन्तसूक्ष्मासु नाडीषु प्रचरति गमनागमनादिना प्रचारं करोतीत्यत आत्माणुपरिमाणुरिति तेषां वादः सूक्ष्मतमासु नाडीषु सञ्चारोऽणुपरिमाणतामन्तरेण न घटत इति दिक् ।।

आत्मनोऽणुपरिमाणत्वे प्रमाणप्रदर्शनम् -

अणोरणीयानेषोऽणुस्सूक्ष्मात्सूक्ष्मतरन्त्विति ।
अणुत्त्वमाहुश्श्रुतयश्शतशोऽथ सहस्त्रशः ॥ ८० ॥
बालाग्रशतभागस्य शतधा कल्पितस्य च ।
भागो जीवस्स विज्ञेय इति चाहापरा श्रुतिः ॥ ८१ ॥

अन्वयः - अणोः अणीयान् । एषः अणुः । सूक्ष्मात् सूक्ष्मतरं तु इति शतशः अथ सहस्त्रशः श्रुतयः अणुत्त्वम् आहुः ।।

व्याख्या - "***अन्तः शरीरमध्ये भवतीत्यान्तरः, सूक्ष्मनाडी प्रचारः***" शरीर के भीतर होने वाले को आन्तर (सूक्ष्मनाड़ी प्रचार) कहते हैं । "***तमेवाणुवा हेतुत्वेन लान्त्यङ्गीकुर्वन्तीत्यान्तरालाः***"उसी अणु को हेतु रूप से अंगीकार करने वाले रामानुज, माध्वादि वैष्णव लोग आन्तराल कहे जाते हैं । उन आन्तराल दर्शनाचार्यों के अनुसार आत्मा सूक्ष्मनाड़ियों में संचार (आवागमन) करता है । अतः वे आत्मा को अणु परिमाण वाला कहते हैं । उनके कथनानुसार यह आत्मा एक रोम के हजारवें भाग के समान सूक्ष्मतम नाड़ियों में विचरण करता है । इतनी सूक्ष्मनाड़ियों में आत्मा का संचार तभी हो सकता है जब वह अणुपरिमाण वाला हो । अणु किसी वस्तु का सबसे छोटा रूप है । जिसे परमाणु कहा जाता है । भाव यह है कि सूक्ष्मतम नाड़ियों में प्रचार होने के कारण आत्मा अणुपरिमाण वाला ही है ।

स्वपक्ष की सिद्धि के लिये अणुपरिणामवादी लोग श्रुति का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं।

अर्थ - यह आत्मा अणु से भी अणुतर है और सूक्ष्म से भी सूक्ष्मतर है । इस प्रकार सैकड़ों-हजारों श्रुतियाँ आत्मा के अणुत्व का वर्णन करती हैं ।८०।

व्याख्या - यह अणुपरिमाण वाला आत्मा अणु से भी अणुतर और सूक्ष्म से भी सूक्ष्मतर है । इस प्रकार सैकड़ों-हजारों अर्थात् अनेकों श्रुतियों में आत्मा के अणुत्व का वर्णन प्राप्त होता है । अर्थात् आत्मा अणुपरिमाण वाला है, ऐसा श्रुतियों में प्रतिपादित है । "***अणोरणीयान्***" (श्वे.उ. ३/२०), "***एषोऽणुरात्मा चेतसा वेदितव्यः***" (मु.उ. ३/१/७) , "***अणीयान् व्रीहेर्यवाद्वा***" (छा.उ. ३/१४/३) "***आराग्रमात्रो ह्यवरोऽपि दृष्टः***" (श्वे.उ. ५/८) इत्यादि श्रुतियों में आत्मा को अणुपरिमाण वाला कहा है, अतः आत्मा अणुपरिमाण ही है ।

अन्वयः - "बालाग्रशतभागस्य शतधा कल्पितस्य च भागः सः जीवः विज्ञेयः" इति च अपरा श्रुतिः आह ।।

व्याख्या :- एष आत्माणुरणुपरिमाणो न केवलं तावताणोरप्यणीयान्सूक्ष्मात्सूक्ष्मतरं त्विति चाणुत्त्वं समर्थयन्ति शतशस्सहस्रशः किं बहुनानन्ता अपि श्रुतयोऽमुमेवार्थं वदन्ति । "अणोरणीयान्महतो महीयान्" "एषोऽणुरात्मा चेतसा वेदितव्यः" "सूक्ष्मात्सूक्ष्मतरं नित्यं" "अणोरणीयान्त्रीहेर्यवाद्वा "आराग्रमात्रो ह्यवरोऽपि दृष्टः" इत्याद्याः श्रुतयः । तथैव श्वेताश्वतराणामुपनिषद्यपि विशेषतश्श्रूयते "वालाग्रशतभागस्य शतधा कल्पितस्य च । जीवो भागस्स विज्ञेयस्स चानन्त्याय कल्पत" इति । शतधा कल्पितस्य तर्कितस्य बालाग्रशतभागस्य वालस्य "चिकुरः कुन्तलो वालः कचः केशश्शिरोरुह" इति कोशाच्छिरोरुहस्य यदग्रं तच्छतभागस्य योऽन्यतमो भागस्तद्वदति सूक्ष्मो जीव इत्येवं विज्ञेय इत्यपरा श्वेताश्वतरोपनिषच्छ्रुतिराहेति जीवाणुत्त्ववादिनः कथयन्तीति दिक् ।।

आत्मनो मध्यमपरिमाणवादिनां दैगम्बराणां मतप्रदर्शनम् -

दिगम्बरा मध्यमत्त्वमाहुरापादमस्तकम् ।
चैतन्यव्याप्तिसन्दृष्टेरानखाग्रश्रुतेरपि ॥ ८२ ॥
सूक्ष्मनाडीप्रचारस्तु सूक्ष्मैरवयवैर्भवेत् ।
स्थूलदेहस्य हस्ताभ्यां कञ्चुकप्रतिमोकवत् ॥ ८३ ॥
न्यूनाधिकशरीरेषु प्रवेशोऽपि गमागमैः ।
आत्मांशानां भवेत्तेन मध्यमत्त्वं विनिश्चितम् ॥ ८४ ॥

अब श्वेताश्वतर श्रुति का उदाहरण देते हैं ।

अर्थ - सौ भागों में विभक्त किया हुआ, कोश के अग्रभाग का जो सौवाँ भाग है । उस जीव (आत्मा) को उसके बराबर जानना चाहिये । इस प्रकार दूसरी श्रुति ने कहा है ।८१।

व्याख्या - सौ भागों में विभक्त किये गये कोश के अग्रभाग का जो एक भाग है, उसके भी सौ भाग किये जाने पर जो भाग होता है, जीव को उसी के समान समझना चाहिये । इस प्रकार आत्मा को अणु रूप से दूसरी श्रुति ने अर्थात् "बालाग्र ....." (श्वे.उ. ५/९) इस श्वेताश्वत श्रुति ने भी कहा है । अतः आत्मा अणु परिमाण वाला ही है ।

अब आत्मा को मध्यमपरिमाण वाला मानने वालों के मत का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - पैर से लेकर सिर तक चैतन्य आत्मा की व्यापकता के दर्शन से और "आनखाग्र" इस श्रुति से भी दिगम्बर (जैन) लोगों ने आत्मा को मध्यपरिमाण वाला कहा है ।८२।

व्याख्या - जैन समुदाय में दो वर्ग हैं - एक श्वेताम्बर और दूसरा दिगम्बर।

सरजोहरणा भैक्षभुजो लुञ्चितमूर्द्धजाः।
श्वेताम्बराः क्षमाशीला निःसङ्गा जैनसाधवः।।

धूलि से लिप्त अर्थात् स्नानादि न करने से देह में सदा मैल भरा रहता है, भिक्षान्न भोजन, केशलुञ्चन,

अन्वयः-दिगम्बराः मध्यमत्त्वम् आहुः । आपादमस्तकं चैतन्यव्याप्तिसन्दृष्टेः । "आनखाग्र" श्रुतेः अपि।।
अन्वयः- सूक्ष्मनाडीप्रचारः तु स्थूलदेहस्य हस्ताभ्यां कञ्चुकप्रतिमोकवत् सूक्ष्मैः अवयवैः भवेत्।।
अन्वयः - न्यूनाधिकशरीरेषु प्रवेशः अपि आत्मांशानां गमागमैः भवेत् । तेन मध्यमत्त्वं विनिश्चितम्।।

व्याख्या :- उद्देशक्रमेणादावणुपरिमाणवादः प्रतिपादितः । ततो महत्परिमाणवादं द्वितीयं तदन्तरप्राप्तमपि त्यत्तवान्त्यमार्हतं मतं तार्तीयमपि खण्डनीयत्त्वसादृश्यादत्र प्रस्तौति । दिगम्बरा आर्हता आत्मनो मध्यमत्त्वं मध्यमपरिमाणवत्तां वदन्ति । ते काञ्चनोपपत्तिमपि दर्शयन्ति । आपादमस्तकं पादमारभ्य मूर्धाग्रं यावत्सर्वत्र चैतन्यव्याप्तिसन्दृष्टेश्चैतन्यस्य व्याप्तिसन्दर्शनादित्यापादचूडं दर्शयति।

क्षमावान और निःसङ्ग होना ये श्वेताम्बर जैन साधुओं के नियम हैं ।

लुञ्चिताः पिच्छिकाहस्ताः पाणिपात्रा दिगम्बराः।
उर्द्धाशिनो गृहे दातुर्द्वितीयाः स्युर्जिनर्षयः।।
भुंक्ते न केवलं न स्त्रीं मोक्षमेति दिगम्बरः।।
प्राहुरेषामयं भेदो महान् श्वेताम्बरैः सह ।।

केशलुञ्चन करने वाले छोटे-छोटे जीवों को उड़ाने के लिए हाथ में पिच्छि रखने वाले, हाथों से ही पात्र का काम लेने वाले अर्थात् भोजनादि पात्ररहित, दिशा रूपी वस्त्रों को धारण करने वाले अर्थात् नग्न, भोजन देनेवाले के घर खड़े-खड़े ही भोजन करने वाले ये जैन सम्प्रदाय के दिगम्बर साधु होते हैं । वे अकेले भोजन नहीं करते, स्त्रीसंभोग से रहित और मुक्त माने जाते हैं । इस प्रकार श्वेताम्बरों के साथ दिगम्बरों का महान भेद है ।

जैनशास्त्रानुसार सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान और सम्यक् चरित्र ये तीन मोक्ष के कारण हैं । "***सम्यग्दर्शनज्ञानचरित्राणि मोक्षमार्गः***" (परमागमसार) । उनका तत्त्वार्थसूत्र है "***तत्त्वार्थे श्रद्धानं सम्यग्दर्शनम्***" तत्त्वार्थ में श्रद्धा को सम्यक् दर्शन कहते हैं ।

रुचिर्जिनोक्ततत्त्वेषु सम्यक् श्रद्धानमुच्यते ।
जायते तन्निसर्गेण गुरोरधिगमेन वा ।।

जिनदेव के कहे हुए तत्त्वों में सम्यक् प्रीति का नाम श्रद्धान है, वह निसर्ग से अथवा गुरु के उपदेश से होता है ।

यथावस्थिततत्त्वानां संक्षेपाद्विस्तरेण वा ।
योऽवबोधस्तमत्राहुः सम्यक् ज्ञानं मनीषिणः।।

यथावस्थित तत्त्वों का संक्षेप अथवा विस्तार से ज्ञान होना ही सम्यक् ज्ञान कहा गया है ।

सर्वथावद्ययोगानां त्यागश्चारित्रमुच्यते ।
कीर्तितं तदहिंसादिव्रतभेदेन पञ्चधा ।।

निन्दित कर्म का सर्वथा त्याग चरित्र है अर्थात् संसार के हेतुभूत कर्म की निवृत्ति सम्यक् चरित्र है । वह अहिंसा आदि व्रत भेद से पाँच प्रकार का है । (अहिंसा, अपरिग्रह, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और सूनृत)

"***एतानि सम्यग्दर्शनज्ञानचरित्राणि मिलितानि मोक्षकारणं न प्रत्येकं यथा रसायनसाधनानि सम्भूय रसायनफलं साधयन्ति न प्रत्येकम्***" (सर्वदर्शनसंग्रहः) अर्थात् उक्त सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान और सम्यक् चरित्र ये तीनों मिलकर ही मोक्ष रूपी फल को देनेवाले हैं अलग-

आनखाग्रश्रुतेरपि बार्हदारण्यकश्रुतौ "स एष इह प्रविष्ट आनखाग्रेभ्य" इति श्रूयमाणमपि प्रमाणम् । आत्मन एवं युक्त्या श्रुत्या च मध्यमपरिमाणतायामङ्गीकृतायां श्रुत्यन्तरसुप्रसिद्धस्सूक्ष्मतमनाडीसञ्चारः कथं सङ्गच्छत इत्यत्राह । आत्मनस्सूक्ष्मैरवयवैस्सूक्ष्मतमनाडीप्रचारस्तु सङ्घटते । तत्र दृष्टान्तं दर्शयति। देहावयवाभ्यां हस्ताभ्यां हस्तद्वारा स्थूलदेहस्य कञ्चुकप्रतिमोकवत् "कञ्चुको बाणवारोऽस्त्री" "कञ्चुको

अलग नहीं । जैसे रसायनादि औषधियों के लिये जितनी सामग्री अपेक्षित होती है वे सब मिलकर रसायन का फल उत्पन्न करती हैं, वैसे ही सम्यक्दर्शनादि तीनों मिलकर ही मोक्षदायी हैं ।

जैन मतानुसार जीव, अजीव, आश्रव, संवर निर्जर, बन्ध और मोक्ष ये सात पदार्थ माने जाते हैं। किन्तु संक्षेप से जीव और अजीव नामक दो ही पदार्थ माने जाते हैं । इन्हीं दोनों में शेष सभी पदार्थों का अन्तर्भाव हो जाता है । जीवबोधात्मक और अजीव अबोधात्मक माना जाता है । पूर्वोक्त सात पदार्थों में से प्रथम (१) जीव भोक्ता है (२) अजीव भोग्य है (३) विषयाभिमुख रूप से इन्द्रियों की प्रवृत्ति को आश्रव कहते हैं (४) उस प्रवृत्ति को रोकनेवाले यमनियमादि को संवर कहते हैं (५) कल्मष का नाश करने वाले तप्तशिलारोहणादि को निर्जर कहते हैं (६) कर्म ही बन्धन है और (७) कर्मपाश के नष्ट हो जाने पर आलोकाकाश में प्रविष्ट जीव के सतत उर्ध्वगमन को मोक्ष कहते हैं ।

गत्वा गत्वा निवर्त्तन्ते चन्द्रसूर्यादयो ग्रहाः।
अद्यापि न निवर्त्तन्ते त्वालोकाकाशमागताः।।

उनके कथनानुसार चन्द्र-सूर्यादि जितने भी ग्रह हैं, वे सभी स्व-स्व नियतकाल और नियतदेश पर्यन्त ऊपर जा कर लौट आते हैं, परन्तु लोकाकाश के ऊपर आलोकाकाश में आए हुए जीव मुक्त हो जाने के कारण अभी तक पुनः नहीं लौटे हैं ।

वे पञ्चास्तिकाय भी मानते हैं - ***(१) जीवास्तिकाय (२) पुद्गलास्तिकाय (३) धर्मास्तिकाय (४) अधर्मास्तिकाय और (५) आकाशास्तिकाय ।*** अस्तिकाय शब्द संकेतिक (पदार्थवाचक) है । इसलिए जीवास्तिकाय शब्द का अर्थ जीवनामक पदार्थ होता है । "***पूर्यन्ते गलन्तीति पुद्गलाः परमाणुसंघाः कायाः***" परमाणु समुदाय शरीर को पुद्गलास्तिकाय कहते हैं । सम्यक् प्रवृत्ति द्वारा अनुमेय धर्म को धर्मास्तिकाय कहते हैं । उर्ध्वगमनशील जीव का देह में स्थित रहने का कारण अधर्मास्ति काय है । और आवरणाभाव को आकाशास्तिकाय कहते हैं । इन पाँचों पदार्थों के अवान्तर भेद भी अनेक प्रकार के हैं, जिनकी वे अपने मतानुसार कल्पनाकर कहते रहते हैं । इनके ये सभी पदार्थ किसी भी श्रुति या स्मृति के द्वारा अनुमोदित न होने के कारण ही इनको काल्पनिक कहा गया है । जैन लोग उक्त सभी पदार्थों में अनेकान्तवाद की सिद्धि के लिए सर्वत्र सप्तभंगी न्याय का प्रतिपादन करते हैं । सात अस्तित्वादि भंगो के समाहार को सप्तभंगी कहते हैं । वे निम्नानुसार हैं ।

(१) स्यादस्ति (२) स्यान्नास्ति (३) स्यादस्ति च नास्ति च (४) स्यादवक्तव्यः (५) स्यादस्ति चाऽवक्तव्यश्च (६) स्यान्नास्ति चावक्तव्यश्च (७) स्यादस्ति च नास्ति चावक्तव्यश्च । इस प्रकार एकत्व नित्यत्वादि के सम्बन्ध में भी इस सप्तभंगी न्याय की योजना करते हैं । उनके मतानुसार सभी पदार्थ अनेकान्तिक हैं, किसी भी पदार्थ को इदमित्थं रूप से नहीं कहा जा सकता । घट कथञ्चित् घटत्व रूप से है किन्तु प्राप्यत्वादि रूप से नहीं है । अतः उसकी प्राप्ति के लिये प्रयत्न करना पड़ता है । यदि इन्हें एकरूप ही मान लिया जाए तो प्राप्ति एवं त्यागादि व्यवहार का

बाणवारे स्यान्निर्मोके कवचेऽपि चावर्धापकगृहीताङ्गस्थितवस्त्रे च चोलके" । कञ्चुकस्यौषधिभेदे चे"त्यादिकोशेभ्यश्चोलकाकृति सन्नाहस्य वाचकः । कञ्चुकप्रवेश इव । यथा स्थूलदेहावयवभूतयोर्हस्तयोः कञ्चुकप्रवेशमात्रेण देहस्य कञ्चुकप्रवेशव्यवहारो यथा तथा सूक्ष्मतमानामात्मावयवानां सूक्ष्मासु नाडीषु प्रचारेणात्मनः प्रचार उपचर्यते इति सूक्ष्मनाडीसञ्चारहेतुना न मध्यमपरिमाणत्त्वभङ्ग इति भावः ।

ही लोप हो जाएगा । अतः सभी पदार्थों में अनेकान्तत्व ही मानना चाहिये । उनके इस सिद्धान्तानुसार वेदान्त प्रतिपादित एकरूप ब्रह्मवाद का भी बाध हो जाता है । इस विषय का आद्यशंकराचार्य जी ने जैनमत का खण्डन करते हुए ब्रह्मसूत्र में विस्तार से उल्लेख किया है जिज्ञासुओं को ब्रह्मसूत्र के द्वितीय अध्याय के द्वितीय पादके सूत्र ३३, ३४ और ३५ (एकस्मिन्नसंभवाधिकरण) में देखना चाहिये ।

दिगम्बर जैन लोग आत्मा को मध्यम परिमाण वाला मानते हैं । इस विषय में वे युक्ति प्रदर्शित करते हुए कहते हैं कि पैर से लेकर सिर तक एक ही चैतन्य की व्याप्ति का हमें अनुभव होता है । हम अपने शरीर में स्वयं को किसी एक देश में सीमित नहीं पाते हैं । सम्पूर्ण शरीर में चेतना व्याप्त है, यह अनुभव सिद्ध करता है कि जीव शरीर के आकार का ही है । इसके अतिरिक्त वे श्रुति का प्रमाण उद्धृत करते हैं । यद्यपि वे वेदों को प्रमाण नहीं मानते हैं, तथापि अन्य लोगों को सन्तुष्ट करने के लिए वे बृहदारण्यक और कौषीतकी नामक उपनिषदों का उद्धरण देते हैं । उसमें कहा है कि "***स एष इह प्रविष्ट आनखाग्रेभ्यः***" (बृ.उ. १/४/७, कौ.उ. ४/२०) वह आत्मा इस शरीर में नख के अग्रभाग पर्यन्त प्रविष्ट है । इस श्रुतिवचन से आत्मा मध्यमपरिमाण वाला सिद्ध होता है ।

आत्मा को मध्यम परिमाणी मानने पर उसका श्रुतिसिद्ध नाड़ी प्रचार नहीं बन सकता, ऐसी आशंका होने पर दिगम्बर लोग उत्तर देते हैं ।

अर्थ - जैसे हाथों के द्वारा स्थूल देह का कंचुक (कवच परिधान) में प्रवेश होता है, वैसे ही आत्मा का सूक्ष्म नाड़ियों में प्रचार उसके सूक्ष्म अवयवों के द्वारा होता है ।८३।

व्याख्या - अणुपरिमाण वाला आत्मा सूक्ष्म नाड़ियों में प्रचार करता है किन्तु मध्यम परिमाण वालों के अनुसार आत्मा पूरे शरीर में व्याप्त है अतः उसके प्रचार की आवश्यकता नहीं है । उनके अनुसार अणु रूप आत्मा कितनी ही शीघ्रता से नाड़ियों में भ्रमण क्यों न करे, वह एक समय में शरीर के एक भाग में ही रहेगा । किन्तु हमारे मध्यम परिमाणी आत्मा में यह दोष नहीं आता है । इस विषय में वे दृष्टान्त देते हैं कि जिस प्रकार अवयवभूत हाथों के द्वारा कवच पहनने पर स्थूल देह का उसमें प्रवेश माना जाता है । उसी प्रकार सूक्ष्म नाड़ियों में आत्मा का प्रवेश मान लिया जाता है । वस्तुतः मुख्य आत्मा का सूक्ष्म नाड़ियों में संचार संभव नहीं है ।

वह आत्मा कितने परिमाण वाला है, ऐसी आकांक्षा होने पर कहते हैं ।

अर्थ - न्यूनाधिक शरीरों में आत्मा का प्रवेश भी आत्मा के अवयवों के प्रवेश-अप्रवेश से होता है । इसलिए आत्मा मध्यम परिमाण वाला है, यह निश्चित हुआ ।८४।

व्याख्या - आत्मा यदि नियम से मध्यम परिमाण वाला है तो कर्मवश न्यूनाधिक शरीर में उसका प्रवेश कैसे होगा ? ऐसी शंका होने पर जैन लोग कहते हैं कि न्यूनाधिक शरीरों में आत्मा भी वैसा ही हो सकता है अर्थात् हाथी के शरीर में जाने पर आत्मा हाथी के शरीर के बराबर बड़ा हो जाता है और चींटी के शरीर में जाने पर आत्मा चींटी के शरीर के बराबर छोटा हो जाता है । अर्थात् आत्मा के अवयवों

यद्यात्मनो नियतमध्यपरिमाणता तर्हि तत्तज्जीवकर्मवशेन गजादिमशकान्तेषु न्यूनाधिकशरीरेषु प्रवेशस्य दुर्घटत्त्वात्तस्य चात्मनस्सङ्कोचविकोचशालित्त्वेन नियतं न किञ्चिन्मध्यमं परिमाणं स्वीक्रियते । किन्त्वणुत्त्वमहत्त्वव्यावृत्तमनियतं तत्तद्देहतुल्यप्रमाणं शरीरावयवागमापायाद्यनुसारं परिमाणमङ्गीक्रियत इत्याह । न्यूनाधिकशरीरेष्वपि ब्रह्मादिपिपीलिकान्ताधिककल्पशरीरेष्वात्मांशानामात्मानयवानां गमागमैर्विनाशोत्पादैरुपचयापचयैर्गमनागमनैः प्रवेशस्संभवेदिति तेन कारणेनात्मनो मध्यमत्त्वं मध्यमपरिमाणवत्त्वं विनिश्चितं प्रमाणतो युक्तिभिश्च निर्णीतमिति दिक् ।।

आर्हतमतखण्डनम् । आत्मनो मध्यमपरिमाणत्त्वमतखण्डनम् –

सांशस्य घटवन्नाशो भवत्येव तथा सति ।
कृतनाशाकृताभ्यागमयोः को वारको भवेत् ॥ ८५ ॥

अन्वयः – सांशस्य घटवत् नाशः भवति एव । तथा सति कृतनाशाकृताभ्यागमयोः वारकः कः भवेत् ।।

व्याख्या :- आत्मन उपचयापचयौ सावयवत्त्वमन्तरा न सिद्ध्यतः । नाशस्यावयव-व्यापकत्त्वात्सावयवत्त्वेऽवश्यंभाविनी घटादिवदनित्यता तत एव मिथ्यात्त्वं चेति महाननर्थः । अतोऽनित्यत्त्वप्रसङ्गान्मध्यपरिमाणता नाङ्गीकार्येत्याह । सांशस्य सावयवस्यात्मनोऽवयवत्त्वादेव हेतोर्घटादिवन्नाशोऽवश्यं भवत्येवेति निश्चयार्थे । भवतु नाम नाश इतीष्टापत्तिनैवाङ्गीकार्या । तथा सति शरीरेण सममात्मनोऽपि नाशाङ्गीकारे कृतनाशाकृताभ्यागमयोः कृतस्य धर्माधर्मानुष्ठानजन्यपुण्य-पापफलरूपस्य सुखदुःखात्मकस्यानुभवरूपभोगं विनापि प्रणाशस्तथाकृतस्याननुष्ठितस्य

की वृद्धि और ह्रास से आत्मा भी छोटा-बड़ा होता रहता है । मध्यम परिमाण वादी आत्मा के छोटे-बड़े होने में कोई दोष नहीं मानते हैं । जैसे आत्मा को अपने कर्मानुसार हाथी जैसा बड़ा या चींटी जैसा छोटा शरीर प्राप्त होता है, वैसे ही उसके कर्मानुसार आत्मा का आकार भी शरीर के अनुकूल हो जाता है । अतः आत्मा मध्यम परिमाण का ही है, ऐसा निश्चित हुआ ।

अब आत्मा के मध्यम परिमाणत्व का खण्डन करते हैं ।

अर्थ – अंशयुक्त पदार्थ का घट के समान अवश्य ही नाश होता है । यदि आत्मा को आप ऐसा (अवयववाला) मानते हैं तो कृतनाश और अकृताभ्यागम नामक दोषों का निवारण करने वाला कौन होगा ? (अर्थात् कोई नहीं) ।८५।

व्याख्या – आत्मा की वृद्धि और ह्रास बिना अवयव के संभव नहीं है । आत्मा छोटा-बड़ा तभी हो सकता है जब उसमें से कुछ अंश निकाला जा सके और कुछ अंश उसमें जोड़ा जा सके और ऐसा तभी संभव है जब आत्मा अवयवी हो । यदि आत्मा को अवयवी मानेंगे तो वह भी घट के समान नाशवान सिद्ध होगा । आत्मा को नश्वर मानने में वही दोष होगा जो शरीर को आत्मा मानने पर होता है । तात्पर्य यह है कि उससे कर्म सिद्धान्त ही खण्डित हो जाता है । आत्मा को विभु (महान) परिमाण वाला मानने वाला सिद्धान्ती जैनों से पूछता है कि यदि आप आत्मा को अवयवी ही मानेंगे तो वह नित्य कैसे हो सकता है ? सावयव वस्तु का नाश अवश्यभावी है, जैसे घटादि । और यदि आप आत्मा में अवयव

पुण्यपापादिफलात्मकस्य सुखदुःखादेराकस्मिकेन यत्किञ्चित्कारणानियम्येनागमश्चेत्येतयोर्दोषयोर्वारको निवारकस्संहर्ता को भवेत् । आत्मनोऽनित्यत्त्वाभ्युपगमे तन्नाशेन दोषद्वयमनिवार्यं भवेत् । अस्मिञ्जन्मन्य-नुष्ठितयोः पुण्यपापयोः फलभोगनिमित्तं जन्मान्तरमित्यादिव्यवस्था न स्यात् । शरीरभेदेनात्मनोऽपि भेदात् । शरीरेणानेनाद्यानुभूयमानस्य फलस्याकस्मिकत्त्वप्रसक्तिर्यतः पूर्वजन्मनि विद्यमानस्य देहस्यैतद्देहा-पेक्षयान्यत्त्वेन भवन्मत आत्मनोऽपि तथात्त्वात् । नह्यन्येन कृतमन्येनानुभूयत इति साम्प्रतम् । कर्तृत्त्वसमानाधिकरणभोक्तृत्त्वस्य सर्वसम्मतत्त्वादिति शम् ।।

श्रुतिसम्मतस्यात्मनो महत्त्वस्य निरूपणम् –

तस्मादात्मा महानेव नैवाणुर्नापि मध्यमः ।
आकाशवत्सर्वगतो निरंशश्श्रुतिसम्मतः ॥ ८६ ॥

अन्वयः – तस्मात् आत्मा महान् एव । अणु न एव । मध्यमः अपि न । आकाशवत् सर्वगतः निरंशः श्रुतिसम्मतः ।।

व्याख्या :– पारिशेष्यान्महत्त्वं संस्थापयति । तस्मात्प्रथमे पक्षे रामानुजमाध्वादिसम्मताणुत्त्वस्वीकार आनखाग्रश्रुतिविरोधादार्हतसम्मतद्वितीयपक्षे मध्यमपरिमाणवत्त्वस्वीकारे चानित्यत्त्वादिदोषप्रसङ्गादात्मा नैवाणुर्न वा मध्यमः । किन्त्वाकाशवत्सर्वगतस्सर्वव्यापी विभुर्निरंशोऽखण्ड आत्मा महानेव श्रुतिसम्मतः। ताश्च श्रुतय "आकाशवत्सर्वगतं सुसूक्ष्मं" "निष्कलं निष्क्रियं शान्तं" "स वा एष महानज आत्मा योऽयं विज्ञानमय" आकाशवत्सर्वगतश्च नित्य" इत्याद्यास्ताभिस्सम्मतो महानेवात्मा । "अणोरणीयान्"

की कल्पना करते हैं तो कृतनाश और अकृताभ्यागम नामक दोषों का निवारण कौन करेगा अर्थात् कोई नहीं कर सकता । किये हुए पुण्यपापात्मक कर्मों का फल भोगे बिना ही नाश हो जाना कृतनाश कहा जाता है । और न किये हुए पुण्यपापात्मक कर्मों के सुखदुःखादि रूप फल का आकस्मिक भोग अकृताभ्यागम नामक दोष माना जाता है । आत्मा के नष्ट होने पर उसके किये हुए कर्म अभुक्त रह जाएँगे अतः कृतनाश दोष प्राप्त होगा और यदि नवीन आत्मा उत्पन्न होकर अकस्मात् ही कर्मों का फल भोगता है तो उसे अपने शरीर द्वारा न किये हुए कर्मों का फल भोगना पड़ेगा, जिसे अकृताभ्यागम दोष कहते हैं । जैनदर्शनानुसार आत्मा नित्य है और शुभाशुभ कर्मों के फल का भोग करने के लिए पुनर्जन्म भी वे स्वीकार करते हैं किन्तु आत्मा को मध्यम परिमाण वाला और अवयवी होने पर भी नश्वर न मानना ये दोनों परस्पर विरुद्ध हैं । अतः आत्मा मध्यम परिमाण वाला नहीं है ।

अब आत्मा के विभुत्व का प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ – इसलिए आत्मा महान (विभु) परिमाण वाला ही है । वह न अणु है और न मध्यम ही । वह तो आकाश के समान सर्वगत और अंशरहित है, यही श्रुतिसम्मत है ।८६।

व्याख्या – पूर्व श्लोक में आत्मा के मध्यम परिमाणत्व का खण्डन कर दिया । उससे पहले आत्मा के अणुपरिमाणत्व का भी खण्डन कर दिया गया । अब परिशेष रूप आत्मा का विभुत्व ही अंगीकार करना चाहिये । इसलिए ग्रन्थकार आत्मा के विभुत्व को स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि आत्मा को अणुपरिमाण वाला मानने पर सम्पूर्ण शरीर में उसकी चेतना का अभाव मानना पड़ेगा जो "***स एष इह***

"आराग्रमात्र" "वालाग्रशतभागस्ये"त्याद्यानखाग्रश्रुतीनामात्मनो महत्त्वे विरोध इति चेन्न । तासां श्रुतीनां सूक्ष्मतमत्त्वप्रयुक्तेन्द्रियागम्यत्त्वबुद्ध्युपहितत्त्वादितात्पर्यवत्त्वात् । तस्मान्महानात्मेति शम् ।।

आत्मनस्स्वरूपनिर्णयाय वादिनां विप्रतिपत्तिप्रदर्शनम् -

इत्युक्त्वा तद्विशेषे तु बहुधा कलहं ययुः ।
अचिद्रूपोऽथ चिद्रूपश्चिदचिद्रूप इत्यपि ।। ८७ ।।

अन्वयः - इति उक्त्वा तद्विशेषे अचिद्रूपः अथ चिद्रूपः चिदचिद्रूपः इति अपि बहुधा कलहं ययुः।।

व्याख्या :- इत्येवमात्मनो विभुत्त्वनिरंशत्त्वे चोक्त्वा तस्य चिद्रूपतां निर्णेतुं वादिविप्रतिपत्ति-विशेषविचारपूर्वकमात्मस्वरूपविचारमारभते । वादिनस्तत्तद्दर्शनप्रवर्तकास्तद्विशेषे आत्मनस्स्वरूपविशेषे तु बहुधा स्वस्वमतप्रमाणयुक्त्याद्युपन्यस्य कलहं युद्धं ययुः प्रापुर्निश्चयं नापुः। अतश्श्रौतमात्मस्वरूपं वक्तुमुपक्रमते । कलहकारणभूतान्यात्मस्वरूपविशेषभिन्नतमतान्युपस्थापयति। तत्रात्माऽचिद्रूप इति प्राभाकरास्तार्किकाश्च । चिद्रूप इति साङ्ख्याः । चिदचिद्रूप इति च भाट्टा इति विप्रतिपन्नाः ।।

प्रविष्ट आनखाग्रेभ्यः" इस श्रुति से विरुद्ध है । और आत्मा को मध्यम परिमाण वाला मानने पर वह सावयव और नश्वर सिद्ध होगा । अतः इन दोषों से बचने के लिए आत्मा को सर्वव्यापक (विभु) ही मानना चाहिये । जैसे आकाश व्यापक (सर्वगत) और अखण्ड (निरंश) है, वैसे ही सभी प्राणियों में आत्मा व्यापक और अखण्ड होने के कारण नित्य है अर्थात् आत्मा सर्वत्र एकसमान रूप से विद्यमान है । यह कथन कपोल कल्पित नहीं है किन्तु यही मत श्रुति को भी मान्य है । "***आकाशवत् सर्वगतं सुसूक्ष्मं***" "***निष्कलं निष्क्रियं शान्तं***" (श्वे.उ.) "***स वा एष महानज आत्मा***" (बृ.उ. ४/४/२२) "***महतो महीयान्***" (कठो.) "***नित्यं विभुं सर्वगतं सुसूक्ष्मं***" (मु.उ. १/१/६) इत्यादि श्रुतियाँ आत्मा के विभुत्व का समर्थन करती हैं । अतः आत्मा विभु परिमाण वाला ही है । यदि कहो कि "***अणोरणीयान्***" "***आराग्रमात्र***"(श्वे.उ.) "***बालाग्रशतभागस्य***"(श्वे.उ.) इत्यादि श्रुतियाँ आत्मा के विभुत्व का विरोध करती हैं तो यह कथन ठीक नहीं है क्योंकि इन श्रुतियों का तात्पर्य आत्मा को सूक्ष्मतम प्रतिपादित करना है अर्थात् आत्मा इन्द्रियों से अगोचर है । इसलिए इन श्रुतियों का आत्मा के विभुत्व से कोई विरोध नहीं है । अतः आत्मा न अणु परिमाण वाला है और न मध्यम परिमाण वाला किन्तु आत्मा विभु (महान) है ।

अब आत्मा के स्वरूप का विचार प्रारम्भ करते हैं ।

अर्थ - इस प्रकार (आत्मा का परिमाण) कहकर उसके विशेष स्वरूप के विषय में कि आत्मा अचिद्रूप है ? चिद्रूप है अथवा उभय रूप है ? इस प्रकार भी बहुत प्रकार से वादी लोग विवाद को प्राप्त हुए हैं ।८७।

व्याख्या - इस प्रकार आत्मा के विभुत्व और निरंशत्व का प्रतिपादन करके अब उसकी चिद्रूपता सिद्ध करने के लिए अन्य आचार्यों के मत का निरूपण तथा उसके खण्डन का उपक्रम करते हैं । आत्मा का सामान्य स्वरूप ज्ञात हो गया कि आत्मा विभु है अब उसके विशेष रूप का बोध कराने के लिए कहते हैं कि आत्मा को कुछ आचार्य चेतन रूप मानते हैं और कुछ चेतनाचेतन (उभय) रूप मानते हैं । और अपने पक्ष की पुष्टि के लिए वे परस्पर बहुत प्रकार से वाक्ययुद्ध करते रहते हैं तथापि मुख्य निर्णय तक नहीं पहुँच पाये हैं । उनके मतों का निरूपण आगे किया जाएगा ।

आत्मनोऽचिद्रूपवादिनां प्राभाकरादीनां मतनिरूपणम् –

प्राभाकरास्तार्किकाश्च प्राहुरस्याचिदात्मताम् ।
आकाशवद्द्रव्यमात्मा शब्दवत्तद्गुणश्चितिः ॥ ८८ ॥

अन्वयः – प्राभाकराः तार्किकाः च अस्य अचिदात्मतां प्राहुः । आकाशवत् आत्मा द्रव्यम् । शब्दवत् । तद्गुणः चितिः ।।

व्याख्या :– प्राभाकराः पूर्वमीमांसकैकदेशिनस्तार्किकाश्च केचनास्यात्मनोऽचिदात्मतां प्राहुस्तत्रेयं युक्तिस्तेषात्मात्मा द्रव्यं सर्वव्यापकत्त्वादाकाशवदित्यनुमानादिकम् । यदि द्रव्यत्वमात्मनो युक्त्या निश्चीयेत तदा तस्य जडत्वमेव स्यान्न चेतनत्वमिति चेन्न । यथा शब्दः आकाशस्य गुणस्तद्वदात्मनोऽपि गुणश्चितिरित्यात्मा न चिद्रूपः । किन्तु चिदाश्रय इति । अत एव ते ज्ञानाधिकरणमात्मेति प्रवदन्तीति भावः । आदावात्मनो द्रव्यत्वसाधकमनुमानं सूचितमात्मा द्रव्यं गुणवत्त्वादाकाशवदिति । तत आत्मनो द्रव्यान्तरेभ्यः पृथिव्यादिभ्यो भेदसाधकविशेषगुणं निरूपयति आत्मा पृथिव्यादिभ्यो भिन्नः । ज्ञानगुणवत्त्वात् यन्नैवं तन्नैवं यथा पृथिवीत्यनुमानेन यत्पृथिव्यादिभ्यो न भिद्यते न तज्ज्ञानगुणकमित्यनात्मनोऽचिदात्म-कत्त्वसिद्धिरिति शम् ।।

अब आत्मा को अचैतन्य स्वरूप मानने वालों के मत का निरूपण करते हैं।

अर्थ – प्रभाकर मतानुयायियों ने और नैयायिकों ने इस आत्मा को अचिद्रूप (जड़) कहा है । आत्मा आकाश के समान द्रव्य है और जैसे शब्द आकाश का गुण है, वैसे ही ज्ञान उसका (आत्मा का) गुण है ।८८।

व्याख्या – कर्मकाण्डात्मक वेद को ही प्रमाण मानने वाले दार्शनिक मीमांसक कहलाते हैं । महर्षि जैमिनी प्रणीत मीमांसा सूत्रों पर प्रभाकर ने व्याख्या की है । उन्हीं प्रभाकर के अनुयायी प्राभाकर कहे जाते हैं । महर्षि गौतम प्रणीत दर्शन को न्यायदर्शन कहा जाता है, इनके अनुयायी नैयायिक कहलाते हैं । न्यायदर्शन तर्कप्रधान होने के कारण इसको मानने वाले तार्किक भी कहे जाते हैं । प्रभाकर मतानुयायी और नैयायिकों के अनुसार आत्मा अचिद्रूप अर्थात् जड़ है । उनके अनुसार आत्मा एक द्रव्य है । इस विषय में उनका अनुमान है – जैसे आकाश सर्वव्यापक है, वैसे ही आत्मा भी सर्वव्यापक है । अतः जैसे आकाश द्रव्य है, वैसे ही आत्मा भी द्रव्य है, यह अनुमान से जाना जाता है ऐसा वे कहते हैं । यदि कहो कि आत्मा को द्रव्य मानेंगे तो उसमें चैतनत्व की सिद्धि कैसे होगी ? इसका उत्तर वे देते हैं कि आकाश के शब्द गुण के समान ज्ञान आत्मा का गुण है "***शब्दगुणकमाकाशम्***" उनके मतानुसार आकाश शब्दगुणात्मक है । गुण हमेशा गुणी से भिन्न ही माना जाता है और गुण का आश्रय गुणी ही होता है । "***ज्ञानाधिकरणमात्मा***" तार्किकों के अनुसार आत्मा ज्ञान का अधिकरण अर्थात् आश्रय है । ज्ञान (चेतना) आत्मा में रहता है अतः ज्ञान आत्मा का गुण है और आत्मा गुणी है इसलिए दोनों भिन्न हैं । भाव यह है कि आत्मा चिद्रूप नहीं है क्योंकि चित् (ज्ञान) का आश्रय आत्मा है अतः चित् आत्मा का गुण होने से आत्मा स्वरूप से अचेतन (जड़) ही है । चेतनत्व गुण के कारण ही आत्मा पृथ्वी आदि द्रव्यों से भिन्न है ।

अचिदात्मवादिनां तार्किकाणां मतानुसारेणात्मगुणानां निरूपणम् -

इच्छाद्वेषप्रयत्नाश्च धर्माधर्मौ सुखासुखे ।
तत्संस्काराश्च तस्यैते गुणाश्चितिवदीरिताः ॥ ८९ ॥

अन्वयः - इच्छाद्वेषप्रयत्नाः धर्माधर्मौ च सुखासुखे तत्संस्काराः च एते चितिवत् तस्य गुणाः ईरिताः ।।

व्याख्या :- किमात्मनि चितिरेकैवगुणो वान्येऽपि केचन सन्तीति प्रश्ने सन्त्येव चतुर्दश गुणा इति "चतुर्दशगुणवाञ्जीव" इति तेषां मतं प्रदर्शयति । इच्छाद्वेषप्रयत्नास्त्रयो गुणाः । अत्र चकारात्पूर्वोक्तं ज्ञानमिति चत्त्वारः । धर्माधर्मौ सुखासुखे सुखदुःखे इति च चत्वार आहत्याष्टौ । तत्संस्कारा अनुभूतार्थविषयकसंस्कारा भावनापरपर्याया इति नव । अत्र पुनश्चकारात्तन्मतप्रसिद्धसङ्ख्यादिगुण-पञ्चकमिति चतुर्दश गुणा आत्मनि सन्तीति दिक् ।। "बुद्ध्यादिषट्कं संख्यादिपञ्चकं भावना तथा । धर्माधर्मौ गुणा ह्येते ह्यात्मनः स्युश्चतुर्दश" इति कारिकावल्ल्युक्तेः ।।

आत्मगुणोत्पत्तिनाशयोः कारणप्रदर्शनम् -

आत्मनो मनसा योगे स्वादृष्टवशतो गुणाः ।
जायन्तेऽथ प्रलीयन्ते सुषुप्तेऽदृष्टसंक्षयात् ॥ ९० ॥

अन्वयः - स्वादृष्टवशतः आत्मनः मनसा योगे गुणाः जायन्ते । अथ सुषुप्ते अदृष्टसङ्क्षयात् प्रलीयन्ते ।।

अचिद्रूप आत्मा में ज्ञानातिरिक्त अन्य गुण भी हैं, उनका वर्णन करते हैं।

अर्थ - ज्ञान के समान इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, धर्म, अधर्म, सुख, दुःख और उनके संस्कार ये भी आत्मा के गुण कहे गये हैं ।८९।

व्याख्या - न्यायशास्त्रानुसार आत्मा में केवल ज्ञान नामक गुण का ही सद्भाव नहीं है किन्तु अन्य गुण भी हैं, उन्हीं का यहाँ उल्लेख किया गया है । इच्छा, द्वेष और प्रयत्न ये तीन और चकार से पूर्वोक्त ज्ञान का ग्रहण करने से चार गुण तथा धर्म, अधर्म और सुख, दुःख इन चारों को मिलाने से आठ गुण हुए, तथा अनुभूतार्थ विषयक भावना रूपी संस्कार, इस प्रकार नौ गुण हुए । श्लोक में पुनः आये हुए चकार से न्यायशास्त्र में प्रसिद्ध संख्यादि गुण पञ्चक (संख्या, परिमाण, पृथक्त्व, संयोग और विभाग) का भी ग्रहण होता है ।

बुद्ध्यादिषट्कं संख्यादिपञ्चकं भावना तथा ।
धर्माधर्मौ गुणा ह्येते ह्यात्मनः स्युस्चतुर्दश ।। (कारिकावली ३२)

इस प्रकार न्यायशास्त्रानुसार आत्मा में चौदह गुण माने गये हैं ।

इन गुणों की उत्पत्ति और विनाश का कारण बताते हैं ।

अर्थ - अपने अदृष्ट के कारण आत्मा का मन के साथ संयोग होने पर ज्ञानादि गुण उत्पन्न होते हैं और सुषुप्ति में अदृष्ट का क्षय होने पर वे गुण लीन हो जाते हैं ।९०।

व्याख्या - पूर्वजन्मकृत कर्मजन्य धर्माधर्म के कारण आत्मा का मन के साथ संयोग होता है।

व्याख्या :- इच्छाद्वेषादीनामात्मगुणानामुत्पत्तिविनाशौ केन कारणेन भवत इत्यत्राह । स्वादृष्टवशतः पूर्वपूर्वजन्मजन्मान्तरोपार्जितसुकृतदुष्कृतकर्मजन्यधर्माधर्माख्यादृष्टवशादात्मनो मनसा सह योगे सम्बन्ध "आत्मा मनसा संयुज्यत" इत्यादिनियमानुसारमात्ममनस्संयोगे सतीच्छादयो गुणा जायन्ते । अथ च सुषुप्तेऽदृष्टसङ्क्षयादात्ममनसोर्वियोगे सति ते गुणाः प्रलीयन्तेऽस्तं यान्ति । आत्मनो विभुत्त्वेनात्म-मनस्संयोगस्सर्वदैव भवतीति तद्वियोगोऽसंभावित इति चेन्न । पुरीतद्भिन्नदेशावच्छेदेनात्ममनस्संयोगस्यैव ज्ञानादात्मगणोत्पत्तिकारणत्त्वात्सुषुप्तौ च पुरीतति मनः प्रविशतीति न ते गुणा उत्पत्स्यन्त इति युक्तमुक्तम् । अदृष्टस्य कालविशेषे एव फलजनकत्त्वनियमात्तत्कालस्य च सुषुप्तावभावत्ते गुणाः प्रलीयन्त इति दिक् ।।

नैय्यायिकानां मतेनात्मनश्चैतन्यस्य कर्तृत्त्वभोक्तृत्त्वयोश्च निरूपणम् -

चितिमत्त्वाच्चेतनोऽयमिच्छाद्वेषप्रयत्नवान् ।
स्याद्धर्माधर्मयोः कर्ता भोक्ता दुःखादिमत्त्वतः ॥ ९१ ॥

अन्वयः - चितिमत्त्वात् अयं चेतनः । इच्छाद्वेषप्रयत्नवान् । धर्माधर्मयोः कर्ता दुःखादिमत्त्वतः भोक्ता स्यात् ।।

व्याख्या :- आत्मनोऽप्याकाशवज्जडता भवेदिति चेन्न । अयमात्मा चितिमत्त्वाच्चेतनः । साक्षाच्चैतन्यस्वरूपताया अभावेऽपि चितिरूपगुणवत्त्वाच्चैतन्यव्यवहार आत्मनः । आत्मा चेतनश्चिति-मत्त्वादित्यनुमाने यदि हेतोश्चितिमत्त्वस्यासिद्धिश्शङ्क्येत नासिद्धिरिति तां परिहरन्हेत्वन्तरं दर्शयति । इच्छाद्वेषप्रयत्नवानात्मा । चेतन आत्मा इच्छाद्वेषप्रयत्नादिमत्त्वादिति प्रयोगो द्रष्टव्यः । आत्मन

संचित या प्रारब्ध कर्म को अदृष्ट कहते हैं, वे आत्मा में संग्रहीत रहते हैं । उन्हीं के कारण उनका फल भोगने के लिए आत्मा का जब मन से संयोग होता है तब ज्ञानादि चतुर्दश गुणों की उत्पत्ति होती है । उनका भोग हो जाने पर अर्थात् उनका (अदृष्ट का) क्षय हो जाने पर आत्मा सुषुप्ति अवस्था में रहता है । उस समय उसका न मन के साथ संयोग होता है और न गुणों के साथ । अर्थात् सुषुप्ति में अदृष्ट का क्षय हो जाने पर वे ज्ञानादि गुण भी लीन हो जाते हैं । इसलिए आत्मा में चेतना उत्पन्न और नष्ट होने वाली है । आत्मा नित्य है किन्तु चेतना नित्य नहीं है । इसलिए आत्मा अचिद्रूप ही है ।

ऐसा कहने पर तो आकाश के समान आत्मा में भी जडात्मकता माननी पडेगी, ऐसी आशंका होने पर कहते हैं ।

अर्थ - यह आत्मा ज्ञान गुणवाला होने के कारण चेतन है । इच्छा, द्वेष और प्रयत्नवान है । इसीलिए धर्म और अधर्म का कर्ता और तज्जन्य दुःखादि का भोक्ता होता है ।।९१।।

व्याख्या - नैयायिकों के अनुसार आत्मा के चेतनत्व का कारण उसका कर्तृत्व और भोक्तृत्व है । इसका निरूपण करते हुए कहते हैं कि ज्ञान आत्मा का गुण है अर्थात् आत्मा ज्ञान गुणवाला कहा जाता है । अतः स्वरूपतः आत्मा जड़ होने पर भी ज्ञान नामक गुण के कारण चेतनवत् प्रतीत होता है। अतः आत्मा आकाश के समान जड़ात्मक नहीं है । ज्ञान रूप विशेष गुण ही आत्मा को जड़ आकाशादि से पृथक् सिद्ध करता है । आत्मा केवल ज्ञान गुणवाला ही नहीं है किन्तु उसमें इच्छा, द्वेष और प्रयत्न

ईश्वराद्वैलक्षण्यं प्रदर्शयति कर्तृत्त्वभोक्तृत्त्वे उपपादयन् । धर्माधर्मयोश्च कर्ता स्यात् । एवं दुःखादिमत्त्वतो धर्माधर्मजन्यसुखदुःखादिमांश्च स्यात् । अत एव च भोक्ता भवति । अत्रैवं हेतुपरम्परा विद्यते । चितिमत्त्वादिच्छाद्वेषप्रयत्नादिमत्त्वम् । इच्छाद्वेषादीनां सद्भावादेव धर्माधर्मादिकर्तृत्त्वम् । कर्तृत्त्वादेव च भोक्तृत्त्वमित्यादि । अनेनेच्छाद्वेषप्रयत्नधर्माधर्मसुखदुःखादीनां सामानाधिकरण्यलाभात्तेषां गुणानां सर्वेषामप्येक एवाश्रयो वेदितव्यस्स एवेवात्मेति दिक् ।।

आत्मनो लोकान्तरगमनादिकमौपचारिकमेवेति प्रदर्शनम् -

यथात्र कर्मवशतः कादाचित्कं सुखादिकम् ।
तथा लोकान्तरे देहे कर्मणेच्छादि जन्यते ॥ ९२ ॥

अन्वयः - यथा अत्र कर्मवशतः कादाचित्कं सुखादिकं तथा लोकान्तरे देहे कर्मणा इच्छादि जन्यते ।।

व्याख्या :- आत्मनो विभुत्त्वेन लोकान्तरगमनादिकं कथं सङ्गच्छत इति चेन्न । देहे कर्मजन्यफलभोगबलादिच्छाद्वेषाद्युत्पत्तौ सत्यामस्मिन्लोक आत्मनोऽवस्थानादिव्यवहारवत्कर्मवशादेव लोकान्तरेऽपि तत्कर्मजन्यफलभोगौपयिकशरीरोत्पत्तौ तदवच्छिन्नात्मप्रदेशे सुखदुःखाद्युत्पत्तिवशादेव तत्रात्मनो गमनादिव्यवहारश्चौपचारिक एवात्मनो गमनादिकमित्याशयवानाह । कर्मवशतः कर्मबलाज्जायमानं सुखदुःखादिकमत्रास्मिन्देह एतद्देहावच्छेदेन कादाचित्कं कालविशेषस्थं तत्तत्कालावच्छेदेन यथा समनुभूयते न ह्यत्रापि सर्वत्र वा सर्वदा वैवमेवामुष्मिन्लोके लोकान्तरे देहे

नामक गुण भी हैं अतः आत्मा उन गुणों से युक्त है । अर्थात् आत्मा में इच्छा, द्वेष और प्रयत्न भी होने के कारण वह चेतन है । अब आत्मा की ईश्वर से विलक्षणता बताते हैं कि आत्मा ज्ञान, इच्छा, द्वेष और प्रयत्न वाला होने के कारण धर्म और अधर्म का कर्ता है । जब धर्माधर्म का कर्ता होता है तो स्वाभाविक रूप से तज्जन्य सुखदुःखादि का भोक्ता भी होता है । ईश्वर धर्माधर्म से रहित होने से न कर्ता है और न भोक्ता, किन्तु ये गुण जीव में ही हैं अतः जीव ईश्वर से भिन्न है । भाव यह है कि ज्ञान, इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, धर्म, अधर्म और सुखदुःखादि का आश्रय एक ही है और वह है आत्मा ।

ज्ञानवाला होने के कारण आत्मा इच्छा, द्वेष और प्रयत्नवाला है और इच्छादि के होने पर वह धर्माधर्मादि का कर्ता होता है और कर्ता होने पर उनके फल का भोक्ता होता है ।

विभु आत्मा का लोकान्तर गमन कैसे होगा ? इस शंका का उत्तर देते हैं।

अर्थ - जैसे इस लोक में कर्मवशात् कदाचित् सुखादिक उत्पन्न होते हैं, वैसे ही लोकान्त में प्राप्त देह में कर्मों के द्वारा इच्छादि उत्पन्न होते हैं ।९२।

व्याख्या - न्याय और मीमांसा के अनुसार आत्मा विभु है । और कर्मों के अनुसार स्वर्ग नरकादि में आता-जाता रहता है । यहाँ शंका होती है कि यदि आत्मा आकाश के समान विभु (सर्वव्यापक) है तो फिर उसका एक लोक से दूसरे लोक में गमन कैसे हो सकता है ? इसका उत्तर वे लोग इस प्रकार देते हैं कि कर्मवशात् जैसे इस लोक में कभी सुख और कभी दुःखादि उत्पन्न होते हैं, वैसे लोकान्तर में भी होते हैं । कर्मों के फलस्वरूप सुख-दुःखादि इस देह में अर्थात् देहावच्छिन्न आत्मा में कदाचित् विशेष

तत्तल्लोकस्य देहे तत्तद्देहावच्छेदेन तत्तत्कालावच्छेदेन च कर्मणेच्छाद्वेषादि जन्यते । आदिशब्देनात्मस्थास्सर्वे गुणा गृह्यन्ते । इदमत्र बोध्यम् । कर्मणां फलजननसामर्थ्ये सत्यपि देशकालादिनिखिलनिमित्तकारणसापेक्षत्त्वात्कस्मिंश्चित्काले कस्मिंश्चिद्देशविशेषे किञ्चिच्छरीरावच्छेदेनैव फलजनकत्त्वनियतिरस्मदनुभवसिद्धेति सर्वत्र कर्मणां तत्तद्देशकालशरीराद्यवच्छेदनियततयैव फलोत्पादकत्त्वादात्मनो नित्यत्त्वविभुत्त्वयोर्न फलभोगसाङ्कर्यप्रसङ्गो न वा सार्वकालिकत्त्वसार्वदिकत्त्वादिप्रसङ्गश्चेति दिक् ।।

आत्मनः कर्तृत्त्वभोक्तृत्त्वाङ्गीकारे कर्मकाण्डस्यैव प्रमाणतया प्रदर्शनम् –

एवञ्च सर्वगस्यापि सम्भवेताङ्गमागमौ ।
कर्मकाण्डः समग्रोऽत्र प्रमाणमिति तेऽवदन् ।। ९३ ।।

अन्वयः – एवं च सर्वगस्य अपि गमागमौ सम्भवेताम् । समग्रः कर्मकाण्डः अत्र प्रमाणम् इति ते अवदन् ।।

व्याख्या :–एवं च फलस्य देशकालभेदेन भोगानुभवोपपत्तौ सत्यां सर्वगस्याप्यात्मनो व्यापिनो गमागमौ यातायातौ संभवेतां न दुर्घटावित्यस्मिन्विषये प्रमाणं समग्रस्सम्पूर्णः कर्मकाण्डः कर्मणां प्रतिपादको ग्रन्थराशिरपि च ते प्राभाकरतार्किकादयश्चावदन्ब्रूयुः । अत्र प्रमाणवचनानि "स यदास्माच्छरीरादुत्क्रामति सहेवैतैस्सर्वैरुत्क्रामति" "ये वैके चास्माल्लोकात्प्रयन्ति चन्द्रमसमेव ते सर्वे गच्छन्ति" "तस्माल्लोकात्पुनरेत्यास्मै लौकाय कर्मण" इत्यादिः कर्मसिद्धान्तप्रतिपादकस्समग्रोऽपि

काल और विशेष स्थान में जैसे अनुभूत होते हैं (न कि सर्वत्र और सर्वदा) उसी प्रकार लोकान्तर में प्राप्त देहावच्छिन्न आत्मा में कर्मों के द्वारा इच्छादि उत्पन्न होते हैं । आदि शब्द से फलपर्यन्त द्वेषादि का ग्रहण होता है ।

यहाँ भाव यह है कि यद्यपि कर्म फलोत्पादन में समर्थ हैं तथापि वे देश, काल आदि सभी निमित्ति कारणों की अपेक्षा रखते हैं । किसी देश में, किसी काल में, किसी देह में ही कुछ–कुछ कर्मों के फल भोगे जा सकते हैं । यह अनुभवसिद्ध है । कोई भी सुख सभी देश में, सभी काल में और सभी शरीरों में संभव नहीं है । किसी देश में कोई वस्तु सुख देती है तो देशान्तर में वही वस्तु पीड़ादायक हो जाती है । कर्म भी अपना फल देने में सापेक्ष हैं । अतः सर्वत्र उन–उन देश–कालादि की अपेक्षा से ही कर्मों का फल प्राप्त होता है । ऐसा मानने पर आत्मा के नित्यत्व और विभुत्व की भी हानि नहीं होगी तथा न तो भोगसांकर्य का प्रसंग उपस्थित होगा और न कर्मफल के सार्वकालिकत्व का प्रसंग ही प्राप्त होगा ।

इस विषय में प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ – इस प्रकार विभु आत्मा का भी गमनागमन संभव है । इस विषय में समग्र कर्मकाण्ड प्रमाण है, ऐसा वे (मीमांसक और नैयायिक) कहते हैं ।९३।

व्याख्या – पूर्वश्लोक में कहा गया है कि कर्म फलोत्पादन में देश–कालादि की अपेक्षा रखते हैं । इसलिए देश–कालादि भेद से कर्मफल का भोग होता है । अतः जो सर्वगत (सर्वव्यापक) आत्मा है, उसका भी परलोक में गमन और इस लोक में आगमन संभव है । आत्मा के गमनागमन के विषय में समग्र कर्मकाण्ड प्रमाण है । समग्र शब्द का तात्पर्य यह है कि वेद के तीनों काण्डों में जहाँ कहीं भी

भागस्सङ्ग्राह्य इति भावः । जीवात्मनो व्यापकत्त्वेन गमनागमने सर्वत्र पूर्वोदाहृतवाक्येषु कर्मानुगुणफलोपभोगानुकूलदेहान्तरस्य देशान्तरे समुद्भवात्तद्देशावच्छेदेन फलोपभोग इत्यौपचरिके एवेति विवेचनीये । सर्वगस्याप्यात्मनः कर्मवशादिच्छादिवशात्प्रकृतदेहेऽवस्थितिरेवेति दिक् ।।

प्राभाकरादीनां विज्ञानमयाभिन्नानन्दमयकोश एवात्मेति निरूपणम् -

आनन्दमयकोशो यस्सुषुप्तौ परिशिष्यते ।
अस्पष्टचित्स आत्मैषां पूर्वकोशोऽस्य ते गुणाः ॥ ९४ ॥

अन्वयः - सुषुप्तौ अस्पष्टचित् यः आनन्दमयकोशः । परिशिष्यते सः पूर्वकोशः एषाम् आत्मा अस्य ते गुणाः ।।

व्याख्या :- किञ्चित्प्राग्ग्रन्थेऽ"न्यो विज्ञानमयादानन्दमय आन्तर" इत्यत्रानन्दमयस्यात्मत्त्वमास्तिकदर्शनमात्रसाधारण्येन प्रत्यपादि । सम्प्रतीच्छादिमान्य इति विज्ञानमयस्यात्मत्त्वं प्रतिपाद्यत इति पूर्वोत्तरविरोधो ग्रन्थयोरिति चेन्न । प्राभाकरादीनां मते विज्ञानानन्दमयकोशयोर्न महान्भेदः । इच्छादिनिखिलगुणवान्विज्ञानमय आत्मा तत्रानन्दादयो गुणा इति द्वयोरैक्यान्न दोषः । सुषुप्तावस्पष्टचित्सर्वेन्द्रियलयेनास्पष्टचैतन्यवान्य आनन्दमयकोशस्सर्वान्तरस्सुषुप्त्यवस्थायां सर्वेन्द्रियाणामुपरतत्त्वात्केवलमानन्द एव परिशिष्यत इति स पूर्वकोश एषां प्राभाकराणामात्मा भवति। अस्य चात्मनस्ते

कर्मकाण्ड का प्रतिपादन है, वह समस्त वेदराशि इस विषय में प्रमाण है । "***स यदाऽस्माच्छरीरादुत्क्रामति सहेवैतैः सर्वैरुत्क्रामति***" (कौषी.उ. ३/३) "***ये वैके चास्माल्लोकात्प्रयन्ति चन्द्रमसमेव ते सर्वे गच्छन्ति*** " (कौषी.उ. १/२) "***तस्माल्लोकात्पुनरेत्यास्मै लोकाय कर्मणे***" (बृ.उ. ४/४/६) इत्यादि उपनिषदों में प्रतिपाद्य कर्मप्रतिपादक भाग का भी ग्रहण करना चाहिये । भाव यह है कि जीव व्यापक है अतः उसका गमनागमन मुख्य रूप से नहीं होता है । कर्मों के फलभोग के लिए भिन्न-भिन्न शरीर भिन्न-भिन्न देश में उत्पन्न होते हैं, और जीव उन्हीं देहों से अवच्छिन्न होकर कर्मफल का भोग करता है । अतः जीव का गमनागमन औपचारिक है । यह मीमांसक और नैयायिकों का मत है ।

इच्छादि तो विज्ञानमय में संभव है, आनन्दमय आत्मा में वे कैसे घटेंगे ? इस शंका का उत्तर देते हैं ।

अर्थ - सुषुप्ति में चैतन्यवान जो आनन्दमय कोश अवशिष्ट रहता है, वह पूर्वकोश इन (मीमांसकों) का आत्मा है । इस आत्मा के इच्छादि गुण हैं ।९४।

व्याख्या - "***अन्यो विज्ञानमयत आनन्दमय आन्तरः***" (पं.द. ६/७७) इस श्लोक में आनन्दमय को विज्ञानमय से भिन्न कहा गया है, और अब आप आत्मा को इच्छादि गुणों से युक्त मान रहे हैं तो क्या पूर्वोत्तर का विरोध नहीं होगा ? ऐसी शंका होने पर मीमांसक लोग उसका समाधान करते हुए कहते हैं कि सुषुप्ति अवस्था में अस्पष्ट चैतन्यवान जो आनन्दमय कोश सभी इन्द्रियों के उपरत हो जाने पर अवशिष्ट रहता है, वह पूर्वकोश अर्थात् श्रुति प्रतिपादित पञ्च कोशों में प्रथम आनन्दमय कोश ही आत्मा है । और इसी आत्मा के पूर्वोक्त ज्ञान, द्वेषादि और कर्तृत्वादि गुण हैं । यहाँ भाव यह है कि मीमांसकों के अनुसार विज्ञानमय और आनन्दमय एक ही तत्त्व है । आत्मा का जब मन के साथ संयोग होता है तब इच्छादि गुण

पूर्वोक्ता इच्छाद्वेषज्ञानादयः कर्तृत्त्वादिकं च गुणा इति भावः । तेषां प्राभाकरतार्किकादीनां विज्ञानानन्दमयौ चेत्येकं तत्त्वम् । तस्यैवात्मत्त्वं च । तस्य चात्मनो यन्मनसो सम्बन्धस्तदैवेच्छादयो गुणाः प्रतीयेरन् । इच्छाद्वेषादिगुणयोगे सति तस्यैव विज्ञानमयत्त्वेन व्यवहारः । इन्द्रियोपरतिकाले मनस्सम्बन्धो यदा न स्यात्तदा सुषुप्तौ गुणानां लयाद्यो गुणविनिर्मुक्त इव दृश्यतेऽत एवावशिष्यतेऽस्पष्टचित्स एवानन्दमयकोशः । एवं च मनोयोगायोगाभ्यां विज्ञानानन्दमययोर्बाह्यान्तरभेदेनेच्छादिगुणसद्भावो न विरुद्ध्यते । आनन्दमये तु गुणानां सत्त्वेऽप्यस्पष्टचित्कतया ते गुणा नावभासन्ते। अतोऽप्रतीतिरेव लयः । तस्मादानन्दमयस्योक्तमिच्छादिगुणकत्त्वं न तद्विरुद्धमिति सर्वमनवद्यम् ।।

आत्मनश्चिज्जडोभयात्मकवादिनां भाट्टानां मतनिरूपणम् –

गूढञ्चैतन्यमुत्प्रेक्ष्य जडबोधस्वरूपताम् ।
आत्मनो ब्रुवते भाट्टाश्चिदुत्प्रेक्षोत्थितस्मृतेः ।। ९५ ।।

अन्वयः – भाट्टाः गूढं चैतन्यम् उत्प्रेक्ष्य आत्मनः जडबोधस्वरूपतां ब्रुवते । उत्थितस्मृतेः चिदुत्प्रेक्षा।।

व्याख्या :– प्राभाकराणां गुरुः कुमारिलभट्टः तदनुयायिनो भाट्टाः पूर्वमीमांसकेष्वन्यतमाः । ते भाट्टा आत्मनो गूढमस्पष्टं चैतन्यमुत्प्रेक्ष्यो हित्त्वा तस्य जडबोधस्वरूपतां चिज्जडोभयात्मकतां जडरूपतां ज्ञानरूपतां च ब्रुवते वर्णयन्ति । आत्मनो निगूढचैतन्यस्योत्प्रेक्षायां लिङ्गं दर्शयति । उत्थितस्मृते–

प्रतीत होते हैं, तब आत्मा को उन गुणों से विशिष्ट होने के कारण विज्ञानमय कहा जाता है । और जब आत्मा का मन के साथ संयोग नहीं होता है अर्थात् सुषुप्ति अवस्था में गुणों का प्रलय हो जाने पर गुण रहित–सा हो जाने के कारण अस्पष्ट चैतन्य अवशिष्ट रहता है, वही आनन्दमय कोश है । अतः मन के संयोग और वियोग के कारण ही विज्ञानमय और आनन्दमय में इच्छादि का सद्भाव और अभाव होना विरुद्ध नहीं है । मीमांसकों के अनुसार आनन्दमय कोश में भी गुण रहते ही हैं तथापि अस्पष्ट चैतन्य के कारण उस समय वे गुण प्रतीत नहीं होते हैं । उस अवस्था में गुणों की प्रतीति न होना ही उनका लय होना कहा जाता है । अतः हमने जो आनन्दमय को भी इच्छादि गुणवाला कहा है, वह अनुचित नहीं है ।

आत्मा को चित् और अचित् उभय रूप मानने वाले कुमारिल भट्ट के अनुयायियों का मत निरूपित करते हैं ।

अर्थ – सुषुप्ति से जगे हुए पुरुष के स्मरण से तत्कालीन चैतन्य की कल्पना होती है, इसलिए कुमारिल भट्ट के अनुयायी लोग (पूर्वमीमांसक) आत्मा में चैतन्य का अनुमान (उत्प्रेक्षा) कर आत्मा की चित् (बोध) और अचित् (जड़) उभय रूपता का वर्णन करते हैं ।९५।

व्याख्या – पूर्व मीमांसा में दो मत प्रचलित हैं – एक आत्मा को अचित् (जड़) रूप मानता है और दूसरा आत्मा को चिदचित् उभय रूप मानता है । प्रभाकर मतानुयायी आत्मा को जड़ रूप मानते हैं, जिनका वर्णन पूर्वश्लोकों में कर चुके हैं । अब कुमारिल भट्ट के अनुयायियों के मत का निरूपण करते हैं । कुमरिल भट्ट प्रभाकर के गुरु थे । वे कुमारिलभट्टानुयायी लोग आत्मा में गूढ़ चैतन्य की उत्प्रेक्षा कर आत्मा की बोधरूपता (चिद्रूपता) और जड़रूपता (अचिद्रूपता) दोनों का वर्णन करते हैं । अर्थात् उनके अनुसार आत्मा जड़–चेतन उभयात्मक है । स्वपक्ष की स्थापना के लिये वे लिंग प्रदर्शित करते हुए कहते हैं कि जब कोई पुरुष गाढ़ निद्रा में चला जाता है तब उसे उस समय कुछ भी स्मरण नहीं रहता

स्सुषुप्त्यनन्तरमुत्थितस्य स्मृतेरुत्थानात्प्रागनुभूतविषयस्मरणलक्षणाज्ज्ञानाच्चिदुत्प्रेक्षा भवति। सर्वत्र स्मृतेरनुभवपूर्वकत्त्वनियमात् । एवं च सुप्तोत्थितस्य जायमानात्स्मरणात्सौषुप्तचैतन्यानुमानं भवति । या सुप्तोत्थितस्य देवदत्तस्य स्मृतिस्सुखमहमस्वाप्सं न किञ्चिदवेदिषमित्यादिरूपा सा चितिं विनासंभवा-त्सौषुप्तिकस्मृतेश्चानुभवसिद्धत्त्वात्सुषुप्तावपि चित्सद्भावोऽवश्यमङ्गीकार्य इत्यात्मनश्चिद्रूपतानुमितेति शम् ।।

आत्मनो जडरूपत्त्वानुमानप्रदर्शनम् -

जडो भूत्त्वा तदाऽस्वाप्समिति जाड्यस्मृतिस्तदा ।
विना जाड्यानुभूतिन्न कथञ्चिदुपपद्यते ।। ९६ ॥

अन्वयः - तदा जडः भूत्त्वा अस्वाप्सम् इति जाड्यस्मृतिः । तदा जाड्यानुभूतिं विना कथञ्चित् न उपपद्यते ।।

व्याख्या :- तदा सुषुप्तिसमये जडो भूत्त्वा यत्किञ्चिदप्यविज्ञायास्वाप्समित्येवंरूपा जडो भूत्त्वास्वाप्समित्याकारा या जाड्यस्मृतिस्तदा सुप्तेरुत्थानकालेऽनुभूतस्य जाड्यस्याज्ञानस्य स्मृतिर्जायमाना जाड्यानुभवमन्तरेणानुपपन्ना सती सुषुप्तिकाले जाड्यानुभवस्य सत्तामनुमायापादयति। तेन चात्मनो जडत्त्वमपि सिद्ध्यतीति दिक् ।।

है, किन्तु जब वह सुषुप्ति से जागता है तब उसे स्मरण होता है कि 'आज मैं इतना सुख से सोया कि मुझे कुछ पता ही नहीं चला' इसी स्मरण के कारण यह उत्प्रेक्षा होती है कि उस समय आत्मा का चैतन्यगुण गूढ़ावस्था में था पुनः जागने पर वह स्फुरित हो गया । अतः आत्मा जड़ और चैतन्य उभय रूप है । व्यक्ति को जो कुछ भी स्मरण होता है, वह अनुभूत पदार्थ का ही होता है । बिना अनुभव के स्मरण नहीं हो सकता । अतः सुषुप्ति से उत्थित होने के बाद तत्कालीन जो स्मरण होता है, उसी से यह ज्ञात होता है कि उस समय आत्मा अवश्य था । इसलिए सुषुप्ति में भी आत्मा की चिद्रूपता अवश्य ही माननी चाहिये ।

इस प्रकार स्मृति के बल से सोये हुए की चिद्रूपता का अनुमान कर अब उसकी जड़ रूपता को भी अनुमान के द्वारा सिद्ध करते हैं ।

अर्थ - उस समय (सुषुप्ति में) जड़ होकर सो गया था, इस प्रकार की जाड्य स्मृति बिना जड़ता की अनुभूति के किसी प्रकार भी संभव नहीं है ।९६।

व्याख्या - व्यक्ति जब गाढ़ी नींद से जागता है, तब वह कहता है कि मैं सुषुप्ति अवस्था में ऐसा सोया कि मुझे कुछ पता ही न चला, मैं उस समय बिल्कुल जड़ होकर सो गया था' इस प्रकार की जो जाड्यस्मृति (जड़ता का स्मरण) है, वह जड़ता का अनुभव किये बिना कभी भी नहीं हो सकती । अतः सुषुप्ति काल में जड़ता का अनुभव होने से उस समय जड़ता का भी अनुमान होता है । इससे आत्मा के जड़त्व की भी सिद्धि होती है । भाव यह है कि 'मैं जड़ होकर सो गया था' इस वाक्य में जड़ता का अनुभव है । यह जड़ता आत्मा की ही है । क्योंकि उस समय आत्मातिरिक्त कुछ भी नहीं है । और इससे यह भी सिद्ध होता है कि उस जड़ता का अनुभव करने वाली कोई चेतना भी उस समय थी । बिना चेतना के जड़ता का अनुभव नहीं हो सकता और यदि आत्मा केवल चेतन ही हो, तो सुषुप्ति में अनुभव नहीं होना चाहिए था । किन्तु ये दोनों (जड़ता और चेतना) आत्मा में प्रतीत होने के कारण भाट्टमतानुयायी लोग आत्मा को चिदचिद् उभय रूप मानते हैं ।

सुषुप्तौ चैतन्यलोपाभावे प्रमाणप्रदर्शनम् –

द्रष्टुर्दृष्टेरलोपश्च श्रुतस्सुप्तौ ततस्त्वयम् ।
अप्रकाशप्रकाशाभ्यामात्मा खद्योतवद्युतः ॥ ९७ ॥

अन्वयः – सुप्तौ द्रष्टुः दृष्टेः अलोपः च श्रुतः । ततः तु अयम् आत्मा खद्योतवत् अप्रकाशप्रकाशाभ्यां युतः ॥

व्याख्या :– जाड्यस्य चैतन्यविरुद्धत्त्वात्सुषुप्त्यवस्थायामनुमीयमानजाड्यसद्भावसमये चैतन्यस्य नाशोऽवश्यमभ्युपेयः । एवं च कथमात्मनो युगपच्चिज्जडोभयात्मकता । द्रष्टुरात्मनस्स्वरूपात्मिकाया दृष्टेरलोपो नास्त्येव लोपः । मूर्च्छासुषुप्त्यादिष्ववस्थास्वपि जाड्यसत्ताकले च न दृष्टेर्लोपः । यदि च जाड्यकाले चैतन्यं न स्यात्तर्हि कथं तदनुभवो भवेत् । यतस्सद्वस्तुस्वयमनुभवात्मक एव । तल्लोपे च कथं सुप्तोत्थितस्य जाड्यस्मृतिः । तस्मादेककाले विरुद्धे चिज्जडे एकत्रैकदा कथं तिष्ठत शङ्कैव नोदेति । जाड्यग्राहकप्रमाणेनैव तयोर्विरोधस्य परिहृतत्त्वात् । न केवलमयमनुमानगम्योऽन्येन वा प्रमाणेन । परन्तु प्रमाणराजेनैव प्रमाणित इत्याशयेन श्रुतश्चेत्याह । बृहदारण्यके हि सुषुप्तिं प्रकृत्य "न हि द्रष्टुर्दृष्टेर्विपरिलोपो विद्यतेऽविनाशित्त्वान्न तु तद्द्वितीयमस्ति ततोऽन्यद्विभक्तं यत्पश्येदि"ति। विनाशरहितस्वभावत्त्वान्न दृष्टेर्लोपः कदापि । अन्यथा विपरिलोपवादिनोऽपि निस्साक्षिकस्य वक्तुमशक्यत्त्वात्स्वोक्तिः प्रमाणभूता नैव स्यात् । ततस्तस्मादयमात्मा खद्योतव"त्खद्योतो ज्योतिरङ्गण"

आत्मा की चिदचिद् उभयरूपता के विषय में प्रमाण देते हैं ।

अर्थ – सुषुप्ति में दृष्टा (आत्मा) की स्वरूपभूत दृष्टि का (चैतन्य का) लोप नहीं होता है, ऐसा श्रुतियों में कहा गया है । इसलिये यह आत्मा जुगनू की तरह प्रकाश (चेतनता) और अप्रकाश (जड़ता) दोनों से युक्त है ।९७।

व्याख्या – पूर्व श्लोक में आत्मा की जड़ता का प्रतिपादन करने से यह शंका होती है कि जड़ता तो चैतन्य की विरोधी है । जब सुषुप्ति में जड़ता की सत्ता स्वीकार करेंगे तो उस समय चेतनता का अवश्य ही नाश मानना पड़ेगा, तब आत्मा की युगपत् चिदचिद् रूपता कैसे हो सकती है ? इस शंका का परिहार करते हुए भट्टानुयायी मीमांसक लोग कहते हैं कि सुषुप्ति में आत्मा (दृष्टा) की स्वरूपभूता दृष्टि अर्थात् चेतनता का लोप नहीं होता है, ऐसा बृहदारण्यक श्रुति में कहा गया है । "***न हि द्रष्टुर्दृष्टेर्विपरिलोपो विद्यते अविनाशित्वात्***" (बृ.उ. ४/३/२३) दृष्टा की स्वरूपभूता दृष्टि का विपरिलोप नहीं होता है क्योंकि वह अविनाशी है । यदि सुषुप्ति में जाड्यसत्ता काल में चैतन्य का अभाव होता तो उसका अनुभव ही न होता । आत्मा तो अनुभवरूप है यदि अनुभूति का अभाव मानेंगे तो सो कर उठे हुए पुरुष को आत्मजड़ता की स्मृति ही न होती । किन्तु ऐसा नहीं है अतः आत्मा में जड़ता और चेतनता दोनों हैं । इसलिए आत्मा में जड़ता और चेतनता का एकसाथ अनुमान करना विरुद्ध नहीं है । इस विषय में पूर्वोक्त बृहदारण्यक श्रुति भी प्रमाण है । इसलिए यह आत्मा जुगनू की तरह प्रकाश और अप्रकाश दोनों से युक्त है । जुगनू विशेष प्रकार का उड़ने वाला कीट है । उसके शरीर में प्रतिक्षण प्रकाश प्रतीत होता है और पुनः लुप्त भी हो जाता है । (संस्कृत में जुगनू को खद्योत कहते हैं) उसी

इति कोशात्कीटविशेषः खद्योतत्स्फुरणास्फुरणस्वभावस्तद्वत्प्रकाशाप्रकाशाभ्यां युतो युक्तो भवतीति दिक्।।

आत्मनश्चिद्रूपतावादिनां साङ्ख्यानां मतनिरूपणम् -

निरंशस्योभयात्मत्त्वन्न कथञ्चिद्घटिष्यते ।
तेन चिद्रूप एवात्मेत्याहुस्साङ्ख्यविवेकिनः ॥ ९८ ॥

अन्वयः - विवेकिनः साङ्ख्याः निरंशस्य उभयात्मत्त्वं कथञ्चित् न घटिष्यते । तेन आत्मा चिद्रूप एव इति आहुः ।।

व्याख्या :- भाट्टमतं खण्डयन्साङ्ख्यमतं प्रदर्शयति । आत्मनश्चिज्जडोभयात्मकता न सङ्गच्छते निरंशत्त्वादित्याह । निरंशस्यावयवशून्यस्यात्मन उभयात्मत्त्वं चिज्जडेतिविरुद्धस्वभावता कथञ्चिदपि केनापि प्रकारेण न घटिष्यते न संभविष्यति । यद्यात्मनस्सावयवत्त्वं तदैकांशेन चिदात्मकतान्यांशेन च जडात्मतेत्यंशभेदेनोभयात्मकत्त्वमपि सिद्ध्येदेव । पूर्वोदाहृत खद्योतस्य सांशत्त्वेन प्रकाशाप्रकाशौ विरुद्धावपि सङ्गच्छतो न निरंश आत्मनीति प्रदर्शितदृष्टान्तवैषम्यमत्र विद्यते । तेन हेतुनात्मा चिद्रूप एवेति साङ्ख्यविवेकिनः । साङ्ख्यानां लक्षणं तु "सङ्ख्यां प्रकुर्वते चैव प्रकृतिं च प्रचक्षते । चतुर्विंशतितत्त्वानि तेन साङ्ख्याः प्रकीर्तिताः" इति ।

प्रकार आत्मा में भी चैतन्य जाग्रत् में स्फुरित और सुषुप्ति में लुप्त होता रहता है । भाव यह है कि जैसे जुगनू प्रकाश और अप्रकाश उभय रूप स्वभाव वाला है, उसी प्रकार आत्मा भी चेतनता और जड़ता रूप स्वभाव वाला है ।

अब भाट्टमत में दोष दिखाने वाले सांख्य मत का प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ - अंशरहित आत्मा की (जड़-चेतन) उभय रूपता किसी भी प्रकार से नहीं बन सकती । इसलिए आत्मा चिद्रूप ही है, ऐसा सांख्यवादियों ने कहा है ।९८।

व्याख्या - सांख्यशास्त्रानुगामी आत्मा को चिद्रूप मानते हैं । वे आत्मा को चिदचिद् उभय रूप मानने वाले भाट्टों का खण्डन करते हुए कहते हैं कि अवयव रहित आत्मा में जड़ता और चेतनता इन दोनों का एकसाथ होना कथमपि संभव नहीं है । यदि आत्मा अवयव वाला होता तो यह माना जा सकता था कि आत्मा एक अंश से जड़ है और दूसरे अंश से चेतन है किन्तु ऐसा नहीं है । और आपने जो जुगनू का दृष्टान्त दिया है, उसमें तो प्रकाश और अप्रकाश उभयरूपता बन सकती है क्योंकि जुगनू तो अवयव वाला जन्तु है, किन्तु आत्मा में जुगनू की तरह अवयव का अभाव होने से चिदचिद् उभयरूपता नहीं बन सकती, अतः आत्मा न तो अचिद्रूप है और न चिदचिद्रूप ही, किन्तु चिद्रूप (चैतन्यरूप) ही है । ऐसा सांख्यविवेकी लोगों का कथन है ।

संख्यां प्रकुर्वते चैव प्रकृतिं च प्रचक्षते ।
चतुर्विंशतितत्त्वानि तेन सांख्याः प्रकीर्तिताः।।

इस लक्षण के अनुसार जो चौबीस तत्त्वों की संख्या का प्रतिपादन और प्रकृति को जगत् का कारण मानते हैं, वे सांख्य कहलाते हैं । इस दर्शन के प्रथम आचार्य कपिल मुनि माने जाते हैं ।

न किञ्चिदवेदिषमिति सौषुप्तस्मृतेरन्यथानयनप्रकारप्रदर्शनम् –

जाड्यांशः प्रकृते रूपं विकारि त्रिगुणञ्च तत् ।
चितो भोगापवर्गार्थं प्रकृतिस्सा प्रवर्तते ॥ ९९ ॥

अन्वयः – जाड्यांशः प्रकृतेः रूपम् । तत् विकारि च त्रिगुणम् । सा प्रकृतिः चितः भोगापवर्गार्थं प्रवर्तते ।।

व्याख्या :- यदि निरंशत्त्वेनात्मनो नोभयरूपतेति केवलं चिदात्मकत्त्वमेवाङ्गीक्रियेत तर्हि सुषुप्तावहंशब्दसामानाधिकरण्येनानुभूयमाना जाड्यस्मृतिः किंविषयिणी भवेदिति चेन्न तस्या अन्यथानयनस्य न्याय्यत्त्वादित्याह । आत्मनि भासमानो जाड्यांशो जाड्यभागो नात्मनो वस्तुतस्सः। किन्तु प्रकृतेरेव । प्रकृतेश्च रूपं तु त्रिगुणं सत्त्वरजस्तमोगुणात्मकम् । किञ्च विकारि तत् । तथा चात्मनि भासमानो जाड्यांशः प्रकृतिकृतविकारमात्रमेव, नान्यत्किमपीत्यर्थः । सत्त्वरजस्तमसां साम्यावस्थारूपमेव च प्रकृतिरित्यवोचाम । तस्या एव च साङ्ख्यभाषायां प्रधानमिति नाम । तच्च प्रधानं महदादिकार्यकलापकारणम् । प्रधानस्य च न किञ्चिन्मूलमस्तीति साङ्ख्यानां सिद्धान्तः । प्रधानं च विकार्यपीत्यस्तु । प्रकृते पूर्वोक्ता प्रकृतिः कुतः कल्प्येत्यत आह । चितश्चैतन्यस्यात्मनो

भाट्ट प्रोक्त सौषुप्तिक जाड्यांश को अन्य प्रकार से भी ग्रहण कर सकते हैं, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ – (सौषुप्तिक) जाड्यांश प्रकृति का स्वरूप है, वह विकारी और त्रिगुणात्मक है । वह प्रकृति पुरुष के भोग और मोक्ष के लिए प्रवृत्त होती है।९९।

व्याख्या – भाट्टमतानुसार सुषुप्ति में जड़ता की अनुभूति के कारण आत्मा में जड्यांश की कल्पना की गई । उसी का खण्डन करते हुए सांख्यलोग कहते हैं कि आपने जो आत्मा में जाड्यांश का अनुमान किया है, वह ठीक नहीं है क्योंकि आत्मा में प्रतीत होने वाला वह जाड्यांश आत्मा का नहीं किन्तु प्रकृति का रूप है अर्थात् प्रकृतिकृत विकार है । सत्त्व, रज और तम इन तीनों गुणों की साम्यावस्था को प्रकृति कहते हैं । उसी को सांख्यलोग प्रधान कहते हैं । वह प्रकृति महदादि कार्यों की जननी है, किन्तु उसका कोई जनक नहीं है, ऐसा सांख्यवादियों का सिद्धान्त है । प्रकृति सत्त्व, रज और तम इन तीन गुणों वाली होने के कारण त्रिगुणात्मिका कहलाती है और वह विकारी भी है ।

मूलप्रकृतिरविकृतिर्महदाद्याः प्रकृतिविकृतयः सप्त ।
षोडशकस्तु विकारो न प्रकृतिर्न विकृतिः पुरुषः ।। (सां.का. ३)

मूलप्रकृति का कोई कारण न होने से वह किसी की विकृति नहीं है । महदादि सात तत्त्व (महत् (बुद्धि), अहंकार और शब्दादि पञ्चतन्मात्राएँ) प्रकृति की विकृतियाँ हैं । और पञ्चज्ञानेन्द्रियाँ, पञ्चकर्मेन्द्रियाँ, ग्यारहवाँ मन और पञ्चमहाभूत ये सोलह उसके विकार हैं । पुरुष न प्रकृति है और न विकृति। उस त्रिगुणात्मिका प्रकृति का प्रयोजन बताते हुए कहते हैं कि वह पुरुष के भोग और मोक्ष के लिए प्रवृत्त होती है । भाव यह है कि अविविक्त आत्मा के समान प्रकृतिजन्य भोग और तन्निष्ठ जाड्यांश भी आत्मा में प्रतीत होता है । जैसे शुद्ध स्फटिक के पीछे रक्तपुष्प रख देने पर स्फटिक भी रक्त-सा

भोगापवर्गार्थमनुष्ठितानां कर्मणां फलोपभागार्थमन्ते मोक्षार्थं च । सा प्रकृतिस्तदर्थमेव प्रवर्तते । जपाकुसुमसन्निधाने स्फटिके लौहित्यवत्प्रकृतिसन्निधानमात्रेणात्मनि सर्वे धर्मा उपचर्यन्ते । तथा च प्रातीतिकमेवाविरोधमनुमानादि साधयितमीष्टे । न वास्तविकमिति चित्स्वरूप एवात्मेति शम् ।।

असङ्गस्यात्मनो बन्धादिः कथमिति प्रदर्शनम् -

असङ्गायाश्चितेर्बन्धमोक्षौ भेदाग्रहान्मतौ ।
बन्धमुक्तिव्यवस्थार्थं पूर्वेषामिव चिद्भिदा ।। १०० ।।

अन्वयः - असङ्गायाः चितेः भेदाग्रहात् बन्धमोक्षौ मतौ । बन्धमुक्तिव्यवस्थार्थं पूर्वेषाम् इव चिद्भिदा ।।

व्याख्या :- प्रकृतिरप्यसङ्गात्मनो भोगमोक्षौ कथं कल्पयिष्यति? प्रकृतिपुरुषयोरत्यन्तविविक्तत्त्वेन चितश्चासङ्गत्त्वात्प्रकृतिप्रवृत्त्या पुरुषस्य कथं नाम भोगमोक्षौ भवत? इति चेन्न । प्रकृतिपुरुषयोर्विवेचन-ज्ञानस्याभावात्पुरुषे भोगापवर्गावारोप्येते इति समादधाति । असङ्गायास्सङ्गरहितायाश्चितेश्चैतन्यस्य पुरुषस्य बन्धमोक्षौ भेदाग्रहात्प्रकृतिपुरुषयोर्भेदज्ञानवैधुर्यान्मतौ प्रतीयते । यथा तार्किका आत्मभेदमभ्युप-गच्छन्त्येवमेव साङ्ख्या अपीत्याह । बन्धमुक्तिव्यवस्थार्थं तन्नियमनाय पूर्वेषां प्रागुक्तवादिनां भाट्टनैयायिकादीनामिव चिद्भिदा चिदात्मभेद इष्यते इति दिक् ।।

प्रतीत होता है, वैसे ही प्रकृतिजन्य भोग और जाड्यांश की प्रतीति आत्मा में होती है । आत्मा में वस्तुतः जाड्यांश नहीं है, वह प्रतीतिमात्र है, अतः भाट्टों का कथन केवल अनुमान है, वास्तविक नहीं है । अतः आत्मा केवल चिद्रूप ही है ।

प्रकृति असंग आत्मा में बन्धादि की कल्पना किस प्रकार करती है, इसका वर्णन कर जीवनानात्व का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - असंग आत्मा का बन्ध और मोक्ष दोनों (प्रकृति और पुरुष के) भेद के अज्ञान से माने गये हैं । बन्ध और मोक्ष की व्यवस्था के लिए पूर्वोक्त न्यायमत की तरह (सांख्यमत में) चैतन्य भिन्न है ।१००।

व्याख्या - सांख्यमतानुसार प्रकृति ही असंग पुरुष के लिए भोग और मोक्ष प्रदान करती है । यहाँ शंका होती है कि वह असंग आत्मा में बन्ध और मोक्ष की कल्पना किस प्रकार करती है ? अर्थात् प्रकृति और पुरुष दोनों अत्यन्त भिन्न हैं और पुरुष तो सर्वथा असंग है फिर उस असंग पुरुष के लिए प्रकृति की प्रवृत्ति कैसे संभव है ? इस शंका का सांख्य लोग समाधान देते हुए कहते हैं कि प्रकृति और पुरुष के भेद का अग्रहण ही इसका कारण है । अर्थात् प्रकृति और पुरुष का पृथक् विवेचन न करने से पुरुष में भोग और मोक्ष दोनों का आरोप किया जाता है । अतः सांख्यलोग प्रकृति और पुरुष के भेदाग्रह को ही बन्ध और मोक्ष का कारण अंगीकार करते हैं । तथा बन्ध और मोक्ष की व्यवस्था के लिए (नियमन करने के लिए) **'पूर्वेषामिव'** अर्थात् पूर्व प्रतिपादित नैयायिकादि की तरह चिदात्मा का नानात्व मानते हैं । नैयायिकों और मीमांसकों के मतानुसार जीव विभु होने पर भी अनेक हैं, उसी प्रकार सांख्यलोग भी जीव के नानात्व को स्वीकार करते हैं । क्योंकि यदि अनेक जीवों का अंगीकार नहीं किया जाएगा तो बन्ध और मोक्ष की व्यवस्था ही नहीं बन सकेगी । अतः सांख्यमतानुसार जीव अनेक हैं ।

प्रकृतिसत्तायां पुरुषस्यासङ्गत्त्वे च श्रुतिप्रमाणप्रदर्शनम् -

महतः परमव्यक्तमिति प्रकृतिरुच्यते ।
श्रुतावसङ्गता तद्वदसङ्गो हीत्यतः स्फुटा ॥ १०१ ॥

अन्वयः - "महतः परम् अव्यक्तम्" इति श्रुतौ प्रकृतिः उच्यते । तद्वत् "असङ्गः हि" इति अतः असङ्गता स्फुटा ।।

व्याख्या :- महतो महत्तत्त्वात्परमन्यदव्यक्तमक्षागोचरमिति श्रुतौ योगरूढ्या प्रकृतिरुच्यते । "महतः परमव्यक्तमव्यक्तात्पुरुषः परः । पुरुषान्न परं किञ्चित्सा काष्ठा सा परा गतिः" इति श्रुतिः। तद्वत् "असङ्गो ह्ययं पुरुष" इति श्रुतौ पुरुषस्यासङ्गता चातिस्फुटा हीति श्रुती उभे प्रमाणीकृत्य समर्थयति साङ्ख्यः । तेषां च तत्त्वविभाग इत्थमस्ति "मूलप्रकृतिरविकृतिर्महदाद्याः प्रकृतिविकृतयः सप्त । षोडशकस्तु विकारो न प्रकृतिर्न विकृतिः पुरुषः" इति । पुरुषश्चासङ्गचिद्रूपः पुष्करपलाश-वन्निर्लिप्तोऽकर्ता नाना चेति साङ्ख्यं मतमिति शम् ।।

पातञ्जलयोगमतनिरूपणम् -

चित्सन्निधौ प्रवृत्तायाः प्रकृतेर्हि नियामकम् ।
ईश्वरं ब्रुवते योगास्स जीवेभ्यः परश्श्रुतः ॥ १०२ ॥

अन्वयः - योगाः चित्सन्निधौ प्रवृत्तायाः प्रकृतेः नियामकं हि ईश्वरं ब्रुवते । सः जीवेभ्यः परः श्रुतः।।

व्याख्या :- इत्थं त्वंपदवाच्ये जीवे वादिनां विप्रतिपत्तीस्सन्दर्शयित्त्वाथ तत्पदवाच्य इश्वरेऽपि

प्रकृति के सद्भाव और पुरुष के असंगत्व में श्रुति का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - 'महत्तत्त्व से सूक्ष्मतर अव्यक्त (अव्याकृत प्रकृति) है' इस श्रुति में प्रकृति का वर्णन है । और 'यह पुरुष असंग ही है' इस श्रुति में पुरुष की असंगता का स्पष्ट वर्णन है ।१०१।

व्याख्या - "***महतः परमव्यक्तम्***"(कठो. १/३/११) इस श्रुति में महत्तत्व से अव्यक्त को सूक्ष्मतर कहा गया है । यही अव्यक्त अर्थात् अव्याकृत प्रकृति है, ऐसा सांख्य लोग कहते हैं और "***असङ्गो ह्ययं पुरुषः***" (बृ.उ. ४/३/१५) इस श्रुति में पुरुष को असंग कहा गया है । अतः हम सांख्यों के द्वारा प्रतिपादित प्रकृति और पुरुष का वर्णन वेदप्रामाण्यवादी कभी भी निरस्त नहीं कर सकता । सांख्यमतानुसार ईश्वर नाम की कोई स्वतन्त्र सत्ता नहीं है जो कि सम्पूर्ण जगत् की रचना करे । अतः वे लोग निरीश्वरवादी भी कहे जाते हैं । उनके अनुसार प्रकृति बिना ईश्वर के ही स्वतन्त्र रूप से जगत् की रचना करती है । जब त्रिगुणात्मिका प्रकृति के तीनों गुण साम्यावस्था में होते हैं तब प्रलय होता है और इनमें विकृति होने पर ही सृष्टि की रचना होती है । अतः प्रकृति ही असंग पुरुष के भोग और मोक्ष की निमित्तभूता मानी गई है ।

अब योगियों के मत का निरूपण करते हुए ईश्वर के स्वरूप का विचार प्रारम्भ करते हैं ।

अर्थ - योगमतानुयायी लोग आत्मसन्निधि में प्रवृत्त प्रकृति के नियामक ईश्वर का वर्णन करते हैं। वह जीवों से श्रेष्ठ है, ऐसा (श्रुतियों में) सुना गया है ।१०२।

व्याख्या - कपिलप्रणीत सांख्यशास्त्र को निरीश्वर सांख्य कहा जाता है, और ईश्वर को मानने के कारण योगशास्त्र को सेश्वरसांख्य कहा जाता है । योगशास्त्र में सर्वप्रसिद्ध पतञ्जलिमुनि प्रणीत योगसूत्र

विप्रतिपत्तीर्दिदर्शयिषुरादौ पातञ्जलमताभिमतमीश्वरस्वरूपं विवृणोति । योगाः पातञ्जलाश्चित्सन्निधौ चितश्चैतन्यस्यात्मनस्सन्निधौ प्रवृत्तायाः प्रकृतेर्नियामकं नियन्तारमीश्वरं ब्रुवते । नियामकमित्यनेन पदेन जडायाः प्रकृतेः स्वातन्त्यानौचित्यं साङ्ख्यानां मते दोषस्संसूचितो वेदितव्यः । अत एव योगिन ईश्वरं कञ्चन पुरुषविशेषमङ्गीकुर्वन्ति । पातञ्जलसूत्रे "क्लेशकर्मविपाकशैरपरामृष्टः पुरुषविशेष ईश्वर" इति लभ्यते । न हि प्रकृतिपुरुषातिरिक्ततयैश्वरास्तित्त्वे प्रमाणं पश्याम इति वाच्यमित्याह । स ईश्वरो जीवेभ्यः पर उत्कृष्टः इति श्रुतिषु बह्वीषु श्रुतः ।।

योगिनामभिमतेश्वरसद्भावे श्रुतिप्रमाणप्रदर्शनम् -

प्रधानक्षेत्रज्ञपतिर्गुणेश इति हि श्रुतिः ।
आरण्यकेऽसम्भ्रमेण ह्यन्तर्याम्युपपादितः ॥ १०३ ॥

अन्वयः - "प्रधानक्षेत्रज्ञपतिः गुणेशः" इति हि श्रुतिः । आरण्यके असम्भ्रमेण हि अन्तर्यामी उपपादितः ।।

व्याख्या :- प्रकृतिपुरुषातिरिक्ततयेश्वरस्य सत्त्वे श्वेताश्वतराणां श्रुतिं श्रावयति । प्रधानक्षेत्रज्ञपतिः प्रधानस्य गुणसाम्यावस्थारूपायाः प्रकृतेः क्षेत्रज्ञानां क्षेत्रं शरीरमात्मत्त्वेन जानन्त्यभिमन्यन्त इति ते जीवास्तेषां त पतिरधिपतिर्गुणेशयो गुणानां सत्त्वरजस्तमसामीशो नियन्तेति श्रुतिर्ब्रवीति । "स विश्वकृद्

उपलब्ध होते हैं जो समाधिपाद, साधनपाद, विभूतिपाद और कैवल्यपाद नामक चार अध्यायों में विभक्त हैं । १९६ सूत्रात्मक इस ग्रन्थ को मानने वाले पातञ्जलानुयायी लोग ईश्वर की सत्ता को स्वीकार करते हैं । और कहते हैं कि आत्मा के भोग-मोक्ष के लिए प्रवृत्त प्रकृति जड़ होने के कारण उसका कोई नियामक अवश्य ही होना चाहिये । अतः प्रकृति के नियामक को ईश्वर मानने से सांख्यों के मत का खण्डन भी हो जाता है । योगशास्त्रानुसार कोई ऐसा विशिष्ट पुरुष है जो सम्पूर्ण जगत् का नियामक है और वह सभी जीवों से भिन्न सर्वथा मुक्त है । योगसूत्र के प्रथम समाधिपाद में समाधि की शीघ्र सिद्धि के लिए ईश्वरप्रणिधान को भी कारण माना गया है । जब समाधि की सिद्धि ईश्वर प्रणिधान से होती है तो फिर उस ईश्वर का स्वरूप क्या है ? ऐसी जिज्ञासा होने पर कहते हैं कि ***"क्लेशकर्मविपाकाशयैरपरामृष्टः पुरुषविशेष ईश्वरः"*** (पा.यो.सू. १/२४) अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश इन पाँचों को क्लेश कहा जाता है । धर्म और अधर्म कर्म हैं । कर्म का फल विपाक है । उस विपाक (फलभोग) से बनने वाले संस्कार वासना कहलाते हैं, वही आशय है । इन चारों (क्लेश, कर्म, विपाक और आशय) से रहित जो विशेष पुरुष है, वही ईश्वर है । योगमतानुयायी कहते हैं कि प्रकृति और पुरुष के अतिरिक्त यह ईश्वर की कल्पना विरुद्ध नहीं है अर्थात् ईश्वर के विषय में प्रमाण उपलब्ध हैं । वह ईश्वर सभी जीवों से श्रेष्ठ है, ऐसा श्रुतियों में कहा गया है ।

उक्त विषय में श्वेताश्वतर श्रुति का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ -"प्रधानक्षेत्रज्ञपतिर्गुणेशः" (श्वे.उ. ६/१६) इस श्रुति में ईश्वर का वर्णन है और बृहदारण्यक में स्पष्ट रूप से अन्तर्यामी (ईश्वर) का उपपादन किया गया है ।१०३।

व्याख्या - "***स विश्वकृद्विश्वविदात्मयोनिर्ज्ञः कालकारो गुणी सर्वविद्यः प्रधानक्षेत्रज्ञ-पतिर्गुणेशः संसारमोक्षस्थितिबन्धहेतुः***" (श्वे.उ. ६/१६) वह विश्व का कर्ता, विश्ववेत्ता, आत्मयोनि (स्वयम्भू), ज्ञाता, काल का प्रेरक, अपहतपाप्मत्वादि गुणवान्, सर्ववित् है, वही प्रधान और पुरुष का

विश्वविदात्मयोनिर्ज्ञः कालकारो गुणी सर्वविद्यः । प्रधानक्षेत्रज्ञपतिर्गुणेशस्संसारमोक्षस्थितिबन्धहेतुः" इति श्रुतिः । न केवलमियमेका श्रुतिः । अन्यापीत्याह । आरण्यके बृहदारण्यकेऽन्तर्यामि-ब्राह्मणे ग्रन्थविशेषेऽपि "यस्सर्वाणि भूतान्यन्तरो यमयत्येष त आत्मान्तर्याम्यमृत" इत्यादिष्वन्तर्यामीश्वरोऽसम्भ्रमेण "समौ संवेगसम्भ्रमौ" "सम्भ्रमस्त्वरे"ति च कोशाच्छनैरसकृदुपपादित इतीश्वरसिद्धिरिति दिक् ।।

ईश्वरविषये वादिविप्रतिपत्तिप्रतिज्ञानम् -

अत्रापि कलहायन्ते वादिनः स्वस्वयुक्तिभिः ।
वाक्यान्यपि यथाप्रज्ञं दार्ढ्यायोदाहरन्ति हि ।। १०४ ।।

अन्वयः - अत्र अपि वादिनः स्वस्वयुक्तिभिः कलहायन्ते । दार्ढ्याय वाक्यानि अपि यथाप्रज्ञम् उदाहरन्ति हि ।।

व्याख्या :- अत्रापीश्वरविषयेऽपि वादिनो दार्शनिकास्स्वस्वयुक्तिभिर्मानुषशेमुषीप्रागल्भ्यप्रयुक्ताभिः कलहायन्ते । किञ्च स्वस्वप्रतिज्ञातार्थस्य दार्ढ्याय दृढत्त्वसम्पादनाय स्थिरीकरणायेत्यर्थः । यथाप्रज्ञं प्रज्ञामनतिक्रम्य वाक्यानि श्रुतिस्मृतिवाक्यान्युदाहरन्त्यपि हि ।।

पातञ्जलाभिमतेश्वरस्वरूपनिरूपणाय प्रमाणप्रदर्शनम् -

क्लेशकर्मविपाकैस्तदाशयैरप्यसंयुतः ।
पुंविशेषो भवेदीशो जीववत्सोऽप्यसङ्गचित् ।। १०५ ।।

अन्वयः-क्लेशकर्मविपाकैः तदाशयैः अपि असंयुतः पुंविशेषः ईशः भवेत् । सः अपि जीववत् असङ्गचित्।।

अध्यक्ष, गुणों का नियामक एवं संसार के मोक्ष, स्थिति और बन्धन का हेतु है । इस श्रुति में ईश्वर का प्रकृति के नियामक के रूप में वर्णन किया गया है । दूसरा प्रमाण प्रस्तुत करते हुए कहते हैं कि आरण्यक (बृहदारण्यक) में अन्तर्यामी ब्राह्मण में कहा है कि "***यस्सर्वाणि भूतान्यन्तरो यमयत्येष त आत्मान्तर्याम्यमृतः***" (बृ.उ. ३/७/१५) अर्थात् जो भीतर रहकर सभी भूतों का नियन्त्रण करता है, यही तेरा आत्मा अन्तर्यामी अमृत है । इस प्रकार अनेक बार स्पष्ट रूप से अन्तर्यामी ईश्वर का वर्णन किया गया है । अतः ईश्वर अवश्य है और वह भी जीव से सर्वथा भिन्न है ।

इस विषय में भी वादकर्ता लोग एकमत नहीं हैं, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - इस विषय में भी विभिन्न मतवादी अपनी-अपनी युक्तियों के द्वारा कलह करते हैं और अपने मत की दृढ़ता के लिए अपनी बुद्धि के अनुसार श्रुति वाक्यों का भी उदाहरण देते हैं ।१०४।

व्याख्या - '***अत्रापि***' अर्थात् प्रकृत ईश्वर के स्वरूप के विषय में भी वादीलोग अपनी-अपनी युक्तियों को प्रस्तुत करते हुए आपस में बहुत प्रकार से वाद-विवाद करते रहते हैं । और स्वपक्ष की दृढ़ता के लिए वे श्रुति के वाक्यों का उदाहरण भी देते हैं । अर्थात् अपने स्वकपोलकल्पित मत को वेदानुमोदित होने का दावा भी करते हैं ।

योगशास्त्राभिमत ईश्वर के स्वरूप का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - क्लेश, कर्म, विपाक और उसके संस्कारों से रहित विशेषपुरुष ईश्वर है । वह ईश्वर भी जीव के समान असंग चिद्रूप है ।१०५।

व्याख्या :- महर्षिणा पतञ्जलिनोक्तमीश्वरस्वरूपप्रतिपादकं सूत्रमर्थतः प्रदर्शयति । "क्लेशकर्मविपाकाशयैरपरामृष्टः पुरुषविशेष ईश्वर" इति योगिनां सूत्रम् । श्लोकार्थस्तु - "क्लेशकर्मविपाकैः, क्लेशा - अविद्यास्मितारागद्वेषाभिनिवेशा इति प्रसिद्धाः पञ्च । तत्राविद्यानामानात्मनि देहेन्द्रियादिष्वात्मबुद्धिः। अस्मिता च सत्त्वपुरुषयोरहमस्मीत्येकताभिमानः । रागश्च सुखाभिज्ञस्य सुखानुस्मृतिपूर्वकस्सुखसाधनेषु तृष्णारूपो गर्वः । द्वेषश्च दुःखाभिज्ञस्य तदनुस्मृतिपुरस्सरं तत्साधनेषु निवृत्तिः । आभिनिवेशश्च पूर्वपूर्वजन्मानुभूतमरण-दुःखानुभववासनाबलात्सर्वस्यापि प्राणिमात्रस्याब्रह्मपिपीलिकान्तं सञ्जायमानो भयरूपोऽभिनिवेश इत्येते पञ्चापि क्लेशाः । कर्माणि च विहितान्यग्निष्टोमदर्शपूर्णमासादीनि तथा प्रतिषिद्धानि ब्रह्महत्यादीनि च । विपाकः कर्मफलं जात्यायुर्भोगादिः । आशयाश्चाफलविपाकाच्चित्तभूमौ शेरत इति धर्माधर्मसंस्कारा एवाशयास्तैरप्यसंयुतोऽसंस्पृष्टः पुंविशेष ईशस्सोऽपि जीववदसङ्गचिज्जीवेश्वरावुभावाप्यसङ्गचिद्रूपाविति भावः। अत्र सूत्राणि - "अविद्यास्मितारागद्वेषाभिनिवेशाः पञ्चक्लेशाः" "कर्माशुक्लाकृष्णं योगिनस्त्रिविधमितरेषाम्" "सति मूले तद्विपाको जात्यायुर्भोगाः" आशयास्त्वेतेषां त्रयाणां संस्कारा इत्यादीति शम् ।।

असङ्गचिद्रूपस्यापीश्वरस्यैवनियन्तृतेति प्रतिपादनम् -

तथापि पुंविशेषत्त्वाद्घटतेऽस्य नियन्तृता ।
अव्यवस्थौ बन्धमोक्षावापतेतामिहान्यथा ।। १०६ ।।

व्याख्या - महर्षि पतञ्जलि प्रोक्त योगसूत्रों के प्रथम समाधिपाद में ईश्वर के स्वरूप का प्रतिपादन करते हुए कहा गया है कि "***क्लेशकर्मविपाकाशयैरपरामृष्टः पुरुषविशेष ईश्वरः***" (पा.यो.सू. १/२४) प्रकृत श्लोक में इसी सूत्र का अर्थतः पठन किया गया है । "***अविद्यास्मितारागद्वेषाभिनिवेशाः क्लेशाः***" (पा.यो.सू. २/३) अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश ये पाँच क्लेश हैं । "***अनित्याशुचिदुःखानात्मसु नित्यशुचिसुखात्मख्यातिरविद्या***" (पा.यो.सू. २/५) अनित्य, अशुचि, दुःखमय और अनात्मा में क्रम से नित्यता, शुचिता, सुखरूपता और आत्मा का ज्ञान होना अविद्या है । "***दृग्दर्शनशक्त्योरेकात्मतेवास्मिता***"(पा.यो.सू. २/६) दृक्शक्ति (पुरुष) और दर्शनशक्ति (बुद्धि) की प्रतीयमान एकात्मता अस्मिता है । "***सुखानुशयी रागः***"(पा.यो.सू. २/७) "***दुःखानुशयी द्वेषः***"(पा.यो.सू. २/८) सुख की प्रतीति के पीछे रहने वाला क्लेश राग है और दुःख की प्रतीति के पीछे रहने वाला क्लेश द्वेष है । "***स्वरसवाही विदुषोऽपि तथारूढोऽभिनिवेशः***"(पा.यो.सू. २/९) जो परम्परागत स्वभाव से चला आ रहा है एवं जो मूढ़ों की भाँति विवेकशील पुरुषों में भी विद्यमान देखा जाता है, वह (मरणभय रूप क्लेश) अभिनिवेश कहलाता है । ज्योतिष्टोम आदि विहित और ब्रह्महत्यादि प्रतिषिद्ध कर्म हैं । जाति, आयु और भोगरूप कर्म से निकलने वाले फल को विपाक कहते हैं । "***चित्ते आसमन्तात् शेते इति वासनासंस्कारः आशयः***" चित्त में सब ओर से ग्रथित रहने के कारण इन संस्कारों (वासनाओं) को आशय कहते हैं । इन पाँच क्लेश, कर्म, विपाक और उसके संस्कारों से सर्वथा रहित कोई विशिष्ट पुरुष है, वही ईश्वर है । और वह ईश्वर भी जीव के समान असंग चिद्रूप ही है । भाव यह है कि जीव और ईश्वर दोनों ही योगशास्त्रानुसार असंगचिद्रूप ही हैं ।

ईश्वर असंग चिद्रूप होने पर भी जगत् का नियन्ता है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - (ईश्वर असंगचिद्रूप है) तथापि विशेषपुरुष होने के कारण इस ईश्वर की नियन्तृता बन सकती

अन्वयः – तथापि पुंविशेषात् अस्य नियन्तृता घटते । अन्यथा इह बन्धमोक्षौ अव्यवस्थौ आपतेताम् ।।

व्याख्या :– जीवेश्वरयोरुभयोरप्यसङ्गचिद्रूपत्त्वाविशेषात्कथमीश्वरस्यैव नियन्तृतेत्यत्रोच्यते । तथापि पुरुषविशेषस्येश्वरस्यासङ्गचिद्रूपत्त्वेऽपि क्लेशकर्मविपाकशयैरपरामृष्टत्त्वात्पुंविशेषत्त्वात्पुरुषाणां नानात्त्वाच्चास्य नियन्तृता सर्वजगन्नियामकता घटते संभवत्येव । अन्यथेश्वरस्य नियन्तृत्त्वानभ्युपगमे इहास्मिञ्जगति बन्धमोक्षावव्यवस्थौ व्यवस्थाशून्यत्त्वमापतेतामास्ताम् । सर्वेषां बद्धत्त्वमुक्तत्त्वयोरन्यतरदैकरूप्येण भवेत् । न तु केषाञ्चन बद्धतान्येषां च मुक्ततेति व्यवस्था स्यादित्यतस्तद्व्यवस्थापकः कश्चित्सर्वजीवेभ्योऽप्यतिशयितः पुरुषो लोकारम्भेदाय लोकव्यवहारासङ्कीर्णतायै अङ्गीक्रियते । स एव विशिष्टः पुरुष ईश्वर इति कथ्यत इति दिक् ।।

असङ्गचित ईश्वरस्य नियन्तृत्त्वे श्रुतिप्रमाणप्रदर्शनम् –

भीषाऽस्मादित्येवमादावसङ्गस्य परात्मनः ।
श्रुतन्तद्युक्तमप्यस्य क्लेशकर्माद्यसङ्गमात् ।। १०७ ।।

अन्वयः – "अस्मात् भीषा" इति एवमादौ असङ्गस्य परमात्मनः तत् श्रुतम् । अस्य क्लेशकर्माद्यसङ्गमात् युक्तम् अपि ।।

व्याख्या :– भीषास्मादित्येवमादौ "भीषाऽस्माद्वातः पवते । भीषोदेति सूर्यः । भीषास्मादग्निश्चेन्द्रश्च।

है । अन्यथा इस संसार में बन्ध और मोक्ष की अव्यवस्था प्राप्त होगी ।१०६।

व्याख्या – जीव और ईश्वर दोनों ही असंग और चिद्रूप हैं फिर ईश्वर में ही नियन्तृत्व कैसे कहते हो ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि यद्यपि ईश्वर असंगचिद्रूप ही है तथापि क्लेश–कर्मादि से रहित होने के कारण और जीव अनेक होने के कारण ईश्वर को सर्वनियामक मानन सर्वथा उचित है । यदि सभी का नियमन करने वाले ईश्वर को नहीं मानोगे तो बन्ध और मोक्ष रूपी व्यवस्था अव्यवस्थित हो जाएगी । या तो सभी मुक्त होंगे अथवा सभी बन्धन को प्राप्त करेंगे । अर्थात् कुछ लोगों की मुक्तता और अन्यों के बन्धन की व्यवस्था जो शास्त्रादि में वर्णित है, उसीका भंग हो जाएगा । इसलिए बन्ध और मोक्ष के नियामक विशिष्ट पुरुष को अवश्य ही मानना पड़ेगा जिससे कि सभी लोकों की संकीर्णता न हो जाए । अतः ईश्वर अवश्य है किन्तु वह पुरुषान्तर्गत ही है , ऐसा योगियों का कथन है ।

ईश्वर के नियन्तृत्व को श्रुति द्वारा सिद्ध करते हैं ।

अर्थ – '**भीषास्मात्**' (इस ईश्वर के भय से.....) इत्यादि श्रुतियों में असंग परमात्मा का नियन्तृत्व सुना गया है । ईश्वर क्लेश–कर्मादि से निर्लिप्त होने के कारण यह कथन युक्त ही है ।१०७।

व्याख्या – ***भीषाऽस्माद्वातः पवते भीषोदेति सूर्यः।***
भीषाऽस्मादग्निश्चेन्द्रश्च मृत्युर्धावति पञ्चम।। (तै.उ.२/८/१)

इस परमेश्वर के भय से वायु चलती है, इसी के भय से सूर्य उदित होता है । इसी के भय से अग्नि, इन्द्र तथा पञ्चम मृत्यु दौड़ती है ।

इत्यादि श्रुतियों में असंग (संगरहित) परमात्मा का ही नियन्तृत्व सुना गया है अर्थात् एकमात्र

मृत्युर्धावति पञ्चम'' इत्यादिश्रुतिष्वसङ्गस्य सङ्गशून्यस्य परात्मनो जगन्नियन्तृत्त्वं श्रुतम् । न हि श्रुतिसहस्रमपि घटं पटयितुमीष्ट इतिवच्छ्रुतमप्ययुक्तं कथमङ्गीक्रियत इत्यत्राह । युक्तमपि जीवधर्माणां क्लेशकर्मादीनामसङ्गादसंभवादस्येश्वरस्य नियन्तृत्त्वं युक्तमेवेति दिक् ।।

असङ्गचिद्रूपाणामपि जीवानामविवेकसद्भावेनानियन्तृतेति निरूपणम् –

जीवानामप्यसङ्गत्त्वात्क्लेशादिर्न ह्यथापि च ।
विवेकाग्रहतः क्लेशकर्मादि प्रागुदीरितम् ।। १०८ ।।

अन्वयः – जीवानाम् अपि असङ्गत्त्वात् क्लेशादिः न हि । अथ अपि च विवेकाग्रहतः क्लेशकर्मादि प्राक् उदीरितम् ।।

व्याख्या :– जीवा अपीश्वरवदसङ्गचिद्रूपा इति क्लेशकर्मादिविधुरा एवेश्वरलक्षणास्तथा सति कुत ईश्वरस्यैव नियामकतोच्यत इति चेन्न । वस्तुतो जीवानां क्लेशकर्मादिराहित्येऽपि बुद्ध्या सह विवेकग्रहाभावेन क्लेशकर्मादिवत्त्वमिति प्रतिपादयति । जीवानामप्यसङ्गत्त्वात्क्लेशकर्मादिर्नहि विद्यते। अथापि विवेकाग्रहतः प्रकृतिपुरुषयोर्विवेकस्य भेदस्य मत्या ग्रहणाभावेन क्लेशकर्मादिकं प्रागुदीरितं प्रपञ्चितम् । क्लेशकर्मविपाकैरपरामृष्टः जीववत्सोऽप्यसङ्गचिदित्यत्र ''अयं जीवो न कूटस्थं विविनक्ति कदाचन । अनादिरविवेकोऽयं मूलाविद्येति गम्यतामि''त्यादिषु च स्फुटमिति भावः । तस्मात्स्वतो जीवानामपि क्लेशकर्माद्यभावसाम्यमीश्वरेण । किन्त्वविवेकोपाधिकृतक्लेशकर्मादिमत्ता जीवानामिति

परमात्मा ही इन सभी के नियामक के रूप में स्वीकार किया गया है । यदि कहो कि सबका नियामक होने पर ईश्वर में भी कर्तृत्वादि दोष मानने पड़ेंगे ? तो यह कथन ठीक नहीं है, क्योंकि ईश्वर को योगशास्त्रानुसार क्लेश, कर्म, विपाक और आशय से सर्वथा निर्लिप्त माना गया है, अतः ईश्वर के नियन्तृत्व का कथन सर्वथा युक्त ही है ।

जीव में ईश्वर की भाँति नियन्तृत्व के अभाव का कारण बताते हैं ।

अर्थ – असंग होने के कारण जीवों में भी क्लेशादि नहीं हैं, फिर भी विवेक ज्ञान न होने के कारण (जीव) क्लेश-कर्मादि से युक्त है, ऐसा पूर्व में कहा गया है ।१०८।

व्याख्या – जीव भी असंग और चिद्रूप होने के कारण ईश्वर की भाँति क्लेश-कर्मादि से रहित है फिर भी नियन्तृत्व केवल ईश्वर में ही क्यों माना जाता है ? जीव भी नियामक हो सकता है । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि यद्यपि जीव असंग चिद्रूप होने के कारण क्लेशादि से रहित ही है फिर भी '***विवेकाग्रहतः***' विवेकज्ञान न होने के कारण अर्थात् प्रकृति और पुरुष के विवेक का भेद बुद्धि के द्वारा ग्रहण न कर सकने के कारण जीव क्लेश-कर्मादि से युक्त-सा हो जाता है । भाव यह है कि क्लेश-कर्मादि से रहित होने पर भी प्रकृति और पुरुष के भेद रूपी विवेक ज्ञान के अभाव से जीव उपाधिकृत क्लेश कर्मादि से युक्त हो जाता है । किन्तु ईश्वर में ऐसा नहीं हैं क्योंकि ईश्वर में विवेकाग्रह का अभाव है यही ईश्वर और जीव के नियन्तृत्वानियन्तृत्व रूप विशिष्टता का कारण है । श्लोक १०५ में जीव को असंगचिद्रूप से प्रतिपादित किया गया है ।

विशेषः। ईश्वरस्याविवेकाभावादाध्यासिकमपि क्लेशादिकं नास्तीति हेतोर्नियामकत्त्वं तस्यैव सिद्धमिति दिक्।।

गुणवानेवेश्वरो नियन्ता नासङ्ग इति नैयायिकमतनिरूपणम् -

नित्यज्ञानप्रयत्नेच्छागुणानीशस्य मन्वते ।
असङ्गस्य नियन्तृत्त्वमयुक्तमिति तार्किकाः ॥ १०९ ॥

अन्वयः-तार्किकाः ईशस्य नित्यज्ञानप्रयत्नेच्छागुणान् मन्वते । असङ्गस्य नियन्तृत्त्वम् अयुक्तम् इति ।।

व्याख्या :- साङ्ख्यानां योगिनां च मतप्रदर्शनोत्तरमीश्वरस्य सर्वनियन्तृत्त्वविषये तार्किकानामभिमतिं प्रदर्शयति । तेह्यसङ्गस्य सर्वनियामकत्त्वं न सहन्ते । अत ईश्वरस्य जीववैलक्षण्यार्थं नित्यतया ज्ञानादिगुणमङ्गीकुर्वते । असङ्गेशस्य नियन्तृत्त्वमयुक्तमिति हेतोस्तार्किका नित्यज्ञानप्रयत्नेच्छागुणान्मन्वते। हेतुगर्भं विशेषेणमसङ्गस्येति । तेनेशस्यासङ्गत्त्वाद्धेतोर्नियामकता न युज्यत इत्यभिप्रयन्ति त इत्यर्थो लभ्यते । द्वन्द्वान्ते श्रूयमाणं पदं यथा प्रत्येकमभिसम्बद्ध्यते एवमेव द्वन्द्वादावपि श्रूयमाणमिति कृत्त्वा नित्यज्ञानेन प्रयत्नेच्छागुणानित्यत्रेश्वरे नित्यं ज्ञानगुणो नित्यं प्रयत्नाख्यगुणो नित्यं चेच्छागुण इतीमे त्रयोऽपि गुणा नित्यं वर्तन्त इति जीवापेक्षयेश्वरस्य वैलक्षण्यमिति ते मन्वत इति दिक् ।।

पुंविशेषत्त्वमप्यस्य गुणैरेव न चान्यथा ।
सत्यकामस्सत्यसङ्कल्प इत्यादि श्रुतिर्जगौ ॥ ११० ॥

अन्वयः - अस्य पुंविशेषत्त्वम् अपि गुणैः एव च । अन्यथा न । "सत्यकामः सत्यसङ्कल्पः" इत्यादिश्रुतिः जगौ ।।

व्याख्या :- पुरुषविशेषस्य व्यवह्रियमाणमीश्वरत्त्वमपि न क्लेशकर्माशयादिवैधुर्यकृतं मुक्तपुरुषेष्वपि

अब नैयायिकों के मत का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - असंग परमात्मा का नियन्तृत्व नहीं बन सकता इसलिए तार्किक लोग ईश्वर को नित्यज्ञान, प्रयत्न और इच्छा रूपी गुणों वाला मानते हैं ।१०९।

व्याख्या - सांख्यों और योगियों के मत का निरूपण करने के बाद ईश्वर के सर्वनियन्तृत्व के विषय में तार्किक (नैयायिक) लोगों के मतका निरूपण करते हैं । तार्किक लोग असंग परमात्माके सर्वनियन्तृत्व को सहन नहीं कर पाने के कारण ईश्वर में कुछ गुणों की कल्पना करते हैं । नैयायिक मतानुसार ईश्वर में नित्यज्ञान, नित्यप्रयत्न और नित्यइच्छा इन तीनों गुणों को स्वीकार किया गया है । इस प्रकार जीवों की अपेक्षा ईश्वर विलक्षण है । ऐसा नैयायिक लोग मानते हैं ।

श्रुति का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - इस ईश्वर का पुरुषविशेषत्व भी गुणों के द्वारा ही है अन्यथा नहीं। "सत्यकामः सत्यसंकल्पः" इत्यादि श्रुतियों ने ईश्वर के गुणों को नित्य कहा है ।११०।

व्याख्या - ईश्वर में पुरुषविशेषत्व का जो व्यवहार होता है, वह क्लेशादि के अभाव के द्वारा नहीं है क्योंकि वह तो मुक्त पुरुषों में भी देखा जाता है । अतः ईश्वर को पुरुषविशेष कहने का कारण नित्यज्ञानादि गुण ही है । ईश्वर और जीव में भेद का कारण क्या है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि

क्लेशादिराहित्यसद्भावात् । किन्तु ज्ञानप्रयत्नेच्छानां गुणानां नित्यत्त्वादेव सत्यकामादिश्रुतेरेत-दाशयकत्त्वादित्याह । अस्येश्वरस्य गुणैरेव नित्यज्ञानादिभिः पुंविशेषत्त्वं पुरुषोत्तमत्त्वम् । अन्यथा क्लेशकर्मादिराहित्येन नैव । किं तत्र प्रमाणमित्यत आह - सत्यकामस्सत्यसङ्कल्प इत्यादिश्रुतिस्सामगानां ज्ञानादिगुणनित्यतां जगवगासीत् ।।

हैरण्यगर्भाणां मतेनेश्वरस्वरूपवर्णनम् -

नित्यज्ञानादिमत्त्वेऽस्य सृष्टिरेव सदा भवेत् ।
हिरण्यगर्भ ईशोऽतो लिङ्गदेहेन संयुतः ॥ १११ ॥

अन्वयः - अस्य नित्यज्ञानादिमत्त्वे सदा एव सृष्टिः भवेत् । अतः हिरण्यगर्भः ईशः लिङ्गदेहेन संयुतः ।।

व्याख्या :- पूर्वमुपदर्शितनैयायिकमतेऽपि दोषसद्भावात्प्राणात्मवादिनां हिरण्यगर्भानामभिमतमीश्वर-स्वरूपमपि दर्शयति । अस्येश्वरस्य नित्यज्ञानादिमत्त्वे सदाऽनवरतं सृष्टिरेव भवेत् । न तथा सृष्टिस्सार्वकालं दृश्यते । अतो न नित्यज्ञानाद्याश्रय ईश्वरः । एवं तर्हि क ईश्वर इति चेदुच्यते । लिङ्गदेहेन धीकर्मेन्द्रियपञ्चकद्वयेन प्राणपञ्चकेन च सह बुद्ध्या युक्तो हिरण्यगर्भः मायोपाधिकः परमात्मा लिङ्गशरीरसमष्ट्यभिमानेन हिरण्यगर्भ इत्युक्त एव ईशो भवेदिति हैरण्यगर्भाणां मतम् । तस्मात्तादृशलिङ्गदेहयुक्तस्य सकलजगन्नियामकता सिद्ध्यति । सावयवत्त्वेन लिङ्गदेहस्य नाशोत्तरं ब्रह्मकल्पान्ते सृष्टेरदर्शनेन प्रलयादिकमप्युपपद्यते इति तार्किकाणां मते या सृष्टेस्सदानत्त्वापत्तिरागता सा नैषां मत इति भाव इति शम् ।।

यद्यपि ईश्वर और जीव में इच्छादि गुण समान हैं तथापि ईश्वर के ज्ञान, इच्छा और प्रयत्न ये तीनों नित्य हैं । यही दोनों के भेद का कारण है । ईश्वर का पुरुषविशेषत्व रूप व्यवहार नित्य इच्छादि गुणों के द्वारा ही है, अन्यथा नहीं अर्थात् क्लेशादि के अभाव के कारण नहीं । क्योंकि क्लेशादि का अभाव तो दोनों में समान ही है । इस विषय में श्रुति का प्रमाण देते हैं कि "**एष आत्माऽपहतपाप्मा विजरो विमृत्युर्विशोको विजिघत्सोऽपिपासः सत्यकामः सत्यसंकल्पः**" (छा.उ. ८/१/५) यह परमात्मा पापरहित, जरारहित, मृत्युरहित, शोकरहित, भूख-प्यास रहित, सत्यकाम और सत्यसंकल्प है । इत्यादि श्रुतियों में ईश्वर में इच्छादि गुणों के नित्यत्व का वर्णन किया गया है ।

अब हैरण्यगर्भों के मतानुसार ईश्वर के स्वरूप का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - ईश्वर को नित्यज्ञानादि गुणवाला मानेंगे तो सर्वदा सृष्टि ही होती रहेगी । इसलिए हिरण्यगर्भ ही ईश्वर है ।१११।

व्याख्या - पूर्व में प्रतिपादित नैयायिकों के मत में दोष दिखाने वाले हैरण्यगर्भों के (हिरण्यगर्भ को ईश्वर माननेवालों के) मत का निरूपण करते हुए कहते हैं यदि ईश्वर में नित्यज्ञान आदि गुण रहेंगे अर्थात् ईश्वर को नित्यज्ञानादि गुणवाला मानोगे तो सदा सृष्टि ही होती रहेगी यानी कि सदा नवीन सृष्टि होती ही रहेगी किन्तु ऐसा नहीं देखा गया है, अतः आपने (नैयायिकों ने) जो कहा कि ईश्वर कौन है? ऐसी आकांक्षा होने पर कहते हैं कि हिरण्यगर्भ ही ईश्वर है । वह लिंगदेहविशिष्ट हिरण्यगर्भ ही सबका नियामक है और अवयव युक्त होने के कारण कल्पान्त में लिंगदेह का नाश होने पर समस्त सृष्टि का भी प्रलय हो जाता है, ऐसा मानना ही उचित है । इसीसे हमारे पक्ष में सदा नवीन सृष्टि होते रहना रूप दोष भी नहीं है । अतः हिरण्यगर्भ ही ईश्वर है ।

हिरण्यगर्भस्येश्वरत्त्वे श्रुतिप्रमाणप्रदर्शनम् -

उद्गीथब्राह्मणे तस्य माहात्म्यमतिविस्तृतम् ।
लिङ्गसत्त्वेऽपि जीवत्त्वन्नास्य कर्माद्यभावतः ॥ ११२ ॥

अन्वयः - उद्गीथब्राह्मणे तस्य माहात्म्यम् अति विस्तृतम् । अस्य लिङ्गसत्त्वे अपि कर्माद्यभानतः जीवत्त्वं न ।

व्याख्या :- तस्य हिरण्यगर्भस्य माहात्म्यं सर्वेश्वरत्त्वेन महत्तोद्गीथब्राह्मणे "य एषोऽन्तरादित्ये हिरण्मयः पुरुषो दृश्यते हिरण्यश्मश्रुः हिरण्यकेशः आप्रणाखात्सर्व एव सुवर्ण" इत्यादिनाति-विस्तृतमुपवर्णितम् । लिङ्गशरीरयोगेन जीवादविशेष एवेति तस्य कथमीश्वरत्त्वमिति चेदुच्यते । लिङ्गसत्त्वेऽपि सूक्ष्मस्य शरीरस्य सद्भावेऽपि कर्माद्यभावतोऽविद्याकामकर्मादीनामभावादस्य न जीवत्त्वम्। जीवत्त्वप्रयोजको धर्मो न लिङ्गादिशरीरवत्ता किन्त्वविद्याकामकर्मादिमत्त्वमेवेति दिक् ।।

ईश्वरस्वरूपविषये विराडुपासकानां मतनिरूपणम् -

स्थूलदेहं विना लिङ्गदेहो न क्वापि दृश्यते ।
वैराजो देह ईशोऽतस्सर्वतो मस्तकादिमान् ॥ ११३ ॥

अन्वयः - स्थूलदेहं विना लिङ्गदेहः क्व अपि न दृश्यते । अतः सर्वतः मस्तकादिमान् वैराजः देहः ईशः ।।

व्याख्या :- केवलं लिङ्गदेहस्य विना स्थूलदेहमनुपलभ्यमानत्त्वेन स्थूलशरीरसमष्ट्यभिमानी

इस विषय में प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - उसका (हिरण्यगर्भ का) माहात्म्य उद्गीथ ब्राह्मण में अति विस्तार से कहा गया है । लिंगदेहवान होने पर भी कर्मादि के अभाव के कारण इसका (हिरण्यगर्भ का) जीवत्व नहीं है ।११२।

व्याख्या - हिरण्यगर्भ ईश्वर है, इस विषय में क्या प्रमाण है ? ऐसा प्रश्न होने पर कहते हैं कि छान्दोग्योपनिषद् के प्रथमाध्याय के षष्ठखण्ड में (उद्गीथ ब्राह्मण में) "***य एषोऽन्तरादित्ये हिरण्मयः पुरुषो दृश्यते हिरण्यश्मश्रुर्हिरण्यकेश आप्रणखात्सर्व एव सुवर्णः***" (छा.उ. १/६/६) इस प्रकार से हिरण्यगर्भ का माहात्म्य अत्यन्त विस्तार से वर्णित है । यदि कहो कि लिंगदेह युक्त हिरण्यगर्भ की जीव से विशेषता न होने के कारण उसका ईश्वरत्व कैसे कहते हो ? इसका उत्तर देते हुए कहते हैं कि यद्यपि यह कथन सत्य है कि हिरण्यगर्भ समष्टि लिंगशरीर वाला है तथापि उसमें कर्मादि (आदि शब्द से अविद्या, कामादि का ग्रहण करना चाहिये) का अभाव है । अर्थात् हिरण्यगर्भ में अविद्या, काम और कर्मादि का अभाव होने के कारण उसमें जीवत्व नहीं है । भाव यह है कि कर्मादिमत्व ही जीवत्व का प्रयोजक है, न कि लिंगमत्व । अतः हिरण्यगर्भ ही ईश्वर है ।

अब विराट् उपासकों के मतानुसार ईश्वर के स्वरूप का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - स्थूल देह के बिना लिंग देह कहीं पर भी देखने में नहीं आता । अतः सभी और मस्तकादिमान विराट् पुरुष ही ईश्वर है ।११३।

व्याख्या - पूर्वोक्त मत में दोष देखने वाले विराट् पुरुष के उपासक लोग कहते हैं कि आपने

विराडेव चेश्वर इत्यभिमन्यन्ते विश्वरूपोपासका इत्याह । लिङ्गदेहस्स्थूलदेहं विना क्वापि न दृश्यते। स्थूलदेहश्रितत्त्वात्सदा लिङ्गदेहस्येत्यतस्सर्वतो मस्तकादिमान्पाणिपादचक्षुश्श्रोत्रमूर्धादिनिखिलावय-वान्वैराजो देहस्सकलस्थूलसमष्ट्यभिमानी विराट्पुरुषदेह एवेश ईश्वर इति दिक् ।।

विश्वरूपोपासकाभिमतविराट्पुरुषस्येश्वरत्त्वे श्रुतिप्रमाणप्रदर्शनम् -

सहस्रशीर्षेत्येवं च विश्वतश्चक्षुरित्यपि ।
श्रुतमित्याहुरनिशं विश्वरूपस्य चिन्तकाः ॥ ११४ ॥

अन्वयः - "सहस्रशीर्ष" इति । एवं च "विश्वतश्चक्षुः" इति अपि श्रुतम् इति अनिशं विश्वरूपस्य चिन्तकाः आहुः ।।

व्याख्या :- विश्वरूपस्य चिन्तका वैराजोपासका अनिशं सर्वासु श्रुतिषु सर्वदा श्रुतं वाक्यमस्ति "सहस्रशीर्षा पुरुषः । सहस्राक्षस्सहस्रपात् । स भूमिं विश्वतो वृत्त्वा । अत्यतिष्ठद्दशाङ्गुल"मित्यादि। तथा "विश्वतश्चक्षुरुत विश्वतो मुखो विश्वतो हस्त उत विश्वतस्पात् । सम्बाहुभ्यां नमति सम्पतत्रैर्द्यावापृथिवी जनयन्देव एक" इत्यादिना च श्रुतमीश्वरस्य वैभवमिति शम् ।।

विराट्पुरुषस्येश्वरत्त्वमसहमानानां चतुर्मुखोपासकानामीश्वरस्य स्वरूपेऽभिमतमतवर्णनम् -

सर्वतः पाणिपादत्त्वे कृम्यादेरपि चेशता ।
ततश्चतुर्मुखो देव एवेशो नेतरः पुमान् ॥ ११५ ॥

अन्वयः-सर्वतः पाणिपादत्त्वे कृम्यादेः अपि च ईशता । ततः चतुर्मुखः देवः एव ईशः । इतरः पुमान् न।।

जो हिरण्यगर्भ को ईश्वर कहा, वह उचित नहीं है क्योंकि वह लिंगदेहात्मक है और स्थूल देह के बिना केवल सूक्ष्म शरीर का अस्तित्व कहीं पर भी दृष्टिगोचर नहीं होता है, अतः हिरण्यगर्भ ईश्वर नहीं है । तो कौन है ? ऐसी आकांक्षा होने पर कहते हैं कि जिसके सभी ओर हाथ, पैर और मस्तकादि हैं, ऐसा विराट् देह (पुरुष) ही ईश्वर है । विराट् पुरुष सम्बन्धी देह को '***वैराजो देहः***' ऐसा कहा गया है ।

स्वपक्ष की सिद्धि के लिए प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - निरन्तर विश्व रूप का चिन्तन करने वाले कहते हैं कि सहस्रशीर्षा और विश्वतश्चक्षु, इत्यादि श्रुतियों में विराट् रूप ईश्वर का ही प्रतिपादन किया गया है ।११४।

व्याख्या - जो निरन्तर विश्व रूप का चिन्तन करने वाले विराट् के उपासक हैं, वे स्वपक्ष की सिद्धि के लिये श्रुतियों का प्रमाण देते हैं कि "***सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षस्सहस्रपात् । सभूमिं सर्वतस्पृत्वाऽत्यतिष्ठद्दशाङ्गुलम्*** ।। (पु.सू. १) और "***विश्वतश्चक्षुरुत विश्वतो मुखो विश्वतो बाहुरुतविश्वतस्पात् । सम्बाहुभ्यान्धमति सम्पतत्रैर्द्यावाभूमीजनयन्देव एकः*** " इत्यादि श्रुतियों में स्पष्ट रूप से विराट् पुरुष ही ईश्वर है ।

विराट्पुरुष को ईश्वर मानने वाले के पक्ष में दोष दर्शन करने वाले चतुर्मुख ब्रह्मा के उपासक लोगों के मतानुसार ईश्वर के स्वरूप का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - सब ओर से असंख्य हाथ-पैर वाले होने से यदि विराट् ही ईश्वर है तब तो कीड़े आदि भी ईश्वर हो जायेंगे । अतः चतुर्मुख ब्रह्मा (प्रजापति) ही ईश्वर है, अन्य पुरुष नहीं ।११५।

व्याख्या :- अयमीश्वर इत्यत्र हेतुर्यदि पाणिपादवत्त्वमेव चेत्तदा कृम्यादेरपीशता जगन्नियामता स्यादिति दोषापत्त्या स नेश्वरः किन्तु चतुर्मुखो देवः कमलभूर्ब्रह्मैवेश्वरः । ततस्तस्मात्कारणान्नेतर ईशः । अत्र "नीलङ्गुस्तु क्रिमिरि"त्यमरः । "नीलङ्गुस्स्यात्कृमौ पुंसि सम्भराल्यां तु योषिती"ति च मेदिनी । "द्रुमामये भवेत्पुंसि कीटे च क्रिमिवत्कृमि"रिति च रभसः । क्रिमिर्ना कृमिवत्कीटे लाक्षायां कृमिलेश्वर" इति चान्य इति बहुकोशपर्यालोचनया कीटरूपेऽर्थे क्रिमिः कृमिरित्यादयः सर्वे शब्दास्साधव एवेति शम् ।।

चतुरास्योपासकाभिमतब्रह्मण ईश्वरत्त्वे श्रुतिप्रमाणप्रदर्शनम् -

पुत्रार्थं तमुपासीना एवमाहुः प्रजापतिः ।
प्रजा असृजतेत्यादिश्रुतिञ्चोदाहरन्त्यमी ॥ ११६ ॥

अन्वयः - पुत्रार्थं तम् उपासीनाः एवम् आहुः । (अपि) च "प्रजापतिः प्रजा असृजत" इत्यादि श्रुतिम् अमी उदाहरन्ति (च) ।

व्याख्या :- तं चतुराननं ब्रह्माणं पुत्रार्थमपत्यलाभायोपासीना एवं ब्रह्मैवेश्वर इत्याहुरुदाहरन्त्यप्यमी उपासकाश्श्रुतिं वेदवाक्यं "प्रजापतिः प्रजा असृजते"त्यादिकम् । पुत्रकामार्थिनो यागविधानावसरे तैत्तिरीयशाखायामागतेयं श्रुतिः सैवोदाहृतेति केचनाभिप्रयन्ति । अन्ये "त्वथ कबन्धी कात्यायन उपेत्य पप्रच्छ भगवन्कुतो ह इमाः प्रजाः प्रजायन्त इति । तस्मै स होवाच प्रजाकामो वै प्रजापतिस्स

व्याख्या - विराट् पुरुष को ईश्वर कहने वालों के मत को सहन न करने वाले चतुर्मुखोपासक लोग उनके मत में दोष दिखाते हैं कि यदि असंख्य हाथ-पैर वाला होने के कारण ही विराट् पुरुष को तुम लोग ईश्वर मानते हो तब तो असंख्य हाथ-पैर आदि से युक्त कानखजूरा आदि कीड़े भी ईश्वर शब्दवाच्य हो जाएँगे । भाव यह है कि जैसे अनेकों हाथ-पैर वाले कीड़े आदि को ईश्वर कोई नहीं कहता, उसी प्रकार आपका ईश्वरत्व का हेतु अयुक्त है । अतः असंख्य हाथ-पैर वाला विराट् पुरुष ईश्वर नहीं है । आपके पक्ष में दोष होने के कारण आपका मत समीचीन नहीं है । अतः चारमुख वाले ब्रह्मा (प्रजापति) जी ही ईश्वर हैं, उनसे अन्य कोई पुरुष ईश्वर नहीं है ।

स्वपक्ष की सिद्धि के लिए प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - पुत्र प्राप्ति के लिए उसकी (चतुर्मुख ब्रह्मा की) उपासना करने वालों ने ऐसा (पूर्वश्लोकोक्त) ही कहा है और (स्वपक्षसिद्धि के लिए) वे लोग "***प्रजापतिः प्रजा असृजत***" इत्यादि श्रुतिवचन का उदाहरण भी देते हैं ।११६।

व्याख्या - पूर्वश्लोक में चतुरानन ब्रह्मा को ईश्वर कहने वाले कौन हैं ? ऐसी आकांक्षा होने पर कहते हैं कि पुत्र प्राप्ति के लिए प्रजापति की उपासना करने वालों ने प्रजापति को ही ईश्वर कहा है । और स्वपक्ष की सिद्धि के लिए वे लोग श्रुति वचन का उद्धरण प्रस्तुत करते हुए कहते हैं कि "***प्रजापतिः प्रजा असृजत***" प्रजापति (ब्रह्माजी) ने प्रजा का सर्जन किया । "***प्रजाकामो वै प्रजापतिः स तपोऽतप्यत स तपस्तप्त्वा स मिथुनमुत्पादयते***" (प्र.उ. १/४) एक वर्ष गुरुकुल में वास करने के बाद कात्यायन कबन्धी ने पिप्पलाद महर्षि के पास जाकर पूछा हे भगवन् ! ये सम्पूर्ण प्रजा किससे उत्पन्न होती है ? इसका उत्तर देते हुए महर्षि ने कहा कि प्रजा उत्पन्न करने की इच्छा वाले प्रजापति ने

तपोऽतप्यत स तपस्तप्त्वा स मिथुनमुत्पादयत" इत्यादि प्रश्नोपनिषदि श्रूयमाणमित्यूचिरे । कथमपि प्रजापतेरीश्वरत्त्वे प्रमाणभूतं किञ्चिद्वाक्यमत्रोदाहृतमिति न तत्र बहुविचारणीयमिति दिक् ।।

ईश्वरस्वरूपविषये भागवतमतनिरूपणम् -

विष्णोर्नाभेर्स्समुद्भूतो वेधाः कमलजस्ततः ।
विष्णुरेवेश इत्याहुर्लोके भागवता जनाः ॥ ११७ ॥

अन्वयः - कमलजः वेधाः विष्णोः नाभेः समुद्भूतः । ततः विष्णुः एव ईशः इति लोके भागवताः जनाः आहुः ।।

व्याख्या :- भागवता भगवत इमे भागवताः । रूढ्या हि भगवच्छब्दश्श्रीकृष्णमेव वदतीति तात्त्विकानां समयः । श्रीकृष्णचरितप्रतिपादकग्रन्थस्यैव भागवतमिति व्यवहाराच्छीकृष्णोपदिष्टगीताया एव भगवद्गीतेति तथा श्रीकृष्णचरणाम्भोजरतेष्वेव हि भागवतप्रयोगाच्चेति । तथा च श्रीकृष्णोपासकाः कमलजो वेधा ब्रह्मा यस्मात्कारणाद्विष्णोर्नाभेस्समुद्भूतस्ततस्तस्मादेव कारणान्न स ईश्वरस्तस्यापीशितान्यो वर्तत इति कृत्त्वा विष्णुरेवेश इति जगन्नियामक इत्याहुर्वदन्ति ।।

विष्णोरीशतामसहमानानां शैवानां मतनिरूपणम् -

शिवस्य पादावान्वेष्टुं शार्ङ्ग्यशक्तस्ततश्शिवः ।
ईशो न विष्णुरित्याहुश्शैवा आगममानिनः ॥ ११८ ॥

अन्वयः - शिवस्य पादौ अन्वेष्टुं शार्ङ्गी अशक्तः । ततः शिवः ईशः । विष्णुः न इति आगममानिनः शैवाः आहुः ।।

तप किया । उसने पूर्वोक्त तप करके सृष्टि रचना की । इत्यादि श्रुति वाक्यों में प्रजापति को ही जगत् का रचयिता कहा गया है, अतः चर्तुमुख प्रजापति ही ईश्वर है ।

अब ईश्वर के स्वरूप के विषय में भागवतों का मत दर्शाते हैं ।

अर्थ - जिस कमल से ब्रह्मा जी उत्पन्न हुए थे, वह कमल विष्णु की नाभि से उत्पन्न हुआ है, इसलिए विष्णु ही ईश्वर है । लोक में विष्णु भक्त ऐसा ही कहते हैं ।११७।

व्याख्या - श्रीमद्भागवतादि अनेकों पुराणादि शास्त्रों में विष्णु की नाभि से उत्पन्न कमल को ही ब्रह्मा जी की उत्पत्ति का कारण कहा गया है । जो कारण होता है, वह कार्य से सूक्ष्म और व्यापक होता है, इसलिए ब्रह्मा जी की उत्पत्ति का कारण भगवान् विष्णु हैं । विष्णु से उत्पन्न होने के कारण ब्रह्मा ईश्वर नहीं हैं, विष्णु ही ईश्वर है । लोक में विष्णुभक्त ऐसा ही कहते हैं ।

अब शिव को ईश्वर मानने वालों के मत का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - शिव के चरण खोजने में शार्ङ्गी (विष्णु) असमर्थ रहे, इसलिए शिव ही ईश्वर है, विष्णु ईश्वर नहीं है । आगम शास्त्र को प्रमाण मानने वाले शिव जी के भक्तों ने ऐसा ही कहा है ।११८।

व्याख्या - शिवमहिम्नस्तोत्र में एक श्लोक है-

तवैश्वर्यं यत्नाद्यदुपरि विरञ्चिर्हरिरधः परिच्छेत्तुं यातावनलमनलस्कन्धवपुषः।
ततो भक्तिश्रद्धा भरगुरुगृणद्भ्यां गिरिश यत् स्वयं तस्थे ताभ्यां तव किमनुवृत्तिर्न फलति ।।

व्याख्या :- आगममानिन आगमानां तन्त्राणां प्रामाण्यवादिनश्शैवाश्शिवभक्ताश्शाङ्कीं विष्णुश्शिवस्य भगवतो पादावन्वेष्टुं गवेषितुं सुकृतमहत्प्रयत्नोऽप्यशक्त एव यतो विष्णुदुर्लभौ शिवचरणावास्तामतो विष्णुर्नेश्वरस्तस्माच्छिव एवेश्वर इति तेषां मतम् । अत एवाचार्यपादा गायन्ति महेश्वरं "भूदारतामुदवहद्यदपेक्षया श्रीभूदार एव किमतस्सुमते लभस्व । केदारमाकलितमुक्तिमहौषधीनां पादारविन्दभजनं परमेश्वरस्ये"ति । अत्र श्रीभूदारोऽपि लक्ष्मीपतिर्भूपतिस्सन्नपि महाविष्णुश्श्रीशिवपादारविन्दभजनाभिलाषी भूदारतामत्यन्तनिकृष्टयोनिं सौकरीमुदवहदित्यनेन स्पष्टं शिवस्येवेशता प्रतीयते। तथान्यत्रापि "वस्त्रोद्धूतविधौ सहस्रकरता पुष्पार्चने विष्णुते"त्यादिना नित्यं विष्णुश्शिवाराधक इति चात एव पुष्पदन्तोऽपि "हरिस्ते साहस्रं कमलबलिमाधाय पदयोर्यदेकोने तस्मिन्निजमुदहरन्नेत्रकमलम्। गतो भक्त्युद्रेकः परिणतिमसौ चक्रवपुषा त्रयाणां रक्षायै त्रिपुरहरजागर्ति जगता"मित्यत्रापि शिवभक्त्युद्रेकेण स्वं चक्षुरपि शिवाय दित्सतीति शिवस्येशता । तथा "तवैश्वर्यं यत्नाद्यदुपरि विरिञ्चिर्हरिरधः परिच्छेत्तुं यातावनलमनलस्कन्धवपुषः । ततो भक्तिश्रद्धाभरगुरुगृणद्भ्यां गिरिश यत्स्वयं तस्थे ताभ्यां तव किमनुवृत्तिर्न फलती"ति विष्णोरपि परमपूज्यश्शिव इति । तथा

हे गिरिश ! (अग्नि स्तम्भ के समान) आपका जो लिङ्गाकार तैजस रूप प्रकट हुआ उसका पार पाने के लिए ऊपर की ओर ब्रह्मा तथा नीचे की ओर विष्णु बड़े प्रयत्न से गये । पर वे दोनों ही पार पाने में असमर्थ रहे । तब उन दोनों ने श्रद्धा और भक्ति से नतमस्तक होकर आपकी स्तुति की, तब उनकी स्तुति से प्रसन्न होकर आप उनके समक्ष स्वयं प्रकट हो गये । हे भगवन् ! श्रद्धाभक्तिपूर्वक की गयी आपकी सेवा (स्तुति) क्या फलीभूत नहीं होती ? अर्थात् अवश्य ही फलीभूत होती है ।

शिवपुराणादि में कथा आती है कि एक बार ब्रह्मा और विष्णु में विवाद हुआ कि हम दोनों में से बड़ा कौन है ? इस विवाद का अन्त न होता देख दोनों के बीच एक महान तेजोमय शिवलिंग प्रकट हो गया और आकाशवाणी हुई की आप दोनों में से जो भी इस शिवलिंग का सबसे पहले आदि अथवा अन्त पा लेगा, वही आप दोनों में श्रेष्ठ होगा । इतना सुनते ही ब्रह्मा जी शिवलिंग का छोर पाने के लिए ऊपर की ओर बढ़े तथा विष्णु नीचे की ओर । बहुत समय तक प्रयत्न करने पर भी दोनों में कोई भी उस शिवलिंग का पार नहीं पा सका । अतः ब्रह्मा और विष्णु दोनों से शिव ही महान है, वही ईश्वर है । इतना ही नहीं, विष्णु शिव की पूजा भी करते हैं । शिव कृपा से ही उन्हें सुदर्शन चक्र की प्राप्ति हुई है ।

हरिस्ते साहस्रं कमलबलिमाधाय पदयोर्यदेकोने तस्मिन् निजमुदहरन्नेत्रकमलम् ।
गतो भक्त्युद्रेकः परिणतिमसौ चक्रवपुषा त्रयाणां रक्षायै त्रिपुरहर जागर्ति जगताम् ।।

(शि.म.स्तो. १९)

गन्धर्वराज श्रीपुष्पदन्त कहते हैं कि हे त्रिपुरारि ! भगवान् विष्णु ने आपके चरणों में एक हजार कमल चढ़ाने का संकल्प किया था । उनमें जब एक कमल कम पड़ गया तब उन्होंने अपना नेत्रकमल ही उखाड़ कर आपको अर्पित कर दिया बस, उनकी यही भक्ति की पराकाष्ठा सुदर्शन चक्र का स्वरूप धारण कर त्रिभुवन की रक्षा के लिए सदा जागरूक है । भगवान् शिव ने ही प्रसन्न होकर विष्णु को चक्र प्रदान किया था, जो विश्व का संरक्षण करता है ।

इत्यादि अनेकों प्रमाणों से भगवान् सदाशिव ही विष्णु से श्रेष्ठ होने के कारण ईश्वर हैं । विष्णु ईश्वर नहीं है, ऐसा आगमशास्त्र को मानने वाले शिवभक्तों का कथन है । (देवीभागवत के पञ्चम स्कन्ध

विष्ण्ववतारभूतेन व्यासेनापि तत्र तत्र वर्णितत्त्वात् शिव एवेश्वर इति न सन्देहः । अस्मिन्नर्थे च देवीभागवतस्थपञ्चमस्कन्धाख्यायिकाप्यनुसन्धेयैवेति दिक् ।।

ईश्वरस्वरूपनिर्णयविषये गाणपतानामभिमतमतनिरूपणम् –

पुरत्रयं साधयितुं विघ्नेशं सोऽप्यपूजयत् ।
विनायकं प्राहुरीशङ्गाणपत्यमते रताः ॥ ११९ ॥

अन्वयः – सः (शिवः) अपि पुरत्रयं साधयितुं विघ्नेशं अपूजयत् । गाणपत्यमते रताः विनायकं ईशं प्राहुः ।।

व्याख्या :– श्रीहरिविरिञ्चादिभिरपि सम्पूज्यो भगवांञ्छिवो गणनाथं सम्पूज्यैव त्रिपुरासुरसंहार-मकरोदिति शिवमुद्गलगणेशपुरणादौ प्रसिद्धा कथेति तामाधारीकृत्य गणेशभक्तास्तमेवेश्वरं मन्यन्त इत्याह । सोऽपि सकलजगत्पूज्यश्शिवः पुरत्रयं पुराणामयोरजतस्वर्णमयानां त्रयं साधयितुं स्वायत्तीकर्तुं विघ्नेशं विघ्नानामीशं निहन्तारं गणाधिपमपूजयदतो गाणपतमते रता गजाननोपासका विनायकमेवेशं नियन्तारं प्राहुः । अत्र गाणपत्येति पाठो न समीचीनः । यतो हि तद्धितप्रकरणे अपत्याधिकारे

के तैंतीसवें अध्याय के श्लोक १५ से ४७ तक ब्रह्मा और विष्णु का विवाद तथा दोनों के बीच में शिवलिंग प्रकट होना तथा शिवलिंग का पार पाने में दोनों की असमर्थता आदि का वर्णन किया गया है ।

श्रीगणेश को ईश्वर मानने वालों के मत का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – पुरत्रय का नाश करने के लिए शिव जी ने गणपति जी की पूजा की थी । इसलिए गणपति के उपासकों के मतानुसार विनायक ही ईश्वर है ।११९।

व्याख्या – शिवपुराण में कथा आती है कि असुरों से पूर्ण त्रिपुर (तीननगरों) को भस्म करने के लिए कामारि शम्भु ने शरसन्धान किया । बहुत समय तक प्रयत्न करने पर भी जब लक्ष्य स्थिर न हुआ उस समय आकाशवाणी हुई ।

भो भो न यावद्भगवन्नर्चितोऽसौ विनायकः।
पुराणि जगदीशेश साम्प्रतं न हनिष्यति ।। (शि.पु. रुद्रसंहिता युद्धखण्ड १०/६)

हे जगदीश ! हे भगवन् ! जब तक आप विनायक की पूजा नहीं करेंगे तब तक इन तीनों पुरों को नष्ट नहीं कर सकेंगे । इतना सुनकर शिवने भद्रकाली सहित भगवान् गणेश की पूजा की । उनकी पूजा से सुन्तुष्ट होकर गणेश जी ने दर्शन और वरदान दिया । उन्हीं की कृपा से मयासुर निर्मित सोने, चाँदी और लोहे के तीन पुरों (नगरों) का नाश करने में शिव समर्थ हुए । इसी प्रकार गणेश पुराण और मुद्गल पुराणादि में भी श्रीगणेश की पूजा से ही शिव त्रिपुरदहन करने में समर्थ हुए इत्यादि कथा आती है । पूजा श्रेष्ठ की ही होती है । शिव ने भी भगवान् गणेश की पूजा की, इससे शिव की अपेक्षा गणेश का ही श्रेष्ठत्व सिद्ध होता है, अतः शिव भी ईश्वर नहीं है । चिन्तामणिलोकाधिष्ठाता, स्वानन्दभुवनवासी समस्त विघ्नों के विनाशक, वक्रतुण्ड, कोटिसूर्यसमप्रभ, अनादि श्रीगणेश ही ईश्वर हैं । ऐसा गणेशोपासकों का कथन है । श्लोक में –'**गाणपत्यमते**' के स्थान पर '***गाणपतमते***' ऐसा पाठ जानना चाहिये ।

अश्वपत्यादिभ्यश्च इति सूत्रव्याख्यानावसरे किति च इति सूत्रं व्याख्यात्रा भट्टोजीदीक्षितेन अश्वपतेरपत्यम् आश्वपतम् गाणपतम् इत्युक्त्वा गाणपत्यो मन्त्र इति तु प्रामादिकमेवेति व्यलेखि । तस्यायं भावः यत् काशिकावृत्तौ अश्वपत्यादिगणे – अश्वपति, शतपति, धनपति, गणपति, राष्ट्रपति कुलपति, धान्यपति पशुपति धर्मपति सभापति प्राणपति क्षेत्रपति प्रातिपदिकाः पठिताः इति ।।

ईश्वरस्वरूपविषये विवदमानानां मतानां निगमनम् –

एवमन्ये स्वस्वपक्षाभिमानेनान्यथान्यथा ।
मन्त्रार्थवादकल्पादीनाश्रित्य प्रतिपेदिरे ।। १२० ।।

अन्वयः – एवम् अन्ये । स्वस्वपक्षाभिमानेन अन्यथा । (प्रमाणानि दर्शयन्तः) मन्त्रार्थवादकल्पादीन् आश्रित्य प्रतिपेदिरे ।।

व्याख्या :– उपलक्षणविधया सौरशाक्तभैरवमैरालादीनामपि स्वयमेवोह्यानीत्याशयं मनसि निधाय पूर्वोक्तेश्वरवादिनां विप्रतिपत्तीरुपसंहरति । एवमन्ये तत्तद्देवतोपासकास्स्वस्वपक्षाभिमानेन स्वस्व-मतिविलसितराद्धान्ताभिनिवेशेनान्यथान्यथा बहुधा प्रकारेणेश्वरं प्रतिपेदिरे । कं वा प्रमाणमाश्रित्येति चेन्मन्त्रार्थवादकल्पादीनाश्रित्येति । मन्त्रो लिङ्लोट्तव्यप्रत्ययान्तमघटितवाक्यत्वलक्षणविधिस्तावकार्थ-वादादिभिन्नमन्त्रपदव्यवहार्यमन्त्रत्वप्रकारकवाक्यत्त्वं मन्त्रत्त्वम् । विधेयार्थस्तवाकादिबोधक-वाक्यत्त्वमर्थवादत्त्वम् । इतिकर्तव्यताघटकार्षवाक्यत्त्वमेव कल्पत्त्वम् । आदिशब्दस्स्मृतिपुराणादिसङ्ग्राहकः। तान्येतानि पूर्वोक्तानि प्रमाणवाक्यानि यथायथमनुरुद्ध्याश्रित्येत्यर्थः स्वस्वाभिमतदेवताया ईश्वरत्त्वं प्रकल्पयन्ति। किञ्च स्वस्वमतस्य श्रौतीचिकीर्षया तत्र तत्र प्रमाणयन्ति यथासम्भवं मन्त्रार्थवादकल्पादीनिति दिक्।।

ईश्वर के स्वरूप के विषय में विवाद करने वाले अन्य वादियों के मत का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – इस प्रकार अन्य मतावलम्बी अपने-अपने पक्ष का अभिमान कर अन्य-अन्य प्रकार से मन्त्र, अर्थवाद और कल्पादि का आश्रय लेकर ईश्वर की कल्पना करते हैं ।१२०।

व्याख्या – पूर्वोक्त शिव, विष्णु आदि के ईश्वरत्व का वर्णन शाक्त, भैरव आदि का भी उपलक्षण है । इस आशय को मन में रखकर पूर्वोक्त ईश्वर विषयक विप्रतित्तियों का उपसंहार करते हैं कि इस प्रकार अन्य मतावलम्बी अपने-अपने पक्ष का अभिमान कर अर्थात् अपनी-अपनी बुद्धि के अनुसार कल्पित सिद्धान्त में दृढ़ अभिनिवेश कर अन्य-अन्य प्रकार से ईश्वर की कल्पना करते हैं । वे किन प्रमाणों का आश्रय लेकर ऐसा करते हैं ? तो कहते हैं कि मन्त्र, अर्थवाद और कल्पादि का आश्रय लेकर स्वपक्ष को सिद्ध करने का प्रयास करते हैं । वेदों के मन्त्रों से, विधेयार्थ स्तावकादि बोधक वाक्य रूपी अर्थवाद से और इति कर्तव्यताघटक आर्षवाक्य रूपी कल्प आदि शास्त्रों से (आदि शब्द से स्मृतियों और पुराणों का ग्रहण करना चाहिये) स्वमत के पोषक वाक्यों को लेकर वे विविध मतावलम्बी ईश्वर के स्वरूप की मिथ्या कल्पना करते रहते हैं । भाव यह है कि वे अपने मत को वैदिक सिद्ध करने के लिए मन्त्र, अर्थवादादि का प्रमाण देते हैं ।

ईश्वरस्वरूपविषयेऽनन्तमतानां सद्भावप्रदर्शनम् -

अन्तर्यामिणमारभ्य स्थावरान्तेशवादिनः ।
सन्त्यश्वत्थार्कवंशादेः कुलदैवतदर्शनात् ॥ १२१ ॥

अन्वयः - अन्तर्यामिणम् आरभ्य स्थावरान्तेशवादिनः सन्ति । अश्वत्थार्कवंशादेः कुलदैवतदर्शनात्।।

व्याख्या :- पूर्वोक्तरीत्या श्रुतिमुख्याभिप्रेततात्पर्यार्थमनादृत्य विज्ञंमन्यकल्पितानां मतानां गणनाय सङ्ख्यैव नास्तीत्याह । अन्तर्यामिणमारभ्यान्तर्यामिणमारम्भं कृत्त्वा स्थावरान्तेशवादिनस्स्थावरानवधिं कृत्त्वा सर्वस्यापीश्वरत्त्वं स्वस्वपक्षानुसारं वदन्त्येव । यतोऽश्वत्थार्कवंशादेरादिशब्देन कुलवृक्षकुलाचलमहानद्यादीनां ग्रहणम् । "श्लेष्मान्तककरञ्जाक्षनिम्बोऽश्वत्थकदम्बकौ । बिल्वो वटौदुम्बरौ च कुलवृक्षा नव स्मृताः । न स्वपेत्कुलवृक्षाधो न चोपद्रवमाचरेत् । दृष्ट्वा भक्त्या नमस्कुर्याच्छेदयेन्न कदाचने"त्यादिना तत्र तत्रोक्तेः । तेषां स्थावरादीनामपीश्वरत्त्वमिच्छन्ति । लोके तेषां सर्वेषामीश्वरत्त्वभावनया पूज्यता सन्दृश्यते । कुलदैवतदर्शनात् कुले दैवभावेन पूजाया दर्शनादपि हेतोरीश्वरस्वरूपविषये विवदमाना असङ्ख्याका एव सन्तीति शम् ।।

सर्वमतसमन्वयेनेश्वरस्वरूपनिर्णयप्रतिज्ञानम् -

तत्त्वनिश्चयकामेन न्यायागमविचारिणाम् ।
एकैव प्रतिपत्तिः स्यात्साप्यत्र स्फुटमुच्यते ॥ १२२ ॥

इस प्रकार ईश्वर के स्वरूप के विषय में अनेकों मत हैं, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - अन्तर्यामी से आरम्भ कर स्थावर पर्यन्त में ईश्वर को मानने वाले हैं क्योंकि अश्वत्थ, अर्क और बाँस आदि में भी कुलदेवता देखे जाते हैं ।१२१।

व्याख्या - इस प्रकार के कितने मत हैं ? ऐसी आकांक्षा होने पर कहते हैं कि इनकी गणना करना संभव नहीं है । ईश्वर के स्वरूप के विषय में अनेकों मत हैं । अन्तर्यामी परमात्मा से लेकर स्थावर पर्यन्त में विविध मतावलम्बी ईश्वरत्व की भावना करते हैं और अपने मतानुसार उसका वर्णन भी करते हैं । इसका कारण क्या है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि अश्वत्थ (पीपल), अर्क (आँक) और बाँस आदि में भी लोग कुलदेवता की भावना करते हैं । आदि शब्द से कुलवृक्ष, कुलपर्वत और महानदी आदि का ग्रहण होता है ।

श्लेष्मान्तककरञ्जाक्षनिम्बोऽश्वत्थकदम्बकौ। बिल्वो वटौदुम्बरौ च कुलवृक्षा नव स्मृताः।।

ये नौ कुलवृक्ष माने गये हैं ।

न स्वपेत्कुलवृक्षाधौ न चोपद्रवमाचरेत् । दृष्ट्वा भक्त्या नमस्कुर्याच्छेदयेन्नकदाचन ।।

कुलवृक्ष के नीचे शयन और उपद्रव नहीं करना चाहिये । उसे देखकर भक्तिपूर्वक नमस्कार करना चाहिये । कुलवृक्ष का छेदन कभी भी नहीं करना चाहिये । इस प्रकार स्थावर वृक्षादियों में भी ईश्वरत्व की कल्पना और उनकी पूजा करने वाले अनेकों लोग लोक में देखे जाते हैं । इस हेतु से ईश्वर के स्वरूप के विषय में विवाद करने वाले असंख्य लोग हैं ।

सर्वमतसमन्वयपूर्वक ईश्वर के स्वरूप का निर्णय करने की प्रतिज्ञा करते हैं।

अर्थ - तत्त्व का निश्चय करने की इच्छा से न्याय और आगम का विचार करने वाले मनुष्यों को एक ही ज्ञान होता है, उसी को यहाँ स्पष्ट रूप से कहते हैं ।१२२।

अन्वयः – तत्त्वनिश्चयकामेन न्यायागमविचाराणां प्रतिपत्तिः एका एव स्यात् । सा अत्र अपि स्फुटम् उच्यते ।।

व्याख्या :– एवमसङ्ख्याकमतानां सद्भावे किमुपादेयमितिनिर्णयोऽपेक्षतेऽन्यथा सर्वत्रानाश्वासप्रसङ्गः। अतो निर्णयायोद्यमस्समारभ्यते । तत्त्वनिश्चयकामेन स्वाभिमानं दूरीकृत्य तत्त्वस्याबाधितार्थविषकार्थस्य निश्चयकामेन निर्णयाभिलाषया न्यायागमविचारिणां न्यायस्य प्रमाणानुकूलयुक्तिमूलकशास्त्रवादस्यागम-स्यानादिसिद्धापौरुषेयवचनसमुदायस्य च विचारिणां विचारशीलानां न्यायागमेत्यत्रोपलक्षणया निगमेति-हासपुराणस्मृतिसंहितादिप्रामाणिककाव्यान्तयावच्छब्दराशिरत्रैवान्तर्भवतीति ज्ञेयम् । तत्परिशीलन-पराणामेकैव समानैव प्रतिपत्तिर्ज्ञानं स्यात् । सैव च प्रतिपत्तिरधुना स्फुटमुच्यते इति शम् ।।

सर्वसम्मतेश्वरनिर्णयाय श्रुत्यवतारणम् –

मायान्तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनन्तु महेश्वरम् ।
अस्यावयवभूतैस्तु व्याप्तं सर्वमिदं जगत् ।। १२३ ।।

अन्वयः – "मायां तु प्रकृतिं विद्यात् मायिनं तु महेश्वरम्" अस्य अवयवभूतैः तु सर्वम् इदं जगत् व्याप्तम्।।

व्याख्या :– तां चैकरूपां प्रतिपत्तिं दर्शयितुमुपोद्घातरूपेण श्वेताश्वतरश्रुतिं पठति । मायां तु प्रकृतिं निखिलजगत उपादानकारणं विद्यान्मायिनं तु मायोपाधिकान्तर्यामिणमेव महेश्वरं मायाधिष्ठातारं तमेव निमित्तकारणं विद्यात् । अस्य मायिन एवावयवभूतैर्महेश्वरैरंशरूपैश्चतुर्विधभूतग्रामैश्चराचरात्मकै-जीवैस्सम्पूर्णमिदं जगद्व्याप्तमित्यस्या उदाहृतायाश्श्रुतेरभिप्रायः ।

व्याख्या – इस प्रकार अनेकों मतों के होने पर कौन-सा मत ग्राह्य है, इसका निर्णय आवश्यक है अन्यथा सर्वत्र अविश्वास का प्रसंग प्राप्त होगा । इसलिए उस निर्णय का प्रतिपादन करना आरम्भ करते हैं । तत्त्व का निश्चय करने की इच्छा वाले सभी अभिमान को दूर करके तत्त्व के अबाधितार्थ विषयक अर्थ के निर्णय की अभिलाषा से प्रमाणानुकूल युक्तिवाद (न्याय) और आगमों (शास्त्रों) का विचार करने वालों को अर्थात् उनका सम्यक् परिशीलन करने वालों को एक ही दृढ़ ज्ञान होता है । उसी ज्ञान को आगे के श्लोकों में अब स्पष्ट रूप से कहा जा रहा है अतः उस निर्णय को सुनने के लिए सावधान हो जाएँ ।

पूर्वोक्त कथन के अनुकूल श्रुति का उदाहरण देते हैं ।

अर्थ – प्रकृति को तो माया और महेश्वर को मयावी जानना चाहिये । उसी के अवयवभूत से यह सम्पूर्ण जगत् व्याप्त है ।१२३।

व्याख्या – यह श्लोक श्वेताश्वतरोपनिषद् के चतुर्थाध्याय का दसवाँ मन्त्र है । माया को प्रकृति अर्थात् सम्पूर्ण जगत् का उपादान कारण जानना चाहिये और मायोपाधिक महेश्वर को मायावी अर्थात् जगत् का निमित्त कारण जानना चाहिये । प्रकृति माया ही है जो जगत् की कारणभूता है और जो महेश्वर है, उसे मायावी जानो । अर्थात् माया को सत्ता-स्फूर्ति देनेवाला और अधिष्ठान रूप से प्रेरित करने वाला जो है, उसे महेश्वर जानना चाहिये । उस परमेश्वर के रज्जु आदि अधिष्ठानों में कल्पित सर्पादि रूप मायिक अवयवों से अध्यास द्वारा यह भूर्लोकादि सम्पूर्ण जगत् व्याप्त है, यानी पूर्ण है । श्लोक में '**तु**' शब्द निश्चयार्थक है ।

श्रुतिमहातात्पर्यानुसारमीश्वरस्वरूपावधारणम् -

इति श्रुत्यनुसारेण न्यायो निर्णय ईश्वरे ।
तथा सत्यविरोधः स्यात्स्थावरान्तेशवादिनाम् ॥ १२४ ॥

अन्वयः - इति श्रुत्यनुसारेण ईश्वरे निर्णयः न्याय्यः । तथा सति स्थावरान्तेशवादिनाम् अविरोधः स्यात्।।

व्याख्या :- युक्त ईश्वरनिर्णयश्श्रुत्यनुसारमत्र क्रियते । इत्येवं प्रकारं श्रुत्यनुसारेण श्रुत्यर्थानुकूल्येन तात्पर्यतोऽर्थमुपलभ्येश्वरे विषयसप्तमीयं तत्स्वरूपनिरूपणविषये निर्णयस्सिद्धान्तो न्याय्यो न्यायादनपेतोऽप्रच्युतो युक्तियुक्तश्च भवेत् । तथा सत्येवं निर्णये कृते सति स्थावरान्तेशवादिनां निखिलमतानुयायिनामप्यविरोध ऐकमत्यं समरसता स्यात्सर्वस्यापीश्वरत्त्वाभ्युपगमेनेति दिक् ।।

मायातत्कार्यविचारः -

माया चेयन्तमोरूपा तापनीये तदीरणात् ।
अनुभूतिन्तत्र मानं प्रतिजज्ञे श्रुतिः स्वयम् ॥ १२५ ॥

अन्वयः - इयं च माया तमोरूपा । तापनीये तदीरणात् । तत्र अनुभूतिं मानं श्रुतिः स्वयं प्रतिजज्ञे।।

व्याख्या :- "मायिनं तु महेश्वर"मिति श्रुत्या मायोपाधिक ईश्वर इति निर्णीतम् । सा जगदुपादानरूपा प्रकृत्याख्या माया का ? किंस्वरूपेत्यत्र नृसिंहोत्तरतापनीयोपनिषदमवलम्ब्य निर्वक्ति मायास्वरूपम्।

पूर्वोक्त श्रुति प्रदर्शन का फल बताते हैं ।

अर्थ - इस पूर्वोक्त श्रुतिवचन के अनुसार ईश्वर विषयक निर्णय युक्ति युक्त है क्योंकि ऐसा मानने पर स्थावर पर्यन्त में ईश्वर मानने वालों के साथ अविरोध होगा ।१२४।

व्याख्या - पूर्व श्लोक में जो श्वेताश्वतर श्रुति का वचन उद्धृत किया है वही ईश्वर के स्वरूप का निर्णय करने में सर्वाधिक युक्तियुक्त है । अतः पूर्वोक्त श्रुतिवचनानुसार ईश्वर विषयक निर्णय करना ही युक्ति सम्मत है । इस प्रकार यदि ईश्वर के स्वरूप का निर्णय हो जाए कि प्रकृति माया है और महेश्वर मायावी है तो इस कथन से अन्तर्यामी से लेकर वृक्षादि स्थावर तक में ईश्वर की कल्पना करने वाले सभी लोगों के साथ अविरोध होगा । अर्थात् इस कथन से किसी के भी साथ विरोध होगा ही नहीं । क्योंकि वे विविध मतावलम्बी जिन-जिन देवताविशेष में ईश्वर बुद्धि कर रहे हैं, वे सभी मायावी महेश्वर का ही स्वरूप होने से सभी में ईश्वरत्व का कथन अयुक्त न होने से किसी से भी विरोध नहीं होगा । जैसे एक वृक्ष का तना भी वृक्ष है, शाखा भी वृक्ष है, टहनी भी वृक्ष है, उसी प्रकार हम जो कुछ भी देखते-सुनते हैं, वह सब ईश्वर का ही रूप है । अतः पूर्वोक्त कथन ही सर्वमान्य होगा ।

माया और उसके कार्य का विचार प्रारम्भ करते हुए सर्वप्रथम माया के स्वरूप का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - यह माया तमोरूपा है, क्योंकि नृसिंहोत्तर तापनीयोपनिषद् में ऐसा कहा गया है । अनुभव उक्त विषय में प्रमाण है, ऐसी श्रुति ने स्वयं प्रतिज्ञा की है ।१२५।

व्याख्या - ***"मायिनं तु महेश्वरम्"*** (श्वे.उ.) इस श्रुति से ईश्वर मायोपाधिक है, ऐसा निर्णय हो गया । और ***"माया तु प्रकृतिं विद्यात्"*** (श्वे.उ.) माया को प्रकृति जानना चाहिये, ऐसा कहा गया

इत्थं सर्वैरनुभूयमाना माया तमोरूपा कुतस्तापनीये नारसिंहे तदीरणात्तथोक्तेः । तत्र च श्रुति"र्माया च तमोरूपानुभूतेस्तदेतज्जडं मोहात्मकमनन्तं तुच्छमिदं रूप"मित्यादि । सेयं श्रुतिस्स्वयं मायाया तमोरूपत्त्वेऽनुभूतिमेव लोकानुभवमेव मानं प्रमाणं प्रतिजज्ञे ।।

मायाया जडत्त्वे प्रमाणप्रदर्शनम् -

जडं मोहात्मकन्तच्चेत्यनुभावयति श्रुतिः ।
आबालगोपं स्पष्टत्त्वादानन्त्यन्तस्य साब्रवीत् ।। १२६ ।।

अन्वयः - तत् जडं मोहात्मकं च इति श्रुतिः अनुभावयति । आबालगोपं स्पष्टत्त्वात् तस्य आनन्त्यं सा अब्रवीत् ।।

व्याख्या :- मायायास्तमोरूपत्त्वे "तदेतज्जडं मोहात्मक"मित्यादिश्रुतिरेव प्रमाणमेवं सर्वानुभवश्चेत्याह। तच्च मायास्वरूपं जडं मोहात्मकं चाविद्यानिमित्तं चेति श्रुतिरनुभावयति । किञ्च मोहात्मकस्य आनन्त्यमपि सर्वानुभवसिद्धं ब्रवीति । जडं मोहं च प्रकृतेः कार्यमित्याबालगोपालं बालान्गोपांश्च मर्यादीकृत्याव्युत्पन्नमतिपर्यन्तं सर्वचेतनानुभवप्रसिद्धत्त्वादेवाज्ञानस्यानन्त्यं स्पष्टमिति सा श्रुतिरवादीत् । तस्यानन्त्यं च नाविनाशित्त्वेन ज्ञाननिवर्त्यत्त्वात्तस्य । किन्तु सर्वानुभवसिद्धत्त्वादेवानन्त्यमिति दिक् ।।

लोकानुभवाज्जडमोहपदार्थनिरूपणम् -

अचिदात्मघटादीनां यत्स्वरूपं जडं हि तत् ।
यत्र कुण्ठीभवेद्बुद्धिस्स मोह इति लौकिकाः ।। १२७ ।।

। अब यहाँ आकांक्षा होती है कि जगत् की कारणभूता माया का स्वरूप क्या है ? इसका उत्तर श्रुति के अनुसार देते हैं । नृसिंहोत्तरतापनीय नामक उपनिषद् में माया को तमस्वरूपा कहा गया है । "***माया च तमोरूपानुभूतेःतज्जडं मोहात्मकमनन्तं तुच्छमिदं रूपम्***" (नृ.उ.) अतः माया तमोरूपा ही है । वही श्रुति माया के तमोरूपत्व के विषय में अनुभूति (लोकानुभव) को प्रमाण रूप से स्वयं कहती है। अर्थात् उक्तविषय में अनुभव प्रमाण है, ऐसी प्रतिज्ञा श्रुति स्वयं करती है ।

माया के जड़त्व का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - वह माया जड़ और मोहात्मक है ऐसा श्रुति अनुभव करवाती है । बालक से लेकर गौ चरानेवाले गोपाल तक उक्त कथन सभी को स्पष्ट रूप से ज्ञात होने के कारण वह श्रुति माया के आनन्त्य को कहती है ।१२६।

व्याख्या - माया के तमोरूपा होने में "***तदेतज्जडं मोहात्मकं***" (नृ.उ.) इत्यादि श्रुतियाँ प्रमाण हैं, और अनुभव भी इस विषय में प्रमाण है । उसी को कहते हैं कि माया जड़ और मोहात्मक है ऐसा श्रुति अनुभव करवाती है । '***आबालगोपम्***' अर्थात् छोटे बालक से लेकर गौ चराने वाले गोपाल तक सभी को पूर्वोक्त कथन अत्यन्त स्पष्ट रूप से ज्ञात है । अतः श्रुति माया के आनन्त्य का वर्णन करती है ।

जड़ और मोह शब्द के लौकिकार्थ को कहते हैं ।

अर्थ - अचेतन घटादि का जो स्वरूप है, वह जड़ है और जहाँ बुद्धि कुण्ठित हो जाती है, वह मोह है ऐसा लौकिक लोग कहते हैं ।१२७।

अन्वयः - अचिदात्मघटादीनां यत् स्वरूपं तत् हि जडम् । यत्र बुद्धिः कुण्ठीभवेत् सः मोहः इति लौकिकाः ।।

व्याख्या :- प्रथमं जडशब्दार्थमाह । अचिदात्मघटादीनामचेतनानां घटपटकुड्यकुसूलादीनां यत्स्वरूपमस्ति तज्जडमितीर्यते । मुह - वैचित्ये इति धातोस्स्मरणानुसारं मोहशब्दार्थमपि दर्शयति। यत्र यद्विषयाधिगमे बुद्धिः कुण्ठीभवेदुपलक्षिप्तासिधारेव निर्गतनिशितस्वभावा भवति स एव मोह इति लौकिका लोकव्यवहारतत्पराश्शास्त्रमर्यादानभिज्ञा अपि कथयन्ति ।।

शास्त्रमर्यादानुसारेण मायाशब्दार्थनिरूपणम् -

इत्थं लौकिकदृष्ट्यैतत्सर्वैरप्यनुभूयते ।
युक्तिदृष्ट्या त्वनिर्वाच्यन्नासदासीदिति श्रुतेः ॥ १२८ ॥

अन्वयः - इत्थं लौकिकदृष्ट्या एतत् सर्वैः अपि अनुभूयते । युक्तिदृष्ट्या तु अनिर्वाच्यम् । "न असत् आसीत्" इति श्रुतेः ।।

व्याख्या :- आबालगोपमित्यादिना पामरसाधारण्येन सर्वानुभवसिद्धत्त्वरूपं यदानन्त्यं तत्सिद्ध-मित्याह । इत्थं पूर्वं प्रदर्शितमार्गेणैषा माया जडमोहात्मकतमोरूपा सर्वैराविद्वदङ्गनाजनैर्लौकिक-दृष्ट्यानाघ्रातशास्त्रगन्धैरप्यनुभूयते । यद्येवं मायायास्सर्वानुभवसिद्धत्त्वेऽनुभूयमानघटपटादिवज्ज्ञानानिवर्त्यत्त्वं स्यादिति चेन्न । "नासदासीन्नो सदासीत्तदानी"मित्यादिश्रुतेर्युक्तिदृष्ट्या सहेतुकपरामर्शेनाप्यनिर्वाच्यं सत्यमिति वासत्यमिति वा वक्तुमशक्यतत्त्वेति हेतोः । सत्त्वासत्त्वाभ्यां यन्निर्वक्तुमशक्यं तदनिर्वाच्यमिति भावः । तर्काप्रतिष्ठानादिति हेतोरेव नासदासीदिति श्रुतिमपि प्रमाणयतीति ज्ञेयमिति शम् ।।

व्याख्या - प्रथम जड़ का वर्णन करते हैं कि जो घट-पट आदि अचेतन पदार्थ हैं, उनका जो स्वरूप है उसे जड़ कहा जाता है । और जिस विषय को ग्रहण करने में बुद्धि कुण्ठित हो जाए अर्थात् पत्थर पर तलवार चलाने पर जैसे उसकी तीक्ष्णता नष्ट हो जाती है, उसी प्रकार बुद्धि कुण्ठित हो जाए तो वह मोह है, ऐसा लौकिक पुरुष अर्थात् लोकव्यवहारपरायण, शास्त्रभावार्थ से अनभिज्ञ लोग कहते हैं ।

अब शास्त्रों में निरूपित माया के स्वरूप का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - इस प्रकार लौकिक दृष्टि से जड़ता और मोह का अनुभव सभी लोग करते हैं । युक्ति की दृष्टि से माया अनिर्वाच्य है । '**नासदासीत्**' ऐसी श्रुति (इस विषय में) प्रमाण है ।१२८।

व्याख्या - '**आबालगोपालम्**' इस प्रकार कहे गये सामान्य मनुष्यों के द्वारा अनुभव सिद्ध जो आनन्त्य है, वह सिद्ध है । अतः कहते हैं कि पूर्वोक्त प्रकार से कथित माया की जड़ता और मोह का अनुभव लौकिक दृष्टि से सभी लोग करते हैं । यदि कहो कि इस प्रकार माया सर्वानुभव सिद्ध होने के कारण अनुभूयमान घट-पट आदि के समान ज्ञान की निवर्तिका हो जाएगी । तो यह कथन ठीक नहीं है, क्योंकि युक्ति और श्रुति के द्वारा माया का अनिर्वाच्यत्व माना गया है । जो वस्तु न सत् हो और न असत् हो और न सदसद् हो अर्थात् पूर्वोक्त किसी भी प्रकार से जिसका निर्वचन संभव न हो, उसे अनिर्वचनीय कहते हैं । माया भी अनिर्वचनीय होने के कारण ज्ञान की निवर्तिका नहीं हो सकती । "***नासदासीन्नोसदासीत्तदानीम्***" इस प्रकार ऋग्वेदीय नासीदयसूक्त भी पूर्वोक्त कथन में प्रमाण है।

नासदासीदितिश्रुतेरभिप्रायवर्णनम् -

नासदासीद्विभातत्त्वान्नो सदासीच्च बाधनात् ।
विद्यादृष्ट्या श्रुतन्तुच्छं तस्य नित्यनिवृत्तितः ॥ १२९ ॥

अन्वयः - न असत् आसीत् विभातत्त्वात् च नो सत् आसीत् बाधनात् । विद्यादृष्ट्या तुच्छं श्रुतम् । तस्य निवृत्तितः ।।

व्याख्या :- तमोरूपिणी माया सम्यग्विभातीति प्रत्यक्षतया प्रतीयमानत्त्वादसदभावरूपा नासीत्। बाधना"न्नेह नानास्ति किञ्चने"ति श्रुतिप्रामाण्येन नो सदप्यासीदिति । बाधितत्त्वेन निषिद्धत्त्वान्न भावरूपा च। सदसद्रूपत्त्वभावाभावरूपतैकस्य वस्तुन एककालावच्छेदेन विरुद्धत्त्वान्न कदापि युक्तमिति श्रुत्यैवोपेक्षितम् । एवञ्च मायाया युक्तिदृष्ट्या सिद्धमनिर्वचनीयत्त्वम् । विद्या दृष्ट्या ज्ञानदृशा मायाया रूपं तुच्छमलीकमिति श्रुतौ श्रुतम् । सा च श्रुति"स्तुच्छमिदं रूपमस्ये"ति । नित्यनिवृत्तितो निरन्तरं ज्ञानेन निवारितत्त्वाद्विद्वदनुभवेनेयं श्रुतिर्मायायास्तुच्छत्त्वं दर्शयति । अत एव वार्तिककारै "ब्रह्मदृष्ट्या त्वविद्येयं न कथञ्चन युज्यत" इति बोधयन्ति ।

मायायाः प्रकारत्रयप्रदर्शनम् -

तुच्छाऽनिर्वचनीया च वास्तवी चेत्यसौ त्रिधा ।
ज्ञेया माया त्रिभिर्बोधैश्श्रौतयोक्तिकलौकिकैः ॥ १३० ॥

अन्वयः - श्रौतयौक्तिकलौकिकैः त्रिभिः बोधैः असौ माया तुच्छा अनिर्वचनीया च वास्तवी इति त्रिधा ज्ञेया ।।

पूर्वोक्त श्रुति के अभिप्राय को दर्शाते हैं ।

अर्थ - प्रतीति के कारण माया न असत् थी और बाधित होने के कारण न सत् ही थी । नित्यनिवृत्त होने से ज्ञानदृष्टि द्वारा उसका (मायाका) तुच्छत्व (श्रुति में) सुना गया है ।१२९।

व्याख्या - तमोरूपिणी माया प्रत्यक्ष रूप से प्रतीयमान होने के कारण असत् (अभावरूपिणी) नहीं थी । और "***नेह नानास्ति किंचन***" (कठो. २/४/११) इस श्रुति से अनुप्राणित "***नो सदासीद्***" इस श्रुति से बाधित होने के कारण अर्थात् उसका निषेध होने के कारण वह माया सद्रूपिणी भी नहीं थी । वस्तु या तो भाव रूप होती है या अभाव रूप । उन दोनों से भिन्न रूप से उसका वर्णन कदापि संभव नहीं है । अतः माया न सत् है, न असत् है और न सदसत् है, किन्तु इनसे विलक्षण अनिर्वचनीय है । इस प्रकार माया के अनिर्वचनीयत्व को युक्ति से प्रदर्शित कर अब उसका तुच्छत्व बताते हैं । निरन्तर ज्ञान के द्वारा निवारित होने के कारण विद्यादृष्टि से (ज्ञानदृष्टि से) माया का स्वरूप तुच्छ अर्थात् खरगोश के सींग के समान अलीक है "***तुच्छमिदं रूपमस्य***" (नृ.उ.) इस प्रकार श्रुति में भी माया का तुच्छत्व सुना गया है।

अब माया के तीन प्रकार बताते हैं ।

अर्थ - वह माया श्रुति, युक्ति और लौकिक इन तीन प्रकार के ज्ञान से तुच्छ, अनिर्वचनीय और वास्तविक इन तीन प्रकार की जाननी चाहिये ।१३०।

व्याख्या - उपपादित अर्थ का उपसंहार करते हुए कहते हैं कि वह माया श्रुति, युक्ति और लौकिक

व्याख्या :- उपपादितमर्थमुपसंहरन्नाह । असौ माया श्रौतयौक्तिकलौकिकैश्श्रुतियुक्तिलोक-सम्बन्धिभिस्त्रिभिर्बोधैः ज्ञानैर्यथाक्रमं श्रौतबोधेन तुच्छा कालत्रयेऽप्यसती यौक्तिकबोधेन सदसद्भ्यामनिर्वचनीया लौकिकबोधेन च वास्तवीत्येव रूपेण त्रिधा प्रकारत्रयमविशिष्टा ज्ञेया माया। लोकदृष्ट्या दर्शनमात्रेण सत्यतया भासमाना युक्तितः किञ्चिद्विचार्यमाणे न सती नाप्यसतीत्येवंरूपा शास्त्रतः परमार्थदृष्ट्या परिशील्यमाने सर्वात्मनाऽसत्यैवेति सार इति दिक् ।।

मायाकृत्यनिरूपणम् -

अस्य सत्त्वमसत्त्वञ्च जगतो दर्शयत्यसौ ।
प्रसारणाच्च सङ्कोचाद्यथा चित्रपटस्तथा ॥ १३१ ॥

अन्वयः - असौ अस्य जगतः सत्त्वम् असत्त्वं न दर्शयति । प्रसारणात् च सङ्कोचात् यथा चित्रपटः तथा ।।

व्याख्या :- एवं विधा माया जगतस्सत्त्वासत्त्वे दर्शयतीत्याह । नृसिंहोत्तरतापनीये चा"स्य सत्त्वमसत्त्वं दर्शयती"त्येवं श्रूयमाणायाश्श्रुतेरप्यर्थं विशदीकरोति च । अस्य जगतस्सत्त्वमसत्त्वं चासौ माया दर्शयति । प्रकृतप्रकरणानुरूपं दृष्टान्तमुपस्थापयति । यथा चित्रपटः प्रसारणाच्चित्रपटगत-चित्रनिचयानां सत्त्वं सङ्कोचात्तेषामभावं च सन्दर्शयति । तद्वदेव हि माया जगतस्सत्यमुत्पत्तिस्थितिभ्यां चासत्त्वं च प्रलयेन प्रदर्शयतीति शम् ।।

इन तीन प्रकार के ज्ञान से यथाक्रम तुच्छ, अनिर्वचनीय और वास्तविक इन तीन प्रकार की होती है । अर्थात् शास्त्रज्ञान के द्वारा माया तुच्छ अर्थात् तीनों कालों में असत्, युक्ति के द्वारा सद्-असद् रूप से अवर्णनीय होने के कारण अनिर्वचनीय और लौकिक दृष्टि से सत्य रूप से भासित होने के कारण वास्तविक प्रतीत होती है, इस तरह माया तीन प्रकार की है ।

अब माया के कृत्य का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - जैसे चित्रपट के प्रसारण और संकोचादि के द्वारा चित्र का सदसद्भाव दिखता है, उसी प्रकार वह माया इस जगत् की सत्यता और असत्यता को दिखाती है ।१३१।

व्याख्या - इस प्रकरण के प्रारम्भ में वस्त्र पर बने चित्र (चित्रपट) का विस्तार से वर्णन किया गया है । फेले हुए चित्र के समान माया विश्व रूप में फैली हुई दिखाई देती है । और चित्र को लपेट लेने पर जैसे केवल वस्त्र ही दिखाई देता है चित्रस्थ नदी, पर्वत, पशु, पक्षी आदि नहीं दिखाई देते, ठीक उसी तरह माया इस जगत् की सत्यता और असत्यता को भी दिखाती है । अर्थात् माया के द्वारा ही जगत् की सत्यता और असत्यता का ज्ञान होता है । जगत् की उत्पत्ति और स्थिति के द्वारा माया जगत् में सत्यत्व को दिखाती है और प्रलय के द्वारा उसकी असत्यता (असत्व) को दिखाती है ।

मायायास्स्वातन्त्र्यास्वातन्त्र्ययोः प्रदर्शनम् -

अस्वतन्त्रा हि माया स्यादप्रतीतेर्विना चितिम् ।
स्वतन्त्रापि तथैव स्यादसङ्गस्यान्यथाकृतेः ॥ १३२ ॥

अन्वयः - माया चितिं विना अप्रतीतेः अस्वतन्त्रा हि स्यात् । तथा एव असङ्गस्य अन्यथाकृतेः स्वतन्त्रा अपि स्यात् ।।

व्याख्या :- चितिं स्वभासकचैतन्यं विना प्रतीतेर्माया स्वतन्त्रा हि । स्वस्यात्मनस्तन्त्राधीना भवतीति स्वतन्त्रतरव्यापारानधीना तथा न सा भवतीत्यस्वतन्त्रा । चिदधीना हि मायाप्रतीतिरिति भावः । तथैवासङ्गस्य कूटस्थस्यन्यथाकृतेर्जगदाकारेण करणात्स्वतन्त्रापीति भावः । श्रुतिश्च भवति "स्वतन्त्रास्वतन्त्रत्त्वे ने"ति । असङ्गस्यापि कूटस्थस्य ससङ्गत्त्वापादिकेवाभासते मायेति तात्पर्यमिति शम् ।।

असङ्गचिदात्मनोऽपि माया ससङ्गत्त्वमापादयतीति विशदीकरणम् -

कूटस्थासङ्गमात्मानं जगत्त्वेन करोति सा ।
चिदाभासस्वरूपेण जीवेशावपि निर्ममे ॥ १३३ ॥

अन्वयः - सा कूटस्थासङ्गम् आत्मानं जगत्त्वेन करोति चिदाभासस्वरूपेण जीवेशौ अपि निर्ममे।।

व्याख्या :- "जीवेशावभासने करोती"ति श्रुतेर्मायाचिदाभासात्मना जीवमीश्वरमपि प्रकटयतीति वदति । सा माया कूटस्थासङ्गं यस्मात्कूटस्थो निर्विकार्यत एवासङ्गस्तादृशमात्मानं प्रत्यगभिन्नमद्वितीय जगत्त्वेन जगद्रूपेण करोति चिदाभासस्वरूपेण जीवेशावपि निर्ममे ससर्जेति जीवेश्वरविभागमपि मायैव प्रकल्पयतीति भाव इति शम् ।।

माया की स्वतन्त्रता और अस्वतन्त्रता का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - चैतन्य के बिना माया की प्रतीति न होने के कारण जैसे वह परतन्त्र है, उसी प्रकार असङ्ग कूटस्थ आत्मा को अन्यथा (संगवान् और विकारी) बना देने के कारण वह स्वतन्त्र भी है ।१३२।

व्याख्या - जैसे सर्पभ्रम रस्सी रूपी अधिष्ठान के बिना प्रतीत नहीं होता है, उसी प्रकार स्वयंप्रकाश चैतन्य के बिना माया की प्रतीति नहीं होती है क्योंकि चैतन्य उसका अधिष्ठान है । माया चैतन्य के अधीन है, स्वतन्त्र (स्वयं के अधीन) नहीं है, इसलिए वह परतन्त्रा अर्थात् आत्मा के द्वारा प्रेरित है । माया केवल परतन्त्रा ही नहीं है किन्तु स्वतन्त्रा भी है । कैसे ? तो कहते हैं कि जो कूटस्थ असंग आत्मा है, उसको यह माया जगदाकार बना देती है । इसी कारण से वह स्वतन्त्रा भी है ।

असंग आत्मा के अन्यथाकरण को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - वह माया कूटस्थ असंग आत्मा को जगद्रूप बना देती है और चिदाभास रूप से जीव और ईश्वर की भी रचना कर देती है ।१३३।

व्याख्या - असंग आत्मा में माया के द्वारा ससंगता प्रतीत होती है । वह माया कूटस्थ (निर्विकार) होने के कारण जो असंग है, उस आत्मा को (प्रत्यगात्मा को) जगद्रूप बना देती है । इतना ही नहीं, वह चिदाभास की कल्पना के द्वारा जीव और ईश्वर की भी रचना कर देती है । अर्थात् जीव और ईश्वर के विभाग की कल्पना भी माया के द्वारा ही होती है ।

मायाया दुर्घटकारित्त्वप्रदर्शनम् -

कूटस्थमनुपद्रुत्य करोति जगदादिकम् ।
दुर्घटैकविधायिन्यां मायायाङ्का चमत्कृतिः ॥ १३४ ॥

अन्वयः - कूटस्थम् अनुपद्रुत्य जगदादिकं करोति । दुर्घटैकविधायिन्यां मायायां का चमत्कृतिः।।

व्याख्या :- कूटस्थो यदि जगदाकारेण दृश्यते तदा कूटस्थत्त्वस्यैव हानिरिति चेन्नेत्याह । कूटस्थमनुपद्रुत्य तत्स्वरूपमनुपमृद्याबाधित्त्वा तत्र किञ्चिदपि विकारमसम्पादयन्त्येव जगद्बुद्धिं तत्र जनयतीति भावः । जगदादिस्वरूपत्त्वापादनं कूटस्थत्त्वाविघातेन दुर्घटमेवेति चेन्न । "दुर्घटैकविधायिन्यां दुर्घटितघटनामात्रफलिकायां मायायां का चमत्कृतिर्न किमप्याश्चर्यावहमस्तीत्यर्थः । यद्यस्या अघटितघटनापटीयस्त्वं न स्यान्मायात्त्वमेव भज्येतेति दिक् ।।

दुर्घटकारित्त्वस्य मायाया नैसर्गिकगुणत्त्वप्रतिपादनम् -

द्रवत्त्वमुदके वह्नावौष्ण्यङ्काठिन्यमश्मनि ।
मायाया दुर्घटत्त्वे च स्वतस्सिद्ध्यति नान्यतः ॥ १३५ ॥

माया के दुर्घटकारित्व का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - माया कूटस्थ में किसी भी प्रकार का उपद्रव किये बिना ही जगत् आदि की रचना करती है । दुर्घटैकविधायिनी माया में यह क्या आश्चर्य है ?१३४।

व्याख्या - माया यदि कूटस्थ को ही जगद्रूप बना देती है तो फिर कूटस्थत्व की ही हानि हो जाएगी अर्थात् जो अविकारी होता है, उसे ही कूटस्थ कहते हैं । यदि माया के द्वारा कूटस्थ चैतन्य में कुछ भी परिवर्तन होता है तो उसे कूटस्थ कहना ही गलत है । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि वह माया कूटस्थ चैतन्य में किसी भी प्रकार का थोड़ा-सा भी विप्लव नहीं करती है । अर्थात् कूटस्थत्व का बाध किये बिना ही, उसमें किसी भी प्रकार का विकार न करते हुए ही उसी कूटस्थ में जगदादि की कल्पना करती है । जैसे रज्जु के स्वरूप का बाध किये बिना ही उसमें सर्प की कल्पना की जाती है, ठीक उसी तरह से यहाँ भी जानना चाहिये। यदि कहो कि कूटस्थ में विकार किये बिना जगत्, जीव और ईश्वरादि की कल्पना कैसे संभव है ? इसका उत्तर देते हैं कि यह माया दुर्घटैकविधायिनी है अर्थात् जो दुर्घट है, उसे ही घटित करना माया का कार्य है ***"अघटितघटना पटीयसी माया"*** अर्थात् माया दुर्घट (असंभव) पदार्थ की घटना करने में चतुर है । मरु स्थल में जल की प्रतीति होते हुए भी बालू का एक कण भी भीगता नहीं है, उसी प्रकार माया की रचना जादू के खेल के समान प्रतीति मात्र है । माया अघटित घटना पटीयसी होने के कारण उसके द्वारा उपर्युक्त कथन में क्या आश्चर्य है ? अर्थात् कुछ भी आश्चर्य नहीं है । माया असम्भव को भी सम्भव करने का सामर्थ्य रखती है अतः कूटस्थ में बिना विकार किये ही माया जगदादि की रचना कर सकती है । भाव यह है यदि माया का अघटितघटनापटीयसित्व ही न होता तो उसका मायात्व ही भंग हो जाता ।

माया का दुर्घटैकविधायित्व स्वाभाविक है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - जैसे जल में द्रवत्व, अग्नि में उष्णता और पत्थर में काठिन्य है, उसी प्रकार माया में दुर्घटत्व स्वतःसिद्ध है, इसका कोई अन्य कारण नहीं है।१३५।

अन्वयः – उदके द्रवत्त्वं वह्नौ औष्ण्यम् अश्मनि काठिन्यं च मायाया दुर्घटत्त्वं स्वतः सिद्ध्यति अन्यतः न ।।

व्याख्या :– उदके यथा द्रवत्त्वं वह्नौ चौष्ण्यमश्मन्यपि काठिन्यं तथैव मायाया दुर्घटत्त्वमपि स्वत एव सिद्ध्यति नान्यतः कुतश्चित्कारणादेतत्सिद्ध्यति । तस्मात्स्वाभाविकमेतदिति भाव इति दिक् ।।

आज्ञानोदयमाश्चर्यकरी मायेति निरूपणम् –

न वेत्ति लोको यावत्तां साक्षात्तावच्चमत्कृतिम् ।
धत्ते मनसि पश्चात्तु मायैषेत्युपशाम्यति ।। १३६ ।।

अन्वयः – लोकः यावत् तं साक्षात् न वेत्ति तावत् मनसि चमत्कृतिं धत्ते । पश्चात् तु एषा माया इति उपशाम्यति ।।

व्याख्या :– मायाया दुर्घटघटनासामर्थ्यं नाश्चर्यकरमित्युक्तिर्नोपपद्यते । मायायाश्चमत्कारहेतुत्त्वस्य लोके सर्वैरनुभूयमानत्त्वादिति चेन्न । प्रयोक्तृत्त्वसाक्षात्कारावध्येव मायाया आश्चर्यकारणत्त्वेन तदुपरि नेत्याह । लोकस्तां मायां यावत्कालं साक्षात्प्रत्यक्षाद्यनुभवतो न वेत्ति तन्मयानियन्तारमद्वैत-मात्मानमपरोक्षतया प्रत्यगभेदेन न साक्षात्करोति तावत्कालं तां चमत्कृतिं लोकस्य मनसि धत्ते जनयति । पश्चात्साक्षात्कारोत्तरं विज्ञाय सम्यगनुभूयैषा चमत्कृतिर्माया तत्कल्पितैति स्वयमुपशाम्यति। तत्त्वसाक्षात्कारात्प्रागेवास्या मायायाः प्रभावो न ज्ञानोत्तरं किञ्चिदपीति शम् ।।

व्याख्या – माया के दुर्घटत्व को स्वाभाविक सिद्ध बताते हुए दृष्टान्त देते हैं कि जैसे जल, अग्नि और पत्थर में क्रम से द्रवत्व, उष्णता और काठिन्य स्वाभाविक है । किसी अन्य के द्वारा उनमें द्रवत्वादि गुण नहीं हैं, ठीक उसी प्रकार असंभव को संभव बना देना माया का स्वभाव ही है । जो स्वतःसिद्ध होता है, उसे ही स्वभाव कहते हैं । और जो स्वाभाविक होता है, वह परप्रेरित नहीं होता है, अतः माया के दुर्घटत्व का अन्य कोई कारण नहीं है, माया स्वयं दुर्घटत्व रूपा ही है ।

जब तक अज्ञान है, तभी तक माया में चमत्कार प्रतीत होता है, इसका वर्णन करते हैं।

अर्थ – मनुष्य जब तक उस माया को साक्षात् नहीं जान लेता तब तक वह उसकी चमत्कृति को मन में धारण करता है और उसके पश्चाद् यह माया ही है, ऐसा जानकर शान्त हो जाता है ।१३६।

व्याख्या – 'माया में दुर्घट घटना का सामर्थ्य आश्चर्यकारक नहीं है' यह कथन उचित नहीं है क्योंकि माया के चमत्कार का सभी को अनुभव होता है । यदि ऐसा कहें तो यह ठीक नहीं है क्योंकि ज्ञान से पूर्व ही माया में आश्चर्यजनकता रहती है, ज्ञानोत्तरकाल में नहीं । मनुष्य जब तक उस माया को साक्षात् नहीं जान लेता तभी तक उसके मन में माया आश्चर्य को उत्पन्न करती है । अर्थात् माया का चमत्कार मन में तभी तक अद्भूत प्रतीत होता है जब तक कि उसके प्रेरक आत्मा का साक्षात्कार न हो जाए । साक्षात्कार हो जाने के पश्चात् 'यह माया का खेल है' ऐसा जानकर मनुष्य उसके चमत्कारों से चकित नहीं होता है । उसके मन में माया की आश्चर्यकारणता शान्त हो जाती है । चमत्कार को मायामय जानकर वह पूर्णरूप से शान्त हो जाता है । भाव यह है कि तत्त्वज्ञान के पूर्व ही माया का प्रभाव रहता है, ज्ञानोत्तर काल में नहीं।

वस्तुतोऽविद्यमानाया मायाया निरूपणं नात्यावश्यकमिति प्रदर्शनम् -

प्रसरन्ति हि चोद्यानि जगद्वस्तुत्त्ववादिषु ।
न चोदनीयं मायायां तस्याश्चोद्यैकरूपतः ॥ १३७ ॥

अन्वयः - जगद्वस्तुत्त्ववादिषु चोद्यानि प्रसरन्ति हि । मायायां चोदनीयं न । तस्याः चोद्यैकरूपतः।।

व्याख्या :- कूटस्थत्त्वमबाधित्त्वा जगज्जीवेश्वरादिना तं कथं माया सन्दर्शयतीति चेन्न । जगत्सत्यत्त्ववादिषु नैयायिकादिष्वारम्भपरिणामादिवादशीलेष्वेव कार्यकारणभावप्रश्नपरम्परास्स्युर्न विवर्तवादिषु वेदान्तिषु यतोऽतो न प्रसरन्तीत्याह । जगद्वस्तुत्त्ववादिषु जगतो वस्तुत्त्वस्य परमार्थसत्यत्त्वस्य वादिषु तार्किकेषु चोद्यानीमानि "किमस्य स्वरूपं ? किं वास्य कारणं? कथमस्योपपत्तिः ?" इत्यादिप्रश्नाः प्रसरन्ति संभवन्ति । न परमार्थतत्त्ववादिषु वेदान्तिषु मायायां मायासम्बन्धिविषये चोदनीयमाक्षेप्तव्यं न विद्यते न किञ्चिदस्तीति भावः । कस्तत्र हेतुः ? तस्या मायायाश्चोद्यैकरूपतश्चोद्यमेवैकं मुख्यं रूपं स्वरूपमित्यत आक्षेपमूलभूताज्ञानमात्रस्वरूपत्त्वादिति शम्।।

अभेदवादिषु चोद्यानामघटितत्त्वनिरूपणम् -

चोद्येऽपि यदि चोद्यं स्यात्त्वच्चोद्ये चोद्यते मया ।
परिहार्यन्ततश्चोद्यन्न पुनः प्रतिचोद्यताम् ॥ १३८ ॥

अन्वयः - चोद्ये अपि यदि चोद्यं स्यात् त्वच्चोद्ये मया चोद्यते । ततः चोद्यं परिहार्यं पुनः प्रतिचोद्यतां न ।।

व्याख्या :- भेदवादिनां विवर्तवादिष्वाक्षेपाग्रहे पूर्वपक्ष्याक्षेपलक्षणे कार्ये नियमेन वक्तव्ये कार्यत्त्वादेव हेतोः किञ्चित्कारम् । कारणत्त्वं च कार्यनियतपूर्ववृत्तित्त्वमेवेति कार्यसापेक्षमित्य-

---

वस्तुतः माया का निरूपण आवश्यक नहीं है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - जगत् को सत्य मानने वाले नैयायिकों के प्रति ये (माया विषयक) प्रश्न प्राप्त होते हैं, वस्तुतः माया के विषय में प्रश्न करना उचित नहीं है, क्योंकि माया तो स्वयं प्रश्नरूपा है ।१३७।

व्याख्या - कूटस्थ का बाध किये बिना माया जगत्, जीव और ईश्वरादि की कल्पना कैसे कर सकती है ? इत्यादि प्रश्न जगत् को सत्य मानने वाले नैयायिकों के प्रति ही संभव है, वेदान्तानुयायियों के प्रति नहीं। जगत् को परमार्थ रूप से सत्य मानने वाले नैयायिक लोग वस्तुवादी माने जाते हैं । उनके अनुसार जगत् सत्य है अतः उनको इस जगत् का क्या स्वरूप है ? इसका कारण क्या है ? इसकी उत्पत्ति कैसे हुई ? इत्यादि प्रश्नपरम्परा प्राप्त होती है क्योंकि उनके मतानुसार जगत् सत्य है । किन्तु वेदान्तशास्त्रप्रतिपादक माया के विषय में उपर्युक्त प्रश्नपरम्परा संभव नहीं है क्योंकि माया सत्य नहीं है, अतः मायिक पदार्थ के विषय में शंका के लिए स्थान ही नहीं है क्योंकि माया स्वयं ही प्रश्नरूपा है ।

मायाविषयक प्रश्न संभव नहीं है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - यदि प्रश्नरूपा माया के विषय में तुम प्रश्न करते हो तो तुम्हारे प्रश्न पर मैं प्रश्न करता हूँ , अतः प्रश्न का परिहार होना चाहिये । एक प्रश्न के सामने दूसरा प्रश्न करना उचित नहीं है ।१३८।

व्याख्या - अद्वैताचार्य कहते हैं कि माया स्वयं प्रश्नरूपा है, अतः उसके विषय में प्रश्न करना

तोऽन्योऽन्याश्रय इत्यादय आक्षेपा भेदवादिपक्ष एव स्युः तेषां सुदुर्लभ एव परिहार इति भेदवादिनाक्षेपो नैव कर्तव्योऽभेदवादिनं प्रतीत्याह । चोद्येऽप्याक्षेपेऽपि चोद्यमाक्षेपो यदि स्यात्त्वच्चोद्ये भेदवाद्याक्षेपे मयाभेदवादिना चोद्यत आक्षिप्यते । ततो मदाक्षेपोत्तरं चोद्यं मत्कृत आक्षेपः परिहार्यो निरसनीय एव । न पुनः प्रतिचोद्यतां पुनः पुनराक्षेपानामुपर्युपरि चाक्षेपः कार्यः । आक्षेपार्हे वस्तुनि कृतो य आक्षेपस्स पुनः प्रत्याक्षेपं नैवार्हतीति दिक् ।।

मायायाः परिहारे धीमद्भिरप्यन्वेष्टव्य उपाय इत्युपपादनम् –

विस्मयैकशरीराया मायायाश्चोद्यरूपतः ।
अन्वेष्यः परिहारोऽस्या बुद्धिमद्भिः प्रयत्नतः ।। १३९ ।।

अन्वयः – विस्मयैकशरीरायाः मायायाः चोद्यरूपतः । अस्याः परिहारः बुद्धिमद्भिः प्रयत्नतः अन्वेष्यः ।।

व्याख्या :– आस्तां तावत्प्रतिवादिनां विषये खण्डनयुक्तिः । परं जिज्ञासूनां कथं समाधिरित्यत्राभिधीयते । चोद्यरूपतश्चोद्यस्याक्षेप्तव्यस्य संशयविषयीभूतार्थस्य रूपं स्वरूपं येनाज्ञानेनेति हेतोरज्ञाने सत्येव कुत्राप्यर्थे सन्दिग्धता भासते स्थाणुरयं नवेत्यादिना । तस्मादज्ञानमात्ररूपाया आक्षेपस्वरूपाया विस्मयैकशरीराया आश्चर्यमात्ररूपाया अघटितघटनापाटवेनाद्भुतगात्राया अस्या एतादृश्यास्सर्वैरनुभूयमानाया मायायाः परिहार एव प्रतिक्रियैव बुद्धिमद्भिः "एतद्बुध्वा बुद्धिमान्स्यात्कृतकृत्यश्च भारते"ति गीतावचनात्परोक्षज्ञानवद्भिरथवा परोक्षधीयुक्तैर्मुमुक्षुभिर्वा प्रयत्नतः प्राणान्तोद्यमनेनान्वेष्यः । नोपेक्षणीयः।

ठीक नहीं है । यदि प्रश्नरूपा माया के विषय में तुम प्रश्न करते हो तो तुम्हारे प्रश्न पर मैं प्रश्न करता हूँ । अर्थात् तुम्हारे मायाविषयक आक्षेप पर मैं पुनः आक्षेप करता हूँ । अतः मेरे आक्षेप करने पर तुम्हें उस आक्षेप का परिहार (निराकरण) करना चाहिये । आक्षेप के ऊपर पुनः आक्षेप नहीं करना चाहिये । आक्षेपयोग्य वस्तु में किया गया जो आक्षेप है, उस पर पुनः प्रत्याक्षेप नहीं हो सकता ।

बुद्धिमान पुरुषों के द्वारा भी माया का परिहार अन्वेषणीय है, इसका वर्णन करते हैं।

अर्थ – प्रश्न रूपा होने के कारण विस्मय रूपा इस माया के परिहार का बुद्धिमान मनुष्यों को यत्नपूर्वक अन्वेषण करना चाहिये ।१३९।

व्याख्या – माया के निराकरण का प्रयत्न करने वाले सभी को वेदान्त पक्ष ही स्वीकार करना पड़ेगा । इस आशय से कहते हैं कि प्रश्नरूपा होने के कारण जो विस्मय रूपा (आश्चर्यमात्र स्वरूप वाली) माया है, उस अघटित घटना पटीयसी और सभी के द्वारा अनुभूत इस माया का परिहार बुद्धिमान पुरुषों को करना चाहिये । "***एतद्बुद्ध्वा बुद्धिमान्स्यात्कृतकृत्यश्च भारत***" (गी.१५/२०) इस भगवद्गीता के वचनानुसार परोक्ष ज्ञान वालों को अथवा अपरोक्ष बुद्धियुक्त मुमुक्षुओं को प्रयत्नपूर्वक अर्थात् प्राणान्त तक इस माया के परिहार के लिए उद्यम पूर्वक अन्वेषण करना चाहिये । इसकी उपेक्षा नहीं करनी चाहिये । भाव यह है कि हम भी उसी का अन्वेषण कर रहे हैं, यदि आप भी बुद्धिमान हो तो उसके अन्वेषण रूप मार्ग का अवलम्बन कर हमारे पक्ष में ही अन्तर्भाव की इच्छा करो । बुद्धिमानों को माया की निवृत्ति के लिए किये जाने वाले प्रयास पर आस्था रखनी चाहिये । यदि भेदवादी लोग भी ऐसा ही कहें कि हम

तस्माद्बुद्धिमद्भिस्सवैरेव मायाया दूरीकरणे यत्न आस्थेयो यदि भेदवादिनोऽपि स एव प्रयत्नोऽस्माभिर्विधीयत इति वदेयुस्तदा वेदान्तिनामेव पक्षमाश्रित्याद्वैतमार्गेण तदन्वेषणं क्रियतामित्युच्यत इति शम् ।।

लोकप्रसिद्धस्यैव मायालक्षणस्य स्वीकार्यतोपदेशनम् -

मायात्वमेव निश्चेयमिति चेत्तर्हि निश्चिनु ।
लोकप्रसिद्धमायाया लक्षणं यत्तदीक्ष्यताम् ।। १४० ।।

अन्वयः - मायात्त्वम् एव निश्चेयम् इति चेत् तर्हि निश्चिनु । लोकप्रसिद्धमायायाः यत् लक्षणं तत् ईक्षताम्।।

व्याख्या :- आदौ मायात्त्वे निश्चिते ततस्तत्परिहारान्वेषणं भवेत्समुचिततरम् । सोऽयं मायात्त्वनिश्चयो हि विद्वदनुभवैकसाध्य इति प्रागवोचि "न वेत्ति लोको यावत्तां साक्षात्तावच्चमत्कृतिम्। धत्ते मनसि पश्चात्तु मायैषेत्युपशाम्यति"।। इत्यत इदानीं मायालक्षणं प्रथमं लोकादवगन्तव्यमित्याह। मायानिरसनगवेषणायादौ मायात्त्वमेव निश्चेतव्यमित्यभिप्रैषि चेत्तदा लोकप्रसिद्धमायालक्षणसद्भावात्तन्मायात्त्वं निश्चिनु यल्लोकप्रसिद्धमायाया लक्षणं तदेवेक्ष्यतां त्वयात्रेति दिक् ।।

लोकसिद्धस्य मायालक्षणस्य निरूपणम् -

न निरूपयितुं शक्या विस्पष्टं भासते च या ।
सा मायेतीन्द्रदालादौ लोकास्सम्प्रतिपेदिरे ।। १४१ ।।

अन्वयः - निरूपयितुं शक्या न । (अपि) च विस्पष्टं भासते सा माया इति इन्द्रजालादौ लोकाः सम्प्रतिपेदिरे ।।

व्याख्या :- लोकप्रसिद्धं मायालक्षणं यन्निरूपणानर्हत्त्वे सति स्पष्टतरमवभासमानत्त्वमिति तदाह।

भी वैसा ही प्रयत्न करते हैं तब तो उनको वेदान्त पक्ष का आश्रय लेकर अद्वैतमार्ग के द्वारा ही उसका अन्वेषण करना चाहिये ।

अर्थ - यदि कहो कि मायात्व का ही निश्चय पहले कर लेना चाहिये, तो उसी का निश्चय कर लो । लोक प्रसिद्ध माया के जो लक्षण हैं, उसे (प्रकृत में भी) देखो (जानो) ।१४०।

व्याख्या - माया के स्वरूप की सिद्धि हो जाने पर उसके परिहार का अन्वेषण भी सुलभ हो जाएगा। अभी तक तो माया के स्वरूप का ही निश्चय नहीं हुआ है । ऐसी आशंका कर उसका उत्तर देते हैं । पूर्वपक्षी कहता है कि सर्वप्रथम तो मायात्व का ही निश्चय करना चाहिये उसके बाद उसके निराकरण पर विचार करना चाहिये । इस पर सिद्धान्ती कहता है कि ठीक है, तुम उसी का निश्चय कर लो । लोक में प्रसिद्ध जो माया के लक्षण है, इस माया का भी वैसा ही लक्षण है, ऐसा तुम जानो । अर्थात् इन्द्रजाल, गारुडी विद्या या जादू के नाम से प्रसिद्ध जो लौकिक माया के लक्षण हैं, जिसे सभी जानते हैं । वही लक्षण माया के भी हैं ।

लोकसिद्ध माया के लक्षण का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - जिसका निरूपण करना अशक्य है किन्तु जो विस्पष्ट भासित होती है, वह माया है । लोगों ने इन्द्रजालादि में इसे सम्यक् रूप से जाना है ।१४१।

व्याख्या - माया इन्द्रजाल के समान ही अद्भुत है । जादूगर अपने जादू के बल पर अनहोनी बातें

लोक इन्द्रजालादाविदमित्थमिति शृङ्गग्राहितया या निरूपयितुं न शक्याऽथापि विस्पष्टं प्रत्यक्षाद्यनुभवाद्भासते प्रतीयते सैव मायेति लोका जनास्सम्प्रतिपेदिरे विजानन्ति । अत्र ब्रह्मणि तुच्छे चातिव्याप्तिवारणायैव मायात्त्वलक्षणे निरूपणानर्हत्त्वे सति विस्पष्टतरमवभासमानत्त्वमिति दलद्वयमुपन्यस्तमिति वेदितव्यमिति दिक्।।

मायालक्षणसमन्वयप्रदर्शनम् –

स्पष्टं भाति जगच्चेदमशक्यन्तन्निरूपणम् ।
मायामयं जगत्तस्मादीक्षस्वापक्षपाततः ॥ १४२ ॥

अन्वयः – इदं जगत् स्पष्टं भाति तन्निरूपणं च अशक्यम् । तस्मात् जगत् अपक्षपाततः मायामयम् ईक्षस्व।।

व्याख्या :– जगदिदं गिरिनदीतरुदर्यादिकं नरमृगखगादिकं च यत्स्पष्टं भाति तथा तन्निरूपणं तस्य जगतस्तत्त्वनिरूपणं चाशक्यं तन्मायामयं जगद्यतस्तस्मादपक्षपाततस्तटस्थबुद्ध्येक्षस्व ।।

जगतोऽनिरूपणीयताया निरूपणम् –

निरूपयितुमारब्धे निखिलैरपि पण्डितैः ।
अज्ञानं पुरतस्तेषां भाति कक्षासु कासुचित् ॥ १४३ ॥

अन्वयः – निखिलैः पण्डितैः अपि निरूपयितुम् आरब्धे तेषां कासुचित् कक्षासु पुरतः अज्ञानं भाति।।

भी करके दिखा देता है । 'इदमित्थम्' यह इस प्रकार है, इस तरह से जिसका निरूपण करना शक्य नहीं है फिर भी जो स्पष्ट रूप से भासित होती है अर्थात् प्रत्यक्ष रूप से प्रतीत होती है, वही माया है । इन्द्रजालादि में लोगों ने इस बात को ठीक तरह से जाना है । जब कोई जादूगर लोगों के सामने जादू के पदार्थ प्रस्तुत करता है तब विचारवान यह समझ जाते हैं कि आँखों से हम जो कुछ भी देख रहें हैं, वह सत्य नहीं है । माया का भी यही लक्षण है ।

उक्त लक्षण को प्रकृत में घटाते हैं ।

अर्थ – यह जगत् स्पष्ट भासित होता है किन्तु उसका निरूपण करना अशक्य है । इसलिए जगत् मायिक है । इस प्रकार पक्षपातरहित होकर देखो ।१४२।

व्याख्या – मायारचित इस जगत् में माया के लक्षण स्पष्ट रूप से प्रतीत होते हैं । नाना गिरि, नदी, वनों और पशु-पक्षी आदि से परिपूर्ण यह जगत् प्रत्यक्ष रूप से हर किसी को स्पष्ट रूप से भासित हो रहा है किन्तु इसका निरूपण करना शक्य नहीं है । प्रतीत होने के कारण यह खरगोश के सींग की तरह असत् नहीं है और ज्ञान से इसका बाध हो जाने के कारण यह सत् भी नहीं है । अतः सदसद् रूप से इसका वर्णन करना अशक्य है । इसलिए जगत् मायिक है इस बात को तुम तटस्थ बुद्धि से देख लो । अर्थात् समस्त पूर्वाग्रहों का त्याग करके पक्षपात युक्त बुद्धि को छोड़कर तटस्थ होकर इस विषय को समझने से तुम्हें ज्ञात होगा कि जगत् मायिक ही है अर्थात् निष्पक्ष भाव से देखो तो जगत् मायामय ही दिखाई देगा ।

जगत् की अनिरूपणीयता का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – सभी पण्डितों के द्वारा जगत् के निरूपण का आरम्भ करने पर कुछ कक्षा के बाद उनके सामने अज्ञान ही भासित होता है ।१४३।

व्याख्या :- जगतोऽशक्यनिरूपणीयत्त्वमुपपादयति । निखिलैरपि पण्डितैः कपिलकाणादगौतम-भट्टादिभिस्तत्तद्दर्शनप्रवर्तकैः जगति निरूपयितुमारब्धे तेषां पुरतःकासुचित्कक्षास्वज्ञानमेव भाति । जगन्निरूपणे प्रवृत्तानां मनीषिणामेवाज्ञानं स्पष्टं निरूपितं भवतीति तात्पर्यमिति शम् ।।

विदुषामप्यज्ञानप्रकटनप्रदेशानां निरूपणम् -

देहेन्द्रियादयो भावा वीर्येणोत्पादिताः कथम् ।
कथं वा तत्र चैतन्यमित्युक्ते ते किमुत्तरम् ।। १४४ ।।

अन्वयः - देहेन्द्रियादयः भावाः वीर्येण कथम् उत्पादिताः वा तत्र चैतन्यं कथम् इति उक्ते ते किम् उत्तरम्?

व्याख्या :- जगन्निरूपणार्थं प्रवृत्तावज्ञानेनैवोपसंहार इत्याह । देहेन्द्रियादय त्रिविधदेहा ज्ञानकर्मेन्द्रियाणि प्राणा अन्तःकरणमित्यादयो भावाः पदार्थाः कथं वीर्येणोत्पादिताः ? इति प्रथमा कक्षाज्ञानप्रकटने, तथा तत्र तेषु पदार्थेषु चैतन्यं कथमिति द्वितीया कक्षा । एवं पूर्वस्मिन् श्लोके कक्षोपक्रमेऽ"ज्ञानं पुरतस्तेषां भाति कक्षासु कासुचि"दिति बहुवचननिर्देषादात्मनश्चैतन्यरूपस्याचेतन-देहादिभिः कथं सम्बन्ध इति तृतीयापि कक्षा ज्ञेया इत्येवं जगतो निरूपणीयत्त्ववादिनस्ते किमुत्तरं न

व्याख्या - वैज्ञानिक लोग जगत् की हर वस्तु का कारण खोजते हैं, और उन्हें कोई न कोई कारण मिलता जाता है । इस प्रकार वे बहुत दूर तक जगत् का निरूपण करते जाते हैं । किन्तु किसी कक्षा में उन सब के सामने एक दीवाल खड़ी मिलती है, उसके आगे उन्हें कोई कारण दिखाई नहीं देता । इसी को अज्ञान कहते हैं । सांख्य, न्याय, वैशेषिक आदि दर्शनों के प्रवर्तकों ने भी जगत् के स्वरूप का निरूपण कुछ अंश में तो किया है किन्तु पूर्णरूप से जगत् का निरूपण वे लोग नहीं कर पाएँ हैं । किसी पदार्थविशेष का वर्णन करने के बाद वे उसके कारण का निरूपण नहीं कर पाते हैं । अतः जगत् का निरूपण करना अशक्य है । भाव यह है कि जगत् के निरूपण में प्रवृत्त मनीषियों का अज्ञान ही इसमें स्पष्ट रूप से प्रतीत होता है ।

उक्त कथन को उदाहरण से स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - देह और इन्द्रियादि भाव वीर्य के द्वारा कैसे उत्पन्न हुए ? और उनमें चैतन्य कैसे आया ? इस कथन का तुम्हारे पास क्या उत्तर है ? १४४।

व्याख्या - जगत् का निरूपण करने में प्रवृत्त लोगों का जगत् विषयक उपसंहार अज्ञानात्मक ही होता है । इसलिए सिद्धान्ती पूछते हैं कि हे जगन्निरूपणाभिमानि ! तुम यह बताओ कि स्थूल , सूक्ष्म और कारण ये तीनों देह तथा इन्द्रियादि अर्थात् पाँच कर्मेन्द्रियाँ, पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, अन्तःकरण और प्राणादि भाव वीर्य के द्वारा कैसे उत्पन्न हो गये ? ज्ञानोदय की यह प्रथम कक्षा है । तथा उन देहेन्द्रियादि भावों (पदार्थों) में चैतन्य कहाँ से आ गया ? यह द्वितीय कक्षा है । पूर्व श्लोक में कहा था कि "***अज्ञानम् पुरतस्तेषां भाति कक्षासु कासुचित्***" यहाँ "***कासु कक्षासु***" में बहुवचन का प्रयोग होने के कारण चैतन्य रूप आत्मा का अचैतन्य देहादि के साथ सम्बन्ध कैसे हो गया ? इत्यादि तृतीय कक्षा भी जाननी चाहिये । भाव यह है कि इस तरह जगत् का निरूपण करने वाले तुम्हारे पास इन प्रश्नों के क्या उत्तर हैं ? अर्थात् कुछ भी नहीं ।

किञ्चित्समाधानमिति भाव इति शम् ।।

स्वभाववादिप्रमुखानां खण्डनपुरस्सरं जगत ऐन्द्रजालिकत्त्वनिरूपणम् -

वीर्यस्यैव स्वभावश्चेत्कथन्तद्विदितन्त्वया ।
अन्वयव्यतिरेकौ यौ भग्नौ तौ वन्ध्यवीर्यतः ।। १४५ ।।
न जानामि किमप्येतदित्यन्ते शरणन्तव ।
अत एव महान्तोऽस्य प्रवदन्तीन्द्रजालताम् ।। १४६ ।।

अन्वयः - एषः वीर्यस्य स्वभावः (इति) चेत् । त्वया तत् कथं विदितम् ? अन्वयव्यतिरेकौ यौ तौ वन्ध्यवीर्यतः भग्नौ ।।

अन्वयः - "एतत् किम् अपि न जानामि" इति अन्ते तव शरणम् (भवति) अतः एव महान्तः अस्य इन्द्रजालतां प्रवदन्ति ।।

व्याख्या :- स्वभाववादिनां पक्षं प्रदर्शयति । एष देहेन्द्रियाद्युत्पत्तिप्रकारो वीर्यस्य स्वभावो नैजो गुणः । इत्येवं यदि वदसि चेत्सिद्धान्ती पृच्छति । कथमेतत्त्वया विदितमिति । यद्यनुमानेनेति प्रत्युत्तरं तदुष्टमित्याह । किमतिवीर्यस्य स्वभावोऽप्यधिक्षिप्यतेऽन्वयव्यतिरेकाभ्यां स्वभावगुणानां निर्णयादिति चेन्न । तत्र व्यतिरेकव्याप्तिभङ्गस्सुग्रह इति नोदाहृतः । यत्र यत्र वीर्याद्यभावस्तत्र तत्र देहाद्युत्पत्त्यभाव इति वक्तव्यं तन्न सम्भवति । यतस्स्वेदजेषु गोमयादिभ्यो वृश्चिकादीनामुत्पद्यमानेषु बहुशो दृष्टचरत्त्वेन सिद्ध एवेत्यन्वयव्याप्तिभङ्गस्समुदाहृियते । व्याप्तिग्राहकसाधकौ यावन्वयव्यतिरेकौ

स्वभाववादियों का खण्डन करते हुए जगत् के ऐन्द्रजालिकत्व का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - शरीरादि की उत्पत्ति करना वीर्य का स्वाभाव ही है, यदि ऐसा कहते हो तो यह बताओ कि तुमने वह कैसे जाना ? और जो अन्वय और व्यतिरेक है, वे दोनों वन्ध्या स्त्री में वीर्य के व्यर्थ होने से नहीं बनते । "मैं इस विषय में कुछ भी नहीं जानता" अन्त में तुमको इस वाक्य की शरण लेनी पड़ेगी, इसीलिए महात्मा लोग इस जगत् को इन्द्रजाल कहते हैं ।१४५-१४६।

व्याख्या - देह, इन्द्रिय आदि का उत्पादन करना वीर्य का स्वभाव ही है यदि तुम ऐसा कहते हो तो तुमने यह कैसे जाना ? यदि कहो कि मैंने अनुमान से जाना, तो तुम्हारा यह अनुमान व्यभिचरित है । अन्वय और व्यतिरेक के द्वारा तुम्हारे कथन की पुष्टि नहीं होती है । जिसके रहने पर जो रहे उसका अन्वय और जिसके न रहने पर जो न रहे उसका व्यतिरेक माना गया है । वीर्य के रहने पर यदि देहादि की उत्पत्ति होती और उसके अभाव में न होती, तो तुम्हारा कथन उचित हो सकता था किन्तु ऐसा नहीं है । कहीं-कहीं पर वीर्य के अभाव में भी देहादि की उत्पत्ति देखी गई है, जैसे जूँ आदि स्वेदज प्राणियों में और गोबर तथा चूने के मिश्रण से निर्मित वृश्चिकादि में वीर्य का असद्भाव है । अतः इनमें वीर्य का अन्वय नहीं है । और कहीं-कहीं पर वीर्य के सद्भाव में भी शरीरादि की उत्पत्ति का अभाव देखा गया है । जैसे वन्ध्यास्त्री में वीर्य निष्फल है । वन्ध्या स्त्री के शरीर में निषिक्त वीर्य भ्रूण का रूप धारण नहीं करता है । अर्थात् वन्ध्या के उदर में स्थित वीर्य बालक (शरीर) की रचना नहीं कर सकता । अतः यहाँ वीर्य का व्यतिरेक भी भंग हो गया । अर्थात् शरीरादि की उत्पत्ति करना वीर्य का स्वभाव ही है,

तौ व्यन्ध्यवीर्यतो भग्नौ व्यभिचारात् । वन्ध्यवीर्यतो मोघवीर्यसद्भावात् । वन्ध्यायां निषिक्तस्य वीर्यस्य व्यर्थत्त्वाद्यत्र यत्र वीर्यं तत्र तत्र देहादिकमित्यन्वयव्याप्तिरपि भग्नैवेत्यतोऽशक्यनिरूप्यं जगदिति भावः । एवं प्रचलिते पुनः पुनर्विवादेऽन्ततो गत्त्वा भेदवादिनो मूलाज्ञानमेव प्रदर्शितं भवत्यहं न किमपि जानामीति । यत ईदृशमेवोत्तरमन्ते पर्यवसाने तव भेदवादिनश्शरणं गतिरत एव निरूपयितुमशक्यत्त्वादेव महान्तो विज्ञातपरमार्थतत्त्वास्समनुभूतप्रत्यगभिन्नाद्वैतात्मस्वरूपा अस्य जगत इन्द्रजालतामिन्द्रजालवदतत्त्वां पूतिकूष्माण्डीभूतां प्रवदन्ति । केवलयुक्तिवादातीताः काश्चित्कक्षास्सन्त्या-ध्यात्मिकविषया ये समतीतमानुषीशेमुषीविषया इति तत्त्वमिति शम् ।।

जगतोऽनिर्वचनीयत्त्वनिरूपणम् -

एतस्मात्किमिवेन्द्रजालमपरं यद्गर्भवासस्थितं
रेतश्चेतति हस्तमस्तकपदप्रोद्भूतनानाङ्कुरम् ।
पर्यायेण शिशुत्त्वयौवनजरावेषैरनेकैर्वृतं
पश्यत्यत्ति शृणोति जिघ्रति तथा गच्छत्यथागच्छति ।। १४७ ।।

अन्वयः - एतस्मात् अपरं इन्द्रजालं किम् इव? यत् गर्भवासस्थितं रेतः चेतति हस्तमस्तकपदप्रोद्भूत-नानाङ्कुरम् । पर्यायेण अनेकैः शिशुत्त्वयौवनजरावेषैः कृतम् । पश्यति अत्ति शृणोति जिघ्रति तथा गच्छति अथ आगच्छति ।।

व्याख्या :- कथमस्य द्वैतस्येन्द्रजालतेत्यत्रोच्यते । एतस्मात्कथयिष्यमाणादाक्षेपादपरं चेन्द्रजालं किमिवास्ति ? न किमप्यस्तीति भावः । तदेवेन्द्रजालस्वरूपं दर्शयति । यद्गर्भवासस्थितं "वासः

यह तुम्हारा कथन सर्वथा अयुक्त है । इस तरह अनेकों प्रकार के बारम्बार किये गये विवादों के अन्त में तुम्हें यही कहना पड़ेगा कि मैं इस विषय में कुछ भी नहीं जानता हूँ । अर्थात् तुम्हें उक्त वाक्य रूप अज्ञान की ही शरण ग्रहण करनी पड़ेगी । अतः अनिरूपणीय होने के कारण ही महात्मा (मुनि) लोग इस जगत् को इन्द्रजाल के समान कहते हैं । भाव यह है कि जगत् का निरूपण कुछ कक्षा तक तो सम्भव है किन्तु उसका पूर्णरूप से निरूपण करना सर्वथा अशक्य है अतः व्यर्थ वाद-विवाद का त्याग करके यथार्थ तत्त्व का ही अन्वेषण करना चाहिये ।

उक्त अनिर्वचनीय स्वरूप में वृद्धों की सम्मति दिखाते हैं ।

अर्थ - इससे बढ़कर दूसरा इन्द्रजाल और क्या होगा जो कि गर्भ स्थान में स्थित वीर्य चेतनता को प्राप्त होता है और वह हाथ, मस्तक, पैर आदि अनेक प्रकार के अंकुर वाला होता है तथा क्रम से बाल्य, यौवन, और जरावस्था आदि अनेकों विकारों से आवृत होता है । और देखता है, खाता है, सुनता है, सूंघता है तथा आता-जाता है ।१४७।

व्याख्या - इस प्रत्यक्ष द्वैत की इन्द्रजालता कैसे है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि इससे बढ़कर अर्थात् आगे कहे जाने वाले आक्षेपों से बढ़कर दूसरा इन्द्रजाल और क्या होगा ? अर्थात् कुछ भी नहीं । वह इन्द्रजाल क्या है ? तो कहते हैं कि गर्भवास में स्थित जो वीर्य है जिसके हस्त, मस्तक पादादि अनेक अंकुर हैं, वह कैसे चेतनता को प्राप्त होता है ? और जगन्नाटक रूपी मञ्च पर क्रमसे बाल्यावस्था,

कुटी द्वयोश्शाला सभा'' ''वासो वेश्मन्यवस्थान'' इत्यादिकोशाद्वासो निवासस्थानं तत्र स्थितं गर्भाख्ये निवासस्थाने स्थितं रेतश्चेतति हस्तमस्तकपदप्रोद्भूतनानाङ्कुरं हस्तमस्तकादिरूपोत्पन्नं बहुविधमङ्कुरं यस्य तद्रेतश्चेतति मलिनपदार्थमपि चैतन्यं प्राप्नोति । न केवलं तावता किञ्च पर्यायेण क्रमश उत्पत्त्यनन्तरं जगन्नाटकमञ्चे शिशुत्त्वयोवनजरावेषैरेवमाद्यनेकप्रकाराभिनयविशेषैरनेकैर्वृतं सत्पश्यति चक्षुर्भ्यामत्ति मुखेन शृणोति कर्णाभ्यां जिघ्रति घ्राणेनोपलक्षणविधया तत्तदिन्द्रियैस्तत्तत्कर्माणि करोत्यपि तथैव गच्छत्यागच्छति चेति सर्वविधाः क्रियाः करोतीति मायाया वैभवमेतदित्यर्थः । अत एवान्यत्राप्येवमुक्तिरस्ति ''क्षणं शिरसि वल्लभा क्षणमिहैव कल्लोलिनी क्षणं युवतिरङ्गगा क्षणमसौ स्वदेहार्धभाक् । क्षणं मदनसुन्दरो विकटपञ्चवक्त्रः क्षणं चिदात्मनि किमीक्ष्यतामपरमिन्द्रजालं पुन''रिति। तस्माज्जगदनिर्वचनीयमिति तत्त्वमिति दिक् ।।

जगतोऽनिर्वचनीयत्त्वे श्रुतिप्रमाणप्रदर्शनम् –

देहवद्वटधानादौ सुविचार्य विलोक्यताम् ।
क्व धानाः कुत्र वा वृक्षस्तस्मान्मायेति निश्चिनु ॥ १४८ ॥

अन्वयः – देहवत् वटधानादौ सुविचार्य विलोक्यताम् । क्व धानाः । कुत्र वा वृक्षः । तस्मात् माया इति निश्चिनु ।

व्याख्या :- जगतोऽनिर्वचनीयत्त्वे श्रुतिं दर्शयन्वटधानोदाहरणं प्रददाति । सा तु श्रुतिः ''न्यग्रोधफलमत आहरेतीदं भगव इति भिन्धीति भिन्नं भगव इति किमत्र पश्यसीत्यण्व्य इवेमा धाना भगव इत्यसावङ्गैका भिन्धीति भिन्ना भगव इति किमत्र पश्यसीति न किञ्चन भगव इति'' इत्यादिश्छान्दोग्ये

यौवनावस्था और जरावस्था आदि नानाप्रकार के वेष धारण कर उनसे आवृत होकर आँखों से देखता है, मुख से खाता है, कान से सुनता है, नाक से सूंघता है तथा आता-जाता भी है । अर्थात् विविध प्रकार की क्रियाओं को कैसे करता है ? भाव यह है कि यह माया का ही वैभव है । इसीलिये अन्यत्र कहा गया है कि –

क्षणं शिरसि वल्लभा क्षणमिहैव कल्लोलिनी
क्षणं युवतिरङ्गगा क्षणमसौ स्वदेहार्धभाक् ।
क्षणं मदनसुन्दरो विकटपञ्चवक्त्रः क्षणं
चिदात्मनि किमीक्ष्यतामपरमिन्द्रजालं पुनः।।

पूर्वोक्त कथन को दृष्टान्तर से समझाते हैं ।

अर्थ – देह के समान ही वट-बीज आदि के विषय में भली-भाँति विचार कर देख लो, कहाँ छोटा-सा बीज और कहाँ विशाल वृक्ष । इसलिये 'यह सब माया ही है' ऐसा निश्चय कर लो ।१४८।

व्याख्या – जिस तरह शरीर की उत्पत्ति का निर्वचन करना कठिन है, उसी तरह बरगद के बीज आदि में भी जानना चाहिये अर्थात् बरगद के बीज आदि के विषय में भली-भाँति विचार करोगे तो यही ज्ञात होगा कि कहाँ छोटा-सा बीज और कहाँ उस बीज से उत्पन्न मूल, स्कन्ध, शाखा, कोमल पत्तियाँ, पुष्प और फलों से युक्त विशालकाय वृक्ष । इसलिए तुम अन्त में यही निश्चय करो कि यह सब मायामय

श्रूयते । देहवद्देहस्य यथानिर्वचनीयता पूर्वोक्तप्रकारेण तथैव वटधानादौ न्यग्रोधादिमहावृक्षबीजविषयेऽपि सुविचार्य सुचिरं गुरूक्तितस्तदनसारिण्या स्वयुक्त्या च श्रुतिवाक्यार्थं तात्पर्यतोऽवगत्य विलोक्यतां जगत्। धानास्सूक्ष्मतरस्वरूपाः क्व ? "धाना भृष्टयवेऽङ्कुरे धान्याके चूर्णसक्तुष्वि"ति कोशाद्धानाशब्दोऽत्र वटबीजगतसूक्ष्मावयववचनः । कुत्र वा वृक्षस्तद्बीजसूक्ष्मतरावयवसम्भूतो महान्मूलस्कन्धशाखाकोमल-किसलयपुष्पफलविपुलच्छायाविस्तारवृक्षः। तस्मान्निर्वक्तुमशक्यत्त्वात्सर्वमिदं मायेति निश्चिनु निखिलमपि द्वैतं दृश्यमानं नामरूपात्मकं जगदिन्द्रजालम्मायामात्रमिति कृत्त्वा मिथ्यैवेति निर्णयज्ञानविषयीकुर्विति शम्।।

जगन्नित्यतावादिनः खण्डिताश्श्रीहर्षादिभिरिति निरूपणम् -

निरुक्तावभिमानं ये दधते तार्किकादयः ।
हर्षमिश्रादिभिस्ते तु खण्डनादौ सुशिक्षिताः ॥ १४९ ॥

अन्वयः - ये तार्किकादयः निरुक्तौ अभिमानं दधते ते तु हर्षमिश्रादिभिः खण्डनादौ सुशिक्षिताः।।

व्याख्या :- तार्किकैः पूर्वाचार्यैरुदयनप्रभृतिभिस्स्वग्रन्थेषु कार्यकारणभावादिनिरूपणेन जगतो निरुक्तिर्दर्शितैवेति कुतोऽनिर्वचनीयतोच्यत इत्यत्राह । निरुक्तौ जगदिदमित्थमिति स्वरूपविवेचनेन कार्यकारणभावप्रदर्शनेन च स्पष्टं निर्वचनविषये ये तार्किकादयोऽभिमानं मिथ्याज्ञानकृतमभिनिवेशं दधते स्वात्मनि धरन्ति ते भेदवादिनो जगन्नित्यतामानिनो हर्षमिश्रादिभिराचार्यैश्श्रीहर्षमिश्राभिधेयैः खण्डनखण्डखाद्यकारैस्तथान्यैर्भेदवादिविदलनप्रवीणैरतिप्राचीनविद्वत्तल्लजैः खण्डनादौ ग्रन्थजाते

ही है । श्लोक में '***धाना***' शब्द वटबीजगत सूक्ष्म अवयव वाची है । श्लोक में '***सुविचार्यताम्***' का अर्थ है कि गुरुभक्ति युक्त होकर गुरुप्रदत्त श्रुति और स्वयुक्ति के द्वारा तात्पर्य को जानकर इस जगत् को देखो । भाव यह है कि एक बहुत छोटा-सा बीज है, उसके अन्दर ऐसा क्या है, जिससे कि एक विशाल वृक्ष तैयार हो जाता है । बीज और वृक्ष का सम्बन्ध देख पाना अत्यन्त कठिन है, यही स्थिति अन्य वृक्षों की भी है । अनेक पौधे बिना बीज के किसी शाखा आदि के टुकड़े से ही उत्पन्न हो जाते हैं । पौधों को उगने के लिए सर्वदा बीज की आवश्यकता नहीं है, अतः यह सब मायामय ही है, उसी प्रकार इस जगत् का निर्वचन करना भी शक्य न होने के कारण यह सब कुछ मायामय है, ऐसा निश्चय करो अर्थात् दृश्यमान नामरूपात्मक सम्पूर्ण जगत् इन्द्रजाल के समान मायामात्र है । ऐसा जानकर उसके मिथ्यात्व का निश्चय करो ।

जगत् को नित्य मानने वालों का खण्डन पूर्वाचार्यो ने किया है, इसका वर्णन करते हैं।

अर्थ - जो तार्किकादि लोग जगत् के निर्वचन के विषय में अभिमान रखते हैं, उनकी हर्षमिश्रादि आचार्यों ने खण्डनखण्डखाद्य आदि ग्रन्थों में अच्छी तरह से खबर ली है । १४९।

व्याख्या - उदयनाचार्य आदि पूर्वाचार्यों ने अपने ग्रन्थों में कार्य-कारण का निरूपण करते हुए जगत् का निर्वचन किया ही है, तो फिर आप जगत् के निरूपण को अशक्य कैसे कहते हो ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि '***निरुक्तौ***' अर्थात् जगत् का स्वरूप ऐसा ही है, इस प्रकार से कार्य-कारण भाव द्वारा जगत् के स्वरूप का विवेचन करने में जो तार्किक (नैयायिक) आदि लोग मिथ्याज्ञानकृत अभिनिवेश को धारण करते हैं, उन जगत् को सत्य मानने वाले भेदवादियों के मत का खण्डन हर्षमिश्रादि

तन्मतखण्डनेन सुशिक्षिता इति नास्माभिरत्र पराक्रान्तव्यमिति भावः । तत्र च खण्डनग्रन्थ "उपयन्नपयनन्धर्मो विकरोति हि धर्मिण"मिति न्यायानुसारं परमाणूनामुपचयादिसद्भावाद्विकारित्त्वात् परमाणूनामनित्यतामुपपाद्य निरवयवानां परमाणूनां संयोगस्य दुर्घटत्त्वेनोपचयोऽपि संयोगवशान्न घटत इति "संयोगोऽव्याप्यवृत्तित्त्वा-देकदेशेऽस्ति सम्मतः । तदेकदेशस्य प्रश्ने संयोग एव क" इति दूषयित्त्वान्ते स्पष्टीकृतं यत्परमाणुकारण-तावादिनामपि जगत्कल्पितत्त्वसिद्धान्त एव संसिद्ध इति । "अणौ निरंशे नितरां कल्पिते कल्पितं जगदि"त्युक्त्वा वस्तुतः काणादानामप्ययमेव हार्दस्सिद्धान्त इति वदन्ति "काणादः पारिमाण्डल्य-संयोगाद्व्यणुकक्रमात् । जगदुत्प्रेक्षयन्मायावादसादरमानस" इत्यादिभिर्बहुप्रकारं शिक्षिता भेदवादिनो नितरां विनेयतां गमिता इति दिक् ।।

जगतोऽचिन्त्यरचनारूपत्त्वे वृद्धानां सम्मतिप्रदर्शनम् -

अचिन्त्याः खलु ये भावा न तांस्तर्केषु योजयेत् ।
अचिन्त्यरचनारूपं मनसापि जगत्खलु ॥ १५० ॥

अन्वयः - ये भावाः अचिन्त्याः खलु तान् तर्केषु न योजयेत् । जगत् मनसा अपि अचिन्त्यरचनारूपं खलु ।।

व्याख्या :- ये भावा "भावस्सत्तास्वभावाभिप्रायचेष्टात्मजन्मसु" "क्रियालीकपदार्थेषु विभूतिबन्धुजन्तुषु" "भावोऽभिप्रायवस्तुनो"रित्यादिकोशबलात्पदार्था मनसाप्यचिन्त्याश्चिन्तयितु-मशक्यास्तान्दुरूह्यांस्तर्केषु शब्दप्रमाणरहितेषु केवलयुक्तिवादेषु न योजयेत् । यतः प्रामाणिकानामुक्तिरेवमस्ति "समस्तलोकशास्त्रैकमत्यमाश्रित्य नृत्यतोः का तवास्ति गतिस्तकैर्वस्तुधीव्यवहारयो"रिति । अतोऽयोग्या केवलयुक्तिवादेन विचारणा । अस्तु च जगतो

अद्वैताचार्यों ने खण्डनखण्डखाद्य आदि अपने ग्रन्थों में स्पष्ट रूप से किया है, न केवल खण्डन ही किया है अपितु उनके मत में अनेकों दूषण दिखाते हुए उनकी बात को मूल सहित काट दिया है अर्थात् उनकी खूब जमके खिंचाई की है । नैयायिकादि लोगों की आलोचनाओं का उत्तर देते हुए खण्डनखण्डखाद्य नामक अपने ग्रन्थ में आचार्य श्रीहर्षमिश्र ने उनके मत को तर्कहीन सिद्ध किया है । श्लोक में आदि शब्द से चित्सुखाचार्य रचित तत्त्वप्रदीपिका (चित्सुखी) और श्रीमधुसूदन सरस्वती जी द्वारा रचित अद्वैतसिद्धि आदि का ग्रहण करना चाहिये ।

जगत् अचिन्त्य रचना रूप है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - जो भाव अचिन्त्य है, उनको तर्कों में नहीं जोड़ना चाहिये । (यह) जगत् मन से भी अचिन्त्य रचना रूप है ।१५०।

व्याख्या - "***भावस्सत्तास्वभावाभिप्रायचेष्टात्मजन्मसु*** " और "***भावोऽभिप्रायवस्तुनोः***" इत्यादि कोशानुसार भाव शब्द से पदार्थों का ग्रहण करना चाहिये । जो पदार्थ (भाव) अचिन्त्य हैं अर्थात् जिनका चिन्तन करना अशक्य है, उनको तर्कों में नहीं जोड़ना चाहिये अर्थात् मन से अचिन्त्य पदार्थों का केवल युक्तिवाद के द्वारा निरूपण करने का प्रयत्न नहीं करना चाहिये । अचिन्त्य पदार्थ केवल युक्ति द्वारा विचार करने योग्य नहीं है । उक्त कथन को प्रकृत में जोड़ते हैं कि यह जगत् मन से भी अचिन्त्य

ह्यचिन्त्यरचनात्मकता किं तेन प्रकृते मायायामित्यत आह । अचिन्त्यरचनाशक्तिरूपमचिन्त्यां मनसापि या रचना तां रूपयतीति तादृशस्यास्य जगतो केवलं स्वस्वमनीषिविलसितप्रतिभासमुन्नीतयुक्ति-विशेषैस्तत्त्वनिरूपणं दुर्घटमिति दिक् ।।

अचिन्त्यरचनीरूपस्य जगतो बीजं मायैवेति निरूपणम् -

अचिन्त्यरचनाशक्तिबीजं मायेति निश्चिनु ।
मायाबीजन्तदेवैकं सुषुप्तावनुभूयते ।। १५१ ।।

अन्वयः - अचिन्त्यरचनाशक्तिबीजं माया इति निश्चिनु । तत् एव एकं मायाबीजं सुषुप्तौ अनुभूयते।।

व्याख्या :- अचिन्त्यरनाशक्तिमद्यद्बीजं "हेतुर्नाकारणं बीज"मित्युक्तेः कारणं सैव माया । तस्मादशेषजगद्विचित्रवासनास्तस्यां मायायां तिष्ठन्तीति भावः । तदेवैकमनन्तं मायारूपं बीजं यत्तमोऽस्ति तत्सर्वैर्जीवैस्सुषुप्तावनुभूयते न किञ्चिदवेदिषमित्यादिनेति शम् ।।

मायाया जगद्बीजत्वनिरूपणम् -

जाग्रस्वप्नजगत्तत्र लीनं बीज इव द्रुमः ।
तस्मादशेषजगतो वासनास्तत्र संस्थिताः ।। १५२ ।।

अन्वयः - जाग्रत्स्वप्नजगत् तत्र बीजे द्रुमः इव लीनम् । तस्मात् अशेषजगतः वासनाः तत्र संस्थिताः ।।

व्याख्या :- यथा बीजे सूक्ष्मरूपेण निखिलो विस्तृतोऽपि द्रुमो हेतौ लीनो वर्तते तथैव जाग्रत्स्वप्नजगज्जाग्रति स्वप्ने च यज्जगत्प्रतीयते तत्तत्र सुषुप्त्यवस्थायां लीनं सद्वासनारूपेण तावन्मात्रेण वर्तते । तस्मादशेषजगतो वासनास्संस्कारास्तत्र तस्यां मायायां सूक्ष्मांशतया संस्थिता लीनास्सन्तीति

रचना रूप है अर्थात् मन के द्वारा भी जिसकी रचना नहीं की जा सकती ऐसे स्वरूप वाला है, इसलिए केवल युक्तिवाद के द्वारा इसका निर्वचन करना अत्यन्त कठिन है ।

अचिन्त्य रचना रूप जगत् के बीज का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - अचिन्त्य रचना शक्ति का बीज माया ही है, ऐसा निश्चय करो । वह एक माया रूपी बीज ही सुषुप्ति में अनुभव में आता है ।१५१।

व्याख्या - अचिन्त्य रचना शक्ति वाला जो बीज (कारण) है, वही माया है । भाव यह है कि जगत् विषयक सम्पूर्ण वासना माया में ही रहती है । वह एक अनन्त मायारूप बीज अर्थात् तम है, उस तम (अज्ञान) का सभी जीव सुषुप्ति में "**मैंने कुछ भी नहीं जाना**" इस प्रकार से अनुभव करते हैं ।

माया के जगद्बीजत्व का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - जैसे बीज में वृक्ष लीन रहता है, वैसे ही जाग्रत् और स्वप्नजगत् माया रूपी बीज में लीन रहता है, इसलिए सम्पूर्ण जगत् की वासना (संस्कार) उस माया में भली-भाँति स्थित है ।१५२।

व्याख्या - जैसे छोटे से बीज में महान वृक्ष सूक्ष्म रूप से विद्यमान रहता है अर्थात् अपने कारण में लीन रहता है, उसी प्रकार जाग्रत् और स्वप्न में प्रतीयमान यह सम्पूर्ण जगत् सुषुप्ति में लीन होकर

पूर्वमुपदर्शितवटधानादृष्टान्तमुखेनात्रापि "देहवद्वटधानादौ सुविचार्य विलोक्यताम् । क्व धानाः कुत्र वा वृक्षस्तस्मान्मायेति निश्चिन्वि"ति श्लोकार्थं ज्ञापयन्बीजे द्रुम इव सुषुप्त्यनुभवे मायारूपे कारणे सर्वं विश्वं लीनमस्तीति दृष्टिसृष्टिवादोऽत्रैवान्तर्भूत इति च व्यज्यत इति दिक् ।।

जगति परिदृश्यमानचैतन्यस्योपपादनम् –

या बुद्धिवासनास्तासु चैतन्यं प्रतिबिम्बति ।
मेघाकाशवदस्पष्टचिदाभासोऽनुमीयताम् ॥ १५३ ॥

अन्वयः – याः बुद्धिवासनाः तासु चैतन्यं प्रतिबिम्बति । मेघाकाशवत् अस्पष्टचिदाभासः । अनुमीयताम् ।।

व्याख्या :– बीजे तरुवन्निखिलं जगत्संस्काररूपेण मायायां निगूढं लीनमस्तीति दृष्टान्तप्रदर्शनेन समर्थितं मायाया जगद्बीजत्त्वम् । तथा सति सृष्टिदशायां मायापरिकल्पितं सर्वमपि जगज्जडमेवेति जगति परिदृश्यमानं चैतन्यं कथं घटेतेत्यत्राह । बुद्धिवासना बुद्धेः याः प्रपञ्चवासनाः सन्ति तासु चैतन्यं प्रतिबिम्बति । तासु प्रतिबिम्बोऽस्ति चेत्कुतो नानूभूयत इत्याकाङ्क्षायां प्रागुपदर्शितं प्रतिबिम्बाख्यचिदाभासेश्वरत्त्वसाधकं मेघाकाशोदाहरणमनुस्मारयति । मेधाकाशो मेघमण्डलस्थनीरे महाकाशप्रतिबिम्बो यस्स इवास्पष्टचिदाभासः कुतस्सिद्धिरित्यत उच्यतेऽननुभूतोऽप्यनुमीयताम् ।

वासनामात्र अवस्थित रहता है । इसलिए सम्पूर्ण जगत् के वासना रूपी संस्कार उस माया में सूक्ष्म रूप से रहते हैं । "देहवद्वटधानादौ....." (१४८) इस पूर्वोक्त श्लोक में वर्णित श्लोकार्थ को यहाँ स्पष्ट किया गया है ।

जगत् में परिदृश्यमान चैतन्य का उपपादन करते हैं ।

अर्थ – जो बुद्धि की वासनाएँ हैं, उनमें चैतन्य प्रतिबिम्बित होता है । यह चिदाभास मेघाकाश के समान अस्पष्ट है, ऐसा अनुमान से जानना चाहिये ।१५३।

व्याख्या – बीज में वृक्ष के समान सम्पूर्ण जगत् संस्कार रूप (वासनारूप) माया में निगूढ रहता है ऐसा दृष्टान्त पूर्वक कहा गया अर्थात् माया को जगत् का बीज कहा गया । यदि ऐसा ही होगा तब तो उसमें परिदृश्यमान चैतन्य को भी जड रूप ही मानना पड़ेगा । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि बुद्धि में जो वासनाएँ रहती हैं, उन वासनाओं में चैतन्य प्रतिबिम्बित होता है । यदि ऐसा है तो वह अनुभूत क्यों नहीं होता है ? तो इसका उत्तर देते हैं कि वह चिदाभास मेघाकाश के समान अस्पष्ट रहता है । इसी प्रकरण के श्लोक १८ में कूटस्थ, ब्रह्म, जीव और ईश्वर इस प्रकार चैतन्य को चार प्रकार से विभक्त कर दिखाया गया है और इस विषय में घटाकाश, महाकाश, जलाकाश और मेघाकाश का दृष्टान्त दिया गया है ।

महाकाशस्य मध्ये यन्मेघमण्डलमीक्ष्यते ।
प्रतिबिम्बतया तत्र मेघाकाशो जले स्थितः।। (पं.द. ६/२०)

इस प्रकार मेघाकाश का वर्णन पहले कर चुके हैं । जैसे जल में पड़ने वाले आकाश के प्रतिबिम्ब से आकाश को जाना जाता है, उसी प्रकार मेघाकाश में भी जल के सद्भाव से प्रतिबिम्बित आकाश

"महाकाशस्य मध्ये यन्मेघमण्डलमीक्ष्यते । प्रतिबिम्बतया तत्र मेघाकाशो जले स्थितः" ।। इत्युक्तेः। यथा मेघाकाशस्यास्पष्टत्त्वेऽपि घटोदकप्रतिबिम्बितघटावच्छिन्नाकाशस्य स्पष्टत्त्वात्तद्दृष्टान्तेन मेघाकाशोऽप्यनुमातुं शक्यते तद्वदेव चिदाभासोऽप्यनुमेयः । तथा च जगतो बीजभूता वासनाश्चिदाभास-विशिष्टा एव न तु केवला इति ज्ञेयमिति दिक् ।।

चिदाभासानुमानसामग्रीसद्भावप्रदर्शनम् -

साभासमेव तद्बीजं धीरूपेण प्ररोहति ।
अतो बुद्धौ चिदाभासो विस्पष्टं प्रतिभासते ।। १५४ ।।

अन्वयः - साभासम् एव तत् बीजं धीरूपेण प्ररोहति अतः बुद्धौ चिदाभासः विस्पष्टं प्रतिभासते।।

व्याख्या :- मेघस्थजलस्य स्पष्टाकाशप्रतिबिम्बवत्त्वाभावेऽपि तत्सजातीयघटस्थनीरस्य सुस्पष्टाकाशप्रतिबिम्बतस्सत्त्वान्मेघाकाशानुमानमुपपद्यत इत्युक्तम् । अत्र तादृशदृष्टान्तानुपलम्भा-त्कथमनुमानं घटत इति प्रश्ने तथाविधदृष्टान्तं प्रदर्शयति । साभासमस्पष्टचिदाभाससंयुक्तमेव तद्बीजं संस्कारात्मकं कारणं धीरूपेण जाग्रत्स्वप्नयोः प्ररोहति । एवं सुषुप्तिकालिकाज्ञानगतसकलबुद्धिसंस्कार-प्रतिबिम्बितसूक्ष्मचिदाभासरूपेश्वर इव जीवोऽप्यत्र निरूपित इति ज्ञेयः । पूर्वोक्तसुषुप्तिकालिकाज्ञानाख्यं साभासमेवोक्तेश्वराख्यचिदाभासविशिष्टमित्यर्थः । चिदाभासविशिष्टं तदेवाज्ञानं बुद्धिरूपेण परिणममानमेव विस्पष्टचिदाभासं भवति । बुद्ध्यवस्थाविशेषत्त्वाद्बुद्धिवासनाश्चित्प्रतिबिम्बवत्यो भवन्ति । अज्ञानापेक्षया

का अनुमान किया जाता है । अतः मेघाकाश के समान वह चिदाभास अस्पष्ट है, ऐसा अनुमान करना चाहिये। भाव यह है कि जगत् की बीजभूता जो वासनाएँ हैं, वे चिदाभासविशिष्ट ही हैं, स्वतन्त्र नहीं हैं ।

चिद्भासानुमान सामग्री के सद्भाव का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - चिदाभासयुक्त वह वासना बीज ही बुद्धि रूप से अंकुरित होता है । इसलिए बुद्धि में चिदाभास अत्यन्त स्पष्ट रूप से भासित होता है ।१५४।

व्याख्या - मेघांश रूप जल अस्पष्ट आकाश प्रतिबिम्बि वाला है तथापि उसका अनुमान समानजातीय स्पष्ट आकाश प्रतिबिम्ब युक्त घटादि के सद्भाव से हो सकता है । परन्तु बुद्धिवासना में अस्पष्ट चिदाभास के अनुमान के लिए कोई भी दृष्टान्त नहीं है । ऐसी आशंका होने पर कहते हैं कि अस्पष्ट चिदाभास से युक्त वह वासना रूपी बीज बुद्धि रूप से जाग्रत् और स्वप्न में अंकुरित होता है । इसलिए चिदाभास बुद्धि में स्पष्ट रूप से भासित होता है । सुषुप्ति में अस्पष्ट चिदाभासविशिष्ट अज्ञान ही जाग्रत् है तथा स्वप्न में बुद्धि रूप से अस्पष्ट चिदाभासविशिष्ट अज्ञान ही जाग्रत् और स्वप्न में बुद्धि रूप से परिणत होकर विस्पष्ट चिदाभास हो जात है । बुद्धि की विशेष अवस्थाओं से बुद्धिस्थ वासना चित्प्रतिबिम्ब वाली हो जाती है । तथा जगत् में अनुभूयमान चैतन्य चिदाभास रूप ही है और वह बीज में भी है । यहाँ अनुमान प्रयोग इस प्रकार है -विवदाध्यासिता बुद्धिवासनाएँ चित्प्रतिबिम्बवाली हैं । बुद्धि की अवस्थाविशेष होने के कारण, बुद्धि वृत्ति के समान । अनुमान के लिये लिंग और दृष्टान्त की आवश्यकता होती है । घट में स्थित जल में जलाकाश को देखकर आकाश में सिथत मेघ रूपी लिंग के द्वारा मेघाकाश का अनुमान किया जा सकता है । इसी प्रकार हम अपनी बुद्धि में चिदाभास की स्पष्ट प्रतीति के आधार

सत्कार्यीभूतधियस्स्थूलत्त्वमेव तच्चिदाभासाख्यजीवस्य विस्पष्टप्रतिभाने हेतुरिति भावः । एवञ्चात्रेदमनुमानं ज्ञापितं विवदाध्यासिता बुद्धिवासनाश्चित्प्रतिबिम्बवत्यो बुद्ध्यवस्थाविशेषत्त्वाद्बुद्धिवृत्तिवदिति । तथा च जगत्यनुभूयमानं चैतन्यं चिदाभासरूपमेव । तच्च जगद्बीजे मायायामप्यस्ति। तस्माच्चैतन्यविस्पष्टमेव जगत्स्वसजातीयं साभासं मायाबीजमनुमापयतीति न कोऽप्यत्र क्लेश इति शम् ।।

जीवेश्वरयोमायोपाधिकत्त्वविचारः –

मायाभासेन जीवेशौ करोतीति श्रुतौ श्रुतौ ।
मेघाकाशजलाकाशाविव तौ सुव्यवस्थितौ ।। १५५ ।।

अन्वयः – "माया आभासेन जीवेशौ करोति" इति श्रुतौ श्रुतौ । मेघाकाशजलाकाशौ इव तौ सुव्यवस्थितौ।

व्याख्या :– इत्थं सम्मतिपुरस्सरं जीवेश्वरस्वरूपनिरूपणं सदृष्टान्तमाह । मायाशक्तिरेवाभासेन चिदाभासरूपेण जीवेशौ करोति प्रकल्पयतीति "जीवेशावभासेन करोती"ति श्रुतौ । अत्र श्रुतमिति पाठो न समीचीन इति भाति । श्रुतावुपनिषदि श्रुतौ श्रवणेन्द्रियविषयीकृतौ यौ जीवेशौ तौ मेघाकाशजलाकाशाविव सुव्यवस्थितौ भवत इत्यर्थः । जीवेशयोरुभयोरपि मायोपाधिकत्त्वाविशेषेण कथमयमवान्तरभेदस्सिद्ध्यतीति चेन्न । स्पष्टास्पष्टोपाधिमत्त्वेन भेदसद्भावात्तदुपपत्तिसिद्धेरत एव मेघाकाशजलाकाशयोरिवेति दृष्टान्तमाह। तावीश्वरो जीवश्चेत्येतौ मेघाकाशजलाकाशाविव मेघान्तर्गत–जलप्रतिबिम्बितोऽस्पष्टाकाश एव मेघाकाशो घटोदकप्रतिबिम्बितो हि जलाकाशस्तावदाकाशाविवि सुव्यवस्थितौ स्पष्टास्पष्टोपाधिभेदेन व्यवस्थिताविति दिक् ।।

पर बुद्धि की कारणभूत वासनाओं में चिदाभास का अनुमान कर सकते हैं । यदि वासनाओं में चिदाभास न हो तो उससे उत्पन्न बुद्धि में उसकी प्रतीति कैसे होगी?

जीव और ईश्वर के माया कल्पितत्व को दृष्टान्त पूर्वक दर्शाते हैं ।

अर्थ – माया चिदाभास रूप से जीव और ईश्वर की कल्पना करती है, ऐसा श्रुति में सुना गया है । वे जीव और ईश्वर दोनों (पूर्वोक्त) मेघाकाश और जलाकाश की तरह स्थित हैं ।१५५।

व्याख्या – जीवेश्वर के स्वरूप का निरूपण दृष्टान्त पूर्वक करते हैं कि मायाशक्ति चिदाभास रूप से जीव और ईश्वर की कल्पना करती है, ऐसा उपनिषदों में (श्रुति में) सुना गया है । उन दोनों के भेद को दृष्टान्त पूर्वक बताते हैं कि जीव और ईश्वर दोनों मेघाकाश और जलाकाश की तरह स्थित हैं । मेघान्तर्गत जल में प्रतिबिम्बित अस्पष्ट आकाश मेघाकाश है और घटस्थ जल में प्रतिबिम्बित स्पष्ट आकाश जलाकाश है । जीव और ईश्वर दोनों का मायोपाधिकत्व समान होने से उनमें अवान्तर भेद कैसे है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि स्पष्ट और अस्पष्ट रूप उपाधि भेद के कारण दोनों में विशेषता है । इस विषय में मेघाकाश और जलाकाश को दृष्टान्त रूप से कहा गया है । जैसे मेघाकाश और जलाकाश अस्पष्ट और स्पष्ट उपाधिभेद से व्यवस्थित हैं, उसी प्रकार जीव और ईश्वर के विषय में भी जानना चाहिये । कुछ प्रतियों में मूलश्लोक में '**श्रुतौ श्रुतम्**' ऐसा लिखा गया है जो प्रमादजन्य है '**श्रुतौ श्रुतौ**' यह पाठ ही समीचीन है । द्वितीय श्रुतौ का तात्पर्य जीव और ईश्वर से है अर्थात् श्रावणविषयीकृत जीव और ईश्वर मेघाकाश व जलाकाश की तरह सुव्यवस्थित हैं ।

अस्पष्टोपाधिकेश्वरनिरूपणम् -

मेघवद्वर्तते माया मेघस्थिततुषारवत् ।
धीवासनाश्चिदाभासस्तुषारस्थखवत्स्थितः ॥ १५६ ॥

अन्वयः - मेघवत् माया वर्तते । मेघस्थिततुषारवत् धीवासना । तुषारस्थखवत् आभासः स्थितः।।

व्याख्या :- दार्ष्टान्तिक ईश्वरे समन्वयाय मेघाकाशदृष्टान्तं विशदयति । माया मेघवद्वर्तते । तथा च मेघगतनीरप्रतिबिम्बिताकाशतुल्य ईश्वरो मायागतचित्प्रतिबिम्बः । तथा चेश्वरस्योपाधिर्मायेति सिद्धम् । धीवासना धियस्संस्कारास्तु मेघस्थिततुषारवद्वर्तन्ते । चिदाभासश्च धीवासनासु चितः प्रतिबिम्ब एव स चेश्वरः। "तुषारो हिमदेशयोः""शीकरे हिमभेदे चे"ति काशोद्धिमजल-वचनस्तुषारस्तत्स्थखवच्चिदाभासो मेघस्थहिमनीरप्रतिबिम्बिताकाशवत्स्थितः । अत्रेदं बोद्धव्यम् । तुषाराणां मेघगतत्त्वोक्त्या धीवासनानां जीवोपाधिभूतानां मायैकदेशवृत्तित्त्वं ज्ञापितम् । जीवरूपचिदाभासस्य हिमजलप्रतिबिम्बिताकाश तौल्योक्त्या तदुपाधीनां धीवासनानां चाल्पत्त्वं च सूचितमिति । तथा चाभाससाम्येऽप्यल्पोपाधिको जीवोऽधिकोपाधिकश्चेश्वर इति तयोर्भेद औपाधिक एवेति सुव्यवस्थित इति शम् ।।

ईश्वरस्य मायोपाधिकत्त्वे श्रुतिप्रमाणप्रदर्शनम् -

मायाधीनश्चिदाभासश्श्रुतौ मायी महेश्वरः ।
अन्तर्यामी च सर्वज्ञो जगद्योनिस्स एव हि ॥ १५७ ॥

अस्पष्टोपाधिक ईश्वर का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - माया मेघ के समान है । मेघ में स्थित तुषार कणों के समान बुद्धि की वासनाएँ (माया में स्थित) हैं और तुषार कणों में स्थित आकाश के समान चिदाभास है ।१५६।

व्याख्या - दार्ष्टान्तिक ईश्वर में समन्वय के लिए मेघाकाश के दृष्टान्त को विशद करते हुए कहते हैं कि माया मेघ के समान है । मेघ में स्थित जल में प्रतिबिम्बित आकाश के समान ईश्वर माया रूपी मेघ के जल में प्रतिबिम्बित होता है अर्थात् ईश्वर की उपाधि माया है यह सिद्ध होता है । मेघ में स्थित तुषार कणों के समान बुद्धि की वासनाएँ हैं । अर्थात् माया रूपी मेघ में बुद्धि की वासनाओं रूपी तुषार कण हैं अतः जैसे तुषार कण मेघ में ही रहते हैं, उसी प्रकार बुद्धि की वासनाएँ भी माया में ही रहती हैं । और तुषार कणों में स्थित आकाश के समान चिदाभास है । अर्थात् जैसे मेघ में स्थित जलकणों में आकाश का प्रतिबिम्ब पड़ता है, उसी प्रकार मेघस्थानीय माया में स्थित बुद्धि की वासनाओं रूपी जलकणों में आकाशस्थानीय चिदाभास का प्रतिबिम्ब पड़ता है । इसी को ईश्वर कहा जाता है । भाव यह है कि जीवोपाधिभूत जो बुद्धि की वासनाएँ हैं, वे माया के एकदेश में रहती हैं । और जीव रूप चिदाभास को तुषार में प्रतिबिम्बित आकाश के समान कहा गया है, जिससे उस उपाधिभूत बुद्धि की वासनाओं का अल्पत्व सूचित होता है । इस प्रकार जीव और ईश्वर इन दोनों में आभासत्व की समानता होने पर भी जीव अल्पोपाधिक है और ईश्वर अधिकोपाधिक है, ऐसा सिद्ध होता है । इस तरह दोनों का औपाधिक भेद सुव्यवस्थित कहा गया है ।

ईश्वर के मायोपाधिकत्व में प्रमाण दिखाते हैं ।

अर्थ - मायोपाधिक जो चिदाभास है, वह मायाधीन महेश्वर श्रुति में कहा गया है और वही

अन्वयः – मायाधीनः चिदाभासः मायी महेश्वरः श्रुतः । (किं) च अन्तर्यामी सर्वज्ञः जगद्योनिः सः एव हि ।।

व्याख्या :– मायाप्रतिबिम्बितस्येश्वरत्त्वे प्रमाणानि श्रुतयो "मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वर"मित्यादयः । परमीश्वरः कः ? किं मायावी ? उत "यः पृथिव्यां तिष्ठन्नि"त्यादिनै"ष त आत्मान्तर्याम्यमृत" इति श्रुतोऽन्तर्यामी वा? आहोस्वि"द्यस्सर्वज्ञस्सर्वविदि"ति श्रुतस्सर्वज्ञो वा अथवा "यस्मान्मायी सृजते विश्वमेतदि"ति श्रुतो जगद्योनिर्वेति संशयाञ्छमयन्नाह । मायाधीनो मायोपाधिकश्चिदाभासश्श्रुतौ मायी महेश्वर इति श्रुतः । तथा च मायोपाधिकचिदाभासस्येश्वरत्त्वं व्यवस्थितम् । न केवलमीश्वरत्त्वमेवास्य कित्वन्तर्यामित्त्वसर्वज्ञत्त्वजगद्योनित्वं च अयमेव बहुधा श्रुतौ श्रुत इति दिक्।।

वेदोक्तेश्वरस्वरूपनिरूपणम् –

सौषुप्तमानन्दमयं प्रक्रम्यैवं श्रुतिर्जगौ ।
एष सर्वेश्वर इति सोऽयं वेदोक्त ईश्वरः ॥ १५८ ॥

अन्वयः– सौषुप्तम् आनन्दमयं प्रक्रम्य "एष सर्वेश्वरः" इति एवं श्रुतिः जगौ । सः अयं वेदोक्तः ईश्वरः।।

व्याख्या :– सुषुप्तिज्ञाननिष्ठबुद्धिसंस्कारप्रतिबिम्बितचिदाभासस्येश्वरत्त्वे माण्डूक्यश्रुतिं प्रमाणयति। नृसिंहतापिन्यामपि "सुषुप्तस्थान एकीभूतः प्रज्ञानघन एवे"त्यादिना धीवासनाप्रतिबिम्बितानन्द-मयस्येश्वरत्त्वं श्रूयते । धीवासनाप्रतिबिम्बितचिदाभासस्य तद्व्यापकमायाप्रतिबिम्बितचिदाभासातिरिक्त-

---

अन्तर्यामी, सर्वज्ञ और जगत् का कारण है ।१५७।

व्याख्या – "***मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम्***" (श्वे.उ.) इत्यादि श्रुतियों में ईश्वर को मायोपाधिक कहा गया है । किन्तु ईश्वर कौन है? मायावी कौन है ? "***एष अन्तर्याम्यमृतः***" इस श्रुति में वर्णित अन्तर्यामी है ? अथवा "***यः सर्वज्ञः सर्ववित्***" इस श्रुति में प्रतिपादित सर्वज्ञ है ? अथवा "***यस्मान्मायी सृजते विश्वमेतत्***" इस श्रुति में कथित जगत् का कारण है ? इत्यादि संशयों की निवृत्ति के लिए कहते हैं कि मायाधीन मायोपाधिक चिदाभास श्रुति में मायावी और महेश्वर के रूप में कहा गया है । इससे मायोपाधिक चिदाभास का ईश्वरत्व भी कहा गया है । इस मायोपाधिक चिदाभास का केवल ईश्वरत्व ही नहीं अपितु अन्तर्यामित्व, सर्वज्ञत्व और जगद्योनित्व भी है । अर्थात् श्रुति में उसे ईश्वर के अलावा अन्तर्यामी, सर्वज्ञ और जगत्कारण के रूप में भी कहा गया है ।

वेदोक्त ईश्वर के स्वरूप का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – सुषुप्ति कालीन आनन्दमय का उपक्रम करके श्रुति ने 'यही सर्वेश्वर है' इस प्रकार कहा है, वही यह वेदोक्त ईश्वर है ।१५८।

व्याख्या – बुद्धिवासनाओं में स्थित चिदाभास का ईश्वरत्व कैसे सिद्ध हो सकता है ? इस आशंका का निवारण करने के लिए श्रुति प्रमाणों से स्वपक्ष को सस्पष्ट करते हुए आचार्य कहते हैं कि उपर्युक्त हमारा कथन केवल कपोलकल्पित नहीं है किन्तु इस विषय में प्रमाणभूता भगवती श्रुति विद्यमान है । माण्डूक्योपनिषद् में "***सुषुप्तस्थान एकीभूतः प्रज्ञानधन एवानन्दमयो ह्यानन्दभुक्***" (मा.उ. ५) इस प्रकार सुषुप्ति सम्बन्धित आनन्दमय ईश्वर के वर्णन का उपक्रम करते हुए "***एष सर्वेश्वर एष सर्वज्ञ***

त्त्वादेवानन्दमयस्य सर्वेश्वरत्त्वमिति भावः । "यत्र सुप्तौ न कञ्चन कामं कामयते न कञ्चन स्वप्नं पश्यति तत्सुषुप्तम् । सुषुप्तस्थान एकीभूतः प्रज्ञानघन एवानन्दमयो ह्यानन्दभुक्चेतोमुखः प्राज्ञस्तृतीयः पादः एष सर्वेश्वर एष सर्वज्ञ एषोन्तर्याम्येष योनिस्सर्वस्य प्रभवाप्ययौ हि भूताना"मित्यादिना सौषुप्तं सुषुप्तिसम्बन्धिनमीश्वरं स्पष्टयितुमारभ्य माण्डूक्योपनिषदस्यैव सर्वेश्वरत्त्वं सर्वज्ञत्त्वमन्तर्यामित्त्वं जगद्योनित्त्वं च सुस्पष्टं जगौ । स एव वेदोक्त ईश्वरः । यः कारणशरीरे भासमान आनन्दमयस्सुषुप्तस्थानः प्रज्ञानघनस्स एव सर्वज्ञत्त्व-सर्वेश्वरत्त्वान्तर्यामित्त्वजगद्योनित्त्वजगत्प्रभवाप्ययकारणत्त्वादिगुणविशिष्टो मायाधिष्ठानभूतस्सर्वेश्वरः । ईदृश एव निखिलश्रुत्युपवर्णितस्सर्वेश्वरः । न पातञ्जलाद्यभिमतः । श्लोकोऽयं सूत्रभूतः । यदत्र सूचितं तत्सर्वमुत्तरग्रन्थेन व्याख्यास्यते । तथा हि सर्वेश्वरत्त्वं ताव"दयं यत्सृजते विश्व"मित्यत्र, तथा सर्वज्ञत्त्वादिकं च "सर्वज्ञत्त्वादिके तस्य" अशेषप्राणबुद्धीनां "वासनानां परोक्षत्त्वा"दित्यादिष्वेवमन्तर्यामित्त्वं च "विज्ञानमयमुख्येष्वि"त्युपक्रम्यै"तस्य वा अक्षरस्ये"त्यन्ते ग्रन्थसन्दर्भे तथैव जगद्योनित्त्वं च "जगद्योनिर्भवेदेष" इत्यादिना "मायी सृजति विश्व"मित्यन्तं विस्तृततयायमेव श्लोको विवृतः । सौषुप्तानन्द इत्यत्रानन्दस्य सौषुप्तेति विशेषणं "तस्य प्रियमेव शिरः । मोदो दक्षिणः पक्षः । प्रमोद उत्तरः पक्षः । आनन्द आत्मे"त्यादिश्रुत्या जाग्रदादिकालिकेष्टपदार्थदर्शनलाभानुभवादिजन्यमनोवृत्त्यात्मकानन्दकोशावयवानां व्यावृत्तय इति ज्ञेयमिति दिक् ।।

ईश्वरस्य सर्वज्ञत्त्वाद्युपपत्तिप्रदर्शनम् -

सर्वज्ञत्त्वादिके तस्य नैव विप्रतिपद्यताम् ।
श्रौतार्थस्यावितर्क्यत्त्वान्मायायां सर्वसम्भवात् ।। १५९ ।।

अन्वयः - तस्य सर्वज्ञत्त्वादिके न एव विप्रपद्यताम् । श्रौतार्थस्य अवितर्क्यत्त्वात् । मायायां सर्वसम्भवात्।।

व्याख्या :- तस्यानन्दमयकोशस्य सर्वज्ञत्त्वादिके सर्वशक्तिमत्त्वादौ च तत्तद्विषये नैव विप्रतिपद्यतां विप्रतिपत्तिर्मा क्रियतां कुत एतत् । श्रौतार्थस्य श्रुत्युक्तविषयस्यावितर्क्यत्त्वात्संशयितुमनुचितत्त्वात् ।

एषोऽन्तर्याम्येष योनिः सर्वस्य प्रभवाप्ययौ हि भूतानाम् "(मा.उ. ६) इस प्रकार उसी ईश्वर को सर्वेश्वर, सर्वज्ञ, अन्तर्यामी और समस्त भूतों का आदिकारण कहा गया है । अर्थात् सर्वज्ञत्व, सर्वेश्वरत्व, अन्तर्यामित्व, जगत्कारणत्व आदि गुणों से विशिष्ट मायाधिष्ठानभूत ईश्वर ही वेदोक्त (वेदों के द्वारा वर्णित) ईश्वर है, न कि न्याय और योग आदि के द्वारा प्रतिपादित । यह श्लोक सूत्र रूप है, इस श्लोक में जो कहा गया है, उसी का उत्तरग्रन्थ में व्याख्यान करेंगे ।

आनन्दमय का सर्वज्ञत्वादि युक्तियुक्त नहीं है, ऐसी शंका होने पर कहते हैं ।

अर्थ - उस (आनन्दमय) की सर्वज्ञत्वादि के विषय में सन्देह नहीं करना चाहिये क्योंकि श्रुति प्रतिपादित अर्थ अतर्क्य है और माया में सब कुछ संभव है ।१५९।

व्याख्या - उस आनन्दमय कोश की सर्वज्ञता आदि के विषय में सन्देह नहीं करना चाहिये । आदि शब्द से सर्वशक्तिमत्वादि का ग्रहण होता है । इसका हेतु बताते हुए कहते हैं कि भगवती श्रुति के द्वारा प्रतिपादित जो अर्थ (श्रौतार्थ) है, वह तर्क का विषय नहीं है । भ्रम, प्रमाद, विप्रलिप्सा और कारणापाटवादि दोषों से रहित अपौरुषेय शब्दराशि रूप भगवती श्रुति कभी भी तर्क रूपी कसौटी पर

निरस्तनिखिलपुंदोषवत्त्वेनानाद्यपौरुषेये स्वतः प्रमाणे श्रुतिग्रन्थेऽप्रामाण्यानास्कन्दिते के वा संशेरते। यद्येवं तर्हि "ग्रावाणः प्लवन्त" इत्यादीनामपि स्वार्थे प्रामाण्यापत्तिः । तेषां च गुणवादता पूर्वतन्त्रेऽङ्गीकृता। "विरोधे गुणवादस्स्यादर्थवादोऽवधारिते । भूतार्थवादस्तद्धानादर्थवादस्त्रिधा मत" इत्यादिना । उपक्रमादि-भिस्स्वार्थेऽनिर्णीततात्पर्यकानामेव वाक्यानां न विरुद्धार्थबोधकत्त्वाद्यर्थवादनिमित्तानामभावान्नतद्वाक्यसाम्यमिति भावः । तर्हि कथमस्य सौषुप्तस्य सर्वज्ञत्त्वादिकमुपपद्यत इत्यत्राह । मायायामघटितघटनापटीयस्यां दुर्घटैकविधायिन्यां सर्वसंभवात्सर्वस्याप्युपपन्नतरत्त्वान्न किञ्चिदवितर्क्यमस्तीति भाव इति शम् ।।

ईश्वरस्य सर्वेश्वरत्त्वोपपादनम् -

अयं यत्सृजते विश्वं तदन्यथयितुं पुमान् ।
न कोऽपि शक्तस्तेनायं सर्वेश्वर इतीरितः ॥ १६० ॥

अन्वयः- अयं यत् विश्वं सृजते तत् अन्यथयितुं कः अपि पुमान् न शक्तः तेन अयं सर्वेश्वरः इति ईरितः।।

व्याख्या :- अनुकूलयुक्त्यभावे श्रुतिर"प्यपशवो वा अन्ये गो अश्वेभ्य" इत्यादिवत्केवलमर्थवाद एव स्यादित्याशङ्कायामनुकूलतर्कमवतारयति । अयं सर्वेश्वरो यद्विश्वं सृजते तं न कोऽपि पुमानन्यथयितु-मन्यथाकर्तुं शक्तस्समर्थः । यद्येतत्सर्वं मायाया एव प्रभावश्चेत्तर्हीश्वरस्यापि दुर्घटैकविधायिन्या मायायाः प्रभावेण जीवत्त्वं जगत्त्वं तथा जीवजगतोरपीश्वरत्त्वं कुतो न स्यादित्यत्रायं शक्त इत्याह न जीवो न जगत् अतश्शक्तत्त्वादेवायं सर्वेश्वरस्सर्वस्यापि नियामकतावानितीरितस्तत्त्वज्ञैश्श्रुतिपारगैरिति दिक्।।

ईश्वरस्य सर्वज्ञत्त्वोपपादनम् -

अशेषप्राणिबुद्धीनां वासनास्तत्र संस्थिताः ।
ताभिः क्रोडीकृतं सर्वं तेन सर्वज्ञ ईरितः ॥ १६१ ॥

कसी नहीं जा सकती । और यदि कोई श्रौतार्थ को तर्कातीत अंगीकार न करे तो दूसरा हेतु दर्शाते हैं कि माया में सब कुछ संभव है । माया अघटित घटना पटीयसी है अतः वह सर्वथा अवितर्क्य है, जिसका की पूर्वग्रन्थ में उपपादन कर चुके हैं ।

ईश्वर की सर्वेश्वरता का उपपादन करते हैं ।

अर्थ - यह आनन्दमय ईश्वर जिस विश्व को रचता है, उसको अन्यथा करने में कोई भी पुरुष समर्थ नहीं है । इसलिए यह सर्वेश्वर कहा जाता है ।१६०।

व्याख्या - अनुकूल युक्ति का अभाव होने पर श्रुति भी "***ग्रावाणः प्लवन्ते***" (पत्थर तैरते हैं) इस वाक्य के समान अर्थवाद रूप (स्वार्थ में प्रमाण रहित) हो जाएगी । ऐसी आशंका होने पर श्रुति का प्रामाण्य सिद्ध करने के लिए श्रुति प्रतिपादित सर्वेश्वरत्वादि का युक्ति से उपपादन करते हुए कहते हैं कि यह आनन्दमय ईश्वर जिस विश्व प्रपञ्च की रचना करता है, उसको अन्यथा करने में (बदलने में) कोई भी पुरुष समर्थ नहीं है । इसी हेतु से उस आनन्दमय को तत्वज्ञ लोग सर्वेश्वर कहते हैं ।

ईश्वर के सर्वज्ञत्व का उपपादन करते हैं ।

अर्थ - वहाँ (सुषुप्ति कालीन कारण रूप अज्ञान में) सम्पूर्ण प्राणियों की बुद्धि की वासनाएँ (संस्कार) भली-भाँति स्थित हैं । वह उन वासनाओं के द्वारा सम्पूर्ण जगत् को विषयी करता है, इसलिए

अन्वयः – तत्र अशेषप्राणिबुद्धीनां वासनाः संस्थिताः । ताभिः सर्वं क्रोडीकृतं तेन सर्वज्ञः ईरितः।।

व्याख्या :– ईश्वरस्य सार्वज्ञ्यमुपपादयति । सौषुप्ताज्ञाने कारणभूते तत्कार्याणां निखिलप्राणिधियां संस्कारास्तिष्ठन्ति तैरेवाखिलं जगद्विषयीक्रियत इति सर्वबुद्धिवासनावदज्ञानोपाधिकत्त्वेन सार्वज्ञ्यमित्याह। अशेषप्राणिबुद्धीनां निखिलजन्तुधियां वासनास्संस्कारास्तत्र सौषुप्तिकाज्ञाने संस्थिताः सम्यक्प्रतिष्ठितास्ताभिरेव वासनाभिस्सर्वं जगत्क्रोडीकृतं विषयीकृतं विद्यते । तेनैव कारणेनेश्वरस्सर्वज्ञस्सर्वज्ञानवानितीरितो वेदसारज्ञैः। निखिलप्राणिबुद्धिवासनाविशिष्टमायोपाधिकत्त्वात्स ईश्वरस्सर्वं जानातीति हेतोस्सर्वज्ञ इत्युच्यत इति शम् ।।

आनन्दमये सर्वज्ञत्त्वानुभवं कारणनिरूपणम् –

वासनानां परोक्षत्त्वात्सर्वज्ञत्त्वन्नहीक्ष्यते ।
सर्वबुद्धिषु तद्दृष्ट्वा वासनास्वनुमीयताम् ।। १६२ ।।

अन्वयः – वासनानां परोक्षत्त्वात् सर्वज्ञत्त्वं न हि ईक्ष्यते । सर्वबुद्धिषु तत् दृष्ट्वा वासनासु अनुमीयताम्।।

व्याख्या :– यद्यानन्दमयस्यास्ति सर्वज्ञत्त्वं तर्हि कुतो नानुभूयते । बुद्धेर्वासनानां संस्काराणां परोक्षत्त्वत्प्रत्यक्षमनुपलम्भादानन्दमये सर्वज्ञत्त्वं न हीक्ष्यन्ते न प्रत्यक्षतयानुभूयन्ते । एतेन सुषुप्तौ सर्वप्रणिनां सर्वविषयप्रत्यक्षापत्तिरपि निरस्ता वेदितव्या । धर्माधर्मादिवन्नित्यपारोक्ष्यादिति भावः । साक्षिणस्तद्भानमप्यज्ञातत्त्वेनैव । तस्मादैव विवरणकाराणां निर्णयो यज्ज्ञातत्त्वाज्ञातत्त्वाभ्यां सर्वमपि साक्षिभास्यमेवेति । एवं चेत्कथं तर्हि तस्यावस्थितिरवगम्यत इति चेदुच्यते । सर्वबुद्धिषु तत्सर्वज्ञत्त्वं समष्ट्या विद्यमानं विज्ञाय सर्वासु वासनासूपाधिष्वनुमीयतां युक्तिभिरूह्य ज्ञायताम् । सर्वबुद्धिनिष्ठं सर्वज्ञत्त्वं

वह सर्वज्ञ कहा जाता है ।१६१।

व्याख्या – पूर्वश्लोक में आनन्दमय को सर्वेश्वर सिद्ध कर दिया गया अब उसी की सर्वज्ञता का प्रतिपादन करते हुए कहते हैं कि सुषुप्ति कालीन जो कारणरूप अज्ञान है, उसी में सम्पूर्ण प्राणिवर्ग की बुद्धियों की वासनाएँ अर्थात् संस्कार सम्यक् रूप से स्थित हैं । उन्हीं वासनाओं के द्वारा यह सम्पूर्ण जगत् क्रोडीकृत (विषयीकृत) है । अतः वह सर्वज्ञ कहलाता है । भाव यह है कि वह आनन्दमय ईश्वर सम्पूर्ण प्राणिबुद्धिवासनाविशिष्ट मायोपाधिक होने के कारण सब कुछ जानता है, इसलिए उसे सर्वज्ञ कहा जाता है ।

आनन्दमय में सर्वज्ञत्व का दर्शन न होने का कारण बताते हैं ।

अर्थ – वे वासनाएँ परोक्ष होने के कारण सर्वज्ञता का साक्षात् अनुभव नहीं होता है । सम्पूर्ण बुद्धियों में उस सर्वज्ञता को देखकर बुद्धि के संस्कारों में उसका अनुमान कर लेना चाहिये ।१६२।

व्याख्या – यदि आनन्दमय का सर्वज्ञत्व है तो फिर उसका अनुभव क्यों नहीं होता है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि बुद्धि की वासनाएँ परोक्ष हैं अर्थात् प्रत्यक्ष रूप से उपलब्ध नहीं हैं, इसलिए आनन्दमय में सर्वज्ञत्व का साक्षात् अनुभव नहीं होता है । इससे सुषुप्ति में सभी प्राणियों की सर्वविषय प्रत्यक्षापत्ति भी निरस्त हो जाती हैं। ये वासनाएँ धर्म और अधर्म के समान नित्य परोक्ष ही रहती हैं । साक्षी को भी उसका भान अज्ञान रूप से ही होता है । यदि ऐसा ही है तो फिर उसकी अवस्थिति किस तरह जानी जाती है । ऐसी आकांक्षा होने पर कहते हैं कि सम्पूर्ण बुद्धियों में उस सर्वज्ञता का दर्शन कर बुद्धिवासनाओं में भी उसका अनुमान कर लेना चाहिये । सर्वबुद्धिनिष्ठ सर्वज्ञत्व स्वकारणभूतवासनागत सर्वज्ञत्वपुरस्सर

स्वकारणभूतवासनागतसर्वज्ञत्त्वपुरस्सरं भवितुमर्हति । कार्यनिष्ठधर्मविशेषत्त्वाद्घटनिष्ठगन्धादिगुणवदित्यादि-नानुमीयतामित्यर्थः । तत्तत्संस्कारगोचराः पदार्थास्तत्तज्ज्ञानस्य विषयीभूता भवन्तीत्यत्र नास्ति कोऽपि विवादः । मायायां सर्वपदार्थविषयकसंस्काराणां तदंशभूतानामप्यव्यभिचारेण सर्वसंस्कारगोचरतत्तद्वस्तु-ज्ञानं मायोपाधिके सम्भवतीति नास्तीश्वरस्य सर्वज्ञत्त्वहानिः । नास्त्येव तादृशं वस्तु यद्वासनानामपि गोचरं न भवेत् । सति च पदार्थे कस्मिंश्चिदपि बुद्धेस्संस्कारगोचरता स्यादेव। तस्मात्तदुपाधिमायांशसंस्काराणां यदगोचरं तन्नरविषाणवदलीकमेवेति मायोपाधिकस्य सर्वथा सर्वज्ञत्त्वं सिद्ध्यतीति दिक् ।।

ईश्वरस्यान्तर्यामित्त्वनिरूपणम् –

विज्ञानमयमुख्येषु कोशेष्वन्यत्र चैव हि ।
अन्तस्तिष्ठन्यमयति तेनान्तर्यामितां व्रजेत् ।। १६३ ।।

अन्वयः – विज्ञानमयमुख्येषु कोशेषु च अन्यत्र एव हि अन्तः तिष्ठन् यमयति । तेन अन्तर्यामितां व्रजेत् ।।

व्याख्या :- "एषोऽन्तर्यामी"ति श्रुत्युक्तमन्तर्यामितां प्रतिपादयन्नन्तर्यामिशब्दार्थं व्युत्पादयति । यतो विज्ञानमयमुख्येषु विज्ञानमयादिकोशेषु तथान्यत्र पृथिव्यादौ रेतोऽन्तेषु पदार्थेश्वन्तस्तिष्ठन्नपि तद्भिन्न इव स्थित्त्वा यमयति सर्वं प्रवहारं प्रवर्तयंस्तस्मिंस्तस्मिन्कर्मणि तं तं नियोजयति तेनैव हेतुनान्तर्यामितां व्रजेदतोऽन्तर्यामीत्युच्यत इत्यर्थः । "यो विज्ञाने तिष्ठन्विज्ञानादन्तरो यं विज्ञानं न वेद यस्य विज्ञानं शरीरं यो विज्ञानमन्तरो यमयत्येष त आत्मान्तर्याम्यमृत" इत्यादि श्रुतेरीश्वरस्यान्तर्यामिता अवगन्तव्येति शम् ।।

ही हो सकता है । कार्यनिष्ठ धर्मविशेष होने के कारण, घटनिष्ठ गन्धादिगुण के समान, इस प्रकार अनुमान कर लेना चाहिये । उन-उन संस्कारों के गोचर पदार्थ उन-उन ज्ञान के विषयीभूत होते हैं । इस विषय में कोई भी विवाद नहीं है । कोई वस्तु ऐसी नहीं है जो वासनाओं की गोचर न हो । जो भी पदार्थ है, वह किसी न किसी बुद्धि के संस्कार का गोचर अवश्य ही होगा अतः जो उनका गोचर नहीं है, वह खरगोश के सींग के समान अलीक ही रहेगा । अतः मायोपाधिक ईश्वर का सर्वज्ञत्व सर्वथा सिद्ध ही है ।

ईश्वर के अन्तर्यामित्व का वर्णन करते हैं ।

अर्थ – विज्ञानमय आदि कोशों में और अन्यत्र भी सबके भीतर रहकर सबका नियमन करता है । इसलिए (वह आनन्दमय ईश्वर) अन्तर्यामित्व को प्राप्त होता है ।१६३।

व्याख्या – "**एषोऽन्तर्यामी**" इस श्रुति में वर्णित अन्तर्यामित्व का प्रतिपादन करते हुए अन्तर्यामी शब्द के अर्थ को स्पष्ट करते हैं । विज्ञानमय आदि कोशों में अर्थात् अन्नमय कोश से लेकर विज्ञानमय कोश पर्यन्त कोशों में और अन्यत्र भी अर्थात् पृथिव्यादि अन्य वस्तुओं में भी सबके भीतर रहकर उनसे भिन्न होता हुआ-सा उन सबका नियमन करता है । सभी प्राणियों के भीतर स्थित होकर उन-उन प्राणियों को भिन्न-भिन्न कर्मों में प्रेरित करता है । इसीलिए वह आनन्दमय शब्दवाच्य ईश्वर अन्तर्यामित्व को प्राप्त होता है, अर्थात् अन्तर्यामी कहा जाता है । "***यो विज्ञाने तिष्ठन् विज्ञानादन्तरोऽयं विज्ञानं न वेद यस्य विज्ञानं शरीरं यो विज्ञानमन्तरो यमयत्येष त अन्तर्याम्यमृतः*** (बृ.उ. ३/७/२२) इस श्रुति वचन से भी ईश्वर की अन्तर्यामिता का बोध होता है ।

ईश्वरस्यान्तर्यामित्त्वे श्रुतिप्रमाणप्रदर्शनम् -

बुद्धौ तिष्ठन्नान्तरोऽस्या धियानीक्ष्यश्च धीवपुः ।
धियमन्तर्यमयतीत्येवं वेदेन घोषितम् ॥ १६४ ॥

अन्वयः - बुद्धौ तिष्ठन् अस्याः आन्तरः च धिया अनीक्ष्यः धीवपुः धियम् अन्तः यमयति इति एवं वेदेन घोषितम् ।।

व्याख्या :- ईश्वरस्यान्तर्यामित्त्वे सम्पूर्णमन्तर्यामिब्राह्मणं प्रमाणमिति विवक्षुस्स्थालीपुलाकन्यायेनैकं वाक्यमर्थत उदाहरति "यो विज्ञाने तिष्ठन्नि"त्यादिब्राह्मणम् । ईश्वरोऽन्तर्यामी बुद्धौ तिष्ठन्नप्यस्या बुद्धेरान्तरस्तस्मादेव तदन्तस्स्थिते हेतोस्स बुद्ध्या न ज्ञायते इति भावः । सोऽयं धीवपुधीरेव स्वरूपं यस्य स तथोक्तः । लोकेऽपि न्याय एष विद्यते यद्रूपेण यद्दृश्यते तत्तस्य शरीरमिति । यो धीवपुस्स धियानीक्ष्यो बुद्धिविषयो न भवति तस्य साक्षिरूपत्त्वात् । परन्तु धियमन्तर्यमयतीत्येवं वेदेनान्तर्यामिब्राह्मणेन घोषितं घण्टारवेण श्रावितमिति भाव इति शम् ।।

ईश्वरस्यान्तर्यामित्त्व उपपत्तिप्रदर्शनम् -

तन्तुः पटे स्थितो यद्वदुपादानतया तथा ।
सर्वोपादानरूपत्त्वात्सर्वत्रायमवस्थितः ॥ १६५ ॥

अन्वयः - यद्वत् तन्तुः उपादानतया पटे स्थितः तथा अयं सर्वोपादानरूपत्त्वात् सर्वत्र अवस्थितः।।

व्याख्या :- ईश्वरो बुद्धावास्त इति कथं निर्णीयते । न हि नियामकत्त्वान्यथानुपपत्त्या बुद्धिस्थता

ईश्वर के अन्तर्यामित्व में श्रुतिप्रमाण दर्शाते हैं ।

अर्थ - (वह ईश्वर) बुद्धि में रहकर उसके भीतर है और बुद्धि का अविषय है, बुद्धि उसका शरीर है । वह बुद्धि के भीतर रहकर उसका नियमन करता है । इस प्रकार वेद ने घोषणा की है अर्थात् कहा है ।१६४।

व्याख्या - पूर्वोक्त अर्थ में सम्पूर्ण 'अन्तर्यामी ब्राह्मण' प्रमाण है, इस बात को दिखाने की इच्छा से स्थालीपुलाक न्याय से उसके एक वाक्य को अर्थतः प्रस्तुत करते हैं । (यो विज्ञाने तिष्ठन् इत्यादि) अन्तर्यामी ईश्वर बुद्धि में रहता हुआ भी उसके भीतर है अर्थात् बुद्धि के भीतर रहने के कारण वह बुद्धि के द्वारा नहीं जाना जा सकता । साक्षी होने के कारण वह बुद्धि का विषय नहीं है । बुद्धि उसका शरीर है अर्थात् वह बुद्धिस्वरूप है । क्योंकि लोक में यह न्याय प्रसिद्ध है कि जो जिस रूप से दिखाई देता है, वही उसका शरीर माना जाता है । और वह आनन्दमय अन्तर्यामी परमात्मा बुद्धि के भीतर रहकर उसका नियमन करता है । इस प्रकार पूर्वोक्त अन्तर्यामी ब्राह्मण ने घोषणा की है । अर्थात् यह श्रुति का डिण्डिम घोष है ।

दृष्टान्तपूर्वक ईश्वर के अन्तर्यामित्व का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - जैसे तन्तु उपादान रूप से पट (वस्त्र) में स्थित है, उसी प्रकार सर्वोपादान रूप होने के कारण यह (अन्तर्यामी) सर्वत्र अवस्थित है ।१६५।

व्याख्या - अन्तर्यामी ब्राह्मण के हरएक मन्त्र का व्याख्यान करने में ग्रन्थ बहुत बढ़ जाएगा इस भय से सभी पर्यायों में अन्तर्यामित्व की सिद्धि के लिए "***यः सर्वेषु भूतेषु तिष्ठन्***" इस मन्त्र के अर्थ

निर्णीयत इति साम्प्रतम् । नियामकत्त्वस्यान्यत्र स्थितस्यापि सम्भावितत्त्वात् । यथा राजधानीमधिवसन्त एव चक्रवर्तिनो राजानो विभिन्नदेशनगरग्रामवासिनो जनान्नियमयन्तीति दृष्टमेवेमेवेश्वरोऽन्यत्र स्थित एव सर्वान्प्राणिनो नियमयतु कुतस्तस्य बुद्धिस्थता प्रकल्प्यत इति चेन्न । उपादानकारणत्त्वादीश्वरस्य कार्ये स्थितिरङ्गीकार्येत्याह । यद्वत्पटे वस्त्रे उपादानतया स्थितस्तन्तुस्तथा तद्वदेवेश्वरस्य सर्वोपादानत्त्वान्निखिलजगन्निरूपितोपादानकारणत्त्वस्येश्वरे सद्भावादन्तर्यामीश्वरस्सर्वत्रावस्थित इति बुद्धिं प्रत्युपादानत्त्वाद्बुद्धावपि तिष्ठतीति बुद्धिस्थता निश्चीयत इति भावः । अन्तर्यामिब्राह्मणस्य सर्वस्यापि प्रतिपर्यायव्याख्याने ग्रन्थबाहुल्यभिया यत्किञ्चिद्व्याख्यानेनापि सर्वपर्यायसञ्चारित्त्वसिद्ध्या सर्वं व्याख्यातं यथा भवेत्तथा प्रयतमानोऽन्तिमं पर्यायं "यस्सर्वेषु भूतेषु तिष्ठन्नि"त्यादिश्रुतिं व्याचक्षाण"स्सर्वोपादनत्त्वात्सर्वत्रायमवस्थित" इत्यवोचदिति शम् ।।

ईश्वरस्य सर्वान्तरत्त्वेन न प्रत्यक्षविषयतेति निरूपणम् –

पटादप्यान्तरस्तन्तुस्तन्तोरप्यंशुरान्तरः ।
आन्तरत्त्वस्य विश्रान्तिर्यत्रासावनुमीयताम् ।। १६६ ।।

अन्वयः – पटात् अपि आन्तरः तन्तुः । तन्तोः अपि अन्तरः अंशुः । आन्तरत्त्वस्य विश्रान्तिः यत्र असौ अनुमीयताम् ।।

व्याख्या :– अन्तर्यामिण ईश्वरस्य सर्वोपादानत्त्वे पटादिषु तन्त्वादिवत्सर्वत्र प्रत्यक्षता भवेदिति चेत्सत्यम् । अत्र प्रत्यक्षत्त्वापत्तिः किमुपादानत्त्वेन रूपेण ? आहोस्विदधिष्ठानसामान्यांशेन वा? न हि सम्भवत्युपादानत्त्वेन रूपेण प्रत्यक्षत्त्वापत्तिर्यतो घट्टित पटवत्सौषुप्ताविद्यागतधीवासनाप्रतिबिम्बित–

को दृष्टान्त पूर्वक निरुपित करते हैं । ईश्वर बुद्धि में स्थित है, यह कैसे जाना जाए ? नियामकत्व की अन्यथानुपपत्ति के कारण अन्तर्यामी की बुद्धिस्थता का निर्णय नहीं हो सकता । क्योंकि जो नियामक होता है वह अन्यत्र स्थान में रहकर भी नियमन कर सकता है । जैसे अपनी राजधानी में रहता हुआ भी चक्रवर्ती सम्राट सम्पूर्ण पृथ्वी का नियमन करता है । अतः सर्वप्राणियों का नियन्ता जो अन्तर्यामी ईश्वर है, उसकी बुद्धि में उपस्थिति की कल्पना कैसे संभव है ? ऐसी शंका होने पर आचार्य उसका दृष्टान्त पूर्वक समाधान देते हैं कि जैसे तन्तु उपादन रूप से पट (वस्त्र) में स्थित है, उसी प्रकार सम्पूर्ण जगत् का उपादान कारण रूप होने के कारण यह अन्तर्यामी सर्वत्र अवस्थित है । भाव यह है कि यह अन्तर्यामी बुद्धि का भी उपादान होने के कारण बुद्धि में भी रहता है ।

ईश्वर की सर्वान्तरता प्रत्यक्षगोचर नहीं है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ – पट से सूक्ष्म तन्तु और तन्तु से भी सूक्ष्म अंशु (रेशें), इस प्रकार जहाँ सूक्ष्मता की विश्रान्ति हो जाए, वही अन्तर्यामी है, ऐसा अनुमान कर लेना चाहिये ।१६६।

व्याख्या – सबका उपादान कारण होने पर भी यह आनन्दमय अन्तर्यामी सर्वत्र सभी का अनुभवगम्य क्यों नहीं होता है ? और जैसे वस्त्र में तन्तु का प्रत्यक्ष दर्शन होता है, वैसे ही अन्तर्यामी की भी सर्वत्र प्रत्यक्षगोचरता होनी चाहिये, यदि ऐसा कहें तो (सिद्धान्ती) – आपका कथन सत्य है, किन्तु यह बताइये कि आपकी प्रत्यक्षत्वापत्ति उपादान रूप से है अथवा अधिष्ठान– सामान्यरूप से ? उपादान

चिदाभासरूपेश्वरस्योपाधिपारोक्ष्यस्य वासनानां परोक्षत्त्वादित्यादिकारणेन पूर्वं प्रतिपादितरीत्या तदुपाधेयस्याप्यप्रत्यक्षत्त्वात् न वाधिष्ठानसामान्यांशेनापि संभवति प्रत्यक्षता । आत्मनस्सर्वाधिष्ठानत्त्वेनै-तस्याधिष्ठानत्त्वेन तत्सामान्यांशस्य सत्तात्मकप्रकाशस्य स्वप्रकाशत्त्वेन सर्वत्र नामरूपभ्रमस्वरूप-लाभार्थमेव प्रत्यक्षताया इष्टत्त्वाच्च । तस्मादयमनुमानागमाभ्यामेवाधिगम्य इत्याशयेनाह । पटादपि तन्तुरान्तरस्सूक्ष्मतरः । तन्तोरप्यंशुः । तस्मादपि तत्परमाणुरान्तरः । एवं यत्रान्तरत्त्वस्य विश्रान्तिस्स एवासावीश्वर इत्यनुमीयताम् । अनुमानप्रकारस्त्वान्तरत्त्वतारतम्यं क्वचिद्विश्रान्तं तारतम्यत्त्वादणुत्त्व-तारतम्यवदित्यादि । यथा वा पटस्य तन्तूपादानत्त्वेऽपि तदवयवानां तदुपादानतेत्येवमवयवपरम्पराया यत्र विश्रान्तिस्समाप्तिस्तत्र परमाणौ परम्परया सर्वोपादानत्त्वमेवमेव बुद्ध्यंशानां साक्षाद्बुद्ध्युपादानत्त्वेऽपि तत्तदान्तरान्तरोपादानविचारणायां यत्र तद्विश्रान्तिस्स एवेश्वर इति तस्य परम्परया बुद्ध्युपादानत्त्वं न हीयते । यथा वा पटस्य परम्परयोपादानभूतपरमाणुस्सर्वान्तरः पटे तिष्ठति तद्वद्बुद्धावपि परम्परयोपादान-भूतस्सर्वान्तर ईश्वरो बुद्धौ तिष्ठतीति सर्वमनवद्यमिति शम् ।।

ईश्वरस्येन्द्रियाग्राह्यतानिरूपणम् -

द्वित्रान्तरत्त्वकक्षाणां दर्शनेऽप्ययमान्तरः ।
न वीक्ष्यते ततो युक्तिश्रुतिभ्यामेव निर्णयः ।। १६७ ।।

अन्वयः - द्वित्रान्तरत्त्वकक्षाणां दर्शने अपि अयम् आन्तरः न वीक्ष्यते । ततः युक्तिश्रुतिभ्याम् एव निर्णयः।।

व्याख्या :- पटादप्यान्तराणामुपादानभूतानां तन्त्वादीनां प्रत्यक्षता यथा भवत्येवं सर्वोपादानभूतस्य

रूप से तो उसकी प्रत्यक्षत्वापत्ति संभव नहीं है क्योंकि यह कोई नियम नहीं है कि जो उपादान कारण हो उसको प्रत्यक्ष होना ही चाहिये । और अधिष्ठानसामान्यांश रूप से भी उसकी प्रत्यक्षता संभव नहीं है । क्योंकि आत्मा सर्वाधिष्ठानभूत है अतः उसका कोई भी अधिष्ठान नहीं है । अतः अन्तर्यामी की सर्वान्तरता प्रत्यक्षगोचरा नहीं है तथापि उसे अनुमान के द्वारा जाना जा सकता है । पट (वस्त्र) से भी सूक्ष्मतर उसका तन्तु होता है और तन्तु से भी सूक्ष्मतर अंशु (रेशा) होता है । इस प्रकार सूक्ष्मतरता का विवेचन करते हुए जहाँ उस तारतम्य की विश्रान्ति हो जाए आर्थात् जिससे सूक्ष्मतर और कोई पदार्थ उपलब्ध न हो, वही सर्वान्तर्यामी ईश्वर है, ऐसा अनुमान कर लो । भाव यह है कि यद्यपि बुद्धि के सूक्ष्म अवयवों को ही बुद्धि का उपादान कारण माना जाता है तथापि उन अवयवों के भी सूक्ष्म अवयव और उनके भी सूक्ष्म अवयव, इस प्रकार सूक्ष्मता का विचार करते हुए जहाँ सूक्ष्मता की विश्रान्ति हो जाए वही ईश्वर है । इस प्रकार परम्परा से ईश्वर को उपादान कारण मानने में कोई बाधा नहीं है । जैसे परम्परा से उपादानभूत पट के परमाणु पट में रहते हैं, उसी प्रकार बुद्धि में ईश्वर रहता है ।

अन्तर्यामी का निर्णय श्रुति और युक्ति के द्वारा करना चाहिये, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - दो, तीन कक्षा पर्यन्त आन्तर पदार्थों का दर्शन होने पर भी यह सर्वान्तर्यामी परमेश्वर देखने में नहीं आता है, इसलिए युक्ति और श्रुति के द्वारा ही उसका निर्णय करना चाहिये ।१६७।

व्याख्या - पट के उपादनभूत तन्त्वादि की प्रत्यक्षता जैसे होती है, उसी प्रकार सर्वोपादानभूत सर्वान्तरर्यामी की प्रत्यक्षता नहीं होती है । इसका कारण अज्ञान है, इस प्रकार समाधान कर चुके हैं ।

सर्वान्तरस्यन्तर्यामिणः कुतः प्रत्यक्षता नास्तीति चेदज्ञानाद्युपहितत्त्वान्नैवेक्ष्यत इति समाहितम् । तत्सत्त्वे किं मानमित्यस्योत्तरमुच्यते । द्वित्रान्तरत्त्वकक्षाणां द्वे वा तिस्रो वान्तरत्त्वकक्षा अन्तरवस्थानभूमयस्तासां द्वे वा तिस्रो वा द्वित्रा "बहुव्रीहौ सङ्ख्येये" इति डच् द्वित्रान्तरत्त्वकक्षाणां तदान्तरत्त्वकक्षाणां दर्शनेऽपि प्रत्यक्षत्त्वेऽपि तदान्तरकक्षाभूत द्व्यणुकपरमाण्वोरप्रत्यक्षत्त्वादयमान्तरः । एवमान्तरत्त्वविश्रान्तिधाम सर्वान्तर ईश्वरो न वीक्ष्यते न प्रत्यक्षविषयो भवति परमाणुवत् । यद्यनीक्ष्यते तर्हि कुतस्ततत्सद्भावनिर्णय इत्यत्रोच्यते । ततो बुद्धेरनीक्ष्यत्त्वाद्युक्तिश्रुतिभ्यामेव निर्णयः । अत्र युक्तिर्बुद्धिस्तदंशानां च सर्वेषां कार्यत्त्वात्तेषां किञ्चिन्नित्यमुपादानं विना संभवो नास्ति । अतश्च कार्यमात्रसाधारण उपादानभूतः कश्चन पदार्थस्सिद्ध्यति । स एवेश्वर इत्यादिरत्र युक्तिः । अचेतनस्य चेतनाधिष्ठानं विना प्रवृत्त्यनुपपत्तिरूपा युक्तिः । "यस्सर्वेषु भूतेषु तिष्ठन्नि"त्यादिश्च श्रुतिः । एवञ्चान्तर्यामिणः प्रत्यक्षतया गृह्यमाणत्त्वेऽपि श्रुतियुक्तिभ्यामेव तन्निर्णयः कार्यः इति शम् ।।

सर्वेश्वरस्य सर्वशरीरत्त्वोपपादनम् –

पटरूपेण संस्थानात्पटस्तन्तोर्वपुर्यथा ।
सर्वरूपेण संस्थानात्सर्वमस्य वपुस्तथा ।। १६८ ।।

अन्वयः – पटरूपेण संस्थानात् तन्तोः पटः वपुः यथा । तथा सर्वरूपेण संस्थानात् अस्य सर्वं वपुः।।

व्याख्या :- परिदृश्यमानं निखिलमपि जगदन्तर्यामिण एव रूपमिति विवक्षु"र्यस्य सर्वाणि भूतानि शरीरं" "यस्सर्वत्र तिष्ठन्नि"त्यादिश्रुत्युक्तं सर्वशरीरत्त्वं सदृष्टान्तं दर्शयति । यथा पटरूपेण

किन्तु उसके सद्भाव में क्या प्रमाण है ? तन्तु आदि के आन्तरिक कुछ अंशो का इन्द्रियवेद्यत्व देखा गया है, उसी प्रकार ईश्वर का भी इन्द्रियवेद्यत्व क्यों नहीं है ? इसका उत्तर देते हैं कि जैस दो-तीन कक्षा पर्यन्त आन्तर पदार्थों का दर्शन नहीं होता है, उसी प्रकार सर्वान्तर होने के कारण यह सर्वान्तर्यामी दृष्टिगोचर नहीं होता है अर्थात् परमाणु के समान दृष्टिगोचर नहीं होता है । यदि वह दृष्टिगोचर नहीं है तो उसकी सत्ता का निर्णय कैसे होता है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि वह अन्तर्यामी बुद्धि का अविषय होने के कारण अनीक्ष्य होने पर भी युक्ति और श्रुति के द्वारा जाना जा सकता है । यहाँ युक्ति यह है कि बुद्धि और उसके अंश आदि सभी कार्य हैं, इसलिये कोई नित्य उपादान के बिना उनकी उत्पत्ति नहीं हो सकती । अतः कार्यमात्र साधारण उपादानभूत कोई पदार्थ है, ऐसा सिद्ध होता है । वही ईश्वर है । और अचेतन की चेतनाधिष्ठान के बिना प्रवृत्ति संभव नहीं है, यह भी युक्तिवचन है । तथा "***यः सर्वेषु भूतेषु तिष्ठन्***" (बृ.उ. ३/७/१५) इत्यादि श्रुतिवचन भी हैं । अतः ईश्वर के अन्तर्यामित्व का श्रुति और युक्ति के द्वारा निर्णय करना चाहिये ।

परिदृश्यमान सम्पूर्ण जगत् अन्तर्यामी का ही रूप है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ – जैसे पट रूप से रहने के कारण तन्तु का शरीर पट है, वैसे ही सब रूपों में रहने के कारण सम्पूर्ण जगत् अन्तर्यामी का शरीर है ।१६८।

व्याख्या – परिदृश्यमान सम्पूर्ण जगत् अन्तर्यामी का ही रूप है, इस प्रकार की विवक्षा से "***यस्य सर्वाणि भूतानि शरीरं***" "***यस्सर्वत्रतिष्ठन्***" इत्यादि श्रुति प्रतिपादित सर्वशरीरत्व को दृष्टान्त पूर्वक

संस्थानाद्धेतोस्तद्रूपेणावस्थितस्य तन्तोः पट एव शरीरं तथैवान्तर्यामिणस्सर्वरूपेण संस्थानादेव-कारणादस्येश्वरस्य सर्वं वपुश्शरीरं "यस्य सर्वाणि भूतानि शरीर"मिति श्रुतेस्सर्वशरीरत्त्वं सर्वेश्वरस्य सिद्धमिति शम् ।।

ईश्वरस्य सर्वजगन्नियामकता विशदीकरणम् -

तन्तोस्सङ्कोचविस्तारचलनादौ पटस्तथा ।
अवश्यमेव भवति न स्वातन्त्र्यं पटे मनाक् ॥ १६९ ॥
तथान्तर्याम्ययं यत्र यया वासनया यथा ।
विक्रियेत तथावश्यं भवत्येव न संशयः ॥ १७० ॥

अन्वयः - यथा तन्तोः सङ्कोचविस्तारचलनादौ पटः अवश्यम् एव भवति । पटे स्वातन्त्र्यं मनाक् न।।
अन्वयः-तथा अयम् अन्तर्यामी यत्र यया वासनया यथा विक्रियते तथा अवश्यं भवति एव न संशयः।।

व्याख्या :- "यस्सर्वाणि भूतान्यन्तरो यमयती"ति वचनेन सर्वं जगत्स एव नियमयन्स्वतन्त्रोऽस्तीति चित्रपटदृष्टान्तपूर्वकमाह । यथा तन्तोरुपादानकारणस्य सङ्कोचविस्तारचलनादौ यादृशी स्थितिस्तन्तो-स्तादृशस्थितिक एव पटोऽपीति तन्त्वनुरूपमेवावश्यं भवति पट इति हेतोर्मनागीषदपि न स्वातन्त्र्यं पटे दृश्यते तथा पृथिव्यादिषूपादानत्त्वेन विद्यमानोऽन्तर्यामी यत्र यत्रोपाधौ यया यया वासनया संस्कारविशेषेण यथा यथा घटपटादिकार्यरूपेण विक्रियेत विकारमापद्येत तथा तथा तत्त्कार्यजातमित्यवश्यं तदुपादानानुरूपं विक्रियेतेत्यत्र न संशयः । नियमेन तादृशविकारभाग्भवति यतः कार्यस्य कारणादनन्यता नियता । तथा चैतत्कार्यविकारस्तदुपादानविकाराधीन इति न कार्यजातस्य स्वातन्त्र्यं किञ्चिदपि ।

दिखाते हैं । जैसे पट रूप से अवस्थित रहने के कारण तन्तु का शरीर पट ही है, उसी प्रकार अन्तर्यामी ईश्वर भी सर्वरूप में स्थित होने के कारण अर्थात् सभी का उपादान होने के कारण सम्पूर्ण जगत् इस अन्तर्यामी ईश्वर का शरीर है । "***यस्य सर्वाणि भूतानि शरीरं***" इस श्रुति के द्वारा सर्वेश्वर का सर्वशरीरत्व सिद्ध ही है ।

ईश्वर के सर्वजगन्नियामकत्व को दृष्टान्तपूर्वक स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - तन्तु (सूत) के संकोच, विस्तार और चलनादि से पट भी वैसा अवश्य ही होता है, पट में किञ्चिन्मात्र भी स्वातन्त्र्य नहीं है । उसी तरह यह अन्तर्यामी जहाँ जैसी वासना से जिस प्रकार से विकार को प्राप्त होता है, उसी प्रकार कार्य अवश्य होता ही है, इसमें संशय नहीं है ।१६९-१७०।

व्याख्या - सम्पूर्ण जगत् का नियन्ता एकमात्र ईश्वर ही है, इसको दृष्टान्त पूर्वक बताते हैं कि उपादानकारण होने के कारण तन्तु के संकोच (सिकुड़ना), विस्तार (फेलना) और चलनादि (हिलना आदि) क्रियाओं में पट भी अवश्य वैसा ही हो जाता है अर्थात् पट भी संकोच, विस्तार और चलनादि वाला अवश्य हो जाता है । पट की इस विषय में स्वल्पमात्र भी स्वतन्त्रता नहीं है । उसी तरह पृथ्वी आदि में उपादानकारण रूप से विद्यमान अन्तर्यामी जिस-जिस उपाधि में जिस-जिस वासना (संस्कार) से जैसे घट, पटादि कार्य रूप से विकार को प्राप्त होता है, उसी प्रकार कार्य भी अवश्य ही होते हैं, इसमें

परिपूर्णं तु स्वातन्त्र्यमन्तर्यामिण एवेति तस्यैव सर्वजगद्व्यवहारनियामकत्त्वमिति शम् ।।

ईश्वरस्यान्तर्यामित्त्वे गीतावचनस्य प्रमाणत्त्वेन प्रदर्शनम् -

ईश्वरस्सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन ! तिष्ठति ।
भ्रामयन्सर्वभूतानि यन्त्रारूढानि मायया ॥ १७१ ॥

अन्वयः - अर्जुन! ईश्वरः यन्त्रारूढानि सर्वभूतानि मायया भ्रामयन् सर्वभूतानां हृद्देशे तिष्ठति ।।

व्याख्या :- यन्त्रारूढानि यन्त्राणि च शरीराणि तेषु शरीरेष्वात्मत्त्वाभिमानेन समधिष्ठितान्यारूढानि सर्वभूतानि तानि भ्रामयंस्तत्तत्कर्मसु प्रवृत्तिं सम्पादयन्नीश्वरोऽन्तर्यामी सर्वभूतानां हृद्देशे दहराकाशे तिष्ठति । अन्तर्यामिप्रेरितो जीवः स्वीयं कर्म धर्ममधर्मं मिश्रमिति सर्वविधं कुर्वाण इश्वराधीनो न प्रभवति परिहर्तुं किमपि । अत एवोच्यते "जानामि धर्मं न च मे प्रवृत्तिर्जानाम्यधर्मं न च मे निवृत्तिः । केनापि देवेन हृदि स्थितेन यथा नियुक्तोऽस्मि तथा करोमि" इत्येवमन्तर्यामिप्रेरणया प्रवृत्तस्सञ्जनो धर्माधर्मौ जानन्नपि न स्वेच्छया प्रवृत्तिनिवृत्ती सम्पादयितुं शक्नोति ।।

स्मृतिस्थसर्वभूतानामित्यस्यार्थनिरूपणम् -

सर्वभूतानि विज्ञानमयास्ते हृदये स्थिताः ।
तदुपादानभूतेशस्तत्र विक्रियते खलु ॥ १७२ ॥

संशय नहीं है । अर्थात् अन्तर्यामी ही नियमपूर्वक उन-उन विकारों वाला हो जाता है क्योंकि कार्य से कारण अनन्य होता है । परिपूर्ण स्वातन्त्र्य तो केवल अन्तर्यामी का ही है, अतः सम्पूर्ण जगत् व्यवहार का नियामक एकमात्र वही है ।

उक्तार्थ में श्रीमद्भगद्गीता का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - हे अर्जुन ! यह अन्तर्यामी ईश्वर शरीर रूपी यन्त्र में अभिमान करने वाले समस्त प्राणियों को माया के द्वारा घुमाता हुआ सब प्राणियों के हृदय में रहता है ।१७१।

व्याख्या - शरीरों को यहाँ पर यन्त्र कहाँ गया है । उन शरीर रूपी यन्त्र पर आरूढ़ होकर अर्थात् उन शरीरों में आत्मत्वाभिमान करने वाले जितने भी प्राणी हैं, उन सभी प्राणियों को हे अर्जुन ! यह अन्तर्यामी ईश्वर अपनी माया से घुमाता हुआ अर्थात् उन-उन कर्मों में प्रवृत्त करता हुआ सभी प्राणियों के हृदयदेश में निवास करता है । अन्तर्यामी की प्रेरणा से प्राप्त धर्म, अधर्म और मिश्र रूप जो कर्म हैं, उनका निवारण मनुष्य नहीं कर सकता है । अतः अन्तर्यामी ईश्वर की प्रेरणा से कर्मों में प्रवृत्त होकर जानते हुए भी मनुष्य अधर्म से निवृत्त और धर्म में प्रवृत्त नहीं होता है । (जानामि धर्मं ..... दुर्योधन के इस वचन को ग्रन्थ में आगे कहेंगे)

अब 'सर्वभूतानाम्' इस पद की व्याख्या करते हैं ।

अर्थ - सर्वभूत विज्ञानमय कोश रूप हैं । वे विज्ञानमय हृदय में स्थित हैं । उनका उपादान कारण रूप अन्तर्यामी ईश्वर है । वह हृदय में परिणमित होता है ।१७२।

अन्वयः - सर्वभूतानि विज्ञानमयाः ते हृदये स्थिताः । तदुपादानभूतेशः तत्र खलु विक्रियते ।।

व्याख्या :-पूर्वमुदाहृते"श्वरस्सर्वभूताना"मित्यादिगीतावाक्यस्थसर्वभूतपदार्थं व्याचक्षाणोऽन्तर्यामी हृद्गतपूर्ववासनानुरूपां विकृतिमापन्न इव भातीति वदति । सर्वभूतानीत्यस्यार्थो विज्ञानमया इति ते चाहङ्कर्तृत्त्वाभिमानिनस्सन्तो हृदये हृदयपुण्डरीके समष्ट्यन्तःकरणे विज्ञानस्य प्रधानस्थाने स्थिता वर्तन्ते । तेषां विज्ञानमयानां कस्माद्धेतोर्हृद्यवस्थानमिति चेन्न । हृदय एवान्तर्यामिणो विज्ञानमयाकारेण परिणामात् । अत आह तदुपादानभूतेशस्तेषां विज्ञानमयानामुपादानकारणभूत ईश्वरस्तस्मिन्नेव हृदये विक्रियते तत्तत्कर्मफलदानार्थं तादृशं तादृशं विकार संस्काराद्युपहितत्त्वेन प्राप्नोति । जीवेषु तत्तत्कामादि-व्यापारात्मकान्तःकरणपरिणामास्तन्महिम्ना भवन्तीति भावः । "निषेधवाक्यालङ्कारे जिज्ञासानुनये खल्वि"ति कोशाद्वाक्यालङ्कारे खल्विति । तन्निष्ठवासनानुरूपं विकारमात्र इवाभाति केवलम् । यथा स्वच्छमपि स्फटिकं स्वसन्निहितजपाकुसुमादिनिष्ठरक्तादिवर्णैस्तत्तद्रूपवदाभाति तद्वदेवेति शम् ।।

स्मृतिस्थयन्त्रारूढानीत्यस्यार्थनिरूपणम् -

देहादिपञ्जरं यन्त्रं तदारोहोऽभिमानिता ।
विहितप्रतिषिद्धेषु प्रवृत्तिर्भ्रमणं भवेत् ।। १७३ ।।

अन्वयः - देहादिपञ्जरं यन्त्रम् । अभिमानिता तदारोहः । विहितप्रतिषिद्धेषु प्रवृत्तिः भ्रमणं भवेत्।।

व्याख्या :- पूर्वं प्रदर्शित"श्वरस्सर्वभूताना"मित्यत्र यन्त्रारूढानीत्यस्यार्थं विवृणोति । यन्त्रारूढानीत्यत्र यन्त्रशब्दार्थो देहादिपञ्जरमित्याह यन्त्रं देहादिपञ्जरमिति । पिजि सम्पर्के इति धातोर्निष्पन्नः पिञ्ज्यते इति पञ्जरं "यावन्मध्यं बहुधा पाञ्जरान्नावगाहत" इत्यादिप्रयोगादकारादिरिकारान्तो वाप्यस्मिन्नेवार्थे दृश्यते पिञ्जरमिति । "माणिक्यभाष्यसिन्दूरचीरचीवरपञ्जरम्" "पिञ्जरोऽश्वान्तरे क्लीबं स्वर्णे पीते च

व्याख्या - समस्त भूत विज्ञानमय कोश रूप हैं । वे अहंकृतत्वाभिमान वाले होकर विज्ञान के प्रधान स्थान हृदय में स्थित हैं । उन विज्ञानमय का जो उपादान कारण ईश्वर है, वह अन्तर्यामी ईश्वर उनके हृदय में परिणमित होता है । अर्थात् तन्निष्ठ पूर्ववासनानुरूप विकार को प्राप्त हुआ-सा प्रतीत होता है । जैसे स्वच्छ स्फटिक समीप में रखे हुए रक्त-हरितादि पुष्पों के द्वारा तदनुरूप वर्ण वाला-सा प्रतीत होता है। जीवों में कामादि व्यापारात्मक अन्तःकरण के परिणाम उस ईश्वर की महिमा से होते हैं । "***निषेधवाक्यालङ्कारे जिज्ञासानुनये खलु***" इस कोशवचनानुसार श्लोक में खलु शब्द वाक्यालङ्कार रूप है ।

अब यन्त्रारूढ़ानि इत्यादि पदों का अर्थ स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - देहादि पञ्जर ही यन्त्र है । उसमें अभिमान करना ही उसमें आरूढ़ होना है । तथा विहित और निषिद्ध कर्मों में प्रवृति ही भ्रमणशब्द से कहा गया है ।१७३।

व्याख्या - देह, इन्द्रिय आदि पञ्जर ही यन्त्र हैं । '***पिजि सम्पर्के***' इस धातु से पिञ्जर शब्द निष्पन्न होता है । '***पिञ्जते इति पञ्जरम्***' । और "***पिञ्जरोऽश्वान्तरे क्लीबं स्वर्णे पीते च वाच्यवत् । कायास्थिवृन्दं पक्षादिबन्धगृहं च***" इस वचनानुसार पक्षीओं को रखने वाले पिंजरे के लिए और काय (शरीर), अस्थि, रुधिर, मेद और मज्जा आदि के समूह के लिए नपुंसकलिंग पञ्जर शब्द प्रयुक्त होता है । इन शरीरादि यन्त्रों में अहंभाव करना ही यन्त्र में आरूढ़ होना कहा गया है । तथा शास्त्रविहित और

वाच्यवत् । कायास्थिवृन्दं पक्षादिबन्धगृहं चे''त्यादिकोशात्कायास्थिरुधिरमेदोमज्जादिवृन्दे पञ्जरशब्दः प्रयुज्यते । यन्त्रारूढानीत्यत्रारोहपदार्थः विहितप्रतिषिद्धेषु धर्माधर्मेषु पुण्यपापमार्गेषु प्रवृत्तिरुपलक्षणया निवृत्तिरपि चान्तर्यामिविकारानुरूपं यज्जीवानां प्रवर्तनं स एवात्र भ्रमणशब्दार्थः । भ्रमु अनवस्थान इति धात्वर्थानुगतिः प्रवृत्तिनिवृत्त्यादावस्त्येव तयोस्सर्वदानवस्थानादिति शम् ।।

स्मृतिस्थमायया भ्रामयन्नित्यनयोरर्थनिरूपणम् -

विज्ञानमयरूपेण तत्प्रवृत्तिस्वरूपतः ।
स्वशक्त्येशो विक्रियते मायया भ्रामणं हि तत् ।। १७४ ।।

अन्वयः- विज्ञानमयरूपेण तत्प्रवृत्तिस्वरूपतः स्वशक्त्या ईशः विक्रियते । तत् हि मायया भ्रमणम्।।

व्याख्या :- पूर्वमुदाहृते''श्वरस्सर्वभूताना''मित्यत्र माययेत्यस्य तथा भ्रामयन्नित्यत्र णिच्प्रत्ययार्थस्य च विवरणं कुर्वन्नाह । ईश ईश्वरस्स्वशक्त्या सौषुप्तिकाज्ञानगतसंस्कारसंहत्या मायया विज्ञानमयरूपेण तत्प्रवृत्तिस्वरूपस्तेषां विज्ञानमयानां प्रवृत्तिः प्रवर्तनं, तत्र प्रवृत्तिर्नाम विहितनिषिद्धविषये देहेन्द्रियमनस्सञ्चार-परम्परेति यत्तत्स्वरूपतस्तद्रूपेण विक्रियते पूर्वोक्तजीवेभ्यस्तत्तत्कर्मफलप्रदानार्थं तत्तदन्तःकरणेष्विच्छाद्वेषादि-जन्मानुकूलभवनमिति तदर्थः । तद्धि मायया भ्रामणम् । योऽयमीश्वरो विज्ञानोपाधिस्स मायावशात्प्राणिकर्म-जन्मवासनानुगुणं तत्तदुपाधिकृतविकृतिमापाद्यात एवाभिमानाविष्टो विहितप्रतिषिद्धप्रवर्तनमनुवर्तत इति दिक् ।।

अन्तर्यामिब्राह्मणे यमयतीत्यस्यार्थवर्णनम् -

अन्तर्यमयतीत्युक्त्यायमेवार्थश्श्रुतौ श्रुतः ।
पृथिव्यादिषु सर्वत्र न्यायोऽयं योज्यतान्धिया ।। १७५ ।।

शास्त्रनिषिद्ध कर्मों में प्रवृत्ति ही भ्रमण शब्दवाच्य है । अर्थात् धर्म और अधर्म रूप जीव का प्रवर्तन ही भ्रमण शब्द से कहा गया है ।

अब 'भ्रामयन्' और 'मायया' पद के अर्थ को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - ईश्वर अपनी माया शक्ति के द्वारा विज्ञानमय रूप से और उनकी (धर्माधर्मरूप) प्रवृत्ति रूप से परिणाम को प्राप्त होता है । वही माया के द्वारा भ्रमण करना है ।१७४।

व्याख्या - 'भ्रामयन्' शब्द में णिच् प्रत्यय का और 'मायया' में माया शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि सर्वान्तर्यामी ईश्वर अपनी माया शक्ति के द्वारा विज्ञानमय रूप से और उनकी धर्माधर्म रूप प्रवृत्ति रूप से परिणाम को प्राप्त होता है । अर्थात् ईश्वर सौषुप्तिक अज्ञानगत संस्कार सहित अपनी शक्ति माया के द्वारा विज्ञानमय रूप से (जीवरूप से) उन विज्ञानमय जीवों की प्रवृत्ति रूप से (विहित और निषिद्ध विषयों में देह, इन्द्रिय और मन की सञ्चार परम्परा को प्रवृत्ति कहते हैं उस रूप से) परिणमित होता है । वही माया के द्वारा भ्रमण करना कहा गया है । भाव यह है कि विज्ञानोपाधियुक्त ईश्वर माया के कारण उपाधिकृत विकृति को प्राप्त कर अभिमानाविष्ट होकर विहित और निषिद्ध कर्मों को करता है ।

श्रुति के द्वारा भी पूर्वोक्त अर्थ ही बोधित होता है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ -(सब के भीतर रहकर ईश्वर सबका नियमन करता है) 'अन्तर्यमयति' इस श्रुति वचन से यही (पूर्वोक्त) अर्थ श्रुतियों में सुना गया है । पृथ्वी आदि सभी पदार्थों में यह न्याय बुद्धि के द्वारा समझ लेना चाहिये ।१७५।

अन्वयः - अन्तः यमयति इति उक्त्या अयम् एव अर्थः श्रुतौ श्रुतः । अयम् न्यायः पृथिव्यादिषु सर्वत्र धिया योज्यताम् ।।

व्याख्या :- पूर्वं समुदाहृतस्ये"श्वरस्सर्वभूताना"मिति स्मृतिवचनस्य मूलभूताया अन्तर्यामिब्राह्मण-श्रुतेरपि पूर्वोक्त एवार्थ इत्याह । श्रुतावन्तर्यामिब्राह्मणे "अन्तरो यमयती"त्यादिश्रौतवाक्येऽप्यन्तर्या-मीत्युक्त्यान्तर्यामीति वचनेन देहादिपञ्जरस्थो जीवोऽनिच्छन्नपि पुण्यपापकार्येषु प्रकृत्या नियुज्यत इत्ययमेवार्थस्तत्रापि श्रुतः । एवमीदृशमेव व्याख्यानं पृथिव्यादिपर्यान्तरेष्वप्यतिदिशति । अयमुक्तो न्यायः पृथिव्यादिषु पर्यायान्तरेषु धिया बुद्ध्या वापोद्वापनशक्त्या सर्वत्र योज्यताम् । पृथिव्याद्यधिष्ठातृदेवता-स्वपि भौतिकरूपेषु च केषाञ्चन विकाराणां दर्शनात्तत्तद्विकारेष्वपि तासां देवतादीनां स्वातन्त्र्याभावात्कार्य-पृथिव्यादिषु तदुपादानतया सर्वत्र तत्तदधिष्ठानभूत ईश्वरस्सिद्ध इति ज्ञेयम् । स चेश्वरोऽन्तर्यामी तत्तत्प्राणिकृतकर्मफलभोगाय पृथिव्याद्यधिष्ठातृदेवतासु तांस्तान्विकारांस्तत्तदनुकूलतया स्वयं तत्र तत्रोपाधिवशाद्विक्रियमाणो निखिलं प्रवर्तयतीति धियोह्यमिति शम् ।।

ईश्वरस्य सकलजगन्नियामकत्त्वे पाण्डवगीतावचनस्य प्रमाणतया प्रदर्शनम् -

जानामि धर्मन्न च मे प्रवृत्ति
र्जानाम्यधमन्न च मे निवृत्तिः ।
केनापि देवेन हृदि स्थितेन
यथा नियुक्तोऽस्मि तथा करोमि ।।१७६।।

व्याख्या - पूर्व में प्रतिपादित "***ईश्वरः सर्वभूतानाम्***" (गी.) इस स्मृतिवचन की मूलभूता जो अन्तर्यामी ब्राह्मण रूप श्रुति है, वह भी पूर्वोक्त अर्थ का ही वर्णन करती है । '***अन्तर्यमयति***' (बृ.उ.) अन्तर्यामी ईश्वर सबके भीतर रहकर सबका नियमन करता है । इस उक्त श्रुति वाक्य में '***अन्तर्यमयति***' इस उक्ति से देहादि पञ्जरगत जीव इच्छा न होते हुए भी अभिमान पूर्वक धर्म और अधर्म कार्यों में प्रकृति के कारण नियुक्त हो जाता है । यह नियम केवल देह, इन्द्रियादि के विषय में ही नहीं है अपितु पृथ्वी आदि पदार्थों में भी यही नियम लागू होता है । अतः उक्त न्याय पृथ्वी आदि सभी पदार्थों में अपनी बुद्धि के द्वारा घटा (समझ) लेना चाहिये । भाव यह है कि पृथ्वी आदि के जो अधिष्ठात्री देवता हैं, उनमें भी कुछ विकार देखे जाते हैं । उन विकारों में भी उन देवताओं का स्वातन्त्र्य न होने के कारण और वे कार्य रूप होने के कारण उनका भी अवश्य कोई उपादान कारण होना चाहिये । इससे उनके अधिष्ठान रूप ईश्वर की सिद्धि हो जाएगी । वही अधिष्ठान रूप ईश्वर उन-उन प्राणियों के कर्मफल के भोग के लिए पृथ्वी आदि अधिष्ठात्री देवताओं में उन-उन विकारों को तदनुकूल रूप से स्वयं उपाधिवशात् परिणत होकर उत्पन्न करता है ।

उक्तार्थ में पाण्डवगीता में दुर्योधन द्वारा प्रोक्त वचन को दर्शाते हैं ।

अर्थ - मैं धर्म को जानता हूँ किन्तु उसमें मेरी प्रवृत्ति नहीं होती है, और मैं अधर्म को भी जानता हूँ किन्तु उससे मेरी निवृत्ति नहीं होती है । हृदय में स्थित किसी देव के द्वारा जिस प्रकार से मैं प्रेरित

अन्वयः – धर्मं जानामि च मे प्रवृत्तिः न (अस्ति) । अधर्मं च जानामि मे निवृत्तिः न (अस्ति) हृदि स्थितेन केन अपि देवेन यथा नियुक्तः अस्मि तथा करोमि ।।

व्याख्या :– सर्वस्यापि प्रवृत्तिनिवृत्तिजातस्यान्तर्यमीश्वराधीनतां स्पष्टयति । धर्मं वेदादिगतविधिवाक्यैः कर्तव्यतया चोदितं यागहोमदानादिकर्माहमिदं मे शास्त्रविहितमिति जानामि । तथापि तत्र प्रवृत्तिर्मन आदीन्द्रियाणां व्यापारो न भवति । तथाधर्मं वेदादिगतनिषेधवाक्यैरिदं न कर्तव्यमिति यत्प्रतिषिद्धमनृतवचनादि कर्म तदप्यहमिदं न मयानुष्ठेयं शास्त्रविप्रतिषिद्धमिति जानामि । विहितो धर्मो मदिष्टसाधनं प्रतिषिद्धश्चाधर्मो मदनिष्टसाधनमित्युभयमपि विविच्य सम्यग्जानामि । तथापि विहिते धर्मे प्रवृत्तिर्वा प्रतिषिद्धानुष्ठानान्मे निवृत्तिर्वैमुख्यं वा न भवति । एवमिष्टानिष्टसाधनतां विहितप्रतिषिद्धकर्मणोर्जानतोऽपि जन्तोर्न स्वातन्त्र्येण प्रवृत्तिनिवृत्ती भवत इत्यस्वातन्त्र्यं जीवस्य स्पष्टं भवति । कुत एतदित्यत्रोच्यते । हृदि "चित्तं तु चेतो हृदयं स्वान्तं हृन्मानसं मन" इत्यादिकोशेन ह्रियते विषयैरिति व्युत्पत्त्या च तैजसद्रव्यमन्तःकरणं वस्तूच्यते हृच्छब्देन । तस्य स्वरूपमपि "पद्मकोशप्रतीकाशं हृदयं चाप्यधोमुखम्" । "हृदयं तद्विजानीयाद्विश्वस्यायतनं महदि"ति वर्णितम् । तत्रान्तःकरणे स्थितेन केनापीदमित्थमिति निर्वक्तुमशक्येनापरिमितशक्तिकेनाचिन्त्यबलेनान्तर्याणिमा देवेन यथाहं यत्र धर्माधर्माचरणे बलाद्दलहस्तिकयानियुक्तोऽस्मि कर्तव्याकर्तव्यविचारं विनैव जानन्नपि तथैव करोमि प्रकृतिनियुक्तमार्गमेवानुसृत्य गच्छामीति दिक् ।।

होता हूँ, वैसा ही करता हूँ ।१७६।

व्याख्या – समस्त प्रवृत्तियों और निवृत्तियों का कारण अन्तर्यामी ईश्वर ही है, इसे स्पष्ट करते हैं । दुर्योधन कहता है कि मैं धर्म को जानता हूँ अर्थात् वेदों में प्रतिपादित विधिवाक्यों के द्वारा याग–होम, दानादि जो विहित कर्म हैं, मैं उन्हें जानता हूँ किन्तु उसमें मेरी प्रवृत्ति नहीं होती और मैं अधर्म को भी जानता हूँ अर्थात् वेदों में निषेधवाक्यों के द्वारा जिन कर्मों को करने से मना किया गया है, उन निषिद्ध कर्मों को भी मैं जानता हूँ । फिर भी मेरी उन निषिद्ध कर्मों से निवृत्ति नहीं होती है । मैं जानता हूँ कि विहित कर्म मेरे लिये हितकारक और निषिद्ध कर्म अनिष्टकारक हैं । तथापि उन–उन कर्मों से मेरी प्रवृत्ति और निवृत्ति नहीं होती है । भाव यह है कि विहित और निषिद्ध कर्मों को जानते हुए भी प्राणी की स्वतन्त्रता पूर्वक प्रवृत्ति और निवृत्ति नहीं होती है । इससे जीव की अस्वतन्त्रता स्पष्ट द्योतित होती है । इसका कारण क्या है ? ऐसी आकांक्षा होने पर कहते हैं कि हृदय में अर्थात् अन्तःकरण में स्थित किसी अन्तर्यामी देव के द्वारा मैं जिस कर्माचरण में नियुक्त होता हूँ, वैसा ही कर्म करता हूँ अर्थात् अन्तर्यामी ईश्वर के द्वारा नियुक्त मार्ग का ही अनुसरण करता हूँ । " ***चित्तं तु चेतो हृदयं स्वान्तं हृन्मानसं मनः***" इस अमरकोशवचनानुसार तथा '***ह्रियते विषयैः***' इस व्युत्पत्ति से हृद् शब्द से अन्तःकरण कहा जाता है । और –

पञ्चकोशप्रतीकाशं रुचिरं चाप्यधोमुखम् ।
हृदयं तद्विजानीयाद्विश्वस्यायतनं महत् ।।

इस प्रकार हृदय का स्वरूप कहा गया है ।

पुरुषप्रयत्नस्येश्वररूपतावर्णनम् –

नार्थः पुरुषकारेणेत्येव मा शङ्क्यतां यतः ।
ईशः पुरुषकारस्य रूपेणापि विवर्तते ॥ १७७ ॥

अन्वयः – "पुरुषकारेण अर्थः न" इति एवं मा शङ्क्यताम् । यतः ईशः पुरुषकारस्य रूपेण अपि विवर्तते ।।

व्याख्या :- धर्माधर्मौ जानतामपि स्वेच्छयेष्टानिष्टप्राप्तिपरिहारयोः प्रवृत्तिनिवृत्ती न भवत ईश्वराधीनैव प्रवृत्तिस्सर्वापीति चेद्व्यर्थ एव पुरुषार्थस्तथेदं कुर्विदं मा कुर्विति पुंप्रयत्नविशेषबोधकविधिनिषेधशास्त्राण्यपि सर्वाण्यपि व्यर्थानीति चेन्नेत्युच्यते । पुरुषकारेण पुरुषप्रयत्नेनार्थः प्रयोजनं नैवास्तीति मा शङ्क्यतां मा शङ्किष्ठाः । यतो यस्मात्कारणात्पुरुषकारस्वरूपेण पुरुषप्रयत्नविशेषरूपेणापीश ईश्वर एव विवर्तते। किञ्चिदत्रावधेयम् । ईश्वरविक्रियाया अपि हेतुस्तत्तद्वासनाधीनतैवेति प्रागुपपादितरीत्या तत्तत्संस्काराणां च पूर्वजन्मपुरुषप्रयत्नाधीनतया गतजन्मसु यादृशः पुरुषकारस्तादृश एव संस्कारोऽस्मिन्नपि जन्मनीश्वरविक्रियाहेतुस्संस्तदीयविकृत्यनुसारेणैव पुनरद्यतनेऽपि जन्मनि पुंप्रयत्नं जनयति । तथैवायं पुरुषकारो भाविजन्मनि संस्काररूपेणेश्वरविकृतिद्वारा तदनुगुणं पुरुषकारं जनयतीत्येवं चक्राकार-समालोचनेनेश्वर एव पुरुषकाररूपतां प्रतिपद्यते तथा पुरुषकारोऽपीश्वररूपतां प्रतिपद्यत इति न कथञ्चित्पुरुषकारवैय्यर्थ्यम् । पूर्वपूर्वपुरुषप्रयत्नमन्तरेश्वरस्य विकारनैयत्याभावात् ।

किञ्चिदत्र प्रक्रियाविवेकं कुर्मः । मायाधिष्ठानं परं ब्रह्मैवेश्वरः । स एवेश्वरस्सर्वेश्वरो यतस्तत्कृतजगत्सृष्टेर्न कोऽप्यन्यथाकर्तुं समर्थोऽस्तीति । स एव च सर्वज्ञस्समबुद्धिसंस्कारवद-ज्ञानोपाधिकतया । तथा स एवान्तर्यामी पृथिव्याद्यभिमानदेवतासु विज्ञानमयादीनामन्तरोऽन्तर्यामी विज्ञानमयादिभिस्तत्तच्छरीरोऽप्यपरिज्ञायमानः पटादीनामिव तन्तुसङ्कोचविकासाभ्यां प्राक्तनज्ञानानुगुण-संस्काररूपोपाधिवशाद्यादृशविकारमापद्यते तथा स्वाधिष्ठां विज्ञानमयादिकं विकारयति। अनेनैव च विकारेण देहादावहमभिमानाविष्टस्य जीवस्य विभिन्नासु क्रियासु प्रवृत्तिनिवृत्ती दरीदृश्येते। अन्नमयादिष्वहमित्यभिमन्यमानस्य जीवस्य विहितप्रतिषिद्धधर्माधर्मकर्मस्वन्तर्यामिप्रेरणानुगुणं ये

ईश्वर ही पुरुषप्रयत्न के रूप में परिणत होता है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ – "प्रवृत्ति को ईश्वराधीन माने तो पुरुष का प्रयत्न सार्थक नहीं होगा" इस प्रकार सन्देह मत करो, क्योंकि ईश्वर पुरुषप्रयत्न के रूप से भी परिणत होता है ।१७७।

व्याख्या – जब सम्पूर्ण प्रवृत्ति ईश्वराधीन है तब तो पुरुषप्रयत्न व्यर्थ ही होगा, ऐसी आशंका का समाधान करते हैं । प्रवृत्ति को ईश्वराधीन ही यदि मानेंगे तो पुरुष का प्रयत्न सार्थक न होगा अर्थात् व्यर्थ होगा इस प्रकार की शंका मत करो । क्योंकि ईश्वर ही पुरुषप्रयत्न के रूप से भी परिणत होता है । भाव यह है कि मनुष्य पुरुषार्थ करने में स्वतन्त्र तो है किन्तु वह चलता ईश्वर शक्ति से ही है ।

दृष्टान्त – मोटरकार वस्तुतः लोहे का एक ढांचा मात्र है । उसमें न तो शक्ति है और न

प्रवृत्तिनिवृत्ती भवतोऽनवरतं तदेव भ्रमणमित्युच्यते । पुरुषस्य सर्वथापि प्रवृत्तिर्निवृत्तिर्वा विहितप्रतिषिद्धेष्वन्तर्यामिणः प्रेरणानुसारमेव भवति । प्राक्तनजन्मकर्मभिर्जायमानाः काश्चिद्वासनास्सर्वा अन्तर्यामिणि संसृष्टाः । परस्मिञ्जन्मनि तत्तत्प्रणिप्रवृत्तिनिवृत्त्योर्वासनानुकूलतयान्तर्यामिणो विकारस्य हेतुतां प्रतिपद्यन्ते। तथा सम्पन्ना एव यथाविकारमन्तर्यामिणः प्रवृत्तिनिवृत्ती जीवानां जनयन्ति । तथा च संस्कारानुरूपमीश्वरप्रेरणात्मकं भ्रामणमीश्वरप्रेरणानुरूपपुरुषप्रवृत्त्यात्मकं भ्रमणमित्युभयमपि न विभिन्नं भवति । ईश्वरस्यैव पुरुषकारेण विवर्तनात् । तस्मादत्र प्रकरणे यत्पुरुषकारपदं तदिष्टानिष्टप्राप्ति-परिहारप्रयोजकं पुरुषप्रयत्नसामान्यं लोकसाधारण्येन न बोधयति । परन्तु विशेषतो विषयविशेषात्मक-मीश्वरप्रेरणानुरूपं पुरुषप्रयत्नमात्रं बोधयति । अन्तर्यामिणो नियामकत्त्वं जीवस्य नियम्यत्त्वमित्येष नियम्यनियामकभावः प्राचीनजीवकर्मापेक्ष एव । कर्मणां कर्मजन्यसंस्काराणां वा जडत्त्वेन चेतनानधिष्ठितत्त्वान्न युज्यते फलसम्पादकतेत्यन्तर्यामिणो नियन्तृत्त्वमवश्यमभ्युपगन्तव्यम्। ततस्सेत्स्यति नियम्यत्त्वं पुरुषस्यानायत्तैव । पुरुषकारस्यैश्वरप्रेरणातोऽनन्यरूपत्त्वे पुरुषकारस्य निष्फलतानुक्तिसिद्धैवेति न मन्तव्यम् । पुरुषकारस्येश्वरविवर्तत्त्वाभ्युपगमात् । तथैव पुरुषकारस्येश्वरात्मकत्त्वेऽन्तर्यामिप्रेरणस्य नैष्फल्यमित्यपि नैव चिन्त्यम् । अचेतनस्य कर्मणो वा तज्जन्यादृष्टस्य वा प्रवर्तकता न युज्यत इत्युक्तमधस्तात् । एवं केवलं जीवस्य स्वेच्छातः प्रवृत्तिरभ्युपगन्तुं शक्या । कृतहानाकृताभ्यागमप्रसङ्गात्। तस्मात्प्राक्तनजीवकर्मसापेक्षिकः प्रवर्तकः फलप्रदाता कश्चिदन्तर्यामी सिद्ध्यति । तस्यान्तर्यामिण उपाधिपरिहारेण केवलस्य शुद्धस्यासङ्गत्त्वबोधनात्सकलश्रुतिस्मृत्यादिनिखिलग्रन्थपरमतात्पर्यविषयी-भूतामुक्तिर्बन्धनिवृत्तिरूपैव परमं फलं सेत्स्यति । एवं प्रकारेण प्राक्तनकर्मानुरूपमीश्वरप्रेरणात्मकपुंयत्नस्यैव पुरुषकारशब्देन सर्वत्र वर्णने प्रवृत्तिनिवृत्त्योः कर्मफलोपलब्धौ च जीवस्य न स्वातन्त्र्यमिति तथा सर्वात्मना चान्तर्यामिपारतन्त्र्यमित्यपि च सिद्ध्यति । एतेन पुरुषकारनैष्फल्यविधिनिषेधशास्त्रा-नर्थक्योच्चावचभेदप्रयुक्तजगद्विचित्ररचनावैषम्यपारमेश्वरवैषम्यनैघृण्यादिनिखिलशङ्का अपि परास्ता एव । यत ईश्वरो जीवानां प्राक्तनं कर्मापेक्ष्यैव सर्वं जगत्सुखदुःखमोहानुबन्धि सृजतीति जगत्सर्जने भेदप्रयोजकं जीवकर्मैवेति तदनुरूपफलप्रदातुरीश्वरस्य न सर्वात्मना स्वतन्त्रेच्छेति न कथञ्चिद्दोषं पश्यामः । यथा लोके स्वतन्त्रोऽपि कर्ता घटसर्जने मृद्दण्डचक्रभ्रमणादिकर्मजातमपेक्ष्यैव स्वकार्यं पूरयत्येवमीश्वरस्स्वतन्त्रस्सन्नपि प्राणिकर्मानुरूपं सर्जकः प्रेरको वा भवति । यत्किञ्चिदनपेक्ष्य केवलो

चेतना ही। अतः उसको चलाने के लिए पट्रोल रूपी शक्ति और ड्राईवर रूपी चेतन की आवश्यकता होती है । पेट्रोल और ड्राईवर में एक विशेष प्रकार का संबंध है । कार चलती तो ड्राईवर से ही है किन्तु वह भी पेट्रोल की शक्ति से ही उसे चलाता है । ड्राइवर गाड़ी को किस तरफ ले जाता है, इसका उत्तरदायित्व पेट्रोल पर नहीं है । इस दृष्टान्त को दार्ष्टान्तिक में ऐसे घटाना चाहिये कि शरीर रूपी कार को चलाने वाला ड्राईवर जीव है, किन्तु वह ईश्वर की शक्ति से ही शरीर को चलाता है । वस्तुतः ईश्वर वासनाओं (संस्कारों) के अनुसार ही शरीर को चलाता है। किन्तु जीव उसमें कर्तृत्वभाव के कारण उसे अपना पुरुषार्थ मान लेता है ।

न कार्यकरणे प्रभवति । तथा जीवो यद्यप्यन्तर्यामिपराधीनस्तथापि स्वदेहेन्द्रियसमुदायस्य प्रेरणायां स्वतन्त्रः । जीवेनेश्वरो न प्रेर्यते यथा तथैवेन्द्रियैरपि न प्रेर्यते जीवः । तस्माज्जीवः प्राचीनकर्मानुरूप-मन्तर्यामिप्रेरणाया बलीयस्या अभावे स्वविवेचनशक्त्येन्द्रियाणि वशीकृत्यसाधुमार्गे प्रवर्तते । दुष्टमार्गाच्च निवर्तते । एवं यस्स्वीयानीन्द्रियाणि स्वाधीनानि कृत्त्वा स्वेच्छाचारप्रवृत्तो न भवति शास्त्रबद्धो भवति तमुन्निनीषत ईश्वरो रिरक्षयिषया । यश्चेन्द्रियग्रामपराधीनीभूत्त्वा शास्त्रार्थमविश्वस्य स्वच्छन्दं प्रवर्तते तमधो निनीषते । नातो वैयर्थ्यं पुरुषकारस्य । न वा तद्बोधकशास्त्राणां विधिनिषेधवाक्यानामानर्थक्यम्। कर्मफलमपेक्ष्य जगत्सृष्टेः प्रवर्तनात्पर्जन्यादिवत्साधारणकारणत्त्वेनेश्वरस्य न वेषम्यनैर्घृण्यप्रसक्तिः । फलप्रदाने स्वतन्त्र ईश्वर एव न जीवः । स्वेन स्वस्मा अनिष्टफलोत्पदनासंभवात् । विज्ञानमयोऽपि नैजसंस्कारानुरूपमीश्वरप्रेरित इष्टफलेष्विवानिष्टफलप्रदेष्वपि कर्मसु भ्रान्त्या प्रवर्तमानो महद्दुःखमश्नुते। फलप्रदातृत्त्वशक्तिर्न कर्मणा सद्य एव तेषां विनाशात् । न वा पूर्वस्य तस्याचेतनत्त्वात् । अतस्सिद्धमीश्वरस्य फलप्रदातृत्त्वमनवद्यम् । विस्तरशो विवेचितमेतद्वैषम्यनैर्घृण्याधिकरणदावित्यलम् ।।

पुरुषाकारस्येश्वररूपत्त्वज्ञानेन स्वात्मासङ्गत्त्वज्ञानसिद्धिरिति निरूपणम् -

ईदृग्बोधेनेश्वरस्य प्रवृत्तिर्मैव वार्यताम् ।
तथापीशस्य बोधेन स्वात्मासङ्गत्त्वधीजनिः ।। १७८ ।।

अन्वयः - ईदृग्बोधेन ईश्वरस्य प्रवृत्तिः मा एव वार्यताम् । तथापि ईशस्य बोधेन स्वात्मासङ्गत्त्वधीजनिः।।

व्याख्या :- पुरुषकाराधीना वासना, पुनर्वासनाधीनः पुरुषकार इत्येवं तस्यैव तद्धेतुत्त्वे मध्ये किं तेनेति न्यायेन वासनाचक्रेणैव सर्वस्य संभवे मध्य ईश्वरप्रवेशेन किमायास्यति ? तथा पुरुषकारस्यापीश्वररूपत्त्वाद्यमयति भ्रामयतीत्युक्तान्तर्यामिप्रेरणस्य नैष्फल्यमेवं पुरुषप्रयत्नोऽपीश्वररूप एवेति ज्ञाने सत्यपि तस्य कर्मफलप्रदानार्थमस्मदाद्यन्तर्यमनप्रवृत्तिस्तु न निवर्तत इति किं फलं पूर्वोक्तज्ञानस्येत्यत्राह । ईदृग्बोधेनेश्वरः पुरुषकारेण विवर्तत इत्याकारकज्ञानेनेश्वरस्य प्रवृत्तिरन्तर्यामिरूपेण प्रेरणा मा वार्यताम् । ईदृगिती"यं पुण्यासादने मत्प्रवृत्तिरीश्वरस्वरूपैव तथा चाहमसङ्ग एवे"ति

वस्तुतः मायाधिष्ठान परब्रह्म ही ईश्वर कहा जाता है । उसी ईश्वर की जगत् सर्जनादि क्रिया को कोई अन्यथा करने में समर्थ नहीं है, इसलिए उसे सर्वेश्वर कहा जाता है । समस्तबुद्धिवासना के समान अज्ञानोपाधिक होने से उसे सर्वज्ञ कहा जाता है । और पृथ्वी आदि के अधिष्ठात्री देवताओं में तथा विज्ञानमयादि काशों में अधिष्ठान रूप से निवास करने के कारण वही ईश्वर अन्तर्यामी कहलाता है । विहित और निषिद्ध कर्मों में पुरुष की प्रवृत्ति और निवृत्ति अन्तर्यामी ईश्वर की प्रेरणा से ही होती है ।

पुरुषार्थ को भी ईश्वर रूप जानने से आत्मा के असंगत्व ज्ञान की सिद्धि होती है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - (पुरुषप्रयत्न आदि भी ईश्वर रूप ही हैं) ऐसे बोध से ईश्वर की प्रवृत्ति (प्रेरणा वृथा होगी इस प्रकार) का निवारण नहीं ही करना चाहिये । क्योंकि अन्तर्यामी के (पूर्वोक्त) ज्ञान से अपने आत्मा की असंगता का ज्ञान उत्पन्न होता है (इसलिए वह सार्थक है) ।१७८।

ज्ञानोदयः प्रयोजनमिति भावः । तथा बोधेनेशस्य स्वात्मासङ्गत्त्वधीजनिस्स्वस्यात्मनस्स्वरूपस्यासङ्गत्त्व-विषयिकायामत्युत्पत्तिस्सा स्यात् । एवञ्च तद्बोधेन स्वात्मासङ्गत्त्वज्ञानस्यैव फलत्त्वमित्यर्थः । पुरुषकारस्य वासनानां स्वतो जडत्त्वेन चेतनाधिष्ठितत्त्वात्तेषां विपाकासंभवेन कश्चिच्चेतनोऽधिष्ठानतयावश्यं मध्येऽभ्युपेयः । तच्चैतन्यस्य शुद्धत्त्वादसङ्गत्त्वेन तत्प्रयुक्तं जडेषु विकारादिकं यत्किञ्चिन्न स्यात् । तस्मान्मायाशबलितमेवेश्वरचैतन्यं मध्ये कल्प्यम् । ईश्वरो नाम विक्रयावदुपाधिमच्चैतन्यमेव तादृशेश्वरोपादानत्त्वे जगति भवत्येव विकाराणामुपपत्तिः । एवं विधे चक्रे प्रविष्टस्येश्वरस्य ज्ञाने सति तत्र विकारवदंशभूतोपाधिपरिहारेणऽसङ्गचिद्रूपस्वरूपबोधोदये च नैष्कर्म्यां सिद्धिं लभते । अत एवान्तर्यामिब्राह्मणमस्मिंश्चक्र ईश्वरमपि प्रवेश्य स्वस्वरूपं बोधयतीति ज्ञेयमिति शम् ।।

आत्मनोऽसङ्गत्त्वज्ञानस्य प्रयोजननिरूपणम् –

तावता मुक्तिरित्याहुश्श्रुतयः स्मृतयस्तथा ।
श्रुतिस्मृती ममैवाज्ञे इत्यपीश्वरभाषितम् ॥ १७९ ॥

अन्वयः – "तावता मुक्तिः" इति श्रुतयः तथा स्मृतयः आहुः । "श्रुतस्मृती मम एव आज्ञे" इति अपि ईश्वरभाषितम् ।।

व्याख्या :– आत्मनोऽसङ्गत्त्वज्ञानान्मुक्तिः फलमित्याह । तावतात्मनोऽसङ्गत्त्वज्ञानमात्रेण नैष्कर्म्यसिद्ध्या

व्याख्या – पुरुष का प्रयत्न भी यदि ईश्वर रूप ही है तो पूर्व प्रतिपादित अन्तर्यामी द्वारा प्रेरणा देना व्यर्थ ही हो जाएगा, ऐसी आशंका करके उसका समाधान करते हैं कि ईश्वर के ज्ञान से अपने आत्मा की असंगता का ज्ञानरूप फल विद्यमान होने से अन्तर्यामी द्वारा प्रेरणा देना निष्फल नहीं है । पुरुष प्रयत्नाधीन वासना और वासनाधीन पुनः पुरुषप्रयत्न, इस प्रकार दोनों एक दूसरे के हेतु होने से चक्र के समान दोनों को एक दूसरे की उत्पत्ति का कारण मान लो, बीच में ईश्वर के प्रवेश की क्या आवश्यकता है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि पुरुषप्रयत्नादि भी ईश्वर रूप ही हैं । ऐसे बोध से ईश्वर की प्रवृत्ति का अर्थात् अन्तर्यामी रूप से उसकी प्रेरणा का निवारण नहीं करना चाहिये । इसका प्रयोजन बताते हैं कि अन्तर्यामी के पूर्वोक्त ज्ञान से आत्मा की असंगता अर्थात् अपने स्वरूप की असंगत्व विषयिका बुद्धि उत्पन्न होती है । पुरुषप्रयत्न और वासनाएँ दोनों ही जड़ होने के कारण उन दोनों का कोई चेतनाधिष्ठान अवश्य मानना पड़ेगा । अतः उन दोनों के बीच में मायाशबलित ईश्वर की कल्पना की जाती है । अतः अन्तर्यामी का ज्ञान निरर्थक नहीं, अपितु आत्मा के यथार्थस्वरूप का ज्ञान कराने में सहायक है । जिससे कि नैष्कर्म्यसिद्धि प्राप्त होती है । तात्पर्य यह है कि ईश्वर भी पुरुषप्रयत्न और वासना रूप चक्र में प्रवेश कर पुरुष को स्वस्वरूप का बोध कराता है ।

आत्मा के असङ्गत्वज्ञान के प्रयोजन का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – आत्मा की असंगता के ज्ञानमात्र से मुक्ति होती है, ऐसा श्रुतियों और स्मृतियों ने कहा है । तथा श्रुति और स्मृति ये दोनों मेरी ही आज्ञा हैं, ऐसा भी भगवान् ने ही कहा है ।१७९।

व्याख्या – प्रत्यगात्मा असंग है, इस प्रकार के ज्ञान से क्या प्रयोजन सिद्ध होता है ? ऐसी शंका

मुक्ति''र्मुक्तिः कैवल्यनिर्वाणश्रेयो निश्श्रेयसामृतम् । मोक्षोऽपवर्ग ''इत्यपवर्गो हीति श्रुतयस्तथा स्मृतयश्चाहुरैककण्ठ्येन तात्पर्येण वदन्ति । श्रुतिस्मृत्युक्तविषयस्यानतिलङ्घनीयत्त्वे भगवद्वचनमेव प्रमाणमित्याह । मम श्रीभगवत आज्ञे श्रुतिस्मृती इत्ययमप्यंश ईश्वरभाषितमस्तीति दिक् ।।

ईश्वराज्ञाया अनुल्लङ्घनीयत्त्वे श्रुतिप्रमाणप्रदर्शनम् –

आज्ञाया भीतिहेतुत्त्वं भीषास्मादिति हि श्रुतम् ।
सर्वेश्वरत्त्वमेतत्स्यादन्तर्यामित्त्वतः पृथक् ॥ १८० ॥

अन्वयः – ''भीषा अस्मात्'' इति आज्ञायाः भीतिहेतुत्वं श्रुतं हि । एतत् सर्वेश्वरत्त्वम् अन्तर्यामित्त्वतः पृथक् स्यात् ।।

व्याख्या :– प्राक्प्रतिपादिते ईश्वरत्त्वान्तर्यामित्त्वे उभे पृथग्धर्माविति । स्पष्टीकृतं च सर्वप्रवर्तकत्त्व–प्रतिपादनेनान्तर्यामित्त्वापेक्षयेश्वरत्त्वं न पृथग्भवितुमर्हति । ईश्वरत्त्वं सर्वप्रवर्तकमित्यनर्थान्तरमिति संशयं निराचिकीर्षुराह । आज्ञाया ईश्वराज्ञाया भीतिहेतुत्त्वं भयोत्पादनकारणत्त्वं ''भीषास्माद्वातः पवते । भीषोदेति सूर्यः । भीषास्मादग्निश्चेन्द्रश्च । मृत्युर्धावति पञ्चम इति'' इति श्रुतौ श्रुतम् । अत एतन्निरूपित–भूतादिभयजनकत्त्वरूपमैश्वर्यमन्तर्यामित्त्वतोऽन्तर्यामिधर्मात्पृथगन्यदेव भवेत्, प्रवर्तक इत्युक्तौ स एव भवेद्यस्स्वयं तत्तत्कार्येषु प्रविश्य तत्रस्थान्धर्मान्स्वकार्येषु सङ्क्रमय्य कार्याणि निर्वहति । आन्तर्यामी

होने पर कहते हैं कि '**तावता**' अर्थात् आत्मा की असंगता को जान लेने मात्र से नैष्कर्म्यसिद्धि अर्थात् मुक्ति प्राप्त होती है । ऐसा अनेकों श्रुतियों और स्मृतियों में कहा गया है । और वाराहपुराण में भगवान् स्वयं कहते हैं कि ''***श्रुतिस्मृती ममैवाज्ञे***'' (वा.उ.) श्रुति और स्मृति दोनों मेरी ही आज्ञा हैं, ऐसा जानकर उनका अनुसरण करना चाहिये । उनका उल्लंघन नहीं करना चाहिये । भाव यह है कि श्रुतियों और स्मृतियों में आत्मा के असंगत्व के ज्ञान से मोक्ष प्राप्त होना कहा गया है और श्रुति और स्मृति दोनों ही ईश्वर की ही आज्ञारूप हैं, इसलिए सर्वथा प्रमाणरूप हैं । अतः आत्मा के असंगत्व ज्ञान से मोक्ष प्राप्त होता है।

ईश्वर आज्ञा अनुलङ्घनीया है, इस विषय में श्रुति का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं।

अर्थ – परमेश्वर की आज्ञा भय का हेतु है, यह बात 'ईश्वर के भय से वायु चलती है' इत्यादि श्रुति में कहा गया है । यही ईश्वर का सर्वेश्वरत्व है जो कि अन्तर्यामित्व से भिन्न है ।१८०।

व्याख्या – सब के भय का हेतु ईश्वर है, इससे सर्वेश्वरत्व और अन्तर्यामित्व दोनों धर्मों का भेद सिद्ध होता है । यद्यपि अन्तर्यामी के स्वरूप का निरूपण करते समय पूर्व में ईश्वरत्व और अन्तर्यामित्व के पृथक् धर्मों का निरूपण किया गया है और अन्तर्यामी के सर्वप्रवर्तकत्व को स्पष्ट रूप से कहा है तथापि अन्तर्यामी की अपेक्षा ईश्वरत्व पृथक् नहीं हो सकता क्योंकि ईश्वर की अपेक्षा ईश्वरत्व पृथक् नहीं हो सकता । ईश्वर भी सर्व प्रवर्तक रूप धर्म से रहित नहीं है अतः दोनों समानधर्मा हैं , ऐसी शंका होने पर उसका परिहार करते हैं कि परमेश्वर की आज्ञा भय का हेतु है । ''***भीषास्माद्वातः पवते । भीषोदेति सूर्यः भीषास्मादग्निचेन्द्रश्च मृत्युर्धावति पञ्चम***'' (तै.उ. २/७) ''इस परमेश्वर के भय से वायु चलती है । इसके भय से सूर्य उदित होता है । इसी के भय से अग्नि, इन्द्र और पाँचवा मृत्यु भी दौड़ता है'' इस प्रकार श्रुति में ईश्वर की आज्ञा को भय का हेतु कहा गया है । इससे प्रकृत में क्या आया ? तो कहते

च तादृशः प्रवर्तकः । राजेवेश्वरस्तु स्वयं तटस्थमात्रो भूत्त्वा स्वाज्ञाप्रदानमात्रेण प्रधानपुरुषद्वारा तत्तत्कार्याणि प्रवर्तति । न तु स्वयं किञ्चित्तत्र प्रवर्तते । अत एवान्तर्यामित्त्वत ईश्वरत्त्वं भिन्नमित्युक्तम्। ईश्वरत्त्वान्तर्यामित्त्वधर्मौ तु पृथक्स्तः । परन्त्वीश्वरो भवत्येवान्तर्यामी । तस्मादेव हेतोरीश्वरस्यान्तःप्रवेश उक्तस्सङ्गच्छते । "एष सर्वेश्वरः इत्यादिश्रुत्युक्तमीश्वरत्त्वमुपपादितान्तर्यामित्त्वलक्षणप्रेरकत्त्वात्तन्निष्ठ-मायिकत्त्वधर्मात्सर्वशास्तृत्त्वलक्षणं धर्मान्तरमेवेति दिक् ।।

ईश्वरत्त्वादन्तर्यामित्त्वस्य पृथत्त्वे प्रमाणप्रदर्शनम् -

एतस्य वा अक्षरस्य प्रशासन इति श्रुतिः ।
अन्तः प्रविष्टश्शास्ताऽयं जनानामिति च श्रुतिः ॥ १८१ ॥

अन्वयः - "एतस्य वा अक्षरस्य प्रशासने" इति श्रुतिः । (किं) च "अन्तः प्रविष्टः अयं जनानां शास्ता" इति (च) श्रुतिः ।।

व्याख्या :- तटस्थभूतप्रशासकस्येश्वरत्त्वं तथान्तःप्रविष्टस्यान्तर्यामित्त्वं च पृथगेव स्त इत्यत्र श्रुती

हैं कि इस प्रकार ईश्वराज्ञा भयजनकत्व रूप होने से सर्वेश्वरत्व अन्तर्यामित्व से पृथक् सिद्ध होता है । स्वयं उन कार्यों में प्रवेश कर उसमें विद्यमान धर्मों को अपने कार्यों से संक्रमण कर कार्यनिर्वाह करने वाला प्रवर्तक कहलाता है । अन्तर्यामी इसी प्रकार का प्रवर्तक है । ईश्वर तो स्वयं तटस्थ रहकर आज्ञामात्र से प्रकृति और पुरुष के द्वारा उन कार्यों का प्रवर्तन करता है, स्वयं उनमें प्रवृत्त नहीं होता है । अतः ईश्वरत्व अन्तर्यामित्व से पृथक् है । दोनों के धर्म भिन्न-भिन्न हैं । इसी से ईश्वर का प्रवेश होना रूप श्रुतिवचन भी ठीक तरह से लग जाता है । "एष सर्वेश्वरः" इत्यादि श्रुति में जो ईश्वरत्व का प्रतिपादन किया गया है, वह प्रेरक रूप अन्तर्यामी के धर्मों से पृथक् होने के कारण दोनों (ईश्वरत्व और अन्तर्यामित्व) पृथक् हैं ।

उक्तार्थ में प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - "***एतस्य वा अक्षरस्य प्रशासने***" इस अक्षर ब्रह्म की आज्ञा में सूर्य-चन्द्र आदि रहते हैं, एक यह श्रुति है और "***अन्तः प्रविष्टः शास्ता जनानां***" अन्तः प्रविष्ट होकर वह जीवों का नियन्ता है, यह दूसरा श्रुतिवचन है । १८१।

व्याख्या - ईश्वर और अन्तर्यामी के भेद को प्रमाणपुष्ट करने के लिए प्रमाणशिरोभूता भगवती श्रुति का वचन प्रस्तुत करते हुए आचार्य कहते हैं कि "***एतस्य वा अक्षरस्य प्रशासने गार्गि सूर्याचन्द्रमसौ विधृतौ तिष्ठतः***" (बृ.उ. ३/८/९) हे गार्गि ! इसी अक्षर के प्रशासन में सूर्य और चन्द्र विशेष रूप से धारण किये हुए स्थिर हैं । इस अक्षर के ही प्रशासन में निमेष, मुहूर्त, दिन, रात, पक्ष, मास, ऋतु और संवत्सर विशेष रूप से धारण किये हुए नियन्त्रित होकर स्थित हैं । हे गार्गि ! इस अक्षर के ही प्रशासन में पूर्व दिशा की ओर बहने वाली नदियाँ और अन्य नदियाँ स्वेत पर्वत (हिमालय) से बहती हैं तथा पश्चिम की ओर बहने वाली नदियाँ जिस-जिस दिशा की ओर अनुप्रवृत्त कर दी गई हैं, उस दिशा का अनुसरण आज भी करती रहती हैं । हे गार्गि ! इसी अक्षर के प्रशासन में सुवर्णादि दान लेने वाले प्रमाणज्ञ मनुष्य दाता की प्रशंसा करते हैं । तथा देवगण यजमान और पितृगण दर्वीहोम का अनुवर्तन करते हैं । उक्त सभी लिंगो से उस अक्षरत्व का अनुमान किया जाता है । अर्थात् इस श्रुति वचन से तटस्थ रूप जो प्रशासक है, उसका ईश्वरत्व कहा गया है । और "***अन्तःप्रविष्टः शास्ता जनानां***" वह ईश्वर अन्तः

उदाहरति । तत्राद्यां बार्हदारण्यकीं श्रुतिं दर्शयति । "एतस्य वा अक्षरस्य प्रशासने गार्गि निमेषा मुहूर्ता अहोरात्राण्यर्धमासा मासा ऋतवस्संवत्सरा इति विधृतास्तिष्ठन्त्येतस्य वा अक्षरस्य प्रशासने गार्गि प्राच्योऽन्यथा नद्यस्स्यन्दन्ते श्वेतेभ्यः पर्वतेभ्यः प्रतीच्योऽन्या यां यां च दिशमन्वेतस्य प्रशासने गार्गि ददतो मनुष्याः प्रशंसन्ति यजमानं देवा दर्वीं पितरोऽन्वायत्ता" इति । द्वितीयामाह - अन्तःप्रविष्टश्शास्ता जनानाम् । एकस्सन्बहुधा विचारः । शतं शुक्राणि यत्रैकं भवन्ति । समानसीन आत्मा जनानाम् । अन्तः प्रविष्टश्शास्ता जनाना ँसर्वात्मे"त्यादि । तस्माद्बहिरन्तश्चेश्वर एव सर्वनियामक इति भाव इति शम् ।।

ईश्वरस्य जगद्योनित्त्वनिरूपणम् -

जगद्योनिर्भवेदेष प्रभवाप्ययकृत्त्वतः ।
आविर्भावतिरोभावावुत्पत्तिप्रलयौ मतौ ॥ १८२ ॥।

अन्वयः- एषः जगद्योनिः भवेत् । प्रभवाप्ययकृत्त्वतः । उत्पत्तिप्रलयौ आविर्भावतिरोभावौ मतौ।।

व्याख्या :- ईश्वरस्य जगद्योनित्त्वमुपपाद्यते । एष सर्वेश्वर "प्रभवाप्ययौ हि भूताना"मित्यादिश्रुत्या प्रभवाप्ययकृत्त्वतो जगतस्सृष्टिस्थितिलयकारकत्त्वाज्जगद्योनिर्जगतो हेतुः कारणमभिन्ननिमित्तोपादानं भवेत् । "यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते । येन जातानि जीवन्ति । यत्प्रयत्यभिसंविशन्ति" इत्यादिश्रुतेः। प्रभवाप्ययशब्दौ स्वयं व्याख्याति । केषाञ्चन दृष्ट्या तु प्रभव उत्पत्तिरप्ययो नाश इति। सर्वस्यापि जगतो मायिकत्त्वमभ्युपगच्छतां नास्माकं तदभिमतमिति प्रभव आविर्भावो ज्ञानगोचर-ताप्ययस्तिरोभावो ज्ञानागोचरतेत्यतावेव प्रकृत उत्पत्तिप्रलयाविति ज्ञेयमिति दिक् ।।

प्रविष्ट होकर सभी जीवों का नियन्ता है । उपर्युक्त दोनों श्रुतिवचनों से ज्ञात होता है कि बाहर और भीतर सर्वत्र ईश्वर ही नियामक है ।

ईश्वर के जगद्योनित्व का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - यह ईश्वर प्रभव (उत्पत्ति) और अप्यय (नाश) का कारण होने से जगत् की योनि (कारण) है । आविर्भाव और तिरोभाव को ही उत्पत्ति और प्रलय माना गया है ।१८२।

व्याख्या - यह पूर्वोक्त आनन्दमय ईश्वर जगत् की उत्पत्ति, स्थिति और लय का हेतु होने से जगत् की योनि (कारण) कहा गया है । " ***यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते । येन जातानि जीवन्ति। यत्प्रयन्त्यभिसंविशन्ति*** " (तै.उ. ३/१) इत्यादि श्रुतियों में ईश्वर को जगत् की योनि रूप से कहा गया है । कुछ लोग प्रभव शब्द से उत्पत्ति और अप्यय शब्द से नाश होना मानते हैं किन्तु जगत् को मायामय मानने वाले हम वेदान्तियों को यह मत मान्य नहीं है, यह सूचित करते हुए प्रभव और अप्यय इन दोनों शब्दों को उत्तरार्ध से स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि आविर्भाव और तिरोभाव ही उत्पत्ति और प्रलय शब्द से माना गया है । अर्थात् ज्ञानगोचरत्व (आविर्भाव) और ज्ञान से अगोचरत्व (तिरोभाव) को ही उत्पत्ति और प्रलय माना गया है ।

जगदाविर्भावप्रकारनिरूपणम् –

आविर्भावयति स्वस्मिन्विलीनं सकलं जगत् ।
प्राणिकर्मवशादेष पटो यद्वत्प्रसारितः ॥ १८३ ॥

अन्वयः – यद्वत् प्रसारितः पटः । एषः प्राणिकर्मवशात् स्वस्मिन् विलीनं सकलं जगत् आविर्भावयति।।

व्याख्या :– ईश्वरस्य जगदाविर्भावकारित्त्वं सदृष्टान्तमुपन्यसति । यथा सङ्कुचितश्चित्रपटस्स्वस्य प्रसारणमात्रेण स्वस्मिन्नवभासमानानि चित्राण्याविर्भावयत्येवमीश्वरोऽपीत्याह । यद्वद्येन प्रकारेण प्रसारितो विस्तृतिं गमितः पटश्चित्रपटस्स्वस्मिंस्तिरोहितं चित्रसमुदायं प्रसारणकर्मणा व्याकरोति तद्वदेव तेनैव प्रकारेणेश्वरः प्रलयेऽन्तकाले स्वस्मिन्नात्मनि कारणरूपेण विलीनं समस्तं जगत्तत्तत्प्राणिकर्मवशात्प्राणि-समुदायस्य तत्तज्जन्तुप्रारब्धकर्मणां प्राबल्यादाविर्भावयति सृजति । सर्वेषामपि तत्तत्कर्मणां तस्मिंस्त-स्मिन्कालविशेष एव फलजनकत्त्वनियमाद्यस्मिन्काले कस्यापि भोगस्यानुदयात्तदनुकूलं जगन्नाविर्भवति। यदा पुनः केषाञ्चन प्राणिनां कर्मविशेषाणां भोगजननानुकूल उपस्थितो भवति तदैव तदनुकूलतया जगदुत्पत्स्यत इति सैव सृष्टिरिति व्यवह्रियते जनैः । योऽयमर्थोऽत्राभिहितस्स एव कर्मवशकर्मक्षय-वशाभ्यामत्र प्रकरणे विवक्षित इति दिक् ।।

जगतस्तिरोभावप्रकारनिरूपणम् –

पुनस्तिरोभावयति स्वात्मन्येवाखिलं जगत् ।
प्राणिकर्मक्षयवशात्सङ्कोचितपटो यथा ॥ १८४ ॥

अन्वयः – यथा सङ्कोचितपटः । प्राणिकर्मक्षयवशात् पुनः स्वात्मनि एव अखिलं जगत् तिरोभावयति।।

व्याख्या :– ईश्वरस्य जगत्तिरोभावकारित्त्वं दर्शयति । यथा सङ्कुचितः पटस्स्वनिष्ठानि चित्राणि

जगत् के आविर्भाव के प्रकार को दृष्टान्त पूर्वक स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ – जैसे संकुचित चित्रपट फैलकर स्वयं में स्थित चित्र को प्रकट कर देता है, उसी प्रकार यह ईश्वर अपने में लीन हुए सम्पूर्ण जगत् को प्राणियों के कर्मरूप निमित्त से प्रकट कर देता है । १८३।

व्याख्या – चित्रपट को फैला देने पर वह पट (वस्त्र) जैसे स्वयं में तिरोहित चित्र को प्रकट कर देता है, उसी तरह ईश्वर प्रलयकाल में स्वयं में लीन हुए सम्पूर्ण जगत् को प्राणियों के प्रारब्ध कर्मों की प्रबलता से प्रकट कर देता है । यह नियम है कि सभी कर्म विशेषकाल में ही फल को उत्पन्न करते हैं। अतः जब किसी कर्म के फलोत्पादन के अनुकूल समय नहीं होता है तब किसी भी भोग का उदय न होने से भोगानुकूल जगत् भी नहीं रहता है । किन्तु जब कुछ प्राणियों के विशेष कर्मों के भोगानुकूल काल उपस्थित होता है तभी उन भोगों के अनुकूल जगत् की उत्पत्ति होती है । इसी को सृष्टि शब्द से कहा जाता है । ऐसा यह अर्थ '**कर्मवशात्**' और '**कर्मक्षयवशात्**' (६/१८४) इन दो शब्दों के कारण ही कहा गया है ।

अब तिरोभाव को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ – जैसे संकुचित पट चित्र को पुनः अपने में छिपा लेता है, उसी प्रकार प्राणियों के कर्मक्षय रूप निमित्त से (ईश्वर) स्वयं में ही सम्पूर्ण जगत् को छिपा लेता है ।१८४।

सङ्कोचमात्रेण तिरोभावयति । तद्वदीश्वरो जगत्तिरोभावयति प्राणिकर्मक्षयमात्रेणेत्याह । यथा सङ्कोचित-पटस्स्वगतं चित्रं समस्तमपि चित्रजातं तिरोभावयत्येवमीश्वरस्स्वेनैवाविर्भावितं निखिलं जगत्स्वात्मन्येव पुनः प्राणिकर्मक्षयवशात्प्रारब्धकर्मणामुपभोगेन क्षयात्तद्बलेन तिरोभावयति स्वस्मिन्लयं करोति । मरणं नाम तत्तत्प्राणिनां प्रत्येकं देहपातः । लयश्च युगपत्सर्वप्राणिनां देहपात इत्येवमनयोर्भेदः। जगन्नाटकरङ्गभूमिं प्रतिसीरयाच्छादयतीति तात्पर्यमिति शम् ।।

जगदाविर्भावतिरोभावयोर्दृष्टान्तमुखेन प्रदर्शनम् -

रात्रिघस्रौ सुप्तिबोधावुन्मीलननिमीलने ।
तूष्णीम्भावमनोराज्ये इव सृष्टिलयाविमौ ॥ १८५ ॥

अन्वयः - रात्रिघस्रौ सुप्तिबोधौ उन्मीलननिमीलने तूष्णींभावमनोराज्ये इव इमौ सृष्टिलयौ ।।

व्याख्या :- उक्तदार्ढ्याय दृष्टान्तान्तराणि दर्शयति । इमौ सृष्टिलयौ जगदाविर्भावतिरोभावौ रात्रिधस्राविव । "घस्रो दिनाहनी वा तु क्लीबे दिवसवासरा"विति घस्रशब्दोऽहर्वचनः । यथा रात्र्यहनी पुनः पुनः पर्यायेणावर्तेत एवमेव सृष्टिप्रलयावपीति भावः । तथा सुप्तिबोधौ सुषुप्तिजाग्रद्दशे। एवमुन्मीलननिमीलने नयनपक्ष्मणोर्यथाभवतस्तथैव । तूष्णींभावमनोराज्ये तूष्णींभावो मौनीभावो "मौने तु तूष्णीं तूष्णिका"मिति कोशात् । मनसो निर्व्यापारस्थितिर्मनोराज्यं च तस्य स्वेच्छाविजृम्भणं च इव वर्तते । सर्वमेतच्चक्रभ्रमणमिव पर्यायप्रवृत्तमिति भाव इति शम् ।।

व्याख्या - पूर्व श्लोक में चित्रपट का दृष्टान्त दिया था, कि जब वह फैलता है तो स्वयं में स्थित चित्र को प्रकट कर देता है । पुनः वही चित्रपट जब संकुचित हो जाता है तो स्वयं में स्थित उस चित्र को जैसे छिपा लेता है उसी प्रकार स्वयं के द्वारा ही आविर्भूत सम्पूर्ण जगत् को ईश्वर स्वयं में ही छिपा लेता है अर्थात् लीन कर लेता है । इसका कारण क्या है ? तो कहते हैं कि "***प्राणिकर्मक्षयवशात्***" अर्थात् प्राणियों के उपभोग से जब उनके कर्म क्षीण हो जाते हैं तब ईश्वर इस सम्पूर्ण जगत् को स्वयं में लीन कर लेता है । प्रत्येक मनुष्य के भिन्न-भिन्न शरीरों का भिन्न-भिन्न काल में नाश होना मरण कहा जाता है । और समस्त प्राणियों के एकसाथ देह त्याग को लय कहा जाता है, यही मरण और लय का भेद है अर्थात् मरण व्यष्टि तिरोभाव है और लय समष्टि तिरोभाव है । भाव यह है कि जगत् रूपी नाटक का सूत्रधार यह ईश्वर नाटक समाप्त हो जाने पर जगत् रूपी रंगभूमि को जवनिका से आच्छादित कर देता है ।

अन्य दृष्टान्तों से आविर्भाव और तिरोभाव को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - रात-दिन, सुषुप्ति-जाग्रत्, नेत्रों का खुलना और बन्द होना तथा तूष्णीभाव और मनोराज्य के समान सृष्टि (आविर्भाव) और लय (तिरोभाव) यह दोनों होते हैं ।१८५।

व्याख्या - "***घस्रौदिनाहनीवा तु क्लीबेदिवसवासरौ***" इस शब्दकोशानुसार घस्र शब्द दिवसवाची है । जैसे रात और दिन बारम्बार आते- जाते रहते हैं । जैसे सुषुप्ति और जाग्रत् अवस्था आती-जाती रहती हैं । जैसे नेत्रों का उन्मीलन और निमीलन होता है तथा तूष्णीभाव (मौनीभाव) और मनोराज्य का आविर्भाव और तिरोभाव होता है, उसी प्रकार सृष्टि (आविर्भाव) और लय (तिरोभाव) होता है । अर्थात् चक्रभ्रमण के समान इन दोनों की प्रवृत्ति होती रहती है ।

ईश्वरस्य जगज्जन्मादिकारणत्त्वं विवर्ताभिप्रायेणैवेति निरूपणम् –

आविर्भावतिरोभावशक्तिमत्त्वेन हेतुना ।
आरम्भपरिणामादिचोद्यानान्नात्र सम्भवः ॥ १८६ ॥

अन्वयः – आविर्भावतिरोभावशक्तिमत्त्वेन हेतुना अत्र आरम्भपरिणामादिचोद्यानां सम्भवः न (अस्ति)।।

व्याख्या :– जगत्कारणत्त्वमीश्वरस्यारम्भकत्त्वेन न संभवत्यद्वितीयस्यारम्भवत्त्वायोगात् । न तत्तदाकारपरिणामित्त्वेन रूपेण निरवयवस्य परिणामासंभवात् । तस्मात्सिद्धान्ते विवर्तवादाश्रयणेनाद्वैतिना–माविर्भावतिरोभावाद्यखिलं कार्यं मायावित्त्वादेवोपपन्नमित्याशयवानाह । सर्वेश्वरस्य यदाविर्भावतिरोभाव–शक्तिमत्त्वेन हेतुनारम्भपरिणामादि चोद्यानामाक्षेपाणामत्रास्मिन्विवर्तवादिमते न संभवः । तत्र नैयायिका–नामारम्भवादः । परमाणूनां द्वयणुकादिक्रमेण परस्परं संयोगेन घटादिपदार्थस्यारंभ इति । साङ्ख्यानां च परिणामवादः। प्रकृतिर्महदादिक्रमेण विकारमापन्ना सती स्वयमेवान्यरूपेण परिणमते । क्षीरं यथातञ्चनेन दधिरूपेण परिणमत इति । आदिशब्देनात्र सेश्वरनिरीश्वरवादिनामन्येषां च पक्षाणां सङ्ग्रहोऽत्र द्रष्टव्यः । ब्रह्मणोऽद्वितीयत्त्वान्निरवयवत्त्वाच्च नान्येषां पक्षाणां संभव इति सिद्धान्ते विवर्तवादो गृह्यते । "तदात्मानं स्वयमकुरुते"ति श्रुत्या साधनान्तरापेक्षां विनैव यथा मायावी केवलं स्वमाययैव गन्धर्वनगरादिकं सृजत्यवत्यत्ति चैवं महामायावीश्वरोऽपि सर्वशक्तिमत्त्वाद्धेतोर्जगतोऽभिन्न–निमित्तोपादानभूतस्सन्सृष्ट्यादि विरचयतीति भावः ।। विषयोऽयमद्वैतानन्दे प्रतिपादयिष्यते "परिणामे पूर्वरूपं त्यजेत्तत्क्षीररूपवत् । मृत्सुवर्णे निवर्तेते घटकुण्डलयोर्न हि ।। घटे भग्ने न मृद्भावः कपालानामवेक्षणात्।

ईश्वर से जगत् की उत्पत्ति का कारण विवर्त है, न कि आरम्भ और परिणाम । इस अभिप्राय से कहते हैं ।

अर्थ – ईश्वर आविर्भाव और तिरोभाव की शक्ति वाला होने के कारण प्रकृत में आरम्भवाद और परिणामवाद आदि के प्रश्नों की सम्भावना नहीं है। १८६।

व्याख्या – ईश्वर जगत् का कारण है यह आपने कहा, किन्तु ईश्वर जगत् का आरम्भक कारण है अथवा परिणामी कारण है ? प्रथम पक्ष नहीं बनता क्योंकि अद्वितीय वस्तु आरम्भक कारण नहीं बन सकती, अनेक द्रव्य ही आरम्भक कारण होते हैं । दूसरा पक्ष भी ठीक नहीं है क्योंकि निरवयव का परिणाम सम्भव नहीं है । यदि ऐसा है तो ईश्वर को जगत् का कारण किस तरह माना गया है ? इसका समाधान देते हैं कि विवर्तवाद को मान लेने पर उपर्युक्त दोष प्राप्त नहीं होंगे । ईश्वर आविर्भाव और तिरोभाव की शक्ति वाला है इसलिए ईश्वर के जगत्कारणत्व के विषय में आरम्भवाद और परिणामवाद आदि के प्रश्नों की कोई सम्भावना नहीं है ।

जगत् की रचना के विषय में दार्शनिकों के तीन सिद्धान्त अधिक प्रसिद्ध हैं – आरम्भवाद, परिणामवाद और विवर्तवाद । नैयायिक लोग आरम्भवाद स्वीकार करते हैं । उनके अनुसार ईश्वर परमाणुओं से जगत् की रचना करता है – जैसे कुम्भकार मिट्टी से घट बनाता है । उनके मतानुसार कार्य उत्पन्न होने से पहले कारण में नहीं रहता है । उत्पत्ति से ही कार्य का आरम्भ होता है इसलिए इसे आरम्भवाद कहते हैं । और सांख्यदर्शन में परिणामवाद को स्वीकार किया गया है । सांख्यमतानुसार त्रिगुणात्मिका

मैवं चूर्णेऽस्ति मृद्रूपं स्वर्णरूपं त्वतिस्फुटम् ।। क्षीरादौ परिणामोऽस्तु पुनस्तद्भाववर्जनात् । एतावता मृदादीनां दृष्टान्तत्त्वं न हीयते ।। आरम्भवादिनः कार्ये मृदो द्वैगुण्यमापतेत् । रूपस्पर्शादयः प्रोक्ताः कार्यकारणयोः पृथक् ।। मृत्सुवर्णमयश्चेति दृष्टान्तत्रयमारुणिः। प्राहातो वासयेत्कार्यानृतत्त्वं सर्ववस्तुष्वि"त्यादिविपुलतरम् ।।

चेतनाचेतनात्मकस्य सर्वस्यापि जगतः कारणमेक एवेश्वर इति निरूपणम् -

अचेतनानां हेतुः स्याज्जाड्यांशेनेश्वरस्तथा ।
चिदाभासांशतस्त्वेष जीवानाङ्कारणं भवेत् ।। १८७ ।।

अन्वयः - जाड्यांशेन ईश्वरः अचेतनानां हेतुः स्यात् । तथा चिदाभासांशतः तु एषः जीवानां कारणं भवेत् ।।

व्याख्या :-एक एवेश्वर उपाधिप्राधान्येनाचेतनानामुपादानमिति चेतनाचेतनात्मकनिखिलजगतो योनित्त्वमीश्वरस्येत्यत्र केचन संशेरते "जीव ईशो विशुद्धा चित्तथा जीवेशयोर्भिदा । अविद्या तच्चितो-र्योगष्षडस्माकमनादय" इत्यभियुक्तोक्तिप्रामाण्येन जीवानामनादित्त्वेन नित्यत्त्वात्कार्यत्त्वाभावेन तन्निरूपित-कारणतेश्वरे कथं समायाति । तस्माज्जीवनिरूपितकारणत्त्वस्येश्वरेऽसंभवाज्जगद्योनित्त्वं यत्प्रतिज्ञातं

प्रकृति परिणमित होकर जगत् का रूप धारण करती है । कार्य रूप जगत् कारण रूप गुणों में अव्यक्त रूप से विद्यमान है । यहाँ कारण से कार्य को भिन्न नहीं माना गया है । कारण कार्य में अनुस्यूत है । कारण का कार्य रूप में परिणमन होने के कारण इसे परिणामवाद कहते हैं । जैसे दूध दधि रूप में परिणत हो जाता है, उसी प्रकार प्रकृति महदादि विकार को प्राप्त कर स्वयं ही उन रूपों में परिणत हो जाती है, यह सांख्यों का मत है । श्लोक में पठित आदि शब्द से सेश्वर और निरीश्वरादि अन्य जितने भी मत हैं, उन सबका ग्रहण होता है ।

नैयायिकों का आरम्भवाद अनुचित है क्योंकि अद्वितीय का आरम्भ मानना उचित नहीं है और निरवय का परिणाम न होने से सांख्य मत भी गलत ही है । तीसरा मत है विवर्तवाद - वेदान्तदर्शन के अनुसार ईश्वर अपनी माया शक्ति से दृश्यमान मायिक जगत् की रचना करता है । वह ईश्वर जगत् का अभिन्न निमित्तोपादान कारण है । ईश्वर अपने स्वरूप का त्याग किये बिना ही इन्द्रजाल के समान जगत् की रचना कर देता है । इस प्रकार के कार्य-कारण सिद्धान्त को विवर्तवाद कहा जाता है । रस्सी से सर्प की उत्पत्ति अथवा निरवयव आकाश से नीलत्वादि की उत्पत्ति विवर्तवादी उत्पत्ति मानी जाती है। भाव यह है कि आरम्भवाद और परिणामवाद दोनों असमीचीन होने के कारण विवर्तवाद ही निर्दोष सिद्ध होता है ।

चेतनाचेतनात्मक सम्पूर्ण जगत् का कारण एकमात्र ईश्वर ही है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ - ईश्वर जड़ता रूप उपाधि के अंश से अचेतन पदार्थों का उपादान कारण होता है और यही ईश्वर चिदाभास रूप अंशो की उपाधि से जीवों का कारण होता है ।१८७।

व्याख्या - एक ही ईश्वर चेतन और अचेतन जगत् का उपादान कारण कैसे हो सकता है ? इसका समाधान करते हैं कि उपाधि भेद से यह संभव है । मायोपाधिक ईश्वर जड़ता रूप उपाधि के अंश से अर्थात् मायांश से देह, इन्द्रियादि जो जड़ पदार्थ हैं, उनका उपादान कारण होता है । इसी प्रकार जब यह ईश्वर चिदाभास के अंशों की उपाधि धारण करता है तब वह चिदाभासविशिष्ट जीवों का उपादान कारण

तज्जीवव्यतिरिक्तजगद्विषयमिति सङ्कुचितमेव जगद्योनित्त्वं स्यादिति चेन्नेत्याह । ईश्वरो मायोपाधिको जाड्यांशेन मायांशेनाचेतनानां शरीरेन्द्रियादिजडानां हेतुरुपादानकारणम् । तथैष एवेश्वरश्चिदाभासांशतो जीवानां चेतनानां कारणं निदानं भवेत् । उपाधिप्राधान्येनाचेतनानां जीवानां तु चित्प्राधान्येन च कारणं भवतीति भावः । यथा वा सहस्रांशुस्स्वकिरणांशैरूषरक्षेत्रादिषु मृगजलाविर्भावहेतुस्स्वनिष्ठ-कल्पिततद्धेतुत्त्वरूपबिम्बित्त्वांशेन तच्चाकचक्यलक्षणप्रतिबिम्बानामप्याविर्भावे हेतुस्तथैवेश्वरोऽप्युभयत्रापि हेतुरिति नात्र विरोधः कोऽपीति शम् ।।

जगत्कारणत्त्ववादे वार्तिककारमतप्रदर्शनम् -

तमःप्रधानः क्षेत्राणां चित्प्रधानश्चिदात्मनाम् ।
परः कारणतामेति भावनाज्ञानकर्मभिः ॥ १८८ ॥
इति वार्तिककारेण जडचेतनहेतुता ।
परमात्मन एवोक्ता नेश्वरस्येति चेच्छृणु ॥ १८९ ॥

अन्वयः - परः भावनाज्ञानकर्मभिः तमप्रधानः क्षेत्राणां कारणताम् एति । चित्प्रधानः चिदात्मनाम्।।

अन्वयः - इति वार्तिककारेण जडचेतनहेतुता परमात्मनः एव उक्ता । ईश्वरस्य न (उक्ता) इति चेत् शृणु।

व्याख्या :- एतावता मायाशबलितेश्वरस्य चिज्जडोभयजगत्कारणत्त्वं स्पष्टीकृतम् । वार्तिक-कारचरणैस्तु शुद्धस्य परमात्मनस्सहकारिकारणान्तरसमवधानेनोभयविधप्रपञ्चकारणत्त्वमभिहितमिति स्पष्टो विरोध इति चेन्न । वार्तिककाराशयस्य भिन्नत्त्वादित्याशयेन तदाशयं प्रदर्श्य विरोधं परिहर्तुकाम आदौ तद्वार्तिकं पठति । तमःप्रधानस्तमोगुणमुख्यो मायोपाधिकः परः परमात्मा क्षेत्राणां देहेन्द्रियादि-जडपदार्थानां कारणतामेति । अचेतनजगत्सृष्टौ तमोमात्रसहकारिकारणकः परमात्मैव शुद्धो हेतुरिति भावः । परः परमात्मैव चित्प्रधानश्चैतन्यमुख्यस्संश्चिदात्मनां जीवानां भावनाज्ञानकर्मभिस्संस्कारो भावनो-

---

होता है । तात्पर्य यह है कि ईश्वर उपाधि की प्रधानता से अचेतन पदार्थों का और चित् की प्रधानता से जीवों का उपादान कारण हो जाएगा । अतः चेतन और अचेतन रूप उभयात्मक जगत् का कारण एकमात्र ईश्वर ही है ।

जगत्कारणत्ववाद में वार्तिककार का मत प्रदर्शित करते हैं ।

अर्थ - संस्कार, उपासना और कर्मों के द्वारा तमःप्रधान (मायोपाधिक) परमात्मा शरीरादि क्षेत्रों (जड़ पदार्थों) का और चित्प्रधानता से चिदात्माओं (जीवों) का कारण होता है । इस प्रकार वार्तिककार (श्रीसुरेश्वराचार्य) ने जड़ और चेतन की कारणता परमात्मा की ही कही है, ईश्वर की नहीं । यदि ऐसी शंका हो तो उसका उत्तर सुनो ।१८८-१८९।

व्याख्या - मायाशबलित ईश्वर को पूर्व में चेतन और अचेतन जगत् का कारण कहा गया । किन्तु वार्तिककार श्रीसुरेश्वराचार्य जी ने तो शुद्ध चैतन्य को ही चेतन और अचेतन जगत् का कारण बताया है । अतः इन दोनों बातों से स्पष्ट विरोध प्रतीत हो रहा है । यदि ऐसी शंका हो तो उस विरोध का परिहार करने के लिए सर्वप्रथम दो श्लोकों के द्वारा श्रीसुरेश्वराचार्य जी का मत दर्शाते हैं । जिसमें प्रथम श्लोक वार्तिककार का ही है । तमःप्रधान (मायोपाधिक) परमात्मा जड़ पदार्थों की कारणता को प्राप्त होता

पासनाध्यानादयो ज्ञानानि विहितप्रतिषिद्धधर्माधर्मानुष्ठानलक्षणं च कर्म तैस्तैर्निमित्तभूतैः कारणतां चेतनप्राणिसृष्टौ हेतुतां प्रतिपद्यते । चिन्मात्रः परमात्मैव मायाकार्यरूपभावनाज्ञानकर्मसहकारिकारणसहायश्चेतनात्मकजगत्सृष्टौ निदानमित्याशयः । एवं प्रकारेण सहकारिकारणभेदेन परमात्मैव चिज्जडोभयरूपजगद्योनिरित्यभिप्रयन्ति वार्तिकारचरणा न त्वीश्वरस्य कारणत्त्वमिति चेच्छृण्ववधार्यताम् । वस्तुतस्त्वेष संशय आपातरमणीय एव। पूर्वापरसन्दर्भानभिज्ञबुद्धिजन्यत्त्वात् । अथापि दयालव आचार्या मन्दबुद्धीनप्यनुजिघृक्षवस्तादृश-बुद्धिवैशद्यायैव परमात्मैव शुद्धब्रह्मैव परिगृह्यते तमःप्राधान्याद्युक्तेरेवासम्भवादिति दिक् ।।

वार्तिकविरोधपरिहरणम् -

अन्योन्याध्यासमत्रापि जीवकूटस्थयोरिव ।
ईश्वरब्रह्मणोस्सिद्धङ्कृत्त्वा ब्रूते सुरेश्वरः ।। १९० ।।

अन्वयः - अत्र अपि जीवकूटस्थयोः इव ईश्वरब्रह्मणोः अन्योन्याध्यासं सिद्धं कृत्त्वा सुरेश्वरः ब्रूते।।

व्याख्या :- यथा त्त्वंपदार्थविषय इतरेतराध्यासस्तथैव तत्पदार्थविषयेऽप्यधिष्ठानारोपयोरन्योऽन्या-ध्यासस्यैव वार्तिककारैर्विवक्षितत्त्वान्न कोऽपि विरोधगन्धलेश इत्याह । यथा जीवकूटस्थयोस्तत्त्वा-ज्ञानादन्योऽन्याध्यासस्तथैवारोप्याधिष्ठानयोरीश्वरब्रह्मणोरप्यन्योऽन्याध्यासं सिद्धं कृत्त्वैव सुरेश्वरो ब्रूते इति वार्तिककाराणां विवक्षान्योऽन्याध्यासेनैवेति न कोऽपि दोष इति शम् ।।

है । अर्थात् अचेतन सृष्टि में तमोमात्र सहकारिकारक चैतन्य कारण है । परमात्मा ही चैतन्य प्रधान होकर चिदात्माओं (जीवों) का भावना, ज्ञान और कर्म के द्वारा कारण होता है । संस्कार को भावना कहते हैं । उपासनादि को ज्ञान और धर्माधर्म रूप क्रिया को कर्म कहते हैं । इन संस्कार, उपासना और कर्मों के द्वारा परमात्मा जगत् की उत्पत्ति का कारण होता है । भाव यह है कि शुद्ध चैतन्य ही उभयात्मक जगत् का कारण है । इस प्रकार वार्तिककार ने परमात्मा की ही सहकारी भेद से जड़ और चेतन की हेतुता कही है, न कि ईश्वर की । इस प्रकार यदि तुम कहते हो तो यह तुम्हारी भ्रान्ति है अतः उस भ्रान्ति को दूर करने के लिए हम उसका समाधान कहते हैं, तुम सावधान होकर उसे सुनो ।

अब वार्तिकविरोध का परिहार करते हैं ।

अर्थ - जीव और कूटस्थ के अन्योन्याधास के समान ईश्वर और ब्रह्म का अन्योन्याध्यास सिद्ध मानकर सुरेश्वराचार्य जी परमात्मा को जगत् का कारण कहते हैं ।१९०।

व्याख्या - जैसे त्वं पदार्थ के विषय में इतरेतर अध्यास होता है, उसी प्रकार तत्पदार्थ के विषय में भी इतरेतर का अर्थात् अधिष्ठान और आरोपित वस्तु का अन्योन्याध्यास होता है । इस विवक्षा से वार्तिककार ने परमात्मा को जगत् का कारण कहा है अतः यहाँ पर विरोध की गन्धमात्र भी नहीं है । इस आशय से आचार्य कहते हैं कि जीव और कूटस्थ का जैसे अन्योन्याध्यास माना जाता है, उसी प्रकार ईश्वर और ब्रह्म का भी अन्योन्याध्यास माना जाता है । इसी अन्योन्याध्यास को सिद्ध मानकर ही श्रीसुरेश्वराचार्य जी ने चैतन्य को जगत् का कारण कहा है । अतः वार्तिककार के और हमारे वचन में कोई विरोध नहीं है ।

वार्तिककाराशयावगमाय श्रुत्यर्थपर्यालोचनम् -

सत्यं ज्ञानमनन्तं यद् ब्रह्म तस्मात्समुत्थिताः ।
खंवाय्वग्निजलोर्व्योषध्यन्नदेहा इति श्रुतिः ॥ १९१ ॥

अन्वयः - "सत्यं ज्ञानम् अनन्तं यत् ब्रह्म तस्मात् खं वाय्वग्निजलोर्व्योषध्यन्नदेहाः समुत्थिताः" इति श्रुतिः ।।

व्याख्या :- वार्तिककारसम्मतो ब्रह्मेश्वराध्यासोऽत्रेति कथं विनिश्चयः इति चेच्छुद्धब्रह्मकारणत्त्व-वादमूलभूतश्रुत्यैवावगम्यत इति तामेव तैत्तिरीयश्रुतिमर्थतस्सङ्गृह्णाति । "सत्यं ज्ञानमन्त"मित्यादिभिर्वक्ष्य-माणतया यद्ब्रह्मोपक्रान्तं तस्मादेव ब्रह्मण"स्तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशस्सम्भूत" इत्यादिना खंवाय्वग्निजलोर्व्योषध्यन्नदेहा आकाशानिलानलाम्बुपृथिव्योषध्यन्नशरीराणि समुत्थितास्सम्भूता इत्यनेन शुद्धचैतन्याज्जगदुत्पत्तिः । प्रस्तुतं तदेव च लक्षणवाक्ये "सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्मे"त्यत्र परामृष्टम् । पुनश्च तस्यैव "तस्माद्वा एतस्मादित्यादिनापि परामर्श इति शुद्धचैतन्यस्य जगद्योनित्त्वमिति दिक् ।।

ब्रह्मणो जगद्धेतुताध्यासमूलिकैवेति निरूपणम् -

आपातदृष्टितस्तत्र ब्रह्मणो भाति हेतुता ।
हेतोश्च सत्यता तस्मादन्योन्याध्यास इष्यते ॥ १९२ ॥

वार्तिककार के आशय को जनाने के लिए श्रुत्यर्थ का पर्यालोचन करते हैं।

अर्थ - सत्य, ज्ञान और अनन्त जो ब्रह्म है, उससे आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी, औषधि, अन्न और देह ये सब उत्पन्न हुए हैं । इस प्रकार श्रुति कहती है ।१९१।

व्याख्या - श्रीसुरेश्वराचार्य का पूर्वोक्त अभिप्राय आपने कैसे जाना ? ऐसी आशंका होने पर उसका उत्तर देते हैं कि वक्ष्यमाण श्रुति के अर्थ का पूर्वापर विचार करने से उक्त अभिप्राय ज्ञात होता है । अतः शुद्धब्रह्म को जगत् का कारण बताने वाली भगवती श्रुति का उल्लेख करते हैं । " ***सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म*** " इस तैत्तिरीयश्रुति में ब्रह्म का उपक्रम कर " ***तस्माद् वा एतस्माद् आत्मन आकाशस्संभूतः***" इस प्रकार आकाशादि की उत्पत्ति का कारण ब्रह्म को ही कहा गया है । सत्य (त्रिकालाबाध्य), ज्ञान (स्वयंप्रकाश) और अनन्त (त्रिविध परिच्छेदशून्य) ब्रह्म से आकाश, वायु, अग्नि, जल, उर्वी (पृथ्वी) , औषधि, अन्न और देह ये सब उत्पन्न हुए हैं । "***ब्रह्मविदाप्नोति परम्*** " इस प्रतिज्ञा में शुद्धब्रह्म को प्रस्तुत कर उसी का लक्षण " ***सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म*** " इस वाक्य से स्पष्ट रूप से कहा गया है और पुनः " ***तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः सम्भूतः***" इत्यादि रूप से उसी ब्रह्म से आकाशादि की उत्पत्ति का वर्णन है । इस तरह पूर्वापर का विमर्शन करने पर शुद्ध चैतन्य ही जगत् का कारण है, यह सिद्ध होता है ।

वस्तुतः शुद्धब्रह्म को जगत् का कारण मानना अध्यास मूलक ही है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - पूर्वोक्त श्रुति में ब्रह्म की हेतुता और ईश्वर की सत्यता आपात- दृष्टि से प्रतीत होती है । इसलिए (ब्रह्म और ईश्वर) दोनों का अन्योन्याध्यास कहा गया है ।१९२।

अन्वयः – तत्र आपातदृष्टितः ब्रह्मणः हेतुता भाति । (किं) च हेतोः सत्यता । तस्मात् अन्योन्याध्यासः इष्यते ।।

व्याख्या :– शुद्धस्यासङ्गस्य निर्विकारिणो व्यापकस्य ब्रह्मणो जगद्योनित्त्वं न सङ्गच्छते । श्रुत्या च प्रत्यपादि । तस्मात्तदन्यथानुपपत्त्या शुद्धचैतन्योश्वरयोरन्योऽन्याध्यासः प्रकल्पत इत्याह । आपात–दृष्टितस्सम्यक्पर्यालोचनाविरहितमतेः पातमज्ञानध्वंसं मर्यादीकृत्येत्यापात"माङ्मर्यादाभिविध्यो"रिति स्मरणात् । तस्मादर्वाग्या दृष्टिस्संशयविपर्ययाद्यात्मिका चित्तनिवृत्तिस्तत इति भावः । ब्रह्मणो निष्क्रियस्य सत्यादिलक्षणस्य निर्गुणस्य हेतुता जगत्कारणता तत्र तस्यां श्रुतौ केवलं भाति प्रतीयते न तु प्रमीयते प्रमाणसिद्धा न भवतीति भावः । तथा तस्यामेव श्रुतौ हेतोर्जगद्धेतुभूतस्येश्वरस्य यतस्सत्यता प्रतीयते परामर्शाद्भाति तस्माद्भासमानं शुद्धस्य हेतुत्त्वं हेतुभूतस्य चिदाभासस्य सत्यत्त्वमापाततः प्रतीयमानमन्योऽन्याध्यासमन्तरा न घटत इत्येतस्य इष्यते । "वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्य"मित्यादिश्रुत्यन्तराद्धेतुत्त्वं सत्यत्त्वधर्मवत एव न तु निर्धर्मकस्यासङ्गस्य निर्विकारिणो ब्रह्मणस्तस्मा–त्सत्यत्त्वादिधर्मावच्छिन्नस्येश्वरस्य तदुपलक्षितनिर्धर्मकब्रह्मणा सहावश्यमन्योऽन्याध्यासोऽङ्गीकार्य एवेति भावः । तथा च "कार्योपाधिरयं जीवः कारणोपाधिरीश्वरः" "अस्मान्मायी सृजते विश्वमेतदि"त्यादिश्रुतयश्च समन्वितार्था भवन्ति । इत्येवं श्रुतिसिद्धमीश्वरशुद्धचैतन्ययोरन्योऽन्याध्यासं सिद्धवत्कृत्य वार्तिककाराः परमात्मनश्शुद्धस्य जगद्योनित्त्वं प्रतिपादयन्तीति न कोऽपि विरोधावकाश इति भावः ।।

व्याख्या – पूर्वोक्त श्रुति के द्वारा आपने जो शुद्ध और असंग ब्रह्म को जगत् का कारण कहा है, वह संभव नहीं है । यदि वैसा न माने तो श्रुति में अप्रामाण्य का प्रसंग प्राप्त होगा । किन्तु ऐसा कहना उचित नहीं है, क्योंकि भगवती श्रुति तो सर्वथा प्रमाणभूत ही है । अतः श्रुतिप्रामाण्यवादियों को किसी भी प्रकार से उस प्रामाण्यलक्षण को स्पष्ट करना ही चाहिये । इस आशय से उक्त ब्रह्म के जगत् हेतुत्व का उपपादन करते हैं कि जैसे सम्यक् पर्यालोचन से रहित बुद्धि से शुद्ध, निष्क्रिय ब्रह्म की जगत् कारणता प्रतीत होती है । उसी प्रकार **'हेतोश्च'** अर्थात् जगद्–हेतुभूत ईश्वर की सत्यता भी प्रतीत होती है । इसलिए भासमान शुद्धब्रह्म की जगत्कारणता और हेतुभूत ईश्वर की सत्यता ये दोनों परस्पर अध्यास के बिना संभव नहीं है । अतः ब्रह्म और ईश्वर दोनों का अन्योन्याध्यास माना जाता है । अर्थात् ब्रह्म की सत्यता ईश्वर में भासित होती है और ईश्वर की जगत्कारणता ब्रह्म में प्रतीत होती है । भाव यह है कि "***वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यम्***" इत्यादि श्रुतियों के अनुरोध से जगत् का हेतु ईश्वर ही है, न कि निर्धर्मक, असंग, निर्विकार ब्रह्म। इसलिए सत्यत्वादि धर्मावच्छिन्न ईश्वर का तदुपक्षित शुद्ध ब्रह्म के साथ अवश्य ही अन्योन्याध्यास अंगीकार करना चाहिये । ऐसा मानने पर "***कार्योपाधिरयं जीवः कारणोपाधिरीश्वरः***" "***अस्मान्मायी सृजते विश्वमेतत्***" इत्यादि श्रुतियाँ भी समन्वितार्थ वाली हो जाती हैं । इस प्रकार श्रुतिसिद्ध ब्रह्म और ईश्वर के अन्योन्याध्यास को सिद्ध मानकर ही वार्तिककार ने शुद्धचैतन्य को जगत् का कारण कहा है । अतः श्रीसुरेश्वराचार्य और हमारे कथन में स्वल्पमात्र भी विरोध नहीं है ।

घट्टितपददृष्टान्तमुखेनान्योऽन्याध्यासस्य निरूपणम् -

अन्योन्याध्यासरूपोऽसावन्नलिप्तपटो यथा ।
घट्टितेनैकतामेति तद्वद्भ्रान्त्यैकताङ्गतः ॥ १९३ ॥

अन्वयः - यथा अन्नलिप्तपटः घट्टितेन एकताम् एति तद्वत् असौ अन्योन्याध्यासरूपः भ्रान्त्या एकतां गतः ।।

व्याख्या :- एवमीश्वरब्रह्मणोरेकत्त्वमन्योऽन्याध्याससिद्धं पूर्वोदाहृतघट्टितपटदृष्टान्तेन दृढीकरोति। यथान्नलिप्तः पटो घट्टितेनैकतां प्राप्नोति स्वतश्शुभ्रोऽपि पट उपरिष्टाद्घट्टितेनान्नेनाच्छादितो भूत्त्वैकतां प्रतिपद्यते तद्वत्परमात्मा शुद्धोऽप्यन्योऽन्याध्यासमापन्नस्सन्भ्रान्त्यैवेश्वरेणैकतां गतः ।।

ईश्वरपरमात्मनोर्भेदाभाने मेघाकाशमहाकाशदृष्टान्तनिरूपणम् -

मेघाकाशमहाकाशौ विविच्येते न पामरैः ।
तद्वद्ब्रह्मेशयोरैक्यं पश्यन्त्यापातदर्शिनः ॥ १९४ ॥

अन्वयः - पामरैः मेघाकाशमहाकाशौ न विविच्येते तद्वत् आपातदर्शिनः ब्रह्मेशयोः ऐक्यं पश्यन्ति।।

व्याख्या :- भेदाप्रतिपत्तावाकाशदृष्टान्तं मेघाकाशो मेघगतजलप्रतिबिम्बिताकाशः पूर्वं व्याख्यातो महाकाशः प्रसिद्धतर एव पामरैरज्ञजनैर्भ्रान्त्या तावाकाशौ न विविच्येते विविच्य पृथक्कृत्त्वायमीदृशोऽयमिति न विज्ञायते तद्वदापातदर्शिनोऽविचारितरमणीयपदार्थदर्शनशीलार्ब्रह्मेशयोर्मायाशबलितं

अब भ्रम से सिद्ध ब्रह्म और ईश्वर की एकता को पूर्वोक्त घट्टित पट के दृष्टान्त का स्मरण करवा कर दृढ़ करते हैं ।

अर्थ - जैसे अन्न से लिप्त पट घट्टित पट के साथ एकता को प्राप्त होता है, उसी प्रकार वह परमात्मा अन्योन्याध्यास रूप भ्रान्ति के द्वारा (ईश्वर के साथ) एकता को प्राप्त होता है ।१९३।

व्याख्या - जैसे अन्न से लिप्त वस्त्र घट्टित वस्त्र के साथ एकता को प्राप्त होता है अर्थात् वस्त्र स्वतः शुभ्र (स्वच्छ) है किन्तु उसके ऊपर किये गये अन्न के लेप से वह आच्छादित हो जाता है, उसी प्रकार वह नित्यशुद्ध परमात्मा भी अन्योन्याध्यास से युक्त होकर भ्रान्ति के द्वारा ईश्वर के साथ एकत्व को प्राप्त होता है । भाव यह है कि ब्रह्म और ईश्वर अलग-अलग होने पर भी अन्योन्याध्यास के कारण एकत्व को प्राप्त हुए से प्रतीत होते हैं ।

अब दूसरा दृष्टान्त प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - जैसे पामर मनुष्यों के द्वारा मेघाकाश और महाकाश का विवेचन नहीं किया जाता है, उसी प्रकार विचारहीन मनुष्य ब्रह्म और ईश्वर की एकता को देखते हैं । दोनों में भेद नहीं देखते हैं ।१९४।

व्याख्या - पूर्व में मेघाकाश और महाकाश का स्पष्ट रूप से प्रतिपादन किया जा चुका है । जो पामर (मूढ़) लोग होते हैं, वे मेघाकाश और महाकाश का पृथक् रूप से विवेचन करने में असमर्थ होते हैं अर्थात् यह मेघाकाश है और यह महाकाश है, इस प्रकार से उनके पृथकत्व ज्ञान से रहित होते हैं । उसी प्रकार जो आपातदर्शी लोग हैं अर्थात् अविचारित रमणीयपदार्थ दर्शनशील जो मनुष्य हैं, वे ब्रह्म और ईश्वर की एकता को देखते हैं अर्थात् अनुभव करते हैं । भाव यह है कि जैसे मेघाकाश और महाकाश

ब्रह्मेश्वरस्तद्रहितश्शुद्धः परमात्मेत्यनयोर्भ्रान्त्यान्योऽन्याध्यासादैक्यमेकतां पश्यन्तीति दिक् ।।

तत्त्वावगत्युपायनिरूपणम् -

उपक्रमादिभिर्लिङ्गैस्तात्पर्यस्य विचारणात् ।
असङ्गं ब्रह्म मायावी सृजत्येष महेश्वरः ॥ १९५ ॥

अन्वयः - उपक्रमादिभिर्लिङ्गैः तात्पर्यस्य विचारणात् ब्रह्म असङ्गं मायावी एषः महेश्वरः सृजति।।

व्याख्या :- उपक्रमादिषड्विधतात्पर्यलिङ्गानां विचारेणासङ्गस्य ब्रह्मणस्तत्त्वावगतिरित्याह । "उपक्रमोपसंहारावभ्यासोऽपूर्वता फलम् । अर्थवादोपपत्ती च लिङ्गं तात्पर्यनिर्णये" इति षट्प्रकारैर्लिङ्गैश्श्रुतिवाक्यतात्पर्यावधारणे कृते ब्रह्मासङ्गमिति जगज्जन्मादिकारणं मायावीश्वर इति च स्पष्टमवगम्यते । श्रुतौ तदोपक्रान्तस्य शुद्धस्य हेतुत्त्वे सुस्पष्टं प्रतीयमानेऽसिद्धमीश्वरस्य हेतुत्त्वं पञ्चम्या विभक्त्या बोध्यत इत्यभ्युपेत्य घट्टितवदित्यत्त्वघटनाय मध्येऽध्यासश्श्रुतिसिद्ध इति निश्चीयते। यथाश्रुतं सिद्धस्य हेतुत्त्वं कुतो नाद्रियते ? श्रुतिबलादसङ्गस्यैव हेतुत्त्वं वाङ्गीकार्यम् । हेतुत्त्वस्य ससङ्गमात्रवृत्तित्त्वनियमाभ्युपगमे सत्यमित्याद्युपक्रान्तस्य ससङ्गत्त्वं वाभ्युपेयम् । हेतोस्ससङ्गवृत्तित्त्व-नियम उपक्रान्तस्यासङ्गत्त्वं च केन निर्बन्धेनाङ्गीक्रियत इति प्रश्ने प्रमाणसिद्धमेतदुभयमिति स एवात्र निर्बन्ध इत्याशयः । षड्विधैर्लिङ्गैश्श्रुतीनां तात्पर्यस्य विचारादिदं सिद्ध्यति । "ब्रह्मविदाप्नोति पर"मित्यादिनोपक्रान्तं ब्रह्म सर्वसङ्गरहितं निष्क्रियं निर्गुणम् । मायाशक्तिसहितश्चेश्वरस्ससङ्ग एव जगत्सृजत्यवत्यत्ति चेत्यवगम्यते । तस्मादसङ्गं तदा परामृश्य तस्य शुद्धस्य ब्रह्मणः पञ्चम्या विभक्त्या

का सम्यक् विवेचन न होने पर दोनों एक ही प्रतीत होते हैं, उसी प्रकार मन्द बुद्धि वाले ब्रह्म और ईश्वर दोनों को एक मानते हैं । अर्थात् दोनों के भेद को नहीं देखते हैं । वे अन्योन्याध्यास के कारण दोनों को एक ही मानते हैं ।

षड्विध लिंगों के तात्पर्य का विचार करने पर जो फल होता है, उसका निरूपण करते हैं।

अर्थ - उपक्रमोपसंहारादि छः लिंगों के द्वारा श्रुति के तात्पर्य का विचार करने पर यह सिद्ध होता है कि ब्रह्म असंग है और मायावी महेश्वर जगत् की रचना करता है ।१९५।

व्याख्या - ***उपक्रमोपसंहारावभ्यासोऽपूर्वताफलम् ।***
अर्थवादोपपत्ती च लिङ्गं तात्पर्यनिर्णये ।।

उपक्रम-उपसंहार, अभ्यास, अपूर्वता, फल, अर्थवाद और उपपत्ति ये छः श्रुति के तात्पर्य का निर्धारण करने के हेतु हैं । इन छः तात्पर्य निर्धारक लिङ्गों के द्वारा यह स्पष्ट ज्ञात होता है कि ब्रह्म असंग है और मायोपाधिक ईश्वर जगत् के जन्मादि का कारण है । "***ब्रह्म विदाप्नोति परम्***" इत्यादि से उपक्रान्त ब्रह्म सर्वसङ्गरहित निष्क्रिय निर्गुण है । तथा मायाशक्ति युक्त ईश्वर असंग नहीं है । वही जगत् की रचना करता है, पालन करता है और संहार करता है, ऐसा स्पष्ट जाना जा सकता है । अतः " तस्माद्वा एतस्मादात्मनः आकाशस्सम्भूतः" इत्यादि रूप से जहाँ पर भी पञ्चमी विभक्ति के द्वारा ब्रह्म से जगत् की उत्पत्ति आदि का वर्णन है, वह ब्रह्म और ईश्वर के अन्योन्याध्यास के बिना संभव नहीं है ।

(१) प्रकरण प्रतिपाद्य अद्वितीय वस्तु का प्रकरण के आदि में प्रतिपादन करना **उपक्रम कहलाता है**

हेतुत्त्वबोधनमीश्वरब्रह्मणोरितरेतराध्यासं विना न घटत इत्यध्यासश्श्रुतिसिद्ध इति तात्पर्यज्ञानादवगम्यते। ग्रन्थस्यारम्भ उपक्रमः । ग्रन्थस्य समाप्तिरुपसंहारः । एतदुभयं सम्मेल्यैकं लिङ्गम् । पौनः पुन्येनकथन-मभ्यासः । प्रमाणान्तरानवगतत्त्वमपूर्वता । तत्र तत्र प्रयोजनोक्तिः फलम् । प्रतिपाद्यार्थप्रशंसनमर्थवादः। ग्रन्थोक्तयुक्तय उपपत्तिः । तात्पर्यनिर्णय इमे सहकारिकारिणः ।।

ब्रह्मणोऽसङ्गत्त्व उपक्रमोपसंहारादिलिङ्गनिरूपणम् –

सत्यं ज्ञानमनन्तञ्चेत्युपक्रम्योपसंहृतम् ।
यतो वाचो निवर्तन्त इत्यसङ्गत्त्वनिर्णयः ॥ १९६ ॥

अन्वयः – "सत्यं ज्ञानम् अनन्तं" च इति उपक्रम्य "यतः वाचः निवर्तन्ते" इति उपसंहृतम् (अतः) असङ्गत्त्वनिर्णयः (भवति) ।।

व्याख्या :- ब्रह्मणोऽसङ्गत्त्वं श्रुतितात्पर्यविषयीभूतं तात्पर्यनिर्णायकलिङ्गसद्भावादित्याह । आनन्दवल्यां "सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्मे"त्युपक्रम्य "यतो वाचो निवर्तन्ते । अप्राप्य मनसा सह । आनन्दं ब्रह्मणो विद्वा"नित्युपसंहृतम् । उपलक्षणविधयान्यान्यपि लिङ्गानि व्याख्येयानि । अभ्यासो "ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा" "रसो वै स" इत्यादिः । अपूर्वता च ब्रह्मज्ञाने प्रमाणान्तराभावात् । फलं च "ब्रह्म विदाप्नोति पर"मिति । अर्थवाद "स्सोऽश्नुते सर्वान्कामान्सह । ब्रह्मणा विपश्चिते"त्यादिः ।

और उसी का प्रकरण के अन्त में प्रतिपादन करना **उपसंहार कहलाता है** । उपक्रम और उपसंहार ये दोनों एक लिंग माने गये हैं।

(२) उसी प्रकरणप्रतिपाद्य का ग्रन्थ के मध्य में बारम्बार प्रतिपादन करना **अभ्यास नामक लिंग है**।

(३) प्रकरणप्रतिपाद्य वस्तु की प्रमाणन्तर से अविषयता को **अपूर्व नामक लिंग कहते हैं ।**

(४) प्रकरणप्रतिपाद्य के ज्ञान से उसकी प्राप्तिरूप प्रयोजन जो प्रकरण में श्रुत है, **उसको फल कहते हैं**।

(५) प्रकरणप्रतिपाद्य अद्वितीय वस्तु की प्रशंसा अथवा अप्रतिपाद्य (द्वैत अथवा भेद) की निन्दा को **अर्थवाद कहते हैं** ।

(६) प्रकरणप्रतिपाद्य वस्तु को युक्तिपूर्वक सिद्ध करना **उपपत्ति नामक लिंग है ।**

इस प्रकार श्रुति के तात्पर्य का निर्धारण करने वाले ये छः लिंग हैं ।

उपक्रमोपसंहारादि लिंगों के द्वारा ब्रह्म के असंगत्व का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – (श्रुति) ब्रह्म सत्य, ज्ञान और अनन्त है, इस प्रकार उपक्रम करके जहाँ से मन और वाणी लोट आती है, इस प्रकार उपसंहार कहती है । इससे ब्रह्म की असंगता का निश्चय होता है ।१९६।

व्याख्या – तैत्तिरीयोपनिषद् के छः तात्पर्य लिंगों के द्वारा ब्रह्म के असंगत्व का निश्चय किया जा सकता है । तैत्तिरीयोपनिषद् की ब्रह्मानन्द नामक वल्ली में "***सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म***" इस प्रकार उपक्रम कर "***आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान्***" इस प्रकार ब्रह्म लक्षण में ही उपसंहार किया गया है । "***यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह***" "***ब्रह्मपुच्छं प्रतिष्ठा***" "***रसो वै सः***" इत्यादि अभ्यास है । ब्रह्मज्ञान में प्रमाणान्तर की अनुपलब्धि ही अपूर्वता है "***ब्रह्मविदाप्नोति परम्***" यह फल है । "***सोऽश्नुते सर्वान् कामान्***" यह अर्थवाद है । "***भीषास्माद्वातः पवते***" इत्यादि उपपत्ति है । इन कारणों से ब्रह्म की असंगता का निश्चय किया जाता है ।

उपपत्ति''र्भीषास्माद्वातः पवत'' इत्यादिः । अतो हेतोर्ब्रह्मणोऽसङ्गत्त्वनिर्णयो भवतीति शम् ।।

मायाविन ईश्वरस्य सृष्टिकर्तृत्त्वे प्रमाणतया श्रुतिनिरूपणम् -

मायी सृजति विश्वं सन्निरुद्धस्तत्र मायया ।
अन्य इत्यपरा ब्रूते श्रुतिस्तेनेश्वरस्सृजेत् ।। १९७ ।।

अन्वयः- मायी विश्वं सृजति । तत्र अन्यः मायया सन्निरुद्धः इति अपरा श्रुतिः ब्रूते । तेन ईश्वरः सृजेत्।।

व्याख्या :- ईश्वरकर्तृकजगत्सर्जनप्रतिपादिकां श्वेताश्वतरश्रुति''मस्मान्मायी सृजते विश्वमेतत्तस्मिंश्चान्यो मायया सन्निरुद्ध'' इत्यादिकामर्थतस्सङ्गृह्णाति । ''मायी विश्वं सृजती''त्यनेनेश्वरस्य सृष्टिकर्तृत्त्वं ''सन्निरुद्धस्तत्र माययान्य'' इति जीवस्य प्रापञ्चिकविषयेषु बद्धत्त्वमपि सूचितमिति ज्ञेयम्। मायी मायासहित ईश्वरो विश्वं सृजति । अन्यो जीवस्तत्र सृष्टौ मायया सन्निरुद्धसम्यक्प्रतिबद्ध इत्येवमपरान्या श्वेताश्वतरश्रुतिर्ब्रूते । तेन कारणेन सृजेदीश्वरो मायावीश्वर एव सृष्टिकर्तेति सिद्धमिति शम् ।।

जगदुत्पत्तिप्रकारनिरूपणम् -

आनन्दमय ईशोऽयं बहु स्यामित्यवैक्षत ।
हिरण्यगर्भरूपोऽभूत्सुप्तिः स्वप्नो यथा भवेत् ।। १९८ ।।

अन्वयः - अयम् आनन्दमयः ईशः 'बहु स्याम्'' इति अवैक्षत । हिरण्यगर्भरूपः अभूत् । यथा सुप्तिः स्वप्नः भवेत् ।।

व्याख्या :- समष्ट्यानन्दमयकोशावच्छिन्नचैतन्यस्येश्वरस्य सृष्टिप्रकारं विशदयति । आनन्दमय-स्समष्टिकारणशरीराभिमानीशो मायाशबलित ईश्वरः कदाचिज्जीवादृष्टविशेषं पुरस्कृत्य बहु स्यां

मायावी ईश्वर ही जगत् की रचना करता है, इस विषय में श्रुतिप्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - मायी (मायोपाधिक ईश्वर) विश्व की रचना करता है और अन्य (जीव) जगत् में माया के द्वारा बंधता है, ऐसा दूसरी श्रुति कहती है, इसलिए ईश्वर ही जगत् की रचना करता है ।१९७।

व्याख्या - ***''अस्मान्मायी सृजते विश्वमेतत्तस्मिंश्चान्यो मायया सन्निरुद्धः*** '' (श्वे.उ. ४/९) इस श्वेताश्वतर श्रुति में ईश्वर को ही जगत् की उत्पत्ति का कारण कहा गया है अतः उक्त श्रुति का अर्थतः पठन करते हुए आचार्य कहते हैं कि मायोपाधिक जो ईश्वर है, वह सम्पूर्ण विश्व की रचना करता है और अन्य जो जीव है, वह उसके द्वारा रचित जगत् में माया के द्वारा अत्यन्त दृढ़ता पूर्वक बंधा हुआ है, ऐसा दूसरी श्रुति (श्वेताश्वतरोपनिषद्) कहती है । अतः इन हेतुओं से यह सिद्ध होता है कि ईश्वर ही जगत् की रचना करता है।

जगत् की उत्पत्ति के प्रकार का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - यह आनन्दमय ईश्वर ''मैं बहुत रूप हो जाऊँ '' ऐसा ईक्षण (संकल्प) कर हिरण्यगर्भ रूप हो गया, जैसे सुषुप्ति स्वप्न रूप हो जाती है ।१९८।

व्याख्या - इस प्रकार आनन्दमय को ईश्वर और उसी को जगत् का कारण बताकर अब तत्कर्तृक सृष्टि प्रकार को विशद करते हैं । समष्टि आनन्दमय कोशाधिष्ठाता ईश्वर ''मैं बहुतरूप हो जाऊँ'' ऐसा ईक्षण (संकल्प) करके स्वयं हिरण्यगर्भ रूप हो गया । ***''स ईक्षत बहुस्यां प्रजायेय''*** (छा.उ. ६/

कारणान्तसहकारं किञ्चिद्विनैवाहमेक एवानेकधा भवेयमित्यवैक्षत समालुलोच । नामरूपव्याकरणेन जगदाकारतां भजेयमित्यचिन्तयदिति भावः । "सोऽकामयत । बहु स्यां प्रजायेयेति ।" "स ईक्षत बहु स्यां प्रजायेयेति" "तदैक्षते"त्यादिश्रुतिभ्य ईक्षणानन्तरं खानिलानलाद्यपञ्चीकृतभूतपञ्चकमादौ सृष्ट्वा ततस्तद्गुणकल्पितसमष्टिव्यष्टिदेहोऽभवत् । ईक्षणेन समष्टिदेहेऽहमित्यभिमाननेनेश्वरो हिरण्यगर्भोऽभूत्। यथा सुप्तिः सुषुप्तिस्स्वप्नो भवेत्तथैवेति दृष्टान्तः । यथानुद्बुद्धसंस्काराणामदृष्टबलेन किञ्चिदुद्बोधकवशात्तात्कालिक्यां सृष्टावनुभूयमानायां सा सृष्टिस्सत्यत्त्वेनापि सुषुप्तपुरुषमात्रगोचरा शून्या भवति । यतस्सा सृष्टिस्स्वप्नमात्रकालपरिमिता । तथा च सुषुप्तेरेवावस्थान्तरं स्वप्नः । तथैवेश्वरोऽपीच्छामात्रगोचरकृतजगत्कस्तादृशं प्रपञ्चं स्फुटीकर्तुं व्यावहारिकसत्यतयाप्यवभासयन्नास्ते । तस्मिन्काले तस्यावस्थान्तरं हिरण्यगर्भ इति दिक् ।।

यथाश्रुति जगत्सृष्टिरिति निरूपणम् –

क्रमेण युगपद्धैषा सृष्टिर्ज्ञेया यथाश्रुति ।
द्विविधश्रुतिसद्भावाद्विविधस्वप्नदर्शनात् ।। १९९ ।।

अन्वयः – एषा सृष्टिः द्विविधश्रुतिसद्भावात् क्रमेण युगपत् वा यथाश्रुति ज्ञेया द्विविधस्वप्नदर्शनात्।।

व्याख्या :– क्रमिका सृष्टि"स्तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशस्सम्भूत" इत्यादौ श्रुता । युगपच्च सृष्टि"रिदं सर्वमसृजते"त्यादौ श्रुतेत्युभयविधप्रकारे कः प्रकार आदरणीयः कश्च त्याज्य इत्याशङ्कायां श्रुतियुक्तिसम्मतत्त्वेनोभयविधमप्युपादेयमेवेत्याह । एषा जगत्सृष्टिर्यथाश्रुति श्रुतिमनतिक्रम्य यथाश्रुतौ श्रूयते तथैव द्विविधश्रुत्युपलम्भेन क्रमेण युगपद्वा ज्ञेया । क्रमसृष्टि"राकाशस्सम्भूत इत्यादिना युगपत्सृष्टिश्च "स

२/३) इस प्रकार ईक्षणान्तर अर्थात् संकल्प करके वह आकाशादि अपञ्चीकृत पञ्च महाभूत रूप हो गया । तदनन्तर उनके गुणानुसार समष्टि और व्यष्टि शरीर रूप हो गया । उनमें से समष्टि रूप शरीर में अहंकार करने से ईश्वर हिरण्यगर्भ रूप हो गया । जैसे सुषुप्ति स्वप्न रूप से परिणत हो जाती है, वैसे ही ईश्वर भी हिरण्यगर्भ रूप से परिणत हो गया । भाव यह है कि जैसे सुषुप्ति की अन्यावस्था स्वप्न है, उसी प्रकार ईश्वर की ही अन्यावस्था हिरण्यगर्भ है ।

श्रुत्यनुसार ही जगत् की रचना माननी चाहिये, इसका निरूपण करते हैं।

अर्थ – दो प्रकार की श्रुति के उपलब्ध होने से यह सृष्टि क्रमसे अथवा युगपत् (एकसाथ) होती है, ऐसा श्रुत्यनुसार जानना चाहिये, क्योंकि (लोक में क्रम युक्त अथवा क्रमरहित) दो प्रकार की स्वप्नसृष्टि देखने में आती है ।१९९।

व्याख्या – सम्पूर्ण जगत् एकसाथ उत्पन्न हो गया अथवा क्रम से हुआ? ऐसी आकांक्षा होने पर कहते हैं कि यह सृष्टि क्रम से अथवा एकसाथ हुई । ऐसा श्रुति में सुना गया है । "***तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशस्सम्भूः***" इत्यादि श्रुति में क्रमसृष्टि सुनी गई है । और "***इदं सर्वमसृजत*** " "***स इमांल्लोकानसृजत अम्भोमरीचिर्मरमापोऽदोऽम्भः***" (ऐ.उ. १/२) इत्यादि श्रुति में युगपत् सृष्टि सुनी गई है । इस प्रकार दो तरह की सृष्टि में से किस प्रकार की सृष्टि का ग्रहण करना चाहिये और किसको छोड़ना चाहिये ? इस प्रकार की शंका होने पर कहते हैं कि उक्त दोनों प्रकार की सृष्टि श्रुति और युक्ति

इमान्लोकानसृजताम्भोमरीचिर्मरमापो" इति च श्रुता । एवं द्विविधश्रुतिसद्भावेनोभयविधापि सृष्टिः प्रमाण-भूतैवेत्यभ्युपेया। विषयेऽस्मिन्दृष्टान्तमुपदर्शयति द्विविधस्स्वप्नदर्शनात् । यद्वल्लोके स्वप्ने दृश्यमानं पदार्थजातं क्रमेण कदाचिद्युगपच्च कदाचिच्चोत्पद्यमानमित्युभयथा दृश्यते तद्वत्सृष्टिविषयेऽपीति ज्ञेयम्। छान्दोग्ये तेज आदिका सृष्टिरभिहिता "तत्तेजोऽसृजते"त्यादिना । तथा मुण्डके प्राणादिका सृष्टि"रेतस्माज्जायते प्राण" इत्यादिः। तैत्तिरीये त्वाकाशादिका सृष्टि"रात्मन आकाशस्सम्भूत" इत्यादिना। एवं च क्रमसृष्टावपि परस्परविरोधः कथं परिहार्य इति चेदुच्यते। सर्वेषामपि सृष्टिवाक्यानामद्वितीये ब्रह्मण्येव तात्पर्यान्न परस्परविगानमिति कोऽपि दोषः। सर्वासामपि श्रुतीनां परमं तात्पर्यं ब्रह्मात्मैक्यत्त्वबोध एवेति तदर्थबोधनायाभिप्रवृत्तानां जगत्स्रष्टरि ब्रह्मणि न कोऽपि विरोधः । सृज्यवस्तुक्रमविरोधपरिहारस्तु स्वाप्निकदृष्टान्तेन यथाश्रुत्यभ्युपगमेन कर्तव्य एव । फलवत्सन्निधावफलं तदङ्गमिति श्रुतीनां वस्तुतस्तात्पर्यं परब्रह्मण्येवेति न सृष्टिबोधन इति न तद्बोधकवाक्येषु विगानम् । भाष्यकारैः तैत्तिरीयोपनिषदनुसारेण सर्वशाखोपसंहारन्यायेनार्थो निर्णीतश्छान्दोग्यभाष्ये तथा ब्रह्मसूत्रभाष्येऽपि "तेजोऽतस्तथाह्याहे"त्यत्र चेति दिक्।।

से पुष्ट होने के कारण दोनों ही उपादेय हैं । अर्थात् सृष्टिविषयक द्विविध श्रुति के सद्भाव से दोनों प्रकार की सृष्टि प्रमाणभूता ही है । इस विषय को दृष्टान्त से स्पष्ट करते हुए आचार्य कहते हैं कि "***द्विविधस्वप्नदर्शनात्***" जैसे लोक में स्वप्नदृष्टा पुरुष स्वप्नावस्था में दृश्यमान पदार्थों की कभी क्रम से उत्पत्ति देखता है और कभी तो एकसाथ ही । अर्थात् जैसे दोनों प्रकार की स्वप्नसृष्टि का पुरुष अनुभव करता है, वैसे ही प्रकृत में भी जानना चाहिये ।

यहाँ शंका होती है कि क्रमसृष्टि बोधक जो श्रुतियाँ हैं, वे परस्पर विरुद्ध हैं । जैसे छान्दोग्य में कहा है "***तत्तेजोऽसृजत***" (छा.उ. ६/२/३) इत्यादि । मुण्डकोपनिषद् में कहा है "***एतस्मात्जायते प्राणः***" (मु.उ. २/१/३), इस प्रकार कहीं परमात्मा से तेज की और कहीं पर प्राण आदि की उत्पत्ति बताई गई है । तैत्तिरीयोपनिषद् में आकाशादिक सृष्टि सुनी गई है "***तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशस्सम्भूतः***" अतः इन श्रुतियों के परस्पर विरोध का परिहार कैसे करना चाहिये ? इस शंका का उत्तर यह है कि समस्त सृष्टि वाक्यों का अद्वितीय परब्रह्म में ही मुख्य तात्पर्य होने के कारण इनमें परस्पर विरोध नहीं है । समस्त श्रुतियों का परम तात्पर्य ब्रह्मात्मैक्यरूप तत्वबोध ही है । "***वेदैश्च सर्वैरहमेववेद्यः***" अतः उस अर्थ का बोध कराने के लिए प्रवृत्त श्रुतियों का '***जगत् का रचयिता परमात्मा है***' इस विषय में कोई विरोध नहीं है । वस्तुतः श्रुतियों का ब्रह्म में ही तात्पर्य है । "***फलवत्सन्निधौ अफलं तदङ्गम्***" इस न्याय के अनुसार उन श्रुतियों का सृष्टि वर्णन में प्रयोजन का अभाव कहा गया है, न कि सृष्टि बोधन में । अतः उनका परस्पर विरोध है ही नहीं । भगवान् भाष्यकार ने सर्वशाखोपसंहार नामक न्याय से तैत्तिरीयोपनिषद् के अनुसार ही सृष्टि क्रम को छान्दोग्योपनिषद् के भाष्य में (६/२/३) और "***तेजोऽतस्तदा ह्याह***" (ब्र.सू. २/३/१०) इस ब्रह्मसूत्र के भाष्य में भी स्वीकार किया है ।

हिरण्यगर्भस्वरूपनिरूपणम् -

सूत्रात्मा सूक्ष्मदेहाख्यस्सर्वजीवघनात्मकः ।
सर्वाहंमानधारित्त्वात्क्रियाज्ञानादिशक्तिमान् ॥ २०० ॥

अन्वयः - सूत्रात्मा सूक्ष्मदेहाख्यः सर्वजीवघनात्मकः । सर्वाहंमानधारित्त्वात् । क्रिया-ज्ञानादिशक्तिमान्।।

व्याख्या :- सूत्रात्मा हिरण्यगर्भो यथा वस्त्रेषु सूत्राण्यनुस्यूतानि तथैव जगति सर्वस्मिन्नयमनुस्यूत-स्सूत्रात्मा सूत्रमिव सूक्ष्मं आत्मा स्वरूपं यस्य स सूक्ष्मदेहाख्यसूक्ष्मदेह इत्याख्या यस्य सोलिङ्गशरीरा-भिधः क्रियाज्ञानादिशक्तिमानादिनेच्छाया अपि परिग्रहः इच्छाज्ञानक्रियाशक्तियुक्तो नित्यं नित्यज्ञाने-च्छाक्रियाशक्तिविशिष्टस्सर्वाहंमानधारित्त्वात्सर्वेषु व्यष्टिलिङ्गशरीरेष्वहंमानस्याहमित्यभिमानस्य धारित्त्वाद्धारणात्सर्वजीवघनात्मकस्सर्वेषां जीवानां लिङ्गदेहोपाधिकानां घनात्मकस्समष्टिस्वरूपो भवतीति।।

सूक्ष्मावस्थायां जगद्भानमस्फुटमिति निरूपणम् -

प्रत्यूषे वा प्रदोषे वा मग्नो मन्दे तमस्ययम् ।
लोको भाति यथा तद्वदस्पष्टं जगदीक्ष्यते ॥ २०१ ॥

अन्वयः - यथा वा प्रत्यूषे प्रदोषे वा अयं लोकः मन्दे तमसि मग्नः भाति । तद्वत् अस्पष्टं जगत् ईक्ष्यते।।

व्याख्या :- साङ्कल्पिकं जगत्सूक्ष्मावस्थायां सूत्रात्मा कथं पश्यतीत्यत्र दृष्टान्तपुरस्सरं कथयति। प्रत्यूषे "प्रत्यूषोऽहर्मुखं कल्य"मिति कोशात्प्रत्यूष ओषत्युष दाह इति धातोर्दाहयति नाशयत्यन्धकार-मित्युषस्सूर्योदयात्पूर्वतनसन्ध्याकालस्तस्मिन्वा प्रदोषे सायं सन्ध्याकाले वा प्रक्रान्ता दोषा

अब हिरण्यगर्भ के स्वरूप का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - सूक्ष्म देह नामक सूत्रात्मा (हिरण्यगर्भ) क्रिया और ज्ञानादि शक्तिवाला है तथा समस्त शरीरों में अहंभाव रखने के कारण सर्वजीवघनात्मक है ।२००।

व्याख्या - जैसे वस्त्र में सूत्र अनुस्यूत रहता है, उसी प्रकार इस जगत् में यह सूक्ष्म देह (लिंगशरीर) नामक सूत्रात्मा (हिरण्यगर्भ) अनुस्यूत है । वह इच्छाशक्ति, ज्ञानशक्ति और क्रियाशक्ति युक्त है । और समस्त व्यष्टिशरीर में अहंभाव करने के कारण सर्वजीवघनात्मक है, अर्थात् समस्त लिंगशरीरोपाधिक का समष्टि स्वरूप है ।

सूक्ष्मदेहावस्था में जगत् की प्रतीति अस्पष्ट होती है, इसे दृष्टान्त पूर्वक बताते हैं ।

अर्थ - जैसे उषाकाल अथवा संध्याकाल में मन्द अन्धकार में मग्न समस्त लोक धूमिल दिखाई देता है, उसी प्रकार हिरण्यगर्भावस्था में जगत् अस्पष्ट दिखाई देता है ।२०१।

व्याख्या - सांकल्पिक जगत् को सूक्ष्मावस्था में सूत्रात्मा कैसे देखता है ? इसे दृष्टान्त पूर्वक कहते हैं । ***"ओषति नाशयति अन्धकारमिति उषः, प्रति उषः प्रत्यूषः" 'उष दाहे'*** इस धातु से ***"दाहयति नाशयति अन्धकारम्"*** जो अन्धकार का नाशक है, उस सूर्योदय से पूर्व काल को उषाकाल कहते हैं । उस उषाकाल में अथवा प्रदोष (सांयकाल) में अर्थात् सूर्यास्त के बाद के समय में जैसे

रात्रिर्यस्मिन्मन्देऽत्यल्पे तमसि मग्नोऽयं लोकोऽयमस्पष्टं भाति यथा तद्वदेव सूक्ष्मदेहेऽप्यस्पष्टं जगदीक्ष्यते।।

चित्रपटदृष्टान्तेन जगच्चित्रनिरूपणम् -

सर्वतो लाञ्छितो मष्या यथा स्याद्घट्टितः पटः ।
सूक्ष्माकारैस्तथेशस्य वपुस्सर्वत्र लाञ्छितम् ॥ २०२ ॥

अन्वयः - यथा घट्टितः पटः सर्वतः मष्या लाञ्छितः स्यात् । तथा ईशस्य वपुः सूक्ष्माकारैः सर्वत्र लाञ्छितम् ।।

व्याख्या :- एवं प्रसिद्धलोकदृष्टान्तोक्त्यनन्तरं "यथा धौतो घट्टितश्च लाञ्छितो रञ्जितः पटः । चिदन्तर्यामी सूत्रात्मा विराडात्मा तथेर्यते।।" इति पूर्वाभिहितं लाञ्छितं पटं दृष्टान्तीक्रियते । यथा घट्टितः पटो मष्या मषीमयाकारविशेषेण सर्वतो लाञ्छितो भवति तथेशस्य मायिन ईश्वरस्य वपुस्सूक्ष्माकारैरपञ्चीकृतपञ्चभूतैस्तत्कार्यैर्लिङ्गशरीरैस्सर्वतो लाञ्छितं स्यादिति शम् ।।

जगदङ्कुरस्य दृष्टान्तान्तरनिरूपणम् -

सस्यं वा शाकजातं वा सर्वतोऽङ्कुरितं यथा ।
कोमलन्तद्वदेवैष पेलवो जगदङ्कुरः ॥ २०३ ॥

अन्वयः-यथा वा सस्यं शाकजातं वा सर्वतः कोमलम् अङ्कुरितम् । तद्वत् एव एषः पेलवः जगदङ्कुरः।।

व्याख्या :- बुद्ध्यारोहाय विषयदार्ढ्याय चान्यदृष्टान्तं प्रस्तूयते । यथा सस्यं धान्यादिशाकजातं वा पुत्रपुष्पफलादिकमङ्कुरितं बीजादभिनवोत्पन्नं कोमलं सूक्ष्मतमं तद्वदेवैष ईश्वरः पेलवस्सूक्ष्मं "पेलवं

मन्द अन्धकार छा जाने पर चारों ओर पेड़-पौधे या भवनादि अस्पष्ट दिखाई देते हैं, वैसे ही हिरण्यगर्भावस्था की सृष्टि भी धूमिल अनुभव में आती है ।

चित्रपट के दृष्टान्त से पूर्व कथन को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - जैसे घट्टित पट स्याही के द्वारा सब ओर से लाञ्छित होता है, उसी प्रकार ईश्वर का शरीर (अपञ्चीकृत भूतों के कार्य) सूक्ष्मशरीरों से सर्वत्र लाञ्छित होता है ।२०२।

व्याख्या - ***यथा धौतो घट्टितश्च लाञ्छितो रञ्जितः पटः।***
चिदन्तर्यामी सूत्रात्मा विराडात्मा तथेर्यते ।। (पं.द. ६/२)

इस पूर्वोक्त लाञ्छित पट को दृष्टान्त रूप से प्रस्तुत करते हैं । जैसे अन्न लेपन से युक्त (घट्टित) पट स्याही के द्वारा सब ओर से लाञ्छित होता है, उसी प्रकार मायोपाधिक ईश्वर का शरीर अपञ्चीकृत पञ्च भूतों के कार्यरूप सूक्ष्मशरीरों से सर्वत्र लाञ्छित होता है । भाव यह है कि धौत वस्त्र के समान ब्रह्म है । घट्टित वस्त्र के समान ईश्वर है और लाञ्छित वस्त्र के समान हिरण्यगर्भ है । सृष्टि की अव्यक्त अवस्था में जो ईश्वर है, वही सूक्ष्म सृष्टि की अवस्था में हिरण्यगर्भ है । ईश्वर के शरीर पर उभरी हुई अस्पष्ट रचना सूक्ष्म सृष्टि है और उसका अभिमानी हिरण्यगर्भ कहलाता है ।

पूर्वोक्त विषय में अन्य दृष्टान्त प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - जिस प्रकार सस्य अथवा शाकादि चारों ओर से कोमल-मृदु पत्तियों से अंकुरित होते हैं, उसी प्रकार यह जगदंकुर पेलव (सूक्ष्म) रहता है ।२०३।

मृदुलं तन्वि''ति कोशान्मृदुलो जगदङ्कुरो वर्तते ।।

विराट्स्वरूपनिरूपणम् -

आतपाभातलोको वा पटो वा वर्णपूरितः ।
सस्यं वा फलितं यद्वत्तथा स्पष्टवपुर्विराट् ।। २०४ ।।

अन्वयः-यद्वत् आतपाभातलोकः वा वर्णपूरितः पटः वा फलितं सस्यं वा तथा स्पष्टवपुः विराट्।।

व्याख्या :- विशदीकृतं च सूत्रात्मस्वरूपम् । तस्यैवावस्थाभेदं विराजं पञ्चीकृतभूतकार्योपाधिकं तं त्रिभिर्दृष्टान्तैर्विशदीकरोति । आतपाभातलोकस्सूर्यकान्त्या परिस्फुटं प्रकाशितो लोकः वर्णपूरितो नीलपीतश्वेतरक्तहरितादिभी रञ्जितः पटः फलितं वा सस्यं यद्वत्स्पष्टवपुस्सुस्पष्टशरीरो भवति तथा पञ्चीकृतमहाभूतकार्योपाधिकस्स्पष्टवपुस्सन्पूर्णात्मना व्याकृतवपुर्जगद्रूपेण स विराड्भवतीति दिक्।।

विराट्पुरुषसद्भावे प्रमाणप्रदर्शनम् -

विश्वरूपाध्याय एष उक्तस्सूक्तेऽपि पौरुषे ।
धात्रादिस्तम्बपर्यन्तानेतस्यावयवान्विदुः ।। २०५ ।।

अन्वयः-विश्वरूपाध्याये पौरुषे सूक्ते अपि एषः उक्तः। धात्रादिस्तम्बपर्यन्तान् एतस्य अवयवान् विदुः।।

व्याख्या :- गीताशास्त्र एकादशे विश्वरूपाध्याये ''पश्यादित्यान्वसून्रुद्रान्'' इत्यादिना तथा पौरुषे सूक्तेऽपि ''सहस्रशीर्षा पुरुष'' इत्यादिनारब्धे च उक्तो वर्णितो विराट् पुरुषः । एतस्यैव वैराजपुरुषस्याव-यवान्धात्रादिस्तम्बपर्यन्तान्धाता ब्रह्मा स्तम्बस्सूक्ष्मतमः कीटविशेषः । तत्कीटपर्यन्तान्विराजोऽवयवान्

व्याख्या - विषय को बुध्यारूढ़ करने के लिए व दृढ़ करने के लिए दृष्टान्तान्तर को प्रस्तुत करते हैं । जैसे सस्य (धान्यादि) अथवा शाक आदि चारों ओर से कोमल-मृदु पत्तियों से अंकुरित होते हैं अर्थात् सूक्ष्म होते हैं, उसी प्रकार यह जगत् रूपी अंकुर भी अत्यन्त पेलव अर्थात् सूक्ष्म रहता है । " ***पेलवं मृदुलं तनु*** " इस कोश वचनानुसार जगत् रूपी अंकुर उस अवस्था में अत्यन्त मृदुल होता है ।

अब विराट् के स्वरूप का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - जैसे सूर्य के प्रकाश में प्रकाशित लोक, अथवा नाना रंगों से रञ्जित चित्रपट अथवा फलयुक्त धान्य स्पष्ट दिखाई देता है, उसी तरह विराट् भी स्पष्ट शरीर वाला है ।२०४।

व्याख्या - इस प्रकार हिरण्यगर्भ के स्वरूप को और तत्कार्यभूत जगत् के स्वरूप को भी स्पष्ट करके अब उसी हिरण्यगर्भ के विराट् स्वरूप को तीन दृष्टान्तों के द्वारा विशद करते हैं । सूर्य की किरणों से स्पष्ट रूप से प्रकाशित लोक अथवा नील, पीतादि रंगों से रंजित वस्त्र अथवा फले हुए धान्यादि जिस प्रकार से स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं, उसी प्रकार पञ्चीकृत भूतकार्योपाधिक विराट् भी स्पष्टवपु है अर्थात् सम्पूर्ण रूप से व्याकृत शरीर वाला है ।

विराट् पुरुष के सद्भाव में प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - गीता के विश्वरूपाध्याय और पुरुष सूक्त में भी इस विराट् पुरुष का वर्णन किया गया है । ब्रह्मा से लेकर स्तम्ब पर्यन्त सभी इसके अवयव माने गये हैं ।२०५।

व्याख्या - विराट् रूप ईश्वर के सद्भाव में श्रुति और स्मृति दोनों प्रमाण उपलब्ध हैं । श्रीमद्भगवद्गीता

श्रुत्यादयः प्रमाणानि विदुः । "पुरुष एवेदं सर्वं यद्भूतं यच्च भव्य"मित्यादिना सर्वस्यापि विराट्त्त्व-समर्थनात् । तथा विराट् पुरुष एवेदं सर्वमावृत्याप्यत्यतिष्ठदिति चा"त्यतिष्ठद्दशाङ्गुल"मिति । परमात्ममहाविभूतावेकांश एव जगदात्मना दरीदृश्यते त्रिपाद्विभूतिस्तु तथैव वर्तत इत्यपि "पादोऽस्य विश्वा भूतानि । त्रिपादस्यामृतं दिवि" इत्युक्तमिति दिक् ।।

ब्रह्मादिस्तम्बपर्यन्तस्य वैराजरूपत्त्वेन पूज्यतेति निरूपणम् -

ईशसूत्रविराड्वेधोविष्णुरुद्रेन्द्रवह्नयः ।
विघ्नभैरवमैरालमारिका यक्षराक्षसाः ॥ २०६ ॥
विप्रक्षत्रियविट्शूद्रा गवाश्वमृगपक्षिणः ।
अश्वत्थवटचूताद्या यवव्रीहितृणादयः ॥ २०७ ॥
जलपाषाणमृत्काष्ठवास्याकुद्दालकादयः ।
ईश्वरास्सर्व एवैते पूजिताः फलदायिनः ॥ २०८ ॥

अन्वयः - ईशसूत्रविराड्वेधो विष्णुरुद्रेन्द्रवह्नयः । विघ्नभैरवमैरालमारिकाः यक्षराक्षसाः ।।

अन्वयः - विप्रक्षत्रियविट्छूद्राः गवाश्वमृगपक्षिणः । अश्वत्थवटचूताद्याः यवव्रीहितृणादयः ।।

अन्वयः - जलपाषाणमृत्काष्ठवास्याकुद्दालकादयः एते सर्वे एव ईश्वराः पूजिताः फलदायिनः ।।

व्याख्या :- अन्तर्यामिसर्वेश्वरप्रभृतिकुद्दालकान्तं सर्वं वस्तु पूजनीयमेवेति दर्शयति । ईशोऽन्तर्यामी

के विश्वरूपदर्शनयोग नामक ग्यारहवें अध्याय में -

पश्य मे पार्थ रूपाणि शतशोऽथ सहस्त्रशः।
नानाविधानि दिव्यानि नानावर्णाकृतीनि च ।। (११/५)
पश्यादित्यान्वसून्रुद्रानश्विनौमरुतस्तथा ।

इस प्रकार विराट् स्वरूप का वर्णन किया गया है, तथा -

सहस्त्रशीर्षा पुरुषः सहस्त्राक्षः सहस्त्रपात् ।
स भूमिं सर्वतस्स्पृत्त्वात्त्यतिष्ठद्दशाङ्गुलम् ।। (पु.सू.)

इस प्रकार पुरुषसूक्त में भी विराट् पुरुष का वर्णन प्राप्त होता है । ऋग्वेद के दशम मण्डल में नव्बेवें अध्याय में, यजुर्वेद संहिता (२/५) में और तैत्तिरीय आरण्यक (३/१) में भी इसका उल्लेख प्राप्त होता है। ब्रह्मा जी से लेकर स्तम्ब (तिनका) पर्यन्त सभी इसी विराट् पुरुष के अवयव माने गये हैं । "***पुरुष एवेदं सर्वं यद्भूतं यच्चभाव्यम्***" इस वचन से सम्पूर्ण भूत और भव्य विराट् पुरुष ही हैं, इसलिए सभी विराट् पुरुष के ही अवयव हैं । भाव यह है कि विराट् पुरुष ही इस सम्पूर्ण पृथ्वी को आवृत कर इससे दश अंगुल ऊपर स्थित है । अथवा नाभि से दश अंगुल ऊपर हृदय में स्थित है ।

ईश्वर रूप होने के कारण ब्रह्माजी से लेकर स्तम्ब पर्यन्त सभी के पूज्यत्व का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - ईश्वर, सूत्रात्मा, विराट्, ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, इन्द्र, अग्नि, गणेश, भैरव, मैराल, मारिका, यक्ष, राक्षस, ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र, गाय, घोड़ा, मृग, पक्षी, पीपल, बरगद, आम आदि तथा जौ, धान,

सूत्रशब्देन हिरण्यगर्भो विराड्विश्वरूपी वेधाः कार्यब्रह्मा चतुर्मुखो विष्णू रुद्र इन्द्रो वह्निरग्निभट्टारको विघ्नो विघ्नेश्वरो भैरवो मैरालो मारिका यक्षा राक्षसास्तथा विप्रा "जन्मना ब्राह्मणो ज्ञेयस्संस्कारैर्द्विज उच्यते । विद्यया याति विप्रत्त्वं त्रिभिश्श्रोत्रिय उच्यते ।।" विद्वद्ब्राह्मणाः क्षत्रिया राजानो विशो वैश्याश्शूद्रा एवं गावोऽश्वा मृगाः पक्षिणः । अश्वत्थो वटश्चूत आम्रादयो यवा व्रीहयस्तृणादयो जलानि पाषाणानि मृदः काष्ठानि । वास्या तक्ष्णः करणं काष्ठच्छेदनोपकरणविशेषः कुद्दालको भूखननोपकरमित्याद्या एते देवजातयो मनुष्यजातयोऽण्डजाः पिण्डजास्स्वेदजा उद्भिज्जाः पशुपक्षिमृगकृमिकीटलतातरुगुल्मादयस्तथा कार्यनिर्वाहकाणि बहुविधानि साधनानि चेति सर्वमेतज्जगदीश्वर एवेति दृष्ट्या सर्वे पदार्थाः पूजिताश्चेत्फलदायिनः फलप्रदा भवन्तीति दिक् ।।

तृणादि, जल, पत्थर, मृत्तिका, काष्ठ, बसूला, कुदाल आदि सब ईश्वर के ही रूप हैं, अतः उनकी पूजा करने से वे फलदायी होते हैं ।२०६-२०८।

व्याख्या - ईश्वर, सूत्रात्मा (हिरण्यगर्भ), विराट् पुरुष, सृष्टिकर्ता ब्रह्मा, पालनकर्ता विष्णु, संहारकर्ता रुद्र, देवराज इन्द्र, देवश्रेष्ठ अग्नि, विघ्ननाशक गणेश, भैरव, मैराल, मारिका (शीतला आदि देवियाँ) यक्ष, राक्षस, धर्मरक्षक ब्राह्मण, प्रजारक्षक क्षत्रिय, प्रजापोषक वैश्य, सेवानिष्ठ शूद्र, पशुश्रेष्ठ गाय, घोड़ा, मृग, पक्षी, वृक्षश्रेष्ठ पीपल, बरगद, आम आदि तथा यव (जौ), व्रीहि (धान), तृण (घास) आदि, जीवनरूप (नदी आदि रूप) जल, पत्थर (मूर्त्तिरूप) , मृत्तिका (पार्थिवलिंग रूप), काष्ठ (लकड़ी की मूर्तिरूप), बढ़ई का उपकरणविशेष (बसूला), कुदाल (खोदने का उपकरणविशेष, गेंती) इत्यादि सभी ईश्वर के ही स्वरूपभूत हैं । इसलिये यदि इनकी पूजा की जाए तो ये सभी इच्छित फल देने में समर्थ हैं । भाव यह है कि हमारे अन्दर-बाहर जो कुछ नाना रूप सृष्टि देखने में या जाननें में आ रही है, वह ईश्वर के अतिरिक्त कुछ नहीं है । ईश्वर ही अपनी शक्ति से इन सब रूपों में दृष्टिगत होता है । श्रीमद्भगवद्गीता में भी सिंह, सर्प, मगरमच्छ आदि को भगवान् ने अपनी विभूति बताकर अन्त में कहा कि -

नान्तोऽस्ति मम दिव्यानां विभूतीनां परन्तप ।
एष तूद्देशतः प्रोक्तो विभूतेर्विस्तरो मया ।। (गी. १०/४०)

अर्थात् - हे अर्जुन ! मेरी दिव्य विभूतियों का अन्त नहीं है । मैंने अपनी विभूतियों का यह विस्तार तो तेरे लिए एकदेश से अर्थात् संक्षेप में कहा है । अतः हम ईश्वर के जिस किसी भी रूप की पूजा करते हैं, वह ईश्वर की ही पूजा मानी जाती है और ईश्वर ही उस पूजा का फल प्रदान करता है । अतः उपर्युक्त सभी में ईश्वरभाव रखकर यदि उनकी पूजा की जाती है तो वे सभी अवश्य ही फलदायी होते हैं ।

जगद्रूपिण ईश्वरस्य पूजायां प्रमाणनिरूपणम् -

यथायथोपासते तं फलमीयुस्तथा तथा ।
फलोत्कर्षापकर्षौ तु पूज्यपूजानुसारतः ॥ २०९ ॥

अन्वयः - तं यथा यथा उपासते तथा तथा फलम् ईयुः । फलोत्कर्षापकर्षौ तु पूज्यपूजानुसारतः।।

व्याख्या :- तं यथा यथोपासते तथैव भवतीति श्रुतिस्तत्तत्पूजातस्तत्तत्फलसद्भावे प्रमाणमित्यर्थ-तस्सङ्गृह्णाति । तमीश्वरं यथा यथा येन येन प्रकारेण भावेन वोपासते जनास्तथा तथा फलं तनुरूपमीयुरा-प्नुयुः । "नैषा परावरमतिर्भवतो ननु स्याज्जन्तोर्यथाऽऽत्मसुहृदो जगतस्तथापि । संसेवया सुरतरोरिव

अब फल की न्यूनाधिकता का कारण बताते हैं ।

अर्थ - पुरुष ईश्वर की जिस-जिस प्रकार से पूजा करता है, उस-उस प्रकार से उसे फल की प्राप्ति होती है । फल का उत्कर्ष और अपकर्ष पूज्य और पूजा के अनुसार होता है ।२०९।

व्याख्या - "***तं यथा यथोपासते तदेव भवति***" यह श्रुति भिन्न-भिन्न पूजाओं से भिन्न-भिन्न फल की प्राप्ति के सद्भाव में प्रमाणरूपा है, अतः इसके अर्थ का संग्रह करते हुए आचार्य कहते हैं कि उस ईश्वर की जिस-जिस प्रकार से जिस-जिस भाव से मनुष्य पूजा करता है, उसे उस पूजानुरूप ही फल की प्राप्ति होती है । यदि पूजा आदि सभी कर्मों का फल ईश्वर ही देता है तो उसमें तारतम्य क्यों देखा जाता है ? ईश्वर किसी को अधिक और किसी को न्यून फल क्यों देता है ? उनकी इस विषमता का कारण क्या है ? इस शंका का उत्तर यह है कि ईश्वर कभी भी विषम व्यवहार नहीं करते हैं । भक्त जिस भाव से उनकी पूजा करते हैं, वे उसे तदनुरूप ही फल प्रदान करते हैं । "***ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्***" और श्रीमद्भागवत में भक्तश्रेष्ठ प्रह्लाद जी भगवान् नृसिंह की स्तुति करते हुए कहते हैं कि -

नैषा परावरमतिर्भवतो ननुस्या-
ज्जन्तोर्यथात्मसुहृदो जगतस्तथापि ।
संसेवया सुरतरोरिव ते प्रसादः
सेवानुरूपमुदयो न परावरत्वम् ।। (भा. ७/९/२७)

अर्थात् - हे नृसिंह ! दूसरे संसारी जीवों के समान आपमें छोटे-बड़े का भेदभाव नहीं है क्योंकि आप सबकी आत्मा और अकारण प्रेमी हैं । फिर भी कल्प-वृक्ष के समान आपका कृपा प्रसाद भी सेवन-भजन से ही प्राप्त होता है । सेवा के अनुसार ही जीवों पर आपकी कृपा का उदय होता है । उसमें जातिगत उच्चता या नीचता कारण नहीं है । श्रीरामचरितमानस में भी लिखा है कि भगवान् कर्मफल की विषमता के कारण नहीं है, वे तो सदा एकरस और समदृष्टि हैं

जद्यपि सम नहिं राग न रोषू । गहहिं न पाप पूनु गुन दोषू ।।
करम प्रधान बिस्व करि राखा । जो जस करइ सो तस फलु चाखा ।।
तदपि करहिं सम बिषम बिहारा । भगत अभगत हृदय अनुसारा ।।

अतः ईश्वर कर्मफल की विषमता के कारण नहीं हैं । तो फिर फल में न्यूनाधिकता का कारण क्या है ? ऐसी आकांशा होने पर कहते हैं कि फल का उत्कर्ष और अपकर्ष पूज्य और पूजानुसार होता है । भाव यह है कि पूजा के विधान की न्यूनाधिकता के कारण ही फल का तारतम्य होता है । जो विष्णु आदि सात्विक देवों की सात्त्विकभाव से शास्त्रनुमोदित पूजा करता है, उसे वैसा ही उत्तम फल प्राप्त

ते प्रसादः सेवानुरूपमुदयो न परावरत्त्वम् ।।" (भा। ७।९।२७) सर्वेषां फलानामीश्वराधीनत्त्वे फलवैषम्यं कुतो जायत इत्यत्राह । पूज्यपूजानुसारतस्तु पूज्यानामधिष्ठानानां देवतायतनानं पूजनानामर्चनादविधानानां सात्त्विकादिविभेदेनन्यूनाधिकभावेन फलोत्कर्षापकर्षौ फले तारतम्यं वैषम्यमधिकमल्पमित्युभे भवतः। अतस्स एव वैषम्यहेतुः । परमेतानि सर्वाण्यापेक्षिकफलानि नात्यन्तिकानि ।।

ज्ञानादेव मुक्तिरितिनिरूपणम् –

मुक्तिस्तु ब्रह्मतत्त्वस्य ज्ञानादेव न चान्यथा ।
स्वप्रबोधं विना नैव स्वस्वप्नो हीयते यथा ।। २१० ।।

अन्वयः – मुक्तिः तु ब्रह्मतत्त्वस्य ज्ञानात् एव अन्यथा च न । यथा स्वप्रबोधं विना स्वस्वप्नः न एव हीयते ।।

व्याख्या :– संसारिकफलसिद्धिरेवमुच्चावचास्त्वात्यन्तिकं फलं मोक्षाख्यं तु कथं सिद्ध्यतीत्यत्राह। ब्रह्मतत्त्वस्य ब्रह्मणो याथार्थ्यस्य तत्त्वस्य प्रत्यगात्मैक्यस्य ज्ञानादेवापरोक्षानुभवादेव मुक्तिर्मोक्षस्सिद्ध्यति।

होता है । जो रजोगुणविशिष्ट ईश्वर की कामनावश पूजा करता है, उसे तदनुरूप ही फल प्राप्त होता है । जो राक्षसादि तमोगुणविशिष्ट की पूजा करता है, उसे तमोगुणरूप ही फल प्राप्त होता है । अतः फल का तारतम्य पूज्य और पूजा की न्यूनाधिकता के कारण ही होता है ।

मुक्ति तो ज्ञान से ही होती है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ – जैसे अपने जागे बिना अपना सवप्न नष्ट नहीं होता, उसी प्रकार मुक्ति तो ब्रह्मतत्त्व के ज्ञान से ही होती है, अन्य किसी प्रकार से नहीं ।२१०।

व्याख्या – सांसारिक फल की सिद्धि में ही उत्कर्षापकर्ष है, मोक्ष रूपी आत्यन्तिक फल में नहीं। अतः उस फल की प्राप्ति कैसे होती है ? इसका उत्तर देते हैं कि ब्रह्म की एकता के ज्ञान से (अपरोक्षानुभव से) ही मोक्ष प्राप्त होता है, अन्य से अर्थात् कर्म अथवा उपासना आदि किसी प्रकार से (ज्ञान के सिवा) मुक्ति नहीं मिल सकती । "***नान्यः पन्था अयनाय विद्यते***" मोक्ष के लिए ज्ञानातिरिक्त ओर कोई मार्ग नहीं है । "***ऋते ज्ञानान्नमुक्तिः***" ज्ञान के बिना मुक्ति नहीं मिल सकती । "***ज्ञानादेव तु कैवल्यं प्राप्यते तेन मुच्यते***" ज्ञान से ही कैवल्य पद प्राप्त होता है जिससे कि मनुष्य जन्म–मरण रूप चक्र से मुक्त हो जाता है । इत्यादि श्रुतिवचनों से सिद्ध है कि ज्ञान से ही मुक्ति रूपी नित्यफल की प्राप्ति संभव है । इसीलिए वार्तिककार श्रीसुरेश्वाचार्य जी कहते हैं कि –

भावनाजं फलं यत्स्याद्यच्च स्यात्कर्मणः फलम् ।
न तत्स्थास्निति विज्ञेयं पण्यस्त्रीसङ्गतं यथा ।।

अर्थात् – भावना (उपासना) से उत्पन्न जो फल है और जो कर्मोपार्जित फल है, वह चीरस्थायी नहीं है । जैसे पैसों से खरीदी हुई नारी (वैश्या) सर्वदा पुरुष के साथ नहीं रहती है । जब तक धन है तब तक वह रहती है, धन समाप्त होते ही वह धनदायी पुरुष को छोड़कर चली जाती है । उसी प्रकार कर्म और उपासना भी अनित्य है अतः अनित्य से नित्यमोक्ष रूपी फल प्राप्त नहीं हो सकता । ज्ञान

नान्यथा कर्मणा वोपासनया वान्येन केनाप्युपायेन । "नान्यः पन्था अयनाय विद्यते" "ज्ञानादेव तु कैवल्य"मित्यादिश्रुतिभ्यस्तदेवेत्यान्तिकं फलम् । अत एव वदन्ति वार्तिककाराः "भावनाजं फलं यत्स्याद्यच्च स्यात्कर्मणः फलम् । न तत्स्थास्न्विति विज्ञेयं पण्यस्त्रीसङ्गतं यथा " इति । अस्मिन्नर्थे दृष्टान्तं प्रदर्शयति । यथा स्वप्नबोधं विना स्वजागरणमन्तरेण स्वस्वप्नस्स्वनिद्राकल्पितस्वाप्निकप्रपञ्चो न हीयते न निवर्तते तद्वदद्वितीयब्रह्मात्मतत्त्वाधिगममन्तरेण तदज्ञानकल्पितद्वैतसंसारस्य न निवृत्तिः । मायाविलसितस्यास्य जगतस्स्वप्नतुल्यत्त्वादात्मप्रबोधेनैव मुक्तिरित्यतो बुद्धिमता सर्वेणापि मोक्षार्थं ज्ञानायैव प्रयतितव्यमिति दिक् ।।

सकलस्य द्वैतस्य स्वप्नतुल्यतानिरूपणम् -

अद्वितीयब्रह्मतत्त्वे स्वप्नोऽयमखिलं जगत् ।
ईशजीवादिरूपेण चेतनाचेतनात्मकम् ।। २११ ।।

अन्वयः-ईशजीवादिरूपेण वर्तमानं चेतनाचेतनात्मकम् अखिलं जगत् अयम् अद्वितीयब्रह्मतत्त्वे स्वप्नः।।

व्याख्या :- तत्त्वज्ञाननिवर्त्यस्य द्वैतस्य बन्धस्य स्वप्नतुल्यत्त्वाभिधानं नैवोचितम् । स्वप्नस्य प्रातिभासिकत्त्वात्सति प्रमातरि बाध्यतोचिता । द्वैतस्य प्रपञ्चात्मकबन्धस्य तु जीवेश्वरादिरूपत्त्वात्सति

से ही मोक्ष होता है, साधनान्तर से नहीं, इस विषय में आचार्य स्वप्न का दृष्टान्त देते हैं । जैसे स्वयं के जागे बिना स्वयं का स्वप्न नष्ट नहीं होता है अर्थात् जब तक मनुष्य निद्रा का त्याग कर जाग्रत् अवस्था को प्राप्त नहीं हो जाता तब तक स्वप्न में प्रतीत होने वाले प्रपञ्च का नाश नहीं होता है, उसी प्रकार ब्रह्मतत्त्व के ज्ञान से ही मुक्ति प्राप्त होती है । भाव यह है कि अद्वितीय ब्रह्मातिरिक्त समस्त द्वैत स्वप्नतुल्य है अतः ज्ञान रूपी जाग्रत् अवस्था के बिना द्वैत रूपी स्वप्न का नाश नहीं हो सकता ।

सम्पूर्ण द्वैत की स्वप्नतुल्यता का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - अद्वितीय ब्रह्म तत्त्व में ईश्वर और जीवादि रूप से प्रतीत होने वाला जड़ और चेतनात्मक यह सम्पूर्ण जगत् स्वप्न के समान ही है ।२११।

व्याख्या - तत्त्वज्ञान से निवृत्त होने वाले द्वैत रूपी प्रपञ्चात्मक बन्धन की जो आपने स्वप्न से तुलना की है वह उचित नहीं है । स्वप्न की तो प्रातिभासिक सत्ता है अतः प्रमाता के द्वारा उसका बाध होना उचित है किन्तु द्वैत रूपी प्रपञ्चात्मक बन्धन तो जीव और ईश्वरादि रूप है । प्रमाता के रहते हुए उसका बाध नहीं होता है अतः व्यवहारिक सत्ता का बाध न होने से उसको स्वप्न के समान कहना उचित नहीं है । यदि ऐसा कहें तो आपका यह कथन ठीक नहीं है । क्योंकि श्रुति में ही जाग्रत् आदि सम्पूर्ण द्वैत को स्वप्नतुल्य ही कहा गया है । "***तस्य त्रय आवसथास्त्रयस्स्वप्नाः***" "***त्रयमेतत्सुषुप्तं स्वप्नं मायामात्रम्***" इत्यादि श्रुतियाँ इसमें प्रमाण हैं । श्रीगौडपादाचार्य जी भी कहते हैं कि

अन्यथा गृह्यतस्स्वप्नो निद्रातत्त्वमजानतः।
विपर्यासे तयोः क्षीणे तुरीयं पदमश्नुते ।। (गौ.का.१/१५)

अर्थात् - रज्जुसर्प की भाँति तत्त्व से विपरीत ग्रहण होने पर स्वप्न होता है । केवल तत्त्व को न जानने से निद्रा होती है, पर इन दोनों विपर्यय के क्षीण हो जाने पर (साधक) तुरीय पद को प्राप्त होता

प्रमातर्यबाध्यमानत्त्वेन व्यावहारिकसत्यस्य नैव बाध्यतेति न स्वप्नसमानतेति चेन्न । "तस्य त्रय आवसथास्त्रयस्स्वप्नाः" "त्रयमेतत्सुषुप्तं स्वप्नं मायामात्रम्" इत्यादिश्रुतिभ्यः "अन्यथा गृह्णतस्स्वप्ने निद्रातत्त्वमजानतः । विपर्यासे तयोः क्षीणे तुरीयं पदमश्नुते ।।" (गौ.का.१।१५) इति गौडपादकारिकाच्च जाग्रदादिनिखिलद्वैतस्याप्यन्यथाग्रहणत्त्वसाम्यात्प्रातिभासिकत्त्वाद्यवान्तरविशेषे सत्यपि स्वप्नता नापैतीत्याह। ईशजीवादिरूपेण प्रतिभासमानं चेतनाचेतनात्मकं यदखिलं जगदस्ति तदद्वितीयब्रह्मतत्त्वे विनिर्धूताखिल-द्वैतब्रह्मात्मस्वरूपे स्वप्न इव भवति । एतेन जीवस्येश्वरस्य च जगदन्तःपातित्त्वेन स्वप्नवत्कल्पितत्त्वमुक्तं सिद्ध्यतीति दिक् ।।

जीवेश्वरयोर्मायाकल्पितत्त्वनिरूपणम् -

आनन्दमयविज्ञानमयावीश्वरजीवकौ ।
मायया कल्पितावेतौ ताभ्यां सर्वं प्रकल्पितम् ॥ २१२ ॥

अन्वयः - आनन्दमयविज्ञायमयौ ईश्वरजीवकौ । एतौ मायया कल्पितौ । ताभ्यां सर्वं प्रकल्पितम्।।

व्याख्या :- ब्रह्माभिन्नजीवेश्वरयोः कथं जगदन्तःपातित्त्वमिति चेदनादिमाययैवानन्दमय-विज्ञानमयाख्यावीशजीवौ साक्षिद्रष्टारौ प्रकल्प्य तद्वारैव समस्तं जगत्कल्पयतीति विशदयति । आनन्दमयविज्ञानमयावेतन्नामककोशोपाधिकावीश्वरजीवकावेतावनादिप्रवृत्तया मायया कल्पितौ । ताभ्यां जीवेश्वराभ्यां च सर्वं चिदचिदात्मकं जगत्प्रकल्पितम् ।।

है । इस कारिका से ज्ञात होता है कि जाग्रत् आदि समस्त द्वैत का भी सामान्य रूप से अन्यथा ग्रहण होता है, वस्तुतः वे प्रातिभासिक ही हैं अतः उनकी स्वप्न से तुलना करना अनुचित नहीं है । भगवान् शिव भी पार्वती जी से कहते हैं कि "***उमा कहउ मैं अनुभव अपना । सत हरि भजन जगत सब सपना***" अतः अद्वितीय ब्रह्मतत्व में ईश्वर और जीवादि रूप से प्रतीत होने वाला चेतन और अचेतनात्मक (जडात्मक) यह सम्पूर्ण जगत् स्वप्न के समान ही है । जगदन्तर्गत होन से जीव और ईश्वर का भी स्वप्न के समान अयथार्थत्व जानना चाहिये ।

जीव और ईश्वर माया कल्पित हैं, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ - आनन्दमय ईश्वर और विज्ञानमय जीव ये दोनों माया के द्वारा कल्पित हैं और उन दोनों के द्वारा समस्त जगत् कल्पित है ।२१२।

व्याख्या - जीव और ईश्वर दोनों ही ब्रह्म से अभिन्न हैं तो फिर उन दोनों को जगदन्तर्गत कहना कैसे संभव है ? इसका उत्तर यह है कि वस्तुतः दोनों ब्रह्म से अभिन्न ही हैं तथापि अनादि माया के द्वारा आनन्दमय और विज्ञानमय कोश रूपी उपाधि को धारण करने के कारण (औपाधिक होने के कारण) दोनों मायाकल्पित ही हैं । इन दोनों के द्वारा ही समस्त जगत् की कल्पना की जाती है, इस बात को विशद करते हुए ग्रन्थकार कहते हैं कि आनन्दमय कोश रूपी उपाधि धारण करने वाला ईश्वर और विज्ञानमय कोश रूपी उपाधि धारण करने वाला जीव ये दोनों ही औपाधिक होने के कारण माया के द्वारा कल्पित हैं । और इन दोनों के द्वारा ही जड़-चेतनात्मक सम्पूर्ण जगत् कल्पित है ।

जीवेश्वरसृष्टिविभागवर्णनम् –

ईक्षणादिप्रवेशान्ता सृष्टिरीशेन कल्पिता ।
जाग्रदादिविमोक्षान्तस्संसारो जीवकल्पितः ॥ २१३ ॥

अन्वयः – ईक्षणादिप्रवेशान्ता सृष्टिः ईशेन कल्पिता । जाग्रदादिविमोक्षान्तः संसारः जीवकल्पितः।।

व्याख्या :– "ताभ्यां सर्वं प्रकल्पित"मित्यत्र कियद्वैतमीशेन ? कल्पितं ? कियच्च जीवेनेत्याशङ्क्य निराकरोति । विषयोऽयमधस्तान्न्यरूपि "मायाभासेन जीवेशौ करोतीति श्रुतौ श्रुता"वित्यत्र । तथा पुनस्स्पष्टीकरिष्यते "मायाभासेन जीवेशौ करोतीति श्रुतत्वतः । कल्पितावेव जीवैशौ ताभ्यां सर्वं प्रकल्पित"मिति । पुनरिमामेव कारिकां तृप्तिदीपे पठति "ईक्षणादिप्रवेशान्ता सृष्टिरीशकृता भवेत् । जाग्रदादिविमोक्षान्तस्संसारो जीकर्तृकः" इति । ईक्षणादिप्रवेशान्तेक्षणासृष्टिसङ्कल्पस्तदादिः प्रवेशान्ता सृष्टिरादावंभोमरीचिद्युभूम्यादीन्पुरुषं च सृष्ट्वा तदङ्गेभ्यो लोकपालांस्तेभ्यश्चान्नमेत्येतत्सृष्ट्वा "कथं न्विदं मदृतेस्या"दित्यालोच्यै "तमेव सीमानं विदार्यैतया द्वारा प्रापद्यत" "तत्सृष्ट्वा । तदेवानुप्राविशत्" "स ईक्षत लोकान्नु सृजा इति" "स इमान्लोकानसृजत" "एतया द्वारा प्रापद्यते"त्यादिश्रुतिभिरीश्वरकर्तृका सृष्टिरभिहिता सैवेश्वरकल्पिता । जाग्रदादिविमोक्षान्तो निखिलस्संसारो भोगेच्छया जीवकल्पितः "तस्य

पूर्वोक्त जीवसृष्टि और ईश्वरसृष्टि का विभाग दर्शाते हैं ।

अर्थ – ईक्षण से लेकर प्रवेश पर्यन्त सृष्टि ईश्वर के द्वारा कल्पित है और जाग्रत् से लेकर मोक्ष पर्यन्त संसार जीव द्वारा कल्पित है (यह श्लोक महोपनिषद् ४/७३ से उद्धृत है)।२१३।

व्याख्या – "***ताभ्यां सर्वं प्रकल्पितम्*** " यहाँ कितना द्वैत ईश्वर द्वारा कल्पित है ? और कितना जीव द्वारा कल्पित है ? इस शंका का निराकरण किया जाता है । " ***मायाभासेन जीवेशौ करोतीति श्रुतौ श्रुतौ*** " (पं.द. ६/१५५) इस तरह इस विषय का पूर्व में निरूपण हो चुका है तथा ग्रन्थ में आगे भी इसे स्पष्ट करेंगे।

मायाभासेन जीवेशौ करोतीति श्रुतत्त्वतः।
कल्पितावेव जीवेशौ ताभ्यां सर्वं प्रकल्पितम् ।। (पं.द. ७/३)

और

मायाभासेन जीवेशौ करोतीति श्रुतत्त्वतः।
मायिकावेव जीवेशौ स्वच्छौ तौ काचकुम्भवत् ।। (८/६०)

तथा इसी श्लोक को तृप्तिदीप में भी कहा गया है (७/४)। तथा कूटस्थदीप में भी कहेंग–

ईक्षणादिप्रवेशान्ता सृष्टिरीशकृता भवेत् ।
जाग्रदादिविमोक्षान्तः संसारो जीवकर्तृकः।। (पं.द. ८/६९)

ईक्षण से लेकर प्रवेश पर्यन्त की सृष्टि ईश्वर के द्वारा कल्पित है अर्थात् ईश्वर ने सृष्टि रचना का संकल्प कर " ***स इमाँल्लोकानसृजत*** " उस (ईश्वर) ने अम्भ शब्द से कहे जाने वाले लोक, मरीचि (भुवर्लोक), मर (पृथ्वीलोक) और आप इन लोकों की सृष्टि की, और लोक निर्माण के बाद उन लोकों की रक्षा के लिए लोकपालों की सृष्टि की और "***कथं न्विदं मदृते स्यात्*** " इस प्रकार ईक्षण कर "***स एतमेव सीमानं विदार्यैतया द्वारा प्रापद्यत*** " (ऐ.उ. १/३/१२) 'वह सृष्टिकर्ता ईश्वर इस मूर्धा को विदीर्ण कर इस मार्ग

त्रय आवसथा'' इत्यारभ्य ''स एतमेव पुरुषं ब्रह्म ततमपश्य''दित्यन्ताश्रुतिर्जीवकर्तृकां सृष्टिं प्रतिपादयति। ''तदैक्षत बहुस्यां प्रजायेये''ति श्रुतमीक्षमादिर्यस्यास्सेक्षणादिः । ''अनेन जीवेनात्मनानुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणी''त्यादिना श्रुता प्रवेशान्ता यस्यास्सा तथोक्ता । ततः कर्मधारय ईक्षणादिश्चासौ प्रवेशान्ता चेति सेयं सृष्टिरीशेन कल्पिता । जाग्रदादि यस्य संसारस्यासौ स जाग्रदादिर्विमोक्षो मुक्तिरन्तो यस्यासौ विमोक्षान्तस्संसारो जीवेन कल्पितः । यतस्तदभिमानवाञ्जीवः । ते च जाग्रदादयः ''स एष माया परिमोहितात्मा शरीरमास्थाय करोति सर्वम् । स्त्र्यन्नपानादिविचित्रभोगैस्स एव जाग्रत्परितृप्तिमेति।। स्वप्नेऽपि जीवस्सुखदुःखभोक्ता स्वमायया कल्पितविश्वलोके । सुषुप्तिकाले सकले विलीने तमोऽभिभूतस्सुखरूपमेति ।। पुनश्च जन्मान्तरकर्मयोगात्स एव जीवस्स्वपिति प्रबुद्धः । पुरत्रये क्रीडति यश्च जीवस्ततस्तु जातं सकलं विचित्रम् । जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्यादिप्रपञ्चं यत्प्रकाशते । तद्ब्रह्माहमिति ज्ञात्त्वा सर्वबन्धैः प्रमुच्यते'' इत्यादिना श्रूयन्ते । अत्र विमुक्तेरपि कल्पितत्त्वकोटावेव प्रवेशो यतो ''न मुमुक्षुर्न वै मुक्त इत्येषा परमार्थता'' इति निर्वचनं जागर्तीत्यविद्या ध्वस्तिरूपमोक्षस्यापि कल्पितप्रतियोगिकत्त्वानिश्चयात्तथात्त्वमेवेति शम् ।।

तत्त्वानभिज्ञानामेव कलह इतिनिरूपणम् –

अद्वितीयं ब्रह्मतत्त्वमसङ्गं तन्न जानते ।
जीवेशयोर्मायिकयोर्वृथैव कलहं ययुः ।। २१४ ।।

अन्वयः–अद्वितीयम् असङ्गं ब्रह्मतत्त्वं तत् न जानते । मायिकयोः जीवेशयोः वृथा एव कलहं ययुः।।

से ही संघात में प्रविष्ट हो गया' इस प्रकार श्रुति में कहा गया है । अतः ईक्षण से लेकर शरीर में प्रवेश पर्यन्त की सृष्टि ईश्वर द्वारा कल्पित है । ''***स इमान्लोकानसृजत*** '' (१/१/२) यहाँ से लेकर ''***एतया द्वारा प्रापद्यत***'' (ऐ.उ. १/३/११) यहाँ तक की सृष्टि ऐतरेयोपनिषद् में ईश्वरीय सृष्टि कही गई है । तथा जाग्रत् से लेकर मोक्षपर्यन्त का संसार जीव द्वारा कल्पित है । ''***तस्य त्रय आवसथा***'' (१/३/१२) यहाँ से प्रारम्भ कर ''***स एतमेव पुरुषं ब्रह्म ततमपश्यत्***'' (ऐ.उ. १/३/१३) 'मैंने इस आत्मदेव को देख लिया है । इस प्रकार उसने इस पुरुष को ही पूर्ण ब्रह्मरूप से देखा' यहाँ तक का संसार जीव कल्पित है । ''***तदैक्षत बहुस्यां प्रजायेयेति तत्तेजोऽसृजत***'' (छा.उ. ६/२/३) ''***अनेन जीवेनात्मनाऽनुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणीति***'' (छा.उ. ६/३/२) ''***अनेनैव जीवेनात्मनाऽअनुप्रविश्य नामरूपे व्याकरोत्***'' (छा.उ. ६/३/३) इत्यादि छान्दोग्य श्रुति भी इस विषयमें अनुसन्धेय है । श्लोक में जीव द्वारा कल्पित संसार में मोक्ष को भी कल्पित कोटि में ही माना गया है क्योंकि परमार्थतः मुक्ति भी कल्पित ही है ''***न मुमुक्षुर्न वै मुक्त इत्येषा परमार्थता***'' ।

अद्वितीय ब्रह्म तत्त्व का अज्ञान ही विभिन्न मतवादियों के विवाद का कारण है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ – अद्वितीय और असंग ब्रह्मतत्व को जो लोग नहीं जानते हैं, वे ही मायिक जीव और ईश्वर के विषय में वृथा कलह को प्राप्त होते हैं ।२१४।

व्याख्या – एकमात्र ब्रह्म ही पारमार्थिक है, जीव और ईश्वर मायिक (कल्पित) हैं । तो फिर दार्शनिक

व्याख्या :- ब्रह्मण एव पारमार्थिकत्त्वेन जीवेश्वरयोरुभयोः कल्पितत्त्वात्कुतस्तत्स्वरूपविषये दार्शनिकानां विवाद इत्यत्रोच्यते । ब्रह्मतत्त्वं निर्गुणब्रह्मरूपमद्वितीयं सजातीयविजातीयस्वगतभेदादि-विधुरमसङ्गं सर्वसङ्गरहितं चेत्येतद्रहस्यमौपनिषदं तत्त्वं द्वैतवादिनो ये न जानते त एव मायिकयोर्मायया कल्पितयोर्जीवेश्वरयोर्विषये वृथा कलहं विवादं ययुः । अत्र मायिकयोरिति साकूतविशेषणं कलहवैयर्थ्यस्पष्टीकरणायैवेति दिक् ।।

प्रस्फुटं जीवेश्वरयोर्मायिकत्त्वज्ञानात्कृतकृत्यतासिद्धिरिति विशदीकरणम् -

ज्ञात्त्वा सदा तत्त्वनिष्ठां ननु मोदामहे वयम् ।
अनुशोचाम एवान्यान्न भ्रान्तैर्विवदामहे ॥ २१५ ॥

अन्वयः - तत्त्वनिष्ठान् ज्ञात्त्वा वयं सदा अनुमोदामहे । अन्यान् अनुशोचामः एव । भ्रान्तैः न विवदामहे ।।

व्याख्या :- अद्वैतात्मतत्त्वानुभवशून्याः परस्परं विवदन्तां नाम । अद्वैतात्मनिष्ठा वयं तु ब्रह्मात्मैक्य-तत्त्वं सदा ज्ञात्त्वा तत्त्वनिष्ठान्सदानवरतमनुमोदामहे । तत्त्वनिश्चयेन श्रीगुरुकृपयाजस्रमविच्छिन्नानन्दर-

---

लोग उसके स्वरूप के विषय में विवाद क्यों करते हैं ? इस शंका का समाधान करते हैं कि वे लोग ब्रह्म के यथार्थ स्वरूप से अनभिज्ञ हैं, इसीलिये मिथ्या वाद-विवाद करते रहते हैं । वस्तुतः निर्गुणब्रह्म का स्वरूप अद्वितीय है अर्थात् सजातीय, विजातीय और स्वगतभेद शून्य है । तथा वह संगरहित (असंग) है । इस औपनिषद् ब्रह्म तत्त्व के रहस्य को जो (द्वैतवादी लोग) नहीं जानते हैं, वे ही मायाकल्पित जीव और ईश्वर के स्वरूप निर्धारण में वृथा कलह किया करते हैं । श्लोक में कलक की निरर्थकता दर्शाने के लिए ही '***मायिकयोः***' ऐसा साभिप्राय विशेषण दिया गया है ।

भ्रान्तपुरुषों के साथ विवाद करना व्यर्थ है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - उस ब्रह्म तत्त्व को जानकर सर्वदा तत्त्वपरायण होकर हम निश्चय ही हर्ष को प्राप्त हो रहे हैं और दूसरे अज्ञानियों के लिए हम अनुताप ही करते हैं, उन भ्रान्त पुरुषों के साथ हम विवाद नहीं करते हैं ।२१५।

व्याख्या - यदि अद्वितीय ब्रह्मतत्त्व का अज्ञान ही वृथा कलह का कारण है तब तो समस्त भेदवादियों को अद्वेतवादी तुम्हारे द्वारा शिक्षा देनी चाहिये । उनके प्रति तुम अद्वितीय ब्रह्म तत्त्व का प्रतिपादन क्यों नहीं करते हो ? जिससे कि वे वृथा कलह का त्याग कर दें । इस प्रश्न का उत्तर देते हैं कि अद्वैत आत्मतत्त्वानुभवशून्य लोग भले ही वृथा वाद-विवाद करते रहें किन्तु अद्वैतात्मनिष्ठा वाले हम लोग तो ब्रह्मात्मैक्य तत्त्व को जानकर सर्वदा तत्त्वपरायण होकर निश्चय ही हर्ष को प्राप्त हो रहे हैं । (श्लोक में ननु शब्द आमन्त्रणार्थक है । "***प्रश्नावधारणानुज्ञानुनयामन्त्रणे ननु*** " प्रश्न, अवधारण, अनुज्ञा, अनुनय और आमन्त्रण के अर्थ में ननु शब्द का प्रयोग होता है) तत्त्व का निश्चय हो जाने के कारण श्रीगुरु की अहैतुकी कृपा प्रसाद से हम नित्य अविच्छिन्न आनन्द रस का अनुभव करते हैं और दूसरे अज्ञानियों के लिए हम अनुताप (शोक) करते हैं । अर्थात् उनके अज्ञान रूपी मोह की प्रबलता को देखकर उन पर तरस खाते हैं । उन पर अनुकम्पा की इच्छा तो करते हैं किन्तु उन भ्रान्तपुरुषों के साथ हम कदापि विवाद नहीं करते हैं । इससे समस्त द्वैतवादियों के मत को साररहित सूचित किया गया है । वस्तुतः ब्रह्मातिरिक्त कोई वस्तु है ही नहीं । " ***स एवाधस्तात्*** " (छा.उ. ७/२५/१) "***अहमेवाधस्तात्***" (छा.उ.

समनुभवामः । अन्यान्पारमार्थतत्त्वज्ञानानुभवरहिताननुशोचामः । तेषामज्ञानमोहादिप्राबल्यं दृष्ट्वानुकम्पामहे। न हि तैर्भ्रान्तैः कदापि विवदामहे । एतावता समेषां द्वैतवादिनां मतान्यत्यन्तमसाराणीति सूचितम् । "स एवाधस्ता"दित्येकस्मिन्पर्याये "अहमेवाधस्ता"दित्यन्यस्मिन्पर्याये "आत्मैवाधस्तादि"तीतरस्मिन्पर्याये च छान्दोग्ये श्रूयत इति स्पष्टतरमेषां सर्वेषामैक्यं प्रतीयत इत्यद्वैतात्मलिङ्गमस्ति । तथा "सर्वं तं परादाद्योऽन्यत्रात्मनस्सर्वं वेद" "ब्रह्मैवेदं सर्वम्" "आत्मैवेदं सर्वम्" "नेह नानास्ति किञ्चन" "यस्मात्परं नापरमस्ति किञ्चित्" "ब्रह्मैवेदं विश्वमिदं वरिष्ठम्" इत्यादिश्रुतिशतानि सहस्राणि च ब्रह्मातिरिक्तं न किञ्चिद्वस्तु वास्तवमस्तीति प्रतिपादययन्तितरामिति शम् ।।

जीवेश्वरविषये भ्रान्तानां विभज्य निर्देशनम् –

तृणार्चकादियोगान्ता ईश्वरे भ्रान्तिमाश्रिताः ।
लोकायतादिसांख्यान्ता जीवे विभ्रान्तिमाश्रिताः ॥ २१६ ॥

अन्वयः–तृणार्चकादियोगान्ताः ईश्वरे भ्रान्तिम् आश्रिताः । लोकायतादिसाङ्ख्यान्ताः जीवे विभ्रान्तिम् आश्रिताः।।

व्याख्या :– उपासकानां मतानुसारं तृणवृक्षलतापाषाणभैरवयक्षगणेशार्कगौरीमहेशरामकृष्णादि–भेदेन तत्तन्मतनिरूपितप्रकारेण सर्वेऽपीश्वरे भ्रान्तिमाश्रिता अन्योऽन्यं विवदन्ते । न निर्णयमधिगच्छन्ति। तथा लोकायतचार्वाकाक्षपादर्गोतमकाणादभट्टपादमाध्वरामानुजपातञ्जलान्ता अधस्तान्निरूपितप्रकारेण

७/२५/१) "***आत्मैवाधस्तात्***" (छा.उ. ७/२५/२) "***सर्वं तं परादाद्योऽन्यत्रात्मनः सर्वं वेद***" (बृ.उ. २/४/६) "***ब्रह्मैवेदं सर्वं***" "***आत्मैवेदं सर्वं***" (छा.उ. ७/२५/२) "***नेह नानास्ति किञ्चिन***" (बृ.उ. ४/४/१९) "***यस्मात्परन्नापरमस्ति किञ्चित्***"(श्वे.उ. ३/९) "***ब्रह्मैवेदं विश्वमिदं वरिष्ठम्***" (मु.उ. २/२/११) इत्यादि सैकड़ों श्रुतियाँ ब्रह्मातिरिक्त समस्त वस्तुओं का वारण करती हैं । श्लोक में (***तत्त्वनिष्ठान् अनुमोदामहे***) ऐसा विच्छेद मानें तो अर्थ होगा कि तत्त्वनिष्ठ ब्रह्मवेत्ताओं को जानकर अर्थात् देखकर हम प्रतिक्षण प्रसन्न होते हैं । अथवा उत्तरार्ध का ऐसा भी अर्थ हो सकता है कि अन्य (जिज्ञासु और विषयी) पुरुषों को देखकर हमें उनके प्रति शोक होने से उनके प्रति करुणा और मैत्री भावना उत्पन्न होती है अतः हम उन पर अनुकम्पा करते हैं किन्तु जो भ्रान्त (पामर) हैं, उनके साथ इम विवाद में नहीं पड़ते हैं ।

जीव और ईश्वर के विषय में भ्रान्त लोगों को विभाग पूर्वक दर्शाते हैं ।

अर्थ – तृण पूजक से लेकर योगमतावलम्बी लोग ईश्वर के विषय में भ्रम को प्राप्त हुए हैं और चार्वाकादि से लेकर सांख्यमतावलम्बी लोग जीव के स्वरूप के विषय में भ्रान्ति को प्राप्त हुए हैं ।२१६।

व्याख्या – तृण (घास) पूजक से लेकर योगमतावलम्बी सभी लोग अर्थात् तृण, ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, इन्द्र, अग्नि, गणेश, भैरव, यक्ष, राक्षस, अश्वत्थ (पीपल), बरगद और आम्रादि को ईश्वर मानने वाले तथा ईश्वर को पुरुषविशेष मानने वाले योगानुयायी, ये सभी लोग ईश्वर के स्वरूप के विषय में भ्रान्ति को प्राप्त हुए हैं तथा चार्वाकादि से लेकर सांख्यमतानुयायी तक अर्थात् न्याय, वैशेषिक, मीमांसक तथा समस्त द्वैतवाादी लोग जीव के स्वरूप के विषय में भ्रान्ति को प्राप्त हुए हैं, अर्थात् जीव के यथार्थ स्वरूप को न जानकर जीव कर्ता, अणु, मध्यम, अशुद्ध, ईश्वर से भिन्न और अनेक है । इत्यादि रूप से उसका वर्णन करते हैं, अतः वे सभी भ्रान्त हैं ।

जीवविषये विभ्रान्तिमाश्रितास्सन्तः परस्परं विवदन्तो नैवान्तमधिगच्छन्ति ।

द्वैतदर्शिनां भ्रान्तत्त्वनिरूपणम् -

अद्वितीयब्रह्मतत्त्वं न जानन्ति यदा तदा ।
भ्रान्ता एवाखिलास्तेषां क्व मुक्तिः क्वेह वा सुखम् ॥ २१७ ॥

अन्वयः - अद्वितीयब्रह्मतत्त्वं यदा न जानन्ति तदा अखिलाः भ्रान्ताः एव । तेषां क्व मुक्तिः । इह वा क्व सुखम् ॥

व्याख्या :- साङ्ख्ययोगाचार्यादीनामपि महतां कुतो भ्रान्तत्त्वमुच्यत इत्यत्राह । यदा ये केऽप्यद्वितीयब्रह्मतत्त्वं परमार्थतो न जानन्ति प्रत्यगभिन्नब्रह्मतत्त्वमपरोक्षतया नानुभवन्ति तदा तेऽखिलास्समेऽपि यथार्थज्ञानवैधुर्येणान्यथार्थस्य ग्रहणाद्भ्रन्ता एव । तेषां भ्रान्तानां क्व मुक्तिः ? सर्वत्र द्वैतस्य कामाद्युपहितत्त्वेन चित्तविश्रमाभावात्परिगृहीतपक्षप्रतिपादनाभिनिवेशेन च मनःप्रसन्नतालाभादैहिकमपि सुखं नास्तीत्याशयेनाह । क्व सुखं तेषां न क्वापि सुखं न वा मुक्तिरित्यैहिकमामुष्मिकभ्रष्टा भ्रान्ता इति भाव इति शम् ॥

आत्मलाभादितरस्य फलस्यानभीप्सितत्त्वनिरूपणम् -

उत्तमाधमभावश्चेत्तेषां स्यादस्तु तेन किम् ।
स्वप्नस्थराज्यभिक्षाभ्यां न बुद्धः स्पृशते खलु ॥ २१८ ॥

अन्वयः - तेषाम् उत्तमाधमभावः चेत् स्यात् अस्तु । तेन किम् ? स्वप्नस्थराज्यभिक्षाभ्यां बुद्धः खलु न स्पृशते ॥

भ्रान्त पुरुष को मुक्ति और सुख नहीं मिलता, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - जब तक लोग अद्वितीय ब्रह्मतत्त्व को नहीं जानते हैं तब तक वे सभी भ्रान्त ही हैं । उन्हें भला (मरने के बाद) मुक्ति कहाँ ? और इस लोक में सुख भी कहाँ ?२१७।

व्याख्या - महान सांख्य और योगाचार्यों को भ्रान्त कैसे कहते हो ? इस प्रश्न का उत्तर देते हैं कि जब तक मनुष्य अद्वितीय ब्रह्मतत्त्व को प्रत्यगभिन्न रूप से साक्षात् नहीं जानते हैं अर्थात् अपरोक्ष रूप से अनुभव नहीं करते हैं तब तक वे सभी यथार्थ ज्ञानरहित होने के कारण भ्रान्त ही हैं । उन भ्रान्त लोगों को मुक्ति कहाँ ? अर्थात् उन्हें मरने के बाद मुक्ति कैसे मिलेगी ? ठीक है, मुक्ति भले ही न मिले किन्तु इस लोक में तो सुख मिलेगा । इस भ्रान्ति का भी निवारण करते हैं कि उन्हें इस लोक में भी सुख प्राप्त नहीं हो सकता । काम, क्रोधादि से सदा अशान्त मन वालों को इस लोक में सुख कैसे मिल सकता है ? अतः भेदवादियों को न सुख मिलता है और न मुक्ति ही अर्थात् वे इसलोक और परलोक दोनों से भ्रष्ट हो जाते हैं । अतः स्वकल्याण को न जानने के कारण वे सभी भ्रान्त ही हैं ।

आत्मलाभ से इतर फल के अनभिप्सितत्व का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - यदि कहो कि उन (भ्रान्त पुरुषों) में उत्तम और अधम भाव होते ही हैं तो (हमारा कहना है कि) वे भले ही हों, उससे क्या लाभ है ? स्वप्न काल में कोई व्यक्ति राज्य करे या भिक्षा मांगे, जागने पर वह निश्चय ही उससे लिप्त नहीं होता है ।२१८।

व्याख्या :- तेषां द्वैतिनां भ्रान्तानां ब्रह्मविद्याभावान्मोक्षफलरहितत्त्वेपीतरविद्याप्रयुक्तफलैरुत्तम-मध्यमाधमभावो वर्तते तत्प्रयुक्तं फलं तेषामस्तीति तेऽपि सुखभागिन एवेति कुतो निरस्यन्त इति चेत्तस्य फलस्य मुमुक्ष्वनभिलषितत्त्वादिति सदृष्टान्तं स्पष्टयति । तेषां मध्येऽभ्युदयफले उत्तमाधमभाव-श्चेत्फले तारतम्यास्ति चेदस्तु नाम किं तेनास्माकमभेददर्शिनाम् । तदेवार्थान्तरन्यासालङ्कारेण विशदी-करोति । स्वर्गाद्यभ्युदयफलस्य सद्भावेऽपि तस्य विनाशशीलित्त्वेन परिणामे दुःखरूपत्त्वेन तदुच्चावच-भेदस्य तारतम्यपरीक्षात्यन्तिकापवर्गफलाभिलाषिणां व्यर्थेव यतो बुद्धः प्रबुद्धः सुप्तोत्थितस्सम्यग्जाग्र-द्दशामापन्नस्स्वप्नस्थराज्यभिक्षाभ्यां स्वप्ने जागरितसंस्कारजन्यवासनाविशेषेण समनुभूत राज्यपदवीसुखेन वा भिक्षाटनदुःखेन वा न स्पृशति न काञ्चिद्विक्रियामाप्नोति। ब्रह्मात्मप्रबोधप्रबुद्धस्यावाप्तनिरतिशयफलस्य निरस्ताशेषानर्थस्य द्वैतोपासनाफलं सर्वमपि केवलं स्वप्नसंस्तुतमेवेति भाव इति शम् ।।

व्याख्या - पूर्व श्लोक में कहा कि भ्रान्तपुरुषों को मुक्ति और सुख नहीं मिल सकता । यहाँ शंका होती है कि उन भ्रान्त पुरुषों को मोक्ष भले ही न मिले किन्तु उनमें न्यूनाधिक फल की प्राप्ति देखी जाती है अतः तज्जन्य सुख भी उन्हें मिलता ही है तो आप यह कैसे कहते हैं कि उन्हें सुख भी नहीं मिलता है ? इस शंका का समाधान दृष्टान्त पूर्वक आचार्य देते हैं । तुम यदि कहते हो कि उन भ्रान्त पुरुषों में भी विद्यादि जन्य उत्तम भाव और अधम भाव देखा गया है । भ्रान्त पुरुषों के मत में ईश्वर और जीव के विषय में एक मान्यता नहीं है । तृण की पूजा करने वालों से योगसम्मत पुरुषविशेष की उपासना करने वाले अवश्य ही उत्तम हैं । इसी प्रकार चार्वाक् मतानुसार स्थूल देह को ही आत्मा मानने वालों की अपेक्षा असंग चित्स्वरूप पुरुष को ही आत्मा मानने वाले सांख्यवादी बहुत उत्तम हैं । इस तारतम्य के कारण उनके सुख-दुख में भी तारतम्य है । इसलिये कहा कि उन भ्रान्त पुरुषों में भी उत्तमाधम भाव देखे जाते हैं । यदि ऐसा कहते हो तो उनमें वे भाव भले ही रहें, उस से हम अद्वैतात्मदर्शियों को क्या लेना देना । और उन उत्तमाधम भाव से भ्रान्त पुरुषों को परमार्थ रूप से क्या लाभ है ? अर्थात् कुछ नहीं । भाव यह है कि यद्यपि उनको अभ्युदय रूप फल प्राप्त होता है फिर भी वे फल विनाशशील होने के कारण अनित्य है । और अन्ततोगत्वा दुःख का ही कारण होता है ।

ये हि संस्पर्शजा भोगा दुःखयोनय एव ते ।
आद्यन्तवन्तः कौन्तेय न तेषु रमते बुधः।। (गी. ५/२२)

जो इन्द्रिय और विषयों के संयोग से उत्पन्न होने वाले भोग हैं वे अन्त में दुःख के ही हेतु हैं । आदि और अन्त वाले अर्थात् अनित्य हैं । इसलिए हे अर्जुन ! बुद्धिमान विवेकी पुरुष उनमें आनन्दित नहीं होता । अभ्युदय से प्राप्त स्वर्गादि सुख भी विनाशशील होने के कारण परिणाम में दुःख रूप ही हैं । इस विषय में दृष्टान्त देते हैं । स्वप्नकाल में यदि कोई राजा बनकर राज्य करे अथवा धनहीन होकर भिक्षावृत्ति करे, जब वह जग जाता है तब स्वप्नस्थ राज्य अथवा भिक्षा से लिप्त नहीं होता है । भाव यह है कि स्वप्न चाहे अच्छा हो या बुरा, जागे हुए पुरुष के लिए वह निष्प्रयोजन ही है । उसी प्रकार भ्रान्त पुरुषों का स्वप्नस्थानीय उत्तमाधम भाव भी व्यर्थ ही है ।

सपनें होई भिखारि नृपु रंकु नाकपति होइ ।
जागे हानि न लाभ कछु तिमि प्रपञ्च जिय जोइ ।।

सार यह है कि स्वप्न के राज्य अथवा भिक्षा के समान भ्रान्त पुरुषों की द्वैतोपासना का फल भी अनित्य है ।

मुमुक्षुकर्तव्यतानिरूपणम् -

तस्मान्मुमुक्षिभिर्नैव मतिर्जीवेशवादयोः ।
कार्या किन्तु ब्रह्मतत्त्वं विचार्यं बुध्यताञ्च तत् ॥ २१९ ॥

अन्वयः - तस्मात् मुमुक्षुभिः जीवेशवादयोः मतिः न एव कार्या । किन्तु ब्रह्मत्त्वं विचार्य च तत् बुध्यताम्।।

व्याख्या :- जीवेश्वरवादयोर्मुक्तिहेतुत्त्वाभावान्न मुमुक्षुभिस्तद्विचारे मतिस्स्थापनीयेत्याह । तस्माज्जीवेश्वरविचारस्य तदुपासनाजन्यफलस्य च नैष्फल्याज्जीवेश्वरवादयोर्मुमुक्षुभिर्नैव मतिः कार्या। जीवेश्वरादीनां भ्रान्तिपरिगृहीतत्त्वात् । अतो ये मोक्षमेवेच्छन्ति तैर्मुमुक्षुभिः केवलं ब्रह्मतत्त्वमेव विचार्यं नान्यत् । न केवलं विचार एव सर्वोऽपि कालः तत्रैव क्षेपणीयः । किन्तु विचारफलभूते बोधे केन वा प्रतिबन्धेनाहं प्रतिबद्ध इति परीक्ष्य शास्त्रोक्तोपायैस्तन्निवृत्त्युपायमालोच्याधिगत्य सद्योऽद्वैतब्रह्मात्मतत्त्वबोधो यत्नेन साध्य इति हि तानुपदिशति । बुद्ध्यतां च तदिति । येनात्यन्तिकं प्रयोजनं सिद्ध्येदिति भाव इति शम् ।।

विचारजन्यफललाभार्थं ज्ञाननिष्ठो भवेत्युपदेशनम् -

पूर्वपक्षतया तौ चेत्तत्त्वनिश्चयहेतुताम् ।
प्राप्तुतोऽस्तु निमज्जस्व तयोर्नैतावताऽवशः ॥ २२० ॥

अन्वयः - पूर्वपक्षतया तौ तत्त्वनिश्चयहेतुतां प्राप्तुतः चेत् अस्तु । एतावता तयोः अवशः न निमज्जस्व ।।

व्याख्या :- ब्रह्मतत्त्वावबोधो हि विचारोत्तरकालिकः । विचारश्च जीवेश्वरादिवादपूर्वक एव ।

तब मुमुक्षुओं को क्या करना चाहिये ? इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ - इसलिए मुमुक्षु पुरुषों को जीव और ईश्वर के विवाद में बुद्धि नहीं लगानी चाहिये । किन्तु ब्रह्मतत्त्व का विचार करना चाहिये और उसे जानना चाहिये ।२१९।

व्याख्या - जीवेश्वरवाद मुक्ति का हेतु नहीं है, इसलिए मुमुक्षुओं को उनमें बुद्धि नहीं लगानी चाहिये। '***तस्मात्***' अर्थात् जीव और ईश्वर का विचार और उपासना जन्य फल निष्फल है इसलिए मुमुक्षुओं को उनके विषय में व्यर्थ ही अपनी बुद्धि को नहीं लगाना चाहिये, क्योंकि जीवेश्वरवाद भ्रान्ति के द्वारा ही परिगृहीत है । अतः जो मुमुक्षु हैं उनको केवल ब्रह्मतत्त्व का ही विचार करना चाहिये । न केवल विचार करने में ही सम्पूर्ण काल व्यतीत करना चाहिये अपितु उस ब्रह्मतत्त्व को अपने प्रत्यगात्मा से अभिन्न रूप से जानना भी चाहिये अर्थात् आत्मसाक्षात्कार के लिए प्रयत्न करना चाहिये ।

यदि जीवेश्वरवाद का विचार व्यर्थ है तो वेदान्तशास्त्रों में उसका निरूपण क्यों है ? इस शंका का उत्तर देते हैं ।

अर्थ - यदि वे दोनों (जीव और ईश्वरवाद) पूर्वपक्ष के रूप से तत्त्वनिश्चय की हेतुता को प्राप्त होते हों तो भले ही हों, किन्तु इतनेमात्र से तुम अवश (प्रमादी) होकर उन दोनों में निमग्न मत हो जाओ ।२२०।

व्याख्या - ब्रह्मतत्व का ज्ञान तो विचारोत्तरकालिक है और विचार तो जीवेश्वरादि वाद पूर्वक

कुतस्तत्र मतिर्न कार्येत्युक्तमिति चेदुच्यते । तौ जीवेश्वरवादौ पूर्वपक्षतया प्रतियोगिविधया तत्त्वनिर्णयोपयोगित्त्वेन निश्चयहेतुतामात्मनिश्चयहेतुतां प्राप्नुत इति चेदस्तु । ब्रह्मतत्त्वविनिश्चयाय जीवेश्वरयोस्स्वरूपं हेयत्त्वेन ज्ञातव्यम् । न तु तद्वादे बुद्धिः परिसमापनीयेति भावः । यदि प्राप्नुतस्तर्हि तथास्तु । तथापि तयोस्साङ्ख्यादिजीवेशवादयोरवशो विवेकज्ञानशून्यो न निमज्जस्व नैतावतावशो भव मा प्रमादं प्राप्नुहि। तथाप्यस्वाधीनचित्तस्संस्तयोर्वादयोर्न निमग्नो भवेत्यनेन तयोस्समुद्रवदगाधापारत्त्वादिकमनर्थहेतुत्त्वं च सूचितं भवति । यस्य कस्यापि वस्तुनस्तत्त्वनिश्चये तत्तत्प्रतियोगिज्ञानमावश्यकमेव। तदस्तु यतस्तत्प्रसङ्गः तत्त्वनिश्चयोपयोगिविचाराङ्गमात्रतयैव तज्ज्ञानं सम्पादनीयं न तु निमग्नता । येन ब्रह्मविचारविमुखो भवस्यतो ज्ञाननिष्ठो भवेति दिक् ।।

जीवेश्वरविषये वेदान्तिमतात् साङ्ख्ययोगमते विशेषः क इति शङ्कानिरूपणम् –

असङ्गचिद्विभुर्जीवस्साङ्ख्योक्तस्तादृगीश्वरः ।
योगोक्तस्तत्त्वमोरर्थौ शुद्धौ ताविति चेच्छृणु ॥ २२१ ॥

अन्वयः – असङ्गचित् विभुः जीवः साङ्ख्योक्तः । तादृक् ईश्वरः योगोक्तः । तौ शुद्धौ तत्त्वमोः अर्थौ इति चेत् । शृणु ।।

व्याख्या :– साङ्ख्यैर्जीवस्यासङ्गचिद्रूपत्त्वमेवावोचि । ईश्वरस्वरूपं वर्णयद्भिर्योगिभिरपि तथैवावर्णि। वेदान्तिनां मतेऽपि तत्त्वंपदार्थयोर्जीवेश्वरयोश्शोधनेऽप्यसङ्गचिद्रूपतैवोपलभ्यत इति साङ्ख्ययोगयोश्च वेदान्तसिद्धान्तस्यैक्यात्कुतस्तन्मतस्य पूर्वपक्षत्त्वमुच्यते इत्याकाङ्क्षायां तस्य पूर्वपक्षत्त्वमेव निरूपयति।

ही संभव है, तब आप उनके विचार में बुद्धि नहीं लगानी चाहिये ऐसा क्यों कहते हैं ? यदि ऐसी शंका हो तो कहते हैं कि जीव और ईश्वर दोनों का विचार यदि केवल पूर्वपक्ष की दृष्टि से तत्त्वनिश्चय के लिये ही है तो हमें उससे कोई आपत्ति नहीं है, वह विचार हमारे द्वारा आदरणीय ही है । किन्तु जीवेश्वरवाद का विचार तत्त्व निश्चय में सहायक है इतने मात्र से तुम अवश होकर उन दोनों के विचार में ही सदा निमग्न मत हो जाओ । भाव यह है कि उन दोनों का विचार समुद्र के समान अथाह है, उन्हीं के विचार में लगे रहोगे तो कभी भी ब्रह्मतत्त्व का साक्षात्कार नहीं होगा । किसी भी वस्तु के तत्त्वनिश्चय के लिये उसके प्रतियोगी का ज्ञान आवश्यक है, यद्यपि यह कथन सत्य है तथापि तत्त्वनिश्चय का उपयोगी होने से केवल विचार का अंगमात्र मानकर ही उसका ज्ञान सम्पादनीय है, न कि उसी में निमग्न हो जाना । भाव यह है कि तुम ब्रह्मविचार से विमुख मत होओ अर्थात् ज्ञाननिष्ठ बनो ।

भेद न होने के कारण सांख्य और योगसम्मत जीव और ईश्वर का वेदान्तियों को भी अंगीकार करना चाहिये, ऐसा पूर्वपक्ष उपस्थित करते हैं ।

अर्थ – सांख्य दर्शन में जीव को असंग,चित् और विभु कहा गया है और योग में ईश्वर भी वैसा ही कहा गया है । तत् और त्वम् पदों का भी यही शुद्ध अर्थ है, यदि ऐसा कहते हो तो सुनो ।२२१।

व्याख्या – सांख्य शास्त्र ने जीव का असंगत्व, चिद्रूपत्व और विभुत्व का वर्णन किया है । और योग शास्त्र में ईश्वर का स्वरूप भी वैसा ही कहा गया है । तथा वेदान्तशास्त्रानुसार तत् और त्वं पदार्थ के शोधन करने से जो शुद्ध तत्त्व अवशिष्ट रहता है, उसको भी असंग,चिद्रूप और विभु कहा गया है।

जीवोऽसङ्गचित्सङ्गरहितश्चैतन्यानन्दानन्तज्ञानस्वरूपो विभुस्सर्वव्यापक इति साङ्ख्योक्त ईश्वरस्तादृश एवासङ्गचिद्विभुरिति योगोक्तो योगशास्त्रे योगिभिरप्येवमीश्वरः प्रतिपादित इति चेत्तत्र नास्माकं विप्रतिपत्तिः। कुत्र विप्रतिपत्तिरित्यत्र स्थलमुच्यते । शुद्धौ निस्सङ्गचिद्रूपौ तौ जीवेश्वरौ तत्त्वमोस्तच्छब्दयुष्मच्छब्दयोरर्थौ वाच्यार्थावित्यस्मिन्नंशे हि विप्रतिपत्तिः । नानाशब्दप्रतिपाद्ययोरर्थनानात्वस्यापि नियतत्त्वेन तथाविधयोर्भेद इत्यपि सम्यक्प्रतीतेस्साङ्ख्ययोगसिद्धान्तहानिरिति च तदुक्त्यैव सिद्धं भवति । वस्तुतस्तु शुद्धस्य शब्दाभिधेयत्त्वमेव न सिद्ध्यति । गुणवृत्तित्त्वाच्छब्दानाम् । यत्किञ्चित्कल्पितमुपाधिमाश्रत्यैव शब्दाभिधेयत्त्वं तेषां निरूपणीयम् । शब्दव्यवहारं विना चोपदेशो न घटते तस्माच्छुद्धयोर्जीवेश्वरयोश्शाब्दव्यवहारासंभवेन सोपाधिकयोरेव तत्त्वमोरर्थवत्ता वाच्या । तथाविधयोर्भेदभानेऽपि शुद्धेन सहाभेद इति श्रौतं मतम् । साङ्ख्ययोगयोर्मते च जीवेशयोश्शुद्धचिद्रूपत्त्वेऽपि तयोर्वास्तविकभेदस्य ताभ्यामङ्गीकृतत्त्वाद्वेदान्तसिद्धान्ताद्भिद्यत इति शृण्विति प्रतिजानीते ।।

जीवेश्वरविषये साङ्ख्ययोगमतात् वेदान्तमतस्य भेदांशनिरूपणम् –

न तत्त्वमोरुभावर्थावस्मत्सिद्धान्ततां गतौ ।
अद्वैतबोधनायैव सा कक्षा काचिदिष्यते ।। २२२ ।।

अन्वयः–तत्त्वमोः उभौ अर्थौ अस्मत्सिद्धान्ततां न गतौ । अद्वैतबोधनाय एव सा काचित् कक्षा इष्यते।।

अतः इससे तो वेदान्तसिद्धान्त की सांख्य और योग शास्त्र से एकता सिद्ध होती है तब आप सांख्यादि को पूर्वपक्ष के रूप में क्यों उपस्थित करते हैं ? ऐसी आशंका होने पर आचार्य इस श्लोक में पूर्वपक्ष का खण्डन करने के लिए सर्वप्रथम उनका अभिप्राय प्रस्तुत करते हैं । सांख्यदर्शन के अनुसार जीव असंग (संगरहित), चैतन्यस्वरूप, और विभु (सर्वव्यापक) है तथा "***क्लेशकर्मविपाकाशयैरपरामृष्टपुरुषविशेष ईश्वरः***" इस सूत्र के अनुसार योगशास्त्र में ईश्वर को भी वैसा ही कहा गया है । जो आपको भी मान्य है तो आप वेदान्तिलोग इस विषय में क्यों शंका करते हैं ? सिद्धान्ती कहता है कि सांख्य और योग में जीव और ईश्वर के स्वरूप का जो वर्णन किया गया है, उसमें हमें कोई आपत्ति नहीं है किन्तु हमारी आपत्ति इतनी ही है कि तत् और त्वम् पदार्थ का यही शुद्ध अर्थ है, यह आपका कथन उचित नहीं है, क्योंकि आपके मतानुसार जीव अनेक हैं, ईश्वर जीव से भिन्न है और जगत् सत्य है । किन्तु वेदान्त मतानुसार ऐसा नहीं है । वेदान्त ने जीवों के नानात्व को नहीं माना है और ईश्वर को भी जीव से अभिन्न माना है तथा जगत् को मिथ्या माना है । अतः आप जो जीव और ईश्वर के स्वरूप का वर्णन करते हैं, वह यद्यपि वेदान्त में भी मान्य है तथापि आपके और हमारे वेदान्तदर्शन में महान अन्तर है । सांख्य और योग दर्शन जीव और ईश्वर को शुद्ध और चिद्रूप मानते हुए भी उन दोनों में वास्तविक भेद स्वीकार करते हैं । किन्तु वेदान्त में उन दोनों का वास्तविक भेद नहीं है, औपाधिक भेद है । अतः यदि आप सांख्य और योगशास्त्र प्रतिपादित जीव और ईश्वर को ही वेदान्त प्रोक्त तत् और त्वम् पदार्थ का शुद्ध अर्थ बताते हो तो हम उसका निराकरण करते हैं, उसे सुनो ।

जीव और ब्रह्म के अभेद को विशद करते हैं ।

अर्थ – तत् और त्वं पद के वे अर्थ हमारे सिद्धान्त में स्वीकृत नहीं हैं । केवल अद्वैत के बोध हेतु ही उनकी कुछ कक्षा हम मान लेते हैं ।२२२।

व्याख्या :- तत्त्वमोस्तत्त्वंशब्दयोरुभयोर्भिन्नौ द्वावर्थौ साङ्ख्ययोगोक्तौ कपिलपातञ्जलदर्शन-सिद्धावसङ्गचिद्रूपौ जीवेश्वरौ तावस्मत्सिद्धान्ततां वेदान्तिनामस्माकं सिद्धान्ततां न गतौ प्राप्तौ । न वयं वेदान्तिनस्तत्त्वमोर्वाच्यमर्थमसङ्गचिद्रूपमित्यभिप्रैम इत्यर्थः । कूटस्थब्रह्मशब्दाभ्यां शुद्धौ तत्त्वमोरर्थौ वेदान्तिभिरपि भिन्नावङ्गीकृतावेवेति चेदुच्यते । अद्वैतबोधनायैव यौ कूटस्थब्रह्मशब्दाभ्यां भेदेन लोके व्यवह्रियेते तल्लोकप्रसिद्धभेदनिरसनद्वारा तयोरैक्यप्रतिपादनाय सा काचित्कक्षा युक्तिस्तयोर्भेद-कोटिरिष्यते । भेदनिरसनार्थं हि पूर्वं भिन्नतयानूदितौ न तयोर्भेदप्रतिपादनार्थमित्यर्थः । कूटस्थब्रह्मणोरभेद-निदिदर्शयिषयैव लोकव्यवहारप्रसिद्धभेदानभ्युपगमे शाब्दव्यवहारस्यैवासंभवाद्विना च शाब्दव्यवहार-मुपदेशस्यासङ्गततया तदुपपत्त्यैव कल्पितं सोपाधिकभेदं व्यावहारिकमनुसृत्यैव जीवेशयोस्तत्त्वंपद-वाच्यत्त्वमङ्गीक्रियते । न वास्तविकं तयोः पदाभिधेयत्त्वमिति शम् ।।

व्याख्या - पूर्वश्लोकस्थ '***श्रृणु***' पद से अभिप्रेत समाधान को कहते हैं । तत् और त्वं पदार्थ का सांख्य और योगप्रतिपादित भिन्नार्थ हम वेदान्तियों के सिद्धान्त के विरुद्ध है । अतः तत् और त्वं पद के वे अर्थ हमारे सिद्धान्त में स्वीकृत नहीं हैं । अर्थात् हम तत् और त्वं पदार्थ को भिन्न नहीं मानते हैं। यदि कहो कि कूटस्थ और ब्रह्म के निरूपण काल में आपने दोनों के भेद को माना है तो यह कथन ठीक नहीं है, क्योंकि हमने उनका पारमार्थिक भेद स्वीकार नहीं किया है । व्यवहारिक दृष्टि से ही उनमें भेद का प्रतिपादन किया है और वह भी दोनों की एकता का ज्ञान कराने के लिए ही । अर्थात् उनका भेद कुछ कोटि तक हम स्वीकार करते हैं । लोक में जो भेदमूलक शाब्दिक व्यवहार है, उसी का अनुसरण करके हम उसे स्वीकार करते हैं , क्योंकि शाब्द व्यवहार को स्वीकार करने पर ही ज्ञानोपदेशादि व्यवहार भी संभव हो पाएगा । अतः सोपाधिक भेद का अनुसरण करके ही उनको तत् और त्वम् पद से कहा जाता है । वस्तुतः उसका पदाभिधेयत्व संभव नहीं है ।

भाव यह है कि परम सत्य तक पहुँचने के लिए अद्वैतवेदान्त में अध्यारोप और अपवाद की विधि अपनायी जाती है । देहाभिमानी पुरुष का देहाभिमान दूर करने के लिये देह से भिन्न जीवात्मा का प्रतिपादन कर उसी में आत्मभाव आरोपित किया जाता है । जब उसका जीव भाव दृढ हो जाता है तब उसे आत्मा का ज्ञान करा कर उसी में उसकी निष्ठा दृढ़ की जाती है अर्थात् उसका जीवभाव छुड़ा दिया जाता है। और आत्मज्ञानी की निष्ठा ब्रह्म में स्थिर की जाती है । उसी प्रकार निरीश्वरवादी के मन में पहले देवोपासना की निष्ठा उत्पन्न की जाती है । देवोपासक को ईश्वर की महिमा बताकर देवोपासना से अलग किया जाता है और ईश्वरोपासना में उसकी निष्ठा बनाई जाती है । ईश्वरोपासक को ब्रह्मतत्त्व खोजने की प्रेरणा देकर ब्रह्मज्ञान में स्थिर किया जाता है । यही अध्यारोप और अपवाद विधि है । अध्यारोप और अपवाद के द्वारा निष्प्रपञ्च ब्रह्म का निरूपण किया जाता है । इसकी विभिन्न कक्षायें होती हैं । इसकी एक कक्षा में जीव और ईश्वर का भेद स्वीकार किया गया है किन्तु वह व्यवहारिक दृष्टि से है, न कि पारमार्थिक रूप से । अतः सांख्य और योगप्रोक्त तत् और त्वं पद का अर्थ हमें स्वीकार नहीं है ।

तत्त्वंपदशोधनप्रयोजनकथनम् -

अनादिमायया भ्रान्ता जीवेशौ सुविलक्षणौ ।
मन्यन्ते तद्वयुदासाय केवलं शोधनन्तयोः ॥ २२३ ॥

अन्वयः - अनादिमायया भ्रान्ताः जीवेशौ सुविलक्षणौ मन्यन्ते । केवलं तद्वयुदासाय तयोः शोधनम्।।

व्याख्या :- शुद्धस्य ब्रह्मणश्शब्दाभिधेयत्त्वे तत्त्वंपदार्थयोः परिशीलनं व्यर्थमेवेत्यत्राह । अनादिमाययात्र मायाशब्देन स्वाश्रयव्यामोहिकाविद्या लक्ष्यते । तया भ्रान्ता विपरीतज्ञानान्विताः कर्तृत्त्वादिमत्त्वं जीवस्य सर्वज्ञादिमत्त्वं चेश्वरस्येति साङ्ख्यादयोऽन्ये पामराश्च जीवेशौ सुविलक्षणौ विभिन्नस्वभावाविति पारमार्थिकं मन्यन्ते । अतस्तन्निवृत्यर्थमेव क्रियते पदार्थशोधनमित्याह । तद्वयुदासाय तेषां साङ्ख्यादीनामाशयदूरीकरणाय केवलं तयोस्तत्त्वंशब्दयोश्शोधनं विचारपूर्वकमर्थनिष्कर्शः क्रियते। तत्त्वंपदार्थयोर्विचारितयोस्ततोऽसीतिपदबोध्याभेदोपपत्यर्थं तत्त्वंपदोपस्थापितयोरर्थयोर्भेदप्रतीतिप्रयोजका ये धर्मास्तेषां सर्वेषामपि "नेति नेती"ति नञा निरासस्यावश्यकतया तन्निरसने चासङ्गचिद्रूपाखण्ड-रूपमेकमेवावशिष्यत इत्यत उपपद्यतेऽसिपदोपस्थापितमैक्यमित्यभिप्रायेणैव वेदान्तिभिरयं विचार-स्समाद्रियत इति शम् ।।

अब तत् और त्वं पदार्थो के शोधन का प्रयोजन बताते हैं ।

अर्थ - अनादि माया के द्वारा भ्रान्त पुरुष जीव और ईश्वर को अत्यन्त विलक्षण (भिन्न) मानते हैं, केवल इस भ्रान्ति को दूर करने के लिये ही तत् और त्वम् पद का शोधन किया जाता है ।२२३।

व्याख्या - शुद्ध ब्रह्म का शब्दाभिधेयत्व मानने पर तत् और त्वम् पदार्थ का परिशीलन व्यर्थ ही हो जाएगा, ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि अनादि माया के द्वारा (माया शब्द से स्वाश्रयव्यामोहिका अविद्या लक्षित है, उस माया के द्वारा) जो भ्रान्त हैं अर्थात् विपरीत ज्ञानवाले हैं, वे सांख्यदि लोग जीव में कर्तृत्वादि और ईश्वर में सर्वज्ञत्वादि की कल्पना करते हैं । उनके अनुसार जीव और ईश्वर अत्यन्त विलक्षण हैं अर्थात् पारमार्थिक रूप से अत्यन्त भिन्न स्वभाव वाले हैं । किन्तु उनका यह कथन ठीक नहीं है अतः उसका निराकरण करने के लिए ही हम तत् और त्वं पदार्थ के शोधन पर जोर देते हैं । अर्थात् उन सांख्यादि भेद वादियों के मत का निराकरण करने के लिये ही तत् और त्वं पदार्थ का शोधन (विचारपूर्वक दोनों के अर्थ का निष्कर्ष) करते हैं । तात्पर्य यह है कि तत्, त्वम् और असि में असि शब्द से तत् और त्वम् की एकता कही गयी है । उन तत् और त्वम् पद के अर्थ में भेद प्रतीति के प्रयोजक जो धर्म हैं, उनका "***नेति नेति***" इस वाक्य के द्वारा निरसन कर देने पर असंग, चिद्रूप एक परमतत्त्व ही अवशिष्ट रहता है, वही असि पद के द्वारा जाना जाता है । अतः तत् और त्वम् पदार्थ के शोधन का हम वेदान्तिलोग आदर करते हैं ।

पदार्थशोधनोपयोगिदृष्टान्तप्रदर्शनम् -

अत एवात्र दृष्टान्तो योग्यः प्राक्सम्यगीरितः ।
घटाकाशमहाकाशजलाकाशाभ्रखात्मकः ॥ २२४ ॥

अन्वयः-अतः एव अत्र घटाकाशमहाकाशजलाकाशाभ्रखात्मकः योग्यः दृष्टान्तः प्राक् सम्यक् ईरितः।।

व्याख्या :- तत्त्वंपदार्थशोधनप्रकारमुपदिदर्शयिषुस्तदुपायतया "कूटस्थो ब्रह्मजीवेशावित्येवं चिच्चतुर्विधा । घटाकाशमहाकाशौ जलाकाशाभ्रखे यथा ।। घटावच्छिन्नखे नीरं यत्तत्र प्रतिबिम्बितः। साभ्रनक्षत्र आकाशो जलाकाश उदीरितः ।। महाकाशस्य मध्ये यन्मेघमण्डलमीक्ष्यते । प्रतिबिम्बतया तत्र मेघाकाशो जले स्थितः ।। मेघांशरूपमुदकं तुषाराकारसंस्थितम् । तत्र खप्रतिम्बिोऽयं नीरत्त्वादनुमीयते ।।" इत्यादिना पूर्वोक्तं दृष्टान्तं स्मारयति । अत एव यतस्तत्त्वंपदार्थशोधनं कर्तव्यमतः कारणादत्र प्रकरणे प्राक्प्रारम्भे योग्यो दृष्टान्तो घटाकाशमहाकाशजलाकाशाभ्रखात्मकस्सम्यगीरितः । दृष्टान्त आकाश उपाधिभेदेन भेदप्रतीतौ सत्यामपि तदुपाधिविनिर्मोक आकाशस्यैक्यं यथा सिद्ध्यति तथैवोपाधिनिरासे जीवेशयोरप्यैक्यं सिद्ध्यतीति भाव इति शम् ।।

तत्त्वंपदार्थशोधनप्रकारनिरूपणम् -

जलाभ्रोपाध्यधीने ते जलाकाशाभ्रखे तयोः ।
आधारौ तु घटाकाशमहाकाशौ सुनिर्मलौ ॥ २२५ ॥

तत् और त्वं पदार्थ के शोधन में उपयोगी पूर्वोक्त दृष्टान्त का स्मरण कराते हैं ।

अर्थ - इसलिये इस प्रकरण के प्रारम्भ में घटाकाश, महाकाश, जलाकाश और मेघाकाश रूप योग्य दृष्टान्त पहले ही भली-भाँति कहा गया है ।२२४।

व्याख्या - तत् और त्वं पदार्थ का शोधन करने में घटाकाश आदि दृष्टान्त बहुत उपयोगी हैं । इसी प्रकरण के श्लोक १८, १९, २०, २१ में इसका विस्तृत वर्णन किया गया है । उन्हीं पूर्वोक्त दृष्टान्तों का स्मरण कराते हुए आचार्य कहते हैं कि तत् और त्वम् पदार्थ का शोधन करना चाहिये । इसीलिये इस प्रकरण के प्रारम्भ में घटाकाश, महाकाश, जलाकाश और मेघाकाश रूपी योग्य दृष्टान्त सम्यक् रूप से कहा गया है । घट से परिच्छिन्न आकाश घटाकाश है । अपरिच्छिन्न (व्यापक) आकाश महाकाश है। जल से भरे घट में प्रतिबिम्बत आकाश जलाकाश है और मेघ में प्रतिबिम्बित आकाश मेघाकाश है । भाव यह है कि दृष्टान्त रूप आकाश उपाधिभेद से ही भिन्न-भिन्न रूप से प्रतीत हो रहा है । उपाधि का त्याग करने पर जैसे एक शुद्ध आकाश ही अवशिष्ट रहता है, उसी प्रकार उपाधि का त्याग कर देने पर जीव और ईश्वर की एकता सिद्ध होती है ।

पदार्थ शोधन की विवक्षा से पूर्वोक्त दृष्टान्त को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - वे जलाकाश और मेघाकाश दोनों जल रूप और मेघ रूप उपाधि के अधीन हैं । उनके आधारभूत घटाकाश और महाकाश तो अत्यन्त निर्मल हैं ।२२५।

व्याख्या - वे जलाकाश और मेघाकाश दोनों ही औपाधिक हैं जलाकाश की उपाधि जल है और मेघाकाश की उपाधि मेघ है, इसलिये दोनों साश्रय हैं । इन दोनों के आश्रयभूत जो घटाकाश और महाकाश

एवमानन्दविज्ञानमयौ मायाधियोर्वशौ ।
तदधिष्ठानकूटस्थब्रह्मणी तु सुनिर्मले ॥ २२६ ॥
एतत्कक्षोपयोगेन साङ्ख्ययोगौ मतौ यदि ।
देहोऽन्नमयकक्षत्त्वादात्मत्त्वेनाभ्युपेयताम् ॥ २२७ ॥

अन्वयः - जलाकाशभ्रखे ते जलाभ्रोपाध्यधीने । तयोः आधारौ तु घटाकाशमहाकाशौ सुनिर्मलौ।।
अन्वयः - एवम् आनन्दविज्ञानमयौ मायाधियोः वशौ । तदधिष्ठानकूटस्थब्रह्मणी तु सुनिर्मले ।।
अन्वयः - एतत्कक्षोपयोगेन यदि साङ्ख्ययोगौ मतौ । अन्नमयकक्षत्त्वात् देहः आत्मत्त्वेन अभ्युपेयताम्।।

व्याख्या :- तत्त्वंपदार्थशोधनविवक्षुर्दृष्टान्तं विशदयति । ये जलाकाशाभ्रखे पूर्णकुम्भजलप्रतिबिम्बितो महाकाश एवाभ्राकाश इत्यधस्तान्मूले निरूपिते ते जलाभ्रोपाध्यधीने इत्यतस्साश्रये ह्यपारमार्थिके । तयोर्जलाभ्राकाशयोराधारावाश्रयौ तु घटाकाशमहाकाशौ सुनिर्मलौ शुद्धावुपाधिनिरपेक्षौ । जलाद्युपाधिनिर-पेक्षाकाशमात्ररूपौ । दृष्टान्तमेवं निरूप्य योजयति दार्ष्टान्तिके । एवमानन्दमयविज्ञानमयावीशजीवौ तावुभावपि मायाधियोर्वशौ मायाबुद्ध्युपाधिकौ । तदधिष्ठानकूटस्थब्रह्मणी तयोर्जीवेशयोरधिष्ठाने ये कूटस्थब्रह्मणी जीवस्याधिष्ठानं कूटस्थ ईश्वरस्याधिष्ठानं ब्रह्म ते सुनिर्मले शुद्धे निरधिष्ठाने । जीवो नाम बुद्धौ कूटस्थस्य प्रतिबिम्ब एव । तथैवेश्वर इति मायायां ब्रह्मणः प्रतिबिम्ब एव । विषयोऽयं दृष्टान्तोऽत्र भाति । पूर्वं प्रतिपादितरीत्या नीराकाशमेघाकाशौ निर्विवादं महाकाशप्रतिबिम्बभूतौ वेदान्तिनां मते बुद्धौ कूटस्थस्य

है, वह अत्यन्त स्वच्छ (निर्मल) है अर्थात् उपाधिनिरपेक्ष है ।

अब दृष्टान्त को दार्ष्टान्तिक में घटाते हैं ।

अर्थ - उसी प्रकार आनन्दमय (ईश्वर) और विज्ञानमय (जीव) दोनों माया और बुद्धि रूपी उपाधि के अधीन हैं । उनके अधिष्ठान रूप ब्रह्म और कूटस्थ दोनों तो अत्यन्त निर्मल हैं ।२२६।

व्याख्या - चार प्रकार के आकाश की भाँति चैतन्य भी चार प्रकार का है - कूटस्थ, ब्रह्म, विज्ञानमय (जीव) और आनन्दमय (ईश्वर) । इनमें पहले दो निरुपाधिक हैं और दूसरे दो सोपाधिक हैं । जैसे जलाकाश और मेघाकाश दोनों औपाधिक हैं, उसी प्रकार आनन्दमय और विज्ञानमय ये दोनों भी औपाधिक हैं अर्थात् ईश्वर माया और जीव बुद्धि रूपी उपाधि के अधीन है । और जैसे जलाकाश और मेघाकाश के अधिष्ठानभूत घटाकाश और महाकाश अत्यन्त निर्मल हैं, उसी प्रकार ईश्वर का अधिष्ठान ब्रह्म और जीव का अधिष्ठान कूटस्थ ये दोनों भी अत्यन्त निर्मल हैं । अत्यन्त निर्मल निरधिष्ठान बिम्बभूत कूटस्थ जब बुद्धि में प्रतिबिम्बित होता है तब वह जीव कहा जाता है और इसी प्रकार बिम्बभूत ब्रह्म जब माया में प्रतिबिम्बित होता है तब वही ईश्वर शब्दवाच्य होता है ।

अर्थ - तत् और त्वं पदार्थ के शोधन की कक्षा में उपयोगी होने से यदि आप सांख्य और योगमत स्वीकार कर लेते हैं तो अन्नमयादि कोशों की शोधन कक्षा में देह उपयोगी होने के कारण उसको भी आत्मरूप से स्वीकार करना चाहिये ।२२७।

व्याख्या - पदार्थद्वयशोधन रूप कक्षा के उपयोगी होने से सांख्य और योगमत दोनों का अंगीकार करना चाहिये । यदि ऐसा तुम कहते हो तो हे पूर्वपक्षिन् ! तुमने थोड़ा ही कहा है, तुम्हें तो चार्वाकादि के मत को भी स्वीकार करना चाहिये । अर्थात् तत् और त्वं पदार्थ के शोधन में कुछ अवधि तक सांख्य

तदधिष्ठानस्य प्रतिबिम्बत्त्वेन सम्मतो जीवो न मायायां ब्रह्मणः प्रतिबिम्ब ईश्वरस्येव ब्रह्मप्रतिबिम्बत्त्वेन । ब्रह्मैव तु महाकाशस्थानीयमिति ब्रह्मप्रतिबिम्बत्त्वेनैव यदि विवक्षितस्स्यात्तदा हि साम्यं दृष्टान्तदार्ष्टान्तयोः । न त्वेदस्तीति चेत्सत्यम्। कूटस्थस्य ब्रह्माभेदविवक्षयैव तथोक्तेरत एव वक्ष्यति – "कूटस्थब्रह्मणोर्भेदो नाममात्रादृते न हि । घटाकाशमहाकाशौ वियुज्येते न हि क्वचित् ।।" इति तत्त्वं पदार्थशोधनयुक्त्युपयोगितया साङ्ख्ययोगमतद्वयमपि वेदान्तिभिरङ्गीकर्तव्यमिति चेदिदमत्यल्पमुच्यते सर्वेषामप्यन्येषां शास्त्राणां तत्तद्युक्त्युपयोगितयाभ्युपेयत्त्वादिति प्रतिबन्द्याह । यदि साङ्ख्ययोगौ ते उभे अपि दर्शने एतत्कक्षोपयोगेन एतद्युक्त्युपयोगितया मतावभिमतौ स्यातां तर्ह्यन्नमयकक्षत्त्वादन्नमययुक्तित्त्वाद्देहस्स्थूलदेह आत्मत्त्वेनात्मेत्येवाभ्युपेयताम् । चार्वाकादिभिरपि यत्प्रतिपादितं स्वीयं मतं तदपि खण्डयितुं नात्मान्नमयकोश इति प्रतिपादनोपयोगितया युक्त्यन्तररूपेणाङ्गीक्रियतां, कुतस्तेषु द्वेषः ? अतः सर्वमभ्युपेयतामिति दिक् ।।

साङ्ख्ययोगयोर्वेदान्तमतस्य च विरोधांशनिरूपणम् –

आत्मभेदो जगत्सत्यमीशोऽन्य इति चेत्त्रयम् ।
त्यज्यते तैस्तदा साङ्ख्ययोगवेदान्तसम्मतिः ॥ २२८ ॥

अन्वयः – आत्मभेदः । जगत् सत्यम् । ईशः अन्यः । इति त्रयं तैः त्यज्यते चेत् तदा साङ्ख्ययोगवेदान्तसम्मतिः ।।

व्याख्या :– वेदान्तिभिस्सह क्व तर्हि साङ्ख्ययोगयोर्विरोध इति चेज्जीवभेदे जगत्सत्यत्त्व ईश्वरताटस्थ्य इत्यंशत्रितय एवेत्याह । आत्मभेद आत्मनानात्त्वं जगत्सत्यं जगतः पारमार्थिकसत्यत्त्वं तथेशोऽन्यो जीवजगतोरितर ईश्वर इतीश्वरस्यान्यत्त्वमित्यंशत्रयं यदि साङ्ख्ययोगैस्त्यज्यते तदा

और योगमत स्वीकार करना यदि आपको अभीष्ट है तो पञ्च कोशों का विवेचन करने के लिए सर्वप्रथम अन्नमय कोश के विवेचनार्थ पुत्र, वित्तादि में आत्मबुद्धि का त्याग करने के लिये अन्नमय शरीर को ही आत्मा मानना पड़ेगा । क्योंकि जैसे सांख्य और योगमत तत्त्वज्ञान में कुछ अवधि तक सहायक होने से आपको मान्य है, वैसे ही नास्तिकाचार्य चार्वाक प्रोक्त शरीर को भी कोशशोधन में सहायक होने से आत्मा मानना चाहिये अर्थात् 'अन्नमयकोश आत्मा नहीं है' इस ज्ञान के लिये सर्वप्रथम अन्नमयकोश में आत्मत्व बुद्धि स्वीकार करनी चाहिये । भाव यह है कि तब तो शरीरात्मवादियों (चार्वाकों) से भी आपको द्वेष नहीं होना चाहिये ।

सांख्य और योग मत का वेदान्त मत से कहाँ विरोध है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ – जीवनानात्व, जगत् की सत्यता और जीव–ईश्वर का भेद यदि इन तीनों को वे लोग त्याग दें तो सांख्य, योग और वेदान्त में समानता है ।२२८।

व्याख्या – वेदान्तियों के साथ सांख्यों और योगियों का विरोध कहाँ पर है ? ऐसी आकांक्षा होने पर कहते हैं कि इन तीनों सिद्धान्तों में केवल तीन प्रकार का विरोध है । यदि सांख्य और योगी लोग जीव नानात्व, जगत् की सत्यता और जीव व ईश्वर का भेद, इन तीनों को छोड़ दें तो वेदान्तियों के साथ उनकी एकता सम्भव है अर्थात् इन तीनों को छोड़कर तीनों सिद्धान्तों में कोई ज्यादा अन्तर नहीं है । सांख्य और योग मत में जीव अनेक हैं और जगत् पारमार्थिक (सत्य) है तथा योगियों के अनुसार ईश्वर जीवों से भिन्न है । इन

साङ्ख्ययोगवेदान्त-सम्मतिस्साङ्ख्ययोगवेदान्तानां त्रयाणामपि मतानां सामरस्यं भवत्येवेत्येतावान्हि विरोध इति शम् ।।

जीवस्यासङ्गत्त्वज्ञानमात्रेण न कृतार्थतेति निरूपणम् -

जीवोऽसङ्गत्त्वमात्रेण कृतार्थ इति चेत्तदा ।
स्रक्चन्दनादिनित्यत्त्वमात्रेणापि कृतार्थता ।। २२९ ।।

अन्वयः - जीवः असङ्गत्त्वमात्रेण कृतार्थः इति चेत् तदा स्रक्चन्दनादिनित्यत्त्वमात्रेण अपि कृतार्थता।।

व्याख्या :- साङ्ख्ययोगयोरद्वैतिनां च सिद्धान्तभेदस्थानानि त्रीण्येवात्मनानात्वजगत्सत्यत्त्व-जगज्जीवेश्वरभेदश्चेति । तानि त्रीण्यपि निराचिकीर्षुस्स्वपक्षदाढ्यार्य युक्तीरप्युपदिदर्शयिषुरादावद्वैतज्ञानं विना जीवस्यासङ्गत्त्वज्ञानमात्रेण न मुक्तिस्सिद्ध्यतीति प्रतिबन्द्या परिहरति । यदि जीवोऽसङ्गत्त्वमात्रेण तज्ज्ञानमात्रेण कृतार्थ आत्यन्तिकसुखवान्मुक्तो भवेच्चेत्तदा स्रक्चन्दनदिनित्यत्त्वमात्रेणापि तन्मात्रज्ञानेनापि कृतार्थता भवेदित्यभिसन्धिः । साङ्ख्यादिमते यथा स्रक्चन्दनादीनां नित्यत्त्वं दुस्सम्पादं तथैव जीवासङ्गत्त्वमपीति भाव इति दिक् ।।

जीवासङ्गत्त्वज्ञानं साङ्ख्यानां भ्रम एवेति निरूपणम् -

यथा स्रगादिनित्यत्त्वन्दुःसम्पाद्यन्तथात्मनः ।
असङ्गत्वन्न सम्भाव्यं जीवतोर्जगदीशयोः ।। २३० ।।

अन्वयः - यथा स्रगादिनित्यत्त्वं दुस्सम्पाद्यं तथा जगदीशयोः जीवतोः आत्मनः असङ्गत्त्वं न सम्भाव्यम्।।

तीन विरोधांश को यदि सांख्य और योगी लोग त्याग देते हैं तो सांख्य, योग और वेदान्त में कोई विरोध न होने से तीनों की एकता हो सकती है । भाव यह है कि जीवनानात्व, जगत् सत्यत्व और जीवेश्वर का भेद, ये तीन ही सांख्य, योग और वेदान्त सिद्धान्त में मुख्य रूप से भेद का कारण हैं ।

असंगत्व के ज्ञानमात्र से जीव की कृतार्थता संभव नहीं है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - जीव अपनी असंगता के ज्ञान मात्र से यदि कृतार्थ हो सकता है तब तो माला, चन्दनादि को नित्य मानने पर भी कृतार्थता होगी ।२२९।

व्याख्या - सांख्य मत में जीव को असंग कहा गया है और जब वह अपनी असंगता को जान लेता है तब वह कृतार्थ हो जाता है किन्तु यहाँ प्रश्न होता है कि यदि जीव को अपनी असंगता के ज्ञान मात्र से कृतार्थता हो जाती है तब अद्वैत ज्ञान से क्या लाभ ? अतः सांख्य और योगमत के अपसिद्धान्त को प्रदर्शित करने के लिए और स्वपक्ष की दृढता के लिये सात श्लोकों के द्वारा उनके मत की पर्यालोचना कर उसका निराकरण करते हैं । सर्वप्रथम जीव की असंगता के ज्ञानमात्र से कृतार्थता का निराकरण प्रारम्भ करते हैं । यदि जीव अपनी असंगता के ज्ञानमात्र से कृतार्थ (आत्यन्तिक सुखवान्) अर्थात् मुक्त हो जाएगा तब तो माला, चन्दनादि अनित्य पदार्थों को नित्य जानने मात्र से भी कृतार्थता होनी चाहिये, किन्तु ऐसा नहीं है । भाव यह है कि सांख्यमत में जिस तरह माला-चन्दनादि के नित्यत्व का प्रतिपादन कठिन है, उसी प्रकार जीवों के असंगत्व का प्रतिपादन भी कठिन है ।

जीव के असंगत्व का ज्ञान सांख्यों का भ्रम ही है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ - जैसे माला आदि का नित्यत्व प्रतिपादन करना कठिन है, वैसे ही जगत् और ईश्वर के विद्यमान

व्याख्या :- स्रगादिनित्यत्त्ववज्जीवासङ्गत्त्वमपि साङ्ख्यमते दुर्निरूपमिति वदन्नभिसन्धिमाविष्करोति। यथा स्रगादिनित्यत्त्वं दुस्सम्पादं तथा जगदीशयोर्जीवतोस्सत्ययोस्सतोर्विशेष्यविशेषणाकारेण भासमानयोऽसङ्गत्त्वं न सम्भाव्यं सङ्गिवस्त्वन्तरस्य सद्भावात् तथा च जगदीश्वरयोः कल्पितत्त्वनिश्चयज्ञानं विना जीवस्यासङ्गत्त्वनिश्चयो दुर्निरूप इत्यतस्साङ्ख्यादीनामसङ्गत्त्वज्ञानं केवलं भ्रम एवेति दिक् ।।

जगदीशयोस्सत्यत्त्वे जीवस्यासङ्गत्त्वं कथमित्याक्षेपनिरूपणम् -

अवश्यं प्रकृतिस्सङ्गं पुरेवापादयेत्तथा ।
नियच्छत्येतमीशोऽपि कोऽस्य मोक्षस्तथा सति ।। २३१ ।।

अन्वयः - प्रकृतिः परा इव अवश्यं सङ्गम् आपादयेत् । तथा एतं ईशः अपि नियच्छति । तथा सति अस्य कः मोक्षः ।।

व्याख्या :- जगत ईश्वरस्य च सत्यत्त्वेऽपि स्वस्यासङ्गत्त्वं कथं न स्याद्यथा जीवन्मुक्तस्येत्याशङ्कायामाह । जगदीशयोस्सत्यत्त्वे प्रकृतिस्त्रिगुणात्मिका या जगत्कारणरूपा सा पुरेव प्राग्वदेव तदसङ्गनिश्चयात्पूर्वं यदा तदनिच्छया सङ्गमापादयेत्तदा तद्वदेवासङ्गत्त्वनिश्चयानन्तरमपि सङ्गमापादयेत् । ईश्वरसद्भाववादिनां मते तस्य नियामकतया यथा प्रकृतिस्सज्जति तद्वदीशोऽपि स्वां प्रकृतिं नियच्छति । एवं सति तदानीमस्य जायमानस्यासङ्गत्त्वनिश्चयस्य भ्रमरूपत्त्वात्कस्तस्य मोक्षः। मोक्षो न भवत्येवेति भाव इति शम् ।।

रहते आत्मा की असंगता संभव नहीं है ।२३०।

व्याख्या - जब तक जगत् और ईश्वर की सत्ता विद्यमान है तब तक जीव की असंगता संभव नहीं है । क्योंकि संग का विषय अन्यपदार्थ उपलब्ध है । जैसे माला आदि का नित्यत्व प्रतिपादन करना कठिन है, वैसे ही जगत् और ईश्वर को जब तक कल्पित नहीं मानोगे तब तक जीव के असंगत्व का निश्चय दुर्निरूप्य है । भाव यह है कि सांख्यों द्वारा जीव के असंगत्व का वर्णन केवल भ्रम ही है ।

सांख्य मतानुसार जीव का असंगत्व युक्तियुक्त नहीं है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - पहले की भाँति प्रकृति आसक्ति उत्पन्न करती रहेगी और ईश्वर भी उसपर शासन करता रहेगा, ऐसी अवस्था में जीव की मुक्ति कैसे संभव है ?२३१।

व्याख्या - जगत् और ईश्वर के रहने पर भी जीवन्मुक्त की तरह अपना असंगत्व क्यों नहीं हो सकता ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि जगत् और ईश्वर की सत्ता रहने पर जगत् की कारण रूपा जो प्रकृति है, वह पहले की तरह अर्थात् जीव के असंगत्व रूप निश्चय से पूर्व में जैसे जीव की अनिच्छा से भी उसमें आसक्ति का उपपादन करती थी, उसी प्रकार उसके असंगत्व रूप निश्चय के बाद भी आसक्ति उपपादन करती रहेगी । और ईश्वर भी उस पर शासन करता रहेगा, अर्थात् यदि प्रकृति की सत्ता स्वीकार करोगे तो ईश्वर की सत्ता मानने वालों के अनुसार जैसे जीव की नियामिका प्रकृति प्रवृत्त होती है, वैसे ही ईश्वर भी प्रकृति के नियामक रूप से प्रवृत्त होता है । यदि प्रकृति और ईश्वर की भिन्न सत्ता मानोगे तो प्रकृति उस जीव को हमेशा आसक्त करती रहेगी और प्रकृति से नियामक होने के कारण जीव पर ईश्वर भी शासन करता रहेगा, ऐसी स्थिति में जीव की मुक्ति कैसे संभव है ? अर्थात् जीव का असंगत्व भ्रामक होने के कारण सांख्य मतानुसार जीव की मुक्ति कभी भी नहीं हो सकती।

साङ्ख्यवादे मायावादत्त्वापत्तिरिति निरूपणम् -

अविवेककृतस्सङ्गो नियमश्चेति चेत्तदा ।
बलादापतितो मायावादस्साङ्ख्यस्य दुर्मतेः ॥ २३२ ॥

अन्वयः - सङ्गः नियमः च अविवेककृतः इति चेत् । तदा दुर्मतेः साङ्ख्यस्य बलात् मायावादः आपतितः ।।

व्याख्या :- अविवेककार्यत्त्वात्सङ्गनियमनयोर्जाते विवेकज्ञाने निवृत्ते चाविवेके सङ्गादुत्पत्तिः पुनः कथमित्याशङ्क्य मायावादापत्तिं दर्शयति । जीवस्य प्रकृतिनिष्पादितस्सङ्गो यो देहेन्द्रियाद्यभिमान ईश्वरसम्पादितप्रकृतिनियमश्च सोऽप्यविवेककृतोऽविवेकस्य कार्यमिति चेत्ततो विवेकेन नश्यतीति यद्युच्यते तदा दुर्मतेस्सम्यगालोचनाविरहितमतेस्साङ्ख्यस्य मायावादोऽनिच्छतोऽपि बलादापतितः । को नामायमविवेकः? किं वा विवेकस्यात्यन्ताभाव आहोऽस्वित्तदन्योऽथवा तद्विरोधः? न ह्यत्यन्ताभावोऽत्र समीचीनोऽभावमात्रस्य भावकार्यजनकत्वायोगात्प्रकृते सङ्गनियमनादिभावकार्याणि न तेनोत्पद्यन्ते । न वा तद्भिन्न इति द्वितीयः । विवेकादन्यस्य घटादेस्तदुत्पादनासंभवात् । न वा तृतीयो विवेकविरोध्येवा-विवेक इति । एष ह्येव ह्यद्वैतिनां मते मायाकार्यमज्ञानमिति कथ्यते । तस्य ज्ञावरूपाज्ञानत्त्वमेवेति मायावादप्रसङ्गः । तच्च मायाकार्यमज्ञानं ज्ञानेन नश्यतीति साङ्ख्यैरप्यनिच्छया ज्ञानमुररीकरणीयमिति भाव इति शम् ।।

अर्थ - (जीव का) संग और (ईश्वरकृत) नियमन अविवेक का किया हुआ है, ऐसा यदि कहते हो तो दुमर्ति सांख्यवादी पर बलात् ही मायावाद आ पड़ता है ।२३२।

व्याख्या - संग और नियमन दोनों ही अविवेक का कार्य होने से विवेकज्ञान के द्वारा जब अविवेक की निवृत्ति हो जाती है तब पुनः संग और नियमन नहीं हो सकता । सांख्यों का प्रकृति से सम्पादित देहेन्द्रियादि में अभिमान रूप जो संग है और ईश्वरकृत प्रकृति का जो नियमन है, वह अविवेक के कारण हुआ है अर्थात् वह अविवेक का कार्य है, यदि ऐसा तुम कहते हो तो तुम्हें अनिच्छा से भी वेदान्तियों के मायावाद को ही मानना पड़ेगा । अर्थात् आचार्य कहते हैं कि यदि विवेकज्ञान से ही तुम संग और नियमन का नाश कहते हो तब तो तुमने अपने सिद्धान्त का ही त्याग कर दिया । इसलिए ग्रन्थकार ने उनके लिये '**दुर्मते**' इस शब्द का प्रयोग किया है अर्थात् सम्यक् आलोचन से रहित बुद्धि वाले ऐसे सांख्यो पर मायावाद बलपूर्वक आ पड़ेगा ।

सांख्य प्रोक्त यह अविवेक क्या है ? विवेक का अत्यन्ताभाव है अथवा विवेक से भिन्न को अविवेक कहते हो या अविवेक को विवेक का विरोधी कहते हो ? प्रथम पक्ष ठीक नहीं है, क्योंकि विवेक के अत्यन्ताभाव को अविवेक कहोगे तो उसमें संग और नियमनादि भाव कार्योत्पादन की शक्ति नहीं है । दूसरा पक्ष भी ठीक नहीं है, क्योंकि विवेक से भिन्न जो घटादि हें, वे संग का हेतु नहीं हैं । तीसरे पक्ष में विवेक के विरोधी भाव रूप अज्ञान (अविद्या अथवा माया) को ही अविवेक कहना होगा तब तो सांख्यवादी को मायावाद ही स्वीकार करना पड़ेगा । भाव यह है कि अद्वैतियों के मतानुसार जैसे अज्ञान को माया का कार्य कहा जाता है और वह ज्ञान से नष्ट होता है । उसी तरह सांख्यों का सिद्धान्त भी अवश्य मायावाद ही सिद्ध होगा ।

साङ्ख्याभिमतजीवानेकत्त्वखण्डनम् -

बन्धमोक्षव्यवस्थार्थमात्मनानात्त्वमिष्यताम् ।
इति चेन्न यतो माया व्यवस्थापयितुं क्षमा ॥ २३३ ॥

अन्वयः-बन्धमोक्षव्यवस्थार्थं आत्मनानात्त्वम् इष्यताम् इति चेत् न। यतः माया व्यवस्थापयितुं क्षमा।।

व्याख्या :- वेदान्तिनां मतेऽपि विना चात्मनानात्त्वं बन्धमोक्षव्यवस्था न सिद्ध्यतीत्यतो हेतोस्साङ्ख्यमतमेष्टव्यं वेदान्तभिरपीति चेन्न माययैव निखिलव्यवस्थोपपत्तेः । एतावता साङ्ख्यमताभिमतं जगत्सत्यत्त्वमीशान्यत्त्वं च निराकृतमधुना जीवनानात्त्वं निराकरोति । बन्धमोक्षव्यवस्थार्थं बन्धस्य मोक्षस्य च व्यवस्थासिद्धय आत्मनानात्त्वं जीवानन्त्यमिष्यताम् । यतो जीवस्यैकत्त्वे बद्ध एको मुक्त एक इति व्यवस्था न घटत इत्यतस्तस्यानेकत्वमवश्यमभ्युपगन्तव्यमिति चेन्न । जीवस्यैकत्त्वेऽपि बन्धमोक्षव्यवस्थाया माययैवोपपत्तेरित्याह । यतोऽद्वैतिनां तौ बन्धमोक्षौ व्यवस्थापयितुं क्षमा सर्वसमर्था मायैव वर्ततेऽतो न कोऽपि दोष इति दिक् ।।

मायायास्स्वभाववर्णनम् -

दुर्घटङ्घटयामीति विरुद्धङ्किन्न पश्यसि ।
वास्तवौ बन्धमोक्षौ तु श्रुतिर्न सहतेतराम् ॥ २३४ ॥

सांख्याभिमत अनेक जीववाद का खण्डन करते हैं ।

अर्थ - बन्धन और मोक्ष की व्यवस्था के लिये आत्मनानात्व को (वेदान्ती को भी) मानना चाहिये, यदि ऐसा कहते हो तो यह ठीक नहीं है, क्योंकि बन्ध और मोक्ष की व्यवस्था करने के लिए माया समर्थ है ।२३३।

व्याख्या - आत्मभेद को स्वीकार किये बिना वेदान्तियों के मतानुसार भी बन्ध और मोक्ष की व्यवस्था सिद्ध नहीं होगी, इसलिए वेदान्तियों को भी सांख्यमत (जीवनानात्व) स्वीकार कर लेना चाहिये । ऐसी आशंका होने पर कहते हैं कि आप सांख्यवादी इसकी चिन्ता न करें, क्योंकि हमारे पक्ष में माया बन्ध और मोक्ष की व्यवस्था करने में समर्थ है । अब तक सांख्यप्रोक्त जगत् सत्यत्व और ईश्वरान्यत्व का निराकरण कर अब जीवनानात्व का निराकरण प्रारम्भ करते हैं । बन्धन और मोक्ष की व्यवस्था के लिये जीव नानात्व को वेदान्तियों को भी अवश्य स्वीकार करना चाहिये, क्योंकि यदि एक ही जीव मानोगे तो एक बन्धन में है और दूसरा मुक्त है, इस प्रकार की व्यवस्था नहीं बनेगी । अतः उनका अनेकत्व ही मानना चाहिये । यदि ऐसा कहते हो तो तुम्हारा यह कथन ठीक नहीं है, क्योंकि जीव के एकत्व को स्वीकार करने पर भी माया के द्वारा बद्ध और मुक्त की व्यवस्था संभव है क्योंकि माया ऐसा करने में समर्थ है । भाव यह है कि हम अद्वैतियों के मतानुसार माया बन्धन और मोक्ष की व्यवस्था करने में समर्थ है । इसलिए हमें सांख्यों के जीवनानात्व वाद को स्वीकार करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

माया के स्वभाव का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - (मैं माया) 'असम्भव को भी संभव करके दिखाती हूँ' इस प्रकार माया का दुर्घटकारित्व रूप विरुद्ध स्वभाव क्यों नहीं देखते हो, श्रुति तो वास्तविक बन्ध और मोक्ष को बिल्कुल सहन नहीं करती ।२३४।

अन्वयः- दुर्घटं घटयामि इति विरुद्धं किं न पश्यसि ? वास्तवौ बन्धमोक्षौ तु श्रुतिः न सहतेतराम्?

व्याख्या :- वस्तुतो जीवस्य बन्धमोक्षयोर्व्यवस्थायाः प्रसङ्ग एव न स्यात्तयोर्मायावृतमात्रत्त्वेन सत्यत्त्वाभावादथापि यदि माया कथं तौ व्यवस्थापयेदिति पृच्छेत् तदोच्यते दुर्घटकारित्त्व-स्वाभाव्यान्मायायास्सर्वमप्युपपद्यतेतरामित्याह । यो दुर्घटं घटयामीति सधैर्यं विरुद्धं यो वदति तन्मायेति किं न पश्यसि? काकुरत्रस्वरः । विरुद्धघटना मायिकेषु दृश्यत इति प्रसिद्धमिति भावः। तथा च लोके मायिकपदार्थानामिव बन्धमोक्षयोरप्यवास्तवता प्रतिपादिता वेदितव्या । बन्धस्या-विद्यकत्त्वेऽपि मुक्तिर्वास्तविकीत्यभ्युपेया । यत ईदृशो महान्प्रयत्नस्सर्वोऽपि नैष्फल्यं मा गच्छेदिति चेन्न । अवास्तविकबन्धस्य मोचनमप्यवास्तविकमेवेति साम्प्रतमित्याह श्रुतिः । आत्मनो बन्धमोक्षौ वास्तवौ श्रुतिर्न सहतेतरां मनागपि न सहते । स्वभावतो बन्धमोक्षविधुर आत्मनि मायया तावुभावपि विरुद्धधर्मौ प्रकल्पितावि‌ति दिक् ।।

व्याख्या - वस्तुतः जीव के बन्धन और मोक्ष की व्यवस्था का प्रसंग ही संभव नहीं है क्योंकि वे दोनों मायामात्र होने के कारण सत्य नहीं है, फिर भी माया किस प्रकार उसकी व्यवस्था करती है। यदि ऐसा कोई पूछे तो उसका उत्तर देते हैं कि माया का स्वभाव दुर्घटकारित्व है अतः उसके द्वारा सब कुछ संभव है । "मैं असम्भव (दुर्घट) को भी संभव करके दिखाती हूँ" इस प्रकार माया का दुर्घटकारित्व रूप विरुद्ध स्वभाव क्या तुम नहीं देखते हो । यहाँ पर काकुप्रयोग है अर्थात् मायिक पदार्थों में विरुद्ध घटना को देखते ही हो, इस प्रसिद्धि को दर्शाने के लिये ऐसा कहा गया है । तात्पर्य यह है कि जैसे लोक में जादूगर की माया से निर्मित पदार्थ अवास्तविक होते हैं, उसी प्रकार बन्ध और मोक्ष भी वास्तविक नहीं है । यदि बन्धन वास्तविक नहीं है तो मुक्ति को ही वास्तविक मान लो, अन्यथा मोक्ष प्राप्ति के लिये किया गया महान परिश्रम व्यर्थ ही जाएगा । यदि ऐसा कहते हो तो यह ठीक नहीं है, क्योंकि अवास्तविक बन्धन का मोक्ष भी अवास्तविक ही है । श्रुति भी ऐसा ही कहती है । 'आत्मा का बन्धन और मोक्ष वास्तविक है ' इस कथन को भगवती श्रुति बिल्कुल भी सहन नहीं करती है । अर्थात् आत्मा स्वाभाविक रूप से ही बन्ध और मोक्ष से रहित है किन्तु माया के द्वारा आत्मा में उन दोनों की कल्पना कर ली जाती है ।

भाव यह है कि बन्धन और मोक्ष दोनों मायिक होने के कारण सत्य नहीं हैं किन्तु माया के कारण सत्य से भासित होते हैं "***सो मायाबस भयउ गोसाईं , बँध्यो कीर मरकट की नाईं***" (रामचरितमानस) आत्मा नित्य मुक्त है किन्तु माया के वशीभूत होकर तोते और बन्दर की तरह बंध गया है । तोता एक घूमने वाली पोंगी पर बैठकर स्वयं उसे मजबूती से पकड़ लेता है और वह समझता है कि पोंगी ने मुझे पकड़ लिया है अतः मैं बन्धन में हूँ और बन्दर भी सकरे मुहवाली सुराही में हाथ डालकर चने मुट्ठी में पकड़ लेता है और अपना हाथ बाहर नहीं निकाल पाता । वह समझता है कि सुराही ने मुझे पकड़ लिया । वस्तुतः तोते को या बन्दर को किसी ने बन्धन में नहीं डाला । भ्रान्ति के कारण वे स्वयं को बन्धन में मान लेते हैं, इसी प्रकार आत्मा भी नित्यमुक्त है किन्तु माया के कारण वह स्वयं में बन्धन और मोक्ष की कल्पना कर लेता है ।

बन्धमोक्षयोर्वास्तवत्त्वप्रतिषेधिकायाश्श्रुतेः प्रदर्शनम् –

न निरोधो न चोत्पत्तिर्न बद्धो न च साधकः ।
न मुमुक्षुर्न वै मुक्त इत्येषा परमार्थता ॥ २३५ ॥

अन्वयः – न निरोधः, न उत्पत्तिः च, न बद्धः, न साधकः च, न मुमुक्षुः वै, न मुक्तः इति एषा परमार्थता ।।

व्याख्या :– ब्रह्मबिन्दूपनिषद्गतां श्रुतिं पठति । गौडपादाचार्यकारिका चेयम् । आत्मनो निरोधो नाशो नास्ति । उत्पत्तिर्देहेन्द्रियप्राणादिसम्बन्धश्च नास्ति । बद्धो धर्माधर्मसुखदुःखादिनिबद्धोऽपि नास्ति । साधकश्श्रवणमननिदिध्यासनाद्यनुष्ठाता वा नास्ति । मुमुक्षुस्साधनचतुष्टयसम्पन्नोऽपि नास्ति। मुक्तो निवृत्ताज्ञानतत्कार्यो वा नास्ति । सर्वमेतद्वस्तुतो नास्त्येवेति भावः । इत्येषा परमार्थता ।

बन्ध और मोक्ष की अवास्तविकता का प्रतिपादन करने वाली श्रुति को प्रस्तुत करते हैं।

अर्थ – न निरोध है न उत्पत्ति है, न कोई बद्ध है और न कोई साधक, न कोई मुमुक्षु है और न कोई मुक्त, बस यही परमार्थ सत्य है ।२३५।

व्याख्या – यह श्लोक आत्मोपनिषद् में ३१ वाँ तथा ब्रह्मबिन्दूपनिषद् में १० वाँ मन्त्र है और माण्डूकोपनिषद् के श्रीगौडपादाचार्यकृत वैतथ्य प्रकरण में ३२ वीं कारिका है । तथा आद्य शङ्कराचार्य रचित विवेक चूड़ामणि में (श्लोक ५७५) भी यह श्लोक प्राप्त होता है । आत्मा का निरोध अर्थात् नाश नहीं है और उत्पत्ति भी नहीं है अर्थात् देह, इन्द्रिय और प्राणादि से सम्बन्ध नहीं है । आत्मा बद्ध नहीं है अर्थात् धर्म–अधर्म, सुख–दुःख आदि से (देह–इन्द्रिय आदि के धर्म से) निबद्ध नहीं है । और श्रवण–मननादि का अनुष्ठाता कोई साधक भी नहीं है । तथा साधनचतुष्टय सम्पन्न कोई मुमुक्षु भी नहीं है और जिसका अज्ञान निवृत्त हो गया हो, ऐसा मुक्त भी कोई नहीं है, बस यही परमार्थता है । भाव यह है कि पूर्वोक्त निरोधादि सभी परमार्थ दृष्टि से हैं ही नहीं । श्लोक में '***नञ्***' का सर्वत्र श्रवण होने से उनके निषेध में आदरातिशय स्पष्ट प्रतीत होता है ।

दृष्टान्त – एक व्यक्ति १०० गधों को लेकर जंगल में गया । उनको बाँधने के लिये उनकी पीठ पर एक–एक खूंटा और एक–एक रस्सी भी रख दी । जब वह जंगल पहुँचा तब कुछ देर बाद उसने विश्राम करने का सोचा । गधे भाग न जाएँ इसलिये उसने उन गधों को बाँधना शुरु कर दिया । उनमें से एक गधे की रस्सी कहीं गिर गई थी, अतः निन्यान्वे गधों को तो उसने बाँद दिया किन्तु एक को नहीं बाँध सका । उसे चिन्ता हुई कि यदि इसे नहीं बाँधूगा तो यह भाग जाएगा । उसी समय वहाँ से एक महात्मा जी निकले । उस व्यक्ति को परेशान देख उन्होंने उसकी समस्या पूछी । गधेवाले ने अपनी समस्या बताई और कहा अब मैं इसे कैसे बाँधू ? महात्मा ने कहा – झूठा–झूठा ही बाँध दे । महात्मा के वचनानुसार उसने खूँटे को जमीन में गाड़ा, एक हाथ खूँटे में और दूसरा हाथ गधे के पैर में लगाया । इससे गधा समझा की मैं बंध गया । कुछ समय बाद विश्राम करके जब वह उठा तब निन्यान्वे गधों की रस्सी उसने खोल दी और जो १०० वाँ गधा था, वह तो बँधा ही न था, अतः उसे खोलने का प्रश्न ही न था किन्तु हुआ यह कि निन्यान्वे गधे तो बन्धन खुलते ही चल पड़े परन्तु १०० वाँ गधा चले ही न । बहुत प्रयत्न करने पर भी जब वह नहीं चला तब उसे बड़ी चिन्ता हुई, उसी समय वही महात्मा पुनः वहाँ से निकले । उसने महात्मा जी से कहा – महात्मा जी ! आपने इस गधे पर क्या जादू कर दिया है जो यह

निरोधादयः पूर्वोक्तास्सर्वेऽपि न सन्त्येव परमार्थतया । नञस्सर्वत्र श्रूयमाणत्त्वात्तेषां निषेध एवादरातिशयः प्रस्फुटं प्रतीयत इति शम् ।।

मायिकजीवेश्वरभेदस्योपसंहरणम् -

मायाख्यायाः कामधेनोर्वत्सौ जीवेश्वरावुभौ ।
यथेच्छं पिबतां द्वैतं तत्त्वं त्वद्वैतमेव हि ।। २३६ ।।

अन्वयः - मायाख्यायाः कामधेनोः जीवेश्वरौ उभौ वत्सौ यथेच्छं द्वैतं पिबताम् । तत्त्वं तु अद्वैतम् एव हि।।

व्याख्या :- एवं प्रकारेण जीवेश्वरादिभेदस्य मायिकत्त्वेनेन्द्रजालवदुपपादितं मिथ्यात्त्वं रूपकालङ्कारेण दर्शयन्नुपसंहरति । मायाख्यायाः कामधेनोर्द्वैतविषये कामधेनुवत्सर्वार्थदायिन्या वत्सौ दुग्धदोहनप्रेरकावुभौ जीवेश्वरो यथेच्छं यथाकामं द्वैतं पिबताम् । परन्तु तत्त्वमद्वैतमखण्डसच्चिदानन्दपरिपूर्णब्रह्मैव हीति शम्।।

कूटस्थब्रह्मणोरप्यभेदनिरूपणम् -

कूटस्थब्रह्मणोर्भेदो नाममात्रादृते न हि ।
घटाकाशमहाकाशौ वियुज्येते न हि क्वचित् ।। २३७ ।।

अन्वयः - कूटस्थब्रह्मणः भेदः नाममात्रात् ऋते न हि । घटाकाशमहाकाशौ क्वचित् हि न वियुज्येते।।

चलता ही नहीं है । महात्मा ने पूँछा - इसका बन्धन खोद दिया ? वह बोला - महात्मा जी यह आप क्या कह रहे हैं , यह गधा तो बँधा ही नहीं था तब इसे खोले कैसे ? महात्मा बोले - झूठा-झूठा बाँधा था तो झूठा-झूठा खोल । तब उसने वैसा ही किया और गधा चल पड़ा ।

इसका आशय यह है कि गधा कभी बन्धन में था ही नहीं । जब बन्धन में ही न था, तो बन्धन खुलने का तो प्रश्न ही नहीं है । फिर भी बन्धन झूठा होने पर भी उसे उसी प्रकार खोला भी जाता है । इसी तरह आत्मा का जब बन्धन ही नहीं है तो उसके मुक्त होने की कल्पना कैसे की जा सकती है ? फिर भी अवास्तविक बन्धन की निवृत्ति के लिये ही गुरु-शास्त्रादि ज्ञानोपदेश के द्वारा अवास्तविक मोक्ष का बोध कराते हैं । परमार्थ रूप से आत्मा का न तो बन्धन है और न मोक्ष ।

इस प्रकार मायाकृत जीवेश्वरादि भेद का उपसंहार करते हैं ।

अर्थ - माया नामक कामधेनु के जीव और ईश्वर ये दोनों बछड़े हैं , भले ही वे द्वैत रूपी दुग्ध का यथेष्ट पान करें किन्तु तत्व तो अद्वैत ही है ।२३६।

व्याख्या - रूपकालंकार से प्रकृत प्रसंग का उपसंहार करते हुए आचार्य कहते हैं कि माया नामक कामधेनु के दो बछड़े हैं - एक जीव और दूसरा ईश्वर । द्वैतविषय में कामधेनु के समान सर्वार्थदायिनी होने के कारण माया को कामधेनु कहा गया है । उस माया रूपी कामधेनु के दुग्धदोहन के प्रेरक जो दो (जीव-ईश्वर) बछड़े हैं, वे दोनों यथेष्ट द्वैत रूपी दुग्ध का पान भले ही करें किन्तु तत्त्व तो अद्वैत अर्थात् अखण्ड सच्चिदानन्द परिपूर्ण ब्रह्म ही है ।

अब कूटस्थ और ब्रह्म के भी अभेद का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - जैसे घटाकाश और महाकाश कहीं पर भी पृथक् नहीं है, उसी प्रकार कूटस्थ और ब्रह्म का भेद नाममात्र के सिवा कुछ नहीं है ।२३७।

व्याख्या :- नाममात्रादृते नाममात्रमन्तरा कूटस्थब्रह्मणोर्भेदो न हि वस्तुतो विद्यते । नाममात्राद्भेद-प्रतीतावपि वास्तविकभेदाभावे पूर्वोक्तं प्राकरणिकं दृष्टान्तं दर्शयति । क्वचिदपि घटाकाशमहाकाशौ यथा न वियुज्येते तथैव कूटस्थब्रह्मणी अपीति नानयोर्भेदगन्धः । नामप्रपञ्चस्य मायिकत्त्वेन कूटस्थब्रह्मणोश्च निर्गुणत्त्वेन शब्दावेद्यतया व्यवहारानर्हत्त्वात्तयोरुपदेशस्य च विना शब्दव्यवहारमसम्भवात्तदुपपत्तये तत्रासदपि नाम किञ्चिदुपलक्षणतयोपादाय प्रवर्तते व्यवहार इति भाव इति दिक् ।।

अद्वैतात्मतत्त्वप्रतिपादिकायाश्श्रुतेर्निरूपणम् -

यदद्वैतं श्रुतं सृष्टेः प्राक्तदेवाद्य चोपरि ।
मुक्तावपि वृथा माया भ्रामयत्यखिलाञ्जनान् ।। २३८ ।।

अन्वयः - यत् अद्वैतं सृष्टेः प्राक् श्रुतं तत् एव अद्य च उपरि मुक्तौ अपि । माया अखिलान् जनान् वृथा भ्रामयति ।।

व्याख्या :- मिथ्यात्त्वप्रतिपादनफलोक्तिपुरस्सरमद्वैतबोधिकां छान्दोग्यश्रुतिमर्थतः पठंस्त्रैकालि-कत्त्वोपलक्षिताद्वैतात्मलाभस्सम्पद्यत इत्याह । "सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीय"मित्यादिश्रुतिषु यत्सृष्टेः प्राग्द्वैतमात्मतत्त्वं श्रुतं तदेवाद्यवर्तमानकाले सृष्ट्यनन्तरं तथोपरि लयानन्तरं च भविष्यति काले तथा मुक्तावपि च विद्यते कालत्रयाबाध्यमेकमद्वितीयं ब्रह्मैव परमार्थं तत्त्वं वर्तते । भेदो न क्वापि कुत्रापीत्याशयः । एवं चेत्तर्हि कुतो वा सर्वैः पामरैर्दार्शनिकैरपि भेदाभिनिवेशः क्रियत इत्यत्राह । वृथा तत्त्वज्ञानवैधुर्यादभिनिविशन्ते । इयं मायैवाखिलाञ्जनान्वृथा भ्रामयति । वृथा स्वतस्सत्ताशून्यत्त्वेन मिथ्यारूपा यैतादृशी मायानाद्यज्ञानरूपा मूलाविद्या साखिलं जगज्जीवनिकुरम्बं

व्याख्या - नाममात्र के सिवा कूटस्थ और ब्रह्म का भेद वस्तुतः नहीं है । नाममात्र भेद की प्रतीति में भी वास्तविक भेद का अभाव दर्शाने के लिये पूर्वोक्त दृष्टान्त प्रस्तुत करते हैं । जैसे घटाकाश और महाकाश कहीं पर भी पृथक् नहीं है अर्थात् घट में स्थित आकाश और उपाधिरहित महाकाश में कोई अन्तर नहीं है उन दोनों का भेद नाममात्र का है, उसी प्रकार घटस्थानीय कूटस्थ और महाकाश स्थानीय ब्रह्म का भेद भी नाममात्र का ही है, उसके सिवा कुछ नहीं है अर्थात् ब्रह्म और कूटस्थ में भेद की गन्ध भी नहीं है । भाव यह है कि नाम-रूपादि प्रपंच मायिक है और कूटस्थ तथा ब्रह्म निर्गुण है, अतः शब्दादि के अविषय होने पर भी उनका उपदेश बिना शब्दव्यवहार के सम्भव नहीं है । इसलिए उनका बोध कराने के लिये असत् होने पर भी किंचत् उपलक्षण रूप से नाम आदि का व्यवहार होता है । अतः कूटस्थ और ब्रह्म का भेद नाममात्र का ही है, वस्तुतः नहीं है ।

अद्वैतात्मतत्त्व की प्रतिपादिका श्रुति के अर्थ को प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - सृष्टि से पूर्व जिस अद्वितीय ब्रह्म को श्रुतियों में सुना गया है, वही वर्तमानकाल में और सृष्टि के बाद तथा मुक्तिकाल में भी है । किन्तु यह माया वृथा ही समस्त लोगों को भ्रम में डालती है।२३८।

व्याख्या - मिथ्यात्वप्रतिपादनफलोक्तिपुरस्सर अद्वैत बोधिका छान्दोग्य श्रुति का अर्थतः पठन करते हैं । "***सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयम्***" (छा.उ. ६/२/१) इत्यादि श्रुतियों में सृष्टि से पूर्व जिस अद्वितीय आत्मतत्त्व को सुना गया है, वही वर्तमान काल में अर्थात् सृष्टि होने के बाद भी रहता है तथा सृष्टि के नाश होने पर (प्रलयकाल में) भी और मुक्तावस्था में भी रहता है अर्थात् कालत्रयाबाध्य एक अद्वितीय

वृथा व्यर्थमेव भ्रामयत्यद्वैतात्मन्यपि द्वैतसत्यत्त्वबुद्ध्या पुण्यापुण्यफलेषु स्वर्गनरकादिषु पर्यावर्तयतीत्यपि वृथैवेत्येवं वृथाशब्दस्यावृत्तिं सम्पाद्यार्थयोजनाकार्या । एवमर्थवर्णनात्प्रतिज्ञातेऽद्वैते न कोऽपि शङ्कालेशः। अन्यथा मायायां तत्कर्तृकभ्रमणे चानर्थापत्तेरिति शम् ।।

तत्त्वज्ञानिनां न यथापूर्वं संसार इति निरूपणम् -

ये वदन्तीत्थमेतेऽपि भ्राम्यन्तेऽविद्ययात्र किम् ।
न यथापूर्वमेतेषामत्र भ्रान्तेरदर्शनात् ॥ २३९ ॥

अन्वयः - ये इत्थं वदन्ति एते अपि अत्र भ्राम्यन्ते विद्यया किम् ? न यथापूर्वम् एतेषाम् अत्र भ्रान्तेः अदर्शनात् ।।

व्याख्या :- जगतो मायिकतामात्मतत्त्वस्याद्वितीयत्त्वं च ये सङ्गिरन्ते विद्वांसोऽथापि तेऽविदुषामिव भ्राम्यन्ते संसार इति न तत्त्वज्ञानं संसारनिवर्तकमित्याशङ्कां निवारयति । इत्थमद्वितीयब्रह्मैव सत्यं तदतिरिक्तमन्यत्सर्वं मायिकमित्येवं ये विद्वांसो वदन्ति त एतेऽप्यत्र प्रपञ्चे भ्राम्यन्त इत्यतो विद्यया ज्ञानेनात्मतत्त्वानुभवेनात्र संसारे किं फलमध्यगच्छन्? न किमपीति भावः ।

अत्र विद्याधिगमफलमाह - आरब्धकर्मवशात्केषाञ्चिन्मुक्तानामपि व्यवहारे सत्यपि पूर्ववदभिनिवेशो नास्तीत्येव ज्ञानावाप्तेः फलमित्याह । अत्र संसार एतेषामात्मतत्त्वज्ञानिनां मुक्तानां विदुषां यथापूर्वं ज्ञानोदयात्पूर्वं देहेन्द्रियादिष्वहमित्यभिमानपूर्वकं यथा भ्रमणं न तथात्मैकत्त्वप्रतिपत्त्यनन्तरं भ्रमणमस्ति।

ब्रह्म ही परमार्थ तत्त्व है । उसमें कही पर भी थोड़ा-सा भी भेद नहीं है । यदि ऐसा ही है तो पामर लोग और दार्शनिक आदि सभी लोग क्यों भेद में अभिनिवेश करते हैं ? अर्थात् भेदाग्रही क्यों हैं ? ऐसी आकांक्षा होने पर कहते हैं कि यह माया वृथा ही समस्त लोगों को भ्रम में डालती है । स्वसत्ताशून्य, मिथ्या और अनादि अज्ञान रूपा जो यह माया है, वह समस्त प्राणियों को व्यर्थ ही भ्रम में डालती है अर्थात् अद्वैत आत्मा में भी द्वैतसत्यत्वबुद्धि के द्वारा पुण्य और पाप के फलस्वरूप स्वर्ग तथा नरकादि में घूमाती रहती है । इससे आत्मा में भेद की कल्पना अज्ञानमूलक ही है, यह सिद्ध होता है ।

पूर्वार्ध से शंका कर उत्तरार्ध से ज्ञानी के पूर्ववत् संसारित्व का खण्डन करते हैं ।

अर्थ - जो लोग (संसार मायामय और ब्रह्मतत्त्व अद्वितीय है) इस प्रकार कहते हैं, वे लोग भी संसार से भ्रमित हुए देखे जाते हैं, तब आत्मज्ञान से क्या लाभ ? ऐसा नहीं कहना चाहिये , क्योंकि उनकी पूर्व के समान संसार में भ्रान्ति नहीं देखी जाती है ।२३९।

व्याख्या - जो लोग जगत् को मायामय और ब्रह्मतत्व को अद्वितीय कहते हैं, वे विद्वान् लोग भी अविद्वान् की तरह संसार में भ्रमित हुए देखे जाते हैं । इसलिये तत्त्वज्ञान से संसार की निवृत्ति नहीं हो सकती । इस शंका का निवारण करते हैं । 'ब्रह्म ही सत्य है अन्य सब मायिक है' इस प्रकार का संन्यासी आदि जो लोग उपदेश करते हैं, वे भी सांसारिक सुख-दुःख से पीड़ित देखे जाते हैं । यदि तत्त्वज्ञान से संसार की निवृत्ति हो जाती तो वे सांसारिक कैसे होते ? अतः तत्त्वज्ञ लोग भी सामान्य पुरुष के समान ही होने से तत्त्वज्ञान का कोई विशेष लाभ प्रतीत नहीं होता है, अतः मनुष्यों को तत्त्वज्ञान के लिये प्रयत्न नहीं करना चाहिये । पूर्वपक्षी के इस कथन का खण्डन करते हुए आचार्य कहते हैं कि आपका यह कथन ठीक नहीं है, क्योंकि प्रारब्धकर्मवशात् कुछ मुक्त पुरुषों का सांसारिक व्यवहार होने पर भी पूर्व के समान अर्थात् तत्त्वज्ञान होने

दृश्यमिथ्यात्त्वनिश्चयपूर्वकाद्वैतात्मतत्त्वेऽधिगते भ्रान्तेरानन्दमयादिकोशेष्वहमित्यभिमानस्यादर्शनात् । ज्ञानिनां प्रारब्धभोगाधीनतया विक्षेपशक्तेस्सद्भावेऽपि प्रत्यगभिन्नात्मसाक्षात्कारेणावरणशक्तेर्विनाशाद्बालोन्मत्त-पिशाचादिवदनिच्छयैव प्रारब्धकर्मफलस्य भोगेन क्षयपर्यन्तमनुवर्तत एव भ्रमणं "तस्य तावदेव चिरं यावन्न विमोक्ष्येऽथ सम्पत्स्ये" इत्यादिश्रुतेः । अत एवाचार्यैर्भाष्यकारैः "योऽसाववगतात्मस्वरूपस्स न यथापूर्वं संसारी । यस्तु यथापूर्वं संसारी नासावगतात्मब्रह्मस्वभाव" इत्याद्यभाषि ।।

अज्ञानिनां प्रवृत्तिरभिमानपूर्विकेति निरूपणम् –

ऐहिकामुष्मिकस्सर्वस्संसारो वास्तवस्ततः ।
न भाति नास्ति चाद्वैतमित्यज्ञानिविनिश्चयः ।। २४० ।।

अन्वयः – ऐहिकामुष्मिकः सर्वः संसारः वास्तवः । ततः अद्वैतं न भाति न अस्ति च इति अज्ञानिविनिश्चयः ।।

व्याख्या :– ज्ञानिनां सर्वात्मना भ्रान्त्यभावं दिदर्शयिषुरादावज्ञानिनां भ्रान्तिनिश्चयं दर्शयति । ऐहिकामुष्मिक इह लोके भव ऐहिको दारापत्यपश्वारामगृहादिपोषणरूपोऽमुष्मिन्लोके भव आमुष्मिक-स्स्वर्गनरकसुखदुःखाद्यनुभवरूपस्सर्वोऽपि संसारो वास्तवः पारमार्थिक एव । ततस्तस्मादेव हेतोरद्वैतं

के पहले के समान उनका दृढ़ अभिनिवेश नहीं होता है । यही तत्त्वज्ञान का फल है अर्थात् ज्ञान होने से पूर्व देह, इन्द्रिय आदि में अहंभाव के कारण संसार में जिस तरह भ्रमण होता था, उस प्रकार आत्मैकत्व बोध के बाद पूर्ववत् आनन्दमयादि कोशों में अभिमान के अभाव के कारण भ्रान्ति नहीं होती है । यद्यपि ज्ञानी का शरीर प्रारब्धाधीन ही होता है, इसलिए प्रारब्धवशात् विक्षेप होने पर भी ब्रह्मसाक्षात्कार के कारण उसका अज्ञानावरण नष्ट हो जाने से बालक और उन्मत्त के समान अनिच्छा से ही प्रारब्धकर्मों के क्षीण होने तक उसका भ्रमण देखा जाता है "***तस्य तावदेव चिरं यावन्न विमोक्ष्येऽथ सम्पत्स्ये***" (छा.उ. ६/१४/२) इस श्रुति का भी यही भाव है । इसलिए भगवान् भाष्यकार ने भी कहा है कि "***योऽसावगतात्मस्वरूपः स न यथापूर्वं संसारी, यस्तु यथापूर्वं संसारी नासावगतात्मब्रह्मस्वभावः***" अर्थात् जिसने आत्मस्वरूप को जान लिया है, वह पूर्ववत् संसारी नहीं रहता है और यदि वह पूर्ववत् संसारी बना रहता है, तो उसने वस्तुतः उस ब्रह्मतत्त्व को ठीक से नहीं जाना है ।

अज्ञानियों की प्रवृत्ति अभिमान पूर्वक ही होती है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ – ऐहिक (इसलोक का) और आमुष्मिक (पारलौकिक) सम्पूर्ण संसार सत्य है, इसलिये अद्वैत (ब्रह्म) भासित नहीं होता है और है भी नहीं, इस प्रकार अज्ञानियों का दृढ निश्चय है ।२४०।

व्याख्या – ज्ञानियों में सर्वथा भ्रान्ति के अभाव को दिखाने की इच्छा से सर्वप्रथम अज्ञानियों की भ्रान्ति का वर्णन और उस पर उनके दृढ़ विश्वास का वर्णन करते हैं । इस लोक में होने वाले (इस लोक से सम्बन्धित) को ऐहिक कहते हैं । पत्नी, पुत्र, पशु, गृह आदि से होने वाले सभी सुख ऐहिक सुख कहलाते हैं । और परलोक में होने वाले (परलोक से सम्बन्धित) को आमुष्मिक कहते हैं । स्वर्गादि में होने वाले सुख को आमुष्मिक सुख कहते हैं । न केवल सुख ही, अपितु ऐहिक और आमुष्मिक दुःख भी होते हैं और उनका अनुभव भी होता है । इसलिए अज्ञानी लोग उन सुख-दुःखादि रूप सम्पूर्ण संसार

न भाति तेषां भ्रान्तिपिहितदृष्टीनामज्ञानिनां बुद्धौ न प्रतीयते । अत एव च कारणादद्वैतं तत्त्वं नास्तीत्येवमज्ञानिविनिश्चयोऽज्ञानिजनानां विनिश्चय इति दिक् ।।

ज्ञानिनां त्वात्मनिश्चयोऽस्तीति निरूपणम् -

ज्ञानिनो विपरीतोऽस्मान्निश्चयस्सम्यगीक्ष्यते ।
स्वस्वनिश्चयतो बद्धो मुक्तोऽहञ्चेति मन्यते ॥ २४१ ॥

अन्वयः - ज्ञानिनः निश्चयः अस्मात् विपरीतः सम्यक् ईक्ष्यते । स्वस्वनिश्चयतः अहं बद्धः मुक्तः च इति मन्यते ।।

व्याख्या :- ज्ञानिनां निश्चयो यथार्थप्रमारूपोऽतो लौकिकानां भ्रमात्मकनिश्चयाद्विपरीत इत्याह । अस्मात्पामराणामन्येषां दार्शनिकानां निर्णयाद्विपरीतो ज्ञानिनां सम्यङ्निर्णय ईक्ष्यते । ज्ञानिनां निश्चयस्त्वद्वैतं पारमार्थिकं संसारस्त्वपारमार्थिकः । द्वैतरूपस्सर्वोऽपि संसारो मृगजलवन्मृषैव । सच्चिदानन्दाद्वैतात्मै-वाहमस्मीति ब्रह्माकारोऽवस्थितो भवति । स्वस्वनिश्चयानुसारं फलं भवतीत्याह । स्वस्वनिश्चयतस्स्वस्वनिश्चयानुसारं फलं भवतीत्याह । स्वस्वनिश्चयतस्स्वस्वनिश्चयानुगुणमज्ञानी बद्धोऽहमित्यात्मानं मन्यते । तथा ज्ञानी त्वात्मानं मुक्त इति चिन्तयन्नानन्दी भवतीति शम् ।।

अद्वैतात्मनोऽपरोक्षतयानुभवगोचरत्त्वनिरूपणम् -

नाद्वैतमपरोक्षञ्चेन्न चिद्रूपेण भासनात् ।
अशेषेण न भातञ्चेद्द्वैतङ्किं भासतेऽखिलम् ॥ २४२ ॥

को सत्य (पारमार्थिक) मानते हैं । इसीलिये वे कहते हैं कि अद्वितीय ब्रह्मतत्त्व प्रतीत नहीं होता और प्रतीत न होने के कारण उसका असितत्त्व ही नहीं है । ऐसा अज्ञानी लोगों का दृढ़ निश्चय होता है अर्थात् द्वैत ही सत्य है, इस विषय में वे बड़े दुराग्रही होते हैं ।

ज्ञानी का निश्चय अज्ञानी से विपरीत होता है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - इससे (अज्ञानी से) ज्ञानी का विपरीत निश्चय भलीं-भाँति देखने में आता है । अपने-अपने निश्चय के अनुसार ही (अज्ञानी) मैं बद्ध हूँ और (ज्ञानी) मैं मुक्त हूँ , ऐसा मानते हैं ।२४१।

व्याख्या - ज्ञानियों का निश्चय यथार्थ प्रमा रूप है, इसीलिये सामान्य मनुष्यों के भ्रमात्मक निश्चय से ज्ञानी का निश्चय विपरीत होता है, इसलिए कहते हैं कि पामर मनुष्य और विविध दार्शनिकों के निर्णय से विपरीत ज्ञानियों का यह निश्चय होता है कि अद्वितीय ब्रह्म ही पारमार्थिक है और संसार सर्वथा अपारमार्थिक है अर्थात् द्वैत रूप सम्पूर्ण संसार मृगमरीचिका के समान मृषा ही है । ज्ञानी स्वयं को अद्वितीय सच्चिदानन्द स्वरूप मानकर सर्वथा निश्चल भाव से रहता है । अन्यों को अपने-अपने निश्चयानुसार फल प्राप्त होता है । ज्ञानी पुरुष अपने निश्चयानुसार स्वयं को मुक्त और अज्ञानी अपने निश्चयानुसार स्वयं को बद्ध मानता है । ज्ञानी तो स्वयं को "मैं नित्य शुद्ध-बुद्ध-मुक्त ब्रह्म ही हूँ" ऐसा मानकर सदा आनन्दित रहता है।

अद्वैत आत्मा के अपरोक्ष रूप से अनुभव गोचरत्व का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - यदि कहो कि अद्वैत अपरोक्ष नहीं है तो ऐसा मत समझो, क्योंकि वह चिद्रूप से भासित

अन्वयः – अद्वैतम् अपरोक्षं न चेत्, न चिद्रूपेण भासनात् अशेषेण न भातं चेत् द्वैतं किम् अखिलं भासते ।।

व्याख्या :– अद्वैतं भातीति शास्त्राच्छाब्दज्ञानसत्त्वेऽप्यपरोक्षज्ञानाभावः । यतोऽद्वैते भासकस्य वस्त्वन्तरस्याभावादात्मनश्चापरोऽक्षत्त्वाद्धानं नैव सम्भवेदित्यभाने कुतस्तन्निश्चय इत्याशङ्कां परिहरति। अद्वैतमपरोक्षं प्रत्यक्षं न भवतीति हेतोर्निश्चेतुमशक्यमिति चेन्नैवं मन्तव्यम् । प्रत्यक्षत आत्मव्यतिरिक्ततया भानाभावेऽप्यनुभवागोचरत्त्वं त्वसिद्धमेवेत्याह । चिद्रूपेण भासनात् । पटो भाति घटो भातीत्यादिषु पटादिष्वनुस्यूततया चिद्रूपेणात्मन एव भासमानत्त्वात् । आत्मनस्स्वप्रकाशत्त्वेन प्रकान्तरानपेक्षणाद–परोक्षत्त्वमनुभवत एव सिद्ध्यति । पटादिष्वनुस्यूतरूपेण चिद्रूपत्त्वस्य स्फुरणमास्तां नाम । तथाप्यशेषेण सच्चिदानन्तानन्दादिरूपेण न भानं नानुभूतमिति चेन्न । कात्स्न्र्येन भानाभावो द्वैतेऽपि तुल्य इति प्रतिबन्द्यैव समादधाति। किमखिलं द्वैतं किञ्चिज्ज्ञतादशायां भासते प्रतीयते तव?। यथा ते साकल्येनाभानमज्ञानदशायां द्वैतस्य तथैवास्तु ममापि साकल्येनाभानम् । तव सर्वज्ञतादशायां द्वैतस्य सम्पूर्णतो भानं यथोपपद्यत एवं ममापि ज्ञानदशायामद्वैतस्य सम्पूर्णतो भानमुपपद्यत इति भाव इति शम्।।

द्वैतसिद्धिवदद्वैतसिद्धिरपि भवेदिति निरूपणम् –

दिङ्मात्रेण विभानन्तु द्वयोरपि समं खलु ।
द्वैतसिद्धवदद्वैतसिद्धिस्ते तावता न किम् ।। २४३ ।।

होता है । यदि कहो कि सम्पूर्ण रूप से भासित नहीं होता है तो हम पूछते हैं कि क्या द्वैत सम्पूर्ण रूप से भासित होता है ।२४२।

व्याख्या – अद्वैत भासता है, यह कथन केवल शास्त्रगम्य ही है अनुभवगम्य नहीं, क्योंकि अद्वैत में अन्य भासक वस्तु का अभाव होने के कारण और आत्मा अपरोक्ष होने के कारण उसका भान होना संभव ही नहीं है । जब भान ही न होगा तब उसका निश्चय कैसे हो सकता है ? इस शंका का परिहार करते हुए कहते हैं कि यदि तुम ऐसा कहते हो कि अद्वैत अपरोक्ष है अतः प्रत्यक्ष न होने से उसका निश्चय करना अशक्य है तो ऐसा मत समझो, क्योंकि वह चिद्रूप से भासित होता है । अर्थात् "***घटो भाति पटो भाति***" इस प्रकार घटादि में अनुस्यूत चिद्रूप से (चैतन्यस्वरूप से) अद्वैत भासित होता है । प्रत्यक्ष रूप से प्रतीत न होने पर भी अद्वैत का अनुभवगोचरत्त्व तो सिद्ध ही है । आत्मा स्वयंप्रकाश होने के कारण उसे स्वयं को प्रकाशित करने के लिये प्रकाशान्तर की अपेक्षा नहीं है । इसलिये उसका अपरोक्षत्व अनुभव सिद्ध है ही । यदि तुम कहते हो कि वह सम्पूर्ण रूप से भासित नहीं होता है तो हम तुमसे पूछते हैं कि क्या तुम्हारा द्वैत सम्पूर्ण रूप से भासित होता है ? भाव यह है कि जिस तरह अल्पज्ञतावस्था में तुम्हें सम्पूर्ण द्वैत का भान नहीं होता है, उसी प्रकार मुझे अज्ञानदशा में सम्पूर्ण अद्वैत का भान नहीं होता है, ऐसा मान लो और जैसे सर्वज्ञतावस्था में तुम्हें सम्पूर्ण द्वैत का भान संभव है, उसी प्रकार मुझे ज्ञानदशा में सम्पूर्ण अद्वैत का भान भी होता है ।

द्वैतसिद्धि के समान अद्वैतसिद्धि भी हो सकती है, इसका निरूपण करते हैं।

अर्थ – एक देश का भान होना तो द्वैत और अद्वैत दोनों में भी निश्चित रूप से समान ही है । जैसे द्वैत के किसी एक देश को देखकर तुम सम्पूर्ण द्वैत को मान लेते हो, वैसे ही अद्वैत को भी क्यों नहीं

अन्वयः-दिङ्मात्रेण विभानं तु द्वयोः अपि खलु समम् । ते तावता द्वैतसिद्धिवत् अद्वैतसिद्धिः किं न?

व्याख्या :- सम्पूर्णभानाभावस्योभयोस्समत्त्वाद्दोषसाम्यवत्समाधानसाम्यमपीति गूढाभिसन्धिरभिधत्ते। दिङ्मात्रेणैकेदेशमात्रेण द्वयोर्द्वैताद्वैतयोर्विभानं प्रस्फुरणं समं खलु । किमेतावता परिहारसाम्यमुपदर्शितमित्यत्राह । ते तव पक्षे तावतैकदेशाभानसद्भावमात्रेण द्वैतसिद्धिवद्वैतज्ञाननिश्चय इवाद्वैतसिद्धिरद्वैतज्ञाननिर्णयोऽपि किं न भवति । भवत्येवेत्यर्थः । द्वैताद्वैतयोस्स्फुरणे समानेऽप्येकदेशभानमात्रेण यथा द्वैतसिद्धिस्तथा चैतन्यस्य भानमात्रेणाद्वैतसिद्धिर्भवेदिति भाव इति दिक् ।।

द्वैताद्वैतभानयोर्वैषम्यनिरूपणम् -

द्वैतेन हीनमद्वैतं द्वैतज्ञाने कथन्त्विदम् ।
चिद्भानन्त्वविरोध्यस्य द्वैतस्यातोऽसमे उभे ।। २४४ ।।

अन्वयः - अद्वैतं द्वैतेन हीनम् । इदं द्वैतज्ञाने तु कथम् ? चिद्भानं तु अस्य द्वैतस्य अविरोधी । अतः उभे असमे ।।

व्याख्या :- वेदान्तिनां ज्ञानिनामद्वैतं ब्रह्म द्वैतेन हीनं शून्यं विरुद्धमिति यावत् । इदं तु निर्विवादमेव । तस्मात्प्रतिवाद्यादिरूपद्वैतविषयकज्ञाने सतीदमुक्तलक्षणमद्वैतं ब्रह्म कथं सिद्ध्यति । न कथमपि । द्वैताद्वैतयोः परस्परविरोधात् । तमः प्रकाशवद्विरुद्धस्वभावयोर्नसम्भवति युगपत्प्रतीतिः।

मानते हो ?२४३।

व्याख्या - द्वैत और अद्वैत का पूर्ण रूप से भान न होना रूप दोष दोनों पक्षों में समान होने से समाधान भी एक समान ही होगा, यहाँ ऐसी गूढ़ अभिसन्धि है । दिङ्मात्रेण अर्थात् एकदेशमात्रेण द्वैत और अद्वैत दोनों में एक देश का भान होना रूप दोष निश्चित रूप से समान ही है । अतः जैसे तुम एकदेश की प्रतीति के आधार पर द्वैत को सिद्ध करते हो, उसी प्रकार चैतन्य का भान होने के कारण अद्वैत सिद्धि क्यों नहीं होगी ? अर्थात् अवश्य ही होगी । भाव यह है कि जैसे एकदेश के स्फुरित होने पर द्वैत सिद्ध है, उसी प्रकार चिद्रूप आत्मतत्त्व का भी एकदेश स्फुरित होने के कारण अद्वैत भी सिद्ध ही है।

द्वैत और अद्वैत की प्रतीति में वैषम्य का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - (पूर्वपक्षी) अद्वैत तो द्वैतरहित है, वह द्वैतज्ञान में कैसे संभव है ? और चैतन्य का ज्ञान तो द्वैत का विरोधी नहीं है, इसलिये दोनों पक्ष (द्वैत और अद्वैत) समान नहीं है ।२४४।

व्याख्या - यह सम्पूर्ण श्लोक पूर्वपक्षी की शंका व्यक्त करता है । पूर्वपक्षी अद्वैत की असिद्धि के लिये प्रकारान्तर से शंका उपस्थित करता है । वह कहता है कि वेदान्तियों का जो अद्वैत ब्रह्म है, वह तो सर्वथा द्वैतरहित (द्वैतशून्य) अर्थात् द्वैत से विरुद्ध है । यह कथन निर्विवाद ही है, इसलिये द्वैतज्ञान के रहते यह अद्वैत कैसे सिद्ध हो सकता है ? अर्थात् नहीं हो सकता, क्योंकि द्वैत और अद्वैत परस्पर विरुद्ध हैं । जैसे अन्धकार और प्रकाश एकसाथ प्रतीत नहीं हो सकते, वैसे ही दोनों की एकसाथ उपस्थिति संभव नहीं है । इसलिये द्वैतज्ञान के सद्भाव में अद्वैत ज्ञान होना संभव नहीं है । पूर्वपक्षी कहता है कि यदि तुम वेदान्ती लोग ऐसा कहो कि जैसे द्वैतज्ञान में अद्वैत की प्रतीति का अभाव है, उसी प्रकार अद्वैत की प्रतीति में द्वैत का भी अभाव होगा तब तो दोनों का दोष समान ही होगा । तो तुम्हारा यह कथन ठीक नहीं है, क्योंकि चैतन्य का ज्ञान द्वैत का विरोधी नहीं है । चैतन्य की प्रतीति काल में भी द्वैत का

तस्माद्द्वैतज्ञाने सत्यद्वैतं ब्रह्म न सिद्ध्यति । अत्र चिद्भानमित्यादिना परिहरति प्रतिबन्दीं पूर्वपक्षी ।। चिद्भानं तु चैतन्यप्रतीतिर्द्वैतस्याविरोधि । द्वैतस्य प्रपञ्चस्य चिद्भानकालेऽपि प्रतिभानात् । वेदान्तिनामद्वैतं नाम चिद्भानमेव हि । तस्मान्न तयोर्द्वैताद्वैतयोर्विरोध इत्यत उभे असमे नोभयोस्साम्यमिति दिक् ।।

न द्वैतेनाद्वैतस्य विरोध इति निरूपणम् –

एवं तर्हि शृणु द्वैतमसन्मायामयत्त्वतः ।
तेन वास्तवमद्वैतं परिशेषाद्विभासते ।। २४५ ।।

अन्वयः – एवं तर्हि शृणु । द्वैतम् असत् मायामयत्त्वतः तेन परिशेषात् वास्तवम् अद्वैतं विभासते।।

व्याख्या :– द्वैतस्य प्रतीयमानत्त्वेऽपि मृगतृष्णादिवद्वास्तवत्त्वाभावान्नाद्वैतस्य पारमार्थिकस्य बाधोऽस्तीति स्वगूढाभिसन्धिमुद्घाटयन्समाधत्ते । एवं तर्हि द्वैतस्य प्रतीतावप्यद्वैतस्याप्रतीतिः कथमिति चेच्छ्रूयताम् । मायामयत्त्वत ईश्वरादिस्तम्बपर्यन्तं यद्द्वैतं प्रतीयते तत्सर्वं मायाविकारत्त्वादस-देवेत्यैद्रजालिकविनिर्मितवस्तुवदविद्यमानमेव । तेन मायामयतया पारमार्थिकत्त्वेन तत्प्रतीतावपि "नेति नेती"त्यादिवचनैर्द्वैते निरस्ते परिशेषाद्यद्वास्तमबाधितमद्वैतं विभासते स्फुटं प्रतीयते तदेवेति निश्चिनु । परिशेषश्च प्रसक्तप्रतिषेधेऽन्यत्राप्रसङ्गाच्छिष्यमाणे सम्प्रत्यय एव । तस्मादसतो मिथ्याभूतस्य द्वैतस्य मायिकस्य बाधे सत्यवधिभूताधिष्ठानत्त्वोपलक्षितत्त्वेनाशेषादिति भावः ।।

भान होता ही है । तुम वेदान्तियों को अद्वैत चैतन्य का भान ही है, इसलिये द्वैत और अद्वैत का विरोध होने के कारण दोनों समान नहीं है ।

वस्तुतः द्वैत अद्वैत का विरोधी नहीं है, इस प्रकार सिद्धान्ती समाधान करते हैं ।

अर्थ – यदि ऐसा कहते हो तो सुनो, द्वैत मायामय होने के कारण असत् है । अतः परिशेष (न्याय) से वास्तविक अद्वैत ही भासित होता है ।२४५।

व्याख्या – द्वैत की प्रतीति होने पर भी वह मृगतृष्णादि के समान अवास्तविक है अतः पारमार्थिक अद्वैत का बाध नहीं हो सकता । इस गूढार्थ को प्रकट करते हुए समाधान देते हैं । यदि तुम ऐसा कहते हो कि द्वैत की प्रतीति होने पर भी अद्वैत की प्रतीति नहीं होती है, तो उसका समाधान सुनो । ईश्वर से लेकर स्तम्ब पर्यन्त जितना भी द्वैत प्रतीत होता है, वह सम्पूर्ण मायामाय है अर्थात् माया का विकार होने के कारण मायावी के द्वारा माया से निर्मित पदार्थ के समान असत् ही है । इसलिये मयामय होने के कारण अवास्तविक द्वैत की प्रतीति होने पर भी "**नेति नेति**" इत्यादि श्रुति वचनों से द्वैत का निषेध हो जाने पर परिशेष से अबाधित अद्वैत ही भासित (प्रतीत) होता है । सभी पदार्थों का बाध हो जाने पर जो अबाधित वस्तु अवशिष्ट रहती है, उसे परिशेष कहते हैं । जब दो वस्तुओं में से एक वस्तु नष्ट हो जाये अथवा किसी कारण से वहाँ न रहे तो दूसरी वस्तु वहाँ शेष रहती है । उदाहरण के रूप में यदि हमारे हाथ में एक सत्य और एक मिथ्या रूपया रखा हो, तो उन दोनों को मिलाने पर भी वह एक रूपया ही माना जाएगा, दो नहीं । और मिथ्या रूपया सत्य रूपये का बाध नहीं कर सकता, किन्तु सत्य रूपया मिथ्या रूपये का बाध अवश्य कर सकता है । इसलिये हम कहते हैं कि हाथ में केवल एक ही रूपया है । इसी प्रकार सद्रूप अद्वैत और असद्रूप द्वैत दोनों का भान होने पर भी अद्वैत से द्वैत का बाध हो जाने पर परिशेष में केवल अद्वैत ही भासित होता है ।

अद्वैतस्य परिशेषप्रकारनिरूपणम् -

अचिन्त्यरचनारूपं मायैव सकलं जगत् ।
इति निश्चित्य वस्तुत्त्वमद्वैते परिशेष्यताम् ॥ २४६ ॥

अन्वयः - "अचिन्त्यरचनारूपं सकलं जगत् माया एव" इति निश्चित्य वस्तुत्त्वम् अद्वैते परिशेष्यताम्।।

व्याख्या :- अचिन्त्यरचनारूपं न चिन्त्या ह्यचिन्त्या तादृशरचनारूपं यस्य तत्तथोक्तं मनसापि चिन्तितुमशक्यरचनारूपं सकलं जगन्मायैवाविद्याविलसितत्त्वेन मिथ्यैवेति द्वैतस्यापारमार्थिकतां निश्चित्याद्वैते चिद्वस्तुनि वस्तुत्त्वं पारमार्थिकं परिशेष्यताम् । असत्यत्त्वाद्वैते निरस्तेऽद्वैतमेवावशिष्यत इति भाव इति शम् ।।

अद्वैतनिश्चयदाढ्र्याय मिथ्यात्त्वविचारस्य कर्तव्यतानिरूपणम् -

पुनर्द्वैतस्य वस्तुत्त्वं भाति चेत्त्वन्तथा पुनः ।
परिशीलय को वात्र प्रयासस्तेन ते वद ॥ २४७ ॥

अन्वयः - पुनः द्वैतस्य वस्तुत्त्वं भाति चेत् । त्वं तथा पुनः परिशीलय । तेन ते अत्र कः वा प्रयासः वद।।

व्याख्या :- पूर्वोक्तप्रकारेण मुमुक्षून्प्रति द्वैतबाधपूर्वकमद्वैतपरिशेषप्रकारे सम्यगुपवर्णितेऽपि मुहुः प्राक्तनसंस्काराद्वासनाबलाद्वैतवस्तुतत्त्वं भातीति चेदुच्यते यदा यदा भाति द्वैतं तदा सर्वदैव बन्धाद्यनुसंहिता कार्येति नात्र क्षतिः प्रयासो वेत्युपदिशति । "आवृत्तिरसकृदुपदेशा"दित्यात्मन-

---

अद्वैत के परिशेष का प्रकार दर्शाते हैं ।

अर्थ - अचिन्त्य रचना रूप सम्पूर्ण जगत् माया (मिथ्या) ही है, इस प्रकार का निश्चय करके अद्वैत (ब्रह्म) ही पारमार्थिक वस्तु है, ऐसा परिशेष से जान लेना चाहिये ।२४६।

व्याख्या - मन के द्वारा भी जिसका चिन्तन करना अशक्य है, ऐसी रचना वाला जो यह सम्पूर्ण दृश्यमान जगत् है, वह वस्तुतः माया ही है अर्थात् मिथ्या ही है । इस प्रकार सम्पूर्ण द्वैत के मिथ्यात्व का निश्चय करके अद्वैत चैतन्य ही पारमार्थिक वस्तु है , ऐसा परिशेष से जान लेना चाहिये अर्थात् निश्चय कर लेना चाहिये । भाव यह है कि असत्यत्व रूप से द्वैत का बाध हो जाने पर अद्वैत ही अवशिष्ट रहता है ।

अद्वैत निश्चय की दृढ़ता के लिये द्वैत मिथ्यात्व का बारम्बार विचार करना चाहिये, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - यदि कहो कि द्वैत की सत्यता पुनः भासित होती है तो पूर्वोक्त प्रकार से पुनः (द्वैत के मिथ्यात्व का) विचार करो, विचार करने में तुम्हें कौन-सा परिश्रम होता है ? यह बताओ ।२४७।

व्याख्या - पूर्वपक्षी शंका करता है कि पूर्वोक्त प्रकार से अद्वैत का निश्चय हो जाने पर भी पूर्ववासना के कारण पुनः द्वैत ही सत्य रूप से प्रतीत होता है । ऐसी अवस्था में क्या करना चाहिये ? इसके उत्तर में आचार्य कहते हैं कि यदि जगत् बारम्बार सत्य प्रतीत होने लगे तो उसके मिथ्यात्व का विचार बारम्बार करना चाहिये । केवल विचार करने में तुम्हें कौन-सा परिश्रम होगा ? ***"आवृत्तिरसकृदुपदेशात्"*** (ब्र.सू. ४/१/१) तण्डुल अवघात का फल जैसे दृष्ट होता है, वैसे ही श्रवणादि का फल तत्त्वसाक्षात्कार भी दृष्ट ही है । अतः तत्त्वसाक्षात्कार पर्यन्त श्रवणादि का अनुष्ठान बारम्बार करते रहना चाहिये ।

श्श्रवणाद्यावर्तनस्य विहितत्त्वात् । तत्त्वबोधोत्तरं पुनर्द्वैतस्य यदि वस्तुत्त्वं सत्ता भाति चेत्त्वं पुनरात्मतत्त्वं तथा परिशीलय द्वैतमिथ्यात्त्वनिश्चयपूर्वकमात्मतत्त्वमनुचिन्तय। तेन चिन्तनेन ते कः प्रयासो वद । "नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो न मेधया न बहुना श्रुतेने"त्यादिवचनैरात्मोपलब्धेस्सुदुर्लभत्त्वावगमात् "श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्य" इति श्रुतेरसकृद्ब्रह्माभ्यासस्योपदिष्टत्त्वाद्बहुधा परिशीलने कृतेऽपि न प्रयासः किञ्चिदिति शम् ।।

अद्वैतसंसिद्धौ सर्वस्य कालस्य क्षेप्तव्यताया निरूपणम् –

कियन्तङ्कालमिति चेत्खेदोऽयं द्वैत इष्यताम् ।
अद्वैते तु न युक्तोऽयं सर्वानर्थनिवारणात् ॥ २४८ ॥

अन्वयः – कियन्तं कालम् इति चेत् – अयं खेदः द्वैते इष्यताम् । अद्वैते तु अयं न युक्तः सर्वानर्थनिवारणात् ।।

व्याख्या :– अद्वैतात्मानुसन्धानावर्तनं कियत्कालं विधेयमित्यत्र "परोक्षा चापरोक्षेति विद्या द्वेधा विचारजा । तत्राऽपरोक्षविद्याप्तौ विचारोऽयं समाप्यत" ।। इति प्रागुपपादितरीत्या विचारकालावधे

"***नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो न मेधया न बहुना श्रुतेन*** " (कठो. १/२/२२) इत्यादि श्रुतियों के द्वारा आत्मोपलब्धि को अत्यन्त प्रयाससाध्या जानकर भी "***श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः***" (बृ.उ. ४/५/६) इत्यादि श्रुति से आत्माभ्यास की अनेक बार आवृत्ति का उपदेश होने से बारम्बार आत्मतत्त्व का परिशीलन करने में कोई विशेष प्रयास नहीं करना पड़ता ।

अद्वैतसिद्धि के लिये समय सीमा का निर्धारण नहीं करना चाहिये, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ – कितने समय तक विचार करना चाहिये ? यदि ऐसा कहो तो यह कष्ट द्वैत में ही करना चाहिये । अद्वैत विचार में तो यह खेद उचित नहीं है, क्योंकि अद्वैत विचार तो समस्त अनर्थों का निवारक है ।२४८।

व्याख्या – इस प्रकार अद्वैत तत्त्व का विचार कब तक करते रहना चाहिये ? यदि ऐसा कहो तो यह कथन द्वैत में ही सम्भव है, अद्वैत में नहीं । इसी प्रकरण के पन्द्रहवें श्लोक में कह चुके हैं कि "***तत्रापरोक्षविद्याप्तौ विचारोऽयं समाप्यते*** " (पं.द. ६/१५) और "***आसुप्तेरामृतेः कालं नयेद्वेदान्तचिन्तया*** " इस कथन से भी यह सिद्ध है कि ज्ञानोत्पादक विचार को किसी सीमा में बाँधा नहीं जा सकता । यद्यपि अपरोक्ष ज्ञान होने पर विचार करना समाप्त हो जाता है तथापि यह प्रश्न करना असंगत है कि कितने काल में अपरोक्ष ज्ञान प्राप्त होगा और द्वैत मिथ्या प्रतीत होने लगेगा ? यह तो साधक की आन्तरिक स्थिति, उत्साह और प्रयास पर निर्भर करता है । इसलिये यहाँ काल की गणना करना उचित नहीं है । काल का विचार द्वैत में संभव है अर्थात् द्वैत में प्रसक्त उन-उन अनर्थों का परिहार करने के लिये कितना समय लगेगा ? इत्यादि आलोचना करना ठीक है , क्योंकि वहाँ एक अनर्थ का निवारण होने पर भी द्वितीय अनर्थ प्राप्त हो जाता है । किन्तु अद्वैत के विषय में यह खेद उचित नहीं है क्योंकि अद्वैत समस्त अनर्थों का निवारक है । सर्वानर्थों का निवारक अद्वैत यद्यपि श्रमसाध्य है तथापि उस श्रम को श्रम रूप से नहीं गिनना चाहिये, क्योंकि वह आत्यन्तिक मोक्ष रूपी फल का जनक है । इसलिये क्लेशपूर्वक भी अद्वैतसिद्धि के लिये अवश्य ही प्रयत्न करना चाहिये ।

"रासुप्तेरामृतेः कालं नयेद्वेदान्तचिन्तये"त्यादिनोक्तेः खेदो नात्मविचारे युक्त इत्याह। इयमात्मपरिशीलना कियन्तं कालं विधेयेति चेदयं खेदः, द्वैते विषय इष्यताम् । द्वैतप्रसक्ततत्तदनर्थपरिहारार्थं किमेतावान्कालो यापनीय इति खेदस्तत्र नाम क्रियताम् । द्वैते ह्येकस्यानर्थस्य निवारणेऽप्यनर्थपरम्परा मुहुर्मुहुरापतेयुरेव ।

दृष्टान्त - दो भाई भगवान् के दर्शन हेतु जंगल में तप करने के लिये गये । एक पीपल के वृक्ष के नीचे और दूसरा इमली के वृक्ष के नीचे तप करने लगा । कुछ दिनों बाद वहाँ नारद जी का आगमन हुआ । नारद जी ने उनसे उनके तप का कारण पूछा । दोनों ने भगवान् के दर्शन की अभिलाषा प्रकट की और पूछा कि हमें भगवान् के दर्शन कब होंगे ? नारद जी ने कहा मैं अभी वैकुण्ठ ही जा रहा हूँ, वहाँ भगवान् से ही पूछकर बताता हूँ कि वे तुम्हें दर्शन कब देंगे । नारद जी ने वैकुण्ठ जाकर पूरा वृत्तान्त सुनाकर भगवान् से पूछा कि प्रभो ! आप उन दोनों को कब कृतार्थ करेंगे ? कृपया उसका समय बता दीजिए । भगवान् बोले - नारद जी ! जो पीपल के वृक्ष के नीचे बैठकर तपस्या कर रहा है, उसे उस वृक्ष के जितने पत्ते हैं, उतने दिनों बाद दर्शन दूँगा और जो इमली के वृक्ष के नीचे बैठकर तपस्या कर रहा है, उसे उस वृक्ष में जितने पत्ते हैं , उतने वर्षों के बाद दर्शन दूँगा । नारद जी पुनः दोनों भाईयों के पास आये । पहले पीपल के वृक्ष के नीचे बैठे हुए ने पूँछा कि नारद जी ! भगवान् ने क्या कहा ? वे कब हमें दर्शन देंगे ? नारद जी बोले कि तुम जिस वृक्ष के नीचे बैठे हो, उस वृक्ष के जितने पत्ते हैं, उतने दिनों के बाद भगवान् तुम्हें दर्शन देंगे । उस व्यक्ति ने सिर ऊपर करके देखा तो वृक्ष पर हजारों पत्ते थे। वह उसी समय अपना सामान लेकर वहाँ से चल दिया , उसने पूर्व में ही कार्ययोजना बना ली थी कि इतने दिनों में भगवान् मुझे मिल जाएँगे और मैं उनसे धन मांगकर घर आकर सुख पूर्वक रहूँगा । किन्तु जब उसको पता चला कि भगवान् तो कई वर्षों के बाद दर्शन देंगे तब तक तो मैं वृद्ध हो जाऊँगा, तब धन का भोग कौन करेगा ? यह सोचकर वह वहाँ से चला गया । नारद जी दूसरे भाई के पास जाकर उसे भगवान् का संदेश सुनाते हुए बोले कि तुम्हें इस इमली के वृक्ष में जितने पत्ते हैं , उतने वर्षों के बाद भगवान् दर्शन देंगे । इतना सुनते ही वह खुशी के मारे नाचने लगा । उसका अंग-अंग पुलकित हो गया । उसकी आँखों से अश्रु की धारा बहने लगी । यह देखकर नारद जी को बड़ा आश्चर्य हुआ, उन्होंने उससे पूछा - भाई तुम क्यों इतने प्रसन्न हो रहे हो ? तुम्हारा भाई तो बिना भगवान् के दर्शन के ही घर चला गया ,यद्यपि तुम्हारी तुलना में तो उसकी अवधि अत्यन्त अल्प थी । इस इमली के वृक्ष में तो लाखों पत्ते हैं, उतने वर्षों में तो तुम्हारे कई जन्म व्यतीत हो जाएँगे । तुम अपनी प्रसन्नता का रहस्य मुझे बताओ । नारद जी का वचन सुनकर वह बोला कि भले ही मुझे अनेकों जन्म तक तपस्या करनी पड़े किन्तु यह तो निश्चित हो ही गया कि भगवान् मुझे अवश्य ही दर्शन देंगे । इसीलिये मैं प्रसन्न हूँ । उसके इतना कहते ही उसी समय भगवान् वहाँ साक्षात् प्रकट हो गये और उसे दर्शन देकर कृतार्थ कर दिया । वस्तुतः भगवान् सर्वव्यापक हैं । उनका आना-जाना नहीं है क्योंकि ***"आत्मत्वात्सर्वभूतानां सिद्धत्वादिह सर्वतः"*** (भा. ७/६/१९) भगवान् समस्त प्राणियों की आत्मा हैं और सर्वत्र सबकी सत्ता के रूप में स्वयंसिद्ध वस्तु हैं।

इस दृष्टान्त का आशय यह है कि एक भाई ने काल गणना के अनुसार परमात्मा के दर्शन की

अद्वैते तु विषये नायं खेदो युक्तः । यतोऽद्वैतस्य सर्वानर्थनिवारकत्त्वम् । अतोऽत्र क्रियमाणोऽपि श्रमो महाफलदत्त्वान्न श्रमाय भवति । आत्यन्तिकफलजनकत्त्वात्क्लेशेनापि साधनीयमिति फलमुखगौरवस्यादोषत्वादिति शम् ।।

आत्मसाक्षात्कारानन्तरं न कोऽप्यनर्थोऽस्तीति निरूपणम् –

क्षुत्पिपासादयो दृष्टा यथापूर्वं मयीति चेत् ।
मच्छब्दवाच्येऽहङ्कारे दृश्यतान्नेति को वदेत् ॥ २४९ ॥

अन्वयः – क्षुत्पिपासादयः मयि यथापूर्वं दृष्टाः इति चेत् । मच्छब्दवाच्ये अहङ्कारे दृश्यताम् । न इति कः वदेत् ।

व्याख्या :– अद्वैतात्मतत्त्वापरोक्षज्ञानलाभात्प्रागिव तदनन्तरमपि क्षुत्पिपासादयोऽनुभूयन्ते रागद्वेषाद्यनर्थपरम्परा अपि परिदृश्यन्त इति सर्वानर्थनिवारकत्त्वमात्मज्ञानस्य कथमित्याह । यथा पूर्वमात्मज्ञानानुभवात्पूर्वं यथा भवति तथैवानन्तरमपि मयि जीवे क्षुत्पिपासादय आदिशब्दादाधिव्याध्यादयोऽन्येऽपि प्रारब्धाद्रागाद्वा प्राप्ता दृष्टा एवेति कथयति चेत्ते सर्वेऽप्यनर्था मच्छब्दवाच्येऽहङ्कारे कर्तृत्त्वाद्यभिमानविशिष्टे जीवे दृश्यताम् । ते सर्वे देहेन्द्रियप्राणमनो धर्मा रागद्वेषप्रयुक्ता अहमभिमानवतो जीवस्यैव नत्वात्मन

अभिलाषा की, अतः कार्यसिद्धि में विलम्ब होता देख तप छोड़कर घर चला गया किन्तु दूसरे भाई ने काल सीमा का त्याग कर सर्वतोभाव से परमात्मा की आराधना की, तो परमात्मा तत्क्षण ही उसके सामने प्रकट हो गये । वस्तुतः भगवान् ने परीक्षा के लिये ही दर्शन देने का काल निश्चित किया था । भाव यह है कि यद्यपि आत्मा सर्वत्र समरूप से विद्यमान है तथापि साधक की निष्ठानुरूप ही उसको अपरोक्ष ज्ञान होता हैं । अत्यन्त तीव्र जिज्ञासु को एक बार के श्रवण मात्र से अपरोक्ष ज्ञान संभव है । अतः तीव्र वैराग्य युक्त जिज्ञासु होना चाहिये । अपरोक्ष ज्ञान कब तक हो जाएगा, इसका विचार नहीं करना चाहिये ।

आत्मसाक्षात्कार हो जाने के बाद कोई भी अनर्थ नहीं रहता, इसका वर्णन करते हैं।

अर्थ – अद्वैत आत्मसाक्षात्कारवान् मुझ में क्षुधा (भूख) पिपासा (प्यास) आदि पूर्व के समान ही देखे जाते हैं, यदि ऐसा कहते हो तो उसे मत् शब्दवाच्य अहंकार में देखना चाहिये । (अहंकारविशिष्ट चैतन्य में) क्षुधादि का निषेध कौन कहता है ?२४९।

व्याख्या – अद्वैत आत्मतत्त्व का अपरोक्ष ज्ञान प्राप्त होने से पूर्व के समान ज्ञानोत्तर काल में भी भूख–प्यास आदि का अनुभव होता ही है और रागादि अनर्थ परम्परा भी देखी जाती है । तो फिर आत्मज्ञान समस्त अनर्थों का निवारक कैसे है ? ज्ञानोत्पत्ति के पूर्व के समान जैसे मुझ में क्षुधा–पिपासा आदि होते थे, ज्ञान होने के बाद भी मुझ जीव में क्षुधादि देखे जाते हैं, यदि तुम ऐसा कहते हो तो तुम्हें उन क्षुधादि को मत् शब्दवाच्य अहंकार में अर्थात् कर्तृत्वाभिमान वाले जीव में ही देखना चाहिये । भाव यह है कि क्षुधादि धर्म अहंकाराभिमानी जीव के हैं, न कि आत्मा के । वे क्षुधादि धर्म अहंकारविशिष्ट जीव में नहीं देखे जाते ऐसा कौन कहता है ? (उनका निषेध कौन करता है ?) अर्थात् कोई नहीं करता, इस बात को तो हम वेदान्ती लोग मानते ही हैं । वस्तुतः आत्मज्ञानवान् पुरुष स्वयं में कर्तृत्वाभिमान का त्याग कर देने से क्षुधादि के सद्भाव में भी स्वयं को आत्मरूप से जानकर उन क्षुधादि से रहित ही

इति ते जीवे न दृश्यन्त इति को वदेन्नकोऽपीति भावः । ते क्षुत्पिपासादयो मच्छब्दवाच्येऽहङ्कारेऽथ तदुपलक्षिते चिदात्मनि? चिदात्मनस्त्वसङ्गत्त्वादविषयत्त्वान्न तत्र ते सम्भाव्यन्ते । यद्यहङ्कार इष्टापत्तिरेवेति ज्ञानिनामहङ्कारादिविनिर्मुक्तत्त्वान्न तेषां क्षुत्पिपासाद्यनर्था इति दिक् ।।

नैरन्तर्येण विवेकस्य कर्तव्यतानिरूपणम् -

चिद्रूपेऽपि प्रसज्येरंस्तादात्म्याध्यासतो यदि ।
माऽध्यासङ्कुरु किन्तु त्वं विवेकङ्कुरु सर्वदा ।। २५० ।।

अन्वयः - तादात्म्याध्यासतः यदि चिद्रूपे अपि प्रसज्येरन् । त्त्वम् अध्यासं मा कुरु । किन्तु सर्वदा विवेकं कुरु ।।

व्याख्या :- यद्यपि वस्तुतः कूटस्थे क्षुत्पिपासादयो न विद्यन्तेऽथापि तादात्म्याध्यासाद्भ्रान्त्या प्रतीयन्त इत्यत्राह । तादात्म्याध्यासतस्सत्यानृते मिथुनीकृत्याहमिदं ममेदमित्यन्योऽन्यधर्मानन्योऽन्यस्मिन्नध्यस्य तदध्यासनिमित्ततया यदि क्षुत्पिपासाद्यनर्था जैवा धर्मा अपि चिद्रूपे कूटस्थे प्रसज्येरंस्तदा चिदात्मन्यहङ्कारतादात्म्याध्यासं मा कुरु । किन्तु सर्वदा सर्वकालसर्वावस्थासु चित्सदानन्दकूटस्थोऽहमहङ्कारादिपृथक्भूत इति विवेकमात्मविवेचनं कुर्विति सर्वानर्थ हेतोरध्यासस्य निवृत्तये प्रयत्यतामिति दिक् ।।

होता है । संसार सागर की छह उर्मिया हैं ÷ भूख-प्यास, शोक-मोह, और जरा-व्याधि । भूख-प्यास प्राण का धर्म है । जब तक प्राण हैं तभी तक भूख-प्यास लगती है, अन्यथा नहीं । शोक और मोह मन के धर्म हैं, इसीलिये सुषुप्ति में मन के लीन हो जाने पर शोक-मोह नहीं रहता है तथा जरा (बुढ़ापा) और व्याधि शरीर के धर्म हैं । शरीर को ही बुढ़ापा और व्याधि की प्राप्ति होती है, आत्मा को नहीं । आत्मा तो इन समस्त अनर्थ परम्परा से सर्वथा रहित है और ज्ञानी उसी आत्मा को अपना स्वरूप जानकर समस्त अनर्थों से रहित ही होता है ।

क्षुत्पिपासादि धर्म केवल अहंकार में ही नहीं किन्तु कूटस्थ चैतन्य में भी देखे जाते हैं, ऐसी शंका होने पर उसका समाधान करते हैं ।

अर्थ - तादात्म्याध्यास से चैतन्यस्वरूप आत्मा में भी क्षुधादि अनर्थ धर्म यदि प्राप्त हों तो तुम ध्यान मत करो किन्तु सर्वदा विवेक (विचार) करो ।२५०।

व्याख्या - यद्यपि वस्तुतः कूटस्थ चैतन्य में क्षुत्पिपासादि नहीं है, तथापि तादात्म्याध्यास के कारण भ्रान्ति से उनकी प्रतीति अवश्य ही होगी । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि अन्य में अन्य के अध्यास को अर्थात् आत्मा में अनात्मा का और अनात्मा में आत्मा का भ्रम तादात्म्याध्यास कहलाता है, इसी के कारण सत्य और अनृत को एकसाथ जोड़कर "मैं शरीर हूँ, यह मेरा पुत्र है" इत्यादि अन्योन्य धर्मों का अन्यान्य में अध्यास होने के कारण क्षुधा, पिपासा आदि अहंकारविशिष्ट जीव में ही हैं, आत्मा में नहीं । किन्तु तुम्हें यदि इस बात पर विश्वास न हो तो तुम चिद्रूप अहंकार से तादात्म्य होने के कारण ध्यान मत करो किन्तु मैं अहंकारादि से रहित शुद्ध कूटस्थ ब्रह्म हूँ, इस प्रकार का नित्य निरन्तर विचार ही करो ।

दृढवासनानिवृत्त्युपायस्य विवेकावर्तनस्य निरूपणम् -

झटित्यध्यास आयाति दृढवासनयेति चेत् ।
आवर्तयेद्विवेकञ्च दृढं वासयितुं सदा ॥ २५१ ॥

अन्वयः - दृढवासनया झटिति अध्यासः आयाति इति चेत् दृढं वासयितुं सदा विवेकं च आवर्तयेत्।।

व्याख्या :- अनादिमायावासनाबलान्मुहुरध्यासागमे तन्निवर्तनं न सुलभतरञ्चेत्तत्प्रतीकाराय विवेक एवासकृदावर्तनीय इत्याह । दृढवासनाध्यासो झटित्यायातीति चेत्तं दृढं वासयितु सदाऽजस्रं विवेकमावर्तयेत्पुनः पुनरात्मानमनुसन्दध्यात् । तेन दृढीभूतायां विवेकवासनायां स्पष्टमेव तादात्म्याध्यासवासना निवर्तन्ते "जन्मान्तरचिरारूढा राम संसारवासना । स चिराभ्यासयोगेन विना न क्षीयते क्वचिदि"ति वासिष्ठोक्तेः इति शम् ।।

स्वसाक्षिकानुभवेनैव मिथ्यात्त्वनिश्चयो भवतीति निरूपणम् -

विवेके द्वैतमिथ्यात्त्वं युक्त्यैवेति न भण्यताम् ।
अचिन्त्यरचनात्त्वस्यानुभूतिर्हि स्वसाक्षिकी ॥ २५२ ॥

दृढ़वासना की निवृत्ति के लिये बारम्बार विवेक करने की सलाह देते हैं ।

अर्थ - दृढ़ वासना के कारण तादात्म्याध्यास अतिशीघ्र आ जाता है, यदि तुम ऐसा कहते हो तो विवेक को भी दृढ़ बनाने के लिये सदा उसका आवर्तन करते रहो ।२५१।

व्याख्या - आपने जो कहा कि कूटस्थ में क्षुधादि धर्म नहीं हैं, यह हम मान लेते हैं क्योंकि ये धर्म तादात्म्याध्यास के कारण प्राप्त होते हैं, जिसकी निवृत्ति विचार से होती है । किन्तु विचार से यह बात स्पष्ट हो जाने पर भी पूर्व जन्मों की दृढ़वासनाओं के कारण पुनः अध्यास अतिशीघ्र हो जाता है अर्थात् स्वल्पमात्र भी सुख-दुःख की अनुभूति काल में यह अध्यास अनायास ही आ जाता है, तब दृढ़वासना की निवृत्ति के लिये क्या करना चाहिये ? इस प्रश्न का उत्तर आचार्य देते हैं कि यदि दृढ़ वासना के कारण अध्यास अतिशीघ्र आ जाता है तो उस अध्यास के नाशक विवेक को भी दृढ़ बनाने का प्रयत्न करो । वह दृढ़ केसे होगा ? तो कहते हैं कि बारम्बार आत्मा और अनात्मा का विवेक करते रहने से अर्थात् विवेक का आवर्तन करते रहने से वह अत्यन्त परिपक्व हो जाता है और परिपक्व विवेक के सामने अध्यास ठहर ही नहीं सकता । भाव यह है कि विवेक रूपी वासना को दृढ करने पर तादात्म्याध्यास रूपी वासना स्वयं ही नष्ट हो जाती है ।

जन्मान्तरचिरारूढा राम संसारवासना ।
सा चिराभ्यासयोगेन विना न क्षीयते क्वचित् ।। (यो.वा.)

योगवासिष्ठ में वसिष्ठ जी श्रीरामचन्द्र से कहते हैं कि हे राम ! यह तादात्म्याध्यास रूप द्वैतवासना अनेकों जन्मों के अभ्यास से अत्यन्त दृढ़ हो चुकी है । इसका नाश दीर्घकाल पर्यन्त योगाभ्यास के बिना अर्थात् जीव और ब्रह्म की एकता का दीर्घकाल पर्यन्त विचार किये बिना संभव नहीं है । अतः विवेक को दृढ करने के लिये बारम्बार आवर्तन करते रहना चाहिये ।

साक्षी चैतन्य के द्वारा ही मिथ्यात्व का निश्चय होता है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ -विचार करने पर द्वैत का मिथ्यात्व केवल युक्ति के द्वारा ही सिद्ध होता है, अनुभव से नहीं ।

अन्वयः - विवेके द्वैतमिथ्यात्त्वं युक्त्या एव इति न भण्यतां हि अचिन्त्यरचनात्त्वस्य अनुभूतिः स्वसाक्षिकी ।।

व्याख्या :- विचारेण सर्वस्य द्वैतस्य जगतो मायामयत्त्वं युक्तिमात्रेण सिद्ध्यति । नानुभवत इति चेन्मैवम् । अचिन्त्यरचनात्त्वविवेके सति द्वैतमिथ्यात्त्वं युक्त्यैव युक्तिवादमात्रेणैव सिद्ध्यतीत्येवं न भण्यतां नैव कथ्यताम् । किन्त्वचिन्त्यरचनात्त्वस्य तल्लक्षणमिथ्यात्त्वस्यानुभूतिरनुभवस्स्वसाक्षिकी स्वेनैव प्रकाशेन प्रकाशिता स्वयं भासमाना दृश्यते इति शम् ।।

मिथ्यात्त्वलक्षणस्य चिदात्मन्यतिव्याप्तिपरिहारनिरूपणम् -

चिदप्यचिन्त्यरचना यदि तर्ह्यस्तु नो वयम् ।
चितिं सुचिन्त्यरचनां ब्रूमो नित्यत्त्वकारणात् ।। २५३ ।।

अन्वयः - चित् अपि अचिन्त्यरचना यदि । तर्हि अस्तु । वयं चितिं सुचिन्त्यरचनां नो ब्रूमः। नित्यत्त्वकारणात् ।।

व्याख्या :- मिथ्यात्त्वलक्षणस्याचिन्त्यरचनात्त्वस्य चिद्रूप आत्मन्यतिव्याप्तिमाशङ्क्य परिहरति- यथाचिन्त्यरचना मिथ्या तथैव चिदपीति चेदङ्गीकुर्मः । प्रागभावयुक्तत्त्वे सत्यचिन्त्यरचनात्त्वं मिथ्यात्त्वमिति परिष्कर्तुमिच्छुरस्तु तर्हीति वदति । यद्यैवमङ्गीक्रियेत तर्हि स्यादपसिद्धान्त इति चेन्नेत्याह। चितिं वयं सुचिन्त्यरचनां नो ब्रूमः । तमेव गूढाभिसन्धिं प्रबोधयन्नङ्गीकरणे हेतुं प्रकटयति ।

ऐसा मत कहो, क्योंकि अचिन्त्य रचना रूप इस मिथ्यात्व की अनुभूति स्वसाक्षिकी है (अर्थात् मिथ्यात्व का अनुभव अपने साक्षी चैतन्य से ही सिद्ध है) ।२५२।

व्याख्या - विचार करने से द्वैत के मिथ्यात्व का जो ज्ञान होता है, वह केवल युक्ति से ही होता है, अनुभव से नहीं होता । यदि तुम ऐसा कहते हो तो ऐसा मत कहो क्योंकि द्वैत का मिथ्यात्व केवल युक्ति से ही नहीं किन्तु अनुभव से भी सिद्ध ही है । अचिन्त्य रचना रूप यह जो जगत् है, वह मिथ्या ही है क्योंकि इसके मिथ्यात्व की अनुभूति स्वसाक्षिकी है अर्थात् मिथ्यात्व का अनुभव करने वाला कोई साक्षी अवश्य ही है और वही आत्मा है । इसलिये साक्षी चैतन्य के द्वारा ही मिथ्यात्व का निश्चय होने से तुम द्वैत के मिथ्यात्व को केवल युक्तिवाद के आश्रित नहीं कह सकते ।

अचिन्त्य रचना रूप मिथ्यात्व का लक्षण चिदात्मा में अतिव्याप्त है, ऐसी शंका होने पर उसका परिहार करते हैं ।

अर्थ - चैतन्य आत्मा भी अचिन्त्य रचना वाला है (इसलिये मिथ्या है) यदि ऐसा कहते हो तो ऐसा भले ही हो, हम चैतन्य रूप आत्मा को सुचिन्त्य रचना रूप नहीं कहते हैं, क्योंकि आत्मा नित्य है ।२५३।

व्याख्या - जो अचिन्त्य रचना रूप है, वह पदार्थ मिथ्या है । ऐसा पूर्व में कहा गया किन्तु यह लक्षण चिदात्मा में भी अतिव्याप्त है अर्थात् चिदात्मा भी अचिन्त्य रचना वाला होने के कारण उसका भी मिथ्यात्व सिद्ध होगा । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि यदि तुम चैतन्य को भी अचिन्त्य रचना रूप कहते हो तो भले ही वैसा हो अर्थात् इस बात को हम अंगीकार करते हैं किन्तु हम चैतन्य को सुचिन्त्य रचना रूप नहीं कहते हैं क्योंकि आत्मा नित्य है । आत्मा नित्य क्यों है ? तो कहते हैं कि प्रागभाव का

नित्यत्त्वकारणान्नित्यत्त्वाद्धेतोरात्मनः प्रागभावाभावादिति भावः । तस्मात्कारणस्यानादित्त्वे कार्यस्यापि तथाविधत्त्वापत्तेः कारणस्य चितो रचनायास्सुचिन्त्यत्त्वाभाव इति दिक् ।।

चितेर्नित्यत्त्वनिरूपणम् –

प्रागभावो नानुभूतश्चितेर्नित्या ततश्चितिः ।
द्वैतस्य प्रागभावस्तु चैतन्येनानुभूयते ॥ २५४ ॥

अन्वयः–चितेः प्रागभावः न अनुभूतः । ततः चितिः नित्या द्वैतस्य प्रागभावः तु चैतन्येन अनुभूयते।।

व्याख्या :- प्रागभावानुभवाभावाच्चितेर्नित्यतेत्याह । यतो यस्माद्धेतोः प्रागभावो नानुभूतस्ततस्तस्माद्धेतोर्नित्या चितिरिति चितेः प्रागभावस्याननुभवात्प्रागभावाप्रतियोगित्त्वमेवं प्रध्वंसाभावस्याप्यनुभवाभावात्प्रध्वंसाभावाप्रतियोगित्त्वे सति प्रध्वंसाभावाप्रतियोगित्त्वलक्षणं नित्यत्त्वं चितेस्सिद्ध्यति । तद्रचनायां हेतुत्त्वे हि रचना सुचिन्त्या भवेत् । सादेः कार्यस्य कारणान्तरविरहित-स्यानादेः कारणता नो संभवति । तस्मात्सुचिन्त्यत्त्वं रचनाया नोपपद्यते । एवं चेत्तर्हि चितेरचिन्त्यरचना-

---

अभाव होने के कारण आत्मा नित्य है । भाव यह है कि यद्यपि आत्मा अचिन्त्य रचना वाला ही है, उसे सुचिन्त्य रचना वाला नहीं कह सकते तथापि वह मिथ्या नहीं है । मिथ्या होने का एकमात्र लक्षण अचिन्त्य रचना नहीं है "***प्रागभावयुक्तत्वे सति अचिन्त्यरचनात्वं मिथ्या पदार्थत्वम्***" अर्थात् प्राक् अभाव (प्रागभाव) से युक्त अचिन्त्य रचना ही मिथ्यात्व का लक्षण है । जगत् का प्रागभाव भी है और उसकी अचिन्त्य रचना भी है, इसलिये वह मिथ्या है किन्तु चिदात्मा का प्रागभाव नहीं है केवल अचिन्त्य रचना ही है, इसलिये वह मिथ्या नहीं है । जिस वस्तु की उत्पत्ति होती है, उसीका उत्पन्न होने से पूर्व अभाव होता है, जिसे प्रागभाव कहते हैं । आत्मा नित्य होने से उत्पन्न नहीं होता, इसलिये उसका प्रागभाव नहीं है । इसलिये आत्मा मिथ्या नहीं है ।

चैतन्य के नित्यत्व का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – चिदात्मा का प्रागभाव अनुभव में नहीं आता इसलिये चिदात्मा नित्य है । किन्तु द्वैत का प्रागभाव तो चिदात्मा के द्वारा अनुभव में आता है। (अतः द्वैत मिथ्या है)।२५४।

व्याख्या – प्रागभाव के अनुभव का अभाव होने के कारण चिदात्मा नित्य है । इसलिये कहते हैं कि चिदात्मा का प्रागभाव अनुभव में नहीं आता इसलिये चिदात्मा नित्य है । उस चिदात्मा में प्रागभाव का अनुभव न होने से प्रागभावप्रतियोगित्व है और उसी प्रकार प्रध्वंसाभाव का भी अनुभव न होने के कारण प्रध्वंसाप्रतियोगित्व भी सिद्ध होता है । अर्थात् प्रागभाव और प्रध्वंसाप्रतियोगित्व रूप नित्यत्व आत्मा का सिद्ध होता है । उसकी रचना मानने पर वह रचना सुचिन्त्या होगी, जो कार्य सादि (आदिसहित) है, उस में कारणान्तर से विरहित अनादि वस्तु का कारणत्व संभव नहीं है । इसलिये रचना का सुचिन्त्यत्व नहीं बन सकता । तब तो आत्मा को अचिन्त्यरचनात्व रूप मिथ्यात्व प्राप्त होगा । इस शंका का निवारण करने के लिये कहते हैं कि मिथ्यात्व का लक्षण केवल अचिन्त्यरचनारूपत्व ही नहीं है किन्तु प्रागभाव से युक्त अचिन्त्यरचनात्व का ही मिथ्यात्व है । प्रागभाव चैतन्य आत्मा में नहीं है, इसलिये प्रागभाव रूप विशेषण के अभाव के कारण आत्मा में मिथ्यात्व सिद्ध ही नहीं हो सकता, अतः यहाँ पर अतिव्याप्ति

त्त्वलक्षणं मिथ्यात्त्वमायात्येवेति तद्धारणाय प्रागभावप्रतियोगित्त्वं विशेष्यता। तस्य च विशेषणस्य चिदात्मन्यभावेन नातिव्याप्तिरिति गूढाभिसन्धिः । स प्रष्टव्यो यश्चितेः प्रागभावसत्तां वदति । चित्प्रागभावः किं चिता अनुभूयते ? आहोस्विदन्येन ? अन्येनेति न वक्तुं शक्यम् । यतस्तदन्यस्य जडत्त्वेनानुभवितृत्त्वं नोपपद्यते । यदि चानुभवश्चितैवेत्युच्येत तदापि किं चिदन्तरेण? अथवा कथञ्चित्तत्स्वीकारे चित्प्रतियोगिकस्याभावस्य चिद्ग्रहणं विना ग्रहीतुमशक्त्या तस्या अपि गृह्यमाणत्त्वे घटपटादित्त्वस्या-पद्यमानत्त्वात् । नापि स्वेनैव रूपेण स्वाभावस्य स्वेनैव ग्रहीतुमशक्तेरतश्चित्प्रागभावो नानुभूयत इत्युक्तिस्समुचितैव । एव रीत्या द्वैतस्यापि प्रागभावस्यानुभवाभावात्तस्यापि नित्यत्त्वं प्रसज्येत ? । तथा हि प्रमात्रादिभेदरूपाद्वैतस्यापि नित्यत्त्वापत्तिरिति भावः । तामेतामाशङ्कामनुभवित्रन्तरसद्भावादिति दूरीकरोति । द्वैतस्यानादिभिन्नद्वैतस्याथवा द्वैताविर्भावस्य। एतेन नाव्याप्तिरनादौ तत्प्रागभावस्तु चैतन्येनानुभूयते । जाग्रदाद्यवस्थासु विद्यमानस्य द्वैतस्य प्रागभावस्साक्षिणा सुषुप्तावनुभूयमानत्त्वात् "तसमस्साक्षी सर्वस्य साक्षी"त्यादिश्रुतेश्चेति दिक् ।।

मिथ्यात्त्वलक्षणसमन्वयः -

प्रागभावयुतं द्वैतं रच्यते हि घटादिवत् ।
तथापि रचनाऽचिन्त्या मिथ्या तेनेन्द्रजालवत् ।। २५५ ।।

का प्रश्न ही नहीं है । चैतन्य का प्रागभाव है, यदि ऐसा तुम कहते हो तो बताओ कि इसका प्रमाण क्या है ? यदि कहो कि अनुभव प्रमाण है, तो बताओ कि वह चैतन्य का ही है या किसी अन्य का ? यदि कहो कि अन्य का है तो यह ठीक नहीं है, क्योंकि चैतन्य से अन्य जड़ पदार्थ में अनुभवपना संभव नहीं है । तब तो चैतन्य ही अनुभव करता है, ऐसा ही मानना पड़ेगा । तब बताओ कि वह चैतन्य से भिन्न है अथवा चैतन्य का स्वरूप ही है ? प्रथम पक्ष ठीक नहीं है, क्योंकि वेदान्त सिद्धान्तानुसार चैतन्य आत्मा के अतिरिक्त अन्य कोई चैतन्य स्वीकार नहीं किया गया है । दूसरा पक्ष भी ठीक नहीं है, क्योंकि स्वयं के अभाव को स्वयं के द्वारा जानना शक्य नहीं है । अतः चिदात्मा का प्रागभाव अननुभूत है, यह कथन उचित ही है । इसी प्रकार द्वैत का भी प्रागभाव अननुभूत होने के कारण वह भी नित्य है । ऐसी शंका का परिहार करते हुए कहते हैं कि द्वैत का प्रागभाव तो चैतन्य के द्वारा अनुभूत है । जाग्रत् अवस्था में विद्यमान द्वैत का प्रागभाव सुषुप्ति में साक्षी चैतन्य के द्वारा अनुभूत होने से मिथ्या ही है । "***तमसः साक्षी सर्वस्य साक्षी*** " इत्यादि श्रुतियों के द्वारा भी चैतन्य को द्वैत के प्रागभाव का साक्षी कहा गया है । अतः द्वैत मिथ्या है और चिदात्मा नित्य है ।

द्वैत में मिथ्यात्व लक्षण को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - प्रागभावयुक्त द्वैत जगत् की रचना यद्यपि घटादि की तरह ही होती है फिर भी द्वैत की रचना अचिन्त्य ही है, इसलिये इन्द्रजाल के समान द्वैत जगत् मिथ्या है ।२५५।

व्याख्या - जो प्रागभाव से युक्त हो और अचिन्त्यरचना रूप हो, उसे मिथ्या कहते हैं । पूर्व में मिथ्यात्व का जो यह लक्षण कहा गया उसे द्वैत में समन्वित करते हैं । प्रागभावयुक्त यह जो नामरूपात्मक

अन्वयः – प्रागभावयुतं द्वैतं घटादिवत् रच्यते हि । तथापि रचना अचिन्त्या । तेन इन्द्रजालवत् मिथ्या।

व्याख्या :– प्रागभाववत्त्वे सत्यचिन्त्यरचनात्त्वं मिथ्यात्त्वमिति फलितं मिथ्यात्त्वलक्षणम् । तस्य द्वैते प्रपञ्चे समन्वयान्मिथ्यात्त्वसिद्धिरित्याह । प्रागभावयुतं विशेषणमिदं हेतुगर्भितम् । प्रागभावयुक्तत्त्वात् द्वैतं जगद्घटादिवत्सत्यतया भासमानमिव हि रच्यते नियतिकृतनियमेन विन्यस्यते। यद्यपि तथाप्येवं रच्यमानत्त्वेऽपि तस्य द्वैतप्रपञ्चस्य रचना ह्यचिन्त्या बुद्ध्यगोचरैव । तेन मनसाप्यचिन्त्य-स्वरूपत्त्वेन हेतुनेन्द्रजालवदैन्द्रजालिककल्पितप्रासादादिवन्मिथ्यानिर्वचनीयैवेति शम् ।।

अद्वैतमपरोक्षं नेत्येवं वदतां व्याघात इति निरूपणम् –

चित्प्रत्यक्षा ततोऽन्यस्य मिथ्यात्त्वञ्चानुभूयते ।
नाद्वैतमपरोक्षञ्चेत्येतन्न व्याहतङ्कथम् ।। २५६ ।।

अन्वयः – चित् प्रत्यक्षा च ततः अन्यस्य मिथ्यात्त्वम् अनुभूयते । (किं) च अद्वैतम् अपरोक्षं न इति एतत् कथं न व्याहतम् ।।

व्याख्या :– निखिलद्वैतसाक्षिणी स्वयं प्रकाशा नित्या चापरोक्षा सत्यस्वरूपा चितिरात्मरूपैवेति च सिद्धेऽप्यद्वैतचिदात्मा प्रत्यक्षं नानुभूयत इति वदतां भेदवादिनां व्याघातसद्भावादज्ञातृत्त्वं प्रकाशत इत्याह । चित्प्रत्यक्षा स्वप्रकाशत्त्वनित्या स्वस्वरूपत्त्वादपरोक्षा च । ततश्चितस्सकाशादन्यस्य भिन्नस्य सम्मुखं परिदृश्यमानस्य नामरूपात्मकस्य निखिलद्वैतजालस्य मिथ्यात्त्वं तद्धिया पृथक्कारे सत्ता

दृश्यमान जगत् है, उसकी रचना यद्यपि घटादि के समान ही हुई है अर्थात् जैसे घटादि पदार्थों में विशेष मिट्टी, जल, चक्र आदि के द्वारा कुम्हार विशेष प्रकार के नियमानुसार ही घटादि की रचना करता है, उसी प्रकार यह जगत् भी नियत नियमों से ही उत्पन्न होता है तथापि उसकी रचना अचिन्त्य है अर्थात् बुद्धि का विषय नहीं है । इसी कारण से (बुद्धि का अविषय होने से) उसकी रचना जादूगर के द्वारा निर्मित पदार्थों के समान मिथ्या (अनिर्वचनीय) है अतः पूर्वोक्त मिथ्यात्व लक्षण द्वैत में भली-भाँति समन्वित हो जाता है । भाव यह है कि यह द्वैत जगत् इन्द्रजाल के समान है । जादूगर ऐसी वस्तु का निर्माण करके दिखा देता है जो अस्तित्वहीन होती है । जगत् भी इसी तरह निस्तत्त्व होकर भी देखने में आ रहा है । "***सो नर इन्द्रजाल नहिं भूला, जापर होइ सो नट अनुकूला***" जादूगर के जादू से अन्य लोग प्रभावित होते हैं किन्तु जो जादूगर की जादूगरी को जानता है, वह भ्रमित नहीं होता है । जादूगरी का भ्रम तभी मिट सकता है जब उस नट अर्थात् जादूगर की कृपा हो जाए । नट चिदात्मा है, जिसे चिदात्मा का बोध हो जाता है, वह द्वैत के इन्द्रजाल को सत्य समझकर उसमें भटकता नहीं है ।

अद्वैत अपरोक्ष नहीं है, यह कथन वदतोव्याघात दोष से दूषित है, इसका वर्णन करते हैं।

अर्थ – चैतन्य प्रत्यक्ष (अपरोक्ष) है और उससे अन्य (द्वैत) का मिथ्यात्व अनुभूत है फिर 'अद्वैत अपरोक्ष नहीं है' ऐसा कहना क्या वदतोव्याघात दोष नहीं है ?२५६।

व्याख्या – चैतन्य द्वैत साक्षी है और ज्ञानस्वरूप होने के कारण स्वयंप्रकाश है इसलिए उसका सत्यत्व और अपरोक्षत्व सिद्ध ही है । अतः चैतन्य का प्रत्यक्ष रूप से अनुभव नहीं होता है, ऐसा कहने वाले भेदवादियों का वचन वदतोव्याघात नामक दोष से दूषित है । वस्तुतः वे इस विषय से अनभिज्ञ ही हैं। इसलिये कहते हैं चैतन्य प्रत्यक्ष अर्थात् अपरोक्ष है और उससे भिन्न जो द्वैत है, उसके मिथ्यात्व का अनुभव भी होता है,

प्रकाशराहित्येन स्वरूपोपमर्दात्स्वसत्ताशून्यत्त्वं चानुभूयते स्वप्रकाशचितैव विषयीक्रियते । एवं च सत्यद्वैतमपरोक्षं नेत्येतद्वचनं कथं न व्याहतं भवेत् । किन्तु व्याहतमेवाद्वैतस्य चिदनतिरेकित्त्वात् । एवं भेदवादिभिर्यद्युच्येत तत्कुतो न खण्डितमिति दिक् ।।

वेदान्तेऽर्थेऽविश्वासो दुरदृष्टादिति निरूपणम् -

इत्थं ज्ञात्वाप्यसन्तुष्टः केचित्कुत इतीर्यताम् ।
चार्वाकादेः प्रबुद्धस्याप्यात्मा देहः कुतो वद ।। २५७ ।।

अन्वयः - इत्थं ज्ञात्त्वा अपि केचित् असन्तुष्टाः कुतः इति ईर्यताम् । प्रबुद्धस्य चार्वाकादेः अपि देहः आत्मा कुतः वद ।।

व्याख्या :- एवमद्वैततत्त्वं नित्यापरोक्षतया जानतामपि केषाञ्चनाविश्वासः कस्मादित्यत्र प्रतिबन्दीं ददाति । इत्थमद्वैततत्त्वं प्रत्यगभिन्नं सच्चिदानन्दमपरोक्षं ज्ञात्त्वापि केचिदभाग्याः कुतोऽसन्तुष्टाः कथमसन्तृप्ता इत्यस्मिन्विषये कारणमीर्यतामित्येवं पृष्टो वदति । सम्यग्विचारपूर्वकानुभव-शून्यत्त्वादित्याशयेनाह चार्वाकादेरुपलक्षणतया सर्वस्यापि द्वैतिन आपामरजनसमूहस्य प्रबुद्धस्याप्यूहा-पोहचतुरस्य कुतो देह आत्मेति वदेत्येवं प्रतिबन्दीं गृह्णाति । कुशलबुद्धीनामपि चार्वाकादीनां देहादीनामात्मत्त्वेनाङ्गीकारे न्यायविचारशून्यत्त्वपुरस्सरं केवलं स्वस्वसिद्धान्तसंस्थापनाग्रहेण स्ववाद-मौख्र्याद्धेतोर्द्वैतिनां दुरदृष्टप्रतिबन्धादेव शास्त्रनिर्णीतेऽप्यर्थेऽविश्वास इति शम् ।।

तब अद्वैत अपरोक्ष नहीं है, ऐसा कहना क्या वदतोव्याघात नहीं ? अर्थात् अवश्य ही है । भाव यह है कि अब तक के विवेचन से यह सिद्ध हो गया कि चिदात्मा स्वयंप्रकाश स्वरूप होने के कारण अपरोक्ष अनुभव में आ रहा है । इसके प्रागभाव का अनुभव संभव न होने के कारण यह अनादि और नित्य है, किन्तु जगत् (द्वैत) प्रागभाव से युक्त है तथा चिदात्मा के द्वारा अनुभवगम्य है, अतः वह मिथ्या है । यह जानकर भी यदि कोई अद्वैत रूप चिदात्मा को अपरोक्ष तत्त्व न माने तो यह वदतोव्याघात दोष ही होगा ।

इस प्रकार यदि अद्वैत प्रत्यक्ष ही है तो कुछ लोग इस पर विश्वास क्यों नहीं करते हैं? ऐसी शंका कर उसका उत्तर देते हैं ।

अर्थ - इस प्रकार जानकर भी भला बताओ-कुछ लोग असन्तुष्ट क्यों हैं ? यदि तुम ऐसा पूछते हो तो तुम्हीं बताओ कि प्रबुद्ध (तर्क में कुशल) चार्वाकादि दार्शनिक देह को ही आत्मा क्यों मानते हैं?२५७।

व्याख्या - इस प्रकार अद्वैत तत्त्व को नित्य अपरोक्ष रूप से जानकर भी कुछ लोग असन्तुष्ट क्यों हैं ? इसका कारण बताओ । ऐसा प्रश्न होने पर उसका उत्तर देते हैं कि तुम्हारे प्रश्न पर हम प्रश्न कर रहे हैं कि पहले तुम यह बताओ कि तर्क करने में अत्यन्त कुशल जो चार्वाकादि दार्शनिक हैं, वे देह को ही आत्मरूप से क्यों स्वीकार करते हैं ? भाव यह है कि अत्यन्त कुशाग्र बुद्धि वाले चार्वाकादि भी सम्यक् विचार से शून्य होने के कारण अथवा मूर्खतावश जैसे देहे को ही आत्मा मानते हैं, उसी प्रकार द्वैतवादियों को भी जानना चाहिये । अर्थात् हमारे द्वारा पूछे गये प्रश्न का जो उत्तर है, वही उत्तर तुम्हारे प्रश्न (अद्वेत को जानकर भी कुछ लोगों के असन्तुष्ट रहने) का भी है।

धीदोषाच्चार्वाकादीनामसम्यग्विचार इति निरूपणम् –

सम्यग्विचारो नास्त्यस्य धीदोषादिति चेत्तथा ।
असन्तुष्टास्तु शास्त्रार्थन्न त्वैक्षन्त विशेषतः ॥ २५८ ॥

अन्वयः – अस्य धीदोषात् सम्यग्विचारः न अस्ति इति चेत् । तथा असन्तुष्टाः तु विशेषतः शास्त्रार्थं न तु ऐक्षन्त ।

व्याख्या :– प्रतिबन्दीमोचनं प्रकटयन्द्वैतवादिनां विचारे धीदोषात्सम्यत्तत्वं नास्तीत्यतो देहात्मबुद्धिः भवतीत्याह । सम्यग्विचारस्सद्गुरुपरम्परासम्प्रदायसुप्रसिद्धश्रौतार्थविचारोऽस्य द्वैतवादिनो धीदोषान्नास्तीति चेद्विशेषतश्शास्त्रार्थं प्रति शास्त्रसंसिद्धमद्वैतं प्रत्यसन्तुष्टा विश्वासरहिता धीदोषान्न त्वैक्षन्त नैवापश्यन्। शास्त्रसिद्धस्य सत्यचिद्रूपस्य सच्चिद्रूपेणानुभवे सत्यपि विशेषाकारेण स्वप्रकाशत्त्वेनानन्दादिस्वरूपेण च नैव पश्यन्ति ।।

यदि तुम धीदोष को चार्वाकादि के अज्ञान का कारण बताते हो तो हमारा भी यही समाधान है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ – चार्वाकादि दार्शनिक अपने बुद्धिदोष के कारण सम्यक् विचार नहीं कर पाते हैं, यदि तुम ऐसा कहते हो तो उसी प्रकार वेदान्त विषय में असन्तुष्ट लोग भी बुद्धिदोष के कारण शास्त्र के अर्थ (अद्वैत) को विशेष रूप से नहीं जान पाते हैं ।२५८।

व्याख्या – सिद्धान्ती पूछता है कि बुद्धिदोष के कारण ही चार्वाकादि कुशाग्र बुद्धि वालों को सम्यक् बोध नहीं होता है यदि तुम ऐसा कहते हो तो तुम्हारे समाधान के समान ही हमारा भी वही समाधान है । यदि बुद्धिदोष ही सम्यक् विचार का प्रतिबन्धक है तो वेदान्तप्रोक्त अद्वैतात्मतत्त्व के विषय में भी यही प्रतिबन्धक है । सम्प्रदायसिद्ध वेदान्त के अर्थ का विचार सम्यक् विचार कहा जाता है । श्लोक में शास्त्र सिद्ध अद्वैत को '**शास्त्रार्थं**' ऐसा कहा गया है । बुद्धिदोष के कारण ही अद्वैत तत्त्व को न जानकर कुछ लोग असुन्तुष्ट रहते हैं । तात्पर्य यह है कि अन्तःकरण की मलिनता के कारण कई दार्शनिक शुद्धात्मतत्त्व को सम्यक् रूप से नहीं जान पाते हैं । जहाँ तक उनके विचार की गति होती है वहाँ पहुँच कर उसी को अंतिम सत्य समझ लेते हैं । इसी कोटि के व्यक्ति जब वेदान्त प्रोक्त अद्वैतात्मतत्त्व का श्रवण करते हैं तो उसे पूर्ण रूप से स्वीकार नहीं कर पाते हैं । कोई चिदात्मा का नित्यात्व अनुभव नहीं कर पाता, कोई शब्द प्रमाण को ही निराधार मानता है । इस प्रकार अद्वैत आत्मतत्त्व को जानकर भी उस पर विश्वास न होने के कारण कुछ लोग असन्तोष को प्राप्त होते हैं । आत्मा को सामान्य रूप से जानकर भी वे लोग आत्मा सत्, चित् और आनन्द स्वरूप है, स्वयंप्रकाश नित्यमुक्त है, इत्यादि प्रकार से नहीं जान पाते हैं ।

तत्त्वज्ञानफलनिरूपणम् –

यदा सर्वे प्रमुच्यन्ते कामा येऽस्य हृदि श्रिताः ।
इति श्रौतं फलन्दृष्टन्नेति चेद्दृष्टमेव तत् ॥ २५९ ॥

अन्वयः – "अस्य हृदि श्रिताः ये कामाः सर्वे यदा प्रमुच्यन्ते" इति फलं श्रौतं दृष्टं न इति चेत्। तत् दृष्टम् एव ।।

व्याख्या :- एतावता विहितस्तत्त्वविचारः । सम्प्रति तज्जन्यः ज्ञानफलस्य विचारमारभमाणस्तत्फलप्रतिपादिकां श्रुतिं दर्शयति । "यदा सर्वे प्रमुच्यन्ते कामा येऽस्य हृदिश्रिताः। अथ मर्त्योऽमृतो भवत्यत्र ब्रह्म समश्नुते ।।" इति कठे श्रूयते । अस्यात्मजिज्ञासोर्मुमुक्षोर्हृदि श्रिता विद्यमानाः कामा येऽन्योऽन्याध्यासमूला "अहिमदं ममेद"मित्याकारकास्तत्प्रयुक्ता रागद्वेषादयस्ते सर्वेऽपि यदा यस्मिन्काले प्रमुच्यन्ते तत्त्वज्ञानानुभवान्निखिलाध्यासनिवृत्तौ सत्यां निवर्तन्तेऽथ तदैव मर्त्यः तत्तद्देहेन्द्रियादितादात्म्याध्यासेन मरणस्वभावोऽप्यमृतो मरणप्रयोजकाध्यासाभावादमरणधर्मा भवति । किञ्चात्रास्मिन्नेव जन्मन्यस्मिन्नेव क्षणे ब्रह्म सत्यज्ञानानन्दानन्तलक्षणं समश्नुते सम्यगसंशयेनाविपर्यासं प्रत्यगभिन्नतयानुभूयते ।

अत्रेदं श्रौतं फलं निखिलकालनिवृत्त्यादिरूपं न घटते तथाविधानुभवाभावात् । केवलं शाब्दमेवतत्फलं श्रौतं भवेदिति चेन्न । समनन्तरपठितश्रुतिवाक्यतात्पर्यपर्यालोचनया तत्फलस्य सिद्धेः। तत्फलं दृष्टमेवानुभवसिद्धमेव । तस्मान्नानुभूतमिति यदुक्तं तदसिद्धमेवेति शम् ।।

तत्त्वज्ञान के फल का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – 'जिस समय इस मुमुक्षु के हृदय में स्थित समस्त कामनाएँ समाप्त हो जाती हैं' इस प्रकार श्रुति में कहा गया फल देखने में नहीं आता है । यदि ऐसा कहो तो वह ठीक नहीं है, वह फल अवश्य ही देखने में आता है ।२५९।

व्याख्या – अब तक तत्त्व विचार किया गया, अब उससे होने वाले फल का विचार प्रारम्भ करते हुए श्रुति का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं ।

यदा सर्वे प्रमुच्यन्ते कामा येऽस्य हृदि स्थिताः।
अथ मर्त्योऽमृतो भवत्यत्र ब्रह्म समश्नुते ।। (कठो. २/३/१४)

जब इस मुमुक्षु के हृदय में स्थित "मैं यह हूँ, यह मेरा है" इत्यादि अध्यास निमित्तक रागयुक्त जो कामनाएँ हैं, वे सब समाप्त हो जाती हैं तब यह मरणधर्म वाला (मर्त्य) पुरुष अमृतस्वरूप हो जाता है और यहीं जीवितावस्था में ही ब्रह्म को पूर्ण रूप से (आत्मभाव से) प्राप्त कर लेता है । इस प्रकार भगवती श्रुति ने ही उत्तरार्ध से ब्रह्मज्ञान का फल निर्दिष्ट कर दिया है कि वह समस्त कामनाओं से मुक्त हो जाता है । यहाँ यह प्रश्न उठता है कि श्रुति में वर्णित यह फल प्राप्त होना संभव है या नहीं ? इस पर विचार प्रस्तुत करते हैं कि श्रुति में प्रदर्शित फल देखने में नही आता है, अतः समस्त कामनाओं से मुक्त होना रूप फल विचार से प्राप्त नहीं हो सकता । इतना ही नहीं, श्रुत्युक्त यह फल अनुभवगम्य भी नहीं है अतः इसे विचारजन्य फल कहना उचित नहीं है । ऐसी शंका होने पर आचार्य समाधान करते हैं कि वह फल अवश्य ही देखा गया है, वह अनुभव सिद्ध ही है इसलिये तुम्हारे द्वारा दिया गया हेतु असिद्ध है ।

ज्ञानफलानुभवविषयकवाक्यशेषोपन्यसनम् -

यदा सर्वे प्रभिद्यन्ते हृदयग्रन्थयस्त्विति ।
कामा ग्रन्थिस्वरूपेण व्याख्याता वाक्यशेषतः ॥ २६० ॥

अन्वयः - "यदा सर्वे हृदयग्रन्थयः तु प्रभिद्यन्ते" इति वाक्यशेषतः कामाः ग्रन्थिस्वरूपेण व्याख्याताः।।

व्याख्या :- ज्ञानानुभवस्य स्पष्टीकरणाय तद्वाक्यशेषमुदाहरंस्तस्यार्थं प्रदर्शयति । "यदा सर्वे प्रभिद्यन्ते हृदयस्येह ग्रन्थयः । अथ मर्त्योऽमृतो भवत्येवद्ध्यनुशासन"मिति कठवाक्यात्तद्वाक्यशेषतो वाक्येन कामा ग्रन्थिस्वरूपेण निरूपिताः । कामानां ग्रन्थिरूपत्त्वेन व्याख्यातचरत्त्वाद्धेतोः परमे तत्त्वे साक्षात्कृते सति कामविमोक इति फलस्य श्रुत्यैव सूचितत्त्वात्कालविशेषोऽत्र सन्दर्शित इति तस्मिन्काले तत्फलमनुभूयत इति पूर्वोक्तं युक्तमेवेति भावः । कामप्रमोकोऽग्रन्थिभेदः स चाहङ्कारचिदात्मनोस्तादात्म्याध्यासाभावः । तेनैवात्मानुभवोऽपरोक्षतया सिद्ध्यतीति शम् ।।

कामशब्दितग्रन्थिपदार्थनिर्वचनम् -

अहङ्कारचिदात्मानावेकीकृत्याविवेकतः ।
इदं मे स्यादिदं मे स्यादितीच्छाः कामशब्दिताः ॥ २६१ ॥

पूर्वोक्त श्लोक को स्पष्ट करने के लिये श्रुतिवाक्य का उदाहरण देकर उसका अर्थ भी बताते हैं ।

अर्थ - 'जब हृदय की समस्त ग्रन्थियों का भेदन हो जाता है' इस प्रकार श्रुति के शेष वाक्य से कामनाओं की ग्रन्थि रूप से व्याख्या की गई है ।२६०।

व्याख्या - ज्ञानानुभव को स्पष्ट करने के लिये श्रुति के शेष वाक्य का उदाहरण देकर उसके अर्थ को भी स्पष्ट करते हैं । कठोपनिषद् का अगला मन्त्र है-

यदा सर्वे प्रभिद्यन्ते हृदयस्येह ग्रन्थयः।
अथ मर्त्योऽमृतो भवत्येतावद्ध्यनुशासनम् ।। (कठो. २/३/१५)

अर्थात् - जब हृदय की अविद्या नामक समस्त ग्रन्थियाँ खुल जाती हैं तब यह मरणधर्मा पुरुष अमर हो जाता है, यही समस्त वेदान्तों का अनुशासन (आदेश) है । "***यदा सर्वे प्रभिद्यन्ते हृदयस्येह ग्रन्थयः***" इस प्रकार श्रुति के शेष वाक्य से कामनाओं की ग्रन्थि रूप से व्याख्या की गई है । कामनाएँ ही हृदय की ग्रन्थियाँ हैं । जब तत्त्वसाक्षात्कार होता है तब ये समस्त हृदय की ग्रन्थि रूप कामनाएँ नष्ट हो जाती हैं । पुरुष समस्त कामनाओं से मुक्त हो जाता है । इस प्रकार श्रुति स्वयं ही फल की सूचना देती है । यहाँ विशेषकाल भी दर्शाया गया है, इसलिये उस काल में वह फल प्राप्त होता है (अनुभव में आता है)। इस प्रकार पूर्वोक्त वचन उचित ही है । भाव यह है कि विद्या से अविद्या की निवृत्ति होना ही हृदय-ग्रन्थि का खुलना है, यह केवल शास्त्र से ही सिद्ध नहीं है किन्तु अनुभव से भी सिद्ध है ।

काम शब्द से कहे गये ग्रन्थिपदार्थ का निर्वचन करते हैं ।

अर्थ - अविवेक के कारण अहंकार और चिदात्मा को अभिन्न समझ कर 'मुझे यह मिले, मुझे यह मिले' इस प्रकार की इच्छाएँ ही कामशब्द वाच्य हैं।२६१।

अन्वयः - अहङ्कारचिदात्मानौ अविवेकतः एकीकृत्य "मे इदं स्यात्, मे इदं स्यात्" इति इच्छाः कामशब्दिताः ।।

व्याख्या :- लोके तावत्कामशब्दस्येच्छार्थकतया प्रयोगस्य दृष्टत्त्वेन कथमत्र ग्रन्थिरूपेऽर्थे कामशब्दप्रयोग इत्याशङ्कायां कामपदवाच्यता नेच्छामात्रस्य किन्त्वध्यासमूलस्येच्छाविशेषस्यैवेत्याह। अविवेकतोऽन्योऽन्याध्यासादहङ्कारचिदात्मानावहङ्कारश्चिदाभासःकर्तृत्त्वाभिमानी जीवश्चिदात्मा कूटस्थो निर्विकारस्तावेतावुभावेकीकृत्य चिज्जडयोर्धर्मान्परस्परमध्यस्य व्यवहरति । एतावता ग्रन्थिरध्यास इत्युक्तः । कामपदार्थश्च तन्मूलक एवेत्याह । इदं मे स्यादिदं मे स्यादिति वित्तापत्यकलत्रक्षेत्रारामगृहादि-विषयकेच्छास्तत्तदिच्छाविशेषाः कामशब्दिताः कामपदवाच्या इत्येवमत्रेच्छामात्रस्य न कामशब्देन विवक्षां परन्त्वन्योऽन्याध्यासमूलकेच्छाविशेषस्यैव कामपदेन विवक्षा । यतो बन्धकता तस्यैव दृश्यत इति ग्रन्थित्वमपि तस्यैवोपपन्नमिति दिक् ।।

अनध्यासमूलानां कामानां न बन्धकत्त्वमिति निरूपणम् -

अप्रवेश्य चिदात्मानं पृथक्पश्यन्नहङ्कृतिम् ।
इच्छंस्तु कोटिवस्तूनि न बाधो ग्रन्थिभेदतः ।। २६२ ।।

अन्वयः - चिदात्मानम् अप्रवेश्य अहङ्कृतिं पृथक् पश्यन् कोटिवस्तूनि इच्छन् तु ग्रन्थिभेदतः बाधः न ।।

व्याख्या :- यदि नाम तत्त्वज्ञानफलमध्यासमूलककामत्याग एव भवेत्तर्हि तदमूलककामाभ्यु-पगमस्तत्त्वज्ञानिन आपतेदिति चेदिष्टापत्तिं तत्र प्रदर्शयति । चिदात्मानमहङ्कारे तदवच्छिन्नचिदाभासे कूटस्थं प्रत्यप्रवेश्य मूलाज्ञानप्रयुक्ततादाम्यादन्योऽन्याध्यासेनान्तर्भाव्याहङ्कृतिं कर्तृत्त्वाभिमानं

व्याख्या - लोक में तो काम शब्द इच्छार्थक ही प्रसिद्ध है, तब आप उसका ग्रन्थि रूप से व्याख्यान कैसे करते हैं ? ऐसी आशंका होने पर उसका उत्तर देते हैं । अविवेक के कारण कर्तृत्वाभिमानी जीव (अहंकार) और निर्विकार कूटस्थ (चिदात्मा) उन दोनों को अभिन्न समझ कर अन्य के धर्मों को अन्य में अध्यस्त कर 'मुझे यह मिले, मुझे यह मिले' अर्थात् जाया, पुत्र, वित्त, क्षेत्र, गृहादि मुझे प्राप्त हों इस प्रकार की जो विशेष इच्छाएँ हैं, वे कामशब्दवाच्य हैं । भाव यह है कि यहाँ पर इच्छामात्र को कामरूप से कहना विवक्षित नहीं है किन्तु अध्यासमूलक विशेष इच्छाएँ ही काम रूप से विवक्षित हैं और वे बन्धन में डालने वाली होने के कारण उनको ग्रन्थि शब्द से कहना सर्वथा उचित ही है ।

अध्यासरहित इच्छाएँ बन्धन का कारण नहीं होती हैं, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - (अहंकार के साथ) चिदात्मा को न मिलाकर अहंकार को उससे पृथक् रूप से देखता हुआ पुरुष करोड़ों वस्तुओं की इच्छा करता हुआ भी ग्रन्थिभेद हो जाने के कारण बन्धन में नहीं पड़ता है ।२६२।

व्याख्या - यदि अध्यासमूलक कामनाओं का त्याग ही तत्त्वज्ञान का फल होगा तब तो उससे भिन्न अन्य कामनाएँ तत्त्वज्ञानी को भी होती हैं, ऐसा प्रसंग प्राप्त होगा । पूर्वपक्षी की यह आपत्ति इष्टापत्ति ही है, इस प्रकार शंका का परिहार करते हैं । चिदात्मा को अहंकार के साथ न जोड़कर तथा कर्तृत्वाभिमान रूपी अहंकार (जीव) को चिदात्मा से पृथक् रूप से अर्थात् दोनों को अलग-अलग देखता हुआ ज्ञानी

पृथक्कूटस्थाद्विविक्ततया तद्भिन्नतया पश्यन्सत्तादिशून्यत्त्वेन मिथ्यात्त्वमनुसन्दधान कोटिवस्तूनि पुनरभिलषणीयत्त्वेन संस्कारवशादिच्छन्नपि कामयमानोऽपि यो ब्रह्मिष्ठस्तत्त्वज्ञो भवति तस्य ग्रन्थिभेदतोऽध्यासमूलकानां कामानां विनष्टत्त्वाद्धेतोर्न कोऽपि बन्ध इति दिक् ।।

कामोऽपि प्रारब्धमूलक एवेति निरूपणम् –

ग्रन्थिभेदेऽपि संभाव्या इच्छाः प्रारब्धदोषतः ।
बुद्ध्वापि पापबाहुल्यादसन्तोषो यथा तव ।। २६३ ।।

अन्वयः – ग्रन्थिभेदे अपि प्रारब्धदोषतः इच्छाः सम्भाव्याः । यथा बुद्ध्वा अपि पापबाहुल्यात् तव असन्तोषः ।।

व्याख्या :– यद्यपि तत्त्वज्ञानिनामध्यासाभावादिच्छानुदयेन न कामोत्पत्तिस्स्यादथाप्यारब्ध–कर्मवशात्सम्भवन्त्येव त इत्याह । हृदयानां ग्रन्थीनां भेदेऽपि विनाशेऽपि प्रारब्धदोषतः प्रारब्धकर्मबलादि–च्छास्तत्तद्विषयकास्सम्भाव्याः । विषयेऽस्मिंस्तमेव प्रतिवादिनं दृष्टान्तीकरोति । चितेरपरोक्षता जगतश्च मिथ्यात्त्वमित्यादिसम्यग्बुद्ध्वाऽपि पापबाहुल्यादीश्वरानुग्रहाभावाद्यथा तव प्रतिवादिनोऽसन्तोषोऽसमाधानं जायते तद्वदिति शम् ।।

पुरुष यदि करोड़ों वस्तुओं की इच्छा करे तब भी अर्थात् उन पदार्थों की कामना करता हुआ भी बन्धन में नहीं पड़ता है । क्यों नही पड़ता है ? तो कहते हैं कि '***ग्रन्थिभेदतः***' ग्रन्थि का भेदन हो जाने के कारण अर्थात् अध्यासमूलक कामनाओं के नष्ट हो जाने के कारण वह बन्धन में नहीं पड़ता है । भाव यह है कि अध्यासमूलक इच्छाओं से अतिरिक्त इच्छाओं के होने पर भी उसे कामजन्य दुःखादि और बन्धन प्राप्त नहीं होता है । गीता में भी भगवान् श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि –

यस्य नाहंकृतो भावो बुद्धिर्यस्य न लिप्यते ।
हत्वापि स इमाँल्लोकान्न हन्ति न निबध्यते ।। (गी. १८/१७)

अर्थात् – जिस पुरुष को 'मैं कर्ता हूँ' इस प्रकार की भावना नहीं होती है और जिसकी बुद्धि (अन्तःकरण) कर्मों से लिप्त नहीं होती है, वह समस्त लोकों को (प्राणियों को) मारकर भी वस्तुतः न किसी को मारता है और न पाप से बँधता ही है ।

कामनाएँ भी प्रारब्धानुसार ही होती हैं, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ – ग्रन्थि का भेद हो जाने पर भी प्रारब्धदोष से इच्छाएँ उत्पन्न होना संभव है । जैसे तत्त्व को जानकर भी पाप कर्मों की अधिकता के कारण तुम्हें असन्तोष है ।२६३।

व्याख्या – तत्त्वज्ञानियों में अध्यास का अभाव होने के कारण यद्यपि उनमें इच्छा उत्पन्न नहीं होती है तथापि प्रारब्धवशात् उनमें भी इच्छाओं का होना संभव है । इसलिये कहते हैं कि हृदय की ग्रन्थि का भेद हो जाने पर भी प्रारब्ध कर्मों के दोष से ज्ञानी में भी इच्छाएँ उत्पन्न होना संभव है । इस विषय में दृष्टान्त देते हैं कि चैतन्य का प्रत्यक्षत्व और जगत् का मिथ्यात्व जानकर भी पाप कर्मों की अधिकता के कारण जैसे तुम्हें सन्तोष नहीं है अर्थात् ब्रह्म सत्य है और जगत् मिथ्या है, यह जानकर भी तुम स्वयं को तत्त्वज्ञ न मानकर स्वयं में ज्ञान के अभाव का अनुभव करने के कारण असन्तुष्ट हो, उसी प्रकार ज्ञानी पुरुषों में भी दुष्ट प्रारब्ध कर्मों के कारण इच्छाएँ उत्पन्न हो सकती हैं ।

अध्यासमूलकानामिच्छानामबाधकत्त्वनिरूपणम् -

अहङ्कारगतेच्छाद्यैर्देहव्याध्यादिभिस्तथा ।
वृक्षादिजन्मनाशैर्वा चिद्रूपात्मनि किं भवेत् ॥ २६४ ॥

अन्वयः - देहव्याध्यादिभिः वृक्षादिजन्मनाशैः वा तथा अहङ्कारगतेच्छाद्यैः चिद्रूपात्मनि किं भवेत् ? ॥

व्याख्या :- दृष्टान्तद्वयं पुरस्कृत्याहङ्कारप्रतिबिम्बितचिदाभासगतेच्छाद्यैः कूटस्थस्यात्मनस्साक्षिता भवेदेवेत्याशङ्कायां न तेन कश्चिद्बाध इत्याह । अहङ्कारगतेच्छाद्यैः कूटस्थानध्यस्तैस्तदाध्यासाभावकाले देहव्याध्यादिभिर्देहगतव्याध्यादिजन्यदुःखैस्सुखैर्वा तथा वृक्षादिजन्मनाशैश्च चिद्रूपात्मनि किं भवेन्न किमपीत्यर्थः । यथाहङ्कारसाक्षिणो देहादिगतव्याध्यादिभिर्न बाधो दृश्यते तस्य देहसम्बन्धराहित्यादथवा वृक्षादिगतजन्मादिभिश्चैवमध्यासनिवृत्तावहङ्कारगतेच्छादिभिरपि न कोऽपि बाध इत्यर्थः । तादात्म्याध्या-साभावेन देहसम्बन्धाभावात्तन्निष्ठाधिव्याध्यादिभिर्न कूटस्थस्य पीडा । वृक्षादिजन्मनाशादिभिः कूटस्थस्य यथा न बाधस्तद्वदेव देहव्याध्यादिभिरपीति दिक् ॥

ग्रन्थिभेदानुभवनिरूपणम् -

ग्रन्थिभेदात्पुराप्येवमिति चेत्तन्न विस्मर ।
अयमेव ग्रन्थिभेदस्तव तेन कृती भवान् ॥ २६५ ॥

अध्यास रहित इच्छाओं के अबाधकत्व का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - जैसे देहगत रोगादि के द्वारा तथा वृक्षादि के जन्म और नाश से साक्षी रूप आत्मा का बाध नहीं होता है, उसी प्रकार (अध्यास नष्ट हो जाने पर) अहंकार में होने वाले इच्छादि विकारों से चैतन्य रूप आत्मा में क्या विकार होगा ? (अर्थात् कुछ भी विकार नहीं होगा ।)२६४।

व्याख्या - दो दृष्टान्तों के द्वारा इच्छाओं से साक्षी चैतन्य को कोई अन्तर नहीं पड़ता, इसको स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि अहंकारगत इच्छादि कूटस्थ चैतन्य में आरोपति हैं वस्तुतः वह असंग ही है । जिस तरह शारीरिक रोगों से चैतन्य मैं कुछ भी विकार नहीं होता है और जैसे वृक्ष के उत्पन्न होने या नष्ट होने पर चिदात्मा को कोई हानि या लाभ नहीं है, उसी प्रकार प्रारब्धवशात् इच्छाएँ यदि उत्पन्न होती हैं तो उससे चिदात्मा में क्या होगा ? अर्थात् कामनाओं से चिदात्मा में कुछ भी विकार होना संभव नहीं है । अध्यास का अभाव होने के कारण शरीर से सम्बन्ध का अभाव होने से शरीरगत रोगादि आत्मा में पीडा उत्पन्न नहीं कर सकते हैं । जैसे वृक्ष के जन्म और नाश से कूटस्थ का बाध नहीं होता है, वैसे ही शरीर के रोगों के द्वारा भी उसका बाध नहीं होता है । श्लोक में 'वा' शब्द 'इव' के अर्थ में है ।

ग्रन्थिभेद को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - ग्रन्थि भेद के पूर्व भी ऐसा ही था (चिदात्मा कामादि विकारों से रहित था) यदि तुम ऐसा कहते हो तो इसे भूलो मत कि इसी का नाम ग्रन्थिभेद है, इस ज्ञान से आप कृतार्थ हो जाओ ।२६५।

अन्वयः – ग्रन्थिभेदात् पुरा अपि एवम् इति चेत् तं न विस्मर । अयम् एव तव ग्रन्थिभेदः । तेन भवान् कृती ।।

व्याख्या :– ग्रन्थिभेदतः प्रागपि चिदात्मनोऽसङ्गत्त्वस्यैकरूपत्त्वात्कामव्याध्यादिपीडा नो संभवतीति चेत्त्वं कृतीति तं सन्तोषयति । हृदयस्य ग्रन्थिभेदात्पुरापि विवेकवैराग्यविज्ञानाद्यभावदशायामपि सच्चिद्रूपोऽयमसङ्ग एवात्मा कूटस्थो न व्यध्यादिभिः कामैर्वा पीडित एवेति चेत्कथयति धन्यस्त्वम्। सर्वदासङ्गचिद्रूपस्यात्मनो दुःखाभाव इष्टापत्तेरिति भावः। अतस्तत्तदात्मासङ्गत्त्वं न विस्मर मा प्रमादं प्राप्नुहि । संस्मर सर्वदा ईदृशबोधस्यैव ग्रन्थिभेदशब्दार्थत्त्वेनास्माभिरप्यभिधीयमानत्त्वात् । तेनासङ्गत्त्व–ज्ञानेन भवान्कृती कृतकृत्य इति कूटस्थस्य नित्यासङ्गत्त्वज्ञानमेव सर्वग्रन्थिविमोक इति भाव इति शम् ।।

ज्ञान्यज्ञानिनोर्भेदनिरूपणम् –

नैवं जानन्ति मूढाश्चेत्सोऽयं ग्रन्थिर्न चापरः ।
ग्रन्थितद्भेदमात्रेण वैषम्यं मूढबुद्धयोः ॥ २६६ ॥

अन्वयः – मूढाः एवं न जानन्ति चेत् । सः अयं ग्रन्थिः । अपरः च न । ग्रन्थितद्भेदमात्रेण मूढबुद्धयोः वैषम्यम् ।।

व्याख्या :– इच्छाद्वेषादिकमखिलं चिदाभासगतमेवास्ति । नैव तत्साक्षिकत्त्वोपलक्षितकूटस्था–त्मनिष्ठमितीमं विषयं कुतोऽज्ञा मूढा न जानन्तीत्यत्राह । यस्माद्धेतोर्मूढा एवं पूर्वमुपपादितरीत्या

व्याख्या – पूर्वपक्षी शंका करता है कि आत्मज्ञान के बाद जैसे व्याधि आदि पीड़ा शोक उत्पन्न नहीं करती है, वैसे ही ज्ञान होने से पूर्व भी आत्मा तो वैसा ही था अर्थात् व्याधि आदि से रहित था क्योंकि वह सर्वदा असंग ही है, तब तत्त्वज्ञान से क्या प्रयोजन ? ऐसी शंका होने पर 'यह हम वेदान्तियों को भी इष्ट ही है' इस प्रकार परिहार करते हैं । हृदय की ग्रन्थिभेद होने से पूर्व अर्थात् अविवेकदशा में भी आत्मा ज्ञानोत्तरकाल के समान ही कामादि विकारों से सर्वथा रहित ही था, यदि तुम ऐसा कहते हो तो यह हमें भी इष्ट ही है । तुम इस बात को मत भूलो कि इसी का नाम ग्रन्थिभेद है अर्थात् कूटस्थ आत्मा के असंगत्व का विवेक ही ग्रन्थिभेद है । इस ज्ञान से तुम कृतार्थ हो जाओ । भाव यह है कि कूटस्थ आत्मा के असंगत्व का ज्ञान ही समस्त ग्रन्थियों का भेदक है ।

ज्ञानी और अज्ञानी के भेद का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – अविवेकी लोग इस प्रकार नहीं जानते हैं, यदि ऐसा कहते हो तो वह अविवेक ही यह ग्रन्थि है, अन्य कोई ग्रन्थि नहीं है । ग्रन्थि के सद्भाव और उसके भेदन मात्र से अज्ञानी और ज्ञानी का वैषम्य (भेद) है ।२६६।

व्याख्या – इच्छा, द्वेषादिक सब चिदाभासगत ही हैं, कूटस्थ साक्षी चैतन्य में वे सब नहीं हैं । इस विषय को मूढ़ लोग नहीं जान पाते हैं । पूर्वोक्त प्रकार के ज्ञान का अभाव ही ग्रन्थि का स्वरूप है । ज्ञानी में भी यदि इच्छादि स्वीकार कर लेंगे तो ज्ञानी और अज्ञानी का भेद कैसे सिद्ध होगा ? ऐसी आशंका उठाकर उसका उत्तर देते हैं । आत्मा सदा असंग (निर्विकार) है, ऐसा जो नहीं जानते हैं, वे मूढ़जन माने जाते हैं । अविवेकी लोग पूर्वोक्त प्रकार से आत्मा को नहीं जानते हैं । यदि तुम ऐसा कहते हो तो वह न जाननारूप अज्ञान ही हृदय की ग्रन्थि है । इससे भिन्न कोई अन्य हृदय की ग्रन्थि नहीं है । ज्ञानी और

कूटस्थस्य नित्यासङ्गतां न जानन्त्यतो हेतोः प्रागुपपादितप्रकारेणाध्यामूलक एवेच्छाविशेषो ग्रन्थिर्ग्रन्थिपदार्थः न चापरो नान्यः कोऽप्यस्तीति यावत् । ज्ञानिनामपीच्छासत्त्वाभ्युपगमे सति किं वा वैलक्षण्यं ज्ञान्यज्ञानिनोरिति चेद्ग्रन्थिसद्भावासद्भावकृतमेवास्ति वैलक्षण्यं ततो नान्यत्किञ्चिदपीत्याह। ग्रन्थितद्भेदमात्रेण मूढबुद्धयोरज्ञानिज्ञानिनोर्वैषम्यम् । ग्रन्थेस्सद्भावे मूढता । ग्रन्थिविमोके च बुद्धतेत्यतावदेव वैलक्षण्यमिति दिक् ।।

बुद्धाबुद्धयोर्वैषम्ये ग्रन्थ्यभावतद्भावापेक्षया न कारणान्तरं किमपीति निरूपणम् -

प्रवृत्तौ वा निवृत्तौ वा देहेन्द्रियमनोधियाम् ।
न किञ्चिदपि वैषम्यमस्त्यज्ञानिविबुद्धयोः ॥ २६७ ॥

अन्वयः - देहेन्द्रियमनोधियां प्रवृत्तौ वा निवृत्तौ वा अज्ञानिविबुद्धयोः किञ्चित् अपि वैषम्यं न अस्ति ।।

व्याख्या :- पूर्वस्मिंच्छ्लोके "ग्रन्थितद्भेदमात्रेण वैषम्यं मूढबुद्धयो"रित्यत्र मात्रच्प्रत्ययेन न कारणान्तरं धर्मान्तरं किञ्चिदस्तीति सर्वस्यापि व्युदासः कृतः । लोके च प्रवृत्तिनिवृत्त्योश्च दृश्यते धर्मभेद इति कथमेतदुपपद्यत इत्यत्राह । देहेन्द्रियमनोधियां प्रवृत्तौ तत्तत्कर्मणामाचरणे निवृत्तौ वा तदननुष्ठाने वा ज्ञानिविबुद्धयोर्न किञ्चिदपि वैषम्यमिति शम् ।।

अज्ञानी की विलक्षणता दर्शाते हुए कहते हैं कि मूढ़ और ज्ञानी में बस इतना ही अन्तर है कि जिसकी ग्रन्थि नहीं छूटी है, वह मूढ़ कहलाता है और जिसकी ग्रन्थि का भेदन हो चुका है, वह ज्ञानी कहलाता है । अतः ग्रन्थि के सद्भाव से मूढ़ता और उसके अभाव में बुद्धत्व कहा जाता है । बस दोनों में इतनी ही विलक्षणता है ।

ज्ञानी और अज्ञानी की प्रवृत्ति और निवृत्ति में कोई विशेष अन्तर नहीं होता है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ - देह, इन्द्रिय, मन और बुद्धि की प्रवृत्ति और निवृत्ति में ज्ञानी और अज्ञानी इन दोनों में कुछ भी वैषम्य नहीं है ।२६७।

व्याख्या - पूर्व श्लोक में कहा कि***"ग्रन्थितद्भेदमात्रेण वैषम्यं मूढबुद्धयोः"*** अर्थात् ग्रन्थि का सद्भाव और उसका भेदन होना, अज्ञानी और ज्ञानी में बस इतना ही अन्तर है । इसी बात को पुष्ट करते हुए कहते हैं कि ज्ञानी और अज्ञानी में पूर्वोक्त वैषम्य के अलावा और कोई भेद नहीं है । यहाँ शंका होती है कि लोक में प्रवृत्ति और निवृत्ति के कारण धर्मभेद देखा जाता है, तब आपका कथन कैसे उचित होगा ? इसका उत्तर देते हैं कि देह, इन्द्रिय, मन और बुद्धि आदि के द्वारा जो प्रवृत्ति और निवृत्ति है अर्थात् देहादि उपकरणों के द्वारा कर्मों में प्रवृत्ति और उनसे निवृत्ति, ये दोनों ही ज्ञानी और अज्ञानी में समान रूप से होती हैं अर्थात् ग्रन्थि का सद्भाव और उसका अभाव इन दोनों को छोड़कर अज्ञ और विज्ञ दोनों में कुछ भी वैषम्य नहीं है ।

विद्वदविद्वज्जनयोर्वैलक्षण्यं ग्रन्थिभेदतत्सत्त्वाभ्यामेव नान्यथेत्यत्र दृष्टान्तनिरूपणम् -

व्रात्यश्रोत्रिययोर्वेदपाठापाठकृता भिदा ।
नाहारादावस्ति भेदस्सोऽयं न्यायोऽत्र योज्यताम् ॥ २६८ ॥

अन्वयः - व्रात्यश्रोत्रिययोः वेदपाठापाठकृता भिदा । आहारादौ भेदः न अस्ति । सः अयं न्यायः अत्र योज्यताम् ।।

व्याख्या :- उक्तार्थे दृष्टान्तं प्रदर्शयति । व्रात्यश्रोत्रिययो''व्रात्यस्संस्कारहीनस्स्या''दिति कोशादुपनयनादिसंस्काररहितो व्रात्य''श्श्रोत्रियश्छोन्दोऽधीत'' इति वचनाद्वेदेषु सुशिक्षितस्तद्विहिता-चारसम्पन्नश्च श्रोत्रियश्चैतयोर्भिदा भेदो वेदपाठापाठकृतैव वेदाध्ययनतदभावाभ्यामेव । न हि भेद आहारादावस्तीत्ययं प्रसिद्धस्स न्यायोऽत्र प्रकृतेऽपि विषये ज्ञान्यज्ञानिनो भेदविषये योज्यतां सञ्चार्यतामिति दिक् ।।

ज्ञानिनो ग्रन्थिरहिता इत्यत्र प्रमाणप्रदर्शनम् -

न द्वेष्टि सम्प्रवृत्तानि न निवृत्तानि काङ्क्षति ।
उदासीनवदासीन इति ग्रन्थिभिदोच्यते ॥ २६९ ॥

अन्वयः-"सम्प्रवृत्तानि न द्वेष्टि निवृत्तानि न काङ्क्षति । उदासीनवत् आसीनः " इति ग्रन्थिभिदा उच्यते।।

पूर्व कथन को दृष्टान्त से स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - व्रात्य (संस्कारहीन) पुरुष और श्रोत्रिय पुरुष में वेदपाठ न करना और वेदपाठ करने का ही अन्तर है । उनके भोजन आदि करने में भेद नहीं है । इसी न्याय से ज्ञानी और आज्ञानी का भेद समझ लेना चाहिये ।२६८।

व्याख्या - ***''व्रात्यस्संस्कारहीनस्यात्''*** इस कोशवचनानुसार यज्ञोपवीतादि संस्कारों से जो रहित है, उसे व्रात्य कहते हैं और ***''श्रोत्रियश्छन्दोऽधीत''*** इस वचन से वेदों का सम्यक् अध्ययन करनेवाला और वेद निर्दिष्ट आचारों का पालन करने वाला श्रोत्रिय कहलाता है । व्रात्य और श्रोत्रिय इन दोनों में भेद केवल इतना ही है कि व्रात्य पुरुष वेदों का अध्ययन न करने के कारण वेदपाठ नहीं करता और श्रोत्रिय वेदों का सम्यक् अध्ययन करने के कारण सदा वेदपाठ करने में संलग्न रहता है । किन्तु दोनों कि भोजनादि क्रियाओं में कोई अन्तर नहीं होता । व्रात्य भी मुख से भोजन करता है और श्रोत्रिय भी । यह प्रसिद्ध न्याय (युक्ति) है अर्थात् इसे सब जानते हैं । इसी न्याय को प्रकृत विषय में जोड़ लेना चाहिये अर्थात् ज्ञानी और अज्ञानी के भेद के विषय में भी समझ लेना चाहिये । भाव यह है कि जैसे व्रात्य और श्रोत्रिय का वेदपाठ न करना और वेदपाठ करना रूप भेद होने पर भी आहारादि क्रियाओं में अन्तर नहीं होता है, उसी प्रकार ज्ञानी और अज्ञानी का भी ग्रन्थिभेद और ग्रन्थि का सद्भाव होना रूप अन्तर होने पर भी बाह्य प्रवृत्ति और निवृत्ति आदि में कोई भेद नहीं होता है अर्थात् बाह्यरूप से दोनों समान ही प्रतीत होते हैं ।

ग्रन्थिशून्य ज्ञानी के लक्षण का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - ज्ञानी पुरुष प्राप्त दुःखों से न द्वेष करता है और न उनके निवृत्त होने की इच्छा करता है किन्तु वह उदासीन के समान स्थिर रहता है । इसी को ग्रन्थिभेद कहते हैं ।२६९।

व्याख्या - ग्रन्थिशून्यत्व ही ज्ञानी का लक्षण है । इस विषय में श्रीमद्भगवद्गीता के वचन को अर्थतः प्रस्तुत करते हैं । गीता में अर्जुन द्वारा त्रिगुणातीत ज्ञानी पुरुष के लक्षण पूछे जाने पर भगवान्

व्याख्या :- ग्रन्थिशून्यत्त्वं ज्ञानिनो लक्षणमित्यत्र प्रमाणतया गीतावचनमर्थत उदाहरति । आत्मज्ञानी सम्प्रवृत्तानि समुपस्थितानि दुःखानि न द्वेष्टि । न वा निवृत्तानि सम्प्रत्यनुपस्थितानि न काङ्क्षति नाशास्ते । किं तूदासीनवदासीनस्सर्वं प्रवर्तमानं केवलं पश्यति । इतीयमेव मुक्तस्य ग्रन्थिभिदा मानसग्रन्थेर्भेदो विनाश उच्यते । ज्ञानी न विकारमेति सुखदुःखसम्प्राप्तिनिवृत्त्योरिति शम् ।।

ज्ञानिनामुदासीनस्वाभाव्यनिरूपणम् -

औदासीन्यं विधेयं चेद्वच्छब्दव्यर्थता तदा ।
न शक्ता अस्य देहाद्या इति चेद्रोग एव सः ।। २७० ।।

अन्वयः - ओदासीन्यं विधेयं चेत् तदा वच्छब्दव्यर्थता । अस्य देहाद्याः शक्ताः न इति चेत् सः रोगः एव ।।

व्याख्या :- अद्वैतात्मबोधोत्तरमपि सर्वदेवौदासीन्यं कर्तव्यमेवेत्याशङ्कायामुच्यते । "न द्वेष्टि सम्प्रवृत्तानि न निवृत्तानि काङ्क्षति । उदासीनवदासीन" इति गीतावचनेनौदासीन्यमेव विधेयमिति बोध्यत इति चेन्न । पूर्वोक्तवाक्यस्य विधिपरत्त्वे व्यर्थस्याद्वच्छब्द इत्याह । तदा तस्मिन्कल्पे वच्छब्दव्यर्थता उदासीनवदित्युपमार्थको वच्छब्दो निष्प्रयोजनो भवेत् । यतस्तत्रो"दासीन आसीते"ति नोक्तम् । परमुदासीनवदिति । तस्मादुदासीन इव दृश्यत इति भावः । ज्ञानी स्वयं सर्वपाशविनिर्मुक्तत्त्वाद्धेतोस्सुखदुःखाभ्यां न मनागपि स्पृश्यते । तस्मान्नेदं गीतावचनमोदासीन्यपरम् । परं ग्रन्थ्यभाव एव प्रमाणमिति तात्पर्यम् । सर्वस्मिन्नपि दृश्यसामान्ये मिथ्यात्त्वनिश्चयाच्चित्रचञ्चलविलोचनालिङ्गनादौ शरीरादेः प्रवृत्त्यभाववद-द्वैतात्मानुभववतां देहेन्द्रियमन आदीनां स्तब्धीभावादकार्यक्षमत्त्वात्प्रवृत्तौ सामर्थ्याभाव एव कारणं न

कहते हैं कि - ***प्रकाशञ्च प्रवृत्तिञ्च मोहमेव च पाण्डव ।***
न द्वेष्टि सम्प्रवृत्तानि न निवृत्तानि काङ्क्षति ।। (गी.१४/२२)
उदासीनवदासीनो गुणैर्यो न विचाल्यते ।
गुणा वर्तन्त इत्येव योऽवतिष्ठति नेङ्गते ।। (गी.१४/२३)

आत्मज्ञानी समुपस्थित दुःखों से द्वेष नहीं करता है और न ही उन दुःखों की निवृत्ति की इच्छा करता है, किन्तु उदासीन की तरह स्थित होकर केवल साक्षीरूप से सब कुछ देखता रहता है । इसीको मुक्त पुरुष की हृदय ग्रन्थि का नाश कहा जाता है । ज्ञानी पुरुष कभी भी विकार को प्राप्त नहीं होता है चाहे अनुकूल परिस्थिति (सुख) हो, चाहे विपरीत परिस्थिति (दुःख) हो, वह दोनों में समान भाव से स्थित रहता है ।

पूर्व कथन में शंका उठाकर उसका समाधान करते हैं ।

अर्थ - यदि तुम कहो कि गीता में उदासीन भाव का विधान किया गया है (ग्रन्थिभेद का नहीं) तो 'उदासीनवत्' इस पद में वत् शब्द निरर्थक हो जायेगा । और यदि तुम यह कहो कि ज्ञानी के देह आदि कार्य करने में समर्थ नहीं रहते, तब तो वह (उस असामर्थ्य का हेतु) रोग ही है (ग्रन्थिभेद नहीं)।२७०।

व्याख्या - अद्वैतात्मबोधोत्तर काल में भी सर्वदा उदासीन ही रहना चाहिये । ऐसी आशंका होने पर कहते हैं कि श्रीमद्भगवद्गीता में ***'उदासीनवदासीनः'*** (गी.१४/२३) इस वाक्य के द्वारा ज्ञानी के लिये औदासीन्य का ही विधान किया गया है । यदि तुम ऐसा कहते हो तो उदासीनवत् + आसीनः

ग्रन्थिराहित्यमित्याशङ्क्यायामुच्यते। अस्य प्रत्यगभिन्नात्मब्रह्मज्ञानिनो देहाद्याश्शरीरेन्द्रियमनःप्रभृतयः प्रवृत्तिनिवृत्त्योर्न शक्ता असमर्था इति चेत्सोऽयं शक्त्यभावः केवलं रोग एवाधिव्याधिनिमित्तक एव न त्वसङ्गत्वज्ञानप्रयुक्त इति तत्त्वम् । यदिदं चित्रचन्द्राननालिङ्गनप्रवृत्त्यभावप्रदर्शनं ज्ञानिनां कृतं तत्रास्ति कश्चन विशेषः । चित्रे सुरचिताकारातिरिक्तस्थूलाकाराभावादेव प्रवृत्त्यभावो न हि मिथ्यात्वनिश्चयज्ञानात्। अन्यथा लिखितचित्रेक्षणं प्रतिदर्शं दर्शं सानुरागं प्रवृत्तिर्नैव स्यात् । सा हि तत्सजातीयसमनुभूतदिव्यमूर्त्यादि-स्मारकत्त्वेन मूषात्मकेऽप्यस्त्येवेति शम् ।।

अन्यथाचिन्तकानां किं दुश्शकमिति निरूपणम् –

तत्त्वबोधं क्षयं व्याधिं मन्यन्ते ये महाधियः ।
तेषां प्रज्ञाऽतिविशदा किन्तेषान्दुःशकं वद ।। २७१ ।।

अन्वयः–ये महाधियः तत्त्वबोधं क्षयं व्याधिं मन्यन्ते तेषां प्रज्ञा अतिविशदा तेषां किं दुश्शकं वद।।

व्याख्या :- भवतु नाम को दोषस्तत्त्वज्ञानिनामसङ्गप्रयुक्तमौदासीन्यमशक्तिकृतमित्येवं विचिन्तयतां धीचातुर्यं सोपहासं प्रदर्शयति । ज्ञानिनां तत्त्वबोधमात्मतत्त्वज्ञानानुभवप्रयुक्तमसङ्गतास्वभावं क्षयं राजयक्ष्माख्यं व्याधिं रोगविशेषं ये महाधियो मूढा मन्यन्ते तेषां प्रज्ञा शेमुष्यतिविशता सुनिर्मला । यतस्तेषां दुश्शकमसाध्यं किमस्तीति वदेति "किमकार्यं कदर्याणा"मितिन्यायमनुसरतीति शम् ।।

(उदासीनवदासीनः) इस वाक्य में पठित वत् शब्द की व्यर्थता सिद्ध होगी । वहाँ पर *"उदासीनो भूत्वाऽऽसीनः"* ऐसा नहीं कहा गया है किन्तु "उदसीनवदासीनः" अर्थात् 'उदसीन की तरह स्थित हुआ' ऐसा कहा गया है । इसलिये ज्ञानी उदासीन की तरह देखा जाता है । स्वयं तो समस्त पाशों से विनिर्मुक्त होने के कारण सुख-दुःखादि से असंस्पृष्ट ही रहता है । इसलिये यह वाक्य औदासिन्यपरक नहीं है किन्तु ग्रन्थिभेदपरक ही है । पुनः शंका होती है कि आपने जो ज्ञानी में प्रवृत्ति और निवृत्ति का अभाव कहा है उसका कारण एकमात्र सामर्थ्य का अभाव ही है, इसमें कोई ग्रन्थिभेद की आवश्यकता नहीं है । इस शंका का उत्तर देते हैं कि इस ज्ञानी की देह और इन्द्रियाँ आदि कार्य करने में समर्थ नहीं हैं, इसलिए उनकी प्रवृत्ति नहीं होगी। यदि ऐसा तुम कहते हो तो उस अप्रवृत्ति का हेतु तो रोग ही है, ग्रन्थिभेद नहीं अर्थात् प्रवृत्ति और निवृत्ति में देहादि की असमर्थता (शक्ति का अभाव) रोग निमित्तक ही है, न कि असंगत्व ज्ञान निमित्तक ।

ब्रह्मज्ञानी की असंगनिमित्तक उदासीनता अशक्तिकृत है, ऐसा कहने वालों के बुद्धि कौशल पर उपहास करते हैं ।

अर्थ – जो महाबुद्धिवाले तत्त्वबोध को क्षय रोग मानते हैं, उनकी प्रज्ञा अत्यन्त विशद है । भला बताओ उनके लिये क्या दुःसाध्य है ?२७१।

व्याख्या – तत्त्वज्ञान को यथार्थ रूप में न समझकर जो उसके विषय में भ्रान्त धारणायें बना लेते हैं, उनके प्रति यह एक व्यंग्योक्ति है । ज्ञानी के तत्त्वबोध को अर्थात् तत्त्वज्ञाननिमित्तक असंग स्वभाव को जो महाबुद्धिवाले क्षय रोग (राजयक्ष्मा) मानते हैं, उन लोगों की बुद्धि अत्यन्त विशद है । भला बताओ तो सही कि उनके लिये क्या दुःसाध्य है ? भाव यह है कि *"किमकार्यं कदर्याणाम्"* इस न्याय के अनुसार जो महाबुद्धि (महामूढ़) लोग तत्त्वज्ञान को भी रोग समझ लेते हैं, उनकी प्रज्ञा अत्यन्त तुच्छ है, ऐसे मूर्ख लोग कुछ भी कह सकते हैं, उन्हें कौन रोक सकता है ।

प्रवृत्त्यप्रवृत्ती न ज्ञानिन इति निरूपणम् –

भरतादेरप्रवृत्तिः पुराणोक्तेति चेत्तदा ।
जक्षन्क्रीडन्रतिं विन्दन्नित्यश्रौषीर्न किं श्रुतिम् ॥ २७२ ॥

अन्वयः – भरतादेः अप्रवृत्तिः पुराणोक्ता इति चेत् । तदा "जक्षन् क्रीडन् रतिं विन्दन्" इति श्रुतिं किं न अश्रौषीः ।।

व्याख्या :- आत्मतत्त्वज्ञानिनां शुकजडभरतादीनां श्रीमद्भागवतादिपुराणादौ प्रवृत्त्यभावस्य दृष्टचरत्त्वात्कथं समुचितः पूर्वोक्तोपहास ? इति चेन्न । अन्यत्र पुराणादौ श्रुत्यादिषु च प्रवृत्तेश्श्रुत-त्त्वादित्याह। भरतादेश्शुकर्षभदेवादेर्ज्ञानिजनस्यापि लौकिके व्यवहारेऽप्रवृत्तिः पुराणोक्ता भागवतादिषु कथितेति चेत्किं त्त्वं श्रुतिं नाध्यैषि श्रूयताम् । छान्दोग्येऽष्टमे प्रजापतिविद्यायामेवं श्रूयते । "जक्षन्क्रीडन्रममाणस्त्रीभिर्वा यानैर्वा ज्ञातिभिर्वा वयस्यैर्वा नोपजनं स्मरन्निदं शरीर"मित्येतादृशीं श्रुतिं किं नाश्रौषीः? जक्षभक्षहसनयोरिति धातोर्जक्षणमत्र भक्षणम् । क्रीडा च स्वेच्छा विहारः । स्त्र्यादिभीरमणमत्र रममाण इत्यनेन विवक्षितम् । अस्यैव रममाण इति श्रौतस्य पदस्यार्थं विवृण्वञ्छ्लोके रतिं विन्दन्नित्याह।

पूर्वपक्षी कहता है कि आपका यह परिहास अनुचित है क्योंकि ज्ञानियों की उदासीनता का वर्णन पुराणों में स्पष्ट रूप से वर्णित है । इस प्रश्न पर प्रतिप्रश्न करते हैं ।

अर्थ – यदि कहो कि पुराणों में भरतादि की अप्रवृत्ति का वर्णन किया गया है तो क्या तुमने "जक्षन् क्रीडन् रतिं विन्दन्" यह श्रुति नहीं सुनी है ? २७२।

व्याख्या – तत्त्वबोध से अकर्मण्यता का अर्थ लगाने वाले मनुष्य भागवत आदि पुराणों से जड़भरतादि का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं । उन्हें पहले पुराणों का आदि स्रोत वैदिक साहित्य देखना चाहिये। यदि कहो कि जड़भरत, वृषभदेव आदि की अप्रवृत्ति का (अकर्मण्यता का) अर्थात् उदासीनता का वर्णन भागवतादि पुराणों में किया गया है तो तुम से हम पूछते हैं कि क्या तुमने "जक्षन् क्रीडन्" इस श्रुति का श्रवण नहीं किया है ? छान्दोग्य उपनिषद् में कहा गया है ***"जक्षन् क्रीडन् रममाणः स्त्रीभिर्वा यानैर्वा जातिभिर्वा वयस्यैर्वा नोपजनं स्मरन्निदं शरीरम्"*** (छा.उ. ८/१२/३) अर्थात् खाता हुआ, क्रीडा करता हुआ, स्त्रियों के साथ रमण करता हुआ, सवारियों पर चलता हुआ, सम्बन्धियों के साथ व्यवहार करता हुआ और समवयस्कों के साथ विनोद करता हुआ भी तत्त्ववेत्ता अपने शरीर का स्मरण नहीं करता है । इस श्रुति में स्पष्ट रूप से वर्णित है कि ज्ञानी सब कुछ करता हुआ भी कुछ भी नहीं करता है । प्रकृत ग्रन्थ के रचयिता स्वामी श्रीविद्यारण्य मुनि ने अपने ग्रन्थ अनुभूति प्रकाश में इस श्रुति की विस्तृत व्याख्या की है ।

इन्द्रराजादिदेहेषु नाना स्वाद्यादि भक्षयन् ।
बालैः साकं हसन्स्त्रीभिः कदाचिद्रमते सह ।।
यानैः क्वापि ज्ञातिभिश्च सहितो मोदते खलु ।
न कदाचित्स्मरत्येतद्वपुर्जनसमीपगम् ।।
एतद्देहेन तादात्म्यभ्रान्त्या दुःखमभूत्पुरा ।
विवेकेन भ्रमेऽपेते तद्दुःखं नाद्य वीक्ष्यते ।।

नोपजनं स्मरन्निदं शरीरमित्यत्र जनानां समीपमुपजनं स्मरन्निदं तत्र वर्तमानं स्वशरीरमिदं स्मरन्नानुसन्दधान इत्यर्थो बोध्यः । अस्याश्श्रुतेरर्थोऽनुभूतिप्रकाशे विस्तृतं व्याख्यातः। तथा हि – इन्द्रराजादिदेहेषु नाना खाद्यादि भक्षयन् । बालैस्साकं हसन्स्त्रीभिः कदाचिद्रमते सह ।। यानैः क्वापि ज्ञातिभिश्च सहितो मोदते खलु । न कदाचित्स्मरत्येतद्वपुर्जनसमीपगम् ।। एतद्देहेन तादात्म्यभ्रान्त्या दुःखमभूत्पुरा । विवेकेन भ्रमेऽपेते तद्दुःखं नाद्य वीक्ष्यते ।। इन्द्रराजादिदेहेषु न तादात्म्यं पुरापि च । अतो न तद्देहदुःखशङ्काप्यस्य तु विद्यते ।। सुखानि तद्देहगानि साक्षी सर्वाण्यवेक्षते। साक्ष्यात्मत्त्वाभिमानी सञ्ज्ञानी तान्यभिमन्यते ।। दुःखान्यपीक्षते साक्षी तथाप्येतेषु तत्त्ववित् । नाभिमानमुपादत्ते दुःखानां मायिकत्त्वतः ।। ब्रह्मानन्दस्य लेशास्स्युरानन्दा विषयोत्थिताः । अतस्तत्त्वविदः पक्षपातो ह्येतेषु विद्यते।। पुण्यमेवामुपाप्नोति न देवान्पापमाप्नुयात् । इति श्रुत्यन्तरं ब्रूते सुखं सर्वात्मदर्शिनः।। प्रजाश्शोचन्ति यत्किञ्चित्तासामेव भवेदिदम् । न सर्वात्मदृशोऽस्तीति प्राहैतदपि सा श्रुतिः ।।

जडभरतर्षभदेवादय उदासीनवदासीना एवेति निरूपणम् –

नह्याहारादि सन्त्यज्य भरताद्याः स्थिताः क्वचित् ।
काष्ठपाषाणवत्किन्तु सङ्गभीता उदासते ।। २७३ ।।

अन्वयः – हि (यस्मात्) भरताद्याः आहारादि सन्त्यज्य काष्ठपाषाणवत् क्वचित् स्थिताः न । किन्तु सङ्गभीताः उदासते ।।

व्याख्या :– श्रीमद्भागवतादिपुराणग्रन्थेष्वपि यज्जीवन्मुक्तानां प्रवृत्त्यभावप्रतिदानं तस्याप्यौदासीन्यतौल्यबोध एव तात्पर्यमित्याशयेनाह । भरताद्या ब्रह्मज्ञाननिष्ठाः क्वचिदप्याहारादि सन्त्यज्य काष्ठपाषाणादिवदचेतनव्यक्तय इव नैव स्थिताः किन्त्वाहारादौ भिक्षाटनादौ च प्रवर्तन्त एवेत्यनुभवो विद्यते । परन्ते सङ्गभीता दुस्सङ्गभीता उदासत उदासीनतुल्या भवन्ति । नान्तरीयकप्रवृत्तीतरप्रवृत्तिशून्या

यहाँ से लेकर –

तत्त्वे बुद्धे स्वदेहेन तादात्म्यं न स्मरत्यसौ ।
तेन दुःखे विनष्टेऽथ सुखमेव सदेक्षते ।।

यहाँ तक ।

भाव यह है कि समस्त सुखों में अभिमान का त्याग कर देने के कारण ज्ञानी पुरुष में वस्तुतः प्रवृत्ति और निवृत्ति का अभाव होता है, उसके लिये 'उदासीनवत्' (उदासीन के समान) कहना उचित ही है ।

पूर्वपक्षी की शंका पुराणों के तात्पर्य को न जानने के कारण ही है, जो अनुभवविरुद्ध भी है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ – जड़भरतादि कभी भी भोजन आदि का परित्याग करके लकड़ी और पत्थर के समान नहीं रहे किन्तु सङ्गदोष से भयभीत होकर उदासीन रहते थे ।२७३।

व्याख्या – श्रीमद्भागवतादि पुराण ग्रन्थों में भी जिन जीवन्मुक्त महात्माओं की प्रवृत्ति के अभाव का प्रतिपादन किया गया है, वह भी *''उदासीनवदासीनाः''* का ही बोध कराते हैं । इस आशय से कहते हैं कि जड़ भरत कभी भी भोजनादि क्रियाओं का सर्वथा परित्याग कर काष्ठ और पाषाण के समान

ज्ञानिन इत्येव श्रुतीनां स्मृतीनां पुराणानां वा तात्पर्यमिति शम् ।।

सर्वैर्मुमुक्षुभिरेष्टव्यासङ्गतेति निरूपणम् -

सङ्गी हि बाध्यते लोके निःसङ्गस्सुखमश्नुते ।
तेन सङ्गः परित्याज्यस्सर्वदा सुखमिच्छता ।। २७४ ।।

अन्वयः - हि (यतः) लोके सङ्गी बाध्यते । निस्सङ्गः सुखम् अश्नुते । तेन सुखम् इच्छता सङ्गः सर्वदा परित्याज्यः ।।

व्याख्या :- मुमुक्षुभिर्निस्सङ्गत्त्वसिद्धये सर्वोऽपि सङ्गस्त्यज्यत इति दर्शयति । लोकेऽस्मिन्सङ्गी-विषयासक्तमना बाध्यते पीड्यते । निस्सङ्गस्तु निखिलविषयबन्धरहितस्तु सुखं सार्वात्म्यानुसन्धान-जन्यजीवन्मुक्तिसुखमानन्दमश्नुते । तेन कारणेन समेन मुमुक्षुजनेन सुखमिच्छतात्मानन्दानुभवं प्रेप्सुना दूरतः परित्याज्य एव हि सङ्ग इति शम् ।।

सिद्धान्तोक्तिप्रतिज्ञानिरूपणम् -

अज्ञात्त्वा शास्त्रहृदयं मूढो वक्त्यन्यथान्यथा ।
मूर्खाणान्निर्णयस्त्वास्तामस्मत्सिद्धान्त उच्यते ।। २७५ ।।

अन्वयः - मूढः शास्त्रहृदयम् अज्ञात्त्वा अन्यथा अन्यथा वक्ति । मूर्खाणां निर्णयः तु आस्ताम् ।।

नहीं रहे । किन्तु संगदोष से भयभीत होकर ही उदासीन रहते थे । भाव यह है कि वे आभ्यन्तर प्रवृत्ति और निवृत्ति से सर्वथा शून्य ही रहते थे, ऐसा पुराणों का तात्पर्य नहीं है ।

मुमुक्षुओं को निःसंगता की ही इच्छा करनी चाहिये, इसलिये निःसंगत्त्व की स्तुति करते है ।

अर्थ - इस लोक में संगी (विषयासक्त) पुरुष बन्धन में पड़ता है और (असंग) अनासक्त पुरुष सुख प्राप्त करता है । इसलिये सुख चाहने वाले व्यक्ति को संग का परित्याग करना चाहिये ।२७४।

व्याख्या - निःसंगत्व की सिद्धि के लिए मुमुक्षुजनों को पूर्ण रूप से आसक्ति का त्याग करना चाहिये इसलिए कहते हैं कि विषयों के प्रति आकृष्ट चित्तवाला पुरुष इस लोक में बन्धन में पड़ता है और उससे विपरीत जो अनासक्त है, वह नित्य सुख पाता है । अतः यदि किसी को सुख प्राप्त करने की इच्छा है तो उस सुखेच्छु व्यक्ति को आसक्ति का सर्वथा ही परित्याग कर देना चाहिये । भाव यह है कि ज्ञानी पुरुष भी यदि आसक्ति में पड़ जाते हैं तो वे भी दुःख का अनुभव करते हैं । अतः व्यावहारिक जीवन में मानसिक सुख का साधन एकमात्र वैराग्य ही है । मानसिक सुख अनासक्त भाव से रहने पर ही प्राप्त होता है । अतः समस्त मुमुक्षुजनों को समस्त पदार्थों में आसक्ति का सर्वथा परित्याग कर देना चाहिये ।

सिद्धान्ती स्वसिद्धान्त का प्रतिपादन करने की प्रतिज्ञा करते हैं ।

अर्थ - मूढ़ व्यक्ति शास्त्र के तात्पर्य को न जानकर विपरीत-विपरीत बातें बोलता है । इसलिये मूर्खों का निर्णय तो रहने दो (हम) अपना सिद्धान्त कहते हैं ।२७५।

व्याख्या - विषयासक्त पुरुष संगी और उससे रहित असंगी कहलाता है, यही ज्ञानी पुरुषों का भी लक्षण है । इसलिये ज्ञानी लोग अनात्मदेहादि में 'यह मैं हूँ' इस प्रकार के अध्यास से सर्वथा रहित होते

व्याख्या :- सङ्गश्च विषयाभिमानोऽसङ्गस्तु तद्राहित्यं तदेव ज्ञानिनां लक्षणम् । तथा च देहादिष्वनात्मस्वहमित्यध्यासवर्जितास्तत्त्वज्ञाः । सोऽयमान्तर इति सति चान्तस्त्यागेऽपि बहिर्यथेष्टाचरणे का नाम क्षतिः अत एवोक्तं वासिष्ठे "अन्तस्त्यागी बहिस्सङ्गी लोके विहर राघवे"ति । तस्माज्ज्ञानिनो यथेष्टाचरणे न कोऽपि दोष इति चेन्न । खण्डितत्त्वाद्यथेष्टाचरणस्य "बुद्धाद्वैतस्वतत्त्वस्य यथेष्टाचरणं यदि । शुनां तत्त्वदृशां चैव को भेदोऽशुचिभक्षणे ।। बोधात्पुरा मनो दोषमात्रात्क्लिश्नास्यथाधुना । अशेषलोकनिन्दा चेत्यहो ते बोधवैभवम् ।। विड्वराहादितुल्यत्त्वं मा काङ्क्षीस्तत्त्वविद्भवान् । सर्वधीदोषसन्त्यागाल्लोकैः पूज्यस्व देववत् ।। काम्यादिदोषदृष्ट्याद्याः कामादित्यागहेतवः प्रसिद्धा मोक्षशास्त्रेषु तानन्विष्य सुखी भव ।। त्यज्यतामेष कामादिर्मनो राज्ये तु का क्षतिः ।। अशेषदोषबीजत्त्वात्क्षतिर्भगवतेरिता ।।" इत्यादिना ग्रन्थेन द्वैतविवेके । तस्माद्वासिष्ठवाक्ये बहिस्सङ्गीत्यत्र-स्वस्ववर्णाश्रमाचाराणामेव बहिर्लोकसङ्ग्रहार्थमुपदिष्टमिति । शास्त्रतात्पर्यविधुरा अज्ञाः कथमपि प्रलपन्तामित्याशयेनाह । मूढश्शास्त्रतात्पर्यानभिज्ञश्शास्त्रहृदयं तात्त्विकं वस्त्वज्ञात्त्वाननुभूयान्यथान्यथा पूर्वापरमनालोच्य स्वमतिपरिकल्पितमतमर्थविरुद्धं यत्किञ्चिज्ज्ञानिनमप्यज्ञात्त्वादिप्रकारैर्वक्ति प्रलपति। तस्मान्मूढविचारोऽत्र न समादरणीयः । अत आस्तां तिष्ठतु मूर्खाणां निर्णयः। जिज्ञासुभिरिदमेवानुसन्धेयं यच्छास्त्रहृदयमिति हेतोरस्माभिस्सिद्धान्तश्शास्त्रेषु सिद्धो योऽन्तो निर्णयस्स उच्यते इति दिक् ।।

हैं । ***शंका*** - यहाँ प्रश्न होता है कि संग शब्द से तो देहाध्यास ही कहा गया है और वह मानसिक है तब मानसिक दृष्टि से भोग करने में क्या हानि है ? इसीलिये योगवासिष्ठ में भी कहा है कि ***"अन्तस्त्यागी बहिस्सङ्गी लोके विहर राघव "*** अर्थात् हे राम ! भीतर से विषयों का त्याग करने वाला और बाहर से विषयासक्त के समान लोक में विचरण कर । अतः ज्ञानियों के यथेष्टाचरण में कोई दोष नहीं है।

समाधान - यह कथन ठीक नहीं है, क्योंकि यथेष्टाचरण की निन्दा की गई है ।

बुद्धाद्वैतस्वतत्त्वस्य यथेष्टाचरणं यदि ।
शुनां तत्त्वदृषां चैव को भेदोऽशुचिभक्षणे ।।

अर्थात् - अपने आत्मस्वरूप अद्वैत तत्त्व को जिसने जान लिया है, वह भी यदि यथेष्टाचरण करेगा तो वह अपवित्र पदार्थ का भक्षण आदि गर्हित से गर्हित काम भी करेगा ही । फिर बताओ कि विधि-निषेध को न मानने वाले ऐसे तत्त्वज्ञानियों में और कुत्तों में क्या भेद होगा ? इत्यादि प्रकार से द्वैतविवेक नामक प्रकरण के श्लोक ५६, ५७, ५८, ५९ आदि में इस विषय को स्पष्ट किया गया है । इसलिये योगवासिष्ठ का जो वचन आपने उद्धृत किया है, वहाँ पर बहिःसङ्ग शब्द से स्व-स्व वर्णाश्रमाचार आदि का लोकसंग्रह की दृष्टि से पालन करने का उपदेश दिया गया है न कि यथेष्टाचरण का । अतः शास्त्र के तात्पर्य को ठीक तरह से न समझकर अज्ञानी लोग जो मन में आए वैसा ही बोलते रहते हैं । इस आशय से ग्रन्थकार कहते हैं कि शास्त्रों के तात्पर्य को न जानने वाला जो मूढ़ पुरुष है, वह कुछ-का कुछ बोलता है अर्थात् बिना विचार किये ही विपरीत-विपरीत वचन कहता है । पूर्वापर का विचार किये बिना स्वमतिकल्पित विरुद्ध वचन कहता है । इसलिये मूर्खों के विचारों को आदर नहीं देना चाहिये, अतः कहते हैं कि उन मूर्खों की बातों को तो रहने दो हमें उनके विषय में चर्चा करके अत्यन्त मूल्यवान् समय नहीं गवाँना है, हम तो अपना सिद्धान्त कहते हैं । अर्थात् मूर्खों का विचार अशास्त्रीय होने के कारण मुमुक्षुओं को उन पर विचार नहीं करना चाहिये । अब हम शास्त्रसम्मत अपने वेदान्त सिद्धान्त का निरूपण करते हैं ।

शास्त्रसिद्धान्तस्वरूपनिरूपणम् -

वैराग्यबोधोपरमाः सहायास्ते परस्परम् ।
प्रायेण सह वर्तन्ते वियुज्यन्ते क्वचित्क्वचित् ॥ २७६ ॥

अन्वयः - वैराग्यबोधोपरमाः ते परस्परं सहायाः प्रायेण सह वर्तन्ते । क्वचित् क्वचित् वियुज्यन्ते।।

व्याख्या :- कोऽयं वेदान्तसिद्धान्त इत्यत्राह । वैराग्यबोधोपरमा विषयेषु सर्वात्मना वीतरागत्त्वं वैराग्यं बोधः प्रत्यगभिन्नब्रह्मात्मज्ञानमुपरमो धियो विषयेभ्यो निवृत्तिस्त इमे परस्परमन्योऽन्यं सहायास्सहकारं कुर्वन्ति । प्रायेणैते सह वर्तन्तेऽथापि क्वचिद्देशकाले क्वचिदात्मज्ञविशेषे च वियुज्यन्ते पृथक्पृथगप्यवतिष्ठन्ते । तथा च बृहदारण्यके "गोकामा एव वयं स्म" इति जनकसभायां गोसहस्रग्रहणप्रयुक्ततद्गतमहर्ष्याक्षेपकाले तत्त्वज्ञस्य याज्ञवल्क्यस्य तान्प्रत्युक्तिर्यथा तथैवेति शम् ।।

वैराग्यबोधपरमाणां भेदावस्थितिप्रदर्शनम् -

हेतुस्वरूपकार्याणि भिन्नान्येषामसङ्करः ।
यथावदवगन्तव्यश्शास्त्रार्थं प्रविविच्यता ॥ २७७ ॥

अन्वयः - हेतुस्वरूपकार्याणि भिन्नानि । शास्त्रार्थं प्रविविच्यता एषाम् असङ्करः यथावत् अवगन्तव्यः।।

व्याख्या :- वैराग्यबोधोपरमाणामन्योऽन्यपरिहारेणाप्यवस्थितेरसन्दर्शनादभेद इत्याशङ्कायां तेषां हेतुस्वरूपकार्याणां विभेदादेवावगन्तव्यो भेद इत्याशयवानाह । यतः कारणादेषां वैराग्यबोधोपरमाणां

वेदान्त सिद्धान्त के स्वरूप का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - वैराग्य, बोध और उपरति ये एक दूसरे के सहायक हैं, प्रायः एक साथ रहते हैं किन्तु कहीं-कहीं पृथक् भी होते हैं ।२७६।

व्याख्या - विषयों में वीतरागत्व को वैराग्य कहते हैं । ब्रह्म और आत्मा की एकता के ज्ञान को बोध कहते हैं और विषयों से बुद्धि की निवृत्ति को उपरति कहते हैं । ये तीनों (वैराग्य, बोध और उपरति) परस्पर एक दूसरे के सहायक हैं । प्रायः ये एक साथ ही रहते हैं अर्थात् जहाँ तीव्र वैराग्य होगा वहाँ बोध भी अवश्य होगा और जहाँ वैराग्य और बोध दोनों होंगे, वहाँ उपरति भी होगी । किन्तु कहीं-कहीं पर इनका वियोग भी होता है । अर्थात् कहीं-कहीं विशेष देश और कालादि में वे पृथक्-पृथक् भी रहते हैं । याज्ञवल्क्य जी यद्यपि ज्ञानी थे तथापि राजा जनक की सभा में जब ब्राह्मणों ने उन पर आक्षेप किया कि क्या तुम तत्त्वज्ञ हो ? तब उन्होंने कहा कि हम तत्वज्ञों को नमस्कार करते हैं किन्तु वर्तमान में हम गायों की इच्छावाले हैं, ***"गोकामा एव वयं स्म"*** (बृ.उ.) इससे ज्ञात होता है कि उस समय याज्ञवलक्य जी में बोध होने पर भी वैराग्य और उपरति का अभाव था इसीलिये उनके मन में गोविषयक कामना हुई ।

वैराग्य, बोध और उपरति के भेद को ठीक तरह से जानना चाहिये, इसका वर्णन करते हैं।

अर्थ - इनके हेतु, स्वरूप और कार्य भिन्न-भिन्न हैं, इसलिये शास्त्र भाव को ग्रहण करने वाले पुरुषों को इनका भेद यथार्थ रूप से जानना चाहिये ।२७७।

व्याख्या - वैराग्य, बोध और उपरति इन में अभेद की शंका न हो जाए इसलिये उनके हेतु, स्वरूप

हेतुस्वरूपकार्याणि भिन्नानि पृथक्शस्सन्त्यत एवैषां नाभेद इति तेषां वैराग्यदीनां हेतुभेदात्स्वरूपभेदात्कार्या-भेदादपि भेदस्सिद्धः । अत एषामसङ्करः प्रत्येकमवस्थितिस्सिद्धा । तस्माच्छास्त्रार्थमद्वैतबोधकशास्त्राणां रहस्यं प्रविचिन्वता प्रकृष्टमुक्रमोपसंहारादिलिङ्गसहकारेणात एवोत्कर्षेणात्मविदामनुभवसम्प्रदायेनाधिकं चिनोति संशोधयति वा सङ्गृह्णाति वेति तादृशेन मुमुक्षुणा पुरुषेणैषां वैराग्यादीनां भेदोऽधिगन्तव्यो यथावदिति प्रायिकं सहावस्थानमभिलक्ष्य नैव कार्योऽभेदभ्रम इति दिक् ।।

वैराग्यस्य हेतुस्वरूपकार्याणां निरूपणम् –

दोषदृष्टिर्जिहासा च पुनर्भोगेष्वदीनता ।
असाधारणहेत्वाद्या वैराग्यस्य त्रयोऽप्यमी ।। २७८ ।।

अन्वयः – दोषदृष्टिः च जिहासा भोगेषु पुनः अदीनता अमी त्रयः अपि वैराग्यस्य असाधारणहेत्त्वाद्याः।।

व्याख्या :– हेत्त्वादित्रयं तावत्प्रथमं वैराग्यविषये निरूपयति विषयेषु दोषदृष्टिरापातरमणीयत्त्व-नित्यत्त्वादिदोषदृष्टिरापातरमणीयत्त्वनित्यत्त्वादिदोषपरिशीलनं हेतुर्वैराग्यस्य । जिहासा हातुमिच्छा वैषयिकानां भोगानां हि स्वरूपं वैराग्यस्य । वैराग्यकार्यं त्त्वदीनता च पुनर्भोगेषु वैषयिकेषु सर्वथा प्रवृत्त्यभाव इत्येवममी त्रयोऽपि वैराग्यस्यासाधारणहेत्त्वाद्या हेतुस्वरूपकार्याणीति विज्ञेयमिति दिक्।।

और कार्यों का भेद दर्शाने के लिये कहते हैं कि इन वैराग्य, बोध और उपरति के हेतु, स्वरूप और कार्य भिन्न-भिन्न हैं । हेतुभेद, स्वरूपभेद और कार्यभेद के कारण उनका भेद सिद्ध होता है । अतः प्रत्येक भिन्न-भिन्न रूप से ही स्थित माने गये हैं । इसलिये शास्त्रों के भाव (तात्पर्य) को ग्रहण करने वाले मुमुक्षु पुरुष को इन वैराग्यादि की असंकरता को अर्थात् भेद को यथावत् जानना चाहिये । भाव यह है कि वे प्रायः एक साथ रहते हैं, इस वचन को सुनकर उनमें अभेद का भ्रम नहीं करना चाहिये ।

अब वैराग्य, बोध और उपरति के हेतु, कार्य और स्वरूप का विचार प्रारम्भ करते हुए सर्वप्रथम वैराग्य के हेतु, स्वरूप और कार्य का वर्णन करते हैं ।

अर्थ – दोषदृष्टि, त्याग की इच्छा और त्याग किये भोगों को पुनः भोगने में दीनता न होना, ये तीनों वैराग्य के असाधारण हेतु आदि (स्वरूप और कार्य) हैं ।२७८।

व्याख्या – विषयों में (दोषदृष्टि करना) अनित्यत्वादि दोषों का परिशीलन करना वैराग्य का हेतु है ***''जन्ममृत्युजराव्याधिदुःखदोषानुदर्शनम्''*** जन्म, मृत्यु, जरा, व्यादि और अध्यात्मिकादि त्रिविध दुःखों में दोषदर्शन करना वैराग्य का हेतु है । विषयों के भोगों को त्यागने की इच्छा वैराग्य का स्वरूप है । उन भोगों में पुनः दैन्यभाव न होना अर्थात् उनके प्रति प्रवृत्ति के अभाव को वैराग्य का कार्य कहते हैं । इस प्रकार ये तीनों वैराग्य के असाधारण हेतु आदि हैं । श्लोक में '**हेत्वाद्या**' (हेतु आदि) यहाँ आदि शब्द से वैराग्य के स्वरूप और कार्य का ग्रहण होता है ।

बोधस्य हेतुस्वरूपकार्याणां निरूपणम् -

श्रवणादित्रयन्तद्वत्तत्त्वमिथ्याविवेचनम् ।
पुनर्ग्रन्थेरनुदयो बोधस्यैते त्रयो मताः ॥ २७९ ॥

अन्वयः - श्रवणादित्रयं तद्वत् तत्त्वमिथ्याविवेचनं पुनः ग्रन्थेः अनुदयः एते त्रयः बोधस्य मताः।।

व्याख्या :- सम्प्रति तत्त्वबोधस्य हेतुस्वरूपकार्याणि सन्दर्शयति । बोधस्य हेतुश्श्रवणादित्रयं श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्य इति बृहदारण्यकश्रुत्यात्मदर्शनसाधनत्त्वेन श्रवणादीनां विधानात्तेषां ब्रह्मात्मैकत्त्वज्ञानहेतुता । बोधस्य स्वरूपं तु तद्वदेव तत्त्वमिथ्याविवेचनं तत्त्वतो मिथ्येत्यस्य पृथक्कारः कूटस्थाहङ्कारादेश्च भेदज्ञानं "ब्रह्मसत्यं जगन्मिथ्या जीवो ब्रह्मैव नापर" इत्याकारकं ज्ञानमित्यर्थः । तथा बोधस्य कार्यं पुनर्ग्रन्थेश्चिदचितोरन्योऽन्याध्यासास्यानुदयोऽप्रतिभासोऽनुत्पत्तिरेवेत्येवमेते त्रयोऽपि क्रमशो हेतुस्वरूपकार्याणीति मता अभिमता इति दिक् ।।

उपरतेर्हेतुस्वरूपकार्याणां निरूपणम् -

यमादिधीर्निरोधश्च व्यवहारस्य संक्षयः ।
स्युर्हेत्त्वाद्या उपरतेरित्यसङ्कर ईरितः ॥ २८० ॥

अन्वयः-यमादिः धीनिरोधः व्यवहारस्य च सङ्क्षयः उपरतेः हेत्त्वाद्याः स्युः इति असङ्करः ईरितः।।

व्याख्या :- अधुनोपरतेर्हेतुस्वरूपकार्याणि विविच्यन्ते । उपरतिर्हेतुर्यमादिरत्रादिपदेनेतरेऽपि

अब बोध के हेतु आदि का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - श्रवणादि तीन, उसी प्रकार सदसत् का विवेचन और फिर से ग्रन्थि का उदय न होना, ये तीनों बोध के असाधारण हेतु, स्वरूप और कार्य माने गये हैं ।२७९।

व्याख्या - बोध का हेतु श्रवणादि तीन अर्थात् श्रवण, मनन और निदिध्यासन है । ***''आत्मा वा अरे दृष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः''*** (बृ.उ. २/४/५) इस श्रुति के अनुसार श्रवणादि को बोध का असाधारण हेतु कहा गया है । उसी प्रकार सदसत् का विवेचन करना बोध का स्वरूप है । कूटस्थ और चिदाभास के भेद का ज्ञान अर्थात् कूटस्थ नित्य (सत्) है और तदतिरिक्त समस्त अनात्म पदार्थ असत् हैं, इस प्रकार का विचार करना बोध का स्वरूप है । अर्थात् ***''ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या जीवो ब्रह्मैव नापरः''*** ब्रह्म सत्य है, जगत् मिथ्या है और जीव ब्रह्म ही है, ब्रह्म से भिन्न नहीं है । इस विवेचन को बोध (ज्ञान) का स्वरूप कहा गया है । और पुनः ग्रन्थि का उदय न होना अर्थात् जड़-चेतन में अन्योन्याध्यास रूप जो ग्रन्थि है, उसकी उत्पत्ति का अभाव ही बोध का कार्य हैं । इस प्रकार क्रम से ये तीनों बोध के असाधारण हेतु, स्वरूप और कार्य माने गये हैं ।

अब उपरति के हेतु आदि का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - यमादि, बुद्धि का निरोध और व्यवहार का पूर्णरूप से नाश ये तीनों उपरति के (क्रमशः) हेतु आदि (स्वरूप और कार्य) हैं । इस प्रकार (वैराग्य, बोध और उपरति का) भेद कहा गया है ।२८०।

व्याख्या - यमादि अर्थात् यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि ये

योगाङ्गविशेषा विवक्षितास्तेन नियमासनप्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यानसमाधयो हेतुरीरित यावत् । एवमुपरतेस्स्वरूपं धीनिरोधो योगश्चित्तवृत्तेनियमनम् । तथैवोपरतेः कार्यं व्यवाहरस्य देहेन्द्रियमन आदीनां प्रवृत्तेस्सङ्ख्यो नाशस्सम्यग्रूपेण नैष्कर्म्यमिति भावः । उपरिष्टाच्च वक्ष्यति "सुप्तिवद्विस्मृति-स्सीमा भवेदुपरमस्य ही"त्यादिना । तेन व्यवहारात्यन्तिकध्वंसोऽत्र विवक्षितः । श्रीमद्भागवतादिपुराणेषु निर्विकल्पेऽसम्प्रज्ञातसमाधौ निष्ठानां जीवन्मुक्तानामृषभदेवदेवहूत्यादीनां च संस्कारवशात्सञ्चारादि-व्यवहारस्य स्पष्टं वर्णितत्त्वेन व्यवहारस्यात्यन्तिकवैधुर्यवर्णनमुपरतेः कार्यत्त्वेन नोचितमिति चेन्न । योगवासिष्ठादौ जीवन्मुक्तानां व्यवहारात्यन्तिकविरहस्य प्रसिद्धत्त्वात् । असम्प्रज्ञातसमाधि-निष्ठस्योद्दालकमुनेर्लोकदृशा व्यवहारस्य लेशतस्सद्भावेऽपि परमार्थतो व्यवहारे स्पर्शाभाववर्णनेन तद्दिशैवात्र व्यवहारसङ्ख्यस्योक्तेर्न कोऽपि दोषः । ततोऽपि किञ्चिन्न्यूनत्त्वाद्देवहूत्यृषभदेवादीनां तथा वर्णितः कश्चन व्यवहार इत्यगत्यैव तेषां गौणवृत्त्यैव जीवन्मुक्तता व्यवहारोऽभ्युपगन्तव्य इत्यन्यत्र विस्तरः वसिष्ठजनकशुकरामकृष्णादीनां लोकदृष्ट्या व्यवहारसद्भावेऽपि परमार्थतो व्यवहाराभावाज्ज्ञानिन एव ते । एवञ्च येषामध्यासो न भवति ते जीवन्मुक्ताः तस्मादेवमेते क्रमेणोपरतेर्हेत्त्वाद्या भवेयुः । एतावता ग्रन्थेन वैराग्यबोधोपरमाणां हेतुस्वरूपकार्याणि प्रदर्शितानि । सम्प्रति पूर्वप्रतिज्ञातमेषां चासाङ्कर्यमुपसंहरति इत्येवमसङ्करो विस्पष्टं भेद ईरितः ।।

वैराग्यबोधोपरमेषु बोधस्य प्राधान्यनिरूपणम् –

तत्त्वबोधः प्रधानं स्यात्साक्षान्मोक्षप्रदत्त्वतः ।
बोधोपकारिणावेतौ वैराग्योपरमावुभौ ।। २८१ ।।

आठों उपरति के असाधारण हेतु हैं । बुद्धि का निरोध अर्थात् चित्तवृत्तियों का नियमन उपरति का स्वरूप है । और व्यवहार का पूर्णरूप से नाश अर्थात् नैष्कर्म्यभाव उपरति का कार्य है । ग्रन्थ में आगे कहेंगे कि सुषुप्ति के समान जाग्रत् में भी विस्मृति होना, उपरति की सीमा है । इसलिए व्यवहार का पूर्णरूप से नाश यहाँ पर विवक्षित है । यदि कहो कि श्रीमद्भागवतादि पुराणों में निर्विकल्प समाधि (असम्प्रज्ञातसमाधि) में निष्ठावाले ऋषभदेव और देवहूति आदि जीवन्मुक्तों का भी संस्कारवशात् सञ्चारादि-व्यवहार का स्पष्ट रूप से उल्लेख है, इसलिये आपके द्वारा कहा गया व्यवहार का पूर्णरूप से नाश होना संभव नहीं है । सिद्धान्ती – आपका यह कथन ठीक नहीं है क्योंकि योगवासिष्ठादि ग्रन्थों में असम्प्रज्ञात समाधिनिष्ठ उद्दालक आदि मुनिगण व्यवहार से सर्वथा रहित थे, इसका वर्णन प्राप्त होता है । अतः व्यवहार के पूर्णनाश होने को उपरति का कार्य कहने में कोई दोष नहीं है । इस प्रकार पूर्व में प्रतिज्ञात वैराग्य, बोध और उपरति के भेद का उपसंहार करते हैं कि इस प्रकार वैराग्यादि तीनों में भेद कहा गया है । अतः तीनों प्रायः एक साथ रहते हैं, इस वचन से तीनों में अभेद का भ्रम नहीं करना चाहिये ।

वैराग्य, बोध और उपरति में बोध का ही प्राधान्य है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ – साक्षात् मोक्ष प्रदाता होने के कारण तत्त्वबोध मुख्य (प्रधान) है । वैराग्य और उपरति दोनों ज्ञान प्राप्ति में सहायक हैं ।२८१।

अन्वयः - तत्त्वबोधः प्रधानं स्यात् । साक्षात् मोक्षप्रदत्त्वतः । वैराग्योपरमौ एतौ उभौ बोधोपकारिणौ।।

व्याख्या :- वैराग्यबोधोपरमाणां मध्ये बोधस्य प्राधान्यं वैराग्योपरमयोश्च तदुपकारित्त्वमित्याह। साक्षादितरसहायमनपेक्ष्य मोक्षप्रदत्त्वतो ब्रह्माहमस्मीति बोधस्यैव ब्रह्मभावाप्तिकरत्त्वेन साक्षात्फलजनकत्त्वेन बोधस्यैव प्राधान्यम् । "तमेव विदित्त्वातिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाये"ति श्रुतेः । अतस्तत्त्वबोधः प्रधानम् । एवं चेद्वैराग्योपरमौ व्यर्थौ किम् ? नेत्याह । एतावुभौ वैराग्योपरमौ बोधोपकारिणौ ज्ञानसहकारिणौ "ब्राह्मणो निर्वेदमायान्नास्त्यकृतः कृतेन । तद्विज्ञानार्थं स गुरुमेवाभिगच्छेत्" "शान्तो दान्त उपरतस्तितिक्षु-स्समाहितो भूत्त्वात्मन्येवात्मानं पश्येदि"ति श्रुत्या बोधोपकारित्त्वमनयोरिति शम् ।।

महद्भाग्यविशेषादेव वैराग्यबोधोपरमाणां साहित्यमिति निरूपणम् -

त्रयोऽप्यत्यन्तपक्वाश्चेन्महतस्तपसः फलम् ।
दुरितेन क्वचित्किञ्चित्कदाचित्प्रतिबध्यते ॥ २८२ ॥

अन्वयः - त्रयः अपि अत्यन्तपक्वाः चेत् महतः तपसः फलम् । दुरितेन क्वचित् किञ्चित् कदाचित् प्रतिबध्यते ।।

व्याख्या :- वैराग्यादीनां सहयोगः क्वचित्को विप्रयोगोऽपि प्रायिक इत्यत्र किं निदानमित्यत्राह।

व्याख्या - वैराग्य, बोध और उपरति में बोध ही प्रधान है, वैराग्य और उपरति तो उसके सहायक हैं । इसका कारण यह है कि मुक्ति की प्राप्ति आत्मबोध से ही होती है । 'मैं ब्रह्म हूँ' इस ज्ञान से ही ब्रह्मभाव की प्राप्ति होती है । इस विषय में अनेक श्रुतियाँ प्रमाण हैं - यथा ***"तमेवं विदित्वातिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय"*** (श्वे.उ. ३/८) उसे ही जानकर पुरुष मृत्यु को पार करता है, इसके सिवा (ज्ञान के सिवा) परमपद प्राप्ति का कोई और मार्ग नहीं है । ज्ञान साक्षात् फल को उत्पन्न करता है इसलिये उसका प्राधान्य है । तथा वैराग्य और उपरति बोध में सहायक हैं, यह बात भी वेदों में स्पष्ट रूप से वर्णित है । ***"परीक्ष्य लोकान्कर्मचितान्ब्राह्मणो निर्वेदमायान्नास्त्यकृतः कृतेन । तद्विज्ञानार्थं स गुरुमेवाभिगच्छेत्समित्पाणिः श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठम्"*** (मु.उ. १/२/१२) अर्थात् - कर्म से प्राप्त हुए सम्पूर्ण लोकों की विवेक द्वारा परीक्षा कर मोक्षाभिलाषी ब्राह्मण वैराग्य प्राप्त करे, क्योंकि संसार में अनित्य साधन कर्मोपासना से नित्य पदार्थ मोक्ष नहीं मिल सकता । अतः उस नित्य वस्तु ब्रह्म का साक्षात् ज्ञान प्राप्त करने के लिये हाथ में समिधा (उपहार) लेकर अर्थात् विनयपूर्वक श्रोत्रिय-ब्रह्मनिष्ठ गुरु के पास जावे । इस श्रुति में वैराग्य को ज्ञान का सहायक कहा गया है और ***"शान्तो दान्त उपरतस्ति-तिक्षुस्समाहितो भूत्वाऽत्मन्येवात्मानं पश्येत्"*** (शान्त, दान्त, उपरत, तितिक्षु और समाहित होकर आत्मा में ही आत्मा को देखे) इस श्रुति में उपरति को बोध का सहायक कहा गया है । अतः श्रुतिवचनों से सिद्ध ही है कि मुक्ति बोध से ही होती है और वैराग्य तथा उपरति दोनों उसके सहायक मात्र हैं ।

वैराग्यादि तीनों का एक ही समय में रहना अत्यन्त दुष्कर तपस्या का ही फल है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - (यदि) तीनों (वैराग्य, बोध और उपरति) अत्यन्त परिपक्व हों तो उसे महान तपस्या का फल जानना चाहिये । पाप कर्म के द्वारा किसी पुरुष में कभी-कभी किञ्चित् बाधा आती है ।२८२।

पूर्वमुक्तं प्रायेण सह वर्तन्ते वियुज्यन्ते क्वचित्क्वचिदिति । तस्यैव च विवरणमत्र क्रियते । त्रयोऽपि वैराग्यबोधोपरमा अमी सह वर्तन्त इति तत्फलमेवात्यन्तपक्वात्परिपक्वभावमापन्नान्महतो निष्कामस्य तपस एव सारः । अनेकजन्मान्तरार्जितपुण्यपुञ्जपरिपाके पूर्वोक्तत्रयाणां सहयोगस्सिद्ध्यतीति भावः। दुरितेन पूर्वपूर्वजन्मार्जितपापविशेषेण क्वचित्त्रयाणां वैराग्यादीनां मध्ये यत्किञ्चित्प्रतिबध्यते । तस्मात्प्रतिबन्धकपापानुसारेण पुरुषविशेषे देशकालविशेष एव यस्य यादृशः प्रतिबन्धो दुरितविशेषस्तत्र तत्प्रतिबध्नाति तदितरयोश्चाप्रतिबद्धयोर्द्वयोरवस्थितिः यस्मिन्कल्पे द्वयोः प्रतिबन्धको दुरितविशेषस्तत्रा-वशिष्टस्यैवावस्थानमिति बोध्यमिति दिक् ।।

वैराग्यादीनां त्रयाणां सहावस्थानानवस्थानप्रयुक्तफलतारतम्यनिरूपणम् -

वैराग्योपरती पूर्णे बोधस्तु प्रतिबध्यते ।
यस्य तस्य न मोक्षोऽस्ति पुण्यलोकस्तपोबलात् ।। २८३ ।।
पूर्णे बोधे तदन्यौ द्वौ प्रतिबद्धौ यदा तदा ।
मोक्षो विनिश्चितः किन्तु दृष्टदुःखन्न नश्यति ।। २८४ ।।

अन्वयः - यस्य वैराग्योपरती पूर्णे, बोधः तु प्रतिबध्यते तस्य मोक्षः न अस्ति । तपोबलात् पुण्यलोकः।।

अन्वयः - बोधे पूर्णे तदन्यौ द्वौ यदा प्रतिबद्धौ तदा मोक्षः विनिश्चितः । किन्तु दृष्टदुःखं न नश्यति।।

व्याख्या :- वैराग्यादीनां प्रत्येकमवस्थाने फलविशेषांस्तारतम्येन संसूचयन्कस्य प्रतिबन्धे किं

व्याख्या - पूर्व में कहा था कि ***''प्रायेण सह वर्तन्ते वियुज्यन्ते क्वचित् क्वचित्''*** उसी का विवरण यहाँ प्रस्तुत करते हैं । वैराग्य, बोध और उपरति ये तीनों यदि अत्यन्त परिपक्व हों तो उसे पूर्व जन्म में किये हुए अत्यन्त दुष्कर तप का फल ही जानना चाहिये । अर्थात् पूर्वजन्मों में स्ववर्णाश्रमाचारानुकूल निष्कामकर्म योग से ईश्वर की दीर्घकाल तक आराधना करने पर जब अन्तःकरण शुद्ध हो जाता है तभी अन्तिम जन्म में वैराग्यादि तीनों परिपक्व होकर उस पुरुष में नित्य निवास करते हैं । किन्तु ये तीनों सभी ज्ञानियों में पूर्णरूप से सर्वथा नहीं रहते हैं । इसका क्या कारण है ? तो कहते हैं कि ***''दुरितेन प्रतिबध्यते''*** अर्थात् पूर्व जन्म में किये हुए किसी अशुभ कर्मों के फल का जब उदय होता है तब तीनों में से किसी-किसी में न्यूनाधिकता होती रहती है अर्थात् जब पाप रूपी प्रतिबन्ध से एक प्रतिबन्धित हो जाता है तब अन्य दो बने रहते हैं । यदि कभी दो प्रतिबन्धित हो भी जाएँ तो एक की स्थिति अवश्य ही रहती है । पूर्वजन्मकृत पाप कर्मों के उदय होने पर किसी पुरुष में कभी-कभी किञ्चित् बाधा आती है अर्थात् कभी ज्ञान और वैराग्य होने पर भी उपरति बाधित हो जाती है तो कभी ज्ञान होने पर भी वैराग्य और उपरति बाधित हो जाती है । कभी वैराग्य और उपरति होने पर भी कुछ क्षणों के लिये ज्ञान भी बाधित हो जाता है । ये सब दुरित कर्मों के कारण कभी-कभी प्रतिबन्धित हो जाते हैं ।

अब तीनों के फलतारतम्य का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - जिसके वैराग्य और उपरति पूर्ण हो किन्तु बोध पूर्ण न हो, उसका मोक्ष नहीं होता, किन्तु तपोबल से उसे पुण्य लोक की प्राप्ति होती है । यदि बोध पूर्ण हो और शेष दो न्यून रहें तो मोक्ष तो निश्चित मिलेगा किन्तु दृष्टदुःख का नाश नहीं होगा ।२८३-२८४।

व्याख्या - वैराग्यादि के फलों में तारतम्य है । अतः किस के प्रतिबन्धित हो जाने पर क्या फल

भवतीति स्पष्टं वक्तुं तत्त्वज्ञानप्रतिबन्धे मोक्षो नास्तीत्याह प्रथमम् । यस्य साधकस्य पूर्णे स्तः वैराग्योपरती द्वे । अथापि यदि पापविशेषात्प्रतिबद्ध्यते बोधस्तत्त्वस्य । तस्य नैवास्ति मोक्षः । "ज्ञानादेव तु कैवल्यम्" "नान्यः पन्था अयनाय विद्यत" इत्यादिश्रुतिभ्यः । तर्हि वैराग्योपरत्योस्सम्पादनं व्यर्थमेवेति न शङ्कनीयम् । यतः पुण्यलोकप्राप्तिबोधकं भगवद्वचनं दृश्यते। "प्राप्य पुण्यकृतां लोकानुषित्त्वा शाश्वतीस्समाः । शुचीनां श्रीमतां गेहे योगभ्रष्टोऽभिजायते" इति। तस्मात्तपोबलात्पुण्यलोको ब्रह्मादिस्थानावाप्तिः । एवं बोधे तत्त्वज्ञाने पूर्णे लब्धे सत्यपीतरौ तदन्यौ वैराग्योपरत्याख्यौ यदा पापविशेषेण प्रतिबद्धौ भवतस्तदा मोक्षस्तु विनिश्चित एव देहपातानन्तरमिति विदेहमुक्तिरेव सिद्ध्यति। किन्तु दृष्टदुःखं प्रत्यक्षेणानुभूयमानं प्रारब्धफलीभूतं दुःखं न नश्यति नोपशमं याति जीवन्मुक्तसुखं न लभ्यत इति तात्पर्यमिति दिक् ।।

वैराग्यबोधोपरतीनां परमावधिनिरूपणम् -

ब्रह्मलोकतृणीकारो वैराग्यस्यावधिर्मतः ।
देहात्मवत्परात्मत्त्वदार्ढ्ये बोधस्समाप्यते ॥ २८५ ॥
सुप्तिवद्विस्मृतिस्सीमा भवेदुपरमस्य हि ।
दिशानया विनिश्चेयं तारतम्यमवान्तरम् ॥ २८६ ॥

प्राप्त होता है, इसका स्पष्टरूप से प्रतिपादन करने के लिये सर्वप्रथम तत्त्वज्ञान के प्रतिबन्धित हो जाने पर मोक्ष नहीं मिल सकता इसका वर्णन करते हैं । जिस साधक में वैराग्य और उपरति तो पूर्ण है किन्तु पाप कर्मों की प्रबलता के कारण यदि तत्वबोध प्रतिबन्धित हो जाता है तो उसे ज्ञानाभाव के कारण मोक्ष प्राप्त नहीं होता है । तो क्या वैराग्य और उपरति रूप तपस्या का कोई फल नहीं है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि उसे अपने तपोबल से पुण्यलोकों की प्राप्ति होती है । श्रीमद्भगवद्गीता में कहा है कि-

प्राप्य पुण्यकृतां लोकानुषित्वा शाष्वतीः समाः।
शुचीनां श्रीमतां गेहे योगभ्रष्टोऽभिजायते ।। (गी. ६/४१)

अर्थात् - योगभ्रष्ट पुरुष पुण्यवानों के लोकों को प्राप्त कर उनमें बहुत वर्षों तक निवास करके फिर शुद्ध आचरण वाले श्रीमान् पुरुषों के घर में जन्म लेता है । वैराग्य और उपरति के होने पर भी ज्ञानाभाव के कारण योगभ्रष्ट पुरुष मुक्त नहीं हो पाते । यदि बोध पूर्ण हो और अन्य दो प्रतिबद्ध हों तो उसका क्या फल होगा ? इसका उत्तर देते हैं कि यदि बोध पूर्ण हो और शेष दो प्रतिबन्धित हों तो मोक्ष तो निश्चित मिलेगा किन्तु दृष्टदुःख की निवृत्ति नहीं होगी । अर्थात् प्रत्यक्ष रूप से अनुभूयमान व्यावहारिक आधिभौतिकादि तीनों तापवाला दुःख नष्ट नहीं होगा । भाव यह है कि जीव का संसार दो प्रकार का है - एक तो जन्म-मरण रूप और दूसरा व्यवहारिक सुख और दुःख उत्पन्न करनेवाला । आत्मज्ञान से जन्म-मरण रूप संसार तो नष्ट हो जाता है किन्तु यदि वैराग्य और उपरति नहीं है तो दृष्टदुःखों का नाश न होने के कारण उस ज्ञानीपुरुष को जीवन्मुक्ति का सुख नहीं मिलेगा ।

अब वैराग्य, बोध और उपरति की चरमसीमा का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - ब्रह्मलोक को भी तृण के समान तुच्छ समझना वैराग्य की सीमा मानी गयी है, और देहात्मभाव की तरह परमात्मभाव की दृढ़ता में तत्त्वज्ञान की पूर्णता हो जाती है । सुषुप्ति के समान (समस्त व्यवहार

अन्वयः – ब्रह्मलोकतृणीकारः वैराग्यस्य अवधिः मतः । देहात्मवत् परात्मत्त्वदाढर्ये बोधः समाप्यते।।

अन्वयः – सुप्तिवत् विस्मृतिः उपरमस्य सीमा भवेत् हि । अनया दिशा अवान्तरं तारतम्यं विनिश्चेयम्।।

व्याख्या :- अधुना वैराग्यादीनां त्रयाणामपि परमां काष्ठां निरूपयति । तत्रादौ वैराग्यावधिं दर्शयति । ब्रह्मलोकतृणीकारो ब्राह्मादिलोकेषु यन्महत्सुखं तस्याप्यतिविशिष्टस्य तृणवत्त्यागो वैराग्यस्यावधिः परा काष्ठा सीमेति यावत् । मतोऽभिमतः । तत्त्वज्ञानावधिं दर्शयति । देहात्मवद्यथाध्यासबलेनाज्ञानदशायां देहादिष्वयमात्मेति दृढं ज्ञानं तथा परात्मत्त्वदाढर्ये परस्मिन्नद्वितीये सच्चिदानन्दलक्षण आत्मन्यहमिति निश्चितं ज्ञानं ब्रह्माहमस्मीति भवेत्तदा बोधस्समाप्यते सैव परा काष्ठेत्यर्थः । उपरतेरवधिं दर्शयति । सुप्तिवद्यथा सुषुप्तौ निखिलव्यवहारोपशमो "न किञ्चिदवेदिष"मिति सुप्तोत्थितस्मरणात्तद्वन्निखिल-व्यवहारस्य विस्मृतिस्सर्वात्मना विस्मरणमुपरमस्य सीमा परा काष्ठा । एतावता परिपक्वा वैराग्य-बोधोपरतयो व्याख्याताः । उत्तमवैराग्यादीनामभावेऽपि मध्यमाधमवैराग्यादिसम्पत्तिस्स्वस्वबुद्ध्या-ग्रन्थान्तरोपदर्शितप्रकारेणोवान्तरं तारतम्यं च तथैव विनिश्चेमिति दर्शयति । अनया दिशानेनैव प्रकारेणावान्तरं तारतम्यं वैराग्यबोधोपरमाणां न्यूनाधिकभावं स्वस्वानुभवेन विनिश्चेयमिति दिक् ।।

की विस्मृति हो जाना उपरति की सीमा है । इसी रीति से (उन तीनों का) अवान्तर तारतम्य का निश्चय कर लेना चाहिये ।२८५-२८६।

व्याख्या – अब वैराग्यादि की चरम स्थिति का निरूपण करते हुए सर्वप्रथम वैराग्य की चरमसीमा को दर्शाते हैं । ब्रह्मलोक को भी तृण के समान तुच्छ समझना वैराग्य की सीमा मानी गयी है । ***"कहिइ तात सो परम विरागी, तृण सम सिद्धि तीन गुण त्यागी"*** (रा.च.मा.) विवेक चूड़ामणि में भी कहा है कि ***"वासनानुदयो भोग्ये वैराग्यस्य तदावधिः"*** (वि.चू. ४२५) अर्थात् भोग्य पदार्थों में वासना का उदय न होना यह वैराग्य की परम सीमा है । ब्रह्मलोक का सुख अद्वितीय है, इसलिये उसका त्याग करने की इच्छा बड़े-बड़े योगियों की भी नहीं होती है । उसी सुख की अभिलाषा के कारण वे पूर्ण विरक्त नहीं कहे जा सकते, अतः ब्रह्मलोक के भोग्य पदार्थों को भी भोगने की जिसकी इच्छा न हो, उसे परम विरक्त कहते हैं । अब बोध की परम सीमा बताते हैं । देहात्मभाव की तरह परमात्मभाव की दृढ़ता में तत्वज्ञान की पूर्णता होती है । अर्थात् अध्यास के कारण अज्ञानदशा में देहादि में 'यह मैं ही हूँ' इस प्रकार का जो दृढ़ ज्ञान होता है, उसी प्रकार अद्वितीय सच्चिदानन्द परमात्मा में 'यह मैं ही हूँ' इस प्रकार का दृढ़ ज्ञान हो जाना ही बोध की पूर्णता है । ***"अहंभावोदयाभावो बोधस्य परमावधिः"*** (वि.चू. ४२५) अहंभाव के उदय का अभाव बोध की परम अवधि है । अर्थात् जीवभाव का पूर्णरूप से त्याग कर ब्रह्मभाव की दृढ़ता ही बोध की चरम सीमा है ।

अब उपरति की सीमा का वर्णन करते हैं कि सुषुप्ति के समान विस्मृति हो जाना उपरति की चरम सीमा है । अर्थात् जैसे सुषुप्ति में समस्त व्यवहार का उपशमन हो जाता है, उसी प्रकार समस्त व्यवहारों की जाग्रत् अवस्था में भी विस्मृति हो जाना, उपरति की परम सीमा है । ***"लीनवृत्तेरनुत्प-त्तिर्मर्यादोपरतेस्तु सा"*** (वि.चू. ४२५) लीनवृत्ति की पुनः उत्पत्ति न होना उपरति की सीमा है अर्थात् सुषुप्ति के समान जाग्रत् में भी समस्त वृत्तियाँ आत्मा में लीन हो जाने पर पुनः उनका उत्थान न होना ही उपरति की सीमा है । इस रीति से वैराग्य, बोध और उपरति के अवान्तर तारतम्य का निश्चय कर लेना चाहिये । अर्थात् अपनी बुद्धि से तीनों के न्यूनाधिक भाव का अपने- अपने अनुभव के अनुसार निश्चय कर लेना चाहिये ।

विभिन्नव्यवहारवतामपि ज्ञानिनामात्मज्ञानानुभवे न कोऽपि भेद इति निरूपणम् -

आरब्धकर्मनानात्त्वाद्बुद्धानामन्यथान्यथा ।
वर्तनन्तेन शास्त्रार्थे भ्रमितव्यं न पण्डितैः ॥ २८७ ॥

अन्वयः - आरब्धकर्मनानात्त्वम् बुद्धानाम् अन्यथा अन्यथा वर्तनम् । तेन पण्डितैः शास्त्रार्थे न भ्रमितव्यम् ।।

व्याख्या :- अद्वैतबोधवन्तोऽपि मुक्ता नैकप्रकारास्समुपलभ्यन्ते । अत एवोक्तं स्वाराज्यसिद्धिकारैः "केऽपि वर्णाश्रमाचारनिष्ठापरा मुग्धबालप्रमत्तोपमाश्चापरे । रागिणो भोगिनो योगिनश्चेतरे ज्ञानिनां लक्ष्यते नैकरूपा स्थिति"रिति । अतो ज्ञानिषु वैषम्यदर्शनेन ज्ञानस्य मुक्तिहेतुत्त्वमसिद्धमिति नैव शङ्क्यम् । वह्न्यादिनिष्ठदाहशक्तिश्चन्द्रकान्तमणिसमवधाने प्रतिबद्ध्यते यथा तथैव रागाद्यासुरसम्पत्सत्त्वे ज्ञानसद्भावेऽपि न मुक्तिव्यक्तीभावः । उत्तेजकमणिविशिष्टचन्द्रकान्तमणेस्सद्भावेऽपि वह्नौ दाहशक्तिः पुनस्सन्दृश्यते । यथा तद्वज्ज्ञानिनां व्यवहारसद्भावेऽपि रागाभावे न मोक्षव्यक्तीभावः प्रतिबद्ध्यते । व्यवहारो द्विविधः । रागसहितस्तद्विरहितश्च । तत्र सरागप्रवृत्तेर्मोक्षप्रतिबन्धकत्त्वम् । नीरागप्रवृत्तेस्तु नेतीति तत्त्वम् । तस्माच्छास्त्रार्थे पण्डितंमन्यैर्न विप्रतिपत्तव्यमिति निरूपयति । बुद्धानामपि तत्त्वज्ञानान्मुक्ता-नामप्यारब्धकर्मनानात्त्वादारब्धपुण्यपापकर्मणां वैजात्याद्वर्तनं प्रवृत्तिरन्यथान्यथा

भिन्न-भिन्न व्यवहार करने पर भी ज्ञानियों के आत्मानुभव में कोई भेद नहीं होता है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - प्रारब्ध कर्म के भेद से तत्त्वज्ञानियों का व्यवहार भिन्न-भिन्न प्रकार से होता है । इसलिये पण्डितों को शास्त्र के अर्थ में भ्रान्त नहीं होना चाहिये ।२८७।

व्याख्या - अद्वैतात्मतत्त्व को जाननेवाले मुक्त पुरुष भी अनेक प्रकार के होते हैं । इसीलिये स्वाराज्यसिद्धिकार कहते हैं कि -

केऽपि वर्णाश्रमाचारनिष्ठापरा मुग्धबालप्रमत्तोपमाश्चापरे ।
रागिणो भोगिनो योगिनश्चेतरे ज्ञानिनां लक्ष्यते नैकरूपाः स्थितिः।। (स्वा.सि.)

अर्थात् - कुछ ज्ञानी लोग वर्णाश्रम धर्म के पालन करने में पूर्णनिष्ठावाले होते हैं । कुछ मुग्ध, बालक और उन्मत्त के समान रहते हैं । अन्य रोगी, भोगी और योगी के समान रहते हैं, अतः ज्ञानियों की एकरूप स्थिति नहीं होती है।

कृष्णो भोगी शुकत्यागी नृपौ जनकराघवौ ।
वसिष्ठः कर्मकर्ता च पञ्चैते ज्ञानिनः समे।।

अर्थात् - कृष्ण और शुक क्रम से भोगी और योगी के समान थे । जनक जी और श्रीराम राजा थे । वसिष्ठ जी कर्मनिष्ठ थे । इस प्रकार इन पाँचों की भिन्न-भिन्न प्रवृत्ति होने पर भी आत्मज्ञान सभी में एकरस होने से पाँचों एक समान ही माने गये हैं । अतः ज्ञानियों में वैषम्य दिखने पर भी उनकी मुक्ति के विषय में शंका नहीं करनी चाहिये । व्यवहार दो प्रकार का होता है - एक रागयुक्त और दूसरा रागरहित । उसमें रागयुक्त प्रवृत्ति मोक्ष की प्रतिबन्धिका है किन्तु रागरहित प्रवृत्ति नहीं, इसलिये स्वयं को पण्डित मानने वालों को शास्त्र के अर्थ में भ्रमित नहीं होना चाहिये । प्रारब्ध कर्म अनेक प्रकार के

बहुविलक्षणमनेकप्रकारं दृश्यते । तेन कारणेनारब्धकर्मफलभेदेन प्रवर्तनाभेदस्योपपन्नत-रत्त्वात्प्रवृत्तेश्चास्तिता कर्मफलनाशावधिशालिनीति सकलफलनाशे मोक्षप्रतिबन्धकप्रवृत्तेस्सर्वात्मना विनाश इति मुक्तिरप्रतिबद्धा सेत्स्यतीति क्रममादृत्य ज्ञानादेव हि कैवल्यमिति शास्त्रार्थे पण्डितैर्विद्वन्मन्यैर्न भ्रमितव्यं न कदाप्यत्र प्रदर्शनीया विप्रतिपत्तिरिति भावः । यथा वह्नेर्दाहकारणत्त्वे सत्यपि प्रतिबन्धकमणिसमवधान-मात्राद्दाहाजननेऽपि न कारणत्त्वभङ्गस्तथैव बोधस्य मोक्षहेतुत्त्वेऽप्यन्यस्य प्रतिबन्धकस्य सद्भावे बोधधफलीभूतं कैवल्यमेव न सिद्ध्यतीति न कारणत्त्वभङ्गः। यतः फलोत्पत्तौ यावत्कारणसामग्री समपेक्षिता । कारणसामग्र्यां च प्रतिबन्धकाभावोऽप्येकः कारणम् । तस्मादारब्धकर्मफलस्य प्रतिबन्धस्य सद्भावमात्रेण न ज्ञानस्य मोक्षहेतुत्त्वभङ्गः । यदा प्रतिबन्धकनिवृत्तिस्तदा कैवल्यमिति न ह्यन्वयव्यभिचार इति भाव इति शम् ।।

निखिलविषयसङ्गत्यागो मुक्तिरिति निरूपणम् –

स्वस्वकर्मानुसारेण वर्तन्तां ते यथा तथा ।
अविशिष्टस्सर्वबोधस्समा मुक्तिरिति स्थितिः ॥ २८८ ॥

अन्वयः–ते स्वस्वकर्मानुसारेण यथा तथा वर्तताम् । सर्वबोधः अविशिष्टः। मुक्तिः समा इति स्थितिः।।

व्याख्या :- यद्यारब्धकर्मफलस्य प्रतिबन्धकत्त्वं तर्हि विदेहमुक्तिरेकैवेष्यताम् । देहावस्थितिं यावत्प्रारब्धस्यावश्यंभावित्त्वान्न घटेत जीवन्मुक्तिः । आदेहपातं प्रतिबन्धकीभूतारब्धकर्मफलानां सद्भावात्प्रतिबन्धकाभावविशिष्टतत्त्वबोधस्य देहसद्भावदशायामभावेनमुत्त्यभिव्यक्तेरभावाज्जीवन्मुक्ति-

---

होने के कारण जो आत्मज्ञानी हैं, उनका व्यवहार भी भिन्न-भिन्न प्रकार का होता है । अतः उन प्रारब्ध कार्मों के फल की विविधता के कारण उनसे उत्पन्न जो विविध प्रवृत्तिया हैं, वे जब तक फल का नाश नहीं हो जाता तब तक रहेंगी । जब समस्त प्रारब्ध कार्मों के फल का नाश हो जाएगा तब बन्धन में डालने वाली प्रवृत्ति का पूर्ण रूप से नाश हो जाने पर मुक्ति प्राप्त होती है । अतः ***''ज्ञानादेव तु कैवल्यं प्राप्यते तेन मुच्यते''*** इस शास्त्र के अर्थ में पण्डितों को भ्रमित नहीं होना चाहिये अर्थात् इस विषय में विप्रतिपत्ति नहीं होनी चाहिये । भाव यह है कि यद्यपि बोध ही मुक्ति का हेतु है तथापि अन्य प्रतिबन्ध के होने से बोध के फलस्वरूप जो कैवल्य है, वह सिद्ध नहीं होता है और जब प्रतिबन्ध की निवृत्ति होती है तब कैवल्य की प्राप्ति होती है, इसलिये यहाँ अन्य व्यभिचार नहीं हैं । अतः प्रारब्ध कर्म रूप प्रतिबन्ध के होने पर भी ज्ञान के मोक्षहेतुत्व का भंग नहीं होता है ।

क्रियाभेद होने पर भी ज्ञानियों की मुक्ति में कोई भेद नहीं होता, इसका वर्णन करते हैं।

अर्थ – तत्त्ववेत्ता अपने-अपने प्रारब्ध कर्मानुसार जैसा व्यवहार करते हैं वैसा भले ही करें, किन्तु ज्ञान सब का एक समान होता है और मुक्ति भी एक समान है, यही स्थिति (शास्त्र-सिद्धान्त) है ।२८८।

व्याख्या – यदि प्रारब्ध कर्मों के फल प्रतिबन्धक हैं तब तो केवल विदेह मुक्ति का ही कथन करना चाहिये, क्योंकि जब तक देह है तब तक प्रारब्ध भी अवश्य मानना पड़ेगा, ऐसी स्थिति में जीवन्मुक्ति संभव ही नहीं है । क्योंकि समस्त प्रतिबन्धकों के अभावविशिष्ट ज्ञान का देहस्थितिकाल में अभाव

व्यवहारोऽसङ्गत इत्याक्षेपं निराकरोति । ते तत्त्वज्ञानिनो मुक्तास्स्वस्वकर्मानुसारेण प्रारब्धकर्मानुगुणं यथा तथा येन केनापि प्रकारेण यथा कथञ्चिद्वर्तन्तां यथाकामं तिष्ठन्ताम् । सर्वबोधस्सर्वेषां मुक्तानां बोधोऽपरोक्षात्मसाक्षात्कारोऽहं ब्रह्मास्मीति ज्ञानमेकाकारमविशिष्टो निरवद्यब्रह्मरूपेणावस्थानं समानमेवेति भेदाभावात्तेषां मुक्तिरद्वितीयब्रह्मात्मभावापत्तिस्सर्वत्र समेति च शास्त्राणां निर्णयस्सैषा स्थितिः । तस्मान्निखिलविषयनाशे न मुक्तिपदार्थोऽपि तु सर्वविषयकसङ्गसन्त्याग एव मोक्ष इति स ज्ञानिनां जीवद्दशायामप्यस्तीति न जीवन्मुक्तौ कोऽपि प्रतिबन्धोऽस्तीति शम् ।।

सङ्क्षेपेणैतत्प्रकरणार्थनिरूपणम् –

जगच्चित्रं स्वचैतन्ये पटे चित्रमिवार्पितम् ।
मायया तदुपेक्ष्यैव चैतन्यं परिशेष्यताम् ।। २८९ ।।

अन्वयः – जगच्चित्रं पटे चित्रम् इव स्वचैतन्ये मायया अर्पितम् । तत् उपेक्ष्य चैतन्ये एव परिशेष्यताम्।।

व्याख्या :- प्रकरणादावुदाहृतचित्रपटदृष्टान्तेन प्रकरणतात्पर्यं सङ्क्षिपति । यथा धौते पटे चित्रकारार्पितं चित्रकारविरचितं चित्रमिव स्वचैतन्ये स्वमेव चैतन्यं तस्मिंश्चैतन्ये जगच्चित्रमनेकवर्णसंयुक्तं चित्रतुल्यं जगन्मायया चित्रकारसदृशयार्पितं विरचितमत एव तदुपेक्ष्यैव "नेति नेती"त्यतन्निरस्य

होता है, अतः मुक्ति प्राप्त नहीं हो सकती । जब तक प्रारब्ध शरीर की स्थिति है तब तक मुक्तावस्था के अभाव के कारण 'यह जीवन्मुक्ति है' ऐसा व्यवहार कैसे हो सकता है ? इस आक्षेप का निराकरण करते हुए कहते हैं कि वे तत्त्वज्ञानिलोग अपने-अपने प्रारब्ध कर्मानुसार जैसा व्यवहार करते हैं अर्थात् यदि कोई तत्त्वज्ञानी वसिष्ठ जी के समान कर्मनिष्ठ है, कोई शुकदेव जी के समान त्यागनिष्ठ है, कोई जनक जी के समान राज्य करता है तो वे सब भले ही वैसा व्यवहार करें, किन्तु उनमें जो अपरोक्ष आत्मज्ञान है, वह सर्वथा भेद शून्य है अर्थात् समान है । ज्ञान एक समान होने के कारण ही उन सब की मुक्ति भी अर्थात् ब्रह्मभाव की प्राप्ति भी एक समान ही है । उसमें स्वल्प मात्र भी तारतम्य नहीं है, यहीं शास्त्रों का सिद्धान्त है । अतः ज्ञानी के प्रारब्धानुसार किये गये व्यवहार को देखकर उनकी मुक्ति के विषय में शंका नहीं करनी चाहिये क्योंकि उनकी मुक्ति में कोई भेद नहीं होता है । भाव यह है कि विषयों में आसक्ति का त्याग सभी में समान होने के कारण वे सभी मुक्त हैं । विषयसंग का त्याग ही मुक्ति है, न कि विषयों का स्वरूप से नाश । अतः ज्ञानियों की मुक्ति में कोई भेद नहीं होता ।

अब संक्षेप से इस प्रकरण के तात्पर्य को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ – पट में चित्र के समान अपने चैतन्य में जगत् रूपी चित्र माया के द्वारा कल्पित है, उसकी उपेक्षा कर के ही चैतन्य को परिशेष रूप से जानना चाहिये ।२८९।

व्याख्या – प्रकरण के प्रारम्भ में उदाहृत चित्रपट के दृष्टान्त के द्वारा प्रकृत प्रकरण के तात्पर्य को संक्षेप से कहते हैं । जैसे स्वच्छ वस्त्र में चित्रकार के द्वारा चित्र की रचना कर दी जाती है, उसी प्रकार स्वचैतन्य

ब्रह्मणः पृथक्कृत्य शुद्धं चैतन्यं परिशेष्यतां निखिलजगदधिष्ठानीभूतचिन्मात्रवस्तुनि परमार्थभूते बाधावधिभूते क्रियतां पर्यवसानमिति भावः । रागजनकद्रव्याणां पृथक्करणेन विवेचकस्य यथा शुद्धपट एव विज्ञायते तथैव समस्तजगतो निषेधेन ब्रह्मचैतन्यमात्रमवशिष्यत इति बोद्धव्यम् । रजतादेश्शुक्तिशकलं विहायान्यत्र बाधपर्यवसानं न भवति । आरोपितभावाभावयोरधिष्ठानैकसत्ता यत्तत्त्वस्य नित्यत्त्वात् । तस्मात्तत्पृथक्करणेन चित्रगतदेवकिन्नरमृगगिरिनद्यादीनां विविक्तपटज्ञातुरभानं जगतश्चाभानमिति दिक् ।।

एतत्प्रकरणानुसन्धानफलनिरूपणम् –

चित्रदीपमिमं नित्यं येऽनुसन्दधते बुधाः ।
पश्यन्तोऽपि जगच्चित्रन्ते मुह्यन्ति न पूर्ववत् ।। २९० ।।

।। इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीभारतीतीर्थविद्यारण्यमुनिवर्यविरचितायां पञ्चदश्यां चित्रदीपाख्यं षष्ठं प्रकरणं सम्पूर्णम् ।।

अन्वयः–ये बुधाः इमं चित्रदीपं नित्यम् अनुसन्दधते । ते जगच्चित्रं पश्यन्तः अपि पूर्ववत् न मुह्यन्ति।।

व्याख्या :- प्रकृतप्रकरणस्य शब्दतोऽर्थतश्चाभ्यासस्य फलं दर्शयन्नुपसंहरति । यथा पटं

में अर्थात् स्वात्मा में नानावर्णसंयुक्त चित्र के समान इस जगत् रूप चित्र की रचना माया के द्वारा कर दी जाती है, अर्थात् जगत् माया के द्वारा कल्पित है, इसलिये उसकी उपेक्षा करके ही अर्थात् 'नेति नेति' इत्यादि वाक्यों के द्वारा पूर्णरूप से बाध करके ही (पृथक् करके नहीं) शुद्ध चैतन्य को परिशेषरूप से जानना चाहिये अर्थात् रागद्रव्यों को पृथक् करने पर विवेचक के द्वारा जैसे शुद्ध वस्त्र ही जाना जाता है, उसी प्रकार शुद्ध चैतन्य को ही जानना चाहिये । भाव यह है कि जैसे पृथक् करने पर चित्रस्थ नर, मृग, गिरि आदि विग्रहों का विविक्त पट के ज्ञान से भान नहीं होता किन्तु केवल पट का ही भान होता है, उसी प्रकार ज्ञानियों को विविक्त चैतन्य का भान होता है, और जगत् का अभान होता है ।

इस प्रकरण के अनुसन्धान का फल बताते हुए प्रकरण का उपसंहार करते हैं ।

अर्थ – जो बुद्धिमान पुरुष इस चित्रदीप का नित्य अनुसन्धान करते हैं, वे इस जगत् रूपी चित्र को देखते हुए पूर्व के समान मोहित नहीं होते हैं ।२९०।

व्याख्या – प्रकृत प्रकरण के शब्द और अर्थतः अभ्यास करने का फल दर्शाते हुए आचार्य कहते हैं कि जैसे पट (वस्त्र) में चित्रकार के द्वारा रञ्जित किया गया चित्र दीपक के द्वारा प्रकाशित होता है, उसी प्रकार चैतन्य में माया के द्वारा जगत् रूपी चित्र कल्पित है । ऐसा जिस प्रकरण में कहा गया है, उस चित्रदीप नामक प्रकृत प्रकरण का जो बुद्धिमान पुरुष नित्य अनुसन्धान करते हैं अर्थात् प्रकरण का केवल पाठ नहीं किन्तु उसके अर्थ का प्रतिदिन चिन्तन करते हैं, वे इस जगत् रूपी चित्र को देखते हुए भी पूर्व के समान (अज्ञान दशा के समान) मोहित नहीं होते हैं, अर्थात् भ्रान्ति को प्राप्त नहीं होते हैं, क्योंकि उनमें अज्ञान रूपी ग्रन्थि का अभाव हो जाता है ।

चित्रलेखनेन रञ्जितं बहुभिश्चित्रैर्दीपैः प्रकाशितं दृश्यत एवमेव चैतन्ये मायया विनिर्मितं जगच्चित्रमेतच्चित्रमेतच्चित्रदीपप्रकरणे प्रकाशितं विस्तरशोऽतस्तमिमं प्रकृतप्रकरणं ये बुधा जिज्ञासवो नित्यं प्रतिदिनं ह्यनुसन्दधतेऽनुसन्धानं कुर्वते पठन्त्येव न केवलं त इदं जगच्चित्रं पश्यन्तोऽपि पूर्ववदज्ञानावस्थायामिवात्मानुभवकाले नैव मुह्यन्ति भ्रान्ता नैव भवन्ति ग्रन्थेरभावादिति शम् ।।

एवञ्चास्य प्रकरणस्य मोहाभावः फलम् । प्रथमस्तावत्प्रतिबन्धस्त्वं पदार्थे विषयवासनैव विद्यते- ''सूत्रात्मानन्दान्तानानन्दानेव भोक्तुमिति वाञ्छा । रूपादिधन्यता च प्रतिबन्धः प्रथम एष इह जीव'' इति दर्शितस्यैव प्रतिबन्धस्य निरासोऽत्र प्रकरणे क्रियते । ''चित्रपटादिनिदर्शनवशेन वैराग्यमात्मशब्देन। जीवस्वरूपमिति तत्प्राधान्यं भवति षष्ठेऽपी''ति षष्ठेऽस्मिन्प्रकरणे चित्रदीपदृष्टान्तेन जीवस्वरूपं सम्यग्विवृतमिति सति वैराग्ये विषयेच्छाया दूरीकरणेनात्मबोधस्सर्वोऽपि सुलभो भवेदिति प्रकरणस्यास्य त्त्वंपदार्थशोधने वैराग्योत्पादनद्वारा विषयवासनाविनाशने च तात्पर्यमिति स्पष्टं प्रतीयते । तदत्र तात्पर्यग्राहकलिङ्गान्यपि स्पष्टं भान्ति । तथा हि- उपक्रमस्ताव''द्यथा चित्रपटे दृष्टमवस्थानां चतुष्टयम्। परमात्मनि विज्ञेयं तथावस्था चतुष्टयमि''ति । तथोपसंहारेऽपि- ''जगच्चित्रं स्वचैतन्ये पटे चित्रमिवार्पितम् । मायया तदुपेक्ष्यैव चैतन्यं परिशेष्यता''मिति यावद्दृश्यसुखविषयकवैराग्ये चित्रपटदृष्टान्तेन

इस प्रकार मोहाभाव ही इस प्रकरण का फल है । विषय वासना ही त्वं पदार्थ में प्रथम प्रतिबन्ध है।

सूत्रात्मानन्दान्तानानन्दानेव भोक्तुमिति वाञ्छा ।
रूपादिधन्यता च प्रतिबन्धः प्रथम एष इह जीवे ।।

इस श्लोक में दर्शित प्रतिबन्ध का ही यहाँ पर निरास किया गया है ।

चित्रपटादिनिदर्शनवशेन वैराग्यमात्मशब्देन ।
जीवस्वरूपमिति तत्प्राधान्यं भवति षष्ठेऽपि ।।

इस प्रकरण में चित्रपट के दृष्टान्त से जीव के स्वरूप का सम्यक् विवरण किया गया है जिसमें वैराग्य प्राधान्य है, जिससे विषयवासना को दूर करने पर सभी को आत्मबोध सुलभ हो सके । भाव यह है कि इस प्रकरण का तात्पर्य त्वं पदार्थ शोधन के लिए वैराग्योत्पादन के द्वारा विषयवासनाओं का नाश करना है । इसी बात को स्पष्ट करने के लिये तात्पर्य ग्राहक छः लिंगो को दर्शाते हैं।

उपक्रमोपसंहार - यथा चित्रपटे दृष्टमवस्थानं चतुष्टयम् ।
परमात्मनि विज्ञेयं तथाऽवस्थाचतुष्टयम् ।। (६/१)

यहाँ से उपक्रम करके -

जगच्चित्रं स्वचैतन्ये पटे चित्रमिवार्पितम् ।
मायया तदुपेक्ष्यैव चैतन्यं परिशेष्यताम् ।। (६/२८९)

इस प्रकार उपसंहार किया गया है । चित्रपट के दृष्टान्त से यावद् दृश्यसुखविषयक वैराग्य में और

सम्यक्प्रतिपादिते कूटस्थात्माख्यजीवस्य शुद्धस्वरूपे च तात्पर्यग्राहकं स्पष्टमत्रोपक्रमोपसंहाराख्यं प्रथमं लिङ्गम् । तथा "ब्रह्माद्यास्तम्बपर्यन्ताः प्रणिनोऽत्र जडा अपि । उत्तमाधमभावेन वर्तन्ते पटचित्रवत्" न द्वेष्टि सम्प्रवृत्तानि न निवृत्तानि काङ्क्षति । उदासीनवदासीन इति ग्रन्थिभिदोच्यते" इत्याद्यभ्यासो द्वितीयं तात्पर्यग्राहकं लिङ्गम् । एवमेकत्रैवापूर्वताफलार्थवादास्सन्दर्शिताः "भरतादेरप्रवृत्तिः पुराणोक्तेति चेत्तदा। जक्षन्क्रीडन्नतिं विन्दन्नित्यश्नौषीर्न किं श्रुति"मिति तृतीयचतुर्थपञ्चमानि तात्पर्यग्राहकलिङ्गानि सन्दर्शितानि । "सङ्गी हि बाध्यते लोकैर्निस्सङ्गस्सुखमश्नुते । तेन सङ्गः परित्याज्यस्सर्वदा सुखमिच्छते"त्युपपत्तिरन्तिमं लिङ्गं तात्पर्यनिर्णय इति पूर्वमुपपादितषड्विधतात्पर्यलिङ्गैः प्रकृतचित्रदीपप्रकरणस्य विवेकवैराग्याद्यखिलसाधनसम्पत्साक्षित्त्वोपलक्षितकूटस्थरूपशोधितत्त्वंपदार्थभूत-जीवस्वरूपप्रतिपादनपरत्त्वप्राधान्याद्विषयवासनाप्रतिबन्धनिवर्तकत्त्वं निराकुलतया सिद्धमिति शम् ।।

।। इति श्रीद्वारकाशारदापीठाधीश्वरैः एवं ज्योतिष्पीठाधीश्वरैः श्रीमज्जगद्गुरुशङ्कराचार्यैः अनन्तश्रीविभूषितश्रीस्वरूपानन्दसरस्वतिस्वामिभिः विरचितायां स्वरूपबोधिन्यां व्याख्यायां चित्रदीपस्समाप्तः ।।

कूटस्थ आत्माख्य जीव के शुद्ध स्वरूप में उपक्रमोपसंहार नामक प्रथम तात्पर्यग्राहक लिंग स्पष्ट प्रतीत होता है ।

अभ्यास - *ब्रह्माद्याः स्तम्बपर्यन्ताः प्राणिनोऽत्र जडा अपि ।*
उत्तमाधमभावेन वर्तन्ते पटचित्रवत् ।। (६/५)
न द्वेष्टि सम्प्रवृत्तानि न निवृत्तानि काङ्क्षति ।
उदासीनवदासीन इति ग्रन्थिभिदोच्यते ।। (६/२६९)

अपूर्वता, फल और अर्थवाद -
भरतादेरप्रवृत्तिः पुराणोक्तेति चेत्तदा ।
जक्षन्क्रीडन्नतिं विन्दन्नित्यश्नौषीर्न किं श्रुतिम् ।। (६/२७२)

उपपत्ति - *सङ्गी हि बाध्यते लोकैर्निःसङ्गः सुखमनश्नुते ।*
तस्मात्सङ्गः परित्याज्यः सर्वदा सुखमिच्छता ।। (६/२७४)

इस प्रकार षड्विधतात्पर्य लिंगों के द्वारा प्रकृत चित्रदीप नामक प्रकरण में विवेक, वैराग्यादि समस्त साधन सम्पत्ति का तथा साक्षित्वोपलक्षित कूटस्थ रूप शोधित त्वंपदार्थभूत जीव के स्वरूप का प्रतिपादन होने से विषयवासना रूप प्रथम प्रतिबन्धका निराकरण करना यहाँ अभीष्ट है, यह निराकुल सिद्ध होता है।

।। इस प्रकार द्वारका एवं ज्योतिष्पीठाधीश्वर अनन्तश्रीविभूषित जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी **श्रीस्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज** द्वारा विरचित **श्रीसद्गुरुसपर्या** नामक हिन्दी व्याख्या में चित्रदीप नामक छठवाँ प्रकरण समाप्त हुआ ।।

।। सप्तमं प्रकरणम् - तृप्तिदीपप्रकरणम् ।।

तत्त्वज्ञानफलप्रदर्शनम् -

आत्मानञ्चेद्विजानीयादयमस्मीति पूरुषः ।
किमिच्छन्कस्य कामाय शरीरमनुसञ्ज्वरेत् ॥ १ ॥

अन्वयः - पूरुषः आत्मानम् "अयम् अस्मि" इति विजानीयात् चेत् किम् इच्छन् कस्य कामाय शरीरम् अनुसंज्वरेत् ।।

व्याख्या :- पूर्वतनेन ग्रन्थेन समग्रश्शास्त्रार्थः प्रदर्शितः । साम्प्रतं तत्त्वज्ञानफलमुपदिदर्शयिषुरेत-त्प्रकरणमारभमाणस्तत्फलप्रतिपादिकां बार्हदारण्यकीं श्रुतिं पठति । पूरुषः पुरुषश्छान्दसो दीर्घः "आत्मानं स्वप्रकाशपरब्रह्माहमस्मीति यथावच्छास्त्रगुरूपदेशानुग्रहानुभवैस्स्वयं विजानीयाच्चेज्जानाति यदि तदाप्तकामत्त्वात्समवाप्तसकलपुरुषार्थत्त्वन्निरस्तनिखिलानर्थसमूहत्त्वात्किमन्यदिच्छन् स्वात्मस्वरूपे सच्चिदानन्दाखण्डाद्वितीयब्रह्माभेदेनानुभूते स्वात्मनो निष्क्रियत्त्वे निर्विकारत्त्वेन च भोक्तृत्त्वासिद्धेर्भोग्य-जातस्याप्यभावाच्छते पञ्चाशन्न्यायेनाद्वितीयात्मानन्दे निखिलपुरुषार्थानामन्तर्भावात्कस्य कामाय किमर्थं शरीरं सन्तप्यमानं स्वयमनुसंज्वरेत्तदनुसृत्यानुसन्तापं कुतः प्राप्नुयात् ? जगतस्तदन्तर्वर्तिनां फलसाधनकर्तृत्त्वादीनां सर्वेषामपि मिथ्यात्त्वेन निरस्तत्त्वान्निस्स्नेहदीपस्य यथा स्वयमुपशान्तिस्तथैव चित्तं स्वयं प्रसीदति निरिन्धनाग्निवत् । व्याख्यास्यते चोपरिष्टा"ज्जगन्मिथ्यात्त्वधीभावादाक्षिप्तौ

चित्रदीप नामक पिछले अध्याय में चित्रपट के दृष्टान्त से परमात्मा पर आरोपित ईश्वर, जीव और जगत् का विवेचन करते हुए यह कहा गया कि अपना वास्तविक स्वरूप परमात्मा ही है । नामरूपात्मक भेद मायाकृत है, उसकी उपेक्षा करने पर अपना सद्रूप आत्मा ही अवशिष्ट रहता है, अब इस प्रकरण में आत्मज्ञान का फल दिखाते हैं ।

यह प्रकरण श्रीविद्यारण्य स्वामी के गुरु श्रीभारतीतीर्थ जी महाराज द्वारा रचित है । यहाँ से (सप्तमप्रकरण से) लेकर अन्त तक (पन्द्रहवें प्रकरण तक) के ग्रन्थ के रचयिता श्रीभारतीतीर्थ स्वामी हैं ।

तत्त्वज्ञान का फल तृप्ति ही है, इसका बोध कराने वाली श्रुति का उदाहरण देते हैं ।

अर्थ - यदि पुरुष (अपनी) आत्मा को 'यह मैं हूँ' इस प्रकार जान ले तो फिर कौन-सी इच्छा करता हुआ और किस कामना से शरीर के पीछे सन्तप्त होगा ।।१।।

व्याख्या - पूर्वोक्त ग्रन्थ के द्वारा समग्र शास्त्रों के अर्थ को दर्शाया गया, अब तत्त्वज्ञान के फल का उपदेश करने की इच्छा से बृहदारण्यक श्रुति (बृ.उ. ४/४/१२) का पठन करते हैं । श्लोक में '**पुरुषः**' इस शब्दमें '**पु**' के स्थान पर '**पू**' का प्रयोग वैदिक है । पुरुष यदि स्वयं को (अपनी आत्मा को) शास्त्र और गुरु के उपदेश तथा अनुग्रह से और अनुभव से भी जान ले अर्थात् मैं स्वयंप्रकाश परब्रह्म ही हूँ, इस प्रकार यदि जान लेता है तब वह आप्तकाम हो जाता है । इसलिए किस भोग की इच्छा करता हुआ और भोक्ता के अभाव से किस कामना से शरीर के पीछे सन्तप्त होगा । अर्थात् परितप्यमान शरीर का अनुसरण कर कौन उसके पीछे सन्ताप को प्राप्त होगा ? जगत् के अन्तर्गत होने के कारण काम्य और कामुक का भी अभाव हो जाता है, और फिर बिना तेल के दीपक के समान सन्ताप भी शान्त हो जाता

काम्यकामुकौ । तयोरभावे सन्तापश्शाम्येन्निस्स्नेहदीपव''दिति । श्रुतावस्यां विचार्या मुख्यतस्त्रयोंशास्सन्ति। विजानीयादिति विज्ञानमयमस्मीत्यात्माभेदानुसन्धानं, पुरुष इति च पूर्वार्धे मुख्याः ते च क्रमश आदिभिः पञ्चभिश्श्लोकैः पुरुषशब्दोऽथ पञ्चदशभिरयमात्मेत्येवं विचार्यान्यत्किञ्चित्प्रासङ्गिकमवश्य-वक्तव्यं परिसमाप्य तत ऊर्ध्वमस्मीत्यर्थो विस्तरेण विचारितस्तथोत्तरार्धेऽपि त्रयो विषयास्सन्ति विचार्याः किमिच्छन्नितीच्छा, कस्य कामायेति भोक्तृत्त्वं, शरीरमनुसञ्ज्वरेदिति सन्तापश्चेति समग्रेऽस्मिन्प्रकरणे श्रुतिरियमेका समग्रा विस्तरशो विचारितेति शम् ।।

श्रुत्यर्थविचारफलप्रदर्शनम् –

अस्याश्श्रुतेरभिप्रायस्सम्यगत्र विचार्यते ।
जीवन्मुक्तस्य या तृप्तिस्सा तेन विशदायते ।। २ ।।

अन्वयः – अत्र अस्याः श्रुतेः अभिप्रायः सम्यक् विचार्यते । तेन जीवन्मुक्तस्य या तृप्तिः सा विशदायते ।।

व्याख्या :– अत्र पूर्वोक्तश्रुतेर्भाष्यवार्तिकव्याख्यानादिकर्तृभिरनेकैः पूर्वाचार्यैरर्थस्य विवृतत्त्वा-त्तदनुसृत्यैव साम्प्रतं प्रकृते तृप्तिदीपप्रकरणे श्रुतितात्पर्यकथनं तथैतच्छ्रुतिध्वनितसमग्राद्वैत-शास्त्रीयप्रमेयाण्युपदिदर्शयिषुर्निखिलाकरप्रकरणसाधारणदेहत्रयपञ्चकोशसाक्षित्त्वोपलक्षित-

---

है । इसका वर्णन ग्रन्थ में आगे करेंगे कि –

जगन्मिथ्यात्वधीभावादाक्षिप्तौ काम्यकामुकौ ।
तयोरभावे सन्तापः शाम्येन्निःस्नेहदीपवत् ।। (पं.द. ७/१३६)

प्रकृत प्रकरण में ***''आत्मानं चेद्विजानीयादयमस्मीति पूरुषः''*** इस श्रुति के पूर्वाध में आये पुरुष, अयमात्मा और अस्मीति (विज्ञानमिति) इन तीन विषयों का विचार किया गया है । दूसरे श्लोक से लेकर छटवें श्लोक तक '**पुरुष**' शब्द का विचार किया गया है । सात से लेकर बाईस श्लोक तक '**अयमात्मा**' इस शब्द का विचार किया गया है । और उनत्तर (६९) से लेकर छियानवे (९६) श्लोक तक '**अस्मीति**' इस शब्द का विचार किया गया है । और श्रुति के उत्तरार्ध में आये इच्छा, भोक्ता और उसका सन्ताप इन तीनों पर भी विचार किया है । श्लोक १३५ से १९१ तक इच्छा शब्द का अर्थ, श्लोक १९२ से २२१ तक भोक्ता शब्द का अर्थ और श्लोक २२२ से २५० तक शरीर के तीनों सन्तोपों का विचार किया गया है । इस प्रकार विचार करने पर उससे उत्पन्न जो तृप्ति है, उसका वर्णन प्रकरण के अन्त में श्लोक २५१ से २९८ तक किया गया है ।

श्रुति के अर्थ का विचार और उसके फल के प्रतिपादन की प्रतिज्ञा करते हैं ।

अर्थ – यहाँ (इस प्रकरण में) इस श्रुति के अभिप्राय पर सम्यक् रूप से विचार किया जाता है। जिससे जीवन्मुक्त की जो तृप्ति है, वह स्पष्ट होती है ।।२।।

व्याख्या – भाष्यकार श्रीशंकराचार्य और वार्तिककार श्रीसुरेश्वराचार्य आदि पूर्वाचार्यों ने पूर्वोक्त श्रुति के अर्थ का स्पष्ट रूप से विवरण किया है । उनके अनुसार ही साम्प्रतम् प्रकृत तृप्तिदीप नामक प्रकरण में श्रुति के तात्पर्य को स्पष्ट किया जाता है । श्रुति के अर्थ का विचार और उसके फल के प्रतिपादन की प्रतिज्ञा करते हुए ग्रन्थकार कहते हैं कि इस प्रकरण में ***''आत्मानं चेद् विजानीयात्.....''*** इस

चिन्मात्रस्वरूपसच्चिदानन्दात्मकत्वंपदलक्ष्यभावाद्दृश्याधिष्ठानत्त्वोपलक्षितचिन्मात्रलक्षणतत्पदलक्ष्यार्थैक्यरूपविषयमपि प्रदिदर्शयिषुर्मूलाविद्याप्रध्वंस्त्याख्यमोक्षप्रयोजनेनेतरासाधारणविषयप्रयोजने च प्रेक्षावत्प्रवृत्तिसिद्धये कथयन्ग्रन्थार्थं प्रतिजानीते । अत्रास्मिन्प्रकृते प्रकरणेऽस्या "आत्मानं चे"दिति काण्वोपनिषद्गतायाश्श्रुतेर्वेदवाक्यस्याभिप्रायस्तात्पर्यं सम्यक्कूलङ्कुषं विचार्यते । तेनोदाहृतश्रुत्यर्थवर्णनेन जीवन्मुक्तस्य या निखिलनिगमप्रसिद्धा ब्रह्मविद्वरिष्ठानामनुभवसिद्धा च तृप्तिरानन्दस्सा विशदायते स्वयमेवाभिव्यक्तीभवतीति दिक् ।।

जगतःकल्पितत्त्वप्रदर्शनम् -

मायाभासेन जीवेशौ करोतीति श्रुतत्त्वतः ।
कल्पितावेव जीवेशौ ताभ्यां सर्वं प्रकल्पितम् ।। ३ ।।

अन्वयः - "माया आभासेन जीवेशौ करोति" इति श्रुतत्त्वतः जीवेशौ कल्पितौ एव । ताभ्यां सर्वं प्रकल्पितम् ।।

व्याख्या :- "अध्यारोपापवादाभ्यां निष्प्रपञ्चं प्रपञ्च्यत" इति न्यायेनात्मतत्त्वं निरुक्तश्रुत्या व्याचिख्यासुः पराशपुराणोपदर्शितरीत्या "पदच्छेदः पदार्थोक्तिर्विग्रहो वाक्ययोजना । आक्षेपस्य समाधानं व्याख्यानं पञ्चलक्षण"मिति समग्रं दर्शयन्पदार्थकथनादिघटितत्त्वाद्व्याख्यानस्य प्रथमं पुरुषपदार्थं विवक्षुस्तदुपोद्घातत्त्वेन सृष्टिं सङ्क्षिप्योपवर्णयति । चित्रदीपे च पूर्वमेवोपावर्णि - "मायाभासेन जीवेशौ करोतीति श्रुतौ श्रुता"विति तत्र कौ तौ जीवेशावित्यत्रा"नन्दमयविज्ञानमयावीश्वरजीवका"वित्युक्त्वा सर्वासृष्टिस्तत्कल्पितेत्यभाणि । "मायया कल्पितावेतौ ताभ्यां सर्वं प्रकल्पित"मिति चैतयोरंशौ गृहीत्त्वा "श्रुतत्त्वतः कल्पितावेव जीवेशा"विति प्रकृते स्वविवक्षितांशं सम्पूर्य तथैवोत्तरत्रे"क्षणादि-

---

बृहदारण्यक श्रुति के वाक्यों के अभिप्राय को स्पष्ट करने के लिये सम्यक् रूप से विचार किया जाता है । इस प्रकार उदाहृत श्रुति के अर्थ का विचार करने से जीवन्मुक्त की समस्त निगमप्रसिद्ध ब्रह्मविद् वरिष्ठों की अनुभवसिद्ध जो तृप्ति (आनन्द) है, वह विशद होती है अर्थात् स्वयं अभिव्यक्त होती है ।

अर्थ - माया आभास के द्वारा जीव और ईश्वर की रचना करती है, ऐसा श्रुति में कहा गया है इसलिए जीव और ईश्वर कल्पित ही हैं । उन दोनों के द्वारा सम्पूर्ण जगत् कल्पित हुआ है ।।३।।

व्याख्या - अध्यारोप और अपवाद के द्वारा निष्प्रपंच ब्रह्म का प्रतिपादन किया जाता है ***"अध्यारोपापवादाभ्यां निष्प्रपञ्चं प्रपञ्च्यते"*** इस न्याय के अनुसार पूर्वोक्त श्रुति की व्याख्या करने के लिए व्याख्यान के प्रथम घटक पुरुष शब्द के अर्थ को स्पष्ट करने के लिए उपोद्घात के द्वारा संक्षेप से सृष्टि का वर्णन करते हैं ।

पदच्छेदः पदार्थोक्तिर्विग्रहो वाक्ययोजना ।
आक्षेपस्य समाधानं व्याख्यानं पञ्चलक्षणम् ।। (पारा.पु.)

इस पाराशर पुराण के वचनानुसार पदच्छेद, पदार्थोक्ति, विग्रह, वाक्ययोजना और आक्षेप का

प्रवेशान्ते''त्यादिकामपि सृष्टिविभागविषयिणीं च स्मारयति । तत्रादौ सृष्टिप्रसङ्गमुपक्षिपति । अत्र च सृष्टिवर्णनमुपोद्घाततयैव प्रस्तूयते । प्रतिपाद्यमर्थं बुद्धौ सङ्कृह्य तदर्थमर्थान्तरवर्णनमित्युपोद्घातस्य लक्षणम् । माया चिदानन्दमयब्रह्मप्रतिबिम्बसमन्विता सत्त्वरजस्तमो गुणात्मिका जगदुपादानभूता प्रकृतिः । सैव हि सत्त्वगुणस्य विशुद्ध्यविशुद्धिभ्यां द्वेधा विभिन्ना सती मायाविद्याशब्दाभ्यामभिलप्यते। तयोरेव हि प्रतिबिम्बितं ब्रह्मचैतन्यमेवेश्वरो जीवश्चेति प्रागवादिष्म प्रत्यक्तत्त्वविवेके – ''चिदानन्दमयब्रह्मप्रतिबिम्बसमन्विता । तमोरजस्सत्त्वगुणा प्रकृतिर्द्विविधा च सा ।। सत्त्वशुद्ध्यविशुद्धिभ्यां मायाविद्ये च ते मते । माया बिम्बो वशीकृत्य तां स्यात्सर्वज्ञ ईश्वरः ।। अविद्यावशगस्त्वन्यस्तद्वैचित्र्या–दनेकधा । सा कारणशरीरं स्यात्प्राज्ञस्तत्राभिमानवान् ।। इति । सर्वमप्येत''ज्जीवेशावाभासेन करोति माया चाविद्या च स्वयमेव भवती''त्यादिश्रुतिसिद्धा । तस्मान्मायया कल्पितौ जीवेशौ । सर्वाप्यन्या सृष्टिस्ताभ्यां प्रकल्पितेति विज्ञेयम् । तस्मादेवं ''जीवेशावभासेने''त्यादिना श्रुतत्त्वत एव तौ जीवेशौ मायया कल्पितौ । ताभ्यां च सर्वं जगत्प्रकल्पितमिति । तत्र केन कियती सृष्टिः कृतेत्यत्र चित्रदीपेऽभ्यधायि–''ईक्षणादिप्रवेशान्ता सृष्टिरीशेन कल्पिता । जाग्रदादिविमोक्षान्तस्संसारो जीवकल्पितः।।'' इत्यारभ्य ''मायाख्यायाः कामधेनोर्वत्सौ जीवेश्वरावुभौ । यथेच्छं पिबतां द्वैतं तत्त्वं त्वद्वैतमेव हि ।। इत्यन्तेन ग्रन्थेन ।।

समाधान ये पाँच व्याख्यान के लक्षण कहे गये हैं । ग्रन्थकार इसी के अनुसार पुरुष शब्द की व्याख्या प्रारम्भ करते हैं । चित्रदीप प्रकरण में पहले कह चुके हैं कि ***''मायाभासेन जीवेशौ करोतीति श्रुतौ श्रुतौ''*** (पं.द. ६/१५५) वहाँ पर वह जीव और ईश्वर कौन है ? इस विषय में कहा कि ***''आनन्दमयविज्ञानमयावीश्वरजीवकौ''*** (आनन्दमय ईश्वर और विज्ञानमय जीव है) ऐसा कहकर समस्त सृष्टि उनके द्वारा कल्पित है, ऐसा कहा गया । ***''मायया कल्पितावेतौ ताभ्यां सर्वं प्रकल्पितम्''*** इस प्रकार इन दोनों के अंश को ग्रहण कर ***''श्रुतत्त्वः कल्पितावेव जीवेशौ''*** इस प्रकार प्रकृत में स्वविवक्षितांश को पूर्ण कर ***''ईक्षणादि प्रवेशान्ता''*** इस प्रकार की सृष्टिविभाग के विषय का भी स्मरण कराते हैं । सर्वप्रथम सृष्टि प्रसंग प्रारम्भ करते हैं । यहाँ पर सृष्टि का वर्णन उपोद्घात के रूप में ही प्रस्तुत किया जाता है । **प्रतिपाद्य अर्थ को बुद्धि में धारण कर उसकी सिद्धि के लिये अर्थान्तर का जो प्रतिपादन किया जाता है, उसे उपोद्घात् कहते हैं ।** चिदानन्दमय ब्रह्म के प्रतिबिम्ब से समन्वित सत्त्व, रज और तमोगुणात्मिका, जगत् की उपादानभूता प्रकृति को ही माया कहते हैं । वही माया सत्वगुण की विशुद्धि और अविशुद्धि के कारण दो प्रकार की होकर माया तथा अविद्या शब्द से कही जाती है । उन दोनों में प्रतिबिम्बित ब्रह्मचैतन्य ही ईश्वर और जीव कहा जाता है। तत्त्वविवेक नामक प्रकरण में श्लोक १५, १६ और १७ में तथा चित्रदीप के श्लोक – २१३ से २३६ तक जीव और ईश्वर दोनों कल्पित हैं, इस विषय को सम्यक् रूप से प्रतिपादित किया गया है ।

जीवेशसृष्टजगन्निरूपणम् -

ईक्षणादिप्रवेशान्ता सृष्टिरीशेन कल्पिता ।
जाग्रदादिविमोक्षान्तस्संसारो जीवकल्पितः ॥ ४ ॥

अन्वयः - ईक्षणादिप्रवेशान्ता सृष्टिः ईशेन कल्पिता जाग्रदादिविमोक्षान्तः संसारः जीवकल्पितः।।

व्याख्या :- श्लोकोऽयं चित्रदीपे यद्यपि व्याख्यातचरः । अथापि किञ्चिदुच्यते । केन कियत्कल्पितमिति विभज्य दर्शयति । "स ईक्षत लोकान्नु सृजै" "तदैक्षत बहु स्यां प्रजायेयेति" "तत्तेजोऽसृजत" इत्यादिकया श्रुतमीक्षणमादिर्यस्यास्सृष्टेस्सेक्षणादिः "एतया द्वारा प्रापद्यत" "अनेन जीवेनात्मनानुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणी"ति प्रतिपादितः प्रवेशोन्तो यस्स्यास्सृष्टेस्सा प्रवेशान्ता । ततश्च कर्मधारय ईक्षणादिश्चासौ प्रवेशान्ता चेति तथोक्ता । सेयमीशेन कल्पिता । जाग्रदेवादिर्यस्य संसारस्य सोऽसौ जाग्रदादिः । विमोक्षोऽन्तो यस्य सः विमोक्षान्तः । पूर्ववत्कर्मधारयस्सोऽयं संसारो जीवकल्पितो जीवेन कल्पितः "न निरोधो न चोत्पत्तिः न बद्धो न च साधकः न मुमुक्षुर्न वै मुक्त इत्येषा परमार्थते"ति श्रुतेरविद्याविध्वंसरूपविमुक्तेरपि कल्पितबन्धप्रतियोगिकत्त्वेन तस्यापि कल्पितत्त्वम् । "तस्य त्रय आवसथा" इत्यादिकया "स एतमेव पुरुषं ब्रह्म ततमपश्य"दित्यन्तया श्रुत्योक्तस्संसारो जीवकर्तृक इति भावः । जाग्रदादिविमोक्षान्ताभिमानित्त्वाज्जीवस्य । यदा जीवेश्वरयोरेव मायाकल्पितत्त्वं तदा किमु वक्तव्यं ताभ्यां कल्पितं जगन्मिथ्येति । कैवल्योपनिषदि जाग्रदादय इत्थं श्रूयन्ते "स एष मायापरिमोहितात्मा शरीरमास्थाय करोति सर्वम् । स्त्र्यन्नपानादिविचित्रभोगैस्स एव जाग्रत्परितृप्तिमेति । स्वप्नेऽपि जीवस्सुखदुःखभोक्ता स्वमायया कल्पितविश्वलोके । सुषुप्तिकाले सकले विलीने तमोऽभिभूतस्सुखरूपमेति । पुनश्च जन्मान्तरकर्मयोगात्स एव जीवस्स्वपिति प्रबुद्धः।। पुरत्रये क्रीडति यश्च जीवस्ततस्तु जातं सकलं विचित्रम् । जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्यादिप्रपञ्चं यत्प्रकाशते तद्ब्रह्माहस्मीति ज्ञात्त्वा सर्वबन्धैः प्रमुच्यते" इति ।

श्रुतिगतपुरुषपदार्थनिरूपणम् -

भ्रमाधिष्ठानभूतात्मा कूटस्थासङ्गचिद्वपुः ।
अन्योऽन्याध्यासतोऽसङ्गधीस्थजीवोऽत्र पूरुषः ॥ ५ ॥

जीव और ईश्वर की सृष्टि को विभाग पूर्वक स्मरण कराते हैं ।

अर्थ - ईक्षणादि से लेकर प्रवेश पर्यन्त की सृष्टि ईश्वर के द्वारा कल्पित है और जाग्रत् आदि से लेकर मोक्ष पर्यन्त संसार जीव के द्वारा कल्पित है ।।४।।

व्याख्या - इस श्लोक की व्याख्या चित्रदीप नामक छटवें प्रकरण (श्लोक २१३) में विस्तार पूर्वक वर्णित है, वहीं देखना चाहिये ।

अब श्रुति में वर्णित 'पूरुषः' इस शब्द की व्याख्या करते हैं ।

अर्थ - कूटस्थ, असंग, चिद्रूप और भ्रम का अधिष्ठान रूप जो परमात्मा है, वही अन्योन्याध्यास से असंग बुद्धि में स्थित जीव कहलाता है, उसी को इस श्रुति में पुरुष कहा गया है ।।५।।

अन्वयः – कूटस्थासङ्गचिद्वपुः भ्रमाधिष्ठानभूतात्मा अन्योऽन्याध्यासतः असङ्गधीस्थजीवः अत्र पूरुषः ।।

व्याख्या :– एवमुपोद्घाततया सृष्टिकथामुपक्षिप्योदाहृता''मात्मानं चेदि'ति श्रुतिं व्याचिख्यासुरादौ पुरुषपदार्थं प्रस्तौति । कूटस्थासङ्गचिद्वपुर्निर्विकारासङ्गचिदेकस्वरूपो ज्ञानशरीरो यो भ्रमाधिष्ठानभूतात्मा भ्रमस्य ''कूटस्थे कल्पिता बुद्धिस्तत्र चित्प्रतिबिम्बकः'' । प्राणानां धारणाज्जीवस्संसारेण स युज्यत'' इति पूर्वोक्तरीत्याविद्यया स्वस्मिन्नध्यस्तसाभासबुद्धेर्देहेन्द्रियादिधर्माध्यासस्याधिष्ठानभूतोऽधिष्ठानतया वर्तमानः अत उक्तं सर्वज्ञात्ममुनिभि''स्संसिद्धा सविलासमोहविषये वस्तन्यधिष्ठानगीर्नाधारेऽध्यसनस्य वस्तुनि ततोऽस्थाने महान्सम्भ्रमः । केषाञ्चिन्महतामनूनतमसां निर्बन्धमात्राश्रया (पाण्डित्यगर्वादयम्) दन्योऽन्याध्यसने निरास्पदमिदं शून्यं जगत्स्यादिति'' इति । तादृशः परमात्मा सोऽसङ्गस्स्वयं सकार्यकाविद्याविषय ईदृगात्मा प्रत्यगभिन्नः । एवमसङ्गो नाम स्वासम्बद्धबुद्धिप्रतिफलितचिदाभास एव । अतोऽन्योऽन्याध्यासत उभाविमावन्यस्मिन्नन्यमन्यधर्मांश्चारोप्येतरेतराविवेकतया तादात्म्याध्यासेन। अत उक्तं भाष्यकारै''रन्योऽन्यस्मिन्नन्योऽन्यात्मकतामन्योऽन्यधर्मांश्चाध्यस्ये''त्यध्यासभाष्ये ।

व्याख्या – कूटस्थ (निर्विकार), असंग (संगरहित) और चिद्रूप (ज्ञानस्वरूप) भ्रमाधिष्ठान रूप जो परमात्मा है । अर्थात् –

''कूटस्थे कल्पिता बुद्धिस्तत्र चित्प्रतिबिम्बकः।
प्रणानां धारणाज्जीवस्संसारेण स युज्यते'' (पं.द. ६/२३)

इस प्रकार पूर्ववर्णित रीति से अविद्या के द्वारा स्वयं में अध्यस्त आभास युक्त बुद्धि का और देहेन्द्रियादि धर्माध्यास का अधिष्ठानभूत अर्थात् अधिष्ठान रूप से वर्तमान जो परमात्मा है, वही अन्योन्याध्यास के कारण बुद्धि में स्थित जीव कहलाता है । संक्षेपशारीरकम् में श्रीसर्वज्ञात्म मुनि कहते हैं कि –

''संसिद्धा सविलासमोहविषये वस्तुन्यधिष्ठानगी
र्नाऽऽधारेऽध्यसनस्य वस्तुनि ततोऽस्थाने महान्संभ्रमः।
केषांचिन्महतामनूनतमसां निर्बन्धमात्राश्रया-
दन्योन्याध्यसने निरास्पदमिदं शून्यं जगत्स्यादिति'' (सं.शा. १/३१)

अर्थात् – कार्य रहित अज्ञान के विषयभूत (अज्ञानावृत) वस्तु की अधिष्ठान संज्ञा प्रसिद्ध है, अध्यास के आधारमात्र वस्तु में नहीं । इसलिये कुछ महान अप्रबुद्ध व्यक्तियों को केवल हठधर्मिता के कारण 'परस्पर अध्यास मानने पर यह निरधिष्ठान जगत् शून्य हो जाएगा' इस प्रकार का जो भ्रम होता है, वह नितान्त अयुक्त है । इस प्रकार कार्यसहित अविद्या का विषय जो आत्मा है, वह प्रत्यगभिन्न है । स्वासम्बद्ध बुद्धि में प्रतिफलित चिदाभास ही असंग शब्द से कहा गया है । इसलिये अन्योन्याध्यास के कारण ये दोनों अन्य के धर्मों को अन्य में आरोपित कर अविवेक के द्वारा तादात्म्याध्यास को प्राप्त होते हैं । इसीलिये भाष्यकार ने अध्यास भाष्य में कहा है कि –

''अन्योऽन्यस्मिन्नन्योऽन्यात्मकतामन्योऽन्यधर्मांश्चाध्यस्य''

अतः संसर्गतादात्म्य लक्षण वाला परस्पराध्यास के कारण जो समस्त व्यवहार करता है, वह असंग

अतस्संसर्गतादात्म्यलक्षणपरस्पराध्यासात्सर्वव्यवहारभाग्भवति । सोऽसङ्गधीस्थजीवः पारमार्थिकरूपेण सङ्गरहितायां मतौ विद्यमानो जीवशब्दाभिधानोऽत्र प्रकृतश्रुतौ पुरुषः पुरुषपदवाच्यः । "स वा अयं पुरुषस्सर्वासु पूर्षु परिशयः" "पुरितति शेत" इत्यादिश्रुतिभिः पुरुषपदव्युत्पत्तेः प्रदर्शितत्त्वाद्बुद्ध्यादि-कल्पनाधिष्ठानदेहत्रयपञ्चकोशावच्छिन्नचिदाभासः पुरुष इति दिक् ।।

पुरुषशब्दार्थेऽधिष्ठानचैतन्यस्यापि प्रवेशावश्यकतोपपादनम् -

स्वाधिष्ठानो विमोक्षादौ जीवोऽधिक्रियते न तु ।
केवलो निरधिष्ठानविभ्रान्तेः क्वाप्यसिद्धितः ।। ६ ।।

अन्वयः - साधिष्ठानः जीवः विमोक्षादौ अधिक्रियते । न तु केवलः क्व अपि निरधिष्ठानविभ्रान्तेः असिद्धितः ।।

व्याख्या :- "जाग्रदादिविमोक्षान्तस्संसारो जीवकल्पित" इत्युक्तेर्विरुद्धतयाधिष्ठानीभूतकूटस्थ-चैतन्यात्मनः पुरुषपदार्थे प्रवेशोऽनुपपन्न इत्यत्राह । साधिष्ठानोऽधिष्ठानेन सहितोऽधिष्ठानं कूटस्थचैतन्यं यस्मिन्नन्यैरन्यधर्मा अध्यस्यन्ते तद्विशिष्टो जीवश्चिदाभासरूपो विमोक्षादावात्यन्तिकनिश्श्रेयसं हि विमोक्षः। तथा स्वर्गलोकसत्यलोकाद्युत्तमस्थानान्यप्यादिना गृह्यन्ते । तत्र मोक्षादिसाधनानुष्ठाने तत्तत्फलावाप्तौ जीव एवाधिकरोति । न केवलश्चिदाभासो ब्रह्मसाक्षात्कारे कर्मसम्पादिताभ्युदयस्वरूपस्वर्गादिफले वाधिकारी । अतः कूटस्थचैतन्यविशिष्टश्चिदाभासो जीवः पुरुषपदवाच्यः । न हि केवलो निरधिष्ठानोऽधिक्रियते इति तत्त्वम् । कुत इत्युक्तौ तत्र हेतुं प्रदर्शयति । निरधिष्ठानविभ्रान्तेरधिष्ठानरहिताया विभ्रान्तेरारोप्यमात्रस्य तन्मात्रगोचराया भ्रान्तेः क्वापि यत्र कुत्राप्यसिद्धितोऽदृष्टत्त्वादविद्यमानत्त्वात् ।

बुद्धिस्थ अर्थात् पारमार्थिक रूप से संगरहित बुद्धि में विद्यमान जीवशब्द से कहा जाने वाला ही प्रकृत श्रुति में पुरुष शब्दवाच्य है । ***"स वा अयं पुरुषः सर्वासुपूर्षु पुरिशयः" "पुरितति शेते"*** इत्यादि श्रुतियों के द्वारा पुरुष शब्द की व्युत्पत्ति प्रदर्शित की गई है जिससे कि यह ज्ञात होता है कि बुद्ध्यादि कल्पनाधिष्ठान कूटस्थ चैतन्य ही बुद्धि में प्रतिबिम्बित होकर जीवभाव को प्राप्त कर पुरुष शब्द से कहा जाता है । ***"पुरत्रये क्रीडति यस्तु जीवः"*** इस श्रुति के अनुसार साधिष्ठान देहत्रय और पंचकोशावच्छिन्न चिदाभास ही पुरुष है ।

पुरुष शब्दार्थ में अधिष्ठान चैतन्य का भी प्रवेश आवश्यक है, इसका प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ - अधिष्ठान युक्त जीव ही मोक्षादि विषय में अधिकारी है, अकेला नहीं । क्योंकि अधिष्ठान रहित भ्रान्ति कहीं पर भी प्रसिद्ध नहीं है ।।६।।

व्याख्या - ***"जाग्रदादिविमोक्षान्तस्संसारो जीवकल्पितः"*** इस उक्ति के विरुद्ध रूप से अधिष्ठानीभूत कूटस्थ चैतन्यात्मा का पुरुष पदार्थ में प्रवेश होना अनुपपन्न है अर्थात् बुद्धिस्थ चिदाभास का ही जीवत्व है । तो फिर उसमें अधिष्ठान विशिष्ट की कल्पना का क्या औचित्य है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि अधिष्ठान कूटस्थ चैतन्य है, जिसमें अन्य धर्मों का अध्यास किया जाता है । उसके सहित और उससे विशिष्ट चिदाभास रूप जीव ही मोक्षादि विषय में अधिकारी है । आत्यन्तिक निःश्रेयस को मोक्ष कहते हैं । आदि शब्द से स्वर्गादि उत्तम लोकों का ग्रहण होता है, उनकी प्राप्ति में यह जीव

न हि सर्पभ्रान्ती रज्जुमनवगाह्य दृश्यते । तथा प्रकृतेऽपि चिदाभासमात्रविषयिणी भ्रान्तिः कूटस्थचैतन्यमनवगाह्य न सम्भवति । तद्वदेवाधिष्ठानाभासोभयावगाहिनी जीवभ्रान्तिः । केवलाभासगोचरा नैवास्ति । तस्मादेवं वक्तव्यं भ्रान्तिविषयो जीवोऽधिष्ठानविशिष्टाभासात्मक एवेति । अत उक्तं वार्तिके–"अयमेव हि नोऽनर्थो यत्संसार्यात्मदर्शन"मिति । तस्मात्पुरुषपदार्थेऽधिष्ठानचैतन्यस्य प्रवेश आवश्यक इति दिक् ।।

संसारिणो जीवस्य स्वरूपनिरूपणम् –

अधिष्ठानांशसंयुक्तं भ्रमांशमवलम्बते ।
यदा तदाहं संसारीत्येवं जीवोऽभिमन्यते ।। ७ ।।

अन्वयः – जीवः यदा अधिष्ठानांशसंयुक्तं भ्रमांशम् अवलम्बते तदा "अहं संसारी" इति एवम् अभिमन्यते ।।

व्याख्या :- जीवशब्दार्थभूतस्य पुरुषस्य "जाग्रदादिविमोक्षान्तस्संसारो जीवकल्पित" इति संसारान्मोक्षस्य वैलक्षण्यार्थं "चित्रगुमानये"त्यादावतद्गुणसंविज्ञानबहुव्रीह्याश्रयणादवश्यं जीवस्य क्रमशस्संसारित्त्वमुक्तत्त्वानुभवे सिद्धे कदा कस्य कथं भवतीति विचिकित्सायां श्लोकौ द्वौ प्रस्तूयेते। तत्राद्यस्तावदयम् । यदा जीवोऽधिष्ठानांशसंयुक्तमधिष्ठानांशः कूटस्थ एतेन संयुक्तं भ्रमांशमसत्यात्मकं चिदाभासोपेतं कूटस्थचैतन्यविशिष्टचिदाभास इति यावत् । शरीरद्वयमवलम्बते उभयविधं स्वीकरोत्यभिमानेन स्वस्वरूपतयाङ्गीकरोति तदैव जीवोऽहं संसारीत्यभिमन्यते संसारित्त्वाभि–

अधिकारी है । अर्थात् ब्रह्मसाक्षात्कार में अथवा कर्मसंपादित अभ्युदयस्वरूप स्वर्गादिक में कूटस्थ विशिष्ट चिदाभास का ही अधिकार है, अकेला निरधिष्ठान चिदाभास अधिकारी नहीं है । इसमें हेतु दर्शाते हैं कि निरधिष्ठान भ्रान्ति कहीं पर भी प्रसिद्ध नहीं है अर्थात् अधिष्ठान रहित केवल आरोपित पदार्थ की भ्रान्ति कहीं पर भी विद्यमान न होने के कारण अप्रसिद्ध है । लोक में भी रस्सी रूप अधिष्ठान के बिना सर्प रूपी भ्रान्ति कभी भी नहीं देखी जाती है । उसी प्रकार यहाँ भी कूटस्थ रूप अधिष्ठान के बिना चिदाभासमात्र विषयिणी भ्रान्ति कभी भी नहीं हो सकती । इस प्रकार जीवभ्रान्ति अधिष्ठान और आभास दोनों के कारण ही होती है वह केवल चिदाभासगोचर नहीं है, इसलिए भ्रान्ति का विषय जीव अधिष्ठान विशिष्ट आभास रूप ही है, अतः पुरुष शब्दार्थ में अधिष्ठान चैतन्य का भी प्रवेश आवश्यक है ।

अधिष्ठान के सहित चिदाभास ही बन्ध और मुक्ति का सम्बन्धी है, इस बात को दो श्लोकों के द्वारा विभाग पूर्वक दर्शाते हैं ।

अर्थ – जीव जब अधिष्ठान के अंश से संयुक्त होकर भ्रम के अंश का आश्रय करता है तब 'मैं संसारी हूँ' ऐसा अभिमान करता है ।।७।।

व्याख्या – जब यह जीव अधिष्ठान के अंश से (कूटस्थ से) संयुक्त होकर भ्रमांश अर्थात् असत्यात्मक चिदाभास का आश्रय करता है यानी कि दोनों शरीरों को स्वस्वरूप के रूप में अंगीकार करता है तब वह (जीव) 'मैं संसारी हूँ' इस प्रकार का अभिमान करता है । जीव की दो अवस्थाएँ हैं – एक तो मैं संसारी हूँ, इस प्रकार का ज्ञान और दूसरा मैं असंग चिद्रूप हूँ, इस प्रकार का ज्ञान । अन्य

मानवान्भवति। अवस्थाद्वयं जीवस्य प्रसिद्धं वर्तते । तत्रैकमहं संसार्यस्मीति ज्ञानम् । द्वितीयं त्वसङ्गचिद्रूपोऽहमस्मीति ज्ञानम् । यदि नाम जीवस्वरूपे कूटस्थचैतन्यस्यानन्तर्भावेण चिदाभासमात्रं स्यात्तदा चिदाभासांशस्य सत्यत्त्वेन मिथ्यात्त्वात्परित्यागावाश्यंभावे सर्वथा जीवस्य विलयप्रसङ्गाज्ज्ञानिनां योऽसङ्गचिद्रूपोऽहमित्यबाधितानुभवस्य निर्विषयो भवेदित्यत उभयरूपत्त्वमवश्यमङ्गीकर्तव्यमिति शम्।।

अस्मीतिशब्दार्थविचारः जीवस्य संसारित्त्वाभिमाननाशप्रकारनिरूपणम् -

भ्रमांशस्य तिरस्कारादधिष्ठानप्रधानता ।
यदा तदा चिदात्माहमसङ्गोऽस्मीति बुद्ध्यते ॥ ८ ॥

अन्वयः - यदा भ्रमांशस्य तिरस्कारात् अधिष्ठानप्रधानता । तदा "अहं चिदात्मा असङ्गः अस्मि" इति बुध्यते ।।

व्याख्या :- संसारित्त्वाभिमानः जीवस्य नश्यतीत्येतद्विविच्यते । यदा पुनः कूटस्थचिदाभासांशयोरुभयोर्मध्ये मिथ्याभूतस्य भ्रमांशस्य देहद्वयविशिष्टस्य चिदाभासस्य तिरस्काराद्विवेचनेन मिथ्यात्त्वनिश्चयज्ञानेनानादरणादधिष्ठानप्रधानतयाधिष्ठानस्य कूटस्थचैतन्यांशस्य स्वरूपता जीवेनाहमभिमानेन स्वीक्रियते तदैवाहं चिदात्मासङ्गश्चास्मीत्येवं बुद्ध्यते विजानाति । यदास्य मुमुक्षोश्श्रवणाद्यभ्यासपाटवाच्छ्रीगुरुचरणारविन्दप्रसादाच्च सुविचारतैस्तत्त्वमस्यहं ब्रह्मास्मीत्यादिमहावाक्यैस्सञ्जाताद्वैतात्मैक्यविषयकद्वैतमिथ्यात्त्वनिश्चयपूर्वकब्रह्मसाक्षात्काराख्यचरमप्रमोदयादसंसार्यात्मज्ञानं चित्सदानन्दरूपोऽसङ्गोऽहमस्मीत्येवं साक्षात्कारस्सञ्जायत इति दिक् ।।

भाव यह है कि यदि जीव का स्वरूप चिदाभासमात्र ही होता और उसमें कूटस्थ का अन्तर्भाव न होता तब तो चिदाभास के अंश का मिथ्या होने के कारण त्याग कर देने पर जीव का ही सर्वथा विलय हो जाता, तब तो मैं असंग चिद्रूप हूँ, इस प्रकार का लोक में जो ज्ञानियों का व्यवहार है, उसीका अभाव हो जाता । अतः जीव का उभयरूपत्व अवश्य ही अंगीकार करना चाहिये ।

'अस्मीति' इस श्रुतिवचन के अर्थ का विचार प्रारम्भ करते हुए जीव का 'मैं संसारी हूँ' इस प्रकार का अभिमान कब नष्ट होता है, इसका प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ - (किन्तु) जब (वह) भ्रम के अंश का तिरस्कार कर अधिष्ठान की प्रधानता स्वीकार करता है तब 'मैं चिदात्मा हूँ' 'मैं असंग हूँ' इस प्रकार जानता है ।।८।।

व्याख्या - जब स्थूल और सूक्ष्म दोनों शरीरों के सहित चिदाभास का भी मिथ्यात्वज्ञान से अनादर किया जाता है और अधिष्ठान कूटस्थ चैतन्य के स्वरूप को ही जीव अपना स्वरूप समझने लगता है तब 'मैं चिदात्मा (चैतन्यस्वरूप) हूँ और 'मैं असंग हूँ' इस प्रकार जानता है । भाव यह है कि जब यह मुमुक्षु श्रवणादि के अभ्यास से श्रीगुरु के चरणारविन्द के प्रसाद से तत्त्वमस्यादि महावाक्यों का सम्यक् विचार करता है तब उसे सम्पूर्ण द्वैत के मिथ्यात्व के निश्चयपूर्वक अद्वैतात्मैक्य विषयक ब्रह्मसाक्षात्कार होता है जिससे कि वह परमानन्द में निमग्न हो जाता है और 'मैं चिदात्मा हूँ' 'मैं असंग हूँ' इस प्रकार का बोध उसे सदा बना रहता है तथा 'मैं संसारी हूँ' इस प्रकार का उसका अभिमान सर्वथा नष्ट हो जाता है ।

असङ्गोऽहमस्मीति प्रयोगस्य साधुतानिरूपणम् –

नासङ्गेऽहङ्कृतिर्युक्ता कथमस्मीति चेच्छृणु ।
एको मुख्यो द्वावमुख्यावित्यर्थस्त्रिविधोऽहमः ॥ ९ ॥

अन्वयः – असङ्गे अहङ्कृतिः न युक्ता । कथम् "अस्मि" इति चेत् ? शृणु । एकः मुख्यः, द्वौ अमुख्यौ, इति अहमः त्रिविधः अर्थः ।।

व्याख्या :– अधिष्ठानभूतकूटस्थचैतन्यस्यापि जीवस्वरूपान्तर्गतत्त्वे "चिदात्माहमसङ्गोऽस्मीति बुद्ध्यत" इति पूर्वश्लोकेऽसङ्गोऽहमस्मीति प्रतीतिः प्रमैव प्रदर्शितः तन्नोपपद्यते । यतोऽसङ्गोऽहमस्मीति प्रतीतिः प्रमैव भवितुं नार्हति । चिद्रूपस्यासङ्गस्य कूटस्थस्याहंप्रत्ययविषयत्वाभावात् । असङ्गस्याहङ्कारवैशिष्ट्यं बाधितमिति शङ्कायामाह । असङ्गे चिदात्मनि सप्तमीयं वैषयिकीति चिदात्मविषयेऽहङ्कृतिरहम्प्रत्ययो न युक्तो नोचितो यतोऽतःकारणात्कथमहमस्मीति व्यवहरेन्न कथमपीति भावः । अहमस्मीत्याभ्यां शब्दाभ्यामहङ्कारविशिष्टस्यैव प्रतीतेस्तद्रहिते कथं तच्छब्दप्रयोग इत्यत्र समाधीयते। अयमत्र भावः – असङ्गे शक्तिवृत्त्याहंपदप्रवृत्तितज्जन्यदेहादिविशिष्टचिद्विषयकचित्तवृत्त्यभावेऽपि तैत्तिरीये "ब्रह्माहमस्मि" कण्वशाखायां च "अहं ब्रह्मास्मी"ति प्रयोगोपलब्धेर्लक्षणावृत्त्या विशिष्टांशं विहाय चिन्मात्रांशमुपादायाहम्प्रयोगोपपत्तिरिति । सङ्क्षेपशारीरकवचनं मनसि निधायाहम्पदार्थं त्रेधा विभजते। "आकाशादौ सत्यता तावदेका प्रत्यङ्मात्रे सत्यता काचिदन्या । तत्सम्पर्कात्सत्यता तत्र चान्या

अहंकार के त्रैविध्य को दर्शाते हैं ।

अर्थ – चिदात्मा असंग होने के कारण उसमें अहंकार का होना अयुक्त है तो वह कैसे कह सकता है कि 'मैं चिदात्मा हूँ' यदि ऐसी शंका है तो सुनो– अहं के तीन अर्थ हैं, एक मुख्य अर्थ है और दो अमुख्य अर्थ हैं ।।९।।

व्याख्या – अधिष्ठानभूत कूटस्थ चैतन्य भी जीव के स्वरूपान्तर्गत होने के कारण ***"चिदात्माहमसङ्गोऽस्मीति बुद्ध्यते"*** ऐसा पूर्व श्लोक में मैं चिदात्मा हूँ, मैं असंग हूँ, इस प्रकार अनुभव प्रमाण से जो आपने प्रदर्शित किया है, वह संभव है क्योंकि मैं असंग हूँ इत्यादि प्रतीति प्रमा ही नहीं हो सकती, चिद्रूप असंग कूटस्थ का अहंप्रत्ययविषयत्व न होने के कारण । भाव यह है कि असंगता में अहंकारविशिष्टता का बाध होने के कारण मैं असंग हूँ ऐसी प्रमा ही नहीं हो सकती । ऐसी शंका होने पर उसका समाधान करते हैं कि असंग चिदात्मा में अहंकार का होना संभव नहीं है । ऐसी अवस्था में 'मैं चिदात्मा हूँ' इत्यादि व्यवहार कैसे संभव है ? मैं और हूँ, इन दो शब्दों के द्वारा अहंकार विशिष्ट की ही प्रतीति होती है, उनके अभाव में वैसा शब्दप्रयोग कैसे हो सकता है ? यदि तुम ऐसा कहते हो तो उसका समाधान सुनो – अहंकार के अर्थात् अस्मद् शब्द के तीन अर्थ हैं । एक मुख्य अर्थ है और दो अमुख्य (गौण) अर्थ हैं । इस तरह अहंकार तीन प्रकार का है । संक्षेपशारीरक में कहा गया है कि –

आकाशादौ सत्यता तावदेका प्रत्यङ्मात्रे सत्यता काचिदन्या ।
तत्सम्पर्कात्सत्यता तत्र चान्या व्युत्पन्नोऽयं सत्यशब्दस्तु तत्र ।। (सं.शा. १/१७८)

अर्थात् – आकाशादि में एक (व्यवहारिकी) सत्यता है । प्रत्यगात्मा में कोई अन्य (पारमार्थिकी)

व्युत्पन्नोऽयं सत्यशब्दस्तु तत्रे''ति शारीरकं वचनम् । अहमोऽस्मच्छब्दस्यार्थस्त्रिप्रकारकस्तत्रैकोऽर्थो मुख्यश्शक्योऽन्यौ द्वावर्थावमुख्यौ लक्ष्याविति शम्।।

अहम्पदमुख्यार्थनिरूपणम् -

अन्योऽन्याध्यासरूपेण कूटस्थाभासयोर्वपुः ।
एकीभूयभवेन्मुख्यस्तत्र मूढैः प्रयुज्यते ॥ १० ॥

अन्वयः - कूटस्थाभासयोः वपुः अन्योऽन्याध्यासरूपेण एकीभूय मुख्यः भवेत् । तत्र मूढैः प्रयुज्यते ।।

व्याख्या :- अहमश्शक्यार्थं निरूपयति । कूटस्थाभासयोर्वपुः कूटस्थचैतन्यचिदाभासयोः साक्षित्त्वोपलक्षितनिर्विकारचैतन्यबुद्धिप्रतिबिम्बितचिदाभासयोश्शरीरं स्वरूपमन्योऽन्याध्यासरूपेणान्योऽन्याध्यासेन पूर्वं व्युत्पादितपरस्पराध्यासात्मनोभयोस्तादात्म्याध्यासरूपेणैकीभूयैक्यं प्राप्य एकमिव भूत्त्वा विद्यया ज्ञानेनाहंशब्दस्य मुख्योऽर्थो वाच्यार्थो भवेत् । कुतोऽस्यार्थस्य मुख्यत्त्वमित्यत्राह। यतस्तत्राविविक्तयोः कूटस्थचिदाभासयोस्स्वरूपे मूढैर्विवेकज्ञानशून्यैरहंशब्दः प्रयुज्यते सर्वैर्यतोऽहं ब्राह्मणोऽस्मीत्यादिना । विदुषामपि तत्त्वानुभवप्राक्कालावच्छेदेन मूढत्त्वमविशिष्टमिष्टमित्यत्राप्यमूढशब्देन तामवस्थामादाय सर्वेऽपि सङ्गृह्णीता इति हेतोस्सार्वजनीनव्यवहारविषयोऽसमर्थ इति मुख्यव्यपदेश इति शम् ।।

अहम्पदलक्ष्यार्थनिरूपणम् -

पृथगाभासकूटस्थावमुख्यौ तत्र तत्त्ववित् ।
पर्यायेण प्रयुङ्क्तेऽहंशब्दं लोके च वैदिके ॥ ११ ॥

सत्यता है । उन दोनों (सत्यों) के सम्पर्क से (परस्पर तादात्म्य से) निष्पन्न विशिष्ट में अन्य (समुदायरूपा) सत्यता है । यह सत्य शब्द उसी (समुदाय) सत्यता में व्युत्पन्न है ।

अगले दो श्लोकों में अहं के तीनों अर्थ स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - कूटस्थ और चिदाभास का स्वरूप परस्पर अध्यास के कारण एकरूप होकर (अहंशब्द का) मुख्य अर्थ होता है, इसलिये मूढ़ लोग (अहं शब्द का प्रयोग) मुख्य अर्थ में करते हैं ।।१०।।

व्याख्या - कूटस्थ और आभास (चिदाभास) इन दोनों का स्वरूप अन्योन्याध्यास रूप से (परस्पर अध्यास के कारण) एकरूप होकर अविद्या के कारण अहं शब्द का मुख्य अर्थ होता है । इसके मुख्यार्थत्व का प्रयोग कौन करता है ? तो कहते हैं कि कूटस्थ और चिदाभास के विवेकज्ञान से रहित जो मूढ़ लोग हैं, वे अहं शब्द का प्रयोग मुख्यार्थ में करते हैं । ज्ञानी पुरुष का भी विवेकज्ञान होने से पूर्व मूढ़त्व स्वीकार करके मूढ़ शब्द से (अवस्था भेद से) उनका भी यहाँ पर ग्रहण किया गया है । अतः यह अर्थ सार्वजनिक व्यवहार का विषय होने से अहं का मुख्य अर्थ ही कहा जाता है ।

अहं पद के लक्ष्यार्थ का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - चिदाभास और कूटस्थ पृथक् होने से अमुख्य (गौण) हैं, क्योंकि तत्त्ववेत्ता (ज्ञानी) लौकिक और वैदिक व्यवहार में क्रम से अहं शब्द का प्रयोग करता है ।।११।।

व्याख्या - अहं के दो अमुख्य (गौण) अर्थों का निरूपण करते हुए आचार्य कहते हैं कि चिदाभास

अन्वयः - पृथक् आभासकूटस्थौ अमुख्यौ । (इति) तत्त्ववित् तत्र अहंशब्दं लोके वैदिके च पर्यायेण प्रयुङ्क्ते ।।

व्याख्या :- अहमोऽमुख्यौ द्वावर्थौ निरूपयति । आभासकूटस्थौ चिदाभासकूटस्थचैतन्ये पृथक्प्रत्येकतोऽहम्पदार्थत्त्वेन यर्हि विवक्षितौ तर्ह्यमुख्यार्थौ भवतः । अहमर्थत्त्वेन विभिन्नावेव विवक्षितौ चेदमुख्यौ लक्ष्यावेवास्मदर्थौ भवत इति भावः । अनयोरर्थयोलक्ष्यत्त्वे कारणं दर्शयति । तत्र तयोस्तत्तदर्थे कूटस्थचिदाभासयोर्यतस्तत्त्वविदात्मज्ञानी लोके लोकव्यवहारे वैदिके वेदसिद्धे व्यवहारे चाहंशब्दं ब्रह्मनिष्ठः पर्यायेण कादाचित्कतया क्रमेण प्रयुङ्क्ते । तत्र लौकिके "श्रीहरिं द्रष्टुमद्याहं गच्छामि भगवन्मन्दिर"मित्यादिव्यवहारः । एवं वैदिकेऽ"हंब्रह्मास्मी"त्यादिः । सम्प्रज्ञातसमाधिकाले साधारण्येन यथेच्छं तत्त्वानुसन्धानकाले चाहमर्थं प्रयुङ्क्ते । भिन्नार्थप्रयोगस्य कादाचित्कत्त्वोक्त्या एकीभूतार्थेऽपि प्रयोगो विद्यत सूचितं भवति । अनेनैतदर्थयोरसार्वजनीनत्त्वादमुख्यार्थत्त्वं सिद्धम् । लोके यस्य शब्दस्य यस्मिन्नर्थे व्यवहारस्सर्वैर्वृद्धैः क्रियते सोऽर्थो मुख्यो भवति । यथा गङ्गायां जलमित्यत्र प्रवाहरूपेऽर्थे सर्वैर्जनैः प्रयुज्यमानो गङ्गाशब्दस्तस्मिन्नर्थे मुख्यः । एवं यस्य शब्दस्य यस्मिन्नर्थे क्वाचित्क एव व्यवाहरस्सन्दृश्यते सोऽर्थो गौणः । गङ्गायां घोष इत्यत्र प्रवाहे

और कूटस्थ चैतन्य दोनों जब पृथक् रूप से अहं पदार्थ से विवक्षित होते हैं तब अमुख्य होते हैं । भाव यह है कि जब वे दोनों अहमर्थ रूप से विवक्षित होते हैं तब अस्मद् शब्द के लक्ष्य हो जाते हैं । इन दोनों के लक्ष्यत्व का कारण दर्शाते हैं कि तत्त्ववेत्ता लौकिक और वैदिक व्यवहार में इन दोनों का क्रम से प्रयोग करता है । 'भगवान् के श्रीविग्रह का दर्शन करने के लिए आज मैं मन्दिर जा रहा हूँ' इत्यादि ज्ञानी पुरुष का लौकिक व्यवहार है और 'मैं ब्रह्म हूँ' इस प्रकार का उसका वैदिक व्यवहार होता है । सम्प्रज्ञात समाधिकाल में और साधारण रूप से तत्त्वानुसन्धान काल में भी ज्ञानी 'मैं ब्रह्म हूँ' इस प्रकार अहं शब्द का प्रयोग करता है । इससे यह भी सूचित होता है कि दो भिन्नार्थ का एकसाथ प्रयोग कभी-कभी होता है । इसलिए उन दोनों को एक मानकर उनका प्रयोग होता ही है । इससे यह भी सिद्ध होता है कि इन दोनों अहं शब्द का प्रयोग सार्वजनीन न होने के कारण गौण है । लोक में जिस शब्द का जिस अर्थ में व्यवहार सभी लोग करते हैं, वह उसका मुख्य अर्थ होता है । जैसे 'गंगा में जल है' यहाँ पर प्रवाह रूप अर्थ में सभी के द्वारा प्रयुज्यमान गंगा शब्द उस अर्थ में मुख्य है । और जिस शब्द का जिस अर्थ में कभी-कभी ही व्यवहार होता है, वह गौण होता है । जैसे "गंगायां घोषः" (गंगा में घोष है) यहाँ पर प्रवाह में घोष की स्थिति असंभव होने के कारण लक्षणा के द्वारा शक्यार्थसम्बन्ध रूप से तीर रूपी अर्थ कहा जाता है । अतः इस वाक्य का प्रयोग सार्वजनीन न होने के कारण अमुख्य है । ज्ञानी पुरुष 'मैं ब्रह्म हूँ' इत्यादि व्यवहार में अहं शब्द से कूटस्थ चैतन्य को ही जानता है । मैं ब्रह्म को जानता हूँ, इस वाक्य से तो उसका ब्रह्म से अभिन्नता रूप भेदनिबन्धन कर्तृकर्मव्यपदेश अवश्य बाधित हो जाएगा क्योंकि एकीभूत भेद में उस समय शुद्ध ब्रह्म के ज्ञान का अभाव होने के कारण 'मैं ब्रह्म को जानता हूँ' ऐसा व्यवहार ही नहीं हो सकता । अतः चिदाभासमात्र ही अहं का अर्थ है।

भाव यह है कि यद्यपि अग्नि और लोहा दो पृथक् वस्तुएँ हैं । वे दोनों जल की बूँद के समान आपस में एक नहीं हो सकते, फिर भी लोहे और अग्नि के धर्म का एक दूसरे में अध्यास होता है । अग्नि के

घोषस्थित्यसंभवाल्लक्षणया शक्यार्थसम्बन्धरूपया तीररूपोऽर्थोऽत्रोच्यते इति क्वाचित्कत्त्वादस्यार्थस्या-मुख्यत्त्वमित्यस्सार्वजनीना सार्वजनीनव्यवहारौ शब्दार्थविषये मुख्यामुख्यप्रयोजकाविति ज्ञातव्यौ । तस्माच्चिदाभासकूटस्थयोर्मुख्यार्थता । विविक्तरूपस्य तु कतिपयैर्नरैर्ज्ञानिभिरेव कदाचिदेव व्यवह्रियमाणत्त्वादमुख्यार्थतेति फलितम् । ब्रह्मनिष्ठा जीवन्मुक्ता "अहं ब्रह्मास्मी"त्याद्यद्वितीय-ब्रह्मात्मानुभवे एवाहंशब्देन कूटस्थचैतन्यमात्रं वक्तुमिच्छन्ति । तेऽपि कदाचिदहं ब्रह्म जानामीत्यादिप्रयोगेषु तस्य वक्तुर्ब्रह्माभिन्नतया भेदनिबन्धनकर्तृकर्मव्यपदेशो बाधित एवेत्यत एकीभूतस्य भेदे तस्मिन्काले शुद्धब्रह्मणो ज्ञानाभावेन जानामीतिव्यवहारानुपपत्त्या चिदाभासमात्रगोचरोऽहमर्थ इति तदाभ्युपेयमित्यमुख्यार्थता तत्रापीति दिक् ।।

उदाहरणपूर्वकं लोकिकवैदिकव्यवहारयोर्निरूपणम् -

लौकिकव्यवहारेऽहङ्गच्छामीत्यादिके बुधः ।
विविच्यैव चिदाभासं कूटस्थात्तं विवक्षति ।। १२ ।।
असङ्गोऽहञ्चिदात्माहमिति शास्त्रीयदृष्टितः ।
अहंशब्दं प्रयुङ्क्तेऽयं कूटस्थे केवले बुधः ।। १३ ।।

अन्वयः - बुधः "अहं गच्छामि" इत्यादिके लोकिकव्यवहारे कूटस्थात् चिदाभासं विविच्य तम् एव विवक्षति ।।

अन्वयः - अयं बुधः शास्त्रीयदृष्टितः केवले कूटस्थे "अहम् असङ्गः अहं चिदात्मा" इति अहंशब्दं प्रयुङ्क्ते ।।

व्याख्या :- कूटस्थचिदाभासयोरर्थयोः "पर्यायेण प्रयुङ्क्तेऽहं शब्दं लोके च वैदिक" इति

दाहकत्व और प्रकाशत्व रूप धर्म लोहपिण्ड में आरोपित होते हैं और लोहपिण्ड के गोलाकार, भार और कठोरता आदि गुणधर्म अग्नि में आरोपित होते हैं । इस प्रकार दोनों वस्तुओं के गुणधर्म मिलकर हमें एक ऐसी वस्तु का आभास कराते हैं जो गोल, कठोर, भारी, तप्त और प्रकाशमान दिखाई देती है । यद्यपि नेत्र से वह वैसी ही दिखती है किन्तु बुद्धि के द्वारा विचार करने पर दोनों को हम पृथक्-पृथक् रूप से जान सकते हैं । इसी प्रकार चिदाभास और कूटस्थ के धर्म पृथक् हैं । यद्यपि प्रथम दृष्ट्या वे एक-से प्रतीत होते हैं किन्तु विचार करने पर उनका पार्थक्य स्पष्ट दृष्टिगोचर हो जाता है । ज्ञानी पुरुष का व्यवहार भी इस पृथक्ता को जानकर ही होता है । इसलिये वह लौकिक ओर वैदिक दोनों व्यवहारों में दोनों अहमर्थ का क्रम से प्रयोग करता है । यद्यपि इन दोनों अर्थों में अहं शब्द का प्रयोग करना असंगत है किन्तु व्यवहार में उसका प्रयोग करना पड़ता है, इसलिये इस प्रयोग को गौण अर्थ में स्वीकार किया गया है ।

अब उदाहरण पूर्वक लौकिक और वैदिक व्यवहार का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - तत्त्ववेत्ता 'मैं जाता हूँ' इत्यादिक लौकिक व्यवहार में कूटस्थ से चिदाभास को पृथक् करके ही उसकी विवक्षा से कहता है । वही तत्त्ववेत्ता शास्त्रीय दृष्टि से केवल कूटस्थ में 'मैं असंग हूँ' 'मैं चिदात्मा हूँ' इत्यादि अहं शब्द का प्रयोग करता है ।।१२-१३।।

व्याख्या - ***"पर्यायेण प्रयुङ्क्तेऽहं शब्दं लोके च वैदिके"*** ऐसा जो पूर्व श्लोक में कहा गया,

पूर्वमुक्तमर्थं द्वाभ्यां स्वयमेव विवृणोति । लौकिके व्यवहारेऽयं बुधो विपश्चित्कूटस्थचिदाभासयोर्विवेक-ज्ञानवान्कूटस्थाच्चिदाभासं विविच्य पृथक्कृत्याहं गच्छामीत्यादिव्यवहारे तं चिदाभासमेव विवक्षति वक्तुमिच्छति । एवञ्च केवलचिदाभासे प्रयोगेनामुख्यार्थतात्र दर्शिता । इतः परं केवलकूटस्थ-चैतन्येऽप्यहंशब्दप्रयोगेऽमुख्यार्थतां विशदीकरोति । पुनरयमेव बुधश्शास्त्रीयदृष्टितो वेदान्तश्रवण-मननादिजनितज्ञानेन नित्यः कूटस्थो मायाकल्पितश्चिदाभास इत्याकारकेण चिदाभासात्पृथक्कृते कूटस्थे केवलेऽ"सङ्गोऽहं चिदात्माहं कूटस्थोऽहं सदाशिव" इत्यादौ लक्षणयाहं शब्दं प्रयुङ्क्ते । तस्माल्लक्षणा-वृत्तिवृत्तिव्याप्तिभ्यामसङ्गे ब्रह्मण्यप्यहङ्कृतिर्युक्ता । अत एव चासङ्गोऽहमस्मीति ज्ञानमसङ्गस्याप्यात्मनो लक्षणयाहंशब्दार्थत्त्वेनाहंप्रत्ययविषयत्त्वसम्भवादुपपद्यत इति दिक् ।।

असङ्गेऽहंशब्दप्रयोगोऽनुचित इति शङ्कानिरूपणम् –

ज्ञानिताज्ञानिते त्वात्माभासस्यैव न चात्मनः ।
तथा च कथमाभासः कूटस्थोऽस्मीति बुद्ध्यताम् ।। १४ ।।

अन्वयः – ज्ञानिताऽज्ञानिते तु आत्माभासस्य एव न च आत्मनः । तथा च आभासः "कूटस्थः अस्मि" इति कथं बुध्यताम् ।।

व्याख्या :- अहं ब्रह्मास्मीति ज्ञानं कदा कस्य कस्मै फलाय समपेक्षत इति वक्तव्यम् । स्वाज्ञानविनाशनाय कूटस्थस्यापेक्षत इत्युक्तिर्नोचिता । वस्तुतः कूटस्थे ज्ञानित्त्वमज्ञानित्त्वं वा नास्त्येवेत्यज्ञानाभावादेव तन्निवृत्तेरसंभवान्न तदर्थता युक्ता । न हि तस्य सम्भवति ज्ञानित्त्वमपि । अतः कूटस्थस्यासम्भवाच्चिदाभासस्येति चेन्न तदपि शोभनम् । कूटस्थेनाभासस्यैक्यं बोध्यते ।

उसीको स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि लौकिकव्यवहार में यह कूटस्थ और चिदाभास के विवेकज्ञान युक्त तत्त्ववेत्ता 'मैं जाता हूँ' 'मैं खाता हूँ' 'मैं सोता हूँ' इत्यादि वाक्यों में अहं शब्द का प्रयोग कूटस्थ चैतन्य से चिदाभास को पृथक् करके चिदाभास की विवक्षा से ही कहता है । इस प्रकार केवल चिदाभास में अहं शब्द का प्रयोग करना गौण है यह भी दर्शाया गया है । प्रथम श्लोक से चिदाभास के अमुर्ख्यात्व को विशद कर दूसरे श्लोक में कूटस्थ का भी अमुख्यार्थत्व स्पष्ट करते हैं । यह (वही) तत्त्ववेत्ता शास्त्रीयदृष्टि से अर्थात् वैदिक व्यवहार काल में चिदाभास मायाकल्पित है और कूटस्थ चैतन्य नित्य है, इत्यादि वेदान्तार्थजन्य ज्ञान से ही चिदाभास से कूटस्थ को पृथक् करके केवल कूटस्थ चैतन्य में ही 'मैं असंग हूँ' 'मैं चिदात्मा हूँ' इत्यादि में अहं शब्द का प्रयोग करता है ।

असंग आत्मा में अहं शब्द का प्रयोग अनुचित है, इस शंका का निरूपण करते हैं।

अर्थ – ज्ञानीपना और अज्ञानीपना तो चिदाभास का ही है आत्मा का नहीं है, तो फिर चिदाभास 'मैं कूटस्थ हूँ' ऐसा कैसे जानेगा ?।।१४।।

व्याख्या – इस श्लोक में पूर्वपक्षी का प्रश्न है । 'मैं ब्रह्म हूँ' इस प्रकार का ज्ञान कब, किसको, किस फल के लिए अपेक्षित है, यह कहना चाहिये । अपने अज्ञान के नाश के लिए कूटस्थ को अपेक्षा है, ऐसा नहीं कह सकते क्योंकि वस्तुतः कूटस्थ में ज्ञानित्व या अज्ञानित्व नहीं है, जब अज्ञान ही नहीं है तो उसकी निवृत्ति की तो संभावना ही नहीं है । तथा उसका ज्ञानित्व भी संभव नहीं है । कूटस्थ में

अतः पूर्वमहं शब्दस्याभासकूटस्थौ पृथगमुख्यार्थाविति यदुक्तं न तत्सङ्गच्छत इत्याशङ्क्यामाह । ज्ञानिताज्ञानिते विद्याविद्ये त्त्वात्माभासस्य चिदाभासस्यैवोभावपि धर्मौ । न चात्मनः कूटस्थचैतन्यस्य। ज्ञानाज्ञानयोस्समाना-श्रयविषयकत्त्वेनैव निवर्त्यनिवर्तकभावस्य व्युत्क्रमेणैव सर्वत्र दृष्टत्त्वात् । अतश्चा''सङ्गोऽहं चिदात्माहमिति शास्त्रीयदृष्टित'' इत्यादिनोक्तस्सिद्धान्तोऽनुपपन्न इत्याह । तथा च कूटस्थादन्य आभासश्चिदाभासोऽहं कूटस्थोऽस्मीति कथं नाम बुद्ध्यतां विजानीयादित्याक्षेपाशय इति दिक् ।।

चिदाभस्य कूटस्थस्यान्यत्त्वमसिद्धमेवेति समाधाननिरूपणम् -

नायन्दोषश्चिदाभासः कूटस्थैकस्वभाववान् ।
आभासत्वस्य मिथ्यात्त्वात्कूटस्थत्त्वावशेषणात् ।। १५ ।।

अन्वयः - अयं दोषः न । चिदाभासः कूटस्थैकस्वभाववान् । आभासस्य मिथ्यात्त्वात् कूटस्थत्त्वावशेषणात् ।।

व्याख्या :- कूटस्थचैतन्यातिरेकेण चिदाभासस्याविद्यमानत्त्वादुभयोरभेदस्समुपपन्न एवेत्याह । नायं दोषः-पूर्वोक्तो दोषो न प्रसरति । यतः कूटस्थैकस्वभाववांश्चिदाभासः । कूटस्थमात्रायत्तसत्तादिमांश्चिदाभास इत्यर्थः । कूटस्थसत्तापेक्षया न स्वतन्त्रसत्ता चिदाभासस्येति भावः । यदि चिदाभासः कूटस्थैकस्वभावस्तर्हि कूटस्थवन्नित्यस्स्यादाभासोऽपीत्याशङ्कायामुच्यते । आभासत्त्वस्य मिथ्यात्त्वात्प्रतिबिम्बभूतस्य चिदाभासस्य मिथ्यात्त्वेन कूटस्थत्त्वावशेषणात्सत्यतया कूटस्थस्वरूपस्य परिशेषणाच्च । मुकुरे परिदृश्यमानस्य मुखाभासस्य यथा ग्रीवास्थं मुखमेव तत्त्वं तथैव कूटस्थानतिरिक्तमेव तत्त्वं चिदाभासस्य । यथा राधेयः कौन्तेयैक-सत्तादिमान्मातृवचनेन कौन्तेयोऽस्मीति बोद्धुमर्होऽभूदेवं चिदाभासोऽपि श्रौतैर्महावाक्यादहंब्रह्मास्मीत्यात्मान-

---

भले ही न हो, किन्तु चिदाभास में ज्ञानित्व संभव है यदि ऐसा कहो तो वह उचित नहीं है क्योंकि कूटस्थ के द्वारा आभास (चिदाभास) का बाध हो जाता है । अतः आपने पूर्व में जो कहा कि अहं शब्द चिदाभास और कूटस्थ के प्रति पृथक् रूप से प्रयुक्त होता है, यह कथन ठीक नहीं है । इस प्रकार की शंका करता हुआ पूर्वपक्षी कहता है कि ज्ञानीपना (विद्या) और अज्ञानीपना (अविद्या) ये दोनों धर्म चिदाभास के ही हैं, आत्मा के नहीं । ऐसी स्थिति में कूटस्थ से अन्य चिदाभास 'मैं कूटस्थ हूँ' इस प्रकार कैसे जान सकेगा ?

अब समाधान प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - यह दोष नहीं है, क्योंकि चिदाभास कूटस्थैकस्वभाववान् है । इसका आभासत्व मिथ्या है और कूटस्थ से इसमें कोई विशेषता नहीं है ।।१५।।

व्याख्या - कूटस्थ चैतन्य से अतिरिक्त चिदाभास अविद्यमान होने के कारण दोनों का अभेद ही है, इसलिये आपके द्वारा जो दोष प्रस्तुत किया गया है, वह दोष यहाँ पर लागू नहीं होगा । क्योंकि चिदाभास कूटस्थैकस्वभाववान् है अर्थात् कूटस्थ चैतन्य के अतिरिक्त चिदाभास की कोई स्वतन्त्र सत्ता नहीं है । यदि चिदाभास कूटस्थैकस्वभाववाला है तो फिर कूटस्थ के समान उसको भी नित्य मानना पड़ेगा । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि चिदाभास मिथ्या है और कूटस्थ से इसकी कोई विलक्षणता भी नहीं है । जैसे दर्पण में परिदृश्यमान मुखाभास की ग्रीवास्थ मुख के अतिरिक्त कोई भिन्न सत्ता नहीं है, उसी प्रकार कूटस्थ के अतिरिक्त चिदाभास की भी कोई भिन्न सत्ता नहीं है । भाव यह है कि जैसे स्वयं को राधेय मानने वाला कर्ण भगवान् श्रीकृष्ण और कुन्ती के वचनों से 'मैं कौन्तेय हूँ' ऐसा जान

मखण्डमद्वितीयं प्रत्यगभेदेनावबोद्धुमर्हतीति भावः । उपाधिसत्ताधीनसत्ताक उपाधिनाशे विनश्यति । घटजलाधीनश्चन्द्रप्रतिबिम्बो यथा घटजलनाशे विनश्यति तथैव चिदाभासोऽप्युपाधिनाशाधीननाशकत्त्वात्तन्नाशे विनश्यति । बिम्बभूतः कूटस्थचैतन्यमवशिष्यत एव नित्यत्त्वात्सत्यत्त्वाच्चेति शम्।।

कूटस्थोऽहमिति ज्ञानमपि व्यवहारमात्रमेवेति निरूपणम् –

कूटस्थोऽस्मीति बोधोऽपि मिथ्या चेन्नेति को वदेत् ।
न हि सत्यतयाभीष्टं रज्जुसर्पविसर्पणम् ॥ १६ ॥

अन्वयः – कूटस्थः अस्मि इति बोधः अपि मिथ्या चेत् न इति कः वदेत् । हि (यतः) रज्जुसर्पविसर्पणं सत्यतया अभीष्टं न ।।

व्याख्या :– मिथ्याभूताभासनिष्ठज्ञानिताख्यधर्मस्यापि तथात्त्वमेवोचितम् । चिदाभासस्य मिथ्यात्त्वेन तदाश्रितं कूटस्थोऽहमस्मीत्याकारकं संसारापनोदकं ज्ञानमपि मिथ्यैव स्यादिति चेन्नेति को वदेदितीष्टापत्त्या परिहरति । चिदाभासनिष्ठः कूटस्थोऽस्मीति बोधो मिथ्येति चेत् । कूटस्थचैतन्यस्वरूपातिरिक्तस्य कृत्स्नस्यापि जगतो मिथ्यात्त्वाभ्युपगमान्नेतीति को वदेदित्याह । आरोपितस्य मिथ्यात्त्वे तदाश्रयभूतस्य क्रियासमुदायस्यापि मिथ्यात्त्वमेवेति सदृष्टान्तममुमर्थं स्पष्टीकरोति । रज्जुसर्पविसर्पणं सत्यतया न हि कस्याप्यभीष्टम् । अपगतो रज्जुसर्प इत्यपि व्यवहारोऽनुभूतोऽपि यथा न वास्तवस्तथैवायमपीति दिक् ।।

सका, उसी प्रकार वेदान्तों के महावाक्यों से चिदाभास भी 'मैं ब्रह्म हूँ' इस प्रकार स्वयं को अखण्ड अद्वितीय प्रत्यगभेद रूप से जान सकता है । जो पदार्थ उपाधिसत्ता वाला होता है, वह उपाधि के नष्ट होने पर दर्पणाधीन प्रतिबिम्ब के समान नष्ट हो जाता है । उसी प्रकार यह चिदाभास भी उपाधियुक्त होने के कारण उपाधि के नाश होने पर उसका भी नाश हो जाता है, इसलिये चिदाभास मिथ्या है । और कूटस्थ से इसकी कोई विशेषता न होने के कारण इसके नष्ट होने पर एकमात्र कूटस्थ चैतन्य ही अवशिष्ट रहता है क्योंकि वह नित्य होने के कारण परमार्थ रूप है ।

मैं कूटस्थ हूँ, यह ज्ञान भी व्यवहारमात्र ही है, इसका निरूपण करते हैं।

अर्थ – (प्रश्न) तब तो 'मैं कूटस्थ हूँ' यह बोध भी मिथ्या है (उत्तर) कौन कहता है कि वह मिथ्या नहीं है ? क्योंकि रज्जु में कल्पित सर्प के विसर्पण (हिलना–डुलना) में सत्यता अभीष्ट नहीं है ।१६।

व्याख्या – पूर्वपक्षी पुनः शंका प्रस्तुत करता है । वह कहता है कि यदि चिदाभास ही मिथ्या है तो फिर चिदाभास में होने वाले सभी ज्ञान भी मिथ्या ही होंगे । इसलिये यदि चिदाभास को यह ज्ञान होता है कि 'मैं कूटस्थ हूँ, मैं चिदात्मा हूँ' तो उसका यह ज्ञान भी मिथ्या ही मानना पड़ेगा । इसका उत्तर देते हुए आचार्य कहते हैं कि कौन कहता है कि वह बोध मिथ्या नहीं है ? अर्थात् चिदात्मा के उस बोध के मिथ्यात्व को हम भी स्वीकार करते हैं । इसमें दृष्टान्त देते हैं कि जैसे रज्जु में कल्पित सर्प के हिलने–डुलने आदि की प्रतीति होने पर भी उसमें सत्यता अभीष्ट नहीं है, वैसे ही चिदात्मा का यह ज्ञान कि 'मैं कूटस्थ हूँ' मिथ्या ही है । भाव यह है कि कूटस्थातिरिक्त सब कुछ मिथ्या ही है । जैसे रज्जु से सर्प चला गया, यह बात व्यवहारानुकूल होने पर भी वस्तुतः सत्य नहीं है, उसी प्रकार प्रकृत में भी जानना चाहिये ।

निवर्त्यस्य संसारस्य मिथ्यात्त्वेन तादृशज्ञानेनैव तन्निवृत्तिरिति निरूपणम् -

तादृशेनापि बोधेन संसारो हि निवर्तते ।
यक्षानुरूपो हि बलिरित्याहुर्लौकिका जनाः ॥ १७ ॥

अन्वयः - तादृशेन बोधेन अपि संसारः निवर्तते हि । हि (यस्मात्) यक्षानुरूपः बलिः इति लौकिकाः जनाः आहुः ।।

व्याख्या :- पूर्वमुक्तं "भ्रमांशस्य तिरस्करादधिष्ठानप्रधानता । यदा तदा चिदात्माहमसङ्गोऽस्मीति बुद्ध्यत" इति कूटस्थोऽहमस्मीति तत्त्वावबोधस्यापि यदि मिथ्यात्त्वं तेनाज्ञानकल्पितसंसारस्य निवृत्तिः कथमित्याशङ्क्यैतज्ज्ञाननिवर्त्यस्यापि संसारस्यापि मिथ्यात्त्वेन स्वाप्निकसिंहदर्शनान्निद्रानिवृत्तिरिवोपपद्यत इत्याह । संसारोऽज्ञानकल्पितस्तादृशेनाप्यवास्तवरूपेणापि बोधेनावश्यं निवर्तते । तत्र लैकिकीं गाथां यादृशो यक्षस्तादृशो बलिरित्याकारिकां संवादयति । यक्षानुरूपो बलिरिति न्यायेन यक्षे यादृश्युत्कृष्टता निकृष्टता वा तादृशोत्कृष्टनिकृष्टबलिदानेनानुरूपेण तस्य तस्य तृप्तिरित्यवस्तुभूतस्यावस्तुनैव निवृत्तिरिति स्वप्नाप्तोपदेशेन स्वप्नदृष्टब्रह्मरक्षो विषयकमिथ्यात्त्वबोधैककरणकतन्निवृत्तेश्चानुभवसिद्धत्वेनैतादृशमिथ्या बोधेनापि निखिलद्वैतरूपस्संसारो विनिवर्तते इति शम् ।।

मिथ्या संसार की निवृत्ति मिथ्याज्ञान से ही संभव है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ - उस प्रकार के मिथ्या ज्ञान से भी संसार की निवृत्ति हो जाती है, क्योंकि यक्षानुरूप ही बलि होती है, ऐसा लौकिक मनुष्य कहते हैं ।।१७।।

व्याख्या - पूर्व में कहा कि -

भ्रमांशस्य तिरस्कारादधिष्ठानप्रधानता ।
यदा तदा चिदात्माहमसङ्गोऽस्मीति बुध्यते ।। (पं.द. ७/८)

यहाँ शंका होती है कि भ्रमांश का तिरस्कार करने पर 'मैं असंग हूँ' इस प्रकार का ज्ञान होता है किन्तु 'मैं कूटस्थ हूँ' यह ज्ञान भी तो मिथ्या ही है । तब मिथ्याज्ञान से संसार की निवृत्ति कैसे हो सकती है ? इसका उत्तर देते हैं कि उस प्रकार के मिथ्या ज्ञान से भी संसार की निवृत्ति हो जाती है । इस विषय में दृष्टान्त देते हैं के यक्षानुरूप ही बलि होती है, ऐसा लौकिक मनुष्य कहते हैं अर्थात् "जैसा यक्ष वैसी बलि" यह कहावत लोक में प्रसिद्ध है । यक्ष के उत्कृष्ट और निकृष्ट होने पर उसको दी जाने वाली बलि (भेंट) भी उत्कृष्ट या निकृष्ट होती है, उसी बलि से वे तृप्त होते हैं । इसी प्रकार जो मिथ्या संसार है, उसकी निवृत्ति भी 'मैं कूटस्थ हूँ' इत्यादि मिथ्याज्ञान से ही होती है । अतः चिदाभास के मिथ्यात्मज्ञान से मिथ्या संसार की निवृत्ति असंभव नहीं है । जैसे स्वप्न में सिंह का दर्शन यद्यपि मिथ्या है तथापि वह अपनी गर्जना से सोये हुए व्यक्ति की निद्रा भंग कर सकता है, वैसे ही प्रकृत में भी जानना चाहिये । समान सत्ता वाली वस्तुएँ परस्पर साधक-बाधक हो सकती हैं । स्वप्न में लगी क्षुधा स्वप्न के खाये अन्न से ही मिटती है । जाग्रत् काल की क्षुधा स्वाप्निक अन्न से नही मिट सकती, उसी प्रकार स्वप्न की क्षुधा बाह्य अन्न से नहीं मिट सकती । प्रकृत में भी मायाकृत चिदाभास में उत्पन्न हुआ मिथ्या संसार उसी स्तर के मिथ्या ज्ञान से निवृत्त होगा ।

अस्मीतिपदार्थव्याख्यानोपसंहरणम् -

तस्मादाभासपुरुषस्स कूटस्थो विविच्य तम् ।
कूटस्थोऽस्मीति विज्ञातुमर्हतीत्यभ्यधाच्छ्रुतिः ॥ १८ ॥

अन्वयः - तस्मात् स कूटस्थः आभासपुरुषः तं विविच्य "कूटस्थः अस्मि" इति विज्ञातुम् अर्हति। इति श्रुतिः अभ्यधात् ।।

व्याख्या :- एतावता प्रतिपादितस्यार्थस्य फलप्रदर्शनपूर्वकमस्मीतिपदव्याख्यानमुपसंहरति । यस्माच्चिदाभासस्य यथार्थं स्वरूपं कूटस्थ एव तस्मादाभासपुरुषश्चिदाभासस्तस्य हि नैजं स्वरूपं कूटस्थ एवातस्स कूटस्थविशिष्टश्चिदाभास एवात्र प्रकृतायां श्रुतौ पुरुषपदवाच्यो हि जीवः । तं च कूटस्थं मिथ्याभूताच्चिदाभासाद्विविच्य पृथक्कृत्य स्वेन सहानाद्यविद्याकृतादैक्याध्यासाद्विभज्याहं कूटस्थोऽस्मीति लक्षणया विज्ञातुमधिष्ठानभूतकूटस्थांशस्सत्य आरोपितो भ्रमांशोऽनृत इत्यधिगन्तुमर्हति शक्नोतीत्येवमाशयवती श्रुति"रात्मानं चेद्विजानीयादयस्मीति पूरुषः" इत्यभ्यधादकथयदिति शम् ।।

"आत्मानं चेदि"ति वाक्यघटकायं पदार्थनिरूपणम् -

असन्दिग्धाविपर्यस्तबोधो देहात्मनीक्ष्यते ।
तद्वदत्रेति निर्णेतुमयमित्यभिधीयते ॥ १९ ॥

अन्वयः - देहात्मनि असन्दिग्धाविपर्यस्तबोधः ईक्ष्यते । अत्र तद्वत् इति निर्णेतुम् "अयम्" इति अभिधीयते ।।

व्याख्या :- पुरुषपदार्थो वर्णितस्तेन सहास्मीत्याख्यातस्यान्वयेन विवृतोऽर्थस्समग्रतया समुपवर्णितः।

प्रतिपादितार्थ का फल बताते हुए प्रकृत प्रसंग का उपसंहार करते हैं ।

अर्थ - इसलिये कूटस्थ सहित चिदाभास उस (कूटस्थ) को (स्वयं से) पृथक् करके 'मैं कूटस्थ हूँ' इस प्रकार जान सकता है, इस अभिप्राय से श्रुति ने ('अस्मि' यह वचन) कहा है ।।१८।।

व्याख्या - पूर्व श्लोक में प्रतिपादित 'अस्मीति' शब्द का उपसंहार करते हैं । क्योंकि चिदाभास का यथार्थ स्वरूप कूटस्थ ही है, इसलिये चिदाभास कूटस्थसहित ही है । इसलिये कूटस्थ को चिदाभास से पृथक् करके मैं कूटस्थ हूँ, इस प्रकार से जाना जा सकता है । अर्थात् अधिष्ठानभूत कूटस्थांश सत्य है और आरोपित भ्रमांश असत्य है, इस प्रकार जाना जा सकता है । ***"आत्मानं चेद् विजानीयादयमस्मीति पूरुषः"*** इस श्रुति ने उक्त बात को ही कहा है । भाव यह है कि कूटस्थ ही चिदाभास का स्वरूप होने से पुरुषशब्दवाच्य कूटस्थसहित चिदाभास कूटस्थ को स्वयं से पृथक् जानकर 'मैं कूटस्थ हूँ' इस प्रकार लक्षणा से जान सकता है । इसी अभिप्राय से श्रुति में 'अस्मि' यह पद कहा गया है ।

अब श्रुतिगत अयं शब्द का विचार प्रारम्भ करते हैं ।

अर्थ - जैसे लौकिक पुरुष बिना संदेह और बिना विपरीत भावना रखे अपने देह में ही आत्मबुद्धि रखते हैं, वैसे ही आत्मा में बोध का निर्णय करने के लिये श्रुति में 'अयं' पद का प्रयोग हुआ है ।१९।

व्याख्या - पूर्व श्लोकों में पुरुष शब्द का और उसके साथ अस्मि शब्द का भी व्याख्यान किया

ततश्च श्रौतस्यायमिति पदस्याप्याशयं प्रकटीकरिष्णुरारभते । पामरजनानां देहेन्द्रियादिरूप आत्मनि विषयेऽसन्दिग्धाविपर्यस्तबोधोऽसन्दिग्धस्सन्देहो नाम समानाश्रयविषयकभावाभावोभयकोटिकमव्यवहितं ज्ञानद्वयं संशयापरपर्यायः । अयं घटो न वेति यथा विरुद्धकोटिकद्वयावगाहिज्ञानमिति यावत् । तदभावमाक्षावगाहिज्ञानं विपर्ययः । अतस्मिंस्तद्बुद्धिरिति भावः । यथेदं रजतमित्यादि । एवं संशयविपर्ययानस्कन्दितो बोधोऽहं पुरुषोऽहं वृद्धोऽहं विद्वानित्यादि यथा देहादावनुभूयते तथैव नित्यापरोक्ष आत्मनि कूटस्थेऽपि विषये संशयविपर्ययरहितो बोधस्सदेक्ष्यते । तमिमं बोधं निर्णेतुमेव श्रुत्यायमिति शब्दोऽधीयते सम्प्रयुज्यते मुक्तिसिद्धये । पामराणां लौकिकप्रमाणैर्यथानात्मस्वेव देहादिष्वहमित्यात्मप्रत्ययो दृढतमो वर्तत एवं जिज्ञासूनां कूटस्थेऽहं प्रत्ययमुत्पादयितुं भगवती श्रुतिरत्रायं शब्दं प्रयुज्य दृढं ज्ञानं जनयतीत्येवमयम्पदार्थोऽत्र विवक्षित इति दिक् ।।

अयंशब्दार्थनिर्णय आचार्यानुमतिप्रदर्शनम् –

देहात्मज्ञानवज्ज्ञानं देहात्मज्ञानबाधकम् ।
आत्मन्येव भवेद्यस्य स नेच्छन्नपि मुच्यते ।। २० ।।

अन्वयः – देहात्मज्ञानवत् आत्मनि एव देहात्मज्ञानबाधकं ज्ञानं यस्य भवेत् सः न इच्छन् अपि मुच्यते ।।

व्याख्या :– भाष्यकारा उपदेशसाहस्र्यां मोक्षसाधनतया शुद्ध आत्मन्यहमस्मीति ज्ञानमेष्टव्य-मित्युपदिशन्तीति निरूपयति । देहात्मज्ञानबाधकं देहेऽहं मनुष्य इत्यादिदेहात्मविषयो दृढप्रत्ययोऽज्ञैर्यथानुभूयत

गया । अब श्रुति में पठित अयं शब्द का आशय प्रकट करने का आरम्भ करते हैं । जैसे लौकिक मनुष्य देहात्मविषय में संदिग्धता और विपर्यय भावना से रहित केवल देह में ही आत्मत्वबुद्धि रखते हैं । समानाश्रयविषयक भाव और अभाव उभय कोटियुक्त अव्यवहित दो प्रकार का ज्ञान सन्दिग्ध ज्ञान है – जैसे यह घड़ा है अथवा नहीं अर्थात् विरुद्ध कोटिद्वयावगाहि ज्ञान ही सन्दिग्धज्ञान है । और उसका अभावमात्रावगाहि ज्ञान विपर्यय है । अनात्मा में आत्मबुद्धि करना विपरीत ज्ञान है । अथवा 'इदं रजतम्' यहाँ पर शुक्ति में रजत का ज्ञान विपरीत ज्ञान है । उसी प्रकार आत्मा में भी सन्देह और विपर्यय से रहित ज्ञान कराने के लिये ही श्रुति में अयं पद का प्रयोग किया गया है अर्थात् जैसे पामर मनुष्यों को अनात्म देहादि में 'यह मैं हूँ' इस प्रकार का दृढ़तम ज्ञान होता है, वैसे ही कूटस्थ चैतन्य में ही 'यह मैं हूँ' इस प्रकार का दृढ़तम ज्ञान ही "आत्मानं चेद् ....." इस श्रुति में विवक्षित है । इसी को प्रदर्शित करने के लिये श्रुति में 'अयं' शब्द का प्रयोग हुआ है ।

अयं शब्दार्थ के निर्णय के लिये श्रीशङ्कराचार्य जी द्वारा रचित उपदेशसाहस्री का उदाहरण देते हैं ।

अर्थ – देह में आत्म–बुद्धि रूप दृढ़ ज्ञान के समान देह में आत्मत्व बुद्धि का निवर्तक दृढ़ज्ञान आत्मा में ही जिसको है, वह इच्छा न करता हुआ भी (अवश्य) मुक्त होता है ।।२०।।

व्याख्या – भगवान् भाष्यकार उपदेशसाहस्री नामक ग्रन्थ में (४/५) मोक्षसाधन के रूप में शुद्ध आत्मा में 'यह मैं हूँ' इस प्रकार के ज्ञान का ही उपदेश देते हैं (निरूपण करते हैं)। 'मैं मनुष्य हूँ' इस

एवं प्रत्यगात्मन्येवाहमस्मीत्यसन्दिग्धाविपर्यस्तज्ञानं देहात्मज्ञानबाधकमुपलक्षणविधयाखिलदृश्यबाधकमिति भावः । एवञ्च यस्य मुमुक्षोश्शुद्धचैतन्याखण्डाद्वितीय सच्चिदानन्दात्मनि दृढतमं ज्ञानम् एवकारो ब्रह्मात्मै-क्येतरविषयव्यावृत्तिं करोति । जायते स विद्वान्नेच्छन्नपि मोक्षेच्छाराहित्येऽपि मुच्यते । देहात्मज्ञानवद्दृढतरेण ब्रह्मात्मज्ञानेन संसारोपादानहेतोरज्ञानस्यापबाधितत्त्वान्निश्चयेन मुक्तो भवतीत्यर्थ इति दिक् ।।

कूटस्थस्यापरोक्षत्त्वनिरूपणम्

अयमित्यपरोऽक्षत्त्वमुच्यते चेत्तदुच्यताम् ।
स्वयम्प्रकाशचैतन्यमपरोक्षं सदा यतः ॥ २१ ॥

अन्वयः – अयम् इति अपरोक्षत्त्वम् उच्यते चेत् । तत् उच्यताम् । यतः स्वयम्प्रकाशचैतन्यं सदा अपरोक्षम् ।।

व्याख्या :- इदं शब्दस्यैतच्छब्दस्यार्थोऽभियुक्तैरुपवर्णित "इदमस्तु सन्निकृष्टं समीपतरवर्ति चैतदोरूप"मित्यादिना । कूटस्थस्य विविक्ततया सर्वजनानुभवसिद्धत्त्वाभावादपरोक्षवचनस्यायं शब्दस्य तस्मिन्प्रयोगः कथमित्याक्षेपे वस्तुतः कूटस्थचैतन्यस्य स्वप्रकाशचिदात्मरूपत्त्वात्सर्वस्याप्यपरोक्षत्त्वमेवेत्ययं शब्दप्रयोगस्साधुतर एव तत्रेत्याह । अनधीताज्ञानत्त्वमेव हि स्वयंप्रकाशत्त्वम् । अयमस्मीति पूरुष इत्यत्रायमितिपदेन यथायं घट इत्यादिव्यवहारेष्विदमा निर्दिष्टस्य पदार्थस्यापरोक्ष्यं दृष्टं तथैवात्मनोऽप्यपरोक्षत्त्वमुच्यते चेदुच्यतां नाम इष्टापत्तिरेव । तां प्रसक्तिं नैव वारयामः । यतः स्वयम्प्रकाशचैतन्यं सदापरोक्षमेव व्यवधायकाभावात् । नित्यं ह्यपरोक्षं चैतन्यमिति श्रुत्यैवाभ्युपेतत्त्वाच्च।

प्रकार का देह में आत्म-बुद्धिरूप दृढ़ ज्ञान जैसे लौकिक पुरुषों को होता है, उसी प्रकार देह में आत्मत्व बुद्धि का निवर्तक सन्देह और विपर्यय से रहित दृढ़ज्ञान अर्थात् 'मैं ब्रह्मरूप ही हूँ' इस प्रकार का दृढ़ज्ञान जिस मुमुक्षु को अपनी आत्मा में ही हो जाता है, वह विद्वान् (दृढज्ञानवान) इच्छा न करते हुए भी अर्थात् मोक्ष की इच्छा से रहित हुआ भी अवश्य ही मुक्त हो जाता है । भाव यह है कि देहात्मज्ञान के समान दृढ़तर ब्रह्मात्मज्ञान से संसार के उपादान भूत अज्ञान का बाध हो जाने पर वह अवश्य ही मुक्त हो जाता है।

कूटस्थ के अपरोक्षत्व का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – (श्रुतिमें) 'अयं' इस शब्द से तो अपरोक्षत्व कहा गया है, यदि ऐसा कहें तो वैसा ही कहो, क्योंकि स्वयंप्रकाश चैतन्य सर्वदा अपरोक्ष ही है ।।२१।।

व्याख्या – ***"अयमस्मीति पूरुषः"*** इस श्रुति में पठित अयं शब्द के विषय में पूर्वपक्षी शंका करता है कि जैसे निकट रखी हुई वस्तु के लिए अयं शब्द का प्रयोग किया जाता है 'अयं घटः' (यह घड़ा है), उसी प्रकार आत्मा के लिये भी यदि अयं शब्द का प्रयोग करेंगे तो उसकी अपरोक्षता माननी पड़ेगी, क्योंकि अयं शब्द अपरोक्षत्व का ही वाचक है । किन्तु आत्मा अपरोक्ष कैसे है ? इसका उत्तर देते हैं कि यदि आप आत्मा का अपरोक्षत्व कह रहे हैं तो भले ही कहें क्योंकि यह तो हमें भी इष्ट ही है, हम भी आत्मा का अपरोक्षत्व ही मानते हैं । इसका कारण बताते हैं कि आत्मा अपरोक्ष इस लिए है क्योंकि वह स्वयंप्रकाश चैतन्य है अर्थात् उसे स्वयं को प्रकाशित करने के लिये प्रकाशान्तर की आवश्यकता नहीं है । वह चैतन्यस्वरूप है अतः आत्मा सर्वदा अपरोक्ष ही है । भाव यह है कि स्वयंप्रकाश आत्मा

अतः कूटस्थः परोक्ष इति स्वयंप्रकाश आत्मनि यज्ज्ञानं स भ्रम एव । तस्य पारोक्ष्यासंभवादिति दिक्।।

दशमदृष्टान्तेनात्मनः परोक्षत्त्वापरोक्षत्त्वसमर्थनम् -

परोक्षमपरोक्षञ्च ज्ञानमज्ञानमित्यदः ।
नित्यापरोक्षरूपेऽपि द्वयं स्याद्दशमे यथा ॥ २२ ॥

अन्वयः - परोक्षम् अपरोक्षं च, ज्ञानम् अज्ञानम् (च) इति अदः द्वयं यथा दशमे नित्यापरोक्षरूपे अपि स्यात् ।।

व्याख्या :- "अयमित्यपरोक्षत्त्वमुच्यते चेत्तदुच्यता"मित्यनेन नित्यस्वप्रकाशतया कूटस्थ-चिदात्मनोऽपरोक्षत्त्वं त्रिकालसिद्धमित्यङ्गीक्रियते । "असन्दिग्धाविपर्यस्तबोधो देहात्मनीक्ष्यत" इत्यनेनात्मविषयकमपरोक्षज्ञानमप्यङ्गीक्रियते । एतेनात्मनि परोक्षज्ञानमेवमनाद्यज्ञानमपि सिद्ध्यति । तस्मादेतत्परोक्षापरोक्षरूपविरुद्धज्ञानद्वयं तथाज्ञानं च स्वयं प्रकाशत्त्वान्नित्यापरोक्षेऽद्वैतात्मनि विरुद्धमिति नाक्षेप्तव्यम् । लोके तादृशदृष्टान्तोपलम्भादुपपन्नतरत्त्वात्सप्रमाणत्त्वाच्च । अत्रेदमनुमानमुच्यते । विमते ज्ञानद्वयानाद्यज्ञाने नित्यापरोक्षतममात्रविषयाश्रये । आरोपितत्त्वे सति सविषयकत्त्वात् । दशमनिष्ठज्ञानद्वयविस्मृतिजन्याज्ञानवदिति । तस्माज्ज्ञानाज्ञानाश्रयविषयत्त्वं नानुपपन्नमिति समादधाति। परोक्षमपरोक्षं चेत्येकं युगलं तथान्यज्ज्ञानमित्येतद्युगलद्वयमपि नित्यापरोक्षात्मनि दशमपुरुष इवोपपद्यत इत्याह । परोक्षमपरोक्षं च ज्ञानमज्ञानमित्येद्विरुद्धमप्यदो द्विकद्वयं च नित्यापरोक्षरूपे स्यादुपपद्यते । एतयोर्विरुद्धयेरप्यविरोधं दशमदृष्टान्तान्तर्भावेन दर्शयति । दशमे यथा दशमस्त्वमसीति वाक्यस्थले यथा येन प्रकारेण परोक्षत्त्वापरोक्षत्त्वयोर्ज्ञानाज्ञानयोश्चोपपत्तिस्स्वरूपतो विरोधेऽपि रूपान्तरेणाविरोधोऽङ्गी-क्रियत एवं प्रकृतेऽपीति सर्वमनवद्यमिति शम् ।।

में 'कूटस्थ चैतन्य परोक्ष है' ऐसा ज्ञान भ्रम ही है क्योंकि उसमें परोक्षता संभव ही नहीं है ।

दशम पुरुष के दृष्टान्त द्वारा आत्मा के परोक्षत्व और अपरोक्षत्व का समर्थन करते हैं।

अर्थ - परोक्ष और अपरोक्ष तथा ज्ञान और अज्ञान यह दोनों युगल दशम पुरुष के समान नित्य अपरोक्ष रूप (कूटस्थ) में भी बन सकते हैं ।।२२।।

व्याख्या - ***"अयमित्यपरोक्षत्वमुच्यते चेत्तदुच्यताम्"*** इससे नित्य स्वप्रकाश होने के कारण कूटस्थ चैतन्य का त्रैकालिक अपरोक्षत्व अंगीकार किया गया है । और ***"असन्दिग्धा-विपर्यस्तबोधोदेहात्मनीक्ष्यते"*** इस वचन से आत्मविषयक अपरोक्षज्ञान को भी अंगीकार किया गया है । इससे आत्मा में परोक्षज्ञान के समान अनादि अज्ञान की भी सिद्धि होती है । इसलिये परोक्ष और अपरोक्ष रूप तथा ज्ञान और अज्ञान ये दोनों स्वयंप्रकाश अद्वितीय आत्मा में विरुद्ध हैं, ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये । क्योंकि लोक में वैसे दृष्टान्त उपलब्ध हैं और यह बात प्रमाण से भी सिद्ध है । इसलिये कहते हैं कि परोक्ष और अपरोक्ष तथा ज्ञान और अज्ञान ये दोनों युगल नित्य अपरोक्ष रूप में भी बन सकते हैं । इसमें दृष्टान्त देते हैं कि 'दसवाँ तू है' (दशमत्वमसि) इस वाक्य में जैसे परोक्षत्व-अपरोक्षत्व तथा ज्ञान-अज्ञान दोनों का दर्शन होने के कारण स्वरूप से विरोध होने पर भी रूपान्तर के द्वारा अविरोध ही माना जाता है, वैसे ही प्रकृत में भी जानना चाहिये ।

दशमदृष्टान्तविशदीकरणम् –

नव सङ्ख्याहृतज्ञानो दशमो विभ्रमात्तदा ।
न वेत्ति दशमोऽस्मीति वीक्षमाणोऽपि तान्नव ॥ २३ ॥

अन्वयः – नवसङ्ख्याहृतज्ञानः दशमः तदा तान् नव वीक्ष्यमाणः अपि विभ्रमात् "दशमः अस्मि" इति न वेत्ति ।।

व्याख्या :- पूर्वं प्रस्तुतं दृष्टान्तं स्पष्टयति । जातुचित्केचिज्जनास्समग्रां भूमिं प्रदक्षिणीकर्तुं भारतवर्षस्थान्यखिलानि तीर्थानि निषेवितुमनसो दश साधकाः प्रस्थाय क्वचित्सुविपुलजलां काचिद्विस्तीर्णां नदीं प्रदोषकालेऽवगाह्य बाहुभ्यामुत्तीर्य पारं निशि जग्मुस्तत्रोत्तीर्णेष्वेको निरुक्तदेशकालसम्भावितान्य-तमपुरुषनदीमरणमतिस्स्वयं सर्वान्गणयितुमुद्युक्तस्सङ्गणनीयाननां गणनाप्रसङ्गे नवसङ्ख्याव्याहृत-ज्ञानस्स्वव्यतिरिक्तानां नव सङ्ख्यया हृतमपहृतं ज्ञानं यस्य स पुरुषो नवैवास्मासु विपुलतरजलां नदीं सन्तीर्णा इति परिगणनीयपुरुषनिष्ठया नवसङ्ख्यया स्वात्मानं विस्मृत्य भ्रान्त्यापहृतविवेकज्ञानो दशमो नद्यां निमग्न इति भ्रान्त्यपहृतचेता दशमो गणनकर्तास्वभिन्नांस्तान्सर्वान्परिगणितान्नव पुरुषांस्तथा स्वं च प्रत्यक्षेण वीक्षमाणोऽपि सम्यक्पश्यन्नपि विभ्रान्तो दशमोऽहमस्मीति न वेत्ति स्वमात्मानं सम्यक्पश्यन्नपि न वेत्ति । अपरोक्षत्त्वेन प्रतीयमानोऽपि स्वस्मिन्भ्रान्तिकृतमज्ञानमपि प्रतिभात्येव । तथा च स्वयमपरोक्षत्त्वेन

पूर्वोक्त दृष्टान्त को विशद करते हैं ।

अर्थ – नौ पुरुषों को गिन कर अपहृत ज्ञान वाला दशम पुरुष उस समय उन नौ पुरुषों को देखता हुआ भी भ्रम के कारण 'मैं दशम हूँ' इस प्रकार नहीं जानता है ।।२३।।

व्याख्या – दसवें पुरुष के खो जाने की एक बहुत प्राचीन कथा प्रचलित है । एक बार किसी गाँव से दस पुरुष दूसरे गाँव में मेला देखने चले । जब वे गाँव से निकले तब वृद्ध पुरुष ने उन्हें गिनकर बताया कि तुम गिनती में पूरे दस हो, सब लोग साथ रहना और लौट कर सब साथ में ही आना । यह आदेश पाकर वे मेला देखने चले । शाम के समय रास्ते में एक गहरी नदी पड़ी । सभी नदी को तैर कर दूसरे किनारे पहुँचे । तब एक पुरुष ने हम सब पूरे दस ही हैं, यह निश्चय करने के लिये गिनती प्रारम्भ की, उसने सभी को एक पंक्ति में खड़ा कर गिना तो वे केवल नौ ही गिनने में आये । दूसरे पुरुष ने गिना तो भी वे उतने ही थे । यह देख वे समझे कि नदी पार करते हुए अवश्य ही एक पुरुष नदी के जल में डूब गया है । अतः अब हम नौ ही रह गये हैं । इस प्रकार एक पुरुष के नष्ट हो जाने की शंका से वे सभी बहुत दुःखी हो गये और सिर पीट-पीटकर रोने लगे । यद्यपि वे सब मूर्ख पुरुष गिनती में पूरे दस थे किन्तु स्वयं को छोड़कर शेष नौ पुरुषों की गणना करते थे । इस प्रकार जीव भी अपने आत्म स्वरूप को अनादि अज्ञान के कारण न जानने के कारण अत्यन्त दुःखित रहता है । जीव की अज्ञान, आवरण, विक्षेप, परोक्षज्ञान, अपरोक्षज्ञान, शोकनाश और निरंकुशतृप्ति रूप सात अवस्थाओं का ग्रन्थ में आगे वर्णन करेंगे । नौ पुरुषों को गिन कर अपहृत ज्ञान वाला दशम पुरुष अर्थात् पुरुषों की गणना करते समय नौ पुरुष ही बचे हैं ऐसी नवसंख्या के द्वारा जिसका ज्ञान अपहृत (नष्ट) हो गया है, वह पुरुष विस्तीर्ण नदी को पार करते समय दसवाँ अवश्य ही नदी में डूब गया है इस प्रकार की भ्रान्ति के कारण 'मैं दशम हूँ' इस प्रकार नहीं जानता है । यद्यपि गिनती करनेवाला नौ पुरुषों को और स्वयं को भी प्रत्यक्ष रूप

प्रतिभासमानोऽपि स्वस्मिन् गणनीयस्वेतरपुरुषनवसङ्ख्योद्दीपितस्वविषयकदशमस्मृतेरभावसंस्कारेण प्रदीपापसारणे सति तम इव पल्लवाज्ञानमुपसृतमासीदिति दिक् ।।

आवरणद्वयनिरूपणम् –

न भाति नास्ति दशम इति स्वं दशमं तदा ।
मत्त्वा वक्ति तदज्ञानकृतमावरणं विदुः ॥ २४ ॥

अन्वयः – तदा स्वं दशमं "दशमः न भाति न अस्ति" इति मत्त्वा वक्ति । तत् अज्ञानकृतम् आवरणम् विदुः ।।

व्याख्या :– अज्ञानस्य च कार्यद्वयं तत्रैकमावरणमन्यद्विक्षेप इति । सम्प्रत्यावरणस्वरूपं निरूपयति। पूर्वं तावद्दशमदृष्टान्ते नित्यापरोक्षतया भासमानेऽप्यात्मनि दशमेऽज्ञानानुभव उपदर्शितः । अधुना परोक्षापरोक्षज्ञाननाश्ये अज्ञानकार्यभूते द्वे आवरणे प्रथमं सामान्येनैकीकृत्य वदति । न भाति दशमोऽस्माकं बहुशो गणनायां विहितायामपि न प्रकाशते । न भातीति यदभानापादकमावरणाज्ञानं तस्माद्धेतोर्नास्ति यतो न भात्यतो दशमो न विद्यत इत्यज्ञानादभ्युपैति । नास्ति दशमोऽस्मास्विति यदसत्त्वापादक-मावरणाज्ञानं तद्दशमोऽस्तीति तत्परोक्षप्रमैकप्रध्वंस्यमिति च विवेकः । इत्येवमुपवर्णितप्रकारेण तदा स्वेतरनवपुरुषपरिगणनसमये स्वं स्वात्मानं दशमं दश जनानात्मना सह दश सङ्ख्यकान्मिमीते सङ्ख्यातीत्यसौ दशमः पूर्वमुपपादितरीत्या प्रकृतपुरुषसङ्ख्यापरिगणने प्रवृत्तोऽहमीदृशस्तं मां दशममेवमात्मानं स्वं मत्त्वापि नित्यापरोक्षतया विज्ञायापि न भाति नास्तीत्यादि यद्वक्ति प्रभाषते तदज्ञानकृतमावरणं विदुर्विद्वांसो विजानीयुः । सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्मेत्यादि वाक्यैरसत्त्वापादकमावरणाज्ञानं निवर्त्यते । तत्त्वमस्यहंब्रह्मास्मीत्यादिमहावाक्यजन्यापरोक्षानुभवेन चाभानापादकमावरणज्ञानं निवर्त्यत इत्याकूतम् । केचन तदा दशमस्स्वं दशमं सन्तं दशमो न भाति नास्तीति मत्त्वा तस्यैतादृशस्य व्यवहारस्य यत्कारणं तदज्ञानकृतमज्ञानकार्यमावरणं विदुर्बुधा इति व्याख्यान्ति । तत्र किञ्चिद्विचारणीय-मस्ति । मत्त्वेति त्त्वाप्रत्ययान्तपदं दशमो न भाति नास्तीत्यनेन सह किमन्वेति ? आहोस्विद्दशमं

से देख रहा है फिर भी 'मैं ही दशम हूँ' इस प्रकार नहीं जान पाता है, जिसका कारण भ्रान्ति है । भाव यह है कि स्वयं के अपरोक्ष रूप से प्रतीयमान होने पर भी भ्रान्तिकृत अज्ञान ही चारों ओर भासित होता है ।

अज्ञान कृत दो प्रकार के आवरण का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – उस समय वह दशम पुरुष स्वयं के दशमत्व को (दशमः) "न भाति नास्ति च" इस प्रकार जानकर कहता भी है, वही अज्ञानकृत आवरण है, ऐसा (विद्धानों ने) माना है ।।२४।।

व्याख्या – अज्ञान के दो कार्य हैं एक आवरण और दूसरा विक्षेप । सम्प्रति आवरण का निरूपण करते हैं । यह आवरण भी दो प्रकार का है, पूर्व श्लोक में जो दृष्टान्त दिया था उसी का यहाँ पर स्पष्टीकरण करते हैं । दशम दृष्टान्त में नित्य अपरोक्ष रूप से भासित होने पर भी आत्मा के विषय में दशम पुरुष का अज्ञान दिखाया गया । अब परोक्ष और अपरोक्ष ज्ञान के अभाव में अज्ञान के कार्यभूत दो आवरणों को सर्वप्रथम एकीकृत करके कहते हैं । दशम पुरुष नहीं है और उसका भान भी नहीं होता है, इस वाक्य में नास्तित्व और अभानत्व रूप दो आवरण हैं । अर्थात् बारम्बार गणना करने पर भी दशम का भान

सन्तं मत्त्वा दशमो न भाति नास्तीति मत्त्वेति यथालिखितप्रतिभासमानोभयविशेषणतयावान्वेतीति ? न तावत्प्रथमः । कारकाणां परस्परान्वयस्याव्युत्पन्नत्त्वात्स्वं दशमं सन्तमिति त्रयाणा द्वितीयान्तानामनन्वितत्त्वापत्तेः । न च द्वितीयोऽपि । स्वात्मनो दशमत्त्वेन मनने स्वस्य स्पष्टमाभातत्त्वादनुभूयमानात्मविषयकावरणाज्ञानासंभवात् । अथ च स्वं दशमं सन्तं दशमो नास्ति न भातीत्यावरणोभयविषयं मत्त्वेत्यन्वयो यद्यपि व्युत्पन्नोऽथापि वक्तीति क्रियायाः क्रमसापेक्षत्त्वरूपदोषप्रसङ्गात्तृतीयोऽयमपि पक्षो नादरणीयः । अथवा यथाकथञ्चिद्दशमो न भाति नास्तीति वक्तीत्यार्थिकान्वयाभ्युपगमेऽपि न शाब्दमशाब्देनान्वेतीति न्यायानुसारं शाब्द्याकाङ्क्षाया शब्देनैव पूरणीयत्त्वादेवमार्थिकान्वयस्वीकारे तन्नियमभङ्गापत्तेः किञ्चावृत्त्यान्वयेन गौरवापाताच्च । तस्माद्दशमो न भाति नास्तीति स्वं दशमं मत्त्वापि वक्तीति यत्तज्ज्ञानकृतमावरणं पण्डिता विदुरिति साधीयानन्वय इति दिक् ।।

विक्षेपस्याज्ञानकार्यस्य निरूपणम् –

नद्यां ममार दशम इति शोचन्प्ररोदिति ।
अज्ञानकृतविक्षेपं रोदनादिं विदुर्बुधाः ।। २५ ।।

अन्वयः – "नद्यां दशमः ममार" इति शोचन् प्ररोदिति । रोदनादिं बुधाः अज्ञानकृतविक्षेपं विदुः।।

व्याख्या :– अज्ञानकार्यविशेषस्य विक्षेपस्य स्वरूपं प्रदर्शयति । अज्ञानकृतावरणेन बहुवारं गणनायां बहुभिः कृतायामपि यो दशमो नैव दृश्यते स निश्चप्रचं नद्यां ममारेत्युच्चैर्हा हन्तेति प्रलपञ्छोचन्प्ररोदिति । तं रोदनादिं रोदनशिरस्ताडनादिव्यापारमज्ञानकृतविक्षेपं दशमस्य स्वरूपाज्ञानेन कृतो यः कार्यरूपो विक्षेपस्तं बुधा विद्वांसो विदुर्जानन्ति । आवरणशक्तिश्च वस्तुतो विद्यमानयथार्थवस्तुस्वरूपाभाने तदभानप्रयुक्तकार्यजातमज्ञानकृतं हि विक्षेपशक्तिः । अत्रैव पूर्वं व्याख्यातानां श्लोकानामप्यर्थोऽनुसन्धेयः ।। "विक्षेपावृतिरूपाभ्यां द्विधाविद्या व्यवस्थिता । न भाति नास्ति कूटस्थ

नहीं होता है अतः "**दशमो न भाति**" यह अभानापादक आवरण है, जिसका नाश अपरोक्ष प्रमा के द्वारा ही संभव है । और दशम का भान न होने के कारण "**दशमो नास्ति**" दसवाँ पुरुष नहीं है, इसको असत्त्वापादक आवरण कहते हैं । इसका नाश दशम है, इस परोक्ष प्रमा के द्वारा भी संभव है । उस समय (नदी पार करने के बाद) दशम पुरुष यद्यपि स्वयं को अपरोक्ष रूप से जानता है फिर भी "**दशमो न भाति**" "**दशमो नास्ति**" इस प्रकार बोलता है । इसी को अज्ञानकृत आवरण कहा जाता है । विद्वानों ने इसी को अज्ञानकृत आवरण माना है ।

अब विक्षेप के स्वरूप का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – 'दसवाँ नदी में डूबकर मर गया' इस प्रकार शोक करते हुए (दसवाँ पुरुष) रोता है । इस रुदनादि को विद्वान् लोग अज्ञानकृत विक्षेप मानते हैं ।।२५।।

व्याख्या – नदी पार करने के बाद जब गिनती की गई तो नौ पुरुष ही बचे थे । गिनती करने वाला स्वयं दशम पुरुष होता हुआ भी अज्ञानकृत आवरण के द्वारा 'दसवाँ नदी में डूबकर मर गया' इस प्रकार शोक करता हुआ बहुत रोता है और बारम्बार अपना सीर पीटता है । इस प्रकार रोना और सिर पीटना आदि को विद्वान् लोग अज्ञानकृत आवरण मानते हैं । अर्थात् अज्ञान के कारण दशम पुरुष की जो अप्रतीति

इत्यापादनमावृतिः ।। अज्ञानी विदुषा पृष्टः कूटस्थं न प्रबुद्ध्यते । न भाति नास्ति कूटस्थ इति बुद्ध्वा वदत्यपि ।। आरोपितस्य दृष्टान्ते रूप्यनाम यथा तथा । कूटस्थाध्यस्तविक्षेपनामाहमिति निश्चयः ।। इदमंशं स्वतः पश्यन्नूप्यमित्यभिमन्यते । तथा स्वं च स्वतः पश्यन्नहमित्यभिमन्यते ।।" इत्यादयोऽत्रानुस्मर्तव्या इति शम् ।।

भ्रमप्रयुक्ताज्ञानेऽसत्त्वांशनिवर्तकं परोक्षं ज्ञानमिति प्रदर्शनम् -

न मृतो दशमोऽस्तीति श्रुत्त्वाप्तवचनन्तदा ।
परोक्षत्त्वेन दशमं वेत्ति स्वर्गादिलोकवत् ।। २६ ।।

अन्वयः - "दशमः न मृतः । अस्ति" इति आप्तवचनं श्रुत्त्वा तदा स्वर्गादिलोकवत् परोक्षत्त्वेन दशमं वेत्ति ।।

व्याख्या :- आप्तवाक्याद्दशमपुरुषस्य सद्भावं विज्ञानवतो न विक्षेप इत्याह । दशमो न मृतः किन्तु जीवत्येवेत्याप्तवचनमाप्तस्य तदानीं विक्षेपसम्भूतरोदनध्वनिश्रवणजन्यकरुणरसोत्कर्षादकस्मात्काकतालीयेन समागतस्य कस्यचिदमायिनः पूर्वसुहृदस्समनुभूतभूरितरप्रामाणिकत्त्वावञ्चकस्य सुपरिचितस्य वचनं श्रुत्त्वा विज्ञाय तदा तद्वाक्यार्थानुभवकाले तं नष्टं दशमं परोक्षतया वेत्ति स्वात्मनिष्ठदशमत्त्वसङ्ख्यां तद्व्यक्तिं च परोक्षत्त्वेनैव विजानाति । आप्तवाक्यप्रामाण्याच्च जीवत्येव दशमो न मृत इत्येतावन्मात्रं बुद्ध्यते । आप्तवाक्येन परोक्षज्ञानमुपजायत इत्यत्रोदाहरणमाह । स्वर्गादिलोकवत् । यथाप्तस्याप्तत्त्वादेव विश्वसनीयतैवमेवापौरुषेयस्यापि निखिलदोषानास्कन्दित्त्वा-

---

हुई वह अज्ञानकृत कार्य रूप विक्षेप है, ऐसा विद्वान् लोग मानते हैं । इस विषय में चित्रदीप प्रकरण के श्लोक २६, २७, ३६, ३७ आदि का अवलोकन करना चाहिये । भाव यह है कि आवरणशक्ति विद्यमान यथार्थवस्तु के स्वरूप को प्रतिबन्धित कर देती है और वस्तु के यथार्थ स्वरूप का भान न होने के कारण उसकी जो अप्रतीति है, वह अज्ञानकृत विक्षेपशक्ति ही है ।

भ्रमप्रयुक्त अज्ञान के असत्वांश का निवर्तक परोक्षज्ञान है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - 'दसवाँ मरा नहीं है, वह (जीवित) है' ऐसा आप्तपुरुष का वचन सुनकर उस समय वह स्वर्गादि लोक के समान परोक्ष रूप से दसवें पुरुष को जानता है ।।२६।।

व्याख्या - आप्त पुरुष के वचन से दशम पुरुष के सद्भाव को जाननेवाले को विक्षेप नहीं होता हैं 'दसवाँ पुरुष मरा नहीं है किन्तु वह जीवित ही है' इस प्रकार का आप्तवचन सुनकर दसवें पुरुष का परोक्ष ज्ञान हो जाता है । दस पुरुषों की कहानी में उन्हें रोते हुए देखकर एक समझदार पुरुष वहाँ आता है और उन्हें शान्त करता हुआ कहता है कि 'दसवाँ पुरुष मरा नहीं है जीवित है' उनके लिये यह आप्तवचन है, इस वचन से उन्हें दसवें पुरुष का परोक्ष ज्ञान होता है । यद्यपि वे दसवें पुरुष को देख नहीं पाते, तथापि वे स्वीकार कर लेते हैं कि दसवाँ-पुरुष है । इस तरह वे दशमपुरुष को परोक्ष रूप से जान लेते हैं । इस विषय में दृष्टान्त देते हैं कि शास्त्र वाक्यों से जैसे स्वर्गादि लोकों का परोक्ष ज्ञान होता है, वैसे ही प्रकृत में जानना चाहिये । भाव यह है कि वह ज्ञान केवल बौद्धिक स्वीकृति है । जैसे वेद के वचन को प्रामाणिक मान कर हम न दिखाई देने वाले स्वर्ग-नरकादि का अस्तित्व स्वीकार कर लेते हैं, वैसे

दप्रामाण्यज्ञानादेरसंभावित्त्वाद्वेदवचनस्यापि विश्वासार्हत्त्वेन तद्वाक्यश्रवणमात्रेण यथा स्वर्गादि-र्लोकोऽस्तीति परोक्षं ज्ञानं सञ्जायते तद्वद्दशमास्तित्त्वज्ञानमप्याप्तवाक्यादिति शम् ।।

भ्रमप्रयुक्ताज्ञानेऽभानांशनिवर्तकमपरोक्षज्ञानमिति निरूपण्म् -

त्त्वमेव दशमोऽसीति गणयित्त्वा प्रदर्शितः ।
अपरोक्षतया ज्ञात्त्वा हृष्यत्येव न रोदिति ।। २७ ।।

अन्वयः - गणयित्त्वा "त्वम् एव दशमः असि" इति प्रदर्शितः अपरोक्षतया ज्ञात्त्वा हृष्यति एव। न रोदिति ।।

व्याख्या :- अथ च जीवत्येव दशमो न मृतश्चेति चेत्स क्वास्ति कुतो वा न भातीत्येव प्रश्नेऽ-भानांशनिवर्तकं ह्यपरोक्षज्ञानं निरूपयति । स्वेन सङ्ख्यातैर्नवभिस्सहाप्तेन सङ्ख्यातं स्वमात्मानं दृष्ट्वा "दशमस्त्वमसी"त्येवमाप्तेन बोधितश्च विश्वस्या"हं दशमोऽस्मी"त्यात्मानमपरोक्षतया ज्ञात्त्वा नितरां हृष्यत्येव। अज्ञाननाशात्तत्त्वज्ञानोदयाच्च विक्षेपोऽपि नष्ट इति कृत्त्वा न रोदिति, सर्वात्मना सुखीभवतीति दिक् ।।

चिदाभासस्याज्ञानसप्तभूमिकानिरूपणम् -

अज्ञानावृतिविक्षेपद्विविधज्ञानतृप्तयः ।
शोकापगम इत्येते योजनीयाश्चिदात्मनि ।। २८ ।।

अन्वयः - अज्ञानावृतिविक्षेपद्विविधज्ञानतृप्तयः शोकापगमः इति एते चिदात्मनि योजनीयाः ।।

ही सद्गुरु के आप्तवचन को प्रमाण मानकर आत्मा का अस्तित्व स्वीकार कर लेना परोक्ष ज्ञान है । यद्यपि यह ज्ञान परोक्ष है तथापि 'आत्मा नहीं है' इस अज्ञान को यह परोक्ष ज्ञान नष्ट कर देता है ।

भ्रमयुक्त अज्ञान के अभानांश का निवर्तक अपरोक्ष ज्ञान है, इसका वर्णन करते हैं।

अर्थ - 'तुम ही दशम पुरुष हो' इस प्रकार गिनकर दिखा देने पर वह स्वयं को अपरोक्ष रूप से जानकर हर्षित ही होता है, रोता नहीं है ।।२७।।

व्याख्या - यदि दसवाँ पुरुष जीवित ही है, मरा नहीं है तो फिर वह कहाँ पर है और उसका भान क्यों नहीं हो रहा है ? इस प्रकार के प्रश्न होने पर अभानांश के निवर्तक अपरोक्ष ज्ञान का निरूपण करते हैं । दसवें पुरुष का परोक्ष ज्ञान होने पर वे मूर्ख रोना बन्द कर चुप हो जाते हैं और पूछते हैं कि दसवाँ पुरुष कहाँ है ? तुमने उसे कहाँ देखा ? क्या वह नदी के उस पार ही रह गया है ? राहगीर उन्हीं को गिनकर दिखा देता है और कहता है कि नौ व्यक्तियों को गिनने वाले दसवें पुरुष तुम्हीं हो । इस प्रकार आप्तपुरुष के द्वारा गिनकर दिखा देने पर वह दशम पुरुष स्वयं को दसवाँ पुरुष जानकर अर्थात् अपरोक्ष रूप से अनुभव कर अत्यन्त हर्षित हो जाता है और दशम की मृत्यु के कारण जो दुःख हुआ था, वह भी नष्ट हो जाता है । इसलिये उसके लिये वह शोक भी नहीं करता और रोता भी नहीं है । भाव यह है कि अज्ञान के नष्ट होने पर उसका कार्य विक्षेप भी नष्ट हो जाता है ।

अब चिदाभास की सात अवस्थाओं का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - अज्ञान, आवरण, विक्षेप, दो प्रकार का ज्ञान (परोक्ष और अपरोक्ष), शोकनिवृत्ति और तृप्ति इन सात अवस्थाओं की योजना चिदात्मा में कर लेनी चाहिये ।।२८।।

व्याख्या :- दशमदृष्टान्तेऽज्ञानाद्यवस्थासप्तकं यदुपदर्शितं तत्सर्वं दार्ष्टान्तिके प्रकृतेऽद्वितीयाखण्डात्मनि संयोज्य दिदर्शयिषुरवस्थासप्तकमनुक्रमते । अज्ञानिनि दशमे यथाज्ञानावस्थासप्तकमध्यस्तमेवं चिदाभासेऽज्ञानावृतिविक्षेपद्विविधज्ञानतृप्तयश्शोकापगमश्चेति सप्तभूमयोऽध्यस्ताश्चिदात्मनि योजनीया इति भावः। अत्र :- १) यथार्थज्ञानस्वरूपस्य ज्ञानाभाव एवाज्ञानम्। २) तदज्ञानकृतावृतिरेव मोहः। ३) तन्निमित्तस्तत्कार्यरूपो विक्षेपः। द्विविधं द्विप्रकारकं परोक्षमपरोक्षमिति ज्ञानम् । ४) आप्तवाक्यश्रवणमात्रजन्यं परोक्षज्ञानम् । ५) तद्वाक्यार्थानुभवरूपमपरोऽक्षज्ञानम् । ६) तदनुभवात्मकज्ञानफलं तृप्तिः। ७) तृप्त्यधिगमेन शोकापगमो दुःखनिवृत्तिरिति विविच्य सप्त जीवावस्था विज्ञेया इति शम् ।।

चिदात्मन्यज्ञानावस्थानिरूपणम् -

संसारासक्तचित्तस्संश्चिदाभासः कदाचन ।
स्वयंप्रकाशकूटस्थं स्वतत्त्वं नैव वेत्ययम् ।। २९ ।।

अन्वयः-अयं चिदाभासः संसारासक्तचित्तः सन् कदाचन स्वतत्त्वं स्वयम्प्रकाशकूटस्थं न एव वेत्ति।।

व्याख्या :- नाम्ना सङ्केतिताज्ञानावस्थासप्तकं विस्तरेण प्रतिपिपादयिषुश्चिदात्मनि प्रथमामज्ञानावस्थां दर्शयति । अयं चिदाभासस्स्वाभिलषितशब्दस्पर्शरूपरसगन्धादिविषयसम्पादनादिषु ध्यानासक्तमनास्सन्कदाचन गुरूपसत्तिपूर्वकमद्वैतात्मनि विचारात्प्रक्कदापि स्वतत्त्वं स्वात्मनो नैजं रूपं स्वयम्प्रकाशसदानन्दचिद्रूपं कूटस्थं प्रत्यगात्मानमखण्डमद्वितीयं नैव वेत्ति न जानातीति यत्तदज्ञानम् । सम्यक्सारोऽस्मिन्निति विपरीतलक्षणया व्युत्पत्त्या ''सर्वेषामानन्दानामुपस्थ एकायन''मिति च श्रुत्या

व्याख्या - दशम के दृष्टान्त में अज्ञानादि जो सात अवस्थाएँ दिखाई हैं, वे सभी दार्ष्टान्तिक में अर्थात् प्रकृत अद्वितीय अखण्ड चिदात्मा में भी हैं । इस बात को दर्शाने के लिये सातों का क्रम से वर्णन करते हैं । दशम दृष्टान्त में अज्ञानादि के समान चिदात्मा के विषय में भी अज्ञान, आवरण, विक्षेप, दो प्रकार का ज्ञान (परोक्ष और अपरोक्ष), तृप्ति और शोकनिवृत्ति का संयोजन कर लेना चाहिये । यथार्थस्वरूप के ज्ञान का अभाव ही अज्ञान है । उस अज्ञान के द्वारा जो आवृति होती है, उसे ही आवरण (मोह) कहते हैं । तन्निमित्तक तत्कार्यरूप को विक्षेप कहते हैं । आप्तपुरुष के वचनों से श्रवणमात्र जो ज्ञान होता है, वह परोक्ष ज्ञान है और वाक्य का अनुभवरूप से ज्ञान होना कि 'मैं ही दशम पुरुष हूँ' यह अपरोक्ष ज्ञान है । उस अनुभवात्मक ज्ञान का फल तृप्ति है । और निरंकुश तृप्ति प्राप्त हो जाने पर शोक का दूर हो जाना ही शोकनिवृत्ति है । इस प्रकार विभाग कर के इन सातों को चिदात्मा की अवस्थाएँ जानना चाहिये ।

चिदात्मा में प्रथम अज्ञानावस्था का प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ - यह चिदाभास संसार में आसक्तचित्त वाला होने के कारण ही स्वरूप को जो कि स्वयंप्रकाश कूटस्थ है, उसे कभी भी नहीं जानता है ।।२९।।

व्याख्या - पूर्व श्लोक में जिन सात अवस्थाओं का संकेतमात्र किया है, उनका विस्तार पूर्वक प्रतिपादन करने के लिये प्रथम अज्ञानावस्था को दिखाते हैं । यह चिदाभास (जीव) स्वाभिलषित शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्धादि विषयों के सम्पादन में अत्यन्त आसक्तियुक्त मन वाला होने के कारण स्वयं को नहीं जानता है । अर्थात् साधनचतुष्टय सम्पन्न होकर गुरुमुख से वेदान्तों का श्रवण-मनन-निदिध्यासन करने से पूर्व यह चिदाभास स्वयं के यथार्थ रूप को नहीं जानता है । उसका यथार्थरूप

स्त्रीपुंयोगजन्यक्षणिकसुखमात्रसाराभासवति विषयजाते द्वैतप्रपञ्चे संसारे समासक्तमनसा अज्ञा भवन्तीति भाव इति शम् ।।

अज्ञानभूमिकास्वावरणविक्षेपयोर्निरूपणम् -

न भाति नास्ति कूटस्थ इति वक्ति प्रसङ्गतः ।
कर्ता भोक्ताऽहमस्मीति विक्षेपं प्रतिपद्यते ॥ ३० ॥

अन्वयः - प्रसङ्गतः "कूटस्थः न अस्ति न भाति" इति वक्ति । "अहं कर्ता भोक्ता अस्मि" इति विक्षेपं प्रतिपद्यते ।।

व्याख्या :- क्रमादावरणद्वयमभानापादकमसत्त्वापादकञ्चेति प्रदर्शयति । प्रसङ्गतः कूटस्थचिदात्मकविषयप्रसङ्गे सञ्जातेऽज्ञानी "न भाति नास्ति कूटस्थ इति वक्ति । कूटस्थो न प्रकाशतेऽत एव च नास्तीत्यज्ञानकृतादावरणाद्यथार्थस्वरूपग्रहणासमर्थोऽज्ञः कूटस्थाभानं तथा सत्त्वञ्च मत्त्वा वदति । अनेन च पूर्वार्धेन द्विविधमप्यावरणमुपदर्शितम् । तथैवात्मनि कर्तृत्त्वादिकमप्यारोपयति। कर्ताहममुककर्मण्यधिकृतस्तथा भोक्ताहमनुष्ठितानामेषां कर्मणां फलोपभोक्तास्मीति च विक्षेपं प्रतिपद्यते सम्प्राप्नोति । एवं विक्षेपावरणशक्ती उभे निरूपिते इति दिक् ।।

परोक्षापरोक्षयोर्निरूपणम् -

अस्ति कूटस्थ इत्यादौ परोक्षं वेत्ति वार्तया ।
पश्चात्कूटस्थ एवास्मीत्येवं वेत्ति विचारतः ॥ ३१ ॥

कैसा है ? तो कहते हैं कि वह स्वयंप्रकाश है, कूटस्थ है । ऐसे अपने अद्वितीय अखण्ड आत्मस्वरूप को विषयासक्त चित्त वाला होने के कारण यह जीव कभी भी नहीं जानता है । यही चिदात्मा की प्रथम अज्ञानावस्था है ।

अब द्वितीय और तृतीय अवस्था का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - (चिदाभास) प्रसंग आने पर कहता है कि कूटस्थ भासित नहीं होता है और है भी नहीं। तथा मैं कर्ता-भोक्ता हूँ, इस प्रकार विक्षेप को प्राप्त होता है ।।३०।।

व्याख्या - प्रसंगवशात् जब कभी कूटस्थ चिदात्मा के विषय में बात चलती है, तब यह चिदाभास कहता है कि कूटस्थ भासित नहीं होता और भासित न होने के कारण उसका अस्तित्व भी नहीं है । श्लोक के पूर्वार्ध से जीव की आवरण रूप द्वितीय अवस्था का वर्णन किया है, जो दो प्रकार की है - एक अभानापादक और दूसरी असत्त्वापादक । कूटस्थ का भासित न होना अभानापादक आवरण है और 'कूटस्थ नहीं है' यह असत्त्वापादक आवरण है । इस प्रकार दोनों प्रकार के आवरण को पूर्वार्ध से बताकर उत्तरार्ध से विक्षेप नामक तृतीय अवस्था को दर्शाते हैं । यह चिदाभास कहता है कि मैं ही कर्मों का कर्ता और भोक्ता हूँ । इस प्रकार कर्तृत्व-भोक्तृत्व भाव को स्वयं में आरोपित कर कार्यात्मक विक्षेप को प्राप्त होता है । यह विक्षेप का स्वरूप है ।

अब परोक्ष और अपरोक्ष ज्ञान का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - (जीव) सर्वप्रथम वार्ता के द्वारा (शास्त्रोक्त गुरुवचनों से) 'कूटस्थ है' इस प्रकार परोक्षरूप

अन्वयः - आदौ वार्तया "कूटस्थः अस्मि" इति परोक्षं वेत्ति । पश्चात् विचारतः कूटस्थः एव अस्मि इति एवं वेत्ति ।।

व्याख्या :- असत्त्वापादकाज्ञानापनोदकमस्तीति परोक्षज्ञानमभानापादकमनुभूतितोऽपरोऽक्षज्ञानं चात्र क्रमान्निरूप्यते । कृपालुना गुरुणा प्रबोधित"स्सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म" "अस्ति ब्रह्मेति चेद्वेद । सन्तमेनं ततो विदुरिति"इत्यादिश्रुतीनां वाक्यार्थविचारेण कूटस्थोऽस्तीत्येवं वार्तया कूटस्थास्तितामात्रं वेत्ति जानातीत्येतत्परोऽक्षज्ञानम् । ततोऽधिकारसम्पत्त्या सुविहितश्रौत-महावाक्यार्थविचारस्य मननिदिध्यासने अप्यनुष्ठाय संशयविपरीतभावे च दूरीकृत्य श्रीगुरुमुखार-विन्दनिर्गलितमहावक्यार्थामृतनिषेवणेन "कूटस्थ एवाहमस्मी"ति पश्चाद्विचारोत्तरमपरोऽक्षतया वेत्ति विचारतः । अनेन परोऽक्षापरोऽक्षज्ञाने विवृते इति शम् ।।

स्वात्मानमपरोऽक्षतयानुभवतो दुःखनिवृत्तिरानन्दानुभवश्चेति फलनिरूपणम् -

कर्ता भोक्तेत्येवमादिशोकजातं प्रमुञ्चति ।
कृतङ्कृत्यं प्रापणीयं प्राप्तमित्येव तुष्यति ।। ३२ ।।

अन्वयः - कर्ता भोक्ता इत्येवमादिशोकजातं प्रमुञ्चति । कृत्यं कृतं प्रापणीयं प्राप्तम् इति एव तुष्यति।।

व्याख्या :- ब्रह्मविद"स्तरतिशोकमात्मवि"दिति श्रुत्या दुःखात्यन्ताभावः प्रसिद्ध्यति । तथा तस्यैव च "ब्रह्मविदाप्नोति परमि"ति श्रुत्या च निरतिशयानन्दाविर्भावश्च सञ्जायत इति निखिलशोका-

---

से (स्वयं को) जानता है और बाद में विचार से 'मैं ही कूटस्थ हूँ' इस प्रकार (अपरोक्षरूप से स्वयं को) जानता है ।।३१।।

व्याख्या - असत्वापादक आवरण की निवृत्ति परोक्ष ज्ञान से होती है और अभानापादक आवरण की निवृत्ति अपरोक्ष ज्ञान से होती है, इसलिये द्विविध ज्ञान का वर्णन करते हैं । कृपालु श्रोत्रिय-ब्रह्मनिष्ठ सद्गुरु के द्वारा ***"सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म" "अस्ति ब्रह्मेति चेद्वेद सन्तमेनं ततोः विदुः"*** (तै.उ. २/६) इत्यादि श्रुति वाक्यों के द्वारा जब बोध कराया जाता है, तब यह जीव यह बात जान लेता है कि 'कूटस्थ ब्रह्म अवश्य ही है' किन्तु इस समय वह कूटस्थ ब्रह्म को केवल शब्दरूप से ही जानता है, इसलिये इसे परोक्ष ज्ञान कहते हैं । और उसके बाद साधनचतुष्टय सम्पन्न वह अधिकारी पुरुष गुरु के मुखारविन्द से स्रवित अमृत की धारा के समान महावाक्यों का मनन और निदिध्यासनादि करता है, जिससे कि प्रमेयगत संशय और विपरीतभावना नष्ट हो जाती है और फलस्वरूप वह 'मैं ही कूटस्थ ब्रह्म हूँ' इस प्रकार स्वयं के यथार्थ रूप को जान लेता है, यही अपरोक्ष ज्ञान है ।

अब शोकनिवृत्ति और तृप्ति नामक अवस्थाओं का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - (अपरोक्ष ज्ञान होने पर) वह शोक उत्पन्न करने वाले कर्तृत्व और भोक्तृत्व भाव का त्याग कर देता है । और जो कुछ करना था वह कर लिया, जो कुछ प्राप्त करना था, वह प्राप्त कर लिया । ऐसा समझकर सन्तुष्ट हो जाता है ।।३२।।

व्याख्या - ***"तरति शोकमात्मवित्"*** (छा.उ.) इस श्रुतिवचन से ब्रह्मज्ञानी में निरतिशय आनन्द का आविर्भाव होना अर्थात् समस्त शोकों के अत्यन्ताभावोपलक्षित नित्य निरतिशय सुखात्मस्वरूप की

त्यन्ताभावोपलक्षितनित्यनिरतिशयसुखात्मस्वरूपानुभूतिरेव संसिध्यतीत्याह । कूटस्थोऽहमिति सद्गुरुशास्त्रवाक्यादिनाविपर्यस्तासन्दिग्धज्ञाने सञ्जातेऽसङ्गात्मज्ञानलाभेन कर्ताहं भोक्ताहमिति ज्ञाननाशात्तत्कृतशोकजातं समूलं प्रमुञ्चति सन्त्यजतीति यत्सोऽयं शोकापगमः । सर्वस्यापि दुःखस्य निवृत्तौ कृत्यं यन्मम कर्तव्यजातं तत्सर्वं कृतं सुनिष्पादितमेवेति हृष्टो भवति । यन्मया बहुभिः प्रकारैरनेकविधायासैश्च यत्प्रापणीयं फलसमुदायं तत्सर्वात्मना निरतिशयसुखं प्राप्तं समुपलब्धमिति नितरां तुष्यति च । येयं सन्तुष्टिस्सैव तृप्तिरित्यभिधीयते । अत्राज्ञानावस्थासप्तकस्योद्देशक्रमस्तु पूर्वमुदाहृतो "अज्ञानावृतिविक्षेपद्विविधज्ञानतृप्तयः । शोकापगम इत्येते योजनीयाश्चिदात्मनी"ति । सत्यात्मानात्मविवेके स्वस्वरूपं सम्यगवभासत इति स्वरूपभानस्य विवेकाधीनता, तथा तेनेव विवेकेन च भोक्तृत्त्वादेर्निरास एवं स्वरूपज्ञानेन कृतकृत्यतेति च बोद्धव्यमिति शम् ।।

जीवाज्ञानावस्थाभूमिकासप्तकोपसंहरणम् –

अज्ञानमावृतिस्तद्वद्विक्षेपश्च परोऽक्षधीः ।
अपरोक्षमतिश्शोकमोक्षस्तृप्तिर्निरङ्कुशा ।। ३३ ।।

अन्वयः–अज्ञानम् आवृतिः तद्वत् विक्षेपः च परोक्षधीः अपरोक्षमतिः शोकमोक्षः निरङ्कुशा तृप्तिः।।

व्याख्या :– विशेषान्तरविधित्सया पुनरनुवदति । अज्ञानमावृतिरावरणं तद्वद्विक्षेपः परोक्षधीः परोक्षज्ञानमपरोऽक्षमतिरपरोक्षज्ञानं शोकमोक्षश्शोकस्य सर्वविधस्यापि मोक्षऽपगमो निरङ्कुशा तृप्तिः कूटस्थात्मैक्यज्ञानस्याद्वितीयत्त्वात्तज्जन्यतृप्तेरपि निरङ्कुशत्त्वमिति भाव इति दिक् ।।

अनुभूति होना कहा गया है । सद्गुरु और शास्त्रवचनों से जब यह जीव जान लेता है कि 'मैं कूटस्थ ही हूँ' तब सन्दिग्ध ज्ञान और विपरीतभावना के नष्ट हो जाने पर असंग आत्मस्वरूप की उपलब्धि होती है, जिससे कि वह कर्तृत्व और भोक्तृत्व भाव का त्याग कर देता है और तज्जन्य शोक का भी त्याग कर देता है, यही उसकी शोकनिवृत्ति नामक अवस्था है । जब शोक की पूर्णरूप से निवृत्ति हो जाती है और आनन्द का अविर्भाव होता है तब वह विचार करता है कि मुझे जो कुछ भी करना था, वह सब मैंने कर लिया, अब मेरा कोई कर्तव्य अवशिष्ट नहीं है । मुझे जो कुछ भी प्राप्त करना था, मैंने वह सब प्राप्त कर लिया, अब मेरे लिये कोई भी पदार्थ प्रातव्य नहीं है । ऐसा समझकर वह संतुष्ट हो जाता है । यही सन्तुष्टि तृप्ति शब्दवाच्या है । जो इस जीव की सातवी अन्तिम अवस्था है ।

कर लिया करना था जो, अब शेष कुछ बाकी नहीं ।
पा लिया पाना था जो, अब शेष कुछ बाकी नहीं ।

अज्ञान, आवरणादि जीव की जो सात अवस्थाएँ श्लोक २८ में बतायी हैं, उसका उद्देश्यक्रम व्यत्यय का आशय यह है कि विवेक होने पर आत्मस्वरूप का भान होना विवेक के अधीन है । विवेक के द्वारा ही कर्तृत्व–भोक्तृत्वादि का निरास होता है और स्वरूप ज्ञान से ही कृतकृत्यता प्राप्त होती है ।

अब जीव की अज्ञानादि सात अवस्थाओं का उपसंहार करते हैं ।

अर्थ – अज्ञान, आवरण, उसी प्रकार विक्षेप, परोक्षज्ञान, अपरोक्षज्ञान, शोकनिवृत्ति और निरंकुश तृप्ति ये सात अवस्थाएँ चिदाभास की हैं । उनमें बन्ध और मोक्ष दोनों स्थित हैं । उनमें प्रथम तीन अवस्थाएँ

सप्तावस्था इमाश्चिदाभासस्यैव न कूटस्थस्येति विवेचनम् -

सप्तावस्था इमास्सन्ति चिदाभासस्य तास्विमौ ।
बन्धमोक्षौ स्थितौ तत्र तिस्त्रो बन्धकृतास्स्मृताः ॥ ३४ ॥

अन्वयः - इमाः सप्त अवस्थाः चिदाभासस्य सन्ति । तासु इमौ बन्धमोक्षौ स्थितौ । तत्र तिस्रः बन्धकृतः स्मृताः ।।

व्याख्या :- यं विशेषमभिधित्सुः प्रागन्ववादीत्तं विशदयति । इमास्सप्ताप्यज्ञानभूमिका न चिदात्मनः कूटस्थस्य किन्तु चिदाभासस्यैवेति कथनेन कूटस्थस्यात्मनो निर्धर्मकत्त्वमुक्तं भवति । असति बाधके सर्वं वाक्यं सावधारणमिति न्यायेनेमास्सप्तावस्थाश्चिदाभासस्यैवेत्यवधारणमप्यवगम्यते कूटस्थस्यासङ्गचिद्रूपत्त्वात् । सप्तानामवस्थानामत्रोपन्यासो बन्धमोक्षकारित्त्वप्रस्फूर्तिफलक एव। तासु च कासां बन्धकता कासां वा मोक्षकारितेत्यत्रोच्यते । तासु तिस्रोऽज्ञानावरणविक्षेपलक्षणा बन्धकृतास्स्मृताः । द्वौ बन्धमोक्षावेतौ कार्यरूपौ । मोक्षकृताश्चावशिष्टाः परोक्षापरोक्षज्ञानशोकापगम-निरङ्कुशतृप्तय इति शम् ।।

अज्ञानस्वरूपनिरूपणम् -

न जानामीत्युदासीनव्यवहारस्य कारणम् ।
विचारप्रागभावेन युक्तमज्ञानमीरितम् ॥ ३५ ॥

अन्वयः - विचारप्रागभावेन युक्तम् उदासीनव्यवहारस्य कारणं "न जानामि" इति अज्ञानम् ईरितम् ।।

बन्धनकारी मानी गयी हैं । (शेष चार अवस्थायें मुक्ति की हैं) ।।३३-३४।।

व्याख्या - पूर्वश्लोकों में प्रदर्शित क्रम उचित ही है, इस बात को स्पष्ट करने के लिये उनका क्रमपूर्वक उपसंहार करते हुए आचार्य कहते हैं कि अज्ञान, आवृति (आवरण), विक्षेप, परोक्षज्ञान, अपरोक्षज्ञान, शोकनिवृत्ति और निरंकुशतृप्ति ये सात अवस्थाएँ चिदाभास की ही हैं, कूटस्थचैतन्य की नहीं । इस कथन से कूटस्थचैतन्य का निधर्मकत्व भी कहा गया है । ***"असति बाधके सर्वं वाक्यं सावधारणम्"*** इस न्याय के अनुसार इन सातों अवस्थाओं का वर्णन बन्ध और मोक्षकारित्व फल प्रदर्शित करने के लिये ही है । सात अवस्थाओं में से कौन-सी बन्धनकारी है और कौन मोक्षकारी है? ऐसी आकांक्षा होने पर कहते हैं कि बन्ध और मोक्ष दोनों उन्हीं सात अवस्थाओं में स्थित हैं और उनमें से प्रथम तीन अवस्थाएँ (अज्ञान, आवरण और विक्षेप) बन्धनकारी हैं और परोक्षज्ञान, अपरोक्ष ज्ञान, शोकनिवृत्ति और निरंकुशतृप्ति रूप शेष चार अवस्थाएँ मुक्ति की हैं ।

अज्ञानादि के बन्धकारणत्व का विचार प्रारम्भ करते हुए सर्वप्रथम अज्ञान के स्वरूप का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - आत्मतत्त्वविचार के प्रागभाव से युक्त, उदासीन व्यवहार के कारण 'मैं कूटस्थ को नहीं जानता हूँ' इस अनुभव के विषय को अज्ञान कहा जाता है ।।३५।।

व्याख्या - अज्ञान, आवरण और विक्षेप नामक प्रथम तीन अवस्थाओं के बन्धकारणत्व का

व्याख्या :- अज्ञानावरणविक्षेपाणां तिसृणां बन्धकृत्त्वनिरूपणाय तासां स्वरूपं कार्यमुखेन विशदीचिकीर्षुरादावज्ञानलक्षणं सङ्गृह्णाति । विचारप्रागभावेन विचारस्य प्रत्यगात्मविचारस्य यः प्रागभावस्तेन युक्तं सहितमात्मतत्त्वविचारप्राक्कालावच्छिन्नमुदासीनव्यवहारस्य कारणं यन्न जानामीत्यनुभूयमानं तदज्ञानमीरितम् । आत्मतत्त्वविषयकवेदान्तवाक्यश्रवणमननाद्यर्थविचारप्रागभावावच्छिन्नौदासीनव्यवहारासाधारणकारणं न जानामीत्यनुभूयमानमज्ञानमिति तदर्थः । "मम देहो मम प्राणो मम चित्तं च धीर्मम । सुखं ममेति यो वेत्ति स कस्त्वमिह नोत्तर"मिति पञ्चकोशा देहादयो यस्य तस्य मम ममत्त्वेन भास्यतया प्रत्यक्षस्सोऽहं क इति नैव जानामि । तथा जगज्जन्माद्यभिन्ननिमित्तोपादानतया "यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते । येन जातानि जीवन्ति । यत्प्रयत्यभिसंविशन्ती"ति श्रुत्यादिना परोक्षतया प्रतिपादितमपि ब्रह्माहमित्यपरोक्षतया न विजानामीत्याद्युदासीनव्यवहारलक्षणकार्यलिङ्गकानुमानगम्यं विचारायोग्यादिभावरूपं वस्त्वेवाज्ञानमिति फलति । तस्मात्स्वप्रकाशानन्तसन्मात्रैकाश्रयविषयकत्त्वे सति तादृगप्रतिबद्धापरोऽक्षज्ञानमात्राबाध्यानादिभावत्त्वज्ञानत्त्वमिति पर्यवसितं ह्यज्ञानलक्षणम् । साम्प्रतं लक्षणगतदलानां सार्थक्यवर्णनाय किञ्चित्प्रयस्यतेम। बाध्यभावत्त्वमज्ञानत्त्वमित्येतावन्मात्रोक्तौ रज्जुसर्पाद्यज्ञानकार्येष्वतिव्याप्तिरित्यतस्तद्व्यावृत्तये सत्यन्तमुपात्तम् । एवं भावत्त्वेऽनादिविशेषणं च सुषुप्त्याद्यवस्थाऽज्ञानघटादिविषयकपल्लवाज्ञानव्यावृत्तय इति ध्येयम् । बाध्यानादिभावत्त्वज्ञानत्त्वमित्यत्र बाध्यपदस्थाने यदि ध्वंसस्येति पदं निवेश्येत तदा जीवन्मुक्तिपक्षे शुकाद्यज्ञानेऽपि चाव्याप्तिरित्यतो बाध्येति पदं सार्थकम् । तथैवानादिभावत्त्वमित्यत्र भावपदाभावेऽपि निरुक्तज्ञानप्रागभावेऽप्यतिव्याप्तिरिति तद्वारणाय भावपदमेव निवेशितमिति मन्तव्यम् । अस्मादेव कारणाज्ज्ञानप्रागभाव एवाज्ञानमिति मन्वानास्तार्किकादयः परास्ता इति ज्ञेयाः । तथैव चापरोऽक्षज्ञानमात्रबाध्यत्त्वमित्यत्र मात्रच्प्रत्ययबलेन योगभक्तिकर्मोपासनान्यतमसमुच्चयवादास्सर्वेऽपि निरस्ता वेदितव्याः । एवमेवापरोक्षपदकृत्यमपि परोक्षबोधबाध्यासदावरणवारणमिति ज्ञेयम् । एवं तादृगप्रतिबद्धापरोऽक्षपदकृत्यमपि परोक्षेत्यत्राप्रतिबद्धपदसार्थक्यमपि भूतभाविवर्तमानाद्यन्यतम-

---

निरूपण करने के लिये उनके स्वरूप को कार्यरूप से विशद करने की इच्छा से सर्वप्रथम अज्ञान के लक्षण का प्रतिपादन करते हैं । आत्मतत्त्व के विचार का जो प्रागभाव है उससे युक्त अर्थात् तत्त्वविचार के प्रागभाव कालिक उदासीन व्यवहार का कारण मैं कूटस्थ चैतन्य को नहीं जानता हूँ, इस प्रकार का जो अनुभव होता है, उसे अज्ञान कहा गया है । अर्थात् आत्मतत्त्व विषयक वेदान्त वाक्यों के श्रवण, मनन आदि अर्थ विचार के प्रागभाव युक्त उदासीन व्यवहार का जो असारधारण कारण है कि मैं कूटस्थ को नहीं जानता हूँ, यही अज्ञान कहा गया है । भाव यह है कि -

मम देहो मम प्राणो मम चित्तं च धीर्मम ।
सुखं ममेति यो वेत्ति स कस्त्वमिह नोत्तरम् ।।

मेरा देह, मेरे प्राण, मेरा चित्त, मेरी बुद्धि, और मेरा सुख इस प्रकार जो जानता है, वह सबको जानने वाला तू कौन है ? इसका कोई उत्तर नहीं है । इस प्रकार अन्नमयादि पंचकोश और स्थूलशरीरादि जिसके हैं ऐसे मुझको वे ममत्व रूप से प्रत्यक्ष रूप से भासमान हैं किन्तु मैं कौन हूँ ? यह बात मैं नहीं जानता

प्रतिबन्धवदज्ञानेऽप्यव्याप्तिस्संभाव्यत इति तन्निरसनमेव । तादृगप्रतिबद्धेत्यत्राप्रतिबद्धस्य तादृगिति विशेषणं घटादिप्रमापनोद्यपल्लवाज्ञानेऽतिव्याप्तिदूरीकरणायोपात्तमिति वेदितव्यम् । एवमेव स्वप्रकाशानन्तेत्यादिपूर्वदले स्वप्रकाशेत्यस्य फलं तत्पदलक्ष्यब्रह्मणः पारोक्ष्यनिरसनमेवेति ज्ञातव्यम् । स्वप्रकाशानन्तसन्मात्रैकाश्रयेत्यत्रानन्तपदप्रयोजनमपि त्वंपदलक्ष्यास्यात्मनस्सद्वयत्त्वव्यावृत्तिरेवेति विज्ञेयम् । तथैवानन्तसन्मात्रैकाश्रयेत्यत्र सत्पदकृत्यमपीदमेव यद्बौद्धप्राभाकरादिसम्मतसंविद्विनिवारणमेवेति मन्तव्यम्। तथानन्तसन्मात्रैकाश्रयेत्यत्रैकपदस्यपि कृत्यमनन्तपदे वस्तुपरिच्छेदाख्यान्योऽन्याभावरूपभेदाभावस्यापि विवक्षणमेवेत्याकलनीयम् । सन्मात्रैकाश्रयविषयकत्त्वमित्यत्राश्रयपदप्रयोजनमपि तत्त्वंपदलक्ष्ययोरभेद एवेत्यादिसुधीभिर्विभावनीयमिति सर्वमनवद्यम् ।।

आवरणस्वरूपकार्ययोर्निरूपणम् –

अमार्गेण विचार्याथ नास्ति नो भाति चेत्यसौ ।
विपरीतव्यवहृतिरावृतेः कार्यमिष्यते ।। ३६ ।।

अन्वयः – अमार्गेण विचार्य अथ "असौ न अस्ति न भाति च" इति विपरीतव्यवहृतिः आवृतेः कार्यम् इष्यते ।।

व्याख्या :– आवरणस्यापि विषयात्मनिष्ठत्त्वेन क्रमशोऽज्ञानासत्त्वापादनरूपत्त्वाद्विविधमप्युदाहरति। अमार्गो नाम वेदान्तशास्त्रोपसन्दर्शितात्मविचारादन्यो विरुद्धो मार्गः। "तं त्त्वौपनिषदं पुरुषं पृच्छामि" "नावेदविन्मनुते तं बृहन्त"मित्याद्यन्वयव्यतिरेकश्रुतिविहित उपनिषद्विरात्मविचारः। किञ्च "नैषा तर्केण मतिरापनेये"त्यादिवाक्यैर्निषिद्धश्चावैदिकभेदवादिशङ्काविचारः। अतो मानुषबुद्ध्यतीतमिति चाध्यवस्यति। भवतु चैवममार्गेण कृतेऽपि विचारे भेदवादिनां पण्डितानामपि यदा प्रत्यगभिन्नब्रह्मात्मैक्याविषयकसत्ता–

हूँ और *"यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते । येन जातानि जीवन्ति यत्प्रयन्त्यभिसंविशन्ति"* इत्यादि श्रुतियों के द्वारा जगत् का अभिन्न निमित्तोपादान कारण परोक्ष रूप से प्रतिपादित होने पर भी 'वह ब्रह्म मैं ही हूँ' इस प्रकार अपरोक्ष रूप से नहीं जानता है । इस प्रकार उदासीन व्यवहार का लक्षण रूप जो कार्य है, वह विचार का अभाव रूप (ज्ञान न होना) ही अज्ञान है ।

अब आवृति (आवरण) के स्वरूप और कार्य का वर्णन करते हैं ।

अर्थ – कुतर्क रूप मार्ग से विचार कर अनन्तर 'कूटस्थ नहीं है और भासित भी नहीं होता है' ऐसा विपरीत व्यवहार (कथन) करना ही आवरण का कार्य कहा जाता है ।।३६।।

व्याख्या – वेदान्त शास्त्रों के द्वारा प्रदर्शित आत्मविचार से अन्य जो विरुद्ध मार्ग हैं, उन्हें अमार्ग कहा गया है *"तं त्वौपनिषदं पुरुषं पृच्छामि" "नावेदविन्मनुते तं बृहन्तम्"* इत्यादि अन्वय और व्यतिरेक श्रुति से प्रतिपादित उपनिषदों के द्वारा ही आत्मविचार करना चाहिये *"नैषा तर्केण मतिरापनेया"* (कठो. १/२९) इत्यादि श्रुतियों के द्वारा अवैदिक भेदवादियों द्वारा प्रतिपादित विचार का निषेध किया गया है अतः जो विषय मनुष्यों की बुद्धि से अतीत है, उसके प्रति केवल बुद्धि की सहायता से विचार कर उसी मार्ग से थोड़ा बहुत जानकर "कूटस्थ भासित नहीं होता है और (भासित न होने के कारण) उसका अस्तित्व ही नहीं है" इस प्रकार का विपरीत व्यवहार करना ही आवरण का कार्य

भानाभावानुभवलक्षणावरणरूपा ह्यावृतिस्तदेतरजीवानामसौ क्वेति कैमुतिकन्यायेन सिद्धैवावृतिरथाप्यधस्तादज्ञानलक्षणोपपादनावसरे यथोदासीनव्यवहार एवाहं ब्रह्मापरोक्षतया तथात्मानमप्यद्वैतत्त्वेन च नैव जानामीत्येवं रूपस्तत्कार्यं च तत्र प्रतिपादितस्तद्वदुक्तलक्षणावृतेरपि कार्यं किमति कथनीयमित्यत्र वदति । विपरीतव्यवहृतेर्विपरीता वस्तुस्थितेर्विरुद्धा या व्यवहृतिर्व्यवहारस्साज्ञानकृताया आवृतेः कार्यमिष्यते । वेदान्तमार्गादन्यमार्गेण भेदवादिशास्त्रादिना विचार्यानन्तरं ब्रह्मात्मैक्यं नास्ति नो भाति चेत्यसौ विपरीतव्यवहृतिरेव सन्मात्रस्वप्रकाशाद्वैतात्मविषयकस्फुरणाभिवदनादिरीतिरेवावृतेरुक्तलक्षणावरणावस्थाया कार्यमिति दिक् ।।

विक्षेपस्वरूपकार्ययोर्निरूपणम् –

देहद्वयचिदाभासरूपो विक्षेप ईरितः ।
कर्तृत्त्वाद्यखिलश्शोकस्संसाराख्योऽस्य बन्धकः ।। ३७ ।।

अन्वयः – देहद्वयचिदाभासरूपः विज्ञेयः ईरितः । बन्धकः संसाराख्यः कर्तृत्त्वाद्यखिलः शोकः अस्य ।।

व्याख्या :– उद्देशक्रमप्राप्तस्य विक्षेपस्य स्वरूपं तत्कार्यं च दर्शयति । देहद्वयचिदाभासरूपस्स्थूलसूक्ष्मशरीरद्वयसहितश्चिदाभासस्स्थूलदेहोऽन्नमयः प्रत्यक्षः । श्रोत्रादिज्ञानेन्द्रियपञ्चकं पञ्च प्राणाः मनोबुद्धिश्चेति सप्तदशकलात्मकस्सूक्ष्मो देहश्च प्रसिद्धः तदुभययुक्तो यश्चिदाभासो बुद्धौ प्रतिबिम्बितात्मचैतन्यावभासः । स विक्षेपः इतीरितः । सम्प्रति तत्कार्यमप्याह । कर्तृत्त्वाद्यखिलः कर्तृत्त्वभोक्तृत्वप्रमातृत्वादिस्संसाराख्योऽखिलस्सम्पूर्णश्शोकोऽस्य निरुक्तविक्षेपलक्षणचिदाभासस्य जीवस्य कार्यमपि बन्धको बन्धहेतुः कोशकारकृमिवत् । कर्तृत्त्वाद्यखिलस्संसारो देहद्वयोपाधिकस्य जीवस्यैव कार्यमिति भाव इति दिक् ।।

कहा गया है । भाव यह है कि वेदान्तमार्ग से भिन्न भेदवादियों के शास्त्रों के द्वारा विचार करने के बाद "ब्रह्म और आत्मा की एकता नहीं है और वह अनुभूत भी नहीं है" इस प्रकार का विपरीत कथन करना ही आवरण का कार्य कहा गया है ।

अब विक्षेप का स्वरूप और कार्य दर्शाते हैं ।

अर्थ – (स्थूल–सूक्ष्म) दोनों शरीर और चिदाभास विक्षेप कहलाते हैं । बन्धन का हेतु संसार नामक कर्तृत्वादि समस्त शोक इस चिदाभास का कार्य है ।।३७।।

व्याख्या – अन्नमयकोश रूप से प्रत्यक्ष होने वाला स्थूल देह है और पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच कर्मेन्द्रियाँ, पाँच प्राण, मन और बुद्धि इन सप्तदश पदार्थों से युक्त को सूक्ष्मशरीर कहते हैं । ये दोनों (स्थूल–सूक्ष्म) शरीर और चिदाभास को विक्षेप कहा गया है । संसारनामक कर्तृत्वादि (आदि शब्द से भोक्तृत्व, प्रमातृत्व आदि का ग्रहण होता है) समस्त शोक इस चिदाभास का कार्य है, जो कि इसके बन्धन का कारण है । भाव यह है कि कर्तृत्वादि सम्पूर्ण संसार देहद्वयोपाधिक–जीव का कार्य है ।

अज्ञानावृती चिदाभासस्यैव नात्मन इति निरूपणम् -

अज्ञानमावृतिश्चैते विक्षेपात्प्राक्प्रसिद्ध्यतः ।
यद्यप्यथाप्यवस्थे ते विक्षेपस्यैव नात्मनः ॥ ३८ ॥

अन्वयः - यद्यपि अज्ञानम् आवृतिः च एते विक्षेपात् प्राक् प्रसिद्ध्यतः । अथापि ते अवस्थे विक्षेपस्य एव आत्मनः न ।।

व्याख्या :- चिदाभासस्याज्ञानावच्छिन्नात्मचैतन्यजन्याकाशाद्यपञ्चीकृतपञ्चमहाभूतसत्त्वांशकार्यबुद्धि-प्रतिबिम्बितत्त्वेनाज्ञानावरणयोः कथं तदवस्थात्त्वं "सप्तावस्था इमास्सन्ति चिदाभसस्ये"त्युक्तं कथं सङ्गच्छत इत्याक्षेपे समाधानमुच्यते । यद्यपि विचार्यमाणेऽज्ञानमावृतिश्चैते विक्षेपात्प्रागेव प्रसिद्ध्यतः प्रकृतेरेकदेशत्त्वात् । अथापि ते अवस्थे नात्मनो नात्मनोऽवस्थात्त्वं भजेते तस्य च चिदात्मनोऽसङ्गत्त्वे-नावस्थावत्त्वानुपपत्तेः । अतः पारिशेष्यात्ते विक्षेपस्यैव चिदाभासस्येव तस्याप्यज्ञानकल्पितत्त्वा-द्विक्षेपशब्दभात्त्वमिति शम् ।।

चिदाभासस्याज्ञानावरणावस्थावत्त्वेऽविरोधप्रदर्शनम् -

विक्षेपोत्पत्तितः पूर्वमपि विक्षेपसंस्कृतिः ।
अस्त्येव तदवस्थात्त्वमविरुद्धन्ततस्तयोः ॥ ३९ ॥

अन्वयः - विक्षेपोत्पत्तितः पूर्वम् अपि विक्षेपसंस्कृतिः । ततः तयोः तदवस्थात्त्वम् अविरुद्धम् अस्ति एव ।।

अज्ञान और आवृति चिदाभास के ही हैं, आत्मा के नहीं, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - यद्यपि अज्ञान और आवरण ये दोनों अवस्थाएँ विक्षेप से पहले सिद्ध (विद्यमान) ही हैं तथापि वे दोनों अवस्थाएँ विक्षेप (जीव) की ही हैं, आत्मा की नहीं हैं ।।३८।।

व्याख्या - 'अज्ञानादि सात अवस्थाएँ चिदाभास की हैं' ऐसा जो आपने कहा है, वह उचित नहीं है क्योंकि आत्मा के अज्ञान और आवरण होने पर ही जीवभाव की उत्पत्ति होती है । इससे यह ज्ञात होता है कि जीवभाव उत्पन्न होने से पूर्व की अज्ञान और आवरण नामक अवस्थाएँ आत्मा की ही हैं । क्योंकि जीवभाव उत्पन्न होने से पूर्व आत्मा ही विद्यमान है । ऐसी शंका होने पर उसका निवारण करते हुए आचार्य कहते हैं कि अज्ञान और आवरण की अवस्थाओं में यद्यपि जीवभाव नहीं था, तो भी वे दोनों अवस्थाएँ आत्मा की नहीं हो सकती क्योंकि आत्मा तो असंग और स्वयंप्रकाश है तथा नित्य मुक्त ही है । इसलिये अज्ञान और आवरण नामक दोनों अवस्थाएँ जीव की ही माननी चाहिये । चिदाभास अज्ञान कल्पित होने के कारण उसे विक्षेप शब्द से कहा जाता है ।

अज्ञान और आवरण को चिदाभास की अवस्था मानने पर कोई विरोध नहीं है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - विक्षेप की उत्पत्ति से पूर्व भी विक्षेप का संस्कार तो है ही, इसलिये उन दोनों (अज्ञान-आवरण) को चिदाभास की अवस्था मानने में कोई विरोध नहीं है ।।३९।।

व्याख्या - अज्ञान और आवरण ये दोनों अवस्थाएँ विक्षेप (चिदाभास) के पूर्व ही जब विद्यमान

व्याख्या :- अवस्थावतो विक्षेपस्य स्वोत्पत्तेः प्रागेव विद्यमानयोरज्ञानावृत्योस्तस्यापादानमसङ्गत-मेवेत्याशङ्कायामाह । विक्षेपसंस्कृतिर्विक्षेपस्य संस्कारो विक्षेपोत्पत्तितः पूर्वमप्यस्त्येव । ततः कारणात्तयोस्तदवस्थात्त्ववर्णनमविरुद्धमवस्थातः पूर्वमवस्थोत्पत्तिरिति न ह्यत्र किञ्चिच्चोद्यम् । यतस्तत्र तदङ्कुरस्य विद्यमानमभिलक्ष्यते । अतो न विरोधः । अनेनैव "कार्योपाधिरयं जीवः कारणोपाधिरीश्वरः" "अजो ह्येको जुषमाणोऽनुशेते" इत्यादिश्रुतिभिर्जीवस्य जन्यत्त्वाजन्यत्त्ववादयोर्विरोधोऽपि प्रत्युक्त एव । तत्र ह्याद्या श्रुतिर्जीवोपाधिभूताया बुद्धेः कार्यत्त्वाभिप्रायिका । द्वितीया च तत्संस्कृतेरतिसूक्ष्माया मूलाविद्यानिष्ठाया बीजाङ्कुरन्यायेन प्रवाहानादित्त्वाभिप्रायेति तयोर्भिन्नविषयत्त्वेन न विरोधगन्धः । एवमेव स्मृतीतिहासपुराणादिग्रन्थेष्वपि जीवजन्यत्त्ववादा व्याख्येया इति शम् ।।

सर्वारोपाधिष्ठानं ब्रह्मैवेति निरूपणम् -

ब्रह्मण्यारोपितत्त्वेन ब्रह्मावस्थे इमे इति ।
न शङ्कनीयं सर्वासां ब्रह्मण्येवाधिरोपणात् ॥ ४० ॥

अन्वयः - "ब्रह्मणि आरोपितत्त्वेन इमे ब्रह्मावस्थे" इति न शङ्कनीयम् । सर्वासां ब्रह्मणि एव अधिरोपणात् ।।

व्याख्या :- अवस्थावतश्चिदाभासस्योत्पत्तेः पूर्वमेव तदवस्थासंस्कारस्य सत्त्वाभ्युपगमेव गौरवापत्त्या चिदाभासाधिष्ठानस्याखिलजनप्रसिद्धस्य कूटस्थस्यैते अवस्थे इत्येव कल्प्यताम् । असङ्गस्यापि

है तब उनका प्रतिपादन करना युक्त नहीं है अर्थात् तृतीय अवस्थारूप विक्षेप की उत्पत्ति प्रथम दो अवस्थाओं के बाद ही हुई है तो फिर विक्षेप अपनी उत्पत्ति के पूर्व की अवस्थाओं का स्वयं में आरोप कैसे करता है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि यद्यपि आपकी बात सही है, तथापि विक्षेप की उत्पत्ति से पूर्व भी विक्षेप का संस्कार तो है ही, अतः सूक्ष्मरूप से विद्यमान होने के कारण विक्षेप की सत्ता का पूर्ण रूप से अभाव नहीं कह सकते । अंकुर रूप से विक्षेप की सत्ता अज्ञान और आवरण के पूर्व भी है अतः अज्ञान और आवरण को चिदाभास की अवस्था मानने में कोई विरोध नहीं है । इसी प्रकार ***"कार्योपाधिरयं जीवः कारणोपाधिरीश्वरः"*** (शुकरहस्योपनिषद्) और ***"अजोऽह्येको जुषमाणोऽनुशेते"***(श्वे.उ.) इत्यादि श्रुतियों में जीव के जन्यत्व और अजन्यत्व वाद में भी कोई विरोध नहीं है, यह भी ज्ञात होता है । प्रथम श्रुति जीवोपाधिभूत बुद्धि के कार्यत्वाभिप्राय से कही गयी है और द्वितीय श्रुति जीवत्व संस्कार के अत्यन्त सूक्ष्म होने के कारण मूलाविद्या का ग्रहण कर बीजाङ्कुर न्याय से प्रवाह रूप से अनादित्व के अभिप्राय से कही गई है । अतः जीव के जन्यत्व और अजन्यत्व का प्रतिपादन करने वाली श्रुतियों में विरोध की गन्ध भी नहीं है । इसी प्रकार स्मृति, इतिहास और पुराणादि ग्रन्थों में भी जान लेना चाहिये ।

समस्त आरोपों का अधिष्ठान ब्रह्म ही है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ - ब्रह्म में आरोपित होने के कारण (अज्ञान और आवरण) ये दोनों ब्रह्म की अवस्थाएँ हैं, ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि सभी अवस्थाएँ ब्रह्म में ही कल्पित हैं ।।४०।।

व्याख्या - अप्रसिद्ध विक्षेप के संस्कार को अंगीकार करके चिदाभास रूप विक्षेप की ही उक्त दो अवस्थाएँ हैं ऐसा कहने की अपेक्षा प्रसिद्ध ब्रह्म की ही उक्त दोनों अवस्थाएँ हैं, ऐसा कहना ही ठीक

तदवस्थात्त्वमारोपणाद्युज्यत इत्याशङ्कायामतिप्रसङ्गदोषापत्तेर्न तथाभ्युपगम्यत इत्याह । संस्कारानादित्त्व-कल्पनेनाज्ञानावृत्योर्जीवावस्थात्त्वाङ्गीकारः कुदृष्टिकृत एवेति तयोर्ब्रह्मण्यारोपितत्त्वेन सुव्यवस्थितं तदवस्थात्त्वमिति शङ्कितुराशयः । तत्र समाधातुराशयस्तु विक्षेपाद्यग्रिमावस्थापञ्चकस्यापि मूलाविद्योपहित-ब्रह्मण्येवारोपान्न कापि जीवावस्था स्यादित्यतिप्रसङ्ग इति । इमे अज्ञानावृती ब्रह्मणि कूटस्थचिदात्मनि तादात्म्याध्यासादारोपितत्त्वेन ब्रह्मावस्थे इति न शङ्कनीयम् । यतस्सर्वासामवस्थानां ब्रह्मण्येवाधिरोपणा-दध्यस्तत्त्वात् । सर्वाधिष्ठानत्त्वाद्ब्रह्मणः । यद्यारोपमात्रेणानयोर्ब्रह्मावस्थात्त्वमभ्युपगम्येत तस्य सर्वारोपा-धिष्ठानतया सर्वा अवस्था ब्रह्मण एवेति वक्तुं शक्यत्त्वात् । तस्मज्जीवावस्थे एव ते इति दिक् ।।

अनुभवादप्यज्ञानावृती जीवनिष्ठे एवेति निरूपणम् -

संसार्यहं विबुद्धोऽहं निश्शोकस्तुष्ट इत्यपि ।
जीवगा उत्तरावस्था भान्ति न ब्रह्मगा यदि ॥ ४१ ॥
तर्ह्यज्ञोऽहं ब्रह्मसत्त्वभाने मद्दृष्टितो न हि ।
इति पूर्वे अवस्थे च भासेते जीवगे खलु ॥ ४२ ॥

अन्वयः - "अहं संसारी । अहं विबुद्धः । निश्शोकः । तुष्टः" इति अपि उत्तरावस्थाः जीवगाः भान्ति । न ब्रह्मगाः यदि ।।

अन्वयः - तर्हि "अहम् अज्ञः । ब्रह्मसत्त्वभाने मद्दृष्टितः न हि" इति पूर्वे अवस्थे च खलु जीवगे भासेते ।।

व्याख्या :- स्वप्नावस्थानां ब्रह्मण्यारोपितत्त्वेऽन्यनिष्ठास्तत्रारोप्यन्त इत्यवश्यमभ्युपेयम् ।

प्रतीत होता है । ऐसी आशंका कर उसका समाधन करते हैं । अज्ञान और आवरण नामक ये दोनों अवस्थाएँ ब्रह्म (कूटस्थ) में तादात्म्याध्यास के कारण आरोपित होने के कारण दोनों ब्रह्म की ही हैं, ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये । क्यों नहीं करनी चाहिये ? तो कहते हैं कि वस्तुतः सभी अवस्थाएँ ब्रह्म में ही कल्पित हैं अतः ये दो ही नहीं, सातों अवस्थाएँ ब्रह्म में ही कल्पित हैं, ऐसा कहना चाहिये । क्योंकि यदि आप आरोपित होने के कारण दोनों अवस्थाओं को ब्रह्म में स्वीकार करते हैं तब तो सभी आरोपित पदार्थों का एकमात्र अधिष्ठान होने से सातों अवस्थाएँ ब्रह्म में ही कल्पित हैं । अभिप्राय यह है कि अज्ञान और आवरण इन दोनों अवस्थाओं को ब्रह्म में आरोपित होने से यदि ब्रह्म की मान लें तो बाकी पाँच अवस्थाएँ भी ब्रह्म की ही सिद्ध होंगी, चिदाभास की नहीं । इस प्रकार अतिप्रसंग दोष प्राप्त होगा । अतः उक्त दो अवस्थाएँ ब्रह्म की नहीं है, ऐसा मानना चाहिये।

अनुभव से भी अज्ञान और आवरण जीवनिष्ठ ही हैं, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ - मैं संसारी हूँ, मैं ज्ञानी हूँ, शोकरहित हूँ, संतुष्ट हूँ, इस प्रकार उत्तर अवस्थाएँ जीव में प्रतीत होती हैं, ब्रह्म में नहीं । यदि तुम ऐसा कहते हो तो मैं अज्ञानी हूँ, ब्रह्म की सत्ता और उसका भान मेरी दृष्टि से नहीं है, इस प्रकार पूर्व की अवस्थाएँ (अज्ञान और आवरण) भी निश्चय ही जीव में ही भासित होती हैं ।।४१-४२।।

व्याख्या - पूर्वपक्षी कहता है यद्यपि सभी अवस्थाएँ ब्रह्म में आरोपित हैं तथापि चिदाभास रूप

यतस्तदवस्थाविशिष्टस्यान्वेषणे विक्षेपादीननुभवेन चिदाभासनिष्ठत्त्वमवगम्यते । तस्मात्तदज्ञानावृत्यवस्थे जीवनिष्ठे इत्येवमङ्गीक्रियेते । तेन वास्तविकव्यवहारसंभवे सत्यारोपितव्यवहारस्यायुक्तत्त्वात्ता अवस्था ब्रह्मणो भवन्ति । तास्वाद्यावस्थाद्वयस्याश्रयो न ज्ञायत इति तयोः परमारोपेण ब्रह्मावस्थात्त्वमभ्युपेय-मित्यतस्ते अपि कथं वा जीवस्यैवेति निश्चीयत इतीमामाशङ्कां परिहरति श्लोकयुगलेन । अत्र शङ्कितुरयमेवाशयो यदज्ञानाद्यवस्थानां ब्रह्मण्यारोपितत्त्वाविशेषेऽपि विक्षेपोत्पत्त्युत्तरकालभाविनीनां संसाराद्यवस्थानां जीवाश्रितत्त्वेनानुभूयमानत्त्वान्न ब्रह्मावस्थात्त्वमिति। अहं संसारी कर्तृत्त्वादिधर्मवानहं विबुद्धस्तत्त्वसाक्षात्कारवान्परोक्षापरोक्षज्ञानवानहं निश्शोकश्शोकात्यन्ताभाववांस्तुष्ट उपरिवक्ष्यमाण-प्रकारेण "कृतकृत्यतया तृप्तः प्राप्तप्राप्यतया पुनः। तृप्यन्नेवं स्वमनसा मन्यतेऽसौ निरन्तरमि"त्यादिना कृतकृत्यतादिसञ्जातसन्तुष्टिमानहमस्मीत्युत्तरावस्था अपि जीवगा एव जीवनिष्ठा एव सत्यो भान्ति न पुनर्ब्रह्माश्रिताः तस्मादनुभवबलाज्जीवगतत्त्वं निश्चित्य तासामवस्थानां ब्रह्मगतत्त्वं नाभ्युपेयमित्येव हि न ब्रह्मगा इति स्पष्टीचकार । तथैवान्यदपि परिहरत्यज्ञानावरणयोश्च जीवाश्रितत्त्वेनानुभूयमानत्त्वात्तयोरपि जीवावस्थात्त्वमेवेति । यथा त्वयानुभूयमानत्त्वात्तयोरपि जीवावस्थात्त्वमेवेति । इत्येवं यदि शङ्क्यते तर्ह्यहमज्ञो मद्दृष्टितो ब्रह्मसत्त्वभाने ब्रह्मणो विद्यमानत्त्वं स्वप्रकाशमानत्त्वं च न हि विद्यते । यथा त्त्वयानुभवावष्टम्भेनैवास्मदुक्तातिप्रसङ्गस्य भङ्गस्साधितस्तथा मयापि तेनैव पुनरज्ञानावृत्यवस्थयोर्जीव-निष्ठत्त्वमभ्युपेयते । न भाति नास्तीत्यनुभवसिद्धेऽज्ञानावृती पूर्वेऽवस्थे जीवगे भासेते खलु सम्यक्प्रतीयेते हि । तयोरवस्थयोरपि चिदाभासगतत्त्वेनानुभूयमानत्त्वात् । अत एते जीवस्यैवेति वक्तव्ये । तस्मात्तयोरपि मुख्याश्रयमादाय व्यवहारस्योपपत्तेरारोपितत्त्वमात्रेण ब्रह्मावस्थात्त्वं नो शङ्कनीयमितरावस्थावदिति तात्पर्यमिति शम्।।

विक्षेप की उत्पत्ति के अनन्तर होने वाली कर्तृत्वादि संसारधर्म रूप अवस्थाएँ जीवाश्रित प्रतीत होती हैं, इसलिए उन्हें चिदाभास की अवस्थाएँ अंगीकार करना चाहिये, ब्रह्म की नहीं । इस प्रकार अतिप्रसंग दोष प्राप्त न होगा । ऐसी आशंका अग्रिम श्लोक से करते हैं । मैं संसारी हूँ, मैं ज्ञानी हूँ, मैं शोकरहित हूँ और मैं सन्तुष्ट हूँ, इस प्रकार की विक्षेप के बाद की जो अवस्थाएँ हैं, वे जीव में ही प्रतीत होती हैं, ब्रह्म में नहीं । इसलिये ये अवस्थाएँ चिदाभास की ही हैं, अतः अतिप्रसंग दोष नहीं होगा यदि तुम ऐसी आशंका करते हो तो यह ठीक नहीं है । इसका समाधान द्वितीय श्लोक से देते हैं । अज्ञान और आवरण ये दो अवस्थाएँ भी प्रतीति के बल से जीवाश्रित हैं इसलिये इन्हें चिदाभास की अवस्थाओं के रूप में ही अंगीकार करना चाहिये । इस आशय से समाधान करते हैं कि मैं अज्ञानी हूँ अर्थात् मुझे कूटस्थचैतन्य का ज्ञान नहीं है और ब्रह्म का अस्तित्व और उसका भान (स्फुरण) मेरी दृष्टि से नहीं है । इस प्रकार पहली दो अवस्थाएँ भी निश्चय ही चिदाभास रूप जीव में आश्रित होकर ही भासित होती हैं । अतः अज्ञान और आवरण ये दोनों अवस्थाएँ चिदाभास की ही मानना चाहिये ।

अज्ञानाद्याश्रयं ब्रह्मेति पूर्वाचार्यकथनस्याभिप्रायवर्णनम् –

अज्ञानस्याश्रयो ब्रह्मेत्यधिष्ठानतया जगुः ।
जीवावस्थात्त्वमज्ञानाभिमानित्त्वादवादिषम् ॥ ४३ ॥

अन्वयः – अधिष्ठानतया अज्ञानस्य आश्रयः ब्रह्म इति जगुः । अज्ञानाभिमानित्त्वात् जीवावस्थात्त्वम् अवादिषम् ।।

व्याख्या :- "अहमज्ञ" इत्याद्यज्ञानानुभवबलादज्ञानस्य यदि जीवाश्रिततत्त्वं तर्हि सङ्क्षेप-शारीरकविरोधः प्रसज्येत । तथा हि शारीरकग्रन्थे हि – आश्रयत्त्वविषयत्त्वभागिनी निर्विभागचितिरेव केवला । पूर्वसिद्धतमसो हि पश्चिमो नाश्रयो भवति नापि गोचरः ।।" इति तस्य ब्रह्ममात्राश्रय-विषयकत्त्वम् । तद्विरोधस्यैवं परिहारः । अज्ञानात्मकानादिभावभ्रमाधिष्ठानत्त्वैकविवक्षया पूर्वोदाहृत-ग्रन्थोक्तिः । प्रकृतग्रन्थे तु "तर्ह्यज्ञोऽहं ब्रह्मसत्त्वभाने मद्दृष्टितो न हि" इत्याद्युक्तिस्तु पूर्वोक्तरीत्या जीवे तदभिमानित्त्वात्तत्र तदवस्थाभिप्रायिकैवेति विषयविभेदान्नविरोधगन्ध इति ज्ञेयम्। अतोऽत्र ब्रह्मणोऽज्ञानाश्रयत्त्ववादिनां पूर्वाचार्याणां मताविरोधेन स्वविवक्षितं प्रदर्शयति । अज्ञानस्याश्रयो ब्रह्मेत्यधिष्ठानतया जगुस्सर्वज्ञात्मश्रीपादप्रमुखाः । अज्ञानस्याश्रय इति व्यवहारो ब्रह्मणोऽज्ञानाधिष्ठानत्त्व-

---

अज्ञानादि का आश्रय ब्रह्म है, इस प्रकार के पूर्वाचार्यों के वचनों का अभिप्राय बताते हैं ।

अर्थ – अधिष्ठान रूप से अज्ञान का आश्रय ब्रह्म है, इस अभिप्राय से पूर्वाचार्यों ने कहा है और अज्ञान का अभिमानी होने के कारण (अज्ञान) जीव की अवस्था है, ऐसा मैंने कहा है (इसलिये पूर्वाचार्यों के वचन से मेरे वचन का विरोध नहीं है) ।।४३।।

व्याख्या – 'मैं अज्ञानी हूँ' इत्यादि अज्ञानता के अनुभव प्रमाण से अज्ञान को जीवाश्रित मानेंगे तो पूर्वाचार्यों से विरोध होगा । श्रीसर्वज्ञात्म मुनि संक्षेपशारीरक में कहते हैं ।

आश्रयत्वविषयत्वभागिनी निर्विभागचितिरेव केवला ।
पूर्वसिद्धतमसो हि पश्चिमो नाऽऽश्रयो भवति नापि गोचरः।।

(सं.शा. १/३१९)

अर्थात् – केवल अविभाग चिति (चैतन्य) ही अज्ञान का आश्रय और विषय होती है । पूर्वसिद्ध अज्ञान का पश्चाद्भावी जीव न तो आश्रय होता है और न विषय । भाव यह है कि अज्ञान के आधार पर जीव और ईश्वर का विभाग होता है अतः अज्ञान का आश्रय न तो जीव हो सकता है और न ईश्वर । किन्तु जीवेश्वर विभाग शून्य अद्वितीय शुद्ध चैतन्य ही आश्रय भी है और विषय भी । इस प्रकार पूर्णब्रह्म ही अज्ञान का आश्रय भी है और विषय भी । अतः पूर्वाचार्यों के वचन से आपके वचन का विरोध प्रतीत हो रहा है । ऐसी शंका होने पर उसका समाधान देते हैं कि पूर्वाचार्यों ने ब्रह्म को अज्ञान का आश्रय और विषय अधिष्ठान रूप से कहा है, न कि ब्रह्म को अज्ञानादि का अभिमानी । उनका अभिप्राय यह है कि अज्ञान का अधिष्ठान ब्रह्म है क्योंकि कोई भी अज्ञान निरधिष्ठान नहीं हो सकता । जैसे सर्प की भ्रान्ति जिस अज्ञान के कारण होती है, उसका अधिष्ठान रस्सी है और चाँदी के भ्रम का अधिष्ठान सीपी है, उसी प्रकार अज्ञान का आश्रय ब्रह्म कहलाता है । ब्रह्म अज्ञान का अभिमानी नहीं है, अज्ञान का अभिमान जीव को होता है । इसलिये अज्ञान जीव की ही एक अवस्था है । यही न्याय आवरण अवस्था

मुपादाय तदाश्रयत्त्वबुबोधयिषया प्रस्तुतः। न तु तदवस्थात्त्वाङ्गीकारेण । तर्हि प्रकृतग्रन्थः किं विवक्षया तस्य जीवावस्थात्त्वमवादिषं प्रकृतग्रन्थकारोऽहमिति न कोऽपि ग्रन्थविरोधलेश इत्यलमिति दिक् ।।

परोक्षापरोक्षज्ञानाभ्यामज्ञानावृती विनश्यत इति निरूपणम् –

ज्ञानद्वयेन नष्टेऽस्मिन्नज्ञाने तत्कृतावृतिः ।
न भाति नास्ति चेत्येषा द्विविधापि विनश्यति ॥ ४४ ॥

अन्वयः – ज्ञानद्वयेन अस्मिन् अज्ञाने नष्टे तत्कृता "न भाति । न अस्ति" इति एषा द्विविधा आवृतिः अपि विनश्यति च ।।

व्याख्या :– एवमज्ञानमेकमप्यधिष्ठेयत्त्वावच्छेदेन ब्रह्माश्रितमभिमेयत्त्वावच्छेदेन जीवावस्थात्त्वापन्नं भवत्त्वथापि कथमेतस्य सकार्यस्य विनाशस्स्यादित्यत्रोच्यते । जीवाज्ञानावस्थासप्तके तिस्र आद्यो बन्धहेतुभूता अवस्थास्समुपदर्शिताः । तास्ववशिष्टास्ववस्थासु मध्ये मुक्तिहेतुमवस्थाद्वयमज्ञानावरण–निवृत्तावुपयुज्यत इत्यत उपक्रमते । जीवैरनुभूयमानेऽस्मिन्नज्ञाने ज्ञानद्वयेन परोक्षत्त्वापरोक्षत्त्वलक्षणेन द्विविधज्ञानेनावरणकारणेऽज्ञाने नष्टे सति "न भाति नास्ति कूटस्थ" इत्याकारिकोभयविधा तत्कृता तेनाज्ञानेन कृतावृतिरुभयविधमावरणं कारणनाशेन कार्यनाश इति न्यायेन विनश्यति । अनेनासत्त्वापादका–वरणाभानापादकावरणयोरज्ञानकार्यत्त्वमेवेति निश्चीयते । न चैवं चेत्तर्हि तत्र प्रागभावप्रतियोगित्त्वलक्षणं जन्यत्त्वेन तत्प्राक्कालावच्छेदेनावरणाभावापत्तिस्तथात्त्वे ह्यनावरणज्ञानोपलब्ध्यापत्तिश्चेति मन्तव्यम् । प्रकृते कार्यत्त्वस्य तद्बाधबाध्यत्त्वाख्यस्य तदितरदृश्यसाधारणस्यैव विवक्षितत्त्वात् तच्च तत्सहचरे द्विविधावरणे मन्दान्धकारे नीलरूपवत्तद्व्याप्ये जीवेश्वराद्यनादिदृश्यचतुष्टयेऽवतमसे सर्पसन्दर्शन–शक्तिवन्निरुक्ततिमिरकार्ये

के साथ भी है । उसका भी आश्रय ब्रह्म है और अभिमानी जीव है । अतः पूर्वाचार्यों के वचन से मेरे (ग्रन्थकार के) वचन का कोई विरोध नहीं है । इस प्रकार अज्ञान, आवरण और विक्षेप नामक जीव की तीन बन्धनकारी अवस्थाओं की व्याख्या हो चुकी, अब इन तीनों के नाशक ज्ञान का वर्णन आगे करेंगे ।

परोक्ष और अपरोक्ष ज्ञान के द्वारा अज्ञान और आवरण का नाश होता है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ – दो प्रकार के ज्ञान (परोक्ष और अपरोक्ष) से अज्ञान का नाश हो जाने पर 'न भाति' और 'नास्ति' रूप अज्ञानजन्य आवृति (आवरण) भी नष्ट हो जाती है ।।४४।।

व्याख्या – अज्ञानादि सात अवस्थाओं में से प्रथम तीन बन्धन की हेतु हैं । ऐसा बताकर उनकी निवृत्ति होने पर मोक्ष प्राप्त होता है, इस विवक्षा से उन अवस्थाओं की निवृत्तिकारक दो अवस्थाओं का वर्णन करते हैं । जीव की चौथी अवस्था परोक्ष ज्ञान है और पाँचवी अपरोक्ष ज्ञान है । ज्ञान से अज्ञान का नाश होता है । जीव के द्वारा अनुभूयमान दो प्रकार के (परोक्ष और अपरोक्ष) ज्ञान से अज्ञान और तत्कृत आवरण का नाश हो जाता है । कूटस्थ भासित नहीं होता है और उसका अस्तित्व भी नहीं है, इस प्रकार की अज्ञानकृत जो दो तरह की आवृति हैं, वह दो प्रकार के ज्ञान से नष्ट हो जाती है । "कारणनाश से कार्यनाश होता है" इस प्रसिद्ध न्याय के अनुसार असत्वापादक और अभानापादक दोनों कार्यरूप आवरण नष्ट हो जाते हैं ।

विषधरत्त्वादिवत्पूर्वोक्ताज्ञानजन्ये नभः प्रभृति प्रपञ्चेऽपि वर्तत एवेत्युचिततरमेवास्य साधारण्यम् । तस्मान्न विरुद्ध्यते "जीव ईश" इत्याद्यनादिषट्कसङ्ख्यानमपीति शम् ।।

द्विविधज्ञानेन द्विविधावरणनाशप्रतिपादनम् -

परोऽक्षज्ञानतो नश्येदसत्त्वावृतिहेतुता ।
अपरोऽक्षज्ञाननाश्या ह्यभानावृतिहेतुता ।। ४५ ।।

अन्वयः - परोक्षज्ञानतः असत्त्वावृतिहेतुता नश्येत् । अपरोक्षज्ञाननाश्या अभानावृतिहेतुता हि ।।

व्याख्या :- कीदृशस्याज्ञानावरणस्य कीदृशज्ञानेन निवृत्तिरित्याशङ्कायामुभयं विभज्य दर्शयति। "सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्मे"ति वाक्यात्कूटस्थोऽस्तीत्येवं रूपात्परोक्षज्ञाना"न्नास्ति कूटस्थ" इत्याकारिकया-सत्त्वापादनहेतुभूतावृतिस्तस्या अज्ञाननिष्ठा कारणता सा निवर्तते । "तत्त्वमस्यहं ब्रह्मास्मी"त्याद्य-खण्डार्थबोधकमहावाक्यै"रहं कूटस्थोऽस्मी"त्येवंरूपादपरोक्षज्ञाना"न्न भाति कूटस्थ" इत्याकारिका याभानावृतेर्हेतुता सा निवर्तत इत्युभयोर्नाश्यनाशकभाव उक्त इति शम् ।।

अज्ञाननाशात्संसारनाश इति निरूपणम् -

अभानावरणे नष्टे जीवत्त्वारोपसङ्क्षयात् ।
कर्तृत्त्वाद्यखिलश्शोकस्संसाराख्यो निवर्तते ।। ४६ ।।

अन्वयः - अभानावरणे नष्टे जीवत्त्वाऽऽरोपसङ्क्षयात् कर्तृत्त्वाखिलः संसाराख्यः शोकः निवर्तते।।

दो प्रकार के ज्ञान से दो प्रकार के आवरण की निवृत्ति का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - परोक्ष ज्ञान से असत्ता रूप आवृति की हेतुता (अज्ञान) नष्ट हो जाती है और अभानावृति की हेतुता अपरोक्ष ज्ञान से अवश्य नष्ट हो जाती है ।।४५।।

व्याख्या - दो प्रकार के ज्ञान से दो प्रकार के आवरण का नाश होता है, यह आपने कहा किन्तु किसके द्वारा किसका नाश होता है ? ऐसी आकांक्षा होने पर दोनों को विभाग पूर्वक दर्शाते हैं । ***"सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म"*** इत्यादि वाक्यों के द्वारा यह ज्ञान होता है कि कूटस्थ (ब्रह्म) अवश्य है, इसे परोक्ष ज्ञान कहते हैं । इससे कूटस्थ के अस्तित्व के विषय में जो शंका थी, वह निवृत्त हो जाती है अर्थात् परोक्ष ज्ञान से कूटस्थ की असत्ता रूप आवृति की हेतुता रूप जो अज्ञान है, वह नष्ट हो जाता है । तथा ***'तत्त्वमसि' 'अहं ब्रह्मास्मि'*** इत्यादि महावाक्यों के द्वारा जब अपरोक्ष ज्ञान होता है तब **'कूटस्थः न भाति'** रूप आवरण नष्ट हो जाता है । अर्थात् कूटस्थ की अभानावृति का हेतुभूत जो अज्ञान है, वह अपरोक्ष ज्ञान से नष्ट हो जाता है । जीव 'मैं ही कूटस्थ चैतन्य हूँ' इस प्रकार अपरोक्ष रूप से स्वयं को जान लेता है अतः अभानापादक आवरण का नाश हो जाता है । तात्पर्य यह है कि दो प्रकार के ज्ञान से दो प्रकार का अज्ञान नष्ट होता है और अज्ञान के नष्ट होने से उसके कार्यभूत दो प्रकार के आवरण भी नष्ट हो जाते हैं ।

अज्ञान के नष्ट होने पर संसार भी नष्ट हो जाता है, इसका वर्णन करते हैं।

अर्थ - अभानावरण के नष्ट हो जाने पर कल्पित जीवभाव की निवृत्ति हो जाने से कर्तृत्वादि सम्पूर्ण संसार नामक शोक निवृत्त हो जाता है ।।४६।।

व्याख्या :- पूर्वमज्ञानभूमिका उद्दिष्टा ''अज्ञानमावृतिस्तद्वद्विक्षेपश्च परोक्षधीः । अपरोक्षमतिश्शोकमोक्षस्तृप्तिर्निरङ्कुशे''त्यत्र । तासु जीवावस्थासु सप्तसु प्रतिज्ञातासु ''तिस्रो बन्धकृतस्स्मृता'' इत्यज्ञानावृतिविक्षेपाणां तिसृणामेवावस्थानां बन्धकत्त्वमवोचि । तद्विनिवारकं द्विविधं ज्ञानं प्रत्यपादि । सम्प्रति ज्ञानफलं प्रतिपिपादयिषुरादौ ''तरति शोकमात्मवि''दिति श्रुत्युक्तदुःखात्यन्ताभावलक्षणं शोकमोक्षं निरूपयति । जीवत्त्वारोपसङ्ख्यादात्मनि कूटस्थे तादात्म्याध्यासेन प्रतिपन्नस्य जीवभावस्य भ्रान्तिकृतस्य सम्यज्ज्ञानादभानावरणे नष्टे निवृत्ते भ्रान्त्या प्रतीयमानस्य जीवत्त्वस्यापि निवृत्तत्त्वात्तन्निमित्तकः कर्तृत्त्वाद्यखिलः कर्तृत्त्वभोक्तृत्त्वप्रमातृत्त्वमन्तृत्त्वादिनिखिलशोको दुःखं स संसाराख्यस्सर्वोऽप्यमर्थव्रातो निवर्तत इत्यनेनाभानापादकावरणनाशोक्तेरार्थिकतया-सत्त्वापादकावरणनाशोऽप्युक्तो भवति । यतश्चासत्त्वावरणनाशं विनाऽभानावरणनाशस्यासम्भवोऽध्य-वसीयते । अतश्चावरणात्मकेऽज्ञाने विनष्टेऽखिलदुःखात्मकस्य संसारस्य नाश इति शम् ।।

अद्वितीयात्मज्ञानानुभवान्निरुङ्कुशा तृप्तिस्सिद्ध्यतीति निरूपणम् -

निवृत्ते सर्वसंसारे नित्यमुक्तत्त्वभासनात् ।
निरङ्कुशा भवेत्तृप्तिः पुनश्शोकासमुद्भवात् ॥ ४७ ॥

अन्वयः - सर्वसंसारे निवृत्ते नित्यमुक्तत्त्वभासनात् पुनः शोकासमुद्भवात् निरङ्कुशा तृप्तिः भवेत्।।

व्याख्या :- अवस्थासु क्रमप्राप्तां तृप्तिं निरूपयति । नित्यमुक्तत्त्वभासनादसङ्ग-सच्चिदानन्दस्वरूपस्य प्रतीमानत्त्वात्सर्वसंसारे निवृत्ते सति तृप्तिरानन्दो निरङ्कुशा निरवधिका भवेत्।

व्याख्या - श्लोक ३३ में जीव की सात अवस्थाओं का वर्णन किया गया, उसमें प्रथम तीन अवस्थाएँ बन्धनकारी और शेष चार मोक्षकारी हैं, ऐसी प्रतिज्ञा की गई ।***''तिस्रो बन्धकृतः स्मृताः''*** (पं.द. ६/३४) अतः अज्ञान, आवरण और विक्षेप नामक तीन अवस्थाओं का बन्धकारित्व प्रदर्शित कर परोक्ष और अपरोक्षज्ञान नामक चतुर्थ और पञ्चम अवस्थाओं को उनका निवारक कहा गया । सम्प्रति उन दो प्रकार के ज्ञान का फल बताने की इच्छा से सर्वप्रथम ***''तरति शोकमात्मवित्''*** इस श्रुति में कथित दुःखात्यन्ताभाव लक्षण वाली शोकनिवृत्ति का निरूपण करते हैं । अभानावरण के नष्ट हो जाने पर कल्पित जीवभाव की भी निवृत्ति हो जाती है और कूटस्थ में तादात्म्य के कारण जीवभाव का भ्रान्तिकृत जो अध्यास है, उसके सम्यक् नाश से जीव का कर्तृत्वादि सम्पूर्ण संसारनामक शोक निवृत्त हो जाता है । श्लोक में अभानावरण के नाश के साथ असत्त्वावरण का भी नाश अभिप्रेत है क्योंकि असत्त्वावरण के बिना नष्ट हुए अभानावरण का नाश होना संभव नहीं है ।

शोकनिवृत्ति के बाद तृप्ति रूप द्वितीय फल का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - (शोकरूप) सम्पूर्ण संसार की निवृत्ति हो जाने पर नित्यमुक्तत्व भासित होने से निरंकुश (निरतिशय) तृप्ति होती है । क्योंकि पुनः शोक उत्पन्न नहीं होता है ।।४७।।

व्याख्या - अपरोक्ष ज्ञान के द्वारा जब अज्ञान का पूर्णरूप से नाश हो जाता है तब जीव स्वयं को सच्चिदानन्द परब्रह्म परमात्मा से अभिन्नरूप से अनुभव करता है अर्थात् 'मैं ही ब्रह्म हूँ' 'मैं नित्य मुक्त हूँ' इस प्रकार की प्रतीति उसे सदा बनी रहती है । अतः शोक रूप सम्पूर्ण संसार की अपरोक्ष ज्ञान के

सन्तृप्तेर्निरवधिकत्त्वे हेतुं प्रदर्शयति । पुनश्शोकासमुद्भवात्समूलाज्ञाननिवृत्तेश्शोकोत्पादकसामग्र्या अभावात्सर्वात्मना स्वस्वरूपानन्दानुभव एवावतिष्ठत इति न कदापि दुःखस्पर्श इति दिक् ।।

आत्मानं चेदिति श्रुतिर्ज्ञानदुःखाभावावस्थाख्ये उभे अपि जीवगे एवेति बोधयतीति निरूपणम्-

अपरोक्षज्ञानशोकनिवृत्त्याख्ये उभे इमे ।
अवस्थे जीवगे ब्रूत आत्मानञ्चेदिति श्रुतिः ॥ ४८ ॥

अन्वयः- अपरोक्षज्ञानशोकनिवृत्त्याख्ये उभे इमे अवस्थे "आत्मानं चेत्" इति श्रुतिः जीवगे ब्रूते।।

व्याख्या :- प्रकरणारम्भे "आत्मानं चेद्विजानीया"दिति श्रुतिर्व्याचिख्यासितत्त्वेन प्रतिज्ञाता । तां त्यक्त्वा महता ग्रन्थेनाज्ञानावस्थासप्तकं यन्न्यरूपि तं तत्प्रकृतासङ्गतमिति न मन्तव्यं । यतः प्रकृतश्रुत्यर्थव्याख्यानार्थजीवनिष्ठाज्ञानावस्थासप्तकं विव्रियते तत्तात्पर्यनिर्णयोपयोगितया प्रसक्तत्त्वात्सङ्गतमेव। तत्रापरोक्षज्ञानशोकनिवृत्तिलक्षणमवस्थाद्वयं प्रतिपिपादयिषुरेवायं मन्त्रः प्रवृत्त इति ते उभे दर्शयति । जीवगे जीवगतेऽपरोक्षज्ञानशोकनिवृत्त्याख्ये ब्रह्माहमस्मीत्यपरोक्षसाक्षात्कारोपरोक्षं ज्ञानं, तथा कर्तृत्त्वभोक्तृत्त्वादिरूपस्य संसारस्य निवृत्तिश्शोकमोक्षस्ते उभे अवस्थे आत्मानं चेदिति प्रकृतश्रुतिरुपनिषद्वाक्यं ब्रूते । वाच्यवृत्त्या वक्ति । यद्यप्यात्मानं चेदित्याद्यागमस्तावदज्ञानावस्थासप्तकेऽपरोऽक्षज्ञान-शोकमोक्षाख्यमवस्थाद्वयमेव विवक्षत्यथाप्यवस्थाद्वयपरिज्ञानाय तच्छेषभूता अप्यन्यास्समपेक्षिता अवस्था विवेचनीया इति प्रकृतग्रन्थेऽन्यासामुचितमेव निरूपणमिति नाप्रसक्तप्रसङ्ग इति शम् ।।

द्वारा जब निवृत्ति हो जाती है तब जीव को स्वयं का नित्यमुक्तत्व स्वभावतः भासित होने लगता है जिससे कि उसे निरंकुश (अंकुशरहित) अर्थात् निरतिशय तृप्ति (संतोष) प्राप्त होती है । उसका कारण क्या है ? तो कहते हैं क्योंकि उसे पुनः शोक उत्पन्न नहीं होता है । आत्मज्ञान प्राप्त होने पर पुनः अज्ञान और उसके कार्य उत्पन्न नहीं होते हैं । इसलिये आत्मज्ञानी सदा आत्मानन्द में तृप्त रहता है ।

श्रुति के 'आत्मानं चेत्' इस वाक्य का भावार्थ कहते हैं ।

अर्थ - अपरोक्ष ज्ञान और शोकनिवृत्ति नामक ये दोनों अवस्थाएँ जीवगत हैं, ऐसा "**आत्मानं चेत्**" यह श्रुति कहती है ।।४८।।

व्याख्या - प्रकरण के प्रारम्भ में "**आत्मानं चेत्**" इस श्रुति के व्याख्यान की प्रतिज्ञा की गई थी, फिर बीच में ही उसका परित्याग कर जीव की अज्ञानादि सात अवस्थाओं का निरूपण करना कहाँ तक उचित है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि अज्ञानादि सातों अवस्थाओं का वर्णन श्रुति के तात्पर्य निर्णय में सहायक होने से अप्रासंगिक नहीं है । मैं ब्रह्म हूँ, इस प्रकार का अपरोक्ष ज्ञान और कर्तृत्वादि लक्षणयुक्त संसारिक शोक निवृत्ति, ये दोनों अवस्थाएँ जीवगत ही हैं, कूटस्थ चैतन्य की नहीं है ।"***आत्मानं चेद् विजानीयात्***" इस श्रुति के ***'आत्मानं चेद्'*** इस वाक्य के द्वारा यही अर्थ अभिप्रेत है । श्रुति इसी अर्थ को कहती है अर्थात् अपरोक्ष ज्ञान और शोकनिवृत्ति नामक दोनों अवस्थाएँ जीव की हैं । ऐसा श्रुति वाच्यवृति से कहती है । भाव यह है कि उक्त दो अवस्थाएँ जीव की हैं ऐसा जब श्रुति ने कह दिया तो उनकी कारणभूता अन्य अवस्थाएँ कौन-सी हैं ? यह प्रश्न होना भी स्वाभाविक ही है । अतः उक्त दो अवस्थाओं की कारणभूता अन्य अवस्थाओं का निरूपण करना भी अप्रासंगिक नहीं है ।

परोक्षापरोक्षभेदेन ज्ञानस्य द्वैविध्यनिरूपणम् –

अयमित्यपरोऽक्षत्त्वमुक्तं तद्द्विविधम्भवेत् ।
विषयस्वप्रकाशत्त्वाद्द्विधाप्येवन्तदीक्षणात् ॥ ४९ ॥

अन्वयः – "अयम्" इति अपरोक्षत्त्वम् उक्तं तत् द्विविधं भवेत् । विषयस्वप्रकाशत्त्वात् धिया अपि एवं तदीक्षणात् ।।

व्याख्या :– "साक्षादपरोक्षाद्ब्रह्मे"ति श्रुतेरात्मस्वरूपस्य स्वभावत एवान्यानधीनभानलक्षणं स्वप्रकाशत्त्वरूपमपरोक्षत्त्वं स्वतस्सिद्धमेव । तथा च तस्य च कथमसङ्गकूटस्थचिद्रूपस्था-जन्यत्त्वादवस्थारूपत्त्वमात्मानं चेदिति श्रुतिः प्रतिपादयेदिति न शङ्क्यम्। "तमेव विदित्त्वातिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाये"त्यादीनामनेकासां श्रुतीनां निरुक्तश्रुतिवदेवार्थबोधकानां सद्भावात्तत्त्वमस्यादि-महावाक्यविचारजन्यचरमवृत्त्याख्यापरोक्षप्रमावृत्तिविषयत्त्वमेवोक्तमन्त्रेऽवस्थाज्ञानत्त्वेन विवक्षितमित्य-दोषात् । अतस्तदुपपादनाय द्वैधं ज्ञानं दर्शयति । "अयमस्मीति पूरुष" इत्यत्रायमिति शब्दस्य यदपरोऽक्षत्त्वमपरोक्षार्थबोधकत्त्वमुक्तं तज्ज्ञानं परोक्षत्त्वापरोक्षत्त्वभेदेन द्विविधं भवेत् । एकं विषयस्वप्रकाशत्त्वाद्विषयस्य चिद्रूपस्यात्मनस्स्वप्रकाशत्त्वात्स्वव्यवहारसाधनान्तरनिरपेक्षत्त्वात्स्वस्य भाने प्रकारान्तरानपेक्षत्त्वात् । द्वितीयं तावद्धिया तथा स्वप्रकाशत्त्वेन तदीक्षणात्तस्यात्मन ईक्षणाद्दर्शनाद-वलोकनात् । अपरोक्षत्त्वं प्रकाशान्तरानपेक्षप्रकाशत्त्वं परोक्षत्त्वं तु प्रकाशान्तरापेक्षप्रकाशत्त्वमिति विवेकः । आत्मा हि स्वप्रकाशत्त्वेन स्फुरन्नपरोक्षज्ञानविषयो भवति । बुद्ध्या स्वप्रकाशत्त्वेन ज्ञायत इति परोक्षज्ञानविषयोऽपीति कृत्त्वा द्वैविध्यमुपपद्यत इति दिक् ।।

अब परोक्ष ज्ञान के प्रमात्व का निश्चय करते हैं ।

अर्थ – (श्रुति में) अयं पद से अपरोक्षत्व कहा गया है, वह दो प्रकार का है – विषय (चिदात्मा) स्वयं प्रकाशस्वरूप होने से और बुद्धि से भी अनुभवगम्य होने से ।।४९।।

व्याख्या – श्लोक २१ में 'अयम्' पद से आत्मा को नित्य अपरोक्ष कहा, इसलिये आत्मा अपरोक्ष ज्ञान का ही विषय हो सकता है, परोक्ष ज्ञान का नहीं । ऐसी आशंका होने पर कहते हैं कि आत्मा परोक्ष ज्ञान का भी विषय हो सकता है । इस बात का प्रतिपादन करने के लिये अपरोक्ष ज्ञान का विभाग कर दर्शाते हैं ।

"साक्षादपरोऽक्षाद् ब्रह्म" इस श्रुति से आत्मा का स्वभावतः स्वयंप्रकाश रूप अपरोक्षत्व सिद्ध ही है, तब उस असंग कूटस्थ आत्मा में अवस्थाओं का वर्णन ***"आत्मानं चेद्"*** यह श्रुति कैसे कर सकती है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि ***"अयमस्मीति पूरुषः"*** इस श्रुति में अयं शब्द का जो अपरोक्षत्व (अपरोक्षार्थबोधकत्व) कहा है, वह ज्ञान परोक्ष और अपरोक्ष रूप से दो प्रकार का है, एक तो विषय (चिदात्मा) स्वयंप्रकाश होने से अर्थात् विषय आत्मा स्वयंप्रकाश है इसलिये उसकी अपरोक्षता है क्योंकि उसे प्रकाशित होने के लिये प्रकाशान्तर की अपेक्षा नहीं है । जो वस्तु प्रकाशान्तर से प्रकाशित न हो उसे अपरोक्ष कहते हैं तथा प्रकाशान्तर से प्रकाशित पदार्थ को परोक्ष कहते हैं । और दूसरा बुद्धि से अनुभवगम्य होने के कारण भी आत्मा की अपरोक्षता कही गयी है अर्थात् 'आत्मा स्वयंप्रकाश है' इस तरह बुद्धि के द्वारा उसका दर्शन होता है । अतः आत्मा परोक्ष ज्ञान का भी विषय है । भाव यह है कि आत्मा स्वयंप्रकाश रूप से स्फुरित होकर अपरोक्ष ज्ञान का विषय होता है और बुद्धि के द्वारा स्वयंप्रकाश रूप से जाना जाता है, इसलिये परोक्ष ज्ञान का विषय भी होता है ।

अनुभवबलाज्ज्ञानस्य क्वचित्परोक्षतेति निरूपणम् -

परोऽक्षज्ञानकालेऽपि विषयस्वप्रकाशता ।
समा ब्रह्मस्वप्रकाशमस्तीत्येवं विबोधनात् ॥ ५० ॥

अन्वयः - परोऽक्षज्ञानकाले अपि विषयस्वप्रकाशता समा । ब्रह्म स्वप्रकाशम् अस्ति इति एवं विबोधनात् ।।

व्याख्या :- स्वप्रकाशत्त्वपरोक्षज्ञानविषयत्त्वयोर्विरोधादेकत्रानवस्थानादुक्तं द्वैविध्यं कथं घटते? कथञ्चिद् द्वैविध्यं वा भवतु तथापि परोक्षज्ञानविषयत्त्वे किमायातं ? अथवा यद्यपरोक्षत्त्वं ब्रह्मणस्स्वरूपत्त्वप्रमावृत्तिं कृतैक्यविषयत्त्वाभ्यां द्विविधं चेद्ब्रह्मविषयकं परोक्षज्ञानमेव न स्यात्तस्य स्वयं प्रकाशत्त्वान्नित्यापरोक्षत्त्वादित्याशङ्कायामाह । यथापरोक्षकाल एवं परोक्षकालेऽपि विषयस्वप्रकाशता विषयस्य ब्रह्मणस्स्वप्रकाशता समास्त्येवेति न विरोधः । ईदृशं ज्ञानमस्तीत्यत्रनिर्णायकमनुभवं हेतुमुखेन निरूपयति । स्वप्रकाशं ब्रह्मास्तीत्येवं प्रकारेण विबोधनादित्येवं परोक्षज्ञानस्यानुभवसिद्धत्त्वादिति शम् ।।

अपरोक्षज्ञानमेवाहं ब्रह्मास्मीति ज्ञानमिति निरूपणम् -

अहं ब्रह्मेत्यनुल्लिख्य ब्रह्मास्तीत्येवमुल्लिखेत् ।
परोक्षज्ञानमेतन्न भ्रान्तं बाधानिरूपणात् ॥ ५१ ॥

अन्वयः - "अहं ब्रह्म" इति अनुल्लिख्य "ब्रह्म अस्ति" इति एवम् उल्लिखन् परोक्षज्ञानम् । एतत् भ्रान्तं न (अस्ति) बाधानिरूपणात् ।।

परोक्ष ज्ञान की सार्थकता अनुभव से भी सिद्ध है, इसका वर्णन करते हैं।

अर्थ - परोक्ष ज्ञान काल में भी विषय रूप ब्रह्म की स्वप्रकाशता समान है क्योंकि ब्रह्म स्वप्रकाश है, ऐसा ज्ञान होता है ।।५०।।

व्याख्या - स्वप्रकाशत्व और परोक्षज्ञानविषयत्व ये दोनों विरुद्ध होने से एक साथ दोनों की स्थिति कैसे संभव है ? और यदि कदाचित् द्वैविध्य को मान भी लें तो परोक्ष ज्ञान के विषय में इसका क्या प्रयोजन है ? अर्थात् अपरोक्षता का भेद भले ही हो किन्तु 'परोक्ष ज्ञान का विषय आत्मा है' इस कथन की सिद्धि तो अभी तक हुई ही नहीं है । ऐसी आशंका होने पर कहते हैं कि विषय रूप आत्मा स्वयंप्रकाश रूप अपरोक्ष होने पर भी परोक्ष ज्ञान का विषय हो सकता है, इसमें कोई विरोध नहीं है । जैसे अपरोक्ष ज्ञानकाल में विषय रूप ब्रह्म की स्वप्रकाशता सिद्ध है, उसी प्रकार परोक्ष ज्ञानकाल में भी उसकी स्वप्रकाशता समान ही है, इसलिये कोई विरोध नहीं है । अस्तित्व रूप अनुभव का निर्णय हेतुसहित बताते हैं कि 'स्वप्रकाश ब्रह्म है' ऐसा ज्ञान होता है, अर्थात् ब्रह्म के स्वप्रकाशत्व रूप अस्तित्व का ज्ञान परोक्ष ज्ञान के अनुभव से सिद्ध ही है । तात्पर्य यह है कि परोक्ष ज्ञान की सार्थकता अनुभव से भी सिद्ध होने से आत्मा परोक्ष ज्ञान का भी विषय हो सकता है ।

परोक्षज्ञान भ्रामक नहीं है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - 'मैं ब्रह्म हूँ' ऐसा न जानकर 'ब्रह्म है' इस प्रकार जानना परोक्ष ज्ञान है, इसके बाध का निरूपण न होने के कारण यह भ्रामक नहीं है ।।५१।।

व्याख्या :- अहं ब्रह्मास्मीति ज्ञानस्य परोक्षता शब्दव्यवहारवशादपि न युज्यते । यद्येतत्स्यात्परोक्षं ज्ञानं तदा घटोऽस्तीत्यादिवद्ब्रह्मास्तीत्येवोल्लेखोऽभविष्यन्न त्वहं ब्रह्मास्मीति । तथा वस्तुतः प्रत्यगभिन्नब्रह्मविषयस्य ज्ञानस्य कुतः परोक्षत्त्वमज्ञानमित्यत्र प्रत्यगंशाग्रहणादित्येवेति बोध्यम् एव"मस्ति ब्रह्मेति चेद्वेद । सन्तमेनं ततो विदुरिती"त्यादिश्रुतिभिर्ब्रह्मस्वप्रकाशमस्तीति ज्ञानसम्भवाद्ब्रह्मणः परोक्षज्ञाने विरोधात्स्वप्रकाशता मा स्यादथापि "यथार्थानुभवो मानमनपेक्षतयेष्यत" इत्याद्यभियुक्तोक्तेरयथावद्ग्राहकत्त्वेन प्रमाणमेव कथं स्यादिति चेत्किं ज्ञानस्याप्रामाण्यं बाधितत्त्वेनेष्टमाहोस्वित्स्वविषयीभूतवस्तुनिष्ठ यत्किञ्चिदंशान्तराग्रहणेन वा ? न प्रथमो "ब्रह्मा नास्तीति मानं चेत्स्याद्बाध्येत तदा ध्रुवम् । न चैवं प्रबलं मानं पश्यामोऽतो न बाध्यत" इत्यादिना तस्य स्वयमेव खण्डयिष्यमाणत्त्वात् । तथैव न द्वितीयो "व्यक्त्यनुल्लेखमात्रेण भ्रमत्त्वे स्वर्गधीरपि । भ्रान्तिस्स्याद्व्यक्त्यनुल्लेखात्सामान्योल्लेखदर्शना"दित्यादिना तस्य समाधास्यमानत्त्वादत आदौ परोक्षज्ञानमेव सप्रतियोग्युल्लेखमुदाहृत्य तस्याभ्रान्तत्त्वं च प्रतिजानीते । यद्यहं ब्रह्मास्मीति ज्ञानं परोक्षं स्यात्तदाहं ब्रह्मेत्युल्लेखो न भवेत् किन्तु ब्रह्मास्तीत्येवोल्लेखो भवेद्घटोऽस्तीतिवत् । तथोल्लेखादर्शनान्नेदं परोऽक्षं ज्ञानम् । अत्रास्मिन्विषये समाधानं वक्तुं चतुर्धा विकल्पयति । इदं कथं भ्रान्तं ? किमस्य बाध्यत्त्वादथ वा व्यक्त्यनुल्लेखादुताहोस्विदंशाग्रहणाद्वेति । तेषु प्रथमः पक्षो न घटत इत्याह, एतदहं ब्रह्मास्मीति ज्ञानं तथोल्लेखाभावेऽप्यभ्रान्तमेव । बाधानिरूपणात् । बाधाया निरूपणस्याशक्यत्त्वात् । यदीदं ज्ञानं स्याद्बाध्यं तदा स बाधो निरूपणीयः । नैव च शक्यो निरूपयितुम् । तस्मान्न घटत इति शम् ।।

व्याख्या - ब्रह्म तो प्रत्यगात्मा से अभिन्न है, उस ब्रह्म को विषय करने वाला ज्ञान परोक्ष कैसे हो सकता है ? और यदि वह परोक्ष होगा भी तो अवश्य ही भ्रामक होगा । ***''अयमस्मीतिपूरुषः''*** इस श्रुति में अयं शब्द से यदि परोक्ष ज्ञान का ग्रहण करेंगे तो 'मैं ब्रह्म हूँ' इस प्रकार का ज्ञान न होकर 'ब्रह्म है' इस प्रकार का ज्ञान होगा । और यदि वैसा नहीं है तो उसे परोक्ष ज्ञान नहीं कह सकते । इस शंका का समाधान करते हैं । यद्यपि 'ब्रह्म है' इस प्रकार का ज्ञान परोक्ष ही है तथापि यह ज्ञान भ्रामक नहीं है । क्यों नहीं है ? तो कहते हैं कि इस परोक्ष ज्ञान के बाध का निरूपण कहीं पर नहीं है और वह शक्य भी नहीं है । यदि यह ज्ञान बाध्य होता तो उसके बाध का निरूपण करना चाहिये, किन्तु उसका निरूपण करना शक्य नहीं है । भ्रम चार प्रकार का होता है (१) जिस ज्ञान का बाध संभव है, वह भ्रम है, (२) वस्तु का विशेष ज्ञान न होना भी भ्रम है, (३) अपरोक्ष रूप से ग्रहण करने योग्य वस्तु को परोक्ष रूप से जानना भी भ्रम है और (४) वस्तु के एकांश का ही ज्ञान होना, दूसरे अंश का ज्ञान न होना भी भ्रम है । परोक्ष ज्ञान इन चार कोटि में से किसी में भी नहीं आता (जिसका वर्णन अगले चार श्लोकों में किया जाएगा) अतः परोक्ष ज्ञान अबाध्य होने के कारण भ्रामक नहीं है ।

ब्रह्मास्मीति ज्ञानस्य बाधानिरूप्यत्त्वनिरूपणम् -

ब्रह्म नास्तीति मानञ्चेत्स्याद्बाध्येत तदा ध्रुवम् ।
न चैवं प्रबलं मानं पश्यामोऽतो न बाध्यते ॥ ५२ ॥

अन्वयः - "ब्रह्म न अस्ति" इति चेत् मानं स्यात् तदा बाध्येत । एवं प्रबलं मानं ध्रुवं न च पश्यामः। अतः न बाध्यते ।।

व्याख्या :- तं च प्रतिपिपादयिषुरुक्ताभिसन्धिं समुद्घाटयति ब्रह्म नास्तीति मानं प्रमाणं प्रबलं स्याच्चेत्तदा ब्रह्मास्तीति ज्ञानं परोऽक्षं ध्रुवं निश्चयेन बाध्येत । अत्र चेदिति पदस्वारस्वान्नास्तीति न प्रमाणमित्युक्तं सिद्ध्यति । तदेवोपपादयति एवमित्थं प्रकारेणाभावबोधकं प्रबलं मानान्तराबाध्यं प्रमाणं नास्ति ब्रह्मेत्याकारकं न पश्यामः । अतो "अस्ति ब्रह्मे"त्याकारकज्ञानसाधकप्रबलप्रमाणस्य श्रुत्यादेस्सत्त्वेन तेनेदं प्रमाणं बाध्यते । अतस्तस्य मानान्तराबाध्यमानत्त्वाभावेन "ब्रह्माहमस्मी"ति ज्ञानं न बाध्यत इत्येवमबाध्यत्त्वादेवाभ्रान्तत्त्वमपि सिद्ध्यतीति शम् ।।

अतिप्रसङ्गदोषेण व्यक्त्यनुल्लेखरूपस्य द्वितीयस्य विकल्पस्यापि दूषणम् -

व्यक्त्यनुल्लेखमात्रेण भ्रमत्त्वे स्वर्गधीरपि ।
भ्रान्तिस्स्याद्व्यक्त्यनुल्लेखात्सामान्योल्लेखदर्शनात् ॥ ५३ ॥

अन्वयः - व्यक्त्यनुल्लेखमात्रेण भ्रमत्त्वे व्यक्त्यनुल्लेखात् सामान्योल्लेखदर्शनात् स्वर्गधीः अपि भ्रान्तिः स्यात् ।।

व्याख्या :- यदि व्यक्त्यनुल्लेखमात्रेण भ्रमत्त्वे व्यक्त्यनुल्लेखात्स्वर्गोऽस्तीति

पूर्व श्लोक के बाधाभाव रूप हेतु को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - 'ब्रह्म नहीं है' इस प्रकार का यदि कोई प्रमाण होता तो निश्चय ही उससे 'ब्रह्म है' इस परोक्ष ज्ञान का बाध हो जाता । किन्तु इस प्रकार का कोई प्रबल प्रमाण हम नहीं देखते हैं, इसलिये उसका बाध नहीं होता है ।।५२।।

व्याख्या - 'ब्रह्म नहीं है' इस प्रकार का यदि कोई प्रबल प्रमाण उपलब्ध होता तो उस प्रमाण से 'ब्रह्म है' ऐसा परोक्ष ज्ञान अवश्य ही बाधित हो सकता था किन्तु ऐसा कोई प्रबल प्रमाण देखने में नहीं आता । श्लोक में 'चेत्' शब्द से ब्रह्म के नास्तित्व का कोई प्रमाण नहीं है, यह सूचित होता है । 'ब्रह्म है' इस प्रकार ब्रह्म के अस्तित्व को अनेकों श्रुति-स्मृति आदि प्रमाण परिपुष्ट करते हैं किन्तु 'ब्रह्म नहीं है' इस बात का समर्थन करने वाला एक भी प्रमाण नहीं है । ब्रह्म के न होने की कल्पना निराधार है । अतः ब्रह्म के अस्तित्व को स्वीकार करने वाला परोक्ष ज्ञान निर्बाध सत्य है । इसलिये परोक्ष ज्ञान भ्रम नहीं है ।

परोक्ष ज्ञान भ्रम नहीं है, इस विषय में द्वितीय भ्रम का निवारण करते हैं।

अर्थ - विशेष ज्ञान के अभाव मात्र से परोक्ष ज्ञान यदि भ्रामक होगा तो विशेषज्ञान का अभाव होने से 'स्वर्ग है' ऐसी बुद्धि भ्रामक होगी, क्योंकि स्वर्ग का भी सामान्य रूप से ही उल्लेख दिखाई देता है ।।५३।।

व्याख्या - व्यक्ति उल्लेख का अर्थ है विशेषज्ञान । शास्त्र के आधार पर स्वर्ग का केवल सामान्य

सामान्योल्लेखदर्शनात्स्वर्ग इत्येवमाकारेणैव तस्य प्रतीतेरयं स्वर्ग इति विशेषाकारेण ग्रहणाभावात्स्वर्गधीरपि भ्रान्तिस्स्यादित्यतिप्रसङ्ग इति दिक् ।।

तृतीयविकल्पदूषणम् –

अपरोक्षत्त्वयोगस्य न परोक्षमतिर्भ्रमः ।
परोक्षमित्यनुल्लेखादर्थात्पारोक्ष्यसम्भवात् ।। ५४ ।।

अन्वयः – अपरोक्षत्त्वयोग्यस्य परोक्षमतिः भ्रमः न । परोक्षम् इति अनुल्लेखात् । अर्थात् पारोक्ष्यसंभवात् ।।

व्याख्या :–स्वर्गादीनां दृश्यत्त्वेन जातिव्यक्तिघटितस्य स्वर्गत्त्वजातिविषयिण्यास्स्वर्गधियो व्यत्त्यनुल्लेखेन परोक्षाया अपि प्रमात्त्वसम्भवादद्वैतब्रह्मणस्तु दृङ्मात्रत्त्वेनातथात्त्वान्नित्यापरोऽक्षयोग्यस्य परोक्षज्ञानं भ्रान्तिरेवेत्याशङ्कां निराचिकीर्षुराह । आपरोक्ष्येण ग्रहणयोग्यस्य पारोक्ष्येण ग्रहणादितीमं विकल्पं निराकरिष्णुराह। अपरोक्षत्त्वयोग्यस्यापरोक्षत्त्वेन ग्रहीतुं योग्यस्य प्रत्यगभिन्नब्रह्मविषयस्य, परोक्षमतिः परोक्षमित्याकारकं ज्ञानं न भ्रमस्तस्य परोक्षज्ञानस्य नैव सम्भवति भ्रमत्त्वम् । प्रत्यगात्माभिन्नब्रह्मविषयकपरोक्षज्ञानस्य न युज्यते भ्रान्तितेति भावः । तत्र च हेतुं प्रदर्शयति । ब्रह्म परोक्षमिति ब्रह्मणः पारोक्ष्यस्यानुल्लेखादकथनात्।

ज्ञान होता है । हम उसे विशेष रूप से देख नहीं सकते । किन्तु इसी आधार पर स्वर्ग के ज्ञान को भ्रम नहीं कहा जा सकता । भारत में रहने वाले व्यक्ति ने यदि जर्मनी देश को नहीं देखा है तो भी जर्मनी देश का परोक्ष ज्ञान भ्रम नहीं है । इसी प्रकार ब्रह्म के अस्तित्व रूप सामान्य ज्ञान जिसे परोक्ष ज्ञान कहते हैं, वह भ्रम नहीं है किन्तु यथार्थ ही है । इसलिये कहा कि विशेष ज्ञान के अभाव मात्र से परोक्ष ज्ञान को भ्रम रूप माना जाएगा तो शास्त्रगम्य स्वर्ग के अस्तित्व का ज्ञान भी भ्रम रूप होगा । भाव यह है कि ब्रह्म का परोक्ष ज्ञान यदि उक्त कारण से भ्रम रूप है तो स्वर्ग का परोक्ष ज्ञान भी भ्रम रूप ही होगा, इस प्रकार अति प्रसंग दोष प्राप्त होगा । इस दोष की निवृत्ति के लिये ब्रह्म का परोक्ष ज्ञान भ्रम रूप नहीं है, ऐसा मानना चाहिये ।

अब तृतीय भ्रम का निराकरण करते हैं ।

अर्थ – अपरोक्ष रूप से जानने योग्य ब्रह्म का परोक्ष ज्ञान भ्रम नहीं है, क्योंकि ब्रह्म परोक्ष है, ऐसा ज्ञान नहीं होता है, इसलिये परोक्ष ज्ञान संभव है ।।५४।।

व्याख्या – अपरोक्ष रूप से ग्रहण करने योग्य ब्रह्म का परोक्ष रूप से ग्रहण होने के कारण ब्रह्म का वह परोक्ष ज्ञान भ्रम रूप होना चाहिये । स्वर्गादि तो भौतिक होने के कारण उनका परोक्ष ज्ञान संभव है किन्तु जो नित्य अपरोक्ष ब्रह्म है, उसका परोक्ष ज्ञान होना भ्रम रूप क्यों न होगा ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि अपरोक्ष रूप से ग्रहण करने योग्य ब्रह्म का परोक्ष ज्ञान भ्रम रूप नहीं है अर्थात् आत्माभिन्न ब्रह्मविषयक परोक्ष ज्ञान का भ्रान्तित्व संभव नहीं है । उसका करण बताते हुए कहते हैं कि ब्रह्म परोक्ष है, ऐसा उल्लेख नहीं है अर्थात् ऐसा कोई वचन नहीं है । यदि आत्माभिन्न ब्रह्म परोक्ष है, ऐसा कहोगे तो तुम्हारे कथनानुसार परोक्ष होने के कारण ब्रह्म का ग्रहण संभव न होने से 'मैं ब्रह्म हूँ' इस प्रकार का ज्ञान बाधित हो सकता है किन्तु वह ज्ञान परोक्ष है ऐसा किसी ने स्वीकार नहीं किया है । इसलिये तुम्हारा

परोक्षं ब्रह्मेत्येवमाकारेण ग्रहणाभावात् । यद्यात्माभिन्नं ब्रह्म परोक्षमित्युच्येत तर्हि तदुक्तहेतोः परोक्षत्त्वेनैव ग्रहणसंभवादहं ब्रह्मास्मीति ज्ञानं बाध्येत । तच्चात्मज्ञानं न केनापि परोक्षमिति गृह्यते । तस्मान्निरुक्तो हेतुरसिद्ध एवेति भावः । एवं सति तर्ह्यहं ब्रह्मास्मीति ज्ञानस्य परोक्षत्त्वसमर्थनं केन वा प्रकारेण विधीयत इत्यत्राह । "अयं पट" इत्यादिवदिदं ब्रह्मेत्याकारेण व्यक्त्युल्लेखस्यादर्शनात्तत्सामर्थ्यादेव पारोक्ष्यसंभवात्पारोऽक्ष्यसिद्धिरित्याशयः । वस्तुसाधकं न प्रतीतिमात्रमेव भवति । लक्षणप्रमाणयुक्त्यादेर्ह्यर्थसिद्धिरिति विद्वत्समय इति दिक् ।।

चतुर्थविकल्पस्य निराकरणम् -

अंशागृहीतेर्भ्रान्तिश्चेद्घटज्ञानं भ्रमो भवेत् ।
निरंशस्यापि सांशत्त्वं व्यावृत्त्यंशविभेदतः ।। ५५ ।।

अन्वयः - अंशागृहीतेः भ्रान्तिः चेत् । घटज्ञानं भ्रमः भवेत् । व्यावर्त्यांशविभेदतः निरंशस्य अपि सांशत्त्वम् ।।

व्याख्या :- "ब्रह्मैवेदमग्र आसीदात्मानमेवावेदहं ब्रह्मास्मी"ति "ब्रह्म ब्रह्माभवत्स्वय"मित्यादि-श्रुतिभिरपरोक्षज्ञाने ब्रह्मात्मसदंशा भासन्ते । परोक्षज्ञानगोचराया"मस्ति ब्रह्मेति चेद्वेदे"त्यादिश्रुतितस्तौ विनैवात्मांशं ब्रह्मसदंशावेव प्रतीतिगोचरावित्यतोंशग्रहणात्परोक्षप्रमितिर्भ्रान्तिरेवेति प्रश्नस्य प्रतिबन्दीं दित्सन्प्रत्याचष्टे । अंशागृहीतेर्यद्यप्यखण्डे ब्रह्मण्यंशानामसंभवादंशतो ग्रहणमंशान्तरेणाग्रहणमिति नैव संभवत्यथापि ब्रह्मांशमात्रग्रहणेन प्रत्यगंशग्रहणाभावादेव भ्रान्तिर्भ्रमत्त्वमिति चेत्तर्हि घटज्ञानं घटपटादिज्ञानं

दिया हुआ हेतु असिद्ध है । यदि ऐसा है तो फिर 'मैं ब्रह्म हूँ' इस ज्ञान के परोक्षत्व का समर्थन क्यों करते हो ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि 'यह घड़ा है' इस वचन के अनुसार 'यह ब्रह्म है' इस प्रकार के विशेष ज्ञान की उपलब्धि नहीं होती है और ब्रह्म परोक्ष है, ऐसा ज्ञान नहीं होता है केवल वस्तु की प्रतीति होना ही वस्तुसिद्धि में कारण नहीं है किन्तु लक्षण, प्रमाण और युक्ति आदि के द्वारा भी वस्तु की सिद्धि होती है । इसलिये अपरोक्ष रूप ब्रह्म को परोक्ष रूप से जानना भ्रम न होने के कारण परोक्ष ज्ञान भ्रान्ति रूप नहीं है ।

अब चतुर्थ भ्रम का निराकरण करते हैं ।

अर्थ - यदि अंश के अग्रहण से परोक्ष ज्ञान को भ्रम रूप मानोगे तो घटज्ञान को भी भ्रम रूप मानना होगा । यद्यपि ब्रह्म निरवयव है तथापि व्यावर्त्य अंश रूपी उपाधि के भिन्न होने से वह (निरंश) भी सावयव (सांश) मान लिया जाता है ।।५५।।

व्याख्या - परोक्ष ज्ञान में एक चौथे प्रकार के भ्रम की आशंका हो सकती है । वस्तु के एकांश का ज्ञान होना और दूसरे अंश का ज्ञान न होना भ्रम कहलाता है । 'ब्रह्म है' इतना ज्ञान तो हुआ किन्तु 'ब्रह्म प्रत्यगभिन्न है' यह ज्ञान नहीं हुआ । इस आधार पर पूर्वपक्षी परोक्ष ज्ञान को भ्रम रूप मानता है। यद्यपि 'ब्रह्म है' यह परोक्ष ज्ञान भ्रम रूप नहीं है, ऐसा पूर्व में सिद्ध कर चुके हैं तथापि पूर्वपक्षी आशंका करता है कि प्रत्यक् आत्मरूप अंश को छोड़कर अवशिष्ट अंश का अर्थात् केवल ब्रह्म का ज्ञान अंशज्ञान होने से भ्रम रूप है । ***''ब्रह्मैवेदमग्र आसीदात्मानमेवावेदहं ब्रह्मास्मि'' ''ब्रह्म ब्रह्माभवत्स्वयं''*** इत्यादि

भ्रमो भवेद्भ्रम इत्यान्तरावयवानामग्रहणस्य तत्रापि तुल्यत्त्वाद्भवताभ्युपेयम् । घटज्ञाने हि यदवयवावच्छेदेन सालोकलोचनसन्निकर्षस्स एव प्रतिभातीति तत्राप्यंशग्रहणाद्भ्रान्तित्त्वापत्तिरिति भावः । अत्रांशाङ्गीकृतिरनुचितेति न साम्प्रतम् । यतः सङ्क्षेपशारीरके "अनृतजडविरोधिरूप–मन्तत्रयमलबन्धनदुःखताविरुद्ध"मित्यारभ्य यथा प्राचीनैरवोचि तथैवेहापि वक्तुमुचिता । किञ्च न घटज्ञानं भ्रमः । घटस्य च सावयवत्त्वात्तेषु केषाञ्चन ग्रहणसम्भवेऽपीतरेषां ग्रहणासंभवस्य सम्भावितत्त्वात् । प्रकृते तु ब्रह्मणो निरंशत्त्वात्स्वरूपेणाप्यंशानां ग्रहणं न संभवतीति महदन्तरस्य सद्भावात् । तामेतां शङ्कां परिजिहीर्षति । व्यावर्त्यांशोपाधिनिमित्तकसांशत्त्वस्य संभवादित्याह । वस्तुतो निरंशस्याप्यारोपितं सांशत्त्वमस्त्येव । तथारोपितांशमादायैवांशग्रहणमुपपादनीयम् । तत्रारोपितांशकल्पना किं प्रयोजनेत्यत्रोच्यते । तत्र परोक्षापरोक्षज्ञानाभ्यां व्यावर्त्यांशविभेदतः । व्यावर्त्यौ यावंशौ तयोरंशयोर्विभेदतः । तद्भेदात्सांशत्त्वमारोपितमवश्यमङ्गीकार्यमिति भाव इति शम्।।

ब्रह्मणि व्यावर्त्यांशयोर्निरूपणम् –

असत्त्वांशो निवर्तेत परोक्षज्ञानतस्तथा ।
अभानांशनिवृत्तिस्स्यादपरोक्षधिया कृता ।। ५६ ।।

श्रुतियों के द्वारा अपरोक्ष ज्ञान में ब्रह्मात्मसदंश भासित होते हैं । निरंश ब्रह्म में अंशादि का होना संभव न होने से अर्थात् अंश के अग्रहण मात्र से परोक्ष ज्ञान को भ्रम रूप मानोगे तो घटज्ञान भी भ्रम रूप ही मानना पड़ेगा । क्योंकि घट के सम्पूर्ण अंश दृष्टिगोचर नहीं होते हैं अर्थात् हम घट के उसी अंश को देखते हैं जो हमारी दृष्टि के सामने है, उसका शेष अंश नहीं दिखाई देता । ऐसी स्थिति में क्या हम घट के ज्ञान को भ्रम रूप कहेंगे ? कदापि नहीं । इसी प्रकार परोक्ष ज्ञान में ब्रह्म के केवल एक अंश का ज्ञान होने और दूसरे अंश का ज्ञान न होने को भ्रम नहीं माना जा सकता । यदि कहो कि घटज्ञान भ्रम नहीं है क्योंकि घट सावयव है अतः उसके सम्पूर्ण अंशों का ग्रहण न होने पर भी वस्तुतः उसके अंशों का ग्रहण सम्भव है किन्तु ब्रह्म तो निरवयव है अतः उसके अंशों का ग्रहण संभव नहीं है, अतः आपके द्वारा दिया गया दृष्टान्त विषम है । ऐसी शंका होने पर सिद्धान्ती कहते हैं कि यद्यपि ब्रह्म निरंश ही है तथापि निरंश में भी आरोपित अंशत्व संभव है । तात्पर्य यह है कि आरोपित अंशों को लेकर ब्रह्म में अंशत्व की कल्पना करना अनुचित नहीं है । ब्रह्म में आरोपित अंशों की कल्पना की क्या आवश्यकता है ? इस शंका का उत्तर देते हैं कि ***"व्यावर्त्यांशविभेदतः"*** ब्रह्म तो निरंश ही है तथापि निषेध करने योग्य अंशों के भेद से उसमें अंशों की कल्पना होती है । परोक्ष और अपरोक्ष ज्ञान के द्वारा अध्यास का निवारण करने के लिये ब्रह्म में अंश की कल्पना की जाती है । अर्थात् परोक्ष ज्ञान तथा अपरोक्ष ज्ञान से निवर्त्य अंश उपाधि से व्यावर्त्यांश रूप बन सकता है, अतः ब्रह्म है यह परोक्ष ज्ञान भ्रम रूप नहीं है । भाव यह है कि जैसे निरंश आकाश में स्थित मेघ उसके एक अंश में दिखाई देता है जो कि आकाश में अध्यस्त है, उस अध्यास का व्यावर्तन (निषेध) हो सकता है । इसलिये परोक्ष ज्ञान भ्रम रूप नहीं है ।

वह व्यावर्त्यांश कौन-कौन हैं, इस प्रकार आकांक्षा होने पर उत्तर देते हैं ।

अर्थ – परोक्ष ज्ञान से असत्त्वांश (नास्ति रूप आवरण) की निवृत्ति होती है और अपरोक्ष ज्ञान से अभानांश (न भाति रूप आवरण) की निवृत्ति होती है ।।५६।।

अन्वयः - परोक्षज्ञानतः असत्त्वांशः निवर्तेत तथा अपरोक्षधिया कृता अभानांशनिवृत्तिः स्यात्।।

व्याख्या :- ब्रह्मणि कौ तावंशौ व्यावर्त्यौ भवतस्सर्वज्ञात्मश्रीचरणैस्तु व्यावर्त्यास्सकलदृश्ये प्रसिद्धा अनृतादयोंऽशाः कण्ठत एवोक्तास्तथेह परोक्षापरोक्षज्ञानक्षपणीयौ द्वैते सुप्रसिद्धतरावद्वैते ब्रह्मणि निराकरणीयौ यावंशौ क्रमशस्तौ व्युत्पिपादयिषति । असत्त्वांशो "नास्ती"त्यत्र निर्दिष्टोऽसत्त्वांशः परोक्षज्ञानतो निवर्तेत । तथा "न भाती"त्यत्र निर्दिष्टोऽभानांशस्तस्य निवृत्तिरभानांशनिवृत्तिरपरोक्षधिया कृता स्यादेवं चाहं ब्रह्मास्मीति ज्ञानेनासत्त्वांशाभानांशयोरुभयोरपि तत्रानुभवात्तदेव ज्ञानं परोक्षमपरोक्षमित्युच्यते । अत एवोक्तं प्रतिकर्मव्यवस्थायाम् "आस्तामेवं विषयनिलयो मोह एतावता किं नष्टं तत्रानुपदमतवच्चेत्परोक्षव्यवस्था । भायात्तर्हि स्व इव विषयस्तेन साक्षात्स्वरादिशब्दादावित्यमुदमवदन्भारतीतीर्थपादाः" इत्येवं परोक्षादिव्यवस्थामनुक्रम्य "असदावरणं भवेद्यथावदभानावरणं च गोचरे । प्रथमक्षमणं परोक्षतश्चरमस्यापि बतापरोक्षतः । विषये तु विषयाभिधसम्बन्धेनैव तत्स्थितिं याति । आश्रयतयैव चात्मन्यक्षिणि काचादिवत्सततम् ।। सिद्धान्तलेशे तु न दीक्षितैरिदं प्रपञ्चितं प्रागुपलक्षणत्त्वतः । मयैव तेनाद्य तु तृप्तिदीपमवेक्ष्य सद्भ्यक्कृतेति निरूपितम्।। अद्वैतसिद्ध्यादिषु तस्य विस्तरस्स्पष्टस्ततो नेदमसाम्प्रदायिकम् । सद्भानयोस्तत्प्रतियोगितापि विशिष्टयोरेव न तद्विरोधः ।। सत्ता स्फुरता परमात्मनो या नाच्छाद्यते सा ह्युपजीव्यभावात् । आनन्दमाच्छादयतीव मायेत्यादर्शवाचापि सहेति मङ्गलम् ।।" इत्यादिविस्तरोऽन्यत्र द्रष्टव्य इति दिक् ।।

असत्त्वापादकाज्ञानावरणस्य निवर्तकपरोक्षज्ञानस्य निरूपणम् -

दशमोऽस्तीत्यविभ्रान्तं परोक्षज्ञानमीक्ष्यते ।
ब्रह्मास्तीत्यपि तद्वत्स्यादज्ञानावरणं समम् ।। ५७ ।।

अन्वयः - "दशमः अस्ति" इति परोक्षज्ञानम् अविभ्रान्तम् ईक्ष्यते । तद्वत् "ब्रह्म अस्ति" इति अपि स्यात् अज्ञानावरणं समम् ।।

व्याख्या :- "अहं ब्रह्मास्मी"त्युत्तमपुरुषाख्यातभानार्हब्रह्माद्वैतात्मवस्तु"न्यस्ति ब्रह्मे"ति

व्याख्या - पूर्व श्लोक में व्यावर्त्य अंश अर्थात् निषेध करने योग्य अंश का उल्लेख किया गया, उसी को स्पष्ट करते हैं कि व्यावर्त्य अंश दो प्रकार के हैं - एक तो असत्ता रूप अंश और दूसरा अभान रूप अंश । 'ब्रह्म नहीं है' यह असत्ता रूप अंश है और 'ब्रह्म का भान नहीं होता' यह अभान रूप अंश है । ज्ञान से इनकी निवृत्ति होती है । परोक्ष ज्ञान से असत्ता रूप व्यावर्त्य अंश की और अपरोक्ष ज्ञान से अभान रूप व्यावर्त्य अंश की निवृत्ति होती है ।

अपरोक्ष रूप से जानने योग्य विषय का परोक्ष ज्ञान भ्रान्ति रूप नहीं है, इसे दृष्टान्त पूर्वक समझाते हैं ।

अर्थ - 'दशम पुरुष है' इस प्रकार का परोक्ष ज्ञान जैसे भ्रान्ति रहित है वैसे ही 'ब्रह्म है' यह परोक्ष ज्ञान भी उसी प्रकार (भ्रान्ति रहित) है, क्योंकि अज्ञानकृत आवरण (दोनों में) समान ही है ।।५७।।

व्याख्या - दश पुरुषों की कथा में जैसे कोई आप्तपुरुष कहता है कि "दसवाँ पुरुष नदी में डूबा नहीं है, वह तो जीवित है" उसका यह वचन सभी लोग मान लेते हैं, उसे भ्रम नहीं समझते उसी प्रकार

प्रथमपुरुषाख्यातभानघटितपरोक्षज्ञानं कथं न भ्रमो भवेदिति शङ्कां निराकरिष्णुर्दशमदृष्टान्तं स्मारयति। दशमो दशसङ्ख्याविशिष्टजनानां गणयिता पथिकोऽस्तीत्याप्तवाक्यजन्यं परोक्षज्ञानमभ्रान्तमीक्ष्यते अनुभूयते। दशमोऽस्तीति यथाभ्रान्तं ज्ञानं तथैव ब्रह्मास्तीत्यपि ज्ञानमित्याशयः । अतोऽस्ति ब्रह्मेति श्रुतिवाक्यजन्यं परोऽक्षज्ञानमपि तद्वदभ्रान्तमेव । उभयत्राज्ञानकृत्यासत्त्वावरणांशस्य समत्त्वमिति भावः। तस्मादयमपरोक्षत्त्वे ग्रहणयोग्यस्य परोक्षज्ञानं भ्रान्तिः । स्थलद्वयेऽपि तन्निवर्त्याज्ञानावरणस्या-ज्ञानकृतस्यासत्त्वांशस्याविशिष्टत्त्वादिति शम् ।।

सद्युक्तिविशिष्टविचारसहितादाप्तवाक्यादपरोक्षज्ञानोत्पत्तिरप्यस्तीति निरूपणम् –

आत्मा ब्रह्मेति वाक्यार्थे निश्शेषेण विचारिते ।
व्यक्तिरुल्लिख्यते यद्वद्दशमस्त्वमसीत्यतः ॥ ५८ ॥

अन्वयः – "आत्मा ब्रह्म" इति वाक्यार्थे निश्शेषेण विचारिते व्यक्तिः उल्लिख्यते । यद्वत् "दशमस्त्वम् असि" इति अतः ।।

व्याख्या :– दशमोऽस्तीत्याप्यवाक्यजन्यं भवतु परोक्षज्ञानं तद्वदेव हि वेदवाक्याद्भवतु ब्रह्मणोऽपि परोक्षं ज्ञानं प्रमैव तथापि दशमदृष्टान्ते कृष्णगौरादिरूपवच्चेतनस्य चाक्षुषादेस्संभावितत्त्वादपरोक्षता युज्यतेऽथाप्यद्वितीये निर्गुणे ब्रह्मणि कथमपरोक्षं ज्ञानमुदियात् ? शाब्दत्त्वस्य परोक्षत्त्वनैयत्याद्वाक्येन जायमानज्ञानस्य शाब्दत्त्वात्सिद्धं परोक्षत्त्वम् । तस्माच्छाब्दं कथमपरोक्षं भवितुमर्हतीत्याशङ्कायां संन्याययुक्तिमद्विचारसहकृतशाब्दज्ञानादपरोक्षज्ञानमुत्पद्यत इति सदृष्टान्तमुपदर्शयति । "अयमात्मा ब्रह्मे"ति

ब्रह्म का परोक्ष ज्ञान भी भ्रम रूप नहीं है । दृष्टान्त और दार्ष्टान्तिक दोनों में असत्ता रूप आवरण एक समान है और परोक्ष ज्ञान से उसकी निवृत्ति भी समान ही है । भगवती वेदमाता परम हितैषिणी है अतःजब वह कहती है कि ब्रह्म है तो फिर उसके वचन में भ्रम की तो संभावना ही नहीं है । उसी का अनुसरण करने पर अपरोक्ष ज्ञान भी हो जाता है । अतः अपरोक्ष रूप से ग्रहण करने योग्य ब्रह्म का परोक्ष ज्ञान भ्रम रूप नहीं है ।

अब अपरोक्ष ज्ञान की उत्पत्ति का उपाय बताते हैं ।

अर्थ – ***"अयं आत्मा ब्रह्म"*** इस महावाक्य के अर्थ का सम्पूर्ण रूप से विचार करने पर जैसे 'तुम दसवें पुरुष हो' इस प्रकार के वचन से दसवें पुरुष का अपरोक्ष ज्ञान होता है, उसी प्रकार आत्मा का भी अपरोक्ष ज्ञान होता है ।।५८।।

व्याख्या – यदि वाक्य से परोक्ष ज्ञान उत्पन्न होता है तो अपरोक्ष ज्ञान कैसे उत्पन्न होता है ? अर्थात् वाक्य से उत्पन्न होने वाला ज्ञान शब्दात्मक होने के कारण परोक्ष ही होता है । (शाब्दिक ज्ञान हमेशा परोक्ष ही होता है, यह नियम है) । अतः शब्दजन्य ज्ञान अपरोक्ष ज्ञान का हेतु कैसे कहा जा सकता है? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि यद्यपि शब्दजन्य ज्ञान सामान्यतः परोक्ष ही होता है किन्तु विचार सहित वही ज्ञान अपरोक्ष भी हो जाता है ***"अयं आत्मा ब्रह्म"*** इस महावाक्य के अर्थ का सम्पूर्ण रूप से विचार करने पर अपरोक्ष ज्ञान होता है । इसमें दृष्टान्त देते हैं – दस पुरुषों की कथा में जब किसी आप्तपुरुष से उन्होंने सुना कि दसवाँ पुरुष नदी में डूबा नहीं है, वह जीवित है तो उन्हें दसवें पुरुष के जीवित होने

वेदान्ततात्पर्यसहिते वाक्यार्थे महावक्यार्थे निश्शेषेण षड्विधतात्पर्यलिङ्गादिभिर्यथान्यायं गुरुमुखतश्श्रुत्त्वा पूर्णरूपेण विचारिते शुद्धान्तःकरणेन सम्यग्विचारिते सति पूर्वं केवलात्प्रामाणिकाच्छब्दादस्तीत्यपरोक्षतयावगतं ब्रह्मविचारबलात्प्रत्यगभिन्नतया परोक्षतया साक्षादनुभूयते व्यक्तिरुल्लिख्यते तद्वद्वेदान्तमहावाक्याद्विचारविशिष्टात्प्रत्यगभिन्नब्रह्मसाक्षात्कारोऽपरोक्षतयानुभूयत इति श्लिष्टमेवेति शम्।।

अपरोक्षज्ञानोत्पत्तिप्रकारनिरूपणम् -

दशमः क इति प्रश्ने त्वमेवेति निराकृते ।
गणयित्त्वा स्वेन सह स्वमेव दशमं स्मरेत् ॥ ५९ ॥

अन्वयः - "दशमः कः" इति प्रश्ने "त्वम् एव" इति निराकृते । स्वेन सह गणयित्त्वा स्वम् एव दशमं स्मरेत् ।।

व्याख्या :- यदि दशमापरोक्षज्ञानमपि शाब्दं नैव स्यादपि तु पूर्वमुपपादितरीत्या कृष्णगौरादिरूपवच्चेतनचाक्षुषमेव भवेत्तर्हि भवेत्प्रश्नो दार्ष्टान्तिके ब्रह्मणि निर्गुणे तन्न घटत इति वैषम्यमिति परमादौ नैव तत्पश्याम इत्यतो दशमापरोक्षप्रकारं विवृणोति । आप्तवाक्याद्दशमस्त्वमसीति वाक्यात्सञ्जाते न दशमोऽस्तीति प्रथमं परोक्षज्ञानेन यथाकथञ्चित्समाहितस्य पथिकस्य दशमस्य को दशमस्त्वयास्तीति निरूपितो दशमः क इति प्रश्ने कृते, तस्मिन्प्रश्ने त्त्वमेव दशम इत्याप्तेन च

का परोक्ष ज्ञान हो गया । उसके बाद एक पुरुष पूछता है कि दसवाँ पुरुष कहाँ है ? तो उसके उत्तर में आप्तपुरुष कहता है कि दसवें पुरुष तुम ही हो, इस वाक्य पर विचार कर वह स्वयं को भी गिनता है और दशम पुरुष के रूप में स्वयं को ही पाता है । इस तरह उसे दशम पुरुष का अपरोक्ष ज्ञान हो जाता है । ठीक उसी प्रकार सद्गुरु के मुखारविन्द से साधनचतुष्टय सम्पन्न अधिकारी पुरुष वेदों के महावाक्यों का श्रवण कर 'यह आत्मा ही ब्रह्म है' इस प्रकार सम्यक् रूप से जब विचार करता है तब उस विचारसहित महावाक्य के द्वारा मुमुक्षु को अपरोक्ष आत्मज्ञान हो जाता है । श्लोक में ***"निःशेषेण विचार्यते"*** इस वाक्य का भाव यह है कि केवल महावाक्य या केवल विचार से अपरोक्ष ज्ञान नहीं होता है, किन्तु महावाक्यों के अर्थ का सम्यक् विचार करने पर ही अपरोक्ष ज्ञान होता है ।

'दशमस्त्वमसि' इस वाक्य से अपरोक्ष ज्ञान कैसे होता है, इसका विचार करते हैं ।

अर्थ - दशम कौन है ? इस प्रकार प्रश्न करने पर तुम ही दशम हो, ऐसा निराकरण करने पर स्वयं के सहित दूसरे नौ को गिनकर वह दशम पुरुष स्वयं को ही दशम रूप से स्मरण करता है अर्थात् जानता है ।।५९।।

व्याख्या - विचार सहित वाक्य से अपरोक्ष ज्ञान होता है, यह पूर्व में कहा गया, उसी को दृष्टान्त पूर्वक समझाते हैं । जब आप्तपुरुष ने कह दिया कि दसवाँ नदी में डूबा नहीं है, वह जीवित है तब दशमपुरुष के परोक्ष ज्ञान से वे सभी पुरुष कुछ शान्त हुए । तब उनमें से एक पुरुष ने प्रश्न किया (जो कि स्वयं दशम पुरुष ही था) कि दसवाँ पुरुष कौन है ? इस प्रश्न का उत्तर देते हुए उस आप्तपुरुष ने कहा कि 'दसवाँ और कोई नहीं तुम्ही हो' जब उस दशम पुरुष ने ऐसा सुना तब उसने स्वयं के सहित उन नौ पुरुषों की गणना की तो पूरे दस निकले । तब उसने जान लिया कि मैं स्वयं को छोड़कर दूसरो को गिनता

निराकृते दूरीकृते सति विचाराय प्रवृत्तो दशमस्त्वेन स्वात्मना सह स्वभिन्नान्नव पुंसो गणयित्त्वा विचारसहकृतादाप्तवाक्यजन्यज्ञानात्स्वमात्मानमेव दशमं दशमोऽहमस्मीत्येवमपरोक्षतया स्मरेदनुभूयात्। तस्मात्सर्वत्रापरोक्षज्ञाने कारणं विचारसहकृतप्रमाणवाक्यजन्यज्ञानमेवेति दिक् ।।

विचारविशिष्टं ज्ञानं न कदापि विपर्येतीत्यस्य निरूपणम् –

दशमोऽस्मीति वाक्योत्था न धीरस्य विहन्यते ।
आदिमध्यावसानेषु न नवत्त्वस्य संशयः ॥ ६० ॥

अन्वयः – "दशमः अस्मि" इति वाक्योत्था अस्य धीः न विहन्यते । आदिमध्यावसानेषु नवत्त्वस्य संशयः न ।।

व्याख्या :– आप्तदर्शनात्प्राक्पथिके न भ्रमवशात्स्वात्मगणना न विहिता, किञ्च विक्षिप्तोऽप्यभूद्दशमो नद्यां ममारेति । सम्प्रति दैवात्केनापि कारुणिकेनैव मुक्तस्त्वं मा शुचो दशमोऽस्ति न ममारेति । एतच्छ्रुत्त्वा स क्वास्ति कश्चासावित्यादिपृष्टे स त्त्वमेव दशमोऽसीति समाहिते ततो विचार्य तान्नव गणयित्त्वा स्वात्मानमेव दशमं दशमस्त्वमसीत्याप्तवाक्यार्थकरणकान्निरुक्तरीतिकगणनादिना सुविनिरस्तप्रतिबन्धस्य विशुद्धबोधोदयाद्दशमोऽहमस्मीत्यपरोक्षानुभवस्सञ्जायते । अतो विचारसहकृत–प्रामाणिकवाक्यार्थजन्यज्ञानस्य नैव विपर्ययादिदोषा इत्याह । दशमोऽस्मीति वाक्योत्था धीरहं दशमोऽस्मीति बुद्धिः कदापि न विहन्यते । न केनापि ज्ञानेन कथञ्चिदपि बाध्यते । विचारविशिष्टवाक्यार्थजन्यत्त्वात् । परिगणनायामपि नवानां पुरुषाणामादिमध्यावसानेषु परिगणितेष्वपि

था, इसलिये दशम का ज्ञान न था किन्तु अब मैंने दशम पुरुष को जान लिया है, वह और कोई नहीं है, अपितु मैं ही हूँ । इस प्रकार वह स्वयं को दशमपुरुष के रूप में स्मरण करता है अर्थात् जानता है। मैं ही दशम पुरुष हूँ, यही अपरोक्ष ज्ञान है । इसलिये विचारसहित प्रमाणवाक्यजन्य ज्ञान ही अपरोक्ष ज्ञान का कारण है ।

विचारजनित वाक्यार्थ ज्ञान कभी भी भ्रामक नहीं होता है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ – इस दशम पुरुष को वाक्य से उत्पन्न (दशम तुम हो इस वाक्य से उत्पन्न) 'मैं दसवाँ हूँ' ऐसा ज्ञान कभी बाधित नहीं होता, और नौ के आदि, मध्य अथवा अन्त में गिनने पर भी मैं दसवा हूँ या नहीं, इस प्रकार संशय नहीं होता है ।।६०।।

व्याख्या – आप्तपुरुष के दर्शन से पूर्व उस पथिक ने भ्रमवशात् स्वयं को न गिना, इतना ही नहीं दसवाँ नदी में डूब कर मर गया इस प्रकार विक्षेप को भी प्राप्त हुआ । तदन्तर भाग्यवशात् किसी कारुणिक संत पुरुष ने वहाँ आकर उससे कहा कि तुम शोक मत करो, दसवाँ मरा नहीं है जीवित है । ऐसा सुनकर वह पूछता है कि दसवाँ कहाँ है ? तब वह कहता है कि दशम पुरुष तुम स्वयं हो, यह सुनकर उसने विचार किया और स्वयं के सहित सभी की गणना की तो दशम के रूप में स्वयं का ही अपरोक्ष ज्ञान उसे हो गया । इसलिये कहा कि 'दशम तुम हो' इस वाक्य से उत्पन्न 'मैं ही दसवाँ हूँ' ऐसा जो ज्ञान है, वह कभी भी बाधित नहीं होता है और नौ पुरुषों की गणना करते समय आदि, मध्य अथवा अन्त में भी उसे नवत्व का संशय नहीं होता है अर्थात् मैं दसवाँ हूँ या नहीं हूँ, ऐसा संशय नहीं होता है तथा दसवाँ

नवत्त्वस्य तेनाहं दशमो न वेति च संशयो न भवेन्न वा नास्ति दशम इति विपर्येति च । तस्माद्विचारसहकृताद्वाक्यार्थज्ञानाज्जायमाना सा दृढापरोक्षसंविदेव । सर्वेष्वपि न कथमपि निवर्तते। तस्मादभ्रमत्त्वं स्पष्टमिति भाव इति शम् ।।

अद्वितीयात्मानुभवे विचारप्रकारनिरूपणम् –

सदेवेत्यादिवाक्येन ब्रह्मसत्त्वं परोऽक्षतः ।
गृहीत्त्वा तत्त्वमस्यादिवाक्याद्व्यक्तिं समुल्लिखेत् ।। ६१ ।।

अन्वयः – "सत् एव" इत्यादिवाक्येन परोक्षतः ब्रह्मसत्त्वं गृहीत्त्वा तत्त्वमस्यादिवाक्यान् व्यक्तिं समुल्लिखेत् ।।

व्याख्या :– दशमदृष्टान्ते समुपपादितं विचारादिप्रकारं दार्ष्टान्तिक आत्मज्ञाने योजयति । तत्रायं भावः । छान्दोग्ये षष्ठे पितोद्दालकस्स्वपुत्रं श्वेतकेतुमुपदिशति "सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयं ब्रह्मे"त्यादिना । प्रथमं तावच्छ्वेतकेतुस्तस्मादुपदेशात्परोक्षतो ब्रह्मतत्त्वं विज्ञाया"नेन जीवेनात्मनानुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणी"त्यादिश्रुत्युक्तयुक्तिप्रयुक्तासम्भावनादिप्रतिबन्धे सञ्जाते सति यथाविचारितात्तत्त्वमस्यादिवाक्यात्सञ्जातज्ञानेन द्वैतमिथ्यात्त्वपूर्वकाद्वैतब्रह्मात्मैक्याव्यक्त्युल्लेखं यथा प्राक्संपादयामास तथैवाधुनिका अपि साधकास्साधनचतुष्टयसम्पन्ना अधिकारिणो निरुक्तरूपां व्यक्तिं समुल्लिखेयुरित्येवं दार्ष्टान्तिके योजयति । "सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीय"मित्यादिना वाक्येन। ब्रह्मसत्त्वं ब्रह्मणोऽस्तित्त्वमात्रं परोक्षतो गृहीत्त्वा विज्ञाय प्रथमं सद्भावमात्रं निश्चित्येत्यर्थः । तस्य च ब्रह्मणो विचारेण "तदैक्षत बहु स्यां प्रजायेयेति" "अनेन जीवेनात्मनानुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणी"ति वाक्यार्थान्पर्यालोच्य जीवरूपेण प्रवेशाद्युक्तीर्मुहुर्विचिन्त्य युक्तितो वाक्यतात्पर्यश्च ब्रह्मणः प्रत्यगात्मस्वरूपतां संभाव्य "तत्त्वमस्या"दिवाक्यान्महावाक्यार्थविज्ञाना"न्नेति नेती"ति वाक्यार्थसहकृतात्

नहीं है ऐसा विपरीत ज्ञान भी नहीं होता है । इसलिये विचारसहित वाक्यार्थज्ञानजन्य जो अपरोक्ष ज्ञान है, वह कदापि बाधित न होने के कारण भ्रम रूप नहीं है । सभी में दशमत्व का ग्रहण होने पर भी स्वयं के विषय में उत्पन्न दशमत्व का ज्ञान कभी भी नष्ट नहीं होता है ।

उक्त दृष्टान्त को दार्ष्टान्तिक में घटाते हैं ।

अर्थ – "**सदेव सोम्येदमग्र आसीत्**" इत्यादि वचन के द्वारा ब्रह्म के सद्भाव को परोक्षरूप से ग्रहण कर (जानकर) पश्चात् 'तत्त्वमसि' आदि महावाक्य से आत्मा का साक्षात्कार करें ।।६१।।

व्याख्या – "***सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयम्***" (छा.उ. ६/२/१) हे सोम्य ! सृष्टि से पूर्व यह नामरूपात्मक जगत् सजातीय, विजातीय और स्वगतभेद शून्य ब्रह्मरूप ही था, "***सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म***" "***अस्ति ब्रह्मेति चेद् वेद***" इत्यादि श्रुति के वाक्यों के द्वारा सर्वप्रथम ब्रह्म के अस्तित्व का निश्चय करके अर्थात् ब्रह्म को परोक्ष रूप से जानकर "***तदैक्षत बहुस्यां प्रजायेय***" (छा.उ. ६/२/२) "***अनेन जीवेनात्मनानुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणि***" (छा.उ. ६/३/३) इत्यादि वाक्यों के अर्थ का पर्यालोचन करके प्रत्यगात्म स्वरूप की भावना कर"***तत्त्वमसि***" (छा.उ. ६/८/८) "**अयमात्मा ब्रह्म**" (मा.उ.) इत्यादि महावाक्यों के द्वारा और'***नेति नेति***' (बृ.उ. ३/९/२५) आदि

व्यक्तिं समुल्लिखेद्व्यक्तिसमुल्लेखपूर्वकमद्वितीयसच्चिदानन्दस्वरूपमात्मानमहं ब्रह्मास्मीति प्रत्यगभिन्नं ब्रह्मापरोक्षतया साक्षात्कुर्यात् ।।

शाब्दापरोक्षवादसिद्धान्तोपसंहरणम् -

आदिमध्यावसानेषु स्वस्य ब्रह्मत्त्वधीरियम् ।
नैव व्यभिचरेत्तस्मादापरोक्ष्यं प्रतिष्ठितम् ॥ ६२ ॥

अन्वयः-इयं स्वस्य ब्रह्मत्त्वधीः आदिमध्यावसानेषु न एव व्यभिचरेत् । तस्मात् आपरोक्ष्यं प्रतिष्ठितम्।।

व्याख्या :- ज्ञानस्यास्याभ्रमत्त्वं कथयन्फलितमुपसंहरति । इयमात्मनो ब्रह्मत्त्वधीर्विचारणसहिता ब्रह्माहमस्मीति ज्ञानं पञ्चानां कोशानामादिमध्यावसानेषु ''सन्मूलास्सोम्येमास्सर्वाः प्रजास्सदायतनास्सत्प्रतिष्ठा'' इत्यादिश्रुतेस्सृष्टिस्थितिलयकालेष्वात्मनो व्यवहारेऽपि न व्यभिचरत्येव नान्यथाभावमाप्नोति न वा बाध्यते । दशमस्त्वमसीति वाक्येनादिमं मध्यममन्तिमं वारभ्य गणनायामप्यहं दशमोऽस्मीत्यपरोक्षज्ञानं शाब्दापरोऽक्षत्त्वं निराबाधं गणयितुस्सिद्ध्यतीति ज्ञानमेतत्सुस्थितम् । तथान्नमयादिकोशादिष्वादिमं मध्यममन्तिमं वा विचारणेऽपि ब्रह्मत्त्वबुद्धिरपरोऽक्षा नैव विहन्यते । तस्मादेवापरोऽक्ष्यमपरोक्षत्त्वज्ञानं प्रतिष्ठितं सुस्थितमबाधितं न कदापि भ्रम इति दिक् ।।

विचारसहकृताद्वाक्यार्थज्ञानादपरोऽक्षज्ञानोदय इत्यत्र भृगुमहर्ष्यनुभवप्रदर्शनम् -

जन्मादिकारणत्त्वाख्यलक्षणेन भृगुः पुरा ।
पारोक्ष्येण गृहीत्त्वाथ विचाराद्व्यक्तिमैक्षत ॥ ६३ ॥

अन्वयः-भृगुः पुरा जन्मादिकारणत्त्वाख्यलक्षणेन पारोक्ष्येण गृहीत्त्वा अथ विचारात् व्यक्तिम् ऐक्षत ।।

वाक्यों के अर्थसहित व्यक्तिसमुल्लेखपूर्वक 'मैं ब्रह्म हूँ' इस प्रकार आत्मा का साक्षात्कार करें ।

अब प्रकृत प्रसंग का उपसंहार करते हैं ।

अर्थ - यह अपने स्वरूप की ब्रह्मत्व बुद्धि आदि, मध्य और अन्त में भी व्यभिचरित नहीं होती है, इसलिये अपरोक्षता सुस्थिर है ।।६२।।

व्याख्या - यह अपने स्वरूप की ब्रह्मत्व बुद्धि अर्थात् विचारसहित स्वात्मा में 'मैं ब्रह्म हूँ' इस प्रकार का ज्ञान आदि, मध्य और अन्त में कभी भी व्यभिचरित नहीं होता है । अन्नमयादि पाँचों कोशों के आदि, मध्य और अवसान काल में इनसे आत्मा का व्यवहार होने पर भी उक्त ज्ञान बाधित नहीं होता है । जैसे 'तुम ही दशमपुरुष हो' इस वाक्य से उत्पन्न दशमत्व का ज्ञान निर्बाध है अर्थात् आदि, मध्य अथवा अन्त से गिनना प्रारम्भ करने पर भी 'मैं दशम हूँ, इस अपरोक्ष ज्ञान का बाध नहीं होता है, उसी प्रकार अन्नमय आदि कोशों में आदि, मध्य और अन्त का विचार करने पर भी ब्रह्मत्वबुद्धि की अपरोक्षता नष्ट नहीं होती है । इसलिये अपरोक्षता अर्थात् अपरोक्ष ज्ञान सुप्रतिष्ठित (सुस्थिर) है । इसका बाध न होने के कारण यह भ्रम रूप नहीं है ।

विचारसहित वाक्यार्थ के ज्ञान से ही अपरोक्ष ज्ञान उत्पन्न होता है, इस विषय में भृगु महर्षि के अनुभव का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - भृगु नामक कोई ऋषि ने पहले तो जन्म, स्थिति और लय का कारण ब्रह्म है इस लक्षण

व्याख्या :- केवलं न छान्दोग्योपनिषद्येव विचारप्रवृत्तिप्रयोजकं ब्रह्मासत्त्वमात्रोपपादकाद्वाक्यात्प्रथमं मुमुक्षोः परोक्षज्ञानं ततो विचारप्रवृत्तौ सत्यां तत्प्रसादाद् ब्रह्मात्मैक्यप्रतिपादकादुपनिषद्वाक्यादेवापरोक्ष-ज्ञानमपीति निश्चितं किन्त्वन्यासु तैत्तिरीयाद्युपनिषत्स्वपीति वाक्यात्केवलमपरोक्षज्ञानं ततो विचारसहिताद-परोक्षज्ञानमित्येतन्नियतमित्याह । पुरा भृगुर्वरुणपुत्रो महर्षिः कश्चनात्मविचारार्थं प्रवृत्तः। तत्र भृगुवल्ल्यामेव-माम्नायते । "भृगुर्वै वारुणिः । वरुणं पितरमुपससार । अधीहि भगवो ब्रह्मेति । तस्मा एतत्प्रोवाच । अन्नं प्राणं चक्षुश्श्रोत्रं मनो वाचमिति । तं होवाच । यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते । येन जातानि जीवन्ति। यत्प्रयन्त्यभिसंविशन्ति । तद्विजिज्ञासस्व । तद् ब्रह्मेती"त्यादि । वारुणिर्भृगुर्ब्रह्मजिज्ञासुस्स्वपितरं प्रचेतसमुपस-न्नस्संस्तेनोपदिष्टेन "यतो वे"त्यादिवाक्यज्ञापितेन कार्यभूतजगज्जन्मस्थितिलयाद्यभिन्ननिमित्तोपादानकारणत्त्वाख्येन ब्रह्मणस्तटस्थलक्षणेन पूर्वं ब्रह्म परोक्षेणागृह्णात्, यथा वह्निभ्रमाधिष्ठानं स्वप्रकाशं भवितुमर्हति । तदभिन्ननिमित्तोपादानकारणत्त्वात् । यो यद् भ्रमाभिन्ननिमित्तोपादानं स तदधिष्ठानं यथा सर्पभ्रमाभिन्ननिमित्तोपादानं हारस्तदधिष्ठानमित्यादावनुमित्यात्मपरोक्षज्ञानेन गृहीत्त्वा तद्विषयकासत्त्वापादकावरणविनाशं सम्पाद्येति यावत्। अथानन्तरं जगज्जन्मादिकारणत्त्वरूपेण परोक्षतया ब्रह्मावगत्यनन्तरमन्नमयादिकोशपञ्चकविचारादन्नं प्राणमित्यादिना स्वपित्रोपदिष्टपञ्चकोशाख्यतदुपलब्धिस्थलविवेचनाद्धेतोर्व्यक्तिं प्रत्यगभिन्नब्रह्मात्मैक्य-स्थितिमैक्षतापरोऽक्षीचकार साक्षादनुभूतवानिति शम् ।।

से ब्रह्म को परोक्ष रूप से जानकर पश्चात् विचार से साक्षी रूप ब्रह्म का साक्षात् दर्शन किया । (अपरोक्ष रूप से जाना)।।६३।।

व्याख्या - सर्वप्रथम विचाररहित वाक्य से परोक्ष ज्ञान होता है और पश्चात् विचारसहित वाक्यार्थ के ज्ञान से अपरोक्ष ज्ञान होता है, यह आपने कैसे जाना, इसमें क्या प्रमाण है ? ऐसी आशंका होने पर कहते हैं कि हमारे कथन में श्रुति प्रमाण है । तैत्तिरीय उपनिषद् में भृगु नामक ऋषि का आख्यान आता है । वरुण नाम के एक श्रोत्रिय-ब्रह्मनिष्ठ ऋषि थे । उनके पुत्र का नाम भृगु था । एक बार भृगु ब्रह्म को जानने की इच्छा से अपने पिता के पास गया ***''भृगुर्वै वारुणिः वरुणं पितरमुपससार''*** और बोला ***''अधीहि भगवो ब्रह्मेति''*** हे भगवन् ! मुझे ब्रह्म का उपदेश करें । वरुणऋषि बोले - ***''तस्मा एतत्प्रोवाच अन्नं प्राणं चक्षुः श्रोत्रं मनो वाचमिति तं होवाच । यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते । येन जातानि जीवन्ति । यत्प्रयन्त्यभिसंविशन्ति तद्विजिज्ञासस्व तद् ब्रह्मेति''*** (तै.उ. ३/१) विधिपूर्वक अपने पास आये हुए भृगु से वरुण ने कहा - अन्न, प्राण, श्रोत्रादि इन्द्रियाँ, मन, और वाणी (ये सभी ब्रह्म प्राप्ति के द्वार हैं) फिर भृगु से वरुण ने कहा - निश्चय ही जिससे ब्रह्मा से लेकर स्तम्ब पर्यन्त सभी प्राणी उत्पन्न होते हैं, उत्पन्न होकर जिसके आश्रय से ये प्राण धारण करते हैं और विनाशकाल उपस्थित होने पर अन्त में मरणोन्मुख होकर जिसमें लीन हो जाते हैं, उस ब्रह्म को तू विशेषरूप से जानने की इच्छा कर । वही ब्रह्म है । इस प्रकार पिता के द्वारा उपदिष्ट जगत् की उत्पत्ति, स्थिति और लय का कारण ब्रह्म है । इस प्रकार तटस्थ लक्षण युक्त वाक्य के द्वारा ब्रह्म के अस्तित्व को परोक्ष रूप से जानकर पश्चाद् अन्नमयादि पाँचों कोशों का यथाक्रम विचार करके प्रत्यगात्मा से अभिन्न ब्रह्म को देखा अर्थात् अपरोक्ष रूप से जाना ।

विचार्यस्थलनिर्देशमात्रेण परोक्षमज्ञानोदय इति निरूपणम् -

यद्यपि त्वमसीत्यत्र वाक्यं नोचे भृगोः पिता ।
तथाप्यन्नं प्राणमिति विचार्यस्थलमुक्तवान् ॥ ६४ ॥

अन्वयः - यद्यपि अत्र भृगोः पिता "त्वम् असि" इति वाक्यं न ऊचे । तथापि "अन्नं प्राणम्"' इति विचार्यस्थलम् उक्तवान् ।।

व्याख्या :- दशमदृष्टान्ते "दशमस्त्वमसी"त्याद्याप्तवाक्यार्थज्ञानेनाहमेव दशम इत्यपरोक्षज्ञानं सिद्ध्यतीति युक्तमुक्तम् । परमुपनिषदि भृगु"स्त्वं ब्रह्मासी"ति पुत्रं नोपदिदेश । येन परोक्षज्ञानद्वारापरोक्षज्ञानं प्रसिद्ध्येत्। केवलं ब्रह्मणो जगज्जन्मादिकारणत्त्वज्ञानमात्रेण कथमपरोक्षसाक्षात्कारसिद्धिरित्याशङ्कां वारयति । यद्यप्यत्र भृगुवल्ल्यामुपदेशप्रकारे त्वमसि ब्रह्मेत्यादिवाक्यं पिता वरुणो भृगोः पुत्रस्य नोचे नोपादिशत्तथाप्यन्नं प्राणमिति ब्रह्मणो विचार्यस्थलं जगज्जन्मादिकारणस्यात्मनो विचार्य स्थानान्यन्नं प्राणं चक्षुश्श्रोत्रं मनो वाचमित्येतान्युक्तवान्प्रादर्शयत्। आत्मसाक्षात्काराय विचारस्यावश्यकत्त्वादन्नमयादि-पञ्चकोशान्विचार्यतयोपदिदेश । कृते च तत्र विचारे ब्रह्म साक्षात्क्रियत एवेति दिक् ।।

भृगोस्साक्षात्कारवर्णनम् -

अन्नप्राणादिकोशेषु सुविचार्य पुनः पुनः ।
आनन्दव्यक्तिमीक्षित्त्वा ब्रह्मलक्ष्माप्ययूयुजत् ॥ ६५ ॥

विचारणीय स्थल का निर्देश होने पर भी अपरोक्ष ज्ञान होना संभव है, इसका वर्णन करते हैं।

अर्थ - यद्यपि भृगु के पिता वरुण ऋषि ने इस प्रसंग में 'तुम ब्रह्म हो' इस प्रकार का वाक्य नहीं कहा है फिर भी अन्न, प्राण इत्यादि शब्द से विचारणीय स्थल को कहा है (इसलिये भृगु ऋषि को भी आत्मसाक्षात्कार हो गया)।।६४।।

व्याख्या - दशम के दृष्टान्त में 'दशम तू ही है' इस प्रकार के आप्तपुरुष के वचन से 'मैं दशम हूँ' ऐसा अपरोक्ष ज्ञान होता है । ऐसा पूर्व में कहा गया, किन्तु तैत्तिरीयोपनिषद् की भृगुनामक तृतीय वल्ली में वरुण ऋषि ने अपने पुत्र भृगु को 'तुम ही ब्रह्म हो' ऐसा उपदेश नहीं दिया है, जिससे कि उसे अपरोक्ष आत्मज्ञान हो । उन्होंने तो केवल इतना ही कहा है कि जगत् की उत्पत्ति, स्थिति और लय का कारण ब्रह्म है तब भृगु को अपरोक्ष ज्ञान होना कैसे संभव है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि यद्यपि भृगु को उपदेश देते हुए वरुण ऋषि ने 'तुम ब्रह्म हो' ऐसा नहीं कहा है तथापि ***"अन्नं प्राणं चक्षुः श्रोत्रं मनो वाचमिति"*** इस प्रकार अन्न, प्राण चक्षु, श्रोत्र, मन, वाणी और जगत् की स्थिति आदि के कारणभूत ब्रह्म के विचारणीय स्थल को कहा है । उन्होंने अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय और आनन्दमय कोश के द्वारा ब्रह्म के विचारणीय स्थल का स्पष्ट रूप से उपदेश किया है । ब्रह्मसाक्षात्कार के लिये विचार ही मुख्य है । भाव यह है कि जैसे महावाक्य अपरोक्ष ज्ञान प्राप्त करने में सहायक है, उसी प्रकार पञ्चकोश विवेकादि भी उसमें सहायक हो सकते हैं । इसलिये तैत्तिरीय उपनिषद् की भृगुवल्ली में महावाक्य का उपदेश न करके आत्मसाक्षात्कार का हेतुभूत पञ्चकोश विवेक का ही उपदेश किया गया है । उसी से भृगु को आत्मसाक्षात्कार हो गया ।

भृगु के आत्मसाक्षात्कार का वर्णन करते हैं ।

अर्थ -(भृगु ने) अन्नमय, प्राणमय आदि कोशों में बारम्बार अच्छी तरह विचार करके आनन्दस्वरूप

अन्वयः - अन्नप्राणादिकोशेषु पुनः पुनः सुविचार्य आनन्दव्यक्तिम् ईक्षित्त्वा ब्रह्मलक्ष्म अयूयुजत्।।

व्याख्या :- अन्नप्राणादिपञ्चकोशविचारेण भवतु प्रत्यगात्मनस्साक्षात्कारः कथं ब्रह्मसाक्षात्कारस्सिद्ध्यतीत्याशङ्कायां प्रतीचो ब्रह्मणश्चैक्यात्पञ्चकोशाविचारेणानन्दाभिव्यक्तिं साक्षात्समनुभूय "आनन्दाध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते । आनन्देन जातानि जीवन्ति । आनन्दं प्रयन्त्यिभसंविशन्ति" इत्यादिब्रह्मलक्षणमपि प्रतीच्येव सङ्गमय्य प्रत्यग्ब्रह्मणोरभेदं विज्ञायोपलब्धवान्साक्षात्कारमित्याह । अन्नप्राणादिकोशेषु अन्नमयप्राणमयमनोमयविज्ञानमयानन्दमयादिकोशेषु पुनः पुनस्सुविचार्य जडत्त्वादिदोषपरिज्ञानेन तेष्वनात्मत्त्वं विनिश्चित्य विचारे सौष्ठवं च कार्यजगज्जन्माद्यभिन्ननिमित्तोपादानत्त्वरूपब्रह्मलक्षणयोजनतदनुग्राहकनानाविधलौकिकादितर्कोपन्यासाभ्यापौष्कल्यम् । आनन्दव्यक्तिमीक्षित्त्वा"नन्दो ब्रह्मे"ति ज्ञानेन तत्साक्षात्कृत्या "नन्दाद्ध्येवे"त्यादिवाक्यैः उक्तं ब्रह्मलक्ष्म ब्रह्मलक्षणं "चिह्नं लक्ष्म च लक्षण"मिति कोशात् । प्रत्यगात्मन्ययूयुजद्योजयामास । स्थूलारुन्धतीन्यायेन क्रमशः पञ्चकोशविलक्षणं ब्रह्मसाक्षाच्चकारेति शम् ।।

सत्यज्ञानानन्दानन्तादिलक्षणस्य ब्रह्मणः प्रत्यगभेदनिरूपणम् -

सत्यं ज्ञानमनन्तञ्चेत्येवं ब्रह्मस्वलक्षणम् ।
उक्त्वा गुहाहितत्त्वेन कोशेष्वेतत्प्रदर्शितम् ।। ६६ ।।

अन्वयः - "सत्यं ज्ञानम् अनन्तं" च इति एवं ब्रह्म स्वलक्षणम् उक्त्वा कोशेषु गुहाहितत्त्वेन एतत् प्रदर्शितम् ।।

व्याख्या :- आनन्दात्मरूपस्य प्रतीचो भिन्नत्त्वात् । तथान्नमयादिकोशचतुष्टयवदानन्दमयकोशस्यापि दृश्यत्त्वाविशेषाद् दृङ्मात्रपर्यवसन्नस्य पूर्वोक्तब्रह्मलक्षणस्य प्रतीचि योजनासंभवादित्येवं शङ्कायां

प्रत्यगात्मा को देखकर (जानकर) (तदनन्तर उसी में) ब्रह्म का लक्षण भी घटा लिया था ।।६५।।

व्याख्या - अन्नमयादि कोशों का विचार करने पर प्रत्यगात्मा का साक्षात्कार होना भले ही मान लें किन्तु उसमें ब्रह्म का साक्षात्कार कैसे संभव है ? ऐसी आशंका होने पर कहते हैं कि भृगु ने अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय और आनन्दमय इन पाँचों कोशों में बारम्बार अच्छी तरह से विचार करके अर्थात् उनके जडत्व, लयत्व आदि दोषों को अच्छी तरह जानकर उनके अनात्मत्व का विनिश्चय करके आनन्दस्वरूप प्रत्यगात्मा का साक्षात्कार किया और उसके बाद ***"आनन्दाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते । आनन्देन जातानि जीवन्ति । आनन्दं प्रयन्त्यभिसंविशन्तीति"*** (तै.उ. ३/६) इत्यादि ब्रह्म के लक्षण को भी प्रत्यगात्मा में घटा लिया । अर्थात् स्थूलारुन्धती न्याय के द्वारा क्रमशः पञ्चकोश विलक्षण ब्रह्म का साक्षात्कार कर लिया । ***"चिह्न लक्ष्म च लक्षणम्"*** (अ.को. १/३/१७) इस कोश वचनानुसार श्लोक में आये लक्ष्म शब्द का अर्थ लक्षण (चिह्न) है ।

सत्यज्ञानादि लक्षणयुक्त ब्रह्म प्रत्यगात्मा से अभिन्न है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - ब्रह्म, सत्, चित् और अनन्त स्वरूप है, इस प्रकार ब्रह्म के स्वरूप का लक्षण कह कर पञ्चकोश रूपी गुहा में निहित रहने वाले ब्रह्म को प्रत्यगात्मा रूप से प्रदर्शित किया है ।।६६।।

व्याख्या - ब्रह्म का लक्षण प्रत्यगात्मा में जोड़ना युक्तियुक्त नहीं है क्योंकि ब्रह्म तटस्थ होने के कारण प्रत्यगात्मा से भिन्न है । और अन्नमयादि चार कोशों के समान पञ्चम आनन्दमय कोश के भी दृश्यत्व में कोई विशेषता नहीं है । ऐसी आशंका होने पर इसका उत्तर देते हैं कि प्रत्यगात्मा और ब्रह्म का भेद

सत्यादिलक्षणलक्षितस्य ब्रह्मणः प्रत्यग्रूपेणावस्थानश्रवणान्न कोऽपि दोष इत्याह । "सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्मे"ति ब्रह्मस्वलक्षणमुक्त्वा ब्रह्मस्स्वरूपलक्षणमभिधाय गुहाहितत्त्वेन प्रत्यग्रूपेणावस्थितत्त्वेन "यो वेद निहितं गुहायां परमे व्योम"न्निति पञ्चकोशान्तरस्थित्त्वेन श्रुत्या यत्प्रदर्शितं तस्यैव प्रत्यत्तवमिति गुहाहितत्त्वलक्षणेन सत्यादिलक्षणस्य ब्रह्मणः प्रत्यगभेदस्समुपदर्शित इत्यर्थः । तैत्तिरीये ब्रह्मवल्ल्यां "ब्रह्मविदाप्नोति पर"मित्याद्यसूत्रेणाद्वैतविषयकज्ञानलक्षणं साधनं तत्साध्यं च तन्मात्राश्रयविषयकाज्ञानमात्रध्वस्तिरूपैकवल्यामुपन्यस्य किं लक्षणं तद् ब्रह्म यद्विषयकस्तज्ज्ञानोपाय इति प्रश्ने "यो वेद निहितं गुहायां परमे व्योम"न्निति गुहाशब्दविवक्षितान्नमयाद्यानन्द-मयान्तपञ्चकोशाधिष्ठानत्त्वोपलक्षितमेतदबाधितनित्यापरोऽक्षचैतन्यमेव "यो वै भूमा तत्सुखं नाल्पे सुखमस्ती"ति श्रुतिसिद्धमनन्तपदार्थभूतदेशकालवस्तुरूपत्रिविधपरिच्छेदविधुरं पञ्चकोशाद्युपलक्षिताखिलद्वैतभ्रमाधिष्ठानीभूतं निर्विकल्पप्रत्यगानन्दस्वरूपं वस्त्वत्र प्रदर्शितमस्तीत्यध्याहृत्यार्थो विज्ञेयः । अतः प्रमोदाख्येष्टवस्तु संभोगजन्यमनो-वृत्तिरूपविशेषलक्षणस्यानन्दमयस्य दृश्यत्त्वेऽपि तत्साक्षित्त्वोपलक्षितप्रत्यगभिन्नब्रह्मात्मानन्दस्य दृङ्मात्रत्त्वं समुचितमेवेति तात्पर्यार्थ इति दिक् ।।

अपरोक्षज्ञानस्य परोक्षज्ञानसचिववविचारजन्यत्त्वमित्यत्रोदाहरणान्तरप्रदर्शनम् –

पारोक्ष्येण विबुद्ध्येन्द्रो य आत्मेत्यादिलक्षणात् ।
अपरोऽक्षीकर्तुमिच्छंश्चतुर्वारं गुरुं ययौ ।। ६७ ।।

नहीं है, क्योंकि सत्य ज्ञानादि स्वरूप ब्रह्म ही प्रत्यगात्मा के रूप में स्थित है, श्रुति में भी ऐसा ही कहा है ।***"सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म"*** इस प्रकार श्रुति में ब्रह्म को सत्, चित् और अनन्त स्वरूप कहा गया है । यह ब्रह्म का स्वरूप लक्षण है । लक्षण दो प्रकार के होते हैं – एक स्वरूप लक्षण और दूसरा तटस्थ लक्षण । तटस्थ लक्षण वस्तु के साथ सदा नहीं रहता । जैसे जिस मकान पर कौआ बैठा है, वह मकान देवदत्त का है । इस वाक्य में कौआ मकान का नित्य लक्षण नहीं है । जो लक्षण वस्तु के साथ सदा रहता है, वह उसका स्वरूप लक्षण कहलाता है – जैसे 'लाल रंग के घोड़े को लाओ' इस वाक्य में 'लाल रंग' घोड़े का स्वरूप लक्षण है । नित्य लक्षण को ही स्वरूप लक्षण कहते हैं । ***"सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म"*** यह ब्रह्म का स्वरूप लक्षण है और ***"यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते"*** इत्यादि ब्रह्म का तटस्थ लक्षण है । प्रलय काल में ब्रह्म का यह लक्षण उपलब्ध नहीं होता किन्तु ब्रह्म सत्, चित् और अनन्त है, यह लक्षण प्रलय तथा सृष्टि काल में भी सदा रहता है अर्थात् ब्रह्म सदा इन लक्षणों से युक्त रहता है । इसलिये सत्यादि लक्षणों को ब्रह्म का स्वरूप लक्षण कहा जाता है । तैत्तिरीयोपनिषद् में ब्रह्म के सत्य, ज्ञान और अनन्त रूप स्वरूप लक्षण को बताकर उसी को अन्नमयादि पाँच कोश रूपी गुहा में निहित कहा गया है । और ***"यो वेद निहितं गुहायां"*** (तै.उ.२/१) (देश, काल और वस्तु परिच्छेद से रहित उस ब्रह्म को जो बुद्धि रूपी गुहा में निहित जानता है) इस प्रकार ब्रह्म को पाँचों कोशों के भीतर बताकर उसी को प्रत्यगात्मा के रूप में श्रुति में दिखाया गया है । अतः ब्रह्म और प्रत्यगात्मा एक होने से दोनों का भेद नहीं है ।

पूर्वोक्त कथन को दृष्टान्तान्तर से स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ – इन्द्र "य आत्माऽपहतपाप्मा" इत्यादि लक्षणों से आत्मा को परोक्ष रूप से जानकर उसे अपरोक्ष रूप से जानने की इच्छा से चार बार गुरु (प्रजापति ब्रह्मा) के पास गया ।।६७।।

अन्वयः - इन्द्रः "यः आत्मा" इत्यादिलक्षणात् पारोक्ष्येण विबुध्य अपरोक्षीकर्तुम् इच्छन् चतुर्वारं गुरुं ययौ ।।

व्याख्या :- श्वेतकेतुभृग्वोरुभयोरपि पुरैव विचारप्रवर्तकं वाक्यैकशरणं परोक्षज्ञानं दर्शयित्त्वा तदनन्तरं तद्विचारपरिपाके श्रीगुरुप्रसादाद्विचारबलादेवापरोक्षज्ञानमपि दर्शयित्त्वा सम्प्रदाय बाहुल्येन श्रोतृणां मुमुक्षूणां श्रद्धासमृद्ध्यर्थं महतो देवेन्द्रस्यापि तथात्त्वं सामगश्रुतिप्रसिद्धमुदाहरति । इन्द्रो महेन्द्रो "य आत्मापहतपाप्मा विजरो विमृत्युर्विशोक" इत्यादिश्रुतिप्रतिपादितात्प्रजापति-प्रोक्तादात्मलक्षणादात्मानं पारोक्ष्येणेदृश आत्मास्तीति स्वगुरोः प्रजापतेर्मुखाद्विबुद्ध्य विज्ञायासत्त्वापादकावरणमात्रनिवर्तकान्तःकरणवृत्तिविशेषलक्षणज्ञानवान्सन्नद्वैतं ब्रह्मशास्त्रप्रतिपादितमस्तीति यथावदवगत्यापरोक्षीकर्तुमपरोक्षतया विचाराच्छरीरत्रयनिराकरणेन ज्ञातुमिच्छन्सन्नात्म-विषयकाभानापादकावरणं विनिवर्त्य "तद्विज्ञानार्थं स गुरुमेवाभिगच्छेत्समित्पाणिश्श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठ"मित्यादिश्रुत्युक्तविधानेनात्मसाक्षात्करणाय श्रीगुरोः प्रजापतेस्सकाशं चतुर्वारं ययाविति शम्।।

व्याख्या - श्वेतकेतु और भृगु को सर्वप्रथम परोक्ष ज्ञान हुआ और विचारपूर्वक महावाक्यों के अर्थ ज्ञान से अपरोक्ष ज्ञान प्राप्त हुआ, ऐसा दिखाया गया । अब विचार के परिपक्व होने पर अपरोक्ष ज्ञान प्राप्त होता है, इस विषय में इन्द्र और विरोचन की आख्यायिका रूप छान्दोग्य श्रुति का उदाहरण देते हैं । छान्दोग्य उपनिषद् के आठवें अध्याय के सप्तम खण्ड में ब्रह्मा जी अपनी सभा में घोषणा करते हैं कि ***"य आत्माऽपहतपात्मा विजरो विमृत्युर्विशोको विजिघत्सोऽपिपासः सत्यकामः सत्यसङ्कल्पः सोऽन्वेष्टव्यः स विजिज्ञासितव्यः"*** (छा.उ. ८/७/१) अर्थात् जो आत्मा पाप के स्पर्श से रहित है, जो जरा रहित है, जिसकी मृत्यु नहीं होती, जो शोकरहित है, जो भूख-प्यास से रहित सत्यकाम, सत्यसंकल्प है, उसका अन्वेषण करना चाहिये, उसे जानने की जिज्ञासा करनी चाहिये । प्रजापति के इस वचन को सुनकर देवराज इन्द्र और असुरराज विरोचन उनके पास आत्मज्ञान के लिये गये । प्रजापति के कहने पर दोनों ने बत्तीस वर्ष तक ब्रह्मचर्य का पालन कर उनके पास निवास किया, तदनन्तर प्रजापति ब्रह्माजी ने उन्हें उपदेश किया कि जाग्रत् अवस्था में दक्षिणनेत्र में जो यह पुरुष दिखाई देता है, वही ब्रह्म है । विरोचन ने इस उपदेश पर विचार न करके शरीर को ही आत्मा मान लिया और परमार्थ से वञ्चित रह गया, किन्तु इन्द्र विचारवान था, उसने विचार किया कि यह आत्मा नहीं हो सकता तब पुनः ब्रह्माजी के पास जाकर उसने आत्मज्ञान के लिये प्रार्थना की । पुनः बत्तीस वर्ष तक गुरु के आदेशानुसार ब्रह्मचर्य का पालन कर वहीं निवास किया । गुरु ने पुनः उपदेश दिया तब भी उसे सम्यक् बोध न हुआ, पुनः गुरु आज्ञानुसार बत्तीस वर्ष वहीं निवास किया तब भी गुरु का उपदेश पूर्णरूप से समझ में नहीं आया । अन्त में गुरु ने पाँच वर्ष और ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए वहीं निवास करने का आदेश दिया और तब उसे अपरोक्ष आत्मज्ञान प्राप्त हो गया । इस प्रकार चार बार गुरु के पास जाकर इन्द्र ने कुल १०१ वर्ष तक ब्रह्मचर्य का पालन किया और गुरु के द्वारा स्थूल, सूक्ष्म तथा कारण शरीरों से परे आत्मा का मार्ग दिखाने पर इन्द्र ने अपरोक्ष आत्मज्ञान प्राप्त कर लिया ।***"यो आत्माऽपहतपाप्मा"*** इत्यादि श्रुति प्रतिपादित लक्षणों के द्वारा इन्द्र ने सर्वप्रथम आत्मा को परोक्ष रूप से जाना और फिर उसी आत्मा को अपरोक्ष रूप से जानने की इच्छा से गुरु के पास चार बार गया । अतः परोक्ष ज्ञान भी अपरोक्ष ज्ञान का उपकारक है, यह सिद्ध होता है ।

ऐतरेयगताया अपि ज्ञानोत्पत्तिरीतेर्निरूपणम् –

आत्मा वा इदमित्यादौ परोक्षं ब्रह्मलक्षितम् ।
अध्यारोपापवादाभ्यां प्रज्ञानं ब्रह्म दर्शितम् ॥ ६८ ॥

अन्वयः – "आत्मा वा इदम्" इत्यादौ परोक्षं ब्रह्म लक्षितम् । अध्यारोपापवादाभ्यां प्रज्ञानं ब्रह्म दर्शितम्।।

व्याख्या :- ऋग्वेदगततैत्तिरीयोपनिषद्यप्यादाववान्तरवाक्यैः परोक्षज्ञानं ततो विचारसहकृतान्महा-वाक्यादेवापरोक्षं ज्ञानमपि प्रजायत इति यत्सन्दर्शितं तदाह । तत्र ह्येवं श्रूयते । आत्मा वा इदमित्यादा"वात्मा वा इदमेक एवाग्र आसीन्नान्यत्किञ्चन मिष"दित्यादिना स्वरूपलक्षणवाक्येन ब्रह्म परोक्षं परोक्षतया लक्षितं ज्ञापितम् । आत्मनस्स्वरूपलक्षणकथनात्ततः परोक्षज्ञानं सञ्जायते ततोऽध्यारोपापवादाभ्यामध्यारोपो नाम यो धर्मो यत्र न विद्यते तद्धर्मस्य तत्रारोपणम् । तत्रैव "स ईक्षत लोकान्नु सृजा इती"त्युपक्रम्य "तस्य त्रय आवसथास्त्रयस्स्वप्ना अयमावसथोऽयमावसथोऽयमा-वसथ" इत्यनेन परमात्मनि जगत्कारणे परमात्मनि जगतोऽध्यारोपप्रकारः संसूचितः । तथापवादोऽपि-"स जातो भूतान्यभिव्यैक्षत किमिहान्यं वावदिष"दित्यन्तेन तत्रारोपितस्यापवादोऽभिहितः । "स एतमेव पुरुषं ब्रह्म ततमपश्यदिदमदर्शमिती"ति स्वस्य प्रत्यगात्मनः परमात्मत्त्वमभ्यधायि । ततः "पुरुषे ह वे"त्यादिना ज्ञानजनकवैराग्यस्योत्पादनाय गर्भवासादिदुःखं निरूप्य "कोऽयमात्मेति वयमुपास्महे" इत्यात्मविचारमनुक्रम्य क्रमशः तत्त्वंपदार्थौ संशोध्य "प्रज्ञानं ब्रह्मे"ति महावाक्येन

अब ऐतरेय श्रति का भी उदाहरण देते हैं ।

अर्थ – "**आत्मा वा इदमेक एवाग्र आसीत्**" इत्यादि श्रुति वचनों में पहले ब्रह्म को परोक्ष लक्षित किया गया और फिर अध्यारोप और अपवाद के द्वारा प्रज्ञानं ब्रह्म का दर्शन कराया गया है ।।६८।।

व्याख्या – ऋग्वेदान्तर्गत ऐतरेयोपनिषद् में कहा है कि ***"आत्मा वा इदमेक एवाग्र आसीत् नान्यत् किञ्चन मिषत् स ईक्षत लोकान्नु सृजा इति"*** (ऐ.उ. १/१/१) इस सृष्टि के उत्पन्न होने से पूर्व एकमात्र आत्मा ही था, इसके अतिरिक्त और कुछ न था, उसने ईक्षण के द्वारा लोकों का सृजन किया । उपनिषद् के ये वचन परोक्ष ज्ञान कराने वाले हैं । इस श्रुति में ब्रह्म का परोक्ष ज्ञान कराया गया है । अध्यारोप-अपवाद के द्वारा अपरोक्ष ज्ञान कराया जाता है । अध्यारोप और अपवाद वेदान्त में तत्त्वज्ञान कराने की एक प्रक्रिया है । जिस पदार्थ में जो धर्म नहीं होता है, उस पदार्थ में उस धर्म का आरोप करना अध्यारोप कहलाता है और आरोपित वस्तु के मिथ्यात्व का ज्ञान अपवाद के द्वारा होता है । अध्यारोप के अनुसार पहले आत्मा या ब्रह्म से समस्त नामरूपात्मक सृष्टि का विस्तार दिखाया जाता है और जीव को भी उसी का रूप बाताया जाता है और फिर सृष्टिविस्तार का निषेध कर उस तत्त्व तक पहुँचाया जाता है जिसका कि कभी भी निषेध नहीं होता है, इसे अपवाद कहते हैं । ऐतरेयोपनिषद् में इसी प्रक्रिया को दिखाया गया है । ***"स ईक्षत लोकान्नुसृजा इति"*** यहाँ से उपक्रम कर***"तस्य त्रय आवसथास्त्रयस्स्वप्ना अयमावसथोऽयमावसथो ऽयमावसथः"*** इस प्रकार परमात्मा में जगत् के अध्यारोप का प्रकार बताकर ***"स जातो भूतान्यभिवैख्यत् किमिहान्यं वावदिषत्"*** (ऐ.उ. १/३/१३) इस प्रकार आरोपित जगत् का अपवाद बताकर ***"स एतमेव पुरुषं ब्रह्म***

प्रज्ञानस्वरूपस्यात्मनः परब्रह्मत्त्वमुपदर्शितमिति सर्वत्रैषा विहिता रीतिर्यद्वाक्यात्परोक्षज्ञाने सञ्जाते युक्तिभिरस्यैवार्थस्य विचारं विधायापरोक्षज्ञानमुपलभ्यत इति शुकरहस्योपनिषदि चतुर्णां महावाक्यानामर्थस्स्पष्टीकृतस्तत्र "प्रज्ञानं ब्रह्मे"त्यस्यार्थ इत्थमुपवर्णितः। "येनेक्षते शृणोतीदं जिघ्रति व्याकरोति च । स्वाद्वस्वादू विजानाति तत्प्रज्ञानमुदीरितम् ।। चतुर्मुखेन्द्रदेवेषु मनुष्याश्वगवादिषु । चैतन्यमेकं ब्रह्मातः प्रज्ञानं ब्रह्म मय्यपी"त्यादिना ।।

मर्यादैषा सर्वासूपनिषत्सु विहितेत्यतिदेशनिरूपणम् ।।

अवान्तरेण वाक्येन परोक्षा ब्रह्मधीर्भवेत् ।
सर्वत्रैव महावाक्यविचारादपरोक्षधीः ।। ६९ ।।

अन्वयः - सर्वत्र एव अवान्तरेण वाक्येन परोक्षा ब्रह्मधीः भवेत् । महावाक्यविचारात् अपरोक्षधीः।।

व्याख्या :- अवान्तरेण वाक्येनोपनिषदुपलब्धेनेतरवाक्येन परोक्षा ब्रह्मास्तीति धीर्बुद्धिर्भवेत्। ततश्च सर्वत्र सर्वासूपनिषत्सु महावाक्यविचारादेवाखण्डार्थबोधकवाक्यार्थविचारादेवापरोक्षधीरहं ब्रह्मास्मीति साक्षात्कारो भवेदिति शम् ।।

महावाक्यादपरोक्षज्ञानमप्रतिबद्धमुपजायत इति भाष्यकारैरप्युक्तमिति निरूपणम् -

ब्रह्मापरोक्ष्यसिद्ध्यर्थं महावाक्यमितीरितम् ।
वाक्यवृत्तावतो ब्रह्मापरोक्ष्ये विमतिर्न हि ।। ७० ।।

ततमपश्यदितीदमदर्शमिति'' इस प्रकार प्रत्यगात्मा के ब्रह्मस्वरूपत्व का प्रतिपादन किया गया है । *''पुरुषे ह वा''* इत्यादि वचनों से ज्ञानोत्पत्ति के कारण वैराग्य का संपादन करने के लिये गर्भवासादि दुःखों को बताकर *''कोऽयमात्मेति वयमुपास्महे''* इस प्रकार विचार के द्वारा तत् और त्वं पदार्थ का शोधन करते हुए **''प्रज्ञानं ब्रह्म''** (ऐ.उ. १/५/३) प्रज्ञान रूप आत्मा का ब्रह्मत्व दिखाया गया है । इस विषय को पंचम प्रकरण के प्रथम दो श्लोकों में अधिक स्पष्ट रूप से दिखाया गया है । उन दो श्लोकों की व्याख्या देखनी चाहिये । अतः परोक्ष ज्ञान के बाद विचार करने पर ही अपरोक्ष ज्ञान होता है।

उक्त न्याय को अन्य श्रुतिवाक्यों में भी समझ लेना चाहिये, इस प्रकार उपदेश देते हैं।

अर्थ - सर्वत्र (श्रुतियों में) ही अवान्तर वाक्य के द्वारा परोक्ष ब्रह्मज्ञान होता है और महावाक्य के विचार से अपरोक्षज्ञान होता है ।।६९।।

व्याख्या - श्रुतियों में सर्वत्र महावाक्य से अतिरिक्त अवान्तर वाक्य के द्वारा ब्रह्म का परोक्ष ज्ञान होता है अर्थात् ब्रह्म के अस्तित्त्व का बोध होता है और महावाक्यों के विचार से 'मैं ही ब्रह्म हूँ' इस प्रकार का अपरोक्ष ज्ञान होता है । भाव यह है कि समस्त श्रुतियों में महावाक्यों के विचार से ही अपरोक्षज्ञान होता है, ऐसा कहा गया है ।

उक्त विषय में आद्यशंकराचार्य जी की सम्मति दर्शाते हैं ।

अर्थ - 'ब्रह्म के अपरोक्ष ज्ञान की सिद्धि के लिये महावाक्य है' ऐसा वाक्यवृत्ति में कहा गया है। इसलिये ब्रह्म के अपरोक्ष ज्ञान के विषय में कोई विवाद नहीं है ।।७०।।

अन्वयः – वाक्यवृत्तौ "ब्रह्मापरोक्ष्यसिद्ध्यर्थं महावाक्यम्" इति ईरितम् । अतः ब्रह्मापरोक्षे विमतिः न हि ।।

व्याख्या :– न केनापि स्वकपोलकल्पितं महावाक्यार्थविचारादपरोक्षज्ञानं जायत इति । किन्तु भगवद्भाष्यकारैर्वाक्यवृत्तौ प्रकारोऽयं विस्पष्टमुपवर्णित इत्याह । यद्यप्यत्र सिद्धान्तलेशसङ्ग्रहसिद्धान्त-सूक्तिमञ्जरीकारैश्श्रवणविधिविचारे विवरणमतोपन्यासावसरेऽन्यथैवोक्तम् । "तथा तदीयाश्शब्दस्तु परोक्षज्ञानकृत्पुरा । मननादियुतोऽध्यक्षं कुर्याद्विधुरचित्तव"दिति । अथाप्यत्र बृहद्वाक्यवृत्तिग्रन्थप्रामाण्या-देवमुपन्यस्यत इति न विरोधगन्धः । यतो वाक्यवृत्तौ बृहद्वाक्यवृत्तिग्रन्थे भाष्यकारैर्ब्रह्मापरोक्ष्य-सिद्ध्यर्थमपरोक्षब्रह्मानुभवसिद्धये महावाक्यमिति तत्र कारणं महावाक्यार्थ एव विचारसहित इतीरितं स्पष्टमुक्तमतो हेतोर्ब्रह्मापरोक्ष्ये तत्त्वमस्यादिलक्षणाद्विचारितमहावाक्याद्ब्रह्मापरोक्षज्ञाने विमतिर्न हि विसंवादो विप्रतिपत्तिर्वा नास्तीत्यर्थ इति दिक् ।।

वाक्यवृत्तिस्थश्लोकाष्टकनिरूपणम् । तत्र प्रथममाह – त्वम्पदवाच्यार्थनिरूपणम् –

आलम्बनतया भाति योऽस्मत्प्रत्ययशब्दयोः ।
अन्तःकरणसम्भिन्नबोधस्स त्वम्पदाभिधः ॥ ७१ ॥

अन्वयः– यः अन्तःकराणसंभिन्नबोधः अस्मत्प्रत्ययशब्दयोः आलम्बनतया भाति । सः त्वंपदाभिधः।।

व्याख्या :– योऽन्तःकरणसंभिन्नबोधोऽन्तःकरणेन संभिन्नस्सङ्कीर्णोऽन्तःकरणोपाधिको यो बोधश्चिद्रूपस्सोऽस्मत्प्रत्ययशब्दयोरहमित्याकारकं ज्ञानमहमितिशब्दश्च तयोरालम्बनतया विषयत्त्वतो भाति स्फुरति स तथाविधो बोधस्त्वंपदाभिधस्त्वमिति पदमभिधा वाचकं यस्य स त्वम्पदाभिधस्त्वमिति-पदवाच्यस्तत्त्वमसीतिवाक्यगतत्त्वम्पदवाच्यार्थ इति दिक् ।।

व्याख्या – महावाक्य का विचार अपरोक्ष ज्ञान का जनक है, यह कथन केवल कपोलकल्पित नहीं है किन्तु भगवान् भाष्यकार श्रीशंकराचार्य जी ने अपने ग्रन्थ 'वाक्यवृत्ति' में इसका स्पष्ट वर्णन किया है । महावाक्य के विचार को ही अपरोक्ष ज्ञान का जनक कहा है । शंकराचार्य जी की रचना होने के कारण वाक्यवृत्तिनामक ग्रन्थ हमारे लिये प्रमाणभूत है । इसलिये इस विषय में कोई शंका नहीं करनी चाहिये । अर्थात् तत्त्वमसि आदि लक्षणों से विचारित महावाक्यों के द्वारा ब्रह्म का अपरोक्ष ज्ञान होता है या नहीं ? यह विवाद का विषय नहीं है, अतः इस विषय में किसी भी प्रकार की विप्रतिपत्ति नहीं होनी चाहिये ।

अब भाष्यकार विरचित वाक्यवृत्ति के आठ श्लोकों को उद्धृत करते हैं।

अर्थ – जो अन्तःकरण उपाधिवाला चिदात्मा अस्मत् प्रत्यय (ज्ञान) और अस्मत् शब्द का विषय होकर भासित होता है, वह त्वं पद का वाच्यार्थ है ।।७१।।

व्याख्या – **यह श्लोक वाक्यवृत्ति में ४४ वाँ श्लोक है ।** वाक्यवृत्ति की रीति से त्वं पद का वाच्यार्थ कहते हैं – जो अन्तः करण से संभिन्न (संकीर्ण) है अर्थात् उपाधि वाला है, वह चिदात्मा अहं इत्याकाराकारित प्रत्यय (ज्ञान) का और 'अहं' इस शब्द का भी विषय होकर भासित (स्फुरित) होता है, वह बोध त्वं पद का वाच्यार्थ है । भाव यह है कि अस्मत् प्रत्यय और शब्द के विषय रूप से भासित होने वाला चिदात्मा 'तत्त्वमसि' इस महावाक्य के त्वं शब्द का वाच्यार्थ है ।

द्वितीयमाह । तत्पदवाच्यार्थनिरूपणम् -

मायोपाधिर्जगद्योनिस्सर्वज्ञत्त्वादिलक्षणः ।
पारोक्ष्यशबलस्सत्याद्यात्मकस्तत्पदाभिधः ॥ ७२ ॥

अन्वयः - मायोपाधिः जगद्योनिः सर्वज्ञत्त्वादिलक्षणः पारोक्ष्यशबलः सत्याद्यात्मकः तत्पदाभिधः।।

व्याख्या :-तत्त्वम्पदार्थयोर्मध्ये मोक्षफलभात्त्वेन त्वम्पदार्थस्याभ्यर्हितत्त्वादादौ त्वम्पदवाच्यार्थमभ्यधायि। ततश्चावसरप्राप्तत्त्वादधुना तत्पदवाच्यार्थमप्याह । पारोक्ष्यशबलः परोक्षत्त्वधर्मविशिष्टः । सत्याद्यात्मक-स्सत्यमादिर्येषां ज्ञानादीनां ते सत्यादयस्त एवात्मा स्वरूपं यस्य स तथोक्तः । मायोपाधित्त्वमित्युपलक्षणा "द्रक्तस्स्फटिक" इति विभ्रमे तत्सन्निकृष्टकुङ्कुमवदखिलद्वैतविभ्रते सामग्री यस्य स तथोक्तोऽत एव जगद्योनिर्जन्यजगज्जन्माद्यभिन्ननिमित्तोपादानं जगतो सृष्टिस्थितिलयानां कारणभूतस्सर्वज्ञत्त्वादिलक्षणस्सर्वशक्तित्त्वादि चादिना गृह्यते । पारोक्ष्यशबलः परोक्षत्त्वधर्मविशिष्टः पारोक्ष्येण नित्यापरोक्षस्वप्रकाशप्रत्यगभिन्नत्त्वेन शबलस्सङ्करशालीत्येतावता तत्पदार्थस्य ब्रह्मणस्तटस्थलक्षणं सङ्गृहीतं भवति । इतश्च स्वरूपलक्षणमपि निरूप्यते । वस्तुतस्सत्याद्यात्मकस्सच्चिदानन्दज्ञानानन्तादिस्वरूप एतादृशः परं ब्रह्म "तत्त्वमसी"ति महावाक्ये तत्पदाभिधस्तत्पदवाच्यो भवति । तत्पदाभिध इत्यत्रायमर्थस्तत्पदस्य "तत्त्वमसी"ति महावाक्यसम्बन्धि यत्तदिति सुबन्तं पदं तस्याभिधा शक्तिवृत्तिर्यस्मिन्स तथोक्तः । अत्र ब्रह्मणस्तटस्थलक्षणं मायोपाधित्त्वजगद्योनित्त्व-सर्वज्ञत्त्वपारोक्ष्यशबलत्त्वादिकम् । स्वरूपलक्षणं च सत्याद्यात्मकत्त्वमिति विवेकः । स्वतो निर्गुणं परं ब्रह्म परं मायोपाधिकत्त्वाज्जगद्योनित्त्वसर्वज्ञत्त्वादिधर्मास्तस्मिन्ब्रह्मण्यारोपिता इति दिक् ।।

तृतीयमाह । लक्षणया वृत्त्या महावाक्यार्थो विज्ञेय इति प्रदर्शनम् -

प्रत्यक्परोक्षतैकस्य सद्वितीयत्त्वपूर्णता ।
विरुद्ध्यते यतस्तस्माल्लक्षणा सम्प्रवर्तते ॥ ७३ ॥

अन्वयः - प्रत्यक्परोक्षता सद्वितीयत्त्वपूर्णता एकस्य यतः विरुद्ध्येते । तस्मात् लक्षणा सम्प्रवर्तते।।

अब तत् पद के वाच्यार्थ को बताते हैं ।

अर्थ - मायोपाधिक जगत् का कारण, सर्वज्ञता आदि लक्षणों वाला, परोक्षता रूप धर्मवाला और सत्यादि स्वरूप जो परमात्मा है, वह तत् पद का वाच्यार्थ है ।।७२।।

व्याख्या - **यह वाक्यवृत्ति में ४५ वाँ श्लोक है ।** जो माया रूपी उपाधि वाला है, जगत् की उत्पत्ति, स्थिति और लय का कारण है, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमत्वादि लक्षणों वाला है, परोक्षता रूप विशिष्ट धर्मवाला है और वस्तुतः सत्, चित् और आनन्दस्वरूप है, ऐसा जो परमात्मा है, वह 'तत्त्वमसि' इस महावाक्य में पठित तत् पद का वाच्यार्थ है । यहाँ पर मायोपाधिकत्व, जगत् योनित्व, सर्वज्ञत्व और पारोक्ष्य शबलत्वादि के द्वारा ब्रह्म का तटस्थ लक्षण कहा गया है । तथा सत्यादि रूप से ब्रह्म का स्वरूप लक्षण कहा गया है। परब्रह्म स्वतः तो निर्गुण है किन्तु मायोपाधिकत्वादि सभी धर्म उसमें आरोपित हैं ।

अब लक्षणा वृत्ति के द्वारा महावाक्यों के अर्थ का विचार करते हैं ।

अर्थ - क्योंकि एक ही वस्तु में प्रत्यक्त्व और परोक्षत्व तथा सद्वितीयत्व और पूर्णत्व का होना विरुद्ध है, इसलिये लक्षणावृत्ति का प्रयोग होता है ।।७३।।

व्याख्या :- "तत्त्वमसी"ति वाक्यार्थबोधनाय वाक्यार्थबुद्धित्त्वावच्छिन्नं प्रति पदार्थबुद्धेः कारणत्त्वात्प्रथमं तत्त्वम्पदार्थौ विवृतौ । ततोऽसि पदार्थभूतैक्यस्य बोधनायाद्वितीयस्यात्मनः प्रत्यक्त्वपरोक्षत्त्वे नित्यापरोक्षत्त्वविप्रकृष्टे सद्वितीयत्त्वपूर्णत्त्वे दृश्यवैशिष्ट्याखण्डरसत्त्वे परस्परान्वयानुपन्ने भवतो विरुद्धयेते इत्यतोऽविरोधेन स्वरसतो वाक्यार्थसिद्धये "लक्षणाभिधेयाऽ विनाभूतप्रवृत्तिर्लक्षणोच्यत" इत्यभियुक्तोक्तलक्षणा शब्दवृत्तिर्जघन्यैव सम्प्रवर्तते । श्रीमद्भगवत्पादैरेवं लक्षिता लक्षणा "मानान्तरविरोधे तु मुख्यार्थस्यापरिग्रहे । मुख्यार्थेनाविनाभूते प्रतीतिर्लक्षणोच्यत" इति । अतो मुमुक्षुभिरवश्याङ्गीकरणार्हा। तथा च प्रत्यगादिपदैरन्वयानुपपत्तिस्तथैकपदेन "सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीय"मित्याद्युपक्रमादिश्रुतीनां तात्पर्यानुपपत्तिरपि लक्षणाबीजमत्रेत्याह । यत एकस्यैव परमात्मनो ब्रह्मणः प्रत्यक्परोक्षता प्रत्यक्परोक्षत्त्वेपरोक्षत्त्वं चास्मत्प्रत्ययालम्बनतया परोऽक्षत्त्वं तु तत्पदाभिधेयतया ह्येकस्योभे विरुद्धयेते। तथा सद्वितीयत्त्वपूर्णतात्र मध्यमपदलोपिनस्समासस्याश्रयणेनायमर्थस्सिद्ध्यति यत्सद्वितीयत्त्वेन सहिताया पूर्णता सा सद्वितीयत्त्वपूर्णतेति । एकस्यैव सद्वितीयत्त्वपूर्णत्त्वे च विरुद्धयेते एव । सद्वितीयत्त्वं चात्रान्तःकरणसंभिन्नत्त्वात् । पूर्णत्त्वं चानन्तत्त्वादत एवाद्वितीयत्त्वम् । तस्माद्विरुद्धधर्मविशिष्टयोरैक्यार्थकासिपदबोधितमेकत्त्वमनुपपन्नमिति मुख्यार्थान्वयानुपपत्तिर्लक्षणाबीजमित्युपदर्शितं वेदितव्यम्। तथा चानुपपत्तेस्सद्भावादर्थकल्पनायां लक्षणा लक्षणावृत्तिस्सम्प्रवर्ततेऽत एवाश्रीयते । तस्मान्माहावाक्यार्थबोधाय लक्षणाश्रयणीयेति शम् ।।

चतुर्थमाह । महावाक्ये समाश्रयणीया लक्षणा भागलक्षणेति निरूपणम् -

तत्त्वमस्यादिवाक्येषु लक्षणा भागलक्षणा ।
सोऽयमित्यादिवाक्यस्थपदयोरिव नापरा ।। ७४ ।।

व्याख्या - **यह श्लोक वाक्यवृत्तियों में ४६ वाँ श्लोक है ।** तत् और त्वम् इन दोनों पदों का वाच्यार्थ एक दूसरे से भिन्न है । तत् ईश्वर है और त्वम् जीव है । ईश्वर परोक्ष है और जीव प्रत्यक् है । ईश्वर एक है और जीव अनेक हैं । इसी प्रकार ईश्वर और जीव के लक्षणों में बड़ा विरोध है फिर भी श्रुति दोनों की एकता घोषित करती है । उस एकता को समझने के लिये तत् और त्वम् पदों की लक्षणा करनी पड़ती है । क्योंकि एक ही परब्रह्म परमात्मा में प्रत्यक्त्व और परोक्षत्व तथा सद्वितीयत्व और पूर्णत्व का होना विरुद्ध है अर्थात् युक्तियुक्त नहीं है । तत् और त्वम् ये दोनों की एकता वाच्यदृष्टि से संभव नहीं है इसलिये दोनों की एकता को समझने के लिये लक्षणा वृत्ति का आश्रय लेना पड़ता है। लक्षणा किसे कहते हैं, इसका वर्णन श्रीशंकराचार्य जी ने वाक्यवृत्ति में इस प्रकार किया है -

मानान्तरविरोधे तु मुख्यार्थस्यापरिगृहे ।
मुख्यार्थेनाविनाभूते प्रतीतिर्लक्षणोच्यते ।। (वा.वृ.)

महावाक्य के ज्ञान के लिये भागत्याग (जहदजहल्लक्षणा) लक्षणा का आश्रय लेना चाहिये, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - 'सोऽयम्' इस वाक्य के पद के समान 'तत्त्वमसि' आदि महावाक्यों में भागत्याग नामक लक्षणा होती है, अन्य कोई लक्षणा नहीं ।।७४।।

अन्वयः - "तत्त्वमस्यादि"वाक्येषु लक्षणा भागलक्षणा । "सः अयम्" इत्यादिवाक्यस्थपदयोः इव अपरा न ।।

व्याख्या :- किमत्र महावाक्ये स्वीक्रियमाणा लक्षणासावपि जहत्स्वार्था ? गङ्गायां घोष इतिवत् । आहोस्विदजहत्स्वार्था श्वेतो धावति, काकेभ्यो दधि रक्ष्यतामित्यादिषु च यथा । उताहो सोऽयं गकार इत्यादिप्रत्यभिज्ञास्थले यथा जहदजहत्स्वार्थेत्येवं संशय आचार्य आहान्त्यमेवेति । "तत्त्वमस्या"दिवाक्येष्वाश्रयणीया लक्षणा भागलक्षणा सोऽयं देवदत्त इत्यादिस्थले वाच्यार्थे योऽर्थो विरुद्ध्यते तस्यांशस्य त्यागपूर्वकमविरुद्धांशस्य स्वीकारो जहदजहल्लक्षणया तथैव महावाक्येऽपीत्यर्थः। इयमेव भागत्यागलक्षणा विरुद्धभागत्यागनिमित्ता या लक्षणा सेति भावः । अस्मिन्वाक्यार्थवर्णनेऽस्या लक्षणाया अङ्गीकारे काऽवश्यकतेत्यत्र सोऽयमित्यादिप्रत्यभिज्ञावाक्यं दृष्टान्तयति । सोऽयमित्यादि-वाक्यस्थपदयोरिव सोऽयं देवदत्त इत्यादिवाक्येषु विद्यमानयोस्सोऽयमित्यादिपदयोर्वाच्यार्थे विरुद्धभागत्यागेनाविरुद्धभागपरिग्रहेण च तत्र यथा जहदजहल्लक्षणाङ्गीकृता तथैवात्रापीत्याशयः । नापरा जहत्स्वार्थाजहत्स्वार्था वा । तथा च तत्त्वमादिश्रुतिबोधितसामानाधिकरण्योपपादनाय तत्पदस्य तत्सदृशपरत्त्वं तदीयपरत्त्वं वैवं प्रकारेण नाङ्गीकार्या जहल्लक्षणा । एवं च सति सोऽयमित्यादावपि सामानाधिकरण्योपपादनाय तादृशलक्षणाङ्गीकारे व्यवहारानानुगुण्यमनुभवविरोधश्च संभवेताम् । अतो ये तादृशलक्षणामङ्गीकृत्य वाक्यार्थमुपवर्णयन्ति ते परास्ता वेदितव्याः । अत एवोक्तं तत्त्वविवेके "परापरात्मनोरेवं युक्त्या संभावितैकता । तत्त्वमस्यादिवाक्यैस्सा भागत्यागेन लक्ष्यते ।। जगतो यदुपादानं मायामादाय तामसीम् । निमित्तं शुद्धसत्त्वां तामुच्यते ब्रह्म तद्गिरा ।। यदा मलिनसत्त्वां तां

व्याख्या - (**वाक्यवृत्ति में यह ४८ वाँ श्लोक है ।**) तत्त्वमसि आदि महावाक्यों में कौन-सी लक्षणा होती है ? क्या ***'गंगायां घोषः'*** इस वाक्य के समान जहती लक्षणा होती है या ***'काकेभ्यो दधिरक्ष्यताम्'*** इस वाक्य के समान अजहती लक्षणा होती है ? अथवा ***'सोऽयं देवदत्तः'*** इस वाक्य के समान जहदजहल्लक्षणा होती है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि तत्त्वमसि आदि महावाक्यों में जहदजहल्लक्षणा होती है, इसी को भागत्याग लक्षणा भी कहते हैं ।

लक्षणा तीन प्रकार की होती है - जहती, अजहती और भागत्याग (जहदजहल्लक्षणा)। जहत् का अर्थ है त्याग और अजहत् का अर्थ है ग्रहण । जब वाक्य का अर्थ लगाने के लिये कुछ छोड़ना होता है तो उसे जहती लक्षणा कहते हैं, जैसे 'गंगायां घोषः' । और जब वाक्य के शाब्दिक अर्थ का बिना त्याग किये उसमें कुछ जोड़ना पड़ता है तो अजहती लक्षणा होती है । जैसे ***'अरुणो धावति' 'काकेभ्यो दधिरक्ष्यताम्'*** इत्यादि । भागत्यागलक्षणा में वाक्य का कुछ अंश निकालना और कुछ ग्रहण करना होता है । जैसे ***'सोऽयं देवदत्तः'*** (यह वही देवदत्त है) इस वाक्य में 'वह देवदत्त' किसी दूर के देश और काल का देवदत्त है और 'यह देवदत्त' सामने प्रस्तुत वर्तमान काल का देवदत्त है और इन दोनों में एकता तभी हो सकती है जब दोनों की उपाधियाँ छोड़ दी जाएँ तथा देवदत्त पुरुषमात्र को ग्रहण किया जाए । इसी प्रकार तत्त्वमसि आदि महावाक्यों में तत् पद के वाच्यार्थ का और त्वं पद के वाच्यार्थ का त्याग करके लक्षणा के द्वारा दोनों की एकता कही गई है । तत्त्वमसि आदि महावाक्यों में भागत्याग

कामकर्मादिदूषिताम् । आदत्ते तत्परं ब्रह्म त्वंपदेन तदोच्यते ।। त्रितयीमपि तां मुक्त्वा परस्परविरोधिनीम्। अखण्डं सच्चिदानन्दं महावाक्येन लक्ष्यते ।। सोऽयमित्यादिवाक्येषु विरोधात्तदिदन्तयोः । त्यागेन भागयोरेक आश्रयो लक्ष्यते यथा ।। मायाविद्ये विहायैवमुपाधी परजीवयोः । अखण्डं सच्चिदानन्दं परं ब्रह्मैव लक्ष्यत" इत्यादि । तस्मान्महावाक्ये भागत्यागलक्षणैवेति दिक् ।।

पञ्चममाह । अखण्डार्थनिरूपणम् –

संसर्गो वा विशिष्टो वा वाक्यार्थो नात्र सम्मतः ।
अखण्डैकरसत्त्वेन वाक्यार्थो विदुषां मतः ।। ७५ ।।

अन्वयः – अत्र संसर्गः वा विशिष्टः वा वाक्यार्थः सम्मतः न । अखण्डैकरसत्त्वेन वाक्यार्थः विदुषां मतः ।।

व्याख्या :– "गामानये"त्यादिवाक्येषु गवादिपदैः पूर्वमेव सुगृहीतशक्तिकैराकाङ्क्षायोग्यतासन्निधि–बलात्स्मारितानां सास्नादिमत्पदार्थानां संसर्गापरनामकसम्बन्धलक्षणो वाक्यार्थो लक्षणां विनैव दृष्टस्तथा नीलं महत्सुगन्ध्युत्पलमित्यादिवाक्येषु च नीलादिरूपादिविशिष्ट एव स्वशक्तिवृत्यर्थो यथा वा दृष्टस्तद्वन्महावाक्येऽपि विनैव लक्षणावृत्तिं वाक्यार्थबोधस्सम्पादनीय इति चेन्मैवम् । सकलवेदार्थाभिज्ञ–भगवद्बादरायणादिप्राचीनाचार्याणामसम्प्रतिपत्तेः । अत्रेदं किञ्चिद्विचार्यते । अभिहितान्यवादिनः पदादुपस्थापितार्थस्याकाङ्क्षादिगम्यस्संसर्गो वाक्यार्थ इति मन्यन्ते । अन्विताभिधानवादिनस्त्वन्वयविशिष्टः पदार्थ एव वाक्यार्थ इत्यभिप्रयन्ति । उभयथापि पदार्थद्वयसंसर्गस्य वाक्यार्थघटकतया कथमसङ्गब्रह्मबोधोऽस्मादखण्डार्थबोधकाद्वाक्याज्जायत इत्याशङ्कायामुभयमपि नाभिमतं वेदान्तिनामित्येव

लक्षणा ही होती है, अन्य कोई लक्षणा नहीं । तत्त्वविवेक नामक प्रथम प्रकरण में श्लोक ४७ तक भागत्याग लक्षणा का विस्तृत वर्णन किया गया है । जिज्ञासुओं को वहीं देखना चाहिये ।

अब अखण्डार्थ का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – यहाँ (महावाक्य में) संसर्ग अथवा विशिष्ट रूप वाक्यार्थ मान्य नहीं है क्योंकि अखण्ड एकरस रूप से ही वाक्यार्थ (महावाक्य का अर्थ) विद्वानों को मान्य है ।।७५।।

व्याख्या – **(वाक्यवृत्ति में यह ३८ वाँ श्लोक है)** द्वैतवादी विद्वानों ने तत्त्वमसि आदि महावाक्यों का अर्थ संसर्गात्मक और विशिष्टात्मक माना है , किन्तु अद्वैतवादी श्रीशंकराचार्य और उनकी परम्परा में यह अर्थ मान्य नहीं है । जब दो शब्द आपस में एक विशेष सम्बन्ध से जुडे होते हैं तो उसका अर्थ संसर्गात्मक होता है । जैसे ***'गां आनय'*** (गाय लाओ) इस वाक्य का अर्थ संसर्गात्मक है । यहाँ लाने की क्रिया का संसर्ग गाय से है तभी वाक्य का कोई अर्थ होता है । गाय और लाने की क्रिया दोनों पृथक् रह कर वाक्यार्थ बोध कराने में सक्षम नहीं है । तत्त्वमसि महावाक्य के तत् और त्वम् में इस प्रकार का संसर्ग सम्बन्ध नहीं है । इसका कारण यह है कि तत् पद जिस ब्रह्म को लक्षित करता है त्वम् पद भी उसी ब्रह्म को लक्षित करता है और ब्रह्म अखण्ड एकरस है, उसमें किसी प्रकार का भेद नहीं है । अतः महावाक्य में संसर्गात्मक अर्थ मान्य नहीं है ।

जब दो पदों में विशेष्य–विशेषण का सम्बन्ध होता है तो उनका विशिष्ट अर्थ होता है । जैसे

समाधिः । अभिहितानां वृत्त्या तत्तत्पदबोधितानामर्थानामन्वय एवाकाङ्क्षादिगम्य इत्यङ्गीकुर्वन्त्य-भिहितान्वयवादिनः । अन्विताभिधानवादिनस्त्वन्वयविशिष्टमेव वृत्त्या शब्दबोद्धव्यमिति। गामानयेत्यादौ गोपदस्य सास्नादिमद्व्यक्तिरर्थः । द्वितीयैकवचनस्य कर्मत्त्वमर्थः । आङ्पूर्वकनयतेरानयनमर्थः । गोकर्मकमानयनमिति गामानयेति वाक्यबोध्योऽर्थो वाक्यघटकपदेषु न केनापि बोद्धयते । आकाङ्क्षादि-वशात्संसर्गरूपो वाक्यार्थो भासत इत्यभिहितान्वयवादिनः । अन्विताभिधानवादिनां मते तु गामानयेत्यत्र गोपदेन गोपदान्वितगोव्यक्त्यादेर्बोधनात्पदार्थो वाक्यार्थश्चैकरूप एव । पदान्तरसमभिव्याहारादेवान्वितविशेषस्तु तैरप्येष्टव्य इति । यथा गामानयेत्यादिस्थले विनापि लक्षणावृत्तिं वाक्यार्थबोधो जायते तद्वदेव महावाक्ये कुतो न स्यादित्यत्राह । अयमत्र भावः । लोके तावद्गामानयेत्यादिवाक्येष्वाकाङ्क्षादिमतां गवादिपदार्थानां तद्वाक्यघटितपदैस्स्मारितानामन्वयो वाक्यार्थतयाङ्गीकृतः । तथा नीलमहत्सुगन्धत्त्वविशिष्टस्योत्पलस्य वाक्यार्थत्त्वं च स्वीकृतम् । महावाक्येषु तु पूर्वोक्तरीत्या संसर्गविशिष्टयोरन्यतरस्य वाक्यार्थत्त्वासंभवान्न तथाभ्युपगम्यते । किन्त्वखण्डैकरसत्त्वेन स्वगतादिभेदशून्यवस्तुमात्ररूपेण वाक्यार्थस्तज्ज्ञैरभ्युपगम्यते । तस्मादाश्रयणीयात्र लक्षणेति । अत्राखण्डरसत्त्वं च स्वसजातीयविजातीयस्वगतभेदत्रयवैधुर्येण प्रत्यगभिन्न-ब्रह्मतैव । तदुक्तं सूत्रकारैः "तदनन्यत्त्वमारम्भणशब्दादिभ्यः" "तत्तु समन्वयादि"त्यादौ च । अक्षरार्थस्तु महावाक्यानामर्थकल्पनायां संसर्गो नाम शब्दशक्तिमनुसृत्याकाङ्क्षादिगम्यस्संसर्गो वाक्यार्थस्तथा विशिष्टोऽन्वयविशिष्टो यत्र पदप्रतिपाद्योऽर्थस्स एव पदार्थो वा नात्र सम्मतोऽभिप्रेतः । महावाक्यार्थ-विचारणे कर्तृक्रियाकारकविशेषणादिभिः परिच्छिन्नार्थकल्पना किं निषिध्यत इत्यत्रोच्यते । अखण्डैकरसत्त्वेन न विद्यन्ते यस्मिन्खण्डा भागास्सोऽखण्डः तस्य परमात्मनो ब्रह्मणस्स्वगतादित्रिविधभेदविवर्जितत्त्वात् । तादृगेको रसस्तस्य भावस्तत्त्वं तेन च वाक्यार्थो विदुषां मतः । पूर्वाभिमतस्य वाक्यार्थत्त्वेऽन्यानुमतस्य संसर्गस्य संसर्गतया प्रकारतया वा भानं स्यात् । वेदान्तिनामस्माकं तु संसर्गस्य येन केनापि रूपेण नेष्टं भानम् । असंसर्गविरुद्धत्त्वात्संसर्गस्येति दिक् ।।

'नीलोत्पलम्' (नीला कमल) नीलोत्पल में नीलत्व विशेषण है और उत्पल (कमल) विशेष्य है । इस उदाहरण में कमल केवल नीला है, लाल या पीला नहीं और नीलत्व केवल कमल का ही है, किसी अन्य पदार्थ का नहीं । इस प्रकार दोनों शब्द एक दूसरे की विशेषता बताते हैं । अतः नीलोत्पल का विशिष्टार्थ यही है कि कमल नीले रंग का है, अन्यथा नहीं । विशिष्टार्थ को दर्शाने वाले दो पदों का सम्बन्ध भी दो प्रकार का होता है- एक विशिष्ट सम्बन्ध और दूसरा संसृष्ट सम्बन्ध । जहाँ एक पद दूसरे का विशेषण होता है, वह विशिष्ट सम्बन्ध माना जाता है जैसे ***"दण्डी देवदत्तः"*** (दण्डवाला देवदत्त) इस वाक्य में दण्डी शब्द देवदत्त का विशेषण है और जहाँ दोनों शब्द एक दूसरे के विशेषण होते हैं, वहाँ संसृष्ट सम्बन्ध माना जाता है । जैसे 'नीलोत्पलम्' इस वाक्य में नीलत्व और कमल दोनों एक दूसरे के विशेषण हैं । तत्त्वमसि आदि महावाक्यों में ऐसा कोई सम्बन्ध नहीं है । न उसमें विशिष्ट समबन्ध है और न संसृष्ट सम्बन्ध है । अखण्ड एकरस परमात्मतत्त्व में इन सम्बन्धों के लिये कोई अवसर नहीं है । इसलिये कहा कि महावाक्यों में वेदान्तियों को न संसर्ग अभीष्ट है और न विशिष्टार्थ । महावाक्यों का अर्थ अखण्ड एकरस, सजातीय-विजातीय-स्वगतभेद शून्य परब्रह्म परमात्मा ही है, यही वाक्यार्थ विद्वानों को मान्य है ।

षष्ठमुदाहरति । अखण्डैकरसवाक्यार्थप्रदर्शनम् –

प्रत्यग्बोधो य आभाति सोऽद्वयानन्दलक्षणः ।
अद्वयानन्दरूपश्च प्रत्यग्बोधैकलक्षणः ॥ ७६ ॥

अन्वयः – यः प्रत्यग्बोधः आभाति सः अद्वयानन्दलक्षणः अद्वयानन्दरूपः च प्रत्यग्बोधैकलक्षणः।।

व्याख्या :– वेदान्तिनामभिमतोऽखण्डैकरसवाक्यार्थः कीदृश इत्यत्र तं स्पष्टयति । वाक्यजन्यबोधस्य येन केनापि रूपेण संसर्गानवगाहित्त्वमेव प्रदर्श्यते । यः प्रत्यग्बोधः प्रत्यगात्मा सर्वान्तरश्चिद्घन आत्माद्वैतस्य प्रातिकूल्येनाञ्चति प्रकाशत इति प्रत्यगद्वैतत्त्वेन भासमानः "यो बुद्ध्यादिसाक्षित्त्वेन स्फुरति सोऽद्वयानन्दलक्षणः" आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान्" "आनन्दो ब्रह्मेति व्यजानात्" "एष ह्येवानन्दयाति" "एतस्यैवानन्दस्यान्यानि भूतानि मात्रामुपजीवन्ती"त्यादिश्रुतिभिः प्रतिपादितोऽखण्डैकरसानन्दस्वरूपः। प्रत्यगभिन्नो यो बोधस्सुषुप्त्यादिसाक्षित्त्वेनोपलक्षितश्चिन्मात्र आत्मा शोधितस्त्वम्पदार्थो य आभाति पञ्चकोशप्रकाशकत्त्वेन प्रस्फुरति सोऽद्वयानन्दलक्षणोऽद्वितीय आनन्दरूपः परमात्मा "तदेतत्प्रेयः पुत्रात्प्रेयोवित्तात्प्रेयोऽन्यस्मात्सर्वस्मादन्तरतरं यदयमात्मे"त्यादि श्रुतेस्सच्चिदानन्दलक्षणब्रह्मस्वरूप एवास्ति। सोऽप्यद्वयानन्दः परमात्मा प्रत्यग्बोधैकलक्षणः प्रत्यग्बोधस्वरूपश्चिदेकरसः प्रत्यगात्मैवेत्यत्र व्यतिहारः प्रदर्शित इति प्रत्यगात्मनोरैक्यं सुनिश्चितमित्यर्थः। अनेन शोधितयोस्तत्त्वम्पदार्थयोर्वास्तविकैकरूपत्त्वं प्रस्तुतं भवति । तस्माच्च वाक्यार्थे संसर्गस्य सुतरां भानं नास्तीति नासङ्गब्रह्मसाक्षात्कारविरोध इति शम् ।।

अखण्ड एकरस ब्रह्म ही महावाक्यों का अर्थ है, इसका प्रतिपादन करते हैं।

अर्थ – जो प्रत्यग्रूप चिदात्मा भासित होता है, वह अद्वय आनन्दरस है और जो अद्वय आनन्दरूप परमात्मा है, वह प्रत्यगात्मस्वरूप है ।।७६।।

व्याख्या – **(वाक्यवृत्ति में यह ३९ वाँ श्लोक है ।)**

वेदान्तियों को मान्य अखण्ड एकरस वाक्य का अर्थ क्या है, इसे स्पष्ट करते हैं । वाक्यजन्य बोध का येन-केन प्रकारेण संसर्गानवगाहित्व ही प्रदर्शित करते हैं । जो प्रत्यगात्मा अर्थात् सर्वान्तर्यामी चिदात्मा भासित (प्रकाशित) होता है, वह अद्वय आनन्द रूप है । ***"आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान्"*** (तै.उ. २/४) ***"आनन्दो ब्रह्मेति व्यजानात्"*** (तै.उ. ३/६) ***"एष ह्येव आनन्दयाति"*** (तै.उ. २/७) ***"एतस्यैवानन्दस्यान्यानि भूतानि मात्रामुपजीवन्ति"*** (बृ.उ. ४/३/३२) इत्यादि श्रुतियों में प्रतिपादित अखण्ड आनन्दस्वरूप है । और जो अद्वय आनन्द रूप परमात्मा है, वह भी प्रत्यगात्मस्वरूप ही है । तात्पर्य यह है कि हम अपनी हृदय रूपी गुहा में जिस प्रत्यक् चैतन्य का आत्मरूप से अनुभव करते हैं वही अद्वय ब्रह्म है, आनन्द उसका लक्षण है । अथवा यूँ कह सकते हैं कि जो अद्वयानन्द रूप परब्रह्म है, वही प्रत्यक् चैतन्य रूप आत्मा है । अर्थात् हम जिस वस्तु को त्वम् कहते है, वही तत् है और जो तत् है, वही त्वम् है । दोनों का सामानाधिकरण्य है । जिसे हम हाथ कहते हैं, वही कर है और वही पाणि है । नामों का भेद है किन्तु नामी एक ही तत्त्व है । इसलिये महावाक्यार्थ में संसर्ग का होना सर्वथा असंभव है अतः ब्रह्मसाक्षात्कार से कोई विरोध नहीं है ।

सप्तममष्टमं चोदाहरति । अखण्डैकरसब्रह्मबोधफलप्रदर्शनम् -

इत्थमन्योऽन्यतादात्मप्रतिपत्तिर्यदा भवेत् ।
अब्रह्मत्वन्त्वमर्थस्य व्यावर्तेत तदैव हि ॥ ७७ ॥
तदर्थस्य च पारोक्ष्यं यद्येवङ्किन्ततश्शृणु ।
पूर्णानन्दैकरूपेण प्रत्यग्बोधोऽवतिष्ठते ॥ ७८ ॥

अन्वयः- इत्थम् अन्योन्यतादात्म्यप्रतिपत्तिः यदा भवेत् तदा एव त्वमर्थस्य अब्रह्मत्त्वं व्यावर्त्येत हि।।

अन्वयः - यदि एवं ततः किम् ? शृणु । पूर्णानन्दैकरूपेण प्रत्यग्बोधः अवतिष्ठते ।।

व्याख्या :- आत्मबोधफलं प्रदर्शयति । इत्थमेवं प्रकारेण "तत्त्वमस्या"दिमहावाक्यादन्योऽन्य-तादात्म्यप्रतिपत्तिस्तत्त्वमोरर्थभूतयोः परमात्मप्रत्यगात्मनोरन्योऽन्यस्य परस्परवास्तविकैक्यविषयकप्रमाया इति यावत् । तादात्म्यस्याभेदस्य तादात्म्यमत्र पारमार्थिकाभिन्नत्त्वमेव । न शास्त्रान्तरप्रसिद्धलक्षणलक्षितं भेदसहिष्णुरभेद इत्यादिधर्मधर्म्यादिनिष्ठं पारिभाषिकम् । प्रतिपत्तिरखण्डार्थबोधो यदा भवेद्यदेति पदेनोक्तप्रमितेरनन्तजन्मपुण्यफलत्त्वेन श्रीसद्गुरुकृपाकटाक्षलभ्यत्त्वेन चास्यातिदुर्लभत्त्वं सूचितम् । तदैव बोधसमकालमेव न तूत्तरक्षणे । तदुक्तं कल्पतरौ - शुद्धं ब्रह्मेति विषयीकुर्वाणा वृत्तिस्स्व-स्वेतरोपाधिनिवृत्तिरुदयत" इति । त्त्वमर्थस्य शोधितत्वम्पदार्थस्य पञ्चकोशसाक्षित्त्वोपलक्षितस्य प्रतीचोऽब्रह्मत्त्वं सर्वदृश्याधिष्ठानत्त्वोपलक्षितसत्यज्ञानानन्तानन्दरूपशोधिततत्पदार्थीभूतब्रह्माभिन्नत्त्वमिति यावत् । तदर्थस्य पारोऽक्ष्यं व्यावर्तेतावश्यं निवृत्तं स्यात् । हीत्यनेन प्रसिद्धिद्योतकेन विद्वदनुभवः प्रमाणीकृत आचार्यपादैः । त्वमर्थस्य प्रत्यगात्मनोऽब्रह्मत्त्वं यद्भ्रान्तिसिद्धमब्रह्मरूपत्त्वं तदर्थस्य

अब आत्मज्ञान का फल बताते हैं ।

अर्थ - पूर्वोक्त प्रकार से (कूटस्थ और ब्रह्म का) परस्पर अभेद ज्ञान जब होता है तब ही त्वं पद के अर्थ प्रत्यगात्मा का अब्रह्मत्व निवृत्त होता है और तत् पद के अर्थ ब्रह्म का पारोक्ष्य निवृत्त होता है । (पूर्वपक्षी) यदि ऐसा है भी तो उससे क्या प्रयोजन सिद्ध हुआ ? (सिद्धान्ती) (इस प्रश्न का) उत्तर सुनो - प्रत्यक् चैतन्य पूर्णानन्दैक रूप से अवस्थित रहता है (यही प्रयोजन है)।।७७-७८।।

व्याख्या - **(ये दोनों वाक्यवृत्ति में क्रम से ४० और ४१ वे श्लोक हैं)** पूर्वोक्त प्रकार से तत्त्वमसि आदि महावाक्य से कूटस्थ और ब्रह्म के परस्पर अभेद का ज्ञान जब होता है, उसी समय त्वं पद के अर्थरूप प्रत्यगात्मा की अब्रह्मरूपता नष्ट हो जाती है अर्थात् ज्ञान होने पर तत्काल ही जीव की अब्रह्मता रूप भ्रान्ति नष्ट हो जाती है । और तत् पद का अर्थ जो ब्रह्म है, उसकी परोक्षता भी अवश्य ही नष्ट हो जाती है । इस प्रकार महावाक्य के द्वारा त्वंपदवाच्य जीव और तत्पदवाच्य ईश्वर दोनों को लाभ होता है । जीव को अपने ब्रह्मत्व का बोध हो जाने से उसकी परिच्छिन्नता नष्ट हो जाती है और ईश्वर की परोक्षता नष्ट हो जाती है । ***पूर्वपक्षी*** - ठीक है, यदि आपके कथनानुसार हम मान लें कि प्रत्यगात्मा का अब्रह्मत्व और तत्पदवाच्य की परोक्षता महावाक्य से निवृत्त हो जाती है किन्तु इससे कौन-से फल की प्रप्ति होती है ? ऐसी शंका होने पर ***सिद्धान्ती*** कहता है कि शृणु अर्थात् इससे क्या फल प्राप्त होता है वह हम तुम्हें बता रहे हैं तुम सावधान होकर इसका उत्तर सुनो । महावाक्य के द्वारा जब त्वं

परमात्मनो ब्रह्मणश्च पारोक्ष्यं परोक्षज्ञानैकविषयत्त्वं च प्रत्यगभिन्नब्रह्मात्मैक्यज्ञानेन महावाक्य-जन्याखण्डार्थबोधफलेन समूलं निवर्तत इति भावः । चकारोऽप्यर्थकः । तेन पूर्वोक्तलक्षणतत्पदार्थस्य परोक्षत्त्वमपि बोधसमकालमेव व्यावर्तेतैवं ब्रह्मज्ञानेन ध्वस्तं भवेदज्ञानजन्यं सर्वं द्वैतम् । सम्प्रति ततोऽपि किमित्यत आह । ततः शृणु सावधानेन । प्रत्यग्बोधस्सर्वान्तर्यामिबोधः सच्चिदानन्दस्वरूपः प्रत्यगात्मा पूर्णानन्दैकरूपेणैवावतिष्ठते न कदाचिदपि किञ्चिदप्यन्यथा विकारमेतीति दिक् ।।

समाप्ताष्टश्लोकी । शाब्दापरोक्षवादोपसंहरणम् –

एवं सति महावाक्यात्परोक्षज्ञानमीर्यते ।
यैस्तेषां शास्त्रसिद्धान्तविज्ञानं शोभतेतराम् ॥ ७९ ॥

अन्वयः – एवं सति यैः महावाक्यात् परोक्षज्ञानम् ईर्यते । तेषां शास्त्रसिद्धान्तविज्ञानं शोभतेतराम्।।

व्याख्या :– एवं विचारतान्महावाक्यार्थज्ञानादेव यद्यद्वैतब्रह्मात्मैक्यविषयकापरोऽक्षबोधोदयश्चेत्तर्ह्या"त्मा वारे द्रष्टव्यश्श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्य" इत्यादिश्रुत्या श्रवणादिविधिर्व्यर्थो भवेदतस्त"त्समयबलेन सम्यक्परोक्षानुभवसाधनमागम" इत्यागमलक्षणा"त्समयाश्शपथाचारकालसिद्धान्तसंविद" इत्यादिकोशा-त्समयशब्दवाच्यपदार्थविषयकपदशक्तिग्रहणज्ञानबलेन प्रमात्मकपरोक्षानुभवजनका"र्दर्शपूर्णमासाभ्यां स्वर्गकामो यजेते"त्यादिलक्षणाद्वैदिकाद्वाक्यात्तथा "गामानये"त्यादिलक्षणाल्लौकिकाद्वचनाच्चागमशब्दाभिधेया-दाप्तवाक्यात्परोक्षमेवज्ञानमुपजायते इति ये पण्डितम्मन्या मन्यन्ते तेषां मतमुपहसन्नेव निराकरोति । एवं सति विचारसहिताद्वाक्यादपरोक्षज्ञानं जायत इति निश्चिते सत्यपि यैश्श्रुतिसिद्धान्तरहस्यानभिज्ञैर्महावाक्या-दखण्डार्थबोधकात्परोक्षज्ञानमेव जायते इतीर्यते प्रोच्यते तेषां शास्त्रसिद्धान्तविज्ञानमुपनिषदादिशास्त्राणां यः सिद्धान्तो निश्चितोऽर्थस्तस्य विशिष्टं ज्ञानं निश्चप्रचं शोभतेतरामित्युपालम्भनपूर्वकः परिहासः । न ते जानीयुस्सिद्धान्तरहस्याविति विदाङ्कुर्वन्तु । किमत्रोपहासस्य बीजमिति किञ्चिद्विचार्यते। द्रष्टव्योऽत्रानुभूतिप्रकाश "आत्मा वारे द्रष्टव्य" इति श्रुतिव्याख्यापरः । "आत्मा द्रष्टव्य इत्युक्त्या तत्त्वधीरुपदर्शिता। श्रोतव्य

पद की अब्रह्मरूपता और तत् पद की अपरोक्षता नष्ट हो जाती है तब एकमात्र प्रत्यगात्मा अपरिच्छन्न आनन्द और अखण्ड रूप से अवस्थित रहता है, यही आत्मज्ञान का फल है ।

अब शाब्द अपरोक्षवाद का उपसंहार करते हैं ।

अर्थ – ऐसा होने पर भी जो लोग महावाक्य से परोक्ष ज्ञान होता है, इस प्रकार कहा करते हैं, उनका शास्त्रसिद्धान्तज्ञान बहुत सुन्दर है (अर्थात् वे शास्त्रसिद्धान्त के रहस्य को नहीं जानते हैं)।।७९।।

व्याख्या – पूर्वोक्त प्रकार से महावाक्य द्वारा अखण्ड ब्रह्म का अपरोक्ष ज्ञान उत्पन्न होता है, यदि ऐसा माने तो ***''आत्मा वा अरे द्रष्टव्यश्श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः''*** (बृ.उ. २/४/५) इत्यादि श्रुति में जो श्रवणादि की विधियाँ कही गई हैं, वे निरर्थक हो जाएँगी । परोक्ष यथार्थ अनुभव का साधन ही आगम (शास्त्र) प्रमाण होता है । शब्द से परोक्ष ज्ञान ही होता है " ***दर्शपूर्णमासाभ्यां स्वर्गकामो यजेत*** " इत्यादि वैदिक वाक्यों से तथा ***'गामानय'*** इत्यादि लौकिक वाक्यों से परोक्ष ज्ञान ही होता है । अतः महावाक्य भी शब्दप्रमाण रूप होने से परोक्ष ज्ञान के ही जनक हो सकते हैं, अपरोक्ष

इत्यादिना तु विचार उपदर्श्यते ।। श्रुत्यर्थाविष्कृतेर्हेतुश्शब्दशक्तिविवेककृत् । श्रुतिलिङ्गादिको न्यायः प्रोक्तश्श्रोतव्य इत्यतः ।। अर्थासम्भावनोच्छेदी तर्को मननमीरितम् । वेदशास्त्राविरोध्यत्र तर्को ग्राह्यो न चेतरः ।। अपरायत्तबोधोऽत्र निदिध्यासनमुच्यते । ध्यानाशङ्कानिवृत्त्यर्थं विज्ञानेनेत्युदीरणात्।। द्रष्टव्य इति विज्ञानमुद्दिश्य श्रवणं तथा । मननं च विधायाथ विज्ञानमवधिं जगा ।।"वित्यादि । तस्माच्चेहा-द्वैतब्रह्मात्मापरोक्षाप्रतिबद्धबोधमुद्दिश्य तदन्तरङ्गतमसाधने श्रवणमनने कृत्त्वा तत्फलीभूतमसङ्गात्मज्ञानमेव निरुक्तलक्षणं पर्यवसानभूमित्त्वेनोक्तमिति क्व वा निदिध्यासनशब्दवाच्यध्यानापरोक्षवादावसरः? अन्यच्चागमलक्षणोक्त्यवसरे केषाञ्चन कथनमस्ति यत्समबलेन सम्यक्परोक्षानुभवसाधनमागम इति न तन्मनोहरं मन्यामहे । यतो योगसूत्रे "प्रत्यक्षानुमानागमाः प्रमाणानी"त्यत्र शब्दप्रमाणस्थाने प्रयुक्तश्चागमशब्दः। तत्रैव भाष्ये "आप्तेन दृष्टो वानुमितोऽर्थः परत्रस्वबोधसङ्क्रान्तये शब्देनोपदिश्यते शब्दात्तदर्थविषया-वृत्तिश्श्रेतुरागाम इति लक्षितत्त्वादागमपदार्थस्य। किञ्च न पूर्वोक्तमागमलक्षणं क्षोदक्षममस्ति । यतोऽव्याप्त्यतिव्याप्त्यसम्भवरूपदोषत्रयरहितोऽसाधारणधर्म एव लक्षणस्य लक्षणम् । दशमस्त्वमसि कौन्तेयस्त्वमसीत्यादिवाक्येष्वाप्तवाक्यत्त्वेनागमत्त्वेऽपि समयबलेन सम्यक्परोक्षानुभवसाधनत्त्वाभावाद-व्याप्तिः। एवं "व्याप्तिविशिष्टपक्षधर्मताज्ञानं परामर्श" इत्युक्त्वा तस्मा"ल्लिङ्गपरामर्शोऽनुमान" मित्याद्यन्न"म्भट्टोक्तेर्व्याप्तिस्मृतिर्द्वारतया पक्षधर्मीभूतपार्वतधूमादिज्ञानस्यैव समयशब्दार्थत्त्वात्तद्बलेन सम्यक्परोक्षानुभवसाधनभूतेऽनुमानेऽव्याप्तिरपि स्फुटतरैवेति नेदमुचितम् । आस्तां तत्किञ्चित् । प्रकृते च मूलकारै"रेवं सति महावाक्यात्परोक्षज्ञानमीर्यते । यैस्तेषां शास्त्रसिद्धान्तविज्ञानं शोभतेतरा"मित्यादिना कृतश्शाब्दापरोक्षवादासहिष्णुतदीयपरोक्षैकज्ञानजननैयत्यत्त्वादीनां विषये समुचित एवायमुपालम्भनपूर्वक उपहास इति शम् ।।

युक्त्यापि वाक्यादपरोक्षज्ञानसिद्धिरिति निरूपणम् -

आस्तां शास्त्रस्य सिद्धान्तो युक्त्या वाक्यात्परोक्षधीः ।
स्वर्गादिवाक्यवन्नैवं दशमे व्यभिचारतः ।। ८० ।।

ज्ञान के नहीं । ऐसी शंका करने वाले और स्वयं को पण्डित मानने वालों को सिद्धान्ती उपहास पूर्वक उपालम्भन देते हैं । महावाक्य के द्वारा अखण्ड ब्रह्म का अपरोक्ष ज्ञान होता है, इसे हम सिद्ध कर चुके हैं । इस प्रकार महावाक्य से अपरोक्ष ज्ञान के सिद्ध हो जाने पर भी जो दुराग्रही लोग ऐसा कहते हैं कि महावाक्य से अपरोक्ष ज्ञन नहीं होता किन्तु परोक्ष ज्ञान ही होता है । उन लोगों का शास्त्र के सिद्धान्त का ज्ञान अर्थात् उपनिषद् शास्त्रों से निश्चित अर्थ का विशेषज्ञान बहुत ही सुन्दर है । यहाँ परिहास किया गया है अर्थात् वे मूर्खलोग सिद्धान्त के रहस्य को नहीं जानते हैं । इससे यह भी ज्ञात होता है कि उन भेदवादियों के द्वारा प्रतिपादित शास्त्रों के लक्षण भी सिद्धान्त के रहस्य के ज्ञान से सर्वथा शून्य ही हैं।

पूर्वपक्षी वाक्य से परोक्ष ज्ञान ही होता है, इस विषय में युक्ति का आश्रय लेता है और सिद्धान्ती उसमें व्यभिचार दोष दिखाते हैं ।

अर्थ - (पूर्वपक्षी) शास्त्र सिद्धान्त को रहने दो, युक्ति से तो यही सिद्ध होता है कि स्वर्गादि का प्रतिपादन करने वाले वाक्यों की तरह महावाक्य से परोक्ष ज्ञान ही होता है । (सिद्धान्ती) ऐसा नहीं है, क्योंकि दशम पुरुष के दृष्टान्त में यह नियम व्यभिचरित होता है ।।८०।।

अन्वयः – शास्त्रस्य सिद्धान्तः आस्ताम् । युक्त्या स्वर्गादिवाक्यवत् वाक्यात् परोक्षधीः । न एव दशमे व्यभिचारतः ।।

व्याख्या :- आस्तां तावच्छास्त्रसिद्धान्तः । महावाक्यस्य परोक्षज्ञानजनकत्त्वमनुमानेन सिद्ध्यतीति चेन्मैवं व्यभिचारस्य दर्शनादित्याह । शास्त्रस्य सिद्धान्तस्तावदास्ताम् । महावाक्यानामपरोक्षबोधकत्त्वसिद्धान्तो युक्त्या विरुद्ध्यत एवेत्याशयः । युक्तिरत्रानुमानम् । अनुमानेन च वाक्यात्परोक्षधीरेव सिद्ध्यति नापरोक्षधीः । अनुमानरचनायामुख्यभूतं दृष्टान्तं प्रदर्शयति स्वार्गादिवाक्यवदिति । अत्रेत्थमनुमानप्रकारः । विवादास्पदीभूतं महावाक्यं परोक्षैकप्रमाकरणम् । वाक्यत्त्वात् । दर्शपूर्णमासाभ्यां स्वर्गकामो यजेते''त्यादिवाक्यवत् । अस्मिन्ननुमाने हेतोरनैकान्तिकत्त्वाद्दुष्टतेत्याह। नैवम् । दशमे दशमस्त्वमसीति वाक्ये तद्वाक्यस्थलान्तर्भावेन व्यभिचारतोऽपरोक्षज्ञानजनकत्त्वस्योपालम्भादिति वाक्यत्त्वहेतोस्सद्भावेऽपि परोऽक्षैकप्रमाकरणत्त्वस्य साध्यस्यावृत्तेर्व्यभिचार इति भावः ।।

वाक्यसामान्यस्य परोक्षज्ञानजनकत्त्वमेवेति साधयत उपहासपात्रत्त्वे न संशय इत्याश्चर्यनिरूपणम्–

स्वतोऽपरोक्षजीवस्य ब्रह्मत्त्वमभिवाञ्छतः ।
नश्येत्सिद्धापरोक्षत्त्वमिति युक्तिर्महत्यहो ॥ ८१ ॥

अन्वयः – ''स्वतः अपरोक्षजीवस्य ब्रह्मत्त्वम् अभिवाञ्छतः सिद्धापरोक्षत्त्वं नश्येत् इति युक्तिः'' महती अहो ।।

व्याख्या :- त्वम्पदार्थभूतजीवस्यापरोक्षत्त्वानुभवसद्भावाद्वाक्यसामान्यस्य परोक्षज्ञान–

व्याख्या – महावाक्य से ब्रह्म का अपरोक्ष ज्ञान होता है, यह बात तो शास्त्रों के द्वारा कही जाती है अर्थात् यह शास्त्रों का सिद्धान्त है अतः शास्त्र की बात यहा रहने दो अर्थात् शास्त्र का सिद्धान्त कुछ भी रहे किन्तु महावाक्य से अपरोक्ष ज्ञान होता है यह बात युक्ति से अर्थात् अनुमान प्रमाण से सिद्ध नहीं होती है । अनुमान प्रमाण से तो यही सिद्ध होता है कि वाक्य के द्वारा सर्वदा परोक्ष ज्ञान ही होता है । इसमें स्वर्गादि वाक्य का दृष्टान्त देते हैं । यहाँ अनुमान प्रयोग इस प्रकार है – महावाक्य परोक्ष ज्ञान को उत्पन्न करने वाले हैं, वाक्य होने के कारण, ***''स्वर्गकामो यजेत''*** इत्यादि वाक्यों के समान । यह पूर्वपक्षी का अनुमान है । इसमें दोष दिखाते हुए सिद्धान्ती कहते हैं कि तुम्हारे द्वारा दिया गया हेतु दुष्ट होने के कारण तुम्हारा कथन ठीक नहीं है । दशम के दृष्टान्त में तुम्हारा हेतु व्यभिचरित होता है । 'दसवाँ तू ही है' इस वाक्य से दशम पुरुष को स्वयं का अपरोक्ष ज्ञान हुआ, इसलिये वाक्य से सदा परोक्ष ज्ञान ही होता है अपरोक्ष नहीं, यह बात अनुमान प्रमाण से भी सिद्ध नहीं होती है ।

महावाक्य से परोक्ष ज्ञान होता है, यह मानना हानिकारक है, इसका वर्णन करते हैं।

अर्थ – ब्रह्मत्व प्राप्त करने की इच्छा वाले स्वभाव से अपरोक्ष रूप जीव की स्वतः सिद्ध अपरोक्षता नष्ट हो जाएगी । अहो ! तुम्हारी यह युक्ति बड़ी महान है ।।८१।।

व्याख्या – महावाक्यों के द्वारा ब्रह्मत्व की इच्छा करने वाले स्वभाव से ही अपरोक्ष रूप जीव का (प्रत्यगात्मा का) अपरोक्षत्व सिद्ध ही है । तुम्हारी युक्ति का आश्रय लेने से अपरोक्ष ज्ञान होता ही

जनकत्त्वाभ्युपगमे त्त्वम्पदघटितवाक्येषु जीवस्याप्यपरोक्षत्त्वाभावप्रसङ्ग इत्याह । ब्रह्मत्त्वमभिवाञ्छतो महावाक्यार्थज्ञानाद्ब्रह्मत्त्वमाकाङ्क्षमाणस्य स्वतस्स्वभावत एवापरोक्षजीवस्यापि प्रत्यगात्मनस्सिद्धं यदपरोक्षत्त्वं तदपि नश्येदिति कारणात्तव युक्तिर्महतीत्यहो इत्युपहसन्नाह । तवैव सर्वानर्थदायिनीति भावः । तव वादोऽयं सर्वानर्थकारणम् । ब्रह्मत्त्वप्रतिपित्सया प्रवृत्तस्स तव त्वद्बुद्धिविलसितहेतुवादेन जीवस्यापरोक्षत्त्वमपि नष्टमिति यथा तव वादो न विश्वसनीयस्तथैव महावाक्यानां भवत्कपोलकल्पिता परोक्षार्थकल्पनापि न विश्वासार्हात एव न परिग्राह्या चेति दिक् ।।

केवलयुक्तिवादेन कीदृशोऽनर्थ इति विवरणम् –

वृद्धिमिष्टवतो मूलमपि नष्टमितीदृशम् ।
लौकिकं वचनं सार्थं सम्पन्नं त्वत्प्रसादतः ॥ ८२ ॥

अन्वयः–"वृद्धिम् इष्टवतः मूलम् अपि नष्टम्" इति ईदृशं लौकिकं वचनं त्वत्प्रसादतः सार्थं सम्पन्नम् ।।

व्याख्या :– पूर्वोक्तहेतोरुपासने लौकिकमाभाणकमप्यनुकूलयति । त्त्वत्प्रसादतस्तवापूर्वयुक्तेः प्रभावात् वृद्धिमधमर्णाय वृद्धिफलाभिलिप्सया दत्ताद्धनादृणस्य चक्रकादिप्रणाड्यावृद्धिमिष्टवत इच्छत उत्तमर्णस्य मूलमपि नष्टमितीदृशं लौकिकं वचनं पामरजनानामाभाणकं सार्थमन्वर्थं सम्पन्नमित्यनर्थ–विवरणमिति शम् ।।

नहीं है । इसलिये तुम्हारी युक्ति बड़ी महान है । इस प्रकार आश्चर्य और उपहास पूर्वक कहते हैं, अर्थात् तुम्हारी यह युक्ति तुम्हारे स्वयं के लिये ही अनर्थदायिनी है । यदि तुम ब्रह्मस्वरूप की इच्छा से श्रुति का अन्वेषण कर रहे हो तो तुम्हें 'महावाक्य से अपरोक्ष ज्ञान ही होता है' इसी बात को स्वीकार करना चाहिये अन्यथा तुम्हारी आत्मा का स्वभावसिद्ध जो अपरोक्षत्व है, वह भी नष्ट हो जाएगा । इसलिये जैसे ब्रह्मत्व की इच्छासे जीव का अपरोक्षत्व नष्ट हो जाने के कारण तुम्हारा वाद विश्वसनीय नहीं है, उसी प्रकार महावाक्यों से परोक्ष ज्ञान ही होता है, तुम्हारी यह कल्पना भी अग्राह्य ही है ।

पूर्वकथन को दृष्टान्त पूर्वक स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ – वृद्धि को चाहने वाले मनुष्य का मूल धन भी नष्ट हो गया, इस प्रकार का लोक प्रसिद्ध वाक्य तुम्हारी कृपा से (आज) सार्थक हो गया ।।८२।।

व्याख्या – यदि इष्टापत्ति द्वारा पूर्वोक्त दोष को अंगीकार करते हो तो लोक प्रसिद्ध प्रवाद तुम्हारी कृपा से सार्थक हो जायेगा । इसलिये इष्टापत्ति का कहना उचित नहीं है । अधिक व्याज पाने की इच्छा से यदि कोई मनुष्य अविश्वसनीय व्यक्ति के पास धन रखता है तो वह व्यक्ति मौका देखकर सम्पूर्ण धन लेकर वहाँ से भाग जाता है । तब लोग कहते हैं कि देखो ! अधिक व्याज लेने के लिये धन रखा था किन्तु व्याज तो दूर रहा, इसका मूल धन भी नष्ट हो गया । इस प्रकार की लोकोक्ति तुम्हारी कृपा से आज सार्थक हो गयी।

ब्रह्मणस्सोपाधित्त्वविचारणम् -

अन्तःकरणसम्भिन्नबोधो जीवोऽपरोक्षताम् ।
अर्हत्युपाधिसद्भावान्न तु ब्रह्मानुपाधितः ॥ ८३ ॥

अन्वयः-अन्तःकरणसम्भिन्नबोधः जीवः उपाधिसद्भावात् अपरोक्षताम् अर्हति ब्रह्म तु अनुपाधितः न।।

व्याख्या :- सोपाधिकत्त्वाज्जीवस्यापरोक्षता युज्यते । "तत्त्वमस्या"दिमहावाक्यजन्यबोधविषयस्य परब्रह्मणो निरुपाधिकत्त्वादपरोक्षत्त्वं कथं सिद्ध्येदित्याशङ्कां दर्शयति । अन्तःकरणसंभिन्न-बोधोऽन्तःकरणेन सङ्कीर्णश्चिद्रूपः "कार्योपाधिरयं जीव" इति श्रुत्या बुद्ध्यवच्छिन्नचैतन्यं जीवस्तस्योपाधि-सद्भावादुपाधेर्विद्यमानत्त्वादपरोक्षतामर्हति । अन्तःकरणोपाधिगतत्त्वाज्जीवस्यापरोक्षता युक्ता । ब्रह्मणस्त्वनुपाधित उपाधेरभावाद्ब्रह्म नापरोऽक्षतामर्हति । अतश्च परोक्षतैव ब्रह्मणः । अतश्च शङ्कितुरेवमाशयोऽस्ति यद्ब्रह्मणो विषये परोक्षज्ञानमेव जनयति वाक्यमिति हेतोः मदुपन्यस्यहेतुषु न कञ्चन दोषमुत्पश्याम इति दिक् ।।

ब्रह्मण्यनुपाधिकत्त्वहेतौ स्वरूपासिद्धिप्रदर्शनम् -

मैवं ब्रह्मत्त्वबोधस्य सोपाधिविषयत्त्वतः ।
यावद्विदेहकैवल्यमुपाधेरनिवारणात् ॥ ८४ ॥

अन्वयः - एवं न ब्रह्मत्त्वबोधस्य सोपाधिविषयत्त्वतः । यावत् विदेहकैवल्यम् उपाधेः अनिवारणात्।।

व्याख्या :- ब्रह्मणो निरुपाधिकत्त्वमेवासिद्धमित्याचष्टे । एवं ब्रह्मनिरूपाधिकमिति मा शङ्किष्ठाः।

ब्रह्म की अपरोक्षता के विषय में पूर्वपक्षी शंका करता है ।

अर्थ - (पूर्वपक्षी) उपाधि के सद्भाव से अन्तःकरणावच्छिन्न चैतन्यरूप जीव अपरोक्षता के योग्य हो सकता है किन्तु उपाधिरहित होने से ब्रह्म अपरोक्षता के योग्य नहीं है ।।८३।।

व्याख्या - सोपाधिक होने से जीव की अपरोक्षता संभव है किन्तु तत्त्वमसि आदि महावाक्यजन्य बोध का विषय जो परब्रह्म है, वह तो निरुपाधिक है अतः उसकी अपरोक्षता कैसे संभव है ? यह सम्पूर्ण श्लोक पूर्वपक्ष का प्रतिपादन करता है । अन्तःकरणावच्छिन्न चैतन्य जीव उपाधि वाला है और उपाधियुक्त होने के कारण ही उसकी अपरोक्षता संभव है किन्तु जिसकी कोई उपाधि ही नहीं है, वह सर्वथा निरुपाधिक ब्रह्म अपरोक्षता के योग्य कैसे हो सकता है ? अर्थात् ब्रह्म का ज्ञान परोक्ष रूप से हो सकता है, अपरोक्ष रूप से नहीं । इसलिये मेरे द्वारा प्रतिपादित आगम का लक्षण समीचीन ही है । आपने जो मुझे (पूर्वपक्षी को) शास्त्र सिद्धान्त के रहस्य को न जानने वाला कहा है और मेरे द्वारा प्रतिपादित आगमलक्षण को असमीचीन कहा है, वह गलत है।

पूर्वोक्त शंका का परिहार करते हैं ।

अर्थ - पूर्वोक्त आशंका नहीं बन सकती, क्योंकि ब्रह्मत्व का बोध सोपाधिक विषय वाला है, इसलिये ज्ञान का विषय ब्रह्म भी सोपाधिक है । क्योंकि जब तक विदेह कैवल्य प्राप्त न हो जाए तब तक उपाधि का निवारण नहीं हो सकता ।।८४।।

व्याख्या - सिद्धान्ती पूर्वपक्षी से कहता है कि ब्रह्म का निरुपाधिकत्व ही सिद्ध नहीं होता है । इसलिये

तस्य ब्रह्मत्त्वबोधस्या''प्यहं ब्रह्मास्मी''ति जीवस्य ब्रह्मरूपताज्ञानस्य सोपाधिविषयत्त्वत उपाधिविशिष्टविषयकत्त्वाद्धेतोः । ज्ञानस्य सोपाधिविषयताकत्त्वं ज्ञेयस्य सोपाधिकत्त्वमन्तरा न संभवति। वाक्यजन्यबोधकाले ब्रह्मणस्सोपाधिकत्त्वमवश्याभ्युपेयम् । तस्माद्ब्रह्मणः परोक्षत्त्वे प्रयुक्तो निरुपाधिकत्त्वहेतुरसिद्धः । जीवस्य ब्रह्मरूपताज्ञानं यदस्ति तस्य सोपाधिकवस्तुविषयत्त्वात्तद्विषयस्य ब्रह्मणोऽपि सोपाधिकत्त्वं सिद्ध्यतीत्यत एव सिद्धान्तरत्नशुद्धान्तेऽवोचि ''यदेतेन शबलज्ञानान्मुक्तिः शुद्धज्ञानान्मुक्तिरिति मतद्वयविरोधोऽपि प्रत्युक्तोऽद्वैतचिन्मात्रविषयकचरमचित्तवृत्तिरूपज्ञानप्रयुक्त-विषयताशाबल्येऽपि तत्र तदितरदृश्यानास्कन्दितत्त्वात् । न हि विशुद्धहीरकादिरत्नं पश्यतः परीक्षकस्य चक्षुः प्रतिबिम्बनमन्तरा तथात्त्वेन प्रमा तत्र यथा न संभाव्यते तथैवेति''। अत्र हेतुं प्रदर्शयति विदेहकैवल्यं शरीरपातानन्तरं मुक्तिर्यावत्संभवति तावत्पर्यन्तं शरीरपातावधि जीवस्योपाधेरनिवारणाद् ब्रह्मापि सोपाधिकमेव भवतीति दिक् ।।

जीवब्रह्मणोर्विलक्षणोपाधिद्वयवर्णनम् -

अन्तःकरणसाहित्यराहित्याभ्यां विशिष्यते ।
उपाधिर्जीवभावस्य ब्रह्मतायाश्च नान्यथा ।। ८५ ।।

अन्वयः - जीवभावस्य ब्रह्मतायाः च उपाधिः अन्तःकरणसाहित्यराहित्याभ्यां विशिष्यते अन्यथा न।।

व्याख्या :- जीवब्रह्मणोरुपाधिभेदोऽन्तःकरणसाहित्यराहित्याभ्यामेव निरूपणीयः । यदि च

तुम ब्रह्म निरुपाधिक है, ऐसी शंका मत करो । अर्थात् यदि ब्रह्म निरुपाधिक सिद्ध होता, तो कह सकते थे कि ब्रह्म का ज्ञान अपरोक्षत्व से नहीं होता किन्तु ब्रह्म निरुपाधिक सिद्ध नहीं होता क्योंकि वह उपाधि वाला है । इसलिये 'मैं ब्रह्म हूँ' इस प्रकार जीव को जो ब्रह्मरूपता का ज्ञान होता है, वह सोपाधिक विषय का ही है । इससे यह भी सिद्ध होता है कि ज्ञेयरूप ब्रह्म के साथ उपाधि है ही । वाक्यजन्य बोध काल में ब्रह्म को अवश्य ही सोपाधिक मानना पड़ेगा, अन्यथा वह ज्ञान का विषय ही नहीं हो सकेगा । तात्पर्य यह है कि तुम्हारे द्वारा दिया गया निरुपाधिकत्व रूप हेतु असिद्ध है । इसका कारण बताते हैं कि जब तक विदेह मुक्ति प्राप्त न हो जाए तब तक उपाधि का निवारण नहीं हो सकता अर्थात् मरण के बाद जब तक तीनों शरीरों की सब उपाधियाँ समाप्त नहीं होती तब तक जीव के साथ उपधियाँ बनी रहती हैं । और उसका ब्रह्म विषयक ज्ञान भी सोपाधिक ही है । जैसे जीव उपाधि वाला है, वैसे ही ब्रह्म भी उपाधि वाला है । जैसे विदेह कैवल्य पर्यन्त जीव की उपाधियों का निवारण संभव नहीं है, वैसे ही ब्रह्म भी सोपाधिक ही सिद्ध होता है । भाव यह है कि जैसे जीव को तुम अपरोक्ष ज्ञान के योग्य मानते हो, वैसे ही ब्रह्म को भी अपरोक्ष ज्ञान के याग्य मानो, क्योंकि उपाधि रूप विशेषता दोनों में समान ही है।

जीव और ब्रह्म की दो प्रकार की विलक्षण उपाधियों का वर्णन करते हैं।

अर्थ - जीवभाव और ब्रह्मभाव की उपाधि अन्तःकरण के सहित और अन्तःकरण के रहित होने के कारण ही है । दोनों में अन्य किसी प्रकार का भेद नहीं है ।।८५।।

व्याख्या - गत श्लोक में आश्चर्य हो रहा था कि आचार्य ब्रह्म में उपाधि को कैसे स्वीकार कर रहे हैं, किन्तु यहाँ उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि ब्रह्म की उपाधि निषेधात्मक है । वही ब्रह्मतत्त्व जब अन्तःकरण की उपाधि वाला होता है तो जीवभाव को प्राप्त होता है और जब वह उपाधि नहीं रहती तब वह ब्रह्मरूपता

ब्रह्मत्त्वबोधस्सोपाधिकविषयस्तदा "व्यावृत्ताननुगतं वस्तु ब्रह्मेति भण्यते । ब्रह्मार्थो दुर्लभोऽत्र स्याद्द्वितीये सति वस्तुनी"त्यादिवार्तिकविरोध आपतेदिति चेत्तत्तात्पर्यमाह । जीवभावस्य ब्रह्मतायाश्चोपाधिरन्तःकरण-साहित्यराहित्याभ्यां विशिष्यते विभिन्नो भवति । तत्र जीवोपाधिरन्तःकरणसाहित्यं, ब्रह्मोपाधिश्चान्तःकरण-राहित्यमिति तद्विवेकः । एवं चात्राद्वैतशास्त्रे द्वितीये वस्तुनि सति ब्रह्मार्थो दुर्लभो भवेदिति कथयतां वार्तिककृतां यावद्द्वैताभावावच्छिन्नचैतन्यस्यैव ब्रह्मत्त्वमितीष्टमित्यतो न तद्विरोधगन्धलेश इत्याशय इति दिक् ।।

विधेरुपाधिकत्त्वमिव निषेधस्याप्युपाधित्त्वमिति सदृष्टान्तं प्रदर्शनम् –

यथा विधिरुपाधिस्स्यात्प्रतिषेधस्तथा न किम् ।
सुवर्णलोहभेदेन शृङ्खलात्वन्न भिद्यते ।। ८६ ।।

अन्वयः – विधिः यथा उपाधिः स्यात् । तथा प्रतिषेधः न किम् ? । सुवर्णलोहभेदेन शृङ्खलात्त्वं न भिद्यते ।।

व्याख्या :– अन्तःकरणसाहित्यस्य भावरूपत्त्वादुपाधिता युज्यते । अन्तःकारणराहित्यस्य त्वभावरूपत्त्वात्कथमुपाधितेत्याशङ्कायामभावस्याप्युपाधित्त्वमङ्गीक्रियतामिति समाधत्ते । यत उपाधिलक्षणे साहित्यराहित्ययोरुभयोरपि प्रवेशः कृतो "यावत्कार्यमवस्थायिभेदहेतोरुपाधिते"ति । किञ्च भावपदार्थस्यैव स्फटिकादिसन्निहितजपाकुसुमादेर्लोके रक्तस्फटिक इत्यादिभ्रमेषु जपाकुसुमादीनामुपाधिता दृष्टैव । अत एव मधुसूदनसरस्वतीश्रीपादा वद"न्त्य एवाविद्यादिकं साक्षित्त्वादावुपाधिरिति सिद्धान्तो वेदान्तिना"मिति । अत्र श्लोके विधित्त्वं भावत्त्वमेव । न लिङादिघटितवाक्यबोध्यत्त्वम् । तथा सति कथमन्तःकरणोपलक्षितद्वैतराहित्यस्याभावरूपस्य ब्रह्मोपाधित्त्वमिति प्रश्ने जात एवमभिधीयते। अत्र च यद्य"प्यध्यस्ताभावावधिष्ठानैकस्वरूपका"विति पक्षे प्रतिषेधस्योपाधिता नैव संभवत्यथापि

को प्राप्त होता है । तात्पर्य यह है कि उपाधि सहित जीव और उपाधि रहित ब्रह्म है, यही दोनों में अन्तर है । ब्रह्म का उपाधि रहित होना ही उसकी उपाधि है, यह अभाव रूप उपाधि कैसी है, इसका वर्णन आगे करते हैं ।

विधि के समान निषेध के उपाधिकत्व को सदृष्टान्त दर्शाते हैं ।

अर्थ – जैसे विधि (भावरूप) उपाधि है, वैसे ही प्रतिषेध (अभावरूप) उपाधि क्यों नहीं होगी। सुवर्ण और लोहे के भेद से शृंखलात्व का भेद नहीं होता है ।।८६।।

व्याख्या – अन्तःकरण के रहने पर भाव रूप उपाधि का होना तो ठीक है किन्तु अन्तःकरण के न रहने पर अभाव रूप उपाधि का होना कैसे संभव है ? ऐसी शंका होने पर अभाव को भी उपाधि रूप ही मानना चाहिये, ऐसा समाधान देते हैं । जैसे विधि रूप अर्थात् भाव रूप उपाधि है, वैसे ही प्रतिषेध अर्थात् अभाव रूप उपाधि क्यों न होगी ? अर्थात् अवश्य होगी । अविद्यादिक साक्षित्वादि में उपाधि रूप हैं, यह वेदान्तियों का सिद्धान्त है, ऐसा श्रीमधुसूदन सरस्वती जी ने भी कहा है । ***"अतएवाविद्यादिकं साक्षित्वादावुपाधिरिति सिद्धान्तो वेदान्तिनाम्"।*** श्लोक में विधि का अर्थ भाव रूप ही है, न कि लिङादिघटित वाक्यबोद्ध्यत्व । ऐसी स्थिति में अन्तःकरणोपलक्षित द्वैतरहित अभाव रूप को ब्रह्म की उपाधि कैसे कह सकते हैं ? ऐसा प्रश्न होने पर कहते हैं कि यह कोई दोष नहीं है । अभाव को भी उपाधि रूप में ग्रहण किया जा सकता है । यद्यपि प्रतिषेध की उपाधिता संभव नहीं है तथापि ***"जायतेऽस्ति***

''जायतेऽस्ति वर्धते विपरिणमतेऽपक्षीयते नश्यती''ति यास्कपरिपठितेषु विनाशस्यापि भावविकारेष्वन्तर्भावस्य दृष्टत्त्वेन तत्पक्षानुसारेणोपाधिता युक्तैवेत्यभिप्रेत्याह विधिर्भावरूपः प्रतिषेधोऽभावरूपस्तथा चान्तःकरणसम्बन्धो ब्रह्मण उपाधिस्तथैव तद्वियोगोऽप्युपाधिरेव । भावस्यैवोपाधिता नाभावस्येति किं राजाज्ञा? । उपाधेस्स्वरूपं तावत्सतोऽसतो वा कस्यचिदंशस्य सम्पादकत्त्वम् । तच्चान्तःकरणविनिर्मुक्तविक्षेपशक्त्यात्मना स्थिताया मायायास्समस्त्येव । अतो हेतोर्विक्षेपशक्तिनाशपर्यन्तं तस्यास्तच्छक्तिरूपेण सत्ताभ्युपगम्यते । यतस्तावत्पर्यन्तं देहरूपपदार्थस्य सम्पादकत्त्वादुपाधिता । तस्माद्भावाभावरूपत्त्वलक्षणवैलक्षण्ये सत्यपि तस्याकिञ्चत्करत्त्वेनानादरणीयत्त्वात् । एतदेवार्थान्तरन्यासेन द्रढयन्व्यतिरेकदृष्टान्तं वा प्रदर्शयत्युक्तार्थदाढर्ायेति वा । शृङ्खलात्त्वं सुवर्णलोहभेदेन न भिद्यते । शृङ्खलानिबन्धः । व्यक्तिसञ्चारनिरोधकः लोहे स्वर्णाभावेऽपि स्वर्णे लोहाभावेऽपि न भिद्यत इति भावः । व्यक्तिगमननिरोधकत्त्वकार्ये शृङ्खलया साधनीये तदंशे सुवर्णलोहत्त्वादिवैलक्षण्यं नोपयुज्यत इति तन्नादरणीयमिति शम् ।।

विधिनिषेधयोर्ब्रह्मबोधोपायतेत्यत्र भाष्यकारसम्मतिप्रदर्शनम् -

अतद्व्यावृत्तिरूपेण साक्षाद्विधिमुखेन च ।
वेदान्तानां प्रवृत्तिस्स्याद्द्विधेत्याचार्यभाषितम् ।। ८७ ।।

वर्धते विपरिणमतेऽपक्षीयते नश्यतीति'' श्रीयास्काचार्य के इस वचन से विनाश को भी भाव विकारों में ही गिना गया है । इसलिये अभाव रूप उपाधि होना असंम्भव नहीं है । अतः जैसे अन्तःकरण के सद्भाव को जीव की उपाधि कहा जाता है, वैसे ही अन्तःकरण के असद्भाव को ब्रह्म की उपाधि कहना अनुचित नहीं है । भाव को ही उपाधि कहा जाए और अभाव को उपाधि न कहा जाए, ऐसा कोई नियम नहीं है । उपाधि का काम सत् अथवा असत् किसी भी अंश का सम्पादन करना ही है, ऐसा माया के विषय में देखा ही जाता है । माया अन्तःकरण रहित होने पर भी विक्षेप शक्ति के रूप में स्थित ही है । इसलिये विक्षेपशक्ति के नाश पर्यन्त माया को उसकी शक्ति के रूप में सत्ता युक्त स्वीकार करना ही चाहिये । भाव यह है कि बुद्धि के स्तर पर उपाधि का होना भी उपाधि है और उपाधि का न होना भी उपाधि है । इस विषय में दृष्टान्त देते हैं - बेड़ी चाहे सोने की हो या लोहे की हो, किन्तु दोनों में शृंखलात्व का अर्थात् बन्धन में डालने वाले कारणत्व का भेद नहीं है । जैसे किसी पुरुष के पैर में बेड़ी डाल दी जाए तो उसके संचार का निरोध हो जाता है । ऐसा नहीं होता कि बेड़ी लोहे की होगी तो बाँधेगी और सोने की होगी तो न बाँधेगी । सोने के रहने अथवा न रहने पर भी लोहे की बेड़ी अथवा लोहे के रहने पर अथवा न रहने पर भी सोने की बेड़ी अवश्य ही पुरुष को बाँधेगी । दोनों के रहने अथवा न रहने पर भी बेड़ी के शृखलात्व का भेद नहीं होता है । इसी प्रकार अन्तःकरण का सद्भाव हो अथवा असद्भाव, दोनों में उपाधिता का भेद नहीं है, दोनों ही उपाधि रूप ही हैं ।

विधि और निषेध के द्वारा ब्रह्म का बोध होता है, इस विषय में भाष्यकार की सम्मति दर्शाते हैं ।

अर्थ - आचार्य का कथन है कि ब्रह्मनिरूपण में उपनिषदों की प्रवृत्ति दो प्रकार से है, अतद्व्यावृत्ति रूप से और साक्षात् विधिमुख से ।।८७।।

अन्वयः – "अतद्व्यावृत्तिरूपेण साक्षात् विधिमुखेन च द्विधा वेदान्तानां प्रवृत्तिः स्यात्" इति आचार्यभाषितम् ।।

व्याख्या :– निषेधस्योपाधित्त्वमसाम्प्रदायकमिति नो शङ्क्यम् । भावाभावयोरुभयोरप्युपाधि-प्रयोजकत्त्वं विजातीयभावयोरुभयोरुपाधित्त्वप्रदर्शनमुखेन पूर्वमेव संसाधितम् । सम्प्रति तयोरेककार्यकारित्त्वेनाप्युपाधित्त्वं साधयितुं भाष्यकारीयं वाक्यवृत्तिस्थं वचनं विधिनिषेधयोरुभयोरपि साम्येनैव ब्रह्मबोधोपायत्त्वस्य बोधकं भगवत्पादीयं वाक्यवृत्तौ दृष्टमिति तत्रत्यं पूर्वार्धमक्षरश उपादाय स्वयमुत्तरार्धं पठन्समाधित्सुराह अतद्व्यावृत्तिरूपेण तच्च ब्रह्मातिरिक्तो मिथ्याप्रपञ्च इत्यर्थः । तस्या"थात आदेशो नेति नेती"ति व्यावृत्तिरूपेण निषेधेनातद्रूपप्रपञ्चनिरसनेनातद्व्यावृत्तिरेव रूपमुपायस्तेन तद्व्यावृत्तिरूपेण । साक्षाद्विधिमुखेन विधेरुपदेशस्य मुखेन विधिर्विधानं साक्षादेव वाचकशब्दप्रयोग"स्सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्मेत्यादिभावरूपेण तेन विधिमुखेन च तद्वारीकृत्यापि ब्रह्मावबोधने निर्गुणस्य ब्रह्मणः प्रत्यगभिन्नतयानुसन्धाने वेदान्तानामुपनिषदां प्रवृत्तिर्व्यापारः । प्रतिपादनप्रकारो द्विधा मार्गद्वयेणापि स्यादिति ब्रह्मणि बोधनीये द्वयी रीतिरप्याद्रियेतेत्याचार्यभाषितं वाक्यवृत्तौ । तत्रत्यो हि ग्रन्थ एवं दृश्यते । "त्वमर्थमेवं निश्चित्य तदर्थं चिन्तयेत्पुनः । अतद्व्यावृत्तिरूपेण साक्षाद्विधिमुखेन च ।। निरस्ताशेषसंसारदोषोऽस्थूलादिलक्षणः । अदृश्यत्त्वादिगुणकः पराकृततमोऽमलः ।। निरस्तातिशयानन्द-स्सत्यप्रज्ञानविग्रहः । सत्तास्वलक्षणः पूर्णः परमात्मेति गीयते ।।" इत्यादिः । तस्मादत्र "निरस्ताशेषे"त्यादिश्लोकेन रज्जौ भ्रान्त्या कल्पितसर्पादिरिव ब्रह्मण्यध्यासेन कल्पितं यदतदनृतजडदुःखपरिलिप्तरूपं दृश्यं जगत्तस्य या व्यृवृत्तिर्नायं सर्पोऽथवा नात्र रज्जुखण्डे

व्याख्या – निषेध का उपाधित्व असाम्प्रदायिक है, ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि भाव और अभाव इन दोनों में उपाधिप्रयोजकत्व पूर्व में ही स्पष्ट कर चुके हैं । श्लोक में आचार्य से तात्पर्य श्रीशंकराचार्य जी से है । उनके मतानुसार उपनिषदों में ब्रह्म का निरूपण दो प्रकार से किया गया है – एक विधिमुख से और दूसरा निषेधमुख से । ***'अतद्व्यावृत्तिरूपेण'*** अर्थात् तत् ब्रह्म अतत् जगत् से भिन्न है । जगत् का निषेध करने पर जो शेष रहता है, वह ब्रह्म है । ***"स एष नेतिनेत्यात्मा"*** इस प्रकार नेति नेति कहकर स्थूल और सूक्ष्म जगत् का निषेध कर आत्मा की ओर संकेत किया है। ***"अदृश्यमव्यवहार्यमग्राह्यमलक्षणमचिन्त्यमव्यपदेश्यम्"*** (मा.उ. ७) ब्रह्म अदृश्य, अव्यवहार्य, अग्राह्य, अलक्षण, अचिन्त्य और अव्यपदेश्य है । इस प्रकार ब्रह्म का निषेधमुख से निरूपण हुआ है और ***"सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म"*** इस प्रकार विधिमुख से भी ब्रह्म का निरूपण हुआ है । इसलिये वेदान्तों में (उपनिषदों में) ब्रह्म का प्रतिपादन दो प्रकार से हुआ है, ऐसा श्रीशंकराचार्य जी ने अपने ग्रन्थ वाक्यवृत्ति में कहा है ।

त्वमर्थमेवं निश्चित्य तदर्थं चिन्तयेत्पुनः।
अतद् व्यावृत्तिरूपेण साक्षाद्विधिमुखेन च ।।
निरस्ताशेषसंसारदोषोऽस्थूलादिलक्षणः।
अदृश्यत्वादिगुणकः पराकृततमोमलः।।

सर्पमित्यादिव''द्ब्रह्मण्यप्यस्थूलमनण्वि''त्यादिश्रुतिभिरतद्रूपेण बाधः प्रतिपादितः । एवं ''निरस्तातिशयानन्दे''त्यग्रिमश्लोकेन ''सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म'' ''को ह्येवान्यात्कः प्राण्यात् । यदेष-आकाश आनन्दो न स्या''दित्यादिश्रुभिर्बोधितो यस्साक्षाद्विधिमुखप्रकारः प्रत्यगद्वैतबोधोपायः । तस्मात्तद्बोधोपायस्यापि तदुपाधित्त्वावश्यंभावाद्विधेरिव व्यावृत्तेरपि बोधोपायतया विधिवन्निषेधस्यापि भावाभावयोरुभयोरपि ब्रह्मबोधोपायत्त्वेनोपाधित्त्वं सामानतयावगन्तव्यमिति शम् ।।

अतद्व्यावृत्तिमुखेनोपदेशोऽनुपपन्न इत्याक्षेपनिरूपणम् -

अहमर्थपरित्यागादहं ब्रह्मेति धीः कुतः ।
नैवमंशस्य हि त्यागो भागलक्षणयोदितः ॥ ८८ ॥

अन्वयः - अहमर्थपरित्यागात् ''अहं ब्रह्म'' इति धीः कुतः '' एवं न हि भागलक्षणया अंशस्य त्यागः उदितः ।।

व्याख्या :- ब्रह्मबोधकत्त्वं वेदान्तानामतद्व्यावृत्त्याङ्गीकारेऽ''हं ब्रह्मास्मी''ति महावाक्येऽहं पदार्थस्य कूटस्थस्यापि वृत्तिप्रसङ्गेन त्यागावश्यम्भावेनाहंब्रह्मपदार्थयोस्सामानाधिकरण्येन ज्ञानं दुर्घटं नैवोदेतुमर्हति चेति शङ्कते । अतद्व्यावृत्तिरूपेण वेदान्तानां प्रवृत्तेर''हं ब्रह्मास्मी''ति महावाक्येऽहमर्थपरित्यागादहं शब्दस्य योऽर्थः कूटस्थस्तस्य परित्यागाद्वर्जनादहं ब्रह्मेत्यस्मदर्थसामानाधिकरण्येनाभेदबुद्ध्या ब्रह्मैवाहमिति धीः कुतस्सिद्ध्यति? अहं शब्दार्थपरित्यागेनावश्यमस्मीतिशब्दार्थस्यापि परित्याज्यावश्यम्भावा ''त्तत्त्वमसी''तिवाक्यार्थजन्यानुभववदत्राप्यर्थानुभवो नोदेतीति प्रष्टुराशयः । इतः पूर्वं प्रतिपादितरीत्या

निरस्तातिशयानन्दः सत्यः प्रज्ञानविग्रहः।
सत्तास्वलक्षणः पूर्णः परमात्मेति गीयते ।। (वा.वृ.२८,२९,३०)

अतः जैसे ब्रह्म का बोध कराने के लिये विधियुक्त उपाधि है, वैसे ही व्यावृत्ति (निषेध) भी उपाधि ही है । भाव यह है कि भाव और अभाव दोनों ही ब्रह्म की उपाधि हैं, अतः उपाधि रूप से दोनों को समान ही जानना चाहिये।

अतद् व्यावृत्तिमुख से उपदेश अनुपपन्न है, ऐसी शंका कर उसका निराकरण करते हैं ।

अर्थ - (पूर्वपक्षी) अहमर्थ का परित्याग करने पर 'मैं ब्रह्म हूँ' ऐसा ज्ञान कैसे होगा ? (अर्थात् नहीं होगा) (सिद्धान्ती) ऐसा नहीं है, क्योंकि अहं शब्दार्थ के एक जड़ अंश का ही त्याग भागत्याग लक्षणा के द्वारा कहा गया है ।।८८।।

व्याख्या - ***पूर्वपक्षी*** - वेदान्त अनात्मनिषेध के द्वारा ब्रह्म का बोधक है, इस प्रकार यदि आप अंगीकार करते हैं तो अहं शब्द के वाच्यार्थ के अन्तर्गत कूटस्थ चैतन्य के त्याग का भी प्रसंग प्राप्त होगा । और उस दशा में ***''अहं ब्रह्मास्मि''***इस प्रकार का ज्ञान ही उत्पन्न न हो सकेगा । यदि अतद्व्यावृत्ति रूप से वेदान्तों की प्रवृत्ति है तो ***''अहं ब्रह्मास्मि''***इस महावाक्य में पठित अहं अर्थ का परित्याग करना पड़ेगा अर्थात् अहं का अर्थ जो कूटस्थ है, उसका परित्याग करना पड़ेगा फिर 'मैं ब्रह्म हूँ' ऐसा ज्ञान कैसे होगा ? ***सिद्धान्ती*** - आपका कथन ठीक नहीं है, क्योंकि अहं शब्दार्थ का जो एकदेशभूत जड़ अंश है, उसी का त्याग करना है । ऐसा भागत्याग लक्षणा (जहदजहल्लक्षणा) के द्वारा हम पहले ही कह

जहदजहल्लक्षणाङ्गीकारेणाहमर्थवाच्यांशीभूतपञ्चकोशविशिष्टचैतन्यस्यैव दृश्यत्त्वेनानात्मतया मिथ्यात्त्वात्तत्त्यागेऽपि दृङ्मात्रस्य तदुपलक्षितचैतन्यस्य तल्लक्ष्यार्थस्य चात्यागेन नैवमिति चोद्यं परिजिहीर्षुराह । नैवं वक्तव्यम् । हि यस्मात्कारणाद्भागलक्षणया भागत्यागलक्षणया जहदजहल्लक्षणयांश-स्याहमर्थांशस्याहमर्थैकदेशस्य जाड्यत्त्वाद्यंशस्य त्याग उदितः प्रागनुपदमेवास्माभिरुपपादितः । न कूटस्थस्यातो''ऽहं ब्रह्मास्मी''ति ज्ञानं निराबाधमुपपद्यत एवेति भावः । अहं शब्दार्थभूतकूटस्थस्य न सर्वात्मना त्यागोऽस्ति परं तद्गतजाड्यादिकं परित्यज्य चैतन्यमात्रं गृह्यत इत्यतोऽतद्व्यावृत्तिरूपेणोच्यत इति शम् ।।

अंशत्यागेन महावाक्यार्थबोधनप्रकाराभिनयनम् –

अन्तःकरणसन्त्यागादवशिष्टे चिदात्मनि ।
अहं ब्रह्मेति वाक्येन ब्रह्मत्त्वं साक्षिणीक्ष्यते ॥ ८९ ॥

अन्वयः – अन्तःकरणसन्त्यागात् अवशिष्टे चिदात्मनि साक्षिणि ''अहं ब्रह्म'' इति वाक्येन ब्रह्मत्त्वम् ईक्ष्यते ।।

व्याख्या :- तथा च सविशेषणविधिनिषेधन्यायेनाहं पदवाच्यार्थनिष्ठविशेषणीभूत-साभासोपादानान्तःकरणस्य श्रुतियुक्त्यनुभूतिपूर्वकविचारेण सम्यक्त्यागरूपबाधे जाते सति बाधावधित्त्वेनावशिष्टे लक्ष्यार्थे साक्षित्त्वोपलक्षिते चिदात्म''न्यहं ब्रह्मास्मी''त्याद्यनुभववाक्यैरद्वैतब्रह्मत्त्वं विद्वद्भिरनुभूयत एवेति तस्याद्वैतब्रह्मत्त्वतिरोधानतद्भेदभानोपादानमूलाज्ञानध्वंसनद्वारैवाखण्डब्रह्म-विद्याख्यचरमवृत्त्यैवेत्याह । प्रविलापक्रमेणाध्यस्तानां सर्वेषां प्रविलापे सत्यन्तःकरणस्यापि सन्त्यागात्सर्वाबाधावधिभूते चिदात्मन्यवशिष्टे''ऽहं ब्रह्मे''''त्यहं ब्रह्मास्मी''ति महावाक्येन

चुके हैं । भाव यह है कि जीव के अहं में कूटस्थ आत्मा, अहंवृत्ति और चिदाभास का संयोग है । भागत्याग लक्षणा से अहंवृत्ति और चिदाभास का त्याग करना है, शेष रहे कूटस्थ आत्मा का त्याग नहीं करना है । उसका त्याग संभव भी नहीं है । जड़ अहंवृत्ति और चिदाभास का ही त्याग हो सकता है । सुषुप्ति इसका प्रमाण है । कूटस्थ आत्मा का अहंभाव ही ब्रह्म है । इसलिये वेदान्त अतद्व्यावृत्ति रूप से ब्रह्म का निरूपण करते हैं , यह कथन उचित ही है ।

पूर्वोक्त कथन को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ – अन्तःकरण का भली-भाँति त्याग करने से अवशिष्ट चिदात्मा रूप साक्षी में 'अहं ब्रह्मास्मि' इस वाक्य से ब्रह्मत्व कहा जाता है ।।८९।।

व्याख्या – जड़ांश के त्याग द्वारा ब्रह्म बोधन के प्रकार को दर्शाते हुए कहते हैं कि अन्तःकरण का श्रुति, युक्ति और गुरूक्ति के द्वारा भली-भाँति परित्याग कर देने पर अवशिष्ट रहा चिदात्मा रूप जो साक्षीचैतन्य है, उसमें ***''अहं ब्रह्मास्मि''*** इत्यादि महावाक्यों के द्वारा ब्रह्मत्व कहा जाता है अर्थात् समस्त उपाधियों का त्याग कर देने पर अवशिष्ट जो आत्मा है, उसका माहवाक्यों के द्वारा अनुभव किया जा सकता है । अन्तःकरण की उपाधि जीव और ब्रह्म का भेद उत्पन्न करती है । इस उपाधि का त्याग कर देने से शुद्ध चेतनस्वरूप आत्मा ही शेष रहता है । 'वही ब्रह्म है' इसलिये हम इस निरुपाधिक आत्मा

तदर्थापरोऽक्षानुभवेन साक्षिणि चिन्मात्रे ब्रह्मत्त्वमीक्षत इति दिक् ।।

ब्रह्मणः फलव्याप्यत्त्वाभावनिरूपणम् -

स्वप्रकाशोऽपि साक्ष्येव धीवृत्त्या व्याप्यतेऽन्यवत् ।
फलव्याप्यत्त्वमेवास्य शास्त्रकृद्भिर्निवारितम् ।। ९० ।।

अन्वयः - साक्षी स्वप्रकाशः अपि अन्यवत् धीवृत्त्या एव व्याप्यते । फलव्याप्यत्त्वम् एव अस्य शास्त्रकृद्भिः निवारितम् ।।

व्याख्या :- स्वयंप्रकाशस्य साक्षिणो बुद्धिविषयत्त्वस्याङ्गीकारे सिद्धान्तव्याकोप इत्याशङ्कां निराचिकीर्षुराह । एष साक्षी स्वप्रकाशोऽपि सर्वस्यापि ज्ञाता साक्ष्येव । न हि तस्य ज्ञातुरन्यो ज्ञातास्ति । तस्यान्यस्य ज्ञातुरभावेऽपि इत्यादिना तद्भाने वृत्त्यनुपयोगेऽपि तस्योक्तमूलाज्ञान-कृताद्वैतानन्दावरणनिवृत्त्यर्थमेव तदुपयोग आवश्यक इति सूच्यते । तथाप्यन्यवत्साक्षिभास्यभिन्न-घटपटादिवद्धीवृत्त्या विचारिततत्त्वमस्यादिमहावाक्यजन्यचरमचित्तवृत्त्या व्याप्यते बुद्धिविषयो भवति। यदि स्वप्रकाशोऽपि साक्षी प्रमाणवृत्त्या घटपटादिवद्व्याप्यते चेत्तर्हि जडत्त्वापत्तिः । किञ्च स्वप्रकाशोऽहमित्येवं बुद्धिवृत्तिसम्भवादपसिद्धान्तापातः । एवं ज्ञात्रन्तराभावात्साक्षिणो बुद्धिविषयत्त्वस्याङ्गीकारे सिद्धान्तभङ्ग इति मैवं चिन्त्यताम् । प्राचीनाचार्यैरस्य साक्षिणो वृत्तिव्याप्यत्त्वस्याङ्गीकारान्न कोऽपि सिद्धान्तव्याकोप इत्याह । अस्येत्यत्रेदंशब्दार्थस्साक्षिलक्षणं ब्रह्मैव।

में ब्रह्मत्व का अनुभव कर सकते हैं ।

ब्रह्म में फलव्याप्ति का अभाव दर्शाते हैं ।

अर्थ - प्रत्यगात्मा स्वप्रकाश है तथापि बुद्धिवृत्ति से अन्य (घटादि) के समान व्याप्त होता ही है। इस प्रत्यगात्मा की फलव्याप्ति का ही शास्त्रकारों ने निषेध किया है (वृत्तिव्याप्ति का नहीं) ।।९०।।

व्याख्या - स्वयंप्रकाश साक्षी चैतन्य यदि बुद्धि का विषय होगा तो अद्वैत सिद्धान्त की हानि होगी, इस शंका के निवारण के लिये कहते हैं कि साक्षी स्वयंप्रकाश है । उसको जानने वाला अन्य कोई न होने पर भी अन्य के समान अर्थात् घट, पट आदि की तरह वह व्याप्त होता है अर्थात् बुद्धि का विषय होता है । यदि कहो कि अन्य ज्ञाता के अभाव में साक्षी चैतन्य (प्रत्यगात्मा) को बुद्धि का विषय स्वीकार करने से तो अपसिद्धन्त होगा अर्थात् आपका सिद्धान्त भंग हो जाएगा । इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि इस साक्षी की फलव्याप्ति का ही शास्त्रकारों ने निषेध किया है अर्थात् चिदाभासव्याप्यत्व का ही निषेध किया है न कि बुद्धिव्याप्यत्व का, बुद्धिव्याप्यत्व तो इसका है ही । गीता में भी कहा है - ***''सुखमात्यन्तिकं यत्तद्बुद्धिग्राह्यमतीन्द्रियम्''***। भाव यह है कि बुद्धिवृत्ति में प्रतिबिम्बित चिदाभास के द्वारा समस्त पदार्थ प्रकाशित होते हैं । किन्तु जो स्वंयप्रकाश साक्षीचैतन्य है, उसके विषय में यह बात नहीं है, क्योंकि स्वयंप्रकाश होने के कारण उसको चिदाभास के प्रकाशत्व की अपेक्षा नहीं है । इस तरह चिदाभासव्याप्यत्व का निषेध किया गया है, किन्तु बुद्धिवृत्तिव्याप्यत्व को आवरण का निवर्तक होने के कारण निषिद्ध नहीं कहा है, इसलिये कोई अनुपपत्ति नहीं है ।

दृष्टान्त - एक अन्धकारमय कक्ष में दो घट रखे हैं । एक के नीचे नारिकेल (श्रीफल) रखा है

यतस्स्वप्रकाशत्त्वेन नित्यापरोऽक्षत्त्वादुपक्रान्तम् । तथा चास्य प्रकृतस्य साक्षिरूपस्य ब्रह्मणः फलव्याप्यत्त्वमेव फलं वृत्तिप्रतिबिम्बितचिदाभासस्तद्व्याप्यत्त्वमेव चिद्विषयत्त्वमेव न तु बुद्धिव्याप्यत्त्वं निवारितमिति तद्व्याप्यत्त्वमस्यास्त्येवेति भावः । अत एवाभियुक्तोक्तिः । "मोहातीतो विशुद्धो मुनिभिरभिहितो मोहसङ्क्रान्तमूर्तिस्साक्षी स्वान्ते तदुत्थे प्रतिफलितवपुर्गीयतेऽसौ प्रमाता । वृत्त्यारूढं प्रमाणं फलमथ धिषणावृत्तिसङ्ख्याप्यचेत्योपाधिर्मोहोत्थशब्दप्रमुखविषयगस्स्यात्प्रमेयः परात्मे"ति । एवं साम्प्रदायिकाभिहितं प्रमाणजन्यबुद्धिवृत्त्यवच्छिन्नचैतन्यं विषयावच्छिन्नचैतन्येन सहैक्यं प्राप्तं सत्फलपदवाच्यत्त्वमित्यतस्तद्विषयत्त्वमिति तथात्त्वस्यायुक्तत्त्वादिति शास्त्रकृद्भिः सूत्रकृदादिभिः प्राचीनाचार्यचरणैर्निवारितं स्वस्यैव स्फुरणरूपत्त्वादिति । अत्रेदं बोद्धव्यम् । बुद्धिवृत्तिप्रतिबिम्बित-चिदाभासेन सर्ववस्तुप्रकाशो भवति । स्वयंप्रकाशमाने साक्षिणि विषये तु स्वस्यैव प्रकाशरूपत्त्वाच्चिदा-भासप्रकाश्यता नैवापेक्षत इति निराकृतं चिदाभासव्याप्यत्त्वम् । बुद्धिवृत्तिव्याप्यत्त्वन्त्वावरणनिवर्तक-तयोपयोगान्न निराक्रियत इत्यतो न काप्यनुपपत्तिरिति किञ्चिदत्र विचार्यते । उक्तलक्षणे ब्रह्मणि निरुक्तलक्षणफलव्याप्तिर्नैव भवतीति कथयन्तोऽत्र भवन्तः प्रष्टव्या भवन्ति किं यत्र यत्र फलव्याप्तिस्तत्र सर्वत्र घटपादाविव जडत्त्वमिति व्याप्त्या ब्रह्मणोऽपि जडत्त्वापत्तिभिया तदनङ्गीकारः? आहोस्विद्यत्र यत्र घटादाविव जडत्त्वं तत्र तत्र फलव्याप्यत्त्वमपीति व्याप्त्या ब्रह्मणश्चित्त्वेन जडत्त्वाभावात्तदनङ्गीकारो वेति ? । नाद्य इष्टापत्तेः । न वान्त्यस्साक्षिभास्येष्वविद्यादिषु व्यभिचारात् । तत्र हि चिद्भिन्नत्त्वादिना जडत्त्वसत्त्वेऽपि फलव्याप्यत्त्वाभावस्य सर्वसम्मतत्त्वात् । विषयोऽयं विस्तरशो विवृतो वेदान्तकल्पलतिकाया "मस्तु वा ब्रह्मण्यपि कल्पितविषयता । न कर्मत्त्वेन जडत्त्वापात इति वाच्यम्। स्वसमानसत्ताकविषयताया एव कर्मफलत्त्वापादकत्त्वात् । सा च घटादौ सम्भवति । उभयोरपि व्यावहारिकत्त्वेन तुल्यत्त्वात् । ब्रह्मणि तु परमार्थसति व्यावहारिक्यपि विषयता परमार्थसत्त्वाभावेन न समानेति किमनुपपन्नम् ? एतेन "तं त्त्वौपनिषद"मिति श्रुतिरप्यनुगृहीता भवति । अथ वा चैतन्यविषयतयैव जडत्त्वापादिका । न तु वृत्तिविषयतापि । "यतो वाचो निवर्तन्ते" "न चक्षुषा गृह्यते नापि वाचा" "तं त्वौपनिषदं पुरुषं पृच्छामि" "नावेदविन्मनुते तं बृहन्तं" "वेदेनैव यद्वेदितव्य"मित्याद्युभयविधश्रुत्यनुसारेण कल्पनात् । यत्तु "फलव्याप्यत्त्वमेवास्यशास्त्रकृद्भिर्निराकृतम्।

और दूसरे के नीचे मणि रखी है । पदार्थज्ञान के लिये घट का हटाना दोनों ही जगह पर आवश्यक है । जिस घट के नीचे नारिकेल है, उस घट को हटाने के बाद भी नारिकेल का ज्ञान नहीं होगा, उसके लिये प्रकाशान्तर की अपेक्षा है । जब दीपकादि के प्रकाश से उसे देखा जाएगा तभी उसका ज्ञान होगा । घट को हटाना वृत्तिव्याप्ति है और फल की प्राप्ति के लिये प्रकाशान्तर से पदार्थ को प्रकाशित करना फलव्याप्ति है । इस तरह अप्रकाश रूप नारिकेल के ज्ञान के लिये वृत्तिव्याप्ति की भी अपेक्षा है और फलव्याप्ति की भी, किन्तु जिस घट के नीचे मणि रखी हुई है, वहाँ केवल घट को हटाना ही पर्याप्त है । मणि स्वयंप्रकाश रूप होने से उसे प्रकाशित करने के लिये प्रकाशान्तर की अपेक्षा न होने के कारण फलव्याप्ति की अपेक्षा नहीं है । इसी तरह आत्मज्ञान के लिये भी फलव्याप्ति की अपेक्षा नहीं है क्योंकि

"ब्रह्मण्यज्ञाननाशायवृत्तिव्याप्तिरपेक्षिते"ति युक्तत्त्वात्फलव्याप्यत्त्वमेव जडत्त्वापादकमित्याहुस्तत्र प्रमाणजन्यान्तःकरणवृत्त्यभिव्यक्तचैतन्यस्यैव शास्त्रे फलत्त्वव्यपदेशात्तद्व्याप्यत्त्वस्यैव जडत्त्वापादकत्त्वे ब्रह्मण इव साक्षिभास्यानामपि जडत्त्वं न स्यात् । चैतन्यकर्मता तु चिद्भिन्नत्त्वावच्छेदेन सर्वत्रैवेति सैव जडत्त्वप्रयोजिका । उदाहृतकारिकायामपि चैतन्यमात्रपरमेव फलप्रदमिति द्रष्टव्यम् । ननु वृत्तिविषयत्त्वेन तदुपरक्तचैतन्यविषयत्त्वमपि नियतम् । वृत्तेश्चिदाकारगर्भिण्या एवोत्पत्तेः । अत एवोक्तं वार्तिके "वियद्वस्तुस्वभावानुरोधादेव न कारकम् । वियत्सम्पूर्णतोत्पत्तौ कृम्भस्येव दृशा धियाम् । घटदुःखादिरूपत्त्वं धियो धर्मादिहेतुतः । स्वतस्सिद्धार्थसम्बोधव्याप्तिर्वस्त्वनुरोधतः" इति तथा चैतन्यविषयत्त्वेन जडत्त्वं दुर्वारमेव । न वृत्त्युपरक्तचैतन्यस्य स्वयमेव चैतन्यरूपत्त्वात्तत्र तद्व्याप्यता । फले फलान्तरानुपपत्तेः । तद्भिन्नानां तु स्वतो भानरहितानां तद्व्याप्तिरवश्यमाश्रयणीयैवेति न कोऽपि दोषः । अत एवाहुर्वार्तिककाराः "परागर्थप्रमेयेषु या फलत्त्वेन सम्मता । संवित्सैवेह मेयोऽर्थो वेदान्तोक्तिप्रमाणतः" इति ।। नन्वत्रैतैर्निगदितकारिकागतफलपदस्य चैतन्यमात्रपरत्त्वेन व्याचक्षाणैस्तत्कर्तृणां तदुदाहृतृणां च मतं खण्डितमिति प्रतीयत इति चेन्न । एतैस्तत्तात्पर्यस्यैव प्रत्युत सयुक्तिसम्मतेश्च विवृतत्त्वात् । अत एव विशिष्टं शुद्धान्नातिरिच्यत इति पक्षमुररीकृत्यैवात्र "परागर्थप्रमेयेषु फलत्त्वेन सम्मते"त्यादिवार्तिकस्याप्युदाहृतत्त्वाच्च । न तर्ह्युक्तखण्डनं क्व प्रसरतीति वाच्यम् । निरुक्तकारिकागत-मेवकारमितरयोगव्यवच्छेदार्थकत्त्वेन वृत्तिव्याप्तिस्वीकारपरेऽपि शास्त्रकृद्भिः फलव्याप्यत्त्वमेवास्य जडत्त्वापादकत्त्वान्निवारितमिति साध्याहारं व्याचक्षाणाः फलव्याप्यत्त्वमेव जडत्त्वापादकमित्याहुरिति कण्ठत एवोक्तत्त्वात् । तथा च सदाचारप्रकरणे "वृत्तिव्याप्यत्त्वमेवास्तु फलव्याप्तिः कथं भवेत् । स्वप्रकाशैकरूपत्त्वात्सिद्धत्त्वाच्च परात्मनः" इति ।। तस्मान्न क्वाप्यनुपपत्तिरिति दिक् ।।

अनात्मनि वृत्तिफलोभयव्याप्यत्त्वनिरूपणम् -

बुद्धितत्स्थचिदाभासौ द्वावपि व्याप्नुतो घटम् ।
तत्राज्ञानन्धिया नश्येदाभासेन घटः स्फुरेत् ॥ ९१ ॥

अन्वयः - बुद्धितत्स्थचिदाभासौ द्वौ अपि घटं व्याप्नुतः । तत्र धिया अज्ञानं नश्येत् । आभासेन घटः स्फुरेत् ।।

आत्मा मणि की तरह स्वयंप्रकाश है, किन्तु घट को हटाने की तरह वृत्ति-व्याप्ति की आवश्यकता तो है ही । इसलिये शास्त्रकारों ने फलव्याप्ति का ही निषेध किया है, वृत्तिव्याप्ति का नहीं । इसलिये आत्मा बुद्धि का विषय होता है, ऐसा कहने पर हमारे अद्वैतसिद्धान्त की कोई हानि नहीं है । तथा यह हमारे सिद्धान्त के प्रतिकूल भी नहीं है ।

अनात्मपदार्थ में वृत्तिव्याप्ति और फलव्याप्ति दोनों को दर्शाते हैं ।

अर्थ - बुद्धिवृत्ति और उसमें स्थित चिदाभास दोनों ही घट को व्याप्त करते हैं । उनमें बुद्धिवृत्ति के द्वारा अज्ञान नष्ट होता है और चिदाभास के द्वारा घट स्फुरित होता है ।।९१।।

व्याख्या - आत्मविषय में फलव्याप्ति भले ही न हो परन्तु अनात्मविषय में पहले वृत्तिव्याप्ति और

व्याख्या :- आत्मनि विषये फलव्याप्तिर्मास्तु । परं त्वनात्मनि विषय आदावेका वृत्तिव्याप्तिरन्या फलव्याप्तिश्चेति द्वयं क्वोपलभ्यते ? केवलं ही''न्द्रियार्थसन्निकर्षजन्यं ज्ञानं प्रत्यक्षं'' ''परामर्शजन्यं ज्ञानमनुमिति''रित्यादिकमेव सर्वप्रमात्मकं ज्ञानमनुभूयत इति चेन्न । नैयायिकानां मते तथात्त्वेऽपि तस्य सामान्यविचाररूपत्त्वात्स्वमतानुसारेणापि सूक्ष्मतरविचारे तत्स्फुटमेवेति मन्वानो ग्रन्थकार-स्तद्विशदयति । बुद्धितत्स्थचिदाभासौ बुद्धिश्च तस्यां स्थितो यश्चिदाभासः प्रतिबिम्बरूपस्तौ द्वावपि घटं व्याप्नुतः । ''बुद्धिवृत्तेरुत्पत्त्यवच्छेदेनैव साभासत्त्व''मिति तु ''वियद्वस्तु स्वभावानुरोधादेव न कारका''दित्यादिवार्तिकवचनात्किञ्चित्पूर्वमेव सूचितमिति घटज्ञाने तदुभयात्मकत्त्वे यद्यपि नैव वैमत्यं तथापि तद्दार्ढ्याय तत्र कार्यभेदेनोभयव्याप्तेः प्रयोजनं दर्शयंस्तल्लिङ्गकमनुमानमपि स्पष्टं व्यनक्ति। तत्र तयोर्बुद्धिचिदाभासयोर्मध्ये धिया बुद्धिवृत्त्या प्रमाणभूतया घटादिविषयकमज्ञानं नश्येज्ज्ञाना-ज्ञानयोर्विरोधात् स्फुरणविरोद्ध्यज्ञाननाशे सत्याभासेन चिदाभासे न घटः कुम्बग्रीवादिमान्पदार्थस्स्फुरेत्। घटो विषयी क्रियते । जडत्त्वेन स्वतस्स्फुरणायोगात् । अत्रानुमानप्रयोगस्त्वित्थम् । घटाज्ञाननाशस्तद्विषयकबुद्धिमात्रजन्यः । घटाज्ञाननाशकत्त्वात् । व्यतिरेके पटस्फूर्तिवदित्यादिबोध्यम्। तस्माद्घटादिप्रमायां नैव वृत्तिव्याप्त्याद्युभयरूपत्त्वे न कोऽपि विवाद इति शम् ।।

स्वयम्प्रकाशात्मनि केवला वृत्तिव्याप्तिरेवेति निरूपणम् -

ब्रह्मण्यज्ञाननाशाय वृत्तिव्याप्तिरपेक्षिता ।
स्वयं स्फुरणरूपत्त्वान्नाभास उपयुज्यते ।। ९२ ।।

अन्वयः - ब्रह्मणि अज्ञाननाशाय वृत्तिव्याप्तिः अपेक्षिता । स्वयं स्फुरणरूपत्त्वात् आभासः न उपयुज्यते।।

व्याख्या :- घटादिप्रमायां भवत्वेवं यद्यपि तथापि ब्रह्मप्रमायां प्रमात्त्वसाम्येऽपि कुतो वा

बाद में फलव्याप्ति का होना कहाँ देखा गया है ? ***''इन्द्रियार्थसन्निकर्षजन्यं ज्ञानं प्रत्यक्षं''*** और ***''परामर्शजन्यं ज्ञानमनुमितिः''*** इस प्रकार सर्वप्रमात्मक ज्ञान अनुभव में आता है, इसलिए एक ही ज्ञान में वृत्तिव्याप्ति और फलव्याप्ति दोनों का होना अप्रामाणिक है । ऐसी शंका होने आचार्य कहते हैं कि उक्त कथन नैयायिकों के मतानुसार भले ही वैसा हो, किन्तु सूक्ष्म विचार करने पर उनका कथन समीचीन नहीं है । इस विषय में दृष्टान्त भी है, इसलिये कहते हैं कि बुद्धिवृत्ति और उसमें स्थित प्रतिबिम्ब रूप चिदाभास दोनों धट को व्याप्त करते हैं । बुद्धिवृत्ति और चिदाभास दोनों के मध्य में प्रमाण रूप बुद्धिवृत्ति के द्वारा घटविषयक अज्ञान नष्ट होता है और स्फुरण के विरोधी अज्ञान का नाश होने पर कम्बुग्रीवादिमान् घट चिदाभास के द्वारा स्फुरित होता है अर्थात् घट को विषयी किया जाता है । भाव यह है कि बाह्य जगत् की प्रत्येक वस्तु के ज्ञान में दो प्रक्रियाएँ होती हैं - एक अज्ञान का नाश होना और दूसरा ज्ञान का उदय होना । वृत्तिव्याप्ति से वस्तु का अज्ञान नष्ट होता है और फलव्याप्ति से उसका ज्ञान उत्पन्न होता है ।

स्वयंप्रकाश रूप आत्मज्ञान के लिये केवल वृत्तिव्याप्ति अपेक्षित है, इसका वर्णन करते हैं।

अर्थ - ब्रह्म में अज्ञान के नाश के लिये वृत्तिव्याप्ति अपेक्षित है । स्वयं- स्फुरण रूप होने के कारण आभास की अपेक्षा नहीं है ।।९२।।

व्याख्या - यदि घटादि की प्रमा में वृत्तिव्याप्ति और फलव्याप्ति दोनों की अपेक्षा है तो फिर ब्रह्मज्ञान

तद्वदेव नोभयात्मत्त्वमङ्गीक्रियत इति चेन्न । साक्षिणस्स्वयंप्रकाशत्त्वेन प्रकाशकान्तरानपेक्षणादावरणभङ्गाय बुद्धिवृत्तिमात्रस्यैवापेक्षणात्ततो वैलक्षण्यमात्मन इति दर्शयति । ब्रह्मणि विषयेऽज्ञाननाशाय बुद्धेर्वृत्तिव्याप्तिरपेक्षिता । तदावरकाज्ञानापनोदनमात्रमेवापेक्ष्यते न तु दीपान्तरमित्याशयः । अयम्भावो यत्प्रत्यग्ब्रह्मणोरेकत्त्वस्याज्ञानेनावृतत्त्वात्तस्याज्ञानस्य निवृत्तये वेदान्तमहावाक्यजन्यया "अहं ब्रह्मास्मि" इत्येवमाकारया प्रत्यगभिन्नात्मधीवृत्त्या व्याप्तिरपेक्षते । स्वयं स्फुरणरूपत्त्वात्तत्स्फुरणाय चिदाभासो नापेक्ष्य इत्यतो युज्यमानोऽपि चिदाभासो नोपयुज्यत इति । अतो घटादिजडवैलक्षण्यद्वृत्तिव्याप्ति-मात्रमेवापेक्षत आत्मविषय इति दिक् ।।

ब्रह्मण्यज्ञाननाशाय वृत्तिव्याप्यत्त्वमात्रमपेक्षत इत्यत्र दृष्टान्तप्रदर्शनम् -

चक्षुर्दीपावपेक्ष्येते घटादेर्दर्शने यथा ।
न दीपदर्शने किन्तु चक्षुरेकमपेक्ष्यते ॥ ९३ ॥

अन्वयः - यथा घटादिदर्शने चक्षुर्दीपौ अपेक्ष्येते । दीपदर्शने न । किन्तु एकं चक्षुः अपेक्ष्यते ।।

व्याख्या :- पूर्वं दर्शितमर्थं व्यावहारिकस्वप्रकाशदृष्टान्तेन स्पष्टीकरोति । अन्धकारावृतघटादिदर्शने यथा चक्षुर्दीपावुभावप्यपेक्ष्येते न तथा दीपदर्शने तस्य स्वयं प्रकाशरूपत्त्वात् । किन्त्वेकं चक्षुरपेक्ष्यत एवमेव ब्रह्मण्यज्ञाननाशाय वृत्तिव्याप्तिमात्रमेवापेक्ष्यते । जडानां घटपटादीनां सन्दर्शने यथा चक्षुस्तथापेक्ष्यते दीपोऽपि । परं दीपदर्शने तस्य स्वप्रकाशत्त्वेन चक्षुर्मात्रमपेक्ष्यते । न तु दीपादिकं तद्वदेवेष्टव्यं प्रकृते ब्रह्मण्यपि । दीपोदाहरणमुपलक्षणं सूर्यादेरपि । तस्माद् ब्रह्मणि नोभयमपेक्ष्यत इति दिक् ।।

भी प्रमा रूप होने से उसमें भी दोनों की अपेक्षा होनी चाहिये । तो आप ब्रह्मज्ञान में दोनों का अंगीकार क्यों नहीं करते हैं ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि यद्यपि प्रमात्व घटज्ञान और ब्रह्मज्ञान दोनों में समान ही है फिर भी ब्रह्मज्ञान की घटज्ञानादि से विलक्षणता है । ब्रह्मविषयक अज्ञान के नाश के लिये बुद्धि की वृत्तिव्याप्ति अपेक्षित है अर्थात् ब्रह्म को आवृत्त करने वाले अज्ञान को दूर करने के लिये बुद्धिवृत्ति की अपेक्षा है । आत्मा (ब्रह्म) स्वयंस्फुरण रूप होने के कारण आभास (चिदाभास) की अपेक्षा नहीं है । भाव यह है कि जैसे दीप की प्रभा को प्रकाशित होने के लिये स्वयं को आच्छादित करने वाले पदार्थ को दूर करने मात्र की अपेक्षा होती है, न कि दीपान्तर की, उसी प्रकार प्रकृत में भी जानना चाहिये ।

उक्तार्थ को दृष्टान्त के द्वारा स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - जैसे घटादि के दर्शन के लिये चक्षु और दीप दोनों की अपेक्षा होती है, वैसे दीपदर्शन के लिये दोनों की आवश्यकता नहीं किन्तु एकमात्र चक्षु ही अपेक्षित है । (उसी प्रकार प्रकृत में भी जानना चाहिये)।।९३।।

व्याख्या - पूर्व प्रदर्शित अर्थ को व्यावहारिक स्वप्रकाश दृष्टान्त के द्वारा स्पष्ट करते हैं । अन्धकार में रखे हुए घट, पट आदि पदार्थों को देखने के लिये चक्षु और दीपक दोनों की अपेक्षा होती है किन्तु कमरे में रखे हुए दीपक को देखने के लिये अन्य दीपक की अपेक्षा नहीं है, उसके लिये तो एकमात्र चक्षु ही अपेक्षित है । उसी प्रकार ब्रह्म विषयक अज्ञान के नाश के लिये वृत्तिव्याप्ति ही अपेक्षित है, फलव्याप्ति नहीं क्योंकि आत्मा दीपक की तरह स्वयंप्रकाश हैं ।

फलव्याप्तिर्ब्रह्मणि नापेक्षत इत्यत्र प्रमाणप्रदर्शनम् –

स्थितोऽप्यसौ चिदाभासो ब्रह्मण्येकीभवेत्परम् ।
न तु ब्रह्मण्यतिशयं फलङ्कुर्याद्घटादिवत् ॥ ९४ ॥

अन्वयः – असौ चिदाभासः स्थितः अपि ब्रह्मणि एकीभवेत् । ब्रह्मणि घटादिवत् परम् अतिशयं फलं तु न कुर्यात् ।।

व्याख्या :– "वियद्वस्तु स्वभावानुरोधादेव न कारकात् । वियत्सम्पूर्णतोत्पत्तौ कुम्भस्येव दृशा धिया"मित्यादिवार्तिकोक्तेर्युक्त्या च घटादिवदद्वैतब्रह्माकारवृत्तावपि चिदाभाससत्त्वस्वभाव्यात्तत्रापि ब्रह्मणि फलव्याप्तिर्दुवारा । किञ्च यथा साक्षिणो बुद्धिव्याप्यत्त्वं तथैव चिदाभासवैशिष्ट्यनपगमात् । अतो यदुक्तं पूर्वं फलव्याप्तिर्नास्ति ब्रह्मणि वृत्तिव्याप्तिस्तु विद्यत इत्यत्र प्रमाणं किमिति प्रश्ने समाधीयते । असौ चिदाभासो बुद्धिव्याप्तौ बुद्धिविशेषेणतया स्थितोऽपि ब्रह्मणि परमत्यन्तमेकीभवेत्। यथा सुविस्तृते समुद्रे पतितो वर्षबिन्दुर्न सामुद्रं जलमार्द्रं कर्तुं प्रभवति किन्तु तेन सहैकीभवति तद्वदत्रापि "यथा नद्यस्स्यन्दमानास्समुद्रेऽस्तं गच्छन्ति नामरूपे विहाये"त्यादिश्रुतिभ्यः । परन्तु घटादिवद्ब्रह्मणि विषयेऽतिशयं फलं न कुर्यात् । यथा चिदाभासो घटादिकं व्याप्य तत्स्वरूपं स्फोरयति न तथा ब्रह्मेत्यर्थः । आदर्शप्रतिफलितसूर्याभासस्स्वाभिमुख्ये सति गृहगतघटादिकं प्रकाशयन्नपि सूर्यैकाभिमुख्ये सति तेन साकमैक्यमेवाप्नोति न तु तत्र तृणमात्रमप्यतिशयं यथा करोति तथा ब्रह्माकारबुद्धिवृत्तावपि स्वाभाव्याद्विद्यमानोऽपि चिदाभासो ब्रह्मैक्यमेवाप्नोति न तु तत्राणुतुल्यमपि

ब्रह्म में वृत्तिव्याप्ति की तरह फलव्याप्ति का अभाव दर्शाते हैं ।

अर्थ – बुद्धिवृत्ति में स्थित हुआ भी वह चिदाभास ब्रह्म में अभेद भाव को प्राप्त हो जाता है । किन्तु घटादि के समान ब्रह्म में (स्फुरण रूप) अतिशय फल को उत्पन्न नहीं करता है ।९४।।

व्याख्या – ***वियद्वस्तु स्वभावानुरोधादेव न कारकात् ।***
वियत्सम्पूर्णतोत्पत्तौ कुंभस्येव दृषा धिया ।।

इत्यादि वार्तिकवचन से और युक्ति से घटादि के समान अद्वैत ब्रह्माकार वृत्ति में भी चिदाभास का सद्भाव होने पर ब्रह्मज्ञान में फलव्याप्ति का निवारण करना असंभव है और जैसे साक्षी चैतन्य में बुद्धिव्याप्यत्व कहा है, उसी प्रकार उसमें चिदाभासव्याप्यत्व भी सिद्ध ही है क्योंकि चिदाभासबुद्धिविशिष्ट बुद्धिवृत्ति का चिदाभास वैशिष्ट्य दूर नहीं किया जा सकता । इसलिये आपने जो कहा कि ब्रह्मज्ञान के लिए फलव्याप्ति की आवश्यकता नहीं है, यह कथन अप्रमाणिक है । अर्थात् बुद्धि तथा बुद्धि की वृत्तियाँ स्वभाव से ही चिदाभास युक्त होती हैं, इसलिये जैसे घटादि में वृत्तिव्याप्ति और फलव्याप्ति दोनों होती हैं, उसी प्रकार ब्रह्म में भी वृत्तिव्याप्ति की तरह फलव्याप्ति भी अवश्य होगी । ऐसी आशंका होने पर उसका उत्तर देते हैं कि वह चिदाभास बुद्धिविशेषण रूप से स्थित हुआ भी ब्रह्म में एकीभाव को प्राप्त हो जाता है। जैसे अति विस्तृत समुद्र में गिरी हुई वर्षा की बूँद समुद्र के जल में आर्द्रता उत्पन्न नहीं करती किन्तु उसी के साथ एकरूप हो जाती है और जैसे दोपहर की प्रचण्ड धूप में स्थित दीपक की प्रभा धूप के साथ एकीभाव को प्राप्त हो जाने के कारण भिन्न रूप से भासित नहीं होती है, उसी प्रकार ब्रह्माकार वृत्ति में स्थित हुआ चिदाभास भी ब्रह्म के साथ एक हो जाने के कारण पृथक् प्रतीत नहीं होता । श्रुति भी कहती है ***"यथा नद्यः***

कञ्चिद्धर्मं तनोति । अत्रायं भावो यद्यपि घटाकारवृत्तिवद् ब्रह्मगोचरवृत्तावपि चिदाभासोऽस्ति तथापि ब्रह्मणो भेदेन नासौ भासते । किन्तु प्रचण्डातपमध्यवर्तिप्रदीपप्रभावत्तेनैकीभूत इव भवतीत्यतस्स्फुरण-लक्षणातिशयजनको नास्ति ब्रह्मणीति ।।

प्रमाणप्रदर्शनम् -

अप्रमेयमनादिञ्चेत्यत्र श्रुत्येदमीरितम् ।
मनसैवेदमाप्यव्यमिति धीव्याप्यता श्रुता ।। ९५ ।।

अन्वयः - "अप्रमेयं अनादिं" च इति अत्र श्रुत्या इदम् ईरितम् । "मनसा एव इदम् आप्तव्यम्" इति धीव्याप्यता श्रुता ।।

व्याख्या :- उपनिषद्वचनानि प्रमाणयति । अत्रामृतबिन्दूपनिषदि "निर्विकल्पमनन्तं च हेतुदृष्टान्तवर्जितम् । अप्रमेयमनादिं च यज्ज्ञात्त्वा मुच्यते बुध" इत्यप्रमेयश्रुत्या फलव्याप्तिराहित्यं प्रत्यपादि । तथा कठवल्लीषु "मनसैवेदमाप्तव्यं नेह नानास्ति किञ्चने"त्यादिना वृत्तिव्याप्यता समर्थितेति परस्परविरुद्धश्रुतिद्वयस्याप्यभिप्रायं प्रदर्शयन्नुपसंहरति प्रकृतविषयम् "अप्रमेयमनादिं" चेत्यत्र वाक्ये श्रुत्यैवेदं फलव्याप्तिराहित्यमीरितम् । "मनसैवेदमाप्तव्य"मिति च श्रुत्या धीव्याप्यता वृत्तिव्याप्यता श्रुता । अत्रावधारणार्थकेनैवकारेण फलव्याप्तिराहित्यपूर्वकवृत्तिव्याप्यत्त्वमात्रं श्रूयत "एषोऽणुरात्मा चेतसा वेदितव्य" इत्यादिनेति सर्वमनवद्यमिति शम् ।।

स्यन्दमानाः समुद्रेऽस्तं गच्छन्ति नामरूपे विहाय" (मु.उ. ३/२/८) इसलिये चिदाभास जैसे घटादि जड़ पदार्थों में स्फुरण रूप अतिशय फल को उत्पन्न करता है, वैसे ब्रह्म में नहीं करता है । भाव यह है कि जैसे चिदाभास घटादिक को व्याप्त कर उनके स्वरूप को स्फुरित करता है, वैसे ब्रह्म को नहीं । यद्यपि घटाकारवृत्ति के समान ब्रह्मगोचरवृत्ति में भी चिदाभास है ही, तथापि ब्रह्म से भिन्न रूप से वह भासित नहीं होता है । किन्तु प्रचण्ड धूप में रखे हुए दीपक की प्रभा के समान एकीभाव को प्राप्त हो जाता है, इसलिये चिदाभास के द्वारा ब्रह्म में स्फुरणलक्षणातिशयजनकत्व नहीं है ।

उक्तार्थ में प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - 'अप्रमेयमनादिञ्च' इस मन्त्र में श्रुति के द्वारा फल व्याप्तिराहित्य कहा गया है और 'मनसैवेदमाप्तव्यम्' इस वचन से वृत्तिव्याप्ति सुनी गई है ।।९५।।

व्याख्या - ब्रह्म में फलव्याप्ति नहीं होती किन्तु वृत्तिव्याप्ति होती है, ऐसा जो आपने कहा इसमें क्या प्रमाण है ? ऐसी आशंका होने पर कहते हैं कि वेद ही प्रमाण है । वेदों में इसका स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है । अमृतबिन्दु उपनिषद् में फलव्याप्तिराहित्य कहा गया है ।

निर्विकल्पमनन्तं च हेतुदृष्टान्तवर्जितम् ।
अप्रमेयमनादिं च यत् ज्ञात्वा मुच्यते बुधः।। (अ.बि.उ. ९)

इस मन्त्र में ब्रह्म को अप्रमेय कहा गया है, अतः अप्रमेय होने के कारण उसमें फलव्याप्ति संभव नहीं है और ***"मनसैवेदमाप्तव्यं नेह नानास्ति किञ्चन"*** (कठो. २/४/११) इस कठ श्रुति में धीव्याप्यता (वृत्तिव्याप्ति) सुनी गई है । मन्त्र में (मनसा एव) एवकार अवधारणार्थ है, इससे ब्रह्म में फलव्याप्ति नहीं है, यह भी सूचित होता है । और ***"एषोऽणुरात्मा चेतसा वेदितव्यः"*** (मु.उ. ३/१/९) इस श्रुति में भी फलव्याप्तिरहित वृत्तिव्याप्यत्व ही कहा गया है ।

अपरोऽक्षज्ञाननिरूपणम् -

आत्मानञ्चेद्विजानीयादयमस्मीति वाक्यतः ।
ब्रह्मात्मव्यक्तिमुल्लिख्य यो बोधस्सोऽभिधीयते ॥ ९६ ॥

अन्वयः - ब्रह्मात्मव्यक्तिम् उल्लिख्य यः बोधः सः "अयम् अस्मि" इति आत्मानं विजानीयात् चेत् वाक्यतः अभिधीयते ।।

व्याख्या :- एतावता ग्रन्थेन किमायातमिति प्रश्ने शाब्दापरोऽक्षवादस्सिद्धान्ततया निरणायीत्याह। पूर्वमिदमवोचि य"दपरोक्षज्ञानशोकनिवृत्त्याख्ये उभे इमे । अवस्थे जीवगे ब्रूत आत्मानं चेदिति श्रुति"रिति । तत्रापरोऽक्षज्ञानं कियतांशेनोच्यते इत्यत्र स्पष्टीकारायारभ्यते । "आत्मानं चेद्विजानीयादयमस्मी"त्यत्रेति शब्दः प्रतीकसमाप्त्यर्थकः । वाक्यतो विचारित "तत्त्वमस्या" दिमहावाक्यात्सकाशादिति भावः । तेन वाक्येन श्रुत्यंशभूतेन ब्रह्मात्मव्यक्तिं सत्यज्ञानानन्तानन्दादिलक्षणब्रह्माभिन्नप्रत्यगात्मस्वरूपमुल्लिख्य विषयीकृत्यापरोऽक्षरूपो प्रत्यगभिन्नब्रह्मात्मापरोऽक्षज्ञानमुपदिश्यत इति दिक् ।।

महावाक्यार्थजन्यज्ञानाभ्यासविधानम् -

अस्तु बोधोऽपरोक्षोऽत्र महावाक्यात्तथाप्यसौ ।
न दृढश्श्रवणादीनामाचार्यैः पुनरीरणात् ॥ ९७ ॥

अपरोक्ष ज्ञान का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - ब्रह्म से अभिन्न प्रत्यगात्मा को विषय करने वाला जो ज्ञान है, वह "आत्मानं चेद्विजानीयात् अयमस्मीति" इस श्रुति वाक्य के द्वारा कहा जाता है ।।९६।।

व्याख्या - अब तक के विवेचन से क्या प्रयोजन सिद्ध हुआ ? ऐसा प्रश्न होने पर कहते हैं कि अब तक शब्दापरोक्षवाद को सिद्ध किया गया है । इस अध्याय के प्रारम्भ में बृहदारण्यक उपनिषद् का जो मन्त्र उद्धृत किया गया है, उसकी "***आत्मानं चेद्विजानीयादयमस्मीति पूरुषः***" यह प्रथम पंक्ति है । इसमें कहा गया है कि जो पुरुष यह जानता है कि यह आत्मा मैं हूँ, इस कथन का तात्पर्य यह है कि उस पुरुष को आत्मा और परमात्मा की एकता का अपरोक्ष ज्ञान होता है । आत्मज्ञान ही ब्रह्मज्ञान है । इसी प्रकरण के ४८ वें श्लोक में कहा था कि -

अपरोक्षज्ञानशोकनिवृत्त्याख्ये उभे इमे ।
अवस्थे जीवगे ब्रूत आत्मानं चेदिति श्रुतिः।। (पं.द. ७/४८)

इस श्लोक के द्वारा 'आत्मानं चेत्' इस मन्त्र में अवस्थाद्वय (अपरोक्षज्ञान-शोकनिवृत्ति) को कहा है । वहाँ किस अंश से अपरोक्ष ज्ञान कहा है ? इस शंका का परिहार करते हैं कि 'आत्मानं चेत्' इस श्रुति में वर्णित ब्रह्म से अभिन्न प्रत्यगात्मा को विषय करने वाला जो बोध है, वह बोध अपरोक्ष रूप से जाना जाता है अर्थात् श्रुति के वाक्य से ब्रह्माभिन्न प्रत्यगात्मा के अपरोक्ष ज्ञान का उपदेश किया गया है । भाव यह है कि ब्रह्म और आत्मा की एकता का अपरोक्ष ज्ञान ही 'आत्मानं चेत्' इस श्रुतिवचन के द्वारा कहा गया है ।

महावाक्यार्थजन्य ज्ञानाभ्यास का विधान करते हैं ।

अर्थ - महावाक्य से अपरोक्ष ज्ञान भले प्राप्त हो किन्तु वह एकबार में दृढ़ नहीं हो जाता । इसलिये

अन्वयः - अत्र महावाक्यात् अपरोक्षः बोधः अस्तु । तथापि न असौ दृढः आचार्यैः पुनः श्रवणादीनाम् ईरणात् ।।

व्याख्या :- ''नायमात्मा प्रवचनेन लभ्य'' इत्यादिश्रुतिभिरात्मज्ञानस्य कष्टसाध्यत्त्व-श्रवणात्सकृन्महावाक्यविचारादेव गुर्वनुग्रहादपरोऽक्षज्ञानसिद्धावपि तद्दार्ढ्याय ''आवृत्तिरसकृदुपदेशा'' दित्यादिनाभ्यासस्य विहितत्त्वात्तदनुष्ठेयमेवेत्याह । अत्र ब्रह्मात्मैक्यस्थले महावाक्या''त्तत्त्वमस्या'' दिमहावाक्यात्सकृद्वारं सद्गुररूपसत्तिपूर्वकमधिगताद्विचारसहितादपरोऽक्षज्ञानानुभवलक्षण-स्साक्षात्कारोऽस्तु। तथापि नासौ दृढीभावमेति । पदपदार्थगृहीतशक्तिकस्य मुमुक्षोराकाङ्क्षादिविशिष्टा-दाप्तवाक्यज्जायमानश्शाब्दबोधः कौन्तेयस्त्वमसि दशमस्त्वमसीत्यादिवाक्यश्रवणवदिव प्रमात्त्वेन दृढ एव समुदेति यतोऽतः क्व वा दृढत्त्वापेक्षेत्यत आह । तस्य सञ्जातस्यापरोऽक्षज्ञानस्य दृढीकरणायाचार्यै-र्भगवत्पादैश्श्रीशङ्कराचार्यैश्श्रवणादीनां श्रवणमननिदिद्ध्यासनानां पुनर्वारं वारं कर्तव्यतयेरणा''दावृत्तिर-सकृदुपदेशा''दित्यादिसूत्रभाष्यादौ । तस्माज्ज्ञानदार्ढ्यायासकृदावर्तनीयमिति शम् ।।

श्रवणादीनामावृत्तिः कर्तव्येत्यत्राचार्योक्तेर्निरूपणम् -

अहं ब्रह्मेति वाक्यार्थबोधो यावद्दृढीभवेत् ।
शमादिसहितस्तावदभ्यसेच्छ्रवणादिकम् ।। ९८ ।।

अन्वयः - ''अहं ब्रह्म'' इति वाक्यार्थबोधः यावत् दृढीभवेत् तावत् शमादिसहितः श्रवणादिकम् अभ्यसेत् ।।

आचार्यों ने श्रवणादि की पुनरावृत्ति करने को कहा है ।।९७।।

व्याख्या - पूर्वोक्त रीति से महावाक्य का विचार एकबार करने से ही यदि अपरोक्ष ज्ञान की सिद्धि हो जाती है तो वेदान्तों में वर्णित श्रवणादि का अभ्यास व्यर्थ हो जाएगा । ऐसी आशंका होने पर कहते हैं कि श्रवणादि ज्ञान की दृढ़ता के हेतु होने से निष्प्रयोजन नहीं हैं । ***''नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यः''*** (मु.उ. ३/२/२) इस श्रुति में प्रतिपादित आत्मज्ञान की प्राप्ति अत्यन्त कष्टसाध्य है । इसलिये महावाक्य श्रवणजन्य ब्रह्म और आत्मा के अभेद ज्ञान को अभ्यास के द्वारा दृढ़ करना चाहिये । ब्रह्म से अभिन्न आत्मा के विषय में एकबार श्रवण किये हुए विचार सहित महावाक्य से अपरोक्ष ज्ञान भले ही हो किन्तु उत्पन्न हुआ वह अपरोक्ष ज्ञान दृढ़ता को प्राप्त नहीं होता है । इसलिये आचार्यों ने श्रवण, मनन और निदिध्यासनादि साधनों के द्वारा महावाक्य से ज्ञान उत्पन्न होने के बाद भी बारम्बार अभ्यास करने के लिये कहा है । भाव यह है कि दस पुरुषों के दृष्टान्त में 'तुम दसवें हो' इस प्रकार एकबार सुनने मात्र से अपरोक्ष ज्ञान हो जाता है, उसी प्रकार 'तत्त्वमसि' आदि महावाक्यों से अपरोक्ष ज्ञान हो जाता है कि 'मैं ब्रह्म हूँ' तथापि एकबार के श्रवणमात्र से वह ज्ञान दृढ़ नहीं होता । इसलिये गुरुमुख से बारम्बार वेदान्तों का श्रवण करते हुए मनन और निदिध्यासन का अभ्यास करना चाहिये । बारम्बार के अभ्यास से वह ज्ञान दृढ़ हो जाता है । इसलिये भगवान् श्रीवेदव्यास जी ब्रह्मसूत्र में कहते हैं कि ***''आवृत्तिरसकृदुपदेशात्''*** (ब्र.सू. ४/१/१) ।

अब आचार्य के श्रवणादि अभ्यास बोधक वाक्य को कहते हैं ।

अर्थ - 'मैं ब्रह्म हूँ' इस प्रकार वाक्यार्थज्ञान जब तक दृढ़ न हो जाए तब तक शमादि साधन से सम्पन्न होकर श्रवणादि का अभ्यास करना चाहिये ।।९८।।

व्याख्या :- वाक्यवृत्तिमाचार्यकृतामुदाहरति । "अहं ब्रह्मे"तिवाक्यार्थबोध इति शब्दोऽत्र वाक्यार्थबोधेन सहैवान्वेति न तु वाक्येन सह अन्यथा"हं ब्रह्मास्मी"ति वाक्यप्रतीकग्रहेऽपि "तत्त्वमस्यादि"वाक्य-सङ्ग्रहाभावापत्तेरिति भावः । तादृशो बोधो यावद्दृढीभवेत्तावच्छमादिसहित आदिना दमादयो दैवीसम्पद्गुणास्सर्वेऽपि गृह्यन्ते । उदरंभर्याद्यभ्यासनिवृत्तिपूर्वकं नैरन्तर्येण शमादिगुणयुक्तश्श्रवणादिरत्रादिना मननिदिद्ध्यासनादिर्गृह्यते तदेवाभ्यसेत् । असति बाधके सर्वं वाक्यं सावधारणमिति न्यायेन तदेव श्रवणाद्यभ्यसेत् । नान्यत्तदतिरिक्तम् । तथा श्रवणाद्यभ्यसेदेव नालसो भवेदिति दिक् ।।

ज्ञानपरिपन्थिस्वरूपनिरूपणम् -

बाढं सन्ति ह्यदाढर्य्यस्य हेतवश्श्रुत्यनेकता ।
असम्भाव्यत्त्वमर्थस्य विपरीता च भावना ।। ९९ ।।

अन्वयः - हि (यस्मात्) श्रुत्यनेकता अर्थस्य असम्भाव्यत्त्वं विपरीता भावना च अदाढर्य्यस्य हेतवः बाढं सन्ति ।।

व्याख्या :- सति वाक्यात्प्रमारूपे शाब्दबोधे समानविषयकाविद्याध्वंसके मुहुस्तद्दाढर्य्यार्थं पूर्वोक्तरीत्या श्रवणाद्यभ्यासविधानं किमित्याचार्यैः क्रियते किं वात्रादाढर्य्यकारणम् ? के वा परिपन्थिन इत्याशङ्कायामाह । हि यतः कारणाच्छ्रुत्यनेकता श्रुतीनामनेकत्त्वमापाततो विरुद्ध्यार्थबोधकत्त्वाभाससंभव एकः परिपन्थी । महावाक्यप्रमाणजनितज्ञानदाढर्ये अर्थस्याखण्डैकरसस्याद्वितीयब्रह्मस्वरूपस्य

व्याख्या - यह श्लोक श्रीशंकराचार्य रचित वाक्यवृत्ति का ४९ वाँ श्लोक है । इसमें उन्होंने स्पष्ट कहा है कि अपने ब्रह्मत्व का ज्ञान होने पर भी उसे दृढ़ करने का प्रयास करना चाहिये । कब तक श्रवणादि साधनों का अनुष्ठान करना चाहिए ? तो कहते हैं कि 'मैं ब्रह्म हूँ' इस प्रकार महावाक्य के अर्थ का सम्यक् ज्ञान जब तक न हो जाए तब तक श्रवणादि का अभ्यास करना चाहिये । आदि शब्द से मनन और निदिध्यासन का भी ग्रहण होता है । कैसा होकर श्रवणादि का अभ्यास करें ? तो कहते हैं कि शमादि साधन से सम्पन्न होकर श्रवणादि का अभ्यास करे । आदि शब्द से दम, उपरति, तितिक्षा, समाधान, और श्रद्धा आदि का ग्रहण होता है । अर्थात् साधनचतुष्टय सम्पन्न होकर श्रवण, मनन और निदिध्यासन का अभ्यास तब तक करते रहना चाहिये जब तक 'मैं ही परब्रह्म परमात्मा हूँ' यह ज्ञान दृढ़ न हो जाए । ***"असति बाधके सर्वं वाक्यं सावधारणम्"*** इस न्याय के अनुसार श्रवणादि का ही अभ्यास करना चाहिये, उससे अतिरिक्त अन्य किसी का नहीं । भाव यह है कि श्रवणादि का अभ्यास अवश्य करना चाहिये, उसमें प्रमाद नहीं करना चाहिये ।

अब सम्यक् ज्ञान के शत्रुओं का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - ज्ञान के अदृढ़ होने के अनेक कारण हैं - जैसे श्रुतियों की अनेकता, अर्थ की असंभाव्यता और विपरीतभावना ।।९९।।

व्याख्या - 'मैं ब्रह्म हूँ' इस प्रकार के ज्ञान की दृढ़ता में अनेक बाधाएँ हैं । आचार्य यहाँ मुख्य तीन बाधाओं का उल्लेख करते हैं । ग्रन्थ में आगे कहा जाएगा कि ये बाधाएँ कैसे आती हैं और उनका निवारण कैसे होता है । दृढ़ज्ञान के शत्रु कौन हैं ? ऐसी आकांक्षा होने पर कहते हैं कि उसके तीन मुख्य शत्रु

लोकातिगत्त्वेनासंभावितत्त्वंद्वितीयः । तथैवार्थस्य निरुक्तस्य या विपरीता भावना पौनःपुन्येन कर्तृत्त्वभोक्तृत्त्वाद्यभिमानरूपश्चकारेण तद्बुद्ध्युत्प्रेक्षिता अदार्ढ्यहेतवस्सङ्गृह्यन्ते । सोऽयं तृतीय इत्येवं विधा ज्ञानदार्ढ्यपरिपन्थनो बाढं सर्वथा सन्त्येव । अतोऽपरोऽक्षानुभववदार्ढ्याय श्रवणादिकमावर्तनीय-मित्याचार्यचरणैः सुष्ठूक्तम् । अत एव सङ्क्षेपशारीरके - "पुरुषापराधमलिना धिषणा निरवद्यचक्षुरुदयादि यथा । न फलाय भर्च्छुविषया भवति श्रुतिसम्भवापि तु तथात्मधीः ।। पुरुषापराधविगमे तु पुनः प्रतिबन्धकव्युदसनात्सफला । मणिमन्त्रयोरपगमे तु यथा सति पावकाद्भवति धूमलता" ।। इत्याद्यन्वय-व्यतिरेकाभ्याम् । तथा चात्रोक्तप्रमायामदार्ढ्यप्रयोजकाश्श्रुत्यनेकत्त्वादयः क्रमात्प्रमाणासम्भावना प्रमेयासम्भावना साधनविपरीतभावना तथा चकारात्फलविपरीतभावना चेत्येवं चत्त्वारो मुख्याः प्रतिबन्धाः व्यासेन चतुर्लक्षण्यामुत्तरमीमांसामेकैकस्मिन्नध्याये परिशीलिताश्श्रीभगवत्पादभाष्येण विभूषिताश्श्रोत्रियैर्ब्रह्मनिष्ठैर्बहुवारं संसेवितास्समन्वयाविरोधसाधनफलाभिधाश्चैते चत्त्वारोऽध्यायाश्श्रवण-मननिदिध्यासनसमाधानविषयैः फलिनः । पूर्वोक्ताश्च प्रतिबन्धाश्चतुर्भिरध्यायैर्निरस्यन्ते ।

हैं । श्रुतियों का नानात्व प्रथमशत्रु है अर्थात् ऋक् आदि श्रुतियाँ शाखाभेद से अनेक प्रकार की हैं और प्रथमदृष्टि से वे एक दूसरे से विरुद्ध प्रतीत होती हैं, इसीलिये श्रुतिवचन में संशय उत्पन्न होता है । यह प्रमाणगत संशय नामक प्रथम बाधा है । और अर्थ की असंभाव्यता द्वितीय शत्रु है अर्थात् श्रुति वचनों का अर्थ भी असंभव-सा दिखाई देता है । अखण्ड, एकरस, अद्वितीय ब्रह्म का अलौकिक रूप असंभव-सा लगता है । यह प्रमेयगत संशय रूप द्वितीय बाधा है । और विपरीतभावना तृतीय शत्रु है । उक्त दो बाधाएँ न भी हों तो अपने रूढ संस्कारों के कारण विपरीत भावना आ जाती है । 'मैं कर्ता हूँ, मैं भोक्ता हूँ' इस प्रकार कर्तृत्वभोक्तृत्वाभिमान रूप विपरीत भावना तृतीय बाधा है । ये तीनों ज्ञान की दृढ़ता में बाधा रूप हैं अर्थात् इनके रहते ज्ञान दृढ़ता को प्राप्त नहीं होता है । इन तीनों का निवारण क्रमशः श्रवण, मनन और निदिध्यासन से होता है । इसलिये श्रवणादि का अभ्यास अति आवश्यक है । संक्षेपशारीरक में भी कहा है कि -

पुरुषापराधमलिना धिषणा निरवद्यचक्षुरुदयापि यथा ।
न फलाय भर्च्छुविषया भवति श्रुतिसंभवापि तु तथात्मनि धीः।।

(सं.शा. १/१४)

अर्थात् -जिस प्रकार निर्दुष्ट चक्षु से जन्य होते हुए भी पुरुषगतदोष से दुष्ट भर्च्छुविषयक बुद्धि भर्च्छुस्वरूपसाक्षात्कार रूप फल नहीं दे सकती, उसी प्रकार श्रुतिसम्भूत भी आत्मविषयक बुद्धि आत्मस्वरूप का निश्चय नहीं करा सकती ।

पुरुषापराधविगमे तु पुनः प्रतिबन्धकव्युदसनात् सफला ।
मणिमन्त्रयोरपगमे तु यथा सति पावकाद् भवति धूमलता ।।

(सं.शा. १/१५)

अर्थात् - पुनः पुरुषगत दोषों की निवृत्ति हो जाने पर प्रतिबन्धरहित (वह श्रुतिसम्भूत बुद्धि) अपने कार्य में सफल होती है । जैसे प्रतिबन्धक मणि या मन्त्र के हट जाने से अग्नि अपने कार्य जलाने तथा धूमादि को उत्पन्न करने में समर्थ होती है । इन दो श्लोकों में अन्वय और व्यतिरेक के द्वारा पूर्वकथन को स्पष्ट किया गया है ।

असम्भावनाप्रतीकारनिरूपणम् –

शाखाभेदात्कर्मभेदाच्छ्रुतङ्कर्मान्यथान्यथा ।
एवमत्रापि मा शङ्कीत्यतश्श्रवणमाचरेत् ॥ १०० ॥

अन्वयः – शाखाभेदात् कामभेदात् अन्यथा अन्यथा कर्मश्रुतम् । एवम् अत्र अपि मा आशङ्कि इति अतः श्रवणम् आचरेत् ।।

व्याख्या :– श्रुत्यनेकत्त्वप्रयुक्तप्रमाणासम्भवनाप्रतीकाराय श्रवणमेव कर्तव्यमिति पूर्वमीमांसतो व्यतिरेकदृष्टान्तेन निरूपयति । शाखाभेदादृग्यजुस्सामादिवेदगतशाखाभेदात्तथा कामभेदात्कामानामाशिषां भेदाच्च कर्मान्यथान्यथा वैविध्येन श्रुतं तद्वदत्रापि निश्श्रेयसविषयेऽप्येवं भेदं माशङ्कि नैव शङ्क्यताम्। इत्यतो हेतोस्सम्प्रदायानुसारं श्रीगुरुमुखतश्श्रवणमाचरेत् । यथा वा पूर्वतन्त्रे शाखाभेदात्कर्मभेदश्श्रूयते "यदृचैव हौत्रं क्रियते यजुषाध्वर्यवं साम्नोद्गीथ"मित्यादिना हौत्राध्वर्यवादिकर्माणि भिद्यन्ते । यथा वा "कारीर्या वृष्टिकामो यजेत, चित्रया यजेत पशुकामः, शतकृष्णलामायुष्काम" इत्यादिविधिभिर्विहितानां कर्मणां कामनाभेदात्कर्मभेदस्तथोपनिषत्स्वपि प्रतिपाद्यात्मतत्त्वस्य यदि भेदशङ्काखण्डैकरसे ब्रह्मण्युदियात्तन्निवारणाय श्रवणं मुहुर्मुहुरावर्तयेदिति दिक् ।।

प्रथम बाधा के निवारण का उपाय बताते हैं ।

अर्थ – वैदिक शाखाओं के भेद के कारण और कामनाओं की अनेकता के कारण वेदों में अनेक प्रकार के कर्म कहे गये हैं । उसी प्रकार यहाँ (मोक्ष विषय में) शंका मत करो । (यदि भेद की शंका हो तो उसके निवारण के लिये) श्रवण का अभ्यास करो ।।१००।।

व्याख्या – मुक्तिकोपनिषद् में कहा गया है कि **वेदों की ११८० शाखाएँ हैं** । ऋग्वेद की २१ शाखाएँ है; यजुर्वेद की १०९, शाखाएँ हैं, सामवेद की १००० शाखाएँ हैं और अथर्ववेद की ५० शाखाएँ हैं । इन वैदिक शाखाओं में भेद होने के कारण और कामनाओं की अनेकता के कारण वेदों में अनेक प्रकार के कर्म कहे गये हैं । ***"ऋचैव होत्रं क्रियते"*** ऋक्मन्त्रों से होतृ कर्म होता है । ***"यजुषाध्वर्यवम्"*** यजुर्वेद के मन्त्रों से अध्वर्यु का कर्म करावें । ***"साम्नोद्गीथम्"*** सामवेद के मन्त्रों से उद्गीथ (उद्गाता) का कर्म होता है । इस प्रकार व्यक्ति की कामनाओं के अनुसार भी कर्म–भेद होता है । ***"कारीर्या वृष्टिकामो यजेत" "चित्रया यजेत पशुकामः" "शतकृष्णलमायुष्कामो यजेत "*** वृष्टि चाहने वाला कारीरी, पशु चाहने वाला चित्रा और लम्बी आयु चाहने वाला शतकृष्णल नामक यज्ञ करे । इस तरह जैसे विधि के द्वारा विहित कर्मों में कामना–भेद से कर्म–भेद होता है, उसी प्रकार उपनिषदों में जहाँ आत्मा और ब्रह्म की एकता का निरूपण हुआ है, वहाँ पूर्वोक्त कोई भेद नहीं है । समस्त उपनिषदों में प्रतिपाद्य ब्रह्मात्मैक्य रूप विषय एक ही है । अतः मुमुक्षु को अपरोक्ष ज्ञान की दृढ़ता के लिये सम्प्रदायसिद्ध सद्गुरु की सेवा करते हुए उनके मुखकमल से वेदान्तों का श्रवण बारम्बार करते रहना चाहिये, जिससे कि प्रमाणगत संशय की निवृत्ति हो जाती है ।

श्रवणपदार्थनिरूपणम् -

वेदान्तानामशेषाणामादिमध्यावसानतः ।
ब्रह्मात्मन्येव तात्पर्यमिति धीश्श्रवणं भवेत् ॥ १०१ ॥

अन्वयः-अशेषाणां वेदान्तानाम् आदिमध्यावसानतः ब्रह्मात्मनि एव तात्पर्यम् इति धीः श्रवणं भवेत्।।

व्याख्या :- प्रमाणासम्भावाना निवर्तकस्य श्रवणस्य लक्षणं किमित्यपेक्षायामाह । अशेषाणां सर्वेषामेव वेदान्तानामुपनिषदादिग्रन्थानामादिमध्यावसानत उपक्रमोपसंहाराभ्यासापूर्वतादितात्पर्य-निर्णायकलिङ्गैः पर्यालोच्यब्रह्मात्मन्येव ब्रह्मलक्षणे प्रत्यगात्मन्येव परात्मप्रत्यगात्मनोरभेदबोध एव तात्पर्यमिति पारम्पर्येण पर्यवसानमित्येवंरूपा धीर्निश्चितं ज्ञानं श्रवणं भवेदिति शम् ।।

असंभावनाविपरीतभावनादीनां प्रतीकारायैव चतुर्लक्षणीमीमांसा भगवता बादरायणेन प्रवर्तितेति निरूपणम् -

समन्वयध्याय एतत्सूक्तं धीस्वास्थ्यकारिभिः ।
तर्कैस्सम्भावनार्थस्य द्वितीयाध्याय ईरिता ॥ १०२ ॥

अन्वयः-एतत् समन्वयाध्यासे सूक्तम् । धीस्वास्थ्यकारिभिः तर्कैः अर्थस्य संभावना द्वितीयाध्याये ईरिता ।।

अब श्रवण किसे कहते हैं, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - समस्त वेदान्तों में (उपनिषदों में) आदि, मध्य और अन्त में ब्रह्म और आत्मा की एकता का ही बोध कराया गया है । ऐसी बुद्धि उत्पन्न होना ही श्रवण है ।।१०१।।

व्याख्या - प्रमाणगत संशय के निवर्तक श्रवण का क्या लक्षण है ? ऐसी आकांक्षा होने पर कहते हैं कि समस्त वेदान्तों में अर्थात् उपनिषद् ग्रन्थों में आदि (प्रारम्भ), मध्य और अन्त में ब्रह्म और आत्मा की एकता का ही बोध कराया गया है । प्रत्येक उपनिषद् का आदि, मध्य और अन्त देखने से यही सिद्ध होता है कि उनमें विषय के निरूपण की विधि भले ही पृथक् हो किन्तु उनका विषय एक ही है । ऐसी जिसकी दृढ़बुद्धि उत्पन्न हो जाती है, उसीको श्रवण कहा गया है । इसी श्लोक की शैली में गोस्वामी तुलसीदास जी रामचरितमानस में कहते हैं कि ***''एहि महँ आदि मध्य अवसाना, प्रभु प्रतिपाद्य राम भगवाना''*** समस्त उपनिषदों में आत्मा और ब्रह्म की एकता का ही प्रतिपादन किया गया है । बुद्धि में ऐसा दृढ़ निश्चय हो जाना ही श्रवण कहलाता है ।

पूर्व श्लोकों में उक्त श्रवण का स्वरूप कहाँ पर वर्णित है ? इसका उत्तर देते हैं ।

अर्थ - यह (पूर्वोक्त) श्रवण का स्वरूप (ब्रह्मसूत्र के) समन्वय नामक अध्यास में भली-भाँति कहा है । बुद्धि की स्वस्थता करने वाली युक्तियों से अखण्ड ब्रह्म रूप अर्थ की संभावना द्वितीय अध्याय में कही गयी है ।।१०२।।

व्याख्या - श्रुतियों का आपाततः नानार्थत्व प्रतीत होने पर भी उन सभी श्रुतियों का समन्वय एकमात्र अद्वितीय ब्रह्म में ही हैं । भगवान् वेदव्यासरचित ब्रह्मसूत्र के चार अध्याय (और ५५५ सूत्र) हैं, उसमें प्रथम अध्याय समन्वयाध्याय नामसे जाना जाता है । ***''तत्तुसमन्वयात्''*** (ब्र.सू. १/१/४) इस सूत्र से प्रारम्भ कर सम्पूर्ण अध्याय में यही दर्शाया गया है कि समस्त श्रुतियों का तात्पर्य एकमात्र अद्वितीय

बहुजन्मदृढाभ्यासाद्देहादिष्वात्मधीः क्षणात् ।
पुनः पुनरुदेत्येवं जगत्सत्यत्त्वधीरपि ॥ १०३ ॥

अन्वयः-बहुजन्मदृढाभ्यासात् क्षणात् पुनः पुनः देहादिषु आत्मधीः उदेति। एवं जगत्सत्यत्त्वधीः अपि।।

विपरीताभावनेयमैकाग्र्यात्सा निवर्तते ।
तत्त्वोपदेशात्प्रागेव भवत्येतदुपासनात् ॥ १०४ ॥

अन्वयः - इयं विपरीता भावना । सा ऐकाग्र्यात् निवर्तते । एतत् तत्त्वोपदेशात् प्राक् एव उपासनात् भवति ।।

ब्रह्म का प्रतिपादन करना ही है । इसलिये कहा कि श्रवण का स्वरूप समन्वयाध्याय में भली-भाँति कहा गया है । यही श्रवण का फल है । भाव यह है कि श्रुतियों की अनेकता के कारण जो ज्ञान दृढ़ नहीं हो रहा था वह ब्रह्मसूत्र के प्रथम अध्याय का भली-भाँति अध्ययन करने से दृढ़ हो जाएगा अर्थात् श्रुतियों के नानात्व का भ्रम मिट जाएगा । अब अर्थ की असंभाव्यता नामक दूसरी बाधा का निराकरण प्रस्तुत करते हैं । प्रमेयगत अनुपपत्ति के द्वारा बुद्धि की स्थिरता को देनेवाली युक्तियों से अखण्ड ब्रह्म रूप अर्थ की संभावना अर्थात् संभावितत्त्व के अनुसन्धान रूप मनन को वेदान्त दर्शन (ब्रह्मसूत्र) के अविरोध नामक द्वितीय अध्याय में दिखाया गया है । दूसरे अध्याय में सांख्य, कणादि वेदान्तविरोधी मत का निरसन करते हुए सम्पूर्ण श्रुतियों की एकवाक्यता प्रदर्शित की गई है, जिसे कि अविरोधाध्याय कहा जाता है । इस अध्याय के प्रथमपाद में सांख्य, योग, काणादि स्मृतियों के और उन्हीं की युक्तियों के द्वारा उनका खण्डन कर वेदान्तसमन्वयविरोध का परिहार किया है । द्वितीयपाद में सांख्यादि मतों का दुष्टत्व दिखाया गया है । तृतीय पाद में पञ्चमहाभूत और जीवादि श्रुतियों में विरोध का परिहार किया है और चतुर्थ पाद में लिंगशरीर सम्बन्धित श्रुतियों के विरोध को दूर किया गया है।

अब विपरीत भावना का लक्षण और उसकी निवृत्ति का उपाय बताते हैं।

अर्थ - अनेक जन्म के दृढ़ अभ्यास से शरीर आदि में हर क्षण आत्मबुद्धि उत्पन्न होती है और उसी प्रकार जगत् में भी सत्यत्व बुद्धि बारम्बार उत्पन्न होती है, यही विपरीतभावना है । यह चित्त की एकाग्रता से निवृत्त होती है । और चित्त की एकाग्रता तत्त्वोपदेश से पूर्व सगुण उपासना से प्राप्त होती है ।।१०३-१०४।।

व्याख्या - बहुत जन्म के दृढ़ अभ्यास के कारण अतीत अनन्त जन्मों में 'मैं मनुष्यहूँ' इत्यादि देहात्मबुद्धि तथा 'मैं अन्धा हूँ, भूखा-प्यासा हूँ' इस प्रकार इन्द्रियों में आत्मबुद्धि के पुनः पुनः अभ्यासजनित संस्कार से देहादि अनात्म पदार्थों में आत्मत्व बुद्धि (मिथ्याज्ञान) प्रतिक्षण उत्पन्न होती है । श्लोक में ***'देहादिषु'*** के द्वारा अन्नमयातिरिक्त प्राणमयादि चार कोशों का ग्रहण होता है । अपरोक्षानुभूति दृढ़ होने में तीसरी बाधा विपरीत भावना है । यह दो प्रकार की है - एक तो शरीरादि में आत्मत्वबुद्धि होना और दूसरी जगत् की सत्यता भासित होना । अन्नमयादि कोशों में आत्मबुद्धि करने से और दृश्यमान जगत् को सत्य मानने से ज्ञान दृढ़ता को प्राप्त नहीं होता है । ये दोनों प्रकार की विपरीत भावना चित्त की एकाग्रता से निवृत्त होती है । और वह चित्त की एकाग्रता तत्त्वोपदेश से पूर्व सगुण ब्रह्म की उपासना करने से होती है । उप यानी समीप और आसनं यानी बैठना अर्थात् मन को लक्ष्यवस्तु में स्थिर करने को उपासना कहते हैं । यह सगुण ब्रह्म में मन को स्थिर करने से होती है । उपासना का फल चित्त की एकाग्रता है और उससे विपरीतभावना नष्ट हो जाती है ।

उपास्तयोऽत एवात्र ब्रह्मशास्त्रेऽपि चिन्तिताः ।
प्रागनभ्यासिनः पश्चाद्ब्रह्माभ्यासेन तद्भवेत् ॥ १०५ ॥

अन्वयः - अतः एव अत्र ब्रह्मशास्त्रे अपि उपास्तयः चिन्तिताः प्राक् अनभ्यासिनः पश्चात् ब्रह्माभ्यासेन तत् भवेत् ।।

व्याख्या :- ईदृशलक्षणलक्षितं श्रवणं ब्रह्मसूत्रेषु प्रथमे समन्वयाध्याये निरूपितमित्याह । श्रुतीनामापाततो नानार्थत्त्वेन भानेऽपि सर्वासां तासामखण्डैकरसे ब्रह्मण्येव समन्वय इति "तत्तु समन्वया"दित्यादिसूत्रैरविशेषेण बोधकत्त्वमिति समन्वयाध्याये एतत्सूक्तं सुष्ठु समन्वयं सम्पाद्य संन्याययुक्तिभिः प्रमाणतस्सिद्धान्तितम् । तेन प्रमाणासम्भावना निरस्ता । तथा द्वितीयेऽविरोधाध्याये प्रमेयासम्भावनाप्रतीकारहेतुभूतं मननं धीस्वास्थ्यकारिभिर्बुद्धेस्स्वभावस्थित्यापादकैर्ज्ञेयविषयकानुपपत्ति-परिहारपूर्वकासन्दिग्धार्थाविबोधोपयोगिभिश्शास्त्रानुरूपैस्तर्कैस्सद्युक्तिभिस्संन्यायोपन्यासपूर्वकमर्थस्य संभावनासम्भाव्यत्त्वनिवृत्तिफलका समन्वितार्थस्य संभावनेरिता द्वितीयाध्याये साङ्ख्यादिवेदान्तविरोधिमत-निरसनपूर्वकमशेषश्रुतीनामेकवाक्यताप्रदर्शनेनात एव कारणेनाविरोधाध्यायनाम्नि समीरितः । तस्मिंश्च द्वितीयेऽध्याये प्रथमे पादे साङ्ख्ययोगकाणादादिस्मृतिभिस्तत्प्रयुक्ततर्कैश्च वेदान्तसमन्वयविरोधः परिहृतः। तेषां साङ्ख्यादिमतानां दुष्टत्त्वमुपावर्णि द्वितीये पादे । पञ्चमहाभूतजीवादिश्रुतीनां विरोधो दूरीकृतस्तृतीये। लिङ्गशरीरश्रुतीनां विरोधोऽपसारितश्चतुर्थ इति प्रमेयगतानुपपत्तिपरिहारद्वारा मननं सम्पूर्णे द्वितीये न्यरूपि। ततश्चा"त्मा वारे द्रष्टव्यश्श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्य" इति श्रुत्यभिहितनिदिध्यासननिवर्त्या साधनविपरीतभावना फलविपरीतभावना च तत उपरतिमग्रन्थेन परिहृताऽस्ति । तत्र साधनविपरीतभावना

ऐसा आपने कैसे जाना ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि वेदान्तशास्त्रों में उपासना का विचार किया गया है ।

अर्थ - (सगुण ब्रह्म की उपासना से चित्त में एकाग्रता आती है) इसलिये ब्रह्मशास्त्र (वेदान्त शास्त्र) में भी उपासनाओं पर विचार किया गया है । जिस पुरुष ने पहले उपासना नहीं की है, उसके चित्त में एकाग्रता उपदेश के बाद ब्रह्माभ्यास से प्राप्त होती है ।।१०५।।

व्याख्या - पूर्व श्लोक में कहा कि सगुण ब्रह्म की उपासना करने से चित्त की एकाग्रता होती है, जिससे कि विपरीतभावना नष्ट होती है । आचार्य कहते हैं कि यह कथन हमारा कपोल-कल्पित नहीं है किन्तु पूर्वाचार्यों से परिपुष्ट है । उपासना ब्रह्मज्ञान में परम्परा से सहायक होने के कारण यहाँ ब्रह्मशास्त्र में अर्थात् ब्रह्मप्रदिपादक शारीरक मीमांसा शास्त्र के तृतीय अध्याय में विविध उपासनाओं पर विचार किया गया है । सूर्योपासना, प्रणवोपासना, प्राणोपासना आदि अनेकों उपासनाओं का वर्णन उपनिषदों में प्राप्त होता है । ब्रह्मसूत्र उपनिषदों के अर्थ को प्रकट करता है और उसी ब्रह्मसूत्र के तृतीय अध्याय में विविध उपासनाओं का विचार किया गया है । ज्ञान की दृढ़ता में उपासनाओं का कोई उपयोग नहीं होने से ब्रह्मसूत्र में उनके बारे में विचार करना अनुचित है, ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये क्योंकि परम्परा से वे ज्ञान की दृढ़ता में सहायक हैं । इसलिये उक्त प्रणाली से उनका वेदान्तशास्त्र से समबन्ध अनुचित नहीं है । उपासना से चित्त में एकग्रता आती है । बहिर्मुखी प्रवृत्ति अन्तर्मुखी हो जाती है और सूक्ष्म वस्तु

नाम देहादिरेवात्मपदार्थो न तत्साक्षित्त्वेनोपलक्षितश्शुद्धचिन्मात्रस्सच्चिदानन्दघन इति । तथा फलविपरीत-भावना च द्वैतमेव सत्यं न तु तत्त्वज्ञानसाध्याविद्यानिवृत्त्युपलक्षितद्वैतमिथ्यात्त्वफलीभूतस्वप्रकाश-ब्रह्मानन्दलक्षणकैवल्यमित्यादिदेहादिष्वत्यादिशब्देन प्राणमयादीतरकोशा गृह्यन्ते । तत्रात्मधीः त एवात्मेत्याकारिका बुद्धिः सा बुद्धिर्बहुजन्मदृढाभ्यासात्पुनः पुनः क्षणात्प्रतिक्षणमुदेत्येवं तथैव च जगत्सत्यत्त्वधीरपि समुदेति सेयं विपरीतभावनेत्युच्यत इत्यतो तन्निवृत्त्युपायमैकाग्र्यं च निरूप्यते । ब्रह्मोपदेशात्प्रागेव सगुणब्रह्मोपासनाद्भवेत् । उत्तरमीमांनाशास्त्रस्य तृतीयचतुर्थाध्यायोक्तनिरुक्त-सिद्धान्तानुसन्धानजन्यचित्तवृत्तिनिरोधादिति भावः । सा विपरीतभावना चित्तस्य शुद्धस्यैकाग्र्यान्निवर्तते। तत्त्वोपदेशात्प्रागेतच्चित्तैकाग्र्यमुपासनादुप समीप आसनं मनसो न्यासो लक्ष्यवस्तुनि स्थिरीकरणं सगुणब्रह्मणि स्थिरीकरणप्रणाड्या भवति । उपासनायाः फलं चित्तैकाग्र्यं तेनैव नश्यति विपरीतभावना। ईदृशमुक्तलक्षणमैकाग्र्यं "शान्तो दान्त उपरतस्तितिभुस्समाहितो भूत्त्वे"ति तथा "नाविरतो दुश्चरितान्नाशान्तो नासमाहितः । नाशान्तमनसो वापि प्रज्ञानेनैनमाप्नुया"दिति चान्वयव्यतिरेकश्रुतिभ्यां जिज्ञासुजनानुभवा-त्प्रागेवेदमधिकारिविशेषणत्त्वेन विहितनिरोधसमाधिना सिद्धमेवेति न वाच्यम् । सगुणनिर्गुणब्रह्म-प्रतीकाहंग्रहान्यतमोपास्तिपदवाच्यनिरन्तरतदेकाकारचित्तवृत्तिसम्पादनलक्षणभावनाभूरितराभ्यासात्। उपासनानां चित्तैकाग्र्यसम्पादनेन विपरीतभावनानिवर्तकतया वाक्यार्थबोधदृढीभावसाधनत्त्वमवोचि। तदेतन्न स्वकपोलकल्पितं परन्त्वाचार्यचरणैरुपदिष्टमेव । अत एवोपासनानां परम्परया दाढ्र्योपायत्त्वादेवात्र वेदान्तमीमांसाशास्त्रे ब्रह्मविषये ब्रह्मशास्त्रेऽपि ब्रह्मप्रतिपादकशारीरकमीमांसाशास्त्रेऽप्युपास्तयश्चिन्तिताः तृतीयाध्यायादौ सम्यग्विचारिताः । तासामुपासनानां दृढबोधानुपायत्त्वे ब्रह्मविचारशास्त्रे चिन्तनमसङ्गतं स्यादतस्तासामुक्तरीत्यैव प्रयोजनमिति भावः । कृतोपासनानामुक्तरीत्या यदि वाक्यार्थबोधो दृढो भवति चेदकृतोपासनानां का गतिरित्यत्राह । प्रागनभ्यासिनो महावक्योपदेशात्प्रागकृतोपासनस्य

का चिन्तन करने की क्षमता प्राप्त होती है । भगवान् श्रीराम और श्रीकृष्ण आदि अवतार भी सगुण ब्रह्म के रूप हैं । उनके सुन्दर नाम,रूप लीला, और धाम का चिन्तन करने से भी चित्त में एकाग्रता आती है, यह भी उपासना है । जिसने पूर्व में उपासना की है, उनको पूर्वोक्त प्रकार से वाक्यार्थ का दृढ़ बोध होता है तो फिर जिन्होंने उपासना नहीं की है, उनकी क्या गति होगी ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि निर्गुण ब्रह्म का उपदेश सुनने के पूर्व इन उपासनाओं का अभ्यास उपयोगी है किन्तु यदि किसी ने यह न किया हो और गुरुमुख से महावाक्यों के द्वारा आत्मज्ञान प्राप्त कर लिया हो तो उसे उस प्राप्त हुए ज्ञान की दृढ़ता के लिये निर्गुण ब्रह्म की उपासना करनी चाहिये । निर्गुण ब्रह्म की उपासना करने से चित्त में एकाग्रता आती है और उस ब्रह्माभ्यासजनित चित्त की एकाग्रता से विपरीतभावना नष्ट हो जाती है और ज्ञान दृढ़ होता है । इस विषय में जीवन्मुक्ति विवेक के वासनाक्षय प्रकरण में ऐसा कहा गया है कि *"विद्याधिकारी द्विविधः कृतोपास्तिरकृतोपास्तिश्चेति"* (जी.वि.) अर्थात् कृतोपासन (जिसने उपासना सिद्ध कर ली है) और अकृतोपसन (जिसने उपासना सिद्ध नहीं की है) इस प्रकार विद्याधिकारी के दो भेद हैं । इनमें से जो अपने उपास्य देव के साक्षात्कार होने तक उपासना करके ज्ञान में प्रवृत्त होते हैं । उनका वासनाक्षय और मनोनाश दृढ़तर होने के कारण ज्ञान होने के बाद विद्वद्संन्यास और

पश्चात्तदनन्तरं ब्रह्माभ्यासेनानवरतात्मानुसन्धानेन तच्चित्तैकाग्र्यं भवेत्तेषां ब्रह्माभ्यासजनितचित्तैकाग्र्येण विपरीतभावनानिवृत्तौ वाक्यार्थबोधदार्ढ्यतेत्याशयः । अस्मिन्नेव विषये जीवन्मुक्तिविवेक एवमुक्तम् "विद्याधिकारी द्विविधः । कृतोपास्तिरकृतोपास्तिश्चेति । तत्रोपास्तिसाक्षात्कारपर्यन्तामुपास्तिं कृत्त्वा यदि ज्ञाने प्रवर्तते तदा वासनाक्षय मनोनाशयोर्दृढतरत्त्वेन ज्ञानादूर्ध्वं विद्वत्संन्यासजीवन्मुक्ती स्वत एव सिद्ध्यतः । तादृश एव शास्त्राभिमतो मुख्योऽधिकारी । ततस्तं प्रति शास्त्रेषु सहोपन्यासात्स्वरूपेण विविक्तावपि विद्वत्संन्यासविविदिषसंन्यासौ सङ्कीर्णाविव प्रतिभासते । इदानीन्तनास्तु प्रायेणाकृतोपास्तय एवौत्सुक्यमात्रात्सहसा विद्यायां प्रवर्तन्ते । वासनाक्षयमनोनाशौ च तात्कालिकौ सम्पादयन्ति । तावता श्रवणमननिदिध्यासनानि निष्पाद्यन्ते । तैश्च दृढाभ्यस्तैरज्ञानसंशयविपर्ययनिरासात्तत्त्वज्ञानं सम्यगुदेति । तस्य बाधकप्रमाणाभावान्निवृत्तायामविद्यायां पुनरुत्पत्तिकारणाभावाच्च नास्ति तस्य तत्र शैथिल्यम् । वासनाक्षयमनोनाशौ तु दृढाभ्यासाभावाद्भोगप्रदेन प्रारब्धेन तदा तदा बाध्यमानत्त्वाच्च सवातप्रदेशदीपवत्सहसा निवर्तेते । तथा च वसिष्ठः "पूर्वेभ्यस्तु प्रयत्नेभ्यो विषमोऽयं हि सम्मतः । दुस्सध्यो वासनात्यागस्सुमेरून्मूलनादपि ।" अर्जुनोऽपि "चञ्चलं हि मनः कृष्ण प्रमाथि बलवद्दृढम्। तस्याहं दुष्करं मन्ये वायोरिव सुदुष्करम् " इति ।। तस्मादिदानीन्तनानां विद्वत्सन्न्यसिनां ज्ञानस्यानुवृत्तिमात्रं वासनाक्षयमनोनाशौ तु प्रयत्नसाध्याविति सिद्ध"मिति । अकृतोपास्तिनाप्यधिकारिणा तावद्दृढाभ्यस्तैश्रवणमननिदिध्यासनैर्यद्यपि क्रमादज्ञानसंशयविपर्ययनिरासात्तत्त्वज्ञानं सम्यगुदेति तथापि वासनाक्षयमनोनाशयोर्दृढाभ्यासाभावात्तावेव प्रयत्नसाध्यावित्युक्तम् । इदं तु विपरीतभावना-निवर्तकैकाग्राख्यनिदिध्यासनं प्रकृत्य तन्मूलकमैकाग्र्यं तत्त्वोपदेशात्प्रागेव यद्यप्युपासनाद्भवत्यथापि प्रागुपासनाभ्यासाभावे ब्रह्माभ्यासेन तदैकाग्र्यं स्यादित्यत्र सम्मतित्त्वेन वाक्यजातमुदाहृतमतः किं केन सङ्गतमिति चेन्न । दोषाभावात् । तथाहि अत्र "तत्त्वोपदेशात्प्रागेव भवत्येतदुपासना"दित्यारभ्य

जीवन्मुक्ति स्वतः सिद्ध होती है । शास्त्र में तो ऐसे पुरुष को ही अध्यात्मविद्या का मुख्य अधिकारी माना है । इस समय तो प्रायः अकृतोपासन ही केवल उत्सुकतावश सहसा इस विद्या में प्रवृत्त होते हैं । वे वासनाक्षय और मनोनाश भी तात्कालिक सम्पादित करते हैं । फिर भी उसी से उनका श्रवण, मनन और निदिध्यासन निष्पन्न होता है । उनके दृढ़ अभ्यास से अज्ञान, संशय और विपर्यय की निवृत्ति होने से तत्त्वज्ञान का भली-भाँति उदय होता है । और उदित हुए तत्वज्ञान का बाध करने वाला कोई भी प्रमाण न होने से उसका तत्वज्ञान शिथिल नहीं होता है । किन्तु वासनाक्षय और मनोनाश का दृढ़ अभ्यास न होने के कारण और भोग देनेवाले प्रबल प्रारब्ध से उसका उस-उस समय में बाध होने पर भी पूर्णरूप से नाश नहीं हो पाता है । वसिष्ठ जी ने कहा है

पूर्वेभ्यस्तु प्रयत्नेभ्यो विषमोऽयं हि सम्मतः।
दुःसाध्यो वासनात्यागः सुमेरून्मूलनादपि ।।

अर्थात् - पूर्वोक्त प्रयत्नों के अभ्यास की अपेक्षा इस वासना का त्याग करना सुमेरू पर्वत को जड़ से उखाड़ने से भी अधिक विषम और कष्ट साध्य माना गया है । अर्जुन ने भी गीता में कहा है कि -

चञ्चलं हि मनः कृष्ण प्रमाथि बलवद्दृढम् ।
तस्याहं निग्रहं मन्ये वायोरिव सुदुष्करम् ।। (गी. ६/२४)

"प्रागनभ्यासिनः पश्चाद्ब्रह्माभ्यासेन तद्भवे"दित्यन्तग्रन्थेन ब्रह्मोपदेशात्पूर्वं कृतोपास्तेश्चित्तैकाग्र्यं निसर्गसिद्धमेवेति ब्रह्मविद्यास्वोदयमात्रादेव दृढीभवत्यकृतोपास्तेस्त्वसावदृढेति तद्दार्ढ्यार्थं श्रवणमननाभ्यमसम्भावनां निर्मूल्य विपरीतभावनाभङ्गार्थं ब्रह्माभ्यासेनैकाग्र्यं निदिद्ध्यासनाख्येन साधनीयमित्युक्तं तत्तु समुदाहृतजीवन्मुक्तिविवेकग्रन्थेऽपि समानमेवेति किमत्र वै साङ्गत्यम् । तत्र निवृत्ताविद्यस्यापि जीवन्मुक्त्यर्थं वासनाक्षयादिसाध्यमित्युक्तमिहत्वतथाविधस्यैव विपरीतभावनानिवृत्त्यर्थं ब्रह्माभ्यासेनैकाग्र्यं साध्यमित्युक्तमित्यवान्तरभेदजातं तत्तु न प्रोक्तप्रधानसम्मतिभञ्जकमिति दिक् ।।

ब्रह्माभ्यासप्रकारनिरूपणम् -

तच्चिन्तनं तत्कथनमन्योऽन्यं तत्प्रबोधनम् ।
एतदेकपरत्वञ्च ब्रह्माभ्यासं विदुर्बुधाः ॥ १०६ ॥

अन्वयः-तच्चिन्तनं तत्कथनम् अन्योऽन्यं तत्प्रबोधनं च एतदेकपरत्त्वं बुधाः ब्रह्माभ्यासं विदुः।।

व्याख्या :- ब्रह्माभ्यासप्रकारं दर्शयति । तच्चिन्तनं मनस्येकान्ते तस्य परब्रह्मणस्तदुपपादक-वाक्यसहायेन चिन्तनं पौनःपुन्येन मननम् । तथा स्वन्यूनसमानसतीर्थ्यसमीपे क्रमात्तत्कथनादि । कथनं तत्स्वरूपव्याख्यानम् । गुरुजनैर्वा सतीर्थ्यैर्वान्योऽन्यं तत्प्रबोधनं संवादनपूर्वकं तस्य प्रकर्षेणावगमनम् । जाग्रति तदन्याभावार्थमेतदेकपरत्त्वमेतस्मिन्नेवाभिमुख्येनासक्तिरिदं बुधा ब्रह्माभ्यासमिति विदुरिति शम् ।।

ब्रह्माभ्यासे श्रुतिप्रमाणप्रदर्शनम् -

तमेव धीरो विज्ञाय प्रज्ञाङ्कुर्वीत ब्राह्मणः ।
नानुध्यायेद्बहूञ्छब्दान्वाचो विग्लापनं हि तत् ॥ १०७ ॥

हे कृष्ण ! यह मन अत्यन्त चञ्चल और बड़ा ही बलवान है, इसका निग्रह वायु के समान अत्यन्त दुष्कर है । इसलिये वर्तमान के विद्वत् संन्यासियों को ज्ञान की अनुवृत्तिमात्र पर्याप्त है । वासनाक्षय और मनोनाश तो प्रयत्न से सम्पादनीय है, यह सिद्ध हुआ ।

ब्रह्माभ्यास का स्वरूप बताते हैं ।

अर्थ - उसीका चिन्तन, उसीका कथन, परस्पर उसी ब्रह्मतत्त्व का बोध कराना और ब्रह्म में ही निष्ठा रखना इन्हीं को ज्ञानवानों ने ब्रह्माभ्यास जाना है अर्थात् कहा है ।।१०६।।

व्याख्या - **यह श्लोक योगवासिष्ठ के उत्पत्ति प्रकरण का २४ वाँ श्लोक है ।** ब्रह्माभ्यास किसे कहते हैं और वह कैसे होता है ? ऐसी आकांक्षा होने पर कहते हैं कि परब्रह्म का प्रतिपादन करने वाले वेदान्त वाक्यों की सहायता से परब्रह्म परमात्मा का चिन्तन करना अर्थात् बारम्बार मनन करना, अपने से न्यून के प्रति उसका कथन अर्थात् उसके स्वरूप का वर्णन करना, गुरुजन अथवा सहपाठियों के साथ संवाद करते हुए उसीका प्रबोधन करना और समस्त अनात्म पदार्थों में आसक्ति का त्याग कर एकमात्र आत्मपरायण होना, इन्हीं को ज्ञानवान् पुरुषों ने ब्रह्माभ्यास जाना है अर्थात् कहा है ।

पूर्वोक्त 'एतदेकपरत्वं' को श्रुति के द्वारा स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - धीर ब्राह्मण उस परमात्मा को जानकर उसी की प्रज्ञा करे, किन्तु बहुत शब्दों का अनुध्यान न करे क्योंकि वह तो वाणी का विग्लापनमात्र (श्रमहेतु) है ।।१०७।।

अन्वयः - धीरः ब्राह्मणः तम् एव विज्ञाय प्रज्ञां कुर्वीत । बहून् शब्दान् न अनुध्यायेत् । हि (यतः) तत् वाचः विग्लापनम् ।।

व्याख्या :- या ब्रह्माभ्यासपद्धतिरुपदर्शिता तत्र श्रुतिं प्रमाणयति । धीरो ब्रह्मचर्याहिंसास्तेयादि-सर्वसद्गुणसम्पन्नो ब्राह्मणो ब्रह्मणि प्रभविष्णुर्ब्रह्म बभूषुरग्रिहोत्रहवणीन्यायेनात्र ब्राह्मणशब्दो भविष्यति कालेऽवश्यं ब्रह्मनिष्ठायोग्य इत्यभिप्रायकस्स्वरूपयोग्यतायास्सद्भावादारण्यकदण्डवत् । अत काण्वश्रुतौ "पाण्डित्यं निर्विद्य बाल्येन तिष्ठासेत्पाण्डित्यं च बाल्यं च निर्विद्याथ मुनिरमौनं च निर्विद्याथ ब्राह्मणः" इति अस्यार्थस्त्वनुभूतिप्रकाश उक्तः - "पाण्डित्यबाल्यमौनानि श्रवणादीनि तैरयम् । भवति ब्राह्मणस्तत्र ब्राह्मण्यं ब्रह्मरूपते"ति । स तमेवाद्वयमात्मानमप्रमेयं ध्रुवं विरजं परमाकाशवदजमात्मानं प्रत्यग्रूपं परमात्मस्वरूपं गुरूपदेशशास्त्राभ्यां विज्ञाय निस्संशयमपरोऽक्षीकृत्यासंभावनाविपरीतभावनादिविवर्जितश्शमदमादिसाधनैस्सम्यज्ज्ञात्त्वा प्रज्ञां ब्रह्मात्मैक्यविषयकवृत्तिसन्ततिलक्षणमैकाग्र्यं कुर्वीत समुपार्जयेत् । निदिद्ध्यासनमत्र विवक्षितं वेदितव्यम् । एवमकृत्त्वान्यस्य करणे दोषं दर्शयति। बहून्प्रभूताननात्मविषयाञ्छब्दाञ्छ्रवणादिसंस्कारोपस्थापितान् लौकिकविषयगोचरान्नानुध्यायेन्नानुचिन्तयेन्नस्मरेदेतेनोच्चारणमप्युपलक्षणविधया निषिद्ध्यते तेन न बहूञ्छब्दानभिदध्यादित्यप्यर्थः प्रसिद्ध्यति । उपरि वक्ष्यमाणस्य वाग्विलापस्य केवलं ध्यानमात्रेऽनुपपद्यमानत्त्वात् । प्रणवादियावदात्मानुसन्धानोपयोग्यल्पशब्दसङ्ग्राह्यानुज्ञां सूचयति बहूनित्यादिना । अतो नान्याञ्छब्दान्प्रयुञ्ज्यात्संस्मेरद्वा । अत्र कारणमुच्यते । हि यतो हेतोस्तद्बहुशब्दानुसन्धानमुच्चारणस्मरणादिरूपं वाच इत्युपलक्षणया मनसश्च विग्लापनं क्लेशहेतुर्भवति । इतरशब्दानुसन्धाने तदभिसन्धाने च मनसो वाचश्च यतश्श्रमोभवत्यतो योगी तं परिवर्जयेत् । "यद्धि मनसा ध्यायति तद्वाचा वदती"ति श्रुतेरिति दिक् ।।

व्याख्या - यह श्लोक बृहदारण्यक श्रुति (४/४/२१) से उद्धृत है । पूर्वश्लोक में ***'एतदेकपरत्वं'*** को ब्रह्माभ्यास कहा गया, उसी को विशद करते हैं । ब्रह्मचर्य-अहिंसादि साधनसम्पन्न व्यक्ति धीर पुरुष है और ब्रह्म को जानने की इच्छा वाले को भविष्यदृष्टि से ब्राह्मण कहा गया है । अतः काण्वश्रुति में कहा है कि ***''पाण्डित्यं निर्विद्य बाल्येन तिष्ठासेत्पाण्डित्यं च बाल्यं च निर्विद्याथ मुनिरमौनं च निर्विद्याथ ब्राह्मणः''*** इसी के अर्थ को अनूभूति प्रकाश में इस प्रकार कहा है -

पण्डित्यबाल्यमौनानि श्रवणादीनितैरयम् ।
भवति ब्राह्मणस्तत्र ब्राह्मण्यं ब्रह्मरूपता ।।(अ.प्र.)

पाण्डित्य से श्रवण, बाल्य से मनन और मौन से निदिध्यासन कहा गया है । इसका सम्यक् अनुष्ठान करने वाला भविष्य काल में अवश्य ही ब्रह्मरूपता को प्राप्त होगा, इसीलिये अब्रह्मज्ञ को भी ब्राह्मण शब्द से कहा गया है । ऐसा धीर ब्राह्मण उसी परमात्मा को जानकर, उसी अप्रमेय, ध्रुव, विरज, परमाकाश के समान व्यापक, अजन्मा परमात्मा को शास्त्र और गुरु के उपदेश के द्वारा शम, दम आदि साधनों से समस्त संशयों से रहित होकर जाने । और उसे जानकर उसी की प्रज्ञा करे अर्थात् ब्रह्मात्मैक्य ज्ञानसंतति को उत्पन्न करे (निदिध्यासन करे)। बहुत सारे अनात्मशब्दों का अध्ययन न करे । आत्मज्ञान में सहायक वेदान्तशास्त्रातिरिक्त अन्य लौकिक शास्त्रों के अध्ययन में प्रवृत्त न हो और उनका स्मरण भी न करे । क्योंकि वह तो वाणी का विग्लापन मात्र है अर्थात् मन में क्लेश उत्पन्न करने वाला है । अन्य शास्त्रों का अनुसन्धान करना मन और वाणी दोनों को थकाने वाला है, क्योंकि जिसका भी मन से ध्यान करेगा उसी को वाणी के द्वारा बोलेगा । ***''यद्धिमनसा ध्यायति तद्वाचा वदति''*** ऐसा श्रुति में कहा गया है ।

ऐकाग्र्यप्रतिपादिकायास्स्मृतेः प्रदर्शनम् -

अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते ।
तेषान्नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम् १०८ ॥

अन्वयः -ये जनाः अनन्याः मां चिन्तयन्तः पर्युपासते । तेषां नित्याभियुक्तानाम् अहं योगक्षेमं वहामि।।

व्याख्या :- गीतावचनं प्रकृतार्थोपष्टम्भकतयोदाहरति । ये जना कृतयथोक्तवेदान्तश्रवणमननाः परमार्थतः परमात्मतत्त्वजिज्ञासवोऽनन्या येषामन्यो न विद्यते ते "अहं ब्रह्मास्मि" इति प्रत्यगभिन्नात्मा-परोक्षानुसन्धानेन भगवदभिन्नास्सन्तो मामद्वैतपरमात्मानं सर्वदा चिन्तयन्तो ध्यायन्तस्तथैवाद्वितीयतयैवा-नुसन्दधानाः पर्युपासते मदैक्यमापन्नास्तिष्ठन्ति परितस्सर्वकालदेशावस्थाविशेषेषु मदात्मनैव सन्तो ज्ञाननिष्ठा भवन्ति । एषां तेषां निरुक्तसिद्धानां साधकानां नित्याभियुक्तानामविच्छिन्नतया मय्येव संलग्नधियां मच्चित्तानामहं पूर्वोक्तरीत्याभेदेन सदा विचिन्त्यमानः परमात्माखण्डैकरसस्तादात्म्येनानु-सन्धीयमानो योगक्षेममनवाप्तभूमिकाप्रापणपूर्वकं समवाप्तभूमिकासंरक्षणं च तथासंभावनाविपरीता-दिभावनानां दूरीकरणपूर्वकं सम्प्राप्तात्मैकत्त्वस्थिरीकरणं च दृढं यच्छन्नलब्धप्रापणलब्धपरिरक्षणं च वहामि निरुक्तध्यानारूढतयैव सम्पादयामीति शम् ।।

ऐकाग्र्येण विपरीतभावनानाशनिरूपणम् -

इति श्रुतिस्मृती नित्यमात्मन्येकाग्रतान्धियः ।
विधत्तो विपरीताया भावनायाः क्षयाय हि ॥ १०९ ॥

पूर्वोक्त कथन में गीता का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - जो मनुष्य अनन्यभाव से मेरा चिन्तन करते हुए मेरी उपासना करते हैं, उन नित्य मुझमें अभियुक्त चित्तवालों के योग और क्षेम का वहन में करता हूँ ।।१०८।।

व्याख्या - पूर्वश्लोक में श्रुति का प्रमाण प्रस्तुत कर अब स्मृतिवचन को प्रस्तुत करते हैं । यह श्लोक गीता (९/२२) से उद्धृत है । यहाँ पर गीता का वचन प्रकृत प्रसंग को लक्ष्य कर कहा गया है । जिन्होंने यथारूप वेदान्तों का श्रवण और मनन कर लिया है और परमार्थ रूप से एकमात्र परमात्मतत्व की जिज्ञासा वाले हैं, वे अनन्यभाव से 'मैं ब्रह्म हूँ' इस ज्ञान के द्वारा मुझसे अभिन्नता को प्राप्त हुए सदा मेरा ही चिन्तन करते हुए मेरी उपासना करते हैं अर्थात् सभी काल और अवस्थाओं में मद्रूप ही होते हैं । ऐसे नित्य मुझमें संलग्न बुद्धिवालों के योग और क्षेम का वहन मैं करता हूँ । अप्राप्त की प्राप्ति को योग और प्राप्त की रक्षा को क्षेम कहते हैं । जो निदिध्यासनपरायण मेरे अनन्यभक्त हैं, उनके योग की अर्थात् विपरीतभावना आदि के निरसन की प्राप्ति और क्षेम की अर्थात् स्थिरीकरणादि प्राप्तवस्तु की रक्षा का वहन (सम्पादन) मैं करता हूँ । भाव यह है कि इस स्मृति से चित्त की एकाग्रता का विधान किया गया है ।

पूर्वोक्त श्रुति और स्मृति का तात्पर्य बताते हैं ।

अर्थ - इस प्रकार श्रुति और स्मृति विपरीतभावना की निवृत्ति के लिये आत्मा में सदा चित्त की एकाग्रता का विधान (प्रतिपादन) करती है ।।१०९।।

अन्वयः–इति श्रुतिस्मृती विपरीतायाः भावनायाः क्षयाय हि आत्मनि नित्यं धियः एकाग्रतां विधत्तः।।

व्याख्या :- पूर्वमुदाहृतयोश्श्रुतिस्मृत्योस्तात्पर्यमाचष्टे । इत्युक्तरीत्या श्रुतिस्मृती नित्यं धियो बुद्धेरात्मन्येकाग्रतामविच्छिन्नज्ञानप्रवाहीकरणरूपं विजातीयज्ञानानन्तरितं विधत्तः हि । कुतः ? विपरीताया भावनायाः क्षयाय विनाशाय । साधनविपरीतभावनाफलविपरीतभावनाभङ्गार्थमेवेति भावः । एवमेते श्रुतिस्मृती विपरीतभावनापनयनायानवरतमात्मन्यविच्छिन्नज्ञानसन्ततिमापादयत इति शम् ।।

विपरीतभावनास्वरूपमाह –

यद्यथा वर्तते तस्य तत्त्वं हित्त्वान्यथात्त्वधीः ।
विपरीता भावना स्यात्पित्रादावरिधीर्यथा ।। ११० ।।

अन्वयः - यत् यथा वर्तते तस्य तत्त्वं हित्त्वा अन्यथात्त्वधीः विपरीता भावना स्यात् । यथा पित्रादौ अरिधीः ।।

व्याख्या :- किं लक्षणा विपरीतभावनेयमित्याकाङ्क्षायां देहात्मत्त्वबुद्धेर्जगत्सत्यत्त्वबुद्धेश्चैव तत्त्वमिति सदृष्टान्तमाह । यद्वस्तु यथा येन रूपेण शुक्त्याद्याकारेण वर्तते तस्य वस्तुनस्तत्त्वं शुक्त्यादिरूपतां हित्त्वा परित्यज्यान्यथात्त्वधीर्विपरीतधर्मरूपेणान्यथात्त्वस्य रजतादिरूपत्त्वस्य धीर्ज्ञानं विपरीता भावना स्यात् । अत एवोक्तं भाष्यकृद्भि''रतस्मिंस्तद्बुद्धि''रिति । तत्र दृष्टान्तमाह । मन्दान्धकाराद्यवच्छेदेन पित्रादौ शत्रुत्त्वाभाववति तथान्येषु हितैषिष्वप्यरिधीश्शत्रुत्त्वबुद्धिर्यथा तथेति शम् ।।

व्याख्या - ***''तमेवधीरो विज्ञाय''*** यह श्रुति और ***''अनन्याश्चिन्तयन्तो मां''*** यह स्मृति सदा बुद्धि की आत्मा में एकाग्रता अर्थात् अविच्छिन्नज्ञानधाराकत्व का विधान करती है । किस लिये करती है ? तो कहते हैं कि ***''विपरीतभावनायाः क्षयाय हि''*** विपरीत भावना के नाश के लिये । भाव यह है कि पूर्वोक्त श्रुति और स्मृति 'मैं ब्रह्म नहीं हूँ' 'मैं जीव हूँ' इस प्रकार की विपरीतभावना को दूर करने के लिये अनवरत अविच्छिन्न ज्ञानसंतति का अर्थात् विजातीय प्रत्ययों का त्याग कर सजातीय प्रत्यय में चित्त की एकग्रता रूप निदिध्यासन करने का प्रतिपादन करती है ।

अब विपरीतभावना के स्वरूप का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - जो वस्तु जैसी है, उसके उस रूप को छोड़कर उस वस्तु में अन्यथा बुद्धि करना विपरीतभावना है, जैसे पिता आदि में शत्रुबुद्धि करना ।।११०।।

व्याख्या - पूर्व में कहा कि देहादि में आत्मत्वबुद्धि करना और जगत् में सत्यत्व बुद्धि करना, यह विपरीतभावना है । उसी का यहाँ समर्थन करते हैं कि जो वस्तु जिस रूप में नहीं है, उस वस्तु के अपने रूप को छोड़कर उसमें अन्यथा बुद्धि करना विपरीतभावना है अर्थात् शुक्ति में रजत न होने पर भी शुक्ति को रजत रूप मानना, अन्य के धर्मों को अन्य में आरोपित करना विपरीत भावना है । इसी को भगवान् भाष्यकार ने अध्यास कहा है ***''अतस्मिन्तत् बुद्धिरध्यासः''*** । इस विषय में दृष्टान्त देते हैं कि जैसे पितादि में शत्रुत्व बुद्धि करना (आदि शब्द से माता, गुरु आदि अपने हितैषियों का ग्रहण होता है) यद्यपि ये पुरुष का हित चाहने वाले हैं किन्तु उनकी दी हुई शिक्षा का वह पालन नहीं करता है और उनके बताये हुए सन्मार्ग का अनुसरण नहीं करता है । तथा पिता आदि को अपना शत्रु मान लेता है, यह विपरीतभावना है, उसी प्रकार प्रकृत में भी जानना चाहिये ।

आत्मनि विषये विपरीतभावनालक्षणसमन्वयप्रदर्शनम् –

आत्मा देहादिभिन्नोऽयं मिथ्या चेदं जगत्तयोः ।
देहाद्यात्मत्त्वसत्यत्त्वधीर्विपर्ययभावना ॥ १११ ॥

अन्वयः – अयम् आत्मा देहादिभिन्नः, इदं जगत् मिथ्या च । (अतः) तयोः देहाद्यात्मत्त्वसत्यत्त्वधीः विपर्ययभावना ।।

व्याख्या :- पूर्वोक्तं विपरीतभावनायाः लक्षणं प्रागुक्ते "बहुजन्मदृढाभ्यासाद्देहादिष्वात्मधीः क्षणात्। पुनः पुनरुदेत्येवं जगत्सत्यत्त्वधीरपी"ति तत्स्वरूपे योजयति । अयमात्मा परमार्थतो देहादिभिन्नो देहेन्द्रियमनोबुद्ध्यहङ्कारादिभ्यो भिन्नस्तथेदं जगच्च मिथ्याशब्दो नापह्नववचनः किन्त्वनिर्वचनीयता वचनः । तथापि तयोरात्मजगतोर्यथाक्रमं देहादावात्मत्त्वस्य जगति सत्यत्त्वस्य च धीर्विपर्ययभावनेत्युच्यते। आत्मत्त्वाभाववति देहादावात्मत्त्वबुद्धिस्सत्यत्त्वाभाववति जगति सत्यत्त्वबुद्धिश्च विपरीतभावना । तस्या अप्यतस्मिंस्तद्बुद्धित्त्वादिति लक्षणसमन्वय इति दिक् ।।

ब्रह्माभ्यासाद्विपरीता भावना विनश्यतीत्यत्र विशेषतो निरूपणम् –

तत्त्वभावनया नश्येत्सती देहातिरिक्तताम् ।
आत्मनो भावयेत्तद्वन्मिथ्यात्त्वं जगतोऽनिशम् ॥ ११२ ॥

अन्वयः – सा तत्त्वभावनया नश्येत् । अतः आत्मनः देहातिरिक्ततां तद्वत् जगतः मिथ्यात्त्वम् अनिशं भावयेत् ।।

उक्त लक्षण को प्रकृत में घटाते हैं ।

अर्थ – यह आत्मा देहादि से भिन्न है और यह जगत् मिथ्या है (ऐसा होने पर भी) उन दोनों में क्रम से देहादि में आत्मज्ञान और सत्यत्वज्ञान होना विपरीतभावना है ।।१११।।

व्याख्या – श्लोक १०३ में विपरीतभावना का जो लक्षण कहा था, उसी को प्रकृत में घटाते हैं । यह प्रत्यगात्मा देहादि से अर्थात् अन्नमयादि पाँचों कोशों से भिन्न है और यह जगत् मिथ्या है । (यहाँ मिथ्या शब्द अपह्नववचन नहीं है किन्तु अनिर्वचनीयतावचन है ।) ऐसा होने पर भी आत्मा और जगत् दोनों में क्रम से देहात्मत्वज्ञान और सत्यत्वज्ञान होना विपरीतभावना है । अर्थात् जो आत्मा नहीं है, उन देहादि में आत्मत्वबुद्धि करना और जो असत्य जगत् है, उसमें सत्यत्वबुद्धि करना, इसी को विपरीतभावना कहते हैं ।

चित्त की एकाग्रता से विपरीतभावना नष्ट होती है, इस प्रकार पूर्व में सामान्य रूप से कहे हुए अर्थ को विशेष रूप से दर्शाते हैं ।

अर्थ – वह विपरीतभावना तत्त्वभावना से नष्ट होती है, इसलिये आत्मा की देहातिरिक्तता और जगत् के मिथ्यात्व का निरन्तर चिन्तन करें ।।११२।।

व्याख्या – ***"विपरीता भावनेयं ऐकाग्र्यात् सा निवर्तते"*** (पं.द. ७/१०४) इस प्रकार पूर्व में एकाग्रता से विपरीतभावना की निवृत्ति कही गई, उसी को विशद करते हुए कहते हैं कि वह विपरीतभावना तत्त्वभावना से अर्थात् तत्त्वचिन्तन से नष्ट होती है । इसलिये आत्मा को अन्नमयादि पाँचों कोशों से भिन्न

व्याख्या :- पूर्वं सामान्येन यदुक्तं "विपरीता भावनेयमैकाग्र्यात्सा निवर्तत" इति तदत्र विशेषेण निरूप्यते । या विपरीतभावना देहाद्यात्मत्वजगत्सत्यत्त्वधीरूपा सा तत्त्वभावनया तत्त्वनिश्चयेनात्मनो देहाद्यतिरिक्तत्त्वस्य जगतो मिथ्यात्त्वस्य च भावनया नैरन्तर्यध्यानेन नश्येदित्यतोऽनवरतमात्मनो देहेन्द्रियाद्यतिरिक्ततां पञ्चकोशेभ्यो भिन्नतां तद्वद्देहेन्द्रियादेर्जगतश्च मिथ्यात्त्वं भावयेत् । अत्र च वातिककारै"भावनाजं फलं यत्स्याद्यच्च स्यात्कर्मणः फलम् । न तत्स्थास्न्विति विज्ञेयं पण्यस्त्रीसङ्गतं यथे"ति । भावनाजन्यानां कर्मजन्यानां च फलानां विनश्वरत्त्वोक्तेः कथं तत्त्वभावनाविनष्टविपरीत-भावनायाः पुनरुदय इति चेन्न । समुदाहृतस्यास्य वार्तिकस्य तत्त्वज्ञानप्राक्कालिकभावनाभिप्राय-कत्त्वात्सम्प्रयुक्तभावनायास्तु तद्दार्ढ्यार्थं तदुत्तरकालिकतत्त्वानुसन्धानमात्ररूपत्त्वेन तत्त्वज्ञानसमान-फलकत्त्वाच्चेति न दोषः । एवं दृढाभ्यासे सम्पादिते विपरीतभावना परेतभावना भवतीति शम् ।।

ब्रह्माभ्यासस्य नियमाभावविचारणम् -

किं मन्त्रजपवन्मूर्तिध्यानवद्वात्मभेदधीः ।
जगन्मिथ्यात्त्वधीश्चात्र व्यावर्त्या स्यादुतान्यथा ।। ११३ ।।

अन्वयः - अत्र आत्मभेदधीः जगन्मिथ्यात्त्वधीः च मन्त्रजपवत् किं वा मूर्तिध्यानवत् उत अन्यथा व्यावर्त्या स्यात् ।।

व्याख्या :- जपोपासनादिवत्तत्त्वभावना नियमानपेक्षते न वेति विचारः । तत्र च भावना हि "मनसो भाव्याकारवृत्तिपरम्परे"ति तु निर्विवादो नियमसद्भावासद्भावरूपयोरुभयोः पक्षयोः । तथापि

और जगत् को मिथ्या रूप से चिन्तन करें । इस प्रकार निरन्तर चिन्तन करने से विपरीतभावना नष्ट हो जाती है । यहाँ शंका होती है कि वार्तिककार ने तो कर्म और भावना (उपासना) से प्राप्त होने वाले फल को नश्वर बताया है ।

भावनाजं फलं यत्स्याद्यच्च स्यात्कर्मणः फलम् ।
न तत्स्थास्न्विति विज्ञेयं पण्यस्त्रीसङ्गतं यथा ।।

ऐसी स्थिति में तत्त्वभावना का फल भी नश्वर होगा । तत्त्वभावना के नष्ट होते ही विपरीतभावना पुनः उत्पन्न हो जाएगी । यदि ऐसी शंका हो तो उसका उत्तर यह है कि आपके द्वारा प्रसतुत इस वार्तिक को तत्त्वज्ञान से पूर्व की हुई भावना को लक्ष्य कर कहा गया है । किन्तु प्रकृत में जो भावना बतायी गई है, वह ज्ञानोत्तरकाल की है । तत्त्वज्ञान होने पर उस ज्ञान की दृढ़ता के लिये तत्त्व का अनुसन्धान मात्र प्रकृत में विवक्षित है । इसलिये उसका फल भी तत्त्वज्ञान के फल के समान ही है अतः कोई दोष नहीं है । इस प्रकार दृढ़ाभ्यास से विपरीतभावना नष्ट हो जाएगी ।

उपासना के समान तत्त्वभावना में भी नियमों की अपेक्षा है या नहीं ? यह शंका प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - आत्मा की देहादियों से भिन्नता का ज्ञान और जगत् मिथ्यात्व बुद्धि मन्त्रजप की तरह अथवा मूर्तिध्यान की तरह प्रकृत में क्या नियम से करनी चाहिये ? अथवा अन्यथा करनी चाहिये ?११३।।

व्याख्या - जपोपासनादि के समान तत्त्वभावना (निदिध्यासन) में भी नियमों की अपेक्षा है अथवा नहीं, इसका विचार करते हैं । ***"मनसो भाव्याकारवृत्तिपरम्परा भावना"*** मन की भाव्याकार वृत्ति

"सहस्रपरमादेवी"त्यादिवचनात्किमसौ प्रातस्सन्ध्योपासने प्रत्यहं सहस्रजपवन्नियमेन सङ्ख्यया ब्रह्मात्मैक्यविषयकचित्तवृत्तिद्वैतमिथ्यात्त्वविषयकतद्वृत्तिश्चावर्तनीयाहो स्वि "तत्र प्रत्ययैकतानता ध्यान"मिति पातञ्जलसूत्राद्विजातीयवृत्त्यनास्कन्दितध्येयाकारसजातीयवृत्तिप्रवाहीकरणम् । "सञ्चिन्तयेद्भगवतश्चरणारविन्दं वज्राङ्कुशध्वजसरोरुहं लाञ्छनाढ्यम् । उत्तुङ्गरक्तविलसन्नखचक्रवालज्योत्स्नाभिराहतमहद्धृदयान्धकारम्।। इत्यारभ्य "ध्यानायनं प्रहसितं बहुलाधरोष्ठभासारुणायिततनुद्विजकुन्दपङ्क्ति । ध्यायेत्स्वदेहकुहरेऽवसितस्य विष्णोर्भक्त्याऽऽर्द्रयार्पितमना न पृथग्दिदृक्षेत्" इत्यन्तग्रन्थादिषु प्रतिपादितविष्ण्वादिदेवताध्यानं यत्तद्ब्रह्ममुहूर्तादावनुदिनमनुष्ठेयं ? यद्वा प्रकारान्तरेणानियमेनेति विचराणामारभते । आत्मभेदधीरात्मनो देहादिभ्यो विभिन्नज्ञानं जगन्मिथ्यात्त्वधीश्च जगतो मिथ्यात्त्वानुसन्धानं च मन्त्रजपवन्मन्त्रकरणकदेवताध्यानादिवत्किं नियमितसङ्ख्याविधानेन सन्ध्यादौ गायत्र्या मन्त्रजपादावावृत्तिवदथ मूर्तिध्यानवन्मूर्तेश्शङ्खचक्रगदाधरत्त्वादिविशेषाकारविशिष्टस्य यस्य कस्य चिद्देवताविग्रहस्य ध्यानवत्किमावर्तनादिसङ्ख्यानियमादिपुरस्सरमनुष्ठातव्यमुत वान्यथा लौकिकव्यवहारादिवन्नियमनवलम्ब्यैव वानुष्ठेयेति शम्।।

दृष्टफलत्त्वादनियम इति निरूपणम् –

अन्यथेति विजानीहि दृष्टार्थत्त्वेन भुक्तिवत् ।
बुभुक्षुर्जपवद्भुङ्क्ते न कश्चिन्नियमः क्वचित् ॥ ११४ ॥

परम्परा को भावना (उपासना) कहते हैं, यह निर्विवाद है फिर भी उनमें नियमों का सद्भाव है अथवा असद्भाव इस पर विचार आवश्यक है । ***'सहस्रपरमादेवी'*** इस वचनके अनुसार जैसे प्रातः सन्ध्योपासना में प्रतिदिन एक हजार गायत्री जप का नियम बताया गया है, उसी प्रकार तत्त्वभावना भी क्या संख्या रूप नियम सापेक्ष है ? अर्थात् ब्रह्मात्मैक्यविषयक चित्तवृत्ति और द्वैत मिथ्यात्व विषयक वृत्ति क्या संख्या के अनुसार आवर्तनीय है ? अथवा ***"तत्र प्रत्यैकतानता ध्यानम्"*** इस योगसूत्रानुसार विजातीय वृत्तियों से रहित ध्येयाकार सजातीयवृत्तिप्रवाह रूप है अथवा –

सञ्चिन्तयेद्भगवतश्चरणारविन्दं वज्राङ्कुशध्वजसरोरुहलाञ्छनाढ्यम् ।
उत्तुङ्गरक्तविलसन्नखचक्रवालज्योत्स्नाभिराहतमहद्धृदयान्धकारम्।। ***(भा.*** ३/२८/२१)

यहाँ से प्रारम्भ कर –

ध्यानायनं प्रहसितं बहुलाधरोष्ठभासारुणायिततनुद्विजकुन्दपंक्ति ।
ध्यायेत्स्वदेहकुहरेऽवसितस्य विष्णो र्भक्त्याऽऽर्द्रयार्पितमना न पृथग्दिदृक्षेत्।।(भा.३/२८/३३)

यहाँ तक के कपिलोपदेश में वर्णित विष्णु आदि के ध्यान के समान तत्त्वभावना भी अनुदिन अनुष्ठेय है ? अथवा अन्यथा करनी चाहिये ? ऐसी आकांक्षा को प्रस्तुत करते हैं । आत्मा की देहादि से भिन्नता का ज्ञान और जगत् मिथ्यात्व बुद्धि मन्त्रजपवत् अर्थात् नियमित संख्या विधानयुक्त गायत्री मन्त्र के जप के समान करनी चाहिये अथवा शंख-चक्रादि विशेष आकार वाली मूर्ति (देवता-विग्रह) के ध्यान के समान बारम्बार आवृत्ति करनी चाहिये ? अथवा अन्यथा करनी चाहिये अर्थात् लौकिक व्यवहार में जैसे कोई नियम नहीं है, वैसे ही नियम के अवलम्बन के बिना ही (तत्त्वभावना) करनी चाहिये ?

पूर्वोक्त आशंका का दृष्टान्त पूर्वक समाधान देते हैं ।

अर्थ – तत्त्वभावना नियम के बिना ही करनी चाहिये, ऐसा तुम जानो, क्योंकि भोजन की तरह

अश्नाति वा न वाश्नाति भुङ्क्ते वा स्वेच्छयान्यथा ।
येन केन प्रकारेण क्षुधामपनिनीषति ॥ ११५ ॥

अन्वयः - अन्यथा इति विजानीहि । दृष्टार्थत्त्वेन, भुक्तिवत् । बुभुक्षुः कश्चित् क्वचित् जपवत् नियतः न भुङ्क्ते ।।

अन्वयः - अश्नाति वा न वा अश्नाति अन्यथा वा स्वेच्छया भुङ्क्ते । येन केन प्रकारेण क्षुधाम् अपनिनीषति ।।

व्याख्या :- आत्मसाक्षात्कारस्य दृष्टफलत्त्वेन न नियमापेक्षेति चरमपक्षमवलम्ब्य कथयति । दृष्टार्थत्त्वेन प्रत्यक्षतोऽनुभूयमानफलकत्त्वेन भुक्तिवद्भोजनवत्सद्यः फलकारिणि भोजन इवान्यथा विना नियमं समनुष्ठेयमिति विजानीहि । दृष्टार्थानामपि भोजनादीनां श्रौतस्मार्ताश्च नियमाः केचन समुपलभ्यन्त एवेत्याशङ्कायामाह । केवलं क्षुदपनयनाय बुभुक्षुभोजने तीव्रतरेच्छावान्कश्चिदपि पुरुषो नियतस्सञ्जपवज्जपं कुर्वाणाः पुरुषा इव नियमेन न भुङ्क्ते । परं यथाक्षुद्बाधोपशान्तिर्भवेत्तथैव भुङ्क्ते। ये तु नियमाश्श्रुतिस्मृत्युपपादिता भोजनविषयकास्तेषां फलं न क्षुन्निवृत्तिरपि त्वदृष्टं फलमिति दृष्टफलविषये न कोऽप्यस्ति नियम इति सिद्धम् । क्षुदुपशमफलके भोजने नियमाभावं प्रपञ्च्य दर्शयति । क्षुद्बाधापीडितस्तन्निवृत्तयेऽश्नाति यथेच्छं सत्यन्नम् आकण्ठं भुङ्क्ते । कदाचित्कार्यान्तरव्यापृतो विक्षिप्तमनस्को द्यूतादिना विस्मृततद्बाधो नाश्नाति तस्मिन्नन्नेऽसति क्षुद्बाधाविस्मारकभगवत्सङ्कीर्तनासक्तोऽनश्नन्नेव कालं नयति । तथान्यथा वा तिष्ठन्गच्छञ्छयानो वा कथञ्चित्स्वेच्छया भुङ्क्ते । एवं येन केनापि प्रकारेण तात्कालिकी क्षुद्बाधा भोजनेन नश्यत्येवेति क्षुन्निवृत्तिमात्रदृष्टफलके भोजने नैव सन्ति नियमाः । ये च धार्मिका नियमा आयुर्वेदसिद्धा वा ते सर्वेऽपि क्षुन्निवृत्तिरूपफलस्वरूपे

वह दृष्ट फल वाली है । कोई भी भूखा पुरुष जप करने के समान कहीं भी नियम पूर्वक भोजन नहीं करता है ।।११४।।

व्याख्या - निदिध्यासन एक प्रकार का ध्यान है । प्रश्न यह उठता है कि क्या इसे विधानपूर्वक करना चाहिये अथवा बिना विधान के करना चाहिये ? इसका उत्तर देते हैं कि निदिध्यासन (तत्त्वभावना) करने का कोई नियम नहीं है । क्योंकि यह भोजन की तरह दृष्ट फल वाला है । जैसे भोजन करने पर क्षुधा की तुरन्त निवृत्ति होती है, वैसे ही तत्त्वभावना का फल जीवन्मुक्ति भी दृष्ट है । इस विषय में दृष्टान्त देते हुए कहते हैं कि कोई भी भूखा पुरुष जप करने के समान कहीं पर भी नियमपूर्वक भोजन नहीं करता । यदि किसी अत्यन्त क्षुधापीड़ित व्यक्ति के सामने भोजन आ जाए तो वह नियमपूर्वक भोजन नहीं करता । जैसे जप करने के लिये उचित देश, काल, संख्या आदि का स्मरण करके जापक जप करता है, वैसे भूखा व्यक्ति अपनी भूख मिटाने के लिये नियमों की अपेक्षा नहीं करता है, क्योंकि नियमादि भूख मिटाने के लिये नहीं हैं । भूख मिटाने के लिये तो भोजन है, उसी से क्षुधा शान्त होती है, अतः वह नियमों का ध्यान नहीं रखता है । जैसे भी क्षुधा शान्त हो, वैसा ही प्रयत्न करता है । वैसे ही तत्त्वभावना के लिये भी कोई विशेष नियम की अपेक्षा नहीं है।

उक्तार्थ को विशद करते हैं ।

अर्थ -भूखा व्यक्ति भोजन करता है अथवा नहीं करता है अथवा स्वेच्छा से अन्यथा भोजन करता

नोपयोक्ष्यन्ति । परन्ते नियमा पूर्वसम्पत्तिद्वारा परलोकसुखहेतुभूता आरोग्यकारका वा इति तत्त्वमिति दिक्।।

अदृष्टफलकजपादौ नियमानामवश्यकतानिरूपणम् –

नियमेन जपङ्कुर्यादकृतौ प्रत्यवायतः ।
अन्यथाकरणेऽनर्थस्स्वरवर्णविपर्ययात् ।। ११६ ।।

अन्वयः – नियमेन जपं कुर्यात् । अकृतौ प्रत्यवायतः । अन्यथाकरणे स्वरवर्णविपर्ययात् अनर्थः।।

व्याख्या :– भोजनाद्वैलक्षण्यं जपादौ दर्शयति । नियमेन प्रात्याहिकसहस्रसङ्ख्यादिक्काल–देशासनादिनियमेन जपं कुर्यात् । तत्र कारणं प्रकटयति । अकृतावकरणे नियमेनाकरणे च प्रत्यवायतः पापप्राप्तेः । भवत्वेवमकरणे प्रत्यवायः । अन्यथा करणे त्वनर्थश्चेत्याह । ''सन्ध्याहीनोऽशुचिर्नित्य–मनर्हस्सर्वकर्मस्वि''त्यादिस्मृतिषु प्रत्यवायसन्दर्शनात्तथानर्थदर्शनाच्च । अन्यथाकरणे यथेच्छं विधिमतिरिच्यकरणे स्वरवर्णविपर्ययात्स्वरस्य वर्णस्य च व्यत्यासा ''न्मन्त्रो हीनस्वरतो वर्णतो वा मिथ्या प्रयुक्तो न तमर्थमाह । स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति यथेन्द्रशत्रुस्स्वरतोऽपराधा''दित्यादिने

है । वह जैसे–तैसे अपनी भूख को दूर करने की इच्छा करता है ।।११५।।

व्याख्या – आचार्य भूख के दृष्टान्त का विस्तार करते हैं । भूखे व्यक्ति को यदि भोजन प्राप्त हो जाए तो उसे खाकर वह अपनी भूख मिटाता है और किसी कारणवश भोजन प्राप्त न होने पर भोजन नहीं करता है । भूख को भुला देने वाले कामों में समय काटता है । अथवा स्वेच्छा से अन्यथा भोजन करता है अर्थात् बैठे–बैठे, खड़े–खड़े, चलते–चलते, लैटकर जिस किसी भी प्रकार से भूख शान्त हो वैसा ही प्रयत्न करता है । भाव यह है कि भोजन काल में जिन नियमों का वर्णन किया गया है, वे नियम इस श्लोक से सम्बन्धित नहीं हैं । वे अपूर्व जनक हैं अर्थात् परलोक में सुख प्राप्ति के हेतु हैं । उनके पालन से भूख शान्त नहीं होती है । इसलिये क्षुधापीड़ित व्यक्ति चाहे बैठकर, चलते हुए या खड़े होकर किसी भी प्रकार भोजन करता है तो उस भोजन से उसकी भूख अवश्य मिटेगी, इसमें कोई सन्देह नहीं है । इसी प्रकार तत्त्वभावना भी दृष्टफल वाली होने से उसके लिए किसी नियम की आवश्यकता नहीं है ।

अदृष्टफलक जपादि में नियमों की आवश्यकता का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – जप को तो नियमपूर्वक ही करना चाहिये, क्योंकि विधिपूर्वक जप न करने से प्रत्यवाय होता है और अन्यथा करने पर स्वर और वर्ण के विपरीत हो जाने से अनर्थ की प्राप्ति होती है ।।११६।।

व्याख्या – निदिध्यासन करने में किसी नियम की आवश्यकता नहीं है किन्तु जप आदि साधनाओं में नियमों का पालन करना अति आवश्यक है । विधिपूर्वक यदि कोई जप न करे अथवा जप का संकल्प करने के बाद जप न करे तो प्रत्यवाय अर्थात् पाप लगता है । और यदि अन्यथा करता है तो अनर्थ को प्राप्त होता है । अन्यथा जप करने पर मन्त्र के स्वर और वर्णों का उच्चारण ठीक तरह से नहीं हो पाता और अशुद्ध मन्त्र का जप करने से जापक अनर्थ को प्राप्त होता है ।

मन्त्रो हीनः स्वरतो वर्णतो वा मिथ्याप्रयुक्तो न तमर्थमाह ।
स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोऽपराधात् ।। (पा.शि. ५२)

स्वर और वर्ण से हीन मन्त्र का व्यर्थ प्रयोग होने से उसका उचित फल प्राप्त नहीं होता है । स्वर

''न्द्रशत्रुर्वर्धस्वे''त्यादिमन्त्रेष्विव स्वरतोऽपराधादिन्द्रशत्रोर्यथा निधनरूपोऽनर्थ एव संवृत्तस्तथैव भवेदित्यतोऽदृष्टफलकेषु जपादिषु तु सर्वे नियमा यथातथमनुष्ठेया इति शम् ।।

विपरीतभावनाया अपि दृष्टफलकत्त्वादनियम इति निरूपणम् -

क्षुधेव दृष्टबाधाकृद्विपरीता च भावना ।
जेया केनाप्युपायेन नास्त्यत्रानुष्ठितेः क्रमः ।। ११७ ।।

अन्वयः - क्षुधा इव विपरीता भावना च दृष्टबाधाकृत् । केन अपि उपायेन जेया । अत्र अनुष्ठितेः क्रमः न अस्ति ।।

व्याख्या :- दृष्टानर्थहेतुत्त्वात्क्षुधायास्तदुपशमाय क्रियमाणभोजने तस्मिन्दृष्टफलस्वरूपे न किमपि नियमानां प्रयोजनमुत्पश्याम इति तु युक्तमथापि विपरीतभावनाप्रभञ्जकतत्त्वानुसन्धाने कुतो वा नियमालोप इति चेदुच्यते । यथा दृष्टबाधाकृत्क्षुधा तथैव विपरीतापि भावना दृष्टफलकैवेति केनाप्युपायेन सा प्रशमनीया । न ह्यत्र विपरीतभावना नाशविषयेऽनुष्ठितेः क्रमः कोऽप्यस्ति । यथा प्रत्यक्षतोऽनुभूयमाना क्षुद्बाधा यथाकथं चिद्यथा निवर्त्यत एवमेव विपरीतभावनाया दुःखहेतुत्त्वस्य निखिलमुमुक्षुजनानुभव-सिद्धत्त्वात्कथमपि प्रकारेण विनाशनीयैवेति शम् ।।

के अपराध से जैसे इन्द्र का शत्रु मारा गया, उसी प्रकार वाणी रूपी वज्र यजमान का हनन करता है ।

एक बार देवगुरु बृहस्पति जी के उपलब्ध न होने पर इन्द्र ने त्वष्टा के पुत्र विश्वरूप का वरण कर उससे यज्ञ करवाया । विश्वरूप दैत्यों का भानजा था । इसलिये देवों की आहुति के साथ चुपके से दैत्यों के लिये भी आहुति देने लगा । देवराज इन्द्र को जब यह बात पता चली तो उसने विश्वरूप के तीनों मस्तक काट लिये । विश्वरूप के पिता त्वष्टा को जब यह पता चला तो उसने इन्द्र को मारने के लिये यज्ञ किया ''इन्द्रशत्रुर्वर्धस्व'' कह कर यज्ञ में आहुति देने लगा । किन्तु क्रोध के कारण उससे मन्त्र में स्वर और वर्ण का विपर्यय हो गया, जिससे यज्ञकुण्ड से वृत्रासुर की उत्पत्ति हुई, जो इन्द्र को मारने के बदले स्वयं ही इन्द्र से मारा गया । इसलिये मन्त्रोच्चारण में नियम का पालन करना अति आवश्यक है ।

विपरीतभावना भी दृष्ट फलदायी होने से उसकी निवृत्ति आवश्यक है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - क्षुधा की तरह विपरीतभावना भी दृष्ट दुःख देने वाली होने से किसी भी उपाय से उसको जीतना चाहिये । इसमें (विपरीतभावना के निवर्तक उपाय में) अनुष्ठान का कोई नियम नहीं है ।।११७।।

व्याख्या - क्षुधा तो दृष्टदुःख का कारण है, इसलिये उसकी निवृत्ति के लिये बिना नियम के ही भोजन किया जा सकता है किन्तु विपरीतभावना तो वैसी नहीं है, तो फिर उसकी निवृत्ति के लिये तत्त्वभावना रूपी उपाय को नियम पूर्वक क्यों नहीं करना चाहिये ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि क्षुधा की तरह विपरीतभावना भी दृष्टदुःख देनेवाली है । जैसे क्षुधा प्रत्यक्ष दुःख का कारण है, वैसे ही विपरीतभावना भी प्रत्यक्ष दुःख का हेतु है । इसलिये वह जीतने योग्य है अर्थात् निवृत्त करने योग्य है । जैसे भी हो विपरीतभावना को दूर करने का प्रयत्न करना चाहिये । विपरीतभावना को दूर करने वाली तत्त्वभावना के लिये कोई नियम की आवश्यकता नहीं है । जैसे भी हो विपरीतभावना का नाश करना चाहिये ।

विपरीतभावनाप्रशमनोपायप्रदर्शनम् -

उपायः पूर्वमेवोक्तस्तच्चिन्ताकथनादिकः ।
एतदेकपरत्त्वेऽपि निर्बन्धो ध्यानवन्न हि ॥ ११८ ॥

अन्वयः - उपायः तच्चिन्तनकथनादिकः पूर्वम् एव उक्तः एतदेकपरत्त्वे अपि ध्यानवत् निर्बन्धः न हि ।।

व्याख्या :- कथञ्चित्प्रशमनीया विपरीतभावनेत्युक्तं कस्तत्रोपाय इत्यत्र स पूर्वमेवोक्त इति तं स्मारयति । "तच्चिन्तनं तत्कथनमन्योऽन्यं तत्प्रबोधनम् । एतदेकपरत्त्वं च ब्रह्माभ्यासं विदुर्बुधाः।।" इति पूर्वमेवायमुपायस्तच्चिन्ताकथनादिकं आदिनान्योऽन्यतत्प्रबोधनादिरुक्त एव । जपादिवद्देशकाल-वस्त्वादिनियमो यद्यपि माभूत्तथापि ध्यानादिवदेतदेकपरत्त्वरूपैकाग्रता नियमस्तु विद्यत एवेत्याशङ्कायामाह ध्यानवन्न हि निर्बन्धोऽस्ति । अत्र मूर्तिध्यानादिषु ध्येयैकपरत्त्ववदिहापि भाव्यैकपरत्त्वमित्येकपरत्त्वांशे भावनाया ध्यानसाम्ये कथञ्चित्सत्यपि तदेकपरत्त्वाख्ये चतुर्थे तदुपायांशे चित्तवृत्तेः परमात्मेतराविषयकत्त्वे सति सदा तदेकविषयकत्त्वेन यमाद्यष्टाङ्गसाध्यत्त्वान्महानस्ति निर्बन्ध इति नियमा अपेक्ष्यन्त एवेति मा शङ्क्यम् । भावनाया अनुसन्धानरूपत्त्वाद्ध्यानस्य मानसक्रियारूपत्त्वेन वैलक्षण्यसद्भावान्नात्र नियमापेक्षेति दिक् ।।

अनुसन्धानध्यानवैलक्षण्यनिरूपणम् -

मूर्तिप्रत्ययसान्तत्यमन्यानन्तरितन्धियः ।
ध्यानन्तत्रातिनिर्बन्धो मनसश्चञ्चलात्मनः ॥ ११९ ॥

विपरीतभावना के उपशमन के लिये पूर्वोक्त उपाय का स्मरण कराते हैं।

अर्थ - ब्रह्म के चिन्तन और कथन आदि के उपाय पहले ही कह दिये हैं । उसमें एकमात्र ब्रह्म में ही तत्पर रहने के लिये जो कहा गया है, उसमें भी ध्यान के समान निर्बन्ध (चित्तनिरोध का नियम) नहीं है ।।११८।।

व्याख्या - विपरीतभावना का नाश कैसे करना चाहिये ? ऐसी आकांक्षा होने पर कहते हैं कि विपरीतभावना ब्रह्माभ्यास से नष्ट होती है और उस ब्रह्माभ्यास के स्वरूप को हम श्लोक १०६ में ***''तच्चिन्तनं तत्कथनं''*** इत्यादि रूप से बता चुके हैं । ब्रह्म के चिन्तन और कथन आदि के उपाय पूर्व में कह दिये गये हैं । उनमें से ***'एतदेकपरत्वम्'*** रूप जो ब्रह्माभ्यास है अर्थात् निदिध्यासन है, उसके लिये कोई नियम की अपेक्षा नहीं है । जैसे ध्यान करने के लिये उचित देश-काल के साथ चित्त का निरोध भी अपेक्षित है, उसी तरह निदिध्यासन के लिये किसी नियम की अपेक्षा नहीं है । यद्यपि मूर्तिध्यान में जैसे ध्येयैकपरत्व होना आवश्यक है, वैसे ही निदिध्यासन में भी भाव्यैकपरत्व होना आवश्यक होने से दोनों में समानता है तथापि दोनों में विलक्षणता है । ध्यानादि नियम सापेक्ष है, उसमें यम-नियमादि का पालन करना आवश्यक है, किन्तु निदिध्यासन अनुसन्धान रूप होने से नियम सापेक्ष नहीं है । इसलिये कहा कि ध्यान करने के समान तत्त्वभावना करने में कोई नियम नहीं है ।

अनुसन्धान से ध्यान की विलक्षणता का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - बुद्धि में अन्य वृत्ति के अन्तराल बिना मूर्ति प्रत्यय का सतत (अविच्छिन्न) बना रहना ध्यान

अन्वयः - धियः मूर्तिप्रत्ययसान्तत्यम् अन्यानन्तरितं ध्यानम् । तत्र चञ्चलात्मनः मनसः अतिनिर्बन्धः ।।

व्याख्या :- ध्यानानुसन्धानयोः को विशेष इत्याकाङ्क्षायां ध्येयैकचिन्तात्मकत्त्वाद्ध्यानस्य ध्याने विद्यमानान्नियमान्सन्दर्शयितुं ध्यानस्वरूपं प्रदर्श्यते । अन्यानन्तरितमन्यैर्विजातीयप्रत्ययधारा-विशेषैरनन्तरितमव्यवहितं धियो बुद्धेस्सम्बन्धिनां मूर्तिप्रत्ययसान्तत्यं ध्येयदेवताया मूर्तिगोचरप्रत्ययानां सान्तत्यमविच्छिन्नतया वर्तमानत्त्वं तदन्यजातीयज्ञानानन्तरितं सद्ध्यानमित्यभिधीयते । अत्र मूर्तिशब्दस्स-गुणाभिप्रायेण प्रयुक्तः । मनसश्चञ्चलात्मनश्च फलस्वरूपस्य तत्र ध्यानविषयेऽतिनिर्बन्धोऽत्यन्तं निरोधो यथा सदा पर्यटनशीलस्य हयगजादेरेकत्रस्तम्भादौ बन्धने यथोपरोधो भवति तद्वद्ब्रह्मस्तम्भे दृढभक्तिरज्वा मनो बद्ध्वा निरुन्ध्यात् । अनिरोधे प्रत्ययान्तरैर्विच्छेदाद्ध्यानास्वरूपमेव भज्येतेति शम् ।।

मनसश्चाञ्चल्यस्वभावत्त्वे गीतावचनस्योदाहरणम् -

चञ्चलं हि मनः कृष्ण प्रमाथि बलवद्दृढम् ।
तस्याहन्निग्रहं मन्ये वायोरिव सुदुष्करम् ।। १२० ।।

अन्वयः - कृष्ण हि (यतः) मनः चञ्चलं प्रमाथि बलवत् दृढम् । तस्य निग्रहं वायोः इव अहं सुदुष्करं मन्ये ।।

व्याख्या :- अस्मिन्नर्थेऽर्जुनवाक्यमनुकूलयति । हे कृष्ण पापानि कर्षतीति कृष्णः । प्रमाथि शरीरेन्द्रियाणां प्रमथनशीलमतः पुंसो व्याकुलत्त्वकारणं बलवतापि पुरुषेण तत्सर्वसामर्थ्येनाप्यनिग्राह्यं

है । उससे चंचल स्वभाव वाले मन का अत्यन्त निरोध हो जाता है ।।११९।।

व्याख्या - ध्यान भी तो ध्येय के चिन्तन रूप ही है तो फिर ध्यान में कौन-सा निर्बन्ध है ? ऐसी आशंका के उत्तर में ध्यान में निर्बन्ध दिखाने के लिये सर्वप्रथम ध्यान का स्वरूप दिखाते हैं । चित्त की वृत्तियाँ दो प्रकार की हैं - एक सजातीय और दूसरी विजातीय । सामान्य रूप से चञ्चल मन में विजातीय वृत्तियाँ आती रहती हैं, इनसे जगत् के नानारूप पदार्थों का ज्ञान या स्मरण होता रहता है, किन्तु सजातीय वृत्ति में एक ही वृत्ति का पुनरावर्तन होता है । इसलिये विजातीय वृत्ति का व्यवधान उत्पन्न हुए बिना एक ही देवता की मूर्ति का निरन्तर सजातीय वृत्ति से चिन्तन करना ध्यान कहलाता है । ध्यान से मन में एकाग्रता आती है किन्तु चञ्चल मन को एकाग्र करना अत्यन्त कठिन है । भाव यह है कि अनुसन्धान से ध्यान इसलिये विलक्षण है क्योंकि ध्यान में चित्त का निरोध आवश्यक है, यदि उसका निरोध नहीं किया जाता है तो ध्यानकाल में चित्त अन्य प्रत्ययों से विच्छिन्न हो जाता है और ऐसी स्थिति में ध्यान का स्वरूप ही नष्ट हो जाता है । अतः ध्यान एकाग्रता रूप नियम आपेक्ष होने से तत्त्वभावना से विलक्षण (भिन्न) है ।

मन की चञ्चलता के विषय में श्रीमद्भगवद्गीता के वाक्य का उदाहरण देते हैं ।

अर्थ - (अर्जुन कहता हैं) हे कृष्ण ! मन बड़ा ही चञ्चल, प्रमथन स्वभाव वाला, बड़ा दृढ़ और बलवान् है । इसलिये उसको वश में करना मैं वायु को रोकने की भाँति अत्यन्त दुष्कर मानता हूँ ।।१२०।।

व्याख्या - यह श्लोक **श्रीमद्भगवद्गीता** (६/३४) से उद्धृत है । भगवान् श्रीकृष्ण ने अर्जुन को मन एकाग्र कर ध्यानाभ्यास का उपदेश दिया तब अर्जुन भगवान् से बोले कि हे कृष्ण ! यह मन बड़ा

चञ्चलस्वभावमृगादेरपि चञ्चलतरम् । कामादिप्राबल्येन विवेकप्रमथनमस्वभावम् । महता पुरुषेणाग्रहादपि निग्रहीतुमशक्यं दृढकान्तादिविषयेभ्य आक्रष्टुमशक्यं वायोरिव सत्यसति वा विषये संलग्नमच्छेद्यं तत उद्धर्तुमशक्यं यतस्ततस्तस्य मनसो निरोधेऽवश्यं यत्नो विधेय इति शम् ।।

मनसो दुर्निग्रहत्त्वे वासिष्ठवचनोदाहरणम् –

अप्यब्धिपानान्महतस्सुमेरून्मूलनादपि ।
अपि वह्न्यशनात्साधो विषमश्चित्तनिग्रहः ॥ १२१ ॥

अन्वयः–साधो अब्धिपानात् अपि महतः सुमेरोः उन्मूलनात् अपि वह्न्यशनात् अपि चित्तनिग्रहः विषमः।।

व्याख्या :– यथागीतोक्तिस्तथैव वासिष्ठोक्तिरपीत्याह । चित्तनिग्रहस्य दुस्साध्यतां वक्ति । अत्र महत इत्येकदेशान्वयी । सर्वत्र च महच्छब्दान्वयो भवति । ततो महाब्धेरित्यर्थलाभेनैकार्णव–कालिकत्त्वसिद्धिः । सप्ताब्धिपानस्यागस्त्यकृतत्त्वात्सुदुष्करता नास्तीति हेतोः सृष्ट्यारम्भकालेऽविभक्त–तया तथाभूतैकार्णवपानादपि विषमश्चित्तनिग्रहः । तस्यापि सर्जनादौ विधातृकृतत्त्वादप्रकंप्यः सुमेरुदृष्टान्तः। तदुन्मूलनादपि विषमः । तस्यापि सुमेरून्मूलस्य त्रिपुरासुरसंजिहीर्षुणेश्वरेण कार्मुकीकृतत्त्वात् एवं च ब्रह्मविष्णुमहेश्वरैर्यत्क्लेशेन सम्पादितं ततोऽपि सुदुष्करमिति भावः । हरकार्मुकावच्छेदेन रामकृतत्त्वाद्वह्नीत्युच्यते । तस्यापि वह्न्यशनस्य गोपरक्षणार्थं श्रीकृष्णकृतत्त्वादेतैः प्रभावशालिभिर्महता

ही चञ्चल है । (विलेखन के अर्थ में जो कृष धातु है उसका रूप 'कृष्ण' है, भक्तजानों के पापादि दोषों को निवृत्त करने वाले होने के कारण भगवान् का नाम कृष्ण है) यह मन केवल अत्यन्त चञ्चल है, इतना ही नहीं किन्तु प्रथमशील भी है अर्थात् शरीर को क्षुब्ध और इन्द्रियों को विक्षिप्त यानी परवश कर देता है । तथा यह मन बड़ा बलवान् भी है । क्योंकि किसी से भी इसको नियन्त्रित करना शक्य नहीं है । साथ ही यह बड़ा दृढ़ भी है अर्थात् तन्तुनाग (गोह) नामक प्राणी की तरह अछेद्य है । ऐसे लक्षणों वाले इस मन का निरोध करना मैं वायु की भाँति दुष्कर मानता हूँ । अर्थात् जैसे वायु का निग्रह करना दुष्कर है, उससे भी अधिक दुष्कर मन का निग्रह करना है, ऐसा मैं मानता हूँ ।

मन का निग्रह अत्यन्त दुष्कर है, इस विषय में योगवासिष्ठ के वचन को उद्धृत करते हैं।

अर्थ – हे साधो ! महान समुद्रपान से भी, बड़े भारी सुमेरू पर्वत को उखाड़ ने से भी और अग्नि को भक्षण करने से भी इस चित्त का निग्रह करना अत्यन्त कठिन है।।१२१।।

व्याख्या – गीतावचन के बाद अब योगवासिष्ठ का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं । (यह श्लोक वैराग्य प्रकरण १६/२४ का है) महर्षि वसिष्ठ जी से श्रीरामचन्द्र जी कहते हैं कि हे साधो ! मन का निग्रह करना अत्यन्त कठिन है । श्लोक में आया हुआ महत् शब्द एकदेशान्वयी है, इसलिये सर्वत्र महत् शब्द का अन्वय होगा। महान समुद्र का पान करना, बड़े भारी सुमेरू पर्वत को उखाड़ना और अग्नि का भक्षण करना यद्यपि ये तीनों कार्य अत्यन्त दुष्कर हैं तथापि मन का निग्रह करना इनसे भी अधिक कठिन है । पौराणिक कथाओं के अनुसार अगस्त्य महर्षि ने सम्पूर्ण समुद्र का पान कर लिया था तथा ब्रह्मा जी द्वारा भी समुद्रपान का वर्णन सुना गया है। भगवान् शंकर ने त्रिपुरासुर को मारने के लिये सुमेरूपर्वत को उखाड़ कर उसका धनुष बनाया था । और भगवान् श्रीकृष्ण ने ग्वालबालों की रक्षा के लिये अग्नि का भक्षण किया था । इस तरह ये तीनों कार्य दुष्कर होने पर भी ब्रह्मा, विष्णु और महेश के द्वारा किये गये हैं । अर्थात् दुष्कर होने पर भी ये असम्भव नहीं है।

प्रयत्नेन साधितादपि कर्मणो दुष्करत्वख्यापनाय विषम इति दुर्निग्रहं मन इति दिक् ।।

नैव निर्बन्धस्तत्त्वचिन्तन इति निरूपणम् –

कथनादौ न निर्बन्धश्शृङ्खलाबद्धदेहवत् ।
किन्त्वनन्तेतिहासाद्यैर्विनोदो नाट्यवद्भियः ॥ १२२ ॥

अन्वयः – कथनादौ शृङ्खलाबद्धदेहवत् निर्बन्धः न । अनन्तेतिहासाद्यैः धियः विनोदः । नाट्यवत्।।

व्याख्या :– परब्रह्मचिन्तनायामिच्छाप्रतिपाद्यो नास्ति । येन निरोधापेक्षा स्यात् । ध्यानविषये तु मनसश्चाञ्चल्यस्वभावत्त्वादनेकदोषैरतिनिर्बन्धो भवेन्नाम । तथाप्यात्मानुसन्धाने द्वैतमिथ्यात्त्व-पूर्वकापरोऽक्षीकृतब्रह्मात्मैक्यविषयकस्मृतिसातत्यलक्षणे कथं वा न निर्बन्ध इत्यत्रोच्यते । कथनादौ चिन्तनान्योऽन्यतत्प्रबोधनादौ शृङ्खलाबद्धदेहस्य यथा निर्बन्धस्तथा न निर्बन्धः । न केवलं निर्बन्धो नास्तीत्येव । अपि तु बुद्धेर्विनोदश्चेत्याह । अनन्तेतिहासाद्यैरानन्त्यं चात्र बृहद्वासिष्ठमोक्षधर्मसूतसंहितादि-सुप्रसिद्धासङ्ख्याकग्रन्थवत्त्वम् । इतिहासः पूर्वेषां कथा आद्या येषां लौकिककथानुकूलयुक्तिदृष्टान्तप्रदर्शनादीनां संलापैर्धियो विनोद एव क्रीडाविषय एवेति नाट्यवन्नृत्यक्रिया वीक्षणमिव सुकरं न दुष्करं भवतीति भावः। परब्रह्मकथासुधास्थलीषु क्रीडने मनसो विषयान्तरचलनाप्रसक्त्या न तत्र विरोधावसर इति शम्।।

किन्तु मनका निग्रह करना तो इन से भी अधिक कठिन है।

तत्त्वचिन्तन में अनिर्बन्धत्व का वर्णन करते हैं ।

अर्थ – परमात्मा के कथन आदि में शृंखला (जंजीर) से बद्ध शरीर के समान कोई निर्बन्ध (नियम का बन्धन) नहीं है । किन्तु नाटक देखने के समान बुद्धि को अनन्त इतिहास आदि से विनोद ही प्राप्त होता है ।।१२२।।

व्याख्या – ब्रह्माभ्यास में मूर्तिध्यानादिक की अपेक्षा जो विलक्षणता है, उसको स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि ब्रह्मचिन्तन में इच्छाप्रतिघात नहीं है जिससे कि चित्त के निरोध की अपेक्षा हो। ध्यान के विषय में तो मन की चञ्चलता के कारण अनेकों दोषों के उपशमनार्थ चित्तनिरोध अपेक्षित है किन्तु द्वैतमिथ्यात्वपूर्वक अपरोक्षीकृत ब्रह्मात्मैक्यविषयक स्मृतिसातत्य लक्षणवाले ब्रह्माभ्यास में कोई नियम की अपेक्षा नहीं है । परमात्मा के कथन आदि में (आदि शब्द से चिन्तन और अन्योन्य को बोधन करने का भी ग्रहण होता है) जंजीर से बद्ध शरीर के समान कोई निर्बन्ध नहीं है । ध्यानकाल में व्यक्ति नियमों से बंधा रहता है, जैसे किसी का शरीर जंजीरों से बंधा हो । स्थिर देहेन्द्रियादि के द्वारा ही ध्यान में सफलता मिलती है किन्तु ब्रह्माभ्यास के लिये ऐसे कोई नियम अपेक्षित नहीं हैं । इतना ही नहीं, इससे अनन्त इतिहास, युक्ति और दृष्टान्त आदि के द्वारा बुद्धि का ऐसा ही विनोद होता है, जैसे कि किसी नाटक देखने से होता है ।

श्लोक में पठित 'अनन्तेतिहासादि' से यहाँ पर बृहद्योगवासिष्ठ, महाभारत के शान्तिपर्व का मोक्षधर्म तथा सूतसंहिता आदि सुप्रसिद्ध असंख्य ग्रन्थों का ग्रहण होता है । जैसे नाटक देखने में मनोविनोद होता है और उससे कुछ शिक्षा भी मिलती है, उसी प्रकार इतिहास और पुराणों की कथाओं के माध्यम से ब्रह्माभ्यास किया जा सकता है । इन साधनों से विक्षेप नहीं होता है । भाव यह है कि परब्रह्म कि कथासुधा में रमण करने से चित्त को विषयान्तर में प्रवृत्त होने का अवसर ही नहीं मिलता है । अतः ध्यानादि की तरह ब्रह्माभ्यास में चित्त के निरोध का अवसर ही नहीं है । इसलिये तत्त्व-चिन्तन में कोई नियम अपेक्षित नहीं है ।

भगवद्गुणगणगानादिर्न ह्यैकाग्र्यप्रतिबन्धकमिति निरूपणम् –

चिदेवात्मा जगन्मिथ्येत्यत्र पर्यवसानतः ।
निदिद्ध्यासनविक्षेपो नेतिहासादिभिर्भवेत् ॥ १२३ ॥

अन्वयः – "आत्मा चित् एव । जगत् मिथ्या " इति अत्र पर्यवसानतः इतिहासादिभिः निदिध्यासनविक्षेपः न भवेत् ।।

व्याख्या :– अभ्यासघटकतदेकपरत्त्वमितिहासादिगोष्ठ्या नैव विहन्यत इत्याह । इतिहासादिग्रन्थानां चिदेव शुद्धचैतन्यमेवात्मा न देहेन्द्रियादयो जगच्च न तात्त्विकं मिथ्यैवेत्यत्रास्मिन्नर्थे एव पर्यवसाना–त्तात्पर्यसद्भावादितिहासादिभिर्निदिध्यासनविक्षेपस्तदेकपरत्त्वाख्यनिदिध्यासनस्य विक्षेपो न भवेत्प्रत्युत महानेवोपकार इति शम् ।।

इतिहासादि एतदेकपरत्व रूप एकाग्रता में विघ्न रूप नहीं हैं, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ – आत्मा चेतनस्वरूप है और जगत् मिथ्या है । यही बोध कराना इतिहासादि का पर्यवसान (अन्तिम उद्देश्य) है । इसलिये निदिध्यासन में इतिहासादि के द्वारा विक्षेप नहीं होता है ।।१२३।।

व्याख्या – ब्रह्म का कथन, चिन्तन, परस्पर बोध कराना और निदिध्यासन को ब्रह्माभ्यास कहा गया (श्लोक १०६) किन्तु कथनादि तीनों की निदिध्यासन के साथ एकरूपता संभव नहीं है इसलिये इतिहासादि के द्वारा ब्रह्म का कथन निदिध्यासन में साधक नहीं अपितु बाधक है । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि आत्मा चेतनस्वरूप है और जगत् मिथ्या है, इसी बात को दर्शाने के लिये इतिहासादि की रचना हुई है । उनका अन्तिम उद्देश्य ब्रह्मसत्यं और जगन्मिथ्या के सिद्धान्त को स्थापित करना ही है। इतिहास और पुराणों में विविध राजाओं और विशिष्ट पुरुषों की कथाएँ आती हैं । वे पाप और पुण्य करते हुए अपना जीवन व्यतीत करते हैं और मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं । एक के बाद एक पीढ़ियाँ आती हैं और चलचित्र के समान चली जाती हैं । इससे भौतिक जीवन का मिथ्यात्व समझ में आता है जिससे कि जगत् के मिथ्यात्व के संस्कार पुष्ट होते हैं और पुराणों में पुनर्जन्म की भी अनेकों कथाएँ आती हैं । प्राणी एक शरीर छोड़कर दूसरे शरीर में जाता है । इससे यह ज्ञात होता है कि वह शरीरमात्र नहीं है । शरीर से भिन्न है, जिससे आत्मा की चैतन्यरूपता का ज्ञान होता है । अतः इतिहास आदि का परम तात्पर्य 'ब्रह्म सत्य है और जगत् मिथ्या है' यही दर्शाना है । इसीलिये श्रीशुकदेव जी राजा परीक्षित् को सम्पूर्ण श्रीमद्भागवत महापुराण सुना कर अन्त में कहते हैं कि –

कथा इमास्ते कथिता महीयसां विताय लोकेषु यशः परेयुषाम् ।
विज्ञानवैराग्यविवक्षया विभो वचोविभूतिर्न तु पारमार्थ्यम् ।। (भा. १२/३/१४)

अर्थात् – हे परीक्षित् ! संसार में बड़े-बड़े प्रतापी और महान् पुरुष हुए हैं । वे लोकों में अपने यश का विस्तार करके यहाँ से चल बसे । मैंने तुम्हें ज्ञान और वैराग्य का उपदेश करने के लिये ही उनकी कथा सुनायी है । इसमें पारमार्थिक सत्य कुछ भी नहीं है, यह सब वाणी का विलासमात्र है ।

इसलिये इतिहासादि की कथाएँ निदिध्यासन की बाधक न होकर साधक होने से उनसे किसी प्रकार की भी हानि नहीं है, अतः ब्रह्माभ्यासरत पुरुष को भी इनका सेवन करना चाहिये ।

तत्त्वानुसन्धाने कृष्यादयः परिपन्थिन इति निरूपणम् -

कृषिवाणिज्यसेवादौ काव्यतर्कादिकेषु च ।
विक्षिप्यते प्रवृत्त्या धीस्तैस्तत्त्वस्मृत्यसम्भवात् ॥ १२४ ॥

अन्वयः - कृषिवाणिज्यसेवादौ च काव्यतर्कादिकेषु प्रवृत्त्या धीः विक्षिप्यते । तैः तत्त्वस्मृत्यसंभवात्।।

व्याख्या :- चित्तैकाग्र्यस्येतिहासादिभिर्बाधाभावश्चेत्कृष्यादिभिरपि कुतो न बाधाभावस्स्यादित्यत्राह। कृषिवाणिज्यसेवादौ कृषिस्सस्यादिसंवर्धनकर्म वाणिज्यं वस्तुक्रयविक्रयस्सेवा पराधीनवृत्तिरत्रादिना काम्यं लौकिकं वैदिकं कर्म ग्राह्यम् । एतावता कायिकव्यापारेषु लग्नस्य चित्तविक्षेपः प्रदर्शितोऽथ वाचिकेष्वपि ब्रह्मेतरविषयेषु संलग्नचित्तानामपि भवत्येव विक्षेप इत्याह । काव्यतर्कादिकेषु च काव्यं नगनगरार्णवाद्यष्टादशवर्णनाविशिष्टाः कवेः चमत्कारकृत्यात्मकं कर्म, तर्कः केवलयुक्तिवादोऽत्र चादिना यावन्तो भेदवादिनिबन्धास्ते सर्वेऽपि गृह्यन्ते । तत्र प्रवृत्तश्चेन्मनो विक्षिप्यते विषयान्तरेषु प्रवर्तते । यतस्तत्र प्रवृत्त्या धीबुद्धिर्विक्षिप्यतेऽतस्त्याज्यः । तत्र कारणमुच्यते । तैः कृषिवाणिज्यादिभिस्तत्त्वस्मृत्यसंभवाद्विक्षेपकरत्त्वेन ते सर्वे परिपन्थिनो दूरतः परिवर्जनीया इति दिक्।।

तत्त्वानुसन्धान में कृष्यादि कार्य शत्रुरूप हैं, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - खेती, व्यापार, सेवा (नौकरी) आदि में तथा काव्यरचना, तर्क आदि में बुद्धि को लगाने से बुद्धि में विक्षेप उत्पन्न होता है, क्योंकि उनमें प्रवृत्त रहने पर तत्त्व का स्मरण करना संभव नहीं रहता ।।१२४।।

व्याख्या - तत्त्वचिन्तन में जैसे इतिहासादि बाधक नहीं हैं, वैसे ही खेती आदि भी बाधक न होंगे । ऐसी आशंका होने पर कहते हैं कि खेती, व्यापार, नौकरी, काव्यरचना और शुष्कतर्कों का अभ्यास लौकिक कार्य हैं । इनमें प्रवृत्त होने पर इनके फल की ओर ध्यान जाता है । और इन कर्मों को करने से अनेक प्रकार की समस्याएँ आती हैं । चित्त उन्हीं की चिन्ताओं में फँसा रहता है । ऐसी स्थिति में आत्मा के चेतनस्वरूप का और जगत् के मिथ्यात्व का स्मरण नहीं रहता जिससे कि 'मैं शरीर हूँ' इत्यादि विपरीतभावना ही दृढ़ होती जाती है । अतः निदिध्यासन करने वाले मुमुक्षु को चाहिये कि वह सकाम लौकिक कर्मों में प्रवृत्त न हो । वह विद्वानों से इतिहास पुराणादि की कथाएँ सुने, वेदान्त का उपदेश सुने तथा अपनी सामर्थ्य के अनुसार अन्य लोगों को सुनावें । गोस्वामी तुलसीदास जी ने कहा है कि -

रामहिं सुमरिय गाइय रामहिं । संतत जपिय राम गुन ग्रामहिं ।।
जे एहि कथा सनेह समेता । कइहहिं सुनिहहिं समुझ सचेता ।।
होइहहिं राम चरन अनुरागी । कलिमल रहित सुमंगल भागी ।।

अतः मुमुक्षु को कृषि व्यापारादि में बुद्धि को नहीं लगाना चाहिये । क्योंकि ये सभी कर्म चित्त में विक्षेप उत्पन्न करने वाले होने से तत्त्वभावना को नष्ट करने वाले हैं ।

भोजनादिप्रवृत्तौ तत्त्वानुसन्धाने बाधकाभावनिरूपणम् –

अनुसन्दधतैवात्र भोजनादौ प्रवर्तितुम् ।
शक्यतेऽत्यन्तविक्षेपाभावादाशु पुनस्स्मृतेः ॥ १२५ ॥

अन्वयः – अनुसन्दधता एव अत्र भोजनादौ प्रवर्तयितुं शक्यते । अत्यन्तविक्षेपाभावात् । पुनः आशु स्मृतेः ।।

व्याख्या :- कृषिवाणिज्यादेर्विक्षेपविस्मृतिकारकत्त्वात्त्याज्यत्त्व उररीकृते भोजनादेरपि तथात्त्वात्तेषामपि त्याज्यत्त्वापत्तिरित्यत्र नेत्याह । आत्मानमनुसन्दधतैव भोजनादौ "कबले कबले गोविन्दं स्मरे"त्यादिविधाना"दाहारार्थं कर्म कुर्यादनिन्द्यं कुर्यादाहारं प्राणसन्धाननार्थम् । प्राणास्सन्धार्या-स्तत्त्वजिज्ञासनार्थं तत्त्वं जिज्ञास्यं येन भूयो न दुःख"मित्यादिवचोभिरप्यात्मानुसन्धानं कुर्वतैव भोजनादावित्यादिशब्देन निखिलनित्यनैमित्तिकाह्निककृत्यजातमुच्यते । तत्र प्रवर्तयितुं शक्यते। कुतः कारणात् ? अत्यन्तविक्षेपाभावात्कृष्यादाविव भोजनादिप्रवृत्तौ सत्यामतीव चित्तभ्रमो न भवति। कस्माच्चित्तविक्षेपो न भवतीति चेदुच्यते । आशु द्रुततरमेव पूर्वाभ्यस्तविषयिकायास्स्मृतेस्संस्कार-जन्यज्ञानस्यागमात्पुनर्दोषो न । भोजनादीनां ब्रह्मज्ञानविरोधिप्रयत्नानपेक्षत्त्वात् । अत एव सदाचारप्रकरणे सर्वस्याप्याह्निकस्य द्वैतमिथ्यात्त्वपूर्वकमद्वैतं ब्रह्मात्मैक्यानुसन्धानात्मनैव विहितत्त्वाद्भोजनाह्निकादौ प्रवृत्तस्तत्र पुनश्शीघ्रमेव स्मृतिर्भवतीति नेदं बाधकमिति शम् ।।

भोजनादि तत्त्वचिन्तन में बाधक नहीं हैं, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ – तत्त्व का अनुसन्धान करने वाला पुरुष भोजन आदि कार्य में प्रवृत्त हो सकता है, क्योंकि उससे अधिक विक्षेप नहीं होता है और शीघ्र ही तत्त्व की स्मृति पुनः प्राप्त हो जाती है ।।१२५।।

व्याख्या – कृषि आदि कर्म तत्त्वस्मरण के विरोधी होने से यदि त्याज्य हैं तो भोजनादि भी उसी प्रकार त्याज्य होने चाहिये । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि तत्त्व का अनुसन्धान करने वाला पुरुष भोजन आदि कार्य में प्रवृत्त हो सकता है । जीवन धारण के लिये स्नान, शौच, खान-पान, आदि कुछ कर्म आवश्यक माने गये हैं । आत्मचिन्तन करने वाले व्यक्ति को भी इन कर्मों को करना चाहिये । इन कार्यों के न करने पर तो अधिक विक्षेप होगा । भोजनादि कार्य कृषि आदि कार्यों की तरह चित्त में अधिक भ्रम उत्पन्न नहीं करते हैं । क्यों नहीं करते हैं ? ऐसी आकांक्षा होने पर कहते हैं कि कुछ समय के लिये तत्त्वविस्मृति होने पर भी पूर्वाभ्यास के कारण ब्रह्मचिन्तन रूप स्मृति के संस्कारजन्य ज्ञान का अत्यन्त शीघ्र आगमन हो जाता है । भाव यह है कि भोजनादि कार्य ब्रह्मज्ञान के अत्यन्त विरोधी नहीं हैं । यद्यपि भोजन काल में भी तत्त्वचिन्तन संभव है, तथापि यदि भोजन प्राप्ति के लिये विक्षेप हो तो उस कष्ट को प्रारब्ध मानकर सहन करके भोजनादि के बाद पुनः तत्त्वस्मरण करना चाहिये । अतः भोजनादि तत्त्वचिन्तन में बाधक नहीं हैं ।

महाननर्थो विपर्ययादेवेति निरूपणम् –

तत्त्वविस्मृतिमात्रान्नानर्थः किन्तु विपर्ययात् ।
विपर्येतुन्न कालोऽस्ति झटिति स्मरतः क्वचित् ॥ १२६ ॥

अन्वयः – तत्त्वविस्मृतिमात्रात् अनर्थः न, किं तु विपर्ययात् । झटिति स्मरतः विपर्येतुं क्वचित् कालः न अस्ति ।।

व्याख्या :– भोजनस्नानादितत्तद्व्यापारकालावच्छेदेन तत्त्वविस्मृतिरस्तु भवेदेवातः पुरुषार्थाद्धीयेतेति चेन्न । विपर्ययादेव पुमर्थाद्भ्रंश्येत न विस्मरणमात्रादित्याह । भोजनादौ तत्त्वविस्मृतिमात्रादनर्थः पुरुषार्थहानिर्नैव भवति । किन्तु विपर्ययाद्भवति । आत्मतत्त्वेतरचिन्तनेनानर्थो भवेदित्यर्थः । विस्मरणे सत्यनर्थकारी विपर्ययोऽवश्यंभावीति स भवत्येवेत्युक्तौ नेति वदति । झटित्यन्तं शीघ्रमेव पदे पदे प्रत्यगभिन्नात्मतत्त्वं स्मरतो विपर्येतुं क्वचिदपि कालोऽवकाशो नास्तीति न कोऽपि बाधः। अत्रैवं श्लोकशेषो दृश्यते "विपर्येतुं न कालोऽस्ति झटिति स्मरतः क्वचित् । भोगकाले कदाचित्तु मर्त्योऽहमिति भारते"तीति शम्।।

महान अनर्थ तो विपर्यय से ही होता है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ – ब्रह्मतत्त्व के विस्मरण मात्र से अनर्थ नहीं होता है, परन्तु विपरीत भावना से होता है । (भोजनादि में प्रवृत्त जिज्ञासु को) विपरीत ज्ञान के लिये अवसर ही नहीं है, क्योंकि अत्यन्त शीघ्र तत्त्व का स्मरण करने से उसे कभी भी विपर्यय नहीं होता है ।।१२६।।

व्याख्या – भोजनादि के लिये प्रवृत्तिकाल में यद्यपि अधिक विक्षेप नहीं है किन्तु उस काल में तत्त्व का विस्मरण होता है, यह बात तो आपने स्वयं अंगीकार की है । अतः तत्त्व विस्मरण से परमपुरुषार्थ रूप मोक्ष की हानि क्यों नहीं होगी ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि तत्त्व का विस्मरणमात्र अनर्थ का कारण नहीं है, किन्तु विपरीतभावना होना ही महान अनर्थ का कारण है । अर्थात् भोजनादि में प्रवृत्त पुरुष की तत्त्वविस्मृति मात्र से पुरुषार्थ (मोक्ष) की हानि नहीं होती है किन्तु 'मैं शरीर हूँ' 'मैं जीव हूँ' 'मैं कर्ता-भोक्ता हूँ' इत्यादि विपरीत भावना से ही परम पुरुषार्थ की हानि होती है । यदि तत्त्व की विस्मृति होती है तो विपर्यय भी अवश्य होगा । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि विपर्यय के लिये समय ही नहीं है, क्योंकि वह अत्यन्त शीघ्र ही तत्त्व का स्मरण कर शान्त हो जाता है । आत्मज्ञानी पुरुष को शरीररक्षार्थ भोजनादि क्रियाकाल में आत्मविस्मृति हो सकती है तथापि वह क्षणिक होती है । अतः उससे कोई महान अनर्थ नहीं होता है । जब दीर्घकाल तक तत्त्वस्मरण न करे और शरीर के पोषण में और विषय सुख में ही आनन्द का अनुभव करता रहे तब उसे विपरीतभावना होना स्वाभाविक है और उसके कारण उस व्यक्ति के मन में भय, चिन्ता आदि अनर्थ भी उत्पन्न होंगे । किन्तु ब्रह्माभ्यासरत पुरुष भोजनादि काल में प्रवृत्तिशील होने पर भी पुनः अत्यन्त शीघ्र तत्त्व का स्मरण करता है अतः तत्त्व की विस्मृतिमात्र अनर्थ का कारण नहीं है किन्तु विपरीतभावना ही अनर्थ का कारण है ।

तर्काद्यन्यविद्याभ्यासशालिनां तत्त्वस्मृतिर्न भवतीति निरूपणम् -

तत्त्वस्मृतेरवसरो नास्त्यन्याभ्यासशालिनः ।
प्रत्युताभ्यासघातित्त्वाद्बलात्तत्त्वमुपेक्ष्यते ॥ १२७ ॥

अन्वयः - अन्यथाभ्यासशालिनः तत्त्वस्मृतेः अवसरः न अस्ति । प्रत्युत अभ्यासघातित्त्वात् बलात् तत्त्वम् उपेक्ष्यते ।।

व्याख्या :- भोजनादिप्रवृत्तिवत्तर्काभ्यासशालिनोऽपि शीघ्रं भवतु तत्त्वस्मृतिरित्याशङ्क्य न भवति तत्त्वस्मृतिरित्याह - अन्याभ्यासशालिनोऽन्यस्यात्मविचारेतरस्य कृष्यादेस्तर्काभ्यासस्वभावस्य तत्त्वस्मृतेरात्मानुसन्धानस्यावसरो नास्ति न केवलं तत्र तत्त्वानुसन्धानावसराभाव एव किन्तु तत्त्वाभ्यासविरोधित्त्वात्तदानीं स्मृतमपि तत्त्वबलवत्तज्यत एवत्याह । प्रत्युताभ्यासघातित्त्वात्स्वभावसिद्धतर्काभ्यासविरोधित्त्वात्तत्त्वाभ्यासस्य पूर्वजन्मसुकृतविशेषेण तदानीं किञ्चित्स्मृतमपि तत्त्वं बलादुपेक्ष्यते त्यज्यते नाद्रियते ।।

तत्त्वान्यव्यवहारस्य त्याज्यत्त्वे श्रुत्युदाहरणम् -

तमेवैकं विजानीथ ह्यन्या वाचो विमुञ्चथ ।
इति श्रुतन्तथान्यत्र वाचो विग्लापनन्त्विति ॥ १२८ ॥

अन्वयः - "तम् एव एकं विजानीथ" हि "अन्याः वाचः विमुञ्चथ" इति श्रुतम् । तथा अन्यत्र "वाचः विग्लापनं" तु इति ।।

तर्कादि अन्य शास्त्रों में प्रवृत्त पुरुष को तत्त्व की स्मृति संभव नहीं है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - अन्य (लौकिक) का अभ्यास करने वाले को तत्त्वस्मरण करने का अवकाश ही नहीं है । उलटा वह तो ब्रह्मभ्यास का विरोधी होने से (स्मरण किया हुआ) तत्त्व भी बलपूर्वक उपेक्षित हो जाता है ।।१२७।।

व्याख्या - जैसे भोजनादि से विक्षेप होने के बाद पुनः तत्त्वस्मरण संभव है, उसी प्रकार लौकिक कार्यों को करने के बाद पुनः तत्त्वस्मण क्यों नहीं बन सकता ? ऐसी शंका होने पर कृष्यादि और भोजनादि में विलक्षणता स्पष्ट करते हैं । जो आत्मविचार से अन्य लौकिक कृष्यादि का निरन्तर अभ्यास करते हैं अथवा अध्यात्मशास्त्र से भिन्न तर्कादिशास्त्रों का अभ्यास करते हैं, उनकों तत्त्वस्मरण का अवकाश नहीं है । इतना ही नहीं, वे तो ब्रह्माभ्यास के विरोधी भी हैं । यदि पूर्वजन्म के पुण्यप्रताप से तत्त्वस्मरण होता भी है तो ये लौकिक अभ्यास बलपूर्वक उस तत्त्वस्मरण की उपेक्षा करते हैं अर्थात् स्मरण किये हुए तत्त्व को भी भुला देते हैं, किन्तु भोजनादि में ऐसा नहीं है । इसलिये लौकिक कार्यों के अभ्यास से भोजनादि में विलक्षणता होने से दोनों को एक समान कहना उचित नहीं है ।

तत्त्वानुसन्धान विरोधी व्यवहार त्याज्य है, इस विषय में प्रमाणभूत श्रुति का अर्थतः पठन करते हैं ।

अर्थ - "उसी एक आत्मा को जानो, अनात्मविषयक वाणी का त्याग करो" इस प्रकार श्रुति में सुना गया है और "(बहुत शब्दों का अनुसन्धान) वाणी का विग्लापन मात्र (श्रमहेतु) है" इस प्रकार अन्य श्रुति में सुना गया है ।।१२८।।

व्याख्या :- भोजनादिव्यवहारस्तत्त्वानुसन्धानविरोधीत्युपपादितमधस्तात् । तर्कादिशास्त्राभ्यासस्तु भेदवादित्त्वस्य प्रमुखत्त्वेन सद्भावात्तत्त्वस्मृतिविरोधीत्यतो नाद्रियते । तत्रान्यवाग्व्यवहारस्य श्रुत्यैव निषिद्धत्त्वादिति ताश्श्रुतीरर्थतस्स्मरन्पठति । "तमेव धीरो विज्ञाय प्रज्ञां कुर्वीत ब्राह्मणः । नानुध्यायाद्बहून् शब्दान् वाचो विग्लापनं हि तत्" । तमेवैकं विजानीथ आत्मानमन्या वाचो विमुञ्चथामृतस्यैष सेतु"रित्यादिः। तमेकमद्वितीयं सत्यज्ञानानन्तानन्दात्मकं चैतन्यस्वरूपमात्मानमेव विजानीथ । अन्या वाचस्तत्त्वबोधाननुकूलाः काव्यतर्कादयो मनो विक्षेपकारका ह्यन्या वाचो विमुञ्चथाशेषतः परित्याज्या इति मुण्डके श्रुतं तथैवान्यत्र बृहदारण्यके वाचो विग्लापनं त्विति च श्रूयते सेयमधस्ताद्व्याख्यातेति दिक् ।।

आवश्यकत्त्वादविरोधित्त्वाच्च भोजनाद्यभ्यनुज्ञायत इति विवेचनम् -

आहारादि त्यजन्नैव जीवेच्छास्त्रान्तरन्त्यजन् ।
किन्न जीवसि येनैवङ्करोष्यत्र दुराग्रहम् ॥ १२९ ॥

अन्वयः - आहारादि त्यजन् न एव जीवेत् । शास्त्रान्तरं त्यजन् किं न जीवसि? येन एवम् अत्र दुराग्रहं करोषि? ।।

व्याख्या - भोजनादि व्यवहार तत्त्वानुसन्धान के विरोधी नहीं हैं, ऐसा पूर्व में कहा गया । तर्कशास्त्रादि लौकिक विद्याओं का अभ्यास तत्त्वानुसन्धान में बाधक होने से उनका आदर नहीं करना चाहिये । इस विषय में भगवती श्रुति की सम्मति दर्शाते हैं । ***''तमेवैकं जानथ आत्मानमन्या वाचो विमुञ्चथामृतस्यैष सेतुः''*** (मु.उ. २/२/५) अर्थात् उसी अद्वितीय प्रत्यगात्मा को ही जानो । अपराविद्या के विषय अविद्याविलास रूप अन्य शब्दजाल का परित्याग कर दो क्योंकि उनसे जिन चीजों का प्रकाश होता है, वे साधन के सहित सब कर्म ही तो हैं और कर्म का फल अनित्य ही होता है । इसलिये साधन सहित कर्म का परित्याग मोक्षाभिलाषी पुरुष के लिये आवश्यक है । यह आत्मज्ञान मोक्ष रूप अमरत्व की प्राप्ति के लिये सेतु के समान है । जैसे बड़े-बड़े नदी-नालों को पुल के माध्यम से सभी जीव सरलता से पार कर जाते हैं, उसी प्रकार संसार रूपी महासमुद्र को आत्मज्ञान के माध्यम से सभी जीव पार कर सकते हैं । अतः संसार समुद्र से तरने का साधन होने से आत्मज्ञान को तथा आत्मा को भी सेतु कहा गया है । भाव यह है कि उस एक अद्वितीय सच्चिदानन्द आत्मा को ही जानना चाहिये । उस तत्त्वबोध के विरोधी काव्य-तर्कादि विक्षेपकारक होने से परित्याज्य हैं । और ***''तमेव धीरो विज्ञाय प्रज्ञां कुर्वीत ब्राह्मणः। नानुध्यायात् बहून्शब्दान् वाचो विग्लापनं हि तत्''*** (बृ.उ. ४/४/२२) इस प्रकार अन्य श्रुति में भी अनात्म शब्दों को वाणी को थकाने वाला कहा गया है (इस मन्त्र की व्याख्या इसी प्रकरण के श्लोक १०७ में विस्तार पूर्वक की गई है, वहीं देखनी चाहिये) अतः तत्त्वानुसन्धान विरोधी व्यवहार त्याज्य हैं ।

काव्यतर्कादि की तरह भोजनादि भी त्याज्य ही होने चाहिये, ऐसा दुराग्रह करने वाले को उत्तर देते हैं ।

अर्थ - आहारादि को छोड़कर कोई जीवित नहीं रह सकता, किन्तु शास्त्रान्तर को छोड़कर क्या तुम जीवित नहीं रहोगे ? जो इस विषय में इस प्रकार (पूर्वोक्त) दुराग्रह करते हो ।।१२९।।

व्याख्या - पूर्वोक्त श्रुतिवचन से ज्ञात होता है कि तत्वज्ञानेतर समस्त व्यवहार त्याज्य है । तब भोजनादि

व्याख्या :- तत्त्वबोधौपयिकव्यवहारेतरत्सर्वं त्याज्यमिति श्रुत्या बोध्यते । नित्याह्निकभोजननिद्रादेः परम्परया बोधौपयिकत्त्वादविरुद्धत्त्वाच्च शास्त्रेणानुगृह्यन्त इत्याह । आहारादि त्यजन्नैव जीवेत् । सत्येव जीवने क्षमते तत्त्वमनुसन्धातुं नान्यथा । तथा च तत्त्वानुसन्धानाय जीवनस्यावश्यकत्त्वा-त्तज्जीवनसम्पादकतया भोजनादेश्शारीरकपुष्ट्याधायकप्रणाड्या तत्त्वानुसन्धानोपयोगित्त्वेन श्रुतिस्तत्त्याज्यतां न बोधयति । किन्त्वभ्यनुजानाति । न तथा शास्त्रान्तराभ्यासादिकम् । शास्त्रान्तराभ्यासमकुर्वन्किं न जीवसि ? तस्माच्छास्त्रान्तराभ्यासस्य तत्त्वज्ञानानौपयिकत्त्वात्त्यज्यते । तत्त्वज्ञानात्पूर्वं तूपकारकत्त्वाद्गृह्यते इत्यन्यदेतत् । अतश्च श्रुतिस्तस्यैव त्याज्यतां बोधयति येनोपकारो न भवति प्रत्युत विरोधी च भवति । अतस्त्वं येनैवमनयोर्व्यवहारयोर्वैलक्षण्याग्रहणहेतुना दुराग्रहं प्रकटीकरोषि दुरभिमानं करोषि तयोरज्ञानयोर्वैलक्षण्यात्तव यस्तुल्यत्त्वाभिमानस्स दुष्ट एवेति शम् ।।

ज्ञानदृढनिष्ठास्तु सर्वं कर्तुं प्रभवन्तीति प्रदर्शनम् -

जनकादेः कथं राज्यमिति चेद्दृढबोधतः ।
तथा तवापि चेत्तर्कं पठ यद्वा कृषिङ्कुरु ।। १३० ।।

अन्वयः - जनकादेः राज्यं कथम् इति चेत् ? दृढबोधतः तव अपि तथा चेत् । तर्कं पठ । यद्वा कृषिं कुरु ।।

व्यवहार भी तत्त्वज्ञान से भिन्न होने से त्याज्य क्यों न होंगे ? अतः तत्त्वाभ्यास से भिन्न होने के कारण श्रुति में भोजनादि का भी निषेध किया गया है अतः भोजनादि भी त्याज्य हैं । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि भोजनादि त्याज्य नहीं हैं । और श्रुति में भी उनके त्याग का विधान नहीं किया गया है क्योंकि आहारादि को छोड़कर कोई भी व्यक्ति जीवित नहीं रह सकता । आहारादि से ही जीवन सम्भव है और जीवित रहने पर ही तत्वानुसन्धान हो सकता है, अन्यथा नहीं । अर्थात् तत्त्वानुसन्धान के लिये जीवित रहना आवश्यक है और जीवित रहने के लिये आहारादि आवश्यक है, अतः आहारादि परम्परा से ब्रह्माभ्यास में सहायक होने से श्रुति के द्वारा तर्कादि शास्त्रों की तरह उनका का त्याज्यत्व नहीं कहा गया है । अनात्मशास्त्रों के विषय में यह बात नहीं है । तर्कशास्त्रादि का अध्ययन छोड़ देने से कोई मर नहीं जाता, बिना उनके अध्ययन के भी मनुष्य जीवित रहते हैं और ब्रह्माभ्यास भी करते हैं अतः शास्त्रान्तर का अभ्यास तत्त्वज्ञान में उपयोगी न होने के कारण त्याज्य ही है, यह सिद्ध होता है । इसलिये श्रुति से उन्हीं का त्याज्यत्व बोधित होता है । सिद्धान्ती पूर्वपक्षी से पूछता है कि क्या तुम शास्त्रान्तरों के अभ्यास के बिना जीवित नहीं रहोगे, जो उनके प्रति इतना दुराग्रह करते हो । भोजनादि व्यवहार और तर्कादि शास्त्रों का अभ्यास दोनों विलक्षण है, इस बात को जानकर भी तुम अभिमानवश जो दुराग्रह कर रहे हो, वह अनुचित है । दोनों की विलक्षणता को सिद्ध कर देने पर भी दोनों को एक समान मानना दुराग्रह ही है ।

आपके द्वारा कहा गया कृष्यादि का त्याज्यत्व विद्वानों के आचार से विरुद्ध है, ऐसी शंका का उत्तर देते हैं ।

अर्थ - जनक आदि ने राज्य कैसे किया था ? यदि तुम ऐसा पूछते हो तो सुनो-उन्होंने दृढ़ बोध होने पर राज्य कार्य किया था । यदि तुम्हारा ज्ञान भी दृढ़ हो तो तुम भी चाहे तर्क शास्त्र पढ़ो अथवा खेती करो (हमें उससे कोई आपत्ति नहीं है) ।।१३०।।

व्याख्या :- तर्कादेस्त्याज्यत्त्वं जनकादिविद्वदाचारविरुद्धमेवेत्याशङ्कायामाह । श्रुत्या त्याज्यत्त्वेन प्रतिपादितं राज्यं जनकादेर्विदुषः कथं घटते । विद्वांसो हि नाचरन्ति शास्त्रविरुद्धम् । तामिमां शङ्कां परहरन्ति दृढबोधतः । दृढापरोक्षज्ञानित्त्वात्तेषाम् । श्रुतिर्बोधसम्पादनकाल इतरव्यवहाराणां त्याज्यतां ब्रूते । न तु दृढबोधोत्तरम् । तथा च जनकादीनां दृढबोधस्य सम्पद्यमानत्त्वान्न तेषां विषये त्याज्यत्त्वमुच्यते। अतो न श्रुतिविरुद्धस्तेषामाचारः । ज्ञानस्य दृढताया अवधिः प्रादर्शि भाष्यकारैः। "देहात्मज्ञानवज्ज्ञानं देहात्मज्ञानबाधकम् । आत्मन्येव भवेद्यस्य स नेच्छन्नपि मुच्यते ।" यदि ममापि बोधो दृढस्सम्प्रति । यतः "अहं ब्रह्मेति वाक्यार्थबोधो यावद्दृढी भवेत् । शमादिसहिस्तावदभ्यसेच्छ्रवणादिक"मिति वाक्यवृत्तितोऽसम्भावनादिनिवृत्तये श्रवणमननिदिध्यासनान्यनुतिष्ठतो दृढं ज्ञानं सिद्ध्यतीति समवगम्यते । तथा सति भूरिविक्षेपकरावपि शास्त्रीयलौकिकव्यवहाराधमावपि तर्काभ्यासकृषिकरणव्यवहारावनुमोदते दृढबोधोत्तरं समस्तोऽपि व्यवहारो न दोषावह इत्याह । तवापि तथा जनकादिवद्दृढबोधश्चेत्तदुत्तरं तर्कं वा पठ । यद्वा कृषिं वा कुरु । तादृशस्य तव तत्र निवारणे नास्माकं कोऽपि निर्बन्ध इति दिक् ।।

व्याख्या - जनकादि तत्त्ववेत्ताओं की प्रवृत्ति राज्यपालनादि कार्यों में कैसे हुई ? क्योंकि आपके मत में तो राज्यपालनादि सब त्याज्य है और श्रुति के द्वारा भी राज्यादि को त्याज्यत्व रूप से ही प्रतिपादित किया गया है तो फिर जनक जैसे विद्वान् का राज्य करना कैसे संभव है ? क्योंकि विद्वान् शास्त्रविरुद्ध आचरण नहीं करते हैं । ऐसी आशंका होने पर उसका परिहार करते हैं । जनकादि दृढ़ बोध वाले थे, इसलिये उनके राज्यादि करने से कोई विरोध नहीं है । भगवती वेदमाता ज्ञान होने से पूर्व दृढ़ज्ञान का सम्पादन करने के लिये ही इतर व्यवहारों का त्याज्यत्व कहती है न कि दृढ़बोध होने के बाद । अतः जनकादि दृढ़ बोध वालों के प्रति श्रुति ने व्यवहार का त्याज्यत्व नहीं कहा है । इसलिए उनका आचार श्रुति विरुद्ध नहीं है । यदि तुम्हें भी जनकादि की तरह दृढ़ ज्ञान हो, तो तुम चाहे तर्क शास्त्रों का अध्ययन करो अथवा खेती करो, इस विषय में हमे कोई आपत्ति नहीं है । अर्थात् दृढ़ ज्ञान वाले तुम्हारे प्रति हम उनका निवारण करें, यह हमारे लिये आवश्यक नहीं है । ज्ञान की दृढ़ता की अवधि भगवान् भाष्यकार ने उपदेशसाहस्री में इस प्रकार कही है ।

देहात्मज्ञानवज्ज्ञानं देहात्मज्ञानबाधकम् ।
आत्मन्येव भवेद्यस्य स नेच्छन्नपि मुच्यते।। (उ.सा.४/५)

अतः यदि तुम्हें ऐसा दृढ़ज्ञान हो तो तुम जो चाहे करो और यदि नहीं है तो दृढ़ज्ञान प्राप्त करने के लिये ब्रह्मभ्यास करो ।

अहं ब्रह्मेति वाक्यार्थबोधो यावद् दृढी भवेत् ।
शमादिसहितस्तावदभ्यसेच्छ्रवणादिकम् ।। (वा.वृ.४९)

भाव यह है कि लौकिक व्यवहार विक्षेप के कारण होते हैं किन्तु यदि दृढ़ज्ञान हो तो वे विक्षेप के हेतु नहीं होते हैं । ऐसी स्थिति में वह दृढ़ ज्ञानवान् न केवल तर्क शास्त्रादि का अध्ययन अपितु कुछ भी करे तथापि वह सर्वथा जीवन्मुक्त ही रहता है । अतः तुम्हारा भी यदि वैसा दृढ़ बोध हो तो तुम भी जो चाहे करो, हमे उससे कोई आपत्ति नहीं है ।

जीवन्मुक्तसंसारिणां प्रवृत्तौ विशिष्टविचारणम् –

मिथ्यात्त्ववासनादार्ढ्ये प्रारब्धक्षयकाङ्क्षया ।
अक्लिश्यन्तः प्रवर्तन्ते स्वस्वकर्मानुसारतः ॥ १३१ ॥

अन्वयः – मिथ्यात्त्ववासनादार्ढ्ये प्रारब्धक्षयकाङ्क्षया अक्लिश्यन्तः स्वस्वकर्मानुसारतः प्रवर्तन्ते।।

व्याख्या :– यावद्दृश्यस्यासज्जडदुःखात्मकत्त्वं मिथ्यात्त्वं चानुभवतां जीवन्मुक्तानां प्रवृत्तिरेव कथं संभवेत् । संसारासारकोविदानां तत्त्वविदां कीदृशी प्रवृत्तिरित्याह । जगतो मिथ्यात्त्ववासनादार्ढ्ये सति प्रारब्धक्षयकाङ्क्षया प्रकर्षेणारब्धं प्रारब्धमथवा प्रचुरमारब्धं प्रारब्धं यद्वा प्रगल्भमारब्धं प्रारब्धं तस्यावश्यमुपभोगेनैव नाशेच्छया स्वस्वकर्मानुसारत स्वस्य पूर्वजन्मोपार्जितं देहधारणकारणं कर्म तदनुरूपमक्लिश्यन्तः प्रवर्तन्ते । तत्प्रवृत्त्या न तेषां क्लेशो भवति । संसारिणां तु प्रवृत्त्या निवृत्त्या न तेषां क्लेशो भवति । संसार्यसंसारिणोरेतावान्भेदः । ज्ञानिनो नैकरूपास्सन्दृश्यन्ते । यत उक्तं स्वाराज्यसिद्धौ। "केऽपि वर्णाश्रमाचारनिष्ठापरा मुग्धबालप्रमत्तोपमाश्चापरे । रागिणो भोगिनो योगिनश्चेतरे ज्ञानिनां लक्ष्यते नैकरूपा स्थिति"रिति । वर्णाश्रमाचारनिष्ठापरास्तु श्रीमच्छङ्करभगवत्पूज्यपादाचार्यप्रभृतयः मुग्धबालप्रमत्तोप–

जीवन्मुक्त और सांसारिक मनुष्यों की प्रवृत्ति की विलक्षणता दर्शाते हैं ।

अर्थ – जगत् के मिथ्यात्व की वासना दृढ़ होने पर प्रारब्ध के क्षय की इच्छा से क्लेश का अनुभव किये बिना ही तत्त्ववेत्ता लोग अपने–अपने कर्म में प्रवृत्त होते हैं ।।१३१।।

व्याख्या – संसार के मिथ्यात्व को जानने वाले तत्त्ववेत्ता मिथ्या संसार में क्यों प्रवृत्त होते हैं ? सांसारिक पुरुष की भाँति लौकिक कार्यों में यदि तत्त्ववेत्ता प्रवृत्त होते हैं तो फिर ज्ञानी और अज्ञानी मनुष्यों में क्या विलक्षणता रहेगी ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि ज्ञानी पुरुषों की जगत् के मिथ्यात्व की वासना अत्यन्त दृढ़ होती है अर्थात् वे जगत् को सर्वथा मिथ्या ही मानते हैं । ऐसी स्थिति में वे प्रारब्ध के क्षय की इच्छा से अपने–अपने कर्मों में प्रवृत्त होते हैं । **प्रकर्षेणारब्धं, प्रचुरमारब्धं अथवा प्रगल्भमारब्धं को प्रारब्ध कहते हैं** । प्रारब्ध कर्मों का फल अवश्य ही भोगना पड़ता है । अतः ज्ञानी पुरुष भी प्रारब्ध कर्मों को भोग के द्वारा क्षीण करने की इच्छा से ही अपने–अपने कर्म में प्रवृत्त होते हैं । किन्तु वे कर्मफल–भोगकाल में भी अज्ञानी की तरह क्लेश का अनुभव नहीं करते हैं अर्थात् प्रारब्धानुसार प्राप्त लौकिक व्यवहार में प्रवृत्त होने पर भी वे उनसे न क्षुब्ध होते हैं और न ही उनसे क्लेश का अनुभव करते हैं । किन्तु सांसारिक मनुष्य में यह बात नहीं है, वह स्वयं को कर्ता–भोक्ता मानता है इसीलिए कर्मों से क्लेश भी पाता है । ज्ञानी ज्ञानबल से प्रारब्ध–कर्मों का भोग करता है और अज्ञानी रो–रोकर उनको भोगता है ।

देह धरे को दण्ड है सब काहु को होय । ज्ञानी भुगते ज्ञान से मूरख भुगते रोय ।।

अतः ज्ञानी और अज्ञानी के कर्मव्यापार में बहुत ही विलक्षणता है । और ज्ञानियों की भी प्रवृत्ति एक जैसी नहीं होती है । कोई ज्ञानी कर्मनिष्ठ होता है, कोई त्यागनिष्ठ होता है, कोई योगनिष्ठ तो कोई भोगनिष्ठ, किन्तु ज्ञान सब में समान होता है । इसलिये मोक्ष रूपी फल भी सभी का समान ही होता है । *'स्वाराज्यसिद्धि'* नामक ग्रन्थ में कहा है कि –

केऽपि वर्णाश्रमाचारनिष्ठापरा मुग्धबालप्रमत्तोपमाश्चापरे ।
रागिणो भोगिनो योगिनश्चेतरे ज्ञानिनां लक्ष्यते नैकरूपास्थितिः।। (स्वा.सि.)

मास्तु जडभरतसनकसनन्दनसनत्कुमारसनत्सुजातदत्तात्रेयप्रमुखाः । रागिणस्सन्तो भोगिनस्सौभर्यादयः । योगिनः कपिलवासुदेवप्रभृतयः । एवं बहवो विभिन्नगतयो ज्ञानिनोऽवश्यंभाविप्रारब्धफलभोगायानिच्छन्तः प्रवृत्ता इव दृश्यन्तेऽसंसक्ता एव संसरन्तो न सुखं दुःखं च विन्दन्त्यात्मनिष्ठा इति शम् ।।

ज्ञानिनां विकर्मणि न प्रवृत्तिरिति निरूपणम् -

अतिप्रसङ्गो मा शङ्क्यस्स्वकर्मवशवर्तिनाम् ।
अस्तु वा केन शक्येत कर्म वारयितुं वद ॥ १३२ ॥

अन्वयः - स्वकर्मवशवर्तिनाम् अतिप्रसङ्गः मा शङ्क्यः । (अथ) वा अस्तु । कः अत्र कर्म वारयितुं शक्यते वद ? ।।

व्याख्या :- ज्ञानिनां मुक्तात्मनामपि तेषां कर्मानुसारेण प्रवृत्तिस्तदा संसारिणामिव किञ्चिन्निषिद्धाचरणेऽपि प्रवर्तेरन्नित्याशङ्कामिष्टापत्त्यैव परिहरति । स्वकर्मवशवर्तिनां पूर्वमनुष्ठितकर्मणः प्रभावेण प्रारब्धकर्मबलेन ज्ञानेन सञ्चितागमिनोर्नाशेऽपि मुक्तेषुन्यायेन यावच्छरीरस्थितिस्तावत्प्रारब्धमनुवर्तत इति कृत्त्वानिच्छन्तोऽपि तद्वशे प्रवर्तमानानामनाचारविषयेऽतिप्रसङ्गः कर्माकर्मविकर्मेति भेदभिन्नेषु कार्याकार्यविभागक्रममुल्लङ्घ्य प्रसङ्गो निषिद्धाचरणप्रसङ्गो मा शङ्क्यो नैव शङ्कनीयः । समतीतानेकजन्माचरितसुकृतपरिपाकसमुपार्जितसत्सम्प्रदायानुशिष्टशिष्टाचारविरचिताचाराणां न तेषामनाचारप्रसङ्गः। ब्रह्मविदां हि लोकदृष्टिसिद्धस्वकार्पण्यवत्प्रारब्धावस्थापितशरीरेन्द्रियादिव्यापारः कारणसामग्र्यभावेऽपि मूलाविद्याविनाशाद्दक्षिणावर्तभ्रमितचक्रन्यायेन संस्कारमात्रप्रयुक्त इत्यवश्यं वाच्यम् । अतश्च स्मृति"स्स्वे

महर्षि वसिष्ठ से लेकर आद्य शंकराचार्य आदि वर्णाश्रमनिष्ठ थे, जडभरत, चारों सनत्कुमार और दत्तात्रेय आदि क्रम से मुग्ध, बालक और प्रमत्त के समान रहते थे । सौभरी ऋषि आदि कुछ रागी होकर भोगरत के समान थे और कपिलादि योगनिष्ठ थे । इस प्रकार ज्ञानियों की भिन्न-भिन्न प्रकार की प्रवृत्ति प्रारब्धानुसार और प्रारब्ध को क्षय करने के लिये ही होती है । किन्तु वे अज्ञानी के समान प्रारब्धकर्मों के भोग काल में क्लेश का अनुभव नहीं करते हैं, यही ज्ञानी और अज्ञानी का भेद है ।

ज्ञानियों में निषिद्धाचरण की शंका को दूर करते हैं ।

अर्थ - अपने प्रारब्ध कर्मानुसार प्रवृत्त होने वाले ज्ञानवानों की अनाचार में प्रवृत्ति की आशंका मत करो, अथवा अनाचार (अतिप्रसंग) हो भी तो यह बताओ कि उन कर्मों का निवारण किसके द्वारा संभव है ? ।।१३२।।

व्याख्या - यदि ज्ञानीलोग भी प्रारब्धकर्मानुसार कर्म में प्रवृत्त होते हैं तो फिर सांसारिक मनुष्यों की तरह उनसे निषिद्ध कर्म होना भी संभव है, ऐसी शंका होने पर आपका यह कथन हमें इष्ट ही है, इस प्रकार परिहार करते हैं । अपने प्रारब्ध कर्मों के वश में होकर लौकिक कर्मों में यदि ज्ञानी लोग प्रवृत्त होते हैं तो उनके विषय में अनाचार (अतिप्रसंग) की आशंका मत करो अर्थात् उनसे निषिद्धाचरण होता है, ऐसा भ्रम मत रखो । भाव यह है कि अनेक जन्मों में आचरित पुण्यकर्मों के परिपाक से समुपार्जित सत्संप्रदायानुशिष्ट पुरुषों से जिसमें शिष्टाचार का सिंचन किया गया है, ऐसे पुरुष के विषय में दुराचार का प्रसंग संभव नहीं है । व्यक्ति जब अपने वर्णाश्रम धर्म का पालन करता है तभी उसका अन्तःकरण

स्वे कर्मण्यभिरतस्संसिद्धिं लभते नर'' इत्यादिका । तथापरोक्षानुभूतौ – ''स्ववर्णाश्रमधर्मेण तपसा हरितोषणात् । साधनं प्रभवेत्पुंसां वैराग्यादिचतुष्टय''मित्यादयश्च । स्वकर्मशब्दितयावत्काम्य-निषिद्धशून्यान्तर्याम्येकाज्ञानपरिपालनानुष्ठिततत्परितुष्ट्येकफलकानन्तजन्मसम्पादितकर्तृत्त्वाभिमान-फलाभिसन्धिहीनत्त्वविरचितस्ववर्णाश्रमोचितावैदिकतन्त्रगन्धरहितश्रौतस्मार्तनित्यनैमित्तिकप्रायश्चित्तकर्म-संस्कारैकवशावर्तित्त्वं तेषां नियतमेव यतो विद्यते तस्मादनाचारस्वच्छन्दाचारादिप्रवृत्तिलक्षणोऽतिप्रसङ्गो नैव शङ्क्यः । यत उक्तमनुभूतिप्रकाशे – ''किञ्च पुण्यरतः पूर्वं ज्ञानमाप्नोति नान्यथा । पश्चाच्च तद्वासना पुण्यमेव करोत्यसा''विति ।। तथैव च स्वानुभवदर्शे – ''नैव श्लेषः पुण्यपापक्रियाया यद्यप्येवं शुद्धसंस्कारहेतोः। पुण्यश्रद्धा पाप्मनो नैव बुद्धिस्तत्तत्त्वज्ञस्य प्रायशोऽयं निसर्ग'' इति । तस्माज्ज्ञानिनामकार्यप्रवृत्तिर्नैव शङ्क्या । अथ यदा कदापि दुष्कृतप्रारब्धकर्मावशेषेण तदा दुराचारप्रसङ्गस्तर्ह्यस्तु नाम । तादृक्कर्म केन वारयितुं शक्यते वद ? फलदानाय प्रवृत्तस्य प्रारब्धकर्मणः

शुद्ध होता है और शुद्धान्तःकरण में ही ज्ञान होता है । गीता में इसीलिये कहा है कि ***''स्वे स्वे कर्मण्यभिरतस्संसिद्धिं लभते नरः''*** और अपरोक्षानुभूति में भी कहा है कि–

स्ववर्णाश्रमधर्मेण तपसा हरितोषणात् ।
साधनं प्रभवेत्पुंसां वैराग्यादि चतुष्टयम् ।। (अ.अ.)

अर्थात् – स्ववर्णाश्रम धर्म का पालन करना ही तप है । उस तप के द्वारा परमात्मा प्रसन्न होते हैं और परमात्मा के प्रसन्न होने पर पुरुष में वैराग्यादि साधनचतुष्टय का उदय होता है, जिससे कि वह ज्ञान प्राप्त कर मुक्त हो जाता है । जिसे इस जन्म में ज्ञान प्राप्त हुआ है, वह निषिद्ध आचरण में प्रवृत्त नहीं हो सकता क्योंकि उसने पूर्व के अनेकों जन्मों में सत्कर्म किये हैं अतः उन्हीं सत्कर्मों के संस्कार के कारण वह प्रायः पुण्यकर्म ही करता है । पुण्यकर्मों को करने वाला ही ज्ञान प्राप्त कर सकता है । पापकर्म करने वाला कभी भी ज्ञानी नहीं हो सकता । पुण्य कर्म से ज्ञान होता है और उसी की वासना से ज्ञानी पुनः पुण्यकर्म में ही प्रवृत्त होता है न कि पापकर्म में । इसीलिये अनुभूति प्रकाश में कहा है कि –

किञ्च पुण्यरतः पूर्वं ज्ञानमाप्नोति नान्यथा ।
पश्चाच्च तद्वासनया पुण्यमेव करोत्यसौ ।।(अ.प्र.)

और ***'स्वानुभवादर्श'*** नामक ग्रन्थ में भी कहा है कि

नैव श्लेषः पुण्यपापक्रियाया यद्यप्येवं शुद्धसंस्कारहेतोः।
पुण्ये श्रद्धा पाप्मनो नैव बुद्धिस्तत्त्वज्ञस्य प्रायशोऽयं निसर्गः।। (स्वानु.)

अर्थात् – यद्यपि ज्ञानवान् का पुण्य अथवा पाप क्रिया से कोई सम्बन्ध नहीं है तथापि शुद्धसंस्कारों के कारण ज्ञानी की पुण्यकर्म में ही श्रद्धा होती है, उसकी बुद्धि पाप करने में प्रवृत्त नहीं होती है । यह प्रायः सभी ज्ञानियों में देखा जाता है क्योंकि यह ज्ञानियों में स्वभावसिद्ध है । इसलिये ज्ञानियों की अनुचित कर्मों में प्रवृत्ति की शंका नहीं करनी चाहिये । और यदि कदाचित् दुष्ट प्रारब्धानुसार उसमें दुराचार का प्रसंग प्रतीत हो भी, तो वह भले ही हो, उससे ज्ञानी की कोई हानि नहीं है । तुम यह बताओ की उन दुष्ट प्रारब्ध कर्मों का निवारण भला कौन कर सकता है ? प्रारब्ध कर्म उसे कहते हैं जो कर्म फलोन्मुख हो चुके हों, जैसे छोड़े हुए बाण का निवारण शक्य नहीं है, वैसे ही फल देने के लिए

फलदानमन्तरा मुक्तेषुवन्निवारयितुं न केनापि शक्यते न हि ज्ञानोत्तरं न केनापि पातकेन भाव्यं यत''स्तदधिगम उत्तरपूर्वाघयोरश्लेशविनाशौ तद्व्यपदेशा''दित्यधिकरणसिद्धान्तो विरुद्ध्येतेति वाच्यम् । उपक्रमानुरोधेन तस्याज्ञानपातकाभिप्रायकत्त्वात्। तस्मादेव च नैष्कर्म्यसिद्धा''वधर्माज्जायतेऽज्ञानं यथेष्टाचरणं ततः। धर्मकार्ये कथं तत्स्याद्यत्र धर्मोऽपि नेष्यत'' इति ।। तथैव चादर्शे - दृष्ट्वा परब्रह्मरसान्निवृत्तिरित्याह गीतासु हरिः कृपालुः । अतो यथेष्टाचरणं न तस्य यद्यस्ति चेज्ज्ञानविपाकिता न'' ।। तस्मात्क्वचित्प्रारब्धवशादुष्प्रवृत्तौ सञ्जातायामपि न ज्ञानिनः कोऽपि क्लेश इति दिक् ।।

ज्ञान्यज्ञानिनोः फलतो भेदनिरूपणम् -

ज्ञानिनोऽज्ञानिनश्चात्र समे प्रारब्धकर्मणी ।
न क्लेशो ज्ञानिनो धैर्यान्मूढः क्लिश्नात्यधैर्यतः ।। १३३ ।।

अन्वयः - ज्ञानिनः अज्ञानिनः च अत्र प्रारब्धकर्मणी समे ज्ञानिनः धैर्यात् क्लेशः न । मूढः अधैर्यतः क्लिश्नाति ।।

व्याख्या :- ज्ञानिनोऽज्ञानिनश्च प्रारब्धकर्मणेऽवश्यभोक्तव्यतया समानेऽपि तयोर्वैलक्षण्यसिद्धौ कारणं किमित्यत्राह । अत्र ज्ञानिनोऽज्ञानिनश्च प्रारब्धकर्मणी समेऽविशेषेऽथापि महान्कश्चन विशेषोऽस्ति। कोऽयं विशेष इत्यत आह । ज्ञानिनः प्रारब्धकर्मक्षयहेतुकः क्लेशो धैर्यान्न भवति । ''विकारहेतौ सति विक्रियन्ते येषां न चेतांसि त एव धीरा'' इति क्लेशहेतुषु सत्स्वपि या मनसो निर्विकारता तदेव धैर्यं भवति । तेन च कारणेन न सम्बध्यते ज्ञानी । मूढस्त्वधैर्यतोऽविवेकतो विकारतामवाप्य

प्रवृत्त हुए कर्मों का निवारण भी शक्य नहीं है । नैष्कर्म्यसिद्धि में कहा है कि -

अधर्माज्जायतेऽज्ञानं यथेष्टाचरणं ततः।
धर्मकार्ये कथं तत्स्याद्यत्र धर्मोऽपि नेष्यते ।। (नै.सि.)

अर्थात् - अधर्म से अज्ञान होता है और अज्ञान से ही यथेष्टाचरण (निषिद्धाचरण) होता है । आत्मधर्म में यथेष्टाचरण कैसे संभव है क्योंकि वहाँ तो धर्म की भी अपेक्षा नहीं है । ***''रसोप्यस्य परं दृष्ट्वा निवर्तते''*** गीता में भी भगवान् ने कहा है कि परब्रह्म का रसास्वादन करने वाले का लौकिक विषयों से कोई प्रयोजन नहीं रहता । पापकर्म विषयसुख की इच्छा से ही होते हैं । जिसने आत्मसुख पा लिया, वह विषयसुख की अभिलाषा नहीं करता है, इसलिये उससे निषिद्धाचरण होना संभव नहीं है । और यदि प्रारब्धवश हो भी जाए, तो उससे उसकी कोई हानि नहीं है ।

प्रारब्धकर्म के भोग में ज्ञानी और अज्ञानी की विशेषता बताते हैं ।

अर्थ - ज्ञानी और अज्ञानी के प्रारब्ध कर्म एक समान हैं किन्तु धैर्य के कारण ज्ञानी को क्लेश नहीं होता किन्तु अज्ञानी अपने अधैर्य के कारण क्लेश पाता है ।।।१३३।।

व्याख्या - ज्ञानी और अज्ञानी दोनों को ही प्रारब्ध कर्मों का फल अवश्य भोगना पडता है । अतः फलभोग का साम्य दोनों में है किन्तु उनके फलभोग में विशेषता है । ज्ञानी धैर्यवान् होता है इसलिये वह प्रारब्ध भोग के समय भी दुःखी नहीं होता । ***''विकारहेतौ सति विक्रियन्ते येषां न चेतांसि त एव धीराः''*** विकार के हेतु उपलब्ध होने पर भी जिनके चित्त में विकार नहीं होता है, वे ही धीर कहलाते हैं । ऐसे धीर पुरुष प्रारब्ध के भोग काल में भी विकार को प्राप्त नहीं होते हैं । इससे विपरीत

क्लिश्नाति खिद्यते दुःखी भवति । असंसक्तो ज्ञानी तु सुखी वर्तत इति शम् ।।

न क्लिश्यते ज्ञानीत्यत्र दृष्टान्तप्रदर्शनम् -

मार्गे गन्त्रोर्द्वयोश्श्रान्तौ समायामप्यदूरताम् ।
जानन्धैर्याद्द्रुतं गच्छेदन्यस्तिष्ठति दीनधीः ॥ १३४ ॥

अन्वयः - मार्गे गन्त्रोः द्वयोः श्रान्तौ समायाम् अपि अदूरतां जानन् धैर्यात् द्रुतं (कश्चन) गच्छेत्। अन्यः (अजानन्) दीनधीः तिष्ठति ।।

व्याख्या :- मार्गे द्वयोर्गन्त्रोरेतावति दूरे गन्तव्यप्रदेशोऽस्तीति जानतोऽजानतश्च समायामपि श्रान्तौ साम्येऽपि क्लेशे सत्यप्यन्तरो लक्ष्यं गम्यस्थानमदूरं नातिदूरवर्तीति जाननद्रुतं शीघ्रं गच्छति धैर्यात् । इतरस्त्वेतदजानन्धीः क्लेशमनुभवंस्तत्र तिष्ठतीति दैहिकश्रमसाम्येऽपि मनसः क्लेशो न ज्ञानिन इति तु महान्विशेष इति शम् ।।

आत्मानं चेदिति श्रुतेरुत्तरार्धार्थनिरूपणम् -

साक्षात्कृतात्मधीस्सम्यगविपर्ययबाधितः ।
किमिच्छन्कस्य कामाय शरीरमनुसञ्ज्वरेत् ॥ १३५ ॥

अन्वयः - सम्यक् साक्षात्कृतात्मधीः अविपर्ययबाधितः "किम् इच्छन् कस्य कामाय शरीरम् अनुसञ्ज्वरेत्" ।।

जो अज्ञानी है, वह धैर्यरहित होने के कारण विपरीत परिस्थितियों में दुःखी होता है । यही ज्ञानी और अज्ञानी के प्रारब्धभोग में विशेषता है ।

पूर्वोक्त कथन को दृष्टान्त पूर्वक समझाते हैं ।

अर्थ - मार्ग में चलने वाले दो पुरुष समान रूप से थकते हैं, फिर भी (गन्तव्य की) समीपता को जानता हुआ एक धैर्य के कारण जल्दी चलता है और दूसरा दीन बुद्धि वाला (अधैर्यवान्) वहीं बैठ जाता है ।।१३४।।

व्याख्या - दो पुरुष यात्रा करते हुए किसी गन्तव्य स्थान की ओर जा रहे हैं । मार्ग में पैदल चलने से दोनों थक जाते हैं । उनमें से एक व्यक्ति अपने लक्ष्य को जानता है कि कुछ दूर चलने पर ही मुझे लक्ष्य की प्राप्ति हो जाएगी । अतः गन्तव्य को जानने के कारण अपना धैर्य न खोते हुए वह शीघ्रता से लक्ष्य की ओर बढ़ता है और उसे प्राप्त कर लेता है । किन्तु जिसे अपने लक्ष्य का ज्ञान नहीं है, वह थकावट के कारण रास्ते में ही बैठ जाता है । उसे पता नहीं है कि मुझे कितनी दूर जाना है अतः वह अपना धैर्य खो देता है और लक्ष्य के निकट पहुचने पर भी दुःखी होता है । इसी प्रकार जीवन रूपी यात्रा में ज्ञानी पुरुष लक्ष्य को जानता है अतः प्रारब्धकर्मों को भोगकर वह अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेता है और भोगकाल में भी क्लेश नहीं पाता है किन्तु अज्ञानी लक्ष्यहीन होने के कारण प्रारब्धभोग काल में भी दुःख पाता है और परमात्मा की प्राप्ति रूप लक्ष्य से भी वंचित ही रहता है ।

इस प्रकरण के आरम्भ में प्रतिपादित श्रुति के उत्तरार्ध का विचार प्रारम्भ करते हैं ।

अर्थ - भली प्रकार से आत्मसाक्षात्कार करने वाली बुद्धि से युक्त पुरुष (देहादि में आत्मबुद्धिरूप) विपर्यय से अबाधित होने के कारण किस मिथ्या वस्तु की इच्छा करता हुआ और किस मिथ्या भोक्ता के लिए शरीर के पीछे स्वयं को संतप्त करेगा ? (अर्थात् नहीं करेगा)।।१३५।।

व्याख्या :- एवं ग्रन्थादौ व्याख्येयत्त्वेन प्रतिज्ञातायाश्श्रुतेर्निर्णीतं पूर्वार्धार्थमनूद्य फलप्रदर्शनार्थमुत्तरार्धं व्याख्येयतयावतारयति । सम्यगिति मध्यमणिन्यायेनोभयत्रान्वेति । तेन बाधितत्त्वेनापरोक्षात्म-विषयप्रमावानित्यर्थः । श्रुत्यनेकतार्थासंभाव्यताविपरीतभावनादिबहुविधार्थपरित्यागेन दृढतरं साक्षात्कृतात्मधीः फलव्याप्तिं विना साक्षात्कृतात्मब्रह्मैक्योऽविपर्ययाबाधितः कदापि विपरीतभावनाजनितपीडारहितो देहाद्यात्मत्त्वबुद्ध्या न बाधितः इत्यविपर्ययबाधितः । अत्र साक्षात्कृतात्मधीर-विपर्ययबाधित इत्युभयमपि हेतुगर्भितविशेषणमेव। एतादृशविशेषणविशिष्टः पुमान्किं प्रयोजनं सुखं वा दुःखाध्वंसाभावं वेच्छन्सन्कस्य कामाय परितप्यमानं शरीरमनुसञ्ज्वरेत्स्थूलादिदेहत्रयमनुसृत्य सम्यग्दुःखं संप्राप्नुयात्? अपि तु भोग्यभोक्त्रोरुभयोरपि मिथ्यात्त्वान्नैव कदापि ज्ञानी दुःखी स्यादिति दिक्।।

काम्यकामुकयोरभावे सन्तापाभावविवरणम् -

जगन्मिथ्यात्त्वधीभावादाक्षिप्तौ काम्यकामुकौ ।
तयोरभावे सन्तापश्शाम्येन्निस्स्नेहदीपवत् ।। १३६ ।।

अन्वयः - "जगन्मिथ्यात्त्वधीभावात् काम्यकामुकौ आक्षिप्तौ । तयोः अभावे निस्स्नेहदीपवत् सन्तापः शाम्येत् ।।

व्याख्या :- व्याख्येयावशिष्टमन्त्रोत्तरार्धं व्याकर्तुं तत्तात्पर्यं दर्शयति सङ्क्षेपेण । काम्यकामुकौ काम्यः कामनाविषयः । कामुकः कामी काम्यञ्च कामुकश्च काम्यकामुकावुभावपि तावाक्षिप्तौ । "आक्षेपो भर्त्सनाकृष्टिकाव्यालङ्कृतिषु स्मृत" इति कोशाद्भर्त्सितौ तिरस्कृतौ निरस्तावित्यर्थः । तयोर्निरसने

व्याख्या - ***आत्मानं चेद्विजानीयादयमस्मीति पूरुषः।***
किमिच्छन्कस्य कामाय शरीरमनुसंज्वरेत् ।। (बृ.उ. ४/४/२२)

इसी श्रुति वचन का व्याख्यान करने के लिये प्रकृत प्रकरण प्रारम्भ हुआ है । अब तक इस प्रकरण में श्रुति के पूर्वार्ध का सम्यक् रूप से व्याख्यान हो चुका, अब श्रुति के उत्तरार्ध का व्याख्यान प्रारम्भ करते हैं । जिस पुरुष ने श्रुति की अनेकता, असंभाव्यता और विपरीतभावना आदि बहुविध शत्रुओं का पूर्ण रूप से परित्याग कर दिया है, जिससे कि उसका ज्ञान अत्यन्त दृढ़ता को प्राप्त हुआ है । ऐसे दृढ़तर ज्ञान वाले पुरुष की बुद्धि देहादि अनात्मपदार्थों में आत्मबुद्धि करना रूप विपर्यय से अबाधित (रहित) होती है । इसलिये वह ज्ञानी पुरुष किस प्रयोजन से और किस कामना से शरीर के पीछे अनुसन्तप्त होगा । अर्थात् ज्ञानोत्तर काल में न कामना करने वाला रहता है और न काम्य पदार्थ ही, ऐसी स्थिति में ज्ञानी किस लिये नश्वर शरीरादि के पीछे स्वयं को सन्तप्त करेगा ?

पूर्वोक्त श्रुति के तात्पर्य को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - जगत् में मिथ्यात्व बुद्धि होने पर काम्य (भोग्य) और कामुक (भोक्ता) दोनों निरस्त हो जाते हैं और उन दोनों के अभाव में (कामनानिमित्तक) सन्ताप (शोक) तेल रहित दीपक की तरह शान्त हो जाता है ।।१३६।।

व्याख्या - कामना का विषय काम है और कामी को कामुक कहा है । ये दोनों ही जगत् के मिथ्यात्व का ज्ञान हो जाने पर निरस्त हो जाते हैं अर्थात् जगत् के कर्तृत्व-भोक्तृत्वादि क्रिया-कारकफलसंकुल

कारणमाह । जगन्मिथ्यात्त्वधीभावाज्जगतः कर्तृत्त्वभोक्तृत्त्वक्रियाकारकफलादिसङ्कुलस्य द्वैतस्य प्रपञ्चस्य मिथ्यात्त्वज्ञानाद्यावद्द्वैतविषयकबाधितबुद्धिसद्भावाद्धेतोस्तौ निरस्तौ । ततः किमित्यत्रोच्यते । तयोः काम्यकामुकयोरभावे सन्तापः कामनानिमित्तकस्संसर्गजन्योऽनुतापः कारणाभावान्निस्स्नेहदीपवत्तैल-वर्जितदीपवत्स्वयमेव शाम्येन्नश्येत् । न हि तत्र शामकान्तरापेक्षा । निखिलद्वैतस्याधिष्ठाने ब्रह्मणि प्रविलयात्काम्यकामुकयोरभावेन सन्तापस्यात्यन्ताभाव एव सिद्ध्यतीति दिक् ।।

काम्याभावात्कामनाभाव इत्यत्र दृष्टान्तनिरूपणम् –

गन्धर्वपत्तने किञ्चिन्नैन्द्रजालिकनिर्मितम् ।
जानन्कामयते किन्तु जिहासति हसन्निदम् ।। १३७ ।।

अन्वयः – ऐन्द्रजालिकनिर्मिते गन्धर्वपत्तने किञ्चित् जानन् न कामयते । किं तु हसन् जिहासति।।

व्याख्या :– मिथ्याभूतमपि रम्यतमं कामिन्यादिचित्रं प्रेम्णा प्रेक्ष्यत एव कामुकेन । अतो जगन्मिथ्यात्त्वज्ञाने सत्यपि काम्यस्य निवृत्तौ सत्यामपि कथं कामुकनिवृत्तिः । काम्यस्य निवृत्तौ कामनाया निवृत्तत्त्वात्कामनाविशिष्टकामुकनिवृत्तिरर्थात्सिद्ध्यतीति चेत्कामनानिवृत्तौ सत्यामेवं स्यात्। क्व दृष्टा काम्यनिवृत्तौ कामनानिवृत्तिरित्यत्र दृष्टान्तः प्रदर्श्यते । ऐन्द्रजालिकेन मायानिर्मिते गन्धर्वदेवताकमन्त्रक्षुब्धमायया विनिर्मिते नगरे पत्तने स्थितं वस्तु यत्किञ्चिदपि मायाविनिर्मितमिदमिति तत्र विद्यमानगजाश्वादिकं किञ्चिदपि न कामयते । नैवोपभोक्तुं मनसेच्छति । न हि तत्र केवलं कामनाभावः किन्तु हसञ्जिहासति परित्यक्तुमिच्छति।

वाले द्वैत के मिथ्यात्व का ज्ञान हो जाने पर न भोग्य रहता है और न कोई उसका भोक्ता । और जब काम्य और कामुक का ही अभाव हो जाता है तब सन्ताप का भी शमन हो जाता है । संसर्गजन्य अनुताप (शोक) को सन्ताप कहते हैं । ज्ञानी कभी भी शोक नहीं करता है । जैसे बिना तेल के दीपक शान्त हो जाता है, उसी प्रकार ज्ञानी भी शोक से सन्तप्त नहीं होता है । उसका शोक स्वयं ही नष्ट हो जाता है, उसे नष्ट करने के लिये किसी अन्य की आवश्यकता नहीं रहती । भाव यह है कि "दृश्यमान् नामरूपात्मक सम्पूर्ण द्वैत मिथ्या है" ऐसी जिसकी बुद्धि होती है, उस ज्ञानी पुरुष में भोग्य और भोक्ताभाव का अभाव हो जाता है और परिणाम स्वरूप उसका शोक पूर्णरूप से शान्त हो जाता है ।

पूर्वोक्त कथन में दृष्टान्त प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ – गन्धर्वनगर में किसी भी वस्तु विशेष को ऐन्द्रजालिक (जादूगर) निर्मित जानता हुआ पुरुष उसे प्राप्त करने की इच्छा नहीं करता है किन्तु "यह वस्तु मिथ्या है" इस प्रकार हसता हुआ उसे छोड़ने की इच्छा करता है ।।१३७।।

व्याख्या – नारी के सुन्दर चित्र को मिथ्या रूप होने पर भी कामुक व्यक्ति प्रेम पूर्वक देखता ही है । अतः आपने जो कहा कि जगत् के मिथ्यात्व का ज्ञान हो जाने पर ज्ञानी उनकी कामना नहीं करता है, यह ठीक नहीं है । 'जगत् मिथ्या है' यह जान लेने पर भी यद्यपि काम्य की निवृत्ति संभव है किन्तु उससे कामुक की निवृत्ति कैसे हो सकती है ? और यदि कहो कि काम्य की निवृत्ति होने पर कामना की निवृत्ति हो जाने से कामनाविशिष्ट कामुक की भी निवृत्ति अर्थतः सिद्ध ही है तो यह भी ठीक नहीं है, क्योंकि जब कामना की निवृत्ति होगी तभी तो कामुक की निवृत्त होगी, किन्तु ऐसा कहाँ देखा गया

हातुमिच्छतीति पूर्वोक्ते कामिन्यादिचित्रे कामुकस्य दिदृक्षायामपि सत्यां बुभुक्षा नैव भवति । तथा च काम्यनिवृत्तौ कामनानिवृत्तिरित्यत्र कामनाया अनुत्पत्तिर्विवक्षिता । अतः काम्यकामुकयोरभावेन समस्तं द्वैतं जगन्निस्स्नेहदीपवत्स्वयमेवोपशाम्यतीति शम् ।।

जाते मिथ्यात्त्वज्ञाने तज्जिहासतीत्यत्र दार्ष्टान्तिकसमन्वयप्रदर्शनम् -

आपातरमणीयेषु भोगेष्वेवं विचारवान् ।
नानुरज्यति किन्त्वेतान्दोषदृष्ट्या जिहासति ।। १३८ ।।

अन्वयः - एवम् आपातरमणीयेषु भोगेषु विचारवान् न अनुरज्यति । किं तु एतान् दोषदृष्ट्या जिहासति ।।

व्याख्या :- आपातरमणीयेषु पातं विनाशोऽविचारजो बोधो वा मर्यादीकृत्यापातं तथाभूताश्च ते रमणीयाश्चापातरमणीयास्तेष्वविचारितरमणीयेष्वीषदृष्ट्या सुन्दरेषु न क्षोदक्षमेषु भोगेष्वेवं पूर्वोक्तरीत्या विचारवान्नानुरज्यति नानुरक्तो भवति । किन्त्वेतान्पदार्थान्दोषदृष्ट्या जिहासति हातुं त्यक्तुमिच्छति । प्रतीतिमात्ररम्येषु भुज्यमानेषु विषयेषु स्रक्चन्दनवनितादिविषयेषु निस्तत्त्वानुसन्धानवान्कदापि नासक्तिं करोति । दोषदर्शनेनैवैतान्परित्यजतीति शम् ।।

है कि काम्य की निवृत्ति से कामना की भी निवृत्ति हो जाती है । ऐसी शंका होने पर सिद्धान्ती दृष्टान्त पूर्वक समाधान करते हैं । जादूगर अपनी माया से गन्धर्व नगर की रचना कर देता है । उसमें बड़ी मूल्यवान् और सुन्दर वस्तुएँ दिखाई देती हैं । उन्हें देखकर बड़ा आश्चर्य होता है और दर्शक जादूगर की सराहना करते हैं किन्तु उन जादू की वस्तुओं को पाने और भोगने की इच्छा नहीं करते हैं । वे जानते हैं कि ये वस्तुएँ दिखाई तो दे रही हैं किन्तु मिथ्या हैं । इनका कोई अस्तित्व नहीं है । इस दृष्टान्त से पता चलता है कि भोग्य पदार्थ के मिथ्यात्व के ज्ञान से कोई उसकी कामना नहीं करता है । इतना ही नहीं, जादू से निर्मित मिथ्या पदार्थ को जो जानता है कि यह मिथ्या है, वह उसे प्राप्त करने की तो बात दूर रही वरन् हसता हुआ उसे छोड़ने की इच्छा करता है । भाव यह है कि सुन्दर नारी के चित्र को कामुक पुरुष देखते हुए भी उसे भोगने की इच्छा नहीं करता है क्योंकि वह जानता है कि यह नारी नहीं अपितु नारी का चित्रमात्र है । इसी तरह काम्य और कामुक का अभाव हो जाने पर सम्पूर्ण द्वैत जगत् तेल रहित दीपक की तरह शान्त हो जाता है।

पूर्वोक्त दृष्टान्त को अब दार्ष्टान्तिक में घटाते हैं ।

अर्थ - आपातरमणीय भोग्यपदार्थों में विचारवान पुरुष आसक्त नहीं होता है किन्तु दोषदृष्टि से उनको त्याग ने की इच्छा करता है ।।१३८।।

व्याख्या - जो विचारवान पुरुष है, वह आपातरमणीय अर्थात् केवल ऊपर से सुन्दर दिखने वाले अविचारितरमणीय स्त्री, चन्दन, माला आदि भोग्य पदार्थों में कभी भी आसक्त नहीं होता है । केवल आसक्त नहीं होता है इतना ही नहीं अपितु उनमें दोष दर्शन कर उनको त्याग ने की ही इच्छा करता है । भाव यह है कि जैसे जादूगर द्वारा निर्मित मिथ्या पदार्थ की कोई कामना नहीं करता है और उसे हँसकर छोड़ने की इच्छा करता है, वैसे ही जगत् में मिथ्यात्व बुद्धि जिसकी दृढ़ हो गई है, उस ज्ञानी को जगत् के मिथ्या भोग आकर्षित नहीं करते हैं, वह तो उन्हें अनर्थ का कारण मानकर त्याग ने की ही इच्छा करता है ।

विषयदोषनिरूपणम् – अर्थदोषप्रदर्शनम्

अर्थानामर्जने क्लेशस्तथैव परिपालने ।
नाशे दुःखं व्यये दुःखं धिगर्थान्क्लेशकारिणः ॥ १३९ ॥

अन्वयः – अर्थानाम् अर्जने क्लेशः । तथा एव परिपालने । नाशे दुःखं, व्यये दुःखम् । क्लेशकारिणः अर्थान् धिक् ।।

व्याख्या :– भुज्यन्त इति भोगा विषया अनुभोक्तुमर्हेषु भोग्येषु जुगुप्सोत्पादनाय विषयसुखदोषविवक्षयात्यन्तमोहजनकत्त्वादखिलभोगजातस्य मुख्यस्थानमास्थितयोः कनककामिन्योर्मध्ये प्रथमं कनकदोषं निरूपयति । के ते विषयदोषा इत्यत्र "वेधा द्वेधा भ्रमं चक्रे कान्तासु कनकेषु चे"ति प्राचीनवचनादखिलविषयाणां मध्ये कनककामिन्योरेव महाव्यामोहकत्त्वात्तद्दोषप्रतिपादकावेवोप-लक्षणविधया वासिष्ठमुदाहृत्य दर्शयति । अत्रार्थानामित्यादिक्रमेण धनवनितावर्णनिन्दको ग्रन्थः । अर्थानामर्जने सम्पादने दुःखमनुभवसिद्धम् । अतस्तत्र क्लेशः । क्लेशेन महता सञ्चितस्य कनकस्य परिपालनेऽपि क्लेशः । बहुयत्नेन परिपालितस्यापि कनकस्य कदाचिच्चोराग्निराजभिर्निमित्तभूतैर्नाशेऽपि महान्क्लेशः । तथैव व्ययेऽपि दुःखमेव । धनव्ययेन महद्दुःखमनुभुक्तं नृगेनेति पुराणेषु प्रथीयसी कथा । अतोऽर्थविषयः क्लेशस्सर्वाधिकः । तदुक्तं भिक्षुगीतायाम्– " अर्थस्य साधने सिद्ध उत्कर्षे रक्षणे व्यये । नोशोपभोग आयासस्त्रासचिन्ता भ्रमो नृणाम् ।। स्तेयं हिंसानृतं दम्भः कामः क्रोधः स्मयो मदः । भेदो वैरमविश्वासः संस्पर्धा व्यसनानि च ।। एते पञ्चदशानर्था ह्यर्थमूला मता नृणाम् । तस्मादनर्थमर्थाख्यं श्रोयोऽर्थी दूरतस्त्यजेत् ।। भिद्यन्ते भ्रातरो दाराः पितरः सुहृदस्तथा।

भोगों में दोषों का निरूपण प्रारम्भ करते हुए सर्वप्रथम धन के दोषों का वर्णन करते हैं।

अर्थ – धनार्जन में जैसे क्लेश है, वैसे ही उसकी रक्षा में भी क्लेश है । धन के नाश होने पर दुःख और व्यय होने पर भी दुःख होता है । ऐसे क्लेशकारी धन को धिक्कार है ।।१३९।।

व्याख्या – भोग्यपदार्थों में जुगुप्सा उत्पन्न करने के लिये विषयसुख में दोष की विवक्षा से अत्यन्त मोहजनक होने के कारण कञ्चन (धन) और कामिनी (नारी) में दोष दिखाते हैं ***"वेधा द्वेधा भ्रमं चक्रे कान्तासु कनकेषु च"*** इस प्राचीन वचन के अनुसार समस्त विषयों में कञ्चन और कामिनी ये दोनों ही महामोह के कारण माने गये हैं । उनमें से प्रथम कञ्चन (धन) में दोष दिखाने के लिये योगवासिष्ठ का श्लोक उद्धृत करते हैं । प्रथम तो धन अर्जन करने में क्लेश है और यदि प्राप्त हो भी जाए तो उसकी रक्षा करने में क्लेश है । धन को कहाँ रखें, घर में रखें या बैंक में ? घर में से कोई ले न जाए, कहीं खो न जाए । बैंक में रखने से कहीं बैंक का दिवालिया न निकल जाए इत्यादि चिन्ताएँ लगी रहती हैं । धन की कितनी ही रक्षा क्यों न की जाए, उसके नाश की संभावना सदा बनी रहती है और यदि चोर, डाकू आदि के द्वारा धन का नाश होता है तो भी क्लेश होता है । इतना ही नहीं, बड़ी मेहनत से कमाये हुए धन को जब खर्च करने का मौका आता है तब भी कष्ट होता है । पैसा हाथ से छूटता ही नहीं । कुछ सामान खरीदने में अथवा मुकदमें आदि में या बीमारी और विवाह आदि के अवसर पर विवश होकर धन का व्यय करना पड़ता है तब भी क्लेश होता है । अतः धन सब प्रकार से क्लेश का ही

एकास्निग्धाः काकिषिना सद्यः सर्वेऽरः कृताः ।। अर्थेनाल्पीयसा ह्येते संरब्धा दीप्तमन्यवः। त्यजन्त्याशु स्पृधो घ्नन्ति सहसोत्सृज्य सौहृदम् ।। लब्ध्वा जन्मामनप्रार्थ्यं मानुष्यं तद्विजाग्र्यताम् । तदनादृत्य ये स्वार्थं घ्नन्ति यान्त्यशुभां गतिम् ।। स्वर्गापवर्गयोर्द्वारं प्राप्य लोकमिमं पुमान् । द्रविणे कोऽनुषज्जते मर्त्योऽनर्थस्य धामनि ।। देवर्षिपितृभूतानि ज्ञातीन्बन्धूंश्च भागिनः । असंविभज्य चात्मानं यक्षवित्तः पतत्यधः ।। व्यर्थयार्थेहया वित्तं प्रमत्तस्य वयो बलम् । कुशला येन सिद्ध्यन्ति जरठः किं नु साधये ।। कस्मात्संक्लिश्यते विद्वन्व्यर्थयार्थेहयाऽसकृत् । कस्यचिन्मायया नूनं लोकोऽयं सुविमोहितः।। किं धनैर्धनदैर्वा किं कामैर्वा कामदैरुत । मृत्युना ग्रस्यमानस्य कर्मभिर्वोत जन्मदैः ।। अतस्तान्क्लेशकारिणोऽनर्थाख्यानर्थान्धिगिति दिक् ।।

कामिनीदोषनिरूपणम् –

मांसपाञ्चालिकायास्तु यन्त्रलोलेऽङ्गपञ्जरे ।
स्नाय्वस्थिग्रन्थिशालिन्यास्स्त्रियः किमिव शोभनम् ।। १४० ।।

अन्वयः – स्नाय्वस्थिग्रन्थिशालिन्याः मांसपाञ्चालिकायाः स्त्रियः यन्त्रलोले अङ्गपञ्जरे किं शोभनम् इव ? ।।

व्याख्या :– दुःखहेतुत्त्वेन विषयाणां दुष्टत्त्वनिरूप्याशोभनत्त्वमपीति प्रदर्शयति । स्नाय्वस्थिग्रन्थि-शालिन्यास्स्नायवश्शिरीश्चास्थीनि प्रसिद्धानि ग्रन्थयश्च मांसनिचयरूपनितम्बस्तनादयः । तैश्शालिनी तस्या मांसपाञ्चालिकाया मांसमयी पाञ्चालिका "पाञ्चालिका पुत्तिकास्याद्वस्त्रदन्तादिभिः कृते"ति

कारण है इसलिये ऐसे क्लेशकारी धन को धिक्कार है । आद्य शंकाराचार्य जी ने भी मोहमुद्गर (भजगोविन्दम्) में कहा है कि –

अर्थमनर्थं भावय नित्यं नास्ति ततः सुखलेशः सत्यम् ।
पुत्रादपि धनभाजां भीतिः सर्वत्रैषा विहिता रीतिः ।। (मो.मु.)

अर्थात् – अर्थ (धन) को सदा अनर्थ रूप जानो, उससे स्वल्पमात्र भी सुख नहीं है यह बिलकुल सत्य है । धन के कारण पुत्र से भी भय लगता है, यही दशा सर्वत्र है । अतः अनर्थकारी, क्लेशकारी धन को धिक्कार है ।

अब कामिनी विषयक दोषों का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – स्नायु, अस्थि और ग्रन्थियों से युक्त मांस की पुतली रूप स्त्रियों के यन्त्र के समान चंचल अंग-पंजर में भला क्या शोभा है ? (अर्थात् कुछ नहीं) ।।१४०।।

व्याख्या – दुःख के हेतु रूप में विषयों का दृश्यत्व बताकर उसके अशोभनत्व को भी दिखाते हैं । स्नायु (शिरा), अस्थियाँ (हड्डियाँ) और विविध ग्रथियाँ इन्हीं से युक्त मांस की पाञ्चालिका (पुतली) रूप स्त्रियों के यन्त्र के समान चंचल अंग रूपी (शरीररूपी) पिंजरे में क्या शोभा है ? अर्थात् कुछ नहीं । ***"पाञ्चालिका पुत्तिका स्याद् वस्त्रदन्तादिभिः कृते"*** इस कोशवचनानुसार पाञ्चालिका का अर्थ क्रीडायोग्य पुतली (नारी) है । नारी का शरीर ही पिंजरे के समान है । जैसे तोते को पिंजरे में बाँध लिया जाता है, वैसे ही तरुणी नारी का शरीर पुरुष के मन को बाँधने वाला है, इसलिये स्त्री के शरीर को पंजर

कोशात्क्रीडायोग्या योषित्तस्यास्स्त्रियो यन्त्रलोले यन्त्रवत्कलासूत्रयन्त्रवल्लोले चेष्टमाने चञ्चलशीले तादृशेऽङ्गपञ्जरेऽङ्गं शरीरमेव पञ्जरं नीडं बन्धस्थानं यथा कीरादीनां निरोधस्थानं तथायं तरुणीकायः कामुकपुंसां मनोबन्धनस्थानं तस्मिन्नेतादृशे सति किं शोभनमिव? न किमपि शोभनमिति तदर्थः । मांसादिसप्तधातुनिर्मितपुत्तिलिकायास्स्त्रियः । "त्वक्चर्ममांसरुधिरमेदोमज्जास्नायवोऽस्थीनीति श्रुतेः। "अथ वस्नसा स्नायुस्स्त्रिया"मिति कोशात्स्नायवोऽस्थिनिकटस्थो धातुविशेष एवं तद्विशिष्टानि यान्यस्थीनि तेषां ये ग्रन्थयस्तच्छालिन्यास्तद्विशिष्टाया ईदृश्यः स्त्रियः किमिव शोभनं मुखाद्यवयवजातं रम्यमस्ति न किञ्चिदपि रम्यमित्यर्थः । तथा च मांसेत्यादिनातिबीभत्सत्त्वान्न तत्र रम्यत्त्वलेशोऽपीति भावः । उत्कटानुरागजनकत्त्वेन प्रतीयमाना कामिनी मांसवसामेदोमयत्त्वेन विचार्य निश्चिता न रागाय कल्पते। प्रत्युत जुगुप्सामेव जनयतीति दिक् ।।

प्रतिपादितान्विषयदोषानन्यत्रातिदिशति –

एवमादिषु शास्त्रेषु दोषास्सम्यक्प्रपञ्चिताः ।
विमृशन्ननिशन्तानि कथन्दुःखेषु मज्जति ॥ १४१ ॥

अन्वयः – एवमादिषु शास्त्रेषु दोषाः सम्यक् प्रपञ्चिताः । तानि अनिशं विमृशन् कथं दुःखेषु मज्जति ।।

व्याख्या :– उपलक्षणमिदमेवञ्जातीयकानां शास्त्राणामिति सर्वदा तानि परिशीलयन्नेव दुःखाब्धौ निमग्नस्स्यादितिहासपुराणादिभ्योऽवगन्तव्या दोषास्सर्वत्रेत्यतिदेशमाह । एवमादिष्वेवं वनितावित्तादिषु

के समान कहा है । नाच दिखाने वाले वस्त्रादि की नकली नारी का निर्माण कर यन्त्र के द्वारा उसे नचाकर लोगों का मनोरंजन करते हैं । नारी का शरीर भी उसी पुतली के समान है । बाहर से सुन्दर प्रतीत होने पर भी विचार करने पर माँस, मेद, अस्थि, मल और मूत्रादि के सिवा उसमें क्या है ? भाव यह है कि नारियों का शरीर उत्कटरागजनक होने पर भी यदि उसमें मांस–वसादि का विचार किया जाए तो वह नारी राग उत्पन्न नहीं करती किन्तु जुगुप्सा ही उत्पन्न करती है । श्री शंकराचार्यजी ने भी कहा है कि –

नारीस्तनभरनाभिनिवेशं मिथ्यामायामोहावेशम् ।
एतन्मांसवसादिविकारं मनसि विचारय वारम्वारम् ।। (मो.मु.)

उपर्युक्त रीति से सर्वत्र दोषानुसन्धान करने वाला कभी दुःखी नहीं होता है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ – इस प्रकार शास्त्रों में दोषों का अच्छी तरह विवेचन किया गया है । उन शास्त्रों का निरन्तर विचार करता हुआ साधक दुःखों में निमग्न कैसे हो सकता है ?।।१४१।।

व्याख्या – पूर्व श्लोकों में वित्त (धन) और वनिता (नारी) में जो दोष दिखाए गये हैं, वे केवल दिङ्मात्र हैं । शास्त्रों में अर्थात् इतिहास (महाभारत–रामायण) और पुराणादि में उक्त विषय विस्तार से वर्णित है । शास्त्रों में उनका प्रतिपादन अच्छी तरह से अनुभवपूर्वक और विस्तार से किया गया है । श्रुति कहती है कि ***"भगवन्नस्थिचर्मस्नायुमज्जामांसशुक्रशोणितश्लेष्माश्रुदूषिते विण्मूत्र–वातपित्तकफसंघाते दुर्गन्धे निःसारेऽस्मिन् शरीरे किं कामोपभोगैः"*** (मै.उ. १/२) बृहद्रथ नाम

दोषाश्शास्त्रेषु सम्यगनुभवपूर्वकं प्रपञ्चिता विपुलतया प्रतिपादिताः । आदिनैतन्मूलभूतान्यपि गृह्यन्ते। "न वै स्त्रैणानि सख्यानि सन्ति सालावृकाणां हृदयान्येता" इति शाकलश्रुतिः । "तज्जाया जाया भवति यदस्यां जायते पुन"रिति च । मैत्रायणीश्रुतौ "भगवन्नस्थिस्नायुमज्जामांसशुक्रशोणित-श्लेष्माश्रुदूषिकाविण्मूत्रपित्तकफसङ्घाते दुर्गन्धे निस्सारेऽस्मिच्छरीरे किं कामोपभोगैः" याज्ञवल्क्ये "त्त्वङ्मांसरक्तबाष्पाम्बु पृथक्कृत्त्वा विलोचने । समालोक्य सुरम्यं चेत्किं मुधा परिमुह्यसी"ति श्रीमद्भगवद्गीतायामपि च "जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्ये चे"त्यादीनि चानुसन्धेयानि । तानि च दोषजालान्यनिशं न विद्यते निशाचेष्टा विरामसमयो यस्य तदनिशमविरतं विमृशन्दुःखेषु कथं मज्जति नैव निमग्नो भवतीति शम् ।।

भोगेच्छाया नाशो विषयदोषदर्शनजन्य इति निरूपणम् -

क्षुधया पीड्यमानोऽपि न विषं ह्यत्तुमिच्छति ।
मिष्टान्नध्वस्ततृड्जानन्न मूढस्तज्जिघत्सति ॥ १४२ ॥

अन्वयः - क्षुधया पीड्यमानः अपि विषम् अत्तुं न हि इच्छति । अमूढः मिष्टान्नध्वस्ततृट् जानन् तत् न जिघत्सति ।।

व्याख्या :- भोगानामनिष्टहेतुत्त्वे स्पष्टे सति तृष्णानुत्पत्तिरिष्टा सिद्ध्यतीति दृष्टान्तपुरस्सरं कथयति। क्षुधया बुभुक्षया पीड्यमानोऽपि प्राणापहरणहेतुं विषमिति जानन्नत्तुं भोक्तुं नेच्छति हि । निश्चयार्थको

के राजा कहते हैं कि हे भगवन् ! अस्थि, चर्म, स्नायु, मज्जा, मांस, शुक्र, शोणित श्लेष्मा और अश्रु से दूषित तथा मल, मूत्र, वात, पित्त, कफ के संधात वाले दुर्गन्धी युक्त सार रहित इस शरीर के लिये कामोपभोग से क्या प्रयोजन है ? ***"न वेस्त्रैणानि सख्यानि सन्ति सालावृकणां हृदयान्येताः"*** (शत.ब्रा. ११५, १/९) ***"तज्जाया जाया भवति यदस्यां जायते पुनः"*** (ऐत.ब्रा. ७/३/१०) इत्यादि वेद वचनों से तथा ***"जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्य च"*** (गी.२/१७) इत्यादि स्मृति वचनों में तथा इतिहास और पुराणों के वचनों में विषयसुख के दोषों का अच्छी तरह से विवेचन किया गया है । जो पुरुष उन शास्त्रों का निरन्तर विचार करता है वह संसार को सर्वथा मिथ्या रूप ही मानता है । ऐसी स्थिति में सांसारिक दुःखों में वह कैसे निमग्न हो सकता है ? अर्थात् नहीं होता है ।

पूर्वोक्त कथन को दृष्टान्त पूर्वक समझाते हैं ।

अर्थ - मनुष्य क्षुधा से पीड़ित होने पर भी विष खाने की इच्छा नहीं करता है तो फिर जिसकी क्षुधा मिष्टान्न खाकर तृप्त हो गयी हो,वह विवेकी पुरुष विष खाने की इच्छा क्यों करेगा ? अर्थात् नहीं करता है ।।१४२।।

व्याख्या - विषयों में दोष दर्शन होने पर भोगेच्छा नहीं रहती है । इस विषय में युक्ति सहित दृष्टान्त प्रस्तुत करते हैं । मनुष्य कितना ही भूखा क्यों न हो किन्तु यदि उसे ज्ञात हो कि इस भोजन में विष है तो वह उस विषाक्त भोजन को खाने की इच्छा नहीं करता है । जब भूखा भी विष खाने की इच्छा नहीं करता है तो फिर जिसने अच्छे-अच्छे मिष्टान्न को खाकर अपनी क्षुधा निवृत्त कर ली है, वह व्यक्ति विषाक्त भोजन करने की इच्छा क्यों करेगा ? अर्थात् नहीं करेगा । इसी प्रकार ज्ञानी पुरुष भी विषयों को विष

हिः । किमु वक्तव्यं निवारितक्षुन्नाश्नातीति । स्वयममूढो विवेकी मिष्टान्नध्वस्ततृण्मिष्टं मधुररससंयुतं यदन्नमोदनं तद्भोजनेन ध्वस्ता विनष्टा तृडशनया बुभुक्षा यस्य स तथोक्तो विवेकी जीवितान्मरणमेव वरमित्येवं विधं मोहमनापन्नो जानन् विषेऽनर्थकारित्त्वं बुद्ध्वा न जिघत्सत्यत्तुं नेच्छतीति किं पृथग्वक्तव्यम्? नैव भोक्तुमिच्छतीति शम् ।।

ज्ञानिनां प्रारब्धानुभवविचारणम् –

प्रारब्धमात्रप्राबल्याद्भोगेष्विच्छा भवेद्यदि ।
क्लिश्यन्नेव तदाप्येष भुङ्क्ते विष्टिगृहीतवत् ।। १४३ ।।

अन्वयः – यदि प्रारब्धकर्मप्राबल्यात् भोगेषु इच्छा भवेत् । तदा अपि एषः विष्टिगृहीतवत् क्लिश्यन् एव भुङ्क्ते ।।

व्याख्या :– सौभर्यादीनां ज्ञानिनामपि प्रारब्धकर्मप्राबल्यात्प्रवृत्तिरपरिहार्येति न्यरूपि । तथा सति तत्प्रवृत्यनुकूलेच्छापि नैव परिहर्तुं शक्या । इच्छा हि राग एव । तस्माज्ज्ञानिनोऽपि प्रवृत्ती रागपूर्वको भोगोऽपि तथैवेति कथं नैव बन्धकं कर्मेत्युच्यत इति शङ्कायां स ज्ञानीच्छायामपि सत्यां न प्रीतिपुरस्सरं भुङ्क्ते इत्याह । ज्ञानिनो यदि प्रारब्धकर्मप्राबल्यादिच्छा भोगोषु भवेत्तदापि विष्टिगृहीतवद्वेतनेनाकृष्टो भृत्य इव क्लिश्यन्दुःखितस्सन्नेव भुङ्क्ते न प्रीतिपूर्वकमनुभवतीति दिक् ।।

के समान जानकार उन को भोगने की इच्छा नहीं करता है । श्रीशंकराचार्य जी कहते हैं कि ***''मोक्षस्य काङ्क्षा यदि वै तवास्ति त्यजातिदूरात् विषयान्विषं यथा''*** (वि.चू. ८४) मोक्षेच्छु को विषयों को विष के समान त्याग देना चाहिये ।

ज्ञानियों के प्रारब्धानुभव का विचार प्रारम्भ करते हैं ।

अर्थ – ज्ञानी पुरुष की यदि प्रारब्धकर्म की प्रबलता से इच्छा उत्पन्न हो भी जाए तब भी यह ज्ञानवान् इष्टगृहीत (वेतनभोगी सेवक) की तरह क्लेशपूर्वक ही भोग करता है ।।१४३।।

व्याख्या – ज्ञानियों की भी प्रारब्ध कर्मों के अनुसार प्रवृत्ति अपरिहार्य है, ऐसा आपने पहले कहा है । यदि ऐसी बात है तो फिर तदनुकूल इच्छा भी अवश्य होगी और इच्छा रागमूलिका है । इस प्रकार ज्ञानी का भोग भी जब रागपूर्वक ही सिद्ध होता है, तो फिर उससे वह बन्धन में क्यों न पड़ेगा ? सौभरी आदि ज्ञानियों की भी प्रारब्ध कर्म की प्रबलता से रागपूर्वक भोगों में प्रवृत्ति सुनी गई है । अतः प्रारब्धकर्म का भोग रागमूलक होने से ज्ञानी के लिये भी बन्धकारक ही है । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि यदि ज्ञानी पुरुष की प्रारब्धकर्म की प्रबलता से विषयसुख की इच्छा हो भी जाए तब भी वह सामान्य मनुष्य की तरह उनका उपभोग नहीं करता है अपितु क्लेशपूर्वक ही करता है । जैसे वेतनभोगी सेवक स्वामी की सेवा क्लेशपूर्वक करता है, वैसे ही ज्ञानी पुरुष प्रारब्धजन्य विषयसुखों में प्रीति न रखकर ही उनका उपभोग करता है ।

ज्ञानी प्रीत्याभोगान्नानुभवतीत्यत्र विवरणम् -

भुञ्जाना वा अपि बुधाश्श्रद्धावन्तः कुटुम्बिनः ।
नाद्यापि कर्म नश्छिन्नमिति क्लिश्नन्ति सन्ततम् ॥ १४४ ॥

अन्वयः - श्रद्धावन्तः कुटुम्बिनः बुधाः भुञ्जानाः अपि "अद्य अपि नः कर्म न छिन्नम्" इति सततं क्लिश्यन्ति ।।

व्याख्या :- ज्ञानिनो भोगान्प्रीतिपुरस्सरं स्वीकुर्वन्त्यथवान्यथेति कथमवगम्यत इत्याशङ्क्य लोके तथा दर्शनादित्याह । बुधा विद्वांसः कुटुम्बिनो दारापत्यमित्रपश्वाद्यैस्सह निवसन्तश्श्रद्धावन्तः दूर्वामूलावलम्बिनरककूपगपितृवचनास्तिक्यशालिजरत्कार्वादयः कृत्येष्वासक्ताः प्रारब्धं भुञ्जाना अपि तानपि प्रारब्धप्राबल्यापादनमपि नोऽस्माकं प्रारब्धं कर्मबन्धनं न छिन्नमित्यहो महद्विषादस्थानमस्माकमिति सन्ततमनवरतं क्लिश्नन्ति सदोद्विग्नमनसो भवन्ति । इच्छया भोगोऽपि विदुषां क्लेशपूर्वक एव भवति । आरब्धकर्मप्रभवोऽयमस्माकं संसारोऽनिवार्यस्तमननुभूय विदेहकैवल्यमुक्तेरानन्दो नास्माकं घटत इति तत्फलसम्प्राप्तये प्रारब्धं फलमात्रक्लेशमश्नुवन्तीति दिक् ।।

तत्त्वविदां सांसारिकतापाभावनिरूपणम् -

नायं क्लेशोऽत्र संसारतापः किन्तु विरक्तता ।
भ्रान्तिज्ञाननिदानो हि तापस्सांसारिकस्स्मृतः ॥ १४५ ॥

अन्वयः - अयं क्लेशः संसारतापः न । किं तु अत्र विरक्तता । हि (यतः) सांसारिकः तापः भ्रान्तिज्ञाननिदानः स्मृतः ।।

व्याख्या :- एवं चेत्तर्हि जीवन्मुक्तिरेव न घटते । देहपातपर्यन्तं क्लेशप्रसक्तेरित्याशङ्कां परिहरति।

उक्तार्थ को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - कुटुम्ब वाले श्रद्धायुक्त ज्ञानी लोग भोगते हुए भी आज तक हमारे प्रारब्ध कर्म नष्ट नहीं हुए हैं, इस प्रकार सदा क्लेश का अनुभव करते हैं ।।१४४।।

व्याख्या - प्रारब्धवशात् भोगेच्छा उत्पन्न होने पर भी ज्ञानवान् उनका भोग प्रीतिपूर्वक नहीं करते हैं, यह आपने कैसे जाना ? ऐसी आशंका के उत्तर में लोक प्रसिद्धि से जाना, ऐसा कहते हैं । जो गृहस्थाश्रम में रहकर पुत्र-पत्नी आदि कुटुम्बियों से युक्त हैं, वे भी पूर्वजन्मों के पुण्यप्रताप से वेदान्तों का श्रवण कर ज्ञान प्राप्त कर लेते हैं । ऐसे श्रद्धायुक्त ज्ञानी लोक प्रारब्धकर्मों का भोग करते हुए भी अर्थात् उनका अनुभव करते हुए भी ऐसा सोचते हैं कि आज तक अर्थात् ज्ञान हो जाने के बाद भी हमारा प्रारब्ध रूपी कर्मबन्धन नष्ट नहीं हुआ है, यह हमारे लिये बड़ी खेद की बात है । इस तरह निरन्तर उद्विग्न मन वाले होकर क्लेश का अनुभव करते हैं । इच्छापूर्वक किया गया भोग भी उनके लिये क्लेश रूप ही होता है ।

तत्त्वज्ञों का क्लेश सांसारिक ताप के समान नहीं होता है, इसका वर्णन करते हैं।

अर्थ - ज्ञानी का यह क्लेश संसार ताप नहीं है, यह तो उसका वैराग्य है । भ्रान्तिज्ञान से उत्पन्न ताप ही सांसारिक ताप माना गया है ।।१४५।।

व्याख्या - यदि तत्त्ववेत्ताओं को भी क्लेश की प्राप्ति होती है तो फिर जीवन्मुक्ति ही सिद्ध न होगी और

अयं क्लेशो नाद्यापि नः कर्मच्छिन्नमित्याकारकः क्लेशोऽनुतापात्मकस्संसारतापो न भवति विदुषां किन्त्वत्र संसारे विरक्तता वीतरागत्त्वमासक्तिरहितता । तत्र तापकत्त्वाभावे युक्तिं दर्शयति । हि यतो हेतोस्सांसारिकस्तापो भ्रान्तिज्ञाननिदानो भ्रान्तिरूपज्ञानमेव निदानमादिकारणं यस्य स भ्रान्तिज्ञानकारणको मिथ्याज्ञानप्रभवस्तापस्सांसारिकानुताप इति स्मृतः पूर्वाचार्यैः । विदुषां तु संसारतापो न भवति । किन्त्वनासक्ततैव भवति । विवेकिनां च भ्रान्त्यभावात्तन्मूलकसन्तापस्यैव सांसारिकत्त्वेन तेषां नाद्यापि कर्म नश्छिन्नमिति यस्तापोऽनुभवगोचरस्स न सांसारिकस्तल्लक्षणानाक्रान्तत्त्वात् । किन्तु स तापो विरक्ततैव यतो विवेकज्ञानमूलक इत्यतो न तथाविधः । एवं च भ्रान्तिज्ञानमूलकस्तापो दुःखावहः। विवेकज्ञानमूलकस्तापः सुखावह इति पर्यवस्यति । तस्माद्विदुषस्संसारतापाभावाज्जीवन्मुक्तत्त्वे न कोऽप्याक्षेपः । यतो जीवन्मुक्तत्त्वं संसारतापशून्यत्त्वमेव । अतस्सर्वमनवद्यमिति शम् ।।

विवेकाविवेकमूलतापयोः फलतो भेदनिरूपणम् –

विवेकेन परिक्लिश्यन्नल्पभोगेन तृप्यति ।
अन्यथानन्तभोगोऽपि नैव तृप्यति कर्हिचित् ।। १४६ ।।

अन्वयः – विवेकेन परिक्लिश्यन् अल्पभोगेन तृप्यति । अन्यथा अनन्तभोगे अपि कर्हिचित् न एव तृप्यति ।।

व्याख्या :– विदुषोऽप्यविदुषश्च क्लेशसाम्ये कथं विदुषः क्लेशो विवेकमूलोऽविदुषः क्लेशश्च भ्रान्तिमूल इत्यवगम्येत्यत्र कार्यलिङ्ककानुमानमेव विनिगमकमिति प्रदर्श्यते । आदौ विदुषस्तापः कामनानिवर्तक इत्यतो विवेकज्ञानमूलक इति ज्ञेयः । अविदुषस्तापस्तु कामनासंवर्धक इत्यविवेकजन्यो भ्रान्तिज्ञानमूलक इति च स्पष्टतरं विज्ञेयः । विवेकेन नित्यानित्यवस्तुविवेकज्ञानेन "किंनस्तापोऽद्यापि नश्छिन्न" इति परिक्लिश्य विवेकज्ञानमूलकपरिक्लेशमनुभवन्विद्वज्जनोऽल्पभोगेनैव तृप्यति । यतो

ज्ञान भी निष्फल ही होगा । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि ज्ञानी के क्लेश और अज्ञानी के संसार–ताप में अन्तर है । "***नाद्यापि कर्म नश्छिन्नम्***" इत्याकारक ज्ञानी का जो क्लेश है वह संसार–ताप के समान नहीं है । यह क्लेश तो उसकी विरक्ति है अर्थात् वीतरागत्व ही उक्त क्लेश का कारण है । ***भ्रान्तिज्ञाननिदानः*** अर्थात् भ्रान्तिज्ञान ही निदान (आदिकारण) है जिसका वह मिथ्याज्ञान से उत्पन्न सन्ताप ही सांसारिक सन्ताप माना गया है । ज्ञानी पुरुष में भ्रान्ति का अभाव होने के कारण उसका क्लेश सांसारिक ताप के समान नहीं होता है । भाव यह है कि ज्ञानी में सांसारिक सन्ताप का अभाव होने के कारण उसकी जीवन्मुक्ति भी सिद्ध ही है । क्योंकि सांसारिक सन्ताप शून्यत्व को ही जीवन्मुक्ति कहा गया है ।

पूर्वोक्त क्लेश विवेकमूलक है अथवा अविवेकमूलक ? इसका निर्णय कैसे होता है? इस आशंका का परिहार करते हैं ।

अर्थ – विवेक पूर्वक क्लेश पाने वाला अल्पभोग से ही तृप्त हो जाता है और अविवेकी पुरुष अनन्त भोग पाकर भी कभी तृप्त नहीं होता ।।१४६।।

व्याख्या – विद्वान् और अविद्वान् दोनों में ही क्लेश साम्य होने पर यह कैसे पता चलता है कि विद्वान्

जरत्कार्वादौ तथैव दृष्टम् । अत्रेत्थमनुमानप्रयोगः - विवादास्पदः क्लेशो विवेकमूलकः । अल्पभोग-तुष्टनिष्ठत्त्वात् । व्यतिरेकेऽविवेकिक्लेशवत् तदेतद्व्यतिरेकदृष्टान्तं विवृणोति । अन्यथाविवेकेन क्लेशमनुभवन्न विद्वज्जनोऽनन्तभोगेऽपि कर्हिचित्कदाचिदपि नैव तृप्यति । न तृप्तिं प्राप्नोत्येव । "न जातु कामः कामानामुपभोगेन शाम्यति । हविषा कृष्णवर्त्मेव भूय एवाभिवर्धते" इति स्मृतेः । तस्माद्भोगेन तृप्तितदभावाभ्यां क्लेशस्य विवेकमूलकत्त्वमविवेकमूलकत्त्वमिति विशेषो निश्चेत्तुं शक्य इति दिक् ।।

भोगस्य तृप्तिहेतुत्त्वाभावप्रतिपादिकायाश्श्रुतेरुदाहरणम् (नारदपरिव्राजकोपनिषदि) -

न जातु कामः कामानामुपभोगेन शाम्यति ।
हविषा कृष्णवर्त्मेव भूय एवाभिवर्धते ।। १४७ ।।

अन्वयः - कामः कामानाम् उपभोगेन जातु न शाम्यति । हविषा कृष्णवर्त्मा इव भूयः एव अभिवर्धते ।।

व्याख्या :- विदुष इवाविदुषोऽपि भोगेनैव यदि तृप्तिर्भवेत्तदा विद्वत्त्वमप्रयोजकमित्याशङ्क्य केवलो भोगो न तृप्तिहेतुः किन्तु तदभावहेतुरेवेति स्पष्टयति । कामो विषयाभिलाषो जातु कदाचिदपि कामानां काम्यमानानां विषयाणामुपभोगेनानुभवेन नैव शाम्यति न तृप्तो भवतीत्य दृष्टान्तः प्रदर्श्यते। हविषा चरुपुरोडाशाज्यामिक्षासान्नाय्यादिभिर्विहितैरनेकैरपि संस्कृतद्रव्यैः कृष्णवर्त्मा वह्निः "बर्हिश्शुष्मा

का क्लेश विवेकमूलक है और अविद्वान् का अविवेकमूलक । इसका उत्तर देते हैं कि कार्यलिंग के द्वारा दोनों के भेद का पता चल सकता है । विद्वान् का क्लेश कामनानिवर्तक होता है और अविद्वान् का कामनासंवर्धक, यही दोनों में भेद है । जो विवेकपूर्वक क्लेश पाता है, वह पुरुष अल्पभोग से ही तृप्त हो जाता है और उससे भिन्न जो अविवेकपूर्वक क्लेश पाता है, वह अनन्त भोगों की प्राप्ति हो जाने पर भी कभी तृप्ति नहीं होता है । भाव यह है कि भोग से तृप्ति और अतृप्ति के द्वारा क्लेश के विवेकमूलकत्व और अविवेकमूलकत्व का विशेष निर्णय हो सकता है ।

पूर्वोक्त कथन में दृष्टान्त प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - कामनाओं के उपभोग से काम कभी भी शान्त नहीं होता है । अपितु घृतादि होम पदार्थों के द्वारा अग्नि के समान अत्यधिक वृद्धि को प्राप्त होता है ।।१४७।।

व्याख्या - यह श्लोक मनुस्मृति (२/९४) से उद्धृत है । विवेकी पुरुष की तरह अविवेकी पुरुष की भी भोग से तृप्ति मान लेने में क्या आपत्ति है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि भोगेच्छा की पूर्ति से काम शान्त नहीं होता है । इच्छित पदार्थों की प्राप्ति होने पर उसका उपभोग कर लेने पर भी मनुष्य उनसे विरक्त नहीं हो पाता है, उल्टा उनकी ओर पुनः आकर्षित होता रहता है । यज्ञकुण्ड में प्रज्वलित अग्नि में चरु, पुरोडाश और घृतादि की आहुति से जैसे अग्नि शान्त न होकर अत्यधिक प्रज्वलित होती है, उसी प्रकार विषयभोग अग्नि में घी की आहुति के समान हैं । इन से काम की निवृत्ति नहीं अपितु अभिवृद्धि ही होती है । अग्नि का एक नाम कृष्णवर्त्मा है । श्रीमद्भागवतादि पुराणों में राजा ययाति की कथा आती है । उन्होंने विषयसुख भोगने की इच्छा से अपने पुत्र का यौवन ग्रहण कर बहुत काल तक भोग किया किन्तु उन्हें तृप्ति न हुई । अन्त में उन्होंने यही घोषणा की, जो इस श्लोक में वर्णित है । यह

कृष्णवर्त्मे"ति कोशादग्निर्यथा नैव तृप्तिमेति किञ्च भूयो मुहुर्मुहुरभिवर्धत एव तद्वदविवेकिनां कामानलोऽपि न भोगेनोपशाम्यति किन्तु भूय एवाभिवर्धत इति शम् ।।

विदुषश्चाल्पभोगोऽपि तृप्तिहेतुरित्यत्रानुभवप्रदर्शनम् –

परिज्ञायोपभुक्तो हि भोगो भवति तुष्टये ।
विज्ञाय सेवितश्चोरो मैत्रीमेति न चोरताम् ॥ १४८ ॥

अन्वयः – परिज्ञाय उपभुक्तः भोगः तुष्टये हि भवति । विज्ञाय सेवितः चोरः मैत्रीम् एति । चोरतां न (एति)।

व्याख्या :- अल्पभोगेन सन्तुष्टिरेव लोके न दृष्ट इत्यसिद्ध एवेत्याशङ्कायां विवेक-पूर्वकस्याप्यल्पभोगस्य वैराग्यभाग्यादिसामग्रीमहिम्ना विपरीतकारित्त्वं सुतृप्तिजनकत्त्वमनुभूयते । विषस्य सामान्यतो मारकत्त्वेऽपि देशकालवस्तुव्यक्तिपरिस्थितिविशेषे स्वास्थ्यसम्पादनद्वारा जीवनहेतुत्त्वस्यापि दृष्टचरत्त्वादित्याह । अयं प्रारब्धप्रभवोऽपरिहार्यो भोगस्सोऽयमुपभोगेनैव तद्भोक्तुः प्रारब्धोऽप्यपक्षीणो भवतीत्येवं रूपेण परिज्ञाय सम्यज्ज्ञात्त्वोपभुक्तो भोगोऽनुभवस्स्वल्पोऽपि तुष्टये सन्तुष्टये प्रारब्धनाशनिमित्तपरिसन्तुष्टये भवति । एतावानयं भोग एतावत्प्रयत्नसाध्य इत्येवमाद्यनुभवपुरस्सरं चेत्तत्रालंबुद्धिस्तृप्तिर्हि सञ्जायते । सर्वामपि भोगसामग्रीं तत्साधनप्रयत्नादिविवेकपूर्वकं विज्ञायेत तदा तत्रालंबुद्धिर्निश्चितैव भवेदिति भावः । तृष्णाहेतोः भोगस्यापि विवेकसाहचर्यमात्रात्कथं तृप्तिहेतुत्त्वमित्यत्र लोकदृष्टं सहचारविशेषवशाद्विपरीतकार्यकारित्त्वमुदाहरति। चोरोऽयमिति विज्ञाय तज्ज्ञानपूर्वकं यश्चोरस्सेवितस्स निश्चयेन तेन चोरेण सह वर्तमानस्य पुरुषस्य विज्ञातत्त्वादयं चोरो न

श्लोक श्रीमद्भागवत (९/१९/१४) में भी है । इससे सिद्ध होता है कि विषयसुख भोगने से उनकी कामना घटती नहीं अपितु बढ़ती ही है । इसीलिये कहा है कि –

यत्पृथिव्यां व्रीहियवं हिरण्यं पशवः स्त्रियः।
न दुह्यन्ति मनः प्रीतिं पुंसः कामहतस्य ते।। (भा. ९/१९/१३)

अर्थात् – पृथ्वी में जितने भी चावल, जौ आदि धान्य हैं, सुवर्ण, पशु और स्त्रियाँ हैं । वे सब के सब मिलकर भी उस पुरुष के मन को सन्तुष्ट नहीं कर सकते, जो कामहत (कामनाग्रस्त) हो । ***'कामहतः'*** यह शब्द तैत्तिरीयोपनिषद् में भी आया है ***''श्रोत्रिस्य चाकामहतस्य''*** वहाँ विभिन्न लोकों के सुख का तारतम्य दिखाकर कामहत पुरुष को सदा अतृप्त ही बताया गया है । काम से आहत पुरुष कामहत है ।

अविवेकमूलक भोग अतृप्ति का हेतु है, इसका वर्णन कर अब विवेकमूलक भोग का तृप्तिहेतुत्व दर्शाते हैं ।

अर्थ – जानकर किया हुआ भोग तुष्टि देने वाला होता है । जैसे पहचाने हुए चोर का साथ करने से वह अपना मित्र बन जाता है, चोरी नहीं करता ।।१४८।।

व्याख्या – यह भोग प्रारब्ध कर्मों का फल है, जो कि अनिवार्य है । इसका नाश उपभोग करने पर ही होगा, इस प्रकार जानकर किया हुआ भोग क्लेश उत्पन्न नहीं करता अपितु 'इसको भोग लेने पर प्रारब्ध कर्मों का नाश हो जाएगा' इस प्रकार प्रारब्धनाशनिमित्तक सन्तुष्टि प्रदान करता है । इस विषय में चोर का

भवति किन्तु मैत्रीमेति मित्रभावं प्राप्नोति । न चोरताम् । परिगतसहवासश्चोरोऽपि मित्रमेव भवति नान्यथेति दिक् ।।

भोगप्रवणमपि मनो निदिद्ध्यासनगृहीतं सत्स्वयं संशान्ततामेतीति निरूपणम् -

मनसो निगृहीतस्य लीलाभोगोऽल्पकोऽपि यः ।
तमेवालब्धविस्तारं क्लिष्टत्त्वाद्बहु मन्यते ।। १४९ ।।

अन्वयः - निगृहीतस्य मनसः अल्पकः अपि लीलाभोगः यः अलब्धविस्तारं तम् एव क्लिष्टत्त्वात् बहु मन्यते ।।

व्याख्या :- कामनापरतन्त्रत्त्वान्मनसः कथमल्पभोगेन तृप्यतीति विवेकिनोऽल्पभोगेन सन्तोषे हेत्त्वन्तरमाह । निगृहीतस्य निदिध्यासनाद्यभ्यासेन वशीकृतस्य योगाभ्यासादिना सम्पादितार्जवस्य मनसो निरुक्ताद्वैतब्रह्मात्माभेदविषयकापरोक्षप्रमोत्तरं तद्दार्ढ्यायाभ्यस्यमानासम्भावनाविपरीतभावनादि-निरासफलकचतुर्लक्षणीशारीरकमीमांसाश्रवणमननाद्यभ्यासपूर्वकं द्वैतमिथ्यात्त्वनिश्चयपुरस्सरं प्रत्यगभिन्नाद्वैताखण्डात्मैक्यानुसन्धानेन चावरुद्धस्य मनसो योऽल्पकोऽल्पतरोऽपि लालीभोगो लीलार्थमिवानुभवो भोगो यथा लीलासु फलानभिसन्धिस्तथैव निवार्य प्रारब्धानुभवेऽनभिसन्धिर्यस्य स तथोक्तस्सौभर्यादिवद्यत्किञ्चिद्यत्नजन्येष्टोपभोगस्स क्लिष्टत्त्वादलब्धविस्तारमप्राप्तानन्त-सङ्कल्पमप्राप्तबाहुल्यं स्वल्पं भोगं क्लिष्टत्त्वाद्दुःखदिग्धत्त्वाद्दोषयुक्तत्त्वाद्बहु मन्यतेऽधिकत्त्वेन जानाति। भोगविस्तृतेः क्लेशजनकत्त्वात्तादृशक्लेशपरिहाराय तस्याल्पत्त्वं बहूकरोतीति शम् ।।

उदाहरण देते हैं । "यह चोर है" इस प्रकार जानकार भी यदि कोई उसके साथ रहता है तो वह चोर उसका मित्र बन जाता है और अपने मित्र की चोरी नहीं करता है । भगवद्गीता में भी कहा है कि -

रागद्वेषवियुक्तैस्तु विषयानिन्द्रियैश्चरन्।
आत्मवश्यैर्विधेयात्मा प्रसादमधिगच्छति।। (गी. २/६४)

अर्थात् - अपने अधीन किये हुए अन्तःकरण वाला मुमुक्षु पुरुष राग-द्वेष से रहित अपने वश में की हुई श्रोत्रादि इन्द्रियों के द्वारा अनिवार्य विषयों को ग्रहण करता हुआ प्रसाद (प्रसन्नता) को प्राप्त होता है ।

अल्पभोग से मन की तृप्ति कैसे होगी ? इस शंका का समाधान करते हैं ।

अर्थ - जो निगृहीत मन वाला पुरुष है, वह लीला रूप में प्राप्त भोग को भी क्लेशकारी होने से बहुत मानता है ।।१४९।।

व्याख्या - अभ्यास के द्वारा जिसने अपने मन को वश में कर लिया है, वह पुरुष अत्यन्त अल्पतर लीलाभोग को भी अर्थात् जैसे लीला में फलाभिसन्धि नहीं होती उसी प्रकार अनिवार्य प्रारब्धानुभव में भी जिसकी अभिसन्धि नहीं है, वह लीला रूप में प्राप्त भोग को भी दुःख रूप मानता है और उतने स्वल्पभोग को भी बहुत मानता है । अज्ञानी मनुष्य के मन में कामना से अनुराग बढ़ता जाता है किन्तु यह नियम ज्ञानी पर लागू नहीं होता है । उसका कामना से अनुराग नहीं होता । वह अपने मन पर पूर्णरूप से नियंत्रण रखता है । नियंत्रित मन थोड़ा-सा भी विषयसुख पाकर सन्तुष्ट हो जाता है । वह उसको बहुत मानता है । विषयसुख वस्तुतः ज्ञानी के लिये क्लेशकारी ही है इसलिए वह उन भोगों का विस्तार नहीं चाहता अपितु उनका शीघ्र ही त्याग कर आत्मानन्द में निमग्न होना चाहता है ।

विवेकिनोऽल्पभोगेनापि तृप्तिरित्यत्रोदाहरणप्रदर्शनम् -

बद्धमुक्तो महीपालो ग्राममात्रेण तुष्यति ।
परैरबद्धो नाक्रान्तो न राष्ट्रं बहु मन्यते ॥ १५० ॥

अन्वयः-बद्धमुक्तः महीपालः ग्राममात्रेण तुष्यति । परैः अबद्धः न आक्रान्तः राष्ट्रं बहु न मन्यते।।

व्याख्या :- नियमादिभिर्निगृहीतस्यापि मनसस्स्वल्पभोदेन सन्तुष्टिरित्यत्र बद्धमुक्तराजदृष्टानन्तमाह। बद्धमुक्तः पूर्वं बद्धः कारागारे संनिरुद्धः पश्चान्मुक्तोऽधिकारिभिर्मोचितो युद्धे पराजितस्स्वेच्छा-प्रदानेनानुगृहीतो महीपालो राजा केवलं ग्राममात्रेणाल्पभोगेन तुष्यति नितरां सन्तुष्टो भवति । अन्यश्च महान्राजा परैर्न बद्धो दृप्त आक्रान्तस्सर्वस्मिन्राज्ये सुव्याप्त सम्पूर्णं राष्ट्रमपि न बहु मन्यते । तावद्भूमेस्स्वाम्येऽप्यपरितृप्त एव तिष्ठति । तत्र परकर्तृकाक्रमणबन्धरूपयोर्दोषयोरसंभावनयेति दिक्।।

विवेकिनः प्रारब्धं भोगेच्छां न जनयतीत्यभ्युपगमे को दोष इत्याक्षेपनिरूपणम् -

विवेके जाग्रति सति दोषदर्शनलक्षणे ।
कथमारब्धकर्मापि भोगेच्छां जनयिष्यति ॥ १५१ ॥

अन्वयः - दोषदर्शनलक्षणे विवेके जाग्रति सति आरब्धकर्म अपि भोगेच्छां कथं जनयिष्यति ।।

पूर्वोक्त कथन को दृष्टान्त पूर्वक समझाते हैं ।

अर्थ - पहले बद्ध होकर बाद में मुक्त हुआ राजा एक ग्राम पाकर ही सन्तुष्ट हो जाता है किन्तु जो शत्रु से न परास्त हुआ और न ही उसके बन्धन में पड़ा है । ऐसा राजा विशाल राष्ट्र को भी अधिक नहीं मानता है ।।१५०।।

व्याख्या - भोगों से ज्ञानी की तृप्ति और अज्ञानी की अतृप्ति का एक और उदाहरण देते हैं । यदि कोई राजा युद्ध में दूसरे राजा को परास्त कर देता है तो पराजित राजा को वह कैद कर लेता है और बाद में उस पर अनुग्रह कर उसे बन्धन से मुक्त कर देता है । तथा उसे अपने अधीन रखकर एक गाँव का राज्य दे देता है । तब वह पराजित राजा केवल एक गाँव का राज्य प्राप्त कर सन्तुष्ट हो जाता है । वह उतने से ही तृप्त हो जाता है । किन्तु पराजय से पहले वही राजा विशाल राष्ट्र का साम्राज्य भोग रहा था पर उससे भी उसे सन्तुष्टि नहीं थी । जब वह न तो दूसरे राजा के द्वारा बन्धक बनाया गया था और न आक्रान्त ही हुआ था, उस समय वह उस विशाल राष्ट्र को भी अधिक नहीं मानता था । क्योंकि उसे इस बात का अन्दाजा ही न था कि वह भी कभी पराजित होकर बन्धक बनाया जा सकता है । इसी प्रकार ज्ञानी पुरुष का मन नियंत्रण रूपी कैद में रहने के कारण अल्प भोग से संतुष्ट हो जाता है किन्तु अज्ञानी पुरुष का स्वच्छन्द मन सम्पूर्ण लोक का भौतिक सुख प्राप्त हो जाने पर भी तृप्त नहीं होता है।

अब पूर्वपक्षी की शंका प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - भोग्य पदार्थों में दोष दर्शन रूप विवेक जाग्रत होने पर भी प्रारब्ध कर्म भोग की इच्छा कैसे उत्पन्न करेगा ? ।।१५१।।

व्याख्या - यह सम्पूर्ण श्लोक पूर्वपक्ष के रूप में उपस्थित किया गया है । ***''प्रारब्धकर्मप्राबल्याद्***

व्याख्या :- विवेकिनः ''प्रारब्धकर्मप्राबल्याद्भोगेष्विच्छा भवेद्यदी''त्यत्र ''कर्मवशादिच्छा स्या''दित्युक्तं तन्नोपपद्यते । इच्छाविघातिनि विवेकज्ञाने जाते सति तदुत्पत्त्यसंभवात्तस्य प्रारब्धं कर्मेच्छामेव न जनयतीति कुतो नोच्यत इत्याक्षिप्यते । दोषदर्शनलक्षणे विवेके जाग्रति सत्यारब्धकर्मापि भोगेच्छां कथं जनयिष्यति । न कथमपि जनयिष्यतीति भावः । इच्छां जनयिष्यतीत्यनेन प्रारब्धसदृश्येवेच्छोदेतीति तात्पर्यम् । न तु तस्येच्छाजनकत्त्वोक्तौ । इच्छाविनाशसमर्थे ज्ञाने सति कथं भोगेच्छोदेतीति शङ्कासार इति शम् ।।

त्रिविधेच्छाविचारः -

नैष दोषो यतोऽनेकविधं प्रारब्धमीक्ष्यते ।
इच्छानिच्छापरेच्छा च प्रारब्धं त्रिविधं स्मृतम् ।। १५२ ।।

अन्वयः - एषः दोषः न । यतः प्रारब्धम् अनेकविधम् ईक्ष्यते । इच्छा, अनिच्छा, परेच्छा च (इति) प्रारब्धं त्रिविधं स्मृतम् ।।

व्याख्या :- दोषदर्शने सत्यपीच्छाजन्मसंभविष्यति । प्रारब्धस्यनेकप्रकारकत्त्वात् । प्रारब्धं ह्यनुरूपं फलं नियच्छति । तत्र च प्रवृत्तेः कारणानि त्रीणि भवन्ति । स्वेच्छानिच्छापरेच्छा चेति । इच्छाजनकमनिच्छया भोगप्रदं परेच्छया भोगप्रदं चेति प्रारब्धस्य त्रैविध्यमित्याह। एष पूर्वोक्तो दोषः ज्ञाने जाते सति प्रारब्धं भोगेच्छामेव न जनयतीति नैव सम्भवति । यतः प्रारब्धमनेकविधमीक्ष्यत। तच्च प्रारब्धमिच्छानिच्छापरेच्छा चेति त्रिविधं स्मृतमिति शम् ।।

भोगेष्विच्छा भवेद्यदि'' (पं.द. ७/१४३) इस श्लोक में प्रारब्ध कर्म की प्रबलता से विवेकी पुरुष की भी इच्छा उत्पन्न हो सकती है, ऐसा जो आपने कहा है, वह ठीक नहीं है क्योंकि विवेक ज्ञान तो इच्छा का विरोधी है, उसके रहते इच्छा कैसे हो सकती है ? ऐसी शंका इस श्लोक में प्रस्तुत की गई है । भाव यह है कि 'भोग्यपदार्थ मिथ्या है' इस प्रकार का उनमें जो दोषदर्शन है, उसका कारण विवेक है अर्थात् विवेकज्ञान के कारण ही पदार्थों के मिथ्यात्व का निश्चय हुआ है ऐसे विवेक ज्ञान के रहते हुए प्रारब्ध कर्म से ज्ञानी को भोगेच्छा कैसे हो सकती है ? अर्थात् इच्छा का विनाश करने में समर्थ ज्ञान के रहते भोगेच्छा कैसे हो सकती है ? अर्थात् नहीं हो सकती ।

पूर्वोक्त शंका का समाधान करने के लिये तीन प्रकार के प्रारब्ध का वर्णन करते हैं।

अर्थ - यह कोई दोष नहीं है क्योंकि प्रारब्ध अनेक प्रकार का देखने में आता है । इच्छा, अनिच्छा और परेच्छा इस प्रकार प्रारब्ध तीन प्रकार का कहा गया है ।।१५२।।

व्याख्या - पूर्व शंका का समाधान करते हुए कहते हैं कि दोषदर्शन रूप विवेक के होने पर भी प्रारब्ध, भोग की इच्छा उत्पन्न कर सकता है क्योंकि प्रारब्ध अनेक प्रकार के हैं । अतः प्रारब्धकर्म भोगेच्छा उत्पन्न करते हैं यह हमारा कथन दोषयुक्त नहीं है । इच्छा, अनिच्छा और परेच्छा इस प्रकार प्रारब्ध तीन प्रकार का है । मन में इच्छा उत्पन्न कर भोग में प्रवृत्त करने वाला प्रारब्ध इच्छा प्रारब्ध है। बिना इच्छा के भोग प्रदान करने वाला प्रारब्ध अनिच्छा प्रारब्ध है और किसी अन्य व्यक्ति की इच्छा से प्राप्त होने वाला भोग परेच्छा प्रारब्ध है ।

इच्छाप्रारब्धनिरूपणम् –

अपथ्यसेविनश्चोरा राजदाररता अपि ।
जानन्त एव स्वानर्थमिच्छन्त्यारब्धकर्मतः ॥ १५३ ॥

अन्वयः – अपथ्यसेविनः चोराः राजदाररताः अपि स्वानर्थं जानन्तः एव आरब्धकर्मतः इच्छन्ति।

व्याख्या :– निर्देशानुसारमिच्छाप्रारब्धमेवोदाहरति । रोगिणस्सन्तोऽपि केचन जानन्त एव स्वानर्थमारब्धकर्मतः प्रारब्धप्राबल्यादनर्थमपि जानन्त एवापथ्यसेविनोऽनर्थमिच्छन्ति । तथा चौर्यकर्मजन्यानर्थमपि जानन्तश्चोराः केचन तथा राजदाररता अपि केचनेति सर्व एवैते उदाहरणभूताः। सर्वं बलवतां पथ्यमिति न्यायात् । भीमसेनभुक्तविषसम्पृक्तशार्करामोदकश्रीकृष्णकृतनवनीतादिप्रमोषण–चन्द्रकर्तृकगुरुदारगमननिदर्शनैस्तात्कालिकतत्तद्व्यापारप्रवर्तकारब्धफलकर्मवेगत इति भाव इति शम्।।

प्रारब्धस्यापरिहार्यत्त्वनिरूपणम् –

न चात्रैतद्वारयितुमीश्वरेणापि शक्यते ।
यत ईश्वर एवाह गीतायामर्जुनं प्रति ॥ १५४ ॥

अन्वयः – (किं) च अत्र एतत् ईश्वरेण अपि वारयितुं न शक्यते । यतः ईश्वरः एव गीतायाम् अर्जुनं प्रति आह ।

व्याख्या :– प्रचुरविचारणोक्तनिदर्शनान्यथासिद्धेः प्रकृतापथ्यसेवादिव्यापारेच्छायास्सञ्छेद एव कार्य इत्याशङ्कां प्रत्युत्तरयति । अत्र लोकेऽस्मिन्नेतदिच्छाप्राबल्यमूलीभूतं प्रारब्धं वारयितुमीश्वरेणा–

अब स्वेच्छा से भोगप्रद प्रारब्धकर्म का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – अपथ्य का सेवन करने वाले, चोरी करने वाले और राजपत्नी में आसक्त मनुष्य अपने अनर्थ को जानते हुए भी प्रारब्धकर्मवशात् उनकी इच्छा करते हैं ।।१५३।।

व्याख्या – रोगी व्यक्ति को वैद्य बताता है कि यह तुम्हारे लिये पथ्य है और यह अपथ्य । पथ्यसेवन से स्वास्थ्यलाभ होगा और अपथ्य से स्वास्थ्य हानि, तथापि रोगी अपथ्य का सेवन कर लेता है, यह उसका इच्छा प्रारब्ध है । चोर भी जानता है कि यदि वह पकड़ा गया तो कारागार में जाना पड़ेगा, तथापि (अपने अनर्थ को जानकर भी) वह चोरी करता है, यह उसका इच्छा प्रारब्ध है । राजा का सेवक यह जानता है कि राजा की पत्नी पर आसक्त होने का परिणाम अवश्य ही प्राणदण्ड होगा तथापि वह कामी सेवक राजपत्नी पर आसक्त होता है, यह उसका इच्छा प्रारब्ध है । भीमसेन ने विषाक्त मोदक का भक्षण किया था, श्रीकृष्ण ने नवनीत की चोरी की थी और चन्द्रमा ने गुरुपत्नीगमन किया था । इन तीनों के तत्कालीन कृत्य उनके इच्छा प्रारब्ध के वेग से ही हुए थे ।

प्रारब्ध के अपरिहार्यत्व का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – इस लोक में ईश्वर भी प्रारब्ध कर्म का निवारण करने में समर्थ नहीं है । इसलिये भगवान् श्रीकृष्ण ने गीता में अर्जुन के प्रति यही कहा है ।।१५४।।

व्याख्या – कुपथ्य सेवनादि अनर्थ की इच्छा प्रारब्धाधीन है, यह आप कैसे कह सकते है ? ऐसी शंका होने पर प्रारब्ध के अपरिहार्यत्व का समर्थन करते हुए आचार्य कहते हैं कि इस लोक में प्रारब्धकर्मों

पीत्यत्रापिना तदन्यत्र तदभावः कैमुतिकन्यायसिद्ध एवेति द्योतितः । अतस्तेनापि न शक्यते । कुतो वा पथ्यसेवनादिकमिच्छन्ति जना इत्यत्राह । यतो गीतायां भगवद्गीतायामर्जुनं प्रतीश्वर एवैवं वक्ष्यमाणप्रकारेणाहेति शम् ।।

प्रारब्धप्राबल्ये गीतावचनोदाहरणम् -

सदृशञ्चेष्टते स्वस्याः प्रकृतेर्ज्ञानवानपि ।
प्रकृतिं यान्ति भूतानि निग्रहः किङ्करिष्यति ।। १५५ ।।

अन्वयः - ज्ञानवान् अपि स्वस्याः प्रकृतेः सदृशं चेष्टते । भूतानि प्रकृतिं यान्ति । निग्रहः किं करिष्यति ?।।

व्याख्या :- ज्ञानवान्विवेक्यपि पुरुषस्स्वस्यास्स्वकीयायाः प्रकृतेः प्रकृतिरत्र "तं विद्या कर्मणी समन्वारभेते पूर्वप्रज्ञा चे"ति श्रुतिप्रसिद्धविवेकानिराकार्यपूर्वप्रज्ञापदवाच्यज्ञानानादिसंस्काराविद्याकर्मत्रय्येव देहाद्युपादानम् । पूर्वकृतधर्माधर्मादिसंस्कारजन्यं वर्तमानजन्मन्युपभोगक्षममदृष्टं तस्यास्सदृशमनुरूपं चेष्टते प्रवर्तते । यदि ज्ञानवानपि स्वीयप्रकृत्यनुसारमेव पूर्वजन्माभ्यस्तधर्माधर्मादिसंस्कारविशिष्टवर्तमान-जन्मादावभिव्यक्तगुणानुरूपमेव चेष्टते तदा किं पुनरज्ञानी मूर्खो जन इति कैमुत्यन्यायसिद्ध एवायं विषयः। तस्माद्भूतानि भवनधर्माणि तच्छीलानि जरायुजाण्डजस्वेदजादिशरीरावच्छिन्नजीवचैतन्यानि प्राणिकोटयः प्रकृतिं यान्त्यनुगच्छन्ति । तत्र निग्रहः प्रकृतेः प्रवृत्तिनिवृत्त्योर्निरोधो मया भगवतान्येन केनापि वा कृतः किं करिष्यति । न किञ्चिदपि करिष्यतीति यावत् । अत्र पूर्वप्रज्ञाख्यविद्यादिसंस्कारनिकरस्य विवेकेत्यादिविशेषणमाहुः । संस्कारनिरासद्वारा यत्नवादसिद्धे सकलशास्त्रसाफल्यमित्यभिप्रायः । तस्मात्सत्यपि निरोधे प्रारब्धस्य प्राबल्यसद्भावेन स निरर्थक एवेति शम् ।।

के फल का निवारण करने में ईश्वर भी समर्थ नहीं है, जैसे छोड़े हुए बाण का निवारण स्वयं बाण छोड़ने वाला भी नहीं कर सकता है । यद्यपि प्रारब्धकर्म ईश्वर का ही संकल्प है तथापि वह उसका निवारण नहीं कर सकता । यह कथन हमारा कपोल कल्पित नहीं है क्योंकि इसी अर्थ को पुराण पुरुषोत्तम अखिलब्रह्माण्डनायक भगवान् श्रीकृष्णचन्द्र ने भक्तप्रवर अर्जुन के प्रति कहा है अर्थात् जानते हुए भी पुरुष अपथ्य सेवनादि की इच्छा प्रारब्धवशात् ही किया करते हैं यह बात भगवान् ने भी कही है ।

प्रारब्ध की प्रबलता को दर्शाता हुआ गीता का वचन प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - ज्ञानवान् भी अपनी प्रकृति के अनुसार ही चेष्टा करता है । सभी प्राणी अपनी प्रकृति का ही अनुसरण करते हैं । अतः इसमें मेरा या किसी अन्य का शासन क्या कर सकता है ?।।१५५।।

व्याख्या - सभी प्राणी एवं ज्ञानवान् पुरुष भी अपनी प्रकृति के अनुसार ही चेष्टा करते हैं । पूर्वकृत धर्माधर्मादि का संस्कार वर्तमान जन्मादि में प्रकट होता है उसी का नाम प्रकृति है । उसी प्रकृति के अनुसार ज्ञानवान् पुरुष भी चेष्टा किया करता है तो फिर मूर्ख की तो बात ही क्या है ? इसलिये सभी प्राणी अपनी-अपनी प्रकृति अर्थात् स्वभाव से ही चेष्टा कर रहे हैं । इस विषय में मेरे द्वारा अथवा किसी अन्य के द्वारा उनका निग्रह अर्थात् उनको उनकी स्वाभाविक क्रियाओं से रोकने का प्रयत्न कैसे सम्भव है ? यदि निग्रह किया भी गया तो भी प्रारब्ध की प्रबलता से वह निरर्थक ही होगा ।

प्रारब्धस्यापरिहार्यत्त्वे पुराणवचनोदहरणम् –

अवश्यम्भाविभावानां प्रतीकारो भवेद्यदि ।
तदा दुःखैर्न लिप्येरन्नलरामयुधिष्ठिराः ॥ १५६ ॥

अन्वयः – अवश्यंभाविभावानां प्रतीकारः यदि भवेत् । तदा नलरामयुधिष्ठिराः दुःखैः न लिम्पेरन्।।

व्याख्या :- प्रारब्धप्रवाहनिरोधनस्यासाध्यतां पौराणिकवचनेन दर्शयति पूर्वोक्तगीता-स्मृतेरभिप्रायान्तरमेवास्त्वित्याशङ्कां प्रतिबन्द्या निराकरिष्णुराह । अवश्यं भाविभावानामनिवार्यतया भवनशीलानां भावानां दुःखानां प्रतीकारः प्रतिक्रिया यदि साध्यो भवेत्तदा नलरामयुधिष्ठिराः दुःखैरवर्णनीयैरसह्यैरद्वितीयै राज्यभ्रंशनद्वितीयावियोगविपिनावासादिभिरनन्यसाधारणैर्न लिप्येरन् । अत्र प्रतीकारो निरासः । कामान्नलः कृतयुगे, रामस्त्रेतायां, युधिष्ठिरो द्वापर इति धार्मिकेष्वपि युगेषु धार्मिका अपि पुरुषा एवं महत्क्लेशमनुभवन्ति चेदद्यतनानां का कथेति द्योतितम् । नलयुधिष्ठिरयोर्द्यूतस्य

प्रारब्ध के अपरिहार्यत्व में पौराणिक वचन का उदाहरण देते हैं ।

अर्थ – यदि अवश्यंभावी दुःखों का प्रतिकार संभव होता तो राजा नल, श्रीराम और धर्मराज युधिष्ठिर दुःखों से लिप्त न होते ।।१५६।।

व्याख्या – प्रारब्ध का प्रभाव अवश्यंभावी है । उसके कारण सुख-दुःख भी अवश्य होते हैं । प्रारब्ध को अपना कार्य करने से रोका नहीं जा सकता । जो अवश्यंभावी दुःख हैं, उनका प्रतिकार (निवृत्ति) सम्भव नहीं हैं । यदि होता तो अनेक धर्मात्मा लोग दुःखों में न पड़ते । प्रारब्ध के कारण ही राजा नल, श्रीराम और धर्मराज युधिष्ठिर जैसे धर्मधुरन्धरों को भी दुःखों का सामना करना पड़ा । राजानल सत्ययुग में, श्रीराम त्रेता में और युधिष्ठिर द्वापर में हुए हैं । राजा नल को पुण्यश्लोक माना गया है ***''पुण्यश्लोको नलो राजा''*** ऐसे धर्मात्मा ने भी जुआ खेला, राज्य हार गए, वन में भटकते रहे, फिर दमयन्ती का वियोग हुआ, रथ हाँकना पड़ा और अन्न-वस्त्रादि के अभाव में दुःख झेलना पड़ा । यह उनका अमिट प्रारब्ध ही था । भगवान् श्रीरामचन्द्र जी भी जानते थे कि सोने का मृग होना सम्भव नहीं है तथापि उसके पीछे गये और परिणामस्वरूप सीता जी से वियोग हुआ । श्रीराम जी का वनवास और सीता हरण आदि अनेक कष्ट उनको भवितव्यता के कारण ही झेलने पड़े । धर्मराज युधिष्ठिर को भी पुण्यश्लोक कहा गया है। ***''पुण्यश्लोको युधिष्ठिरः''*** इतना ही नहीं, युधिष्ठिर जी के कीर्तन मात्र से धर्म की अभिवृद्धि भी होती है । ***''धर्मो विवर्धति युधिष्ठिरकीर्तनेन''*** (पा.गी.) ऐसे धर्मप्राण युधिष्ठिर जी ने भी जुआ खेला, राज्य हारे, द्रौपदी का चीर-हरण होते हुए असमर्थ बने देखते रहे, वनों में भटकते फिरे, और अन्त में महाभारत के युद्ध में भीषण विनाश लीला के कारण बने । इत्यादि इतिहास और पुराणों की कथाओं से यह सिद्ध होता है कि बड़े-बड़े प्रतापी धर्मात्मा पुरुष भी प्रारब्ध का निवारण करने में असमर्थ ही रहे हैं । ईश्वर भी प्रारब्ध कर्म को नहीं मिटा सकते ।

''आहूतो न निवर्तेत द्यूतादपि रणादपि'' इस स्मृतिवचनानुसार द्यूतक्रीड़ा (जुआ) और युद्ध के लिये ललकारने पर क्षत्रिय को पीछे नहीं हटना चाहिए ऐसा कहा गया है । इसी प्रमाण के कारण नल, युधिष्ठिरादि की द्यूतक्रीड़ा में प्रवृत्ति हुई ऐसा नहीं कह सकते, क्योंकि ***''अक्षैर्मा दीव्यः''*** इस

धर्मशास्त्रनिन्दितत्त्वलक्षणदोषदर्शनसत्त्वेऽपि तत्र च प्रवृत्तिरवश्यं प्रारब्धप्राबल्यवशादेव । ''आहूतो न निवर्तेत द्यूतादपि रणादपी''ति स्मृतेरेव तत्र तयोः प्रवृत्तिरिति न साम्प्रतम् । ''राजा राजसूयेन स्वाराज्यकामो यजेते''ति नित्यस्यापि राजसूयमहायागस्य द्वादशवार्षिकविपद्ग्रस्तत्त्वेन त्याज्यत्त्ववत्प्रकृतेऽपि त्याज्यत्त्वसम्भवात् । एवमेव श्रीरामचन्द्रस्यापि कनकमृगासम्भावनाज्ञाने सत्यपि तद्धनने प्रवृत्तिर्व्याख्येया । यदि प्रतीकार्या ईश्वरपरमानुग्रहपात्राणां स्वोचितधर्मानुष्ठानधुरीणानां नलरामयुधिष्ठिराणां तत्प्रतीकारस्सुलभ एव स्यादतो विवेकिनामपि निषिद्धक्रियाप्रवृत्तिरनिवार्य-प्रारब्धलब्धेति तात्पर्यमिति दिक् ।।

प्रारब्धस्यावश्यम्भावितैषापीश्वरनिर्मितैवेति निरूपणम् -

न चेश्वरत्त्वमीशस्य हीयते तावता यतः ।
अवश्यम्भाविताप्येषामीश्वरेणैव निर्मिता ।। १५७ ।।

अन्वयः - तावता ईशस्य ईश्वरत्त्वं च न हीयते । यतः एषाम् अवश्यम्भाविता अपि ईश्वरेण एव निर्मिता ।।

व्याख्या :- प्रारब्धस्यानिवार्यत्त्वे सर्वशक्तेरीश्वरस्य तत्परिहारासमर्थस्यानीशितृत्त्वप्रसङ्गः । किञ्च नलयुधिष्ठिरयोर्जीवकोटिप्रविष्टयोः कर्मपारतन्त्र्येण प्रारब्धकर्मावश्यम्भाविदुःखप्रतीकाराशक्तत्त्व-सम्भवादुदाहरणार्हत्त्वेऽपि भगवतश्श्रीरामस्य त्त्वीश्वरत्त्वात् 'लोकवत्तु लीलाकैवल्य'मिति पारमर्षसूत्रादि-निर्णीतमायिकमनुष्यनाट्यप्रकटनेन पूर्वोत्तरमीमांसानिश्चितवेदार्थानुभावनतस्सकलजीवाननुजिघृक्षोरादौ

वेदवचनानुसार जुआ खेलने का निषेध किया गया है । और ***''राजा राजसूयेन स्वाराज्यकामो यजेत''*** इस वेदवचनानुसार राजा को राजसूय यज्ञ करने का विधान किया गया है तथापि अत्यन्त कठिन होने के कारण इसका अनुष्ठान सभी राजा लोग नहीं करते हैं अर्थात् इस विधिवाक्य का जैसे राजा लोग त्याग कर देते हैं, उसी प्रकार द्यूतक्रीडादि में भी त्याज्यत्व संभव है । 'द्यूतक्रीडा करनी ही चाहिये' क्षत्रियों के लिये यह कोई नियम नहीं है । अतः इनका त्याग संभव होने पर भी नल, युधिष्ठिरादि ने जो इनका त्याग नहीं किया उसका कारण प्रबल प्रारब्ध ही था, अतः प्रबल प्रारब्ध अपरिहार्य ही है ।

प्रारब्ध की अपरिहार्यता ईश्वर द्वारा ही निर्मित है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - (ईश्वर भी प्रारब्ध का निवारण करने में असमर्थ है) इतने मात्र से ईश्वर की ईश्वरता नष्ट नहीं होती है क्योंकि इन प्रारब्धकर्मों की अवश्यंभाविता भी ईश्वर द्वारा ही रचित है ।।१५७।।

व्याख्या - यदि प्रारब्ध कर्म की अपरिहार्यता स्वीकार करेंगे और ईश्वर को भी इस विषय में असमर्थ मानेंगे तो फिर ईश्वर का ईश्वरत्व ही नष्ट हो जाएगा । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि दुःखादि की अवश्यंभाविता पूर्वकर्मगुणानुसार ईश्वर ने ही बनाई है । ईश्वर भी प्रारब्ध का निवारण करने में समर्थ नहीं हैं, इतने मात्र से सर्व-समर्थ ईश्वर की ईश्वरता में कोई न्यूनता नहीं आती है अर्थात् प्रारब्ध कर्मों का फल अवश्य भोगना पड़ता है, यह नियम ईश्वर के द्वारा ही बनाया गया है अतः जैसे स्वनिर्मित मर्यादा का पालन करना राजाओं का स्वभाव होता है, वैसे ही ईश्वर भी स्वनिर्मित नियमों का पालन ही करते हैं,

कर्मपारतन्त्र्यस्यैवासम्भवात्कुड्यचित्रन्यायेन तज्जन्यदुःखप्रतीकाराशक्तत्त्वेऽनुदाहरणत्त्वेमेवेति चेत्सत्यम्। यद्यपि श्रीरामस्येश्वरत्त्वेन कर्मापारतन्त्र्यमेव तथापि सत्यसङ्कल्पत्त्वान्मायिकस्वेच्छापारतन्त्र्यं तु निर्विवादमेवाङ्गीकार्यम् । अत एवोक्तं बिन्दावीश्वरं प्रकृत्य "वार्तिककारमते त्वीश्वर एव साक्षीति द्वैविध्यमेव जीवेश्वरभेदेन दृशः । तत्रेश्वरोऽपि त्रिविधः । स्वोपाधिभूताविद्यागुणत्रयभेदेन विष्णुब्रह्मरुद्रभेदात्। कारणीभूतसत्त्वगुणावच्छिन्नो विष्णुः पालयिता । कारणीभूतरज उपहितो ब्रह्मा स्रष्टा । हिरण्यगर्भस्तु महाभूतकारत्त्वाभावान्न ब्रह्मा । तथापि स्थूलभूतस्रष्टृत्त्वात्क्वचिद्ब्रह्मेत्युपचर्यते। कारणीभूततम उपहितो रुद्रस्संहर्ता । एवञ्चैकस्यैव चतुर्भुजचतुर्मुखपञ्चमुखाद्या पुमाकाराश्श्रीभारतीभवान्याद्याश्च स्त्र्याकाराः। अन्ये च मत्स्यकूर्मादयोऽनन्तावतारा लीलयैवाविर्भवन्ति भक्तानुग्रहार्थमित्यपि ध्येय"मिति । तथा च मायासम्बन्धिसत्त्वप्रधानत्त्वावच्छिन्नस्तन्मात्रप्रकटितलीलाविग्रहः पालनमुख्यव्यापारो विष्णुस्स्वेच्छयैव "तस्माद्यज्ञात्सर्वहुतः । ऋचस्सामानि जज्ञिरे । छन्दांसि जज्ञिरे तस्मात् । यजुस्तस्मादजायते" त्यादिश्रुते"श्शास्त्रयोनित्त्वा"दिति सूत्रा"द्वेदाश्शास्त्राणि विज्ञानमेतत्सर्वं जनार्दना"दित्यादिस्मृतेश्च स्वाविर्भावितस्ववाग्रूपवेदोपलक्षितसकलशब्दब्रह्मगतसन्ध्योपासनादिविधिसुरापानादिनिषेधाननुष्ठान-जनितस्वतोषरोषरूपपुण्यापुण्ययोस्सुखदुःखदानावश्यम्भावित्त्वशक्तिमनादिसंसारपरम्परारीत्यैव सङ्कल्पितवानित्यपि सर्वास्तिकसम्मतमेव । ततः पुण्यैकानुष्ठानप्राधान्यशालिनां स्वभक्तानां तेन शापानुग्रहसामर्थ्यशक्तिमपि निर्विकल्पसमाद्धयन्ते पुण्यकर्माणि स्वेच्छयैव चित्तशुद्धिस्वर्गादिदानदक्षत्त्व-सामर्थ्यवदकल्पयदित्यप्यवश्यमेवोररीकरणीयम् । तेन च सनत्कुमारदत्तशापवशात्स्वस्य सावर्ण्यविलयपूर्वकमज्ञानोपगम "आत्मानं मानुषं मन्य" इति किञ्चित्कालं तथा भृगौ समाधिस्थे सति सुरभयाच्छरणागतान्स्वशिष्यानसुराना श्रमस्थाः तत्पन्त्येव स्वपातिव्रात्यादितपो महिम्ना

न कि उनका भंग ।

प्रश्न – नल और युधिष्ठिर की गणना तो जीव कोटि में है अतः कर्मपारतन्त्र्य द्वारा उनके प्रारब्धकर्म अवश्यंभावी होने से वे उनका विरोध करने में समर्थ न थे, इसलिये उन दोनों का उदाहरण देना ठीक है किन्तु श्रीरामचन्द्र जी तो साक्षात्परमात्मा हैं, उनका तो***"लोकवत्तु लीलाकैवल्यम्"*** इस सूत्र के अनुसार माया के द्वारा मनुष्यरूप धारण कर लीलामात्र करते हुए समस्त जीवों का कल्याण करना ही लक्ष्य है, तो उनको भी प्रारब्ध कर्माधीन पुरुषों की श्रेणी में गिनना कैसे उचित है ?

समाधान – आपका कथन सत्य है । यद्यपि श्रीरामचन्द्र जी का प्रारब्धाधीन होना संभव नहीं है, तथापि भगवान् सत्यसंकल्प होने के कारण मायिक रूप बनाकर स्वेच्छा से ही प्रारब्धाधीनता स्वीकार करते हैं । इस विषय में कोई विवाद नहीं है । तथापि पद्मपुराणानुसार और योगवासिष्ठ के अनुसार भृगु ऋषि की पत्नी का शिरच्छेद कर देने पर भृगु ऋषि ने भगवान् को स्त्री वियोग का शाप दिया था। सनत्कुमारों ने भी ब्रह्माजी की सभा में विष्णु भगवान् को कुछ समय तक सर्वज्ञता की हानि का शाप दिया था । नृसिंहावतार के समय देवदत्त शर्मा नामक ब्राह्मण की पत्नी भय के कारण तत्काल मृत्यु को प्राप्त हुई, जिससे कि उसने भी भगवान् को स्त्रीवियोग का शाप दिया । और भगवान् ने छल से वृन्दा का पातिव्रत्य भंग किया था अतः वृन्दा ने भी भगवान् को स्त्रीवियोग का शाप दिया था । ***भृगुणैवं***

तत्पृष्ठागतसुरसैनिकशास्त्रादिभ्यस्सततमरक्षदतस्सुरपक्षपातिना विष्णुना स्वकीयसुदर्शनाख्यामोघास्त्रेण तच्छिरश्छेद एवाकारि । ततस्समाधेर्व्युत्थितो भृगुस्तमपशत्तवापि पत्नी वियोगो भविष्यतीति पद्मपुराणप्रसिद्धतमशापवशात्पयोष्णीतीरे नृसिंहावतारं दृष्ट्वा देवदत्तशर्मणो ब्राह्मणस्य पत्नी भीता सती तत्कालमेव मृतेति तेनापि तथैव दत्तशापात्प्रसिद्धवृन्दाशापाच्च त्रिवारं श्रीरामावतारे जानकीवियोगश्च समभूदिति सर्वमिदं वासिष्ठे प्रथमसर्ग एव ज्ञेयम् । तत्र च स्वर्गादिविषयसुखेषु दोषदर्शनेन परमविरक्तमाग्निवेश्यनामानं कञ्चिद्राजानं देवदूतसन्दिष्टेन्द्राज्ञावशाद्वसिष्ठरामसंवादकथनच्छलेनाद्वैतब्रह्मविद्यां प्रबोधयन्तं वाल्मीकिं प्रत्यसौ "को रामः कीदृशः कस्य बद्धो वा मुक्त एव वा एतन्मे निश्चितं ब्रूहि ज्ञानं तत्त्वविदां वरे"ति । अत्र ज्ञायतेऽनेनेति ज्ञानं निश्चयकारणमित्यर्थः । ततो वाल्मीकिरुवाच "शापव्याजवशादेव राजवेषधरो हरिः । अहृताज्ञानसम्पन्नः किञ्चिज्ञोऽसौ भवत्प्रभुः"।। अत्र भवदित्यडभाव आर्षस्तेनाभवदित्येवार्थः । ततो राजोवाच "चिदानन्दस्वरूपे हि रामे चैतन्यविग्रहे। शापस्य कारणं ब्रूहि कश्शप्ता चेति मे वद" । वाल्मीकिरुवाच " सनत्कुमारो निष्कामोऽप्यवसद्ब्रह्मसद्मनि । वैकुण्ठादागतो विष्णुस्त्रैलोक्याधिपतिः प्रभुः । ब्रह्मणा पूजितस्तत्र सत्यलोकनिवासिभिः । विना कुमारं तं दृष्ट्वा ह्युवाच प्रभुरीश्वरः । सनत्कुमारस्तब्धोऽसि निष्कामो गर्व चेष्टया । अतस्त्वं भवकामार्तश्शरजन्मेति नामतः । तेनापि शापितो विष्णुस्सर्वज्ञत्त्वं तवास्ति यत् । किञ्चित्कालं हि तत्त्यक्त्वा त्त्वमज्ञानी भविष्यसीति ।। ततः "भृगुर्भार्यां हतां दृष्ट्वा ह्युवाच क्रोधमूर्च्छितः । विष्णो तवापि भार्याया वियोगोऽपि भविष्यती"ति । तथा "वृन्दया शापितो विष्णुश्छलनं यत्त्वया कृतम् । अतस्त्वं स्त्रीवियोगं तु वचनान्मम यास्यसी"ति । एवं "भार्या हि देवदत्तस्य पयोष्णीतीरसंस्थिता । नृसिंहवेषधृग्विष्णुं दृष्ट्वा पञ्चत्त्वमागता । तेन शप्तो हि नृहरिर्दुःखार्तस्त्रीवियोगतः तवापि भार्यया साकं वियोगो हि भविष्यति ।।" दुःखैर्दुःखसाध्यैः सुकृतैस्साक्षात्कृतोऽपि नृहरिस्तेन शप्तः । "भृगुणैवं

कुमारेण शापितो देवशर्मणा । वृन्दया शापितो विष्णुः तेन मानुष्यतां गतः ।। (यो.वा.) इस प्रकार भृगु, देवदत्त शर्मा और वृन्दा के शाप के कारण रामजन्म में भगवान् को तीन बार श्रीसीताजी का वियोग हुआ (रावणद्वारा सीताहरण, भगवान् द्वारा सीता का त्याग और सीता जी का पृथ्वी में समा जाना) और ***"आत्मानं मानुषं मन्ये"*** (वा.रा.) भगवान् का यह वचन सनत्कुमारों के शाप का प्रभाव था । वस्तुतः अनन्त ब्रह्माण्डनायक परब्रह्मपरमात्मा को क्या कोई शाप दे सकता है ? अथवा दे भी दे, तो क्या वह फलीभूत हो सकता है ? यह तो सब भगवान् की इच्छा से ही हुआ । भगवान् सत्यसंकल्प हैं, उन्होंने जब जन्मग्रहण कर लीला करने का संकल्प किया, उसी लीला के अंगरूप में उक्त शापों को अंगीकार किया है । अन्यथा महर्षि भृगु और ब्रह्मनिष्ठ सनत्कुमार आदि में शाप देने की इच्छा ही कैसे होती ? वे तो सदा ब्रह्मनिष्ठ रहने वाले महात्मा हैं । इसलिये कहना होगा कि भगवान् ने स्वेच्छा से उन शापों को अंगीकार कर रामजन्म में कष्ट भोगा । मानस के अनुसार भी श्रीराम का स्वेच्छा से ही शरीर धारण करना कहा गया है -

बिप्र धेनु सुर सन्त हित लीन्ह मनुज अवतार ।
निज इच्छा निर्मित तनु माया गुन गो पार ।। (रा.च.मा.)

कुमारेण शापितो देवशर्मणा । वृन्दया शापितो विष्णुस्तेन मानुष्यतां गतः ।। इति । तदेवं श्रीरामस्येश्वरत्त्वेन कर्मपारतन्त्र्याभावेऽपि पूर्वमुपपादितरीत्या स्ववाक्येन स्वाज्ञारूपवेदविहितानुष्ठानात्सुखहेतुस्स्वतोषलक्षण-सुकृतोत्पत्तिस्तिन्निषिद्धानुष्ठानाद् दुःखहेतुस्स्वरोषलक्षणदुष्कृतोत्पत्तिरित्यनादिसंसारे स्वेच्छयैव नियतं तदेवात्र नियत्यवश्यम्भावितादिपदैः व्यवह्रियते । तस्मात्परमसुकृतिचक्रवर्तिसनत्कुमारे भृग्वादिषु च शापादिसामर्थ्यमपि स्वेच्छानैयत्यादेव सम्पन्नमिति तत्परिपालनं स्वस्यावश्यकमेवेति भावि-शब्दितदुःखतत्प्रयोजकादिपदार्थानामवश्यम्भावितायाः सर्वथाप्यप्रतीकार्यत्त्वमात्रासाम्येन महानुभावनलयुधिष्ठिरयोर्मध्ये श्रीरामस्यापि सङ्ग्रहस्सुघट एवेति ज्ञातव्यम् । परमेतावांस्तु विशेषो यत्तयोर्नलयुधिष्ठिरयोर्जीवकोटिनिविष्टयोर्दुःखाद्यवश्यम्भाविता कर्मजन्या । भगवतश्श्रीरामचन्द्रस्य त्त्वीश्वरकोटिनिविष्टत्त्वेन सत्यसङ्कल्पत्त्वादुक्तरीत्या स्वेच्छया जन्यैवेति । अत एवेदं श्रीरामोदाहरणमा-चार्यैरिच्छाप्रारब्धविचारावासर एव निवेशितं नत्वनिच्छादिविचारे । न चैवमपीश्वरेच्छायां कर्मवत्प्रारब्धपदव्यवहार्यत्त्वं नास्त्येव । तथा च तद्विचारप्रकरणे तत्सङ्ग्रहस्य पुनरनौचित्य तादवस्थ्यमेवेति वाच्यम् । रूढ्या योगरूढ्या वा तत्र तद्व्यवहारस्यासम्भवेऽपि योगैः प्रकर्षेणावश्यं भावित्त्वलक्षणेनारब्धं मायिकवृत्तिरूपं दुष्कृतादिजन्यदुःखादिनैयत्यमितीच्छासम्पादनं कृतमिति प्रचुरमारब्धं प्रारब्धं चेत्यादिरूपैरीश्वरेच्छायामपि प्रारब्धपदप्रवृत्तिव्यवहारसम्भवात् । तस्माल्लोकदृष्ट्या दुःखसहस्रसत्त्वेऽप्यनादिपरम्परया स्वनियतमर्यादापरिपालनविषया परमेश्वरस्य तत्प्रतीकाराकरणमात्रेण नैव पारमैश्वर्यक्षतिः प्रत्युत राजादिवत्स्वविहितमर्यादापरिपालनार्थं शक्तत्त्वसत्त्वेऽपि दुःखसहस्रसहनमपि भगवता कृतमिति महती कीर्तिरेवेत्याशयं विशदयति यतः कारणादेषां दुःखादीनामवश्यम्भावितापि पूर्वकर्मफलानुसारतयैवानिवार्यत्त्वमात्रेणेश्वरस्य सर्वसमर्थस्येश्वरत्त्वं प्रभुता नैव हीयते । निजमर्यादा-परिपालनमेव राज्ञां स्वभावो न तु तत्प्रतीकार इत्यत ईश्वरस्य नानीश्वरत्त्वप्रसङ्ग इति दिक्।।

वस्तुतः तो भगवान् भक्तों को सुख देने के लिये ही अवतरित होते हैं । उनका स्वयं कष्ट उठाना भी उसीका एक अंग है । ***राम भगत हित नर तनु धारी । सहि संकट किए साधु सुखारी ।।*** (रा.च.मा.)

अतः यहाँ पर इस प्रकार विभाग करना चाहिये - नल और युधिष्ठिर आदि का प्रारब्धाधीन होना पूर्वकर्मों पर आधारित था किन्तु भगवान् का प्रारब्धाधीन होना स्वाधीन था । इसलिये आचार्य ने श्रीराम का उदाहरण इच्छाप्रारब्ध के विचार में ही कहा है, न कि अनिच्छाप्रारब्ध अथवा परेच्छाप्रारब्ध के विचार में । भाव यह है कि भगवान् ने समर्थ होते हुए भी अपनी मर्यादा का पालन करने के लिये ही अनेकों कष्टों को सहन किया । जैसे राजा स्वनिर्मित नियमों का पालन करने और कराने में सदा तत्पर रहता है, उनका भंग करने में समर्थ होने पर भी उन नियमों का भंग नहीं करता है, उसी प्रकार भगवान् ने भी स्वविहित मर्यादा का परिपालन करने के लिये ही अनेकों दुःखों को सहन किया । इससे उनकी महान् कीर्ति का ही विस्तार होता है, इससे उनके ईश्वरत्व की कोई हानि नहीं होती है ।

अनिच्छाप्रारब्धनिरूपणम् –

प्रश्नोत्तराभ्यामेवैतद्गम्यतेऽर्जुनकृष्णयोः ।
अनिच्छापूर्वकं चास्ति प्रारब्धमिति तच्छृणु ॥ १५८ ॥

अन्वयः – (किं) च "अनिच्छापूर्वकं प्रारब्धम् अस्ति" इति एतत् अर्जुनकृष्णयोः प्रश्नोत्तराभ्याम् एव गम्यते । तत् शृणु ।।

व्याख्या :– उक्तरीत्या कर्मणां फलावश्यम्भाविता तावदीश्वरेच्छैकायत्तेति केवलं बुद्ध्योन्नीयते। न तु कण्ठतः क्वचित्तथोक्तमिति प्रायेणोपलभ्यत इत्याशङ्कायां काकाक्षिगोलकन्यायेन पूर्वोत्तरग्रन्थयोरपि क्रमेणान्वययोग्यमेकमर्थं पठन्समाधत्ते । अत्र सप्रपञ्चमिच्छाप्रारब्धमभ्यधायि अथ चानिच्छा-प्रारब्धमभिधीयते । अनिच्छापूर्वकं प्रारब्धमस्तीत्येतदर्जुनकृष्णयोः प्रश्नोत्तराभ्यामेव गम्यतेऽवगम्यते इत्यतस्तदभिधानाय शिष्यमभिमुखीकरोति । हे शिष्य ! तत्तत्त्वं शृण्विति । एतत्कर्मणां फलावश्यम्भाव-नियमस्येश्वरेच्छैकायत्तत्त्वमिति भावः । अर्जुनकृष्णयोरित्यत्राल्पाच्त्वादभ्यर्हितत्त्वाच्च द्वन्द्वसमासे कृष्णपदस्यैव पूर्वं निपातनीयत्त्वे"ऽप्यर्जुनं निमित्तीकृत्ये"ति भगवद्भाष्यकारप्रयोगाद्भगवद्गीता-शास्त्राविर्भावकारणतायास्तदेकपर्याप्तत्त्वेन वक्तुश्श्रीकृष्णादपि श्रोतुरर्जुनस्यैवाभ्यर्हितत्त्वात्तद्वाचकपदस्यैव पूर्वं निपात इति ज्ञेयः । प्रश्नोत्तराभ्यामेव गीतायास्तृतीयाध्यायारम्भे अर्जुन उवाच " ज्यायसी चेत्कर्मणस्ते मता बुद्धिर्जनार्दन । तत्किं कर्मणि घोरे मां नियोजयति केशव ।। व्यामिश्रेणैव वाक्येन बुद्धिं मोहयसीव मे । तदेकं वद निश्चित्य येन श्रेयोऽहमाप्नुयाम् ।।" श्रीभगवानुवाच " लोकेऽस्मिन्द्विविधा निष्ठा पुरा प्रोक्ता मयानघ । ज्ञानयोगेन साङ्ख्यानां कर्मयोगेन योगिना"मित्युपस्थापिताभ्यां प्रश्नोत्तराभ्यामेवानिच्छाप्रारब्धमप्यस्तीति ज्ञायत इत्यर्थः । अत्र मधुसूदनश्रीचरणाः "ननु तर्हि तेजस्तिमिरयोरिव विरोधिनोर्ज्ञानकर्मणोस्समुच्चयासम्भवाद्भिन्नाधिकारित्त्वमेवास्तु । सत्यमेवं सम्भवति। एकमर्जुनं प्रति तूभयोपदेशो न युक्तः । न हि कर्माधिकारिणं प्रति ज्ञाननिष्ठोपदेष्टुमुचिता । न वा ज्ञानाधिकारिणं प्रति कर्मनिष्ठा । एकमेव प्रतिविकल्पेनोपदेश इति चेन्न । उत्कृष्टयोर्विकल्पानुपपत्तेः। अविद्यानिवृत्त्युपलक्षितात्मस्वरूपे मोक्षे तारतम्यासम्भवाच्च । तस्माज्ज्ञानकर्मनिष्ठयोर्भिन्नाधिकारिकत्त्व एकं प्रत्युपदेशायोगादेकाधिकारिकत्त्वे च विरुद्धयोस्समुच्चयासम्भवात्कर्मापेक्षया ज्ञानप्राशस्त्यानुपपत्तेश्च विकल्पाभ्युपगमे चोत्कृष्टमनायाससाध्यं ज्ञानं विहाय निकृष्टमनेकायासबहुलं कर्मानुष्ठातुमयोग्यमिति मत्त्वा पर्याकुलीभूतबुद्धिरर्जुनो ज्यायसी चेदित्यादिना पृच्छति । हे जनार्दन ! सर्वैर्जनैरद्यते वाच्यते स्वाभिलषितसिद्धये इति त्वं तथाभूतो मयापि श्रेयो निश्चयार्थं वाचय इति नैवानुचितमिति सम्बोधनाभिप्रायः। कर्मणो निष्कामादपि बुद्धिरात्मतत्त्वविषया ज्यायसी प्रशस्ततरा चेद्यदि ते तव

अब अनिच्छा प्रारब्ध का विवरण करते हैं ।

अर्थ – अर्जुन और भगवान् श्रीकृष्ण के प्रश्नोत्तर से यह जानने में आता है कि अनिच्छा प्रारब्ध भी है, तुम उसे सुनो ।।१५८।।

व्याख्या – पूर्वश्लोक में इच्छा प्रारब्ध का वर्णन कर अब अनिच्छा प्रारब्ध को प्रस्तुत करते हैं ।

मता । तत्तदा किं कर्मणि घोरे हिंसाद्यनेकायासबहुले मामतिभक्तं नियोजयति । "कर्मम्येवाधिकारस्त" इत्यादिना विशेषेण प्रेरयसि । हे केशव ! सर्वेश्वर ! सर्वेश्वरस्य सर्वेष्टदायिनस्तव मां भक्तं "शिष्यस्तेऽहं शाधि मा"मित्यादिना त्वदेकशरणतयोपपन्नं मां प्रति प्रतारणा नोचित्यभिप्रायः । ननु नाहं कञ्चिदपि प्रतारयामि किं पुनस्त्वामतिप्रियम् । त्वं तु किं प्रतारणाचिह्नं पश्यसीति चेत्तत्राह व्यामिश्रेणेति । तव वचनं व्यामिश्रं न भवत्येव । मम त्वेकाधिकारिकत्त्वभिन्नाधिकारिकत्वसन्देहाद्व्यामिश्रं सङ्कीर्णार्थमिव ते यद्वाक्यं मां प्रति ज्ञानकर्मनिष्ठद्वयप्रतिपादकम् । तेन वाक्येन त्वं मे मम मन्दबुद्धेर्वाक्यतात्पर्यापरिज्ञानात्। बुद्धिमन्तःकरणं । मोहयसीव भ्रान्त्या योजयसीव परमकारुणिकत्त्वात्त्वं न मोहयस्येव मम तु स्वाशयदोषान्मोहो भवतीतीवशब्दार्थः । एकाधिकारिकत्त्वे विरुद्धयोस्समुच्चयानुपपत्तेरेकार्थत्त्वाभावेन च विकल्पानुपपत्तेः प्रागुक्ते यद्यधिकारभेदं मन्यसे तदैकं मां प्रति विरुद्धयोर्निष्ठयोरुपदेशायोगात्तज्ज्ञानं वा कर्म वैकमेवाधिकारं मे निश्चित्य वद । येनाधिकारनिश्चयपुरस्सरमुक्तेन त्वया मया चानुष्ठितेन ज्ञानेन कर्मणा वैकेन श्रेयो मोक्षमहमाप्नुयां प्राप्तुं योग्यस्स्यामित्येवं ज्ञानकर्मनिष्ठयोरेकाधिकारिकत्त्वे विकल्पसमुच्चययोरसम्भवादधिकारिभेदज्ञानायार्जुनस्य प्रश्न इति स्थितम् ।

"इहेतरेषां कुमतं समस्तं श्रुतिस्मृतिन्यायबलान्निरस्तम् । पुनः पुनर्भाष्यकृतातियत्नादतो न तत्कर्तुमहं प्रवृत्तः ।। भाष्यकारमतसारदर्शिना ग्रन्थमात्रमिह योज्यते मया । आशयो भगवतः प्रकाश्यते केवलं स्ववचसो विशुद्धये ।।" एवमधिकारिभेदेऽर्जुनेन पृष्टे तदनुरूपं प्रतिवचनं श्रीभगवानुवाच लोकेऽस्मिन्नित्यादि । अस्मिन्नधिकारित्त्वाभिमते लोके शुद्धाशुद्धान्तःकरणभेदेन द्विविधे जने । द्विविधा द्विप्राकारनिष्ठा स्थितिर्ज्ञानपरता कर्मपरता च । पुरा पूर्वाध्याये मया तवात्यन्तहितकारिणा प्रोक्ता प्रकर्षेण स्पष्टत्त्वलक्षणेनोक्ता । तथा चाधिकार्यैक्यशङ्कया मा ग्लासीरिति भावः । हे अनघापापेति सम्बोधयन्नुपदेशयोग्यतामर्जुनस्य सूचयति । एकैव निष्ठा साध्यसाधनावस्थाभेदेन द्विप्रकारा न तु द्वे एव स्वतन्त्रे निष्ठे इति कथयितुं निष्ठेत्येकवचनम् । तथा च वक्ष्यति । "एकं साङ्ख्यं योगं च यः पश्यति स पश्यती"ति । तामेव निष्ठां द्वैविध्येन दर्शयति । सङ्ख्यासम्यगात्मबुद्धिस्तां प्राप्तवतां ब्रह्मचर्यादेव कृतसंन्यासानां वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्थानां ज्ञानभूमिमारूढानां शुद्धान्तःकरणानां साङ्ख्यानां ज्ञानयोगेन ज्ञानमेव युज्यते ब्रह्मणानेनेति व्युत्पत्त्या योगस्तेन निष्ठोक्ता । "तानि सर्वाणि संयम्य युक्त आसीत मत्पर" इत्यादिना। अशुद्धान्तःकरणानां तु ज्ञानभूमिमनारूढानां योगिनां कर्माधिकारयोगिनां कर्मयोगेन कर्मैव युज्यतेऽन्तःकरणशुद्ध्यानेनेति व्युत्पत्त्या योगस्तेन निष्ठोक्तान्तःकरणशुद्धिद्वारा ज्ञानभूमिकारोहणार्थं "धर्म्यादि युद्धच्छ्रयोऽन्यत्क्षत्रियस्य न विद्यत" इत्यादिना । अत एव ज्ञानकर्मणोस्समुच्चयो विकल्पो वा । किन्तु निष्कामकर्मणा शुद्धान्तःकरणानां सर्वकर्मसंन्यासेनैव ज्ञानमिति । चित्तशुद्ध्यशुद्धिरूपावस्थाभेदेनैकमेव त्त्वां प्रति द्विविधा निष्ठोक्ता । "एषा तेऽभिहिता

श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान् श्री कृष्णचन्द्र और अर्जुन के प्रश्नोत्तर रूप संवाद से यह ज्ञात होता है कि अनिच्छा प्रारब्ध अर्थात् बिना इच्छा के भोग प्रदान करने वाला प्रारब्ध भी है । हम उसका वर्णन कर

साङ्ख्ये बुद्धिर्योगे त्विमां शृणु'' इति । अतो भूमिकाभेदेनैकमेव प्रत्युभयोपयोगान्नाधिकारभेदेऽप्युपदेश-वैयर्थ्यमित्यभिप्राय'' इत्यादि । तदेवं पूर्वाचार्यैरवधृतभगवद्गीतार्जुनकृतप्रश्नभगवत्कृतोत्तरानुसारेणैव कर्मसम्बन्धिफलावश्यं भावनियमनस्य ईश्वरेच्छामात्रायत्तत्त्वं स्पष्टमेवावगम्यत इति भावः । नन्वत्रार्जुनं प्रति पूर्वाध्यायसूत्रितवेदार्थतापन्नयोर्ज्ञानकर्मनिष्ठयोस्समुच्चयादिविषयकसंशयोपशम एव तयोस्साध्यासाधनभावेनैकाधिकारिकत्त्वमात्रकथनाद्भगवता कृत इति प्रतीयते । न तावता कर्मफलावश्यम्भावनैयत्यस्येश्वरेच्छामात्रायत्तत्त्वमनादित्त्वेन सिद्ध्यतीति चेद्भ्रान्तिरेव । प्रागुदाहृताखिला-चार्यतात्पर्यनिर्णायकसिद्धान्तबिन्दुना श्रीकृष्णस्येश्वरत्त्वं तु निर्विवादमेव प्रत्यपादि । तथा च तेनानादिसंसारपरम्परायां सत्यसङ्कल्पत्त्वेन स्वेच्छयैवोक्तनिष्ठयोरुभयोरपि सङ्कल्पितफलावश्यम्भाव-नैयत्यस्य प्रकृते कण्ठत एव प्रकटितत्त्वान्नैवात्र विवादगन्धोऽपि । एवं पूर्वग्रन्थान्वययोग्यं ''प्रश्नोत्तराभ्यामेवैतद्गम्यतेऽर्जुनकृष्णयो''रिति पूर्वार्धं व्याख्यायेदानीं तदपेक्षितोत्तरार्धेन सह तत्सम्बन्धकथनपूर्वकं व्याक्रियते । अस्त्वेव''मिच्छानिच्छापरेच्छा च प्रारब्धं त्रिविधं स्मृत''मिति प्राक्प्रतिज्ञातत्रिविधप्रारब्धमध्ये तावदिच्छाप्रारब्धमथाप्यनिच्छाप्रारब्धे किं प्रमाणमित्यत्राह । चकारोऽप्यर्थकः । अनिच्छापूर्वकमपि प्रारब्धमस्तीत्येतदर्जुनकृष्णयोर्वक्ष्यमाणाभ्यां प्रश्नोत्तराभ्या''मथ केन प्रयुक्तोऽय''मित्यादिकाभ्यामेव गम्यते ज्ञायते । तदुक्तप्रश्नादिकं कुत्रास्तीति पृच्छन्तमन्तेवासिनमालक्ष्य तमभिमुखीकरोति । तच्छृण्विति । तस्मादिच्छाप्रारब्धमिवानिच्छाप्रारब्धमप्यस्तीति दिक् ।।

अर्जुनप्रश्ननिरूपणम् -

अथ केन प्रयुक्तोऽयं पापञ्चरति पूरुषः ।
अनिच्छन्नपि वार्ष्णेय बलादिव नियोजितः ।। १५९ ।।

अन्वयः - ''अथ वार्ष्णेय अथ पूरुषः केन प्रयुक्तः अनिच्छन् अपि बलात् नियोजितः इव पापं चरति'' ।।

व्याख्या :- भगवद्गीतायामर्जुनेन यद्भगवन्तं प्रति पृष्टं तत्प्रश्नं तावद्दर्शयति । हे वार्ष्णेय! वृष्णेर्यादववंशीयनृपतेरपत्यं पुमांस्तत्कुलप्रसूतस्तत्सम्बन्धिन्वार्ष्णेय । अयं पुरुषः केन प्रयुक्तः प्रेरितोऽनिच्छन्निच्छामकुर्वन्नपि राज्ञा गजहस्तिकयाबलान्नियोजित इव भृत्यावत्पापं चरत्या चरति ।

रहे हैं, तुम उसे सुनो।

सर्वप्रथम अर्जुन के प्रश्न को कहते हैं ।

अर्थ - हे वार्ष्णेय ! (श्रीकृष्ण!) यह मनुष्य किस के द्वारा प्रेरित हुआ इच्छा न होते हुए भी बलपूर्वक राजा के द्वारा नियुक्त पुरुष की तरह पापाचरण करता है ।।१५९।।

व्याख्या - गीता के इस श्लोक (३/३६) में अर्जुन अनिच्छा प्रारब्ध के सम्बन्ध में प्रश्न करता है । हे वार्ष्णेय ! वृष्णिकुल में उत्पन्न हुए श्रीकृष्ण ! किस प्रधान कारण से प्रयुक्त किया हुआ यह पुरुष स्वयं न चाहता हुआ भी राजा से प्रयुक्त किये हुए सेवक की तरह बलपूर्वक लगाया हुआ-सा पाप करता है अर्थात् जैसे राजा अपने नौकर से उसकी इच्छा के विरुद्ध कोई नीच कार्य करने को कहता है तो उसे

प्रवृत्तिः प्रारब्धाद्भवति । तत्र च सहकारिकारणं रागो द्वेषः कामः क्रोध इत्यादयः । सहकारिकरणाभावे न कारणमात्रसद्भावेन कार्योत्पत्तिः । ईश्वरः पर्जन्यवद्द्रष्टव्यः । कृषिक्षेत्रे अङ्कुरोत्पत्तेर्जलं साधारणकारणम्। तत्तद्बीजानि सहकारिकारणानीति ज्ञेयानि । अत्र मधुसूदनी टीकात्वित्थम् –

एवं तावद्भगवन्तमङ्गीकारिणां श्रेयः प्राप्तिस्तदनङ्गीकारिणां च श्रेयोमार्गभ्रष्टत्त्वमुक्तम् । श्रेयोमार्गभ्रंशेन फलाभिसन्धिपूर्वककाम्यकर्माचरणे च केवलपापामात्राचरणे बहूनि कारणानि कथितानि। "ये त्त्वेतदभ्यसूयन्त" इत्यादिना । तत्रायं सङ्ग्रहः "श्रद्धाहानिस्तथासूयदुष्टचित्तत्त्वमूढते । प्रकृतेर्वशवर्तित्त्वं रागद्वेषौ च पुष्कलौ ।। परधर्मरुचित्त्वं चेत्युक्ता दुर्मार्गवाहकाः" इति । तत्र काम्यप्रतिषिद्धकर्म–प्रवृत्तिकारणमपनुद्य भगवन्मतमनुवर्तितुं तत्कारणावधारणायार्जुन उवाच। अथ केनेत्यादिना । "ध्यायतो विषयान्पुंस" इत्यादिना पूर्वमनर्थमूलमुक्तम् । साम्प्रतं च "प्रकृतेर्गुणसंमूढा" इत्यादिना बहुविस्तरं कथितम् । तत्र किं सर्वाण्यपि समप्राधान्येन कारणान्यथवैकमेव मुख्यं कारणमितराणि तु तत्सहकारीणि केवलम् । तत्राद्ये सर्वेषां पृथक्पृथङ्निवारणे महान्प्रयासस्स्यात्। अन्त्ये त्त्वेकस्मिन्नेव निराकृते कृतकृत्यता स्यादित्यतो ब्रूहि मे केन हेतुना प्रयुक्तः प्रेरितोऽयं त्वन्मताननुवर्ती सर्वविज्ञानविमूढपुरुषः पापमनर्थानुबन्धः सर्वं फलाभिसन्धिपुरस्सरं काम्यं चित्रादि शत्रुवधसन्धानं च श्येनादि प्रतिषिद्धं च कलञ्जभक्षणादि बहुविधं च कर्माचरति स्वयं कर्तुमनिच्छन्नपि, न तु निवृत्तिलक्षणं परमपुरुषार्थानुबन्धित्त्वात्समुपदिष्टं कर्मेच्छन्नपि करोति । न च पारतन्त्र्यं विनेत्थं सम्भवति । अतो येन बलादिव नियोजितो राज्ञेव भृत्यवन्मतविरुद्धं सर्वानर्थानुबन्धित्त्वं जानन्नपि तादृशं कर्माचरति तमनर्थमार्गप्रवर्तकं मां प्रति ब्रूहि ज्ञात्त्वा समुच्छेदाय यतेयेत्यर्थः । हे वार्ष्णेय वृष्णिवंशे मन्मातामहकुले कृपयावतीर्णेति सम्बोधनेन वार्ष्णेयीसुतोऽहं त्त्वया नोपेक्षणीय इति सूचयतीति शम् ।।

भगवतश्श्रीकृष्णस्योत्तरनिरूपणम् –

काम एष क्रोध एष रजो गुणसमुद्भवः ।
महाशनो महापाप्मा विद्ध्येनमिह वैरिणम् ॥ १६० ॥

अन्वयः – एषः रजोगुणसमुद्भवः कामः, एषः क्रोधः महाशनः महापाप्मा इह एनं वैरिणं विद्धि।।

वैसा ही करना पड़ता है, उसी प्रकार मनुष्य को भी कभी-कभी किसी कर्म का दोष समझते हुए और उसे न करने की इच्छा होते हुए भी वही कर्म करना पड़ता है । ऐसे कर्म में उसे बलपूर्वक कौन लगाता है ? जिससे कि वह पापाचरण किया करता है ।

अब भगवान् के उत्तर को कहते हैं ।

अर्थ – रजोगुण से उत्पन्न हुआ यह काम ही क्रोध है, यह बहुत खाने वाला और बड़ा पापी है । इसी को तुम अपना शत्रु समझो ।।१६०।।

व्याख्या – अर्जुन के प्रश्न का उत्तर देते हुए भगवान् श्रीकृष्ण इस श्लोक (गी. ३/३७) में कहते हैं कि जिसको तू पूछता है, सर्व अनर्थों के कारणरूप उस वैरी के विषय में सुन । यह काम ही सभी लोगों का शत्रु है, इसी के कारण सभी प्राणियों को अनर्थ की प्राप्ति होती है । वही यह काम किसी

व्याख्या :- येन प्रयुक्तः पुरुषः पापमाचरति स एष पुरुषप्रवर्तको रजोगुणसमुद्भवो रजोगुणात्समुद्भव उत्पत्तिर्यस्य स तथोक्तस्सुप्रसिद्धः कामो विषयतृष्णा । स एव काम आशाभङ्गेन प्रतिहतः कदाचित्क्रोधरूपेणापि परिणमते । स क्रोधः तत्रैष कामो महाशनो महदशनमाहारो विषयग्रामो यस्य स तथोक्तः । अत एव च महापाप्मा महतः पापस्य हेतुत्त्वाल्लोके क्रोधोद्रिक्ता जना महत्पापमाचरन्ति । "क्रुद्धो हन्याद्गुरूनपि" । अत एवमिह संसार एनं कामक्रोधरूपिणं वैरिणं सर्वानर्थहेतुत्त्वात्सर्वार्थप्रभञ्जकत्त्वाच्च महाशत्रुं विद्धि विजानीहि । अनिच्छाख्यप्रारब्धवशादुद्रिक्तरजोगुणकार्ययोः कामक्रोधयोरन्यतरस्यैव पुरुषप्रवर्तकत्त्वमिति नेच्छयैव पुरुषप्रवृत्तिः । अथ केनेत्यादिनार्जुनेन पृष्टो भगवान"थो खल्वाहुः काममय एवायं पुरुषः" "आत्मैवेदमग्र आसीदेक एव" "सोऽकामयत जाया मे स्यादथ प्रजायेयाथ वित्तं मे स्यादथ कर्म कुर्वीये"त्यादि श्रुतिसिद्धमुत्तरमाह काम एष इत्यादिना । यस्त्वया पृष्टो हेतुर्बलादनर्थमार्गे प्रवर्तकस्स एष काम एव महाञ्छत्रुः । यन्निमित्ता सर्वानर्थप्राप्तिः प्राणिनाम् । ननु क्रोधोऽप्यभिचारादौ प्रवर्तको दृष्ट इत्यत आह । क्रोध एषः । काम एव केनचिद्धेतुना प्रतिहतः क्रोधत्त्वेन रूपेण परिणमतेऽतः क्रोधोऽप्येष एव । एतस्मिन्नेव महावैरिणि निवारिते सर्वपुरुषार्थप्राप्तिः । तन्निवारणयोपायज्ञानाय तत्कारणमाह । रजोगुणसमुद्भवः। दुःखप्रवृत्तिबलात्मको रजोगुण एव समुद्भवः कारणं यस्यातः कारणानुविधायित्त्वात्कार्यस्य सोऽपि तथा । यद्यपि तमोगुणोऽपि तस्य कारणं तथापि दुःखे प्रवृत्तौ च रजस एव प्राधान्यात्तस्यैव निर्देशः। एतेन सात्त्विक्या वृत्त्या रजसि क्षीणे सोऽपिक्षीयत इत्युक्तम् । अथ वा तस्य कथमनर्थमार्गे प्रवर्तकत्त्वमित्यत आह । रजोगुणस्य प्रवृत्त्यादिलक्षणस्य समुद्भवो यस्मात् । कामो विषयाभिलाषात्मकस्स्वयमुद्भूतो रजः प्रवर्तयन्पुरुषं दुःखात्मके कर्मणि प्रवर्तयति । तेनायमवश्यं हन्तव्य इत्याशयः । ननु सामदानभेददण्डाश्चत्त्वार उपायास्तत्र प्रथमत्रिकस्यासम्भवे चतुर्थो दण्डः प्रयोक्तव्यो न तु हठादेवेत्याशङ्क्य त्रयाणामसम्भवं वक्तुं विशिनष्टि । यथोक्तं भगवता हनूमता "त्रीनुपायानतिक्रम्य चतुर्थ इह दृश्यते । न सामरक्षस्सु गुणाय कल्पते न दानमर्थोपचितेषु युज्यते । न भेदसाध्या बलदर्पिता जनाः पराक्रमस्त्वेष ममेह रोचते ।। न चास्य कार्यस्य पराक्रमादृते विनिश्चियः कश्चिदिहोपपद्यते । हतप्रवीराश्च रणे तु राक्षसाः कथञ्चिदीयुर्यदिहाद्य मार्दवम् ।।" अत आह महाशनो महापाप्मेति । महदशनमस्येति महाशनः "यत्पृथिव्यां व्रीहियवं हिरण्यं पशवस्त्रियः । नालमेकस्य तत्सर्वमिति मत्त्वा शमं व्रजे"दिति स्मृतेः । अतो न दानेन सन्धातुं शक्यः । नापि सामभेदाभ्यां यतो महापाप्मात्युग्रः । तेन हि बलात्प्रेरितोऽनिष्टफलमपि जानन्पापं करोति । अतो वैरिणं विद्धि विजानीहि। एनं कथमिह संसारे

कारण से जब बाधित हो जाता है तब क्रोधरूप में बदल जाता है, इसलिये क्रोध भी यही है । यह काम रजोगुण से उत्पन्न हुआ है अथवा यों समझो कि रजोगुण का उत्पादक है । क्योंकि उत्पन्न हुआ काम ही रजोगुण को प्रकट करके पुरुष को कर्म में लगाया करता है । इसीलिए 'तृष्णा ही हमसे अमुक कर्म करवाती है' इस प्रकार का प्रलाप रजोगुण के कार्य सेवा आदि में लगे हुए दुःखित मनुष्यों का ही सुना जाता है । और यह काम ***'महाशनः'*** अर्थात् बहुत खाने वाला है । इसलिये महापापी भी है क्योंकि काम से ही प्रेरित हुआ मनुष्य पाप किया करता है । इसलिये इस काम को ही तू इस संसार में शत्रु जान।

वैरिणम् । तद्विवृतं वार्तिके "आत्मैवेदमग्रे"त्यत्र । "प्रवृत्तौ च निवृत्तौ च यथोक्तस्याधिकारिणः । स्वातन्त्र्ये सति संसारसृतौ कस्मात्प्रवर्तते ।। न तु निश्शेषविद्ध्वस्तसंसारानर्थवर्त्मनि । निवृत्तिलक्षणे वाच्यं केनायं प्रेर्यतेऽवशः ।। अनर्थपरिपाकत्त्वमपि जानन्प्रवर्तते । पारतन्त्र्यमृते दृष्टा प्रवृत्तिर्नेदृशी क्वचित् ।। तस्माच्छ्रेयोऽर्थिनः पुंसः प्रेरकोऽनिष्टकर्मणि । वक्तव्यस्तन्निरासार्थमित्यर्था स्यात्परा श्रुतिः । अनाप्तपुरुषार्थोऽयं निश्शेषानर्थसङ्कुलः । इत्थं कामयतेऽनाप्तान्पुमर्थान्साधनैर्जडः ।। जिहासति तथानर्थानविद्वानात्मनिश्चितवान् । अविद्योद्भूतकामस्सन्नथो खल्विति च श्रुतिः ।। (मनुः) अकामतः क्रियाः काश्चिद् दृश्यन्ते नेह कस्यचित् । यद्यद्धि कुरुते जन्तुस्तत्तत्कामस्य चेष्टितम् । काम एष क्रोध एष इत्यादिवचनं स्मृतेः । प्रवर्तको नापरोऽतः कामादन्यत्प्रतीयत" इति दिक् ।।

अनिच्छाप्रारब्धसद्भावे साक्षाद्गीतावाक्योदाहरणम् –

स्वभावजेन कौन्तेय निबद्धस्स्वेन कर्मणा ।
कर्तुन्नेच्छसि यन्मोहात्करिष्यस्यवशोऽपि तत् ।। १६१ ।।

अन्वयः – "कौन्तेय स्वभावजेन स्वेन कर्मणा निबद्धः यत् कर्तुं न इच्छसि । तत् अपि मोहात् अवशः करिष्यसि" ।

व्याख्या :– पुरुषप्रवृत्तेः कामक्रोधयोरेव कारणत्त्वं प्रतीयते न ह्यनिच्छाप्रारब्धस्येति सन्देहेऽनिच्छा–प्रारब्धैव पुरुषप्रवर्तकत्त्वबोधकं गीतावचनमवतारयति । हे कौन्तेय ! स्वेनाचरितेनातस्स्वभावजेन सहजेन स्वकीयेन प्रारब्धेन कर्मणा तत्फलेन निबद्धास्सन्तस्तत्कर्म कर्तुं नेच्छति तत्रेच्छाभावेऽपि तदपि कर्म मोहादविवेकतोऽवशः परवशस्सन्करिष्यसि । एतत्प्रवृत्तिप्रयोजकं प्रारब्धमिच्छाविरहविशिष्टत्त्वादनिच्छा–प्रारब्धमित्युच्यते । अतो हेतोरनिच्छाप्रारब्धमस्तीति समभ्युपगन्तव्यमिति भावः। नन्वत्र कामो हि विषया–भिलाषात्मक इति मधुसूदनाचार्यवचनादिष्टशब्दादिविषयलालस्यात्मककामस्यैव तत्तद्विषयसम्पादनादौ प्रवर्तकता प्रतीयते । तथा चोक्तानिच्छापूर्वकप्रारब्धविषयकप्रमाणकथनप्रतिज्ञायां किमागतमित्यत्र यद्यपि

भाव यह है कि प्रारब्धवश अभिव्यक्त हुए रजोगुण के कार्य काम और क्रोध ही पुरुष के प्रवर्तक होते हैं, केवल इच्छा नहीं । यही अनिच्छा प्रारब्ध है ।

अनिच्छा प्रारब्ध को गीतावचन से स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ – हे कुन्तीपुत्र ! जिस कर्म को तू मोह के कारण करना नहीं चाहता है, उसको भी अपने (पूर्वकृत) स्वाभाविक कर्म से बंधा हुआ परवश होकर अवश्य ही करेगा ।।१६१।।

व्याख्या – गीता के इस श्लोक (१८/६०) से स्पष्ट हो जाता है कि अनिच्छा प्रारब्ध भी होता है । पूर्वश्लोक से तो इतना ही स्पष्ट हुआ कि काम और क्रोध पुरुष के प्रवर्तक हैं किन्तु अनिच्छा प्रारब्ध प्रेरक हैं, यह तो ज्ञात नहीं हुआ । ऐसी शंका होने पर गीतावाक्य से उक्त शंका का समाधान करते हैं । भगवान् अर्जुन से कहते हैं कि कौन्तेय ! तुम अपने शूरवीरतादि स्वाभाविक कर्मों से अर्थात् सहज प्रारब्ध कर्मों से बन्धे हुए हो, ऐसी स्थिति में जिस कर्म को तुम नहीं करना चाहते हो, उस कर्म को इच्छा के अभाव में भी मोह के कारण अर्थात् अविवेक के कारण परवश होकर अवश्य ही करोगे । इसलिये

चार्जुनप्रश्नेऽनिच्छन्निति पदध्वनितानिच्छापूर्वकप्रवृत्तिकारणीभूतवस्तुन एव पृष्टत्त्वेन भगवत्कृतसमाधानवचने तस्यादृष्टस्य दृष्टरूपमन्तरा स्पष्टत्त्वासम्भवादुक्तकामरूपेण कथयितुर्भगवतस्तत्रैव तात्पर्यपर्यवसानेऽपि तव स्पष्टतरं तत्प्रतिपत्त्यर्थं भगवदीयमेव प्रकरणान्तरस्थं प्रकृतविषयस्थापकमेतद्वाक्यं दशयित्त्वा समादधाति। अस्य च गीतावाक्यस्य श्रीमधुसूदनीटीका चेत्थं प्रकृतिं विवृणोति । स्वभावजेन पूर्वोक्तक्षत्रियस्वभावजेन शौर्यादिना । स्वेनानागन्तुकेन कर्मणा निबद्धो वशीकृतः त्त्वं हे कौन्तेय यद्बन्धुवधादिनिमित्तं युद्धं मोहात्स्व-तन्त्रोऽहं यथेच्छामि तथा सम्पादयिष्यामीति भ्रमात्कर्तुं नेच्छसि । तदवशोऽप्यनिच्छन्नपि स्वाभाविक-कर्मपरतन्त्रः परमेश्वरपरतन्त्रश्च करिष्यस्येवेति । अतश्चानिच्छा प्रारब्धस्य प्रसिद्धिर्व्याख्यातेति शम् ।।

परेच्छाप्रारब्धनिरूपणम् -

नानिच्छन्तो न चेच्छन्तः परदाक्षिण्यसंयुताः ।
सुखदुःखे भजन्त्येतत्परेच्छापूर्वकर्म हि ॥ १६२ ॥

अन्वयः - अनिच्छन्तः न । इच्छन्तः च न । परदाक्षिण्यसंयुताः सुखदुःखे भजन्ति । एतत् परेच्छापूर्वकर्म हि ।।

व्याख्या :- एवं प्रतिज्ञातत्रिविधप्रारब्धमध्ये तावदद्ययोरिच्छानिच्छात्मकयोः प्रारब्धयोः प्रतिपादनोत्तरं तृतीयं परेच्छाप्रारब्धं स्वरूपतस्सङ्क्षिपति । केचित्सुखदुःखे अनिच्छन्तो न भजन्ति न सेवन्ते । केचनेच्छन्तोऽपि न भजन्ति । अन्येषां प्रीत्यर्थमेवानुभवन्ति सुखदुःखे । लोकानुग्रहार्थमेव स्वयं सुखदुःखभाजो भवन्ति । अत्र चानिच्छाप्रारब्धव्यावृत्तये नानिच्छन्त इति विशेषणम् । तथेच्छाप्रारब्धव्यावृत्तये न चेच्छन्त इति च विशेषणम् । अत एतत्सुखदुःखादिहेतुभूतं परेच्छापूर्वकं

अनिच्छा प्रारब्ध भी है इस बात को अवश्य अंगीकार करना चाहिये ।

अब परेच्छाप्रारब्ध का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - मनुष्य जब न तो अनिच्छा करता हुआ और न हि इच्छा करता हुआ किन्तु परदाक्षिण्य से युक्त होकर सुःख और दुःख को भोगता है, उसे परेच्छा प्रारब्ध कहते हैं ।।१६२।।

व्याख्या - पूर्व प्रतिज्ञात त्रिविध प्रारब्ध में से तृतीय परेच्छा प्रारब्ध अर्थात् किसी अन्य व्यक्ति की इच्छा से प्राप्त होनेवाले भोग का प्रतिपादन करते हैं । एक स्थिति यह भी होती है जब ज्ञानी पुरुष न अपनी इच्छा से सुख-दुःख भोगता है और न परेच्छा से, वरन् किसी दूसरे पर उपकार करने के लिये या किसी दूसरे की प्रार्थना पर सुख-दुःख भोगता है । यह उसका परेच्छा प्रारब्ध है । लोकसंग्रह के लिये कष्ट सहना भी इसी कोटि का है । **धर्म से विमुख होकर विपथगामी हो रहे समाज को सन्मार्ग में लाने के लिये अपने आचरण द्वारा शिक्षारूप जो कर्म किये जाते हैं, उन्हें लोकसंग्रह कहा जाता है ।** ऐसे कार्य में लगने से ज्ञानी पुरुषों को अनेक कष्ट भी उठाने पड़ते हैं । फिर भी परदाक्षिण्य के कारण वे उन कष्टों को सहन करते हैं । ***''दक्षे तु चतुरपेशलपटवः''*** इस कोशवचनानुसार श्लोक में आये ''परदाक्षिण्यसंयुताः'' का अर्थ 'अन्य जन के सामर्थ्य से प्रेरित होकर' ऐसा होता है । लोकसंग्रहार्थ

प्रारब्धमत्र प्रसिद्ध्यति । अतश्च सत्यपि दोषदर्शने प्रारब्धस्यापरिहार्यत्त्वात्तस्येच्छाजनकत्त्वं न निवारयितुं शक्यम् । दाक्षिण्यमित्यत्र ''दक्षे तु चतुरपेशलपटव'' इति कोशादितरजनसामर्थ्यप्रेरितास्सन्त इत्यर्थो लभ्यते । हरिश्चन्द्रवद्वसिष्ठविश्वामित्राभ्यां कृतप्रसिद्धतरानुग्रहनिग्रहद्वारानुभवन्ति सुखदुःखे इति शम्।।

भ्रष्टधानादृष्टान्तेन विदुष इच्छाबाधनिरूपणम् –

कथन्तर्हि किमिच्छन्नित्येवमिच्छानिषिद्ध्यते ।
नेच्छानिषेधः किन्त्विच्छाबाधो भर्जितबीजवत् ॥ १६३ ॥

अन्वयः – तर्हि ''किम् इच्छन्'' इति एवम् इच्छा कथं निषिध्यते ? । इच्छानिषेधः न । किं तु इच्छाबाधः । भर्जितबीजवत् ।।

व्याख्या :– जीवन्मुक्तानामप्युक्तत्रिविधप्रारब्धसम्भवो यावद्देहं जीवन्मुक्त्यन्यथानुपपत्त्यैव वाच्य एवं सति ''चात्मानं चेद्विजानीया''दिति प्रकृतं व्याख्यायमाने मन्त्रे ''किमिच्छ''न्नित्यादिना विदुष उक्त इच्छाभावो विरुद्ध्येतेत्याशङ्कां परिहरति । तर्हि ''किमिच्छन्कस्य कामाय शरीरमनुसञ्ज्वरे''दित्यत्र किमिच्छन्नित्यात्मज्ञानिनः कथमिच्छा निषिद्ध्यते इच्छाभावः कथं वर्ण्यते ? इच्छानिषेधश्रवणात् पुनरिच्छाप्रारब्धेत्यादिना त्रैविध्येन तदङ्गीकारो न युक्तश्श्रुतिविरोधादिति भावः । अथ समाधीयते। अनया श्रुत्या इच्छाभावो नाभिधीयते । अपि तु सत्या अपि तस्यास्समर्थप्रवृत्तिजनकत्त्वं नास्तीति बोध्यत इत्याह । तत्रेच्छानिषेध इच्छाया अभावो न श्रुत्यभिप्रेतः । किन्तु स्वरूपेण सत्या अपीच्छायास्सामर्थ्यराहित्यमेवोच्यते । अत्र दृष्टान्तो भर्जितबीजवदग्निसन्तप्तं बीजं यथाङ्कुरजननासमर्थं भवति तद्वदिच्छाबाध इच्छायाः कामक्रोधादिमूलकानिष्टप्रवृत्तिजनकमेवात्र निषिद्ध्यत इति शम् ।।

अनेकों महात्माओं ने कष्ट सहन किये हैं अतः कर्म आदि में दोष देखने वाले पुरुष भी प्रारब्धवश उनमें प्रवृत्त होते हैं ।

विद्वान् में इच्छाबाध को दर्शाते हैं ।

अर्थ – (पूर्वपक्षी) यदि ज्ञानी के मन में इच्छा उत्पन्न होती है तो 'किमिच्छन्' इस श्रुतिवाक्य से इच्छा का निषेध क्यों किया गया है? (सिद्धान्ती) श्रुति में इच्छा का निषेध नहीं है, किन्तु भुने हुए बीज की भाँति इच्छा का बाध किया गया है ।।१६३।।

व्याख्या – इस श्लोक की प्रथम पंक्ति में पूर्वपक्षी का प्रश्न है और दूसरी पंक्ति में उसका समाधान किया गया है । पूर्वपक्षी कहता है कि आपके द्वारा त्रिविध प्रारब्ध का जो वर्णन किया गया है, उससे तो यह ज्ञात होता है कि ज्ञानी पुरुष के मन में भी प्रारब्धवश इच्छाएँ उत्पन्न होती है किन्तु '**किमिच्छन् कस्य कामाय शरीरमनुसंज्वरेत्**' इस श्रुति में तो ज्ञानी में इच्छा का निषेध किया गया है । तब आप श्रुतिविरुद्ध क्यों बोल रहे हैं ? इस शंका का समाधान करते हुए आचार्य कहते हैं कि उक्त श्रुति ज्ञानी पुरुष में इच्छा का सर्वथा निषेध नहीं करती है । ज्ञानी को भी इच्छाएँ होती हैं किन्तु उसकी इच्छा भुने हुए बीज के समान होती है । अग्नि से संतप्त बीज को भर्जित बीज कहते हैं । ऐसा बीज अंकुरित नहीं होता है । भाव यह है कि जैसे भुने हुए बीज में अंकुरोत्पादन की क्षमता नहीं होती है, उसी प्रकार श्रुति में ज्ञानी पुरुष में इच्छा का बाध किया गया है अर्थात् इच्छा से उत्पन्न होने वाले काम, क्रोधादि मूलक अनिष्ट प्रवृत्तिजनकत्व का ही निषेध किया है । ज्ञानी पुरुष को इच्छाएँ होती ही नहीं हैं, ऐसा नहीं कहा गया है ।

भर्जितबीजदृष्टान्तोपपादनम् -

भर्जितानि तु बीजानि सन्त्यकार्यकराणि च ।
विद्वदिच्छा तदेष्टव्याऽसत्त्वबोधान्नकार्यकृत् ॥ १६४ ॥

अन्वयः - भर्जितानि तु बीजानि अकार्यकराणि च सन्ति । तथा विद्वदिच्छा एष्टव्या असत्त्वबोधात् कार्यकृत् न ।।

व्याख्या :- यथा भर्जितानि बीजानि सन्त्यपि स्वयं स्वरूपेण विद्यमानान्यप्यकार्यकराणि नाङ्कुरादिकार्यजनकानि भवन्ति । अङ्कुरोत्पादनासमर्थानि यद्वत्तद्वद्विद्वदिच्छापि स्वयं स्वरूपेण सत्यप्यसत्त्वबोधादिष्यमाणपदार्थस्यासत्त्वज्ञानेन काम्यानां मिथ्यात्त्वज्ञानाद्बाधितत्त्वान्न कार्यकृद्व्यसनादिकार्यक्षमा कामक्रोधादिशरीरानुपकारिणी । अयं भावः यथा भर्जितानि व्रीह्यादिबीजानि समुत्पादकान्यप्यङ्कुराद्युत्पादकानि नैव भवन्ति तथा ब्रह्मविदां सौभर्यादीनामिच्छाप्य-सत्त्वबोधाद्यावद्द्वैतमिथ्यात्त्वोपलक्षिताद्वैताद्वैतब्रह्मात्मैक्यसाक्षात्कारात्कार्यकृत्पुण्याद्युत्पादनद्वारा प्रारब्धपरिसमाप्त्युत्तरं द्वैतानुभाविका नैव भवतीत्येष्टव्यमिति दिक् ।।

विद्वदिच्छास्वरूपनिरूपणम् -

दग्धबीजमरोहेऽपि भक्षणायोपयुज्यते ।
विद्वदिच्छाप्यल्पभोगङ्कुर्यान्न व्यसनं बहु ॥ १६५ ॥

अन्वयः - दग्धबीजम् आरोहे अपि भक्षणाय उपयुज्यते । विद्वदिच्छा अपि अल्पभोगं कुर्यात् । बहु व्यसनं न ।।

व्याख्या :- एतावता ग्रन्थेनेच्छाया विद्वन्निष्ठाया व्यसनादिकार्यजननसामर्थ्यं नास्तीत्युपपादितम्।

पूर्वोक्त भर्जितबीज के दृष्टान्त को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - जैसे भुने हुए बीज विद्यमान होने पर भी अपने (अंकुरोत्पादनरूप) कार्य को करने में समर्थ नहीं हैं, वैसे ही ज्ञानी की इच्छा विद्यमान होने पर भी विषयों के मिथ्यात्वज्ञान के कारण अपने कार्य (व्यसनादि) उत्पन्न करने में समर्थ नहीं है ।।१६४।।

व्याख्या - प्रारब्ध कर्म भोग प्रदान कर ज्ञानी पुरुष में उन भोगों में व्यसन भी उत्पन्न करेगा, इस शंका का निवारण करते हैं । भुने हुए बीज देखने में तो पूर्ववत् ठीक ही दिखाई देते हैं किन्तु उन्हें बोने से अंकुर नहीं निकलते, क्योंकि उन बीजों की अग्नि के ताप के कारण उर्वरा शक्ति नष्ट हो जाती है। इसी प्रकार ज्ञानी की भी इच्छा बाह्यदृष्टि से इच्छारूप ही है किन्तु वह विषयों में आसक्तिरूप अनर्थ को उत्पन्न करने में समर्थ नहीं है । अज्ञानी की इच्छाएँ विषयसुख प्राप्त कराकर निरन्तर वृद्धि को प्राप्त होती रहती हैं किन्तु ज्ञानी की इच्छाएँ अल्पभोग देकर ही शान्त हो जाती हैं ।

विद्वान् की इच्छा के स्वरूप का विचार करते हैं ।

अर्थ - जैसे भुना हुआ बीज उगता नहीं है किन्तु खाने के काम आता है, उसी प्रकार ज्ञानी की इच्छा भी उसे अल्पभोग प्रदान करती है किन्तु अधिक व्यसन (विक्षेप) उत्पन्न नहीं करती है ।।१६५।।

व्याख्या - इच्छाएँ विद्वान् में व्यसन रूप कार्य को उत्पन्न करने में समर्थ नहीं है ऐसा प्रतिपादन पूर्व में किया गया । जब इच्छा में फलाभाव है तब तो ज्ञानी में वैसी इच्छा का अंगीकार करना व्यर्थ

तथा फलाभावात्तादृशीच्छैव नाङ्गीकार्येत्याशङ्कायां फलाभावादिति हेतुरसिद्धो यतो भोगलक्षण-फलसद्भावात् । ननु दृष्टान्तदार्ष्टान्तिकयोरुभयोरप्यकार्यकरत्त्वं क्रमाद्दग्धत्त्वविद्वत्त्वाभ्यां यदुक्तं तत्किं यत्किञ्चिदकार्यकरत्त्वं सर्वथा वा कार्यकरत्त्वं ? नाद्यः । अदग्धबीजानामपि केषाञ्चित्क्षेत्रेऽनुप्तत्त्वेनाथ-वोप्तात्मनामप्यनावृष्ट्याद्युपहतत्त्वेन चाङ्कुरादियत्किञ्चित्कार्याजनकत्त्वस्य प्रायो बीजत्त्वावच्छेदेनैव सर्वत्रापि दृष्टतया दृष्टान्ते दग्धत्त्वस्याप्रयोजकत्त्वात् । एवमविदुषां रम्भासम्भोगादीच्छासत्त्वेऽपि मर्त्यलोके तथा स्वर्गलोकेऽपि विना तादृशसुकृतमकार्यकरत्त्वदर्शनेन दार्ष्टान्तिकेऽपि विद्वत्त्वस्याप्रयोजकत्त्वाच्च। नान्त्यो भक्षणादिकार्यस्य प्रारब्धफलोपभोगकार्यस्य च क्रमादुभयत्र सत्त्वादिति चेन्न । विदुषामिच्छाया यत्किञ्चिदुपभोगजनकत्त्वमेव जरत्कार्वादिवत् । नाविदुषामिव जन्मान्तरापादकतादात्म्याध्याससाधनं प्रथमजन्मनि जडभरतादिवत् । अतश्चाल्पभोगं जनयेन्न बहु व्यसनम् । व्यसनपदार्थश्च "व्यसनं विपदिभ्रंशे दोषे कामजकोपजे" "व्यसनं त्वशुभे सक्तौ पानस्त्रीमृगयादिषु । दैवानिष्टफले पापे विपत्तौ निष्फलोद्यमे" इत्यादिकोशसूचित इति दिक् ।।

विदुषो भोक्तव्यविषयेषु सत्यत्त्वबुद्धेरभावे न व्यसनं भवतीति निरूपणम् -

भोगेन चरितार्थत्त्वात्प्रारब्धङ्कर्म हीयते ।
भोक्तव्यसत्यता भ्रान्त्या व्यसनन्तत्र जायते ।। १६६ ।।

अन्वयः - प्रारब्धं कर्म भोगेन चरितार्थत्त्वात् हीयते । भोक्तव्यसत्यता भ्रान्त्या तत्र व्यसनं जायते।

व्याख्या :- विदुषोऽपीच्छया भोगसत्त्वे तद्वियोगानिमित्तकं विपदादिलक्षणं बह्वपि व्यसनं भवेदिति प्रश्ने सञ्जाते भोगप्रयोजकप्रारब्धस्य जीवाय सुखदुःखतत्प्रयोजकदेहादिप्रदान एव निर्बन्धात्तावन्मात्रेणैव

ही है । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि आपके द्वारा फलाभाव रूप जो हेतु दिया गया है वह असिद्ध है, क्योंकि उसका भोग रूप लक्षण वाला फल होता है । यद्यपि भुना हुआ बीज खेत में बोने से उगता नहीं है तथापि वह खाने के काम में तो आता ही है । ज्ञानी की इच्छा भी इसी प्रकार उसे अल्पभोग प्रदान कर सकती है किन्तु उसके हृदय में उन भोगों के प्रति आसक्ति न होने के कारण, वह इच्छा व्यसन रूप में परिणत नहीं हो सकती । अज्ञानी मनुष्य की इच्छा उसे भोग प्रदान कर व्यसन में डाल देती है किन्तु ज्ञानी की नहीं । व्यसन मनुष्य में विपत्ति, भंग, काम और क्रोध रूपी विकार उत्पन्न करता है। व्यसन से विपत्तियाँ आती हैं । मर्यादाओं का भंग होता है । व्यभिचार, मदिरापान, नृत्य-गान, परनिन्दा आदि कामजन्य विकार होते हैं और कटुवचन, ईर्ष्या, द्वेष, परपीड़ा आदि क्रोधजन्य विकार होते हैं । ये सभी व्यसन (विक्षेप) के कारण होते हैं, ये सब व्यसन दुःखदायी हैं । ज्ञानी पुरुष को ये विक्षेप प्राप्त नहीं होते हैं ।

व्यसन कैसे उत्पन्न होता है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - प्रारब्ध कर्म भोगमात्र से चरितार्थ होकर (भोग देने के बाद) नष्ट हो जाते हैं । किन्तु भोग्य विषयों में सत्यता की भ्रान्ति से उनमें व्यसन उत्पन्न होता है ।।१६६।।

व्याख्या - कर्म ही भोग के द्वारा व्यसन को उत्पन्न करेंगे, इस शंका का समाधान करते हैं । प्रारब्ध

तच्चरितार्थं सद्भरतादिवन्नैवोक्तव्यसनं कर्तुं शक्नोतीति समादधाति । अनिवार्यं प्रारब्धं कर्म भोगेन चरितार्थत्त्वाद्धीयते विनश्यति । प्रारब्धं कर्मानुरूपं फलं नियच्छत्स्वयमपि नश्यतीत्यर्थः । प्रारब्धकर्मणो भोगमात्रहेतुत्त्वान्न व्यसनजनकत्त्वम् । न चैवं तर्हि भरतादेरुक्तव्यनं कुतस्सम्पन्नमिति वाच्यम् । अज्ञत्त्वमूलकभोक्तव्यहरिणतर्णककारुण्यप्रयोजकस्वतच्छरीरादिसत्यत्त्वभ्रान्तेरेव व्यसनजन्मेत्याह । तत्र तस्मिन्भोग्यविषये भोक्तव्यसत्यता भ्रान्त्या भोक्तव्यस्य सुखदुःखादेस्सत्यत्त्वे भ्रान्त्या व्यसनं विक्षेपो जायते । शीतोष्णसुखदुःखयोर्मिथ्याभूतयोस्सत्यता भ्रान्तिरेव विक्षेपकारणम् विदुषस्तादृशविक्षेपजनकत्त्वभ्रान्तेरसम्भवाद्भोगमात्रजननेन कृतार्थत्त्वात्तद्व्यतिरिक्तं फलं न जनयतीति भावः । तथा च व्यसने भोगद्वारा कर्मणः कारणत्त्वमन्यथासिद्धम् । कुलालपितुर्घटकारणत्त्वमिवेति शम् ।।

व्यसनहेतोर्भ्रमस्य विवरणम् -

मा विनश्यत्वयं भोगो वर्धतामुत्तरोत्तरम् ।
मा विघ्नाः प्रतिबध्नन्तु धन्योऽस्म्यस्मादिति भ्रमः ॥ १६७ ॥

अन्वयः - "अयं भोगः मा विनश्यतु । एषः उत्तरोत्तरं वर्धताम् । विघ्नाः मा प्रतिबध्नन्तु । अस्मात् धन्यः अस्मि" इति भ्रमः ।।

व्याख्या :- देहाद्यात्मकस्सर्वोऽपि प्रपञ्चस्सामान्यतस्सर्वेऽप्यज्ञास्सत्य इति वदन्त्येवं कलिकालेऽद्य वेदान्तशास्त्रावलम्बेन बहिः प्रायशस्सर्वेषां मुखपिधानं कुर्वाणाः पण्डितम्मन्याः पामराः केवलमन्तर्यथेष्टचेष्टैकपरास्सर्वदा तन्मिथ्यात्त्वमपि ब्रुवाणास्सहस्रशोऽप्युपलभ्यन्ते तत्कथं बुभुत्सुना स्वबोधतद्दार्ढ्यार्थं सुपरीक्ष्य तन्निर्णयः कार्य इत्याशङ्कायां तत्सर्वं भ्रमादेवेति वक्तुं भ्रमस्य स्वानुभवादिगोचरं विशिष्टतरं स्वरूपमभिनीय प्रदर्शयति । अयमद्यानुभूयमानो भोगो मा विनश्यतु ।

कर्म केवल भोग प्रदान करता है । व्यसन उत्पन्न करना उसका काम नहीं है । प्रारब्ध तो भोग प्रदान कर स्वयं नष्ट हो जाता है । भोग्यपदार्थ में यदि सत्यत्व बुद्धि होती है तो वह व्यसनोत्पादक होती है । अर्थात् शब्दादि विषय सत्य और सुखदायी हैं, ऐसी भ्रान्ति जब होती है तभी उनके प्रति आसक्ति बढ़ने से उनमें व्यसन होता है । अतः व्यसन का कारण प्रारब्ध नहीं है, व्यसन उत्पन्न होने के दो हेतु हैं - एक तो विषयों का भोग और दूसरा उनमें सत्यत्वभ्रान्ति । ये दोनों हेतु जब एक साथ होते हैं तभी व्यसन होता है । भाव यह है कि विद्वान् में उक्त विक्षेप को उत्पन्न करने वाली भ्रान्ति का अभाव होने से प्रारब्ध कर्म केवल भोग प्रदान कर नष्ट हो जाते हैं, उससे भिन्न कोई अन्य फल को उत्पन्न नहीं करते हैं ।

व्यसन के कारणभूत भ्रम का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - यह भोग विनष्ट न हो वरन् उत्तरोत्तर बढ़ता रहे, विघ्नों के कारण मेरे भोग में बाधा न पड़े और इन भोगों को पाकर मैं धन्य हूँ, इस प्रकार का ज्ञान भ्रम है ।।१६७।।

व्याख्या - कई अज्ञानी लोग भी वेदान्त शास्त्र का अवलम्बन लेकर जगत् का मिथ्यात्व प्रतिपादन करते हैं किन्तु ज्ञान के अभाव के कारण स्वयं को पण्डित मानने वाले वे लोग विषयजन्य सुखों से अनासक्त नहीं रह पाते हैं । ऐसी स्थिति में सच्चे साधक को भ्रम के यथार्थ रूप का ज्ञान कैसे हो सकता

परन्त्वेष एवोत्तरोत्तरं भाविकालेऽपि वर्धताम् । तं मया भुज्यमानं भोगं विघ्ना अन्तराया मा प्रतिबध्नन्तु। अस्य भोगस्य प्रतिहतिर्मा भवतु । अस्मादेव भोगादहं धन्यः कृतकृत्यः कृतार्थोऽस्मीत्येवं रूपं ज्ञानं भ्रमः । वस्तुतो मिथ्यारूपे वैषयिकं सुखदुःखे वा सत्यत्त्वज्ञानं भ्रमस्तस्मादेव च व्यसनं जनानामिति दिक् ।।

भ्रमनिवारणोपायप्रदर्शनम् –

यदभावि न तद्भावि भावि चेन्न तदन्यथा ।
इति चिन्ताविषघ्नोऽयं बोधो भ्रमनिवर्तकः ।। १६८ ।।

अन्वयः–यत् अभावि तत् भावि न । भावि चेत् तत् अन्यथा न । इति चिन्ताविषघ्नः अयं बोधः भ्रमनिवर्तकः।।

व्याख्या :– अस्त्वेवमेवं तेषामज्ञानां तत्तद्व्यवहारलिङ्गगम्योऽयमन्तर्भ्रमनिर्णयः । तथा विदुषामपि प्रारब्धापादितभोगेच्छादिसत्त्वे भोग्येष्टवियोगादिसम्भावितविपदादिव्यसनसत्त्वं तदवस्थमिति चेन्न । तेषां सम्भावितसकलदुःखादिसंसारार्णवजन्यकालकूटशामकदृढतमविवेकात्मकमहामन्त्रशालित्त्वादि–त्याशयेन तदध्यवसायं प्रकटयति । यदभावि यच्च भवितुमयोग्यं तन्न भावि नैव भवेत् । तथा भावि चेद्भवितुं योग्यं चेत्तदन्यथा नाभावि न भवेदेव । सत्यसङ्कल्पप्रारब्धफलप्रदेश्वरसङ्केतेन "यद्यद्भव्यं भवतु भगवन्पूर्वकर्मानुरूपं एतत्प्रार्थ्यं मम बहुमतं जन्मजन्मान्तरेऽपि त्वत्पादाम्भोरुहगता निश्चला भक्तिरस्तु।" प्रारब्धानुसारमीश्वरसङ्कल्पेन यद्भव्यं तद्भवतु यदभव्यं तन्माभूदित्येवं रूपश्चिन्ताविषघ्नश्चिन्तैव विषस्तं हन्तीति तथोक्तश्चिन्ता चेदं मे श्रेयः कदा भविष्यतीदमनिष्टं मे कदा निवर्तिष्यत इत्येवमाद्याकारैव हि चिन्ता सा विषवत्सर्वानर्थकारिणी स्वसंसृष्टपुंसो नाशहेतुत्त्वात्तस्मान्निरुक्तरूपो यो बोधो ज्ञानं सोऽयं भ्रमनिवर्तकः पूर्वोक्तस्य भ्रमस्य निवारकः । प्रारब्धेन यद्विहितं तदवश्यं भवति । तदविहितं तु नैव भवतीति ज्ञानं भ्रममपनुद्य तत्साधनचिन्तां निवर्तयतीत्याशय इति शम् ।।

है ? ऐसी आकांक्षा होने पर व्यसन के कारणभूत भ्रम का स्वरूप बताते हैं । व्यक्ति सोचता है कि आज में जिस सुख का भोग कर रहा हूँ वह कभी भी नष्ट न हो, इतना ही नहीं परन्तु वह भविष्यकाल में उत्तरोत्तर वृद्धि को प्राप्त हो । विघ्न मेरे उन भोगों में बाधा न पहुचाएँ अर्थात् मैं निर्विघ्न होकर भोगों का उपभोग करूँ । इन भोगों को प्राप्त कर मैं धन्य अर्थात् कृतकृत्य हो गया हूँ । इत्यादि अनेक प्रकार की जो धारणा हैं, उसे ही भ्रम कहते हैं । अर्थात् मिथ्या रूप वैषयिक सुख और दुःख में सत्यत्व का ज्ञान भ्रम है ।

भ्रम के निवारण का उपाय बताते हैं ।

अर्थ – जो नहीं होना है, वह नहीं होगा और जो होना है, वह अन्यथा नहीं होगा । इस प्रकार चिन्ता रूपी विष का नाश करने वाला जो ज्ञान है, वही भ्रम का निवर्तक है ।।१६८।।

व्याख्या – यह सम्पूर्ण विश्व अपने नियमों के अनुसार ही कार्य करता है, उनमें कोई भी कुछ भी परिवर्तन करने में समर्थ नहीं है, इसलिये जो होने योग्य नहीं है, वह कदापि नहीं होगा और जो होने योग्य होता है, वह अन्यथा नहीं होता अर्थात् अवश्य होता ही है । इस प्रकार का चिन्ता रूपी विष का नाशक जो बोध है, वही भ्रम का निवर्तक (निवारक) है अर्थात् प्रारब्धानुसार जो होना है, वह अवश्य होगा और जो नहीं होना है, वह कदापि नहीं होगा। इस प्रकार का ज्ञान भ्रम को दूर करके उसकी साधन रूप चिन्ता को नष्ट कर देता है ।

भ्रमादेव भवति बहुव्यसनमिति निरूपणम् -

समेऽपि भोगे व्यसनं भ्रान्तो गच्छेन्न बुद्धवान् ।
अशक्यार्थस्य सङ्कल्पाद् भ्रान्तस्य व्यसनं बहु ॥ १६९ ॥

अन्वयः - भोगे समे अपि भ्रान्तः व्यसनं गच्छेत् । बुद्धवान् न । अशक्तार्थस्य सङ्कल्पात् भ्रान्तस्य बहुव्यसनम् ।।

व्याख्या :- यद्येवं तर्हि विद्वदविदुषोरुभयोरपि प्रारब्धकर्मापादितसुखदुःखफलोपभोगसाम्येऽपि क्रमादर्थानर्थौ विवेकाविवेकमूलावेवेति चेच्चिरं जीवतु भवानित्याशयेनाचार्यस्तद्वचनमनूद्य भ्रान्तस्य बहुव्यसनसद्भावे हेतुमप्याह । ज्ञानिनोऽज्ञानिनश्च प्रारब्धकर्मफलस्य भोगे समेऽप्यज्ञानी भ्रान्तो भ्रान्तिज्ञानविशिष्टो व्यसनं गच्छेत् प्राप्नुयात् । बुद्धवांस्तु बुद्धमवबुद्धं विचारित"तत्त्वमस्या"दिमहावाक्य-जन्यचरमप्रमाविषयीकृतमद्वैतब्रह्मात्मैक्यं द्वैतमिथ्यात्त्वपूर्वकमनुसन्धीयमानत्त्वेनास्ति सर्वदास्येति बुद्धवान् ज्ञानी तु न व्यसनं गच्छेन्न गच्छेत् । भ्रान्तस्य पुरुषस्य व्यसनसद्भावे व्यसनहेतुता भ्रान्तेः कथमागच्छतीति दर्शयति । अशक्यार्थस्य शक्यत्त्वेन ज्ञानरूपभ्रान्तिविषयस्य "मा विनश्यत्त्वयं भोगो वर्धतामुत्तरोत्तरम्" इत्याद्यनुपदोदीरितासंभावितवस्तुनस्सङ्कल्पात्तद्वशान्मनोऽभीष्टविषयकरागवशाद्भ्रान्तस्य व्यसनं विक्षेपो बह्वत्यधिकं भवतीति दिक् ।।

बहु व्यसन का कारण भ्रान्ति है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - प्रारब्धभोग (ज्ञानी और अज्ञानी) दोनों में समान होने पर भी अज्ञानी व्यसन को प्राप्त होता है, ज्ञानी नहीं । असम्भव अर्थ का संकल्प करने के कारण ही अज्ञानी को अत्यधिक व्यसन (विक्षेप) होता है ।।१६९।।

व्याख्या - विवेकी और अविवेकी दोनों ही समान रूप से प्रारब्ध कर्मों का फल भोगने वाले हैं तथापि अविवेकी को व्यसन होने का और विवेकी को व्यसन न होने का क्या कारण है ? इस शंका के उत्तर में आचार्य कहते हैं कि ज्ञानी और अज्ञानी दोनों में प्रारब्ध का भोग समान रूप से देखा जाता है फिर भी अज्ञानी पुरुष भ्रम के कारण व्यसन को प्राप्त होता है किन्तु जिसने 'तत्त्वमसि' आदि महावाक्यों के द्वारा आत्मसाक्षात्कार कर लिया है, ऐसा ज्ञानी पुरुष सर्वथा भ्रम से रहित होने के कारण भोगों को भोगते हुए भी उनसे विक्षेप को प्राप्त नहीं होता है । भ्रान्त पुरुष को व्यसन क्यों होता है ? उसका कारण बताते हैं कि जो अज्ञानी पुरुष है, वह अशक्य पदार्थों की प्राप्ति का संकल्प करता रहता है अर्थात् ***"मा विनश्यत्वयं भोगो वर्धतामुत्तरोत्तरम्"*** इस प्रकार से पूर्वश्लोक में प्रतिपादित असंभव वस्तुओं की कामना करने के कारण उन पदार्थों से विक्षेप को प्राप्त होता है । सर्वप्रथम दुर्लभ वस्तुओं की इच्छा करता है कि मुझे सदा सुख मिले दुःख कभी न हो, जो असंभव बात है । क्योंकि सुख-दुःखादि तो प्रारब्धाधीन हैं । और यदि सुख प्राप्त हो भी जाए तो उसकी वृद्धि और रक्षा की चिन्ता करता है । यदि नहीं मिले तो दुःखी होता है, जिससे मन में बारम्बार विकार उत्पन्न होते हैं । और पदार्थ की प्राप्ति पर उससे स्वयं को तृप्त मानकर पुनः उसे प्राप्त करने की चेष्टा करता रहता है । इस प्रकार अज्ञानी भ्रम के कारण विक्षेप को पाता है और ज्ञानी भ्रम के न होने से विक्षेप को प्राप्त नहीं होता है ।

ज्ञानिनस्तु नैव विक्षेप इति निरूपणम् –

मायामयत्त्वं भोग्यस्य बुद्ध्वास्थामुपसंहरन् ।
भुञ्जानोऽपि न सङ्कल्पङ्कुरुते व्यसनङ्कुतः ॥ १७० ॥

अन्वयः – भोगस्य मायामयत्त्वं बुद्ध्वा आस्थाम् उपसंहरन् भुञ्जानः अपि सङ्कल्पं न कुरुते । व्यसनं कुतः ? ।।

व्याख्या :– ज्ञानिनस्त्वशक्यार्थविषयकरागाभावान्न व्यसनम् । कथं तर्हि तस्य प्रारब्धानुभवः? यैश्च रागिभिर्दुःखमनुभूयते तस्मिन्दुःखे विनैव रागं विनैव सङ्कल्पञ्च प्रारब्धबलादेवानुभूयते तथैव विरक्तैस्स्वसङ्कल्पं विना रागं प्रयत्नं च विना प्रारब्धोपनीतसुखादिकमपयनुभूयत इत्यतस्तेषां न व्यसनम् । तदुक्तं श्रीशुकेन "सुखमैन्द्रियकं दैत्या देहयोगेन देहिनाम् । सर्वत्र लभ्यते दैवाद्यथा दुःखमयत्नतः ।। तत्प्रयासो न कर्तव्यो यत आयुर्व्ययः परम् । न तथा विन्दते क्षेमं मुकुन्दचरणाम्बुजम्।।" इत्यादि । अतश्चायत्नसिद्धेऽर्थे कुतः क्लिश्नाति विद्वानित्याह । भोगस्य स्रक्चन्दनवनितादेर्मायामयत्त्वं स्वतस्सत्ताशून्यत्त्वं बुद्ध्वा द्वैतस्य मिथ्यात्त्वमुररीकृत्य विषयेष्वास्थां प्रेमातिशयितामपेक्षामुपसंहरन् ज्ञानी

ज्ञानी के विक्षेपाभाव को दर्शाते हैं ।

अर्थ – ज्ञानी पुरुष भोगों को मायामय समझकर उनमें आस्था का त्याग करके उन्हें भोगता हुआ भी उनका संकल्प नहीं करता है । अतः उसको व्यसन कैसे हो सकता है ? ।।१७०।।

व्याख्या – अशक्यार्थ विषयक राग का अभाव होने से ज्ञानी निर्व्यसनी होता है । जो रागी लोग दुःख का अनुभव करते हैं, उनका दुःख बिना राग और संकल्प के प्रारब्धानुसार ही होता है । इसी प्रकार विरक्त लोग भी संकल्प और राग के बिना ही प्रारब्धानुसार सुखादि का अनुभव करते हैं, अतः उनको विक्षेप नहीं होता है। श्रीमद्भागवत में भक्तप्रवर श्रीप्रह्लाद जी असुर बालकों को उपदेश देते हुए कहते हैं कि – ***सुखमैन्द्रियकं दैत्या देहयोगेन देहिनाम् ।***
सर्वत्र लभ्यते दैवाद्यथा दुःखमयत्नतः।। (भा. ७/६/३)
तत्प्रयासो न कर्तव्यो यत आयुर्व्ययः परम् ।
न तथा विन्दते क्षेमं मुकुन्दचरणाम्बुजम् ।। (भा. ७/६/४)

अर्थात् – इन्द्रियों से जो सुख भोगा जाता है, वह तो जीव चाहे जिस योनि में रहे, प्रारब्धानुसार सर्वत्र मिलता ही रहेगा । जैसे बिना किसी प्रकार का प्रयत्न अथवा निवारण करने पर भी दुःख मिलता है । इसलिये संसारिक सुख के उद्देश्य से प्रयत्न करने की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि स्वयं मिलने वाली वस्तु के लिए परिश्रम करना आयु और शक्ति को व्यर्थ गवाना है । जो इनमें उलझ जाते हैं, उन्हें भगवान् के परम कल्याणस्वरूप चरणकमलों की प्राप्ति नहीं होती । इसलिये जो पदार्थ बिना प्रयत्न के ही प्राप्त हैं, उनके लिये विद्वान् क्लेश क्यों पाएँगा ? वह जानता है कि स्रक् (माला), चन्दन, वनितादि भोग्यपदार्थ मायामय हैं अतः वह उनमें आस्था नहीं रखता है । और प्रारब्ध कर्म अनिवार्य हैं, इस प्रकार जानकर उनका भोग करते हुए भी मेरे भोगों में विघ्न उत्पन्न न हो इस प्रकार का संकल्प नहीं करता है अर्थात् चिन्तारहित होता है । ऐसी स्थिति में उसे भोगों से विक्षेप कैसे प्राप्त हो सकता है ? अर्थात् नहीं होता है । भाव यह है कि ज्ञानी पुरुष भोगों को सत्य, नित्य और सुखदायी नहीं समझता है इसलिये

प्रारब्धबलादगतान्विषयान्भुञ्जानोऽप्यनिवार्यत्त्वादुपभोगं कुर्वाणोऽपि सङ्कल्पं "मा विघ्नाः प्रतिबध्नन्तु धन्योऽस्म्यस्मा"दित्यादिमनोवृत्तिविशेषाख्यमकुर्वन्नसम्पादयन्यस्तिष्ठति कुतस्तस्य व्यसनं भवेत् । अत्रापिशब्देन निरुक्तसङ्कल्पाभावे व्यसनाभावकैमुत्यसिद्ध एव । अतो न ज्ञानिनः किञ्चिदपि व्यसनमिति शम् ।।

विषयेषु बहुविधदोषदर्शनादास्थामुपसंहरति विद्वानिति विषयदोषदर्शनस्य प्रयोजननिरूपणम् -

स्वप्नेन्द्रजालसदृशमचिन्त्यरचनात्मकम् ।
दृष्टनष्टं जगत्पश्यन्कथन्तत्रानुरज्यति ।। १७१ ।।

अन्वयः - स्वप्नेन्द्रजालसदृशम् अचिन्त्यरचनात्मकं दृष्टनष्टं जगत् पश्यन् तत्र कथम् अनुरज्यति।।

व्याख्या :- भोग्येषु मायामयत्त्वबोधे सत्यपि तदानीन्तन तच्चमत्कारानुभवरूपसुखसद्भावात्तत्रास्थोपसंहारः कथं घटत इत्याशङ्कां दृष्टान्तपुरस्सरं परिहरति । द्वैतस्य मिथ्यात्त्वेऽपि चित्रशतपत्रनेत्रन्यायेन चन्द्रचन्द्राननात्मकस्य तस्य तात्कालिकरम्यतमत्त्वेनास्थोपसंहारो न सुकर इत्याभिप्रायः । अत्रैवं समाधीयते । निरुक्तचित्रशतपत्रनेत्रापेक्षयाप्यस्य प्रपञ्चगतेष्टविषयस्य हीनसत्ताकत्त्वानुभवाद्युक्त एव तद्विषयकस्थोपसंहार इति । अद्वैतशास्त्रे तत्त्वावगमाय प्रक्रियैवं समाश्रीयते। तत्र च दृष्टिसृष्टिवादस्सृष्टिदृष्टिवादश्चेत्यधिकारिभेदेन मतद्वयं सर्वपूर्वाचार्यसम्मतमेव । तत्राद्ये दृश्यसत्ता प्रातिभासिकी, दृक्सत्ता तु पारमार्थिकी ब्रह्मसत्तया सह सत्तात्रैविध्याङ्गीकारः । ब्रह्मज्ञानेतरबाध्यत्त्वाबाध्यत्त्वाभ्यामेव प्रातिभासिकव्यावहारिकसत्तयोर्भेदः । एवं चेह प्रथममताधिकारिणं प्रतिस्वप्नदृष्टान्तोपन्यास इति भावः। स्वप्नेन्द्रजालसदृशमिन्द्रजालं हि मन्त्रादिक्षुब्धमायाप्रकटितमैन्द्रजालिकायत्तसत्ताकं गन्धर्वनगरादिकं प्रसिद्धमेव । वस्तुतस्तु तस्यापि प्रातिभासिकत्त्वेऽपि चित्रवत्सोपाधिकभ्रमत्त्वेन स्वप्नाद्यपेक्षया किञ्चिदधिकसत्ताकत्त्वाद्व्यावहारिकजगद्दृष्टान्तत्त्वम् । यत्र जगद्व्यापाकं निद्रायां सूक्ष्मशरीरस्य

उन्हें प्राप्त करने की कामना नहीं करता है । प्रारब्धानुसार जो भोग प्राप्त हो जाते हैं, उन्हें ही अनासक्त भाव से भोगता है अतः अशक्यार्थ का संकल्प न करने के कारण विक्षेप को प्राप्त नहीं होता है ।

दोषदर्शन से विषयों में आस्था का उपसंहार बन सकता है, इसका प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ - ज्ञानी जगत् को स्वप्न और इन्द्रजाल के समान अचिन्त्यरचना रूप तथा क्षणभंगुर देखता हुआ उसमें कैसे अनुरक्त हो सकता है ? (अर्थात् नहीं होता है)।।१७१।।

व्याख्या - 'समस्त भोग्य पदार्थ मायामय हैं' ऐसा ज्ञान होने पर भी उनका अनुभव और उनसे सुख की प्राप्ति तो प्रत्यक्ष देखी जाती है, तब उन भोगों के प्रति आस्था का उपसंहार कैसे हो सकता है ? इस शंका का परिहार करते हैं । निद्रावस्था में सूक्ष्म शरीर के द्वारा जो देखा जाता है, उसे स्वप्न कहते हैं । और जाग्रत् अवस्था में आँखों के सामने ही मन्त्रादि के कारण उद्भुत पदार्थों को देखना इन्द्रजाल है । स्वप्न और इन्द्रजाल इन दोनों के समान यह जगत् अचिन्त्यरचना रूप है । सत्य रूप से अथवा असत्य रूप से जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती, उसे अचिन्त्यरचना रूप कहते हैं । और यह जगत् दृष्ट-नष्ट स्वभाव वाला है अर्थात् व्यवहारकाल में सत्य रूप में (दृष्ट) देखा जाता है किन्तु परमार्थ रूप से विचार करने पर मायामात्र होने के कारण असत् (नष्ट) है । ऐसे दृष्ट-नष्ट स्वभाव वाले (क्षणभंगुर) इस जगत् को ज्ञानी पुरुष देखता हुआ भी अर्थात् इस रूप में जानकर भी उसमें अनुरक्त कैसे हो सकता

विद्यमानत्त्वात्पश्यति स स्वप्नः । तथैव जागरेऽक्ष्णोः पुरस्तादेवमन्त्रादिवशादद्भुतं लोकव्यवहारं पश्यति तदिन्द्रजालम् । ताभ्यां सदृशमचिन्त्यरचनात्मकम् अचिन्त्येति दृष्टेति च व्युत्क्रमेण । क्षणप्रभावदृष्टं सदेव नष्टं क्षणभङ्गुरमित्यर्थः । सत्यत्त्वेन वासत्यत्त्वेन वानिर्वचनीयकल्पनात्मकं दृष्टनष्टं व्यवहारे सत्यतया दृष्टं परमार्थतया विचार्यमाणे नष्टं मायामात्रमसज्जगत्पश्यंस्तत्र तद्विषयकभोगेऽनुरज्यत्यास्थां करोति । यथैन्द्रजालिकनिर्मिते वस्तुनि तदानीन्तनचमत्कारस्य सत्त्वेऽपि नास्थां करोति । तथा जगतोऽपि तथाविधत्त्वेन न तत्रास्थां करोतीति भावः ।।

जगन्मिथ्यात्त्वज्ञानं स्वप्नदृष्टान्तेन जायत इति विवेचनम् –

स्वस्वप्नमापरोक्ष्येण दृष्ट्वा पश्यन्स्वजागरम् ।
चिन्तयेदप्रमत्तस्सन्नुभावनुदिनं मुहुः ।। १७२ ।।

अन्वयः– स्वस्वप्नम् आपरोक्ष्येण दृष्ट्वा स्वजागरं पश्यन् उभौ अप्रमत्तः सन् अनुदिनं मुहुः चिन्तयेत् ।।

व्याख्या :– पूर्वोक्तदृष्टान्त आद्याधिकारिणं प्रति सदृष्टान्तानुसन्धानं दर्शयति । स्वस्वप्नं स्वकीयस्वप्नमापरोक्ष्येण साक्षिप्रत्यक्षेण दृष्ट्वानुभूय ततस्स्वजागरं स्वकीयं च जागरं पश्यन्ननुभवन्नुभावपि

है ? अर्थात् नहीं होता है । उन विषयों में आस्थावान् नहीं होता है । भाव यह है कि जादूगर के द्वारा निर्मित पदार्थ में यद्यपि उस समय चमत्कार प्रतीत होता है । वह पदार्थ सुखदायी भी लगता है किन्तु उस मायामय वस्तु को प्राप्त करने की किसी की भी इच्छा नहीं होती है क्योंकि वह असत्य है ऐसा ज्ञान होने से कोई भी उसके प्रति आस्था नहीं करता है, इसी प्रकार जगत् भी जादूगर की जादूगरी के समान होने से ज्ञानी पुरुष उसमें आस्था नहीं करता है ।

उक्त ज्ञान की उत्पत्ति का उपाय दिखाते हैं ।

अर्थ – स्वयं के स्वप्न को प्रत्यक्ष रूप से देखकर और जाग्रत् को देखता हुआ (अनुभव करता हुआ) उन दोनों का प्रमाद रहित होकर प्रतिदिन बारम्बार चिन्तन करे ।।१७२।।

व्याख्या – पूर्वोक्त ज्ञान के लिये अधिकारी पुरुष के प्रति दृष्टान्तसहित अनुसन्धान की रीति दिखाते हैं । शास्त्र और युक्ति से जगत् का मिथ्यात्व सिद्ध हो जाने पर भी विचारवान पुरुष को दृष्टान्तों की सहायता से इसका बारम्बार विचार करना चाहिये । रात्रि में देखे हुए स्वप्न के साथ जाग्रत् काल के अनुभवों की तुलना करें । दोनों की समानता को समझें । अर्थात् जैसे स्वप्न के पदार्थ मिथ्या हैं, वैसे ही जाग्रत् के पदार्थ भी मिथ्या हैं । स्वप्न के सुख-दुःख जैसे मिथ्या हैं, वैसे ही जाग्रत् के भी सुख-दुःख मिथ्या हैं । जैसे स्वप्न का नानात्व कल्पित है, वैसे ही जाग्रत् का नानात्व भी कल्पित ही है । जैसे स्वप्न देखने वाला शरीर भी मिथ्या है, वैसे ही जाग्रत् काल में व्यवहार करने वाला शरीर भी मिथ्या ही है । योगवासिष्ठ आदि ग्रन्थों में इसका विस्तार से वर्णन किया गया है । शिव जी पार्वती जी से कहते हैं कि ***''उमा कहउ मैं अनुभव अपना, सत हरि भजन जगत सब सपना''*** एकमात्र परमात्मा ही सत्य है, बाकी सब कुछ स्वप्न तुल्य है । इसलिये अपने स्वप्न को अपरोक्ष रूप से देखकर और अपने जाग्रत् का अनुभव कर दोनों का प्रमादरहित होकर अर्थात् सावधान होकर प्रतिदिन अनेक बार चिन्तन करें । जैसे स्वप्न मृषा है, वैसे ही जाग्रत् भी मृषा ही है । इसलिये आद्य शंकराचार्य जी ने भी

स्वप्नजागरावुभावप्यप्रमत्तस्सावधानचित्तस्सन्ननुदिनं प्रत्यहं मुहुरनेकवारं चिन्तयेदनुसन्दध्यात्स्वप्नतुल्योऽयं जागर इति । अतोऽत्र भगवत्पादोक्तिः - "तव हितमेकं वचनं वक्ष्ये शृणु सुखकामो यदि सततं स्वप्ने दृष्टं सकलं हि मृषा जाग्रति च स्मर तद्वदिति" इति । एवं कठोपनिषद्यप्याम्नायते "स्वप्नान्तं जागरितान्तं चोभौ येनानुपश्यति । महान्तं विभुमात्मानं मत्त्वा धीरो न शोचती"ति । तस्माज्जागरितस्यानवरतं स्वप्नतुल्यत्त्वानुसन्धानेन जगन्मिथ्यात्त्वनिश्चय उपजायत इति दिक् ।।

जागरितस्य स्वप्नतुल्यत्त्वानुसन्धानफलनिरूपणम् -

चिरन्तयोस्सर्वसाम्यमनुसन्धाय जागरे ।
सत्यत्त्वबुद्धिं सन्त्यज्य नानुरज्यति पूर्ववत् ।। १७३ ।।

अन्वयः - तयोः सर्वसाम्यं चिरम् अनुसन्धाय जागरे सत्यत्त्वबुद्धिं सन्त्यज्य पूर्ववत् न अनुरज्यति।।

व्याख्या :- एवमनुदिनमनुभवेन तयोस्स्वप्नजागरयोस्सर्वसाम्यमनुभवसमये सत्यत्त्वप्रतीतिः परिणामे दुःखकारणत्त्वं नश्वरत्त्वं तात्कालिकभोगेषु त्त्वापातरमणीयत्त्वपरिणतिविरसत्त्वविनाशित्त्वादिलक्षणं चिरमनुसन्धाय सर्वविषयेषु तौल्यं मनसि चिरं जागरेऽनुसन्धायाविच्छिन्नज्ञानसन्ततौ विषयीकृत्य

कहा है कि -

तवहितमेकं वचनं वक्ष्ये शृणु सुखकामो यदि सततम् ।
स्वप्ने दृष्टं सकलं हि मृषा जाग्रति च स्मर तद्वदिति ।।

अर्थात् - यदि निरन्तर सुखपाने की इच्छा हो तो सुनों - मैं तुम्हारे लिये एक हितकारी वचन कहता हूँ । जैसे स्वप्न में देखा गया सब कुछ मिथ्या है, वैसे ही जाग्रत् में प्रतीत होने वाला यह सम्पूर्ण द्वैत भी मिथ्या ही है, तुम ऐसा स्मरण करो ।

कठोपनिषद् में भी कहा है -

स्वप्नान्तं जागरितान्तं चोभौ येनानुपश्यति ।
महान्तं विभुमात्मानं मत्वा धीरो न शोचति ।। (कठो. २/१/४)

इसलिये जाग्रत् को भी स्वप्न के समान ही निरन्तर अनुसन्धान करने से जगत् के मिथ्यात्व का निश्चय हो जाता है, ऐसा करने से विषयों में सत्यत्व और भोक्तृत्व बुद्धि नहीं रहती है । अतः ज्ञानी उनमें आसक्त नहीं होता है ।

जाग्रत् को स्वप्नतुल्य मानने पर जो फल प्राप्त होता है, उसका वर्णन करते हैं।

अर्थ - बहुत काल तक उन दोनों अवस्थाओं में समानता का अनुसन्धान कर जाग्रत् में भी सत्यत्व बुद्धि को छोड़कर ज्ञानीपुरुष उसमें पूर्ववत् अनुरक्त नहीं होता है ।।१७३।।

व्याख्या - इस प्रकार प्रतिदिन अनुभवपूर्वक स्वप्न और जाग्रत् दोनों अवस्थाओं में समानता का अनुसन्धान कर अर्थात् अनुभवकाल में सत्यत्व की प्रतीति और परिणाम में दुःखदायी तथा नश्वर है, इस प्रकार सभी विषयों में समानता को मन में चिरकाल तक जाग्रत् में अनुसन्धान कर अर्थात् अविच्छिन्न ज्ञानसन्तति के द्वारा जगत् में सत्यत्व बुद्धि को छोड़कर ज्ञानी पुरुष पूर्ववत् अनुरक्त नहीं होता है अर्थात्

जागरे जगति सत्यत्त्वबुद्धिं परित्यज्य जाग्रद्वस्तुष्वपि पूर्ववज्जगत्सत्यत्त्वज्ञानदशायामिव यथा सक्तो भवति तथा तस्मिन्नानुरज्यति नानुरक्तो भवति । तस्य न यथापूर्वं संसारित्त्वम् इति च सूत्रभाष्ये ।।

विदुषो मिथ्यात्त्वज्ञानसिद्ध्युत्तरं कथं विषयभोग इत्याशङ्कापरिहरणम् –

इन्द्रजालमिदं द्वैतमचिन्त्यरचनात्त्वतः ।
इत्यविस्मरतो हानिः का वा प्रारब्धभोगतः ॥ १७४ ॥

अन्वयः–"इदं द्वैतम् अचिन्त्यरचनात्वतः इन्द्रजालम्" इति अविस्मरतः प्रारब्धभोगतः का वा हानिः।।

व्याख्या :– विषयसत्यत्त्वबुद्धिनिमित्तस्य भोगस्य जगन्मिथ्यात्त्वज्ञानस्य च विरोधान्मिथ्यात्त्वज्ञाने जाते सति कथं भोगसिद्धिरित्याक्षेपः । तथा चरममताधिकारिणं प्रति सदृष्टान्तानुभवनानुसन्धानमपि विदधानस्तस्मिन्सति सुखदुःखान्यतरसाक्षात्कारलक्षणः प्रारब्धभोग एव कथं स्याद् वृत्तिद्वयस्य तुल्यकालत्त्वासम्भवादित्यत्रोच्यते । इदं साक्षिप्रत्यक्षोपलक्षितदृश्यत्त्वावच्छेदकावच्छिन्नं द्वैतं जीवेश्वरभेदादपि पञ्चविधभेदघटितप्रपञ्चरूपभोग्यजातमचिन्त्यरचनात्त्वत इन्द्रजालमिन्द्रजालनिष्ठ–सर्वसम्मतमिथ्यात्त्ववन्मिथ्यात्त्वशालि । अत्रैवमनुमानप्रयोगः – द्वैतं मिथ्या अचिन्त्यरचनात्त्वात्। व्यतिरेके ब्रह्मवत् । इत्येवं यावद्द्वैतस्यैव पक्षत्त्वात्केवलव्यतिरेक्येवायं प्रयोगः । भवत्वयं द्वैतमिथ्यात्त्वानुमानप्रयोगस्तथापि प्रकृते किमागतमित्यत्रोच्यते । इति पूर्वोक्तद्वैतमिथ्यात्त्वानुमानजन्यस्मृति–सातत्यायातसंस्कारलोपाभाववतस्तत्त्वविदोऽविस्मरतेऽविदुषः प्रारब्धभोगतः प्रारब्धकर्मफलयोः पूर्वकर्मनिमित्तसुखदुःखयोरनुभवतस्तादृशानुभवेन मिथ्यात्त्वानुसन्धानस्य का वा हानिः क्षतिः ? वा शब्दान्मिथ्यात्त्वानुसन्धानेन वा भोगस्य का हानिः ? विभिन्नविषयत्त्वादिति यावत् । द्वैतमिथ्यात्त्वज्ञान–प्रारब्धोपभोगयोश्च विषयतो भेदसद्भावेन भोगस्य विषयसत्यत्त्वानपेक्षत्त्वान्नैव विरोधस्तयोरिति ज्ञेयम्। तथाचोक्तस्मृतिसंस्कारविरहराहित्ये प्रारब्धकर्मापादितसुखाद्यन्यतराकारपरिणतान्तःकरणवृत्तिविषयक–साक्षिप्रत्यक्षं सम्भवेदिति नैव वृत्तिद्वययौगपद्यमपि । वस्तुतस्तु घटपटाविति समूहालम्बनात्मकमेकमेव

जगत् को जब सत्य मानता था, उस दशा में जैसे उसमें आसक्त रहता था, वैसे ज्ञानोत्तरकाल में अनुरक्त नहीं होता है ।

जगत् का मिथ्यात्वज्ञान सिद्ध हो जाने पर विद्वान् का विषयभोग कैसे सम्भव है ? इस शंका का समाधान करते हैं ।

अर्थ – यह जगत् अचिन्त्य रचना वाला होने से इन्द्रजाल के समान है, इस बात को नहीं भूलने वाले विद्वान् को प्रारब्ध भोग से क्या हानि है ? (अर्थात् कोई हानि नहीं है)।।१७४।।

व्याख्या – विषयसत्यत्त्वबुद्धिनिमित्तक जो भोग है, वह तो जगन्मिथ्यात्वज्ञान का विरोधी है, ऐसी स्थिति में भोग की सिद्धि ही न होगी, इस आक्षेप का परिहार करते हुए आचार्य कहते हैं कि नामरूपात्मक भोग्य रूप यह जो द्वैत है, वह अचिन्त्यरचना रूप है, इसलिये इन्द्रजाल के समान मिथ्या ही है । इस प्रकार के ज्ञान को जो नहीं भूलता है अर्थात् उक्त बात को सदा याद रखता है, उस विद्वान् को प्रारब्ध भोग से अर्थात् पूर्वकर्मनिमित्तक सुःख–दुःख के अनुभव से क्या हानि है ? अर्थात् विद्वान् प्रारब्ध कर्मों

प्रकाशयंस्तत्तदवच्छेदकभेदेन भिद्यत एवैवमेकापि चिदिद्धा बुद्धिर्युगपदेव तत्तत्करणद्वारा बहिरागत्य तत्तद्विषयाकारतामापन्नावच्छेदकीभूततत्तद्विषयावच्छिन्नतत्तद्वृत्तिभेदाद्भिद्यत एवेत्यङ्गीकरणीयम् । एतेनान्तस्सुखाद्यात्मना युगपदनेकविधस्तत्परिणामोऽपि व्याख्यातचरः । तथैव चानुभवः "पादे मे प्रमदाकरपद्मस्पर्शजं दृशोर्मे सस्मिततदाननेन्दुवीक्षणजं च सुखमेवमन्तरमपि मे श्रीगुरुहरिहरचरण-स्मरणसम्भवं सुखमित्यतो नैवात्र विरोधगन्धलेशोऽपीति दिक् ।।

द्वैतमिथ्यात्त्वज्ञानप्रारब्धकर्मफलोपभोगयोर्भिन्नविषयत्वनिरूपणम् -

निर्बन्धस्तत्त्वविद्याया इन्द्रजालत्त्वसंस्मृतौ ।
प्रारब्धस्याग्रहो भोगे जीवस्य सुखदुःखयोः ।। १७५ ।।

अन्वयः - तत्त्वविद्यायाः इन्द्रजालत्त्वसंस्मृतौ निर्बन्धः । प्रारब्धस्य जीवस्य सुखदुःखयोः भोगे आग्रहः ।।

व्याख्या :- सर्वत्र विरोधो हि समानविषययोरेव दृष्टस्तेजस्तिमिरवत् । प्रकृते तु विषयैक्यस्यैवाभावान्नैवासाविति सूचयितुं तत्त्वविद्याप्रारब्धयोः कार्यभेदमेव विशदीकरोति । इन्द्रजालत्त्वसंस्मृताविन्द्रजालस्येव जगतो मिथ्यात्त्वस्य संस्मृतौ तत्त्वविद्याया जगत्तत्त्वगोचरस्य ज्ञानस्य निर्बन्धोऽभिनिवेशो द्वैतविषये जगन्मिथ्यात्त्वानुसन्धाने । न तु भोगापलापे । जीवस्य सुखदुःखयोर्भोगे प्रारब्धस्य प्रारब्धकर्मणश्च सुखदुःखप्रदान एवाग्रह आसमन्तादग्रहो ग्रहणमभिनिवेशो न तु भोगसत्यत्त्वापादने । जगन्मिथ्यात्त्वस्मरणे तत्त्वविद्यायाः कारणत्त्वं सुखदुःखानुभवे प्रारब्धस्य कारणत्त्वम्। एवं च तयोः कारणयोरविरोधेन युगपत्समवधानसम्भवाद्युगपत्तत्कार्यभूते भोगसंस्मृती सम्भवत एवेत्यर्थ इति शम् ।।

के फलस्वरूप सुख-दुःख का यदि अनुभव करता है तो उससे मिथ्यात्व ज्ञान बाधित नहीं होता है । क्योंकि मिथ्यात्वज्ञान और प्रारब्ध का भोग यह दोनों भिन्न-भिन्न विषय होने से भोगों के लिये विषयों को सत्य मानने की अपेक्षा नहीं है । भोगों को मिथ्या मानकर भी प्रारब्धानुसार उनका भोग संभव है, इसलिये यह शंका उचित नहीं है कि विषयसत्यत्वनिमित्तक भोग और जगन्मिथ्यात्व का ज्ञान दोनों विरोधी होने से भोग की सिद्धि ही न होगी । भाव यह है कि मिथ्यात्वज्ञान और प्रारब्धकर्म दोनों के विषय भिन्न-भिन्न होने से दोनों में विरोध नहीं है । अतः ज्ञानी का भी प्रारब्ध भोग संभव है ।

द्वैत मिथ्यात्वज्ञान और प्रारब्धकर्मफलोपभोग के भिन्न-भिन्न विषयों का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - तत्त्वविद्या का इन्द्रजाल के समान जगत् के मिथ्यात्व के अनुसन्धान में आग्रह है और प्रारब्धकर्म का जीव को सुख- दुःख का भोग कराने में आग्रह है ।।१७५।।

व्याख्या - प्रकाश और अन्धकार की तरह सभी जगह विरोध प्रायः समान विषय वालों में ही देखा जाता है, किन्तु प्रकृत में विषय की एकता संभव न होने से तत्त्वविद्या और प्रारब्धभोग दोनों का विरोध नहीं है, इस बात को स्पष्ट करते हैं । यह जगत् इन्द्रजाल के समान मिथ्या है, ऐसा स्मरण कराना ही तत्त्वविद्या का काम है अर्थात् जगत् के मिथ्यात्व के अनुसन्धान में ही तत्त्वविद्या का आग्रह है । प्रारब्ध भोग के अपलाप अर्थात् स्वरूप मर्दन में नहीं । उसी प्रकार प्रारब्धकर्म का आग्रह भी जीव को सुख और दुःख का भोग कराने में ही है, भोग के सत्यत्व का ज्ञान कराने में नहीं । जगन्मिथ्यात्व के स्मरण में तत्त्वविद्या

मिथ्याज्ञानप्रारब्धभोगयोरविरोधेऽनुभवप्रदर्शनम् -

विद्यारब्धे विरुद्ध्येते न भिन्नविषयत्त्वतः ।
जानद्भिरप्यैन्द्रजालविनोदो दृश्यते खलु ॥ १७६ ॥

अन्वयः - विद्यारब्धे न विरुद्ध्येते । भिन्नविषत्त्वतः । ऐन्द्रजालविनोदः जानद्भिः अपि खलु दृश्यते ।।

व्याख्या :- एवं विभिन्नविषयतां प्रदर्श्य प्रयोगमाह । विद्यारब्धे विद्याप्रारब्दकर्मणी परस्परं न विरुद्ध्येते । भिन्नविषयत्त्वतो विभिन्नविषयत्त्वात् । सम्प्रतिपन्नरूपरसादिज्ञानवत् । भोग्यमिथ्यात्त्वज्ञानं भोगबाधकं न भवतीति लोके क्व दृष्टमित्यत्रोच्यते । इन्द्रजालकल्पितरसालादिकं मृषैवेति मिथ्यैवेति जानद्भिर्निर्णयद्भिर्विनोदाकाङ्क्षिभिः प्रेक्षकैर्ज्ञानकालेऽपीन्द्रजालविनोद इन्द्रजालसम्बन्धिचमत्कार-विशेषस्तत्रानुभूयमानो भोगोऽनुभूयते दृश्यतेऽवलोक्यते खलु प्रसिद्धमिति भाव इति दिक् ।।

मिथ्यात्त्वभोगयोरविरोध इत्यत्र हेत्वन्तरप्रदर्शनम् -

जगत्सत्यत्त्वमापाद्य प्रारब्धं भोजयेद्यदि ।
तदा विरोधी विद्याया भोगमात्रान्न सत्यता ॥ १७७ ॥

अन्वयः - प्रारब्धं जगत्सत्यत्त्वम् आपाद्य यदि भोजयेत् । तदा विद्यायाः विरोधि । भोगमात्रात् सत्यता न ।।

व्याख्या :- पूर्वोक्तरीत्या विद्यारब्धे अविरुद्धे यदि तयोर्विरोधश्चिन्त्यते तदा किं प्रारब्धकर्म-

---

कारणभूता है और सुख-दुःखानुभव में प्रारब्ध कारणभूत है । अतः विभिन्न विषयक होने से दोनों का आपस में कोई विरोध नहीं है ।

पूर्वोक्त कथन को अनुभव प्रमाण से स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - विद्या (तत्त्वज्ञान) और प्रारब्ध कर्म दोनों भिन्न-भिन्न विषय वाले होने से परस्पर विरुद्ध नहीं है । इन्द्रजाल को मिथ्या जानते हुए भी उससे विनोद होना देखा गया है, यह सर्वत्र प्रसिद्ध है ।।१७६।।

व्याख्या - जादूगर अपनी माया से जो खेल दिखाता है, उसे इन्द्रजाल कहते हैं । उसे देखने वाले सब जानते हैं कि यह सब मिथ्या है फिर भी लोग उसके चमत्कार को देखकर प्रसन्न होते हैं । इसी प्रकार ज्ञानी पुरुष भी विषयों को मिथ्या समझता है फिर भी उसे उन विषयों से सुख-दुःख होता है । उसके सुख-दुःखादि का कारण प्रारब्धकर्म है, न कि ज्ञान या अज्ञान । जैसे इन्द्रजाल के मिथ्यात्व का ज्ञान होते हुए भी उसे देखकर मनोरंजन होने में कोई विरोध नहीं है, उसी प्रकार तत्त्वज्ञान और प्रारब्ध कर्म के भोग में भी परस्पर कोई विरोध नहीं है ।

विद्या और प्रारब्ध में अविरोध को हेत्वन्तर से स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - यदि प्रारब्ध जगत् का सत्यत्व सम्पादन कर भोग प्रदान करता तब तो वह विद्या का विरोधी हो सकता था किन्तु भोगमात्र से जगत् की सत्यता सिद्ध नहीं होती है ।।१७७।।

व्याख्या - पूर्वोक्त प्रकार से विद्या और प्रारब्ध का अविरोध सिद्ध किया गया किन्तु यदि दोनों में विरोध की कल्पना कर भी लें तो क्या प्रारब्धकर्म विद्या का बाधक होगा अथवा विद्या प्रारब्धकर्म

विद्याविरोधि ? आहोस्विद्विद्या प्रारब्धकर्मविरोधिनी वा ? तत्राद्यं दूषयितुमुपक्रमते । प्रारब्धं कर्म जगत्सत्यत्त्वं जगतो भोग्यजातस्य सत्यत्त्वमबाद्ध्यत्त्वमापाद्य जगत्सत्यत्त्वज्ञानं जनयित्त्वा यदि जीवं सुखदुःखे भोजयेज्जीवस्य सुखदुःखे प्रदायानुभवायेच्चेत्तदा प्रारब्धं विद्याया विरोधि विद्याविषयस्य मिथ्यात्त्वस्यापहाराद्विद्याया विरोधि स्यात् । न च तथा करोति । परन्तु भोगमेव प्रयच्छति । भोगस्य सत्यत्त्वज्ञानानुपेक्षणात्सत्यत्त्वापादकत्त्वं न सिद्ध्यति । अतो न विद्याविरोधिप्रारब्धमित्यर्थः । तथा च सत्यत्त्वापादकत्त्वनियमाभावाद्भोगस्सत्यतानुमापको न भवति । अतो भोगबलादेव भोग्यस्य सत्यत्त्वमिति नो वक्तव्यम् । तत्र दृष्टान्ताभावदित्याह । भोगमात्राद्भोगविषयो भवतीत्येतावन्मात्राद्धेतोस्तस्य भोगजातस्य सत्यत्त्वं नोपाद्यते । जगत्सत्यं भोग्यत्त्वादित्यनुमानं जगतस्सत्यत्त्वस्थापनासमर्थमिन्द्रजालादौ हेतोर्व्यभिचारात् । अतोऽयं प्रथमः कल्पो न साधीयानिति शम् ।।

न तत्त्वज्ञानं प्रारब्धकर्मफलभोगविरोधीति निरूपणम् -

अनूनो जायते भोगः कल्पितैस्स्वप्नवस्तुभिः ।
जाग्रद्वस्तुभिरप्येवमसत्यैर्भोग इष्यताम् ।। १७८ ।।

अन्वयः - कल्पितैः स्वप्नवस्तुभिः अनूनः भोगः जायते । एवम् असत्त्वैः जाग्रद्वस्तुभिः अपि भोगः इष्यताम् ।।

व्याख्या :- जगति यथाकथञ्चित्सत्यत्त्वापादनमन्तरा प्रारब्धं भोगमेव कथं सम्पादयेत् । न ह्यनुपदमेवोक्तं तत्र निदर्शनं "जानद्भिरप्यैन्द्रजालविनोदो दृश्यते खल्वि"ति युक्तम् । निरुक्तोदाहरणेऽपि

की बाधक होगी ? ऐसी आशंका होने पर प्रथमपक्ष का निराकरण करते हैं कि प्रारब्धकर्म विद्या का विरोधी नहीं है । प्रारब्ध कर्म यदि जगत् के सत्यत्व का सम्पादन कर अर्थात् जगत् में सत्यत्व बुद्धि को उत्पन्न कर जीव को सुख और दुःख रूपी भोग प्रदान करता अर्थात् अनुभव कराता तब तो प्रारब्धकर्म विद्या का बाधक (विरोधी) हो सकता था, किन्तु ऐसा नहीं है। प्रारब्धकर्म को भोग प्रदान करने के लिये जगत् में सत्यत्वबुद्धि कराना अभीष्ट नहीं है । यदि कहो कि जगत् की सत्यता के ज्ञान के बिना प्रारब्ध भोग संभव नहीं है अतः भोग रूप हेतु से जगत् की सत्यता स्वतः सिद्ध होती है तो यह कथन ठीक नहीं हैं , क्योंकि भोगमात्र से जगत् की सत्यता सिद्ध नहीं होती । कोई व्यक्ति जगत् को चाहे सत्य देखे अथवा असत्य, किन्तु प्रारब्ध तो उसे सुख-दुःख का भोग कराने में समर्थ है ही । अतः प्रारब्ध के शेष रहते हुए भी मनुष्य सत्-असत् का विवेक कर आत्मा को सत्य और जगत् को मिथ्या देख सकता है। भाव यह है कि जगत् सत्य है, भोग्य होने के कारण । यह अनुमान जगत् की सत्यता को स्थापित करने में समर्थ नहीं है, क्योंकि इन्द्रजालादि में उक्त हेतु का व्यभिचार है ।

पूर्वोक्त कथन को दृष्टान्त से स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - जैसे कल्पित स्वाप्निक पदार्थों से सम्पूर्ण भोग (सुख-दुःखानुभव) उत्पन्न होते हैं, उसी प्रकार असत्य जाग्रत् पदार्थों से भी भोग उत्पन्न होता है, ऐसा जानना चाहिये ।।१७८।।

व्याख्या - मिथ्या पदार्थों से भी सुख-दुःख का भोग होता है, इसका एक उदाहरण इन्द्रजाल है,

दृशेः प्रयोगेणार्थक्रियारूपस्य भोगस्यासम्भवात् । अतश्च किमत्र तात्पर्यमित्याशङ्क्यामिन्द्रजालदर्शने लोके क्वाचित्कतया तदीयफलादिवस्तुभक्षणादिना तृप्त्यनुभवस्य सन्दिग्धत्त्वात्प्रतिदिनमपि प्रायस्सर्वानुभूतसार्वांशिकानुरूपस्पष्टीकारेण समाधत्ते । कल्पितैर्मिथ्याभूतैस्स्वप्नवस्तुभिस्स्वप्ने समनुभूयमानैर्वस्तुभिरनूनस्सम्पूर्णो भोगो यथा जायते एवमेवासत्यैर्जाग्रद्वस्तुभिरपीष्यतां भोगः । सत्यत्त्वाभाववति स्वप्नवस्तुनि भोगदर्शनाद्भोगस्य सत्यत्त्वाभाववद्वृत्तित्त्वेन व्यभिचरितत्त्वात् । तथासत्यवस्तुभिरपि भोगस्य स्वप्ने दर्शनात्तद्दृष्टान्तेनासत्यैरपि जाग्रद्वस्तुभिर्जायमानस्य भोगस्यापि न सत्यतेति न कोऽपि दोषः ।।

अत्र दृष्टान्ताभावादपि –

यदि विद्यापह्नुवीत जगत्प्रारब्धघातिनी ।
तदा स्यान्न तु मायात्त्वबोधेन तदपह्नवः ।। १७९ ।।

अन्वयः– विद्या यदि जगत् अपह्नुवीत तदा प्रारब्धघातिनी स्यात् मायात्त्वबोधेन तु तदपह्नवः न (भवति)।।

व्याख्या :– भवत्वेवं सर्वथापि ब्रह्मविद्या प्रारब्धाविरोधिनी तथापि "क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन्दृष्टे परावरे" इति श्रुतेः । "ज्ञानाग्निस्सर्वकर्माणि भस्मसात्कुरुते तथे"ति स्मृतेश्च । प्रतीयमानकर्मसामान्यविरोधित्त्वेनार्थापत्तिसिद्धप्रारब्धविरोधित्त्वं तत्र कदा स्यादित्यत्राह । यदि विद्या जगद्भोग्यजातमपह्नुवीत "नायं सर्प इति रज्जाविव निषेधकज्ञानवत्प्रतीयमानस्य जगतो भोग्यस्य स्वरूपं नाशयेद्विलापयेत्तदा प्रारब्धघातिनी प्रारब्धकर्मफलभोगस्य सुखदुःखानुभवस्य साधनापहारेण प्रारब्धकर्मफलभोगविधातिनी स्यात् । प्रारब्धकर्मबाधिका भवेत् । न च तत्करोति । परन्तु विद्या जगतो मिथ्यात्त्वबोधिकैव । अतो जगतो मायात्त्वबोधनमात्रेण तदपह्नवस्तस्य च जगतो नाशो नैव सिद्ध्यति । अतो विद्या न प्रारब्धकर्मविरोधिनी । यस्मादस्माभिर्जगन्नाशो नाभ्युपेयते । यदि च मिथ्यात्त्वबोधनमात्रादेव स्वरूपमपि विलापितं भवतीत्याशङ्क्येत तदोच्यते । इन्द्रजालादौ स्वरूपविलापनमन्तरेणापि मिथ्यात्त्वज्ञानदर्शनान्न तु मायात्त्वबोधेन तदपह्नव इति सिद्धम् । अत्रेदं

जिसका उल्लेख पूर्व में हो चुका है अब स्वप्न का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं । स्वप्न के पदार्थ कल्पित हैं अर्थात् मिथ्याभूत हैं तथापि उन मिथ्याभूत स्वप्न के पदार्थों से स्वप्न काल में सुख और दुःख रूप भोग का पूर्णरूप से अनुभव होता है । यद्यपि वे मिथ्या हैं तथापि जाग्रत् पदार्थों की भाँति सुख और दुःख प्रदान करते हैं । इसी प्रकार असत्य जाग्रत् पदार्थों से भी भोग उत्पन्न होता है, ऐसा जानना चाहिये। अर्थात् स्वप्न के पदार्थों में सत्यता का अभाव होने पर भी जैसे वे भोग प्रदान करते हैं, वैसे ही जाग्रत् के पदार्थ भी परमार्थ दृष्टि से असत्य ही हैं और उन असत्य पदार्थों में भी स्वप्न के समान भोग प्रदान करने की सामर्थ्य है, भाव यह है कि जैसे स्वाप्निक पदार्थ और उनका भोग मिथ्या है, उसी प्रकार जाग्रत् के पदार्थ और उनका भोग भी मिथ्या ही है ।

अब द्वितीय पक्ष का निराकरण करते हैं ।

अर्थ – यदि विद्या (तत्त्वज्ञान) जगत् का बाध करे तब तो वह प्रारब्धघातिनी हो सकती है किन्तु जगत् के मायामय होने के ज्ञान से जगत् का बाध नहीं होता ।।१७९।।

व्याख्या – पूर्व श्लोक में प्रारब्ध कर्म को विद्या का अविरोधी सिद्ध किया गया, वह तो ठीक

ज्ञेयम् । वासिष्ठप्रसिद्धोद्दालकमुनेस्सद्योमुक्तिस्सञ्जातेति स्मर्यते । सद्योमुक्तिश्च सर्वज्ञात्ममुनिभिरप्युपवर्णिता- "ब्रह्मज्ञानविभावसुस्सकलमेवाज्ञानतत्सम्भवं सम्यग्वस्तुबलप्रवर्तनमरुद्व्यापारसन्दीपितः । निर्लेपेन हि दन्दहीति न मनागप्यस्य रूपान्तरं संसारस्य शिनष्टि तेन विदुषस्सद्योविमुक्तिर्ध्रुवे"ति । केचन महात्मानोऽधुनापि साधनचतुष्टयसम्पुष्टा ब्रह्मनिष्ठाचार्यवरिष्ठमनन्यभावेन शरणीकृत्य वेदान्तशास्त्रश्रवण-मननिदिद्ध्यासनाद्यनुतिष्ठन्तोऽपि कदाचित्प्रतिबन्धविशेषवशादसञ्जाताद्वैतब्रह्मात्मैक्यसाक्षात्कारास्त-त्प्रतिबन्धनिवृत्तये सर्वकर्मसन्न्यासपुरस्सरं गुरुमुखारविन्दादुपदिष्टप्रणवोपासनापूर्वक"महं ब्रह्मास्मी"ति शोधिततत्त्वम्पदार्थयोरैक्यभावनालक्षणया निर्गुणाहङ्ग्रहोपासनयान्तकाले "उपासनं पक्वमिह नास्ति यस्य परत्र सः । मरणे ब्रह्मलोके वा तत्त्वं विज्ञाय मुच्यत" इति वचनानुसारमुपासनापरिपाके तु मरणसमकालमेव तत्त्वज्ञानोदयेन ते प्रारब्धद्वैतध्वस्तिरूपां मुक्तिं लभन्ते । एवं यदा स्यात्तदा तदीया ब्रह्मविषयिणी विद्या जगत्सकलमपि दृश्यं प्रत्यपह्नुवीत तदैव हि विद्या प्रारब्धघातिनीति दिक्।।

जगन्दिन्द्रजालमिव मायामयमित्यत्र मैत्रायिणीयश्रुत्युपन्यसनम् -

अनपह्नुत्य लोकास्तदिन्द्रजालमिदन्त्विति ।
जानन्त्येवानपह्नुत्य भोगं मायात्त्वधीस्तथा ॥ १८० ॥

अन्वयः - लोकाः तत् अपह्नुत्य "इदं तु इन्द्रजालम्" इति जानन्ति एव । तथा भोगम् अनपह्नुत्य मायात्त्वधीः ।।

व्याख्या :- पूर्वमुपन्यस्यजीवन्मुक्तिपक्षदृष्टान्तमिन्द्रजालमिव मायामयमिति श्रुतिसंसिद्धदार्ष्टान्तिकेन सह स्पष्टीकरोति । लोका नरास्तदिन्द्रजालस्वरूपमनपह्नुत्य निरसनमकृत्त्वा "हीन्द्रजाल"मिति जानन्त्येव यथा तथैव मायात्त्वधीस्सर्वं भोगं मायामयमिति ज्ञानं जगन्मिथ्यात्त्वज्ञानं भोगं भोग्यमनह्नुत्याविनाश्य

है, किन्तु विद्या तो प्रारब्ध कर्म की विरोधी अवश्य होगी । इस द्वितीयपक्ष का निराकरण करते हैं कि यदि विद्या जगत् का बाध करे तब तो वह प्रारब्धघातिनी हो सकती है अर्थात् विद्या उत्पन्न होते ही रज्जु में सर्पभ्रान्ति के नाश के समान जगत् का भी यदि स्वरूप से ही नाश हो जाता तब तो हम विद्या को प्रारब्ध कर्म को नष्ट करने वाली मान सकते थे किन्तु ऐसा नहीं है, विद्या जगत् का स्वरूप से नाश नहीं करती है । केवल उसको मायामय होने के कारण मिथ्या रूप से प्रतिपादित करती है अर्थात् ज्ञान होने पर जगत् की सत्यत्व भ्रान्ति का ही नाश होता है, न कि जगत् का स्वरूप से नाश । जगत् को मायामय मान लेने पर उसका बाध नहीं होता है और हम वेदान्तियों को जगत् का स्वरूप से नाश इष्ट भी नहीं है अर्थात् 'जगत् का स्वरूप से नाश होता है' ऐसा हम कभी नहीं कहते हैं । अतः जैसे प्रारब्धकर्म विद्या के विरोधी नहीं हैं, वैसे ही विद्या भी प्रारब्धकर्म की विरोधी नहीं है । इसलिये ज्ञानी को भी प्रारब्धानुसार सुख-दुःख का अनुभव होने से तत्त्वज्ञान की कोई हानि नहीं है ।

पूर्वोक्त अर्थ को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - जैसे लोग इन्द्रजाल के स्वरूप का निरसन किये बिना "यह इन्द्रजाल है" इस प्रकार जानते ही हैं, वैसे ही भोग्य पदार्थों का अपलाप न करके जगत् के मिथ्यात्व का ज्ञान संभव है ।।१८०।।

व्याख्या - तत्त्वज्ञान प्रारब्ध का विरोधी नहीं है, इसे सिद्ध करने के लिये इन्द्रजाल का दृष्टान्त उपलब्ध

अविलाप्य भवति । प्रागुक्तेन्द्रजालानपह्नवद्भोगं प्रारब्धमापादितसुखादिसाक्षात्कारमनह्नुत्य भोग्यादौ द्वैते मायात्त्वधीस्सुघटैव । तस्मादनपलापेऽपि मायात्त्वबोध एवोक्त दृष्टान्त इति शम् ।।

तत्त्वज्ञानेन जगन्मिथ्यात्त्वज्ञानमेव जायते । न तन्नाश इत्ययमर्थश्श्रुतिविरुद्ध इति शङ्कानिरूपणम्-

यत्र त्वस्य जगत्स्वात्मा पश्येत्कस्तत्र केन किम् ।
किं जिघ्रेत्किं वदेद्वेति श्रुतौ तु बहु घोषितम् ॥ १८१ ॥
तेन द्वैतमपह्नुत्य विद्योदेति न चान्यथा ।
तथा च विदुषो भोगः कथं स्यादिति चेच्छृणु ॥ १८२ ॥

अन्वयः - "यत्र तु जगत् अस्य स्वात्मा तत्र कः केन कं पश्यते किं जिघ्रेत् किं वा वदेत्" इति श्रुतौ तु बहु घोषितम् ।।

अन्वयः - तेन द्वैतम् अपह्नुत्य विद्या उदेति । अन्यथा च न । तथा च विदुषः भोगः कथं स्यात् इति चेत् ? शृणु ।।

व्याख्या :- प्रागुपपादितरीत्या जीवन्मुक्तिपक्षे तत्त्वविद्यया द्वैते मिथ्यात्त्वमात्रं बोद्ध्यते न तु तन्नाशस्सम्पाद्यते । तस्माच्च विदुषस्समुपपन्न एव प्रारब्धभोग इति सिद्धान्तस्ताव"द्यत्रत्वस्य सर्वमात्मैवाभूत्तत्केन कं पश्येदित्यादिश्रुतिभिस्सह विरुद्धत्त्वादयुक्त एवेत्याशङ्कते । यत्र तु यस्यां ज्ञानावस्थायां समस्तं जगदस्य निरस्तसमस्तद्वैतभावस्य साक्षात्कृतब्रह्माद्वैतभावस्य

है । वस्तु का स्वरूप से बाध किये बिना भी उसके मिथ्यात्व का ज्ञान हो सकता है । इन्द्रजाल को देखने वाले यह जानते हैं कि यह दृश्य पदार्थ इन्द्रजाल होने के कारण मिथ्या है तथापि उसका दर्शन होता ही है, उसका बाध नहीं होता है । वैसे ही ज्ञानी पुरुष को भी जगत् मिथ्या दिखाई देता है तथापि उसका स्वरूप से बाध नहीं होता है । इसलिये प्रारब्ध कर्म उस मिथ्या जगत् के द्वारा भी उसे सुख-दुःख रूप भोग देता है । इस तरह तत्त्वज्ञान प्रारब्ध कर्म को फल प्रदान करने के विषय में बाधक नहीं है ।

तत्त्वज्ञान से जगत् के मिथ्यात्व का ज्ञान ही होता है, उसका नाश नहीं होता है। आपका यह कथन श्रुति विरुद्ध है, ऐसी शंका उपस्थित की जा रही है ।

अर्थ - जिस ज्ञान दशा में सम्पूर्ण संसार इस ज्ञानवान् का स्वरूपभूत आत्मा ही हो गया, उस अवस्था में कौन (दृष्टा) किस (चक्षुरादि साधन) के द्वारा किस (दृश्य) को देखेगा, क्या सूँघेगा अथवा क्या बोलेगा, इस प्रकार श्रुति में (ज्ञान से द्वैत मात्र का अभाव) बहुत बार कहा गया है । इससे ज्ञात होता है कि द्वैत का बाधकर के विद्या उत्पन्न होती है, अन्यथा नहीं । ऐसी स्थिति में विद्वान् को भोग कैसे प्राप्त होगा? यदि तुम ऐसी शंका करते हो तो (उसका समाधान) सुनो ।।१८१-१८२।।

व्याख्या - पूर्वपक्षी शंका करता है कि आपके द्वारा प्रतिपादित रीति के अनुसार तो जीवन्मुक्ति के पक्ष में द्वैत का मिथ्यात्वमात्र ही बोधित होता है, न कि उसका स्वरूप से नाश । किन्तु आपका यह कथन श्रुति के विरुद्ध है, क्योंकि श्रुति कहती है कि ***"यत्र वा अस्य सर्वमात्मैवाभूत्तत्केन कं जिघ्रेत् तत् केन कं पश्येत् तत्केन कं शृणुयात्तत्केन कमभिवदेत्तत्केन कं मन्वीत तत्केन कं विजानीयात्"*** (बृ.उ. २/४/१४) जहाँ पर सब कुछ आत्मा ही हो गया वहाँ किससे किसको सूँधे, किससे

ज्ञानिनस्सर्वमात्मैवाभू''दिदं सर्वं यदयमात्मे''त्यादिश्रुतिजन्यप्रमानन्तरमात्मज्ञानेन कृत्स्नं जगदात्मस्वरूपमेव भवति । तत्र तु तस्यामवस्थायां ''यत्र हि द्वैतमिव भवति तदितर इतरं पश्यती''त्यादिप्राक्तनश्रुत्यर्थवैलक्षण्यद्योतकोऽत्र तु शब्दः । तत्र को द्रष्टा प्रमातृत्त्वविशिष्टः केन साधनेन चक्षुरादिना किं विषयजातं दृश्यं रूपादिकं पश्येदेवं केन घ्राणलक्षणेन किं पुष्पादिकं जिघ्रेत्किं वा शब्दसमूहात्मकवाक्यादिकं केन वागिन्द्रियेण वदेद्वेति रसनश्रवणमननादेस्त्वगादी-तरेन्द्रियाणामपि व्यापाराभावो द्योतितः । इत्येवं प्रकारेण ''यत्र हि द्वैतमिव भवती''त्यादिश्रुतिषु बहुप्रकारं घोषितं दृढतरमवोचि । ''तत्केन कं जिघ्रेत्तत्केन कं रसयेत्तत्केन कमभिवदेत्तत्केन कं श्रुणुयात्तत्केन कं मन्वीत तत्केन कं स्मृशेत्तत्केन कं विजानीया''दित्यादिनात्र बहुत्त्वं द्रष्टव्यम् । एतेन सकलकारणोपरमसूचितः । ज्ञानिनस्सर्वेन्द्रियोपरतिश्श्रुतौ बहुधाभिहितेति भावः । किञ्चिदिदमत्र ज्ञेयम् । ज्ञानसामान्येऽपेक्षितः प्रमाता । विद्वत्तादशायां प्रमातुरभावान्न किमपि ज्ञानं भवति । तथैव ज्ञाने विषयस्साधनं चापेक्ष्यते । तदानीं सर्वस्याप्यात्मरूपत्त्वेनैवावस्थानात्साधनमपि नास्ति । विषयोऽपि नास्ति । अतस्साधनस्य चक्षुषोऽभावाच्चाक्षुषप्रत्यक्षगोचरविषयस्य चाभावाच्चाक्षुषज्ञानं न सिद्ध्यति। एवमेव वागादीन्द्रियान्तरेष्वप्यनुसन्धेयम् । एतेन तत्तद्विषयाणामिन्द्रियाणां प्रमातृविशिष्टस्य चाभावमेव बोधयति श्रुतिर्न तु मिथ्यात्त्वमिति । एवमाक्षेपे सति निरुक्तश्रुत्यर्थस्य भगवता व्यासेन ब्रह्मसूत्रेषु चतुर्थे समाहितत्त्वात्तादृक्साम्प्रदायिकगूढार्थाकर्णनार्थमेव हितमुपदिशति । ''स्वाप्ययसम्पत्त्योः अन्यतरापेक्षमाविष्कृतं ही''त्यस्मिन्सूत्रे । तैनैवोपनिषद्वचनेन द्वैतं सर्वमपह्नुत्य विनाश्यानन्तरमेव विद्या ज्ञानमुदेति । अन्यथा द्वैतनाशनमन्तरेण तन्मिथ्यात्त्वज्ञानमात्रेण विद्या नोदेति। तथा च विदुषो भोगः कथं स्यादित्युच्यते चेदत्रोत्तरं श्रृणु । ''यत्र त्वस्य सर्व''मित्युदाहृताया श्रुतेस्सुप्ति-

---

किसको देखे, किससे किसको सुने, किससे किसका अभिवादन करे, किससे किसका मनन करे, किससे किसको जाने । छान्दोग्योपनिषद् में भी कहा है कि ***''यत्र नान्यत्पश्यति नान्यच्छृणोति नान्यद्विजानाति स भूमा''*** (छा.उ. ७/२४/१) जहाँ अन्य को नहीं देखता, अन्य को नहीं सुनता, अन्य हो नहीं जानता, वह भूमा है । ***''यत्र हि द्वैतमिव भवति''*** (बृ.उ.२/४/१४) जिस अविद्या अवस्था में परमार्थतः अद्वैत ब्रह्म में द्वैत-सा प्रतीत होता है, वहाँ पर ही अन्य, अन्य को सूँघता है, अन्य, अन्य को देखता है, इत्यादि अनेक प्रकार से श्रुति ने ज्ञान से द्वैतमात्र का अभाव बहुत बार स्पष्ट घोषत किया है । जिसका सब कुछ आत्मा ही हो गया उस अवस्था में कौन दृष्टा किस चक्षुरादि साधनों से किस दृश्य को देखेगा ? किस घ्राणादि साधन से पुष्पादि को सूँघेगा, किस शब्द को किस वागादि इन्द्रिय के द्वारा कहेगा । भाव यह है कि सामान्य ज्ञान के लिये प्रमाता की अपेक्षा है किन्तु ज्ञानावस्था में प्रमाता का अभाव होने से कुछ भी ज्ञान होना संभव नहीं है । और दूसरा यह कि उक्त ज्ञान के लिये विषय और साधन की भी अपेक्षा होती है किन्तु उस अवस्था में सब कुछ आत्मरूप से ही अवस्थित होने के कारण कोई साधन और विषय भी नहीं है, अतः चक्षु के ही अभाव में चाक्षुषप्रत्यक्षगोचर विषय का अभाव होने से चाक्षुषज्ञान भी सिद्ध नहीं होता है । इसी प्रकार श्रोत्र-घ्राणादि सभी में जान लेना चाहिये । इस प्रकार भगवती श्रुति उन-उन विषयों की इन्द्रियों के प्रमातृविशिष्टत्व का अभाव ही बोधित कराती है,

मोक्षयोरन्यतरापेक्षयोरन्यतरविषयत्त्वेन व्याख्यातत्त्वान्न विद्यया जगदपह्नव इति दिक् ।।

"स्वाप्ययसम्पत्यो"रिति सूत्रोपबृंहणेन प्रकृतश्रुत्यर्थनिरूपणम् -

सुषुप्तिविषया मुक्तिविषया वा श्रुतिस्त्विति ।
उक्तं स्वाप्ययसम्पत्योरिति सूत्रे ह्यतिस्फुटम् ॥ १८३ ॥
अन्यथा याज्ञवल्क्यादेराचार्यत्त्वन्न सम्भवेत् ।
द्वैतदृष्टावविद्वत्ता द्वैतादृष्टौ न वाग्वदेत् ॥ १८४ ॥

अन्वयः - श्रुतिः तु सुषुप्तिविषया मुक्तिविषया वा इति "स्वाप्ययसम्पत्योः" इति सूत्रे अतिस्फुटं हि उक्तम्।।

अन्वयः- अन्यथा याज्ञवल्क्यादेः आचार्यत्त्वं न संभवेत् । द्वैतदृष्टौ अविद्वत्ता द्वैतादृष्टौ वाक् न वदेत्।।

व्याख्या :- अस्याश्रुतेर्भवदभिमतार्थे न तात्पर्यमिति बादरायणेनैवोक्तत्त्वान्न समाधातुमस्माभिर्यतितव्यमिति तमेवार्थमुक्तसूत्रप्रतीकग्रहणपूर्वकं सङ्गृह्णाति । एषा "यत्र त्वस्य सर्वमात्मैवाभू"दित्यादि-

---

न कि मिथ्यात्व का । उपर्युक्त श्रुत्यर्थ से ज्ञात होता है कि सम्पूर्ण द्वैत का विनाश करने के बाद ही विद्या (ज्ञान) उत्पन्न होती है, अन्यथा नहीं । अर्थात् बिना द्वैत का नाश किये केवल द्वैत के मिथ्यात्व के ज्ञान मात्र से विद्या उत्पन्न हो ही नहीं सकती । ऐसी स्थिति में विद्वान् का प्रारब्धकर्मजन्य फलभोग कैसे होगा ? यदि ऐसी आशंका हो तो सिद्धान्ती कहता है कि उसका समाधान सुनो ।

उक्त शंका का सम्यक् समाधान आचार्य बादरायण ने ब्रह्मसूत्र में किया है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - यह श्रुति सुषुप्ति विषयक अथवा मुक्ति विषयक है, ऐसा 'स्वाप्ययसंपत्योः' इस सूत्र में अति स्पष्ट रूप से कहा गया है ।।१८३।।

व्याख्या - सिद्धान्ती कहता है कि आपके द्वारा जो श्रुति का अर्थ किया गया है, वस्तुतः श्रुति का वह तात्पर्य नहीं है और यह केवल हम नहीं कह रहे हैं किन्तु अद्वैत दर्शन के मुख्य आचार्यों में से एक ब्रह्मसूत्र के रचयिता भगवान् वेदव्यास जी ने भी ब्रह्मसूत्र में कहा है । अतः उक्त शंका का समाधान करने के लिये हम प्रयत्न नहीं कर रहे हैं । ब्रह्मसूत्र में श्रीव्यासजी ने कहा है कि यह श्रुति सुषुप्ति विषयक अथवा मुक्ति विषयक है । ***"स्वाप्ययसंपत्योरन्यतरापेक्षमाविष्कृतं हि"*** (ब्र.सू. ४/४/१६) ***"स्वाप्ययः स्वस्मिन्नप्ययो लयः सुषुप्तिः"*** गाढ़निद्रा को स्वाप्यय कहा है जिसमें कि सभी इन्द्रियाँ मन के सहित लय को प्राप्त हो जाती हैं । श्रुति में भी कहा है ***"स्वमपीतो भवतीति"*** (छा.उ. ६/८/१) और साक्षात्कारावस्था अर्थात् मोक्ष को संपत्ति कहा गया है । उक्त श्रुति इन दोनों में से एक की अपेक्षा से कही गई है । यह प्रदीपाधिकरण का सूत्र है । इस अधिकरण में ब्रह्मलोकवासी जीव के स्वरूप का विचार किया गया है । पूर्वपक्षी कहता है कि आत्मा और मन का भेद न होने से एक शरीर सजीव होता है, उसी से भोग होता है और शेष सभी शरीर निर्जीव होते हैं । इस पर सिद्धान्ती कहता है कि प्रदीप की भाँति एक ही मन उपासना सामर्थ्य से सभी शरीरों में भोग कर लेता है । जैसे एक प्रदीप अनेक प्रदीपों को प्रज्वलित कर देता है, वैसे ही एक मन अनेक मनों में चेतना भर देता है । पूर्वपक्षी की शंका यह थी कि मुक्तात्मा का अनेक शरीरावेश रूप ऐश्वर्य आप कैसे मानते हैं, जब कि वहाँ पर "किससे

प्रकृतश्रुतिः मुमुक्षुं प्रति सुषुप्तिविषया । तेन तस्या एवावस्थायास्सर्वदा प्रत्यहमनुभूयमानत्त्वात् । मुक्तं प्रति तु मुक्तिविषयैवेति "स्वाप्ययसम्पत्यो"रिति ब्रह्मसूत्रेऽतिस्फुटमुक्तम् । मुमुक्ष्ववस्थायां मैत्रेयीं स्वप्रियां प्रति जीवन्मुक्त्यवस्थापन्नस्य याज्ञवल्क्यस्य निर्विकल्पसमाध्यादौ तथानुभवतो वचनाच्च। तत्तदनुभूतिभेदेन विकल्पसूचको वा शब्दः । "स्वाप्ययसम्पत्योरन्यतरापेक्षमाविष्कृतं ही"ति ब्रह्मसूत्रं, सूत्रस्यायमर्थः । अत्रावधारणे हिः । एतादृशसूत्र एवोक्तार्थजातमतिस्फुटं यथा स्यात्तथोक्तमस्ति । स्वाप्ययस्स्वस्मिन्नप्ययो लयस्सुषुप्तिर्गाढनिद्रा यस्यां सर्वेन्द्रियाणि मनसा सह लयं गतानि "स्वं ह्यपीतो भवति तस्मात्स्वपितीत्युच्यत" इति श्रुतेः । सम्पत्तिर्मोक्षस्साक्षात्कारावस्था । तयोस्सुषुप्तिमुक्त्योरन्यतरापेक्षामन्यतरत्त्वं "व्रीहिभिर्वा यवैर्वा यजेते"त्यादाविवैच्छिकविकल्पविषयत्त्वं तस्यापेक्षा यत्र तत्तथैवान्यतरदेकतरमपेक्षत इत्याविष्कृतं प्रकाशितमाविष्कारप्रकारश्च भाष्यादितोऽवसेयः। "यत्र सुप्तो न कञ्चन कामं कामयते न कञ्चन स्वप्नं पश्यती"त्यादिश्रुत्या सुषुप्त्यपेक्षता "यत्र त्वस्य सर्वमात्मैवाभू"दिति श्रुत्या मोक्षापेक्षता च प्रदर्शिता । एवञ्च तस्यापेक्षा यत्र तत्तथैव मुमुक्ष्वपेक्षं मुक्तापेक्षं च क्रमादित्येतत् । एतादृशं द्वैताभावरूपमर्थजातम्। "यत्र त्वस्यै"वेत्यादिश्रुत्यैवाविष्कृतं प्रकटितमस्तीति । नन्वनुभूतिप्रकाश इयं श्रुतिर्मुक्तमात्रपरतया व्याख्याता

किसको जानेगा, उससे भिन्न दूसरा कोई नहीं है, जिसे वह जाने" और "स्वच्छ जल की भाँति द्रष्टा अकेला रहता है" इत्यादि श्रुतियाँ विशेष-विज्ञान का अभाव बतलाती हैं, इस शंका का समाधान ब्रह्मसूत्रकार "स्वाप्ययसम्पत्ययो ....." इस सूत्र में करते हैं । इस सूत्र का भाष्य करते हुए भाष्यकार कहते हैं कि ***"स्वमपीतो भवति तस्मादेनं स्वपितीत्याचक्षते"*** (छा.उ. ६/८/१) अपने में लीन हो जाता है इसलिये उसे 'सो रहा है' ऐसा कहा जाता है । इस श्रुति से सुषुप्ति वर्णित है और ***"ब्रह्मैव सन्ब्रह्माप्येति"*** (बृ.उ. ४/४/६) 'ब्रह्म होता हुआ ही ब्रह्म को प्राप्त होता है' इस श्रुति से कैवल्य मुक्ति कही गयी है । अर्थात् इन दोनों में से किसी एक अवस्था की अपेक्षा विशेष संज्ञा का अभाव कहा गया है । तात्पर्य यह है कि किसी श्रुति में सुषुप्तावस्था की और किसी श्रुति में मोक्षावस्था की अपेक्षाकर विशेषज्ञान का अभाव कहा गया है । भाव यह है कि ***"यत्र सुप्तो न कञ्चन कामं कामयते न कञ्चन स्वप्नं पश्यति"*** (बृ.उ. ४/३/१९) इत्यादि श्रुतियाँ सुषुप्ति की अपेक्षा से और***"यत्र त्वस्य सर्वमात्मैवाभूत्"*** (बृ.उ. ४/५/१५) इत्यादि श्रुतियाँ मोक्ष की अपेक्षा से कही गयी हैं । अतः पूर्वपक्षी के द्वारा उठायी गयी शंका उचित नहीं है ।

पूर्वोक्त श्रुति का विषय सुषुप्ति अथवा विदेह मुक्ति नहीं मानेंगे तो लोकव्यवहार ही सम्भव न होगा, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - अन्यथा (पूर्वोक्त श्रुति को सुषुप्ति अथवा मुक्तिविषयक न मानने पर) याज्ञवल्क्यादि का आचार्यत्व ही संभव न होगा । द्वैत दर्शन पर वे अविद्वान् सिद्ध होंगे और द्वैत दर्शनाभाव में उनकी वाणी बोल नहीं सकेगी ।।१८४।।

व्याख्या - सिद्धान्ती कहता है कि आचार्य बादरायण जी ने उक्त श्रुति का जो अर्थ किया है, वह प्रकरण के अनुरूप है, यदि उस अर्थ को अंगीकार नहीं करेंगे अथवा उक्त श्रुत्यर्थ को भिन्न रूप से अंगीकार करेंगे तो याज्ञवल्क्य, सनत्कुमार, पिप्पलाद, यमराज और वरुण आदि ब्रह्मवेत्तओं का आचार्यत्व ही सिद्ध न होगा । याज्ञवल्क्य जी ने स्वयं सब का त्याग कर राजा जनकादि को उपदेश दिया और उस

"यस्यां तु विद्यावस्थायामात्मैवास्याभवज्जगत् । तदा कः केन किं जिघ्रेदद्वैते परवस्तुनी"ति चेत्सत्यम्। विद्यायाः प्रकृते प्राधान्येन तदवस्थायां तथात्त्वाभिप्रायकत्त्वात् । तन्मात्रविषयत्त्वानङ्गीकारे लोकव्यवहार एव न घटत इत्यस्याश्रुतेस्सुषुप्त्यादिविषयत्त्वानङ्गीकारे। इतरव्यवहारविषयेऽप्यङ्गीकार्य इत्यर्थः। याज्ञवल्क्यादेराचार्यत्त्वं न सम्भवेत् । सर्वस्य परित्यागेन स्वयमाचरञ्जनकादेरुपदेशेनाचारे स्थापयन्याज्ञवल्क्योऽन्वर्थ आचार्यो भवति । अत्रोपपत्तिरुच्यते । द्वैतदृष्टौ द्वैतस्योपदेशक उपदेश्यो ज्ञाता ज्ञेयमित्यादिद्वन्द्वस्य दृष्टौ बुद्धौ भासमानायां सत्यामविद्वत्ता, द्वेतादृष्टौ द्वैतस्याभाने न वदेद्वागुपदेशकस्य । न प्रसरेद्वाणी । आचार्या याज्ञवल्क्यादयो यदि द्वैतं पश्येयुस्तर्हि तत्र तदाद्वैतज्ञानाभावान्नाचार्या भवेयुः । यदि वा ते न पश्यन्ति द्वैतं तर्हि बोद्धव्यशिष्याद्यनुपलम्भादाचार्यगीश्शिष्यं प्रति बोधनाय न प्रवर्तेत । अतो विद्यासम्प्रदायोच्छेदप्रसङ्गः। द्वैतस्थितिमाश्रित्य तन्मिथ्यात्त्वं जानत एवाचार्यत्वमुपपद्यते । न तु द्वैतनाशाभ्युपगमे, उपदेष्टृत्त्वादेरसम्भवादिति शम् ।।

विद्यास्वरूपनिरूपणम् –

निर्विकल्पसमाधौ तु द्वैतादर्शनहेतुतः ।
सैवापरोक्षविद्येति चेत्सुषुप्तिस्तथा न किम् ।। १८५ ।।

अन्वयः– निर्विकल्पसमाधौ तु द्वैतादर्शनहेतुतः सा एव अपरोक्षविद्या इति चेत् । तथा सुषुप्तिः किं न?

व्याख्या :– उपदेष्टृणामाचार्यत्त्वदशायां विद्यमाना विद्या परोक्षरूपैव । उपदेश्योपदेशकादि–

ज्ञान को आचार में स्थापित किया था अतः उनका आचार्यत्व स्पष्ट ही है । यदि श्रुति के उक्तार्थ को नहीं मानेंगे तो ब्रह्मविद्या का सम्प्रदाय ही नष्ट हो जाएगा । यदि याज्ञवल्क्यादि को द्वैत का द्रष्टा मानें अर्थात् द्वैत होने पर ही उपदेशक और उपदेश तथा ज्ञाता और ज्ञेय इत्यादि द्वन्द्व संभव है, ऐसी स्थिति में उपदेशादि के कारण याज्ञवल्क्यादि को द्वैत का भान होता है, ऐसा मानें तो वे अविद्वान् (अज्ञानी) सिद्ध होंगे । और यदि ऐसा मानें कि उनको द्वैत का भान ही नहीं होता था तब तो द्वैताभाव में उनकी वाणी की प्रवृत्ति ही न होती अर्थात् जनकादि के प्रति उनकी वाणी से उपदेशादि रूप व्यापार न होता ।

भाव यह है कि द्वैतस्थिति का आश्रय लेकर उसका मिथ्यात्व जानते हुए ही याज्ञवल्क्यादि ने उपदेश किया था । अतः तत्वज्ञान में द्वैत का सर्वथा नाश अपेक्षित नहीं है, केवल द्वैत के मिथ्यात्व का निश्चय कर लेना ही पर्याप्त है । यदि द्वैत का पूर्णरूप से नाश स्वीकार करेंगे तो ब्रह्मविद्या का उपदेशादि ही संभव न होगा।

अब विद्या के स्वरूप का निरूपण प्रारम्भ करते हैं ।

अर्थ – निर्विकल्प समाधि में द्वैत देखने में नही आता । इसलिये वही अपरोक्ष विद्या है । यदि ऐसा कहते हो तो फिर सुषुप्ति भी वैसी क्यों न होगी ?।।१८५।।

व्याख्या – याज्ञवल्क्यादि ब्रह्मवेत्ताओं का आचार्यत्वदशा में विद्यमान जो ज्ञान है, वह विद्या रूप भले ही हो किन्तु वह अपरोक्ष विद्या नहीं, अपितु परोक्षविद्या ही है, क्योंकि उनमें द्वैत की प्रतीति विद्यमान है । अपरोक्ष विद्या केवल निर्विकल्प समाधि में ही संभव है ।

यदा पञ्चावतिष्ठन्ते ज्ञानानि मनसा सह ।
बुद्धिश्च न विचेष्टते तामाहुः परमां गतिम् ।। (कठो. २/३/१०)

और

द्वैतप्रतीतिसद्भावात् । यदा तु निर्विकल्पसमाद्ध्यादिषु द्वैतप्रतीतिस्सर्वात्मना निवृत्ता भवति । तदानीन्तनैव विद्यापरोक्षभूतेति शङ्काऽत्र समाधीयते । तथा भवतु परोक्षविद्ययैव याज्ञवल्क्यादेराचार्यत्त्वम् । निर्विकल्पसमाधावेव तस्यासम्भवा"द्यदा पञ्चावतिष्ठन्ते ज्ञानानि मनसा सह । बुद्धिश्च न विचेष्टत तामाहुः परमां गतिम्" "यं लब्ध्वा चापरं लाभं मन्यते नाधिकं ततः । यस्मिन्स्थितो न दुःखेन गुरुणापि विचाल्यते । तं विद्यादुःखसंयोगवियोगं योगसंज्ञित"मित्यादिश्रुतिस्मृतिभ्यां । "तदा द्रष्टुस्स्वरूपेऽवस्थानम् । ऋतम्भरा तत्र प्रज्ञे"त्यादियोगसूत्रसन्ततेश्चासम्प्रज्ञातसमाध्यवस्थैवापरोऽक्षविद्येत्याशङ्क्याऽतिप्रसक्त्या समाधत्ते । निर्विकल्पसमाधौ निर्गतो विकल्पो ज्ञातृज्ञेयादिविभागे यस्मात्स समाधिरेकाग्र्यतया ध्येयवस्तुनि मनसस्स्थापनं तदवस्थायां द्वैतादर्शनहेतुतो जगतोऽप्रतीतिहेतोस्सैव द्वैतविस्मृतिरेवापरोक्षविद्येत्युच्यत इति चेद्द्वैतस्याप्रतीतिरेवापरोक्षज्ञाननिदानमिति चेन्मैवम् । द्वैताप्रतीतेरप्यतिप्रसङ्गापादकत्त्वात्। सुषुप्तिरपि तथा समाधिसदृशा किं न स्यात्तत्रापि द्वैतादर्शनादिति शम् ।।

आत्मतत्त्वज्ञानमेव विद्येति निरूपणम् –

आत्मतत्त्वन्न जानाति सुप्तौ यदि तदा त्वया ।
आत्मधीरेव विद्येति वाच्यन्न द्वैतविस्मृतिः ॥ १८६ ॥

यं लब्धा चापरं लाभं मन्यते नाधिकं ततः ।
यस्मिन्स्थितो न दुःखेन गुरुणापि विचाल्यते ।।
तं विद्याद् दुःखसंयोगवियोगं योगसञ्ज्ञितम् । (गीता ६/२२)

इत्यादि श्रुति और स्मृति वचनों से उक्तार्थ स्पष्ट ही है । और *''तदा द्रष्टुः स्वरूपेऽवस्थानम्''* *''ऋतम्भरा तत्र प्रज्ञा''* इत्यादि योगसूत्रों के द्वारा भी उक्तार्थ ही पुष्ट होता है । अतः निर्विकल्प समाधि में ही अपरोक्ष विद्या होती है, अन्यत्र नहीं । ऐसी शंका होने पर आचार्य उसका समाधान करते हैं कि आपके द्वारा जो हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है, वह सुषुप्ति में व्यभिचरित होने के कारण दूषित है । निर्विकल्प समाधि में अर्थात् ज्ञाता-ज्ञेय आदि विभाग जिसमें से निकल गया है, ऐसी विकल्प रहित समाधि में जब चित्त पूर्णरूप से ध्येय वस्तु में स्थिर हो जाता है, उस अवस्था में द्वैत का दर्शन नहीं होता है अर्थात् द्वैताभाव होता है । इसलिये जगत् की अप्रतीति रूप हेतु के कारण वह द्वैत की विस्मृति ही अपरोक्ष विद्या है, यदि तुम ऐसा मानते हो अर्थात् द्वैत की अप्रतीति ही अपरोक्ष विद्या है, ऐसा मानते हो तो फिर सुषुप्ति भी वैसी क्यों न होगी ? अर्थात् द्वैत का दर्शन तो सुषुप्ति में भी नहीं होता है तो फिर द्वैतादर्शन रूप हेतु से सुषुप्ति में भी अपरोक्ष विद्या का होना अंगीकार क्यों नही करते हो ?

आत्मतत्त्व का ज्ञान ही विद्या है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ – यदि कहो कि सुषुप्ति में तो कोई आत्मतत्त्व को नहीं जानता है (इसलिये वह अपरोक्ष ज्ञान की अवस्था नहीं है) तब तो तुम्हें द्वैत विस्मृति को नहीं, अपितु आत्मज्ञान को ही विद्या कहना चाहिये।।१८६।।

व्याख्या – सुषुप्ति और समाधि दोनों में ही द्वैतदर्शन का अभाव समान है अतः द्वैतदर्शन की अप्रतीति ही अपरोक्ष विद्या है, ऐसा जो आपने कहा है, वह संभव नहीं है क्योंकि घटादि में उक्त कथन से अतिप्रसंग

अन्वयः – सुप्तौ आत्मतत्त्वं न जानाति यदि । तदा "आत्मधीः एव विद्या, द्वैतविस्मृतिः न" इति त्वया वाच्यम् ।।

व्याख्या :– सुषुप्तिसमाद्ध्योर्द्वैतदर्शनाभावस्य समत्त्वाद्द्वैतदर्शनाप्रतीतिरेवापरोक्षविद्येत्युक्तप्रायम्। तत्तु न घटते । जडादावतिप्रसक्तत्त्वात् । अतो द्वैताप्रतीतिसमकालिकात्मतत्त्वज्ञानं विद्येत्यभ्युपेयम् । तथा च विशेषांशस्यानतिप्रसक्तत्त्वात्तन्मात्रमेव विद्यालक्षणमस्तु । न तु विशेषाणांशोपयोगः । एवं सुषुप्तावात्मतत्त्वज्ञानरूपापरोक्षविद्याभाव इति न समाधिसाम्यमित्यतिप्रसङ्गमाशङ्क्य परिहरति । सुप्तावात्मतत्वमात्मनो यथार्थस्वरूपं यदि न जानात्यतो विशेष्याभावान्न तदानीन्तनज्ञानस्य मिथ्यात्त्वम्। सुषुप्तौ द्वैतदर्शनाभावेऽप्यात्मगोचरज्ञानाभावान्न विद्यात्त्वं तस्या इति चेत्तर्हि प्राप्तं विवेकज्ञानस्यैव विद्यात्त्वं न द्वैतदर्शनाभावस्येति चेदुच्यते । तदा त्वयात्मधीरेवात्मतत्त्वज्ञानमेव विद्येति वाच्यमवश्यं वक्तव्यम् । द्वैतविस्मृतिस्तु जगतोऽभानं तु नैव विद्येति दिक् ।।

द्वैतादर्शनविशिष्टात्मज्ञानस्यापरोक्षज्ञानत्त्वमित्यप्युपहासास्पदमेवेति निरूपणम् –

उभयं मिलितं विद्या यदि तर्हि घटादयः ।
अर्धविद्याभाजिनस्स्युस्सकलद्वैतविस्मृतेः ।। १८७ ।।

अन्वयः – उभयं मिलितं विद्या यदि । तर्हि घटादयः अर्धविद्याभाजिनः स्युः । सकलद्वैतविस्मृतेः।।

व्याख्या :– समुदाहृतश्रुत्यादिभ्यस्तत्त्वज्ञानदृश्यादर्शनोभयसम्मेलनस्यैवापरोऽक्षज्ञानत्त्वमित्याशङ्कां

नामक दोष प्राप्त होता है । अतः द्वैताप्रतीतिसमकालिक आत्मतत्त्व के ज्ञान को ही विद्या मानना चाहिये । सुषुप्ति में आत्मतत्त्व के ज्ञानरूप अपरोक्ष विद्या का अभाव है किन्तु समाधि में वैसा नहीं है । अतः समाधि में ही ज्ञान होता है, सुषुप्ति में नहीं, इस शंका का परिहार करते हैं । द्वैतदर्शन का अभाव होने पर भी सुषुप्ति में आत्मा के यथार्थ रूप को कोई भी नहीं जानता इस कारण से सुषुप्ति अपरोक्ष ज्ञानरूप नहीं है, अगर तुम ऐसा कहते हो तब तो तुम्हें आत्मज्ञान ही अपरोक्ष विद्यारूप है, ऐसा कहना चाहिये, न कि द्वैतविस्मृति को । भाव यह है कि आचार्य ने जब द्वैतदर्शन रूप हेतु के कारण सुषुप्ति को भी समाधि के समान कहा तब पूर्वपक्षी अपना पक्ष स्पष्ट करते हुए कहता है कि यद्यपि सुषुप्ति और समाधि दानों में ही द्वैतादर्शन समान है तथापि दोनों में महान अन्तर है, सुषुप्ति में आत्मतत्त्व का ज्ञान नहीं होता है किन्तु समाधि में होता है, अतः समाधि में ही अपरोक्ष ज्ञान होता है । इस पर आचार्य कहते हैं कि यदि आत्मतत्त्व के अज्ञान के कारण ही तुम सुषुप्ति को समाधि से भिन्न कह रहे हो तब तो तुम्हें आत्मतत्त्व के ज्ञान को ही अपरोक्ष विद्या कहना चाहिये, द्वैत की विस्मृति को नहीं क्योंकि द्वैत की विस्मृति अर्थात् जगत् का भान न होनामात्र विद्या नहीं है ।

द्वैतविस्मृति और आत्मतत्त्व का ज्ञान इन दोनों से ही अपरोक्ष विद्या उत्पन्न हो जायेगी, इस शंका का निराकरण करते हैं ।

अर्थ – द्वैत का अदर्शन और आत्मतत्त्व का ज्ञान, वे दोनों मिलकर अपरोक्ष ज्ञान रूप विद्या है । यदि ऐसा मानोगे तब तो घट आदि भी अर्धज्ञानवान होंगे, क्योंकि उनको भी सम्पूर्णद्वैत की विस्मृति है ।।१८७।।

सोपहासं प्रतिबन्द्या विनिन्दति । उभयं द्वैतविस्मृतिरात्मज्ञानमिति द्वयं मिलितं सम्मिश्रितं सद्यदि विद्या स्यात् । द्वैतविस्मृतेरपि विद्यांशत्त्वाङ्गीकारे जडस्याप्यविद्यत्त्वप्रसङ्ग इत्याह । तर्हि घटादयोऽचेतना अपि सकलद्वैतविस्मृतेर्विस्मृतिरूपविद्यांशस्य तत्र विद्यमानत्त्वादर्धविद्याभाजिनो भवेयुरिति शम् ।।

केवलद्वैतविस्मृतेरेव विद्यात्त्वमिति वादेऽप्यसामञ्जस्यस्य सोपहासं परिहरणम् -

मशकध्वनिमुख्यानां विक्षेपाणां बहुत्त्वतः ।
तव विद्या तथा न स्याद् घटादीनां यथा दृढा ॥ १८८ ॥

अन्वयः - मशकध्वनिमुख्यानां विक्षेपाणां बृहत्त्वतः घटादीनां यथा विद्या दृढा । तथा तव न स्यात् ।।

व्याख्या :- अस्मिन्नेव पक्षे समाधिमतां पुरुषाणामर्धविद्यावत्त्वमपि न स्यादिति सोपहासं विशदीकरोति। मशकध्वनिमुख्यानां श्वेताश्वतराश्चैवमामनन्ति - "त्रिरुन्नतं स्थाप्य समं शरीरं हृदीन्द्रियाणि मनसा सन्निवेश्य। ब्रह्मोडुपेन प्रतरेत विद्वान्स्रोतांसि सर्वाणि भयावहानि । प्राणान्प्रपीड्येह स युक्तचेष्टः क्षीणे प्राणे नासिकयोच्छ्वसीत । दुष्टाश्वयुक्तमिववाहमेनं विद्वान्मनो धारयेदप्रमत्तः । समे शुचौ

व्याख्या - ठीक है, केवल द्वैत विस्मृति को अपरोक्ष विद्या रूप भले ही न मानो, परन्तु द्वैतविस्मृति और आत्मतत्त्व का ज्ञान, इन दोनों को ही अपरोक्ष विद्या के रूप में अंगीकार करने में क्या हानि है ? इसके उत्तर में आचार्य कहते हैं - हानि अवश्य है, क्योंकि यदि दोनों को मिलाकर ही अपरोक्ष विद्या होती है, ऐसा मानोगे तो घट आदि जो जड़ पदार्थ हैं, उन्हें भी आधा ज्ञानवान मानना पडेगा । क्योंकि सम्पूर्ण द्वैत की विस्मृति रूप प्रथम हेतु सभी जड़ पदार्थों में विद्यमान ही है । अतः वे सभी अर्धज्ञानी सिद्ध होंगे ।

केवल द्वैत की विस्मृति ही विद्या है, इस वाद के असामञ्जस्य को उपहास पूर्वक दूर करते है ।

अर्थ - मच्छरों की भन-भनाहट आदि बहुत से विक्षेप होने के कारण तुम्हारी विद्या उतनी दृढ़ न होगी जितनी घट आदि की है ।।१८८।।

व्याख्या - योगाभ्यास करते समय मच्छरों की भन-भनाहट आदि अनेक प्रकार के विक्षेप होते हैं जिससे कि समाधि में बाधा उत्पन्न होती है । श्वेताश्वतर उपनिषद् में कहा है कि सिर, ग्रीवा और वक्षःस्थल इन तीनों को ऊँचा रखते हुए, शरीर को सीधा रखकर मन के द्वारा इन्द्रियों को हृदय में सन्निविष्ट करके विद्वान् ओंकार रूप नौका के द्वारा भयानक जल प्रवाह को पूर्णरूप से पार कर जाता है । साधक को चाहिए कि युक्त आहार-विहार करता हुआ प्राणों का निरोध करके जब प्राण शक्ति (प्राणधारण का सामर्थ्य) क्षीण हो जाए तब नासिकारन्ध्र के द्वारा उसे बाहर निकाल दे । और फिर वह विद्वान् पुरुष दुष्ट अश्व से युक्त रथ के सारथि के समान सावधान होकर मन का नियन्त्रण करे । जो समतल, पवित्र, शर्करा, अग्नि और बालू से रहित तथा शब्द, जल और आश्रयादि से भी शून्य हो, मन के अनुकूल हो एवं नेत्रों को पीड़ा देने वाला न हो, ऐसे गुहा आदि वायुशून्य स्थान में मन को परमात्मा में स्थिर करें।

शर्करावह्निवालुकाविवर्जिते शब्दजलाश्रयादिभिः । मनोऽनुकूले न तु चक्षुःपीडने गृहानिवाताश्रवणे नियोजये''दित्यादिः । अत्र चक्षुःपीडनाख्यमशकध्वनिं प्रतिबहुविधविघ्नग्रस्तत्त्वाद्योगाभ्यासस्य इत्यर्थतस्सिद्धः । चित्तैकाग्र्यस्य विक्षेपाणां बहुत्त्वतो विद्यमानत्त्वद्घटादीनां विद्या यथा तव दृढा द्वैतविस्मृतिरूपा विद्या निर्विकल्पसमाधावपि न दृढा स्यात् । समाधावपि कदाचिन्मशकादिध्वनिभिर्विक्षेपसम्भवात् । तत्र द्वैतप्रतीत्यभावो न दृढ इति घटाद्यपेक्षयैवंवादिना त्वया योगिषु न्यूनत्त्वमभ्युपेयं स्यादिति परिहासाशयः । जडानां घटपटादीनां सर्वात्मना द्वैतविस्मरणं यथा दृढं भवति तथा तव समाधौ न सम्भवति द्वैतविस्मरणं नैव सम्भवि । मशकध्वनिप्रमुखानामनेकेषां विक्षेपाणां सद्भावादिति शम् ।।

आत्मज्ञानस्यैव विद्यात्त्वमिति सिद्धान्तनिरूपणम् –

आत्मधीरेव विद्येति यदि तर्हि सुखीभव ।
दुष्टचित्तन्निरुन्ध्याच्चेन्निरुन्धि त्त्वं यथासुखम् ।। १८९ ।।

अन्वयः – आत्मधीः एव विद्या इति यदि । तर्हि सुखीभव । दुष्टचित्तं निरुन्ध्यात् चेत् । त्वं यथा सुखं निरुन्धि ।।

व्याख्या :– एवं तर्ह्यात्मज्ञानमेव विद्येति सिद्धान्तमतमङ्गीकरोति प्रतिवादी प्रतिबन्दित उपहसितश्च।

(श्वे.उ. २/८,९,१०) इत्यादि प्रमाणों से ज्ञात होता है कि समाधि का अभ्यास सरल नहीं है अपितु बहुत कठिन है । अतः समाधि में भी मशकादि उपद्रवों के कारण बाधाएँ आती हैं, जिससे कि चित्त की एकाग्रता पूर्णरूप से फलीभूत नहीं हो पाती । किन्तु घट आदि को द्वैतविस्मृति रूप विद्या का अनुभव इतना दृढ़ है कि वे मानों सदा निर्विकल्प-समाधि में ही रहते हैं । उनकी समाधि में मशकादि कोई भी विघ्न नहीं कर सकते, अतः तुम्हारी विद्या उतनी दृढ़ न होगी जितनी की घटादि की है । कोई मनुष्य कितना ही प्रयास करे किन्तु अनेकों प्रकार की बाधाओं के कारण उसकी समाधि उतनी दृढ़ नहीं हो पाती जितनी की घटादि में द्वैतविस्मृति दृढ़ होती है । यदि द्वैत की अप्रतीति मात्र को विद्या माने तब तो घटादि पूरे ज्ञानी सिद्ध होंगे और यदि द्वैतविस्मृति और तत्त्वज्ञान दोनों मिलकर विद्या उत्पन्न होती है, ऐसा माने तो भी धट आदि को आधा अपरोक्ष ज्ञानी अवश्य मानना पड़ेगा।

आत्मज्ञान ही विद्या है, द्वैत का विस्मरण नहीं, इस प्रकार यदि पूर्वपक्षी स्वीकार करता है तो सिद्धान्ती उसे आशीर्वाद देते हैं ।

अर्थ – यदि तुम कहो कि आत्मज्ञान ही विद्या है तो तुम सुखी रहो । यदि (समाधि अभ्यास द्वारा) दुष्टचित्त का निरोध करना चाहते हो तो जितना निरोध चाहो, सुख से करो ।।१८९।।

व्याख्या – इस प्रकार आचार्य ने जब केवल द्वैतविस्मृति अथवा केवल समाधि को विद्या का अहेतु सिद्ध कर दिया तथा दोनों को मिलाकर भी विद्या की उत्पत्ति का निराकरण कर दिया तब उपहासादि के भय से पूर्वपक्षी ने आत्मज्ञान को ही विद्या स्वीकार कर लिया । इस पर आचार्य कहते हैं कि आत्मज्ञान ही विद्या है यदि तुम ऐसा कहते हो तो मैं तुम्हे आशीर्वाद देता हूँ कि तुम सुखी रहो, अर्थात् सही रास्ते

तथापि स्वभावतश्चित्तस्य दुष्टत्त्वात्तेन प्रतिबन्धो माभूदिति तन्निरोधार्थं योग आवश्यकश्चेदिष्टापत्ति-रेवास्माकम् । न द्वैतविस्मृतिर्विद्येत्यङ्गीक्रियत इत्याह । आत्मधीरेव विद्येति यदि त्वयाभ्युपगम्यते तर्ह्येतावन्मात्रं ज्ञानं त्वय्युदगादित्याशिषाभिनन्दति सुखीभवेति । जीवन्मुक्तिसुखार्थं किं चित्तनिरोधो विवेकवैराग्यादिभिस्सहैव किं कार्यो न वेति सन्दिग्धचेतसं तमालक्ष्याह । आत्मज्ञानसिद्धये दुष्टचित्तं विषयादिभिर्दूषितमन्तःकरणं विषयासक्ततया च दुष्टमत एव ज्ञानानुभवे प्रतिबन्धकत्त्वादयोग्यं चित्तं निरुन्ध्याः "योगश्चित्तवृत्तिनिरोध" इत्युक्तयोगमार्गेण यथासुखं त्त्वं दुष्टचित्तं निरुन्धि विषयेभ्यो नियच्छ। आत्मनः यथार्थतत्त्वज्ञानमेव विद्या । सा च चित्तनिरोधादिना सिद्ध्यतीति शम् ।।

चित्तवृत्तिनिरोध इष्टापत्तिप्रदर्शनम् -

तदिष्टमेष्टव्यमायामयत्त्वस्य समीक्षणात् ।
इच्छन्नप्यज्ञवन्नेच्छेत्किमिच्छन्निति हि श्रुतम् ॥ १९० ॥

अन्वयः - तत् इष्टम् । एष्टव्यमायामयत्त्वस्य समीक्षणात् । इच्छन् अपि अज्ञवत् न इच्छेत् हि किम् इच्छन् अपि श्रुतम् ।।

व्याख्या :- एष्टव्यमायामयत्त्वस्याद्वितीयात्मज्ञानसिद्धय एष्टव्यमपेक्षितव्यं यन्मायामयत्त्वं जगतो मायापरिकल्पितत्त्वं तस्य समीक्षणात्तच्चित्तनिरोधनमस्माकमपीष्टमेव । चित्तदोषापगमे सत्यद्वितीयात्म-ज्ञानायेष्यमाणं जगतो मायामयत्त्वं सम्यगीक्ष्यते यतो हेतोरत एवेष्टमित्यर्थः । एष्टव्यमभिलषणीयं

पे आ जाने से अब आत्मज्ञान रूपी लक्ष्य को प्राप्त कर नित्यसुख का अनुभव करके सुखी हो जाओ। यदि तुम समाधि-अभ्यास के द्वारा दुष्ट चित्त का निरोध करना चाहते हो तो अवश्य करो, वह तो ज्ञान में साधक होने से हमारा उससे कोई विरोध नहीं है । इसी ग्रन्थ में समाधि के द्वारा चित्त की एकाग्रता से ज्ञान प्राप्ति का अनेकों बार समर्थन कर चुके हैं । ध्यान और समाधि की उपयोगिता का उल्लेख यहाँ फिर से करते हैं कि दुष्ट चित्त का निरोध करने में यह उपयोगी है । इससे अनेक जन्मों के संचित कर्म नष्ट हो जाते हैं और चित्त निर्मल तथा शान्त हो जाता है । जिसके परिणाम रूप आत्मज्ञान की प्राप्ति होती है ।"***योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः***" चित्त की वृत्तियों का निरोध करना ही योग कहलाता है । अतः इस योगोक्त मार्ग पर चलकर तुम यदि विषयासक्त चित्त का निरोध करना चाहते हो तो अवश्य करो। क्योंकि आत्मा के यथार्थ ज्ञान को ही विद्या कहते हैं और वह विद्या चित्तनिरोध के द्वारा सिद्ध होती है।

चित्तवृत्ति निरोध में इष्टापत्ति प्रदर्शित करते हैं ।

अर्थ - इष्टत्व मायामय जगत् दिखाई देने के कारण चित्त का निरोध करना हमे अभीष्ट है । ज्ञानी इच्छा करते हुए भी अज्ञानी के समान इच्छा नहीं करता । इसलिये श्रुति में 'किमिच्छन्' ऐसा सुना गया है ।।१९०।।

व्याख्या - इष्टत्व मायामय जगत् का दर्शन होता है अर्थात् इच्छा का विषय जो जगत् है, वह

यद्द्वैते मायामयत्त्वं तस्येति भावः । न हि स्वकाष्ण्येन कश्चित्कान्ताकुन्तलकान्तिवत् तृप्यतीति फलितमुच्यते । ज्ञानी विषयान्प्रारब्धकर्मवशादिच्छन्नप्यज्ञवन्नेच्छेत् । अत एव "किमिच्छ"न्निति मन्त्रांशेनाभिप्रेतमर्थं निगमयति । यतो विद्वानिच्छन्नप्यज्ञवन्नेच्छेदतः "किमिच्छन्नि"ति श्रुतमिति । द्वैतस्यैव बाधितत्त्वेन विद्वदिच्छा तत्कर्तृतत्कर्मतत्करणादेरपि तत्त्वान्नाज्ञतौल्यमित्याशयः । अत्रायं भावः प्रारब्धकर्मणामुपभोगेन क्षय इति तत्क्षयाय ज्ञानी विषयानिच्छति तेषु च विषयेषु नानुरज्यति। प्रत्युत क्लिश्नाति । अज्ञानी तूत्तरोत्तराभिवृद्धिर्भवतु मे कामोपभोगस्येति विषयानिच्छतीत्यनुरज्यति। एतदेव वैलक्षण्यं ज्ञानिनोऽज्ञानिनश्च किमिच्छति श्रुतौ श्रुतमिति दिक् ।।

श्रुत्यर्थवर्णने वचनान्तरस्योपोद्बलकतया वर्णनम् –

रागो लिङ्गमबोधस्य सन्तु रागादयो बुधे ।
इति शास्त्रद्वयं सार्थमेवं सत्यविरोधतः ॥ १९१ ॥

अन्वयः – रागः अबोधस्य लिङ्गम् । बुधे रागादयः सन्तु इति एवं सति शास्त्रद्वयम् अविरोधतः सार्थम् ।।

व्याख्या :– एवं ज्ञानिनो विषयेच्छायास्सुखसाधनत्त्वज्ञानपूर्वकेच्छाभावस्य च श्रुतितात्पर्यविषयतयावर्णने प्रमाणमत्र प्रदर्श्यते । न कुवलमुक्तरीतिकतत्त्वज्ञेच्छा व्यवस्थया "किमिच्छन्कस्य कामाय शरीरमनुसञ्ज्वरे"दिति श्रुतेरेवार्थसाङ्गत्यसिद्धिरपि तु वार्तिककारवाक्यद्वयविरोधोऽपि परिहृतो भवतीत्याशयवानाह । नैष्कर्म्यसिद्धिस्थं तु वचनं विद्वद्रागनिषेधकम् । "रागो लिङ्गमबोधस्य चित्तव्यायामभूमिषु । कुतश्शाद्वलता तस्य यस्याग्निः कोटरे तरोः ।।" इति । अस्य वचनस्यायमर्थः।

मायामय है और उसका दर्शन भी होता है अर्थात् अनुभव भी होता है, अतः उसके कारण चित्त में विक्षेप भी उत्पन्न होता है जिससे कि अद्वितीय आत्मज्ञान की सिद्धि नहीं हो पाती है, अतः उसका निरोध करना हमें अभीष्ट ही है । ज्ञानी पुरुष इच्छा करता हुआ भी अज्ञानी पुरुष की तरह इच्छा नहीं करता है । ***'किमिच्छन्'*** से उक्तार्थ का ही निरूपण किया गया है । भाव यह है कि प्रारब्ध कर्मों का उपभोग से ही नाश होता है, ऐसा जानने वाला ज्ञानी पुरुष प्रारब्ध कर्मों के नाश के लिये ही विषयों की कामना करता है । सत्यत्व बुद्धि न होने के कारण ज्ञानी उन विषयों में आसक्त नहीं होता है अपितु क्लेश ही पाता है । अज्ञानी पुरुष तो यह चाहता है कि मेरे भोग की उत्तरोत्तर अभिवृद्धि ही होती रहे । वह भोगों में सत्यत्व और सुखरूप बुद्धि रखने के कारण उनमें आसक्त होता है । ज्ञानी और अज्ञानी में यही विलक्षणता है । 'किमिच्छन्' इस श्रुति में इसी का प्रतिपादन किया गया है ।

श्रुति के अर्थ का वर्णन करने के लिये अन्य शास्त्रवचन प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ – 'विषयों में राग अज्ञान का लक्षण है' और 'ज्ञानी में रागादि भले ही बने रहें ' ये दोनों ही शास्त्र वचन अर्थयुक्त होने से किसी भी प्रकार का विरोध नहीं है ।।१९१।।

व्याख्या – नैष्कर्म्यसिद्धि में श्रीसुरेश्वराचार्य जी ने कहा है कि –

अबोधस्याज्ञानस्य लिङ्गं रागः । एतेन ज्ञानिनो न राग इत्युक्तं भवति । अस्यैव स्वारस्यमाह चित्तव्यायामभूमिष्विति । चित्तसञ्चारस्थलीभूतेष्टशब्दस्पर्शरूपरसगन्धाख्यविषयको राग इत्यर्थः । इष्टविषयाभिलाषो रागः । स चाज्ञानस्य व्यापकस्य लिङ्गं व्याप्त्यानुमापकं व्याप्यमस्तीत्यर्थः। तस्माद्यत्र यत्रेष्टविषयकोऽभिलाषो जने दृश्यते तत्र तत्राबोध इति व्याप्तेः । एतामेव व्याप्तिमर्थान्तरन्यासालङ्कारेण द्रढयति । यस्य महतस्तरोर्वृक्षस्य कोटरेऽग्निर्भवति तत्र शाद्वलता "शाद्वलश्श्यादहरित"इति कोशाद्धरिद्वर्णशालिता तत्तरोश्शाखापल्लवादिषु कुतस्स्यान्न कथमपि भवेदिति। अथ चास्यार्थस्य विपरीतार्थबोधकमपि वार्तिकं परिदृश्यते । तच्चैवम् । "शास्त्रार्थस्य समाप्तत्त्वान्मुक्तिस्स्यात्तावता मितेः । रागादयस्सन्तु कामं न तद्भावोऽपराद्ध्यति" ।। इति वचनं चेदं ज्ञानिन एव रागाङ्गीकारपरम्।

एवं ज्ञानिनो रागाभ्युपगमपरस्य वचनस्यायमर्थः । जीवाञ्छास्ति हिताहितं विविच्य परमहितमुपदिशतीतिशास्त्रं वेदस्तस्य योऽर्थः परब्रह्मात्मैक्यलक्षणः प्रतिपाद्यः कालत्रयाबाधितवस्तु-विशेषस्तस्य तद्विषयकोपदेशस्येत्यर्थः । समाप्तत्त्वादनवशिष्टत्त्वाच्छास्त्रार्थस्य ततः किं तत्राह । तावतैवोपदेश्यार्थानवशेषेणैव । मुक्तिरधिकारिणः । कैवल्यरूपानाद्यविद्यादिद्वैतध्वस्तिः । मितेर्निरुक्तब्रह्मैक्यप्रमाया हेतोस्स्यादेवेति ब्रह्मविदः शास्त्रार्थस्य समाप्तत्त्वान्मितेर्मुक्तिस्स्यात् । अतश्च ब्रह्मविदि काममत्यन्तं सन्तु नाम रागादय आदिशब्देन द्वेषादीनामपि ग्रहणम् । तथा च भवतु रागद्वेषसद्भावादयः । यतस्तेषां रागद्वेषादीनां बुद्धेस्स्वभावत्त्वेनान्तःकरणधर्मत्त्वान्नैवात्मनो धर्मा इति तेषूदासीन एव भवति । नापराद्ध्यति । नैवाद्वैतविद्याबाधितस्य द्वैतस्य पुनस्सत्यत्त्वसाधको भवतीति भावः । इत्येवमुक्तप्रकारेण विरुद्धं शास्त्रद्वयमविरोधतः परस्परविरोधाभावाद्बुधे ह्युक्तव्यवस्थया परस्परविरुद्धार्थप्रतिपादकत्त्वाभावाद्दृढरागाभावे सार्थं स्वार्थवत्सम्पन्नमबाधितार्थबोधकमेव । अन्यथा परस्परविरोधाद्बाधितार्थबोधकतया सत्प्रतिपक्षन्यायेनाबोधकत्त्वमेव स्यात् । तयोरबाधितार्थबोधकत्त्वरूप-प्रामाण्यसम्पादनमेवमाशयवर्णनस्य फलं भवति । एतेनैवमाशयवर्णने प्रमिततद्वाक्यद्वयमेवात्र प्रमाणमिति पर्यवस्यति । तस्माद्रागनिषेधपरस्य शास्त्रस्य दृढरागविषयपरत्त्वं रागाङ्गीकारपरस्य च वचनस्य रागाभासविषयत्त्वं चेति ज्ञेया व्यवस्था । एवं च सति प्रागुक्तरीत्या विचारितमहावाक्यात्सञ्जातायामप्य-

---

रागो लिङ्गमबोधस्य चित्तव्यायामभूमिषु ।
कुतः शाद्वलता तस्य यस्याग्निः कोटरे तरोः ।। (नै.सि. ४/६७)

अर्थात् - चित्त की विहार भूमि में अनुराग का होना ही अज्ञान का लक्षण है । जिस वृक्ष की कोटर में अग्नि सुलग रही हो, वह वृक्ष शाखा पल्लवादि से हरा-भरा कैसे रह सकता है ? इस शास्त्रवचनानुसार ज्ञानी में राग का होना अज्ञान का लक्षण कहा गया है किन्तु ग्रन्थान्तर में श्रीसुरेश्वराचार्य जी कहते हैं कि -

शास्त्रार्थस्य समाप्तत्वान्मुक्तिः स्यात्तावतामितेः।
रागादयः सन्तु कामं न तद्भावोऽपराध्यति ।। (बृ.वा.)

अर्थात् - शास्त्र का अर्थ ठीक समझ में आते ही पुरुष मुक्त हो जाता है । उसके बाद उसमें कितना ही राग बना रहे, उसका रहना कोई अपराधजनक नहीं है अर्थात् उससे कोई हानि नहीं है । इस वचन से ज्ञानी में राग होना स्वीकार किया गया है । किन्तु उक्त दोनों शास्त्रवचनों में विरोध नहीं है, क्योंकि

परोक्षब्रह्मविद्यायामसम्भवादिनैवादृढायामननुसन्धानसमानाधिकरणरागादीनामज्ञानदार्ढ्याधायकत्त्वेना-ज्ञानलिङ्गत्त्वे श्रवणाद्यभ्यासपरिपाकेन निश्शेषासम्भावनादिनिरासाद्दृढायां तस्यां तदनुसन्धानसमाना-धिकरणरागादीनामभासत्त्वे च सिद्धे सति न द्वयोर्वचनयोः कोऽपि विरोध इति दिक् ।।

"किमिच्छन्कस्य कामाये"त्यत्र कस्येति शब्दार्थविचारणम् –

जगन्मिथ्यात्त्ववत्स्वात्मासङ्गत्वस्य समीक्षणात् ।
कस्य कामायेति वचो भोक्त्रभावविवक्षया ॥ १९२ ॥

अन्वयः – जगन्मिथ्यात्त्ववत् स्वात्मासङ्गत्त्वस्य समीक्षणात् भोक्त्रभावविवक्षया "कस्य कामाय" इति वचः ।।

व्याख्या :- एवं तत्त्वानुसन्धानसमानाधिकरणस्फूर्यमाणरागादीनामेवाभासत्त्वं चेत्तर्हि भोक्तृभोग्यात्मकस्याखिलद्वैतस्यापि तत्त्वमनुसन्धेयत्त्वेन प्राप्तं तत्र भोग्यस्य स्रगादेस्स्वप्नेन्द्रजालादिदृष्टान्तः प्राक्साधितेऽपि मिथ्यात्त्वे भोक्तुर्मिथ्यात्त्वमप्यवश्यं वाच्यमेवेत्यत्राह । जगन्मिथ्यात्त्ववद्यथा जगतो मिथ्यात्त्वस्य ज्ञानात्काम्यकामनयोर्बोध इति बोधयितुं किमिच्छन्निति श्रुतिः प्रवृत्ता तद्वत्स्वात्मासङ्गत्त्वस्य स्वात्मनस्सङ्गराहित्यस्य समीक्षणात्कामाभावे कामिनोऽप्यभावे भोक्त्रभावविवक्षया भोक्तुभोक्तृत्त्व-विशिष्टत्त्वनियमाद्विशेषणीभूतभोक्तृत्त्वाभावे विशेषणाभावाद्विशिष्टाभाव इति न्यायेन भोक्त्रभावस्य विवक्षया

ज्ञानी में अदृढ़ राग (रागाभास) को स्वीकार कर लेने पर दोनों ही वचन सार्थक हो जाते हैं । अन्यथा परस्पर दोनों का विरोध मानेंगे तो बाधितार्थ का बोध कराने के कारण सत्प्रतिपक्ष न्याय से वे अबोधक ही होंगे । शास्त्र का अर्थ इस प्रकार करना चाहिये जिससे विभिन्न प्रकार के वचनों में विरोध न हो, उक्त विरुद्ध-से प्रतीत होने वाले वचनों में भी यही रीति अपनानी चाहिये । प्रथम रागनिषेधपरक शास्त्रवचन से ज्ञानी में दृढ़ राग का ही निषेध किया गया है और दूसरे शास्त्रवचन में ज्ञानी में रागाभास को स्वीकार किया गया है । इस तरह दोनों शास्त्रवचन सार्थक होने से दोनों में कोई विरोध नहीं है ।

"किमिच्छन्कस्य कामाय" इस श्रुति के 'कस्य' शब्द का विचार प्रारम्भ करते हैं ।

अर्थ – जगत् के मिथ्यात्व की तरह अपने आत्मा के असंगत्व का सम्यक् ज्ञान होने पर भोक्तृत्व का अभाव कहने की इच्छा से "कस्य कामाय" (किस भोक्ता के लिये) ऐसा वचन श्रुति ने कहा है ।।१९२।।

व्याख्या – ग्रन्थ में अब तक 'किमिच्छन्' इस श्रुतिवचन का स्पष्टीकरण किया गया, अब 'कस्य कामाय' इस वचन का स्पष्टीकरण प्रारम्भ करते हुए आचार्य कहते हैं कि जगत् के मिथ्यात्व का ज्ञान होने पर काम्य और कामना का बाध हो जाता है । इस बात को बताने के लिये जैसे किमिच्छन् यह श्रुति प्रवृत्त हुई, उसी प्रकार अपने आत्मा के असंगत्व का सम्यक् ज्ञान हो जाने पर कामना का अभाव हो जाता है, इस बात को बताने के लिये 'कस्य कामाय' यह श्रुति वचन कहा गया है । ***"विशेषणाभावात् विशिष्टाभावः"*** विशेषण का अभाव होने पर विशिष्ट का भी अभाव हो जाता है, इस न्याय के अनुसार भोक्ता भोक्तृत्व विशिष्ट होता है जब विशेषणीभूत भोक्तृत्व का ही अभाव हो जाता है तब भोक्ता का भी अभाव हो जाता है । 'कस्य कामाय' यह श्रुतिवचन इसी भोक्ता का अभाव दर्शाने के लिये कहा

बोधनेच्छया कस्य कामायेति वचश्श्रुतावुदीरितम् । असङ्गस्य पुरुषस्य कामाभावे तत्फलभोक्तृत्वस्याप्यभाव इति भाव इति शम् ।।

लोकेऽनुभूयमानभोक्तृत्त्वानुवादिन्याश्श्रुतेरुदाहरणम् -

पतिजायादिकं सर्वं तत्तद्भोगाय नेच्छति ।
किन्त्वात्मभोगार्थमिति श्रुतावुद्घोषितं बहु ।। १९३ ।।

अन्वयः - ''पतिजायादिकं सर्वं तत्तद्भोगाय न इच्छति । किं तु आत्मभोगार्थम्'' इति श्रुतौ बहु उद्घोषितम् ।।

व्याख्या :- ''किमिच्छन्कस्य कामाय शरीरमनुसञ्ज्वरे''दिति श्रुत्युक्तो भोक्तृत्वप्रतिषेधस्तत्प्रसक्तिपूर्वको वक्तव्यः । वस्तुत आत्मनोऽसङ्गत्त्वेन न सा प्रसक्तिर्निरूपयितुं शक्या । अथापि भोक्त्रभावबोधकश्रुतिवद्भोक्तृत्त्वबोधकश्रुतयोऽप्युपलभ्यन्तेतरामित्याह । अतो बृहदारण्यकश्रुतिमर्थतः पठति ''न वा अरे पत्युः कामाय पतिः प्रियो भवत्यात्मनस्तु कामाय पतिः प्रियो भवती''त्यारभ्य बहुभिः प्रकारैरात्मनः प्रियतमत्त्वं विवक्षुरन्ते तथोपसंहरति यथा '' न वा अरे सर्वस्य कामाय सर्वं प्रियं भवत्यात्मनस्तु कामाय सर्वं प्रियं भवती''ति । एवं विधैर्बहुभिः प्रकारैः पतिपत्न्यादिकस्य प्रपञ्चस्यात्मनो भोगसाधनत्त्वं प्रतीयत इत्यस्ति प्रसक्तिरित्याशयेनाह । पतिर्जायादिकं सर्वं सर्वात्मना सर्वैः प्रकारैः पातीति पतिः। जाया ''यदस्यां जायते पुन''रिति श्रुत्या जायतेऽस्यामिति जाया पतिश्शुक्ररूपेण गर्भद्वारा भार्यां

गया है । भाव यह है कि असंग पुरुष में कामना का अभाव होने से तत्फलभोक्तृत्व का भी अभाव ही फलित होता है ।

लोक में अनुभूयमान भोक्तृत्व का अनुवाद करने वाली श्रुति का अर्थतः पठन करते हैं।

अर्थ - प्राणी पति, स्त्री आदि सबकी तत्तत् भोग के लिये नहीं वरन् अपने भोग के लिये ही इच्छा करता है । श्रुति में इस बात को अनेक बार उद्घोषित किया है ।।१९३।।

व्याख्या - ***''सर्वात्मना पातीति पतिः''*** जो सभी तरह से रक्षा करे, उसे पति कहते हैं । ***''जायतेऽस्यामिति जाया''*** जिसमें उत्पन्न होता है, उसे जाया कहते हैं । पति शुक्र रूप से भार्या के गर्भ में प्रविष्ट होकर गर्भता को प्राप्त कर पुत्र रूप में उत्पन्न होता है अतः पत्नी को जाया कहा गया है ।***''आत्मा वै पुत्रनामासीति''*** (कौ.उ.२/११) ऐसा श्रुति में कहा गया है अतः यही जाया का जायात्व है । प्राणी पति, जाया आदि सब की उनके भोग के लिये इच्छा नहीं करता है अपितु स्वयं के भोग के लिये ही उनकी कामना करता है । बृहदारण्य श्रुति इसमें प्रमाण है । वहाँ याज्ञवल्क्य जी अपनी पत्नी मैत्रेयी को उपदेश देते हुए कहते हैं कि ***''न वा अरे पत्युः कामाय पतिः प्रियो भवत्यात्मनस्तु कामाय पतिः प्रियो भवति न वा अरे जायायै कामाय जाया प्रिया भवत्यात्मनस्तु कामाय जाया प्रिया भवति''*** अर्थात् पति के लिये पति प्रिय नहीं होता अपितु स्वयं के लिये ही पति प्रिय होता है । पत्नी के लिये पत्नी प्रिय नहीं होती अपितु स्वयं के लिये ही पत्नी प्रिय होती है । इसी प्रकार पुत्र, वित्त, पशु आदि का वर्णन कर अन्त में कहते हैं कि ***''न वा अरे सर्वस्य कामाय सर्वं प्रियं भवति आत्मनस्तु कामाय सर्वं प्रियं भवति''*** अर्थात् सब के लिये सब प्रिय नहीं होते किन्तु स्वयं

सम्प्रविश्य गर्भतामापाद्य तस्यां पुत्ररूपेण प्रजायते "आत्मा वै पुत्रनामासिः इति श्रुतेः । तस्माज्जायाया जायात्त्वम् । अत्र चादिशब्देन पुत्रवित्तपश्वादयोऽभिहिताः । सर्वं तत्तद्भोगाय तेषां पत्यादीनां भोगाय पुरुषस्तान्नेच्छति । किन्त्वात्मभोगार्थमात्मनस्स्वात्मनस्तु कामाय तानिच्छति। अत एतत्सर्वं बार्हदारण्यकश्रुतावनेकोदाहरणपूर्वकं बहुवारमुद्घोषितं सुदृढमुक्तमिति शम् ।।

असङ्गस्यात्मनो भोक्तृत्त्वाभावनिरूपणम् –

किङ्कूटस्थश्चिदाभासोऽथ वा किं वोभयात्मकः ।
भोक्ता तत्र न कूटस्थोऽसङ्गत्त्वाद्भोक्तृतां व्रजेत् ।। १९४ ।।

अन्वयः – किं कूटस्थचिदाभासौ यथा किं च उभयात्मकः भोक्ता । तत्र कूटस्थः असङ्गत्त्वात् भोक्तृतां न व्रजेत् ।।

व्याख्या :– एवं भोक्तृत्त्वं श्रुतिसिद्धं चेत्तच्छृत्यन्तरं निवारयितुं नैव शक्नोति । अन्यथा भोक्तृत्त्वबोधिकायाश्श्रुतेरप्रामाण्यं प्रसज्येत । अथ यदि तत्प्रामाण्यं रक्ष्यते तदा भोक्तृत्त्वाभावबोधिकाया अप्रामाण्यप्रसङ्गः । सेयमुभयतःपाशारज्जुरित्याशङ्क्यैवं परिजिहीर्षति । लोकेऽज्ञजनैरध्यासेनारोपितं भोक्तृत्त्वमनुवदति " न वा अर" इत्यादिश्रुतिः । अध्यारोपितभोक्तृत्त्वस्य प्रसक्तिमादायैव प्रतिषेधति च श्रुत्यन्तरमिति न कोऽपि क्लेशः । अतोऽत्र निषेधसमर्थनाय विकल्पयति । भोक्तृत्त्वाश्रयः किं

के लिये ही सभी प्रिय होते हैं । इस प्रकार श्रुति में अनेक उदाहरणों से स्पष्ट घोषणा की गयी है । अतः भोक्तृत्व के अभाव में आत्मा में आसक्ति भी न होगी, यह शंका नहीं करनी चाहिये क्योंकि आत्मा में आसक्ति का होना अनुभव सिद्ध है, जिसका कि उक्त श्रुति अनुवाद मात्र करती है ।

आत्मा के भोक्तापन को दिखाकर अब उसके निषेध के लिये भोक्ता के स्वरूप में विकल्प करते हैं ।

अर्थ – क्या भोक्ता कूटस्थ है अथवा चिदाभास है अथवा उभयात्मक है ? इन तीनों में असंग होने के कारण कूटस्थ भोक्ता नहीं हो सकता ।।१९४।।

व्याख्या – इस प्रकार भोक्तृत्व श्रुति सिद्ध होने से अन्य श्रुति के द्वारा उसका निवारण करना शक्य नहीं है अन्यथा भोक्तृत्व का प्रतिपादन करने वाली श्रुति का अप्रामाण्य होगा और यदि उसके प्रामाण्य की रक्षा की जाती है तो फिर अभोक्तृत्व का प्रतिपादन करने वाली श्रुति का अप्रामाण्य होगा । इस प्रकार दोनों तरफ से श्रुत्यर्थ के अप्रामाण्य की शंका का निवारण करने के लिये लोक प्रसिद्ध भोक्तृत्व का ही ***"न वा अरे पत्युः"*** इत्यादि श्रुति अनुवाद करती है और अध्यारोपित भोक्तृत्व का निवारण करने के लिये ही अभोक्तृत्व का प्रतिपादन करने वाली श्रुतियाँ प्रवृत्त हुई हैं, इस प्रकार व्यवस्था कर लेने पर कोई दोष नहीं आता है । इसलिये यहाँ निषेध का समर्थन करने के लिये विकल्प प्रस्तुत करते हैं । भोक्तृत्व का आश्रय (भोक्ता) कूटस्थ है अथवा चिदाभास है या उभयात्मक है ? इन तीनों में प्रथम संभव नहीं है क्योंकि ***"असङ्गोह्ययं पुरुषः"*** इस श्रुति के अनुसार असंग होने के कारण कूटस्थ आत्मा भोक्ता नहीं हो सकता अर्थात् देहद्वयावच्छिन्न चेतन कूट के समान निर्विकार होने के कारण भोक्तृता को प्राप्त नहीं हो सकता । हम अपने भीतर तीन स्थितियाँ देखते हैं । एक कूटस्थ आत्मा है, दूसरा अन्तःकरण में उसका प्रतिबिम्ब चिदाभास है और फिर कूटस्थ और चिदाभास का अन्योन्याध्यास है ।

कूटस्थः ? आहोस्विच्चिदाभासोऽथोभयात्मकस्स्यादिति विकल्पः । तत्राद्यो नेत्याह । तत्र निरुक्तविकल्पेषु त्रिषु कूटस्थोऽसङ्गत्त्वादधिष्ठानतया देहद्वयावच्छिन्नचेतनः कूटवन्निर्विकारत्त्वाद्भोक्तृतां न व्रजेत् । "असङ्गो ह्ययं पुरुष" इति श्रुतेरिति शम् ।।

भोक्तृत्त्वासङ्गत्त्वोभयाभ्युपगमे व्याघातप्रदर्शनम् -

सुखदुःखाभिमानाख्यो विकारो भोग उच्यते ।
कूटस्थश्च विकारी चेत्येतन्न व्याहतङ्कथम् ॥ १९५ ॥

अन्वयः - सुखदुःखाभिमानाख्यः विकारः भोगः उच्यते । कूटस्थः च विकारी च इति एतत् कथं न व्याहतम् ।।

व्याख्या :- भोक्तृत्त्वासङ्गत्त्वबोधकयोरुभयोरपि श्रुत्योः प्रामाण्यादस्तूभयमपीति चेन्न व्याघातापातादित्याह । सुख्यहमहं दुःखीत्यादिसुखित्त्वदुःखित्त्वाभिमानलक्षणो विकारो भोगः । अत्र सुखदुःखाभिमानाख्य इति पाठो न समीचीन इति भाति । यतोऽहं सुखमित्यादिधर्मपुरस्कारेणाध्यासो न दृश्यते । "गर्वोऽभिमानोऽहङ्कार" इति कोशाद्धर्मितादात्म्यलक्षणस्याहङ्कारस्यैवाभिमानपद-वाच्यत्त्वोक्तेश्च । सुखं मे सञ्जातं दुःखं मे जातमित्यादौ सुखादिसाक्षात्कारोऽपि भोग एवेति वाच्यस्तथा च सुखित्त्वाद्यन्यतरतादात्म्याध्यासो भोग इति लक्षणस्य तत्राव्याप्तिरिति नो शङ्क्यम् । विचारनिष्कर्षे तस्याप्यत्रैव पर्यवसानात् । सोऽयं पूर्वोक्तो भोगोऽसङ्गस्य कूटस्थस्य न युज्यते । यो भोक्तृत्त्वं विकारित्त्वं कूटस्थत्त्वं च निर्विकारित्त्वम् । अतः कूटस्थत्त्वविकारित्त्वयोरेकत्र समावेशायोगान्माता मे वन्ध्येति वाक्यविरुद्धत्त्वाद्व्याहतमिति नातो भोक्तृत्त्वं कूटस्थाश्रयकमिति दिक् ।।

विचार करें कि इन तीनों में भोक्ता कौन है ? यदि कूटस्थ को भोक्ता माने तो बिल्कुल असंगत है क्योंकि असंग होने के कारण कूटस्थ कदापि भोक्ता नहीं हो सकता । अन्य दों का विचार आगे के श्लोकों में किया जाएगा ।

भोक्तृत्व और असंगत्व दोनों एक साथ नहीं हो सकते, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - सुख और दुःख का अभिमान रूप विकार ही भोग कहा जाता है, कूटस्थ भी कहना और विकारी भी कहना परस्पर विरुद्ध क्यों न होगा ? (अवश्य होगा) ।।१९५।।

व्याख्या - कूटस्थ चैतन्य असंग भले ही रहे किन्तु उसमें भोक्तृत्व मानने में क्या दोष है ? भोक्तृत्व का और असंगत्व का बोध कराने वाली दोनों ही श्रुतियों का प्रामाण्य होने से एक में ही दोनों का होना विरुद्ध नहीं है, ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि भोक्तृत्व का मतलब विकारित्व है और कूटस्थ का मतलब निर्विकारित्व है । सुख और दुःख का अभिमान करना कि मैं सुखी हूँ, मैं दुखी हूँ, इत्यादि विकार को ही भोग कहते हैं किन्तु कूटस्थ असंग होने के कारण निर्विकार है । अतः निर्विकारी को भोक्तृत्व रूप विकारवान कहना तो ऐसा है जैसे कि कोई कहे "मेरी माता वन्ध्या है" और "मेरे मुख में जिह्वा नहीं है" उक्त कथन विरुद्ध होने से वदतोव्याघात नामक दोष से दूषित है, इसी प्रकार कूटस्थ को भोक्ता कहने पर भी वदतोव्याघात दोष क्यों न होगा ? अर्थात् अवश्य होगा । अतः कूटस्थ भोक्ता नहीं है ।

आभासस्यापि भोक्तृत्वनिराकरणम् -

विकारिबुद्ध्यधीनत्त्वादाभासे विकृतावपि ।
निरधिष्ठानविभ्रान्तिः केवला न हि तिष्ठति ॥ १९६ ॥

अन्वयः - आभासः विकारिबुद्ध्यधीनत्त्वात् विकृतौ अपि हि निरधिष्ठानविभ्रान्तिः केवला न तिष्ठति ।।

व्याख्या :- एवं तर्ह्याभास एव जलचन्द्रवद्विकारिषु बुद्ध्यधीनत्त्वेन विकारित्त्वादाभासस्यैवास्तु भोक्तृत्त्वमस्त्विति चेन्न । तस्य विकारित्त्वेऽपि निरधिष्ठानस्याकाशकुसुमत्त्वादित्याह । विकारिबुद्ध्य-धीनत्त्वाद्विकारिणी या बुद्धिस्तस्या आधीनत्त्वाच्चिदाभासे विकृतावप्यन्तःकरणप्रतिबिम्बफलभूतस्य चिदाभासस्य तद्गुणविशिष्टत्त्वेऽपि चिदाभासस्यारोपितत्त्वेनारोपितज्ञानस्याधिष्ठानमन्तरा सम्भवेन केवलारोपितमात्रविषयिणी निरधिष्ठानभ्रान्तिरधिष्ठानानवगाहिभ्रमात्मकं ज्ञानं न हि क्वापि तिष्ठति । चिदाभासस्य विकारिबुद्ध्युपाधीनत्त्वात्स्वस्मिन्विकारे सम्भवत्यपि तस्यारोपितस्यारोपित-स्वरूपत्त्वेनाधिष्ठानभूतं कूटस्थं विहाय स्वातन्त्र्येणावस्थानासम्भवात्केवलचिदाभासस्यापि न हि सम्भवति भोक्तृत्त्वमिति शम् ।।

परमार्थतो न कोऽपि भोक्तेति निरूपणम् -

उभयात्मक एवातो लोके भोक्ता निगद्यते ।
तादृगात्मानमारभ्य कूटस्थश्शेषितश्श्रुतौ ॥ १९७ ॥

अब चिदाभास के भोक्तृत्व का निराकरण करते हैं ।

अर्थ - विकारी बुद्धि के अधीन होने के कारण चिदाभास में विकार संभव होने पर भी केवल अधिष्ठान रहित भ्रान्ति नहीं हो सकती ।।१९६।।

व्याख्या - यदि कूटस्थ भोक्ता सिद्ध नहीं होता तो फिर चिदाभास को ही भोक्ता मानना चाहिये । चिदाभास कूटस्थ की तरह निर्विकार नहीं है, अतः विकारी होने के कारण उसमें भोक्तृत्व संभव है, ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि विकार वाली बुद्धिरूप उपाधि के अधीन होने से चिदाभास में भी विकार संभव है । सरोवर में प्रतिबिम्बित चन्द्रमा सरोवर के जल के अधीन है । जल विक्षिप्त होने पर प्रतिबिम्ब भी विक्षिप्त दिखाई देता है । जल के शान्त रहने पर प्रतिबिम्ब भी शान्त रहता है । इसी प्रकार मानसिक विकारों से चिदाभास भी विकृत होता है इसलिये विकारी चिदाभास में यद्यपि भोक्तृत्व होना उचित प्रतीत होता है तथापि गहराई से विचार करने पर ज्ञात होता है कि अकेला चिदाभास भी भोक्ता नहीं हो सकता । चिदाभास अन्तःकरण पर आधारित है और अन्तःकरण कूटस्थ पर । इसलिये कूटस्थ को छोड़कर अकेला चिदाभास भी भोक्ता नहीं हो सकता । जो भी भ्रान्ति होती है, वह साधिष्ठान ही होती है । निरधिष्ठान भ्रान्ति कभी नहीं हो सकती, अतः अधिष्ठान रूप कूटस्थ के बिना चिदाभास रूप भ्रम अकेला नहीं ठहर सकता, इसलिये केवल चिदाभास भी भोक्ता नहीं हो सकता ।

परमार्थ रूप से कोई भोक्ता नहीं है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - इसलिये अधिष्ठान सहित चिदाभास ही लोक में (व्यवहार दशा में) भोक्ता कहा जाता है।

अन्वयः - अतः लोके उभयात्मकः एव भोक्ता निगद्यते । तादृक् आत्मानम् आरभ्य श्रुतौ कूटस्थः शेषितः ।।

व्याख्या :- परिशेषादुभयात्मको भोक्तृत्त्वाश्रय इति चेल्लोके व्यवहारदशायां तथात्त्वेऽपि न परमार्थतः कोऽपि भोक्तेत्याह । यतः कारणात्पृथगेकैकस्य भोक्तृता पूर्वमुपपादितरीत्या न सम्भवत्यतो हेतोः कूटस्थचिदाभासयोर्भोक्तृत्त्वासंभवाल्लोक उभयात्मकः कूटस्थसहितश्चिदाभासस्साधिष्ठानचिदाभास एव भोक्तेति निगद्यतेऽभिधीयते । लोक इत्युक्त्या वस्तुत उभयात्मकोऽपि नास्तीति प्रतीयते । अतः परमार्थतस्तूभयात्मको न भोक्ता । श्रुतौ तु प्रसिद्ध एवोभयात्मकः । तथा हि "योऽयं विज्ञानमयः प्राणेषु" "असङ्गो ह्ययं पुरुष" इत्यादिषु बुद्धिसाक्षित्त्वस्यासङ्गत्त्वस्य च श्रवणादुभयात्मकं भोक्तृत्त्वं भवत्येव पारमाथिरकं निखिललोकव्यवहारसिद्धत्त्वादिति चेन्न । तत्र तात्पर्याभावाच्छृतेरिति वदति । तादृगात्मानं बुद्ध्युपाधिकृतभोक्तृत्त्वाद्युपेतमात्मानमारभ्यानूद्य नायमात्मेति सर्वभोक्तृत्त्वमपसृत्य कूटस्थो निर्विकारश्चिदात्मा "स एष नेति नेत्यात्माऽगृह्यो न हि गृह्यते" इति बार्हदारण्यकादिश्रुतौ कूटस्थो बुद्ध्यादिकल्पनाधिष्ठानभूतश्चिदात्मा शेषितो देहेन्द्रियमनोबुद्ध्याद्यनात्मनिरसनेन पर्यवशेषतयोक्त इत्यत उभयात्मको न पारमार्थिक इति शम् ।।

शुद्धात्मपरिशेषपरायाश्श्रुतेरुदाहरणम् -

आत्मा कतम इत्युक्ते याज्ञवल्क्यो विबोधयन् ।
विज्ञानमयमारभ्यासङ्गं तं पर्यशेषयत् ॥ १९८ ॥

किन्तु श्रुति ऐसे उभयात्मक आत्मा से आरम्भ कर अन्त में कूटस्थ को ही शेष रहने देती है ।।१९७।।

व्याख्या - असंग होने के कारण कूटस्थ भोक्ता नहीं हो सकता और केवल निरधिष्ठान चिदाभास भी भोक्ता नहीं हो सकता अतः परिशेष से कूटस्थ और चिदाभास उभयात्मक ही लोक में भोक्ता माने जाते हैं, अर्थात् व्यवहार काल में कूटस्थ सहित चिदाभास ही भोक्ता कहा जाता है । श्लोक में 'लोके' शब्द से ज्ञात होता है कि केवल लोकव्यवहार में ही ऐसा माना जाता है, परमार्थ रूप से नहीं क्योंकि परमार्थ रूप से कोई भोक्ता नहीं है । यदि कहो कि उभयात्मक चैतन्य का भोक्तृत्व श्रुति के द्वारा सिद्ध ही है ***''योऽयं विज्ञानमयः प्राणेषु''*** ***''असंगो ह्ययं पुरुषः''*** (बृ.उ. ४/३/१५) इत्यादि श्रुतियों में उभयात्मक के भोक्तृत्व का स्पष्ट उल्लेख है तो आपका कथन ठीक नहीं है, क्योंकि उक्त श्रुतियों का उनके पारमार्थिकत्व में तात्पर्य नहीं है, इसलिये बुद्धि आदि उपाधिकृत भोक्तृत्वादि विशिष्ट आत्मा से आरम्भ करके ***''नायमात्मेति''*** कहकर समस्त भोक्तृत्व का निराकरण करके कूटस्थ निर्विकार चिदात्मा को ही श्रुति में शेष रूप से कहा है ***''स एष नेति नेत्यात्माऽगृह्यो न हि गृह्यते''*** (बृ.उ. ३/९/२६) इसलिये उभयात्मक भोक्तृत्व पारमार्थिक नहीं है ।

बृहदारण्यक और ऐतरेय श्रुति के अनुसार आत्मा के परिशेषित्व का वर्णन करते हैं।

अर्थ - राजा जनक के द्वारा पूछे जाने पर कि इनमें आत्मा कौन है ? तब याज्ञवल्क्य जी ने उन्हें आत्मा का बोध कराते हुए विज्ञानमय से प्रारम्भ कर असंग आत्मा को ही परिशिष्ट रखा । और यह आत्मा कौन-सा है (जिसकी हमें उपासना करनी चाहिये) इत्यादि सब जगह श्रुतियों में आत्मा के विचार द्वारा

कोऽयमात्मेत्येवमादौ सर्वत्रात्मविचारतः ।
उभयात्मकमारभ्य कूटस्थश्शेष्यते श्रुतौ ॥ १९९ ॥

अन्वयः – "कतमः आत्मा" इति उक्ते याज्ञवल्क्यः तं विबोधयन् विज्ञानमयम् आरभ्य असङ्गं पर्यशेषयत् ।।

अन्वयः – "कः अयम् आत्मा" इति एवमादौ सर्वत्र श्रुतौ आत्मविचारतः उभयात्मकम् आरभ्य कूटस्थः शेष्यते ।।।

व्याख्या :– बृहदारण्कैतरेयादौ शबलमुपक्रम्य शुद्धात्मपरिशेषश्श्रूयत इति ताश्श्रुतीस्सङ्क्षिप्यार्थतः पठति । जनकयाज्ञवल्क्यसंवादे "कतम आत्मे"ति जनकेनोक्ते पृष्टे सति याज्ञवल्क्य आत्मनस्तत्त्वं विबोधयतन् योऽयं विज्ञानमयमारभ्य "तेन भवत्यसङ्गो ह्ययं पुरुष" इति शुद्धमसङ्गं कूटस्थमात्मानं पर्यशेषयद्बाधावधित्त्वेनावबोधितवान् एवमेतरेयादिनिखिलश्रुतिष्वपीत्याह । "कोऽयमात्मेति वयमुपास्महे कतरस्स आत्मे"त्येवमादौ सर्वत्रोपनिषत्स्वात्मविचारत आत्मविचारप्रसङ्गेनान्तःकरणोपाधिक-संज्ञानाज्ञानाद्युभयात्मकमात्मानमारभ्यान्ते प्रज्ञा प्रतिष्ठा प्रज्ञानं ब्रह्मे"ति प्रज्ञानमात्रात्मकः कूटस्थ एव शेष्यते श्रुतौ पूर्वोक्तायां पर्यवशेष्यते । "प्रज्ञानं ब्रह्मे"ति महावाक्यार्थश्शुकरहस्योपनिषदि सम्यगुपवर्णितः।

उभयात्मक आत्मा से उपक्रम करके अन्त में कूटस्थ को ही शेष रखा गया है ।।१९८-१९९।।

व्याख्या – आपके द्वारा प्रतिपादित कूटस्थ के परिशेषत्व में क्या प्रमाण है ? इस प्रश्न के उत्तर में आचार्य श्रुतियों का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं । बृहदारण्कोपनिषद् में याज्ञवल्क्य और जनक के संवाद का वर्णन आता है । राजा जनक ने याज्ञवल्क्य जी से प्रश्न किया कि ***"कतम आत्मा"*** आपके द्वारा प्रतिपादित विषयों में से आत्मा कौन है ? इसके उत्तर में याज्ञवल्क्य जी ने कहा ***"योऽयं विज्ञानमयः प्राणेषु"*** जो यह प्राण में विज्ञानमय है और हृदय में अन्तःज्योति रूप पुरुष है, वही आत्मा है । इस प्रकार आत्मा का निरूपण करना प्रारम्भ करके जाग्रत् और स्वप्न दोनों में उसका निवास बताकर अन्त में कहा कि ***"असंगो ह्ययं पुरुषः"*** यह आत्मा (पुरुष) असंग है । इस पर आद्य शंकराचार्य जी ने भाष्य में कहा है कि ***"असङ्गताऽकर्तृत्वे हेतुरुक्तः"*** (शां.भा.) असङ्गता अकर्तृत्व में हेतु कहा गया अर्थात् अकर्ता होने के कारण उसे असंग कहा गया है । इससे यह ज्ञात होता है कि व्यवहार काल में जीव भोक्ता होने पर भी परमार्थ में कूटस्थ आत्मा असंग ही है, अतः उसका भोक्तृत्व संभव नहीं है । इसके अतिरिक्त आचार्य ऐतरेयोपनिषद् का भी एक उद्धरण देते हैं । ऐतरेयोपनिषद् के तृतीय अध्याय में आत्मचिन्तन करने वाले ऋषि परस्पर विचार करते हुए पूछते हैं कि ***"कोऽयमात्मेति वयमुपास्महे कतरः स आत्मा"*** (ऐ.उ. ३/१) हम जिस आत्मा की उपासना करते हैं, वह आत्मा कौन है ? जिससे कि जीव देखता है या जिससे सुनता, सूँघता, शब्द का विश्लेषण करता है या जिससे स्वादु-अस्वादु वस्तु को जानता है । अर्थात् उक्त सभी ज्ञानों के कारण और कर्ता रूप दो आत्माओं में से वह कौन-सा आत्मा है ? इस प्रकार उपक्रम करके अन्त में ***"प्रज्ञा प्रतिष्ठा प्रज्ञानं ब्रह्म"*** (ऐ.उ. ३/३) प्रज्ञान ही उसकी प्रतिष्ठा (विलयस्थान) है और प्रज्ञान ही ब्रह्म है । इस प्रकार कूटस्थ को ही शेष रूप से कहा गया है । इस वाक्य (प्रज्ञानं ब्रह्म) का इसी ग्रन्थ के पञ्चम प्रकरण के प्रथम दो श्लोकों में सम्यक् रूप

"येनेक्षते शृणोतीदं जिघ्रति व्याकरोति च । स्वाद्वस्वादू विजानाति तत्प्रज्ञानमुदीरितम् ।। चतुर्मुखेन्द्रदेवेषु मनुष्याश्वगवादिषु । चैतन्यमेकं ब्रह्मातः प्रज्ञानं ब्रह्म मय्यपि ।।" इति । व्याख्याताविमौ मन्त्रावत्रैव पञ्चमे प्रकरणे । एवं चोभयात्मकस्य व्यवहारमात्रसिद्धत्त्वमेवेत्यतस्तस्यापि मिथ्यात्त्वमित्येवं श्रुतीनां पर्यालोचनायां कृतायां पारमार्थिकस्यासङ्गस्य कूटस्थस्याभोक्तृत्त्वं च सिद्धमिति दिक् ।।

अध्यासेन भोक्तृत्त्वसत्यताभ्रान्तिसिद्धिरिति निरूपणम् -

कूटस्थसत्यतां स्वस्मिन्नध्यस्यात्माविवेकतः ।
तात्त्विकीं भोक्तृतां मत्त्वा न कदाचिज्जिहासति ।। २०० ।।

अन्वयः - आत्मा अविवेकतः कूटस्थसत्यतां स्वस्मिन् अध्यस्य भोक्तृतां तात्त्विकीं मत्त्वा कदाचित् न जिहासति ।।

व्याख्या :- एवं भोक्तृत्त्वस्यासत्त्वे सति कुतस्सर्वो लोको भोक्तृत्त्वसत्यत्त्वधिया तदर्थं यतते । भोक्तुर्मिथ्यात्त्वात् । अतस्तद्भोगार्थं प्रवृत्तिः कथं भवेदित्यत्राह । आत्मा जीवः प्रकृते जीवपर एवात्मशब्दः प्रयुक्तः । आत्मशब्दस्य च तत्र तत्र स्वरूपे यत्ने देहे मनसि निजे बुद्धौ वह्नौ वायौ जीवे ब्रह्मणि च प्रयोगदर्शनात् । एवञ्चात्मा यो लोकप्रसिद्धो भोक्ता सोऽविवेकतः कूटस्थाद्विवेचनज्ञानाभावात्कूटस्थसत्यतां कूटस्थे विद्यमानं सत्यत्त्वं स्वस्मिन्नपारमार्थिकेऽध्यस्य स्वस्मिन्नपि सत्यत्त्वं विचिन्त्य तद्द्वारा स्वनिष्ठामपि भोक्तृतां तात्त्विकीं मत्त्वा सत्यभूतां विज्ञाय कदाचिदपि तां भोक्तृतां न जिहासति भोगं न हातुमिच्छतीति दिक् ।।

से विचार किया गया है । इस प्रकार उभयात्मक की व्यवहारमात्रता सिद्ध होने पर भोक्तृत्व भी व्यवहारिक ही सिद्ध होता है । अतः उसका भी मिथ्यात्व ही जानना चाहिये क्योंकि श्रुतियों का पर्यालोचन करने पर परमार्थ रूप असंग कूटस्थ का अभोक्तृत्व ही सिद्ध होता है ।

अध्यास के कारण भोक्तृत्व में सत्यत्व बुद्धि होती है, इसका निरूपण करते हैं।

अर्थ - जीवात्मा अविवेक के कारण कूटस्थ की सत्यता स्वयं में अध्यस्त कर स्वयं के भोक्तापन को सत्य मानकर कभी भी उसे छोड़ना नहीं चाहता ।।२००।।

व्याख्या - इस प्रकार यदि भोक्तृत्व ही असत्य है तो फिर सभी लोग भोक्तृत्व में सत्यत्व बुद्धि करके उसके लिये प्रयत्न क्यों करते हैं ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि जीवात्मा अविवेक के कारण अर्थात् कूटस्थ और जीव के भेद का विवेचन न करने के कारण कूटस्थ की सत्यता को स्वयं में अध्यस्त कर लेता है । श्लोक में पठित आत्मा शब्द का अर्थ प्रकृत में जीवपरक है । क्योंकि अमरकोशानुसार स्वरूप, यत्न, देह, मन, बुद्धि, अग्नि, वायु, जीव और ब्रह्म के लिये आत्मशब्द का प्रयोग हो सकता है । यह जीव कूटस्थ की सत्यता को स्वयं में आरोपित कर स्वयं के भोक्तापन को भी सत्य मान लेता है, इतना ही नहीं अपितु वह उस भोक्तृत्व को कभी छोड़ना नहीं चाहता अर्थात् भोक्तृत्व के अभाव में भोगों का उपभोग कौन करेगा ? इस प्रकार स्वयं नष्ट हो जाने के भय से तथा भोगों का उपभोग करने के लिये यह जीव स्वयं की भोक्तृता को कभी भी छोड़ना नहीं चाहता ।

"आत्मनस्तु कामाय सर्व"मित्यादिश्रुतिर्लोकसिद्धं भोगमनुवदतीति निरूपणम् -

भोक्ता स्वस्यैव भोगाय पतिजायादिमिच्छति ।
एष लौकिकवृत्तान्तश्श्रुत्त्वा सम्यगनूदितः ॥ २०१ ॥

अन्वयः - भोक्ता स्वस्य एव भोगाय पतिजायादिम् इच्छति । एषः लौकिकवृत्तान्तः श्रुत्या सम्यक् अनूदितः ।।

व्याख्या :- एवं यदि भोग्यवद्भोक्तापि चिदाभासाख्यो जीवस्सर्वथा मिथ्यैव तर्हि श्रुत्या कथम् "आत्मनस्तु कामाय सर्वं प्रियं भवती"त्यखिलस्य भोग्यस्यात्मशेषत्त्वमुच्यत इत्याशङ्क्य न कूटस्थात्मशेषत्त्वं प्रतिपाद्यते । किन्तु लोकप्रसिद्धोभयात्मकभोक्तृशेषत्त्वमेवानूद्यत इत्याह । लोके यः प्रसिद्धो भोक्ता कूटस्थचिदाभासोभयात्मकस्सः स्वस्यैव भोगाय पतिजायादिं स्वानुकूलभोगोपकरणमिच्छतीत्ययमेष लौकिकवृत्तान्तो "न वा अरे पत्युः कामाय पतिः प्रियो भवत्यात्मनस्तु कामाय सर्वं प्रियं भवती"त्यादिकया श्रुत्या सम्यगनूदितो नार्थान्तरं किञ्चित्प्रतिपाद्यत इति शम् ।।

"न वा अर" इत्यादिभोगानुवादश्रुतीनां निदिद्ध्यासनाङ्गत्त्वनिरूपणम् -

भोग्यानां भोक्तृशेषत्त्वान्मा भोग्येष्वनुरज्यताम् ।
भोक्तर्येव प्रधानोऽतोऽनुरागन्तं विधित्सति ॥ २०२ ॥

"आत्मनस्तु कामाय" यह श्रुति लोकसिद्ध भोग का ही अनुवाद करती है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ - भोक्ता अपने ही भोग के लिये पति-पत्नी आदि की इच्छा करता है । इस लौकिक वृत्तान्त का वर्णन श्रुति ने भली-भाँति किया है ।।२०१।।

व्याख्या - इस प्रकार यदि भोग्य पदार्थ की तरह भोक्ता (चिदाभास) अर्थात् जीव भी मिथ्या ही है तो फिर***"आत्मनस्तु कामाय सर्वं प्रियं भवति"*** इस श्रुति के द्वारा भोग्य का आत्मशेषत्व क्यों कहा गया है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि इस श्रुति के द्वारा भोग्य का कूटस्थ-आत्मशेषत्व प्रतिपादन नहीं किया गया है अपितु लोक में जो प्रसिद्ध भोक्ता है, उसीका अनुवादमात्र किया गया है । इसी प्रकरण के श्लोक १९३ में बृहदारण्यकोपनिषद् के याज्ञवल्क्य-मैत्रेयी संवाद का उल्लेख किया गया है, उसी ओर पुनः संकेत करते हुए आचार्य कहते हैं कि भोक्ता अपने ही भोग के लिये पति-पत्नी आदि भोग्यपदार्थों की इच्छा करता है ***"आत्मनस्तु कामाय सर्वं प्रियं भवति"*** (बृ.उ. ४/५/७) यह श्रुति उक्त लौकिक वृतान्त का स्पष्ट रूप से वर्णन करती है अर्थात् उक्त कथन केवल लौकिक दृष्टि से है, न कि पारमार्थिक दृष्टि से । क्योंकि पारमार्थिक दृष्टि से कोई भोक्ता नहीं है ।

"न वा अरे" इत्यादि भोगानुवादक श्रुतियाँ निदिध्यासन के अंगरूप हैं, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - भोग्यपदार्थ भोक्ता के शेष (उपकरण) होने के कारण उन भोगों में अनुराग नहीं करना चाहिये, किन्तु भोक्ता ही प्रधान होने से श्रुति उसी में अनुराग करने का विधान करती है ।।२०२।।

व्याख्या - ***"अग्निर्हिमस्य भेषजम्"*** अग्नि ठंड से बचने के लिये औषधि रूप है, इत्यादि अर्थवाद श्रुतियाँ ***"आहवनीये जुहोति"*** इत्यादि विधि की शेषभूत हैं । इसी प्रकार ***"न वा अरे"***

अन्वयः - भोग्यानां भोक्तृशेषत्त्वात् भोग्येषु मा अनुरज्यतां प्रधाने भोक्तरि एव । अतः अनुरागे तं विधित्सति ।।

व्याख्या :- ''अग्निर्हिमस्य भेषज''''मपशवो वा अन्ये गो अश्वेभ्य'' इत्याद्यनुवादश्रुतेरर्थवादत्त्वेन ''आहवनीये जुहोति'' ''पदे जुहोती''त्यादिविधिशेषत्त्ववत्प्रकृतश्रुतेरपि यत्किञ्चिद्विधिशेषत्त्वं वक्तव्यमेवेति चेत्सत्यम् । ''व्याचक्षाणस्य तु मे निदिद्ध्यासस्वे''ति जिज्ञासुं मैत्रेयीं प्रति ब्रह्मात्मैकत्वमुपदिदिक्षोर्भगवतो महर्षेर्याज्ञवल्क्यस्य वचसैव निदिद्ध्यासनविध्यङ्गत्त्वं सिद्धमेवेत्याशयवानाह । भोग्यानां पतिजायादिप्रेमभाजां भोक्तृशेषत्त्वाद्भोक्तुस्स्वस्यान्तरङ्गभूतत्त्वाद्भोगोपकारकत्त्वाद्भोग्येषु विषयेषु मानुरज्यतामनुरागो मा क्रियतामत एव प्रधाने भोक्तर्यनुरज्यतामित्येवमाशयकत्त्वाच्छ्रुतेस्तमनुरागं भोक्तृनिष्ठां प्रीतिं श्रुतिर्विधित्सति । भोक्तर्यनुरागः कर्तव्यो न भोग्येष्वस्तीति । अत एवोक्तमनुभूतिप्रकाशे- निदिद्ध्यासस्वेति शब्दात्सर्वत्यागफलं जगौ । न ह्यन्यचिन्तामत्यक्त्वा निदिद्ध्यासितुमर्हति । निरन्तरविचारो यश्श्रुतार्थस्य गुरोर्मुखात् । तन्निदिद्ध्यासनं प्रोक्तं तच्चैकाग्र्येण लभ्यते । अनात्मन्यरुचिश्चित्ते रुचिश्चात्मनि चोद्भवेत् । पुण्यपुञ्जेन शुद्धं तच्चित्तमैकाग्र्यमर्हति । शुद्धेऽङ्कुरितमैकाग्र्यं विवेकेनाभिवर्धयेत्। प्रियाप्रियविवेकोऽतो मैत्रेय्या उपदिश्यते।। इत्यादि । अत्र निरुक्तश्श्रुतिस्तं निदिद्ध्यासनं विधित्सति विधातुमिच्छतीति शम् ।।

प्रीतिर्भोक्तर्येवास्वित्यत्र पाण्डवगीतास्थस्य प्रह्लादवचनस्योदाहरणम् -

या प्रीतिरविवेकानां विषयेष्वनपायिनी ।
त्वामनुस्मरतस्सा मे हृदयान्माप सर्पतु ।। २०३ ।।

इत्यादि श्रुतियाँ भी यदि अर्थवाद रूप हैं, तो वे कौन-सी विधि की शेषभूता हैं, इसका वर्णन करना चाहिये। यदि ऐसा कहते हो तो आपका कथन ठीक है, ये श्रुतियाँ निदिध्यासन की शेषभूता हैं ।***''व्याचक्षाणस्य तु मे निदिध्यासस्व''*** इस प्रकार मैत्रेयी के प्रति ब्रह्मात्मैक्य का उपदेश करने वाले भगवान् याज्ञवल्क्य के वचन से ही उक्त श्रुति का निदिध्यासन विधि के अंग रूप होना सिद्ध ही है । इस आशय से कहते हैं कि पति, जाया आदि समस्त भोग्यपदार्थ भोक्ता के शेष हैं अर्थात् सभी भोग भोक्ता के लिये भोग के साधन (उपकरण) मात्र हैं । अतः भोक्ता के अंग रूप होने के कारण भोग्य पदार्थों में आसक्त नहीं होना चाहिये । किन्तु भोक्ता ही प्रधान है अतः प्रधानभोक्ता में ही अनुराग करने का विधान श्रुति करती है । अनुभूति प्रकाश में भी कहा गया है कि ***'निदिध्यासस्व'*** श्रुति के इस वचन से सर्वत्याग को ही कहा गया है क्योंकि अन्यपदार्थों की चिन्ता का त्याग किये बिना निदिध्यासन नहीं हो सकता । गुरु के मुखारविन्द से श्रुति का जो अर्थ श्रवण किया है, उसी का मननोपरान्त निरन्तर विचार करना निदिध्यासन कहा गया है और वह चित्त की एकाग्रता होने पर ही संभव है । अनात्मा में अप्रीति और आत्मा में प्रीति होना अत्यधिक पुण्य-समूह का ही फल है, जिससे कि चित्त शुद्ध होकर एकाग्रता को प्राप्त होता है । शुद्ध चित्त में अंकुरित एकाग्रता को विवेक रूपी जल से सींचना चाहिये (बढ़ना चाहिये) इसलिये प्रिय और अप्रिय का विवेक याज्ञवल्क्य जी ने मैत्रेयी को समझाया है । इससे ज्ञात होता है कि उक्त श्रुति निदिध्यासन का ही विधान करती है । अतः उक्त श्रुति निदिध्यासन की अंगभूता ही है ।

इस विषय में पौराणिक वचन का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - हे लक्ष्मीपते ! आत्मज्ञान रहित मनुष्यों की सांसारिक विषयों में जो दृढ़ प्रीति है, वह प्रीति आप का स्मरण करने वाले ऐसे मेरे हृदय से दूर हो जाए । (अर्थात् मेरा मन विषयासक्ति को छोड़कर

अन्वयः – अविवेकिनां विषयेषु अनपायिनी या प्रीतिः । माप सा त्वाम् अनुस्मरतः मे हृदयात् सर्पतु यद्वा मा अपसर्पतु ।।

व्याख्या :– सर्वेषु भोग्येषु विषयेषु प्रेमत्यागपुरस्सरमात्मप्रेमकर्तव्यातायां दृष्टान्ततयेश्वरे प्रेमप्रार्थनापरं पौराणिकं वचनं प्रकृतार्थोपबृंहणायोदाहरति ।। हे माप! मां लक्ष्मीं पातीति मापः तत्सम्बुद्धौ माप लक्ष्मीकान्त! सत्यासत्ययोरविवेकानां विवेचनरहितानामज्ञानामात्मज्ञानवर्जितानां या विषयेषु जायापुत्रादिष्विष्टशब्दादिषु चानपायिनी विच्छेदरहिता दृढाखण्डिता प्रीतिरासक्तिस्सन्दृश्यते सा तत्सजातीया विषयप्रतीतिर्मे मम त्त्वां निर्गुणमात्मानं स्वस्वरूपभूतमनुस्मरतश्श्रवणाद्युपायैस्सदा सञ्चिन्तयतो हृदयादेतादृशान्मनसस्सर्पत्त्वमपगच्छतु । निर्विघ्नं ब्रह्मात्मैक्यनिदिद्ध्यासनं भवत्विति मदीयं मनो विषयासक्तिं परित्यज्य निरन्तरं त्वय्येवानुवर्ततां तव भक्तस्य मे हृदयेऽन्यविषयानुरागो मा प्रविशतु कदापीत्याशयः । अत्रैव केचन व्यख्यान्तरमपि कुर्वन्ति । मापेति सम्बोध्यतां सम्बुद्धिमार्थिकीं सम्पाद्याविवेकानां विषयेष्वनपायिनी यादृशी दृढतरा प्रीतिः प्रदृश्यते सा तत्सजातीया तादृश्यनपायिन्यखण्डिता त्वद्विषयिका प्रीतिस्त्वां स्वात्मानमनुस्मरतो मे मम हृदयान्मापसर्पतु मापगच्छतु त्वदेकविषयिणी तादृशी प्रीतिस्सदास्त्विति । वचनं हीदं भोग्येष्वनुरागं प्रतिषिद्ध्य प्रधानभूते भोक्तर्यनुरागं निधत्त इति पूर्वोक्तश्रुतिसमानाकारमेवेदं पौराणिकमपि वाक्यमिति शम् ।।

आप में सदा स्थिर रहे) ।।२०३।।

व्याख्या – भोग्यपदार्थों में भले ही भोक्तृशेषत्व हो किन्तु श्रुति में क्या प्रयोजन सिद्ध हुआ ? ऐसी शंका होने पर विष्णुपुराण से (१/२०/१९) यह श्लोक उद्धृत किया गया है । यही श्लोक पाण्डवगीता (४३) में भी है । भक्तराज असुरकुलभूषण प्रातःस्मरणीय श्रीप्रह्लाद जी भगवान् की स्तुति करते हुए कहते हैं कि हे माप ! "मां पातीति मापः" मा लक्ष्मी का नाम है, उसकी रक्षा करने वाले अर्थात् उनके स्वामी, हे लक्ष्मीपते ! नित्यानित्य के विवेचन से शून्य जो अविवेकी पुरुष हैं, उनकी जाया–पुत्रादि भोग्यपदार्थों में जैसी अनपायिनी (निश्चल) अर्थात् विच्छेदरहित प्रीति (आसक्ति) देखी जाती है, वह आसक्ति आपका स्मरण करने वाले ऐसे मेरे हृदय से दूर हो जाए । भाव यह है कि आपके भक्त मुझमें (मेरे हृदय में) अन्यविषयों के प्रति अनुराग का प्रवेश न हो ।

इस श्लोक का भिन्न रूप से भी अर्थ हो सकता है । माप इस शब्द से सम्बोधन का ग्रहण न करके इसके पूर्व के श्लोक में पठित सम्बोधन को ही यहा जोड़ देने पर इस प्रकार अर्थ होगा – अविवेकियों की विषयों में जैसी दृढ़तर आसक्ति देखी जाती है, वैसी ही आप विषयक दृढ़तर आसक्ति आपका अनुस्मरण करने वाले मेरे हृदय से ***"मापसर्पतु मापगच्छतु"*** अर्थात् दूर न हो । यह पौराणिक वचन भोग्य में अनुराग का निषेध कर प्रधान भोक्ता में ही अनुराग का विधान करता है । इसलिये यह वचन भी पूर्वोक्त श्रुति का ही अनुसरण करता होने से दोनों में समानान्तरता स्पष्ट ही है । रामभक्तशिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी इस श्लोक के भाव को इस प्रकार प्रकट करते हैं –

कामिहि नारि पियारि जिमि लोभिहि प्रिय जिमि दाम।
तिमि रघुनाथ निरन्तर प्रिय लागहु मोहि राम ।। (रा.च.मा.)

जनानामात्मबुभुत्सानिरूपणम् -

इति न्यायेन सर्वस्माद्भोग्यजाताद्विरक्तधीः ।
उपसंहृत्य तां प्रीतिं भोक्तर्येनं बुभुत्सते ॥ २०४ ॥

अन्वयः - इति न्यायेन सर्वस्मात् भोग्यजातात् विरक्तधीः । तां प्रीतिं भोक्तरि एव उपसंहृत्य बुभुत्सते ।।

व्याख्या :- पौराणिकवचनेन सिद्धं दृष्टान्तार्थं प्रकृते दार्ष्टान्तिके योजयति । इत्यनेन न्यायेन पुराणवचनप्रदर्शितमार्गेण सर्वस्माद्भोग्यजातात्पतिजायादिरूपाद्विरक्तधीर्विरक्ता धीर्यस्य स तादृशः पुरुषस्तां भोग्यगोचरां प्रीतिं मुदं भोक्तरि सामान्यतस्सिद्धेऽहम्प्रत्ययावलम्बने चिदाभासकूटस्थोभयात्मकात्मन्युप-संहृत्यैनं भोक्तारमात्मानं बुभुत्सते वास्तविकतया बोद्धुमिच्छतीति दिक् ।।

स्वात्मन्युपसंहृतायाः प्रीतेस्स्वरूपनिरूपणम् -

स्रक्चन्दनवधूवस्त्रसुवर्णादिषु पामरः ।
अप्रमत्तो यथा तद्वन्न प्रमाद्यति भोक्तरि ॥ २०५ ॥

अन्वयः - पामरः स्रक्चन्दनवधूवस्त्रसुवर्णादिषु यथा अप्रमत्तः तद्वत् भोक्तरि न प्रमाद्यति ।।

व्याख्या :- भोग्येभ्यो विषयेभ्यस्सकाशाद्भोक्तर्यात्मनि प्रीत्युपसंहारे यत्फलितं तत्सदृष्टान्तमाह। पामरः पृथग्जनस्स्रक्चन्दनवधूवस्त्रसुवर्णादिषु विषयेष्वप्रमत्तो यथा न भवति सावधान एव व्यवहरति

उक्त दृष्टान्त को दार्ष्टान्तिक में घटाते हैं ।

अर्थ - इस न्याय से समस्त भोग्य पदार्थों से वैराग्यबुद्धि वाला मनुष्य भोगों में रहने वाली प्रीति का भोक्ता में उपसंहार कर इस आत्मा को जानने की इच्छा करता है ।।२०४।।

व्याख्या - उक्त पौराणिक न्याय से अर्थात् पुराण प्रदर्शित मार्ग के अनुसार पुत्र-जायादि समस्त भोग्य पदार्थों से वैराग्यबुद्धि वाला मनुष्य भोगों में रहने वाली प्रीति का भोक्ता में अर्थात् सामान्य रूप से सिद्ध अहं प्रत्यय का आलम्बन चिदाभास और कूटस्थ उभयात्मक जो आत्मा है उसमें उपसंहार करके इस भोक्ता आत्मा को जानने की इच्छा करता है अर्थात् उसके वास्तविक स्वरूप को जानने की इच्छा करता है ।

आत्मचिन्तन में अप्रमत्ता की आवश्यकता का निर्देश करते हैं ।

अर्थ - जैसे पामर पुरुष माला, चन्दन, वधू, वस्त्र, सुवर्ण आदि विषयों में सावधान रहता है, उसी प्रकार मुमुक्षु पुरुष आत्मा में प्रमाद नहीं करता ।।२०५।।

व्याख्या - इस प्रकार आत्मा में ही प्रेम का उपसंहार करने पर उसका फल दृष्टान्त सहित बताते हैं । आत्मा का चिन्तन करने में पाँच बातों का ध्यान रखना चाहिये - अप्रमत्ता, निरन्तरता, श्रद्धा, प्रयास और अभ्यास । अगले पाँच श्लोकों में आचार्य इसी का निर्देश करेंगे । प्रकृत में अप्रमत्ता का निर्देश हैं । भोगों में लिप्त रहकर जीवन नष्ट करने वाले मनुष्य को पामर कहा जाता है । ऐसा पामर व्यक्ति माला, चन्दन, स्त्री, वस्त्र और सोना आदि भोग्यपदार्थों में जैसे अप्रमत्त होता है अर्थात् उन भोग्य पदार्थों के संग्रह में बिलकुल भी असावधान न होकर बड़े प्रेम से उनको इकट्ठा करके उनकी रक्षा करता है,

तद्वद्विद्वान्मुमुक्षुर्भोक्तर्यात्मनि विषये न प्रमाद्यति प्रमादमनवधानं नैवाप्नोति अवधानं च जागरूकता, सा च विषयान्तरसञ्चाररहितमनस्कत्वम् । तदेकविषयकचिन्तया निरन्तरं सावधानस्सन्स्वस्वरूपं न त्यजतीति शम् ।।

दृष्टान्तानामुपपादनम् -

काव्यनाटकतर्कादिमभ्यस्यति निरन्तरम् ।
विजिगीषुर्यथा तद्वन्मुमुक्षस्स्वं विचारयेत् ।। २०६ ।।
जपयागोपासनादि कुरुते श्रद्धया यथा ।
स्वर्गादिवाञ्छया तद्वच्छ्रद्दध्यात्स्वे मुमुक्षया ।। २०७ ।।
चित्तैकाग्र्यं यथा योगी महायासेन साधयेत् ।
अणिमादिप्रेप्सयैवं विविच्यात्स्वं मुमुक्षया ।। २०८ ।।

अन्वयः - यथा विजिगीषुः निरन्तरं काव्यनाटकतर्कादिम् अभ्यस्यति । तद्वत् मुमुक्षुः स्वं विचारयेत्।।
अन्वयः - यथा स्वर्गादिवाञ्छया जपयागोपासनादि श्रद्धया कुरुते । तद्वत् मुमुक्षया स्वं विविच्यात्।।

उसी प्रकार मुमुक्षु पुरुष भी भोक्ता के विषय में प्रमाद नहीं करता है अर्थात् आत्मचिन्तन में प्रमाद नहीं करता है । भाव यह है कि मुमुक्षु को आत्मचिन्तन में प्रमाद नहीं करना चाहिये अपितु सावधान होकर निदिध्यासन करना चाहिये ।

अब आत्मचिन्तन में निरन्तरता का निर्देश करते हैं ।

अर्थ - जैसे प्रतियोगिता में विजय चाहने वाला मनुष्य काव्य, नाटक, तर्क आदि का निरन्तर अभ्यास किया करता है, उसी प्रकार मुमुक्षु पुरुष को भी निरन्तर आत्मा का विचार करना चाहिये ।।२०६।।

व्याख्या - आत्मचिन्तन में सावधानी के बाद निरन्तरता का भी ध्यान रखना चाहिये । आत्मचिन्तन का त्याग कर अन्य सांसारिक कार्यों में व्यस्त रहने पर आत्मसाधना का पूर्ण फल प्राप्त नहीं होता । अतः आत्मचिन्तन की क्रिया निरन्तर चलनी चाहिये । लोक में शास्त्रार्थ में विजय पाने की इच्छा से मनुष्य जैसे रघुवंशादि महाकाव्यों का अभिज्ञान शाकुन्तलादि नाटकों का तथा न्याय-वैशेषिक आदि तर्क शास्त्रों का तथा सांख्य, योग, मीमांसा आदि का निरन्तर अभ्यास करता रहता है, उसी प्रकार मुमुक्षु पुरुष को भी आत्मा का विचार निरन्तर करना चाहिये । इससे मुमुक्षु का सम्पूर्ण लौकिक वाणी का व्यापार भी निरस्त किया गया है ।

अब आत्मचिन्तन में श्रद्धा करने का निर्देश करते हैं ।

अर्थ - जैसे स्वर्गादि की प्राप्ति के लिये मनुष्य जप, याग, उपासना आदि श्रद्धापूर्वक करते हैं, वैसे ही मुमुक्षु को भी मोक्ष की इच्छा से आत्मचिन्तन श्रद्धापूर्वक करना चाहिये ।।२०७।।

व्याख्या - आत्मचिन्तन में श्रद्धा की भी आवश्यकता है, बिना श्रद्धा के ज्ञान नहीं हो सकता, इसीलिये गीता में कहा है कि ***''श्रद्धावान् लभते ज्ञानम्''***। जिसे गुरु और शास्त्र वचन में श्रद्धा नहीं है, उसके द्वारा आत्मचिन्तन संभव नहीं है । जैसे स्वर्गादि की प्राप्ति के लिये मनुष्य जपादि श्रद्धापूर्वक करते हैं, वैसे ही मोक्षेच्छु को भी आत्मचिन्तन श्रद्धायुक्त होकर ही करना चाहिये । जैसे मनुष्य गायत्री

अन्वयः - योगी अणिमादिप्रेप्सया महायासेन चित्तैकाग्र्यं यथा साधयेत् । एवं मुमुक्षया स्वं विविच्यात् ।।

व्याख्या :- अवधानप्रकारमेव बहुभिर्दृष्टान्तैर्विस्पष्टीकृत्य प्रागुक्तब्रह्माभ्यासवादनामानमामाभ्यासरूपं तद्विचारं विदधाति । यथा विजिगीषुर्विद्याविवादे प्रतिवादिनो जेतुमिच्छुरिह लोके मुख्यः पुमान्निरन्तरमनवरतं काव्यनाटकतर्कादिं महाकाव्यनाटकतर्कवैशेषिकसाङ्ख्ययोगमीमांसादीनभ्यस्यति तत्तद्ग्रन्थार्थं सम्यगवगच्छति तद्वन्मुमुक्षरपि सदा सर्वकालं स्वं स्वमात्मानं "तस्माद्वा एतस्मादात्मना आकाशस्सम्भूत" इत्यादिश्रुतिप्रसिद्धप्रकारेण विचारयेत्सम्यगभ्यसेत् । अनेन च प्रथमदृष्टान्तेन नैरन्तर्येणात्मविषयकवाचिकव्यापारविधानात्तदितरस्सर्वोऽपि लौकिकवाग्व्यापारो निरस्तो वेदितव्यः। अथ द्वितीयं दृष्टान्तमाह । जपयागोपासनादिर्जपो वैदिको गायत्र्यादिमन्त्राणां प्रसिद्ध एव । यागश्श्रौतो दर्शपूर्णमासाग्रयणचातुर्मास्यनिरूढज्योतिष्टोमादिः । उपासनं सन्ध्यावन्दनपञ्चाग्निवारुणीमधुविद्यादिः। अतत्सर्वं यथा वा साधकस्स्वर्गादिवाञ्छया पुत्रपशुभूतिस्वर्गब्रह्मलोकादिकामनयाथवा "तमेतं वेदानुवचनेन ब्राह्मणा विविदिषन्ति यज्ञेन दानेन तपसानाशकेने"ति श्रुत्या चित्तशुद्धिवाञ्छया वापि वा "कर्मणा पितृलोक" इति श्रुत्या पितृलोकेच्छया वा पूर्वोक्तानि जपादीनि श्रद्धया भक्तिपुरस्सरमनुतिष्ठति तद्वन्मुमुक्षुरपि मुमुक्षया तीव्रमोक्षेच्छया स्व अद्वैतात्मनि विषये श्रद्दध्याद्विश्वासेनानुतिष्ठेत् । इत्येवं द्वितीयेनापि दृष्टान्तेन सर्वात्मना कायिकव्यापारस्याद्वैतात्ममात्रविश्रान्तत्त्वोक्त्या लौकिकनिखिल-कायिकव्यापारो मुमुक्षूणां निषिद्धो भवति । अथ तृतीयं दृष्टान्तमुपन्यस्यते यथा योगी योगाभ्यासशीलोऽणिमादिप्रेप्साणिमालघिमामहिमेत्याद्यष्टैश्वर्यप्राप्तीच्छया तत्फलभोगेच्छया महायासेनानितरसाधारणप्रयत्नेन चित्तैकाग्र्यं सम्पिपादयिषति साधयेदेवं मुमुक्षोरपि स्वं साक्षित्त्वोपलक्षितं कूटस्थाख्यं शोधितत्वंपदार्थमात्मानं सदा विविच्याद्देहेन्द्रियमन आदिभ्यो विविच्य विजानीयात्स्वस्वरूपतया

आदि जप, दर्शपूर्णमास और ज्योतिष्टोम आदि याग, संध्यावन्दन, पञ्चाग्निविद्या, वारुणी विद्या, अथवा मधु विद्या आदि उपासनाएँ स्वर्गादि उच्च लोकों की प्राप्ति के लिये श्रद्धापूर्वक करते हैं, वैसे ही तीव्र मुमुक्षु को आत्मा का चिन्तन भी श्रद्धाभक्तिपूर्वक ही करना चाहिये । इससे मुमुक्षु का लौकिक समस्त कायिक व्यापार का भी निषेध परिलक्षित होता है ।

आत्मचिन्तन में अधिक प्रयास (प्रयत्न) की आवश्यकता का उपदेश करते हैं।

अर्थ - जैसे योगी अणिमादि ऐश्वर्य की प्राप्ति के लिये अत्यधिक प्रयत्न से चित्त की एकाग्रता का सम्पादन करता है, वैसे ही मुमुक्षु पुरुष को अत्यधिक प्रयत्न से शरीरादि से आत्मा को अलग करके जानना चाहिये ।।२०८।।

व्याख्या - आत्मचिन्तन में अत्यधिक प्रयास की भी आवश्यकता है । योगी लोग सिद्धियाँ प्राप्त करने की इच्छा से बड़े प्रयत्न से चित्त की एकाग्रता को सिद्ध करते हैं जिससे कि उन्हें अणिमा, महिमा, लघिमा, गरिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशत्व और वशित्व नामक अष्ट सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं । इन सिद्धियों के लिये उन्हें बहुत काल तक प्रयास करना पड़ता है, इसी प्रकार मोक्षाभिलाषी पुरुष को भी ज्ञान के लिये अत्यधिक प्रयत्न की आवश्यकता होती है । अतः मुमुक्षु स्वयं को अन्नमयादि कोशों से अलग करके स्वयं के शुद्ध रूप को

साक्षात्कुर्यात् । एवं तृतीयदृष्टान्तेन सर्वात्मना मानसिकव्यापारस्य प्रत्यगभिन्नाद्वितीयमात्रविषयत्त्वविधानेन लौकिकसकलमनोव्यापारस्य निषिद्धता वेदितव्या । तथा च त्रिभिरेतैः दृष्टान्तैः क्रमाद्वाचिककायिक-मानसिकाखिलव्यापारान्विहायाद्वैतात्ममात्रनिरतेन मुमुक्षुणा तत्त्वज्ञानदार्ढ्यार्थं भाव्यमिति स्फुटमुक्तं भवतीति शम् ।।

आत्माभ्यासफलनिरूपणम् -

कौशलानि विवर्धन्ते तेषामभ्यासपाटवात् ।
यथा तद्वद्विवेकोऽस्याप्यभ्यासाद्विशदायते ॥ २०९ ॥

अन्वयः - यथा तेषाम् अभ्यासपाटवात् कौशलानि विवर्धन्ते । तद्वत् अस्य अपि अभ्यासात् विवेकः विशदायते ।।

व्याख्या :- एवमभ्यासे मनोवाक्कायैर्निरन्तरं कृते यत्फलं लभ्यते तदाह । यथा तेषां विजिगीषुयायूजकयोगिनां साधकपुंसां काव्याद्यभ्यासयागाद्यनुष्ठानयोगादिसाधनवतां तस्मिंस्तस्मिन्विषये कौशलान्यनायासेन फलप्राप्तिसाधननैपुण्यान्यभ्यासपाटवात्पौनःपुन्येन तत्तदाचरणस्य पाटवाद्विवर्धन्ते विशेषेणाभिवृद्धिं गच्छन्ति तद्वदस्यापि मुमुक्षोर्निरन्तरात्माभ्यासाद्विवेको देहेन्द्रियादिभ्य आत्मनो विवेचना शक्तिर्विशदायते विस्पष्टं गोचरो भवति । कालत्रयेऽपि द्वैतसत्यत्त्वाद्यध्यासेन नीलिम्ना नभ इव नैव मलिनीभवति शुद्धस्यात्मनो ज्ञानं प्रस्फुटं भवतीति दिक् ।।

विवेकवैशद्यफलनिरूपणम् -

विविञ्चता भोक्तृतत्त्वं जाग्रदादिष्वसङ्गता ।
अन्वयव्यतिरेकाभ्यां साक्षिण्यध्यवसीयते ॥ २१० ॥

जानने के लिये अत्यधिक प्रयास करे अर्थात् प्रयास में शिथिलता न आने दे ।

अब अभ्यास की आवश्यकता का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - जैसे उन कवियों, योगियों आदि की कुशलता अभ्यास से बढ़ती है, उसी प्रकार मुमुक्षु का विवेक भी अभ्यास के द्वारा विशदता को प्राप्त होता है ।।२०९।।

व्याख्या - आत्मचिन्तन में अभ्यास की भी आवश्यकता है । जैसे काव्य, नाटक, तर्क शास्त्र आदि का निरन्तर अभ्यास करने से उनके ज्ञाता शास्त्रार्थ सभाओं में विजय पाते हैं । श्रद्धापूर्वक जप, यज्ञ, उपासना आदि करने वाले स्वर्ग जाते हैं और योगी लोग सिद्धियाँ प्राप्त करते है, उसी प्रकार आत्म-चिन्तन का निरन्तर अभ्यास करने से मुमुक्षु पुरुष का विवेक बढ़ता है और वह आत्मज्ञान प्राप्त कर मुक्त हो जाता है ।

विवेक के वैशारद्य का फल बताते हैं ।

अर्थ - अन्वय और व्यतिरेक के द्वारा भोक्ता के वास्तविक स्वरूप को पृथक् करके जानने वाला पुरुष जाग्रत् आदि अवस्थाओं में साक्षी (आत्मा) की असंगता का निश्चय कर लेता है ।।२१०।।

व्याख्या - पिछले श्लोकों में भोग्य पदार्थों से भोक्ता का श्रेष्ठत्व बताया गया। अतः भोग्य पदार्थों

अन्वयः – अन्वयव्यतिरेकाभ्यां भोक्तृतत्त्वं विविञ्चता जाग्रदादिषु साक्षिणि असङ्गता अध्यवसीयते।।

व्याख्या :- पूर्वोक्तविवेकाभ्यासेन द्वैताध्यासाभावः कथं परिपक्वत्त्वेन परिचेय इत्याह । एवं विवेचनावैशद्ये सत्यन्वयव्यतिरेकाभ्यां भोक्तृतत्त्वं भोक्तुरात्मनः पारमार्थिकं तत्त्वं स्वरूपं विविञ्चता विषयेभ्यो भोगेभ्यो जडजातेभ्यो गन्धादिभ्यः पृथक्करणेन विजानता मुमुक्षुणा पुरुषेण जाग्रदादिषु जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तिमूर्च्छामरणसमाध्यादिष्ववस्थासु सृष्टिस्थितिप्रलयादिषु च साक्षित्त्वादसङ्गतयासङ्गता-ध्यवसीयते निश्चीयते । अतस्सदात्मानमनुसन्दध्यादिति शम् ।।

सक्षिणोऽसङ्गत्त्वसाधकयोरन्वयव्यतिरेकयोर्निरूपणम् –

यत्र यद्दृश्यते द्रष्टा जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तिषु ।
तत्रैव तन्नेतरत्रेत्यनुभूतिर्हि सम्मता ।। २११ ।।

अन्वयः – यत्र जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तिषु यत् द्रष्ट्रा दृश्यते तत् तत्र एव । इतरत्र न । इति अनुभूतिः सम्मता हि ।।

व्याख्या :- पूर्वोक्तनिश्चयप्रयोजकावन्वयव्यतिरेकौ सामान्यमुखेन प्रदर्शयति । इमावन्वयव्यतिरेकौ साक्षिणः कूटस्थस्यासङ्गताग्राहिणावित्यतोऽनुभूतिसिद्धावेव तावाह । जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तिष्ववस्थात्रयमध्ये यत्र यस्मिञ्जाग्रल्लक्षणे स्वप्नलक्षणे सुषुप्तिलक्षणे वावस्थाविशेषे यद्वस्तु स्थूलं सूक्ष्ममानन्दश्चेति

में आसक्ति का त्यागकर आत्मा में प्रीति करने को कहा गया। भोक्ता में प्रीति रखने का तात्पर्य है कि हम अपने स्वरूप का विचार (चिन्तन) करें। आत्मचिन्तन का अभ्यास श्रद्धापूर्वक बड़ी सावधानी से पूरे प्रयास से निरन्तर करना चाहिये, इसका भी वर्णन किया गया । आत्मचिन्तन के अभ्यास से विवेक में दृढ़ता आती है और विवेक में दृढ़ता आने पर क्या होता है, इसका वर्णन करते हैं कि अन्वय और व्यतिरेक रूप युक्ति के द्वारा भोक्ता (आत्मा) के वास्तविक स्वरूप को विषयभोगों से पृथक् करके जानने वाला जो पुरुष है, वह जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति, मूर्च्छा और समाधि रूप अवस्थाओं में भी आत्मा की असंगता का निश्चय कर लेता है । अर्थात् अविवेक के दृढ़ हो जाने पर मुमुक्षु को सभी अवस्थाओं में आत्मा की असंगता का पूर्णरूप से अनुभव होता है । यही दृढ़ विवेक का फल है । इसलिये सभी मुमुक्षुओं को आत्माभ्यास करके विवेक को दृढ़तर बनाकर आत्मा की असंगता का अर्थात् नित्य शुद्ध, बुद्ध, मुक्त स्वरूपता का अनुभव करना चाहिये । अन्वय और व्यतिरेक का वर्णन प्रथम प्रकरण के श्लोक. ३७ से ४२ तक किया गया है ।

साक्षी के असंगत्व के साधक अन्वय और व्यतिरेक को सामन्य रूप से दर्शाते हैं ।

अर्थ – जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति अवस्थाओं में द्रष्टा (साक्षी) जहाँ जो वस्तु देखता है, वह वहीं रहती है, अन्यत्र नहीं । यह अनुभव सर्वसम्मत है ।।२११।।

व्याख्या – जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति नामक तीनों अवस्थाओं में जिस वस्तु का चिद्रूप साक्षी दर्शन करता है, वह वस्तु उसी अवस्था में रहती है, अन्यत्र नहीं । यह अनुभूति (अनुभव) सर्वसम्मत है अर्थात् सभी को मान्य है । भाव यह है कि जाग्रत् अवस्था में स्थूल जगत् के जो पदार्थ दिखाई देते हैं, वे स्वप्न

त्रिविधं भोग्यजातं स्थूलदेहघटपटादिकमक्ष्यादीन्द्रियद्वारा साक्षात्तु स्वप्नादौ च चिद्रूपेण द्रष्ट्रा साक्षिणा दृश्यते भास्यतेऽनुभूयते विषयीक्रियते तद्दृश्यं तत्रैव तस्यां तस्यामवस्थायामेव जाग्रत्यनुभूतं स्थूलदेहघटपटादिकं जाग्रत्येव वर्तते न स्वप्नादौ तथैव स्वप्नाद्यनुभूतं स्थूलेतरप्रपञ्चकारणाज्ञानादिकं तत्तत्रैव स्वप्नावस्थायामेव न जाग्रदादावित्यनुभूतिरनुभवो द्रष्टा सर्वावस्थानुगततया विद्यत वर्तत इति हि प्रसिद्धा सम्मता सर्वेषामित्यतोऽन्वयव्यतिरेकाविमौ सर्वमान्यौ सर्वाभिमतौ चेत्यर्थः । एवञ्च द्रष्टुस्साक्षिणस्सर्वावस्थास्वनुभूतत्त्वेनानुवृत्तिशब्दाभिधेयोऽन्वयोऽत्रास्ति । तथा जाग्रदाद्यवच्छेदेन दृश्यस्य सावच्छेदकस्थूलादेस्तत्तदितरावस्थासु तत्तदवस्थाख्यावच्छेदकविशिष्टस्यापि दृश्यस्याभावेन व्याप्तिशब्दाभिधेयो व्यतिरेकश्च प्रस्फुटमवगम्यते इत्याशयः । अत्रेदं ज्ञेयम् । जाग्रदवस्थायास्सत्त्वे बाह्यप्रपञ्चभोगस्य जाग्रदाद्यवस्थयोश्च व्याप्यव्यापकभावे तदभावस्तद्भोगाभाव इत्यन्वयव्यतिरेकाभ्यां बाह्यप्रपञ्चभोगस्य जाग्रदाद्यवस्थाशून्यत्त्वे बाह्यप्रपञ्चसङ्गाभाववान्साक्षीति निश्चेतुं शक्यम् । एवं तत्तद्विषयभोगतत्तदवस्थयोर्वाप्यव्यापकभावबलादवस्थात्रयशून्ये सर्वविषयभोगरूपसङ्गराहित्यं साक्षि इति निश्चीयते । तार्किकादिसम्मतावन्वयव्यतिरेकौ हि यत्सत्त्वे यत्सत्वमन्वय इति । यदभावे यदभावो व्यतिरेक इति च । यथा तन्त्वादिसत्त्वं पटसत्त्वं तन्त्वाद्यभावे पटाद्यभाव इत्याद्यखिलोदाहरणेष्वनुभूतावन्वयव्यतिरेकौ कुतः प्रकृते नोक्तावित्यत्रेदमुच्यते । तयोरप्याचार्यैस्साक्षित्त्वोपलक्षितस्यात्मनः कालत्रयेऽप्यसङ्गत्त्वसिद्ध्यर्थमत्रैव पूर्वोक्तदिशा संसूचितत्त्वात् । तथा हि जाग्रदादितत्तदवस्थावच्छेदेन सावच्छेदकस्थूलदेहादिदृश्यसत्त्व एवद्वैतात्मनि "साक्षाद्द्रष्टरि संज्ञाया"मिति पाणिन्यनुशासनात्तद्द्रष्टृत्त्वलक्षणसाक्षित्त्वमित्यन्वयः । तस्य बोधबाधेनाभावे तु निरुक्तलक्षणसाक्षित्त्वाभाव इति व्यतिरेकश्चेति सर्वमनवद्यमिति शम् ।।

और सुषुप्ति में उपलब्ध नहीं होते । स्वप्नावस्था में स्वप्न के जो सूक्ष्म पदार्थ दिखाई देते हैं, वे सुषुप्ति और जाग्रत् में नहीं दिखाई देते । सुषुप्ति में जिस आनन्द का अनुभव होता है, वह जाग्रत् और स्वप्न में नहीं है । इसलिये तीनों अवस्था व्यतिरेक रूप हैं किन्तु उन तीनों में साक्षी एक होने से उसका सभी अवस्थाओं मे अन्वय है । जाग्रत् अवस्था के रहने पर ही बाह्य प्रपञ्च का भोग होता है; उसके अभाव में नहीं । इस तरह अन्वय और व्यतिरेक के द्वारा बाह्य प्रपञ्च और जाग्रत् अवस्था का व्याप्य-व्यापक भाव सिद्ध होता है । जाग्रत् अवस्था के अभाव में बाह्य प्रपञ्च का भी अभाव हो जाता है ***"व्यापकाभावात् व्याप्याभावः"*** अर्थात् व्यापक के अभाव में व्याप्य का भी अभाव हो जाता है, इस न्याय के अनुसार यह बात साक्षी आत्मा में भी सिद्ध ही है । विषयों का भोग ही संग शब्दवाच्य है । इससे यह निश्चय किया जा सकता है कि साक्षी बाह्य प्रपञ्च के संग से रहित है । इसी प्रकार उन-उन अवस्थाओं के तद्-तद् विषयभोग में भी व्याप्य-व्यापक भाव है किन्तु साक्षी तीनों में रहता हुआ भी तीनों से रहित होने के कारण असंग है। इससे साक्षी सभी विषयभोग रूप संग से रहित है यह निश्चय होता है ।

अनुभवसिद्धान्वयव्यतिरेकयोः प्रमाणतया श्रुतीनामुदाहरणम् –

बृहदारण्यकश्रुत्युदाहरणम् –

स यत्तत्रेक्षते किञ्चित्तेनानन्वागतो भवेत् ।
दृष्ट्वैव पुण्यं पापञ्चेत्येवं श्रुतिषु डिण्डिमः ॥ २१२ ॥

कैवल्योपनिषद्वाक्योदाहरणम् –

जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्यादिप्रपञ्चं यत्प्रकाशते ।
तद्ब्रह्माहमिति ज्ञात्त्वा सर्वबन्धैः प्रमुच्यते ॥ २१३ ॥

ब्रह्मबिन्दूपनिषद्वाक्योदाहरणम् –

एक एवात्मा मन्तव्यो जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तिषु ।
स्थानत्रयाद्व्यतीतस्य पुनर्जन्म न विद्यते ॥ २१४ ॥

पुनःकैवल्योपनिषद्वाक्योदाहरणम् –

त्रिषु धामसु यद्भोग्यं भोक्ता भोगश्च यद्भवेत् ।
तेभ्यो विलक्षणस्साक्षी चिन्मात्रोऽहं सदाशिवः ॥ २१५ ॥

अन्वयः – सः तत्र यत् किञ्चित् ईक्षते । तेन अनन्वागतः भवेत् । पुण्यं च पापं च दृष्ट्वा एव इति

उक्त कथन केवल अनुभवसिद्ध ही नहीं अपितु शास्त्र सम्मत भी है, इस अभिप्राय से बृहदारण्यक श्रुति का अर्थतः पठन करते हैं ।

अर्थ – साक्षी (आत्मा) जिस अवस्था में जो कुछ देखता है, वह चाहे पुण्य हो या पाप, दूसरी अवस्था में साक्षी के साथ नहीं जाता है, यह श्रुतियों का डिण्डिम घोष है ।।२१२।।

व्याख्या – वह आत्मा जाग्रत् अथवा स्वप्न में जो कुछ भी सुख अथवा दुःख देखता है, उन सुख अथवा दुःख से वह लिप्त नहीं होता है अर्थात् उनसे युक्त होकर अवस्थान्तर में प्रवेश नहीं करता है । जिस अवस्था में जो अनुभव हुआ है, उस अनुभव को वहीं छोड़कर अवस्थान्तर को ग्रहण करता है । वह पुण्य और पाप को देखकर ही अर्थात् पुण्य के फल सुख और पाप के फल दुःख को केवल देखकर ही (न कि उनको ग्रहण करके) दूसरी अवस्था को प्राप्त होता है । ऐसा श्रुतियों का डिण्डिम घोष है अर्थात् श्रुतियों में उक्त कथन का स्पष्ट रूप से उद्घोष किया गया है । बृहदारण्यक श्रुति में याज्ञवल्क्य जी राजा जनक से कहते हैं ***''स वा एष एतस्मिन् सम्प्रसादे रत्वा चरित्वा दृष्टवैव पुण्यं च पापं च पुनः प्रतिन्यायं प्रतियोन्याद्रवति स्वप्नायैव स यत्तत्र किञ्चित्पश्यति अनन्वागतस्तेन भवति असङ्गो ह्ययं पुरुषः''*** (बृ.उ. ४/३/१५) अर्थात् वह यह आत्मा इस सुषुप्ति में रमण और विहार कर पुण्य और पाप को केवल देखकर जैसे आया था और जहाँ से आया था, पुनः वहीं स्वप्नस्थान को ही लौट जाता है । वहाँ वह जो कुछ देखता है, उससे वह असम्बद्ध रहता है क्योंकि यह पुरुष (आत्मा) असंग है । इस प्रकार इस श्रुति में साक्षी को भोगों का द्रष्टामात्र कहा गया है, न कि भोगों से लिप्त । इससे आत्मा की असंगता सिद्ध होती है ।

एवं श्रुतिषु डिण्डिमः ।।

अन्वयः - यत् जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्यादिप्रपञ्चं प्रकाशते । "तत् ब्रह्म अहम्" इति ज्ञात्त्वा सर्वबन्धैः प्रमुच्यते ।।

अन्वयः - जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तिषु एक एव आत्मा मन्तव्यः । स्थानत्रयव्यतीतस्य पुनः जन्म न विद्यते ।।

अन्वयः - त्रिषु धामसु यत् भोग्यं यत् भोक्ता भोगः च भवेत् । तेभ्यः विलक्षणः चिन्मात्रः साक्षी सदाशिवः अहम् ।।

व्याख्या :- पूर्वोक्तेऽर्थे न केवलमनुभव एव प्रमाणं किन्तु श्रुतीरपीत्यादौ तद्बोधिकाः "स यत्तत्र किञ्चित्पश्यत्यनन्वागतस्तेन भवत्यसङ्गो ह्ययं पुरुषः" "स वा एष एतस्मिन्सम्प्रसादे रत्वा चरित्त्वा दृष्टैव पुण्यं च पापं च पुनः प्रतिन्यायं प्रतियोन्यां द्रवती"त्यादिश्रुतीरिममाशयमभिचष्टे । स चिदाभासः कूटस्थ आत्मा तत्र स्वप्नावस्थायां यत्किञ्चिद्भोग्यस्वाप्नं सुखं दुःखं वेक्षते पश्यति तेन दृश्येन सुखेन दुःखेन वानन्वागतोऽनुसृत्य गतो न भवेत् तद्विशिष्टो नानुगच्छति । अगृहीतपूर्वावस्थानुभवोऽवस्थान्तरं याति ।

अब कैवल्योपनिषद् का प्रमाण देते हैं ।

अर्थ - जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति आदि प्रपञ्च को जो प्रकाशित करता है, वह ब्रह्म मैं हूँ, इस प्रकार जानकर मनुष्य समस्त बन्धनों से मुक्त हो जाता है ।।२१३।।

व्याख्या - यह श्लोक कैवल्योपनिषद् (१/१७) से उद्धृत है । जो सच्चिदानन्द स्वरूप परब्रह्म जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति आदि (आदि शब्द से समाधि का ग्रहण होता है) समस्त प्रपञ्च को प्रकाशित करता है अर्थात् अपने प्रकाश से प्रकाशित (भासित) करता है, वह ब्रह्म मैं ही हूँ। इस प्रकार परोक्ष और अपरोक्ष रूप से जानकर अर्थात् निश्चय करके मनुष्य समस्त पुण्यपापात्मक कर्मबन्धनों से मुक्त हो जाता है । इससे आत्मा का भासकत्व ही कहा गया है, संगत्व नहीं, अतः आत्मा असंग ही है ।

अब ब्रह्मबिन्दूपनिषद् (मन्त्र ११) का प्रमाण देते हैं ।

अर्थ - जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति में एक ही आत्मा मानना चाहिये, इस प्रकार तीनों अवस्थाओं से भिन्न आत्मा को जानने वाले का पुनर्जन्म नहीं होता है ।।२१४।।

व्याख्या - इस श्रुति में भी आत्मा के असंगत्व का वर्णन किया गया है । जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति इन तीनों अवस्थाओं में एक ही आत्मा मानना चाहिये अर्थात् एक ही आत्मा की भावना करनी चाहिये । इस प्रकार जानने वाला जो विवेकी पुरुष है, वह इस ज्ञान के द्वारा जाग्रत् आदि तीनों अवस्थाओं से रहित होने के कारण मुक्त ही है, उसका प्रारब्धक्षय (शरीरपात) होने के बाद पुनर्जन्म नहीं होता है।

उक्तार्थ में कैवल्यश्रुति का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - तीनों अवस्थाओं में जो भोग्य, भोक्ता और भोग हैं, उन सबसे विलक्षण चिन्मात्र साक्षी जो सदाशिव है, वहीं मैं हूँ ।।२१५।।

व्याख्या - यह श्लोक कैवल्योपनिषद् में १८वाँ मन्त्र है । अनुभव का विश्लेषण करने पर तीन पक्ष मिलते हैं - भोक्ता, भोग्य और भोग । भोक्ता अनुभव करने वाला है, भोग्य अनुभव में आने वाली वस्तु है और भोग वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा भोक्ता और भोग्य सम्पर्क में आते हैं, इन तीनों के अतिरिक्त संसार में और कुछ नहीं है । संसार को भी तीन भागों में बाँट सकते हैं - जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति।

दृष्ट्वैव पुण्यं पापं च तत्फलभूतं सुखं दुःखं च गच्छति। न तदादायावस्थान्तरं याति । किन्तु स्वयमेवावस्थान्तरं शुद्धोऽसङ्गस्सन्नेव प्रयातीति श्रुतिषूपनिषत्सु डिण्डिम उद्घोषश्श्रूयते । एवं च भोगदर्शनमात्रमेव साक्षित्त्वं न भोगवैशिष्ट्यं सङ्गो हि भोग इति प्रागेवावादिष्म । तस्मादसङ्ग आत्मेति सिद्धम् । इतः परं भोक्तृतत्त्वविवेचनाप्रतिपादकानि श्रुतिवाक्यानि दर्शयति । यत्सच्चिदानन्दस्वरूपं तज्जाग्रत्स्वप्नसुषुप्ति-समाध्यादिप्रपञ्चं प्रकाशते स्वेन भासा प्रकाशयति भासयते । तद्ब्रह्माहमस्मीति ज्ञात्त्वा पारोक्ष्याऽपरोक्ष्याभ्यां श्रुत्यनुभवाभ्यां निश्चित्य सर्वबन्धैः प्रमातृत्त्वकर्तृत्त्वभोक्तृत्त्वादिनिखिलबन्धैः प्रमुच्यते प्रकर्षेण सर्वात्मना मुच्यते । तथा च तस्यात्मनस्तत्तदवस्थासु सुखदुःखादिभासकत्त्वमेव। न भोक्तृत्त्वं नैव च सङ्ग इत्यभिप्रायः। सर्वावस्थास्वप्यसङ्गात्मकत्त्वमिति बोधयन्तीं श्रुतिं प्रदर्शयति। जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तिषु तल्लक्षणास्ववस्थास्वेक एवासङ्ग आत्मा मन्तव्यो भावनीयः। एवं विवेकी आत्मानात्मविवेकज्ञानी तेन ज्ञानेन स्थानत्रयव्यतीतस्य जाग्रदाद्यवस्थात्रयातीतस्य सुविरक्तात्मनो मुक्तस्य शरीरपातानन्तरं पुनर्जन्म न विद्यते शरीरान्तर-प्राप्तिहेतोरज्ञानस्यासंभवात् । पुनरस्मिन्नेवार्थे कैवल्योपनिषद्वाक्यमवतारयति। त्रिषु धामसु जाग्रदादित्रिष्ववस्थानेषु जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्यवच्छिन्नस्थूलसूक्ष्मदेहादिगृहेषु यद्भोग्यं स्थूलप्रविविक्तानन्दस्वरूपं विषयजातं यो भोक्ता विश्वतैजसप्राज्ञरूपस्तत्तदवस्थाभेदेन । ईश्वरहिरण्यगर्भविराड्रूपः । यो भोगस्तत्तदवस्थास्वनुभवरूप एवं भोग्यभोक्तृभोगादिभ्यस्तेभ्यस्स्थानेभ्यश्च विलक्षणोऽसम्बन्धस्साक्षी चिन्मात्रश्चिद्घनस्सदाशिवस्सततं मङ्गलरूपो निरतिशयानन्दत्त्वेन सर्वदा शोभमानः परमात्मास्ति स एवाहमस्मीति । यद्यप्यत्र जाग्रदाद्यवस्थात्रयेऽपि सामान्यतः कण्ठत एव भोक्तृभोग्यभोगाख्यत्रिपुट्युक्तेः- "सुषुप्तिकाले सकले विलिने तमोऽभिभूतस्सुखरूपमेति। पुनश्च जन्मान्तरकर्मयोगात्स एव जीवस्स्वपिति प्रबुद्ध" इति पूर्वमन्त्रपठितसकलत्रिपुट्यात्मकप्रपञ्चविलयो विरुद्धः प्रतीयते । तथाप्यसौ "सुखमहस्वाप्सं गाढमूढोऽहमस्वाप्स"मिति तदुत्थितपरामर्शात्सिद्धान्तबिन्द्वादि-प्रसिद्धसात्त्विकादिसुषुप्तिभेदेन तत्त्रैविध्यात्तामसतद्भेदाभिप्रायैव पूर्वश्रुतिस्सकलविलयवादिनी सात्त्विकादितद्भेदद्वयाङ्गीकृतसुखाद्यभिप्रायिकैव । सामान्यतोऽवस्थात्रयेऽपि त्रिपुटीसत्त्ववादिनी सेति तत्परिहारो ध्येयः । अतश्चैवं बह्वीभिश्श्रुतिभिः कूटस्थस्यासङ्गानुभवस्सर्वथा समर्थित इति शम् ।।

यही तीन धाम हैं, इन तीनों अवस्थाओं में भोक्ता, भोग्य और भोग के द्वारा अनुभव प्रक्रिया चलती रहती है । जाग्रत् अवस्था में विश्व नामक जीव भोक्ता है और स्थूल जाग्रत् भोग्य है । स्वप्न में तैजस नामक जीव भोक्ता है और स्वप्न के सूक्ष्म पदार्थ भोग्य हैं तथा सुषुप्ति में प्राज्ञ नामक जीव भोक्ता है और आनन्द भोग्य है । इन तीनों अवस्थाओं में भोक्ता और भोग्य का सम्बन्ध ही भोग है । साक्षी इन सबसे विलक्षण है । भोक्ता विकारवान है किन्तु साक्षी निर्विकार है । भोक्ता सुख दुःखादि का अनुभव करता है किन्तु साक्षी निर्लिप्त रहता है । साक्षी शुद्ध चेतनामात्र है किन्तु भोक्ता चिदाभासानुसार जड़ बुद्धि है । इत्यादि लक्षणों से साक्षी को भोक्ता आदि से भिन्न समझना चाहिये । यही साक्षी आत्मा (परमात्मा) है और यही हमारा वास्तविक स्वरूप है । इसलिये कहा कि जाग्रत् आदि तीनों अवस्थाओं में जो कुछ भोग्य (विषयसुख) है और विश्व, तैजस तथा प्राज्ञ नामक जो भोक्ता हैं और जो भोग हैं । उनसे विलक्षण जो साक्षी है, चिन्मात्र है, सदाशिव (सदामंगलकारी) परमात्मा है, वही मैं हूँ । इस प्रकार अनेकों श्रुतियाँ आत्मा की असंगता का स्पष्ट रूप से प्रतिपादन करती हैं, अतः आत्मा असंग ही है ।

विवेकाद्भोक्तृत्त्वमाभासे पर्यवस्यतीत्युपपादनम् -

एवं विवेचिते तत्त्वे विज्ञानमयशब्दितः ।
चिदाभासो विकारी यो भोक्तृत्त्वन्तस्य शिष्यते ॥ २१६ ॥

अन्वयः - एवं तत्त्वे विवेचिते विज्ञानमयशब्दितः विकारी यः चिदाभासः तस्य भोक्तृत्त्वं शिष्यते।।

व्याख्या :- परमार्थतत्त्वस्य परमात्मनोऽसङ्गत्त्वे विवेकज्ञानेन निश्चिते सति भोक्तृत्त्वं केवलं चिदाभासस्यैवेति सिद्ध्यतीत्याह । आत्मतत्त्वे ह्येवमसङ्गत्त्वेन विवेचिते सति यो विज्ञानमयशब्दतो विज्ञानमयशब्देन व्यवह्रियमाणोऽभिधीयमानश्चिदाभासो जीवैकदेशभूतो विकारी विद्यते तस्य विकारित्वादेव भोक्तृत्त्वमवशिष्यते । तस्य भोगसम्बोधोऽवशिष्यत इत्यर्थ इति शम् ।।

चिदाभासस्य मायिकत्त्वनिरूपणम् -

मायिकोऽयं चिदाभासश्श्रुतेरनुभवादपि ।
इन्द्रजालं जगत्प्रोक्तं तदन्तःपात्ययं यतः ॥ २१७ ॥

अन्वयः - अयं चिदाभासः मायिकः श्रुतेः अनुभवात् अपि । यतः इन्द्रजालं जगत् प्रोक्तं तदन्तःपाती अयम् ।।

व्याख्या :- एतावता प्रबन्धेन विविक्तस्य चिदाभासस्य भोक्तृत्त्वं निरूपितम् । एवं च सर्वात्मना भोक्त्रभावप्रतिपादिका "कस्य कामाये"ति श्रुतिः । अतोऽत्र विरोध इत्याशङ्क्य तस्याश्श्रुतेः पारमार्थिकभोक्त्रभावपरत्वाद्भोक्तुश्चिदाभासस्य मिथ्यात्त्वं साधयति । अयं चिदाभासो "जीवेशावाभासेन करोती"ति श्रुतेर्ब्रह्मविदनुभवाद्द्रष्ट्रादित्रितयमध्यवर्तित्त्वेनानुभूयमानत्त्वाच्च मायिको मायाकल्पितो मिथ्यास्वरूपो

इस प्रकार आत्मा भोक्ता नहीं है, ऐसा विवेक होने पर भोक्तृत्व किसमें है ? इस शंका का उत्तर देते हैं ।

अर्थ - इस प्रकार आत्मतत्त्व का विवेचन करने पर जो विज्ञानमय नामक विकारी चिदाभास शेष रहता है, वही भोक्ता है ।।२१६।।

व्याख्या - पूर्वोक्त प्रकार से आत्मतत्त्व के असंगत्व का विवेचन करने पर विज्ञानमय शब्द से कहा जानेवाला जीव का एकदेश रूप विकार वाला जो चिदाभास है, उसी में भोक्तृत्व अवशिष्ट रहता है अर्थात् उसी का भोगों से सम्बन्ध होना माना जा सकता है । अज्ञान की अवस्था में जीव स्वयं को भोक्ता मानता है किन्तु श्रुतियों से पता चलता है कि उसका वास्तविक स्वरूप कूटस्थ चैतन्य है, जो सदा असंग और निर्विकार है । अतः वह भोक्ता नहीं हो सकता । जीव का दूसरा पक्ष अन्तःकरण में प्रतिबिम्बित चिदाभास है, जिसे भोक्ता माना जा सकता है क्योंकि वह असंग न होकर विकारी है । इसी को विज्ञानमय नाम से भी जाना जाता है । इसी ग्रन्थ के पञ्चकोश विवेक नामक प्रकरण के सातवें श्लोक में ग्रन्थकार ने विज्ञानमय शब्द का अर्थ बताया है । यही विज्ञानमय भोक्ता है ।

चिदाभास के मायिकत्व का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - यह चिदाभास श्रुति और अनुभव से भी मायिक ही सिद्ध होता है । क्योंकि जगत् को इन्द्रजाल के समान कहा है और चिदाभास भी तदन्तर्गत ही है ।।२१७।।

मृषात्मकः । पूर्वोक्तं जगतो मायिकत्त्वं स्मारयति । इन्द्रजाल''मिन्द्रजालमिव मायामय''मिति श्रुतेरिन्द्रजालमिव मिथ्याभूते जगत्यन्तर्भूतत्त्वादेवास्यापि मिथ्यात्त्वं जगद्वदेवानुभूयते ब्रह्मविद्भिः । चिदाभासस्य जगदन्तः पातित्त्वात्तस्यापि मायिकत्त्वमनुभूतमेव । यतो यस्माज्जगदन्तःपातीत्यतो हेतोरेव हि मृषेति शम् ।।

चिदाभासस्य मायिकत्त्वे हेत्वन्तरनिरूपणम् –

विलयोऽप्यस्य सुप्त्यादौ साक्षिणा ह्यनुभूयते ।
एतादृशं स्वस्वभावं विविनक्ति पुनः पुनः ॥ २१८ ॥

अन्वयः – हि (यतः) अस्य विलयः अपि सुप्त्यादौ साक्षिणा अनुभूयते । स्वस्वभावम् एतादृशं पुनः पुनः विविनक्ति ।।

व्याख्या :– एवं चिदाभासस्य मायिकत्त्वमनुमानेन प्रदर्श्य सम्प्रति जगतोऽस्य विनाशित्त्वानुभवादपि तन्मध्यपतितस्यास्य मृषात्वमित्याह । सुप्त्यादौ सुषुप्तिमूर्च्छादिष्वस्य चिदाभासस्य विलयो नाशस्साक्षिणा–नुभूयते हि । कूटस्थस्यासङ्गत्त्वादुक्तविवेकोऽपि चिदाभासकर्तृक एवेति चेदत्राह । एतादृशं प्रागुक्तमायि–कत्त्वादिलक्षणयुक्तत्त्वान्मिथ्याभूतं स्वस्वभावं स्वतत्त्वं मृषात्मकत्त्वं पुनः पुनर्विविनक्ति कूटस्थाद्विविच्य जानाति । यदा तु कूटस्थाद्विवेचितश्चिदाभासो मायिको ज्ञातस्तदा स्वस्वभावमीदृशं विविच्य मुहुर्विजानीया–दिति शम् ।।

व्याख्या – आपने अब तक विविक्त चिदाभास के भोक्तृत्व का निरूपण किया किन्तु ***''कस्य कामाय''*** इस श्रुति में तो भोक्ता का सर्वथा अभाव बताया गया है अतः आपका कथन श्रुतिविरुद्ध है । ऐसी शंका होने पर आचार्य कहते हैं कि उक्त श्रुति पारमार्थिक रूप से भोक्ता का अभाव दर्शाती है, अतः हमारा कथन श्रुतिविरुद्ध नहीं है । यह चिदाभास मायिक है ***''जीवेशावाभासेन करोति''*** इस श्रुति से और ब्रह्मवेत्ताओं के अनुभव से भी चिदाभास का मायिकत्व सिद्ध है अर्थात् चिदाभास माया के द्वारा कल्पित होने से मिथ्या रूप है । विद्वानों के अनुभव से चिदाभास का मायिकानुभवत्व बताने के लिये पूर्वोक्त जगत् के मायिकत्व का स्मरण कराते हैं । ***''इन्द्रजालमिव मायामयम्''*** इस श्रुति से जगत् को इन्द्रजाल के समान कहा गया है और चिदाभास भी जगत् के अन्तर्गत होने से उसका भी मायामयत्व अनुभूत ही है, अतः चिदाभास मिथ्या रूप ही है ।

चिदाभास के मायिकत्व में हेत्वन्तर का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – सुषुप्ति आदि में इस चिदाभास का विलय भी साक्षी के द्वारा निश्चय ही अनुभूत होता है, इस प्रकार अपने मिथ्या स्वरूप को वह बारम्बार कूटस्थ से पृथक् करके जानता है ।।२१८।।

व्याख्या – इस प्रकार चिदाभास का मायिकत्व श्रुति और अनुमान से प्रदर्शित करके अब साक्षात् अनुभव से भी दिखाते हैं । साक्षी चैतन्य नित्य विद्यमान है, इसलिये वह सत्य है किन्तु सुषुप्ति, मूर्च्छा और समाधि में इस चिदाभास का विलय (नाश) हो जाता है और इस विलय का अनुभूव साक्षी चैतन्य करता है अर्थात् साक्षी और चिदाभास का अन्वय और व्यतिरेक करने से यह अनुभव स्पष्ट हो जाता है कि चिदाभास अनित्य (मिथ्या) है । इस प्रकार स्वयं के मिथ्यात्व को चिदाभास बारम्बार कूटस्थ से विविक्त करके जानता है ।

चिदाभासस्य विलयज्ञानोत्तरं भोगेष्विच्छानुदयनिरूपणम् –

विविच्य नाशन्निश्चित्य पुनर्भोगन्न वाञ्छति ।
मुमूर्षुश्शयितो भूमौ विवाहङ्कोऽभिवाञ्छति ॥ २१९ ॥

अन्वयः – विविच्य नाशं निश्चित्य पुनः भोगं न वाञ्छति । मुमूर्षुः भूमौ शायितः कः विवाहम् अभिवाञ्छति ।।

व्याख्या :– एवं तर्हि किमायातमित्यत आह । नाशं चिदाभासस्य सुषुप्तिमुर्च्छयोर्विलयमपि साक्ष्यनुभूतं विविच्य कूटस्थात्पृथक्कृत्य निश्चित्य विवेकपूर्वकमेव निर्णीय ततः पुनरनन्तरं भोगं स्रक्चन्दन-वनिताद्यनुभवं न वाञ्छति नाभिलपते । स्वविनाशनिश्चये भोगेच्छा न जायत इत्यत्र दृष्टान्तमर्थान्तरन्यायेन दर्शयति । कोऽपि भूमौ शायितो मुमूर्षुर्विवाहमभिवाञ्छति ? कोऽपि नैव वाञ्छतीत्यर्थ इति शम् ।।

ज्ञानलाभोत्तरं भोगानुभवे लज्जोदयनिरूपणम् –

जिह्रेति व्यवहर्तुञ्च भोक्ताहमिति पूर्ववत् ।
छिन्ननास इव ह्रीत क्लिश्यन्नारब्धमश्नुते ॥ २२० ॥

अन्वयः – (किं) च पूर्ववत् अहं भोक्ता इति व्यवहर्तुं जिह्रेति । छिन्ननासः इव ह्रीतः क्लिश्यन् प्रारब्धम् अश्नुते ।।

व्याख्या :– ज्ञानोत्पत्यनन्तरमपि यावच्छरीरधारणं तावत्प्रारब्धकर्मफलभोगोऽनिवार्य एवेति भवत्येव भोक्तेति चेदुच्यते पूर्ववदहं भोक्तेति व्यवहर्तुमपि विलज्जते । अतो नैवायं भोक्तेत्याह ।

अपने नाश का निश्चय हो जाने पर भोगेच्छा होना संभव नहीं है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ – कूटस्थ से अपने स्वरूप का विवेक करने के पश्चात् स्वयं के नाश का निश्चय करने पर यह चिदाभास पुनः भोग की इच्छा नहीं करता है । भूमि पर शायित मरणासन्न कौन पुरुष विवाह करना चाहेगा ?।।२१९।।

व्याख्या – इस प्रकार कूटस्थ से स्वयं को पृथक् रूप से जान लेने के पश्चात् चिदाभास का अस्तित्व ही समाप्तप्रायः हो जाता है । तब वह अपने विनाश का निश्चय कर लेता है और पुनः माला, चन्दन, वनितादि भोग्य-पदार्थों को भोगने की इच्छा नहीं करता है । इसमें दृष्टान्त देते हैं – जब व्यक्ति मरणासन्न होता है तो उसे भूमि पर लेटा दिया जाता है । उसकी सभी इन्द्रियाँ शिथिल हो जाती हैं, ऐसी स्थिति में यदि कोई अन्य व्यक्ति उस मरणासन्न पुरुष से पूछे कि क्या तुम विवाह करना चाहते हो ? तो वह मरणासन्न पुरुष क्या विवाह की वार्ता से प्रसन्न होगा ? अथवा विवाह के लिये सम्मति प्रदान करेगा ? कदापि नहीं । जैसे स्वयं के विनाश का निश्चय कर लेने पर मरणासन्न पुरुष विवाह की इच्छा नहीं करता है, उसी प्रकार स्वविनाश का निश्चय कर लेने पर चिदाभास भी भोगों की इच्छा नहीं करता है ।

ज्ञानोत्पत्ति के बाद चिदाभास भोगों के प्रति लज्जा का अनुभव करता है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ – वह पहले की तरह "मैं भोक्ता हूँ" इस प्रकार व्यवहार करने में भी शरमाता है । इतना ही नहीं, नकटे की तरह शरमाता और क्लेश पाता हुआ प्रारब्ध कर्म भोगता है ।।२२०।।

पूर्ववज्ज्ञानोदयानन्तरमहं भोक्तेति व्यवहर्तुमपि विलज्जते किमुत भोक्तुं ? जिह्रेति लज्जामनुभवति। पूर्ववत्साक्षिणस्सकाशात्स्वाविवेककाल इवाहं भोक्तेति वक्तुमपि लज्जत इत्यतो हेतोः ह्रीतो लज्जितश्छिन्नमास इव किं मे नेदानीमपि प्रारब्धमुपक्षयीत इति क्लिश्यन्दुःखितस्सन्नेवारब्धं प्रारब्धकर्मफलाप्तस्रक्चन्दनवनितादिसुखोपभोगमपि विलज्जित एवाश्नुते भुङ्क्त इति दिक् ।।

ज्ञानी भोक्तृत्वं कूटस्थे नारोपयतीति निरूपयति –

यदा स्वस्यापि भोक्तृत्त्वं मन्तुं जिह्रेत्ययन्तदा ।
साक्षिण्यारोपयेदेतदिति कैव कथा वृथा ।। २२१ ।।

अन्वयः – अयं स्वस्य अपि भोक्तृत्त्वं मन्तुं जिह्रेति यदा, तदा एतत् साक्षिणि आरोपयेत् इति वृथा कथा का एव ।।

व्याख्या :– चिदाभासेऽपि परमार्थतो भोक्तृत्त्वाभावज्ञाने साक्षिणो भोक्तृत्त्वारोपस्याप्यनवकाश इति ज्ञानानन्तरं साक्षिणो भोक्तृत्त्वाभावः कैमुतिकन्यायसिद्ध इति विशदयति । यदा ज्ञानोदयोत्तरकालं चिदाभासोऽयं स्वस्यापि भोक्तृत्त्वं मन्तु''महं भोक्ते''ति ज्ञातुं वा जिह्रेति नितरां लज्जते तदैतत्स्वगतं भोक्तृत्त्वं साक्षिण्यसङ्ग आरोपयेदिति वृथा प्रयोजनरहिता कथा कैव । न कापीत्यर्थः । तस्माज्ज्ञानिनो भोक्तृत्त्वसम्बन्धो न कथमपीति शम् ।।

व्याख्या – ज्ञान होने के बाद भी जब तक शरीर है तब तक तो प्रारब्ध कर्मों के फल का भोग मानना ही पड़ेगा अतः उतने काल तक तो वह अवश्य भोक्ता होगा । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि वह पूर्व के समान ''मैं भोक्ता हूँ'' ऐसा कहने पर भी लज्जा का अनुभव करता है । चिदाभास स्वयं को मिथ्या जानकर भोगों की कामना नहीं करता । प्रारब्धानुसार कर्मफल का भोग तो करना ही पड़ता है किन्तु ज्ञान होने से पूर्व जैसे वह स्वयं को कर्ता–भोक्ता मानता था और गर्व पूर्वक कहता भी था, उसी प्रकार ज्ञानोत्तर काल में संभव नहीं है । वह न केवल स्वयं को अभोक्ता मानता है अपितु स्वयं को भोक्ता मानकर भौतिक सुखों का भोग करने में भी नकटे की तरह लज्जा का अनुभव करता है तथा प्रारब्धकर्मों का फल क्लेश पूर्वक भोगता है । ज्ञानी का क्लेश अज्ञानी के समान नहीं होता है, इसका वर्णन पूर्व में कर चुके हैं ।

अब ज्ञान होने के बाद साक्षी में भोक्तृत्व के अभाव को कैमुतिक न्याय से सिद्ध करते हैं।

अर्थ – जब चिदाभास स्वयं को भोक्ता मानने में भी लज्जित होता है तो वह साक्षी में भोक्तापन का आरोप करेगा, यह कहना तो बिलकुल व्यर्थ है ।।२२१।।

व्याख्या – चिदाभास ने स्वयं को कूटस्थ से पृथक् कर के जान लिया कि परमार्थ रूप से मुझ चिदाभास में भी भोक्तृत्व नहीं है, अतः वह स्वयं को ''मैं भोक्ता हूँ'' ऐसा कहने में भी लज्जा का अनुभव करता है । जब चिदाभास स्वयं को भोक्ता मानने में भी लज्जा का अनुभव करता है तो फिर जो सभी प्रमाणों से अभोक्ता सिद्ध हो चुका है, उस कूटस्थ साक्षी चैतन्य में भोक्तृत्व का आरोप कैसे कर सकता है ? अर्थात् नहीं करता । अतः चिदाभास स्वयं में भोक्तृत्व का आरोप भले ही न करे किन्तु कूटस्थ साक्षी चैतन्य में भोक्तृत्व का आरोप करेगा,यह कहना बिलकुल निरर्थक है ।

आत्मनो भोक्तृत्त्वाभावादेवानुज्वराभाव इति निरूपणम् -

इत्यभिप्रेत्य भोक्तारमाक्षिपत्यविशङ्कया ।
कस्य कामायेति ततश्शरीरानुज्वरो न हि ॥ २२२ ॥

अन्वयः - "कस्य कामाय" इति इति अभिप्रेत्य अविशङ्कया भोक्तारम् आक्षिपति । ततः शरीरानुज्वरः न हि ।।

व्याख्या :- प्रकृते "कस्य कामाये"ति श्रुतिरात्मनस्सर्वथा भोक्तृत्त्वं न सम्भवतीति बोधनतात्पर्यवतीत्यतो ज्वराभावमपि दर्शयतीत्याह । इति "कस्य कामाये"तीयं श्रुतिः कूटस्थचिदाभासयोर्वस्तुतो भोक्तृत्त्वमसिद्धमित्यभिप्रेत्यैवाविशङ्कया निश्शङ्कया भोक्तारमाक्षिपति निराकरोति। भोक्तृत्त्वनिराकरणेन किं फलितमित्यत्राह । एवं सन्दर्शनस्य फलं न हि शरीरानुज्वरस्सन्तापो न कोऽपि ज्वरणं च सन्तापस्स न कोऽपीति शम् ।।

त्रिविधज्वरप्रतिपिपादयिषया त्रिविधशरीरप्रदर्शनम् -

स्थूलं सूक्ष्मङ्कारणञ्च शरीरं त्रिविधं स्मृतम् ।
अवश्यं त्रिविधोऽस्त्येव तत्र तत्रोचितो ज्वरः ॥ २२३ ॥

अन्वयः - स्थूलं सूक्ष्मं कारणं च (इति) त्रिविधं शरीरं स्मृतम् । तत्र तत्र उचितः त्रिविधः ज्वरः अवश्यम् (भवति)

व्याख्या :- शरीरानुज्वरविरहप्रकारं विस्तरेण दिदर्शयिषुरादावात्मज्ञानिनश्शरीरसन्तापसामान्याभावं बुबोधयिषति । अतस्तत्प्रतियोगिभूतानामुपतापानां त्रैविद्ध्यं तदाश्रयशरीरत्रैविद्ध्यप्रदर्शनपुरस्सरं स्पष्टयति।

अब "शरीरमुनसंज्वरेत्" श्रुति के इस वाक्य के अर्थ का विचार प्रारम्भ करते हैं ।

अर्थ - इसी अभिप्राय से ***"कस्य कामाय"*** यह श्रुति निःशंक होकर भोक्तृत्व का निराकरण करती है । अतः (ज्ञानी पुरुष को) शरीर के ताप से अनुताप नहीं होता ।।२२२।।

व्याख्या - यहाँ ***"कस्य कामाय"*** श्रुति के इस वाक्य का विवेचन पूर्ण हुआ । कूटस्थ और चिदाभास दोनों का परमार्थ रूप से भोक्तृत्व नहीं है, यह सर्वथा सिद्ध होने पर उक्त श्रुति निःशंक होकर भोक्तापन का निराकरण करती है । असंग, निर्लेप आत्मा में भोक्तृत्व का प्रश्न ही नहीं उठता, और चिदाभास में (विज्ञानमय कोश में) जो भोक्तृत्व प्रतीत होता है, वह भी अनित्य होने के कारण मिथ्या ही है। ऐसा विचार दृढ़ हो जाने पर ज्ञानी पुरुष शरीर के संतापों से संतप्त नहीं होता है । भाव यह है कि उक्त रीति से आत्मा और चिदाभास में भोक्तृत्व का निराकरण करने का फल सन्तापाभाव है ।

त्रिविध ज्वर का प्रतिपादन करने की इच्छा से सर्वप्रथम त्रिविध शरीर का वर्णन करते हैं।

अर्थ - स्थूल, सूक्ष्म और कारण भेद से तीन प्रकार के शरीर कहे गये हैं और उन-उन शरीरों के योग्य तीन प्रकार के ज्वर भी अवश्य होते हैं ।।२२३।।

व्याख्या - शरीरानुज्वरविरह के प्रकार को विस्तार से दर्शाने की इच्छा से सर्वप्रथम उन ज्वरों के

शरीरसामान्यलक्षणं तु शीर्यते विनश्यतीति व्युत्पत्त्या शीर्यमाणत्त्वं तत् त्रिष्वपि देहेषु विद्यते इति नैवास्ति दोषः । तच्छरीरं स्थूलं सूक्ष्मं कारणमिति भेदेन त्रिविधं त्रिप्रकारं स्मृतं तज्ज्ञैः । तत्र तत्रोचितस्तस्य तस्य शरीरस्यानुरूपो ज्वरोऽपि त्रिविधोऽस्त्येवावश्यमिति शम् ।।

स्थूलशरीरगतानां ज्वराणां निरूपणम् -

वातपित्तश्लेष्मजन्यव्याधयः कोटिशस्तनौ ।
दुर्गन्धित्त्वकुरूपत्त्वदाहभङ्गादयस्तथा ॥ २२४ ॥

अन्वयः - तनौ कोटिशः वातपित्तश्लेष्मजन्यव्याधयः । तथा दुर्गन्धित्त्वकुरूपत्त्वदाहभङ्गादयः (भवन्ति)।।

व्याख्या :- मूलतो व्याधयस्त्रिप्रकारा वैद्यके प्रदर्शिताः । वातप्रकोपजन्याः, पित्तप्रकोपजन्याः, श्लेष्मः कफस्तत्प्रकोपजन्याः । एषामेव बुहविधसाङ्कर्येण तनौ शरीरे स्थूले कोटिशो व्याधयो भवन्ति। किञ्च न केवलं धातुवैषम्यकृता एव व्याधयः क्लेशाश्चन्येऽप्यनुभूयन्त इत्याह । शरीरस्वेदाम्बुयोगेन दुर्गन्धित्त्वम्। पूर्वजन्माचरितासत्कर्मफलेन कुरूपत्त्वम् । अनवधानव्यवहारादिनाग्निवैद्युतादिसम्पर्केण दाहः। स्खलनपतनादिनिमित्तेन च भङ्गश्शरीरच्छेदस्तद्भेद इत्यादि ज्वराः क्लेशकारिणः ।।

सूक्ष्मदेहगतानां ज्वराणां निरूपणम् -

कामक्रोधादयश्शान्तिदान्त्याद्या लिङ्गदेहगाः ।
ज्वराद्वयेऽपि बाधन्ते प्राप्त्याप्राप्त्या नरं क्रमात् ॥ २२५ ॥

अधिष्ठान रूप त्रिविध शरीरों का वर्णन करते हैं । शरीर का सामान्य लक्षण तो ***''शीर्यते विनश्यतीति शरीरं''*** है । इस व्युत्पत्ति के अनुसार शीर्यमाण अर्थात् नष्ट होने वाले को शरीर कहा जाता है । यह लक्षण तीनों शरीरों में विद्यमान है । शरीर के तीन भेद माने गये हैं - स्थूल, सूक्ष्म और कारण । उन शरीरों के योग्य ज्वर भी भिन्न-भिन्न हैं अर्थात् तीनों शरीरों में तीन प्रकार के ज्वर (सन्ताप) अवश्य ही होते हैं ।

अब स्थूल शरीर के सन्तापों का (ज्वरों का) वर्णन करते हैं ।

अर्थ - स्थूल शरीर में वात, पित्त और कफ से उत्पन्न होने वाली करोड़ों व्याधियाँ हैं । इनके अतिरिक्त उसमें दुर्गन्धित्व, कुरूपत्व, दाह और अंगभंगादि अनेक सन्ताप विद्यमान हैं ।।२२४।।

व्याख्या - आयुर्वेद के अनुसार व्याधियाँ मूलतः तीन प्रकार की होती हैं । वातप्रकोपजन्य, पित्तप्रकोपजन्य और कफप्रकोपजन्य । इन्हीं के सांकर्य से शरीर में अनेकों व्याधियाँ उत्पन्न होती हैं, जिन्हें धातुजन्य व्याधियाँ कहते हैं । केवल धातुवैषम्य से ही व्याधियाँ होती हैं, ऐसा नहीं है, अन्य व्याधियाँ भी हैं । अधिक पसीना आने से शरीर में अत्यधिक दुर्गन्ध आना व्याधि है । सुन्दर रूप का अभाव भी व्याधि है अर्थात् सुन्दरता का अभाव मन में क्लेश उत्पन्न करता है अतः कुरूपता भी क्लेशजन्य होने से व्याधि रूप ही है । शरीर के जल जाने पर भी सन्ताप होता है, अंगभंग हो जाने पर भी क्लेश होता है इत्यादि अनेकों कारण हैं, जो स्थूल शरीर को निमित्त बनाकर सन्ताप देते हैं । अतः इन सभी को स्थूल शरीर का ज्वर कहा गया है ।

अब सूक्ष्म शरीर के ज्वरों का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - काम-क्रोधादि तथा शम-दमादि सूक्ष्म शरीर में रहने वाले ज्वर हैं । ये दोनों प्रकार के ज्वर क्रमशः प्राप्ति और अप्राप्ति के द्वारा मनुष्य को सन्ताप देते हैं ।।२२५।।

अन्वयः – कामक्रोधादयः शान्तिदान्त्याद्याः लिङ्गदेहगाः । द्वये अपि ज्वराः क्रमात् प्राप्त्या अप्राप्त्या नरं बाधन्ते ।।

व्याख्या :– कामक्रोधादयः कामक्रोधलोभमोहमदमात्सर्यादयस्तथा शान्तिदान्त्याद्याश्शान्तिरन्तरिन्द्रियनिग्रहो दान्तिर्बाह्येन्द्रियनिग्रह एवमुपरतितितिक्षादयश्चैते द्विप्रकाराश्च ज्वरास्सूक्ष्मदेहगाः । एतेषु ये द्वय इत्युक्ता ज्वरास्तेषां मध्ये प्राप्त्या कामादयोऽप्राप्त्या शान्त्यादयश्च क्रमाद्बाधन्ते । अत एतेषामपि बाधकत्त्वात्तत्सामान्येन ज्वरत्त्वव्यपदेशः । अत्र सनत्सुजातीये कामक्रोधादीनां शमदमादीनां च विस्तरशो व्याख्योपलभ्यते इति तत्रैव द्रष्टव्यम् । द्वय इत्यत्र तयपोऽयचि स्थानिवद्भावेन तयबन्तत्त्वात्सर्वनामसंज्ञेति द्वय इति रूपं साधु ।

कारणशरीरगतज्वरनिरूपणम् –

स्वं परञ्च न वेत्त्यात्मा विनष्ट इव कारणे ।
आगामि दुःखबीजञ्चेत्येतदिन्द्रेण दर्शितम् ।। २२६ ।।

अन्वयः–कारणे आत्मा स्वं च परं न वेत्ति च विनष्टः इव च आगामिदुःखबीजम् इति इन्द्रेण दर्शितम्।।

व्याख्या :– छान्दोग्यश्रुताविन्द्रमुखप्रसिद्धकारणशरीरद्वरविवरणमारभते । अत्रेन्द्रेण दर्शितमित्यनेन प्रमाणमुपन्यस्तं भवति । सा च श्रुतिरित्थम् – ''नाह खल्वयमेवं सम्प्रत्यात्मानं जानात्ययमहमस्मीति नो एवेमानि भूतानि विनाशमेवापीतो भवति । नाहमत्र भोग्यं पश्यामी''त्यादि । अनेन हि वाक्येन शिष्येणेन्द्रेण गुरोः प्रजापतेः पुरतो न्यवेदि यत्स्वपरज्ञानशून्यत्त्वमज्ञानेन नष्टप्रायत्त्वं परेद्युरागामिदुःखबीजं

व्याख्या – पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँचकर्मेन्द्रियाँ, पाँच प्राण, मन और बुद्धि इनके संधात को सूक्ष्म शरीर कहते हैं । काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मत्सर नामक छः प्रकार के विकार माने गये हैं । इन सभी विकारों से मन सन्तप्त रहता है । इनकी प्राप्ति दुःखदायी है । मन में उत्पन्न हुई कामना जब तक पूर्ण नहीं होती तब तक वह मनुष्य को सन्तप्त करती रहती है । क्रोध भी मन में जलन और पीडा उत्पन्न करता है । इसी प्रकार अन्य विकार भी कष्ट कारक हैं । षड् विकार की प्राप्ति कष्ट कारक है किन्तु शम–दमादि की अप्राप्ति भी कष्टदायी है । आन्तर इन्द्रिय निग्रह को शम (शान्ति) और बाह्य इन्द्रिय निग्रह को दम (दान्ति) कहते हैं, आदि शब्द से तितिक्षा, उपरति आदि का ग्रहण करना चाहिये । शम, दम आदि सद्गुण जब तक मन में नहीं आते तब तक मन उनकी प्राप्ति के लिये सदा सन्तप्त रहता है । इन गुणों का अभाव सन्तापकारी है । इन्द्रियों पर नियंत्रण न होने पर वे विषयों की ओर भागती हैं और विषय की अनुपलब्धि में सन्ताप होता है । किसी भी कारण से मन में अशान्ति होना दुःखदायी ही है । इसलिये काम–क्रोधादि की प्राप्ति की तरह शम–दमादि की अप्राप्ति को भी सूक्ष्म देह के ज्वर रूप में कहा गया है । ये मनुष्य को पीडा पहुँचाते हैं, अतः ज्वर रूप हैं ।

अब श्रुत्युक्त कारण शरीर के सन्ताप का वर्णन करते हैं ।

अर्थ – कारण शरीर में यह आत्मा नष्ट हुए की तरह स्वयं को और दूसरे को भी नहीं जानता है । कारण शरीर आगामी दुःखों का बीज भी है, ऐसा इन्द्र ने प्रदर्शित किया है ।।२२६।।

व्याख्या – छान्दोग्य श्रुति में इन्द्रमुख से प्रसिद्ध कारण शरीर के ज्वर का विवरण करते हैं । इन्द्र ब्रह्मा जी के पास जाकर कारण शरीर को अनात्मा बताते हुए कहता है ***''न खल्वयमेवं संप्रत्यात्मानं***

चेति । कारणे शरीर आत्मा विनष्ट एव विनष्ट सदृशस्स्वं स्वरूपं च परं च स्वस्मिन्नध्यस्तं जगच्च न वेत्ति । स्वपरज्ञानशून्यो भवति । एतदेव हि विनष्टसादृश्यम् । आगामिदुःखबीजं च भाव्यनुभवयोग्यस्य दुःखस्य बीजमेतद्द्वयं "न हि खल्वत्रायमेव"मिति वाक्ये पूर्वोक्त इन्द्रेण प्रमाणितम् । विनष्टप्रायमागामिदुःखबीजमिति कारणशरीरस्य ज्वराविति शम् ।।

देहत्रयगतानां ज्वराणामपरिहार्यत्त्वनिरूपणम् -

एते ज्वराश्शरीरेषु त्रिषु स्वाभाविका मताः ।
वियोगे तु ज्वरैस्तानि शरीराण्येव नासते ।। २२७ ।।

अन्वयः- त्रिषु शरीरेषु एते ज्वराः स्वाभाविकाः मताः । ज्वरैः वियोगे तु तानि शरीराणि न आसते एव ।।

व्याख्या :- एवं त्रिष्वपि शरीरेषु ज्वराश्चेत्ते तत्तदुपायैः प्रशमनीया एवेत्यत आह । त्रिषु त्रिविधेष्वपि शरीरेषु देहेष्वेते प्रतीयमानाज्वराश्शरीरैस्सहोत्पन्नत्त्वेन स्वाभाविकास्सहजा इति मतास्सम्मता इत्यतोऽपरिहार्याः । एतदेव स्वाभाविकत्त्वं व्यतिरेकमुखेन दर्शयति । यस्माच्छरीरिणामेभिर्ज्वरैर्वियोगे सति न तानि शरीराण्येवासते तिष्ठन्ति । नैव स्थातुमर्हन्तीत्यतस्स्वाभाविका इम इति दिक् ।।

त्रयाणामपि शरीराणां ज्वरोपादानकत्त्वस्य सदृष्टान्तमुपन्यसनम् -

तन्तोर्वियुज्यते पटो बालेभ्यः कम्बलो यथा ।
मृदो घटस्तथा देहो ज्वरेभ्योऽपीति दृश्यताम् ।। २२८ ।।

अन्वयः - यथा तन्तोः पटः वियुज्यते । बालेभ्यः कम्बलः। मृदः घटः । तथा ज्वरेभ्यः देहः अपि। इति दृश्यताम् ।।

जानात्ययमहमस्मीति नो एवेमानि भूतानि विनाशमेवापीतो भवति नाहमत्र भोग्यं पश्यामि'' (छा.उ. ८/११/१) यह पुरुष सुषुप्ति में "यह मैं हूँ" इस प्रकार स्वयं को नहीं जानता । वह विनष्ट हुआ-सा प्रतीत होता है । मैं (इन्द्र) यहाँ भोग्य भी नहीं देखता हूँ । इस प्रकार शिष्य इन्द्र ने गुरु ब्रह्माजी के समक्ष "कारण शरीर रूप अज्ञानावस्था में पुरुष अपने-पराये को नहीं जानता है, इसलिये विनष्ट-सा हो जाता है तथा यही कारण शरीर आगामी दुःखों का बीज है" ऐसा प्रदर्शित (निवेदन) किया । ये कारण शरीर के ज्वर हैं ।

त्रिविध देहगत ज्वरों के अपरिहार्यत्व का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - तीनों शरीरों में ये ज्वर स्वाभाविक माने गये हैं । इन ज्वरों से मुक्त होकर उन तीनों शरीरों का अस्तित्त्व ही नहीं रह जाता ।।२२७।।

व्याख्या - स्थूल, सूक्ष्म और कारण इन तीनों शरीरों में प्रतीत होने वाले ये पूर्वोक्त ज्वर शरीर के साथ ही उत्पन्न होते हैं इसलिये वे स्वाभाविक सिद्ध माने गये हैं अर्थात् अपरिहार्य हैं । स्वाभाविकता को व्यतिरेक रूप से दृढ़ करते हैं कि इन शरीरों का उन ज्वरों से वियोग होने पर वे शरीर ही न रहेंगे अर्थात् उन शरीरों का अस्तित्त्व ही न रहेगा । इसलिये उन ज्वरों को स्वाभाविक माना गया है ।

पूर्वोक्त कथन को दृष्टान्तर से स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - जैसे तन्तु से वस्त्र, बालों से कम्बल और मिट्टी से घट अलग नहीं होता है, उसी प्रकार शरीर भी ज्वरों (सन्तापों) से अलग नहीं होता है, ऐसा जानना चाहिये ।।२२८।।

व्याख्या :- ज्वरवियोगे शरीरासत्त्वं दृष्टान्तपुरस्सरमुपवर्णयति । यथा पटस्तन्तोर्वियुज्येच्चेत्स्वरूप-नाशो भवति यथा वा कम्बलोऽपि वालेभ्यो वियुज्येद्यदि तत्स्वरूपनाशो यथा च घटो मृदो वियुज्यद्घटरूपस्यैव हानिस्तथैव शरीराण्यपि ज्वरेभ्यो वियुक्तानि सन्ति नैव भवेयुः । अत्र वियुज्येदिति सर्वत्र वियोगं लभेदित्यर्थः । तन्तुवालमृदादिभ्यो वियुक्ताः पटकम्बलघटादयस्स्वरूपत एव नष्टा यथा भवेयुस्तथैव तेषां तेषां ज्वराणां क्लेशानामभावे सति तानि तानि शरीराणि नैव स्थास्येरन् । अतो यावद्देहतादात्म्याध्यासं ज्वराणामनुवृत्तिर्भवत्येवेति शम् ।।

चिदाभासस्य न कोऽपि ज्वर इति निरूपणम् -

चिदाभासे स्वतः कोऽपि ज्वरो नास्ति यतश्चितः ।
प्रकाशैकस्वभावत्त्वमेव दृष्टन्न चेतरत् ।। २२९ ।।

अन्वयः - चिदाभासे स्वतः कः अपि ज्वरः न अस्ति । यतः चितः प्रकाशैकस्वभावत्त्वम् एव दृष्टं च । इतरत् न ।।

व्याख्या :- ज्वरनिमित्तास्सन्तापाश्शरीराणामेवेत्यभिवर्णिताः । सम्प्रति दृश्यत्त्वत्रिविधशरीरव-च्चिदाभासेऽपि कश्चिज्ज्वरस्सम्भाव्यत एवेत्यत्र नेतीति वक्तुं कूटस्थे ज्वराभावं प्रसिद्धं दिदर्शयिषुरादौ तावच्चिदाभासे ज्वराभावं प्रदर्शयति । चिदाभासे स्वतः शरीरत्रयगतज्वरसम्बन्धमन्तरेण न कोऽपि ज्वरो विद्यते । तत्र हेतुं वर्णयति । यतः कारणाच्चितः प्रकाशैकस्वभावस्य विद्वदनुभवप्रसिद्धत्त्वान्निरति-

---

व्याख्या - तन्तुओं से ही वस्त्र बनता है, बालों से ही कम्बल बनता है और मिट्टी से घट बनता है । इनका परस्पर अत्यन्त घनिष्ठ सम्बन्ध है, अतः जैसे तन्तु के बिना वस्त्र, बालों के बिना कम्बल और मिट्टी के बिना घट की कोई पृथक् सत्ता नहीं है, वैसे ही स्थूल, सूक्ष्म और कारण शरीर भी ज्वारादि से पृथक् सत्ता वाले नहीं हैं । इनके अभाव में शरीरादि का अस्तित्व ही मिट जाएगा । अतः स्वभाविक होने से इनको अपरिहार्य कहा गया है । भाव यह है कि जब तक देहतादात्म्याध्यास रहेगा तब तक उक्त ज्वरों की अनुवृत्ति भी अवश्य ही होगी ।

चिदाभास में ज्वर का अभाव दर्शाते हैं ।

अर्थ - चिदाभास में स्वतः किसी प्रकार का ज्वर नहीं है क्योंकि आत्मा (चित्) का ही मुख्य प्रकाश रूप स्वभाव चिदाभास में दिखाई देता है, अन्य कुछ नहीं ।।२२९।।

व्याख्या - अब तक यह बताया गया कि सभी ज्वर तीनों शरीरों के ही हैं । सम्प्रति यह आकांक्षा होती है कि तब तो चिदाभास का भी अवश्य ही कोई ज्वर होगा । इस पर कहते हैं कि चिदाभास में स्वतः कोई भी ज्वर नहीं है । आचार्य कूटस्थ चैतन्य में ज्वर का अभाव दर्शाने की इच्छा से सर्वप्रथम चिदाभास में ज्वर का अभाव दर्शाते हैं । चिदाभास में तीनों शरीरों से होने वाले कोई ज्वर नहीं हैं, इसका कारण बताते हैं कि कूटस्थ चैतन्य का प्रकाश रूप स्वभाव ही चिदाभास में दिखाई देता है । चिद्रूप आत्मा बिम्बस्थानीय है और चिदाभास प्रतिबिम्ब स्थानीय है । बिम्ब के गुणधर्म ही प्रतिबिम्ब में परिलक्षित होते हैं । अतः जो गुणधर्म बिम्ब में नहीं हैं, वे प्रतिबिम्ब में भी कैसे हो सकते हैं ? वस्तुतः शारीरिक

शयानन्दरूपत्त्वमेव तस्य न चेतरज्ज्वराद्यतस्तत्प्रतिबिम्बस्य चिदाभासस्य तथात्त्वमेष्टव्यमिति न चिदाभासेऽपि ज्वरा इति शम्।।

कैमुतिकान्यायेन कूटस्थे ज्वराभावप्रतिपादनम् -

चिदाभासेऽप्यसम्भाव्या ज्वरास्साक्षिणि का कथा ।
एवमप्येकतां मेने चिदाभासो ह्यविद्यया ॥ २३० ॥

अन्वयः - चिदाभासे अपि ज्वराः असम्भाव्याः । सक्षिणि का कथा ? । एवम् हि चिदाभासः अपि अविद्यया एकतां मेने ।।

व्याख्या :- यतः कारणाच्चिदाभासे ज्वराभावस्समुपपादितस्तदिदानीं विवृणोति । यतश्चिदाभासेऽपि ज्वरा न असम्भाव्यास्तर्हि का कथा कूटस्थे । ज्वराणां संभावनैव नास्तीत्यर्थः । यतो हेतोराभासे एव नास्ति तदा चिति किमु वक्तव्यमिति कैमुत्यन्यायसिद्धः । एवं तर्हि ''ज्वरामि सुखी दुःख्य''हमित्यादिप्रतीतिः किं निबन्धेनेति प्रश्ने सा ज्वरादिप्रतीतिरविवेकमूलिकैवेति समाधीयते । एवमपि चिदाभासे ज्वरविरहेऽप्यनादिभावरूपयाविद्यया शरीरेणैकतारूपमध्यासं सम्पाद्य मेने चिदाभास इति । अत्राविद्या चानादिभावरूपैव । अन्यथानवस्थाव्याघाताद्यापत्तिर्दुरन्ता स्यात् । तथा हि । अविद्यायाः कल्पितत्त्वेन जन्यत्त्वे त्वविद्यैकमूलकत्त्वं तद्वत्तत्राप्यविद्यान्तरैकमूलकत्त्वमित्यनवस्था । तथाविद्याशब्दितज्ञानाभावो यद्यविद्या तर्हि किमसौ ज्ञानसामान्यप्रतियोगिकः ? किं वा तद्विशेषप्रतियोगिकः। ज्ञानसामान्यप्रतियोगिकत्त्वे धर्मिप्रतियोगिविषयकज्ञानसत्त्वे तत्सामान्यभावासिद्धिस्तदसत्त्वे चाभावाज्ञाने प्रतियोग्यादिज्ञानस्य हेतुत्त्वात्तदसिद्धिरिति व्याघातः । तद्विशेषप्रतियोगिकत्त्वे च यद्विषयकत्त्वमज्ञानस्येष्टं तद्विषयकज्ञानमेव प्रतियोगित्त्वेन विवक्षतो ज्ञानविशेषो वाच्यः । नो चेद्घटविषयकज्ञाने ह्यभावात्मके पटविषयकज्ञानमपि प्रतियोगि स्यात् तच्चानुपपन्नम् । प्रतियोगितदभावयोस्सामानाधिकरण्यादर्शनात्।

ज्वरों का अनुभव चिदाभासयुक्त मन में ही होता है किन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि उक्त ज्वर चिदाभास में ही रहते हैं । इसी का निराकरण करने के लिये कहा कि 'चिदाभास में स्वतः कोई ज्वर नहीं है' उसमें जो ज्वर की प्रतीति हो रही है, वह भ्रान्तिजनित है ।

अब कैमुतिक न्याय से कूटस्थ में ज्वर का अभाव दर्शाते हैं ।

अर्थ - जब चिदाभास में भी ज्वर का होना संभव नहीं है तो फिर साक्षी में ज्वर होने की तो बात ही क्या है ? ऐसा होने पर भी चिदाभास अविद्या के कारण (शरीरों के साथ) एकता मानता है ।।२३०।।

व्याख्या - जिस कारण से चिदाभास में ज्वर का अभाव कहा गया उसका वर्णन करते हुए कहते हैं कि जब चिदाभास में भी ज्वर का होना असंभव है तब कूटस्थ में ज्वर होने का तो प्रश्न ही नहीं उठता । तो फिर 'मैं सुखी हूँ, दुःखी हूँ, सन्तप्त हूँ' इत्यादि का अनुभव किसको होता है ? इस शंका का निवारण करने के लिये कहते हैं कि वस्तुतः चिदाभास का तीनों शरीरों और उनके ज्वरों से कोई लेना-देना नहीं है तथापि अनादि अविद्या के कारण वह चिदाभास उन शरीरों के साथ स्वयं की एकता मान लेता है, जिसके परिणाम स्वरूप उन शरीरों के सुख-दुःखादि को स्वयं में अध्यस्त कर लेता है । लौह-पिण्ड से तादात्म्य करने से यदि अग्नि स्वयं को भारी और गोलाकार मानने लगे तो यह उसका अज्ञान ही है ।

देवदत्ते हि पटज्ञानसमकालमपि घटाज्ञानोपलब्धेः । तस्मात्प्रतियोगिभूतं यदज्ञानविषयीभूतवस्तुविषयकं ज्ञानं तद्विषयकं ज्ञानं त्वन्मतेऽनुव्यवसायात्मकमेव । तथा च तद्विनाभावसिद्धिर्नस्यात्तत्सत्त्वे चार्थात्प्रतियोगिनस्सिद्धत्त्वात्तत्सामानाधिकरण्येन सुतरामज्ञानस्य ज्ञानविशेषाभावरूपस्य नैव सिद्धिरिति तथैव व्याघात इत्यतोऽविद्यानादिभावरूपेति सिद्धमिति शम् ।।

अविद्याकृतैकताज्ञानस्य विवरणम् -

साक्षिसत्यत्त्वमध्यस्य स्वेनोपेते वपुस्त्रये ।
तत्सर्वं वास्तवं स्वस्य स्वरूपमिति मन्यते ।। २३१ ।।

अन्वयः- स्वेन उपेते वपुस्त्रये साक्षिसत्यत्त्वम् अध्यस्य तत् सर्वं स्वस्य वास्तवं स्वरूपम् इति मन्यते।।

व्याख्या :- एकताप्रकारमेव प्रपञ्चयति । पूर्व"'मेकतां मेन" इति सङ्गृह्य यदुक्तं तदत्र प्रपञ्च्यते। चिदाभासोऽन्तःकरणे प्रतिफलितस्स्वेनोपेते स्वेन सहिते वपुस्त्रये स्थूलसूक्ष्मकारणशरीरत्रये साक्षिसत्यत्त्वं साक्षिगतं सत्यत्त्वमध्यस्य कूटस्थस्य सत्यत्त्वमध्यस्य तत्सर्वं ज्वरपीडितं शरीरत्रयं ज्वरवच्छरीरत्रयं स्वस्य वास्तवं स्वरूपमिति मन्यत इति शम् ।।

ऐक्याध्यासफलनिरूपणम् -

एतस्मिन्भ्रान्तिकालेऽयं शरीरेषु ज्वरत्स्वथ ।
स्वयमेव ज्वरामीति मन्यते हि कुटुम्बिवत् ।। २३२ ।।

अन्वयः - अयम् एतस्मिन् भ्रान्तिकाले शरीरेषु ज्वरत्सु अथ स्वयम् एव "ज्वरामि" इति मन्यते हि । कुटुम्बिवत् ।।

अग्नि स्वतः न भारी है और न गोलाकार । इसी प्रकार चिदाभास का न स्थूलादि शरीरों से कोई सम्बन्ध है और न ही उनके ज्वरों से, तथापि अनादि अविद्या के कारण (भ्रान्ति के कारण) वह शरीर के ज्वरों को स्वयं में अध्यस्त कर दुःखी होता है ।

पूर्व श्लोक में वर्णित चिदाभास की अज्ञानकृत एकता को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - चिदाभास स्वयं के सहित तीनों शरीरों में साक्षी की सत्यता को आरोपित कर उन सब (तीनों शरीरों) को स्वयं का वास्तविक स्वरूप मानता है ।।२३१।।

व्याख्या - पूर्व श्लोक में कहा कि ***"एवमप्येकतां मेने"*** इसी का विस्तार करते हैं । वस्तुतः साक्षी चिदात्मा ही सत्य है, किन्तु उसकी सत्यता को स्वयं में आरोपित कर चिदाभास भी स्वयं को सत्य मान लेता है । इतना ही नहीं, वह चिदाभास स्थूलादि तीनों शरीरों से तादात्म्य कर उन्हें भी अपना स्वरूप मान लेता है । ये सब भ्रान्तियाँ हैं । न चिदाभास सत्य है और न उसका शरीरों से सम्बन्ध, किन्तु भ्रान्ति के कारण वह शरीरों के सन्तापों से सन्तप्त होता रहता है ।

पूर्वोक्त भ्रान्तिजनित एकता का फल बताते हैं ।

अर्थ - यह चिदाभास भ्रमकाल में शरीरों के सन्तापों से जब पीडित होता है तब कुटुम्ब वाले व्यक्ति के समान 'मैं स्वयं सन्तप्त हूँ' ऐसा मानता है ।।२३२।।

व्याख्या :- एवं भ्रान्तिज्ञाने सति किं फलतीत्युच्यते । एतस्मिञ्छरीरतज्ज्वरत्रयसत्यत्त्वभ्रान्तिकाले शरीरेषु त्रिष्वपि ज्वरत्सु सत्स्वयं चिदाभासस्स्वस्मिन्नेवारोप्याथानन्तरं स्वयमेव ज्वरामीति हि मन्यते। चिदाभासोऽस्यां भ्रान्तिवेलायां शरीरनिष्ठं ज्वरं स्वात्मन्यारोपयतीत्याशयः । अस्मिन्नेवार्थे दृष्टान्तमुपस्थाप्यते । कुटुम्बिवत् । एतादृशदृष्टान्तेन "तद्यथा पुत्रभार्यादिषु विकलेषु सकलेषु वाहमेव विकलस्सकलो वेति मन्यत" इति भाष्यकृदुक्तपुत्राद्यध्यासान्तप्रकारस्सर्वोऽपि सूचितः । यथा कुटुम्बी मन्यते तद्वदेवात्राप्यन्यधर्मान्स्वस्मिन्नध्यस्य क्लिश्नातीति देहवद्भिरनुभूयमानस्य सर्वस्यापि दुःखस्य निदानमध्यास एवेति शम् ।।

कुटुम्बिवदिति दृष्टान्तस्य विवरणम् -

पुत्रदारेषु तप्यत्सु तपामीति वृथा यथा ।
मन्यसे पुरुषस्तद्वदाभासोऽप्यभिमन्यते ॥ २३३ ॥

अन्वयः - यथा पुरुषः पुत्रदारेषु तपत्सु "तपामि" इति वृथा मन्यते । तद्वत् आभासः अपि अभिमन्यते ।।

व्याख्या :- पूर्वोक्तं दृष्टान्तं स्पष्टयति । यथा पुत्रदारेषु पुत्रेषु दारेषु तदुपलक्षितेषु सर्वेषु सम्बन्धिषु तप्यत्सु क्लेशाद्यनुभवत्सु तपाम्यहमिति वृथाध्यासेनाहमेव कष्टमनुभवामीति मन्यते पुरुषो विचिन्तयति तद्वदेवाध्यासेन वृथैवाभासोऽपि चिन्तयतीति शम् ।।

व्याख्या - पूर्वोक्त भ्रान्तिजनित एकता के ज्ञान से क्या हानि है ? ऐसी आशंका होने पर कहते हैं कि तीनों शरीरों और उनके ज्वरों को सत्य मानने से यह स्वयं पीडित होता है अर्थात् पूर्वोक्त भ्रान्ति काल में स्थूलादि तीनों शरीरों के सन्तप्त होने पर यह चिदाभास उनके सन्तापों को स्वयं में आरोपित कर तदनन्तर मैं स्वयं सन्तप्त हूँ, इस प्रकार मानता है । इस विषय में परिवार वाले पुरुष का दृष्टान्त देते हैं - जैसे भार्या-पुत्रादि के विकल अथवा सकल होने पर गृहस्थ स्वयं को सकल और विकल मानता है, उसी प्रकार यहाँ पर भी अन्य के धर्मों को स्वयं में आरोपित करके चिदाभास भी दुःख का अनुभव करता है ।

पूर्वोक्त दृष्टान्त का विवरण करते हैं ।

अर्थ - जैसे कुटुम्बी पुरुष अपने पुत्र, पत्नी आदि के सन्तप्त होने पर 'मैं सन्तप्त हूँ' इस प्रकार व्यर्थ ही मानता है, उसी प्रकार चिदाभास भी (शरीरों के ज्वर) से वृथा ज्वरित होने का अभिमान करता है ।।२३३।।

व्याख्या - कुटुम्बी पुरुष अपने पुत्र, पत्नी आदि से भावात्मक तादात्म्य रखते हैं । उनके दुःखी होने पर वे स्वयं को ही दुःखी मानते हैं, उनके मरने पर इतने दुःखी होते हैं कि मानो स्वयं ही मर रहे हों । इसी प्रकार चिदाभास भी स्थूलादि तीनों शरीरों को अपना स्वरूप मानकर उनके ज्वर से ज्वरित होता है । उसका यह दुःख वृथा है । वृथा तादात्म्याभिमान के कारण ही वह दुःखी होता है ।

पुरुषस्य ज्वरास्सर्वेऽप्यध्यासादेवेति निरूपणम् -

विविच्य भ्रान्तिमुज्झित्त्वा स्वमप्यगणयन्सदा ।
चिन्तयन्साक्षिणं कस्माच्छरीरमनुसञ्ज्वरेत् ॥ २३४ ॥

अन्वयः - विविच्य भ्रान्तिम् उज्झित्त्वा स्वयम् अपि अगणयन् साक्षिणं सदा चिन्तयन् कस्मात् शरीरम् अनुसञ्ज्वरेत् ।।

व्याख्या :- एवमेवाविवेकदशायामध्यासेन चिदाभासस्य ज्वरादिकं प्रादर्शि । ईश्वरानुग्रहाद्-भ्रान्त्यपनये तु चिदाभासस्य ज्वरपीडाभाव इत्याह । चिदाभासस्स्वात्मानं कूटस्थं शरीराणि च विविच्य प्रागुक्तरीत्या कूटस्थेन शरीरत्रयेण च स्वात्मानं विवेकेन पृथक्कृत्य भेदेन विज्ञाय तत्सर्वं स्वस्वरूपं स्वस्य वास्तवं स्वरूपमित्यगणयन्नादरमकुर्वन्भ्रान्तिमविवेककृतामुज्झित्त्वा परित्यज्य प्रतिबिम्बमात्रत्त्वादसत्यत्त्वेन स्वस्याभावरूपत्त्वज्ञानेन स्वस्मिन्नप्यनादरेण स्वं निजं साक्षिस्वरूपं चिन्तयन्विचिन्तयन्कस्माद्धेतोश्शरीर-मनुसञ्ज्वरेज्ज्वरवच्छरीरमनुसृत्य स्वयं कुतः परितपेन्नैव क्लेशमनुभवेदेवेत्यर्थ इति शम् ।।

भ्रान्तिसत्त्वे ज्वरनिवर्तकत्त्वं तत्त्वज्ञानस्यैवेति सदृष्टान्तं स्पष्टीकरणम् -

अयथावस्तुसर्पादिज्ञानं हेतुः पलायने ।
रज्जुज्ञानेऽहिधीध्वस्तौ कृतमप्यनुशोचति ॥ २३५ ॥

अन्वयः - अयथावस्तुसर्पादिज्ञानं पलायने हेतुः । रज्जुज्ञाने अहिधीध्वस्तौ कृतम् अपि अनुशोचति।।

भ्रान्ति दूर होने पर चिदाभास की ज्वरपीडा का अभाव दर्शाते हैं ।

अर्थ - इस प्रकार विवेचन कर भ्रान्ति को दूर करके तथा स्वयं की भी गणना न करते हुए सदा साक्षी का चिन्तन करते रहने पर चिदाभास किस हेतु से शरीर के सन्तापों से सन्तप्त होगा ?।।२३४।।

व्याख्या - अब तक अविवेक दशा में अध्यास के कारण चिदाभास का ज्वरादि से ग्रस्त होना बताया गया । अब कहते हैं कि ईश्वरानुग्रह से यदि उसकी भ्रान्ति विवेक के द्वारा दूर हो जाती है तब उसकी ज्वरादि समस्त पीडाएँ शान्त हो जाती हैं । चिदाभास कूटस्थ और स्थूलादि तीनों शरीरों से स्वयं को पृथक् करके अर्थात् देहत्रयादि ही मेरा स्वरूप है, इस भ्रान्ति को दूर करके (छोड़कर) तथा स्वयं की भी कूटस्थ का प्रतिबिम्ब मात्र होने से गणना न करते हुए अर्थात् स्वयं का भी आदर न करते हुए जब निरन्तर साक्षी को अपना स्वरूप मानकर उसी का चिन्तन करता है तब ऐसी स्थिति में वह किस कारण से शरीर के सन्तापों से स्वयं को सन्तप्त करेगा ? अर्थात् कभी भी नहीं करेगा। भाव यह है कि भ्रान्ति के होने पर ज्वरादि का सद्भाव और भ्रान्ति के अभाव में ज्वरादि का अभाव होता है ।

भ्रान्ति अनुताप का कारण है और तत्त्वज्ञान अनुताप के अभाव का कारण है, इसको दृष्टान्त पूर्वक बताते हैं ।

अर्थ - मिथ्या सर्प आदि का ज्ञान पलायन का हेतु है किन्तु रज्जु आदि का ज्ञान होने पर सर्प रूप बुद्धि का नाश हो जाने पर किये हुए पलायन का भी पुरुष अनुताप करता है ।।२३५।।

व्याख्या - रज्जु आदि में मिथ्या सर्प आदि का ज्ञान (भ्रम) पलायन का हेतु है । (आदि शब्द

व्याख्या :- भ्रान्तेर्ज्वरानुतापकारणत्त्वं, तत्त्वज्ञानस्यानुतापाभावस्य च कारणत्त्वं प्रदर्शयितुं रज्जुसर्पभ्रान्तिं विवृणोति । रज्ज्वादौ भ्रान्त्यधिष्ठाने शुक्तिरज्वादावयथावस्तु सर्पादिज्ञानं कल्पितस्यात एवायथार्थभूतस्य रजतसर्पादेर्ज्ञानं च दूरतो गमने हेतुः कारणं भवति । एवमत्रादिशब्देन स्थाणौ कल्पितश्चोरादिरपि गृह्यते । रज्जुज्ञानेऽधिष्ठानभूतरज्वादिज्ञाने यथार्थज्ञाने सति यथार्थज्ञानवशादहिधीध्वस्तौ कल्पितानां सर्पादीनां ज्ञानस्य नाशे जाते सति भ्रमवेलायां यत्कृतं पलायनरोदनाक्रोशनशिरस्ताडनादिकं तन्न भवति, प्रत्युत कृतमप्यनुशोचति धिङ्मां केवलं भ्रान्त्याज्ञानेन वृथा प्रयासो मया विहित इति दुःखाक्रान्तस्सन्पलायनादिकमनुशोचति परितपति ।।

ज्ञानेन चिदाभासधीध्वंसकथनम्, सर्वदा साक्षिचिन्तनस्य फलप्रदर्शनम् -

मिथ्याभियोगदोषस्य प्रायश्चित्तप्रसिद्धये ।
क्षमापयन्निवात्मानं साक्षिणं शरणङ्गतः ।। २३६ ।।

अन्वयः- मिथ्याभियोगदोषस्य प्रायश्चित्तत्त्वसिद्धये साक्षिणम् आत्मानं क्षमापयन् इव शरणं गतः।।

व्याख्या :- निवृत्तभ्रान्तिकस्य किमर्थं साक्षिचिन्तनम् ? भ्रान्तिनिवृत्त्यनन्तरमप्यप्राप्य-फलान्तराभावादित्याशङ्कायां भ्रान्तिनिवर्तकज्ञानाविच्छेदसिद्धये तत्स्वरूपानुसन्धानमावश्यकमेव । अन्यथा पुनः पुनर्भ्रान्त्युत्पादप्रसङ्गात् । अत''श्चिन्तयन्साक्षिणं कस्माच्छरीरमनुसञ्ज्वरे''दिति सर्वदा साक्षिणश्चिन्तनं

से शुक्ति में रजत और स्थाणु में चोर का भ्रम भी पलायन का हेतु है) उक्त भ्रम का नाश तभी संभव है जब उस भ्रम के अधिष्ठान का सम्यक् दर्शन हो जाए । जब रज्जु आदि का ज्ञान हो जाता है तब रज्जु में उत्पन्न सर्पबुद्धि नष्ट हो जाती है । सर्पबुद्धि नष्ट हो जाने पर वह अनुताप करता है कि अरे रे ! मैंने अज्ञान के कारण वृथा ही प्रयास किया । इस प्रकार दुःखाक्रान्त होता है अर्थात् स्वयं की पलायनादि क्रिया पर पश्चाताप करता है ।

सदा साक्षी का चिन्तन करना चाहिये, इस पूर्वोक्त अर्थ को दृष्टान्त के द्वारा स्पष्ट करते हैं।

अर्थ - जैसे मिथ्या अभियोग लगाने पर मनुष्य उसका प्रायश्चित्त करने के लिये क्षमा मांगता है, वैसे ही चिदाभास साक्षी की शरण में जाता है ।।२३६।।

व्याख्या - भ्रान्ति की निवृत्ति के बाद अन्य कोई फल की प्राप्ति का अभाव होने से जिसकी भ्रान्ति निवृत्त हो गई है, वह चिदाभास साक्षी का चिन्तन किस लिये करेगा ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि भ्रान्ति निवर्तक ज्ञान की अविच्छिन्नता की सिद्धि के लिये उसके स्वरूप का अनुसन्धान आवश्यक है, अन्यथा पुनः भ्रान्ति उत्पन्न होने की संभावना है । अतः पुनः भ्रान्ति की उत्पत्ति न हो यही अनुचिन्तन का फल है, इस बात को विशद करते हैं । जिस व्यक्ति ने कोई दूषित कार्य न किया हो उस पर दोष मढ़ना मिथ्या अभियोग कहलाता है । बाद में जब यह ज्ञात होता है कि उसने कोई दूषित कार्य नहीं किया तो अभियोग लगाने वाला व्यक्ति लज्जित होता है और प्रायश्चित रूप में अपने अपराध के लिए बारम्बार क्षमा माँगता है ।

प्रायो नाम तपः प्रोक्तं चित्तं निश्चय उच्यते।
तपोनिश्चयसंयुक्तं प्रायश्चित्तमिति स्मृतम्।।

पुनः पुनर्भ्रान्त्यनुत्पत्तये फलतीति सदृष्टान्तं स्पष्टयति । निर्दोषिणं प्रति मिथ्याभियोगदोषस्य साक्षिणि मिथ्याभूतदेहत्रयविशिष्टस्वाध्यासपूर्वकमिथ्याकर्तृत्त्वभोक्तृत्त्वारोपदोषस्य प्रायश्चित्तप्रसिद्धये "प्रायो नाम तपः प्रोक्तं चित्तं निश्चय उच्यते । तपो निश्चयसंयुक्तं प्रायश्चित्तमिति स्मृत"मिति लक्षणस्य प्रायश्चित्तस्य प्रसिद्धये दोषपरिहारदार्ढ्यसम्पत्तये क्षमापयन्निव क्षमापणं कुर्वन्नभियोगकर्तेव चिदाभासो मिथ्याभूतं साक्षिण्यारोपितदोषपरिहारार्थमात्मानं साक्षिणं शरणं गतस्तदेकाश्रयोऽभूत् । यथा जगति मिथ्याभियोगकृन्नरस्तद्दोषस्य परिहारार्थमभियुक्तं मुहुर्मुहुः क्षमापयत्येवमयं चिदाभासोऽपि सक्षिण्यसङ्गात्मनि भोक्तृत्त्वाद्यारोपलक्षणमिथ्याभियोगदोषनिवृत्त्यर्थं साक्षिणमात्मानं क्षमापयन्निव पुनः पुनश्शरणं गतः। नित्यशुद्धबुद्धमुक्तस्वरूपे आत्मनि जगत आत्मनश्चाध्यासरूपाभियोगेनानादिरिह दुःखमयस्संसारः प्रवृत्त इत्यवगत्य तदध्यासोपरमं विनात्मनो नित्यसुखरूपता न सिद्ध्यति । साक्षिणं शरणतया शुद्धात्मानुसन्दधौ। तादृशसन्धानमेव प्रायश्चित्तफलकक्षमापणमित्युत्प्रेक्षते। तस्मात्सर्वदा साक्षिणश्चिन्ता विधेयेति शम् ।।

ध्यानस्य सर्वदानुष्ठेयत्त्वनिरूपणम् –

आवृत्तपापनुत्यर्थं स्नानाद्यावर्तते यथा ।
आवर्तयन्निव ध्यानं सदा साक्षिपरायणः ।। २३७ ।।

अन्वयः – यथा आवृत्तपापानुत्यर्थं स्नानादि आवर्त्यते (तथा) ध्यानम् आवर्तयन् इव सदा साक्षिपरायणः (भवति)

अर्थात् 'प्रायः' नाम तप का है और निश्चय को चित्त कहते है, अतः निश्चयपूर्वक किया गया तप ही प्रायश्चित्त कहा जाता है । इस लक्षण के अनुसार प्रायश्चित्त की सिद्धि के लिये अर्थात् दोषपरिहार की दृढ़तर संपत्ति के लिये वह बारम्बार क्षमा मांगता है । इसी प्रकार अज्ञान की दशा में चिदाभास साक्षी पर मिथ्या अभियोग लगाने का अपराध करता है । वह असंग, निर्लिप्त साक्षी पर कर्ता और भोक्ता होने का आरोप लगाता है । अथवा सत्स्वरूप साक्षी की उपेक्षा कर स्थूलादि तीनों शरीरों को ही सत्य मान लेना रूप अपराध करता है । ज्ञान होने पर चिदाभास को अपने किये हुए अपराध पर पश्चाताप होता है । उसके निवारण के लिये वह साक्षी की शरण में जाता है । बारम्बार साक्षी का चिन्तन करना ही उसका प्रायश्चित्त है ।

ध्यान के सदा अनुष्ठेयत्व का वर्णन करते हैं ।

अर्थ – जैसे पापी पुरुष अभ्यस्त पाप के नाश के लिये (शास्त्रविहित) स्नानादि प्रायश्चित्त का बारम्बार अनुष्ठान करता है, उसी प्रकार चिदाभास भी ध्यान का बारम्बार अभ्यास करता हुआ-सा सदा साक्षिपरायण रहता है ।।२३७।।

व्याख्या – चिदाभास की कूटस्थ के प्रति शरणागति क्या क्षणिक है ? नहीं, ध्यान रूप अनुचिन्तन ही दृढ़ अध्यास से आरोपित भ्रम का निवर्तक है, इस बात को लौकिक दृष्टान्त से स्पष्ट करते हैं । कुछ पाप कर्म ऐसे होते हैं जिन्हें बिना किये मनुष्य रह ही नहीं सकता, अतः बारम्बार उन पापों को जानते हुए और बिना जानते हुए भी करता रहता है । उन पापों की निवृत्ति के लिये वह शास्त्रविहित गंगादि पवित्र नदियों में स्नान, दान और उपवासादि रूप प्रायश्चित का बारम्बार अनुष्ठान करता रहता है । ठीक इसी प्रकार आत्मा में संसारित्व का आरोप भी यह चिदाभास अनादि काल से करता ही आ रहा है, अतः इस अनादि दोष की निवृत्ति के लिये यह सदा ध्यान करता हुआ-सा साक्षिपरायण ही रहता है ।***"साक्षी एव परं उत्तमं अयनं आश्रयो यस्य सः साक्षिपरायणः"*** साक्षी ही जिसका उत्तम आश्रय (स्थान)

व्याख्या :- किमियं शरणागतिः क्षणिका ? न, ध्यानरूपानुचिन्तनमेव सर्वथाध्यासारोपनिवर्तकमिति लौकिकदोषनिवर्तकप्रायश्चित्तदृष्टान्तमुखेन स्पष्टयति । आवृत्तपापनुत्त्यर्थं यथा वा पापमनुष्ठितवता पुरुषेण पुनः पुनरावृत्त्या कृतस्य पापकर्मणस्तत्फलस्यापनोदनार्थं मुहुरभ्यस्तपापापनोदनाय विहितं स्नानादिगङ्गाद्युत्तमतीर्थावगाहरूपं प्रायश्चित्तं कर्मावर्त्यते पौनःपुन्येन समनुष्ठीयते तथायमपि मुमुक्षुश्चिरं साक्षिणि संसारित्त्वारोपणाद्यनादिदोषस्यात्यन्तिकपरिहाराय ध्यानं विजातीयज्ञानानन्तरितसजातीयज्ञान-प्रवाहीकरणरूपमावर्तयन्निव मुहुर्मुहुरविच्छेदेन पर्यावर्तयन्निव सदा सक्षिपरायणस्साक्ष्येव परमुत्तममयन-माश्रयो यस्य स तथाविधो भवति । यथा पापिना पुंसा वृजिनाद्यपनोदनाय धर्मशास्त्रविहितस्नानादि-प्रायश्चित्तमावर्तयति तथैवायमाभासस्साक्षिणि चिरमारोपितदुःखित्त्वाद्यशेषदोषपरिहाराय ध्यानमसकृदा-वर्तयन्सर्वदा साक्षिपरायणो भवति । नैवं कल्पना चिदाभाससाक्षिणोर्भेदप्रदर्शनप्रयोजिका। परन्तु मन्दबुद्ध्यारोहणमात्रविषयिकेति विवेचनीयेति शम् ।।

सञ्जाते ज्ञाने चिदाभासस्याध्यासिकधर्मप्रकटने लज्जानिरूपणम् -

उपस्थकुष्ठिनी वेश्या विलासेषु विलज्जते ।
जानतोऽग्रे तथाभासः स्वप्रख्यातौ विलज्जते ।। २३८ ।।

अन्वयः-(यथा) उपस्थकुष्ठनीवेश्या विलासेषु विलज्जते तथा आभासः जानतः अग्रे स्वप्रख्यातौ विलज्जते।।

व्याख्या :- चिदाभासस्य साक्षिपरत्त्वमुपावर्णि । स्वस्मिन्नध्यस्तानां गुणानामुपवर्णने तत्त्वज्ञानोदयानन्तरं विलज्जत एव । किञ्चात्र ध्यानं किं स्वेन सह साक्षिणि तादात्म्यभावना ? आहोस्वित्प्राङ्निर्णीतसकल-दृश्यमिथ्यात्त्वपूर्वकं दृङ्मात्रत्त्वेनापरोक्षतयानुभूताद्वैतब्रह्मानुसन्धानमिति प्रश्नेऽन्त्य एव पक्षस्साधीयानिति सदृष्टान्तमुपवर्ण्यते । यथा वेश्या वेशाय प्रवेशाय योग्या वेश्या व्यभिचारशीलोपस्थकुष्ठिनी रोगविशेषयुक्ता सती जानतो जारस्याग्रे विलासेषु विलज्जत तथाभासश्चिदाभासो जानतस्साक्षिणोऽग्रे स्वप्रख्याता''वहं कर्ताहं भोक्ते''त्यादिस्वाध्यस्तधर्माणां प्रख्यातौ प्रकटनविषये नितरां विलज्जत इति दिक् ।।

है, उसे साक्षिपरायण कहते हैं । यह चिदाभास भी स्वदोषनिवृत्ति के लिये सदा साक्षिपरायण रहता है । भाव यह है कि यह कल्पना चिदाभास और साक्षी का भेद दिखाने के लिये नहीं की गई है किन्तु मन्दबुद्धि पुरुषों की बुद्धि में ठीक तरह से तत्त्व की बात को आरूढ़ करने के लिये ही की गई है ।

ज्ञान होने पर चिदाभास स्वधर्म को प्रकट करने में भी लज्जा का अनुभव करता है, इस बात को दृष्टान्त पूर्वक बताते हैं ।

अर्थ - जैसे उपस्थ (योनि) में कुष्ठरोग वाली वैश्या उस दोष को जानने वाले के सामने विहार करने में लज्जित होती है, वैसे ही चिदाभास भी अपने गुणों को प्रकट करने में लज्जित होता है ।।२३८।।

व्याख्या - चिदाभास के साक्षिपरत्व होने का वर्णन किया गया । ज्ञान होने के बाद वह स्वगुणधर्मों को प्रकट करने में भी जल्लित होता है । जैसे उपस्थ में कुष्ठरोग वाली व्यभिचारिणी नारी (वैश्या) उस दोष को जानने वाले पुरुष से विहार (समागम) करने में लज्जा का अनुभव करती है, वैसे ही यह चिदाभास भी स्वयं के मिथ्यात्व को जानने वाले साक्षी के सामने 'मैं कर्ता हूँ, मैं भोक्ता हूँ' इत्यादि स्वयं के धर्मों को प्रकट करने में लज्जा का अनुभव करता है ।

विवेकज्ञानोदयानन्तरं भ्रान्त्यनुदयस्य निरूपणम् -

गृहीतो ब्राह्मणो म्लेच्छैः प्रायश्चित्तञ्चरन्पुनः ।
म्लेच्छैस्सङ्कीर्यते नैव तथाभासश्शरीरकैः ॥ २३९ ॥
यौवराज्ये स्थितो राजपुत्रस्साम्राज्यवाञ्छया ।
राजानुकारी भवति तथा साक्ष्यनुकार्ययम् ॥ २४० ॥

अन्वयः - यथा म्लेच्छैः गृहीतः ब्राह्मणः प्रायश्चित्तं चरन् पुनः म्लेच्छैः न एव सङ्कीर्यते । तथा आभासः शारीरकैः ।।

अन्वयः - (यथा) यौवराज्ये स्थितः राजपुत्रः साम्राज्यवाञ्छया राजानुकारी भवति । तथा अयं साक्ष्यनुकारी ।।

व्याख्या :- चिदाभासकर्तृकस्वप्रख्यात्यभावमेव दृश्यासङ्करदृगैक्यसूचकदृष्टान्ताभ्यां विशदीकरोति।

विवेकज्ञानोदय के बाद पुनः भ्रान्ति का उदय नहीं होता है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - जैसे म्लेच्छों से पकड़ा गया ब्राह्मण प्रायश्चित्त करता हुआ पुनः उन लोगों से संपर्क नहीं रखता है, उसी प्रकार वह चिदाभास भी शरीरों के दोषों के साथ पुनः तादात्म्य नहीं करता है ।।२३९।।

व्याख्या - ***गोमांसखादको यस्तु विरुद्धं बहुभाषते ।***
सर्वाचारविहीनश्च म्लेच्छ इत्यभिधीयते ।। (बो. स्मृ.)

इस बोधायन स्मृति के अनुसार जो गाय का मांस खाता है और शास्त्रविरुद्ध मन-घड़न्त बातें बोलता रहता है तथा समस्त आचार-विचार से रहित होता है, उसे म्लेच्छ कहते हैं । ऐसे भ्रष्ट पुरुष यदि किसी ब्राह्मण को पकड़ के ले जाएँ और उसे अशुद्ध अन्न आदि का भक्षण करने के लिये बाध्य करें तो उस ब्राह्मण को बड़ी ग्लानि होती है । वह जब म्लेच्छों के चंगुल से किसी प्रकार से बच निकलता है तब पञ्चगव्यादि का पान और गंगादि पवित्र नदियों में स्नानादि रूप प्रायश्चित्त करता है । इस घटना के बाद वह पुनः म्लेच्छों के समीप भी नहीं जाता, उनसे संपर्क रखने की तो बात ही नहीं है । इसी प्रकार चिदाभास भी शरीरों के दोषों के साथ पुनः तादात्म्याध्यास नहीं करता है । इस दृष्टान्त में चिदाभास ब्राह्मण के समान है और तीनों शरीर म्लेच्छों के समान हैं । अज्ञानावस्था में शरीरों के साथ तादात्म्य कर लेने पर यह चिदाभास संसार बन्धन में पड़ गया था और शरीरों के सन्तापों से स्वयं सन्तप्त होता था किन्तु जब तीनों शरीरों से स्वयं को पृथक् रूप से जान लेता है तब पुनः उन स्थूलादि शरीर रूपी म्लेच्छों के चंगुल में नहीं पड़ता है । वह साक्षी की शरण में जाकर आत्मचिन्तन रूप प्रायश्चित्त करता रहता है । ऐसी स्थिति में वह पुनः शरीरों से तादात्म्य क्यों करेगा ? अर्थात् नहीं करेगा । इसीलिये शरीरों के सन्तापों से भी वह सन्तप्त नहीं होता है ।

पूर्वोक्त कथन को अन्य दृष्टान्त से स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - जैसे युवराज पद पर स्थित राजपुत्र साम्राज्य की इच्छा से सदा राजा की आज्ञा का पालन करता है, उसी प्रकार यह चिदाभास भी साक्षी का अनुसरण करता है ।।२४०।।

व्याख्या - श्लोक २३६ में कहा गया कि चिदाभास साक्षी पर मिथ्या अभियोग लगाने के दोष की निवृत्ति के लिये ज्ञानोत्तर काल में बारम्बार उससे क्षमा मांगता है अर्थात् निदिध्यासन रूप प्रायश्चित्त करता

शरीरत्रयविवेकज्ञानयुक्तस्य हि चिदाभासस्य न पुनस्तैश्शरीरधर्मैस्तादात्म्यभ्रान्तिरित्यत्र सदृष्टान्तमुपपादयितुमुपक्रमते । म्लेच्छै"र्गोमासंखादको यस्तु विरुद्धं बहु भाषते । सर्वाचारविहीनो यो म्लेच्छ इत्यभिधीयते ।।" इति बोधायनादिभिर्लक्षितलक्षणैरन्त्यजातिविशेषैः पुनःपुनर्गृहीतो हस्तादिना संस्पृष्टो ब्राह्मणः प्रायश्चित्तं चरन्ननुतिष्ठंस्तैर्म्लेच्छैरस्पृश्यैर्नैव सङ्कीर्यते । तथैवाभासश्चिदाभासश्शरीरकैरत्र कप्रत्ययः कुत्सितार्थे कुत्सितैर्जुगुप्सितैः पूतिकूष्माण्डायितैस्त्रिभिश्शरीरैर्न कदापि तादात्म्याध्यासं करोति। प्रत्युत प्रायश्चित्तरूपं ध्यानं निदिध्यासनं विपरीतभावनानिवृत्तिफलकमनुतिष्ठत्येव । अत्र च शरीरशब्दात्कुत्सितार्थककप्रत्ययं प्रयुञ्जता त्रयाणामपि शरीराणां सर्वथा हेयत्त्वमुपवर्णितम् । अत्र च साक्ष्यनुस्मरणं न केवलं स्वापराधनिवृत्तिफलकमात्रमेवापि तु महत्प्रयोजनसिद्ध्यर्थमपि । यतस्साक्षिणोऽनुसन्धानेन नित्यसुखसम्पादनं सुशकमित्यतस्सिंहावलोकनेन सदृष्टान्तं स्पष्टयति । यौवराज्ये युवैव राजा युवको राजपुत्रस्तस्य कार्यं यौवराज्यं तस्मिन्स्थितो राजपुत्रस्साम्राज्यवाञ्छया राजानुकारी राजेव प्रजारञ्जनादिगुणवान्भवति तथैवायं चिदाभासः प्रकृतस्साक्ष्यनुकारी तमेवानुकरोति । युवराजानुकृतराजानुकारी यावत्साम्राज्यसम्पादकत्त्वेन यथा दुःखशोकमोहादिनिवृत्तिपुरस्सरं नित्यानन्दसुखकरो भवत्येवं साक्षिणि चिदाभासाध्यासो यावदात्मरूपताप्राप्तिस्तावद्दुःखादिनिवृत्तिपूर्वकनिरतिशयानन्दत्त्वान्न हेयो भवति । वस्तुतस्त्वयमप्यध्यासो हेय एवास्ति । सर्वस्याप्यध्यासमात्रस्य मिथ्यात्त्वादिति शम् ।।

साक्ष्यनुकरणे महत्फलमित्यत्र मुण्डकश्रुत्युदाहरणम् -

यो ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवत्येष इति श्रुतिः ।
श्रुत्त्वा तदेकचित्तस्सन्ब्रह्म वेत्ति न चेतरत् ।। २४१ ।।

है । अब यहाँ बताते हैं कि एक अन्य प्रयोजन से भी चिदाभास निरन्तर साक्षी का अनुसरण करता है। वह स्वयं के मिथ्या रूप को त्याग कर सच्चिदानंद स्वरूप साक्षी पद को प्राप्त करना चाहता है । ***''युवैव राजा राजपुत्रः तस्य भावो यौवराज्यं तस्मिन् यौवराज्ये''*** । युवराज पद पाकर राजपुत्र सावधान हो जाता है । उसकी शीघ्र ही राज्यपद प्राप्त करने की इच्छा प्रबल हो जाती है । अतः वह निरन्तर अपने पिता की आज्ञा का अनुसरण करता है और गुणवान राजा की तरह प्रजा का पालन करता है । इसी प्रकार ज्ञान होने पर यह चिदाभास निरन्तर साक्षी का ही स्मरण रूप अनुसरण करता है । उसी से तादात्म्य कर ब्रह्म पद प्राप्त करने की अभिलाषा करता है । वह पुनः मिथ्या शरीरों के साथ तादात्म्य कर उनके विकारों को ग्रहण नहीं करता है । भाव यह है कि युवराज के द्वारा किया गया राजा का अनुसरण साम्राज्य की प्राप्ति के लिये होने से दुःखदायी नहीं होता है, उसी प्रकार साक्षी आत्मा में भी चिदाभास का अध्यास दुःखदायी होने पर भी तब तक हेय नहीं है जब तक की वह आत्मरूप की प्राप्ति न कर ले । वस्तुतः तो यह अध्यास भी हेय (त्याज्य) ही है क्योंकि अध्यास रूप होने के कारण मिथ्या है।

साक्षी का अनुसरण करने पर चिदाभास को महान फल की प्राप्ति होती है, इस विषय में श्रुति का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - "जो ब्रह्म को जानता है, वह ब्रह्म ही हो जाता है" इस श्रुति को सुनकर चिदाभास ब्रह्म में एकचित्त होकर उसी को जानता है, अन्य किसी को नहीं ।।२४१।।

अन्वयः– "यः ब्रह्म वेद ब्रह्म एव भवति" इति श्रुतिं श्रुत्त्वा तदेकचित्तः सन् ब्रह्म वेत्ति च । इतरत् न ।।

व्याख्या :– साक्षित्त्वमपि प्रकल्पितसाक्ष्यप्रयुक्तमेवातो राजानुकारिणो राजपुत्रस्य युवकस्य साम्राज्यप्राप्तिरूपं फलं लोकेऽनुभूयते । न तथा चिदाभासस्य साक्ष्यनुकरणफलं यत्तद्रूपेणावस्थानमिति न केनाप्यनुभूयत इत्याशङ्कां परिजिहीर्षुर्मुण्डकश्रुतिमुदाहरति । एष चिदाभासः यो ब्रह्म वेद स ब्रह्मैव भवतीति श्रुतौ श्रुतम् । यथा "स यो ह वै तत्परमं ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवति नास्याब्रह्मवित्कुले भवति तरति शोकमात्मवित्तरति पाप्मानं गुहाग्रन्थिभ्यो विमुक्तोऽमृतो भवती"त्यादि । अत्र ब्रह्मभावादिरूपस्य प्रयोजनस्य श्रुतत्त्वात्तत्फलवाञ्छया साक्ष्यनुसरणे प्रवृत्तिश्चिदाभासस्य युक्ततरैव। परे ब्रह्मणि प्रणिहितमना भूत्त्वा ब्रह्मैव वेत्ति नेतरत्किञ्चित् । तथा च तदेकचित्ततया साक्षिणमनुसृत्यानवरतं तदेकध्यानाद्भ्रमरकीटन्यायेन तादृद्रूप्यं भजत इति शम् ।।

अधिकफललिप्सूनां स्वात्मनाशोऽप्यकिञ्चित्कर इति निरूपणम् –

देवत्त्वकामा ह्यग्न्यादौ प्रविशन्ति यथा तथा ।
साक्षित्त्वेनावशेषाय स्वविनाशन्न वाञ्छति ॥ २४२ ॥

अन्वयः–यथा देवत्त्वकामाः हि अग्न्यादौ प्रविशन्ति । तथा साक्षित्त्वेन अवशेषाय सः स्वविनाशं वाञ्छति।।

व्याख्या – युवराज को राजा का अनुगामी होने पर साम्राज्य की प्राप्ति देखने में आती है परन्तु साक्षी का अनुसरण करने से चिदाभास को किसी फल की प्राप्ति होना नहीं देखा गया है, अतः साक्षी के अनुसरण में चिदाभास की व्यर्थ प्रवृत्ति क्यों होगी ? ऐसी आशंका के उत्तर में चिदाभास की प्रवृत्ति का प्रयोजन बताते हैं । ***"स यो ह वै तत्परमं ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवति"*** (मु.उ. ३/२/९) "ब्रह्म को जानने वाला ब्रह्म ही हो जाता है" इस श्रुति में ब्रह्मभाव रूप प्रयोजन सुना गया है अतः चिदाभास की उक्त फल की इच्छा से साक्षी का अनुसरण रूप प्रवृत्ति युक्त ही है । वह उपर्युक्त श्रुति को सुनकर ब्रह्म में एकनिष्ठ होकर केवल उसी को जानता है, उसके अतिरिक्त अन्य किसी को भी नहीं जानता है। निरन्तर साक्षी का चिन्तन करने से भ्रमर–कीट न्याय के अनुसार यह चिदाभास भी तद्रूप ही हो जाता है । इसी महान फल की प्राप्ति के लिये चिदाभास निरन्तर साक्षी का अनुसरण करता है ।

अधिक फल की प्राप्ति के लिये स्वयं का नाश भी अकिञ्चित्कर ही है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ – जैसे देवत्व प्राप्त करने की कामना से पुरुष अग्नि आदि में प्रवेश कर जाता है, वैसे ही वह चिदाभास साक्षी रूप से अवशेष रहने के लिये अपने विनाश की कामना करता है ।।२४२।।

व्याख्या – ब्रह्मज्ञान से ब्रह्मभाव की प्राप्ति हो जाने पर तो चिदाभास का अस्तित्त्व ही समाप्त हो जाएगा, ऐसी स्थिति में चिदाभास स्वयं के विनाश के लिये ब्रह्मज्ञान प्राप्त करने में कैसे प्रवृत्त होगा ? इस शंका का परिहार करते हैं कि अधिक फल की प्राप्ति के लिये स्वयं के नाश में भी कोई हानि नहीं है । इसे दृष्टान्त पूर्वक स्पष्ट करते हैं । शास्त्रमान्यतानुसार कभी–कभी मनुष्य देवत्व को (देवशरीर को) प्राप्त करने के लिये मनुष्य शरीर का विधिवत् त्याग कर देते हैं । किसी विशेष पर्व पर कोई पर्वत से कूद कर, कोई अग्नि में प्रवेश कर, कोई तीर्थस्थल प्रयागादि में डूब कर मनुष्य–शरीर का विधिवत् त्याग कर देते हैं । ये लोग मनुष्य शरीर से अधिक श्रेष्ठ देवशरीर पाने की कामना से ऐसा करते हैं । प्रसिद्ध

व्याख्या :- चिदाभासस्य निरन्तरब्रह्मध्यानेन ब्रह्मभावावाप्तौ चिदाभासत्त्वनाशादात्मनाश एव स्यात् । कथं वा स्वनाशाय तत्प्रवृत्तिरित्याशङ्कायामधिकतमफलप्राप्तौ सत्यां स्वनाशायापि प्रवर्तन्त एवेति दृष्टान्तपुरस्सरं प्रदर्शयति । यथा लोके नरा देवत्त्वकामा आत्मनो देवेन्द्रादिपदं प्राप्तुं तत्तत्कामा ह्यग्न्यादौ भृग्वग्निपतनप्रयागगङ्गासङ्गमप्रवेशमहाप्रस्थानादौ प्रवर्तन्ते कुमारिलभट्टाचार्यकृततुषाग्निप्रवेशो माधवीयशङ्कदिग्विजयादौ सुप्रसिद्धः । प्रयागतीर्थराज आत्मत्यागो धर्मशास्त्रप्रसिद्धः । श्रीमन्महाभारते पाण्डवानां महाप्रस्थानगमनं सुविदितचरमेव । तथैव चिदाभासोऽपि साक्षित्त्वेनावशेषाय साक्षिमात्ररूपेणा-वस्थानरूपस्याधिकतमफलस्य विद्यमानत्त्वात्स्वविनाशं चिदाभासत्त्वनाशमप्यङ्गीकृत्य स ब्रह्मज्ञानं वाञ्छति । अतस्तत्र घटत एव प्रवृत्तिरिति न कोऽपि दोष इति शम् ।।

ब्रह्मविदां चिदाभासत्त्वनाशेऽपि प्रारब्धं यावत्तावज्जीवत्त्वव्यवहारोऽनुवर्तते इति प्रदर्शनम् -

यावत्स्वदेहदाहं स नरत्त्वन्नैव मुञ्चति ।
यावदारब्धदेहं स्यान्नाभासत्त्वविमोचनम् ।। २४३ ।।

अन्वयः- यावत् स्वदेहदाहं सः नरत्त्वं न एव मुञ्चति । आरब्धदेहं स्यात् तावत् आभासत्त्वविमोचनं न ।।

व्याख्या :- तत्र यावत्प्रारब्धभोगं चिदाभासध्वंसाभावाद्दृष्टान्तवैषम्यमिति तत्र प्रत्याचष्टे । ब्रह्मभावापत्त्या चिदाभासत्त्वेऽपगतेऽपि सति कथं जीवत्त्वव्यवहारो ज्ञानिनामित्याशङ्कायां प्रारब्धकर्मणां क्षयं यावत्तदुपपत्तेरि-

---

मीमांसकाचार्य पण्डित श्रीमण्डन मिश्र के गुरु श्रीकुमारिल भट्ट ने भूसे में अग्नि लगाकर उसी में अपना शरीर जला दिया था । पाण्डवों ने महाप्रस्थान कर हिमालय में अपने शरीरों का त्याग किया । इत्यादि अनेकों प्रमाण उपलब्ध हैं । शास्त्र सम्मत होने से इसे आत्महत्या नहीं माना जाता है । इसी प्रकार चिदाभास भी साक्षी चैतन्य से तादात्म्य कर स्वयं के विनाश की कामना करता है । यहाँ चिदाभास के विनाश का केवल इतना ही तात्पर्य है कि वह स्वयं को प्रतिबिम्ब न मानकर सत्स्वरूप साक्षी चैतन्य को ही अपना वास्तविक स्वरूप मान लेता है । जैसे सूर्य से सूर्य का प्रतिबिम्ब कोई अलग वस्तु नहीं है, वैसे ही चिदाभास भी साक्षी से पृथक् नहीं है । यह चिदाभास साक्षी रूप में अवस्थित रहने की कामना से ही स्वयं के विनाश की कामना करता है, अतः अधिक फल की प्राप्ति के लिये स्वविनाश की कामना करना दोषयुक्त नहीं है ।

ज्ञानी का प्रारब्धक्षय पर्यन्त जीवत्व व्यवहार बन सकता है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - जैसे अग्नि में प्रविष्ट पुरुष का शरीर जब तक जल नहीं जाता तब तक वह मनुष्यत्व से छुटकारा नहीं पाता है, उसी प्रकार प्रारब्धजन्य देह की स्थिति पर्यन्त चिदाभासत्व व्यवहार की निवृत्ति नहीं होती है ।।२४३।।

व्याख्या - तत्त्वज्ञान के द्वारा यदि जीवभाव का नाश हो जाता है तो फिर तत्त्ववेत्ता के लिये 'यह मुक्त जीव है' इस प्रकार का जीवत्व व्यवहार कैसे बनेगा ? ऐसी आशंका के उत्तर में कहते हैं कि जब तक प्रारब्ध अवशिष्ट है तब तक उक्त व्यवहार अवश्य बन सकता है । जैसे अग्नि में प्रविष्ट हुए पुरुष का शरीर जब तक जल कर भस्म नहीं हो जाता तक वह पुरुष मनुष्यत्वाभिमान से छुटकारा नहीं पा सकता है । उसके देह के नष्ट हो जाने तक प्रारब्धकर्मों का पूर्णरूप से नाश नहीं होगा । अतः जब तक प्रारब्धक्षय नहीं हो जाता तब तक चिदाभासत्व व्यवहार की निवृत्ति नहीं होती है । जैसे सरोवर में जब

त्याह। यथा स कृताग्निप्रवेशो नरो यावत्स्वदेहदाहं यावत्कालेन स्वदेहं दाहादिना नश्यति तावत्स्वदेहनाशपर्यन्तं नरत्त्वं नरत्त्वव्यवहारयोग्यतां नैव मुञ्चति । तथैव यावदारब्धदेहमवशिष्टकर्मबलेनारब्धदेहपातावधि प्रारब्धकर्म-क्षयपर्यन्तमाभासत्त्वविमोचनं चिदाभासत्त्वव्यवहारायोग्यतामिव सञ्जातेऽपि नैव स्यादिति शम् ।।

सञ्जातेऽपि तत्त्वज्ञाने यावद्वासनानुवृत्तिर्भवेत्तावद्भोगप्रसङ्ग इति निरूपणम् -

रज्जुज्ञानेऽपि कम्पादिश्शनैरेवोपशाम्यति ।
पुनर्मन्दान्धकारे सा रज्जुः क्षिप्तोरगीभवेत् ।। २४४ ।।
एवमारब्धभोगोऽपि शनैश्शाम्यति नो हठात् ।
भोगकाले कदाचित्तु मर्त्योऽहमिति भासते ।। २४५ ।।

अन्वयः - रज्जुज्ञाने अपि कम्पादिः शनैः एव उपशाम्यति । पुनः मन्दान्धकारे क्षिप्ता सा रज्जुः उरगी भवेत् ।।

अन्वयः - एवम् आरब्धभोगः अपि शनैः शाम्यति । हठात् न । भोगकाले कदाचित् तु "अहं मर्त्यः" इति भासते ।।

व्याख्या :- शुक्तिरजतादिनिरुपाधिकभ्रमेऽधिष्ठानसाक्षात्कारक्षण एव तद्विषयकज्ञानतत्कार्य-ध्वंसस्समनुभूयते यद्वत्तद्वदधिष्ठानविषयकानाद्यज्ञानमात्रविजृम्भिते द्वैतभ्रमेऽपि तत्साक्षात्कारतुल्यकालमेव

तक पानी है तभी तक उसमें आकाश का प्रतिबिम्ब दिखाई देता है, पानी सूख जाने पर प्रतिबिम्ब भी नहीं रहता है । उसी प्रकार प्रारब्ध के सद्भाव में चिदाभासत्व (जीवत्व) का व्यवहार होता है। प्रारब्धक्षीण होने पर चिदाभास स्वयं के मिथ्या अस्तित्व का त्याग कर अपने वास्तविक ब्रह्मस्वरूप में स्थित हो जाता है । इसलिये ज्ञानी पुरुष का भी जब तक प्रारब्ध नष्ट नहीं होता तब तक जीवत्व व्यवहार बना रहता है अर्थात् प्रारब्धक्षय पर्यन्त चिदाभास चिदाभासत्व रूप व्यवहार से मुक्त नहीं होता है ।

ज्ञानोत्तरकाल में भोक्तृत्व की प्रतीति को दृष्टान्त पूर्वक समझाते हैं ।

अर्थ - रस्सी का ज्ञान हो जाने पर भी कम्प आदि का शमन धीरे-धीरे होता है । मन्द अन्धकार में डाल देने पर वह रस्सी पुनः सर्पिणी हो जाती है । इसी प्रकार प्रारब्ध भोग भी धीरे-धीरे शान्त होता है, हठ करने से नहीं । और भोगकाल में कभी-कभी 'मैं मर्त्य हूँ' ऐसा भी भासित होता है ।।२४४-२४५।।

व्याख्या - अज्ञान की निवृत्ति होने पर तत्कृत भ्रान्तिमूलक भोक्तृत्वादि की भी निवृत्ति हो ही जाती है, ऐसा कहा गया किन्तु ऐसा देखने में नहीं आता क्योंकि ज्ञानी पुरुषों में भी मैं कर्ता हूँ, मैं भोक्ता हूँ, इत्यादि व्यवहार देखा ही जाता है । ऐसी शंका होने पर रज्जु-सर्प के दृष्टान्त का विवरण करते हैं । मन्द अन्धकार में रखी हुई रस्सी भ्रम के कारण सर्प के समान प्रतीत होती है । जब दीपकादि के प्रकाश से रज्जु का ज्ञान हो जाता है कि यह रज्जु ही है, सर्प नहीं है तब भी सर्पभयजनित कम्पन और स्वेद आदि का उपशमन तत्काल नहीं हो जाता किन्तु धीरे-धीरे शान्त होता है और यदि उसी रस्सी को पुनः मन्द अन्धकार में डाल दिया जाए तो पूर्ववासनानुसार वह पुनः सर्पिणी हो जाती है अर्थात् सर्पवत् प्रतीत होने लगती है । इस दृष्टान्त को दार्ष्टान्तिक में घटाते हैं कि ठीक इसी तरह पुरुष का प्रारब्ध कर्म भी शनैः-शनैः ही शान्त होता है । हठ करने से किसी का प्रारब्ध शीघ्र समाप्त नहीं होता, जैसे बीजारोपण के बाद उसमें अंकुरादि के बाद कुछ वर्षों के अनन्तर फलादि आते हैं और बचपन बीतने पर कुछ वर्षों के बाद

तदज्ञानतद्व्याप्यादिध्वंसेन भाव्यं तत्कथं यावदारब्धदेहं यावत्प्रारब्धकर्मप्रयुक्तदेहादिद्वैतप्रतिभासमानत्त्व-विमोचनं चिदाभासत्त्वप्रध्वंसनं न स्यादित्युच्यत इत्याशङ्कायां निरुपाधिकभ्रम एव दृष्टान्तान्तरे किञ्चित्कालं कार्यविशेषस्यानुभवसिद्धत्त्वान्नैष दोष इति समाधास्यंस्तद्दृष्टान्तमेव विशदीकरोति । अत्र भोक्तृत्त्वादिनिखिलभ्रमोपादानत्त्वादज्ञानस्य निवृत्त्वात्कथं पुनर्भोगानुवृत्तिः कथं च मनुष्योऽहमित्यादि-विपरीतभावना चेतीमां शङ्कां प्रशमयति । अज्ञाननिवृत्तौ तत्कृतभ्रान्तिमूलक-भोक्तृत्त्वादीनामपि निवृत्तिरिति युक्त्या सिद्धेऽपि न तथानुभूयते । यतो ज्ञानिनामपि प्रतीयत एव कर्तृत्त्वभोक्तृत्त्वादिकमिति चेदुच्यते । रज्जुज्ञाने सर्पभ्रमापगमेऽपि सर्पभ्रान्तिकृतः कम्पादिः कम्पस्वेदरोदनभयादिश्शनैरेवोपशाम्यति । न तु भ्रमनाशाव्यवहितोत्तरक्षणे । सन्तु वा कम्पादयस्ते शाम्यन्तु शनैः । अथापि सर्पप्रतीती रज्जौ तु पुनर्नैव सम्पद्यत इति चेदुच्यते । तस्मिन्कम्पादौ विद्यमाने सति मन्दान्धकारे मन्दो नाति तीव्रो यश्चान्धकारस्तस्मिन्सा रज्जुः क्षिप्ता पुनरुरगीभवेदुरगस्सर्प इवाचरति । सर्प इव प्रतीयते । भ्रान्तिकार्ये कम्पादौ विद्यमाने सति पुनस्सर्पप्रतीतर्भवतीति भावः । एवमेव समवाप्तब्रह्मज्ञानानामपि कदाचित्प्रारब्धानुभवसमये विपरीतज्ञानं जायत इति दार्ष्टान्तिकी स्थितिः । अहं ब्रह्मास्मीति ज्ञानस्य दार्ढ्याभावोऽत्र कारणम् । यस्य सर्पभ्रमोपशमस्सञ्जातस्तत्त्वज्ञानेन च सम्पन्नस्तेनैव रज्जुर्लीलया मन्दान्धकारे क्षिप्ता सत्युरगी भवेदित्युच्यतेऽन्येन वा ? नाद्यः। अलुप्ततत्प्रमासंस्कारस्य तस्य तत्रोक्तभ्रान्त्यसम्भवात् । नाप्यन्यः । अन्येन मन्दान्धकारे क्षिप्ता सैव रज्जुः कालान्तरे लुप्तरज्जुप्रमासंस्कारमेनं प्रत्येवोरगी मन्दान्धकारान्तरेणावरणाज्जातापि दार्ष्टान्तिके स्वरूपावरकाज्ञानान्तराभासत्त्वेन वैधर्म्यादित्याक्षेपे पूर्वश्लोकोदाहृतदृष्टान्तौ द्वावपि क्रमेण दार्ष्टान्तिकयोः प्रकृतश्लोकार्थे योजयन्समाधत्ते । यथा रज्जुज्ञाने सत्यपि कम्पादिश्शनैरेवोपशाम्यत्त्वेवमारब्धभोगोऽपि शनैरेव शाम्यति । "एवमारब्धभोगोऽपि शनैश्शाम्यति नो हठात्" । हठात्तत्त्वज्ञानस्य योगादेर्वा बलात्कारात्तत्कालमेव नो शाम्यति नैव प्रणशयति । तथा पुनरपि तेनैव दीपादियोगान्मन्दान्धकारनाशे रज्जुप्रमया तदज्ञानविनाशान्नष्टः तदुपादानकसर्पभ्रमवतापि पुरुषेण सैव रज्जुर्निष्प्रयोजनत्त्वान्मन्दान्धकारे क्षिप्ता सती कालान्तरवशाल्लुप्ततत्प्रमासंस्कारं तं प्रत्येवोररीभवेत् । "भोगकाले कदाचित्तु मर्त्योऽहमिति

युवावस्था आती है । कोई हठ करे कि आज ही पौधा लगाएँ और कल से ही फल आने लग जाएँ, आज बचपन है दो-चार दिन में युवावस्था आ जाए, तो यह सब संभव नहीं है । इनके लिये प्रतीक्षा करनी पड़ती है । इसमें किसी का हठ कारगर नहीं होता । इसी प्रकार प्रारब्ध कर्मों का क्षय भी धीरे-धीरे ही होता है, किसी के हठ से सहसा नहीं हो जाता । अतः ज्ञानोत्तरकाल में ज्ञानी को भी प्रारब्धभोगकाल में कभी-कभी 'मैं मर्त्य हूँ, मैं कर्ता-भोक्ता हूँ' इत्यादि प्रतीति भी हो सकती है । अतः ज्ञानोत्तर काल में भी भोक्तृत्व की प्रतीति होना असंभव नहीं है । यदि कहो कि ज्ञान हो जाने के बाद पुनः कर्तृत्व-भोक्तृत्व का समर्थन कैसे कर रहे हैं ? यह तो आपके वेदान्त-सिद्धान्त के विरुद्ध है । इसका उत्तर यह है कि यद्यपि आपका कथन सत्य है, ज्ञानोत्तर काल में कर्तृत्वादि अभिमान का होना संभव नहीं है, किन्तु प्रारब्धानुसार कदाचित् भ्रम होना संभव है । श्लोक में पठित कदाचित् शब्द का यही तात्पर्य है कि ज्ञानी का प्रारब्धजन्य भ्रम दीर्घकाल तक स्थिर नहीं रहता है । वह पुनः विचार के द्वारा उस प्रारब्धजन्य कर्तृत्वादि भ्रम का निवारण कर देता है । ज्ञानी को द्वैत की प्रतीति प्रारब्धानुसार होती है, यदि कदाचित् प्रबल प्रारब्ध

भासते'' । एवं भोगकाले प्रारब्धकर्मफलसुखाद्यनुभवसमये तु पुनः कदाचिदेव न तु सर्वदा विपरीतज्ञानं प्रतीयते । तथा च प्रायस्सर्वदा ''ब्रह्मैवाहमस्मि'' ''मिथ्यैवेदं द्वैतमाकाशकाष्ण्यवदित्येवमात्मविदस्स्वानुसन्धानात्प्रतीयते । कदाचित्कस्मिंश्चित्कालेऽहं मर्त्य इति भासते । न सर्वदा । सिद्धान्ते चाज्ञानैक्यादावरकान्तराभावेन प्रद्ध्वस्ताज्ञानानां ब्रह्मविदां पुनर्मन्दान्धकारे क्षिप्ता सती रज्जुर्यथोरगी भवेदेवं भोगकाले कदाचिन्मर्त्योऽहमिति भासत इति दृष्टान्तवैषम्यमुक्तं तत्र को वा गूढोऽभिप्रायः? श्रूयतां सङ्क्षेपशारीरके –

''जीवन्मुक्तिस्तावस्ति प्रतीतेर्द्वैतच्छाया तत्र चास्ति प्रतीतेः । द्वैतच्छायारक्षणायास्ति लेशस्तस्मिन्नर्थे स्वानुभूतिः प्रमाण''मित्युक्तेरद्वैतब्रह्मात्मैक्यमात्रविषयमूलाज्ञानविनाशेऽपि सुषुप्त्याद्यावरणादिप्रयोजकः प्रारब्धकर्मफलोपभोगसिद्ध्यर्थं ब्रह्मास्त्रदग्धपार्थरथन्यायेन सत्यसङ्कल्पसर्वेश्वरस्थापितस्तदीयलेशः प्रोक्तफलोपभोगपरिसमाप्तिपर्यन्तमवश्यं तिष्ठतीत्यङ्गीकार्यमेव । स एव सुषुप्त्याख्यामावृत्तिं सम्पाद्य स्वप्नमिव जीवन्मुक्तानां याज्ञवल्क्यादीनामपि तीव्रप्रारब्धभोगकाले ''नमो वयं ब्रह्मिष्ठाय कुर्मो गोकामा एव वयं स्म'' इत्यादि व्यवहारमद्वैतब्रह्मविस्मृतिपूर्वकं क्षणमात्रं साधयेदेवेति नैवात्र कोऽपि वैषम्यलेशोऽपि। स च प्रारब्धक्षयक्षणे स्वयमेव विनङ्क्ष्यतीति । अत एवोक्तमन्यत्रापि – ''ब्रह्मास्त्रप्रविदग्धफाल्गुनरथः कृष्णस्य यावन्मृधं वाञ्छाख्यप्रतिबन्धकैकविरहे स्वध्वंसकोऽभूद्यथा। ज्ञानैकोद्दलितं तु दृश्यमखिलं प्रारब्धबन्धात्स्फुरत्तद्ध्वंसक्षण एव संवितनुते स्वध्वंसमेतत्तथे''ति दिक्।।

कादाचित्केन विपरीतज्ञानेन नाद्वैतात्मतत्त्वज्ञानं प्रबाध्यत इति निरूपणम् –

नैतावतापराधेन तत्त्वज्ञानं विनश्यति ।
जीवन्मुक्तिव्रतन्नेदङ्किन्तु वस्तुस्थितिः खलु ।। २४६ ।।

अन्वयः– एतावता अपराधेन तत्त्वज्ञानं न विनश्यति । इदं जीवन्मुक्तिव्रतं न । किन्तु वस्तुस्थितिः खलु।।

उपस्थित हो जाएँ तो कर्तृत्वाभिमान भी होना संभव है जैसे याज्ञवल्क्य जी ने जनक की सभा में पण्डितों से कहा कि ***''नमो वयं ब्रह्मिष्ठाय कुर्मो गोकामा एव वयं स्म''*** अर्थात् ब्रह्मनिष्ठों को हम प्रणाम करते हैं किन्तु अभी तो हम गौओं की कामना वाले हैं । ज्ञानी होते हुए भी याज्ञवल्क्य जी का यह वचन प्रारब्ध की प्रबलता का ही द्योतक है । संक्षेपशारीरकम् में भी कहा है कि –

जीवन्मुक्तिस्तावदस्ति प्रतीतेः द्वैतच्छाया तत्र चास्ति प्रतीतेः ।
द्वैतच्छायारक्षणायास्तिलेशः तस्मिन्नर्थे स्वानुभूतिः प्रमाणम् ।। (सं. शा. ४/४३)

अर्थात् प्रतीत होने के कारण जीवन्मुक्ति तो है और उस (जीवन्मुक्ति) में द्वैताभास भी है क्योंकि उसकी प्रतीति होती है । द्वैत का आभास लेशमात्र प्रतीति के आधार पर सिद्ध है, उक्तार्थ में स्वानुभूति ही प्रमाण है । इत्यादि प्रमाणों से स्पष्ट ही है कि प्रारब्धानुसार ज्ञानी को भी द्वैताभास होना संभव है और उस स्थिति में कदाचित् मर्त्यभाव होना भी संभव है, वस्तुतः 'मैं ब्रह्म हूँ' इस ज्ञान की दृढ़ता का अभाव ही ''मैं मर्त्य हूँ'' इस भ्रान्ति का कारण है ।

कदाचित् उत्पन्न विपरीतभावना से तत्त्वज्ञान का नाश नहीं होता है, इसका वर्णन करते हैं।

अर्थ – इतने मात्र दोष से तत्त्वज्ञान नष्ट नहीं हो जाता क्योंकि यह जीवन्मुक्ति कोई व्रत नहीं है

व्याख्या :- एवं सति भोगकाले कदाचिदद्वैतब्रह्मात्मविस्मृतिपूर्वकं "मर्त्योऽह"मिति भासते चेत्तत्कालावच्छेदेन कृतस्य सन्ध्यावन्दनादेरनृतवादादेश्च कर्मणस्सकाशादीषतोषरोषरूपसमुत्पन्न-पुण्यपापाभ्यामस्य पुनसंसारापत्तिः । तथा च तत्त्वज्ञानमस्य सञ्जातमपि मोक्षलक्षणफलनाशनद्वारा नष्टमेव स्यादिति चेन्नेत्याह । एतावता कदाचिदहं मर्त्य इत्येवंविधज्ञानोदयमात्रेणापराधेन कदाचित्कानुभव-रूपेणागमप्रमाणसञ्जातं "ब्रह्मास्मी"ति तत्त्वज्ञानं न विनश्यति न बाध्यते । इदं भ्रान्तिनिराकरणं तु मर्त्यत्त्वबुद्ध्युपाकरणलक्षणं जीवन्मुक्तिव्रतं न जीवन्मुक्तिनियमो न नियमेनानुष्ठेयं न भवतीत्यर्थः । बाधितत्त्वाबाधितत्त्वाभ्यां द्वैताद्वैतप्रतीतिलक्षणार्थव्यवस्यैव वस्तुस्थितिः । वस्तुस्वभाव इति भावः । अतः कदाचिन्मर्त्यत्त्वबुद्ध्युदयेऽपि पुनस्तत्त्वज्ञानान्तरेण तस्या एव बाध्यत्त्वम् । व्रते नियमेनानुष्ठेयमाचरण-कलापं तद्भङ्गे व्रतभङ्गश्च । न तथा मर्त्यत्त्वबुद्ध्यात्मकभ्रान्तिविषये । भ्रान्तिनिवृत्तिर्हि सम्यग्ज्ञानेन । ज्ञानस्य तु दाढर्याभावे मर्त्यत्त्वबुद्ध्युदयात् पुनःपुनरात्मनो विवेचनेन नाशयितव्या भ्रान्तिः । "श्रवणायापि बहुभिर्यो न लभ्यश्शृण्वन्तोऽपि बहवो यं न विद्यु"रित्यात्मज्ञानस्य दुर्ज्ञेयत्त्वात्तस्यासकृदभ्यासे नैव हानिः। अस्मिन्नेव ग्रन्थे पूर्वमुक्तं "तत्त्वविस्मृतिमात्रान्नानर्थः किन्तु विपर्यया"दिति । एवं च मर्त्योऽहमिति विपर्ययज्ञाने सति कथं न संसारापत्त्या ज्ञाननाश इति चेन्न । "विपर्येतुं न कालोऽस्ति झटिति स्मरतः क्वचि"दित्युदाहृतवाक्यशेषतया "भोगकाले कदाचित्तु मर्त्योऽहमिति भासत" इति प्रकृतवाक्यनिष्ठकदाचित्पदं चाननुसन्धायैवोक्तशङ्कावकाशान्न कोऽपि दोष इति शम् ।।

किन्तु वस्तुस्थिति है ।।२४६।।

व्याख्या - 'मैं मनुष्य हूँ' इस प्रकार का विपरीत ज्ञान भले ही क्षणिक हो तथापि उससे तत्त्वज्ञान तो अवश्य ही नष्ट हो जाएगा । इस शंका का समाधान करते हैं कि कदाचित् प्रारब्ध भोगकाल में ज्ञानी को 'मैं मनुष्य हूँ' इस प्रकार का विपरीत ज्ञान हो जाता है तो इतने मात्र दोष से तत्वज्ञान नष्ट नहीं हो जाता। ग्रन्थ में पहले कह चुके हैं कि जैसे प्रतिदिन अध्ययन किये हुए वेद को स्वप्न और सुषुप्ति अवस्था में भूल जाने पर भी वेदपाठी दूसरे दिन अपठित नहीं कहा जाता, उसी प्रकार तत्त्वज्ञान का नाश नहीं होता है । (प.द. २/१०७) तत्त्वज्ञान नष्ट क्यों नहीं होता इसका कारण बताते हैं कि वह तत्त्वज्ञान (जीवन्मुक्ति) कोई व्रत नहीं है किन्तु वस्तुस्थिति है । व्रतादि में नियमों का अनुष्ठान और आचरण की शुद्धता अपेक्षित है, उनके नष्ट होने पर व्रत भी नष्ट हो जाता है । जैसे एकादशी के व्रत में अन्न नहीं खाया जाता । यदि भूल से भी जिह्वा का अन्न से स्पर्श हो जाता है तो व्रतभंग हो जाता है । व्रत का फल मिलना तो दूर रहा व्रतभंग का दोष भी लगता है, किन्तु तत्त्वज्ञान कोई व्रत नहीं है जो क्षणिक विपरीत भावना होने से नष्ट हो जाएगा । यदि ज्ञानी व्यक्ति प्रारब्ध के कारण कुछ क्षण के लिये स्वयं को मनुष्य मान भी ले तो वह यह न समझे कि अब वह जीवन्मुक्त नहीं रहा । सम्यक् ज्ञान से भ्रान्ति की निवृत्ति हो जाती है । ज्ञान की दृढ़ता के अभाव से ही मर्त्यत्व का उदय होता है अतः जब भी ऐसी बुद्धि उत्पन्न हो तो पुनः तत्त्वविचार के द्वारा उसे नष्ट कर देना चाहिये । क्योंकि ***"श्रवणायापि बहुभिर्यो न लभ्यः शृण्वन्तोऽपि बहवो यं न विद्युः"*** (कठो. १/२/७) इस श्रुति में आत्मज्ञान की दुर्विज्ञेयता का वर्णन किया गया है । अतः बारम्बार आत्माभ्यास करने में कोई हानि नहीं है ।

भ्रान्तिज्ञाननिवृत्तावपि तत्कार्याणि किञ्चित्कालमनुवर्तन्त इति निरूपणम् -

दशमोऽपि शिरस्ताडं रुदन्बुद्ध्वा न रोदिति ।
शिरोव्रणस्तु मासेन शनैश्शाम्यति नो तदा ॥ २४७ ॥

अन्वयः - दशमः अपि शिरस्ताडं रुदन् बुद्ध्वा न रोदिति । शिरोव्रणं तु मासेन । तदा नो ।।

व्याख्या :- रज्जुसर्पदृष्टान्तेऽधिष्ठानज्ञानेन तदज्ञानतदुपादानकभ्रमोपरमेऽपि भयकम्पादितत्कार्य-विशेषस्तु किञ्चित्कालमनुवर्तत एव । तथापि प्रकृते पूर्वं सप्तावस्थादृष्टान्तत्त्वेनोररीकृते दशमोदाहरणे "दशमस्त्वमसी"ति वाक्यविचारजन्यज्ञानेन भ्रमनिवृत्तौ तत्कार्यानुवृत्तिर्नोपलभ्यत इत्याशङ्कां परिजिहीर्षुराह। दशमोऽपि शिरस्ताडं क्रियाविशेषणमेतच्छिरसस्ताडनं ताडो यथा स्यात्तथा रुदन्नज्ञानजन्यदशम-मृतिविभ्रमाद्रोदनं कुर्वन्संस्तमेव दशमोऽस्तीति नवगणनपूर्वकमाप्तवाक्यजन्यज्ञानेनाहमेव दशमोऽस्मीति बुद्ध्वा विज्ञाय यद्यपि नैव रोदिति । तथापि यः पूर्वं जातशिरोव्रणस्तु शनैर्मासेनैव व्रणोपशमनाया-पेक्षितकालानन्तरमेव शाम्यति नो हठादनुतापरूपबलात्कारान्नैव प्रशाम्यति। दशमो नद्यां मृतभ्रमज्ञानेन सशिरस्ताडं रुदतो दैवादाप्तवाक्येनाहमेव दशमोऽस्मीति ज्ञान उदिते सति भ्रमो निवर्तेत तन्निमित्तरोदनमपि न तु ताडनजन्यव्रणस्तत्पीडा वा । सात्वनुवर्तत एव किञ्चित्कालमिति शम् ।।

ज्ञानिनामात्मनि निमग्नानां प्रारब्धदुःखं न क्लेशं सम्पादयतीति निरूपणम् -

दशमामृतिलाभेन जातो हर्षो व्रणव्यथाम् ।
तिरोधत्ते मुक्तिलाभस्तथा प्रारब्धदुःखिताम् ॥ २४८ ॥

प्रारब्ध कर्मजन्य दुःख ज्ञानी को सन्तप्त नहीं करता है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - दसवाँ पुरुष सिर पीट-पीट कर रोदन करता हुआ भी मैं ही दसवाँ हूँ, इस प्रकार जानकर पुनः रुदन नहीं करता है, किन्तु उसके सिर का घाव तो एकाध महीने में धीरे-धीरे शान्त होता है, तत्काल नहीं ।।२४७।।

व्याख्या - ठीक है, रज्जु-सर्पादि स्थल में विपरीत ज्ञान की निवृत्ति होने पर उनके कार्य कम्पनादि की अनुवृत्ति भले ही हो किन्तु दृष्टान्त ***"दशमस्त्वमसि"*** इस वाक्य के विचारजन्य ज्ञान से दशमपुरुष का भ्रम निवृत्त होने पर भी उसके कार्य की अनुवृत्ति देखने में नहीं आती है, इस शंका का परिहार करते हैं । पूर्वोक्त दशम के दृष्टान्त का विवरण करते हैं कि 'दसवाँ पुरुष नदी पार करते समय उसमें डूब कर मर गया है' इस भ्रामक ज्ञान के कारण रोते हुए दशमपुरुष को आप्तपुरुष के वाक्य से ज्ञान होता है कि 'मैं ही दसवाँ हूँ' इसके बाद वह रोना बन्द कर देता है किन्तु दशम की मृत्यु के दुःख से दुःखित होकर जो बारम्बार सिर पीट-पीटकर उसमें घाव हो गया था, वह उक्त ज्ञान से ठीक नहीं होता है, वह तो शनैः-शनैः एकाध महीने में ही ठीक होता है, तत्काल ठीक नहीं हेाता है अर्थात् दशमस्त्वमसि वाक्य से भ्रम की निवृत्ति तो हो जाती है, किन्तु सिरताडन की पीड़ा शान्त नहीं होती है ।

आत्मानन्द में निमग्न ज्ञानियों के लिये प्रारब्धकर्म दुःखसम्पादक नहीं होता है, इस बात को दृष्टान्त पूर्वक बताते हैं ।

अर्थ - जैसे दसवाँ मरा नहीं है, इस ज्ञान से उत्पन्न हर्ष व्रण (घाव) की व्यथा को आच्छादित कर देता है, उसी प्रकार मोक्ष की प्राप्ति ज्ञानी पुरुष के प्रारब्धजनित दुःख को दबा देती है ।।२४८।।

अन्वयः - दशमामृतिलाभेन जातः हर्षः व्रणव्यथां तिरोधत्ते । तथा मुक्तिलाभः प्रारब्धः दुःखिताम्।।

व्याख्या :- ज्ञानलाभोत्तरमपि संसारधर्माणामनुवृत्तौ सत्यां निष्फलमेव ज्ञानं भवेज्जीवन्मुक्तेः पुरुषार्थतापि न स्यादिति चेन्न । मुक्तिलाभजन्यानन्दस्य निरतिशयस्य निखिलदुःखाच्छादकस्य प्रयोजनस्य सद्भावात्पुरुषार्थतेति सदृष्टान्तं स्पष्टयति । दशमामृतिलाभेन दशमो न मृत इति ज्ञानेन जातो हर्षस्सन्तोषो व्रणव्यथां व्रणजन्यपीडां पूर्वं दशमो मृत इति मरणज्ञानकाले जातेन दुःखेन कृतशिरस्ताडनादिसञ्जनित-व्रणव्यथां यथा तिरोधत्ते अनुभवे गोचरस्तां नायति तथैव मुक्तिलाभो ब्रह्माहमस्मीति ज्ञानलाभः प्रारब्धदुःखितां तिरोधत्ते । जीवन्मुक्तिकाले सत्यपि दुःखे तस्य तिरोभावान्न ज्ञान्यनुभवगोचरतेति शम् ।।

अध्यासनिवृत्त्यै पुनः पुनर्विवेचनस्य कर्तव्यतानिरूपणम् -

व्रताभावाद्यदाध्यासस्तदा भूयो विविच्यताम् ।
रससेवी दिने भुङ्क्ते भूयो भूयो यथा तथा ।। २४९ ।।

अन्वयः - व्रताभावात् यदा अध्यासः तदा भूयः विविच्यताम् । यथा रससेवी दिने भूयः भूयः भुङ्क्ते तथा ।।

व्याख्या :- एवमपि प्रागुक्तं "जीवन्मुक्तिव्रतं नेदं किन्तु वस्तुस्थितिः खलु" इत्यादिना तस्या मुक्तेस्तावद्व्रतत्त्वाभावेनासातत्यं, तथा च कथं तल्लाभसिद्धिः? न हि लब्धं कण्ठचामीकरादिकं भवति तत्त्वज्ञानेन च भ्रान्तिनिवृत्तिरिति मुक्तिर्वस्तुस्थितिर्न नियम इत्युक्ते सति कदाचिदध्यासः

व्याख्या - ज्ञानोत्तरकाल में भी यदि संसार बना रहेगा तो जीवन्मुक्ति का सुख प्राप्त न होने से और संसार-दुःख की निवृत्ति भी न होने से जीवन्मुक्ति की पुरुषार्थरूपता कैसे बनेगी ? इस आशंका के उत्तर में कहते हैं कि मुक्ति प्राप्त होने से उत्पन्न हुआ जो हर्ष है, वह दुःख का आच्छादन करने वाला होने से जीवन्मुक्ति की पुरुषार्थरूपता बन सकती है । ***'दशमामृतिलाभेन'*** अर्थात् दसवाँ पुरुष मरा नहीं है, इस प्रकार के आप्तपुरुष के वचन से दसवें के जीवित होने की जो खुशी है, वह दसवें पुरुष की मृत्यु की आशंका से सिर पीटने से हुई घाव रूप सिर की व्यथा को आच्छादित कर देती है अर्थात् भुला देती है । इसी प्रकार मुक्तिलाभ हो जाने पर अर्थात् 'मैं ही परब्रह्म परमात्मा हूँ' इस प्रकार से साक्षात् अनुभव हो जाने पर प्रारब्धजन्य दुःख भी तिरोहित हो जाते हैं । भाव यह है कि जीवन्मुक्ति की अवस्था में प्रारब्धवशात् दुःख प्राप्त होने पर भी आत्मानन्द में निमग्न ज्ञानी पुरुष को प्रारब्धजन्य दुःखों का अज्ञानी पुरुष के समान अनुभव और स्मरण नहीं होता है ।

अध्यास निवृत्ति के लिये बारम्बार विवेक करना चाहिये, इसका वर्णन करते हैं।

अर्थ - जीवन्मुक्ति कोई व्रत न होने से जब कभी अध्यास उत्पन्न हो, तब बारम्बार उसी प्रकार विवेक करना चाहिये जैसे रसायन का सेवन करने वाला मनुष्य एक ही दिन में बारम्बार भोजन करता है ।।२४९।।

व्याख्या - पहले कहा गया कि -

''जीवन्मुक्तिव्रतं नेदं किन्तु वस्तुस्थितिः खलु'' (पं.द. २४६)

अर्थात् जीवन्मुक्ति कोई व्रत नहीं है किन्तु वस्तुस्थिति है । इस प्रकार जीवन्मुक्ति को व्रतत्वरहित

प्रसज्येत । सति चाध्यासे दुर्निवार एव दुःखाध्यास इत्याशङ्क्यायामुच्यते । मुक्तिर्हि न व्रतं तदभावात्कदाचिदद्यदा यस्मिन्क्षणेऽध्यासो भवेत्तदा तस्मिन्नेव क्षणे भूयः पुनः पुनः विविच्यतामात्मानात्मविवेचनं क्रियताम् । अत्र मुहुर्विचारकरणे दृष्टान्तं प्रदर्शयति । यथा रसवेदी रसः प्रेमा तद्विन्नर एकस्मिन्नेव दिने क्षुद्बाधापरिहाराय पुनः पुनः भुङ्क्ते तद्वदध्यासनिवृत्तये कर्तव्यः पुनः पुनर्विवेकः । ब्रह्माहमस्मीति ज्ञानस्य दाढ्यर्भावदहं सुख्यहं दुःखीत्याकारकभ्रान्तेरुदये तदपाकरणाय दृढज्ञानोदयावधि देहेन्द्रियादीनात्मनो विविच्यतामिति भाव इति शम् ।।

प्रारब्धस्य प्रतीकारोऽनुभवेनैवेति निरूपणम् –

शमयत्यौषधेनायं दशमस्स्वं व्रणं यथा ।
भोगेन शमयित्त्वेतत्प्रारब्धं मुच्यते तथा ।। २५० ।।

अन्वयः – यथा अयं दशमः औषधेन स्वं व्रणं शमयति । तथा भोगेन एतत् प्रारब्धं शमयित्त्वा मुच्यते ।।

व्याख्या :– तत्त्वज्ञाननिवित्यर्स्यानिवार्यस्य प्रारब्धकर्मफलस्य प्रतीकारः केन वा संभवेदित्यत्र दशमदृष्टान्तं पुरस्कृत्यैव ताडनजन्यव्रणस्य यथौषधेनैव निवृत्तिस्तद्वत्प्रारब्धस्यापि भोगेनैव निवृत्तिरिति

बताने से क्या प्रयोजन सिद्ध हुआ ? अर्थात् तत्त्वज्ञान से भ्रान्ति की निवृत्ति वस्तुस्थिति है न कि कोई नियम, ऐसा होने पर कभी-कभी अध्यास होना भी संभव है, उस अवस्था में प्रारब्धजन्य दुःखों का अनुभव भी अवश्य होगा । आप उन दुःखानुभव का अभाव कैसे बताते है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं । 'मैं ब्रह्म हूँ' इस ज्ञान की दृढ़ता के अभाव में जब-जब मैं दुःखी हूँ, इत्यादि दुःखाकार भ्रान्ति उत्पन्न हो, तब-तब दृढ़ ज्ञानोदय के लिये बारम्बार विवेक करना चाहिये अर्थात् जब तक दृढ़ज्ञान न हो जाए तब तक पुनः देह-इन्द्रिय आदि से आत्मा का विवेचन करना चाहिये । इस विषय में रससेवी का दृष्टान्त देते हैं – भूख बढ़ाने वाले रसायन का सेवन करने पर पुरुष को बहुत भूख लगती है अतः जैसे क्षुधानिवृत्ति के लिये वह रसायन (टोनिक) सेवी दिन में कई बार भोजन करता है, उसी प्रकार विवेकी को भी अध्यास उत्पन्न होने पर पुनः पुनः आत्मविचार करना चाहिये ।

प्रारब्ध का अनुभव ही उसका प्रतिकार है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ – जैसे यह दसवाँ पुरुष अपने घाव को औषध से शमन करता है, उसी प्रकार इस प्रारब्ध कर्म को भोग के द्वारा समाप्त कर (ज्ञानवान) मुक्त हो जाता है ।।२५०।।

व्याख्या – प्रारब्धकर्म की निवृत्ति यदि ज्ञान से भी संभव नहीं है तो उसकी निवृत्ति कैसे होगी ? इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि प्रारब्ध का भोग ही उसकी निवृत्ति का कारण है । प्रारब्ध की निवृत्ति ज्ञान से नहीं होती, उसकी निवृत्ति भोग से ही होती है । जैसे दसवाँ पुरुष अज्ञान के कारण स्वयं के एक साथी को नदी में डूब जाने से मरा हुआ समझ रहा था किन्तु जब उसे पता चला कि दसवाँ मरा नहीं है, इतना सुनते ही उसका दुःख तत्काल ही नष्ट हो जाता है किन्तु दुःखावस्था में सिरताडनजन्य घाव और उसकी पीडा तत्काल शान्त नहीं होती है, उसको ठीक करने के लिये उसे औषधादि का सहारा लेना पड़ता है । दीर्घकाल तक जब वह नियम पूर्वक दवाई लेता है और घाव पर लेपन आदि करता है तभी वह घाव धीरे-धीरे ठीक होता है । इसी प्रकार तत्त्वज्ञान से पुरुष का अज्ञान तो तत्काल ही नष्ट हो जाता

भोगात्प्रारब्धक्षयं वर्णयति । दशमोऽहमस्मीति ज्ञानोत्तरं यथा दशमस्स्वं स्वीयं व्रणमौषधेनैव शमयति नान्येनोपायेन ज्ञानेन वा तथैवेतत्प्रारब्धं कर्मफलं भोगेनानुभवेन शमयित्त्वा क्षीणतां प्रापय्य मुच्यते। नान्यथोपायेन प्रकारान्तरेणानिवार्यस्य प्रारब्धस्योपभोगमात्रेण जीवन्मुक्तित्त्वं बाधत इति शम् ।।

तृप्तिस्वरूपनिरूपणम् –

किमिच्छन्निति वाक्योक्तश्शोकमोक्ष उदीरितः ।
आभासस्य ह्यवस्थैषा षष्ठी तृप्तिस्तु सप्तमी ।। २५१ ।।

अन्वयः – "किम् इच्छन्" इति वाक्योक्तः शोकमोक्षः उदीरितः । एषा आभासस्य षष्ठी अवस्था हि तृप्तिः तु सप्तमी ।।

व्याख्या :– एवमुक्तं शास्त्रार्थं प्रतिज्ञातमन्त्रव्याख्याने नियोज्य निगमयति "अज्ञानमावृतिस्तद्वद्विक्षेपश्च परोक्षधीः । अपरोक्षमतिश्शोकमोक्षस्तृप्तिर्निरङ्कुशे"ति वर्णितासु सप्तस्ववस्थास्वेवं षष्ठीं शोकमोक्षाख्यामवस्थां निरूप्याथ सप्तमीं तृप्त्याख्यामवस्थां निरूपयितुं प्रतिजानीते । "अपरोक्षज्ञान-शोकनिवृत्त्याख्ये उभे इमे । अवस्थे जीवगे ब्रूत आत्मानं चेदिति श्रुति"रिति परोक्षज्ञानशोकमोक्षाख्ये द्वे जीवावस्थे समभिहिते । तत्र च श्रुतिः – "आत्मानं चेद्विजानीयादयमस्मीति पूरुषः । किमिच्छन्कस्य कामाय शरीरमनुसञ्ज्वरे"दिति । सम्प्रति सप्तमीं तृप्तिलक्षणामवस्थां वृत्तानुकीर्तनपूर्वकं प्रस्तौति । एतावत्पर्यन्तं प्रचलितेन शास्त्रार्थेन "किमिच्छन्नि"त्युत्तरार्धेन वाक्यार्थोऽभिहितस्तद्वाक्यतात्पर्यभूतो

है किन्तु उसके प्रारब्ध कर्म तत्काल नष्ट नहीं होते हैं, उनका तो भोग करना ही पडता है । भोग के अतिरिक्त उनके निवारण का और कोई उपाय नहीं है । जब प्रारब्ध कर्म समाप्त हो जाते हैं तब यह ज्ञानवान पुरुष सर्वथा मुक्त हो जाता है। भाव यह है प्रारब्ध कर्मों का भोग ही उसके निवारण का एकमात्र उपाय है। ऐसा होने पर भी जीवन्मुक्ति में कोई बाधा नहीं आती है, क्योंकि प्रारब्ध कर्म का भोग तत्वज्ञान का विरोधी नहीं है, इसका वर्णन पूर्व में कर चुके हैं ।

अब तृप्ति रूप सप्तमी अवस्था का विचार प्रारम्भ करते हैं ।

अर्थ – 'किमिच्छन्' इस श्रुति वाक्य से शोक के नाश का प्रतिपादन किया गया, यही (शोकनाश) चिदाभास की छटवीं अवस्था है और सातवी तृप्ति नामक अवस्था है । (उसका वर्णन प्रारम्भ करते हैं)।।२५१।।

व्याख्या – श्लोक ३३ में पहले बता चुके हैं कि अज्ञान, आवरण, विक्षेप, परोक्षज्ञान, अपरोक्षज्ञान, शोकनाश और निरंकुशतृप्ति ये सात अवस्थाएँ चिदाभास की हैं । इन्हीं सात अवस्थाओं में से छटवीं अवस्था का वर्णन समाप्त कर अब तृप्ति नामक सप्तम अवस्था का निरूपण प्रारम्भ करने की प्रतिज्ञा करते हैं । इसी प्रकरण के श्लोक ४८ में कहा गया कि अपरोक्ष ज्ञान और शोकनाश नामक इन दोनों अवस्थाओं को ***"आत्मानं चेत्"*** यह श्रुति जीव में कहती है । अर्थात् अब तक प्रचलित शास्त्रार्थ के द्वारा किमिच्छन् श्रुति के इस वचन की तात्पर्यभूत शोकनाश रूपी अवस्था का प्रतिपादन किया गया,

यश्शोकमोक्षश्शोकस्य नाश उदीरितस्स एतावद्ग्रन्थसन्दर्भेण। एषा पूर्वोक्तसप्तस्ववस्थासु शोकमोक्षावस्था षष्ठी चाभासस्यावस्था । तृप्त्याख्या तु सप्तमी चावस्था व्याख्यायत इति शम् ।।

तत्त्वज्ञानेन निरङ्कुशा तृप्तिर्भवतीति निरूपणम् –

साङ्कुशा विषयैस्तृप्तिरियं तृप्तिर्निरङ्कुशा ।
कृतङ्कृत्यं प्रापणीयं प्राप्तमित्येव तृप्यति ।। २५२ ।।

अन्वयः– विषयैः तृप्तिः साङ्कुशा। इयं तृप्तिः निरङ्कुशा । कृत्यं कृतं प्रापणीयं प्राप्तम् इति एव तृप्यति।।

व्याख्या :–सप्तम्यवस्था प्रतिज्ञाता तृप्तिः किं शब्दादीष्टविषयप्राप्तिजन्यालम्बुद्धिवत्किं प्राप्तव्यान्तरविनश्वरत्त्वादिना साङ्कुशेत्यत आह । अत्र च ब्रह्मज्ञानजन्यायास्तृप्तेर्विषयभोगजन्यतृप्तेश्च वैलक्षण्यं विशदीकरोति । शब्दादिभिर्विषयैस्सञ्जायमाना या तृप्तिस्सा साङ्कुशा परिमितत्त्वेनाधिकतृप्ति–फलकविषयकामनाया नश्वरत्त्वेन च प्रतिबद्धा । इयं ब्रह्मज्ञानजन्या तृप्तिस्तु निरङ्कुशाप्रतिबद्धा ततोऽपि प्रियतरवस्त्वभावादनश्वरत्त्वाच्च । विषयलाभजन्यायास्तृप्तेर्विषयान्तरकामनया कुण्ठितत्त्वात्साङ्कुशत्त्वं ब्रह्मज्ञानजन्यायास्तु तदभावान्निरङ्कुशत्त्वमिति भावः । तत्स्वरूपं प्रदर्शयति यन्मया कृत्यं कर्तव्यं तत्सर्वं कृतमित्यतः कृतकृत्योऽस्मि । यन्मया प्रापणीयमप्रतिबद्धनिरतिशयानन्दरूपं तन्मया शोकमोक्षणे प्राप्तमित्यतः प्रापणीयं न कञ्चिदप्यवशिष्यत इत्यात्मज्ञानी तृप्यति नित्यतृप्तिमनुभवतीति शम् ।।

इसी को चिदाभास की छटवीं अवस्था कहते हैं । अब निरंकुश तृप्ति नामक सातवीं अवस्था का वर्णन करने की प्रतिज्ञा करते हुए कहते हैं कि तृप्ति चिदाभास की सातवीं अवस्था है ।

ब्रह्मज्ञानजन्य तृप्ति की विषयजन्य तृप्ति से विलक्षणता दिखाते हैं ।

अर्थ – विषयों से होने वाली तृप्ति सांकुश (सातिशय) है किन्तु (आत्मज्ञान से होने वाली) यह तृप्ति निरंकुश (निरतिशय) है, क्योंकि करने योग्य सब कर लिया और पाने योग्य सब पा लिया, ऐसा समझकर ज्ञानी तृप्त हो जाता है ।।२५२।।

व्याख्या – शब्दादि विषयों से उत्पन्न होने वाली जो तृप्ति है, वह सांकुश है अर्थात् नश्वर होने से स्थायी नहीं है और उसका प्रतिबन्ध सम्भव है किन्तु ब्रह्मज्ञानजन्य जो तृप्ति है, वह निरंकुश (निःसीम) है, उसका कोई अन्त नहीं है। इसलिये यह नित्यस्थायी होने के कारण शाश्वत है और अन्य से प्रतिबन्धित न होने के कारण निरंकुश है । वह तृप्ति कैसी है ? ऐसी आकांक्षा होने पर तृप्ति का स्वरूप बताते हैं । जब पुरुष को आत्मज्ञानजन्य यह निरंकुश तृप्ति प्राप्त होती है तो वह यह सोचता है कि मुझे जो कुछ भी करना था मैंने वह सब कर लिया, मेरे लिये अब कोई कर्तव्य शेष नहीं है अर्थात् मैं कृतकृत्य हूँ । और मुझे जो पाना था, वह सब कुछ मैंने पा लिया अब मुझे कुछ भी प्राप्तव्य नहीं है क्योंकि निरतिशय ब्रह्मानन्द को प्राप्त कर मैंने शोक से मुक्ति पा ली है ।

कर लिया करना था जो, अब शेष कुछ बाकी नहीं ।
पा लिया पाना था जो, अब शेष कुछ बाकी नहीं ।।

ज्ञानी पुरुष सदा यह भाव रखते हुए नित्य तृप्ति का अनुभव करते हैं ।

कृतकृत्यतानिरूपणम् -

ऐहिकामुष्मिकव्रातसिद्ध्यै मुक्तेश्च सिद्धये ।
बहुकृत्यं पुरास्याभूत्तत्सर्वमधुना कृतम् ॥ २५३ ॥

अन्वयः - अस्य पुरा ऐहिकामुष्मिकव्रातसिद्ध्यै च मुक्तेः सिद्धये बहु कृत्यम् अभूत् । तत् सर्वम् अधुना कृतम् ।।

व्याख्या :- कृत्यमेव सङ्क्षिप्य दर्शयति । अस्य च ज्ञानिनः पुरा प्राग्ज्ञानोत्पत्तेरैहिकामुष्मिक-व्रातसिद्धये दारादिलभ्यमैहिकमिहलोक इष्टप्राप्तयेऽनिष्टनिवृत्तये च कृषिवाणिज्यादिकं, स्वर्गादिसुखं चामुष्मिकममुत्र भवं यजनहवनोपासनादिलभ्यं तयोर्व्रातस्समूहस्तस्य सिद्ध्यै मुक्तेश्च सिद्ध्यै मोक्षसाधनज्ञानसिद्धये श्रवणादिकं श्रवणमननिदिध्यासनादिकं चेति बहुविधं कृत्यं कर्तव्यं यदभूत्तदधुना तु तत्त्वज्ञानसमये सासांरिकफलेच्छाया अभावाद्ब्रह्मानन्दसाक्षात्कारस्य सिद्धत्त्वात्तत्सर्वं कृषिवाणिज्य-गोरक्षाप्रजापालनयागहोमदानश्रवणादिकं सर्वमपि कृतं कृतप्रायमेवासीदित्यतो ब्रह्मज्ञानानन्तरमनुष्ठेयं न किञ्चिदवशिष्यत इति दिक् ।।

कृतकृत्यतायाः फलनिरूपणम् -

तदेककृतकृत्यत्त्वं प्रतियोगिपुरस्सरम् ।
अनुसन्दधदेवायमेवं तृप्यति नित्यशः ॥ २५४ ॥

ज्ञानी की कृतकृत्यता का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - इस तत्त्वज्ञानी को ज्ञान होने से पूर्व ऐहिक और आमुष्मिक विषय समूहों की सिद्धि के लिये तथा मोक्ष की सिद्धि के लिये बहुत कर्तव्य अवशिष्ट था, किन्तु अब (ज्ञानोत्तर काल में) उसके द्वारा समस्त कर्त्तव्य पूर्ण हो गये ।।२५३।।

व्याख्या - जब तक तत्त्वज्ञान नहीं होता तब तक मनुष्य इस लोक से सम्बन्धित (ऐहिक) पत्नी-पुत्रादि से प्राप्त होने वाले सुख की सिद्धि के लिये और परलोक से सम्बन्धित (आमुष्मिक) अर्थात् परलोक में होने वाले स्वर्गादि सुख की प्राप्ति के लिये याग, उपासना आदि अनेक कर्तव्यों से घिरा रहता है । इष्ट की प्राप्ति और अनिष्ट की निवृत्ति के लिये अनेक कर्तव्य कर्मों से आविष्ट रहता है तथा मोक्ष के लिये श्रवण-मननादि को भी कर्तव्य बुद्धि से करता है । किन्तु जब उसे तत्त्वज्ञान हो जाता है तब वह पूर्ण रूप से कृत-कृत्य हो जाता है । उस समय वह विचार करता है कि अब मेरे लिये कोई कर्म अवशिष्ट नहीं है । पहले ऐहिकामुष्मिक सुख के लिये और मोक्ष के लिये भी अनेकों कर्म कर लिये किन्तु अब उन कर्मों की मुझे कोई आवश्यकता नहीं है । जैसे नदी पार हो जाने पर नौका का कोई प्रयोजन नहीं रहता, उसी तरह ज्ञानोत्तर काल में कर्तव्य कर्म की भावना भी निष्प्रयोजन हो जाती है अर्थात् ब्रह्मज्ञानानन्तर कोई भी कर्तव्य अवशिष्ट नहीं रहता है ।

उपर्युक्त कृतकृत्यता के फल का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - इस पूर्वोक्त कृतकृत्यता को प्रतियोगिपुरस्सर अनुसन्धान करता हुआ यह ज्ञानवान वक्ष्यमाण प्रकार से सर्वदा तृप्ति का अनुभव करता है ।।२५४।।

अन्वयः – अयं तत् एतत् कृतकृत्यत्त्वं प्रतियोगिपुरस्सरम् अनुसन्दधत् एव एवं नित्यशः तृप्यति।।

व्याख्या :– एवं कृतकृत्यस्वरूपं निरूप्याथ तत्फलभूतां तृप्तिं प्रदर्शयति । अयमात्मज्ञानी प्रतियोगिपुरस्सरं प्रतियोगिनो निर्वर्त्यस्यानुसन्धानपूर्वकं यथा भवति तथा तदेतत्कृतकृत्यत्त्वमनुसन्दधानो नित्यश एवं वक्ष्यमाणरीत्या तृप्यतीति शम् ।।

अनुसन्धानप्रकारप्रपञ्चनम् –

दुःखिनोऽज्ञास्संसरन्तु कामं पुत्राद्यपेक्षया ।
परमानन्दपूर्णोऽहं संसरामि किमिच्छया ।। २५५ ।।

अन्वयः – दुःखिनः अज्ञाः पुत्राद्यपेक्षया कामं संसरन्तु । परमानन्दपूर्णः अहं किमिच्छया संसरामि ।।

व्याख्या :– एवं प्रतिज्ञातं प्रतियोगिशब्दितवक्ष्यमाणतत्तदभावनिरूपकवस्तुसहितान्यावद्द्वैताभावोपलक्षकान्कांश्चिदभावानात्मनि प्रदर्शयन्सप्तभिरादौ गौणात्माख्यपुत्रप्राप्त्यर्थसन्तानगोपालाराधनप्रवृत्त्यभावमाह। यतोऽज्ञा जना अत एव दुःखिनः ऐहिकसुखार्थिभ्यो वैलक्षण्यं ज्ञानिनो दर्शयितुमेव दुःखिन इत्युक्तम् । पुत्राद्यपेक्षया पुत्रतत्साधनीभूतकलत्रादिवाञ्छया काममत्यन्तं संसारे संसरन्तु । "कृतकृत्यतया तृप्तः प्राप्तप्राप्यतया पुनः । तृप्यन्नेवं स्वमनसा मन्यतेऽसौ निरन्तर"मित्याद्युक्तप्रकारेण परमानन्दपूर्णः परमश्चासावानन्दश्चेति परमानन्दश्चासौ पूर्णश्चेति पदत्रयेऽपि कर्मधारयस्तादृशो निरतिशयानन्दसम्पूर्णोऽहं किमिच्छया संसरामि संसारे जगति प्रवर्तिष्ये । पुत्राद्यपेक्षाभावोक्त्या गोणात्मदृष्टिर्ज्ञानिनो निरस्ता वेदितव्या।।

व्याख्या – यह ज्ञानवान पुरुष पूर्वोक्त कृतकृत्यता को प्रतियोगि–पुरस्सर अनुसन्धान करता है अर्थात् अकृतकृत्यता के स्मरण पूर्वक जिस प्रकार विचार करता है, उस कृतकृत्यता के अनुसन्धान का वर्णन आगे के श्लोकों में करेंगे, जिसका अनुसन्धान कर ज्ञानी सर्वदा तृप्ति का अनुभव करता है।

ज्ञानी के अनुसन्धान का प्रकार बताते हैं ।

अर्थ – दुःखी अज्ञानी लोग पुत्रादि की आकांक्षा से यथेष्ट संसार गति को भले ही प्राप्त हों, किन्तु मैं तो परमानन्द से परिपूर्ण हूँ, अतः मैं किस कामना से संसार गति को प्राप्त करूँ ?।।२५५।।

व्याख्या – जो अज्ञानी होने के कारण दुःखी है, ऐसे अविवेकी लोग पुत्र– कलत्रादि की कामना रखते हुए यथेष्ट संसार गति को भले ही प्राप्त हों अर्थात् उन–उन कामना की पूर्ति के लिये उन अविवेकियों को वे क्षणिक सुख प्रदान करने वाली भोग्य सामग्री की प्राप्ति और तज्जन्य सुख भले प्राप्त हो, उस सुख का भोग करने के लिये वे भले ही बारम्बार संसार के जन्म–मरण के चक्र में गिरते रहें । (इससे यह भी ज्ञात होता है कि कामना ही संसार रूपी अनर्थ का कारण है) किन्तु जिसकी ब्रह्मानन्द को प्राप्त करके समस्त कामनाएँ निवृत्त हो चुकी हैं ऐसे परमानन्द में निमग्न रहने के कारण पूर्णकाम मुझे संसार की क्या आवश्यकता है ? मुझे कोई सांसारिक सुख की अभिलाषा नहीं है अतः मैं किस इच्छा की पूर्ति के लिये अनर्थव्रात इस संसार के जन्म–मरण रूप चक्र में फसूँ ? श्लोक में पुत्रादि की अपेक्षा का अभाव कहने से ज्ञानी की गौणात्मदृष्टि का निरसन परिलक्षित होता है ।

ज्ञानिनां प्रवृत्तेस्सर्वनियमाभावनिरूपणम् । तत्र पूर्वकाण्डविहितयागोपासनादिकर्माचारणा-भावनिरूपमम् -

अनुतिष्ठन्तु कर्माणि परलोकयियासवः ।
सर्वलोकात्मकः कस्मादनुतिष्ठामि किङ्कथम् ॥ २५६ ॥

अन्वयः - परलोकयियासवः कर्माणि अनुतिष्ठन्तु । सर्वलोकात्मकः कस्मात् किं कथम् अनुतिष्ठामि।।

व्याख्या :- स्वस्मिन्कर्मसामान्यप्रवृत्त्यभावमपि प्रकटयन्स्वर्गाद्यर्थं कर्मानुष्ठातृभ्यो वैलक्षण्यं दर्शयति। परलोकयियासवस्स्वर्गलोकादिगमनेच्छवस्ते यायजूकास्स्वर्जिगमिषवो यागादिकर्माण्यनुतिष्ठन्तु। आत्मविदहं तु सर्वलोकात्मकस्सर्वलोकस्वरूपः कस्माद्धेतोर्मदतिरिक्तस्येष्यमाणस्य वस्तुनोऽभावेन तत्र प्रवृत्तेः कारणाभावात्कथं केन साधनेन कस्मै प्रयोजनाय किमनुतिष्ठामि? उपमर्दितसर्वद्वैतज्ञानत्त्वात्कर्तृक्रिया-कारकफलभेदाभावादिति भावः । अनेन च जीवे आत्मदृष्टिरपसारिता भवतीति शम् ।।

आत्मन्यध्यापकत्त्वाभावस्य निरूपणम् -

व्याचक्षतान्ते शास्त्राणि वेदानध्यापयन्तु वा ।
येऽत्राधिकारिणो मे तु नाधिकारोऽक्रियत्त्वतः ॥ २५७ ॥

अन्वयः - ये अत्र अधिकारिणः ते शास्त्रणि व्याचक्षताम् । वेदान् वा अध्यापयन्तु । मे तु अक्रियत्त्वतः अधिकारः न ।।

अब ज्ञानी में यागोपासनादि कर्माचरण का अभाव दिखाते हैं ।

अर्थ - परलोक की इच्छा वाले भले ही (यज्ञादि) कर्मों का अनुष्ठान करें, किन्तु मैं तो समस्त लोक में व्याप्त हूँ । फिर भला मैं किस प्रयोजन से कैसे और किस कर्म का अनुष्ठान करूँ ?।।२५६।।

व्याख्या - अब स्वर्गादि के लिये कर्मों का अनुष्ठान करने वालों से तत्त्वज्ञानी की विलक्षणता बताते हैं । ज्ञानी कहता है कि जो स्वर्गादि परलोक में जाकर वहाँ के सुखों का भोग करना चाहते हैं, वे यागादि कर्मों का अनुष्ठान भले ही करें किन्तु मैं तो सर्वलोकात्मक हूँ अर्थात् सर्वत्र व्याप्त हूँ, तो किस प्रयोजन के लिये मैं कर्म करूँगा ? मुझसे भिन्न कोई पदार्थ है ही नहीं, तो मैं किस पदार्थ की इच्छा से कर्म करूँ ? क्योंकि प्रयोजन के बिना प्रवृत्ति होना संभव नहीं है । तथा मैं कैसे और किस कर्म का अनुष्ठान करूँ ? अर्थात् किस साधन से किस प्रकार कर्मों का अनुष्ठान करूँ ? क्योंकि समस्त द्वैतज्ञान का उपमर्दन कर देने के कारण मुझमें कर्ता, क्रिया, कारक और फल का अभाव है । इससे जीव में आत्मदृष्टि का निरसन परिलक्षित होता है ।

स्वप्रयोजन के लिये तत्त्ववेत्ता की प्रवृत्ति न होने पर भी दूसरे पर उपकार करने के लिये उसकी प्रवृत्ति क्यों नहीं होगी, इस शंका का निराकरण करते हैं ।

अर्थ - जो लोग शास्त्र अध्यापन के अधिकारी हों, वे भले ही शास्त्र और वेदों को पढ़ावें तथा उसकी व्याख्या करें, किन्तु मैं तो क्रियारहित होने से उक्त क्रिया का अधिकारी नहीं हूँ ।।२५७।।

व्याख्या - जो जिस कर्म में अधिकारी होता है, वही उन कर्मों को कर सकता है, अनधिकृत व्यक्ति नहीं । कर्मकाण्ड गृहस्थों को अधिकृत करके प्रवृत्त हुआ है अतः उनमें वे ही अधिकारी हैं । इस लोक

व्याख्या :- स्वार्थप्रवृत्त्यभावेऽपि परार्थप्रवृत्तिः किं न स्यादित्याशङ्कायामधिकाराभावात्सापि नास्तीत्याह । येऽत्राधिकारिणो यान्गृहस्थानाधिकृत्य कर्माकाण्डः प्रवर्तते तत्र हि तेऽधिकारिण इहपरलोकयोरासक्तास्ते नाम शास्त्राणि व्याचक्षतां व्याकुर्वन्तु व्याख्यायन्ताम् । वेदान्वाध्यापयन्तु परेषां प्रयोजनाय । याजनाध्यापनप्रतिग्रहादिविहितकृत्यं चानुतिष्ठन्तु । स्वर्गादिगमनेच्छवश्च देवान्भावयन्तु। ज्ञानिनो मे तु तत्राक्रियत्त्वतः फलाभियुक्तक्रियारहितत्त्वान्नाधिकारः । विदलितद्वैतभावस्य विदुषो मिथ्याभूतैस्तैश्शास्त्रादिभिर्न किमपि प्रयोजनमिति शम् । एतेन स्वार्थप्रवृत्त्यभावेऽपि परोपकारार्थ-प्रवृत्त्यभावोऽपि विदुषि सूचितः । वस्तुतस्तु परोपकारस्यापि पुण्यकारकत्त्वेन स्यार्थत्त्वमेवेत्याशयः।

ज्ञानिनां स्वदृष्ट्या निद्राभिक्षादीनामप्यभाववर्णनम् -

निद्राभिक्षे स्नानशौचे नेच्छामि न करोमि च ।
द्रष्टारश्चेत्कल्पयन्ति किं मे स्यादन्यकल्पनात् ॥ २५८ ॥

अन्वयः - निद्राभिक्षे स्नानशौचे न इच्छामि । न करोमि च । द्रष्टारः कल्पयन्ति चेत् ? अन्यकल्पनात् मे किं स्यात् ? ।।

व्याख्या :- आत्मज्ञानस्याप्यक्रियात्त्वमयुक्तमेव । स्वदेहभरणार्थमिह लोके निद्राभिक्षाहरणाशनादिनिद्राभिक्षे परलोकार्थं शौचाचमनस्नानादिस्नानशौचे ज्ञानी जनोऽहं नेच्छामि न

और परलोक की आसक्ति के कारण वे यदि शास्त्र का व्याख्यान करते हैं तो भले ही करें । वेदों को पढ़ाते हैं तो भले ही पढ़ावें अर्थात् परोपकार के लिये वे याजन, अध्यापनादि विहित क्रियाएँ भले ही करें किन्तु मेरा उन कर्मों में अधिकार नहीं है क्योंकि मैं तो क्रियारहित अर्थात् फलाभियुक्त क्रियारहित हूँ । भाव यह है कि जिसका द्वैतभाव नष्ट हो गया है, ऐसे विद्वान् का मिथ्याभूत शास्त्रों से कोई प्रयोजन नहीं रहता । परोपकार भी ज्ञानी के लिये कर्तव्य नहीं है क्योंकि परोपकार पुण्यत्वबुद्धि रहने के कारण स्वार्थ रूप ही माना गया है, इसीलिये साधन-पञ्चक में श्रीआद्यशंकराचार्य जी ने कहा है कि ***''जनकृपा-नैष्ठुर्यमुत्सृज्यताम्''*** ।

ज्ञानी की स्वदृष्टि में निद्रा-भिक्षादि का भी अभाव होता है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - निद्रा और भिक्षा तथा स्नान और शौच, मैं न तो इनको करने की इच्छा करता हूँ और न इनको करता ही हूँ । यदि अन्य दृष्टा लोग मुझ में इन क्रियाओं की कल्पना करते हैं, तो भले करें, अन्य की कल्पना से मुझे क्या हानि है ? ।।२५८।।

व्याख्या - ज्ञानी का अक्रियत्त्व सिद्ध नहीं हो सकता क्योंकि उसकी आहारादि क्रियाएँ देखने में आती ही हैं । इस शंका का निराकरण करते हैं । स्वयं के पोषण के लिये निद्रा और भिक्षा तथा बाह्यशुद्धि प्रयोजक स्नान और शौच, इन क्रियाओं को करने की मैं न तो इच्छा करता हूँ और न इनको करता ही हूँ, क्योंकि ये देह से सम्बन्धित हैं । मैं तो देह से विलक्षण सच्चिदानन्द स्वरूप हूँ, यदि कहो कि अन्य लोगों से आपके द्वारा ये क्रियाएँ होती देखी जाती हैं तो कहते हैं कि वस्तुतः मैं इन क्रियाओं को नहीं करता हूँ किन्तु यदि अन्य लोग मुझ में उक्त क्रियाओं की कल्पना करते हैं तो भले ही करें, उनकी कल्पना से मेरी कोई हानि नहीं है । **यदि सम्पूर्ण विश्व अज्ञानी पुरुष को ज्ञानी कहे तो भी वह ज्ञानी नहीं हो सकता और सम्पूर्ण विश्व ज्ञानी पुरुष को अज्ञानी माने तो भी वह अज्ञानी नहीं**

करोमि च । तैः कर्मभिः सम्पोषितव्यस्य देहादेरभावात् । तस्मादक्रियत्त्वं सिद्धमेवेत्यर्थः । परं तत्सर्वं कर्मानुतिष्ठन् विद्वान्संदृश्यते इति चेदुच्यते । वस्तुतस्स्वदृष्ट्या नाहं करोमि । किन्तु द्रष्टार इतरे जना मयि निष्क्रिये तत्सर्वं कल्पयन्ति । तेन चेदन्यकल्पनान्मेऽवाप्तब्रह्मभावस्य किं छिन्नम् । न हि कापि क्षतिरिति भावः । अत एवाभियुक्ताः "न पुण्यं न पापं न सौख्यं न दुःखं न मन्त्रो न तीर्थं न वेदा न यज्ञाः । अहं भोजनं नैव भोज्यं न भोक्ता चिदानन्दरूपश्शिवोऽहं शिवोऽहम् ।।" इत्यादि वदन्ति । अस्तु नाम व्यवहारो विदुषामज्ञदृष्ट्या । परमार्थतस्तु नास्त्येव । यतो देहेन्द्रियमनो बुद्ध्यादिभिस्सह न ज्ञानिनस्तादात्म्याध्यासोऽस्तीति शम् ।।

अन्यारोपितगुणैर्न कोऽपि बाध इति निरूपणम् -

गुञ्जापुञ्जादि दह्येत नान्यारोपितवह्निना ।
नान्यारोपितसंसारधर्मानेवमहं भजे ।। २५९ ।।

अन्वयः - गुञ्जापुञ्जादि अन्यारोपितवह्निना न दह्येत । एवम् अन्यारोपितसंसारधर्मान् अहं न भजे।।

व्याख्या :- अन्यकल्पितेन स्वस्मिन्नारोपविशेषेणापि बाधोऽस्तीत्याक्षेपे नेतीति तदभावे दृष्टान्तमपि प्रदर्शयति । नान्यारोपितवह्निना अन्यैरज्ञजनैरारोपितेन वह्निना गुञ्जापुञ्जादि गुञ्जानां पुञ्जादि समूहो न दह्येत यथा तथाहमात्मविदन्यारोपितसंसारधर्मानन्यैरज्ञजनैरारोपितान्सर्वान्संसारधर्मानेवं न भजे । न कोऽप्यन्यारोपितेन मे क्लेशः इति शम् ।।

हो जाता । रस्सी में सर्प की कल्पना करने से वह विषाक्त नहीं हो जाती और स्थाणु को पुरुष समझ लेने से वह चलने-फिरने नहीं लगेगा । इसी प्रकार अन्य की कल्पनाओं से मुझे कोई हानि नहीं है । क्योंकि मुझे परमार्थतः न पुण्य है, न पाप है, न सुख है न दुःख है, न मन्त्र है, न तीर्थ है, न वेद है, न यज्ञ है । मैं न भोजन हूँ, न भोज्य हूँ और न भोक्ता हूँ, मैं तो सच्चिदानन्द स्वरूप सदाशिव हूँ ।

न पुण्यं पापं न सौख्यं न दुःखं न मन्त्रो न तीर्थं न वेदा न यज्ञाः।
अहं भोजनं नैव भोज्यं न भोक्ता चिदानन्दरूपः शिवोऽहं शिवोऽहम् ।। (निर्वाणषट्कम्)

अतः परदृष्टि से ज्ञानी का लोकव्यवहार भले ही दृष्टिगत हो किन्तु स्वदृष्टि से वह सर्वथा निष्क्रिय ही है ।

अन्यारोपित कल्पना से कोई हानि नहीं होती है, इस कथन को दृष्टान्त पूर्वक समझाते हैं ।

अर्थ - गुंजाफल के ढ़ेर पर कोई अन्य पुरुष अग्नि का आरोपण करे तो उससे कोई जल नहीं जाता। इसी प्रकार अन्य के द्वारा आरोपित संसार धर्मों को मैं प्राप्त नहीं होता हूँ ।।२५९।।

व्याख्या - गुंजा नाम की एक छोटी झाड़ी होती है, जिसके फल लाल बैर जैसे लगते हैं, जिसे घुंघुची कहते हैं, उस गुंजा के फलों का ढ़ेर लगा देने पर वे अंगारों के समान प्रतीत होते हैं यदि कोई अज्ञानी मनुष्य उन गुंजाफलों में अग्नि का आरोप करे कि यह अग्नि है तो उसके कहने पर वह फल अग्नि नहीं बन जाता और न ही उससे कोई दग्ध होता है । इसी प्रकार मुझ ब्रह्मात्मैक्यज्ञान में निमग्न पर कोई सांसारिक धर्मों का आरोप करता है तो मैं भी उनके आरोपों से सांसारिक धर्मों वाला नहीं हो जाऊँगा ।

ज्ञानिनश्श्रवणादिकमपि नैवास्तीति निरूपणम् –

शृण्वन्त्वज्ञाततत्त्वास्ते जानन्कस्माच्छृणोम्हम् ।
मन्यन्तां संशयापन्ना न मन्येऽहमसंशयः ॥ २६० ॥

अन्वयः – अज्ञाततत्त्वाः ते शृण्वन्तु अहं जानन् कस्मात् शृणोमि संशयापन्नाः मन्यन्ताम् अहम् असंशयः न मन्ये ।।

व्याख्या :– यद्यपि फलान्तरेच्छाभावान्न कर्मानुष्ठानं ज्ञानिनोऽथापि तत्त्वसाक्षात्काराय श्रवणमननादेरावश्यकतैव स्यादित्याशङ्कायां तेषां श्रवणादीनामप्यज्ञानिविषयत्त्वमिति समाधत्ते । श्रवणमननिदिध्यासनादीन्यन्तरङ्गसाधनानि ज्ञानिनापि यावद्देहं कर्तव्यान्येवेति चेन्न निष्प्रयोजनत्त्वादित्याह। अज्ञाततत्त्वा अज्ञातं ब्रह्मात्मैकत्त्वलक्षणं तत्त्वं यैस्ते तथोक्ता असाक्षात्कृतब्रह्मभावास्सद्गुरुभ्यश्शास्त्राणि शृण्वन्तु नाम ते । तत्त्वं जानन्नहं ब्रह्मभावमापन्नोऽद्वैततत्त्वं साक्षात्कुर्वाणः कस्माद्धेतोश्शृणोमि । एवमेव तत्त्वविषये ये संशयमापन्नास्ते तत्त्वमित्थमन्यथा वेति संशयाविष्टाश्श्रुत्यर्थं मन्यन्तां संशयोच्छेदनाय। असंशयोऽहं न मन्ये । अज्ञातत्त्वस्य संशयस्य चाभावान्न ममोभयत्र प्रवृत्तिः । "श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्य" इति वाक्यं जिज्ञासुपरमेव न हि ज्ञानिपरमिति शम् ।।

ज्ञानी के लिये श्रवणादि का भी अभाव दर्शाते हैं ।

अर्थ – जिन्हें तत्त्वज्ञान न हुआ हो वे अज्ञानी जन भले ही श्रवण करें, मैं तत्त्व को जानने वाला किस लिये श्रवण करूँ ? जो संशयग्रस्त हैं, वे भले ही मनन करें, किन्तु मैं सन्देह रहित होने से मनन नहीं करता हूँ ।।२६०।।

व्याख्या – ज्ञानी पुरुष को लौकिक अथवा पारलौकिक कुछ भी प्राप्तव्य नहीं रहता, यह तो ठीक है किन्तु उसे परमार्थ के लिये श्रवणादि का अभ्यास तो करना चाहिये, इसमें क्या हानि है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि वस्तुतः ज्ञानी के लिये श्रवणादि भी कर्तव्य रूप नहीं है । ज्ञानी कहता है जो परमतत्त्व को नहीं जानते हैं वे अतत्त्वज्ञलोग अर्थात् जिन्होंने ब्रह्म का साक्षात्कार नहीं किया है, ऐसे अज्ञानी लोग गुरुमुख से वेदान्त शास्त्रों का श्रवण भले ही करें किन्तु मैंने तो उस ब्रह्मतत्त्व को अपनी आत्मा के रूप में साक्षात् अनुभव कर लिया है अतः मैं ब्रह्मभावापन्न होकर किस हेतु से श्रवण करूँ । उसी प्रकार तत्त्व के विषय में जिन्हें संशय हो वे संशयग्रस्त मनुष्य श्रवण किये हुए अर्थ का संशयनिवृत्ति के लिये मनन भले ही करें। किन्तु मैं तो सर्वथा संशयरहित हूँ । इसलिये मैं मनन भी नहीं करता हूँ । भाव यह है कि जो भूखा है, उसके लिये भोजन है । जो प्यासा है, उसके लिये पानी है । जो न तो भूखा हो और न ही प्यासा हो, उसे अन्न-जल की आवश्यकता नहीं होती, उसी प्रकार जो मोक्ष की इच्छा वाला होता है, उसी के लिये शृवणादि का विधान है। प्रमाणगत संशय की निवृत्ति के लिये श्रवण और प्रमेयगत संशय की निवृत्ति के लिये मनन है । किन्तु जो सभी प्रकार के संशयों से रहित होता है, उस ब्रह्मज्ञानी के लिये श्रवणादि भी कर्तव्य रूप से नहीं कहे गये हैं और *"श्रोतव्यो, मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः"* इत्यादि श्रवणादिपरक विधान भी जिज्ञासुपरक ही है, न कि तत्त्वज्ञके प्रति । अतः तत्त्वज्ञ को कुछ भी कर्तव्य नहीं है ।

ज्ञानिनो निदिद्ध्यासनावश्यकताभावनिरूपणम् -

विपर्यस्तो निदिद्ध्यासेत्किं ध्यानमविपर्ययात् ।
देहात्मत्त्वविपर्यासं न कदाचिद्भजाम्यहम् ॥ २६१ ॥

अन्वयः - विपर्यस्तः निदिध्यासेत् । अहं देहात्मत्त्वविपर्यासं कदाचित् न भजामि । अविपर्ययात् किं ध्यानम् ।।

व्याख्या :- ज्ञानिनो मा भूतां नाम श्रवणमनने, विपर्ययनिरसार्थं तु निदिद्ध्यासनं कर्तव्यमेव भवेदिति चेन्न । देहेन्द्रियमनोबुद्ध्यादिष्वात्मत्त्वबुद्धिलक्षणस्य विपर्ययस्य ममाभावान्न तदप्यनुष्ठेयमित्याह। आत्मज्ञानस्य दाढर्याभावाद्विपर्यस्तो विपरीतभावनावानात्मन्यतज्ज्ञानरूपो विपर्यासस्तद्वान्निदिध्यासेत्। पौनःपुन्येनैकाग्र्येण सम्यग्ज्ञानावाप्तिपर्यन्तमात्मानमेव विचिन्तयेत् । अविपर्यस्य मे ध्यानं कुतः? आत्मज्ञान-स्याविपर्ययात् । कदाचिदप्यहं देहात्मत्त्वविपर्यासं देह एवात्मेति विपरीतज्ञानं नैव भजामीति शम् ।।

लोकव्यवहारस्तु वासनावशादिति निरूपणम् -

अहं मनुष्य इत्यादिव्यवहारो विनाप्यमुम् ।
विपर्यासं चिराभ्यस्तवासनातोऽवकल्पते ॥ २६२ ॥

अन्वयः - अहं मनुष्यः इत्यादिव्यवहारः अमुं विपर्यासं विना अपि चिराभ्स्तवासनातः अवकल्पते।।

अब ज्ञानी के लिये निदिध्यासन की आवश्यकता का भी अभाव दर्शाते हैं ।

अर्थ - जिसे विपरीत ज्ञान हो वह भले ही निदिध्यासन करे, किन्तु जिसे विपरीत ज्ञान नहीं है वह भला निदिध्यासन क्यों करे ? मैं देह में आत्मभाव रूप विपरीत ज्ञान को कभी भी प्राप्त नहीं होता हूँ ।।२६१।।

व्याख्या - ठीक है, ज्ञानी को श्रवण और मनन की आवश्यकता भले ही न हो, किन्तु निदिध्यासन (ध्यान) की आवश्यकता तो अवश्य होगी ? क्योंकि सजातीय प्रत्यय से रहित विजातीय प्रत्यय में प्रवाह रूप निदिध्यासन के बिना देहात्मबुद्धि रूप विपरीत भावना अवश्यंभावी है अतः ज्ञानी को निदिध्यासन अवश्य करना चाहिये, ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि ज्ञानी को निदिध्यासन की भी आवश्यकता नहीं है । ज्ञानी कहता है कि जिसे आत्मज्ञान की दृढ़ता न हो और आत्मा में 'मैं देह, इन्द्रिय, मन और बुद्धि से विशिष्ट हूँ' ऐसा विपरीतज्ञान होता हो वह पुरुष भले ही निदिध्यासन करे अर्थात् बारम्बार चित्त की एकाग्रता के द्वारा सम्यक् ज्ञान की प्राप्ति के लिये भले ही ध्यान रूपी प्रयत्न करे । किन्तु मेरा ध्यान से क्या प्रयोजन ? यह प्रश्न क्यों किया ? तो कहते हैं कि आत्मा के विषय में विपरीत ज्ञान न होने के कारण मुझे ध्यान की भी आवश्यकता नहीं है । देह ही आत्मा है, इत्यादि विपरीत भावना को मैं क्षणमात्र के लिये भी प्राप्त नहीं होता हूँ। भाव यह है कि ज्ञानी के लिये विपरीत भावना के अभाव में निदिध्यासन भी आवश्यक नहीं है ।

पूर्ववासना ही ज्ञानी के व्यवहार का कारण है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - 'मैं मनुष्य हूँ' इत्यादि प्रकार का व्यवहार उस पूर्वोक्त विपरीतभावना के बिना भी बहुत काल से अभ्यस्त वासना (संस्कार) से बन सकता है ।।२६२।।

व्याख्या - यदि ज्ञानी को क्षणमात्र भी विपरीत भावना नहीं होती है तो फिर मैं मनुष्य हूँ, इत्यादि

व्याख्या :- ज्ञानिनो विपर्ययज्ञानाभावेऽप्यहं मनुष्योऽयं घट इत्यादिव्यवहारो वासनावशादित्याह। अहं मनुष्य इत्यादिव्यवहारोऽमुं विपर्यासं विनापि चिराभ्यस्तवासनातश्चिरकालवासनावशादेवावकल्पते समुपपद्यत इति शम् ।।

व्यवहारावधिनिरूपणम् -

प्रारब्धकर्मणि क्षीणे व्यवहारो निवर्तते ।
कर्माक्षयेत्त्वसौ नैव शाम्येद्ध्यानसहस्रतः ॥ २६३ ॥

अन्वयः- प्रारब्धकर्मणि क्षीणे व्यवहारः निवर्तते । कर्माक्षये तु असौ ध्यानसहस्रतः न एव शाम्येत्।।

व्याख्या :- मनुष्योऽहमित्यादिव्यवहारस्य निवृत्त्यै निदिध्यासनं ज्ञानिनापि सम्पाद्यमेवेत्याशङ्कायां प्रारब्धक्षयमन्तरेणास्य विनाशो न स्यादित्याह । देहस्य प्रारब्धनिमित्तत्त्वात्तस्मिन्प्रारब्धकर्मणि क्षीणे सत्यहं मनुष्य इति व्यवहारो निवर्तते । कर्माक्षये तु प्रारब्धस्याक्षये त्त्वसौ व्यवहारो ध्यानसहस्रतोऽ-सङ्ख्येयध्यानेभ्यो नैव शाम्येत् । जीवन्मुक्तस्याप्यवश्यमुपभोगेनैव प्रारब्धस्य नाशात्। यथा देवहूत्यृषभदेवादीनां त्वसम्प्रज्ञातसमाधावपि विवरणाचार्यमते वा सुप्तौ सुखाद्याकाराविद्यकवृत्तिवद्घन-सत्त्वात्सर्वात्मना परिणतान्तःकरणाना"महं ब्रह्मास्मी"ति सूक्ष्मवृत्तीनां सत्त्वस्य तत्वविवेके "वृत्तयस्तु तदानीमज्ञाता अप्यात्मगोचराः । स्मरणादनुमीयन्ते व्युत्थितस्य समुत्थिता"दित्यादिनाङ्गीकृतेर्न तत्राव्याप्तिरिति दिक् ।।

लौकिक व्यवहार की सिद्धि ज्ञानी में कैसे होगी ? अर्थात् ज्ञानी पुरुष भी लौकिक व्यवहार में विपरीत ज्ञानवाला होता ही है, ऐसी आशंका होने पर कहते हैं कि पूर्व संस्कारों से उक्त व्यवहार सम्भव है, व्यवहारिक दशा में ज्ञानी का "मैं मनुष्य हूँ, मैं ब्रह्मचारी हूँ, मैं संन्यासी हूँ, यह घट है, यह मठ है" इत्यादि व्यवहार विपरीत भावना के बिना भी संभव है । कैसे संभव है ? तो कहते हैं दीर्घकाल से अभ्यस्त वासनाएँ ही उक्त व्यवहार कराती हैं । उसके लिये आत्मा में विपरीत भावना करने की आवश्यकता नहीं है अतः पूर्व संस्कारों के कारण ज्ञानी का लौकिक व्यवहार भी बन सकता है ।

ज्ञानी के व्यवहारनाश की अवधि का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - प्रारब्ध कर्म के क्षीण होने पर ही व्यवहार की निवृत्ति होती है किन्तु प्रारब्ध कर्म के क्षयाभाव में वह (व्यवहार) हजारों बार ध्यान करने से भी शान्त नहीं होता ।।२६३।।

व्याख्या - ज्ञानी को व्यवहार की निवृत्ति के लिये तो अवश्य ही निदिध्यासन करना चाहिये । ऐसी आशंका के उत्तर में कहते हैं कि निदिध्यासन से व्यवहार की निवृत्ति नहीं होती है क्योंकि व्यवहार प्रारब्धाधीन है । देह भी प्रारब्ध के अधीन है, अतः जब प्रारब्धकर्म क्षीण हो जाते हैं तभी मैं मनुष्य हूँ, इत्यादि व्यवहार की निवृत्ति होती है । प्रारब्ध का क्षय हुए बिना उक्त लौकिक व्यवहार हजारों बार ध्यान करने से भी शान्त नहीं होता है । भाव यह है कि जीवन्मुक्त महात्माओं का व्यवहार भी प्रारब्धानुसार ही होता है और प्रारब्ध क्षीण होने पर उनका व्यवहार भी नष्ट हो जाता है किन्तु प्रारब्ध का बिना भोग किये नाश संभव न होने से उन्हें भी प्रारब्ध कर्मों का भोग अवश्य ही करना पड़ता है । प्रारब्ध का नाश किसी साधना से नहीं होता । वह तो धनुष से छूटे हुए बाण की तरह लक्ष्य पर पहुँच कर ही रुकता है । बीच में उसे पकड़ कर रोका नहीं जा सकता ।

ज्ञानिनां न बाधको व्यवहार इति निरूपणम् -

विरलत्त्वं व्यवहृतेरिष्टञ्चेद्ध्यानमस्तु ते ।
अबाधिकां व्यवहृतिं पश्यन्ध्यायाम्हङ्कुतः ॥ २६४ ॥

अन्वयः - व्यवहृतेः विरलत्त्वम् इष्टं चेत् । ते ध्यानम् अस्तु । अहं व्यवहृतिम् अबाधिकां पश्यन् कुतः ध्यायामि ।।

व्याख्या :- एवं सिद्धान्तरीत्यात्मसाक्षात्कारोत्तर"महं मनुष्य" इत्यादिव्यवहारव"दहं ब्रह्मास्मी"ति सूक्ष्मतमघटसत्त्वैकमयमनोवृत्तेरपि यद्यपि व्यवहारत्त्वमेव तथापि मनुष्यत्त्वाद्यभिमानस्यातिस्थूलत्त्वादिना दुःखदत्त्वाद्धेयत्त्वं ब्रह्मैवाहमित्यभिमानस्य त्वत्यन्तसूक्ष्मत्त्वादिना सुखदत्त्वात्पूर्वोक्तस्य दुःखदस्य व्यावहारस्य वैकल्याय ध्यानस्योपादेयतेति चेन्न । व्यवहारस्याबाधकत्त्वदर्शनात्तन्निवृत्तये ध्यानं नैवानुष्ठेयमित्याह । "मनुष्योऽह"मिति व्यवहृतेर्व्यवहारस्य विरलत्त्वं कादाचित्कत्त्वमिष्टं चेत्ते प्रतिवादिनाश्छात्रस्य वा तव ध्यानमस्तु । ज्ञानीत्वहं व्यवहृतिमबाधिकामसन्तापकारिणीं पश्यन्कुतः कस्माद्धेतोर्ध्यायामि ? सम्यग्ज्ञानवतो मे व्यवहारस्याबाधकत्त्वाद्ध्यानमनावश्यकमेवेति शम् ।।

ज्ञानिनो विक्षेपस्याप्यभावान्न समाध्यावश्यकतेति निरूपणम् -

विक्षेपो नास्ति यस्मान्मे न समाधिस्ततो मम ।
विक्षेपो वा समाधिर्वा मनसस्स्याद्विकारिणः ॥ २६५ ॥

अन्वयः - यस्मात् मे विक्षेपः न अस्ति । ततः मम समाधिः न । विक्षेपः वा समाधिः वा विकारिणः मनसः स्यात् ।।

व्यवहार तत्त्वज्ञ के लिये बाधक नहीं है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - यदि तुम्हें व्यवहार की विरलता (अल्पता) अभीष्ट हो, तो तुम ध्यान अवश्य करो किन्तु व्यवहार को देखता हुआ (जानता हुआ) मैं कैसे ध्यान करूँ ?।।२६४।।

व्याख्या - आत्मसाक्षात्कार के बाद "मैं मनुष्य हूँ" इत्यादि व्यवहार की तरह "मैं ब्रह्म हूँ" इस प्रकार की सूक्ष्मतम मनोवृत्ति भी यद्यपि व्यवहारान्तर्गत ही है तथापि मनुष्यत्व रूप स्थूलाभिमान की अपेक्षा ब्रह्माहं रूप अभिमान अत्यन्त सूक्ष्म रूप होने से सुखदायी है । अतः लौकिक व्यवहार की निवृत्ति के लिये ज्ञानी भले ही ध्यान न करे, किन्तु ब्रह्मानन्द रूपी सुख की प्राप्ति के लिये तो उसे ध्यान अवश्य ही करना चाहिये । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि मैं मनुष्य हूँ, इत्यादि लौकिक व्यवहार की अल्पता के लिये यदि तुम्हें ध्यान करना अभीष्ट हो तो तुम भले ही ध्यान करो, हमें उससे कोई आपत्ति नहीं है किन्तु मुझे तो लौकिक व्यवहार किसी भी प्रकार से बाधक रूप प्रतीत नहीं होता है अतः लौकिक व्यवहार को किसी भी प्रकार से सन्तापदायी (दुःखदायी) न देखते हुए मैं ध्यान क्यों करूँ ? भाव यह है कि सम्यक् ज्ञानवाले मेरे लिये व्यवहार बाधक न होने से मुझे ध्यान करेने की कोई आवश्यकता नहीं है।

अब ज्ञानी के लिये समाधि की भी अनावश्यकता का प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ - क्योंकि मुझे विक्षेप नहीं है इसलिये मुझे समाधि की आवश्यकता नहीं है । विक्षेप अथवा समाधि विकारी मन की ही अवस्थाएँ हैं ।।२६५।।

व्याख्या - यह श्लोक उपदेशसाहस्री (१३/१४) से उद्धृत किया गया है ।

व्याख्या :- ध्यानस्यानावश्यकत्त्वेऽपि विक्षेपनिवृत्तये ज्ञानिनाप्यनुष्ठेयस्समाधिरित्याशङ्कायां विक्षेपस्य समाधेश्च मनोधर्मत्त्वात्तत्तादात्म्याध्यासाभाववतो ज्ञानिनस्समाधौ नैवाधिकार इत्याह । यस्माद्धेतोर्मे ज्ञानिनो विक्षेपो नास्त्यतस्तत्प्रतीकारस्समाधिरपि विकारशीलस्य मनसो धर्म इति कृत्त्वा न मम ज्ञानिनस्ततस्तस्माद्धेतोः । न समाद्ध्यपेक्षेति भावः । विकारिणो मनस एव विक्षेपो वा समाधिर्वा स्याताम् । अत एव च सर्वज्ञात्मचरणैरवोचि । "आच्छाद्य विक्षिपति संस्फुरदात्मरूपं जीवेश्वरत्त्व-जगदाकृतिभिर्मृषैव । अज्ञानमावरणविभ्रमशक्तियोगादात्मत्त्वमात्रविषयाश्रयता बलेने"ति विक्षेपमूलभूतस्य मूलाज्ञानस्यैव नष्टत्त्वात्तदभावे तत्परिपन्थिनस्समाधेरपि दृश्यत्त्वाविशेषान्नानुष्ठीयते ज्ञानिनेति शम् ।।

आत्मानुभवो ज्ञानिनां स्वरूपानतिरिक्त इति न तदर्थे पृथक्प्रयत्नो विधेय इति निरूपणम् -

नित्यानुभवरूपस्य को मे वानुभवः पृथक् ।
कृतङ्कृत्यं प्रापणीयं प्राप्तमित्येव निश्चयः ॥ २६६ ॥

अन्वयः - नित्यानुभवरूपस्य मे कः वा अनुभवः पृथक् "कृत्यं कृतम् । प्रापणीयं प्राप्तम्"' इति एव निश्चयः ।।

व्याख्या :- ज्ञानिनोऽपि समाध्यभावे तत्फलीभूतात्मानुभवः कथं सिद्ध्यति यतो ब्रवीति च

ज्ञानी को ध्यान की आवश्यकता भले ही न हो किन्तु विक्षेप की निवृत्ति के लिये समाधि का अनुष्ठान तो आवश्यक ही है । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि विक्षेप और समाधि विकारी मन के धर्म हैं अतः ज्ञानी को समाधि की भी आवश्यकता नहीं है। ज्ञानी कहता है कि जिसे विक्षेप होता हो वो भले ही समाधि का अभ्यास करे किन्तु मुझे तो क्षणमात्र भी विक्षेप नहीं होता है अतः विक्षेपाभाव के कारण मुझे समाधि लगाने की कोई आवश्यकता नहीं है । विक्षेप क्यों नहीं होता है ? तो कहते हैं कि विक्षेप और समाधि दोनों ही विकारी मन की अवस्थाएँ हैं आत्मा में इन से कोई अन्तर नहीं पड़ता है, मुझे इस बात का सम्यक् बोध है, इसलिये मुझे समाधि की भी आवश्यकता नहीं है । विक्षेपादि विकार मन की ही अवस्थाएँ हैं, इसीलिये सर्वज्ञात्ममुनि ने कहा है कि -

आच्छाद्य विक्षिपति संस्फुरदात्मरूपं जीवे वरत्वजगदाकृतिभिर्मृषैव।
अज्ञानमावरणविभ्रमशक्तियोगादात्मत्वमात्रविषयाश्रयताबलेन।। (सं. शा. १/२०)

अर्थात् 'मैं नहीं जानता' इस रूप से स्फुरित होता हुआ अज्ञान आत्मा को विषय और आश्रय बनाकर आवरण शक्ति तथा विक्षेप शक्ति के योग से आत्मा का वास्तविक रूप अच्छादित कर जीवत्व, ईश्वरत्व और जगत् रूप से मिथ्या विक्षेप पैदा कर देता है ।

अतः विक्षेप के मूल कारण मूलाज्ञान को ही जिसने पूर्णरूप से नष्ट कर दिया है, उस ज्ञानी के लिये विक्षेपादि का अभाव होने के कारण विक्षेप का नाश करने वाली (विक्षेप की शत्रुरूपा) समाधि की कोई आवश्यकता नहीं है ।

आत्मानुभूति की निरपेक्षता का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - नित्य अनुभवस्वरूप मेरा पृथक् अनुभव कैसे हो सकता है ? इसलिये जो करना था वह कर लिया और जो प्राप्त करने योग्य था, वह प्राप्त कर लिया, यही (मेरा) निश्चय है ।।२६६।।

व्याख्या - ज्ञानी का भी समाधि के अभाव में तत्फलीभूत आत्मानुभव कैसे सिद्ध होगा ? क्योंकि

महर्षिः पतञ्जलिः निर्विकल्पसमाधिं प्रस्तुत्य "तदा द्रष्टुस्स्वरूपेऽवस्थानं, वृत्तिसारूप्यमितरत्रे"ति च "ऋतम्भरा तत्र प्रज्ञा, श्रुतानुमानाभ्यामन्यविषये"ति च । एतद्योगग्रन्थेन च स्वस्वरूपानुभवस्य समाध्येकसाध्यत्त्वं स्पष्टमुक्तमित्यतोऽवश्यं समाधिरनुष्ठेय इति चेन्न स्वस्वरूपत्त्वादात्मानुभवस्येत्याह। स्वस्वरूपस्य नित्यानुभवरूपस्य ब्रह्मसाक्षात्कारेण मे पृथङ्ममातिरिक्ततया समाधिफलरूपः को नाम प्रत्येकमनुभवोऽस्ति? न कोऽप्यस्तीत्यर्थः । पातञ्जलसूत्राणां च त्त्वम्पदार्थशोधाय कञ्चिदधिकारि-विशेषं प्रत्येवोपयोगः । एवं सति ज्ञानिनो निश्चयः क इत्यत्राह । यद्यत्कृत्यमस्ति तत्कृतमेव । यद्यत्प्रापणीयमस्ति तत्प्राप्तमेवेत्येव निश्चय इति शम् ।।

ज्ञानिनो व्यवहारः प्रारब्धवशादिति निरूपणम् -

व्यवहारो लौकिको वा शास्त्रीयो वान्यथापि वा ।
ममाकर्तुरलेपस्य यथारब्धं प्रवर्तताम् ।। २६७ ।।

अन्वयः - लोकिकः वा शास्त्रीयः वा अन्यथा अपि वा व्यवहारः अकर्तुः अलेपस्य मम यथाऽऽरब्धं प्रवर्तताम् ।।

व्याख्या :- स्वस्य ज्ञानिनस्सर्वव्यवाहरेषु कर्तृत्त्वनिरासे व्यवहारनियमो नास्येत्याशङ्कायां प्रारब्ध-वशात्प्राप्तं व्यवहारनियममङ्गीकरोति । अकर्तुरहं कर्तेत्यभिमानविधुरस्य तथालेपस्य च क्रियाफलेष्वपेत-भोक्तृत्त्वाद्यभिमानस्य मम ज्ञानिनो लौकिको व्यवहारो निद्राभिक्षाहारादिश्शास्त्रीयश्शास्त्र-विहितत्त्वेनेश्वरसन्तुष्टिलक्षणपुण्योत्पादकप्रणवजपादिव्यवहारः । अन्यथा प्रतिषिद्धहिंसादिस्तन्निन्दितत्त्वेन

महर्षि पतञ्जलि ने योगसूत्र में कहा है कि चितवृत्तिनिरोध रूप योग प्राप्त हो जाने पर अर्थात् निर्विकल्प समाधि लाभ हो जाने पर द्रष्टा की अपने स्वरूप में स्थिति हो जाती है । ***"तदा द्रष्टुः स्वरूपेऽवस्थानम्"*** (पा.यो.सू. १/३) अतः ज्ञानी को भी समाधि का अनुष्ठान अवश्य ही करना चाहिये । ऐसी आशंका के उत्तर में कहते हैं कि आत्मानुभूति सर्वथा प्राप्त होने से ज्ञानी को समाधि की आवश्यकता नहीं है। ज्ञानी कहता है कि मैं नित्य अनुभव स्वरूप ही हूँ। ब्रह्मसाक्षात्कार के कारण मुझ से मेरा अनुभव पृथक् नहीं है । समाधि का फल आत्मानुभव है और वह मुझे प्राप्त है, क्योंकि मैं स्वयं अनुभवरूप हूँ । अनुभव मुझ से पृथक् नहीं हो सकता इसलिये अनुभव प्राप्त करने के लिये मुझे कुछ करने की आवश्यकता नहीं है । मुझे जो कुछ भी करना था, मैंने वह सब कुछ कर लिया, अब मुझे कुछ करना शेष नहीं है अतः मैं कृतकृत्य हो गया हूँ तथा मुझे जो कुछ भी प्राप्त करना था, वह सब कुछ मैनें प्राप्त कर लिया अब मेरे लिये कुछ भी प्राप्तव्य शेष नहीं है ।

ज्ञानी के प्रारब्धानुसार व्यवहार का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - अकर्ता और अलिप्त मेरा लौकिक, शास्त्रीय अथवा निषिद्ध व्यवहार प्रारब्धानुसार भले ही होता रहे ।।२६७।।

व्याख्या - इस प्रकार सर्वत्र व्यवहार में कर्तृत्व धर्म को अस्वीकार करने पर तो ज्ञानी में उच्छृंखलता आ जाएगी, इस शंका के उत्तर में प्रारब्धकर्मवशात् अनियतवृत्तिता को भी अंगीकार करते हुए कहते हैं कि भिक्षाटन आदि लौकिक व्यवहार, जप समाधि आदि शास्त्रीय व्यवहार अथवा हिंसादि निषिद्ध

ईश्वररोषलक्षणपापोत्पादकशशापद्वारा याज्ञवल्क्यकर्तृकविदग्धशाकल्यमूर्धपातरूपस्सुप्रसिद्ध एव शुक्लयजुर्ब्राह्मणे पञ्चमे प्रपाठके । अत्र च वेति विकल्पसमुच्चय वाचकः । तथा च प्रवृत्तिनिवृत्तिरूपो निखिलो व्यवहारः कर्तृत्त्वभोक्तृत्त्वरहितस्य मम ज्ञानिनो यथारब्धं प्रारब्धं कर्मानतिक्रम्य तदनुसारं प्रवर्तताम् । इतः पूर्वं हि – "निद्राभिक्षे स्नानशौचे नेच्छामि न करोमि च । द्रष्टारश्चेत्कल्पयन्ति किं मे स्यादन्यकल्पना"दिति लौकिकादिव्यवहारद्वयमपि नास्तीत्येवोक्तमिदीनां "यथारब्धं प्रवर्तता" मित्यङ्गीकृतो व्यवहार इति कोऽत्राशय इति चेदिदमत्राकूतम् । प्रारब्धं हि सुखदुःखदान एवोपक्षीणं न तु व्यवहारलक्षणक्रियमाणसम्पादनेऽपि। तत्तु सदसत्संस्कारैकायत्तमिति निर्विवादमेव। तथा च दक्षिणावर्तभ्रमितकुलालचक्रन्यायेन ब्रह्मविदोऽपि वपुरादिकं सत्यसंस्कारैकारब्धमिति तथैवेतत्प्रवर्तेतेति दिक् ।।

निस्त्रैगुण्ये पथि विचरतां ज्ञानिनां व्यवहारे विधिनिषेधावेव न स्त इति निरूपणम् –

अथवा कृतकृत्योऽपि लोकानुग्रहकाम्यया ।
शास्त्रीयेणैव मार्गेण वर्तेऽहङ्का मम क्षतिः ॥ २६८ ॥

अन्वयः – अथ वा अहं कृतकृत्यः अपि लोकानुग्रहकाम्यया शास्त्रीयेण एव मार्गेण वर्ते । मम का क्षतिः ।।

व्याख्या :– वस्तुतत्त्वमभ्यधायि प्राक्सम्प्रति प्रौढिवादमपि प्रदर्शयन्स्वयमुक्तगूढाभिसन्धिं प्रकटीकरोति यज्ज्ञानिनो व्यवहारे विधिनिषेधाभावेऽपि लोकानुग्रहकाङ्क्षया शास्त्रीया प्रवृत्तिस्स्यादिति ।

व्यवहार भी मेरे प्रारब्धानुसार भले ही होता रहे । मेरा उनसे कोई सम्बन्ध नहीं है क्योंकि मैं तो अकर्ता और निर्लिप्त हूँ अर्थात् प्रारब्ध का अतिक्रमण न करते हुए उपर्युक्त सभी व्यवहार भले चलता रहे, उससे मुझे कोई हानि नहीं है । प्रारब्ध कर्मों का भोग किये बिना क्षय नहीं होता है अतः प्रारब्धानुसार प्रवृत्ति और निवृत्ति रूप मेरा व्यवहार चलता है तो चलता रहे ।

लेकानुग्रह के लिये ज्ञानी की शास्त्रीय प्रवृत्ति भी संभव है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ – अथवा कृतकृत्य होने पर भी प्राणियों पर अनुग्रह करने की इच्छा से यदि मैं शास्त्रीय मार्ग का अनुसरण करता हूँ तो उससे मेरी क्या हानि है ?।।२६८।।

व्याख्या – इस प्रकार सिद्धान्त का प्रतिपादन कर अब प्रौढ़ीवाद को लेकर पूर्वोक्त शंका का समाधान करते हैं । **(सिद्धान्त में अंगीकार नहीं किये हुए अर्थ को भी बुद्धि के बल से प्रतिपादित कर उसका समाधान करना प्रौढ़ीवाद कहलाता है)** यद्यपि निस्त्रैगुण्य पथ पर विचरण करने वाले ब्रह्मवेत्ता के लिये कोई विधि-निषेध नहीं है तथापि लोकानुग्रह के लिये वह शास्त्रीय मार्ग का अनुसरण करे तो उससे उसकी कोई हानि नहीं होती है, इसका प्रतिपादन करते हैं । **लोगों को विपरीत मार्ग पर चलने से रोकने के लिये और उनको सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने के लिये जो कर्म किये जाते हैं, उन्हें लोकसंग्रहार्थ कर्म कहा जाता है ।** गीता में भगवान् ने कहा है कि–

सक्ताः कर्मण्यविद्वांसो यथा कुर्वन्ति भारत ।
कुर्याद्विद्वांस्तथासक्तश्चिकीर्षुर्लोकसंग्रहम् ।। (गी. ३/२५)

अर्थात् कर्म में आसक्त हुए अज्ञानी जन जिस प्रकार कर्म करते हैं, आसक्ति रहित विद्वान् भी लोक

तदाह । लोकानुग्रहकाम्यया "सक्ताः कर्मण्यविद्वांसो यथा कुर्वन्ति भारत । कुर्याद्विद्वांस्तथासक्तश्चिकीर्षुर्लोकसङ्ग्रहम् ।।" इति स्मृत्या प्राणिलोकस्य सन्मार्गप्रवर्तनोपदेशकाम्यया जीवानुजिघृक्षया कृतकृत्योऽप्यहं शास्त्रीयेणैव मार्गेण वर्ते । एतेन का मम क्षतिः । अत्राथवेति विकल्पसमुच्चयस्सूचितः। "महाजनो येन गतस्स पन्था" इत्युक्त्या महतामाचारस्यानुकरणीयत्त्वेन लोके शिष्टाचारप्रवर्तकतया ज्ञानिनां शास्त्रचोदितप्रचार इति शम् ।।

यत्किञ्चित्कुर्वन्नपि ज्ञानी न लिप्यत इति निरूपणम् -

दैवार्चनस्नानशौचभिक्षादौ वर्ततां वपुः ।
तारं जपतु वाक्तद्वत्पठत्त्वाम्नायमस्तकम् ।। २६९ ।।
विष्णुं ध्यायतु धीर्यद्वा ब्रह्मानन्दे विलीयताम् ।
साक्ष्यहङ्किञ्चिदप्यत्र न कुर्वे नापि कारये ।। २७० ।।

अन्वयः - वपुः देवार्चनस्नानशौचभिक्षादौ वर्तताम् । वाक् तारं जपतु । तद्वत् आम्नायमस्तकं पठतु ।।

अन्वयः - धीः विष्णुं ध्यायतु । यद्वा ब्रह्मानन्दे विलीयताम् । साक्षी अहम् अत्र किञ्चित् अपि न कुर्वे । न अपि कारये ।।

व्याख्या :- संन्यासिनो ज्ञानिनस्स्वस्य शास्त्रीयमार्गे प्रवर्तनाङ्गीकारेऽपि लोकानुग्रहहेतुतया

संग्रह की इच्छा से उसी प्रकार कर्म करें । ***''जोषयेत्सर्वकर्माणि विद्वान्युक्तः समाचरन्''*** (गी.३/२६) स्वयं शास्त्रविहत समस्त कर्म भली-भाँति करता हुआ उन अज्ञानियों से भी वैसे ही कराये अतः लोगों पर अनुग्रह करने की कामना से, उनको सन्मार्ग में प्रेरित करने के लिये यदि मैं शास्त्रविहित कर्ममार्ग का अनुसरण करता हूँ तो उससे मेरी कोई हानि नहीं है अर्थात् शास्त्रीय कर्म करके उनके पुण्य फल से मुझे स्वार्गादि में नहीं जाना पड़ेगा क्योंकि कर्म उन्हीं को बाँधते हैं, जिन्हें कर्म करने का अभिमान होता है । मैं स्वयं को कर्ता-भोक्ता नहीं मानता हूँ अतः मुझे किसी भी कर्म से हानि नहीं है । भाव यह है कि महापुरुष जैसा आचरण करते हैं, सामान्य मनुष्य भी उन्हीं का अनुसरण करते हैं क्योंकि ***''महाजनो येन गतः स पन्थाः''*** यह सर्वविदित है । भगवान् भी इसीलिये अर्जुन से कहते हैं कि हे अर्जुन! मुझे इन तीनों लोकों में न तो कुछ कर्तव्य है और न कोई भी प्राप्त करने योग्य वस्तु अप्राप्त है तथापि मैं कर्म करता हूँ क्योंकि यदि मैं सावधान होकर कर्म नहीं करूँगा तो बड़ी हानि होगी क्योंकि सभी लोग सब प्रकार से मेरे मार्ग का ही अनुसरण करते हैं । अतः यदि मैं कर्म न करूँ तो ये सब मनुष्य नष्ट-भ्रष्ट हो जायँ इत्यादि " (गी. ३/२२,२३) अतः ज्ञानीपुरुष भी शास्त्रोक्त मार्ग के प्रचार के लिये शास्त्रविहित कर्म करता है तो उसकी कोई हानि नहीं होती है ।

ज्ञानी की अलिप्तता को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - देवपूजन, स्नान, शौच और भिक्षा आदि कार्यों में शरीर भले ही प्रवृत्त होवे, वाणी तार (प्रणव) का जप भले ही करे और उसी प्रकार वह उपनिषदों का पाठ भले ही करे, बुद्धि विष्णु का ध्यान भले ही करे अथवा ब्रह्मानन्द में भले ही विलीन हो जाए, किन्तु मैं इन सबका साक्षी हूँ, अतः इन कार्यों को न करता हूँ और न करवाता ही हूँ ।।२६९-२७०।।

व्याख्या - हरि-हरादि का अर्चन अथवा पञ्चायतन (शिव, शक्ति, गणेश, सूर्य और विष्णु) का

तस्यासङ्गत्त्वं न किञ्चिद्बाध्यत इत्याह । दैवार्चनस्नानशौचभिक्षादौ देवानां शालग्रामबाणलिङ्गाख्य-हरिहरान्यतरप्रतीकावच्छेदेन देवदेवस्य "एको देवस्सर्वभूतेषु गूढस्सर्वव्यापी सर्वभूतान्तरात्मा । कर्माध्यक्षस्सर्वभूताधिवासस्साक्षी चेता केवलो निर्गुणश्चे"ति श्रुतेः । अत्रैकत्त्वं सर्वकारणकारणत्त्वात्। यदि तदव्याकृतेऽपीति भ्रान्तिस्तन्निरासाय देव इति । कालत्रयेऽपीतरानपेक्षयाखण्डचिदात्मना स्वयमेव दीप्यते प्रकाशत इति देवः । अव्याकृतस्य च जडत्त्वेन देवत्त्वासम्भवात्स्वतः कारणत्त्वानुपपत्ते-र्देवत्त्वैकत्त्वसम्पत्त्या सूर्यस्य प्राप्तमीश्वरत्त्वं निवारयति सर्वेति । सर्वेषु च भूतेषु चिदेकरसात्मना स्थित इति तदर्थः । अनेन च सूर्यस्य देवत्त्वैकत्त्वयोस्सत्त्वेऽपि चिदात्मना भूतेष्वेव स्थितेरसत्त्वादीश्वर-त्त्वाभावः । सर्वभूतेषु सर्वदैकरूपेण चित्प्रकाशात्मना स्थितत्त्वेन ब्रह्मणः प्राप्तं सर्ववेद्यत्त्वं गूढ इत्यनेन निरस्यते । सर्वभूतेषु प्रकाशात्मना विद्यमानत्त्वेऽपि मेघैस्सूर्यवदविद्यातत्कार्यैस्तिरोहितत्त्वात्परमात्मा न सर्वेषां वेद्योऽस्तीत्यर्थः । भूतेषु गूढत्त्वे सति ब्रह्मणा प्राप्तं बुद्ध्यादिवत्परिच्छिन्नत्त्वं सर्वव्यापीत्यनेन निवार्यते । घटादिकं मृदिव जगद्बहिरन्तःपूर्णत्त्वाद्ब्रह्मणः परिच्छित्यभावः । गूढात्मना सर्वव्यापकत्त्व-माकाशेऽस्ति तन्निवारणाय सर्वभूतान्तरात्मेत्याह । सर्वेषां भूतानामन्तर्बुद्धिगुहायामात्मरूपेण तिष्ठतीत्यर्थः। आकाशस्य सर्वव्यापकत्त्वेऽपि जडत्त्वेन सर्वभूतात्मत्त्वासंभवान्न ब्रह्मत्त्वम् । सर्वभूतात्मत्त्वे ब्रह्मणः कर्मकर्तृत्त्वतत्फलभोक्तृत्त्वसंसारित्त्वञ्च प्राप्तं तन्निवृत्त्यै कर्माध्यक्षमित्याह । उपाधिमधिष्ठाय तद्धर्मानीक्षत इत्यध्यक्षो भूतानां तत्कर्मणां तत्फलभोगानाञ्च साक्ष्येवात्मा निरवयवत्त्वान्निष्क्रियत्त्वाच्च स्वयं कर्म न किञ्चित्करोति नापि तत्फलं भुङ्क्त इति भावः । न केवलं कर्मणामेव ज्ञातायमात्मा किन्तु भूतानां तद्धर्माणां तत्कर्मणां तत्फलानुभूतीनां तदवस्थानाञ्च द्रष्टेति साक्षीत्युच्यते । बुद्धेस्तद्विकाराणां सर्वेषां साक्षीति भावः। साक्षादीक्षत इति साक्षीत्यात्मन ईक्षणक्रियाकर्तृत्त्वे प्राप्ते तन्निरसनाय चेतेत्याह । चेतयितृत्त्वमविक्रियत्त्वं स्वयमविक्रियात्मना सर्वं पश्यतीत्यर्थः । अविक्रियत्त्वे च हेतुः केवल इति । निरवयवः केवलो निरवयवत्त्वादेवाविक्रियस्वयमविक्रियस्सन्नेव सर्वं पश्यतीति भावः । "शब्दगुणकमाकाश"मिति यथाकाशस्य निरवयवस्यापि गुणवत्त्वं तथैव निरवयवस्यापि ब्रह्मणस्सत्त्वचित्त्वादिगुणवत्त्वे सम्प्राप्ते निर्गुण इति तत्परिह्रियते। "आत्मन आकाशस्सम्भूत" इत्याकाशस्य जनिश्रुतेस्तस्य जनिमत्त्वेन सावयवत्त्वादाकशस्य युक्तं गुणवत्त्वम्। निष्कलमिति च श्रुतेर्ब्रह्मणो निरवयवत्त्वाद्गुणत्त्वमनुपपन्नमेवेत्यतस्सत्त्वचित्त्वादिस्वरूपमेव भवति न तु गुणवद् इति परस्य ब्रह्मणोखिलविशेषाभावाभावप्रतिपादनाय चकार इति चास्याश्श्रुतेराशयः । एवमादि-

---

अर्चन अथवा शालग्रामादि प्रतीक रूप विग्रह का पूजन, तथा स्नान, शौच, और भिक्षा आदि कार्यों में शरीर भले ही प्रवृत्त होवे । उसी प्रकार वाणी भी चाहे प्रणव का जप करे अथवा आम्नायमस्तक (उपनिषदों) का पाठ करे । बुद्धि चाहे विष्णु का ध्यान करे अर्थात् विष्णु-शिव आदि सगुण ब्रह्म का ध्यान करे अथवा निर्गुण ब्रह्म के ध्यान में निमग्न होकर ब्रह्मानन्द का पान करे, इन सभी प्रवृत्तियों का मैं साक्षी हूँ ।

शास्त्रीय कर्म तीन प्रकार के होते हैं - शारीरिक, वाचिक और मानसिक । देवपूजन, स्नान, शौच और भिक्षा आदि शारीरिक कर्म हैं । प्रणव का जप और उपनिषदों का पाठ करना वाचिक कर्म हैं तथा

श्रुतिप्रसिद्धस्य स्वप्रकाशात्मनः पञ्चायतनस्य वा यदर्चनं पूजनं तत्र गन्धेनापि हीनं प्रणवैकमन्त्रं गङ्गोदक-भस्ममात्रोपचारकं न त्वन्यत्स्वप्नेऽपीति भावः । तथा स्नानं शौचं भिक्षा चेत्यत्रादिना निद्रादिस्तेष्वेवमादिषु वपुरेव वर्तताम् । तद्वद्वागपि जपतु तारमोङ्कारं प्रणवम् । यद्वा कदाचिदाम्नायमस्तकं वेदान्तशास्त्रमुपनिषद्वृन्दं तदुपलक्षिता गीताब्रह्मसूत्रादिप्रस्थानत्रय्यपि । तत्सर्वमध्यात्मशास्त्रमध्ययनविधिनाधीतस्य धारणार्थं पुनः पुनरभ्यास आम्नायस्तद्विषयवेदस्तस्य मस्तकं शिर इव मुख्यत्त्वाच्छिरस्थानमापन्नामुपनिषदं पठतु । एवं धीबुद्धिरपि विष्णुं ध्यायतु चिन्तयतु । अथ वा ब्रह्मानन्दे विलीयतां लयं वा गच्छतु । अत्रैवं रूपप्रवृत्तावहं साक्षी किञ्चिदपि न कुर्वे नापि कारये नाहं कर्ता न चाहं कारयितेति भावः । विष्णुं ध्यायतु धीरित्यत्र "शिव एको ध्येयश्शिवङ्कर" इत्यादिश्रुतेश्शिवस्यापि ध्येयत्त्वादुपलक्षणमिदम् । अत्र सगुणत्त्वात्सरसाच्च यद्वेत्यादिनात्मानन्दविलीनत्त्वमुक्तमिति शम् ।।

ज्ञानकर्मकाण्डावलम्बिनोर्मिथो न कोऽपि विवाद इति निरूपणम् -

एवञ्च कलहः कुत्र सम्भवेत्कर्मिणो मम ।
विभिन्नविषयत्त्वेन पूर्वापरसमुद्रवत् ।। २७१ ।।

अन्वयः - एवं पूर्वापरसमुद्रवत् विभिन्नविषयत्त्वे न मम च कर्मिणः कलहः कुत्र संभवेत् ।।

व्याख्या :- तथा च ज्ञानकाण्डाश्रयिणो मम कर्मकाण्डाश्रयिणोऽन्यस्य च कर्मिणो विभिन्नविषयत्त्वेन नास्त्येव कलह इत्याह । एवं च सति कृतकृत्यतामाप्नुवतो मम ज्ञानिनोऽभ्युदयेच्छाचोदितस्य कर्मिणः कर्मप्रस्थानस्य च पूर्वापरसमुद्रवद्विभिन्नविषयत्त्वेन कलहो विवादः कुत्र ? न कुत्रापीत्यर्थः। उपमाने विभिन्नविषयत्त्वं विभिन्नदेशाश्रितत्त्वं तद्वदुपमेयेऽपि विभिन्नप्रस्थानाश्रितत्त्वमिति बोद्धव्यम् ।

सगुण रूप विष्णु-शिव आदि अथवा निर्गुण ब्रह्म का ध्यान करना मानसिक कर्म है (मन और बुद्धि को यहाँ एक समझना चाहिये) । ज्ञानी पुरुष यह समझता है कि मैं मन, वाणी और शरीर तथा उनके द्वारा होने वाले कर्मों का तटस्थ साक्षी हूँ । अतः उनका प्रभाव मुझ पर नहीं पड़ता । मैं उन कर्मों को न करता हूँ और न करवाता ही हूँ । गीता में भी कहा है कि -

सर्वकर्माणि मनसा सन्न्यस्यास्ते सुखं वशी ।
नवद्वारे पुरे देही नैव कुर्वन्नकारयन् ।। (गी. ५/१३)

अतः ज्ञानी पुरुष किसी भी कर्म से लिप्त नहीं होता है ।

अब उक्तार्थ के फलभूत अर्थ को बताते हैं ।

अर्थ - इस प्रकार पूर्व और पश्चिम समुद्र की तरह भिन्न-भिन्न विषय होने से कर्मी (कर्मकाण्डी) से मेरा कलह कैसे संभव है ?।।२७१।।

व्याख्या - इस प्रकार ज्ञानकाण्ड का आश्रय लेने वाले मेरा और कर्मकाण्ड का आश्रय लेने वाले अन्य पुरुष का विषय भिन्न-भिन्न होने से कोई विवाद नहीं है इसका वर्णन करते हैं । ज्ञानी कहता है कि मैं तो कृतकृत्य हो चुका हूँ इसलिये जिनके मन में कामनाएँ अवशिष्ट हैं, ऐसे कर्मकाण्ड का आश्रय लेने वाले कर्मनिष्ठ पुरुष के साथ मेरा कोई विवाद नहीं है । जैसे पूर्व के समुद्र को पश्चिम के समुद्र से कुछ लेना-देना नहीं है, उसी प्रकार कर्मी का विषय भिन्न है अतः भिन्न-भिन्न विषय होने के कारण

निर्धूताखिलद्वैतभावनिश्श्रेयसावाप्तिफलकः कर्मकाण्ड इति स्वरूपतः फलतश्चात्यन्तविभिन्नार्थक-प्रस्थानाश्रयिणोः कर्मठब्रह्मनिष्ठयोर्न विवादावकाश इति दिक् ।।

कर्मज्ञानकाण्डयोर्विभिन्नविषयत्त्वनिरूपणम् -

वपुर्वाग्धीषु निर्बन्धः कर्मिणो न तु साक्षिणि ।
ज्ञानिनस्साक्ष्यलेपत्त्वे निर्बन्धो नेतरत्र हि ।। २७२ ।।

अन्वयः - कर्मिणः वपुर्वाग्धीषु निर्बन्धः साक्षिणि तु न । ज्ञानिनः साक्ष्यलेपत्त्वे निर्बन्धः इतरत्र न हि।।

व्याख्या :- तदेव विभिन्नविषयत्त्वं स्पष्टयति । कर्मिणो वपुर्वाग्धीषु कायवाग्बुद्धिषु निर्बन्धो विद्यते । साक्षिणि तु न विद्यते । विधिनिषेधरूपोऽत्र निर्बन्धः । साक्ष्यलेपत्त्वे साक्षिणोऽलेपत्त्वेऽसङ्गत्त्व-मात्रे एव ज्ञानिनो निर्बन्धः इतरत्र शरीरादिषु न निर्बन्धो हि ।

कर्मठज्ञानिनोर्विवादस्य हास्यास्पदत्त्वनिरूपणम् -

एवञ्चान्योऽन्यवृत्तान्तानभिज्ञौ बधिराविव ।
विवदेतां बद्धिमन्तो हसन्त्येव विलोक्य तौ ।। २७३ ।।

अन्वयः- एवं च अन्योऽन्यवृत्तान्तानभिज्ञौ बधिरौ इव विवदेताम् । तौ विलोक्य बुद्धिमन्तः हसन्ति एव ।।

व्याख्या :- अथापि तौ कर्मज्ञानिनौ कलहं कुर्वाते तौ विद्वद्भिः परिहसनीयतां प्राप्तावित्याह ।

कर्मी से मेरा कलह कैसे संभव है ? अर्थात् संभव नहीं है । श्लोक में समुद्र के दृष्टान्त रूप उपमान में विभिन्न देशाश्रितत्त्व के कारण भिन्न विषयत्व कहा गया है और उपमेय में भिन्न प्रस्थानाश्रितत्व के कारण भिन्न विषयत्व कहा गया है । ज्ञानकाण्ड का फल मोक्ष है और कर्मकाण्ड का फल अभ्युदय है । ज्ञानकाण्ड समस्त द्वैत का बाध करने वाला है, जब कि कर्मकाण्ड में कर्तृत्वादि कारक-भेद-संकुल युक्त द्वैतभाव का ही प्राचुर्य है । इस तरह ज्ञानकाण्ड और कर्मकाण्ड का फल और स्वरूप दोनों भिन्न होने से उन-उन का आश्रय लेने वाले कर्मकाण्डी और ज्ञानकाण्डी का कोई विरोध नहीं है ।

पूर्वोक्त विभिन्न विषयत्व का स्पष्टीकरण करते हैं ।

अर्थ - कर्मी का शरीर, वाणी और बुद्धि में आग्रह (अभिनिवेश) होता है परन्तु साक्षी में नहीं और ज्ञानी का आग्रह निर्लिप्त साक्षी में होता है, शरीरादि में नहीं ।।२७२।।

व्याख्या - ज्ञानी और कर्मी में विभिन्न विषयत्व कहाँ है ? इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि कर्म में निष्ठा रखने वाले (कर्मी) का दृढ़ आग्रह शरीर, वाणी और बुद्धि में होता है । जगत् को सत्य समझने के कारण वह भोग्य पदार्थों की कामना के लिये शरीरादि से भिन्न-भिन्न कर्मों का अनुष्ठान करता है । उसका विषय साक्षी नहीं है, किन्तु ज्ञानी का मुख्य विषय साक्षी है, जो सर्वदा असंग है । ऐसे निर्लिप्त साक्षी में ही ज्ञानी का आग्रह होता है, शरीरादि में नहीं । अतः ज्ञानी और कर्मी के विषय भिन्न होने से दोनों में कोई विवाद नहीं है ।

वस्तुतः कर्मठ और ज्ञानी का विवाद हास्यास्पद है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - इस प्रकार परस्पर के वृत्तान्त को नहीं जानने वाले दो बहरों की तरह जो ज्ञानी और कर्मी कलह करते हैं, उन दोनों को देखकर बुद्धिमान लोग उन पर हँसते ही हैं ।।२७३।।

एवं चान्योऽन्यवृत्तान्तानभिज्ञौ बधिराविव परस्पराशयं सम्यगनवगत्यैव विवदेतां वादं कुरुतः । तौ चोभौ विलोक्यान्योऽन्यभावानभिज्ञतां विज्ञाय बुद्धिमन्तो हसन्त्येव ।

कर्मिज्ञानिनोरन्योऽन्यवृत्तान्तानभिज्ञत्त्वनिरूपणम् -

यङ्कर्मी न विजानाति साक्षिणन्तस्य तत्त्ववित् ।
ब्रह्मत्त्वं बुद्ध्यतां तत्र कर्मिणः किं विहीयते ॥ २७४ ॥

अन्वयः- यं साक्षिणं कर्मी न विजानाति । तस्य ब्रह्मत्त्वं तत्त्ववित् बुध्यताम् । तत्र कर्मिणः किं हीयते।।

व्याख्या :- एवं चेत्तर्हि कर्मित्त्वं ज्ञानित्त्वं मन्यमानयोः पूर्वोत्तरमीमांसकयोः कलहः कुतस्सम्पद्यत इति चेद्बहिर्मुखत्त्वेन शास्त्रतात्पर्यानभिज्ञत्त्वादित्येव जानीहीति सदृष्टान्तं समाधत्ते । यं साक्षिणं प्रत्यगात्मानं कर्मी न विजानाति तस्य प्रत्यगात्मनो ब्रह्मत्त्वं प्रत्यगात्मपरब्रह्मणोरभेदं तत्त्वविज्ज्ञानी बुद्ध्यताम् । तत्र तथा सति कर्मिणः किं विहीयते । कर्मी यं साक्षिणं कर्मानुष्ठानोपयोगिदेहवाग्बुद्ध्यतिरिक्तं प्रत्यागात्मानं न विजानाति तत्त्ववित्तस्य ब्रह्मत्त्वे बुद्धे कर्मिणः कर्मानुष्ठाने किं विहीयते ? न किमपीत्यर्थ इति शम् ।।

न कर्मिज्ञानिनोर्विवादावकाश इति निरूपणम् -

देहवाग्बुद्ध्यस्त्यक्ता ज्ञानिनानृतबुद्धितः ।
कर्मी प्रवर्तयत्त्वाभिर्ज्ञानिनो हीयतेऽत्र किम् ।। २७५ ।।

व्याख्या - इस प्रकार ज्ञानी और कर्मी का विषय भिन्न होने के कारण दोनों में विवाद का कोई कारण नहीं है, फिर भी यदि वे दोनों एक-दूसरे की बात न समझते हुए बहरों की भाँति विवाद करते हैं तो बुद्धिमान लोग उन दोनों को देखकर उन पर हँसते हैं । अर्थात् वे दोनों तत्त्ववेत्ता के लिये हास्य के पात्र बनते हैं । दो बहरे पुरुष आपस में यदि बात करें तो अपनी-अपनी बात कहते तो हैं, किन्तु एक-दूसरे की बात सुनते नहीं है । सुन सकने वाला तीसरा पुरुष उन दोनों बहरों की अप्रासंगिक बाते सुनकर हँसता है। इसी प्रकार तत्त्ववेता पुरुष भी ज्ञानी और कर्मी का निराधार विवाद सुनकर हँसता है ।

निरुक्त अन्योन्य वृत्तान्त की अनभिज्ञता को दर्शाते हैं ।

अर्थ - कर्मी जिस साक्षी को नहीं जानता है, तत्त्ववित् उसके ब्रह्मत्व को यदि जाने तो इससे कर्मी की क्या हानि है ? ।।२७४।।

व्याख्या - तत्त्ववेता को अपने साक्षी स्वरूप का बोध होता है, वह उसमें सच्चिदानन्द ब्रह्म के लक्षणों का अनुभव करता है । किन्तु कर्मी को उस साक्षी का कुछ भी ज्ञान नहीं होता है । वह न तो साक्षी को जानता है और न ब्रह्म को, वह तो स्वयं के मन, वाणी और शरीर को ही जानता है जिससे कि वह कर्म करता है । अतः तत्त्ववित् उस प्रत्यगात्मा के ब्रह्मत्व को जानकर यदि कर्म नहीं करता तो उससे कर्मी को क्या हानि है ? अर्थात् ज्ञानी आत्मा को निर्लिप्त मानकर कर्म नहीं करता है तो उससे कर्मी को कर्मानुष्ठान में किसी प्रकार की भी हानि नहीं है ।

कर्मी और ज्ञानी में विवाद के लिये कोई स्थान नहीं है, इसे पुनः स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - मिथ्यात्व बुद्धि से ज्ञानी के द्वारा देह, वाणी और बुद्धि का त्याग कर दिया गया है, ऐसी स्थिति में कर्मी इन त्यागे गये पदार्थों के द्वारा भले ही प्रवृत्त हो, इससे ज्ञानी का क्या बिगड़ता है ?।।२७५।।

अन्वयः – ज्ञानिना अनृतबुद्धितः देहवाग्बुद्धयः त्यक्ताः कर्मी आभिः प्रवर्तयतु । अत्र ज्ञानिनः किं हीयते ।।

व्याख्या :– ज्ञानस्य भिन्नविषयत्त्वान्न तयोर्विवादावकाश इत्याह । ज्ञानिना ब्रह्मविदानृतबुद्धितो मिथ्यात्त्वबुद्ध्या त्यक्ता अनादृता मिथ्यात्त्वबोधबलेन देहवाग्बुद्धयः आभिः कर्मी स्वर्गाद्यर्थं ज्योतिष्टोमादिकर्मानुष्ठाने तथा वेदानां पठने तत्तद्देवताध्याने च विषये स्वं जीवं प्रवर्तयतु विनियोजयतु। किमत्र ज्ञानिनो हीयते ? न किमपीत्यर्थः । अतो निर्विषयकलहकारिणोः परिहसनीयत्त्वमिति भावः। मिथ्यात्त्वबुद्ध्या यद्देहादि त्यज्यते ज्ञानिना तेन कर्मी कर्मसु प्रवर्तत इति न ज्ञानिनो हानिरित शम्।।

प्रवृत्तिनिवृत्त्योः क्रमेण बुभुत्साबोधकारणत्त्वनिरूपणम् –

प्रवृत्तिर्नोपयुक्ता चेन्निवृत्तिः क्वोपयुज्यते ।
बोधहेतुर्निवृत्तिश्चेद्बुभुत्सायान्तथेतरा ।। २७६ ।।

अन्वयः – प्रवृत्तिः न उपयुक्ता चेत् । निवृत्तिः क्व उपयुज्यते । बोधहेतुः निवृत्तिः चेत् । बुभुत्सायां (हेतुः) तथा इतरा प्रवृत्तिः ।।

व्याख्या :– अस्मदभिमतायाः प्रवृत्तेः फलवत्त्वात्प्रयोजनाभावधिया ज्ञानिनोऽनङ्गीकारोऽयुक्त इति कलहायते कर्मीति कलहहेतुरस्तीति कुतः परिहासः क्रियते ? बुद्धस्य तु बुभुत्साभावात्प्रवृत्तेरनुपयोगित्त्वम् । किञ्च कर्मणि प्रवृत्तिर्विक्षेपकारिणीत्ययुक्तेत्याशङ्क्य समाधत्ते ।

व्याख्या – ज्ञानी पुरुष ने शरीर, वाणी और बुद्धि को मिथ्या जानकर उनका त्याग कर दिया है । कर्मी यदि इन त्यागे गये शरीर, वाणी और बुद्धि में सत्यत्व बुद्धि करके उनके द्वारा स्वर्गप्राप्ति के लिये ज्योतिष्टोम आदि कर्मों का अनुष्ठान करता है तो भले करे, उससे ज्ञानी का क्या बिगड़ता है ? अर्थात् कुछ नहीं । भाव यह है कि इस प्रकार ज्ञानी और कर्मी के विषय भिन्न-भिन्न हैं, अतः दोनों में विवाद का कोई कारण नहीं है, फिर भी यदि कोई विवाद करता है तो वह व्यर्थ है । इस व्यर्थ के विवाद को देखकर तत्त्ववेत्ता लोग हँसते हैं ।

ज्ञानी का कर्मी के साथ कलह अवश्य है । कर्मी की इस शंका का निवारण करते हैं।

अर्थ – प्रवृत्ति ज्ञानी के लिये उपयुक्त नहीं है, यदि ऐसा कहते हो तो निवृत्ति का भी क्या उपयोग है ? यदि कहो कि निवृत्ति ज्ञान का कारण है तो प्रवृत्ति भी जिज्ञासा (ज्ञानेच्छा) में कारण है ।।२७६।।

व्याख्या – पूर्वपक्षी शंका करता है कि आपने जो यह कहा कि ज्ञानी और कर्मी में किसी भी प्रकार का कोई विवाद नहीं है, यह बात ठीक नहीं, क्योंकि कलह का हेतु अवश्य है । अतः आपके द्वारा किया गया उपहास अकाण्डताण्डव के समान है । हमारे द्वारा अभिमत प्रवृत्ति फलवती होने के कारण निष्प्रयोजन नहीं है, अतः प्रयोजनाभाव रूप बुद्धि से ज्ञानी के द्वारा उसका अनंगीकार उचित नहीं है । और कलह का हेतु होने के कारण आपके द्वारा किया गया उपहास उचित नहीं है । ज्ञानी की प्रवृत्ति (कर्मनिष्ठा) उपयुक्त नहीं है अर्थात् प्रयोजनकारिणी नहीं होती है यदि ऐसा कहते हो तो निवृत्ति का भी क्या उपयोग है ? अर्थात् निवृत्ति भी निष्फल होने के कारण ज्ञानी को उसका भी अंगीकार नहीं करना चाहिये, इस बात को भी तुम स्वीकार करो । तात्पर्य यह है कि फलाभाव रूप हेतु से निवृत्ति की तरह प्रवृत्ति को

ज्ञानिनः प्रवृत्तिः कर्मनिष्ठा नोपयुक्ता प्रयोजनकारिणी न भवतीत्युच्यते चेत् उपयोगाभावो निवृत्तावपि समान इत्याह । निवृत्तेरपि निष्फलत्त्वस्य ज्ञानिनाङ्गीकृतत्त्वात्तद्वत्प्रवृत्तिरप्यङ्गीक्रियतामित्येवमत्र प्रतिबन्द्या समाधत्ते । निवृत्तिः क्वोपयुज्यते तस्या अपि फलाभावात्तदङ्गीकारवत्प्रवृत्तिरप्यङ्गीकार्येति भावः । निवृत्तेश्च निष्फलत्त्वमसिद्धमिति तदङ्गीकारो युक्त एवेत्याशङ्कते । निवृत्तिबोधहेतुर्बोधरूपं फलं निवृत्तेरिति निवृत्तिरङ्गीक्रियते । निवृत्तेस्तु बोधहेतुत्त्वेन नोपयोगाभाव इति शङ्कितुराशयः । तर्हि प्रवृत्तेरपि बुभुत्साहेतुत्त्वादस्त्येवोपयोग इति परिहरति । तादृशमेव फलं प्रवृत्तेश्चाप्यस्तीत्यङ्गीकारबीजमुभयत्र तुल्यमेवेति न दोषः । तथेतरा प्रवृत्तिर्बुभुत्सायां हेतुः । एवञ्चोभयोरपि सफलत्त्वादुभे अप्यङ्गीकार्ये । तस्मान्न तत्र कलहो युक्त इति शम् ।।

बुद्धस्य फलतदभावौ न स्यातामिति निरूपणम् –

बुद्धश्चेन्न बुभुत्सेत नाप्यसौ बुद्ध्यते पुनः ।
अबाधादनुवर्तेत बोधो न त्वन्यसाधनात् ।। २७७ ।।

अन्वयः – बुद्धः न बुभुत्सेत चेत् । असौ पुनः बुध्यते अपि न । बोधः अबाधात् अनुवर्तेत । अन्यसाधानात् तु न ।।

व्याख्या :– फलतदभावौ बुभुत्स्वपेक्षयोच्येते न बुद्धापेक्षया । बुद्धस्य बुभुत्साभावात्प्रवृत्ते–रनुपयोगिता । पूर्वश्लोके "निवृत्तिर्नोपयुक्ता चेत्प्रवृत्तिः क्वोपयुज्यते । बोधहेतुर्निवृत्तिश्चेद्बुभुत्सायां तथेतरे"ति प्रतिबन्द्यन्तरेणैव यत्समाहितं तदयुक्तं बुद्धस्य तत्त्वबुभुत्सासम्भवादित्याशङ्कायां प्रतिबन्द्या

भी अंगीकार करो । यदि कहो कि निवृत्ति की निष्फलता असिद्ध है, अतः उसका अंगीकार अवश्य करना चाहिये क्योंकि निवृत्ति बोध का कारण है अर्थात् बोध रूप फल वाली होने से निवृत्ति को निष्फल नहीं कह सकते । इस पर सिद्धान्ती कहते हैं कि यह बात तो प्रवृत्ति में भी लागू होती है । प्रवृत्ति भी जिज्ञासा उत्पन्न करने में कारणभूता मानी गयी है । अतः जैसे निवृत्ति ज्ञान का कारण है, वैसे ही प्रवृत्ति भी जिज्ञासा के द्वारा ज्ञान का कारण है । प्रवृत्ति और निवृत्ति दोनों का फल समान होने के कारण दोनों का ही अंगीकार करना चाहिये । भाव यह है कि ज्ञानोत्तर काल में ज्ञानी का न प्रवृत्ति में आग्रह होता है और न निवृत्ति में, अतः कलह का होना संभव नहीं है ।

उक्तार्थ को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ – ज्ञानवान ज्ञान की इच्छा नहीं करेगा, यदि ऐसा कहो तो वह पुनः बोध को भी प्राप्त नहीं करेगा । उसका ज्ञान अबाधित होने के कारण अनुवृत्त होता रहेगा, उसके लिये उसे साधनान्तर की अपेक्षा नहीं है ।।२७७।।

व्याख्या – पूर्वपक्षी पुनः शंका करता है कि आपने कहा कि प्रवृत्ति जिज्ञासा का कारण है किन्तु यह बात ज्ञानी पर लागू नहीं होती है । जो ज्ञानवान है, वह पुनः जिज्ञासा क्यों करेगा ? अतः निवृत्ति ही ज्ञान का कारण है, प्रवृत्ति नहीं, इसलिये ज्ञानी और कर्मी का विवाद उचित ही है । इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि यदि ज्ञानवान को ज्ञान की इच्छा नहीं होती है तो फिर उसे पुनः ज्ञान प्राप्त करने की भी आवश्यकता नहीं है । तुम्हारे कथनानुसार निवृत्ति ज्ञान का कारण है किन्तु जो स्वयं ज्ञानी है, उसे

समाधत्ते । यदि बुद्धस्तत्त्वबोधवान् ज्ञानी पुरुषो न बुभुत्सेत बोद्धुमिच्छां नैव कुर्यात्सञ्जातबोधत्त्वात्। बुद्धस्य प्रवृत्तेर्बुभुत्सारूपफलस्याभावात्तत्प्रवृत्तेर्निष्फलत्त्वम् । निवृत्तिस्तु बोधरूपफलस्याभावात्तत्प्रवृत्ते-र्निष्फलत्त्वम् । निवृत्तिस्तु बोधरूपफलसम्पादकतया सफलेति शङ्कितुराशयः । तर्हि बुद्धस्यापि च पुनर्बोधभावाद्बुभुत्साभावाच्च तत्कारणीभूता निवृत्तिरपि निरर्थिकैवेति शङ्कते । असौ ज्ञानी पुनर्न बुद्ध्यते तत एव पुनर्नैव बुद्ध्यते बोधमपि नैव सम्पादयति । न वा बोद्धुमिच्छति । एवं च यथा बुभुत्साकारणीभूता भूयः प्रवृत्तिस्सञ्जातबोधत्त्वात्तत्त्वविदोऽनुपयुक्तेति चिन्त्यते तथैव बोधकारणीभूता निवृत्तिरपि तत एव तस्य तथेति प्रतिपत्तव्यमिति तत्त्वम् । सकृज्जातस्य बोधस्य दृढीकरणाय निवृत्तिरावश्यकीत्याशङ्क्य तत्र दार्ढ्यं बोधकाभावमेवेष्टव्यं न त्वन्यत्साधनमबाधादित्याह । सकृत्सम्पादितो बोधोऽबाधादनुवर्तेतैव । "प्रमाणोत्पादिता विद्या प्रमाणं प्रबलं विना न नश्यति न वेदान्तात्प्रबलं मानमीक्ष्यते ।" इति कारणाद्वेदान्तवाक्यप्रबलप्रमाणजन्यज्ञानस्य बलवता प्रमाणेन बाधाभावात्प्रतिबन्धकाभावाच्चानुवर्तेत स्थिरीभवेत् । अनुवृत्तौ त्वन्यसाधनं निवृत्तिरूपं नापेक्षितमित्यतो न साधनान्तरं तदर्थमनुष्ठेयमिति भाव इति शम् ।।

अज्ञानेन तत्कार्येण वात्मज्ञानस्याबाधत्त्वनिरूपणम् –

न विद्या नापि तत्कार्यं बोधं बाधितुमर्हति ।
पुरैव तत्त्वबोधेन बाधिते ते उभे यतः ।। २७८ ।।

अन्वयः – न अविद्या न तत्कार्यम् अपि बोधं बाधितुम् अर्हति । यतः ते उभे पुरा एव तत्त्वबोधेन बाधिते ।।

जैसे जिज्ञासा की आवश्यकता नहीं है, वैसे ही पुनः निवृत्ति के द्वारा ज्ञान प्राप्त करने की भी आवश्यकता नहीं है । यदि कहो कि एक बार प्राप्त हुए बोध को दृढ़ करने के लिये पुनः ज्ञान की आवश्यकता होगी तो यह कथन ठीक नहीं है क्योंकि ज्ञानी का ज्ञान अबाधित होता है । ज्ञान का बाधक कोई न होने के कारण पूर्व प्राप्त ज्ञान की अनुवृत्ति होती रहती है । पूर्व में कह चुके हैं कि –

प्रामाणोत्पादिता विद्या प्रमाणं प्रबलं विना ।
न नश्यति न वेदान्तात्प्रबलं मानमीक्ष्यते ।। (पं.द. ३/१०८)

अर्थात् – उपनिषद्वाक्य रूप प्रमाणों से उत्पन्न हुई ब्रह्मविद्या (अपरोक्षज्ञान) उससे भी बलवान प्रमाण के बिना नष्ट नहीं हो सकती । और वेदान्त से बढ़कर कोई अन्य प्रबल प्रमाण देखने में नहीं आता है । अतः ब्रह्मज्ञान अबाधित है । उसे स्थिर होने के लिये निवृत्ति रूप अन्य साधनों की अपेक्षा नहीं है । अतः ज्ञानी के लिये प्रवृत्ति और निवृत्ति दोनों समान होने से कलह का प्रश्न ही नहीं है ।

ज्ञान की अनुवृत्ति में अन्य प्रमाण भले ही अबाधक हो किन्तु अविद्या और उसके कार्य तो अवश्य ही बाधक होंगे, इस शंका का निराकरण करते हैं ।

अर्थ – ज्ञान का बाध करने में न तो अविद्या समर्थ है और न उसके कार्य, क्योंकि तत्त्वज्ञान के द्वारा उन दोनों का पहले ही बाध हो चुका है ।।२७८।।

व्याख्या – सांसारिक पदार्थों के ज्ञान का कुछ काल के बाद अज्ञान के कारण विस्मरण हो जाता

व्याख्या :- सोऽयं प्रमाणान्तरेणाबाधः कुत इति चेत्किं मूलाविद्यालेशरूपा सुषुप्त्यादिप्रयोजिका। तद्व्याप्यजीवेश्वरतद्भेदतच्चित्सम्बन्धविशिष्टाविद्या बोधबाधिका वा? उत तत्कार्यमाकाशप्रभृति तथेति विकल्प्य नोभयमपीत्याह । अनुवृत्ताविरस्याबाधत्त्वेऽप्यविद्यया तत्कार्येण च बाधस्स्यादित्यत आह । बोधमविद्या बाधितुं नार्हति । तथा बोधं तत्कार्यमविद्याकार्यमपि बाधितुं नैवार्हति । अविद्यातत्कार्ययोः प्रत्येकं बाधकत्त्वं मिलित्त्वापि बाधकत्त्वं नेति बोधयितुं नञो द्विवारं प्रयोगः । तत्र कारणमाह । यतस्ते उभे अप्यविद्यातत्कार्ये पुरा तत्त्वबोधेन बाधिते नष्टे एव । बाधितो बाधको भवितुं नार्हतीति भावः । सस्वप्नां सुप्तिं बाधयन्त्येव यथा जाग्रदुदेत्येवं समूलं द्वैतं बाधयदेव तत्त्वज्ञानमुदेति प्रतीयते तु सस्वप्नादिस्मृतिवदाप्रारब्धं तदिति शम् ।।

ज्ञानेन बाधितमज्ञानं न पुनर्ज्ञानस्य बाधकमिति निरूपणम् -

बाधितन्दृश्यतामक्षैस्तेन बाधो न शक्यते ।
जीवन्नाखुर्न मार्जारं हन्ति हन्यात्कथं मृतः ॥ २७९ ॥

अन्वयः - बाधितम् अक्षैः दृश्यताम् । तेन बाधः न दृश्यते । जीवन् आखुः मार्जारं न हन्ति । मृतः कथं हन्यात् ? ।।

व्याख्या :- अविद्यायास्तत्कार्यस्य च बाधे सत्यपि कार्यस्य देहादेः प्रत्यक्षेण प्रतीयमानत्त्वात्प्रतीतिसिद्धेन कार्येण बोधो बाद्धयेतेत्याशङ्क्य परिह्रियते । अविद्याया बाधित्त्वेऽपि तत्कार्यस्य प्रतीयमानस्य बाधितत्त्वासंभवात्तेन बाधस्य बाधो भवेदित्याशङ्क्योपादानकारणनिवृत्त्यैव तस्यापि बाधित्त्वान्न तेनापि बाधश्शङ्कितुं शक्य इति निरूपयति । बाधितमुपादानकारणस्य

है, उसी प्रकार तत्त्वज्ञान भी अज्ञान के द्वारा आवृत्त हो सकता है, अतः ज्ञानी को भी ज्ञान की अनुवृत्ति में अन्य का आश्रय लेना चाहिये । इस शंका का समाधान करते हुए आचार्य कहते हैं कि प्राप्त हुए ज्ञान (अपरोक्षात्मज्ञान) का बाध करने में न तो अविद्या (अज्ञान) समर्थ है और न उसके अध्यासादि कार्य । अर्थात् अविद्या और उसके कार्य मिलकर भी तत्त्वज्ञान का बाध करने में समर्थ नहीं है । क्यों नहीं है ? तो कहते हैं कि तत्त्वज्ञान के द्वारा उन दोनों का पूर्व में ही बाध हो चुका है । जो वस्तु स्वयं नष्ट हो चुकी हो वह दूसरे को क्या नष्ट करेगी ? अतः तत्त्वज्ञान का बाध करने मैं कोई भी समर्थ नहीं है ।

बाधित अज्ञान बाधक रूप ज्ञान का बाध नहीं कर सकता, इस बात को दृष्टान्त पूर्वक दर्शाते हैं ।

अर्थ - बाधित (जगत्) को इन्द्रियों के द्वारा भले ही देखें किन्तु उससे ज्ञान का बाध होना शक्य नहीं है । जीवित चूहा भी बिलाव को नहीं मार सकता तो मरा हुआ कैसे मारेगा ?।।२७९।।

व्याख्या - उपादानकारण के मिथ्यात्व का निश्चय रूप बोध जब हो जाता है तब उसके उपादान का भी मिथ्यात्व निश्चित हो ही जाता है । तत्त्वज्ञान के द्वारा बाधित जो जगत् है, वह इन्द्रियों के द्वारा अर्थात् तदुपलक्षित प्रमाणों के द्वारा यदि प्रतीत होता है तो भले ही हो । जो स्वयं प्रतीति मात्र है, ऐसे मिथ्या रूप जगत् से तत्त्वज्ञान का बाध होना शक्य नहीं है । इस विषय में दृष्टान्त देते हैं - जैसे लोक में जीवित चूहा भी बिलाव को नहीं मार सकता तो फिर जो मर चुका है, ऐसा चूहा उसको कैसे मार

मिथ्यात्त्वनिश्चयरूपबाधे सति तदुपादानकत्त्वेन मिथ्यात्त्वेन निश्चितं जगदक्षैरिन्द्रियैस्तदुपलक्षित-प्रमाणान्तरैश्च दृश्यतां प्रतीयतां नाम । उपलक्षणमिदमन्यप्रमाणानां साक्षिणश्च तेन बाधितदृश्येन बाधस्तत्त्वबोधस्य । तेन च प्रतीतिमात्रशरीरकेण स्वतोऽसत्येन जगता बोधस्य बाधो न शक्यते । उक्तार्थे दृष्टान्तार्थमर्थान्तरन्यासद्वयं प्रदर्शयति । यथा लोक आखुर्मूषको जीवन्मार्जारं न हन्ति स तादृशो मृतस्सन्मरणानन्तरं तं मार्जारं कथं हन्यान्न कथमपि । स्वसत्ताकालेऽपि मार्जारं हन्तुमसमर्थो मूषकस्स्वरूपतो नष्टो भूत्त्वा कथं तं हन्यात् तद्वत्प्रकृते जगतस्सत्यत्त्वेन ज्ञानदशायामपि शुद्धचित्तस्य श्रवणादिना जायमानं बोधं प्रतिहन्तुमक्षमं जगन्मिथ्यात्त्वेन ज्ञानावस्थायां कथं बोधं बाधितुमीष्ट इति शम्।।

द्वैतदर्शनेन तत्त्वबोधो न बाद्धयेतेति निरूपणम् –

अपि पाशुपतास्त्रेण विद्धश्चेन्न ममार यः ।
निष्फलेषु वितुन्नाङ्गो नङ्क्ष्यतीत्यत्र का प्रमा ॥ २८० ॥

अन्वयः – यः पाशुपतास्त्रेण विद्धः अपि न ममार चेत् । निष्फलेषु वितुन्नाङ्गः नङ्क्ष्यति । इति अत्र का प्रमा ? ।।

व्याख्या :– पूर्वोक्तमिममेवार्थं कैमुतिकन्यायप्रदर्शनेन द्रढयितुं तदनुकूलं दृष्टान्तान्तरमाह । पाशुपतास्त्रेणापि पशुपतिदेवताकेनास्त्रेणामोघेनापि विद्धश्चेदाहतोऽपि यस्समर्थः पुरुषो न ममार "न जीवो म्रियत" इति श्रुतेः । स निष्फलेषु वितुन्नाङ्गो न विद्यते फलं पुङ्खं यस्य तेन धाराशून्यकुण्ठितेषुणा विदारितशरीरश्शल्यरहितेषुणा व्यथितदेहस्सन्नङ्क्ष्यतीति नाशमुपैतीत्यत्रास्मिन्स्थले का प्रमा किं प्रमाणं विश्वासयोग्यं न किमपि प्रमाणमित्यर्थ इति शम् ।।

सकता है ? चूहा स्वसत्ताकाल में भी जब बिलाव को मारने में असमर्थ था तो जब वह स्वरूप से ही नष्ट हो चुका तब भला बिलाव को कैसे मारेगा ? इसी प्रकार प्रकृत में भी जानना चाहिये । अर्थात् जब जगत् की सत्ता थी, उस समय भी वह शुद्धचित्त वाले पुरुष के द्वारा श्रवणादि से उत्पन्न बोध का बाध नहीं कर सका, तब ज्ञान हो जाने के बाद मिथ्या रूप जगत् तत्त्वज्ञान का बाध कैसे कर सकता है ? अर्थात् नहीं कर सकता ।

उक्तार्थ को ही दृष्टान्तान्तर से स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ – जो पुरुष पाशुपतास्त्र से विन्ध कर भी नहीं मरा, वह बिना फल के बाण से छिन्न अंग वाला होकर नष्ट हो जाएगा, इसमें क्या प्रमाण है ?।।२८०।।

व्याख्या – पशुपति (शिव जी) के अस्त्र को पाशुपतास्त्र कहते हैं । यह अस्त्र अत्यन्त अमोघ माना जाता है । इसके प्रहार से किसी के भी जीवित रहने की संभावना नहीं रहती है । जो पुरुष ऐसे पाशुपतास्त्र से विन्ध कर भी नहीं मरा, वह भला बिना फल के बाण से (लोहे के फलक रहित बाण से) विदीर्ण होकर छिन्न अंग वाला होकर मर जाएगा, इस विषय में क्या प्रमाण है ? भाव यह है कि अविद्या नष्ट होने पर जगत् भले ही दिखाई दे किन्तु वह बिना फलक के बाण के समान है । जो पुरुष पाशुपतास्त्र से नहीं मरा, वह बिना फल के बाण से कदापि नहीं मर सकता । इसी प्रकार प्रकृत में भी जानना चाहिये।

द्वैतदर्शनस्य तत्त्वबोधाबाधकत्त्वं रूपकेणापि दर्शयितुमुपक्रमणम् -

आदावविद्यया चित्रैस्स्वकार्यैर्जृम्भमाणया ।
युद्ध्वा बोधोऽजयत्सोऽद्य सुदृढो बाध्यताङ्कथम् ॥ २८१ ॥

अन्वयः - आदौ चित्रैः स्वकार्यैः जृम्भमाणया अविद्यया बोधः युद्ध्वा अजयत् । सः सुदृढः अद्य कथं बाध्यताम् ? ।।

व्याख्या :- दृष्टान्तेन सिद्धमर्थं दार्ष्टान्तिके योजयति । आदौ ज्ञानोदयात्प्राक्चित्रैर्बहुभिस्स्वकार्यैः प्रमातृत्त्वभोक्तृत्त्वकर्तृत्त्वादिभिर्विविधरूपैर्जृम्भमाणया विवर्धमानया विद्यया बोधो ज्ञानं युद्ध्वा युद्धं कृत्त्वाजयज्जयं प्राप्तवान् । स एव च बोधोऽद्याभ्यासपाटवेन सुदृढो निस्सपत्नमिदानीमविद्यानिवृत्तौ सत्यां निर्मलेन स्थितो मायाकार्येण देहाद्यध्यासेन कथं नाम बाध्यताम् । न कथमपि बाध्येतेत्यर्थ इति दिक् ।।

बाधितप्रतीतिर्ज्ञानिनो न बाधिकेति निरूपणम् -

तिष्ठन्त्वज्ञानतत्कार्यशवा बोधेन मारिताः ।
न भीतिर्बोधसम्राजः कीर्तिः प्रत्युत तस्य तैः ॥ २८२ ॥

अन्वयः-बोधेन मारिताः अज्ञानतत्कार्यशवाः तिष्ठन्तु । तैः बोधसम्राजः भीतिः न । प्रत्युत तस्य कीर्तिः ।।

व्याख्या :- पूर्वमुपपादितमप्यर्थं श्रोतृबुद्ध्यारोहाय रूपकेण विशदयति । बोधेन ज्ञानेन युद्धे

पूर्वोक्त दृष्टान्तसिद्ध अर्थ को दार्ष्टान्तिक में घटाते हैं ।

अर्थ - तत्त्वबोध ने पूर्व में ही अपने विचित्र कार्यों से बढ़ी हुई अविद्या को युद्ध में परास्त कर दिया, अब वह (अविद्या) सुदृढ़ हुए बोध का बाध कैसे कर सकती है ?।।२८१।।

व्याख्या - विद्या की उत्पत्ति से पूर्व ही अपने विचित्र कार्यों के द्वारा अर्थात् प्रमातृ-भोक्तृत्वादि विविध रूपों के द्वारा बढ़ी हुई अविद्या के साथ बोध ने युद्ध करके उसको परास्त कर दिया । वही बोध अब अभ्यास की कुशलता से अत्यन्त सुदृढ़ हो गया है, ऐसे सुदृढ़ बोध का बाध परास्त हुई माया कैसे कर सकती है ? अर्थात् माया के कार्य देहाध्यासादि के द्वारा सुदृढ़ बोध का बाध कैसे संभव है ? अर्थात् संभव नहीं है । ज्ञान और अज्ञान का युद्ध राम और रावण के युद्ध की तरह है । रावण ने युद्ध में नाना छल-बल का प्रयोग किया, एक से एक कठिन अस्त्र-शस्त्र राम जी पर छोड़े । फिर भी राम जी ने उसकी विशाल सेना सहित रावण को नष्ट कर दिया । युद्ध समाप्त होने पर राम जी के आग्रह पर इन्द्र ने अमृत वर्षा के द्वारा समस्त वानर-भालुओं को जीवित और स्वस्थ कर दिया । अब श्रीराम अपनी समस्त सुदृढ़ सेना के साथ युद्धभूमि में विराजमान हैं, ऐसी स्थिति में मरे हुए राक्षसों के शरीरों से उन्हें क्या भय हो सकता है ? इसी प्रकार राम रूपी तत्त्वज्ञान भी रावण रूपी माया और उसके कार्य को नष्ट कर देने के बाद जब अभ्यासपाटव से सुदृढ हो गया तब माया या उसके कार्य के द्वारा उसका बाध कथमपि संभव नहीं है ।

उक्तार्थ को ही रूपक के द्वारा स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - बोध रूपी सम्राट् के द्वारा मारे हुए अज्ञान और उसके कार्य रूप शव निर्जीव शरीर भले ही पड़े रहें, उनसे बोध रूपी सम्राट् को कोई भय नहीं होता वरन् उनके द्वारा सम्राट् की कीर्ति ही फैलती है ।।२८२।।

व्याख्या - उपपादित अर्थ को श्रोताओं की बुद्धि में आरूढ करने के लिये रूपक की कल्पना करते

स्वात्मविचारे सति मारिता अज्ञानतत्कार्यशवास्तिष्ठन्तु नाम । प्रदग्धरज्जुवत् । अनेनाविद्यायास्तदा स्वकार्यजननासामर्थ्यं सूचितं भवति । बोधसम्राजो बोध एव सम्राट् तस्य न तादृशेभ्यश्शवेभ्यो भीतिर्भयकारणाभावात् । प्रत्युत तैरेव शवैर्बोधसम्राजः कीर्तिरेव भवति । यथा लोके शत्रवो युद्धेन स्वाभियोगसामर्थ्यशून्याः कृतास्तादृशानां सत्त्वेऽपि न राज्ञो भीतिः प्रत्युत मृताः किन्तु जेतुस्सर्वथा कीर्ति यश एव कल्पयन्तीति शम् ।।

प्रवृत्तिनिवृत्तिभ्यां न कोऽपि लाभो ज्ञानिन इति निरूपणम् –

य एवमतिशूरेण बोधेन न वियुज्यते ।
प्रवृत्त्या वा निवृत्त्या वा देहादिगतयास्य किम् ।। २८३ ।।

अन्वयः– यः एवम् अतिशूरेण बोधेन न वियुज्यते । अस्य देहादिगतया प्रवृत्त्या निवृत्त्या वा किम्?

व्याख्या :– पूर्वमुक्तरूपकाशयं निरूपयति । यो ज्ञान्येवं मायातत्कार्ययोस्समूलमाहवे सङ्ग्रामेऽतिशूरेण बोधेन न वियुज्यते न पृथग्भवति । तादृशोऽस्य जनस्य देहादिगतया प्रवृत्त्या वा निवृत्त्या वा किं फलम् ? प्रवृत्तौ वा निवृत्तौ वा नैव धीरस्य दुर्ग्रहः । यदा यत्कर्तुमायाति तत्कृत्वा

हुए कहते हैं कि बोधने युद्ध में जिन अज्ञान और उनके कार्यों को मार डाला है, उनके शव युद्धभूमि में भले ही पड़े रहें । इससे अविद्या की उसके कार्यों को उत्पन्न करने में असमर्थता सूचित होती है । बोध ही सम्राट् (चक्रवर्ती राजा) है, ऐसे बोध रूपी सम्राट् को मरी हुई माया या उसके कार्यों से किसी भी प्रकार का भय नहीं होता है । किन्तु उनके शवों के द्वारा बोध रूपी सम्राट् की कीर्ति में अभिवृद्धि ही होती है । जैसे लोक में युद्ध के द्वारा शत्रुओं को स्वाभियोगसामर्थ्य-शून्य बना देने पर उनकी उपस्थिति से राजा को कोई भय नहीं होता किन्तु राजा का यश ही बढ़ता है ।

राम-रावण युद्ध का दृष्टान्त पुनः देखें – जब श्रीराम ने रावण और उसकी समस्त निशाचरी सेना का संहार कर दिया तब युद्ध क्षेत्र में चारों ओर उनके शव पड़े दिखाई दे रहे थे । भगवान् ने सीता जी को अशोक वाटिका से बुलवाया और पुष्पक विमान पर आरूढ होकर अयोध्या की ओर चलने लगे । राम जी ने ऊपर जाकर सीता जी को भूमि पर पड़े मरे हुए निशाचरों को दिखाया । यहाँ रावण मारा गया, यहाँ कुम्भकरण मारा गया, यहाँ लक्ष्मण ने मेघनाद का वध किया । अब उन मरे हुए निशाचरों के शवों से कोई भय न था अपितु वे श्रीराम जी के शौर्य-वीर्य के ही सूचक थे । मानों उनकी यश-गाथा कह रहे थे । इसी प्रकार मरी हुई मिथ्या माया तत्त्वज्ञान को कदापि नष्ट नहीं कर सकती प्रत्युत उसकी कीर्ति बढ़ाने वाली ही होती है ।

उक्त रूपक का आशय स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ – इस प्रकार जो पुरुष अत्यन्त बलवान ज्ञान से कभी वियुक्त नहीं होता, उसको देहादिगत प्रवृत्ति या निवृत्ति से क्या प्रयोजन ?।।२८३।।

व्याख्या – अज्ञानी मनुष्य माया और उसके कार्य को ही बड़ा शक्तिशाली समझता है किन्तु ज्ञान उससे भी प्रबल है । ज्ञान के द्वारा अज्ञान उसी प्रकार नष्ट हो जाता है, जैसे सूर्य के उदित होते ही अन्धकार नष्ट हो जाता है । ज्ञान बड़ा शूर-वीर है । इसके बल पर मनुष्य ब्रह्मभाव को प्राप्त कर लेता है । अतः जो ज्ञानी पुरुष अत्यन्त-बलवान ज्ञान से कभी वियुक्त नहीं होता है अर्थात् सर्वदा ज्ञान से सम्पन्न रहता

तिष्ठतस्सुखमित्यष्टावक्रोक्तेः । अनवरतावहितबोधैकशूरपरिरक्षिते महासाम्राजे पट्टाभिषिक्तस्यास्य ज्ञानिसार्वभौमस्य न कापि प्रवृत्तिनिवृत्त्यादिबहिरन्तः परिपन्थिभीतिरिति शम् ।।

अज्ञानिनां तु प्रवृत्तौ महत्फलमस्तीति निरूपणम् -

प्रवृत्तावाग्रहो न्याय्यो बोधहीनस्य सर्वथा ।
स्वर्गाय वापवर्गाय यतितव्यं यतो नृभिः ॥ २८४ ॥

अन्वयः - बोधहीनस्य सर्वथा प्रवृत्तौ आग्रहः न्याय्यः । यतः नृभिः स्वर्गाय अपवर्गाय वा यतितव्यम् ।।

व्याख्या :- एवं तर्हि ज्ञानिनामिवाज्ञानिनामपि प्रवृत्तावग्रहो न न्याय्य इति चेन्न । स्वर्गापवर्गाद्यर्थमुपयुज्यमानत्त्वादित्याह । बोधहीनस्य ज्ञानविहीनस्य सर्वथा प्रवृत्तौ कर्मनिष्ठायामाग्रहोऽभिनिवेशो न्याय्यो न्यायादनपेतो भवति । यतो नृभिः कर्मफलभूताय स्वर्गाय ज्ञानफलभूतायापवर्गाय मोक्षाय वा यतितव्यं प्रयत्नः कर्तव्यः । मोक्षोऽपवर्ग इति कोशात् । पिनाकफणिबालेन्दुभस्ममन्दाकिनीयुता । पवर्गरचिता मूर्तिरपवर्गप्रदोऽस्तु नः " इति । फलकाङ्क्षिभिस्सर्वैरपि तत्साधनमवश्यमाश्रयणीयं भवति । फले तु तारतम्यमस्तु नाम ।

है, वैसे इस ज्ञानी को देह, इन्द्रियादि से सम्बन्धित प्रवृत्ति अथवा निवृत्ति से क्या प्रयोजन ? भाव यह है कि अत्यन्त बलवान ज्ञान से परिरक्षित महासाम्राज्य के लिये पट्टाभिषिक्त सार्वभौम ज्ञानी को प्रवृत्ति अथवा निवृत्ति रूपी बाह्य और आन्तरिक शत्रुओं से स्वल्पमात्र भी भय नहीं होता है । ज्ञानी का शरीरादि में होने वाली कर्म-प्रवृत्ति या कर्म-निवृत्ति से कोई प्रयोजन नहीं रहता, वह यथावसर कभी कर्म करता है और कभी कर्मों का त्याग भी कर देता है ।

प्रवृत्तौ वा निवृत्तौ वा नैव धीरस्य दुर्ग्रहः।
यदा यत्कर्तुमायाति तत्कृत्वा तिष्ठतः सुखम् ।। (अष्टा.गी. १८/२०)

अज्ञानी की प्रवृत्ति का समर्थन करते हैं ।

अर्थ - अज्ञानी का प्रवृत्ति में आग्रह सर्वथा उचित ही है क्योंकि मनुष्यों को स्वर्ग अथवा अपवर्ग (मुक्ति) के लिये अवश्य प्रयत्न करना चाहिये ।।२८४।।

व्याख्या - तब ज्ञानी की तरह अज्ञानी को भी प्रवृत्ति में आग्रह नहीं होना चाहिये, इस आशंका का उत्तर देते हैं कि अज्ञानी के द्वारा प्रवृत्ति का आग्रह उचित ही है । जो आत्मज्ञान रहित है ऐसे ज्ञानविहीन पुरुष का कर्मानुष्ठान रूप प्रवृत्ति में आग्रह सर्वदा उचित है । क्योंकि मनुष्यों को कर्मों के फल स्वरूप प्राप्त होने वाले स्वर्ग के लिये अथवा ज्ञान के फल स्वरूप प्राप्त होने वाले मोक्ष के लिये अवश्य ही प्रयत्न करना चाहिये । जिनके मन में फल की आशंका नष्ट नहीं हुई है, ऐसे सभी मनुष्यों को उनके साधन रूप कर्म का आश्रय अवश्य ग्रहण करना चाहिये । यदि कर्मफलभूत स्वर्गादि में तारतम्य भाव के कारण अरुचि हो और उत्तमफल को संपादित करने की शक्ति भी यदि हो तो मोक्ष के लिये प्रयत्न करना चाहिये । यदि उसमें सामर्थ्य न हो तो निकृष्ट फल के लिये (स्वर्गादि के लिये) प्रयत्न करना चाहिये । जो अज्ञानी पुरुष सर्वथा प्रवृत्तिशून्य होकर तूष्णी हो जाते हैं, वे मनुष्य जन्म के प्रयोजन का सम्पादन न करने के कारण जड़ता को ही प्राप्त होते हैं ।

यद्युत्तमफलसम्पादनशक्तिस्तदा तदर्थमवश्यं प्रयतितव्यमेव । यदि च न तादृशे शक्तिस्स्यात्ततो निकृष्टफलाय प्रयतितव्यमेव । ये तु तदाप्यप्रयतमानास्तूष्णीं भवन्ति तदा मानुष्यप्रयोजनासम्पादकतया जडप्राया एव भवेयुरिति शम् ।।

लोकसङ्ग्रहार्थं ज्ञानिनामपि प्रवृत्तिनिवृत्ती भवत इति निरूपणम् -

विद्वांश्चेत्तादृशां मध्ये तिष्ठेत्तदनुरोधतः ।
कायेन मनसा वाचा करोत्येवाखिलाः क्रियाः ॥ २८५ ॥
एष मध्ये बुभुत्सूनां यदा तिष्ठेत्तदा पुनः ।
बोधायैषां क्रियास्सर्वा दूषयंस्त्यजतु स्वयम् ॥ २८६ ॥

अन्वयः - विद्वान् तादृशां मध्ये तिष्ठेत् चेत् । तदनुरोधतः कायेन मनसा वाचा अखिलाः क्रियाः करोति एव ।।

अन्वयः-पुनः एषः बुभुत्सूनां मध्ये यदा तिष्ठेत् । तदा एषां बोधाय सर्वाः क्रियाः दूषयन् स्वयं त्यजतु।।

व्याख्या :-एवं तर्हि तत्त्वविदा ज्ञानिना किं कर्तव्यमित्यपेक्षायां तत्तदधिकारिसन्निधाने प्रवृत्तिनिवृत्ती उभे अपि तत्तदनुग्रहार्थमेव करोतु । स्वस्य तु वस्तुतः कृतार्थत्त्वान्नैव किमपि कर्तव्यमित्याह । विद्वान् ज्ञानी तादृशां विषयिणां स्वर्गादिफलकामनया प्रवर्तमानानां कर्मिणां मध्ये तिष्ठेच्चेत्तत्र वर्तमानेन तेन ज्ञानिना तेषामयमेव सन्तरणोपाय इति ज्ञापनायाखिलाश्शास्त्रविहिताः क्रियास्स्वस्ववर्णा-

---

निवृत्तिरपि मूढस्य प्रवृत्तिरुपजायते ।
प्रवृत्तिरपि धीरस्य निवृत्तिफलदायनी ।। (अष्टा.गी. १८/६१)

अतः अज्ञानी को ज्ञानी की नकल करते हुए कर्मों का त्याग नहीं करना चाहिये अन्यथा अनर्थ की प्राप्ति होती है । इसी लिये कहा गया है कि -

ब्रह्मज्ञान पायो नहीं अरु कर्म दिये छिटकाय ।
तुलसी ऐसी आत्मा सहज नरक में जाय ।।

इसलिये अज्ञानी को स्वर्ग अथवा अपवर्ग के लिये अवश्य ही कर्मानुष्ठान रूपी प्रवृत्ति करनी ही चाहिये।

लोकानुग्रह के लिये ज्ञानी की प्रवृत्ति और निवृत्ति दोनों संभव है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - तत्त्ववेत्ता कर्मियों के बीच में यदि रहे तो उनके अनुरोध से वह शरीर, मन और वाणी से समस्त कर्मों को करता ही है और जब यह तत्त्ववेत्ता जिज्ञासुओं के बीच में रहे तब पुनः उन जिज्ञासुओं को बोध कराने के लिये समस्त कर्मों को दूषित बताते हुए स्वयं भी उनका त्याग करे ।।२८५-२८६।।

व्याख्या - तत्त्ववेत्ता का क्या कर्तव्य है ? ऐसी आकांक्षा होने पर कहते हैं कि वस्तुतः ज्ञानी स्वयं कृतार्थ होने से सभी कर्तव्यों से सर्वथा मुक्त ही रहता है । तथापि लोकानुग्रहार्थ उसकी कभी-कभी प्रवृत्ति और निवृत्ति भी होती है । जब यह तत्त्ववेत्ता स्वर्गादि फल की कामना करने वाले कर्मियों के बीच में रहे तब उन कर्मियों के लिये यही कल्याण का मार्ग है, ऐसा दिखाने के लिये समस्त शास्त्रविहित क्रियाओं को अर्थात् स्व-स्व वर्णाश्रमादि उचित कर्मों को शरीर, मन और वाणी के द्वारा करता ही है । उनके अनुरोध पर करता है अर्थात् कर्मियों का अनुसरण करते हुए करता है, कर्मों का निषेध नहीं करता ।

श्रमाद्युचितास्तदनुरोधतः कायेन मनसा वाचा सर्वाः क्रियाः करोत्येव । न तान्कर्मिणो निवारयेयुः । अत्र "तदनुरोधत" इति तान्कर्मिणोऽनुसृत्य करोतीति लडन्तस्यान्वर्थता । अत एव गीतायामपि – "लोकसङ्ग्रहमेवापि सम्पश्यन्कर्तुमर्हती"ति भगवतोपदिष्टम् । अत्राखिलाः क्रिया इत्यनेन शास्त्रविहितास्सकलकाम्यनिषिद्धशून्यास्सम्प्राप्ततत्तत्प्रायश्चित्तसहिता अवैदिकतन्त्रगन्धेनाप्य-नास्कन्दितास्स्वस्ववर्णाश्रमाद्युचिताः सम्पूर्णा नित्यादिरूपाः परमात्मपरितोषैकफलका ग्राह्याः । अस्यैव तत्त्वबुभुत्सूनां मध्येऽवस्थितस्य तस्य स्थितिमाह । एष ज्ञानी बुभुत्सूनां कर्मणा शुद्धचित्ततया सञ्जातबोधेच्छूनां मध्ये यदा तिष्ठेत्तदा पुनरेषां बुभुत्सूनां बोधाय तत्त्वज्ञानोत्पादनाय तास्सर्वाः क्रियाः दूषय"न्न कर्मणा न प्रजया धनेन त्यागेनैकेऽमृतत्त्वमानशु"रित्यादिश्रुतिसहस्रै"स्सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रजे"त्यादिस्मृतिसहस्रैश्च ताः क्रियास्स्वयं त्यजतु । न तावता कापि हानिरित्यर्थ इति दिक् ।।

ज्ञानिनाप्यज्ञानिजनानुरोधप्रवृत्तावुपत्तिनिरूपणम् –

अविद्वदनुसारेण वृत्तिर्बुद्धस्य युज्यते ।
स्तनन्धयानुसारेण वर्तते तत्पिता यतः ।। २८७ ।।

गीता में भी भगवान् ने कहा है कि*"लोकसङ्ग्रहमेवापि संपश्यन् कर्तुमर्हसि"* (गी. ३/२०) और यह भी कहा है कि –

सक्ताः कर्मण्यविद्वांसो यथा कुर्वन्ति भारत ।
कुर्याद्विद्वांस्तथासक्तश्चिकीर्षुर्लोकसङ्ग्रहम् ।। (गी. ३/२५)
न बुद्धिभेदं जनयेदज्ञानं कर्मसङ्गिनाम् ।
जोषयेत्सर्वकर्माणि विद्वान्युक्तः समाचरन् ।। (गी. ३/२६)

अर्थात् – हे भारत! कर्म में आसक्त हुए अज्ञानीजन जिस प्रकार कर्म करते हैं, आसक्तिरहित विद्वान् भी लोक-संग्रह के लिये उसी प्रकार कर्म करे । और आत्मस्थित ज्ञानी पुरुष को चाहिये कि वह कर्मों में आसक्ति रखने वाले अज्ञानियों की बुद्धि में भ्रम उत्पन्न न करे । शास्त्रविहित समस्त कर्म स्वयं भली-भाँति करता हुआ उनसे भी वैसे ही करवाये । अज्ञानी मनुष्य के लिये कर्म न करने की अपेक्षा कर्म करना ही श्रेष्ठ है ।*"कर्म ज्यायो ह्यकर्मणः"* (गी. ३/८) अतः उनका हित देखते हुए ज्ञानी पुरुष स्वयं भी कर्म करता रहे और उनको भी कर्म करने के लिये प्रेरित करता रहे । ज्ञानी जब मुमुक्षुओं के बीच में रहे तब उसकी क्या स्थिति होनी चाहिये, इसका वर्णन करते हुए कहते हैं कि यह ज्ञानी पुरुष जब शुद्धान्तःकरण वाले मुमुक्षुओं के बीच में रहे तब उनको बोध कराने के लिये अर्थात् जिज्ञासुओं में तत्त्वज्ञान को उत्पन्न करने के लिये पुनः समस्त क्रियाओं में दोष दिखाता हुआ स्वयं भी उनका त्याग कर दे । *"न कर्मणा न प्रजया धनेन त्यागेनैके अमृतत्त्वमानशुः"* इत्यादि सैकड़ों श्रुतिवचनों से और *"सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज"* इत्यादि सैकड़ों स्मृति वचनों से कर्मों के निष्फलत्व का प्रतिपादन कर ज्ञान को ही श्रेष्ठ बताकर समस्त कर्मों का स्वयं भी त्याग कर दे । भाव यह है कि ज्ञानी को कर्मियों के बीच में रहने पर प्रवृत्ति से और मुमुक्षुओं के बीच में रहने पर निवृत्ति से किसी भी प्रकार की हानि या लाभ नहीं है ।

ज्ञानी की भी अज्ञानी के अनुरोध पर प्रवृत्ति को युक्तिपूर्वक समझाते हैं ।

अर्थ – अज्ञानियों के अनुसार ज्ञानवान का व्यवहार उचित ही है क्योंकि स्तनपान करने वाले शिशुओं

अन्वयः – अविद्वदनुसारेण बुद्धस्य वृत्तिः युज्यते । यतः स्तनन्धयानुसारेण तत्पिता वर्तते ।।

व्याख्या :– ननु कृतकृत्येनापि विदुषा किमित्यज्ञजनानुसारेण वर्तितव्यमिति चेत्सत्यम् । "मय्येव सकलं जातं" "तस्य पुत्रा दायमुपयन्ति सुहृदः पुण्यकृत्यां द्विषन्तः पापकृत्या"मित्यादिना, स्मृतिश्च जीवन्मुक्तत्त्वोपाधिनैव तस्य जगत्पितृत्त्वादेवेत्यभिप्रेत्य पितृदृष्टान्तेनैव तद्विशदीकरोति । बुद्धस्य ज्ञानिनोऽप्यविद्वदनुसारेणाज्ञजनानुसारेण वृत्तिर्वर्तनं युज्यते समुचितं भवति । ज्ञानिनः कृपालुत्त्वाद-ज्ञानिनामनुकम्पनीयत्त्वाच्च । एवं रीतिः कुत्र वा दृष्टेत्यत्राह । स्तनन्धयानुसारेण स्तन्यपानकर्तृक-बालजनानुसारेण तत्पिता यतो हेतोर्वर्तते । स्तनं धयति पिबतीति धेट् पान इति धातोः खशि मुमागमे स्तनन्धय इति रूपसिद्धिः । तुष्यतु दुर्जन इति न्यायेन मूर्खं स्वमार्गानयनायादौ तन्मार्गमेवा-नुसरत्युपदेशक इति भाव इति शम् ।।

शिशुमनुसरतः पितुराचारस्य निरूपणम् –

अधिक्षिप्तस्ताडितो वा बालेन स्वपिता तदा ।
न क्लिश्नाति न कुप्येत बालं प्रत्युत लालयेत् ॥ २८८ ॥

अन्वयः – बालेन स्वपिता अधिक्षिप्तः ताडितः वा तदा न क्लिश्नाति न कुप्येत । प्रत्युत बालं लालयेत्।।

व्याख्या :– पितुस्तनन्धयानुसारित्त्वमेव दर्शयति । यदा स्वपिता बालेनाधिक्षिप्तस्ताडितो वेत्यादिभिः

के अनुसार ही उसका पिता व्यवहार करता है ।।२८७।।

व्याख्या – कृतकृत्य ब्रह्मवेत्ता भी आज्ञनियों के अनुसार कर्मों में प्रवृत्त होगा यह बात उचित प्रतीत नहीं होती है । इस शंका का निवारण करने के लिये कहते हैं कि अज्ञानियों के अनुसार ज्ञानवान का व्यवहार उचित ही है । इसमें दृष्टान्त देते हैं कि जैसे स्तनपान करने वाले शिशु के अनुसार ही उसके पिता का व्यवहार होता है वैसे ही प्रकृत में भी जानना चाहिये।***"मय्येव सकलं जातम्" "तस्य पुत्रदायमुपयन्ति सुहृदः पुण्यकृत्यां द्विषन्तः पापकृत्याम्"*** इत्यादि वचनों से जीवन्मुक्त महात्मा के जगत्पितृत्व का स्मारक दृष्टान्त प्रस्तुत करते हुए ग्रन्थकार कहते हैं कि अज्ञानियों के बीच ज्ञानी का व्यवहार उसी प्रकार का होता है, जैसे पिता अपने अबोध पुत्र के साथ व्यवहार करता है । पिता समझदार है, किन्तु उसका पुत्र नादान है । पिता उस पर प्रेम और दयाभाव रखकर उसी प्रकार का व्यवहार करता है जिससे कि वह प्रसन्न रहे और उसका हित भी हो । ज्ञानी भी अज्ञानियों के साथ वैसा ही व्यवहार करता है, जिससे कि वे प्रसन्न भी रहें और उनका हित भी हो । (स्तनं धयति पिबतीति) 'धेट् पाने' इस धातु से 'खशि' मुमागम होने पर स्तनन्धय रूप की सिद्धि होती है ।

शिशु का अनुसरण करते हुए पिता के व्यवहार का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – यदि बालक पिता का तिरस्कार करता है अथवा उसे मारता है तो भी पिता न उससे क्लेश पाता है और न उस पर क्रोध करता है, प्रत्युत उसका पालन ही करता है ।।२८८।।

व्याख्या – आचार्य बालक के साथ पिता के व्यवहार रूप दृष्टान्त को अधिक स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि यदि अज्ञान के कारण बालक पिता का तिरस्कार करता है या उसे मार देता है तो भी पिता

क्लेशैः क्लिष्यमाणस्तदा न क्लिश्नाति क्लेशमाप्नोति । न वा बालं कुप्येत । प्रत्युत तं बालं लालयेत्प्रेम्णा । अनुचितं भाषितोऽपि बालेन स्वपिता नैव दुःखीभवति । वात्सल्यात्पिता प्रेमैव वर्षतीति भाव इति शम् ।।

विदुषोऽप्यविद्वदनुनये निमित्तनिरूपणम् –

निन्दितस्स्तूयमानो वा विद्वानज्ञैर्न निन्दति ।
न स्तौति किन्तु तेषां स्याद्यथाबोधस्तथाऽचरेत् ।। २८९ ।।

अन्वयः–विद्वान् अज्ञैः निन्दितः स्तूयमानः वा न निन्दति । न स्तौति । किं तु तेषां यथा बोधः स्यात् तथा आचरेत्।।

व्याख्या :– बालस्योक्तवयस्कत्वलक्षणकौमारावास्थैकदेशशालित्त्वाद्भवतु स्वपितरं प्रत्यधिक्षेपादिक–मथापि ब्रह्मविदोऽज्ञकर्तृकाधिक्षेपाद्यसम्भव एवेति चेन्न । तत्रापि तत्सम्भवात् । तथा हि–अयं हि विषयिणां मध्ये यदा तिष्ठति तदा प्रागुक्तरीत्या सर्वं सत्कर्मैव करोति । यदा तु मुमुक्षूणां मध्ये तिष्ठति तदा सदसदात्म–कमखिलमपि कर्म दूषयन्स्वयमपि त्यजत्येवेत्यनुपदमेवोक्तम्। तेन तादृगवस्थं तं दृष्ट्वा विषयिकर्तृकनिन्दासम्भवत्येव। तथा चोपाख्यायते श्रीमद्भागवते भिक्षुगीताप्रसङ्गे। तथा वायव्यपुराणान्तर्गतमाघमाहात्म्येऽपि पतिव्रताचरितप्रसङ्गागत–

उस पर क्रोध नहीं करता और न हि उसके साथ मार–पीट करता है । क्योंकि वह जानता है कि यह नासमझ है, इतना ही नहीं वह उसके अनुचित व्यवहार से दुःखी भी नहीं होता है प्रत्युत पिता उस शिशु का पालन ही करता है । पिता लाड़–प्यार कर उसे फुसलाता और शान्त करता है ।

उक्त दृष्टान्त को दार्ष्टान्तिक में घटाते हैं ।

अर्थ – उसी प्रकार तत्त्ववेत्ता भी अज्ञानियों के द्वारा निन्दित अथवा प्रशंसित हुआ न उनकी निन्दा करता है और न स्तुति करता है । किन्तु उनको जिस प्रकार भी बोध हो, उसी प्रकार आचरण करे ।।२८९।।

व्याख्या – जैसे अबोध बालक के अनुचित कार्यों से पिता न तो दुःखी होता है और न हि उस पर गुस्सा करता है, ठीक उसी प्रकार तत्त्ववेत्ता भी अज्ञानियों के द्वारा स्वयं की निन्दा करने पर अथवा प्रशंसा करने पर न तो उन अज्ञानियों की निन्दा करता है और न स्तुति । किन्तु ज्ञानी उन अज्ञानियों को जिस किसी भी प्रकार से तत्त्वबोध प्राप्त हो, वैसा ही आचरण करता है । पूर्व में कहा कि कर्मियों के बीच में ज्ञानी कर्मों की सार्थकता का प्रतिपादन करते हुए स्वयं भी उनका आचरण करे और मुमुक्षुओं के बीच में जब रहे तब कर्मों को दूषित बताकर स्वयं भी उनको त्याग दे । अतः ज्ञानी के ऐसे उभयविध आचरण को देखकर कदाचित् उसकी निन्दा होना भी संभव है अथवा पामर लोग जैसे शास्त्रवेत्ता की निन्दा करते हैं, वैसे ही शास्त्रवेत्ताओं के द्वारा भी आत्मवेत्ता की निन्दा संभव है । किन्तु ज्ञानीपुरुष निन्दा–स्तुति दोनों में समान भाव से स्थित रहता है । वह निन्दक का भी अहित नहीं चाहता, प्रत्युत उसके भी कल्याण की ही कामना करता है ।

दृष्टान्त – एक ब्रह्मनिष्ठ महात्मा की एक पुरुष सदा निन्दा करता रहता था । जब उस महात्मा के शिष्यों को उक्त बात पता चली तो उन्होंने महात्मा के पास आकर कहा, महाराज ! यदि आपकी आज्ञा हो तो उसको ठीक कर दें, वह सदा ही आपकी निन्दा करता रहता है । इतना सुनकर वे महात्मा बोले–

शरीरं यदि निन्दन्ति सहायास्ते नरा मम ।
आत्मानं यदि निन्दन्ति स्वात्मानं निन्दयन्ति ते ।।

अर्थात् – यदि वे मेरे शरीर की निन्दा करते हैं तो वे मेरे सहायक हैं, क्योंकि हाड़–मांस के इस

माण्डव्यशूलारोपादिकथनेन सविस्तरमभ्यधायि । विद्वान् ज्ञानी चाज्ञैर्निन्दितो मुमुक्षुभिस्स्तूयमानो वा नैव तान्प्रतिनिन्दति न वा स्तौति । तदुक्तं सुरेश्वराचार्यैः – "शरीरं यदि निन्दन्ति नरा मम । आत्मानं यदि निन्दन्ति स्वात्मानं निन्दयन्ति ते ।।" इति । तर्हि किं करोति ? किन्तु तेषामज्ञानादीनां बोधो ज्ञानं यथा स्यादक्लेशेनोपजायेत तथाचरेदाचरत्येव । निन्दास्तुत्योस्समो भूत्वा तन्मध्ये निर्विकारस्तिष्ठंस्तेषां ज्ञानोदयं जनयेत्स्वाचरणेनेति शम्।।

ज्ञानिनामाचरणे निमित्तनिरूपणम् –

येनायं नटनेनात्र बुद्ध्यते कार्यमेव तत् ।
अज्ञप्रबोधान्नैवान्यत्कार्यमस्त्यत्र तद्विदः ।। २९० ।।

अन्वयः – अयम् अत्र येन नटनेन बुद्ध्यते तत् कार्यम् एव । तद्विदः अत्र अज्ञप्रबोधात् अन्यत् कार्यं न एव अस्ति ।।

व्याख्या :– अज्ञानिजनप्रबोधैकाभिनिवेश एव लोककल्याणहेतोः प्रवृत्तानां तत्त्वविदामाचार इति तत्त्वम्। कृतकृत्यस्याप्यज्ञजनताबोधने किं प्रयोजनमित्याशङ्क्यायां न हि ग्रीष्ममध्याह्ने मरुमरीचिकावारिणि सत्यतरङ्गिणीबुद्ध्या पिपासातिशयाद्धावमानाः प्रागेवमेव धावनाक्लिष्टेन वृक्षस्थित्याद्यन्वयव्यतिरेकसहकृतचक्षुः प्रत्यक्षीकृतमध्याह्नकालिकोषरधरणीसंयोगाज्जलत्त्वेन प्रतीयतेऽतो यूयं माधावध्व" मिति प्रबोद्ध्यते । तस्माद्वास्तविकस्वप्रयोजनाभावेऽपि स्मृतस्वाज्ञतादुःखं कृपयान्येषामज्ञानध्वस्तिर्या–दृक्कायिकादिव्यापारतस्स्यात्तानेव निसर्गात्करोतीति समाधत्ते । अयमज्ञजनोऽत्रास्मिंल्लोके विदुषो येन नटनेनात्र हि नटनपटाद्विद्वत्क्रियास्ववास्तत्त्वं द्योत्यते । आचरणेन बुद्ध्यते । तत्त्वमवगच्छति तदाचरणं तेन विदुषा कार्यमेवाचरितव्यमेव कार्यमेव कर्तुं योग्यमेव । एवं नटनेनेति विद्वत्क्रियायाश्च स्वस्मिन्नारोपितत्त्वं च ध्वन्यते । तर्हि तद्वदेव कार्यान्तरमपि प्रसज्येतेत्याशङ्क्यायां तत्रोपपत्तिमाह । यतस्तद्विदो ज्ञानिनस्तत्त्वविदोऽत्रेह लोकेऽज्ञप्रबोधनाज्ज्ञानोन्मीलनादन्यत्कार्यं कर्तव्यं नास्त्येव । अत्र च क्रियासङ्गतैवकारान्नीलं सरोजं भवत्येवेत्यादिवद्ब्रह्मविदज्ञजनताप्रबोधनप्रवृत्तेरत्यन्ता–योगव्यवच्छेदो व्यज्यते । एवं करुणया विषयिणां धनाद्याहरणमपि ब्रह्मविदः प्रभुसेवादिना सम्पाद्यं स्यादित्यत

मिथ्या शरीर की निन्दा तो मैं भी करता हूँ और यदि वे मेरी आत्मा की निन्दा करते हैं तो वे स्वयं की ही निन्दा करते हैं क्योंकि आत्मा तो समस्त प्राणियों के भीतर एक ही है । महात्मा जी का ऐसा उत्तर सुनकर शिष्य समुदाय मौन हो गया ।

ज्ञानी के आचरण में निमित्त का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – यह अज्ञानी इस लोक में जिस प्रकार के आचरण से तत्त्व को जान सके वैसा ही कार्य तत्त्ववेत्ता को करना चाहिये, क्योंकि अज्ञानी को तत्त्वबोध कराने के सिवा उसका अन्य कोई कार्य नहीं है ।।२९०।।

व्याख्या – यह अज्ञानीपुरुष इस लोक में विद्वान् के जिस आचरण से तत्त्व को जान सके, उसका आचरण विद्वान् को अवश्य करना चाहिये । श्लोक में पठित **'नटनेन'** (अभिनय के द्वारा) इस शब्द से यह ध्वनित होता है कि विद्वान् क्रिया को स्वयं में आरोपित करता है, उसके सत्यत्व को नहीं । इस विषय में उपपत्ति प्रदर्शित करते हैं कि ज्ञानी का अज्ञ जन को बोध कराने के सिवा अन्य कोई कार्य नहीं है । जैसे नट दूसरों के रसास्वादन के लिये स्वयं में अविद्यमान रत्यादिक और उसके अभिव्यंजक

उक्तमज्ञप्रबोधान्नैवान्यत्कार्यमस्त्यत्र तद्विद इति । अतस्तदनुसरणेन तत्त्वबोधनं कर्तव्यम् । यथा नटः परेषां रसास्वादजननाय स्वस्मिन्नविद्यमानमपि रत्यादिकं तदभिव्यञ्जकानि विभावादीन्यभिनयति तद्वदेवायं ज्ञानी परेषां परमानन्दास्वादनायाभिनयतीति दिक् ।।

जीवन्मुक्तस्य निरतिशयानन्दवर्णनम् -

कृतकृत्यतया तृप्तः प्राप्तप्राप्यतया पुनः ।
तृप्यन्नेवं स्वमनसा मन्यतेऽसौ निरन्तरम् ।। २९१ ।।
धन्योऽहं धन्योऽहं नित्यं स्वात्मानमञ्जसा वेद्मि ।
धन्योऽहं धन्योऽहं ब्रह्मानन्दो विभाति मे स्पष्टम् ।। २९२ ।।
धन्योऽहं धन्योऽहं दुःखं सांसारिकन्न वीक्षेऽद्य ।
धन्योऽहं धन्योऽहं स्वस्याज्ञानं पलायितं क्वापि ।। २९३ ।।
धन्योऽहं धन्योऽहं कर्तव्यं मे न विद्यते किञ्चित् ।
धन्योऽहं धन्योऽहं प्राप्तव्यं सर्वमद्य सम्पन्नम् ।। २९४ ।।
धन्योऽहं धन्योऽहं तृप्तिर्मे कोपमा भवेल्लोके ।
धन्योऽहं धन्योऽहं धन्यो धन्यः पुनः पुनर्धन्यः ।। २९५ ।।
अहो पुण्यमहो पुण्यं फलितं फलितं दृढम् ।
अस्य पुण्यस्य सम्पत्तेरहो वयमहो वयम् ।। २९६ ।।
अहो शास्त्रमहो शास्त्रमहो गुरुरहो गुरुः ।
अहो ज्ञानमहो ज्ञानमहो सुखमहो सुखम् ।। २९७ ।।

विभावानुभावादि का अभिनय करता है, उसी प्रकार यह ज्ञानी भी दूसरों को भी स्वानुभूत परानन्द का आस्वादन कराने के लिये अभिनय करता है ।

अब जीवन्मुक्ति के निरतिशयानन्दत्व का वर्णन प्रारम्भ करते हैं ।

अर्थ - वह विद्वान् कृतकृत्यता के कारण तृप्त होकर भी पुनः वक्ष्यमाण प्रकार से प्राप्तप्राप्यता के कारण तृप्ति का अनुभव करता हुआ, अपने मन से निरन्तर इस प्रकार मानता है ।।२९१।।

व्याख्या - अज्ञानी को बोध कराने के लिये ही जिसकी नट के समान प्रवृत्ति होती है, ऐसा नटराज जो विद्वान् है, वह आत्मज्ञान के द्वारा कृतकृत्य होता हुआ भी पुनः प्राप्त प्राप्यता के कारण अर्थात् जो कुछ प्राप्त करने योग्य था, वह सब कुछ मैंने प्राप्त कर लिया, इस बोध के कारण तृप्ति का अनुभव करता हुआ अपने मन में वक्ष्यमाण प्रकार से निरन्तर इस प्रकार मानता है ।

उक्त मनन के प्रकार को उपगीति छन्द में निबद्ध चार श्लोकों के द्वारा प्रस्तुत करते हैं।

अर्थ - मैं धन्य हूँ, मैं धन्य हूँ, क्योंकि मैं नित्य अपने आत्मा को साक्षात् जानता हूँ । मैं धन्य हूँ क्योंकि मुझे ब्रह्मानन्द स्पष्ट भासित हो रहा है । मैं धन्य हूँ, मैं धन्य हूँ क्योंकि सांसारिक दुःख को मैं आज नहीं देखता

अन्वयः - असौ कृतकृत्यतया तृप्तः पुनः प्राप्तप्राप्यतया तृप्यन् स्वमनसा निरन्तरम् एवं मन्यते।।

अन्वयः - नित्यं स्वम् आत्मानम् अञ्जसा वेद्मि । अहं धन्यः अहं धन्यः । ब्रह्मानन्दः मे स्पष्टं विभाति । अहं धन्यः । अहं धन्यः ।

अन्वयः - अद्य सांसारिकं दुःखं न वीक्षे । अहं धन्यः ।अहं धन्यः । स्वस्य अज्ञानं क्व अपि पलायितम् । अहं धन्यः । अहं धन्यः ।।

अन्वयः - मे किञ्चित् कर्तव्यं न विद्यते । अहं धन्यः । अहं धन्यः । प्राप्तव्यं सर्वम् अद्य सम्पन्नम्। अहं धन्यः । अहं धन्यः ।।

अन्वयः - मे तृप्तेः लोके का उपमा भवेत् । अहं धन्यः । अहं धन्यः । अहं धन्यः । अहं धन्यः। धन्यः । धन्यः । पुनः पुनः धन्यः ।।

अन्वयः - अहो पुण्यम् । अहो पुण्यम् । दृढं फलितं फलितम् । अस्य पुण्यस्य सम्पत्तेः वयम् अहो । अहो वयम् ।।

अन्वयः - शास्त्रम् अहो । शास्त्रम् अहो । गुरुः अहो । गुरुः अहो । ज्ञानम् अहो । ज्ञानम् अहो। सुखम् अहो । सुखम् अहो ।।

व्याख्या :-प्रारब्धं तृप्तिदीपप्रकरणमुपसंहरंस्तद्विषयभूताया जीवन्मुक्तस्यान्तस्तृप्तेः प्रकारं वर्णयति। अस्त्वेवमज्ञप्रबोधार्थं स्वधर्मानुष्ठानादिबहिर्नटनमन्तस्तु तस्य कीदृशी तृप्तिरपेक्षायां तदनुभवानुवादप्रकारं प्रतिजानीते । असौ ब्रह्मनिष्ठो विद्वानज्ञप्रबोधैकफलकप्रवृत्तिनटननिपुणः पूर्वोक्तप्रकारेण कृतकृत्यतया कृतं निखिलं कृत्यजातं येन स कृतकृत्यस्तस्य भावस्तत्ता तया तृप्तस्सन्तृप्तस्सन्पुनर्वक्ष्यमाणप्रकारेण प्राप्तप्राप्यतया प्राप्तं प्राप्यं सकलं श्रेयो येन स प्राप्तप्राप्यस्तस्य भावस्तत्ता तया च तृप्यंस्तृप्तो भवन्स्वमनसा निरन्तरमेवं वक्ष्यमाणप्रकारेण मन्यते इति तमेव मननप्रकारं चतुर्भिर्वर्ण्यते उपगीतिभिः।

हूँ । मैं धन्य हूँ, मैं धन्य हूँ क्योंकि मेरा अज्ञान कहीं पलायन कर गया है । मैं धन्य हूँ, मैं धन्य हूँ, क्योंकि अब मुझे करने के लिये कोई कर्तव्य नहीं रह गया है । मैं धन्य हूँ, मैं धन्य हूँ, क्योंकि मुझे जो प्राप्त करना था, आज वह सब प्राप्त हो गया । मैं धन्य हूँ, मै धन्य हूँ, क्योंकि मेरी तृप्ति की उपमा लोक में क्या होगी? मैं धन्य हूँ, मैं धन्य हूँ, धन्य-धन्य हूँ बारम्बार धन्य हूँ ।।२९२-२९५।।

व्याख्या - मैं धन्य हूँ अर्थात् कृतार्थ हूँ । आदरातिशय बताने के लिये द्विरुक्ति है । धन्यता का कारण कहते हैं कि मैं नित्य स्वात्मा को अर्थात् प्रत्यगात्मा को अपरोक्ष रूप से जानता हूँ अर्थात् साक्षात् करता हूँ। अथवा नित्य (त्रिकालाबाधित) जो स्वात्मा है, उसे साक्षात् जानता हूँ । ***''स्वश्चासावात्मा च स्वात्मा''*** स्व शब्द से त्वंपदार्थ कहा गया है और***''आत्मा वा इदमग्र आसीत्''*** (ऐ.उ.) इस श्रुति के अनुसार आत्मा शब्द से तत्पदार्थ (परब्रह्म) कहा गया है । स्वात्मा कहने से दोनों का सामानाधिकरण्य के द्वारा अभेद सूचित किया गया है । साक्षात्कार का फल कहते हैं कि मैं धन्य हूँ क्योंकि ब्रह्मानन्द मुझे स्पष्ट भासित हो रहा है अर्थात् ***''आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान्''***(तै. उ.) इस श्रुति के अनुसार ब्रह्म से अभिन्न जो आनन्द है, वह मुझे स्पष्ट रूप से अनुभव में आ रहा है । इस प्रकार इष्ट की प्राप्ति से होने वाली तृप्ति का वर्णन कर अब अनिष्ट की निवृत्ति से भी होने वाली तृप्ति का वर्णन करते हैं ।

अहं धन्यः कृतार्थः । वीप्सेयमादरातिशयार्थैव । धन्यत्त्वे कारणमाह । नित्यं सर्वदा न क्षणमात्रमनवरतं स्वात्मानं प्रत्यगात्मानमञ्जसा स्वस्य नैजं रूपं देशकालाद्यनवच्छिन्नमपरोक्षतया वेद्मि प्रत्यगभिन्नतया साक्षात्करोमि । अत्र नित्यमित्यनेनाद्वैतप्रमाया अपि वृत्तित्त्वावच्छेदेन त्रिक्षणावस्थयित्त्वेऽपि तस्या अविनाशिस्वप्रकाशैकविषयकत्त्वेन विस्मृत्यसम्भवादेव सातत्यं द्योत्यते । यद्वा नित्यमिति स्वात्मविशेषणमेव "नित्यश्शुद्ध" इत्यादिश्रुते"र्नित्यस्सर्वगतस्स्थाणुरचलोऽयं सनातन" इत्यादिस्मृतेश्च कालपरिच्छेदो व्युदस्तः। देशवस्तुपरिच्छेदव्युदासस्तु विशेष्यत एव । तथा च नित्यं त्रिकालाबाध्यमेतादृशमपि स्वात्मानमस्मिन्कल्पे कर्मधारय इति स्वशब्देन साक्षित्त्वोपलक्षितं प्रत्यक्कूटस्थचिन्मात्रमेव शोधितत्त्वंपदार्थरूपं लक्ष्यते । तथात्मशब्देनात्मैवेदमग्र आसीदित्याद्यैतरेयश्रुते"रात्मन आकाशस्सम्भूत" इत्यादितैत्तिरीयश्रुतेश्च । "अहमात्मा गुडाकेश सर्वभूताशयस्थितः । अहमादिश्च मध्यं च भूतानामन्त एव चे"त्यादिस्मृते"र्यच्चाप्नोति यदादत्ते यच्चात्ति विषयानिह । यच्चास्य सन्ततो भावस्तस्मादात्मेति भण्यत" इति च सत्यज्ञानानन्ता-नन्दब्रह्माख्यमसज्जडपरिच्छिन्नदुःखद्वैतविरोधिशोधिततत्पदार्थरूपं लक्ष्यते । एतेन देशकालपरिच्छेद-व्युदासस्सूच्यते । स्वात्मशब्दयोरुभयोरपि कर्मधारयाद्भेदस्सार्वांशकवास्तविकपरिच्छेदव्युदासोऽपि

मैं धन्य हूँ, मै धन्य हूँ क्योंकि अनिष्टकारक सांसारिक दुःख को आज मैं नहीं देखता हूँ । विद्या के द्वारा उसका उपमर्दन हो जाने के कारण उसका लोप हो गया है । उसका कारण बताते हैं कि मेरा अज्ञान कहीं भाग गया है अर्थात् नष्ट हो गया है । अब अज्ञान की निवृत्ति के फलस्वरूप कृतकृत्यता और प्राप्त-प्राप्यता का वर्णन करते हैं । मैं धन्य हूँ, मैं कृतार्थ हूँ क्योंकि मेरा कुछ भी कर्तव्य अब शेष नहीं है और मैं इसलिये भी धन्य हूँ क्योंकि मुझे जो कुछ भी प्राप्त करना था, वह सब आज मैंने पूर्णरूप से प्राप्त कर लिया है । अब कृतकृत्यता से उत्पन्न हुई निरतिशय तृप्ति के स्वरूप को दिखाते हैं । मेरी तृप्ति की उपमा संसार में कहाँ है ? अर्थात् मेरे समान तृप्ति संसार में किसे प्राप्त है ? किसी को नहीं । ज्ञानी पुरुष की निरंकुश तृप्ति की तुलना संसार में कहीं नहीं हो सकती ।

स्वानन्द रस का पान कर उन्मत्त जे जन जग तरें ।
उन जोगियों के जोग की तुलना किसी से क्या करें ।।

भौतिक सुख तो आभसमात्र है । तीनों लोकों का राज्य प्राप्त कर भी कोई तृप्त नहीं हो सकता।

ब्रह्मानन्दरसं पीत्वा येऽपि ह्युन्मत्तयोगिनः ।
इन्द्रोऽपि रङ्कवत् भाति नृपकीटस्य का कथा ।।

ब्रह्मानन्द रस का पान कर के जो योगी लोग उन्मत्त हो गये हैं, उनके लिये तो देवराज इन्द्र भी भिखारी के समान है तो भला चक्रवर्ती सम्राट् रूपी कीड़े की तो बात ही क्या है ?

ज्ञानी कहता है कि अज्ञान का नाश कर के अपरोक्ष ज्ञान को उत्पन्न करने से मुझे जो संतुष्टि मिली है, उसकी तुलना संसार में कही नहीं है अर्थात् मेरी तृप्ति उपमा रहित है । अत्यन्त हर्ष के कारण पुलकित शरीर और आत्मानन्द से परिपूर्ण होने के कारण चार बार '**धन्योऽहम्**' का उद्घोष किया गया है । मैं धन्य-धन्य हूँ, बारम्बार धन्य हूँ ।

इन सबके कारण भूत पुण्यपुंजों के परिपाक का अनुस्मरण कर उनके साधनभूत कर्मों के अत्यन्त उपकारत्व को आश्चर्य प्रदर्शित कर दिखाते हैं ।

ज्ञायते । ईदृशमात्मानमञ्जसापरोक्षतयैव प्रत्यगात्मानं वेद्मि श्रीगुरूपदिष्ट''तत्त्वमस्या''दिमहावाक्य-विचारात्साक्षात्करोमि । एतेन च द्वैतमिथ्यात्त्वमपि द्योत्यते । एवं ब्रह्मज्ञानलाभजन्यतृप्तावपि तत्फलीभूत-जीवन्मुक्तिलाभजन्या सा प्रतिबन्धान्नस्यादित्यत्राह । धन्योऽहं धन्योऽहम् । मे स्पष्टं विभाति ब्रह्मानन्दः। ब्रह्माभिन्नो य आनन्दो ब्रह्मभूत इत्यर्थः । ''आनन्दं ब्रह्मणो विद्वानि''ति श्रुतेः । स्पष्टं यथा भवति तथा मे विभाति प्रस्फुरति । एवं सुखावाप्त्यात्मिकां जीवन्मुक्तिमभिधाय सबीजदुःखध्वस्तिरूपां तामेवाभिधत्ते। यथा तुष्टिरिष्टप्राप्त्या तथैवानिष्टनिवृत्त्यापीति तामपि तृप्तिं प्रकटयति । धन्योऽहं सांसारिकं दुःखमद्येदानीं विद्यया तस्योपमर्देन न वीक्षे । दुःखस्वरूपं संसारं नैव पश्यामि । तस्मादहं कृतार्थः । दुःखादर्शने हेतुमाह । स्वस्यानाद्यप्यज्ञानमनेककर्मवासनाजालं क्वापि पलायितं प्रणष्टम्। एवं कृतकृत्यस्वरूपां प्राप्तप्राप्तव्यरूपां च तां विशदयति । अज्ञाननिवृत्तिफलमेवोपदर्शयति। धन्यतायाः कारणान्तरं निर्दिशति। न किञ्चित्कर्तव्यं मे विद्यते । कृतकृत्यत्त्वादितः परं मे कर्तव्यं किञ्चिदपि नास्ति । अत एव चाद्य यत्प्राप्तव्यं तत्सर्वं सम्पन्नं पौष्कल्येन सम्प्राप्तम् । अतोऽहं धन्यः। सम्प्रति सञ्जातायास्तृप्तेर्निरङ्कुशत्त्वेन निरतिशयत्त्वान्निरुपमत्त्वं व्यनक्ति । लोके मे तृप्तेस्त्वेवमज्ञानावृत्यपगमपूर्वकं बहुवाराभ्यस्तापरोक्षधीकृत-शोकमोक्षसाक्षात्कारजन्या या तृप्तिस्तस्या उपमा साम्यं का वा भवेत् ? निरुपमा मे तृप्तिरिति हर्षोत्पुलकितगात्रस्य निर्भीकमानन्दभरं तारस्वरेणाविष्करोति चतुर्वारमुद्घोषेण। इतः परं वक्तव्यादर्शनात्तुष्टिरेव परिस्फुरतीति धन्य इत्यनेन दर्शयति । तावताविष्करणेनाप्यसन्तृप्तिराविष्करणस्येति नैरन्तर्यस्फोरणाय पुनः पुनर्धन्य इत्युक्तिः। तथा च सर्वमिदं फलमीश्वरसन्तुष्टिरूपपुण्यस्यैवेति तदप्युद्भूतत्त्वेनानुसन्धाय सन्तुष्टयति । अहो पुण्यम् । वीप्सयात्र सर्वत्र चमत्कारातिशयो द्योत्यते । एवंविधपुण्यसम्पादकमात्मानमनुस्मृत्य प्रस्तौति। अत्र वयमिति बहुवचनं चिदाभासकृतात्मादरातिशयादेव । ब्रह्माद्वैतकैवल्यरूपास्सम्पन्नास्स्मः । अहो इत्याश्चर्यार्थकमेवाव्ययम् । अस्माकं पुण्यमहो निरुपममित्याश्चर्यम् । तच्च पुण्यं दृढं शास्त्रीय-कर्मणोऽव्यभिचारेण फलजनकम् । फलितं तृप्तिस्वरूपेण फलवद्बभूव । अस्य पुण्यस्य सम्पत्तेस्सम्पा-

---

अर्थ - (हमारा) पुण्यकर्म आश्चर्य है, आश्चर्य है । वह फलित हुआ और भली-भाँति फलित हुआ । इस पुण्य की संपत्ति से हम आश्चर्य रूप हैं, हम धन्य हैं ।।२९६।।

व्याख्या - 'अहो' यह शब्द आश्चर्य का द्योतक अव्यय है । हमारा पुण्य निरुपम है ऐसा आश्चर्य प्रदर्शित करते हैं । वह पुण्य भली-भाँति फलिभूत हुआ, इससे शास्त्रीय कर्मों का अव्यभिचारित्व होने के कारण फलजनकत्व माना गया है । इस पुण्य की संपत्ति से अर्थात् सम्पादन करने से अद्वैत ब्रह्म का साक्षात्कार करने वाले हम भी 'अहो' अर्थात् आश्चर्य रूप ही हैं यानी कि ब्रह्म साक्षात्कार के अनुकूल कर्म सम्पादन भी आश्चर्यकारक ही हैं । श्लोक में***''अहो वयं अहो वयं''*** इस प्रकार की द्विरुक्ति आदरातिशय की द्योतक है । आत्मसाक्षात्कार करने वाले हम आश्चर्य रूप हैं अथवा आत्मा का साक्षात्कार कर लेने के कारण हम निरुपम (उपमा रहित) होने से हमारे समान अन्य कोई नहीं हैं । तात्पर्य यह है कि आप कर्मनिष्ठ लोग भी परमपुरुषार्थानुकूल कर्मों का सम्पादन कर हमारी तरह कृतकृत्य हो जाओ।

अब ब्रह्मसाक्षात्कारानुकूल शास्त्रादि की भी अत्यन्त आवश्यकता दिखाने के लिये उनके अधिकारियों को उपदेश करते हैं ।

दनाद्वयं साक्षात्कृताद्वैतब्रह्मस्वरूपा अहो इत्याश्चर्यभूताः । ब्रह्मसाक्षात्कारानुकूलकर्मसम्पादन-मप्याश्चर्यकरमहो। वयमहो इत्यादरातिशयाद्विवरुक्तिः । साक्षात्कृतात्मस्वरूपा अभवामहो आश्चर्यभूताः। साक्षात्कृतात्मस्वरूपाद्वा वयं निरुपमा नान्ये मादृशा इत्यहो । "ब्रह्मानन्दरसं पीत्वा योऽपि ह्युन्मत्तयोगिनः। इन्द्रोऽपि रङ्कवद्भाति नृपकीटस्य का कथा ।।" इत्यादिवचनान्यत्रानुसन्धेयानि ।। अनेन येऽन्ये भवन्तोऽपि परमपुरुषार्थानुकूलतया कर्मसम्पाद्य वयमिव कृतकृत्या धन्य धन्याश्च भवन्त्विति कर्मिणामुपदेशः कृतो राजते । अथान्तरङ्गतरं शास्त्रस्य तत्तात्पर्योपदेशकश्रीगुरोस्तदुपदेशोपलब्धज्ञानस्येति साधनत्रयमपि स्मारं स्मारं तदाश्चर्येणापि स परिसन्तृप्यतीति तत्सन्तुष्ट्यनुवादेनाह । अहो शास्त्रमहो गुरुरहो ज्ञानम्। ब्रह्मसाक्षात्कारानुकूलतया शास्त्रादीनामप्यत्यन्तावश्यकतां स्वाश्चर्यद्योतनेन तत्तदधिकारिण उपदिश्यन्ते। एवं जीवन्मुक्तिसुखमप्यत्यन्ताश्चर्य-रूपमित्यहो सुखम् । यतश्चा"श्चर्यवत्पश्यति कश्चिदेनमाश्चर्यवद्वदति तथैव चान्यः । आश्चर्यवच्चैनमन्यश्शृणोति श्रुत्त्वाप्येनं वेद न चैव कश्चि"दिति श्रुतिस्मृत्योश्च । समित्पाणिश्श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठं सद्गुरुमुपसमेत्य तन्मुखारविन्दाच्छ्रद्धया श्रवणं कृत्त्वा श्रुतस्य मननादेरापादितज्ञानसम्पत्तेर्जीवन्नेव मुच्यते । इत्येवं प्रकारेण मुक्तौ सर्वमप्याश्चर्यम-निर्वचनीयमनुपममिति शम् ।।

तृप्तिदीपप्रकरणाध्ययनप्रयोजननिरूपणम् -

तृप्तिदीपमिमं नित्यं येऽनुसन्दधते बुधाः ।
ब्रह्मानन्दे निमज्जन्तस्ते तृप्यन्ति निरन्तरम् ।। २९८ ।।

।। इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीभारतीतीर्थविद्यारण्यमुनिवर्यविरचितायां पञ्चदश्यां तृप्तिदीपाख्यं सप्तमं प्रकरणं सम्पूर्णम् ।।

अन्वयः- ये बुधाः इमं तृप्तिदीपं नित्यम् अनुसन्दधते । ते ब्रह्मानन्दे निमज्जन्तः निरन्तरं तृप्यन्ति।।

अर्थ - अध्यात्म शास्त्र बड़ा अद्भुत है, उसके प्रवक्ता गुरु भी बड़े अद्भुत हैं । उनका दिया हुआ ज्ञान भी बड़ा अद्भुत है और उस ज्ञान से प्राप्त हुआ सुख भी बड़ा अद्भुत है ।।२९७।।

व्याख्या - सभी शास्त्रों में अध्यात्म शास्त्र सबसे महान है, उन शास्त्रों के प्रवक्ता श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ सद्गुरु भी अत्यन्त विलक्षण हैं । ऐसे गुरु की शरण में जाकर विधिवत् प्रणामादि कर उनके मुखारविन्द से वेदान्तों के श्रवणादि के द्वारा प्राप्त ज्ञान भी बड़ा अद्भुत है, जो जीवितावस्था में ही मुक्ति प्रदान करता है । उस ज्ञान से जो अनिवर्चनीय सुख प्राप्त होता है, वह भी अत्यन्त विलक्षण है । इसीलिये गीता में भगवान् ने कहा है कि -

आश्चर्यवत्पश्यति कश्चिदेनमाश्चर्यवद्वदति तथैव चान्यः।
आश्चर्यवच्चैनमन्यः शृणोति श्रुत्वाप्येनं वेद न चैव कश्चित् ।। (गी. २/२९)

अब फलश्रुति कथन पूर्वक प्रतिज्ञात प्रकरण का उपसंहार करते हैं ।

अर्थ - जो बुद्धिमान मनुष्य इस तृप्तिदीप का नित्य अनुसन्धान करते हैं, वे ब्रह्मानन्द में निमग्न होकर निरन्तर तृप्ति का अनुभव करते हैं ।।२९८।।

व्याख्या - ग्रन्थकार ने प्रकरण के आदि में प्रतिज्ञात

व्याख्या :- श्रीमानाचार्यो ग्रन्थकारः प्रकरणादौ प्रतिज्ञात''मात्मानं चेद्विजानीयादयमस्मीति पूरुषः । किमिच्छन्कस्य कामाय शरीरमनुसञ्ज्वरे''दिति बार्हदारण्यकमन्त्रव्याख्यानं तत्प्रसङ्गागतविचार-भूमिसप्तकान्तिमनिरङ्कुशतृप्त्यभिधसप्तमभूमिकामप्युपसंहृत्य तन्नाम्नैव प्रकृतग्रन्थनामापि प्रथयंस्तदभ्यास-फलमपि प्रेक्षावन्मुमुक्षुप्रवृत्त्यर्थमुपसङ्क्षिपति । ये बुधा विद्वांसस्तृप्तिदीपं तृप्तेर्दीपायितत्त्वात्तन्नामकमिमं प्रकरणं नित्यमनिशमनुसन्दधते बुद्धावनुसन्धानं कुर्वन्ति ते ब्रह्मानन्दे निमज्जन्तो निरन्तरं तृप्यन्ति । इतरकालेषु व्यासक्तचित्तत्त्वेऽप्येतदनुसन्धानकाले तेषां ब्रह्मानन्दावाप्तिः फलम् । अत्र ''प्रत्यक्षाद्यभिगम्ये जीवे गौरादितः कथं शास्त्रम् । तद्बोधिमानताभाक्प्रतिबन्धोऽयं द्वितीय इह जीव'' इति जीवशब्दितशुद्धत्त्व-म्पदार्थबोधविषयकं प्रमाणासंभावनाख्यं द्वितीयं प्रतिबन्धमुपन्यस्य तस्य च निरासाय ''सप्तम आत्मानं चेदिति श्रुतेर्विवरणात्स्फुटं भवति । जीवोद्देशेन समन्वयमुख्यत्त्वं रसज्ञाना''मिति प्रकृतस्य सप्तमस्य प्रकरणस्य तृप्तिदीपनामकस्य पूर्वोक्तप्रतिबन्धकबाधकत्त्वमुक्तमित्यतोऽस्मिन्प्रकरणे प्रमाणासम्भावना-निरासोऽत्र कृतः । अत एतत्प्रकरणतात्पर्यकथनेनैवेदं स्पष्टं प्रतीयते । अत्र चा''त्मानं चेदि''ति श्रुतेरेव विवरणमस्तीति कृत्त्वा चास्य मन्त्रस्य तात्पर्यनिर्णायकलिङ्गानि षडपि तत्रैवोपनिषदि क्षुण्णानीत्यतो नात्र पुनः क्लेशोऽनुभूयत इति सर्वमनवद्यमिति शम् ।।

।। इति श्रीद्वारकाशारदापीठाधीश्वरैः एवं ज्योतिष्पीठाधीश्वरैः श्रीमज्जगद्गुरुशङ्कराचार्यैः अनन्तश्रीविभूषितश्रीस्वरूपानन्दसरस्वतिस्वामिभिः विरचितायां स्वरूपबोधिन्यां व्याख्यायां तृप्तिदीपस्समाप्तः ।।

''आत्मानं चेत् विजानीयादयमस्मीति पूरुषः।
किमिच्छन् कस्य कामाय शरीरमनुसंज्वरेत् ।।''

इस बृहदारण्यक श्रुति का व्याख्यान भली-भाँति कर दिया । उसी प्रसंग में अज्ञान, आवरण, विक्षेप, परोक्षज्ञान, अपरोक्षज्ञान, शोकनिवृत्ति और निरकुंशतृप्ति नामक चिदाभास की सात अवस्थाओं का भी वर्णन किया गया । अब उनमें से निरंकुश तृप्ति नामक सप्तम भूमिका का उपसंहार करते हैं । इसी के नामसे इस प्रकरण का नाम तृप्तिदीप रखा गया है । जो बुद्धिमान लोग तृप्तिदीप नामक इस प्रकरण का नित्य अनुसन्धान करते हैं अर्थात् विचार करते हैं, वे ब्रह्मानन्द में अर्थात् ब्रह्मस्वरूप निरतिशय सुख में निमग्न होकर निरन्तर तृप्त होते हैं अर्थात् निरन्तर निरंकुश तृप्ति का अनुभव करते हैं ।

प्रत्यक्षादि से अधिगम्य जीव के विषय में शास्त्र तद्बोधिमानताभाक् कैसे हो सकता है ? इस प्रकार का भ्रम सम्यक् आत्मज्ञान में बाधक है । इसे प्रमाणासंभावना नामक प्रतिबन्ध कहते हैं । इसी प्रतिबन्ध की निवृत्ति के लिये तृप्तिदीप नामक इस सप्तम प्रकरण की रचना की गई है । इस सम्पूर्ण प्रकरण में*''आत्मानं चेद् विजानीयात्''* इस श्रुतिवचन का विवरण स्पष्ट रूप से किया गया है । इसमें जीवोद्देश्य से मुख्य रूप से समन्वय ही कहा गया है । इस प्रकरण के षड्विध तात्पर्य लिंग स्पष्ट ही हैं । श्रुति वचन का ही विवरण होने से यहाँ श्रुत्युक्त लिंगों का ही ग्रहण करना चाहिये ।

।। इस प्रकार द्वारका एवं ज्योतिष्पीठाधीश्वर अनन्तश्रीविभूषित जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी **श्रीस्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज** द्वारा विरचित **श्रीसद्गुरुसपर्या** नामक हिन्दी व्याख्या में तृप्तिदीप नामक सातवाँ प्रकरण समाप्त हुआ ।।

।। अष्टमं प्रकरणम् - कूटस्थदीपप्रकरणम् । ।

देहस्य कूटस्थचिदाभासोभयभास्यत्त्वनिरूपणम् -

खादित्यदीपिते कुड्ये दर्पणादित्यदीप्तिवत् ।
कूटस्थभासितो देहो धीस्थजीवेन भास्यते ॥ १ ॥

अन्वयः - खादित्यदीपिते कुड्ये दर्पणादित्यदीप्तिवत् कूटस्थभासितः देहः धीस्थजीवेन भास्यते।

व्याख्या :- ब्रह्मसाक्षात्कारोपायश्चित्रदीपे प्रादर्शि । ततस्तस्मिन्नुपाये प्ररोचनार्थं सम्पूर्णं तृप्तिदीपं विस्तरशोऽवोचि । आत्मनोऽयं साक्षात्कारो नैव प्रयत्नसाध्यस्सिद्धत्त्वात् किन्त्वनुदिन''मह''मित्याकारेण समनुभूयत एव । तथाप्यनुभूतेऽर्थे पूर्वोक्तविवेचना रीत्या विवेके प्रतिदिनमनुक्षणमनुभूयमानस्य

ब्रह्मसाक्षात्कार का उपाय चित्रदीप प्रकरण में प्रदर्शित कर, उसके बाद उस उपाय के प्रति रुचि उत्पन्न करने के लिये तृप्तिदीप नामक प्रकरण का प्रतिपादन किया गया । आत्मा का उक्त साक्षात्कार प्रयत्नसाध्य नहीं है, किन्तु प्रतिदिन अनुभूयमान ही है । परन्तु अनुभूत अर्थ का पूर्वोक्त विवेचन रीति के अनुसार विवेक होने पर प्रतिदिन अनुभूयमान जीव का ही कूटस्थत्व ज्ञात होता है और जीव का यही कूटस्थत्व ही ब्रह्मत्व है, इस बात को बताने के लिये प्रकृत प्रकरण का प्रारम्भ करते हैं । पूर्वोक्त तृप्तिदीप नामक सप्तम प्रकरण में अज्ञान से लेकर निरंकुश तृप्ति पर्यन्त सात अवस्थाएँ चिदाभास की हैं, कूटस्थ की नहीं, ऐसा कहा गया । इससे यह जिज्ञासा होती है कि वह कूटस्थ कौन है ? इसी की निवृत्ति के लिये यह प्रकरण प्रारम्भ करते हैं ।

मुमुक्षु के अभिलषित मोक्ष के साधन ब्रह्मात्मैक्य का ज्ञान तत् और त्वं पद के शोधन से होता है, अतः तत् और त्वं पद के शोधन में तात्पर्य वाले इस प्रकरण का प्रारम्भ करते हुए सर्वप्रथम त्वं पद के लक्ष्यार्थ कूटस्थ और वाच्यार्थ जीव, इन दोनों के स्वरूप को दृष्टान्त पूर्वक पृथक्-पृथक् रूप से निरूपित करते हैं । इस प्रकरण का प्रतिपाद्य विषय कूटस्थ की खोज कर उसे चिदाभास से पृथक् करना और ब्रह्म के साथ उसकी एकात्मता प्रदर्शित करना है । कूट का अर्थ है लोहार की निहाई । अतः कूटस्थ का अर्थ है - निहाई की भाँति स्थिर और निर्विकार रहने वाला आत्मा । आत्मा (ब्रह्म) का अधिष्ठान पाकर माया नानारूप जगत् की रचना उसी प्रकार करती है जैसे लोहार निहाई पर रखकर कुल्हाड़ी, हँसिया आदि औजार कूट-कूट कर बनाता है । लोहार की निहाई पर जैसे कूट-पीट का कोई असर नहीं होता, उसी प्रकार कूटस्थ आत्मा भी माया के कार्यों से अप्रभावति ही रहता है । यह कूटस्थ भीतर में अनुभूत चिदाभास से भिन्न है । अतः सर्वप्रथम दोनों के लक्षणों की पृथकता दिखाते हुए कूटस्थ और चिदाभास दोनों के द्वारा शरीर के भास्यत्व का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - आकाशस्थ सूर्य के प्रकाश से प्रकाशित दीवाल पर दर्पणस्थ सूर्य की किरणों के समान कूटस्थ से भासित देह बुद्धिस्थ जीव (चिदाभास) के द्वारा (विशेषरूप से) प्रकाशित होता है ।।१।।

व्याख्या - आकाश में स्थित सूर्य के प्रकाश से प्रकाशित कुड्य पर- "***भित्तिस्त्रीकुड्य-मस्त्रियाम्***" इस कोशवचनानुसार कुड्य का अर्थ भित्ति अर्थात् दीवाल होता है । उस दीवाल पर दर्पणस्थ सूर्य की किरणों से जैसे दीवाल का पुनः प्रकाश होता है, उसी प्रकार निर्विकार चैतन्य रूप कूटस्थ से

जीवस्यैव कूटस्थत्त्वमिति तदेव च ब्रह्मस्वरूपमिति च बोधयितुमिदं कूटस्थदीपप्रकरणमारभ्यते । सप्तमे हि पूर्वस्मिंस्तृप्तिदीपप्रकरणेऽज्ञानादिनिरङ्कुशतृप्त्यन्तास्सप्ताप्यवस्थाश्चिदाभासस्यैव सन्ति न कूटस्थस्येत्युक्तिसमनन्तरमेव श्रोतुर्जिज्ञासोदेति कः कूटस्थः? इति विशिष्य तद्विषयिणीं नैयायिकान्ते-वासिजिज्ञासामालक्ष्य देहाभिधभास्यप्रतियोगिकसामान्यविशेषभासकत्त्वाभ्यां कूटस्थचिदाभास-योर्भेदमभिव्यनक्ति । मुमुक्षोस्स्वाभिलषितमोक्षसाधनस्य ब्रह्मात्मैकत्त्वज्ञानस्य त्वं पदार्थशोधन-पूर्वकत्त्वात्तत्परं कूटस्थदीपाख्यं प्रकरणं विशदीचिकीर्षुस्त्वंपदलक्ष्यवाच्यौ कूटस्थजीवौ दृष्टान्तपुरस्सरं भेदेन निर्दिश्येते । यथा खादित्यदीपिते ख आकाश आदित्य खादित्यस्सर्वैस्सन्दृश्यमानस्सूर्यः । तेन च लक्ष्यते तत्सम्बध्यालोकस्तेन यद्दीपितं प्रकाशितं कुड्यमन्तरिक्षस्थितभानुभासितं तस्मिन्कुड्ये भित्तौ "भित्तिस्त्री कुड्यमस्त्रिया"मिति कोशात् । दर्पणादित्यदीप्तिवद्दर्पणेषु मुकुरेषु प्रतिबिम्बितस्तत्र निपत्य पर्यावर्त्तितैश्च कुड्यसम्बन्धैः तत्र प्रतिबिम्बितो य आदित्यस्तस्य दीप्तिवत्कुड्यसम्बद्धैरादित्य-रश्मिभिस्तत्प्रकाशनमिवादर्शप्रतिबिम्बितसूर्यकान्तिवदित्यर्थः । अत्रोपलक्षणविधया जलादिप्रतिफलित-सूर्यकान्तेरपि ग्रहणम् । एवं दृष्टान्तमभिधाय दार्ष्टान्तिकमभिदधाति। कूटस्थभासितः कूटस्थेन प्रत्यगात्मनाविकारचैतन्येन भासितः प्रकाशितो देहो धीस्थजीवेन धियि बुद्धौ तिष्ठता जीवेन बुद्धौ चिदाभासाकारेण प्रतिबिम्बितेन कूटस्थेनैव भास्यते प्रकाश्यते । अत्रायं प्रयोगः-"स्थूलदेहः कूटस्थ-साक्षिचैतन्यभासित एव सन्नहङ्कारान्तर्गततत्प्रतिबिम्बरूपचिदाभासाख्यजीवभास्यः । अथ वा बिम्बप्रतिबिम्बोभयभास्यः । विशिष्यभास्यत्त्वात् । सूर्यभासितभित्तेरादर्शप्रतिबिम्बिततद्भासितप्रदेशवदिति। अनेन सामान्यतो विशेषतश्च कुड्यावभासकादित्यप्रकाशद्वयमिव देहावभासकचैतन्यद्वयमस्तीति प्रतिज्ञातं भवति । अत्र कूटस्थात्मानुसन्धानरूपं प्रसिद्धप्रमाणप्रयोजनं मङ्गलं तथाद्वैतशास्त्रप्रकरणत्त्वात्तदेक-विषयाद्यनुबन्धचतुष्टयवैशिष्ट्यमप्यत्रोत्तरार्धेन ध्वनितं वेदितव्यम्। एवञ्चात्र सर्वोऽपि शास्त्रार्थस्सूत्र-प्रायेणोपक्षिप्त इति शम् ।।

खादित्यदर्पणादित्यदीप्तिद्वयप्रकाशनप्रकारस्य विवरणम् -

अनेकदर्पणादित्यदीप्तीनां बहुसन्धिषु ।
इतरा व्यज्यते तासामभावेऽपि प्रकाशते ।। २ ।।

अन्वयः - अनेक दर्पणादित्यदीप्तीनां बहुसंधिषु इतरा व्यज्यते तासाम् अभावेऽपि प्रकाशते।

सामान्यतया प्रकाशित शरीर बुद्धि में स्थित चिदाभास रूप जीव के द्वारा विशेष रूप से प्रकाशित होता है । भाव यह है कि सामान्य और विशेष रूप से दीवाल का अवभासक आदित्य का प्रकाश जैसे दो प्रकार का है, उसी तरह देह का अवभासक चैतन्य भी दो प्रकार का है - एक निर्विकार कूटस्थ चैतन्य और दूसरा चिदाभास ।

खादित्य और दर्पणादित्य इन दोनों दीप्तियों के प्रकाशन के प्रकार का विवरण करते हैं।

अर्थ - (दीवाल पर) अनेक दर्पणों से लौटी हुई सूर्य प्रभाओं के अनेक सन्धिस्थानों में अन्य प्रभा (सामान्य सूर्यप्रभा) अभिव्यक्त होती है और उनके अभाव में भी वह सामान्य प्रभा प्रकाशित होती है।।२।।

व्याख्या :- एवं सूत्रितं शास्त्रार्थं विवृण्वन्नादौ हेत्वसिद्धिमुद्दिधीर्षुर्दृष्टान्ते कुड्ये विशिष्टभास्यत्त्वं स्पष्टयंस्तत्र दर्पणादित्यदीप्तिव्यतिरेकेण खादित्यदीप्तिर्नोपलभ्यत इत्याशङ्कां दूरीकुर्वाणस्ताभ्यस्तां विभज्य दर्शयति । अनेकदर्पणादित्यदीप्तानां बिम्बाकारेण वर्तमानानां प्रकाशानां बहुसन्धिष्वन्तरालप्रदेशेष्वितरा साधारणा सूर्यकान्तिर्व्यज्यते । तासां प्रतिबिम्बदीप्तानां कुड्येऽभावेऽपि बिम्बग्राहकदर्पणाद्यभावादितरा सूर्यकान्तिः प्रकाशते । विशेषप्रतिबिम्बप्रभाभावेऽपि साधारणसूर्यप्रभा भासत एव । यथा ह्यादर्शप्रतिबिम्बितसूर्यप्रकाशैः पुरस्थितसूर्यभासितापि भित्तिस्तत्तत्प्रदेशावच्छेदेन विशिष्य भास्यते तत्र तेषां सन्धिष्वितरा सूर्यकान्तिः प्रत्यक्षैवोक्तादर्शप्रतिफलितसूर्यकान्तिर्भित्तौ प्रत्यक्षैवास्ति। याश्चानेका बहुदर्पणजन्याः कुड्ये तत्र तत्र कमण्डलाकारविशेषप्रभास्सन्दृश्यन्ते तासां सन्धौ मध्ये हीतरा सामान्यप्रकाशरूपा खादित्यप्रभोपलभ्यते । तासां दर्पणजन्यप्रमाणाभावे दर्पणापगमादिनाऽसत्त्वे च स्वयं सर्वत्र प्रकाशत इति शम् ।।

हेतोस्स्वरूपासिद्धिनिराकरणम् –

चिदाभासविशिष्टानां तथानेकधियामसौ ।
सन्धिं धियामभावञ्च भासयन्प्रविविच्यताम् ।। ३ ।।

अन्वयः – तथा चिदाभासविशिष्टानाम् अनेकधियां सन्धिं धियां च अभावं भासयन् असौ प्रविविच्यताम् ।

व्याख्या – दीवाल पर अनेक दर्पणों से लौटी हुई सूर्य प्रभाओं की अनेक सन्धियों में अर्थात् प्रत्येक दो-दो प्रभा के मध्यस्थल में सामान्य प्रकाश रूप आकाशस्थ सूर्य की प्रभा अभिव्यक्त अर्थात् स्पष्ट रूप से अनुभूत होती है । उन दर्पणजन्य प्रभाओं के अभाव में भी अर्थात् उनके न होने पर भी वह सामान्य प्रकाश स्वयं प्रकाशमान हुआ अनुभव में आता है । अतः आकाशस्थ सूर्य का सामान्य प्रकाश वहाँ पर भी है जहाँ दर्पणादित्य की प्रभा है । भाव यह है कि आकाश में स्थित सूर्य के प्रकाश से समस्त संसार की तरह दीवाल भी प्रकाशित होती है । यदि हमारे पास चार या छः दर्पण हों तो उन सब में सूर्य का प्रतिबिम्ब पड़ेगा । दीवाल की ओर मोड़ने पर दर्पणगत सूर्य की प्रभा का प्रकाश दीवाल पर अनेक जगह पड़ेगा । इससे दीवाल पर सामान्य और विशेष दोनों प्रकार के प्रकाश स्पष्ट दिखाई देंगे। जहाँ पर दर्पणगत सूर्य का प्रकाश पड़ेगा वहाँ आकाशस्थ सूर्य का प्रकाश पहले ही रहेगा और जहाँ दर्पणस्थ सूर्य का प्रकाश नहीं पड़ेगा वहाँ पर भी आकाशस्थ सूर्य का प्रकाश दिखाई देगा । केवल आकाशस्थ सूर्य का प्रकाश कुछ कम होगा किन्तु वह स्थिर और नित्य होगा और जहाँ पर दर्पणस्थ सूर्य का प्रकाश दीवाल पर पड़ेगा, वहाँ कुछ अधिक प्रकाश होगा किन्तु वह अस्थिर, एकदेशीय और अनित्य होगा। दर्पण के हिलाने या हटा देने पर दीवाल पर पड़ा उसका प्रकाश हिलता या लुप्त होता दिखाई देगा । यही प्रयोग शरीर पर पड़ने वाली दो प्रकार की चेतना के प्रकाश के साथ करें तो उन दोनों की पहचान स्पष्ट रूप से प्राप्त हो सकती है ।

उक्त दृष्टान्त को दार्ष्टान्तिक में घटाते हैं ।

अर्थ – उसी प्रकार चिदाभासविशिष्ट अनेक बुद्धि वृत्तियों की सन्धि को और बुद्धि-वृत्तियों के अभाव को भी प्रकाशित करते हुए उस कूटस्थ को पृथक् करके जानना चाहिये ।।३।।

व्याख्या :- दृष्टान्तसिद्धमर्थं दार्ष्टान्तिके योजयति । तथा तेनैव प्रकारेण चिदाभासविशिष्टानां चित्प्रतिबिम्बयुक्तानामनेकधियामनेकासां घटपटादिज्ञेयवस्त्वाकाराकारितानेकान्तःकरणवृत्तीनां सन्धिं वृत्तिशून्यावस्थाख्यमन्तरालोपलक्षितकालविशेषं "लीने पूर्वविकल्पे तु यावदन्यस्य नोदयः । निर्विकल्पकचैतन्यं स्पष्टं तावद्विभासत" इति लघुवाक्यवृत्त्युक्तेरन्तरालकालमेव जाग्रदाद्यवच्छेदेन धियां निरुक्तवृत्तिकारणीभूतबुद्धीनामत्र निखिलजीवानुभवप्रसिद्ध्यर्थमेवेदं बहुवचनम् । अभावञ्च सुषुप्त्यवच्छेदेन विलयमपि भासयन्प्रकाशयन्नसौ कूटस्थः प्रागुक्तदृष्टान्तप्रकारेण प्रकाशयन्कूटस्थश्चिदाभासात्प्रविविच्यतां प्रविभज्यतां ताभ्यो भेदेन ज्ञायतां प्रकृष्टविचारविषयीक्रियतां मुमुक्षुभिः । कूटस्थो बुद्धौ चिदाभासस्वरूपेण प्रतिबिम्बितो बुद्धिवृत्तीनां मध्ये उदासीनावस्थां जाग्रति प्रकाशयति। सुषुप्तौ बुद्धिवृत्तीनामभावं च प्रकाशयतीत्याशयः। तस्माद्यत्र यत्र विशिष्टभास्यत्त्वं तत्र बिम्बप्रतिबिम्बोभयभास्यत्त्वमिति व्याप्तेस्सूर्यभासितभित्तौ बह्वादर्शप्रतिबिम्बितसूर्यकान्तिभास्यत्त्ववद्देहाख्यपक्षेऽपि बिम्बीभूतकूटस्थभास्यत्त्वस्य तत्प्रतिबिम्बीभूतचिदाभासभास्यत्त्वस्य च सत्त्वान्न हेतोस्स्वरूपासिद्ध्यादिकमिति शम् ।।

व्याख्या - उसी प्रकार चिदाभास विशिष्ट अर्थात् चैतन्य के प्रतिबिम्ब से युक्त अनेक बुद्धियों की सन्धियों को अर्थात् अन्तराल को और सुषुप्ति आदि अवस्थाओं में वृत्तियों के अभाव को भी वह कूटस्थ प्रकाशित करता है ।

लीने पूर्वविकल्पे तु यावदन्यस्य नोदयः ।
निर्विकल्पकचैतन्यं स्पष्टं तावद्विभासते ।।

पूर्व विकल्प के लीन होने पर जब तक अन्य विकल्प का उदय नहीं होता है तब तक निर्विकल्प चैतन्य स्पष्ट रूप से प्रकाशित होता है । दीवाल पर जहाँ आकाश के सूर्य का प्रकाश और दर्पण के सूर्य का प्रकाश एक साथ पड़ता है वहाँ दोनों प्रकाशों का अन्तर स्पष्ट नहीं होता है । वे दोनों मिलकर एक-से हो जाते हैं किन्तु जहाँ केवल आकाश के सूर्य का प्रकाश होता है, वहाँ दर्पण के सूर्यप्रकाश से वह अवश्य भिन्न दिखाई देता है । इसी प्रकार कूटस्थ और चिदाभास के प्रकाश को पृथक् रूप से जाना जा सकता है । जहाँ ये दोनों एक साथ होते हैं, वहाँ तो इनका अन्तर प्रतीत नहीं होता है किन्तु एक बुद्धिवृत्ति के शान्त होने पर और दूसरी वृत्ति के उत्पन्न होने के बीच में न कोई वृत्ति होती है और न चिदाभास । इस समय दो वृत्तियों के सन्धिकाल को केवल कूटस्थ चैतन्य प्रकाशित करता है । अतः उसे अलग से पहचाना जा सकता है । इसी प्रकार जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति की अवस्थाओं के मध्य सन्धिकाल होता है, उसका भी प्रकाशक कूटस्थ ही है । उस समय चिदाभास उपलब्ध नहीं होता है, सुषुप्ति, मूर्च्छा तथा समाधि अवस्थाओं का अनुभव अवश्य होता है, इस अनुभव का कारण कूटस्थ चैतन्य है । इस प्रकार अन्वय और व्यतिरेक के द्वारा चिदाभास से भिन्न कूटस्थ को जानना चाहिये ।

चिदाभासब्रह्मणोर्भेदनिरूपणम् –

घटैकाकारधीस्था चिद्घटमेवावभासयेत् ।
घटस्य ज्ञातता ब्रह्मचैतन्येनावभासते ॥ ४ ॥

अन्वयः – घटैकाकारधीस्था चित् घटम् एव अवभासयेत् । घटस्य ज्ञातता ब्रह्मचैतन्येन अवभासते।

व्याख्या :– सम्प्रति देहस्यान्तर्भासमानयोः कूटस्थचिदाभासयोर्विवेचनासौलभ्याय बाह्यप्रपञ्चे चिदाभासब्रह्मणोर्विभिन्नतां सदृष्टान्तमुपदिदर्शयिषुरेवं त्त्वम्पदार्थपरिशोधनार्थं प्रविभक्तौ कूटस्थाभासौ दर्शयित्त्वा तत्पदार्थपरिशोधनार्थं बहिरपि ब्रह्मचिदाभासौ प्रविविक्ततरौ प्रदर्शयति । घटैकाकारधीस्था घटस्यैकस्याकार इवाकारो यस्यास्सा घटैकाकारा घटस्यैवाकार इव न त्वितरस्याकार इवाकारो यस्यास्सा एतादृशी या धीस्तत्र प्रतिबिम्बत्त्वेन तिष्ठतीति तथोक्ता । तादृशायां बुद्धौ वर्तमानश्चिदाभासो घटमेवावभासयेत् । ईदृशी या चिच्चिदाभासरूपसंविदिति भावः । अस्त्वेवं ततः किं तत्रेति चेदुच्यते। तस्यास्य घटस्य ज्ञातता ज्ञातो घट इति व्यवहारहेतुर्ज्ञाततााख्यो धर्मस्सोऽयं घटकल्पनाधिष्ठानेनैतादृशेन ब्रह्मचैतन्येन साधनभूतेन ज्ञाततावभासते सम्प्रकाशते । एवञ्चा"यं घट" इति ज्ञाने घटचिदाभासभास्य एव "ज्ञातो घट" इति ज्ञाने "त्वसौ घटारोपाधिष्ठानीभूतचैतन्यभास्य" इति तयोर्विभागः प्रस्फुटः । तथा हि अयं घट इत्यत्र घटो ज्ञानविषयः । स च ब्रह्मचैतन्यभासितः । किञ्चिदत्रावधेयम्

अब देह के भीतर कूटस्थ और चिदाभास का भेद दिखाने के लिये देह के बाहर भी चिदाभास और ब्रह्म के भेद का वर्णन करते हैं ।

अर्थ – घटाकार बुद्धिवृत्ति में स्थित चिदाभास घट को ही प्रकाशित करता है और घट की ज्ञातता को कूटस्थ चैतन्य प्रकाशित करता है ।।४।।

व्याख्या – घटाकाराकारित जो बुद्धिवृत्ति है, उसमें स्थित जो चिदाभास है वह चिदाभास घट को ही प्रकाशित है । घट की ज्ञातता और अज्ञातता को प्रकाशित नहीं करता । उस घट की 'यह घट ज्ञात है' इस प्रकार व्यवहार का हेतु ज्ञातता रूप धर्म कल्पित घट के अधिष्ठान ब्रह्मचैतन्य के द्वारा प्रकाशित होता है । यहाँ चिदाभास को धीस्था चित् और कूटस्थ चैतन्य को ब्रह्मचैतन्य कहा गया है । ये दोनों चैतन्य शरीर को प्रकाशित करते हैं । इसमें कूटस्थ सामान्य चैतन्य है और जीव विशेष चैतन्य है । इस तरह ज्ञान दो प्रकार का है – एक घट का ज्ञान और दूसरा घट के ज्ञान का ज्ञान । भाव यह है कि 'यह घट है' इस वाक्य में घट ज्ञान का विषय है और वह चिदाभास से अवभासित है तथा 'ज्ञातो घटः' इस वाक्य में घटनिष्ठ ज्ञातता विषय है और वह ब्रह्मचैतन्य से अवभासित है ।

घट अज्ञात है, यह घट है और घट ज्ञात है, इस प्रकार तीन तरह के ज्ञान घट विषयों में क्रमशः उत्पन्न होते हैं । घट की अज्ञानदशा में ब्रह्मचैतन्य के द्वारा ही 'घट अज्ञात है' इस प्रकार का ज्ञान उत्पन्न होता है । क्योंकि अज्ञान भी ज्ञानविशेषात्मक होता है और समस्त ज्ञान साक्षी के अधीन होता है । उसके बाद प्रतिफलित चिदाभास विशिष्ट बुद्धिवृत्ति के द्वारा अर्थात् घटाकाराकारित वृत्ति के द्वारा 'यह घट है' इस प्रकार का ज्ञान उत्पन्न होता है । केवल बुद्धिवृत्ति के द्वारा उक्त ज्ञान होता है, ऐसा नहीं कह सकते क्योंकि बुद्धि जड़ होने के कारण उसमें ज्ञानजनकत्व संभव नहीं है । और यह भी नहीं कह सकते कि

"अज्ञातो घट" "अयं घटः" "ज्ञातो घट" इति च ज्ञानानि घटविषये क्रमशस्सञ्जायन्ते । तत्र घटाज्ञानदशायां ब्रह्मचैतन्येनैवा"ज्ञातो घट" इति ज्ञानमुत्पद्यते । अज्ञानस्यापि ज्ञानविशेषात्मकत्त्वेन सर्वस्य ज्ञानस्य साक्ष्यधीनत्त्वात् । ततश्च प्रतिफलितचिदाभासविशिष्टबुद्धिवृत्त्या घटाकाराकारितया "यं घट" इति ज्ञानमुत्पद्यते । न च केवलया धीवृत्त्यैव तदिति वाच्यम् । धियो जडत्त्वेन ज्ञानजनकत्त्वासम्भवात्। न वा केवलचैतन्येनेति वाच्यम् । तस्याविकारिणो बुद्धिप्रतिफलनं विना विषयाकाराकारितत्त्वेन ज्ञानजननासंभवादित्यतश्चिदाभासभास्यं तत् । "अयं घट" इति ज्ञानं विषयधर्मः। न चिदाभासरूपं नापि ब्रह्मात्मकम् । चिदाभासस्य भासकत्त्वाद्ब्रह्मणः पूर्वसिद्धत्त्वात् "ज्ञातो घट" इति ज्ञानं ब्रह्मभास्यम्। न चैतच्चिदाभासभास्यमिति वक्तुं शक्यम् । तस्या"यं घट" इति ज्ञानजननेनैव चरितार्थत्त्वात् । "अयं घट" इति ज्ञानस्यानियत्या सर्वसाक्षिणा ब्रह्मणा निर्वाहादाभासभास्यत्त्वमभ्युपगतम्। तावन्मात्रेण चरितार्थश्चिदाभासो नान्यत् "ज्ञातो घट" इत्यादिज्ञानं जनयितुं शक्नोति । साक्षिणस्तु सर्वकारणत्त्वेन तदुपपद्यते । घटाकाराकारितधीवृत्तिः घटज्ञानं ज्ञानविषयो घटश्चेत्येतत्त्रितयं साक्षिणा भास्यते । घटमात्रं चिदाभासभास्यम् । एवञ्च घटादेर्विषयस्य "ज्ञातो घट" इत्यादौ समुदायान्तर्गतत्त्वेन चिद्भास्यत्व"मयं घट" इत्यादावाभासभास्यत्त्वमित्युभयभास्यत्त्वं सिद्धमिति दिक् ।।

"अयं घट" इत्यत्र धीसार्थक्यनिरूपणम् –

अज्ञातत्वेन ज्ञातोऽयं घटो बुद्ध्युदयात्पुरा ।
ब्रह्मणैवोपरिष्टात्तु ज्ञातत्वेनेत्यसौ भिदा ॥ ५ ॥

अन्वयः – बुद्ध्युदयात् पुरा अयं घटः ब्रह्मणा एव अज्ञातत्वेन ज्ञातः। उपरिष्टात् तु ज्ञातत्वेन इति असौ भिदा।

केवल चैतन्य से उक्त ज्ञान होता है क्योंकि वह अविकारी होने के कारण बुद्धि के प्रतिफलन के बिना विषयाकाराकारित होकर ज्ञानोत्पादक नहीं हो सकता । इसलिये 'यह घट है' इस प्रकार का ज्ञान चिदाभास के द्वारा होता है । 'यह घट है' इस प्रकार का ज्ञान विषयधर्म है, चिदाभास रूप नहीं है और ब्रह्मात्मक भी नहीं है । क्योंकि चिदाभास का भी भासक होने के कारण ब्रह्म उससे पूर्व में ही विद्यमान (सिद्ध) है । 'घट ज्ञात है' इस प्रकार का ज्ञान ब्रह्म के द्वारा (कूटस्थ चैतन्य के द्वारा) प्रकाशित होता है। इस ज्ञान को चिदाभास के द्वारा प्रकाशित हुआ नहीं कह सकते क्योंकि उसका कार्य तो 'यह घट है' इतना ज्ञान करा देने पर ही समाप्त हो जाता है । अतः घट ज्ञात है, इस प्रकार का ज्ञान केवल चिदाभास के द्वारा होना संभव नहीं है, किन्तु साक्षी आत्मा के द्वारा तीनों का प्रकाश होता है । घटाकाराकारित बुद्धिवृत्ति, घट ज्ञान और ज्ञान का विषय घट ये तीनों साक्षी के द्वारा भासित होते हैं । घटमात्र का प्रकाश चिदाभास के द्वारा होता है । और घटादि विषय में 'घट ज्ञात है' इत्यादि कूटस्थ चैतन्य से प्रकाशित होता है, इस तरह कूटस्थ चैतन्य का उभयविध भास्यत्व सिद्ध होता है ।

'अयं घटः' इस ज्ञान में बुद्धि की सार्थकता का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – घटाकार बुद्धि उदित होने से पूर्व यह घट ब्रह्म को अज्ञात रूप से ज्ञात होता है और घटाकार बुद्धि उत्पन्न होने के बाद यह घट ब्रह्म को ज्ञात रूप से ज्ञात होता है । बस इतना ही इन दोनों में भेद है ।।५।।

व्याख्या :- "ज्ञातो घट" इत्यत्र घटनिष्ठज्ञाततावभासकब्रह्मचैतन्यस्यैव घटावभासकत्त्वेनोपपत्तौ बुद्धिर्निरर्थिका स्यादित्याशङ्कायां घटस्य ज्ञाततातिभेदसिद्ध्यर्थमिति परिहरन्घटाकारबुद्ध्युदयात्प्रागपि तदधिष्ठानीभूतब्रह्मचिन्मात्रेणैव घटभानमिति चेदस्तु यतोऽज्ञातत्त्वेनास्त्येव तथेत्याह । "अयं घट" इति बुद्ध्युदयात्पुरा "न घटो मया ज्ञात" इति धीसद्भावाद्घटोऽज्ञातत्त्वेन रूपेण ब्रह्मणा ब्रह्मचैतन्येन ज्ञातो"ऽयं घटो ब्रह्मणैवाज्ञातत्त्वेन प्रकाशितो, बुद्ध्युत्पत्तौ सत्यां ज्ञातत्त्वेन ब्रह्मणैव प्रकाश्यत इत्येतावानेव भेदो नान्यः कोऽपि । एवं चेद्बुद्धेः किं फलमित्यत्राह । अयं घट इति बुद्धेरुपरिष्टादुत्पत्त्यनन्तरं ज्ञातत्त्वेन "ज्ञातो घट" इति ज्ञाततया घटो ब्रह्मणैव भासते । "अज्ञातो घट" इति स्थले घटनिष्ठाज्ञातता भासते । "ज्ञातो घट" इति स्थले तन्निष्ठा च ज्ञातता भासते । ज्ञातत्त्वाज्ञातत्त्वयोरुभयोरपि भाने ब्रह्मचैतन्यमधिष्ठानभूतमेव कारणम् । तदज्ञातृत्त्वं तु "ह्ययं घट" इति बुद्धेः पूर्ववर्ति । ज्ञातत्त्वं तु तदनन्तरवर्तीत्यसौ भिदा भेदो ज्ञातत्त्वाज्ञातत्त्वयोः परस्परविरुद्धयोरेकस्मिन्धर्मिणि युगपदवस्थानासंभवात्क्रमेणोत्पन्नयोस्तयोः क्रमेण भानमित्यवश्यमभ्युपेयम् । तत्र ज्ञाततायाः उत्पादकं ज्ञानमज्ञाततायाश्चाज्ञानम् । तथा च ज्ञाततोत्पादकं ज्ञानं बुद्ध्यधीनमिति तदभावे ज्ञानस्यैवाभावेन ज्ञाततायाः अनुदयात्तदवभासनं सम्भवतीति तत्सार्थक्यमिति भावः ।

ज्ञानाज्ञानस्वरूपविवरणम् -

चिदाभासान्तधीवृत्तिर्ज्ञानं लोहान्तकुन्तवत् ।
जाड्यमज्ञानमेताभ्यां व्याप्तः कुम्भो द्विधोच्यते ॥ ६॥

व्याख्या - घट की ज्ञातता के प्रकाशक ब्रह्मचैतन्य से ही जब घट की प्रतीति सम्भव है तो फिर घटाकार बुद्धि की कल्पना क्यों करते हो ? इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि घट की ज्ञातता और अज्ञातता के भेद की सिद्धि के लिये बुद्धिवृत्ति को मानना आवश्यक है । 'यह घट है' इस प्रकार की बुद्धि उत्पन्न होने से पूर्व अर्थात् मैंने घट को नहीं जाना है, ऐसी बुद्धि रहने पर घट अज्ञात रूप से ब्रह्मचैतन्य के द्वारा ज्ञात होता है और 'यह घट है' इस प्रकार की बुद्धि के उत्पन्न होने के बाद 'मुझे घट ज्ञात है' इस प्रकार घट की ज्ञातता भी ब्रह्म के द्वारा ही प्रकाशित होती है । 'घट अज्ञात है' इस वाक्य में घटनिष्ठ अज्ञातता भासित होती है और 'घट ज्ञात है' इस वाक्य में तन्निष्ठ ज्ञातता भासित होती है । अर्थात् ज्ञातता और अज्ञातता रूप दोनों की प्रतीति का कारण ब्रह्मचैतन्य ही है । भेद इतना ही है कि 'घट अज्ञात है' यह कथन 'यह घट है' इस प्रकार की बुद्धिवृत्ति से पूर्ववर्ति है और 'घट ज्ञात है' यह कथन पश्चाद्वर्ति है । ज्ञातता और अज्ञातता दोनों परस्पर विरुद्ध होने के कारण एक ही धर्मी में दोनों का एक साथ होना संभव न होने से क्रम से उत्पन्न होने वाले दोनों ज्ञान का क्रम से भान होता है । उसमें ज्ञातता का उत्पादक ज्ञान है और अज्ञातता का उत्पादक अज्ञान है तथा ज्ञातता का उत्पादक ज्ञान बुद्धि के अधीन है । अतः बुद्धि के अभाव में ज्ञान ही न होने के कारण घट की ज्ञातता ही नहीं बनेगी । अतः ज्ञातता और अज्ञातता के भेद की सिद्धि के लिये मध्य में घट का ज्ञान मानना आवश्यक होने से बुद्धिवृत्ति की सार्थकता मानी गयी है ।

ज्ञान और अज्ञान के स्वरूप का विवरण करते हैं ।

अर्थ - चिदाभासान्त बुद्धिवृत्ति को ज्ञान कहते हैं, जैसे भाले के अन्त में लोहे का फलक लगा हो। और जड़ता को अज्ञान कहते है, इन दोनों (ज्ञान और अज्ञान) से व्याप्त घट दो प्रकार का कहलाता है ।।६।।

अन्वयः – चिदाभासान्तधीवृत्तिः लोहान्तकृन्तवत् ज्ञानं जाड्यम् अज्ञानम् एताभ्यां व्याप्तः कुम्भः द्विधा उच्यते ।

व्याख्या :– एवं भवतु नामाज्ञातत्त्वाद्युपहितो घटो ब्रह्मभास्यस्तथा "ज्ञातत्त्वाज्ञातत्त्वाभ्यां सर्वमिदं साक्षिभास्य"मिति विवरणसिद्धान्तेन सह ब्रह्मणोऽज्ञातत्त्वादिना भासकत्त्वादेव साक्षित्त्वविवक्षयाविरोधश्च तथापि किं तन्मूलीभूतयोर्ज्ञानाज्ञावयोरेवादौ स्वरूपं कीदृशं विवक्षितमिति तत्स्पष्टयन्नेकस्यैव घटस्य ज्ञातत्त्वाज्ञातत्त्वे इत्येवं द्वैरूप्योपपादनाय तदवबोधनाय ज्ञाततााज्ञातता निमित्तयोर्ज्ञानाज्ञानयोस्स्वरूपं विशदयति । चिदाभासान्तधीवृत्तिश्चिदाभासस्सर्वात्मना मिथ्याभूतश्चित्प्रतिबिम्बस्सोऽन्तेऽग्रभागे यस्यास्सा तथोक्ता तादृशी या धीवृत्तिस्सैव ज्ञानं भवति । तदेव ज्ञातमित्युच्यते । यत आचार्या वदन्ति "बोधेद्धा बुद्धि"रिति । तत्र दृष्टान्तमाह – लोहान्तकुन्तवल्लोऽहं तन्मयं शल्यमन्तेऽग्रभागे यस्य स लोहान्तः । स चासौ कुन्तश्चेति तथा । तदिव तद्वदित्यर्थः । यस्या वंशयष्टेरन्तिमभागे विनिवेशितो लोहमयशल्यं सम्पादितमस्ति सैव भुशुण्ड्यपराभिधो दण्डाकारेण स्थित आयुधविशेषः कुन्तशब्देनोच्यते। कुन्तस्य च लोहान्तत्त्वाभावे छेदनाशक्तत्त्वमिव धीवृत्तेश्चिदाभासान्तत्त्वाभावे विषयावभासना-शक्तत्त्वमित्यर्थः । तद्वच्चिदाभासाग्रवती मतिवृत्तिरेव ज्ञानं भवतीति भावः । एवं ज्ञानस्वरूपं निरूप्याज्ञानस्वरूपमपि विवृणोति । जाड्यं स्वतस्स्फूर्तिराहित्यं "तदेतज्जडं मोहात्मक"मिति श्रुतेर्भानविरोद्धृत्वनादि भावरूपमनिर्वचनीयं वस्त्वज्ञानमिति निष्कर्षः । एतादृशं निष्कृष्टं वस्त्वज्ञानपदवाच्यमस्तीति यावत् । अथ फलितमुच्यते । एताभ्यां ज्ञानाज्ञानाभ्यां क्रमेण व्याप्तस्सर्वतस्सम्बद्धः कुम्भो द्विधा प्रकारद्वयेण व्यवह्रियते ज्ञात इत्यज्ञात इति च पर्यायेणोच्यते । ज्ञानव्याप्तो घटो ज्ञात इति ततोऽन्यथाज्ञानव्याप्तो घटोऽज्ञात इति चोच्यते । अतश्चोभयत्र विषयो घट एवेति दिक् ।।

व्याख्या – एक ही घट के ज्ञातत्व और अज्ञातत्व रूप द्विविध स्वरूप को समझाने के लिये ज्ञातत्व और अज्ञातत्व के प्रति क्रम से ज्ञान और अज्ञान के स्वरूप को स्पष्ट करते हैं । चिदाभासान्त अर्थात् चिदाभास सहित बुद्धि की वृत्ति को ज्ञान कहा जाता है । इस विषय में दृष्टान्त है **'लोहान्तकुन्तवत्'**। जिसके अन्त भाग में लोहे का फलक लगा हो उस आयुधविशेष को कुन्त (भाला) शब्द से कहा जाता है । यदि लोहे के फलक वाले भाले के समान चिदाभास युक्त बुद्धिवृत्ति को मानें तो जैसे भाला मारने से पशु उससे छिद जाता है, उसी प्रकार वह बुद्धिवृत्ति भी ज्ञेय विषय को प्रकाशित करती है । किन्तु जैसे बिना फलक का भाला पशु का छेदन नहीं कर सकता, उसी प्रकार चिदाभास रहित बुद्धिवृत्ति भी वस्तु को प्रकाशित नहीं कर सकती । अब अज्ञान का विवरण करते हैं । जड़ता को अर्थात् स्फूर्तिराहित्य को अज्ञान कहते हैं । इन ज्ञान और अज्ञान दोनों से व्याप्त अर्थात् क्रम से सम्बद्ध घट दो प्रकार से कहा जाता है अर्थात् घट ज्ञात है और घट अज्ञात है, इस प्रकार पर्याय से कहा जाता है । ज्ञान से व्याप्त घट ज्ञात कहलाता है और अज्ञान से व्याप्त घट अज्ञात कहलाता है । भाव यह है कि दोनों ही स्थलों में घट ही विषय है ।

ज्ञानाज्ञानयोर्ब्रह्मावभास्यत्त्वनिरूपणम् –

अज्ञातो ब्रह्मणा भास्यो ज्ञातः कुम्भस्तथा न किम् ।
ज्ञानत्वजननेनैव चिदाभासपरिक्षयः ॥ ७॥

अन्वयः – अज्ञातः ब्रह्मणा भास्यः तथा ज्ञातः कुम्भः तथा न किम्? ज्ञानत्वजननेन एव चिदाभासपरिक्षयः ।

व्याख्या :– अज्ञातस्य घटस्याज्ञानव्याप्तत्त्वादज्ञाततायाः ब्रह्मचैतन्यभास्यत्त्वं युक्तमेव स्यात् । ज्ञातस्य कुम्भस्य चिदाभासावभासस्यत्त्वात्कुतो ज्ञाततया ब्रह्मचैतन्यमुच्यत इत्याशङ्कायामज्ञानस्याज्ञाततामात्रेणैव ज्ञानस्यापि ज्ञाततामात्रेणोपक्षीणत्त्वादज्ञातकुम्भवज्ज्ञातस्यापि ब्रह्मावभास्यत्त्वं भवतीत्येतत्स्फुटीक्रियते । यथा ज्ञातो घट इत्यत्राज्ञाततायाविशिष्टो घटो ब्रह्मणा भास्यस्तथा "ज्ञातो घट" इत्यत्र ज्ञाततायाविशिष्टः कुम्भो ब्रह्मणा भास्यो न भवति किम्? अवश्यं भवत्येवेति भावः । तत्र च ज्ञानमन्तरा ज्ञाततया अनुदयेन तस्या ब्रह्मभास्यत्त्वासंभवात्तदुत्पादकज्ञानार्थमावश्यकेन चिदाभासेनैव ज्ञाततायाविशिष्टो घटो भास्यताम् । का वा तद्धाने कूटस्थापेक्षा ? एवं ज्ञातो घटस्स्पष्टं चिदाभासभास्य एव "बुद्धितत्स्थचिदाभासौ द्वावपि व्याप्नुतो घटम् । तत्राज्ञानं धिया नश्येदाभासेन घटस्स्फुरे"दिति पूर्वोक्तवचनाज्ज्ञानमात्रोत्पादनेनैव तस्य चारितार्थ्यादित्याह । ज्ञातत्त्वजननेनैव तस्य "अयं घट" इति ज्ञानोत्पादनेनैव चिदाभासपरिक्षयश्चिदाभासस्योपशान्तिरज्ञातकुम्भवज्ज्ञातकुम्भस्यापि

ज्ञान और अज्ञान दोनों ही ब्रह्म के द्वारा भासित होते हैं, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ – जैसे अज्ञात घट ब्रह्मचैतन्य से भासित होने योग्य है, वैसे ही ज्ञात घट भी उससे भासित होने योग्य क्यों नहीं है ? (अर्थात् अवश्य है) क्योंकि ज्ञातत्व उत्पन्न कर देने मात्र से ही चिदाभास का काम समाप्त हो जाता है ।।७।।

व्याख्या – अज्ञात घट अज्ञान से व्याप्त होने के कारण ब्रह्म चैतन्य से प्रकाशित भले ही होवे परन्तु ज्ञान से व्याप्त जो ज्ञात घट है, वह ब्रह्म चैतन्य से भासित कैसे हो सकता है ? क्योंकि उसका अवभासक तो चिदाभास है । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि जैसे अज्ञात घट के विषय में अज्ञाततायाविशिष्ट घट ब्रह्म के द्वारा भासित होता है, उसी प्रकार 'घट ज्ञात है' इस वाक्य में ज्ञाततायाविशिष्ट घट भी क्या ब्रह्म के द्वारा भासित नहीं होता है ? अर्थात् अवश्य होता है । ब्रह्मचैतन्य से तो घट की अज्ञातता का ज्ञान होना युक्त है किन्तु घट के ज्ञात हो जाने के बाद उसकी ब्रह्म भासता कहना ठीक नहीं है क्योंकि चिदाभास के द्वारा ही ज्ञाततायाविशिष्ट घट का भान होता है । ऐसी स्थिति में उसके भासित होने में कूटस्थ की क्या अपेक्षा है ? इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि 'यह घट है' इस प्रकार के घट का ज्ञान उत्पन्न कर देने मात्र से चिदाभास का काम समाप्त हो जाता है अर्थात् चिदाभास शान्त हो जाता है । भाव यह है कि जब अज्ञातघट की तरह ज्ञातघट का भी प्रकाश ब्रह्मचैतन्य से ही संभव है तो परिक्षीण हुए चिदाभास के व्यापार की उक्त विषय में कल्पना करना उचित नहीं है । पूर्व में कहा है कि –

बुद्धितत्स्थचिदाभासौ द्वावपि व्याप्नुतो घटम् ।
तत्राज्ञानं धिया नश्येदाभासेन घटः स्फुरेत् ।। (प.द. ७/९१)

ब्रह्मणैवाभाससंभवात्तद्भानपर्यन्तं परिक्षीणस्य चिदाभासस्य व्यापारकल्पनं गौरवपराहतमित्याशयः । विशिष्टाद्भावप्रत्ययो विशेषणमभिधत्त इति न्यायेन यथा दण्डित्त्वं दण्ड एव तथैव ज्ञातत्त्वं नाम ज्ञानमेवेति शम् ।।

चिदाभासरहिताया बुद्धेर्ज्ञाततानजननं न सम्भवतीति निरूपणम् –

आभासहीनया बुद्ध्या ज्ञातत्वन्नैव जन्यते।
तादृग्बुद्धेर्विशेषः को मृदादेः स्याद्विकारिणः।।८।।

अन्वयः – आभासहीनया बुद्ध्या ज्ञातत्वं न एव जन्यते तादृग्बुद्धेः विकारिणः मृदादेः कः विशेषः स्यात् ।

व्याख्या :– "अयं घट" इति ज्ञानमपि बुद्धिरेव जनयतु । किं चिदाभासेन ? यथा चाज्ञाततां जननायाज्ञानमेवालमित्याशङ्क्यायां चिदाभाससाहित्यमन्तरेण न केवलबुद्धेर्जडात्मिकायास्तत्सामर्थ्यमित्याह। आभासहीनया चिदाभासविवर्जितया केवलबुद्ध्या घटस्य ज्ञातत्त्वं "ज्ञातो घट" इति व्यवहारहेतुभूतं ज्ञानं नैव जन्यते । किं तत्र कारणमित्युच्यते । तादृग्बुद्धेराभासहीनाया मतेर्विकारिणः प्रकाशरहितस्य मृदादेः को विशेषस्स्यान्नकोऽपि भेद इत्यर्थः । चिदाभासविनिर्मुक्ता बुद्धिर्मृद्वज्जडा । यदि केवलजडस्य ज्ञाततानजनकत्त्वमभ्युपेयते तदा जडेन घटेनैव ज्ञाततानजनने ब्रह्मणैव "ज्ञातो घट" इति भानसंभवाद्बु–

अर्थात् – बुद्धिवृत्ति और उसमें स्थिति चिदाभास दोनों ही घट को व्याप्त करते हैं । उसमें बुद्धिवृत्ति के द्वारा अज्ञान नष्ट होता है और चिदाभास के द्वारा घट स्फुरित होता है । इस पूर्वोक्त वचनानुसार ज्ञानमात्र का उत्पादन करने में चिदाभास को चरितार्थ माना गया है । अतः घट की ज्ञातता और अज्ञातता दोनों ही ब्रह्मचैतन्य से भासित होती है ।

चिदाभास रहित केवल बुद्धि के द्वारा ज्ञातत्वोत्पत्ति संभव नहीं है, इसका वर्णन करते हैं।

अर्थ – चिदाभास रहित बुद्धि के द्वारा ज्ञातता उत्पन्न नहीं होती है । वैसी बुद्धि (चिदाभास रहित बुद्धि) और विकारी मृदा आदि में क्या विशेषता है ? (अर्थात् कुछ नहीं दोनों एक समान जड़ हैं)।।८।।

व्याख्या – अज्ञातता की उत्पत्ति के लिये जैसे चिदाभास से रहित केवल अज्ञान ही कारण है, उसी प्रकार ज्ञातता की उत्पत्ति के लिये बुद्धिवृत्ति ही पर्याप्त है । अर्थात् 'यह घट है' इस प्रकार का ज्ञान तो बुद्धि से ही हो जाएगा उसके लिये चिदाभास की क्या आवश्यकता है ? इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि चिदाभास रहित बुद्धि जड़ होने के कारण ज्ञातत्वोत्पत्ति का सामर्थ्य उसमें नहीं है । चिदाभास रहित केवल बुद्धि के द्वारा घटविषयक ज्ञातता अर्थात् 'मुझे घट ज्ञात है' इस प्रकार के व्यवहार का हेतु रूप जो ज्ञान है, वह उत्पन्न नहीं होता है । उसका कारण बताते हैं कि चिदाभास रहित वैसी बुद्धि और विकारी मिट्टी आदि में क्या विशेषता है ? अर्थात् दोनों में कोई विशेषता नहीं है, क्योंकि दोनों ही जड़ हैं । बुद्धि जड़ प्रकृति का कार्य है । अपञ्चीकृत पञ्चमहाभूतों के सात्विकांश से अन्तःकरण की उत्पत्ति हुई है । बुद्धि उसी की एक वृत्ति है । इसलिये स्वभाव से ही वह जड़ है । पञ्चीकृत पञ्चमहाभूतो में से एक होने के कारण मिट्टी भी जड़ है । चिदाभास से रहित बुद्धि मिट्टी के समान जड़ है । यदि केवल जड़ के द्वारा ही ज्ञातता उत्पन्न हो जाती तो फिर जड़ घट के द्वारा भी ज्ञातता हो जाएगी और मैंने घट को जाना इस प्रकार की प्रतीति ब्रह्म के द्वारा ही होने से बुद्धि की तो सर्वथा निरर्थकता सिद्ध होगी किन्तु घट की सत्तामात्र

द्धेस्सर्वथा निरर्थकतैव भवेत् । न हि घटसत्तामात्रेण बुद्धिव्यापाराभावे "ज्ञातो घट" इति ज्ञानं केनाप्यनुभूयते । अतो जडाद्घटबुद्धेर्विशेषलाभाय तस्य चिदाभाससाहित्यमवश्यमभ्युपेयमिति शम् ।।

चिदाभासरहितबुद्धिव्याप्ते घटे ज्ञातत्त्वाभावस्य निरूपणम् -

ज्ञात इत्युच्यते कुम्भो मृदा लिप्तो न कुत्रचित् ।
धीमात्रव्याप्तकुम्भस्य ज्ञातत्वन्नेष्यते तथा।। ९।।

अन्वयः- कुत्रचित् मृदालिप्तः कुम्भः ज्ञातः इति न उच्यते तथा धीमात्रव्याप्तकुम्भस्य ज्ञातत्वं न इष्यते ।

व्याख्या :- कुत्रचित्कुत्रापि मृदा लिप्तः कुम्भो ज्ञात इति नोच्यते । तथा धीमात्रव्याप्तकुम्भस्य चिदाभासरहितेन जडेन धीमात्रेण व्याप्तो यः कुम्भस्तस्य ज्ञातत्त्वं नेष्यते नोत्पद्यते । तदजननेन धीमात्रव्याप्तावपि ज्ञात इति नोच्यते । लोके घटो विविधशुक्लकृष्णरूपया मृदा लेपनं सम्प्राप्तस्सन्न तावन्मात्रेण ज्ञात इत्युच्यते यद्वत्तथैव चिदाभासरहितबुद्धिव्याप्तस्यापि कुम्भस्य ज्ञातत्त्वं नाभ्युपगम्यत इति दिक् ।।

प्रकृतविषयनिगमनम् -

ज्ञातत्वन्नाम कुम्भेऽतश्चिदाभासफलोदयः।
न फलं ब्रह्मचैतन्यं मानात्प्रागपि सत्त्वतः।। १०।।

अन्वयः - तत् कुम्भे चिदाभासफलोदयः ज्ञातत्वं नाम ब्रह्मचैतन्यं फलं न मानात् प्राक् अपि सत्त्वतः।

व्याख्या :- एतावता प्रपञ्चितमर्थं निगमयति । अत आभासहीनाया मतेर्जातत्त्वजनकत्त्वाभावात्कुम्भे ज्ञातत्त्वं नाम चिदाभासफलोदयचिदाभासस्य व्याप्त्या घटादिज्ञानमुदेतीत्यर्थः । अथ चिदाभासेन

से बुद्धि के व्यापार का अभाव ('ज्ञातो घटः' इस प्रकार का ज्ञान) किसी के भी द्वारा अनुभूत नहीं होता है । इसलिये जड़ घट से बुद्धि की विशेषता के लिये उसका चिदाभासराहित्य अवश्य ही मानना चाहिये ।

उक्तार्थ को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - जैसे मिट्टी से लिपा हुआ घट कहीं भी ज्ञात घट नहीं कहलाता, उसी प्रकार बुद्धिमात्र से व्याप्त घट में भी ज्ञातता संभव नहीं है ।।९।।

व्याख्या - जैसे संसार में कहीं पर भी सफेद, लाल आदि मिट्टी से लेपन किये हुए घट को 'यह घट ज्ञात है' ऐसा नहीं कहा जाता, उसी प्रकार चिदाभास रहित केवल बुद्धिवृत्ति से व्याप्त घट में भी ज्ञातता संभव नहीं है ।

पूर्व विचार का निष्कर्ष बतलाते हैं ।

अर्थ - इसलिये घट में चिदाभास रूप फल की उत्पत्ति ही ज्ञातता है । ब्रह्म चैतन्य को फल नहीं कह सकते, क्योंकि वह प्रमाण के पहले भी विद्यमान है ।।१०।।

व्याख्या - केवल बुद्धिवृत्ति ज्ञातता उत्पन्न करने में समर्थ नहीं है, इसलिये घट में चिदाभास रूप फल की उत्पत्ति ही ज्ञातता नाम से प्रसिद्ध है अर्थात् चिदाभास से व्याप्त होने पर ही घटादि ज्ञान उत्पन्न होता है । यदि कहो कि 'यह घट है' इस प्रकार का ज्ञान ब्रह्मचैतन्य से ही उत्पन्न होता है तो यह कथन

"अयं घट" इति ज्ञानरूपफलोदये तद्घटकज्ञानात्मकं फलं ब्रह्मचैतन्यात्मकमेवेति चेन्नेत्याह । ब्रह्मचैतन्यं फलं न । चिदाभास एव फलं प्रमाणफलं तस्योदय इत्यर्थः । ब्रह्मचैतन्यमेव घटाधिष्ठानीभूतं फलं भवत्त्विति चेन्न । कुतो ? मानाद्बुद्धिवृत्तेः प्रागपि तस्य ब्रह्मचैतन्यस्य सत्त्वतो विद्यमानत्त्वात्। फलस्य तदुत्तरकालिकत्त्वनियमसद्भावात् । यतः केवलाया बुद्धेर्ज्ञातत्त्वजननासममर्थत्त्वमतः कुम्भे चिदाभासलक्षणस्य फलस्योत्पत्तिरेव ज्ञातत्त्वं नाम सुप्रसिद्धमिति भावः । अथापि चिदाभासः कल्पनीय इति नो वाच्यम् । ब्रह्मचैतन्यस्यैव फलस्य सद्भावादिति प्रश्ने इदमुच्यते । ब्रह्मचैतन्यं फलं घटादिस्फुरणं न भवतीति कुत इत्यत्रोच्यते । प्रमाणप्रवृत्तेः पूर्वमपि विद्यमानत्त्वात् । फलस्य तु तदुत्तरकालीनत्त्वनैयत्यादिति शम् ।।

चिदाभासफलोदयो ज्ञातत्त्वमित्यस्य वार्तिकविरोधपरिहरणम् –

परागर्थप्रमेयेषु या फलत्वेन सम्मता ।
संवित्सैवेह मेयोऽर्थो वेदान्तोक्तिप्रमाणतः।।११।।

अन्वयः – परागर्थप्रमेयेषु या फलत्वेन संमता संवित् सा एव इह वेदान्तोक्तिप्रमाणतः मेयः अर्थः।

व्याख्या :– यद्येवं प्रमाणजन्यान्तःकरणवृत्त्यभिव्यक्तं चिदाभासचैतन्यमेव फलं न तु ब्रह्मचैतन्यं फलमिति चेत्तर्हि वार्तिकेन सह विरोध इत्याशङ्कायां चोद्यमिदं वार्तिककारविवक्षानज्ञिभस्येति समादधंस्तद्विवक्षितार्थप्रतिपादनाय तद्वार्तिकं पठति । परागर्थप्रमेयेषु पराञ्चश्चतेऽर्थाश्चेति परागर्थाः प्रत्यगर्थीभूतात्मभिन्नास्सर्वेऽप्यनात्मपदार्था बाह्या घटादयस्तल्लक्षणानि यानि प्रमेयाणि

ठीक नहीं है । ब्रह्म चैतन्य को फल नहीं कह सकते । क्यों नही कह सकते ? तो कहते हैं । क्योंकि ब्रह्म प्रमाण से पूर्व अर्थात् बुद्धिवृत्ति के पहले भी विद्यमान है । जो फल होता है, वह प्रमाण की प्रवृत्ति के उत्तरकाल में ही उत्पन्न होता है । भाव यह है कि ब्रह्मचैतन्य सदा एक समान विद्यमान है । वह नेत्र आदि प्रमाण की प्रवृत्ति के पहले भी उपस्थित रहता है, इसलिये वह प्रमाण के बाद फल रूप से उत्पन्न नहीं हो सकता । वह पहले भी रहे और बाद में उत्पन्न भी हो, यह कभी भी संभव नहीं है । जो पहले नहीं होगा, वही बाद में उत्पन्न होगा । घटाकार वृत्ति उत्पन्न होने के पहले चिदाभास नहीं रहता, इसलिये बाद में प्रतिबिम्बित होकर घटाकार वृत्ति को प्रकाशित करता है । उसे फल व्याप्ति कहते हैं । अतः ब्रह्मचैतन्य को फल न मानकर चिदाभास रूप फल की कल्पना अनुचित नहीं है ।

वार्तिककार से उक्त कथन विरुद्ध नहीं है, इस बात का स्पष्टीकरण करने के लिये सर्वप्रथम वार्तिककार के वचन का उद्धरण देते हैं ।

अर्थ – बाह्य पदार्थ ज्ञेय होने पर जो प्रमाण के फल रूप स्वीकृत ज्ञान है, वही ज्ञान (संवित्) (वेदान्तशास्त्र में) वेदान्त वचन रूप प्रमाण से (महावाक्य के द्वारा) जानने योग्य पदार्थ है ।।११।।

व्याख्या – ब्रह्म चैतन्य फल नहीं है, यह आपका कथन श्रीसुरेश्वराचार्य से असंमत प्रतीत होता है । पूर्वपक्षी की इस शंका का निवारण करने के लिये कहते हैं कि उक्त वार्तिक का रहस्य न जानने के कारण ही यह शंका हो सकती है । बाह्य घटादि पदार्थ ही प्रमेय (प्रमाण के विषय) हैं । उनमें प्रमाण के फल रूप स्वीकृत जो ज्ञान (संवित्) है, वही अद्वैत शास्त्र में वेदान्तोक्ति प्रमाण से ***"अयमात्मा ब्रह्म"***

प्रमाविषयतायोग्यान्यज्ञातघटाद्यवच्छिन्नचैतन्यानि यानि तेषु सत्सु या संविच्चितिः प्रमाणानां फलत्त्वेन ज्ञातत्त्वलक्षणेन प्रमाणफलचैतन्यत्त्वेन सम्मता सर्वैरभियुक्तैरन्यैश्च समभ्युपेतास्ति सैव संविदिहाद्वैतशास्त्रे वेदान्तोक्तिप्रमाणतोऽयमात्मा ब्रह्मेत्याद्युपनिषिन्महावाक्यैकजन्यप्रमाणवृत्तितः वेदान्तवाक्यलक्षणप्रमाणेन यो मेयः प्रमितिविषयीकरणीयो ज्ञेयोऽर्थोऽद्वैतब्रह्मलक्षणः प्रमितेर्विषयो भवति । आत्मचैतन्यस्यैव श्रुतिप्रतिपादिततया तस्यैवात्र वचने फलत्त्वोक्त्यात्मचैतन्यस्य फलत्त्वाभावोक्तिरसङ्गतेति यावत् । अत एवोक्तं दशश्लोकीव्याख्यायामचार्यैर्मधुसूदनस्वामिभिः "एवमत्र प्रक्रिया शरीरमध्ये स्थितस्सर्वशरीरव्यापकस्सत्त्वप्राधान्येन सूक्ष्मपञ्चभूतारब्धोऽन्तःकरणाख्योऽविद्याविवर्तो दर्पणादिवदतिस्वच्छो नेत्रादिद्वारा बहिर्निर्गत्य योग्यान्घटादिविषयानवाप्य तत्तदाकारो भवति द्रुताम्रादिवत्तस्य च सौरालोकादिवज्झटित्येव सङ्कोचविकासावुपपद्येते स च सावयवत्त्वात्परिणममाणो देहाभ्यन्तरे घटादौ च सम्यग्व्याप्य देहघटयोर्मध्येऽपि चक्षुर्वदवच्छिन्नो व्यवतिष्ठते । तत्र देहावच्छिन्नोऽन्तःकरणभोगोऽहङ्काराख्यः कर्तेत्युच्यते देहविषयमध्यवर्ती दण्डायमानस्तद्भागो विषयस्य ज्ञानकर्मत्त्वसम्पादकमभिव्यक्तियोग्यत्त्वमित्युच्यते तस्य च त्रिभागस्यान्तःकरणस्यातिस्वच्छत्त्वाच्चैतन्यं तत्राभिव्यज्यते । तस्याभिव्यक्तस्य चैतन्यस्यैकत्त्वेऽप्यभिव्यञ्जकान्तःकरणभागभेदात्त्रिधा व्यपदेशो भवति । कर्तृभागाविच्छन्नश्चिदंशः प्रमाता । क्रियाभागाविच्छिन्नश्चिदंशः प्रमाणम् । विषयगताभिव्यक्तियोग्यत्त्वभागावच्छिन्नश्चिदंशः प्रमितिरिति । प्रमेयं तु विषयगतं ब्रह्मचैतन्यमेव। ज्ञानं तदेव च ज्ञातं सत्फलमिति"। एवं चाधिष्ठानत्त्वाद्विषयगतब्रह्मचैतन्यस्यैव ज्ञातत्त्वोपहितत्त्वेन फलत्त्वमिति तु निर्विवादमेव । तथा च गामानयेति गुरुणाज्ञाप्तशिष्यश्शुक्लां गामानयन्नपि किमिति शुक्ला गौरेवानीतेति तेनासौ नैव तिरस्क्रियते । तस्मा"द्विशिष्टं शुद्धान्नातिरिच्यत"इति न्यायः फलति। तेनैवेदं वार्तिकमवाङ्मनसगम्ये शुद्धे ब्रह्मणि बुभुत्सुबुद्ध्यप्रवेशात्तदनुजिघृक्षया प्रवृत्तमिति दिक् ।।

इत्यादि वेदान्त के महावाक्य रूप उक्ति के प्रमाण से ज्ञेय पदार्थ है अर्थात् प्रमिति का विषय होता है। पूर्वपक्षी का भाव यह है कि श्रुति प्रतिपादित आत्मचैतन्य ही उक्त वार्तिककार के वचनानुसार फल रूप से कहा गया है अतः आपके द्वारा कहा गया फलत्व का अभाव असंगत है । कुछ लोगों का मानना है कि श्रीसुरेश्वराचार्य जी अपने इस वार्तिक में ब्रह्मचैतन्य को ही फल मानते हैं, वे चिदाभास की अवधारणा को स्वीकार नहीं करते हैं । वे कहते हैं कि ब्रह्म पदार्थ प्रमेय है, उसमें प्रमाण की प्रवृत्ति होने से फल रूप में उपलब्ध जो चेतना है, वही वेदान्त-वाक्यों के द्वारा जानी जाती है । इससे सिद्ध होता है कि ब्रह्मचैतन्य ही फलव्याप्ति रूप से जाना जाता है । वेदान्त वाक्यों से ब्रह्मचैतन्य ही जानने योग्य है, चिदाभास नहीं । वस्तुतः इस श्लोक का 'संवित्' पद ही भ्रान्ति उत्पन्न करता है । इसी का निवारण अगले श्लोक में किया जाएगा ।

वार्तिककाराशयनिरूपणम् –

इति वार्तिककाराणां चित्सादृश्यं विवक्षितम् ।
ब्रह्मचित्फलयोर्भेदस्साहस्र्यां विश्रुतो यतः ॥१२॥

अन्वयः – इति वार्तिककाराणां चित्सादृश्यं विवक्षितम् यतः ब्रह्मचित्फलयोः भेदः साहस्र्यां विश्रुतः ।

व्याख्या :– वार्तिककाराशयप्रदर्शनेन प्रकृतविरोधं परिहरति । तत्तात्पर्यरहस्यानभिज्ञस्य ब्रह्मचैतन्यफलचैतन्ययोः शुद्धत्त्वकिञ्चिद्धर्मविशिष्टत्त्वाभ्यां भेदवादिनं प्रतितद्विरोधप्रदर्शनार्थं प्रकृतवार्तिकोपन्यासे सति तत्तात्पर्यं सिद्धान्त्यभिधत्ते । इति प्रकृतवार्तिके पूर्वमुदाहृते चित्सादृश्यं चित्त्वेनैव ब्रह्मचैतन्यप्रमाणफलचैतन्ययोः । चिदाभासफलस्य चिता ब्रह्मचैतन्येन सादृश्यमत्र विवक्षितम्। न तु चिद्रूपत्त्वम् । अतोऽत्र तत्साम्यमत्र वक्तुमिष्टं वार्तिककाराणाम् । तदेतत्कुतोऽवगम्यते ? अन्यथा वार्तिककाराणामपि गुरुभिर्भगवत्पादैर्भाष्यकारैरुपदेशसाहस्र्यामुपलभ्यमानस्य वचनस्य विरोधस्स्यादत आह । यतस्तत्र ब्रह्मचैतन्यचिदाभासयोर्भेदः प्रत्यपादि । ब्रह्मचित्फलयोर्ब्रह्मचिच्च फलं ब्रह्मचित्फले तयोर्भेदस्साहस्र्यां यतो विश्रुतः । श्रीमद्भगवत्पादभाष्यकाराणामुपदेशसाहस्रीस्थानीमानि वचनानि । "चिन्मात्रज्ज्योतिषा सर्वास्सर्वदेहेषु बुद्धयः । मया यस्मात्प्रकाश्यन्ते सर्वस्यात्मा ततोऽह्यहम्। करणं कर्म कर्ता च क्रिया स्वप्रे फलं च धीः । जाग्रत्येवं यतो दृष्टा द्रष्टा तस्मात्ततोऽन्यथा । इति। अत्र च व्याख्यातारो रामतीर्था एवं वदन्ति । "द्रष्टात्मा ततो बुद्धेरन्यथा यादृशस्सत्योऽखण्डैकरसो भवतीत्यर्थः । तस्मादत्र फलादीनां ब्रह्मचैतन्यभास्यत्त्वोक्तेः फलीभूतस्य चिदाभासस्य ब्रह्मचैतन्याद्भेदस्स्पष्टमेवोक्तः । तथा च वार्तिककाराणां संविदः फलत्त्वोक्तिर्भगवत्पादवचनाविरोधेन व्याख्येयेति संवित्सादृश्याभिप्रायिकैवेति समभ्युपगन्तव्या । तस्माच्चेह चिन्मात्रेत्यादिना ब्रह्मात्मचैतन्यस्य

वार्तिककार के अभिप्राय को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ – पूर्वोक्त श्लोक से वार्तिककार (श्रीसुरेश्वराचार्य) 'चित् के सदृश' ऐसा कहना चाहते हैं क्योंकि उपदेशसाहस्री में ब्रह्मचैतन्य और चिदाभास रूप फल का भेद प्रसिद्ध ही है ।।१२।।

व्याख्या – "परागर्थप्रमेयेषु ....." वार्तिककार के इस वचन में पठित संवित् का अर्थ चित्सादृश्य से है अर्थात् चिदाभास रूप फल का ब्रह्मचैतन्य से सादृश्य ही विवक्षित है, चिद्रूपत्व नहीं । श्रीसुरेश्वराचार्य जी के श्लोक में संवित् का तात्पर्य चैतन्य अवश्य है किन्तु बुद्धिवृत्ति को प्रकाशित करने वाला चैतन्य ब्रह्मचैतन्य नहीं हो सकता । वह चिदाभास ही होना चाहिये । इसलिये ग्रन्थकार 'संवित्' का अर्थ 'चित्सदृश' करते हैं । अब प्रश्न यह है कि ग्रन्थकार श्रीवार्तिककार के श्लोक में पठित संवित् का अर्थ चिदाभास या चित्सदृश क्यों मानते हैं ? इसका आधार क्या है ? इस शंका के निवारणार्थ ग्रन्थकार कहते हैं कि श्रीवार्तिककार के गुरु श्रीआद्यशंकराचार्य जी हैं और उन्होंने अपने ग्रन्थ में ब्रह्मचैतन्य और चिदाभास का भेद स्पष्ट रूप से प्रतिपादित किया है । भगवान् सदाशिव की ज्ञानमूर्ति श्रीआद्यशंकराचार्य जी ने प्रस्थानत्रयी पर भाष्य लिखा है, इसलिये उनको भाष्यकार के नाम से जाना जाता है तथा उनके भाष्य पर वार्तिक की रचना करने के कारण उनके प्रमुख चार शिष्यों में से अन्यतम शिष्य श्रीसुरेश्वराचार्य

फलमिति फलचैतन्यभेदस्स्पष्ट एवेति भावः । अथापि वार्तिकमेतद्वेदान्तकल्पलतिकायां ब्रह्मचैतन्यपरमित्यर्थवर्णनं पुनरपि विरोधमेवोद्भावयति । तथा हि - तत्र हि ब्रह्मणि वृत्तिव्याप्तिं प्रकृत्योक्तम् । यत्तु "फलव्याप्यत्त्वमेवास्य शास्त्रकृद्भिर्निराकृतं ब्रह्मण्यज्ञाननाशाय वृत्तिप्याप्तिरपेक्षिते" त्युक्तत्त्वात्फलव्याप्यत्त्वमेव जडत्त्वापादकमित्याहुः, तन्न । प्रमाणजन्यान्तःकरणवृत्त्यभिव्यक्तचैतन्यस्यैव शास्त्रे फलवत्त्वव्यपदेशात्तद्व्याप्यत्त्वस्यैव जडत्त्वापादकत्त्वे ब्रह्मण इव साक्षिभास्यानामपि जडत्त्वं न स्यात् । चैतन्यकर्मता तु चिद्भिन्नत्त्वावच्छेदेन सर्वत्रेवेति सैव जडत्त्वप्रयोजिका । उदाहृतकारिकायामिति द्रष्टव्यम् । ननु वृत्तिविषयत्त्वेन तदुपरक्तचैतन्यविषयत्त्वमपि नियतम्। वृत्तेश्चिदाकारगर्भिण्या एवोत्पत्तेः। तदुक्तम्- "वियद्वस्तु स्वभावानुरोधादेव न कारकात् । वियत्सम्पूर्णतोत्पत्तौ कुम्भस्यैव दृशा धियाम्।। घटदुःखादिरूपत्त्वं धियो धर्मादि हेतुतः । स्वतस्सिद्धार्थसम्बोधव्याप्तिर्वस्त्वनुरोधतः ।।" इति । तथा च चैतन्यविषयत्त्वेन जडत्त्वं वृत्तिचैतन्यरूपत्त्वान्न तद्व्याप्यता । फले फलान्तरानुपपत्तेः । तद्भिन्नानां तु स्वतो न कोऽपि दोषः । तदुक्तम् "परागर्थप्रमेयेषु या फलत्त्वेन सम्मता । संवित्सैवेह मेयोऽर्थो वेदान्तोक्तिप्रमाणतः" इति । एवञ्च प्रकृतग्रन्थकाराणामुपदेशसाहस्र्यनुरोधेन तद्वार्तिकस्थफलपदं "ब्रह्मचैतन्यसदृशपरमभिमतमन्यथोपदेशसाहस्र्युक्तस्स्वोक्तिश्च ब्रह्मचैतन्यफलचैतन्ययोर्भेदः प्रतिरुद्धस्स्यादुदाहृतकल्पलतिकाग्रन्थे तावत्तयोरभेद एव स्फुटीभवति चेत्सत्यम् । उक्तकल्पलति-कायामप्यव्यवहितपूर्वग्रन्थे "अथवा चैतन्यविषयतैव सर्वत्र जडत्त्वापादिका न तु वृत्तिविषयतापि । "यतो वाचो निवर्तन्ते ।" "न चक्षुषा गृह्यते नापि वाचा" "तं त्त्वौपनिषदं पृच्छामि" "नावेदविन्मनुते तं बृहन्तं" "वेदेनैव यद्वेदितव्य"मित्याद्युभयविधश्रुत्यनुसारेण कल्पनादियुक्तेश्शुद्धब्रह्मविषयक एव वृत्तिविचारेष्वपीति तु निर्विवादम् । तेन वृत्त्युपरक्तचैतन्यस्येत्यादावत्र सिद्धान्तग्रन्थे वृत्त्या विचारित"तत्त्वमस्या"दिवाक्यजन्यया "अहं ब्रह्मास्मी"त्यखण्डाकारचरमवृत्त्योपरक्तं मूलाविद्याध्वंसद्वारा सम्बद्धमिव यद्ब्रह्मात्मचैतन्यं तस्य स्वयमेव चैतन्यरूपत्त्वान्न तद्व्याप्यत इत्याद्युपपाद्य तत्र सम्मतित्त्वेनोदाहृतमिदं वार्तिकं "परागर्थप्रमेयेष्वि"त्यादि । तत्र परागर्था अनात्मरूपा ये

जी को वार्तिककार के नाम से जाना जाता है, जो आद्य शंकरचार्य जी के द्वारा स्थापित भारत की चार धर्मराजधानियों में चार आम्नाय पीठों में सर्वप्रथम स्थापित श्रीद्वारका शारदापीठ के सर्वप्रथम आचार्य थे । वे अन्त्यन्त गुरुभक्त थे और गुरु के सिद्धान्त को पुष्ट करना ही उनका लक्ष्य था अतः वे गुरु के सिद्धान्त विरुद्ध कुछ लिखें यह उचित प्रतीत नहीं होता इसलिये गुरु और शिष्य के वचनों में एकवाक्यता लाने के लिये श्रीसुरेश्वराचार्य जी के श्लोक का वही अर्थ करना उचित होगा जो श्रीशंकराचार्य जी के मतानुकूल हो । आद्य शंकराचार्य जी ने उपदेशसाहस्री नामक ग्रन्थ में लिखा है कि -

चिन्मात्रज्योतिषा सर्वाः सर्वदेहेषु बुद्धयः ।
मया यस्मात्प्रकाश्यन्ते सर्वस्यात्मा ततो ह्यहम् ।।
करणं कर्म कर्ता च क्रिया स्वप्ने फलं च धीः।
जाग्रत्येवं यतो दृष्टा द्रष्टा तस्मादतोऽन्यथा ।। (उ.सा. १४/७,८)

अर्थात् - क्योंकि समस्त शरीरों में समस्त बुद्धियाँ चिन्मात्र ज्योति स्वरूप मेरे ही द्वारा प्रकाशित

घटादयस्तल्लक्षणानि यानि प्रमेयाणि तेषु या संविच्चितिस्तद्विषयकचक्षुरादिजन्यबुद्धिवृत्त्यवच्छिन्ना चित्फलत्त्वेन प्रमाणजन्यान्तःकरणवृत्त्यभिव्यक्तचैतन्यस्यैव शास्त्रे फलत्त्वव्यपदेशा''दित्यत्रैव प्राक्फलचैतन्यलक्षणस्योक्तत्त्वात्तत्फलत्वेन च सम्मता । ''करणं कर्म कर्ता च क्रिया स्वप्ने फलं च धीः। जाग्रत्येवं यतो द्रष्टा'' इत्यादि भाष्यकाराणां समभिप्रेतास्ति । वेदान्तोक्तिप्रमाणतस्तु मेयोऽर्थ एव ब्रह्मात्मैकत्त्वलक्षणः पारमार्थिकः पुरुषार्थस्सा भवति नैव तत्र घटादिवत्स्फोरणार्थं फलचैतन्याख्यनिरुक्तसंविदान्तरापेक्षा । तस्या एव स्वप्रकाशत्त्वात् । तथा चैवकारोऽयं मेयोऽर्थ एवेति योजनीया एवं च मूले । ''ज्ञातत्त्वं नाम कुम्भे तच्चिदाभासफलोदयः । न फलं ब्रह्मचैतन्यं मानात्प्रागपि सत्त्वत'' ।। इत्युक्त्वा घटाद्याकारप्रमाणवृत्तिविचारे फलचैतन्यब्रह्मचैतन्ययोस्स्पष्टभेद-मसहमानस्योक्तवार्तिके सैवेति यथाश्रुतग्राहिणस्तादृशस्य पूर्वपक्षिणो घटादिप्रतिकर्मव्यवस्थाव्युत्पादनार्थ-मुक्तवार्तिकमेव पठित्त्वाग्रे ''इति वार्तिककाराणां चित्सादृश्यं विवक्षित''मित्यादिना सहेतुकं फलत्त्वेन या सम्मतेत्यादेस्स्वारस्यं न्यरूपीति को वात्र प्रकृतमूलग्रन्थस्य वेदकल्पलतिकाग्रन्थस्य चोपजीव्योपजीवकविरोधगन्धोऽपीति चिन्मात्रस्याद्वितीयत्त्वेऽपि प्रतिकर्मव्यवस्थायां तत्तदवच्छेदेन षोढा भेदास्सुनिरूपिताः – ''पूर्वाढ्यस्फटिकोच्चापवरकगलद्दीपवच्छुद्ध आत्मा तद्भावस्स्यात्स साक्षी तदुपहितकवत्पर्ववत्स प्रमाता । मानं मेयं मितिस्तत्फलमपि च बहिः प्रस्फुरंस्तत्प्रकाशः कुम्भाद्यन्तं यथैवं सकरणगमतीद्धस्स्फुरत्यद्वयोऽपी''ति । तस्मान्न कोऽपि विरोध इति शम् ।।

ब्रह्मचैतन्यफलचैतन्ययोर्भेदयुक्त्यन्तरप्रदर्शनम् –

आभास उदितस्तस्माज्ज्ञातत्वं जनयेद्घटे ।
तत्पुनर्ब्रह्मणाभास्यमज्ञातत्ववदेव हि ।।१३।।

अन्वयः – तस्मात् घटे उदितः आभासः ज्ञातत्वं जनयेत् तत् पुनः अज्ञातत्ववत् ब्रह्मणा एव भास्यम् हि ।

व्याख्या :– यस्माद्ब्रह्मचित्फलयोर्भेदः प्रतिद्धवस्तस्तस्माद्ब्रह्मचितः फलत्त्वाभास्यसिद्धत्त्वाद्घटे

होती हैं, अतः मैं सभी का आत्मा हूँ । जिस प्रकार स्वप्नावस्था में करण, कर्म, कर्ता और फल ये सब बुद्धिमात्र ही हैं, उसी प्रकार ये सब जाग्रदवस्था में भी हैं क्योंकि ये सब दृश्य हैं, इसलिये इन सब से दृष्टा पृथक् है । इन श्लोकों में फल आदि का ब्रह्मचैतन्य से भास्यत्व कहा गया है, अतः फलीभूत जो चिदाभास है वह ब्रह्मचैतन्य से भिन्न है, ऐसा स्पष्टरूप से ज्ञान होता है । अतः वार्तिककार के द्वारा प्रतिपादित संवित् की फलोक्ति का भाष्यकार के वचन से अविरोध दिखाने के लिये ही ग्रन्थकार ने संवित् शब्द से चित्सादृश्य कहा है और श्रीसुरेश्वराचार्य जी का भी यही अभिप्राय है ।

उक्त कथन से प्रकृत में क्या आया ? इस शंका का निवारण करते हैं ।

अर्थ – इसलिये घट में उत्पन्न हुआ चिदाभास घट में ज्ञातता को उत्पन्न करता है और वह (ज्ञातत्व) पुनः अज्ञातत्व की तरह ब्रह्मचैतन्य के द्वारा ही प्रकाशित होता है ।।१३।।

व्याख्या – उक्त विवेचन का निर्णय बताते हुए ग्रन्थकार कहते हैं कि ब्रह्मचैतन्य और फल

उदितस्तत्समकालमेव व्याप्तो घटाकाशवदुत्पन्नस्सन्नालोकसहकृतचक्षुस्सन्निकृष्टघटाकारबुद्धि-वृत्तावाभाश्चिदाभासो "यं घट" इति तत्र घटे ज्ञातत्त्वं जनयेत् । तत्पुनरज्ञातत्त्ववद्ब्रह्मणैवाभास्यं भवति । अज्ञातत्त्ववदेव तज्ज्ञातत्त्वं ब्रह्मणा भास्यते तद्वदेव ब्रह्मणैव भास्यं भवतीति शम् ।।

ब्रह्मचिदाभासयोर्विषयभेदेन भेदप्रदर्शनम् -

धीवृत्त्याभासकुम्भानां समूहो भास्यते चिता ।
कुम्भमात्रफलत्वात्स एक आभासतः स्फुरेत् ।।१४।।

अन्वयः- धीवृत्त्याभासकुम्भानां समूहः चिता भास्यते कुम्भमात्रफलत्वात् आभासतः सः एकः स्फुरेत् ।

व्याख्या :- प्रदर्शित एव ब्रह्मचिदाभासयोस्स्वरूपतो भेदः । सम्प्रति ब्रह्मचैतन्यफलचैतन्ययोर्भेदे युक्त्यन्तरमपि प्रदिदर्शयिषुर्विषयभेदेनापि तद्भेदं निरूपयति । धीवृत्त्याभासकुम्भानां विषयाकारकारिता धीवृत्तिः प्रमाणजन्या मनोवृत्तिस्तदवभासकश्चिदाभासः प्रमाणफलाख्यस्तदृतश्चिदाभासस्तद्विषयः कुम्भस्तत्र विषयीभूतो घटश्चेति तेषां द्वन्द्वस्तेषां समूहस्सङ्घश्चिता घटाधिष्ठानीभूतब्रह्मचैतन्येन भास्यते प्रकाश्यते। चिदाभासस्य कुम्भमात्रफलत्त्वात्कुम्भमात्रनिष्ठज्ञाततताफलरूपत्त्वाच्चिदाभासः कुम्भमात्रमेव ज्ञापयति तेनाभासेन स घट एक एव स्फुरेत् । एवं च चितो धीवृत्त्याभासकुम्भास्त्रयो विषया आभासस्य तु कुम्भमात्रमेव विषय इति विषयतोऽपि भेदस्स्पष्ट एवेति भावः । तस्माद्विषयविभेदेनापि ब्रह्मचैतन्यफलचैतन्ययोर्भेद इति शम् ।।

(चिदाभास) इन दोनों का भेद प्रसिद्ध है । इसलिये घट में उत्पन्न हुआ चिदाभास 'यह घट है' इस प्रकार घट में ज्ञातता उत्पन्न करता है और वह ज्ञातत्व भी अज्ञातत्व की तरह ब्रह्म के द्वारा ही भासित होता है अर्थात् जैसे बुद्धि के उत्पन्न होने से पूर्व अज्ञातता ब्रह्म के द्वारा भासित होती है, वैसे ही ज्ञातता भी ब्रह्मचैतन्य के द्वारा ही भासित होती है ।

ब्रह्म और चिदाभास के विषय भिन्न होने के कारण दोनों में भेद है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - बुद्धिवृत्ति, चिदाभास और घट, इन तीनों का समूह चैतन्य के द्वारा प्रकाशित होता है किन्तु चिदाभास घट-मात्र में फल रूप होने के कारण केवल घट को ही प्रकाशित करता है ।।१४।।

व्याख्या - ब्रह्मचैतन्य और चिदाभास का भेद सिद्ध करने के लिये पुनः तर्क प्रस्तुत करते हैं । ब्रह्मचैतन्य और चिदाभास इन दोनों के विषय भिन्न-भिन्न हैं इसलिये दोनों में भेद मानना उचित ही है । उदाहरण के लिये कान और आँख दो भिन्न इन्द्रियाँ हैं, क्योंकि दोनों के विषय भिन्न हैं । कान का विषय केवल शब्दश्रवण करना है और आँख का विषय रूप ग्रहण करना है । इसी प्रकार ब्रह्मचैतन्य का विषय बुद्धिवृत्ति, चिदाभास और घट इन तीनों के समूह को प्रकाशित करना है तथा चिदाभास का विषय केवल घट को ही प्रकाशित करना है । इन दोनों प्रकार की चेतनाओं के स्वरूप भिन्न हैं, इसलिये दोनों के कार्य भी भिन्न हैं । तात्पर्य यह है कि विषयभेद होने के कारण भी ब्रह्मचैतन्य और चिदाभास दोनों भिन्न ही है ।

घटस्य चिदाभासब्रह्मोभयभास्यत्त्वे लिङ्गप्रदर्शनम् –

चैतन्यं द्विगुणं कुम्भे ज्ञातत्वेन स्फुरत्यतः।
अन्येऽनुव्यवसायाख्यमाहुरेतद्यथोदितम् ॥१५॥

अन्वयः – अतः कुम्भे ज्ञातत्वेन द्विगुणं चैतन्यं स्फुरति यथोदितम् एतत् अन्ये अनुव्यवसायाख्यम् आहुः ।

व्याख्या :– धीवृत्त्याभासकुम्भानां त्रयाणामपि साधारण्येन ब्रह्मचैतन्यभास्यत्त्वं यदुच्यतेऽत्र तत्किम्प्रमाणकमित्याशङ्क्यायां कार्यलिङ्गकानुमानमेवेति ध्वनयन्समाधत्ते । धीवृत्त्याभासकुम्भानां मध्ये यतः कुम्भ एक एव ज्ञातत्त्वेन "ज्ञातो मया कुम्भ" इति "कुम्भविषयकज्ञानवानहमिति वा सम्यक्परिस्फुरत्यतो हेतोः घटस्य चिदाभासब्रह्मचैतन्योभयभास्यत्त्वात्कुम्भे चैतन्यं द्विगुण"मयं कुम्भ" इति "ज्ञातो मया कुम्भ" इति च ज्ञातत्त्वेन स्फुरणद्वयं भवति । न तु धीवृत्तिचिदाभासयोरिति भावः। तत्र "अयं कुम्भ" इति प्राथमिकज्ञाने धीवृत्त्याभासकुम्भानां दृश्यत्त्वसाधारण्येन भानेऽपि प्रमातुश्चक्षुरादिप्रमाणप्रवृत्तेः कुम्भमात्रप्रमित्यर्थत्त्वात्साक्षिमात्रभास्यधीवृत्त्याभासयोस्तदविषयत्त्वाच्च। नन्व"यं घट" इति प्राथमिकज्ञाने यथा साक्षिणा धीवृत्त्यादयस्त्रयोऽपि विषयीक्रियन्ते तथा द्वितीये "ज्ञातो घट" इत्यादिरूपे ज्ञानेऽपि ब्रह्म चैतन्याख्यसाक्षिणैव ते विषयीक्रियन्तेऽत्रैकस्मिन् कुम्भ एव किमिति ज्ञानभानस्फुरणसंविच्चिति चैतन्यादिपदानामनर्थान्तरत्त्वेन चैतन्यद्वैगुण्यं स्वीक्रियत इति चेत्सत्यम्। प्राथमिकज्ञानस्यैव भानात्तन्नान्तरीयकतया बुद्धिवृत्तितदवच्छिन्नचिदाभासयोस्तु साक्षिरूपज्ञाने नैव भानाच्च । "ज्ञातो घट" इत्याद्याकारके कुम्भज्ञानविषयके ज्ञाने तु तदवच्छिन्नश्चिदाभासश्च तुल्यकालमेव

घट चिदाभास और ब्रह्म दोनों के द्वारा प्रकाशित होता है, इस विषय में हेतु दर्शाते हैं ।

अर्थ – अतः घट में ज्ञातता रूप से द्विगुण चैतन्य स्फुरित होता है । पूर्वोक्त इस ब्रह्मचैतन्य को ही अन्य लोगों ने (नैयायिकों ने) अनुव्यवसाय नाम वाला कहा है ।।१५।।

व्याख्या – ब्रह्मचैतन्य और चिदाभास इन दोनों के द्वारा घट प्रकाशित होता है, इसलिये घट में ज्ञातता रूप द्विगुण चैतन्य स्फुरित होता है अर्थात् चैतन्य के द्वारा दो प्रकार का ज्ञान होता है – एक सामान्य ज्ञान और दूसरा विशेषज्ञान । घट का ज्ञातत्व भी दो प्रकार से स्फुरित होता है । पहले बुद्धिवृत्ति के द्वारा घट का विशेष ज्ञान होता है, इसे चिदाभास प्रकाशित करता है । इसके बाद घट के ज्ञान को ब्रह्मचैतन्य प्रकाशित करता है, यह सामान्य ज्ञान है । ब्रह्मचैतन्य के द्वारा प्रकाशित इस सामान्य ज्ञान को ही नैयायिक लोग अनुव्यवसाय कहते हैं । व्यवसाय का मतलब ज्ञान है और उस ज्ञान के अनुसार तद्विषयक ज्ञान को अनुव्यवसाय कहते हैं । उनके अनुसार इसकी स्फुरणा ब्रह्मचैतन्य के द्वारा नहीं होती । वे इसे बुद्धि का ही अनुव्यवसाय कहते हैं । नैयायिकों का मत है कि जब मन इन्द्रियों के द्वारा कार्य करता है तब घट का ज्ञान होता है और इन्द्रियों का कार्य पूर्ण हो जाने पर पुनः जब घट के ज्ञान का ज्ञान होता है, वह बुद्धि का ही अनुव्यवसाय है । वेदान्तमतानुसार इस मत में अनवस्था नामक दोष आता है । यदि

विषयीक्रियन्त इति युक्तमेव घटो चैतन्यस्य द्वैगुण्यकथनम् । अनुमानप्रयोगस्त्वत्रेत्थम्। "अयं घट" इति ज्ञाने स्फूर्यमाणानां धीवृत्त्याभासकुम्भानां मध्ये विमतः कुम्भ एव चैतन्यद्वैगुण्यवान्। व्यतिरेके प्रमित्यादिवदिति । यावत्प्रमाणविषयाणां पक्षसमतयान्वयदृष्टान्ताभावादयं हेतुः केवलव्यतिरेक्येव। इदमेव हि घटज्ञाततावभासकं चैतन्यं तार्किकैर्नामान्तरेणानुव्यवसाय इति व्यवह्रियते । अत एव नैयायिकादिभिः प्रमिते वस्तुनि ज्ञानद्वैगुण्यङ्गीकरणादर्शनादिदं परिभाषामात्रमेवेत्युक्तिरपि परास्ता । यतस्तैरन्यैश्च तैर्थिकैरस्मदुक्तस्य ज्ञानविषयकसाक्षिज्ञानस्यैवानुव्यवसायत्त्वेनाङ्गीकृतम् । यथोदितं यथावदुपपादितमस्माभिः। एतत्प्रमिते वस्तुनि ज्ञानत्त्वेन स्फुरणम् । अन्ये तार्किका आहुः । यथोदितप्रकारेणोदितं घटज्ञाततावभासकं ब्रह्मचैतन्यमन्ये तैर्थिका अनुव्यवसायाख्यं तन्नामकं ज्ञानान्तरमाहुः। ज्ञानं व्यवसाय इति तेषां समये प्रसिद्धः । तस्माद्घटस्य चिदाभासब्रह्मोभयभास्यत्त्वे कार्यलिङ्गानुमानमेव प्रमाणमिति दिक् ।।

घटादीनां चिदाभासब्रह्मचैतन्योभयभास्यत्त्वेऽनुभवप्रमाणप्रदर्शनम् -

घटोऽयमित्यसावुक्तिराभासस्य प्रसादतः।
विज्ञातो घट इत्युक्तिर्ब्रह्मानुग्रहतो भवेत् ।।१६।।

अन्वयः - अयं घटः इति असौ उक्तिःआभासस्य प्रसादतः। विज्ञातः घटः इति उक्तिः ब्रह्मानुग्रहतः भवेत्।

व्याख्या :- "अयं घट" इति व्यवहारभेदादपि चिदाभासब्रह्मणोर्भेदोऽवगन्तव्यः । तदेतत्सर्वं पूर्वोक्तमर्थं सर्वानुभवसाधारण्येन बुद्धावधिरोहयति । "अयं घट" इत्यसावुक्तिराभासस्य प्रमित्यवच्छिन्नचिदाभासस्य प्रसादतो भवेत् । "घटो विज्ञात" इत्युक्तिस्तु ब्रह्मानुग्रहतो ब्रह्मणो घटाधिष्ठानीभूतब्रह्मचैतन्यस्यानुग्रहतो भवेदिति शम् ।।

घट का ज्ञान बुद्धि से होता है और उस ज्ञान का भी ज्ञान बुद्धि से ही होता है तो पुनः उस ज्ञान का ज्ञान बुद्धि के द्वारा क्यों नहीं होगा ? और यदि ऐसा होता है तो निश्चय ही इसमें अनवस्था दोष आ जाता है । वेदान्त मतानुसार घटज्ञान का ज्ञान बौद्धिक ज्ञान नहीं है, वह ब्रह्मचैतन्य का ही सामान्य ज्ञान है। उसका अन्य कोई ज्ञाता न होने के कारण वेदान्त मत में अनवस्था दोष की संभावना नहीं है ।

उक्तार्थ में अनुभव प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - 'यह घट है' इस प्रकार का कथन रूप व्यवहार चिदाभास की कृपा से होता है और 'घट ज्ञात हुआ' इस प्रकार का कथन रूप व्यवहार ब्रह्मचैतन्य के अनुग्रह से होता है ।।१६।।

व्याख्या - घट में ज्ञान का व्यवहार दो प्रकार से होता है 'यह घट है' और 'घट ज्ञात हुआ' । पहले प्रकार का ज्ञान चिदाभास के प्रसाद से होता है । घटाकार वृत्ति चिदाभास से प्रकाशित होती है और उसके फलस्वरूप घट का ज्ञान होता है कि मैं घट को जानता हूँ, घट की यह ज्ञातता ब्रह्मचैतन्य के अनुग्रह से प्रकाशित होती है । इस प्रकार चेतना के ये द्विविध व्यवहार हैं । इससे यह भी सिद्ध होता है कि चेतनाएँ भी दो प्रकार की हैं और वे दोनों भिन्न-भिन्न हैं ।

कूटस्थचिदाभासयोर्विवेचनम् -

आभासब्रह्मणी देहाद्बहिर्यद्वद्विवेचिते।
तद्वदाभासकूटस्थौ विविच्येतां वपुष्यपि॥१७॥

अन्वयः - देहात् बहिः आभासब्रह्मणी यद्वत् विवेचिते। तद्वत् वपुषि अपि आभासकूटस्थौ विविच्येताम् ।

व्याख्या :- एवं तत्पदार्थपरिशोधनार्थं देहाद्बहिर्ब्रह्मचिदाभासौ विविच्य तद्दृष्टान्तेन पुनस्त्वंपदार्थशोधनार्थमुपक्रम एवोपन्यस्तं कूटस्थाभासयोर्विवेचनं विधत्ते । यथा देहाद्बहिश्चिदाभासब्रह्मणी विविच्येते तथा देहस्यापि चिदाभासकूटस्थौ विविच्येतां विवेचनीयौ । बाह्ये प्रपञ्चे यद्वच्चिदाभासब्रह्म-चैतन्ययोर्विवेचना प्रवर्तते तद्वच्छरीरेऽपि कर्तव्या कूटस्थचिदाभासयोर्विवेचनेति भावः । न चोपक्रम एव तद्विवेचनस्य कृतत्त्वादलं पुनस्तद्विवेचनविधानेनेति वाच्यम् । देहादिपञ्चकोशाध्यासेन तदविवेकस्य सर्वार्थप्रयोजकत्त्वेन तन्निरासार्थं तद्विवेचन एव दाढ्यार्धिक्यापेक्षणार्थत्त्वादिति शम् ।।

कूटस्थाभासयोर्विवेचनप्रकारनिरूपणम् -

अहंवृत्तौ चिदाभासः कामक्रोधादिकासु च।
संव्याप्य वर्तते तप्ते लोहे वह्निर्यथा तथा॥१८॥

अन्वयः - यथा तप्ते लोहे वह्निः संव्याप्य वर्तते तथा अहंवृत्तौ कामक्रोधादिकेषु चिदाभासः।।

व्याख्या :- एवं यदुक्तं वपुष्यपि त्वंपदार्थनिर्णयार्थमाभासकूटस्थौ विवेचनीयावेवोपक्रमसूत्रित-विवृत्येतत्प्रकारमत्र सङ्क्षिप्यते । देहाद्बहिश्चिदाभासव्याप्यघटाकारवृत्तिवदान्तरविषयगोचरवृत्त्यभावात्कथं तद्व्यापकश्चिदाभासोऽभ्युपगम्यत इत्याशङ्कायां विषयगोचरवृत्त्यभावेऽप्यहमादिवृत्तिसद्भावात्तद्व्यापक-

---

कूटस्थ और चिदाभास के विवेचन का प्रकार दर्शाते हैं ।

अर्थ - जैसे शरीर से बाहर चिदाभास और ब्रह्मचैतन्य का विवेचन किया गया, उसी प्रकार शरीर के भीतर भी चिदाभास और कूटस्थ का विवेचन कर लेना चाहिये ।।१७।।

व्याख्या - इस प्रकार तत्पदार्थ परिशोधन के लिये देह से बाहर ब्रह्म और चिदाभास का विवेचन कर उसी दृष्टान्त से पुनः त्वं पदार्थ के परिशोधन के लिये उपक्रम में उपन्यस्त कूटस्थ और चिदाभास के विवेचन का विधान करते हैं । जैसे शरीर से बाहर चिदाभास और ब्रह्म का विवेचन प्रस्तुत किया गया, उसी प्रणाली से शरीर के भीतर भी चिदाभास और कूटस्थ का विवेचन कर लेना चाहिये ।

पूर्वोक्त कथन को दृष्टान्त पूर्वक समझाते हैं ।

अर्थ - जैसे तपे हुए लोह-पिण्ड में अग्नि सब ओर से व्याप्त होकर स्थित होती है । उसी प्रकार अहमाकारवृत्ति में और काम-क्रोधादि वृत्तियों में चिदाभास सम्यक् प्रकार से व्याप्त रहता है ।।१८।।

व्याख्या - देह से बाहर चिदाभास से व्याप्त घटाकार वृत्ति की तरह देह के भीतर आन्तर पदार्थों को विषय करने वाली अन्तःकरण की वृत्ति नहीं होती, अतः वृत्तिव्यापक चिदाभास का अंगीकार क्यों करते हो ? इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि विषयगोचर वृत्तियों का अभाव होने पर भी अहंकारादि वृत्तियाँ रहती ही हैं, इसीलिये चिदाभास का अंगीकार करना अनुचित नहीं है । इस बात को दृष्टान्त पूर्वक

श्चिदाभासोऽभ्युपगन्तुं शक्य इत्याह । यथा वह्निः तप्ते लोहेऽविशेषतया संव्याप्य वर्तते तद्वच्चिदाभासोऽहं वृत्तौ कर्तृत्त्वाद्यभिमानवद्बुद्धिवृत्तौ कामक्रोधादिकासु वृत्तिषु च संव्याप्य विशेषेण वर्तते ।।

अहमादिधीवृत्तीनां चिदाभासभास्यत्त्वनिरूपणम् -

स्वमात्रं भासयेत्तप्तं लोहं नान्यत्कदाचन।
एवमाभाससहिता वृत्तयः स्वस्वभासिकाः।।१९।।

अन्वयः - तप्तं लोहं स्वमात्रं भासयेत् । अन्यत् कदाचन न । एवम् आभाससहिताः वृत्तयः स्वस्वभाासिकाः।

व्याख्या :- कर्तृत्त्वाद्यभिमानवदहंधीवृत्तीनां चिदाभासभास्यत्त्वं सदृष्टान्तं निरूपयति । यथाग्निना तप्तं लोहं स्वमात्रमेव भासयेदन्यद्वस्तु कदाचन न भासयेत्तथैवमाभाससहिता धियोऽहमिदंवृत्तयस्स्व-स्वभासिकास्स्वस्वरूपमेव भासयन्तीति शम् ।।

मनोवृत्त्युत्पत्तिलयप्रकारनिरूपणम् -

क्रमाद्विच्छिद्य विच्छिद्य जायन्ते वृत्तयोऽखिलाः।
सर्वा अपि विलीयन्ते सुप्तिमूर्च्छासमाधिषु ।। २०।।

अन्वयः- क्रमात् विच्छिद्य विच्छिद्य अखिलाः वृत्तयः जायन्ते। सुप्तिमूर्च्छासमाधिषु सर्वाः अपि विलीयन्ते।।

व्याख्या :- एवं पूर्वतनाभ्यां द्वाभ्यां श्लोकाभ्यां देहाभ्यन्तरेऽहङ्कारादिवृत्तिषु चिदाभासं तद्भिन्नं निरूप्याथ कूटस्थं निरूपयिष्यंस्तद्व्यञ्जकं वृत्त्यभावाद्यवसरं दिदर्शयिषुरादौ तदुत्पत्तिप्रलयावाह । अखिला

समझाते हैं । जैसे अग्नि तपे हुए लोह-पिण्ड में सब ओर से व्याप्त होकर रहती है, उसी प्रकार चिदाभास अहंवृत्ति में अर्थात् कर्तृत्वादि अभिमान के समान बुद्धि वृत्ति में और काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सरादि वृत्तियों में व्याप्त होकर रहता है ।

अहमादि बुद्धिवृत्तियों के चिदाभास के द्वारा भास्यत्व का दृष्टान्त पूर्वक निरूपण करते हैं ।

अर्थ - जैसे तप्त लोहपिण्ड केवल स्वयं को ही प्रकाशित करता है, अन्य किसी को नहीं उसी प्रकार चिदाभास युक्त वृत्तियाँ केवल अपने आपको ही प्रकाशित करती हैं ।।१९।।

व्याख्या - दीपक का प्रकाश स्वयं को और आस पास रखे घट आदि पदार्थों को भी प्रकाशित करता है, किन्तु अग्नि से तप्त लाल रंग का लोहपिण्ड केवल स्वयं को ही प्रकाशित करता है । वह घर आदि किसी अन्य वस्तु को प्रकाशित नहीं करता । इसी प्रकार हमारे भीतर अहमादि वृत्ति जब उत्पन्न होती है तब उसी के साथ चिदाभास उत्पन्न होकर उस वृत्ति को भी प्रकाशित करता है । उस समय जैसी वृत्ति होती है, उसमें व्याप्त चिदाभास उसी को प्रकाशित करता है । इसलिये कहा कि चिदाभासयुक्त अहमादि वृत्तियाँ केवल अपने आपको ही प्रकाशित करती हैं, अन्य किसी को नहीं ।

वृत्तियों की उत्पत्ति और लय का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - समस्त वृत्तियाँ क्रम से विच्छिन्न-विच्छिन्न होकर उत्पन्न होती हैं और वे सभी वृत्तियाँ सुषुप्ति, मूर्च्छा और समाधि में लय हो जाती हैं ।।२०।।

व्याख्या - पूर्व में चिदाभास के स्वरूप का निरूपण कर अब कूटस्थ के स्वरूप का प्रतिपादन

बुद्धिवृत्तयः क्रमाद्विच्छिद्य विच्छिद्यैकस्या वृत्तेर्नाशोत्तरमपराया उत्पत्तिरित्येवं क्रमेण जायन्ते। चिदाभासविशिष्टानां धियां सन्धिसमये तासामभावस्सूच्यते । सर्वा अपि वृत्तयस्सुप्तिमूर्च्छासमाधिषु विलीयन्ते। अत्र समाधौ लयस्तावद्घनसत्त्वाकारपरिणतान्तःकरण एव तद्वृत्तीनां न तु सुषुप्त्यादाविव गाढतमो गुणाकारपरिणतेऽवस्थाज्ञानमिति शम् ।।

आभासाद्विविक्तस्य कूटस्थस्य निरूपणम् –

सन्धयोऽखिलवृत्तिनामभावश्चावभासिताः।
निर्विकारेण येनासौ कूटस्थ इति चोच्यते।।२१।।

अन्वयः – अखिलवृत्तीनां सन्धयः अभावाः च येन निर्विकारेण अवभासिताः असौ कूटस्थः इति च उच्यते ।

व्याख्या :– समस्तवृत्तिविलयं सत्साक्षी निर्विकारस्वरूपः कूटस्थ इत्युच्यते इति कूटस्थमेव विविच्य दर्शयिष्यन्वृत्त्यभावसाक्षित्त्वेनाभासोऽवगम्यत इत्याह । जाग्रति चिदाभासविशिष्टानामखिलवृत्तीनां सन्धयो वृत्तिसन्धयो वृत्त्यभावाश्च येन चैतन्येनावभास्यन्ते स एव कूटस्थोऽवगन्तव्यः । वृत्तीनामुत्पत्तिविनाशयोर्मध्ये वृत्त्यभावविशिष्टकालरूपास्सुप्त्यादिषु तासामभावश्च कूटवन्निर्विकारेण तिष्ठता येनावभासितास्स एव कूटस्थ उच्यते । अत्र कूटवन्निर्विकारेण स्थित इति कूटस्थ इति तत्पदविग्रहप्रदर्शनार्थं परिकरालङ्कारसूचकं सहेतुकमेतद्विशेषणम् । चोऽवधारणे । तस्मादज्ञानसाक्षित्त्वेन कूटस्थसिद्धिरिति भाव इति शम् ।।

करने की इच्छा से सर्वप्रथम बुद्धिवृत्तियों के अभावस्थानों को दर्शाते हैं । समस्त बुद्धि वृत्तियाँ क्रम से विच्छिन्न-विच्छिन्न होकर अर्थात् एक वृत्ति के नाश होने के बाद दूसरी वृत्ति की उत्पत्ति और उसके नाश के बाद अन्य वृत्ति की उत्पत्ति, इस प्रकार क्रम से उत्पन्न होती हैं । इस कथन से चिदाभासविशिष्ट बुद्धि वृत्तियों के सन्धिकाल में उनका अभाव सूचित किया गया है । और वे सभी वृत्तियाँ सुषुप्ति, मूर्च्छा और समाधि में विलीन हो जाती हैं ।

अब कूटस्थ के स्वरूप का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – समस्त वृत्तियों की सन्धियाँ और उनका अभाव जिस निर्विकार चैतन्य से अवभासित होता है, वह चैतन्य कूटस्थ कहा जाता है ।।२१।।

व्याख्या – समाधि आदि स्थलों में वृत्तियों का विलय भले ही होवे किन्तु इससे कूटस्थ का अनुभव कैसे होता है ? इस प्रकार की शंका के उत्तर में कहते हैं कि वृत्तियों के अभाव के साक्षी रूप से कूटस्थ का अनुभव होता है । जाग्रत् अवस्था में चिदाभासविशिष्ट समस्त वृत्तियों की सन्धियाँ अर्थात् उनकी उत्पत्ति और नाश के बीच की अवस्थाओं को तथा सुषुप्ति आदि में उन वृत्तियों के अभाव को भी जो प्रकाशित करता है । अर्थात् जिस निर्विकार चैतन्य के द्वारा वृत्तियों की सन्धियाँ और उनके अभाव का भान होता है, उसी चैतन्य को कूटस्थ कहा जाता है (श्लोक में चकार अवधारणार्थ है) कूटस्थ निर्विकार है । वृत्तियों के कारण उसमें विकार उत्पन्न नहीं होता, अपने इस निर्विकार स्वभाव के कारण वह कूटस्थ कहलाता है ।

कुम्भादिष्विवाहमाद्यान्तरवृत्तिष्वपि चैतन्यद्वैगुण्यस्य निरूपणम् -

घटे द्विगुणचैतन्यं यथा बाह्ये तथाऽन्तरे ।
वृत्तिष्वपि ततस्तत्र वैशद्यं सन्धितोऽधिकम् ॥ २२॥

अन्वयः - बाह्ये घटे यथा द्विगुणचैतन्यं तथा अन्तरे वृत्तिषु अपि ततः सन्धितः तत्र वैशद्यम् अधिकम् ।

व्याख्या :- भवत्त्वेवमान्तरवृत्तितत्सन्धितदभावभासको यो निर्विकारस्स कूटस्थपदाभिधेयस्तथापि बाह्यघटवदितरस्मिन्नपि स्वप्नमनोराज्यस्मृत्यादिकालिके घटे द्विगुणचैतन्यमस्ति न वा ? अस्ति चेद्व्यावहारिकत्त्वापत्तिः । नास्ति चेत्सन्ध्यादिकवैशद्यानापत्तिरित्याशङ्कायामैन्द्रजालिकघटादौ चैतन्यद्वैगुण्यसत्त्वेऽपि ब्रह्मज्ञानेतराबाध्यत्त्वलक्षणव्यावहारित्त्वादर्शनादस्तीत्याद्यपक्ष एवेष्ट इति स्पष्टयति। यथा बाह्ये घटे"अयं घट" इति केवलघटस्फोरकं चिदाभासचैतन्यं "ज्ञातो मया घट" इति घटज्ञाततास्फोरकं ब्रह्मचैतन्यं चेति द्विगुणचैतन्यं भासते तथैवान्तरेऽहङ्कारादिवृत्तिष्वपि चैतन्यद्वैगुण्यं कूटस्थचैतन्यं वृत्त्यवभासकश्चिदाभासश्चेत्युभयविधमपि भासते । उक्तमर्थमान्तरवृत्तिष्वपि वक्ष्यमाणरीत्या प्रमाणत्त्वेन विवक्षिता स्यादित्यदिशति । यतो द्विगुणचैतन्यमस्ति ततस्सन्धितस्सन्धिभ्यस्तत्र वृत्तिषु वैशद्यमधिकं दृश्यत इति भावः । एवमप्यान्तराणां बुद्धिवृत्तीनां किं चैतन्यैकगुण्यं तद्वैगुण्यं वा ? तत्सन्धिवदवैशद्यापत्तेश्चैतन्येकगुण्यं नोपपद्यते । न वा तद्वैगुण्यमिति द्वितीयः पक्षः । वृत्तिपदेन वृत्तित्त्वावच्छेकावच्छिन्नानामन्तःकरणवृत्तीनां ग्रहे "ताभिश्चाज्ञाननाशना"दित्युत्तरश्लोकीयचरमचरणोक्त-प्रमाणवृत्तिमात्रग्रहणविरोधात् । तद्भिया तत्र प्रमाणमात्रवृत्तिग्रहे "चक्षुषाहं घटं पश्यमी"त्यादिवत्तासां बाह्यत्त्वापातादिति चेदत्रेदं तत्त्वं बोद्धव्यम् । वृत्तिपदेनात्रोक्तोपसंहारग्रन्थविरोधज्ञानैकनाशकान्तर-प्रमाणमात्रवृत्तयो ग्राह्याः । न च तथात्त्वे निरुक्ततद्बाह्यत्त्वापत्तिरिति वाच्यम् । प्रमाणवृत्तित्त्व-सत्त्वेऽप्यान्तरत्त्वसम्भवात् । तद्यथा "काशीं स्मरामी"त्यादियथार्थविषयिण्यास्स्मृतेरान्तरत्त्वेऽपि प्रमाणवृत्तित्त्वमबाधितमेवेत्यवश्यं वाच्यम् । एवञ्च सति विमतं मिथ्या दृश्यत्त्वाच्छुक्तिरजतवदित्यादिरूपा मननकालिक्येकान्ते मुमुक्षोरान्तराप्यनुमित्यात्मिका प्रमाणवृत्तिस्तद्वन्निदिध्यासनकालिक्य"प्यहं ब्रह्मास्मी"ति। "मय्येव सकलं जातं मयि सर्वं प्रतिष्ठितम् । मयि सर्वं लयं याति तद्ब्रह्माद्वयमस्म्यह"मिति

घट के समान अहमादि आन्तरिक वृत्तियों में भी दो प्रकार के चैतन्य को दर्शाते हैं।

अर्थ - जैसे बाह्य घट में द्विगुण चैतन्य है, उसी प्रकार देह के भीतर बुद्धि वृत्तियों में भी द्विगुण चैतन्य है । इसलिये सन्धि की अपेक्षा बुद्धिवृत्तियों में अधिक विशद चैतन्य देखा जाता है ।।२२।।

व्याख्या - जैसे 'यह घट है' इस प्रकार केवल घट को प्रकाशित करने वाला चिदाभास चैतन्य है और 'मैंने घट को जाना' इस प्रकार घट के ज्ञान को प्रकाशित करने वाला ब्रह्मचैतन्य है । अर्थात् घट मात्र का प्रकाशक चिदाभास है और घट की ज्ञातता का प्रकाशक ब्रह्मचैतन्य है, इस प्रकार बाह्य स्थित घट में दो चैतन्य हैं । उसी प्रकार देह के भीतर बुद्धिवृत्तियों में द्विगुण चैतन्य है । द्वैगुण्य के सद्भाव के कारण ही वहाँ सन्धि की अपेक्षा बुद्धि वृत्तियों में सन्धि से भी अधिक विशदता देखी जाती है ।

श्रुतेस्तत्त्वंपदार्थयोश्शोधितयोरैक्यभावनावृत्तेरान्तरत्त्वेऽप्यबाधितत्त्वादेव धारावाहिकवृत्तिवत्प्रमाणत्त्वम्। तथा स्वप्नोपलब्धमन्त्रादिविषयकश्रवणाद्यात्मकवृत्तेरान्तरत्त्वेऽपि प्रमाणत्त्वमक्षतमेवेति । तदुक्तं सिद्धान्तबिन्दौ – "एवं स्वप्ने मन्त्रादिप्राप्तिः" स्वप्नजाग्रदिति । एतेन "स्वप्न एवाहं मन्त्रमुपालभ" मित्यादेस्तादृङ्मन्त्रोपलब्ध्युत्तरकालावच्छेदेन सम्भावितवृत्तेरान्तरत्त्वेऽपि प्रमाणवृत्तित्त्वं व्याख्यातम्। एवं मनोराज्योदाहरणमपि ज्ञेयम् । अत्र सर्वत्रान्तरवृत्तित्त्वेऽपि प्रामाण्यं साधारण्येनाबाधादेव । अज्ञाननिवर्तकत्त्वेन तु तद्यथासम्भवं द्रष्टव्यम् । ततो द्वैगुण्यसद्भावादेव तत्र सन्ध्यपेक्षया वृत्तिषु सन्धितोऽधिकं वैशद्यं दृश्यते । वृत्तिशून्यतादशायामज्ञानसद्भावात्कूटस्थस्य स्वप्रकाशस्वभावतया सत्यपि भानेऽज्ञानावरणवशादभात इव भातीति तदानीन्तनभानमविशदम् । वृत्तिसद्भावे वृत्तिप्रतिफलित-चिदाभासवशात्तद्भानं विशदं भवति । तदेव सन्धितो वैशद्यस्याधिक्यम्। यतो हेतोर्द्विगुणचैतन्यमस्ति ततस्तस्मादेव कारणात्सन्धितस्सन्धिभ्यस्तत्र वृत्तिषु वैशद्यमधिकं दृश्यत इति शम् ।।

कूटस्थस्य ज्ञातत्त्वाज्ञातत्त्वाभावनिरूपणम् –

ज्ञाततज्ञातते न स्तो घटवद्वृत्तिषु क्वचित् ।
स्वस्य स्वेनागृहीतत्वात्ताभिश्चाज्ञाननाशनात् ।।२३।।

अन्वयः – घटवत् वृत्तिषु क्वचित् ज्ञाततोऽज्ञाततते न स्तः। स्वस्य स्वेन अगृहीतत्वात् । ताभिः च अज्ञाननाशनात् ।

व्याख्या :– एवं चेद्यदि बाह्यान्तरघटवद्बाधान्तरवृत्तिष्वपि प्रमाणरूपा साक्षिचैतन्यचिदाभास-चैतन्यभास्यत्त्वेन चैतन्यद्वैगुण्ये घटवदेव तास्वपि ज्ञाततोज्ञाततते अपि च प्रसक्ते स्याताम् । तथा च "घटज्ञानज्ञानं मेऽस्ति, नासीच्च तदेतावत्काल"मित्याद्यनुभूत्यापत्तिरित्याशङ्कां परिहरति । घटादिष्वि-वाहमादिवृत्तिष्वपि ज्ञाततोज्ञाततताभासकत्त्वमेव कूटस्थस्य कुतो नोच्यते इत्याह । यथा घटस्य ज्ञान-व्याप्तत्त्वे ज्ञातता तदभावे चाज्ञातता चेत्येवमुभे संभवतस्तथा वृत्तिषु धीवृत्तिषु क्वचित्कदापि ज्ञाततोज्ञाततते

वृत्तिशून्यता दशा में अज्ञान के कारण स्वप्रकाशस्वभाव वाले होने पर भी अज्ञानावरण के कारण कूटस्थ का भान नहीं के बराबर होता है अर्थात् उस समय उसका भान अविशद (अस्पष्ट) रूप से होता है किन्तु वृत्तियों के सद्भाव में वृत्तिप्रतिफलित चिदाभास के कारण उसका भान विशद रूप (स्पष्टरूप) से होता है । इसीलिये कहा कि सन्धि की अपेक्षा बुद्धिवृत्तियों में अधिक विशद चैतन्य दिखाई देता है ।

अहमादिवृत्तियों में ज्ञातत्वाज्ञातत्व का अभाव दर्शाते हैं ।

अर्थ – घट के समान वृत्तियों में कभी ज्ञातता और अज्ञातता नहीं रहती, क्योंकि वृत्तियाँ स्वयं अपने को ग्रहण नहीं करतीं और वृत्तियों से अज्ञान का नाश होता है ।।२३।।

व्याख्या – जैसे घटादि में ज्ञातता और अज्ञातता का अवभासक ब्रह्मचैतन्य है, उसी प्रकार वृत्तियों में भी ज्ञातता और अज्ञातता का अवभासक कूटस्थचैतन्य क्यों नहीं होगा ? इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि वृत्तियों में ज्ञातता और अज्ञातता होती ही नहीं, इसलिये उनमें ज्ञातता और अज्ञातता के अवभासक कूटस्थ को मानना उचित नहीं है । जैसे ज्ञान से व्याप्त होने पर घट की ज्ञातता होती है और उसके अभाव में अज्ञातता होती है, उसी प्रकार बुद्धि वृत्तियों में कभी भी ज्ञातता और अज्ञातता नहीं होती है । उसका

नैव स्तः । अत्रायं भावः - वृत्तीनां तु स्वप्रकाशत्त्वान्नास्ति ज्ञानव्याप्तिः । ताभिश्च वृत्तिभिस्स्वोत्पत्तिमात्रेण स्वगोचरज्ञानस्य निवर्तितत्त्वादज्ञानस्य व्याप्तिरपि नास्तीति । अत्र संवित्स्वप्रकाशवादिप्राभाकरादिखण्डनयुक्तयस्तु मूलादौ क्षुण्णा एव । घटविषयकप्रमाणवृत्तिं प्रतिज्ञाततामापादयन्प्रष्टव्यः किमसौ वृत्तिस्तयैव ज्ञायतेऽथ साक्षिणेति । न साक्षिणेति साम्प्रतम् । यतो "विज्ञातो घट" इत्युक्तिर्ब्रह्मानुभवतो भवेदिति पुरैव सिद्धान्तितमासीदित्यधुना तदापादनासम्भवात्। नाप्याद्यस्समीचीनः । "न हि नटवरवपुरपि स्वस्कन्धमधिरोढुमीष्ट" इत्याभाणकानुसारं स्वस्कन्धाधिरोहणापत्तेः । तत्रैव कारणमुच्यते । स्वस्य धीवृत्तित्त्वे स्वस्यैव धीवृत्त्या चागृहीतत्त्वाद्धीवृत्तिरन्यद्वस्तु विषयत्त्वेन गृह्णाति । न हि स्वं विषयम्। अनेनैव सन्दर्शितो ज्ञानव्याप्त्यभावः । एवं तेजस्तिमिरयोरिव ज्ञानाज्ञानयोर्विरोधेन ज्ञानरूपाणां प्रभावृत्तीनामज्ञानावृतत्त्वलक्षणमज्ञातत्त्वमपि न घटत इत्याह । ताभिर्धीवृत्तिभिरज्ञाननाशनान्निवर्तनात्। अत्र चकारोऽवधारणार्थः । एतेन चाज्ञानव्याप्त्यभावोऽपि दर्शितः । अज्ञाततापि नो सम्भवति । तथा च ताभिः प्रमाणवृत्तिभिरेवाज्ञाननाशनात्तासामज्ञातत्त्वमनुपपन्नमेवेत्यर्थः । अत्रेदं ज्ञेयम् - वृत्तीनां स्वतः प्रकाशत्त्वेन ज्ञानान्तरव्याप्तिर्नास्तीति ज्ञातता न सम्भवति । तथैव ज्ञानरूपाणां तासामुत्पत्तिमात्रेणाज्ञानं निवर्तत इत्यज्ञातता च न सम्भवति । अतो घटादाविव वृत्तिषु न ज्ञातत्त्वाज्ञातत्त्वे सम्भवत इति । किञ्चिदत्रोच्यते । वृत्तीनां प्रमाणरूपाणामपि स्वप्रकाशत्त्वं यद्यपि नास्त्येवाथाप्यात्मभिन्नत्त्वेनास्वप्रकाशरूपत्त्वस्य यावद्द्वैते व्याप्तत्त्वात्तथापि निरुक्तवृत्तिस्तदीयं जडत्त्वविरोधिस्वप्रकाशत्त्वं स्वस्मिन्ननेकदर्पणादित्यदीप्तीनामित्युपक्रमोपन्यस्तादर्शदृष्टान्तेनैव तदीयप्रतिबिम्बेन गृहीत्त्वा यथा निरुक्तादर्शाः प्रायेण लोकदृष्ट्या सूर्यप्रतिबिम्बतादात्म्येन क्षणं स्वप्रकाशा एव सम्पद्यमानास्सूर्यवद्द्रष्टृचक्षूंष्यवमुष्णन्तस्सर्वतिमिरनिरासं वितन्वते तथैव तत्तदज्ञानध्वंसं प्रतनोतीति समुचितमेव तत्र स्वप्रकाशत्त्वं बुभुत्सुदृष्ट्येति न कोऽप्यत्र पूर्वापरग्रन्थविरोध इति दिक् ।।

कारण बताते हैं कि स्वयं की बुद्धि वृत्ति का स्वयं के द्वारा अर्थात् बुद्धिवृत्ति के द्वारा ग्रहण होना संभव नहीं है । नट कितना ही पटु क्यों न हो, स्वयं के कन्धे पर नहीं चढ़ सकता, इसी तरह वृत्तियाँ स्वयं का ग्रहण नहीं कर सकती । भाव यह है कि बुद्धिवृत्ति अन्यवस्तु को विषयरूप से ग्रहण करती है, किन्तु स्वयं को विषयरूप से ग्रहण नहीं कर सकती । इस कथन से वृत्तियों में ज्ञानव्याप्यता (ज्ञातता) का अभाव दिखाया गया है । तथा वृत्तियों में अज्ञातता भी संभव नहीं है क्योंकि उन बुद्धिवृत्तियों के द्वारा अज्ञान का नाश होता है अर्थात् वृत्ति के उत्पन्न होते ही चिदाभास भी उत्पन्न होगा और वह वृत्ति को अवश्य प्रकाशित करेगा, अतः वृत्ति अज्ञात नहीं हो सकती । भाव यह है कि घट आदि का ज्ञान कराने वाली वृत्तियों में अज्ञातता स्वीकार नहीं की जा सकती । यदि इन वृत्तियों में भी अज्ञातता हो तो वे घट के अज्ञान का नाश करने में समर्थ न होंगी । इसलिये वृत्तियों में अज्ञान की व्याप्ति नहीं है, केवल फलव्याप्ति है, जिसके द्वारा वस्तु का ज्ञान होता है । तात्पर्य यह है कि वृत्तियाँ स्वयंप्रकाश होने के कारण स्वयं ज्ञानान्तर से व्याप्त नहीं होती हैं अर्थात् उनमें ज्ञातता संभव नहीं हैं । और इसी प्रकार ज्ञानरूप वृत्तियों के उत्पन्न होने मात्र से अज्ञान की निवृत्ति होती है अतः उनमें अज्ञानता भी संभव नहीं है । इसलिये घटादि के समान वृत्तियों में ज्ञातता और अज्ञातता का होना संभव नहीं है ।

चिदाभासकूटस्थचैतन्ययोश्चैतन्याविशेषेऽपि कूटस्थत्त्वाकूटस्थत्त्वभेदप्रयोजकनिदाननिरूपणम् –

द्विगुणीकृतचैतन्ये जन्मनाशानुभूतितः ।
अकूटस्थन्तदन्यत्तु कूटस्थमविकारतः॥२४॥

अन्वयः –द्विगुणीकृतचैतन्ये जन्मनाशानुभूतितः तत् अकूटस्थम् अन्यत् तु अविकारितः कूटस्थम्।।

व्याख्या :– एवं चिदाभाससाक्षिणोरुभयोरपि चैतन्ययोस्स्वप्रकाशत्त्वसाम्येऽप्येकस्याकूटस्थ-त्त्वमपरस्य कूटस्थत्त्वमित्यत्र प्रमाणं किम् ? चिदाभासनिष्ठयोर्जन्मनाशयोरनुभूयमानस्याकूटस्थत्त्वमितरस्य चाविकारित्त्वे प्रमाणसद्भावात्कूटस्थत्त्वमिति च प्रदर्शयति । द्विगुणीकृतचैतन्ये प्रागुक्तरीत्या द्विगुणीकृतं घटावच्छेदेन चैतन्यं येन स तस्मिंश्चैतन्यद्वैगुण्ये चिदाभासे सुषुप्त्यवच्छेदेनाहंकाराख्यबुद्धिप्रमाणवृत्त्य-भावाच्चिदाभासानुदयेन साक्षिचैतन्यमेकमेवास्ति स्वप्राद्यवच्छेदेन तु निरुक्ताहङ्कारादिवृत्तिसत्त्वेन सहैव चिदाभासोदयात्तत्र द्विगुणीकृतचैतन्यं सुस्पष्टमित्यर्थः । इदं च परिकराङ्कुरालङ्कारसूचकं विशेष्यमेव निरुक्तव्युत्पत्त्या हेतुगर्भमिति बोद्धव्यम् । जन्मनाशयोस्सुषुप्त्यादिषु जन्मनस्स्वप्नादौ जन्मानुभवात्सुषुप्तौ नाशानुभवाच्च नाशस्य चानुभूतितोऽनुभूयमानत्त्वाद्विकारिस्वरूपत्त्वात् । तच्चिदाभासचैतन्यमकूटस्थं विकारीति यावत् । एवं चिदाभासस्य विकारित्त्वे हेतुमुक्त्वा साक्षिणस्तदभावेऽपि कारणमाह । तदन्यत्कूटस्थचैतन्यं तु तुशब्दोऽत्र तद्वैलक्षण्यद्योतकः । अविकारतो जन्मनाशाद्यात्मकविकारस्य तस्याविद्यमानत्त्वात्कूटस्थं भवति । अविकारत इति भावप्रधाननिर्देशादविकारित्त्वमित्यर्थ इति शम्।।

कूटस्थ और अकूटस्थ के भेद का कारण बताते हैं ।

अर्थ – द्विगुणीकृत चैतन्य में जन्म और नाश की अनुभूति होती है । अतः वह अकूटस्थ (चिदाभास) है । और उससे भिन्नचैतन्य अविकारी होने से कूटस्थ है ।।२४।।

व्याख्या – कूटस्थ और चिदाभास दोनों में चिद्रूपता तो एक समान ही है तो फिर एक को कूटस्थ और दूसरे को अकूटस्थ क्यों कहते हो ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि द्विगुणीकृत चैतन्य में अर्थात् चिदाभास में जन्म और नाश का अनुभव होता है, इसलिये विकारी होने से वह अकूटस्थ है और उससे भिन्न चैतन्य विकार रहित होने के कारण कूटस्थ कहा जाता है । बुद्धिवृत्तियों में आत्मा की प्रतिबिम्बित चेतना चिदाभास कहलाती है । प्रतिबिम्ब का माध्यम न रहने पर चिदाभास भी नहीं रहता । इसलिये चिदाभास उत्पन्न और नष्ट होने वाला है । बनने और बिगड़ने वाली वस्तु विकारी कहलाती है, इसलिये चिदाभास भी विकारी है । विकारी वस्तु कूटस्थ नहीं होती । इसीलिये श्लोक में कहा कि चिदाभास अकूटस्थ है और दूसरा चैतन्य शुद्ध है । उसकी उत्पत्ति या नाश नहीं होता है । वह निर्विकार है, ऐसी निर्विकार वस्तु को कूटस्थ कहते हैं ।

प्राचीनैरेव चिदाभासातिरिक्तकूटस्थाभ्युपगमः कृत इति निरूपणम् -

अन्तःकरणतद्वृत्तिसाक्षीत्यादावनेकधा।
कूटस्थ एव सर्वत्र पूर्वाचार्यैर्विनिश्चितः ॥२५॥

अन्वयः - पूर्वाचार्यैःअन्तःकरणतद्वृत्तिसाक्षी इत्यादौ अनेकधा सर्वत्र कूटस्थः एव विनिश्चितः ।

व्याख्या :- चिदाभासभिन्नतया कूटस्थनिरूपणं न स्वकपोलकल्पितमपि तु भाष्यकारादिभिर्निरूपितमेवेत्याह । अन्तःकरणतद्वृत्तिसाक्षीत्यादावन्तःकरणं पूर्ववृत्त्युपरमे सति यावद्वृत्त्यन्तरानुदयकालिकं निवातदेशगतपात्रस्थितजलवदसञ्जातपरिणतिकमपञ्चीकृतपञ्चमहाभूतसत्त्वांशवत् । तद्वृत्तयोऽहङ्कारादयस्सुप्रसिद्धाः । साक्षी च निर्विकारः पूर्वमुपपादितः । वाक्यवृत्त्यादौ भाष्यकारैर्बुधैः वर्णिताश्च- "अन्तःकरणतद्वृत्तिसाक्षी चैतन्यविग्रहः । आनन्दरूपस्सत्यस्सन्किं नात्मानं प्रपद्यत" इत्यादौ । तथा चानेकधा कूटस्थ एव सर्वत्रान्तःकरणेऽहङ्कारादिवृत्तिषु तत्सन्धिषु च सत्य आनन्दरूपश्चैतन्यविग्रहश्चैतन्यमेव विग्रह इवास्तीति भगवत्पादादिभिः पूर्वाचार्यैः विनिश्चित इति शम् ।।

तथा कूटस्थभिन्नचिदाभासोऽपि भाष्यकारैरङ्गीकृत इति निरूपणम् -

आत्माभासाश्रयाश्चैवं मुखाभासाश्रया यथा।
गम्यन्ते शास्त्रयुक्तिभ्यामित्याभासश्च वर्णितः ॥२६॥

चिदाभास से व्यतिरिक्त कूटस्थ के विषय में पूर्वाचार्यों ने प्रतिपादन किया है, इस बात को दर्शाते हैं ।

अर्थ -*"अन्तःकरणतद्वृत्तिसाक्षी"* इत्यादि वाक्यों से अनेक प्रकार से पूर्वाचार्यों ने सर्वत्र कूटस्थ का ही निश्चय किया है ।।२५।।

व्याख्या - ग्रन्थकार का आशय है कि हमारे द्वारा प्रतिपादित कूटस्थ केवल स्वकपोलकल्पित नहीं है अपितु श्रीशंकराचार्य आदि अनेकों पूर्वोचार्यों के द्वारा भी इसका प्रतिपादिन किया गया है । कहाँ पर किया गया है ? तो कहते हैं -

अन्तःकरणतद्वृत्तिसाक्षिचैतन्यविग्रहः ।
आनन्दरूपः सत्यस्सन् किं नात्मानं प्रपद्यसे ।। (वा.वृ. ११)

अर्थात् - अन्तःकरण और उसकी वृत्तियों को प्रकाशित करने वाले साक्षी चैतन्य के मूर्तिमान रूप आनन्दघन और सत्स्वरूप होकर भी अपने आप को (कूटस्थ आत्मा को) क्यों नहीं पहचानते ? ग्रन्थकार के अनुसार श्रीशंकराचार्य रचित वाक्यवृत्ति के इस श्लोक में कूटस्थ का ही प्रतिपादन किया गया है। अर्थात् अन्तःकरण की अहंकारादि वृत्तियों में और उनकी सन्धियों में सत्य और आनन्दस्वरूप तथा चैतन्य ही जिसका विग्रह है उस आत्मा को क्यों नहीं जानते हो ? इस प्रकार श्रीशंकराचार्य आदि अनेकों आचार्यों ने पूर्व में कूटस्थ का अनेक प्रकार से सर्वत्र प्रतिपादन किया है ।

श्रीभाष्यकार ने कूटस्थ के अतिरिक्त चिदाभास का भी अंगीकार किया है, इस बात को आचार्य रचित उपदेशसाहस्त्री के (१८/४३) श्लोक का उद्धरण देकर स्पष्ट करते हैं।

अर्थ - जैसे मुख (बिम्ब), आभास (प्रतिबिम्ब) और आश्रय (दर्पण) है, वैसे ही आत्मा (कूटस्थ),

अन्वयः – यथा मुखाभासाश्रयाः एवम् आत्माभासाश्रयाःच शास्त्रयुक्तिभ्यां गम्यन्ते इति आभासः च वर्णितः।

व्याख्या :– भवत्त्वेवं कूटस्थसमर्थनमाचार्यपादैः कृतमथापि चिदाभासाङ्गीकारे किं मानमिति चेन्न । कूटस्थभिन्नतया चिदाभासोऽपि भगवत्पादैरुपदेशसाहस्र्यामङ्गीकृतत्त्वादित्याह । तत्त्वमस्याख्येऽष्टादशप्रकरणे समुपलभ्यतेऽयं श्लोकः । तत्रत्यपाठस्त्वित्थम् – "आत्माभासाश्रयाश्चैवं मुखाभासाश्रया यथा । गम्यन्ते शास्त्रयुक्तिभ्यामाभासासत्त्वमेव चे"ति ।। अस्यार्थ एवमात्माभासाश्रया आत्मा चाभासश्चाश्रयश्चेति द्वन्द्वसमासे तथोक्तास्ते चात्मप्रतिबिम्बलक्षणश्चिदाभासाश्रयोऽन्तःकरणादि–श्चेत्यर्थः । तथा मुखाभासाश्रया मुखं तदाभासस्तत्प्रतिबिम्बमाश्रयस्तदाश्रयो दर्पणादिश्चेत्यत्रापि द्वन्द्वसमासः। एवञ्च यथा प्रसिद्धमुखं तदाभासस्तत्प्रतिबिम्बं तदाश्रयो मुकुरादिश्चेत्येवं त्रयमपि प्रत्यक्षेणावगम्यत एवमात्मा निर्विकारश्शुद्धः कूटस्थ आभासश्छायात्मकश्चिदाभासस्तस्याश्रयो अन्तःकरणादिरूपोपाधिरित्येते च ते त्रयोऽपि शास्त्रयुक्तिभ्यां "रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव तदस्य रूपं प्रतिचक्षणाय । इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते युक्ता ह्यस्य हरयश्शता दशे"त्यादि शास्त्रेण विकारित्त्वाविकारित्त्वादियुत्त्या च गम्यन्ते प्रतीयन्तेऽभ्युपगम्यन्ते चेत्येवमाचार्यैस्समुपावर्णि । अत्र चाभासशब्देन कूटस्थातिरिक्तश्चिदाभासो वर्णित एव । "मनसस्साक्षी बुद्धेस्साक्षी"ति बुद्धिसाक्षिणः कूटस्थस्य प्रतिपादकं च शास्त्रम् । चिदाभासप्रतिपादकं च युक्तिरिति शम् ।।

आभास (चिदाभास) और आश्रय (अन्तःकरण) है । शास्त्र और युक्ति के द्वारा ऐसा जानने में आता है । इस प्रकार प्राचीन आचार्यों ने चिदाभास का वर्णन किया है ।।२६।।

व्याख्या – श्रीशंकराचार्य रचित उपदेशसाहस्री का श्लोक इस प्रकार है –

आत्माभासाश्रयाश्चैवं मुखभासाश्रया यथा ।
गम्यन्ते शास्त्रयुक्तिभ्यामाभासासत्त्वमेव च ।। (उ.सा. १८/४३)

अर्थात् जिस प्रकार मुख, उसका आभास और उसका आश्रय, ये तीन विभक्त भासित होते हैं, उसी तरह आत्मा, उसका आभास और उसका आश्रय भी हुआ करता है । किन्तु वस्तुतः आभास की असत्ता (अवास्तविकता) तो शास्त्र और युक्ति से सिद्ध ही है । अर्थात् ***"रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव" (बृ.उ. २/५/१९) " इन्द्रोमायाभिः पुरुरूप ईयते" (बृ.उ. २/५/१९) "एको वशी सर्वभूतान्तरात्मा एकं रूपं बहुधा यः करोति" (कठो. ५/१२)*** इत्यादि श्रुतियों से और नित्य सिद्ध साक्षी आत्मा में बुद्धि आदि एवं आगमापायी विषयान्तर स्वरूप दृश्य का अध्यास हुए बिना उसका स्फुरण और सत्ता उत्पन्न ही नहीं हो सकती, इत्यादि युक्ति से एक मात्र प्रत्यगात्मा की ही सत्ता सिद्ध होती है, आभास आदि की नहीं ।

भाव यह है कि जैसे मुख, उसका आभास (प्रतिबिम्ब) और उसका आश्रय दर्पणादि है, उसी प्रकार आत्मा (कूटस्थ), उसका आभास अर्थात् चिदाभास और उसका आश्रय अन्तःकरण है । शास्त्र और युक्ति से इनका ज्ञान होता है, इस प्रकार पूर्वाचार्यों ने उपदेशसाहस्री आदि ग्रन्थों में चिदाभास का वर्णन किया है ।

आभासकल्पनायामवच्छिन्नवादिन आक्षेपनिरूपणम् –

बुद्ध्यवच्छिन्नकूटस्थो लोकान्तरगमागमौ।
कर्तुं शक्तो घटाकाश इवाभासेन किं वद॥२७॥

अन्वयः– बुद्ध्यवच्छिन्नकूटस्थः घटाकाशः इव लोकान्तरगमागमौ कर्तुं शक्तः। आभासेन किं वद ?

व्याख्या :– वेदान्तशास्त्रप्रक्रियायां प्रसिद्धास्त्रयो वादाः । तत्र च वार्तिककाराणामाभासवादः । विवरणकाराणां प्रतिबिम्बवादः । भामतीकाराणां वाचस्पतिमिश्राणां त्त्ववच्छिन्नवाद इति । तत्राभासस्यापि सम्प्रदायसिद्धत्त्वे सिद्धेऽप्यवच्छिन्नवादी शङ्कते । बुद्ध्यवच्छिन्नकूटस्थो बुद्ध्युपाधिकः कूटस्थः पुण्यपापफलानुभवाय धूम्रोत्तरमार्गाभ्यां दक्षिणोत्तरमार्गाभ्यां लोकान्तरगमागमौ कर्तुं शक्तः । अयं भावः– स्वस्मिन्कल्प्यमानो यो बुद्ध्यावच्छिन्नकूटस्थस्स एव घटद्वारा घटाकाश इव बुद्धिद्वारा लोकान्तरे यातायातौ कर्तुं समर्थ इत्यतश्चिदाभासकल्पनायां गौरवमिति । न च लोकान्तरगमनादिकं केवलबुद्ध्यवच्छेदमात्रेण विना चिदाभासं न स्यादिति युक्तम् । उक्तापत्तेः प्रतिबिम्बवादे ततः किञ्चिन्न्यून आभासवादेऽपि तुल्यत्त्वात्तत्र यद्युपाधिद्वारा तत्सम्भवस्तर्ह्यस्मिन्नपि पक्षे तस्यादण्डाहत्त्वाच्चेत्याशयवानाह । लोकान्तरगमागमौ स्वर्गादिर्गमनं क्षीणे पुण्ये कर्मशेषानुभवाय मर्त्यलोकं प्रत्यागमश्च । अस्मिन्नेव विषये श्रुतिं प्रमाणयन्दृष्टान्तमपि

आभासवादी पर अवच्छेदवादी के आक्षेप का वर्णन करते हैं ।

अर्थ – बुद्धि से अवच्छिन्न चैतन्य ही घट के द्वारा घटाकाश की तरह लोकान्तर में (स्वर्गादि में) गमनागमन करने में समर्थ है तो यह बताओ कि पृथक् चिदाभास से क्या प्रयोजन है ?॥२७॥

व्याख्या – चिदाभास को माने बिना ही व्यवहार चल सकता है, इसलिये चिदाभास का मानना व्यर्थ है । इस प्रकार अवच्छेदवादी का आक्षेप प्रस्तुत करते हैं । वेदान्त प्रक्रिया में तीन वाद अधिक प्रचलित हैं ।

वाचस्पतेरवच्छेदराभासो वार्तिकस्य च । संक्षेपशारीरकृतः प्रतिबिम्बः तथेष्यते ।।

वार्तिकार का आभासवाद, विवरणकार का प्रतिबिम्बवाद और भामतीकार का अवच्छेदवाद । स्वामी श्रीविद्यारण्य जी और उनके गुरु आभासवाद के समर्थक हैं । अभी तक प्रकृत ग्रन्थ में कूटस्थ पर आश्रित अन्तःकरणयुक्त चिदाभास को ही जीव माना गया है । किन्तु अवच्छेदवाद के अनुसार अन्तःकरण से परिच्छिन्न आत्मा ही जीव है, इस विषय में वे घटाकाश का उदाहरण देते हैं । जैसे अनन्त आकाश अखण्ड होकर भी घट से परिच्छिन्न होकर घटाकाश कहलाता है, उसी प्रकार अनन्त आत्मचैतन्य भी अन्तःकरण से परिच्छिन्न होकर जीव कहलाता है । परिच्छिन्नता बुद्धि का भ्रममात्र है । विवेक के द्वारा उसके नष्ट होते ही जीव स्वयं की अनन्तता का अनुभव कर आत्मभाव में स्थित हो जाता है । अवच्छेदवादी के अनुसार जीव स्वर्गादि लोकों में आवागमन कर सकता है, जैसे घट को एक स्थान से दूसरे स्थान में ले जाने पर घटाकाश का भी आवागमन माना जाता है, उसी प्रकार अन्तःकरण–परिच्छिन्न चैतन्य भी स्वार्गादि लोकों में आ–जा सकता है । अतः अवच्छेदवादी को आभासवाद का सिद्धान्त मानना निरर्थक प्रतीत होता है, इसलिये वह आक्षेप करता है कि बुद्धि (अन्तःकरण) से अवच्छिन्न चैतन्य (कूटस्थ) ही पुण्य और पाप का फल भोगने के लिये धूम्र और अर्चिमार्ग के द्वारा स्वर्गादि लोकान्तर में गमनागमन करने को अर्थात् पुण्याधिक्य (पुण्यप्रताप से) स्वर्गादि में गमन और पुण्य क्षीण होने पर

प्रदर्शयति। घटाकाश इव यथा घटाकाशो घटेन साकं गमागमौ करोति । तद्वत्कर्तुं शक्तस्तस्मादाभासेन तस्योपगमेन किं प्रयोजनं वद न किमपि फलमिति भावः । अत्र चाथर्वणिकी श्रुतिः - "घटसंवृतमाकाशं नीयमाने घटे यथा। घटो नीयेत नाकाशस्तद्वज्जीवो नभोपम" इति ।

कूटस्थकल्पनागौरववादनिरसनम् -

शृण्वसङ्गः परिच्छेदमात्राज्जीवो भवेन्नहि ।
अन्यथा घटकुड्याद्यैरवच्छिन्नस्य जीवता॥२८॥

अन्वयः - शृणु हि (यस्मात्)असङ्गः परिच्छेदमात्रात् जीवःन भवेत् । अन्यथा घटकुड्याद्यैः अवच्छिन्नस्य जीवता।

व्याख्या :- न ह्यसङ्गः कूटस्थो बुद्धिपरिच्छेदमात्राज्जीवत्त्वमाप्नोतीति हितोपदेशरूपेण समाधत्ते। विवरणानुसारेणात्र परिहरति । हे शिष्य इति सामन्त्रणमाह शृण्विति । असङ्गः कूटस्थो बुद्धेः परिच्छेदमात्राज्जीवो न भवेद्धि । तत्रानुपपत्तिं प्रथयति । अन्यथा घटकुड्याद्यैरवच्छिन्नस्य ब्रह्मचैतन्यस्य जीवतापतेत् । न चेतदिष्टमवच्छिन्नवादिनामपीत्यर्थ इति शम् ।।

बुद्धेस्स्वच्छत्त्वेन घटकुड्यादिवैषम्यमिति प्रतिवादिनश्शङ्कानिरूपणम् -

न कुड्यसदृशी बुद्धिः स्वच्छत्वादिति चेत्तथा।
अस्तु नाम परिच्छेदे किं स्वाच्छ्येन भवेत्तव॥२९॥

पुनः मृत्यृलोक में आगमन करने में समर्थ है । इस विषय में घटाकाश का दृष्टान्त देते हैं - जैसे घट में स्थित आकाश घट के साथ ही गमनागमन करता है, उसी प्रकार प्रत्यगात्मा भी लोकान्तर में गमनागमन करने में समर्थ है तो फिर तुम मिथ्या चिदाभास की कल्पना क्यों करते हो ? चिदाभास से क्या प्रयोजन है ? तुम इसका उत्तर दो ।

पूर्वोक्त आक्षेप का उत्तर देते हैं ।

अर्थ - हे अवच्छेदवादी सुनो ! असंग कूटस्थ परिच्छेद मात्र से जीव नहीं हो सकता, अन्यथा घट और दीवाल आदि से अवच्छिन्न चैतन्य में भी जीवत्व मानना पड़ेगा ।।२८।।

व्याख्या - असंग कूटस्थ चैतन्य बुद्धिपरिच्छेद मात्र से जीवत्व को प्राप्त नहीं होता है, इस प्राकर हितोपदेश पूर्वक समाधान करते हैं। हे अवच्छेदवादी ! हम तुम्हारे आक्षेप का उत्तर देते हैं तुम उसे सावधान होकर सुनो । असंग कूटस्थ अन्तःकरण के परिच्छेद मात्र से जीवभाव को प्राप्त नहीं हो सकता । अन्तःकरण परिच्छिन्न चैतन्य को ही जीव मानने पर अतिप्रसंग नामक दोष प्राप्त होगा, इसलिये कहते हैं कि यदि तुम ऐसा नहीं मानते हो तो फिर घट और दीवाल आदि से परिच्छिन्न चैतन्य में भी जीवभाव को स्वीकार करना पड़ेगा, यह बात तो आपको भी इष्ट न होगी अर्थात् कोई भी अवच्छेदवादी घट-पट आदि को जीव मानना स्वीकार नहीं करेगा । इसलिये लोकान्तर में आवागमन की सिद्धि के लिये अवच्छेदवाद न मानकर कूटस्थ से भिन्न चिदाभास का ही स्वीकार करना चाहिये ।

सिद्धान्ती के उक्त कथन पर पुनः अवच्छेदवादी आपत्ति करता है ।

अर्थ - बुद्धि स्वच्छ होने के कारण दीवाल के समान नहीं है, यदि तुम ऐसा कहते हो तो भले

अन्वयः - कुड्यसदृशी बुद्धिःन स्वच्छत्वात् इति चेत् ।तथा अस्तु नाम स्वाच्छ्येन तव परिच्छेदे किं भवेत् ।

व्याख्या :- बुद्धिघटयोस्स्वच्छतास्वच्छतावैषम्येन नेयमापत्तिरित्याह । कूटस्थावच्छेदिका बुद्धिर्न कुड्यसदृशी, स्वच्छत्त्वात्प्रकाशयुक्तत्त्वात्कुड्यसदृशी नेत्युच्यते चेत्तथास्तु नाम । अथ च सिद्धान्त्येतदङ्गीकृत्य प्रकृते वादिनोऽपि तव नैव किञ्चित्प्रयोजनमस्ति प्रत्युतानिष्टापत्तिरेवेति मन्यमानस्तं प्रत्याक्षिपति । तथास्तु नाम । परिच्छेदे सति स्वाच्छ्येन तव किं प्रयोजनं भवेत् । न हि कूटस्थस्य जीवत्त्वापत्तेः परिच्छेदकस्य स्वच्छता कारणमिति भाव इति शम् ।।

बुद्धेस्स्वच्छत्त्वेनात्मनः परिच्छेदे कुतो न विशेष इत्यत्र दृष्टान्तनिरूपणम् -

प्रस्थेन दारुजन्येन कांस्यजन्येन वा न हि।
विक्रेतुस्तण्डुलादीनां परिमाणं विशिष्यते।।३०।।

अन्वयः - दारुजन्येन कांस्यजन्येन वा प्रस्थेन विक्रेतुःतण्डुलादीनां परिमाणं न हि विशिष्यते।

व्याख्या :- पूर्वोक्तमेवार्थं दृष्टान्तेन स्पष्टयति । दारुजन्येनास्वच्छेन कांस्यजन्येन स्वच्छेन वा प्रस्थेनाढकचतुर्थांशपरिमाणेन मानपात्रेण तण्डुलादीनां विक्रेतुर्मेयधान्यस्य परिमाणं न विशिष्यते न

वैसा ही हो, किन्तु परिच्छेद में उसकी स्वच्छता से तुम्हें क्या प्रयोजन है ? ।।२९।।

व्याख्या - सिद्धान्ती के उक्त कथन से असन्तुष्ट होकर अवच्छेदवादी पुनः कहता है कि आपके द्वारा किया हुआ आक्षेप उचित नहीं है क्योंकि बुद्धि और दीवाल में स्वच्छता और अस्वच्छता रूप विषमता उपलब्ध है। कूटस्थ का अवच्छेद करने वाली बुद्धि स्वच्छ होने के कारण अर्थात् प्रकाशयुक्त होने के कारण आप उसे दीवाल के समान नहीं कह सकते । सिद्धान्ती कहते हैं कि यदि तुम ऐसा कहते हो तो वैसा भले हो अर्थात् बुद्धि और दीवाल की स्वच्छता और अस्वच्छता को मानने में हमें भी कोई आपत्ति नहीं है किन्तु यह बताओ की इससे आपका क्या प्रयोजन सिद्ध होगा ?

भाव यह है कि अवच्छेदवादी कहता है कि घट आदि से अवच्छिन्न होकर चैतन्य जीवभाव को प्राप्त नहीं होता है किन्तु अन्तःकरण से अवच्छिन्न होकर वह जीवभाव को प्राप्त होता है क्योंकि अन्तःकरण स्वच्छ है इसलिये अतिप्रसंग नामक दोष होने का प्रश्न ही नहीं है । इस पर आभासवादी आचार्य का कहना है कि अन्तःकरण की स्वच्छता हमें भी स्वीकार है किन्तु आत्मचैतन्य के अवच्छिन्न होने में उस स्वच्छता का को कोई प्रयोजन नहीं है क्योंकि आत्मचैतन्य तो स्वच्छ और अस्वच्छ सभी उपाधियों में परिच्छिन्न हो सकता है । जैसे अन्तःकरण उसका परिच्छेदक है, वैसे ही घट, दीवाल आदि भी होंगे । यदि अवच्छेदवादी के मतानुसार अन्तःकरण से परिच्छिन्न चैतन्य जीवभाव को प्राप्त हो सकता है तो वह घड़े से परिच्छिन्न होकर जीवभाव को प्राप्त क्यों न होगा ? अतः उक्त दोष से बचने के लिये कूटस्थ से भिन्न चिदाभास की अवधारणा स्वीकार करनी चाहिये ।

उक्तार्थ को दृष्टान्त के द्वारा स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - लकड़ी अथवा काँसे से बनाये गये प्रस्थ से (नापने के पात्रविशेष से) बेचने के चावल आदि अनाज के परिमाण में कुछ भी विलक्षणता नहीं होती ।।३०।।

व्याख्या - प्राचीन काल में गेहूँ, चावल आदि वस्तुएँ तौल में नहीं बिकती थी । विक्रेता उन्हें नापकर

भिद्यते हीति प्रसिद्धौ । दारुकांस्यजन्ययोः प्रस्थयोस्स्थिते स्वच्छत्त्वास्वच्छत्त्वे तण्डुलपरिमाणे न्यूनाधिकभावहेतू न भवत इति भाव इति शम् ।।

कांस्यप्रस्थे प्रतिबिम्बस्याधिक्यसद्भावाद्बुद्धौ चिदाभासोऽप्यनिच्छताङ्गीकृत इति निरूपणम् –

परिमाणाविशेषेऽपि प्रतिबिम्बो विशिष्यते।
कांस्ये यदि तदा बुद्धावप्याभासो भवेद्बलात् ।।३१।।

अन्वयः – यदि कांस्ये परिमाणाविशेषे अपि प्रतिबिम्बः विशिष्यते। तदा बुद्धौ अपि आभासःबलात् भवेत्।।

व्याख्या :– एवं सिद्धान्त्युक्तपरिमाणाविशेषं प्रतिवाद्यङ्गीकृत्य कांस्यप्रस्थस्य स्वच्छत्त्वेन प्रतिबिम्ब एव स्वल्पतण्डुलादीनां विशिष्यत इति विशदयति । कांस्यप्रस्थे तण्डुलादिमेयवस्तुनः परिमाणाविशेषेऽपि तत्र कांस्यप्रस्थे प्रतिबिम्बो विशिष्यते । एवं तर्हि सिद्धमाभासवादेनेति सिद्धान्त्यभिदधाति । यद्येवं विशिष्यते तदा कूटस्थस्स्वाच्छ्येन बुद्ध्यापरिच्छिन्न इत्युक्तेर्बलाद्बुद्धावपि कूटस्थः प्रतिबिम्बितस्सन्नाभासो

बेचते थे । उनके पास नापने के पात्र होते थे । उन्हीं पात्रों में भरकर अनाज नाप लिया जाता था । उन पात्रों को प्रस्थ कहते थे । ये प्रस्थ लकड़ी, लोहा, पीतल, काँसा आदि अनेकों धातुओं के होते थे । वे चाहे चम–चमाते हुए स्वच्छ हों अथवा अस्वच्छ हों, उनसे वस्तु के नाप में कोई अन्तर नहीं आता । इसी बात को बताते हुए आचार्य कहते हैं कि प्रस्थ चाहे अस्वच्छ लकड़ी का हो अथवा स्वच्छ काँसे का हो, उससे विक्रेता के चावलादि अनाज के परिमाण में कुछ भी विलक्षणता नहीं होती है अर्थात् लकड़ी के प्रस्थ से नापकर दिया गया चावल भी उतना ही होगा जितना कि काँसे के प्रस्थ से नापकर दिया जाता है । इसी प्रकार चाहे स्वच्छ बुद्धि हो अथवा मलिनमिट्टी का घट, दोनों में आत्मचैतन्य समान रूप से परिच्छिन्न होगा । इसलिये आप यह नहीं कह सकते कि बुद्धि में ही परिच्छिन्न होकर आत्मा जीवभाव को प्राप्त होगा, घट आदि में नहीं ।

पुनः शंका प्रस्तुत कर उसका समाधान करते हैं ।

अर्थ – काँसे के प्रस्थ में तण्डुलादि परिमाण में विशेषता न होने पर भी प्रतिबिम्ब रूप विशेषता अवश्य है, यदि ऐसा कहते हो तब तो बुद्धि में भी चिदाभास बलपूर्वक (अनिच्छा से) होगा ही अर्थात् आपको भी चिदाभास मानना ही पड़ेगा ।।३१।।

व्याख्या – काँसे के बने हुए प्रस्थ में चावल आदि के परिमाण में विशेषता न होने पर भी उसमें प्रतिबिम्ब रूप विशेषता तो अवश्य ही है, इस शंका का उत्तर देते हैं कि तब तो अनिच्छा से आपको बुद्धि में चिदाभास को स्वीकार करना ही पड़ेगा । अवच्छेदवादी स्वीकार करता है कि लकड़ी और काँसे के प्रस्थ में नापी गई वस्तु के परिमाण में कोई विशेषता नहीं होती है फिर भी दोनों में अन्य विशेषता है ही । लकड़ी के प्रस्थ में वस्तु का कोई प्रतिबिम्ब नहीं दिखता, किन्तु काँसे के प्रस्थ में वस्तु का प्रतिबिम्ब दिखाई देता है । अतः दोनों में विशेषता अवश्य है । आभासवादी आचार्य कहते हैं कि यदि तुम ऐसा कहते हो तब तो बलात् तुम को भी चिदाभास का स्वीकार करना ही पड़ेगा । तुम्हारे द्वारा प्रतिपादित विशेषता ही बुद्धि की है, अतः स्वच्छ बुद्धि में परिच्छिन्न चैतन्य प्रतिबिम्बित होकर चिदाभास उत्पन्न करता

भवतीति भवताप्यभ्युपगत एव बलाद्भवेत् । तत्रायं निष्कर्षः - "सौरलोको यथायं प्रतिफलनवशादेव तत्कान्ततोऽग्निं कुर्यान्नैवेतरत्र प्रमितिकृदपि क्वापि तद्वत्परात्मा । बुद्ध्यादौ बिम्बितस्सन्भवति मिति-करो नान्यतस्सर्वगोऽपि, त्याज्योऽवच्छेदवादस्तदिति बुधवरैर्ग्राह्य आभासवाद" इति दिक् ।।

आभासप्रतिबिम्बवादयोस्स्वरूपनिरूपणम् -

ईषद्भासनमाभासः प्रतिबिम्बस्तथाविधः।
बिम्बलक्षणहीनस्सन्बिम्बवद्भासते स हि ।।३२।।

अन्वयः - ईषद्भासम् आभासःतथाविधः प्रतिबिम्बः। हि (यस्मात्)सः बिम्बलक्षणहीनः सन् बिम्बवत् भासते ।

व्याख्या :- बुद्धौ कूटस्थः प्रतिबिम्बितस्स्यात् । तथापि कथं तस्य चिदाभासत्त्वमङ्गीक्रियत इत्याशङ्कायां प्रतिबिम्बाभासयोस्समानार्थकत्त्वादिति चिन्तयंस्तत्र हेतुं वदन्वार्तिककारविवरणकारयोः फलत ऐक्यं विवक्षुस्तयोर्वादयोस्स्वरूपे प्रदर्शयति । ईषद्भासनमाभासो भवति । "ईषदर्थे क्रिया योगे मर्यादाभिविधौ च यः । एतमातं ङितं विद्या" दित्यक्तेराङ् ईषदर्थकः । प्रतिबिम्बोऽपि तथाविधः। ईषद्भासनमेव । अतः प्रतिबिम्बाभासशब्दयोस्समानार्थकतेत्यर्थः । प्रतिबिम्बस्याभासत्त्वं कथं सिद्ध्यतीत्याशङ्कायामाभासलक्षणयोगादिति वदति । हि यस्मात्कारणात्प्रतिबिम्बो बिम्बलक्षणहीनो बिम्बधर्मरहितस्सप्रतिबिम्बः बिम्बवद्भासतेऽत एव बिम्बाभास इत्यर्थः । चिदिवेषत्साम्येनाभासत

है, यही चिदाभास जीवभाव का कारण है । भाव यह है कि बुद्धि में ही कूटस्थ प्रतिबिम्बित होकर चिदाभास हो जाता है, यह बात आप के द्वारा भी प्रकारान्तर से मान ली गई है ।

प्रतिबिम्ब और आभास की समानार्थकता का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - किञ्चित् भासित होना आभास कहलाता है । प्रतिबिम्ब भी वैसा ही है। बिम्बके लक्षण से हीन होते हुए भी बिम्ब के समान ही प्रतिबिम्ब भासित होता है ।।३२।।

व्याख्या - बुद्धि में कूटस्थ का प्रतिबिम्ब भले ही हो किन्तु प्रतिबिम्ब को स्वीकार करने पर चिदाभास का अंगीकार कैसे सिद्ध होगा ? क्योंकि आभास और प्रतिबिम्ब तो एक नहीं है । ऐसी आशंका के उत्तर में कहते हैं कि प्रतिबिम्ब शब्द और आभास शब्द का अर्थ एक ही है । अतः प्रतिबिम्ब के ग्रहण से भी आभास का ही ग्रहण होता है । तात्पर्य यह है कि काँस्य प्रस्थ में वस्तु का प्रतिबिम्ब होता है यह बात अवच्छेदवादी को स्वीकार है और इसी तरह वह बुद्धि में भी कूटस्थ का प्रतिबिम्ब स्वीकार कर लेता है किन्तु आभास का स्वीकार नहीं करता । वह प्रतिबिम्ब और आभास में अन्तर मानता है । आभासवादी आचार्य इस अन्तर की उपेक्षा कर दोनों को एक समान मानते हैं । वे कहते हैं कि किञ्चित् भासित होना ही आभास है । प्रतिबिम्ब भी बिम्ब की तरह पूर्णरूप से भासित न होकर किञ्चित् भासित होता है, इसलिये वह भी आभास ही है । अर्थात् प्रतिबिम्ब और आभास यह दोनों शब्द समानार्थक है। **हेतु के लक्षण से रहित होने पर भी जो हेतु के समान भासित हो, उसे हेत्वाभास कहते हैं। इसी प्रकार जो चेतनरूप न हो फिर भी चेतन के समान भासित हो, उसे चिदाभास कहते हैं** । जैसे बिम्ब के लक्षण से रहित होते हुए भी प्रतिबिम्ब बिम्ब के समान ही भासित होता है, इसी तरह आभास में भी जानना चाहिये । इससे प्रतिबिम्ब और आभास की समानार्थकता सिद्ध होती है ।

इति व्युत्पत्तिरत्राभिहिता भवतीति शम् ।।

प्रतिबिम्बस्य बिम्बवद्भासननिरूपणम् –

ससङ्गत्वविकाराभ्यां बिम्बलक्षणहीनता।
स्फूर्तिरूपत्वमेतस्य बिम्बवद्भासनं विदुः।।३३।।

अन्वयः – एतस्य ससङ्गत्वविकाराभ्यां बिम्बलक्षणहीनता स्फूर्तिरूपत्वं बिम्बवत् भासनं विदुः।

व्याख्या :– आभासलक्षणयोगित्वमेव स्पष्टयति । एतस्य चिदाभासस्य ससङ्गत्त्वविकाराभ्यामह–मादिसङ्गराहित्यं जन्मनाशादिविकारश्च ताभ्यां बिम्बलक्षणहीनता बिम्बात्मकत्त्वहीनतास्फूर्तिरूपत्त्वं कूटस्थवत्स्फूर्तिरूपत्त्वं बिम्बवद्भासनमिति च ग्रन्थद्वयतात्पर्यैक्यदर्शिनः प्राचीनाचार्या विदुर्जानन्ति। चिदाभासः कूटस्थस्वरूपेणावभासते । किन्तु ससङ्गत्त्वविकाराभ्यां स न भवतीति भावः । चिदाभासस्य ससङ्गत्त्वविकारित्त्वाभ्यां बिम्बभूतासङ्गाविकारिचैतन्यलक्षणहीनत्त्वं स्फुरणत्त्वं बिम्बवदवभासनमिति यावत् । हेतुलक्षणरहिता हेतुवदवभासमाना हेत्त्वाभासा इतिवद्बिम्बाभा इत्यर्थः । एतत्प्रकरणस्य क्रोडीकरण उक्तम् । "एवं कूटस्थदीपे गगनरविसमं प्रोच्य कूटस्थमग्रे जीवं स्वादर्शबिम्बप्रभमथ किमतः प्राच्य एवास्तु जीवः । इत्याशङ्क्योक्तमात्मा यदि भवति परिच्छेदमात्रेण जीवः कुड्यादेर्जीवता

उक्तार्थ को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ – ससंगत्व और विकार के कारण चिदाभास में बिम्ब के लक्षण नहीं है तथापि उसकी स्फुरणा बिम्ब के समान ही भासित होती है । विद्वानों का यही मत है ।।३३।।

व्याख्या – इस चिदाभास की अहमादि ससंगता तथा जन्म–नाशादि विकार, इन दोनों के कारण बिम्बलक्षणहीनता स्पष्ट ही है । आभास में बिम्ब के लक्षण नहीं होने पर भी वह बिम्ब के समान भासित होता है । कूटस्थ असंग और अविकारी है किन्तु ये लक्षण चिदाभास में नहीं हैं, वह अहंकार आदि के कारण असंग नहीं है और वृत्ति के साथ उत्पन्न होकर पुनः नष्ट भी हो जाता है, अतः जन्म और नाश आदि विकारों से युक्त होने के कारण अविकारी भी नहीं है । अतः चिदाभास में ससंगता और विकारता दोनों विद्यमान है, इसलिये उसमें बिम्ब के लक्षण नहीं घटते हैं अर्थात् कूटस्थ और चिदाभास के लक्षणों में विरोध है । फिर भी दोनों में चैतन्य की स्फुरणा समान है । दोनों में स्वयंता और अहंता का अनुभव होता है । जैसे हेतु के लक्षण से रहित होने पर भी हेतु के समान प्रतीत होनेवाले को हेत्वाभास कहते हैं, वैसे ही चिदाभास भी कूटस्थ के समान भासित होता है, किन्तु ससंगता और विकार के कारण उससे भिन्न ही है । ऐसा पूर्वाचार्यों ने अर्थात् बिम्बवाद और आभासवाद के तात्पर्य को जानने वाले आचार्यों ने जाना है अर्थात् उनका यही मत है । बोधैक्यसिद्धि में अभी तक के प्रकरण को संक्षेप में इस प्रकार कहा गया है । यथा –

एवं कूटस्थदीपे गगनरविसमं प्रोच्यकूटस्थमग्रे
जीवं स्वादर्शबिम्बप्रभमथ किमतः प्राच्य एवास्तु जीवः।
इत्याशङ्क्योक्तमात्मा यदि भवति परिच्छेदमात्रेण जीवः
कुड्यादेर्जीवता स्याद्विमलमपि मनः कांस्यवत्तुच्छमेव ।।

स्याद्विमलमपि मनः कांस्यवत्तुच्छमेवे''ति शम् ।।

चिदाभासस्य बुद्धेः पार्थक्यप्रदर्शनम् -

न हि धीभावभावित्वादाभासोऽस्तिधियः पृथक् ।
इति चेदल्पमेवोक्तं धीरप्येवं स्वदेहतः।।३४।।

अन्वयः - धीभावभावित्वात् आभासः। धियः पृथक् न अस्ति इति चेत्। अल्पम् एव उक्तम् ।एवं धीः अपि स्वदेहतः।

व्याख्या :- एवं चिदाभासस्य सार्थक्यं निरूप्य तस्या धियः पार्थक्यविवक्षया बुद्ध्यभेदमाशङ्क्य प्रतिबन्द्या परिहरति । युक्त्यन्तरेण पुनरप्यवच्छिन्नवादी शङ्कते । धीभावभावित्त्वाद्यावत्कालं धियो भावो विद्यते । तावत्कालमेव चिदाभासस्य विद्यमानत्त्वादाभासो धियः पृथङ्नास्तीति चेदल्पमेव त्वयोक्तम् । तव वचः केवलमतिफल्गिवति भावः । यथा मृदि सत्यामेव भवन्घटो न मृदो भिद्यते तद्वदेवेत्यर्थः । एवं तर्हि देहातिरिक्ता धीरपि न सिद्ध्येदिति सिद्धान्ती सानुवादमुपहासेनैव दूषयन्प्रतिबन्द्या प्रत्याचष्टे । यद्येवं तर्हि देहसमकालवर्तिनी धीरप्यहं ब्राह्मण इत्यध्यस्तात्स्वदेहतो नैव भिन्ना स्यादिति शम् ।।

यथा देहधियोर्भेदे प्रमाणं शास्त्रमस्ति तथैवाभासधियोरपीति प्रतिबन्दीमोचनम् -

देहे मृतेऽपि बुद्धिश्चेच्छास्त्रादस्ति तथासति ।
बुद्धेरन्यश्चिदाभासः प्रवेशश्रुतिषु श्रुतः।।३५।।

अन्वयः - देहे मृते अपि शास्त्रात् बुद्धिः चेत् । तथा सति बुद्धेः अन्यः चिदाभासःप्रवेशश्रुतिषु श्रुतः।

चिदाभास का बुद्धि से पार्थक्य प्रदर्शित करते हैं ।

अर्थ - बुद्धिभाव से ही भासित होने के कारण चिदाभास बुद्धि से पृथक् नहीं है । यदि तुम ऐसा कहते हो तो तुमने थोड़ा ही कहा, तुम्हारे लिये तो बुद्धि भी देह से पृथक् नहीं होगी ।।३४।।

व्याख्या - इस प्रकार चिदाभास की सार्थकता दिखाकर उसकी बुद्धि से भिन्नता दिखाने की इच्छासे सर्वप्रथम बुद्धि से उसकी अपृथकता की शंका कर उसका निराकरण करते हैं । बुद्धिभाव से ही भासित होने के कारण अर्थात् जब तक बुद्धि का सद्भाव है तभी तक चिदाभास भी विद्यमान रहता है, उसके नष्ट होने पर चिदाभास का भी कोई अस्तित्त्व न रहने के कारण चिदाभास बुद्धि से पृथक् नहीं है । यदि तुम ऐसा कहते तो हो तुमने थोड़ा ही कहा, यदि ऐसा ही मानोगे तो तुम्हारे मत में तो बुद्धि भी देह से भिन्न नहीं होगी । अर्थात् शरीर होने पर ही बुद्धि का अनुभव होता है अतः बुद्धि भी शरीर से भिन्न नहीं है । किन्तु यह बात आपको इष्ट न होगी । तात्पर्य यह है कि जैसे शरीर से बुद्धि भिन्न है, वैसे ही चिदाभास भी बुद्धि से पृथक् ही है ।

उक्तार्थ पर पुनः शंका कर उसका समाधान करते हैं ।

अर्थ - यदि कहो कि शरीर के मरने पर भी बुद्धि रहती है यह बात शास्त्रसिद्ध है, तब तो बुद्धि से भिन्न चिदाभास है, ऐसा प्रवेश श्रुतियों में सुना गया है । (अतः श्रुति प्रमाण से चिदाभास को भी बुद्धि से भिन्न मानना चाहिये)।।३५।।

व्याख्या - शरीर और बुद्धि का भेद तो शास्त्रों में कहा गया है किन्तु चिदाभास और बुद्धि का

व्याख्या :- चिदाभासस्यापि शास्त्रे श्रूयमाणत्त्वात्तस्यापि धियः पार्थक्यमभ्युपगन्तव्यमिति तत्रस्थोक्तप्रतिबन्दीमोचनं तदभिमतमाशङ्क्य तन्मोचनोपायेनैव स्थापयति । देहातिरिक्ताया बुद्धेर्देहे मृतेऽपि "स विज्ञानो भवती"त्यादिशास्त्राद्बुद्धिरस्तीत्यतस्तयोर्भेदकथनं युक्तमेवेति वदसि चेदङ्गीकुर्मः। श्रुतिबलाद्बुद्ध्यतिरिक्तश्चिदाभासोऽभ्युपेय इत्याह । तथा देहधियोर्भेदे शास्त्रात्प्रतिपादिते सति बुद्धेरन्यश्चिदाभास ऐतरेयादिषूक्तप्रवेशश्रुतिषु श्रुत इति दिक् ।।

बुद्ध्युपाधिकस्यैव प्रवेश इति निरूपणम् -

धीयुक्तस्य प्रवेशश्चेन्नैतरेये धियः पृथक् ।
आत्मा प्रवेशं सङ्कल्प्य प्रविष्ट इति गीयते।।३६।।

अन्वयः- धीयुक्तस्य प्रवेशः चेत् । ऐतरेये धियः पृथक् आत्मा प्रवेशं संकल्प्य प्रविष्टः इति गीयते।

व्याख्या :- धीविशिष्टस्यैव सर्वप्रवेशश्रुतिष्वात्मनो देहादौ प्रवेश उक्त इति शुद्धप्रवेशानुपपत्त्या प्रकल्पनीय इति तदभिमतमनूद्य विदलयितुं प्रतिजानीते । ननु लोके बुद्धिविशिष्टस्य चैत्रादेर्गृहादौ प्रवेशो दृश्यते । न तु तद्विरहितलोष्टादेः । तद्बुद्धेः पृथग्भूतस्य चिदाभास्यैव प्रवेशो नैव घटते किन्तु

भेद शास्त्रों में कहीं सुनने में नहीं आता है अतः चिदाभास बुद्धि से भिन्न नही हैं । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि चिदाभास का पार्थक्य भी शास्त्रों में सुना गया है अतः दोनों की भिन्नता ही मानना चाहिये । शरीर के मर जाने पर"***स विज्ञानो भवति***" इत्यादि शास्त्रों से बुद्धि के अस्तित्व को माना गया है । अतः शरीर और बुद्धि का जो भेद हमने कहा है, वह उचित ही है । यदि तुम ऐसा कहते हो तो उक्त कथन को अंगीकार करके सिद्धान्ती समाधान देते हैं कि तब तो बुद्धि से चिदाभास भी भिन्न है, ऐसा शास्त्रों में सुना गया है अर्थात् जैसे शास्त्र-प्रमाण से तुम शरीर और बुद्धि का भेद स्वीकार कर रहे हो उसी प्रकार ऐतरेय आदि में पठित प्रवेश वाचक श्रुतियों में भी बुद्धि और चिदाभास के भेद का वर्णन होने से उसे भी स्वीकार करो । तात्पर्य यह है कि श्रुतिप्रमाण से चिदाभास को भी बुद्धि से भिन्न मानना चाहिये ।

बुद्धि रहित चैतन्य का ही प्रवेश श्रुति में कहा गया है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - यदि कहो कि (उक्त श्रुति में) बुद्धियुक्त (चिदाभास) का ही प्रवेश कहा गया है तो ऐसा कहना ठीक नहीं है क्योंकि ऐतरेयोपनिषद् में बुद्धि से भिन्न आत्मा ने प्रवेश करने का संकल्प कर (शरीर में) प्रवेश किया, ऐसा कहा गया है ।।३६।।

व्याख्या - पूर्वपक्षी पुनः शंका करता है कि लोक में देखा गया है कि बुद्धियुक्त चैत्र आदि का ही गृह आदि में प्रवेश होता है, न कि बुद्धिरहित लोष्टादि का । उसी प्रकार बुद्धि-पृथक्भूत चिदाभास का भी शरीर में प्रवेश संभव नहीं है किन्तु बुद्धिसहित चिदाभास का ही प्रवेश संभव है । ऐसी स्थिति में चिदाभास का बुद्धि से पार्थक्य कैसे हो सकता है ? इस शंका का परिहार करते हैं। यदि तुम बुद्धि युक्त चिदाभास का ही शरीर में प्रवेश होना कह रहे हो तो यह कथन ठीक नहीं है, क्योंकि श्रुति में बुद्धि से भिन्न चिदाभास का प्रवेश सुना गया है । ऐतरेय उपनिषद् के अनुसार ईश्वर ने मनुष्य शरीर की रचना की और उसमें प्राण, मन और इन्द्रियों की व्यवस्था की । उसके बाद -"***स एतमेव सीमानं विदार्य***

तत्सहितस्यैव इत्युच्यते चेन्न । धियः पृथग्व्यतिरेकेणात्मा प्रवेशं सङ्कल्प्य "सीमानं विदार्यैतया द्वारा प्रविष्ट" इत्यैतरेये गीयते । तत्रैतरेयोपनिषद्गतश्रुत्यर्थं कथयन्हेतुं द्योतयति श्रुतौ बुद्ध्यतिरिक्तस्यैव प्रवेशश्रवणादिति । श्रुतिबलाद्यथा देहपातानन्तरमपि बुद्धेस्सत्त्वमभ्युपेयते तथैवैतरेयगतप्रवेशश्रुति-बलाद्बुद्धिरहितस्यात्मनोऽपि प्रवेशोऽभ्युपेय इति शम् ।।

ऐतरेयस्थायाः प्रवेशश्रुतेरर्थतो निरूपणम् -

कथं न्विदं साक्षदेहं मदृते स्यादितीरणात् ।
विदार्य मूर्धसीमानं प्रविष्टस्संसरत्ययम् ।।३७।।

अन्वयः - अयं साक्षदेहं इदं मदृते कथं नु स्यात् इति ईरणात् मूर्धसीमानं विदार्य प्रविष्टःसंसरति।

व्याख्या :- "स ईक्षत कथंन्विदं मदृते स्यादिति" "स एतमेव सीमानं विदार्यैतया द्वारा प्रापद्यते"त्यैतरेयश्रुतिरत्रार्थतः पठ्यते । बुद्धिविधुरस्यात्मनः प्रवेशसङ्कल्पासम्भवान्नैवं श्रुत्यर्थस्सम्भवतीत्याशङ्क्य समाहितुं तामेव श्रुतिमर्थतस्सङ्ग्रथ्य प्रागुक्तेऽर्थे हेतुं प्रदर्शयति । "सोऽद्भ्य एव पुरुषं समुद्धृत्यामूर्च्छय"दित्यारभ्य "शिश्नाद्रेतो रेतस आप" इत्यन्तया श्रुत्याभिहितमिदं साक्षदेहमयं परमात्माक्षाणि च देहाश्चाक्षदेहास्तैस्सह वर्तत इति तद्विशिष्टमक्षाद्यवयवोपेतं चैतन्यरहितमेतादृशं जडभूतमिदं साक्षिणो मम प्रत्यक्षं साक्षिदृश्यमिदं मदृते मां चैतन्यस्वरूपं विना विहाय कथं नु स्यान्मत्सत्तात्मकप्राकारविरहे कथं विरहेदिति भावः । कथं प्रविष्ट इति तदाह । कथं

एतया द्वारा प्रापद्यत" (ऐ. उ. १/३/१२) उसने इस मनुष्य शरीर की सीमा को विदीर्ण कर इसके द्वारा उसमें प्रवेश किया । ऐसा कहा गया है अतः प्रवेश श्रुतियों के द्वारा बुद्धि और चिदाभास की भिन्नता स्पष्ट रूप से ज्ञात होती है । भाव यह है कि श्रुतिप्रमाण से जैसे तुम देह के मरने पर उससे भिन्न बुद्धि को स्वीकार करते हो, उसी प्रकार श्रुतिप्रमाण उपलब्ध होने के कारण बुद्धिरहित आत्मा का ही शरीर में प्रवेश हुआ है, इस बात को भी स्वीकार करो ।

अब ऐतरेयस्थ प्रवेशवाचक श्रुति का अर्थतः निरूपण करते हैं ।

अर्थ - यह परमात्मा 'इन्द्रिय और देह सहित यह जड़ पिण्ड मेरे बिना कैसे रह सकेगा' ऐसा संकल्प कर मूर्धा को विदीर्ण कर उसमें प्रविष्ट हो गया और संसरण को प्राप्त हुआ ।।३७।।

व्याख्या - ***"स ईक्षत कथं न्विदं मदृते स्वादिति" "स एतमेव सीमानं विदार्य एतया द्वारा प्रापद्यत"*** (ऐ.उ. १/३/१२) इस पूर्वोक्त श्रुति के अर्थ को ही इस श्लोक में स्पष्ट किया गया है । इस श्रुति के अनुसार परमात्मा ने विचार किया कि मैं चेतन हूँ तथा इन्द्रिय और देहसहित यह पिण्ड (लोक, लोकापालों के संधात रूप पिण्ड) जड़ है, यह मेरे बिना कैसे रह सकेगा ? 'उसने विचार किया कि मैं किस मार्ग से इस शरीर में प्रवेश करूँ ' उसने पुनः विचार किया कि यदि मेरे बिना वाणी बोलने में समर्थ हो जाए, प्राण प्राणन क्रिया में समर्थ हो जाए तो मेरा प्रयोजन ही क्या रहेगा ? अर्थात् मेरे बिना उक्त सभी व्यापार हो जाने पर मेरा कोई प्रयोजन ही न रहेगा । किन्तु राजा के बिना जैसे नगर का कार्य नहीं होता, वैसे ही मेरी प्रेरणा के बिना उक्त व्यापार का होना असंभव है, इस प्रकार विचार कर वह सृष्टिकर्ता ईश्वर इस मूर्धा को (मस्तक स्थित तीनों कपालों के मध्य देश को) विदीर्ण कर (भेदन कर)

निर्वहेदितीरणात्कथनादयमात्मा विचार्य मूर्धा सीमानं कपालत्रयमध्यदेशं विदार्य स्वसन्निधिमात्रेण भित्त्वा पाञ्चभौतिकं देहं प्रविष्टस्सञ्जगति संसरति जाग्रत्स्वप्नसुषुप्ताख्या अवस्थास्समनुभवति । अत्र श्रुतौ "स एतमेव सीमान"मित्यादौ पूर्वार्धेन प्रवेशसङ्कल्पोऽन्येन प्रवेशश्चेति क्रमादुक्त इति शम् ।।

असङ्गस्यात्मनः प्रवेशोपपादनम् –

कथं प्रविष्टोऽसङ्गश्चेत्सृष्टिर्वास्य कथं वद ।
मायिकत्वन्तयोस्तुल्यं विनाशश्च समस्तयोः ।।३८।।

अन्वयः – असङ्गः कथं प्रविष्टः (इति)चेत् ? अस्य सृष्टिः वा कथं वद ? । तयोः मायिकत्वं तुल्यम् ? किं च विनाशः समः ।

व्याख्या :– क्रियादिविकाररहितस्यात्मनः प्रवेशोऽयुक्त इत्याशङ्कायां सृष्टिकर्तुर्मायिकत्त्वान्न दोष इत्ययं परिहारः प्रष्टर्यपि तुल्य एवेति प्रतिबन्द्या समाधत्ते । यद्यसङ्गश्चिदात्मा तस्य कथं प्रवेश इत्युच्यते चेदस्य सृष्टिस्तत्कर्तृकजगत्सर्जनक्रिया कथं कृतेति वद । तयोस्सृष्टिप्रवेशक्रिययोर्मायिकत्त्वं

इसी मार्ग से संघात रूप शरीर में प्रविष्ट हो गया और संसरण को प्राप्त हुआ । अर्थात् जाग्रतादि तीनों अवस्थाओं का अनुभव करने लगा । इस प्रकार ऐतरेय श्रुति में कहा गया है । इस प्रसंग में आत्मा के साथ बुद्धि के प्रविष्ट होने का उल्लेख नहीं है, अतः आत्मा का प्रतिबिम्ब चिदाभास और बुद्धि ये दोनों निश्चय ही पृथक् हैं ।

पुनः शंका कर उसका समाधान करते हैं ।

अर्थ – असंग आत्मा ने प्रवेश कैसे किया यदि ऐसा पूछते हो तो यह बताओ की उसने सृष्टि कैसे की ? प्रवेश और सृजन में परमात्मा की मायिकता समान ही है और उन दोनों (प्रवेशकर्ता और सृष्टिकर्ता) का विनाश भी समान ही है ।।३८।।

व्याख्या – क्रियादि विकारों से रहित असंग आत्मा का प्रवेश संभव नहीं है, इस शंका का समाधान करते हैं । इस श्लोक में पूर्वपक्षी से प्रश्नोत्तर किया गया है । पूर्वपक्षी पूछता है – परमात्मा तो असंग है अर्थात् समस्त क्रिया आदि विकारों से रहित है तो फिर वह पुरुष के शरीर में प्रवेश कैसे कर सकता है ? इस प्रश्न के उत्तर में सिद्धान्त पक्ष के आचार्य भी पुनः प्रश्न करते हैं कि यदि परमात्मा असंग होने के कारण पुरुष में प्रवेश नहीं कर सकता तो तुम यह बताओ कि वह असंग परमात्मा संसार की रचना कैसे करता है ? भाव यह है कि जैसे वह संसार की रचना करने में समर्थ है, वैसे ही शरीर में प्रवेश करने में भी समर्थ है । इस पर पूर्वपक्षी कहता है कि सृष्टिक्रिया तो मायिक है अतः मायाकल्पित होने के कारण कोई दोष नहीं है । इस पर सिद्धान्ती कहते हैं कि जैसे सृष्टिक्रिया मायिक है, वैसे ही उसका प्रवेश करना भी मायिक ही है अर्थात् मायिकत्व दोनों क्रियाओं में समान ही है और उन दोनों का विनाश भी समान ही है अर्थात् मायिक होने के कारण दोनों ही विनाशशील (अनित्य) हैं । श्रुतिप्रमाण से भी सिद्ध है कि चिदाभास विनाशी है और कूटस्थ नित्य है ।

मायाकल्पितत्त्वं तुल्यम् । तयोर्विनाशश्चानित्यत्त्वं च सम एवेति शम् ।।

सोपाधिकस्य विनाशोऽनिवार्य इति निरूपणम् -

समुत्थायैष भूतेभ्यस्तान्येवानु विनश्यति ।
विस्पष्टमिति मैत्रेय्यै याज्ञवल्क्य उवाच हि ।।३९।।

अन्वयः - ''एषः भूतेभ्यः समुत्थाय तानि एव अनुविनश्यति'' इति याज्ञवल्क्यः मैत्रेय्यै हि विस्पष्टम् उवाच।

व्याख्या :- ''प्रज्ञानघन एवैतेभ्यो भूतेभ्यस्समुत्थाय तान्येवानुविनश्यति न प्रेत्य संज्ञास्ती''त्यौपाधिक-रूपस्य विनाशित्त्वप्रतिपादिकां श्रुतिं दर्शयंश्चिदाभासस्य जीवस्य कथं विनाश इत्यत्राह । एष प्रज्ञानघन आत्मा भूतेभ्य एतेभ्यो देहेन्द्रियाद्युपाधिभ्य देहेन्द्रियाद्यात्मकेभ्यः पञ्चभूतकार्येभ्यो निमित्तभूतेभ्य उपाधिभ्यस्समुत्थाय जीवत्त्वाभिमानमवाप्य यदा तानि विनश्यन्ति तदा तान्येव देहादीनि विनश्यत्स्वनु विनश्यति । तत्कृतजीवत्त्वाभिमानं जहाति । सर्वमिमर्थं याज्ञवल्क्यः ''प्रज्ञानघन एवैतेभ्यो भूतेभ्यस्समुत्थाय तान्येवानुविनश्यती''त्येवं प्रकारेण श्रुत्या प्रोवाचेत्यर्थः । एवं सोपाधिकरूपस्य विनष्टमिति विनाशित्त्वमित्यारण्यके याज्ञवल्क्यो निजभार्यायै मैत्रेय्या उवाचोक्तवानिति शम् ।।

अविनाशिन आत्मनो निरूपणम् -

अविनाश्ययमात्मेति कूटस्थः प्रविवेचितः ।
मात्रासंसर्ग इत्येवमसङ्गत्वस्य कीर्तनात् ।।४०।।

अन्वयः - अयम् आत्मा अविनाशी इति कूटस्थः प्रविवेचितः। मात्रासंसर्गः इति एवम् असङ्गत्वस्य

सोपाधिक का विनाश अनिवार्य है, इस बात को श्रुति के द्वारा सिद्ध करते हैं ।

अर्थ - यह प्रज्ञानघन आत्मा पञ्चभूतों के कार्य रूप उपाधि से जीवभाव को प्राप्त कर उनके पीछे ही (नाश होते ही) विनष्ट हो जाता है । इस प्रकार याज्ञवल्क्य ऋषि ने मैत्रेयी को स्पष्ट रूप से कहा है।।३९।।

व्याख्या - ***''एतेभ्यो भूतेभ्यः समुत्थाय तान्येवानु विनश्यति न प्रेत्य संज्ञास्तीत्यरे ब्रवीमि इति होवाच याज्ञवल्क्यः''*** (बृ.उ. २/४/१२) यह प्रज्ञानघन आत्मा इन भूतों के साथ प्रकट होकर उन्हीं के साथ विनाश को प्राप्त हो जाता है । देहेन्द्रियभाव से मुक्त होने पर इसकी कोई विशेष संज्ञा नहीं रहती । इस प्रकार याज्ञवल्य जी ने अपनी भार्या मैत्रेयी को कहा । अर्थात् यह प्रज्ञानघन आत्मा पञ्चभूतों के कार्य रूप उपाधि से अर्थात् देहेन्द्रियादि उपाधियों से जीवत्वाभिमान को प्राप्त करता है । जब वे देहेन्द्रियादि उपाधि नष्ट हो जाती हैं तब यह भी उनके पीछे नष्ट हो जाता है । उनके नष्ट हाते ही यह भी विनष्ट हो जाता है अर्थात् जीवभाव का त्याग कर देता है । इस प्रकार श्रुति में श्रीयाज्ञवल्क्य ऋषि ने अपनी पत्नी के प्रति सोपाधिक का विनाश स्पष्ट रूप से कहा है ।

श्रुति में विनाश रहित आत्मा का वर्णन किया गया है, इसका वर्णन करते हैं।

अर्थ - 'यह आत्मा अविनाशी है' इस श्रुति ने चिदाभास से कूटस्थ को भिन्न बताया है क्योंकि 'इस आत्मा का देहादि मात्राओं से सम्बन्ध नहीं है' इस श्रुति वाक्य ने आत्मा की असंगता का कथन किया है ।।४०।।

कीर्तनात् ।

व्याख्या :- एवमाभासे श्रुतिमुक्त्वा सम्प्रति कूटस्थेऽपि तां दर्शयितु''मविनाशी वा अरेऽयमात्मानुच्छित्तिधर्मा'' ''मात्रासंसर्गस्त्वस्य भवती''ति चार्थतः पठति । अयमात्मा त्वविनाशी विनाशरहितो नित्यो जीवात्प्रविवेचितो विभाजितोऽ''विनाशी''त्यादिश्रुतेः । अविनाशित्त्वेऽपि कारणमसङ्गत्त्वमेवेत्याह । ''मात्रासंसर्ग'' इत्यादिश्रुत्यात्मनोऽसङ्गत्त्वस्य कीर्तनात्कूटस्थस्य मात्रासंसर्गत्त्वस्य मीयन्त इति मात्रा देहादयस्ताभिस्साकमसंसर्गस्य सङ्गराहित्यस्य कीर्तनादुक्तेरिति शम् ।।

जीवविषयकश्रुतेरप्युदाहरणम् -

जीवापेतं वाव किल शरीरं म्रियते न सः।
इत्यत्र न विमोक्षोऽर्थः किन्तु लोकान्तरे गतिः ।।४१।।

अन्वयः- जीवापेतं वाव शरीरं किल म्रियते। सः न इति अत्र विमोक्षः अर्थः न। किन्तु लोकान्तरे गतिः।

व्याख्या :- एवं ''जीवापेतं वाव किलेदं म्रियते न जीवो म्रियते'' इति तदीयश्रुति-मप्याभासेऽनुकूलयति । पूर्वोक्तश्रुत्यास्यौपाधिकस्याप्यविनाशित्त्वं प्रतिपाद्यत इत्याशङ्कायां

व्याख्या - पूर्वोक्त श्रुति ने औपाधिक आत्मस्वरूप से भिन्न कूटस्थ के असंगत्व का भी वर्णन किया है, इस बात को दर्शाते हैं । कूटस्थ आत्मा विनाशी चिदाभस से भिन्न है । उस अविनाशी आत्मा के लक्षण बताते हुए याज्ञवल्क्य जी मैत्रेयी से कहते हैं कि ***''अविनाशी वा अरेऽयमात्मानुच्छित्ति-धर्मा''*** (बृ.उ. ४/५/१४) अर्थात् यह आत्मा निश्चय ही अविनाशी और अनुच्छेद धर्मवाला (स्वभाववाला) है । यह आत्मा अविनाशी इसलिये है क्योंकि इसका विनाश नहीं होता । विनाश शब्द विकार का सूचक है अतः आत्मा अविकारी है । उच्छित्ति का अर्थ उच्छेद है । उच्छेद ही विनाश है । आत्मा में उच्छेद धर्म नहीं है, इसलिये इसे अनुच्छित्तिधर्मा कहा गया है । तात्पर्य यह है कि आत्मा का न तो विकार रूप विनाश होता है और न इसका उच्छेद ही होता है । आत्मा के अविनाशी होने का कारण बताते हैं कि यह असंग है ।***''मात्रासंसर्गस्त्वस्यभवति''*** इस श्रुति में आत्मा के असंगत्व का वर्णन किया गया है ।***''असंगोह्ययं पुरुषः''***यह पुरुष (आत्मा) असंग है ।***'मीयन्ते इति मात्राः'*** देह, इन्द्रिय और उनके विषयों को मात्रा शब्द से कहा गया है । यह आत्मा इन सब के संग से रहित है इसलिये इसे असंग कहा गया है । अतः कूटस्थ अविनाशी आत्मा पूर्वोक्त औपाधिक और विनाशी आत्मा (चिदाभास) से पृथक् है ।

श्रुति में जहाँ चिदाभास का नित्यत्व कहा गया है, वह पारमार्थिक दृष्टि से नहीं कहा गया है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - ''यह बात प्रसिद्ध है कि जीव न रहने पर शरीर मर जाता है किन्तु जीव नहीं मरता'' इस श्रुति का अर्थ मोक्षपरक नहीं है, केवल उसके लोकान्तर में गमन को कहा गया है ।।४१।।

व्याख्या - जीव विनाशी है, यह आपका कथन श्रुतिविरुद्ध है क्योंकि इस औपाधिक आत्मा के (जीव के) अविनाशित्व का वर्णन श्रुति में उपलब्ध है । इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि औपाधिक आत्मा के अविनाशित्व का वर्णन करने वाली श्रुतियों का तात्पर्य जीव के आत्यन्तिक विनाश के अभाव

तस्याश्श्रुतेर्देहान्तरप्राप्तिविषयतया नात्यन्तिकनाशाभावपरत्त्वमिति प्रतिपादयति । तस्मादियं श्रुतिर्जीवस्याविनाशित्त्वं नैव वदति । यतो लोकान्तरगमनविषयमिदं वाक्यं न तु मोक्षपरमिति परिहरति । उक्तश्रुतौ विमोक्ष आत्यन्तिकनिश्श्रेयसरूपो मोक्षोऽर्थो नास्ति किन्तु पुण्यपापफलानुभवयोग्यस्य देहान्तरस्य प्राप्तये स्वर्गादिलोकान्तरे गतिर्गमनमेवार्थः । जीवापेतं जीवरहितं जीवेन त्यक्तमिति भावः । जीवो न म्रियत एवेति शम् ।।

अहं ब्रह्मास्मीति सामानाधिकरण्यस्योपपादनम् -

नाहं ब्रह्मेति बुध्येत स विनाशीति चेन्न तत् ।
सामानाधिकरण्यस्य बाधायामपि सम्भवात् ।।४२।।

अन्वयः - विनाशी सः "अहं ब्रह्म" इति न बुध्येत इति चेत् तत् न । सामानाधिकरण्यस्य बाधायाम् अपि संभवात् ।

व्याख्या :- एवमप्यभेदानुपपत्तिमाशङ्क्य परिहरञ्जीवस्य विकारस्स्वभावत्त्वेऽहं ब्रह्मास्मीत्यविकारि-ब्रह्मैक्यज्ञानं न घटत इति शङ्कते । विनाशी विनशनशीलस्य जीवोऽहं ब्रह्मेति ब्रह्माभेदेनात्मानं न बुद्धयेत न विजानीयाद्विकार्यविकारित्त्वरूपविरुद्धधर्माक्रान्तयोर्जीवब्रह्मणोरेकत्त्वासम्भवादिति चेन्न ।

में नहीं है, अपितु वर्तमान देह के नाश से जीव का नाश नहीं होता है, यही बताने के लिये किया गया है । छान्दोग्योपनिषद् में आरुणि ने अपने पुत्र श्वेतकेतु को उपदेश देते हुए कहा कि ***"जीवोपेतं वाव किलेदं म्रियते न जीवो म्रियते"*** (छा.उ. ६/११/३) जीव से रहित हो जाने पर यह शरीर मर जाता है किन्तु जीव नहीं मरता । आपातदृष्टि से देखने पर ज्ञात होता है कि इस श्रुति के अनुसार जीव भी अविनाशी कहा गया है, किन्तु ऐसा नहीं है । स्थूल शरीर के नष्ट होने पर प्रारब्ध के बल से सूक्ष्म शरीर चलता रहता है । सूक्ष्म शरीराभिमानी चिदाभास ही जीव है । वह पुण्य-पापादि फलभोग के अनुभवार्थ अर्थात् अनुभव करने योग्य शरीरान्तर की प्राप्ति के लिये स्वर्गादि अन्य लोकों में गमन करता है । स्थूल की अपेक्षा कुछ अधिक समय तक रहने वाला होने के कारण इसे अमरणधर्मा कहा गया है, वस्तुतः यह नित्य नहीं है । मुक्तावस्था में सूक्ष्म शरीर के साथ चिदाभास (जीव) भी नष्ट हो जाता है, अतः ***"जीवोपेतं वाव....."*** इस श्रुति वाक्य में मुक्ति रूप अर्थ विवक्षित है । इसलिये जीव का आपेक्षिक अविनाशित्व और आत्यन्तिक विनाशित्व मानने में कोई विरोध नहीं है ।

'मैं ब्रह्म हूँ' इस वाक्य में सामानाधिकरण्य का प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ - नाशवान वह जीव 'मैं ब्रह्म हूँ' इस प्रकार नहीं जान सकेगा । यदि ऐसा कहते हो तो यह ठीक नहीं है, क्योंकि बाध में भी सामानाधिकरण्य संभव है ।।४२।।

व्याख्या - यदि जीव को विकारी मानेंगे तो उसके द्वारा अविकारी ब्रह्मात्मैक्य ज्ञान कभी हो ही न सकेगा, ऐसी शंका कर उसका समाधान करते हैं । यदि जीव विनाशी अर्थात् नाशशील है, तो वह 'मैं ब्रह्म हूँ' इस प्रकार नहीं जान सकेगा, क्योंकि विकारी और अविकारी रूप विरुद्ध-धर्माक्रान्त जीव और ब्रह्म की एकता संभव नहीं है । यदि तुम ऐसा कहते हो तो यह कथन ठीक नहीं है, क्योंकि बाध में भी सामानाधिकरण्य संभव है । बाधसामानाधिकरण्य के द्वारा भी 'मैं ब्रह्म हूँ' ऐसा जाना जा सकता

मुख्यसामानाधिकरण्यस्यासम्भवेऽपि "स्थाणुरयं पुरुष" इतिवद्बाधायां सामानाधिकरण्यम् । तच्च द्विविधं मुख्यं गौणं चेति । एकार्थबोधकत्त्वरूपं सामानाधिकरण्यं सर्वात्मनाभेदे मुख्यम् । उत्तरस्मिन्काले विरुद्धांशस्य सत्यां बाधायां विद्यमानायामपि यत्सामानाधिकरण्यं तद्गौणम् । प्रकृते चाहं ब्रह्मास्मीत्यत्राहङ्काराद्यवच्छिन्नस्य जीवस्य ब्रह्मणाभेदभावेऽपि विद्ययाहङ्कारादेर्विरुद्धांशस्य बाधायां ब्रह्माभेदस्य सत्त्वादौपचारिकं सामानाधिकरण्यम् । तादृशं सामानाधिकरण्यमादायाहं ब्रह्मास्मीति व्यवहार उपपद्यत इति शम् ।।

बाधसामानाधिकरण्येन वाक्यार्थज्ञानप्रकारनिरूपणम् –

योऽयं स्थाणुः पुमानेष पुंधिया स्थाणुधीरिव ।
ब्रह्मास्मीति धियाऽशेषाप्यहंबुद्धिर्निवर्त्यते ।।४३।।

अन्वयः – "यः अयं स्थाणुः एषः पुमान्" इति पुंधिया स्थाणुधीः इव "ब्रह्म अस्मि" इति धिया अपि अशेषा हि अहंबुद्धिः निवर्त्यते ।

व्याख्या :– पूर्वोक्तमर्थं दृष्टान्तपुरस्सरं विशदयन्नैष्कर्म्यसिद्धिवचनमवतारयति । वार्तिककारैर्बाध-सामानाधिकरण्येन वाक्यार्थप्रतिपत्तिप्रकारस्सदृष्टान्तो विशदीकृत इति तद्वाक्यमेवोदाहरति। नन्वस्तु बाधायां सामानाधिकरण्यसम्भवः प्रतिज्ञामात्रेण । वस्तुतस्त्वेकविभक्तिकत्त्वे सति भिन्नप्रव-त्तिमित्तकत्वे सत्येकार्थप्रतिपादकत्वलक्षणस्य तस्य बाधायां कथं सम्भवो युक्तिसहस्स्याद्यथा कथञ्चिद्युक्तिसहत्त्वेऽपि नैतच्छास्त्रज्ञमर्यादासिद्धम् । "सोऽयं देवदत्त" इत्यादिनिदर्शनेन "तत्त्वमस्या"दिवाक्येष्वभेद-सामानाधिकरण्यस्यैव पूर्वाचार्यैस्सर्वैः प्रदर्शितत्त्वादिति चेन्न । प्रकृतवचनस्य जागरूकत्त्वात् । तथाहि-

---

है । व्यवहारप्रयोजक सामानाधिकरण्य दो प्रकार का होता है – एक मुख्य और दूसरा गौण । सर्वथा अभेद में मुख्य सामानाधिकरण्य होता है, जैसे ***"सोऽयं देवदत्तः"*** यह वही देवदत्त है तथा उत्तरकाल में विरुद्धांश का बाध कर देने पर जो विद्यमान रहता है, उसका गौण सामानाधिकरण्य माना जाता है । प्रकृत में 'मैं ब्रह्म हूँ' इस वाक्य में अहंकारादि से अवच्छिन्न जीव का ब्रह्म के साथ अभेद न होने पर भी विद्या के द्वारा अहंकारादि विरुद्ध अंशों का बाध कर देने पर ब्रह्म के साथ अभेद का ज्ञान होना संभव है, इसे औपाचारिक अर्थात् गौण सामानाधिकरण्य कहते हैं । भाव यह है कि बाधसामानाधिकरण्य को लेकर 'मैं ब्रह्म हूँ' इस प्रकार का व्यवहार होना संभव है ।

उक्तार्थ को दृष्टान्त पूर्वक स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ – "जो यह स्थाणु (ठूँठ) है, यह पुरुष है" इस प्रकार के पुरुषत्व के ज्ञान से जैसे स्थाणुत्व बुद्धि निवृत्त हो जाती है, उसी प्रकार 'मैं ब्रह्म हूँ' इस प्रकार के ज्ञान से अहंबुद्धि (जीवभाव) पूर्णरूप से निवृत्त हो जाती है ।।४३।।

व्याख्या – बाधसामानाधिकरण्य से महावाक्य के अर्थज्ञान का प्रकार वार्तिककार श्रीसुरेश्वचार्य जी के ग्रन्थ नैष्कर्म्यसिद्धि के श्लोक से स्पष्ट करते हैं । बाधविषयक सामानाधिकरण्य भले ही हो किन्तु प्रकृत में उसका कोई उपयोग नहीं है और पूर्वाचार्यों ने तत्त्वमसि आदि महावाक्यों के व्याख्यान काल में ***"सोऽयं देवदत्तः"*** इत्यादि मुख्यसामानाधिकरण्य ही माना है तो फिर आप बाधसामानाधिकरण्य

पुरोवर्तिनं पुरुषं तमसि पश्यता योऽयं पुरोवर्ती स्थाणुरिति भ्रान्त्या सम्भाव्यते एष पुमानित्यकारिकया पुंधिया स्थाणुरिव यथा स्थाणुत्त्वविशिष्टधीर्निवर्त्यते तथा नाहं जीवोऽपि तु ब्रह्मास्मीति धियाशेषाहं-बुद्धिरहन्त्वविशिष्टा बुद्धिर्निवर्त्यतेऽपाक्रियते । यथा स्थाणुरयमिति स्थाणुत्त्वविशिष्टव्यक्तिविषयकं ज्ञानं प्रथमतो जायते। तत आप्तवाक्यादिनैष पुमानिति पुंस्त्वविशिष्टविषयकज्ञानेन जायमानः पूर्वज्ञानस्य बाधो व्यक्त्यंशे पर्यवसितुमनर्हस्सन्स्थाणुत्त्वांशे पर्यवस्यति । तद्वत्प्रकृतेऽहं ब्रह्मास्मीति ज्ञानस्य ब्रह्मास्मीति ज्ञानेन जायमानो बाधो व्यक्त्यंशे पर्यवसितुमनर्हस्सन्विशेषणीभूताहन्त्वाद्यंशे पर्यवस्यति । तदानीन्तनाभेदमादाय सर्वत्र सामानाधिकरण्येन व्यवहारः । एवञ्च स्थाणुः पुरुष इति वाक्यस्थपदयोरुक्तलक्षणसामानाधिकरण्या"दहं ब्रह्मास्मी"ति वाक्यस्थपदयोरपि सामानाधिकरण्यं ब्रह्मधिया सविषयकाहंधीबाधायां सत्यामेव स्थाणुधियो बाधायां सत्यामिव भवतीति भावः । "अहं ब्रह्मास्मीति" बोधेनाहंबुद्धिः कर्ताहमस्मीत्येवमादिरूपा सर्वापि निवर्त्यत इति शम् ।।

बाधायां सामानाधिकरण्यस्य निगमनम् -

नैष्कर्म्यसिद्धावप्येवमाचार्यैः स्पष्टमीरितम् ।
सामानाधिकरण्यस्य बाधार्थत्वमतोऽस्तु तत् ।।४४।।

अन्वयः - एवम् आचार्यैः नैष्कर्म्यसिद्धौ अपि सामानाधिकरण्यस्य बाधार्थत्वं स्पष्टम् ईरितम्। अतः तत् अस्तु ।

व्याख्या :- एवं पूर्वोक्तेन प्रकारेणाचार्यैर्वार्तिकारैर्नैष्कर्म्यसिद्धौ सामानाधिकरण्यस्य बाधार्थत्त्वं स्पष्टमीरितमित्याह । अत्र "आचिनोति हि शास्त्रार्थमाचारे स्थापयत्यपि । स्वयमाचरते यस्मात्तस्मादाचार्य उच्यते " इति वचनोक्तलक्षणैर्लक्षितास्सुरेश्वराः । तैरित्यर्थः । अतोऽहं ब्रह्मास्मीति वाक्ये

का प्रतिपादन क्यों करते हैं ? वस्तुसिद्धि प्रमाण से होती है, प्रतिज्ञामात्र से नहीं, अतः आपके कथन में क्या प्रमाण है ? इस आशंका के उत्तर में श्रीसुरेश्वराचार्य जी का श्लोक उद्धृत करते हैं । मन्द अन्धकार में रास्ते में खड़ा हुआ ठूँठ (सूखे वृक्ष का तना) पुरुष के समान प्रतीत होता है तब "जो यह स्थाणु है वह पुरुष है" इस प्रकार का ज्ञान होता है यद्यपि यह भ्रम रूप है तथापि पुरुषत्व के ज्ञान से जैसे स्थाणुत्व की बुद्धि नष्ट हो जाती है, उसी प्रकार 'मैं ब्रह्म हूँ' इत्यादि ज्ञान से भी अहंबुद्धि अर्थात् जीवभाव पूर्ण रूप से निवृत्त हो जाता है । भाव यह है कि उस समय अभेद को लेकर सर्वत्र सामानाधिकरण्य के द्वारा व्यवहार संभव है ।

फलितार्थ को कहते हैं ।

अर्थ - इस प्रकार आचार्य (श्रीसुरेश्वराचार्य) ने नैष्कर्म्यसिद्धि में सामानाधिकरण्य का बाधार्थत्व स्पष्ट रूप से कहा है । इसलिये वह बाधसामानाधिकरण्य ही है ।।४४।।

व्याख्या - इस तरह पूर्वोक्त प्रकार से वार्तिककार आचार्य श्रीसुरेश्वर ने नैष्कर्म्यसिद्धि में बाधसामानाधिकरण्य का निरूपण किया है ।

आचिनोति हि शास्त्रार्थमाचारेस्थापयत्यपि ।
स्वयमप्याचरेद्यस्तु स आचार्य इति स्मृतः ।।

इन लक्षणों से युक्त होने के कारण वार्तिककार को आचार्य शब्द से कहा गया है । श्रीसुरेश्वराचार्य

सामानाधिकरण्यस्य तद्बाधार्थत्त्वमस्त्विति नैष्कर्म्यसिद्धावीरितम् । ब्रह्मण्यहंपदार्थसामानाधिकरण्येन प्रयोगस्तु सामानाधिकरण्यविघटकाहन्त्वादिबाधफलको ब्रह्मात्मावगत्यनन्तरमहंपदार्थस्य सामानाधिकरण्यस्य बाधनार्थम् "अहं ब्रह्मास्मी"ति वाक्येऽहंशब्दस्य प्रयोग इत्याशयः । अतो हेतो"रहं ब्रह्मास्मी"ति वाक्ये तत्सामानाधिकरण्यस्य बाधार्थत्त्वमस्त्वित्यर्थ इति दिक् ।।

"सर्वं खल्विदं ब्रह्मे"त्यादिश्रुतिष्वपि बाधायामेव सामानाधिकरण्यमिति निरूपणम् –

सर्वं ब्रह्मेति जगता सामानाधिकरण्यवत् ।
अहं ब्रह्मेति जीवेन सामानाधिकृतिर्भवेत् ।।४५।।

अन्वयः – "सर्वं ब्रह्म" इति जगता सामानाधिकरण्यवत् "अहं ब्रह्म "इति जीवेन सामानाधिकृतिः भवेत् ।

व्याख्या :– एवं सामानाधिकरण्येन लोकव्यवहारदर्शनेऽपि श्रौतस्य तादृशव्यवहारस्य अदर्शनाद्वैदिकानां नेदृशोक्तौ विश्वास इत्याशङ्कायां श्रौतव्यवहारमेव प्रदर्शयति । श्रुतिषु तावत् "सर्वं खल्विदं ब्रह्मे"त्यादिषु दृष्टमेव बाधायां सामानाधिकरण्यम् । "सर्वं खल्विदं ब्रह्म" "इदं ब्रह्मेदं सर्व"मित्यादिश्रुतिषु सर्वं जगद् ब्रह्मेति विशेषणांशबाधकालिकाभेदमादाय जगता सामानाधिकरण्यसिद्धिस्सम्भवति । तद्वदेव"ह्यहं

जी ने अपने ग्रन्थ में बाधसामानाधिकरण्य का समर्थन किया है। "यह स्थाणु पुरुष है" इस प्रकार पुरुषत्व के ज्ञान से जैसे स्थाणुबुद्धि निवृत्त हो जाती है, उसी प्रकार "अहं ब्रह्मास्मि" में भी ब्रह्म ज्ञान से अहं का बाध कर ब्रह्म को ही अपना स्वरूप कहा गया है । अतः "अहं ब्रह्मास्मि" इस वाक्य में बाधसामानाधिकरण्य ही मानना चाहिये ।

अब श्रुति में भी बाधसामानाधिकरण्य का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – "सर्वं खल्विदं ब्रह्म" (यह सम्पूर्ण जगत् ब्रह्म ही है) इस श्रुति वाक्य में जैसे जगत् का (ब्रह्म के साथ) बाधसामानाधिकरण्य देखा गया है, उसी प्रकार 'मैं ब्रह्म हूँ' इस वाक्य में भी जीव के साथ बाधसामानाधिकरण्य हो सकता है ।।४५।।

व्याख्या – ठीक है, लोकव्यवहार में बाधसामानाधिकरण्य को आप ने भले ही सिद्ध कर दिया हो किन्तु उक्त व्यवहार श्रुति में नहीं देखा गया है, अतः वेदमत को स्वीकार करने वालों का आपके कथन पर विश्वास कैसे हो सकता है ? अर्थात् श्रुति में वर्णन न होने के कारण आपका कथन अप्रामाणिक है । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि हमारा कथन केवल लोकव्यवहार में ही है, ऐसा नहीं है, किन्तु श्रुतियों में भी बाधसामानाधिकरण्य देखा ही गया है । अतः हमारा कथन अप्रामाणिक नहीं है । ***"सर्वं खल्विदं ब्रह्म"*** (छा.उ. ३/१४/१) यह सम्पूर्ण जगत् ब्रह्म ही है ।***"ब्रह्मेदं सर्वं"*** (बृ.उ. २/५/६) इत्यादि श्रुतियों में जगत् के साथ ब्रह्म की एकता कही गयी है । यह एकता बाधसामानाधिकरण्य से ही संभव है । अन्यथा जगत् और ब्रह्म परस्पर विपरीत लक्षण वाले होने के कारण एक नहीं हो सकते । अतः उक्त श्रुति में जैसे जगत् का ब्रह्म के साथ बाधसामानाधिकरण्य माना गया है, उसी प्रकार 'मैं ब्रह्म हूँ' इस वाक्य में भी विनाशी जीव का अविनाशी ब्रह्म के साथ बाधसामानाधिकरण्य हो सकता है ।

ब्रह्मास्मी''त्यत्रापि जीवस्याविनाशिना ब्रह्मणा सह सामानाधिकृतिर्भवेदिति शम् ।।

विवरणाचार्यकृतमुख्यसामानाधिकरण्यविवरणम् -

सामानाधिकरण्यस्य बाधार्थत्वन्निराकृतम् ।
प्रयत्नतो विवरणे कूटस्थस्य विवक्षया ।।४६।।

अन्वयः - विवरणे कूटस्थस्यविवक्षया सामानाधिकरण्यस्य बाधार्थत्वं प्रयत्नतः निराकृतम् ।

व्याख्या :- एवं सति विवरणकाराणां बाधसामानाधिकरण्यनिराकरणप्रयासो व्यर्थ इति चेन्न । तैश्चाहंशब्देन कूटस्थस्य विवक्षितत्त्वादिति तदाशयं विवृणोति । अहं ब्रह्मास्मीत्यत्राहमिति शब्देन कूटस्थस्य विवक्षया कूटस्थो बोधित इति वक्तुमिच्छया प्रयत्नतो विवरणे ग्रन्थे ''अहं ब्रह्मे''ति शब्दयोः सामानाधिकरण्यस्य बाधार्थत्त्वं निराकृतम् । यदि बाधसामानाधिकरण्यमभ्युपगच्छेद्विवरण-कारस्तदा तद्विवक्षितं सामानाधिकरण्यबलादहंशब्दस्य कूटस्थपरत्त्वं नैव सिद्धयेत् । जीवपरत्त्वेऽपि तत्र बाधसामानाधिकरण्योपपत्तेः । अतो जीवपरत्त्वाभ्युपगन्तृणां बाधसामानाधिकरण्याभ्युपगमे न कापि हानिरिति शम् ।।

विवरणकार के खण्डन का तात्पर्य स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - विवरण नामक ग्रन्थ में कूटस्थ की विवक्षा से सामानाधिकरण्य के बाधार्थत्व का प्रयत्नपूर्वक खण्डन किया गया है ।।४६।।

व्याख्या - यदि आप बाधसामानाधिकरण्य का अंगीकार करते हो तो फिर वेदान्तदर्शन के प्रमुख आचार्यों में से एक विवरणाचार्य ने बाधसामानाधिकरण्य का खण्डन क्यों किया ? ऐसी आशंका के उत्तर में कहते हैं कि उन्होंने अहं शब्द में कूटस्थ की विवक्षा से कूटस्थ और ब्रह्म का मुख्य अभेद मानकर बाधसामानाधिकरण्य का खण्डन किया है । श्रीप्रकाशात्मा मुनि ने श्रीपद्मपादाचार्यरचित पञ्चपादिका नामक ग्रन्थ पर पञ्चपादिका विवरण नामक ग्रन्थ की रचना की है । उसमें उन्होंने बड़े प्रयत्न से बाधसामानाधिकरण्य का खण्डन किया है । उनके अनुसार ''अहं ब्रह्मास्मि'' इस वाक्य का अर्थ मुख्य सामानाधिकरण से ही करना चाहिये । घटाकाश और महाकाश को इस विषय में दृष्टान्त रूप से प्रतिपादित किया गया है । वहाँ पर विवरणाचार्य ने अहं शब्द से जीव को नहीं माना है । उन्होंने अहं शब्द से कूटस्थ को कहने की इच्छा से ही बड़े प्रयत्न से अपने ग्रन्थ में अहं और ब्रह्म इन दो शब्दों में सामानाधिकरण्य के बाधार्थकत्व का निराकरण किया है । भाव यह है कि विवरणकार अहं शब्द में बाधसामानाधिकरण्य को स्वीकार कर लेते तो उनके द्वारा विवक्षित अहं शब्द का कूटस्थपरक अर्थ सिद्ध न होता, क्योंकि यदि वे अहं को जीव मानते तो बाधसामानाधिकरण्य स्वीकार करना पड़ता । अतः उन्होंने अहं शब्द से कूटस्थ का प्रतिपादन करने की इच्छा से उसके बाधसामानाधिकरण्य का निराकरण किया है । किन्तु हम अहं शब्द से जीवपरक अर्थ को स्वीकार करके उसके बाधसामानाधिकरण्य का निरूपण कर रहे हैं, अतः हमारे और उनके मत में कोई विरोध नहीं है ।

अहंशब्दस्य विवरणाचार्याभिप्रेतार्थविशदीकरणम् -

शोधितस्त्वंपदार्थो यःकूटस्थो ब्रह्मरूपताम् ।
तस्य वक्तुं विवरणे तथोक्तमितरत्र च ॥४७॥

अन्वयः - शोधितः त्वंपदार्थःयःकूटस्थःतस्य ब्रह्मरूपतां वक्तुं विवरणे च इतरत्र तथा उक्तम् ।।

व्याख्या :- कूटस्थत्त्वविवक्षयेत्युक्तमर्थं विशदयन्नुक्ताविरोधप्रकारं भामत्यादिग्रन्थान्तरेऽप्यति-दिशति । शोधितो धिया विवेचितस्त्वंपदलक्ष्यार्थस्तत्त्वमसीत्यत्र त्वंपदशोधितो यः कूटस्थो विद्यते तस्य वक्ष्यमाणलक्षणस्य ब्रह्मरूपतां वक्तुं सत्यज्ञानानन्तानन्दादिलक्षणलक्षिततां प्रवक्तुमेव विवरणादिषु तयेतरत्र च बाधसामानाधिकरण्यं निराकृतमिति शम् ।।

कूटस्थपदार्थविवरणम् -

देहेन्द्रियादियुक्तस्य जीवाभासभ्रमस्य वा ।
अधिष्टानचितिस्सैषा कूटस्थात्र विवक्षिता ॥४८॥

अन्वयः - देहेन्द्रियादियुक्तस्य जीवाभासभ्रमस्य या अधिष्टानचितिः सा एषा अत्र कूटस्था विवक्षिता ।

व्याख्या :- भवत्त्वेवं मताविरोधस्तथापि प्रकृतेऽस्मिन्नाभासवादे कूटस्थशब्देन कीदृग्वस्तु विवक्षितमित्याह । देहेन्द्रियादियुक्तस्यात्रादिशब्देन मन आदीनां ग्रहणम् । स्थूलसूक्ष्माख्यशरीरद्वययुक्तस्य

अहं शब्द का जो अर्थ विवरणकार को अभिप्रेत है, उसको विशद करते हैं ।

अर्थ - 'त्वम्' पद के अर्थ का शोधित रूप जो कूटस्थ है, उसकी ब्रह्मरूपता कहने के लिये विवरण ग्रन्थ में तथा अन्य ग्रन्थों में बाधसामानाधिकरण्य का खण्डन किया गया है ।।४७।।

व्याख्या - विवरण सम्प्रदाय में बाधसामानाधिकरण्य के अनंगीकार का एक और कारण है ''***तत्त्वमसि***'' इस महावाक्य में '**त्वम्**' पद के अर्थ का शोधन करने पर उसके कूटस्थ का ज्ञान होता है । इसी प्रकार '**तत्**' पदार्थ के शोधन पर तत् शब्द से ब्रह्म का बोध होता है और 'असि' के द्वारा दोनों की एकता कही गयी है । इसलिये विवरणकार ने सभी महावाक्यों में कूटस्थ की ब्रह्मरूपता सिद्ध करने के लिये ही बाधसामानाधिकरण्य का खण्डन कर मुख्यसामानाधिकरण्य को माना है । ''**अहं ब्रह्मास्मि**'' इस महावाक्य में भी विवरणकार अहं शब्द का अर्थ कूटस्थ ही निश्चित करते हैं, जिससे कि कूटस्थ और ब्रह्म की एकता को मुख्यसामानाधिकरण्य के द्वारा सिद्ध किया जा सके । किन्तु यदि अहं शब्द से कूटस्थ को न मानकर जीव माना जाए तो अहंशब्दवाच्य जीव की ब्रह्म के साथ एकता बाधसामानाधिकरण्य के द्वारा ही संभव है, अतः विवरणकार तथा अन्य आचार्यों का ग्रन्थकार से कोई मतभेद नहीं है । दोनों का उद्देश्य एक ही है ।

कूटस्थ शब्द के विवक्षित अर्थ का प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ - देह, इन्द्रिय आदि से युक्त चिदाभास रूप भ्रम का जो अधिष्ठान चैतन्य है, वही यहाँ (प्रकृत में) कूटस्थ शब्द से कहा गया है ।।४८।।

व्याख्या - भले ही विवरणकार और ग्रन्थकार के मत में विरोध न हो किन्तु प्रकृत में अर्थात्

जीवाभासभ्रमस्य चिदाभास इत्ययथार्थज्ञानस्य याधिष्ठानचितिर्यत्तच्चैतन्यमस्ति सेषात्रा "अहं ब्रह्मास्मी"ति स्थले कूटस्थ इति विवक्ष्यते ।

ब्रह्मपदार्थविवेचनम् -

जगद्भ्रमस्य सर्वस्य यदधिष्ठानमीरितम् ।
त्रय्यन्तेषु तदत्र स्याद्ब्रह्मशब्दविवक्षितम् ।।४९।।

अन्वयः- सर्वस्य जगद्भ्रमस्य अधिष्ठानं यत् त्रय्यन्तेषु ईरितम् तत् अत्र ब्रह्मशब्दविवक्षितं स्यात् ।

व्याख्या :- ब्रह्मशब्दस्याभिप्रेतार्थमाह । जगद्भ्रमस्य सर्वं जगत्सत्यमिति मिथ्याज्ञानस्य यदधिष्ठानं कृत्स्नजगत्कल्पनाधिष्ठानमाधारो यच्चैतन्यं त्रय्यन्तेष्वृग्यजुस्सामाथर्वात्मकवेदराशीनामन्तेषु शिरोभूतेषु वेदान्तेषु सुनिश्चितार्थासूपनिषत्स्वीरितं निरूपितं तदधिष्ठानमात्रमस्मिन्वाक्ये ब्रह्मशब्देन विवक्षितमिति शम् ।।

ब्रह्मणि जीवस्यारोपिततत्त्वनिरूपणम् -

एतस्मिन्नेव चैतन्ये जगदारोप्यते यदा ।
तदा तदेकदेशस्य जीवाभासस्य का कथा ।।५०।।

अन्वयः - एतस्मिन् एव चैतन्ये यदा जगत् आरोप्यते । तदा तदेकदेशस्य जीवाभासस्य का कथा।

व्याख्या :- एवं परब्रह्मणि कृत्स्नस्य जगत आरोपितत्त्वे तदन्तःपातिनो जीवस्याप्यरोपितत्त्वं कैमुतिकन्यायसिद्धम् । वस्तुत एवमपि "तत्त्वमसी"त्यादिनोक्तं चिदैक्यं नोपपद्यते तत्तदारोप्यभेदादित्याशङ्कां

आभासवाद के अनुसार कूटस्थ शब्द से कौन-सी वस्तु कही गई है ? इस पर कहते हैं कि देह, इन्द्रिय और मन आदि से युक्त अर्थात् स्थूल और सूक्ष्म शरीर से युक्त जीवाभास रूप (चिदाभास रूप) भ्रम का जो अधिष्ठान चैतन्य है, वही चैतन्य प्रकृत में अर्थात् "**अहं ब्रह्मास्मि**" इस वाक्य में कूटस्थ शब्द से कहा गया है ।

अब ब्रह्म शब्द से अभिप्रेत अर्थ को बताते हैं ।

अर्थ - सम्पूर्ण जगत् रूप भ्रम का जो अधिष्ठान तीनों वेदों के अन्त में (उपनिषदों में) कहा गया है, वही यहाँ (प्रकृत में) ब्रह्म शब्द से विवक्षित है ।।४९।।

व्याख्या - सम्पूर्ण जगत् रूप भ्रम का अर्थात् "सम्पूर्ण जगत् सत्य है" इस मिथ्याज्ञान का जो अधिष्ठान (आधार) है और ऋक्, यजुः और साम नामक तीनों वेदों के अन्त में अर्थात् अपौरुषेय वेदराशि के अन्त में (उपनिषदों में) जिसका निश्चय किया गया है अर्थात् समस्त वेदान्तों के द्वारा एकमात्र वेद्य जो सर्वाधिष्ठान चैतन्य है, वही "**अहं ब्रह्मास्मि**" इस वाक्य में ब्रह्म शब्द से कहा गया है ।

अब ब्रह्म में जीवत्व के अध्यास का विचार करते हैं ।

अर्थ - जब इस सर्वाधिष्ठान रूप चैतन्य में सम्पूर्ण जगत् ही आरोपित है तो फिर उसके एक अंश में स्थित जीवाभास की तो बात ही क्या है ?।।५०।।

व्याख्या - जीवभ्रम का अधिष्ठान कूटस्थ है, यह आपका कहना गलत है क्योंकि जीव आरोपित है, इसकी सिद्धि अभी तक नहीं हुई है । इस शंका का समाधान करते हुए कहते हैं कि उक्त प्रकार से परब्रह्म में जब सम्पूर्ण जगत् ही आरोपित है तो उसी के अन्तर्गत जीवाभास भी ब्रह्म में आरोपित है, यह

परिजिहीर्षुर्जीवभ्रमाधिष्ठानं चैतन्यं कूटस्थ इति यदुक्तं तदादावाक्षिपति जीवस्यारोपितत्त्वासिद्धेरिति । तत्र च समाधीयते एतस्मिन्नेव कूटस्थाभिन्ने चैतन्ये परब्रह्मणि यदाशेषं जगदारोप्यते तदा तदेकदेशस्य जगत एकांशभूतस्य जीवाभासस्य का कथा । जगदेकदेशत्त्वं च "अनेन जीवेनात्मनानुप्रविश्ये"त्यादिश्रुतिसिद्धम्। तदशेषं जगदप्यध्यारोपितमेवेति पृथक्किमु वक्तव्यमिति शम्।।

तत्त्वंपदार्थयोरौपाधिक एव भेद इति निरूपणम् -

जगत्तदेकदेशाख्यसमारोप्यस्य भेदतः।
तत्त्वंपदार्थौ भिन्नौ स्तो वस्तुतस्त्वेकता चितेः।।५१।।

अन्वयः- जगत् तदेकदेशाख्यसमारोप्यस्य भेदतः तत्त्वंपदार्थौ भिन्नौ स्तः। वस्तुतः तु चित्तेः एकता।

व्याख्या :- जगतोऽधिष्ठानभूतस्य चैतन्यस्यैकत्त्वात्तत्त्वंपदार्थयोर्भेदाभावेन पौनरुक्त्याशङ्कायां तयोर्भेद औपाधिकोऽस्ति वस्तुतस्त्वैक्यमेवेति समाधत्ते । जगत्तदेकदेशाख्यसमारोप्यस्य जगदिति तदेकदेश इति चाख्या यस्य तस्य समारोप्यस्य तत्तथेति जातावेकवचनम् । समारोप्यस्य भेदतो भेदमादाय तत्त्वंपदार्थौ कूटस्थजीवौ भिन्नौ स्तो वस्तुतस्तु चितेरधिष्ठानभूताया एकतैव । विशेष्यांशैक्येऽपि विशेषणीभूतारोप्यांशमादाय तयोर्भिन्नार्थत्त्वान्नीलो घट इतिवन्न पर्यायतेति शम् ।।

जीवस्यारोपितजगदन्तःपातित्त्वनिरूपणम् -

कर्तृत्वादीन्बुद्धिधर्मान्स्फूर्त्याख्याञ्चात्मरूपताम् ।
दधद्विभाति पुरत आभासोऽतो भ्रमो भवेत् ।।५२।।

बात तो कैमुतिकन्याय से ही सिद्ध हो जाती है । इस कूटस्थ से अभिन्न सर्वाधिष्ठान रूप चेतन्य में (परब्रह्म में) जब सम्पूर्ण जगत् ही आरोपित है तो फिर उस जगत् के एकांशभूत जीवाभास की तो बात ही क्या है ?"*अनेन जीवेनात्मनानुप्रविश्य*" इत्यादि श्रुतियों से जीवाभास का जगदेकदेशित्व सिद्ध ही है । भाव यह है कि जीवाभास (चिदाभास) भी अधिष्ठान चैतन्य में आरोपित ही है ।

तत् और त्वं पद का भेद औपाधिक है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - जगत् और उसके एकदेश नामवाली आरोपित वस्तु रूप उपाधि के भेद से 'तत्' पद और 'त्वम्' पद का अर्थ भिन्न है । परन्तु वस्तुतः चैतन्य की एकता है ।।५१।।

व्याख्या - जगत् का अधिष्ठानभूत चैतन्य तो एक ही है अतः तत् और त्वम् इन दोनों पदार्थों का अभेद होने से दोनों का भिन्न रूप से प्रयोग करना उचित नहीं है इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि वस्तुतः दोनों में भेद का अभाव है फिर भी उपाधि के कारण दोनों का भेद बन सकता है । जगत् और उसके एकदेश नामवाली आरोपित वस्तु रूप उपाधि के भेद को लेकर ही तत् पदार्थ और त्वं पदार्थ अर्थात् कूटस्थ और जीव भिन्न माने गये हैं । किन्तु वस्तुतः दोनों में भेद नहीं है, क्योंकि दोनों में चैतन्य की एकता ही है । भाव यह है कि विशेष्य में एकता होने पर भी विशेषणीभूत आरोपित अंश को लेकर ही दोनों में भिन्नार्थकता कही गई है, दोनों को पर्यायवाची मानकर भेद नहीं कहा गया है ।

जीव के जगदन्तःपातित्व का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - चिदाभास कर्तृत्वादि बुद्धि के धर्मों को और स्फूर्ति नामक कूटस्थ के स्वरूप को धारण

अन्वयः - बुद्धिधर्मान् कर्तृत्वादीन् च स्फूर्त्याख्याम् आत्मरूपताम् दधत् पुरतः विभाति। अतः आभासः भ्रमः भवेत् ।

व्याख्या :- जीवस्य पूर्वोक्तजगदन्तःपातित्त्वोक्तिरसङ्गता । तस्यारोप्यधर्मवत्त्वानुपलम्भेनारोपितत्त्वात् । एवं जगदेकदेशभूतस्य चिदाभासरूपजीवस्यारोपितत्त्वलक्षणग्रस्तत्त्वमनुपपन्नम्। तत्र सत्यानृतवस्तुसम्भेदावाभासानुपपत्तेः । तथा चिदाभासस्य शुक्तिकारजतादिवदधिष्ठानारोप्योभयधर्मवत्त्वानुपलम्भात्कथमारोपितत्त्वमित्याशङ्कायामाह । आभासश्चिदाभासः कर्तृत्त्वादीन्बुद्ध्युपाधिद्वारा समारोप्यमाणान्कर्तृत्त्वभोक्तृत्त्वप्रमातृत्त्वादिबुद्धिधर्माननृतानारोप्यमाणान्स्फूर्त्याख्यां स्वयं प्रकाशस्वरूपमात्मरूपतां च सत्यभूतां दधत्पुरतो विस्पष्टं विभाति । अत्र च पुरत इत्यनेन तस्य साक्षिप्रत्यक्षत्त्वं सूच्यते । यतो विस्पष्टं प्रतिभासतेऽत एवाभासो भ्रमः कल्पितो भवेत् । आरोप्यमाणधर्मवत्त्वादारोपित एव । तस्मादारोपितजगदन्तःपातित्त्वं जीवस्य नासङ्गतमिति शम् ।।

भ्रमस्वरूपनिवारणोपायविचारणम् -

का बुद्धिः कोऽयमाभासः को वात्मात्र जगत्कथम् ।
इत्यनिर्णयतो मोहस्सोऽयं संसार इष्यते।।५३।।

अन्वयः - बुद्धिः का? अयम् आभासः कः?आत्मा वा कः? अत्र जगत् कथम्? इति अनिर्णयतः मोहः? सः अयं संसारः इष्यते।

करता हुआ सामने ही (स्पष्ट) भासित होता है । इसलिये चिदाभास कल्पित है ।।५२।।

व्याख्या - शुक्ति में आरोपित मिथ्या रजत में अधिष्ठान रूप शुक्ति का इदं अंश और आरोपित रजत का अंश दोनों ही प्रतीत होते हैं । अतः शुक्ति (सीपी) में रजत को कल्पित माना जाता है किन्तु इसी प्रकार चिदाभास में भी अधिष्ठान कूटस्थ और आरोपित वस्तु इन दोनों के धर्म यदि प्रतीत होते तो उसको कल्पित माना जा सकता था, किन्तु ऐसा नहीं है । अतः चिदाभास कल्पित नहीं, अपितु सत्य है । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि चिदाभास में भी अधिष्ठान कूटस्थ के और आरोपित बुद्धि आदि के गुणधर्म प्रतीत होते हैं अतः वह कल्पित ही है । चिदाभास कतृत्व, भोक्तृत्व, प्रमातृत्व आदि मिथ्या रूप बुद्धि के धर्मों को और स्फुरण रूप कूटस्थ के सत्यभूत गुणधर्मों को धारण करता हुआ विस्पष्ट रूप से भासित होता है । श्लोक में **'पुरतः'** शब्द से चिदाभास का साक्षिप्रत्यक्षत्व सूचित होता है । आरोप्यमाण धर्मवाला होने के कारण यह भी आरोपित ही है, इसलिये चिदाभास कल्पित ही है । बुद्धि में स्फुरण रूप चेतना नहीं है और कूटस्थ में कतृत्वादि नहीं है, किन्तु इन दोनों के अन्योन्याध्यास रूप जीव में ये दोनों प्रकार के लक्षण हैं । चिदाभास इन दोनों से भिन्न कुछ नहीं है । भ्रमवश चिदाभास बुद्धि के कर्तृत्वादि और कूटस्थ के स्फुरणादि धर्मों को स्वयं में आरोपित कर लेता है । अतः चिदाभास कल्पित ही है। भाव यह है कि ब्रह्म में आरोपित जगत् के भीतर ही भ्रम रूप जीव की गणना करना असंगत नहीं है ।

मोह ही संसार रूपी रोग का कारण है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - बुद्धि क्या है ? यह आभास क्या है ? आत्मा क्या है ? इसमें जगत् कैसे स्थित है ? इन सभी संशयों का निर्णय न होना ही मोह है और इसीको संसार कहते हैं ।।५३।।

व्याख्या - चिदाभास के भ्रम का कारण मोहजन्य अविवेक ही है जो अनर्थ का कारण है, अतः

व्याख्या :- अनुभूयमानस्संसारः किंमूलकः? किं वास्य भ्रमस्य कारणमित्याद्याशङ्कासु बुद्ध्याभासादीनां स्वरूपापरिज्ञानाद्विभागनिर्णयासक्तिरेव भ्रमस्य कारणमित्याह । का बुद्धिः ? किंलक्षणा? कोऽयमाभासः? चिदाभासस्य स्वरूपं किम् ? क आत्मा ? आत्मनो लक्षणस्वरूपे के ? अत्र चास्मिन्नात्मनि जगत्कथमारोप्यते? इत्यनिर्णयत इत्यादीनां विषयाणां निश्चयाभावान्मोहो भवति । तस्य मोहस्य निवर्तनीयत्त्वायानर्थहेतुतां वदति । यो मोहस्सोऽयं संसारो भ्रमरूप इष्यत इति शम् ।।

तत्त्ववित्स्वरूपनिरूपणम् -

बुद्ध्यादीनां स्वरूपं यो विविनक्ति स तत्त्ववित् ।
स एव मुक्त इत्येवं वेदान्तेषु विनिश्चयः ।।५४।।

अन्वयः- बुद्ध्यादीनां स्वरूपं यः विविनक्ति सः तत्त्ववित् सः एव मुक्तः इति एवं वेदान्तेषु विनिश्चयः।

व्याख्या :- एवं तर्हि कथमस्य संसारस्य निवृत्तिस्तन्निवर्तकं किमित्याकाङ्क्षायां बुद्ध्यादिस्वरूपविवेक एव निवर्तक इति तथा बुद्ध्यादेर्मिथ्यास्वरूपविवेचनया यो भ्रममुपमर्दयति स एव ज्ञानी तत्त्वविदिति च स्पष्टयति । बुद्ध्यादीनां स्वरूपं मिथ्यास्वरूपं यो ज्ञानी विविनक्ति विविच्य विजानाति स एव तत्त्वविदात्मनस्तत्त्वज्ञस्स एव च मुक्तस्संसारादित्येवं वेदान्तेषूपनिषत्सु विनिश्चयो निर्णय इति शम् ।।

अवश्य ही निवारणीय है । इस अभिप्राय से कहते हैं कि बुद्धि क्या है ? अर्थात् बुद्धि का स्वरूप क्या है ? यह आभास क्या है ? अर्थात् आभास (चिदाभास) का स्वरूप क्या है ? आत्मा क्या है ? और इस आत्मा में यह जगत् कैसे स्थित (आरोपित) है ? इत्यादि संशयों का निर्णय न हो पाना अर्थात् उक्त निश्चय का अभाव ही मोह है और इसी को भ्रमस्वरूप संसार कहते हैं । इसका निवारण विचार से ही होता है, अतः विचार करना आवश्यक है । सद्गुरु से शिष्य ने पूछा ***''को दीर्घरोगः''*** हे गुरुदेव! सबसे दीर्घ रोग कौन-सा है ? गुरु बोले ***''भव एव साधो''*** हे साधुपुरुष! संसार ही सबसे दीर्घ रोग है । शिष्य ने पुनः पूछा ***''किमौषधं तस्य''*** हे गुरुदेव! आपने रोग तो बता दिया अब कृपया उसकी औषधि भी बता दीजिये, जिसका सेवन कर मैं इस रोग से मुक्त हो सकूँ । गुरु बोले ***''विचार एव''*** हे शिष्य! विचार ही इस भवरोग की औषधि है । विचार के द्वारा ही इसकी निवृत्ति होती है । अतः संसार रूपी रोग के लिये आत्मविचार रूपी औषधि का सेवन करना चाहिये । मानसकारानुसार भी समस्त रोगों का मूल मोह ही है ।

मोह सकल ब्याधिन्ह कर मूला । तिन्ह ते पुनि उपजहिं बहुसूला ।।

अब तत्त्ववेत्ता के स्वरूप का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - जो पुरुष बुद्धि आदि के स्वरूप को पृथक् रूप से जानता है, वह तत्त्ववेत्ता है और वही मुक्त भी है । ऐसा वेदान्त शास्त्रों का निश्चय है ।।५४।।

व्याख्या - पूर्वोक्त संसार का निवर्तक कौन है ? ऐसी आकांक्षा होने पर बुद्धि आदि के स्वरूप का विवेक ही उक्त मोह रूप संसार का निवर्तक है, इस अभिप्राय से विवेकी को ज्ञानवान तथा उसके ज्ञान से अनर्थों की निवृत्ति बताते हैं । अज्ञान की निवृत्ति ज्ञान से होती है । यहाँ ज्ञान का तात्पर्य बुद्धि, जीव, कूटस्थ, आत्मा और जगत् के स्वरूप को पृथक् रूप से जानना है । इनका यथार्थ ज्ञान रखने वाला व्यक्ति ज्ञानी है, उसी को तत्त्ववेत्ता कहते हैं । ज्ञान से मोह और संसार का निवारण हो जाता है, अतः वह तत्त्ववेत्ता ही

बन्धः कस्येत्यादिकुतर्काणां खण्डनं श्रीहर्षैरेव कृतमिति निरूपणम् -

एवञ्च सति बन्धस्स्यात्कस्येत्यादिकुतर्कजाः।
विडम्बना दृढं खण्ड्याः खण्डनोक्तिप्रकारतः॥५५॥

अन्वयः - एवं च सति कस्य बन्धः स्यात् इत्यादिकुतर्कजाः विडम्बनाः खण्डनोक्तिप्रकारतः दृढं खण्ड्याः ।

व्याख्या :- एवमप्याभासस्सत्यमिथ्यावस्तुद्वयसम्मेलनात्मेति तु निर्विवादमेव । तथात्त्वे तस्य सत्यांशात्मना सत्यत्त्वान्न साकल्येन मिथ्यात्त्वं स्यात्ततश्च प्रतिबिम्बवादापत्तिरित्यतस्तत्परिहारार्थं सर्वज्ञात्मश्रीचरणानां वचनम् "अध्यस्तमेव हि प्रस्फुरति भ्रमेषु नान्यत्कथं न च परिस्फुरति भ्रमेषु। रज्जुत्त्वशुक्तिशकलत्त्वमरुक्षितित्त्वचन्द्रैकताप्रभृतिकानुपलम्भनेने"त्यनुसरन्स्वावच्छेदेन भासमानां स्फूर्तिमपि मिथ्याभूतामेवाङ्गीकरोषि चेदध्यासलक्षणविरोधापत्तिश्च । किञ्चाद्वैतवादे बन्धस्यैवाभावात्कस्य वा तत्त्वज्ञानेन मोक्षो भवेत् । यदर्थं च शास्त्रारम्भः प्रयोजनवान्स्यात्केन वा प्रकारेण ? सर्वसंसारस्य भ्रममूलकत्त्वात्तत्कल्पितो जीवोऽपि मिथ्यैवेति "न बद्धो न मुक्त" इति बन्धमोक्षयोरविवेकमूलकत्त्वे सत्यद्वैतवादो निर्विषय इति कुतार्किककृतोपहासाः खण्डनकारादिभिस्सुदृढाभिर्युक्तिभिर्निराकृता इत्याह। एवं च सति सर्वस्य संसारस्य तदन्तःपातिनो जीवस्य च मिथ्यात्त्वे सति बन्धः कस्य स्यादित्यादि-कुतर्कजाः कुतर्कजयुक्तिप्रभवा विडम्बनाः परिहासाः खण्डनोक्तिप्रकारतः खण्डनखण्डखाद्योक्त-युक्त्यनुसारतो दृढं खण्ड्याः परिहरणीयाः । अत्र प्रतिवादिदृष्ट्यैव प्रश्नान्यथानुपपत्त्यैव द्वैतं भासते।

मुक्त कहा जाता है । दुःख, भय, चिन्ता आदि से मुक्तपुरुष विचलित नहीं होता । ऐसा वेदान्तों में अर्थात् उपनिषदों में स्पष्ट रूप से कहा गया है । अर्थात् ऐसा वेदान्त शास्त्रों का निश्चय है ।

कुतर्क खण्डन करने योग्य है, इस बात को बताते हैं ।

अर्थ - इस प्रकार मान लेने पर किसका बन्धन होगा ? इत्यादि कुतर्क से उत्पन्न विडम्बनाएँ खण्डन-खण्डखाद्य नामक ग्रन्थ में कही हुई युक्तियों से दृढ़ता पूर्वक खण्डन करने योग्य है ।।५५।।

व्याख्या - उक्त प्रकार से यदि जीव मिथ्या है तो फिर अद्वैतवाद के अनुसार बन्धन में कौन है? और मुक्त कौन होता है ? इत्यादि कुतर्कमूलक परिहास के खण्डन का उपाय बताते हैं । पूर्व में जीव को भी जगत् के अन्तर्गत सिद्धि किया गया और इसीलिये उसके मिथ्यात्व का भी निश्चय किया गया। यह सुनकर द्वैतवादी कुतर्क रूप प्रश्न करता है कि यदि जीव ही मिथ्या है तो फिर बन्धन और मोक्ष किसका होता है ? जन्मग्रहण कौन करता है ? स्वर्ग-नरक कौन जाता है ? सुख-दुःख का भोग कौन करता है ? भाव यह है कि अद्वैतवादानुसार जीव का जो मिथ्यात्व कहा गया है, वह सर्वथा व्यवहार और शास्त्र विरुद्ध होने से मान्य नहीं है । कई नैयायिकादि भेदवादी लोग अद्वैतवाद का उपहास करते हुए कहते हैं कि इनके सिद्धान्त में तो जीव ही मिथ्या है, ऐसी स्थिति में भला बन्धन और मोक्ष किसका होगा ? इत्यादि कुतर्क से उत्पन्न अर्थात् कुत्सित युक्तियों से उत्पन्न विडम्बनाओं का वेदान्त शास्त्र रूपी मुकुट के चूडामणि सदृश श्रीहर्षमिश्र जी ने अपने ग्रन्थ खण्डन- खण्डखाद्य में अच्छी तरह से खण्डन किया है । अतः उनके ग्रन्थ में प्रदर्शित युक्तियों के द्वारा उनका दृढ़ता पूर्वक खण्डन अर्थात् परिहार

अद्वैतिदृष्ट्या तु "न शास्ता न शास्त्रं न शिष्यो न शिक्षा न च त्वं न चाहं न चायं प्रपञ्चः । स्वरूपावबोधो विकल्पासहिष्णुस्तदेकोऽवशिष्टश्शिवः केवलोऽहम् ।" इति भाष्यकारैः क्षुण्णमेवोक्तमिति दिक् ।।

पुराणेषु कूटस्थविवेचनाप्रकारवर्णनम् -

वृत्तेः साक्षितया वृत्तिप्रागभावस्य च स्थितः।
बुभुत्सायां तथाज्ञोऽस्मीत्याभासज्ञानवस्तुनः।।५६।।
असत्यालम्बनत्वेन सत्यस्सर्वजडस्य तु।
साधकत्वेन चिद्रूपस्सदा प्रेमास्पदत्वतः।।५७।।
आनन्दरूपस्सर्वार्थसाधकत्वेन हेतुना।
सर्वसम्बन्धवत्त्वेन सम्पूर्णश्शिवसंज्ञितः।।५८।।

अन्वयः - वृत्तेः च वृत्तिप्रागभावस्य बुभुत्सायां तथा "अज्ञः अस्मि" इति आभासज्ञानवस्तुनः साक्षितया स्थितः।

अन्वयः - १) असत्यालंबनत्वेन सत्यः २)सर्वजडस्य तु साधकत्वेन चिद्रूपः। ३) सदा प्रेमास्पदत्वतः।

अन्वयः - आनन्दरूपः। ४) सर्वार्थसाधकत्वेन हेतुना सर्वसंबन्धवत्त्वेन संपूर्णः शिवसंज्ञितः।

व्याख्या :- केवलमयं कूटस्थश्श्रुत्यादिष्वेव प्रसिद्धः न वा युक्तिमात्रतः । किन्तु पुराणेष्वप्येवमेव बुद्ध्यादिभ्यः कूटस्थो विविच्य सन्दर्शित इति शैवपुराणागांस्त्रीञ्छ्लोकान्सङ्गृह्णाति । वृत्तेः कामादिबुद्धिवृत्तेर्वृत्तिप्रागभावस्य तदुपलक्षितवृत्त्युपादानभूतस्यान्तःकरणस्य बुभुत्साया जिज्ञासायाश्च तथाज्ञोऽस्मीत्याभातवस्तुनोऽज्ञोऽस्मीत्यनुभवविषयभावरूपाज्ञानस्य च तदुपलक्षितान्तःकरणस्यापि

करना चाहिये । यहाँ प्रतिवादी की दृष्टि से ही प्रश्न में अन्यथानुपपत्ति के कारण द्वैत-सा प्रतीत होता है, अद्वैत दृष्टि से तो -

न शास्ता न शास्त्रं न शिष्यो न शिक्षा न च त्वं न चाहं न चायं प्रपञ्चः।
स्वरूपावबोधो विकल्पासहिष्णुस्तदेकोऽवशिष्टः शिवः केवलोऽहम् ।।

अतः श्रीशंकराचार्य जी के कथनानुसार उक्त प्रश्न ही नहीं बन सकते ।

अब पुराणों में वर्णित कूटस्थ के विवेचन का प्रकार दर्शाते हैं ।

अर्थ - वृति और उसके प्रागभाव, जिज्ञासा तथा 'मैं अज्ञ हूँ' इस अनुभूयमान अज्ञानवस्तु के भी साक्षिरूप से शिव ही रहता है । असत्य जगत् का अधिष्ठान होने से वह शिव ही सत्य है और सम्पूर्ण जड़ पदार्थ का प्रकाशक होने से वह शिव चैतन्य रूप है । सदा परमप्रेम का विषय होने से निरतिशय आनन्द रूप है और सम्पूर्ण जगत् का अवभासक होने के कारण तथा जगत् के सभी पदार्थों से सम्बन्धित होने के कारण वह शिव संज्ञा वाला कूटस्थ चैतन्य सम्पूर्ण है अर्थात् सर्वत्र व्याप्त है ।।५६-५८।।

व्याख्या - श्रुतियों और युक्तियों के द्वारा कूटस्थ को बुद्धि आदि से पृथक् दिखाकर अब पुराणों के द्वारा भी कुटस्थ के विवेचन का प्रकार दिखाते हैं । ये तीनों श्लोक शैव पुराणों (शिवसम्बन्धित स्कन्द, वायु आदि पुराणों) के हैं । शैव पुराणों में कूटस्थ को शिव संज्ञा दी गई है । वृत्तियों का साक्षी कूटस्थ है अर्थात् काम, क्रोध आदि बुद्धि वृत्तियों का, उन वृत्तियों के उत्पन्न होने से पूर्व उनके प्रागभाव का, जिज्ञासाओं का तथा "मैं अज्ञानी हूँ" इस प्रकार अज्ञान का अर्थात् अनुभव के विषय भाव रूप अज्ञान

साक्षितया स्थितो यस्साक्षी स तद्भिन्नो यस्तु न भिद्यते स न तत्साक्षी यथा वृत्त्यादीनि व्यतिरेकेण दृष्टान्तो ज्ञेयः । अत्राभासविशिष्टं यदज्ञानाख्यं वस्तु विषयतासम्बन्धेन भासमानं तस्येति भावः । सर्वत्र सम्बुद्ध्यते साक्षितयेति । अनेन च श्लोकेन कूटस्थस्य वृत्त्यादिभ्यो भेदेऽनुमानं प्रदर्शितं वेदितव्यम् । कामादिवृत्त्युत्पत्तौ सत्यां तत्साक्षित्त्वेन ततः पूर्वमज्ञोऽस्मीत्यनुभूयमानाज्ञानसाक्षित्त्वेन चैकश्शिव एवावतिष्ठते । सोऽयं साक्षी शिवोऽसत्यालम्बनत्त्वेनासत्यस्य जगत आलम्बनमधिष्ठानं तस्य भावेन सत्यस्सत्यस्वरूप इत्यनेनानुमानं ज्ञापितं भवति । साक्षी शिवस्सत्यः । असत्यजगदधिष्ठानत्त्वात् । असत्यरजताधिष्ठानव्यावहारिकसत्यशुक्तिवदिति । सर्वजडस्य तु साधकत्त्वेन प्रकाशकत्त्वेन चिद्रूपः । अनेनाप्यन्यदनुमानं सूचितं भवति । साक्षी शिवश्चिद्रूपस्सर्वजडावभासकत्त्वात् यश्चिद्रूपो न भवति स सर्वजडावभासकोऽपि न भवति यथा घटादीति । सदा प्रेमास्पदत्त्वतः प्रेमविषयत्त्वादानन्दरूप इत्यनेनाप्यनुमानानन्तरं सूचितं वेदितव्यम् । साक्षी शिवः परमानन्दरूपः परप्रेमास्पदत्त्वाद्यन्नैवं तन्नैवं यथा घटादीति । स चासत्यस्य जगत आलम्बनत्त्वेनाधिष्ठानत्त्वेन सत्यस्वरूपो जडस्य सर्वस्य साधकत्त्वेनावभासकत्त्वाच्चिद्रूपस्सर्वदा प्रेमविषयत्त्वादानन्दस्वरूप इति चार्थः । शिवसंज्ञितश्शिवनाम्ना व्यवह्रियमाणश्चिद्रूपस्सर्वार्थसाधकत्त्वेन सर्वजडपदार्थप्रकाशकत्त्वेन हेतुना सर्वसम्बन्धवत्त्वेन सर्वैरस्य सम्बन्धोऽस्तीति हेतुना सम्पूर्ण इत्यत्रेदमनुमानं सूचितं भवति । अयं साक्षी शिवस्सम्पूर्णस्सर्वसम्बन्धित्त्वात् । गगनवत्तथायं साक्षी शिवस्सर्वसम्बन्धी सर्वावभासकत्त्वाद्यन्नैवं तन्नैवं यथा प्रदीपादीति च । अतः पूर्वानुमाने सर्वसम्बन्धित्त्वरूपहेतुस्साध्यः । अत्रान्येऽप्यनुमानप्रयोगा भवितुमर्हन्ति । साक्षी शिवो वृत्त्यादिभ्यो भिद्यते । वृत्त्यादिसाक्षित्त्वाद्यद्यद्वृत्त्यादिभ्यो न भिद्यते तत्तद्वृत्त्यादिसाक्षि न भवति । यथा वृत्त्यादि । अत एवोक्तं सङ्क्षेपशारीरकारम्भे - "अनृतजडविरोधिरूपमन्तत्रयमलबन्धनदुःखितावरुद्धम्"।।

का भी जो साक्षी है अर्थात् इन सबके साक्षिरूप से जो स्थित है, वही शिव (कूटस्थ) है । यहाँ अनुमान प्रयोग इस प्रकार है - जो जिसका साक्षी होता है, वह उस पदार्थ से भिन्न होता है । जो उस पदार्थ से भिन्न नहीं होता, वह उसका साक्षी नहीं हो सकता, जैसे वृत्ति आदि । इस वाक्य से कूटस्थ का वृत्ति आदि से भेद का अनुमान होता है कि साक्षी शिव सत्य है असत्य जगत् का अधिष्ठान होने के कारण, असत्य रजताधिष्ठान शुक्ति के समान । "वह साक्षी शिव सम्पूर्ण जड़ पदार्थों का प्रकाशक होने के कारण चैतन्य रूप है" इस वाक्य मैं अनुमान यह है कि साक्षी शिव चिद्रूप है, समस्त जड़ पदार्थों का अवभासक होने के कारण, जो चिद्रूप नहीं होता, वह समस्त जड़ पदार्थों का अवभासक नहीं हो सकता, जैसे घटादि । "वह साक्षी शिव सदा परमप्रेम का आस्पद (विषय) होने के कारण निरतिशय आनन्दरूप हैं " इस वाक्य में अनुमान इस प्रकार है - साक्षी शिव परमानन्द रूप है, परम प्रेमास्पद होने के कारण, जो ऐसा नहीं है, वह परमप्रेमास्पद नहीं हो सकता, जैसे घट,पट आदि । "वह शिवसंज्ञा वाला साक्षी चैतन्य सम्पूर्ण जगत् का अवभासक होने के कारण तथा जगत् के समस्त पदार्थों से सम्बन्धित होने के कारण सम्पूर्ण है अर्थात् सर्वत्र व्याप्त है" यहाँ अनुमान इस प्रकार है - साक्षी शिवसम्पूर्ण है, समस्त पदार्थों से संयुक्त होकर रहने के कारण, आकाश की तरह । यह साक्षी शिव सब से सम्बन्धित है । सब का प्रकाशक होने के कारण, जो ऐसा नहीं है, वह सभी का प्रकाशक नहीं हो सकता, जैसे दीपक आदि ।

शैवपुराणवचनानां तात्पर्यप्रदर्शनम् –

इति शैवपुराणेषु कूटस्थः प्रविवेचितः।
जीवेशत्वादिरहितःकेवलःस्वप्रभश्शिवः॥५९॥

अन्वयः – इति शैवपुराणेषु जीवेशत्वादिरहितः केवलः स्वप्रभः शिवः कूटस्थः प्रविवेचितः।

व्याख्या :– स्कान्दसूतसंहितावायुपुराणादिवचनानां तात्पर्यं प्रदर्शयति । इत्येवंरीत्या शैवपुराणेषु शिवस्येमानि शैवानि शिवप्राधान्यप्रतिपादकानि यानि प्रसिद्धानि तेषु पौराणिवचनेष्वपि जीवेशत्त्वादिरहितो मायाप्रकल्पितजीवेशभावभेदरहितः केवलश्शुद्धोऽद्वितीयस्स्वप्रभस्स्वयंप्रकाशश्चैतन्यस्वरूपश्शिवः परमकल्याणस्वरूपः कूटस्थः प्रविवेचितो विविच्य प्रकर्षेण वर्णित इति शम् ।।

जीवेशभेदनिरूपणम् –

मायाभासेन जीवेशौ करोतीति श्रुतत्वतः।
मायिकावेव जीवेशौ स्वच्छौ तौ काचकुम्भवत् ॥६०॥

अन्वयः– "माया आभासेन जीवेशौ करोति" इति श्रुतत्वतः जीवेशौ मायिकौ एव। तौ काचकुम्भवत् स्वच्छौ ।

व्याख्या :– साक्षिणो जीवेशत्त्वादिराहित्ये तयोर्मायाप्रकल्पितत्त्वमेव कारणमिति प्रागेवावोचामेति सम्प्रति स्मारयति । इतः पूर्वं "मायाभासेन जीवेशौ करोतीति श्रुतौ श्रुतम् । मेघाकाशजलाकाशाविव तौ सुव्यवस्थिता"विति । तथा तृप्तिदीपे – "मायाभासेन जीवेशौ करोतीति श्रुतत्त्वतः । कल्पितावेव जीवेशौ ताभ्यां सर्वं प्रकल्पित"मिति च । साम्प्रतं च श्रुति"र्जीवेशावाभासेन करोति माया चाविद्या च स्वयमेव भवती"ति । अत एवं श्रुतत्त्वतो मायाविद्याधीनयोश्चिदाभासयोर्मायिकत्त्वमियं श्रुतिः

पूर्वोक्त तीनों श्लोकों का तात्पर्य स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ – इस प्रकार शैवपुराणों में जीव और ईश्वर आदि से रहित केवल स्वयंप्रकाश शिवसंज्ञक कूटस्थ का विवेचन किया गया है ।।५९।।

व्याख्या – पूर्वोक्त तीन श्लोक शैवपुराणों के हैं ***"शिवस्येमानि शैवानि"*** शिव का प्रधान रूप से प्रतिपादन करने वाले स्कन्द, वायु आदि पुराणों को शैवपुराण कहा जाता है । पूर्वोक्त तीनों शैव पुराणों के श्लोकों में जीव और ईश्वर से रहित अर्थात् मायाकल्पित जीवेश्वरभाव से रहित केवल (अद्वितीय) स्वयंप्रकाश शिवसंज्ञा वाले अर्थात् मंगल रूप कूटस्थ का विवेचन किया गया है ।

अब जीव और ईश्वर के भेद का विचार करते हैं ।

अर्थ – माया आभास के द्वारा जीव और ईश्वर की रचना करती है, इस श्रुति वचन से जीव और ईश्वर दोनों ही मायिक हैं और वे दोनों काँच के घड़े की तरह स्वच्छ हैं ।।६०।।

व्याख्या – कूटस्थ चैतन्य वास्तव में जीवभाव और ईश्वरभाव से रहित है, ऐसा पूर्व में कहा गया किन्तु उसमें प्रमाण क्या है ? इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि श्रुति ने स्वयं दोनों को मायाकल्पित बताया है, कूटस्थ दोनों से रहित ही है । ग्रन्थकार ने इसी ग्रन्थ के चित्रदीप नामक छटवें प्रकरण के श्लोक १५५ और तृप्तिदीप नामक सातवें प्रकरण के तृतीय श्लोक में उक्त अर्थ का प्रतिपादन किया

प्रतिपादयति । जीवेशयोर्मायाप्रकल्पितत्त्वे देहादिभ्यो वैलक्षण्यं न स्यादित्याशङ्कायामाह । काचकुम्भस्य पार्थिवत्त्वाविशेषेऽपि साधारणमृत्कुम्भाद्विलक्षणो यथा भाति स्वच्छत्त्वात्तद्वत्तौ जीवेशौ मायिकावपि स्वच्छौ शुद्धावतस्तौ वैलक्षण्येन भासेते इति शम् ।।

जीवेश्वरयोर्मायिकयोस्स्वच्छत्त्वोपपादनम् -

अन्नजन्यं मनो देहात्स्वच्छं यद्वत्तथैव तौ ।
मायिकावपि सर्वस्मादन्यस्मात्स्वच्छताङ्गतौ ।। ६१।।

अन्वयः - अन्नजन्यं मनः यद्वत् देहात् स्वच्छम् । तथा एव तौ मायिकौ अपि अन्यस्मात् सर्वस्मात् स्वच्छतां गतौ ।

व्याख्या :- काचकुम्भोपादानभूतयोर्मृद्विशेषयोर्वैलक्षण्यात्तयोरपि जीवेश्वरयोर्वैलक्षण्यं समुचितमेव। मायायास्त्वेकत्त्वात्तत्कार्यभूतयोर्जीवेश्वरयोर्जगतो वैलक्षण्यमसमञ्जसम् । तथा मायिकयोस्तयोरनादित्त्वेन भासमानयोरपि कथं स्वच्छत्त्वमित्यादिशङ्कायामुच्यते यथान्नजन्ययोर्देहमनसोर्वैलक्षण्यं तथेत्याह यथान्नजन्यं

है, उसी का स्मरण कराते हुए कहते हैं कि ***''जीवेशावाभासेन करोति माया चाविद्या च स्वयमेव भवति''*** इस श्रुति के अनुसार माया ही आभास के द्वारा जीव और ईश्वर की रचना करती है । अतः जीव और ईश्वर दोनों माया के द्वारा निर्मित होने के कारण मायिक ही हैं । यदि जीव और ईश्वर मायिक हैं तो देहादि से उनकी विलक्षणता कैसे सिद्ध होगी ? इस शंका के उत्तर मैं कहते हैं कि वे दोनों अत्यन्त स्वच्छ हैं । इस विषय में काँच-कुंभ का दृष्टान्त देते हैं । जैसे काँच का घड़ा और मिट्टी का घड़ा दोनों ही पृथ्वी के कार्य (पार्थिव) होने पर भी काँच का घड़ा स्वच्छ और मिट्टी का अस्वच्छ होता है, इसी प्रकार जीवेश्वर और देहादि मायिक ही हैं तथापि जीवेश्वर स्वच्छ और देहादि अस्वच्छ होते हैं । इसलिये दोनों में विलक्षणता सिद्ध ही है ।

पूर्वोक्त कथन को दृष्टान्त पूर्वक स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - जैसे अन्न से उत्पन्न मन देह से अधिक स्वच्छ है, उसी प्रकार वे दोनों (जीव और ईश्वर) मायिक होते हुए भी अन्य सभी से अधिक निर्मलता को प्राप्त हुए हैं ।।६१।।

व्याख्या - घट और काँच के कारण रूप मिट्टी में भिन्नता होने से एक स्वच्छ और दूसरा अस्वच्छ है । इन दोनों में तो विलक्षणता हो सकती है किन्तु जगत् और जीवेश्वर इन सब का एकमात्र निमित्त कारण माया ही है । अतः जीवेश्वर की जगत् से विलक्षणता का होना संभव नहीं है । इस आशंका का उत्तर देते हैं । जैसे अन्न से उत्पन्न मन अन्न से उत्पन्न देहादि से अधिक स्वच्छ है, उसी प्रकार प्रकृत में भी जानना चाहिये । शरीर और मन दोनों अन्न से उत्पन्न हुए माने जाते हैं, यह बात शास्त्र प्रमाण से भी सिद्ध है । छान्दोग्योपनिषद् में कहा गया है कि***''अन्नमशितं त्रेधा विधीयते तस्य यः स्थविष्ठो धातुस्तत् पुरीशं भवति यो मध्यमस्तन्मांसं यो अणिष्ठस्तन्मनः''*** (छा.उ. ६/५/१) खाया हुआ अन्न तीन प्रकार का हो जाता है । उसका जो अत्यन्त स्थूल भाग है, वह मल हो जाता है । जो मध्य भाग है, वह मांस हो जाता है और जो अत्यन्त सूक्ष्म भाग होता है, वह मन हो जाता है । ***''अन्नमयं हि सौम्य मनः''***(छा.उ. ६/५/१) हे सौम्य! मन अन्नमय ही है । इत्यादि श्रुति प्रमाण से मन का अन्नमय होना कहा गया है । लोक में भी प्रसिद्धि है कि **'जैसा खाओ अन्न वैसा हो मन'** इसलिये कहा कि

मनो ह्यन्नकार्यभूतादेहात्तदपेक्षया स्वच्छं तथा मायिकावपि जीवेशौ मायाकल्पितात्सर्वस्मादन्यस्माज्जगत-स्स्वच्छतां गतौ । "अन्नमयं हि सोम्य मन" इति छान्दोग्यश्रुतेरन्नान्वयादिपरिपुष्टमिति भाव इति शम्।।

मायिकयोर्जीवेश्वरयोश्चिद्रूपत्त्वोपपादनम् -

चिद्रूपत्वञ्च सम्भाव्यञ्चित्त्वेनैव प्रकाशनात् ।
सर्वकल्पनशक्ताया मायाया दुष्करन्न हि ।।६२।।

अन्वयः - चित्त्वेन एव प्रकाशनात् चिद्रूपत्वं च संभाव्यम् । हि (यतः)सर्वकल्पनशक्तायाः मायायाः दुष्करं न।

व्याख्या :- तयोर्जीवेश्वरयोश्चिद्रूपता मायाकल्पितैवेत्याह । चित्त्वेनैव चैतन्यरूपेणैव प्रकाशनात्तयो-र्जीवेश्वरयोश्चिद्रूपत्त्वं च सम्भाव्यम् । चिद्रूपतया प्रकाशनमपि मायिकयोः कथमुपपद्यत इत्याशङ्कायां मायाया अघटितघटनापटीयस्या दुर्घटकारिण्या उपपन्नतरत्त्वादिति सर्वकल्पनशक्ताया मायाया दुष्करं नाम किञ्चिन्न इति शम् ।।

मायाया जीवेश्वरकल्पने न किमप्याश्चर्यमित्यनुभवनिरूपणम् -

अस्मन्निद्रापि जीवेशौ चेतनौ स्वप्नगौ सृजेत् ।
महामाया सृजत्येतावित्याश्चर्यङ्किमत्र ते ।।६३।।

अन्वयः- अस्मन्निद्रा अपि स्वप्नगौ चेतनौ जीवेशौ सृजेत् । महामाया एतौ सृजति इति अत्र ते किम् आश्चर्यम्।

व्याख्या :- पूर्वोक्तमर्थं कैमुतिकन्यायेन द्रढयति । अस्मन्निद्रापि सौषुप्तिकमायापि स्वप्नगौ

अन्न से उत्पन्न हुए देहादि की अपेक्षा मन अधिक स्वच्छ है । इसी प्रकार जीव और ईश्वर यद्यपि मायिक ही हैं तथापि अन्य सभी जड़ पदार्थों से अधिक निर्मल हैं ।

दोनों का चिद्रूपत्व भी मायाकल्पित ही है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ - चैतन्य रूप से प्रकाशित होने के कारण ही (जीव और ईश्वर का) चिद्रूपत्व संभाव्य है । सब प्रकार की कल्पना करने में सशक्त माया के लिये यह दुष्कर नहीं है ।।६२।।

व्याख्या - यदि जीव और ईश्वर माया की रचना है तो उन्हें जड़ होना चाहिये, वे चेतन क्यों हैं ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि माया ने जैसे जीव और ईश्वर की कल्पना की है, वैसे ही उसने उनकी चिद्रूपता की भी कल्पना की है । यह माया का विचित्र कार्य है । इसलिये श्रीशंकराचार्य जी ने माया को '**अघटितघटनापटीयसी**' कहा है । भाव यह है कि जीवेश्वर में चिद्रूपता की कल्पना करना सब प्रकार की कल्पना करने में सशक्त माया के लिये दुष्कर नहीं है । अतः दोनों की चिद्रूपता भी मायाकल्पित ही है । तात्पर्य यह है कि एकमात्र कूटस्थ ही नित्य है ।

जीव और ईश्वर की कल्पना करना माया के लिये कोई बड़ी बात नहीं है, इस विषय को अनुभव प्रमाण से स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - जब हमारी निद्रा भी स्वप्न में चेतन रूप जीव और ईश्वर की रचना कर सकती है तो महामाया जीव और ईश्वर को चेतन रूप बना दे, इसमें तुम्हें कौन-सा आश्चर्य है ?।।६३।।

व्याख्या - उक्तार्थ को कैमुतिक न्याय से सिद्ध करते हैं । हम अपने अनुभव से भी माया के कार्यों

चेतनौ जीवेशौ सृजेत् । एतौ महामायैव सृजतीत्यत्र ते किमाश्चर्यमिति शम् ।।

ईश्वरस्य सर्वज्ञत्त्वादिकमपि मायाकल्पितमिति प्रदर्शनम् -

सर्वज्ञत्वादिकञ्चेशे कल्पयित्वा प्रदर्शयेत् ।
धर्मिणङ्कल्पयेद्याऽस्याः को भारो धर्मकल्पने ।।६४।।

अन्वयः - (किं) च ईशे सर्वज्ञत्वादिकं कल्पयित्वा प्रदर्शयेत् । या धर्मिणं कल्पयेत् अस्याः धर्मकल्पने कः भारः? ।

व्याख्या :- ईश्वरस्य मायिकत्त्वे तस्य जीववदसर्वज्ञत्त्वादिकं भवेत् । तथा यदि मायैवेश्वरकल्पिका तर्ह्यसौ जीववत्तद्व्यामोहिकापि स्यादित्याशङ्कायां तत्सर्वं मायाकल्पितमेवेत्याह । माया हीशे सर्वज्ञत्त्वादिकं सर्वज्ञत्त्वसर्वशक्तित्त्वादिकं च कल्पयित्त्वा प्रदर्शयेत् । "माया च तमोरूपे"त्यादिश्रुतेरावरण-स्वभावायास्तस्या ईशे सर्वज्ञत्त्वादिकल्पनं कथं घटत इत्यत्रोपपत्तिरुच्यते । या माया धर्मिणमीशं कल्पयेदस्या धर्मकल्पने मायायाः को भारो न कोऽपीति भाव इति शम् ।।

कूटस्थस्य सत्यत्त्वनिरूपणम् -

कूटस्थेऽप्यतिशङ्का स्यादिति चेन्माऽतिशङ्क्यताम् ।
कूटस्थमायिकत्वे तु प्रमाणन्न हि विद्यते ।।६५।।

का अनुमान लगा सकते है । सोते समय हमारी प्रकृति निद्रारूप धारण कर लेती है और निद्रा में स्वप्नलोक की रचना कर देती है । स्वप्न की सृष्टि में जड़ और चेतन दोनों प्रकार की रचनाएँ दिखाई देती हैं । स्वप्न की भूमि, नदी, पर्वतादि जड़ रचना है और पशु, पक्षी, मनुष्यादि चेतन रचना है । कभी-कभी स्वप्न में ईश्वर के भी दर्शन होते हैं । जब जीव की निद्रा भी यह सब रचना कर सकती है तो फिर महामाया जीव और ईश्वर को चेतनरूप बना दे, इस विषय में तो कहना ही क्या ? अर्थात् माया के लिये यह कोई बड़ी बात नहीं है, अतः तुम्हें उक्त वचन सुनकर आश्चर्य नहीं करना चाहिये ।

ईश्वर में सर्वज्ञत्वादि भी मायाकल्पित है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - माया ईश्वर में सर्वज्ञता आदि की कल्पना कर दिखाती है । जब वह धर्मी (ईश्वर) की कल्पना कर सकती है, तो उसे धर्म (सर्वज्ञता आदि) की कल्पना करने में क्या भार है ?।।६४।।

व्याख्या - यदि ईश्वर को भी मायाकल्पित मानेंगे तो वह भी जीव की तरह अज्ञानी सिद्ध होगा । इस शंका की निवृत्ति के लिये कहते हैं कि ईश्वर का सर्वज्ञत्वादि भी मायाकल्पित ही है । यह माया ईश्वर में सर्वज्ञत्व, सर्वशक्तिमत्व, सर्वनियन्तृत्व आदि गुणधर्मों की कल्पना कर दिखाती है । इस विषय में युक्ति दिखाते हैं कि जो धर्मी की कल्पना कर सकती हो, उसे धर्म की रचना करने में कौन-सी कठिनाई है ? सर्वज्ञत्वादि धर्म है और धर्म जिसमें रहता है, उसे धर्मी कहा जाता है । अतः सर्वज्ञत्वादि धर्मवाला ईश्वर धर्मी है । जब माया ईश्वर की भी कल्पना कर सकने में समर्थ है तो उसे ईश्वर में सर्वज्ञत्वादि धर्मों की कल्पना करने में कौन-सा भार है ? भाव यह है कि सर्वज्ञत्त्वादि गुणधर्म भी ईश्वर में कल्पित ही हैं ।

अब कूटस्थ के सत्यत्व का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - यदि कहो कि तब तो कूटस्थ में भी मायिकत्व का सन्देह होगा तो ऐसी अतिशंका मत

अन्वयः – कूटस्थे अपि अतिशङ्का स्यात् इति चेत् ? हि (यतः) कूटस्थमायिकत्वे तु प्रमाणं न विद्यते अतः मा अतिशङ्क्यताम् ।

व्याख्या :– यथा च जीवेशौ मायाकल्पितौ तथैव कूटस्थोऽपीति न वाच्यम् । ईदृशकल्पने प्रमाणं श्रुतिरेवेत्युक्तेः । अत एवाह । मातिशङ्क्यतां प्रमाणमतिक्रम्य शङ्कां मा कार्षीः । प्रमाणानुपलम्भादस्मिन्निति भावः । अतिशङ्काया निषेधे कारणमाह । कूटस्थमायिकत्त्वे कूटस्थस्य मायाप्रकल्पितत्त्वे प्रमाणं न विद्यते हीति प्रसिद्धिद्योतनार्थः । तस्मात्कूटस्थविषये मायिकत्त्वशङ्का नैव कार्येति शम् ।।

कूटस्थस्य पारमार्थिकत्त्वप्रदर्शनम् –

वस्तुत्वं घोषयन्त्यस्य वेदान्तास्सकला अपि ।
सपत्नरूपं वस्त्वन्यन्न सहन्तेऽत्र किञ्चन ।।६६।।

अन्वयः – वेदान्ताः सकलाः अपि अस्य वस्तुत्वं घोषयन्ति। अत्र सपत्नरूपम् अन्यत् वस्तु किंचन न सहन्ते।

व्याख्या :– न हि केवलं कूटस्थस्य मायिकत्त्वे एव प्रमाणाभावः । प्रत्युत तस्यामायिकत्त्वे बहुलतरमुपलभ्यन्ते प्रमाणवचनानि । अतः कूटस्थस्य वास्तवत्त्वे न दृश्यते प्रमाणमिति मा विचिन्त्यताम्। सकलवेदान्तैस्तस्य पारमार्थिकसत्यत्त्वमेति समुद्घोषितत्त्वात्तथा तद्भिन्नस्य सर्वस्यापि यावद्दृश्यस्य च बाधितत्त्वोक्तेश्चेत्यत आह । सकला अपि वेदान्ता अस्य कूटस्थस्य वस्तुत्त्वं पारमार्थिकसत्यत्त्वं

करो, क्योंकि कूटस्थ के मायामाय होने का कोई प्रमाण नहीं है ।।६५।।

व्याख्या – जीव और ईश्वर को मायामय सुनकर यह शंका हो सकती है कि कूटस्थ भी मायामय है। आचार्य उसका निषेध करते हैं । कूटस्थ में मायामयत्व की शंका करना अतिशंका कहा गया है। अतः ऐसी अतिशंका मत करो अर्थात् प्रमाणों को अतिक्रमण कर व्यर्थ की शंका मत करो । उक्त शंका को अतिशंका क्यों कह रहे हो ? इस प्रश्न का उत्तर देते हैं कि कूटस्थ के मायामय होने का कोई प्रमाण नहीं है । तात्पर्य यह है कि श्रुति में जीव और ईश्वर के मायामय होने का उल्लेख मिलता है, जिसके आधार पर हम दोनों के मायामयत्व का विचार कर सकते हैं, किन्तु कूटस्थ को किसी भी शास्त्र में मायिक नहीं कहा गया है । अतः प्रमाणाभाव के कारण कूटस्थ के मायिकत्व की शंका अतिशंका करना ही है ।

कूटस्थ के पारमार्थिकत्व का वर्णन करते हैं ।

अर्थ – सभी वेदान्त इस (कूटस्थ) की वस्तुत्व (पारमार्थिकता) की घोषणा करते हैं । इतना ही नहीं, वे इस विषय में विपक्षभूत अन्य किसी भी वस्तु को सहन नहीं करते हैं ।।६६।।

व्याख्या – कूटस्थ के मायिकत्व में केवल प्रमाणों का अभाव है, इतना ही नहीं अपितु उसके अमायिकत्व में अनेकों शास्त्रवचन उपलब्ध हैं । अतः कूटस्थ की पारमार्थिकता में कोई प्रमाण नहीं है, ऐसा मत सोचो । समस्त वेदान्त (उपनिषद्) इस कूटस्थ चैतन्य की पारमार्थिकता की ही घोषणा करते हैं । इतना ही नहीं, वे कूटस्थ की पारमार्थिकता के विषय में विपक्षभूत अन्य किसी भी वस्तु को सहन नहीं करते हैं । ***''सदेव सोम्येदमग्र आसीत्''*** (छा.उ. ६/२/१) इत्यादि श्रुतियों में कूटस्थ को

घोषयन्ति । अतोऽत्र कूटस्थपारमार्थिकसत्यत्त्वविषये सपत्नरूपं विपक्षभूतं प्रतिपक्षभूतं कूटस्थया-थार्थ्यसमर्थनशत्रुभूतमन्यद्वस्तु किञ्चन ते न सहन्ते "सदेव सोम्येदमग्र आसी"दित्यादिश्रुतेः ।

मुमुक्षूणां शरणं श्रुतिरेवेति निरूपणम् -

श्रुत्यर्थं विशदीकुर्मो न तर्काद्वच्मि किञ्चन।
तेन तार्किकशङ्कानामत्र कोऽवसरो वद ।।६७।।

अन्वयः- श्रुत्यर्थं विशदीकुर्मः तर्कात् किञ्चन न वच्मि। तेन तार्किकशङ्कानाम् अत्र कः अवसरः वद?

व्याख्या :- अद्वैतकूटस्थबोधनविरोधि किमपि द्वैतमसहन्तस्सन्त एव सर्वेऽपि वेदान्तास्तं तथा मुमुक्षून्प्रति बोधयन्तीत्युक्तमयुक्तम् । निरुक्तबोधनस्यैव गुरुशिष्यादिद्वैतसापेक्षत्त्वाद्बोधनोर्ध्वमपि बोद्धृं प्रति यावदारब्धं जीवन्मुक्तिपक्षे द्वैतावस्थानाच्छुकादीनां मुक्तावप्यस्मदादीनां सुस्थिरद्वैतोपलम्भात् । एवं कूटस्थस्य जीवेशयोश्च वास्तवत्त्वावास्तवत्त्वसाधने श्रुतय एव पठ्यन्ते । न कर्कशतर्कोपन्यासः क्रियते । किन्तु श्रुतीनामर्थं स्पष्टतो विचारयाम इत्याह । वादप्रतिवादकोलाहलविमुखानां मुमुक्षूणां श्रुत्यर्थं श्रुतेरभिप्रेतमर्थं विशदीकुर्मः । तर्कात्किञ्चन किमपि वक्तुं वयं यतो नैव विशदीकुर्मस्तस्मान्नायम-वसरस्तर्कशास्त्रपाण्डित्यप्रदर्शनायेति दिक् ।।

सत् और अद्वितीय कहा है । जहाँ भेद होता है, वहाँ उससे भिन्न वस्तु होती है किन्तु कूटस्थ सजातीय, विजातीय और स्वगत भेदशून्य एकमात्र पामार्थिक सत्य है, उसके समकक्ष या उसके विपक्ष में किसी की भी गणना हो, यह भगवती श्रुति को सर्वथा असह्य है ।

मुमुक्षुओं के लिये एकमात्र श्रुति ही शरण है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - हम श्रुति के अर्थ को ही विशद करते हैं, तर्क से कुछ नहीं बोलते, इसलिये तार्किकों की शंकाओं को प्रकृत में अवकाश ही कहाँ है ? यह बताओ ।।६७।।

व्याख्या - पूर्व में कहा कि अद्वितीय कूटस्थ के ज्ञान के अतिरिक्त सम्पूर्ण वेदान्त कुछ भी सहन नहीं करते हैं और मुमुक्षुओं को उसी का बोध कराते हैं । यह कथन ठीक नहीं है, क्योंकि निरुक्त बोध भी गुरु-शिष्यादि द्वैतसापेक्ष है और ज्ञानोत्तकाल में भी जब तक प्रारब्धकर्म अवशिष्ट हैं तब तक जीवन्मुक्ति पक्ष में भी द्वैत की अवस्थिति मानी ही गई है तथा शुकदेवादि जीवन्मुक्तों के मुक्त हो जाने पर भी हम सब के सामने द्वैत की उपलब्धि सुस्थिर ही है । इत्यादि शंकाओं के समाधान के लिये कहते हैं कि मुमुक्षुजनों के लिये उपयोगी इस ग्रन्थ में हम श्रुति के अर्थ को ही स्पष्ट कर रहे हैं । कर्कश तर्क का उपन्यास नहीं कर रहे हैं । वाद-प्रतिवाद आदि कोलाहल से विमुख मुमुक्षुजनों के लिये हम श्रुति के अर्थ को ही विशद कर रहे हैं । केवल शुष्क तर्कों से कुछ भी नहीं कहते हैं । अतः प्रकृत प्रसंग में तार्किकों की शंकाओं के लिये अवकाश ही कहाँ है ? यह बताओ । भाव यह है कि यहाँ तर्क शास्त्र का पाण्डित्य दर्शाने के लिये कोई अवसर नहीं है ।

दुस्तर्कात्सुविरम्य श्रुत्यभिमतं तर्कमालोच्य श्रौततात्पर्यमध्यवसेयमिति प्रदर्शनम् –

तस्मात्कुतर्कं सन्त्यज्य मुमुक्षुश्श्रुतिमाश्रयेत् ।
श्रुतौ तु माया जीवेशौ करोतीति प्रदर्शितम् ॥६८॥

अन्वयः – तस्मात् मुमुक्षुः कुतर्कं संत्यज्य श्रुतिम् आश्रयेत् । श्रुतौ तु "माया जीवेशौ करोति" इति प्रदर्शितम्।

व्याख्या :– अस्त्वेवं प्रतिपादनं मुमुक्षुं प्रतिसमाधानं किमित्यत्र श्रुत्यर्थानुकूलं तर्कमालम्ब्य तदर्थग्रहणे निष्पन्नमर्थमाह । तस्मात्कुतर्कं श्रुतिप्रमाणादपेतार्थसाधकं तर्कं परित्यज्य मुमुक्षुर्निरतिशयसुखाभिलाषी श्रुतिं वेदवचनं तात्पर्यत आश्रयेत् । श्रुतिरेव तस्य शरणं न घटपटेन्धनादिशब्दबहुलस्तर्कः । तदुक्तं भाष्यकारैः – "घटो वा मृत्पिण्डोऽप्यणुरपि च धूमोऽग्निरचलः पटो वा तन्तुर्वा परिहरति किं घोरशमनम् । वृथा कण्ठक्षोभं वहसि तरसा तर्कवचसा पदाम्भोजं शम्भोर्भज परमसौख्यं व्रज सुधीः" इति ।। कीदृशश्श्रुत्यर्थो मुमुक्षुभिरनुसन्धेय इत्यत्राह । "माया जीवेशौ करोती"ति श्रुतौ मायिकत्त्वं जीवेशयोः प्रदर्शितम् । न तु कूटस्थस्य मायिकत्त्वमित्यतः कूटस्थं प्रति मातिशङ्क्यतामिति भाव इति शम् ।।

इस प्रकार दुस्तर्क से उपरत होकर श्रुत्यनुकूल तर्क का किस तरह विचार करना चाहिये, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ – इसलिये मुमुक्षु पुरुष को कुतर्क का त्याग कर श्रुति का आश्रय लेना चाहिये और श्रुति में तो स्पष्ट रूप से यही प्रदर्शित किया गया है कि माया जीव और ईश्वर की रचना करती है ।।६८।।

व्याख्या – श्रुत्यर्थ को स्पष्ट करने के लिये ही हमारी प्रवृत्ति होने से और तर्क का यहाँ पर कोई स्थान न होने से मुमुक्षु पुरुष को कुतर्क का अर्थात् श्रुति विरोधी तर्कों का त्याग करके एकमात्र श्रुति का ही आश्रय लेना चाहिये । मुमुक्षु के लिये एकमात्र शरण वेद ही है, घट–पट आदि शब्द–बाहुल्य तर्क नहीं । इसीलिये शिवानन्दलहरी में श्रीशंकराचार्य जी ने कहा है कि घट–मृत्पिण्ड, अणु, धूम–अग्नि, तथा पट और तन्तु आदि के द्वारा शुष्क तर्कों से संसारताप की निवृत्ति नहीं होती है । उक्त तर्क तो केवल कण्ठ को सुखाने वाले ही हैं । संसारताप का शमन तो एकमात्र शम्भु (कूटस्थ) की शरण ग्रहण करने से ही संभव है ।

घटो वा मृत्पिण्डोऽप्यणुरपि च धूमोऽग्निरचलः
पटो वा तन्तुर्वा परिहरति किं घोरशमनम् ।
वृथाकण्ठक्षोभं वहसि तरसातर्कवचसा
पदाम्भोजं शम्भोर्भज परमसौख्यं व्रज सुधीः।। (शिवा.ल. ६)

मुमुक्षुओं को श्रुति के अर्थ का अनुसन्धान किस प्रकार करना चाहिये ? तो कहते हैं कि श्रुति में स्पष्ट रूप से यही बताया गया है कि जीव और ईश्वर दोनों ही मायिक हैं । '**माया जीवेशौ करोति**' भाव यह है कि श्रुति में कहीं पर भी कूटस्थ को मायिक नहीं कहा गया है, अतः उसके विषय में अतिशंका मत करो।

पूर्वोक्तसृष्टिविभागसंस्मरणम् –

ईक्षणादिप्रवेशान्ता सृष्टिरीशकृता भवेत् ।
जाग्रदादिविमोक्षान्तस्संसारो जीवकर्तृकः॥६९॥

अन्वयः – ईक्षणादिप्रवेशान्ता सृष्टिः ईशकृता भवेत् । जाग्रदादिविमोक्षान्तः संसारः जीवकर्तृकः।

व्याख्या :– इतः पूर्वस्मिन्नेव ग्रन्थे प्रतिपादितं जीवेशकृतसृष्टिविभागं स्मारयति । चित्रदीपे तु– "ईक्षणादिप्रवेशान्ता सृष्टिरीशेन कल्पिता । जाग्रदादिविमोक्षान्तस्संसारो जीवकल्पित" इति । तथा तृप्तिदीपे चतुर्थे च सम्यगुपन्यस्तोऽयमर्थो यदीक्षणाद्यनुप्रवेशान्तायास्सृष्टेरीश्वरकर्तृकत्त्वं तथा जाग्रत्स्व-प्नसुषुप्तिबन्धमोक्षलक्षणायाश्च सृष्टेर्जीवकर्तृकतेति ज्ञेयमिति शम् ।।

कूटस्थस्यासङ्गत्त्वनिरूपणम् –

असङ्ग एव कूटस्थस्सर्वदा नास्य कश्चन ।
भवत्यतिशयस्तेन मनस्येवं विचार्यताम् ॥ ७०॥

अन्वयः – कूटस्थः असङ्ग एव अस्य कश्चन अतिशयः न भवति। तेन एवं मनसि विचार्यताम्।

व्याख्या :– कूटस्थस्यासङ्गत्त्वादिकमपि च मृतिजन्मादिलक्षणस्य व्यवहारजातस्यासत्त्वं च श्रुत्यादिभिः प्रतिपादितमित्यतो मुमुक्षूणां सर्वदा मननयोग्यमित्याह । असङ्गस्सर्वदा कूटस्थः । अस्य कश्चन जन्ममृत्युजराद्यतिशयो विकारो न भवतीति श्रुतौ प्रदर्शितम् । अतस्तेन हेतुना कुतर्कं सन्त्यज्य श्रुतिमवलम्ब्यैवं मनसि विचार्यतामिति शम् ।।

पूर्वोक्त जीव और ईश्वरकृत सृष्टि का विभाग दर्शाते हैं ।

अर्थ – ईक्षण से लेकर प्रवेश पर्यन्त सृष्टि ईश्वर के द्वारा कल्पित है और जगत् से लेकर मोक्षपर्यन्त संसार जीव द्वारा कल्पित है । **(यह श्लोक वाराहोपनिषद् (२/५४) से उद्धृत है)**।।६९।।

व्याख्या – इसी ग्रन्थ में पठित जीवेश्वरकृत सृष्टि के विभाग का यहाँ पर स्मरण कराया गया है । इस श्लोक की व्याख्या चित्रदीप नामक प्रकरण के श्लोक २१३ में विस्तार पूर्वक की गई है, अतः उक्त श्लोक की व्याख्या वहीं देखनी चाहिये ।

मुमुक्षु के लिये जो विचार कर्तव्य है, उसका निर्देश करते हैं ।

अर्थ – कूटस्थ सर्वदा असंग ही है । इसमें थोड़ा-सा भी विकार नहीं है। इसलिये अपने मन में सर्वदा इसी प्रकार विचार करें ।।७०।।

व्याख्या – कूटस्थ की असंगता आदि भी श्रुति के द्वारा प्रतिपादित होने के कारण मुमुक्षुओं को सर्वदा उसका मनन करना चाहिये । इस आशय से कहते हैं कि कूटस्थ सर्वदा असंग ही है । इस कूटस्थ का किंचिन्मात्र भी अतिशय नहीं होता है अर्थात् इस कूटस्थ में जन्म, मृत्यु, और जरा आदि विकार थोड़ा-सा भी नहीं है, ऐसा वेदों में कहा गया है । इसलिये कुतर्क का त्याग करके श्रुति का आश्रय लेकर मुमुक्षुओं को सदा अपने मन में इसी प्रकार विचार करना चाहिये ।

परमार्थतत्त्वनिरूपणम् –

न निरोधो न चोत्पत्तिर्न बद्धो न च साधकः ।
न मुमुक्षुर्न वै मुक्त इत्येषा परमार्थता ॥७१॥

अन्वयः – निरोधः न उत्पत्तिः च न। बद्धः च न। साधकः च न। मुमुक्षुः न। मुक्तः वै न। इति एषा परमार्थता ।

व्याख्या :– श्रुतिवाक्यादेव हि कूटस्थस्य जन्ममरणाद्यतिशयाभावस्समवगम्यत इति स एव विचार्य इत्याह । श्रुतिरियं चित्रदीपे परमार्थत आत्मनो बन्धाभावविचारे व्याख्याता । श्रीमद्भाष्यकारैरपीयं माण्डूक्यकारिकासु व्याख्यातेति तत एवास्या अर्थोऽवगन्तव्य इति शम् ।।

उपनिषत्सु जीवेश्वरजगद्वर्णनाभिप्रायकथनम् –

अवाङ्मनसगम्यं तं श्रुतिर्बोधयितुं सदा ।
जीवमीशं जगद्वापि समाश्रित्य प्रबोधयेत् ॥७२॥

अन्वयः – अवाङ्मनसगम्यं तं प्रबोधयितुं श्रुतिः सदा जीवम् ईशं वा जगत् अपि समाश्रित्य प्रबोधयेत् ।

व्याख्या :– श्रुतिषु विस्तरशो जगज्जीवेश्वरा अपि बहुत्र श्रूयन्त एवेत्याशङ्कायामवाङ्मानसगोचरस्य परमात्मनः परब्रह्मणस्सुखावबोधनायेत्याह । अवाङ्मनसगम्यं तमुक्तरूपं कूटस्थं परमात्मानं बोधयितुं सदा जीवमीशं जगद्वापि यत्किञ्चित्प्रतीयमानं वस्तु समाश्रित्य प्रबोधयेत् । ज्ञातवस्तुद्वाराज्ञातवस्त्ववगमनं

उक्त विचार का फल बताते हैं ।

अर्थ – न निरोध है, न उत्पत्ति है, न कोई बद्ध है और न कोई साधक, न कोई मुमुक्षु है और न कोई मुक्त, बस यही परमार्थ सत्य है ।।७१।।

व्याख्या – इस श्लोक की व्याख्या इसी ग्रन्थ के चित्रदीप नामक प्रकण में (श्लोक २३५) की गई है, वहीं दृष्टव्य है ।

श्रुति में जीवेश्वर और जगत् के प्रतिपादन का अभिप्राय बताते हैं ।

अर्थ – वाणी और मन से अगम्य उस कूटस्थ का बोध कराने के लिये ही श्रुति सदा जीव, ईश्वर और जगत् का आश्रय लेकर प्रबोध कराती है ।।७२।।

व्याख्या – श्रुति में तो जीव और ईश्वर का भी अनेकों बार उल्लेख हुआ है फिर आप कूटस्थ को नित्य और जीवेश्वर को मायिक क्यों मानते हो ? इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि वाणी आदि से अतीत परब्रह्म का सुखपूर्वक बोध कराने के लिये ही श्रुति में जीवेश्वरादि का वर्णन किया गया है । कूटस्थ आत्मा वाणी और मन से अगम्य है । ***''यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह''*** और ***''मन समेत जहँ जाय न बानी, तर्की न सकई सकल अनुमानी''*** ऐसे इन्द्रियों से अगोचर कूटस्थ परमात्मा का बोध कराने के लिये ही श्रुति जीव, ईश्वर और जगत् आदि प्रतीयमान वस्तु का आश्रय लेकर मुमुक्षु को अपने स्वरूप का यथार्थ प्रबोध कराती है । भाव यह है ज्ञात वस्तु के द्वारा अज्ञात वस्तु का बोध कराना सरल हो जाता है । ***''असत्ये वर्त्मनि स्थित्वा ततः सत्यं समीहते''*** इस वचनानुसार भगवती

सुलभं भवति । "असत्ये वर्त्मनि स्थित्त्वा ततस्सत्यं समीहत" इति वचना"दध्यारोपापवादन्यायाच्च हितैषिणी श्रुतिरेवं ब्रवीतीति भाव इति शम् ।।

वार्तिककारमुखेन जीवेश्वरादिवर्णनस्य प्रयोजननिरूपणम् -

यया यया भवेत्पुंसां व्युत्पत्तिःप्रत्यगात्मनि ।
सा सैव प्रक्रियेह स्यात्साध्वीत्याचार्यभाषितम् ।।७३।।

अन्वयः - "यया यया पुंसां प्रत्यगात्मनि व्युत्पत्तिः भवेत् । सा सा एव प्रक्रिया इह साध्वी स्यात्" इति आचार्यभाषितम् ।

व्याख्या :- जगज्जीवेशादीनाश्रित्य परमार्थप्रबोधेऽपि या श्रुतीनामनेकप्रकारा बोधनसरणिस्सा "जीवेशावाभासेन करोती"त्याभासवाद एकः । "रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूवे"ति च प्रतिबिम्बवादोऽन्यः। "घटसंवृतमाकाशं नीयमाने घटे यथा । घटो नीयेत नाकाशस्तद्वज्जीवो नभोपम" "अयं ज्योतिरात्मा विवस्वानपो भिन्ना बहुधैकोऽनुगच्छन् । उपाधिना क्रियते भिन्नरूपो देवः क्षेत्रेष्वेवमजोऽयमात्मा" "एक एव हि भूतात्मा भूते भूते व्यवस्थितः । एकधा बहुधा चैव दृश्यते जलचन्द्रवत्" इत्यवच्छिन्नवादोऽपर इत्यादिना प्रकारेण कुतो हेतोश्श्रुतिर्नैकरूपमुपदिशति । श्रुतिर्यद्यवाङ्मानसगम्यं कूटस्थमेव पारमार्थिकत्त्वेन प्रबोधयितुं जीवादिद्वैतं समाश्रयति चेदस्तु नाम तच्छाखाचन्द्रन्यायेन तथा परन्तु श्रुत्यैव तदैकरूप्यं कुतो नोच्यते । यतश्च पूर्वोक्तरीत्या श्रुतिषु विगानं बहुधा श्रूयते । तस्मान्मुमुक्षुणा किं वा मतमवलम्बनीयं, किं हेयमिति चेन्न । जीवबुद्धीनां विविधसंस्कारावरुद्धत्त्वेन

श्रुति अध्यारोप और अपवाद के द्वारा निष्प्रपञ्च परमात्मा का बोध कराती है । ***"अध्यारोपापवादाभ्यां निष्प्रपञ्चं प्रपञ्च्यते"*** अतः श्रुतिमाता परम हितैषिणी होने के कारण सुखपूर्वक आत्मबोध कराने के लिये ही जीवेश्वरादि का प्रतिपादन करती है ।

श्रीवार्तिककार के श्लोकानुसार जीवेश्वरादि के वर्णन का प्रयोजन बताते हैं ।

अर्थ - जिस-जिस प्रक्रिया से पुरुषों को प्रत्यगात्मा के विषय में व्युत्पत्ति (विशदज्ञान) होती है। वही-वही प्रक्रिया यहाँ (तत्त्वबोध के लिये) श्रेष्ठ मानी जाती है, ऐसा श्रीसुरश्वराचार्य जी ने कहा है ।।७३।।

व्याख्या - आपके कथनानुसार श्रुति परमार्थ का प्रबोध कराने के लिये ही जगत् और जीवेश्वरादि का वर्णन करती है किन्तु श्रुतियों में बोध कराने की कोई एक रीति क्यों नहीं है ? श्रुतियों में भिन्न-भिन्न रीतियों का आश्रय क्यों लिया गया है ? कहीं पर वह आभासवाद का तो कहीं पर प्रतिबिम्बवाद का समर्थन करती है और कहीं पर अवच्छेदवाद का प्रतिपादन करती है ।***"जीवेशावाभासेन करोति"*** इत्यादि श्रुतियाँ आभासवाद का प्रतिपादन करती हैं ***"रूपं रूपं प्रतिरूपं बभूव" "इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते"*** इत्यादि श्रुतियाँ प्रतिबिम्बवाद का समर्थन करती हैं और ***"घटसंवृतमाकाशं नीयमाने घटे यदा । घटो नीयेत नाकाशस्तद्वद् जीवो नभोपमः"*** इत्यादि श्रुति वचनों से अवच्छेदवाद का वर्णन किया गया है । अतः श्रुतियों में ही भेद होने पर मुमुक्षु श्रुति के किन वचनों को माने और किसका त्याग करें । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि श्रुतियों में भिन्न-भिन्न मार्गों का वर्णन होने पर भी तत्त्वबोध के विषय में थोड़ा-सा भी भेद नहीं है । वेदान्त शास्त्र में परमार्थ तत्त्व के विषय में कोई विवाद

तत्तन्मुमुक्षुबुद्धिमनुरुद्ध्य तत्तदाभासप्रतिबिम्बावच्छिन्नवादादीनां श्रुत्योक्तत्त्वादिति श्रीमत्सुरेश्वरश्री-चरणाश्श्रुतितात्पर्यं वर्णयन्ति । तस्माच्छृतिष्वनैक्यरूपा चिन्ता नैव कार्या । यतस्सा श्रुतिरुपदेश्य-बुद्धिवैशद्यमनुधावति विभिन्नमार्गप्रदर्शनेन तत्त्वबोधने किञ्चिदप्यस्या नैव विगानम् । अतस्तद्वार्तिकमर्थतः पठति । यया यया प्रक्रियया बोधनरीत्या पुंसां मुमुक्षूणां भिन्नरुचीनां जिज्ञासूनां प्रत्यगात्मनि प्रतिद्वैतस्य प्रतिरोधनेवाञ्चति यथावत्प्रकाशत इति प्रत्यक्स चासावात्मा चेति तथोक्तः - "यच्चाप्नोति यदादत्ते यच्चात्ति विषयानिह । यच्चास्य सन्ततो भावः तस्मादात्मेति भण्यत" इति वचनात्साक्षित्त्वोपलक्षितः कूटस्थस्तस्मिञ्छोधितत्त्वंपदार्थाभिन्ने शोधिततत्पदार्थरूपाद्वैतब्रह्मणि विषये व्युत्पत्तिश्श्रवणमननादिना विशेषेण ज्ञानोत्पत्तिर्दृढतयापरोक्षप्रमया परिचितिर्भवेत्सा सैव प्रक्रियेह वेदान्तशास्त्रेऽद्वैते साध्वी विषयावगमे तं तमधिकारिणं प्रत्युपकारिणीत्येवमाचार्यभाषितं श्रीवार्तिककारचरणनिर्णीतोक्तिस्तस्मादत्र न कोऽपि प्रक्रियाभेदयुक्तदोषलेशोऽपीति दिक् ।।

विप्रतिपत्तीनां कारणं श्रुतितात्पर्यानवबोध एवेति निरूपणम् -

श्रुतितात्पर्यमखिलमबुद्ध्वा भ्राम्यते जडः ।
विवेकी त्वखिलं बुद्ध्वा तिष्ठत्यानन्दवारिधौ ।।७४।।

अन्वयः- जडः अखिलं श्रुतितात्पर्यम् अबुध्द्वा भ्राम्यते। विवेकी तु अखिलं बुद्ध्वा आनन्दवारिधौ तिष्ठति।

व्याख्या :- श्रुत्यर्थस्यैकरूप्येऽपि तत्प्रामाण्यवादिनां वैदिकानामपि कुतो वैषम्यमित्याशङ्कायामिदं च वैषम्यं श्रुतितात्पर्यानवबोधकमूलमेवेति समाधत्ते । श्रुतितात्पर्यमेकवाक्यतया प्रवृत्तानामशेषश्रुतीनां तात्पर्यमखिलं समग्रतयोपक्रमोपसंहाराभ्यासापूर्वताफलार्थवादोपपत्तिरूपतात्पर्यनिर्णायकलिङ्गैरेक-

---

नहीं है । उसे सर्वत्र सच्चिदानन्द स्वरूप एक अद्वितीय वस्तु के रूप में ही प्रतिपादित किया गया है केवल उसका बोध कराने की प्रक्रिया में भेद दिखाई देता है । जिस-जिस प्रक्रिया के द्वारा अर्थात् बोध कराने की जिस किसी भी परिपाटी के द्वारा भिन्न-भिन्न रुचिवाले जिज्ञासु पुरुषों को अपने प्रत्यगात्मा में व्युत्पत्ति हो जाए अर्थात् श्रवण-मननादि के द्वारा विशेष रूप से ज्ञान की उत्पत्ति हो जाए, वही-वही प्रक्रिया वेदान्त शास्त्र में तत्वबोध के लिये श्रेष्ठ मानी गयी है । ऐसा श्रीसुरेश्वराचार्य जी ने कहा है । अतः प्रक्रिया भेद होने पर भी तत्वनिरूपण के विषय में श्रुतियों में और श्रुतिसम्मत विविध प्रक्रियाओं का आश्रय लेने वाले आचार्यों में भी कोई विरोध नहीं है ।

विविध शंकाओं का कारण श्रुति के तात्पर्य को न जानना ही है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - समस्त श्रुति के तात्पर्य को न जानकर जड़ (अविवेकी) पुरुष (संसार में यहाँ-वहाँ) भटकता रहता है और विवेकी पुरुष सम्पूर्ण श्रुति के तात्पर्य को जानकर आनन्द के समुद्र में मग्न रहता है ।।७४।।

व्याख्या - सम्पूर्ण श्रुतियों का तात्पर्य तो एकमात्र कूटस्थ चैतन्य ही है, तो फिर उस तत्त्व के प्रतिपादक ग्रन्थों का अथवा ग्रन्थकर्ताओं का परस्पर विरोध क्यों है ? इस आशंका का उत्तर देते हैं कि जिन्हें श्रुति के तात्पर्य का ज्ञान नहीं है, उन्हीं अविवेकियों का आपस में विरोध है । और जो श्रुति के तात्पर्य को जानने वाले हैं, उनमें कोई विरोध नहीं है । समस्त श्रुतियों का तात्पर्य एक ही है ।"***तत्तु***

वाक्यतामबुद्ध्वा प्रामाण्यबुद्ध्या श्रुतौ प्रवृत्तोऽपि जडस्सञ्चितफलादपक्वमनस्कोऽद्वैतादपेतमार्गे द्वैतदूषितेऽपारे संसारे निमग्नः पारमन्विच्छन्नितस्ततो भ्राम्यते । एवञ्च तेषां जन्मान्तरीयदुरदृष्टप्रयुक्तमति-जाड्यमेव सम्पूर्णश्रुतितात्पर्यानवबोधने ततस्संसारचक्रबम्भ्रमणे च कारणमित्याकूतम् । तेनानन्तजन्म-सुकृतेन भगवदनुगृहीतानां शुद्धवैदिकानां श्रीमद्भगवत्पादाचार्यमतोपजीविनामद्वैतिनां तु ततो वैलक्षण्यं प्रेक्षावन्मुमुक्षुप्रवृत्त्यर्थं सङ्क्षिपति । जन्मान्तरसुकृतकृतोपचयस्तद्विलक्षणो विवेकी त्वखिलं श्रुत्यर्थमेक-वाक्यतया बुद्धानन्दवारिधा"वानन्दो ब्रह्मेति व्यजानात्" "रसो वै स" इत्यादिश्रुतिशतप्रतिपादिता-द्वैताखण्डरसानन्दसुधासिन्धौ तिष्ठति संप्लवते । "विवेकी तु" इत्यत्र तुशब्दो वैलक्षण्यद्योतकः । विवेकिशब्दश्च सर्वसाधनमूलं विवेक एवेति सूचयति । विवेकीत्यत्रैकवचनं त्वधिकारिदौर्लभ्यध्वनकम्। तथानन्दवारिधावित्यत्र वारिधिशब्दश्श्रीकान्तसादृश्यं सूचयतीति शम्।।

विवेकिनो न मायाकृतातङ्काः प्रभवन्तीति निरूपणम् -

मायामेघो जगन्नीरं वर्षत्वेष यथा तथा।
चिदाकाशस्य नो हानिर्न वा लाभ इति स्थितिः ॥७५॥

अन्वयः- एषः मायामेघः जगन्नीरं यथा तथा वर्षतु। चिदाकाशस्य हानिः नो। लाभः वा न। इति स्थितिः।

व्याख्या :- लक्ष्मीरमणसमकक्षसुखस्य जीवन्मुक्तस्योक्तरूपस्य कथं यावत्प्रारब्धं द्वैतावभासे सत्यपि नितान्तं तत्त्वनिश्चय इत्यपेक्षायां तमर्थं सङ्क्षिपति । अत्र विवेकिनो निश्चयः कीदृशो भवतीति

समन्वयात्'' (ब.सू. १/१/४) इस ब्रह्मसूत्र के भाष्य में भाष्यकार श्रीशंकराचार्य जी ने श्रुति की एकवाक्यता का भली-भाँति प्रतिपादन किया है । उपक्रमोपसंहारादि षड्विध तात्पर्यलिंगों के द्वारा समस्त श्रुतियों का तात्पर्य एकमात्र अद्वितीय ब्रह्म में ही है । इस बात को जो लोग नहीं जानते हैं, वे लोग ही भ्रम में पड़ते हैं अर्थात् श्रुति को ही प्रमाण मानकर उसमें प्रवृत्त होने पर भी पूर्वजन्म के दुष्कर्मों के परिपाक स्वरूप अद्वैतातिरिक्त द्वैत रूपी दूषित संसार-सागर में निमग्न होकर यहाँ-वहाँ भटकते हैं । किन्तु जिसके अनेकों जन्मों के पुण्य फलीभूत हो गये हैं, ऐसा विवेकी पुरुष समस्त श्रुतियों की एकवाक्यता को जानकर आनन्द सिन्धु में निमग्न हो जाता है । ***''आनन्दो ब्रह्मेति व्यजानात्''*** (तै.उ. ३/६) ***''रसो वै सः''*** (तै.उ. २/७) इत्यादि सैकड़ों श्रुति वचनों में प्रतिपादित अद्वैत रूपी अखण्ड आनन्द समुद्र में गोते लगाता है । ***''जो आनन्द सिन्धु सुखरासी, सीकर तें त्रैलोक सुपासी''*** ऐसे जो आत्माराम हैं, उन आनन्द सिन्धु और सुख की राशी रूपी आत्माराम में निमग्न हो जाता है । श्लोक में पठित **'विवेकी तु'** यहाँ पर **'तु'** शब्द वैलक्षण्य का द्योतक है । और एकवचन का प्रयोग अधिकारी की दुर्लभता का द्योतक है तथा***''आनन्दवारिधौ''*** यह शब्द क्षीरसागरशायी लक्ष्मीपति की सादृश्यता का सूचक है ।

उक्त विवेकी मायाकृत आतंक से अस्पृष्ट रहता है, इस बात को दृष्टान्त पूर्वक समझाते हैं।

अर्थ - विवेकी पुरुष का यही निश्चय रहता है कि माया रूपी मेघ जगत् रूपी जल की चाहे जितनी वर्षा करे किन्तु उससे आत्मा रूपी आकाश की न कोई हानि है और न लाभ ।।७५।।

व्याख्या - विवेकी का निश्चय कैसा होता है, उसको दर्शाते हैं । जैसे मेघ जल को बरसाता है, उसी प्रकार माया जगत् की वर्षा करती है । जैसे वर्षा के द्वारा आकाश की कोई हानि अथवा लाभ नहीं

निरूप्यते। यथा मेघो नीरं वर्षति तथा माया जगद्वर्षति । यथा वा वर्षेणाकाशस्य नो हानिर्न वा लाभस्तथा जगता चितश्चैतन्यस्य नो हानिर्न वा लाभ इति स्थितिः । असङ्गस्याकाशस्य सर्वत्र वर्तमानस्य मेघमण्डलजन्यवर्षकृताकुलीभावाभाव इव जगत्कृताकुलीभावो नास्तीत्याशयः इत्युक्तरूपा स्थितिर्व्यवस्थितिर्जीवन्मुक्तस्यास्तीति शम् ।।

कूटस्थदीपफलाभ्यासनिरूपणम् –

इमं कूटस्थदीपं योऽनुसन्धत्ते निरन्तरम् ।
स्वयङ्कूटस्थरूपेण दीप्यतेऽसौ निरन्तरम् ।।७६।।

।। इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीभारतीतीर्थविद्यारण्यमुनिवर्यविरचितायां पञ्चदश्यां कूटस्थदीपाख्यम् अष्टमं प्रकरणं सम्पूर्णम् ।।

अन्वयः – यः इमं कूटस्थदीपं निरन्तरम् अनुसन्धत्ते असौ स्वयं कूटस्थरूपेण निरन्तरं दीप्यते।

व्याख्या :– प्रकृतग्रन्थाभ्यासफलप्रदर्शनेन प्रकरणमेतदुपसंहरति । कूटस्थदीपं कूटस्थतत्त्वस्य दीपवत्प्रकाशकमिमं ग्रन्थमेतत्प्रकरणं यस्साधको निरन्तरमनिशमनुसन्धत्तेऽत्र विपुलतया प्रतिपादितमर्थं मनसि संयोजयत्यसौ ज्ञानी स्वयं कूटस्थरूपेण कूटवन्निर्विकारस्य प्रत्यगात्मनो रूपेण निरन्तरं दीप्यते प्रकाश्यत इति शम् ।।

होता, वैसे ही माया चाहे अनेकों जगत् की वर्षा करे किन्तु चिदाकाश को उससे कोई हानि या लाभ नहीं है । जैसे मेघ द्वारा घनघोर वर्षा होने पर किसानों को लाभ होता है किन्तु व्यापारियों को और मजदूरों को हानि होती है किन्तु आकाश को उससे न कोई हानि है और न लाभ । उसी प्रकार माया चाहे जितने अद्भुत जगत् की रचना करे और उससे प्राणियों को चाहे जितना भी लाभ अथवा हानि हो, किन्तु कूटस्थचैतन्य सर्वथा निर्लिप्त होने के कारण उसे न कुछ हानि है और न कुछ लाभ । जैसे मेघमण्डल को पार करके स्थित हुए में वर्षाप्रयुक्त आकुलीभाव का अभाव होता है, उसी प्रकार विवेकी को जगत्कृत आकुलीभाव नहीं होता है ।

फलकथन पूर्वक प्रकरण का उपसंहार करते हैं ।

अर्थ – जो इस कूटस्थदीप का निरन्तर अनुसन्धान करता है, वह स्वयं कूटस्थ रूप से निरन्तर प्रकाशमान रहता है ।।७६।।

व्याख्या – कूटस्थ चैतन्य को प्रकाशित करने के लिये जो दीप के समान है, ऐसे इस कूटस्थदीप नामक प्रकरण का जो मुमुक्षु पुरुष निरन्तर अनुसन्धान करता है अर्थात् विपुलतया प्रतिपादित अर्थ को मन में संयोजित कर उस पर निरन्तर विचार करता है, वह ज्ञानी पुरुष स्वयं कूटस्थ रूप से अर्थात् कूट के समान निर्विकार प्रत्यगात्मस्वरूप से निरन्तर प्रकाशित होता है ।

यदि आत्मा चिन्मात्र ही है तो फिर प्रत्यक्षादि समस्त प्रमाणों का उच्छेद हो जाएगा और वैसी युक्ति भी नहीं है जिससे कि आत्मा की कूटस्थता सिद्ध की जा सके । इस प्रकार की बुद्धि होना ज्ञान में प्रतिबन्ध माना गया है । इसको प्रमेयासंभावना नामक प्रतिबन्ध कहा जाता है ।

यत उक्तम् – "चिन्मात्रो यद्यात्मा प्रत्यक्षाद्यखिलमानमुच्छिद्येत । युक्तिरपि नास्ति तादृक्प्रतिबन्धोऽयं तृतीय इह जीव" इत्यनेन शोधितत्त्वंपदार्थज्ञानविषयकप्रमेयासम्भावनाख्यो यस्तृतीयः प्रतिबन्ध उक्तस्तत्समाधानमेवात्र प्रकरणे कृतमिति "शोधितजीवविवेकान्नानायुक्त्याविरोध एवोक्तः । मानान्तरैरतस्तत्परता स्यादष्टमेऽपि न कि"मिति पूर्वोक्तप्रतिबन्धप्रध्वंसकमपि कूटस्थदीपाख्यस्याष्टम-प्रकरणस्योक्तम् । तथा हि उपक्रमादिषड्विधलिङ्गैरस्य प्रकरणस्य शोधितत्त्वंपदार्थविषयक-प्रमेयासंभावनानिरासपरत्त्वात् । यथा वा – "खादित्यदीपिते कुड्ये दर्पणादित्यदीप्तिवत् । कूटस्थभासितो देहो धीस्थजीवेन भास्यत" इत्युपक्रम्य "माया मेघो जगन्नीरं वर्षत्येव यथा तथा चिदाकाशस्य नो हानिर्न वा लाभ इति स्थिति"रित्युपसंहारादुपक्रमोपसंहारावेतद्विषयकौ दर्शितौ । तथा तत्र कूटस्थनिर्गुणपरमात्मानमेव देहोपलक्षितसकलद्वैतभासकत्त्वेनोद्दिश्य तस्य "माया मेघ" इत्यादिना मायिकजगत्कारणत्त्वं वदताचार्येण प्रत्यक्षादिप्रमाणान्तराविरोधस्साधित इति प्रमेयासंभावनानिरासस्स्फुट एव सम्पन्नः । तथैव "आभासब्रह्मणी देहाद्बहिर्यद्बुद्धिवेचिते । तद्बदाभासकूटस्थौ विविच्येतां वपुष्यपी"ति "सन्धयोऽखिलवृत्तीनामभावाश्चावभासिताः । निर्विकारेण येनासौ कूटस्थ इति चोच्यत" इति च तत्र तत्र यावत्प्रकरणे कूटस्थाभ्यासो द्वितीयं लिङ्गम् । तथा "नाहं ब्रह्म विबुद्धयेत स विनाशीति चेन्न

चिन्मात्रो यद्यात्मा प्रत्यक्षाद्यखिलमानमुच्छिद्येत् ।
युक्तिरपि नास्ति तादृक् प्रतिबन्धोऽयं तृतीय इह जीवे ।।

इसी प्रतिबन्ध को इस कूटस्थदीप नामक प्रकरण में दूर किया गया है ।

शोधितजीवविवेकान्नानायुक्त्याऽविरोध एवोक्तः ।
मानान्तरैरतस्तत्परतास्यादष्टमेऽपि न किम् ।।

इस प्रकरण में शोधित जीव का विवेक श्रुतियों के प्रमाणों से तथा अनेकों युक्तियों से भी किया गया है अतः इस प्रकरण का लक्ष्य प्रमेयासंभावाना नामक प्रतिबन्ध का नाश करना ही है । षड्विध तात्पर्य लिंगों के द्वारा भी उक्त कथन की पुष्टि होती है, अतः इस प्रकरण के षड्विध तात्पर्य लिंगों को दर्शाया जा रहा है ।

उपक्रमोपसंहार – **खादित्यदीपिते कुड्ये दर्पणादित्यदीप्तिवत् ।**
कूटस्थभासितो देहो धीस्थजीवेन भास्यते ।। (८/१)

यहाँ से उपक्रम करके

मायामेघो जगन्नीरं वर्षत्वेष यथा तथा ।
चिदाकाशस्य नो हानिर्न वा लाभ इति स्थितिः।। (८/७५)

यहाँ पर उपसंहार किया गया है ।

यहाँ कूटस्थ निर्गुण परमात्मा को ही देहोपलक्षित-सकलद्वैत के भासक के रूप में उल्लेखित कर चिदाभास पद से शोधित त्वंपदार्थ से अभिन्न रूप से परामर्श करके तथा 'मायामेघो' इत्यादि के द्वारा जगत् के कारण को मायामय बताकर आचार्य ने प्रत्यक्षादि प्रमाणों से अविरोध को सिद्ध किया है । अतः इस प्रकरण में प्रमेयासंभावना का निरास करना स्पष्ट ही प्रतीत होता है ।

तत्। सामानाधिकरण्यस्य बाधायामपि संभवा''दिति कूटस्थाख्यशुद्धजीवस्य ब्रह्मत्त्वेनावशेषार्थं चिदाभासाख्यविशिष्टजीवस्य बाधायां सामानाधिकरण्यस्य ''स्थाणुः पुरुष'' इत्यादिवदिति तृतीयं लिङ्गमपूर्वता। ''असङ्ग एव कूटस्थस्सर्वदा नास्य कश्चन। भवत्यतिशयस्तेन मनस्येवं विचार्यता''मित्यादि फलमपि चतुर्थं लिङ्गम्। तथा ''धीयुक्तस्य प्रवेशश्चेन्नैतरेये धियः पृथक्। आत्मा प्रवेशं सङ्कल्प्य प्रविष्ट इति गीयत'' इत्यादिरर्थवादः पञ्चमम्। एवं ''द्विगुणीकृतचैतन्ये जन्मनाशानुभूतितः। अकूटस्थं तदन्यत्तु कूटस्थमविकरत'' इत्याद्युपपत्तिष्षष्ठं लिङ्गमिति षोढा लिङ्गानीति सर्वमनवद्यमिति शम्॥

॥ इति श्रीद्वारकाशारदापीठाधीश्वरैः एवं ज्योतिष्पीठाधीश्वरैः श्रीमज्जगद्गुरुशङ्कराचार्यैः अनन्तश्रीविभूषितश्रीस्वरूपानन्दसरस्वतिस्वामिभिः विरचितायां स्वरूपबोधिन्यां व्याख्यायां कूटस्थदीपस्समाप्तः॥

अभ्यास – *आभासब्रह्मणी देहाद्बहिर्यद्वद्विवेचिते।*
तद्वदाभासकूटस्थौ विविच्येतां वपुष्यपि॥ (८/१७)

और – *सन्धयोऽखिलवृत्तीनामभावा चावभासिताः।*
निर्विकारेण येनासौ कूटस्थ इति चोच्यते॥ (८/२१)

अपूर्वता – *नाहं ब्रह्मेति बुध्येत स विनाशीति चेन्न तत्।*
सामानाधिकरण्यस्य बाधायामपि संभवात्॥ (८/४२)

फल – *असंग एव कूटस्थः सर्वदा नास्य कश्चन।*
भवत्यतिशयस्तेन मनस्येवं विचार्यताम्॥ (८/७०)

अर्थवाद – *धीयुक्तस्य प्रवेशश्चेन्नैतरेये धियः पृथक्।*
आत्मा प्रवेशं संकल्प्य प्रविष्ट इति गीयते।। (८/३६)

उपपत्ति – *द्विगुणीकृतचैतन्ये जन्मनाशानुभूतितः।*
अकूटस्थं तदन्यत्तु कूटस्थमविकारतः॥ (८/२४)

॥ इस प्रकार द्वारका एवं ज्योतिष्पीठाधीश्वर अनन्तश्रीविभूषित जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी **श्रीस्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज** द्वारा विरचित **श्रीसद्गुरुसपर्या** नामक हिन्दी व्याख्या में कूटस्थदीप नामक आठवाँ प्रकरण समाप्त हुआ॥

।। नवमं प्रकरणम् -ध्यानदीपप्रकरणम् । ।

संवादिभ्रमस्य मुक्तिफलकत्त्वकथनम् -

संवादिभ्रमवद्ब्रह्मतत्त्वोपास्त्यापि मुच्यते।
उत्तरे तापनीयेऽतश्श्रुतोपास्तिरनेकधा।।१।।

अन्वयः - संवादिभ्रमवत् ब्रह्मतत्त्वोपास्त्या अपि मुच्यते । अतः उत्तरे तापनीये अनेकधा उपास्तिः श्रुता ।।

व्याख्या :- एवं पूर्वोक्तविचारानुसारं प्रत्यगभिन्नमात्मानं साक्षात्कर्तुमसमर्थानामपि फलप्राप्त्युपायं विशदीचिकीर्षुः पूर्वप्रकरणान्ते निरन्तरब्रह्मानुसन्धानशालिन एव कैवल्याख्यं फलमुपादर्शीति स्मारयति। "इमं कूटस्थदीपं योऽनुसंधत्ते निरन्तरम् । स्वयं कूटस्थरूपेण दीप्यतेऽसौ निरन्तरमि"त्यत्रेति । तत्तु नित्यानित्यविवेकादिसाधनचतुष्टयपुष्टिपूर्वकं श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठमाचार्यमुपसृत्य चतुर्लक्षणीं शारीरिक-वेदान्तमीमांसां श्रीमच्छङ्करावतारभगवत्पूज्यपादभाष्यकारप्रणीताद्वैतभाष्यतद्व्याख्यानोपव्याख्यानादि-पुरस्सरं श्रवणमननिदिध्यासनैस्समभ्यस्य सुनिरस्तपञ्चविधप्रतिबन्धस्य विचारिततत्त्वमस्यादिमहावाक्या-दुपसञ्जातदृढतमापरोक्षप्रमया सकलद्वैते मूलाविद्याध्वंसद्वारा बाधितेऽपि यावत्प्रारब्धपरि-समाप्तिमृगजलवत्प्रतीयमाने तदुत्तरमेव स्यात्तदपेक्षया वरं यावद्देहपातं सर्वसङ्गपरित्यागपूर्वकं स्वस्ववर्णाश्रमधर्मानुष्ठानावशिष्टकाले हरिहराम्बिकादित्यगणेशाद्यन्यतमसगुणब्रह्मध्यानमेवैकान्तवासेनेति

पिछले सभी प्रकरणों में ब्रह्मज्ञान का प्रतिपादन किया गया और श्रवण, मनन तथा निदिध्यासन के द्वारा मुक्ति का मार्ग बताया गया । नित्यानित्यवस्तु का विवेक, वैराग्य, शम-दमादि षट्सम्पत्ति और मुमुक्षा वाला अधिकारी पुरुष ही भली-भाँति तत् और त्वं पदार्थ का शोधन कर तत्त्वमसि आदि महावाक्यों के अर्थ के अपरोक्ष ज्ञान से ब्रह्मभाव लक्षण वाला मोक्ष प्राप्त कर सकता है किन्तु उपनिषदों के वचनों को ग्रहण करने में असमर्थ मन्दमति वाला पुरुष किसी प्रतिबन्धवशात् अपरोक्ष ज्ञान प्राप्त नहीं कर पाता है । अतः जिनकी मोक्ष प्राप्त करने की उत्कृष्ट इच्छा है, ऐसे पुरुषों को ज्ञान उत्पन्न कराकर मोक्षप्रदान करने वाली उपासनाओं का प्रदर्शन करने की इच्छा से ग्रन्थकार प्रकृत प्रकरण को प्रारम्भ करते हैं । उपासना से भी मोक्ष संभव है, यह प्रतिज्ञा प्रथम श्लोक में की गई है ।

अर्थ - संवादी भ्रम की तरह ब्रह्मतत्त्व की उपासना करने से भी (मुमुक्षु पुरुष) मुक्त हो जाता है । इसलिये उत्तर तापनीयोपनिषद् में अनेक प्रकार की उपासनाएँ सुनी जाती हैं ।।१।।

व्याख्या - ***"स्वार्थाविरोधेन वदतीति संवादी स चासौ भ्रमश्च संवादिभ्रमः"*** जिस भ्रम से प्रवृत्त हुए व्यक्ति को इष्ट वस्तु की प्राप्ति होती है, उसे संवादी भ्रम कहते हैं । और जिस भ्रम से कर्म में प्रवृत्त होने पर भी इष्ट वस्तु की प्राप्ति नहीं होती, उसे विसंवादी भ्रम कहते हैं अर्थात् अतस्मिन् तद्बुद्धि रूप भ्रम के लक्षणयुक्त भ्रमज्ञान ही तत्त्वतः विसंवादी भ्रम कहा जाता है । यद्यपि भ्रामक वस्तु सत्य नहीं होती है तथापि किसी-किसी के सिद्धान्तानुसार भ्रमज्ञान से प्रवृत्त होने पर भी कभी-कभी इष्ट वस्तु की प्रप्ति होती है । जैसे मणि की प्रभा में मणिबुद्धि करके उसकी प्राप्ति के लिये प्रवृत्त हुआ मनुष्य मणि को अवश्य ही प्राप्त करता है । इसलिये मणि की प्रभा में मणिबुद्धि रूप भ्रम होना संवादी भ्रम

कस्यचिज्जिज्ञासोर्मनीषामालक्ष्य तदनुजिघृक्षया निर्गुणाहङ्ग्रहोपासनाप्रधानं ध्यानदीपनामकप्रकरणं प्रारिप्सुः प्रसिद्धप्रमाणप्रयोजनं ब्रह्मात्मतत्त्वमेवेति ब्रह्मात्मैक्यानुसन्धानलक्षणं मङ्गलमप्यत्रैव सूचयन्नस्याद्वैतशास्त्रीयप्रकरणत्त्वेऽपि ब्रह्मात्मैक्यलक्षणं विषयमुपास्यत्त्वेन ज्ञातत्त्वद्वारैव तथा सद्योमुक्तिलक्षणमुक्तोपास्तिपरिपाकेन देहपातसमकालमेव "उपासनं पक्वमिह नास्ति यस्य परत्र सः। मरणे ब्रह्मलोके वा तत्त्वं विज्ञाय मुच्यते" इति वचनात् "तदा द्रष्टुस्स्वरूपेऽवस्थानम्" "ऋतम्भरा तत्र प्रज्ञा" इत्यादियोगसूत्रैस्समुत्पन्ना"हं ब्रह्मास्मी"त्यपरोक्षज्ञानेन सकार्यकाविद्याप्रध्वस्तिरूपां सद्योमुक्तिमपि प्रयोजनतयोपास्त्यापि मुच्यत इत्यनेन ध्वनयन्नुपास्यत्त्वावच्छिन्न ब्रह्मात्मतत्त्वप्रकृतप्रकरणयोः प्रतिपाद्यप्रतिपादकभावं सम्बन्धं तथोक्तमुक्तिकाममधिकारिणमपि संसूचयन्पूर्वोक्तोपास्त्या मुक्तिं सदृष्टान्तं प्रतिजानीते । वेदान्तेषु च सर्वत्रेवेयं मर्यादा चकास्ति यन्नित्यानित्यवस्तुविवेकेहामुत्रार्थफलभोगविराग-शमदमादिषट्कसम्पन्मुमुक्षुत्त्वरूपसाधनचतुष्टसम्पन्नस्य भाग्यशालिनोऽधिकारिणो विधिवदनुष्ठित-श्रवणमननिदिध्यासस्य तत्त्वंपदार्थविवेचनपुरस्सरं महावाक्यार्थापरोक्षज्ञानेन प्रत्यगभिन्नब्रह्मात्मभावरूपो मोक्षो भवतीति । तत्र समवधारितोपनिषदर्थस्यापि बुद्धिमान्द्यादिना केनचित्प्रतिबन्धेन वाक्यार्थादपरोक्ष-प्रमित्यनुत्पत्तौ सत्यां तदुत्पादनद्वारा प्रणाड्या मुक्तिप्रयोजनान्युपासनान्यत्र प्रतिपिपादयिषुः प्रथमं सदृष्टान्तं ब्रह्मतत्त्वोपासनयापि मोक्षस्सिद्ध्यतीति निरूपयति । संवादिभ्रमवत्स्वार्थाविरोधेन वदतीति संवादी तादृश्चासौ भ्रमश्च तथोक्तः । भ्रमलक्षणमतस्मिंस्तद्बुद्धिः । तत्तत्त्वतो विसंवदत्येव । तथा

कहलाता है । और यदि कोई चमकीले काँच की प्रभा को मणि समझ कर उसे लेने जाता है तो वह काँच को ही प्राप्त करता है, मणि को नहीं । यहाँ काँच की प्रभा में मणिबुद्धि करना रूप भ्रम विसंवादी भ्रम कहा जाता है । संवादी भ्रम की तरह भ्रामक ज्ञान से भी प्रवृत्त हुए पुरुष को जैसे इष्ट पदार्थ की प्राप्ति होती है, वैसे ही निर्गुण ब्रह्मोपासना के द्वारा भी मुक्ति प्राप्त हो सकती है अर्थात् जिस किसी भी आलम्बन के द्वारा ध्यान के माध्यम से भी मुक्ति संभव है । श्रीशंकराचार्य जी ने अपने भाष्य में उपासना की इस प्रकार परिभाषा की है। ***"यथा शास्त्रसमर्थितं किञ्चिदालम्बनमुपादाय तस्मिन् समानचित्तवृत्ति-सन्तानकरणं तद्विलक्षणप्रत्ययानन्तरितम् उपासना"*** (शां.भा.) अर्थात् शास्त्रों के द्वारा समर्थित किसी भी आलम्बन को ग्रहण कर उसमें चित्त की तैल धारा के समान निरन्तरता बनाएँ रखना और उसमें अन्य वृत्तियों का प्रवेश न होने देना उपासना कहलाती है और आप्तपुरुषों के वचनों में विश्वास रखकर अन्य प्रत्ययों से रहित वृत्तिको लक्ष्य में स्थापित करना रूप क्रिया को भी उपासना कहते हैं । जो व्यक्ति विचार करने में असमर्थ है किन्तु श्रद्धालु है, उसके लिये इसी उपासना का वर्णन ग्रन्थ में आगे किया जाएगा ।

आप्तोपदेशं विश्वस्य श्रद्धालुरविचारवान् ।
चिन्तयेत्प्रत्ययैरन्यैरनन्तरितवृत्तिभिः ।। (९/७७)
यावच्चिन्त्यस्वरूपत्वाभिमानः स्वस्य जायते ।
तावद्विचिन्त्य पश्चाच्च तथैवामृति धारयेत् ।। (९/७८)

इस प्रकार की उपासना से भी मुक्ति प्राप्त होती है । यह हमारा कथन कपोलकल्पित नहीं है किन्तु श्रुतिसम्मत है, इसलिये कहते हैं कि उत्तर तापनीय अर्थात् नृसिंहोत्तरतापनीय उपनिषद् में ओंकार की अनेकों प्रकार की उपासनाएँ सुनी गई हैं । मुक्ति का मार्ग ब्रह्मज्ञान तो है ही, किन्तु मन्दबुद्धि वालों के

केषुचित्समयेषु भ्रमज्ञानप्रवृत्तोऽपीप्सितार्थमवाप्नोति। यथा मणिप्रभां दृष्ट्वा मणिबुद्ध्या प्रवृत्तस्तु काचमेव प्राप्नोति न मणिमिति काचप्रभायां मणिबुद्धिरूपो भ्रमो विसंवादीत्युच्यते । संवादिभ्रमवद्भ्रमज्ञानेनापि प्रवृत्तस्येप्सितार्थलाभो यथा तद्वद्ब्रह्मतत्त्वोपास्त्या निर्गुणब्रह्मतत्त्वस्योपासनेन लक्ष्यस्य समीपेऽस्ति त्वमुपास्तिर्यत्किञ्चिदालम्बनेन ध्यानमित्याशयः। अत एव च भाष्यकारा "यथाशास्त्रसमर्थितं किञ्चिदालम्बनमुपादाय तस्मिन्समानचित्तवृत्तिसन्तानकरणं तद्विलक्षणप्रत्ययानन्तरितमुपासने"त्याचचक्षिरे । आप्तोपदेशं विश्वस्य वृत्यन्तरानन्तरितैः प्रत्ययैर्विचाराशक्तेन श्रद्धालुना कृता चिन्तैवोपासनेत्यत्रापि वर्णयिष्यते - "आप्तोदेशं विश्वस्य श्रद्धालुरविचारयन् । चिन्तयेत्प्रत्ययैरन्यैरनन्तरितवृत्तिभिः ।। यावच्चिन्त्यस्वरूपत्त्वाभिमानस्स्वस्य जायते । तावद्विचिन्त्य पश्चाच्च तथैवामृतिधारये"दित्यादौ ।।" एवंरूपयोपास्त्यापि मुच्यते । यथा संवादिभ्रमेण प्रवृत्तस्य स्वाभिप्रेतार्थलाभस्तथैवं ब्रह्मतत्त्वोपासनयाप्यभिलषितब्रह्मभावलक्षणा मुक्तिस्सिद्ध्यतीत्याशयः । यतो हेतोर्मुक्तिरुपासनयापि सिद्ध्यत्यतस्तापनीयाद्युपनिषत्स्वनेकप्रकरणोपवर्णिता ब्रह्मतत्त्वोपासनेत्याशयेन नेयं स्वकपोलकल्पिता प्रक्रिया । किन्तु श्रुतिप्रसिद्धेत्यतस्तत्रान्यथानुपपत्तिं श्रौतीमेव प्रमाणयति । अत उत्तरे तापनीये नृसिंहोत्तरतापनीयाख्योपनिषद्भागे प्रणवस्योपास्तिरुपासनानेकधा श्रुता राजते । ननु साक्षात्कार्यं परं ब्रह्म यत्किञ्चिदालम्बनमादायोपासितव्यमित्युक्तम् । कथमुपासना कर्तव्या ? ब्रह्मदृष्ट्यालम्बनं वस्तूपास्यते? यत "आदित्यं ब्रह्मेत्युपासीत" इत्यत्रादित्यब्रह्मणोस्सामानाधिकरण्येनोभयोर्विशेषाभावात् । अत्रोच्यते- ब्रह्मदृष्टयैवान्यदा-

---

लिये अन्य मार्ग भी है, वे ब्रह्म की उपासना करके उसके फलस्वरूप मुक्त हो सकते हैं । उपासना का भी वही फल है, जो ज्ञान का है । जो व्यक्ति ब्रह्मज्ञान को विचार के द्वारा प्राप्त करना बहुत ही कठिन समझते हैं, उनके लिये उपासना रूप सरल उपाय बताया गया है । यद्यपि यह मार्ग अपेक्षाकृत लम्बा है, उसमें चलने पर अधिक समय लगता है किन्तु वह मध्यम और कनिष्ठ अधिकारियों के लिये भी सुलभ है । पहाड़ पर चढ़ते समय एक मार्ग सीधा चोटी की ओर जाता है और दूसरा थोड़ा घूम-घूमकर ऊपर जाता है, जो शक्तिशाली और युवा हैं, वे सीधे मार्ग से ही ऊपर चले जाते हैं किन्तु जो कमजोर, वृद्ध, बालक अथवा स्त्रियाँ हैं, वे लम्बा मार्ग ही पकड़ते हैं । उस पर कुछ सवारियाँ मिलने की भी संभावना रहती है । इसी प्रकार मुक्ति के लिये सीधा मार्ग ज्ञानयोग है और सरलमार्ग उपासना अथवा भक्तियोग है । पर्वत पर चढ़ने का भले कोई भी मार्ग हो जो उस पर निरन्तर चलता रहता है, वह अवश्य ही लक्ष्य को प्राप्त करता है, उसी प्रकार ब्रह्मोपासना के द्वारा भी ब्रह्मात्मभाव प्राप्त किया जा सकता है ।

पुरुषों की बुद्धि मन्द, मध्यम और उत्तम रूप से अनेकों प्रकार की होती है, अतः जो उत्तमबुद्धि से रहित हैं, उनके लिये निरालम्ब, अविकारी, अनन्त ब्रह्म में बुद्धि को स्थापित करना संभव नहीं है अतः निर्गुणब्रह्मभाव में आरूढ़ होने की जिनकी क्षमता नहीं है, उनके लिये इस उपासना का विधान किया गया है । निकृष्ट की भी उत्कृष्ट दृष्टि से उपासना करने पर वह फलवती होती है यह बात लोक में प्रसिद्ध ही है । जैसे राजदृष्टि से सेवित होकर राजपुरुष प्रसन्न होता है किन्तु उत्कृष्ट में निकृष्ट दृष्टि करना विपरीत फलदायी होता है, जैसे राजा को राजपुरुष के समान मानने पर राजा कुपित ही होता है । इसलिये ***"स य एवं विद्वानादित्यं ब्रह्मेत्युपास्ते"*** (छा.उ. ७/२/२)***"यः संकल्पं ब्रह्मेत्युपास्ते"*** (छा.उ. ७/४/३) इत्यादि श्रुतिवचनों में प्रतिपादित ब्रह्मशब्द के सामर्थ्य से उक्तार्थ ही ग्रहण करना चाहिये । इसी तरह

लम्बनमुपासितव्यम् । न ह्यविकारेऽनन्ते ब्रह्मणि सर्वैर्मानवैश्शक्या धियं कर्तुम् । यतोऽधिकारिषु मन्दमध्यमोत्तमास्सन्ति । अत्यन्तारूढनिर्गुणब्रह्मभावानां विचारचतुरेतराणामुपकारकतयेयमुपास्तिर्विधीयते। उत्कृष्टदृष्ट्या निकृष्टोपास्तिः फलतीति प्रसिद्धा । यथा राजदृष्ट्या संसेवितो राजपुरुषः प्रसन्नो भवति। निकृष्टदृष्टिप्रतिष्ठितोत्कृष्टोपास्तिरनिष्टमेव फलं प्रसूते । यथा राजपुरुषदृष्ट्या सेवितो राजानिष्टकरो भवति । "स य एवं विद्वानादित्यं ब्रह्मोपास्ते" "यस्सङ्कल्पं ब्रह्मेत्युपास्त" इत्याद्युपास्तिप्रतिपादकश्रुतिषु ब्रह्मशब्दसंवलितेतिशब्दसामर्थ्यादयमेवार्थः परिग्राह्यः । एवं सत्यकामत्त्वसत्यसङ्कल्पत्त्वाद्यपेतस्य कार्यब्रह्मण उपास्तिरपि फलं नियच्छति "फलमत उपपत्ते"रिति सूत्रात् । ब्रह्मापि पृथिव्याद्युपाधिसम्बन्धा-त्तदाकारतामिव प्रतिपद्यते तदालम्बनो ब्रह्मण आकारविशेषोपदेश उपासनार्थो न विरुद्ध्यते । किन्त्वयं विशेषः। निर्गुणब्रह्मसाक्षात्कारमापन्नो जीवन्मुक्तो भवति । "न तस्य प्राणा उत्क्रामन्ते" किन्तु स्वोपादान एव विलीयन्ते । अपरिपक्वोपासकस्तु मरणकाले वा ब्रह्मलोके वा मुक्तो ब्रह्मणा सह मुच्यते । यद्येवं निगुणब्रह्मदृष्ट्या प्रणवादिकमिव जीवादिकमप्युपास्यं स्यात् । तस्यापि ब्रह्मविकारित्त्वादिति चेन्न । उभयोरत्यन्तभिन्नधर्मत्वात् । नामरूपाद्यवच्छिन्नं जडात्मकं प्रतीकम् । तदनवच्छिन्नमत्यन्तविरुद्धस्वभावं परं निर्गुणं ब्रह्म । न हि नामरूपाद्युपमर्दनं विना ब्रह्मभावापत्तिरुपपद्यते । नायं सर्पो रज्जुरेवेति ज्ञाने सर्पबुद्धिरुपमृद्यते । न तथा प्रतीकस्य नामरूपोपमर्दनसिद्धिः । यस्योपास्यस्य यन्मात्रतया उपासना विधीयते तस्य तन्मात्रतयैवोपासना कर्तव्या । "न प्रतीके न हि स" इति ब्रह्मसूत्रादिति शम् ।।

सत्यकामत्व, सत्यसंकल्पत्वादि से युक्त कार्यब्रह्म की भी उपासना अवश्य ही फलदायी होती है । ***"फलमत उपपत्तेः"*** (ब्र.सू. ३/२/३८) इस ब्रह्मसूत्र में ईश्वर को ही कर्मफलदाता कहा गया है । ब्रह्म भी पृथ्वी आदि उपाधियों से सम्बन्धित होकर तदाकाराकारित के समान हो सकता है अतः ब्रह्मोपासना में आकारविशेष का अवलम्बन लेना विरुद्ध नहीं है, किन्तु दोनों में इतनी विशेषता है कि निर्गुणब्रह्म का साक्षात्कार कर लेने वाला जीवन्मुक्त हो जाता है ***"न तस्य प्राणा उत्क्रामन्ते"*** (बृ.उ. ४/४/६) उस जीवन्मुक्त पुरुष के प्राणों का शरीरान्तर की प्राप्ति के लिये उत्क्रमण नहीं होता, वे यहीं पर लीन हो जाते हैं । किन्तु जिनकी उपासना परिपक्व नहीं हुई है, वे मरणकाल में अथवा ब्रह्मलोक में जाकर ब्रह्माजी के साथ मुक्त होते हैं ।

उपासनं पक्वमिह नास्ति यस्य परत्र सः। मरणे ब्रह्मलोके वा तत्त्वं विज्ञाय मुच्यते ।।

यदि कहो कि निर्गुणब्रह्मदृष्टि से प्रणवादिक की उपासना की तरह ब्रह्म के प्रतीकादिक भी उपास्य होंगे, क्योंकि वे भी ब्रह्म के ही विकार हैं । तो यह कथन ठीक नहीं है, क्योंकि दोनों के धर्म अत्यन्त भिन्न हैं । प्रतीक नाम-रूपादि से अवच्छिन्न और जड़ात्मक है । निर्गुणब्रह्म नाम-रूपादि से रहित उससे अत्यन्त विरुद्धस्वभाव वाला है । अतः नाम-रूपादि का उपमर्दन किये बिना ब्रह्मभावापत्ति संभव नहीं है । "यह सर्प नहीं है, रस्सी है" इस ज्ञान में सर्पबुद्धि का उपमर्दन करने पर ही रस्सी का ज्ञान होता है। इसी प्रकार ब्रह्म के प्रतीकों में नाम-रूपादि का उपमर्दन संभव नहीं है । जिस उपासक के लिये जितनी उपासना का विधान है, उसे उतनी ही उपासना करनी चाहिये ।***"न प्रतीके न हि सः"*** (ब्र.सू.४/१/४) (ब्रह्म के) प्रतीकों में (आत्मबुद्धि) नहीं की जाती, क्योंकि वह (उपासक) प्रतीकों को आत्मा नहीं समझ सकता । इस ब्रह्मसूत्र में भी ऐसा ही कहा गया है । अतः मन-आदित्य आदि प्रतीकों में आत्मदृष्टि नहीं करनी चाहिये ।

संवादिभ्रमे प्रमाणभूतस्य वार्तिकस्योदाहरणम् –

मणिप्रदीपप्रभयोर्मणिबुद्ध्याभिधावतोः।
मिथ्याज्ञानविशेषेऽपि विशेषोऽर्थक्रियां प्रति॥२॥

अन्वयः – मणिप्रदीपप्रभयोः मणिबुद्ध्या अभिधावतोः मिथ्याज्ञानविशेषे अपि अर्थक्रियां प्रति विशेषः ।

व्याख्या :– संवादिभ्रमाभिधोक्तदृष्टान्त एवाश्रुतपूर्व इत्यतः तत्र संवादिभ्रमप्रतिपादकं वार्तिकमुपन्यसति । मणिप्रदीपप्रभयोर्मणिश्चप्रदीपश्च मणिप्रदीपौ । तयोः प्रभे तथोक्ते, तयोर्मणिप्रदीपप्रभयोः। मणिप्रभायां प्रदीपप्रभायां च मणिबुद्ध्या मणिरिति बुद्ध्या तल्लाभायाभिधावतोरेको मणिप्रभां दृष्ट्वा मणिभ्रमेण प्रवृत्तः। इतरः प्रदीपप्रभां दृष्ट्वोभयत्र रक्तिमसाम्यान्मणिरिति भ्रान्त्या प्रवृत्तावुभौ । मणिप्रभायां प्रदीपप्रभायां च या मणिबुद्धिस्सा मिथ्याज्ञानमेव । यतोऽतस्मिंस्तद्बुद्धिः । एवं मिथ्याज्ञानाविशेषेऽपि मणिलिप्सया प्रधावतोरुभयोर्मध्ये यो मणिप्रभां दृष्ट्वा मणिभ्रमेण प्रवृत्तस्तस्य प्रवृत्तिरर्थकारिणीति मणिप्रभायां मणिबुद्ध्याभिधावतः पुरुषस्य मणिलाभोऽभूदिति तथेतरस्य तु नास्तीत्यर्थक्रियायां वैषम्यमस्तीति विशदयति । मण्यर्थं प्रवृत्तयोरुभयोरपि मणिं प्रति मिथ्याज्ञानाविशेषेऽप्यर्थक्रियां प्रति स्वाभीप्सितार्थलाभं प्रति विशेषो विद्यते। मणिप्रभायां भ्रम ईप्सितं मणिं प्रापयति । प्रदीपप्रभायां तु भ्रमो न स्वाभीष्टकारीति शम् ।।

संवादीभ्रम के प्रकाशक वार्तिककार के वाक्य का पठन करते हैं ।

अर्थ – मणि की प्रभा में और दीप की प्रभा में मणिबुद्धि रखकर दौड़ने वाले व्यक्तियों में मिथ्याज्ञान (भ्रम) समान होने पर भी उनकी अर्थक्रिया (कर्म सार्थकता) में भेद है ।।२।।

व्याख्या – मणि की प्रभा को ही मणि समझ लेना भ्रम है । उसी प्रकार दीपक की प्रभा को मणि समझ लेना भी भ्रम है । दूर से देखने पर मणि और दीपक की प्रभा एक समान प्रतीत होती है अतः उनमें मणि होने का भ्रम हो सकता है । किसी भी प्रभा को मणि मानना मिथ्याज्ञान है । इसलिये चाहे दीपक की प्रभा हो अथवा मणि की ही प्रभा क्यों न हो, दोनों ही मिथ्याज्ञान हैं । एक व्यक्ति मणि की प्रभा को मणि समझकर उसे लेने के लिये उसकी ओर दौड़ता है और एक व्यक्ति दूर रखे हुए दीपक की प्रभा को मणि समझ कर उसकी ओर दौड़ता है । इस प्रकार मणि प्राप्त करने के लिये प्रवृत्त हुए दोनों पुरुषों को मणि के विषय में मिथ्याज्ञान एक समान है तथापि उनकी अर्थक्रिया में अर्थात् अपने इच्छित पदार्थ के लाभ के प्रति विशेषता अवश्य है । मणि की प्रभा में जो भ्रम हुआ है, वह इष्ट पदार्थ की (मणि की) प्राप्ति करा देता है अर्थात् मणि प्रभा को मणि समझ कर उसे पाने के लिये दौड़ने वाला पुरुष उसके निकट पहुँच कर मणि को पा लेता है किन्तु दीपक की प्रभा को मणि समझ कर उसकी ओर दौड़ने वाले को मणि प्राप्त नहीं होती है । अतः विसंवादी भ्रम की क्रिया सार्थक नहीं होती ।

वार्तिकार्थविवरणम् -

दीपोऽपवरकस्यान्तर्वर्तते तत्प्रभा बहिः।
दृश्यते द्वार्यथान्यत्र तद्वद्दृष्टा मणेः प्रभा॥३॥
दूरे प्रभाद्वयन्दृष्ट्वा मणिबुद्ध्याभिधावतोः।
प्रभायां मणिबुद्धिस्तु मिथ्याज्ञानं द्वयोरपि॥४॥
न लभ्यते मणिर्दीपप्रभां प्रत्यभिधावता।
प्रभायां धावतावश्यं लभ्येतैव मणिर्मणेः॥५॥

अन्वयः - अपवरकस्य अन्तः दीपः वर्तते। तत्प्रभा बहिः द्वारि दृश्यते। अथ तद्वत् अन्यत्र मणेः प्रभा दृष्टा।

अन्वयः - प्रभाद्वयं दूरे दृष्ट्वा मणिबुद्ध्या अभिधावतोः द्वयोः अपि प्रभायां मणिबुद्धिः तु मिथ्याज्ञानम् ।

अन्वयः - दीपप्रभां प्रति अभिधावता मणिः न लभ्यते। मणेः प्रभायां धावता अवश्यं मणिः लभ्यते एव।

व्याख्या :- संवादिविसंवादिभ्रमयोर्विशेषं वार्तिकव्याख्याव्याजेन श्लोकत्रयेण विवृणोति । राज्ञां हर्म्येषु द्विविधा दीपाः पतङ्गाद्युपसर्गशमनार्थं सूक्ष्मजालकमये स्वर्णादिभिर्विरचिते पनसाकृतिविशिष्टेऽपवरकेऽपावृणोतीति व्युत्पत्तिसिद्धे पात्रविशेषे दीपाश्शतशस्संस्थाप्यन्त इत्यवरोधवासिजनानां प्रसिद्धमेव । दीपोऽपवरकस्यान्तो राज्ञां सौधान्तर्गृहे रक्तिमादिविविधवर्णविरचिते विद्यते । तत्प्रभासौधस्य बहिर्द्वारिमुग्धजनेन दृश्यते । अथ पक्षान्तरेऽन्यत्रापवरकान्तरे मणेः प्रभा तद्वद्बहिर्द्वार्यन्येन दृष्टा । बहिर्द्वारिद्वारबाह्यप्रदेशः। दृश्यते उक्तापवरकवर्ति जालकच्छिद्रविशेषनिर्गतत्त्वेन रात्रौ दैववशादनभिज्ञेन केनचित्स्वप्रकाश-

---

उक्त वार्तिककार के वचन को तीन श्लोकों के द्वारा स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - जैसे दीपक आवरण करने वाले प्रकोष्ठ के भीतर जलता है किन्तु उसकी प्रभा बाहर दिखाई देती है, उसी प्रकार अन्यत्र स्थल में (मन्दिरादि में) मणि पड़ी हो तो उसकी प्रभा बाहर दिखाई देती है । दूर से उन दोनों प्रभाओं को देखकर उसमें मणिबुद्धि करके दौड़ने वाले दोनों पुरुषों की जो मणिबुद्धि है, वह मिथ्याज्ञान है । दीपक की प्रभा के प्रति दौड़ते हुए पुरुष को मणि प्राप्त नहीं होती किन्तु मणि की प्रभा को मणि समझ कर उसे पाने के लिये दौड़ने वाला पुरुष अवश्य ही मणि को प्राप्त करता है॥३-५॥

व्याख्या - रात्रि के समय मार्ग में दो व्यक्ति जा रहे थे । सड़क से कुछ दूर दो जगह से प्रकाश आ रहा था । दोनों व्यक्ति जब उस प्रकाश के कुछ निकट गये तो उन्हें लगा कि अवश्य ही यह मणि का प्रकाश है किन्तु दोनों प्रकाश एक दूसरे से कुछ दूरी पर थे । अब दोनों ने "यह मणि है यह मणि है" ऐसा कहकर उसे प्राप्त करने के लिये दौड़ लगाई । एक व्यक्ति एक ओर गया तथा दूसरा व्यक्ति अन्य प्रकाश की ओर दौड़ा । वस्तुतः वहाँ जीर्ण-शीर्ण दो मन्दिर थे, एक मन्दिर के भीतर मणि रखी हुई थी और दूसरे मन्दिर के भीतर दीपक जल रहा था । दोनों का प्रकाश छिद्र के द्वारा बाहर आ रहा

रत्नाकरैरिवावलोक्यते । तद्वन्मणेस्स्वप्रभारत्नस्यापि प्रभा तस्य वल्याद्यावृतिसम्भवाद्वर्तुलैव केनचिच्छृत-स्वप्रभारत्नकथनेन पुरुषेण दैवाद्दृष्टा । यथा दीपप्रभा छिद्रद्वारा बहिर्देशं गत्त्वान्यैरुपलभ्यते तथैवापवरक-स्यान्तस्स्थितस्य रत्नस्य प्रभा बहिर्द्वारप्रदेशे दीपप्रभेव रत्नसमानोपलभ्यते । एवं दूरं मणिदीपयोः प्रभाद्वयं दृष्टोभयत्र मणिबुद्ध्याभिधावतोर्द्वयोरपि प्रभायां मणिबुद्धिस्तु मिथ्याज्ञानमेव । तादृशं प्रभाद्वयं दूरतः पश्यन्तावयं मणिरयं मणिरित्यवगत्याभिधावन्तौ प्रयासं कुरुतः । परं तयोर्द्वयोरपि सञ्जातं प्रभायां प्रदीपे च मणिज्ञानं भ्रान्तिरेव । दीपप्रभां दृष्ट्वा मणिभ्रान्त्या प्रत्यभिधावता मुग्धेनेप्सितो मणिर्नोपलभ्यते । मणेः प्रभायां मणिबुद्ध्या प्रधावतावश्यं मणिर्लभ्येतैवेति शम् ।।

विविच्य संवादिविसंवादिभ्रमनिरूपणम् -

दीपप्रभामणिभ्रान्तिर्विसंवादिभ्रमस्स्मृतः।
मणिप्रभामणिभ्रान्तिः संवादिभ्रम उच्यते।।६।।

अन्वयः - दीपप्रभामणिभ्रान्तिः विसंवादिभ्रमः स्मृतः। मणिप्रभामणिभ्रान्तिः संवादिभ्रमः उच्यते।

व्याख्या :- संवादिविसंवादिभ्रमयोः फलितं स्वरूपमाह । दीपप्रभामणिभ्रान्तिर्दीपप्रभायां मणिरिति भ्रमो योऽस्ति स स्वार्थासम्पादकत्त्वाद्विसंवादिभ्रम इति स्मृतः । पण्डितैरिति शेषः । मणिलाभलक्षणार्थ-क्रियारहितत्त्वात् । या तु मणिप्रभामणिभ्रान्तिर्मणिप्रभायां मणिरिति या भ्रान्तिस्सा स्वार्थसम्पादकत्त्वान्मणि-लाभलक्षणार्थक्रियावत्त्वात्स संवादिभ्रमः इत्युच्यते । एतावानेवानयोर्भेद इति शम् ।।

अनुमानजन्यसंवादिभ्रमनिरूपणम् -

बाष्पं धूमतया बुद्ध्वा तत्राङ्गारानुमानतः।
वह्निर्यदृच्छया लब्धस्स संवादिभ्रमो मतः।।७।।

था । देखने में दोनों ही मणि की प्रभा के समान ही प्रतीत होते थे । यद्यपि मणि की प्रभा और दीपक की प्रभा इन दोनों में मणिबुद्धि करना मिथ्याज्ञान ही है तथापि जो पुरुष मणि की प्रभा को मणि समझ कर उसको प्राप्त करने के लिये दौड़ा, उसने मणि को प्राप्त कर ही लिया किन्तु जो दीपक की प्रभा को मणि की प्रभा समझ कर उसे लेने के लिये दौड़ा, उसे मणि की प्राप्ति नहीं हुई।

अब संवादी और विसंवादी भ्रम को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - दीपक की प्रभा में मणि की भ्रान्ति विसंवादी भ्रम कहा गया है और मणि की प्रभा में मणि की भ्रान्ति संवादी भ्रम कहलाता है ।।६।।

व्याख्या - दीपक की प्रभा में मणिबुद्धि करना विसंवादी भ्रम कहलाता है क्योंकि यह भ्रम इष्ट पदार्थ का सम्पादन करने में समर्थ नहीं है और मणि की प्रभा में मणिबुद्धि करना संवादी भ्रम कहलाता है, क्योंकि इस भ्रम से इष्ट पदार्थ की प्राप्ति अवश्य होती है । संवादी और विसंवादी भ्रम में इतना ही भेद है ।

अब अनुमानजन्य संवादी भ्रम का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - वाष्प को धूम रूप से जानकर उस स्थान में अग्नि का अनुमान करके प्रवृत्त हुए पुरुष को यदि भाग्यवशात् अग्नि की प्राप्ति हो जाए तो वह (वाष्पविषयक धूमज्ञान) संवादी भ्रम माना गया है ।।७।।

अन्वयः – बाष्पं धूमतया बुद्ध्वा तत्र अङ्गारानुमानतः। यदृच्छया वह्निः लब्धः सः संवादिभ्रमः मतः।

व्याख्या :– एवं प्रादर्शि संवादिभ्रमः प्रत्यक्षविषये । अथ तमेवानुमानस्थलेऽपि प्रदर्शयति । हेमन्तादौ जलाशये प्रातः क्वचित्प्रतीयमानं हिमतुषाराणां बाष्पं यत्प्रसिद्धं तद्धूमतया धूम इति बुद्ध्या धूमत्त्वेन निश्चित्येति यावत् । उपलक्षणमिदं धूमभ्रमप्रयोजकस्य धूमपटलस्यापि । एवं निश्चित्य तन्मूलप्रदेशोऽयं तत्राङ्गारानुमानतः "प्रदेशोऽयं वह्निमान्धूमवत्त्वा"दित्यनुमानरचनया प्रवृत्तेन पुरुषेण यदृच्छयाकस्मात् । आकस्मिकत्त्वं च यत्किञ्चित्कारणानियम्यत्त्वम् । तया दैवगत्या यदि वह्निर्लब्धस्समुपलभ्येत तदैवं वह्निप्राप्तेः प्रयोजकीभूतो हैमन्तप्रातः कालप्रालेये बाष्पविषयं धूमज्ञानं संवादिभ्रम इत्येवं शास्त्रकृतां मत इति शम् ।।

आगमानां विषयेष्वपि संवादिभ्रमनिरूपणम् –

गोदावर्युदकङ्गङ्गोदकं मत्वा विशुद्धये।
सम्प्रोक्ष्य शुद्धिमाप्नोति स संवादिभ्रमो मतः।।८।।

अन्वयः – गोदावर्युदकं गङ्गोदकं मत्वा विशुद्धये संप्रोक्ष्य शुद्धम् आप्नोति सः संवादिभ्रमः मतः।

व्याख्या :– पुराणादिविषयेष्वपि संवादिभ्रमं निरूपयति । गोदावर्युदकं गङ्गोदकमिति पुराणादिभ्यो मत्त्वा यतस्तस्याप्युदकस्य विशुद्धिहेतुत्त्वमागमसिद्धमतो भ्रान्त्या विशुद्धये शिरसि तदुदकं सम्प्रोक्ष्य शुद्धिमाप्नोति । यद्यपि गोदावर्युदके या गङ्गोदकबुद्धिस्सा तु भ्रान्तिरेवाथापि गङ्गोदकप्रोक्षणफलमवाप्नोति सा प्रवृत्तिः फलकारिण्येवेति स संवादिभ्रम इति पुराणविद्भिर्मत इति शम् ।।

व्याख्या – पूर्व श्लोकों में प्रत्यक्ष रूप से अनुभूयमान संवादी भ्रम का निरूपण कर अब अनुमान प्रमाण से भी उसकी सिद्धि करते हैं । हेमन्तादि ऋतुओं में कई बार जलाशयों में से तथा नदी के जल से भी भाप निकलती है । तब कोई व्यक्ति दूर स्थान में स्थित उस भाप को धूम समझ कर यह अनुमान करता है कि वहाँ धुँआ दिख रहा है अतः वहाँ अवश्य ही अग्नि होगी, क्योंकि जहाँ-जहाँ धूम होता है वहाँ-वहाँ अग्नि अवश्य होती है । तब वह पुरुष उस स्थान में जाता है और उसे वहाँ भाग्यवशात् अचानक ही यदि अग्नि की प्राप्ति हो जाती है तो उसके वाष्पविषयक धूमज्ञान को संवादी भ्रम कहते हैं । वस्तुतः भाप धूम नहीं है अतः वहाँ अग्नि होने का अनुमान यद्यपि भ्रम है तथापि जाड़े से बचने के लिए वहाँ अग्नि का अनुमान करके गये हुए पुरुष को अग्नि की प्राप्ति होना संवादी भ्रम है क्योंकि उक्त भ्रम से उसे अपने इष्ट पदार्थ की प्राप्ति हो गयी ।

अब शास्त्रविषयक संवादी भ्रम का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – गोदावरी के जल को गंगाजल मान कर शुद्धता के लिये अपने ऊपर छिड़कने से यदि मनुष्य पवित्रता को प्राप्त करता है तो वह (गोदावरीजल में गंगाजल का भ्रम) संवादी भ्रम माना गया है ।।८।।

व्याख्या – शास्त्रानुसार गंगाजल और गोदावरीजल दोनों ही पवित्र करने वाले कहे गये हैं । उन में श्रद्धा रखकर कोई भी पुरुष यदि इन दोनों में से किसी के भी जल का प्रोक्षण, आचमन अथवा उसमें स्नान आदि करता है तो वह पवित्र हो जाता है । किन्तु गोदावरी के जल को ही गंगाजल मानकर उसके जल से प्रोक्षणादि करना यद्यपि भ्रम ही है तथापि उससे पवित्रता तो प्राप्त होती ही है, क्योंकि गोदावरी के जल को शास्त्रों ने विशुद्धिकारक कहा है । भाव यह है कि गोदावरी के जल को गंगाजल मानना यद्यपि भ्रम ही है तथापि शुद्धि रूप इष्टफल की प्राप्ति होने से इसे विद्वानों नें संवादी भ्रम माना है ।

भक्तानां मतेनापि संवादिभ्रमनिरूपणम् –

ज्वरेणाप्तस्संनिपातं भ्रान्त्या नारायणं स्मरन् ।
मृतस्स्वर्गमवाप्नोति स संवादिभ्रमो मतः ॥९॥

अन्वयः – ज्वरेण संनिपातं आप्तः भ्रान्त्या नारायणं स्मरन् मृतः। स्वर्गम् अवाप्नोति सः संवादिभ्रमः मतः।

व्याख्या :– उदाहरणान्तरं प्रदर्शयति । यतो ज्वरेण सन्निपातमाप्तोऽत एव चित्तविक्षेपाद् भ्रन्त्या। ज्वरार्तस्यास्य भ्रान्तिरनेकधा संभवति । स पुरुषः परमार्थतो नारायणं भगवत्त्वेनाबुद्ध्वा साधारणपुरुषत्त्वेन ज्ञानं भ्रान्तिः । यथाजामिलस्य "अनिच्छयापि संस्पृष्टो दहत्येव हि पावक" इति । "हरिर्हरति पापानि दुष्टचित्तैरपि स्मृतः" इति वचनात् । शत्रुत्त्वेन बुद्ध्वापि ज्ञानं यथा कंसादेः। मित्रत्त्वेन वा ज्ञानं यथा पार्थादीनाम् । नारायणपदस्य पुत्रनामत्त्वेन ज्ञानमपि भ्रान्तिर्यथाजामिलादेः । एवंविधाभ्रान्त्याऽपि नारायणस्मरणं स्मरन्स्मृतो यदि तदा स्वर्गमवाप्नोत्येव । सोऽयमपि भ्रमस्संवादिभ्रम एव । स्वाभीप्सितफलदत्त्वात् । तदुक्तं श्रीमद्भागवते–"आकृष्य पुत्रमघवान्यदजामिलोऽपि नारायणेति म्रियमाण इयाय मुक्ति"मिति। एतेन सावधानतया सगुणमपि नारायणं स्मरन्वैकुण्ठादिकं प्रतिपद्यत इति सिद्धम् । अस्यापि शास्त्रैकसमधिगम्यत्त्वादुदाहरणार्हमेवेति शम् ।।

अब शास्त्रविषयक दूसरा उदाहरण देते हैं ।

अर्थ – ज्वर से सन्निपात को प्राप्त हुआ व्यक्ति भ्रान्ति से नारायण का स्मरण करता हुआ मर जाने पर स्वर्ग को प्राप्त करता है । वह संवादी भ्रम माना गया है ।।९।।

व्याख्या – ज्वर के कारण सन्निपात को प्राप्त हुआ पुरुष विक्षिप्ति चित्त के कारण अनेकों प्रकार की भ्रान्तियों से घिर जाता है तथापि मरणासन्न वह पुरुष यदि भ्रान्ति से भी नारायण का (नामोच्चारण) स्मरण करते हुए शरीर छोड़ता है तो उसे स्वर्ग की प्राप्ति होती है । यह श्लोक श्रीमद्भागवत के अजामिलोपाख्यान का स्मरण कराता है । अजामिल अत्यधिक पापी था, किन्तु उसके पुत्र का नाम नारायण था । अजामिल अन्तकाल में पुत्र को पुकारते हुए मर गया । जिसके फल स्वरूप यमदूतों से उसकी मुक्ति हो गयी । यद्यपि उसने परब्रह्म परमात्मा को नारायण कहकर नहीं पुकारा था तथापि उसकी मुक्ति होना संवादी भ्रम का उदाहरण है ।

नारायण को परमात्मा न मानकर साधारण मनुष्य मानना संवादी भ्रम है जैसे शिशुपालादि को था, और जानकर भी शत्रु रूप से मानना भी संवादी भ्रम है, जैसे कंसादि को था । मित्र रूप से ज्ञान अर्जुनादि को था । यद्यपि ये सभी भ्रम ही हैं तथापि फलदायी होने के कारण संवादी भ्रम कहे जाते हैं।***''अनिच्छयापि संस्पृष्टो दहत्येव हि पावकः''*** अग्नि को अनिच्छा से भी स्पर्श करने पर वह जलाती ही है । अतः भ्रम से ही सही किन्तु परमात्मा का नाम समस्त पापों को नष्ट कर देता है । दुष्ट हृदय वाला भी यदि हरि का स्मरण करे तो उसके भी पाप नष्ट हो जाते है । ***''हरिर्हरति पापानि दुष्टचित्तैरपि स्मृतः''*** । अतः अजामिलादि के प्रसंग में संवादी भ्रम जानना चाहिये । राम भजन करने से मुक्ति की इच्छा न होने पर भी वह अवश्य प्राप्त होती है, इसीलिये गोस्वामी श्रीतुलसीदास जी ने रामचरितमानस में कहा है कि –

अति दुर्लभ कैवल्य परम पद । संत पुरान निगम आगम वद ।
राम भजत सोई मुकुति गोसाई । अनइच्छित आवइ बरिआई ।।

तात्पर्य यह है कि नारायण शब्द में पुत्र नाम की भ्रान्ति स्वर्ग रूपी फल प्रदान करने वाली होने से संवादी भ्रम है ।

प्रत्यक्षानुमानशब्दादिभिस्संवादिभ्रमाणामनेकत्त्वप्रदर्शनम् -

प्रत्यक्षस्यानुमानस्य तथा शास्त्रस्य गोचरे।
उक्तन्यायेन संवादिभ्रमास्सन्ति हि कोटिशः॥१०॥

अन्वयः-प्रत्यक्षस्य अनुमानस्य तथा शास्त्रस्य गोचरे उक्तन्यायेन कोटिशः संवादिभ्रमाःसन्ति हि।

व्याख्या :- संवादिभ्रमा उक्तन्यायेन पूर्वमुपपादितप्रकारेण प्रत्यक्षस्य गोचरेऽनुमानस्य गोचरे तथा शास्त्रस्य च गोचरे कोटिश उदाहरणानि सन्तीति शम् ।।

अर्थापत्तिप्रमाणेन संवादिभ्रमस्य प्रतिपादनम् -

अन्यथा मृत्तिकादारुशिलास्स्युर्देवताःकथम् ।
अग्नित्वादिधियोपास्याः कथं वा योषिदादयः ॥११॥

अन्वयः - अन्यथा मृत्तिकादारुशिलाः देवताः कथम् स्युः? योषिदादयः वा अग्नित्वादिधिया कथं उपास्याः।

व्याख्या :- संवादिभ्रमेणेप्सितार्थलाभाभावे मृद्दारुशिलाद्युपासनानामागमादिशास्त्रोक्तानां पञ्चाग्न्युपासनानां चोपनिषद्बोधितानां च नैरर्थक्यापत्तिरित्यतो विपक्षबाधकप्रदर्शनपुरस्सरं पूर्वोक्तमर्थमर्थापत्त्या द्रढयति। अन्यथा संवादिभ्रमेणेप्सितार्थलाभाभावे दैवबुद्ध्यानुदिनं फलसिद्धये पूज्यमाना मृत्तिका दारुशिलाः। मृत्तिका पार्थिवलिङ्गपूजादौ । दारुः पुर्यां जगन्नाथमन्दिरादौ ।

इस प्रकार त्रिविध संवादी भ्रम के उदाहरण से सिद्ध अर्थ को कहते हैं ।

अर्थ - इस प्रकार उक्त न्याय से प्रत्यक्ष, अनुमान तथा शास्त्रसम्बन्धी करोड़ों प्रकार के संवादी भ्रम प्रसिद्ध हैं ।।१०।।

व्याख्या - संवादी भ्रम को तीन वर्गों में बाट सकते हैं - प्रत्यक्ष, अनुमान और आगम । इन तीनों प्रमाणों के द्वारा संवादी भ्रम का निरूपण किया गया । मणि की प्रभा में मणि का भ्रम होना प्रत्यक्ष संवादी भ्रम है । वाष्प को धूम समझकर अग्नि प्राप्ति का दृष्टान्त अनुमान संवादी भ्रम का है और गोदावरी जल में गंगाजल की भ्रान्ति और उससे पवित्रता प्राप्त होना शास्त्रीय (आगम) संवादी भ्रम है । इस प्रकार प्रत्यक्षादि प्रमाणों के अनेकों दृष्टान्त हैं, जिनके द्वारा संवादी भ्रम की सिद्धि हो सकती है ।

अब अर्थापत्ति प्रमाण के द्वारा संवादी भ्रम का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - अन्यथा (इन संवादी भ्रमों को न मानें तो) मृत्तिका, काष्ठ और शिला देवता कैसे हो सकते हैं ? अथवा स्त्रियाँ आदि अग्नित्वादि बुद्धि से उपास्य कैसे हो सकती हैं ?।।११।।

व्याख्या - इन संवादी भ्रमों को न माने अर्थात् संवादी भ्रम के द्वारा इष्ट पदार्थ की प्राप्ति यदि न होती, तो फिर देवता के रूप से प्रतिदिन पूजित होनेवाले मृत्तिका, दारु (काष्ठ) और शिला आदि में देवत्वबुद्धि कर उनकी पूजा कैसे संभव है ? मृत्तिका से निर्मित (पार्थिव) शिवलिंगों की पूजा सर्वत्र प्रसिद्ध है । जगन्नाथ जी की मूर्ति काष्ठमय है और शालग्राम एक प्रकार की शिला है । इन सभी में देवत्व बुद्धि रखकर सभी आस्तिक लोग इन्हें पूज्य मानकर इनकी पूजा करते हैं और अपने मनोवांछित फल को प्राप्त भी करते हैं । इस प्रकार कर्म-कलापों से सम्पन्न होने वाली मृत्तिका आदि की उपासना की सार्थकता

शिलाशालग्रामनामदशोणभद्रादौ तत्तदवच्छेदेनैताः कथं देवता देवत्त्वेन पूज्यास्स्युः ? देवत्त्वेन पूज्या न भवेयुर्देवतात्त्वाभावात् । एवं कर्मकलापकलितमृदाद्युपासनायास्सार्थकतां प्रदर्श्य ततोऽप्युत्कृष्टायाच्छान्दोग्याद्युपनिषदुक्तानां पञ्चाग्र्याद्युपासनानां सार्थकतां प्रदर्शयन्बाधकान्तरमाह - योषिदादयोऽग्नित्त्वादिधिया वा कथमुपास्या भवन्ति । "योषा वाव गौतमाग्नि"रित्यादिवाक्यैर्योषित्पुरुष-पृथिवीपर्जन्यद्युलोकानामग्नित्त्वेनोपासना पञ्चाग्निविद्यायां विधीयते । अग्निधियोपास्तिस्संवादिभ्रमो भवति। "तत्पुरुषोऽमानवस्स एतान्ब्रह्म गमयती"ति तत्फलत्त्वेनामृतत्त्वसिद्धेश्श्रूयमाणत्त्वात् । पञ्चाग्निविद्यायामियं श्रुति"र्योषा वाव गौतमाग्निः पुरुषो वाव गौतमाग्निः पृथिवी वाव गौतमाग्निः पर्जन्यो वाव गौतमाग्निः असौ वाव द्युलोको गौतमाग्नि"रित्यादिवाक्यैः योषित्पुरुषपृथिवीपर्जन्यद्युलोकानामग्नित्त्वेनोपासनं संवादिभ्रमाभावे ब्रह्मलोकावाप्तिफलकं न भवेदिति भावः । अत्र "मनो ब्रह्मेत्युपासीत" इत्यादीनामपि ग्रहणं कर्तव्यम्। तथैवा"दित्यो ब्रह्मेत्यादेशः" । एवं चाग्निधिया योषिदादीनामुपास्तिस्संवादिभ्रमो भवतीति शम् ।।

संवादिभ्रमलक्षणनिरूपणम् -

अयथावस्तुविज्ञानात्फलं लभ्येत हीप्सितम् ।
काकतालीयतस्सोऽयं संवादिभ्रम उच्यते।।१२।।

अन्वयः-अयथावस्तुविज्ञानात् ईप्सितं फलं काकतालीयतः लभ्येत हि । सः अयं संवादिभ्रमः उच्यते

व्याख्या :- एवं महता प्रबन्धेनोपपादितं संवादिभ्रमं निगमयन्बुद्धिसौकर्याय संवादिभ्रमलक्षणं सङ्क्षिपति । अयथावस्तुविज्ञानात् । वस्त्वनतिक्रम्य यथावस्तु । अनतिक्रमार्थेन यथा शब्देना"व्ययं

बताकर अब उससे भी उत्कृष्ट पञ्चाग्नि उपासना की सार्थकता दिखाते हैं । यदि संवादी भ्रम फलदायी न होता तो स्त्रियों में अग्नित्वादि बुद्धि करके उनकी उपासना कैसे संभव है ? ***"योषा वाव गौतमाग्निः"*** (छा.उ. ५/८/१) इस श्रुति में पञ्चाग्निविद्या का वर्णन किया गया है । स्त्री, पुरुष, पृथ्वी, पर्जन्य, और द्युलोक में अग्नि बुद्धि करके उनकी उपासना का विधान किया गया है । यहाँ योषितादि में अग्नि बुद्धि करना संवादी भ्रम है, क्योंकि इसका फल ब्रह्मलोक की प्राप्ति कहा गया है।***"तत्पुरुषोऽमानवः स एनान् ब्रह्म गमयति"*** (छा.उ. ५/१०/१) अतः अमृतत्व रूप फल की प्राप्ति होने के कारण उक्त भ्रम संवादी भ्रम कहा जाता है । यदि संवादी भ्रम के द्वारा इष्ट पदार्थ की प्राप्ति न होती तो इनकी पूजा क्यों की जाती ? अतः संवादी भ्रम निरर्थक नहीं है । यहाँ ***"मनो ब्रह्मेत्युपासीत" "आदित्यो ब्रह्मेत्यादेशः"*** इत्यादि का भी ग्रहण करना चाहिये ।

अब संवादी भ्रम का लक्षण बताते हैं ।

अर्थ - जिस अयथार्थवस्तु के ज्ञान से इष्टफल काकतालीय न्याय से प्राप्त होता है, वही संवादी भ्रम कहा जाता है ।।१२।।

व्याख्या - इस तरह अनेक प्रकार से लक्ष्यप्रदर्शन पूर्वक संवादी भ्रम का निरूपण किया गया, अब उसी को सरलता से समझाने के लिये संक्षेप रूप से बताते हैं । विहित अथवा अविहित जिस अयथार्थवस्तु के ज्ञान से इष्टफल की प्राप्ति होती है, उसे संवादी भ्रम कहते हैं । आचार्य ने इस श्लोक मे संवादी भ्रम

विभक्ती''त्यादिना समासः । तस्य विज्ञानं वस्तुनस्स्वरूपज्ञानं तन्न भवतीति तादृशं तस्माद्भ्रमात्मक-ज्ञानाद्विहितादविहिताद्वा यस्माद्विपरीतज्ञानादतद्वस्तुबुद्धेरीप्सितमभीप्सितं फलं काकतालीयतः । अत्र काकशब्दः काकागमनपरः । तथा तालशब्दोऽपि काकागमनमिव तालपतनमिव काकतालम्। काकतालशब्दश्च काकतालसमागमप्रयोज्यकाककृततालफलोपभोगपरः । काकतालमिव काकतालीयम्। उभयत्र साधारणो धर्मोऽवितर्कितसंभवत्त्वम् । तस्माद्यत्र फलमवितर्कितसम्भवं तत्र काकतालीयन्यायः। ततश्च तन्न्यायतो दैवगत्या लभ्येतेति सोऽयं संवादिभ्रम इति भावः । अत्र फलस्यानिश्चितत्त्वेन लभ्यत इत्यपपाठः फलस्य संभावितत्त्वाल्लभ्येतेत्येव साधीयान्पाठः । अत्र च सन्ध्यभावस्तु विवक्षावशादिति ज्ञातव्यम् । यत आमनन्ति शाब्दिकाः "संहितैकपदे नित्या नित्या धातूपसर्गयोः । नित्या समासे वाक्ये तु सा विवक्षामपेक्षत" इति । "लभ्येत हीप्सितमि"ति पाठे न कोऽपि क्लेश इति शम् ।।

ब्रह्मोपासनयाभीप्सितार्थफलप्राप्तिनिरूपणम् –

स्वयंभ्रमोऽपि संवादी यथा सम्यक्फलप्रदः।
ब्रह्मतत्त्वोपासनापि तथा मुक्तिफलप्रदा।।१३।।

अन्वयः – यथा संवादी स्वयं भ्रमः अपि सम्यक् फलप्रदः तथा ब्रह्मतत्त्वोपासना अपि मुक्तिफलप्रदा।

व्याख्या :- अयथावस्तुविषयया ब्रह्मोपसानया कथं वा मुक्तिफलप्रदसम्यज्ज्ञानसिद्धिरित्याशङ्कायां

की परिभाषा निर्धारित की है । यहाँ तीन बातें हैं । (१) इष्टफल, जैसे मणि (२) अयथार्थवस्तु का ज्ञान, जैसे मणि की प्रभा और (३) दोनों का काकतालीय सम्बन्ध । एक ताड़ के वृक्ष पर कौआ आ कर बैठा, उसी समय एक फल टूट कर नीचे आ गिरा और राहगीर को अकस्मात् मिल गया । इसे काकतालीय न्याय कहते हैं । लोक में भी इससे मिलती जुलती कहावत है कि ***''कौएँ का बैठना और ड़ाल का गिरना''*** कहने का तात्पर्य यह है कि भ्रान्ति और इष्ट वस्तु में कोई सम्बन्ध न होने पर भी किसी भ्रान्ति से इष्ट वस्तु की प्राप्ति होने को संवादी भ्रम कहा जाता है । फल प्राप्ति निश्चित न होने के कारण **श्लोक में 'लभ्यते' यह अपपाठ है** । फल संभावित होने के कारण **'लभ्येत' यही पाठ उचित है** और **'लभ्येत ईप्सितम्'** यहाँ पर विवक्षावशात् सन्धि का अभाव जानना चाहिये । क्योंकि व्याकरण शास्त्र के विद्वान् कहते हैं कि –

संहितैकपदे नित्या नित्या धातूपसर्गयोः।
नित्यासमासे वाक्ये तु सा विवक्षामपेक्षते।।

अर्थात् – एक पद में, धातु और उपसर्ग में तथा समास में सन्धि नित्य होती है अर्थात् इनमें सन्धि करना आवश्यक है, किन्तु वाक्यरचना के समय सन्धि करना अथवा न करना विवक्षा पर निर्भर है ।

संवादी भ्रम की तरह ब्रह्मोपासना भी इष्टफलप्रदात्री है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ – जैसे स्वरूप से भ्रान्ति रूप होते हुए भी संवादी भ्रम अभीष्ट फल देने वाला है, उसी प्रकार ब्रह्मतत्त्व की उपासना भी मुक्ति रूप फल प्रदान करने वाली है ।।१३।।

व्याख्या – ब्रह्मोपासना तो अयार्थवस्तु को विषय करने वाली है, वह उपासना सम्यक् ज्ञान से प्राप्त होने वाले मुक्ति रूप फल को कैसे दे सकती है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं । संवादी भ्रम से

पूर्वोक्तदृष्टान्तैस्संवादिभ्रमोऽप्यभीष्टार्थसिद्धिप्रद इति पूर्वमुपपादितदृष्टान्तार्थान्प्रतिज्ञाते दार्ष्टान्तिके संयोजयति। संवादी स्वयं भ्रमोऽपि यथा सम्यक्फलप्रदस्तथा ब्रह्मतत्त्वोपासनापि मुक्तिफलप्रदा । ''तमेव विदित्त्वातिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाये''त्याद्यनेकश्रुतिस्मृत्यादिभिर्युक्तिभिश्च मुक्तेरद्वैतात्मज्ञान-मात्रसाध्यत्त्वात्तदन्तरात्र कथमुपासनासाध्यत्त्वमुच्यत इति माशङ्कनीयम् । उक्तदृष्टान्तेनैवं तत्र ज्ञानद्वारैवेष्टसाधकत्त्वस्य पूर्वमेव स्पष्टीकरणाच्च । न हि मणिप्रभायां मणिबुद्ध्या धावमानस्तत्र मण्यभावेऽपि तन्निकटगं मणिमनपेक्ष्य तं लभते । तस्मान्निर्गुणाहङ्ग्रहोपासनयाप्य''हं ब्रह्मास्मी''ति सदा भावनारूपया निरस्ताखिलप्रतिबन्धस्तत एव महावाक्यात्सञ्जाताद्वैतात्मापरोक्षबोधोऽसौ सद्य एव सकार्यकाज्ञानध्वस्तिरूपां मुक्तिमवाप्नोतीति युक्तमेवेति शम् ।।

परोक्षतो ब्रह्मावगत्म्योपासना कर्तव्या -

वेदान्तेभ्यो ब्रह्मतत्त्वमखण्डैकरसात्मकम् ।
परोक्षमवगम्यैतदहमस्मीत्युपासते।।१४।।

अन्वयः - वेदान्तेभ्यः अखण्डैकरसात्मकं ब्रह्मतत्त्वं परोक्षम् अवगम्य ''एतत् अहम् अस्मि'' इति उपासते।

व्याख्या :- एवं सति ब्रह्मस्वरूपं ज्ञात्त्वोपासना कार्या अज्ञात्त्वा वेत्याशङ्कायां प्रथमे पक्ष उपासनावैयर्थ्यं मोक्षसाधनस्य ज्ञानस्यैव विद्यमानत्त्वात् द्वितीये विषयापरिचयादुपासनमेव न युज्यत इत्यत्र परोक्षमवगम्यो-पासितव्यमित्याह । वेदान्तेभ्योऽ''स्तिब्रह्मेति चेद्वेदे''त्यादिवेदान्तवाक्यानां गुरुमुखतश्श्रवणादखण्डैकरसात्मकं भेदत्रयशून्यमानन्दरसघनं ब्रह्मतत्त्वं ब्रह्मणो यथार्थस्वरूपं परोक्षमवगम्य ज्ञात्त्वापि प्रत्यगभिन्नाद्वितीयापरोक्ष-

---

इष्ट फल की प्राप्ति होती है, यह पूर्व में दृष्टान्त पूर्वक कहा गया, उसी को दार्ष्टान्तिक में जोड़ते हैं । जैसे स्वरूप से भ्रान्ति रूप होते हुए भी संवादी भ्रम अभीष्ट फल देने वाला है, उसी प्रकार ब्रह्म की उपासना भी मुक्ति रूप अभीष्ट फल को देनेवाली है।***''तमेव विदित्वातिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय''*** इत्यादि श्रुति तथा स्मृति और युक्तियों के द्वारा भी अद्वैत आत्मज्ञान से ही मुक्ति होना कहा गया है तो फिर आप उपासना से मुक्ति की सिद्धि कैसे कर रहे हैं ? यह शंका यहाँ नहीं करनी चाहिये, क्योंकि पूर्व में यह स्पष्ट कर दिया गया है कि उपासना के द्वारा जब सभी प्रतिबन्ध दूर हो जाते हैं, तब ज्ञान प्राप्त कर उपासक मुक्त हो जाता है ।

परोक्ष रूप से ब्रह्म को जानकर उपासना करनी चाहिये, इसका वर्णन करते हैं।

अर्थ - वेदान्तों के द्वारा अखण्ड एकरस ब्रह्मतत्त्व को परोक्ष रूप से जानकर ''यह ब्रह्म मैं हूँ'' इस प्रकार उपासना कर सकते हैं ।।१४।।

व्याख्या - ब्रह्मतत्त्व को जानकर उपासना करनी चाहिये अथवा बिना जाने ? यदि प्रथम पक्ष को स्वीकार करें कि ब्रह्म को जानकर उसकी उपासना करनी चाहिये तो उपासना ही निष्फल हो जाएगी क्योंकि मुक्ति रूप फल देनेवाला ज्ञान पहले से ही विद्यमान है और यदि कहो कि ब्रह्म को बिना जाने ही उपासना करनी चाहिये तो उपासना का विषय जो ब्रह्म है, उसका ही ज्ञान न होने पर अज्ञात विषयक उपासना कैसे संभव है ? अर्थात् नहीं हो सकती । भाव यह है कि जानकर अथवा बिना जाने भी ब्रह्म

साक्षात्कारासमर्थः पुरुषोऽहंब्रह्मास्मीत्यहङ्ग्रहोपासनया संवदिभ्रमरूपयाऽपि स्वाभीप्सितफलं लभते । तस्मात्सद्यो मुमुक्षव एवमुपासते तथा विचिन्तयन्ति । तथा च ब्रह्मणोऽस्तितां शास्त्रगुरुवाक्यतोऽवबुद्ध्योपासना कर्तव्येति सिद्धम् । अयमत्र भावः – ब्रह्मात्मैकत्त्वापरोक्षज्ञानस्य मोक्षसाधनस्यानुत्पन्नत्त्वान्नोपासनावैयर्थ्यम्। शास्त्रात्परोऽक्षतयावगतत्त्वादुपासनाविषयत्त्वं ब्रह्मण इति शम् ।।

ब्रह्मणः परोक्षज्ञानस्वरूपस्य निरूपणम् –

प्रत्यग्व्यक्तिमनुल्लिख्य शास्त्राद्विष्ण्वादिमूर्तिवत् ।
अस्ति ब्रह्मेति सामान्यज्ञानमत्र परोक्षधीः।।१५।।

अन्वयः – प्रत्यग्व्यक्तिम् अनुल्लिख्य शास्त्रात् "ब्रह्म अस्ति" इति सामान्यज्ञानम् अत्र परोक्षधीः। विष्ण्वादिमूर्तिवत्।

व्याख्या :– उपास्यब्रह्मतत्त्वस्यापेक्षितं परोक्षज्ञानस्वरूपमेवादौ कथं सिद्ध्यतीत्यपेक्षाया"मस्ति ब्रह्मेति चेद्वेद । सन्तमेनं ततो विदुरिती"त्यादिश्रुतिप्रसिद्धलक्षणं सङ्क्षिपति प्रत्यग्व्यक्तिं प्रत्यगात्मानं साक्षिणं बुद्ध्यादेरानन्दात्मानमनुल्लिख्याविषयीकृत्य शास्त्रात्केवलं "सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्मे"त्येवंजातीयश्रुतिप्रसिद्धं ब्रह्म निश्चप्रचमस्तीति सामान्याकारं ज्ञानमविशेषज्ञानमत्रास्मिन्नुपासनाप्रकरणे परोक्षधीरित्युच्यते । परोक्षज्ञानपदेनैतावद्विवक्षितमिति भावः । तत्र प्रदर्शयति दृष्टान्तम्–यथा शास्त्राद्विष्ण्वादिमूर्तिप्रतिपादक–शास्त्रजन्यज्ञानवदिति भाव इति शम् ।।

की उपासना करना संभव नहीं है । इस शंका का उत्तर इस श्लोक में दिया गया है । आचार्य कहते हैं कि वेदान्तों के द्वारा अर्थात् ***"अस्ति ब्रह्मेति चेत् वेद"*** इत्यादि उपनिषदों के वाक्यों को गुरुमुख से श्रवण कर अखण्ड एकरस अर्थात् सजातीय, विजातीय और स्वगत भेदशून्य, आनन्दघन ब्रह्मतत्त्व को अर्थात् ब्रह्म के यथार्थ स्वरूप को परोक्ष रूप से जानकार जो पुरुष साक्षात्कार करने में असमर्थ हैं, वे "मैं ब्रह्म हूँ" इस प्रकार की अहंग्रहोपासना कर सकते हैं अर्थात् ब्रह्म के अस्तित्व को शास्त्रों के द्वारा जानकर उपासना करनी चाहिये । अभिप्राय यह है कि उपासना से पूर्व जीव और ब्रह्म के अभेद का अपरोक्ष ज्ञान जो कि मोक्ष का साधन है, वह उत्पन्न न होने के कारण और उपासना अपरोक्ष ज्ञान द्वारा मुक्ति देनेवाली होने के कारण निष्फल नहीं है, तथा शास्त्रप्रमाण से परोक्ष रूप से ज्ञान होने पर उपासना भी हो सकती है ।

अब ब्रह्म के परोक्ष ज्ञान का स्वरूप दर्शाते हैं ।

अर्थ – प्रत्यगात्मा को अविषयीकर विष्णु आदि की मूर्ति के समान शास्त्र के द्वारा 'ब्रह्म है' इस प्रकार का जो सामान्य ज्ञान है, वही यहाँ पर परोक्ष ज्ञान कहा गया है ।।१५।।

व्याख्या – प्रत्यगात्मा को अविषयी कर अर्थात् ब्रह्म को स्वयं प्रत्यक् रूप से अनुभव किये बिना***"सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म"*** इत्यादि श्रुति वचनों के द्वारा 'ब्रह्म है' इस प्रकार का जो सामान्य ज्ञान होता है, उसी को यहाँ (उपासना प्रकरण में) परोक्ष ज्ञान कहा गया है । इस विषय में दृष्टान्त देते हैं । जैसे शास्त्रों के द्वारा विष्णु आदि देवताओं की मूर्ति को लोग विष्णु रूप से पूजते हैं । यद्यपि उन्होंने विष्णु आदि का दर्शन नहीं किया है, फिर भी शास्त्र के द्वारा उन–उन देवताओं के विग्रहों में देवत्व बुद्धि कर पूजा करते हैं, उसी प्रकार ब्रह्म की उपासना भी संभव है । भाव यह है कि जैसे परोक्ष ज्ञान से विष्णु आदि की उपासना हो सकती है, वैसे ही ब्रह्म के परोक्ष ज्ञान से ब्रह्म की भी उपासना हो सकती है ।

शास्त्रादवगतस्य ज्ञानस्य परोक्षत्त्वविवेचनम् -

चतुर्भुजाद्यवगतावपि मूर्तिमनुल्लिखन् ।
अक्षैः परोक्षज्ञान्येव न तदा विष्णुमीक्षते।।१६।।

अन्वयः- चतुर्भुजाद्यवगतौ अपि अक्षैः मूर्तिम् अनुल्लिखन् परोक्षज्ञानी एव । तदा विष्णुम् न ईक्षते ।।

व्याख्या :- शास्त्रप्रतिपादितानां विष्ण्वादिमूर्तीनां चतुर्भुजत्त्वादिविशेषप्रतीतावपि ज्ञानस्य कथं परोऽक्षत्त्वमुच्यते ? करचरणादिविशिष्टविग्रहविशेषप्रतीतेरित्याशङ्कायां निरुक्तपरोक्षज्ञाने दृष्टान्तीकृतविष्णु-प्रभृतिमूर्तिविषयकज्ञानस्यैवादौ परोक्षत्त्वं विशदयति । शास्त्राद्विष्ण्वादीनां चतुर्भुजत्त्वाद्यवगतौ सत्यामपि। अत्रादिशब्देनशङ्खचक्रगदादयो गृह्यन्ते । तेषां शास्त्रेभ्यस्समवगतावपि सत्यपि ज्ञाने विष्ण्वादेर्मूर्तिमक्षैरिन्द्रयैः प्रत्यक्षत अनुल्लिखंस्तां मूर्तिमविषयीकुर्वन्नविज्ञायैव केवलशास्त्रावगतज्ञानेन चतुर्भुजादिधरः कश्चिद्विग्रहवानस्तीति परोक्षज्ञान्येव स पुरुषो भवति । अतस्तदा ध्यानकालेऽक्षैश्चक्षुरादीन्द्रियैर्विष्णुं व्यापकं नेक्षते नैव प्रत्यक्षीकुरुत इति तत्रोपपत्तिरभिहिता । तदा तादृशज्ञानसमय उपासनाकाले विष्णुमुपास्यमपरोक्षतया नेक्षते नेन्द्रियैर्विषयीकरोतीति शम् ।।

उपास्यज्ञानस्य परोक्षत्त्वेऽपि शास्त्रजन्यत्त्वेन प्रमाणत्त्वे न कापि शङ्केति निरूपणम् -

परोक्षत्वापराधेन भवेन्नातत्त्ववेदनम् ।
प्रमाणेनैव शास्त्रेण सत्त्वमूर्तेर्विभासनात् ।।१७।।

अन्वयः - परोक्षत्वापराधेन अतत्त्ववेदनं न भवेत् । प्रमाणेन शास्त्रेण एव सत्त्वमूर्तेः विभासनात्।

शास्त्रों से ज्ञात ज्ञान के परोक्षत्व का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - (शास्त्र से) चतुर्भुज आदि रूपवाले भगवान् का ज्ञान होते हुए भी इन्द्रियों से उनके स्वरूप को न देखने वाला पुरुष परोक्षज्ञानी ही है क्योंकि उस समय वह विष्णु को साक्षात् नहीं देखता है ।।१६।।

व्याख्या - शास्त्रवाक्य से विष्णु के चतुर्भुजत्वादि का विशेष ज्ञान होता ही है, फिर आप उसे परोक्ष ज्ञान क्यों कहते हो ? अर्थात् शास्त्र के द्वारा प्रतिपादित विष्णु आदि मूर्ति के ज्ञान का परोक्षत्व कैसे हो सकता है ? क्योंकि हाथ, पैर आदि विशिष्ट विग्रहों की स्पष्ट रूप से प्रतीति होती ही है ? इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि उक्त ज्ञान परोक्षज्ञान ही है । शास्त्रों के द्वारा चार भुजावाले तथा शंख, चक्र, गदा और पद्म धारण करने वाले विष्णु भगवान् का यद्यपि ज्ञान तो होता ही है तथापि विष्णु आदि के स्वरूप को प्रत्यक्ष रूप से न जानकर केवल शास्त्र के द्वारा चतुर्भुजादि कोई विग्रहवान् है, इस प्रकार जानने वाला व्यक्ति परोक्षज्ञानी ही कहलाता है क्योंकि उस उपासना काल में वह उपासक अपने उपास्य विष्णु आदि का साक्षात् दर्शन नहीं करता है । भाव यह है कि बिना अनुभव का ज्ञान परोक्षज्ञान ही होता है और शास्त्रों के द्वारा परोक्ष ज्ञान से उपासना की जा सकती है ।

शास्त्रीय परोक्ष ज्ञान भ्रम रूप नहीं है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - परोक्ष ज्ञान के अपराध से यह ज्ञान भ्रम रूप नहीं है क्योंकि प्रमाण रूप शास्त्र से ही सत्यमूर्ति का भान होता है ।।१७।।

व्याख्या - बिना अनुभव का परोक्ष ज्ञान भ्रममूलक ही होता है, अतः भ्रममूलक होने के कारण

व्याख्या :- व्यक्त्यनुल्लेखमन्तरा विष्ण्वादिगोचरं परोक्षज्ञानं भ्रममूलकं भवतीत्याशङ्कायां तस्य प्रमाणभूतशास्त्रजन्यत्त्वान्न भ्रमत्त्वमिति प्रतिपादयति । परोक्षत्त्वापराधेन ज्ञानं परोक्षमिति न्यूनतामात्रेणातत्त्व-वेदनमयथार्थज्ञानं नैव भवेत् । एतावन्मात्रेण न स भ्रमो भवतीति भावः । तत्र कारणमुच्यते । प्रत्यक्षा-दिप्रमाणातीतविषयेषु प्रमाणेन ज्ञानसम्पादनैकसाधनीभूतेन शास्त्रेणैव सत्यमूर्तेर्वस्तुगत्या वैकुण्ठादिषु विद्यमान-मूर्तीनां विभासनाज्ज्ञायमानत्त्वात् । न हि भ्रान्तिज्ञानत्त्वे कारणं परोक्षज्ञानत्त्वं भवति । किन्तु विषयासत्यत्त्वम् प्रकृते तु प्रमाणभूतेन शास्त्रेणैव यथार्थभूताया विष्ण्वादिमूर्तेश्वरभासान्न भ्रमत्त्वम् । यतश्चाज्ञातविषयेषु प्रमाणं शास्त्रमेव "प्रत्यक्षेणानुमित्या वा यस्तूपायो न बुद्ध्यते । एतं विदन्ति वेदेन तस्माद्वेदस्य वेदते"ति वचनात् । तस्माच्छास्त्रजन्यज्ञानं परोक्षत्त्वमात्रान्न भ्रम इति शक्यते वक्तुमिति शम् ।।

विष्ण्वादिमूर्तिविषयकज्ञानस्य परोक्षताविशदीकरणम् -

सच्चिदानन्दरूपस्य शास्त्राद्भानेऽप्यनुल्लिखन् ।
प्रत्यञ्चं साक्षिणन्तत्तु ब्रह्म साक्षान्न वीक्षते।।१८।।

अन्वयः - शास्त्रात् सच्चिदानन्दरूपस्य भाने अपि प्रत्यञ्चं साक्षिणं अनुल्लिखन् तत्तु ब्रह्म साक्षात् न वीक्षते।

व्याख्या :- शास्त्रप्रतिपादितं ब्रह्मणस्सच्चिदानन्दादिस्वरूपत्त्वं परोक्षज्ञानमेव । अपरोक्ष-साक्षात्कारावश्यकीभूतप्रत्यक्तत्त्वोल्लेखाभावादिति विशदयति । सच्चिदानन्दरूपस्य परब्रह्मणः "सद्धीदं

परोक्ष ज्ञान निरर्थक है । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि शास्त्रीय परोक्ष ज्ञान भ्रम रूप नहीं है । "यह ज्ञान परोक्ष है" इस प्रकार केवल परोक्षत्त्व के अपराध से वह ज्ञान भ्रम रूप नहीं हो जाता है अर्थात् अपरोक्ष की अपेक्षा न्यून होने मात्र से वह परोक्ष ज्ञान अयथार्थ ज्ञान नहीं हो जाता । उसका कारण बताते हैं - क्योंकि प्रमाण रूप शास्त्र से ही सत्यमूर्ति का भान होता है । तात्पर्य यह है कि ज्ञान परोक्ष होने मात्र से भ्रम रूप हो जाता है, यह कोई नियम नहीं है । किसी अन्य नगर में घटित घटना का ज्ञान हमें किसी व्यक्ति अथवा पत्र के द्वारा होता हैं, यद्यपि यह ज्ञान परोक्ष ही है तथापि उसे भ्रम रूप नहीं कह सकते । ज्ञान का विषय यदि सत्य न हो तभी उस ज्ञान को भ्रम रूप माना जाता है । प्रकृत प्रसंग में विष्णु आदि मूर्ति का ज्ञान शब्दप्रमाण रूप शास्त्र से उत्पन्न हुआ है, इसलिये परोक्ष होते हुए भी यह ज्ञान भ्रम रूप नहीं है । अज्ञात विषय का ज्ञापक शास्त्र ही होता है । प्रत्यक्ष अथवा अनुमान से भी जिसका ज्ञान न हो, उसको जनाने में ही वेद की सार्थकता है अर्थात् वेद का वेदत्व यही है ।

प्रत्यक्षेणानुमित्या वा यस्तूपायो न बुद्ध्यते।
एनं विदन्ति वेदेन तस्माद्वेदस्य वेदता ।।

अतः शास्त्रीयज्ञान को परोक्ष होने मात्र से भ्रम रूप कहना उचित नहीं है ।

शास्त्रप्रतिपादित ब्रह्म का सच्चिदानन्दरूपत्व भी परोक्ष ज्ञान ही है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - शास्त्र से सच्चिदानन्द रूप का बोध होने पर भी प्रत्यगात्मा रूप साक्षी को बिना विषय किये, व्यक्ति उस परब्रह्म को साक्षात् नहीं देखता है ।।१८।।

व्याख्या - सच्चिदानन्द स्वरूप को विषय करने वाला ब्रह्मतत्त्व का ज्ञान शास्त्रजन्य होने पर भी

सर्वं तत्सत्" "नित्यश्शुद्धो बुद्धस्सत्यो मुक्तो निरञ्जनः" "सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्मे"त्यादिशास्त्राद्धानेऽपि ज्ञाने सत्यपि प्रत्यञ्चं प्रत्यगात्मनां साक्षिणमनुल्लिखन्नविषयीकुर्वन्नत एव तत्सच्चिदानन्दं परं ब्रह्म, तस्य ब्रह्मणः प्रत्यगात्मस्वरूपत्त्वमजानतस्साक्षादपरोक्षतया न वीक्षते न हि पश्यति । प्रत्यगनुल्लेखिनो ज्ञानस्य साक्षात्कारत्त्वाभावात्परोक्षत्त्वमेवेति शम् ।।

ब्रह्मणः परोक्षज्ञानस्य प्रमात्त्वविचारणम् -

शास्त्रोक्तेनैव मार्गेण सच्चिदानन्दनिश्चयात् ।
परोक्षमपि तज्ज्ञानं तत्त्वज्ञानन्न तु भ्रमः।।१९।।

अन्वयः - शास्त्रोक्तेन एव मार्गेण सच्चिदानन्दनिश्चयात् परोक्षम् अपि तत् ज्ञानं तत्त्वज्ञानम् (एव) भ्रमः तु न ।

व्याख्या :- ब्रह्मणः परोक्षज्ञानं न भ्रमः प्रमैव । कथं तर्हि तथाविधब्रह्मगोचरस्य ज्ञानस्य तत्त्वज्ञानत्त्वमित्याशङ्क्यायामागमप्रमाणजन्यत्त्वादित्याशयेनाह । शास्त्रोक्तेनैव मार्गेण परब्रह्मणस्सच्चिदा-नन्दनिश्चयात्सच्चिदानन्दरूपं ब्रह्मेति निश्चयात्तज्ज्ञानं परोक्षमपि तत्त्वज्ञानमेव प्रमैव शास्त्रजन्यत्त्वात्। न भ्रमः । यतः परोक्षमपि तज्ज्ञानं शास्त्रोक्तेनैव प्रकारेण ब्रह्मणस्सच्चिदानन्दरूपनिश्चायकत्त्वात्सम्य-ज्ज्ञानमेव न भ्रम इति शम् ।।

परोक्ष क्यों है ? इस शंका पर कहते हैं कि शास्त्रप्रतिपादित ब्रह्म के सच्चिदानन्द स्वरूपत्व का ज्ञान परोक्ष ज्ञान ही है । यद्यपि शास्त्र प्रमाण के द्वारा ब्रह्म के सच्चिदानन्दत्व का बोध तो हो गया तथापि वह परोक्ष ज्ञान ही है । अर्थात् ***"नित्यशुद्धो बुद्धस्सत्यो मुक्तो निरञ्जनः" "सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म"*** इत्यादि शास्त्रजन्य ब्रह्म का ज्ञान तब तक परोक्ष ही रहता है जब तक कि उस ब्रह्म को अपने प्रत्यगात्मा के साथ एकरूप से अनुभव न कर लिया जाए, प्रत्यगात्मा रूप साक्षी को बिना विषय किये व्यक्ति उस परब्रह्म को साक्षात् नहीं देख पाता है । भाव यह है कि प्रत्यगात्मा को बिना विषय किया हुआ ज्ञान साक्षात्कार से रहित होने के कारण परोक्ष ज्ञान ही है ।

ब्रह्म के परोक्ष ज्ञान के प्रमात्व का विचार करते हैं ।

अर्थ - शास्त्रों में कहे गये मार्ग से ही सच्चिदानन्द ब्रह्म का निश्चय होता है, इसलिये वह ज्ञान परोक्ष होते हुए भी तत्त्वज्ञान ही है, भ्रम नहीं है ।।१९।।

व्याख्या - धर्म और ब्रह्म इन दोनों का ज्ञान शास्त्रैकसमधिगम्य होने से प्रमाणान्तरों से उनका ज्ञान होना संभव नहीं है । अतः वेद-शास्त्रों में बताये गये मार्ग से ही ब्रह्म के यथार्थ स्वरूप का ज्ञान हो सकता है । ब्रह्म के सच्चिदानन्दत्व का निश्चय एकमात्र शास्त्र के द्वारा ही संभव है । यद्यपि यह ज्ञान परोक्ष ही है तथापि इसे तत्त्वज्ञान ही कहा गया है । शास्त्रजन्य ज्ञान को कहीं पर भी भ्रमज्ञान नहीं कहा गया है अतः परोक्ष होते हुए भी शास्त्रजन्य ज्ञान तत्त्वज्ञान ही है, भ्रम नहीं है ।

स्वात्मस्वरूपे ब्रह्मणि कथं परोऽक्षत्त्वमिति तद्विशदीकरणम् -

ब्रह्म यद्यपि शास्त्रेषु प्रत्यक्त्वेनैव वर्णितम् ।
महावाक्यैस्तथाप्येतद्दुर्बोधमविचारिणः॥२०॥

अन्वयः - यद्यपि शास्त्रेषु महावाक्यैः ब्रह्म प्रत्यक्त्वेनैव वर्णितम् । तथापि एतत् अविचारिणः दुर्बोधम्।

व्याख्या :- सच्चिदानन्दात्मकं परं ब्रह्मेति शास्त्रोपदिष्टं ज्ञानं प्रत्यग्व्यक्तनुल्लेखित्त्वाद्भवतु परोक्षम्। तत्त्वमसीत्यादिवाक्यैः प्रत्यग्रूपत्त्वमपि तस्य बोद्धयत इति तच्छास्त्रजन्यज्ञानस्य प्रत्यग्व्यक्त्युल्लेखित्त्वादा-परोक्ष्यं कुतो हेतोर्नेतीत्याशङ्क्यते । "अव्यावृत्ताननुगतं वस्तु ब्रह्मेति भण्यते। ब्रह्मार्थो दुर्लभोऽत्र स्याद्द्वितीये सति वस्तुनी"ति वार्तिकाद्ब्रह्मणः परोक्षज्ञानमेवानुपपन्नम् । सत्यज्ञानादिवाक्यैर्ब्रह्मण-स्सच्चिदानन्दरूपत्त्वमिव तत्त्वमस्यादिवाक्यैः प्रत्यग्रूपत्त्वमपि तस्य बोद्धयत एवातश्शास्त्रजन्यस्यापि ज्ञानस्य प्रत्यग्व्यक्त्यनुल्लेखित्त्वादपरोक्षमेवेत्याशङ्कायामाह । यद्यपि शास्त्रेषु वेदान्तेषु महावाक्यैः प्रत्यक्परमात्मैक्यबोधकैरखण्डार्थद्योकतैस्तत्त्वमस्यादिमहावाक्यैर्ब्रह्मप्रत्यक्त्वेनैव प्रत्यगात्मत्त्वेनैवा-परोक्षतयैव वर्णितमुपदिष्टम् । तथाप्येतत्प्रत्यग्रूपमन्वयव्यतिरेकाभ्यां तत्त्वंपदार्थविवेकशून्यस्य विचारिणो मननादेरभावात्तत्त्वंपदार्थविवेकशून्यस्यैतदपरोक्षज्ञानमुत्पद्यते। तज्ज्ञानं सुखेन नावगम्यमित्यतो हेतोस्तत्त्वमस्यादिवाक्यमप्यपरोक्षज्ञानजनकं भवतीति भाव इति शम् ।।

विचारमन्तरेण देहात्मत्त्वादिविभ्रान्तेर्निरासो न सम्भवतीति निरूपणम् -

देहाद्यात्मत्वविभ्रान्तो जाग्रत्यान्न हठात्पुमान् ।
ब्रह्मात्मत्वेन विज्ञातुं क्षमते मन्दधीत्वतः॥२१॥

अन्वयः - देहाद्यात्मत्वविभ्रान्तौ जाग्रत्यां पुमान् मन्दधीत्वतः हठात् ब्रह्म आत्मत्वेन विज्ञातुं न क्षमते।

विचार रहित महावाक्य भी अपरोक्ष ज्ञान कराने में समर्थ नहीं है, इसका वर्णन करते हैं।

अर्थ - यद्यपि शास्त्रों में महावाक्यों के द्वारा ब्रह्म का प्रत्यक् रूप से वर्णन किया गया है तथापि विचार रहित पुरुषों के लिये उसका बोध होना अशक्य है ।।२०।।

व्याख्या - सत्य-ज्ञानादि रूप परब्रह्म का शास्त्रोपदिष्ट ज्ञान प्रत्यगात्मा को विषय न करने के कारण भले ही परोक्ष ज्ञान हो किन्तु ***"तत्त्वमसि"*** आदि महावाक्यों के द्वारा ब्रह्म का प्रत्यग्रूपत्व बोधित होता है, अतः शास्त्रजन्य ज्ञान भी प्रत्यगात्मा को विषय करने वाला होने के कारण अपरोक्ष रूप क्यों न होगा ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि यद्यपि उपनिषदों में ***"तत्त्वमसि"*** आदि महावाक्यों के द्वारा ब्रह्म को प्रत्यक् रूप से अर्थात् अपरोक्ष रूप से कहा गया है तथापि जो पुरुष विचार रहित हैं अर्थात् मननादि के अभाव से तत् और त्वं पदार्थ के विवेक से रहित हैं, उनके लिये उक्त महावाक्यजन्य ज्ञान होना दुर्लभ है अर्थात् बिना विचार के अपरोक्ष ज्ञान होना संभव नहीं है । अतः विचार रहित महावाक्य भी अपरोक्ष ज्ञान कराने में समर्थ नहीं है ।

विचार के बिना महावाक्य का दुबोधत्व क्यों है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ - जब तक देहादि में आत्मभाव की भ्रान्ति विद्यमान है तब तक मनुष्य अपनी मन्द बुद्धि के कारण हठ पूर्वक आत्मरूप से ब्रह्म का ज्ञान प्राप्त करने में समर्थ नहीं होता ।।२१।।

व्याख्या :- सर्वं तत्त्वज्ञानं प्रमाणाधीनम् । प्रमाणं च महावाक्यादिरूपं वेदान्तेषूपलभ्यते । तैरेव ब्रह्मात्मतत्त्वं समवगम्यते । एवञ्च विना विचारं तस्य सिद्धेः कथं दुर्बोधत्त्वम् ? इत्येवं प्रश्ने उत्तरमाह । देहाद्यात्मत्त्वविभ्रान्तौ स्थूलदेहादिकोशपञ्चकमेवात्मेति विशेषेण भ्रान्तौ जाग्रत्यां मन्दधीत्त्वतो द्वैतविवेचनासमर्थत्त्वात्पुमान् हठात्करणमनपेक्ष्यैवात्मत्त्वेन ब्रह्म विज्ञातुं न क्षमते । चिरकालाभ्यस्तद्वैत-विवेचनारूढदृढज्ञानस्यैव तत्साध्यतेत्याशयः । ब्रह्मात्मैकत्त्वापरोऽक्षज्ञानविरोधिनो देहेन्द्रियादिष्वात्मत्त्व-भ्रमस्य विचारनिवर्त्यस्य सद्भावात्तन्निवृत्तये विचारोऽपेक्ष्यत इति शम् ।।

द्वैतमद्वैतविरोधि । न द्वैतविरोद्धयद्वैतमिति निरूपणम् -

ब्रह्ममात्रं सुविज्ञेयं श्रद्धालोश्शास्त्रदर्शिनः ।
अपरोक्षद्वैतबुद्धिः परोक्षाद्वैतबुद्ध्यनुत् ।।२२।।

अन्वयः - अपरोक्षद्वैतबुद्धिः परोक्षाद्वैतबुद्ध्यनुत्। श्रद्धालोः शास्त्रदर्शिनःब्रह्ममात्रं सुविज्ञेयम् ।

व्याख्या :- देहेन्द्रियप्राणमनोधीगोचरद्वैतविभ्रान्तौ सत्यां जाग्रत्यामद्वितीयब्रह्मगोचरं परोक्षज्ञानमपि दुर्घटमेव स्यादित्याशङ्कायां परोक्षद्वैतभ्रमस्य परोक्षाद्वैतज्ञानाविरोधित्त्वाच्छ्रद्धालूनां भाग्यवतां पुंसां

व्याख्या - समस्त तत्त्वज्ञान प्रमाण के अधीन है और प्रमाण महावाक्यादि रूप वेदान्तों में उपलब्ध होते हैं, उन्हीं के द्वारा ब्रह्मात्मतत्त्व का सम्यक् ज्ञान होता है । ऐसी स्थिति में बिना विचार के उनका दुर्बोधत्व कैसे है ? इस प्रश्न के उत्तम कहते हैं - जब तक देहादि में आत्मभाव की भ्रान्ति अर्थात् स्थूल देहादि कोशपञ्चक ही आत्मा है, इस प्रकार की विशेष भ्रान्ति विद्यमान है, तब तक मनुष्य को आत्मसाक्षात्कार नहीं हो सकता । इसका क्या कारण है ? तो कहते हैं कि मन्द बुद्धि होने के कारण द्वैत का विवेचन करने में असमर्थ पुरुष हठ पूर्वक अर्थात् कारण की अपेक्षा किये बिना ही ब्रह्म को आत्मरूप से जानने में समर्थ नहीं होता है । भाव यह है कि चिरकाल से अभ्यस्त द्वैतविवेचनारूढ़ दृढ़ज्ञान के द्वारा ही वह साध्य है । अपने शरीर को ही अपना अस्तित्व समझने वाले को विचार करने पर भी आत्मज्ञान नहीं होता । इस दोष की ओर गोस्वामी जी इस प्रकार संकेत करते हैं ।

भरत प्रेमु तेहि समय जस तस कहि सकइ न शेषु ।
कबिहि अगम जिमि ब्रह्मसुखु अहमम मलिन जनेषु ।।

और समुद्रतट पर सम्पाती ने वानरों को बताया कि जब मैं पंखहीन होकर भूमि पर गिरा तो चन्द्रमा नामक मुनि ने मुझ पर बड़ी कृपा की और देहजनित अभिमान छुड़ाया ।

मुनि इक नाम चंद्रमा ओही । लागी दया देखि करि मोही ।।
बहु प्रकार तेहि ग्यान सुनावा । देह जनित अभिमान छुड़ावा ।।

तात्पर्य यह है कि देह में अहंता-ममता त्यागने पर ही आत्मज्ञान का उदय होता है और वह भी भली-भाँति विचार करने पर ही ।

द्वैत अद्वैत का विरोधी है किन्तु अद्वैत द्वैत का विरोधी नहीं है, इसका वर्णन करते हैं।

अर्थ - अपरोक्ष द्वैतबुद्धि परोक्ष द्वैतबुद्धि की विरोधी नहीं है, इसलिये श्रद्धालु शास्त्रदर्शी मनुष्य परोक्ष रूप से ब्रह्ममात्र को भली-भाँति जान सकता है ।।२२।।

व्याख्या - देहादि में आत्मत्व की भ्रान्ति जब तक विद्यमान है तब तक तो अद्वितीय ब्रह्म विषयक

शास्त्रात्परोक्षज्ञानमुत्पद्यत इत्याह । श्रद्धालोः श्रद्धा गुरुवेदान्तवाक्येषु विश्वासः। श्रद्धालक्षणं – "शास्त्रस्य गुरुवाक्यस्य सत्यबुद्ध्यवधारणा । सा श्रद्धा कथिता सद्भिः यया वस्तूपलभ्यते।।" तद्वतश्शास्त्रदर्शिनः पूर्वापरपर्यालोचनापूर्वकशास्त्रार्थज्ञानसहितस्य ब्रह्ममात्रं ब्रह्मसत्तामात्रं सुविज्ञेयं सम्यक्परोक्षत्त्वेन विज्ञातुं योग्यम् । ब्रह्मास्तीति परोक्षज्ञाने शास्त्रपरिशीलनं श्रद्धालुता चेत्युभे साधिके इति यावत् । यतः कारणात्परोक्षद्वैतबुद्ध्यनुदयपरोक्षद्वैतबुद्धिरतो हेतोर्ब्रह्ममात्रं सुविज्ञेयमिति भावः । द्वैतज्ञाने जाग्रति सति कथं परोक्षस्यापि ब्रह्मज्ञानस्य सिद्धिरित्याशङ्कां दूरीकरोति । अपरोक्षद्वैतबुद्धिः प्रत्यक्षतो द्वैतस्यानुभवः परोक्षाद्वैतबुद्ध्यनुदद्वितीयब्रह्मणः परोक्षज्ञानस्याविरोधी। न ह्यपरोक्षं नवत्त्वज्ञानं दशमोऽस्तीति परोक्षज्ञानेन विरुद्ध्यत इत्याशयः । अत एव गौडपादाः "स्वसिद्धान्तव्यवस्थासु द्वैतिनो निश्चिता दृढम् । परस्परं विरुद्ध्यन्ते तैरयं न विरुद्ध्यते ।।" इति वदन्ति । तस्माद्द्वैतमद्वैतविरोधि। न तु द्वैतविरोद्ध्यद्वैतमिति दिक् ।।

अपरोक्षभ्रमस्य परोऽक्षसम्यज्ज्ञानाविरोधित्त्वे दृष्टान्तप्रदर्शनम् –

अपरोक्षशिलाबुद्धिर्न परोक्षेशतान्नुदेत् ।
प्रतिमादिषु विष्णुत्वे को वा विप्रतिपद्यते ।।२३।।

अन्वयः – अपरोक्षशिलाबुद्धिः परोक्षेशतां न नुदेत् । प्रतिमादिषु विष्णुत्वे कः वा विप्रतिपद्यते।

व्याख्या :– यथा वा मन्दधीत्त्वेन पञ्चकोशविवेचनक्षमकुशाग्रबुद्धित्त्वाभावादपरोक्षज्ञानमद्वैत–

परोक्ष ज्ञान भी होना संभव नहीं है । इस शंका पर कहते हैं कि अपरोक्ष द्वैतबुद्धि परोक्ष द्वैतबुद्धि की विरोधी न होने से देहादि में आत्मत्व भ्रान्ति के नष्ट हुए बिना भी ब्रह्म का परोक्ष ज्ञान संभव है । जो श्रद्धालु है अर्थात् गुरु तथा वेदान्तवाक्यों में दृढ़ विश्वास रखने वाला है, ऐसा शास्त्रदर्शी मनुष्य अर्थात् पूर्वापर का पर्यालोचन करके शास्त्र के अर्थ को जानने वाला मनुष्य ब्रह्ममात्र को अर्थात् ब्रह्म की सत्ता मात्र को सम्यक् रूप से जान सकता है अर्थात् परोक्ष रूप से ब्रह्म को जानने में समर्थ है । भाव यह है कि शास्त्रों का परिशीलन और श्रद्धालुता ब्रह्म के अस्तित्व के साधक है ।***"श्रद्धावान् लभते ज्ञानम्"*** श्रद्धावान् ही ज्ञान प्राप्त कर सकता है । द्वैतज्ञान के रहते हुए ब्रह्म का परोक्ष ज्ञान भी कैसे हो सकता है ? इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि अपरोक्ष द्वैतबुद्धि परोक्ष अद्वैतबुद्धि की विरोधी नहीं है अर्थात् प्रत्यक्ष रूप से अनुभव में आनेवाला द्वैतभ्रम परोक्ष ब्रह्मज्ञान का विरोधी नहीं है । श्रीगौडपादाचार्य जी ने इसीलिये माण्डूक्य कारिका में कहा है कि–

स्वसिद्धान्तव्यवस्थासु द्वैतिनो निश्चिता दृढम् ।
परस्परं विरुध्यन्ते तैरयं न विरुध्यते ।। (गौ.का. ३/१७)

अर्थात् – द्वैतवादी स्वरचित सिद्धान्तों की व्याख्या में अनुरक्त और दृढ़ाग्रहवान होने के कारण अद्वैत का विरोध करते हैं किन्तु यह अद्वैतात्मदर्शन वैदिक सिद्धान्त सब से अभिन्न होने के कारण उनसे विरोध नहीं करता । तात्पर्य यह है कि द्वैत तो अद्वैत का विरोधी है किन्तु अद्वैत द्वैत का विरोधी नहीं है ।

पूर्वोक्त कथन में दृष्टान्त देते हैं ।

अर्थ – शिला में अपरोक्षबुद्धि ईश्वर में परोक्षबुद्धि का नाश नहीं करती । प्रतिमा आदि में विष्णुत्व का होना किसी के लिये विवाद का विषय नहीं है ।।२३।।

ब्रह्मात्मैक्यविषयकं नोदेति । तथा अत्रापरोक्षद्वैतबुद्धावपि देहाद्यात्मत्त्वबुद्धिवज्जाग्रत्यां परोक्षब्रह्मज्ञानमपि कथं स्यादित्यत्र दृष्टान्तमुपदर्शयति । न ह्यपरोक्षनवत्त्वज्ञानमपि परोक्षं यद्दशमोऽस्तीत्याप्तवाक्यजन्यं ज्ञानं प्रतिविरुणद्धि ? अपरोक्षशिलाबुद्धिः प्रत्यक्षतया सिद्धा शालग्रामनार्मदबाणलिङ्गशोणभद्रादिशिला-विषयबुद्धिः परोक्षेशतां परोक्षमीशज्ञानं न नुदेन्न नाशयेत् । तत्र विरोधाभावं चानुभवेन प्रदर्शयति । प्रतिमादिषु प्रत्यक्षेषु विष्णुत्त्वे वस्तुगत्या चतुर्भुजादिविशिष्टविष्णुसत्त्वविषये शास्त्रबोधिते को वा विप्रतिपद्यते विवदते । तस्माद्युक्तमेव प्रकृतोक्तमिति शम् ।।

प्रतिमादिष्वश्रद्धालवोऽपि केचन सन्तीति न त उदाहार्या इति निरूपणम् -

अश्रद्धालोरविश्वासो नोदाहरणमर्हति ।
श्रद्धालोरेव सर्वत्र वैदिकेष्वधिकारतः ।।२४।।

अन्वयः - अश्रद्धालोः अविश्वासः उदाहरणं न अर्हति। सर्वत्र वैदिकेषु श्रद्धालोः एव अधिकारतः।

व्याख्या :- तत्रापि केषाञ्चिदश्रद्धोपलभ्यत इत्यतो विप्रतिपद्यमाना अपि सन्तीत्याशङ्कायां वैदिकेषु विषयेष्वश्रद्धालवो न प्रमाणमिति स्पष्टयति । सर्वत्र वैदिकेषु वेदविहितानुष्ठानविषयेषु श्रद्धालोरेव वेदविश्वासयुक्तस्यैवाधिकारतोऽधिकृतत्त्वात् । आप्तवाक्य आस्तिक्यबुद्धिश्श्रद्धा । तत्कार्यं तु फलावश्यम्भावनिश्चयो विश्वास इति श्रद्धाविश्वासयोर्भेदो ज्ञेयः । सर्वेषु कर्मसु श्रद्धावतामेवाधिकार इति यतो निर्णयस्तस्मादश्रद्धालोर्नास्तिकस्याविश्वास उदाहरणं नार्हति । श्रद्धा च श्रुतिवाक्ये

व्यख्या - जैसे मन्दबुद्धि के कारण पञ्चकोश विवेचन करने योग्य कुशाग्रबुद्धि के अभाव में ब्रह्मात्मैक्य विषयक अपरोक्ष ज्ञान नहीं होता है, उसी प्रकार देहादि में आत्मत्व बुद्धि के रहते हुए परोक्ष ज्ञान भी नहीं होना चाहिये । इस शंका का दृष्टान्त पूर्वक निराकरण करते हैं । अपरोक्ष शिलाबुद्धि अर्थात् शालग्राम आदि प्रत्यक्ष सिद्ध शिलादि विषयक बुद्धि परोक्ष ईश्वरबुद्धि का नाश नहीं करती अर्थात् ईश्वर में परोक्षबुद्धि को नष्ट नहीं करती । विरोध का अभाव अनुभव पूर्वक दर्शाते हैं । प्रतिमा आदि में विष्णुत्व के विषय में कौन विवाद करेगा ? अर्थात् प्रतिमादि में प्रत्यक्ष रूप से विष्णुत्व का दर्शन होने पर भी चतुर्भुजादि-विशिष्ट विष्णु भगवान् के अस्तित्व के विषय में कोई विवाद नहीं करता । भाव यह है कि जैसे प्रतिमा में अपरोक्षता और शास्त्रबोधित चतुर्भुजादि-विशिष्ट विष्णु भगवान् में परोक्षता परस्पर बाधक नहीं है, इसी प्रकार अपरोक्ष रूप देहाभिमान और परोक्ष रूप से ब्रह्म में अद्वैतबुद्धि होना परस्पर विरुद्ध नहीं है । अतः देहात्मबुद्धि के रहते हुए भी श्रवणादि के द्वारा परोक्ष ब्रह्मज्ञान प्राप्त किया जा सकता है।

नास्तिकों का अविश्वास उक्त विषय में प्रमाण नहीं है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - श्रद्धाहीन की अनास्था उदाहरण के योग्य नहीं है क्योंकि सम्पूर्ण वेदविहित अनुष्ठानों में श्रद्धालु का ही अधिकार है ।।२४।।

व्याख्या - पिछले श्लोक में पाषाण आदि की प्रतिमाओं में परोक्ष रूप विष्णुत्व की मान्यता स्वीकार की गयी । यहाँ शंका होती है कि कुछ लोग प्रतिमा आदि में विश्वास नहीं करते हैं तो फिर आप कैसे कहते हैं कि प्रतिमा आदि में विष्णुत्व का होना कोई विवाद का विषय नहीं है । इसके उत्तर में कहते हैं कि सम्पूर्ण वेदविहित कर्मानुष्ठान के विषय में श्रद्धालु का अर्थात् वेद में विश्वास करने वाले का ही

प्रामाण्यबुद्धिरेव। विश्वासश्च तत्कार्यभूतस्य फलस्यावश्यंभावित्त्वनिश्चय इति वेदप्रामाण्यबुद्धिरे-वास्तिकत्त्वलक्षणमिति ज्ञेयमिति दिक् ।।

परोक्षज्ञानस्य विचार्यानर्हत्त्वप्रदर्शनम् -

सकृदाप्तोपदेशेन परोक्षज्ञानमुद्भवेत् ।
विष्णुमूर्त्युपदेशो हि न मीमांसामपेक्षते ।।२५।।

अन्वयः- सकृत् आप्तोपदेशेन परोक्षज्ञानम् उद्भवेत् । हि (यतः) विष्णुमूर्त्युपदेशः मीमांसां नअपेक्षते।

व्याख्या :- एवं परोक्षज्ञानसिद्धिर्न कामपि मीमांसामर्हत्येतद्दर्शयति । सकृदेकवारमाप्तोपदेशेन सकृदेव यस्य कस्यचिदाप्तस्य यथार्थज्ञस्यानन्यथावादिन उपदेशेन परोक्षज्ञानमुद्भवेत् । तदेवोक्तमर्थं लोकानुभवतोऽर्थान्तरन्यासालङ्कारेण समर्थयति । विष्णुमूर्त्युपदेशो हि मीमांसां विचारणां नापेक्षते हि। तस्मान्न परोक्षविचारः कोऽपि मीमांस्य इति शम् ।।

विचारस्सर्वोऽपि कर्मोपास्तिविषय एवेति निरूपणम् -

कर्मोपास्ती विचार्येते अनुष्ठेयाविनिर्णयात् ।
बहुशाखाविप्रकीर्णन्निर्णेतुङ्कः प्रभुर्नरः ।।२६।।

अन्वयः - अनुष्ठेयाविनिर्णयात् कर्मोपास्ती विचार्येते । बहुशाखाविप्रकीर्णं निर्णेतुं नरः कः प्रभुः।

अधिकार होने के कारण जो अश्रद्धालु अर्थात् नास्तिक हैं, उनका अविश्वास (अनास्था) उदाहरण के योग्य नहीं है । श्रुतिवाक्य में प्रामाण्यबुद्धि को श्रद्धा कहते हैं और श्रुति में वर्णित कर्मानुष्ठान का फल अवश्य प्राप्त होगा इस प्रकार का निश्चय विश्वास कहलाता है । अतः श्रद्धाहीन की अनास्था उक्त विषय में प्रमाण नहीं है । यहाँ गूढाभिसन्धि यह है कि वेदों में प्रमाण्यबुद्धि होना ही आस्तिकता का लक्षण है।

परोक्ष ज्ञान की सिद्धि किसी मीमांसा के अधीन नहीं है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ - एकबार ही आप्तपुरुष के उपदेश से परोक्ष ज्ञान उत्पन्न हो सकता है । जैसे विष्णु की मूर्ति का उपदेश मीमांसा की अपेक्षा नहीं रखता है ।।२५।।

व्याख्या - अब तक के ग्रन्थ से परोक्ष ज्ञान के विषय में क्या प्रयोजन सिद्ध हुआ ? इस शंका के उत्तर में उक्तार्थ को लोकानुभव से दृढ़ करते हुए कहते हैं कि परोक्ष ज्ञान के लिये बहुत तर्क-वितर्क की आवश्यकता नहीं है । ज्ञान ग्रहण करने वाले में श्रद्धा होनी चाहिये और ज्ञान देने वाला आप्तपुरुष होना चाहिये । **अधिकारी और विश्वसनीय पुरुष ही आप्तपुरुष है**, ऐसे आप्तपुरुष के द्वारा एकबार के उपदेश से ही परोक्ष ज्ञान उत्पन्न हो सकता है । उक्तार्थ को पूर्वोक्त दृष्टान्त से स्पष्ट करते हैं, जैसे विष्णु की मूर्ति का उपदेश मीमांसा की अपेक्षा नहीं रखता है । अर्थात् आप्तपुरुष विष्णु भगवान् की मूर्ति दिखाकर किसी से यह कहता है कि यह मूर्ति साक्षात् विष्णु ही है, तो वह श्रद्धालु व्यक्ति उतने कथनमात्र से ही उसे स्वीकार कर लेता है, वहाँ तर्क-वितर्क की आवश्यकता नहीं होती । उसी प्रकार निर्गुण ब्रह्म का उपदेश देने वाले आचार्य शास्त्रप्रमाण उद्धृत कर उसके लक्षण बता देते हैं तो सुनने वाला उतने से ही ब्रह्म का परोक्ष ज्ञान प्राप्त कर लेता है । वहाँ विचार की आवश्यकता नहीं होती है ।

शास्त्रार्थविचार के विस्तार का कारण बताते हैं ।

अर्थ - कर्म और उपासनाएँ अनिर्णीत होने के कारण इन दोनों का (शास्त्रों में) विचार किया गया

व्याख्या :- एवं चेत्तर्हि शास्त्रेषु कुतो विचाराः क्रियन्ते द्वादशलक्षणीप्रभृतिकर्मादि-विचारशास्त्रं व्यर्थमेव स्यादिति शङ्कायामनुष्ठेययोस्तयोर्विषये सन्देहसंभवात्तन्निर्णयाय प्रवर्त्यन्ते विचारा इत्याशयेनाह। अनुष्ठेयाविनिर्णयादाचरणयोग्यस्य पक्षस्य मन्दधियां निश्चयाभावेन तन्निर्णयाय कर्मोपास्ती कर्मोपासनारूपे सद्भिरनुसरणीये उभे अपि विचार्यते । कुतो हेतोरनिर्णय इति सन्देहसम्भवमुपपादयति। बहुशाखाविप्रकीर्णं बह्वीषु वेदशाखासु "अनन्ता वै वेदा" इति वचनप्रसिद्धासङ्ख्याकशाखासु विप्रकीर्णं विशेषेण तत्र तत्र विक्षिप्तं कर्मोपासनारूपमेकत्र समाहृत्य सारतस्सङ्गृह्य निर्णेतुं को नरः प्रभुस्समर्थः न कोऽपीत्यस्मदादिजनानामसामर्थ्यं दृष्ट्वा दिव्यैर्महर्षिभिः कृपालुभिर्विचाराः प्रवर्तिता इति शम् ।।

कल्पसूत्रकारादिभिः कर्मोपास्ती निपुणतरं निर्णीते इति निरूपणम् -

निर्णीतोऽर्थः कल्पसूत्रैर्ग्रथितस्तावतास्तिकः।
विचारमन्तरेणापि शक्तोऽनुष्ठातुमञ्जसा ।।२७।।

अन्वयः - निर्णीतः अर्थः कल्पसूत्रैः ग्रथितः तावता आस्तिकः विचारम् अन्तरेण अपि अञ्जसा अनुष्ठातुं शक्तः।

व्याख्या :- एवं चेत्तर्हि कर्मोपास्त्योरस्मदादिमन्दबुद्धीनां निर्णयासामर्थ्यादननुष्ठेयत्त्वमेव प्रसज्येतेत्याशङ्कायां तयोर्निर्णीतत्त्वान्महर्षिभिः कल्पसूत्रकारादिभिरिति न पृथगस्माभिर्निर्णेयोऽस्ति निश्चितत्त्वादित्याह । जैमिन्यादिभिराचार्यैः पूर्वतनैर्बहुशाखाविप्रकीर्णस्य कर्मकाण्डस्याग्निहोत्रादि-

---

है । क्योंकि वेदों की बहुत शाखाओं में फैले कर्म और उपासनाओं का निर्णय करने के लिये कौन पुरुष समर्थ है ?।।२६।।

व्याख्या - यदि विचार की अपेक्षा नहीं है तो फिर शास्त्रों में कर्म और उपासना सम्बन्धी विचार क्यों किये जाते हैं ? यदि विचार निरर्थक हैं तो फिर द्वादशलक्षणी मीमांसा शास्त्र ही व्यर्थ हो जाएगा । इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि अनुष्ठेय कर्म और उपासनाएँ अनिर्णीत होने के कारण उनका शास्त्रों में विचार किया गया है । कर्म और उपासनाएँ अनिर्णीत क्यों हैं ? इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि वेदों की अनेकों शाखाएँ हैं ***"अनन्ता वै वेदाः"*** इस वेदवचनानुसार वेदों को अनन्त कहा गया है । उन-उन शाखाओं में अनेक प्रकार से कर्म और उपासनाओं का प्रतिपादन किया गया है । उन बहुत शाखाओं में फैले हुए कर्म और उपासनाओं के स्वरूप को एकत्र कर उनका निर्णय करने में कौन सामान्य पुरुष समर्थ हो सकता है ? अर्थात् कोई नहीं । भाव यह है कि सामान्य जनों के असामार्थ्य को देखकर उन पर कृपा करने के लिये कृपालु आचार्यों ने उनकी मीमांसा की है ।

कल्पसूत्रकारादि ने कर्म और उपासना का निर्णय निपुणतया किया है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - कल्पसूत्रों के द्वारा (कर्म के विषय में) निर्णीत अर्थ (आचार्यों ने) संग्रहीत किया हुआ है अतः आस्तिक पुरुष (उनकी सहायता से) बिना विचार किये भी शीघ्र अनुष्ठान करने के लिये समर्थ है ।।२७।।

व्याख्या - जब कोई भी मनुष्य निर्णय करने में समर्थ ही नहीं है, तब तो कर्म और उपासना का अनुष्ठान करना ही संभव न होगा, अर्थात् इनके अनुष्ठान का प्रसंग ही प्राप्त न होगा । इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि जैमिनि, बौधायन, आश्वलायन, शांखायन, आपस्तम्ब और वैखानस आदि पूर्वाचार्यों ने

लक्षणस्यार्थोऽनुष्ठेयपदार्थस्सर्वोऽपि निश्चितः । कल्पसूत्रकारैर्बह्वीभ्यश्शाखाभ्य एकत्र समाहृत्य सम्यग्ग्रथित एकस्मिन्ग्रन्थे यथैकस्मिन्सूत्रे मालाकारः पुष्पाणि विविधानि सङ्गृह्णाति तद्वन्निबद्धः । तावता तैर्ग्रथितत्त्वेनैव हेतुनास्तिकस्तेषु महर्षिषु विश्वासबुद्धिमान्विचारमन्तरेणापि विनैव विचारमञ्जसा शीघ्रं यथावदनुष्ठातुं शक्तस्समर्थो भवतीति शम् ।।

उपास्तिनिर्णयोऽपि वासिष्ठादिषु निर्णीत इति निरूपणम् –

उपास्तीनामनुष्ठानमार्षग्रन्थेषु वर्णितम् ।
विचाराक्षममर्त्याश्च तच्छ्रुत्वोपासते गुरोः ।।२८।।

अन्वयः – आर्षग्रन्थेषु उपास्तीनाम् अनुष्ठानम् वर्णितम् । विचाराक्षममर्त्याः च तत् गुरोः श्रुत्वा उपासते।

व्याख्या :– शास्त्रोक्तोपास्तीनामनुष्ठाननिर्णयस्याभावात्कथं शक्यते कर्तुमित्याकाङ्क्षायां ब्राह्मवासिष्ठादिग्रन्थेषु तन्निर्णयस्योपलभ्यमानत्त्वादनुष्ठानसम्भव इत्याह । आर्षग्रन्थेषु पुराणादिषु ब्राह्मवासिष्ठादिषूपास्तीनामुपासनानामनुष्ठानमनुष्ठितप्रकारविशेषो वर्णितं सुष्ठूपपादितम् । "इतिहासपुराणाभ्यां वेदार्थमुपबृंहये"दिति स्मृतेः । अनेकशास्त्रं बहुवेदितव्यमल्पश्च कालो बहवश्च विघ्ना" इति वचनात्स्वयमेव विचार्य निर्णेतुमपर्याप्तोऽयमायुष्काल इति गूढाभिसन्धिराह । तत्तस्माद्धेतोर्विचाराक्षमा विचारासमर्था मर्त्या मानवाश्शास्त्रेषूक्तं तदुपासनं गुरोश्श्रीमुखारविन्दाच्छृत्त्वा सम्यगवत्य समुपासत इति शम् ।।

अनेकों शाखाओं में फैले हुए कर्मकाण्ड का भली-भाँति निर्णय कर निपुणतया उनको सूत्र रूप में निबद्ध किया है, जिन्हें कल्पसूत्र कहते हैं । उन कल्पसूत्रों में उन्होंने कर्म के निर्णीत अर्थ को संग्रहीत किया है । जैसे माला बनाने वाला एक ही सूत्र में अनेकों पुष्पों का संग्रहण करता है, उसी प्रकार पूर्वोचार्यों ने कल्पसूत्रों में उनका संग्रहण किया है । इसलिये आस्तिक पुरुष उन कल्पसूत्रादि की सहायता से बिना कोई व्यर्थ का विचार किये अतिशीघ्र यथावत् कर्मों का अनुष्ठान कर सकता है ।

उपासना का भी विचार ग्रन्थों में उपलब्ध है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ – उपासनाओं के अनुष्ठान का प्रकार आर्ष ग्रन्थों में वर्णित है । विचार करने में समर्थ मनुष्य उन उपासनाओं को गुरुमुख से ग्रहण कर उनका अनुष्ठान करते हैं ।।२८।।

व्याख्या – जैमिनी आदि ऋषियों ने कल्पसूत्रों में कर्मकाण्ड का विचार किया है किन्तु उपासनाओं का विचार तो नहीं किया है तो फिर उपासनाओं का अनुष्ठान कैसे संभव है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि अन्य आर्ष ग्रन्थों में उन पर विचार किया गया है अतः उपासनाओं का अनुष्ठान भी साधारण मनुष्य के लिये संभव है । उपासनाओं के अनुष्ठान का प्रकार आर्ष ग्रन्थों में अर्थात् ऋषिप्रणीत पुराणादि और योगवासिष्ठादि अनेकों ग्रन्थों में भली-भाँति वर्णित है । इतिहास और पुराणों के द्वारा ही वेदों के सही अर्थ का ज्ञान होता है, इसलिये कहा गया है कि ***''इतिहासपुराणाभ्यां वेदार्थमुपबृंहयेत्'' (महा.)*** अतः इतिहास और पुराणों में वर्णित उपासनाएँ भी वेदोक्त ही हैं, ऐसा जानना चाहिये ।***''अनन्तशास्त्रं बहुवेदितव्यमल्पश्चकालो बहवश्च विघ्नाः''*** शास्त्र अनन्त हैं, जानने योग्य बहुत कुछ है, किन्तु जीवन बहुत अल्प है और उसमें भी अनेकों विघ्न हैं । अतः जो मनुष्य स्वयं विचार करने में असमर्थ हैं, वे उन उपासनाओं के स्वरूप को सद्गुरु के मुखारविन्द से श्रवण कर उनका भली-भाँति अनुष्ठान करते हैं अर्थात् कर सकते हैं।

कर्मोपास्त्योरनुष्ठितिराप्तोपदेशादिति निरूपणम् -

वेदवाक्यानि निर्णेतुमिच्छन्मीमांसतां जनः ।
आप्तोपदेशमात्रेण ह्यनुष्ठानं हि सम्भवेत् ॥२९॥

अन्वयः - जनः वेदवाक्यानि निर्णेतुम् इच्छन् मीमांसतां हि । आप्तोपदेशमात्रेण अनुष्ठानं हि संभवेत्।

व्याख्या :- कर्मोपासनाविषयकमीमांसायां केषामधिकारस्तदनुष्ठानविषये च केषामधिकार इति शङ्कायां पूर्वाचार्यैर्ग्रथितत्त्वात्साकल्येन मीमांसायास्साम्प्रतमाधुनिकैरनुष्ठेयमेव । अथापि केचन नवीना अपि मीमांसां प्रवर्तयन्ति तत्स्वस्वबुद्धिपरितोषयैवेत्याह । वेदवाक्यानि निगमवचनतात्पर्यं निर्णेतुमिच्छन्सप्रमाणं सयुक्तिकं वेदार्थस्य निर्णिनीषयाधुनातनोऽपि जनो मीमांसतां शास्त्रसहायेनार्थ-तत्त्वविचारणां करोतु । परन्तु विश्वासयुक्तस्याप्तोपदेशमात्रेणानुष्ठानं सम्भवेत् । निश्चयार्थको हीतिशब्दः। एवं चानुष्ठातुं मीमांसा नापेक्षते । आप्तोपदेशमात्रेण परोक्षज्ञाने कार्यसम्भवात् । अपरोक्षज्ञाने तु मीमांसा स्वयमेव कार्या स्वाज्ञानविनाशाय । अनुष्ठानदक्षा मीमांसां नापेक्षन्त इत्याशयः । "मान" धातोर्जिज्ञासार्थे "मान्वदधा"नित्यादिना सन्प्रत्ययोऽभ्यासे इकारो दीर्घश्च । इति शम् ॥

अपरोक्षज्ञाने तु विचारस्स्वयं कार्य इति प्रदर्शनम् -

ब्रह्मसाक्षात्कृतिस्त्वेवं विचारेण विना नृणाम् ।
आप्तोपदेशमात्रेण न सम्भवति कुत्रचित् ॥३०॥

अन्वयः - एवं नृणाम् ब्रह्मसाक्षात्कृतिः तु विचारेण विना आप्तोपदेशमात्रेण कुत्रचित् न संभवति।

केवल आप्तोपदेश से ही कर्म और उपासना संभव है, इसका निरूपण करते हैं।

अर्थ - वेदवाक्यों का निर्णय करने की इच्छा करता हुआ मनुष्य भले ही उनकी मीमांसा करे । परन्तु (कर्म और उपासना का) अनुष्ठान तो आप्तपुरुष के उपदेश से ही हो सकता है ॥२९॥

व्याख्या - पूर्वोक्त प्रकार से यदि कर्म और उपासना संभव है तो फिर आधुनिक मनुष्य उन वेदवाक्यों की मीमांसा क्यों करते हैं ? इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि आधुनिक मनुष्य अपनी-अपनी बुद्धि के सन्तोष के लिये ही उनकी मीमांसा करते हैं, अनुष्ठान की सिद्धि के लिये नहीं । इसलिये कहा कि वेदवाक्यों का निर्णय करने की इच्छा करता हुआ आधुनिक मनुष्य भले ही उनकी मीमांसा करे अर्थात् शास्त्रों की सहायता से वेदार्थ के तत्त्व का विचार भले ही करे । किन्तु उनके विचार से कर्मानुष्ठान की प्राचीन प्रणाली में कोई अन्तर नहीं आता, क्योंकि उनका अनुष्ठान तो प्राचीन आचार्यों के द्वारा वर्णित कल्पसूत्रादि के द्वारा ही ज्ञेय और अनुष्ठेय है । इसलिये कहा कि कर्म और उपासना का सम्यक् अनुष्ठान तो आप्तपुरुष अर्थात् गुरु के उपदेश मात्र से संभव है । श्लोक में 'हि' शब्द निश्चयार्थक है । भाव यह है कि अनुष्ठानदक्ष धीर पुरुष मीमांसा की अपेक्षा नहीं करते हैं ।

अपरोक्ष ज्ञान तो स्वयं के विचार से ही संभव है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - इस प्रकार मनुष्यों को विचार किये बिना आप्तपुरुष के उपदेश मात्र से ब्रह्म साक्षात्कार कदापि संभव नहीं है ॥३०॥

व्याख्या - जैसे ब्रह्म का परोक्ष ज्ञान और उसकी उपासना आप्तपुरुष के वचनमात्र से संभव है,

व्याख्या :- एवं तर्हि ब्रह्मोपासने परोक्षज्ञान इव ब्रह्मानुभवेऽपरोक्षज्ञाने नाप्तवाक्यमलमिति स्वयं विचारोऽवश्यं विधेयोऽन्यथा न सम्भवतीत्याह । शास्त्रादधिगतार्थस्य विचारेण विना मननादिना विनैवमाप्तोपदेशमात्रेण ब्रह्मसाक्षात्कृतिः कुत्रचिन्न संभवति । अतो विचारणावश्यं कर्तव्येति भावः। पितुर्वरुणस्योपदेशेन पुत्रो भृगुर्महत्तपस्तप्त्वान्नमयादिपञ्चकोशविचारेणैवानन्दं ब्रह्मेति स्वयं व्यजानादित्यपरोक्षविषये मीमांसा स्वयमेव विधेयेति शम् ।।

परोक्षापरोक्षज्ञानयोः प्रतिबन्धकः क इति विचारणम् -

परोक्षज्ञानमश्रद्धा प्रतिबध्नाति नेतरम् ।
अविचारोऽपरोक्षस्य ज्ञानस्य प्रतिबन्धकः।।३१।।

अन्वयः - अश्रद्धा परोक्षज्ञानम् प्रतिबध्नाति इतरत् न । अविचारः अपरोक्षस्य ज्ञानस्य प्रतिबन्धकः।

व्याख्या :- एवं चेत्तर्हि परोक्षापरोक्षज्ञानयोः के प्रतिबन्धके ? इत्यत्रोच्यते । आप्तोपदेश-मात्रेणोपासनमनुष्ठानोपयोगि भवति यद्यश्रद्धा तत्र भवेत्सैव प्रतिबन्धिका भवेत् । तथापरोक्षज्ञान-विषयेऽविचार एव प्रतिबन्धक इति तयोर्भेदं स्पष्टयति । यस्मादश्रद्धाविश्वास एव परोक्षज्ञानं प्रतिबध्नाति नेतरत् । अतस्तन्निवृत्तावाप्तानां सकृदुपदेशबलादेवाप्रतिबद्धं सत्परोक्षज्ञानजन्मोपपद्यते। अपरोक्षस्य ज्ञानस्य तु प्रतिबन्धकोऽविचार एव । यतो ह्यपरोक्षज्ञानस्याविचार एव प्रतिबन्धकोऽत एव

उसी प्रकार अपरोक्ष ज्ञान भी आप्तपुरुष के उपदेशमात्र से क्यों न होगा ? इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि शास्त्रों के अधिगत अर्थ का विचार किये बिना अर्थात् मनन किये बिना मनुष्यों को पूर्वोक्त आप्तोपदेश मात्र से ब्रह्मसाक्षात्कार (अपरोक्षज्ञान) होना कदापि संभव नहीं है । इसलिये विचार अवश्य करना चाहिये । पिता वरुण के उपदेश से पुत्र भृगु ने अन्नमयादि पाँच-कोशों का विचार करके आनन्दस्वरूप आत्मा को स्वयं ही जाना था । इसीलिये श्रीआद्यशंकराचार्य जी ने कहा है कि -

ऋणमोचनकर्तारः पितुस्सन्ति सुतादयः।
बन्धमोचनकर्ता तु स्वस्मादन्यो न कश्चन।। (वि.चू. ५३)

पिता के ऋण को चुकाने वाले तो पुत्रादि होते हैं किन्तु भवबन्धन से छुड़ाने वाला स्वयं से भिन्न और कोई नहीं है । जैसे सिरपर रखा हुआ बोझ तो अन्य व्यक्ति दूर कर सकता है परन्तु भूख-प्यास का दुःख स्वयं के सिवा कोई नहीं मिटा सकता । जैसे जो रोगी पथ्य का सेवन करता है, उसी को आरोग्य की प्राप्ति होती है, किसी और के द्वारा किये हुए औषध सेवन से अन्य का रोग निवृत्त नहीं होता, उसी प्रकार अपरोक्ष ज्ञान तो स्वयं विचार करके ही हो सकता है । बिना विचार के अपरोक्ष ज्ञान संभव नहीं है ।

अब परोक्ष और अपरोक्ष ज्ञान के प्रतिबन्ध का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - अश्रद्धा परोक्षज्ञान की बाधक है, अन्य कुछ नहीं, और अविचार अपरोक्ष ज्ञान का प्रतिबन्धक है ।।३१।।

व्याख्या - यदि ऐसा है तो फिर परोक्ष ज्ञान और अपरोक्ष ज्ञान के प्रतिबन्धक कौन हैं ? इस पर कहते हैं कि अश्रद्धा परोक्ष ज्ञान की बाधक है, अर्थात् जब तक अश्रद्धा रूपी रुकावट विद्यमान है तब तक परोक्ष ज्ञान होना संभव नहीं है । अश्रद्धा के अतिरिक्त उसका और कोई प्रतिबन्धक नहीं है अर्थात्

तज्ज्ञानप्रतिबन्धनिवृत्तये विचारं यथाशास्त्रमनुतिष्ठेत् । विचारद्वारातत्प्रतिबन्धनिवृत्तिरित्यतस्तद्विचारं विनाऽपरोक्षज्ञानं नोत्पत्स्यत इत्यतोऽवश्यं विचारो विधेय इति शम् ।।

आफलोदयं विचारस्य कर्तव्यतानिरूपणम् -

विचार्याप्यापरोक्ष्येण ब्रह्मात्मानन्न वेत्ति चेत् ।
आपरोक्ष्यावसानत्वाद्भूयो भूयो विचारयेत् ।।३२।।

अन्वयः - विचार्य अपि ब्रह्मात्मानम् अपरोक्षेण न वेत्ति चेत् । आपरोक्ष्यावसानत्वात् भूयः भूयः विचारयेत् ।

व्याख्या :- अपरोक्षज्ञानप्रतिबन्धकीभूताविचारनिराकरणार्थं विचारोऽप्यद्वैतशास्त्रस्य किं सकृदसकृद्वा कार्य इत्याशङ्कायां यावत्फलानुभवं स एव विधेय इति तस्य सकृदादिनियमस्तु नैवापेक्षत इत्याह । शास्त्रादवगतार्थौ तत्त्वंपदार्थौ सम्यग्विशोध्य विचार्यापि मननिदिध्यासने कृत्त्वापि महावाक्यार्थभूतं ब्रह्मात्मज्ञानं ब्रह्मात्मैकत्त्वं प्रत्यगभिन्नब्रह्मात्मानमापरोक्ष्येण न वेत्ति चेन्न विजानाति चेद्विचारस्यापरोक्ष्या-वसानत्त्वा''दावृत्तिसकृदुपदेशा''दिति सूत्रबलान्मुहुर्मुहुर्विचारयेत् । अपरोक्षज्ञानहेतोरन्यस्याभावाद्यावत्-ज्ञानोदयं पुनः पुनर्विचार एव कर्तव्यः । अस्यार्थस्य ज्ञापकं भगवत आरुणेर्नवकृत्त्वस्तत्त्वमसीति महावाक्यस्य सम्यग्विचारसम्पत्तय उपदेश एवेति शम् ।।

अविचार परोक्ष ज्ञान का बाधक नहीं है । तथा अपरोक्ष ज्ञान का बाधक अविचार ही है । अतः विचार के द्वारा अविचार की निवृत्ति के बिना अपरोक्ष ज्ञान होना संभव नहीं है । इसलिये अपरोक्ष ज्ञान के लिये विचार अवश्य करना चाहिये ।

जब तक विचार का फल प्राप्त न हो तब तक विचार करना चाहिये, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - (मुमुक्षु) विचार करने पर भी ब्रह्म से अभिन्न आत्मा को यदि अपरोक्ष रूप से नहीं जानता है तो उसे अपरोक्ष ज्ञान की उत्पत्ति पर्यन्त बार-बार विचार करना चाहिये ।।३२।।

व्याख्या - विचार करने पर भी यदि अपरोक्ष ज्ञान न हो तब क्या करना चाहिये ? इस प्रश्न के उत्तर में कहते हैं कि अपरोक्ष ज्ञान की सिद्धि पर्यन्त विचार ही करते रहना चाहिये । वेदान्त शास्त्रों का श्रवण कर उनके अर्थों को समझकर तथा उन पर विचार करने पर भी अर्थात् मनन और निदिध्यासन करने पर भी ब्रह्म से अभिन्न आत्मा को मुमुक्षु अपरोक्ष रूप से यदि नहीं जानता है तो उसे जब तक अपरोक्ष ज्ञान उत्पन्न न हो जाए, तब तक विचार ही करते रहना चाहिये । ***''आवृत्तिरसकृदुपदेशात्''*** (ब्र.सू. ४/१/१) इस ब्रह्मसूत्र में भी "अनेक बार उपदेश किया हुआ होने से विचार को बार-बार करने की आवश्यकता है" ऐसा कहा गया है । अतः बार-बार विचार करना चाहिये । क्योंकि विचार के अतिरिक्त अपरोक्ष ज्ञान प्राप्त करने का और कोई साधन नहीं है । इसलिये छान्दोग्य उपनिषद् में श्रीआरुणि ने अपने पुत्र को नो बार ''**तत्त्वमसि**'' का उपदेश किया, ऐसा कहा गया है ।

विहित आत्मविचारो न कदापि व्यर्थ इति निरूपणम् –

विचारयन्नामरणन्नैवात्मानं लभेत चेत् ।
जन्मान्तरे लभेतैव प्रतिबन्धक्षये सति।।३३।।

अन्वयः – आमरणं विचारयन् आत्मानं न एव लभेत चेत् ।जन्मान्तरे प्रतिबन्धक्षये सति लभेत एव।

व्याख्या :– यद्याजन्मब्रह्मविचारे कृतेऽप्यपरोऽक्षप्रमा नोदियात्तदापि न व्यर्थो विचारस्तत्फलस्य जन्मान्तरेऽप्यनुवर्तमानत्त्वादित्याह । आमरणं विचारयन्नपि स्वमात्मानं यथार्थतो न लभेत न साक्षात्करोति। यदि तर्हि साक्षात्कारः प्रतिबन्धक्षये सति प्रतिबन्धस्य दुरितस्य क्षयानन्तरं जन्मान्तरे ह्यापरोक्ष्यं लभेतैव । प्रतिबन्धस्तु भूतभविष्यद्वर्तमानभेदेन त्रिविधः । दैनन्दिनप्रलये स्वमात्मानं सङ्गच्छन्नपि नरो निरुक्तित्रिविधप्रतिबन्धवशात्पृथिव्यां निक्षिप्तस्य स्वगृहस्थस्य निधेरुपर्येव गमनागमनादिकुर्वन्नपि तदपरिज्ञानेन दारिद्र्यमनुभवन्निवात्मदारिद्र्यमनुभवति । अन्यस्साधकस्त्वञ्जनादिभिरुपायैर्निध्युपलम्भेन सुखित इव प्रतिबन्धमुक्तमार्गेणापनीयात्मसाम्राज्यमधिगच्छति। भूतप्रतिबन्धो नाम श्रवणात्पूर्व-कालिकस्नेहादिनिमित्तः । तादृशस्नेहादिविषयकोपाधिमनुसृत्य तत्त्वोपदेशे जातेऽपि ततश्च प्रतिबन्धकापगमे जडभरतेनेव तत्त्वमधिगच्छति । तथा विषयेष्वासक्तिः, प्रज्ञामान्द्यं, कुतर्ककरणं विपर्ययदुराग्रहश्चेति चतुर्विधवर्तमानप्रतिबन्धः । शमदमादिना विषयासक्तिर्निराकरणीया । श्रवणेन प्रज्ञामान्द्यं दूरीकर्तव्यम् । अनेकत्त्वाच्छ्रुतीनां तत्त्वनिश्चयेऽचतुरस्य विचारे कुण्ठीभवति बुद्धिः । तदैव श्रवणं कुर्यात् । श्रवणं नाम "तत्तु समन्वयादि"ति शास्त्रोक्तविधयाशेषवेदान्ताना"महं ब्रह्मास्मी"ति प्रत्यगभिन्नब्रह्मण्यद्वितीये परमं तात्पर्यमित्यवधारणा बुद्धिरेव । ईदृशं च श्रवणं केषाञ्चिन्नैव लभ्यते स्वस्वदुष्कर्मातिशयात् । कुतर्कश्च श्रुतस्याप्यर्थस्याखण्डैकरसस्याद्वितीयब्रह्मरूपस्यालौकिकत्त्वेन असंभावितत्त्वमथ वा श्रुतस्यार्थस्यान्यथोहनं शुष्कतर्कबलात् । तर्के शुष्कत्त्वं च श्रुतिवाक्यार्थाननुगृहीतत्त्वम् । तादृशकुतर्कनिवृत्तये श्रुत्यनुगृहीतोपपत्तिभिस्तर्कमनुसन्धाय मननं कुर्यात् । तदुक्तं भाष्यकारैः – "दुस्तर्कात्सुविरम्यतां श्रुतिमतस्तर्कोऽनुसन्धीयता"मिति । तन्मार्गस्सर्वोऽपि शारीरकमीमांसायां द्वितीयेऽविरोधाध्याये स्पष्टीकृतः । विपरीतभावना चात्मनः कर्तृत्त्वादिधर्मसाहित्यज्ञानम्। तत्र च दुराग्रहो युक्तिविरहितोऽभिनिवेशः । सोऽयं दुराग्रहो विनिवर्तते निदिध्यासनेन। चित्तैकाग्र्यलभ्यो

आत्मविचार की अनिरर्थकता का वर्णन करते हैं ।

अर्थ – मरणपर्यन्त विचार करते हुए भी यदि आत्मलाभ न हो तो जन्मान्तर में प्रतिबन्ध का क्षय होने पर उसे अवश्य ही अपरोक्ष ज्ञान प्राप्त होता है ।।३३।।

व्याख्या – पुनः पुनः किये गये विचार से भी यदि इसी जन्म में साक्षात्कार न हो, तब तो किया हुआ विचार व्यर्थ होगा । इस शंका की निवृत्ति के लिये कहते हैं कि विचार कभी व्यर्थ नहीं होता । विचार करते-करते यदि आयु समाप्त हो जाए और अपरोक्ष ज्ञान प्राप्त न हो तो साधक को डरने की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि उसका किया हुआ विचार व्यर्थ नहीं जाएगा । इस जन्म में न सही किन्तु अगले जन्म में जब उसके अपरोक्ष ज्ञान के प्रतिबन्ध दूर हो जायेंगे तब वह अवश्य ही ब्रह्मसाक्षात्कार

निदिध्यासः । चित्तैकाग्र्यं चोपासनासाध्यः । सा चोपासना श्रद्धालुना गुरुशास्त्रादिनावगतपरोक्षज्ञानेन विधेया । आगामिप्रतिबन्धस्त्वारब्धरूपो वामदेवादिष्विव जन्मान्तरे कारणं भवेत् । भोगोपक्षयिष्णुरेव सः । वामदेवादीनामेकेषामागामिप्रतिबन्ध आरब्धशेषरूपोऽस्मिञ्जन्मन्यनुष्ठीयमानं विचारं प्रतिबध्नात्यथापि जन्मान्तरे प्रतिबन्धाभावादेव पूर्वजन्मानुष्ठितोऽपि विचारस्सफलो भवतीति न कदापि विचारोऽनर्थकः। स चागामिप्रतिबन्धो भोगोपक्षयिष्णुः । अनुभोक्तव्यप्रारब्धप्राबल्यानुरूपं वामदेवादीनामेकस्मिञ्जन्मनि जडभरतस्य जन्मत्रयोत्तरमन्येषामनेकजन्मसु वा व्यतीतेष्विति यथाप्रारब्धं व्यवस्था विज्ञेया । अत्रैतत्स्मर्तव्यम् "अनेकजन्मसंसिद्धस्ततो याति पराङ्गति"मिति । आत्मबोधस्योपकारकौ वैराग्योपरमौ। वैराग्यं चात्यन्तभोगजिहासा ब्रह्मलोकान्तभोगजालस्य तृणीकारपर्यवसानकः । विषयेष्वनित्यज्ञानादेव हि वैराग्यमुजायते । चित्तवृत्तिनिरोधरूप उपरमो यमनियमाद्यष्टाङ्गयोगाभ्यासेन सञ्जायते । वैराग्यबोधोपरमाणामुपासनस्य च प्राक्सम्पाद्या साधनचतुष्टयसम्पत्तिः । इत्थञ्च विचारपरिपाकस्य जीवन्मुक्तिहेतोरनेकजन्मसाध्यत्त्वमशेषभोगेच्छाविदलनाभावे विचारभ्रंशश्च तथा बहुषु जन्मसु व्यतीतेषु प्रतिबन्धक्षयोत्तरं मोक्षश्चेति निरूपितः। विस्तरस्त्वन्यत्र द्रष्टव्य इति दिक् ।।

इह जन्मनि जन्मान्तरे वा विचारान्मोक्ष इत्यत्र प्रमाणप्रदर्शनम् -

इह वाऽमुत्र वा विद्येत्येवं सूत्रकृतोदितम् ।
शृण्वन्तोऽप्यत्र बहवो यन्न विद्युरिति श्रुतिः॥३४॥

अन्वयः - इह वा अमुत्र वा विद्या इति एवं सूत्रकृता उदितम् । "बहवः शृण्वन्तः अपि यत् अत्र न विद्युः इति श्रुतिः।

व्याख्या :- किमत्र मानं कुत इदमवगम्यत इत्यादिशङ्कासु समाधीयते । श्रीमत्कृष्णद्वैपायनव्यासेन ब्रह्मसूत्रकृता सूत्रितं यत् "ऐहिकमप्यप्रस्तुतप्रतिबन्धे तद्दर्शना"दिति । तथा श्रुतिश्च "शृण्वन्तोऽप्यत्र बहवो यं न विद्यु"रित्यादि च । शारीरकसूत्रार्थस्तु - "आवृत्तिरसकृदुपदेशा"दिति पूर्वतनसूत्रेण

कर मुक्त हो जाएगा । इससे यह भी ज्ञात होता है कि इस जन्म में विचार करने पर भी ज्ञान उत्पन्न न होने का कारण प्रतिबन्ध है और वह भी भूत, भावि और वर्तमान रूप से तीन प्रकार का है, जिसका वर्णन ग्रन्थ में आगे किया जाएगा । उन प्रतिबन्धों के दूर होते ही बादल के छट जाने पर जैसे चन्द्रमा का स्पष्ट दर्शन होता है, वैसे ही अपरोक्ष आत्मा की अनुभूति अवश्य ही होती है । अतः आत्मविचार कभी भी व्यर्थ नहीं जाता ।

उक्तार्थ में प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - "इस जन्म में अथवा परलोक में ज्ञान उत्पन्न होता है" ऐसा सूत्रकार (व्यासजी) ने कहा है और "सुनते हुए भी जिसको बहुत लोक समझ नहीं सकते" ऐसी श्रुति है ।।३४।।

व्याख्या - प्रतिबन्ध के न रहने पर इसी जन्म में ज्ञान होता है और प्रतिबन्ध के रहने पर यदि इस जन्म में न भी हुआ तो जन्मान्तर में ज्ञान प्राप्त होता है, ऐसा पूर्व श्लोक में कहा गया । इस कथन को श्रीवेदव्यासरचित ब्रह्मसूत्र और भगवती वेदमाता के प्रमाणों से सिद्ध करते हैं । इस जन्म में अथवा परलोक में ज्ञान उत्पन्न होता है, ऐसा ब्रह्मसूत्रकार श्रीवेदव्यास जी ने कहा है । ***"ऐहिकमप्यप्रस्तुत-***

श्वेतकेतुं प्रत्युद्दालकोपदिष्टमहावाक्यस्य नवकृत्त्व उपदेशाद्विहितविचारावृत्त्या तावदद्वैतब्रह्मात्मैक्यापरोक्ष-ज्ञानमप्रस्तुतप्रतिबन्धे वर्तमानादिप्रतिबन्धाभावे च सतीहैवास्मिञ्जन्मनि वामुत्र परत्र ब्रह्मलोकादिषु वा विद्याज्ञानमुदेतीति । अप्रस्तुतप्रतिबन्धे प्रस्तुता विद्यासाधनभूताश्श्रवणमननिदिध्यासनाख्यास्तेषां प्रतिबन्धो देहाद्यभिमानरूप आतङ्कस्तस्याभावस्तस्मिन्सति विद्योदयस्यातङ्काभाव ऐहिकं ज्ञानमस्मिन्नेव जन्मनि प्रतिबन्धाभावाद्ब्रह्मसाक्षात्कारस्सम्पद्यते । अथ वा जन्मान्तरे लोकान्तरे वा यदा प्रतिबन्धक-निवृत्तिस्तदा ब्रह्मसाक्षात्कारस्सम्पद्यते । कुतस्तद्दर्शनाद्वामदेवादिषु । वामदेवादेर्जन्मान्तरानुष्ठित-मननादिसाधनेनान्यस्मिञ्जान्मनि प्रतिबन्धक्षये सति विद्योदयस्य दर्शनात्। अपिनात्र विद्योदय इहामुत्र वेति नियमाभावस्सूच्यते । श्वेतकेत्त्वर्जुनादीनामिहैव ज्ञानलाभो दृष्टः । पारत्रिकज्ञानस्योदाहरणं श्रुतौ गर्भ एव वामदेवः स्मृतौ च मदालसपत्यादिकम् । सति प्रतिबन्ध इह जन्मनि ज्ञानानुत्पत्तौ श्रुतिं प्रमाणयति । तत्रैवं श्रुतिः "श्रवणायापि बहुर्भिर्यो न लभ्यः शृण्वन्तोऽपि बहवो यं न विद्यु"रिति । शृण्वन्तोऽप्यात्मतत्त्वं विचारयन्तोऽपि बहवोऽकृतसुकृता असंस्कृतचित्तवृत्तयो यं प्रत्यगभिन्नमात्मानं न विद्युर्न साक्षात्कुर्वन्तीति शम् ।।

जन्मान्तरेऽपि श्रवणादिफलमुपलभ्यत इत्यत्र श्रुत्यर्थोपन्यसनम् -

गर्भ एव शयानस्सन्वामदेवोऽवबुद्धवान् ।
पूर्वाभ्यस्तविचारेण यद्वदध्ययनादिषु।।३५।।

अन्वयः - गर्भे एव शयानः सन् वामदेवः पूर्वाभ्यस्तविचारेण अवबुद्धवान् यद्वत् अध्ययनादिषु।

प्रतिबन्धे तद् दर्शनात्'' (ब्र.सू. ३/४/५१) अर्थात् प्रारम्भ किये साधनों का कोई प्रतिबन्ध उपस्थित न हो तो विद्या इस जन्म में भी उत्पन्न होती है क्योंकि श्रुति में वैसा देखा गया है । इसका भाव यह है कि विद्या के साधन प्रारम्भ किये हों और उनमें यदि अन्य किन्हीं परिपक्व कर्मों का प्रतिबन्ध प्राप्त न हो तब विद्या यहीं उत्पन्न होती है, और यदि प्रतिबन्ध प्राप्त हो जाए तो जन्मान्तर में उसकी उत्पत्ति होती है अर्थात् विद्या के साधनभूत श्रवण, मनन, निदिध्यासनादि के प्रतिबन्धक देहाभिमान रूप आतंक का अभाव होने पर इसी जन्म में ब्रह्मसाक्षात्कार होता है । जब प्रतिबन्ध की निवृत्ति होती है तब ज्ञान होता है, यह आपने कैसे जाना ? तो कहते हैं **''तद् दर्शनात्''** वामदेवादि ने जन्मान्तर में अनुष्ठित श्रवण, मननादि साधनों के द्वारा इस जन्म में प्रतिबन्ध का क्षय होने पर ज्ञान प्राप्त किया है, ऐसा देखा गया है । सूत्र में पठित 'अपि' शब्द से विद्या के उदय होने में इस जन्म का अथवा जन्मान्तर का अभाव सूचित किया गया है । प्रतिबन्ध के सद्भाव में विद्या की उत्पत्ति नहीं होती, इस विषय में श्रुति का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।***''शृण्वन्तोऽपि बहवो यं न विद्युः''*** (कठो. १/२/७) इस श्रुति में कहा गया है कि सुनते हुए भी जिसको बहुत लोग समझ नहीं सकते अर्थात् विचार करते हुए भी बहुत से असंस्कृत वृत्तिवाले (प्रतिबन्ध के कारण) जिस आत्मा को नहीं जान सकते हैं अर्थात् साक्षात्कार नहीं कर पाते हैं ।

जन्मान्तर में भी श्रवणादि का फल प्राप्त होता है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - पूर्वाभ्यस्त विचार के द्वारा वामदेव ने माता के गर्भ में शयन करते हुए ही ब्रह्मतत्त्व को जान लिया । जैसे अध्ययन आदि में देखा जाता है ।।३५।।

व्याख्या :- अत्रैव श्रुत्यन्तरमुपन्यसति । "गर्भ एवैतच्छयानो वामदेव एवमुवाचाहं मनुरभवं सूर्यश्चे"ति । अस्मिञ्जन्मन्यनुत्पन्नेऽपि ज्ञाने कालान्तरे जन्मान्तरे लोकान्तरे वोत्पत्स्येतैव ज्ञानमिति सदृष्टान्तं स्पष्टयति । अत्र "गर्भे नु सन्नन्वेशाम वेदमहं देवानां जनिमानि विश्वे"त्यादिश्रुतिरर्थतः पठ्यते । पूर्वाभ्यस्तविचारेण पूर्वस्मिञ्जन्मन्यसकृदावर्तितो मननादिरूपो यो ब्रह्मविचारस्तेन तद्विचारबलेन गर्भस्थो गर्भ एव मातृगर्भकोशे शयान एव सन्वामदेवो ब्रह्मतत्त्वमवबुद्धवान् । "तद्धैतत्पश्यन्नृषिर्वामदेवः प्रतिपेदेऽहं मनुरभवं सूर्यश्चे"ति । तत्र दृष्टान्तमाह - अध्ययनादिषु शिल्पादिदीर्घकालाभ्यस्तविद्या आदिशब्देनात्र सङ्गृह्यन्ते तेषु तदानीं फलाजननेऽपि कालान्तरे फलोत्पत्तिर्यद्वदध्येतृणामनुभवे विद्यते तद्वदिति शम् ।।

अध्ययनदृष्टान्तविवरणम् -

बहुवारमधीतेऽपि तदा नायाति चेत्पुनः।
दिनान्तरेऽनधीत्यैव पूर्वाधीतं स्मरेत्पुमान् ।।३६।।

अन्वयः - बहुवारम् अधीते अपि यदा न आयाति चेत् । पुनः दिनान्तरे अनधीत्य एव पूर्वाधीतं पुमान् स्मरेत् ।

व्याख्या :- पूर्वश्लोके "यद्वदध्ययनादिष्वि"ति यदुक्तं तद्दृष्टान्तं विवृणोति । श्रीगुरोस्सकाशात्कश्चन

व्याख्या - पूर्वजन्म में किए हुए श्रवणादि के द्वारा जन्मान्तर में अपरोक्ष ज्ञान प्राप्त हो सकता है । इस बात को श्रुति तथा दृष्टान्त पूर्वक स्पष्ट करते हैं । निरन्तर विचार में लगे रहनेवाले व्यक्ति का प्रतिबन्ध जन्मान्तर में हट जाने पर उसे अपरोक्ष ज्ञान प्राप्त होता है । उपनिषदों में वामदेव जी इसका उदाहरण है । पूर्वाभ्यस्त विचार के द्वारा अर्थात् पूर्वजन्म में अनेक बार किये गये मननादि रूप ब्रह्मविचार के द्वारा वामदेव जी ने माता के गर्भ में शयन करते हुए अर्थात् गर्भ में रहते हुए ही ब्रह्मतत्त्व को भली-भाँति जान लिया । इसका उल्लेख ऐतरेय उपनिषद् में इस प्रकार आता है ।***"गर्भे नु सन्नन्वेशामवेदमहं देवानां जनिमानि विश्वा शतं मा पुर आयसीरक्षन्नधः श्येनो जवसा निरदीयमिति गर्भ एवैतच्छयानो वामदेव एवमुवाच"*** (ऐ.उ. २/१/५) अहो! मैंने गर्भ में रहते हुए ही देवताओं के बहुत से जन्मों को जान लिया । (संसार बन्धन से मुक्त होने से पूर्व) मुझे लोहमय अभेद्य सैकड़ों शरीरों ने अवरुद्ध किया था । अब (तत्त्वज्ञान के प्रभाव से) मैं बाज पक्षी के समान (इस जाल को काट कर) बाहर निकल आया हूँ । वामदेव ऋषि ने गर्भ में सोते हुए ही ऐसा कहा था । इस उदाहरण से सिद्ध होता है कि यदि विचार करने पर भी अविद्या का अवारण एक जन्म में नहीं हटा तो वह अगले आने वाले जन्मों में अवश्य हटेगा । एक जन्म में किया हुआ विचार अगले जन्म में किस नियम से काम करेगा? इस विषय में दृष्टान्त देते हैं ***"अध्ययनादिषु"*** आदि शब्द से यहाँ शिल्पादि दीर्घकालाभ्यस्त विद्या का ग्रहण होता है । जैसे अध्ययनादि का तत्काल फल न होने पर भी कालान्तर में फल अवश्य होता है, उसी प्रकर प्रकृत में भी जानना चाहिये ।

पूर्वोक्त दृष्टान्त को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - बहुत बार अध्ययन करने पर भी यदि उसे याद न होता हो तो पुनः दूसरे दिन में बिना अध्ययन किये ही पुरुष उस पूर्व पठित का स्मरण करता है ।।३६।।

व्याख्या - कोई छात्र दिन में बहुत बार पढ़ने पर भी अपना पाठ याद नहीं कर पाता है, किन्तु कभी-कभी अगले दिन प्रातः काल उठते ही उसे पिछले दिन का पाठ अनायास ही याद आ जाता है । ऐसा

छात्रो वेदादिकं बहुवारमधीयानोऽपि प्रज्ञामान्द्याद्यदि तदा तस्मिन्नेव दिने नायाति चेद् ग्रन्थस्सर्वोऽपि शब्दतोऽर्थतो वा न बुद्धिस्थश्चेत्पुनर्दिनान्तरेऽन्यस्मिन्दिने बहुवारमनधीत्यैवानायासेन पूर्वाधीतं पुमांश्छात्रः पूर्वाभ्यासबलेन स्मरेत्तद्वदस्मिञ्जन्मन्यनुष्ठितात्मविचारबलेनैव जन्मान्तरे प्रतिबन्धक्षयोत्तरमनायासेनै-वात्मसाक्षात्कारं लभत इति शम् ।।

विचारपरिपाकवशादात्मसाक्षात्कारः कालान्तरेऽपि भवतीत्यत्र दृष्टान्तान्तरोदाहरणम् -

कालेन परिपच्यन्ते कृषिगर्भादयो यथा ।
तद्वदात्मविचारोऽपि शनैः कालेन पच्यते ।।३७।।

अन्वयः - यथा कृषिगर्भादयः कालेन परिपच्यन्ते।तद्वत् आत्मविचारः अपि शनैः कालेन पच्यते।

व्याख्या :- प्रकृत एव विषये दृष्टान्तान्यन्यान्यपि प्रदर्शयति । पूर्वश्लोके आदिशब्दसूचितार्थस्यैवात्र प्रतिपादनं क्रियते । कृषिगर्भादयोऽत्र कृषिशब्देन सस्यभूमौ क्रियमाणानि कर्माणि सर्वाण्यप्युच्यन्ते। तथा गर्भशब्देन मातृगर्भस्थपिण्डो गृह्यते । ते सर्वे यथा कालेन परिपक्वतां गच्छन्ति तथात्मविचारोऽपि कालेनैव परिपक्वतामेतीति शम् ।।

त्रिविधप्रतिबन्धस्य वार्तिकोक्तत्त्वसूचनम् -

पुनःपुनर्विचारेऽपि त्रिविधप्रतिबन्धतः।
न वेत्ति तत्त्वमित्येतद्वार्तिके सम्यगीरितम् ।।३८।।

कई बार देखा जाता है कि वैदिक छात्र मन्त्र को कण्ठस्थ करने के लिये दिन में अनेक बार उसकी आवृत्ति करता है परन्तु मन्दबुद्धि के कारण उसे उस दिन मन्त्र कण्ठस्थ नहीं होता, किन्तु उस किये गये अभ्यास के फल स्वरूप दूसरे दिन प्रातःकाल उठते ही उसे मन्त्र अनायास ही कण्ठस्थ हो जाता है । उसे दूसरे दिन पुनः उस मन्त्र को कण्ठस्थ करने की आवश्यकता नहीं रहती । उसी प्रकार पूर्व काल में किये गये दीर्घकालीन विचार के बल पर दूसरे जन्म में प्रतिबन्ध के दूर होते ही ब्रह्मसाक्षात्कार अवश्य होता है।

अब दूसरा दृष्टान्त देते हैं ।

अर्थ - जैसे कृषि और गर्भ आदि कुछ काल पाकर ही परिपक्व होते हैं, उसी प्रकार आत्मविचार भी धीरे-धीरे समय पाकर पकता है ।।३७।।

व्याख्या - खेत में बोया हुआ बीज चार महीनों के बाद परिपक्व होकर अन्न का रूप धारण करता है । माता के गर्भ में स्थित पिण्ड को गर्भ कहते हैं, वह भी नौ महिनों के बाद परिपक्व होकर बाहर आता है । कृषि, गर्भ आदि जैसे काल पाकर ही परिपक्व होते हैं, वैसे ही आत्मविचार भी धीरे-धीरे काल पाकर परिपक्व हो जाने पर मुक्ति रूप फल प्रदान करता है । ***''माली सींचे सौ घड़ा ऋतु आये फल देय''***माली चाहे कितना ही जल सींचे किन्तु फल तो योग्य ऋतु में ही आते हैं । उसी प्रकार आत्मविचार भी शनैः शनैः परिपक्व होकर अपना फल देता है ।

बार-बार विचार करने पर भी फल प्राप्त न होने का कारण वार्तिककार की उक्ति से स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - ''बार-बार विचार करने पर भी तीन प्रकार के प्रतिबन्धों के कारण पुरुष 'तत्त्व' को नहीं जानता है'' इस प्रकार वार्तिक में भली-भाँति कहा गया है ।।३८।।

अन्वयः- पुनः पुनः विचारे अपि त्रिविधप्रतिबन्धतः। तत्वं न वेत्ति इति एतत् वार्तिके सम्यक् ईरितम्।

व्याख्या :- भूयो भूयो विचारितेऽपि तत्त्वे प्रतिबन्धकवशात्फलानुद्भवो यत्र तत्र श्रीवार्तिककारस्स्पष्टं कथयति । त्रिविधप्रतिबन्धतो भूतभविष्यद्वर्तमानभेदेन प्रकारत्रयप्रतिबन्धवशाद्विचारे पुनः पुनः कृतेऽपि तत्त्वं न वेत्तीति वार्तिके श्रीमत्सुरेश्वराचार्यैस्सम्यगीरितमिति शम् ।।

प्रतिबन्धक्षयोऽत्तरमेवात्मसाक्षात्कार इत्यत्र वार्तिकवचनावतरणम् -

कुतस्तज्ज्ञानमिति चेत्तद्धि बन्धपरिक्षयात् ।
असावपि च भूतो वा भावी वा वर्ततेऽथ वा ।।३९।।

अन्वयः - कुतः तत् ज्ञानम् इति चेत् ? तत् हि बन्धपरिक्षयात् असौ अपि च भूतः वा भावी वा अथ वा वर्तते?

व्याख्या :- प्रतिबन्धप्रतिपादकान्येव वार्तिकानि क्रमशः पठन्ति वार्तिकग्रन्थे फलोद्गमे प्रतिबन्धविचारः क्रियते । सकलप्रतिबन्धक्षये सति समुदेत्यात्मज्ञानमिति प्रदिदर्शयिषुः प्रतिबन्धान्निरूपयति। कुतस्तज्ज्ञानमित्यारभ्य भरतस्य त्रिजन्मभिरित्यवधिकेन वार्तिकग्रन्थेन सर्वोऽपि प्रतिबन्धविचारो विहितः । तत्रादौ पूर्वमनुत्पन्नस्य ज्ञानस्येदानीमुत्पत्तौ हेतुं विशदयति । कुतस्तर्हि तज्ज्ञानमात्मतत्त्वस्य ज्ञानमुदेतीति चेदुत्तरमुच्यते । तद्धि ज्ञानं बन्धपरिक्षयाद्बन्धस्य प्रतिबन्धस्य परिक्षयाद्विनाशोत्तरं निष्प्रत्यूहं ज्ञानमुदेति स प्रतिबन्धः कतिविध इति तं विवृणोति । असौ प्रतिबन्धो भूतो भावी वर्ततेऽथवेति वर्तमानकालिको वेति नानाप्रकारः प्रतिबन्धोऽस्तीति शम् ।।

व्याख्या - बार-बार विचार करने पर भी यदि फल प्राप्त न हो तो उसका क्या कारण है ? इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि भूत, वर्तमान और भावी इन तीन प्रकार के प्रतिबन्धों के रहते बार-बार विचार करने पर भी मुमुक्षु पुरुष आत्मतत्त्व को भली-भाँति नहीं जान पाता है । इन तीनों प्रतिबन्धों का सम्यक् रूप से प्रतिपादन वार्तिककार श्रीसुरेश्वराचार्य जी ने अपने ग्रन्थ में किया है । श्रीसुरेश्वराचार्य जी ने बृहदारण्यक उपनिषद् के शांकरभाष्य पर वार्तिकों की रचना की है । उन वार्तिकों में उन्होंने तीनों प्रतिबन्धों का स्पष्ट रूप से वर्णन किया है । अगले सात श्लोक (३९-४५) उसी वार्तिक ग्रन्थ से उद्धृत हैं । श्लोक ३९ और ४० सम्बन्धवार्तिक के (श्लोक २९४-२९५) हैं । और श्लोक ४१से ४५ वार्तिकसार के (श्लोक २०२ से २०६) हैं ।

ज्ञान रूपी फलोत्पत्ति के विषय में प्रतिबन्ध का विचार प्रारम्भ करते हैं ।

अर्थ - वह ज्ञान कैसे उत्पन्न होता है ? यदि ऐसा पूछते हो तो उत्तर देते हैं कि प्रतिबन्ध के क्षय होने पर होता है और वह प्रतिबन्ध भी भूत, भावी और वर्तमान रूप से तीन प्रकार का है ।।३९।।

व्याख्या - प्रतिबन्ध का प्रतिपादन करने वाले वार्तिकों का क्रमशः पठन करते हैं । वार्तिकग्रन्थ में आत्मज्ञान रूपी फलोत्पत्ति के विषय में प्रतिबन्ध का विचार किया गया है । समस्त प्रतिबन्धों के नष्ट हो जाने पर ज्ञान होता है, इस बात को दर्शाने की इच्छा से प्रतिबन्धों का निरूपण करते हैं । ***''कुतस्तद् ज्ञानं''*** से प्रारम्भ कर ***''भरतस्य त्रिजन्मभिः''*** यहाँ तक वार्तिक ग्रन्थ में प्रतिबन्ध का विचार किया गया है । सर्वप्रथम पूर्व में अनुत्पन्न ज्ञान की उत्पत्ति का हेतु विशद करते हैं । वह ज्ञान कैसे उत्पन्न होता है? यदि ऐसा पूछते हो तो सुनो! प्रतिबन्धक का क्षय होने पर वह ज्ञान उत्पन्न होता है । और वह प्रतिबन्ध भी भूतकालीन प्रतिबन्ध, भविष्यकालीन प्रतिबन्ध और वर्तमानकालीन प्रतिबन्ध, इस तरह तीन प्रकार का है ।

प्रतिबन्धसत्त्वे श्रुतिसंवादप्रदर्शनम् -

अधीतवेदवेदार्थोऽप्यत एव न मुच्यते ।
हिरण्यनिधिदृष्टन्तादिदमेव हि दर्शितम् ।।४०।।

अन्वयः - अधतिवेदवेदार्थः अपि अतः एव न मुच्यते । (हि) हिरण्यनिधिदृष्टन्तात् इदम् एव दर्शितम्।

व्याख्या :- अस्मिन्नर्थे सदृष्टान्तां श्रुतिप्रसिद्धिमाह । अत एवानेकविधप्रतिबन्धसद्भावादेवाधीतवेद-वेदार्थोऽपि येन समग्रो वेदस्सनियममधीतस्समस्तवेदार्थश्च सुविदितस्सोऽपि न मुच्यते । सति च प्रतिबन्धे नोदेत्येव ज्ञानमिति भावः । कुतः हिरण्यनिधिदृष्टान्ता"त्तद्यथा हिरण्यनिधिं निहितमक्षेत्रज्ञा उपर्युपरि सञ्चरन्तो न विन्देयुरेवमेवेमास्सर्वाः प्रजा अहरहर्ब्रह्मलोकं गच्छन्त्य एतं ब्रह्मलोकं न विदन्त्यनृतेन प्रत्यूढा" इति वचनेन हिरण्यनिद्ध्युपरि सञ्चरन्नपि निधिशास्त्रस्याज्ञानेन तं न जानाति। तद्वदिदमेव सति प्रतिबन्धे न मुच्यत इत्येतत् । तदेतत्सर्वं श्रुत्या दर्शितमिति शम् ।।

भूतप्रतिबन्धनिरूपणम् -

अतीतेनापि महिषीस्नेहेन प्रतिबन्धतः।
भिक्षुस्तत्त्वं न वेदेति गाथा लोके प्रगीयते।।४१।।

उक्तार्थ में दृष्टान्त पूर्वक श्रुति प्रसिद्ध अर्थ को कहते हैं ।

अर्थ - वेद और वेदार्थ का अध्ययन करने वाला भी इसीलिये मुक्त नहीं होता है । हिरण्यनिधि दृष्टान्त से श्रुति में इसी अर्थ को दर्शाया गया है ।।४०।।

व्याख्या - उक्त प्रकार से त्रिविध प्रतिबन्ध भले ही हो परन्तु उससे क्या अभिप्राय सिद्ध हुआ ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं । वेद और वेदार्थ का अध्ययन करने वाला भी अर्थात् जिसने वेद का अध्ययन किया है और उसके अर्थ को भी जान लिया है ऐसा पुरुष भी इसीलिये (प्रतिबन्ध के होने से ही) मुक्त नहीं हो पाता है अर्थात् तत्त्वज्ञान को प्राप्त नहीं कर पाता है । इसी बात को अर्थात् प्रतिबन्ध होने पर ज्ञान उत्पन्न नहीं होता, इस बात को हिरण्यनिधि दृष्टान्त से श्रुति में दर्शाया गया है ।***"यथा हिरण्यनिधिं निहितमक्षेत्रज्ञा उपर्युपरि संचरन्तो न विन्देयुरेवमेवेमाः सर्वाः प्रजा अहरहर्ब्रह्मलोकं गच्छन्त्य एतं ब्रह्मलोकं न विन्दन्त्यनृतेन हि प्रत्यूढाः"*** (छा.उ. ८/३२) 'जैसे पृथ्वी में गड़े स्वर्णनिधि के स्थल को न जानने वाले मनुष्य उस के ऊपर-ऊपर से आते-जाते हुए भी उसे नहीं जानते हैं, उसी प्रकार ये समस्त प्रजा सुषुप्ति में प्रतिदिन ब्रह्मलोक को प्राप्त होते हुए भी मिथ्याज्ञान से प्रतिबन्धित होने के कारण उसे (ब्रह्मलोक को) नहीं जानती' तात्पर्य यह है कि जैसे हिरण्यनिधि के ऊपर विचरण करने पर भी अज्ञान के कारण उसको मनुष्य नहीं जानते हैं, वैसे ही प्रतिबन्ध के रहते पुरुष मुक्त नहीं होता है ।

अब भूतप्रतिबन्ध का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - पूर्व काल में (गृहस्थाश्रम में) भैंस के साथ स्नेह रूपी प्रतिबन्ध के कारण संन्यासी को तत्त्व का ज्ञान नहीं हुआ । लोक में यह गाथा गाई जाती है अर्थात् प्रसिद्ध है ।।४१।।

व्याख्या - भूतकालीन वस्तु भी अपरोक्ष ज्ञान की प्रतिबन्ध रूप बन सकती है, ऐसा लोक में कहीं पर भी नहीं देखा गया है । इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि कोई भिक्षु (संन्यासी) पूर्वकाल में अर्थात् जब वह ग्रहस्थाश्रम में था तब पाली हुई भैंस के प्रति अधिक स्नेह रूपी प्रतिबन्धक के कारण अर्थात्

अन्वयः - "अतीतेना अपि महिषीस्नेहेन प्रतिबन्धतः भिक्षुः तत्त्वं न वेद" इति गाथा लोके प्रगीयते।

व्याख्या :- कथमतीतस्य प्रतिबन्धकत्त्वमित्यत्र तं भूतं प्रतिबन्धकं स्पष्टयति । भिक्षुः कश्चन यतिरतीतेन गृहस्थाश्रमे सम्प्राप्तेन महिषीस्नेहेन महिषजातीयायां चतुष्पात्पशुविशेषेऽत्यन्तं स्नेहेन । केचनात्र "कृताभिषेका महिषी"ति कोशान्महाराज्ञ्या अतिस्नेहेनेत्यर्थं वर्णयन्ति । तत्प्रतिबन्धतस्स्नेहरूपात्प्रतिबन्धाद्गुरुणोपदिष्टं तत्त्वं न वेदेति गाथा कथा लोकेऽभियुक्तानामुत्त्या प्रसिद्धतया प्रतीयते । अत्र भिक्षुशब्देन यदि दण्डकमण्डल्वादिलिङ्गवतः परिव्रजो ग्रहणं तदा "मुखजानामयं धर्मो वैष्णवं लिङ्गधारण" मिति वचनाद्ब्राह्मणस्यैव तादृशसन्न्यासेऽधिकारसद्भावात्तस्य च महिषीशब्दितराज्ञ्यास्स्नेहाप्रसक्तेर्महिषीपदेन पशुविशेषग्रहणौचित्यमिति केचित् । पुरा कश्चिद्यतिः पूर्वतनगार्हस्थ्याश्रमे महिष्यां कस्यञ्चित्स्नेहं सम्पाद्य कदाचित्संन्यासान्तरं श्रवणे प्रवृत्तोऽपि तन्महिषीस्नेहसञ्जनितप्रतिबन्धवशाद्गुरुणोपदिष्टमपि तत्त्वं न ज्ञातुमशकदिति पुराणप्रसिद्धा गाथेति प्रसिद्धेति शम् ।।

प्रतिबन्धनिवृत्तौ ज्ञानोत्पत्तिरिति निरूपणम् -

अनुसृत्य गुरुस्स्नेहं महिष्यां तत्त्वमुक्तवान् ।
ततो यथावद्वेदैष प्रतिबन्धस्य संक्षयात् ।।४२।।

अन्वयः - गुरुः स्नेहं अनुसृत्य महिष्यां तत्त्वम् उक्तवान् । ततः एषः प्रतिबन्धस्य संक्षयात् यथावत् वेद।

व्याख्या :- अतीतस्य प्रतिबन्धस्य प्रतीकारे सति सद्य एव ज्ञानमुदेतीति स्पष्टयति । उपदेशकुशलो

गृहस्थाश्रम का त्यागकर संन्यासी होकर श्रवणादि साधनों में प्रवृत्त होने पर भी स्नेह रूपी प्रतिबन्ध के कारण गुरु के द्वारा उपदेश करने पर भी ब्रह्मतत्त्व को नहीं जान सका, यह गाथा लोक में प्रसिद्ध है, न कि पुराणादि में । महिषी शब्द का अर्थ पटरानी भी होता है इसलिये कुछ लोग महिषीस्नेह का अर्थ गृहस्थाश्रम में स्थित पटरानी के स्नेह को प्रतिबन्ध का कारण मानते हैं । किन्तु यदि वह दण्ड-कमण्डलु धारण करने वाला संन्यासी था, तो ब्राह्मणेतर के लिए दण्डादि धारण करने का विधान शास्त्रों न होने के कारण महिषी शब्द से महारानी अर्थ न लेकर विद्वानों ने पूर्व में पालित अतिप्रिय भैंस का ही ग्रहण किया है । (पटरानी राजा की मुख्यपत्नी को कहते हैं और राजा होने का अधिकार क्षत्रिय को ही है)

प्रतिबन्ध की निवृत्ति होने पर ज्ञान की उत्पत्ति का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - उसके स्नेह का अनुसरण करके गुरु ने उसी महिषी में तत्व का उपदेश किया तदनन्तर प्रतिबन्ध क्षीण होने से इस (भिक्षु) ने यथावत तत्व को जाना ।।४२।।

व्याख्या - अतीत प्रतिबन्ध वाले अधिकारी को ज्ञान कैस होगा ? इस प्रश्न का उत्तर देते हैं। अतीत प्रतिबन्ध के हटते ही ज्ञान उत्पन्न होता है । उपदेश करने में कुशल ब्रह्मनिष्ठ गुरु ने भैंस में उस यति के प्रेम को जान करके उसी भैंस में महिष उपाधि वाले ब्रह्मतत्त्व का उपदेश किया । उसी से वह भिक्षु स्नेह रूपी प्रतिबन्ध के क्षीण होते ही गुरु के द्वारा उपदिष्ट यथार्थ ब्रह्मतत्त्व को जान गया ।

भूतकालीन प्रतिबन्ध की एक लोकगाथा प्रसिद्ध है । गृहस्थाश्रम में एक पुरुष ने दूध के लिये एक भैंस पाल रखी थी । उस पर उसका बड़ा ही स्नेह था । मन में वैराग्य उत्पन्न होने पर संसार को निःसार जानकर

गुरुस्तस्य शिष्यस्योपदेष्टा शिष्यनिष्ठमहिषीस्नेहमनुसृत्य तस्य महिष्युपाधिकस्य ब्रह्मणस्तत्त्वमुक्तवान्। प्रागुपभुक्तायां महिष्यां विद्यमानस्स्नेहो हृदयवर्तीति कृत्त्वा तेन सन्न्यासिना निवेदितं निजप्रेमाणमेकान्ते विज्ञाय सुप्रसन्नो गुरुः परमकारुणिको महिष्यामेव ब्रह्मणस्तत्त्वमकथयत्पञ्चकोशादिविवेककथनेन। अतस्ततो यथावदेष यतिः प्रतिबन्धस्य सङ्क्ष्यात्तत्त्वं वेद । सोऽपि महिषीस्नेहलक्षणप्रतिबन्धकापगमेन गुरुविवेचितं तत्त्वं यथावच्छास्त्रोक्तप्रकारेणैव सञ्जज्ञ इति शम् ।।

उसने सद्गुरु से संन्यास ग्रहण कर लिया । अब गुरु के पास रोज वेदान्तों का श्रवणादि होने लगा । गुरु ने कई प्रकार से उसे तत्त्वोपदेश किया किन्तु उसे सम्यक् बोध न हुआ । गुरु ने जाँच-पड़ताल की तो ज्ञात हुआ कि उस शिष्य के चित्त में महिषीस्नेह रूपी प्रतिबन्ध बाधा डाल रहा है । गृहस्थाश्रम में प्राप्त हुआ प्रतिबन्ध संन्यासी होने के बाद भी चला आया, इसलिये उसे भूत प्रतिबन्ध कहते हैं । गुरु ने उसी प्रतिबन्ध का अनुसरण करते हुए ज्ञान दिया तो शिष्य का प्रतिबन्ध हट गया और उसके हृदय में ज्ञान उत्पन्न हो गया । गुरु ने शिष्य से पूँछा तुम्हारा पूर्वाश्रम में किसी से प्रेम तो नहीं था ? शिष्य बोला - नहीं महाराज, किसी से नहीं । गुरु बोले - सोच विचार करके बताओ, किसी न किसीपर तो रहा होगा ? शिष्य ने विचार किया और कहा, हाँ गुरुमहाराज, मुझे अपनी प्यारी भैंस पर खूब स्नेह था और वह स्नेह अभी तक बना हुआ है । गुरु ने कहा ठीक है, तुम उस गुफा में चले जाओ और जब तक मैं न कहुँ बाहर मत आना और गुफा में जाकर उसी भैंस का चिन्तन करो । शिष्य गुरु की आज्ञा से गुफा में चला गया । गुरु ने उसके भोजन आदि की सभी व्यवस्था गुफा में ही करवा दी । कुछ दिन बाद गुरु गुफा के पास गये और शिष्य को पुकारा, बाहर आओ; शिष्य भैंस का चिन्तन करते-करते स्वयं को भैंस रूप ही मानने लगा था । उसकी वृत्ति भैंसाकार हो गयी थी । अतः वह स्वयं को भैंस ही मान रहा था । गुरु की आवाज जब उसने सुनी तो वह गुरु से बोला गुरु जी ! गुफा का द्वार बहुत ही छोटा है और मेरा शरीर बहुत बड़ा है, मेरे सींग बाहर आने में रुकावट पैदा कर रहे हैं । गुरु समझ गये कि इसकी वृत्ति पूर्ण रूप से भैंसाकार हो गयी है । तब गुरु ने कहा अच्छा बताओ, तुम कौन हो ? शिष्य बोला मैं भैस हूँ । गुरु ने कहा अच्छा अब तुम यह चिन्तन करो कि तुम्हारी वह भैंस मर गयी । शिष्य ने गुरु के कथनानुसार विचार कर उस भैंस को मरा हुआ मान लिया, गुरु बोले - भैंस मर गयी ? शिष्य बोला जी गुरुजी, भैंस मर गयी । अच्छा अब यह चिन्तन करो कि भैंस के शरीर के पाँचों तत्त्व (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश) अपने-अपने कारण में लीन हो गये हैं । शिष्य ने वैसे ही किया । गुरु ने पुनः पूँछा अब क्या बचा ? शिष्य - गुरुजी अब तो कुछ नहीं बचा, अब तो मैं ही बचा हूँ । गुरु ने कहा अच्छा अब बाहर आ जाओ । शिष्य बाहर आ गया । बाद में गुरु उसे अपनी कुटिया में ले गये और उसे समझाया कि भैंस की भावना करते-करते जैसे तुम भैंस रूप हो गये थे, वैसे ही ब्रह्म की भावना करने से तुम ब्रह्म रूप हो सकते हो । शिष्य ने गुरु का उपदेश मानकर ब्रह्म भावना करते हुए निश्चय कर लिया कि मैं ही सत्, चित्, आनन्द स्वरूप परब्रह्म हूँ । इस प्रकार गुरु ने भूतकालीन भैंस के स्नेह रूप प्रतिबन्ध से छुड़ाकर उसे तत्त्वज्ञान कराया । अतः प्रतिबन्ध की निवृत्ति होने पर ज्ञान प्राप्त होता है ।

वर्तमानप्रतिबन्धनिरूपणम् -

प्रतिबन्धो वर्तमानो विषयासक्तिलक्षणः।
प्रज्ञामान्द्यं कुतर्कश्च विपर्ययदुराग्रहः॥४३॥

अन्वयः - वर्तमानः प्रतिबन्धः विषयासक्तिलक्षणः, प्रज्ञामान्द्यं, कुतर्कः च विपर्ययदुराग्रहः च।

व्याख्या :- वर्तमानप्रतिबन्धं प्रदर्शयति । चित्तस्य प्रतिबन्धो वर्तमानस्तु विविध्यते । तत्रैको विषयासक्तिलक्षणः द्वितीयश्च प्रज्ञामान्द्यं बुद्धेरतीक्ष्णता । तृतीयः कुतर्कश्शुष्कतार्किकत्त्वेन श्रुत्यर्थत्त्वेनान्यथोहनं केवलयुक्तिवादः । चतुर्थश्च विपर्ययदुराग्रहस्तत्त्वस्य विपर्यये विपरीतज्ञाने ह्यात्मनोऽहङ्कर्तेत्यादिधर्मयुक्तत्त्वज्ञानरूपे सत्यत्त्वाभिनिवेशो दुराग्रहश्च युक्तिरहितोऽभिनिवेश इत्येतेषामन्यतमस्यापि वा वर्तनमेव प्रतिबन्धस्तदभावे चोदेति बोध इति शम् ।।

वर्तमानप्रतिबन्धनिवृत्त्युपायप्रदर्शनम् -

शमाद्यैश्श्रवणाद्यैश्च तत्र तत्रोचितैः क्षयम् ।
नीतेऽस्मिन्प्रतिबन्धेऽतस्स्वस्य ब्रह्मत्वमश्नुते॥४४॥

अन्वयः - शमाद्यैः श्रवणाद्यैः च तत्र तत्र उचितैः अस्मिन् प्रतिबन्धे क्षयं नीते अतः स्वस्य ब्रह्मत्वम् अश्नुते ।

अब वर्तमान प्रतिबन्ध को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - विषयों में आसक्ति, बुद्धि की मन्दता, कुतर्क और विपर्यय में दुराग्रह होना वर्तमान प्रतिबन्ध है ।।४३।।

व्याख्या - वर्तमान प्रतिबन्ध चार प्रकार का है - विषयासक्ति, बुद्धि की मन्दता, कुतर्क और विपर्यय में दुराग्रह । ये सभी मानसिक विकार आत्मज्ञान प्राप्त करने में प्रतिबन्धक हैं । शब्द, स्पर्शादि विषयों के उपभोग में आसक्त होने पर ज्ञान होना संभव नहीं है । मन्द बुद्धि होने पर शास्त्र और गुरु के वचन समझ में नहीं आते, वे बड़े कठिन लगते हैं । यदि कुछ समझ में आ भी जाए तो स्मरण नहीं रहता और उसका मनन भी नहीं हो पाता । अतः बुद्धि की मन्दता भी ज्ञान प्राप्ति में बाधा रूप है । शास्त्रविरुद्ध तर्क को कुतर्क कहते हैं । शास्त्रों का भ्रामक अथवा विपरीत अर्थ करने पर और गुरु तथा शास्त्रों के वचनों में विश्वास न करके उनको एकमात्र तर्क की कसौटी पर तौलने से भी ज्ञान प्राप्त नहीं हो सकता । तथा विपर्यय में दुराग्रह होने से भी ज्ञान नहीं हो सकता अर्थात् सत् स्वरूप परमात्मा को असत् और मिथ्या जगत् को सत्य समझना तथा शरीर को ही आत्मा मानना और 'मैं कर्ता हूँ, मैं भोक्ता हूँ' इस प्रकार आत्मा में कर्तृत्व-भोक्तृत्व को दृढ़तापूर्वक स्वीकार करना विपरीत ज्ञान कहलाता है, यह भी ज्ञान का प्रतिबन्धक है । इन चारों में से यदि एक भी हो तो वह सम्यक् ज्ञान उत्पन्न होने नहीं देता । इन्हें वर्तमान प्रतिबन्ध कहा गया है ।

अब वर्तमान प्रतिबन्ध के निवारण का उपाय बताते हैं ।

अर्थ - शमादि और श्रवणादि उचित उपायों के द्वारा उन-उन प्रतिबन्ध के क्षय होने पर स्वयं का ब्रह्मत्व प्राप्त होता है ।।४४।।

व्याख्या - इस वर्तमान प्रतिबन्ध की निवृत्ति किस उपाय से होगी ? इस आशंका की निवृत्ति करते

व्याख्या :- विषयासक्तिप्रज्ञामान्द्यकुतर्कविपर्ययदुराग्ररूपचतुर्विधप्रतिबन्धो यो वर्तमानाख्यः प्रशमनीय इत्याह । तत्र तत्रोचितैस्तस्मिंस्तस्मिन्प्रतिबन्धके विषये तत्प्रतीकारक्षमैश्शमाद्यै"श्शान्तो दान्त उपरतस्तितिक्षुस्समाहितो भूत्वे"त्यादिश्रुतिप्रतिपादिताश्शमादयस्तैर्विषयासक्तिरूपः प्रतिबन्धः क्षयं नाशं नेयः । तथा श्रवणाद्यैश्च "श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्य" इति यैस्तत्र श्रवणेन प्रज्ञामान्द्यस्य मननेन कुतर्कस्य निदिध्यासनेन विपर्ययात्मककर्तृत्त्वजगत्सत्यत्त्वविषयकदुराग्रहलक्षण-निर्युक्तिकाभिमानस्य च क्षयं नेयः । शमदमादिनान्तर्बहिरिन्द्रियनिग्रहेण च सर्वोऽपि प्रतिबन्धो विनाश्यः । एवमुचितैर्योग्यैः प्रतीकारैरस्मिन्प्रतिबन्धे क्षयं नीते सति स्वस्य ब्रह्मत्त्वं ब्रह्मभावमश्नुते। एतैः पूर्वोक्तैस्साधनैस्तत्र तत्र तस्मिंस्तस्मिन्प्रतिबन्धे सर्वस्मिन्नपि निवर्तिते सति प्रतिबन्धापगमादेव प्रत्यगभिन्नात्मसाक्षात्कारसिद्धिर्भवति। प्रतिबन्धः पञ्चविधः प्रादर्शि प्राक् १) विषयवासना २) प्रमाणासम्भावना ३) प्रमेयासम्भावना ४) साधनविपरीतभ्रमः ५) फलविरीतभ्रम इति । प्रकृतवार्तिके तु प्रतिबन्धाश्चत्वार एव निरूपिता इति विरुद्धमेतदिति चेन्नैष दोषः । प्रकृतवार्तिकस्थविपर्ययदुराग्रह-पदस्वारस्यस्यैव विपर्ययपदेन साधनविपरीतभावनां दुराग्रहपदेन च फलविपरीतभावनां चेत्यर्थं वर्णयन्ति श्रीमन्मधुसूदनसरस्वतीस्वामिचरणास्सङ्क्षेप-शारीरकटीकायामित्यतो न चातुर्विध्योक्तिविरोध इति दिक् ।।

हैं । शम, दम आदि जो साधन हैं और श्रवण, मननादि जो उपाय हैं । इनमें से उन-उन प्रतिबन्ध की निवृत्ति में योग्य साधन द्वारा अर्थात् जिस प्रतिबन्ध के क्षय में जो शमादि साधन योग्य हो, उस-उस साधन के द्वारा इस वर्तमान प्रतिबन्ध का विनाश कर देने पर प्रतिबन्ध के निवृत्त होने से ही अपना स्वरूप अर्थात् प्रत्यगात्मा का ब्रह्मभाव अधिकारी पुरुष प्राप्त करता है । यानी कि प्रतिबन्ध के नाश से अपने स्वरूप को ब्रह्म रूप से जानकर अधिकारी पुरुष ब्रह्मभाव को प्राप्त करता है । आन्तर और बाह्य इन्द्रिय निग्रह रूप शम और दम आदि के द्वारा विषयासक्ति, वेदान्त-श्रवण के द्वारा बुद्धि की मन्दता, मनन के द्वारा कुतर्क और निदिध्यासन के द्वारा विपर्यय-दुराग्रह रूप प्रतिबन्ध का क्षय हो जाने पर स्वयं का ब्रह्मभाव प्राप्त होता है ।

पूर्व में कहा गया है कि प्रतिबन्ध पाँच प्रकार का होता है ।

(१) विषयवासना (२) प्रमाणासंभावना (३) प्रमेयासंभावना (४) साधनविपरीतभ्रम और (५) फलविपरीतभ्रम । किन्तु प्रकृत वार्तिक में तो चार ही प्रतिबन्धों का निरूपण किया है, अतः दोनों कथन में विरोध है । यदि ऐसा कहो तो यह ठीक नहीं है, क्योंकि प्रकृत वार्तिक में पठित विपर्यय दुराग्रह पद में विपर्यय से साधनविपरीतभावना और दुराग्रह से फलविपरीतभावना का ग्रहण करना चाहिये, ऐसा श्रीमधुसूदन सरस्वती जी ने संक्षेपशारीरकम् की टीका में कहा है । अतः कोई विरोध नहीं है ।

भाविप्रतिबन्धनिरूपणम् -

आगामिप्रतिबन्धश्च वामदेवे समीरितः।
एकेन जन्मना क्षीणो भरतस्य त्रिजन्मभिः॥४५॥

अन्वयः - (किं) च आगामिप्रतिबन्धः वामदेवे समीरितः। एकेन जन्मना क्षीणः (वामदेवस्य) भरतस्य त्रिजन्मभिः।

व्याख्या :- आगामिप्रतिबन्धं स्पष्टयति सोदाहरणम् । जन्मान्तरहेतुः प्रारब्धशेष आगामिप्रतिबन्धो वामदेवे समीरितः । तस्य च भोगमन्तरेण निवृत्तेश्चाभावात्तन्निवृत्तौ न कोऽप्यस्ति कालनियम इत्याह। स चोपभोगेन क्षयिष्णुरेकेन जन्मना क्षीणस्सन्प्रारब्धप्राबल्यानुसारतो वामदेवादीनां केषाञ्चिदत्यल्पेनैव कालेनान्येषां जडभरतादीनां त्रिभिर्जन्मभिर्वा क्षीणो नष्ट इत्येवं भाविप्रारब्धो वेदितव्य इति शम् ॥

योगभ्रष्टानां गतिविषये गीतावचनोदाहरणम् -

योगभ्रष्टस्य गीतायामतीते बहुजन्मनि।
प्रतिबन्धक्षयः प्रोक्तो न विचारोऽप्यनर्थकः॥४६॥

अन्वयः - गीतायां योगभ्रष्टस्य बहुजन्मनि अतीते प्रतिबन्धक्षयः प्रोक्तः (अतः) विचारः अपि अनर्थकः न।

व्याख्या :- बहुजन्माभ्यस्तविचारेणैव चरमजन्मनि प्रतिबन्धक्षये गीतावचनमनुसन्धाय मध्ये कालं विचारभ्रष्टस्य योगाच्छ्रवणादिपरिपाकलब्धजन्मनस्तत्त्वसाक्षात्काराद्भ्रष्टस्य कर्मसन्न्यासपूर्वकं

अब आगामी प्रतिबन्ध दर्शाते हैं ।

अर्थ - भावी प्रतिबन्ध वामदेव के समबन्ध में भली-भाँति कहा जा चुका है । उनका प्रतिबन्ध एक जन्म में क्षीण हुआ और भरत का भावी प्रतिबन्ध तीन जन्मों में क्षीण हुआ ॥४५॥

व्याख्या - जन्मान्तर का हेतु शेषप्रारब्ध रूप भावी प्रतिबन्ध का स्वरूप दिखाते हुए भोग के बिना उस प्रतिबन्ध का नाश न होने के कारण उसकी निवृत्ति में काल का नियम नहीं है, इस बात को भी कहते हैं । आगामी प्रतिबन्ध वामदेव में सम्यक् रूप से कहा गया । पहले कह आये हैं कि भावी प्रतिबन्ध अगले एक-दो जन्मों में क्षीण होता है । इस जन्म का शेष बचा प्रारब्ध ही अगले जन्मों में भोगने के बाद समाप्त होता है । इसके लिये काल निर्धारित नहीं किया जा सकता । किसी का भावी प्रतिबन्ध एक जन्म में तो किसी का दो या तीन जन्म में क्षीण होता है । वामदेव का प्रतिबन्ध एक जन्म में और जड़ भरत का तीन जन्मों में क्षीण हुआ । इसका वर्णन पुराणों में भली-भाँति किया गया है ।

पूर्व कथन में गीतावाक्य का उदाहरण देते हैं ।

अर्थ - श्रीमद्भगवद्गीता में योगभ्रष्ट पुरुष के बहुत से जन्म व्यतीत होने पर आगामी प्रतिबन्ध का नाश कहा गया है । फिर भी विचार करना निष्फल नहीं है ॥४६॥

व्याख्या - किसी के प्रतिबन्ध का नाश एक जन्म में और किसी के प्रतिबन्ध का नाश तीन जन्म में होता है । आपकी इस उक्ति से आपने ही काल का नियम बतला दिया, फिर आप ऐसा क्यों कहते हैं कि प्रतिबन्ध के क्षय का कोई निश्चित काल नहीं है । इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि एक या

वेदान्तवाक्यश्रवणादिकुर्वन्नत्यायुषोऽल्पत्त्वादिन्द्रियाणां व्याकुलतया वा मरणसमये चलितमासनोऽनिवृत्ता-ज्ञानतत्कार्योऽतत्त्वज्ञस्तस्य बहुषु जन्मस्वतीतेषु सत्सु प्रतिबन्धक्षयः प्रतिबन्धश्च श्रुत्यनेकतासम्भाव्यता-विपरीतभावनादिस्तस्य नाशः प्रोक्तो गीतायां भगवता । योगभ्रष्टश्च यस्तत्त्वसाक्षात्कारपर्यन्तं विचाररहितस्स उच्यते । एवञ्च मध्ये विच्छिन्नयोगस्य परित्यक्तकर्मोपासनातस्स्वर्गलोकब्रह्मलोकाद्यभावादपरिपक्वविचारितो जीवन्मुक्तेरभावात्तथाविधस्य का गतिरित्यत्रोच्यते । मध्ये कालं कृतो ब्रह्मविचारोऽपि यदि सम्यग्दर्शनफलदानक्षमो न भवति तथापि नानर्थक एव भवति । यतश्च स्मृतावात्मविचारतः पूर्वस्माद्धीन-जन्मप्राप्तिर्नेतीति बोद्धव्यते । "नैवेह नामुत्र विनाशस्तस्य विद्यत" इत्यादिवचनैः तस्मात्प्रतिबन्ध-निवृत्त्यनन्तरमेवापरोऽक्षज्ञानलक्षणफलसद्भावाद्विचारो नानर्थक इति शम् ।।

आत्मविचारसार्थक्यनिरूपणम् -

प्राप्य पुण्यकृतां लोकानात्मतत्त्वविचारतः।
शुचीनां श्रीमताङ्गेहे साभिलाषोऽभिजायते।।४७।।
अथवा योगिनामेव कुले भवति धीमताम् ।
निःस्पृहो ब्रह्मतत्त्वस्य विचारात्तद्धि दुर्लभम् ।।४८।।

अन्वयः- आत्मतत्त्वविचारतः पुण्यकृतां लोकान् प्राप्य साभिलाषः शुचीनां श्रीमतां गेहे अभिजायते।

अन्वयः - अथ वा निःस्पृहः ब्रह्मतत्त्वस्य विचारात् एव धीमतां योगिनां कुले भवति । हि (यस्मात्)तत् दुर्लभम् ।

तीन जन्मों से हमारा तात्पर्य उतना काल निश्चित करना नहीं है, क्योंकि कभी-कभी प्रतिबन्ध की निवृत्ति में अनेकों जन्म लग जाते हैं । श्रीमद्भगवद्गीता में योगभ्रष्ट पुरुष के बहुत से जन्म व्यतीत होने पर आगामी प्रतिबन्ध का नाश होना कहा गया है । सर्वकर्मसंन्यास पूर्वक वेदान्त वाक्यों का श्रवणादि करते हुए भी अल्पायु और इन्द्रियों की व्याकुलता के कारण अथवा मरण काल मे चंचल मनवाला होने से जो संन्यासी तत्त्व साक्षात्कार से वंचित रह जाता है, उसे योगभ्रष्ट कहा गया है । ऐसे योगभ्रष्ट पुरुष के बहुत जन्मों के बीत जाने पर श्रुतिवाक्यों में अनेकता, असंभाव्यता और विपरीतभावना आदि प्रतिबन्धों का नाश होता है । ऐसा श्रीमद्भगवद्गीता के छटवें अध्याय में कहा गया है । यदि ऐसा है तो बीच में ही योग से पतित हुए उस पुरुष की क्या गति होगी ? क्योंकि उसने तो स्वर्गफलदायी कर्मनिष्ठा और ब्रह्मलोकफलदायी उपासनानिष्ठा का स्वरूप से ही त्याग कर दिया है और अपरिपक्वविचार के कारण वह जीवन्मुक्त भी नहीं हो पाया । इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि उस समय ब्रह्मविचार से आत्मसाक्षात्कार रूपी फल प्राप्त न होने पर भी किया हुआ वह विचार निष्फल नहीं जाता । भाव यह है कि ***''पार्थ नैवेह नामुत्र विनाशस्तस्य जायते''*** (गी. ६/४०) इस वचनानुसार उसे पूर्वजन्म से हीन जन्म की प्राप्ति नहीं होती है ।

आत्मविचार की सार्थकता का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - आत्मतत्त्व के विचार से पुण्य करने वालों को प्राप्त होने वाले (स्वर्गादि) लोकों को प्राप्त कर सकाम पुरुष पवित्र और धनवान पुरुषों के घर जन्म ग्रहण करता है अथवा निष्कामभाव से ब्रह्मतत्त्व का विचार

व्याख्या :- अपरिपक्वविचाराणामात्मविचारपरिपाकाभावे कारणं विमृशन्विचारपरिपाकाभाव-कारणानुरूपां गतिं विशदयति । अत्र च गीतायां - "प्राप्य पुण्यकृतां लोकानि"त्यादिना "ततो याति परां गति"मित्यन्तो ग्रन्थार्थोऽनुसन्धेयः । सर्वकर्मसन्न्यासी श्रद्धालुर्योगाभ्यासकोऽसम्पूर्णे वैराग्ये सति सुतरां भोगजिहासाभावात्पूर्वोचितभोगवासनाप्रादुर्भावे भवत्येव विषयकामी । इतरस्तु सञ्जाते सम्पूर्णे वैराग्ये सम्यग्भोगजिहासया नैष्कर्म्यां सिद्धिमश्नुते । तयोर्मध्ये विषयकामनावानात्मतत्त्वविचार-बलाद्वेदान्तानां श्रवणमननिदिध्यासनानां सामर्थ्याच्च पुण्यकृतां समनुष्ठिताश्वमेधादिपुण्यकर्मणां ये लोकास्तानर्चिरादिमार्गेण ब्रह्मलोकान्प्राप्य, अत्र बहुवचनमेकस्मिन्नपि लोके तत्तत्पुण्यकार्योचितफलानुभव-योग्यस्थानभेदापेक्षया शाश्वतीस्समास्तत्रोषित्त्वा भोगक्षये शुचीनां शिष्टाचारवतां पितृतो मातृतश्चेत्युभय-कुलशुद्धानां न तथास्त्यन्येषां पवित्रता । तेषां श्रीमतां गेहेऽभिजायते जन्म प्राप्नोति योगभ्रष्टोऽप्या-त्मविचारबलादेव पुण्याल्लोकान्सम्प्राप्य यावत्सुखानुभवमुषित्त्वा तदनु यदि साभिलाषस्तदा तस्मिंल्लोके शुचीनां श्रीमतां कुलेऽभिजायते इत्यर्थः । अत्रैव पक्षान्तरमाह श्रद्धावैराग्यादिगुणाधिक्ये निश्शेषतया भोगेषु जिहासयां योगिनां धीमतां कुले जन्म भवति । अथ वाथशब्द आनन्तर्यार्थको वा शब्दश्चावधारणार्थः। तेनाथैव देहपातानन्तराव्यवहितोत्तरक्षणमेव पुण्यकृतां लोकेषु गमनं विनैव

करने से योगभ्रष्ट ज्ञानवान योगियों के कुल में जन्म लेता है । ऐसा जन्म अत्यन्त दुर्लभ है।।४७-४८।।

व्याख्या - आत्मतत्त्व का विचार कभी व्यर्थ नहीं जाता । उसका विचार करनेवाला मनुष्य यदि आत्मा का अपरोक्ष ज्ञान प्राप्त करने से पूर्व ही शरीर छोड़ देता है, तो वह योगभ्रष्ट कहलाता है । योगभ्रष्ट पुरुष दो प्रकार के होते हैं - सकाम और निष्काम । सर्वकर्मों का त्याग करने वाला श्रद्धालु योगाभ्यास में निरत होने पर भी वैराग्य की अपूर्णता के कारण अर्थात् सम्यक् रूप से विषयसुख की कामना का त्याग न करने से पूर्वोपचित भोगवासना के उत्पन्न होने पर विषयसुखों की कामना करने लगता है । और दूसरा जिसका वैराग्य पूर्णता को प्राप्त हुआ है, वह विषयसुखों की कामना का भली-भाँति त्याग करने के कारण निष्काम हो जाता है । उन (सकाम और निष्काम) दोनों में प्रथम जो विषय-कामनावान है, वह आत्मतत्त्व का विचार करने से वेदान्तादि के श्रवणादि के सामर्थ्य से पुण्य करने वालों को प्राप्त होने वाले लोकों को अर्थात् अश्वमेधादि यज्ञों को करने वालों को जो पुण्य प्राप्त होता है और उन पुण्यकर्मों के फलस्वरूप उन्हें जो स्वर्गादि लोकों की प्राप्ति होती है, उन लोकों को वह सकाम पुरुष प्राप्त करता है । फलानुभवयोग्य स्थानभेद की अपेक्षा से श्लोक में **'लोकान्'** ऐसा बहुवचन का प्रयोग किया गया है । उन स्वर्गादिलोकों को प्राप्तकर वहाँ बहुत कालतक अर्थात् अनन्त वर्षों तक वास करके, उनके भोग का क्षय होने पर शुद्ध और धनवानों के घर में जन्म लेता है अर्थात् शिष्टाचार-सम्पन्न (मातृपक्ष और पितृपक्ष) उभयकुल पवित्र पुरुषों के वहाँ जन्म ग्रहण करता है । भाव यह है कि अन्य पुरुषों में शौचाभाव होने के कारण पवित्र आचरण वाले धनवानों के वहाँ जन्म ग्रहण करता है ।

अब दूसरा पक्ष प्रस्तुत करते हैं । जो निष्काम भाव से ब्रह्मतत्त्व का विचार करता है, वह ज्ञानवान योगियों के कुल में जन्म लेता है । जो श्रद्धा वैराग्यादि कल्याणकारी गुणों से युक्त है किन्तु ब्रह्मविचार परिपक्व नहीं हुआ है, ऐसा मरणकाल में निःस्पृह पुरुष ब्रह्मतत्त्व के विचार से श्रद्धा, वैराग्यादि गुणों की अधिकता हो जाने से शरीर त्याग करके तुरन्त ही अर्थात् पुण्यवानों के लोकों को बिना प्राप्त किये

धीमतामात्मतत्त्वविचारकुशलानां योगिनां ब्रह्मविद्यावतां श्रोत्रियब्रह्मनिष्ठानां कुले जायते । स्वयमत्यन्तविरक्तश्चेद्ब्रह्मात्मतत्त्वविचारमात्रादेव चित्तैकाग्र्यवतामात्मतत्त्वविचारे कृतनिश्चयोऽनूचानवंश उपजायत इति भावः । स्पष्टतया पूर्वस्मात्पक्षाद्विशेषं विशदयति । श्रीमतां गेहे जन्मापेक्षयात्रास्तिकश्चन विशेषः । तद्वैराग्यमोक्षेच्छावेगानुरूपं ब्रह्मनिष्ठानामेव कुले लोकान्तरजन्मनिमित्तकालव्यवधानमन्तरा यज्जन्म तद्दुर्लभं नाल्पस्य हि तपसः फलम् । अत्र हीति प्रसिद्धिं द्योतयति शुकादीनामिवेति । तस्मान्न कथमपि विचारानर्थक्यमिति शम् ।।

योगिकुले जन्मप्राप्तेर्दौलभ्यविशदीकरणम् –

तत्र तं बुद्धिसंयोगं लभते पौर्वदेहिकम् ।
यतते च ततो भूयस्तस्मादेतद्धि दुर्लभम् ।।४९।।
पूर्वाभ्यासेन तेनैव ह्रियते ह्यवशोऽपि सः।
अनेकजन्मसंसिद्धस्ततो याति पराङ्गतिम् ।।५०।।

अन्वयः – हि (यस्मात्) तत्र पौर्वदेहिकं तं बुद्धिसंयोगं लभते च ततः भूयः यतते तस्मात् एतत् दुर्लभम्।

अन्वयः – सः तेन पूर्वाभ्यासेन एव हि अवशःअपि ह्रियते। अनेकजन्मसंसिद्धः ततः परां गतिं याति।

व्याख्या :– ब्रह्माभ्यासनिरतानां योगिनां वंशे जन्मात्यन्तदुर्लभमित्येतदुपपादयति । तत्र योगिनां कुले पौर्वदैहिकं पूर्वजन्मभवं बुद्धिसंयोगं तत्त्वविचारगोचरबुद्धिसम्बन्धं त्वरितं लभते । तत्त्वविचारशीलां बुद्धिमाप्नोति । तत्कुलीनप्रवृत्तेस्सदा दर्शनसत्त्वात् । पूर्वजन्मसंस्कारोद्बोधसुलभतया लभत इति यावत्। न केवलमेतावान्बुद्धिसम्बन्धलाभः किन्तु पूर्वपूर्वजन्मसंस्कारस्योद्बुद्धत्वाद्भूयो दृढतरविचाराय यतते

सीधे ही आत्मतत्त्व का विचार करने में कुशल ज्ञानवान योगियों के कुल में जन्म लेता है । श्लोक में 'अथवा' शब्द में 'अथ' शब्द आनन्तर्यार्थक है और 'वा' शब्द अवधारणार्थ है । धनवानों के गृह में जन्म लेने की अपेक्षा यहाँ क्या विशेषता है ? इस पर कहते हैं । ऐसा जन्म अत्यन्त दुर्लभ है । पुण्यवानों के लोकों में जाना रूप व्यवधान के बिना वैराग्य और मोक्षेच्छावेगानुरूप ब्रह्मनिष्ठों के ही कुल में जन्म ग्रहण करना अत्यन्त दुर्लभ है अर्थात् महान तप का फल है । श्रीवेदव्यास जी के पुत्र श्रीशुकदेव आदि इस विषय में प्रसिद्ध ही हैं, यह दर्शाने के लिये श्लोक में प्रसिद्धार्थक 'हि' का प्रयोग किया है ।

योगियों के कुल में जन्मप्राप्ति की दुर्लभता को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ – वहाँ वह (योगभ्रष्ट) पूर्व देह में किये हुए (तत्त्वविचार विषयक) बुद्धि संयोग को प्राप्त होता है, उससे वह आत्मविचार में अधिक प्रयत्न करता है । इसलिये योगी कुल में जन्म पाना दुर्लभ है । और वह (योगभ्रष्ट पुरुष) उस पूर्व अभ्यास के ही बल से परवश होते हुए भी आकृष्ट होता है और उससे (तत्त्वज्ञान से) परमगति को प्राप्त करता है ।।४९-५०।।

व्याख्या – ब्रह्माभ्यास में निरत योगियों के कुल में जन्म लेना क्यों दुर्लभ है ? इस शंका पर कहते हैं कि वहाँ (योगियों के कुल में) वह (योगभ्रष्ट पुरुष) पूर्वदेह में (पूर्वजन्म में) किये हुए तत्त्वविचारविषयक बुद्धिसंयोग को शीघ्र ही प्राप्त करता है अर्थात् तत्त्वविचारशील बुद्धि को शीघ्र ही प्राप्त कर लेता है । इस प्रकार तत्त्वविचार कुशल बुद्धि प्राप्त हो जाने पर पूर्वजन्म के संस्कारों के उत्पन्न

सदा चाधिकप्रयत्नशीलो भवति । तस्मादैव हेतोर्दोर्लभ्यमेतज्जन्मनः हीति हेत्वर्थकः । पूर्वजन्माभ्यासदाढ्यांद्विचारेऽनिच्छन्नप्याकृष्टो भवतीत्येतदाह । अवशोऽपि स्वयमनिच्छन्नपि तेन पूर्वतनाभ्यासेनैव भूयो विचारेण ह्रियत आकृष्यते । एवमनेकजन्मसंसिद्धोऽनेकजन्मस्वाचरितेन योगाभ्यासेन तत्त्वज्ञानसम्पन्नस्ततः परामुत्कृष्टां निरतिशयां गतिं याति प्राप्नोति । अत्र गीतायामिमे श्लोका अनुसन्धेयाः ।

"पार्थ! नैवेह नामुत्र विनाशस्तस्य विद्यते । न हि कल्याकृत्कश्चिद्दुर्गतिं तात गच्छति ।।
प्राप्य पुण्यकृतां लोकानुषित्त्वा शाश्वतीस्समाः । शुचीनां श्रीमतां गेहे योगभ्रष्टोऽभिजायते ।।
अथवा योगिनामेव कुले भवति धीमताम् । एतद्धि दुर्लभतरं लोके जन्म यदीदृशम् ।।
तत्र तं बुद्धिसंयोगं लभते पौर्वदैहिकम् । यतते च ततो भूयस्संसद्धौ कुरुनन्दन ।।
पूर्वाभ्यासेन तेनैव ह्रियते ह्यवशोऽपि सः । जिज्ञासुरपि योगस्य शब्दब्रह्मातिवर्तते ।।
प्रयत्नाद्यतमानस्तु योगी संशुद्धकिल्बिषः । अनेकजन्मसंसिद्धस्ततो याति परां गतिम् ।।

इति । इदमत्र किञ्चिद्विविच्यते - मानसद्वैतरूपबन्धश्शाम्यते निर्विकल्पसमाधिना । परं तज्जन्या सा शान्तिः केवलं तात्कालिक्येव । सविकल्पकसमाधिनैव सम्पाद्यते निर्विकल्पसमाधिः । भाविजन्मनाशस्तु विना ब्रह्मात्मैक्यानुभवं न सम्भाव्यते ।

सोऽयं ब्रह्मात्मैक्यानुभवो जगन्मिथ्याविवेचनविचारसाध्यः तस्य विचारस्य हेतुश्श्रवणादिरेव । ब्रह्मात्मैक्यज्ञानस्योपकारकौ वेराग्योपरमावुभौ । बहुजन्मसमासादितपुण्यपूगपरिपाकबलादेव सकलसाधन-सामग्रीसम्पत्तौ सत्यामीश्वरकृपया गुर्वनुग्रहणेन च जीवन्मुक्तत्त्वसिद्धिः । यद्यपि यस्मिन्कस्मिंश्चित्पुरुषविशेषे

हो जाने से वह आत्मविचार में अधिक प्रयत्न करता है अर्थात् योगी कुल में जन्म लेते ही उसका पूर्वजन्म में प्राप्त हुई बुद्धि से सम्बन्ध हो जाता है और वह उस पूर्वकृत संस्कार के बल से पूर्णसिद्धि प्राप्त करने के लिये अत्यधिक प्रयत्न करता है । इसलिये योगी कुल में जन्म पाना अत्यन्त दुर्लभ कहा गया है । और वह योगभ्रष्ट पुरुष उस पूर्व अभ्यास के ही बल से परवश होते हुए भी आकृष्ट होता है अर्थात् वह योगभ्रष्ट पुरुष परवश हुआ भी पूर्वाभ्यास के द्वारा अर्थात् जो पहले जन्म में किया हुआ अभ्यास है, उस अति बलवान पूर्वाभ्यास के द्वारा योग की ओर खींच लिया जाता है । यदि योगाभ्यास के संस्कारों की अपेक्षा अधिक बलवान अधर्मादि कर्म न किये हों तो वह योगाभ्यासजनित संस्कारों से स्वतः ही उस ओर प्रवृत्त हो जाता है और यदि अधिक बलवान अधर्म किया हुआ होता है तो उससे योगजन्य संस्कार भी दब जाते हैं । परन्तु उस पाप कर्म का क्षय होने पर योगजन्य संस्कार स्वयं ही अपना कार्य आरम्भ कर देते हैं । बहुत काल तक दबे रहने पर भी उसका नाश नहीं होता । इस विषय में श्रीमद्भगवद्गीता के छटवें अध्याय के श्लोक ४० से ४५ का अवलोकन करना चाहिये ।

यहाँ कुछ विचार प्रस्तुत करते हैं ।

मानसद्वैत रूप बन्धन निर्विकल्प समाधि के द्वारा शान्त होता है, वह शान्ति तात्कालिकी होती है। निर्विकल्प समाधि सविकल्प समाधि के द्वारा प्राप्त होती है । आगामी जन्म का नाश ब्रह्मात्मैक्य ज्ञान के बिना संभव नहीं है । ब्रह्मात्मैक्यज्ञान मिथ्यात्व का विवेचन अर्थात् विचार करने पर प्राप्त होता है।

यदा कदापि वैराग्योपरमबोधानां त्रयाणां मध्ये यः कोऽपि दुरितप्रतिबन्धातिशयेन प्रतिबद्ध्यते । तत्र यदि बोधः प्रतिबद्धश्चेत्सम्पूर्णवैराग्योपरमाभ्यां तपसो बलाच्च पुण्यलोकसम्प्राप्तिः । यदि च प्रतिबद्धौ वैराग्योपरमौ सम्पूर्णश्च बोधस्तदा मोक्षो विनिश्चित एव । दृष्टदुःखं त्त्वारब्धक्षयादेव नश्यति नेतरथा। श्रवणादिना विचारश्च कर्तव्यो ब्रह्मात्मैक्यस्य दृढज्ञानपर्यन्तम्। बहुजन्मदृढाभ्यासाद्देहात्मधीर्जगत्सत्य-त्त्वबुद्धिश्च पुनः पुनरुदेति । ततो भूयो भूय आमरणं विचारयन्नपि प्रतिबन्धवशाद्विचारस्य परिपाकाभावे नात्मसाक्षात्कारस्सिद्ध्यति । जन्मान्तरे प्रतिबन्धक्षये सति शनैश्शनैः कालेनात्मविचारस्य परिपक्वे जाते तु लभ्यत एव मोक्षः। यद्यपि विचारपरिपाकात्प्रागेवायुषोऽल्पत्त्वान्मरणकाले चेन्द्रियाणां चाञ्चल्यादप्राप्तसाक्षात्कारस्य म्रियमाणस्य मध्ये कालं विच्छिन्नयोगस्य न मोक्षावाप्तिः । तस्य च सर्वकर्मसन्न्यासस्य सिद्धत्त्वान्न कर्मफलभूतपितृलोकप्राप्तिः। न वा देवलोकप्राप्तिरनभ्यस्तोपासनात्त्वात् । न हि तस्योपासनासहितकर्मफलं वक्तव्यम् । यद्यप्येतादृग्योगभ्रष्टो नैव विनाशमेति । यतश्चैवं जागर्ति वचनं "नैवेह नामुत्र विनाशस्तस्य विद्यत" इति पूर्वस्माज्जन्मनो नैव भवति हीनजन्म । कपूयचरणजन्यं कर्मान्तरमधमजन्मजनकं योगभ्रष्टस्य स्वयोगबलादेव प्रतिबद्ध्यते । भगवता गीताचार्येण योगभ्रष्टस्य साभिलाषत्त्वनिरभिलाषत्त्वभेदेन दुर्गत्यभावप्रतिपादनात् । "न हि कल्यणकृत्कश्चिद्दुर्गतिं तात गच्छती"त्याद्युपक्रम्य "शुचीनां श्रीमतां गेहे योगभ्रष्टोऽभिजायते । अथवा योगिनामेव कुले भवति धीमता"मित्यादिनोभयविधस्यापि जन्मनः कल्याणकृतो दुर्गत्यभावो विवृतः । विचारस्त्वचञ्चल-चित्तानामज्ञानपिहितात्मनामुपदिश्यते । उपासना च विधीयते तद्भिन्नानां बहुव्याकुलचित्तानाम् । एवं विहितया नैरन्तर्योपासनयापि यदि न कृतकृत्यस्तत्र कारणं बुद्धिदर्पः। यश्चापक्वो निष्कामो निर्गुणोपासको मरणे ब्रह्मलोके वा तत्त्वं विज्ञाय विमुच्यते । मूलाविद्याविनिवर्तिका धीस्तु निर्गुणोपासकस्स

श्रवण, मनन और निदिध्यासन उसके हेतु हैं । वैराग्य और उपरति दोनों ब्रह्मज्ञान के सहायक हैं और वे भी अनेक जन्म में किये हुए पुण्य कर्मों के फल स्वरूप ही पूर्ण होते हैं, जिससे कि जीवन्मुक्ति की सिद्ध होती है । यदा कदाचिद् किसी पुरुष में उपर्युक्त तीनों में से कोई एक अथवा दो कभी-कभी प्रतिबन्धित हो जाते हैं । वैराग्य और उपरति के प्रतिबन्धित होने पर भी मोक्ष अवश्य प्राप्त होता है, किन्तु दृष्टदुःख की निवृत्ति नहीं होती है । अतः ब्रह्मात्मैक्य ज्ञान जब तक दृढ़ न हो जाए तब तक विचार अवश्य ही करना चाहिये । अनेक-जन्मों के दृढ़ अभ्यास के कारण देह और जगत् में सत्यत्व बुद्धि बार-बार उत्पन्न हो तो बार-बार विचार के द्वारा उसकी निवृत्ति करें । मरणपर्यन्त विचार करने पर भी प्रतिबन्धवशात् विचार की परिपक्वता के अभाव में आत्मसाक्षात्कार नहीं हो पाता किन्तु विचार निष्फल नहीं जाता । जन्मान्तर में प्रतिबन्धों का क्षय होने पर धीरे-धीरे आत्मविचार के परिपक्व हो जाने पर आत्मसाक्षात्कार अवश्य होता है । यदि विचार परिपक्व हुए बिना ही मृत्यु हो जाय तो उसकी दुर्गति नहीं होती ***"पार्थ नैवेह नामुत्र विनाशस्तस्य विद्यते"*** इस वाक्य से सिद्ध है कि वह योग भ्रष्ट पुरुष पूर्व जन्म की अपेक्षा हीन जन्म को प्राप्त नहीं करता है ।

जिनका चित्त अचंचल है, केवल अज्ञानावरण के कारण ज्ञानरहित है, उनके लिये विचार करने का उपदेश किया गया है । उनसे भिन्न अत्यन्त व्याकुल चित्तवालों के लिये उपासना का विधान किया गया है क्योंकि उससे बुद्धि का दर्प विनष्ट हो जाता है । निष्काम निगुण ब्रह्मोपासक मरणकाल में अथवा ब्रह्मलोक में आत्मतत्त्व को जानकर मुक्त हो जाता है । निर्गुण ब्रह्मोपासना से मूलाविद्या को दूर करने वाली बुद्धि उत्पन्न होती है, उससे विद्या की उत्पत्ति होती है और विद्या से मुक्ति प्राप्त होती है, और सकाम

तूपासनासामर्थ्याद्ब्रह्मलोकमध्युष्य तत्त्वमवेक्षते, विमुच्यते च । नह्युभावपि पूर्वोक्तौ पुनरावर्तेते ब्रह्मलोका"दनावृत्तिश्शब्दादि"तिन्यायात् । "इमं मानवमावर्तं नावर्तन्ते । न स पुनरावर्तत" इत्यादिभिश्च वचनैः। भगवता पृथगुक्तैव प्रतीकोपासकानां गतिः –

"यं यं वापि स्मरन्भावं त्यजत्यन्ते कलेवरम् । तं तमेवैति कौन्तेय सदा तद्भावभावितः ।।" इति। एवं च वेदान्तेषूपासनानां विचारो मोक्षस्य परम्परयोपकारकत्त्वात्तेषामिति ज्ञेयम् । अत्र किञ्चिदेषां श्लोकानामर्थो मनस्यवधीयताम् ।

"अप्रमत्तो भव ध्यानादाद्येऽन्यस्मिन्विवेचनम् । कुरु प्रमाणयुक्तिभ्यां ततो रूढतमो भवेत् ।।
बन्धश्चेन्मानसद्वैतं तन्निरोधेन शाम्यति । अभ्यसेद्योगमेवातो ब्रह्मज्ञानेन किं वद ।।
शक्यं जेतुं मनोराज्यं निर्विकल्पसमाधितः । स सम्पादः क्रमात्सोऽपि सविकल्पसमाधिना ।।
वैराग्यबोधोपरमास्सहायास्ते परस्परम् । प्रायेण सह वर्तन्ते वियुज्यन्ते क्वचित्क्वचित् ।।
हेतुस्वरूपकार्याणि भिन्नान्येषामसङ्करः । यथावदवगन्तव्यश्शास्त्रार्थं प्रविविच्यता ।।
अस्ति कूटस्थ इत्यादौ परोक्षं वेत्ति वार्तया । पश्चात्कूटस्थ एवास्मीत्येवं वेत्ति विचारतः ।।
अहं ब्रह्मेति वाक्यार्थबोधो यावद्दृढीभवेत् । शमादिसहितस्तावदभ्यसेच्छ्रवणादिकम् ।।
बहु जन्मदृढाभ्यासाद्देहादिष्वात्मधीः क्षणात् । पुनः पुनरुदेत्येवं जगत्सत्यत्त्वधीरपि ।।
अत्यन्तबुद्धिमान्द्याद्वा सामग्र्या वाप्यसम्भवात् । यो विचारं न लभते ब्रह्मोपासीत सोऽनिशम्।।
उपासनं नापि पक्वमिह यस्य परत्र सः । मरणे ब्रह्मलोके वा तत्त्वं विज्ञाय मुच्यते ।।

आगामिप्रतिबन्धान्तरस्य निरूपणम् –

ब्रह्मलोकाभिवाञ्छायां सम्यक्सत्यां निरुध्यताम् ।
विचारयेद्य आत्मानन्न तु साक्षात्करोत्ययम् ।।५१।।

निर्गुण ब्रह्मोपासक उपासना के बल से ब्रह्मलोक में जाकर वहीं तत्त्वज्ञान प्राप्त कर मुक्त होता है । दोनों ही ब्रह्मलोक को प्राप्त कर पुनः मर्त्यलोक में नहीं आते । ***"अनावृत्तिः शब्दात् अनावृत्तिः शब्दात्"*** (ब्र.सू. ४/४/२२) ***"इमं मानवमावर्तं नावर्तन्ते, न स पुनरावर्तते"*** (छा.उ. ४/१५/६) इत्यादि श्रुति और सूत्र इस विषय में प्रमाण है । और

"यं यं वापि स्मरन्भावं त्यज्यन्ते कलेवरम् ।
तं तमेवैति कौन्तेय सदा तद्भावभावितः ।। (गी.)

इस गीतावचनानुसार प्रतीकोपासक भी क्रम से ज्ञान प्राप्त कर मुक्त हो जाता है । तात्पर्य यह है कि उपासनाएँ मोक्ष में परम्परा से उपकारक होने के कारण वेदान्तों में उनके विषय में विचार किया जाता है । इस विषय में प्रकरण. २ श्लोक ७३, प्र. ४ श्लोक ३८, प्र. ४ श्लोक ६१, प्र. ६ श्लोक २७६-२७७, प्र. ७ श्लोक ३१, प्र. ७ श्लोक ९८ से १०४ तक, प्र. ९ श्लोक ५४ और प्र. ९ श्लोक १३६ इन श्लोकों के अर्थों का सिंहावलोकन करना चाहिये ।

आगामी प्रतिबन्ध के अन्य कारण को दर्शाते हैं ।

अर्थ – ब्रह्मलोक प्राप्ति की इच्छा दृढ़ रूप से विद्यमान होने पर उस इच्छा को दबाकर जो आत्मविचार करता है, वह ब्रह्मसाक्षात्कार नहीं कर पाता है । ***"वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्थाः"*** इस

वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्था इति शास्त्रतः।
ब्रह्मलोके स कल्पान्ते ब्रह्मणा सह मुच्यते॥५२॥

अन्वयः - ब्रह्मलोकाभिवाञ्छायां दृढायां सम्यक् सत्यां तां निरुध्य यः आत्मानं विचारयेत् अयं तु न साक्षात्करोति ।

अन्वयः - "वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्थाः" इति शास्त्रतः सः ब्रह्मलोके कल्पान्ते ब्रह्मणा सह मुच्यते।

व्याख्या :- यथा स्वर्गलोकादिफलाभिलाषो मोक्षप्रतिबन्धकस्तथैव ब्रह्मलोकाभिलाषोऽपि काम्यत्त्वाविशेषादित्यभिप्रेत्याह । ब्रह्मलोकाभिवाञ्छायां ब्रह्मणः कार्यब्रह्मणो यो लोकस्सत्यसंज्ञकस्तस्मिन् सम्यक्सामीचीन्येनाभिवाञ्छायां सत्यां तां निरुद्ध्य य आत्मानं शास्त्रयुक्तिभ्यां विचारयेत्स आत्मानं न साक्षात्करोति । मनस्यभिवाञ्छायास्सद्भावात् । यदि नामाभिवाञ्छां निर्मूल्य विचारयेत्तदात्मसाक्षात्कारेण प्राग्देहपाताज्जीवन्मुक्तता सिद्ध्यति । सैवात्यन्तिको मोक्षः । सा चात्यन्तोपमृदितसर्वकामनामूलस्य वैराग्यसौभाग्यस्यैव फलम् । तस्माद्ब्रह्मलोककामनापि जीवन्मुक्तेः प्रतिबन्धिकैव । तथोक्तं प्राक् - "ब्रह्मलोकतृणीकारो वैराग्यस्यावधिर्मतः । देहात्मवत्परात्मत्त्वदार्ढ्ये बोधस्समाप्यत" इति । तर्हि तस्य साधकस्य का गतिः कदा मुक्तिर्भवेदित्यपेक्षायां कदापि कामनातिपीडितस्य न ब्रह्मसाक्षात्कारोऽपि तु सर्वैषणात्यागपूर्वकं सर्वकर्माणि सन्न्यस्यात्मज्ञाननिष्ठावत एवेति तैत्तिरीयादिश्रुतिसिद्धमर्थं प्रदर्शयति। "वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्थास्सन्न्यासयोगाद्यतयश्शुद्धसत्त्वाः । ते ब्रह्मलोके तु परान्तकाले परामृताः परिमुच्यन्ति सर्वे" इत्यादिश्रुत्या, तथा स्मृत्या - "ब्रह्मणा सह ते सर्वे सम्प्राप्ते प्रतिसञ्चिरे । परस्यान्ते कृतात्मानः प्रविशन्ति परं पदम्" ।। इत्यादिकया चायमर्थः प्रसिद्धः । एवञ्चैतादृशशास्त्रबलाद्-

---

शास्त्रवचन से वह अधिकारी पुरुष कल्प के अन्त में हिरण्यगर्भ रूप कार्यब्रह्म के साथ ही मुक्त हो जाता है ।।५१-५२।।

व्याख्या - जैसे स्वर्गलोक की इच्छा ब्रह्मसाक्षात्कार में बाधक है, वैसे ही ब्रह्मलोक प्राप्ति की कामना भी बाधक है । ब्रह्मलोक की प्राप्ति की इच्छा दृढ़ रूप से विद्यमान होने पर अर्थात् कार्यब्रह्म का जो ब्रह्मलोक (सत्यलोक) है, उसे प्राप्त करने की दृढ़ इच्छा होने पर उस इच्छा का निरोध कर अर्थात् उसको बाह्य रूप से दबाकर जो आत्मा का विचार करता है, वह आत्मसाक्षात्कार नहीं कर पाता है अर्थात् आत्मसाक्षात्कार से देहपात होने से पूर्व की जो जीवन्मुक्ति है, उसको प्राप्त नहीं कर पाता है, वह जीवन्मुक्ति ही आत्यन्तिक मोक्ष है, वह सकाम पुरुष के द्वारा प्राप्तव्य नहीं है । वह तो पूर्ण रूप से कामना की निवृत्तिमूलक तीव्रवैराग्य के फलस्वरूप प्राप्त होती है । भाव यह है कि ब्रह्मलोक की कामना भी जीवन्मुक्ति की प्रतिबन्धिका ही है । इसीलिये पूर्व में कहा गया है कि***"ब्रह्मलोकतृणीकारो वैराग्य स्यावधिर्मतः"*** (प.द. ६/२८५) अर्थात् ब्रह्मलोक को भी तृण के समान तुच्छ समझना वैराग्य की सीमा है । और वैराग्य से ही बोध होता है क्योंकि वैराग्य का फल ही बोध है ।***"वैराग्यस्य फलं बोधः"***

ब्रह्मलोकप्राप्त्यनन्तरमपि तत्रैव ब्रह्मणा सहात्मविचारं विधाय तत्त्वं साक्षात्कृत्यानुभूतमयाथार्थ्यो ब्रह्मणा सह मुक्तिमधिगच्छतीति सिद्धम् । एवं तर्हि ब्रह्मलोकाभिवाञ्छाप्रयुक्तस्य न कदापि मोक्षावकाश इति चेदुच्यते । इच्छावशादवश्यप्राप्तव्ये ब्रह्मलोके सत्याभिधेये लोके ब्रह्मणा सहोषित्त्वा तत्रेच्छायास्सम्यगुपमर्दनात्कल्पान्ते प्रलयकाले ब्रह्मणा सहैव सोऽपि मुच्यते । एष नियमो यदिच्छाया-स्समुन्मूलनं विना न ब्रह्मभावापत्तिरिति । वेदान्तविज्ञानेत्यादिश्रुतेस्त्वयमर्थः । वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्था वेदानामन्तोऽन्तिमभागभूता उपनिषदस्तासां विज्ञानेन महावाक्यार्थबोधस्यादाढ्यें हेतुभूतासु श्रुत्यनेकता-सम्भाव्यताविपरीतभावनासु श्रवणमननिदिध्यासनैरपनीतासु सत्सु स्थिरीभूतेनाहं ब्रह्मेति दृढज्ञानेन सुनिश्चितोऽर्थो ब्रह्मपदार्थो यैस्साधकैस्ते संन्यासयोगाद्विषयाणामनित्यत्त्वज्ञानेन भोगजिहासात्मक-सम्पूर्णवैराग्ये सति सर्वकर्मपरित्यागपूर्वकब्रह्मनिष्ठारूपाद्ये यतयो निरन्तरप्रयत्नशीलाश्शुद्धसत्त्वा-स्सन्न्यासयोगेन विषयेभ्यो निवृत्तचित्ततया पुनस्तेषु रत्त्यभावात् । तथाविधा ये सन्ति ते ब्रह्मलोके लोक्यते दृश्यते ज्ञायत इति लोको ज्ञानं ब्रह्मैव लोको ब्रह्मलोकस्तस्मिन्परे ब्रह्मणि यद्वा ब्रह्मणो लोको दर्शनं साक्षात्कारस्तस्मिन्परान्तकाले परश्चासावन्तकालश्चेति तथा परत्त्वं चात्यन्तोपरमस्संसारस्य। तत्र संसारावसानसमये सर्वात्मना देहाभिमानपरित्यागकाले, परामृताः परं ह्यमृतममरणधर्मकं ब्रह्मभूतं येषां ते जीवन्त एव ब्रह्मभावमापन्नास्सर्वतः परिमुच्यन्ति समन्तान्निवृत्तिमुपयान्ति । न तत्र देशविशेषगमनमपेक्षन्ते । अस्यैव मन्त्रस्यार्थविस्तरस्त्वनुसन्धेयो मुण्डके महानारायणोपनिषदि च । तस्माद्ये तीव्रमुमुक्षवस्तेऽवश्यं मुक्ता भवन्तीति शम् ।।

(वि.चू. ४२०) उक्तार्थ को ही श्रुतिसिद्ध करने के लिये कहते हैं कि*''वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्थाः''* इस शास्त्रवचन से वह अधिकारी पुरुष कल्प के अन्त में हिरण्यगर्भ रूप कार्यब्रह्म के साथ ही मुक्त हो जाता है । यह वचन मुण्डकश्रुति का है ।

वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्थाः संन्यासयोगाद्ययतश्शुद्धसत्त्वाः।

ते ब्रह्मलोकेषु परान्तकाले परामृताः परिमुच्यन्ति सर्वे ।। (मु.उ. ३/२/६)

अर्थात् - जिन्होंने वेदान्तजनित विज्ञान से ज्ञेय अर्थका अच्छी तरह निश्चय कर लिया है, वे संन्यासयोग से युक्त विशुद्धसत्त्व पुरुष ब्रह्मलोक में देहत्याग करते समय उत्कृष्ट, अमरणधर्मा ब्रह्मभाव को प्राप्त कर सब ओर से मुक्त हो जाते हैं । स्मृति भी कहती है कि -

ब्रह्मणा सह ते सर्वे सम्प्राप्ते प्रतिसञ्चरे ।

परस्यान्ते कृतात्मानः प्रविशन्ति परं पदम् ।।

ब्रह्मलोक में पहुँचे वे सब प्रलय काल आने पर कृतार्थ होकर ब्रह्माजी के साथ परम पद में प्रवेश करते हैं । दृढ इच्छा के कारण ब्रह्मलोक को प्राप्तकर वहाँ रह कर वहाँ के सुखों का अनुभव कर प्रलयकाल में जब वह इच्छा भी नष्ट हो जाती है, तब ब्रह्मपद पर स्थित तत्कालीन कार्यब्रह्म के साथ वे सभी मुक्त हो जाते हैं । भाव यह है कि कामनाओं की पूर्ण रूप से निवृत्ति के बिना ब्रह्मभाव की प्राप्ति नहीं होती है।

तीव्रपापिनां विचारदौर्लभ्यनिरूपणम् -

केषाञ्चित्स विचारोऽपि कर्मणां प्रतिबध्यते ।
श्रवणायापि बहुभिर्यो न लभ्य इति श्रुतेः ॥५३॥

अन्वयः - केषाञ्चित् सः विचारः अपि कर्मणा प्रतिबध्यते । "यः बहुभिः श्रवणाय अपि न लभ्यः" इति श्रुतेः ।

व्याख्या :- एवं विचारे प्रवृत्तानां ज्ञानावाप्तेः प्रतिबन्धान्निरूप्य तत्साधनेष्वपि विद्यमानान्प्रतिबन्धान्निरूपयति । "श्रवणायापि बहुभिर्योन लभ्य" इति कठवचनाद्यः परमात्मा सर्वान्तरो बहुभिः पुरुषैश्श्रवणायापि श्रोतुमपि न लभ्यस्सुदुर्लभ इति श्रुत्यर्थमनुसृत्य केषाञ्चिद्बलवत्तरप्रारब्धाभिहतानां विचारोऽपि ब्रह्मविचारोऽपि प्रारब्धेन कर्मणा प्रतिबुद्ध्यते । अतो दुरितनिवृत्तये विहितं कर्मेश्वरार्पणबुद्ध्या समनुष्ठेयमिति शम् ।।

उपासनायां मन्दबुद्धीनामधिकार इति निरूपणम् -

अत्यन्तबुद्धिमान्द्याद्वा सामग्र्या वाप्यसम्भवात् ।
यो विचारन्न लभते ब्रह्मोपासीत सोऽनिशम् ॥५४॥

अन्वयः - अत्यन्तबुद्धिमान्द्यात् वा सामग्र्याः अपि असम्भवात् वा यः विचारं न लभते। सः अनिशं ब्रह्म उपासीत।

ब्रह्मविचार की दुर्लभता को पुनः दर्शाते हैं ।

अर्थ - 'जो बहुतों को तो सुनने के लिये भी प्राप्त होने योग्य नहीं है' यह श्रुतिवचन है । अतः कुछ लोगों को तो वह विचार भी कर्म के कारण प्रतिबन्धित हो जाता है ।।५३।।

व्याख्या - इस प्रकार तत्त्व का विचार करते रहने पर भी प्रतिबन्ध के कारण इसी जन्म में साक्षात्कार का अभाव दर्शाया गया, अब प्रतिबन्धनिमित्तक विचार की दुर्लभता का वर्णन करते हैं । कठोपनिषद् में कहा गया है कि ***"श्रवणायापि बहुभिर्यो न लभ्यः"*** (कठो. १/२/७) अर्थात् यह आत्मज्ञान बहुतों को तो सुनने के लिये भी प्राप्त नहीं होता । अर्थात् जिनके पाप रूप प्रारब्धकर्म बलवत्तर होते हैं, उन पुरुषों के लिये ब्रह्मविचार अत्यन्त दुर्लभ है । उनके पाप रूपी प्रारब्धकर्म ही उसके प्रतिबन्धक हो जाते हैं । पाप कर्मों की प्रचुरता के कारण अधिकांश मनुष्य बहिर्मुख होने के कारण विषयसुख को ही सर्वोत्तम लाभ मानते हैं । शास्त्र और सद्गुरु के उपदेश सुनने का उन्हें मौका ही नहीं मिलता । यदि मिलता भी है तो वे वहाँ से अतिशीघ्र भाग निकलते हैं । कई लोग ऐसे हैं जो दिन-रात उठने से लेकर सोने तक केवल विषयभोग की ही चर्चा करते हैं । उन्हें कभी आत्मतत्त्व सुनने को भी नहीं मिलता, विचार की तो बात ही क्या है । इसका कारण उनके अशुभ कर्म ही हैं । जो प्रारब्ध रूप से वर्तमान में उनके साथ जुड़े हुए हैं । अतः पापकर्म रूपी प्रारब्ध भी आत्मसाक्षात्कार में बाधक है ।

मन्दबुद्धि वालों के लिये उपासना का विधान करते हैं ।

अर्थ - बुद्धि की अत्यन्त मन्दता से अथवा सामग्री के अभाव से जो पुरुष विचार न कर सकता हो, उसे निरन्तर ब्रह्म की उपासना करनी चाहिये ।।५४।।

व्याख्या :- एतावता ग्रन्थेन वार्तिकोक्ताः प्रतिबन्धास्सप्रपञ्चं सुनिरूपिताः । सम्प्रति पूर्वं यदुपन्यस्तं "उपास्तीनामनुष्ठानमार्षग्रन्थेषु वर्णितम् । विचाराक्षममर्त्याश्च तच्छृत्त्वोपासते गुरो"रित्यादिना तत्प्रतिपादयति। एवं च सत्सु प्रतिबन्धेषु तत्त्वसाक्षात्काररूपं ज्ञानमथवा तत्साधने विचारे च न प्रवृत्तिस्सम्भवतीत्युक्त्वेदानीं विचारासमर्थानामुपायभूतामुपासनामुपदिशति । अत्यन्तबुद्धिमान्द्यादथ वा सामग्र्या गुरुशास्त्रात्मिकाया ज्ञानसाधनीभूत गुरूपदेशे तथाद्वैतबोधपरमार्थशास्त्रेषु च सम्पूर्णविश्वासस्तदसम्भवस्तस्माद्धेतोः येत्त्वात्मविचारं न लभन्ते तेऽनिशमहर्निशं ब्रह्मोपाते तेषामनवरतोपासनायामेवाधिकार इति शम् ।।

निर्गुणब्रह्मोपासनाप्रकारनिरूपणम् -

निर्गुणब्रह्मतत्त्वस्य न ह्युपास्तेरसम्भवः ।
सगुणब्रह्मणीवात्र प्रत्ययावृत्तिसम्भवात् ।।५५।।

अन्वयः - निर्गुणब्रह्मतत्त्वस्य उपास्तेः असंभवः न हि सगुणब्रह्मणि इव अत्र प्रत्ययावृत्तिसंभवात्।

व्याख्या :- निगुर्णे ब्रह्मणि कथमुपासनमुपास्योपासकादिद्वैतघटितोपासनाविषयतया तस्मिन्केन वा प्रकारेण सिद्ध्यति किञ्चोपासनं सगुणस्य घटेत न कथञ्चिन्निर्गुणस्य निराकारस्य निर्विषयस्य चेत्याशङ्कायां निर्गुणब्रह्मात्मतत्त्वोपासनायाः प्रत्ययावृत्तिरूपत्त्वाद्यथा सगुणब्रह्मण उपासनं घटते तथैव निर्गुणब्रह्मण्यपीत्युपासनायाः संभवं स्पष्टयति । यथा वा सगुणब्रह्मणि तद्विषयकोपासनायां सर्वं सुघटं तद्वदत्रापि निर्गुणब्रह्मोपासनानामपि प्रत्ययावृत्तिसम्भवात् विजातीयवृत्त्यन्तरानन्तरितसजातीयबुद्धि-वृत्तीनामावृत्तेस्तदितरानवच्छिन्नानां च सम्भवात् निर्गुणब्रह्मतत्त्वस्योपास्तेर्नासम्भवः । यतश्च सगुणे

व्याख्या - विचार करने में असमर्थ किन्तु परम पुरुषार्थ चाहने वाले अधिकारी का क्या कर्तव्य है? ऐसी आकांक्षा होने पर इसी प्रकरण में प्रतिज्ञात ***"विचाराक्षममर्त्याश्च तच्छुत्वोपासते गुरोः"*** (९/२८) इस अर्थ का उपपादन करते हुए विचार करने में असमर्थ मनुष्यों के कल्याण के लिये उपासना का विधान करते हैं । तत्त्वविचार करने की असमर्थता के दो कारण हैं - बुद्धि की मन्दता और सामग्री का अभाव । बुद्धि की अत्यन्त मन्दता होने पर ब्रह्मविचार होना संभव नहीं है । क्योंकि श्रुति कहती है ***"दृश्यते त्वग्र्यया बुद्ध्या सूक्ष्मया सूक्ष्मदर्शिभिः"*** (कठो. १/३/१२) । और श्रोत्रिय, ब्रह्मनिष्ठ गुरु तथा शास्त्र, देश और विचार के अनुकूल काल आदि ज्ञान प्राप्ति की सामग्री का अभाव होने पर भी विचार करना संभव नहीं है । अतः बुद्धि की अत्यन्त मन्दता अथवा ज्ञान प्राप्ति के साधनभूत गुरु शास्त्रादि रूप सामग्री के अभाव में जो विचार न कर सकता हो, ऐसे पुरुष को अहर्निश ब्रह्म की उपासना करनी चाहिये ।

निर्गुण ब्रह्म की उपासना का प्रकार दर्शाते हैं ।

अर्थ - निर्गुण ब्रह्मतत्त्व की उपासना असंभव नहीं है क्योंकि सगुण ब्रह्म की उपासना की तरह यहाँ (निर्गुणब्रह्म में) भी प्रत्यय की आवृत्ति संभव है ।।५५।।

व्याख्या - निर्गुण ब्रह्मतत्त्व गुणरहित होने के कारण उसकी उपासना कैसे संभव है ? इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि उपासना प्रत्यावृत्ति रूप होने से सगुण ब्रह्म की उपासना की तरह निर्गुण ब्रह्म की उपासना भी की जा सकती है, जैसे सगुण ब्रह्म की उपासना में अन्यवृत्तियों से अवच्छिन्न बुद्धिवृत्तियों की आवृत्ति होना संभव है, वैसे ही निर्गुण ब्रह्मतत्त्व की उपासना में भी प्रत्यय की आवृत्ति संभव है ।

निर्गुणे वा ब्रह्मोपासने बुद्धिवृत्तीनां सान्तत्यस्योभयत्र साम्यम् । तस्मान्निर्गुणे कथमुपास्तिरितीयं शङ्का न साधीयसी । उपासनाविषये किञ्चिद्विविच्यते – ब्रह्मणो द्वैविध्यं सोपाधिनिरुपाधित्त्वभेदतोऽभिधीयते। सोपाधिकं च ब्रह्माविद्याविषयम् । निरुपाधिकं च विद्याविषयम् । अत एव च भाष्यकारवचनम् "एकमपि ब्रह्मापेक्षितोपाधिसम्बन्धं निरस्तोपाधिसम्बन्धं चोपास्यत्त्वेन ज्ञेयत्त्वेन च वेदान्तेषूपदिश्यत" इति । मोक्षश्च परमात्माभिन्नप्रत्यगात्मसाक्षात्कारः । साक्षात्कारश्च "अहं ब्रह्मास्मी"त्याकारको-परोक्षानुभूतिः । सोऽयं साक्षात्कारः पञ्चकोशविवेचनादेव भवति । विवेचितेषु च पञ्चसु कोशेषु तस्यात्मनश्चिदाभासावभासितत्त्वरूपं फलव्याप्यत्त्वमपास्यते । चिरन्तनाभ्यस्तदेहात्मत्त्वविभ्रान्तस्य मुहुर्मुहुर्विचारेऽपि प्रतिबन्धतस्सामग्र्यभावाद्वा समधीतवेदवदार्थानामप्यत्यन्तव्याकुलचित्तानां मन्दबुद्धीनां प्रत्यगात्माभिन्नतया ब्रह्मावगन्तुं न शक्यते इत्यतस्तेषां निरन्तरब्रह्मोपसना विधीयते । लौकिकव्यवहारे इवोपासनायामपि मिथ्यात्त्वबुद्धिरविशिष्टैव ज्ञानिनामिति तत्त्वम् । शास्त्रसमर्थितं किञ्चिदालम्बनमुपादाय तस्मिन्समानचित्तवृत्तिसन्तानकरणं तद्विलक्षणप्रत्ययानन्तरितमेवोपासनाशब्दितं भवति । उपासनं तु चित्तवृत्त्यात्मकत्त्वात्सम्यङ्मनस्कता प्रयुक्तं भवति । ज्ञानोपासनयोर्वस्तुतन्त्रकर्तृतन्त्रत्त्वभेदेन महदेवान्तरमस्ति । यथा वस्तुस्वरूपं तथैव तज्ज्ञायते । नान्यथा । आलम्बनवस्तूपादानस्योपासकाय-त्तत्त्वाद्यथारुचि तद्विधियते । तस्य कर्तुमकर्तुमन्यथाकर्तुमपि समर्थत्त्वात् । विद्या हि नैष्कर्म्यधाना । उपासना तु कर्मप्रधाना । सिद्धत्त्वाद्ब्रह्मणस्तज्ज्ञानाभावेऽपि न विलीयते ब्रह्म । ध्यानस्वरूपत्त्वा-दुपासनस्य तद्ध्यानाभावे चोपास्यस्वरूपं विलीयते । साक्षिणस्स्वयमेव प्रमातृत्त्वात्तस्य फलव्याप्तित्त्वमेव

भाव यह है कि प्रत्ययावृत्तिसंभव रूप हेतु दोनों (सगुण-निर्गुण) उपासनाओं में समान ही है ।

यहाँ उपासना के विषय में कुछ विचार प्रस्तुत करते हैं । सोपाधिक और निरुपाधिक रूप से ब्रह्म दो प्रकार का है – सोपाधिक ब्रह्म अविद्या का विषय है और निरुपाधिक ब्रह्म विद्या का विषय है । श्रीशंकराचार्य जी ने भी बृहदारण्यकभाष्य में कहा है कि – ***"एकमपिब्रह्मापेक्षितोपाधिसम्बन्धं निरस्तोपाधिसम्बन्धं चोपास्यत्वेन ज्ञेयत्वेन च वेदान्तेषूपदिश्यते"*** (शां.भा.१/४/१०) अर्थात् एक होते हुए भी ब्रह्म उपाधि के सम्बन्ध के कारण और उपाधि सम्बन्ध के अभाव के कारण उपास्य और ज्ञेयत्व रूप से वेदान्तों में कहा गया है । 'मैं ब्रह्म हूँ' इस प्रकार की अपरोक्षानुभूति को आत्मासाक्षात्कार कहते हैं । पञ्चकोश का विवेचन करने पर वह अनुभूति होती है । दीर्घकाल से अभ्यस्त देहादि में आत्मत्व बुद्धि प्रतिबन्ध के कारण विचार करने पर भी सामग्री के अभाव में और मन्दबुद्धि के कारण ब्रह्म को आत्मरूप से जान पाना संभव नहीं है । अतः ऐसे पुरुषों के लिये उपासना का विधान किया गया है। ज्ञानी की लौकिक व्यवहार में जैसे मिथ्यात्व बुद्धि होती है, वैसी ही उपासना में भी होती है । शास्त्र के द्वारा समर्थित किसी भी आलम्बन को ग्रहण कर उसमें चित्त की वृत्ति को तैलधारा की तरह निरन्तर प्रवाहित करते रहने को उपासना कहते हैं । उपासना में मन को बहुत महत्व दिया गया है । ज्ञान और उपासना में महान अन्तर है । ज्ञान वस्तुतन्त्र है और उपासना कतृतन्त्र अर्थात् कर्ता के अधीन है । वस्तु जिस रूप में हो, उसे उसी रूप में जानना अन्यथा न जानना, ज्ञान कहलाता है । किन्तु उपासना उपासक की रुचि के अनुसार होती है । वह उपासना को करने में, न करने में और अन्यथा करने में समर्थ होता है

निवार्यते । तथाप्युभयत्र धीव्याप्यत्त्वस्य विद्यमानत्त्वाद्यथा ब्रह्म वेद्यं भवति तथैवोपास्यमपीत्युभयब्रह्मणोर्वेद्यस्वरूपं समानमेव । स्वरसत एवपोसाना त्रिपुटीविशिष्टा भवति । आलम्ब्यालम्बकालम्बनरूपत्रिपुटीं विना तदसम्भवात् । धीप्रत्ययगोचरं किञ्चिन्निकृष्टं पाषाणादिवस्त्वालम्ब्यं, तत्रोत्कृष्टं वस्तूपास्यं, यथा शालग्रामे विष्णोरुपासनम् । तत्रास्तामुपास्यस्य ब्रह्मणस्सगुणत्त्वं निर्गुणत्त्वं वा तथा तस्य क्वचित्सकामत्त्वं क्वचिच्च निष्कामत्त्वमपीत्यन्यदेतत् । "अहं ब्रह्मास्मी"त्यादि महावाक्योपपादितस्य नित्यशुद्धबुद्धमुक्तस्वभावस्य परब्रह्मणोऽपरोक्षतयानुभूतेरसाध्यत्त्वे "अहं ब्रह्मास्मि" इत्यहङ्ग्रहोपासना निर्गुणोपासनैवेरिता । सगुणोपासना तु "सत्यकामस्सत्यसङ्कल्प" इत्यादिनान्तःकरणविशिष्टब्रह्मणो भवति । अथ वा "सकलमिदमहं च वासुदेव" इत्यहङ्गृहीततयोपास्यते । तथा "नाम ब्रह्मे"त्युपास्यते। "सर्वं खल्दिं ब्रह्म" इति प्रतीकतयोपास्यते इत्येवं बहुभिः प्रकारैस्सगुणोपासनं तत्र तत्र श्रूयते । यथाकथञ्चित्समस्तेषूपासनेषु चित्तवृत्तिरेव प्रधाना । उपासनानां यावद्ब्रह्मसामीप्यं तावत्तावद्विवर्धते तासां श्रैष्ठ्यम् । चित्तवृत्तेस्सगुणनिर्गुणोपासनयोरुभयत्राविशेषेऽपि ब्रह्मप्रत्यासत्तिर्निर्गुणोपासनायां विशिष्यते। अतः क्रमेण सैवोपासनाप्रणाड्या ब्रह्मज्ञानायते । शनैश्शनैरुपासनापक्वा यदि जायेत तदा ततस्सविकल्पसमाधिस्ततश्च निर्विकल्पसमाधिश्चोपलभ्यते । तल्लाभोत्तरं चान्तरमसङ्गमखण्डमद्वितीयं वस्त्ववशिष्यते । यस्मिन्पौनः पुन्येन वासिते श्रोत्रियब्रह्मनिष्ठगुरुमुखोपदिष्टान्महावाक्यान्निर्विकारासङ्गनित्यस्वप्रकाशैकपूर्णता झटित्येव सुलभतो बुद्धावारोहतीश्वरानुग्रहात् । ततस्तत्त्वज्ञानोदयेऽपरोक्षसाक्षात्कारः करतलामलकमिव

। ज्ञान नैष्कर्म्य प्रधान है और उपासना कर्मप्रधान है । ब्रह्म सिद्धवस्तु होने के कारण उसके ज्ञान के अभाव में भी उसका विलय नहीं होता, किन्तु ध्यानाभाव के कारण उपासक के उपास्य रूप का विलय हो जाता है । उपासना (उपासक, उपास्य और उपासना रूप) त्रिपुटी से युक्त होती है । उसमें बुद्धिवृत्तिगोचर किसी निकृष्ट आलम्बन का ग्रहण होता है । उत्कृष्ट वस्तु उपास्य होती है, जैसे शालग्राम में विष्णु । उपास्य ब्रह्म सगुण अथवा निर्गुण दोनों में से कोई भी हो सकता है । उपासना सकामभाव और निष्कामभाव दोनों प्रकार की हो सकती है । "अहं ब्रह्मास्मि" इत्यादि महावाक्यों के द्वारा उपपादित नित्य, शुद्ध, बुद्ध, मुक्त स्वभाव परब्रह्म की अपरोक्ष रूप अनुभूति के बिना 'मैं ब्रह्म हूँ' इस प्रकार की उपासना को निर्गुणोपासना कहते हैं । और "***सत्यकामः सत्यसंकल्पः***" इत्यादि अन्तःकरणविशिष्ट ब्रह्म की उपासना सगुणेपासना कहलाती है । अथवा मैं और समस्त जगत् वासुदेव ही है, इस प्रकार अहंग्रहीततया उपासना करना अथवा 'नाम ब्रह्म है' इस प्रकार उपासना करना अथवा "***सर्वं खल्विदं ब्रह्म***" इस प्रकार प्रतीकोपासना करना । इत्यादि सगुण ब्रह्मोपासनाएँ अनेक प्रकार से कई जगह सुनने में आती हैं । समस्त उपासनाओं में चित्तवृत्ति की ही प्रधानता है । जो उपासना ब्रह्म के जितने समीप होती है, उतनी ही उसकी श्रेष्ठता मानी गई है । सगुण और निर्गुण दोनों ही उपासनाओं में चित्तवृत्ति के समान होने पर भी निर्गुण ब्रह्म की उपासना अधिक विशिष्ट मानी गई है क्योंकि धीरे-धीरे वह ब्रह्मज्ञान में परिवर्तित हो जाती है । उसके परिपक्व होने पर सविकल्प समाधि और उससे निर्विकल्प समाधि की प्राप्ति होती है, जिससे कि ब्रह्म का साक्षात्कार होता है । तत्त्वज्ञान के बाद ब्रह्म का अपरोक्ष रूप से साक्षात्कार हाथ में रखे हुए आंवले की

निष्प्रत्यूहोऽवभासते । एवं च ब्रह्मणि नित्ये निर्गुणे नाममात्रेण गीयमानेऽप्यर्थतस्संवादिभ्रमवत्स्वरूपावस्थानमात्रमेव स्याद्यतो मक्तिनाम नित्यप्राप्तस्यैव प्राप्तिर्नित्यनिवृत्तस्यैव निवृत्तिः ।

सकामस्तु देहपातानन्तरं सत्यलोकाद्यनुप्राप्य तत्र परिपक्वज्ञानो यदा भवति तदा कल्पान्ते ब्रह्मणा सह मुक्तो भवति । निष्कामस्तु यस्मिन्क्षणे ज्ञानमवाप्नोति तदैवात्मसाक्षात्काराविर्भावानुभवात् निरतिशयतुष्टस्सन्मुक्तो भवति । निष्कामोऽप्यादेहपातमसति ज्ञाने मरणकाले भगवत्कृपयाविर्भूतज्ञानो यदि तदैव मुक्तो भवति । केनापि प्रतिबन्धेन यदि मरणकालेऽप्यपरिपक्वो भवेत्तदा सोऽपि सत्यलोकमनुप्राप्त आत्मज्ञानविचारतत्परस्तत्र परिपक्वस्सन्ब्रह्मणा सह मुक्तो भवति । सगुणोपासकस्तु देहपातानन्तरं सत्यलोकमनुप्राप्य ब्रह्मणोपदिष्टमात्मतत्त्वं सम्यग्विज्ञाय सञ्जातात्मज्ञानो ब्रह्मणा सह मुच्यते । क्रममुक्तिफलभूते ब्रह्मलोके ज्ञानानन्तरमपि प्रारब्धस्य तन्निमित्तस्य च शरीरस्य कल्पान्तपर्यन्तं विद्यमानत्त्वेन तदन्ते ब्रह्मणा सह मुक्तिः । प्रतीकोपासकानां तु "यं यं वापि स्मरन्भावं त्यजत्यन्ते कलेवरम् । तं तमेवैति कौन्तेय सदा तद्भावभावितः ।।" इति गीताचार्योपदिष्टरीत्या तद्भावापत्तिरिति विवेकः । एवमुपासनाप्रकारास्सङ्क्षेपतस्समुपदर्शिता इति दिक्।।

अवाङ्मानसगम्ये ब्रह्मण्युपासनाक्षेपनिरूपणम् –

अवाङ्मनसगम्यन्तन्नोपास्यमिति चेत्तदा ।
अवाङ्मनसगम्यस्य वेदनन्न च सम्भवेत् ।।५६।।

अन्वयः–अवाङ्मनसगम्यं तत् उपास्यं न इति चेत् ? तदा अवाङ्मनसगम्यस्य वेदनं च न संभवेत्।

व्याख्या :– अवाङ्मनसगम्ये ब्रह्मणि प्रत्ययावृत्तिलक्षणमुपासनं नैव सम्भवतीत्याशङ्कायां तथा

तरह स्पष्ट रूप से होता है ।

जो सकाम ब्रह्मोपासक है, वह देहपात होने के बाद सत्यलोक प्राप्त कर वहीं पर ज्ञान के परिपक्व होने पर ब्रह्मा जी के साथ कल्प के अन्त में मुक्त हो जाता है । किन्तु निष्काम ब्रह्मोपासक तो ज्ञानोपत्ति होते ही मुक्त हो जाता है । यदि मरणकाल में ज्ञान होता है तो तत्क्षण ही मुक्त हो जाता है और यदि उस समय भी ज्ञान परिपक्व नहीं होता तो वह भी ब्रह्मलोक को प्राप्त कर ज्ञान के परिपक्व होने पर मुक्त हो जाता है । किन्तु क्रम मुक्ति के फलस्वरूप ब्रह्मलोक में गया हुआ पुरुष ज्ञान होने पर भी कल्प के अन्त तक वहीं रहकर अन्त में मुक्त होता है, क्योंकि ज्ञान होने पर भी उसका प्रारब्ध शरीर कल्पान्त पर्यन्त विद्यमान रहता है । प्रतीकोपासक ***"यं यं वापि स्मरन्"*** इस शास्त्रवचनानुसार जिस–जिस का स्मरण करते हुए शरीर त्याग करता है उसी–उसी भाव को प्राप्त होता है । इस प्रकार संक्षेप से प्रतिपादित उपासना को इस प्रकरण में आगे और स्पष्ट किया जाएगा ।

निगुर्णब्रह्मोपासना पर आक्षेप का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – यदि कहो कि वाणी और मन से अगम्य वह ब्रह्म उपास्य नहीं हो सकता तब तो वाणी और मन से अगम्य उस ब्रह्म का ज्ञान होना भी संभव न होगा ।।५६।।

व्याख्या – निर्गुण ब्रह्म मन और वाणी का विषय न होने से उपास्य नहीं बन सकता । इस आशंका के उत्तर में कहते हैं कि निगुर्ण ब्रह्म के अपरोक्ष ज्ञान के पक्ष में भी उक्त दोष समान ही है । इस श्लोक

सति तत्र ज्ञानमपि नैव सम्भवतीति प्रतिबन्द्या समाधत्ते । अवाङ्मनसगम्यं मनसा चिन्तितुं वाचा च वर्णयितुमप्यशक्यं "यतो वाचो निवर्तन्ते । अप्राप्य मनसा सहे"ति श्रुतिवचनात् । तत्तस्माद्धेतोर्निर्गुणं ब्रह्म नोपास्यमिति यद्युच्येत तत्प्रतिबन्द्या समादधाति । अवाङ्मनसगम्यस्य ब्रह्मणो वेदनं ज्ञानमपि पूर्वोक्तन्यायेन नैव सम्भवति ज्ञानस्यापि चित्तवृत्तिरूपत्त्वात् । अत्रेदं बोद्धव्यम्- "सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्मे"त्यादिश्रुतिभिर्निर्गुणं ब्रह्म परोक्षतया विज्ञायते । परोक्षज्ञानं च वेदनास्वरूपत्त्वाच्चित्तवृत्तिरूपम्। निर्गुणस्यापि ब्रह्मणो धीव्याप्यत्त्वं श्रुत्यैवाभ्यधायि "अप्रमेयमनादिं च यज्ज्ञात्त्वा मुच्यते बुध" इति। फलव्याप्यत्त्वं चापास्तं तस्य घटादेरिव न चिदाभासावभासितत्त्वरूपं, स्वयमेव प्रकाशरूपत्त्वात् । तदुक्तं प्राग्ब्रह्मणः फलव्याप्यत्त्वाभासनिरूपणावसरे तृप्तिदीपे - "स्वप्रकाशोऽपि साक्ष्येव धीवृत्त्या व्याप्यतेऽन्यवत् । फलव्याप्यत्त्वमेवास्य शास्त्रकृद्भिर्निवारितम्।।

बुद्धितत्स्थचिदाभासौ द्वावपि व्याप्नुतो घटम् । तत्राज्ञानं धिया नश्येदाभासेन घटस्स्फुरेत् ।।
ब्रह्मण्यज्ञाननाशाय वृत्तिव्याप्तिरपेक्षिता । स्वयं स्फुरणरूपत्त्वान्नाभास उपयुज्यते ।।
चक्षुर्दीपावपेक्ष्येते घटादेर्दर्शने यथा । न दीपदर्शने किन्तु चक्षुरेकमपेक्षते ।।
स्थितोऽप्यसौ चिदाभासो ब्रह्मण्येकीभवेत्परम् । न तु ब्रह्मण्यतिशयं फलं कुर्याद्घटादिवत् ।।
अप्रमेयमनादिं चेत्यत्र श्रुत्येदमीरितम् । मनसैवेदमाप्तव्यमिति धीव्याप्यता श्रुता ।।

आत्मानं चेद्विजानीयादयमस्मीति वाक्यतः । ब्रह्मात्मव्यक्तिमुल्लिख्य यो बोधस्सोऽभिधीयत" इत्यादिग्रन्थेन । विषयोऽयं तत्रैव निपुणतरं विचारितश्च । तथा च यद्रूपेण निर्गुणं ब्रह्म वेद्यं भवति तद्रूपेणैवोपास्यं च भवति । यथा श्रुत्यैव ब्रह्म वैद्यं भवति । "नावेदविन्मनुते तं बृहन्तं" "तं त्त्वौपनिषदं पुरुषं पृच्छामी"त्यादिश्रुतिभिस्तथैवोपासनमपि विधेयेत्यवोच्यधस्तात् । तस्मादत्र वेदनशब्देन फलव्याप्त्यभावेऽपि धीव्याप्यत्त्वस्याभिहितत्त्वाद्वेदनोपासनयोरुभयत्रापि ब्रह्मणः क्रियाविषयत्त्व-मभ्युपगम्यत एवावश्यम् । परन्तु "ब्रह्मविदाप्नोति पर"मित्यत्र विदिक्रियायास्साक्षात्कारार्थकत्त्वस्य गृहीतत्त्वादुपास्यसाक्षात्कार्यब्रह्मणोर्वेदने न कापि तुल्यधर्मता । साक्षात्कार्यं तु सच्चिदानन्दघनं

में निगुर्ण उपासना के विषय में ***पूर्वपक्षी*** प्रश्न करता है कि निगुर्ण ब्रह्म तो वाणी और मन का विषय नहीं है । अतः वाणी से न तो उसका वर्णन हो सकता है और न मन में उसकी वृत्ति ही बन सकती है और वृत्ति के अभाव में उपासना कैसे संभव है ? अर्थात् वाणी और मन से अगोचर वह ब्रह्म उपास्य नहीं हो सकता । ***सिद्धान्ती*** - यदि ऐसा कहते हो तब तो वाणी और मन से अगम्य उस ब्रह्म का ज्ञान होना भी संभव न होगा अर्थात् जैसे वाणी और मन से अगम्य होने के कारण उस निर्गुणब्रह्म की उपासना होना संभव नहीं है, वैसे ही उसका ज्ञान होना भी संभव नहीं है । तात्पर्य यह है कि जैसे मन और वाणी से अगम्य होते हुए भी ब्रह्म का ज्ञान होता है, उसी प्रकार उसकी उपासना भी हो सकती है । सूरदास जी ने कहा है ***"मन वाणी को अगम अगोचर, सो जानै जौ पावै"*** यहाँ आशय यह है कि***"सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म"*** इत्यादि श्रुतिवचनों से निर्गुण ब्रह्म का परोक्ष रूप से ज्ञान होता है । वह परोक्ष ज्ञान वेदनस्वरूप होने के कारण चित्तवृत्ति रूप ही है । तथापि घट ज्ञान की तरह उसमें फल व्याप्ति की अपेक्षा नहीं है केवल वृत्तिव्याप्ति से ही ज्ञान हो जाता है क्योंकि आत्मा स्वयंप्रकाश है । इस विषय पर तृप्तिदीप

प्रत्यगात्माभिन्नं परं ब्रह्म । उपास्यं च चित्तालम्बनावश्यकीभूतमुपासकातिरिक्तं ब्रह्म । उपासनायामुपास्योपासकोपासनाख्यत्रिपुटीनिमित्तसद्भावात् । तथा च ब्रह्म नैवं विधमुपास्यं मुख्यं भवितुमर्हति। तस्मात्तत्सर्वदा गौणमेव । यद्यपि न तत्त्वतो विचार्यमाणे सति निर्गुणब्रह्मोपासना सम्भवत्येव । अत एवावोचु"रवास्तवी वेद्यता चेदुपास्यत्त्वं तथा न कि"मिति । तथापि विचारचतुरेतराणां ब्रह्मसाक्षात्कारासमर्थानाम् "अहं ब्रह्मास्मी"त्यनवरतचिन्तनयानुभूतेरभावेऽप्यवास्तव्या उपासनायास्सामर्थ्यात्संवादिभ्रमस्थल इव ब्रह्मसाक्षात्कारस्सम्पद्यत इत्युपासनाया ब्रह्मसाक्षात्कारोपकारकत्त्वं स्पष्टमुक्तं भवतीति शम् ।।

निर्गुणस्य ब्रह्मणो वेद्यत्त्वमिवोपास्यत्त्वमपि सम्भवत्येवेति निरूपणम् -

वागाद्यगोचराकारमित्येवं यदि वेत्त्यसौ ।
वागाद्यगोचराकारमित्युपासीत नो कुतः।।५७।।

अन्वयः - वागाद्यगोचराकारम् इति एवं यदि असौ वेत्ति । वागाद्यगोचराकारम् इति कुतः न उपासीत।

व्याख्या :- प्रतिबन्दीविवेचनमपि साम्येन करोति । मुमुक्षुर्जिज्ञासुः परं ब्रह्मवागाद्यगोचराकारमित्येवं यद्यसौ वेत्ति तेनैवं ज्ञातुं यदि शक्यं चेत्तर्हि तथैव वागाद्यगोचराकारमित्येवोपासीतेति कुतो नोपासितुं शक्यम् ? शक्यमेवोपासितुमिति भावः ।।

ब्रह्मण उपास्यत्त्वेऽपि न सगुणत्त्वापत्तिरिति निरूपणम् -

सगुणत्वमुपास्यत्वाद्यदि वेद्यत्वतोऽपि तत् ।
वेद्यञ्चेल्लक्षणावृत्त्या लक्षितं समुपास्यताम् ।।५८।।

अन्वयः-उपास्यत्वात् यदि सगुणत्वं वेद्यत्वतः अपि तत् । लक्षणावृत्त्या वेद्यं चेत्। लक्षितं समुपास्यताम्।

नामक सप्तम प्रकरण के श्लोक ९०से ९६ तक सम्यक् रूप से विचार किया गया है । अतः निर्गुण ब्रह्म जैसे ज्ञेय होता है, वैसे ही उपास्य भी हो सकता है । भाव यह है कि जैसे ब्रह्म का ज्ञेयत्व शास्त्रसम्मत है, वैसे ही उसका उपास्यत्व भी शास्त्रसम्मत ही है ।

जैसे निर्गुण ब्रह्म का वेद्यत्व संभव है, उसी प्रकार उपास्यत्व भी संभव है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - वाणी आदि से अगोचर आकार वाला ब्रह्म यदि वह (जिज्ञासु) जानता है तो भला वाणी आदि से अगोचर आकार वाले ब्रह्म की उपासना क्यों नहीं हो सकती ? ।।५७।।

व्याख्या - पूर्वपक्षी कहता है कि ब्रह्म की उपासना संभव नहीं है किन्तु उपनिषदों के द्वारा उसका ज्ञान होना संभव है । इस पर सिद्धान्ती उसी की भाषा में उत्तर देते हुए कहते हैं कि वाणी और मन आदि से अगोचर आकार वाले ब्रह्म को यदि जिज्ञासु शास्त्रों के द्वारा जान सकता है तो फिर वाणी आदि से अगोचर ब्रह्म की उपासना भी क्यों नहीं हो सकती ? अर्थात् अवश्य हो सकती है ।

ब्रह्म का उपास्यत्व मानने पर भी उसमें सगुणत्वापत्ति नहीं है, इसका वर्णन करते हैं।

अर्थ - उपास्य होने पर तो ब्रह्म को सगुण मानना पड़ेगा, यदि ऐसा कहते हो तो वेद्य होने के कारण भी ब्रह्म को सगुण मानना पड़ेगा । यदि कहो कि लक्षणावृत्ति से ब्रह्म वेद्य (ज्ञेय) हो सकता है तो उसी प्रकार (लक्षणावृत्ति से) लक्षित ब्रह्म की उपासना करो ।।५८।।

व्याख्या :- एवमुपास्यत्त्वाङ्गीकारे सगुणत्त्वप्रसक्तिमाशङ्क्य प्रतिबन्द्यैव परिहरति । वेद्यत्त्वेऽप्यङ्गीकृते सगुणत्त्वप्रसक्तिर्दुर्निवारैवेति भावः । निर्गुणब्रह्मण उपास्यत्त्वात्तस्य सगुणत्त्वमापाद्यत इति चेद्वेद्यत्त्वतोऽपि तदापद्यते । यद्येवमुच्यते निर्गुणे ब्रह्मणि लक्षणावृत्त्याश्रयणान्न वेद्यत्त्वे सति तत्र सगुणत्त्वप्रसक्तिरिति चेत्तत्रोच्यते । तद्ब्रह्म लक्षणावृत्त्या वेद्यं चेत्तथैव लक्षणावृत्त्या लक्षितं निर्गुणं ब्रह्म समुपास्यताम् । तस्मान्नोपास्यत्त्वे कोऽपि क्लेश इति शम्।।

श्रुत्या निषिद्धं ब्रह्मोपासनमित्याक्षेपनिरूपणम् -

ब्रह्म विद्धि तदेव त्वन्न त्विदं यदुपासते ।
इति श्रुतेरुपास्यत्वन्निषिद्धं ब्रह्मणो यदि ।।५९।।

अन्वयः - "त्वं तत् एव ब्रह्म विद्धि यत् तु उपासते इदं न" इति श्रुतेः ब्रह्मणः उपास्यत्वं निषिद्धं यदि ।

व्याख्या :- निर्गुणब्रह्मण उपास्यत्त्वं युक्त्या स्थाप्यते यद्यपि, तथापि श्रुत्या निषिद्ध्यते । तवलकारा एवमामनन्ति - "यन्मनसा न मनुते येनाहुर्मनो मतम् । तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि नेदं यदिदमुपासते" इति । अनया च यदुपास्यं न तद्ब्रह्मेति निषिद्ध्यते । हे जिज्ञासो त्वं यदवाङ्मनसगम्यं

व्याख्या - पूर्वपक्षी कहता है कि यदि ब्रह्म को उपासना का विषय मानेंगे तो उसको अवश्य ही सगुण मानना पड़ेगा । क्योंकि चित्त की ध्येयाकाराकारित निरन्तर वृत्ति को ही उपासना रूप से कहा गया है और वृत्ति का विषय होने से ब्रह्म को भी सगुण ही मानना पड़ेगा । किन्तु ब्रह्म तो निर्गुण है, अतः निर्गुण ब्रह्म की उपासना संभव नहीं है । इस पर सिद्धान्ती कहते हैं कि उपास्यत्व के कारण ही ब्रह्म में सगुणत्व मानना पड़ेगा । यदि ऐसा कहते हो तो यह दोष ब्रह्म को वेद्य मानने पर भी समान है । यदि ब्रह्म को ज्ञान का विषय मानेंगे तो वह ज्ञेयब्रह्म भी वृत्ति का विषय होने के कारण सगुण ही हो जाएगा । इस पर पूर्वपक्षी कहता है - नहीं, ब्रह्म को ज्ञेय मानने पर उसमें सगुणत्व दोष नहीं होगा, क्योंकि लक्षणावृत्ति के द्वारा ब्रह्म को जाना जा सकता है । इस पर सिद्धान्ती कहते हैं कि उसी प्रकार लक्षणावृत्ति लक्षित ब्रह्म की उपासना संभव होने से लक्षित ब्रह्म की ही उपासना करो अर्थात् जैसे लक्षणावृत्ति से ब्रह्म ज्ञेय हो सकता है, उसी प्रकार उपास्य भी हो सकता है ।

श्रुति ने ब्रह्म की उपासना का निषेध किया है, इस प्रकार पूर्वपक्षी आक्षेप करता है।

अर्थ - "तुम उसको (मन और वाणी से अगोचर को) ही ब्रह्म जानो । जिसकी इदं रूप से लोग उपासना करते हैं, उसको ब्रह्म मत जानो" यह श्रुति ब्रह्म के उपास्यत्व का निषेध करती है । यदि ऐसा सन्देह हो तो (इसका अन्वय अगले श्लोक से है) ।।५९।।

व्याख्या - इस श्लोक में पूर्वपक्षी ब्रह्म की उपासना के विषय में पुनः शंका व्यक्त करता है । वह कहता है - ठीक है, युक्ति से ब्रह्म का उपास्यत्व भले ही हो, किन्तु श्रुति तो उसका निषेध करती है । तलवकार शाखीय केनोपनिषद् में कहा गया है कि -

यन्मनसा न मनुते येनाहुर्मनो मतम् ।
तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि नेदं यदिदमुपासते ।। (के.उ. १/५)

ब्रह्म यदेव विद्धि तदिदमिति नोपासते मुमुक्षव इति विद्धीति । तस्माच्छ्रुतिविरुद्धा युक्तिर्नैव ग्राह्यते चेदुच्यते उत्तरेणश्लोकेनेति शम् ।।

श्रुत्या ब्रह्मण उपास्यत्त्वमिव वेद्यत्त्वमपि निषिद्ध्यत इति निरूपणम् –

विदितादन्यदेवेति श्रुतेर्वेद्यत्वमस्य न ।
यथाश्रुत्यैव वेद्यञ्चेत्तथा श्रुत्याप्युपास्यताम् ।।६०।।

अन्वयः – "विदितात् अन्यत् एव" इति श्रुतेः अस्य वेद्यत्वं न। यथा श्रुत्या एव वेद्यं चेत् तथा श्रुत्या अपि उपास्यताम् ।

व्याख्या :– निर्गुणस्य ब्रह्मण वेद्यत्त्वमपि निषिद्धमेव यथोपास्यत्त्वम् । "अन्यदेव तद्विदितादथो अविदितादधी"ति केनश्रुतिः । अतश्च निषेधो वेद्यत्त्व इव उपास्यत्त्वेऽपि च समान इत्यर्थः । विदताविदितान्यत्त्वेन श्रुत्या प्रतिपादनात्तद्रूपेण वेदनमुपपद्यत इति ह्युपासनेऽपि तुल्यमित्याह विदिताज्ज्ञातादविदितादज्ञाताच्चान्यद् ब्रह्मेति भावः । यथा यद्रूपेण श्रुत्या प्रतिपादितं तथा तद्रूपेण वेद्यत्त्वमिति चेत्तथैव तद्रूपेणैव श्रुतिं प्रमाणीकृत्यैवोपासना कार्या । "दृश्यते त्वग्र्यया बुद्ध्या" इत्यादिश्रुत्या यद्रूपविवक्षया । "प्रज्ञां कुर्वीते"ति श्रुत्या च तद्रूपस्येति न निर्गुणस्य ब्रह्मण उपासने कोऽपि प्रतिबन्ध इति शम् ।।

अर्थात् – जिसे कोई मन से मनन नहीं कर सकता, किन्तु मन भी जिससे मनन करता है, उसी को तुम ब्रह्म जानो, जिस इस (देश–काल से परिच्छिन्न वस्तु) की लोग उपासना करते हैं, वह ब्रह्म नहीं है । इस प्रकार श्रुति के द्वारा ब्रह्म के उपास्यत्व का निषेध किया गया है । यदि ऐसा कहते हो तो (इस श्लोक का अकले श्लोक से अन्वय है) ।

पूर्वशंका का उत्तर देते हैं ।

अर्थ – तब तो 'ब्रह्म विदिति से अन्य ही है' इस श्रुति के अनुसार ब्रह्म ज्ञान का विषय भी न होगा। यदि कहो श्रुति के द्वारा तद्रूप ब्रह्म ही वेद्य है तो वैसे ही श्रुति के द्वारा ब्रह्म की उपासना भी करनी चाहिये ।।६०।।

व्याख्या – जैसे ब्रह्म के उपास्यत्व का निषेध श्रुति ने किया है, वैसे ही उसके ज्ञेयत्व का भी निषेध किया है, अतः दोनों का समाधान भी समान ही है । इस प्रकार पूर्वोक्त श्लोक की आशंका का समाधान करते हैं । यदि कहो कि ब्रह्म की उपासना का श्रुति ने निषेध किया है अतः ब्रह्म उपास्य नहीं हो सकता, तब तो ब्रह्म ज्ञेय भी न हो सकेगा, क्योंकि श्रुतिने उसके ज्ञेयत्व का भी निषेध किया है ।"***अन्यदेव तद्विदितादथो अविदितादधि***" (के.उ. १/३) इस श्रुति में ब्रह्म को विदित और अविदित से अन्य कहा है । अतः उपासना के समान ब्रह्म की ज्ञेयता के विषय में भी निषेध समान ही है । इस पर पूर्वपक्षी कहता है कि श्रुति ने जिस तरह ब्रह्म को विदित और अविदित से परे कहा है, उसी प्रकार उसका ज्ञान हो सकता है । इस पर सिद्धान्ती कहते हैं कि यह आपका कथन उपासना में भी लागू होता है । अर्थात्

यथा ब्रह्मणो वेद्यता न वास्तवी तथैवोपास्यतापीति निरूपणम् -

अवास्तवी वेद्यता चेदुपास्यत्वन्तथा न किम् ।
वृत्तिव्याप्तिर्वेद्यता चेदुपास्यत्वेऽपि तत्सममम् ॥६१॥

अन्वयः - वेद्यता अवास्तवी चेत् उपास्यत्वं किं तथा न । वृत्तिव्याप्तिः वेद्यता चेत् उपास्यत्वे अपि तत् सममम् ।

व्याख्या :- निर्गुणस्य ब्रह्मणो वेद्यत्त्वमिवोपोस्यत्त्वमपि न वास्तवं विद्यत इत्युपासनेऽवास्तवत्त्वादिकं वेदनेऽपि सममेवेत्याह । ब्रह्मणो वेद्यतावास्तव्यमुख्येत्युच्यते चेत्तथा तस्योपास्यत्त्वमपि तथामुख्यं किं न स्यात् । वृत्तिव्याप्यत्त्वरूपं वेद्यत्त्वं ब्रह्मणि सम्भवति । न तथोपास्यत्त्वम् । यतो वृत्तेर्ब्रह्माकारता वेदनेऽस्ति नोपासन इत्यत आह । ब्रह्मणो वेद्यता नाम वृत्तिव्याप्तिर्बुद्धिवृत्तेर्व्याप्तिमात्रमिति चेदुपास्यत्त्वेऽपि तत्सममेव । वेदनोपासनयोरुभयोरपि वृत्तिव्याप्यत्त्वं सममेवेत्यर्थः । अत्रेदं ज्ञेयम् । घटादिजडविषये तेषां घटादीनां चिदाभासभास्यत्त्वेन वस्तुज्ञानरूपफलसिद्धिर्भवति । नैवं भवति साक्षिणि, स्वप्रकाशरूपत्त्वात्तस्य। यतश्च स्वयं प्रमातृस्वरूपत्त्वान्नान्योऽस्ति हि, प्रमाता । येनास्य सिद्ध्येत्प्रमेयता। तस्मात्साक्षिचैतन्यस्य वेद्यत्त्वं घटादिवन्न मुख्यम् । किन्तु तदेकदेशवृत्तिव्याप्यत्त्वस्य "नेह नानास्ति किञ्चन" "सत्यं ज्ञानमनन्तं

श्रुति ने जिस रूप से ब्रह्म का प्रतिपादन किया है तद्रूप से ही उसका वेद्यत्व यदि कहते हो तो उसी रूप से श्रुति के द्वारा उपासना भी करनी चाहिये ।

पुनः शंका उपस्थित कर उसका समाधान करते हैं ।

अर्थ - यदि कहो कि वेद्यता अवास्तविक है तो उपासना भी अवास्तविक क्यों न होगी ? यदि कहो कि वेद्यता वृत्तिव्याप्ति रूप है तो उपासना भी वैसी ही समझो ॥६१॥

व्याख्या - ब्रह्म की वेद्यता वास्तविक नहीं है अर्थात् अमुख्य है यदि ऐसा कहते हो तो फिर ब्रह्म की उपासना भी वैसी ही अर्थात् अवास्तविक (अमुख्य) क्यों न होगी ? पूर्वपक्षी कहता है कि ब्रह्म की वेद्यता वास्तविक नहीं है किन्तु जिज्ञासु पुरुषों को ब्रह्म का बोध सुखपूर्वक कराने के लिये तत्त्ववेत्ताओं ने इसकी कल्पना की है । इसके उत्तर में आचार्य कहते हैं कि उपासना को भी वास्तविक कौन कह रहा है । हम भी उसकी अवास्तविकता स्वीकार करते हैं । जो पुरुष विचार करने में असमर्थ हैं, उनके चित्त में एकाग्रता द्वारा ज्ञान उत्पन्न कराने के लिये ही उपासना की विधि कल्पित की गई है । अतः अवास्तविकता रूप हेतु दोनों में समान है । यदि कहो कि ब्रह्म का ज्ञान वृत्तिव्याप्ति रूप है अर्थात् वृत्तिव्याप्ति को ही ब्रह्म की वेद्यता कहा गया है । तो उपासना भी वैसी ही समझो । भाव यह है कि घट आदि जड़ पदार्थों के ज्ञान के लिये सर्वप्रथम वृत्तिव्याप्ति की आवश्यकता होती है, उससे उस पदार्थ का अज्ञान दूर होता है और फिर फलव्याप्ति के द्वारा वह पदार्थ ज्ञात होता है । वस्तु जड़ होने के कारण उसे प्रकाशित करने के लिये चिदाभास के द्वारा फलव्याप्ति होना आवश्यक है । किन्तु ब्रह्म का ज्ञान केवल वृत्तिव्याप्ति की अपेक्षा रखता है, फलव्याप्ति की नहीं । (दृष्टव्य प्र. ७ श्लोक ९०,९१,९२) क्योंकि ब्रह्म स्वयंप्रकाश रूप है । ब्रह्म स्वयं ही प्रमातृ रूप होने के कारण उसका कोई और प्रमाता नहीं है ।

ब्रह्मे''त्यादि श्रुतिप्रतिपादितरूपेण वेद्यत्त्वम् । तथैव शास्त्रबलादुपास्यत्त्वमपि वृत्तिव्याप्यत्त्वमात्रेणा-मुख्यत्त्वमित्युभयत्र समानमेवेति । तस्मान्निर्गुणोपासनाङ्गीकारे न कोऽपि दोष इति शम् ।।

निर्गुणब्रह्मोपासने प्रमाणनिरूपणम् -

का ते भक्तिरुपास्तौ चेत्कस्ते द्वेषस्तदीरय ।
मानाभावे न वाच्योऽस्यां बहुश्रुतिषु दर्शनात् ।।६२।।
उत्तरस्मिंस्तापनीये शैब्यप्रश्नोऽथ काठके ।
माण्डूक्यादौ च सर्वत्र निर्गुणोपास्तिरीरिता ।।६३।।

अन्वयः - ते उपास्तौ का भक्तिः (इति) चेत् ? ते कः द्वेषः तत् ईरय। बहुश्रुतिषु दर्शनात् अस्यां मानाभावः न वाच्यः।

अन्वयः - उत्तरस्मिन् तापनीये शैब्यप्रश्ने अथ काठके माण्डूक्यादौ च सर्वत्र निर्गुणोपास्तिः ईरिता ।

व्याख्या :- वादिप्रतिवादिनोः परस्परोपलम्भोऽप्यत्र समान एव । निर्गुणाहङ्ग्रहोपासन एव किमति परमप्रेमेति चेत्किं तवाप्यत्रातिद्वेष इत्याह । अतोऽयमुपलम्भो युक्तिप्रमाणशून्य इति भावः। उपास्तावुपासनायां ते वादिनो भक्तिः का किम्मूलेति चेत्ते प्रतिवादिनोऽपि तत्र को द्वेषः किम्मूलकस्तदीरय कथय । तत्रोपास्तौ मानाभावः प्रमाणानुपलम्भ एव मूलमिति तदेव नो द्वेषकारणमिति चेन्न । निर्गुणोपासनविषयेऽनेकश्रुतिस्मृतीतिहासपुराणादिविपुलतरप्रमाणानामुपलभ्यमानत्त्वात् । यत्र श्रुतिषु

इस प्रकार साक्षी चैतन्य का जो वेद्यत्व कहा गया है, वह घटादि ज्ञान की तरह मुख्य नहीं है । अतः वेद्यता वृत्तिव्याप्ति रूप है, यदि ऐसा कहते हो तो फिर उपासना के विषय में भी वैसा ही समझो अर्थात् जिस प्रकार शास्त्रप्रमाण से ब्रह्म ज्ञान को वृत्ति व्याप्यत्व रूप हेतु से अमुख्य मान रहे हो, उसी प्रकार उपासना भी वृत्तिव्याप्ति रूप होने के कारण उसकी भी अवास्तविकता जाननी चाहिये ।

निर्गुणब्रह्मोपासना के विषय में प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - (पूर्वपक्षी) तुम्हारी उपासना में भक्ति (अनुराग) क्यों है ? (सिद्धान्ती) तुम बताओ तुम्हारा उससे द्वेष क्यों है ? यह मत कहो कि उसमें प्रमाण का अभाव है, क्योंकि अनेकों श्रुतियों में उपासना का वर्णन देखा गया है । उत्तरतापनीय में, शैब्यप्रश्न में, कठोपनिषद् में, और माण्डूक्यादि उपनिषदों में सर्वत्र निर्गुण ब्रह्म की उपासना कही गई है ।।६२-६३।।

व्याख्या - पूर्वपक्षी पूछता है कि आप उपासना का इतना समर्थन क्यों करते हैं ? इसमें आपकी इतनी प्रीति क्यों है ? इस पर आचार्य कहते हैं कि मुझे तो उपासना और ज्ञान दोनों में प्रीति है, किन्तु तुम्हें उपासना से इतना द्वेष क्यों है ? क्यों तुम उपासना का खण्डन करना चाहते हो ? पूर्वपक्षी कहता है कि ब्रह्मज्ञान तो श्रुति प्रतिपादित होने के कारण प्रामाणिक है किन्तु उपासना के विषय में कोई प्रमाण उपलब्ध नहीं है । इस पर आचार्य कहते हैं कि ऐसा मत कहो, क्योंकि उपासना भी श्रुति सम्मत ही है । निर्गुण ब्रह्म की उपासना का निषेध नहीं करना चाहिये । पूर्वपक्षी पूछता है - श्रुतियों में निर्गुण ब्रह्म की उपासना का वर्णन कहाँ किया गया है ? इस पर आचार्य उपनिषदों का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं कि नृसिंहोत्तरतापनीय उपनिषद्, प्रश्नोपनिषद्, कठोपनिषद् और माण्डूक्यादि अनेकों श्रुतियों में निर्गुणब्रह्म

निर्गुणोपास्तिः प्रसिद्धतरमुपलभ्यते ताश्श्रुतीर्नाम्ना प्रदर्शयति । नृसिंहोत्तरतापनीये "देवा ह वै प्रजापतिमब्रुवन्नणोरणीयांसमिममात्मानमोङ्कोरं व्याचक्ष्वे"त्यादिग्रन्थेन । तथा प्रश्नोपनिषदि शैब्यकृतपञ्चमप्रश्ने "यः पुनरेतं त्रिमात्रेणोमित्येतेनैवाक्षरेण परं पुरुषमभिध्यायीते"त्यादिना । एवं काठके कठवल्लीषु च "सर्वे वेदा यत्पदमामनन्ती"त्युपक्रम्यै"तद्ध्येवाक्षरं ब्रह्मैतदालम्बनं श्रेष्ठम्" "तत्ते पदं सङ्ग्रहेण ब्रवीम्योमित्येतदिती"त्यादि च । तस्मान्माण्डूक्योपनिषद्यपि "ओमित्येतदक्षरमिदं सर्व"मित्यादिना । एवमत्रादिपदेन तैत्तिरीयमुण्डकादीनामपि ग्रहणम् । तैत्तिरीये "ओमिति ब्रह्म । ओमितीदं सर्व"मित्यादिभिर्निखिलैरेव वचनैरवस्थात्रयातीतस्य निर्गुणस्य तुरीयस्य ब्रह्मण उपासनमेवोच्यत इत्युपासनायां प्रमाणबाहुल्यसद्भावेन नाप्रामाण्यशङ्का कार्येति शम् ।।

निर्गुणोपासनस्य परम्परया मोक्षसाधनत्त्वकथनम् -

अनुष्ठानप्रकारोऽस्याः पञ्चीकरण ईरितः।
ज्ञानसाधनमेतच्चेन्नेति केनात्र वारितम् ।।६४।।

अन्वयः- अस्याः अनुष्ठानप्रकारः पञ्चीकरणे ईरितः। एतत् ज्ञानसाधनं चेत्। अत्र न इति केन वारितम्।

व्याख्या :- निर्गुणोपासनानुष्ठानप्रकारः कः? स क्व वर्णितः? तस्याश्च किं फलमित्यादिप्रश्ना अत्र समाधीयन्ते । अस्या निर्गुणोपास्तेरनुष्ठानप्रकारो भगवद्भाष्यकारैः पञ्चीकरणे तन्नाम्ना प्रसिद्धे

की उपासना का विधान प्राप्त होता है । नृसिंह उत्तर तापनीय उपनिषद् में ब्रह्म की उपासना का वर्णन है । वहाँ देवतागण ब्रह्मा जी से कहते हैं ***"देवा ह वै प्रजापतिमभ्रुवन्नणोरणीयांसमिम-मात्मानमोंकारं नो व्याचक्ष्वेति"*** (नृ.उत्त.ता. १/१) अत्यन्त सूक्ष्म इस ओंकार रूप आत्मा के विषय में हमसे स्पष्ट रूप में कहिये । इसके उत्तर में ब्रह्मा जी ने निर्गुण ब्रह्म की उपासना अनेक प्रकार से कही है । प्रश्नोपनिषद् में शैब्य (शिबि के पुत्र) ने पिप्पलाद जी के पास जाकर ब्रह्मोपासना विषयक प्रश्न किया तो ऋषि बोले -***"यः पुनरेतं त्रिमात्रेणोमित्येतेनैवाक्षरेण परं पुरुषमभिध्यायीत"*** (प्र.उ.) जो तीन मात्राओं वाले ओम् अक्षर के द्वारा परमपुरुष का निरन्तर ध्यान करता है, वह तेजोमय सूर्यलोक प्राप्तकर ब्रह्मलोक में पहुँचता है । वहाँ ज्ञान प्राप्त कर मुक्त हो जाता है । कठोपनिषद् में भी ब्रह्मविद्या के आचार्य श्रीयमराज नचिकेता को प्रणव उपासना की शिक्षा देते हैं । ***"सर्वे वेदा यत्पदमामनन्ति"*** यहाँ से प्रारम्भ कर***"एतद्ध्येवाक्षरं ब्रह्म..... एतदालम्बनं श्रेष्ठम्"*** (कठो. १/२/१७) यहाँ तक निर्गुण ब्रह्म की उपासना कही गयी है तथा ***"ओमित्येतदक्षरमिदं सर्वं"*** (मा.उ. १) इस प्रकार माण्डूक्य उपनिषद् में भी उपासना का वर्णन है । आदि शब्द से तैत्तिरीयोपनिषद् आदि का ग्रहण होता है, वहाँ ***"ओमिति ब्रह्म ओमितीदं सर्वम्"*** इस प्रकार कहा गया है । इस प्रकार उपनिषदों में सर्वत्र निर्गुणब्रह्म की उपासना कही गयी है ।

निर्गुणब्रह्म की उपासना परम्परा से मोक्ष का साधन है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - इस उपासना के अनुष्ठान का प्रकार पञ्चीकरण में कहा गया है । यदि कहो कि उपासना तो ज्ञान का साधन है तो 'उपासना ज्ञान का साधन नहीं है' ऐसा कहकर उसका वारण कौन करता है? ।।६४।।

व्याख्या - निर्गुणोपासना के अनुष्ठान का प्रकार क्या है ? उसका वर्णन कहाँ पर किया गया है? और उसका क्या फल है ? इत्यादि प्रश्नों का अब समाधान प्रारम्भ करते हैं । इस प्रकार निर्गुण उपासना

ग्रन्थे समाधिविधिप्रदर्शनपरे विस्पष्टमीरितस्सूपपादितः । उपास्तीनां सर्वत्र च ज्ञानसाधनत्त्वमेव सिद्धम्। न मोक्षसाधनत्त्वमिति चेदोमित्येव ब्रूमः । के नाम नेति वदेत् । ''ज्ञानादेव तु कैवल्यम्'' ''ऋते ज्ञानान्न मुक्तिः'' ''नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाये''त्यादिभिर्मोक्षस्य ज्ञानमात्रसाध्यत्त्वश्रवणात् । अतश्च ब्रह्मतत्त्वोपास्त्यापि मुच्यते इति परम्परया मोक्षसाधनत्त्वं वदतामस्माकमनुकूलमेव न प्रतिकूलमित्यत आह । एतदुपासनं ज्ञानसाधनं निर्गुणब्रह्मज्ञानसम्पादने साधनमिति चेत्तदस्माभिरङ्गीकृतमेव । परं त्वनुपदमेवास्माभिरुपास्तेर्ज्ञानद्वारा मुक्तिसाधनत्त्वस्य वक्ष्यमाणत्त्वात्परम्परया मुक्तिसाधनत्त्वमिष्टमेव। अतो वक्ष्यति –''उपासनं नातिपक्वमिब यस्य परत्र सः । मरणे ब्रह्मलोके वा तत्त्वं विज्ञाय मुच्यते''।।इत्यादि । तस्मात्सुष्ठूक्तमुपास्तीनामपि प्रणाड्या ज्ञानसाधनत्त्वमिति शम्।।

उपास्तीनां प्रमाणसिद्धत्त्वस्थिरीकरणम् –

नानुतिष्ठति कोऽप्येतदिति चेन्मानुतिष्ठतु ।
पुरुषस्यापराधेन किमुपास्तिः प्रदुष्यति ।।६५।।

अन्वयः – कः अपि एतत् न अनुतिष्ठति इति चेत् । मा अनुतिष्ठतु। पुरुषस्य अपराधेन किम् उपास्तिः प्रदुष्यति?

व्याख्या :- लोके प्रायस्सर्वोऽपि साधकजनस्सगुणोपासनमेव करोति न कदापि कोऽपि निर्गुणोपासनमुपास्त इति चेत्प्रमाणसिद्धस्यापलापो न ह्यननुष्ठानमात्रेण साधनीय इत्याह ।

को श्रुति और युक्ति के द्वारा सिद्ध कर उसके अनुष्ठान का प्रकार बताने के लिये सर्वप्रथम उपासना के परम्परा से मोक्ष साधनत्व का वर्णन करते हैं । इस निर्गुण उपासना के अनुष्ठान का प्रकार श्रीशंकराचार्य जी द्वारा रचित पञ्चीकरण में कहा गया है । अर्थात् पञ्चीकरण नामक प्रसिद्ध ग्रन्थ में समाधि विधि का वर्णन करते हुए स्पष्ट रूप से कहा गया है । पूर्वपक्षी शंका करता है कि उपासना तो ज्ञान का साधन मात्र हैं ? इस पर आचार्य कहते हैं कि यदि तुम ऐसा कहते हो कि उपासना तो ज्ञान का साधन है तो यह बात हम भी स्वीकार करते हैं अर्थात् उपासना को ज्ञान के साधन रूप में हम भी अंगीकार करते हैं । इससे हमारा कोई विरोध नहीं है, अतः 'उपासना ज्ञान का साधन नहीं है' ऐसा कहकर उसका वारण कौन करता है ? उपासना ज्ञान का साधन है, इसे ग्रन्थकार स्वयं ग्रन्थ में आगे स्वीकार करते हैं।

उपासनं नातिपक्वमिह यस्य परत्र सः ।
मरणे ब्रह्मलोके वा तत्त्वं विज्ञाय मुच्यते ।। (पं.द. ९/१३६)

इस प्रकार उपासना के ज्ञान साधनत्व को आगे कहेंगे ।

उपासनाओं के प्रमाणसिद्धत्व को स्थिर करते हैं ।

अर्थ – यदि तुम कहो कि इसका (निर्गुण ब्रह्म की उपासना का) कोई भी अनुष्ठान नहीं करता तो भले ही न करें । पुरुष के अपराध से क्या उपासना दूषित हो जाएगी ?।।६५।।

व्याख्या – पूर्वपक्षी कहता है कि जितने भी साधक हैं प्रायः सभी सगुण ब्रह्म की ही उपासना करते हैं । निर्गुण ब्रह्म की उपासना कोई नहीं करता । इससे ज्ञात होता है कि निर्गुण बह्म की उपासना नहीं होती या उसका कोई महत्त्व नहीं है । इस पर आचार्य कहते हैं कि निर्गुण ब्रह्म की उपासना और उसका विधान शास्त्रों में भली–भाँति कहा गया है । इसलिये उसे अस्वीकार नहीं किया जा सकता । यदि कोई निर्गुण ब्रह्म की उपासना नहीं भी करता है तो पुरुष के अपराध से उपासना दूषित नहीं होती है । यदि मनुष्य

एतन्निर्गुणब्रह्मोपासनं न कोऽप्यनुतिष्ठतीति चेन्नानुतिष्ठतु नाम । पुरुषस्यापराधेन करणाकरणान्यथाकरण-रूपेण किमुपास्तिः प्रदुष्यति ? नैव दुष्यतीति भावः । बहुप्रमाणसिद्धस्यापि निर्गुणोपासनस्याननुष्ठाने दोष उपासकस्यैव न तूपास्तेरिति शम् ।।

प्रमाणसिद्धस्यापरित्याज्यत्त्वनिरूपणम् -

इतोऽप्यतिशयं मत्वा मन्त्रान्वश्यादिकारिणः ।
मूढा जपन्तु तेभ्योऽतिमूढाःकृषिमुपासताम् ।।६६।।

अन्वयः - इतः अपि अतिशयं मत्वा मूढाः वश्यादिकारिणः मन्त्रान् जपन्तु। तेभ्यः अतिमूढाः कृषिम् उपासताम् ।

व्याख्या :- जना नानुतिष्ठन्तीत्येतावन्मात्रेण न काप्युपास्तिः प्रदुष्यतीति सदृष्टान्तं निरूपयति। अत्राननुष्ठानेऽविवेक एव कारणमित्याशयेन तादृशाविवेकिन उपेक्षणीया इति सोदाहरणं प्रदर्श्यते । मूढा उपासनातत्त्वानभिज्ञा इतोऽपि ज्ञानद्वारामोक्षप्रदनिर्गुणब्रह्मोपास्तेरहङ्ग्रहोपासनातोऽप्यतिशयं मत्त्वा बालाविलासादिविषयसुखशून्येन किं मोक्षेणेति स्वमनीषिकयैव सङ्कल्प्य वश्यादिकारिणो मन्त्रानत्रादिना मारणादीनामपि सङ्ग्रहः । ऐहिकामुष्मिकफलदायितत्तद्देवतानुग्रहहेतुमन्त्रविशेषान्न निरतिशयसुखप्रदातृ-प्रणवादिमन्त्रानथवा परोक्षात्मानुसन्धातृमहामन्त्रांस्ततोऽन्यांस्तुच्छफलप्रदाञ्जपन्तु नाम । अनेन तादृशस्वल्पफलदातृमन्त्रोपासनानादरेण साक्षान्मोक्षप्रदतत्त्वविचारार्थमेव परमकारुणिकेनाचार्येण प्रकृतग्रन्थकृतेयं पञ्चदशी तत्पदार्थत्वम्पदार्थासिपदार्थनिरूपणात्मककूटत्रयगर्भिता तथैतैरेव विहिता

वेदों का अध्ययन न करें तो वेद दूषित नहीं हो जाते । यदि सब लोग सत्य का पालन न करें तो सत्य दूषित नहीं हो जाता । यदि सब लोग धर्म का पालन न करें तो उससे धर्म निन्दनीय अथवा व्यर्थ नहीं हो जाता, इसी प्रकार यदि निर्गुण ब्रह्म की उपासना कोई नहीं करता है तो उपासना के न करने से वह दूषित, कलुषित अथवा अनुपयोगी नहीं हो जाती । वस्तुतः इस श्लोक में निर्गुणोपासकों का सर्वथा अभाव नहीं दर्शाया गया है, केवल पूर्वपक्षी की शंका प्रस्तुत कर उसका उत्तर दिया गया है । क्योंकि भारतवर्ष में कतिपय साधक निर्गुणोपासना अवश्य करते हैं किन्तु उनकी संख्या अत्यल्प है और जो हैं भी, वे लोकव्यवहार से परे होने के कारण समाज में उनकी गिनती नहीं के बराबर की जाती है ।

पूर्वोक्त कथन में दृष्टान्त देते हैं ।

अर्थ - इससे (सगुणोपासना से) भी अत्कृष्ट फल देने वाली समझ कर मूढ़ लोग वशीकरण आदि मन्त्रों को भले ही जपें और उनसे भी अधिक मूढ़ लोक कृषि कार्य करें ।।६६।।

व्याख्या - यदि प्रमाणों से सिद्ध उपासना का कोई अनुष्ठान नहीं करता है तो भी उपासना को छोड़ना नहीं चाहिये अर्थात् अनुष्ठाता के अभाव को देखकर अनुष्ठान का त्याग करना उचित नहीं है । इस विषय में दृष्टान्त देते हैं । उपासना के तत्त्व को न जानने वाले मूढ़ लोग वशीकरण, मारण, मोहनादि मन्त्रों को उपासना से भी श्रेष्ठ मानकर अर्थात् कालान्तर में फल देनेवाली सगुणब्रह्म की उपासना से वशीकरण आदि मन्त्रों में तत्काल फल देने की शक्ति रूप अतिशय उत्कर्ष को मानकर विवेक रहित (मूढ़) लोग भले ही उनका जप करें । तथापि विवेकी जन उनको देखकर सगुण उपासना का परित्याग नहीं करते

षोडशी स्थानीया जीवन्मुक्तिविवेकपुस्तिकापि मुमुक्ष्वेकानुजिघृक्षयाकारिणीति हार्दमत्र रहस्यं द्योतितम्। तथा तत्तत्क्षुद्रफलदायिमन्त्रानुष्ठानौपायिकनियमादिविमुखास्तेभ्योऽपि वशीकरणादिमन्त्रजपितृभ्योऽप्यत्यन्तमूढा अनपेक्षितनियमान् कृषिशब्दोपलक्षितान्सद्यः फलदान्कृषिगोरक्षवाणिज्यादीनुपासतां नाम। मूढतरैः कृषीवलैरनुष्ठितमपि शुष्यत्सस्यसञ्जीवनाय दैवप्रार्थनारूपमन्त्रजपादिकमपि परैर्न परित्यज्यते। एवं मूढैर्मन्त्रजपतत्परैर्देवानांप्रियैरननुष्ठितापि मुमुक्षुभिर्निर्गुणोपास्तिर्न परिहियते । अयमाशयः – यथा सगुणोपासनेभ्यः कालान्तरभाविफलेभ्यो वश्यादिकारिमन्त्रेष्वैहिकफलप्रदत्त्वमतिशयं बुद्ध्वा मूढानां तन्मन्त्रजपादौ प्रवृत्तौ सत्यामपि विवेकिभिस्सगुणोपासनं न परित्यज्यते । यथा वा नियमानुष्ठानापेक्षेभ्यस्तेभ्योऽपि मन्त्रेभ्यः कृष्यादावतिशयं नियमनैरपेक्ष्यमवबुद्ध्य मूढतराणां तत्र प्रवृत्तिसद्भावेऽपि तन्मात्रानुष्ठानं न परित्यज्यते तथासांसार्यात्मभूतिफलेप्सूनां निर्गुणोपासनं न परित्याज्यमिति शम् ।।

निर्गुणोपासनाप्रकारनिरूपणम् –

तिष्ठन्तु मूढाः प्रकृता निर्गुणोपास्तिरीर्यते ।
विद्यैक्यात्सर्वशाखास्थान्गुणानत्रोपसंहरेत् ।।६७।।

अन्वयः – मूढाः तिष्ठन्तु। प्रकृता निर्गुणोपास्तिः ईर्यते। विद्यैक्यात् सर्वशाखास्थान् गुणान् अत्र उपसंहरेत् ।

व्याख्या :– एवं श्रुतियुक्तिभ्यां निर्गुणोपासनां सम्यक्प्रसाध्य तदाचरणप्रकारं विवृणोति । मूढा अविज्ञातोपासनातत्त्वा अनाघ्रातब्रह्मानन्दगन्धास्तिष्ठन्तु नाम । प्रकृता प्रकृतध्यानदीपप्रकरणविषयभूता निर्गुणोपास्तिरीर्यते प्रकथ्यते । "सर्ववेदान्तप्रत्ययं चोदनाद्यविशेषात्" इत्युक्तन्यायेन निर्गुणोपासनस्यैक्यात्

हैं । और वश्यादि मन्त्रों का जप करने वाले से भी मूढ़ लोग कृषि कार्य भले ही करें अर्थात् नियम पूर्वक अनुष्ठान की अपेक्षा रखने वाले उन मन्त्रों से भी कृषि आदि कार्य में अतिशय अर्थात् नियम पालन करने की अनावश्यकता रूप उत्कर्ष को देखकर अत्यन्त अविवेकी लोग कृषिकर्म का सेवन भले ही करें किन्तु अतिमूढ़ो की मन्त्रानुष्ठान में प्रवृत्ति न होने पर भी मन्त्रानुष्ठान करने वाले मन्त्रादि का परित्याग नहीं करते हैं, उसी प्रकार संसारिक फल की कामना करने वाले लोग निर्गुण ब्रह्म की उपासना यदि नहीं करते हैं तो न करें, उससे मुमुक्षुजन निर्गुण ब्रह्म की उपासना का त्याग नहीं करते हैं ।

प्रकृत प्रसंग पर पुनः लौटते हैं ।

अर्थ – विवेक हीन मनुष्यों की बात रहने दो, अब प्रकरण में प्राप्त निर्गुण उपासना को कहते हैं । निर्गुण उपासना सर्वत्र एकरूप होने से सभी वेद की शाखाओं में स्थित (उपास्य) गुणों का यहाँ उपसंहार करें ।।६७।।

व्याख्या – इस प्रकार श्रुति और युक्ति के द्वारा उपासना की सिद्धि कर, अब उसके आचरण के प्रकार का विवरण करते हैं । जो उपासना के तत्त्व को नहीं जानते हैं, उन विवेकहीन मनुष्यों की बात रहने दो, हम तो अब प्रकरण में प्राप्त निर्गुण ब्रह्म की उपासना का वर्णन करते हैं । निगुर्ण उपासना सर्वत्र एकरूप होने से अर्थात् अनेकों श्रुतियों में प्रतिपादित निर्गुण उपासना सर्वत्र एकरूप होने से वेद की सभी शाखाओं में स्थित उपासना के गुणों को यहाँ (निर्गुणोपासना में) उपसंहार करें । और उन–उन स्वरूप

अनेकासु शाखासु श्रुतानुपास्यगुणानेकत्रोपसंहृत्योपासनं कर्तव्यमित्येतमुपासनाप्रकारमाह। विद्यैक्याद्बहुश्रुति-प्रतिपादितस्य निर्गुणोपासनस्यैक्यात्सर्वशाखास्थानुपास्यान्गुणानत्र निर्गुणोपासन उपसंहरेत्। तत्तत्स्वरूपं निर्गुणं ब्रह्मेत्युपासीतेति यावत् । ब्रह्मप्रतिपादकासूपनिषत्स्वानन्दविज्ञानघनसर्वगतत्त्वादिबोधकाश्शब्दास्तत्र तत्र श्रूयन्ते । सर्वत्रैव ते सर्वेऽपि सङ्ग्रहीतव्याः तेषां सर्वेषां ब्रह्मप्रतिपादकाभिप्रायकत्त्वादिति शम्।।

गुणोपसंहारनिरूपणम् -

आनन्दादेर्विधेयस्य गुणसङ्घस्य संहृतिः ।
आनन्दादय इत्यस्मिन्सूत्रे व्यासेन वर्णिता ।।६८।।
अस्थूलादेर्निषेध्यस्य गुणसङ्घस्य संहृतिः।
तथा व्यासेन सूत्रेऽस्मिन्नुक्ताक्षरधियां त्विति।।६९।।

अन्वयः - आनन्दादेः विधेयस्य गुणसङ्घस्य संहृतिः "आनन्दादयः" इति अस्मिन् सूत्रे व्यासेन वर्णिता।।

अन्वयः - तथा अस्थूलादेः निषेध्यस्य गुणसङ्घस्य संहृतिः "अक्षरधियां तु" इति अस्मिन् सूत्रे व्यासेन (उक्ता)।

व्याख्या :- विविधश्रुतिप्रतिपादिता धर्मा द्विप्रकाराः । विधेया निषेध्याश्चेति । तत्र नित्यशुद्धबुद्ध-मुक्ताद्वयानन्दादय एवज्ञातीयकास्स्वरूपधर्मा विधेयाः । अस्थूलमनण्वह्रस्वमदृश्यमग्राह्यमशब्दमित्यादयो निषेध्यरूपाः । तयोश्च विधेयानामुपसंहारो व्यासेन ब्रह्मसूत्रेषु "आनन्दादयः प्रधानस्ये"त्यस्मिन्सूत्रे प्रदर्शितः । "आनन्दो ब्रह्म विज्ञानमानन्दं नित्यश्शुद्धो बुद्धस्सत्यो मुक्तो निरञ्जनो विभुरद्वय आनन्दः परः प्रत्यगेकरस" इत्यादीनां सर्वेषां विधेयगुणानामुपसंहारो द्रष्टव्यः । सर्वोऽप्ययं विषय "आनन्ददायः

में ब्रह्म की उपासना करें । भाव यह है कि ब्रह्म का प्रतिपादन करने वाली उपनिषदों में आनन्दघन, विज्ञानघन, सर्वगतत्व आदि शब्द पृथक्-पृथक् रूप से सुने जाते हैं । उन सभी को एकजगह संग्रह कर लेना चाहिये, क्योंकि उन सभी का अभिप्राय एकमात्र ब्रह्म का प्रतिपादन करना ही है ।

गुणोपसंहार का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - ***"आनन्दादयः प्रधानस्य"*** इस सूत्र में व्यास जी ने ब्रह्म के आनन्दादि विधेय गुणसमुदाय के उपसंहार का वर्णन किया है और इसी प्रकार***"अक्षरधियां तु"*** इस सूत्र में व्यास जी ने अस्थूलादि निषेध्य गुणसमुदाय का उपसंहार किया है ।।६८-६९।।

व्याख्या - विविध श्रुतियों में प्रतिपादित धर्म दो प्रकार के हैं - विधेयरूप और निषेधरूप । वहाँ नित्य, शुद्ध, बुद्ध, मुक्त, अद्वितीय और आनन्दादि स्वरूपभूत धर्म विधेय रूप हैं । तथा अस्थूल, अनणु, अह्रस्व, अदृश्य, अग्राह्य इत्यादि निषेध रूप हैं । इन दोनों में विधेयगुणों का संग्रह ब्रह्मसूत्र में व्यास जी ने किया है । ***"आनन्दादयः प्रधानस्य"*** (ब्र.सू. ३/३/११) अर्थात् ब्रह्म रूप प्रधान वस्तु के आनन्द आदि धर्मों का सर्वत्र संग्रह होता है । इस सूत्र पर भाष्यकार कहते हैं कि ब्रह्म का प्रतिपादन करने वाली श्रुतियों में ब्रह्म के विज्ञानघनत्व, सर्वव्यापकत्व, सर्वात्मकत्व आदि धर्म जहाँ पर कहे हुए हैं, वहाँ संशय होता है कि क्या ये आनन्दादि धर्म जहाँ पर जितने दिये गये हैं, वहाँ पर उतने ही समझना चाहिये अथवा समस्त गुण सर्वत्र समझना चाहिये ? ***पूर्वपक्षी*** - जिस श्रुति में जितने धर्म कहे गये हों उतने ही वहाँ

प्रधानस्ये''त्यस्मिन्नधिकरणे सुनिरूपितो भाष्यकारैः । प्रधानस्य ब्रह्मणो धर्मा आनन्दादयस्सर्वे सर्वत्र प्रतिपत्तव्या इति तत्र निर्गलितोऽर्थः । तथैव निषेध्यधर्माणामप्युपसंहृतिं व्याचष्टे । ''अक्षरधियां त्त्वविरोधसामान्यतद्भावाभ्यामौपसदवत्तदुक्त''मित्यस्मिन्नधिकरणे निषेध्यस्य द्वैतनिषेधरूपस्यास्थूलादेर-स्थूलमनण्वह्रस्वमदीर्घमदृश्यमग्राह्यमशब्दमस्पर्शमरूपमव्ययमित्यादेर्गुणसम्बन्धस्य संहृतिरुपसंहृतिर्व्यासेनोक्ता स्पष्टीकृता च भाष्यादौ । अत्र च विशेषोर्थस्सर्वोऽपि ब्रह्मामृतवर्षिण्यां विस्पष्टमुपपादित इति शम् ।।

निर्गुणे ब्रह्मणि गुणोपसंहारे व्यासस्य प्रामाण्यनिरूपणम् –

निर्गुणब्रह्मतत्त्वस्य विद्यायाङ्गुणसंहृतिः।
न युज्येतेत्युपालम्भो व्यासं प्रत्येव मां न तु।।७०।।

अन्वयः– निर्गुणब्रह्मतत्त्वस्य विद्यायां गुणसंहृतिः न युज्यते इति उपालम्भः व्यासं प्रति एव मां तु न।

व्याख्या :– निर्गुणब्रह्मात्मतत्त्वज्ञाने विविधगुणसंहृतिरसमञ्जसैवेति चेत्सूत्रकृता भगवता महर्षिणा व्यासेनैवास्योपपादितत्त्वाच्चोद्यमिदं न मत्पुरस्तादुपस्थाप्यतां किं तु ब्रह्मसूत्रकाराणां पुरस्तादिति सोपहासं समादधाति । निर्गुणब्रह्मतत्त्वस्य विद्यायां बोधे तद्विरुद्धभूता गुणसंहृतिर्न युज्यते न युक्ता

पर मानना चाहिये । ***सिद्धान्ती*** – ब्रह्म रूप प्रधान वस्तु के आनन्दादि जो धर्म हैं, वे सब सर्वत्र ही समझना चाहिये, क्योंकि ब्रह्म सर्वत्र एक ही है । समस्त श्रुतियों में वही एक ब्रह्मरूप प्रधान विशेष्य अथवा धर्मी कहा गया है, वह कहीं पर भी पृथक् नहीं है । भाव यह है कि***''आनन्दादयः प्रधानस्य''*** इस सूत्र में व्यास जी ने ब्रह्म के आनन्दादि विधेय गुणसमुदाय का एक ही जगह उपसंहार करने के लिये कहा है । सूत्र का अर्थ यह है कि प्रधान रूप ब्रह्म के आनन्दादि सभी धर्मों को सब जगह मानना चाहिये । और व्यास जी ने यह भी कहा है कि अस्थूलत्वादि जितने भी निषेध गुण हैं, उनका भी उपसंहार एकजगह कर लेना चाहिये । ब्रह्म अस्थूल, अनणु, अह्रस्व, अदृश्य, अग्राह्य और अस्पर्श है, इत्यादि द्वैतनिषेध रूप गुणों का भी एकत्र उपसंहार कर लेना चाहिये, ऐसा श्रीव्यास जी ने ***''अक्षरधियां त्ववरोधः सामान्यतद्भावाभ्यामौपसदनवत्तदुक्तम्''*** (ब्र.सू. ३/३/३३) इस सूत्र में कहा है । सूत्र का अर्थ यह है कि अक्षर ब्रह्म के सम्बन्ध में जो ज्ञान कहा है, उसका सर्वत्र समावेश करना चाहिये, क्योंकि वह ज्ञान (सर्वत्र) समान है और उसीका (ब्रह्म का) सर्वत्र वर्णन है, उपसद इष्टि के मन्त्रों के समान । यह बात जैमिनीय सूत्रों में कही गयी है ।

गुणोपसंहार पर पूर्वपक्षी के आक्षेप का प्रत्युत्तर देते हैं ।

अर्थ – निर्गुण ब्रह्मतत्त्व की उपासना में गुणों का उपसंहार युक्तियुक्त नहीं है (किन्तु विरुद्ध है) इस प्रकार का उपालम्भ (दोषारोपण) व्यास जी के प्रति ही करना चाहिये, न कि मेरे प्रति ।।७०।।

व्याख्या – निर्गुण ब्रह्मतत्त्व के ज्ञान में विविध गुणों का उपसंहार करना उचित नहीं है, यदि ऐसा कहते हो तो, यह ठीक नहीं है, क्योंकि श्री वेदव्यास जी ने इसका वर्णन किया है अतः इस विषय में प्रश्न करना उचित नहीं है । निर्गुण ब्रह्म तत्त्व की उपासना में गुणों का उपसंहार करना युक्तियुक्त नहीं है । निर्गुण ब्रह्म में गुणों के उपसंहार की बात अत्यन्त विरुद्ध होने के कारण कैसे मानी जा सकती है? अतः तुम्हारा (सिद्धान्ती का) कथन युक्तियुक्त न होने से सर्वथा अग्राह्य है । यदि तुम इस प्रकार का

निर्गुणविद्यात्त्वविरोधादितीदृशोपालम्भो व्यासं प्रत्येव न तु तदनुयायिनं मामुद्दिश्य कर्तव्य इति भावः। निर्गुणोपासनावसरे विधेयनिषेध्यगुणोपसंहृतेर्ब्रह्मणस्तद्गुणविशिष्टत्त्वकथने न तात्पर्यं किन्तु तेषां तल्लक्षकत्त्वकथन एवेत्यन्यत्र क्षुण्णमेव । उपासनायां यत्किञ्चिदालम्बनस्यावश्यकतया निर्गुणेऽपि परे ब्रह्मण्येवंरूपगुणसंहृतेर्महर्षिव्यासादिप्राचीनाचार्यैर्ब्रह्मसूत्रादिग्रन्थेषु प्रतिपादिततया प्रमितत्त्वेन तदुपालम्भः केवलमुपहासायैव भवतीति तत्त्वमिति शम् ।।

वस्तुतो निर्गुणे ब्रह्मणि तद्विरुद्धस्य न कस्यापि गुणस्योपसंहार इति निरूपणम् -

हिरण्यश्मश्रुसूर्यादिमूर्तीनामनुदाहृतेः।
अविरुद्धन्निर्गुणत्वमिति चेत्तुष्यतान्त्वया ।।७१।।

अन्वयः - हिरण्यश्मश्रुसूर्यादिमूर्तीनाम् अनुदाहृतेः निर्गुणत्वम् अविरुद्धम् इति चेत्। त्वया तुष्यताम्।

व्याख्या :- उपहासाभिसन्धिं बुद्ध्वानुकूलं प्रत्यनुमोदते । हिरण्यश्मश्रुत्त्वादिगुणविशिष्टमूर्तीनाम-नभिधानादिदं केवलविधेयनिषेध्यगुणोपसंहृतिर्निर्गुणोपासनमेवेति चेत्तर्हि सन्तुष्यतामित्याह । हिरण्यश्मश्रुमूर्धादिमूर्तीनां यस्य परमात्मनश्श्मश्रुस्स आदिर्येषां तेषां मूर्तयस्तथोक्तास्तासामस्मिन्निर्गुणोपासना न विरुद्ध्यत इत्युच्यते चेत्तर्हि त्वया तुष्यतां प्रकाममस्माकमपीष्टापत्तेरिति शम् ।।

उपालम्भ अर्थात् दोषारोपण करते हो तो यह उपालम्भ तुम्हे महर्षि वेदव्यास को देना चाहिये, मुझे नहीं। क्योंकि ब्रह्मसूत्रकार श्रीवेदव्यास जी ने ही गुणों के उपसंहार का वर्णन किया है, मैं तो उनके कथन का केवल अनुवाद कर रहा हूँ । अतः तुम्हारा आक्षेप ब्रह्मसूत्रकार पर होना चाहिये, न कि उनका अनुसरण करनेवाले मुझ पर । भाव यह है कि निर्गुणोपासना के अवसर पर विधेय और निषेध्य गुणों के उपसंहार के द्वारा ब्रह्म उन गुणों से विशिष्ट है, ऐसा तात्पर्य नहीं है किन्तु ब्रह्म उनका लक्ष्यभूत है, यह जानना ही मुख्य है । जैसे उपासना में कुछ आलम्बन की आवश्यकता होती है, वैसे ही निर्गुण परब्रह्म में भी इस प्रकार गुणों का उपसंहार करना चाहिये, ऐसा श्रीव्यास आदि प्राचीन आचार्यों ने ब्रह्मसूत्र आदि ग्रन्थों में कहा है । अतः तुम्हारा यह उपालम्भ केवल उपहास का ही विषय होने से सार्थक नहीं है ।

अर्थ - यदि तुम कहते हो कि (व्यासजी ने ब्रह्म में) स्वर्णमयी दाढ़ी-मूंछ वाले सूर्य आदि की मूर्ति का कथन नहीं किया है । इसलिये निर्गुण ब्रह्म की उपासना में उससे कोई विरोध नहीं है, तो तुम उससे सन्तुष्ट रहो ।।७१।।

व्याख्या - गुणविशिष्ट मूर्ति प्रसंग को छोड़कर केवल विधेय और निषेधरूप गुणों का उपसंहार करने पर निर्गुणोपासना से कोई विरोध नहीं है, इस बात को बताते हैं । स्वर्णमयी श्मश्रु (दाढ़ी-मूंछ) वाले अर्थात् अवयव वाली सूर्यादि मूर्तियों का इस निर्गुण ब्रह्म की उपासना में कथन (वर्णन) नहीं किया है अतः निर्गुणब्रह्म की उपासना में उससे कोई विरोध नहीं है अर्थात् केवल विधेय और निषेध रूप गुणों के उपसंहार से निर्गुणोपासना का कोई विरोध नहीं है, यदि तुम ऐसा कहते हो तो तुम सन्तुष्ट रहो, अर्थात् यह कथन हमें भी अभीष्ट होने से इस बात को हम भी स्वीकार करते हैं ।

निर्गुणे गुणोपसंहारे विरोधाभावनिरूपणम् -

गुणानां लक्षकत्वेन न तत्त्वेऽन्तः प्रवेशनम् ।
इति चेदस्त्वेवमेव ब्रह्मतत्त्वमुपास्यताम् ।।७२।।

अन्वयः - गुणानां लक्षकत्वेन तत्त्वे अन्तः प्रवेशनं न इति चेत् । अस्तु एवम् एव ब्रह्मतत्त्वम् उपास्यताम्।

व्याख्या :- "आनन्ददायोऽक्षरधिया"मित्यादिब्रह्मसूत्रोक्तन्यायेनानन्दादीनां विधेयगुणानामस्थूलादीनां निषेध्यगुणानां च ब्रह्मात्मतत्त्वलक्षकत्त्वान्न तत्र तेषां गुणानां प्रवेश इत्यसाम्प्रतं यतस्तादृशगुणविशिष्टब्रह्मण उपासनं यत्प्रकृतं तत्तैर्विना कथं सिद्ध्येदिति चेत्सत्यमत एव निरुक्तगुणैर्लक्ष्यमेवास्तु ब्रह्मोपास्यमिति विशदयति । आनन्दादिविधेयानामस्थूलादिनिषेध्यानां च गुणानां ब्रह्मतत्त्वस्य लक्षकत्त्वेन तेषामुपसंहार उच्यते । न तु तेषां तत्त्वे ब्रह्मस्वरूपेऽन्तः प्रवेशनमुक्तिमिति चेदस्तु नाम । एवमेव तेषां ब्रह्मणो लक्षकत्त्वेनैव ब्रह्मतत्त्वमुपास्यताम् । निर्गुणोपासनावसरे विधेयनिषेध्यगुणोसंहृतेर्ब्रह्मणस्तद्गुणविशिष्टत्त्वं नोक्तम् । तस्य च ब्रह्मणो निर्गुणत्त्वात् किन्तु तैर्ब्रह्म लक्ष्यत इत्यभिप्रेतम् । उपासनायाः कस्य चिदालम्बनस्यावश्यकत्त्वात्तैर्लक्षितं निर्गुणं ब्रह्मोपास्यमिति तात्पर्यमिति शम् ।।

निर्गुणोपासनारीतेर्विवरणम् -

आनन्दादिभिरस्थूलादिभिश्चात्मात्र लक्षितः।
अखण्डैकरसस्सोऽहमस्मीत्येवमुपासते।।७३।।

उक्त विरोधाभाव को ही स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - यदि तुम ऐसा मानते हो कि गुण ब्रह्म का बोध लक्षणावृत्ति से कराते हैं, वे तत्त्व के भीतर प्रवेश नहीं करते, तो तुम्हें इसी प्रकार ही (लक्षणावृत्ति से) ब्रह्म तत्त्व की उपासना करनी चाहिये ।।७२।।

व्याख्या - आनन्दादि तथा अस्थूलत्वादि गुणों का उपास्य के स्वरूप में प्रवेश न होने से उन गुणों से रहित ब्रह्म की उन गुणों के उपसंहार के द्वारा उपासना कैसे हो सकती है ? इस आशंका के उत्तर में कहते हैं कि वे गुण लक्षणावृत्ति से ब्रह्म का बोध करा सकते हैं अतः उन गुणों के द्वारा ब्रह्म उपास्य बन सकता है । आनन्दादि विधेयगुण तथा अस्थूलादि निषेध रूप गुण ब्रह्म के लक्षकत्व रूप होने से तो उनका उपसंहार बन सकता है किन्तु इस कथन से उन गुणों का ब्रह्म में अन्तःप्रवेश सिद्ध नहीं होता है । अर्थात् विधेय और निषेध रूप गुण लक्षणावृत्ति से ब्रह्म का बोध कराते हैं, उनका स्वरूप से ब्रह्म के भीतर प्रवेश होना संभव नहीं है, यदि तुम ऐसा कहते हो तो उसी प्रकार उन गुणों के द्वारा लक्षणावृत्ति से ही ब्रह्म की उपासना करो । भाव यह है कि निर्गुणोपासना के अवसर में विधेय और निषेध रूप गुणों के उपसंहार से ब्रह्म को उन गुणों से विशिष्ट नहीं कहा गया है क्योंकि ब्रह्म तो निर्गुण है । किन्तु उन गुणों के द्वारा ब्रह्म लक्षित होता है यह अभिप्राय है । तात्पर्य यह है कि उपासना करने के लिये किसी आलम्बन (सहारे) की आवश्यकता होने से उनके द्वारा लक्षित निर्गुण ब्रह्म की उपासना करनी चाहिये।

उक्त उपासना की रीति का विवरण करते हैं ।

अर्थ - इन श्रुतियों में जो अखण्ड एकरस आत्मा आनन्दादि (विधेयगुणों) और अस्थूलादि (निषेधरूप) गुणों से लक्षित होता है, वह (आत्मा) मैं हूँ । इस प्रकार (मुमुक्षु लोग) उपासना करते हैं।।७३।।

अन्वयः - अत्र अखण्डैकरसः आत्मा आनन्दादिभिः अस्थूलादिभिः च लक्षितः "सः अहम् अस्मि" इति एवम् उपासते।

व्याख्या :- पूर्वोक्ताया उपासनाया एव रीतिं विशदयति । सर्वास्वासु श्रुतिष्वत्र योऽखण्डैकरसस्वभावः, स्वसजातीयादिभेदत्रयशून्यो रसघन आत्मानन्दादिभिर्विधेय-गुणैरस्थूलादिभिर्निषेध्यगुणैश्च लक्षितो बोधितस्स आत्माहमस्मीत्येवं मुमुक्षव उपासते ध्यायन्ति निरन्तरमेकाग्रस्वान्ताः । निर्गुणब्रह्मोपासनाविषयोऽयं न तु तत्साक्षात्कारविषय इति ध्येयमिति शम्।।

ज्ञानोपासनयोर्भेदनिरूपणम् -

बोधोपास्त्योर्विशेषः क इति चेदुच्यते शृणु।
वस्तुतन्त्रो भवेद्बोधः कर्तृतन्त्रमुपासनम् ।।७४।।

अन्वयः - बोधोपास्त्योः कः विशेषः इति चेत्। उच्यते शृणु। वस्तुतन्त्रः बोधः कर्तृतन्त्रम् उपासनम् भवेत् ।

व्याख्या :- एवं सति बोधोपासनयोः को वा भेद इत्याशङ्कायामियान्भेदो यद्वस्तुतन्त्रकर्तृतन्त्रते-तीत्याह । बोधोपास्त्योर्बोधो वस्तुनो यथार्थस्वरूपावगतिरुपास्तिरुत्कृष्टवस्तुदृष्ट्या निष्कृष्टवस्तुविभावना, कोऽत्र विशेष इति चेच्छृणु । वस्तुतन्त्रो बोधो ज्ञानं हि वस्त्वधीनम्। कर्तृतन्त्रमुपासनं ध्यानं च कर्त्रधीनं भवेत् । वस्तुनस्स्वरूपज्ञानेनैव तद्बोधो भवति । उपासनायां तूपासकोऽन्यवस्तु दृष्ट्यान्यद्वस्तूपासते। वस्तुद्वयमपि यथारुचि क्रियत उपासकेनेति शम् ।।

व्याख्या - इन श्रुति वाक्यों में जो अखण्ड एकरस अर्थात् सजातीय,विजातीय, स्वगतभेद रहित रसघन आत्मा आनन्दादि विधेय गुणों से और अस्थूलादि निषेध रूप गुणों से लक्षित होता है अर्थात् जाना जाता है, वह 'आत्मा मैं हूँ' इस प्रकार मुमुक्षु लोग उपासना करते हैं । तात्पर्य यह है कि यह विषय निर्गुण ब्रह्म की उपासना का है, उसके साक्षात्कार के विषय का नहीं है ।

अब ज्ञान और उपासना के भेद का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - यदि तुम ज्ञान और उपासना का विशेष भेद पूछते हो तो सुनो - ज्ञान वस्तुतन्त्र है और उपासना कर्तृतन्त्र ।।७४।।

व्याख्या - यदि ऐसा है, तो फिर ज्ञान और उपासना में क्या अन्तर है ? इस प्रकार की शंका कर दोनों के भेद का वर्णन करते हैं । बोध (ज्ञान) अर्थात् वस्तु के यथार्थ रूप का ज्ञान और उपासना अर्थात् निकृष्ट वस्तु मैं उत्कृष्ट वस्तु की दृष्टि (भावना) करना (जैसे संपत् उपासना में किया जाता है) इन दोनों (ज्ञान और उपासना) में क्या विशेषता है ? अर्थात् दोनों में क्या भेद है ? यदि तुम ऐसा पूछते हो तो हम उसका उत्तर देते हैं । तुम सावधान होकर सुनो - ज्ञान वस्तुतन्त्र होता है अर्थात् वस्तु के अधीन होता है । वस्तु के स्वरूप का ज्ञान होने से ही उसका बोध होता है किन्तु उपासना तो अन्य में अन्य की भावना करके की जाती है । वहाँ उपासक उपासना करने में, न करने में अथवा अन्यथा करने में स्वतन्त्र होता है, अतः उपासना को कर्तृतन्त्र कहा गया है । निकृष्ट वस्तु में उत्कृष्ट की भावना करने में तथा दोनों का चयन करने में उपासक स्वतन्त्र होता है ।

बोधोपास्त्योर्विशेषविवरणम् –

विचाराज्जायते बोधोऽनिच्छा यन्न निवर्तयेत् ।
स्वोत्पत्तिमात्रात्संसारे दहत्यखिलसत्यताम् ॥७५॥

अन्वयः – विचारात् बोधः जायते। यम् (बोधम्) अनिच्छा न निवर्तयेत् । स्वोत्पत्तिमात्रात् संसारे अखिलसत्यतां दहति।

व्याख्या :– वैलक्षण्यान्तरसिद्धये बोधस्य हेत्त्वादिकं विवृण्वन्वस्तुतन्त्रतामेव स्पष्टयति । बोधो वस्तुतत्त्वस्य ज्ञानं विचारान्मननेन वस्तुतत्त्वविचारेण बोधो जायते । अपि च विचारेण समुत्पद्यमानो यो बोधस्तं "मा भूदयं वस्तुबोधो" इत्याकारिकानिच्छानादरो निवर्तयते । बोधस्येच्छानधीनत्त्वात् । अनिच्छतोऽपि विरहिणश्चन्द्रादिज्ञानदर्शनाद्बोधस्य प्रमाणविषयीकृतवस्तुपरतन्त्रत्त्वमेवेत्याशयः । चन्द्रज्ञानं मे मा भूदितीच्छतोऽपि विरहातुरस्य चक्षुरादीन्द्रियसंयोगे तत्त्स्वरूपज्ञानं केन वा वारयितुं शक्यते । लौकिकबोधादुपासनाद्वारा ब्रह्मबोधे वैलक्षण्यमाह । स्वोत्पत्तिमात्रात्स्वस्य ब्रह्मज्ञानस्योत्पत्तिमात्रादेव संसारे द्वैतेऽखिलसत्यतामखिलं दृश्यमानं सत्यमित्यभिप्रायं दहति विनाशयति स्वविषयकमूलाज्ञान–ध्वंसनद्वारेत्यर्थसिद्धम् । उत्पद्यमानश्च बोधस्स्वजन्ममात्रात्संसारेऽखिलस्य प्रपञ्चस्य सत्यताभ्रमं समूलमुन्मूलयति । प्रत्यगभिन्नाद्वितीयब्रह्मात्मबोधे सति सर्वद्वैतोपामर्दनं भवति । नैवमुपासनायां, तत्र हि जागर्त्येव त्रिपुटीति शम् ।।

ज्ञान की वस्तुतन्त्रता को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ – ज्ञान विचार से उत्पन्न होता है, अनिच्छा जिसका निवारण नहीं करती । वह ज्ञान अपनी उत्पत्ति मात्र से संसार विषयक सम्पूर्ण सत्यता को जला कर भस्म कर देता है ।।७५।।

व्याख्या – ज्ञान वस्तुतत्त्व के विचार से अर्थात् मनन से उत्पन्न होता है । और विचार से उत्पन्न हुआ जो बोध है, उसको ***"मा भूदयं वस्तुबोधः"*** मुझे वस्तु का ज्ञान न हो, इस प्रकार की अनिच्छा निवृत्त नहीं कर सकती अर्थात् अनिच्छा भी उत्पन्न हुए बोध का निवारण नहीं कर सकती । क्योंकि ज्ञान इच्छा के अधीन नहीं है । यदि कोई यह सोचे कि भाद्र शुक्ल चतुर्थी को मुझे चन्द्रदर्शन न हो क्योंकि उस दिन चन्द्र दर्शन का शास्त्रों में निषेध किया गया है । यदि उस दिन कोई चन्द्रदर्शन करता है तो उस पर मिथ्या चोरी का कलंक लगता है, जैसे भगवान् श्रीकृष्ण को लगा था । इसलिये कोई उसे देखना नहीं चाहता । फिर भी उस रात्रिमें आकाश की ओर दृष्टि जाने पर चन्द्रमा अवश्य दिखाई देता है और चन्द्रमा को देखने पर उसका ज्ञान भी होता है । अतः अनिच्छा उसका निवारण नहीं कर सकती । अब उपासना से ब्रह्मज्ञान में विशेषता बतलाते हैं कि वह ज्ञान अपनी उत्पत्ति मात्र से अर्थात् ब्रह्मज्ञान उत्पन्न होने मात्र से संसार विषयक द्वैतबुद्धि रूप समस्त सत्यता को जलाकर भस्म कर देता है । भाव यह है कि ज्ञान होते ही द्वैत की सत्यता का पूर्ण रूप से उपमर्दन हो जाता है । उपासना में ऐसा नहीं होता, क्योंकि उपासना में ध्याता, ध्यान और ध्येय रूप त्रिपुटी का नाश नहीं होता ।

ब्रह्मज्ञानफलनिरूपणम् -

तावता कृतकृत्यस्सन्नित्यतृप्तिमुपागतः।
जीवन्मुक्तिमनुप्राप्य प्रारब्धक्षयमीक्षते॥७६॥

अन्वयः - तावता कृतकृत्यः सन् नित्यतृप्तिम् उपागतः जीवन्मुक्तिम् अनुप्राप्य प्रारब्धक्षयम् ईक्षते।

व्याख्या :- ब्रह्मज्ञानफलं साद्यस्कमेवेत्याह । तावता ब्रह्मज्ञानोत्पत्तिमात्रेण कृतकृत्यस्सन्नित्य-तृप्तस्सन्नित्यतृप्तिं नित्यां विकाररहितां तृप्तिमुपागतस्सन्दग्धाखिलसंसारसत्यत्त्वज्ञानस्सन्निरतिशयसुखं प्राप्तस्सञ्जीवन्मुक्तिं जीवतस्सत एव या मुक्तिस्तामनुप्राप्यावाप्तनित्यतृप्तिमनुसृत्य प्रारब्धक्षयं प्रारब्धस्यानिवार्यस्योपभोगेनैव क्षयशीलस्य क्षयं नाशं "नाद्यापि कर्म नश्छिन्न"मिति क्लिश्यन्नेव विष्टिगृहीतवद्बुज्ञान एवेक्षते । प्रतिक्षणमुपभोगेन क्षीयमाणं साक्षित्त्वेन निरीक्षत इति शम्।।

उपासनाकार्यनिरूपणम् -

आप्तोपदेशं विश्वस्य श्रद्धालुरविचारयन् ।
चिन्तयेत्प्रत्ययैरन्यैरनन्तरितवृत्तिभिः॥७७॥

अन्वयः - श्रद्धालुः आप्तोपदेशं विश्वस्य अविचारयन् अन्यैः प्रत्ययैः अनन्तरितवृत्तिभिः चिन्तयेत्।

व्याख्या :- एतावता बोधस्य हेतुकार्ये निरूप्योपास्तेरपि हेतुकार्ये उभे अपि निरूपयन्नुपासनायां विद्यातो वैलक्षण्यं तत्स्वरूपप्रदर्शनमुखेन स्पष्टयति । आप्तोपदेशमाप्तानां गुरुशास्त्रादीनामुपदेशं "स य एवं विद्वानादित्यं ब्रह्मेत्युपासते" "यो वाचं ब्रह्मेत्युपास्त" इत्यादिवाक्यजातं स्वस्वरूपप्रतिपादक-वाक्यसमुदायं विश्वस्य विश्वासातिशयेन श्रद्धालुर्भूत्त्वा स्वयं मन्दधीत्त्वात्तत्त्वमविचारयन्नुपासनायुक्तस्तत्त्वं

ब्रह्मज्ञान का फल बताते हैं ।

अर्थ - उससे कृतकृत्य होकर नित्य तृप्ति को प्राप्त हुआ वह ज्ञानी जीवन्मुक्ति को प्राप्त कर प्रारब्ध कर्म के क्षय की प्रतिक्षा करता है ।।७६।।

व्याख्या - उससे अर्थात् ब्रह्मज्ञान की उत्पत्ति होने मात्र से कृतकृत्य होकर नित्यतृप्ति को अर्थात् विकार रहित तृप्ति को प्राप्त हुआ अर्थात् संसार में सत्यत्व बुद्धि को पूर्ण रूप से नष्ट करने से आत्मतृप्ति को प्राप्त हुआ वह ज्ञानी पुरुष जीवन्मुक्ति को अर्थात् जीवितावस्था में ही मुक्तिसुख को प्राप्त कर प्रारब्ध कर्म के क्षय की प्रतिक्षा करता है । प्रारब्धकर्मों का नाश बिना भोगे नहीं हो सकता, अतः भोग के द्वारा उनके क्षीण होने की प्रतिक्षा करता है ।

उपासना के कार्य का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - श्रद्धालु पुरुष आप्त पुरुष के उपदेश पर बिना विचार किये विश्वास रखकर अन्य (विषयाकार) वृत्तियों के अन्तराल बिना (उपास्य का निरन्तर) चिन्तन करें ।।७७।।

व्याख्या - अब तक ज्ञान का हेतु और कार्य का निरूपण कर अब उपासना के हेतु और कार्य दोनों का निरूपण करते हुए ज्ञान से उपासना में विद्यमान विलक्षणता को उपासना के स्वरूप का प्रदर्शन कर स्पष्ट करते हैं । श्रद्धालु पुरुष गुरु और शास्त्रादि के ***"स य एवं विद्वानादित्यं ब्रह्मेत्युपास्ते"*** (छा.उ. ३/१९/४) ***"यो वाचं ब्रह्मेत्युपास्ते"*** (छा.उ. ७/२/२) इत्यादि उपदेशात्मक वाक्यों पर विश्वास

प्रत्ययैरन्यैरुपास्यविरोधिप्रत्ययैर्विजातीयैर्घटपटादिविषयैरनन्तरितवृत्तिभिर्निरुक्तप्रत्ययकृत-व्यवधानहीनवृत्तिभि''रहं ब्रह्मास्मी''ति चिन्तयेन्मनसि ध्यायेत्। विचारजन्या या विद्या न सा वृत्तिरूपा विचारमनपेक्ष्योपदेशविश्वासमात्रजन्या चोपासना या सा तु वृत्तिरूपा । एवं च कारणतस्स्वरूपतश्च विद्योपासनयोस्स्पष्ट एव हि भेद इति शम् ।।

उपासनावधिकालनिरूपमम् -

यावच्चिन्त्यस्वरूपत्वाभिमानस्स्वस्य जायते।
तावद्विचिन्त्य पश्चाच्च तथैवामृति धारयेत् ।।७८।।

अन्वयः - यावत् चिन्त्यस्वरूपत्वाभिमानः स्वस्य जायते। तावत् विचिन्त्य पश्चात् च तथा एव आमृति धारयेत् ।

व्याख्या :- उपासना कियत्कालपर्यन्तं विधेयेत्यस्यावधिं स्पष्टयति । यावत्कालं चिन्तकस्य चिन्त्यस्वरूपत्त्वाभिमानश्चिन्तनादिविषयस्य देवतादेर्यत्स्वरूपं तदेव स्वस्यापि स्वरूपमित्यभिमानो देवतात्मनोरैक्यविभावना जायते प्रजायते तावत्कालं मनसि तत्स्वरूपं विचिन्त्य पश्चादभिमानानन्तर-मप्यामृति मरणपर्यन्तं तथैवाभिमानं धारयेन्न कदापि त्यजेदिति शम् ।।

उपासकस्य तादूप्यापत्तौ श्रुतेरुदाहरणम् -

ब्रह्मचारी भिक्षमाणो युतस्संवर्गविद्यया।
संवर्गरूपता चित्ते धारयित्वा ह्यभिक्षत।।७९।।

अन्वयः - संवर्गविद्यया युतः ब्रह्मचारी भिक्षमाणः संवर्गरूपता चित्ते धारयित्वा हि अभिक्षत।

व्याख्या :- स्वात्मनश्चिन्त्यस्वरूपत्त्वाभिन्नमुपासकस्य क्षणमात्रोपास्त्यापि कस्यचित्साधकस्योप-जायते तथैवामृति चानुवर्तत इत्यत्र छान्दोग्यश्रुतिमुदाहरति । कश्चित्संवर्गत्त्वगुणविशिष्टप्राण-वायोर्विद्ययोपासनयाहङ्ग्रहोपासनया युतस्संयुतो भिक्षमाणः प्राणधारणनिमित्तामाश्रमविहितां भिक्षां

रखकर बिना विचार किये अर्थात् मन्द बुद्धि होने के कारण आत्मतत्त्व का विचार किये बिना अथवा आप्तोपदेश पर तर्क-वितर्क रूप विचार किये बिना उनकी बात पर विश्वास रखकर अन्य विषयाकार वृत्तियों के व्यवधान के बिना उपास्य के स्वरूप का निरन्तर चिन्तन करें । ज्ञान विचारजन्य है, वह वृत्ति रूप नहीं है किन्तु उपासना विचार की अपेक्षा किये बिना आप्तोपदेश पर विश्वास करने मात्र से होती है और वह वृत्ति रूप होती है । भाव यह है कि इस प्रकार हेतु और स्वरूप दोनों से ज्ञान और उपासना का भेद स्पष्ट ही है ।

उपासना कब तक करनी चाहिये, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - जब तक चिन्त्य स्वरूप के साथ अपने एकत्व का अभिमान उत्पन्न न हो, तब तक चिन्तन करता रहे और उसके बाद मरणपर्यन्त वही भाव धारण करें ।।७८।।

व्याख्या - उपासना कब तक करनी चाहिये ? इस प्रश्न का उत्तर देते हैं कि जब तक चिन्त्य के साथ अर्थात् जिसका चिन्तन कर रहे हैं, उसके स्वरूप के साथ स्वयं के एकत्व का अभिमान उत्पन्न न हो अर्थात् उपास्य देवतादि का जो स्वरूप है, वही मेरा स्वरूप है, इस प्रकार देवता और स्वयं के एकत्व

याचमानः प्राक्तनसंस्कारात्स्नानशौचादिवद्भिक्षाटनमपि कुर्वाणो ब्रह्मचारी ब्रह्मणि वेदे चरतीति तादृशश्चित्ते मनसि स्वात्मस्संवर्गरूपतां धारयित्त्वा छान्दोग्यप्रसिद्धसंवर्गोपासना सिद्धकापेयं कपिगोत्रोत्पन्नमभिप्रतारि–नामानं राजानं गत्त्वा कदाचित्तत्सद्मनि भिक्षार्थं गतस्स''न्महात्मनश्चतुरो देव एकः कस्स जगार भुवनस्य गोपाः । तं कापेय नाभिपश्यन्ति मर्त्या अभिप्रतारिन्बहुधा वसन्त''मिति छान्दोग्यपठितेन मन्त्रेण स्वात्मनस्संवर्गरूपतां चित्ते धृतां प्रकटीकृत्याभिक्षतेति ताद्रूप्यमुपासकस्य सिद्धमिति शम् ।।

उपास्यरूपस्यामृतिधारणे निमित्तनिरूपणम् –

पुरुषस्येच्छया कर्तुमकर्तुङ्कर्तुमन्यथा।
शक्योपास्तिरतो नित्यङ्कुर्यात्प्रत्ययसन्ततिम् ।।८०।।

की भावना जब तक उत्पन्न न हो तब तक मन में उस उपास्य का चिन्तन करता रहे और उसके बाद अर्थात् उपासना के परिपक्व हो जाने पर उपास्य और उपासक की एकता के भाव को मरणपर्यन्त धारण करे ।

उक्त कथन में दृष्टान्त देते हैं ।

अर्थ – संवर्ग विद्या से युक्त किसी ब्रह्मचारी ने भिक्षाटन करते हुए संवर्गरूपता को चित्त में धारण कर भिक्षा की याचना की ।।७९।।

व्याख्या – ***''संवर्जनात् - संग्रहणात् - संग्रसनाद् वा संवर्गः''*** सबका वर्जन, ग्रहण अथवा ग्रसन करने वाले वायु को संवर्ग कहा गया है । आदिदैविक में वायु और आध्यात्मिक में प्राण को संवर्ग कहा गया है । संवर्ग विद्या रूप प्राण की उपासना से युक्त प्राणधारण करने के लिये स्वाश्रमविहित भिक्षाटन करते हुए ***''ब्रह्मणि वेदे चरतीति ब्रह्मचारी''*** ब्रह्म अर्थात् वेद में विचरण करने वाले अर्थात् वेदोक्त ज्ञान को धारण करने वाले किसी ब्रह्मचारी ने संवर्गरूपता को अपने चित्त में धारण कर भिक्षार्थयाचना की । यह कथा छान्दोग्य उपनिषद् में प्रसिद्ध है ।

एक ब्रह्मचारी संवर्ग रूप प्राण की तीव्र उपासना करके तद्रूप हो गया अर्थात् स्वयं को प्राणात्मक ही मानने लगा । एक दिन वह भिक्षा मांगने अभिप्रतारी नामक राजा के पास गया । उस समय वह राजा भोजन करने बैठा था, इसलिये उसने ब्रह्मचारी को भिक्षा नहीं दी । इस पर ब्रह्मचारी ने राजा से कहा ***''महात्मनश्चतुरो देव एकः कः सः जगार भुवनस्य गोपास्तं कापेय नाभिपश्यन्ति मर्त्या अभिप्रतारिन् बहुधा वसन्तम् । यस्मै वा एतदन्नं तस्मा एतन्न दत्तम्''*** (छा.उ. ४/३/६) हे अभिप्रतारिन् ! भुवनों के रक्षक कोई एक देव ने चार महात्माओं (अग्नि आदि) को ग्रस लिया है । मनुष्य अनेक प्रकार से निवास करते हुए उस एक देव को नहीं देखते (जानते) हैं, तथा जिसके लिये यह अन्न है, उसे (प्राणरूप मुझे) ही नहीं दिया गया ।

वह ब्रह्मचारी संवर्गरूपता को धारण किये था । इसलिये उसने राजा को बताया कि प्राण के लिये ही सर्वप्राणी अन्न आदि का पाक करते हैं । वह प्राण मैं हूँ, किन्तु तुमने मुझे ही भिक्षा नहीं दी । यह तुम्हारे लिये उचित नहीं है । इस कथानक से आचार्य स्मरण दिलाते हैं कि जैसे ब्रह्मचारी संवर्ग रूप प्राण से एकाकार होकर स्वयं को प्राण रूप ही अनुभव करने लगा था, उसी प्रकार ब्रह्म की उपासना करने वाला उससे एकाकार हो स्वयं को ब्रह्म रूप ही समझने लगता है, ऐसा होना शास्त्र सम्मत है ।

उपास्य के स्वरूप का मरणपर्यन्त ध्यान करने के निमित्त का निरूपण करते हैं।

अर्थ – पुरुष अपनी इच्छा से उपासना करने, न करने और अन्यथा करने में समर्थ है । अतः प्रत्यय की संतति रूप उपासना को नित्य करें ।।८०।।

अन्वयः – उपास्तिः पुरुषस्य इच्छया कर्तुम् अकर्तुम् अन्यथाकर्तुम् शक्या। अतः प्रत्ययसन्ततिं नित्यं कुर्यात् ।

व्याख्या :– आमृतिधारणे निमित्तमुपदर्शयन् ''विचाराज्जायते बोधोऽनिच्छा यं न वितर्येत् । स्वोत्पत्तिमात्रात्संसारे दहत्यखिलसत्यता''मित्युक्ताज्ज्ञानाद्वैलक्षण्यं दर्शयति । कर्तृतन्त्रत्त्वादुपास्तिरुपासनं पुरुषस्योपासकस्येच्छया तदनुसारेण कर्तुमनुष्ठातुमकर्तुमननुष्ठातुमन्यथा प्रकारान्तरेणापि वा कर्तुं विधातुं शक्येत्यतः पुरुषेच्छाधीनत्त्वादुपासनस्येति हेतोस्सर्वदा प्रत्ययसन्ततिं ध्यानं नैरन्तर्येण कुर्यादिति शम्।।

नैरन्तर्यध्याननिरूपणम् –

वेदाध्यायी ह्यप्रमत्तोऽधीते स्वप्नेऽधिवासतः।
जपिता तु जपत्येव तथा ध्यातापि वासयेत् ॥८१॥
विरोधिप्रत्ययन्त्यक्त्वा नैरन्तर्येण भावयन् ।
लभते वासनावेशात्स्वप्नादावपि भावनाम् ॥८२॥

अन्वयः – अप्रमत्तः वेदाध्यायी जपिता अभिवासितः तु स्वप्ने हि अधीते जपति एव। तथा ध्याता अपि वासयेत् ।

अन्वयः – विरोधिप्रत्ययं त्यक्त्वा नैरन्तर्येण भावयन् वासनावेशात् स्वप्नादौ अपि भावनां लभते।

व्याख्या :– आमृत्त्यनवच्छिन्ना धारणा नैव सम्भवति सुषुप्त्यादौ विच्छेदादित्याशङ्कायां तत्राप्यविच्छेदं प्रदर्शयन्सदा चिन्तनस्य फलं च सूचयन्लौकिकोदाहरणद्वयमप्याह । स्वप्नेऽप्यप्रमत्तो वेदाध्यायी सदाध्ययनशीलोऽधिवासतो वासनादाढ्यात्संस्कृतस्स्वप्नेऽप्यधीयते । जपितापि सदा

व्याख्या – पूर्व श्लोक में उपास्य के स्वरूप से उपासक को अभेदाभिमान मरणपर्यन्त धारण करना चाहिये, यह कहा गया, अब उसके निमित्त का निरूपण करते हैं । उपासना कर्तृतन्त्र (कर्ता के अधीन) होने के कारण पुरुष अपनी इच्छा अनुसार उपासना को यथावत् करने के लिये अथवा न करने के लिये अथवा अन्यथा (भिन्नरूप से) करने के लिये समर्थ है । अर्थात् उपासना यथावत् की जा सकती है । अतः प्रत्यय की संतति रूप उपासना को अर्थात् तैलधारा के समान वृत्ति को ध्येय रूप में स्थापित करना रूप उपासना (ध्यान) को निरन्तर करें ।

ध्यान की निरन्तरता का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – जैसे प्रमाद का त्याग कर वेदाध्ययन करने वाला और जप करने वाला उस संस्कार की दृढ़ता के कारण स्वप्न में भी वेदाध्ययन और जप करता है । उसी प्रकार ध्यान करने वाला (उपासक) भी ध्यान के संस्कार को मन में दृढ़ करे ।।८१।।

व्याख्या – मृत्युपर्यन्त अविच्छिन्न धारणा कैसे संभव है ? क्योंकि सो जाने पर तो उसका विच्छेद अवश्य ही होगा । इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि उस अवस्था में भी धारणा की अविच्छिन्नता रह सकती है । वेद मन्त्रों का अध्ययन करने वाला यदि प्रमाद का त्याग कर निरन्तर वेदाध्ययन करता है तो उससे उसके मन में वेदाध्ययन के संस्कार दृढ़ हो जाते है और उसी संस्कार (वासना) की दृढ़ता से वह स्वप्न में भी स्वयं को वेदपाठ करता हुआ अनुभव करता है । तथा निरन्तर जप करने वाला अप्रमादी

जपशीलोऽधिवासतो दृढवासनया ध्यानकर्ता निरन्तरध्यानशीलो मनसि वासयेत्प्रत्ययसन्ततिं स्वप्नादिष्वपि वासनारूपेण स्थापयेत् । दृढवासनाप्रबल्यादवशादेव स्वप्नादिष्वपि ध्यायीत प्रत्ययसन्ततिमनुवर्तेत। स्वप्नादावप्यध्येत्रादिदृष्टान्तैर्ध्यातृत्त्वपर्यन्तभावनादार्ढ्यसम्पादनमतीवदुश्शकमिति चिन्तातुरं सान्त्वयन्सर्वदा ध्यानानुवर्तने कारणमाह । उपासको ध्याता जाग्रति विरोधप्रत्ययं ध्येयप्रत्ययविजातीयप्रत्ययं त्यक्त्वा नैरन्तर्येणोपास्यं वस्तु मनसि भावयन्स्वप्नादावपि बहुवारमुपास्यस्य वासनावेशात्संस्कारपाटवादभ्यास-सामर्थ्याद्भावनां ध्यानं सौलभ्येन लभते प्रप्नोतीति शम् ।।

आस्थातिशयान्निरन्तरध्यानानुवृत्तिनिरूपणम् -

भुञ्जानोऽपि निजारब्धमास्थातिशयतोऽनिशम् ।
ध्यातुं शक्तो न सन्देहो विषयव्यसनी यथा।।८३।।

अन्वयः - निजारब्धं भुञ्जानः अपि आस्थातिशयतः अनिशं ध्यातुं शक्तः न संदेहः। यथा विषयव्यसनी।

व्याख्या :- प्रारब्धकर्मापादितसुखदुःखशतं विषयेन्द्रियसन्निकर्षैरनुभवतः कथं वा घटेत नैरन्तर्येण भावनासिद्धरूपं ध्यानमित्याशङ्कायामास्थातिशयतो विषयव्यसनिन इव भवत्येव भावनासिद्धिरित्याह।

जापक भी जप के संस्कार दृढ़ हो जाने पर स्वप्न में भी स्वयं को जप करते हुए अनुभव करता है। इसी प्रकार ध्यान करने वाला (ध्याता) भी ध्यानजन्य संस्कार की दृढ़ता के लिये उनको अपने मन में दृढ़ करे जिससे कि स्वप्न में भी वह स्वयं को ध्यान करता हुआ अनुभव करे । भाव यह है कि वासना की दृढ़ता से स्वप्नादि में भी ध्यान की निरन्तरता बनी रहती है ।

स्वप्नादि में ध्यान की अनुवृत्ति होने के कारण बताते हैं ।

अर्थ - (ध्याता) विरोधी प्रत्यय को छोड़कर निरन्तर ध्यान करता हुआ संस्कार की दृढ़ता से स्वप्नादि में भी वैसी भावना प्राप्त करता है ।।८२।।

व्याख्या - यदि उपासना करनेवाला (उपासक) विजातीय प्रत्यय को त्याग कर निरन्तर सजातीय प्रत्यय का अभ्यास करता है । तो उसके वे ध्यानाभ्यास रूपी संस्कार दृढ़ हो जाते हैं, जिससे कि वह स्वप्नावस्था में भी उसी भावना को प्राप्त करता है अर्थात् ध्यानविरोधी चिन्तन का त्याग कर यदि वह केवल ध्यान में ही मन को स्थापित करता है तो संस्कार दृढ़ हो जाने पर स्वप्न में भी अपने उपास्य की भावना को अर्थात् ब्रह्मभाव को प्राप्त करता है । तात्पर्य यह है कि साधक को स्वप्न में भी यही अनुभव होगा कि वह ब्रह्मोपासना का अभ्यास कर रहा है अथवा वह स्वयं आनन्दस्वरूप ब्रह्म ही है।

आस्थातिशय के कारण निरन्तर ध्यान की अनुवृत्ति का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - अपने प्रारब्ध कर्मों का भोग करते हुए भी जैसे विषयी पुरुष विषयों का चिन्तन करता है, उसी प्रकार उपासक भी आस्था की अधिकता से दिन-रात उपासना कर सकता है, इसमें सन्देह नहीं ।।८३।।

व्याख्या - विषयों का उपभोग तो प्रारब्धानुसार करना ही पड़ेगा तब प्रारब्ध का भोग करते हुए ब्रह्मभावना की निरन्तरता कैसे संभव है ? इस शंका पर कहते हैं कि अतिशय आस्थावशात् प्रारब्ध का भोग करते हुए भी ब्रह्मभावना की जा सकती है । अपने प्रारब्धकर्मों का भोग करते हुए भी अर्थात् अनुभव करते हुए भी आस्थातिशय के कारण अर्थात् उत्कट इच्छा के कारण दिन-रात उपासना की जा सकती

निजारब्धमात्मीयमारब्धं कर्म भुञ्जानोऽप्यनुभवन्नप्यास्थातिशयत उत्कटेच्छावशाद्विषयव्यसनी विषयसुखेषु व्यसनी कार्यान्तरेषु व्यापृतोऽपि विषयाननवरतं ध्यायति तथानिशं ध्यातुं शक्त इत्यत्र नास्ति सन्देहलेश इति शम् ।।

एकाग्रमनस्कस्यान्यकार्यव्यापृतत्त्वेऽपि नो हानिरित्यत्र दृष्टान्तप्रदर्शनम् -

परव्यसनिनी नारी व्यग्रापि गृहकर्मणि।
तदेवास्वादयत्यन्तः परसङ्गरसायनम् ।।८४।।
परसङ्गं स्वादयन्त्या अपि नो गृहकर्म तत् ।
कुण्ठीभवेदपि त्वेतदापातेनैव वर्तते।।८५।।
गृहकृत्यव्यसनिनी यथा सम्यक्करोति तत् ।
परव्यसनिनी तद्वन्न करोत्येव सर्वथा।।८६।।
एवं ध्यानैकनिष्ठोऽपि लेशाल्लौकिकमाचरेत् ।
तत्त्ववित्त्वविरोधित्वाल्लौकिकं सम्यगाचरेत् ।।८७।।

अन्वयः- परव्यसनिनी नारी गृहकर्मणि व्यग्रा अपि अन्तः तत् एव परसङ्गरसायनम् आस्वादयति।

अन्वयः- परसङ्गं स्वादयन्त्या अपि तत् गृहकर्म नो कुण्ठीभवेत्। अपि तु एतत् आपातेन एव वर्तते।।

अन्वयः- यथा गृहकृत्यव्यसनिनी तत् सम्यक् करोति। तद्वत् परव्यसनिनी सर्वथा न करोति एव।।

अन्वयः - एवं ध्यानैकनिष्ठः अपि लेशात् लौकिकम् आचरेत्। तत्त्ववित् तु अविरोधित्वात् लौकिकं सम्यक् आचरेत् ।।

व्याख्या :- पूर्वोक्तदृष्टान्तं स्पष्टयति । गृहकर्मणि गृहोचितकर्मणि व्यग्रापि नितरां निमग्नापि

है । इसमें दृष्टान्त देते हैं कि विषयीपुरुष अर्थात् विषयसुखों का व्यसनी पुरुष जैसे अन्य कार्य करता हुआ भी स्वाभिलषित विषयों का निरन्तर चिन्तन करता रहता है, वैसे ही ध्याता भी अहर्निश ध्यान कर सकता है, इस विषय में कोई सन्देह नहीं है ।

उक्त उदाहरण का विवरण करते हैं ।

अर्थ - परपुरुष में आसक्त स्त्री गृह कार्य में संलग्न होते हुए भी, उसी परपुरुष के संगजन्य सुख का भीतर ही भीतर आस्वादन करती है । परपुरुष के संग का आस्वादन करते हुए भी उसके गृहकार्य कुण्ठित नहीं होते अपितु वह उनको ऊपरी मन से ही करती है । जैसे गृहकार्य में आसक्त स्त्री भली-भाँति गृहकार्य करती है, उसी प्रकार परव्यसनिनी नारी उन कार्यों को कभी भी नहीं करती है ।।८४-८६।।

व्याख्या - संसार में रहते हुए और प्रारब्धानुसार विषयों का भोग करते हुए भी उपासक आस्था के बल से उपासना कैसे कर सकता है, इस विषय को एक उदाहरण से स्पष्ट करते हैं । परपुरुष में अर्थात् स्वपति से अतिरिक्त (जार) पुरुष में आसक्त स्त्री घर के कार्य करने में संलग्न होते हुए भी अपने मन में तो उसी परपुरुष के समागमजन्य सुख का आस्वादन (अनुभव) करती है अर्थात् स्मरण करती है। परसंग का आस्वादन करने पर भी गृहकार्य में कोई व्यवधान नहीं होता इसका वर्णन करते हुए कहते हैं कि परपुरुष के संग का आस्वादन करते हुए भी उसके गृहकार्य कुण्ठित नहीं होते अर्थात् उसका गृह

परव्यसनिनी जारपुरुषेऽत्यन्तं व्यसनवती नारी काचित्स्वान्तर्मनसि तत्परसङ्गरसायनं जारपुरुषसमावेश-सुखानुभवरसमास्वादयति । अन्यानुरक्तमनस्काया परसङ्गरसायनास्वादनतत्परायास्तस्या गृहकर्मणां सम्यङ्निर्वहणं न स्यादित्याशङ्कां समादधाति । परसङ्गं स्वादयन्त्या अपि स्त्रियस्तद्गृहकर्म नो कुण्ठीभवेद्वैफल्यं न प्राप्नुयात् । अपि त्वेतद्गृहकर्मापातेनैवाविचारितेनैव वर्तते । अत्रोक्तमापातवर्तनमेव गृहकर्मणस्तस्या व्यतिरेकदृष्टान्तेन विशदयति । यथा तद्गृहकृत्यं गृहकृत्यव्यसनिनी सम्यक्करोति तद्वत्परव्यसनिनी गृहकृत्यं सर्वथा न करोत्येव । तत्त्वविदो लौकिकव्यवहारस्याविरोधित्त्वादेव हेतुना पूर्वोक्तं दृष्टान्तं दार्ष्टान्तिके संयोजयति । यथा परसङ्गरसायनमास्वादयन्ती नारी गृहकर्मण्यापातेनैव प्रवर्तत एवमेव ध्यानैकनिष्ठोऽप्युपायस्यावेशितचित्तैकाग्र्यो लौकिकं व्यवहारं लेशात्स्वल्पमाचरेत् । ब्रह्मविदपि लौकिकव्यवहारं किं लेशतस्समाचरत्याहोस्वित्सम्यगेवेति शङ्कायां सम्यगेवाचरतीति प्रदर्शयति। तत्त्वविज्ज्ञानी त्वविरोधित्त्वाल्लौकिकं सम्यगाचरेत् । ध्याननिष्ठो विरोधिप्रत्ययैश्चित्तैकाग्र्यभङ्गभिया लौकिकव्यवहारे स्वल्पमेव प्रवर्तते तत्त्ववित्तु सुविज्ञातद्वैतमिथ्यात्त्वात्सर्वं लौकिकं कर्म सम्यगेवानुतिष्ठति।

कार्य रुकता नहीं है, चलता रहता है किन्तु वह उन गृहकार्यों को केवल ऊपरीमन से करती है अर्थात् झाड़ू लगाना, कपड़े धोना, रसोई बनाना आदि सभी कार्यों को परव्यसनिनी नारी करती तो है, किन्तु उसका मन निरन्तर जारपुरुष के संग का सुख ही स्मरण करता रहता है । अतः उसका गृहकार्य केवल दिखावे के लिये होता रहता है । और गृह कार्य में आसक्त स्त्री जिस तरह गृह कार्यों को भली प्रकार से करती है, उसी प्रकार परव्यसनिनी नारी नहीं करती है । व्यभिचारिणी स्त्री निरन्तर परपुरुष का चिन्तन करते हुए भी अपने घर के काम बिगड़ने नहीं देती किन्तु उन कामों में वह अधिक रुचि नहीं लेती, और उन्हें उदासीनता के साथ करती रहती है । अतः उसके कार्य सदाचारिणी स्त्री की तरह व्यवस्थित रूप से नहीं होते हैं ।

उक्त दृष्टान्त को दार्ष्टान्तिक में घटाते हैं ।

अर्थ - इसी प्रकार केवल ध्यान परायण उपासक भी लेशमात्र लौकिक व्यवहार को करता है किन्तु तत्त्ववेत्ता लौकिक व्यवहार को ज्ञान का विरोधी न होने के कारण भली-भाँति करता है ।।८७।।

व्याख्या - जैसे परपुरुष के संग का आस्वादन करने वाली नारी गृहकार्यों को आपात रूप से अर्थात् ऊपरीमन से ही करती है, वैसे ही केवल ध्यानपरायण उपासक भी लौकिक व्यवहार को लेशमात्र अर्थात् नाममात्र का (अत्यल्प) करता है । ब्रह्मवेत्ता उपासक से विलक्षण है, इस बात को दर्शाने के लिये कहते हैं कि तत्त्ववेत्ता तो लौकिक व्यवहार को भली-भाँति करता है क्योंकि तत्त्वज्ञान का और लौकिक व्यवहार का कोई विरोध नहीं है । लौकिक व्यवहार में जगत् को सत्य मानने की अथवा आत्मा को अचेतन मानने की आवश्यकता नहीं है, अतः आत्मा को चेतनरूप तथा जगत् को मिथ्या जानकर भी प्रारब्धानुसार लौकिक व्यवहार हो सकता है । इतना ही नहीं, ज्ञानी पुरुष लौकिक व्यवहार को बहुत ही अच्छी तरह से करता है। किन्तु ध्यानपरायण व्यक्ति लौकिक व्यवहार को ध्यान की निरन्तरता में बाधक मानकर उससे डरता है । अतः वह लौकिक व्यवहार नहीं के बराबर करता है । पूर्व में दिया गया दृष्टान्त यहाँ इस तरह घटित हो सकता है । हम उपासक की तुलना परपुरुषगामिनी स्त्री से कर सकते हैं और ज्ञानी की तुलना सदाचारिणी स्त्री से । उपासक का मन परमात्मा में लगा रहता है । वह शरीर से अपना लोक-व्यवहार चलाता तो है किन्तु उसे

मिथ्यात्त्वेन गृहीतेन द्वैतेन सम्यज्ज्ञानरूपात्मतत्त्वज्ञानस्याविरोधित्त्वादिति शम् ।।

तत्त्वविदो लौकिकव्यवहारस्याविरोधित्त्वनिरूपणम् -

मायामयः प्रपञ्चोऽयमात्मा चैतन्यरूपधृक् ।
इति बोधे विरोधः को लौकिकव्यवहारिणः।।८८।।
अपेक्षते व्यवहृतिर्न प्रपञ्चस्य वस्तुताम् ।
नाप्यात्मजाड्यङ्किन्त्वेषा साधनान्चेव काङ्क्षति।।८९।।

अन्वयः-"अयं प्रपञ्चः मायामयः आत्मा चैतन्यरूपधृक्" इति बोधे लौकिकव्यवहारिणः कः विरोधः।

अन्वयः - व्यवहृतिः प्रपञ्चस्य वस्तुतां न अपेक्षते। आत्मजाड्यम् अपि न। किं तु एषा साधनानि एव काङ्क्षति।

व्याख्या :- ब्रह्मविदो लौकिकव्यवहाराविरोधे कारणमाह । भासमानोऽयं प्रपञ्चो मायामयो मायामात्रविलासः । आत्मा तु चैतन्यरूपधृगिति विस्पष्टं बोधे जाते सति तत्त्वविदस्साक्षात्कारे समुत्पन्ने सति लौकिकव्यवहारिणो विरोधः कः? न कोऽपि विरोध इत्याशयः । अधुनोक्तविरोधाभावमेव प्रपञ्चयति । व्यवहृतिर्लौकिकव्यवहारः प्रपञ्चस्य वस्तुतां सत्यतां नापेक्षते त्रिकालाबाध्यत्त्वरूपां पारमार्थिकीं सत्यतां नापेक्षत इति भावः । व्यावहारिकसत्येनैव सर्वप्रपञ्चव्यवहारस्य निर्वाहात् ।

वह भार रूप लगता है, उसे वह सुन्दर ढंग से नहीं कर पाता । किन्तु तत्त्वज्ञानी की स्थिति ऐसी नहीं है । वह अपना लोक-व्यवहार सुचारु रूप से करता है । उसके सभी कार्य उत्कृष्ट और सुन्दर होते हैं, जैसे सदाचारिणी स्त्री गृह कार्यों को भली-भाँति सम्पादित करती है, वैसे ही तत्त्ववेत्ता लौकिक कार्यों को भली-भाँति करता है, क्योंकि लौकिक कार्य ज्ञान के विरोधी नहीं हैं ।

लौकिक व्यवहार ज्ञान का विरोधी क्यों नहीं है, इसका कारण बताते हैं ।

अर्थ - यह संसार मायामय है और आत्मा चैतन्य स्वरूप है, ऐसा बोध जिसे प्राप्त है, उसे लोक-व्यवहार से क्या विरोध होगा ? लौकिक व्यवहार संसार की सत्यता की अपेक्षा नहीं रखता और आत्मा की जड़ता की भी अपेक्षा नहीं रखता, किन्तु यह लौकिक व्यवहार साधनों की अपेक्षा रखता है ।।८८-८९।।

व्याख्या - तत्त्वज्ञान तो अद्वैतभाव को कहते हैं और लोक-व्यवहार तो द्वैतभाव में ही संभव है, तब आप लोक-व्यवहार को तत्त्वज्ञान का अविरोधी कैसे कह रहे हैं ? इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि यह प्रतीत होने वाला नामरूपात्मक जगत् मायामय है और आत्मा चैतन्य स्वरूप है । ऐसा ज्ञान जिसे उत्पन्न हो गया है, उस तत्त्ववेत्ता का लोक-व्यवहार से क्या विरोध हो सकता है ? अर्थात् कोई विरोध नहीं है । उक्त विरोधाभाव को स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि लोक-व्यवहार प्रपञ्च की सत्यता की अपेक्षा नहीं रखता अर्थात् जगत् को सत्य मानकर ही लोक-व्यवहार होता है, यह कोई नियम नहीं है । जगत् को मिथ्या मानकर भी लोक-व्यवहार संभव है । तथा लोक-व्यवहार में आत्मा को जड़ रूप मानने की भी आवश्यकता नहीं है अर्थात् लोक-व्यवहार करने वाला व्यक्ति आत्मा को जड़ माने यह भी कोई नियम नहीं है । आत्मा को चैतन्य स्वरूप नित्य, शुद्ध, बुद्ध और मुक्त मानकर भी लोक-व्यवहार संभव है । अतः लोक-व्यवहार और ज्ञान दोनों परस्पर विरोधी न होने से दोनों की एकसाथ स्थिति संभव

आत्मजाड्यमात्मनस्स्वस्य जाड्यं जडस्वभावं वा नापेक्षते । किन्त्वेषा व्यवहृतिः केवलं स्वप्रचलनाय साधनान्येव काङ्क्षत इति दिक् ।।

लोकव्यवहारसाधननिरूपणम् -

मनोवाक्कायतद्बाह्यपदार्थास्साधनानि तान् ।
तत्त्ववित्नोपमृद्नाति व्यवहारोऽस्य नो कुतः।।९०।।

अन्वयः-मनोवाक्कायतद्बाह्यपदार्थाः साधनानि तान् तत्त्ववित् न उपमृद्नाति अस्य व्यवहारः कुतः नो।

व्याख्या :- जगद्व्यवहृतेः प्रपञ्चसत्यत्त्वमन्तरा कानि वान्यानि साधनानीत्यत्राह । मनोवाक्कायतद्बाह्यपदार्था मनश्च वाक्च कायश्चेति तेषां बहिर्भवा बाह्या ये पदार्था गृहक्षेत्रादयश्च ते व्यवहारस्य साधनानि । अतस्तत्त्वज्ञानी न निवारयत्येव तानीत्यतोऽस्य ज्ञानिनो व्यवहारः कुतो न भवति ? भवत्येवेति भावः । एवमपि तत्त्वविदो मनोवाक्कायादयस्सर्वेऽपि मिथ्याभूता एवेति कथं तैस्सह तस्य व्यवहार इत्यत्राह । तान्मनोवाक्कायादींस्तत्त्वविन्नोपमृद्नाति नैव विनाशयति । किन्तु क्रीडाकल्पितप्रतिमादिकमिव मिथ्यात्त्वेन गृह्णाति । उपमर्दनमत्र ध्वंस एव न तु बाधस्तथा चात्र बाधितैस्तैरस्य व्यवहारोऽबाधित एव । कुमारीकर्तृकशिलापुत्रादिव्यवहारवत्स्यादेवेति ब्रह्मविदो व्यवहारस्संभवत्येवेति शम् ।।

तत्त्वविदश्चित्तोपमर्दनस्यानावश्यकत्त्वनिरूपणम् -

उपमृद्नाति चित्तञ्चेद्ध्यातासौ न तु तत्ववित् ।
न बुद्धिमर्दयन्दृष्टो घटतत्त्वस्य वेदिता ।।९१।।

अन्वयः - चित्तम् उपमृन्दाति चेत् असौ ध्याता। तत्ववित् तु न। घटतत्त्वस्य वेदिता बुद्धिम्

है । यदि लोक व्यवहार में जगत् को सत्य और आत्मा को जड़ मानने की आवश्यकता नहीं है तो किसकी आवश्यकता है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि लोक-व्यवहार के लिये शरीर, मन और इन्द्रियाँ आदि साधानों की ही अपेक्षा है ।

उक्त व्यवहार योग्य साधनों को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - मन, वाणी, शरीर और उनसे बाहर के पदार्थ (व्यवहार के) साधन हैं । तत्त्ववेत्ता उन साधनों का उपमर्दन नहीं करता, तो फिर भला उससे व्यवहार क्यों न होगा ?।।९०।।

व्याख्या - मन, वाणी, शरीर और उनसे बाहर के भूमि, भवन, पशु आदि पदार्थ व्यवहार के साधन हैं । उन साधानों का तत्त्ववेत्ता उपमर्दन नहीं करता है अर्थात् उनका विनाश नहीं करता है किन्तु खेलने के लिये कल्पित प्रतिमा (खिलौना) आदि की तरह उन साधनों को मिथ्या रूप से ग्रहण करता है । अतः उसका व्यवहार क्यों न होगा ? अर्थात् अवश्य हो सकता है ।

चित्त का निरोध करना भी तत्त्ववेत्ता के लिये आवश्यक नहीं है, इसका वर्णन करते हैं।

अर्थ - यदि कोई अपने चित्त का उपमर्दन करता है तो वह ध्याता (उपासक) है, न कि तत्त्ववेत्ता (ज्ञानी) । घट के तत्त्व का ज्ञाता अपनी बुद्धि को मर्दन (निरोध) करता हुआ नहीं देखा गया है ।।९१।।

व्याख्या - ***मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः ।***
बन्धाय विषयासक्तं मुक्त्यै निर्विषयं स्मृतम् ।। (ब्रह्मबिन्दूपनिषद्-२)

अर्दयन् न दृष्टः ।

व्याख्या :- "मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः । बन्धाय विषयासक्तं मुक्त्यै निर्विषयं स्मृतम्" इति श्रुतेश्चित्तस्य निर्विषयत्त्वं ध्वंसमन्तरा न सिद्धमिति चेन्न । तथा सति समुपमर्दयितुर्ध्यातृत्त्वमेव न तत्त्ववित्त्वमित्येतत्स्फुटीकरोति । चित्तमुपमृद्नाति चित्तैकाग्र्यसम्पादनाय तन्निरोधयतीति चेदसौ चित्तनिरोधको ध्यतैव न तु तत्त्ववित् । ध्यानस्य चित्तवृत्तिनिरोधरूपत्त्वात् । तथा च पातञ्जलं सूत्रं "योगश्चित्तवृत्तिनिरोध" इति । तत्त्वविदां चित्तं नोपमृद्यत इति क्व वा दृष्टचरमिति प्रश्ने समाधत्तेऽर्थान्तरन्यासेन । घटतत्त्वस्य वेदिता विज्ञाता बुद्धिं चित्तं मर्दयन्निरोधयन्कुत्रापि लोके न दृष्टः । घटस्य स्वरूपावगतये चित्तनिरोधरूपं चित्तैकाग्र्यं नापेक्षते तत्त्वरूपध्यानं तु तदाकाङ्क्षत इति भाव इति शम् ।।

आत्मनस्स्वप्रकाशत्त्वान्न चित्तपीडापेक्षेति समर्थनम् -

सकृत्प्रत्ययमात्रेण घटश्चेद्भासते सदा ।
स्वप्रकाशोऽयमात्मा किं घटवच्च न भासते ।।९२।।

अन्वयः - सकृत् प्रत्ययमात्रेण घटः सदा भासते चेत्। स्वप्रकाशः अयम् आत्मा किं घटवत् च न भासते ।

व्याख्या :- घटदृष्टान्तोऽत्र विषमः । तस्य स्थूलत्त्वाच्चित्तवृत्तिनिरोधमन्तरेणापि सकृत्प्रत्यय-मात्रवेद्यत्त्वात्तेन स्थौल्येषु सर्वेष्वपि स्पष्टतरत्त्वेन दर्शनेन भवत्येव चित्तापीडनम् । ब्रह्मविषये त्वस्पष्टत्त्वात्तज्ज्ञाने चित्तवृत्तिनिरोधोऽवश्यमपेक्ष्यत एवेत्याशङ्कायां तस्य च ब्रह्मणस्स्वप्रकाशत्त्वेन घटादिभ्योऽपि

इस श्रुति वचन के अनुसार मन को ही बन्ध और मोक्ष का कारण कहा गया है । अतः तत्त्ववेत्ता लोक-व्यवहार के साधनों का उपमर्दन भले ही न करे किन्तु मन का निरोध करना तो उसके लिये भी आवश्यक है । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि यदि कोई चित्त की एकाग्रता का सम्पादन करने के लिये उसका निरोध करता है तो वह चित्त का निरोध करने वाला ध्याता (उपासक) ही है, उसे तत्त्ववेत्ता नहीं कह सकते । चित्तवृत्ति के निरोध को ध्यान (योग) कहते हैं । ***"योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः"*** (पा.यो.सू. १/२) अतः चित्त का निरोधक उपासक है, न कि तत्ववेत्ता । इस विषय में दृष्टान्त देते हैं । घटतत्त्व का ज्ञाता अपनी बुद्धि का अर्थात् अपने चित्त का उपमर्दन (निरोध) करता हो ऐसा लोक में कहीं पर भी देखा नहीं गया है । अर्थात् घट के स्वरूप को जानने के लिए जैसे चित्तनिरोध रूप चित्त की एकाग्रता की अपेक्षा नहीं है, उसी प्रकार ज्ञानी को भी चित्त निरोध की आवश्यकता नहीं है ।

तत्त्वज्ञान में चित्तनिरोध की अनावश्यकता को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - केवल एकबार ज्ञान होने से (जड़) घट यदि सर्वदा भासित हो सकता है तो फिर स्वयंप्रकाश यह आत्मा घट के समान भासित क्यों न होगा ? ।।९२।।

व्याख्या - पूर्वपक्षी पुनः शंका करते हुए कहता है कि आपके द्वारा दिया गया दृष्टान्त विषम है । घट तो स्थूल है, इसलिये चित्तवृत्ति का निरोध किये बिना ही केवल एकबार के ज्ञान से वह सदा भासित हो सकता है, किन्तु ब्रह्म के विषय में ऐसा कहना उचित नहीं है । ब्रह्म तो अस्थूल (अत्यन्त सूक्ष्म) होने के कारण घट की तरह स्पष्ट नहीं है, अतः उसके ज्ञान के लिये चित्त निरोध की आवश्यकता अवश्य

स्पष्टतरत्त्वाच्चित्तनिपीडनं नैवापेक्षत इति स्पष्टयति । जडस्वरूपो घटस्सकृत्प्रत्ययमात्रेण सकृज्जन्यज्ञानमात्रेण सदा भासते चेत्स्वप्रकाशोऽयमात्मा विनैव चित्तनिरोधनं घटवत्किं न भासत इति दिक् ।।

बुद्धेः क्षणिकत्त्वं सर्वत्र तुल्यमेवेति निरूपणम् –

स्वप्रकाशतया किन्ते तद्बुद्धिस्तत्त्ववेदनम् ।
बुद्धिश्च क्षणनाश्येति चोद्यन्तुल्यं घटादिषु ।।९३।।

अन्वयः–स्वप्रकाशतया ते किम् ? तद्बुद्धिः तत्त्ववेदनं च बुद्धिः क्षणनाश्या इति चोद्यं घटादिषु तुल्यम्।

व्याख्या :– ब्रह्मणस्स्वप्रकाशकत्त्वमप्रयोजकम् । तत्सत्त्वेऽपि ब्रह्मणि भावनारूपाद्यविद्या–सत्त्वानुभवात् । किन्तु विचारितमहावाक्यजन्यात्मभिन्नतद्विषयकबुद्धिरेवाविद्याध्वस्तिरूपमुक्तिदात्रीति वेदान्तिनो यौष्माकीणस्सिद्धान्तः । सा च त्रिक्षणावस्थायिनीति निखिलास्तिकदार्शनिकसम्मतम्मतम्। तद्विलये दीपापगमे तमोऽन्तरेण तेनैव वा पुनरुपसृतेन तमसा घटस्येव तस्याद्वैतब्रह्मात्मवस्तुनः प्रतिक्षणमावरणसम्भवात्तद्वारणाय यावत्प्रारब्धविध्वंसबुद्धेस्तदाकारतासम्पादनमावश्यकमेवेत्याशङ्कायां घटादिज्ञानेष्वपि तत्रावस्थाभ्यासस्समपेक्षित इतीदं चोद्यं समानमेवेति प्रतिबन्द्यैव प्रतिवदति । आत्मनस्स्व–प्रकाशतया ते किं प्रयोजनम् ? न किमपि प्रयोजनमित्याशयः । कुतः? तद्बुद्धिर्बुद्धिवृत्तिरेव तत्त्ववेदनं

ही है । इस शंका का उत्तर देते हैं – जड़ रूप घट का यदि एकबार भी ज्ञान हो जाए तो वह सर्वदा भासित होता है, पुनः घट को जानने के लिये चित्तनिरोध की अपेक्षा नहीं होती है । यदि जड़ घट भी एकबार के ज्ञान से सर्वदा भासित हो सकता है तो फिर स्वयंप्रकाश यह आत्मा भी चित्त के निरोध किये बिना ही घट की तरह भासित क्यों न होगा ? अर्थात् आत्मा सूक्ष्म होने पर भी स्वयंप्रकाश रूप होने के कारण स्पष्ट रूप से भासित होता है । उसके लिये चित्तनिरोध की आवश्यकता नहीं है ।

बुद्धि का क्षणिकत्व सर्वत्र समान है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ – आत्मा की स्वप्रकाशता से तुम्हें क्या प्रयोजन ? क्योंकि बुद्धिवृत्ति से ही तत्त्वज्ञान होता है । यदि कहो कि बुद्धिवृत्ति क्षणिक है तो यह बात घटादि के ज्ञान में भी समान ही है ।।९३।।

व्याख्या – आत्मा यदि स्वयंप्रकाश हो भी, तो क्या है ? क्योंकि उसका ज्ञान तो बुद्धिवृत्ति से ही होता है, और वह वृत्ति क्षण–क्षण में उत्पन्न और नष्ट होनेवाली होने से क्षणिक मानी गयी है । अतः उस बुद्धिवृत्ति में स्थित ब्रह्मज्ञान के लिये अभ्यास की आवश्यकता क्यों नहीं है ? यदि अभ्यास नहीं करेंगे तो ब्रह्मज्ञान नष्ट नहीं हो जाएगा ? इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि आत्मा की स्वयंप्रकाशता से तुम्हारा क्या प्रयोजन है ? अर्थात् कुछ नहीं, क्योंकि बुद्धिवृत्ति (ब्रह्माकाराकारित वृत्ति) ही तत्त्वज्ञान का कारण है । यदि कहो कि वह बुद्धि क्षणिक है अर्थात् विनाशशील है तो उसमें ज्ञान की स्थिरता कैसे संभव है ? अतः (ज्ञानी को भी) चित्त को बार–बार ब्रह्म में लगाने का अभ्यास करना चाहिये । इस पर कहते हैं कि आपका यह कथन तो घटादि सभी प्रमेयवस्तु पर समान रूप से लागु होता है क्योंकि उनका ज्ञान भी बुद्धि की वृत्ति से ही होता है, यदि ऐसा मानेंगे तब तो घटादि का ज्ञान होने पर भी बार–बार उनके ज्ञान का अभ्यास करना पड़ेगा किन्तु ऐसा नहीं है, घटज्ञान प्राप्त करने के बाद उसके ज्ञान के लिये चित्तनिरोध रूप अभ्यास की आवश्यकता नहीं रहती है । भाव यह है कि जैसे क्षणिक बुद्धि से घटज्ञान

तत्त्वस्य ज्ञानं भवति । बुद्धिश्च क्षणनाश्या । बुद्धिवृत्तिश्च क्षणमात्रकालेनैव विनाशनशीलेत्याशयः । अतो ब्रह्मणि भूयो भूयोऽवस्थानमपेक्षत इत्युच्यते चेदेतच्चोद्यं शङ्क्येयं घटादिषु सर्वप्रमेयवस्तुषु तुल्यमेव । तेषामपि बुद्धिवृत्तिविषयत्त्वाविशेषादिति शम् ।।

घटदर्शनवदात्मदर्शनेऽपि न चित्तवृत्तिनिरोधापेक्षेति निरूपणम् –

घटादौ निश्चिते बुद्धिर्नश्यत्येव यदा घटः।
इष्टो नेतुन्तदा शक्य इति चेत्सममात्मनि।।९४।।

अन्वयः – घटादौ निश्चिते बुद्धिः नश्यति एव तदा इष्टः घटः नेतुं शक्यः इति चेत् आत्मनि समम्।

व्याख्या :– घटादिज्ञानवृत्तेः क्षणिकत्त्वेऽपि सकृन्निश्चितस्य घटपटादेस्सर्वदा सर्वथा च व्यवहार-क्षमत्त्वात्तत्र चित्तस्थैर्यानावश्यकतैवेति तत्सम्पादनप्रयोजकमित्याशङ्कायां पुनरिदमात्मन्यपि तुल्यमिति प्रतिबन्द्यैव तामप्यशङ्कां प्रशमयति । घटादौ सकृन्निश्चिते स्वस्वरूपेण ज्ञाते सति तद्विषयिणी बुद्धिर्नश्यत्येव। तथाप्ययं घट इति नेतुं व्यवहर्तुमिष्टस्तदा शक्यः पुनरदृश्यमानोऽपि व्यवहर्तुं शक्यते इति चेत्तदा तदात्मन्यपि सममेवेति न किमपि वैषम्यम् । सकृज्ज्ञानेनात्मापि व्यवहर्तुं शक्यत इति भाव इति शम्।।

ब्रह्मप्रमायां घटप्रमासाम्यनिरूपणम् –

हो सकता है, वैसे ही क्षणिक ब्रह्माकाराकारित वृत्ति से भी आत्मज्ञान हो सकता है और ज्ञानोत्तर काल में पुनः चित्तनिरोध की आवश्यकता नहीं रहती ।

घटज्ञान की तरह आत्मज्ञान में भी चित्तनिरोध की अनावश्यकता को स्पष्ट करते हैं।

अर्थ – घटादि के निश्चित रूप से ज्ञात हो जाने पर यद्यपि बुद्धि अवश्य ही नष्ट हो जाती है, तथापि अभिलषित घट अन्यत्र ले जाया जा सकता है । यदि ऐसा कहते हो तो यह कथन आत्मा में भी समान ही है ।।९४।।

व्याख्या – पूर्वपक्षी कहता है कि घटादि बुद्धिवृत्ति यद्यपि क्षणिक है तथापि एकबार भी घटविषयक ज्ञान हो जाए तो सर्वदा उससे व्यवहार करना संभव है । उसके लिये पुनः घटविषयक ज्ञान की आवश्यकता अर्थात् चित्त के निरोध की आवश्यकता नहीं है । किन्तु ब्रह्मज्ञान ऐसा नहीं है, उसके लिये बार-बार चित्त का निरोध करना चाहिये । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि यह बात आत्मज्ञान में भी समान रूप से लागू होती है । यदि तुम कहते हो कि घटादि के निश्चित रूप से ज्ञात हो जाने पर बुद्धि अवश्य ही नष्ट हो जाती है तथापि जब अभिलषित घट को कहीं भी ले जाना हो तो घटविषयक पूर्वज्ञान से व्यवहार होना संभव है अर्थात् घट का दर्शन न होने पर भी घटविषयक व्यवहार संभव है । सिद्धान्ती इसी कथन को आत्मज्ञान में भी घटाने के लिये कहते हैं कि यह कथन आत्मा में भी समान ही है अर्थात् एकबार भी सम्यक् ज्ञान हो जाए तो उसके ज्ञान के लिये पुनः चित्तनिरोध की आवश्यकता नहीं है ।

उक्त समता का विवरण करते हैं ।

अर्थ – एकबार आत्मा का निश्चित ज्ञान प्राप्त कर लेने पर जब अपेक्षा हो तभी उसके विषय में

निश्चित्य सकृदात्मानं यदापेक्षा तदैव तम् ।
वक्तुं मन्तुं तथा ध्यातुं शक्नोत्येव हि तत्त्ववित् ॥९५॥

अन्वयः - हि (यस्मात्)तत्त्ववित् सकृत् आत्मानं निश्चित्य यदा अपेक्षा तदा एव तं वक्तुं मन्तुं तथा ध्यातुं शक्नोति एव हि ।

व्याख्या :- सकृन्निश्चितघटपटादीनां तत्तद्विषयकबुद्धिनाशेऽपि यदा गङ्गाजलानयनश्रीकृष्ण-श्रीविग्रहप्रोक्षणादिकार्येषु तत्तदपेक्षा तथात्मनि बुद्धिनाशोर्ध्वं नैव सम्भवति पूर्वमुपपादितरीत्या पौनःपुन्येनावृत्तत्त्वसम्भवादिति चेत्तदसत् । एकाज्ञानपक्षे स्वबुद्ध्यवच्छेदेन तदावरणशक्ति-नाशेनानेकाज्ञानस्वमूलाज्ञाननाशेन पल्लवाज्ञानानां च ब्रह्मात्मैक्यावरकत्त्वानङ्गीकारेण च पुनरात्मावरणा-सम्भवात्तमसः प्रकाशदेशावच्छेदेनापसरणमात्राङ्गीकारेण वैषम्यसद्भावादित्याशयवानाह। आत्मानं सकृन्निश्चित्य सम्यग्विज्ञाय तदनन्तरं यदापेक्षा जायते तदैव तमात्मानं वक्तुं मन्तुं ध्यातुं च तत्त्वविच्छक्नोत्येवेति घटप्रमासाम्यमेव ब्रह्मप्रमायामप्यागतमिति शम् ।।

विस्मृतिर्ध्यानजस्यैव न ज्ञानजस्येति वैषम्यनिरूपणम् -

उपासक इव ध्यायँल्लौकिकं विस्मरेद्यदि ।
विस्मरत्येव सा ध्यानाद्विस्मृतिर्न तु वेदनात् ॥९६॥

अन्वयः - उपासकः इव ध्यायन् लौकिकं विस्मरेत् विस्मरति एव। सा विस्मृतिः ध्यानात् । वेदनात् तु न।

व्याख्या :- तत्त्वविदपि ध्यानशीलोपासकवदात्मानुसन्धानबलाज्जगदनुसन्धानाभावो न ध्यानप्रयुक्तोऽपि तु वेदनप्रयुक्त एव तत्त्वविद इति । यतः क्वचिदृषभदेवादिवद्ध्यानादात्मदर्शनमात्रेण

तत्त्ववित् पुरुष कहने में, मनन करने में और ध्यान करने में समर्थ हो सकता है ।।९५।।

व्याख्या - आत्मज्ञान भी घट ज्ञान के समान ही है । जैसे एकबार घटज्ञान निश्चित होने पर यद्यपि घटाकार वृत्ति नष्ट हो जाती है, तथापि घट को व्यवहार में लाया जा सकता है । उसी प्रकार आत्मज्ञान होने पर भले ही तदाकाराकारित वृत्ति नष्ट हो जाए, किन्तु आत्मज्ञानी पुरुष आत्मा के विषय में जब चाहे तब बोल सकता है । जब इच्छा हो उसका मनन भी कर सकता है और वह चाहे तो आत्मा का ध्यान (चिन्तन) भी कर सकता है । तात्पर्य यह है कि जैसे घटज्ञान में चित्तनिरोध की आवश्यकता नहीं, उसी प्रकार आत्मज्ञान में भी उसकी आवश्यकता नहीं है ।

जगत् की विस्मृति ध्यानजन्या है, ज्ञानजन्या नहीं है । इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - (शंका) उपासक की तरह तत्त्ववेत्ता भी आत्मा का ध्यान करता हुआ यदि (जगत् को) भूल जाएगा तो (समाधान) आपका कथन सत्य है, वह भूल ही जाता है । परन्तु वह विस्मरण ध्यान से होता है, ज्ञान से नहीं ।।९६।।

व्याख्या - पीछे श्लोक संख्या ८७ में कह आये हैं कि ध्यान में निष्ठावाला पुरुष परव्यसनिनी नारी की तरह लोक-व्यवहार भली-भाँति नहीं कर पाता और तत्त्ववेत्ता अपना लोक व्यवहार सम्यक् रीति से करता है । यहाँ इसी बात को अधिक स्पष्ट कर रहे हैं । उपासक जब ध्यानमग्न हो जाता है तब उसे

लौकिकी स्मृतिरपि दृष्टा । अथापि तस्या विस्मृतेर्ध्यानकार्यत्त्वेन ज्ञानजन्यत्त्वाभावात् । उपासकानां हि स्वोपास्यदेवतारूपानुसन्धानावश्यकीभूतचित्तवृत्तिनिरोधेन जगद्विस्मृतिस्सम्भवति । तथैवात्मनुसन्धान-सन्निविष्टस्य ज्ञानिनोऽपि जगद्विस्मृतिर्वक्तव्येत्याशङ्का नैव युक्ततरा । ज्ञानिनामपि या विस्मृतिस्सा ध्याननिमित्तैव । न हि ज्ञानजन्येति भावं स्पष्टीकरोति । उपासक इवात्मविदपि ध्यायन्नात्मानुसन्धानं कुर्वन्लौकिकं व्यवहारं जगदादिकं यदि विस्मरेत् । सत्यं विस्मरत्येव किन्तु सा विस्मृतिर्ध्यानाद्भवति। न तु वेदनाज्ज्ञानादिति शम् ।।

मोक्षसिद्धिर्ज्ञानादेवेति निरूपणम् –

ध्यानन्त्वैच्छिकमेतस्य वेदानान्मुक्तिसिद्धितः।
ज्ञानादेव तु कैवल्यमिति शास्त्रेषु डिण्डिमः॥९७॥

अन्वयः – ध्यानं तु एतस्य ऐच्छिकं वेदनात् मुक्तिसिद्धितः "ज्ञानात् एव तु कैवल्यम् " इति शास्त्रेषु डिण्डिमः।

व्याख्या :–मोक्षसिद्धये ज्ञानिनोऽपि ध्यानमावश्यकमेवेत्याशङ्कायां नेत्याह । यतश्च श्रुतय एवं समुद्घोषयन्ति। "ज्ञानादेव तु कैवल्यं प्राप्यते येन मुच्यते" "तमेव विदित्वातिमृत्युमेति नान्यः पन्थाविद्यतेऽयनाय" "ज्ञात्वा देवं मुच्यते सर्वपापै" रित्याद्याः। तस्मान्पूर्वमुपदर्शितशास्त्रप्रामाण्यबलान्न ध्यानमपेक्षते मोक्षायेति स्पष्टमुपवर्णयति। एतस्य तत्वविदो ब्रह्मभेदस्य जगज्जीवेश्वरमिथ्यात्वस्य च वेदनात्सुदृढज्ञानान्मुक्तिसिद्धितो मुक्तेस्सिद्धत्वादेतस्य

जगत् का भान नहीं होता, वह अपने उपास्य देवता आदि के अनुसन्धान में आवश्यक चित्तवृत्ति का निरोध कर देने से जगत् को भूल जाता है, उसी प्रकार आत्मानुसन्धान करने वाले को भी जगत् की विस्मृति हो जाती है, ऐसा आपको कहना चाहिये । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि ज्ञानी की विस्मृति ध्यानजन्या है, ज्ञानजन्या नहीं है । यदि कहो कि उपासक की तरह तत्त्ववेत्ता भी ध्यान करता हुआ जगत् को भूल जाएगा तो आपका यह कथन सत्य है । आत्मानुसन्धानरत पुरुष अवश्य ही जगत् को भूल जाता है, किन्तु उसकी इस विस्मृति का कारण ज्ञान नहीं है ज्ञान होने के कारण वह जगत् को नहीं भूल जाता। उसकी यह विस्मृति ध्यानजन्या है अर्थात् जगत् की विस्मृति ध्यान के कारण होती है, ज्ञान के कारण नहीं । अतः ज्ञानीपुरुष लौकिक व्यवहार को भली-भाँति कर सकता है ।

ज्ञान से ही मोक्ष की सिद्धि का वर्णन करते हैं ।

अर्थ – इस ज्ञानी का ध्यान करना ऐच्छिक है क्योंकि मुक्ति तो ज्ञान से ही सिद्ध है । "**ज्ञानादेव तु कैवल्यम्**" इस प्रकार शास्त्रों में डिण्डिम घोष सुना जाता है ।।९७।।

व्याख्या – मोक्ष की सिद्धि के लिये ज्ञानी को भी ध्यान अवश्य करना चाहिये । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि मुक्ति का सीधा सम्बन्ध ज्ञान से है । आत्मज्ञान प्राप्त होने से ही मुक्ति प्राप्त हो जाती है । उपासना परम्परा से मोक्ष का कारण मानी गयी है, इसलिये कहा कि इस ज्ञानी का ध्यान करना ऐच्छिक है अर्थात् इच्छाकल्पित है । वह चाहे तो ध्यान करे अथवा न करे, उससे उसकी मुक्ति में कोई बाधा नहीं होती, क्योंकि उसकी मुक्ति तो दृढ़ज्ञान से ही सिद्ध है । अर्थात् जगत्, जीव और ईश्वर का मिथ्यात्व जानकर तथा ब्रह्म और आत्मा के अभेद का बोध दृढ़ हो जाने से मुक्ति अवश्य प्राप्त होती

ध्यानमैच्छिकमिच्छाकल्पितमात्रमेव । नावशक्यमेतदित्याशयः। मोक्षसिद्धये ज्ञानं विनोपायान्तरं शास्त्रेष्वन्वयव्यतिरेकाभ्यां निषिदध्यते चेत्याह। ज्ञानादेवेत्यवधारणान्नान्यस्मात्कैवल्यमिति श्वेताश्वतर्यादिर्निखिल शास्त्रेषु डिण्डिम उद्घोषणं सर्वत्रैककण्ठ्येन श्रूयते इति शम् ।।

तत्वविदां बहिर्मुखत्वेऽपि न कोऽपि दोष इति निरूपणम् ।

तत्त्वविद्यदि न ध्यायेत्प्रवर्तेत तदा बहिः।
प्रवर्ततां सुखेनायङ्को बाधोऽस्य प्रवर्तने॥९८॥

अन्वयः – तत्ववित् यदि न ध्यायेत तदा बहिः प्रवर्तेत। सुखेन अयं प्रवर्तताम् । अस्य प्रवर्तने कः बाधः?

व्याख्या :–यादि तत्त्वविदो ध्यानमनावश्यकमित्यभ्युपगम्येत तदा तस्य सदा बहिर्मुखत्वमाप-द्येतेत्याशङ्कायामिष्टापत्त्यैव परिहरति। यदि तत्त्वविद्ब्रह्म न ध्यायेत्तदा निरोधाभावात्तस्य ज्ञानिनश्चितं सदा बहिरेव बाह्यविषयेष्वेव प्रवर्तेतेति चेदस्तु नाम । अयं तत्त्ववित्सुखेन प्रवर्ततां बहिः। को बाधः? किं बाह्यप्रवृत्तिर्ब्रह्मज्ञानं न प्रतिबध्नातीत्यशंङ्कां परिहरति । अस्य ज्ञानिनो बाह्यविषयेषु प्रवर्तने को बाधः न कोऽपि बाधः इत्यर्थः । बाह्यप्रवृत्तेर्मिथ्यारूपत्त्वान्न कोऽपि बाधो हानिः ब्रह्मज्ञानस्येति शम् ।।

तत्त्वविदां बाह्यप्रवृत्तेर्दुर्निरूपणीयत्वनिरूपणम् –

है । ज्ञान के अतिरिक्त मोक्ष का और कोई साधन नहीं है, ऐसा शास्त्रों में अन्वय और व्यतिरेक के द्वारा स्पष्ट रूप से प्रतिपादन किया गया है अर्थात् ज्ञान से ही कैवल्यपद (ब्रह्मभाव) की प्राप्ति होती है अन्य किसी से नहीं । ***''ज्ञानादेव तु कैवल्यं प्राप्यते तेन मुच्यते''*** ज्ञान से ही कैवल्य प्राप्त होता है और उससे पुरुष मुक्त हो जाता है । ***''तमेव विदित्वाऽतिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय''*** (श्वे.उ. ३/८) अर्थात् उसे ही जानकर पुरुष मृत्यु को पार करता है, इसके सिवा परमपद प्राप्ति का कोई और मार्ग नहीं है । इस प्रकार शास्त्रों में डिण्डिम घोष सुना जाता है अर्थात् समस्त शास्त्र ज्ञान से ही मुक्ति होने की स्पष्ट रूप से घोषणा करते हैं ।

बहिर्मुखता भी तत्त्वज्ञान में बाधक नहीं है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ – (शंका) तत्त्ववेत्ता यदि ध्यान नहीं करेगा तो बाह्य कार्यों में प्रवृत्त होगा (उत्तर) वह सुख से प्रवृत्त हो, इस तत्त्ववेत्ता की प्रवृत्ति से क्या बाधा है ?।।९८।।

व्याख्या – तत्त्ववेत्ताओं की ध्यानाभाव में सदा बाह्यप्रवृत्ति रूप आपत्ति की शंका को इष्टापत्ति रूप से स्वीकार कर शंका का समाधान करते हैं । तत्त्ववेत्ता यदि ब्रह्म का ध्यान नहीं करेगा तो चित्त के निरोध के अभाव में उसका चित्त सदा ही बाह्य विषयों में प्रवृत्त रहेगा । अतः बाह्य प्रवृत्ति की निवृत्ति के लिये तत्त्ववेत्ता को भी ध्यान करना चाहिये, ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि यदि यह तत्त्ववेत्ता बाह्य विषयों में प्रवृत्त होता है तो सुखपूर्वक होवे क्योंकि प्रवृत्ति से उसकी कुछ भी हानि नहीं है । बाह्यप्रवृत्ति से क्या ब्रह्मज्ञान बाधित नहीं हो जायेगा ? इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि बाह्य प्रवृत्ति मिथ्या रूप है, ऐसा जानने वाला उनमें प्रवृत्त होता भी हो तो उससे ब्रह्मज्ञान में कोई बाधा नहीं आती ।

अतिप्रसङ्ग इति चेत्प्रसङ्गं तावदीरय।
प्रसङ्गो विधिशास्त्रञ्चेन्न तत् तत्त्वविदं प्रति॥९९॥

अन्वयः- अतिप्रसङ्गः इति चेत् ?। तावत् प्रसङ्गम् ईरय। विधिशास्त्रं प्रसङ्गः चेत् । तत् तत्त्वविदं प्रति न।

व्याख्या :-ज्ञानिनो बाह्यप्रवृत्तेरङ्गीकारेऽनुचिताचरणस्यापि प्रसक्तिर्भवेदित्याशङ्कायां तादृशप्रसङ्गस्य दुर्निरूप्यत्वादिति निरचष्टे। अति प्रसङ्ग उचितमुल्लङ्घ्य प्रसङ्ग इति चेदुचितं तावत्प्रसङ्गमीरय कथय। स च प्रसङ्गो दुर्निरूप एवेत्याशयः । यदि न स दुर्निरूपः किन्तु विधिशास्त्रमुपलक्षणविधयानिषेधशास्त्रं च प्रसङ्ग इति चेन्न। कुतस्तद्विधिनिषेधशास्त्रमुभयविधमपि तत्त्वविदं प्रति न प्रवृत्तम् । विधिनिषेधशास्त्रं तत्त्ववित्परं नैवास्तीति यावत् । किन्त्वविद्यावत्पराणि हि सर्वाणि शास्त्राणि। अतस्तदतिक्रमस्तत्त्वविदं प्रति दोषत्वेन न शक्यत उद्भावयितुमिति शम् ।।

अविद्वद्विषयत्वं शास्त्राणामिति निरूपणम् -

वर्णाश्रमवयोऽवस्थाभिमानो यस्य विद्यते।
तस्यैव च निषेधाश्च विधयस्सकला अपि॥१००॥

अन्वयः- वर्णाश्रमवयोऽवस्थाभिमानः यस्य विद्यते। तस्य एव सकलाः अपि च निषेधाः विधयः च।

व्याख्या :-विधिनिषेधशास्त्राणामविद्वद्विषयत्वं विवृणोति। वर्णाश्रमवयोऽवस्थाभिमानो वर्णा ब्रह्माणक्षत्रियवैश्यशूद्रादय आश्रमा ब्रह्मचर्यगार्हस्थ्यवानप्रस्थतुरीयाख्या वयो बाल्यकौमारयौवन-वार्धक्याद्यवस्थाविशेषास्तत्प्रयुक्तजातकर्मनामकरणान्नप्राशनचौलोपनयनोपाकरणवेदव्रतसमावर्तनादि

ज्ञानी की अनुचिताचरण की शंका का निवारण करते हैं ।

अर्थ - (ज्ञानवान की बाह्य प्रवृत्ति मानने पर) अतिप्रसंग दोष होगा, यदि ऐसा कहते हो तो पहले प्रसंग का स्वरूप कहो । विधि शास्त्र ही प्रसंग का स्वरूप है, यदि ऐसा कहते हो तो वह तत्त्ववेत्ता के प्रति नहीं है ।।९९।।

व्याख्या - तत्त्ववेत्ता की बाह्य प्रवृत्ति को अंगीकार करने पर उसमें अनुचिताचरण की प्रसक्ति होगी। अतः तत्त्ववेत्ता की बाह्य प्रवृत्ति मानने पर अतिप्रसंग रूप दोष अर्थात् उचित का अतिक्रमण रूप दोष होगा । तो पहले तुम यह बताओ कि प्रसंग का स्वरूप क्या है ? अर्थात् प्रसंग शब्द से तुम्हारा क्या तात्पर्य है । यदि कहो कि विधिशास्त्र ही प्रसंग का स्वरूप है अर्थात् विधि और निषेध रूप शास्त्र ही प्रसंग है । तो वह विधिनिषेधात्मक शास्त्र तत्त्ववेत्ता के लिये नहीं कहा गया है । जो अज्ञानी है, उन्हीं के लिये वह है । तात्पर्य यह है कि जब विधिनिषेधात्मक शास्त्र से ज्ञानी का कोई लेना देना ही नहीं, तो फिर उनके अतिक्रमण का दोष तत्त्ववेत्ता पर लगाना कैसे उचित है ?

अज्ञानी ही विधि और निषेध रूप शास्त्र का विषय है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - जिसे वर्ण, आश्रम, वय और अवस्था का अभिमान होता है, उसके लिये ही समस्त विधि और निषेध भी है ।।१००।।

व्याख्या - विधि और निषेध शास्त्र अज्ञानियों के लिये है, इस बात को स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि जिस व्यक्ति को ब्राह्मण आदि चार वर्णों का, ब्रह्मचर्यादि चार आश्रमों का, उपनयन आदि वैदिक

वैदिककर्माचरणयोग्यः कालोवस्था जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्यवस्थास्तेष्वभिमानो यस्य पुंसो विद्यते तस्यैव हि सकला अपि शास्त्रप्रतिपादितविधेयनिषेधाश्च । तस्मादेवाविद्यावत एवाधिकारो वैदिककर्मसु न ज्ञानिनो निरभिमानित्वात् । शास्त्राणां तत्तदुल्लेखपुरस्सरं विधिनिषेधबोधकत्वादिति शम् ।

वर्णाश्रमादिधर्मा देहस्यैव नात्मन इति निरूपणम् -

वर्णाश्रमादयो देहे मायया परिकल्पिताः।
नात्मनो बोधरूपस्येत्येवन्तस्य विनिश्चयः॥१०१॥

अन्वयः- "देहे मायया परिकल्पिताः वर्णाश्रमादयः बोधरूपस्य आत्मनः न" इति एवं तस्य विनिश्चयः ।

व्याख्या :- ज्ञानिनो जीवन्मुक्तस्यापि देहधारित्वाद्वर्णाश्रमाद्यभिमानोऽवश्यं भवेदेवेत्याशङ्कायां तेषां मायापरिकल्पितत्वेन सर्वेऽपि ते वर्णाश्रमवयोवस्थाद्यभिमाना देहस्यैव न तु शुद्धस्य निर्विकारिण आत्मन इत्याह । देहे वर्णाश्रमादयो मायया परिकल्पिता इति हेतोर्बोधरूपस्य ज्ञानशरीरस्यात्मन नैवेत इत्येवं तस्य ज्ञानिनो विनिश्चयो निर्णयोऽत एवैवं निश्चितत्वात्तस्य वर्णाश्रमाद्यभिमान वैधुर्येण न तं ज्ञानिनं प्रति शास्त्रं प्रवृत्तमिति तात्पर्यमिति शम् ।

ज्ञानिनो न किञ्चिदपि कर्तव्यमस्तित्यत्र प्रमाणप्रदर्शनम् -

समाधिमथ कर्माणि मा करोतु करोतु वा ।
हृदयेनास्तसर्वास्थो मुक्त एवोत्तमाशयः ॥१०२॥

कर्माचरण योग्य वय का तथा बाल्यादि अवस्थाओं का अभिमान होता है, उसी के लिये शास्त्र प्रतिपादित समस्त विधि और निषेध हैं । क्योंकि शास्त्रों में विधि और निषेध का प्रतिपादन उन वर्णाश्रमादि में अभिमान करने वालों के लिये ही किया गया है, ज्ञानी के लिये नहीं । अतः ज्ञानी के आचरण में अतिप्रसंग की शंका करना उचित नहीं है ।

वर्णाश्रमादि शरीर के धर्म हैं, आत्मा के नहीं, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - शरीर में वर्णाश्रमादि माया से परिकल्पित हैं, वे बोधस्वरूप आत्मा के नहीं है, ऐसा ही उस (ज्ञानी) का दृढ़ निश्चिय होता है ॥१०१॥

व्याख्या - ज्ञानी भी देहधारी होने के कारण उसे भी वर्णाश्रम आदि का अभिमान होता ही है तो फिर आप कैसे कहते हैं कि विधिनिषेध रूप शास्त्र ज्ञानी पर लागू नहीं होते । इस शंका के उत्तर में कहते हैं - वे वर्णाश्रमादि सभी शरीर से सम्बन्धित हैं, आत्मा से नहीं । ज्ञानी पुरुष का यह दृढ़ निश्चय होता है कि वर्णाश्रमादि के सभी धर्म माया के कारण शरीर में कल्पित किये जाते हैं । आत्मा का उससे कुछ भी लेना-देना नहीं है । तात्पर्य यह है कि इस प्रकार का दृढ़ निश्चय होने के कारण ज्ञानी को वर्णाश्रमादि में अभिमान नहीं होता, इसलिये विधिनिषेधात्मक शास्त्र अभिमानरहित ज्ञानी के लिये प्रवृत्त नहीं हुए हैं ।

उक्तार्थ को दो श्लोकों से स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - जिसने हृदय से समस्त आसक्तियों का त्याग कर दिया है, ऐसा उत्तमाशय वाला तत्त्ववेत्ता समाधि अथवा कर्म करे या न करे, वह मुक्त ही है ॥१०२॥

नैष्कर्म्येण न तस्यार्थस्तस्यार्थोऽस्ति न कर्मभिः।
न समाधानजप्याभ्यां यस्य निर्वासनं मनः॥१०३॥
आत्मासङ्गस्ततोऽन्यत्स्यादिन्द्रजालं हि मायिकम्।
इत्यचञ्चलनिर्णीते कुतो मनसि वासना॥१०४॥

अन्वयः - हृदयेन अस्तसर्वास्थः उत्तमाशयः मुक्तः एव। समाधिम् अथ कर्माणि मा करोतु करोतु वा।

अन्वयः -यस्य मनः निर्वासनं तस्य नैष्कर्म्येण न अर्थः। तस्य कर्मभिः अर्थः न अस्ति। समाधानजप्याभ्यां न ।।

अन्वयः - "आत्मा असङ्गः ततः अन्यत् इन्द्रजालं मायिकं हि स्यात्" इति अचञ्चलनिर्णीते मनसि कुतः वासना।

व्याख्या :- विनिश्चितत्वं ज्ञानिनं न बोधयति शास्त्रमपिकिञ्चित्कर्तव्यमित्यत्र वासिष्ठवचनान्युदाहरति प्रमाणत्वेन।यो महात्मा हृदयेन मनसास्तसर्वास्थोऽस्तास्सुपरित्यक्तास्सर्वा अशेषा आस्था आसक्तिविशेषा येन स तथोक्तस्सम्परित्यक्तनिखिलसङ्गोऽत एव स उत्तमाशय उत्तम आशयोऽभिप्रायो निर्मलं ज्ञानं यस्य स एवमुक्तो मुक्त एवेति स न समाधिं चित्तैकाग्र्यं चित्तवृत्तिनिरोधं कर्माणि विहितानि निषिद्धानि वा करोति । अथवा देहः किञ्चित्करोतु मा वा करोतु न तेनास्य विद्येते लाभालाभौ ।

व्याख्या - जिसने हृदय से अर्थात् मन से समस्त आसक्तियों का त्याग कर दिया है, वह ***"हृदयेनास्तसर्वास्थः"*** कहा जाता है ।***"आस्ता निरस्ताः सर्वा आस्थाः आसक्तिविशेषाः येन सः परित्यक्तसर्वसंगः"*** ऐसा जो उत्तमाशय वाला है, इसलिये वह सर्वदा मुक्त ही है । वह चाहे समाधि लगावे अथवा न लगावे, वह चाहे विहित कर्म करे अथवा न करे, इन दोनों ही से उसकी कोई हानि या लाभ नहीं है । श्रीशुकदेव जी ने भी कहा है कि -

भेदाभेदौ सपदि गलितौ पुण्यपापे विशीर्णे
मायामोहौ क्षयमुपगतौ नष्टसन्देहवृत्तेः।
शब्दातीतं त्रिगुणरहितं प्राप्य तत्त्वावबोधं
निस्त्रैगुण्ये पथि विचरतां को विधिः को निषेधः।। (शुकाष्टकम्-१)

जिसका भेद और अभेद का ज्ञान शीघ्र ही गलित हो गया, पुण्य और पाप विशीर्ण हो गये, माया और मोह नष्ट हो गये, तथा समस्त संशय नष्ट हो गये हैं जिसके; ऐसा पुरुष शब्दातीत, तीन गुणों से रहित तत्त्वबोध को प्राप्त कर त्रिगुणातीत निर्वाणपथ में विचरण करता है, वैसे पुरुषों के लिये क्या विधि और क्या निषेध ?

उक्तार्थ में प्रमाणान्तर प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - जिसका मन वासनारहित हो चुका है, उस तत्त्ववेत्ता के लिये न कर्म त्याग से कोई प्रयोजन है और न कर्म करने से । तथा समाधि और जप करने से भी उसका कोई प्रयोजन नहीं है ।।१०३।।

व्याख्या - जिसका मन निर्वासनिक हो गया है अर्थात् समस्त द्वैतसंस्कारों को जिसने अपने मन से दूर कर दिया है, उस तत्त्ववेत्ता का नैष्कर्म्य अर्थात् कर्मराहित्य (संन्यास) से कोई प्रयोजन नहीं है। और उसका कर्म करने से भी कोई प्रयोजन नहीं है । उसी प्रकार ज्ञानी का समाधि और जप से भी कोई

"भेदाभेदौ सपदि गलितौ पुण्यपापे विशीर्णे मायामोहौ क्षयमुपगतौ नष्टसन्देहवृत्तेः । शब्दातीतं त्रिगुणरहितं प्राप्य तत्त्वावबोधं निस्त्रैगुण्ये पथि विचरतां को विधिःको निषेधः" इत्यादि भगवच्छुकाचार्यवचनादिति भावः। न हि विदुषः किमपि कर्तव्यमस्तीत्यत्रैव वचनान्तरमुपन्यसति। यस्य मनो निर्वासनं बाधितद्वैतसंस्कारं निर्धूताखिलद्वैतसंस्कारं तस्य ज्ञानिनो नैष्कर्म्येण कर्मराहित्येन सर्वकर्मसंन्यासेन सर्वसङ्गपरित्यागेनार्थः प्रयोजनं किञ्चन नास्ति । न च कर्मभिरपि प्रयोजनमस्ति। न वा समाधानजप्याभ्यां समाधिस्समाधानं जप्यं च जपयोग्यं प्रणवादिमन्त्रजातं ताभ्यामपि न किञ्चित्प्रयोजनं विदुषः । सम्प्रति तत्रस्थमेव वचनान्तरमवतारयति तत्त्वविदो निर्वासनत्त्वे हेतुप्रदर्शनाय। विद्वद्भिरपि ध्यानादिकं कर्तव्यमेव वासनानिवृत्तय इत्याशङ्कायां तस्य नास्त्येव वासना । यन्निवृत्यर्थो प्रवृत्तिर्भवति । निर्वासनत्वं हि ज्ञानिनस्सिद्धमित्याह । आत्मा ह्यसङ्गस्तत आत्मनोऽन्यद्भिन्नं नामरूपात्मकं जगन्मायिकं मायाकल्पितं यावन्माया तावत्तत्कार्यात्मकं दृश्यमिन्द्रजालसदृशं मिथ्यात्वादाभास-मात्रमित्यचञ्चलनिर्णिते सुदृढं निश्चिते मनसि वासना द्वैतसंस्कारः कुत आयाति? न कदापि कस्मादप्यायातीति शम् ।।

तत्त्वविदश्शरीरादिषु चेष्टत्स्वपि नातिप्रसङ्गापत्तिरित्युपसंहरणम् -

एवन्नास्ति प्रसङ्गोऽपि कुतोऽस्यातिप्रसञ्जनम् ।
प्रसङ्गो यस्य तस्यैव शङ्क्येतातिप्रसञ्जनम् ।।१०५।।

अन्वयः - एवं अस्य प्रसङ्गः अपि न अस्ति कुतः अतिप्रसञ्जनम् । यस्य प्रसङ्गः तस्य एव अतिप्रसञ्जनं शङ्क्येत।

प्रयोजन नहीं है अर्थात् वह चाहे समाधि लगाए अथवा न लगाए, वह प्रवणादि का जप करे अथवा न करे, उसके लिये किसी भी क्रिया को करने अथवा न करने से कोई प्रयोजन नहीं है ।

ज्ञानी के निर्वासनत्व का हेतु बताते हैं ।

अर्थ - आत्मा असंग है और उससे अन्य सब कुछ मायाकल्पित इन्द्रिजाल है, ऐसा दृढ़ निश्चय हो जाने पर मन में वासना कहाँ से आ सकती है ? ।।१०४।।

व्याख्या - सम्यक् ज्ञानवान में वासना का अभाव दर्शाते हुए कहते हैं कि आत्मा असंग (संगरहित) है, और उससे भिन्न सब कुछ (जगत् आदि) मायिक अर्थात् माया कल्पित इन्द्रजाल के समान आभासमात्र है, ऐसा जिसका अचंचल अर्थात् दृढ़ निश्चय हो गया है, ऐसे तत्त्ववेत्ता के मनमें वासना (द्वैतसंस्कार) कहाँ से आ सकती है ? अर्थात् नहीं आ सकती ।

कैमुतिक न्याय से ज्ञानी में अतिप्रसंग का अभाव दर्शाते हैं ।

अर्थ - इस प्रकार तत्त्ववेत्ता के लिये प्रसंग ही नहीं है तो फिर अतिप्रसंग कहाँ से होगा ? जिसका प्रसंग होता है, उसी के लिये अतिप्रसंग की शंका हो सकती है ।।१०५।।

व्याख्या - प्रसंग का अर्थ है - शास्त्र प्रतिपादित विधि और निषेध । 'यह करो' इसे विधि और 'यह न करो' इसको निषेध कहते हैं । किसी में प्रवृत्ति और किसी से निवृत्ति ही शास्त्र का काम है, इसलिये शास्त्र विधि-निषेधात्मक कहे जाते हैं । इस प्रकार तत्त्ववेत्ता के लिए जब प्रसंग ही नहीं है तो फिर

व्याख्या :-एवं सति तत्त्वविदः प्रसङ्गाभावेऽतिप्रसङ्गाभावः कैमुतिकसिद्ध इति प्रकृत-विचारमुपसंहरन्नाह । यस्य ज्ञानिनः प्रसङ्गोऽपि केवलं प्रवृत्तिसामान्यमेव सुदुर्निरूपं तस्यातिप्रसञ्जनं कुतः?न कथमपि कुतोऽपीति भावः । तह्यतिप्रसङ्गः कस्य विषये वक्तव्य इत्यत्राह।यस्य पुरुषस्याविद्यावतः प्रसङ्गो वक्तुं शक्यस्तस्यैवातिप्रसञ्जनमपि शक्यते वक्तुमिति वर्णाश्रमाद्युपेतं द्वैतज्ञानविशिष्टं प्रत्येव सर्वं विधिनिषेधशास्त्रं प्रवर्तते । न तु वर्णाश्रमाद्यभिमानविधुरं ज्ञानिनं प्रति । यस्य हि तच्छास्त्रप्रसङ्गस्तस्यैवातिप्रसङ्गोऽपीति सामान्यनियमानुसारं विदुषस्तच्छास्त्राविषयत्वात्तं प्रति प्रसङ्गो वातिप्रसङ्गो वा शङ्कितुमपि नैव शक्य इति शम् ।।

निरभिमानिषु शास्त्रप्रवृत्त्यभाव इत्यत्र दृष्टान्तप्रदर्शनम् -

विध्यभावान्न बालस्य दृश्यतेऽतिप्रसञ्जनम् ।
स्यात्कुतोऽतिप्रसङ्गोऽस्य विध्यभावे समे सति।।१०६।।

अन्वयः - विध्यभावात् बालस्य अतिप्रसञ्जनं न दृश्यते। विध्यभावे समे सति अस्य कुतः अतिप्रसङ्गः स्यात् ।

व्याख्या :-एवं कुत्र दृष्टमित्यत्रोदाहृतिं प्रदर्शयति।बालस्य निरभिमानित्वाद्धेतोर्विद्ध्यभावा-दतिप्रसञ्जनं न दृश्यते । दार्ष्टान्तिकेऽप्यथ योजयति। बाले इवि तत्त्वज्ञे चाभिमानवैधुर्यतौल्याद्विध्यभावे समे सति कुतोऽस्य विदुषो विषयेऽतिप्रसङ्गस्स्यात् ? न कथमपि स्यादिति भावः । "प्रागुपनयनात्काम-

---

अतिप्रसंग की बात ही क्या है ? अर्थात् ज्ञानी में अतिप्रसंग का अभाव कैमुतिक न्याय से सिद्ध ही है । जिसका प्रसंग होता है, उसी के लिये अतिप्रसंग की शंका हो सकती है । वर्णाश्रमादि युक्त द्वैतज्ञान से विशिष्ट अज्ञानी पुरुष के लिये ही समस्त विधि-निषेधात्मक शास्त्र प्रवृत्त हुए हैं, ज्ञानी के लिए नहीं। जिसका उन शास्त्रों से प्रसंग है, उसी का अतिप्रसंग संभव है । अर्थात् शास्त्राज्ञा के उल्लंघन का दोष अज्ञानी को ही लगता है, ज्ञानी को नहीं क्योंकि ज्ञानी उन शास्त्रों का विषय नहीं है । अतः उसके प्रति प्रसंग अथवा अतिप्रसंग की शंका करना उचित नहीं है ।

उक्तार्थ में दृष्टान्त देते हैं ।

अर्थ - जैसे बालक का विधि के अभाव से अतिप्रसंग देखा नहीं जाता, उसी प्रकार विधि का अभाव समान होने पर इस तत्त्ववेत्ता का भी अतिप्रसंग कैसे हो सकता है ?।।१०६।।

व्याख्या - ऐसा आपने कहाँ देखा ? ऐसी शंका होने पर उदाहरण देते हैं । क्योंकि दृष्टान्त से ही सिद्धान्त पुष्ट होता है । ज्ञानी व्यक्ति के लिये कोई प्रसंग न होने के कारण अतिप्रसंग का प्रश्न भी नहीं आता । इसे सिद्ध करने के लिये शास्त्र और युक्ति प्रमाण देने के बाद अब एक दृष्टान्त प्रस्तुत करते हैं ।

अनुपनीत बालक के लिये शास्त्रों में विधि और निषेध का वर्णन नहीं किया है । अतः शास्त्र के नियम उस पर लागू नहीं होते । वह जो चाहे मुख में रख सकता है । जब चाहे जहाँ चाहे, मल-मूत्रादि का त्याग कर सकता है । इन क्रियाओं से उसे दोष नहीं लगता, क्योंकि उसके लिये शास्त्रविधि का अभाव है । अतः

चारवादभक्षा'' इत्यनेनानुपनीतस्य बालकस्य विधिनिषेधयोरभावो दृष्ट इति तन्निरभिमानतायास्तत्त्ववित्यपि समत्वेन विधिनिषेधाभावस्यापि समत्वान्नातिप्रसङ्ग इति शम् ।।

साभिमानस्यैव समे विधिनिषेधा इति निरूपणम् -

न किञ्चिद्वेत्ति बालश्चेत्सर्वं वेत्येव तत्त्ववित् ।
अल्पज्ञस्यैव विधयस्सर्वे स्युर्नान्ययोर्द्वयोः।।१०७।।

अन्वयः - बालः किञ्चित् न वेत्ति चेत् । तत्ववित् सर्वं वेत्ति एव । अल्पज्ञस्य एव सर्वे विधयः स्युः । अन्ययोः द्वयोः न ।

व्याख्या :-बालस्याज्ञत्वमेव हि विधिनिषेधशास्त्राभावे प्रयोजकं न तु तत्प्रकृत इति पूर्वमुदाहृतं दृष्टान्तं न समीचीनमिति विघटनशङ्कायामुच्यते तस्य च ज्ञानिनोऽज्ञत्वाभावेऽपि विधिनिषेधशास्त्र - प्रवृत्त्यभावप्रयोजकस्य सर्वज्ञत्वस्य सद्भावान्नह्ययं विषमो दृष्टान्त इति विशदीकरोति । अयमत्रभावः। विधिनिषेधशास्त्रकिङ्करो हि स नाम योऽल्पज्ञः । न तु सर्वज्ञः परमेश्वरः । न वा सर्वथाप्यज्ञो बालोन्मत्तादिः। अत एवास्य ब्रह्मविदो दृश्यजातं सर्वमप्यारोपितत्त्वादधिष्ठानैकायत्तसत्ताकत्वान्मिथ्येति कृत्वा ततोऽधिष्ठाना-दात्मस्वरूपाज्जगतः पृथक्कारे तुच्छमेवदमिति पर्यवस्यतीत्यतो मिथ्यात्वेन सर्वविषयकं ज्ञानमस्त्येवेत्यतः कारणा ''द्येनाऽश्रुतं श्रुतं भवती'' त्यादिनैकविज्ञानेन सर्वविज्ञानप्रतिज्ञापि छान्दोग्यादिषूक्ता सङ्गच्छत इति विदुषो विधिनिषेधकैङ्कर्याभावस्सिद्ध एवेति । तदाह बालो न किञ्चिद्वेत्तीति तस्य विद्ध्यादिशास्त्रा प्रवृत्तिर्न्याय्येति चेत्तत्त्ववित्सर्वं वेत्त्येवेति तस्यापि विधिशास्त्राद्यप्रवृत्तिर्न्याप्यतरैव । तर्ह्यज्ञे सर्वज्ञे च न विधिनिषेधशास्त्राणि प्रवर्तन्त इति केषां शास्त्राधिकार इति चेदुच्यते । सर्वविधयो निषेधाश्चाल्पज्ञस्यैव।नान्ययो-

---

बालक के विषय में जैसे अतिप्रसंग की शंका कोई नहीं करता, उसी प्रकार विधि का अभाव बालक की तरह ज्ञानी में भी समान ही है । इसलिये तत्त्ववेत्ता के लिये भी अतिप्रसंग का प्रसंग उपस्थित नहीं हो सकता।

समस्त विधि और निषेध अल्पज्ञ के लिये ही है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - (शंका) बालक तो कुछ नहीं जानता (उत्तर) ज्ञानी सब कुछ जानता है । अल्पज्ञ के लिये ही सब विधान है, शेष दो के लिये कोई विधान नहीं है ।।१०७।।

व्याख्या - आपने जो बालक का दृष्टान्त दिया, वह समीचीन नहीं है, क्योंकि बालक तो अज्ञ होता है । ऐसी शंका होने पर कहते हैं यदि आप कहते हैं कि बालक कुछ भी नहीं जानता इसलिये उसके लिये विधि का अभाव कहा गया है किन्तु तत्त्ववेत्ता बालक के समान अज्ञ नहीं है, अतः उसके लिये विधि का अभाव कहना उचित नहीं है । तो आपका यह कथन गलत है, क्योंकि तत्त्ववेत्ता सर्वज्ञ है, इसीलिये उसके लिये विधि का अभाव कहा गया है । समस्त विधियाँ और निषेध अल्पज्ञ पुरुष के लिये ही हैं, अन्य दो के लिये नहीं । अर्थात् अल्पज्ञ से भिन्न जो सर्वथा अज्ञ है और जो सर्वज्ञ है, इन दोनों के लिये विधि का अभाव समान होने के कारण दोनों में ही अतिप्रसंग की शंका नहीं करनी चाहिये । एक के विज्ञान से सब कुछ विज्ञात हो जाता है, जैसे सुवर्ण को जान लेने पर सुवर्ण से निर्मित मुकुट, कुण्डल, हार आदि सभी पदार्थों का ज्ञान हो जाता है, उसी प्राकर आत्मा को जान लेने पर सब कुछ ज्ञात हो जाता है, क्योंकि सब कुछ आत्मा में ही भासित हो रहा है । सबका कारण आत्मा ही है ''उस सर्वाधिष्ठानभूत आत्मा को जो जान लेता है, वह सर्वज्ञ कहलाता है'' इसलिये ज्ञानी को सर्वज्ञ कहा गया है । शास्त्र की विधि अज्ञात का ज्ञापन कराती है

रल्पज्ञोतरयोरज्ञसर्वज्ञायोर्द्वयोस्ते स्युः तत्त्वविदश्च सर्वज्ञत्वान्न तं प्राप्यज्ञातज्ञापनरूपो विधिस्तथा निषेधोऽपि प्रवर्तते। यद्यप्यनेकशास्त्रपारगस्सन्नप्यतत्त्वविदल्पज्ञ एवेत्याशयोऽत्र स्पष्टीकृत इति शम् ।।

शापानुग्रहादिसामर्थ्यस्य तपोमात्रजन्यत्वनिरूपणम् -

शापानुग्रहसामर्थ्यं यस्यासौ तत्त्वविद्यदि ।
तन्न शापादिसामर्थ्यं फलं स्यात्तपसो यतः।।१०८।।

अन्वयः- यस्य शापानुग्रहादिसामर्थ्यम् असौ तत्त्ववित् यदि तत् न।यतः शापादिसामर्थ्यं तपसः फलं स्यात् ।

व्याख्या :-महर्ष्यादिवच्छापानुग्रहसामर्थ्यं येषां विद्यते त एव हि तत्त्वविदो नान्य इति चेन्न । तत्सामर्थ्यं च तपसःफलं, न ज्ञानस्येत्यतो ध्यानाभावेऽपि वेदान्तविचारमात्राद्भुर्वनुग्रहादीश्वरकटाक्ष-सहकृतादखण्डवाक्यार्थापरोक्षानुभवादज्ञानस्य समूलनाशे ज्ञानमुत्पद्यत एव । नान्यदपेक्षते केवलं ज्ञानमेवापेक्षते तत्त्ववित्त्वसिद्ध्या इत्याह । यस्य महापुरुषस्य शापानुग्रसामर्थ्यं शापो निग्रहो निग्रहानुग्रहपाटवमस्त्यसावेव यदि तत्त्वविदित्युच्यते चेत्तन्न समीचीनम् । तत्र हेतुं प्रदर्शयति । यतो यस्माद्धेतोश्शापादिसामर्थ्यं तपसः फलं स्यादत एव तत्सामर्थ्यवान्न तत्त्वविदिति ज्ञातव्यमिति शम् ।।

किन्तु तत्त्ववेत्ता के लिये कुछ भी अज्ञात न होने के कारण शास्त्रादि उसके लिये नहीं है । यहाँ एक भाव यह भी है कि अनेकों शास्त्रों में पारंगत पंडित भी तत्त्वज्ञान के अभाव में अल्पज्ञ ही है ।

शापादि देने का सामर्थ्य तप का फल है, ज्ञान का नहीं, इसका वर्णन करते हैं।

अर्थ - जिसमें शाप और अनुग्रह करने की सामर्थ्य हो, वही तत्त्ववित् है, ऐसा नहीं है क्योंकि शापादि की सामर्थ्य तप का फल है (ज्ञान का नहीं)।।१०८।।

व्याख्या - व्यासादि की तरह शाप और अनुग्रह की शक्ति जिसमें है, वही तत्त्ववेत्ता है और उससे रहित तत्त्ववेत्ता नहीं है । ऐसी आशंका उठाकर उसका परिहार करते हैं । जिस पुरुष में किसी को शाप देने की अथवा किसी पर अनुग्रह करने की शक्ति हो वही तत्त्ववेत्ता है, ऐसा नहीं मानना चाहिये, क्योंकि शाप और अनुग्रह का कारण ज्ञान नहीं है, किन्तु तप है । तप के प्रभाव से ही पुरुष को शाप देने की अथवा अनुग्रह करने की शक्ति प्राप्त होती है । कुछ लोगों को ऐसी भ्रान्ति होती है कि तत्त्ववेत्ता जीवन्मुक्त पुरुष बड़े ही शक्तिशाली और चमत्कारिक होते हैं । वे अन्य लोगों को शाप दे सकते हैं और उन पर अनुग्रह भी कर सकते हैं, जैसा कि पुराणों में सुना जाता है । किन्तु यह भ्रान्ति ही है, सत्य नहीं है क्योंकि तत्त्ववेत्ता में शापादि की शक्ति आ जाती हो, ऐसी बात नहीं है । अज्ञान मिट जाना ही तत्त्वज्ञान है अतः तत्त्वज्ञानी में अज्ञान का अभाव होता है । इससे यह नहीं मानना चाहिये कि उसमें किसी विशेष प्रकार की शक्ति आ जाती है या उसके मुख में या शरीर में विशेष प्रकार का तेज आ जाता है । यह सब तो तपस्या से ही हो जाता है, उसके लिये ज्ञान की आवश्यकता नहीं है । यद्यपि कुछ पुरुषों में विशेष प्रकार की शक्त्यिाँ होती है, किन्तु वे तप का फल है, न कि ज्ञान का ।

व्यासादिमहर्षीणामपि निग्रहानुग्रहसामर्थ्यं तपोबलादेव न ज्ञानबलादिति विवेचनम् -

व्यासादेरपि सामर्थ्यं दृश्यते तपसो बलात् ।
शापादिकारणादन्यत्तपो ज्ञानस्य कारणम् ॥१०९॥

अन्वयः-व्यासादौ अपि तपसः बलात् सामर्थ्यं दृश्यते। शापादिकारणात् अन्यत् तपः ज्ञानस्यकारणम्।।

व्याख्या :- तपसश्शापादिसामर्थ्यकारणत्वं व्यासादितत्त्ववित्स्वपि दृष्टचरमेव । तन्निग्रहानुग्रसामर्थ्यं न ज्ञानकार्यमिति निराक्रियते । तदेतन्न सङ्गच्छते । यत"स्तपसा ब्रह्म विजिज्ञासस्वे"ति श्रुतेर्ज्ञानस्यापि कारणं तपः । अत्रोच्यते - तप अलोचने, तप सन्ताप इति च धातुद्वयं पठ्यते । एतेन तप आलोचन इत्यस्माद्धातोर्निष्पन्नस्तपश्शब्दो ज्ञानकारणमन्यदेवेत्यभिप्रेत्याह । तत्त्वविदामुत्तमस्य व्यासादेर्महर्षिगणस्यापि सामर्थ्यं निग्रहानुग्रहादिसामर्थ्यं यत्तत्तपसो बलात्तपोबलादेव दृश्यते । न ज्ञानबलात् । तपस्विनामेव श्रीपादानां हि ज्ञानमपि दृश्यते तथैव शापादिसामर्थ्यमपि संदृश्यते इत्युभयोरपि फलयोरुपलभ्यमानत्वाज्ज्ञानद्वारा शापादिसामर्थ्यकारणत्वमङ्गीक्रियताम् । तेन च ज्ञानस्यापि द्वारभूतस्य शापादिसामर्थ्यमर्थसिद्धं भवति । यागद्वारभूतादृष्टाख्यधर्मादिस्स्वर्गादिफलहेतुत्ववदिति चेन्नेत्याह। ज्ञानस्य कारणं हेतुभूतं तपश्शापादिकारणात्तपसोऽन्यदेव । "तपो ब्रह्मे"त्यादिषु तपश्शब्दो

व्यासादि महर्षियों में शापादि का सामर्थ्य तपोबल से है, न कि ज्ञान से, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - व्यासादि में तप के बल से (शाप और अनुग्रह करने का) सामर्थ्य देखने में आता है । शापादि के कारणरूप तप से अन्य (प्रकार का) तप ज्ञानोत्पत्ति का कारण है ।।१०९।।

व्याख्या - तप को शापादि का कारण कहा गया, किन्तु ज्ञानी में शापादि का अभाव कहना उचित नहीं है, क्योंकि व्यासादि ज्ञानियों में शापादि का सामर्थ्य भी शास्त्रों में देखा गया है । इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि तत्त्ववेत्ताओं में श्रेष्ठ व्यासादि में जो शाप देने की और अनुग्रह करने की शक्ति सुनी गयी है, वह शक्ति तपस्या का फल है अर्थात् तपोबल से उनको वे शक्तियाँ प्राप्त हुई हैं, ज्ञान से नहीं । ***'तप आलोचने'*** और ***'तप सन्तापे'*** इस प्रकार दो धातुओं से तप शब्द की निष्पत्ति होती है । उनमें से प्रथम***'तप आलोचने'*** धातु से जो तप शब्द की निष्पत्ति होती है, वह शब्द ज्ञानकारणत्व रूप सामर्थ्य का द्योतक है तथा ***'तप सन्तापे'*** धातु से निष्पन्न होने वाला तप शब्द शापानुग्रहादि सामर्थ्य का द्योतक है । इसी अभिप्राय से कहते हैं कि शापादि के कारणरूप तप से अन्य प्रकार का तप ज्ञानोत्पत्ति का कारण है ।

तपस्वी व्यासादि में ज्ञान और शापादि सामर्थ्य ये दोनों ही देखे गये हैं । अतः तप भी ज्ञान के द्वारा शापादि सामर्थ्य को उत्पन्न करता है, ऐसा मानने पर ज्ञानी में शापादि सामर्थ्य भी सिद्ध होता है, जैसे याग के द्वारभूत धर्म को स्वर्गादि का कारण माना गया है । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि ज्ञान का हेतुभूत तप

गुरुशास्त्रावगतस्यार्थस्य तत्त्वस्य पौनः पुन्येन मननं वक्ति । तस्यैवालोचनापदार्थत्वात् । न हि किञ्चिद्देवताकस्य मन्त्रस्य पुरश्चरणेन सिद्धिः । यतस्या सन्तापार्थकाद्धातोर्वाच्या । तस्मत्तपसश्शापादि सामर्थ्यहेतुभूतस्य न द्वारभूतं ज्ञानम् । एवं च ज्ञानस्य शापादिसामर्थ्यहेतुत्वमपि नार्थसिद्धमिति शम्।।

व्यासादिमहर्षिणां तु ज्ञानहेतुस्तपश्शापादिसामर्थ्यजनकमपि तप इत्युभयविधंविद्यत इति निरूपणम्-

द्वयं यस्यास्ति तस्यैव सामर्थ्यज्ञानयोर्जनिः।
एकैकन्तु ततः कुर्वन्नैकैकं लभते फलम् ॥११०॥

अन्वयः-यस्य द्वयम् अस्ति तस्य एव सामर्थ्यज्ञानयोः जनिः।ततः एकैकं तु कुर्वन् ऐकैकं फलं लभते।

व्याख्या :- तपस्विनां ज्ञानिनां व्यासादीनामुभयमपि संदृश्यत इत्याशङ्कायां तेषामुभयविधमपि तपोऽस्तीति न कोऽप्यत्र विरोध इत्याह - यस्य महात्मनो द्वयमुभयप्रकारं तपो विद्यते तस्यैव सामर्थ्यज्ञानयोर्निग्रहानुग्रहसामर्थ्यस्य तत्त्वज्ञानस्य च जनिःप्रादुर्भावो भवति । ततोऽन्यः कोऽप्येकैकं तपः कुर्वन्नाचरंस्तस्य तस्य फलमेकैकमेव सामर्थ्यं वा ज्ञानं तपोऽनुरूपमेव लभते प्राप्नोतीति शम्।।

कर्मठैर्विषयलम्पटैश्च निन्द्यमानानामपि ज्ञानिनां न किञ्चिच्छिन्नमिति निरूपणम् -

सामर्थ्यहीनो निन्द्यश्चेद्यतिभिर्विधिवर्जितः।
निन्द्यन्ते यतयोऽप्यन्यैरनिशं भोगलम्पटैः॥१११॥

अन्वयः - सामर्थ्यहीनः विधिवर्जितः निन्द्यः चेत् । अन्यैः भोगलम्पटैः यतयः अपि अनिशं निन्द्यन्ते।

शापादि सामर्थ्य देनेवाले तप से भिन्न है ।''***तपसा ब्रह्म विजिज्ञासस्व***'' (तै.उ. ३/२) इस वाक्य में तप शब्द से गुरु और वेदान्त शास्त्रों के द्वारा ज्ञाततत्त्व का मनन ही कहा गया है । किसी देवता के मन्त्र का पुरश्चरण करके प्राप्त हुई सिद्धि को तप नहीं कहा गया है । शापादि सामर्थ्य को उत्पन्न करने वाला तप भिन्न होने से ज्ञान को शापादि सामर्थ्य का कारण नहीं मानना चाहिये ।

तो फिर व्यासादि में दोनों क्यों देखे गये हैं ? इस शंका का समाधान करते हैं ।

अर्थ - जो दोनों प्रकार का तप करता है, उसे (शापानुग्रह का) सामर्थ्य और ज्ञान दोनों प्राप्त होते हैं । तथा एक-एक प्रकार का तप करने वाले पुरुष को एक-एक प्रकार का फल प्राप्त होता है ।।११०।।

व्याख्या - व्यासादि में शापानुग्रह का सामर्थ्य और ब्रह्मज्ञान, इन दोनों के सद्भाव का कारण यह है कि उन्होंने दोनों प्रकार के तप किये थे । इसलिये उनको दोनों प्रकार की तपस्या के फल प्राप्त हुए हैं । जो व्यक्ति दोनों प्रकार के तप करता है, उसे दोनों प्रकार के फल प्राप्त होते हैं । किन्तु जो व्यक्ति एक प्रकार का ही तप करता है, उसे एक ही प्रकार का फल मिलता है अर्थात् जो शापादि सामर्थ्य के लिये तप करेगा, उसे वह फल प्राप्त होगा और जो ब्रह्मज्ञानार्थ विचार रूपी तप करेगा, उसे उसका अभिलषित फल प्राप्त होगा । व्यासादि ने दोनों प्रकार के तप किये हैं, इसलिये उनमें दोनों का सद्भाव देखा जाता है ।

निन्दा से ज्ञानी को कोई हानि न होने का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - विधिवर्जित सामर्थ्यहीन ज्ञानी अन्य (सामर्थ्यशालियों) के द्वारा निन्दा का पात्र बनेगा, यदि

व्याख्या :- यो ब्रह्मविदपि निग्रहानुग्रहसामर्थ्यविधुरस्तस्य विध्यभावेऽपि कर्मठैर्विहितानुष्ठातृभि-निन्द्यत्वं स्यादेवेत्याशङ्कायां तेषामपि विषयलम्पटैरस्त्येव निन्द्यत्वमित्येतत्स्पष्टयति । विधिवर्जितः सम्परित्यक्तनिखिलविधिनिषेधशास्त्रो ज्ञानी यदि सामर्थ्यहीनश्शापानुग्रहसामर्थ्यरहितो यतिभिर्निन्द्यश्चेत्तेऽपि यतयो भोगलम्पटैर्विषयलालसैरन्यैर्विषयिभिर्भृशमनिशं सदा निन्द्यन्त एव । विहितवर्णाश्रमाचारतत्परा यतयो ज्ञानिनो निग्रहानुग्रहासमर्थान्निन्दन्तु नाम । न तावता तेषां कापि क्षतिः । तथैव विषयभोगपरायणा अपि निन्दन्तु नाम यतीन् । तत्कृतनिन्दयापि नो हानिस्तेषामिति शम् ।।

यदि यतयोऽपिविषयलम्पटास्तदा न ते यतय इति निरूपणम् -

भिक्षावस्त्रादि रक्षेयुर्यद्येते भोगतुष्टये ।
अहो यतित्वमेतेषां वैराग्यभरमन्थरम् ।।११२।।

अन्वयः - यदि एते भोगतुष्टये भिक्षावस्त्रादि रक्षेयुः वैराग्यभरमन्थरम् ऐतेषां यतित्वम् अहो।

ऐसा कहते हो तो (विधिशास्त्र का पालन करनेवाले) संन्यासियों की भी भोगलंपट पुरुष सर्वदा निन्दा करते हैं ।।१११।।

व्याख्या - विधिशास्त्रों का अनुसरण न करने पर शापानुग्रह का सामर्थ्य प्राप्त नहीं हो सकता, और उसके अभाव में निन्दा भी होगी । इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि जैसे विहित कर्मानुष्ठान में निरत रहनेवाले संन्यासियों की भोगासक्तपुरुष सर्वदा निन्दा किया करते हैं किन्तु उनके द्वारा की गई निन्दा से उन कर्मनिष्ठ महात्माओं का कुछ भी नहीं बिगड़ता अर्थात् उनकी कोई हानि नहीं होती, उसी प्रकार शापादि सामर्थ्य से रहित विहितानुष्ठान से उपरत तत्त्ववेत्ता की यदि सामर्थ्य शाली लोग निन्दा करते हैं अर्थात् जिन्होंने विहितानुष्ठान के द्वारा (तप के द्वारा) शापादि देने की शक्ति प्राप्त कर ली है, वे यदि शापादि देने में असमर्थ तत्त्ववेत्ता की निन्दा करते हैं तो उससे तत्त्ववेत्ता की कोई हानि नहीं है ।

अविरक्त यतियों का उपहास करते हैं ।

अर्थ - ये यति लोग भोगजन्य तृप्ति के लिये यदि भिक्षान्न और वस्त्रादि का संग्रह करेंगे तो (सिद्धान्ती उपहास करता है कि) अहो! ऐसे (संग्रहित-विषयासक्त) यतियों का वैराग्य के भार से मन्द गति वाला यतिपना (धन्य है)।।११२।।

व्याख्या - भोगवादियों की निन्दा से बचने के लिये कुछ शापानुग्रह में समर्थ यति भिक्षा-वस्त्रादि का संग्रह करते हैं और उन्हें भोगने का सुख लेते हैं । आचार्य उनका उपहास करते हैं । यह कोई यतिधर्म नहीं है, यति को तो विरक्त रहना चाहिये । भोगवादी यदि वैराग्य की निन्दा करे तो उन अज्ञानियों की निन्दा से बचने के लिये अपना वैराग्य छोड़ना नहीं चाहिये । जो संन्यासी लोग अपनी इन्द्रियों की तृप्ति के लिये अर्थात् भोग जन्य तृप्ति के लिये मधुर-मधुर अन्न और बहुमूल्य वस्त्र आभूषण, मठ, आश्रम आदि का यदि संग्रह करते हैं तो उनका यतिपना धन्य है । श्लोक में अहो ! शब्द आश्चर्य का द्योतक है । आचार्य उपहास और कटाक्ष करते हुए कहते हैं कि ऐसे विषयासक्त यतियों का वैराग्य के भार से लदा हुआ मन्दगति वाला यतिपना धन्य है अर्थात् उन्हें धिक्कार है । तात्पर्य यह है कि पूर्णवैराग्य से रहित संन्यासी वास्तविक संन्यासी नहीं है । उसके द्वारा धारण किये गये काषाय वस्त्र, दण्ड, कमण्डलु आदि से प्रतीत होनेवाला यतित्त्व वास्तविक नहीं है किन्तु भोली-भाली जनता में स्वयं के यतित्व का भ्रम उत्पन्न करने में ही वे सहायक हैं । इसीलिये

व्याख्या :- निजभोगतृष्णोपशमनाय विषयान्यतयोऽपि यदि सङ्गृण्हीयुस्तर्हि तेषां यतित्वं पातित्यहेतुकमेव सम्पूर्णवैराग्यराहित्यादिति तान्परिहसति । एते विषयपिशुना इतस्ततः प्रधावमाना यतिवेषधराः काषायकमण्डल्वादिधारिणो यतयो भोगतुष्टये भोगेच्छासन्तर्पणाय भिक्षावस्त्रादि मठारामादिकं च यदि रक्षेयुरेतेषां यतित्वं वैराग्यभरमन्थरं सम्पूर्णवैराग्यविधुरमित्यहो इतिखेदादाश्चर्यद्योतकम् । श्रीयते च परमहंसोपनिषदि "काष्ठो दण्डो धृतो येन सर्वाशी ज्ञानवर्जितः । तितिक्षाज्ञानवैराग्यशमादि-गुणवर्जितः । भिक्षामात्रेण यो जीवेत्स पापी यतिवृत्तहे"ति । न हि तेषां काषायकर्पटकदण्डकमण्डल्वादि-सङ्कुलं यतित्वं वास्तवमस्ति। किन्तु लोकानां यतित्वभ्रमजननमात्रोपयोगीति भावः ।।

वर्णाश्रमपरैर्मूढैर्देहात्ममतिभिर्वा ज्ञानिनो यदि निन्द्येरन्न तेषां कापि हानिरिति निरूपणम् ।

वर्णाश्रमपरान्मूढा निन्दन्त्वित्युच्यते यदि ।
देहात्ममतयो बुद्धं निन्दन्त्वाश्रममानिनः॥११३॥

अन्वयः - मूढाः वर्णाश्रमपरान् निन्दन्तु इति उच्यते यदि । देहात्ममतयः आश्रममानिनः बुद्धं निन्दन्तु ।

व्याख्या :-विषयलम्पटकृतनिन्दया वर्णाश्रमधर्मानुष्ठानतत्पराणां न कापि हानिरिति चेत्तथैव कर्मठकृतनिन्दया ब्रह्मविदामपि न कापि हानिरित्युभयत्र सममेवेत्याह । यदि मूढाः पामरा वर्णाश्रम-मपरान्धार्मिकान्निन्दन्त्वित्युच्यते किं नश्छिन्नमित्युदासीनता स्वीक्रियते चेत्तर्हि बुद्धमात्मज्ञानिनामपि देहात्ममतयोऽनवबुद्धात्मतत्त्वार्था आश्रममानिनो वर्णाश्रमादिदुरभिमानिनो निन्दन्तु काममम् । को वात्र क्लेशः । श्रीगुरुशास्त्राभ्यां समवगतस्य मननिदिध्यासनात्मकं ब्रह्मज्ञानोपकारकं तपो यत्किञ्चिद्देवताकस्य मन्त्रादेः पुरश्चरणरूपेण तपसात्यन्तभिन्नमिति विषयविवेचनमेवात्र श्लोकपञ्चकाशय

उपनिषदों में ऐसे अविरक्त संन्यासियों की निन्दा करते हुए कहा गया है -

काष्ठदण्डो धृतो येन सर्वाशी ज्ञानवर्जितः ।
तितिक्षाज्ञानवैराग्यशमादिगुणवर्जितः ।।
भिक्षामात्रेण यो जीवेत्स पापी यतिवृत्तिहा ।
स याति नरकान्घोरान्महारौरवसंज्ञकान् ।। (परमहंसोपनिषद्)

अर्थात् जिसने केवल बांस का दण्ड धारण कर लिया है, सब जगह सब कुछ खाने वाला है, ज्ञान से रहित है, तथा तितिक्षा, वैराग्य, शम आदि गुणों से रहित है, तथा केवल अच्छे भोजन के लिये जो जीता है, वह योग्य सन्यासियों की भिक्षावृत्ति का हरण करने वाला होने से पापी है, ऐसा संन्यासी महारौरव नामक घोर नरक में जाता है ।

अज्ञानीकृत निन्दा से तत्त्ववेत्ता की कोई हानि नहीं है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - पामर पुरुष वर्णाश्रम परायण पुरुषों की निन्दा भले करें यदि तुम ऐसा कहते हो तो देह में आत्मबुद्धि रखने वाले भी तत्त्ववेत्ता की निन्दा भले करें (उससे तत्त्ववेत्ता की कोई हानि नहीं है)।।११३।।

व्याख्या - विषयासक्त पामर पुरुष के द्वारा की हुई निन्दा से शास्त्रविहित कर्मपरायण शिष्टपुरुषों की कोई हानि नहीं होती, यदि इस प्रकार पूर्वपक्षी कहे तो सिद्धान्ती कहते हैं कि शरीराभिमानी कर्मनिष्ठों

इति ज्ञेयो विद्वद्भिः । एतेषां श्लोकानामावश्यकता नास्ति । ते च पञ्च श्लोकाः -

१) "व्यासादेरपि सामर्थ्यं दृश्यते तपसो बलात् । शापादिकारणादन्यत्तपोज्ञानस्य कारणम् ।।

२) द्वयं यस्यास्ति तस्यैव सामर्थ्यज्ञानयोर्जनिः। एकैकं तु ततः कुर्वन्नेकैकं लभते फलम् ।।

३) सामर्थ्यहीनो निन्द्यश्चेद्यतिभिर्विधिवर्जितः। निन्द्यन्ते यतयोऽप्यन्यैरनिशं भोगलम्पटैः ।।

४) भिक्षावस्त्रादि रक्षेयुर्यद्येते भोगतुष्टये ।अहो यतित्वमेतेषां वैराग्यभरमन्थरम् ।।

५) वर्णाश्रमपरान्मूढा निन्दन्त्वित्युच्यते यदि। देहात्ममतयो बुद्धं निन्दन्त्वाश्रममानिन"इति।।

आत्मतत्त्वज्ञानिनो महाराज्यादिपालनेऽपि न कोऽपि प्रत्यवाय इति निरूपणम् -

तदित्थन्तत्वविज्ञाने साधनानुपमर्दनात् ।
ज्ञानिनाचरितुं शक्यं सम्यग्राज्यादि लौकिकम् ।।११४।।

अन्वयः - तत् इत्थं तत्त्वविज्ञाने साधनानुपमर्दनात् लौकिकं राज्यादि ज्ञानिना सम्यक् आचरितुं शक्यम् ।

व्याख्या :- पूर्वं तत्त्वविदो लौकिकव्यवहारस्याविरोधित्वविचारप्रसङ्गे ग्रन्थकारेणेदं प्रस्तुतमासी "देवं ध्यानैकनिष्ठोऽपि लेशाल्लौकिकमाचरेत् । तत्त्ववित्त्वविरोधित्वाल्लौकिकं सम्यगाचरेदि"ति। तदेतावतात्र तत्त्वविदो देहाद्यनात्मस्वात्माभिमानराहित्यं तथा ज्ञानवैलक्षण्यं च प्रादर्शयत् । ततश्च पूर्वोक्तमर्थं निगमयन्ननुक्रमते । तत्तस्माद्धेतोरित्थं पूर्वोक्तेन प्रकारेण तत्त्वविज्ञाने सति प्रत्यगभिन्नात्म-

---

के द्वारा की हुई निन्दा से भी तत्त्वज्ञानियों की कोई हानि नहीं है । मूढ़ पुरुष वर्णाश्रम-धर्मपरायण पुरुषों की यदि निंदा करें तो भले ही करें, उनकी निन्दा से धर्मनिष्ठ लोग अपना धर्म नहीं छोड़ते । उनकी निन्दा से उनकी कोई हानि नहीं है । यदि तुम ऐसा कहते हो तो इसी प्रकार कर्मनिष्ठ लोग तत्त्ववेत्ता की यदि निन्दा करते हैं तो तत्त्ववेत्ता की भी कोई हानि नहीं है । पूर्व में दो प्रकार का तप बताया गया । एक तप गुरु और शास्त्र से ज्ञात तत्त्व का मनन रूप है, जो ब्रह्मज्ञान को उत्पन्न करता है । और दूसरा तप किसी देवता विशेष के मन्त्र का पुरश्चरणादि करने से प्राप्त शापादि सामर्थ्य रूप है । ये दोनों तप भिन्न होने से भिन्न प्रकार के फल देने वाले हैं । इसी विषय को स्पष्ट करना पिछले पाँच श्लोकों का तात्पर्य है ।

तत्त्वज्ञान और लौकिक व्यवहार का अविरोध दर्शाते हैं ।

अर्थ - इसलिये तत्त्वज्ञान में साधनों का उपमर्दन न होने के कारण ज्ञानी पुरुष के द्वारा राज्य पालनादि लौकिक कर्म अच्छी तरह किया जा सकता है ।।११४।।

व्याख्या - इस प्रकार पिछले श्लोकों में ज्ञानी में देहाभिमान का अभाव और ज्ञान की विलक्षणता को प्रदर्शित कर लौकिक कर्म और तत्त्वज्ञान का विरोध नहीं है, इस पूर्व में (श्लोक ८९,९०) कहे हुए प्रसंग को पुनः पकड़ते हैं । क्योंकि तत्त्वज्ञान लौकिक व्यवहार का विरोधी नहीं है, इसलिये लौकिक व्यवहार के साधनभूत मन, इन्द्रियाँ आदि का उपमर्दन करने की आवश्यकता नहीं है । अतः तत्त्वज्ञान होने के बाद भी इनकी स्थिति बनी रहती है । यद्यपि इनमें मिथ्यात्व बुद्धि बनी रहती है तथापि इनका स्वरूप से विनाश न होने के कारण ज्ञानी पुरुष राज्यपालनादि लौकिक कर्म भली-भाँति कर सकता है, जैसे राजा जनक ने किया । भाव यह है कि आत्मज्ञान प्राप्त हाने से कर्म करने के साधन मन, इन्द्रियाँ, शरीर आदि नष्ट नहीं होते । उनके द्वारा ज्ञानी पुरुष कर्म कर सकता है । वह यदि राजा है तो अपने राज्य का अच्छी तरह संचालन कर सकता है । गृहस्थ है तो अपने परिवार का पालन भी कर सकता है ।

साक्षात्कारे सञ्जाते साधनानुपमर्दनाल्लौकिकानां वैदिकानां वा व्यवहृतेस्साधनानां मनः प्रभृतीनामनुपमर्दनादविलापनान्मिथ्यात्वज्ञाने निश्चितेऽपि तन्नाशाभावाल्लौकिकं राज्यादि राज्यप्रजापरिपालनादिः पूर्णो लौकिकव्यवहारस्सम्यगाचरितुं विधिवदनुष्ठातुं ज्ञानिना जनकादिवच्छक्यमिति शम् ।।

ज्ञानिनो व्यवहारस्सर्वोऽपि प्रारब्धाधीन इति निरूपणम् –

मिथ्यात्वबुद्ध्या तत्रेच्छा नास्ति चेत्तर्हि मास्तु तत् ।
ध्यायन्वाथ व्यवहरन्यथारब्धं वसत्वयम् ।।११५।।

अन्वयः –मिथ्यात्वबुद्ध्या तत्र इच्छा न अस्ति चेत् तर्हि तत् मा अस्तु अयं ध्यायन् अथ व्यवहरन् वा यथारब्धं वसतु ।।

व्याख्या :– मैत्रायणीयोपनिषत्प्रसिद्धबृहद्रथवद्राज्ये ब्रह्मविदो जगन्मिथ्यात्वनिश्चयादिच्छैव न स्यादित्याशङ्कायां ज्ञानिन इच्छाभावेऽपि प्रारब्धानुसारिणी प्रवृत्तिस्स्यादेवेति विशदीकरोति । प्रपञ्चस्य मिथ्यात्वबुद्ध्यात्मज्ञानिनस्तत्र लौकिकादिव्यवहार इच्छा नास्ति चेत्तर्हि मास्तु तदिच्छा। इच्छाभावस्सर्वसम्मत एवेत्यर्थः। एवं चेत्तर्हि लौकिकव्यवहारस्येच्छा पूर्वकत्वेन दृष्टत्वात्तदभावे राज्यपरिपालनादिनिर्वाहः कथं सिद्ध्यतीत्याशङ्कायामुच्यते । तद्राज्यादिलौकिकं निखिलं कार्यजातं यथारब्धं

ब्रह्मचारी है तो वेदाध्ययन और गुरुसेवादि कर सकता है । यदि संन्यासी है तो समाज में धर्म का प्रचार तथा मुमुक्षुओं को ज्ञान का उपदेश कर सकता है । ज्ञानी पुरुष जहाँ पर भी हो वह समस्त लौकिक व्यवहार अज्ञानी पुरुष की तुलना में अधिक दक्षता से सम्पादन कर सकता है ।

ज्ञानी का समस्त व्यवहार प्रारब्धाधीन है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ – यदि कहो कि मिथ्यात्व बुद्धि के कारण उसमें (लौकिकव्यवहार में) ज्ञानी की इच्छा ही न होगी, तो भले ही न होवे । यह तत्त्ववेत्ता चाहे ध्यान करता हुआ अथवा व्यवहार करता हुआ प्रारब्धानुसार (यथेष्ट) निवास करे ।।११५।।

व्याख्या – शरीरादि लौकिक व्यवहार के साधनों में मिथ्यात्व बुद्धि होने के कारण ज्ञानी की लौकिक-व्यवहार में प्रवृत्ति नहीं हो सकती, यदि ऐसी शंका हो तो कहते हैं कि ज्ञानी की प्रवृत्ति प्रारब्धाधीन है, अतः प्रारब्धानुसार उसका व्यवहार संभव है । यदि कहो कि जगत् को मिथ्या रूप से जान लेने के बाद उस मिथ्याजगत् से सम्बन्धित लौकिक व्यवहार करने की तत्त्ववेत्ता की इच्छा ही नहीं हो सकती, जैसे सीपी में चाँदी की भ्रान्ति दूर हो जाने पर कोई भी पुरुष उसको ग्रहण करने की इच्छा नहीं करता। इस शंका के उत्तर में आचार्य कहते हैं कि ज्ञानी की इच्छा न होती हो तो भले ही न होवे, यह हमें भी इष्ट ही है अर्थात् ज्ञानी में इच्छा का अभाव हमें भी स्वीकार्य ही है । पूर्वपक्षी कहता है कि यदि ज्ञानी की इच्छा ही न होगी तो उसका लौकिक-व्यवहार कैसे हो सकेगा ? क्योंकि समस्त व्यवहार इच्छापूर्वक ही होता है, उसके अभाव में नहीं । इस शंका का समाधान करते हैं कि इच्छा का अभाव होने पर भी ज्ञानी पुरुष लौकिक-व्यवहार कर सकता है क्योंकि लौकिक व्यवहार में उसकी प्रवृत्ति का कारण इच्छा नहीं अपितु प्रारब्ध कर्म हैं । अतः वह प्रारब्धानुसार ध्यान करता हुआ अथवा राज्यादि का पालन करता हुआ यथेष्ट रूप से निवास करे । दोनों से उसका न कोई प्रयोजन है और न कोई हानि । भाव यह है कि यदि कोई ज्ञानी राज्यादि लौकिक व्यवहार अथवा अचार्य के रूप में स्थित होकर धर्म का प्रचार

प्रारब्धानुसारेण यत्किञ्चिद्ध्यायन्नथवान्यत्किञ्चिद्व्यवहरन्नयं ज्ञानी वसतु । उदासीन एव तिष्ठतु । राज्यादिस्समग्रोऽपि लौकिको व्यवहारः प्रारब्धकृत एव नत्विच्छासम्प्राप्त इत्याकूतमिति शम् ।।

उपासकस्य ध्यानैकपरत्वविचारणम् -

उपासकस्तु सततं ध्यायन्नेव वसेद्यतः ।
ध्यानेनैव कृतन्तस्य ब्रह्मत्वं विष्णुतादिवत् ।।११६।।

अन्वयः-उपासकः तु सततं ध्यायन् एव वसेत् । यतः तस्य ब्रह्मत्वं ध्यानेन एव कृतम् । विष्णुतादिवत् ।

व्याख्या :-एतावता ग्रन्थेनोपासकतत्त्वविदोर्भेदमुपवर्ण्य तत्त्वविदोऽवस्थाकथनमुपसंहरन्नुपासकस्य ध्यानसातत्यं वदंस्तदेकपरत्वं विदधाति । ज्ञानी व्यवहारध्यानसमाधीन्करोतु । उपासकस्तु ध्यायन्नेव सततमनवरतमुपास्यब्रह्मवस्तुचिन्तनामेवाभ्यसन्ननिशं वसेत् । तत्र कारणं प्रदर्शयति यतो यस्मात्कारणात्तस्योपासकस्य ब्रह्मत्वं ध्यानेनैव कृतं न प्रमाणेन प्रमितमतो ध्यानशीलेन सदा ध्यानमेव कार्यमित्याशयः। तत्र दृष्टान्तमाह-यथा वा स्वस्मिन्ध्यानेन सम्पादितस्य विष्णुतादेश्चतुर्भुजत्वाद्युपेतस्य विष्ण्वादिदेवतास्वरूपस्येव ध्यानसिद्धस्य न पारमार्थिकत्वम् । भावनामात्रकल्पितमिति शम् ।।

ज्ञानिवद्ब्रह्मत्वमुपासकस्य न वास्तवमिति निरूपणम् -

ध्यानोपादानकं यत्तद्ध्यानाभावे विलीयते ।
वास्तवी ब्रह्मता नैव ज्ञानाभावे विलीयते ।।११७।।

आदि करता है तो उसकी यह प्रवृत्ति इच्छाजन्य नहीं है, किन्तु प्रारब्ध के कारण ही है ।

उपासक के ध्यानैकपरत्व का विचार करते हैं ।

अर्थ - उपासक तो निरन्तर ध्यान करता हुआ ही निवास करे, क्योंकि विष्णुत्व आदि के समान उसका ब्रह्मत्व ध्यान के द्वारा ही उत्पन्न हुआ है ।।११६।।

व्याख्या - अब तक ग्रन्थ में तत्त्ववेत्ता और उपासक के भेद का वर्णन करते हुए तत्त्ववेत्ता की अवस्था को बताया गया, अब उसी का उपसंहार करते हुए उपासक को निरन्तर ध्यान करना चाहिये, इसका वर्णन करते हैं । जो ज्ञानी है, वह चाहे लोक-व्यवहार करे अथवा न करे, वह चाहे ध्यान समाधि करे अथवा न करे, उससे ज्ञानी को कोई हानि-लाभ नहीं है । किन्तु जो उपासक है, वह तो निरन्तर ध्यान ही करता रहे अर्थात् अनवरत अभ्यस्यमान उपास्य वस्तु का चिन्तन ही करता रहे । क्यों करता रहे ? इस प्रश्न का उत्तर देते हैं - क्योंकि उपासक का ब्रह्मत्व विष्णुत्वादि की तरह ध्यान से उत्पन्न हुआ है अर्थात् भावना कल्पित है, पारमार्थिक नहीं है । भाव यह है कि जैसे विष्णु की उपासना करने वाले की विष्णुरूपता और शिव की उपासना करने वाले की शिवरूपता पारमार्थिक नहीं हैं केवल मानसिक है, उसी प्रकार निर्गुण ब्रह्म के उपासक की ब्रह्मरूपता भी पारमार्थिक नहीं है । अतः ब्रह्मोपासक सदा ब्रह्म का ध्यान करता रहे ।

ज्ञानी के समान उपासक की ब्रह्म रूपता वास्तविक नहीं है, इसका वर्णन करते हैं।

अर्थ - जिसका उपादान कारण ध्यान है, वह (वस्तु) ध्यान के अभाव में नष्ट हो जाती है । ज्ञानी

अन्वयः – यत् ध्यानोपादानकं तत् ध्यानाभावे विलीयते। वास्तवी ब्रह्मता ज्ञानाभावे न एव विलीयते।

व्याख्या :–तत्रान्वयघटितां युक्तिं व्यनक्ति । ध्यानसम्पादितस्यापि ब्रह्मत्वस्य तस्य कुतः पारमार्थिकत्वं न स्यादित्याशङ्कायां यथा ध्यानसम्पादितानां वाग्धेनुत्वादीनां ध्यानापायेऽपगमदर्शनं तथैव प्रकृतेऽपीत्याह । यद्ध्यानोपादानकं यस्य वस्तुनो ध्यानमेवोपादानकारणं तद्ध्यानमूलकमेवेति यावत्कालमुपासकस्य ध्यानं चित्तैकाग्र्यता तावद्ब्रह्मत्वं पुनश्च ध्यानाभावे विलीयते तन्नश्यत्येव उपादानकारणनाशे कार्यस्यापि नाशसम्भवात्तथा नियमेन दर्शनाच्च । अत एव ज्ञानाभावेऽपि सा ब्रह्मता नैव विलीयते । सिद्धरूपत्वात् । ब्रह्मताया वास्तवीतिविशेषणमत्र हेतुगर्भितम् । यतो वास्तवी नातो ब्रह्मता विलीयते । ज्ञापकज्ञानाभावेऽपीति भावः । उपासकस्य ध्यानजन्यो ब्रह्मभावो ध्याननाशे स्वयं नश्यति न ज्ञानगत्या वास्तवी ब्रह्मता कदापि नश्यति । न हि तत्र ज्ञानं कारणमन्यद्वा। स्वतस्सिद्धत्वात्। वस्तुस्वरूपसमर्पणमात्रेणैव तस्य ज्ञानस्य चरितार्थत्वादिति ध्यानवैलक्षण्यम–कृतकत्वाज्ज्ञानफले नियमयतीति शम्।।

ब्रह्मता वास्तवत्त्वादेव नैव ज्ञानेन जन्यत इति निरूपणम् –

तयोऽभिज्ञापकं ज्ञानन्न नित्यं जनयत्यदः ।
ज्ञापकाभावमात्रेण न हि सत्यं विलीयते ।।११८।।

अन्वयः – ततः अभिज्ञापकं ज्ञानं नित्यम् अदः न जनयति। हि (यतः) ज्ञापकाभावमात्रेण सत्यं न विलीयते।

व्याख्या :– ब्रह्मता नैव जन्यने ज्ञानेनेति बोधयितुं पूर्वोक्तं "वास्तवी ब्रह्मता नैव ज्ञानाभावे विलीयत" इति श्लोकांशं स्वयमेव ग्रन्थकर्तानेन श्लोकेन व्याचष्टे । यतो यस्माद्धेतोरद इदं प्रकृतं

की ब्रह्मरूपता वास्तविक है क्योंकि ज्ञान के अभाव में भी वह नष्ट नहीं होती ।।११७।।

व्याख्या – जिस वस्तु का उपादान कारण ध्यान है अर्थात् ध्यान के कारण ही जो उत्पन्न हुई है, वह वस्तु ध्यान के अभाव में अर्थात् ध्यान न करने पर नष्ट हो जाती है । उपासक का ब्रह्मभाव ध्यानमूलक है अतः ध्यान के अभाव में उसकी ब्रह्मरूपता नष्ट हो जाती है । क्योंकि उपादान (कारण) के नाश होने पर कार्य का भी नाश हो जाता है । किन्तु ज्ञानी की ब्रह्मरूपता उपासक की ब्रह्मरूपता की तरह ध्यानजन्या नहीं है, अपितु वास्तविक है क्योंकि ज्ञान के अभाव में भी उसका नाश नहीं होता । यद्यपि ज्ञानी की ब्रह्मरूपता का सहायक ज्ञान ही है तथापि ज्ञान उपासना की तरह कर्तृतन्त्र न होकर वस्तुतन्त्र है, अतः उसका ब्रह्मभाव सिद्ध रूप होने से नष्ट नहीं होता । उपासक का ब्रह्मभाव ध्यानजन्य होने के कारण ध्यान के नष्ट होने पर वह भी नष्ट हो जाता है । इसलिये उसकी ब्रह्मरूपता वास्तविक नहीं है । वस्तुतः वास्तविक ब्रह्मरूपता का कारण ज्ञान भी नहीं है, क्योंकि वह स्वतः सिद्ध है । ज्ञान तो वस्तु के स्वरूप का बोध करा देने से ही चरितार्थ हो जाता है ।

वास्तविक ब्रह्मरूपता ज्ञानजन्य नहीं है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ – क्योंकि वह ब्रह्मत्व नित्य है, इसलिये ज्ञान उसका अभिज्ञापक मात्र है, न कि उसका उत्पादक। ज्ञापक के अभावमात्र से सत्य नष्ट नहीं होता ।।११८।।

व्याख्या – पूर्वश्लोक में कहा कि ज्ञान के अभाव में भी वह वास्तविक ब्रह्मरूपता नष्ट नहीं होती, इसी का स्पष्टीकरण करते हुए कहते हैं कि वह ब्रह्मत्व (ब्रह्मरूपता) नित्य है, इसलिये ज्ञान उसका

ब्रह्मज्ञानं ब्रह्मत्वं नित्यं स्वविषयीभूतमद्वैतं ब्रह्म नित्यमेवेति ज्ञानं न जनयति ततोऽभिज्ञापकं बोधकमेवास्ति न तु कारकमिति भावः । ततस्तस्माद्धेतोर्ज्ञानं तस्य च ब्रह्मत्वस्याभिज्ञापकं भवति यथार्थस्वरूपसमर्पकमात्रमेव केवलमवबोधयत्येव । न तज्जनयति नित्यसिद्धत्वान्नोत्पादयति अतोऽज्ञानावरणोच्छेदमात्रमेव तस्य ज्ञानस्य प्रयोजनम् । अवगतिनिष्ठान्येव हि ब्रह्मवाक्यानीतिभावः। तत्र व्यतिरेकमुखेनोपपत्तिं प्रदर्शयन्नर्थान्तरमुपन्यसति। ज्ञापकाभावमात्रेण सत्यं न विलीयते नैव विनश्यति। तिरस्करण्यपनयनाभावमात्रेणान्तर्दीपप्रकाशो न प्रविलीयतेऽपि तु बहिर्नस्फुरति। प्रस्फुटमेवेदमादर्श सौन्दर्यादौ । अत्रेदमाकूतम् । यदि ब्रह्मत्वं नाम ज्ञानजन्यं स्यात्तर्हि ज्ञाननाशो भवेदेव विलीयेतैव स्वयम्। वस्तु सिद्धत्वाच्च न विलीयते । अत एव च न जन्यत इति शम् ।।

वास्तव्येव ब्रह्मता सर्वेषामिति निरूपणम् –

अस्त्येवोपासकस्यापि वास्तवी ब्रह्मतेति चेत् ।
पामराणां तिरश्चाञ्च वास्तवी ब्रह्मता न किम् ।।११९।।

अन्वयः- उपासकस्य अपि ब्रह्मता वास्तवी एव अस्ति इति चेत् पामराणां तिरश्चां च वास्तवी ब्रह्मता किं न? ।

व्याख्या :-सिद्धान्तेऽपि ज्ञानिवदुपासकानामपि किं ब्रह्मत्वं न वास्तवमिति शङ्कते? ज्ञानिवदुपासकस्यापि वास्तव्येव ब्रह्मतास्त्येवेति चेदुच्यते । तत्र प्रतिबन्द्यैव समाधत्ते । किं पामराणां तिरश्चां च ब्रह्मता न वास्तवी? सर्वत्र वास्तव्येवेत्यर्थः । अत्रायं भावः । उपासकज्ञानिनोर्ब्रह्मताया वास्तवत्वसमत्वमात्रेण नोपासकस्य पुरुषार्थो भवेत् । यतस्सा ब्रह्मता वास्तवी पशुपामरसाधारण्यस्त्येव। तथा च तेषामपि पुरुषार्थः प्रसज्येत अतश्चोपासको ब्रह्मतामात्रेण पशुपामरादिवत्पुरुषार्थानर्ह इति शम् ।।

अभिज्ञापक मात्र है अर्थात् ज्ञान ब्रह्मरूपता का केवल बोधक है, उसका उत्पादक नहीं अर्थात् ज्ञान ब्रह्मरूपता को उत्पन्न नहीं करता । इसलिये अज्ञान रूपी आवरण को दूर करना ही ज्ञान का कार्य है । इस विषय में युक्ति दर्शाते हैं कि ज्ञापक के अभावमात्र से सत्य विनष्ट नहीं होता । भाव यह है कि कमरे के भीतर रखे हुए दीपक का प्रकाश आवरण के कारण बाहर न दीखने पर भी विनष्ट नहीं हो जाता, उसी प्रकार ब्रह्मरूपता भी आवरण के सद्भाव में विनष्ट नहीं हो जाती, क्योंकि वह वास्तविक है । इसीलिये वह ज्ञानजन्या भी नहीं है । यदि ब्रह्मरूपता ज्ञान के द्वारा उत्पन्न होती तो ज्ञान के नष्ट हो जाने पर वह भी नष्ट हो जाती, किन्तु सिद्धवस्तु होने के कारण उसका विनाश नहीं होता, इसलिये कहा कि वास्तविक ब्रह्मरूपता ज्ञानजन्या नहीं है ।

पूर्वपक्षी के प्रश्न पर प्रश्नरूप उत्तर देते हैं ।

अर्थ – यदि कहो कि उपासक की ब्रह्मरूपता भी पारमार्थिक है तो क्या पामर पुरुषों की और तिर्यक् योनिवालों (पशु, पक्षी आदि) की ब्रह्मता वास्तविक नहीं है?।।११९।।

व्याख्या – पूर्वपक्षी का प्रश्न है कि यदि ब्रह्मरूपता उत्पन्न नहीं होती और वह नित्य है तो उसे ज्ञानी और उपासक में समान होना चाहिये । फिर भला आप उपासक की ब्रह्मरूपता को पारमार्थिक क्यों नहीं मानते ? अर्थात् उपासक की ब्रह्मरूपता भी ज्ञानी की तरह वास्तविक ही है । इस शंका पर आचार्य प्रश्न ही प्रस्तुत करते हैं । यदि ब्रह्म का ज्ञान हुए बिना ब्रह्मरूपता वास्तविक और पारमार्थिक हो सकती है तो अज्ञानी पामर पुरुषों में और पशु-पक्षियों में भी ब्रह्मरूपता होनी चाहिये । फिर तो सभी जीव ब्रह्म

ब्रह्मविषयेऽज्ञत्वमुपासकस्यापि पामरतुल्यमेवेति निरूपणम् -

अज्ञानादपुमर्थत्वमुभयत्रापि तत्समम् ।
उपवासाद्यथाभिक्षा वरं ध्यानं तथान्यतः॥१२०॥

अन्वयः - अज्ञानात् अपुमर्थत्वं तत् उभयत्र अपि समम्। यथा उपवासात् भिक्षा तथा अन्यतः ध्यानं वरम्।

व्याख्या :-पामरादिष्वज्ञत्वं विद्यत इत्यत उच्यते । यतः पामरादिषु विद्यमानस्यापि ब्रह्मत्वस्याज्ञातत्वान्न तेषां पुरुषार्थ इत्याशङ्कायामज्ञातत्वादपुरुषार्थोपयोगित्वमुपासकानामपि तुल्यमित्याह। उभयत्रापि पामरोपासकयोर्यथार्थवस्तुस्वरूपस्याज्ञानात्तदपुमर्थत्वमपुरुषार्थता पुरुषार्थाभावस्समं तुल्यमेव। एवं तर्हि कर्मिभ्य उपासकस्यौत्कृष्ट्यं कुतश्शास्त्रेषु वर्णितम् ? तथाचोपासनं किमर्थमभिधीयत इत्याशङ्कायामितरेभ्यो लौकिकेभ्यश्च कर्मभ्यश्च तस्य वरिष्ठत्वादित्याशयेन दृष्टान्तपुरस्सरं प्रतिपादयति । यथा भिक्षोपवासाद्भोजनाभावाद्वरं तथैव ध्यानमन्यत इतरेभ्योऽनुष्ठानेभ्यो वरमुत्तममिति शम् ।।

निर्गुणोपासनस्य विज्ञानसामीप्यनिरूपणम् -

पामराणां व्यवहृतेर्वरङ्कर्माद्यनुष्ठितिः ।
ततोऽपि सगुणोपास्तिर्निर्गुणोपासना ततः ॥ १२१॥

रूप ही मानने होंगे । किसी को ब्रह्मज्ञान की आवश्यकता ही न होगी । किन्तु ऐसा नहीं है, यद्यपि सभी ब्रह्म रूप ही हैं, तथापि अज्ञानावरण के कारण स्वयं की ब्रह्मरूपता को नहीं पहचानते हैं, उसी को जानने के लिये महावाक्यादि ज्ञानामृत का पान किया जाता है । भाव यह है कि यदि उपासक और ज्ञानी की ब्रह्मरूपता को समान मानोगे तो फिर उपासक की उपासना ही निरर्थक हो जाएगी । जैसे पशु, पक्षी और पामरों को ब्रह्मरूपता के लिये पुरुषार्थ की अपेक्षा नहीं हैं, वैसे ही उपासक को भी न होगी ।

उपासक की पामरों से श्रेष्ठता को दृष्टान्त पूर्वक दर्शाते हैं ।

अर्थ - अज्ञान से अपुरुषार्थत्व दोनों में (पामर और उपासक) एक समान है, किन्तु जैसे उपवास से भिक्षा श्रेष्ठ है, वैसे ही अन्य कर्म से ध्यान श्रेष्ठ है ।।१२०।।

व्याख्या - आपने जो कहा कि उपासकों की तरह पामरों और पशु, पक्षी आदि में भी ब्रह्मरूपता समान रूप से विद्यमान है, यह कथन ठीक नहीं है, क्योंकि पामरादियों में स्वयं के ब्रह्मत्व का ज्ञान नहीं होता, अतः उनकी ब्रह्मरूपता कहना उचित नहीं है । इस शंका पर कहते हैं कि यदि अज्ञान को ही अब्रह्मत्त्व का कारण मानते हो तो वह उपासक में भी विद्यमान है । ऐसी स्थिति में अज्ञान से अपुरुषार्थत्व पामर और उपासक दोनों में एक समान ही है यदि दोनों एक समान हैं तो फिर उपासना से क्या लाभ? इस शंका के उत्तर में कहते हैं, अज्ञान दोनों में समान ही है तथापि उपासक पामरों से श्रेष्ठ है । इसे दृष्टान्त पूर्वक समझाते हैं । जैसे उपवास से अर्थात् भोजन के अभाव से (भूखा रहने से) भिक्षा करना श्रेष्ठ है, उसी तरह अन्य कर्मानुष्ठानों की अपेक्षा ध्यान करना श्रेष्ठ है ।

निर्गुणोपासना का श्रेष्ठत्व दर्शाते हैं ।

अर्थ - पामरों के व्यवहार की अपेक्षा कर्मादि का अनुष्ठान करना श्रेष्ठ है, उससे भी सगुणोपासना श्रेष्ठ है और उससे भी निर्गुणोपासना श्रेष्ठ है ।।१२१।।

अन्वयः - पामराणां व्यवहृतेः कर्माद्यनुष्ठितिः वरम् । ततः अपि सगुणोपास्तिः। ततः निर्गुणोपासना।

व्याख्या :- इतरानुष्ठानात् श्रैष्ठ्यं प्रदर्शयंस्तत्राप्यवान्तरतारतम्यक्रममुपासनस्याह तस्यैव वरिष्ठत्व प्रदर्शनाय । कृषिनित्यकर्मसगुणनिर्गुणोपासनानां पूर्वपूर्वस्मादुत्तरोत्तरस्यौत्कृष्ट्यं प्रदर्शयति। पामराणां प्राकृतजनानां व्यवहृतेः कृषिवाणिज्यगोसेवादिव्यवहारस्य तदपेक्षया कर्मठानां कर्माद्यनुष्ठितिर्नित्यनैमित्तिककर्माद्यनुष्ठानं तथा हरिहराद्यन्यतमनामोच्चारणादिकमपि श्रेष्ठा । ततोऽपि तदपेक्षया सगुणोपास्तिः सगुणोपासनं तच्च द्विविधं प्रतीकोपासनमहङ्ग्रहोपासनमिति । तत्राद्यं प्रतीकोपासनमपि यत्किञ्चित् प्रतीकोपासनम् । "सर्वं खल्विदं ब्रह्मे" त्यादिना विहितं तु सर्वप्रतीकोपासनम् । तथैवाहङ्ग्रहोपासनमपि द्वेधा । "विष्णुरहं शिवोऽह"मिति। "सकलमिदमहञ्च वासुदेव"इति च । कर्मानुष्ठानापेक्षया सगुणोपास्तिरुत्कृष्टा । ततोऽपि निर्गुणोपासना श्रेष्ठा । सोऽयं निर्गुणोपासना वेदान्तेषु प्रसिद्धा पूर्वं निरूपिता चेति शम् ।।

लौकिककर्म वैदिककर्म सगुणोपासनानिर्गुणोपासनानां मध्ये उत्तरौत्तरस्योत्तमत्वे हेतुनिरूपणम्-

यावद्विज्ञानसामीप्यं तावच्छ्रैष्ठ्यं विवर्धते ।
ब्रह्मज्ञानायते साक्षान्निर्गुणोपासनं शनैः।।१२२।।

अन्वयः - यावत् विज्ञानसामीप्यं तावत् श्रैष्ठ्यं विवर्धते । निर्गुणोपासनं शनैः साक्षात् ब्रह्मज्ञानायते।

व्याख्या :-एवमुत्तरोत्तरस्योत्तमत्वे कारणं निर्दिशति। यावदनुष्ठानस्य विज्ञानसामीप्यं तत्त्वज्ञानस्य

व्याख्या - जो पामर लोग हैं वे कृषि, व्यापार आदि में ही निमग्न रहते हैं, वे लौकिक सुख के लिये यथेष्टाचरण में प्रवृत्त होते हैं । विधि-निषेध का भी सही ढंग से पालन नहीं करते । उनके लिये परलोक का कोई महात्व नहीं हैं । ऐसे लोगों की अपेक्षा कर्मानुष्ठान करने वाला अर्थात् शास्त्रों में वर्णित विधि और निषेध का भली भाँति पालन करने वाला, स्वयं के नित्य और नैमित्तिकादि कर्मों का दृढ़ता से पालन करनेवाला श्रेष्ठ है । उसकी अपेक्षा भी उपासक श्रेष्ठ है । उपासना दो प्रकार की होती है - सगुणोपासना और निर्गुणोपासना । सगुणोपासना भी प्रतीकोपासना तथा अहंग्रहोपासना के रूप में दो प्रकार से की जाती है । प्रतीकोपासना भी दो प्रकार से होती है । स्वल्पप्रतीक का अवलम्बन लेकर की जानेवाली उपासना जैसे ***"नाम ब्रह्मेत्युपासीत"*** ***"मनो ब्रह्मेत्युपासीत"*** इत्यादि । तथा सम्पूर्णप्रतीक को ग्रहण कर, की जाने वाली सर्वप्रतीकोपासना - जैसे ***"सर्वं खल्विदं ब्रह्म"*** इत्यादि । इसी प्रकार सगुणोपासना में वर्णित अहंग्रहोपासना भी दो प्रकार की है । एक है ***"शिवोऽहम्"*** ***"विष्णुरहम्"*** और दूसरी है***"सकलमिदमहञ्च वासुदेवः"*** सगुणोपासना से भी निर्गुणोपासना श्रेष्ठ कही गई है । अर्थात् कर्मानुष्ठान की अपेक्षा सगुणोपासना श्रेष्ठ है तथा सगुणोपासना से भी निर्गुणोपासना उत्कृष्ट है । यह निर्गुणोपासना वेदान्तों में प्रसिद्ध ही है, जिसका वर्णन पूर्व में विस्तार पूर्वक कर आये हैं ।

निर्गुणोपासना की श्रेष्ठता का कारण बताते हैं ।

अर्थ - जितनी विज्ञान की समीपता होगी, उतनी ही श्रेष्ठता बढ़ेगी, निर्गुण की उपासना धीर-धीरे साक्षात् ब्रह्मज्ञान का रूप ले लेती है ।।१२२।।

व्याख्या - इस प्रकार उत्तरोत्तर के श्रेष्ठत्व का कारण दर्शाते हैं । जिस कर्म में जितनी-जितनी विज्ञान की समीपता होगी उतनी-उतनी उनमें श्रेष्ठता की वृद्धि होगी । इसीलिये कृषि, वाणिज्यादि में निमग्न पामरों

सन्निहितत्त्वं तावच्छ्रैष्ठ्यमुत्कृष्टता विवर्धते । तस्मात्कृषिवाणिज्यवैदिककर्माचरणरूपयागदानहोमादि-सगुणोपासनानिर्गुणोपासनां पूर्वपूर्वस्मादुत्तरोत्तरस्य श्रेष्ठत्वम् । केवलनिर्गुणोपासनस्य सर्वापेक्षया श्रेष्ठतामत्र हेतुं प्रतिपादयति । निर्गुणोपासनं तु शनैः क्रमशस्साक्षादेव ब्रह्मज्ञानायते ब्रह्मज्ञानमिवाचरति। ब्रह्मज्ञानस्यत्यन्तसन्निहितत्त्वान्निर्गुणोपासनस्योत्कृष्टतमतेति शम् ।।

उक्तार्थदृष्टान्तपुरस्सरं निरूपणम् -

यथा संवादिविभ्रान्तिः फलकाले प्रमायते।
विद्यायते तथोपास्तिर्मुक्तिकालेऽतिपाकतः।।१२३।।

अन्वयः - यथा संवादिविभ्रान्तिः फलकाले प्रमायते। तथा उपास्तिः अतिपाकतः मुक्तिकाले विद्यायते।

व्याख्या :-निर्गुणोपास्तेश्शनैर्ब्रह्मज्ञानायमानत्वे दृष्टान्तं स्मारयति । फलकाल ईप्सितार्थ - प्राप्त्यनुकूलकाले संवादिविभ्रान्तिरपि भ्रमज्ञानं सदपि यथा प्रमेव समीहितार्थं प्रापयति तद्वत्तथैवोपास्तिर्निर्गुणोपासनमप्यतिपाकतो दृढाभ्यासबलान्मोक्षकालोऽन्तकाले विद्यायते ब्रह्मणो यथार्थज्ञानमिवाचरति तत्फलवद्भवतीति निर्गुणोपास्तेश्श्रैष्ठ्यं सम्प्रदर्शितमिति शम् ।।

निदिध्यासनरूपनिर्गुणोपासनस्य महावाक्यजन्यापरोऽक्षज्ञानकारणतानिरूपणम् -

संवादिभ्रमतःपुंसः प्रवृत्तस्यान्यमानतः।
प्रमेति चेत्तथोपास्तिर्मान्तरे कारणायताम् ।।१२४।।

की अपेक्षा शास्त्रविहित कर्मानुष्ठाता को और उससे सगुणोपासक को और उससे भी निर्गुणोपासक को श्रेष्ठ कहा गया है । इन सभी में निर्गुणोपासना ही सर्वश्रेष्ठ क्यों है ? इसका कारण बताते हैं कि निर्गुणोपासना धीरे-धीरे (क्रमशः) साक्षात् ब्रह्मज्ञान के रूप में परिणित हो जाती है । भाव यह है कि ब्रह्मज्ञान की अत्यन्त सन्निधि के कारण निर्गुणोपासना सर्वोत्कृष्ट है ।

उक्तार्थ को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - जैसे संवादी भ्रम फलकाल में यथार्थ ज्ञान के रूप में परिणत हो जाता है, वैसे ही निर्गुण उपासना अत्यन्त परिपक्व होकर मुक्ति काल में ज्ञानस्वरूप हो जाती है ।।१२३।।

व्याख्या - पूर्व में संवादी भ्रम और विसंवादी भ्रम का विस्तार से वर्णन कर आये हैं, उसी का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहते हैं कि यद्यपि संवादीभ्रम भी यथार्थज्ञान नहीं है, तथापि वह यथाभिलषित पदार्थ की प्राप्ति काल में यथार्थज्ञान रूप से परिणत हो जाता है अर्थात् भ्रम रूप होने पर भी उससे यथेष्ट वस्तु की प्राप्ति होती है, उसी प्रकार निर्गुणोपासना भी जब अत्यन्त परिपक्व हो जाती है तब मुक्तिकाल में वह ज्ञानस्वरूप हो जाती है । इसलिये निर्गुणोपासना सर्वश्रेष्ठ है ।

उपासना की अपरोक्षकारणता को दर्शाते हैं ।

अर्थ - संवादी भ्रम से प्रवृत्त हुए पुरुष को अन्य प्रमाण से यथार्थज्ञान होता है, यदि ऐसा कहते हो तो उसी प्रकार (निर्गुण) उपासना भी (अपरोक्षज्ञान की) कारण रूप बन जाती है ।।१२४।।

व्याख्या - (पूर्वपक्षी) आपने जो कहा कि संवादी भ्रम स्वयं ही प्रमा रूप से परिणत हो जाता

अन्वयः - संवादिभ्रमतः प्रवृत्तस्य पुंसः अन्यमानतः प्रमा इति चेत् तथा उपास्तिः मान्तरे कारणायताम् ।

व्याख्या :-उपास्तेर्निर्गुणाहङ्ग्रहरूपायाःकालेनाद्वैतब्रह्मात्मना परिणमने यो दत्तो दृष्टान्तस्संवादि-भ्रमरूपस्स विषय एव । तत्र यथार्थवस्तुसामीप्येन तद्विषयकप्रत्यक्षात्मनापरिणत्य-भावाच्चेत्याशङ्कायामिष्टापत्त्या परिहरन्समाधत्ते । अयमत्राशयो यत्संवादिभ्रान्तिर्न स्वयमेव प्रमायते। तत्प्रवृत्तस्य यथार्थवस्तुसामीप्यानयनमात्रेणैव तस्य चरितार्थता । प्रमात्विन्द्रियार्थसन्निकर्षेण जायत इति । संवादिभ्रमतः प्रवृत्तस्य पुंसोऽन्यमानतः प्रत्यक्षादिप्रमाणान्तराद्वस्तुनः प्रमा जायत इति चेदिष्टमेव हि । अस्तु तर्हि निर्गुणोपासनमपि निदिध्यासनारूपं सन्महावाक्यजन्यापरोऽक्षज्ञाने कारणं भविष्यतीति चेदत्रोच्यते । तथानिर्गुणोपास्तिर्मान्तरे प्रमाणान्तरे कारणायताम् । यथा संवादिभ्रमः प्रमाजनकप्रमाणे कारणं भवति तथैवोपास्तिरप्यपरोऽक्षज्ञाने कारणं भवतीति शम् ।।

मूर्तिध्यानादीनामपि परम्परायापरोऽक्षज्ञानसाधनत्वसमर्थनम् -

मूर्तिध्यानस्य मन्त्रादेरपि कारणता यदि।
अस्तु नाम तथाप्यत्र प्रत्यासत्तिर्विशिष्यते।।१२५।।

अन्वयः - मूर्तिध्यानस्य मन्त्रादेः अपि यदि कारणता अस्तु नाम। तथापि अत्र प्रत्यासत्तिः विशिष्यते।

है, यह ठीक नहीं है, क्योंकि संवादी भ्रम तो प्रवृत्त हुए पुरुष को यथार्थ वस्तु के समीप लाने में ही चरितार्थ हो जाता है । वस्तु का यथार्थ ज्ञान तो इन्द्रिय और विषय के सन्निकर्ष से उत्पन्न होता है । इस शंका के उत्तर में कहते हैं । संवादी भ्रम से प्रवृत्त हुए पुरुष को अन्य प्रमाण से अर्थात् प्रत्यक्षादि प्रमाणान्तर से वस्तु का यथार्थ ज्ञान होता है यदि तुम ऐसा कहते हो तो यह हमें भी इष्ट ही है । क्योंकि उसी प्रकार निर्गुण ब्रह्म की उपासना भी अपरोक्ष ज्ञान की कारण रूप बन जाती है । तात्पर्य यह है कि जैसे संवादी भ्रम प्रमाजनक प्रमाण का कारण होता है, उसी प्रकार निर्गुणोपासना भी अपरोक्ष ज्ञान का कारण है ।

मूर्ति-ध्यानादि भी परम्परा से ज्ञान का कारण है, इस बात को अंगीकार करते हैं ।

अर्थ - यदि कहो कि मूर्तिध्यान और मन्त्रजप आदि भी (ज्ञान के) कारण हैं, तो भले ही हो, तथापि यह (निर्गुण उपासना ज्ञान के) अत्यन्त समीप होने के कारण श्रेष्ठ है ।।१२५।।

व्याख्या - पूर्वपक्षी कहता है कि यदि निर्गुणोपासना अपरोक्ष ज्ञान का कारण हो सकती है तो फिर मूर्ति का ध्यान, जप आदि अपरोक्षज्ञान के कारण क्यों नहीं हो सकते ? अर्थात् अवश्य हो सकते हैं। अतः निर्गुणोपासना और मूर्तिध्यानादि दोनों समान रूप से ज्ञान के कारण हैं । तो फिर निर्गुण उपासना को ही आप इतना महत्व क्यों देते हैं ?***''सर्वापेक्षया च यज्ञादिश्रुतेरश्वादिवत्''***इस न्याय के अनुसार वेद अविरुद्ध समस्त कर्म ज्ञान के साधन माने गये हैं । इसीलिये श्रुति में कहा है कि ***''ब्राह्मणा विविदिषन्ति यज्ञेन दानेन तपसानाशकेन''*** अतः भगवान् की चतुर्भुज आदि मूर्तियों का ध्यान, गायत्री आदि मन्त्रों का जप इत्यादि सभी अपरोक्ष ज्ञान के कारण हैं । पूर्वपक्षी की इस बात को अंगीकार करते हुए आचार्य कहते हैं कि मूर्ति-ध्यानादि ज्ञान के कारण भले ही होवें, उसको हम भी अंगीकार करते

व्याख्या :- यद्येवं ब्रह्मज्ञानप्रयोजकत्वेन निर्गुणोपासनायामादरस्तर्हि चतुर्भुजादिमूर्तिध्यानस्य तथा श्रीगायत्रीपञ्चाक्षर्यष्टाक्षरीनवाक्षरीद्वादशाक्षरीपञ्चदशीषोडश्यादिमन्त्रपुरश्चरणस्यैवमेव श्रीहरिहर श्रीदेवीनामोच्चारणस्यापि च परम्परासम्बन्धेन ब्रह्मज्ञानं प्रति कारणत्वमिति चेदिष्टापत्तिरेव । "सर्वापेक्षया च यज्ञादिश्रुतेरश्वादिवदि"त्यादिन्यायेन वेदाविरुद्धसकलकर्मणामपि "विविदिषन्ति यज्ञेने"ति तथात्वाङ्गीकारात् । चतुर्भुजादिमूर्तिध्यानस्य गायत्र्यादिमन्त्रादेरपि च चित्तैकाग्र्यसम्पादनद्वारा ब्रह्मणोऽपरोक्षज्ञाने कारणता स्यादिति चेदस्तु नाम । न किमप्यनिष्टमत्र । एवं तर्हि कोऽतिशयो निर्गुणोपासन इत्यत्राह । तथाप्यत्र निर्गुणोपासने प्रत्यासत्तिर्ज्ञानं प्रति सामीप्यमिति सन्निहितत्वमेव विशिष्यते। विशेषतो वर्तत इति शम् ।।

निर्गुणोपासने प्रत्यासत्त्यतिशयप्रदर्शनम् -

निर्गुणोपासनं पक्वं समाधिः स्याच्छनैस्ततः।
यस्समाधिर्निरोधाख्यस्सोऽनायासेन लभ्यते ॥ १२६॥

अन्वयः - निर्गुणोपासनं पक्वं समाधिः स्यात् । ततः शनैः निरोधाख्यः यः समाधिः सः अनायासेन लभ्यते ।

व्याख्या :-किञ्च निर्गुणोपासनस्यासम्प्रज्ञातसमाधिहेतुत्वादप्यवश्यमनुष्ठेयत्वमिति निरूपयति। निर्गुणोपासनं यदा पक्वं भवति तदैव पक्वं सदेव समाधिस्सविकल्पकसमाधिस्स्यात्ततस्सविकल्पकसमाधेर्निरोधाख्यस्तन्नामको यो निर्विकल्पसमाधिर्विद्यते "तस्यापि निरोधे सर्वनिरोधान्निर्बीजस्समाधि"रिति सूत्रोक्तलक्षणलक्षितसमाधिस्सोऽनायासेन लभ्यते इति निर्गुणोपासनस्य ज्ञानं प्रत्यतिशयप्रत्यासत्तित्वमिति शम् ।।

हैं किन्तु निर्गुणोपासना ही सर्वश्रेष्ठ है, क्योंकि वह अपरोक्ष ज्ञान के अत्यन्त समीप है । जैसे छत पर पहुँचने वाली बीस सीढ़ियों में नीचे की पहली सीढ़ी छत से बहुत दूर है और ऊपर की सीढ़ियाँ क्रमशः छत के निकट होती जाती हैं । बीसवीं सीढ़ी के बाद छत आ जाती है, इसी प्रकार मूर्तिपूजा, ध्यान, जप आदि उपासना पद्धतियाँ अपरोक्ष ज्ञान से दूर हैं, किन्तु निर्गुणोपासना बीसवीं सीढ़ी की तरह अपरोक्षज्ञान से अत्यन्त निकट है, इसीलिये वह सर्वश्रेष्ठ है ।

निर्गुणोपासना की अपरोक्ष ज्ञान से समीपता दर्शाते हैं ।

अर्थ - निर्गुण उपासना परिपक्व होने पर धीरे-धीरे समाधि का रूप ले लेती है । उसके बाद जो निरोध नामवाली समाधि है, वह अनायास ही प्राप्त हो जाती है ।।१२६।।

व्याख्या - निर्गुण उपासना जब परिपक्व हो जाती है तो वह धीरे-धीरे समाधि रूप से परिणत हो जाती है, उसके बाद सविकल्प समाधि के बाद जो निरोध नामवाली समाधि (निर्विकल्प समाधि) है, वह बिना प्रयत्न के ही प्राप्त हो जाती है । समाधि का विस्तृत वर्णन प्रथम प्रकरण के श्लोक ५५, ५६, ५७ की व्याख्या में देखना चाहिये ।

निर्विकल्प समाधि का प्रयोजन बताते हैं ।

अर्थ - निर्विकल्प समाधि का लाभ होने पर पुरुष के अन्तःकरण में असंग वस्तु (ब्रह्म) ही अवशिष्ट रहती है । बार-बार उसकी भावना करने पर महावाक्य से तत्त्वज्ञान उत्पन्न होता है ।।१२७।।

निर्विकल्पसमाधिप्रयोजननिरूपणम् -

निरोधलाभे पुंसोऽन्तरसङ्गं वस्तु शिष्यते।
पुनः पुनर्वासितेऽस्मिन्वाक्याज्जायेत तत्त्वधीः॥१२७॥

अन्वयः - निरोधलाभे पुंसः अन्तः असङ्गं वस्तु शिष्यते। अस्मिन् पुनः पुनःवासिते वाक्यात् तत्त्वधीः जायेत।

व्याख्या :- भवत्वेवं निर्विकल्पसमाधिलाभे सति किं लभ्यत इत्यत्राह। निरोधलाभे निर्विकल्पकसमाधेः प्राप्तौ पुंस उपासकस्यान्तरन्तःकरणेऽसङ्गं सङ्गरहितमात्मवस्तु शोधितत्वम्पदार्थाख्यं कूटस्थचैतन्यं शिष्यतेऽवशिष्यते । किं भवेत्ततोऽपीत्यत्राह । अस्मिन्नसङ्गवस्तुनि पुनःपुनर्वासिते निरुक्तासङ्गवस्तु परिशेषे समभ्यस्ते सति तथा भाविते वाक्यादप्रतिबद्धान्महावाक्यात्तत्त्वधीस्तत्त्वज्ञान "महं ब्रह्मास्मि"त्येवमाकारोऽपरोक्षसाक्षात्कारो जायत उत्पद्यते । अयमत्र भावः। सगुणोपासनापेक्षया निर्गुणोपासने ज्ञानस्य सन्निहितत्त्वं विशेषतो वर्तते । पक्वे च निर्गुणोपासने सविकल्पकसमाधिस्ततो निर्विकल्पकसमाधिरिति तत्रासङ्गवस्तुन्यसकृद्भाविते तत्त्वमस्यादिमहावाक्यार्थविचारणेन अपरोक्ष-साक्षात्कारो भवतीत्युपासनाया ब्रह्मज्ञानोपकारकत्वमिति शम् ।।

तत्त्वज्ञानस्वरूपनिरूपणम् -

निर्विकारासङ्गनित्यस्वप्रकाशैकपूर्णताः।
बुद्धौ झटिति शास्त्रोक्ता आरोहन्त्यविवादतः॥१२८॥

अन्वयः - शास्त्रोक्ता निर्विकारासङ्गनित्यस्वप्रकाशैकपूर्णताः अविवादतः झटिति बुद्धौ आरोहन्ति।

व्याख्या - जब उपासक को निर्विकल्प समाधि की प्राप्ति हो जाती है, तब उसके अन्तःकरण में एकमात्र असंग ब्रह्म ही अवशिष्ट रहता है । इस असंग ब्रह्म की बार-बार भावना करने पर 'तत्त्वमसि' आदि महावाक्यों से तत्त्वज्ञान उत्पन्न होता है अर्थात् 'मैं ही ब्रह्म हूँ' इस प्रकार अपरोक्ष ज्ञान हो जाता है । तात्पर्य यह है कि सगुणोपासना की अपेक्षा ज्ञान के समीप होने से निर्गुणोपासना श्रेष्ठ है । उसके परिपक्व हो जाने पर सविकल्प समाधि लगती है और उसके बाद निर्विकल्प समाधि लगती है । उस अवस्था में असंग ब्रह्म की बार-बार भावना करने पर 'तत्त्वमसि' आदि महावाक्यों के अर्थ का विचार करने से अपरोक्ष साक्षात्कार होता है । इसलिये निर्गुण उपासना ब्रह्मज्ञान की उपकारक कही गयी है ।

तत्त्वज्ञान के स्वरूप का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - शास्त्र में कही हुई निर्विकारता, असंगता, नित्यता, स्वप्रकाशता, एकता और पूर्णता (ये सब) बुद्धि में निर्विरोध रूप से अतिशीघ्र आरुढ़ हो जाते हैं ।।१२८।।

व्याख्या - जब निर्विकल्प समाधि के द्वारा आत्मा का यथार्थ बोध हो जाता है तब शास्त्रों में वर्णित आत्मा के धर्म स्पष्ट रूप से बुद्धि में आरुढ़ हो जाते हैं । शास्त्रों में आत्मा को निर्विकार (विकाररहित), असंग (संगरहित), नित्य अर्थात् त्रिकालाबाध्य, स्वयंप्रकाश, एक और परिपूर्ण कहा गया है । ये सभी आत्मगुण निर्विकार रूप से बुद्धि में अतिशीघ्र आरूढ़ हो जाते हैं । श्रीमद्भागवत में भक्तराज श्रीप्रह्लाद

व्याख्या :-तत्त्वज्ञानस्वरूपजन्मनी उभे अपि विशदयति । शास्त्रोक्ता निर्विकल्पासङ्गनित्यस्व-प्रकाशैकपूर्णता विकारविधुरत्वं सङ्गराहित्यं त्रैकालिकाबाद्ध्यत्वं स्वप्रकाशत्वं परिपूर्णत्वमित्येतानि झटित्येवाविवादतो बुद्धावारोहयन्ति साधकानामिति शम् ।।

निर्विकल्पकसमाधिवशादपरोऽक्षज्ञानमुदेतीत्यत्र प्रमाणनिरूपणम् -

योगाभ्यासस्त्वेतदर्थोऽमृतबिन्द्वादिषु श्रुतः ।
एवञ्च दृष्टद्वारापि हेतुत्वादन्यतो वरम् ।।१२९।।

अन्वयः- एतदर्थः तु अमृतबिन्द्वादिषु योगाभ्यासः श्रुतः। एवं च दृष्टद्वारा अपि हेतुत्वात् अन्यतः वरम्।

व्याख्या :- एवमपरोऽक्षाज्ञानसाधनक्षमं मार्गमुपेक्ष्य तीर्थयात्रादिकक्ष्यान्तरमपेक्षमाणानामविचक्षणतां लौकिकन्यायेनोपक्षिपति उत्तरस्मिंच्छ्लोके । तत्रामृतबिन्द्वादिश्रुतिः प्रमाणत्वेन पठति । एतदर्थो निर्विकारत्वादि-पूर्णतान्तानां पूर्वश्लोकोक्तानां तथाविधानामन्येषां च बुद्धावारोहणं यस्य प्रयोजनं स योगाभ्यासो निर्गुणोपासनम-मृतबिन्द्वादिषूपनिषत्सु कैवल्यकठवल्ल्यादिषु च श्रुतः । एवं सति दृष्टद्वारा निर्विकल्पकसमाधिलाभद्वारा तथात्रापिशब्दस्वारस्याददृष्टद्वाराप्यपरोक्षज्ञानस्य हेतुत्वात्सन्निहितसाधनभूतत्वादन्यतः कर्मतस्सगुणोपास-नादिभ्यो वा निर्गुणोपासनं वरं श्रेष्ठम् । एवं च सति निर्गुणोपासनस्यापरोऽक्षज्ञानप्रत्यासत्तिसम्भवे सति

जी असुर बालकों को उपदेश देते हुए आत्मा के बारह लक्षण बताते हैं ।

आत्मा नित्योऽव्ययः शुद्ध एकः क्षेत्रज्ञ आश्रयः।
अविक्रियः स्वदृग् हेतुर्व्यापकोऽसङ्ग्यनावृतः। (भा. ७/७/१९)

अर्थात् - आत्मा नित्य, अविनाशी, शुद्ध, एक, क्षेत्रज्ञ, आश्रय, निर्विकार, स्वयंप्रकाश, सबका कारण, व्यापक, असंग तथा आवरण रहित है ।

उक्तार्थ में प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - इसीलिये योग का अभ्यास अमृतबिन्दु आदि उपनिषदों में सुना गया है । इस प्रकार निर्गुणोपासना दृष्ट द्वारा (निर्विकल्प समाधि लाभ के द्वारा) ज्ञान का हेतु होने से अन्य (सगुणोपासना आदि) से श्रेष्ठ है ।।१२९।।

व्याख्या - निर्विकारता से लेकर पूर्णता पर्यन्त सभी गुणों को बुद्धि में आरूढ़ करना ही जिसका प्रयोजन है, वह योगभ्यास (निर्गुण ब्रह्म की उपासना) अमृतबिन्दु (ब्रह्मबिन्दु) आदि उपनिषदों में सुना गया है। आदि शब्द से कठोपनिषद् आदि का ग्रहण होता है । इस प्रकार निर्गुणोपासना दृष्ट द्वारा अर्थात् निर्विकल्प समाधि लाभ के द्वारा (श्लोक में पठित 'अपि' शब्द से अदृष्ट द्वारा भी) अपरोक्ष ज्ञान का हेतु होने से ज्ञान के अन्य साधनों की अपेक्षा (सगुणोपासनादि से) श्रेष्ठ है । अमृतबिन्दु उपनिषद् में कहा गया है ।

निरस्तविषयासङ्गं संनिरुद्धं मनो हृदि ।
यदा यात्युन्मनीभावं तदा तत्परमं पदम् ।। (अ.बि. ४)

अर्थात् - विषयासक्ति से रहित हृदय में निरुद्ध किया हुआ मन जब उन्मनी भाव को प्राप्त होता है, उसीको परमपद कहते हैं और कठोपनिषद् में कहा है कि-

दृष्टद्वारापि निर्विकल्पकसमाधिलाभद्वारेणापिशब्दाददृष्टद्वारापि हेतुत्वाज्ज्ञानसाधनत्वादन्येभ्य एतच्छ्रेष्ठमिति भावः । अमृतबिन्दूपनिषदि चैवं श्रूयते ।।

"निरस्तविषयासङ्गं सन्निरुद्धं मनो हृदि । यदा यात्युन्मनीभावं तदा तत्परमं पद"मिति।

तथा कठवल्लीष्वपि पठ्यत इत्थम् - "एतदालम्बनं श्रेष्ठमेतदालम्बनं परम् । एतदालम्बनं ज्ञात्वा ब्रह्मलोके महीयत"इति । तस्मान्निर्विकल्पकसमाधिनापरोक्षसाक्षात्कारस्सिद्ध्यतीति शम् ।।

साक्षाज्ज्ञानसाधनमुपेक्ष्य तीर्थक्षेत्राटनादितत्पराणां निन्दाप्रदर्शनम् -

उपेक्ष्य तत्तीर्थयात्राजपादीनेव कुर्वताम् ।
पिण्डं समुत्सृज्य करं लेढीति न्याय आपतेत् ।।१३०।।

अन्वयः-तत् उपेक्ष्य तीर्थयात्राजपादीन् एव कुर्वतां "पिण्डं समुत्सृज्य करं लेढि" इति न्यायः आपतेत्।

व्याख्या :- एवं दृष्टादृष्टाद्युभयद्वारापि ब्रह्मज्ञानजनकमहावाक्यजापरोऽक्षबोधप्रतिबन्धनिवारकं निर्गुणोपासनं त्यक्त्वा तीर्थयात्राक्षेत्राटनमन्त्रपुरश्चरणपूजादिकर्मपरायणान्निन्दति । एवं निर्गुणोपासनस्यापरोक्ष-ज्ञानसाधनत्वे सिद्धे सत्यपि तदुपेक्ष्य तीर्थयात्राजपादीनेव कुर्वतां पिण्डं करतलकलितं नवनीतगोलकादिकं पायसादिकं वा समुत्सृज्य शुष्ककरं लेढ्यास्वादयतीति लौकिको न्याय आपतेत् । तथोक्तमन्यत्र "आत्मतीर्थं परित्यज्य बाह्यतीर्थानि यो व्रजेत् । करस्थं न महारत्नं त्यक्त्वा काचं विमार्गते" इति । केवलतीर्थयात्रा-जपादीन्परमसाधनतया गृहीतवतामाचार एवात्र निन्द्यो वेदितव्य इति शम् ।।

एतदालम्बनं श्रेष्ठमेतदालम्बनं परम् ।
एतदालम्बनं ज्ञात्वा ब्रह्मलोके महीयते ।। (कठो. १/२/१७)

अर्थात् - ब्रह्म प्राप्ति के आलम्बनों में यही श्रेष्ठ आलम्बन है, यही पर-आलम्बन है । इसी आलम्बन को जानकर पुरुष ब्रह्मलोक में परब्रह्म में स्थित हो महिमान्वित होता है ।

निर्गुणोपासना की उपेक्षा कर अन्य साधन ग्रहण करने की निरर्थकता का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - उस (निर्गुणोपासना) की उपेक्षा कर तीर्थयात्रा और जप आदि ही करने वालों को "पिण्ड (लड्डु, नवनीतादि) को फेंककर हाथ के तलवे चाटता है" यह (लौकिक) न्याय प्राप्त होगा ।।१३०।।

व्याख्या - पूर्वोक्त प्रकार से निर्गुणोपासना अपरोक्षज्ञान का साधन है, यह सिद्ध हो जाने पर भी जो इस मार्ग का त्यागकर तीर्थयात्रादि अन्य साधनों में प्रवृत्त होते हैं, उन पर लौकिक न्याय से आक्षेप करते हैं । उस निर्गुणोपासना की उपेक्षा कर जो पुरुष केवल तीर्थयात्रा, देवता आदि के मन्त्रजाप, मूर्तिपूजा आदि में ही प्रवृत्त रहते हैं, उन पर तो यह कहावत चरितार्थ होती है कि***"हाथ में रखा लड्डू फेंककर अब हाथ के तलवे चाट रहा है"*** व्यक्ति के पास श्रेष्ठ वस्तु उपलब्ध होने पर भी जब वह उसका त्याग कर निकृष्ट वस्तु को ग्रहण करता है तब लोक में यह कहावत सुनी जाती है । निर्गुणोपासना हाथ में रखे लड्डू अथवा नवनीत के पिण्ड के समान है, उसका त्याग कर केवल तीर्थयात्रादि को ही मोक्ष का साधन मानने वाले मानो हाथ में रखा नवनीत का पिण्ड फेंककर हाथ के तलवे चाट रहे हैं । उपनिषद् में भी कहा है कि-

आत्मतीर्थं परित्यज्य बाह्यतीर्थानि यो व्रजेत् ।
करस्थञ्च महारत्नं त्यक्त्वा काचं विमार्गते ।।

उपासनेऽधिकारिविचारणम् -

उपासकानामप्येवं विचारत्यागतो यदि।
बाढं तस्माद्विचारस्यासम्भवे योग ईरितः॥१३१॥

अन्वयः - उपासकानाम् अपि विचारत्यागतः यदि एवं बाढम् । तस्मात् विचारस्य असंभवे योगः ईरितः।

व्याख्या :-आत्मतत्त्वसाक्षात्कारकारणब्रह्मज्ञानमुत्सृज्य ततो व्यवहितफलकं निर्गुणोपासनमनुसरतामपि तन्न्यायगोचरत्वं समानमेत्याशङ्क्यायां विचारचतुरेतराणामिदं विधीयते इति स्पष्टयन्नुपासकेष्वपि तन्न्यायापत्तिमङ्गीकरोति । निर्गुणब्रह्मतत्त्वस्य विचारत्यागतो मननादिपूर्वकविचारपरित्यागान्निर्गुणब्रह्मण उपासकानामपि ह्येवं पिण्डमुत्सृज्य करलेढीतिन्याय आपतेदिति चेत् बाढं सत्यमेव। किमर्थं तर्हि निर्गुणोपासनं विधीयत इत्यत आह। यस्माद्धेतोरुक्तन्यायप्रसङ्गस्तस्माच्छक्त्यभावाद्वा भूतभविष्यद्वर्तमान प्रतिबन्धकैर्वा विचारस्यासंभावे योगो निर्गुणोपासनमीरित उक्त इति शम् ।।

विचारासंभवे कारणनिरूपणम् -

बहुव्याकुलचित्तानां विचारात्तत्त्वधीर्न हि।
यो यो मुख्यस्ततस्तेषां धीदर्पस्तेन नश्यति ॥१३२॥

अन्वयः - बहुव्याकुलचित्तानां हि विचारात् तत्त्वधीः न (भवति) ततः तेषां योगः मुख्यः। तेन धीदर्पः नश्यति।

व्याख्या :-तत्र विचारासंभवे युक्तिं प्रदर्शयति। बहुव्याकुलचित्तानां ह्यत्यन्तव्यापाराकुलितमानसानां

उपासना में अधिकारी का विचार करते हैं ।

अर्थ - इसी प्रकार यदि उपासक भी विचार त्याग देते हैं तो क्या उनके लिये भी यही न्याय होगा? जरूर होगा । इसीलिये आत्मतत्त्व का विचार करना असंभव होने पर योग कहा गया है ॥१३१॥

व्याख्या - ***''पिण्डमृत्सृज्य करं लेढि''*** यह न्याय जैसे तीर्थ यात्रा आदि करने वालों पर लागू होता है, उसी प्रकार यह न्याय उन उपासकों पर भी लागू क्यों न होगा जो विकार का त्यागकर केवल उपासना ही करते हैं । इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि जो विचारचतुरेतर हैं, उन्हीं के लिये यह विधान है, इस बात को स्पष्ट करते हैं । आचार्य इस बात को अंगीकार करते हैं कि यदि उपासक भी विचार का त्याग कर जीवनभर केवल उपासना में ही संलग्न रहता है तो उस पर भी वही नियम लागू होता है जो तीर्थयात्रादि करने वालों के विषय में कहा गया है । तब निर्गुणोपासना का विधान किस लिये है? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि इसीलिये जो आत्मतत्त्व का विचार करने में असमर्थ हैं । भूत, भावि और वर्तमान प्रतिबन्धों के द्वारा विचार-मात्र से जो तत्त्वज्ञान प्राप्त करने में असमर्थ हैं, उन्हीं के लिये योग (निर्गुणोपासना) का विधान किया गया है ।

विचार की असंभवता का कारण बताते हैं ।

अर्थ - अधिक व्याकुल चित्तवालों को विचार से तत्त्वज्ञान नहीं होता, इसलिये उनके लिये योग ही मुख्य है, उससे बुद्धि का दर्प विनष्ट हो जाता है ॥१३२॥

व्याख्या - युक्ति प्रदर्शित करते हुए कहते हैं कि जिनका चित्त अत्यन्त व्याकुल रहता है, वे लोग

विचारात्तत्त्वधीर्न जायेत । कार्यान्तरोद्विग्रमानसानां मननादेरसंभव इत्यर्थः । एवं तर्हि निर्गुणोपासनं कस्माद्धेतोः प्रतिपाद्यत इत्यत्राह । ततस्तस्मात्तेषां योगो निर्गुणोपासना मुख्यः । यतो विचारो न सम्भवत्यतो योगः कर्तव्य इति भावः । तेन च निर्गुणोपासनाक्रमेण योगेन यतो धीदर्पो बुद्धिप्रमादो बुद्धिचाञ्चल्यं नश्यति । मुख्योपायेऽशक्तानामुपायान्तरमवश्यमनुष्ठेयमिति शम् ।।

निर्मलस्वान्तानां विचार एवाधिकार इति निरूपणम् -

अव्याकुलधियां मोहमात्रेणाच्छादितात्मनाम् ।
साङ्ख्यनामा विचारस्स्यान्मुख्यो झटिति सिद्धिदः।।१३३।।

अन्वयः - अव्याकुलधियां मोहमात्रेण आच्छादितात्मनाम् साङ्ख्यनामाविचारः मुख्यः स्यात्। झटिति सिद्धिदः ।

व्याख्या :-धीदर्पवतां व्याकुलचित्तानां योगेऽधिकारो मुख्य इत्यभिहितः। सम्प्रति धीदर्पहीनानामुत्तमाधिकारिणां तु विचारे एवाधिकार इत्याह। प्रतिबन्धैरव्याकुलितबुद्धिनां धीदर्परहितानां मोहमात्रेणाच्छादितात्मनां पिहितमनस्कानां साङ्ख्यनामा साङ्ख्यसंज्ञकः साङ्ख्यशब्दवाच्यो विचारस्तत्त्वविचारः पञ्चकोशविवेचनापूर्वकः स्यात् । यतो गीताचार्योक्तिरस्ति "ज्ञानयोगेन साङ्ख्यानां कर्मयोगेन योगिनाम् "इति । कुतस्तस्य मुख्यत्वं प्रतिपादयति । यतस्स विचारो झटिति शीघ्रं सिद्धिदो मोक्षप्रदो भवतीति शम् ।।

महावाक्य के अर्थ का विचार करने मात्र से आत्मा का साक्षात्कार करने में असमर्थ होते हैं । अतः केवल विचार करने से उन्हें तत्त्वज्ञान नहीं होता । जो अन्य कार्यों में व्यस्त होते हैं, वे भाग्यवशात् वेदान्तों का श्रवण कर भी लें तो मननादि के अभाव में श्रुतार्थ को सम्यक् रूप से धारण करने में समर्थ नहीं हो पाते । तो उनको क्या करना चाहिये ? इस पर कहते हैं कि उन अधिक व्याकुल चित्त वालों के लिये योग (उपासना) ही मुख्य रूप से कहा गया है । इस योगाभ्यास से उनकी बुद्धि का दर्प (मिथ्याभिमान) विनष्ट हो जाता है । अर्थात् निर्गुणोपासना से बुद्धि का प्रमाद अर्थात् बुद्धि की चंचलता नष्ट हो जाती है । भाव यह है कि जो विचार करने में असमर्थ हैं उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है, वे उपासना के द्वारा भी तत्त्वज्ञान प्राप्त कर सकते हैं ।

निर्मल अन्तःकरण वालों का विचार में ही अधिकार है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ - जिनका चित्त अव्याकुल है और जिनका आत्मस्वरूप केवल मोह के कारण आच्छादित है, उनके लिये सांख्य नामवाला योग ही मुख्य है जो अतिशीघ्र सिद्धि प्रदान करने वाला है ।।१३३।।

व्याख्या - इस प्रकार अत्यधिक व्याकुल चित्तवाले मनुष्यों के लिये निर्गुणोपासना को मुख्य बताकर अब जिनका चित्त व्याकुल नहीं है, उनके लिये विचार ही मुख्य साधन है, इस बात को बताते हैं । जिन लोगों का चित्त कार्यान्तरों में व्यापृत होने से व्याकुल नहीं है अर्थात् जो धीदर्प से रहित शान्त हैं और जिनका आत्मस्वरूप केवल मोह के कारण अर्थात् अज्ञानावरण के कारण आच्छादित है, उन मुमुक्षु जनों के लिये सांख्य नामवाला अर्थात् सांख्य शब्दवाच्य पञ्चकोश के विवेचन पूर्वक आत्मतत्त्व का विचार ही मुक्ति का मुख्य साधन है । उसका मुख्यत्व क्यों है ? इस पर कहते हैं । यह आत्मविचार अतिशीघ्र ही साक्षात्कार रूप सिद्धि को प्रदान करने वाला है, इसीलिये यह मुख्य है ।

साङ्ख्ययोगयोर्मोक्षसाधनत्वे प्रमाणनिरूपणम् –

यत्साङ्ख्यैःप्राप्यते स्थानं तद्योगैरपि गम्यते।
एकं साङ्ख्यञ्च योगञ्च यः पश्यति स पश्यति ॥१३४॥

अन्वयः – यत् स्थानं साङ्ख्यैः प्राप्यते तत् योगैः अपि गम्यते । यः साङ्ख्यं च योगं च एकं पश्यति सः पश्यति।

व्याख्या :–ननु साङ्ख्ययोगशास्त्रयोर्ज्ञानसाधनत्वे किं प्रमाणमित्यत्रोच्यते । योगसाङ्ख्ययोरुभयोरपि तत्त्वज्ञानद्वारा मुक्तिसाधनत्वे गीतावचनमेव प्रमाणम् । अतस्तदुदाहरति । साङ्ख्यैः ज्ञातव्याः पदार्थाः संख्यायन्ते यस्मिन् शास्त्रे तत्सांख्यं, वेदान्तः तद्विद्भिर्ज्ञाननिष्ठैर्यत्प्राप्यते मोक्षाभिधानं स्वस्वरूपनिष्ठा तद्योगैरपि फलानभिसन्धिपूर्वकमीश्वरे सर्वकर्मसमर्पणपूर्वकमाचरितैः कर्मभिर्गम्यते । अतश्चात्र गीताचार्यवाक्यमेव प्रमाणशिरोरत्नमस्तीति भावः। अपिना साङ्ख्यापेक्षया योगे जघन्यत्वं ध्वन्यते । एवञ्च साङ्ख्ययोगशब्दाभ्यां कापिलपातञ्जलशास्त्रयोः ग्रहो यदि तर्हि तदुक्ततत्त्वसङ्ग्रहात् द्वैतापत्तिरित्यत्राह । साङ्ख्यं योगं च फलैक्येन एकमिति यः पश्यति जानाति स एव पश्यति सम्यग्विजानाति । यस्साङ्ख्यं च योगं च फलत एकं पश्यति स शास्त्रार्थं सम्यक्पश्यतीति भावः। यो मुमुक्षुः साङ्ख्यं साङ्ख्यनामकं कापिलं योगं पातञ्जलं च शास्त्रमपि एकं त्वम्पदार्थशोधने तत्रैव चित्तवृत्तिनिरोधनाच्च तत्त्वमस्यादिवाक्य प्रतिबन्धनिगमद्वारा ब्रह्मात्मैक्यबोधोदयफलकमिति शम्।।

सांख्य और योग मोक्ष के साधन हैं, इसमें प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ – जो स्थान सांख्य के द्वारा प्राप्त होता है, वही स्थान योग से भी प्राप्त होता है । जो सांख्य और योग को एक देखता है, वही यथार्थ रूप से देखता है ।।१३४।।

व्याख्या – (पूर्वपक्षी) आपने जो कहा कि उपासना रूप योग और तत्त्वविचार रूप सांख्य दोनों ही तत्त्वज्ञान द्वारा मुक्ति के साधन हैं, इस विषय में प्रमाण क्या है ? ऐसी शंका होने पर समस्त प्रमाणों में मुकुट के समान सर्वमान्य भगवान् श्रीकृष्णचन्द्र के मुखारविन्द से निसृत श्रीमद्भगवद्गीता का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं । यह श्लोक गीता के पाँचवें अध्याय का पाँचवा श्लोक है ।***''सांख्ये ज्ञातव्याः पदार्थाः संख्यायन्ते यस्मिन् शास्त्रे तत् सांख्यम् वेदान्तः''*** (गी.शां.भा. १८/१३) अर्थात् जिस शास्त्र में जानने योग्य पदार्थों की संख्या (गणना) की जाय, उसका नाम सांख्य अर्थात् वेदान्त है । जो स्थान (पद) आत्मविचार रूप सांख्य के द्वारा प्राप्त होता है, वही स्थान उपासना रूप योग से भी प्राप्त होता है । जो दोनों को एक देखता है, वही यथार्थ द्रष्टा है । ''सांख्यविचार से जिस स्थान की प्राप्ति होती है। ***''योगैरपि परम्परया तदेव गम्यते''*** श्लोक में अपि शब्द जोड़ देने से सांख्य की प्रधानता और योग की गौणता भी ध्वनित होती है । अतः उपासना की तुलना में आत्मविचार ही मुख्य है । यदि कहो कि कपिल प्रोक्त सांख्यशास्त्र और श्रीपतंजलि प्रोक्त योगशास्त्र का यहाँ पर ग्रहण क्यों नहीं करते हो ? इसका उत्तर यह है कि वे दोनों दर्शन द्वैतदर्शन हैं, उन दर्शनों के अनुसार जगत् सत्य और जीव अनेक हैं किन्तु श्लोक में कहा है कि जो दोनों में एकता को देखता है अर्थात् अद्वैत भाव रखता है, वही यथार्थ द्रष्टा है । इसलिये यहाँ भेदवादी सांख्य और योगशास्त्र का ग्रहण करना उचित नहीं है । यद्यपि वे कुछ अंश में ज्ञान के सहायक हैं तथापि अद्वैत विरुद्ध होने के कारण मुमुक्षु के लिये सर्वांश में प्रमाणभूत नहीं है । तथापि जितने अंश में ये उपयोगी हो सके उतना अंश ग्रहण करने में कोई दोष नहीं है ।

साङ्ख्ययोगयोर्ज्ञानसाधनत्वे श्वेताश्वतरश्रुतेः प्रमाणतयोपन्यसनम् -

तत्कारणं साङ्ख्ययोगाधिगम्यमिति हि श्रुतिः।
यस्तु श्रुतेर्विरुद्धस्स आभासस्साङ्ख्ययोगयोः ॥१३५॥

अन्वयः- तत्कारणं साङ्ख्ययोगाधिगम्यम् इति हि श्रुतिः। साङ्ख्ययोगयोः यः तु श्रुतेः विरुद्धः सः आभासः।

व्याख्या :-पूर्वोदाहृतगीतावचनमूलभूतां श्रुतिं संवादयति । साङ्ख्ययोगादिगम्यं ज्ञानोपासनाभ्यां प्राप्तव्यं ज्ञानं बुद्धयते तन्मोक्षस्य कारणमिति "तत्कारणं साङ्ख्ययोगादिगम्यं ज्ञात्वा देवं मुच्यते सर्वपाशै"रिति हि श्वेताश्वतराणां श्रुतिः। अनेन कपिलपतञ्जलिप्रतिपादितयोस्साङ्ख्ययोगयोरङ्गीकारस्सिद्धः। नन्वेवं तर्हि "स्मृत्यनवकाशदोषप्रसङ्ग इति चेन्नान्यस्मृत्यनवकाशदोषप्रसङ्गात्" । "एतेन योगः प्रत्युक्तः"। इत्यधिकरणाभ्यां किमिति ब्रह्मसूत्रकारैस्तत्खण्डनं कृतम् ? तत्त्वज्ञानसम्पादनद्वारा साङ्ख्ययोगशास्त्र-योर्मुक्तिसाधनत्वाङ्गीकारे तच्छास्त्रे प्रतिपादितानां तत्वानामपि स्वीकार्यत्वं स्यादित्याशङ्कां परिहरति यस्तु श्रुतेर्विरुद्धस्साङ्ख्युयोगयोः कपिलपातञ्जलयोस्स आभासो बाधितो भवति। न तौ वस्तुतः साङ्ख्ययोगौ; वेदान्तविरोधितया न परमार्थभूतौ परमपुरषार्थसाधकौ न । "एतेन योगःप्रयुक्त" इत्यादिना निराकृतत्वात् शास्त्राभासत्वमेव तयोरिति नैव चिन्त्यम् । योंऽशो विरुद्धस्स एवाप्रामाणिकः । "यद् गृह्यते न तत् बाध्यते । यत् बाध्यते न तद् गृग्यत" इत्युक्तेः । गीतायां विद्यमानसाङ्ख्ययोगशब्दौ

उक्त कथन को श्रुतिवचन से पुष्ट करते हैं ।

अर्थ - "सब का कारण रूप वह परमात्मा सांख्य और योग से प्राप्त करने योग्य है" ऐसा श्रुतिवचन है । और जो सांख्य और योग श्रुति के विरुद्ध है, वह आभासमात्र है ।।१३५।।

व्याख्या - पूर्वोदाहृत गीतावचन की मूलभूता श्रुति को उद्धृत करते हैं ।

नित्यो नित्यानां चेतनश्चेतनानामेको बहूनां यो विदधाति कामान् ।
तत्कारणं सांख्ययोगाधिगम्यं ज्ञात्वा देवं मुच्यते सर्वपाशैः।। (श्वे.उ. ६/१३)

अर्थात् जो नित्यों में नित्य है, चेतनों में चेतन है । अकेला ही बहुतों को भोग प्रदान करता है, सांख्य-योग के द्वारा ज्ञातव्य उस सर्वकारण देव को जानकर पुरुष बन्धनों से मुक्त हो जाता है । इस श्रुतिवचन के अनुसार सांख्य और योग को भी मुक्ति का साधन कहा गया है । (पूर्वपक्षी) - यदि सांख्य और योग को मुक्ति का साधन अंगीकार करेंगे तो उन शास्त्रों में प्रतिपादित तत्त्वों का और उनके सिद्धान्त का भी अंगीकार करना पड़ेगा, तब तो अद्वैतवाद की हानि होगी ? और ***"स्मृत्यनवकाशदोषप्रसंग इति चेन्नान्यस्मृत्यनवकाशदोषप्रसंगात्"*** (ब्र.सू. २/१/१) ***"एतेन योगः प्रत्युक्तः"*** (ब्र.सू. २/१/३) इत्यादि सूत्र में श्रीवेदव्यास जी ने तथा भाष्य में श्रीआद्यशंकराचार्य जी ने सांख्य और योग का खण्डन किस लिये किया ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि जो सांख्य और योग श्रुति के विरुद्ध हैं, वह आभासमात्र है । **श्रुति और गीता में जिस सांख्य और योग की चर्चा की गई है, वह कपिल और पतञ्जलि पोक्त भेदवादी शास्त्र की नहीं है । सांख्य शब्द से ज्ञान और योग शब्द से उपासना का ग्रहण किया गया है ।** यदि कहो कि गीता में तो योग शब्द निष्काम कर्म के लिये कहा गया है, आप उसका उपासना अर्थ कैसे करते हैं ? ऐसी शंका करना उचित नहीं है क्योंकि

तत्त्वविचारोपासनापरौ। न तु गीताशास्त्रेऽपि योगशब्दः कार्ययोगपरतया प्रयुक्त इति चेन्नैष दोषः। उपास्तेरपि कार्ययोगान्तः पातित्वात्। "ज्ञानयोगेन साङ्ख्यानां कर्मयोगेन योगिना" मित्याधिकारिभेदेन ज्ञानकर्मरूपमात्रस्यैव तत्र प्रतिपादितत्वात् । तथा च योंऽशो गृह्यते साङ्ख्ययोगशास्त्राभ्यां न तद्बाध्यते। यद्बाध्यते न तद्गृह्यते । ख्याप्रकथन इति स्मरणात् सम्यक् ख्यायते इत्यद्वैतब्रह्मात्मरूपं प्रकर्षेण ज्ञाप्यत आत्मा येन तत्तथेति व्युत्पत्तेः । तथा च स्मृतिः – "वृत्तिहीनं मनः कृत्वा क्षेत्रज्ञं परमात्मनि। एकीकृत्य विमुच्येत योगोऽयं मुख्य उच्यते" इति शम् ।।

उपासकानां गतिनिरूपणम् –

उपासनं नातिपक्वमिह यस्य परत्र सः।
मरणे ब्रह्मलोके वा तत्त्वं विज्ञाय मुच्यते॥१३६॥

अन्वयः – यस्य उपासनम् इह अतिपक्वं न सः मरणे ब्रह्मलोके वा तत्त्वं विज्ञाय मुच्यते।

व्याख्या :–निर्गुणाहङ्ग्रहोपासनपरिपाकजन्यात्मज्ञानात्प्रागेवायुषस्समाप्तौ तत्त्वज्ञानानवाप्तौ च सत्यां न सिद्धिस्स्यादिति चेन्न दोषः । आत्मज्ञानोदयात्प्रागेव मृतस्योपासकस्य तदुपासनासिद्धिर्मरणकाले ब्रह्मलोके वा भवत्येवेत्याह । यस्य निर्गुणोपासकस्येह जन्मन्यस्मिन् लोके निर्गुणोपासनमविच्छिन्नमपि नातिपक्वं तत्त्वज्ञानफलकं न जातं फलोन्मुखं न भवेत् चेत् स तावत् "शुचीनां श्रीमतां गेहे योगभ्रष्टोऽभिजायत"इत्यादिस्मृतेः परत्र जन्मान्तरे उत्तरकाले "तत्त्वं विज्ञाय मुच्यते" इति नियमानुसारं सिद्धो भवति। अथवा ब्रह्मलोकं गत्वा "ब्रह्मणा सह मुच्यत" इति तेन समं सिद्धिं प्राप्नोतीति ह्युत्तरकालं विभजते । उपासनापरिपाके तु तदा तत्त्वज्ञानोदयान्मुक्तो भवति । उत्तरःकालः

उपासना भी कर्मान्तर्गत ही मानी गयी है । भाव यह है कि सांख्य और योग में कुछ बातें श्रुतिसम्मत भी हैं, उनसे वेदान्त का कोई विरोध नहीं है, किन्तु उनमें कई बातें श्रुतिविरुद्ध भी हैं अतःगीता तथा श्रुतियों में केवल सांख्य और योग का नाम सुनकर भ्रमित नहीं होना चाहिये । निरीश्वरवादी कपिलप्रोक्त सांख्यशास्त्र तथा पतञ्जलिप्रोक्त योगशास्त्र इन दोनों में जो श्रुति से विरुद्ध कहा गया है, वह सब आभासमात्र है अर्थात् जो अंश श्रुति से अबाधित है वह ग्राह्य है और जो श्रुति से बाधित है, वह अग्राह्य है ।

उपासकों की गति का वर्णन करते हैं ।

अर्थ – जिसकी उपासना अत्यन्त परिपक्व नहीं हुई है, वह मरण के पश्चात् जन्मान्तर में अथवा ब्रह्मलोक में जाकर तत्त्वज्ञान प्राप्त करके मुक्त हो जाता है ।।१३६।।

व्याख्या – उपासना करने वालों की यदि तत्त्वज्ञान से पहले मृत्यु हो जाए तो उनकी मुक्ति कैसे होगी ? इस शंका का समाधान करते हैं । जिस निर्गुणोपासक की ब्रह्मोपासना अत्यन्त परिपक्व नहीं हुई है अर्थात् इसी शरीर में जिस साधक को तत्त्वज्ञान प्राप्त नहीं हुआ और उसकी मृत्यु हो गयी, तो वह***"शुचीनां श्रीमतां गेहे"***इस वचनानुसार दूसरे जन्म में योग्य कुल और परिवार में जन्म लेकर पुनः ब्रह्माभ्यास करके मुक्त हो जाता है । अथवा वह उपासक अपने पुण्य प्रताप से ब्रह्मलोक में

प्राणवियोगकालः। ब्रह्मलोकस्थितिकालो वा । यस्य तु साधकस्य निर्गुणोपासनं नातिपक्वं तस्य ब्रह्मलोकावाप्तिरसंशयेति निश्चयेन सिद्ध्यति । विच्छिन्नब्रह्मतत्त्वविचारविषयेऽप्यवगन्तव्यमिति दिक्।।

उपासकस्य प्राणावसाने वा जायत एव तत्त्वज्ञानमिति निरूपणम् -

यं यं वापि स्मरन्भावं त्यजत्यन्ते कलेवरम् ।
तं तमेवैति यच्चित्तस्तेन यातीति शास्त्रतः ॥१३७॥
अन्त्यप्रत्ययतो नूनं भावि जन्म तथा सति ।
निर्गुणप्रत्ययोऽपि स्यात्सगुणोपासने यथा ॥१३८॥

अन्वयः - "यं यं वा अपि भावं स्मरन् अन्ते कलेवरं त्यजति। तं तम् एव एति"। "यच्चित्तः तेन याति" इति शास्त्रतः।

अन्वयः - अन्त्यप्रत्ययतः नूनं भावि जन्म । तथा सति यथा सगुणोपासने निर्गुणप्रत्ययः अपि स्यात्।

व्याख्या :-मरणसमये निर्गुणोपासनात्तत्त्वज्ञानमुपजायत इत्यत्र प्रमाणमाह । "यच्चित्तस्तेनैष प्राणमायाति प्राणस्तेजसा युक्तस्सहात्मना यथासङ्कल्पितं लोकं नयती"ति गीतावाक्यमूलभूतकण्वश्रुतेरपि प्रमाणितमेतद्भवति । अतश्च श्रुतिस्मृतिप्रमाणप्रदर्शनपुरस्सरं स्पष्टयति मरणसमयेऽपि तत्त्वज्ञानं जायत एवोपासकस्येति । अन्ते प्राणावसानसमये मरणावस्थायां यं यं वापि स्वेष्टदेवताविशेषं निर्गुणं ब्रह्म

जाकर ***"ब्रह्मणा सह मुच्यते"*** इस वचनानुसार वहीं पर तत्त्वज्ञान को प्राप्तकर ब्रह्माजी की आयु समाप्त होने पर कल्पान्त में उन्हीं के साथ मुक्त हो जाता है ।

मरणकाल में प्राप्त ज्ञान से मुक्ति प्राप्त होती है, इसमें प्रमाण देते हैं ।

अर्थ - अन्तकाल में (मनुष्य) जिस-जिस भाव का स्मरण करता हुआ शरीर छोड़ता है, वह उसी-उसी को प्राप्त होता है । श्रुति भी कहती है कि जिसका चित्त जहाँ लगा होता है, वह वहीं जाता है ।।१३७।।

व्याख्या - अन्तकाल में जैसी मति होती है, वैसी ही गति होती है । ***"अन्ते या मतिः सा गतिः"*** अतः मनुष्य अन्तकाल (मरणकाल) में जिस-जिस भाव का स्मरण करता हुआ पार्थिव शरीर का त्याग करता है वह उसी-उसी भाव को प्राप्त होता है । इस विषय में श्रुति और स्मृति दोनों प्रमाण हैं । गीता में कहा है कि -

यं यं वापि स्मरन्भावं त्यजत्यन्ते कलेवरम् ।
तं तमेवैति कौन्तेय सदा तद्भावभावितः ।। (गी. ८/६)

हे अर्जुन ! मनुष्य अन्तकाल में जिस-जिस भी भाव को स्मरण करता हुआ शरीर छोड़ता है, वह उस-उस को ही प्राप्त होता है क्योंकि वह सदा उसी भाव से भावित रहता है । श्रुति भी कहती है - ***"यच्चित्तस्तेनैष प्राणमायाति प्राणस्तेजसा युक्तः सहात्मना यथा संकल्पितं लोकं नयति"*** (प्र.उ. ३/१०) पिप्पलाद मुनि आश्वलायन जी से कहते हैं कि यह जीवात्मा जिस संकल्प वाला होता है, उस संकल्प के साथ मुख्य प्राण में स्थित हो जाता है । वह प्राण तेज (उदान) से युक्त होकर मन और इन्द्रियों से युक्त जीव को उसके संकल्प के अनुसार भिन्न-भिन्न लोकों को ले जाता है । इन वचनों से यह ज्ञात होता है कि मरणकाल में भी ज्ञान होने पर अवश्य ही मुक्ति प्राप्त हो सकती है ।

वा स्मरन् तात्पर्येण संस्मरन् कलेवरं देहं त्यजति विसृजति तदा तं तमेवरूपमेति ।अत्र स्मृतिः प्रमाणं – ''यं यं वापि स्मरन्भाव''मित्यादिगीतावाक्यम् । तथात्र श्रुतिरपि – ''यच्चित्तस्तेनैष प्राणमायाति प्राणस्तेजसा युक्तः सहात्मना यथासङ्कल्पितं लोकं नयती''ति काण्ववचनमपि । यच्चित्तो यस्मिन्भावे चित्तं यस्य स तेन भावेन यातीत्यर्थः । तथा प्रश्नवचनवद्बृहदारण्यकेऽपि ''यथाकारी यथाचारी तथा भवती''त्यपि श्रूयते । अतोऽन्त्यप्रत्ययतः प्राणोत्क्रमणसमये यादृशं ज्ञानं तदनुरूपं पश्चाज्जन्म नूनं भवति । एवं तर्हि जन्मान्तरे निश्चिते सति निर्गुणोपासकस्य मरणकाले ज्ञानस्य मोक्षोपकारकत्वे प्रमाणत्वेन कथ्येते समुदाह्रियत इत्याशङ्क्याह – तथेति । तथा सति यथा सगुणोपासने मरणसमये पूर्वाभ्यस्तसगुणब्रह्माकारः प्रत्ययो भवति तथा निर्गुणोपासने निर्गुणप्रत्ययोऽपि निर्गुणब्रह्मगोचरः प्रत्ययोऽपि भविष्यतीति शम् ।।

निर्गुणब्रह्मप्राप्तिरेव मोक्ष इति निरूपणम् –

नित्यनिर्गुणरूपन्तन्नाममात्रेण गीयताम् ।
अर्थतो मोक्ष एवैष संवादिभ्रमवन्मतः।।१३९।।

अन्वयः – तत् नित्यनिर्गुणरूपं नाममात्रेण गीयताम्। अर्थतः एषः मोक्षः एव। संवादिभ्रमवत् मतः।

व्याख्या :– निर्गुणोपास्त्या प्राणावसानसमये तत्फलभूतनिर्गुणब्रह्मावाप्तिरेव स्यान्न तु ज्ञाननिमित्तस्तत्त्वसाक्षात्काररूपो मोक्ष इत्याशङ्कायां तयोर्भेदो नाममात्रादेवेति स्पष्टयति । तद्विचारप्राप्तं ब्रह्म नित्यनिर्गुणरूपमिति नाममात्रेण गीयतां कथ्यताम् । एष नित्यनिर्गुणब्रह्मप्रत्ययो मोक्ष एवार्थतो

पूर्वोक्तकथन को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ – अन्तकाल की भावना के अनुसार ही भावी जन्म प्राप्त होता है ऐसा मानने पर जैसे सगुणोपासक को सगुण ब्रह्म की प्राप्ति होती है, वैसे ही निर्गुण ब्रह्म के उपासक को निर्गुण ब्रह्म का ज्ञान प्राप्त होता है ।।१३८।।

व्याख्या – उदाहृत श्रुति और स्मृति वचन से यह तो सिद्ध होता है कि अन्तकाल की भावना के अनुसार भावी जन्म होता है, किन्तु ज्ञान से मुक्ति होती है ऐसा नहीं कहा गया है । और यदि आगामी जन्म का अंगीकार करोगे तो मरणकाल में ज्ञान से मोक्ष कैसे हो सकता है ? इस आशंका का समाधान करते हैं । अन्तकाल की भावना के अनुसार भावी जन्म का निश्चय होता है, यदि ऐसा मानते हो तो जैसे सगुण ब्रह्म की उपासना करने वाले को मरण के पश्चात् पूर्वाभ्यासवशात् सगुण ब्रह्माकार ज्ञान उत्पन्न होता है, वैसे ही निर्गुण ब्रह्म की उपासना करने वाले को भी निर्गुण ब्रह्म का ज्ञान उत्पन्न होता है ।

निर्गुण ब्रह्म की प्राप्ति ही मोक्ष है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ – वह ब्रह्म नित्य निर्गुण स्वरूप है, इस प्रकार नाममात्र से भले ही कहा करो किन्तु वस्तुतः संवादी भ्रम की तरह यह मोक्ष ही है, ऐसा माना गया है ।।१३९।।

व्याख्या – पूर्वोक्त नियमानुसार तो निर्गुण प्रत्यय से केवल निर्गुण ब्रह्म की प्राप्ति ही होगी, मुक्ति प्राप्त नहीं होगी, ऐसी आशंका का उत्तर देते हैं कि ब्रह्म प्राप्ति और मुक्ति इन दोनों का भेद केवल शाब्दिक

भवति । अत एवाभिधीयते ''स्वरूपावस्थितिर्मुक्ति''रिति । अत्रोदाहरणं प्रदर्श्यते । संवादिभ्रमवन्मतः। संवादिभ्रमो यथा नाममात्रेण भ्रमस्वरूप इत्युच्यते वस्तुतस्तु तत्त्वज्ञानरूपप्रमैव विद्यते तद्वदिति भावः। फलप्राप्त्युपयोगित्वात् । तद्वन्निर्गुणोपासनाफलभूतो निर्गुणब्रह्मप्रत्ययोऽर्थतो नित्यनिर्गुणात्मकं परं ब्रह्मैव भवतीत्यर्थ इति शम् ।।

उपासनासामर्थ्याज्ज्ञानोत्पत्तौ युक्तिप्रदर्शनम् -

तत्सामर्थ्याज्जायते धीर्मूलाविद्यानिवर्तिका ।
अविमुक्तोपासनेन तारकब्रह्मबुद्धिवत् ।।१४०।।

अन्वयः - तत्सामर्थ्यात् मूलाविद्यानिवर्तिका धीः जायते।अविमुक्तोपासनेन तारकब्रह्मबुद्धिवत्।

व्याख्या :-ज्ञानमन्तरा केवलमानसिकक्रियारूपभूतेन निर्गुणोपासनेन मुक्तिर्भवतीति मुक्तिसाधन-त्वाभिधानं विरुध्यत इत्याशङ्कायां तज्जन्यज्ञानस्य तत्सामर्थ्यान्निर्गुणब्रह्मधीर्जायत इति ज्ञानस्यैव मोक्षसाधनत्वाभिधानान्न कोऽपि विरोध इति सदृष्टान्तं प्रतिपादयति । अविमुक्तोपासनेन सगुणब्रह्मोपासनेन तारकब्रह्मबुद्धिवत्सगुणब्रह्मबुद्धिवत्तत्सामर्थ्यात्तस्य निर्गुणोपासनस्य सामर्थ्यात् मूलाविद्यानिवर्तिका

है, अर्थ दोनों का एक ही है । अर्थ में कोई भेद नहीं है । जो लक्षण निर्गुण ब्रह्म के हैं, मुक्ति के भी वे ही हैं । इसलिये निर्गुण ब्रह्म की प्राप्ति का अर्थ है मुक्ति प्राप्त करना । ऐसा भी कहा जा सकता है कि निर्गुण ब्रह्म ही अपना आत्मस्वरूप है और अपने आत्मस्वरूप में स्थित होना ही मुक्ति है । संवादी भ्रम इसका स्पष्ट उदाहरण है । वह वस्तुतः भ्रम न होकर प्रमा अथवा यथार्थ ज्ञान है, क्योंकि जो वस्तु यथार्थ ज्ञान से प्राप्त होती है, वही संवादी भ्रम से प्राप्त होती है । यदि संवादी भ्रम से सत्य की ही प्राप्ति होती है तो वह नाममात्र का भ्रम है, वस्तुतः वह प्रमा ही है । इसलिये निर्गुण ब्रह्म की प्राप्ति का अर्थ मुक्ति प्राप्त होना है ।

उपासना सामर्थ्य से ज्ञानोत्पत्ति में युक्ति प्रदर्शित करते हैं ।

अर्थ - जैसे अविमुक्त (सगुण ब्रह्म) की उपासना से तारक ब्रह्म की बुद्धि उत्पन्न होती है, वैसे ही उस (निर्गुण ब्रह्म की उपासना) के सामर्थ्य से मूलाविद्या की निवर्तिका बुद्धि उत्पन्न होती है ।।१४०।।

व्याख्या - शुद्ध सगुण उपासना को 'अविमुक्त उपासना' भी कहते हैं, क्योंकि ''**सगुणोपासक मोच्छ न लेंही**'' सगुणोपासक मोक्ष पाने की इच्छा ही नहीं रखते, किन्तु वे भी अपने इष्ट की उपासना करते-करते मुक्त हो जाते हैं । उनके अन्दर गुरुरूप इष्ट की कृपा से अपने आप तारक ब्रह्मविद्या उत्पन्न होती है और वह उन्हें मुक्त कर देती है ।

भगति करत बिनु जतन प्रयासा । संसृति मूल अविद्या नासा ।
भोजन करिअ तृपिति हित लागी । जिमि सो असन पचवै जठरागी।।(रा.मा. ७/११९)

इसका तात्पर्य यह हुआ कि जैसे खाया हुआ भोजन पेट के भीतर ही भीतर जठराग्नि द्वारा पचता रहता है और ऊपर से दिखाई नहीं देता, वैसे ही उपासना करते रहने से आत्मा पर छाया हुआ अविद्या

धीरपरोक्षा बुद्धिर्जायते । येन च प्रकारेण तारकब्रह्मविद्या ह्यविमुक्तसगुणब्रह्मोपासनासामर्थ्यात्सञ्जायत एवमेव निर्गुणब्रह्मज्ञानमपि निर्गुणब्रह्मोपासनया प्रजायत इत्यत्र न कोऽपि विरोधलेश इति शम् ।।

निर्गुणोपासनायाः फलं मोक्ष इत्यत्र प्रमाणप्रदर्शनम् –

सोऽकामो निष्काम इति ह्यशरीरो निरिन्द्रियः।
अभयं हीति मुक्तत्वं तापनीये फलं श्रुतम् ।।१४१।।

अन्वयः – "सः अकामः निष्कामः" इति "हि अशरीरः निरिन्द्रियः" "अभयं हि" इति तापनीये मुक्तत्वं फलं श्रुतम् ।

व्याख्या :– तत्र बृहदारण्यकश्रुतौ "सोऽकामो निष्काम आत्मकाम आप्तकामः । न तस्य प्राणा उत्क्रामन्त्यत्रैव समवलीयन्ते ब्रह्मैव सन्ब्रह्माप्येती"ति। तथा नृसिंहतापनीयेऽ"प्यशरीरो निरिन्द्रियोऽप्राणो ह्यमनास्सच्चिदानन्दमात्रस्स्वराट् भवति य एवं वेद चिन्मयो ह्ययमोङ्कारश्चिन्मयमिदं सर्वं तस्मात्परमेश्वर एवैकमेतद्भवति । एतदमृतमभयमेतद्ब्रह्माभयं हि वै ब्रह्म भवति य एवं वेदे"त्यादिना ग्रन्थेन नृसिंहतापनीयोपनिषन्नामके सुस्पष्टमाह । अत्र च अभयं हीति संसारान्निर्भयत्वमुच्यते। अकामोपहतस्य निर्गुणोपासकस्य मुक्तत्वं मोक्षफलत्वेन श्रुतमिति शम् ।।

का आवरण क्षीण होता रहता है, उसे नष्ट करने का कोई विशेष प्रयास नहीं करना पड़ता ।

इसी प्रकार निर्गुण ब्रह्म की उपासना करने से एक ऐसी बौद्धिक शक्ति (सामर्थ्य) उत्पन्न होती है, जो मूल अविद्या का नाश कर देती है । आत्मा पर पड़ा अज्ञान का आवरण ही मूलाविद्या है । 'मैं जीव हूँ, मैं शरीर हूँ' इत्यादि उसी अविद्या का तूल (विस्तार) है, इसलिये इसे तूलाविद्या कहते हैं । मूलाविद्या के नष्ट होने पर तूलाविद्या भी नष्ट हो जाती है ।

निर्गुणोपासना का फल मोक्ष है, इस विषय में प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ – वह उपासक अकाम, निष्काम, अशरीरी, इन्द्रियरहित और अभय हो जाता है, इस प्रकार तापनीय उपनिषद् में उपासना का मुक्ति रूपी फल सुना गया है ।।१४१।।

व्याख्या – इस श्लोक में नृसिंह–उत्तर–तापनीय उपनिषद् के मन्त्र की ओर संकेत किया गया है। अकाम और निष्काम लक्षण बतानेवाली श्रुति इस प्रकार है – ***"सोऽकामो निष्कामो सन् ब्रह्माप्येति"*** (नृ.उ.ता. ५) वह (उपासक) आत्मकाम होने के कारण आप्तकाम (पूर्णकाम) होता है, इसलिये निष्काम (सर्वतृष्णारहित) होता है और निष्काम होने के कारण अकाम (निर्विषयी) अर्थात् मुक्त होता है । उसके प्राणों का लोकान्तर के लिये उत्क्रमण नहीं होता, उसके प्राण यहीं विलीन हो जाते हैं । वह ब्रह्म होता हुआ ही ब्रह्म को प्राप्त होता है । अशरीरी और निरिन्द्रिय बताने वाली श्रुति इस प्रकार है – ***"अशरीरो निरिन्द्रियोऽप्राणो ह्यमनाः सच्चिदानन्दमात्रः स्वराड् भवति य एवं वेद"*** (तृ.उ.ता. ७) जो इस प्रकार जानता है, वह शरीर, इन्द्रिय, प्राण और मन से रहित सच्चिदानन्द स्वरूप स्वराट् (स्वयंप्रकाश) हो जाता है । अभय बताने वाली श्रुति इस प्रकार है ।***"ब्रह्माभयं हि वै ब्रह्म भवति"*** (नृ.उ.ता. ८) इस प्रकार कामना रहित निर्गुणोपासक का मुक्ति रूपी फल उपनिषदों में सुना गया है ।

निर्गुणोपासनाया मोक्षफलकत्वेऽपि न श्रुतिविरोध इति निरूपणम् -

उपासनस्य सामर्थ्यादविद्योत्पत्तिर्भवेत्ततः ।
नान्यः पन्था इति ह्येतच्छास्त्रन्नैव विरुध्यते ॥१४२॥

अन्वयः - उपासनस्य सामर्थ्यात् विद्योत्पत्तिः भवेत् । ततः अन्यः पन्थाः न। इति हि एतत् शास्त्रं न एव विरुध्यते ।।

व्याख्या :-निर्गुणोपासनस्य मोक्षफलकत्वाङ्गीकारेऽपि "ज्ञानादेव हि कैवल्यम्" "ऋते ज्ञानान्न मुक्तिः" "नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाये "त्यादिवाक्यविरोधस्स्यादित्याशङ्कायां मोक्षावाप्त्यैकसाधनभूतस्य ज्ञानस्योपासनाजन्यत्वान्न कोऽपि विरोध इत्याशयवानाह । उपासनाया अपि विद्याव्यवधानेन मोक्षप्रदत्वाभिधानान्न शास्त्रविरोध इति भावः । उपासनस्य सामर्थ्यादपि विद्योत्पत्तिर्ज्ञानोत्पत्तिर्भवेत्। अथापि "तमेवविदित्वातिमृत्युमेति नान्यःपन्था विद्यतेयनाये"त्यादिशास्त्रं न विरुध्यते । ज्ञानादेव तु कैवल्यं, ज्ञानं चोपासनासामर्थ्यादुत्पद्यते इत्युपासनाया मोक्षसाधनत्वोक्तिश्श्रुत्यविरुद्धैवेत्याशयः । उपासनस्य मोक्षसाधनत्वे ज्ञानस्य द्वारभूतत्वेन न हि द्वारेण द्वारिणोऽन्यथासिद्धिरित्युपासनस्य साधनत्वमबाधितम् । अव्यवधानेन फलजनकस्यैव द्वारभूततया तादृशीजनकताबाधिता ज्ञानस्य "नान्यःपन्था"इति वाक्येन । एवञ्चोभयोर्वाक्ययोर्द्वारद्वारिणोर्यथा योगं जनकत्वबोधकतया न परस्परविरोध इति शम् ।।

निष्कामकृतनिर्गुणोपासनस्य मुक्तिफलकत्वनिगमनम् -

निष्कामोपासनान्मुक्तिस्तापनीये समीरिता ।
ब्रह्मलोकस्सकामस्य शैब्यप्रश्ने समीरितः ॥१४३॥

अन्वयः - तापनीये निष्कामोपासनात् मुक्तिः समीरिता सकामस्य शैब्यप्रश्ने ब्रह्मलोकः समीरितः।

निर्गुणोपासना मोक्ष रूपी फल देने वाली है, यह कथन श्रुतिविरुद्ध नहीं है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - उपासना की सामर्थ्य से विधा उत्पन्न होती है इसलिये "नान्यः पन्था" यह शास्त्रवचन विरुद्ध नहीं पड़ता ।।१४२।।

व्याख्या - उपासना से मुक्ति होती है, यदि ऐसा मानते हो तो ***"नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय"*** (श्वे.उ. ३/८) 'ज्ञान के अतिरिक्त मोक्ष का और कोई उपाय नहीं है ' इत्यादि श्रुतियों का विरोध होगा, ऐसी आशंका होने पर कहते हैं कि उपासना की सामर्थ्य से विद्या की उत्पत्ति होती है । इसलिये **"नान्यः पन्था"** ***"ज्ञानादेव तु कैवल्यं" "ऋते ज्ञानान्न मुक्तिः"*** **इत्यादि श्रुतियों** के साथ कोई विरोध नहीं है । भाव यह है कि मोक्ष तो ज्ञान से ही होता है और ज्ञान उपासना की सामर्थ्य से उत्पन्न होता है तात्पर्य यह है कि ज्ञान, उपासना की सामर्थ्य से उत्पन्न होने से उपासना को मोक्ष का साधन कहना वेदशास्त्र के विरुद्ध नहीं है ।

निष्काम उपासक को मोक्ष और सकाम उपासक को ब्रह्मलोक की प्राप्ति में प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - निष्काम उपासना से मुक्ति होती है, यह बात तापनीय उपनिषद् में कही गई है और सकाम

व्याख्या :- "मरणे ब्रह्मलोके वा तत्त्वं विज्ञाय मुच्चत" इत्युक्तार्थे श्रुतिं प्रमाणयति । तापनीये नृसिंहोत्तरतापनीये निष्कामोपासना"त्सोऽकामो निष्काम"इत्यादिवाक्यान्मुक्तिस्समीरिता । सकामकृतनिर्गुणोपासनाया ब्रह्मलोकफलकत्वं सप्रमाणं च प्रतिपादयति । सकामस्य निर्गुणोपासकस्य तु ब्रह्मलोक इत्ययमंशः प्रश्नोपनिषदि शैष्बप्रश्ने "यः पुनरेतत्त्रिमात्रेणोमित्यनेनैवाक्षरेण परं पुरुषमभिध्यायीत स तेजसि सूर्ये सम्पन्नो यथा पादोदरस्त्वचा विनिर्मुच्यत एवं ह वै स एतस्माज्जीव-घनात्परात्परं पुरिशयं पुरुषमीक्षत " इत्यादिना पञ्चमप्रश्ने समीरित इति शम् ।।

प्रश्नोपनिषदि शैब्यप्रश्नवाक्यस्यार्थतोऽवतारणम् -

य उपास्ते त्रिमात्रेण ब्रह्मलोके स नीयते ।
स एतस्माज्जीवघनात्परं पुरुषमीक्षते ।।१४४।।

अन्वयः - यः त्रिमात्रेण उपास्ते सः ब्रह्मलोके नीयते। सः एतस्मात् जीवघनात् परं पुरुषम् ईक्षते।।

व्याख्या :-पूर्वोक्तां तामेव श्रुतमिर्थतः पठति । यस्त्रिमात्रेणाकारोकारमकाररूपमात्रात्रय-विशिष्टेनोङ्कारेणोपास्ते साधकस्स ब्रह्मलोके नीयते । अत एव छान्दोग्येऽपि "पुरुषोऽमानवस्स एनान्ब्रह्म गमयत्येष देवयानः पन्था" इति श्रूयते । पूर्वोक्तश्रुतिवाक्ये ब्रह्मलोकावाप्तिमात्रस्यैव श्रूयमाणत्वात्सकामोपासको मोक्षावाप्तौ हताश एव किमित्याकाङ्क्षायां न तथा हताशो भवेद्यतो ब्रह्मलोकगमनानन्तरं विद्यामास्थाय परमपुरुषमीक्षत इत्याह । शैब्यप्रश्ने सकामस्य न केवला

को ब्रह्मलोक की प्राप्ति होती है, ऐसा प्रश्नोपनिषद् में शैब्य के प्रश्न में कहा गया है ।।१४३।।

व्याख्या - श्लोक १४१ में ***"सोऽकामो निष्कामो"*** इस प्रकार नृसिंह-उत्तर-तापनीय उपनिषद् के वाक्यों का उल्लेख कर चुके हैं । निष्काम भाव से निर्गुण ब्रह्म की उपासना करने से मुक्ति प्राप्त होती है, नृसिंहोत्तर-तापनीय उपनिषद् में अनेकों बार ऐसा कहा गया है और जो उपासक सकाम भाव से ब्रह्म की उपासना करता है, उसे ब्रह्मलोक की प्राप्ति होती है, ऐसा प्रश्नोपनिषद् के शैब्य प्रश्न में स्पष्ट रूप से कहा गया है ।

पूर्वोक्त शैब्यप्रश्न के वाक्य का अर्थतः पठन करते हैं ।

अर्थ - जो पुरुष तीनमात्राओं सहित ओंकार की उपासना करता है, वह ब्रह्मलोक ले जाया जाता है । वह वहाँ जीवघन (हिरण्यगर्भ) से श्रेष्ठ पुरुष (परमात्मा) के दर्शन करता है ।।१४४।।

व्याख्या - प्रश्नोपनिषद् में पिप्पलाद ऋषि से पाँचवा प्रश्न शिबि के पुत्र शैब्य ने किया कि जो मनुष्य मृत्युपर्यन्त अकार, उकार और मकार इन तीन मात्राओं से विशिष्ट ओंकार की उपासना करता है, वह उपासना के बल से किस लोक को जाता है ? उसके उत्तर में पिप्पलाद ऋषि एक, दो और तीन मात्रावाले ओंकार की उपासनाओं का अलग-अलग फल बताते हैं । जो पुरुष तीन मात्राओं सहित ओंकार की उपासना करता है, वह ब्रह्मलोक ले जाया जाता है । अन्य श्रुति में भी कहा है ***"तत्पुरुषोऽमानवः स एनान् ब्रह्म गमयत्येष देवयानः पन्थाः"*** (छा.उ. ५/१०/२) यदि कहो कि उक्त श्रुतिवाक्य में उपासक को ब्रह्मलोक की प्राप्तिमात्र फल सुना गया है, मोक्ष नहीं, तो फिर सकाम उपासक को मोक्ष कैसे प्राप्त होगा ? इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि सकाम उपासक को हताश होने की आवश्यकता

ब्रह्मलोकगतिरेव प्रतीयते । किन्तु तस्य तत्त्वसाक्षात्कारोऽपि श्रूयत इत्याशयः । स सकामोनिर्गुणोपासक एवं नीयमानस्तत्र ब्रह्मलोके सर्वपाप्मना मुक्तो भूत्त्वा विद्यां ज्ञानमास्थायोपलभ्यैतस्माद्व्यष्टिलिङ्गशरीर-साजात्येन साक्षिप्रत्यक्षाज्जीवसमष्टिरूपहिरण्यगर्भात्सर्वसंसारिणां जीवानामात्मभूतत्वात्सर्व-जीवसंहतस्वरूपाद्विशिष्टमुत्कृष्टं परं पुरुषं निरुपाधिकचैतन्यस्वरूपं परमात्मानमीक्षते साक्षात्करोति। तस्मादुपासकोऽपि ज्ञानं लभत इति शम् ।।

प्रमाणान्तरस्य ब्रह्मसूत्रन्यायस्य निरूपणम् -

अप्रतीकाधिकरणे तत्क्रतुन्याय ईरितः ।
ब्रह्मलोकफलन्तस्मात्सकामस्येति वर्णितम् ।।१४५।।

अन्वयः - अप्रतीकाधिकरणे तत्क्रतुन्याय ईरितः। तस्मात् सकामस्य ब्रह्मलोकफलम् इति वर्णितम्।

व्याख्या :-एवं सकामस्य निर्गुणोपासकस्य ब्रह्मलोकप्राप्तौ ब्रह्मसूत्रसम्मतिमपि प्रदर्शयति । अत्र सकामोपासना द्विप्रकारा । सत्यसङ्कल्पत्वाद्यनेकगुणविशिष्टाहङ्ग्रहात्मिकैका । जडेषु नामादिषु ब्रह्मप्रत्ययात्मिका च अन्यतरस्याविशेषो वेति प्रश्ने फलमिदमादिमाया एव न त्वन्तिमाया इत्यत्र प्रमाणयति व्याससूत्रम् । अप्रतीकाधिकरणे आश्रयान्तरप्रत्ययस्याश्रयान्तरे क्षेपः प्रतीकः । यथा "नाम ब्रह्मेत्युपासीते"त्यादौ नामादिषु ब्रह्माश्रयस्य प्रत्ययस्य प्रक्षेप एव प्रतीकः । स न भवतीत्यप्रतीकः। तमधिकृत्य कृतेऽधिकरणे । एकार्थप्रतिपादके विषयसंशयपूर्वपक्षसिद्धान्तसङ्गतिफलभेदात्मकपञ्चाङ्ग-

---

नहीं है, क्योंकि वह ब्रह्मलोक में जाने के बाद वहीं पर आत्मज्ञान प्राप्त कर मुक्त हो सकता है । वह उपासक वहाँ जीवघन हिरण्यगर्भ से श्रेष्ठ परम पुरुष (परमात्मा) के दर्शन करता है ।"***पुनरेतं त्रिमात्रेणोमित्येतेनैवाक्षरेण परं पुरुषमभिधाय स तेजसि सूर्ये सम्पन्नः यथा पादोदरस्त्वचा विनिर्मुच्यते एवं ह वै स पाप्मना विनिर्मुक्तः स सामभिरुन्नीयते ब्रह्मलोकं स एतस्मात् जीवघनात् परात्परं पुरिशयं पुरुषमीक्षते***" (प्र.उ. ५/५) पुनः जो तीन मात्रावाले ओंकार अक्षर के द्वारा परम पुरुष का निरन्तर ध्यान करता है, वह तेजोमय सूर्यलोक में जाता है । तथा जिस प्रकार सर्प केंचुली से अलग हो जाता है, वैसे ही पापों से सर्वथा मुक्त हो जाता है । इसके बाद वह सामवेद की श्रुतियों द्वारा ऊपर ब्रह्मलोक में ले जाया जाता है । वह इस जीवसमुदाय रूप परमतत्त्व से अत्यन्त श्रेष्ठ शरीर रूपी नगरी में रहने वाले उस अन्तर्यामी परमात्मा का साक्षात्कार कर लेता है ।

सकाम उपासक को ब्रह्मलोक की प्राप्ति में ब्रह्मसूत्र का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं।

अर्थ - (ब्रह्मसूत्र के) अप्रतीकाधिकरण में तत्क्रतु न्याय कहा गया है, इसलिये सकाम उपासना का फल ब्रह्मलोक है, ऐसा वर्णन किया गया है ।।१४५।।

व्याख्या - उपासना दो प्रकार की है - एक सत्यसंकल्पत्वादि अनेकगुणविशिष्ट अहंग्रहोपासना और दूसरी है नाम-आदित्य आदि में ब्रह्मभावना रूप प्रतीकोपासना । क्या इन दोनों उपासनाओं का ब्रह्मलोक की प्राप्ति रूप फल समान है अथवा नहीं ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि प्रथम उपासना का ही ब्रह्मलोक प्राप्ति रूप फल कहा गया है, दूसरी का नहीं । इस विषय में भगवान् वेदव्यास का सूत्र प्रस्तुत करते हैं । ब्रह्मसूत्र के चतुर्थ अध्याय के तीसरे पाद में छटवाँ अप्रतीकाधिकरण है । वहाँ पर यह सूत्र

बोधकवाक्यसमुदायरूपन्यायनिर्णयस्थानभूतेऽधिकरणे शारीरकमीमांसायाश्चतुर्थाध्यायतृतीयपादस्य षष्ठेऽधिकरणे ''अप्रतीकालम्बनान्नयतीति बादरायण उभयथादोषात्तत्क्रतुश्चे''त्यादिना तत्क्रतुन्याय ईरित उक्तः । तत्र कामानुसारेण फलप्राप्तिर्भवतीति प्रत्यपादि । तस्माच्चापि हेतोस्सकामस्य ब्रह्मलोकगतिस्सिद्धा। सूत्रार्थस्त्वेवम् । सकामोपासकानां मध्ये प्रतीकोपासका ''नामब्रह्मेत्युपासीत'' ''आदित्यं ब्रह्मेत्युपास्त'' इत्यादिविविधजडवस्तुष्वारोपितब्रह्मदृष्ट्योपासनं कुर्वाणाः केचन। अप्रतीकोपासकाश्च मनोमयत्वभारूपत्वसत्यसङ्कल्पत्वाद्यनेकधर्मविशिष्टं ''ब्रह्मैवाहमस्मि'' इत्यहङ्ग्रहोपासका अन्ये । तेषु पुरुषो ब्रह्मलोकं नयत्युताहो चान्यतरानितिसन्देहेऽप्रतिकालम्बनानेव नयतीति बादरायणोऽभिप्रैति । न''न्वनियमस्सर्वासामविरोधश्शब्दानुमानाभ्या''मिति सूत्रे नयने नियमाभावस्योक्तत्वात्केषाञ्चिदेव नयने तद्विरोधस्स्यादित्यत उच्यते । उभयथा चादोषात्कांश्चिन्नयति न कांश्चिदित्युभयथाभ्युपगमे दोषस्याभावात् । अत्र सर्वशब्देन प्रतीकालम्बनोपासकातिरिक्तानामेव गृहीतत्वात् । तन्मात्रग्रहणे च कारणमाह । तत्क्रतुश्चेति । तत्क्रतुस्तस्य परब्रह्मणः क्रतुस्सङ्कल्प

है ***''अप्रतीकालम्बनान्नयतीति बादरायण उभयथाऽदोषात्तत्क्रतुश्च''*** (ब्र.सू. ४/३/१५) इस सूत्र का अर्थ इस प्रकार है – प्रतीकों का आलम्बन न रखनेवालों को वह (अमानुष पुरुष) ले जाता है, ऐसा बादरायणाचार्य कहते हैं । दोनों प्रकार से मानने में कोई दोष नहीं प्राप्त होता क्योंकि (ब्रह्म का) जो संकल्प करता है, वह (उसी को प्राप्त होता है) ।

इस सूत्र के भाष्य का अर्थ इस प्रकार है –

यह निश्चय हुआ कि श्रुति में जो गति का वर्णन है, वह कार्य ब्रह्म के सम्बन्ध में है, परब्रह्म के सम्बन्ध में नहीं । अब यहाँ संदेह होता है कि क्या सब प्रकार के कार्य ब्रह्म के उपासकों को सामान्य रूप से वह अमानुष पुरुष ब्रह्मलोक को ही ले जाता है ? पूर्वपक्षी – इन सभी उपासकों को वह परब्रह्म से भिन्न ऐसे कार्यब्रह्म के पास ले जाता है क्योंकि ***''अनियमः सर्वासामविरोधः शब्दानुमानाभ्याम्''*** (ब्र.सू. ३/३/३१) (सगुण विद्याओं में मार्ग के सम्बन्ध में कोई नियम नहीं है और ऐसा मानने से कोई विरोध भी नहीं है, ऐसा श्रुति और अनुमान प्रमाण से विदित होता है) इस सूत्र में अन्य विद्याओं के लिये भी यह गति सामान्य रूप से कही गई है । ***समाधान*** – इस शंका के उत्तर में प्रस्तुत सूत्र कहा गया है, जिसका अर्थ यह है कि (प्रतीकोपासकों को छोड़कर) जो कार्य ब्रह्म का आलम्बन रखकर उपासना करने वाले हैं, उनको वह ब्रह्मलोक को ले जाता है, ऐसा बादरायणाचार्य का मत है । और उभय प्रकार मानने से कोई दोष भी प्राप्त नहीं होता । अनियम का जो कथन किया गया है, वह प्रतीक उपासकों के अतिरिक्त अन्य उपासकों के लिए है ऐसा कह सकते हैं । ***'तत्क्रतुश्च'*** (उसका जो संकल्प करता है वह) ऐसा कहकर दोनों प्रकार मानने के लिये कारण दिया है, ऐसा समझना चाहिये । इसीलिये जिसको ब्रह्म का संकल्प है, उसको ब्रह्म का ऐश्वर्य प्राप्त हो जाय, यह योग्य ही है, जैसे ***''तं यथा यथोपासते तदेव भवति''*** (उसकी जो जिस-जिस रूप से उपासना करता है, वैसा ही वह हो जाता है) ***''यं यं वापि स्मरन्भावं त्यजत्यन्ते कलेवरं तं तमेवैति कौन्तेय सदा तद्भावभावितः''*** इस प्रकार श्रुति और स्मृति दोनों में ही जो जिसका उपासक होता है, उसे उसी भाव की प्राप्ति होती है ऐसा कहा गया है । यह कार्यब्रह्मोपासकों के विषय में कहा गया है । किन्तु प्रतीकोपासना में ब्रह्म की कल्पना नहीं

उपासनं यस्य स तथोक्तः । तं यथायथोपासते तदेव भवति "यं यं वापि स्मरन्भावं त्यजत्यन्ते कलेवरम् । तं तमेवैति कैन्तेय सदा तद्भावभावित" इत्यादिश्रुतस्मृत्योर्यद्विषय उपासकस्स तद्भावमेवैतीति कार्यब्रह्मोपासकानामेव तत्प्राप्तिः । सकामस्याप्रतीकोपासकस्य तु फलं ब्रह्मलोकप्राप्तिरेव । प्रतीकोपासकस्य तु प्रतीकस्यैव प्रधान्यान्न तस्य ब्रह्मलोकावाप्तिरिति दिक् ।।

ब्रह्मणा सहमुक्तिरुपासकानामिति निरूपणम् –

निर्गुणोपास्तिसामर्थ्यात्तत्र तत्त्वमवेक्षते।
पुनरावर्तते नायङ्कल्पान्ते च विमुच्यते।।१४६।।

अन्वयः – निर्गुणोपास्तिसामर्थ्यात् तत्र तत्त्वम् अवेक्षते। अयं पुनः न आवर्तते। कल्पान्ते च विमुच्यते।।

व्याख्या :–मोक्षस्यावश्यं ज्ञाननिमित्तकत्वात्सकामोपासकस्य कथं तत्त्वज्ञानोत्पत्तिरित्याशङ्कां परिहरति । अयं सकामनिर्गुणोपासको निर्गुणोपास्तिसामर्थ्यात्तत्र ब्रह्मलोके तत्त्वमवेक्षते साक्षात्करोति। ननु सकामस्य निर्गुणोपासकस्य ब्रह्मलोकावाप्तिः फलमित्युदाहृतप्रमाणैरवगम्यते । न तु नियमेनोपासनापरिपाको भवतीति ज्ञायते । तथा च कथमुच्यत उपासनासामर्थ्यात्तत्र ज्ञानोदय इत्यपेक्षायामाह । "इमं मानवमावर्तं नावर्तते न स पुनरावर्तते न स पुनरावर्तते " "ब्रह्मणा सह ते सर्वे प्रमुच्यन्ते" "अनावृत्तिश्शब्दादनावृत्तिश्शब्दा"दित्यादिश्रुतिस्मृतिन्यायादीनां सद्भावान्नायमुपासकः। तस्माद्ब्रह्मलोकान्न पुनरावर्तते न पुनस्संसारं प्राप्नोति । किन्तु मुक्त एव भवति । अतश्च पूर्वोक्तप्रमाणैः

होती, क्योंकि उन उपासनाओं में प्रतीक ही प्रधान विषय होता है । अतः प्रतीकोपासकों को ब्रह्मलोक की प्राप्ति का वर्णन नहीं किया गया है । जिसको ब्रह्म का संकल्प होता है, उसी उपासक को ब्रह्मलोक की प्राप्ति होती है, अन्य को नहीं । इसीलिये अप्रतीकोपासक (सकाम उपासक) को ब्रह्मलोक प्राप्ति रूप फल प्राप्त होता है और प्रतीकोपासकों को ब्रह्मलोक की प्राप्ति नहीं होती है ।

निर्गुणोपासक की मुक्ति का विचार करते हैं ।

अर्थ – वह (उपासक) निर्गुणोपासना की सामर्थ्य से वहाँ (ब्रह्मलोक में) तत्त्व का साक्षात्कार करता है । वहाँ से पुनः लौटकर नहीं आता और कल्प के अन्त में मुक्त हो जाता है ।।१४६।।

व्याख्या – मोक्ष तो ज्ञान से ही होता है, तो फिर सकाम उपासक को तत्त्वज्ञान की उत्पत्ति कैसे होगी ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि यह सकाम निर्गुणोपासक निर्गुणोपासना की सामर्थ्य से वहाँ (ब्रह्मलोक में) तत्त्व को देखता है अर्थात् तत्त्व का साक्षात्कार करता है । ***शंका*** – सकाम निर्गुणोपासक का ब्रह्मलोक प्राप्ति रूप फल तो पूर्व में उदाहृत प्रमाणों से ज्ञात होता है किन्तु उनकी उपासना नियमपूर्वक परिपक्व होती है, ऐसा नहीं कहा गया है तो फिर आप ऐसा कैसे कहते हैं कि उपासना की सामर्थ्य से ब्रह्मलोक में ज्ञानोदय होता है ? ***समाधान*** – यह निर्गुणोपासक ब्रह्मलोक से पुनः लौटकर नहीं आता ***''अनावृत्तिः शब्दात् अनावृत्तिः शब्दात्''*** (ब्र.सू.४/४/२२) ***''इमं मानवमावर्तं नावर्तन्ते न स पुनरावर्तते''*** (छा.उ. ४/१५/६) इत्यादि सूत्र और श्रुति वाक्यों में उसकी पुनरावृत्ति का अभाव कहा गया है । इससे यह भी ज्ञात होता है कि वहाँ (ब्रह्मलोक) पर अवश्य ही उपासना परिपक्व होती है ।

पुनरावृत्त्यभावकथनेन तद्बलात्तत्रावश्यमुपासनापरिपाकोऽपि भवतीति कल्पनीयमिति संभाव्यते । तत्र चोपासनापरिपाके किं तस्य फलमित्यत्राह । अयमुपासकः कल्पान्ते ब्रह्मणा सह विमुच्यत इति शम् ।।

प्रणवोपासनस्य सगुणत्वनिर्गुणत्वकथनम् -

प्रणवोपास्तयः प्रायो निर्गुणा एव वेदगाः।
क्वचित्सगुणताप्युक्ता प्रणवोपासनस्य हि।।१४७।।

अन्वयः - प्रणवोपास्तयः प्रायः निर्गुणाः एव वेदगाः। क्वचित् प्रणवोपासनस्य सगुणता अपि उक्ता हि।

व्याख्या :-सम्प्रति प्रणवोपासनप्रसङ्गाद्बुद्धिस्थं तद्द्वैविद्यं दिदर्शयिषति । निर्गुणोपासनप्रकरणे "य उपास्ते त्रिमात्रेणे"ति प्रणवोपासनप्रतिपादनं कथं सम्बन्ध्यते? सगुणोपासनत्वात्तस्येत्याशङ्कायां मैवं मंस्थाः । निर्गुणोपासनत्वस्यापि तस्य सद्भावादित्याह । वेदगाः प्रश्नकठामृतनादोत्तरतापनीयाद्युपनिषत्प्रतिपादिताः प्रणवोपास्तयः प्रायो निर्गुणा एव । क्वचित् प्रणवोपासनस्य सगुणताप्युक्तेति शम्।।

प्रणवोपासनस्य द्वैविद्ध्ये प्रमाणनिरूपणम् -

परापरब्रह्मरूप ओङ्कार उपवर्णितः।
पिप्पलादेन मुनिना सत्यकामाय पृच्छते।।१४८।।

अन्वयः -पिप्पलादेन मुनिना पृच्छते सत्यकामाय परापरब्रह्मरूपः ओंकारः उपवर्णितः।

वहाँ पर उपासना के परिपक्व होने पर क्या फल होता है ? तो कहते हैं कि यह निर्गुणोपासक कल्प के अन्त में ब्रह्माजी के साथ मुक्त हो जाता है।

प्रणवोपासना के सगुणत्व और निर्गुणत्व का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - वेदों में प्रणव की उपासना प्रायः निर्गुण ही कही गयी है । कहीं-कहीं प्रणवोपासना की सगुणता का भी उल्लेख मिलता है ।।१४७।।

व्याख्या - प्रकृत प्रसंग तो निर्गुणोपासना का चल रहा है, बीच में ***''य उपास्ते त्रिमात्रेण''*** इस प्रकार प्रणवोपासना का वर्णन करना असम्बद्ध है क्योंकि प्रणवोपासना तो सगुणोपासना ही है । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि वह निर्गुणोपासना भी है । वेदों में अर्थात् प्रश्न, कठ, अमृतनाद आदि उपनिषदों में प्रतिपादित प्रणव (ओंकार) की उपासनाएँ प्रायः निर्गुण ही हैं । किन्तु कहीं-कहीं प्रणवोपासना की सगुणता का भी प्रतिपादन किया गया है ।

प्रणवोपासना की द्विविधता में प्रश्नोपनिषद् का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - सत्यकाम के द्वारा प्रश्न करने पर पिप्पलाद मुनि ने पर (निर्गुण) और अपर (सगुण) ब्रह्म रूप ओंकार का वर्णन किया है ।।१४८।।

व्याख्या - प्रश्नोपनिषद् में पाँचवा प्रश्न सत्यकाम ने किया है, उसका उल्लेख श्लोक १४४ में किया गया है । सत्यकाम और शैब्य नाम का एक ही जिज्ञासु है । उसके द्वारा प्रश्न करने पर मुनिश्रेष्ठ श्रीपिप्पलाद ने कहा कि ***''एतद्वै सत्यकाम परं चापरं च ब्रह्म यदोङ्कारः । तस्माद्विद्वानेतेनैवायतनेनैक-***

व्याख्या :-प्रकृतप्रणवोपासनाया द्वैविध्ये प्रश्नौपनिषदं प्रमाणयति । पृच्छते प्रश्नं कुर्वते सत्यकामाय तन्नामकाय मुनये शिष्याय श्रीगुरुणा मुनिना पिप्पलादेन तन्नामधेयेन महात्मना परापरब्रह्मरूपो द्विविधोऽप्योङ्कारस्तदुपासनाप्रकार उपवर्णितः। "एतद्वै सत्यकाम परं चापरं च ब्रह्म यदोङ्कारस्तस्माद्विद्वानेते नैवायतनेनैकतरमन्वेती"त्यादिनोभयरूपत्वमुपवर्णितमिति शम् ।।

ओङ्कारोपासनस्योभयविधत्वे कठवल्लीप्रमाणप्रदर्शनम् -

एतदालम्बनं ज्ञात्वा यो यदिच्छति तस्य तत् ।
इति प्रोक्तं यमेनापि पृच्छते नचिकेतसे।।१४९।।

अन्वयः - "एतत् आलम्बनं ज्ञात्वा यः यत् इच्छति तस्य तत्" इति यमेन अपि पृच्छते नचिकेतसे प्रोक्तम्।

व्याख्या :- निर्गुणोपासनस्य प्रणवावच्छेदेन तथा सगुणोपासनस्यापि कठवल्यां यमेना"प्येतदा-लम्बनं ज्ञात्वे"त्यदिनोभयरूपत्वमुक्तमेवेत्याह । "एतद्ध्येवाक्षरं ब्रह्म एतद्ध्येवाक्षरं पर"मित्यादिनैतदालम्बनं ब्रह्मप्राप्तये परमं श्रेष्ठं साधनं तत्परमपरं च । तज्ज्ञात्वा यस्तयोर्यदिच्छति तस्य तत्सिद्ध्यतीति पृच्छते पृष्टवते नचिकेतसे गौतमकुमाराय यमेन प्रोक्तमिति द्वैविध्यमपि सम्यक्प्रदर्शितमिति शम् ।।

निरुक्तार्थस्य सम्पिण्डितार्थकथनम् -

इह वा मरणे वास्य ब्रह्मलोकेऽथ वा भवेत् ।
ब्रह्मसाक्षात्कृतिस्सम्यगुपासीनस्य निर्गुणम् ।।१५०।।

तरमन्वेति" (प्र.उ. ५/२) हे सत्यकाम! निश्चय ही जो ओंकार है, वही परब्रह्म और अपरब्रह्म भी है। इसलिये इस प्रकार का ज्ञान रखने वाला मनुष्य इस एक ही आलम्बन से अर्थात् प्रणवमात्र की उपासना से पर और अपर ब्रह्म में से किसी एक का अनुसरण अपनी श्रद्धा के अनुसार करता है ।

उक्तार्थ में कठोपनिषद् का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - इस (प्रणव रूपी) आलम्बन को जानकर जो जिसकी इच्छा करता है, वह उसे प्राप्त करता है, नचिकेता के प्रश्न करने पर यमराज ने भी ऐसा ही कहा है ।।१४९।।

व्याख्या - कठोपनिषद् में यमराज-नचिकेता संवाद है । शिष्य नचिकेता आचार्य यमराज से प्रश्न करता है कि आप धर्माधर्म से अतीत और तीनों कालों से पृथक् जिस तत्त्व को जानते हैं, उसे बतलाइये । इसके उत्तर में यमराज कहते हैं कि सम्पूर्ण वेद जिस परम पद का बारम्बार प्रतिपादन करते हैं और जिसके लिये तप आदि विविध साधन किये जाते हैं, संक्षेप में वह पद ओंकार है ।

एतद्ध्येवाक्षरं ब्रह्म एतद्ध्येवाक्षरं परम् ।
एतद्ध्येवाक्षरं ज्ञात्वा यो यदिच्छति तस्य तत् ।। (कठो. १/२/१६)

यह अक्षर ही (अपर) ब्रह्म है और यह अक्षर ही परब्रह्म है । इसलिये इसी अक्षर को जानकर जो जिसको (परब्रह्म अथवा अपरब्रह्म को) चाहता है, उसको वही मिल जाता है ।

उक्तार्थ का उपसंहार करते हैं ।

अर्थ - जो निर्गुण ब्रह्म की उपासना सम्यक् प्रकार से करता है, उसको इस जन्म में, मरणकाल में अथवा ब्रह्मलोक में ब्रह्म का साक्षात्कार होता है ।।१५०।।

अन्वयः - अस्य सम्यक् निर्गुणम् उपासीनस्य इह वा मरणे वा अथ वा ब्रह्मलोके साक्षात्कृतिः भवेत्।

व्याख्या :-भवत्त्वेवमथापि तु निर्गुणोपासनस्य परिपाकतारतम्येन ब्रह्मज्ञानद्वारा कैवल्यमेव फलमिति प्रकृतमर्थमुपसंहरति । निर्गुणब्रह्मणस्सम्यगुपासीनस्य इहास्मिञ्जन्मनि वा परत्र मरणे तदुत्तरं ब्रह्मलोके वा ब्रह्मसाक्षात्कृतिर्ब्रह्मापरोक्षज्ञानं सुनिश्चितमवश्यभवेदिति शम् ।।

निर्गुणोपासनस्य स्मृत्यादिप्रसिद्धत्वनिरूपणम् -

अर्थोऽयमात्मगीतायामपि स्पष्टमुदीरितः।
विचाराक्षम आत्मानमुपासीतेति सन्ततम् ।।१५१।।

अन्वयः - "विचाराक्षम सततम् आत्मानम् उपासीत" इति अयं अर्थः आत्मगीतायाम् अपि स्पष्टम् उदीरितः।

व्याख्या :-आत्मतत्त्वविचाराक्षमस्य विचारात्तत्त्वज्ञानसम्पादनासमर्थस्य निर्गुणब्रह्मोपासनेऽधिकार इत्ययमंशोऽप्यात्मगीतायां सम्यगभिहित इत्याह । विचाराक्षमस्यान्ततमात्मानमुपासीतेत्ययमर्थस्स्पष्टमात्म-गीतायामुदीरित इति शम् ।।

आत्मगीतावाक्योदाहरणम् -

साक्षात्कर्तुमशक्तोऽपि चिन्तयेन्मामशङ्कितः ।
कालेनानुभवारूढो भवेयं फलितो ध्रुवम् ।।१५२।।

अन्वयः - साक्षात्कर्तुम् अशक्तः अपि अशङ्कितः मां चिन्तयेत् । कालेन अनुभवारूढः फलितः

व्याख्या - अब तक के विवेचन का सार प्रस्तुत करते हैं । निर्गुण ब्रह्म की उपासना भली-भाँति करनी चाहिये, उसके परिपक्व होने पर इसी जीवन में ब्रह्म साक्षात्कार होता है । यदि जीवन भर उपासना करने पर भी प्रतिबन्धवशात् ज्ञान उत्पन्न नहीं होता है तो उस साधक को मरणकाल में ज्ञान उत्पन्न होता है और यदि तब भी ज्ञान उत्पन्न न हो तो ब्रह्मलोक में उसे आत्मसाक्षात्कार होता है । भाव यह है कि निर्गुण ब्रह्म की निष्कामभाव से उपासना करने पर ब्रह्मसाक्षात्कार अवश्य ही होता है ।

निर्गुणोपासना में स्मृति प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - जो पुरुष विचार करने में असमर्थ है, वह निरन्तर आत्मा की उपासना करे । इसी बात को आत्मगीता में भी स्पष्ट रूप से कहा गया है ।।१५१।।

व्याख्या - विचार करने से जिसको तत्त्वज्ञान उत्पन्न नहीं हुआ अर्थात् जो पुरुष विचार करने में समर्थ नहीं है, वह निरन्तर आत्मा (निर्गुण ब्रह्म) की उपासना करे । विचार में असमर्थ पुरुष का उसी (उपासना) में अधिकार है, ऐसा आत्मगीता में स्पष्ट रूप से कहा गया है ।

अब आत्मगीता के वाक्यों का उदाहरण देते हैं ।

अर्थ - जिसमें आत्मतत्त्व को साक्षात् करने की शक्ति न हो वह निःशंक होकर मेरा चिन्तन (उपासना) करे । समय आने पर मैं अवश्य ही उसके अनुभव में आरूढ़ होकर फलित होऊँगा ।।१५२।।

ध्रुवं भवेयम् ।।

व्याख्या :-आत्मगीतावाक्यान्युदाहरति । मां परमात्माभिन्नं निर्गुणत्वेन साक्षात्कर्तुमशक्तोऽप्यशङ्कितो वीतसन्देहस्संश्चिन्तयेन्निष्कामतया मम निर्गुणस्वरूपं मनस्युपासीत । भवेत्किं तेन ?। चिरकालचिन्तनेन कालेन गच्छता काले परिपाके सत्यनुभवारूढो निरन्तराभ्यासानुभवबलेन चिन्तकस्योपासकस्य मनसि सम्यगारूढस्संस्थापितः फलितो भवेयमिति ध्रुवं निश्चितमिति शम् ।।

ध्यानस्याद्वैतात्मसाक्षात्करोपायत्वे दृष्टान्तप्रदर्शनम् -

यथाऽगाधनिधेर्लब्धौ नोपायः खननं विना।
मल्लाभेऽपि तथा स्वात्मचिन्तां मुक्त्वा न चापरः।।१५३।।

अन्वयः - यथा अगाधनिधेः लब्धौ खननं विना उपायः न । तथा मल्लाभे अपि स्वात्मचिन्तां मुक्त्वा अपरः च न ।

व्याख्या :- ध्यानस्य सम्यज्ज्ञानसम्पादने व्यतिरेकदृष्टान्तमाह । यथा येन प्रकारेणागाधनिधेरतिनिम्न निक्षिप्तविपुलसुवर्णादिसञ्चयस्य लब्धौ लाभविषये खननं विना उपायोऽन्यो नास्ति तथा मल्लाभेऽपि मम सच्चिदानन्दात्मनो लाभे साक्षात्कारविषयेऽपि स्वात्मचिन्तां स्वात्मनो निर्गुणस्य तत्त्वस्य चिन्तां ध्यानमुपासनं मुक्त्वा त्यक्त्वापरोऽन्य उपायो नास्त्येवेति शम् ।।

व्याख्या - आत्मगीता में भगवान् कहते हैं कि निर्गुण ब्रह्मरूप मेरा साक्षात्कार करने में अर्थात् प्रत्यगभिन्न परमात्मा का साक्षात्कार करने में जो असमर्थ हो वह भी समस्त शंकाओं को त्याग कर अर्थात् मुझे ज्ञान होगा या नहीं ? इत्यादि समस्त चिन्ताओं से मुक्त होकर निरन्तर मेरा चिन्तन करे । अर्थात् निष्कामभाव से मेरे निर्गुणस्वरूप की उपासना करे । उससे क्या होगा ? तो कहते हैं कि दीर्घकाल तक निरन्तर चिन्तन करने से उसकी उपासना के परिपक्व हो जान पर मैं उसके अनुभव में आरूढ़ होकर मोक्षरूप से फलित हो जाऊँगा । इसमें शंका नहीं करनी चाहिये । इसीलिये श्लोक में ध्रुवम् शब्द का प्रयोग किया गया है अर्थात् मैं अवश्य ही फलित होऊँगा ।

ध्यान सम्यक् ज्ञान का उपाय है, इस विषय में दृष्टान्त देते हैं ।

अर्थ - जैसे अगाध निधि को प्राप्त करने के लिये खनन के बिना अन्य कोई उपाय नहीं है, उसी प्रकार मुझ परमात्मा को प्राप्त करने के लिये स्वात्मचिन्तन को छोड़कर अन्य कोई उपाय नहीं है ।।१५३।।

व्याख्या - यह भी आत्मगीता का ही श्लोक है । जैसे जमीन में गहरा गड्ढा करके गाड़ दिये गए सुवर्ण आदि अगाध निधि को प्राप्त करने के लिये खनन अर्थात् खोदने के सिवा उसे प्राप्त करने का और कोई उपाय नहीं है, उसी प्रकार मुझ सच्चिदानन्द परमात्मा को आत्मरूप से प्राप्त करने के लिये अर्थात् मेरा साक्षात्कार करने के लिये स्वात्मचिन्तन अर्थात् अपनी आत्मा के ध्यान के अतिरिक्त और कोई उपाय नहीं है । तात्पर्य यह है कि सम्यक् ध्यान करने से ज्ञान अवश्य होता है । इसलिये ध्यान (उपासना) को ज्ञान का साधन कहा गया है ।

ध्यानादात्मोपलब्धावन्वयदृष्टान्तनिरूपणम् –

देहोपलमपाकृत्य बुद्धिकुद्दालकात्पुनः ।
खात्वा मनोभुवं भूयो गृह्णीयान्मां निधिं पुमान् ॥१५४॥

अन्वयः – देहोपलम् अपाकृत्य पुनः बुद्धिकुद्दालकात्। मनोभुवं खात्वा भूयः पुमान् मां निधिं गृह्णीयात्।

व्याख्या :– तत्र रूपकेण प्रतिबन्धसाधनस्थलफलान्याह । अगाधनिध्युदाहरणमन्वयमुखेन दर्शयति। देहोपलमपाकृत्य देहशब्दः पञ्चकोशानामप्युपलक्षणम् । यथागाधनिधिस्थस्वर्णादीनां सन्दर्शन उपलस्य पाषाणस्य प्रतिबन्धकत्वं तथैव स्वात्मसाक्षात्कारे प्रतिबन्धकभूतास्स्थूलसूक्ष्मकारणदेहाः । अतो देहस्योपलत्वेन रूपणम् । तमपाकृत्य तत्राध्यासं निरस्य पुनः पुनर्बुद्धिकुद्दालकाद्बुद्धिरेवकुद्दालकं खननसाधनविशेषस्तस्माद्देह–रूपमुपलं निध्याच्छादकीभूतां शिलां दूरीकृत्य समूलमुन्मूलनेन बहिर्निस्सार्य मनोभुवं मन एव भूस्तां खात्वा तत्र विराजमानं स्वयंप्रकाशं मामनर्घ्यरत्ननिचयं निधिं लब्ध्वा भूयो भूयो निरवधिकं स्वानन्दैकनिमग्नोऽद्वैतशेवधिं पुमान्ग्रहणीयादिति । अत्र च मनसो भूरूपणाद्ध्याने मनसः प्राधान्यमुक्तं वेदितव्यम् । उक्तोऽयं विवेकचूडामणौ ''आप्तोक्तिं खनन''मित्यादिना इति शम् ।।

व्यतिकरेक मुख से कहे हुए अर्थ को अब अन्वय मुख से कहते हैं ।

अर्थ – पुरुष देहरूपी पाषाण को दूर कर बुद्धि रूपी कुदाली से मन रूपी भूमि को बार–बार खोदकर निधिस्वरूप मुझ परमात्मा को ग्रहण कर ले ।।१५४।।

व्याख्या – पृथ्वी में गड़े धन के दृष्टान्त का अधिक विस्तार करते हुए आत्मगीता के इस श्लोक में भगवान् कहते हैं कि जैसे गड़े हुए धन के ऊपर एक भारी शिला रखी होती है, वैसे ही यहाँ अपने स्थूल शरीर को (शरीर शब्द पांचों कोशों का उपलक्षण है) समझो । पहले इस शरीर रूपी पत्थर को दूर करो, अर्थात् अपना देहाभिमान छोड़ो । और नित्यानित्य का विवेक करने में कुशल बुद्धि रूपी कुदाली से मन रूपी भूमि को बार–बार खोदकर अर्थात् दीर्घकाल तक निरन्तर ध्यानाभ्यास के द्वारा ***''ध्यानेनानीश्वरान् गुणान्''*** इस वचन के अनुसार अनीश्वर–गुणों को दूर करके, परमानन्द, अनन्त, अखण्ड, परमशान्तिरूप निधि के समान मुझ परमात्मा को ग्रहण अर्थात् प्राप्त कर लो । श्लोक में मन को भूमिरूप कहने से ध्यान में मन की ही प्रधानता कही गयी है । आत्मगीता के इन श्लोकों का भाव आद्य शंङ्कराचार्य जी ने विवेक–चूड़ामणि में इस प्रकार प्रस्तुत किया है ।

आप्तोक्तिं खननं तथोपरिशिलापाकर्षणं स्वीकृतिं
निक्षेपः समपेक्षते न हि बहिश्शब्दैस्तु निर्गच्छति ।
तद्वद् ब्रह्मविदोपदेशमननध्यानादिभिर्लभ्यते
मायाकार्यतिरोहितं स्वममलं तत्त्वं न दुर्युक्तिभिः ।। (वि. चू. ६७)

अर्थात् पृथ्वी में गड़े हुए धन को प्राप्त करने के लिये जैसे सर्वप्रथम किसी विश्वसनीय पुरुष के कथन की और फिर पृथ्वी को खोदने, कंकड़ पत्थर आदि को हटाने तथा प्राप्त हुए धन को स्वीकार करने की आवश्यकता होती है, केवल बातों से वह धन बाहर नहीं निकलता, उसी प्रकार समस्त मायिक प्रपञ्च से शून्य निर्मल आत्मतत्त्व भी ब्रह्मवित् गुरु के उपदेश तथा उसके मनन और निदिध्यासनादि से ही प्राप्त होता है, दुर्युक्तियों से नहीं ।

तत्त्वविचाराक्षमस्य ध्याने एवाधिकार इत्यत्र प्रमाणान्तरनिरूपणम् -

अनुभूतेरभावेऽपि ब्रह्मास्मीत्येव चिन्त्यताम् ।
अप्यसत्प्राप्यते ध्यानान्नित्याप्तं ब्रह्म किं पुनः ॥१५५॥

अन्वयः - अनुभूतेः अभावे अपि "ब्रह्म अस्मि" इति एव चिन्त्यताम् । असत् अपि ध्यानात् प्राप्यते। पुनः नित्याप्तं ब्रह्म किम् ?

व्याख्या :-ज्ञानेऽसमर्थस्य ध्यानेऽधिकार इत्यत्र वाक्यान्तरं पठति । परब्रह्मणोऽनुभूतेरपरोऽक्ष-साक्षात्कारस्याभावेऽपि ब्रह्मास्मीत्येव चिन्त्यताम् । क्रियतामुपासनम् । ध्यनाद्ब्रह्मप्राप्तौ कैमुतिकन्यायमाह। "देवो भूत्त्वा देवानप्येती"ति श्रुतिबलादसन्मिथ्यात्मकं देवत्वमपि ध्यानात्प्राप्यत एव । किं पुनर्वक्तव्यं नित्याप्तं नित्यतया हृत्कमलेऽतिसन्निहिततयोपलब्धं ब्रह्म प्राप्यत इति किमु वक्तव्यम् । उपासकस्य पूर्वमविद्यमानमपि देवत्वादिकं ध्यानात्प्राप्यते चेत्स्वस्वरूपत्वेन नित्यप्राप्तं सर्वात्मकं ब्रह्म कुतो ध्यानान्न प्राप्यते सर्वथा प्राप्यत एवेति शम् ।।

प्रत्यक्षदृष्टफले ध्याने येषां न प्रवृत्तिस्ते निन्द्या इति स्पष्टीकरणम् -

अनात्मबुद्धिशैथिल्यं फलं ध्यानाद्दिने दिने ।
पश्यन्नपि न चेद्ध्यायेत्कोऽपरोऽस्मात्पशुर्वद ॥१५६॥

अन्वयः - ध्यानात् दिने दिने अनात्मबुद्धिशैथिल्यं फलं पश्यन् अपि चेत् न ध्यायेत् अस्मात् अपरः कः पशुः वद?।

तत्त्वविचार में अक्षम का उपासना में अधिकार है, इस विषय में प्रमाणान्तर प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - अनुभूति के अभाव में भी 'मैं ब्रह्म हूँ' इस प्रकार चिन्तन (ध्यान) करना चाहिये । क्योंकि ध्यान से जब असत् की भी प्राप्ति हो सकती है तो फिर नित्य प्राप्त ब्रह्म के विषय में तो कहना ही क्या?।।१५५।।

व्याख्या - परब्रह्म का अनुभव न होने पर भी अर्थात् आत्मसाक्षात्कार न होने पर भी साधक को निरन्तर 'मैं ब्रह्म ही हूँ' इस प्रकार चिन्तन अर्थात् ध्यान करते रहना चाहिये । क्योंकि उससे ब्रह्म प्राप्ति होगी यह कैमुतिक न्याय से सिद्ध ही है । इसलिये कहते हैं कि ध्याान करने से जब देवतादि अथवा जैसे भैंस का ध्यान करने से भैंस भाव की प्राप्ति भी हो सकती है (यहाँ भ्रमरकीट न्याय भी स्मरणीय है) तो फिर जो हमारा आत्मा ही है, नित्य प्राप्त ही है, ऐसे ब्रह्म के विषय में तो कहना ही क्या ? अर्थात् नित्य निर्गुण ब्रह्म का ध्यान करने पर अवश्य ही ब्रह्मप्राप्ति अर्थात् आत्मसाक्षात्कार होता है ।

ध्यान विमुख जनों की निन्दा करते हैं ।

अर्थ - प्रतिदिन ध्यान से अनात्मबुद्धि की शिथिलतारूप फल को देखता हुआ भी यदि जो ध्यान नहीं करता है, तो बताओ ! इससे भिन्न दूसरा पशु कौन होगा ? ।।१५६।।

व्याख्या - ध्यान करने का फल प्रत्यक्ष भी दिखाई देता है । जब व्यक्ति ध्यानाभ्यास करता है तब प्रतिदिन उसकी ध्यानावस्था में सुधार होता है । वह शनैः शनैः ध्यान की उत्कृष्टता की ओर अग्रसर

व्याख्या :- निर्गुणध्यानफलस्य प्रत्यक्षतयानुभूतमानेऽपि तद्विमुखान्विषयलालसान्विनिन्दन्ध्यान-स्यावश्यकर्तव्यतां स्पष्टयति । दिने दिने प्रत्यहमनुक्षणं क्रियमाणाद्ध्यानादनात्मबुद्धिशैथिल्यमनात्मसु देहेन्द्रियमनोबुद्ध्यादिषु याहमिति बुद्धिरविद्ययानुवर्तते तस्याश्च शैथिल्यं शिथिलत्वं दृष्टं फलं पश्यन्ननुभवन्नपि योऽपरो न ध्यायति किं स न पशुरविवेकीति वद उच्यताम् । स सर्वथा पशुतुल्य एव विज्ञेयः । तस्माद्विचाराचतुरेण मुमुक्षुणा निर्गुणब्रह्मध्यानमेव सदा विधेयमिति भाव इति शम् ।।

अद्वयात्मध्यानादब्रह्मत्वमश्नुत इति प्रकरणार्थोपसंहरणम् -

देहाभिमानं विध्वस्य ध्यानादात्मानमद्वयम् ।
पश्यन्मर्त्योऽमृतो भूत्वा ह्यत्र ब्रह्म समश्नुते ।।१५७।।

अन्वयः - ध्यानात् देहाभिमानं विध्वस्य अद्वयम् आत्मानं पश्यन् मर्त्यः अमृतः भूत्वा अत्र हि ब्रह्म समश्नुते ।

व्याख्या :- ध्यानफल''मिह वा मरणे वास्य ब्रह्मलोकेऽथवा भवेत् । ब्रह्मसाक्षात्कृति-स्सम्यगुपासीनस्य निर्गुण''मित्यादिनोपासनापरिपाकतारतम्यात्तत्रोक्तमित्यधुना तदादरातिशयार्थं पुनस्सङ्क्षिपन्प्रकरणादौ प्रतिज्ञातब्रह्मतत्त्वोपास्त्यर्थं प्ररोचनापूर्वकमुपसंहरति । देहाभिमानं दिह्यत उपचीयत उपलक्षणयापचीयत इति च देहस्स्थूलसूक्ष्मकारणभेदभिन्नस्तस्मिन्नश्वरेऽभिमानमहमिदं ममेदमित्यैक्यभावं विध्वस्य ध्यानादुपासनेनाद्वयमात्मानं पश्यन्मर्त्यो मरणशीलोऽमृतो भूत्वा ध्यानपरिपाकेन भ्रान्तेरपगमे

होता है । प्रतिदिन निरन्तर ध्यान करने से शरीर, मन, बुद्धि, इन्द्रियाँ, घर, परिवार, पुत्र, कलत्रादि समस्त अनात्म बुद्धि वृत्तियाँ शिथिल हो जाती हैं । यह फल प्रत्यक्ष होने से प्रत्येक ध्यान-कर्ता को स्पष्ट रूप से अनुभव में आता है । इसलिये आचार्य कहते हैं कि ध्यान के द्वारा अनात्मबुद्धि की शिथिलता रूप प्रत्यक्ष फल को देखकर (अनुभव करके) भी यदि कोई ध्यान नहीं करता है अर्थात् ध्यान को आत्मज्ञान का साधन न मानकर उसका तिरस्कार करता है । तो बताओ ! उस भाग्यरहित पुरुष से भिन्न और कोन पशु है ? अर्थात् उसे सर्वथा पशुतुल्य ही मानना चाहिये । भाव यह है कि विचारचतुरेतर मुमुक्षु को सदा निर्गुण ब्रह्म का ध्यान ही करना चाहिये ।

उपासना से ब्रह्मप्राप्ति रूप फल दर्शाते हैं ।

अर्थ - ध्यान के द्वारा देहाभिमान को नष्ट कर अद्वितीय आत्मा का दर्शन करने वाला मनुष्य अमृतस्वरूप होकर यहीं ब्रह्म को प्राप्त कर लेता है ।।१५७।।

व्याख्या - प्रकरण के आदि में प्रतिज्ञात ब्रह्मतत्त्व की उपासना के अर्थ का प्ररोचना पूर्वक उपसंहार करते हैं । ध्यान के द्वारा देहाभिमान भी छूटता है और अद्वितीय आत्मदर्शन भी होता है, अतः ध्यान के द्वारा शरीर में अहंता और ममता रूप अभिमान को नष्ट करके ध्यान के परिपक्व हो जाने पर उसके फल स्वरूप अद्वितीय प्रत्यगभिन्न परब्रह्म परमात्मा (आत्मा) को देखता हुआ अर्थात् आत्मा का दर्शन करने वाला मरणशील यह प्राणी (मनुष्य) अमर होकर यहीं अर्थात् जीवित अवस्था में ही ब्रह्म को प्राप्त

मरणमप्राप्यैवात्रास्मिञ्जन्मनि ब्रह्म सच्चिदानन्दघनस्वरूपमश्नुते स्वस्वरूपतया साक्षात्करोति। मरणस्वभावे देहेऽहमभिमानपरित्यागात्स्वयममृतोऽस्मिन्नेव शरीरे स्वस्य नैजं रूपं समाप्नोतीति शम्।।

ध्यानदीपानुसन्धानफलकथनम् -

ध्यानदीपमिमं सम्यक्परामृशति यो नरः ।
मुक्तसंशय एवायं ध्यायति ब्रह्म सन्ततम् ॥१५८॥

।। इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीभारतीतीर्थविद्यारण्यमुनिवर्यविरचितायां पञ्चदश्यां ध्यानदीपाख्यं नवमं प्रकरणं सम्पूर्णम् ।।

अन्वयः - यः नरः इमं ध्यानदीपं सम्यक् परामृशति अयं मुक्तसंशयः एव सततं ब्रह्म ध्यायति।

व्याख्या :- अत्रास्य प्रकरणस्य सम्यग्विचारणमेवोक्तनिर्गुणध्यानप्रावीण्ये कारणं निर्दिशन्फल-कथनमुखेन प्रकरणमुपसंहरति । यो ध्यायेतेमं ध्यानदीपं ध्यानस्वरूपस्य दीप इव प्रकाशकं प्रकरणं सम्यक्पूर्वापरसन्दर्भेण सकामनिष्कामसगुणनिर्गुणोपासनस्य ज्ञानद्वारा ब्रह्मभावफलकत्वं नित्यनिर्गुणरूपमिति नाममात्रेण गीयमानस्य संवादिभ्रमवदर्थान्मोक्षफलकत्वं परामृशति विमर्शनारूपमर्थावबोधं करोति सोऽयमुपासको मुक्तसंशयोऽपास्तसर्वसंशयस्सततं ब्रह्म ध्यायतीतिध्याननिष्ठासिद्धिरेवास्यफलमिति शम्।।

नवमेऽत्र प्रकरणे त्वंपदार्थे साधनाभ्रमो निवर्त्यते । साधनाभ्रमश्चोक्तः - "सद्ध्यानकर्मबोधैर्मोक्षो ध्यानेन बोधजातेन । शुद्धेन वेति बुद्धिः प्रतिबन्धोऽयं चतुर्थ इह जीव" इत्यादिनोपावर्णि । तस्य चोपवर्णितस्य प्रतिबन्धस्य निरासोऽत्र सुविहित इत्यप्युक्तम् "ध्यानविचारान्यतरध्वस्तप्रतिबन्ध एव बुद्धस्स्यात् । इत्युक्तेस्तत्परता नवमे निर्णीयते स्पष्टे"ति । अतश्चात्र शोधितत्वंपदार्थाख्यजीवस्वरूप-निर्णयविषयकसाधनविपरीतभावनाभिधोक्तचतुर्थप्रतिबन्धबाधकत्वं प्रकृतध्यानदीपस्य स्पष्टमभ्यधायि। तथाहि अत्र हि "संवादि भ्रमवद्ब्रह्मतत्त्वोपास्त्यापि मुच्यते । उत्तरे तापनीयेऽतः श्रुतोपास्तिरनेकधे"

कर लेता है अर्थात् जीवन्मुक्त हो जाता है । अर्थात् ध्यान के परिपाक से भ्रान्ति के दूर हो जाने पर मृत्यु को बिना प्राप्त किये हुए ही इसी जन्म में वह उपासक ब्रह्म को प्राप्त कर लेता है ।

इस ध्यानदीप के अनुसन्धान का फल कथन करते हुए प्रकरण का उपसंहार करते हैं।

अर्थ - जो मनुष्य इस ध्यानदीप का अनुसन्धान करता है, वह समस्त संशयों से मुक्त हुआ पुरुष निरन्तर ब्रह्म का ही ध्यान करता है । और ज्ञान प्राप्त कर मुक्त हो जाता है ।।१५८।।

व्याख्या - जो मनुष्य इस ध्यानदीप का अर्थात् ध्यान के स्वरूप को दीपक की तरह प्रकाशित करने वाले इस प्रकरण का पूर्वापर संदर्भ के द्वारा भली-भाँति अनुसन्धान करता है अर्थात् प्रकरण में कही गयी सगुण-निर्गुण तथा सकाम और निष्काम उपासनाओं को भली-भाँति समझकर उनका अनुष्ठान

त्युपक्रम्य "देहाभिमानं विद्ध्वस्य ध्यानादात्मानमद्वयम् । पश्यन्मर्त्योऽमृतो भूत्वा ह्यत्रब्रह्म समश्नुत" इत्युपसंहाराद्ध्यानविषयकोपक्रमोपसंहारात्मकमाद्यं लिङ्गमत्र सिद्धम् । तेन ब्रह्मतत्त्वोपास्त्यापि ज्ञानप्रतिबन्धमपनीय ज्ञानेन मुच्यत इत्येवमेव तत्र तत्रान्यान्यप्यभ्यासादीन्यपि लिङ्गानि यथायथमूह्यानि। "वेदान्तेभ्यो ब्रह्मतत्त्वमखण्डैकरसात्मकम् । परोक्षमवगत्यैतदहमस्मीत्युपासत" इत्यादिषु स्पस्टतराण्येवेति नात्र विस्तृततया पराक्रम्यते । वासिष्ठेऽपीदमुक्तम् –"द्वौ क्रमौ चित्तनाशस्य योगो ज्ञानं च राघव। योगिनस्तद्वृत्तिरोधस्स्याज्ज्ञानं सम्यगवेक्षणम् । असाध्यः कस्यचिद्योगः कस्य चित्तत्त्वनिश्चयः । प्रकारौ द्वौ ततो देवो जगाद परमश्शिव" इति । तस्मान्नैवात्र साधनवैपरित्यलेशावकाशोऽपीति सर्वमनवद्यमिति शम् ।।

।। इति श्रीद्वारकाशारदापीठाधीश्वरैः एवं ज्योतिष्पीठाधीश्वरैः श्रीमज्जगद्गुरुशङ्कराचार्यैः अनन्तश्रीविभूषितश्रीस्वरूपानन्दसरस्वतिस्वामिभिः विरचितायां स्वरूपबोधिन्यां व्याख्यायां ध्यानदीपस्समाप्तः ।।

कर ज्ञान के द्वारा मोक्षरूपी फल देने वाली उन उपासनाओं का अनुशीलन करता है, उसके समस्त संशय दूर हो जाते हैं । ऐसा समस्त संशयों से मुक्त हुआ पुरुष निरन्तर अपने आत्मस्वरूप का ध्यान करता है । और परिणाम स्वरूप परब्रह्म परमात्मा को प्रत्यगभिन्न रूप से जान कर मुक्त हो जाता है ।

क्या मोक्ष सद्ध्यान से कर्म से या बोध से होता है अथवा ध्यान जनित शुद्ध बोध से होता है ? इस प्रकार का भ्रम होना मुक्ति में बाधक कहा गया है । इसे साधनविपरीतभ्रम कहते हैं । इसी भ्रम की निवृत्ति के लिये इस प्रकरण की रचना की गई है ध्यानविचारान्यतर ध्वस्तप्रतिबन्धवान् ही मुक्त होता है, इसी को इस नवम ध्यानदीप नामक प्रकरण में स्पष्टरूप से कहा गया है ।

।। इस प्रकार द्वारका एवं ज्योतिष्पीठाधीश्वर अनन्तश्रीविभूषित जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी **श्रीस्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज** द्वारा विरचित **श्रीसद्गुरुसपर्या** नामक हिन्दी व्याख्या में ध्यानदीप नामक नवम प्रकरण समाप्त हुआ ।।

।। दशमं प्रकरणम् -नाटकदीपप्रकरणम् ।।

साक्षिस्वरूपनिरूपणम् ।

परमात्माद्वयानन्दपूर्णः पूर्वं स्वमायया।
स्वयमेव जगद्भूत्वा प्राविशज्जीवरूपतः।।१।।

अन्वयः - पूर्वम् अद्वयानन्दपूर्णः परमात्मा स्वमायया स्वयम् एव जगत् भूत्वा जीवरूपतः प्राविशत्।

व्याख्या :-पूर्वप्रकरणान्ते प्रकरणानुसन्धानफलकथनावसरेऽकथय ''न्मुक्तसंशय एवायं ध्यायति ब्रह्म सन्तत'' मिति उक्त्यानया कस्यचन शिष्यस्य स्वल्पग्रन्थेनानायासादतिविषयलालसोऽहमत्यन्तमन्दश्च ''सोऽहं मुक्तसंशय एव सन्कथं सन्ततं ब्रह्म ध्यातुं शक्तस्स्या''मिति मुखम्लान्यादिनातिचिन्तां निश्चित्य तदनुजिघृक्षया नाटकदीपाख्यं प्रकृतं स्वल्पकायं दशमं प्रकरणमारभमाणः परमात्मानुसन्धानलक्षणं मङ्गलं प्रथितप्रमाणप्रयोजनं कुर्वंस्तेनास्य विषयप्रयोजनाद्यनुबन्धचतुष्टयमपि ध्वनयन् निबध्नाति । अष्टमे प्रकरणे साक्षिणः कूटवन्निर्विकारस्वरूपता व्यख्याता विस्तरशः । तदनु नवमे च विचारचतुरेतराणां मन्दधियां मोक्षप्राप्त्युपायत्वेनोपासनाविधानं सामग्र्येण चोपवर्णि । विषयस्यास्य दुरवगाहत्वात्सुकुम-बुद्धीनामुपदेशांशस्य रूपकालङ्कृततयोपदेशोऽभिज्ञसम्प्रदायसिद्ध इति तमेव सम्प्रदायमनुसृत्य साक्षात्कार्यस्य साक्षिणस्स्वरूपं नाटकदृष्टान्तेन विशदीचिकीर्षयेदं प्रकरणमारभ्यते। तत्रादौ मन्दाधिकारिणामप्यनायासेन निष्प्रपञ्चब्रह्मात्मतत्त्वप्रतिपत्तिसिद्धये ''अध्यारोपापवादाभ्यां निष्प्रपञ्चं

अष्टम प्रकरण में साक्षी आत्मा के कूट के समान निर्विकार स्वरूप का विस्तार से वर्णन किया गया और नवम प्रकरण में विचारचतुरेतर मन्दबुद्धि साधकों के लिये मोक्ष प्राप्ति का उपाय उपासना ही है, ऐसा कहा गया । पिछले प्रकरणान्त के श्लोक में ***''मुक्तसंशय एवायं ध्यायति ब्रह्म सन्ततम्''*** (पं.द. ९/१५८) इस प्रकार उपासना का फल कहा, ऐसा सुनकर किसी मन्दमति अन्तेवासी (छात्र) का मुख मलिन हो गया । वह सोचने लगा कि स्वल्प ग्रन्थ से अनायास ही विषयलोलुप मैं मन्दमति मुक्त संशय होकर निरन्तर ब्रह्म का ध्यान करने में कैसे समर्थ हो सकता हूँ । गुरु उसकी चिन्ता को जानकर उस पर अनुग्रह करने के लिये नाटकदीप नामक पञ्चदशी के इस अत्यन्त स्वल्प दशम प्रकरण का प्रारम्भ करते हैं । यहाँ परमात्मानुसन्धान लक्षण युक्त मंगलाचरण करते हुए विषय और प्रयोजनादि अनुबन्धों का भी उल्लेख किया है, ऐसा ध्वनित होता है । द्वितीय दीपपञ्चक का यह अन्तिम दीप (प्रकरण) है । इस प्रकरण में नाटक के दृष्टान्त में जीव की आन्तरिक स्थिति का निरूपण किया गया है । 'अध्यारोप और अपवाद के द्वारा निष्प्रपञ्च ब्रह्म का वर्णन किया जाता है' इस न्याय से सर्वप्रथम अध्यारोप का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - सृष्टि से पूर्व अद्वितीय आनन्दस्वरूप और पूर्ण परमात्मा अपनी माया से स्वयं ही जगद्रूप होकर उसमें जीवरूप से प्रविष्ट हुआ ।।१।।

व्याख्या - ***''एकमेवाद्वितीयं''*** (छा.उ. ६/२/१) ***''आनन्दो ब्रह्मेति व्यजानात्''*** (तै.उ. ३/६) ***''विज्ञानमानन्दं ब्रह्म''*** (बृ.उ.) ***''पूर्णमदः पूर्णमिदम्''*** इत्यादि श्रुतियों में परमात्मा को सृष्टि

प्रपञ्च्यते। शिष्याणां बोधसिद्ध्यर्थं तत्त्वज्ञैः कल्पितः क्रम'' इति न्यायमनुरुध्यात्मन्यध्यारोपं तावदाह। सृष्टेः पूर्वं सृष्ट्यनारम्भदशायामनादिभावरूपाविद्यात्मसम्बन्धलक्षणादिकालावच्छेदेनाद्वयानन्दपूर्णो न विद्यते द्वयं द्वैतरूपं दृश्यं यत्र स ''एकमेवाद्वितीय''मित्यादि श्रुतिबोधितभेदत्रयविरहित''स्सदेव सोम्येदमग्र आसी''दित्यादिना प्रसिद्धस्सत्पदार्थस्स्वसजातीयविजातीयस्वगतभेदशून्यश्च स चासावानन्दश्चेति परमानन्दरूप ''आनन्दो ब्रह्मेति व्यजाना''दित्यादिश्रुतिप्रसिद्धो निरतिशयानन्दस्वरूपस्स चासौ पूर्णश्चेति तथोक्तः ''पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते । पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यत'' इत्यादिश्रुति-प्रसिद्धस्सोऽयमद्वितीयः परमानन्दः परिपूर्णस्स परमात्मा परमश्चासावात्मा चेति विग्रहः। परान्निखिलान्दृश्यपदार्थान्मिमीते साक्षित्वेन प्रकाशयतीति परमस्सचासावात्मेति कर्मधारयः । एतेन शुद्धस्त्वम्पदार्थस्साक्षित्वोपलक्षितः प्रत्यक्सूचितः। तथाद्वयेत्यादिना शुद्धश्च तत्पदार्थस्सत्यज्ञाना-नन्तानन्दाद्वैतब्रह्मलक्षणश्च द्योतितः । पूर्ण इत्यनेन च तयोरभेदोऽखण्डैकरसोऽसि पदार्थश्चेति त्रिपद्या सर्वेऽप्यद्वैतशास्त्रार्थस्सूत्रितो भवति । स एवाज्ञातत्वज्ञातत्त्वाभ्यां क्रमेण शास्त्रवत्तत्प्रकरणस्यास्य विषयः प्रयोजनं च । सिद्धाऽन्तेऽत्र जहदजहत्स्वार्थरूपभागत्यागलक्षणाया एवाङ्गीकृतत्वाच्छास्त्रस्य विषयेण सह लक्ष्यलक्षणभाव एव सम्बन्धः प्रसिद्ध एव । यादृग्जिज्ञासुजनमुद्दिश्यैतत्प्रकरणारम्भोऽ-वतारितस्सोऽधिकारी । सोऽयं परमात्मा परिपूर्णोऽद्वैतानन्दः स्वमायया स्वैकायत्तसत्ताकत्वेन कल्पिस्यैकसम्बन्धशाल्यनादिभावरूपशुद्धसत्त्वप्रधानाविद्यया ''मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वर'' मिति श्रुत्युपपादितरीत्या स्वनिष्ठया मायाशक्त्या स्वयमेवेतरकरणनिरपेक्षस्सन्नेतेन स्वतादात्म्यापन्नोक्त-रूपमायेतरसामग्रीव्युदासो व्यज्यते । तेन विवर्तवादाङ्गीकारादारभ्मादिवादनिरासस्संसूचितः । स तादृशो जगद्भूत्वा सादिद्वैतस्सन् '' सच्च त्यच्चाभव ''दित्यादिश्रुतिभ्यस्स्वयमेव जगदाकारेणाहि-रूपेणरज्जुरिव प्रतीयमानो ''अनेन जीवेनात्मनाऽनुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणि'' इति श्रुत्यनुसारं जगदाकारतां प्राप्तो जीवरूपतोऽनुप्राविशत्प्रविष्ट इव प्रतीयते ''तत्सृष्ट्वा । तदेवानुप्राविशदि''ति श्रुतेः। ''अजामेकां लोहितशुक्लकृष्णां बह्वीं प्रजां जनयन्तीं सरूपाम् ।अजो ह्येको जुषमाणोऽनुशेते जहात्येनां भुक्तभोगमजोऽन्यः'' ''प्रकृतिं पुरुषं चैव विद्ध्यनादी उभावपि'' ''जीवेश्वरो विशुद्धा चित्तथा जीवेशयोर्भिदा। अविद्या तच्चितोर्योगष्षडस्माकमनादय'' इत्यादिश्रुतिस्मृत्यभियुक्तोक्तिभ्यश्चानादिसिद्धसमष्टिजीवात्मना-नुप्राविशदिति भावः । उपहितत्वेनावच्छिन्नस्सौरालोकस्स्वाभिन्नत्वेन स्वकल्पितमृगजाल इव प्राविशदित्याशयः । तथा च श्रुतिवचांसि ''आत्मा वा इदमेक एवाग्र आसीत्'' ''सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयं'' ''सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म'' ''मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम् । अस्यावयवभूतैस्तु व्याप्तं सर्वमिदं जग'' ''त्सत्यं चानृतं च सत्यमभवत् । यदिदं किञ्च ।'' ''तत्सृष्ट्वा।

से पूर्व सजातीय, विजातीय, स्वगत भेदरहित एक, अद्वितीय, आनन्द और पूर्णरूप से प्रतिपादित किया गया है ।***''मायां तु प्रकृतिं विद्यात् मायिनं तु महेश्वरम्''*** (श्वे.उ. ४/१०) इस श्रुति में परमात्मा को मायावी और प्रकृति को माया कहा गया है । माया परमात्मा के अधीन होने से श्लोक में **'स्वमायया'** ऐसा कहा गया है । वह परमात्मा अपनी माया से जगद्रूप हो गया ***''बहुस्यां प्रजायेय''*** (तै.उ. २/६)

तदेवानुप्राविश'' ''दनेन जीवेनात्मनाऽनुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणि'' इत्यादि । मायानटीसचिवः परमात्मा जगन्नाटकसूत्रधारस्वरूपोऽमेयचित्ररचनारमणीयं सर्वप्राणिसम्मोहनकरं जगन्नाटकमाकलय्य तिर्यङ्नरामराद्यधममध्यमोत्तमपात्रधारणं स्वयमेवैकयत्नेनाकार्षीदिति दिक् ।।

एकस्यापि परमात्मनश्शरीरोपाधिकृतो भेद इति निरूपणम् -

विष्ण्वाद्युत्तमदेहेषु प्रविष्टो देवता भवेत् ।
मर्त्याद्यधमदेहेषु स्थितो भजति मर्त्यताम् ।।२।।

अन्वयः - विष्ण्वाद्युत्तमदेहेषु प्रविष्टः देवता भवेत्। मर्त्याद्यधमदेहेषु स्थितः देवताम् भजति।

व्याख्या :-जीवरूपेण सर्वशरीरेषु प्रविशत् एकस्य परमात्मनः कथं देवमानवतिर्यगादिभेदः कथं वा पूज्यपूजकादिभावेन प्रतीयमान उत्तमाधमभावो वा घटते? अयं ह्यद्वैतात्मैव यदि मायावशान्निरुक्तरूपे जगति प्रविष्ट इति प्रतिबिम्बाद्यात्मकजीवरूपेण साधारण्यात्प्रविष्टत्वे दृश्यत्वदृक्त्वाभ्यां चिज्जडविभागसम्भवेऽपि सेव्यसेवकादिविभागश्च कथं स्यादित्याह । नायं स्वाभाविकः पूज्यपूजकभाव उत्तमाधमभावो वा । किन्तु शरीरोपाधिनिबन्धन एवेति न कोऽपि विरोध इति भावः। विष्ण्वाद्युत्तमदेहेषु प्रविष्टः परमात्मा देवता भवेत् । स एव मर्त्याद्यधमदेहेषु स्थितस्सन्मर्त्यतां भजति । एवं सति विष्ण्वादीनामपि जीवत्वापत्तिश्चेद्भवतु । इष्टापत्ते : । अत एवाचार्या मधुसूधनसरस्वतीश्रीपादाः कथयन्ति। ''मायाकल्पितमातृतामुखमृषाद्वैतप्रपञ्चाश्रयस्सत्यज्ञानसुखात्मकश्श्रुतिशिखोत्थाखण्डधीगोचरः। मिथ्याबन्धविधूननेन परमानन्दैकतानात्मकं मोक्षं प्राप्त इव स्वयं विजयते विष्णुर्विकल्पोज्झित '' इति। अत्र हि श्रीचरणास्स्वाभिमतमनेकशरीरैकजीववादमनुसृत्य विष्णोरेव मुख्यजीवत्वं संसूच्याग्रे तावदेकजीववादे भूयसा ग्रन्थेन जीवैक्यं प्रत्यपीपदन् । न चैवं सर्वज्ञत्वसर्वकर्तृत्वादिबोधकश्रुतीनां निर्विषयत्वम् । शुद्धचैतन्येऽज्ञत्वस्यैवाभावात् । ईश्वरस्य च जीवभिन्नस्याभावाज्जीव-सार्वज्ञस्यानुभवबाधितत्वादिति वाच्यम् । समष्ट्यभिमानिनो जीवस्य सर्वज्ञत्वसर्वकर्तृत्वादिस्वीकारात्। न चानुभवविरोधः । अन्तःकरणाभेदाध्यासबलात्तदननुभवतद्विपरीतानुभवयोरुपपत्तेः । सर्वाभिमानिनस्तु सार्वज्ञ्याभिमानोऽस्त्येव । अत एव ''बहूनि मे व्यतीतानि जन्मानि तव चार्जुन । तान्यहं वेद सर्वाणि न त्वं वेत्थ परन्तपे''त्याद्युपपत्तेरिति भगवदनुभव एवोदाहृतः । तस्मात्समुचितमेव विष्णोर्जीवत्वमिति चेदत्रोच्यते । किमिदं विष्णोर्जीवत्वं मूलग्रन्थान्यथानुपपपत्योच्यते ? समुदाहृताद्वैतसिद्धिग्रन्थाभिप्रायाद्वा?

इस प्रकार संकल्प कर वह अनेकरूप हो गया *''अनेन जीवेनात्मनाऽनुप्रविश्य''* (छा.उ. ६/३/२) इस प्रकार जीवरूप से उसमें प्रविष्ट हो गया अर्थात् मन्द अन्धकार में रस्सी जैसे सर्परूप बन जाती है, वैसे ही परमात्मा उसमें प्रविष्ट-सा हो गया है ।

एक ही परमात्मा के शरीरोपाधिकृत भेद का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - (वह परमात्मा) विष्णु आदि उत्तम शरीरों में प्रविष्ट हो कर देवभाव को प्राप्त होता है और मनुष्यादि अधम शरीरों में स्थित होकर मनुष्यभाव को प्राप्त होता है ।।२।।

व्याख्या - एक ही परमात्मा यदि सभी शरीरों में प्रविष्ट है तो फिर कोई पूज्य और कोई पूजक

नाद्यस्तत्तात्पर्यस्यान्यथैव सद्भावात् । तथाहि । तत्र हि मायिकब्रह्मणस्तद्वशाज्जगद्रूपेण भवनमनादि सिद्धसमष्टिजीवरूपेण तत्र प्रतिबिम्बाद्यात्मना प्रवेशनं च पूर्वत्राभिहितमिति स्फुटतरमेव । यदि साधारण्येनोक्तः प्रवेशस्तर्हि प्रतीयमानश्शास्त्रादौ "देवान्भावयतानेन ते देवाभावयन्तु वः । परस्परं भावयन्तश्श्रेयः परमवाप्स्यथे"त्यादौ पूज्यपूजकभावः कथमित्याकाङ्क्षायामेव "विष्ण्वाद्युत्तमदेहेषु प्रविष्टो देवता भवे" दित्यादिग्रन्थप्रवृत्तिः । तथा च विष्ण्वादयश्श्रुत्यादिप्रसिद्धास्सर्वेऽपि परमेश्वरलीलाविग्रहा उत्तमास्सर्वोत्कृष्टा येषामिन्द्रादीनां जीवानां व्यष्ट्यात्मकत्वेन प्रसिद्धानां तेषां ये देहा "वज्रहस्तः पुरन्दर" इत्यादिश्रुतिप्रसिद्धाः कायास्तेष्विति विग्रहस्यैव स्वारसिकत्वेनाचार्य-विवक्षितत्वमवश्यं वाच्यम् । अन्यथा प्रविष्टस्सन्देवता भवदित्यग्रे "वृन्दारकादैवतानि पुंसि वा देवतास्त्रिया" मित्यमरकोशप्रसिद्धसुरसाधारणवाचकदेवताशब्दप्रयोगानौचित्यात् प्रविष्टस्त्वीश्वरोऽ-भवदित्यपि वक्तुं शक्त्यत्वाच्च । न चैवं विग्रहेऽस्मदादीनां विष्ण्वादयः पारमेश्वरास्सर्वेऽपि लीला-विग्रहास्सर्वोत्कृष्टाश्शास्त्रान्नैव सम्मतास्सन्ति येनेन्द्रादय एव ग्राह्या इति साम्प्रतमिति वाच्यम्। मनुष्याद्यपेक्षया देवानां प्रत्यबुद्ध्यत स एव तदभवत्तथार्षीणां तथा मनुष्याणा" मित्यादिश्रुतौ क्रमोक्तेश्च। एवं तर्हि मर्त्यादीत्यत्रापि बहुव्रीहिपूर्वकषष्ठीतत्पुरुषघटित एव विग्रहो वाच्यः । अन्यथा वैरूप्यापत्तेरिति चेन्न । मर्त्यादय इत्यत्रादिशब्देन तिर्यञ्चोऽधमाः प्रचुरदुःखवत्त्वादत्यन्तं तुच्छा येषां पूर्वकृतसुकृतपरिपक्वेण भक्त्यधिकारिणां विचारिणां च मध्ये तेषां ये देहास्तेष्वित्यर्थस्यैवेष्टत्वात् । अन्यथा स्थितो भजति देवतामित्युत्तरग्रन्थासङ्गत्यापत्तेः । न हि सर्वेऽपि मनुष्यादयस्स्वस्ववर्णाश्रमधर्मोचितश्रौतस्मार्तकर्मानुष्ठानतः परमेश्वरबुद्ध्येन्द्रादीन्देवान्भजन्त इति सुप्रसिद्धमेव । एवं चानन्तजीवसमष्टिरूपेण मायिकस्वाध्यस्त-निखिलजडगतिस्वदत्तसत्ताप्रकाशत्वात्स्वाभिन्ने प्रविष्टो माययेत्युपचर्यते । तत्र व्यष्ट्यानन्तजीवानां मध्येऽपि केचिदेव पूज्यतां तत्पूजकतां चापन्नास्सन्ततं सुकृततारतम्येनैव न तु सर्वेऽपीति बोद्धव्यम्। नाप्यन्त्यः । तस्य बुभुत्सुविशेषप्रतिबोधनैकफलकप्रतिक्रियाविशेषत्वात् । तेषामेवाचार्याणां तत्र तात्पर्याभावच्च । अन्यथा विष्णोर्जीवसमष्टित्वे

"वंशीविभूषितकरान्नवनीरदाभात्पीताम्बरादरुणबिम्बफलाधरोष्ठात् ।
पूर्णेन्दुसुन्दरमुखादरविन्दनेत्रात्कृष्णात्परं किमपि तत्त्वमहं न जाने ।।"

इत्युक्तग्रन्थस्थमेव तेषां वाक्यं विरुद्ध्येत । न च तत्सृष्टिजीवाभिप्रायिकमेवेति वाच्यम् । किमपीत्यादि पदस्वारस्यभङ्गात् । अद्वैतब्रह्मण एव भक्त्युद्रेण तथा वर्णनाच्च । अयमेव च स्वाशयस्तैस्सङ्क्षेशारीरकेऽपि सूचितः ।

सत्यं ज्ञानमनन्तमद्वयसुखं यद्ब्रह्मगत्वा गुरुं नत्वा लब्धसमाधिभिर्मुनिवरैर्मोक्षाय साक्षात्कृतम्। जातं नन्दतपोबलात्तदखिलानन्दाय वृन्दावने वेणुं वादयदिन्दुसुन्दरमुखं वन्देऽरविन्देक्षण"मिति ।

क्यों है ? इस प्रकार प्रतीयमान उत्तम और अधमभाव कैसे हुआ ? ऐसी शंका होने पर उसका उत्तर देते हैं कि वह अद्वितीय आनन्दस्वरूप परिपूर्ण परमात्मा ही विष्णु, ब्रह्मा, रुद्र और इन्द्रादि उत्तम शरीरों में प्रविष्ट होकर देवत्व को प्राप्त होता है और वही परमात्मा मनुष्यादि अधम शरीरों में स्थित होकर मनुष्यत्व

नन्वेवं तर्हि कथमेतैरेवाचार्यवर्यैस्सिद्धान्तबिन्दौ कार्तिकादिमतान्युपन्यस्य ।"ज्ञानोपहितं बिम्बचैतन्यमीश्वरोऽज्ञानप्रतिबिम्बितचैतन्यं जीव इति वाज्ञानानुपहितं शुद्धचैतन्यमीश्वरोऽज्ञानोपहितं जीव इति वा मुख्यो वेदान्तसिद्धान्त एकजीववादाख्य इममेव च दृष्टिसृष्टिवादमाचक्षत" इति । तथा चात्र मुख्यपदाशयादेतेषामयमेव वादस्सम्मत इति वाच्यम् । तथा च तदीयग्रन्थद्वयैक्यस्वारस्या-द्विष्णोरेवोक्तसमष्टिजीवत्वं तत्सम्मतमिति चेन्न । सिद्धान्तबिन्दुस्थमुख्यपदं "दृष्टिसृष्टिमिमां ब्रह्मानुभवी बहुमन्यत" इत्यनुभूतिप्रकाशोक्तेस्तत्त्वेन स्वसम्मताभिप्रायकमैव । तेनात्रैकशरीरैकजीववाद एव तत्सम्मतो न त्वनेकशरीरैकजीववादोऽप्यद्वैतसिद्ध्युक्तोऽधिकारिविशेषबुबोधयिषया प्रवृत्त इत्यत एवात्र समष्टि -जीवपदप्रयोगाभाव इति सर्वमनवद्यमिति दिक् ।।

सङ्क्षेपतोऽपवादनिरूपणम् -

अनेकजन्मभजनात्स्वविचारञ्चिकीर्षति।
विचारेण विनष्टायां मायायां शिष्यते स्वयम् ।।३।।

अन्वयः - अनेकजन्मभजनात् स्वविचारं चिकीर्षति। विचारेण मायायां विनष्टायां स्वयं शिष्यते।

व्याख्या :- एवं परमात्मान्यध्यारोपं प्रदर्श्य ससाधनं तदपवादमपि व्युत्पादयति । अनेकजन्मभजनादनेकेषु मर्त्यादिदेहेषु जन्मस्वनुष्ठितानां कर्मणां परेऽद्वैते ब्रह्मणि समर्पणरूपाद्भजना-त्संसेवना"द्भज सेवाया"मित्युक्तेः । भजनं तूक्तमेव प्राक् "मर्त्याद्यधमदेहेषु स्थितो भजति देवता"मित्यादिना । स्वविचारं स्वस्यात्मनो ब्रह्मस्वरूपस्य श्रवणादिविचारं ज्ञानसाधनं जीवश्चिकीर्षति कर्तुमिच्छति । तत एवं स्वविचारेण विचारजन्यज्ञानेन मायायां स्वस्याद्वयानन्दत्वादिरूपाच्छादिकायाम-ज्ञानाविद्यादिशब्दवाच्यायां तस्यां विनष्टायां निवृत्तायामावरणविच्छेदे सति स्वयमद्वयानन्दपूर्णः परमात्मैव शिष्यतेऽवशिष्यत इति शम् ।।

को प्राप्त होता है । तात्पर्य यह है कि यह उत्तम और अधम भाव स्वाभाविक नहीं है किन्तु शरीरादि उपाधि के कारण है । इसलिये एक ही परमात्मा का उत्तम-अधम भाव विरुद्ध नहीं है ।

इस प्रकार परमात्मा में जगत् का अध्यारोप कर अब उसके अपवाद का प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ - अनेक जन्मों में भजन करने से वह (जीव) आत्मा का विचार करने की इच्छा करता है। उस विचार से माया के नष्ट हो जाने पर स्वयं ही अवशिष्ट रहता है ।।३।।

व्याख्या - अनेक जन्मों में भजन करने से अर्थात् मनुष्यादि शरीरों में आचरित कर्मों को परब्रह्म में समर्पण रूप भजन से (**भज सेवायाम्** इस प्रकार भज धातु सेवार्थ प्रयुक्त होता है) वह जीव स्वयं (आत्मा) का विचार करने की इच्छा करता है । इस प्रकार विचार करने पर विचारजन्य ज्ञान के द्वारा माया विनष्ट हो जाती है अर्थात् अज्ञानावरण नष्ट हो जाता है । उससे स्वयं अद्वितीय आनन्दरूप परिपूर्ण परमात्मा (स्वयं) ही अवशिष्ट रहता है ।

स्वस्वरूपावस्थितिरेव मोक्ष इति मोक्षस्वरूपनिरूपणम् –

अद्वयानन्दरूपस्य सद्वयत्वञ्च दुःखिता।
बन्धः प्रोक्तस्स्वरूपेण स्थितिर्मुक्तिरितीर्यते ।।४।।

अन्वयः – अद्वयानन्दरूपस्य सद्वयत्वं दुःखिता च बन्धः प्रोक्तः। स्वरूपेण स्थितिः मुक्तिः इति ईर्यते।

व्याख्या :– ज्ञानादेव हि मोक्ष इति श्रूयते । ज्ञानान्मायाविनाशे स्वरूपावस्थितिरिति तद्वैलक्षण्येनात्र कथमुच्यत इत्याशङ्कायां स्वरूपावस्थितिरेव मोक्ष इति ज्ञेयमित्युच्यते । ''तद् ब्रह्माहमिति ज्ञात्वा सर्वबन्धैः प्रमुच्यत'' इत्यादिश्रुतिभिर्बन्धनिवृत्तिरूपो मोक्षो ज्ञानफलत्वेन स्पष्टीकृतः । सोऽपि चार्थः परमात्मस्वरूपावशेषमात्र एव पर्यवस्यतीति न काप्यनुपपत्तिः । ननु मूलाज्ञानलक्षणा माया विचारेण विनश्यतु यद्यपि,तथापि तया बन्धः कः कृतोऽभूत्तन्नाशेन च मोक्षश्च कीदृक्सम्पद्यत इति प्रश्न उत्पन्ने तयोर्बन्धमोक्षयोर्लक्षणं सङ्क्षिप्य दर्शयति । अद्वयानन्दरूपस्य परमात्मनस्सद्वयत्वं द्वितीयेन साहित्यं तथा दुःखिता दुःखेन संस्पृष्टता च यदस्ति स एव हि संसाररूपो बन्ध इति लक्षणज्ञैः प्रोक्तः । एवं स्वरूपेण स्वस्वरूपेण स्थितिरेव हि मुक्तिरित्यपि चेर्यते तज्ज्ञैः। बन्धस्य मायापरिकल्पितत्वान्मायानाशे बन्धनाशोऽपि स्याद्बन्धनाशे च या स्वरूपावस्थितिस्सैव मोक्ष इत्याशयः। अद्वितीये ब्रह्मणि वास्तवस्य बन्धस्य मोक्षस्य वा निरूपयितुमशक्त्यत्वाद्दुःखित्वादिभ्रम एव बन्धः । स्वरूपावस्थितिरेव बन्धनिवृत्तिस्स च मोक्ष इति न कोऽपि श्रुतिविरोध इति शम् ।।

मोक्ष का स्वरूप बताते हैं ।

अर्थ – अद्वितीय आनन्दस्वरूप परमात्मा का द्वैत सहित होना और दुःखी होना ही बन्धन कहा गया है और अपने स्वरूप में स्थिति को ही मुक्ति कहते हैं ।।४।।

व्याख्या – ज्ञान से ही मोक्ष होता है, यह सर्वप्रसिद्ध है तो फिर ज्ञान से माया का नाश होने पर परमात्मा ही अवशिष्ट रहता है, यह कथन क्या आपके अद्वैत सिद्धान्त के विरुद्ध नहीं है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि अपने आत्मस्वरूप में स्थित हो जाना ही मुक्ति है । इस अपने आत्मा को जो कि अद्वितीय परमानन्दस्वरूप परमात्मा ही है, उसमें द्वितीयत्व की कल्पना करते हैं अर्थात् भेद देखते हैं और उसीके कारण जिसको दुःख से आविष्ट मानते हैं, इसीको संसार रूप बन्धन कहा गया है । जब इन सब उपाधियों का त्याग कर प्राणी अपने यथार्थ स्वरूप में स्थित हो जाते हैं, उसी को मुक्ति कहते हैं । श्रीशंकराचार्य जी ने भी कहा है कि –

वेदान्तसिद्धान्तनिरुक्तिरेषा ब्रह्मैव जीवः सकलं जगच्च ।
अखण्डरूपस्थितिरेव मोक्षो ब्रह्माद्वितीयं श्रुतयः प्रमाणम् ।। (वि.चू. ४७९)

बन्धन मायाकल्पित होने से माया के नष्ट होने पर बन्धन का भी नाश हो जाता है । और बन्धन के नष्ट होने पर जो अपने आत्मस्वरूप में स्थिति हो जाती है, उसी को मोक्ष कहते हैं ।

ज्ञानाय विचार एव सर्वदाऽपेक्षित इति निरूपणम् -

अविचारकृतो बन्धो विचारेण निवर्तते।
तस्माज्जीवपरात्मानौ सर्वदैव विचारयेत् ।।५।।

अन्वयः -अविचारकृतः बन्धः विचारेण निवर्तते। तस्मात् जीवपरात्मानौ सर्वदा एव विचारयेत्।

व्याख्या :-विचारेण प्रागुक्तरीत्या मायानाशेऽपि बन्धः कथं नश्यति ? किञ्च "कर्मणैव हि संसिद्धिमास्थिता जनकादय" इति संसिद्धिपदवाच्यमोक्षसाधनत्वेन कर्मणामप्यभ्युपगमान्मुमुक्षुभिः किमर्थं विचारः कर्तव्य इति प्रश्नद्वयमप्यत्रैकयत्नेन समाधीयते । बन्धो हि संसाररूपस्सोऽयमविचारकृत इति विचारजन्यतत्त्वज्ञानाभावेऽविचारस्तेन कृतस्तन्मूलक इति हेतोस्तत्त्वस्य विचारेणैव सबन्धो निवर्तते । विचारप्रागभावोपलक्षिताज्ञानकृतस्य बन्धस्य न विचारजन्यज्ञानात्स्थितिरित्यतो निवृत्तिरुपपद्यते। "कर्मणैव हि संसिद्धिमि"त्यत्र च संसिद्धिशब्देन न मोक्ष उच्यते किन्तु चित्तशुद्धिरेवेति भावः । अत्र च विचारेण बन्धनिवृत्तिरुक्ता । सा च किंविषयेण विचारेण सिद्ध्यतीत्यत्राह । तस्माज्जीवपरमात्मानौ विविच्य तत्त्वसाक्षात्कारपर्यन्तं सर्वदाजस्रमेवात्मानं विचारयेत् । बन्धस्य तत्त्वज्ञानाभावमूलकत्वेन मूलविनाशमन्तरा बन्धनिवृत्तेरयोगेन विचारजन्यं ज्ञानमेव बन्दनिवर्तकमिति सिद्ध्यति । बन्धनाशे सत्येव मोक्षानन्दलाभाद्विचारमन्तरेण नैव मोक्षसिद्धिरित्यतो मुमुक्षुणा विचारशीलेन भाव्यमिति शम्।।

जीवस्वरूपनिरूपणम् -

अहमित्यभिमन्ता यः कर्ताऽसौ तस्य साधनम् ।
मनस्तस्य क्रिये अन्तर्बहिर्वृत्ती क्रमोत्थिते।।६।।

विचार का महत्त्व प्रदर्शित करते हैं ।

अर्थ - बन्धन अविचारकृत है, वह विचार से निवृत्त होता है । इसलिये जीव और परमात्मा का विचार सर्वदा ही करना चाहिये ।।५।।

व्याख्या - विचार के द्वारा पूर्वोक्त रीति से माया का नाश होने पर बन्धन का नाश कैसे हो सकता है ? और ***"कर्मणैव हि संसिद्धिमास्थिता जनकादयः"*** इस गीता वचन के अनुसार कर्म को भी मोक्ष का साधन माना गया है तो फिर मुमुक्षु को विचार ही क्यों करना चाहिये ? इन दोनों शंकाओं का समाधान करते हैं । संसार रूप बन्धन की प्राप्ति अविचार के कारण हुई है । अर्थात् विचारजन्य तत्त्वज्ञान के अभाव को अविचार कहते हैं । यह बन्धन तन्मूलक (अविचारजन्य) है । अतः विचार के द्वारा ही उसकी निवृत्ति होती है । इसलिये जीव और परमात्मा के यथार्थरूप का विचार सर्वदा अर्थात् साक्षात्कार पर्यन्त करना चाहिये । और ***"कर्मणैव हि संसिद्धिं"*** यहाँ पर संसिद्धि शब्द चित्तशुद्धिपरक है, न कि मोक्षपरक ।

अब जीव के स्वरूप का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - जो 'अहं' इस प्रकार अभिमान करता है, वही कर्ता है, मन उसका साधन है । क्रम से अन्तर्वृत्ति और बाह्यवृत्ति उत्पन्न होना ही उसकी क्रिया है ।।६।।

अन्वयः – यः"अहम्" इति वृत्तिः अभिमन्ता असौ कर्ता। तस्य साधनं मनः तस्य क्रमोत्थिते अन्तर्बहिर्वृत्ती क्रिये।

व्याख्या :– विचारोपयोगित्वेन प्रथमतो जीवस्वरूपं निरूपयति । एवमप्युक्तविचारः कथं कर्तव्य इत्यपेक्षया"महं ब्राह्मण"इति ब्राह्मणत्वादिजातिविशिष्टे देहे तादात्म्याद्ध्यासेनाभिमन्ता यश्चिदाभास स एव जीवो देहाद्भिन्न इति प्रथमं सामान्येन जीवस्वरूपं निरूपयति । यश्चिदाभासो देहादौ तादात्म्याध्यासेनाहमित्यभिमन्ता "हं ब्राह्मणोऽतो यक्ष" इत्याकारकाभिमानं करोति सोऽसौ कर्ता कर्तृत्वादिधर्मविशिष्टो जीवो भवति । यश्चिदाभासविशिष्टोऽहङ्कारो व्यवहारदशायां देहादावहमित्य-भिमन्यतेऽसौ कर्ता जीव इत्यभिप्रायः यद्युक्ताभिमन्तुरेव कर्तृत्वं तर्हि तस्य कर्तुः क्रियाकरणसाका-ङ्क्षत्वात्किञ्चित्तत्र वाच्यमिति ते प्रदर्शयति । मनस्तस्य करणं साधनम् । कामादिवृत्तिमानन्तः करणभागो मनः । करणस्य क्रियाव्याप्तत्वाद्यथादण्डस्य चक्रभ्रमणं क्रिया तद्वदस्यापि क्रिया वाच्येति तामाह। क्रमोत्थिते क्रमेणोत्पन्ने प्रथमतोऽन्तर्वृत्तिः पश्चाद्बहिर्वृत्तिरित्येवं क्रमादागते उभे अन्तर्बहिर्वृत्ती एव तस्य क्रिये इति शम् ।।

मनसोऽन्तर्बहिर्वृत्योस्स्वरूपविषययोर्विशदीकरणम् –

अन्तर्मुखाहमित्येषा वृत्तिः कर्तारमुल्लिखेत् ।
बहिर्मुखेदमित्येषा बाह्यं वस्त्विदमुल्लिखेत् ।।७।।

अन्वयः – अन्तर्मुखा "अहम्" इति वृत्तिः। एषा कर्तारम् उल्लिखेत् बहिर्मुखा "इदम्" इति (वृत्तिः) एषा बाह्यं इदं वस्तु उल्लिखेत् ।

व्याख्या :– क्रमोत्पन्नयोर्वृत्योराकारं व्यापारं च विविच्याचष्टे । अहं ब्रह्मेत्याकारकैषान्तर्मुखा वृत्तिरन्तःकरण-वृत्तिश्चिदाभासं कर्तारं बुद्धिप्रतिबिम्बितं साक्षित्वोपलक्षितायाः कूटस्थचित आभासमुल्लिखेद्विषयीकुर्यात्।

व्याख्या – विचार में उपयोगी होने के कारण सर्वप्रथम जीव के स्वरूप का निरूपण करते हुए कहते हैं कि जो चिदाभास देहादि में तादात्म्याध्यास के कारण 'अहं' इस प्रकार अभिमान करता है अर्थात् मैं शरीर हूँ, मैं यजन करता हूँ, इस प्रकार अभिमान करता है, वही कर्ता है । अर्थात् जीव कर्तृत्वादिधर्मविशिष्ट है । कर्ता हमेशा क्रिया और करण की अपेक्षा रखता है, इसलिये क्रम से उसे दर्शाते हैं । मन उसका साधन (करण) है । क्रम से सर्वप्रथम अन्तर्वृत्ति और उसके बाद बाह्यवृत्ति होना ही उसकी क्रिया है ।

पूर्वोक्त कथन को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ – 'अहं' इस प्रकार की यह अन्तर्मुखी वृत्ति कर्ता (जीव) को विषय करती है और 'इदं' इस प्रकार की बहिर्मुखी वृत्ति बाह्य वस्तु को इदंरूप से विषय करती है ।।७।।

व्याख्या – पूर्वोक्त अन्तर्वृत्ति और बाह्यवृत्ति के स्वरूप और विषय का स्पष्टीकरण करते हैं । 'मैं हूँ' इस प्रकार की अन्तर्मुखी वृत्ति (अन्तःकरण की वृत्ति) चिदाभास (जीव) को विषय करती है । अब बाह्यवृत्ति के स्वरूप और विषय को बताते हैं कि इदं वृत्ति को बहिर्मुखी वृत्ति कहते हैं । सूक्ष्मदेह से बहिर्मुखी यह बुद्धिवृत्ति इदं शब्द से कही जानेवाली देह से भिन्न वस्तु को विषय करती है । 'यह' इस

बहिर्वृत्तेस्स्वरूपं विषयं च प्रदर्शयति । अत्रान्तस्त्वं बहिष्ट्वं च देहापेक्षमेव। बाह्यं देहाद्बहिर्वर्तमानं वस्तु घटादिपदार्थजातमिदमितीदन्त्वेनोल्लिखेत्तन्निष्ठेदमंशं विषयीकुर्यात्। इदमित्येषेति च बहिर्वृत्तेस्स्वरूपाभिनयः । अवशिष्टेन च विषयप्रदर्शनम् । सूक्ष्मदेहाद्बहिर्मुखैषा बुद्धिवृत्तिरिदं बाह्यदेहाद्बहिर्भवमिदन्तया निर्दिश्यमानं वस्तूल्लिखेद्विषयी कुर्यात् । इदमित्याकारिका वृत्तिरेव बहिर्वृत्तिः । तत्रोल्लिख्यमान इदमर्थ एव विषयः । एवमहमित्युल्लेखिनीवृत्तिरन्तर्वृत्तिः । तत्र विषयीभूतः कर्ता तद्विषयः । एवं स्वरूपविषययोर्विवेचनमिति शम्।

इन्द्रियकार्यनिरूपणम् –

इदमो ये विशेषाः स्युर्गन्धरूपरसादयः।
असाङ्कर्येण तान्भिन्द्याद्घ्राणादीन्द्रियपञ्चकम् ॥८॥

अन्वयः – इदमः विशेषाः ये गन्धरूपरसादयः स्युः। तान् घ्राणादीन्द्रियपञ्चकम् असाङ्कार्येण भिन्द्यात्।

व्याख्या :–मनसो बाह्यान्तरवृत्तिभेदेन सर्वव्यवहारोपपत्तौ चक्षुरादीन्द्रियवैयर्थ्यं प्रसज्येत । मनसैव सर्वकार्यनिर्वाहात् । ननु सामान्येनेदमंशोऽस्तु मनोवृत्तिविषयस्तद्विशेषाश्शब्दादयस्तु किं केवलया तयैव गृह्यन्ते? अथ नेति । एवं रूपं रसश्शब्दस्स्पर्शो गन्ध इत्येवमुल्लेखनीयानामपि वृत्तीनां सद्भावेन बाह्यवृत्तिस्वरूपविवरणं न्यूनमेव कृतमित्याशङ्कायां तेषां तदन्तर्भावं विषयतद्वृत्तीनामसाङ्कर्य-प्रयोजकप्रदर्शनव्याजेन मनसोऽपेक्षया पृथगिन्द्रियत्वाङ्गीकारावश्यकतां दर्शयति । इदमर्थस्य सामान्यस्य गन्धरूपरसादय आदिशब्देन शब्दस्पर्शावपि गृह्येते तथाविधा ये विशेषा धर्मास्स्युस्तान्घ्राणादीन्द्रिय-पञ्चकमत्राप्यादिपदेन चक्षुर्जिह्वाकर्णत्वचो गृह्यन्ते । तत्सर्वमसाङ्कर्येण प्रत्येकं भिन्द्याद्विभजेत । एवं चासाङ्कर्यसिद्धये मनसः पृथक्चक्षुरादीन्द्रियाण्यवश्यमभ्युपेयानीति तात्पर्यम् । मनसेदमिति सामान्यमात्रं गृह्यते। न तु तद्विशेषो गन्धादिरित्यतस्तद्ग्रहणे घ्राणादीन्द्रियपञ्चकमुपयुज्यत इति शम् ।।

शब्द का प्रयोग हम किसी बाहरी वस्तु के लिये करते हैं । 'यह घट है' 'यह भवन है' 'यह पुस्तक है' आदि वाक्यों में 'यह' (इदं) शब्द का प्रयोग हुआ है । 'यह' शब्द घट-भवन आदि बाह्य वस्तुओं को विषय करता है । इसलिये इदं वृत्ति मन में उत्पन्न होने पर भी बहिर्मुखी कहलाती है । इदं वृत्ति अहं वृत्ति के अधीन है, इसलिये यदि अहं वृत्ति उत्पन्न ही न हो तो इदं वृत्ति भी उत्पन्न न होगी ।

घ्राणादि इन्द्रियों की सार्थकता बताते हैं ।

अर्थ – इदं के (इदंरूप से सामन्यतया प्रतीत होने वाले पदार्थों के) जो गन्ध, रूप, रस आदि विशेष धर्म हैं, उनको घ्राणेन्द्रिय पञ्चक (घ्राणादि पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ) पृथक्-पृथक् रूप से विभक्त करता है ।।८।।

व्याख्या – मन से ही जब सम्पूर्ण व्यवहार की सिद्धि हो सकती है तो फिर चक्षु आदि इन्द्रियों की क्या आवश्यकता है ? अर्थात् इन्द्रियाँ अनावश्यक हैं । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि इदं के अर्थात् इदं रूप से सामान्यतया प्रतीत होने वाले पदार्थों के गन्ध, रूप, रस आदि (आदि से शब्द और स्पर्श का ग्रहण करना चाहिये) जो विशेष धर्म हैं, उनको घ्राणेन्द्रिय पञ्चक अर्थात् घ्राण, चक्षु, श्रोत्र, त्वक् और रसना यह ज्ञानेन्द्रिय पञ्चक पृथक्-प्रथक् रूप से विभक्त करता है । इस प्रकार संकरता दोष की निवृत्ति के लिये मन से भिन्न चक्षु आदि इन्द्रियों को भी अवश्य ही मानना चाहिये । तात्पर्य यह है कि घ्राणादि इन्द्रियाँ निरर्थक नहीं हैं ।

परमात्मस्वरूपनिरूपणम् -

कर्तारञ्च क्रियान्तद्वद्व्यावृत्तविषयानपि ।
स्फोरयेदेकयत्नेन योऽसौ साक्ष्यत्र चिद्वपुः॥९॥

अन्वयः-कर्तारं च क्रियां तद्वत् व्यावृत्तविषयान् अपि एकयत्नेन यः चिद्वपुः स्फोरयेत् असौ अत्र साक्षी।

व्याख्या :- एवं जीवस्वरूपं सोपकरणं निरूप्योपक्रमोक्तपरमात्मस्वरूपं निरूपयति । अहङ्काराभिमानेन कर्तारं व्यवहर्तारमन्तर्बहिर्वृत्तिरूपक्रिया च उपलक्षणमिदमन्तर्बहिः करणानामपि तद्वद्व्यावृत्तविषयान्परस्परविभिन्नविषयानपि व्यावृत्ता असाङ्कर्येण अहमिदमात्मकमनोवृत्तिरूपं घ्राणादिन्द्रियपञ्चकस्य विषयभूताश्शब्दस्पर्शरूपरसगन्धास्तानेकयत्नेन युगपदेव यस्स्फोरयेत्प्रकाशयेदसौ चिद्वपुश्चिदेव वपुस्स्वरूपं यस्य सोऽत्र वेदान्तशास्त्रे साक्षीतीर्यते कथ्यते । "तस्य भासा सर्वमिदं विभाती"तिश्रुतेस्साक्षिणश्चिद्रूपत्वं सर्वभासकत्वेनावगम्यत इति शम् ।।

साक्षिण एकयत्नेन सर्वस्फोरकत्वस्याभिनयपूर्वकं निरूपणम् ।

ईक्षे शृणोमि जिघ्रामि स्वादयामि स्पृशाम्यहम् ।
इति भासयते सर्वं नृत्यशालास्थदीपवत् ॥१०॥

अन्वयः - "अहम् ईक्षे। शृणोमि। जिघ्रामि। स्वादयामि। स्पृशामि" इति भासयते। नृत्यशालास्थदीपवत्।

व्याख्या :- कर्तृक्रियाविषयमेकयत्नेन स्फूर्तिं दृष्टान्तमुखेन विवृणोति । अहं मनसा चक्षुरादीन्द्रियद्वारा घटादिविषयानीक्षे पश्याम्यवलोकयामि । तथैव श्रोत्राभ्यां शब्दं शृणोमि, नासिकया जिघ्रामि, रसनया रसमास्वादयामि, त्वचा स्पृशामीति सर्वं ज्ञातृज्ञेयज्ञानतत्सहकारीणि स साक्षी भासयते । द्रष्टृदर्शनदृश्यलक्षणं

अब परमात्मा (साक्षी) के स्वरूप का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - जो कर्ता, क्रिया और उसी प्रकार भिन्न-भिन्न विषयों को एक ही यत्न से प्रकाशित करने वाला है, वही चैतन्यस्वरूप वेदान्तशास्त्र में साक्षी कहलाता है ।।९।।

व्याख्या - अहंकाराभिमान के कारण कर्ता (चिदाभास) को, अन्तर्वृत्ति और बाह्यवृत्ति रूप क्रिया को तथा उसी प्रकार (भिन्न-भिन्न) व्यावृत्त विषयों को अर्थात् घ्राणादि इन्द्रिय पञ्चक के विषयभूत रूप, रस, गन्धादि विषयों को एक साथ ही जो प्रकाशित करता है, वही चिद् वपु अर्थात् चैतन्य ही जिसका स्वरूप है, वही (चैतन्यस्वरूप) वेदान्तशास्त्र में साक्षी कहलाता है । ***"तस्य भासा सर्वमिदं विभाति"*** (कठो. २/५/१५) इस श्रुति से साक्षी का चिद्रूपत्व और सर्वभासकत्व ज्ञात होता है ।

पूर्व कथन को दृष्टान्त पूर्वक समझाते हैं ।

अर्थ - मैं देखता हूँ, सुनता हूँ, सूंघता हूँ, खाता हूँ, स्पर्श करता हूँ, इस प्रकार नृत्यशाला में रखे दीपक के समान वह (साक्षी) सब को प्रकाशित करता है ।।१०।।

व्याख्या - पूर्व श्लोक में वर्णित कर्ता, क्रिया और विषयों को एकसाथ स्फुरित करने वाले साक्षी को दृष्टान्त के द्वारा स्पष्ट करते हैं । मैं मन से चक्षु इन्द्रिय द्वारा घटादि विषयों को देखता हूँ । इस वाक्य में 'मैं' कर्ता है । देखना क्रिया है और घटादि विषय हैं । उसी प्रकार मैं श्रोत्रेन्द्रिय द्वारा शब्द सुनता हूँ,

त्रिपुटीमेकयत्नेन भासयेत् । युगपदविकारित्वेऽनेकावभासकत्वे च दृष्टन्तं निर्दिशति । यथा नृत्यशालास्थदीपवदिति नृत्यशालायां रङ्गभूमौ प्रकाशमानो दीपस्तद्वदिति शम् ।।

नृत्यशालास्थदीपवदितिदृष्टान्तस्य विशदीकरणं दार्ष्यान्तिके योजनं च ।

नृत्यशालास्थितो दीपः प्रभुं सभ्यांश्च नर्तकीम् ।
दीपयेदविशेषेण तदभावेऽपि दीप्यते।।११।।
अहङ्कारं धियं साक्षी विषयानपि भासयेत् ।
अहङ्काराद्यभावेऽपि स्वयं भात्येव पूर्ववत् ।।१२।।

अन्वयः - नृत्यशालास्थितः दीपः प्रभुं सभ्यान् नर्तकीं च अविशेषेण दीपयेत् तदभावे अपि दीप्यते।।
अन्वयः-साक्षी अहंकारं धियं विषयान् अपि भासयेत्। अहंकाराद्यभावे अपि स्वयं पूर्ववत् भाति एव।।

व्याख्या :- दृष्टान्तमेव विवृणोति । नृत्यशालास्थितो दीपो नाटकप्रवर्तकं प्रभुं सर्वशक्तिविशिष्टं राजानं तदाश्रितान्सभ्यान्नर्तकीं चाविशेषेण तुल्यमेव प्रभ्वादिविषयविशेषावभासनाय बुद्ध्यादिविकारमन्तरेण दीपयेत्प्रकाशयेत्तदभावेऽपि प्रभुसभ्यनर्तक्याद्यभावेऽपि दीप्यते स्वयं प्रकाशते। यथा सूर्यकान्तिः प्रकाश्यप्रकाशानायैव केवलं न प्रकाशते । किन्तु प्रकाश्याभावेऽपि प्रकाशते तद्वत्प्रकाशते। दृष्टान्तसिद्धमर्थं दार्ष्टान्तिके संयोजयति । साक्षी चाहङ्कारपारवश्येनाहमित्यभिमानप्रेरितं जीवं तस्य साधनीभूतां धियं

नासिका द्वारा सूंघता हूँ, जिह्वा द्वारा रस का आस्वादन करता हूँ, त्वचा द्वारा स्पर्श करता हूँ । इस प्रकार समस्त ज्ञाता, ज्ञेय और ज्ञान आदि को जो प्रकाशित करता है, वह साक्षी है । नृत्यशाला में रखे हुए दीपक का इस विषय में दृष्टन्त देते हैं । नृत्यशाला में (रंगभूमि में) जैसे दीपक रूप को प्रकाशित करता है, वैसे ही साक्षी सबको प्रकाशित करता है ।

पूर्वोक्त दृष्टान्त का ही विवरण करते हैं ।

अर्थ - नृत्यशाला में रखा हुआ दीपक प्रभु (सभापति), सभ्य (सभासद) और नर्तकी को एक समान प्रकाशित करता है और उनकी अनुपस्थिति को भी प्रकाशित करता है, उसी प्रकार साक्षी चैतन्य अहंकार, बुद्धि और विषयों को प्रकाशित करता है । अहंकारादि के अभाव में वह स्वयं पूर्ववत् प्रकाशमान ही रहता है ।।११-१२।।

व्याख्या - पूर्वोक्त नृत्यशाला के दृष्टान्त को स्पष्ट करते हैं । नृत्यशाला में रखा हुआ दीपक प्रभु को (सभापति राजा को), सभ्यों (सभासदों) को और नर्तकी को एक समान प्रकाशित करता है । और उनके अभाव में उनकी अनुपस्थिति को भी प्रकाशित करता है । मान लें कि किसी राजा के दरबार में नृत्य हो रहा है । वहाँ राजा अपने सिंहासन पर बैठा है । उसके सामने सभासद अपनी-अपनी आसंदियों पर बैठे हैं । मध्य में एक नर्तकी नाच रही है और वाद्यकार बाजे बजा रहे हैं । उस नृत्यशाला में एक दीपक रखा है, जो अपने प्रकाश से उन सभी को प्रकाशित कर रहा है । कुछ देर बाद जब सभा समाप्त हो जाती है तब वहाँ से सभी चले जाते हैं । अब यदि पूछें कि उस नृत्यशाला में किसी के न होने का ज्ञान कैसे हुआ ? तो यही कहेंगे कि दीपक के प्रकाश से प्रतीत हुआ कि वहाँ कोई नहीं हैं । दीपक स्वयं को भी प्रकाशित करता है और समीपस्थ वस्तुओं को भी प्रकाशित करता है तथा उनके अभाव

रूपरसगन्धादिन्विषयानप्येकयत्नेन युगपदेव भासयेत्प्रकाशयेत् । सुषुप्तिकालेऽहङ्काराद्यभावेऽपि सर्वोपरमकाले स्वयं तत्साक्षिमात्रतया पूर्ववज्जाग्रत्स्वप्नयोरिव साक्षी स्वयं भात्येव । नन्वहङ्कारधियोः प्रभुनर्तकीस्थानीययोर्दीपस्थानीयेन साक्षिणास्तु साक्षाद्भानं, विषयाणां तु श्रोत्रादिकरणद्वारा प्रमातुरहङ्कारावच्छिन्नचिदाभासस्य भासमानानां कथं साक्षात्साक्षिभानमुपपद्यत इति चेत्सत्यमेव । अनुपपत्त्यानयैवात्राचार्यस्यैकशरीरैकजीववादाख्यः प्रागुदाहृतसिद्धान्तबिन्दूक्तदृष्टिसृष्टिपक्षस्यैवाभिमतत्वमवगम्यते । तत्रैव सकलदृश्यस्यापि स्वप्नवत्प्रातिभासिकत्वमिति विषयाणामपि साक्षात्साक्षिभास्यत्वमुचितमेवेति दिक् ।।

साक्षिकल्पनावश्यकत्वनिरूपणम् –

निरन्तरं भासमाने कूटस्थे ज्ञप्तिरूपतः।
तद्भासा भास्यमानेयं बुद्धिर्नृत्यत्यनेकधा।।१३।।

अन्वयः– कूटस्थे ज्ञप्तिरूपतः निरन्तरं भासमाने इयं बुद्धिः तद्भासा भास्यमाना अनेकधा नृत्यति।

व्याख्या :– सत्त्वगुणप्रधानायाः बुद्धेरेव "सत्त्वात्सञ्जायते ज्ञान"मिति स्मृत्या सर्वभासकत्वसम्भवे कुतस्साक्षिप्रकल्पनेनेति चेन्न । साक्ष्यनवभास्यमानाबुद्धिस्स्वयं विषयग्रहणासमर्था । अतश्च साक्षिकल्पने न गौरवादिदोषा इत्यभिप्रेत्य वदति । कूटस्थे निर्विकारे साक्षिणि स्वयंप्रकाशो ज्ञप्तिरूपतच्चिद्रूपत्वात्स्वप्रकाशचैतन्यतया निरन्तरमनवरतं भासमाने सदा स्फुरति सतीयं बुद्धिस्स्वयं जडरूपा मतिः । तथा च बुद्धेर्जडत्वात्स्वप्रकाशत्वाभावाच्च न सर्वभासकत्वं साक्षात्सम्भवतीति भावः । तद्भासा तस्य कूटस्थस्य साक्षिणस्स्वरूपचैतन्येन तेजसा भास्यमाना प्रकाश्यमानैवनेकधा घटोऽयं पटोऽयमित्यादि ज्ञानाकारेण नृत्यति विविधविषयान्विषयीकरोति विक्रियते । बुद्धेर्विकारितया जडत्वात्स्वतस्स्फूर्तिराहित्यं यतो हेतोरतस्तदतिरिक्तस्सर्वावभासकस्साक्ष्यभ्युपगन्तव्य इति भाव इति शम् ।।

को भी प्रकाशित करता है, उसी प्रकार यह साक्षी चैतन्य अहंकार को अर्थात् कर्ता को, बुद्धि को अर्थात् अन्तर्बाह्यवृत्तिस्वरूप क्रियाओं को तथा विषयों को अर्थात् शब्द, स्पर्शादि विषयों को भी प्रकाशित करता है । और जब सुषुप्ति में अहंकारादि का अभाव हो जाता है तब उनके अभाव में भी यह साक्षी पूर्ववत् प्रकाशमान रहता है, उनके अभाव को भी प्रकाशित करता है ।

साक्षी की आवश्यकता दर्शाते हैं ।

अर्थ – कूटस्थ (साक्षी) ज्ञप्तिरूप से निरन्तर भासित होता है और उसके प्रकाश से प्रकाशित होकर यह बुद्धि अनेक प्रकार से नाचती है ।।१३।।

व्याख्या – सत्वगुणप्रधान बुद्धि ही सभी को प्रकाशित करने में समर्थ है फिर उसके रहते साक्षीचैतन्य की कल्पना करना व्यर्थ है । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि बुद्धि स्वयं जड़ होने से सबको प्रकाशित नहीं कर सकती । साक्षीचैतन्य कूटस्थ (निर्विकार) है । ज्ञप्तिरूप से अर्थात् स्वयं प्रकाश होने से निरन्तर भासित होता है । उसी के प्रकाश से प्रकाशित होकर यह बुद्धि रूपी नर्तकी अनेक प्रकार से नाचती है अर्थात् विविध विषयों को ग्रहण करने में समर्थ होती है ।

जगन्नाटकप्रदर्शनम् -

अहङ्कारः प्रभुः सभ्या विषया नर्तकी मतिः।
तालादिधारीण्यक्षाणि दीपस्साक्ष्यवभासकः॥१४॥

अन्वयः - अहंकारः प्रभुः। विषयाः सभ्याः। मतिः नर्तकी। अक्षाणि तालादिधारीणि। अवभासकः साक्षी दीपः।

व्याख्या :- एवं चोक्तमर्थं निखिलमपि पिण्डीकृत्य श्रोतृबिद्धिसौकर्याय नाटकरूपकेण निरूपयति। अस्मिञ्जगन्नाटकेऽहङ्कारो जीवः प्रभुः प्रवर्तको विषयभोगसाकल्यवैकल्याभिमानप्रयुक्त हर्षविषाद-निमित्तसुखदुःखाभ्यां संस्पृष्टत्वान्नृत्याभिमानिप्रभुतुल्यत्वादहङ्कारस्य प्रभुत्वरूपणम् । विषयास्स्रक्चन्दन-वनितादयस्सभ्याः । परिसरवर्तित्वेऽप्यभिमानराहित्यात्सभ्यपुरुषसाम्यं विषयाणाम्। विविधविकार-विशिष्टा मतिर्नर्तकी । नानाविकारवत्त्वतौल्येन नर्तकीतौल्यं धियः । धीविकारानुकूलव्यापार-वत्त्वात्तालादिधारीणि तालमद्दलवीणापटहादीन्यातोद्यानि धरन्तीतीन्द्रियाणि चक्षुरादीनि तथोच्यन्ते । तालादिवाद्यवादकानां नर्तक्यनुचरत्त्वेन युक्तं क्लीबत्वम् । तेषामपि सर्वेषां युगपदवभासकस्साक्षी दीपः । एतत्सर्वावभासकत्वात्साक्षिणो दीपसादृश्यमस्तीति युक्ततरमेतदिति शम् ।।

साक्षिणो दीपदृष्टान्तस्पष्टीकरणम् -

स्वस्थानसंस्थितो दीपस्सर्वतो भासयेद्यथा।
स्थिरस्थायी तथा साक्षी बहिरन्तः प्रकाशयेत् ॥१५॥

अन्वयः-दीपः यथा स्वस्थानसंस्थितः सर्वतः भासयेत् तथा स्थिरस्थायी साक्षी बहिरन्तः प्रकाशयेत्।

जगत् रूपी नाटक को प्रदर्शित करते हैं ।

अर्थ - अहंकार प्रभु, विषय सभासद और बुद्धि नर्तकी है । इन्द्रियाँ तालधारी हैं और उनका प्रकाशक साक्षी दीपक है ॥१४॥

व्याख्या - इस जगत् रूपी नाटक में अहंकार प्रभु है अर्थात् विषयाभिमाननिमित्तक सुख-दुःखादि से संस्पृष्ट होने के कारण नृत्य का प्रवर्तक होने से उसका अभिमानी जीव ही प्रभु है । माला, चन्दन, वनिता आदि विषय ही उस नाटक के सभासद हैं । अभिमानरहित होने से विषयों को सभासद कहा गया है । विविध विकारों से विशिष्ट बुद्धि ही नर्तकी है । और इन्द्रियाँ ताल धारी हैं अथात् जैसे ताल बजाने वाले नर्तकी का ही अनुसरण करते हैं, वैसे ही ये इन्द्रियाँ भी बुद्धिरूप नर्तकी का अनुसरण करती हैं । और जैसे प्रभु, सभासद, नर्तकी और ताल बजाने वाले आदि को दीपक प्रकाशित करता है, वैसे ही अहंकार, विषय, बुद्धि और इन्द्रियाँ आदि को साक्षी चैतन्य प्रकाशित करता है । इसलिये सबका प्रकाशक साक्षी ही (दीपक) है ।

साक्षी के निर्विकारित्व का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - जैसे अपने स्थान में स्थित रहते हुए दीपक सर्वत्र प्रकाश करता है, उसी प्रकार स्थिरस्थायी साक्षी बाहर-भीतर प्रकाश करता है ॥१५॥

व्याख्या :- अत्र दत्तो दीपदृष्टान्तो विषमः, साक्षिणो निर्विकारत्वात् । दीपस्य तु तैलवर्तिह्रासान्यथानुपपत्त्या प्रतिक्षणनूतनज्वालापरिणामित्वात्सेयं दीपज्वालेति प्रत्यभिज्ञायाश्चातिसादृश्यप्रयुक्तत्वाच्चेति चेत्सत्यम् । व्यावहारिकस्वप्रकाशत्वेनैव तस्य दृष्टान्तत्वादित्याशयेन न दोषः । ननु विषयाद्यवभासकस्य साक्षिणस्तत्संसर्गभूतं विकारित्वं सिद्ध्येतेत्याशङ्क्यायामाह । यथा स्वस्थानसंस्थितो दीपस्सर्वतः परिसरप्रदेशं तत्स्थानमपि भासयेत्तथास्थिरस्थायी स्थिरो गमनागमनशून्यस्स्थायी स्थितिमात्रस्वभावो नित्यस्साक्षी शरीरस्य बहिरन्तः प्रकाशयेद्मनाद्यनुकुर्वन्नेव । स्थिरस्थायीत्यत्रस्थिरश्चासौ स्थायीति कर्मधारये पौनरुक्त्यापत्तिदोष इत्यतस्स्थिरेण स्थायीति तत्पुरुष आश्रीयते । "द्वाविमौ पुरुषौ लोके क्षरश्चाक्षर एव च । क्षरस्सर्वाणि भूतानि कूटस्थोऽक्षर उच्यत" इति गीताया भाष्ये कूटस्थपदेनाज्ञानस्योक्तिवदत्राप्यगत्या स्थिरपदेन तत्त्वज्ञानमन्तराविचलत्वगुणेनाज्ञानमेव गृह्यते । तथाचाज्ञानेन स्थायी तत्प्रयुक्त दृश्य निरूपित दृत्त्वलक्षणसाक्षित्ववांस्तदभावे तु शुद्धचिन्मात्रस्वरूप इत्यर्थः । अत्र बहिरन्तरत्वं च देहापेक्षयैवेति ज्ञेयम् । यथा दीपो गमनादिवत् विकाररहितोऽनखिलान्पदार्थानवभासयत्येवमेव साक्ष्यपि निर्विकारस्सर्वमपि प्रकाशयतीति शम्।।

साक्षिणि बुद्धिचाञ्चल्यारोपकथनम् -

बहिरन्तर्विभागोऽयं देहापेक्षो न साक्षिणि।
विषया बाह्यदेशस्था देहस्यान्तरहंकृतिः।।१६।।

अन्वयः - अयं बहिरन्तर्विभागः देहापेक्षः न साक्षिणि। विषयाः बाह्यदेशस्थाः देहस्य अन्तः अहंकृतिः।

व्याख्या :- परिपूर्णस्य साक्षिणो बहिरन्तरवभासकत्वाभिधानमसमञ्जसम्। यतोऽ"नपूर्वमनपरमनन्तरमबाह्य"मिति श्रुत्त्या साक्षिणो बाह्याभ्यन्तरविभागाभावादित्याशङ्क्यायामुच्यते। अयं बहिरन्तर्विभागो देहापेक्षो देहमपेक्ष्यैव कृतः । साक्षिणि तु न, विभागो नास्त्येव । अतो बाह्याभ्यन्तरत्वं यदुक्तं

व्याख्या - विषयों को अवभासित करने वाले साक्षी का उनके संसर्ग से विकारित्व भी सिद्ध हो जाएगा । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि जैसे अपने स्थान में ही स्थित नृत्यशाला में रखा हुआ दीपक प्रभु, सभासद, नर्तकी आदि सभी को और उनके न रहने पर उनकी अनुपस्थिति को भी प्रकाशित करता है, उसी प्रकार स्थिरस्थायी अर्थात् गमनागमनशून्य स्थितिमात्रस्वरूप (नित्य) यह साक्षी शरीर के बाहर और भीतर सबको प्रकाशित करता है ।

बाह्य-भीतर का विभाग देह की अपेक्षा से है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - बाहर-भीतर का जो यह विभाग है, वह देह की अपेक्षा से है न कि साक्षी में । विषय शरीर के बाहर स्थित हैं और अहंकार शरीर के अन्दर है ।।१६।।

व्यख्या - आपने जो कहा कि साक्षी बाहर-भीतर सब का प्रकाशक है, यह ठीक नहीं है, क्योंकि ***"अनन्तरमबाह्यम्"*** इत्यादि श्रुतिवाक्य साक्षी को बाह्य और आभ्यन्तर विभाग से रहित बताते हैं । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि बाहर और भीतर का जो यह विभाग है, वह देह की अपेक्षा से किया गया है । साक्षी में यह विभाग नहीं है । अर्थात् बाह्य-आभ्यन्तर भेद देह सापेक्ष है । साक्षी इनसे अलग

तद्देहापेक्षमेवेति भावः । एवं सति कस्य देहान्तरत्वं कस्य वा देहबाह्यत्वमित्यत्राह। विषया देहस्य बाह्यदेशस्थाः । अहङ्कृतिस्तु देहस्यान्तरिति शम् ।।

साक्षिणि बुद्धिधर्मारोपणनिरूपणम् –

अन्तस्था धीस्सहैवाक्षैर्बहिर्याति पुनः पुनः।
भास्यबुद्धिस्थचाञ्चल्यं साक्षिण्यारोप्यते वृथा।।१७।।

अन्वयः – अन्तस्था धीः अक्षैः सह एव पुनः पुनः बहिः याति। भास्यबुद्धिस्थचाञ्चल्यं साक्षिणि वृथा आरोप्यते।

व्याख्या :– देहस्यान्तरपि साक्ष्यप्यहङ्कारभासकत्वेन भासमानस्तथा बहिरपि घटादिविषय-भासकत्वेन भासमानस्स्फुरत्येव । तेन किमसावपि चिदाभासबुद्ध्या सह गमागमौ करोति ? "स्थिरस्थायी तथा साक्षी बहिरन्तः प्रकाशये"दिति साक्षिणो निर्विकारस्य स्थिरस्थायिनो बहिरन्तः प्रकाशत्वमयुक्तमेव । यतो घटमहं पश्यामीत्यत्र साक्षी प्रथमतोऽहमिति चिदाभासं प्रकाशयति । मन इन्द्रियद्वारा घटादि-बाह्यवस्तु चानन्तरं स्फोरयति । एवं तस्य साक्षिणो गमनागमने चानुभूयते । एवं सति स्थिरता तस्य कथमुच्यत इत्यादिशङ्कामुपशमयति । चिदाभासविशिष्टान्तस्था धीश्चक्षुराद्यक्षैरिन्द्रियैस्सह विविधविषयग्रहणाय देहाद्बहिः पुनः पुनर्याति । तथा च भास्यबुद्धिचाञ्चल्यं साक्षिभास्याया बुद्धेश्चाञ्चल्यं साक्षिणि वृथा व्यर्थमेवारोप्यते । न गमनागमने साक्षिणि वास्तवतो नैवस्त इति भावः । दृष्टग्राहकत्वेन देहान्तरावस्थिता बुद्धिः शब्दादिग्रहणाय श्रोत्रादिमार्गेण मुहुर्मुहुर्निर्गच्छति । एवं च तन्निष्ठं चाञ्चल्यं तद्भासके साक्षिण्यारोप्यत इत्यतो न वास्तवं साक्षिणश्चाञ्चल्यमिति शम् ।।

है । यदि ऐसा है तो देह के भीतर और बाहर का भेद कौन-सा है ? इस शंका पर कहते हैं कि शब्द-स्पर्शादि विषय शरीर के बाहर स्थित हैं और अहंकार शरीर के अन्दर है ।

साक्षी में बुद्धि की चञ्चलता के आरोप का वर्णन करते हैं ।

अर्थ – शरीर के अन्दर स्थित बुद्धि इन्द्रियों के साथ बार-बार बाहर जाती है । तो भी भास्य बुद्धि की चञ्चलता को साक्षी में वृथा ही आरोपित किया जाता है ।।१७।।

व्याख्य – आपने जो पूर्वश्लोक में कहा कि स्थिरस्थायी विकार रहित साक्षी बाहर-भीतर सबका अवभासक है, यह कथन युक्ति युक्त नहीं है । क्योंकि "मैं घर को देखता हूँ" यहाँ साक्षी सर्वप्रथम अहं (चिदाभास) को प्रकाशित करता है और बाद में मन इन्द्रियों द्वारा घटादि बाह्यवस्तु को प्रकाशित करता है । ऐसी स्थिति में साक्षी का गमनागमन सभी को स्पष्ट रूप से अनुभव में आता है तो फिर आप उसको स्थिरस्थायी कैसे कहते हैं ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि शरीर के अन्दर स्थित चिदाभासविशिष्ट बुद्धि चक्षु आदि इन्द्रियों के साथ विविध विषयों को ग्रहण करने के लिये बार-बार देह से बाहर जाती है । ऐसी स्थिति में भास्य (प्रकाश्य) बुद्धि की चञ्चलता को अर्थात् साक्षी द्वारा भासित होने वाली बुद्धि की चञ्चलता को साक्षी में वृथा ही आरोपित किया जाता है । वास्तव में साक्षी का गमनागमन नहीं होता है । इसलिये चञ्चलता बुद्धि की है न कि साक्षी की ।

भासके भास्यचाञ्चल्यारोपविषये दृष्टान्तनिरूपणम् ।

गृहान्तरगतः स्वल्पो गवाक्षादातपोऽचलः।
तत्र हस्ते नर्त्यमाने नृत्यतीवातपो यथा।।१८।।

अन्वयः - गवाक्षात् गृहान्तरगतः स्वल्पः आतपः अचलः तत्र हस्ते नर्त्यमाने यथा आतपः नृत्यति इव।

व्याख्या :- पूर्वं प्रतिपादित एव विषयो दृष्टान्तेन स्पष्टीक्रियते । यथा गवाक्षाद्गवस्सूर्यकिरणाञ्जलानिवाक्ष्णुवन्ति व्याप्नुवन्त्येतमनेन वा गवाक्षो वातायनं "वातायनं गवाक्षोऽस्त्री"ति कोशः । तस्माद्गृहान्तरगतस्स्वल्प आतपोऽचलश्चाञ्चल्यरहित एव वर्ततेऽथापि तत्र तस्मिन्नातपे पुरुषेण हस्ते नर्त्यमाने सञ्चालिते हीतस्ततश्चाल्यमाने सत्यातपो नृत्यतीव दृश्यते सञ्चलतीव लक्ष्यते वस्तुतो न चलति तद्वदिति शम् ।।

बुद्धिचाञ्चल्यात्साक्षीचलतीव भातीति प्रदर्शनम् ।

निजस्थानस्थितस्साक्षी बहिरन्तर्गमागमौ।
अकुर्वन्बुद्धिचाञ्चल्यात्करोतीव तथा तथा।।१९।।

अन्वयः - निजस्थानस्थितः साक्षी बहिः अन्तः गमागमौ अकुर्वन् बुद्धिचाञ्चल्यात् तथा तथा करोति इव।

व्याख्या :- दृष्टान्ते सिद्धमर्थं दार्ष्टान्तिके योजयति । निजस्थानस्थितो निजस्य स्वसाक्षित्वप्रयोजकमूलाज्ञानस्य यत्स्थानमधिष्ठानं ब्रह्म तत्र स्वस्वरूपस्थाने स्थितस्साक्षी देहाद्बहिरन्तश्च गमागमौ

उक्तार्थ को दृष्टान्त से समझाते हैं ।

अर्थ - गवाक्ष से घर में आती हुई थोड़ी-सी धूप यद्यपि अचल होती है, किन्तु उसमें हाथ नचाने से धूप भी नाचती हुई-सी प्रतीत होती है । उसी प्रकार अपने स्थान में स्थित साक्षी बाहर-भीतर गमनागमन नहीं करता किन्तु बुद्धि की चञ्चलता से वह ऐसा करता हुआ-सा प्रतीत होता है ।।१८-१९।।

व्याख्या - गवाक्ष (खिड़की) से घर में प्रविष्ट स्वल्प आतप (धूप) यद्यपि अचल (स्थिर) होती है तथापि उसमें हाथ नचाने से वह धूप भी नाचती हुई-सी प्रतीत होती है । इस प्रकार के अनेक उदाहरण हो सकते हैं, जिसमें एक वस्तु की गति दूसरी अचल वस्तु में होती हुई-सी प्रतीत होती है । रेलगाड़ी में बैठे व्यक्ति देखते हैं कि बाहर पेड़, मकान, पहाड़ आदि बड़ी तेजी से भागे जा रहे हैं । श्रीगोस्वामी तुलसीदास जी रामचरित में ऐसे कुछ दृष्टान्त देते हैं -

जब जेहि दिसि भ्रम होई खगेसा । सो कह पश्चिम उयउ दिनेसा ।।
नौकारूढ़ चलत जग देखा । अचल मोह बस आपुहि लेखा ।।
बालक भ्रमहिं न भ्रमहिं गृहादी । कहहिं परस्पर मिथ्यावादी ।।

इसी प्रकार अपने स्थान पर स्थित साक्षी देह से बाहर-भीतर गमनागमन न करता हुआ भी बुद्धि

निर्गमनप्रत्यागमनावकुर्वन्नपि बुद्धिचाञ्चल्याद्बुद्धेश्चञ्चलस्वभावात्तथा तथा तदनुरूपं गमागमौ करोतीव दृश्यते । वस्तुतो न किञ्चच्चलतीति शम् ।।

साक्षिणो देशकालाद्यनवच्छिन्नत्वकथनम् ।

न बाह्यो नान्तरस्साक्षी बुद्धेर्देशौ हि तावुभौ।
बुद्ध्याद्यशेषसंशान्तौ यत्र भात्यस्ति तत्र सः।।२०।।

अन्वयः - साक्षी बाह्यः न। आन्तरःन। हि(यस्मात्) तौ उभौ बुद्धेः देशौ। बुद्ध्याद्यशेषसंशान्तौ सः यत्र भाति तत्र अस्ति।

व्याख्या :- निजस्थानस्थितस्साक्षी बहिरन्तर्गमागमौ करोतीव दृश्यत इत्यत्र किं बहिरन्तर्देशौ साक्षिणो आहोस्विद्बुद्धेर्वेति विकल्प्य नैव साक्षिणो गमागमौ पूर्णत्वादिति निरस्यति । साक्षी देहान्न बाह्यो बहिस्स्थितो न । तथा नान्तरोऽप्यन्तरेव विद्यत इत्यपि न, देहस्य बाह्याभ्यन्तरवर्तित्वं न साक्षिणो वक्तव्यम् पूर्णत्वात् । तावुभौ बुद्धेरन्तःकरणस्य देशौ । एवं तर्हि साक्षी कुत्रास्तीत्यत्राह । बुद्ध्याद्यशेषसंशयान्तौ बुद्धेरिन्द्रियाणां चक्षुरादीनां चात्यन्तं प्रतीतेरुपरमे सति यत्र साक्षी भाति तत्र स साक्ष्यस्ति । अवाङ्मनसगम्ये ब्रह्मण्येव साक्ष्यनिरूपितसाक्षित्वप्रयोजकज्ञानेन साक्षीति व्यवहारो जायत इत्यतस्तत्रैव सोऽस्तीति शम् ।।

साक्षिणस्सर्वगत्वमपि कल्पनयैवेति निरूपणम् -

देशः कोऽपि न भासेत यदि तर्ह्यस्त्वदेशभाक् ।
सर्वदेशप्रक्लृप्त्यैव सर्वगत्वन्न तु स्वतः ।।२१।।

की चञ्चलता के कारण अथात् बुद्धि के चाञ्चल्य स्वभाव के अनुसार ही गमनागमन करता हुआ-सा प्रतीत होता है, वास्तव में वह अचल है।

साक्षी के देश-कालादि से अनवच्छिन्नत्व का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - साक्षी न बाहर है और न भीतर है । वे दोनों देश बुद्धि की कल्पना है । बुद्धि आदि सब के शान्त हो जाने पर जहाँ साक्षी भासित होता है, वहीं वह है ।।२०।।

व्याख्या - 'निजस्थान में स्थित साक्षी बाहर-भीतर गमनागमन नहीं करता है' यहाँ निजस्थान में स्थित होने का मतलब बाह्यादि देश में स्थित होना नहीं है, इस बात को हेतु सहित कहते हैं । बाह्य-भीतर देश साक्षी के हैं अथवा बुद्धि के ? इस प्रकार विकल्प कर कहते हैं कि यह साक्षी न देह के बाहर है और न भीतर है । अर्थात् देह से बाह्याभ्यन्तरवर्तित्व साक्षी का नहीं कहना चाहिये, क्योंकि साक्षी पूर्ण है । बाहर और भीतर इन दोनों की कल्पना बुद्धि (अन्तःकरण) की देन है अर्थात् दोनों देश बुद्धि की कल्पना है । तब साक्षी का स्थान कहाँ है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि बुद्धि, इन्द्रियाँ आदि सभी के शान्त (उपरत) हो जाने पर अर्थात् उनकी पूर्णरूप से प्रतीती का अभाव हो जाने पर जहाँ साक्षी प्रकाशित होता है, वहीं पर वह साक्षी है ।

सर्वगतत्त्व भी साक्षी में कल्पित ही है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - यदि कहो कि वहाँ कोई देश भासित न होगा, तो साक्षी भले ही अदेशभाक् ही हो (यह हमें भी अभीष्ट है) सर्वदेश की कल्पना से ही साक्षी में सर्वगतत्व की कल्पना की गई है, स्वतः वह सर्वगत नहीं है ।।२१।।

अन्वयः – यदि कः अपि देशः न भासेत तर्हि अदेशभाक् अस्तु। सर्वदेशप्रक्लृप्त्या एव सर्वगत्वम् । स्वतः तु न ।

व्याख्या :– एवं तर्ह्यशेषबुद्ध्युपरमे देशव्यवहार एव नोपलभ्यते । तन्निष्ठत्वं च कुतः? । अतस्तस्य साक्षिणः कोऽपि देशो नैव भासेत इति चेदस्त्वितीष्टापत्त्यैवाङ्गीक्रियते । तत्र स्वाभिप्रायमाविष्करोति च । बुद्ध्याद्यशेषसंशान्तौ सर्वव्यवहाराभावात्कोऽपि देशो यदि न भासेत तर्हि साक्ष्यदेशभाग्देशानवच्छिन्नोऽस्तु । भवतु चास्माकमपीष्टापत्तेः । देशादिकल्पनाधिष्ठानस्य स्वातिरिक्तदेशापेक्षा नास्तीति यावत् । ननु देशाद्यभावे तस्य "आकाशवत्सर्वगतश्च नित्य" इत्यादि-श्रुतिभिस्सर्वगतत्वसर्वसाक्षित्वाद्युक्तिर्विरुद्ध्येत । एवमुक्तेर्बाधिका स्याच्छ्रुतिरिति चेत्तत्राह । सर्वदेशप्रक्लृप्त्यैव सर्वदेशप्रकल्पनेनैव तस्य सर्वगत्वं सिद्ध्यति । सर्वदेशानां तत्राज्ञानेन सौरालोके मृगजलकल्लोलानामिव प्रक्लृप्त्या सिद्धमिति काल्पनिकमेव सर्वगतत्वमिति भावः । तत्स्वाभाविकमेव किं न स्यादित्यत आह । तस्मिन्साक्षिणि सर्वस्यापि देशस्य प्रकल्पनात्तस्य सर्वगत्वं कल्पितं न तु वास्तवमित्यर्थः । स्वतस्तु तस्य सर्वगत्वं न विद्यत एव । तस्याद्वितीयत्वादसङ्गत्वाच्चेति शम् ।।

आत्मनस्सर्वसाक्षित्वमपि काल्पनिकमेवेति निरूपणम् –

अन्तर्बहिर्वा सर्वं वा यन्देशं परिकल्पयेत् ।
बुद्धिस्तद्देशगस्साक्षी तथा वस्तुषु योजयेत् ।।२२।।

अन्वयः – अन्तः वा बहिः वा यं सर्वदेशं बुद्धिः परिकल्पयेत् । तद्देशगः साक्षी तथा वस्तुषु योजयेत्।

व्याख्या :–सर्वगत्वमेव प्रपञ्चयति । यथात्मनस्सर्वदेशकल्पनयैव सर्वगत्वं तथा सर्वसाक्ष्यकल्पनयैव सर्वसाक्षित्वमपीति सर्वगतत्ववत्सर्वसाक्षित्वमपि न वास्तवमित्याचष्टे । बुद्धिरन्तर्बहिर्वा सर्वं वान्तर्देशं

व्याख्या – यदि बुद्धि आदि सब पूर्णरूप से शान्त हो जाएँगे, तो देश व्यवहार ही उपलब्ध न होगा। तब तो "जिस देश में साक्षी प्रतीत होता है" आपका यह कहना अयुक्त सिद्ध होगा । ऐसी आशंका होने पर कहते हैं कि बुद्धि आदि सभी के पूर्ण रूप से शान्त हो जाने पर समस्त व्यवहार का भी अभाव हो जाता है, ऐसी स्थिति में यदि कोई देश भासित न होता हो, तो साक्षी भले ही अदेशभाक् हो अर्थात् साक्षी को अदेशभाक् (देशादि से अनवच्छिन्न) मानना हमें भी इष्ट ही है । हम भी साक्षी को देशादि से अनवच्छिन्न ही मानते है।

शंका – ***"आकाशवत्सर्वगतश्चनित्यः"*** इत्यादि श्रुतियाँ तो साक्षी को आकाश की तरह सर्वगत बताती हैं, यदि साक्षी को अदेशभाक् मानेंगे तो श्रुति का विरोध होगा । ***समाधान*** – ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि सर्वदेश की कल्पना से ही साक्षी में सर्वगत्व की सिद्धि होती है । अर्थात् समस्त देश की कल्पना साक्षी में ही की गई है इसलिये साक्षी का सर्वगतत्व भी कल्पित ही है । स्वतः तो वह सर्वगत भी नहीं है।

सर्वगतत्व की तरह सर्वसाक्षित्व भी कल्पित ही है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ – बुद्धि जिस अन्तर्देश, बहिर्देश अथवा सर्वदेश की कल्पना करती है, साक्षी उस देश में व्याप्त कहलाता है, उसी प्रकार दृश्य वस्तुओं में भी समझ लेना चाहिये ।।२२।।

व्याख्या – साक्षी की व्यापकता वास्तविक नहीं है । बुद्धि जब अन्तर्देश की कल्पना करती है तो साक्षी बुद्धि को प्रकाशित करता हुआ अन्तर्देश में स्थित माना जाता है । बुद्धि जब बहिर्देश की कल्पना

बहिर्देशं वा सर्वदेशं वेति भावः । एतादृशं यं देशं परिकल्पयेदज्ञानेनाद्वैतात्मनि द्वैतमारोपयेदिति यावत् । तद्देशगस्साक्षी भवेत् । सर्वगतत्वमिव सर्वसाक्षित्वमप्यवास्तवमेवेति निरूपयति । तथैव वस्तुष्वपि साक्षीति योजयेत् । साक्ष्यधिष्ठानत्वेन योजयेत् । स्वाध्यस्तवह्नेस्स्वप्रकाशरत्नवत्प्रकाशस्सन्नद्वैत आत्मा तद्देशगस्सन्वस्तुषु तथा योजयेदिदमन्तर्वस्त्वहङ्कारादिकमिदं बहिवस्तु घटादिकमिदं सर्वं वस्तु दृश्यपदशक्यत्वावच्छिन्नमिति प्रकाशयेदिति शम् ।।

सर्वद्वैतशान्तौ साक्षी स्वयं प्रकाशत इति प्रतिपादनम् -

यद्यद्रूपादि कल्प्येत बुद्ध्या तत्तत्प्रकाशयन् ।
तस्य तस्य भवेत्साक्षी स्वतो वाग्बुद्ध्यगोचरः।।२३।।

अन्वयः - यत् यत् रूपादि बुद्ध्या कल्प्येत तत् तत् प्रकाशयन् तस्य तस्य साक्षी भवेत् स्वतः वाग्बुद्ध्यगोचरः।

व्याख्या :- "तथा वस्तुषु योजये"दित्युक्तयोजनप्रकारमेव प्रदर्शयति बुद्ध्या यद्यद्घटादिरूपं तथा गन्धस्पर्शादिविषयजातं चात्रादिना नामाद्यपि गृह्यते । तत्सर्वं बुद्ध्या कल्प्येत तत्तत्प्रकाशयंस्तस्य तस्य रूपादिकस्य साक्षी भवेत् । एवं चेत्तर्हि तस्य किं निजं स्वरूपमित्यत्राह । स्वतो वाग्बुद्ध्यगोचरो वाचां तदुपलक्षितेतरेन्द्रियाणां बुद्धेश्चागोचरोऽविषयो "यतो वाचो निवर्तन्ते । अप्राप्य मनसा सहे " श्रुतेः । स्वतो वाग्बुद्ध्यगोचरोऽप्यात्मा तस्य साक्षीभवेदिति शम् ।।

करती है तो साक्षी उस बुद्धि को प्रकाशित करने के कारण बहिर्देश में स्थित माना जाता है । बुद्धि जब सर्वदेश की कल्पना करती है तब साक्षी उस बुद्धि को भी प्रकाशित करने के कारण सर्वगत माना जाता है, इसी प्रकार बुद्धि घट आदि वस्तुओं को प्रकाशित करती है तो साक्षी उसे प्रकाशित करता हुआ वस्तु में भी स्थित माना जाता है । जैसे साक्षी की व्यापकता अवास्तविक है, वैसे ही उसका साक्षित्व भी काल्पनिक है । बुद्धि जो भी कल्पना करती है, उसे साक्षी प्रकाशित करता है, इसलिये वह साक्षी कहलाता है । यदि प्रकाश्य कुछ भी न हो तो साक्षित्व भी न रहेगा ।

पूर्व श्लोकस्थ चतुर्थ पद का विस्तार करते हैं ।

अर्थ - बुद्धि के द्वारा जिस-जिस रूपादि वस्तु की कल्पना होती है, उन-उन को प्रकाशित करता हुआ (वह चैतन्य) उन-उन (रूपादि) का साक्षी होता है (ऐसा कहा जाता है) स्वभाव से तो वह वाणी और बुद्धि से अगोचर है ।।२३।।

व्याख्या - बुद्धि के द्वारा जिस-जिस घट आदि के रूपादि (आदि शब्द से गन्ध-स्पर्शादि का ग्रहण होता है) की कल्पना की जाती है । अर्थात् बुद्धि के द्वारा जिसकी कल्पना होती है उन सब (रूपादि) का वह चैतन्य आत्मा साक्षी होता है । तो फिर उसका वास्तविक स्वरूप कैसा है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि वह स्वभाव से तो वाणी और बुद्धि आदि से अगोचर है अर्थात् मन, वाणी आदि का विषय नहीं है । श्रुति भी कहती है ***"यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह"*** (तै.२/४) ।

आत्मनोऽग्राह्यत्वनिरूपणम् –

कथन्तादृङ्मया ग्राह्य इति चेन्मैव गृह्यताम् ।
सर्वग्रहोपसंशान्तौ स्वयमेवावशिष्यते।।२४।।

अन्वयः – तादृक् मया कथं ग्राह्यः इति चेत्। मा एव गृह्यताम्। सर्वग्रहोपसंशान्तौ स्वयम् एव अवशिष्यते।

व्याख्या :– एवमवाङ्मनसगोचर आत्मा कथं मुमुक्षोर्ग्राह्यो भवतीत्याशङ्क्याग्राह्यत्वम् अस्माकमपीष्टमेवेति प्रदर्शयति । तादृग्वाग्बुद्ध्यगोचरस्साक्षी मया मुमुक्षुणा कथं ग्राह्यो ज्ञेय इति चेन्मैव गृह्यताम् । ग्राह्यत्वे सिद्धे सति ग्राह्यग्रहणादिरूपद्वैतसत्त्वान्मुमुक्षोर्न मोक्षावाप्तिरिति गूढाभिसन्धिः। अतोऽग्राह्यत्वमिष्टमेवेति भावः । नन्वेवमात्मनोऽग्राह्यत्वेऽविचारकृतो बन्धो विचारेण निवर्तत इति पूर्वमनुष्ठितपरात्मविचारो निर्विषयस्स्यादिति चेन्न ।। "अनेकजन्म भजनात्स्वविचारं चिकीर्षति । विचारेण विनिष्टायां मायायां शिष्यते स्वय"मिति प्रागावेदितरीत्या समनुष्ठितपरमात्मविचारस्य राजहंसकृतक्षीरपानेनामृतावशेषवन्मायाविनाशेन स्वप्रकाशाद्वैतपरमात्मावशेषैकपरत्वादित्यभिप्रेत्याह। आत्रात्मनोऽग्राह्यत्वे विचाराभावः । विचाराभावेन च मायाया विनाशाभावः । मायाविनाशाभावे परमात्ममात्रावशेषाभाव इत्येवंरूपानर्थपरम्परा सम्भवेदिति प्रश्नाशयः । तत्रोच्यते । सर्वग्रहोपसंशान्तौ बुद्धिकर्तृकस्य सर्वग्रहस्य ग्राह्यग्राहकादिद्वैतभावस्य संशान्तौ मिथ्यात्वबुद्ध्युपगमे सति परमात्मा स्वयमेवावशिष्यते । नामरूपात्मकस्य सर्वथापि द्वैतस्य ग्रहशब्दितज्ञानबाधने सति स्वात्मातिरिक्तस्य द्वैतस्य मिथ्यात्वनिश्चयेन तत्प्रतीत्युपशान्तौ स्वात्मैव सत्यतयावशिष्यत इति शम् ।।

आत्मा के अग्राह्यत्व का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – वैसे (बुद्धि और वाणी के अविषय) साक्षी को मैं कैसे ग्रहण कर सकता हूँ ? यदि ऐसा कहते हो तो तुम अवश्य ही ग्रहण न करो । सर्वग्रहों की परम शान्ति होने पर वह स्वयं ही अवशिष्ट रहता है ।।२४।।

व्याख्या – यदि आत्मा मन और वाणी का विषय नहीं है तो फिर मुमुक्षु को उसका ज्ञान कैसे होगा? ऐसी आशंका होने पर कहते हैं कि आत्मा का अग्राह्यत्व हमें भी इष्ट ही है । यदि कहो कि वाणी और बुद्धि से अगोचर साक्षी आत्मा को मैं मुमुक्षु कैसे ग्रहण कर सकता हूँ ? अर्थात् कैसे जान सकता हूँ? इस पर आचार्य कहते हैं कि तुम अवश्य ही उसका ग्रहण मत करो । यहाँ गूढाशय यह है कि यदि आत्मा ग्राह्य हो जाएगा तो ग्राह्य और अग्राह्य रूप द्वैत के सद्भाव में मुमुक्षु को मोक्ष की प्राप्ति ही न होगी । इसलिये आत्मा को अग्राह्य कहा गया है ।

शंका – यदि आत्मा को अग्राह्य मानेंगे तो उसका विचार नहीं हो सकेगा और विचार के अभाव में माया का विनाश नहीं हो सकेगा और माया के रहते एकमात्र परमात्मा का अवशिष्ट रहना संभव न होगा, इस प्रकार अनर्थपरम्परा प्राप्त होगी । ***समाधान*** – ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि सर्वग्रहों की परमशान्ति होने पर अर्थात् बुद्धिकृत ग्राह्य-अग्राह्य आदि समस्त द्वैतभाव का मिथ्यात्व बुद्धि के द्वारा निवृत्त हो जाने पर परमात्मा स्वयं ही अवशिष्ट रहता है ।

आत्मनस्स्वप्रकाशत्वान्न मानान्तरापेक्षेति निरूपणम् -

न तत्र मानापेक्षास्ति स्वप्रकाशस्वरूपतः।
तादृग्व्युत्पत्त्यपेक्षा चेच्छ्रुतिं पठ गुरोर्मुखात् ॥२५॥

अन्वयः - तत्र मानापेक्षा न अस्ति। स्वप्रकाशस्वरूपतः। तादृग्व्युत्पत्त्यपेक्षा चेत् गुरोः मुखात् श्रुतिं पठ ॥

व्याख्या :- एवं तर्हि विचारेण द्वैतबाधे सति भवत्यद्वैतात्मावशेषस्तथाप्येतदापरोक्ष्यार्थं किञ्चिन्मानमपेक्षत इति चेत्तत्राह । स्वप्रकाशस्वरूपतस्तत्र परमात्मनि मानापेक्षा मानस्य तदर्थोपस्थापकप्रमाणस्यापेक्षा नास्ति । न स्वप्रकाशस्य दीपस्य प्रकाशे दीपान्तरापेक्षा । स्वप्रकाशविषये न प्रमाणापेक्षेति ज्ञानोत्पत्तये किं कर्तव्यम् ? किञ्चात्मनस्स्वप्रकाशतया स्वतस्स्फूर्तौ तु मानं नापेक्ष्यते। परमेवंव्युत्पत्तिसिद्धये तु मानमपेक्षत एवेत्याशङ्कायां श्रुतिरेवात्र प्रमाणमिति समाधत्ते । तादृग्व्युत्पत्त्यपेक्षा तादृशी "परमात्मा स्वयं प्रकाश" इत्याकारिका व्युत्पत्तिर्ज्ञानं तस्या अपेक्षा विद्यते चेत्तर्हि सम्प्रदायकुशलस्य श्रोत्रियस्य ब्रह्मनिष्ठस्य गुरोर्मुखान्न स्वकपोलकल्पितपाण्डित्याच्छ्रुतिमुपनिषदाद्यद्वैतग्रन्थजातं पठ । "तद्विज्ञानार्थं स गुरुमेवाभिगच्छेत्समित्पाणिश्श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठम्" "तद्विद्धि प्रणिपातेन परिप्रश्नेन सेवया । उपदेक्ष्यन्ति ते ज्ञानं ज्ञानिनस्तत्त्वदर्शिन" इत्यादि श्रुतिस्मृतिप्रामाण्यादितिभाव इति शम् ॥

आत्मा स्वयंप्रकाश होने से उसे प्रमाणान्तर की अपेक्षा नहीं है, इसका वर्णन करते हैं।

अर्थ - आत्मा स्वयंप्रकाश होने से उसके विषय में प्रमाण की अपेक्षा नहीं है । वैसी व्युत्पत्ति की यदि अपेक्षा हो तो तुम गुरु के मुख से श्रुति का अध्ययन करो ॥२५॥

व्याख्या - आत्मा स्वयंप्रकाश है । उस आत्मा (परमात्मा) के विषय में प्रमाण की अपेक्षा नहीं है जैसे स्वयंप्रकाश दीपक को प्रकाशित होने में अन्य दीपक की अपेक्षा नहीं होती है । स्वयंप्रकाश आत्मा के विषय में यदि प्रमाण की अपेक्षा नहीं है तो फिर ज्ञान प्राप्ति के लिये क्या करना चाहिये ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि वैसी व्युत्पत्ति की यदि अपेक्षा हो अर्थात् 'परमात्मा स्वयंप्रकाश है' इस प्रकार की व्युत्पत्ति (ज्ञान) की यदि अपेक्षा हो तो तुम गुरु के मुख्य से श्रुति का अध्ययन करो अर्थात् संप्रदायकुशल गुरु के मुखारविन्द से निरपेक्षरव (श्रुति) के मस्तकरूप उपनिषदों का सम्यक् अध्ययन करो । अद्वैत आत्मतत्त्व का ज्ञान कुशल गुरु से ही संभव है । कपोलकल्पित गुरु से ज्ञान होना असम्भव है । कहा भी है कि ***"पानी पिओ छान के गुरु करो जान के"*** अन्यथा पाखण्डी लोग बहुत हो गये हैं ।

गलियन गलियन गुरु फिरें दीक्षा हमरी लेओ ।
स्वर्ग पड़ो चाहे नरक पड़ो हमें रुपैया देओ ॥

अतः ऐसे कपोलकल्पित गुरुओं से सावधान रहकर श्रोत्रिय-ब्रह्मनिष्ट गुरु की शरण ग्रहण करनी चाहिये तभी अत्मबोध हो सकता है । श्रुति और स्मृति में भी यही कहा है ***'तद्विज्ञानार्थं स गुरुमेवाभिगच्छेत् समित्पाणिः श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठम्"*** (मुं.उ. १/२/१२) ***"तद्विद्धि प्रणिपातेन परिप्रश्नेन सेवया । उपदेक्ष्यन्ति ते ज्ञानं ज्ञानिनस्तत्त्वदर्शिनः"*** (गीता ४/३४) ।

मन्दाधिकारिणामनुग्रहायोपाय प्रदर्शनम् –

यदि सर्वग्रहत्यागोऽशक्यस्तर्हि धियं व्रज।
शरणं तदधीनोऽन्तर्बहिर्वैषोऽनुभूयताम् ।।२६।।

।। इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीभारतीतीर्थविद्यारण्यमुनिवर्यविरचितायां पञ्चदश्यां नाटकदीपाख्यं दशमं प्रकरणं सम्पूर्णम् ।।

अन्वयः – सर्वग्रहत्यागः यदि अशक्यः तर्हि धियं शरणं व्रज। तदधीनः अन्तः बहिः वा एषः अनुभूयताम् ।

व्याख्या :– एवमुत्तमाधिकारिण ''स्स एषनेति ने''त्यादि श्रुतिप्रसिद्धदृश्यबाधानुग्राहकखण्डन-युक्त्यपबृंहितमननलक्षणविचारेण द्वैतबाधनेनाद्वैतस्वप्रकाशात्मावशेषेण स्वस्वरूपावस्थितिलक्षणमोक्षो-पायोपदेशमभिधाय ततोऽप्यतिमन्दाधिकारिणः प्रति गतिमाह । यदि सर्वत्र ग्रहत्यागोऽशक्यस्तर्हि धियं बुद्धिं शरणं व्रज गच्छ । बुद्धिशरणत्वे किं प्रसिद्ध्यतीत्यत्रोच्यते। तदधीनस्तस्या बुद्धेरधीन एवैष परमात्मान्तर्बहिर्वानु-भूयताम् । बुद्ध्यवभासकत्वेन रूपेण परमात्मानमवगच्छेति भावः । एष इत्येतच्छब्देन सर्वप्रसिद्ध उक्तरूपस्साक्षित्वोपलक्षितस्स्वप्रकाशाद्वैतसच्चिदानन्दः परमात्मैवोक्तः । बुद्ध्या यद्यत्परिकल्प्यते बाह्यमान्तरं वा तस्य तस्य साक्षित्वेन तदधीनः परमात्मा तथैवानुभूयतामिति यावत् । बुद्ध्या यदाऽऽन्तरं बाह्यं च द्वैतं कल्प्यते तत्साक्षितया तदधीनः परमात्मानुभूयतामिति

अब मन्दाधिकारी के प्रति आत्मानुभव का उपाय बताते हैं ।

अर्थ – यदि सर्वग्रह का त्याग करना अशक्य हो तो (तुम) अपनी बुद्धि की शरण में जाओ । उस बुद्धि के अधीन इस परमात्मा का भीतर अथवा बाहर अनुभव करो ।।२६।।

व्याख्या – गुरुमुख से महावाक्यों का श्रवण, मननादि करने पर आत्मा के यथार्थ रूप का ज्ञान हो जाने से द्वैत उत्पन्न करने वाली बुद्धि की समस्त वृत्तियाँ शान्त हो जाती हैं किन्तु यह उत्तम अधिकारी ही कर सकता है । जो मन्द अधिकारी है, उसे अपनी बुद्धि में व्याप्त आत्मतत्त्व का चिन्तन करना चाहिये। इस आशय से इस प्रकरण के अन्तिम श्लोक में आचार्य कहते हैं कि यदि सर्वग्रह का त्याग करना अशक्य हो तो तुम बुद्धि की शरण में जाओ । उससे क्या होगा ? तो कहते हैं कि उस बुद्धि के अधीन इस परमात्मा का भीतर अथवा बाहर अनुभव करो । बुद्धि जब बाह्य अथवा अभ्यान्तर द्वैत की कल्पना करे तब उसके साक्षी के रूप में बुद्धि के अधीन परमात्मा का उसी प्रकार अनुभव करो । तात्पर्य यह है कि बुद्धिपरिकल्पित नाम-रूपादि को और उसके अवभासक चिदाभास को भी मिथ्यारूप से निश्चित कर उनसे साक्षी को अलग करने से सर्वग्रह का त्याग करने में असमर्थ मन्द बुद्धि अधिकारी भी आत्मा के यथार्थरूप का अनुभव कर सकता है । उसके परिणाम स्वरूप निरन्तर चिन्तन करने से कालान्तर में सर्वग्रह त्याग भी संभव होगा और वह अपरोक्षरूप से आत्मा का अनुभव कर सकेगा ।

यावत् । बुद्धिपरिकल्पित नामरूपादीस्तदवभासकं चिदाभासं च मिथ्यात्वेन निश्चित्य तेभ्यस्साक्षिणं विविच्य सर्वग्रहत्यागाशक्तौ मन्दधिया तद्यथार्थस्वरूपमनुभूयतां स्वप्रकाशात्मत्वेन । अत्रान्तरिति देहाभ्यन्तरेऽहंवृत्त्यात्मक-बुद्धिभासकत्वेनेत्यर्थः । तथा बहिरित्यत्रापि देहाद्बहिर्वा चक्षुरादीन्द्रियद्वारा घटाद्याकारकबुद्धिवृत्ति-भासकत्वेनेत्यर्थो ग्राह्यः इति शम् ।।

दशमेऽस्मिन्प्रकरणे त्वम्पदार्थभूतजीवविषये विद्यमानासु विप्रतिपत्तिषु फलविपरीतभावनारूपाया विनिवृत्तिरत्र क्रियत इत्यनुसन्धेयम् । तथाहि "मुक्तावद्वैतत्वाद्ब्रह्मानन्दानुभूतिरपि न स्यात् । शिव शिव कथमथब्रूयात्प्रतिबन्धः पञ्चमोऽयमिह जीव" इत्युपपादितप्रतिबन्धस्य निरासो नाटकदीपप्रकरणेन कृत इति च न्यरूपयत् ।

"दशमे दीपवदात्मा सर्वस्याभासकोऽपि चैकरसः । स्वप्रभसुखैकवारिधिरिति फलकथनेन तत्परते"ति मुक्तावद्वैतात्मस्वरूपायामपि स्वयंप्रकाशमानाद्वैतसच्चिदानन्दाखण्डैकरसामृतनिधित्वलक्षण-फलकथनद्वारोक्तप्रतिबन्धबाधनपरत्वं स्पष्टमत्र प्रत्यपादि । अत्रोपक्रमे "परमात्माद्वयानन्दः पूर्णः पूर्वं स्वमायया । स्वयमेव जगद्भूत्वा प्राविशज्जीवरूपत" इत्युक्त्वान्ते चोपसंहारे "यदि सर्वग्रहत्यागोऽशक्यस्तर्हि धियं व्रज । शरणं तदधीनोऽन्तर्बहिर्वेशोऽनुभूयता"मित्यत्र "एषोऽनुभूयता" मित्येतच्छब्देन चोपक्रान्तस्वप्रकाशानन्तानन्दात्मन उक्तेरुपक्रमोपसंहारैकरूप्यं पूर्वोक्तफलविषयकमेकं लिङ्गम् । एवमेवेमेऽप्यत्रार्थे द्रष्टव्यः ।

मुक्ति में अद्वैत होने के कारण ब्रह्मानन्द की अनुभूति कैसे हो सकती है ? इस प्रकार की शंका ज्ञान में बाधक है । इसे फलविपरीतभ्रम नामक पञ्चम प्रतिबन्ध कहा जाता है । इसी प्रतिबन्ध की निवृत्ति इस नाटकदीप नामक दशम प्रकरण में की गई है । इस प्रकरण में बताया है कि आत्मा दीपक के समान सभी का अभवासक होने पर भी सदा एकरस है, स्वयंप्रकाश और सुख का समुद्र है । इस प्रकार फल का वर्णन होने से त्वं पदार्थभूत जीव के विषय में विद्यमान फलविपरीतभ्रम रूप प्रतिबन्ध की निवृत्ति में ही इस प्रकरण का तात्पर्य जानना चाहिये ।

अब उपक्रमोपसंहारादि षड्विध तात्पर्यलिंगों के द्वारा उक्त अर्थ को स्पष्ट करते हैं ।

उपक्रमोपसंहार -

परमात्माऽद्वयानन्दपूर्णः पूर्वं स्वमायया ।
स्वयमेव जगद्भूत्वा प्राविशज्जीवरूपतः।।१।।

यहाँ से उपक्रम कर "**एषोऽनुभूयताम्** " (२६) कह कर उपसंहार किया गया है । इस प्रकार स्वप्रकाश अनन्त आनन्दस्वरूप आत्मा का उपक्रम कर उसी में उपसंहार करने से दोनों की एकरूपता से पूर्वोक्त फलविषयक प्रथम लिंग स्पष्ट ही है ।

अभ्यास -

अद्वयानन्दरूपस्य..... (४), **कर्तारं च क्रियां तद् वद्** (९), और **निरन्तरं भासमानं....**

"अद्वयानन्दरूपस्य सद्वयत्वं च दुःखिता । बन्धः प्रोक्तस्स्वरूपेण स्थितिर्मुक्तिरितीर्यते ।। कर्तारं च क्रियां तद्वद्वयावृत्तविषयानपि । स्फोरयेदेकयत्नेन योऽसौ साक्ष्यत्र चिद्वपुः ।। निरन्तरं भासमाने कूटस्थे ज्ञप्तिरूपतः । तद्भासा भास्यमानेयं बुद्धिर्नृत्यत्यनेकधे" ।। त्यादिनाभ्यासो द्वितीयं लिङ्गम् । "न तत्र मानापेक्षास्ति स्वप्रकाशस्वरूपतः । तादृग्व्युत्पत्त्यपेक्षा चेच्छ्रुतिं पठ गुरोर्मुखा"।। दित्यपूर्वता च तृतीयं लिङ्गम् । कथं तादृङ्मया ग्राह्य इति चेन्मैवं गृह्यताम् । सर्वग्रहोपसंशान्तौ स्वयमेवावशिष्यत"इति फलोक्तिश्चतुर्थं लिङ्गम् । "नृत्यशालास्थितो दीपः प्रभुं सभ्यांश्चनर्तकीम् । दीपयेदविशेषेण तदभावेऽपि दीप्यत" इत्यर्थवादः पञ्चमं लिङ्गम् । "गृहान्तरगतस्स्वल्पो गवाक्षादातपोऽचलः । तत्र हस्ते नर्त्यमाने नृत्यतीवातपो यथा" इत्युपपत्तिष्षष्ठं लिङ्गमिति प्रकृतार्थसाधकानि षडपि तात्पर्यग्राहकलिङ्गानि प्रदर्शितानीति तस्मान्नैवात्र मुक्तिलक्षणफले निरुक्तरूपे वैमत्यलेशोऽपीति दिक् ।।

।। इति श्रीद्वारकाशारदापीठाधीश्वरैः एवं ज्योतिष्पीठाधीश्वरैः श्रीमज्जगद्गुरुशङ्कराचार्यैः अनन्तश्रीविभूषितश्रीस्वरूपानन्दसरस्वतिस्वामिभिः विरचितायां स्वरूपबोधिन्यां व्याख्यायां नाटकदीपस्समाप्तः ।।

---

(१३) इत्यादि में उसी का अभ्यास किया गया है ।

अपूर्वता -

न तत्र मानापेक्षास्ति स्वप्रकाशस्वरूपतः।
तादृग्व्युत्पत्त्यपेक्षा चेच्छ्रुतिं पठ गुरोर्मुखात् ।। (२५)

फलम् -

''स्वयमेवावशिष्यते'' (२४)

अर्थवाद -

नृत्यशालास्थितो दीपः प्रभुं सभ्यांश्च नर्तकीम् ।
दीपयेदविशेषेण तदभावेऽपि दीप्यते ।। (११)

उपपत्ति -

ग्रहान्तरगतः स्वल्पो गवाक्षादातपोऽचलः।
तत्र हस्ते नर्त्यमाने नृत्यतीवातपो यथा ।। (१८)

इस प्रकार षड्विध तात्पर्य ग्राहक लिंगो के द्वारा फलविपरीतभ्रम रूपी प्रतिबन्ध की निवृत्ति होने पर मोक्षरूपी फल में स्वल्प भी शंका नहीं करनी चाहिये ।

।। इस प्रकार द्वारका एवं ज्योतिष्पीठाधीश्वर अनन्तश्रीविभूषित जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी **श्रीस्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज** द्वारा विरचित **श्रीसद्गुरुसपर्या** नामक हिन्दी व्याख्या में नाटकदीप नामक दसवाँ प्रकरण समाप्त हुआ ।।

।। एकादशप्रकरणम् - ब्रह्मानन्दे योगानन्दप्रकरणम् ।।

ब्रह्मानन्दस्य सर्वानर्थनबर्हणपूर्वकसुखहेतुत्वकथनम् -

ब्रह्मानन्दं प्रवक्ष्यामि ज्ञाते तस्मिन्नशेषतः।
ऐहिकामुष्मिकानर्थव्रातं हित्वा सुखायते।।१।।

अन्वयः - ब्रह्मानन्दं प्रवक्ष्यामि। तस्मिन् ज्ञाते ऐहिकामुष्मिकानर्थव्रातम् अशेषतः हित्वा सुखायते।

व्याख्या :- यद्यप्यस्य ब्रह्मानन्दाख्यान्तिमप्रकरणपञ्चकस्य ग्रन्थस्य पूर्वं विद्यमानविवेकपञ्चक-दीपपञ्चकग्रन्थादत्यन्तमेव पार्थक्यं सम्प्रतीयते परिशीलनशीलानाम् । तथाऽपि तृप्तिदीपे प्रदर्शिता-यास्तृप्तेरनन्तरमाविर्भूतस्याखण्डफलभूतस्यानन्दस्य विस्तरेण स्वरूपप्रदर्शनायामुं ग्रन्थमारभते। ग्रन्थेऽस्मि-न्नानन्दस्य त्रिविधत्वेन विभाजनात्तत्राद्यस्य पुनस्त्रैविद्ध्येन विभाजनाच्चनन्दस्य पाञ्चविद्ध्यं संसिद्धम्। तत्रादिमस्य ब्रह्मानन्दस्यावान्तरभेदत्रयमाद्येन प्रकरणत्रयेण विव्रियते । अवशिष्टं चानन्दप्रकारद्वयं क्रमेण चतुर्थपञ्चमयोः प्रकरणयोरित्यङ्गसाध्यायसङ्गतिरवगन्तव्या । अस्य च पृथग्ग्रन्थत्वसम्भावनायामप्येतं ग्रन्थमन्तरा पूर्वग्रन्थसञ्जाताकाङ्क्षायास्स्वरसतो निवृत्त्यभावेनैतद्ग्रन्थघटित एक एव ग्रन्थ इति निश्चित्यैतेन सहैवाहत्य पञ्चदशप्रकरणानि भवन्तीति पञ्चदशावयवकत्वान्पञ्चदशीतिनाम्ना प्रसिद्धिमगमदिति विज्ञजनविदितमेतत् अत्रैव च दशमप्रकरणान्ते "यदि सर्वग्रहत्यागोऽशक्यस्तर्हि धियं व्रज । शरणं तदधीनोऽन्तर्बहिर्वैषोऽनुभूयता"मिति स्वोक्तिश्रवणबुद्धिवृत्त्यन्वेषणपरायणं मुमुक्षुजनमालक्ष्य तदनुजिघृक्षयात्र ब्रह्मानन्दप्रकरण आदौ योगानन्दाख्यं प्रकरणमारभमाणः प्रथितप्रमाणप्रयोजनं मङ्गलं प्रकृतप्रकरणप्रतिपाद्याद्वैत-ब्रह्मात्मानुसन्धानलक्षणमनुतिष्ठन्पूर्वोक्तपञ्चकद्वयेन क्रमात्तत्त्वंपदार्थौ प्राधान्यात्प्रतिपादयता भागद्वये भेदघटिते सम्पन्ने सति सम्प्रत्यसिपदार्थमभेदघटितं मुख्यतया प्रतिपिपादयिषुस्तत्प्रकरणपञ्चकस्यापि ब्रह्मानन्दमिति

यद्यपि ब्रह्मानन्दाख्य ग्रन्थ की पूर्वग्रन्थ से अत्यन्त पृथकता प्रतीत होती है । तथापि तृप्तिदीप में प्रदर्शित तृप्ति के पश्चात् होने वाली अखण्ड फलभूत आनन्दता का स्वरूप विस्तार से प्रदर्शित करने के लिये इस ग्रन्थ का प्रारम्भ किया गया है । इस ग्रन्थ में आनन्द की त्रिविधता बतायी गयी है । उसमें भी प्रथम आनन्द को तीन प्रकार का बताया गया है, इस प्रकार आनन्द को कुल मिलाकर पाँच प्रकार का कहा गया है । उसमें ब्रह्मानन्द के अवान्तर तीन भेदों को प्रथम तीन प्रकरणों में (योगानन्द, आत्मानन्द और अद्वैतानन्द) स्पष्ट किया गया है और अवशिष्ट दो प्रकार के आनन्द को तेरवें (विद्यानन्द) और चौदहवें (विषयानन्द) प्रकारण में कहा गया है । इस प्रकार इस ग्रन्थ की संगति जानना चाहिये ।

ब्रह्मानन्द के सर्वानर्थहननपूर्वक सुख हेतुत्व का कथन करते हैं ।

अर्थ - अब मैं ब्रह्म के आनन्द को कहूँगा, उसको जान लेने पर सम्पूर्ण ऐहिक (इस लोक के) और आमुष्मिक (परलोक के) अनर्थ समुदाय का त्याग कर पुरुष सुखी हो जाता है ।।१।।

व्याख्या - ब्रह्म ही आनन्द है, ऐसे आनन्दस्वरूप ब्रह्म का प्रतिपादन करने की प्रतिज्ञा करते हैं । *"आनन्दो ब्रह्मेति व्यजानात्"* (तै.उ. ३/६) इस श्रुति में ब्रह्म को आनन्दस्वरूप कहा गया है । प्रतिपाद्य और प्रतिपादक का अभेद होने से उसका प्रतिपादक ग्रन्थ भी ब्रह्मानन्द कहा गया है । ग्रन्थकार 'मैं अब

समष्ट्येकमेव नामाभिधास्यंस्तेनास्य प्रधानं विषयमपि व्यञ्जयन्प्रतिजानीते । ब्रह्मानन्दं ब्रह्मचासावानन्दश्चेति तथोक्तस्तं तथाविधमानन्दस्वरूपं परं ब्रह्मोच्यते। "निर्विशेषं परं ब्रह्म साक्षात्कर्तुमनीश्वराः । ये मन्दास्ते-ऽनुनुकम्प्यन्ते सविशेषनिरूपणै"रिति सविशेषब्रह्मरूपाणां देवतानां तत्त्वस्य निर्विशेषब्रह्मरूपत्वाभिधा-नाद्ब्रह्मणोऽपि च "विज्ञामानन्दं ब्रह्मे"त्यादि श्रुतिभिरानन्दरूपताभिधानाद्ब्रह्मानन्दमित्यानन्दस्वरूपस्य ब्रह्मणो वाचकशब्दप्रयोगेण "यद्धि मनसा ध्यायति तद्वाचा वदती"ति श्रुतिप्रोक्तन्यायेन ब्रह्मानुसन्धानलक्षणं मङ्गलाचरणं संसिद्धमिति ज्ञेयम् । तथा ब्रह्मणश्च सर्ववेदान्तप्रतिपद्यत्वात्तत्प्रकरणरूपस्यास्य ग्रन्थस्यापि स एव विषय इति ब्रह्मशब्दप्रयोगेण विषयश्चापि सूचितः। तथानिष्टनिवृत्तीष्टप्राप्तिरूपमुभयविधप्रयोजनं चैहिकामुष्मिकेत्युत्तरार्धेन कण्ठत एवावोचि। अत्र च ब्रह्मानन्दपदेन प्रतिपाद्यप्रतिपादकयोरभेदात्तत्प्रतिपादको ग्रन्थोऽपि ब्रह्मानन्द इत्युच्यते ।

श्लोकार्थस्तु – ब्रह्मानन्दं ब्रह्म चासावानन्दश्चेति तथोक्तस्तमानन्दस्वरूपं ब्रह्म "आनन्दो ब्रह्मेति व्यजानादि"ति श्रुतेः । तं प्रवक्ष्यामि । प्रकर्षस्त्वत्र वक्ष्यमाणयोगिप्रत्यक्षलक्षण एव । तज्ज्ञानस्य किं प्रयोजनमिति चिन्तायां तद्विशदयति । तस्मिन्ब्रह्मानन्दे ज्ञातेऽवगते सति चैहिकामुष्मिकानर्थव्रातमैहिका इह लोके भवाश्शरीरकलत्रादिष्वहम्ममाभिमानप्रयुक्ता आध्यात्मिकाधिदैविकादिभौतिका आधिव्याद्ध्यादय आमुष्मिकाः परलोके भवा यमेन्द्रभैरवादिविरचिताश्शासनात्मयातनाविशेषा अपि तत्तदधिकार्यवच्छेदेन शास्त्रैकगम्यास्तेषामनर्थानां व्रातं समूहस्तमशेषतो निश्शेषं यथा भवति तथा । अत्राशेषत इति मध्यमणिन्यायेन पूर्वोत्तरान्वय्येव । तेनापातितः श्रवणजन्यतात्कालिकसुखादिव्युदासो व्यज्यते । तमनर्थव्रातमशेषं हित्वा परित्यज्य जिज्ञासुस्सुखायते सुखरूपं ब्रह्मैव भवति स्वस्य सुखं वेदयते "सुखादिभ्य कर्तृवेदनाया"मिति क्यङ्प्रत्ययः । एतत्कामुकोऽत्राधिकारी । एवमत्रानुबन्धचतुष्टयोपन्यासपुरस्सरं प्रकृतग्रन्थारम्भप्रतिज्ञा सम्यक्साधितेति शम् ।।

आत्मन आनन्दरूपत्त्वे प्रमाणभूताया श्रुतेरवतरणम् –

ब्रह्मवित्परमाप्नोति शोकन्तरति चात्मवित् ।
रसो ब्रह्म रसं लब्ध्वानन्दीभवति नान्यथा।।२।।

अन्वयः – "ब्रह्मवित् परम् आप्नोति"। "आत्मवित् शोकं तरति " च । रसः "रसं ब्रह्म लब्ध्वा आनन्दी भवति" अन्यथा न।

उस ब्रह्मानन्द का निरूपण करूँगा' इस प्रकार प्रतिज्ञा करते हैं । इससे यह भी ज्ञात होता है कि ब्रह्मानन्द इस ग्रन्थ का विषय है और उसका ज्ञान इसका प्रयोजन है । उसके ज्ञान रूपी प्रयोजन को विशद करते हुए कहते हैं कि उस ब्रह्म रूपी आनन्द को जान लेने पर ऐहिक अर्थात् इस लोक में होने वाले आध्यात्मिक, आधिभौतिक और आधिदैविक तथा परलोक में होने वाले (आमुष्मिक) समस्त अनर्थ समूह को छोड़कर जिज्ञासु सुखी हो जाता है अर्थात् स्वयं की सुखरूपता को जान लेता है ।

उक्त विषय में प्रमाणभूत दो श्रुतियों का अर्थतः पठन करते हैं ।

अर्थ – ब्रह्मवेत्ता परम (श्रेष्ठ ब्रह्म) को प्राप्त करता है । आत्मवेत्ता शोक से पार हो जाता है । रस (आनन्द) ब्रह्म है । रसरूप ब्रह्म को प्राप्तकर मनुष्य आनन्दित होता है, अन्य प्रकार से नहीं ।।२।।

व्याख्या :- एवं सूचितं निखिलदुःखनिवृत्तिपूर्वकनिरतिशयसुखावाप्तिलक्षणं वेदान्तविचारजन्या-द्वैतब्रह्मात्मैक्यविषयकाप्रतिबद्धसाक्षात्कारद्वारा प्रयोजनं प्रतिपादयदनेकवेदान्तवाक्यसमूहं सङ्गृह्णन्नादौ प्रसिद्धे याजुषसामगे श्रुती अर्थतः पठति । ''ब्रह्मविदाप्नोति परं '' ''तरति शोकमात्मवि''दिति च । उपलक्षणविधया सर्वाश्श्रुतयस्स्मृतयश्च व्याख्याता एवात्मज्ञानस्यानिष्टनिवृत्तिपूर्वकेष्टप्राप्तिबोधिकाः । सर्वमुमुक्षुजनप्रवृत्तिनिमित्तात्यन्तनिश्श्रेयसावाप्तिरिति सर्वोपनिषत्तात्पर्यभूतस्सूत्राकारेण प्रतिपाद्यते ''ब्रह्मविदाप्नोति पर''मिति । अत्र च ब्रह्मशब्देन नित्यशुद्धबुद्धमुक्तस्वभावमेकमद्वितीयं परं ब्रह्मैवाभिधीयते। यतो भगवद्भाष्यकारवचनं वर्वर्ति ''चास्ति तावद्ब्रह्म नित्यशुद्धत्वादयोऽर्थाः प्रतीयन्ते । बृहतेर्धातोरर्थानुगमादि''ति । ब्रह्म वेत्ति मनसा वेदान्तार्थविचारजन्यसंस्कारसचिवेनापरोक्षतया साक्षात्करोतीति ब्रह्मवित् । ''यतो वाचो निवर्तन्ते । अप्राप्यमनसा सहे''ति श्रुतेः परं ब्रह्म मनसोऽप्यगोचरमेव स्यादिति नो चिन्त्यम् । घटादिवत्तदाकाराकारितबुद्धिवृत्तिजन्यफलव्याप्यत्वमेवानया ''प्राप्यमनसे '' ति श्रुत्या निवार्यते । न सर्वात्मना । यतः श्रुत्यन्तर एवमाम्नायते ''मनसैवानुद्रष्टव्यः'' ''नेह नानास्ति किञ्चने'' ति च । मनसैवेत्यवधारणया चक्षुरादि बाह्यदृष्टिर्व्यावर्त्यते । अनुशब्दबलेन च यच्छास्त्रप्रतिपादितं ब्रह्म तदेवानुसृत्यान्तर्दृष्ट्या वेदनीयमिति चावगम्यते । यद्यपि स्वयंप्रकाशमपरोक्षं ब्रह्म, तथापि तस्मिन्परोक्षभ्रमोऽस्तीति तन्निवृत्यर्थं प्रत्यगात्मना सह तादात्म्यं बोध्यते ''तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशस्सम्भूतः'' '' य एवं वेदाहं ब्रह्मास्मीति स इदं सर्वमभवत् '' ''यो वेद निहितं गुहायां'' मित्यादिश्रुतिभिः । प्रत्यगात्मनस्त्वपरोक्षत्वमपण्डितानामप्यहमिति मानसप्रत्यक्षेण सुस्पष्टम्। देहादिपञ्चकोशेभ्यो विविक्तं प्रत्यगात्मतादात्म्येन गम्यमानं ब्रह्मापरोक्षं मनसावगम्यते । ''यन्मनसा न मनुते येनाहुर्मनो मतम् । तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि नेदं यदिदमुपासत'' इत्यादिश्रुतिभ्यो ब्रह्मणस्सर्वात्मना मनसावगम्यमानत्वं निषिद्ध्यत इति नैव वाच्यम् । नास्यां श्रुतौ ब्रह्मणो मनोविषयत्वं निषिद्ध्यते । यतो ''ब्रह्म त्वं विद्धी''ति ब्रह्मणो विदिक्रियायाः कर्मत्वोक्तिः प्रतीयते । अस्य च मन्त्रस्यायमाशयः। स्वप्रकाशकमपरोक्षं साक्षिचैतन्यं न विचारचतुरेतरः प्रभवति । किन्तु तेन मनः प्रकाशितं भवतीति स मन्यते । तदेवान्तःकरणावभासकं साक्षिचैतन्यं ब्रह्मेति विज्ञातव्यम् । तत्साक्षात्कारासमर्था मन्दधियस्तु स्वातिरिक्ततया प्रतीयमानं शास्त्रप्रसिद्धं ब्रह्मोपासते । नैतदुपास्यमुपाधिविशिष्टं मुख्यं ब्रह्म भवति ''यत्र नान्यत्पश्यति नान्यच्छृणोति नान्यद्विजानाति स भूमा । यत्रान्यत्पश्यत्यन्यच्छृणोत्यन्यद्विजानाति तदल्पं यो वै भूमा तदमृतमथ यदल्पं तन्मर्त्यं स भगवन्कस्मिन्प्रतिष्ठित इति स्वे महिम्नी'' त्यादि

व्यख्या - सभी उपनिषदों में ब्रह्म को आनन्दस्वरूप कहा गया है । तैत्तिरीयोपनिषद् में इसका विशेष रूप से स्पष्ट उल्लेख है । ब्रह्मानन्दवल्ली के प्रारम्भ में भी कहा गया है कि ***''ब्रह्मविदाप्नोति परम्''*** (तै.उ. २/१/१) ब्रह्मज्ञानी परम को प्राप्त कर लेता है । **'परम्'** शब्द का तात्पर्य है परब्रह्म, जो आनन्दस्वरूप है । इसी वल्ली का दूसरा उद्धरण देते हैं -***''रसो वै सः रसं ह्येवायं लब्ध्वाऽऽनन्दी भवति''***(तै.उ. २/७/२) अर्थात् वही ब्रह्म रस है, क्योंकि यह पुरुष इस रस को प्राप्त करके ही आनन्दयुक्त होता है । यहाँ 'रस' शब्द आनन्द के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है । ब्रह्म आनन्दस्वरूप है इसलिये ब्रह्म प्राप्त

श्रुतेः । तथपि साक्षिचैतन्यं ब्रह्मेत्युपासनायां साक्षिचैतन्ये व्याप्यमाना चित्तवृत्तिपरम्परात्म-ब्रह्मणोर्भेदकारणीभूतामविद्यामपाकरोति । तथा सत्यात्मब्रह्मैक्यरूपा धीवृत्तिर्महावाक्यविषयसम्बन्धादेव जायत इति वाक्यजन्यं ज्ञानमप्यपरोक्षमेव। यथा बहिर्मुखः पुरुषोऽनवच्छिनध्यानप्रवणेन चित्तैकाग्र्येण बहिर्वस्तुनिरूपणसमर्थो भवति तथा प्रत्यगात्माकाराकारिता बुद्धिवृत्तिरपास्तसर्वभेदभ्रमा साक्षात्कृत-ब्रह्मानुभवा भवति । एकमेव च वस्तु ब्रह्मेति शास्त्रेण प्रतिपाद्यते । आत्मेति मानसप्रत्यक्षत्वमेति। एवं च पदद्वयोपपादिताखण्डैकरसे परब्रह्मण्यपरोक्षज्ञानसिद्धेस्तथाविधज्ञानोपेतो ब्रह्मविदित्युच्यते। स परं निरतिशयं तदेव ब्रह्म । एवं परमुत्कृष्टमानन्दरूपं च । तदाप्नोति ब्रह्म ज्ञात्वा ब्रह्मैव भवतीत्यर्थः । ब्रह्मणोऽन्यस्य सर्वस्य मिथ्याभूतत्वात् । अन्यस्य विज्ञानादन्यभवनस्यासंभवाच्च । "स यो ह वै तत्परमं ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवती"ति च श्रूयते । ननु ग्रामाद्ग्रामं प्राप्नोतीत्यत्राप्नोतेर्यथा-गत्यर्थकत्वं तद्व "त्परमाप्नोती"त्यत्रापि ब्रह्मलोकगमनमेवाभिधीयत इति चेन्न । "न तस्य प्राणा उत्क्रामन्त्यत्रैव समवलीयन्ते ब्रह्मैव सन्ब्रह्माप्ये"तीत्यादि श्रुतिभ्यो ब्रह्मविदः प्राणोत्क्रमणाभावस्य श्रवणात् । ननु ब्रह्मणोऽद्वितीयस्य सर्वस्यात्मभूतस्यापरिच्छिन्नस्याप्यत्वमेव न स्यादिति चेन्न । प्राप्तेर्दर्शनार्थापेक्षत्वात् । प्राक्च ज्ञानादप्ययं जीवो ब्रह्मैव सन्नपि न तज्जानाति । अविद्ययान्नमयादि-पञ्चकोशानात्मत्वेन मन्यमानस्स्वात्मभूतं ब्रह्म नाप्नोतीव भवति । शास्त्राचार्योपदेशाभ्यां महावाक्यार्थस्य मननादिनाचा"हं ब्रह्मास्मि"ति साक्षात्करोति। कण्ठस्थापि मणिमालाज्ञानेनान्विष्यमाणोऽपि नावाप्यते। परं दयालुना केनचित्पुरुषेण तवैव कण्ठे लम्बते मणिमालेति संस्मारिते सति परिमृश्य हस्तेन प्राप्तेव भवति मणिमाला । तथैव "दशमस्त्वमसी "त्यत्रापि पुरुषगणनासक्तेन दशमेनाप्तोपदेशात्स्वयमेव स्वंप्राप्यते। एवमेवाज्ञानदशायां ब्रह्म न प्राप्यते । अविद्यानिवृत्तौ सत्यां प्राप्यते । अतोऽत्र प्राप्तिशब्देन स्वस्वरूपज्ञानोपलब्धिरेवाभिधीयत इति न पूर्वालब्धलाभः । इत्थं प्रकारेण "ब्रह्मविदाप्नोति पर"मिति तैत्तिरीयकश्रुत्यर्थमुदाहृत्य छान्दोग्यस्थामपि श्रुतिमर्थतः पठति "श्रुतं ह्येवमेव भगवद्दृशेभ्यस्तरतिशोक-मात्मविदिति सोऽहं भगवशशोचामि तं मा भगवच्छोकस्य पारं तारय"त्वित्यादिकाम् । आत्मविद्भूमाशब्दवाच्यं देशकालवस्तुपरिच्छेदशून्यमात्मानं वेत्तीत्यादिवत् । तथात्मविद्यो मन्त्रोपदिष्टं सर्वं विकारजातं कर्मकार्यमपावृत्य ब्रह्माभिन्नात्मस्वरूपं सम्यगालोच्य विजानीति स आत्मवित् । स्वसंसृष्टं पुरुषं शोचयतीति शोकस्तमोमूलस्संसारस्तं तरत्यतिक्रमति । "मन्त्रविदेवास्मि नात्मविच्छ्रुतं ह्येव मे भगवद्दृशेभ्यस्तरतिशोकमात्मविदि"तीत्यादि श्रुतेः । ननु "सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्मे"ति स्वरूपलक्षणवाक्यात्सत्यादिलक्षणब्रह्मविदः परशब्दितोत्कटवस्तुप्राप्तिरेवोक्तवाक्यात्प्रतीयते न तूक्त सुखावाप्तिरपीत्यतो हेतोः पुनस्तैत्तिरीयकश्रुत्यन्तरमेवार्थतः पठति । यतः पूर्वोदाहृतश्रुतौ ब्रह्मज्ञानस्य

होने पर ही आनन्द प्राप्त होता है और छान्दोग्य उपनिषद् में कहा है कि *"तरति शोकमात्मवित्"* (छा.उ. ७/३/१) आत्मवेत्ता शोक से पार हो जाता है । अकृतार्थता का मानसिक सन्ताप ही शोक है । ब्रह्मज्ञान से उसकी निवृत्ति होती है और परिणाम स्वरूप मुमुक्षु ब्रह्मरूपी आनन्द में निमग्न हो जाता है । श्लोक में 'नान्यथा' का तात्पर्य है कि ब्रह्मज्ञान से ही शोक की निवृत्ति और आनन्द की प्राप्ति होती है, अन्य

परप्राप्तिहेतुतैवावभासते नानन्दप्राप्तिहेतुतेत्यत आनन्दप्राप्तिहेतुत्वप्रतिपादनपरं वाक्यमवतारयति । "रसो वै सः । रसं ह्येवायं लब्ध्वानन्दी भवती"त्यादिना । "ब्रह्मविदाप्नोतिपरमि"ति सूत्रितस्यैव लक्षणबोधकं "सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्मे"ति । तस्यैव हि विवरणं "तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशस्संभूत" इत्यादिना । तत्र प्रकरणादौ ब्रह्मात्मशब्दाभ्यामभिहितो य आत्मा सोऽसौ रसस्सार आनन्दरूप एव। तं रसमानन्दरूपं ब्रह्म लब्ध्वा "ब्रह्माहमस्मी"ति साक्षात्कृत्यात्मज्ञानं प्राप्य तेनानन्दी भवतीत्यपरिच्छिन्न-निरतिशयसुखवान्भवति। रसो ब्रह्म, निरतिशयसुखावाप्तिहेतुभूतस्य ब्रह्मणो मुख्यतयास्वादनविषयत्वा-त्तस्यानन्दरूपत्वमभिहितम्। अथायं तत्त्वविद्रसं ब्रह्म लब्ध्वा "धन्योऽहं धन्योऽहं कर्तव्यं न मे विद्यते किञ्चित् । धन्योऽहं धन्योऽहं प्राप्तव्यं सर्वमद्य सम्पन्न " मित्यानन्दमग्नो भवति । उक्तमर्थं व्यतिरेकप्रदर्शनेन द्रढयति। अन्यथा साधनान्तराश्रयणेनानन्दी नैव भवति । ब्रह्मात्मैक्यज्ञानं विहाय कोटिशोऽनुष्ठितैरपि साधनान्तरैर्न भवत्यानन्दीति शम् ।।

ब्रह्मज्ञानस्यानिष्टनिवारकत्वेऽन्वयव्यतिरेकप्रदर्शनम् -

प्रतिष्ठां विन्दते स्वस्मिन्यदा स्यादथ सोऽभयः।
कुरुतेऽस्मिन्नन्तरञ्चेदथ तस्य भयं भवेत् ।।३।।

अन्वयः -"यदा स्वस्मिन् प्रतिष्ठां विन्दते अथ सः अभयः स्यात्। अस्मिन् अन्तरं कुरुते चेत् ।अथ तस्य भयं भवेत्" ।

व्याख्या :- एवं चात्र पूर्वोदाहृतमन्त्रमुखेनेष्टप्राप्त्यनिष्टनिवृत्तिफलकत्वं प्रदर्श्य तदीयमेवा-न्वयव्यतिरेकघटितं सर्वानर्थनिवृत्तिप्रदर्शनपरं पुनर्वाक्यद्वयं "यदा ह्येवैष एतस्मिन्नदृश्येऽनात्म्येऽनिलयनेऽभयं प्रतिष्ठां विन्दते । अथ सोऽभयंगतो भवति । यदा ह्येवैष एतस्मिन्नुदरमन्तरं कुरुते । अथ तस्य भयं भवति" इत्यादिकमर्थतोऽनुसङ्गृह्णाति । यदा मुमुक्षुर्ब्रह्माभिन्ने स्वस्मिन्प्रत्यगात्मनि प्रतिष्ठां प्रकर्षेण संशयविपर्ययराहित्येन स्थितिं ब्रह्माहमस्मीत्यवस्थानं प्रतिष्ठां तां विन्दते समाप्नोति ब्रह्मनिष्ठो भवतीति भावः । अथ सोऽभयो द्वितीयात्पतनभीतिविरहितो भवति । द्वितीयस्य वस्तुनोऽभावात् । अथ किञ्चित् भेदं कुरुते चेत्पश्यति चेदथ तस्य भयं भवेत्सांसारिकं दुःखं भवेत् । यत्र द्वैतं पश्यति

किसी भी साधन से नहीं । अर्थात् ब्रह्मात्मैक्य ज्ञान को छोड़कर अनेकों साधनान्तरों का अनुष्ठान करने पर भी आनन्द की प्राप्ति नहीं हो सकती ।

अन्वय-व्यतिरेक के द्वारा ब्रह्मज्ञान के अनिष्ट निवारकत्व का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - पुरुष जब अपनी आत्मा में प्रतिष्ठा को प्राप्त करता है तब वह भयरहित हो जाता है और यदि इस आत्मा में भेद करता है तो उसे भय होता है ।।३।।

व्याख्या - तैत्तिरीयोपनिषद् में ही कहा गया है कि ***"यदा ह्येवैष एतस्मिन्नदृश्येऽनिरुक्तेऽनिल-यनेऽभयं प्रतिष्ठां विन्दतेऽथ सोऽभयं गतो भवति"*** (तै.उ. २/७/१) अर्थात् जिस समय यह साधक इस अदृश्य, शरीर रहित, निर्वचन रहित, निराधार ब्रह्म में अभय स्थिति प्राप्त करता है, उस समय निश्चय ही यह अभय को प्राप्त हो जाता है । तात्पर्य यह है कि जब मुमुक्षु ब्रह्म से अभिन्न स्वयं की प्रत्यगभिन्न

तत्रतूभयं भवति । मन्त्रस्यास्यायमाशयो यद्यस्मिन्काले मुमुक्षुर्विद्वदनुभवगम्ये हीन्द्रियाद्यगोचरेऽनात्मीये स्वस्वरूपत्वात्स्वकीयत्वरहिते यत्किञ्चिच्छब्दानभिधेय आधारवर्जिते स्वे महम्नि प्रतिष्ठिते भयहेतुभूतभेदविरहिते संशयविपर्ययराहित्येन प्रत्यगभेदेन ब्रह्माहमस्मीति स्थितिं गुरूपसत्त्यादिना श्रवणादिकमनुष्ठाय लभत इति । किञ्च तदानीमेव विद्वान्भयरहितं मोक्षमद्वितीयं ब्रह्म प्राप्तो भवति । तथा यस्मिन्नेव काले पूर्वोक्तेऽदृश्यत्वादिगुणके प्रत्यगभिन्ने ब्रह्मणि स्वल्पमप्युपास्योपासकादिलक्षणमन्तरं पश्यति तदैव भेददर्शिनस्संसारप्रयुक्तं दुःखं भवतीति दिक्।।

भेददर्शिनां भयप्रदर्शनवाक्योद्धरणम् –

वायुस्सूर्यो वह्निरिन्द्रो मृत्युर्जन्मान्तरेन्तरम् ।
कृत्वा धर्मं विजानन्तोऽप्यस्माद्भीत्या चरन्ति हि ।।४।।

अन्वयः – वायुः सूर्यः वह्निः इन्द्रः मृत्युः जन्मान्तरे धर्मं विजानन्तः अपि अन्तरं कृत्वा अस्मात् भीत्या चरन्ति हि।

व्याख्या :– एवं भेददर्शिनो भेदः क्व दृष्ट इत्याशङ्कायां वाय्वादीनां भयप्रदर्शनपरं "भीषास्माद्वातः पवते । भीषोदेति सूर्य : । भीषास्मादग्निश्चेन्द्रश्च । मृत्युर्धावति पञ्चम" इति तैत्तरीयवाक्योद्धरणेन समादधाति । वायुस्सूर्यो वह्निरिन्द्रो मृत्युश्च ते सर्वेऽपि देवा जगन्नियामकत्वेन प्रसिद्धाः पूर्वजन्मकर्मानुरूपाणि देवताद्युत्कृष्टशरीराणि लब्ध्वाऽपि जन्मान्तरेऽतीते जन्मनि धर्मं विधिविहितमिष्टापूर्तादिलक्षणं कर्म विजानन्तोऽपि विशेषेण साध्यानुष्ठानलक्षणेन ज्ञात्वापि । कार्यकारणस्वरूपैः प्रमिण्वाना अपि ज्ञानपूर्वकमनुष्ठितवन्तोऽपि

आत्मा में प्रतिष्ठा अर्थात् संशय, विपर्यय रहित स्थिति को 'मैं ही ब्रह्म हूँ' इस प्रकार ब्रह्म में अवस्थिति रूप प्रतिष्ठा को प्राप्त होता है अर्थात् ब्रह्मनिष्ठ होता है तब वह भयरहित अर्थात् अन्य के द्वारा पतनरूपी भय से रहित हो जाता है । क्योंकि उस (ज्ञानी) के अलावा और कोई है ही नहीं । और ***''यदा ह्येवैष एतस्मिन्नुदरमन्तरं कुरुते । अथ तस्य भयं भवति''*** (तै.उ. २/७/१) अर्थात् इस अद्वितीय ब्रह्म में यदि थोड़ा-सा भी अन्तर देखता है अर्थात् उपास्य-उपासक रूप भेद दर्शन करता है तो उसे भय होता है अर्थात् उसे सांसारिक दुःख प्राप्त होते हैं । भाव यह है कि जहाँ द्वैत होता है, वहाँ भय होता है ।

भेद दर्शियों के भय का कारण बताते हैं ।

अर्थ – वायु, सूर्य, अग्नि, इन्द्र और मृत्यु जन्मान्तर में धर्म को विशेषरूप से जानकर भी (ब्रह्म में) भेद (बुद्धि) करने के कारण इस (ब्रह्म) के भय से स्वकार्य में सदा प्रवृत्त होते रहते हैं ।।४।।

व्याख्या – तैत्तिरीय उपनिषद् के जिन वचनों का उद्धरण पिछले श्लोक में दिया गया था, उसके आगे के वचनों को यहाँ उद्धृत किया गया है ।

भीषास्माद् वातः पवते भीषोदेति सूर्यः ।
भीषास्मादग्निश्चेन्द्रश्च मृत्युर्धावति पञ्चमः।। (तै.उ. २/८/१)

अर्थात् इस परमेश्वर के भय से वायु चलती है, इसी के भय से सूर्य उदित होता है एवं इसी के भय से अग्नि, इन्द्र और पांचवाँ मृत्यु अपना-अपना कार्य करने के लिये दौड़ा करते हैं । इस श्रुति में वायु, सूर्य, अग्नि, इन्द्र और मृत्यु को भययुक्त बताया गया है । यद्यपि इन्होंने पूर्व जन्मों में अनेकों सत्कर्म

प्रत्यग्ब्रह्मणः अन्तरं भेदं कृत्वा विभाव्यास्माज्जगन्नियन्तुर्ब्रह्मणोऽन्तर्यामिणस्सकाशाद्भीत्या भयेनास्मिन्वाय्वादिजन्मनि चरन्ति स्वस्वकार्येषु प्रवर्तन्ते । तदाज्ञानुवर्तिनस्सन्तस्सदा स्वस्व व्यापारे निरता भवन्ति । हिशब्देन च कठश्रुतौ यमेनोक्ता प्रसिद्धिर्द्रष्टव्या । "भयादस्मादग्निस्तपतिभयात्तपति सूर्यः। भयादिन्द्रश्च वायुश्च मृत्युर्धावति पञ्चम" इत्यादिकेति शम् ।।

ब्रह्मानन्दज्ञानस्य शोकनिवृत्तिकारणत्वस्पष्टीकरणम् -

आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान्न बिभेति कुतश्चन।
एतमेव तपेन्नैषा चिन्ता कर्माग्निसम्भृता।।५।।

अन्वयः - "ब्रह्मणः आनन्दं विद्वान् कुतश्चन न बिभेति"। "कर्माग्निसंभृता एषा चिन्ता एतम् एव न तपेत् "।

व्याख्या :- "ब्रह्मविदाप्नोति परं" "तरति शोकमात्मवि"दित्यादिषु पूर्वमुदाहृतेषु वाक्येषु न स्पष्टमवभासते ब्रह्मानन्दज्ञानस्यानर्थनिवृत्तिहेतुत्वमित्याशङ्कायां तथा प्रतिपादनपरं वाक्य"मानन्दं ब्रह्मणो विद्वान् । न बिभेति कुतश्चने"तीत्यादिकमभयप्राप्तौ प्रमाणतया प्रतिपादयति । ब्रह्मणस्स्वरूपभूतमानन्दं "राहोश्शिर" इतिवदौपचारिकमात्रमेव षष्ट्यर्थः । अत्राभेद एव षष्ठीप्रयोगः । तं यो विद्वानपरोक्षतया साक्षात्करोति स जानन्पुरुषः कुतश्चन कस्माद्वापि व्यघ्रादेरैहिकाद्भयहेतोः पापादेर्वा पारलौकिकाद्भय-हेतोर्न बिभेति न भयं प्रप्नोति । अत्र देहनिर्वाहादेरैहिकात्तथा पारत्रिकादकृतात्पुण्यात्कृताद्वा पापाच्च न बिभेतीति ग्राह्यम् । अत एव वदति श्रुति"रेतँ ह वाव न तपति । किमहं साधुनाकरवम् । किमहं पापमकरवमि"तीत्यादिना । तत्त्वविदो भयं पापादेरपि न भवतीत्येतत्कुत इत्यत्रै"तँ ह वाव न तपती"त्यादिवाक्यमर्थतः पठति । एवं विद्वांसं कर्माग्निसंम्भृता पुण्यपापरूपं कर्मैवाकृतत्वकृतत्वाभ्यां

किये, इन सभी ने विधिविहित धर्मों को जानकर उनका सम्यक् अनुष्ठान भी किया, किन्तु प्रत्यगात्मा और ब्रह्म में भेद मानने के कारण इस जन्म में उच्चकोटि का शरीर प्राप्त होने पर भी जगत् के नियामक परमेश्वर के भय से भागते रहते हैं अर्थात् परमात्मा की आज्ञा के अधीन रहते हैं । श्लोक में 'हि' प्रसिद्धि द्योतनार्थ है । इससे यम-नचिकता संवाद रूप कठश्रुति का भी ग्रहण होता है । वहाँ का मन्त्र इस प्रकार है ।

भयादस्याग्निस्तपति भयात् तपति सूर्यः।
भयादिन्द्रश्च वायुश्च मृत्युर्धावति पञ्चमः।। (कठो. २/३/३)

ब्रह्मानन्द के ज्ञान से शोकनिवृत्ति के कारण का स्पष्टीकरण करते हैं ।

अर्थ - ब्रह्म के आनन्द को जानने वाला विद्वान् किसी से भयभीत नहीं होता । उसी प्रकार कर्मरूपी अग्नि से होने वाली चिन्ता से वह सन्तप्त नहीं होता ।।५।।

व्याख्या - 'ब्रह्म के आनन्द को' यहाँ पर षष्ठी विभक्ति राहु के शिर के समान है अर्थात् दोनों का भेद औपचारिक है वस्तुतः दोनों एक ही हैं । जैसे राहु और उसका सिर अलग न होकर एक होने पर भी 'राहु का शिर' ऐसा कहा जाता है, वैसे ही ब्रह्म और उसका आनन्द अलग न होने पर भी 'ब्रह्म का आनन्द' ऐसा कहा गया है । ऐसे ब्रह्म के आनन्द को जो विद्वान् अपरोक्ष रूप से जानता है वह किसी से भी भयभीत नहीं होता अर्थात् इस लोक में हिंसक जन्तुओं से या चोर, डाकू आदि शत्रुओं से तथा

सन्तापकत्वाद्बह्मिस्तेन सम्भृता परिपुष्टैषा वक्ष्यमाणा सा सम्पादिता सती "किमहं साधुनाकरवम् । किमहं पापमकरवमिती"त्यादिकरणाकरणजन्या चित्तानुतापो न तपेन्नतापयति । तदन्येऽविद्वांसस्तच्चिन्तया सन्तप्यन्ते । तस्मान्न विदुषः कोऽप्यनुताप इति शम् ।

कर्माग्निसमभृतस्तापो न ब्रह्मविदि इति निरूपणम् –

एवं विद्वान्कर्मणी द्वे हित्वात्मानं स्मरेत्सदा ।
कृते च कर्मणी स्वात्मरूपेणैवैष पश्यति ॥६॥

अन्वयः – एवं विद्वान् द्वे कर्मणी हित्वा आत्मानं सदा स्मरेत् । (किं) च कृते कर्मणी स्वात्मरूपेण एव पश्यति।

व्याख्या :–कर्माग्निसम्भृतचिन्तया कुतो न तापं प्राप्नोति ब्रह्मविदिति पुण्यपापयोरतापकत्वे हेतुप्रदर्शनाय "स य एवं विद्वानेते आत्मानँ स्पृणुते । उभे ह्येवैष एते अत्मानँ स्पृणुत"इत्यादि श्रौतवाक्यमुदाहरति । पूर्वोक्तवाक्यशेषमेवार्थतस्सङ्ग्रथयति । एवं साध्वसाधू कर्मणी सन्तापकरणत्वेन यः कश्चित्पुमान्पूर्वोक्तेन प्रकारेण "स यश्चायं पुरुषे । यश्चासावादित्ये । स एक" इत्यादिरीत्या विद्वाञ्जानाति स द्वे कर्मणी पुण्यपापे हित्वापहाय सन्त्यज्य मिथ्यात्वेनावगत्य संन्यस्येति यावत् । सदात्मानं ब्रह्माभिन्नं प्रत्यञ्चं स्पृणुते प्रीणयति संस्मरेच्चिन्तयेत् । द्वे द्विप्रकारेण पुण्यपापात्मिके कर्मणी मिथ्यात्वन सन्त्यज्येति भावः । किं नाम कर्मणोर्हानम् ? न कर्माचरणस्यात्यन्ताभावः । यत आत्मनो ब्रह्मत्वेनावगतत्वेऽपि देहेन्द्रियव्यपाराणामत्यन्ताभावस्यासंभवो दृश्यते । अतस्तन्मिथ्यात्वज्ञान-सिद्धिरित्येवाङ्गीकर्तव्यम् । नन्वात्मज्ञानोत्तरकालयोस्तयोरस्त्वेवं व्यवस्था क्रियमाणाख्ययोः । अथापि तत्प्राक्कालिकत्वेन सञ्चिताख्ययोस्तयोः का गतिरित्यतस्तत्फलितमाह । यतः पुण्यपापयोर्मिथ्यात्वानु-सन्धानेन हानं कृतमतस्तद्विषया चिन्तैव नास्तीति कुतस्तन्निमित्तकस्ताप इत्याशयः। किञ्चैष

परलोक में होने वाले पापजन्य कष्टों से भयभीत नहीं होता है । और विद्वान् को कर्मरूपी अग्नि से होने वाली चिन्ता अर्थात् ***"किमहं साधु नाकरवं किमहं पापमकरवम्"*** (तै.उ. २/९) हाय ! मैंने अच्छे कर्म क्यों नहीं किये ? मैंने पाप कर्म क्यों किये ? इत्यादि चिन्ता सन्तप्त नहीं करती है । भाव यह है कि जो अविद्वान् है, उसी को उक्त सन्ताप होता है विद्वान् को नहीं ।

कर्माग्निसंभृत सन्ताप ब्रह्मवेत्ता को नहीं होता है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ – इस प्रकार विद्वान् दोनों कर्मों (पाप-पुण्य) को छोड़कर सदा आत्मा का ही स्मरण करता है । यह (विद्वान्) किये हुए (पुण्य और पाप) कर्मों को स्वात्मरूप से ही देखता है ।।६।।

व्याख्या – ***"स य एवं विद्वानेते आत्मानं स्पृणुते, उभे ह्येवैष एते आत्मानं स्पृणुते"*** (तै.उ. २/९) इस श्रौतवाक्य के द्वारा हेतु प्रदर्शित करते हुए कहते हैं कि इस प्रकार पाप और पुण्य दोनों कर्मों को जो विद्वान् सन्ताप का कारण जानता है, वह पुण्य और पाप रूपी दोनों कर्मों को छोड़कर अर्थात् उनका त्यागकर सदा अपनी आत्मा का ही स्मरण (चिन्तन) करता है । यद्यपि ब्रह्मज्ञान होने पर देह इन्द्रिय आदि का व्यापार पूर्णरूप से नष्ट नहीं हो जाता क्योंकि शरीरादि की स्थिति प्रारब्धाधीन है किन्तु कर्मों में मिथ्यात्वदर्शन अवश्य ही संभव है । इसलिये कहते हैं कि वह विद्वान् पूर्वजन्म में अथवा इस

विद्वान्पूर्वस्मिञ्जन्मन्यस्मिञ्जन्मनि वा कृते समाचरिते एते पूर्वोक्ते उभे पुण्यपापरूपे कर्मणी स्वात्मरूपेणैव पश्यति । यतस्ते कर्मणी देहेन्द्रियादिप्रवृत्या जनिते इत्यतस्स्वात्मानुरूपेणैवे''दं सर्वं यदयमात्मे''त्यादिवाक्यार्थप्रतिपादितरीत्यैव पश्यतीति भावः । परमात्मस्वरूपेणैव ते कर्मणी अनुसन्दधाति। ब्रह्मविदः पुण्यपापे स्वरूपेणापि न विद्येते । एवं सति का कथा तच्चिन्ताकृतस्य सन्तापस्येति सर्वात्मना स्वात्माभिन्नत्वादप्यतापकत्वमिति शम् ।।

ब्रह्मज्ञानात्कर्मनाश इति निरूपणम् -

भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः।
क्षीयन्ते चास्य कमार्णि तस्मिन्दृष्टे परावरे।।७।।

अन्वयः - ''परावरे तस्मिन् दृष्टे अस्य हृदयग्रन्थिः भिद्यते''। सर्वसंशयाः छिद्यन्ते।कर्माणि च क्षीयन्ते''।

व्याख्या :- अनन्तसञ्चिकर्मणां परोक्षाणामात्मत्वेनानुसन्धानं कथं समुचितम् ? ''नाभुक्तं क्षीयते कर्म कल्पकोटिशतैरपी''त्यादिशास्त्रसद्भावादनादौ संसारे बहुजन्मोपार्जितेषु पुण्यपापलक्षणेषु कर्मस्वसङ्ख्यातेष्वप्रसिद्धत्वेनात्मतयानुसन्धानायोग्येषु सत्सु कथं तद्विषया चिन्ता न भवेत् ? यतः प्राक्तनानन्तजन्मसमासादितकर्मणामुपभोगमात्रहेतुनैव क्षय इत्यसङ्ख्याककर्मसु स्यात्तच्चिन्ता दुरन्तेत्यतस्सनिदानानां तेषां तत्त्वज्ञानेन विनाशितत्वान्न चिन्ताजनकत्वमित्याशयेन हार्दग्रन्थ्यादिनिवृत्तिपरां मुण्डकश्रुतिमुदाहरति । तस्मिन्परावरे यस्मात्परमत्यन्तोत्कृष्टो हिरण्यगर्भादिपदमभ्युदयं वावरं निकृष्टं भवति तस्मात्तादृशे परमात्मनि दृष्टे साक्षात्कृते प्रत्यगभेदेनानुभूते सति साधकस्यास्य साक्षात्कारवतो हृदयग्रन्थिर्हृदयस्य बुद्धेर्ग्रन्थिश्चिदात्मना सह दृढतरसंश्लेषरूपो योऽन्योऽन्याध्यासो ग्रन्थिसदृश इति हेतोर्ग्रन्थिरित्युच्यते । तादृशो मायापाशोऽविद्यावासनाप्रचयो भिद्यते विदीर्यते विनश्यति । तथा सर्वसंशयास्सर्वे च ते संशया इति तथोक्तास्ते च, सद्वस्त्वस्तीत्येके नास्तीति चैके ? कोऽयमात्मा देहादिव्यतिरिक्तो न वा ? स किं कर्तृत्वभोक्तृत्वाद्यभिमानी उत केवलकर्तृत्वाभिमानी वा ? जगज्जीवेश्वरादयः परमार्था न वा ? अभेदेऽपि तज्ज्ञानं कर्मादिसहितं मुक्तिसाधनं केवलं

जन्म में किये हुए पुण्य अथवा पाप कर्मों को स्वात्मरूप से ही देखता है । अर्थात् उनको परमात्मा से अभिन्नरूप से ही मानता है । वस्तुतः ब्रह्मज्ञानी के लिये पुण्य और पाप नामक कोई वस्तु है ही नहीं, सब कुछ आत्मा ही है तो ऐसी स्थिति में पुण्यपापजन्य चिन्ता से ज्ञानी के सन्तप्त होने का तो प्रश्न ही नहीं उठता ।

ब्रह्मज्ञान से कर्मनाश का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - उस परापर ब्रह्मतत्त्व का साक्षात्कार हो जाने पर इस जीव की हृदय की ग्रन्थि टूट जाती है । समस्त संशय नष्ट हो जाते हैं और (प्रारब्ध से भिन्न) सभी कर्म क्षीण हो जाते हैं ।।७।।

व्याख्या - पूर्वकालीन अनेकों जन्मों के किये हुए कर्मों का भोग किये बिना उनका नाश कैसे हो सकता है ? क्योंकि शास्त्र कहते हैं कि किये हुए कर्मों का फल अवश्य भोगना पड़ता है, बिना भोगे

वेत्याकारकास्संशयाश्छिद्यन्ते विच्छिन्ना भवन्ति द्वैधीभावमापद्यन्ते । तत्त्वतस्साक्षात्कृतस्य वस्तुनस्संशयविपर्ययविषयत्वादर्शनादित्याशयः । किञ्चास्य कर्माणि चानारब्धफलानि पूर्वपूर्वजन्मकृतान्यस्मिञ्जन्मनि ज्ञानोत्पत्तेः प्राक्कृतानि सञ्चितानि पुण्यपापकर्मफलानि क्षीयन्ते स्वनिदानाज्ञानविनाशनेन विनश्यन्ति । आगामि च नश्यति । तदश्लेषरूप एवागामिनाश इत्यर्थः । एतच्छृत्यर्थोऽनुभूतिप्रकाश आचार्यैर्विवृतः ।

"परमव्याकृतं यस्मादवरं स्याच्चिदात्मनः । दृष्टे तस्मिन्नहङ्कारचितोर्ग्रन्थिर्विभिद्यते ।।

अहङ्कारस्य कर्तृत्वं चित्यध्यस्य तथाचितः । स्फूर्तिं चाहङ्कृतौ ग्रन्थिं कुर्यान्माया तयोर्दृढम्।।

भिन्ने ग्रन्थौ विवेकेन संशया ब्रह्मतत्त्वगाः । छिद्यन्तेस्याद्भाविजन्महेतुकर्मक्षयस्तथे" त्यादिना एवमेवात्र भगवद्गीताप्यनुसन्धेया –

यथैधांसि समद्धोग्निर्भस्मसात्कुरुतेऽर्जुन । ज्ञानाग्निस्सर्वकर्माणि भस्मसात्कुरुते तथे"ति ।

अत्र चाचार्यश्रीपादा मधुसूदनसरस्वत्यः –

"यथैधांसि काष्ठानि समिद्धः प्रचलितोऽग्निर्भस्मसात्कुरुते भस्मीभावं नयति । हेऽर्जुन ज्ञानाग्निस्सर्वकर्माणि पापानि पुण्यानि चाविशेषेण प्रारब्धफलभिन्नानि भस्मसात्कुरुते तथा तत्कारणाज्ञानविनाशेन विनाशयतीत्यर्थः । तथा च श्रुतिः "भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः। क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन्दृष्टे परावर" इति । ब्रह्मसूत्रेषु च "तदधिगम उत्तरपूर्वाघयोरश्लेषविनाशौ तद्व्यपदेशात् । इतरस्याप्येवमसंश्लेषः पातेत्वि"ति चात्रानुसन्धेयः । तथानारब्धे पुण्यपापे च विनश्यत एवेत्यत्र च सूत्र"मनारब्धकार्ये एव तु पूर्वे तदवधे"रिति । ज्ञानोत्पादकदेहारम्भकाणां तु तद्देहान्त एव विनाशाः । "तस्य तावदेव चिरं यावन्न विमोक्ष्येऽथ सम्पत्स्य "इति श्रुतेः । "भोगेन त्वितरे क्षपयित्वा सम्पद्यत" इति सूत्राच्च । अधिकारिणां तु यान्येव ज्ञानोत्पादकदेहारम्भकाणि तान्येव देहान्तरारम्भकाण्यपि । यथा वसिष्ठावामदेवप्रभृतीनाम् । तथा च सूत्रम् "यावदधिकारमवस्थिति-राधिकारिकाणा"मिति । अधिकारोऽनेकदेहारम्भकं बलवत्प्रारब्धफलं कर्म। तच्चोपासकानामेव नान्येषाम्।

करोड़ों कल्प बीत जाने पर भी उनका नाश नहीं होता । इस शंका के समाधानार्थ मुण्डक श्रुति को उद्धृत करते हैं ।

पर ब्रह्मादि भी हैं अवर जिससे, उस परावर परमात्मा का अथवा ***"परं च कारणात्मनाऽवरं च कार्यात्मना"*** (शां.भा.) कारण रूप से जो पर है और कार्यरूप से अवर है, उस परावर परमात्मा का साक्षात्कार हो जाने पर हृदय की ग्रन्थि अर्थात् अविद्या वासना के प्रचय रूप बुद्धि के आश्रित जो काम है, वही हृदय की गांठ है जो अध्यास मूलक है, यह ग्रन्थि टूट जाती है । समस्त संशय भी नष्ट हो जाते हैं अर्थात् आत्मा है अथवा नहीं है ? है तो कैसा है ? और देहादि से अतिरिक्त है अथवा नहीं ? कर्तृत्व-भोक्तृत्वाभिमानी है अथवा केवल कर्तृत्वाभिमानी ही है ? अथवा जीव एक ही है या अनेक हैं ? जगत् जीव और ईश्वरादि सभी सत्य हैं अथवा मिथ्या हैं ? इत्यादि समस्त संशय नष्ट हो जाते हैं । और इस ज्ञानी के समस्त कर्मक्षीण हो जाते हैं अर्थात् समस्त संचित और आगामी कर्मों का नाश हो जाता है । केवल जन्म के आरम्भक प्रारब्ध कर्म ही शेष रहते है , क्योंकि वे छोड़े हुए बाण की तरह अपना

अनारब्धफलानि नश्यन्ति तु यावद्भोगसमाप्ति तिष्ठन्ति । भोगश्चैकेन देहेनानेकेन वेति न विशेषः । विस्तरस्त्वाकरे द्रष्टव्य'' इति । एवञ्चात्रमधुसूदनश्रीचरणैः प्रारब्धफलभिन्नानीति सर्वकर्माणां विशेषणं यन्न्यवेशि तदस्मदाद्यर्वाग्दर्शिदृष्ट्यनुसारेणैव । अत एव चानुभूतिप्रकाशे ''भाविजन्महेतुकर्मक्षयस्तथे'' त्यवोचि । प्रारब्धफलानां हि कर्मत्वस्यैव फलत्वेनाभावात्। न ह्यङ्कुरादिदशायां व्रीहिपरिणामेऽप्यङ्कुरादौ व्रीहित्वं दृश्यते । न वा तन्तुत्वमापन्नः कार्पासोऽपि कार्पासत्वेन व्यवह्रियते । अन्यथा स्थण्डिलनिर्माणाय मृदमाहरेति नियुक्तो देवदत्तः कपालादिकमप्यानयेत्। तस्मादुक्तविशेषणं नैव तेषां स्वाभिमतत्वेनेति ज्ञेयम् । एवं तच्चोपासकानामेव नान्येषामित्यपि स्थूलबुद्ध्यभिप्रायेणैवोक्तम् । अन्यथा - ''कार्तिक्यां कृत्तिकायोगे यः कुर्यात्स्वामिदर्शनम्। सप्तजन्म भवेद्विप्रो धनाढ्यो वेदपारग''।। इति स्मृतेः पुरा केनचित्पुरुषेण तादृग्योगे श्रीशौले भगवतस्स्कन्दस्य दर्शनमकारि । तेन पुण्येन दैवान्मरणोत्तरमिह धनाढ्यो वेदशब्दलक्षितस्वशाखाध्ययनपूर्वकं प्राक्तनानन्तजन्मसञ्चितान्तर्याम्येकार्पणीकृतयथावन्निषिद्ध-तन्त्रगन्धविधुरसकलकाम्यनिषिद्धशून्यस्वस्ववर्णाश्रमोचितयावच्छ्रौतस्मार्तनित्यनैमित्तिकप्रायश्चित्तादि-कर्मभिश्चित्तशुद्धौ नित्यादिविवित्सायां यावदुपयोगं व्याकरणतर्कमीमांसास्समभ्यस्य सञ्जातनित्यानित्य-विवेकजनितैहिकादिनिखिलविषयवैरस्यात् प्रोद्भूतशमदमादिसाधनषट्कात्तीव्रतमब्रह्मजिज्ञासया यथोक्तलक्षणं श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठमाचार्यवरिष्ठं शरणीकृत्य विचारितचतुर्लक्षण्यापगतप्रमाणाद्यसम्भावनालक्षण-चतुर्विधप्रतिबन्धादद्वैताचार्यभगवत्पादश्रीपादविवृतरीत्यैव स्वशाखीयाद्विचारितान्महावाक्यात् सञ्जाताद्वैतब्रह्मात्मैक्यसाक्षात्कारः प्रध्वस्तमूलाविद्यानान्तरीयकसिद्धनिखिलद्वैतबाधस्सन्न्यावत्प्रारब्ध-फलोपभोगो जीवन्मुक्त एवासौ विहरति चेत्तस्य धनाढ्यत्वादिविशिष्टसप्तजन्मपदनिरुक्तस्वामिदर्शन-जन्येश्वरपरितोषरूपधर्मापराभिधपुण्यापूर्वफलोपभोगमध्येऽयमेकजन्मोपभोगस्सम्पन्नः तेनावशिष्टजन्मषट्कं वसिष्ठादिवदनुपासकस्यपि तस्य जीवन्मुक्ततयैव भवेदित्यवश्यमेवेति तत्र का गतिः? न चैवं तर्हीदानीन्तनानामपि दैवात्केषाञ्चिद्ब्रह्मविदां ब्राह्मणानां निरुक्तरीत्या स्वामिदर्शनजब्रह्मण्यसम्भावनयाग्रे द्वित्रादिजन्मसम्भवनिर्णयादतिदुःखापत्तिरिति साम्प्रतम् । यथोक्तधनाढ्यत्वादिगुणशालित्वसत्त्वे

फल देना प्रारम्भ कर चुके हैं । विवेक-चूड़ामणि में श्रीशंकरभगवत्पाद ने ज्ञानी के कर्मों का विश्लेषण इस प्रकार किया है - जग जाने पर जैसे स्वप्नावस्था के कर्मलीन हो जाते हैं, वैसे ही 'मैं ब्रह्म हूँ' ऐसा ज्ञान होते ही करोड़ों कल्पों के सञ्चित कर्म नष्ट हो जाते हैं । (वि.चू. श्लोक ४४८) । स्वप्नावस्था में जो बड़े से बड़ा पुण्य अथवा पाप किया जाता है, क्या जाग्रत् अवस्था में वह स्वर्ग अथवा नरक की प्राप्ति का कारण हो सकता है ? (वि.चू. श्लोक ४४९) जो यति स्वयं को आकाश के समान असंग और उदासीन जान लेता है, वह किसी भी आगामी कर्म से थोड़ा-सा भी लिप्त नहीं होता है (वि.चू. श्लोक ४५०) । जैसे घड़े के सम्बन्ध से घड़े में रखी हुई मदिरा की गन्ध से आकाश का कोई सम्बन्ध नहीं होता, उसी प्रकार उपाधि के सम्बन्ध से आत्मा उपाधि से लिप्त नहीं होता (वि.चू. श्लोक ४५१)। किन्तु लक्ष्य की ओर छोड़ दिये गये बाण के समान ज्ञान होने से पूर्व ही आरम्भ हुआ कर्म अपना फल दिये बिना ज्ञान से नष्ट नहीं होता । जैसे व्याघ्र समझकर गौ की ओर छोड़ा हुआ बाण, पीछे उसको गौ जान लेने पर भी बीच में नहीं रोका जा सकता, वह तो तुरन्त अपने लक्ष्य को वेध ही देता है (वि.चू.

त्विष्टापत्तेस्सम्भावितद्वित्रादिसप्तानधिकजन्मादिदुःखस्य तु जीवन्मुक्त्यानन्देनैव तृणीकारात्प्रत्युतोपासनां विनैव च वसिष्ठादिवदेव बहुजन्मस्वपि निर्णीतजीवन्मुक्तिविलासानन्दाधिक्यसन्तोषविशेषस्यैव सम्भावितत्वाच्च । परन्त्वग्य दुरन्तकलिकाले तावद्विप्राणां धनाढ्यत्वमेव सुदुर्लभं, क्वचित्तत्सत्त्वेऽपि वेदपारगत्वं तु सुदुर्लभतरं, क्वचिच्च तदुभयसत्वेऽपि निरुक्तरीतिकवास्तविकब्रह्मवित्त्वं तु सुदुर्लभतममेव। नन्वथापि कदाचिन्निरुक्तयोगस्समायात्त्येव । तत्र च सहस्रशो जनाश्श्रीशैले श्रीस्कन्ददर्शनं कुर्वन्त्येव। ते च मृतास्सर्वेऽपि सप्तजन्मपर्यन्तं भारतवर्ष एव धनाढ्या वेदपारगाः कुतो नोपलभ्यन्ते ? वेदपारगत्वान्यथानुपपत्तिसिद्धब्रह्मविद्याशालिनश्च शतश इति चेन्न । उक्तस्मृतावेतज्जन्माव्यवहितोत्तरमेव "सप्तजन्म भवेद्विप्र" इत्यादिनियमानुक्तेस्स्वर्गकामो यजेतेत्यादिवत्तत्कल्पनेऽपि कर्मप्राबल्यदौर्बल्यस्या-सर्वज्ञदुर्ज्ञेयत्वात्स्वामिदर्शनोत्तरं हि काशीमरण एव जाते ब्रह्मवधसुरापानाद्यन्यतममहापातके वा सञ्जाते क्रमात्तद्ध्वंसतत्प्रतिबन्धयोरपि सम्भवाच्च । तस्माद्युक्तमेवोपासकब्रह्मवित्त्वसत्त्वानेकजन्मोप-भोग्यकर्मफलकल्पनासम्भव इति । उपासनं चात्र वैदिकमेवेति सकलमप्यनाविलम् ।।

अत्र च "तदधिगम उत्तरपूर्वाघयोरश्लेषविनाशौ तद्व्यपदेशा"दिति सूत्रं सञ्चितविषयम् । "इतर स्याप्येवमसंश्लेषः पाते त्वि"ति तु पूर्वे तदवधे " रिति च सूत्रं प्रारब्धविषयमिति सूत्राणामेषां विवेको ज्ञेयः । देहान्तरारम्भकाणि तु कर्माणि देहान्त एव विनश्यन्तीति न तेषामत्र क्षयो विवक्षित इति दिक्।।

न कर्मणां मुक्तिसाधनत्वमिति निरूपणम् –

तमेव विद्वानत्येति मृत्युं पन्था न चेतरः।
ज्ञात्वा देवं पाशहानिः क्षीणैः क्लेशैर्न जन्मभाक् ॥८॥

अन्वयः – "तं विद्वान् एव मृत्युम् अत्येति। इतरः च पन्था न" "देवं ज्ञात्वा पाशहानिः। क्षीणैः क्लेशैः जन्मभाक् न" ।

श्लोक ४५२, ४५३) । ब्रह्मसूत्र में श्रीवेदव्यास जी ने लिखा है कि ***"तदधिगम उत्तरपूर्वाघयोरश्लेष-विनाशौ तद् व्यपदेशात्"*** (ब्र.सू. ४/१/१३) अर्थात् उस ब्रह्म की प्राप्ति होने पर पूर्व के और आगे के पापों की उत्पत्ति नहीं होती और नाश हो जाता है अर्थात् पूर्व के कर्मों का नाश और आगामी कर्मों से ज्ञानी लिप्त नहीं होता है । क्योंकि श्रुति में वैसा ही कहा गया है । ***"इतरस्याप्येवमसंश्लेषः पाते तु"*** (ब्र.सू. ४/१/१४) अर्थात् इतर (यानी पुण्य) का भी इसी प्रकार संश्लेष नहीं होता और शरीर पात के अनन्तर मोक्ष हो जाता है । ***"अनारब्धकार्ये एव तु पूर्वे तदवधेः"*** (ब्र.सू.४/१/१५) अर्थात् परन्तु जिनके कार्यों का आरम्भ नहीं हुआ ऐसे ही पूर्व कर्मों का नाश होता है । क्योंकि श्रुति में उस (मोक्ष) की अवधि नियत की है । इस प्रकार ब्रह्मसूत्र के इन तीनों सूत्रों में क्रम से प्रथम सूत्र संचित कर्म विषयक है, दूसरा सूत्र आगामी कर्म विषयक है और तृतीयसूत्र प्रारब्धविषयक है । भाव यह है कि प्रारब्ध कर्मों का नाश देहपात होने पर ही होता है, इसलिये उसके क्षय का प्रतिपादन यहाँ विवक्षित नहीं है ।

मुक्ति ज्ञान से ही संभव है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ – उस परमात्मा को जानने वाला विद्वान् ही मृत्यु को पार कर जाता है, इसके लिये (मोक्ष

व्याख्या :- न''न्वानन्दं ब्रह्मणो विद्वान्न बिभेति कुतश्चन'' । ''एवं त्वयि नान्यथेतोऽस्ति न कर्म लिप्यते नरे'' । ''विद्यां चाविद्यां च यस्तद्वेदोभयं सह । अविद्यया मृत्युं तीर्त्त्वा विद्ययामृतमश्नुत'' इत्यादिश्रुतिभ्यः, तथा ''कर्मणैव हि संसिद्धिमास्थिता जनकादयः'' ''यथान्नं मधु संयुक्तं मधु चान्नेन संयुतम् । एवं तपश्च विद्या च संयुक्तं भेषजं महत् । उभाभ्यामेव पक्षाभ्यां यथा रवे पक्षिणां गतिः। तथैव ज्ञानकर्मभ्यां प्राप्यते शाश्वती गति''रित्याद्यनेकस्मृतिभ्यश्च केवलकर्मणां ज्ञानसमुच्चितानां वा मुक्तिहेतुता ज्ञायत इति कर्मभिरेव सकलदुःखोपशमपूर्वकसम्पूर्णसुखावाप्तिसम्भवात्पूर्वोक्तश्रुतीनां ज्ञानसंस्तावकत्वादथ च ज्ञानकर्मसमुच्चयानुष्ठानत एवोक्त पुरुषार्थसम्भव इत्याशङ्कायां मुक्तेरवश्यं साधनान्तरनिरपेक्षत्वविवक्षया साधनान्तरनिषेधपरं श्वेताश्वतरवाक्यं ''तमेव विदित्वातिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाये''त्यादिकमर्थतः पठति । तत्र चै''वं तपश्च विद्या च संयुक्त''मित्यादिवचनेषु तपश्शब्दस्य पापनिवृत्तिपरत्वमाङ्पदस्य चानिवृत्तिपरत्वं तथा संसिद्धिपदस्य च ज्ञानसाधनचित्तशुद्धि-परत्वमेवं विद्यापदस्योपासनापरत्वमिति न कथञ्चित्कर्मणां मुक्तिसाधनत्वमित्यभिप्रायं स्पष्टयति । विद्वान् ज्ञानी तं पूर्वोक्तं परमात्मानमद्वैतब्रह्मरूपमात्मानमेव विदित्वा विज्ञाय मृत्युं संसारशोकं तत्कार्यात्मकमखिलदृश्यजालमत्येत्यतिक्रम्य यात्यहं ब्रह्मास्मीत्यबाधितापरोक्षज्ञानेन बाधित्वोक्तरूपात्म-तत्त्वलक्षणं मोक्षं प्रप्नोति । विदित्वैवेत्येवकारान्वये प्रमाणमाचष्टे । इतरस्समुच्चयरूपः केवलः कर्मरूपेण केवलात् ज्ञानादन्यः पन्था मार्गो मोक्षोपायोऽयनाय नैव विद्यते । पूर्वमुदाहृत श्रुतिवचनेष्व-न्वयव्यतिरेकाभ्यामैहिकानिष्टनिवृत्तिरेव प्राधान्येनावभासते नामुष्मिकीत्यैहिकामुष्मिकनिखिलदुःखनिवृत्तिं प्रतिपिपादयिषुस्तत्राप्यामुष्किकस्यानिष्टस्य भाविजन्मपूर्वकत्वात्तस्य च सनिदानस्याभावबोधकं ''ज्ञात्वा देवं सर्वपाशापहानिः क्षीणैः क्लेशैर्जन्ममृत्युप्रहाणि''रिति श्वेताश्वतरस्थमेव वचनान्तरमर्थतः पठति ।

के लिये) दूसरा कोई मार्ग नहीं है । देव (परमात्मा) का ज्ञान होने पर पाश नष्ट हो जात हैं और क्लेश क्षीण होने पर पुनः जन्म नहीं होता है ।।८।।

व्याख्या - शास्त्रों में अनेकों ऐसे वचन प्राप्त होते हैं जिससे कि कर्म से, कर्म व उपासना से अथवा कर्म व ज्ञान के समुच्चय से अथवा उपासना व ज्ञान के समुच्चय से मोक्ष होना कहा गया है । इसलिए मोक्ष का सही मार्ग कौन-सा है ? इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि मोक्ष केवल ज्ञान से ही प्राप्त होता है, ज्ञानन्तर साधनों से नहीं । इस विषय में आचार्य श्वेताश्वतर के मन्त्रों का अर्थतः पठन करते हैं । उस परमात्मा को जानकर ही विद्वान् मृत्यु अर्थात् सांसारिक शोक का अतिक्रमण करके उससे पार उतर जाता है । ज्ञान से अन्यमार्ग मोक्ष के लिये नहीं है । ***''तमेव विदित्वातिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय''*** (श्वे.उ. ६/१५) इसी श्रुतिवचन के अर्थ को श्लोक के पूर्वार्ध में प्रकट किया गया है । इसी श्रुति का दूसरा वचन है । ***''ज्ञात्वा देवं सर्वपाशापहानिः। क्षीणैः क्लेशैर्जन्ममृत्यु-प्रहाणिः''*** (श्वे.उ. १/११) इसी श्रुति का अर्थ श्लोक के उत्तरार्ध में प्रकट किया गया है । परमात्मा को जानकर अर्थात् 'यह मैं हूँ' ऐसा अनुभव करके सम्पूर्ण पाशों का यानी पाशरूप सम्पूर्ण अविद्या आदि क्लेशों का नाश हो जाता है । तथा क्षीण हुए अवद्यादि क्लेशों के साथ ही उसके कार्यभूत जन्म-मृत्यु आदि दुःख के हेतुओं का अन्त हो जाता है ।

देवं स्वप्रकाशमद्वैतात्मानं प्रत्यगभिन्नं परं ब्रह्म ज्ञात्वापरोऽक्षतया साक्षात्कृत्य स्थितस्य पाशहानिर्भवति। पाशाश्च "घृणा शङ्का भयं लज्जा जुगुप्सा चैव पञ्चमी । कुलं जातिश्च शीलं चेत्यष्टौ पाशाः प्रकीर्तिताः" इत्युक्ताः । अस्माच्च वचना"त्कारुण्यं करुणा घृणे"ति कोशोक्त्या घृणशब्दितकारुण्यस्य बन्धकत्वं जडभरतादौ दृष्टमेवेति पाशत्वं तस्यापि युक्तमेवेति ज्ञेयम् । क्लेशास्तु पतञ्जलिनोक्ता "अविद्यास्मितारागद्वेषाभिनिवेशाः पञ्चक्लेशा" इति सूत्रे । अस्मिता च सूक्ष्मोऽहङ्कारस्तदेव महत्तत्त्वमित्युच्यते । एवञ्च तेषां सर्वेषां कामक्रोधादीनां च हानिर्विच्छेदो भवति । तैः पाशशब्दाभिहितैःक्षीणैर्नष्टै रागादिभिः क्लेशैरैहिकामुष्मिकानर्थैर्भाविजन्महेतुकर्मारम्भायोगाज्जन्मभागन्यस्य जन्मनो भागनुभविता नैव भवति । जन्मनिमित्तस्यानारब्धफलस्य सर्वकर्मणो विनष्टत्वादित्याशयः । तस्मान्नकर्मभिः कथमपि मुक्तिरिति शम् ।।

दृढतरज्ञानवतां सकलशोकसन्तरणं सिद्धमेवेति निरूपणम् –

देवं मत्वा हर्षशोकौ जहात्यत्रैव धैर्यवान् ।
नैनङ्कृताकृते पुण्यपापे तापयतः क्वचित् ॥९॥

अन्वयः –"धैर्यवान् देवं मत्वा अत्र हर्षशोकौ जहाति"। "एनं कृताकृते पुण्यपापे क्वचित् न तापयतः।

व्याख्या :- आत्मविदश्शोकसन्तरणादिफलं केवलं श्रूयत एव नानुभूयते । यतो ज्ञानिनोऽपीष्टप्राप्त्यनिष्टनिवृत्त्योर्व्यापारवन्त एव दृश्यन्त इत्याशङ्कायां दृढतरज्ञानवतां नैवास्ति व्यापार इति तदर्थप्रतिपादिकां श्रुतिं कठवल्लीस्थामर्थत उपनिबध्नाति । सा च श्रुति"रध्यात्मयोगाधिगमेन देवं मत्वा धीरो हर्षशोकौ जहाती"ति । धैर्यवा"न्विकारहेतौ सति विक्रियन्ते येषां न चेतांसि त एव

घृणा शंका भयं लज्जा जुगुप्सा चैव पञ्चमी ।
कुलं जातिश्च शीलं चेत्यष्टौ पाशाः प्रकीर्तिताः।।

इन आठों को भी पाश कहा गया है । परमात्मा का साक्षात्कार हो जाने पर ये सभी पाश नष्ट हो जाते हैं । तथा योगसूत्र के अनुसार अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश इन पांचों को क्लेश कहा गया है । ज्ञान होने पर ब्रह्मवेत्ता इन समस्त क्लेशों से मुक्त हो जाता है ।

ज्ञानी में हर्ष-शोक और पुण्य-पाप का अभाव दर्शाते हैं ।

अर्थ – धैर्यवान पुरुष परमात्मा को जानकर इसी जन्म में हर्ष शोक को त्याग देता है । उसे किये हुए अथवा न किये हुए पाप-पुण्य कभी सन्तप्त नहीं करते ।।९।।

व्याख्या – ***शंका*** – आत्मवेत्ता शोक से परे हो जाता है यह तो केवल शास्त्रों में ही प्रसिद्ध है, वस्तुस्थिति इससे भिन्न है अर्थात् यह अनुभव सिद्ध नहीं है । क्योंकि कई ब्रह्मवेत्ताओं में भी इष्ट की प्राप्ति और अनिष्ट की निवृत्ति देखी जाती है ।

समाधन – ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि जो दृढतर ज्ञान वाले हैं, उनमें उक्त दोनों का अभाव ही होता है ***''अध्यात्मयोगाधिगमेन देवं मत्वा धीरो हर्षशोकौ जहाति''*** (कठो. १/२/१२) इसी आशय से इस कठ श्रुति का अर्थतः पठन करते हैं । ***"विकारहेतौ सति विक्रियन्ते येषां न चेतांसि***

धीरा'' इति महाकव्युक्तदिशा हर्षशोकादिकारणेषु सत्स्वपि मनसा यो निर्विकारो ब्रह्मचर्यादिसाधनसम्पन्नस्स्थितप्रज्ञो देवं तं सच्चिदानन्दाद्वितीयादिलक्षणं दुर्दर्शं गूढमनुप्रविष्टं गुहाहितं गह्वरेष्ठं पुराणमात्मानं मत्त्वावगत्य विषयेभ्यश्चेतस्समुपसंहृत्यात्मनि समाधायात्रैवास्मिञ्जन्मन्येव हर्षशोकौ सन्तोषविषादरूपचित्तविकारौ जहाति त्यजति । एवं प्रागुक्तम''प्येतमेव तपेन्नैषा चिन्ता कर्माग्निसंभृते''ति पुण्यपापयोरतापकत्वं ''नैनं कृताकृते तपत'' इति काण्वश्रुत्युक्तं विशेषार्थसूचनायोदाहरति । ''कृतं पुण्यं हर्षदं हि पापं शोकप्रदं नृणाम् । शोकदं त्वकृतं पुण्यं पापं हर्षदमित्युभे'' इत्युक्तप्रकारेणोभे अपि तत्त्वविद उभयविधविकाररूपतापप्रदेनैव भवत इति श्रुतेरर्थः । हर्षशोकयोश्चाभावे चैनं धीरं कृताकृते पूर्वकृतं पापमनिष्टप्राप्तिहेतुपूर्वकृतं पुण्यमिष्टप्राप्तिहेतु तथाकृते चोभे अपि विपरीते । यद्वा कृतमारब्धमकृतमनारब्धं च क्वचिदपि न तापयतो विकारं नापादयत इत्यर्थः । अत्र पूर्वमकृतं पुण्यं कृतं च पापं न तत्त्वविदस्तापहेतुरित्युक्तमिह तु कृतमकृतं पुण्यं पापं वा ज्ञानिनस्तथाविधं तापकं न भवतीत्युच्यत इति विशेषः । तापश्च चित्तविकारविशेष एव पुण्यं कृतं सद्धर्षलक्षणं विकारमुत्पादयत्यकृतं च विषादमिति, पापं तु पुनस्तद्वैपरीत्येनाकृतं हर्षमुत्पादयति कृतं च विषादमिति। परं तत्त्वविदस्तूभे अपि न भवत इति चाविक्रियब्रह्मरूपत्त्वज्ञानादिति शाम् ।।

दुःखात्यन्ताभावोपलक्षितनिरतिशयानन्दावाप्तिर्ब्रह्मज्ञानिन इत्यत्र बहुप्रमाणप्रदर्शनम् -

इत्यादिश्रुतयो बह्व्यः पुराणैः स्मृतिभिस्सह।
ब्रह्मज्ञानेऽनर्थहानिमानन्दञ्चाप्यघोषयन् ।।१०।।

अन्वयः - इत्यादिश्रुतयः बह्व्यः पुराणैः स्मृतिभिः सह। ब्रह्मज्ञाने अनर्थहानिं आनन्दं च अपि अघोषयन्।

व्याख्या :- विषयेऽस्मिन्प्रमाणान्येतावन्त्येव न, सन्ति च बहूनीति वदन्नुपसंहरति ।

त एव धीराः'' अर्थात् विकार का कारण उपस्थित होने पर भी जिनके चित्त विकार को प्राप्त नहीं होते हैं, वे ही धीर कहलाते हैं । अर्थात् विपरीत स्थितियों में भी मन के निर्विकारत्व को धैर्य कहते हैं । वह धैर्य जिसमें हो, उसे धैर्यवान कहते हैं । ऐसा धैर्यवान पुरुष अर्थात् स्थितप्रज्ञ पुरुष दुर्दश, गुहा में निहित, गहवरेष्ठ उस परमात्मा को जानकर विषयों से चित्त को हटाकर आत्मा में समाहित करके इसी जन्म में हर्ष-शोक को त्याग देता है अर्थात् सन्तोष और विषाद रूप चित्त के विकारों का त्याग कर देता है । और हर्ष-शोक के अभाव में इस धीर को किये हुए पाप और न किये हुए पुण्य कभी सन्तप्त नहीं करते। अर्थात् मैंने यह पाप क्यों किया ? मैंने पुण्य कर्म क्यों नहीं किया ? इत्यादि मानसिक विकार उसे सन्तप्त नहीं करते हैं । श्रुति में भी कहा है कि ***''नेनं कृताकृते तपतः''*** (बृ.उ. ४/४/२२) इसलिये ज्ञानी हर्ष-शोक और पुण्यपापादि द्वन्द्वों से निर्लिप्त रहता है ।

ब्रह्मज्ञान से अनर्थ की हानि होती है । इसमें अनेकों प्रमाण है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - इत्यादि अनेकों श्रुतियाँ स्मृति और पुराणों के साथ यह घोषित करती है कि ब्रह्मज्ञान से अनर्थ की हानि और आनन्द की प्राप्ति होती है ।।१०।।

व्याख्या - इस विषय में केवल पूर्व में प्रदिपादित श्रुतियाँ ही नहीं हैं अपितु इनके अतिरिक्त अनेकों

पूर्वोक्तश्रुतिवचनेभ्योऽप्यपेक्षयान्याः"ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवति" "निचाय्य तं मृत्युमुखात्प्रमुच्यते" "तद्यो यो देवानां प्रत्यबुद्धयत स एव तदभवत् " "य एतद्विदुरमृतास्ते भवन्त्यथेतरे दुःखमेवा-पियन्ति""इह चेदवेदीदथ सत्यमस्ति न चेदिहावेदीन्महती विनष्टि"रित्याद्याः श्रुतयो ग्राह्याः । तथा पुराणैस्स्मृतिभिस्सह "सर्वभूतस्थमात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि । सम्पश्यन्नात्मयाजी वै स्वारज्यमधिगच्छति" "क्षेत्रज्ञस्यात्मविज्ञानाद्विशुद्धिः परमा मते"त्यादिभिस्सह ब्रह्मज्ञाने सत्यनर्थहानिमानन्दं निरतिशया-नन्दरूपमोक्षं चाघोषयन् । सर्वेषामुदाहृतानां श्रुतिस्मृतीहासपुराणादिवचसामिदमेव तात्पर्यं यद्ब्रह्मवित्सकलं भद्रमश्नुत इति शम् ।।

ब्रह्मानन्दस्य त्रैविद्ध्यनिरूपणम् -

आनन्दस्त्रिविधो ब्रह्मानन्दो विद्यासुखन्तथा।
विषयानन्द इत्यादौ ब्रह्मानन्दो विविच्यते।।११।।

अन्वयः - ब्रह्मानन्दः विद्यासुखं तथा विषयानन्दः इति आनन्दः त्रिविधः। आदौ ब्रह्मानन्दः विविच्यते।

व्याख्या :- ब्रह्मानन्द इत्यत्रानन्दशब्दस्य ब्रह्मशब्देन विशेषणादस्त्वानन्दान्तरमित्याशयेन तदभिधाय ततो ब्रह्मानन्दं विवेचयति । अत्र ब्रह्मानन्दपञ्चके निरतिशयसुखावाप्तिपूर्वकनिखिलदुःखनिवृत्तिलक्षणं

श्रुतियाँ हैं जो ब्रह्मज्ञान से अनर्थ की हानि और आनन्द की प्राप्ति का वर्णन करती हैं । केवल श्रुतियाँ ही नहीं अपितु इस विषय में स्मृति और पुराणादि भी प्रमाणरूप से ग्राह्य हैं । वे भी उक्त अर्थ का ही समर्थन करते हैं । ***"ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवति" (मु.उ.) "निचाय्य तं मृत्युमुखात्प्रमुच्यते" "तद्यो यो देवानां प्रत्यबुध्यत स एव तदभवत् " (बृ.उ. १/४/२०) "इह चेदवेदीदथ सत्यमस्ति न चेदिहावेदीन् महती विनष्टिः" (के.उ. २/५)*** इत्यादि अनेकों श्रुतियाँ तथा -

सर्वभूतस्थमात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि ।
संपश्यन्नात्मयाजी वै स्वाराज्यमधिगच्छति ।। (म.स्मृ)

इत्यादि स्मृतियाँ तथा -

अविद्यां विद्यया हित्वा स्थितस्यैवेह योगिनः ।
क्रोधाद्या नाशमायान्ति धर्माधर्मौ च नश्यतः ।।
तत्क्षयाच्च शरीरेण न पुनः संप्रयुज्यते ।
स एव मुक्तः संसाराद् दुःखत्रयविवर्जितः।। (लिंगपुराणे कालकूटोपाख्याने)

इत्यादि पुराणादि भी ब्रह्मज्ञान से अनर्थ की हानि और निरतिशय आनन्द प्राप्ति की स्पष्ट घोषणा करते हैं ।

ब्रह्मानन्द की त्रिविधता का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - आनन्द तीन प्रकार का है - ब्रह्मानन्द, विद्यानन्द, तथा विषयानन्द । अनमें से पहले ब्रह्मानन्द का विवेचन किया जाता है ।।११।।

व्याख्या - प्रथम श्लोक में ***"ब्रह्मानन्दं प्रवक्ष्यामि"*** इस पाद में ब्रह्मानन्द शब्द से ऐसी प्रतीति

प्रयोजनं प्रमाणैः प्रमेयीभूतब्रह्मात्मैक्यविषयकप्रमेयप्रतिपादकब्रह्मनन्दमित्यत्रानन्दस्य ब्रह्मपदेन विशेषणदानं पदान्तरसद्भावस्तत्संम्भावनायां सत्यां स कतिविध इत्याशङ्कां क्षपयितु तत्त्रैविद्ध्यं प्रस्तौति । आनन्दो ब्रह्मानन्दो विद्यासुखं विषयानन्दश्चेति त्रिविधः । तेषां मध्य आद्यस्येतरानन्दद्वयमूलभूतत्वाद्ब्रह्मानन्दो विविच्यते । अनेन च तत्तदध्याये पृथङ्निर्दिश्यमानानां योगानन्दात्मानन्दाद्वैतानन्दानां ब्रह्मानन्दावान्तरभेदत्वसूचनेन तदन्तर्भावान्न त्रैविद्ध्यहानिः । एतेन विषयानन्द एवान्येषां वासनाऽऽन्दादीनामप्यन्तर्भाव इत्यपि द्योत्यते । तथा चाग्रे "ब्रह्मानन्दो वासना च प्रतिबिम्ब इति त्रयम्। अन्तरेण जगत्यस्मिन्नानन्दो नास्ति कश्चने"ति श्लोकेऽन्यादृशानन्दत्रैविद्ध्योक्तिरेतद्विभागविरुद्धेति शङ्कापि निरस्ता वेदितव्या । ब्रह्मानन्दो विषयानन्द इत्यादिप्रकारेणानन्दस्य त्रैविध्यं प्रत्यपादि। तत्रेतरयोरानन्दयोर्ब्रह्मानन्दमुख्यत्वादादावध्यायत्रयेण ब्रह्मानन्दो विभज्य प्रदर्श्यत इत्यनुसन्धेयम् । तेषामुभयत्र निर्दिष्टानां परस्परमुक्तानन्दत्रयान्तर्भूतत्वमपि च वेदितव्यम् । तथाहि उत्तरत्र प्रतिबिम्बरूपतया विषयानन्द एव भवति । तत्र ब्राह्मणवसिष्ठन्यायेन प्राशस्त्यमपेक्ष्य विद्यानन्दस्य पृथगुक्तत्वेऽपि धीवृत्तिरूपतया विषयानन्दत्वेनोभावण्यानन्दवुत्तरत्रोक्त प्रतिबिम्बानन्देन सन्निहितौ भवतः । वासनानन्दस्तु ब्रह्मानन्दरूप एव । उत्तरत्र ब्रह्मानन्दात्पृथगुक्तिस्तु जगत्कारणत्वोपाधिमादाय किञ्चिद्भेदं परिकल्प्य प्रवृत्ता । भेदेन विभागकरणं तु तत्र तत्र विवेचनीयं विषयानुसारेण । भवत्वेवं ततः किं प्रकृत इत्यत्राह । अत्र च ब्रह्मानन्दशब्देन ब्रह्मानन्दविशेष एव ग्राह्यः । न तु सामान्यरूपः । सामान्यरूपग्रहणे सामान्यविशेषयोः प्रकारभेदत्वानुपपत्त्या त्रैविध्योक्तेस्संभवात् । नन्वेवं विद्यानन्दस्यापि धीवृत्तिरूपत्वेन विषयानन्देऽन्तर्भावाद्ब्रह्मानन्दो विषयानन्दश्चेति द्वैविध्यमेव वक्तुं युक्तम् । न त्रैविध्यमेवेति चेन्न । विद्यानन्दस्य विषयानन्दरूपत्वेऽपि ब्रह्मानन्दसन्निकृष्टत्वादभ्यर्हितत्वेन ब्राह्मणवासिष्ठन्यायेन पृथगुक्तेस्सोपपादत्वात् । एवं तत्र तत्र भिन्न भिन्नशब्दोनोपात्ता आनन्दा उक्तेष्वेवानन्देष्वन्तर्भवन्तीत्युपपादितमत्र त्रैविध्यं सुस्थमेवेति न कोऽपि दोषः । एवं न पञ्चस्वप्यध्यायेषु योगानन्दात्मानन्दाद्वैतानन्दार्थविवेचनतदैक्यबोधनतज्जन्यसुखसार्वदिकतदनुसन्धानन्येव प्रधान्येन प्रतिपाद्यानि सन्तीति ध्वन्यत इति दिक् ।।

होती है कि ब्रह्म पद आनन्दपद का विशेषण है इसलिये ब्रह्मानन्द से भिन्न कोई दूसरा आनन्द भी है । वह आनन्द कितने प्रकार का है और उसका स्वरूप क्या है ? ऐसी आकांक्षा होने पर आनन्द के भेद दर्शाकर ब्रह्मानन्द के विवेचन की प्रतिज्ञा करते हैं । यद्यपि आनन्द तो एक ही है, वही ब्रह्म है किन्तु उसकी अभिव्यक्ति तीन प्रकार से होती है । इसलिये उसे तीन प्रकार का कहा गया है । ब्रह्मानन्द ही विद्यानन्द और विषयानन्द है । प्रथम आनन्द को समझ लेने पर शेष दोनों आनन्द सरलात से समझ में आ सकते हैं । इसलिये सर्वप्रथम ब्रह्मानन्द का विवेचन प्रारंभ करते हैं । ब्रह्मानन्द भी तीन प्रकार का है – योगानन्द, आत्मानन्द और अद्वैतानन्द । इस प्रकरण में ब्रह्मानन्द के अन्तर्गत योगानन्द का वर्णन करते हैं । बारहवें प्रकरण में आत्मानन्द का और अद्वैतानन्द का तेरहवें प्रकरण में वर्णन करेंगे । उसके बाद विद्यानन्द और विषयानन्द का वर्णन अन्मि दो प्रकरणों में किया जाएगा ।

ब्रह्मण आनन्दस्वरूपत्वकथनम् -

भृगुः पुत्रः पितुः श्रुत्वा वरुणाद्ब्रह्मलक्षणम् ।
अन्नप्राणमनोबुद्धीस्त्यक्त्वानन्दं विजज्ञिवान् ॥१२॥

अन्वयः - भृगुः पुत्रः पितुः वरुणात् ब्रह्मलक्षणं श्रुत्वा अन्नप्राणमनोबुद्धीः त्यक्त्वा आनन्दं विजज्ञिवान् ।

व्याख्या :- भृगुवल्यर्थपर्यालोचनया तत्त्वरूपनिरूपणं शक्यत इत्याशयेन वल्यर्थं सङ्क्षिपति। प्रतिज्ञाते ब्रह्मानन्दविवेचने ब्रह्मण एव मुख्यमानन्दरूपत्वमिति तैत्तिरीयश्रुतिं प्रमाणयति । ''यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते । येन जातानि जीवन्ति । यत्प्रयन्त्यभिसंविशन्ति । तद्विजिज्ञासस्व । तद् ब्रह्मे''ति यद्ब्रह्मलक्षणं ब्रह्मणस्तटस्थलक्षणं पुत्रो भृगुः पितुर्वरुणात्तच्छ्रीमुखाच्छ्रुत्त्वा विज्ञायार्थं निश्चित्य स्वयं तपस्तप्त्वान्नप्राणमनोबुद्धीस्तन्नामानोऽन्नमयप्राणमयमनोमयविज्ञानमयानन्दमयाख्याः पञ्चकोशास्तानुक्तलक्षणासंभवेनाब्रह्मत्वनिश्चयेन त्यक्त्वान्ते ''ब्रह्मपुच्छं प्रतिष्ठे''ति श्रुतिसिद्धमानन्दं ब्रह्मलक्षणयोजनया ब्रह्मेति विजिज्ञिवान्समग्रतो ज्ञातवानिति शम् ।।

आनन्दे ब्रह्मलक्षणयोजनाय श्रुत्युदाहरणम् -

आनन्दादेव भूतानि जायन्ते तेन जीवनम् ।
तेषां लयश्च तत्रातो ब्रह्मानन्दो न संशयः॥१३॥

अन्वयः - आनन्दात् एव भूतानि जायन्ते। तेन जीवनं, तेषां लयः च तत्र। अतः आनन्दः ब्रह्म न संशयः।

ब्रह्म के आनन्दस्वरूप का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - भृगु नामक पुत्र ने अपने पिता वरुण से ब्रह्म के लक्षण सुनकर अन्नमय, प्राणमय , मनोमय और विज्ञानमय कोशों का त्यागकर आनन्दरूप ब्रह्म को जाना ।।१२।।

व्याख्या - तैत्तिरीयोपनिषद् की भृगुवल्ली की पर्यालोचना के द्वारा ब्रह्म का स्वरूप निरूपित किया जा सकता है, इस आशय से उसी के अर्थ को संक्षेप में प्रस्तुत करते हैं । ***''यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते''*** (तै.उ. ३/१) अर्थात् निश्चय ही जिससे ब्रह्मा से लेकर स्तम्ब पर्यन्त सभी प्राणी उत्पन्न होते हैं, उत्पन्न होकर जिसके आश्रय से ये प्राण धारण करते हैं और अन्त में ये जिसमें लीन हो जाते हैं, तू उसी को जानने की इच्छा कर वही ब्रह्म है । इस प्रकार भृगु नामक पुत्र ने अपने पिता वरुण से ब्रह्म के तटस्थ लक्षण को सुनकर विचार रूप तप किया । और क्रम से अन्नमय, प्राणमय, मनोमय और विज्ञानमय कोशों में उक्त लक्षणों को न देखकर उनके अब्रह्मत्व का निश्चय कर उनका त्याग करके अन्त में ***''ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा''*** (तै.उ.) इस श्रुतिसिद्ध आनन्द को ब्रह्म लक्षणों से युक्त देखकर 'यही ब्रह्म है' इस प्रकार उसी को पूर्णरूप से जाना ।

आनन्द में ब्रह्मलक्षण को दर्शाने वाली श्रुति का अर्थतः पठन करते हैं।

अर्थ - आनन्द से ही ये सभी प्राणी उत्पन्न होते हैं, उसी से जीवित रहते हैं और प्राणियों का लय भी उसी में होता है । इसलिये आनन्द ही ब्रह्म है, इसमें संशय नहीं है ।।१३।।

व्याख्या :- आनन्दे ब्रह्मत्वलक्षणयोजनप्रकारप्रदर्शनपरां श्रुतिमर्थतः पठति । सात्वित्थ "मानन्दाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते । आनन्देन जातानि जीवन्ति । आनन्दं प्रयन्त्यभिसंविशन्ती"ति तदाह । ग्राम्यधर्मनिमित्तकादेवानन्दात्सर्वाणि भूतानि प्राणिनो जयन्त उत्पद्यन्ते । तेनैव प्राणिनां जीवनमपि भवति । तेषां च जीवानां सुषुप्तिसमये तत्र स्वस्वरूपभूत आनन्द एव लयोऽपि भवति सर्वेन्द्रियाणां मनसा सहोपरमात् । अतस्सुषुप्तावनुदिनमनुभूयमानस्सर्वभूतानां सम्भावित आनन्दस्तत्सुषुप्तानन्दातिरेकेण कस्याप्यनुभवाभावात्स ब्रह्मानन्द एव । न तत्र संशयः कार्य : । अत्रास्मिन्नानन्दमयकोशेऽनुभूयमान आनन्दो बिम्बभूत एवानन्दो गृह्यते । सर्वप्राण्यनुभवसिद्धत्वात् अतोऽत्र न संशय इति शम् ।।

बृहिधात्वर्थानुगतब्रह्मशब्दार्थव्युत्पादनम् -

भूतोत्पत्तेः पुरा भूमा त्रिपुटीद्वैतवर्जनात् ।
ज्ञातृज्ञानज्ञेयरूपा त्रिपुटी प्रलये हि नो।।१४।।

अन्वयः - भूतोत्पत्तेः पुरा त्रिपुटीद्वैतवर्जनात् भूमा । ज्ञातृज्ञानज्ञेयरूपा त्रिपुटी प्रलये हि नो।

व्याख्या :- ब्रह्मण आनन्दरूपता तैत्तिरीयोपनिषदर्थपर्यालोचनया प्रादर्श्यानन्दस्यैव ब्रह्मरूपता। ततो नारदसनत्कुमारसंवादमुखेनापि तामेव प्रदिदर्शयिषु " र्यत्र नान्यत्पश्यति नान्यच्छृणोति नान्यद्विजानाति स भूमे" त्यादिवाक्यार्थं तत्कार्याणां सर्वप्राणिजातानां जरायुजस्वेदजाण्डजादीनामुत्पत्तेर्नामरूपाभ्यां व्याकरणात्पुरा त्रिपुटीद्वैतवर्जनात्रयाणां पुटानामाकाराणां ज्ञानज्ञातृज्ञेयरूपाणां समाहारस्त्रिपुटी तदेव

व्याख्या - बार-बार विचार करने पर अन्त में भृगु ने पाया कि आनन्द ही ब्रह्म है । उसने अपने पिता के पास जाकर अपना निश्चय इस प्रकार बताया ***"आनन्दाद् ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते, आनन्देन जातानि जीवन्ति आनन्दं प्रयन्त्यभिसंविशन्तीति"*** (तै.उ.) वास्तव में आनन्द से ही ये सभी प्राणी उत्पन्न होते हैं, उत्पन्न होकर आनन्द से ही जीवित रहते हैं और इस लोक से प्रयाण करते हुए अन्त में आनन्द में ही प्रविष्ट हो जाते हैं । यह आनन्द सुषुप्ति में अनुभवगोचर होता है । क्योंकि उस समय मन के साथ समस्त इन्द्रियाँ उपरत हो जाती हैं । इसलिये सुषुप्ति में प्रतिदिन अनुभूयमान सर्वभूतसंभावित आनन्द ब्रह्मानंद ही है । इस विषय में थोड़ा भी संशय नहीं है । इस आनन्दमय कोश में अनुभूयमान आनन्द बिम्बभूत आनन्द ही ग्रहण किया गया है, क्योंकि यह सभी प्राणियों के अनुभव से सिद्ध है ।

सृष्टि से पूर्व एकमात्र परमात्मा ही था, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - (आकाशादि) भूतों की उत्पत्ति से पूर्व त्रिपुटी रूप द्वैत के न होने से एकमात्र भूमा (परमात्मा) ही था । क्योंकि ज्ञाता, ज्ञान और ज्ञेय त्रिपुटी प्रलयकाल में नहीं थी ।।१४।।

व्याख्या - इस प्रकार तैत्तिरीयश्रुति के विचार से ब्रह्म की आनन्दरूपता दिखाकर अब छान्दोग्य श्रुति से भी ब्रह्म की आनन्दरूपता को दिखाने की इच्छा से आचार्य ***"यत्र नान्यत्पश्यति नान्यच्छृणोति नान्यद्विजानाति स भूमा"*** (छा.उ. ७/२४/१) इस सनत्कुमार और नारदजी के संवाद रूप सप्तम अध्याय में स्थित भूमारूप ब्रह्म प्रतिपादक श्रुति वाक्यार्थ को संक्षेप से कहते हैं । आकाशादि पञ्चमहाभूतों की और उनके कार्यभूत जरायुज, अण्डज, स्वेदज, उद्भिज इन चार प्रकार के शरीरों की उत्पत्ति से पूर्व

द्वैतं तस्याभावो वर्जनं तस्माद्देशकालवस्त्वपरिच्छिन्नो निरतिशयः परमात्मा भूमैवासीत् । "भावानयने द्रव्यानयन"मिति न्यायात्" द्वैतरूपां त्रिपुटीमेव विवृणोति । ज्ञातृज्ञानज्ञेयरूपा ज्ञाता कर्ता, ज्ञानं क्रिया,ज्ञेयं तद्विषयः । एवं विशेषतो वक्ष्यमाणा विलक्षणभागत्रयात्मिका त्रिपुटी प्रलये तत्काले हि नो नास्तीत्येतत्सर्ववेदान्तसिद्धान्तसम्मतमिति प्रसिद्ध्यर्थक हि शब्दार्थः । अत्र च भूम्नो ज्ञेयत्वं निषिद्ध्यते। तच्चान्यज्ञेयत्वमाहोस्वित्स्वज्ञेयत्वम् । नह्यत्र द्वितीयो युक्तः । ब्रह्म स्वामात्मानं जनातीत्युक्तौ युगपत्कर्मकर्तृव्यपदेशस्य भेदव्याप्यत्वेन स्वकर्तृकदर्शनादिक्रियायास्स्वविषयत्वस्य सर्वथाप्रसिद्धत्वेन प्रतियोग्यप्रसिद्धेः । आद्यपक्षे त्विष्टापत्तिरेव । भूम्नान्यदर्शनविषयत्वाभावस्य "विज्ञातारमरे केन विजानीयात्" "अदृश्येऽनात्म्येऽनिरुक्तेऽनिलयनेऽभयं प्रतिष्ठां विन्दत" इत्यादिश्रुतिप्रतिपादितत्त्वात् । नन्वत्र श्रुतौ "यत्रान्यत्पश्यत्यन्यच्छृणोत्यन्यद्विजानातीत्युक्त्या यत्रान्यशब्दाभ्यां भिन्नवस्तुसत्ता प्रतीयत इति चेन्न । अविद्यावतां भाषयैवैवंबोद्ध बोधनाय श्रुत्योपदिष्टत्वात् । यथावाऽद्वितीयब्रह्मबोधनाय द्वैतमात्रोपजीव्यया "एकमेवाद्वितीय" मित्यादि भाषया द्वैतविरोध्यद्वैतब्रह्मप्रतिपादनं तद्वदिहाप्यद्वितीयस्य भूम्नस्तद्विरोध द्वैतोपजीव्ययाविद्वद्विषयया भाषया "यत्रान्यदित्येवं रूपेण समर्थनमिति न कोऽपि दोषः । विद्वद्दृष्ट्यानुसारेण पर्यालोचने "अत्र वेदा अवेदा" इति श्रुत्या वस्तुभूतायाश्श्रुतेरप्यसम्भवेन तेन विवक्षितार्थप्रतिपादनमपि न सम्भवत्येवेति बोध्यमिति शम् ।।

ज्ञातृज्ञानज्ञेयानां स्वरूपनिरूपणम् –

विज्ञानमय उत्पन्नो ज्ञाता ज्ञानं मनोमयः।
ज्ञेयाश्शब्दादयो नैतत्त्रयमुत्पत्तितः पुरा ।।१५।।

अन्वयः – उत्पन्नः विज्ञानमयः ज्ञाता। मनोमयः ज्ञानम्। शब्दादयः ज्ञेयाः एतत् त्रयम् उत्पत्तितः पुरा न।

व्याख्या :– सम्प्रति ज्ञात्रादिस्वरूपमुपपादयति । उत्पन्नः परमात्मनस्सकाशाज्जतो बुद्ध्युपाधिः कश्चिदाभासो जीवो विज्ञानमयः कोशो ज्ञाता । मनोमयो मनसि प्रतिबिम्बितं चैतन्यं ज्ञानं

समस्त नामरूप की उत्पत्ति से पूर्व त्रिपुटी रूप द्वैत का अभाव होने से देश, काल और वस्तु से अपरिच्छन्न निरतिशय आनन्दरूप परमात्मा (भूमा) ही था, ऐसा अध्याहार करना चाहिये । अब त्रिपुटी को स्पष्ट करते हैं । ज्ञाता, ज्ञान, ज्ञेयरूप त्रिपुटी प्रलयकाल में नहीं थी । अर्थात् कर्ता (ज्ञाता), क्रिया (ज्ञान) और उसके विषय (ज्ञेय) रूप त्रिपुटी प्रलयकाल में नहीं थी ।

अब ज्ञाता, ज्ञान और ज्ञेय के स्वरूप का प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ – उत्पन्न हुआ विज्ञानमय (चिदाभास) ज्ञाता है, मनोमय ज्ञान है और शब्दादि विषय ज्ञेय हैं । यह त्रिपुटी सृष्टि की उत्पत्ति के पहले न थी ।।१५।।

व्याख्या – उत्पन्न हुआ बुद्धि रूप उपाधि वाला चिदाभास ही विज्ञानमय है, इसीको ज्ञाता कहते हैं । मनोमय ज्ञान है अर्थात् मन में प्रतिबिम्बित चैतन्य ज्ञान है क्योंकि मन ही समस्त ज्ञान का साधन है । और बाह्य शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध ज्ञेय हैं अर्थात् ज्ञान के विषय हैं । इस तरह कार्यरूप होने

मनोमयशब्दाभिधेयम् । मनसस्सर्वज्ञानसाधनत्वात् । शब्दादयो बाह्याश्शब्दस्पर्शरूपरसादयो ज्ञेया ज्ञानविषया इत्येवं कार्यस्वरूपत्वादेतत्त्रयं जगत उत्पत्तितः पुरा प्रपञ्चोत्पत्तेः प्राङ्नास्त्येव । एतत्त्रयस्यापि जगदन्तःपातितया तदुत्पत्तेः पूर्वं कारणव्यतिरेकेण तद्रूपेणाभावस्स्पष्ट एवेति शम् ।।

द्वैताभावेनाद्वैतानन्दनिरूपणम् -

त्रयाभावे तु निर्द्वैतः पूर्ण एवानुभूयते ।
समाधिसुप्तिमूर्च्छासु पूर्णः सृष्टेः पुरा तथा ।।१६।।

अन्वयः - त्रयाभावे तु निर्द्वैतः पूर्ण एव अनुभूयते। समाधिसुप्तिमूर्च्छासु। तथा सृष्टेः पुरा पूर्णः।

व्याख्या :- जगदुत्पत्तेः पुरा ज्ञातृज्ञानज्ञेयात्मकत्रिपुट्या अभावेऽद्वैतानन्द एवानुभूयत इति समाध्यादिदृष्टान्तप्रदर्शनेन स्पष्टयति । त्रयाभावे ज्ञात्रादित्रिपुट्यभावे तु निर्द्वैतो द्वैतवर्जितः पूर्ण आनन्द एवात्मानुभूयते । अत्र दृष्टान्तं प्रदर्शयति । समाधिसुषुप्तिमूर्च्छासु यथा केवल आनन्दोऽनुभूयते तद्वदिति । अत्र समाधिग्रहणं विद्वदनुभवप्रदर्शनार्थम् । सुषुप्तिमूच्छयोर्ग्रहणं तु सर्वजनानुभवद्योतनायेति ज्ञेयम् । सुषुप्त्याद्युत्थितस्य द्वैतादर्शनस्मरणान्यथानुपपत्त्या निर्द्वैतस्य तदनुभवितुस्सिद्धिरिति भावः । सुषुप्त्यादावद्वैतसिद्धावपि प्रकृते किमायातमित्यत्रोच्यते । तथा सृष्टेः पुरापि पूर्णः । यथा सुषुप्त्यादौ परिच्छेदकाभावात्पूर्णस्तथा सृष्टेः पूर्वमपि तदभावत्पूर्ण इति शम् ।।

पूर्णानन्दलक्षणभूम्नो निरतिशयसुखस्वरूपत्वनिरूपणम् -

यो भूमा स सुखन्नाल्पे सुखं त्रेधा विभेदिनि ।
सनत्कुमारःप्राहैवं नारदायातिशोकिने ।।१७।।

अन्वयः - यः भूमा सः सुखम् । त्रेधा विभेदिनि अल्पे सुखं न। एवं सनत्कुमारः अतिशोकिने नारदाय प्राह ।।

के कारण यह त्रिपुटी जगत् की उत्पत्ति के पूर्व में नहीं थी । भाव यह है कि यह त्रिपुटी जगत् के अन्तर्गत होने से जगत् की उत्पत्ति से पूर्व इनका अभाव स्पष्ट ही है ।

द्वैताभाव में अद्वैतानन्द का ही अनुभव होता है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - जैसे समाधि, सुषुप्ति और मूर्च्छा आदि में तीनों (त्रिपुटी) का अभाव होने पर द्वैत रहित पूर्ण परमात्मा ही अनुभव में आता है, उसी प्रकार सृष्टि से पहले भी पूर्ण सत् ही था ।।१६।।

व्याख्या - योगी लोगों को समाधि में त्रिपुटी का भान नहीं होता । सामान्य मनुष्यों को सुषुप्ति और मूर्च्छा आदि अवस्थाओं में त्रिपुटी की प्रतीति नहीं होती, यह सभी को अनुभवसिद्ध है । उस समय अद्वितीय परिपूर्ण परमात्मा ही रहता है, सभी को उसी का ही अनुभव होता है । इसी प्रकार सृष्टि से पूर्व भी त्रिपुटी के अभाव के कारण एकमात्र पूर्ण परमात्मा ही था ।

भूमा के निरतिशय सुखस्वरूपत्व का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - जो भूमा है, वही सुख है । तीन प्रकार के भेद वाले अल्प में सुख नहीं है, इस प्रकार सनत्कुमार ने शोकाकुल नारद को कहा ।।१७।।

व्याख्या :- भूम्नो निरतिशयसुखस्वरूपत्वमन्वयव्यतिरेकाभ्यां छान्दोग्यगतसनत्कुमारवचनेनोदाहर "न्यो वै भूमा तत्सुखं नाल्पे सुखमस्ती" त्यादि वाक्यमर्थतः पठति । यः प्राक्प्रतिपादितो भूमापरिच्छन्नस्स सुखमद्वितीयानन्दसुखस्वरूपः । अद्वितीये च दुःखहेतोरभावात् । त्रेधा देशकालवस्तुपरिच्छेदैस्त्रिप्रकारवति विभेदिनि ज्ञातृज्ञानज्ञेयरूपत्रिविधभेदविशिष्टे हेतुगर्भमिदं विशेषणं यतो विभेदोऽस्त्यत एवाल्पे सातिशये परिच्छिन्ने सुखं नास्ति । इत्येवं छान्दोग्यसप्तमे । कस्मै केनाभिहितमित्यत आह । "सोहं भगवो मन्त्रविदेवास्मि नात्मवि"दित्यादिनातिशोकिने नारदाय "यो वै भूमा तत्सुख"मित्यादिना सनत्कुमारः प्राहोपदिदेशेति शम् ।।

शोककारणमात्मज्ञानाभाव एवेतिनिरूपणम् -

सपुराणान्पञ्च वेदान् शास्त्राणि विविधानि च ।
ज्ञात्वाप्यनात्मवित्त्वेन नारदोऽतिशुशोच ह ।।१८।।

अन्वयः - नारदः सपुराणान् पञ्च वेदान् विविधानि शास्त्राणि च ज्ञात्वा अपि अनात्मवित्त्वेन अतिशुशोच ह ।

व्याख्या :- विविधनिगमागमवैदुष्यविशिष्टस्यापि नारदस्यात्मज्ञानाभाव एव शोककारणमिति तस्यातिशोकित्वे हेतुं प्रदर्शयति । सपुराणान्पुराणैस्सहिता सपुरणा उपलक्षणविधयाभारतपञ्चमान्वेदा-नृग्यजुस्सामाथर्वणाख्यांश्चतुरो वेदांस्तथा विविधानि शास्त्राणि च प्रसिद्धमेव सर्वमिदं तत्रैव छान्दोग्ये ।

व्याख्या - छान्दोग्य श्रुति के द्वारा भूमा के निरतिशय सुखस्वरूपत्व को अन्वय-व्यतिरेक से प्रदर्शित करते हैं । जो भूमा है, वही सुख (अद्वितीय आनन्द) है । तीन प्रकार के भेद वाले अर्थात् ज्ञाता, ज्ञान और ज्ञेयरूप त्रिविधभेदविशिष्ट अल्प में सुख नहीं है अर्थात् भेद युक्त होने के कारण ही जो अल्प (सातिशय) है, उसमें निरतिशय सुख नहीं है । ऐसा किसने किसको कहा ? इस प्रश्न का उत्तर श्लोक के उत्तरार्ध से देते हैं कि ***"सोऽहं भगवो मन्त्रविदेवास्मि नात्मवित्"*** सनत्कुमार के पूछने पर नारद जी बोले - मुझे ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद याद हैं । मैं इतिहास, पुराण, व्याकरण, श्राद्धकल्प, गणित, उत्पातज्ञान, निधिशास्त्र, तर्कशास्त्र, नीति, देवविद्या, ब्रह्मविद्या, भूतविद्या, क्षत्रविद्या, नक्षत्रविद्या, सर्पविद्या और नृत्य-संगीत भी जानता हूँ फिर भी मैं शोक करता हूँ । क्योंकि हे भगवन् ! मैं केवल मन्त्रवेत्ता हूँ, आत्मवेत्ता नहीं हूँ । अतः मुझे ब्रह्मोपदेश कर मेरा शोक दूर कीजिये । इस प्रकार शोक से अत्यन्त व्याकुल नारद जी को***"यो वै भूमा तत्सुखं"*** जो भूमा है, वही सुख है । इत्यादि रूप से श्रीसनत्कुमार ने उपदेश किया ।

आत्मज्ञान का अभाव ही नारद जी के शोक का कारण था । इस बात को बताते हैं।

अर्थ - पुराण सहित पाँचों वेदों को और विविध शास्त्रों को जानकर भी अनात्मवित् होने के कारण नारद जी अत्यन्त शोक को प्राप्त हुए थे ।।१८।।

व्याख्या - यद्यपि नारद जी विविध निगमागमों में पारंगत थे (जिनका वर्णन पूर्वश्लोक की व्याख्या में किया गया है) तथापि आत्मविद्या के अभाव में उन्हें पूर्णशान्ति नहीं मिली । पुराण सहित पाँच वेदों को अर्थात् ऋक् , यजुः, साम, अथर्व इन चारों वेदों सहित पञ्चम महाभारत को (महाभारत को पञ्चम वेद कहा

तत्सर्वं ग्रन्थजातं ज्ञात्वा विज्ञायाप्यनात्मवित्त्वेन नारदोऽतिशुशोच । ह इति खेदे । अनेन नारदस्य निरतिशयशोकस्सूचितः । सर्वमप्येतदात्मज्ञानाभावादेव हेतोर्भवतीति शम् ।।

वेदशास्त्रविदुषोऽपि आत्मज्ञानाभावेऽत्यन्तदुःखितेति निरूपणम् -

वेदाभ्यासात्पुरा तापत्रयमात्रेण शोकिता ।
पश्चात्त्वभ्यासविस्मारभङ्गगर्वैश्च शोकिता ।।१९।।

अन्वयः - वेदाभ्यासात् पुरा तापत्रयमात्रेण शोकिता च। पश्चात् तु अभ्यासविस्मारभङ्गगर्वैः शोकिता ।

व्याख्या :- वेदाभ्यासात्पुरा वेदशास्त्राद्यभ्यासात्पुरा तापत्रयमात्रेणाध्यात्मिकाधिदैविकाधि भौतिकलक्षणतापत्रयेणैव शोकिता शोकोऽस्यास्तीति शोकी तस्य भावश्शोकिता सन्तापयुक्त आसीदित्यर्थः। पश्चाद्वैदशास्त्राद्यभ्यासानन्तरं तुशब्दोऽत्र विशेषद्योतनार्थः । अभ्यासविस्मारभङ्गगर्वैरभ्यासोऽधीतस्य पाठस्यावर्तमानम् । विस्मारः पूर्वं पठितभागस्य विस्मरणम्। भङ्गश्शास्त्रार्थचर्चास्वधिकबुद्धिमता पुरुषेण सतिरस्कारं पराभवः । गर्वो न्यूनबुद्धिमत्पुरुषदर्शणेन स्वाधिक्यबुद्धिः । एतैस्सह पूर्वोक्त-तापत्रयमपि समुच्चीयते । अतोऽनात्मज्ञानिनो वेदशास्त्रादिविदुषोऽप्यधिकशोकस्सूचित इति शम् ।।

गया है) अथवा सपुराणान् शब्द से अठारह पुराण और वाल्मीकि रामयणादि ग्रन्थों का ग्रहण करना चाहिये (इनको भी वेद के समान माना गया है) । इन समस्त शास्त्रों के ज्ञाता होने पर भी नारदमुनि ब्रह्म का साक्षात्कार न करने के कारण अत्यन्त शोकाकुल थे । श्लोक में '**ह**' यह निपात अत्यन्त शोक का सूचक है ।

आत्मज्ञान के अभाव में अन्य शास्त्रज्ञान दुःख का कारण है । इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - वेदाभ्यास से पूर्व तीन तापों के कारण ही शोक होता था, किन्तु बाद में तो अभ्यास, विस्मरण, भंग और गर्व भी शोक का कारण होते हैं ।।१९।।

व्याख्या - वेदशास्त्रों का ज्ञान तो शोक का निवर्तक होता है, यह प्रसिद्ध ही है तो फिर नारद जी के लिये वह ज्ञान अत्यन्त शोक का हेतु कैसे हुआ ? इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि आत्मज्ञान के अभाव में केवल शास्त्रपाण्डित्य दुःख का ही कारण होता है । वेदों के पढने से पूर्व तो मनुष्य को आध्यात्मिक, आधिभौतिक, आधिदैविक इन तीन तापों के कारण ही शोक प्राप्त होता था, जो सभी को होता है किन्तु वेदाध्ययन करने के बाद उसे चार प्रकार के दुःख और होते हैं । सर्वप्रथम वेदाध्ययन ही कष्ट सम्पाद्य है, यदि हो भी जाए तो उसका बार-बार अभ्यास करना पड़ता है अन्यथा मन्त्र भूल जाने की संभावना है । अभ्यासरहित विद्या विषतुल्य कही गयी है***''अनाभ्यासे विषं विद्या''***। अभ्यास करना भी कष्टदायी होने से उसे शोक का कारण कहा गया है । और मन्त्रों का यदि विस्मरण हो जाए तब भी दुःख होता है और यदि अभ्यास करते रहने से विद्या का विस्मरण न हो किन्तु अपने से बड़ा विद्वान् शास्त्र में परास्त कर दे तो वह (भंग) भी अत्यन्त शोक का कारण होता है । और यदि स्वयं ही अन्य को शास्त्रर्थ में परास्त कर दे तो उसे गर्व (अभिमान) होता है कि "मैंने इसे परास्त कर दिया मेरी बुद्धि उससे विशिष्ट है, इत्यादि" इसको भी शोक का ही कारण कहा गया है । अतः आत्मज्ञान के अतिरिक्त शोक निवृत्ति का और कोई उपाय नहीं है ।

अपारशोकसन्तरणोपायो ब्रह्मज्ञानमेवेति निरूपणम् -

सोऽहं विद्वन्प्रशोचामि शोकपारन्नयात्र माम् ।
इत्युक्तस्सुखमेवास्य पारमित्यभ्यधादृषिः ॥२०॥

अन्वयः - "विद्वन् सः अहं प्रशोचामि । माम् अत्र शोकपारं नय" इति उक्तः ऋषिः सुखम् एव अस्य पारम् अभ्यधात् ।।

व्याख्या :- एवं शाब्दिकविद्वत्तायां पूर्णायां सत्यमपि सर्वज्ञो नारदः किमकरोदिति प्रश्ने तद्वतान्येव वाक्यान्यर्थतस्सङ्गृह्णाति "सोऽहं भगवश्शोचामी"ति नारदेनात्मनश्शोकं कथयित्वा "तं मा भगवञ्छोकस्य पारं तारयत्त्वि"ति तन्निवृत्युपाये पृष्टे सति भगवान्सनत्कुमारो भूमशब्दवाच्यं सुखरूपं ब्रह्मैव ज्ञायमानं शोकनिवृत्त्युपाय इति "सुखं त्वेव जिज्ञासितव्य"मित्यारभ्योत्तरग्रन्थसन्दर्भेणानात्मविदिति प्रशोचामि। अत्र चात्मज्ञानाभावविषये शोकपारं यश्शोकस्तदभावप्रयुक्तस्तस्यपारं तीरं मां नय गमय । "तं मा भगवाञ्छोकस्य पारं तारयत्वि" ति नारदेनोक्त ऋषिस्सनत्कुमार ऋषति ज्ञानेन संसारं नाशयतीत्यृषिस्तथाभूतो" यो वै भूमा तत्सुख" मित्यादिना पारं शोकस्य सन्तरणोपायमभ्यधादुपदिदेशेति दिक् ।।

वैषयिकसुखस्वरूपनिरूपणम् -

सुखं वैषयिकं शोकसहस्त्रेणावृतत्वतः।
दुःखमेवेति मत्वाह नाल्पेऽस्ति सुखमित्यसौ ॥२१॥

अन्वयः - वैषयिकं सुखं शोकसहस्त्रेण आवृतत्वतः दुःखम् एव इति मत्वा । अल्पे सुखं न अस्ति इति असौ आह ।।

ब्रह्मज्ञान ही अपार शोकसमुद्र को पार करने के लिये सुदृढ नौका है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - हे विद्वन् ! वही मैं शोक करता हूँ । आप मुझे शोक से पार करें । नारद जी द्वारा ऐसा कहने पर ऋषि (सनत्कुमार) ने इस शोक (समुद्र) के पार सुख ही है, इस प्रकार उपदेश दिया ।।२०।।

व्याख्या - नारद जी सनत्कुमार जी को सम्बोधित करते हुए कहते हैं कि हे विद्वन् ! वही मैं अर्थात् समस्त वेदों को सांगोपांग जानने वाला मैं शोक करता हूँ । आप मुझे शोक से पार करें अर्थात् अपार शोकरूपी समुद्र से मुझे पार उतार ने के लिये नौकारूप होकर मेरा उद्धार करें । छान्दोग्य श्रुति के वचन इस प्रकार हैं - ***"सोऽहं भगवः शोचामि"*** (छा.उ. ७/१/३) हे भगवन् ! वह मैं शोक करता हूँ । ***"तं मा भगवन् शोकस्य पारं तारयतु"*** ऐसे मुझ को शोक से पार कर दीजिए । नादर जी के ऐसा कहने पर श्रीसनत्कुमार जी ने कहा ***"सुखं त्वेव विजिज्ञासितव्यम्"*** सुख ही जिज्ञासा करने योग्य है । यहाँ से प्रारम्भ कर उन्होंने नाम-रूप आदि का विवेचन करते हुए अन्त में भूमा को ही ब्रह्म बताया और यह भी कहा कि भूमा ही सुख है अल्प में सुख नहीं है । ज्ञान के द्वारा संसार का नाश करने वाले को ऋषि कहते हैं । ऐसे ऋषि सनत्कुमार जी ने ज्ञान द्वारा नारद जी का शोक दूर किया ।

"यदल्पं तन्मर्त्यं" (छा.उ. ७/२४/१) इस श्रुति के अर्थ को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - हजारों दुःखों से आवृत होने के कारण विषयजन्य सुख दुःखरूप ही है, ऐसा मानकर 'अल्प में सुख नहीं है' ऐसा वह (सनत्कुमार) बोले ।।२१।।

व्याख्या :- आत्मसुखादन्येष्वल्पेषु स्रक्चन्दनवनितादिवैषयिकेष्वनेकेषु सत्त्स्वपि तेषुसुखाभासमात्रेषु न वास्तवं सुखमस्ति । तेषां दुःखानुषङ्गेनविषसम्पृक्तान्नवद्बहु दुःखस्वरूपत्वस्य सिद्धत्वादित्यर्थबोधनाय "यदल्पं तन्मर्त्य " मित्यादिश्रुत्यर्थं सङ्गृह्णाति । शोकसहस्रेणावृतत्त्वतो वैषयिकं सुखं दुःखमेवेति सनत्कुमारो मत्वाहासावृषि"र्नाल्पेसुखमस्ती"ति । अल्पे सातिशये नैव सुखिमित्याशय इति शम् ।।

आनन्दस्य सुखस्वरूपत्वस्वप्रकाशत्वे एव लक्षणमिति प्रदर्शनम् -

ननु द्वैते सुखं माभूदद्वैतेऽप्यस्ति नो सुखम् ।
अस्ति चेदुपलभ्येत तथा च त्रिपुटी भवेत् ।।२२।।

अन्वयः - ननु द्वैते सुखं मा भूत् । अद्वैते अपि सुखं नो अस्ति। अस्ति चेत् उपलभ्येत। तथा च त्रिपुटी भवेत् ।

व्याख्या :- पूर्वपक्षी द्वैते सुखाभावमङ्गीकृत्याद्वैतेऽपि तमाशङ्कते । नन्विति पूर्वपक्षप्रवेशः । द्वैतेऽल्पे सुखं माभूत् । तथैवाद्वैतेऽपि नो सुखमस्ति । नास्तीत्यत्र प्रमाणमनुपलब्धिरेवेत्याह । अद्वैते ब्रह्मणि सुखमस्ति चेत्तर्हि स्रगादिवैषयिकसुखवदुपलभ्येतेति यतश्च पृथङ्नोपलभ्यते तत एव होतोस्तदुपलब्धिर्नास्तीति तत्र सुखमेव नास्तीत्याशयः । समाधिमूर्च्छादिषूपलभ्यत एवेत्याशङ्कायां बाधकप्रदर्शनेन प्रति वदति । विषयसुखवदद्वैतसुखस्याप्युपलभ्यमाने सति त्रिपुट्याः संभवादद्वैतमेव

व्याख्या - भूमा से अतिरिक्त स्रक्, चन्दन, वनिता आदि (अल्प) में सुखाभास होने पर भी वास्तविक सुख नहीं है । यह बताने के लिये सनत्कुमार जी ने कहा कि ***"यदल्पं तन्मर्त्यम्"*** जो अल्प है, वह मर्त्य है । विषयजन्य सुख हजारों प्रकार के दुःखों से सर्वदा आवृत रहता है, इसलिये उसको दुःखरूप ही कहा है । श्रीभाष्यकार ने कहा है कि ***"अल्पस्याधिकतृष्णाहेतुत्वात् अल्पे सुखं नास्ति, तृष्णा च दुःखबीजम्"*** अर्थात् अल्प तो अधिक तृष्णा का हेतु होने से उसमें सुख नहीं है और तृष्णा तो समस्त दुःखों का कारण है । श्रीमद्भगवद्गीता में भी कहा गया है कि ***"ये हि संस्पर्शजा भोगा दुःखयोनय एव ते"*** (गी. ५/२२) अर्थात् जो ये इन्द्रिय तथा विषयों के संयोग से उत्पन्न होने वाले भोग हैं, वे दुःख का ही कारण हैं । अतः सनत्कुमार जी ने वैषयिक सुखों को दुःखरूप मानकर ऐसा कहा कि अल्प में अर्थात् सातिशय में निरतिशय सुख नहीं है ।

पूर्वपक्षी अद्वैत में भी सुखाभाव की शंका उपस्थित करता है ।

अर्थ - पूर्वपक्षी कहता है - द्वैत में सुख भले ही न हो, किन्तु अद्वैत में भी सुख नहीं है । यदि अद्वैत में सुख है तो वह उपलब्ध होना चाहिये और उपलब्ध होने पर त्रिपुटी होगी ।।२२।।

व्याख्या - द्वैत में सुखाभाव को स्वीकार करता हुआ पूर्वपक्षी अद्वैत में भी सुखाभाव की आशंका करता है । **'ननु'** शब्द से पूर्वपक्ष का प्रवेश करते हैं । द्वैत में अर्थात् अल्प में सुख भले ही न हो किन्तु द्वैत की तरह अद्वैत में भी सुख नहीं है । उसका कारण बताते हैं कि यदि अद्वैत में भी सुख होता तो विषयसुख की तरह उपल्बध होता । अभिप्राय यह है कि अद्वैत में सुख की उपलब्धि नहीं होती है । और यदि आप

न घटते । उपलब्धोपलब्ध्युपलम्भनरूपा सा त्रिपुटी भवेत् । अनुभवस्यानुभवित्रनुभाव्यसापेक्षत्वा-त्त्रिपुटीरूपद्वैतवर्जनस्याद्वैतस्य हानिरिति शम् ।।

सुखस्वरूपमेवाद्वैतमिति निरूपणम् –

मास्त्वद्वैते सुखङ्किन्तु सुखमद्वैतमेव हि ।
किं मानमिति चेन्नास्ति मानाकाङ्क्षा स्वयम्प्रभे ।।२३।।

अन्वयः – अद्वैते सुखं मा अस्तु। किं तु हि(यतः) अद्वैतम् एव सुखम् । किं मानम् इति चेत् । स्वयंप्रभे मानाकाङ्क्षा न अस्ति।

व्याख्या :– सुखाधिकरणत्वनिषेधमद्वैतस्याङ्गीकृत्य वास्तविकमद्वैतस्य सुखस्वरूपत्वमेव प्रकाशयति। अद्वैते सुखं मास्तु । न सुखाधिकरणमद्वैतमित्यस्माकमपीष्टमेव । सापि शक्त्यादिवृत्त्या स्वजन्यप्रमितिविषयतापत्त्या चाद्वैतत्त्वक्षतेर्न तत्र सञ्चरतीत्यस्याप्रामाणिकत्वं मन्वानस्य शङ्कां निराकरोति। हि यस्माद्धेतोरद्वैतमेव सुखमत एव सुखादिकारणं न भवति । अद्वैते न सुखं, किन्त्वद्वैतमेव सुखमिति यावत् । तच्च न वृत्तिरूपं, किन्तु स्वरूपभूतम् । सर्ववृत्तीनां विलयादद्वैताभिन्नं सुखमिति भावः । अद्वैतमेव सुखमित्यत्र किं प्रमाणमित्याशङ्कायामद्वैतात्मसुखस्य स्वप्रकाशत्वात्सकलमानानपेक्षत्वमेवेति समाधत्ते । तत्र मानं किमिति चेत्स्वयम्प्रभे स्वयम्प्रकाशे वस्तुनि मानाकाङ्क्षा नैवास्ति । न हि दीपप्रकाशो दीपान्तरमपेक्षते । तस्मादद्वैतमेव सुखमिति शम् ।।

कहते हो कि अद्वैत में सुख की अपलब्धि होती है तो फिर त्रिपुटी होने के कारण अद्वैत की ही सिद्धि न होगी । वस्तु की उपलब्धि के लिये उपलब्ध, उपलभ्य और उपलब्धि रूप त्रिपुटी की आवश्यकता होती है, अतः अद्वैत में सुख की उपलब्धि मानने पर अद्वैत की हानि होगी ।

पूर्वोक्त शंका का समाधान करते हैं ।

अर्थ – अद्वैत में सुख भले ही न हो किन्तु अद्वैत स्वयं ही सुखरूप है । यदि कहो कि इसमें क्या प्रमाण है ? तो उसका उत्तर यह है कि स्वयंप्रकाश में प्रमाण की आवश्यकता नहीं होती है ।।२३।।

व्याख्या – पूर्वोक्त शंका का समाधान करते हुए आचार्य कहते हैं कि अद्वैत सुखस्वरूप ही है, सुख का सम्पादक नहीं है । अद्वैत में सुख भले ही न हो, अर्थात् अद्वैत और सुख ये दोनों भिन्न न होने के कारण अद्वैत को सुख का अधिकरण न मानना हमें भी अभीष्ट ही है । क्योंकि अद्वैत स्वयं सुखरूप ही है । भाव यह है कि अद्वैतरूप सुख वृत्तिजन्य नहीं है किन्तु उसका स्वरूपभूत ही है । समस्त वृत्तियों का विलय हो जाने पर अद्वैत से अभिन्न सुख ही रहता है । पूर्वपक्षी पुनः शंका करता है कि इसमें प्रमाण क्या है ? इसका उत्तर देते हुए आचार्य कहते हैं कि जो स्वयंप्रकाश है ऐसी वस्तु को अपनी सिद्धि के लिये प्रमाणान्तर की अपेक्षा नहीं होती है । जैसे दीपक के प्रकाश को प्रकाशित करने के लिये अन्य दीपक के प्रकाश की आवश्यकता नहीं होती, उसी प्रकार स्वयंप्रकाश आत्मा के विषय में भी प्रमाणान्तर की आवश्यकता नहीं है ।

आत्मनस्स्वप्रकाशत्वे प्रमाणनिरूपणम् -

स्वप्रभत्वे भवद्वाक्यं मानं यस्माद्भवानिदम् ।
अद्वैतमभ्युपेत्यास्मिन्सुखन्नास्तीति भाषते ॥२४॥

अन्वयः - भवद्वाक्यं स्वप्रभत्त्वे मानम् । यस्मात् भवान् इदम् अद्वैतम् अभ्युपेत्य अस्मिन् सुखं न अस्ति इति भाषते ।

व्याख्या :- अद्वैतस्य स्वप्रकाशत्वे किं मानमित्यत्र प्रष्टृवचनमेवमिति समाधत्ते । अद्वैतं चेत्ते शङ्का तदा स्वात्मानमेव पृच्छेत्याशः । अद्वैतस्य स्वप्रभत्वे भवद्वाक्य "मद्वैतेऽप्यस्ति नो सुख" मित्यादि वाक्यमेव मानम् । तत्र कारणमुपपादयति । यस्मादिदमद्वैतमभ्युपेत्यास्मिन्नद्वैते सुखं नास्तीत्येवं भवान्भाषतेऽत एव स्वप्रकाश आत्मा । यतश्च भवता प्रमाणनैरपेक्ष्येणाद्वैतमभ्युपेत्य सुखमेवाक्षिप्यते तस्मादेव सिद्धं स्वप्रभत्वमिति भावः । भवत्येवं वदति सति स्वप्रकाशचैतन्यमेव स्फुरति । अन्यथैवं भाषणस्यासंभवात् । अथ च स्वप्रकाशस्य न मानापेक्षेति सुस्थमिति शम् ।।

अद्वैतनिरूपणम् -

नाभ्युपैम्यहमद्वैतन्तद्वचोऽनूद्य दूषणम् ।
वच्मीति चेत्तदा ब्रूहि किमासीद्द्वैततः पुरा ॥२५॥
किमद्वैतमुत द्वैतमन्यो वा कोटिरन्तिमः ।
अप्रसिद्धो न द्वितीयोऽनुत्पत्तेश्शिष्यतेऽग्रिमः ॥२६॥

पूर्वपक्षी के वचन को ही अद्वैत के स्वयंप्रकाशत्व के विषय में प्रमाण रूप से प्रतिपादित करते हैं ।

अर्थ - अद्वैत की स्वयंप्रकाशता में आपका (पूर्वपक्षी का) वाक्य ही प्रमाण है, क्योंकि आप अद्वैत को स्वीकार कर के ही 'इसमें (अद्वैत में) सुख नहीं है' ऐसा कहते हैं ।।२४।।

व्याख्या - अद्वैत की स्वयंप्रकाशता के विषय में स्पष्टीकरण हो जाए फिर उसमें प्रमाण है कि नहीं इसका विचार करेंगे । इस आशय से पूर्वपक्षी ने कहा कि अद्वैत स्वयंप्रकाश है जब आपकी यह बात ही सिद्ध नहीं हो रही है फिर उसमें प्रमाण की बात क्यों करते हो ? ऐसा प्रश्न पूछने वाले के प्रति सिद्धान्ती कहते हैं, अद्वैत स्वयंप्रकाश है इस विषय में आपका वाक्य ही प्रमाण है, क्योंकि आपने अद्वैत को स्वीकार करके ही 'अद्वैत में सुख नहीं है' ऐसा कहा है । भाव यह है कि अद्वैत में प्रमाण (आपको) उपलब्ध न होने पर भी आपने अद्वैत की सत्ता को स्वीकार कर लिया, यही उसकी स्वयंप्रकाशता है । यदि ऐसा न होता तो आपके मुख से पूर्वोक्त वाक्य कैसे निकलता, अतः यह सिद्ध होता है कि स्वयंप्रकाश को प्रमाणान्तर की अपेक्षा नहीं होती है ।

पूर्वपक्षी के द्वारा अद्वैत के अनंगीकार पर प्रश्न द्वारा सिद्धान्ती उससे अद्वैत को मनवाते हैं।

अर्थ - मैं अद्वैत को अंगीकार नहीं कर रहा हूँ किन्तु तुम्हारे वचन का अनुवाद करके उसमें दूषण बताता हूँ, यदि ऐसा कहते हो तो यह बताओ कि द्वैत से पहले क्या था ? क्या अद्वैत था अथवा द्वैत

अद्वैतसिद्धिर्युक्त्यैव नानुभूत्येति चेद्वद ।
निर्दृष्टान्ता सदृष्टान्ता वा कोट्यन्तरमत्र नो ॥२७॥
नानुभूतिर्न दृष्टान्त इति युक्तिस्तु शोभते ।
सदृष्टान्तत्वपक्षे तु दृष्टान्तं वद मे मतम् ॥२८॥

अन्वयः – "अहम् अद्वैतं न अभ्युपैमि। त्वद्वचः अनूद्य दूषणं वच्मि" इति चेत् तदा द्वैततः पुरः किं आसीत् ? ब्रूहि ।।

अन्वयः – किम् अद्वैतम् ? उत द्वैतम् ? अन्या वा कोटिः ? अन्तिमः अप्रसिद्धः द्वितीयः न। अनुत्पत्तेः। अग्रिमः शिष्यते ।।

अन्वयः – अद्वैतसिद्धिः युक्त्या एव अनुभूत्या न इति चेत् निर्दृष्टान्ता सदृष्टान्ता वा वद। अत्र कोट्यन्तरं नो ।।

अन्वयः – अनुभूतिः न। दृष्टान्तः न। इति युक्तिः तु शोभते । सदृष्टान्तत्वपक्षे तु मे मतं दृष्टान्तं वद।।

व्याख्या :- न मयाद्वैतमप्यङ्गीक्रियते । परं तु भवदुक्तिमेवानुवदन्दूषयामीति प्रतिवादी स्वमुखेनैव वक्ति । अद्वैतमहं नाभ्युपैमि । किन्तु "यो वै भूमा तत्सुख "मिति तद्वचोऽनूद्य तत्र दूषणं वच्मि । विकल्पासहत्वादद्वैतानभ्युपगमोऽनुपपन्न इति मन्वानः पृच्छति । अद्वैतस्य स्वप्रकाशत्वं प्रति - पिपादयिषुरद्वैतानङ्गीकारिणं प्रथमतोऽद्वैतमङ्गीकारयति विकल्पपूर्वकं, तदेति तदा द्वैततःपुरा किमासीदिति ब्रूहि । एवं सामान्यतः कृतं स्वकृतं प्रश्नमजानानं प्रतिवादिनं स्वाभिसन्धिमुद्धारयंस्तद्विकल्पत्रयं विधाय क्रमेण पक्षद्वयं सन्दूष्य परिशेषादाद्यमेव सिद्धान्तयति । द्वैतोत्पत्तेः पुरा किमद्वैतं स्यादुत

था ? अथवा कुछ और था ? अन्तिम विकल्प अप्रसिद्ध है और दूसरा विकल्प भी नहीं बन सकता क्योंकि सृष्टि से पूर्व द्वैत की उत्पत्ति ही नहीं हुई, अतः प्रथम पक्ष ही परिशेष से सिद्ध होता है ।।२५-२६।।

व्याख्या - सिद्धान्ती ने जब यह कहा कि अद्वैत के स्वयंप्रकाश होने में पूर्वपक्षी का वचन ही प्रमाण है अर्थात् वह भी अद्वैत को मानता है । इसपर पूर्वपक्षी की प्रतिक्रिया को दर्शाते हैं । मैं अद्वैत को अंगीकार नहीं करता हूँ किन्तु जो भूमा है वह सुखस्वरूप है, इत्यादि तुम्हारे वचन का अनुवाद करके केवल उनमें दोष दिखाने के लिये ऐसा कहता हूँ । पूर्वपक्षी के ऐसा कहने पर अद्वैत के स्वयंप्रकाशत्व का प्रतिपादन करने की इच्छा से ग्रन्थकार सर्वप्रथम अद्वैत को न मानने वाले पूर्वपक्षी को अद्वैत मनवाते हैं । इसलिये वे विकल्पपूर्वक पूछते हैं कि तुम यह बताओ कि तुम जिस द्वैत का प्रतिपादन कर रहे हो उस द्वैत से पहले क्या था ? यहाँ तीन पक्ष प्रस्तुत करते है । क्या द्वैत से पहले अद्वैत था या द्वैत था ? अथवा द्वैत और अद्वैत से भिन्न कोई तीसरा पदार्थ था ? इन तीनों में अन्तिम पक्ष अप्रसिद्ध होने के कारण विचारहीन और निराधार है । और द्वितीय पक्ष भी नहीं बनता क्योंकि सृष्टि से पहले द्वैत की उत्पत्ति ही नहीं हुई थी। अतः परिशेष से सर्वप्रथम पक्ष को ही स्वीकार करना पड़ेगा कि द्वैत से पहले अद्वैत ही था ।

अद्वैत युक्ति से ही सिद्ध होता है अनुभव से नहीं, इस शंका पर सिद्धान्ती विकल्प करते हैं ।

अर्थ- अद्वैत की सिद्धि युक्ति से ही होती है अनुभव से नहीं, यदि ऐसा कहते हो तो यह बताओ कि युक्ति दृष्टान्तरहित है अथवा दृष्टान्तसहित है । अन्य विकल्प यहाँ नहीं बन सकता ।।२७।।

द्वैतमन्यो वा द्वैताद्वैतविलक्षणः? एतेन "सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीय"मित्यादि श्रुतिरप्यनुगृहीता भवतीति द्योत्यते । एवं बाधावधि केन परिशिष्टमद्वैतमेव पारमार्थिकम् । द्वैतं तु बाधितत्वान्मिथ्यैवेत्यपि च । अत्र तृतीयं पक्षं निराकरोति तेषां मध्येऽन्तिमः पक्षो द्वैताद्वैतविलक्षणस्य रूपस्य लोकेऽदर्शनादिति भावः । द्वितीयमपि पक्षं निराकरोति । न द्वितीयः । सृष्टेः प्राक्स्वस्यानुत्पत्तेर्द्वितीयो द्वैतं न स्यात् । द्वैतस्य तदानीमनुत्पन्नत्वादिति यावत् । अतश्चाग्रिमः प्रथमः पक्षोऽद्वैतमेव शिष्यते परिशिष्यते । यत्परिशिष्यतेऽद्वैतं तद्युक्त्यैव सिद्ध्यति, नानुभवत इत्याशङ्कायामनुभवमपि सन्दर्शयितुं विकल्पते । अद्वैतसिद्धिर्युक्त्यैव सिद्ध्यति नानुभूतित इति चेत्तदाद्वैतसाधिका युक्तिर्निर्दृष्टान्ता सदृष्टान्ता वा वद । अत्र प्रश्नविकल्पाशयो यत्सा युक्तिरद्वैतसिद्धिकारिण्यस्मदुपन्यस्ता परार्थानुमितिलक्षणा किं निर्दृष्टान्ता सकलद्वैतपक्षका विमतं मिथ्याभिन्नत्वादेवंरूपा सर्वद्वैतस्यैव पक्षत्वेन दृष्टान्तविरहितानुपसंहारि-हेत्वाभासवती । किं वा व्यवहारिकं द्वैतं मिथ्यैतदुपरमेत्वप्रतीयमानत्वादैन्द्रजालिकसहकारिवदिति सदृष्टान्ता वेति । विकल्पस्य न्यूनतां निराकुर्वंस्तृतीयः पक्षो नास्तीत्याह । कोट्यन्तरं तृतीयः पक्षस्सदृष्टान्तनिर्दृष्टान्तातिरिक्तः कश्चन विलक्षणः पक्षोऽत्र तदुपन्यस्तयुक्तिविषये नो विद्यते । एवमुक्तविकल्पयोराद्यं पक्षमुपहसन्नेव निराकरोति । अद्वैतं युक्तैव सिद्ध्यतीति विवदमानेनानुभूतिर्नाङ्गीक्रियते । तस्या युक्तेर्न दृष्टान्त इति युक्तिस्तु शोभते । दृष्टान्तरहिता युक्तिस्त्वनुपपन्नेति भावः । तस्यायमाशयो यदद्वैतसिद्धिर्युक्तिमात्रेणैवेति वदतानुभूतिस्तावन्नाभ्युपेयते युक्तिस्तु दृष्टान्तप्रदर्शनमन्तरेण न किञ्चिदपि साधयेदित्यतो न दृष्टान्त इत्युक्तिस्तावदयुक्तैवेति । विकल्पयोर्दितीयेपक्ष उभयवादिसम्प्रतिपन्नो दृष्टान्तो वक्तव्य इत्युपक्रमते । अत्रेयमभिसन्धिः । स्वप्ने स्वशिरच्छेदाद्यवेक्षणं दृष्टान्ताभावेऽपि नालीकम् । अनुभूयमानत्वात् । किन्तु भ्रमज्ञानजन्यमेव । न तु प्रमाणिकत्वम् । एवं च दृष्टान्ताभावेऽपि तत्त्वमेव । तद्बीजं तूक्तहेत्वाभासघटितत्त्वमेव।

व्याख्या - तर्क से यह सिद्ध होता है कि सृष्टि के पहले अद्वैत था, किन्तु अनुभव से यह सिद्ध नहीं होता । पूर्वपक्षी की इस शंका पर आचार्य दो विकल्प प्रस्तुत करते हैं । तुम जिस युक्ति से अद्वैत की सिद्धि कर रहे हो वह दृष्टान्त विहीन है अथवा दृष्टान्तयुक्त है ? क्योंकि तर्क तभी पूरा माना जाता है जब उसके साथ दृष्टान्त भी हो । अतः जिस तर्क के द्वारा यह सिद्ध होता है कि सृष्टि के पहले अद्वैत ही था वह युक्ति दृष्टान्त रहित है अथवा उसमें कोई दृष्टन्त भी है ? इन दो पक्षों के अलावा इस विषय में तीसरा पक्ष होना संभव ही नहीं है, अतः उसका विचार करना व्यर्थ है ।

प्रथम विकल्प का उपहास पूर्वक निराकरण करते हैं ।

अर्थ - अद्वैत में न अनुभूति है और न दृष्टान्त, इस प्रकार की युक्ति तो बड़ी सुन्दर है । यदि सदृष्टान्त वाले पक्ष को अंगीकार करते हो तो वह दृष्टान्त कहो जो मुझे मान्य हो ।।२८।।

व्याख्या- पूर्वश्लोक में दो विकल्प प्रस्तुत किये गये उनमें से पूर्वपक्षी प्रथम पक्ष को स्वीकार कर यह कह सकता है कि अद्वैत सिद्ध करने वाली युक्ति दृष्टान्त रहित है । इसके उत्तर में आचार्य उपहास करते हैं कि तुम्हारी वह युक्ति बड़ी सुन्दर है अर्थात् तुमने यह तो मान लिया कि अद्वैत युक्ति से सिद्ध है किन्तु उस युक्ति में कोई दृष्टान्त नहीं है, दृष्टान्त बिना युक्ति निरर्थक होती हैं । अनुभव रहित और दृष्टान्त रहित युक्ति से कुछ भी सिद्ध नहीं होता ।

न च व्यतिरेके ब्रह्मवदिति व्यतिरेकदृष्टान्तसत्त्वान्नानुपसंहारित्वमिति वाच्यम् । "नाभ्युपैम्यहमद्वैत"मिति त्वयैव पूर्वपक्षिणोक्तत्वादिति । अतश्चात्रान्त्य एव पक्षोऽवशिष्टस्तत्र स्वसम्मतं दृष्टान्तं पृच्छति । सदृष्टान्तत्वपक्षे तु मे मतमभिमतं दृष्टान्तं वद ।।

सौषुप्तिकसुखस्वरूपनिरूपणम् –

अद्वैतः प्रत्ययो द्वैतानुपलम्भेन सुप्तिवत् ।
इति चेत्सुप्तिरद्वैतेत्यत्र दृष्टान्तमीरय ।।२९।।

अन्वयः – प्रलयः अद्वैतः द्वैतानुपलम्भेन सुप्तिवत् इति चेत् अद्वैते सुप्तिः इत्यत्र दृष्टान्तम् ईरय।

व्याख्या :– अथ च सृष्टेः प्राक्कालिकाद्वैतसाधने सिद्धान्तिना पृष्टं दृष्टान्तं प्रतिवादी स्पष्टयति। दृष्टान्तेनाद्वैतं साधयामीति पूर्ववादिनश्शङ्कां प्रदर्शयति । द्वैतानुपलम्भेन द्वैतज्ञानाभावात्प्रलयस्सुप्तिवदेवाद्वैतो द्वैतरहितो भवति । यत्र यत्र द्वैतानुपलब्धिस्तत्र तत्र द्वैतराहित्यं यथा सुप्तौ ज्ञानादिति हेतोरिति । अत्रानुमानप्रयोग इत्थम् । प्रलयो द्वैतरहितो द्वैतानुपलब्धिमत्त्वात् । यो द्वैतानुपलब्धिमान्स द्वैतरहितो यथा स्वाप इति । इति चेत्सुप्तौ द्वैतराहित्यस्याननुभूयमानत्वेन तत्रापि तदनुमानेनैव साधनीयमिति तत्र दृष्टान्तो वक्तव्यः । तत्रापि सिद्धान्ती दृष्टन्तं पृच्छति । नन्वेवं साधयतस्तव स्वसुप्तिर्दृष्टान्त आहोस्वित्पर सुप्तिः? । आद्ये तस्या परप्रत्यसिद्धत्वेन तत्सिद्धये दृष्टान्तान्तरं वक्तव्यमिति पृच्छति। सुप्तिरद्वैतेत्यत्र सुप्तौ द्वैताभावं नास्तीत्यत्र दृष्टान्तमीरय? । दृष्टान्तोऽत्र न संभवतीति भाव इति शम्।।

यदि पूर्वपक्षी अपनी युक्ति की रक्षा के लिये दूसरे पक्ष को स्वीकार करता है तो आचार्य उससे पूछते हैं कि तुम वह दृष्टान्त बताओ जो मुझे मान्य हो, क्योंकि दृष्टान्त उभयपक्ष सम्मत होना चाहिये, यह शास्त्रार्थ का नियम है ।

पूर्वपक्षी दृष्टान्त देता है ।

अर्थ – "द्वैत उपलब्ध न होने के कारण प्रलय द्वैतरहित (अद्वैत) होता है अगर तुम ऐसा कहते हो तो सुषुप्ति में अद्वैत है, इसमें (दूसरा) दृष्टान्त कहो ।।२९।।

व्याख्या – सुषुप्ति का दृष्टान्त उभयपक्ष सम्मत होने से पूर्वपक्षी कहता है कि द्वैत उपलब्ध न होने के कारण अर्थात् द्वैतज्ञान के अभाव के कारण प्रलय अद्वैत (द्वैतरहित) होता है । जहाँ–जहाँ द्वैत की उपलब्धि नहीं होती है, वहाँ–वहाँ द्वैतराहित्य है, जैसे सुषुप्ति में देखा जाता है । यहाँ पूर्वपक्षी का अनुमान प्रयोग इस प्रकार है – प्रलय द्वैतरहित है, क्योंकि वहाँ द्वैत की उपलब्धि नहीं होती है, जैसे सुषुप्ति में । सिद्धान्ती कहते हैं कि यदि ऐसी बात है तो तुम्हें सुषुप्ति के विषय में भी अन्य दृष्टान्त बताना चाहिये क्योंकि तुम्हारे कथनानुसार अद्वैत अनुभवगम्य नहीं है । तात्पर्य यह है कि पूर्वपक्षी दृष्टान्त में सुषुप्ति का उल्लेख तो करता है किन्तु उसे अपनी सुषुप्ति नहीं कहता, क्योंकि वह पहले ही अद्वैत के अनुभव को अस्वीकार कर चुका है । यदि अपनी सुषुप्ति में अद्वैत स्वीकार करेगा तो उसे अद्वैत अनुभवगम्य मानना पड़ेगा । अतः आचार्य उसे अद्वैत को अनुभवगम्य स्वीकार कराने के लिये घेरते हुए पूछते हैं कि सुषुप्ति में अद्वैत है अर्थात् सुषुप्ति में द्वैत की प्रतीति नहीं है, इस विषय में दृष्टान्त कहो । भाव यह है कि इसमें कोई दृष्टान्त नहीं है ।

सुप्तिदृष्टान्तानुपपत्तिनिरूपणम् -

दृष्टन्तः परसुप्तिश्चेदहो ते कौशलं महत् ।
यः स्वसुप्तिं न वेत्त्यस्य परसुप्तौ तु का कथा ॥३०॥

अन्वयः - परसुप्तिः दृष्टान्तः चेत् । ते कौशलं महत् अहो। यः स्वसुप्तिं न वेत्ति अस्य परसुप्तौ तु का कथा ।

व्याख्या :- यदि सुप्त्यन्तरं दृष्टान्त इत्युच्येत तच्च सुप्त्यन्तरं परसुप्तिस्स्वसुप्तिर्वेति विकल्प्य सोपहासं द्वितीयं कल्पं निराकरोति । परसुप्तिरद्वैतदर्शने दृष्टान्तश्चेन्महदेवाश्चर्यम् । परसुप्त्यनुभवस्य तवाप्रसिद्धत्वेन दृष्टान्तीकरणमनुपपन्नमित्याशयेनोपहसत्यहो इति । अहो परसुप्तिग्रहणसमर्थं ते कौशलं महदेवेति परिहासाशयः । यतस्त्वं सुप्तेरनुभवगम्यत्वानङ्गीकारेण स्वसुप्तिमपि न वेत्सि तादृशस्य तव परसुप्तिविज्ञाने का नाम कथा । किमु पृथग्वक्तव्यं परसुप्तिं न विजानासीति । अननुभूयमानस्य दृष्टान्तत्वोक्त्यसाङ्गत्यात्तवाननुरूपदृष्टान्तकथनं परिहासास्पदमेवेत्यहोशब्दसूचितमुपहासाशयं विशदयति। यस्स्वसुप्तिं न वेत्ति भवांस्तस्य तवास्य का कथा परसुप्ताविति किमु वक्तव्यं परसुप्तिं न वेत्तीति। एतत्तवासम्बद्धं यदज्ञातस्य दृष्टान्तीकरणमिति शम् ।।

साक्षिणस्स्वप्रकाशत्वनिरूपणम् -

निश्चेष्टत्वात्परस्सुप्तो यथाहमिति चेत्तदा ।
उदाहर्तुस्सुषुप्तेस्ते स्वप्रभत्वं बलाद्भवेत् ॥३१॥

अन्वयः- परः सुप्तः निश्चेष्टत्वात् यथा अहम् इति चेत् तदा उदाहर्तुः ते सुषुप्तेः सप्रभत्वं बलात् भवेत्।।

सुषुप्ति के दृष्टान्त में अनुपपत्ति दर्शाते हैं ।

अर्थ - यदि कहो कि अन्य की सुषुप्ति दृष्टान्त है तो अहो ! तुम्हारी बुद्धि कुशलता बड़ी महान है । जो अपनी सुषुप्ति को ही नहीं जानता, ऐसे पुरुष के लिये अन्य की सुषुप्ति की तो बात ही क्या है ?।।३०।।

व्याख्या - पूर्वपक्षी ने अद्वैत सिद्ध करने वाली युक्ति में उभयपक्ष सम्मत सुषुप्ति को दृष्टान्त रूप से प्रस्तुत किया, इस पर आचार्य पूछते हैं कि तुम्हारे द्वारा दृष्टान्त किस की सुषुप्ति का है ? अद्वैत में अनुभव का अभाव स्वीकार करने वाला पूर्वपक्षी कहता है कि मैं अन्य की सुषुप्ति का दृष्टान्त दे रहा हूँ । ऐसा सुनकर आचार्य उसका उपहास करते हुए कहते हैं कि अद्वैतदर्शन में यदि अन्य की सुषुप्ति दृष्टान्त है ऐसा कहते हो तो तुम्हारी बुद्धि-कुशलता बड़ी महान है । श्लोक में '**अहो**' शब्द परिहास का सूचक है । जो अपनी सुषुप्ति को ही नहीं जानता उसके लिये अन्य की सुषुप्ति की तो बात ही क्या है ? अर्थात् वह अन्य की सुषुप्ति नहीं जान सकता इस विषय में कहना ही क्या है ? भाव यह है कि सुषुप्ति को न जानने वाले तुम्हारा दृष्टान्त असम्बद्ध है ।

साक्षी के स्वप्रकाशत्व का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - दूसरा मनुष्य सोया हुआ है, निश्चेष्ट होने के कारण जैसे मैं (सोता हूँ) । यदि ऐसा कहते हो तब तो दृष्टान्त देने वाले तुम्हारी अपनी सुषुप्ति की स्वप्रकाशता बलात् सिद्ध होती है ।।३१।।

व्याख्या :- न परसुप्तेरनुभवं ब्रूमो वयम् । किन्त्वनुमानेन साधयामः । तथाचानुमानसिद्धां परसुप्तिं दृष्टान्तीकुर्म इति वदन्तं पूर्वपक्षिणं निराकुर्वंस्तद्व्याजेन स्वसुप्तेस्साक्षिवेद्यत्वात्स्वप्रकाशत्वं बलात्कारेणाङ्गीकारयति । विवादाध्यासितः परस्सुप्तो निश्चेष्टत्वाद्यथाहमित्यनुमानप्रकारः । अत्र शवशरीरावच्छेदेनापि निश्चेष्टात्वस्य दृश्यमानत्वाद्धेतौ प्राणादिमत्त्वे सतीति विशेषणीयम् । तथाचानेनानुमानेन परसुप्तिसिद्धिश्चेत्तथैवमुदाहर्तुर्दृष्टान्तत्वेन प्रदर्शयतस्ते सुषुप्तेस्स्वप्रभत्वं बलात्तव अनिष्टमप्युदाहरणसामर्थ्यादेव भवेत्सिद्ध्येदिति शम् ।।

स्वप्रभत्वसिद्धौ हेतुनिरूपणम् –

नेन्द्रियाणि न दृष्टान्तस्तथाप्यङ्गीकरोषि ताम् ।
इदमेव स्वप्रभत्वं यद्भानं साधनैर्विना ।।३२।।

अन्वयः – इन्द्रियाणि न दृष्टान्तः न तथा अपि ताम् अङ्गीकरोषि । साधनैः विना भानं यत् इदम् एव स्वप्रभत्वम्।

व्याख्या :- स्वप्रभत्वं बलादायातीत्यमुमर्थं विशदयति । दृष्टान्तमिन्द्रियाणि न भवन्तीन्द्रियाणां स्वकारणे विलीनत्वात्। न वा कोऽपि दृष्टान्तस्सम्प्रतिपन्न उपलभ्यते । प्रकृते स्वसुप्तेस्साध्यत्वेन दृष्टान्तत्वासंभवात् । परसुप्तेरप्रसिद्धत्वस्योक्तत्वात्पूर्वानुमानेन चासिद्धेस्तथापि तां सुप्तिमङ्गीकरषि । तथा च साधनैर्विनाज्ञानोत्पादकानां प्रमाणानामभावेऽपि यद्भानं प्रकाशनमस्ति तदिदमेव स्वप्रभत्वं भविति सुप्त्या इति भावः । अत्रेदमनुमानम् – विमता सुप्तिस्स्वप्रकाशाविद्यमानेष्वपि ज्ञातसाधनेषु

व्याख्या – पूर्वपक्षी कहता है कि हम अन्य की सुषुप्ति को अनुभव से नहीं किन्तु अनुमान से सिद्ध कर रहे हैं । दूसरे की सुषुप्ति को अनुमान से जाना जा सकता है, इसलिये मैं उसी को दृष्टान्त मानता हूँ । आचार्य पूछते हैं – तुम अनुमान कैसे करते हो ? पूर्वपक्षी कहता है – जैसे मैं सोता हूँ वैसे जब दूसरा पुरुष भी जीवित होते हुए चेष्टारहित होता है तब वह सुषुप्ति अवस्था में होता है । आचार्य कहते हैं कि तुम्हारे इस कथन से ही सिद्ध होता है कि तुम्हें अपनी सुषुप्ति का अनुभव है । तुम अपनी सुषुप्ति में अद्वैत का अनुभव कर रहे हो । अतः तुम्हें सुषुप्ति की स्वप्रकाशता विवश होकर माननी ही पड़ेगी। भाव यह है कि तुमने जो अनुमान प्रयोग किया कि दूसरा मनुष्य सोया हुआ है, निश्चेष्ट होने के कारण जैसे मैं सोता हूँ । इस अनुमान से ही तुम्हारी अपनी सुषुप्ति की स्वप्रकाशता बलात् सिद्ध हो जाती है।

स्वप्रभुत्व सिद्धि में हेतु दर्शाते हैं ।

अर्थ – वहाँ (सुषुप्ति) न इन्द्रियाँ हैं और न दृष्टान्त है, तथापि तुम उसको स्वीकार करते हो । यही उसका स्वप्रभुत्व (स्वयंप्रकाशत्व) है जो बिना साधनों के भी उसका भान होता है ।।३२।।

व्याख्या – मेरी सुषुप्ति बलात् स्वयंप्रकाश रूप कैसे सिद्ध होती है ? पूर्वपक्षी की इस शंका का उत्तर देते हैं कि सुषुप्ति में सुषुप्ति को ग्रहण करने वाली इन्द्रियाँ नहीं होती हैं क्योंकि उस समय वे अपने-अपने कारण में लीन हो जाती हैं और कोई दृष्टान्त भी उपलब्ध नहीं होता है । अपनी सुषुप्ति का दृष्टान्त यहाँ नहीं दिया जा सकता, क्योंकि वही तो प्रकृत में साध्य है । और अन्य की सुषुप्ति का दृष्टान्त भी पूर्वानुमान से असिद्ध ही है, तथापि तुम उस सुषुप्ति का अंगीकार करते हो । यही उसकी स्वयंप्रकशता है क्योंकि उसको जानने के लिये न कोई इन्द्रिय है और न काई दृष्टान्त है, फिर भी तुम उसको स्वीकार

प्रकाशमानत्वात्। साङ्ख्याभिमतान्यत्र प्राभाकराभिमतसंवेदनवच्छोक्याभिमतस्वात्मवदिति । दृष्टान्तावभासितदार्ष्टान्तिकत्वं द्वैतविषयः । न तु स्वयम्प्रकाशस्य साक्षिण इत्याशय इति शम् ।।

सौषुप्तिगस्याद्वितीयत्वस्वप्रभत्वे इव सुखरूपत्वस्यापि निरूपणम् -

स्तामद्वैतस्वप्रभत्वे वद सुप्तौ सुखङ्कथम् ।
शृणु दुःखन्तदा नास्ति ततस्ते शिष्यते सुखम् ।।३३।।

अन्वयः - सुप्तौ अद्वैतस्वप्रभत्वे स्तां सुखं कथं वद ? शृणु। दुःखं तदा न अस्ति। ततः ते सुखं शिष्यते।

व्याख्या :- एवं पूर्ववादिप्रतिपादितप्रलये दृष्टान्तितायास्सुषुप्तेरद्वितीयत्वं स्वप्रभत्वं च प्रत्यपादि। प्रतिवाद्यपि तत्सर्वमङ्गीकृत्यैव कथं सुखं तत्रेति पृच्छति । सुषुप्तावद्वैतस्वप्रभत्वे स्तां युक्त्या सिद्ध्येतां नाम । अथापि सुप्तौ सुखमानन्दः कथं भवतीति वद । सुखप्रतियोगिनो दुःखस्य तदानीमसत्त्वात्परिशिष्यते सुखमेवेति समाधत्ते । श्रुणु । तदा सुषुप्तौ सुखप्रतिद्वन्द्विदुःखं यतो नास्ति ततस्तदभावे ते सुखमेव शिष्यतेऽवशिष्यते । सुखदुःखयोः प्रकाशतमसोरिव परस्परविरोधित्वादुःखाभावे सुखमेवाभ्युपेयमिति शम् ।।

न किञ्चिद्दुःखं सुषुप्ताावित्यत्र श्रुतेरनुभवस्य च प्रदर्शनम् -

अन्धस्सन्नप्यनन्धः स्याद्विद्धोऽविद्धोऽथ रोग्यपि।
अरोगीति श्रुतिः प्राह तच्च सर्वे जना विदुः ।।३४।।

अन्वयः - "अन्धः सन् अपि अनन्धः स्यात् । विद्धः अविद्धः। अथ रोगी अपि अरोगी"। इति श्रुतिः प्राह च। तत् सर्वे जनाः विदुः ।

करते हो । इसीसे सुषुप्ति की स्वयंप्रकाशता सिद्ध होती है बिना किसी साधन के भी उसका भान होना ही उसके स्वयंप्रकाशत्व को सिद्ध करता है ।

सुषुप्ति में सुख का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - प्रश्न - सुषुप्ति में भले ही अद्वैतता और स्वयंप्रकाशता हो परन्तु उसमें सुख कैसे होगा? उत्तर - सुनो उस समय दुःख नहीं होता, इसलिये सुख ही शेष रहता है ।।३३।।

व्याख्या - पूर्व में प्रतिपादित प्रलय विषयक वाद-विवाद में दृष्टान्त रूप से प्रतिपादित सुषुप्ति का अद्वितीयत्व और स्वयंप्रकाशत्व सिद्ध करके अब सुषुप्ति में सुख की सिद्धि करते हैं । पूर्वपक्षी निरुत्तर हो जाने के कारण अनिच्छा से भी सुषुप्ति को अद्वितीय और स्वयंप्रकाश रूप स्वीकार कर लेता है । वह कहता है कि सुषुप्ति में भले ही वे दोनों हों किन्तु उसमें सुख (आनन्द) कैसे होगा ? तुम इसका उत्तर कहो । इस पर आचार्य पूर्वपक्षी को कहते हैं कि मैं तुम्हारे प्रश्न का उत्तर देता हूँ तुम उसे सावधान होकर (शृणु) सुनो - उस समय (सुषुप्ति में) सुख का विरोधी दुःख नहीं होता है अतः दुःख के अभाव में एकमात्र सुख ही अवशिष्ट रहता है । जैसे परस्पर विरोधी अन्धकार और प्रकाश इन दोनों में से अन्धकार का निषेध करने पर प्रकाश सिद्ध होता है ।

सुषुप्ति में दुःखाभाव को श्रुति और अनुभव से दर्शाते हैं ।

अर्थ - (जाग्रत् में) अन्धा होता हुआ भी (सुषुप्ति में) अन्धता रहित हो जाता है, शस्त्र से विंधा हुआ भी अविद्ध हो जाता है, रोगी भी नीरोगी हो जाता है । ऐसा श्रुति ने कहा है और इसे सब लोग जानते हैं ।।३४।।

व्याख्या :- सुषुप्तौ न दुःखमस्तीत्यत्र किं मानमित्याशङ्कायां श्रुत्यनुभवावेवेति प्रदर्शयति । जाग्रत्यन्धस्सन्नपि सुषुप्तावनन्धस्स्यात् । तथैव युद्धादिषु परैर्बाणादिविद्धोऽपि शस्त्राहतोऽपि सुषुप्तावविद्ध एव भवेत् । शस्त्राहतिजन्यं क्लेशं नानुभवति । अथ जाग्रति रोग्यपि सुप्तावरोग्येव भवति । तथा च छान्दोग्यश्रुतिराह । तस्माद्वा एतं तीर्त्त्वान्धस्सन्नन्धो भवति विद्धस्सन्नविद्धो भवत्युपतापी सन्ननुपतापी भवति तद्यद्यपीदं भगवश्शरीरमन्धं भवत्यनन्धस्स भवती''त्यादिना । तच्चैतदर्थस्य याथार्थ्यं देहाभिमानविषयत्वाज्जाग्रत्यनुभूयमानानि तानि सुषुप्तौ नानुभूयन्ते तदापगतदैहाभिमानत्वादिति शम्।।

सुषुप्तौ सुखमात्रानुभवनिरूपणम् –

न दुःखाभावमात्रेण सुखं लोष्टशिलादिषु ।
द्वयाभावस्य दृष्टत्वादिति चेद्विषमं वचः ।।३५।।

अन्वयः – दुःखाभावमात्रेण सुखं न लोष्टशिलादिषु । द्वयाभावस्य दृष्टत्वात् इति चेत् । वचः विषमम्।

व्याख्या – सुषुप्ति में दुःख नहीं रहता इसमें क्या प्रमाण है ? ऐसी शंका होने पर श्रुति और अनुभव प्रमाण प्रस्तुत करते हैं । जाग्रत् में अन्धा होता हुआ भी सुषुप्ति में अन्धत्व से रहित हो जाता है । उसी प्रकार युद्ध में शस्त्रादि से विंधा (घायल) हुआ भी सुषुप्ति में अविद्ध हो जाता है अर्थात् शस्त्र प्रहारों से प्राप्त कष्ट का अनुभव नहीं करता है और जाग्रत् में अत्यधिक रोगग्रस्त होने पर भी सुषुप्ति में नीरोगी हो जाता है । ऐसा छान्दोग्य श्रुति में कहा है । ***''तस्माद्वा एतं सेतुं तीर्त्वान्धः सन्नन्धो भवति, विद्धः सन्नविद्धो भवति उपतापी सन्ननुपतापी भवति''*** (छा.उ. ८/४/२) अर्थात् इस सेतु को पारकर पुरुष अन्धा होने पर भी अन्धा नहीं होता, विद्ध होने पर अविद्ध होता है और उपतापी (रोगी) होने पर भी अनुपतापी (नीरोगी) होता है । अब अनुभवप्रमाण दर्शाते हैं कि इसे सब लोग जानते हैं अर्थात् इस अर्थ के याथार्थ्य को सभी मनुष्य अनुभव पूर्वक जानते हैं । तात्पर्य यह है कि अन्धत्वादि देहाभिमान के विषय होने से जाग्रत् में ही अनुभव में आते हैं किन्तु सुषुप्ति में देहाभिमान न रहने के कारण उनका (अन्धत्वादि का) अनुभव नहीं होता है ।

पुनः पूर्वपक्षी की शंका प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ – दुःख के अभाव मात्र को सुख नहीं कह सकते, क्योंकि मिट्टी के ढेले और शिला आदि में दोनों (सुख-दुःख) का अभाव देखा गया है, यदि ऐसा कहते हो तो तुम्हारा यह वचन विषम है ।।३५।।

व्याख्या – पूर्वपक्षी कहता है कि आपने सुषुप्ति में दुःख का अभाव होने से सुख का जो अनुमान किया है, वह शिलाआदि में व्यभिचरित है । दुःख के अभाव मात्र को सुख नहीं कह सकते, क्योंकि लोष्ट (मिट्टी के ढेले) और शिला (पत्थर) आदि जड़ पदार्थों में सुख नहीं रहता है । इसका कारण बताते हैं कि उन जड़ पदार्थों में दोनों का अर्थात् सुख और दुःख दोनों का अभाव देखा गया है अतः सुषुप्ति में भी शिलादि के समान सुख का अभाव ही सिद्ध होता है, ऐसी शंका होने पर आचार्य उसका परिहार करते हुए कहते है कि तुम्हारा वचन विषय है अर्थात् यह दृष्टान्त अनुकूल नहीं है ।

मुखदैन्यविकासाभ्यां परदुःखसुखोहनम् ।
दैन्याद्यभावतो लोष्टे दुःखाद्यूहो न सम्भवेत् ॥३६॥

अन्वयः - मुखदैन्यविकासाभ्यां परदुःखसुखोहनम् । लोष्टे दैन्याद्यभावतः दुःखाद्यूहः न संभवेत्।

स्वकीये सुखदुःखे तु ऊहनीये ततस्तयोः ।
भावो वेद्योऽनुभूत्यैव तदभावोऽपि नान्यतः ॥३७॥

अन्वयः - स्वकीये सुखदुःखे तु ऊहनीये न। ततः तयोः भावः अनुभूत्या एव वेद्यः। तदभावः अपि अन्यतः न।

तथा सति स्वसुप्तौ च दुःखाभावोऽनुभूतिभिः।
विरोधिदुःखराहित्यात्सुखन्निर्विघ्नमिष्यताम् ॥३८॥

अन्वयः - तथा सति स्वसुप्तौ च दुःखाभावः अनुभूतितः। विरोधिदुःखराहित्यात् निर्विघ्नं सुखम् इष्यताम्।

पूर्वोक्त विषमता को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - मुख की दीनता और हर्ष से दूसरे के दुःख और सुख का अनुमान संभव है किन्तु दीनता आदि के अभाव से लोष्ट में दुःखादि का अनुमान नहीं हो सकता ॥३६॥

व्याख्या - मुख की दीनता और हर्ष से अन्य पुरुष के दुःख अथवा सुख का अनुमान करना संभव है । यदि किसी के मुख पर दीनता के भाव दीखते हैं तो हम अनुमान कर सकते हैं कि यह व्यक्ति दुःखी है और यदि किसी का मुख विकसित प्रतीत होता है तो हम यह भी अनुमान कर सकते हैं कि अवश्य यह सुखी है । किन्तु पाषाण आदि जड़ पदार्थों में दीनता और हर्ष दोनों का अभाव होने के कारण उनके सुख-दुःख का अनुमान करना संभव नहीं है । चेतन में ही सुख-दुःखादि का अनुमान संभव है, अचेतन में नहीं । इसलिये जहाँ मनुष्यादि के हर्ष विषाद का विचार हो रहा है वहाँ पथ्थर आदि जड़ पदार्थों का उदाहारण असंगत है ।

अब अन्य के सुख-दुःख से स्वयं के सुख-दुःख की विलक्षणता दर्शाते हैं ।

अर्थ - स्वयं के सुख और दुःख को जानने के लिये अनुमान की आवश्यकता नहीं है । इसलिये जैसे उन दोनों का सद्भाव अनुभूति से ही वेद्य है, उसी प्रकार अभाव भी अनुभवैकगम्य ही है, अन्य प्रमाणगम्य नहीं है ॥३७॥

व्याख्या - पत्थर आदि में या किसी अन्य प्राणी के सुख-दुःख का उदाहरण हमें तब लेना चाहिये जब उसके विषय में स्वयं का अनुभव न हो । हम स्वयं के सुख-दुःख को जानते हैं, इसलिये उनको जानने के लिये हमें अनुमान करने की आवश्यकता नहीं है । अनुमान की अपेक्षा स्वयं का अनुभव प्रबल प्रमाण है, इसलिये जैसे सुख-दुःख का सहभाव अनुभूति से ही जानने योग्य है, उसी प्रकार उसका अभाव भी अनुभवैकगम्य ही है । हमारा अनुभव सिद्ध करता है कि सुषुप्ति में दुःख का कोई कारण न होने से दुःख का अनुभव भी नहीं रहता, वरन् सुख का ही अनुभव होता है । सुख और दुःख अन्यप्रमाणगम्य नहीं है अर्थात् प्रत्यक्ष और अनुभव के अतिरिक्त अनुमानादि अन्य प्रमाणगम्य नहीं हैं ।

सुषुप्ति में सुख की निर्विघ्नता दर्शाते हैं ।

अर्थ - ऐसा होने पर सुषुप्ति में दुःख का अभाव अनुभव से सिद्ध होता है और (सुषुप्ति में) सुख के विरोधी दुःख का अभाव होने से बाधरहित सुख को स्वीकार करना चाहिये ॥३८॥

महत्तरप्रयासेन मृदुशय्यादिसाधनम् ।
कुतस्सम्पाद्यते सुप्तौ सुखञ्चेत्तत्र नो भवेत् ॥३९॥

अन्वयः - तत्र सुप्तौ सुखं नो भवेत् चेत् । महत्तरप्रयासेन मृदुशय्यादिसाधनं कुतः सम्पाद्यते?

दुःखनाशार्थमेवैतदिति चेद्रोगिणस्तथा ।
भवत्वरोगिणस्त्वेतत्सुखायैवेति निश्चिनु ॥४०॥

अन्वयः - एतत् दुःखनाशार्थम् एव इति चेत् तथा रोगिणः भवतु। अरोगिणःतु एतत् सुखाय एव। इति निश्चितु ।

व्याख्या - दुःख का अभाव अनुभवैकगम्य होने से दुःख का विरोधी सुख भी अनुभव का ही विषय है, इसलिये कहते हैं कि सुख-दुःख का सद्भाव और उन दोनों का अभाव दोनों अनुभव के ही विषय हैं । ऐसा मान लेने पर सुषुप्ति में दुःख का अभाव अनुभव से ही जाना जा सकता है । और सुषुप्ति में सुख के विरोधी दुःख का अभाव होने से उस समय निर्विघ्न (बाधरहित) सुख का अनुभव होता है, ऐसा तुम्हें अंगीकार (स्वीकार) करना चाहिये । सुषुप्ति में दुःख की अनुभूति नहीं होती है । सुषुप्ति से जागा हुआ कोई भी पुरुष 'मैं दुःखपूर्वक सोया' इस प्रकार सुषुप्ति के दुःख का स्मरण नहीं करता है । इसलिये उस समय दुःख के अभाव का ही अनुमान किया जाता है ।

शंका - दुःख के अनुभव का अभाव होने पर केवल दुःखाभाव ही मानना चाहिये न कि सुखानुभव।

समाधान - ऐसा नहीं है, क्योंकि सुषुप्ति का अद्वितीयत्व और स्वप्रकाशत्व का वर्णन पहले कर चुके हैं । वहाँ दुःखादि अन्य का अभाव होने के कारण अद्वितीयत्व कहा गया है अतः दुःखादि विरोधी के अभाव में स्वयंप्रकाश सुख स्वरूप ही भासित होता है । इसलिये यह ठीक ही कहा है कि विरोधी दुःख के अभाव में बाधरहित सुख को ही स्वीकार करना चाहिये ।

सुषुप्ति के सुख में तर्क प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - यदि वहाँ सुख न होता तो अत्यधिक प्रयास से कोमलशय्या आदि साधन क्यों जुटाये जाते हैं ?॥३९॥

व्याख्या - सुषुप्ति से पूर्व यदि सुखानुभव का अभाव होता तो सुषुप्ति का अभिलाषी पुरुष सुख के साधनभूत शय्या आदि के प्रति प्रयत्न न करता, इस कारण से सुषुप्ति से पूर्व सुखानुभव का निश्चय किया जा सकता है । इसलिये कहते हैं कि यदि सुषुप्ति से पूर्व सुख न होता तो महत्तर प्रयास से कोमलशय्या, तकिया, चादर, कम्बलादि सुख के साधन क्यों जुटाये जाते ? इससे सिद्ध होता है कि वहाँ अवश्य ही सुख है ।

शय्यादि सुख के साधन नहीं है अपितु दुःख के निवारक है, इस शंका का उत्तर देते हैं।

अर्थ - शय्यादि सब साधन दुःखनाश के लिये ही हैं यदि ऐसा कहते हो तो रोगी के लिये वे भले ही दुःखनाशक हों किन्तु नीरोगी के लिये तो सुख के लिये ही हैं, ऐसा जानो ॥४०॥

व्याख्या - पूर्वपक्षी पुनः शंका करता हुआ कहता है कि शय्या आदि समस्त साधन दुःख का नाश करने के लिये ही हैं सुख के लिये नहीं हैं । सुषुप्ति से पूर्व सुख की सिद्धि नहीं होती है । इस शंका पर आचार्य कहते हैं कि शय्यादि का दुःखनाशक रूप प्रयोजन जो व्यक्ति रोगी है उसके लिये भले ही हो,

तर्हि साधनजन्यत्वात्सुखं वैषयिकं भवेत् ।
भवत्वेवात्र निद्रायाः पूर्वं शय्यासनादिजम् ।।४१।।

अन्वयः - तर्हि साधनजन्यत्वात् वैषयिकं सुखं भवेत्। अत्र निद्रायाः पूर्वं शय्यासनादिजं भवतु एव।

निद्रायान्तु सुखं यत्तज्जन्यते केन हेतुना ।
सुखाभिमुखधीरादौ पश्चान्मज्जेत्परे सुखे ।।४२।।

अन्वयः - निद्रायां तु यत् सुखं तत् केन हेतुना जन्यते? आदौ सुखभिमुखधीः पश्चात् परे सुखे मज्जेत्।

अर्थात् हम इस बात को तो मानते हैं कि शय्यादि से दुःख दूर होता है किन्तु सभी का नहीं अपितु जो रोगी होते हैं उन्हीं के लिये शय्यादि दुःखनाशक हैं किन्तु जो स्वस्थ हैं, ऐसे पुरुषों के लिये शय्यादि दुःखनाशक नहीं हैं । स्वस्थ पुरुष में दुःख का अभाव होने के कारण उसके लिये तो शय्यादि सुख के लिये ही हैं, तुम ऐसा निश्चय करो अर्थात् इस प्रकार जानो ।

सुषुप्ति के सुख को साधनजन्य मानने पर वह अनित्य होगा, इस शंका का समाधान करत हैं ।

अर्थ - तब तो साधनजन्य होने से वह सुख भी वैषयिक होगा । इस शंका पर कहते हैं कि इस प्रसंग में निद्रा से पहले का शय्या-आसनादिजन्य सुख भले ही वैषयिक हो ।।४१।।

व्याख्या - यदि सुषुप्ति कालीन सुख शय्यादिजन्य होगा तो वह सुख आत्मस्वरूप सुख नहीं हो सकता, इस शंका का उत्तर देते हैं । पूर्वपक्षी कहता है कि यदि सुषुप्ति के सुख को भी शय्यादि साधनजन्य मानेंगे तब तो साधनजन्य होने से वह सुख भी शब्दादि विषयों से उत्पन्न होने वाले सांसारिक सुखों की तरह अनित्य होगा । इस पर आचार्य कहते हैं कि निद्रा से पहले का शय्या आसनादि जन्य सुख भले ही विषयजन्य हो अर्थात् इसे हम भी स्वीकार करते हैं, किन्तु निद्रासुख उससे विलक्षण है । वह साधनजन्य न होने के कारण नित्य है ।

निद्रासुख और शय्यादिजन्य सुख की विलक्षणता दर्शाते हैं ।

अर्थ - निद्रा में जो सुख होता है, वह किस हेतु से उत्पन्न होता है ? (अर्थात् किसी से नहीं) निद्रा से पूर्व जीव सुखाभिमुख बुद्धिवाला होता है और बाद में (सो जाने पर) वह परमसुख में निमग्न हो जाता है ।।४२।।

व्याख्या - निद्रा में जो सुख होता है, वह किस हेतु (साधन) से उत्पन्न होता है ? अर्थात् किसी अन्य साधन से वहाँ सुख नहीं होता है क्योंकि शय्यादि का ज्ञान उस समय नहीं होता । अतः शय्यादि निद्रासुख में कारण नहीं है । तो फिर निद्रासुख विषयजन्य सुख की तरह अनुभव में क्यों नहीं आता ? इस शंका का उत्तर देते हैं कि निद्रा से पहले जीव सुखाभिमुख बुद्धि वाला अर्थात् सुख की इच्छा वाला होता है । और बाद में अर्थात् निद्राकाल में वह जीव परम (उत्कृष्ट) सुख में निमग्न (विलीन) हो जाता है । भाव यह है कि उस समय अनुभविता जीव, अनुभव रूपा धीवृत्ति और अनुभाव्य रूप सुख इन तीनों का विलय हो जाने के कारण अर्थात् त्रिपुटी का अभाव हो जाने के कारण निद्रासुख विषयजन्य सुख की तरह अनुभवगम्य नहीं होता है ।

जाग्रद्व्यापृतिभिश्श्रान्तो विश्राम्याथ विरोधिनि ।
अपनीते स्वस्थचित्तोऽनुभवेद्विषये सुखम् ।।४३।।

अन्वयः - जाग्रद्व्यापृतिभिः श्रान्तः विश्रम्य अथ विरोधिनि अपनीते स्वस्थचित्तः विषये सुखम् अनुभवेत्।

आत्माभिमुखधीवृत्तौ स्वानन्दः प्रतिबिम्बति ।
अनुभूयैनमत्रापि त्रिपुट्या श्रान्तिमाप्नुयात् ।।४४।।

अन्वयः - आत्माभिमुखधीवृत्तौ स्वानन्दः प्रतिबिम्बति । अत्र अपि एनम् अनुभूय त्रिपुट्या श्रान्तिम् आप्नुयात् ।

तच्छ्रमस्यापनुत्त्यर्थं जीवो धावेत्परात्मनि ।
तेनैक्यं प्राप्य तत्रत्यो ब्रह्मानन्दः स्वयं भवेत् ।।४५।।

शय्यासुख का प्रकार दर्शाते हैं ।

अर्थ - जाग्रत् अवस्था में किये जाने वाले व्यापारों से थका हुआ यह जीव विश्राम करके (सुख के) विरोधी कारणों के दूर हो जाने पर स्वस्थचित्त हुआ विषय सुख का अनुभव करता है ।।४३।।

व्याख्या - पूर्वोक्त श्लोक के अर्थ को ही तीन श्लोकों में सविस्तार समझाने के लिये सर्वप्रथम शय्यासुख के प्रकार को बताते हैं । जीव जाग्रत् अवस्था में किये जाने वाले जो व्यापार (क्रियाकलाप) हैं, उनसे थक जाता है और उस थकावट को दूर करने के लिये वह कोमलशय्या आदि पर विश्राम करता है । और उसके बाद विश्राम (सुख) के विरोधी व्यापारजन्य श्रम के दूर हो जाने पर स्वस्थचित्त हो जाता है । ***''स्वस्मिन् तिष्ठतीति स्वस्थं निर्व्यापारम्''*** अर्थात् स्वयं में (आत्मा में) जो स्थित होता है, उसे स्वस्थ (व्यापाररहित) कहते हैं । ऐसा चित्त जिसका हो उसे स्वस्थचित्त अर्थात् अव्याकुलचित्तवाला कहते हैं । ऐसा होकर वह विषयसुख का अर्थात् शय्या आदि जन्य सुख का अनुभव करता है । भाव यह है कि व्यापारजन्य श्रम को दूर करने वाले सुख का ही शय्या में अनुभव करता है ।

शय्यासुख त्रिपुटी युक्त होने से उसमें भी श्रम होना दर्शाते हैं ।

अर्थ - आत्माभिमुखी बुद्धिवृत्ति में स्वरूपभूत आनन्द का प्रतिबिम्ब पड़ता है । इस समय भी आनन्द के अनुभव में त्रिपुटी के कारण इस जीव को श्रम प्राप्त होता है ।।४४।।

व्याख्या - जाग्रत् कालीन व्यापार से विश्राम पाने के लिये शय्या में लेटे हुए पुरुष की बुद्धि आत्माभिमुख हो जाती है, वहाँ आत्माभिमुखी सुखस्वरूपा बुद्धिवृत्ति में उस समय स्वरूपभूत आनन्द का प्रतिबिम्ब पड़ता है । भाव यह है कि विषयानन्द भी ब्रह्मानन्द का अंशभूत ही है । इस विषयानन्द का अर्थात् आत्मानन्द के आभासमात्र का अनुभव कर इस समय भी त्रिपुटी के कारण अर्थात् अनुभाविता, अनुभव और अनुभाव्य रूप त्रिपुटी के कारण इस जीव को श्रम (खेद) प्राप्त होता है । जिस समय यह मनुष्य विषयसुख के बहाने आत्मा का प्रतिबिम्बित सुख पा रहा होता है उस समय भोक्ता, भोग्य और भोगरूपी त्रिपुटी बनी रहती है । यह त्रिपुटी मनुष्य को श्रम देती रहती है और उसे अशान्त रखती है । उसका यह सुख स्वतन्त्र और निरापद नहीं होता, इस कारण जीव इससे सन्तुष्ट नहीं होता, वह आत्मा के सुख की ओर अग्रसर होता है ।

इससे क्या प्रयोजन सिद्ध हुआ ? इस आकांक्षा का उत्तर देते हैं ।

अर्थ - उस श्रम की निवृत्ति के लिये जीव परमात्मा की ओर दौड़ता है । वहाँ उसके साथ एकता प्राप्त कर सुषुप्ति के समय वह स्वयं ब्रह्मानन्दस्वरूप हो जाता है ।।४५।।

अन्वयः - तच्छ्रमस्य अपनुत्त्यर्थं जीवः परात्मनि धावेत् । तेन ऐक्यं प्राप्य स्वयं तत्रत्यः ब्रह्मानन्दः भवेत् ।

व्याख्या :- सुषुप्तौ दुःखाभावात्सुखमेवानुमीयत इत्यनुचितं शिलादिषु व्यभिचाराद्यत्र यत्र दुःखाभावस्तत्र तत्र सुखमिति व्याप्तिर्न सिद्ध्यतीत्याशङ्कां परिहरति । लोष्टशिलादिषु मृत्पिण्डपाषाणादिषु जडपदार्थेषु दुःखाभावमात्रेण सुखं न विद्यते । तत्र कारणमाह । तत्र द्वयाभावस्य सुखदुःखयोरभावस्य दृष्टत्वात् । दुःखाभावमात्रेण सुखमनुमातुं न शक्यते जडादौ व्यभिचारादिति भावः । दृष्टान्तदार्ष्टान्तिकयोर्वैषम्यान्नैवमिति चेत्तां वैषम्यशङ्कां परिहरति । तव वचो विषमम् । अननुकूलमिदं दृष्टान्तवचनमित्याशयः । सम्प्रति दृष्टान्तेऽननुकूलतामेवोपपादयति । मुखदैन्यविकाराभ्यामन्यनिष्ठाभ्यां यथाक्रमं परदुःखसुखोहनं परनिष्ठदुःखसुखयोरनुमानं क्रियते । अयं दुःखी विषण्णवदनत्वात्सम्प्रतिपन्नवत्। अयं सुखी सुप्रसन्नवदनत्वात्सम्प्रतिपन्नवदित्यादि । भवत्वेवं लोके प्रकृते किमायातमित्यत्राह । लोष्टादिषु दैन्याद्यभावतो दुःखाद्यूहो न सम्भवेत् । चेतने तु सुखदुःखे अनुमातुं शक्येते । अचेतने तु मुखदैन्यप्रसादादिलिङ्गाभावात्सुखदुःखयोरूहनमेव न सम्भवतीत्यतस्तत्र दुःखाभावोऽपि न निश्चेतुं शक्यत इति पाषाणाद्यन्तर्भावेन दुःखाभावरूपहेतोर्व्यभिचारोद्भावनं न समञ्जसमिति भावः । एवं परकीयसुखदुःखापेक्षया स्वीयसुखदुःकयोर्वैषम्यस्य सत्त्वेन स्वस्मिन्नपि दुःखतदभावयोस्सुख - तदभावयोश्चानुभवैकवेद्यत्वमिति प्रदर्शयति । अत्रायं भावः परकीयदुःखसुखोहेन स्वकीयदुःखादिभावाभावौ स्वप्रकाशसाक्षिलक्षणानुभवैकवेद्याविति । यतस्स्वकीये सुखदुःखे अनुमानादिना नोहनीये, नानुमितेर्विषयौ भवतोऽतस्तयोर्भावो विद्यमानतानुभूत्यैव प्रत्यक्षानुभवेनैव वेद्यः । तथा तदभावोऽपि तत्सुखदुःखयोरभावोऽपि प्रत्यक्षानुभवेनैव वेद्यः । प्रत्यक्षानुभवादन्यतोऽन्यप्रमाणेनानुमानादिनोभयमपि नैव वेद्यम् । स्वनिष्ठयोस्सुखदुःखयोरनुभवसिद्धत्वान्नानुमेयत्वं यतस्तयोस्सुखदुःखयोस्सद्भावो यथा प्रत्यक्षेणावगम्यते तथैव सुखदुःखयोरभावेऽपीत्यन्यस्मादनुमानादेर्नावगम्यते किन्तु प्रत्यक्षेणैवेति तात्पर्यम्। तत्र दुःखाभावस्यानुभवैकवेद्यतया दुःखप्रतिद्वन्द्विसुखमप्यनुभवेनैव गोचरीक्रियत इत्याह । तथासति सुखदुःखयोस्तदभावयोश्च स्वानुभवैकवेद्यत्वात्स्वसुप्तावप्यनुभूतितोऽनुभवेनैव दुःखाभावो गोचरीक्रियते विरोधिदुःखराहित्यात्सुखस्य प्रतिद्वन्द्विनो दुःखस्याभावात्सुखं निर्विघ्नमिष्यतामनुभूयताम् । न सुप्तोत्थितः कोऽपि दुःखमस्वाप्समिति सौषुप्तिकदुःखं स्मरतीत्यतो दुःखाभाव एवानुमीयते । ननु दुःखानुभव इति चेन्न । पूर्वमेव सौषुप्तिकाद्वितीयत्वस्वप्रभत्वे समुपपादिते । अद्वितीयस्याभावे कारणभूतस्य

व्याख्या - उस त्रिपुटीकृत श्रम की निवृत्ति के लिये जीव परमात्मा की ओर अर्थात् अपने आत्मस्वरूप की ओर दौड़ता है । त्रिपुटीजन्य सुख में श्रम होने से पूर्णपृप्ति नहीं मिलती अतः जीव तृप्ति के लिये और श्रम को दूर करने के लिये ब्रह्मानन्द की ओर दौड़ता है । इसके फलस्वरूप वह सुषुप्ति अवस्था में पहुँचकर ब्रह्म में लीन हो जाता है । वहाँ उसके साथ एकता प्राप्त कर सुषुप्ति के समय वह जीव स्वयं ब्रह्मानन्दस्वरूप ही हो जाता है । जीव नित्य सुषुप्ति में ब्रह्मानन्दस्वरूप हो जाता है, यह एक

दुःखाद्यवरोधकस्याभावे स्वप्रकाशसुखस्वरूपं भासते । अत एव विरोधिदुःखाभावे सुखं निर्विघ्नमिष्यतामिति सुष्ठूक्तम् । बाधरहितं सुखं सुप्तावभ्युपेयतामिति भावः । किञ्च पूर्वसुषुप्तौ सुखानुभवाभावे सुषुप्त्यभिलाषी पुरुषस्सुखसाधनीभूतशय्यादिकं प्रतिप्रयत्नं कुर्यात् । तत्कारणात्पूर्वसुषुप्तौ सुखानुभवो निश्चेतुं शक्यते। शय्यादिसुखसाधनसम्पादनान्यथानुपपत्त्यापि सुखास्तित्वं सुप्तावगम्यत इत्याह । तत्र तस्यां पूर्वसुप्तौ सुखं नो भवेच्चेत्कुतो महत्तरप्रयासेनानेकविधवित्तव्ययशरीरप्रयासादिना मृदुशय्यादिसाधनं मृदुशय्योपधानमञ्चादिषु सुखसाधनेषु न कुतश्चिदपि कारणात्प्रवृत्तिरुपजायत इति भावः । तद्विघटनमाशङ्क्यावच्छेदकविशेषणतया तदङ्गीकृत्य सामान्यतस्तत्खण्डयितुमर्थापत्तेरन्यथोपपत्तिमाशङ्कमानः पृच्छति न शय्यादिकं सुखसाधनम् । किं तु दुःखनिवारकमिति तदाह । एतच्छय्यादिनिखिलसाधनसामग्रीसम्पादनं दुःखनाशार्थमेव दुःखनिवृत्तिफलकं तन्न नियतमिति चेत्परिहरति। तथा चेद्रोगिणो दुःखनिवारकं भवतु । सति रोगादिदुःखे भवतु कामं तन्निवृत्तिररोगिणस्तु तन्निवर्त्यदुःखाभावादेतच्छय्यादिसम्पादनं सुखायैव सम्पद्यत इति निश्चिनु । ननु शय्यादिसाध्यस्य सौषुप्तसुखस्य साधनजन्यत्वेऽद्वैतात्मसुखस्वरूपत्वं व्याहन्येतेत्याशङ्क्यं निराकरोति । मृदुशय्यादिसुखसाधकं चेत्तर्हि साधनजन्यत्वात्तत्सुखं वैषयिकं विषयसम्बन्धि भवेच्छय्यासनादिजं निद्रायाः पूर्वं सुखं निद्रासुखविलक्षणत्वाद्वैषयिकं भवत्वित्यङ्गीकरोति किं तस्य सुखस्य विषयजन्यत्वं निद्रागमनात्पूर्वकालीनस्य ? आहोस्विन्निद्राकालीनस्य वेति विकल्प्य । अत्र निद्रायाः पूर्वं सुखं वैषयिकं भवतु । एवं निद्रापूर्वकालिकं सुखमेव शय्योपधानोपबर्हणादिसाध्यं न तु निद्रासुखमित्याशयः। एवं निद्रापूर्वकालिकस्य सम्यक्शय्यादिविषयसुखस्य साधनजन्यत्वादपारमार्थिकत्वं ध्वनिमर्यादयाङ्गीकृत्य निद्राकालिकसुखस्यात्मत्वेन पारमार्थिकत्वमभिसन्धाय तज्जनकसामग्रीं पृच्छति सिद्धान्ती । तत्र निद्रासुखे शय्यादिजसुखवैलक्षण्यं दर्शयति । निद्रायां तु यत्सुखं विद्यते तत्केन हेतुना जन्यते ? तत्र शय्यादीनां ज्ञानाभावान्न तत्सुखकारणमिति भावः । सुप्तिकाले शय्याद्यनुसन्धानाभावात्तज्जन्यत्वं तत्सुखस्य न भवेदित्याशयः । तत्र प्रतिवाद्यनुत्तरे स्वयमेव मुमुक्ष्वनुजिघृक्षया सर्वव्यवस्थां सङ्क्षिपति। तर्हि निद्राजन्यं सुखं वैषयिकसुखमिव किं नानुभूयत इत्याशङ्कायामनुभवितुस्तदा तस्मिन्निमग्नत्वान्न विषयसुखवत्तदनुभव इत्याशयं स्पष्टीकरोति । आदौ निद्रायाःप्राक्पूर्वकाले जीवस्सुखाभिमुखधीस्सुखं शय्यादिजन्यसुखाभिमुखमतिस्सुखेच्छासम्पन्नो भवति। एतादृश आदौ सन्पश्चान्निद्रासमये परे सर्वोत्कृष्टे सुखे सुखस्वरूपे ब्रह्मानन्दाब्धौ मज्जेज्जीवो विलीनो भवेत् । तदानीं स्वस्वरूपेऽनुभवितुर्जीवस्यानुभवरूपाया धीवृत्तेरनुभाव्यस्य सुखस्य च विलीनतया त्रिपुट्यभावान्निद्रासुखं वैषयिकसुखमिव नानुभूयत

अदृभूत बात है । सहसा इस पर विश्वास नहीं होता किन्तु यह सत्य है । इस विषय में श्रुति प्रमाण है। उद्दालक अपने पुत्र श्वेतकेतु से कहते हैं । ***''यत्रैतत् पुरुषः स्वपितिनाम सता सोम्य तदा सम्पन्नो भवति स्वमपीतो भवति''*** (छा.उ. ६/८/१) हे सोम्य ! जिस अवस्था में यह पुरुष सोता है, ऐसा

इत्याशयः । पूर्वोक्तमर्थं विपुलीकुर्वाण आदौ निद्राप्राक्कालिकशय्यादिजन्यविषयानन्दप्रकारमाह । जीवो जगद्व्यापृतिभिर्जाग्रति जागरणावस्थायां विद्यमाना या व्यापृतयो व्यापारा विद्यन्ते ताभिश्श्रान्तस्तन्निवारणार्थं मृदुलतल्पोपरि विश्रम्य शयनादिना श्रमापनोदं कृत्वाथानन्तरं विरोधिनि विश्रमविरोधिनि व्यापारजन्यश्रमेऽपनीते विनिवारिते सति स्वस्थचित्तस्स्वस्मिंस्तिष्ठतीति स्वस्थं निर्व्यापारं चित्तं यस्य स तथा भूतोऽव्याकुलचित्तो भूत्वा विषये शय्यादावुपजायमानं सुखमनुभवेद्व्यापारश्रमापनोदन-निमित्तमात्रमेव सुखं शय्यादिकसुखमनुभवति साक्षात्करोतीति भावः । शय्यासुखस्य त्रिपुटीप्रयुक्तत्वात्तत्रापि श्रमकारणत्वं प्रदर्शयति । अनागतविषयसम्पादनादिना दुःखमनुभूय तन्निवृत्तये मृदूपबर्हणादिविषिष्टशय्यादौ विश्रान्तस्यात्माभिमुखधीवृत्तौ जगद्व्यापारविरामहेतोश्शय्यागतस्यात्मनोऽभि-मुखीभूताया सुखस्वरूपा धीवृत्तिस्तस्यां स्वानन्दस्वरूपभूत आनन्दस्स्वमुखाभिमुखस्थितमुकुरे मुखमिव प्रतिबिम्बति । विषयानन्दस्य ब्रह्मानन्दांशभूतत्त्वादित्यर्थः । एतं विषयानन्दं स्वानन्दाभासमात्रमनुभूयात्रापि त्रिपुट्यानुभवित्रनुभाव्यानुभवरूपया श्रान्तिं खेदमाप्नुयात् । आत्राप्यस्यामपि वेलायामेनं विषयानन्दमनुभूय त्रिपुट्या श्रममवाप्नुयात्। अत्रापि विषयविषय्याकारस्पन्दनरूपखेदापनोदनार्थं जीवः परात्मन्यैक्यमवाप्य ब्रह्मानन्दस्वरूपमेतीत्याह। तच्छ्रमस्य तस्य त्रिपुटीदर्शनजनितस्य श्रमस्यापनुत्त्यर्थमपनोदनार्थं स एव जीवः परात्मनि परमात्मन्यानन्दस्वरूपे ब्रह्मणि धावेद्ततरं गच्छेत् । गत्वा च तेन परमात्मनैक्यं तादात्म्यं प्राप्य "सता सोम्य तदा सम्पन्नो भवती"ति श्रुतेस्स्वयमपि तत्रत्यस्तस्यां सुषुप्तौ स्थितस्सन्ब्रह्मानन्दो भवेदिति शम् ।।

अत्रानेकदृष्टान्तप्रदर्शनम् -

दृष्टान्ताश्शकुनिश्श्येनः कुमारश्च महानृपः।
महाब्राह्मण इत्येते सुप्त्यानन्दे श्रुतीरिताः ।।४६।।

अन्वयः - शकुनिः श्येनः कुमारः महानृपः महाब्राह्मणः च इति ते सुप्त्यानन्दे श्रुतीरिताः ।

कहा जाता है, उस समय यह सत् से सम्पन्न हो जाता है । यह अपने स्वरूप को प्राप्त हो जाता है । इसी से उसे 'स्वपीति' ऐसा कहते हैं । '**स्व**' अर्थात् स्वयं को **अपीति** अर्थात् प्राप्त हो जाता है । अतः सुषुप्ति में जीव ब्रह्मानन्दस्वरूप ही हो जाता है ।

उक्तविषय में अनेक वैदिक उदाहारण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - सुषुप्ति के आनन्द में शकुनि, श्येन (बाज), कुमार, महानृप और महाब्राह्मण ये दृष्टान्त श्रुति में कहे गये हैं ।।४६।।

व्याख्या - प्रायः लोग सुषुप्ति में आनन्द को स्वीकार नहीं कर पाते, इसलिये श्रुति अनेक दृष्टान्त देकर सुषुप्ति में सुख होना सिद्ध करती है । यहाँ आचार्य पाँच दृष्टान्तों का उल्लेख करते हैं । शकुनि (पक्षी), श्येन (बाज), कुमार (स्तनपान करने वाला बालक), महानृप (चक्रवर्ती सम्राट्), महाब्राह्मण (ब्रह्मवेत्ता) ये सभी दृष्टान्त सुषुप्ति में आनन्द की बात को स्पष्ट करने के लिये श्रुति में कहे गये हैं ।

शकुनिस्सूत्रबद्धस्सन्दिक्षु व्यापृत्य विश्रमम् ।
अलब्ध्वा बन्धनस्थानं हस्तस्तम्भाद्युपाश्रयेत् ।।४७।।

अन्वयः - शकुनिः सूत्रबद्धः सन्दिक्षु व्यापृत्य विश्रमम् अलब्ध्वा बन्धनस्थानं हस्तस्तम्भादि उपाश्रयेत्।

जीवोपाधिमनस्तद्वद्धर्माधर्मफलाप्तये ।
स्वप्ने जाग्रति च भ्रान्त्वा क्षीणे कर्मणि लीयते ।।४८।।

अन्वयः - तद्वत् जीवोपाधि मनः धर्माधर्मफलाप्तये स्वप्ने जाग्रति भ्रान्त्वा कर्मणि क्षीणे लीयते।

श्येनो वेगेन नीडैकलम्पटश्शयितुं व्रजेत् ।
जीवस्सुप्त्यै तथा धावेद्ब्रह्मानन्दैकलम्पटः ।।४९।।

अन्वयः - श्येनः शयितुं नीडैकलम्पटः वेगेन व्रजेत् । तथा जीवः ब्रह्मानन्दैकलम्पटः सुप्त्यै धावेत्।

प्रथम दृष्टान्त को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - जैसे डोरी से बँधा शकुनि (पक्षी) चारों ओर उड़कर थक जाता है और कहीं विश्राम न पाकर हाथ अथवा स्तम्भ आदि अपने बन्धन स्थान का ही आश्रय लेता है, उसी प्रकार जीवरूपी उपाधिवाला मन धर्म और अधर्म के फल प्राप्त करने के लिये स्वप्न और जाग्रत् में भ्रमण करके (भटकते-भटकते) कर्म क्षीण हो जाने पर विलीन हो जाता है ।।४७-४८।।

व्याख्या - जीव को सुषुप्ति में ही विश्राम मिलता है, इसे सिद्ध करने के लिये छान्दोग्य उपनिषद् का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं । ***''स यथा शकुनिः सूत्रेण प्रबद्धो दिशं दिशं पतित्वाऽन्यत्रायतनमलब्ध्वा बंधनमेवोपश्रयत एवमेव खलु सोम्य तन्मनो दिशं दिशं पतित्वाऽन्यत्रायतनमलब्ध्वा प्राणमेवोपश्रयते प्राणबन्धनं हि सोम्य मनः''*** (छा.उ. ६/८/२) अर्थात् जिस प्रकार डोरी में बँधा हुआ पक्षी दिशा-विदाशों में उड़कर अन्यत्र स्थान न मिलने पर अपने बन्धन स्थान का ही आश्रय लेता है, इसी प्रकार निश्चय ही हे सोम्य ! यह मन (जीव) दिशा-विदिशाओं में जाकर अन्यत्र स्थान न मिलने से प्राण रूपी परमात्मा का ही आश्रय लेता है, क्योंकि हे सोम्य ! मन प्राणरूप बन्धन वाला ही है ।

इस श्रुति में यही कहा गया है कि सूत्र से बँधा हुआ पक्षी अपने बन्धन की निवृत्ति के लिये दिशाओं में इधर-उधर उड़ता हुआ विश्राम को प्राप्त न करने के कारण जैसे हस्त (हाथ) स्तम्भ आदि अपने बन्धन स्थान का ही आश्रय लेता है, उसी प्रकार यह मन अर्थात् जीव की उपाधि रूप मन धर्म और अधर्मरूप फल की प्राप्ति के लिये अर्थात् पुण्य-पाप के फलों का अनुभव करने के लिये जाग्रदवस्था और स्वप्नावस्था में भटकते-भटकते थक जाता है और उसके कर्म फलों का उपभोग करने से जब क्षीण हो जाते हैं तब वह अपने उपादान अज्ञान में लीन हो जाता है । भाव यह है कि उपाधि के नष्ट होने पर उपाधिकृत जीवत्व भी नष्ट हो जाता है, अतः वह अपने स्वरूप को ही प्राप्त हो जाता है ।

अब श्येन दृष्टान्त को दार्ष्टान्तिक में घटाते हैं ।

अर्थ - जैसे बाज केवल अपने घोसले की अभिलाषा करता हुआ उसमें शयन करने के लिये वेग से गमन करता है, उसी प्रकार जीव भी केवल ब्रह्मानन्द की ही अभिलाषा करता हुआ सुषुप्ति के लिये गमन करता है ।।४९।।

व्याख्या - जैसे बाज आकाश में अतिशय वेग से उड़कर उड़ान की थकावट को दूर करने के लिये

अतिबालःस्तनं पीत्वा मृदुशय्यागतो हसन् ।
रागद्वेषाद्यनुत्पत्तेरानन्दैकस्वभावभाक् ॥५०॥

अन्वयः - अतिबालः स्तनं पीत्वा मृदुशय्यागतः हसन् रागद्वेषाद्यनुत्पत्तेः आनन्दैकस्वभावभाक्।

महाराजस्सार्वभौमस्सन्तृप्तस्सर्वभोगतः।
मानुषानन्दसीमानं प्राप्यानन्दैकमूर्तिभाक् ॥५१॥

अन्वयः - सार्वभौमः महाराजः सर्वभोगतः संतृप्तः मानुषानन्दसीमानं प्राप्य आनन्दैकमूर्तिभाक्।

महाविप्रो ब्रह्मवेदी कृतकृत्यत्वलक्षणाम् ।
विद्यानन्दस्य परमां काष्ठां प्राप्यावतिष्ठते ॥५२॥

अन्वयः - महाविप्रः ब्रह्मवेदी कृतकृत्यत्वलक्षणां विद्यानन्दस्य परमां काष्ठां प्राप्य अवतिष्ठते ।

नीडैकलम्पट अर्थात् केवल अपने घोंसले की ही अभिलाषा करता हुआ उसमें शयन करने के लिये अत्यन्त वेग से उसकी ओर जाता है । उसी प्रकार यह जीव भी ब्रह्मानन्दलम्पट अर्थात् केवल ब्रह्मानन्द की ही इच्छा करता हुआ सुषुप्ति में हृदयाकाश के प्रति दौड़ता है ।

बृहदारण्यक उपनिषद् के चौथे अध्याय में याज्ञवल्क्य-जनक संवाद है । वहाँ याज्ञवल्क्य जी कहते हैं - ***''तद् यथास्मिन्नाकाशे श्येनो वा सुपर्णो वा विपरिपत्य परिश्रान्तः संहृत्य पक्षौ संलयायैव ध्रियत एवमेवायं पुरुष एतस्मा अन्ताय धावति यत्र सुप्तो न कञ्चन कामं कामयते न कञ्चन स्वप्नं पश्यति''*** (बृ.उ. ४/३/१९) अर्थात् जिस प्रकार इस आकाश में श्येन (बाज) अथवा सुपर्ण (गरुड़) सब ओर उड़कर थक जाने पर पंखों को फैलाकर घोंसले की ओर ही जाता है, उसी प्रकार यह पुरुष इस स्थान की ओर दौड़ता है जहाँ सोने पर यह किसी भोग की इच्छा नहीं करता और न कोई स्वप्न ही देखता है ।

अब कुमार (स्तनपान करनेवाला बालक) महानृप और महाब्राह्मण का उदाहरण तीन श्लोकों में प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - शिशु माता का दूध पीकर कोमल शय्या पर लेटा देने पर हसता है क्योंकि राग-द्वेष आदि के अभाव में वह केवल आनन्दस्वभाव वाला होता है । सार्वभौम महाराजा समस्त भोगों से तृप्त होकर मनुष्य के आनन्द की सीमा को पाकर केवल आनन्द की मूर्ति बन जाता है । ब्रह्मज्ञानी महाब्राह्मण कृतकृत्यता रूप विद्यानन्द की परम काष्ठा को प्राप्त कर (ब्रह्मानन्द में निमग्न) रहता है । (इसी प्रकार जीव सुषुप्ति में ब्रह्मानन्दस्वरूप ही हो जाता है)।।५०-५२।।

व्याख्या - यहाँ तीन दृष्टान्त दिये गये हैं - शिशु, चक्रवर्ती सम्राट् और महाब्राह्मण । इन तीनों के आनन्द को क्रम से बताते हैं । छोटा-सा बालक अर्थात् शिशु जिसमें लौकिकज्ञान का सर्वथा अभाव है, वह स्तनन्धय बालक माता के स्तनों का पान करके (दूध पीकर) जब माता के द्वारा कोमल शय्या पर (पालने आदि में) लेटा दिया जाता है तब वह अकारण ही मन्द-मन्द मुस्कुराता है, इसका कारण यह है कि उसमें आनन्द के विरोधी जो राग-द्वेषादि हैं, उनका सर्वथा अभाव होता है । राग-द्वेष की उत्पत्ति ही न होने के कारण वह बालक केवल आनन्दस्वरूप होता है अर्थात् स्वाभाविक सुखस्वरूप आनन्द का अनुभव करता है । और जो सार्वभौम महाराजा अर्थात् चक्रवर्ती सम्राट् समस्त पृथ्वी का

मुग्धबुद्धातिबुद्धनां लोके सिद्धा सुखात्मता ।
उदाहृतानामन्ये तु दुःखिनो न सुखात्मकः ।।५३।।

अन्वयः – उदाहृतानां मुग्धबुद्धातिबुद्धनां सुखात्मता लोके सिद्धा। अन्ये तु दुःखिनः सुखात्मकाः न।

स्वामी है । वह समस्त भोगों से सन्तृप्त होकर, एक मनुष्य का अधिक से अधिक जितना भी आनन्द है (उस आनन्द को मानुषानन्द की सीमा कहते है) वह उस सीमा को प्राप्त कर केवल आनन्द की मूर्ति बन जाता है । श्रुति में एक मनुष्य के आनन्द की सीमा का वर्णन करते हुए कहा गया है कि – ***''युवा स्यात्साधुयुवाऽध्यायकः। आशिष्ठो द्रढिष्ठो बलिष्ठः । तस्येयं पृथ्वी सर्वा वित्तस्य पूर्णा स्यात्। स एको मानुष आनन्दः''*** (तै. उ. २/८/१) अर्थात् – साधुस्वभाव वाला, नवयुवक, वेदादिशास्त्रों का अध्ययन किया हुआ, अत्यन्त आशावान, अत्यन्त दृढ़ और अत्यन्त बलवान हो एवं उसके उपभोग के लिये धन–धान्यादि से परिपूर्ण समस्त पृथ्वी भी हो, उसका वह आनन्द एक मनुष्य आनन्द की सीमा है ।

अब ब्रह्मज्ञानी का उदाहरण देते हैं । जो ब्रह्मज्ञानी होता है, उसी को महाब्राह्मण कहते हैं । वह कृतकृत्यता रूप ब्रह्मविद्या के आनन्द को प्राप्त कर परम उत्कृष्ट काष्ठा को अर्थात् जीवन्मुक्ति की अवस्था को प्राप्त कर सदा ब्रह्मानन्द में ही स्थित रहता है ।

इन तीनों दृष्टान्तों को श्रुति में इस प्रकार प्रस्तुत किया गया है । ***''स यथा कुमारो वा महाराजो वा महाब्राह्मणो वाऽतिघ्नीमानन्दस्य गत्वा शयीतैवमेवैष एतच्छेते''*** अर्थात् सुषुप्ति में जीव कुछ भी न जानता हुआ ब्रह्मानन्द में निमग्न रहता है, जैसे कोई छोटा–सा बालक अथवा कोई महाराजा किंवा महाब्राह्मण आनन्द की दुःखनाशिनी अवस्था को प्राप्त होकर शयन करे, उसी प्रकार यह शयन करता है ।

श्रीशङ्कराचार्य जी अपने भाष्य में लिखते हैं कि – ***''एषां च कुमारादीनां स्वभावस्थानां सुखं निरतिशयं प्रसिद्धं लोके विक्रियमाणानां हि तेषां दुःखं न स्वभावतः तेन तेषां स्वाभाविक्यस्था दृष्टान्तत्वेनोपादीयते प्रसिद्धत्वात्*** " (बृ.उ.शां.भाष्य २/१/१९) अर्थात् अपने स्वभाव में स्थित इन कुमारादि का सुख लोक में सबसे बढकर प्रसिद्ध है, उन्हें विकृत होने पर ही दुःख होता है स्वभावतः नहीं, अतः प्रसिद्ध होने के कारण उनकी स्वाभाविक अवस्था को दृष्टान्त रूप से ग्रहण किया गया है ।

यद्यपि यहाँ सुषुप्ति के आनन्द का प्रतिपादन किया जा रहा है इसलिये ज्ञानी पुरुष के ब्रह्मानन्द का उदाहारण दिया गया है, किन्तु मुख्य प्रतिपाद्य विषय तो ब्रह्मानन्द ही है । सुषुप्ति का आनन्द तो उसके लिए एक दृष्टान्त मात्र है । श्रीशङ्कराचार्य जी भाष्य में लिखते हैं कि ***''न तेषां स्वाप एवाभिप्रेतः स्वापस्य दार्ष्टान्तिकत्वेन विवक्षितत्त्वात् विशेषाभावाच्च''*** (बृ.उ.शां.भाष्य २/१/१९) अर्थात् यहाँ केवल उनकी सुषुप्तावस्था से भी अभिप्राय नहीं है क्योंकि सुषुप्तावस्था तो दार्ष्टान्तिक रूप से ग्रहण की गयी है, अन्यथा दोनों में कोई विशेषता ही न रहेगी ।

उक्त श्लोकों का सार बताते हैं ।

अर्थ – इन दृष्टान्तों में कथित मुग्ध, बुद्ध और अतिबुद्ध की सुखरूपता लोक में प्रसिद्ध है और अन्य सभी तो दुःखी ही हैं, सुखी कोई नहीं है ।।५३।।

व्याख्या – इन दृष्टान्तों में कथित मुग्ध, बुद्ध और अतिबुद्ध की सुखरूपता लोक में प्रसिद्ध है और अन्य सभी तो दुःखी ही हैं, सुखी कोई नहीं है । श्रुति ने मनुष्यों में से बालक, महाराजा और महाब्राह्मण ये तीन दृष्टान्त दिये हैं । प्रथम दृष्टान्त मुग्ध का है, द्वितीय बुद्ध का और तृतीय अतिबुद्ध का है । बालक मुग्ध अर्थात्

कुमारादिवदेवायं ब्रह्मानन्दैकतत्परः।
स्त्रीपरिष्वक्तवद्वेद न बाह्यन्नापि चान्तरम् ।।५४।।

अन्वयः - कुमारादिवत् एव अयं ब्रह्मानन्दैकतत्परः। स्त्रीपरिष्वक्तवत् बाह्यं न आन्तरम् अपि च न वेद।

बाह्यं रथ्यादिकं वृत्तं गृहकृत्यं यथान्तरम् ।
तथा जागरणं बाह्यन्नाडीस्थस्स्वप्न आन्तरः।।५५।।

अन्वयः - यथा रथ्यादिकं बाह्यं वृत्तम् । गृहकृत्यं आन्तरम् । तथा जागरणं बाह्यम् । नाडीस्थः स्वप्नः आन्तरः।

अविवेकी है, उसे न देहाभिमान होता है और न राग-द्वेष । वह न अपना-पराया जानता है और न मानापमान। उसके लिये शत्रु-मित्र सब एक समान हैं । उसमें विवेक करने की क्षमता नहीं है, इसलिये उसे मुग्ध कहा गया है । चक्रवर्ती सम्राट् बालक की तरह मुग्ध न होकर बुद्ध है, फिर भी वह आनन्दित होता है । राजा के सुख का कारण समस्त लौकिक सुखों की प्राप्ति है । वह जानता है कि मुझसे अधिक सुख किसी को नहीं है इसलिये वह किसी से राग-द्वेष नहीं करता और सदा प्रसन्न रहता है । महाब्राह्मण को प्रबुद्ध कहा गया है । वह समस्त जगत् को मिथ्या समझता है और किसी से राग-द्वेष नहीं करता है ।

इन तीन प्रकार के पुरुषों की अपेक्षा संसार में सभी मनुष्य राग-द्वेष और तृष्णा से ग्रसित हैं । वे सब न्यूनाधिक दुःखी ही रहते हैं, उनमें से किसी को सुखी नहीं कह सकते । इसलिए श्रुति ने सुप्त पुरुष की तुलना तीन ही प्रकार के पुरुषों से की है ।

कुमारादि के समान जीव के आनन्दैकपरत्व को प्रदर्शित करने वाली श्रुति का उदाहरण देते हैं ।

अर्थ - कुमारादि के समान यह जीव सुषुप्ति में ब्रह्मानन्दैक तत्पर होता है । (प्रिय) स्त्री का आलिंगन करने वाले (कामी) पुरुष के समान यह जीव बाहर-भीतर कुछ नहीं जानता ।।५४।।

व्याख्या - कुमारादि के समान अर्थात् बालक, महाराजा और ब्रह्मज्ञानी (महाब्राह्मण) इनके समान यह जीव सुषुप्ति में ब्रह्मानन्दैकतत्पर होता है अर्थात् केवल ब्रह्मानन्द में ही निमग्न रहता है । उसे उस समय कुछ भी प्रतीत नहीं होता, वह न बाह्य पदार्थों (स्थूल) को जानता है और न आभ्यन्तर (सूक्ष्म) पदार्थों को जानता है । इस विषय में दृष्टान्त देते हैं - जैसे अपनी प्रिय स्त्री का आलिंगन करने वाला कामी पुरुष बाह्य-आभ्यन्तर कुछ भी नहीं जानता, उसी प्रकार सुषुप्ति में यह जीव भी बाह्य-आभ्यन्तर ज्ञानशून्य होकर केवल सुखस्वरूप ही हो जाता है । यह दृष्टान्त बृहदारण्यक श्रुति से लिया गया है । वहाँ पर कहा गया है कि ***''तद्यथा प्रियया स्त्रिया संपरिष्वक्तो न बाह्यं किंचन वेद नान्तरमेवमेवायं पुरुषः प्राज्ञेनात्मना संपरिष्वक्तो न बाह्यं किंचन वेद नान्तरम् ''*** (बृ.उ. ४/३/२१) अर्थात् व्यवहार में जिस प्रकार अपनी प्रिय भार्या का आलिंगन करने वाल पुरुष न बाह्य को जानता है और न भीतर को, इसी प्रकार यह पुरुष प्राज्ञ आत्मा से आलिंगन करने पर न कुछ बाहर का विषय जानता है और न भीतर का ।

अब दृष्टान्त और दार्ष्टान्तिक वाक्यगत बाह्य-आभ्यान्तर शब्दों को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - जैसे सड़क आदि पर होती घटनाएँ घर के बाहर की हैं और घर के काम आन्तरिक हैं, वैसे ही जागते समय की घटनाएँ बाह्य और नाड़ी में प्रतीत होने वाला स्वप्न आन्तरिक है ।।५५।।

पितापि सुप्तावपितेत्यादौ जीवत्ववारणात् ।
सुप्तौ ब्रह्मैव नो जीवस्संसारित्वासमीक्षणात् ।।५६।।

अन्वयः - सुप्तौ पिता अपि अपिता इत्यादौ जीवत्ववारणात् संसारित्वासमीक्षणात् सुप्तौ ब्रह्म एव। जीवः नो ।

पितृत्वाद्यभिमानो यस्सुखदुःखाकरस्स हि ।
तस्मिन्नपगते तीर्णस्सर्वाञ्छोकान्भवत्ययम् ।।५७।।

अन्वयः - यः पितृत्वाद्यभिमानः सः हि सुखदुःखाकरः। तस्मिन् अपगते अयं सर्वान् शोकान् तीर्णः भवति।

व्याख्या - बाहर का अर्थ घर के बाहर और आन्तरिक का अर्थ घर के भीतर है । स्त्री पुरुष अपने एकत्व के सुख में इतने मग्न रहते हैं कि उन्हें घर के भीतर की और बाहर सड़क पर होने वाली घटनाओं का कोई ज्ञान नहीं रहता । इसी प्रकार जीव को भी सुषुप्ति में किसी का भी ज्ञान नहीं होता है । जाग्रत् अवस्था की घटनाएँ उसके लिए बाह्य कही गई हैं और नाड़ी में स्थित अर्थात् सूक्ष्मनाड़ी में प्रतीत होने वाला स्वप्न आन्तरकि है ।

सुषुप्ति में जीव के ब्रह्मानन्दत्व के विषय में श्रुति का तात्पर्य कहते हैं ।

अर्थ - 'सुषुप्ति में पिता भी अपिता हो जाता है' इत्यादि श्रुति में जीवभाव के निवारण से और संसारित्व न दिखाई देने से सुषुप्ति में ब्रह्म ही है, जीव नहीं है ।।५६।।

व्याख्या - सुषुप्ति में पिता भी अपिता हो जाता है अर्थात् पिता भी पिता नहीं रहता, इस प्रकार श्रुति में जीवभाव का निवारण किया गया है । ***''अत्र पितापिता भवति मातामाता लोका अलोका देवा अदेवा वेदा अवेदाः''*** (बृ.उ.४/३/२२) इस श्रुति का अर्थ है - यहाँ (सुषुप्ति में) पिता अपिता हो जाता है, माता अमाता हो जाती है, लोक अलोक हो जाते हैं, देव अदेव हो जाते हैं, वेद अवेद हो जाते हैं तथा चोर, भ्रूणहत्यारा, चाण्डाल, पौल्कस, श्रमण और तापस क्रम से अचोर, अभ्रूणहा, अचाण्डाल, अपौल्कस, अश्रमण और अतापस हो जाते हैं । उस समय यह पुरुष पुण्य-पाप से असम्बद्ध हो जाता है और हृदय के सम्पूर्ण शोकों को पार कर जाता है । इस श्रुति में सुषुप्ति अवस्था में जीवत्व का निवारण किया गया है । और उस समय संसारित्व भी नहीं दिखाई देता, अतः सुषुप्ति में एकमात्र ब्रह्म ही है, जीव नहीं है अर्थात् वहाँ जीवत्व का अनुभव नहीं होता है । भाव यह है कि सुषुप्ति में पिता-पुत्रादि समस्त सांसारिक बन्धन दूर हो जाने से अविद्या, काम और कर्म से विनिर्मुक्त समस्त सम्बन्धों से रहित यह जीव केवल आनन्दस्वरूप ही रहता है ।

पूर्वश्लोक के चतुर्थ पद का विवरण करने के लिए उक्त श्रुति के उत्तरार्ध का तात्पर्य कहते हैं ।

अर्थ - पितृत्वादि का जो अभिमान है, वही सुख-दुख की खान (मूल) है । उस अभिमान के निवृत्त होने पर यह पुरुष समस्त शोकों से पार हो जाता है ।।५७।।

व्याख्या - ***''तीर्णो हि तदा सर्वान् शोकान् हृदयस्य भवति''*** (बृ.उ. ४/३/२२) इसी श्रुति का भावार्थ कहते हैं कि जो पितृत्वादि का अभिमान है अर्थात् 'यह मेरा पुत्र है, मैं इसका पिता हूँ' इस प्रकार का जो अभिमान है, वही सुख-दुःख की खान है अथात् उनका मूल है । जैसे कोयले की खान में कोयला ही मिलता है, वैसे ही अभिमान रूपी खान में सुख-दुःख ही प्राप्त होते हैं । उस अभिमान के निवृत्त होने पर अर्थात् उस संसार के निवृत्त होने पर यह पुरुष (जीव) पुण्य-पाप और उनके फलरूप सुख-दुःख आदि समस्त सांसारिक शोकों से पार हो जाता है । तात्पर्य यह है कि जीव के सांसारिकाभिमान

सुषुप्तिकाले सकले विलीने तमसावृतः।
सुखरूपमुपैतीति ब्रूते ह्याथर्वणी श्रुतिः॥५८॥

अन्वयः - "सुषुप्तिकाले सकले विलीने तमसा आवृतः सुखरूपम् उपैति" इति आथर्वणी श्रुतिः ब्रूते हि।

सुखमस्वाप्समत्राहन्न वै किञ्चिदवेदिषम् ।
इति सुप्ते सुखाज्ञाने परामृशति चोत्थितः॥५९॥

अन्वयः - उत्थितः "अत्र सुखम् अहम् अस्वाप्सम् "। "किञ्चित् न अवेदिषम् "इति सुप्ते सुखाज्ञाने च परामृशति।

परामर्शोऽनुभूतेऽस्तीत्यासीदनुभवस्तदा।
चिदात्मत्वात्स्वतो भाति सुखमज्ञानधीस्ततः॥६०॥

अन्वयः - परामर्शः अनुभूते अस्ति इति तदा अनुभवः आसीत् । चिदात्मत्वात् सुखं स्वतः भाति। ततः अज्ञानधीः।

के अभाव में समस्त दुःखों का अभाव हो जाता है ।

अब कैवल्य श्रुति का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - सुषुप्ति काल में सब कुछ विलीन हो जाने पर तम से आवृत यह जीव सुखस्वरूप ब्रह्म को प्राप्त कर लेता है, ऐसा आथर्वणी श्रुति कहती है ॥५८॥

व्याख्या - सुषुप्ति में दुःख का अभाव ही नहीं, वरन् सुख भी है । इसमें कैवल्योपनिषद् को प्रमाण रूप से प्रस्तुत करते हैं । ***"स्वप्ने स जीवः सुखदुःखभोक्ता स्वमायया कल्पितजीवलोके । सुषुप्तिकाले सकले विलीने तमोभिभूतः सुखरूपमेति"*** (कै.उ. १३) अर्थात् वह जीव स्वप्नावस्था में अपनी ही माया से कल्पित संसार में सुख-दुःख का भोक्ता बनता है और सुषुप्तिकाल में सब कुछ विलीन हो जाने पर तम से अभिभूत होकर सुखरूप हो जाता है ।

सुषुप्ति काल में जाग्रत् और स्वप्नरूप अपनी माया से कल्पित समस्त संसार का अपनी उपादानभूत तमःप्रधान प्रकृति में विलय हो जाने पर यह जीव तम से अर्थात् प्रकृति से आवृत (आच्छादित) होकर सुखरूप (आनन्दस्वरूप) ब्रह्म को प्राप्त कर लेता है यानी कि आनन्दस्वरूप ब्रह्म ही हो जाता है । ऐसा आथर्वणी श्रुति कहती है अर्थात् ऐसा अथर्ववेद की कैवल्य नामक उपनिषद् में कहा गया है।

उक्तार्थ के सर्वानुभवसिद्धत्व को दर्शाते हैं ।

अर्थ - सोकर उठा हुआ पुरुष 'मैं यहाँ (सुषुप्ति में) सुख से सोया' और 'मैंने कुछ भी नहीं जाना' इस प्रकार सुषुप्ति कालीन सुख और अज्ञान दोनों को स्मरण करता है ॥५९॥

व्याख्या - सोकर उठा हुआ पुरुष ऐसा कहता है कि आज मैं ऐसा सुख से सोया कि मुझे कुछ पता ही न चला अर्थात् मैं सुषुप्ति में सुख से सोया और मैंने कुछ भी नहीं जाना, इस प्रकार वह सुषुप्ति के सुख और अज्ञान इन दोनों का स्मरण करता है । इसलिये सुषुप्ति में सुख का होना अनुभव से भी सिद्ध होता है ।

स्मृति अनुभवमूलिका होने के कारण तन्मूलक अनुभव सुषुप्ति में स्वीकार करना चाहिये, इस प्रकार कहते हैं ।

अर्थ - स्मरण अनुभव किये हुए विषय का ही होता है, इसलिये उस समय (सुषुप्ति में) अनुभव था। सुख चिदात्मक होने के कारण स्वतः भासित होता है और उसी से अज्ञान की भी प्रतीति होती है ॥६०॥

व्याख्या :-उपपादितेऽस्मिन्सौषुप्तानन्दे शकुन्यादयो बहवो दृष्टान्ताश्श्रुत्युक्तास्सन्तीत्याह । ननु भवत्वेवं स्वप्रक्रियाप्रकारस्तथापि तत्र वृत्त्यभावान्निर्विशेषब्रह्मानन्दानुभवसत्त्वे किं प्रमाणमित्याशङ्कायां तादृशकुतार्किकादीन्बोधयितुं करुणया श्रुत्यैव पञ्चभिरपि दृष्टान्तैरनुमानस्यैवोपन्यस्तत्वान्मैवमिति मन्वानस्तान्दृष्टान्तान्दर्शयति । शकुनिश्श्येनः कुमारो माहानृपो महाब्राह्मणश्चेत्येते पञ्चापि दृष्टान्तास्सुप्त्यानन्दे धीवृत्त्यभावादनिश्चेयसत्ताकेऽस्य सौषुप्तिकानन्दे श्रुतीरिताश्श्रुत्या बोधिताः । एतैर्दृष्टान्तैस्सुप्तौ आनन्दोपपादनेन तत्र सुखं नास्तीति मतं निराकृतं वेदितव्यम् ।

छान्दोग्यप्रसिद्धं शकुनिदृष्टान्तविवरणवचनमादाववतारयति । "स यथा शकुनिः सूत्रेण प्रबद्धो दिशं दिशं पतित्वान्यत्रायतनमलब्ध्वा बन्धनमेवोपाश्रयत एवमेव खलु सोम्य तन्मनो दिशं दिशं पतित्वान्यत्रायतनमलब्ध्वा प्राणमेवोपाश्रयते प्राणबन्धनं हि सोम्य मन" इति श्रुतिः । शकुनिः पक्षी क्वचिद्बद्धस्तादौ सूत्रबद्ध आधारसूत्रेण बद्धस्सन्नाहारादिग्रहणाय दिक्ष्वितस्ततः पच्यादिषु व्यापृत्य व्यापारं कृत्वा बहुवारमुड्डीयमानोऽपि स्वप्रयत्नेन बन्धनमोक्षायासमर्थस्तत्र विश्रमं विश्रम्यतेऽस्मिन्निति विश्रम आधारस्तमलब्ध्वा बन्धनस्थानं हस्तस्तम्भादि हस्तस्तम्भयष्टिकाद्युपाश्रयेदुपाश्रयते ।

दृष्टान्तार्थं दार्ष्टान्तिके योजयति । तद्वज्जीवोपाधिमनो जीवस्योपाधिभूतं मनो धर्माधर्मफलाप्तये पुण्यापुण्य फलयोस्सुखदुःखयोरनुभवाय सुकृतदुष्कृतफलस्योपभोगाय स्वप्ने जाग्रति च तत्तदवस्थयोस्तत्र तत्र भ्रान्त्वोपभोगोत्तरं भोगप्रदे कर्मणि क्षीणे सति स्वोपादानेऽज्ञाने लीयते । सौषुप्ताज्ञानावच्छिन्नब्रह्मणि तल्लयात्तदुपहितो जीवः परमात्मैव भवति । उपाधिनाशेन तत्कृतधर्मस्य जीवत्वस्यापि नाशस्सम्मत एव । अतस्स्वस्वरूपमेवैतीति श्येनदृष्टान्तस्सूपपादितः।

सम्प्रति बार्हदारण्यकं वचनमवतारयति । "तद्यथास्मिन्नाकाशे श्येनो वा सुपर्णो वा विपरिपत्य परिश्रान्तस्संहृत्य पक्षौ स्वालयायैव ध्रियत एवमेवायं पुरुष एतस्मा आनन्दाय धावति यत्र सुप्तो न कञ्चन कामं कामयते न कञ्चन स्वप्नं पश्यती"ति । श्येनदृष्टान्तप्रपञ्चनपरैवेयं श्रुतिः । यथा श्येन आकाशेऽतिवेगेनोड्डीय सर्वतः प्रचरन्परिपतनपरिश्रान्तो गगनसञ्चारनिमित्तश्रमपरिहाराय शयितुं निद्रातुं नीडैकलम्पटः कुलायमात्राभिलाषी व्रजेच्छीघ्रं गच्छेत्तथा जीवोऽपि मनउपाधिकश्चिदाभासो ब्रह्मानन्दैकलम्पटो ब्रह्मानन्दमेवान्विच्छन्सुप्त्यै स्वापाय जवेन हृदयाकाशं धावेद्गच्छेत् ।

अधुना बालभूपालाद्यवशिष्टदृष्टान्तप्रतिपादनपरां बालाकिब्राह्मणरूपां श्रुतिं सङ्गिपति। तत्रेयं श्रुतिः "स यथा कुमारो वा महाराजो वा महाब्रह्मणो वातिघ्नीमानन्दस्य गत्वा शयीतैवमेवैष एतच्छेत" इति। अतिबालोऽनुत्पन्न प्रत्यभिज्ञस्स्तनन्धयश्शिशुरागलं मातुस्स्तनं पीत्वा मृदुशय्यागतो मृदुलत्वादि गुणयोगिनि तल्पे शयानो हसन्नकारणमानन्दहासं कुर्वन्नागद्वेषाद्यनुत्पत्तेस्स्वकीयादिज्ञानशून्यत्वेन

व्याख्या - परामर्श (स्मरण) प्रमाणभूत न होने से उस परामर्श के बलपर सुख की सिद्धि कैसे हो सकती है ? ऐसी आशंका का उत्तर इस अभिप्राय से कहते हैं कि स्मरण का मूल अनुभव प्रमाण है, उसके बल से सुख की सिद्धि होती है । परामर्श अर्थात् स्मृति (स्मरण) अनुभूत विषय की होती है, अन्यत्र नहीं । इसलिये सुषुप्ति के समय अनुभव था, यह सिद्ध होता है । यदि कहो कि सुषुप्ति में समस्त इन्द्रियाँ

रागादिमलरहितस्सन्नानन्दैकरसस्वभावभाग्भवति सुखमूर्तिरेवावतिष्ठते । स्वभावतस्सुखस्वरूपमानन्द–मनुभवति।

महाराजदृष्टान्तमुपन्यसति महाराजस्सार्वभौमः सर्वस्या भूमेरीश्वरश्चक्रवर्ती " तस्येयं पृथिवी सर्वा वित्तस्य पूर्णा स्यात् । स एको मानुष आनन्दः" " स यो मनुष्याणां राद्धस्समृद्धो भवत्यन्येषामधिपतिस्सर्वैर्मानुष्यकैर्भोगैस्सम्पन्नतमस्स मनुष्याणां परम आनन्दः" इत्यादिश्रुतिभिस्सर्वभोग–तस्सर्वस्यैकस्य मानुषानन्दस्य भोगतोऽनुभवतो मानुषानन्दसीमानं प्राप्यानन्दैकमूर्तिभागानन्दस्वरूप एव भवति । अविशुद्धबुद्धिरपि राजा श्रुतिप्रसिद्धमनुष्यानन्दकाष्ठां प्राप्तस्सन्प्रार्थनीयाभावेन रागादिरहित आनन्दमूर्तिरेवावतिष्ठते ।

ब्रह्मज्ञानिनो महाविप्रस्य दृष्टान्तं विशदीकरोति । महविप्रो ब्रह्मनिष्ठो ब्रह्मवेदी ब्रह्मणोऽपरोक्षसाक्षात्कारवान्महाब्रह्मणः प्रत्यगभिन्नात्मज्ञानी कृतकृत्यत्वलक्षणामहंकृतकृत्य इत्येवं रूपा विद्यानन्दस्य विद्याया ज्ञानस्य य आनन्दस्तस्य परमामुत्कृष्टां काष्ठां कोटिं जीवन्मुक्त्यवस्थां प्राप्य परमानन्दस्वरूप एवावतिष्ठते तद्वत्सुप्तोऽपि परमानन्दरूप एवावतिष्ठते ।

दृष्टान्तत्रयोदाहरणसम्पिण्डितार्थमाह । पूर्वमुदाहृतानां मुग्धबुद्धातिबुद्धानां विवेकशून्यो मुग्धस्तेषां मध्ये बालोऽत्यन्तशैशवावस्थामापन्नस्तथा बुद्धानां विवेकिनां मध्ये सार्वभौमश्चक्रवर्ती बुद्धः तथातिबुद्धानामत्यन्त विवेकिनां ज्ञानशीलानामानन्दात्मस्वरूपसाक्षात्कारवांश्चेति तेषामीदृशानामेव सुखात्मता लोके शास्त्रे च प्रसिद्धा। न तु तद्भिन्नानाम् । अन्ये तूदाहृतेभ्य इतरे रागादिमत्त्वाद्दुःखिन एव न सुखात्मकाः ।

पूर्वमुपदर्शितकुमारादिवदस्य जीवस्य मुग्धबुद्धातिबुद्धलक्षणस्य ब्रह्मानन्दैकपरत्वयुक्तिप्रदर्शनपरं–ज्योतिब्रह्मणस्थमेव वचनमर्थतोऽनुक्रामति । " तद्यथा प्रियया स्त्रिया सम्परिष्वक्तो न बाह्यं किञ्चन वेद नान्तरमेवमेवायं पुरुषः प्राज्ञेनात्मना सम्परिष्वक्तो न बाह्यं किञ्चन वेद नान्तर" मित्यादिका श्रुतिः। कुमारादिवद्बालमहीपालात्मकुशला इव ते यथानन्दभाज एवमयमपि जीवस्सुषुप्तौ ब्रह्मानन्दैक–तत्परोऽद्वितीयब्रह्मानन्दैकभाक् । यथा लोके स्त्रीपरिष्वक्तः प्रियया स्त्रिया समालिङ्गितः कामुक इव न बाह्यं न वान्तरं किञ्चिद्वेद । अत्र बाह्यादिभावो देहापेक्षयैव ज्ञेयः । बाह्याभ्यन्तरज्ञानशून्यत्वात्सुखस्वरूपो भवति । कामी बाह्याभ्यन्तरज्ञानशून्य इति हेतोर्यथा सुखमूर्तिर्भवति तथैव सुषुप्तौ प्राज्ञेन परमात्मनैक्यं प्राप्तो जीवो बाह्यादिविषयज्ञानाभावात्केवलमानन्दस्वरूप एव भवति । प्रकृतौ दृष्टान्तदार्ष्टान्तिकवाक्यस्थौ बाह्याभ्यन्तरशब्दौ विवृणोति । यथा कामुकस्य विषये रथ्यादिकं वीथ्यादौ वर्तमानं वृत्तं वृत्तान्तं व्यापारो बाह्यं गृहकृत्यमान्तरम् । तथा जीवविषये जागरणं जाग्रदवस्था बाह्यम् । नाडीस्थो जग्रद्वासनावशान्नाडीमध्ये प्रतीयमानप्रपञ्चः स्वप्न आन्तरो भवति ।

एवं दृष्टान्तेषु प्रसुप्तौ जीवस्स्वरूपभूततदुपहितब्रह्मानन्दरूपेणावतिष्ठत इति स्वसिद्धान्ते कुतार्किककृतमानाभावाशङ्कोपशान्त्यर्थं पिशाचः पिशाचभाषयैव बोधनीय इति न्यायेनानुमानप्रधानं

मन के सहित विलीन हो जाने पर अनुभव की सिद्धि कैसे हो सकती है ? तो यह बताओ कि वह सुखानुभवसाधन के अभाव से नहीं होती अथवा अज्ञानानुभव साधन के अभाव से । प्रथम पक्ष ठीक नहीं है, क्योंकि साक्षी स्वतः चिदात्मक होने के कारण अर्थात् स्वयंप्रकाश, सुखस्वरूप होने के कारण

तं प्रत्यनुमानमेव प्रमाणत्वेन संसूच्य मीमांसकं प्रति श्रुतार्थापत्तिः तत्र तथात्वेन द्योतयितु "मत्र पितापिता भवति मातामाता लोका अलोका देवा अदेवा वेदा अवेदा अत्र स्तेनोऽस्तेनो भवति भ्रूणहाभ्रूण चाणडालोऽचाण्डालः पौल्कसोऽपौल्कसश्श्रमणोऽश्रमणस्तापसोऽतापसोऽनन्वागतं पुण्येनानन्वागतं पापेन तीर्णो हि तदा सर्वाञ्छोकान्हृदयस्य भवती"ति श्रुतिमर्थतस्सङ्क्षिपति ।

सौषुप्तिकस्वरूप सुखनिमग्नस्यापगतोपाधिखेदस्य जीवस्य वास्तवस्वरूपं यद्ब्रह्मानन्द-रूपेणावस्थितिस्तां सम्यक्प्रदर्शयत्यत्र । पितापि सुप्तावपिता पिता न भवति । अपेतपितृभावो भवति। " अत्र पितापिते " त्यादिश्रुतिवाक्ये सुप्तावात्मनो जीवत्ववारणात्संसारि-त्वासमीक्षणात्संसारिभावस्यादर्शनात् ब्रह्मैव नो जीवस्तदा जीवत्वं नानुभूयत इत्याशयः । सुप्तावाध्यासिकानां पितृत्वादिजीवधर्माणां श्रुत्यैव निवारितत्वाज्जीवत्वाप्रतीतौ ब्रह्मतैवावशिष्यत इति तात्पर्यम् । सुषुप्तावपगतपितृपुत्रादिसर्वसंसारसम्बन्धतीतानन्दस्वरूपो भवतीति भावः । संसारासमीक्षण-विशदीकरणाय "तीर्णो हि तदे" त्यादि श्रुतिवाक्यस्य तात्पर्यं प्रस्तौति । अत्र सुप्तौ पितृत्वाद्यभिमानाभावेऽपि सुखित्वादिसंसाराभिमानः किं न स्यादिति संशये संसारस्य देहाभिमानमूल-त्वात्तदभावेऽभाव इति समाधीयते । यः पितृत्वाद्यभिमानो "ममायं पुत्रस्तस्याहं पिते" त्याकारकस्स एव हि सुखदुःखाकारः । तस्मिन्संसारेऽपगते सत्ययं जीवस्सर्वान्सांसारिकशोकान्पुण्यपापफलभूतानि सुखदुःखानि तीर्णो भवति । जीवस्य सांसारिकाभिमानाभावे सर्वदुःखाभावः।

ज्योतिर्ब्रह्मणस्य निगूढार्थं "स्वप्रे स जीवस्सुखदुःखभोक्ता स्वमायया कल्पितजीवलोके । सुषुप्तिकाले सकले विलीने तमोऽभिभूतस्सुखरूपमेती"ति कैवल्य श्रुत्या स्पष्टयति । सुषुप्तिकाले सकले दृष्टिसृष्ट्यभिप्रयेण जाग्रत्स्वप्नात्मके प्रपञ्चे इति, सृष्टिदृष्टिवादपक्षे तु सर्वांशे मनसीति । तस्मिन्स्वमायया कल्पितजीवलोके स्वोपादानभूतायां तमः प्रधानायां प्रकृतौ विलीने सति तमसा प्रकृत्यावृत आच्छादितो जीवस्सुखरूपमानन्दस्वरूपं ब्रह्मैवोपेति । सुखरूपो भवतीत्येवमाथर्वणी कैवल्यश्रुतिर्ब्रूते ।

अस्मिन्नेवार्थे स्वप्नोत्थितपरामर्शान्यथानुपपत्तिमपि प्रमाणयति । सुषुप्तेरुत्थितः पुरुष"स्सुखमहमस्वाप्सं न किञ्चिदवेदिष"मिति सुप्ते सुषुप्तौ वर्तमाने च श्रुत्युक्ते सुखाज्ञाने सुखमज्ञानं च परामृशति स्मरति। अतोऽपि सुषुप्तौ सुखमस्तीत्यवगम्यते । स्मृतेरनुभवमूलत्वात्तन्मूलभूतोऽनुभवस्सुषुप्तावङ्गीकार्य इत्याह। परामर्शस्स्मृति-रनुभूतेऽनुभूतविषये भवति नान्यत्राननुभूतविषय इत्यस्माद्धेतोस्तदा सुषुप्तिसमयेऽनुभव आसीदित्यवगम्यते।

सुषुप्तौ सर्वेन्द्रियाणां मनसा सह विलये जाते कथमनुभवसिद्धिरिति चेत्किं सुखानुभवसाधनाभावात्सा न स्यादुताहो अज्ञानानुभवसाधनाभावाद्वा ? नाद्यः । साक्षिणस्स्वतश्चिदात्मत्वात्। स्वप्रकाशस्वरूपत्वात्सुखं स्वतो भाति न तत्र साधनापेक्षा । न द्वितीयः। स्वप्रकाशस्वरूपस्य सुखस्य तत्साधनत्वादित्याह । ततश्चितेरज्ञानधीरज्ञानानुभवस्सुखस्वरूपः सद्वस्तु। सुखं च स्वयंप्रकाश-चिदात्मकमित्यतो न तस्य साधनापेक्षा । तस्य बलादज्ञानमपि प्रतीयत इत्यतो न द्वितीयस्यापि साधनापेक्षेति भाव इति शम् ।।

सुख स्वतः ही भासित होता है, उसे साधनान्तर की अपेक्षा नहीं होती । तथा दूसरा पक्ष भी ठीक नहीं है, क्योंकि स्वप्रकाशस्वरूप सुख उसका साधन है और उसी से अज्ञान की भी प्रतीति होती है । भाव यह है कि सुख स्वयंप्रकाश चिदात्मक है, इसलिये उसे अन्य साधन की अपेक्षा नहीं है । उसीके बल से अज्ञान भी प्रतीत होता है, इसलिये उसको भी साधनान्तर की अपेक्षा नहीं है ।

सौषुप्तिकसुखं ब्रह्मानन्द एवेति निरूपणम् ।

ब्रह्म विज्ञानमानन्दमिति वाजसनेयिनः।
पठन्त्यतः स्वप्रकाशं सुखं ब्रह्मैव नेतरम् ॥६१॥

अन्वयः - "विज्ञानम् आनन्दम् ब्रह्म इति वाजसनेयिनः पठन्ति। अतः स्वप्रकाशं सुखं ब्रह्म एव इतरत् न।

व्याख्या :- चित्प्रकाशस्वरूपं सौषुप्तिकसुखं "ब्रह्मानन्दस्स्वयं भवे" (११/४५)दिति तस्य ब्रह्मानन्दरूपत्वसम्भवे "विज्ञानमानन्दं ब्रह्मे"ति श्रुतिं प्रमाणयति । "तेनैक्यं प्राप्य तत्रत्यो ब्रह्मानन्दस्वयं भवे " दित्युक्तं "ब्रह्म विज्ञानमानन्द" मिति "विज्ञानानन्द स्वरूप"मिति वाजसनेयिना वाजसनेस्सूर्यस्य छात्रो वाजसनेयो याज्ञवल्क्यस्तेन प्रोक्तमधीयत इति तथोक्तशुक्लयजुर्वेदीयबृहदारण्यकश्रुत्यनुयायिनो " विज्ञानमानन्दं ब्रह्मे" ति पठन्ति । अतश्च स्वप्रकाशं सुखमानन्दो ब्रह्मैव नेतरदिति शम् ।।

सुषुप्तावानन्दमयस्य ब्रह्मानन्दानुभवत्वकथनम् ।

यदज्ञानन्तत्र लीनौ तौ विज्ञानमनोमयौ।
तयोर्हि विलयावस्था निद्राज्ञानञ्च सैव हि॥६२॥

अन्वयः - यत् अज्ञानं तत्र तौ विज्ञानमनोमयौ लीनौ। हि (यतः) तयोः विलयावस्था निद्रा। सा एव च अज्ञानं हि।

व्याख्या :- अनुभवस्मरणयोरेकाधिकरणत्वनियमात् "सुखमहमस्वाप्सं न किञ्चिदवेदिष"मिति

सौषुप्तिक सुख ब्रह्मानन्द ही है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - 'ब्रह्म विज्ञान और आनन्द है' ऐसा वाजसनेयी शाखा वाले कहते हैं, इसलिए स्वयंप्रकाश सुख ब्रह्म ही है और दूसरा नहीं ।।६१।।

व्याख्या - चित्प्रकाशस्वरूप सौषुप्तिक सुख ब्रह्मानन्द ही है । इस विषय में श्रुतिप्रमाण प्रस्तुत करते हैं । पहले श्लोक ४५ में कहा गया कि जीव सुषुप्ति में उसके साथ एकता प्राप्त कर उस समय वह स्वयं ब्रह्मानन्द स्वरूप हो जाता है । ब्रह्म विज्ञान और आनन्दस्वरूप है, ऐसा वाजसनेयी शाखा वाले कहते हैं ।***"वाजसनेः सूर्यस्य छात्रो वाजसनेयो याज्ञवल्क्यः"*** सूर्य के छात्र होने के कारण याज्ञवल्क्य जी को वाजसनेय कहा जाता है । उनके द्वारा प्रोक्त वेदमन्त्रों को जिन्होंने ग्रहण किया उन्हें वाजसनेयी शाखायी कहा जाता है । शुक्ल यजुर्वेदान्तर्गत बृहदारण्यक उपनिषद् इसी शाखा की होने से कहा कि इस शाखा के अनुयायी लोग ब्रह्म को विज्ञान और आनन्दस्वरूप कहते हैं अर्थात् ***"विज्ञानमानन्दं ब्रह्म"*** (बृ.उ. ३/९/२८) इस प्रकार बृहदारण्यकोपनिषद् में ब्रह्म को विज्ञान और आनन्दस्वरूप कहा गया है । इसलिये स्वयंप्रकाश सुख (आनन्द) ब्रह्म ही है, दूसरा कुछ नहीं है ।

पूर्वोक्त अज्ञान को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - जो अज्ञान है, उसमें विज्ञानमय और मनोमय वे दोनों लीन हो जाते हैं, इसलिए उन दोनों के विलय की अवस्था ही निद्रा है और वही निद्रा अज्ञान है ।।६२।।

व्याख्या - 'मैं सुख से सोया मैंने कुछ भी नहीं जाना' इस प्रकार की स्मृति जीव की ही है, इसलिये अनुभवकर्ता भी उसे ही मानना चाहिये और स्मृति तथा अनुभवकर्ता में सामानाधिकरण्य माना गया

च सौषुप्तसुखज्ञानतो विज्ञानमयशब्दवाच्येन जीवेन स्मर्यमाणत्वात्तस्यैव सुखाद्यनुभवितृत्वं वक्तव्यमित्याशङ्कायां तदुपाधेर्विज्ञानस्याज्ञानकार्यस्याज्ञाने विलीनत्वादेवं नेत्याशयेनाह । यत्सुषुप्तावनुभूयमानमज्ञानं न किञ्चिदवेदिषमिति स्मरणान्यथानुपपत्तिगम्यमानं तत्र तस्मिन्नज्ञाने प्रमातृप्रमाणभूतौ तौ प्रसिद्धौ विज्ञानमयौ कोशौ लीनौ विलयं गतौ तदाकारं विज्ञानत्वाद्याकारं विहाय कारणरूपं गतौ। अतो नानुभवितृत्वम् । जीवत्वव्यवहारभूतस्य कोशद्वयस्याभावे जीवत्वाभावात् । साम्राज्याभावे साम्राट्त्वाभावो यथा । तथा च सामानाधिकरण्यं कथं घटत इत्यत्राह । हि यस्मात्कारणात्तयोर्विज्ञानमनोमययोर्विलयावस्थैव निद्रेत्युच्यते । "विज्ञानविरतिस्सुप्ति"रित्यभिधानात्। सैव निद्रा ज्ञानं च भवति । विज्ञानमनोमययोर्विलयात्मिकाया निद्रायास्स्वरूपमेवाज्ञानमिति हेतोर्निद्रायां सुखाज्ञाने एव विद्येते । अनुस्मरणबलात्तयोरेवानुभूतिः । अतस्सैव निद्रा विद्वद्भिरज्ञानमिति व्यवह्रियत इति शम्।।

विज्ञानमयानन्दमयविवेचनम् –

विलीनघृतवत्पश्चात्स्याद्विज्ञानमयो घनः।
विलीनावस्थ आनन्दमयशब्देन कथ्यते।।६३।।

अन्वयः – विलीनघृतवत् पश्चात् विज्ञानमयः घनः स्यात्। विलीनावस्थः आनन्दमयशब्देन कथ्यते।

व्याख्या :- एवं तर्हि सौषुप्तसुखाद्यनुभवकालेऽसतो विज्ञानमयस्य प्रबोधे कथं तत्स्मर्तृत्वमित्याशङ्कायां विलयावस्थामपि तत्स्वरूपनाशाभावाद्विलयावस्थोपाधिमदानन्दमयरूपेणानुभवितृत्वं विज्ञानशब्दवाच्यघनीभावोपाधिमत्त्वेन स्मर्तृत्वं चैकस्य घटत इत्याशयेनाह । विलीनघृतवद्यथोष्णसंयोगेन विलीनं घृतं पुनश्शीतसंयोगेन घनी भवति तथा सुषुप्तावज्ञाने विलीनो

है इसलिए अन्य के द्वारा अनुभूत पदार्थ अन्य के स्मरण का विषय नहीं होता । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि सुषुप्ति में अनुभूयमान जो अज्ञान है, उस अज्ञान में प्रमाता और प्रमाणरूप विज्ञानमय और मनोमय वे दोनों कोश विलीन हो जाते हैं अर्थात् अपने आकार को छोड़कर कारण रूप हो जाते हैं । जीव के व्यवहार का कारण ये दोनों कोश ही हैं । इनके विलय हो जाने पर जीवत्व भी विलीन हो जाता है, जैसे राज्य के अभाव में राजत्व भी नहीं रहता । तो फिर दोनों का सामानाधिकरण्य कैसे होगा ? इस पर कहते हैं कि विज्ञानमय और मनोमय इन दोनों की विलयावस्था को ही निद्रा कहते हैं । ***"विज्ञानविरतिस्सुप्तिः"*** विज्ञानमय कोश से रहित को ही सुषुप्ति कहते हैं । उसी निद्रा को अज्ञान कहते हैं । भाव यह है कि विज्ञानमय और मनोमय की विलीनावस्था रूप निद्रा का स्वरूप ही अज्ञान है । अतः निद्रा में जीवभाव का अभाव होने से सुख और अज्ञान का अनुभव जीव का नहीं है ।

उक्त कथन को दृष्टान्त पूर्वक समझाते हैं ।

अर्थ – जैसे पिघला हुआ घी बाद में जम जाता है, वैसे ही निद्रावस्था में विलीन विज्ञानमय घनीभाव को प्राप्त हो जाता है । विलयावस्था में स्थित आत्मा ही आनन्दमयशब्द से कहा जाता है ।।६३।।

व्याख्या – जैसे गरम किया हुआ घी विलीन अर्थात् पिघल जाता है और पुनः वायु के संयोग से कुछ देर बाद घनीभूत अर्थात् जम जाता है, वैसे ही सुषुप्ति में अज्ञान में विलीन हुआ विज्ञानमय सुषुप्ति के बाद अर्थात् जाग्रदवस्था में पुनः घनीभाव को प्राप्त हो जाता है । जाग्रदवस्था में विज्ञानमय के घनीभूत

विज्ञानमयः पश्चात्सुषुप्त्यनन्तरं जागरिते घनः स्याद्घनी भवेत् । प्रबोधे विज्ञानमये घनीभूते सत्युपाधिविशिष्ट आत्मपि घनीभूत इव भवति । विलीनावस्थ आत्मैवानन्दमयशब्देन कथ्यते । एक एवात्मा निद्राविलीनावस्थायामानन्दमयो भूत्वा सुखाज्ञाने अनुभवति । प्रबोधे विज्ञानमयो भूत्वा ते स्मरति । एवं च तत्तदुपाधिकश्चिदाभास एक एव । भेदस्तूपाधिकृतः । जाग्रदादिषु भोगप्रदस्य कर्मणः क्षयवशान्निद्रारूपेण विलीनमन्तःकरणं पुनर्भोगप्रदकर्मवशात्प्रबोधे विज्ञानाकारेण घनी भवति। तथा चानुभवितृत्वस्मर्तृत्वयोरेकनिष्ठतासिद्धेर्नोपाधिभेदो न सामानाधिकरण्यविघटकत्वं च । कालभेदेन भिन्नदेशवर्तिन एकस्यैव देवदत्तस्यानुभवितृत्वस्मर्तृत्वदर्शनात् । न हि तत्र देशभेदस्सामानाधिकरण्यं विघटयति । अतश्चैकस्यैवोभयरूपत्वमिति शम् ।।

विलीनावस्थ एवानन्दमय इत्यर्थस्य स्पष्टीकरणम् -

सुप्तिपूर्वक्षणे बुद्धिवृत्तिर्या सुखबिम्बिता।
सैव तद्बिम्बसहिता लीनानन्दमयस्ततः।।६४।।

अन्वयः - सुप्तिपूर्वक्षणे या बुद्धिवृत्तिः सुखबिम्बिता। ततः तद्बिम्बसहिता लीना आनन्दमयः।

व्याख्या :- विलीनस्थ एवानन्दमय इति पूर्वं प्रतिपादितमर्थं विशदीकरोति । सुप्तिपूर्वक्षणे - "आत्माभिमुखधीवृत्तौ स्वानन्दः प्रतिबिम्बति । अनुभूयैनमत्रापि त्रिपुट्या श्रान्तिमाप्नुया"दित्युक्तरीत्या सुप्तेः पूर्वस्मिन्नव्यवहिते क्षणे आत्माभिमुखप्रतिबिम्बितमुखमुकुर इव सुखबिम्बता सुखस्य बिम्बं प्रतिबिम्बं सञ्जातं यस्यास्सा तथोक्ता सुखप्रतिबिम्बिताया बुद्धिवृत्तिरन्तर्मुखा मतिस्स्वरूपभूतसुख-प्रतिबिम्बयुक्ता भवति ततोऽनन्तरं तत्प्रतिबिम्बसहिता सैव वृत्तिर्निद्रारूपेण विलीनानन्दमय इत्यभिधीयते। तस्मात्सैव सुखिप्रतिबिम्बसहितावृत्तिरेव निद्रावस्थायां लीना सत्यानन्दमयो भवतीति शम् ।।

होने से तदुपाधिविशिष्टि आत्मा घनीभूत के समान हो जाता है । विलीनावस्था में स्थित आत्मा ही आनन्दमय शब्द से कहा जाता है । एक ही आत्मा निद्रा में विलीन होकर आनन्दमय बनकर सुख और अज्ञान दोनों का अनुभव करता है । और जागने पर विज्ञानमय होकर उनका स्मरण करता है । इस प्रकार तद्-तद् उपाधियुक्त चिदाभास एक ही है । भेद तो केवल उपधिकृत है । इस प्रकार मानने पर अनुभवकर्ता और स्मरणकर्ता की एकनिष्ठा सिद्ध होने पर उपाधिकृत भेद से दोनों में सामानाधिकरण्य भी घटित हो जाएगा । क्योंकि कालभेद से भिन्न देश में स्थित एक ही देवदत्त में अनुभवितृत्व और स्मर्तृत्व देखा गया है । जैसे देश भेद से दोनों का सामानाधिकरण्य विघटित नहीं होता, वैसे ही प्रकृत में भी जानना चाहिये।

पूर्वश्लोक के तृतीय पाद को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - सुषुप्ति से पूर्व क्षण में सुख प्रतिबिम्बित जो बुद्धि वृत्ति है, वही सुखप्रतिबिम्ब के सहित जब लीन हो जाती है तब आनन्दमय हो जाती है ।।६४।।

व्याख्या - पहले (श्लोक ४४ में) कह चुके हैं कि आत्माभिमुखी बुद्धिवृत्ति में स्वरूपभूत आनन्द का प्रतिबिम्ब पड़ता है । इस रीति के अनुसार सुषुप्ति से पूर्व के क्षण में दर्पण में मुख के समान सुखप्रतिबिम्बित जो बुद्धिवृत्ति है, वही सुखप्रतिबिम्ब के सहित जब निद्रावस्था में विलीन हो जाती है तब आनन्दमय हो जाती है ।

सुषुप्तौ ब्रह्मसुखानुभवप्रदर्शनम् –

अन्तर्मुखो य आनन्दमयो ब्रह्मसुखन्तदा।
भुङ्क्ते चिद्बिम्बयुक्ताभिरज्ञानोत्पन्नवृत्तिभिः॥६५॥

अन्वयः – अन्तर्मुखः यः आनन्दमयः तदा ब्रह्मसुखं चिद्बिम्बयुक्ताभिः अज्ञानोत्पन्नवृत्तिभिः भुङ्क्ते।

व्याख्या :– अथ सुप्तौ ब्रह्मसुखानुभवं सुखसाक्ष्याज्ञानाकाराज्ञानावृत्तिभिरेव विवरणोक्ताभिरानन्दमयस्य सूक्ष्मावस्थाविशिष्टजीवस्य प्रदर्शयति । अन्तर्मुखस्सुखप्रतिबिम्बयुतान्तर्मुखबुद्धिवृत्तिजन्यसंस्कारसहिताज्ञानोपाधिको य आनन्दमयस्स तदा सुषुप्तिसमये चिद्बिम्बयुक्ताभिश्चिदाभासेन युक्ताभिरज्ञानोत्पन्नवृत्तिभिर्ब्रह्मसुखं भुङ्क्ते । विज्ञानमय एवान्तर्मुख आनन्दमयरूपत्वमवाप्य सुषुप्तौ स्वरूपभूतमानन्दं चिदाभाससहितवृत्तिभिरनुभवति । अतो जाग्रत्काले रूपान्तरं प्राप्तस्य "सुखमस्वाप्स"मिति स्मर्तृत्वं युज्यत एवेति शम् ।।

सुषुप्तौ ब्रह्मानन्दानुभवविषये वेदान्तसिद्धान्तपारगाः प्रमाणमिति तन्माननिरूपणम् –

अज्ञानवृत्तयस्सूक्ष्मा विस्पष्टा बुद्धिवृत्तयः ।
इति वेदान्तसिद्धान्तपारगाः प्रवदन्ति हि ॥६६॥

अन्वयः – अज्ञानवृत्तयः सूक्ष्माः बुद्धिवृत्तयः विस्पष्टाः। इति वेदान्तसिद्धान्तपारगाः प्रवदन्ति हि।

व्याख्या :– यद्येवं सुषुप्तौ जीवस्य सूक्ष्मावस्थस्याज्ञानवृत्तिभिर्ब्रह्मसुखानुभवस्तर्हि तत्र जाग्रदादिवद "हं सुखी"त्युल्लेखः कुतो न सम्पद्यत इत्याशङ्कायां तत्र विवरणाचार्यवचनमेव प्रमाणमिति स्पष्टयति। सुषुप्तावज्ञानवृत्तयस्सूक्ष्मा अज्ञानस्याव्यक्तरूपत्वात् । अतस्तदानुभवो न प्रतीयते । जाग्रति तु बुद्धिवृत्तयो

विज्ञानमय का स्मरणकर्तृत्व सिद्ध करने के लिए आनन्दमय के साथ उसकी एकरूपता के अनुभव को दर्शाते हैं ।

अर्थ – अन्तर्मुख जो आनन्दमय है, वह सुषुप्ति में चिदाभास से युक्त अज्ञानोत्पन्न वृत्तियों के द्वारा ब्रह्मसुख को भोगता है ।।६५।।

व्याख्या – अन्तर्मुख जो आनन्दमय है अर्थात् सुखप्रतिबिम्ब युक्त अन्तर्मुख बुद्धिवृत्तिजन्य संस्कारसहित अज्ञानोपाधिक जो आनन्दमय है, वह सुषुप्तिकाल में चिद्बिम्बयुक्त अर्थात् चिदाभास से युक्त अज्ञानोत्पन्न वृत्तियों के द्वारा ब्रह्मसुख का भोग करता है । भाव यह है कि विज्ञानमय ही अन्तुर्मुख आनन्दमयरूपत्व को प्राप्त कर सुषुप्ति में स्वरूपभूत आनन्द को चिदाभास सहित वृत्तियों के द्वारा अनुभव करता है । इसलिए जाग्रत् काल में रूपान्तर को प्राप्त होने से 'मैं सुख पूर्वक सोया' ऐसा स्मरण होना संभव है ।

सुषुप्ति में अज्ञानवृत्तियों के सूक्ष्मत्व का प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ – अज्ञान की वृत्तियाँ सूक्ष्म है और बुद्धिवृत्तियाँ विस्पष्ट हैं । ऐसा वेदान्तसिद्धान्त के पारगामी विद्वान् लोक कहते हैं ।।६६।।

व्याख्या – जैसे जाग्रदवस्था में 'मैं सुख का अनुभव करता हूँ' ऐसा अभिमान होता है, उसी प्रकार का अभिमान सुषुप्ति में क्यों नहीं होता ? ऐसी शंका होने पर दोनों का भेद स्पष्ट करते हैं । सुषुप्ति में

विस्पष्टास्सुव्यक्ताः तत्र बुद्धेर्व्यक्तत्वात् । तस्मात्तदानुभवस्स्पष्टमेव प्रतीयत इत्येवं वेदान्तसिद्धान्तपारगा विवरणाचार्यप्रमुखाः प्रवदन्ति । एवं च तदानींतनवृत्तीनामव्यक्तत्वात्तज्जन्यानुभवस्याप्यव्यक्ततया न प्रतीतिः । विवरणवादश्चोद्धृतो न्यायरत्मावल्यां "साक्षिस्वरूपसुखस्वरूपाज्ञानस्वरूपाकारा निर्विकल्पा-स्तिस्रोऽविद्यावृत्तयस्सुषुप्तौ जायन्त " इत्यादिना । तस्मादविद्यावृत्तीनां बुद्धिवृत्तिवत्स्पष्टत्वाभावात्सुषुप्तौ सुखानुभवाभिमानो न भवतीति दिक् ।।

आनन्दमय एव ब्रह्मानन्दमनुभवतीत्यत्र माण्डूक्यादिप्रमाणप्रदर्शनम् -

माण्डूक्यतापनीयादि श्रुतिष्वेतदतिस्फुटम् ।
आनन्दमयभोक्तृत्वं ब्रह्मानन्दे च भोग्यता।।६७।।

अन्वयः - माण्डूक्यतापनीयादिश्रुतिषु एतत् अतिस्फुटम्। आनन्दमयभोक्तृत्वं च ब्रह्मानन्दे भोग्यता।

व्याख्या :- सुषुप्तावानन्दमयो ब्रह्मानन्दं सूक्ष्माभिरविद्यावृत्तिभिरनुभवतीत्यत्र माण्डूक्याद्युपनिषदः प्रमाणमित्याह । एतदतिस्फुटं माण्डूक्यतापनीयादिश्रुतिष्वभिहितम् । अत्र चादिशब्देन कैवल्यादि-श्रुतयोऽपि गृह्यन्ते । तत्र हि "त्रिषु धामसु यद्भोग्यं भोक्ता भोगश्च यद्भवे"दित्यादिका श्रुतिरस्ति । एतच्छब्दार्थमाह । भोक्तृत्वमानन्दमयस्य भोग्यत्वं च ब्रह्मानन्दस्येति शम् ।।

प्रकृतप्रमाणस्य माण्डूक्यवाक्यस्यार्थतः प्रदर्शनम् -

एकीभूतस्सुषुप्तस्थः प्रज्ञानघनताङ्गतः।
आनन्दमय आनन्दभुक्चेतोमयवृत्तिभिः।।६८।।

अज्ञान की वृत्तियाँ अत्यन्त सूक्ष्म होती हैं, क्योंकि अज्ञान अव्यक्तरूप है । इसलिए उस समय अनुभव नहीं होता है । किन्तु जाग्रदवस्था में तो बुद्धि की वृत्तियाँ अत्यन्त स्पष्ट होती हैं, क्योंकि बुद्धि व्यक्त रूप है । इसलिए जाग्रत् में अनुभव स्पष्टरूप से प्रतीत होता है । ऐसा वेदान्तसिद्धान्त के पारगामी विद्वान् लोग कहते हैं । भाव यह है कि सुषुप्ति में वृत्तियाँ अव्यक्त होने से उसका अनुभव भी व्यक्त नहीं होता, इसीलिए उसकी प्रतीति नहीं होती है । ऐसा समस्त वेदान्तशास्त्रों के मर्मज्ञों का मानना है ।

सुषुप्ति में आनन्दमय ब्रह्मानन्द का अनुभव करता है, इस विषय में प्रमाण प्रस्तुत करते हैं।

अर्थ - माण्डूक्य और तापनीय आदि उपनिषदों में आनन्दमय में भोक्तृत्व और ब्रह्मानन्द में भोग्यता बहुत स्पष्ट रूप से कही गयी है ।।६७।।

व्याख्या - माण्डूक्योपनिषद् और नृसिंह उत्तरतापिनी उपनिषद् आदि में (आदि शब्द से कैवल्योपनिषद् आदि का ग्रहण करना चाहिये) आनन्दमय में भोक्तृत्व का और ब्रह्मानन्द में भोग्यत्व का अत्यन्त स्पष्टरूप से वर्णन किया गया है ।

अब माण्डूक्योपनिषद् का वाक्य अर्थतः पठन करते हैं ।

अर्थ - सुषुप्ति में स्थित एकीभूत आनन्दमय प्रज्ञानघनता को प्राप्त कर चेतोमय वृत्तियों के द्वारा आनन्दभुक् (आनन्द का भोक्ता) कहलाता है ।।६८।।

अन्वयः - एकीभूतः सुषुप्तस्थः प्रज्ञानघनतां गतः आनन्दमयः चेतोमयवृत्तिभिः आनन्दभुक्।।

व्याख्या :- तत्र "सुषुप्तिस्थान एकीभूतः प्रज्ञानघन एवानन्दमयो ह्यानन्दभुक्चेतो मुख" इति माण्डूक्यवचनमर्थतोऽवतारयति । सुषुप्तस्थस्सुषुप्त्यभिमानी सुषुप्तौ तिष्ठत्यभिमानपुरस्सरमिति सुषुप्तिस्थ एकीभूतो विज्ञानाद्युपाधिनामुपरमादेकाकारताङ्गत आनन्दमय आनन्दप्राय आनन्दभुक्स्वरूपभूतमानन्दं भुङ्क्ते इति तथाविधः प्रज्ञानघनतां विज्ञानानां नीहारघन इव समष्टिभावं गतस्संश्चेतोमयवृत्तिभिश्चित्प्रतिबिम्ब-प्रचुराज्ञानवृत्तिभिरानन्दभुगानन्दमनुभवतीति शम् ।।

माण्डूक्यगतप्रकृतश्रुत्यर्थनिरूपणम् -

विज्ञानमयमुख्यैर्यो रूपैर्युक्तः पुराधुना ।
स लयेनैकतां प्राप्तो बहुतन्दुलपिष्टवत् ।।६९।।
प्रज्ञानानि पुरा बुद्धिवृत्तयोऽथ घनोऽभवत् ।
घनत्वं हिमबिन्दूनामुदग्देशे यथा तथा।।७०।।
तद्घनत्वं साक्षिभावं दुःखाभावं प्रचक्षते ।
लौकिकास्तार्किका यावद्दुःखवृत्तिविलोपनात् ।।७१।।
अज्ञानबिम्बिता चित्स्यान्मुखमानन्दभोजने।
भुक्तं ब्रह्मसुखन्त्यक्त्वा बहिर्यात्यथ कर्मणा।।७२।।
कर्म जन्मान्तरेऽभूद्यत्तद्योगाद्बुधयते पुनः।
इति कैवल्यशाखायाङ्कर्मजो बोध ईरितः।।७३।।

व्याख्या - *"सुषुप्तस्थान एकीभूतः प्रज्ञानघन एवानंदमयो ह्यानंदभुक् चेतोमुखः"* (मा.उ. १/५) इस माण्डूक्य श्रुति का वाक्यार्थ प्रस्तुत करते हुए कहते हैं कि सुषुप्ति में स्थित अर्थात् सुषुप्ति का अभिमानी, एकीभूत अर्थात् विज्ञानमयादि उपाधियों के उपरम हो जाने पर एकाकारता को प्राप्त हुआ, आनन्दमय (आनन्दप्रचुर) प्रज्ञानघनता को प्राप्त कर अर्थात् विज्ञानों के नीहार (कोहरा) और घन (मेघ) के समान समष्टिभाव को प्राप्त होकर चेतोमय वृत्तियों के द्वारा अर्थात् चैतन्यप्रचुर चैतन्यप्रतिबिम्बित वृत्तियों के द्वारा आनन्दभुक् (आनन्द का भोक्ता) कहलाता है अर्थात् आनन्द का अनुभव करता है ।

पूर्वश्लोक में पठित "एकीभूत, प्रज्ञानघन और चेतोमुख" इन तीन शब्दों के अर्थ को चार श्लोकों में क्रमशः स्पष्ट करते हुए सर्वप्रथम एकीभूत शब्द के भाव को दर्शाते हैं ।

अर्थ - जो आत्मा पहले (जाग्रदादि अवस्थाओं में) विज्ञानमय आदि रूपों से युक्त था, वह अब (सुषुप्ति में उपाधि के) लय होने से अनेक चावलों के चूर्ण के समान एकता को प्राप्त होता है । पहले (जाग्रदवस्था में) बुद्धिवृत्तियाँ प्रज्ञान थीं, वे अब (सुषुप्ति में) घनीभूत हो गयीं । यह उसी प्रकार होता है, जैसे उत्तर देश में जल की शीतल बूँदे जमकर घन (बर्फ) हो गयी हों । वेदान्त में जो प्रज्ञानघन साक्षीभाव कहलाता है, उसे लौकिक और तार्किक लोग दुःखाभाव कहते हैं, क्योंकि सुषुप्ति में समस्त दुःखवृत्तियों का विलोप हो जाता है । (सुषुप्ति में) ब्रह्मसुख का आस्वादन करने में अज्ञानबिम्बित चैतन्य (चिदाभास)

अन्वयः - यः पुरा विज्ञानमयमुख्यैः रूपैः युक्तः। सः अधुना लयेन एकतां प्राप्तः बहुतन्दुलपिष्टवत्

अन्वयः - पुरा प्रज्ञानानि बुद्धिवृत्तयः अथ घनः अभवत् । यथा उदग्देशे हिमबिन्दूनां घनत्वं तथा।

अन्वयः - तत् साक्षिभावं घनत्वं लौकिकाः तार्किकाः दुःखाभावं प्रचक्षते। यावद्दुःखवृत्तिविलोपनात्।

अन्वयः - आनन्दभोजने मुखम् अज्ञानबिम्बिता चित् स्यात् । अथ कर्मणा भुक्तं ब्रह्मसुखं त्यक्त्वा बहिः स्यात्।

अन्वयः "यत् जन्मान्तरे कर्म अभूत् तद्योगात् पुनः बुद्धयते" इति कैवल्यशाखायां कर्मजः बोधः ईरितः।

व्याख्या :- श्रुत्यर्थसंयोजनधिया तच्छृतिगताना "मेकभूतः" "प्रज्ञानघन" श्चेतोमुख इति शब्दानामर्थान् क्रमशो विवृणोति । तत्रादावेकीभूतपदेन बोधितमेकीभावं प्रदर्शयति । पुरा जाग्रत्स्वप्नयोर्य आत्मा विज्ञानमयमुख्यैर्विज्ञानं बुद्धिस्तेनोपलक्ष्यमाणस्तन्मयस्तत्प्रभृतिभी रूपै"स्स वा अयमात्मा ब्रह्म विज्ञानमयो मनोमयः प्राणमयश्चक्षुर्मयश्श्रोत्रमयः पृथिवीमय आपोमयो वायुमय आकाशमयस्तेजोमयोऽतेजोमयः काममयोऽकाममयः क्रोधमयोऽक्रोधमयः" इत्यादिश्रुत्युक्तैरनेक-विधैराकारविशेषैर्युक्त उपाधिवशाद्युक्त इव विभाव्यमानाऽभूत्सोऽधुना सुषुप्तिसमय उपाधेर्लयेन विज्ञानमन आद्युपाधिविलयेन चैकाकारतां प्राप्तो भवति । अत्र दृष्टान्तमुच्यते । बहुतण्डुलपिष्टवद्बहुधा तण्डुलजन्यपिष्टवदेकतां प्राप्तः ।

अथ च प्रज्ञानघनशब्दं विवृणोति । पुरा जाग्रत्स्वप्नयोः प्रज्ञानातिप्रज्ञानशब्दाभिधेया बुद्धिवृत्तयो

ही प्रधान (साधन) है । भुक्त ब्रह्मानन्द का त्याग कर वह कर्म के द्वारा प्रेरित होकर बाहर (जाग्रदादि अवस्था में) जाता है ।।६९-७२।।

व्याख्या - जो आत्मा पुरा अर्थात् जाग्रत् और स्वप्नावस्था में विज्ञानमय आदि रूपों से युक्त था अर्थात् विज्ञान शब्द से लक्षित बुद्धि से उपलक्ष्यमाण विज्ञानमय तन्मय होकर उसी से युक्त था । ***"स वा अयमात्मा ब्रह्म विज्ञानमयो मनोमय...."*** (बृ.उ. ४/५) अर्थात् वह यह आत्मा ब्रह्म है । वह विज्ञानमय, मनोमय, प्राणमय, चक्षुर्मय, श्रोत्रमय, पृथ्वीमय, जलमय, वायुमय, आकाशमय, तेजोमय, अतेजोमय, काममय, अकाममय, क्रोधमय, अक्रोधमय, धर्ममय, अधर्ममय, और सर्वमय है । (विज्ञान की सन्निधि से वह आत्मा विज्ञानमय है और मन की सन्निधि से मनोमय है इत्यादि) इस प्रकार श्रुति में कहे गये धर्मों से युक्त अर्थात् उपाधि के कारण उनसे मिला हुआ-सा प्रतीत होने वाला वह आत्मा अब सुषुप्ति काल में उपाधि के लय हो जाने पर तण्डुलपिष्ट के समान अर्थात् पीसे हुए चावल के दानों के पिण्ड के समान एकता को प्राप्त हो जाता है ।

अब प्रज्ञानघन शब्द को स्पष्ट करते हैं । पुरा अर्थात् जाग्रत् और स्वप्न में प्रज्ञानशब्दाभिधेय घटादिगोचर बुद्धिवृत्तियाँ अब सुषुप्ति में घनीभूत हो गयीं । वृत्तियाँ घटादि के अभाव में चिद्रूप से एकीभूत हो जाती हैं इस विषय में उदाहरण देते हैं कि यह उसी प्रकार होता है जैसे उत्तर देश में जल की शीतल बूँदें (हिमबिन्दु) जमकर बर्फरूप से घनीभाव को प्राप्त हो गयी हों ।

अब समस्तवृत्तियों के एकीभाव रूप प्रज्ञानघनत्व को वैदिक और लौकिक व्यवहार से विशद करते हैं । वेदान्त में जो प्रज्ञानघन साक्षी कहलाता है । वेदान्तों के अनुसार साक्षी एक होने से उसका एकीभाव माना गया है । उस घनत्व को ही लौकिक (सामान्य जन) और तार्किक (नैयायिकादि) लोग दुःखाभाव कहते हैं । क्योंकि सुषुप्ति में समस्त दुःखवृत्तियों का विलोप हो जाता है अर्थात् पूर्णरूप से दुःख रूप वृत्तियों का लय हो जाता है ।

घटपटादिगोचरा आसंस्ता अथ सुषुप्तौ दृश्यविषयाभावे सति घनोऽभवच्चिद्रूपेणैकरूपोऽभूद-त्रोदाहरणमुच्यते । यथैवोदग्देशे उत्तरदेशे हिमबिन्दूनां घनत्वं भवति तथात्रापि घनत्वं भवति । तथा च जाग्रदवस्थायां तत्तद्धीवृत्त्यवच्छिन्नचिदाभासास्सर्वेऽपि स्वोपाधिमूलीभूतधिय एव सुप्तौ लीनत्वाद्धिमकणवघन्निबिडतां प्राप्नुवन्ति साक्षिणि तत्तदीयं साक्षित्वमेवाज्ञानप्रयुक्तं लोकास्तार्किकादयश्च दुःखानुपलब्धेस्तदभावमेव वदन्तीति सकलवृत्तीनामेकीभावरूपं प्रज्ञानघनत्वं वैदिकलौकिकव्यवहारेण स्पष्टयति । तद्धनत्वं साक्षिभावं प्रचक्षते वेदान्तिनः। वेदान्तेषु साक्षिण एकत्वाभिधानादेकीभावमभिदधति। तद्घनत्वमेव दुःखाभाव इति लौकिकास्तार्किकाः प्रचक्षते । उपनिषच्छास्त्रसंस्काररहिता वैशेषिकादयश्च दुःखाभावं प्रचक्षते । अत्रैव कारणमुच्यते । सुषुप्तौ यावद्वृत्तिविलोपनाद्यावत्यो दुःखवृत्तयस्तासां साकल्येन लयाद्विलयात् ।

अथ च चेतोमुखपदार्थमाह । सुषुप्तावानन्दभोजने स्वस्वरूपभूतस्य सौषुप्तब्रह्मानन्दानुभवेऽज्ञानबिम्बिता ज्ञानवृत्तौ प्रतिबिम्बिता चिदेव मुखं प्रधानं भवति । चिदाभास एव तदनुभवे प्रधानं साधनम् । तर्हि "यूनि लब्धे तु युवतिर्जरठे रमते कथ"मिति न्यायमनुसृत्य सुषुप्तावानन्दमयरूपेण जीवेन सर्वदा ब्रह्मसुखमेव भुज्येत कथं वा तत्परित्यज्य बहिः याति कुतो जागरणं दुःखालयमाव्रजेदित्याशङ्कायामुच्यते । भुक्तमनुभूतं यद्ब्रह्मसुखं तत्त्यक्त्वाऽथ कर्मणा प्राग्जन्मकृतपुण्यपापरूपपाशरूपेण बद्धस्संस्तेन प्रेरितो जीवस्साक्षात्कृतमपि ब्रह्मानन्दं सम्परित्यज्याथ बहिर्याति स्वप्नजाग्रत्प्रपञ्चमाप्नोति । "बहिर्यात्यथ कर्मणे" त्यत्र "पुनश्च जन्मान्तरकर्मयोगात्स एव जीवस्स्वपिति प्रबुद्ध" इति कैवल्यवचनं प्रमाणयन्नर्थतः पठति । जन्मान्तरे पूर्वस्मिञ्जन्मनि यच्छेषरूपं धर्माधर्मलक्षणं कर्माभूत्तद्योगात्तत्सम्बन्धात्पुनर्जीवो बुद्ध्यते । सुषुप्तिं जहातीति कैवल्यशाखायां "बोधः कर्मण" इतीरित इति दिक् ।।

अब चेतोमुख शब्द के अर्थ को स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि सुषुप्ति में स्वरूपभूत ब्रह्मानन्द का आस्वादन (अनुभव) करने में अज्ञानबिम्बित चैतन्य अर्थात् चिदाभास ही प्रधान है अर्थात् चिदाभास ही उसके अनुभव में मुख्य साधन है । तब तो ***"यूनिलब्धे तु युवति जरठे रमते कथम्"*** इस न्याय के अनुसार वह सर्वदा आनन्द में ही निमग्न रहेगा, जाग्रदादि में जाने की इच्छा नहीं करेगा । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि वह भुक्त (अनुभूत) ब्रह्मसुख को छोड़कर अपने पूर्वजन्म में किए हुए पुण्य-पाप रूप कर्मों से प्रेरित होकर बाहर जाता है अर्थात् स्वप्न और जाग्रत् प्रपञ्च को प्राप्त करता है ।

पूर्वोक्त श्लोक की चतुर्थ पंक्ति के विषय में कैवल्य श्रुति का प्रमाण देते हैं ।

अर्थ - जन्मान्तर में किये हुए कर्मों के योग से वह पुनः जाग्रत् अवस्था में आता है । इस प्रकार कैवल्य उपनिषद् में कर्म के कारण जाग्रदवस्था कही गयी है ।।७३।।

व्याख्या - जीव अपने पूर्व कर्मों का फल भोगने के लिए जाग्रदवस्था में आता है । पूर्वजन्म में धर्माधर्म रूप जो कर्म शेष बचे हैं, उन कर्मों के योग से अर्थात् उनके संयोग से यह जीव जागता है । जीव सुषुप्ति को छोड़ता है, इस प्रकार कैवल्योपनिषद् में बोध (जाग्रदवस्था) को कर्म से उत्पन्न अर्थात् कर्म के कारण होने वाला कहा गया है ***"पुनश्च जन्मान्तरकर्मयोगात् स एव जीवः स्वपिति प्रबुद्धः"*** (कै.उ. १/१४) अर्थात् फिर पूर्वजन्म के संयोग से वही जीव सुषुप्ति से जागता है ।

सुषुप्तौ ब्रह्मानन्दानुभवस्य लिङ्गप्रदर्शनम् -

कञ्चित्कालं प्रबुद्धस्य ब्रह्मानन्दस्य वासना।
अनुगच्छेद्यतस्तूष्णीमास्ते निर्विषयस्सुखी।।७४।।

अन्वयः - प्रबुद्धस्य कंचित् कालं ब्रह्मानन्दस्य वासना अनुगच्छेत् यतः निर्विषयः सुखी तूष्णीम् आस्ते।

व्याख्या :- सुप्तौ ब्रह्मानन्दोऽनुभूयत इत्यत्र युक्तिं प्रदर्शयति । सुषुप्तेः प्रबुद्धस्य जागरणं प्राप्तस्यापि सौषुप्तिकब्रह्मानन्दस्य वासना संस्कारः कञ्चित्कालं स्वल्पकालमनुगच्छेदनुवर्तते । तत्कथं ज्ञायत इत्यत्र हेतुमाह । यतो यस्मात्कारणात्प्रबोधानन्तरं निर्विषयोऽपि विषयानुभवरहितोऽप्यनधिगत-विषयव्यापारोऽपि सुखी सन् किञ्चित्कालं तूष्णीमास्ते तत एवावगम्यत इति शम् ।।

जागरणे तूष्णीम्भावभङ्गे कारणनिरूपणम् -

कर्मभिः प्रेरितः पश्चान्नानादुःखानि भावयन् ।
शनैर्विस्मरति ब्रह्मानन्दमेषोऽखिलो जनः।।७५।।

अन्वयः - कर्मभिः प्रेरितः एषः अखिलः पश्चात् नानादुःखानि भावयन् शनैः ब्रह्मानन्दं विस्मरति।

व्याख्या :- तर्हि तूष्णीं तथैव कुतो न तिष्ठतीत्यत्राह । एषोऽखिलो जनो जन्मान्तरैः कर्मभिः प्रेरितः पश्चान्नानादुःखानि सन्तापकराणि भावयन्मनस्यनुसन्दधानश्शनैर्मन्दं ब्रह्मानन्दं विस्मरति ।।

सुषुप्ति में ब्रह्मानन्द के अनुभव में लिंग प्रदर्शित करते हैं ।

अर्थ - सुषुप्ति से जागे हुए की ब्रह्मानन्द की वासना (संस्कार) कुछ काल तक रहती है, क्योंकि (वह जागने के बाद) बिना विषय सुख पाये ही सुखी होकर चुप-चाप बैठा रहता है ।।७४।।

व्याख्या - अब युक्ति से भी सुषुप्ति में ब्रह्मानन्द के अनुभव का प्रतिपादन करते हुए कहते हैं कि सुषुप्ति से जागे हुए पुरुष की ब्रह्मानन्द की वासना अर्थात् संस्कार कुछ समय तक रहते हैं । यह कैसे जाना जा सकता है ? तो कहते हैं - क्योंकि जागने के बाद निर्विषयी अर्थात् अनधिगत विषय व्यापारवान होकर भी (बिना विषय सुख पाये ही) सुखी होकर कुछ काल तक वह चुप-चाप बैठा रहता है ।

बाद में उक्त तूष्णीभाव के नष्ट होने के कारण दर्शाते हैं ।

अर्थ - सभी लोग कर्म से प्रेरित होकर बाद में नाना दुखों का अनुभव करते हुए धीरे-धीरे ब्रह्मानन्द को भूल जाते हैं ।।७५।।

व्याख्या - सोकर उठने के बाद मनुष्य कुछ देर उदासीन रहकर ब्रह्मानन्द (की वासना) का अनुभव करते हैं, किन्तु वह अवस्था अधिक देर नहीं रहती । जिन कर्मों के वेग से वे जागते हैं, वे अपना फलभोग कराने के लिए उन्हें संसार में प्रवृत्त कर देते हैं । फलभोग के दुःखों में पड़कर वे ब्रह्मानन्द को धीरे-धीरे भूल जाते हैं । वे अधिक देर उदासीन नहीं रह पाते ।

सुप्तौ ब्रह्मानन्दानुभवसद्भावे युक्त्यन्तरनिरूपणम् -

प्रागूर्ध्वमपि निद्रायाः पक्षपातो दिने दिने।
ब्रह्मानन्दे नृणां तेन प्राज्ञोऽस्मिन्विवदेत कः॥७६॥

अन्वयः - दिने दिने नृणां निद्रायाःप्राक् ऊर्ध्वम् अपि ब्रह्मानन्दे पक्षपातः । तेन अस्मिन् कः प्राज्ञः विवदेत।

व्याख्या :- सर्वप्राणिनां ब्रह्मानन्दे पक्षपात इत्यस्मिन्विषये न कोऽपि विवाद इत्यतोऽपि सुप्तौ निरुक्तब्रह्मानन्दानुभवसत्त्वे न कापि विप्रतिपत्तिरिति हेत्वन्तरमपि प्रदर्शयति । निद्रायाः प्रागन्तर्मुखवृत्यनुभवेन तथोर्ध्वं वासनानन्दानुभवेन चापि नृणां ब्रह्मानन्दे दिने दिने प्रत्यहं पक्षपातोऽस्त्येव स्नेहोऽस्त्येव । अत एव निद्रादौ मृदुशय्यादिसम्पादयति । निद्रान्ते च किञ्चित्कालं तूष्णीमास्ते । तेन हेतुना कः प्राज्ञोऽस्मिन्ब्रह्मानन्दे विवदेत । न कोऽपि । तस्मात्सुप्तौ ब्रह्मानन्दोऽनुभूयत एवेति शम्।।

सुषुप्तावेव ब्रह्मानन्दानुभवसिद्धौ गुरुशास्त्राद्यानर्थक्यशङ्काप्रदर्शनम् -

ननु तूष्णीं स्थितौ ब्रह्मानन्दश्चेद्भाति लौकिकाः।
अलसाश्चरितार्थाः स्युश्शास्त्रेण गुरुणात्र किम् ॥७७॥

अन्वयः - ननु तूष्णीं स्थितौ ब्रह्मानन्दः भाति चेत् लौकिकाः अलसाः चरितार्थाः स्युः। अत्र शास्त्रेण गुरुणा किम्?

व्याख्या :-चोदयति । नन्वेवं चेत्तर्हि लौकिकाश्शास्त्रसंस्कारहीना अलसा अपि कृतार्थिनो भविष्यन्ति । नियमपूर्वकवेदान्तश्रवणमननिदिध्यासनैरपि सुदुर्लभस्य ब्रह्मानन्दस्य तूष्णीम्भावमात्रेण

यह उक्त ब्रह्मानन्द निविर्वाद है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - निद्रा से पूर्व और पश्चात् भी मनुष्यों का ब्रह्मानन्द में प्रतिदिन पक्षपात (स्नेह) देखने में आता है । इसलिये इस विषय में कौन बुद्धिमान विवाद करेगा?।।७६।।

व्याख्या - समस्त प्राणियों का ब्रह्मानन्द के प्रति पक्षपात होता है, यह विषय निर्विवाद है । इस आशय से कहते हैं कि निद्रा से पूर्व और निद्रा के बाद भी मनुष्यों का ब्रह्मानन्द में प्रतिदिन पक्षपात अर्थात् स्नेह देखने में आता है । इसीलिये मनुष्य निद्रा से पूर्व कोमल शय्या आदि का प्रबन्ध करता है और निद्रा के बाद भी उस ब्रह्मानन्द की वासना का अनुभव करता हुआ कुछ काल तक चुप-चाप बैठा रहता है । ऐसी स्थिति में कौन बुद्धिमान होगा जो इस विषय में विवाद करेगा? अर्थात् यह विषय निर्विवाद है ।

जब सुषुप्ति में ही ब्रह्मानन्द की अनुभूति सिद्ध है तो फिर गुरु शास्त्रादि की क्या आवश्यकता है ? इस प्रकार पूर्वपक्ष प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - (शंका) यदि उदासीन बैठे रहने में ब्रह्मानन्द भासित होता है तो लौकिक और आलसी लोग कृतकृत्य हो जाएँगे । फिर शास्त्र और गुरु की इस विषय में क्या आवश्यकता है ?।।७७।।

व्याख्या - गुरु की सेवा करते हुए उनके मुखारविन्द से वेदान्तों का श्रवण, मनन आदि करने पर भी ब्रह्मानन्द की अनुभूति होना आसान नहीं है । इस दुर्लभ ब्रह्मानन्द को यदि केवल तूष्णीभाव से ही

लभ्यत्वे गुरुशास्त्रादीनामनावश्यकतामेवाक्षिपति । ननु सुप्तोत्थितस्य कञ्चित्कालं तूष्णीं स्थितौ ब्रह्मानन्दो भाति चेल्लौकिकाश्शास्त्रानभिज्ञा अलसास्तत्तत्कार्याचरणासामर्थेन मन्दाश्चरितार्थाः कृतकृत्यास्स्युर्यतस्तेषामपि प्रायस्तूष्णीम्भावस्थितिर्दृश्यते । तदा गुरुशुश्रूषादिपूर्वकश्रवणादिकं वृथा स्यादिति भावः । एवं सत्यत्र ब्रह्मानन्दविषये शास्त्रेण गुरुणा च किं प्रयोजनम् ? न तयोरावश्यकतात्र विषय इति दिक् ।।

ब्रह्मानन्दलाभे शास्त्रगुर्वोस्साधनतानिरूपणम् ।

बाढं ब्रह्मेति विद्युश्चेत्कृतार्थास्तावतैव ते।
गुरुशास्त्रे विनात्यन्तङ्गम्भीरं ब्रह्म वेत्ति कः।।७८।।

अन्वयः – "ब्रह्म" इति विद्युः चेत् । तावता एव ते कृतार्थाः। बाढम्। अत्यन्तगम्भीरं ब्रह्म गुरुशास्त्रे विना कः वेत्ति।

व्याख्या :– गुरुशास्त्राभ्यां विनेदं ब्रह्मानन्दसुखमिति सिद्धान्ती निरुक्तशङ्कामर्धमङ्गीकृत्य पूर्वपक्ष्यापादितं गुर्वादिवैयर्थ्यं प्रत्याह । गुरुशुश्रूषापूर्वकशास्त्रतात्पर्यावधारणं विना कृतार्थताप्रयोजकोऽयं ब्रह्मानन्द इति ज्ञानं नैव सम्भवतीत्याशयः । बाढं युक्तमेव । सुषुप्तौ तदुत्थाने चानुभूयमानमानन्दं ब्रह्मेति विद्युश्चेत्तावतैव ते लौकिकादय कृतार्था एव । तथापि गुरुशास्त्रे विनात्यन्तं गम्भीरमवाङ्मनसगम्यं दुरवगाहं सर्वात्मरूपं सर्वज्ञं सर्वान्तरं परं ब्रह्म को वेत्ति ? गुरुशास्त्राभ्यामन्योपायेन न कोऽपि जानीयादिति शम् ।।

प्राप्त किया जा सकता है तो फिर गुरु और शास्त्रादि की कोई आवश्यकता नहीं है, इस प्रकार पूर्वपक्षी शंका प्रस्तुत करता है । यदि सुषुप्ति से जागे हुए पुरुष को कुछ काल तक चुप–चाप बैठे रहने पर ब्रह्मानन्द भासित होता है तो लौकिक अर्थात् शास्त्र से अनभिज्ञ लोग और आलसी अर्थात् शास्त्रोक्त कर्मों के आचरण में असमर्थ मन्दलोग चरितार्थ हो जाएँगे अर्थात् कृतकृत्य हो जाएँगे । क्योंकि उनमें भी प्रायः तूष्णी भाव देखा गया है । यदि ऐसा ही है तो इस ब्रह्मानन्द के विषय में शास्त्र और गुरु की क्या आवश्यकता है ? अर्थात् उनकी इस विषय में कोई आवश्यकता नहीं है ।

पूर्वोक्त शंका का समाधान करते हैं ।

अर्थ – ठीक है, 'यह ब्रह्म है' इस प्रकार यदि वे जानते हों तो वे उतने से ही कृतार्थ हैं परन्तु अत्यन्त गम्भीर ब्रह्म को गुरु और शास्त्र के बिना कौन जान सकता है ?।।७८।।

व्याख्या – गुरु और शास्त्र के बिना 'यह ब्रह्मानन्द का सुख है' इस प्रकार जाना नहीं जा सकता। यह ज्ञान उन्हीं के इधीन है, इस प्रकार सिद्धान्ती निरुक्त शंका को आधा स्वीकार करके गुरु और शास्त्रादि की निरर्थकता का समाधान करते हैं । ठीक है अर्थात् आपने जो कहा कि सामान्य लोग भी उसे जानकर कृतकृत्य हो जाएँगे, यह बात उचित ही है । सुषुप्ति में और उसमें से जागने के बाद अनुभूयमान आनन्द ब्रह्म ही है, ऐसा यदि लौकिक आदि मनुष्य जानते हैं तो वे उतने मात्र से कृतार्थ ही हैं । तथापि गुरु और शास्त्र के बिना अत्यन्त गंभीर, वाणी और मन से अगम्य, सर्वात्म रूप परब्रह्म को कौन जान सकता है ? अर्थात् कोई नहीं।

न हि श्रवणमात्रेण ब्रह्मज्ञानसिद्धिरित्यत्र वृत्तान्तनिरूपणम् -

जानाम्यहं त्वदुक्त्याद्य कुतो मे न कृतार्थता।
शृण्वत्र त्वादृशो वृत्तं प्राज्ञंमन्यस्य कस्यचित् ॥७९॥
चतुर्वेदविदे देयमिति शृण्वन्नवोचत।
वेदाश्चत्वार इत्येवं वेद्मि मे दीयतान्धनम् ॥८०॥

अन्वयः - "अहं त्वदुक्त्या अद्य जानामि। मे कृतार्थता कुतः न"। अत्र त्वादृशः प्राज्ञंमन्यस्य कस्यचित् वृत्तं शृणु ।

अन्वयः - "चतुर्वेदविदे देयम् " इति शृण्वन् अवोचत। "वेदाः चत्वारः" इति एवं वेद्मि । मे दीयतां धनम् ।

व्याख्या :- तर्हि त्वद्वाक्यादेव ब्रह्मानन्दं विज्ञानतो मम कुतो न कृतार्थता लभ्यत इत्याक्षिपन्तं परिहसति । गुरुशास्त्रयोरनावश्यकतैवस्यात् । यतस्त्वदुक्त्या तत्त्वं जानतस्तवोक्त्या सौषुप्तिकं सुखं ब्रह्मेति वचनेनाद्य मे "ब्रह्म जानाम्यह"मिति कृतार्थता कुतो न स्यादिति चेत्प्राज्ञांमन्यस्त्वत्सदृशस्य कस्य चिद्वृत्तान्तं शृणु । कोऽसौ लोकप्रसिद्धो वृत्तान्त इत्यत्राह । कश्चिद्वदान्येनेरितं कस्मैचिच्चतुर्वेदविदेऽहं मया बहुधनं गवादिभिस्सह देयमिति चैतादृशं वाक्यं श्रुत्वा चत्वारो वेदा इत्यस्माद्वाक्यादेवाहं

श्रवण मात्र से ब्रह्मानन्द की सिद्धि नहीं होती, इस विषय को दृष्टान्त पूर्वक समझाते हैं ।

अर्थ - (शंका) मैं अब तुम्हारे कथन से जान गया हूँ फिर भी मेरी कृतार्थता क्यों नहीं हुई ? (उत्तर) इस विषय में तुम्हारे जैसे किसी अपने आपको विद्वान् मानने वाले का वृत्तान्त सुनो । चार वेद जानने वाले को (यह धन) देना चाहिये । ऐसा सुनकर वह बोला 'वेद चार हैं' यह मैं जानता हूँ । इसलिए मुझे धन दीजिये ॥७९-८०॥

व्याख्या - आपके वाक्य से पूर्वोक्त ब्रह्मानन्द को जानने वाले मुझको कृतार्थता नहीं प्राप्त हुई, ऐसी आशंका का अनुवाद करके उपहास सहित उत्तर देते हैं । पूर्वपक्षी कहता है कि तुम्हारे कथन से मैंने यह जान लिया है कि सुषुप्ति में और उठने के बाद कुछ काल तक ब्रह्मानन्द की अनुभूति होती है अतः मैं बिना गुरु और शास्त्र के ब्रह्मानन्द को जान गया हूँ । अतः गुरु और शास्त्र निरर्थक ही हैं । तुम्हारे कथन से मैं तत्त्व को जान गया हूँ । तुम्हारे कथन से सौषुप्तिक सुख ब्रह्मानन्द ही है, इस प्रकार मैं ब्रह्म को जान गया हूँ फिर भी मेरी कृतार्थता क्यों नहीं हुई ? यह मुझे समझ में नहीं आता । इस प्रश्न का उत्तर देते हुए आचार्य कहते हैं कि इस विषय में तुम्हारे जैसे किसी अपने आपको विद्वान् मानने वाले का अर्थात् विद्वान् न होते हुए भी स्वयं को विद्वान् मानने वाले का वृत्तान्त मैं तुम्हें सुनाता हूँ, तुम उसे ध्यान से सुनो -

एक अनपढ़ व्यक्ति ने किसी के मुख से सुना कि "चार वेद जानने वाले को यह धन देना चाहिये" ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद इन चारों वेदों के ज्ञाता को दान देने से बहुत पुण्य मिलाता है । अतः ऐसे विद्वान् को ही धन देना चाहिये । वहीं पर खड़े हुए उस अनपढ़ व्यक्ति ने चारों वेदों के

वेदाश्चत्वार इति वेद यतः अतो मे दीयतामिति वक्ति तद्वदेव भवानपीति परिहासाभिप्रायः ।।

यावत्कृतार्थत्वधीस्तावद्गुरुपासनैव विधेयेति निरूपणम् -

सङ्ख्यामेवैष जानाति न तु वेदानशेषतः।
यदि तर्हि त्वमप्येवन्नाशेषं ब्रह्म वेत्सि हि।।८१।।
अखण्डैकरसानन्दे मायातत्कार्यवर्जिते।
अशषेत्वसशेषत्ववार्तावसर एव कः।।८२।।
शाब्दानेव पठस्याहो तेषामथञ्च पश्यसि।
शब्दपाठेऽर्थबोधस्ते सम्पाद्यत्वेन शिष्यते।।८३।।
अर्थे व्याकरणाद्बुद्धेस्साक्षात्कारोऽवशिष्यते।
स्यात्कृतार्थत्वधीर्यावत्तावद्गुरुमुपास्व भोः।।८४।।

अन्वयः - एषः संख्याम् एव जानाति। अशेषतः वेदान् तु न। यदि तर्हि एवं त्वम् अपि अशेषं ब्रह्म न वेत्सि हि ।

अन्वयः - मायातत्कार्यवर्जिते अखण्डैकरसानन्दे अशषेत्वसशेषत्ववार्तावसरः एव कः?

अन्वयः- शाब्दान् एव पठसि आहो तेषां च अर्थं पश्यसि। शब्दपाठे ते अर्थबोधः संपाद्यत्वेन शिष्यते।

अन्वयः - व्याकरणात् अर्थे बुद्धे साक्षात्कारः अवशिष्यते। यावत् कृतार्थत्वधीः स्यात् तावत् भोः गुरुम् उपास्व।

नाम सुनकर कहा कि 'वेद चार हैं' ऋग्वेद, युजर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद मैं इन चारों वेदों को जानता हूँ अतः मुझे धन दीजिये ।

केवल शाब्दिक ब्रह्मज्ञान से कृतार्थता का अभाव दर्शाते हैं ।

अर्थ - यह तो केवल संख्या को ही जानता है सम्पूर्ण वेदों को नहीं, यदि ऐसा कहते हो तो तुम भी इसी प्रकार सम्पूर्ण ब्रह्म को नहीं जानते हो ।।८१।।

व्याख्या - यदि वेदों की संख्या मात्र का ज्ञान होने से ही वेदों के स्वरूप का ज्ञान भी हो सकता तो तुम्हें भी 'सुषुप्ति से उठने पर कुछ कालतक ब्रह्मानन्द का अनुभव होता है' इस वाक्य के श्रवण मात्र से कृतार्थता हो सकती थी, इस आशय से कहते हैं कि यदि तुम कहो कि वह अनपढ़ व्यक्ति वेदों की केवल संख्या को ही जानता था, इसलिए उसे दान नहीं दिया जा सकता । जो सम्पूर्ण वेदों के स्वरूप को जानते हों, वे ही दान देने योग्य हैं। इस पर आचार्य कहते हैं कि यदि तुम ऐसा मानते हो तो तुम भी इसी प्रकार केवल श्रवण कर लेने से सम्पूर्ण ब्रह्म को नहीं जानते हो ।

पूर्वपक्षी की शंका उपस्थित करते हैं ।

अर्थ - (शंका) माया और उसके कार्यों से रहित अखण्ड एकरस ब्रह्मानन्द में अशेषत्व (पूर्णता) और सशेषत्व (अपूर्णता) की बात ही कहाँ है ?।।८२।।

व्याख्या - यह श्लोक पूर्वपक्षी की ओर से प्रस्तुत किया गया है । उसका कहना है कि जैसे

व्याख्या :- यदि वेदानां संङ्ख्यापरिमितिज्ञानेनैव तत्स्वरूपज्ञानमसेत्स्यत्तवापि सुप्तोत्थितस्य किञ्चित्कालमनुभूयते ब्रह्मानन्द इति श्रवणमात्रेण ब्रह्म वेदनमभविष्यत् । न तथास्ति । वेत्सि न त्वशेषतः । चतुर्वेदाभिज्ञंमन्य इव त्वमप्यशेषं ब्रह्म न विजानासीति वेदाश्चत्वार इति वेदागतसङ्ख्याज्ञानमात्रेण न वेदस्वरूपाभिज्ञो भवेत्तद्वदिति भावः ।

तत्रापि पूर्ववादी शङ्कते । ननु भेदत्रयशून्येऽखण्डैकरसस्वरूपे परे ब्रह्मण्यंशाभावेऽप्यं शतो भानं साकल्येनाज्ञानमिति वक्तुमशक्यमित्याशङ्कते । अयमाशयः । सङ्ख्यातिरिक्तवेदस्वरूपभेद इव स्वगतादिभेदशून्य आनन्दरूपे ब्रह्मण्यज्ञायमानस्यांशस्याभावादसम्पूर्णज्ञानित्वोपालम्भो न सङ्गटत इति। माया तत्कार्यवर्जितेऽखण्डैकरसानन्देऽशेषत्वसशेषत्ववार्तावसर एव कः । नैव कोऽप्यवसर इति भावः । "सङ्ख्यामेवैष जानाति न तु वेदानशेषतः ।

यदि तर्हि त्वमप्येवं नाशेषं ब्रह्म वेत्सि ही"त्यत्र विवक्षितमशेषत्वमविज्ञाय कृतस्य प्रश्नस्य विवक्षिताशेषत्वप्रतिपादनेन समाधानविवक्षया ब्रह्म जानामीत्यत्रापि विकल्प्य पृच्छति ब्रह्मज्ञानेऽप्यशेष-त्वादिकं दर्शयितुम् । किमखण्डैकरसानन्दं सच्चिदानन्दमद्वितीयं मायतत्त्कार्यवर्जितमित्यादिशब्दानेव पठस्याहोस्वित्तेषां शब्दानामर्थं विजातीयसजातीयस्वगतादिभेदशून्यत्वादिकं च पश्यसि ? आद्ये पक्षे

संख्यातिरिक्त वेद का स्वरूप भिन्न है, उसी प्रकार स्वगतादि भेद रहित सुखरूप निरंश ब्रह्म में अज्ञान अंश का अभाव होने से तुम अपूर्ण ज्ञानी हो, इस प्रकार का उपालम्भ मुझ पर घटित नहीं होगा । इस आशय से वह कहता है कि माया और उसके कार्य जगत् आदि से रहित, अखण्ड, एकरस और आनन्दस्वरूप ब्रह्म में पूर्णता या अपूर्णता के लिये अवकाश ही कहाँ है ? अतः ब्रह्म का पूर्ण ज्ञान न होने के कारण मुझे कृतार्थता नहीं है, ऐसा आपका कथन असंगत है ।

इस पर सिद्धान्ती विकल्प पूर्वक प्रश्न करते हैं ।

अर्थ - तुम केवल शब्दों को ही पढ़ते हो अथवा उसका अर्थ भी देखते (जानते) हो ? यदि तुम केवल शब्द पाठ ही करते हो तो तुम्हारे लिए अभी उसके अर्थ का बोध प्राप्त करना बाकी है ।।८३।।

व्याख्या - यह तो ठीक है कि ब्रह्म अखण्ड एकरस है । उसका ज्ञान होगा तो पूर्ण ही होगा, फिर भी ब्रह्माज्ञान दो प्रकार का है । एक शाब्दिक ज्ञान और दूसरा यथार्थ ज्ञान । यदि तुम शब्द द्वारा केवल इतना ही जानते हो कि ब्रह्म अखण्ड, एकरस, माया व उसके कार्यों से रहित और आनन्दस्वरूप है और इसी को तुमने तोते की भाँति रट लिया है तो तुम्हारा यह ज्ञान अपूर्ण है । इन शब्दों का अर्थ भी तुम्हें जानना चाहिये। उसके अर्थ को जानने, समझने और अनुभव करने पर ही तुम्हें ब्रह्म का पूर्णज्ञान होगा और तुम कृतार्थता का अनुभव करोगे । केवल शब्द श्रवण से ही तुम्हें कृतार्थता प्राप्त नहीं हो सकती ।

ज्ञान की पूर्णता की अवधि को दिखाते हैं ।

अर्थ - व्याकरण से अर्थ का परोक्षज्ञान हो जाने पर भी अपरोक्ष ज्ञान अवशिष्ट रहता है । इसलिए हे वादी! जब तक (तुम्हें) कृतार्थत्व बुद्धि उत्पन्न न हो तब तक (तुम) गुरु की उपासना (सेवा) करो।।८४।।

व्याख्या - मैंने शब्दों के अर्थ को व्याकरण आदि शास्त्रों से जान लिया है अतः मेरा ज्ञान केवल शाब्दिक नहीं है । इस प्रकार कहने वाले पूर्वपक्षी से आचार्य कहते हैं कि अर्थज्ञान भी दो प्रकार का होता है - व्याकरण के द्वारा शब्द का अर्थ समझना और अर्थरूप वस्तुविशेष का साक्षात्कार होना ।

सावशेषत्वं दर्शयति । आद्ये तेषामर्थबोधोऽर्थज्ञानं सम्पाद्यत्वेन शिष्यते । केवलशब्दश्रवणमात्रेण तव कृतार्थता नास्तीति भावः।

द्वितीयेऽपि पक्षे सावशेषत्वं दर्शयति । अर्थज्ञानमपि तदुपयोगिव्याकरणादिशास्त्रबलाज्जातमेवेति तदपि नावशिष्टमिति पृच्छन्तमवशेषं प्रदर्शयति । भोश्चतुर्वेदाभिज्ञम्मन्य ! व्याकरणादुपलक्षणया निरुक्तादिवेदार्थावबोधकसर्वशास्त्रसहायादर्थे बुद्धेऽवबुद्धे स "त्यस्ति ब्रह्मे"ति परोक्षज्ञाने सिद्धेऽपि संशयनिरासेनाऽ"हं ब्रह्मास्मी" त्यपरोक्षसाक्षात्कारोऽवशिष्यते । तदवशेषादेव तव कृतार्थता नास्तीति भावः । तर्हि कदा सम्पूर्णत्वं ज्ञानस्येत्याशङ्क्य तदवधिं दर्शयति । सिद्धे साक्षात्कारेऽशेषं ब्रह्म ज्ञातं भवति । तदैव ते कृतार्थता । अतो यावत्कृतार्थत्वधीस्स्यात्तावद्गुरुमुपास्व । आचार्यचरणपरायणस्यैवा-परोक्षसाक्षात्कारभाग्यभाजनतेति तदैव कृतार्थत्वज्ञानम् । तदैव च ज्ञानस्य सम्पूर्णता। यदा कृतार्थत्वबुद्धिरूत्पद्यते तदा ज्ञानस्य सम्पूर्णतावगन्तव्या । पूर्वत्र तादृशसम्पूर्णत्वमेव विवक्षितमिति भावः।।

आनन्दभेदनिरूपणम् -

आस्तामेतद्यत्र यत्र सुखं स्याद्विषयैर्विना।
तत्र सर्वत्र विद्ध्येतां ब्रह्मानन्दस्य वासनाम् ।।८५।।

अन्वयः - एतत् आस्ताम् । यत्र यत्र विषयैः विना सुखं स्यात् तत्र सर्वत्र ब्रह्मानन्दस्य वासनाम् एतां विद्धि

व्याख्या :- तर्हि त्वमेव मे गुरुरित्यन्तश्शरणागतमिङ्गितैरालक्ष्यानुजिघृक्षुस्तं प्रति "कञ्चित्कालं प्रबुद्धस्य ब्रह्मानन्दस्य वासना । अनुगच्छेद्यतस्तूष्णीमास्ते निर्विषयः कृती" ति पूर्वोक्तां ब्रह्मानन्द-

---

इनमें पहले प्रकार का अर्थज्ञान होना भी अधूरा ज्ञान ही है । श्लोक में पठित व्याकरण शब्द वेदार्थावबोधक समस्त शास्त्रों का उपलक्षण है। व्याकरण आदि शास्त्रबल से यदि तुम्हें 'ब्रह्म है' इस प्रकार का परोक्ष ज्ञान हो गया हो तो भी अभी 'मैं ब्रह्म हूँ' इस प्रकार का अपरोक्ष ज्ञान होना बाकी है । इसी अपरोक्ष ज्ञान के अभाव में तुम्हें कृतार्थता प्राप्त नहीं हुई है । साक्षात्कार हो जाने पर ब्रह्म पूर्णरूप से ज्ञात होता है, उसीसे कृतार्थता होती है । इसलिए जब तक कृतार्थत्व बुद्धि उत्पन्न नहीं होती तब तक तुम गुरु की उपासना करो । क्योंकि श्रोत्रिय-ब्रह्मनिष्ठ आचार्य की शरण ग्रहण करने पर ही अपरोक्ष ज्ञान होना संभव है । वही ज्ञान कृतार्थता प्रदान करता है उसीको पूर्णज्ञान कहते हैं । तात्पर्य यह है कि ऐसे पूर्णत्व की विवक्षा से ही पूर्व में कहा कि तुम ब्रह्म को पूर्णरूप से नहीं जानते हो ।

अब आनन्द के भेद का निरूपण प्रारम्भ करते हैं ।

अर्थ - अब इस अप्रकृत प्रसंग को रहने दो । विषयों के बिना जहाँ-जहाँ सुख होता है, वहाँ इस ब्रह्मानन्द की वासनाओं को ही (तुम) जानो ।।८५।।

व्याख्या - श्लोक ४७ में कथित ब्रह्मानन्द की वासना को स्पष्ट करते हैं । प्रसक्त और अनुप्रसक्त रूप से प्राप्त इस प्रसङ्ग को यहीं छोड़ दो । तूष्णीभाव आदि के समय विषयों के बिना अर्थात् माला, चन्दन, वनिता आदि से युक्त वृत्ति के बिना जहाँ-जहाँ सुख की अनुभूति होती है, वहाँ सर्वत्र ब्रह्मानन्द की वासना को ही तुम जानो । विषयजन्य न होने पर केवल अहंकार वृत्तियुक्त सुख को ही वासनानन्द का लक्षण कहा गया है ।

वासनां सामान्यतो व्युत्पादयति । एतावता प्रासङ्गिकं सर्वं परिसमाप्तमित्यतः प्रकृतमेवानुसरति । प्रसक्तानुप्रसक्ततया प्राप्तोऽयं विषय आस्ताम् । यत्र यत्र यस्मिन्यस्मिन्काले तूष्णीम्भावादिसमये विषयैर्विना विशेषेण सिन्वन्ति बध्नन्ति पुरुषमिति विषयाश्शब्दादयस्तैर्विना स्रगाद्याकाराकारितवृत्तीर्विना विषयानुभवमन्तरेण सुखं स्यात्तत्र तत्र सर्वत्रैतां ब्रह्मानन्दस्य वासनां विद्धि । वासनानन्दत्वं च विषयाजन्यत्वे सति केवलाहङ्कारावृत्तित्वे सति सुखत्वम् । तस्मादत्र विषयजन्यत्वाभावात् सामान्याहङ्कारावृतत्वाच्च सिद्धं वासनानन्दत्वम् ।

अत्रेदं तत्त्वमवगन्तव्यम् । वासनानन्दनिजानन्दयोः ब्रह्मानन्दत्वाविशेषेऽपि यो ह्यानन्दो मायाहङ्काराद्युपाधिरहितस्त्रिपुटीशून्यस्स्वयं प्रकाशमानो वर्तते । स एव ब्रह्मानन्दशब्देन व्यवह्रियते । सत्यामपि त्रिपुट्यां ज्ञातृज्ञेयस्पर्शेनैव समाधौ योगिभिरनुभूयमानो निजानन्द इति मुख्यतया व्यवह्रियते। औदासीन्यावस्थायामहंसुखीत्येवं ज्ञात्रादिकमुल्लिख्यानुभूयमानो वासनानन्द इत्युच्यते । तस्मादयमत्र निर्गलितोऽर्थः । सर्वद्वैतनाशे स्वप्रकाशतयानुभूयमान आनन्दो ब्रह्मानन्दः । सत्यपि द्वैते तदनुल्लिख्यानुभूयमानो ब्रह्मानन्द एव निजानन्दः । अहं सुखीत्येवंरीत्या द्वैतमप्युल्लिख्यौदासीन्या-वस्थायामनुभूयमानो ब्रह्मानन्द एव वासनानन्दः । तेन निजानन्दवासनानन्दयोः ब्रह्मानन्दरूपतैव वस्तुनो नातिरिक्ततेति । आत्मानन्दाद्वैतानन्दयोस्तु भेदेनोपादानं शिष्याणां सुखबोधनार्थं कूटस्थब्रह्मणोरेव भेदःपरिकल्प्य इति शम् ।।

विषयानन्दस्वरूपनिरूपणम् –

विषयेष्वपि लब्धेषु तदिच्छोपरमे सति ।
अन्तर्मुखमनोवृत्तावानन्दः प्रतिबिम्बति ।।८६।।

यद्यपि वासनानन्द और निजानन्द ये दोनों ब्रह्मानन्द से भिन्न नहीं हैं तथापि माया और अहंकारादि उपाधिरहित, त्रिपुटीशून्य स्वयंप्रकाश जो आनन्द रहता है, उसे ब्रह्मानन्द शब्द से कहा जाता है । त्रिपुटी के रहते हुए भी ज्ञाता और ज्ञेय के स्पर्श से रहित योगियों के द्वारा समाधि में जिस आनन्द का अनुभव किया जाता है, उसे निजानन्द शब्द से कहा जाता है । उदासीन अवस्था में ज्ञाता का भान होते हुए 'मैं सुखी हूँ' इस प्रकार के आनन्द को वासनानन्द कहते हैं । इन सब का निर्गलित अर्थ इस प्रकार है । समस्त द्वैत के नष्ट हो जाने पर स्वप्रकाशरूप से जिस आनन्द का अनुभव होता है, **उसे ब्रह्मानन्द कहते हैं** । और द्वैत के रहने पर भी उसका स्मरण न करते हुए जिस आनन्द का अनुभव होता है, वह ब्रह्मानन्द ही **निजानन्द कहलाता है** तथा द्वैत का स्मरण होते हुए भी उदासीन अवस्था में 'मैं सुखी हूँ' इस प्रकार से अनुभूत ब्रह्मानन्द ही **वासनानन्द है** । इसलिए निजानन्द और वासनानन्द ये दोनों ब्रह्मानन्द रूप ही होने से उससे भिन्न नहीं हैं और आत्मानन्द और अद्वैतानन्द का भिन्न रूप से प्रतिपादन तो केवल शिष्य को ठीक तरह समझाने के लिए किया गया है वस्तुतः उनमें भेद नहीं है, जैसे कूटस्थ और ब्रह्म में भेद न होते हुए भी दोनों में भेद की कल्पना की गयी है ।

अब विषयानन्द के स्वरूप का वर्णन करते हैं ।

अर्थ – विषयों के प्राप्त होने पर जब उनकी इच्छा शान्त होती है, तब मन अन्तर्मुखी होता है और उसमें आनन्द प्रतिबिम्बित होता है । (यही विषयानन्द है) ।।८६।।

अन्वयः - विषयेषु लब्धेषु अपि तदिच्छोपरमे सति अन्तर्मुखमनोवृत्तौ आनन्दः प्रतिबिम्बति।

व्याख्या :- पूर्वं - "अहङ्कारं धियं साक्षी विषयानपि भासयेत् । अहङ्काराद्यभावेऽपि स्वयं भात्येव पूर्ववदि"त्यादिना श्लोकजालेन "कर्म जन्मान्तरेऽभूद्यत्तद्योगाद्बुद्ध्यते पुनः । इति कैवल्यशाखायां कर्मजो बोध ईरित" इत्यन्तेन ग्रन्थेन प्रतिपादितो ब्रह्मानन्दः । तथैव प्रदर्शितो वासनानन्दोऽपि "कञ्चित्कालं प्रबुद्धस्य ब्रह्मानन्दस्य वासना । अनुगच्छेद्यतस्तूष्णीमास्ते निर्विषयस्सुखी" त्यारभ्या "स्तामेतद्यत्र यत्र सुखं स्याद्विषयैर्विना । तत्र सर्वत्र विद्ध्येतां ब्रह्मानन्दस्य वासना" मित्येतत्पर्यन्तग्रन्थेन। सम्प्रति विषयानन्दो विशदीक्रियते । स च पूर्वमुक्तश्चा"त्माभिमुखधीवृत्तौ स्वानन्दः प्रतिबिम्बति । अनुभूयैनमत्रापि त्रिपुट्या श्रान्तिमाप्नुया"दित्यादिना । अतोऽत्र स एवानूद्यते। लब्धेषु विषयेषु स्त्रगादिष्वपि तदिच्छोपरमे सति तेषु विषयेष्विच्छायास्तल्लाभेनोपरमे सत्यन्तर्मुखमनोवृत्तावभीप्सितविषयोपलब्धेः प्राग्बहिर्मुखाया मनोवृत्तिस्स्वाभीप्सितार्थोपलब्धेः इच्छाभावेऽन्तर्मुखा भवति । विषयेष्वभिलब्धेषु यथेच्छं मिलितेषु सत्सु तत्कालमिच्छा नैवोदेति । तदानन्दं प्रतिबिम्बति । एवं च यदा यदा शब्दस्पर्शरूपरसादि विषयलाभस्तदा तत्तद्विषयकेच्छोपरमे निर्व्यापारे मनसि निर्मले निस्तरङ्गे जले राकाचन्द्र प्रतिबिम्ब-वत्स्वात्मानन्दप्रतिबिम्बनेनानुभवस्सञ्जायते। अयमेव प्रतिबिम्बस्वरूपो विषयानन्द इत्युच्यते ।।

आनन्दत्रैविद्ध्योपसंहरणम् -

ब्रह्मानन्दो वासना च प्रतिबिम्ब इति त्रयम् ।
अन्तरेण जगत्यस्मिन्नान्दो नास्ति कश्चन।।८७।।

अन्वयः - ब्रह्मानन्दः वासना प्रतिबिम्बः च इति त्रयम् अन्तरेण अस्मिन् जगति कश्चन आनन्दः न अस्ति ।

व्याख्या :- ततः किमित्यत्र फलितमुच्यते । एवं प्रकारेणानन्दस्सुषुप्तौ स्वयम्प्रकाशतया भासमानो ब्रह्मानन्दस्सुप्तोत्थितस्य तूष्णीम्भावसमये तद्वासनाजनितं सुखं वासनानन्दोऽभीप्सितार्थोपलब्धे-

---

व्याख्या - श्लोक १२ से ७३ तक ब्रह्मानन्द का और श्लोक ७४ से ८५ तक वासनानन्द का वर्णन किया गया, अब अवशिष्ट विषयानन्द का प्रतिपादन करने की इच्छा से श्लोक ४४ में कहे हुए अर्थ का अनुवाद करते हुए उसके स्वरूप का निरूपण करते हैं । चन्दन, माला, वनिता (नारी) आदि विषयों के प्राप्त होने पर जब उनकी इच्छा पूर्णरूप से शान्त हो जाती है । इस प्रकार इच्छाशान्त होने पर मन अन्तर्मुख हो जाता है अर्थात् अभिलषित विषय की उपलब्धि से पूर्व मन की जो बहिर्मुखी वृत्ति थी, वह मनोवृत्ति अभिलषित अर्थ की उपलब्धि के अभाव में अन्तर्मुखी हो जाती है । ऐसी अवस्था में अर्थात् उस मनोवृत्ति में आनन्द प्रतिबिम्बित होता है । यह प्रतिबिम्ब रूप आनन्द ही विषयानन्द कहलाता है।

फलितार्थ कहते हैं ।

अर्थ - ब्रह्मानन्द, वासनानन्द और विषयानन्द (प्रतिबिम्बित सुख) इन तीन प्रकार के आनन्द से अतिरिक्त इस जगत् में अन्य कोई आनन्द नहीं है ।।८७।।

रनन्तरमिछोपरमेऽन्तर्मुखमनोवृत्तौ प्रतिबिम्बो विषयानन्द इति त्रयं त्रिविधं भवति । एतदन्तरेणास्मिञ्जगत्यन्य आनन्दः कश्चन नास्ति । प्रतिबिम्बोत्र विषयानन्दः । एवञ्चोक्तप्रकारेण स्वप्रकाशतया सुषुप्तौ प्रतिभासमानो यो ब्रह्मानन्दो यश्च सुषुप्त्यादिषु तूष्णीं स्थितौ विषयानुभवमन्तरेण प्रतीयमानो वासनानन्दो योऽप्यभीष्टविषयलाभादन्तर्मुखे मनसि प्रतिबिम्बितो विषयानन्द एतेभ्यस्त्रिभ्योऽतिरेकेणास्मिञ्जगति न कश्चिदानन्दोऽस्तीति भावः ।

ननु च पूर्व "मानन्दस्त्रिविधो ब्रह्मानन्दो विद्यासुखं तथा । विषयानन्द इत्यादौ ब्रह्मानन्दो विविच्यते" इति त्रैविद्ध्यमन्येन प्रकारेणाभ्यधायि । तथा "यावद्यावदहङ्कारो विस्मृतोऽभ्यास योगतः। तावत्तावत्सुक्ष्मदृष्टेर्निजानन्दोऽनुमीयत" इति "तादृक्पुमानुदासीनकालेऽप्यानन्दवासनाम् । उपेक्ष्य मुख्यमानन्दं भावयत्येव तत्परः ।" इति च निजानन्दमुख्यानन्दद्वयमपि समुपवर्णितम् । एवमेव "मन्दप्रज्ञं तु जिज्ञासुमात्मानन्देन बोधये" दित्यादिनात्मानन्द श्चोक्तः । तथैव "योगानन्दः परोक्तो य" इति योगानन्दोऽप्यभिहितः । ब्रह्मानन्देऽभिदे ग्रन्थे तृतीयाध्याय ईरितः । अद्वैतानन्द एवस्या "दित्याद्वैतानन्दोऽपि प्रकथितः । तथा चाद्वैतानन्दान्तोऽष्टमूर्तिरानन्दो निरुक्त वासनानन्देन सह दुर्वारः प्रतीयते । तत्कथमुच्यते "ब्रह्मानन्दो वासना च प्रतिबिम्ब इति त्रयम् । अन्तरेण जगत्यस्मिन्नानन्दो नास्ति कश्चने" ति चेन्मैवम् ।

सर्वस्याप्यानन्दस्य त्रिविधानन्दे पर्यवसन्नत्वात् । तथाहि "विषयानन्दवद्विद्यानन्दोऽपि धीवृत्तिरूपक" इत्युत्तरग्रन्थाद्विषयानन्दविद्यानन्दयोस्संस्कारविशेषात्मकस्य वासनानन्दस्य च कार्यत्वं निर्विवादमेव। निजानन्दमुख्यानन्दात्मानन्दयोगानन्दाद्वैतानन्दानां तु पञ्चानामपि विषयानन्दादित्रितयनिरूपित – कारणत्वोपलक्षितात् ब्रह्मानन्दादभिन्नत्वमेव । "यावद्यावदहङ्कार" इत्युदाहृतश्लोके हि निजानन्द एव योगोपायगम्यत्वेन योगानन्दस्तस्य च तदुत्तरश्लोके" न द्वैतं भासते नापि निद्रा तत्रास्ति यत्सुखम्। स ब्रह्मानन्द इत्याह भगवानर्जुनं प्रती"त्यत्र योगानन्दनिजानन्दयोर्ब्रह्मानन्दत्वोक्तेः । " तथा च विषयानन्दो वासनानन्द इत्ययम् । आनन्दो जनयन्नास्ते ब्रह्मानन्दस्स्वयम्प्रभ" इत्यत्रैव जन्यत्वेनामुख्यभूतविषयानन्दवासनानन्दापेक्षया "तादृक्पुमानुदासीनकालेऽप्यानन्दवासनाम् । उपेक्ष्य मुख्यमानन्दं भावत्येव तत्पर" इत्यत्रोक्तस्य कारणत्वेन मुख्यस्यानन्दस्यापि ब्रह्मानन्दत्वसिद्धेः । एवं "योगानन्दः पुरोक्तो यस्स आत्मानन्द इष्यता"मिति तृतीयाध्याये प्रथमाध्यायोक्त-योगानन्दस्यैवात्मानन्दत्वमुक्त्वा कथं ब्रह्मत्वमेतस्य सद्वयस्येति प्रश्नपूर्वक"माकाशादिशरीरान्त"मित्यादिना द्वैतस्य सत्तानतिरेकेण सन्मात्रत्वेनात्मानन्दाद्वैतानन्दयोरप्यर्थाद्ब्रह्मानन्दत्वलब्धेश्च । न ह्येवमथापि "नन्वेवं वासनानन्दाद्ब्रह्मानन्दादपीतरम् । वेत्तुं योगी निजानन्द" मिति निजानन्दस्य ब्रह्मानन्दाद्भिन्नत्वमुक्तं विरुद्धयेतेति साम्प्रतम् । ब्रह्मानन्दस्य कारणत्वेन समाकत्वान्निजानन्दस्य च निर्मायत्वाच्च । तदेव

व्याख्या – इस प्रकार सुषुप्ति में स्वयंप्रकाश रूप से भासित होने वाला आनन्द ब्रह्मानन्द है । सो कर उठने पर तूष्णीभाव के समय ब्रह्मानन्द की वासना से उत्पन्न सुख वासनानन्द है और अभीष्ट पदार्थ की उपलब्धि होने पर इच्छा के शान्त हो जाने से अन्तर्मुखी मनोवृत्ति में प्रतिबिम्बित आनन्द विषयानन्द है । इस प्रकार आनन्द तीन प्रकार का है । इन तीनों के अतिरिक्त इस जगत् में अन्य कोई भी आनन्द

कार्यकरणादिभाव भेदेनोक्तमानन्दत्रैविद्ध्यं व्यावहारिकमेव । वस्तुतस्त्वद्वय एक एव ब्रह्मानन्दः पारमार्थिक इति विभावनीयमिति दिक् ।।

ब्रह्मानन्दजन्यावेव विषयानन्दवासनानन्दाविति निरूपणम् -

तथा च विषयानन्दो वासनानन्द इत्यमू।
आनन्दौ जनयन्नास्ते ब्रह्मानन्दः स्वयम्प्रभः।।८८।।

अन्वयः - तथा च स्वयम्प्रभः विषयानन्दः वासनानन्दः इति अमू आनन्दौ जनयन् आस्ते ब्रह्मानन्दः।

व्याख्या :-अत्र च ब्रह्मानन्दाध्यायेऽन्यानन्दप्रसङ्गोऽसङ्गत एवेत्याशङ्क्य तयोरपि विषयानन्द-वासनानन्दयोर्ब्रह्मानन्दजन्यत्वान्न प्रकृतासङ्गतिरिति स्पष्टयति । तथा चैवमानन्दत्रैविद्ध्ये सति यस्स्वयम्प्रभस्स्वयंप्रकाश आनन्दो विषयानन्दो वासनानन्द इत्यमू उभावानन्दौ जनयन्नास्ते स च ब्रह्मानन्द इत्येव वेदितव्य इति शम् ।।

जाग्रद्दशायां ब्रह्मानन्दावाप्त्युपायकथनम् -

श्रुतियुक्त्यनुभूतिभ्यः स्वप्रकाशचिदात्मके ।
ब्रह्मानन्दे सुप्तिकाले सिद्धे सत्यन्यदा शृणु ।।८९।।

अन्वयः - श्रुतियुक्त्यनुभूतिभ्यः सुप्तिकाले स्वप्रकाशचिदात्मके ब्रह्मानन्दे सिद्धे सति अन्यदा शृणु।

व्याख्या :- अथ पूर्वोक्तग्रन्थानुवादपूर्वकमवस्थान्तरेऽपि ब्रह्मानन्दकथनं प्रतिजानीते । श्रुति-

---

नहीं है । आनन्द का विस्तृत वर्णन श्लोक ८५ की व्याख्या में देखना चाहिये ।

विषयानन्द और वासनानन्द का जनक ब्रह्मानन्द ही है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - आनन्द तीन प्रकार का होने पर भी स्वयंप्रकाश ब्रह्मानन्द ही विषयानन्द और वासनानन्द इन दोनों को उत्पन्न करता है ।।८८।।

व्याख्या - ब्रह्मानन्द के प्रकरण में अन्य आनन्दों की चर्चा असंगत है । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि समस्त प्रकार के आनन्द तीन प्रकार के आनन्द के अन्तर्गत आ जाते हैं, किन्तु इन तीनों की स्वतंत्र सत्ता नहीं है । ब्रह्मानन्द तो स्वयंप्रकाशस्वरूप है । उसकी उत्पत्ति किसी अन्य से नहीं होती । शेष दो आनन्द (विषयानन्द और वासनानन्द) उसी ब्रह्मानन्द से उत्पन्न होते हैं । इस प्रकार ब्रह्मानन्द ही एक वास्तविक आनन्द है और शेष सब प्रकार के आनन्द उसी से उत्पन्न हैं और उपधियों से परिच्छिन्न हैं।

जाग्रत् अवस्था में ब्रह्मानन्द की प्राप्ति का उपाय बताना प्रारम्भ करते हैं ।

अर्थ - श्रुति, युक्ति और अनुभूति से सुषुप्ति काल में स्वप्रकाश चिदात्मरूप ब्रह्मानन्द सिद्ध होने के बाद अब अन्य काल में ब्रह्मानन्द प्राप्ति का उपाय सुनो ।।८९।।

व्याख्या - अभी तक सुषुप्तावस्था का विस्तृत वर्णन किया गया । उसमें ब्रह्मानन्द का अनुभव होता है, वह स्वप्रकाशरूप और चिदात्मक है । इसे सिद्ध करने के लिए कई श्रुतियों के उद्धरण दिये गये,

युक्त्यनुभूतिभ्य ''स्सुषुप्तिकाले सकले विलीने तमोऽभिभूतस्सुखरूपमेती''त्यादिभिश्श्रुतिभिः पूर्वमुदाहृताभि ''स्सुखमहमस्वाप्स'' मित्यादि स्मरणान्यथानुपपत्त्या कल्पितानुभवविषयत्वरूपाभिर्युक्तिभिरनुभूत्या चार्थापत्तिकल्पितेन सुषुप्त्यनुभवेन च सुप्तिकाले स्वप्रकाशचिदात्मके स्वयम्प्रभाचैतन्यस्वरूपे ब्रह्मानन्दे सिद्धे सत्यन्यदा जाग्रदवस्थायां ब्रह्मानन्दावगमोपायं शृण्वित्यत्र प्रतिजानीत इति शम् ।।

जीवस्य स्वप्नजाग्रदवस्थाद्वयप्राप्तिनिरूपणम् -

य आनन्दमयस्सुप्तौ स विज्ञानमयात्मताम् ।
गत्वा स्वप्नं प्रबोधं वा प्राप्नोति स्थानभेदतः।।९०।।

अन्वयः - सुप्तौ यः आनन्दमयः सः विज्ञानमयात्मतां गत्वा स्थानभेदतः स्वप्नं प्रबोधं वा प्राप्नोति।

व्याख्या :- आनन्दावगत्युपायदिदर्शयिषया तदुपोद्घातरूपेणादौ जीवस्य स्वप्नजाग्रदवस्थाद्वय-प्राप्तिं प्रदर्शयति प्रतिज्ञातार्थविवरणाय । सुप्तौ स्वापदशायां विलयसमय आनन्दमय इति तच्छब्देन य उच्यते स बुद्ध्युपाधिवशाद्विज्ञानमयात्मतां तत्स्वरूपं गत्वा स्थानभेदतो वक्ष्यमाणस्थानविशेषयोगेन तदनुसारं स्वप्नं प्रबोधं वा कर्मानुसारेण प्राप्नोतीति शम् ।।

जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तिषु जीवस्याश्रयस्थाननिरूपणम् -

नेत्रे जागरणङ्कण्ठे स्वप्नस्सुप्तिर्हृदम्बुजे।
आपादमस्तकं देहं व्याप्य जागर्ति चेतनः।।९१।।

अन्वयः-नेत्रे जागरणम् । कण्ठे स्वप्नः। हृदम्बुजे सुप्तिः। आपादमस्तकं देहं व्याप्य चेतनः जागर्ति ।

तर्क प्रस्तुत किये गये और अनुभव भी बताया गया । ये तीनों प्रमाण उपलब्ध होने से सुषुप्ति काल में ब्रह्मानन्द के विषय में किसी प्रकार का संदेह नहीं रह गया । अब विचार करना है कि जाग्रदवस्था में ब्रह्मानन्द का अनुभव किस प्रकार सिद्ध होता है, इसलिए आचार्य कहते हैं कि मैं जाग्रदवस्था में भी ब्रह्मानन्द की प्राप्ति का उपाय बताता हूँ, तुम उसे सावधान होकर सुनो ।

जीव की स्वप्न और जाग्रदवस्था प्राप्ति को दर्शाते हैं ।

अर्थ - सुषुप्ति में जो आनन्दमय है, वह विज्ञानमय से आत्मभाव प्राप्त कर स्थान भेद से स्वप्न या जाग्रत् अवस्था को प्राप्त करता है ।।९०।।

व्याख्या - आनन्द प्राप्ति का उपाय दर्शाने की इच्छा से उसके उपोद्घात रूप से सर्वप्रथम जीव की जाग्रत् और स्वप्न इन दो अवस्थाओं की प्राप्ति को दर्शाते हुए कहते हैं कि सुषुप्ति में (विलीनावस्था में) जिसे आनन्दमय कहते हैं, वह बुद्धि आदि उपाधियों से विज्ञानमयता को प्राप्त कर अर्थात् विज्ञानमय से तादात्म्य प्राप्त कर स्थान भेद से स्वप्न अथवा जाग्रत् अवस्था को प्राप्त करता है ।

जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति में जीव के आश्रय स्थान को दर्शाते हैं ।

अर्थ - नेत्र में जाग्रत्, कण्ठ में स्वप्न और हृदयकमल में सुषुप्ति रहती है । आपादमस्तक को व्याप्त कर चेतन जागता है ।।९१।।

व्याख्या - तीन अवस्थाओं में जीव के लिए अलग-अलग निवास स्थान बताये गये हैं । जाग्रदवस्था

व्याख्या :- सम्प्रति जाग्रदाद्यवस्थोपयोगीनि स्थानानि प्रदर्शयति । नेत्रे इत्यत्र नेत्रशब्दस्य कृत्स्नदेहोपलक्षणपरत्वाच्चेतनो जीव आपादमस्तकं पादमारभ्य मस्तकपर्यन्तं देहं व्याप्य सर्वमभिव्याप्य जागर्ति जागरवान्भवतीति हेतोर्जागरणं तत्रेति तत्तस्य स्थानम् । तथा कण्ठे स्वप्नो हृदम्बुजे सुप्तिश्चेत्येषां स्थानानि पृथग्वेदितव्यानीति शम् ।।

दृष्टान्तप्रदर्शनम् -

देहतादात्म्यमापन्नस्तप्तायः पिण्डवत्ततः।
अहं मनुष्य इत्येवं निश्चित्यैवावतिष्ठते ॥९२॥

अन्वयः-तप्तायः पिण्डवत् देहतादात्म्यम् आपन्नः। ततः "अहं मनुष्यः" इति एवं निश्चित्य एव अवतिष्ठते।

व्याख्या :- जीवो देहं पूर्णं व्याप्य तिष्ठतीत्यनेन विवक्षितमर्थं दृष्टान्तप्रदर्शनेन विशदीकरोति । तत्पायःपिण्डवद्यथा सन्तप्तेऽयः पिण्डेऽग्निरयःपिण्डतादात्म्यमाप्नोति तथा जीवोऽपि देहतादात्म्यं देहोऽहमिति मनुष्यत्वादिजातिमता देहेन तादात्म्यं प्राप्तस्तद्भावमापन्नस्ततोऽहं मनुष्य इत्येवं निश्चित्य संशयविपर्ययरहितस्सन्मनुष्योऽहमिति ज्ञानेनावतिष्ठते प्रवर्तते । अयः पिण्डतादात्म्यमापन्नो वह्निर्यथायः-पिण्डं सर्वं व्याप्नोति तथा देहतादात्म्यमापन्नो जीवोऽपि सर्वं देहं व्याप्य तिष्ठतीति शम् ।।

देहतादात्म्यापन्नजीवावस्थानिरूपणम् -

उदासीनस्सुखी दुःखीत्यवस्थात्रयमेत्यसौ ।
सुखदुःखे कर्मकार्ये त्वौदासीन्यं स्वभावतः॥९३॥

में इसका स्थान नेत्र है, स्वप्नावस्था में इसका स्थान कण्ठ है और सुषुप्ति अवस्था में इसका निवास स्थान हृदयकमल है । इसलिए कहा कि नेत्र में जाग्रत्, कण्ठ में स्वप्न और हृदयकमल में सुषुप्ति रहती है । नेत्र शब्द से केवल नेत्र इन्द्रिय का ग्रहण नहीं करना चाहिये क्योंकि नेत्र शब्द सम्पूर्ण देह का उपलक्षण है । इस आशय से श्लोक के उत्तरार्ध में कहते हैं कि आपादमस्तक अर्थात् पैर से लेकर मस्तक तक सम्पूर्ण देह को व्याप्त कर यह चेतन जागता है ।

जाग्रदवस्था में जीव के आपादमस्तक देह व्यापकत्व को दृष्टान्त पूर्वक स्पष्ट करते हैं।

अर्थ - तप्त लोहपिण्ड की तरह यह जीव भी देह से तादात्म्य को प्राप्त कर उसके बाद 'मैं मनुष्य हूँ' ऐसा निश्चय करके अवस्थित रहता है ।।९२।।

व्याख्या - जैसे तपे हुए लोहपिण्ड में अग्नि तप्तपिण्ड से तादात्म्य को प्राप्त होती है, उसी प्रकार जीव भी देह से तादात्म्य प्राप्त कर अर्थात् 'मैं देह हूँ' इस प्रकार देहभाव को प्राप्त होकर तदनन्तर 'मैं मनुष्य हूँ' इस प्रकार से निश्चय करके अवस्थित रहता है अर्थात् प्रवृत्त होता है । भाव यह है कि तप्त लोह के पिण्ड में जैसे अग्नि उससे तादात्म्य के कारण समस्त लोहपिण्ड में व्याप्त रहती है, उसी प्रकार देह से तादात्म्य को प्राप्त हुआ जीव भी सम्पूर्ण देह को व्याप्त कर के स्थित रहता है ।

देहतादात्म्य को प्राप्त जीव की अवस्था बताते हैं ।

अर्थ - वह जीव उदासीन, सुखी और दुःखी इन तीन अवस्थाओं को प्राप्त होता है । (उनमें से) सुख और दुःख कर्म के कार्यभूत हैं और उदासीनता तो स्वभाव से प्राप्त है ।।९३।।

अन्वयः – "उदासीनः सुखीदुःखी" इति अवस्थात्रयम् असौ एति कर्मकार्ये सुखदुःखे। स्वभावतः तु आदौसीन्यम्।

व्याख्या :– देहतादात्म्याभिमानहेतुकान्येव जीवस्यावस्थान्तराणीति प्रदर्शयति । देहतादात्म्यङ्गतोऽसौ जीव उदासीनस्सुखीदुःखीत्यवस्थात्रयमेति । तत्र सुखदुःखयोस्सहेतुकत्वम् औदासीन्यस्याहेतुकत्वं च निरूपयति । सुखदुःखे कर्मकार्ये जन्मान्तरकृतपुण्यपापरूपकर्मणस्सम्भूते। स्वभावत एव प्राप्तमौदासीन्यमिति शम् ।।

वासनानन्दस्वरूपनिरूपणम् –

बाह्यभोगान्मनोराज्यात्सुखदुःखे द्विधा मते ।
सुखदुःखान्तरालेषु भवेत्तूष्णीमवस्थितिः ।।९४।।

अन्वयः – बाह्यभोगात् मनोराज्यात् सुखदुःखे द्विधा मते । सुखदुःखान्तरालेषु तूष्णीम् अवस्थितिः भवेत्।

व्याख्या :– सुखदुःखयोर्निमित्तकल्पितं द्वैविद्ध्यं प्रदर्शयति । बाह्यभोगान्स्रगादिबाह्यविषयाणां भोगान्मनोराज्यान्मानसिकभावनातश्च सुखदुःखे द्विधा मते । तर्ह्यौदासीन्यं कदा स्यादित्यत्राह । सुखदुःखान्तरालेषु तयोर्मध्यकालेषु तूष्णीमवस्थितिरौदासीन्यं भवेदिति शम् ।।

स्वरूपानन्दाभिव्यञ्जकमौदासीन्यमेवेति निरूपणम् –

न कापि चिन्ता मेऽस्त्यद्य सुखमास इति ब्रुवन् ।
औदासिन्ये निजानन्दभानं वक्त्यखिलो जनः।।९५।।

व्याख्या – देह से तादात्म्य को प्राप्त हुआ वह जीव उदासीन, सुखी और दुःखी इन तीन प्रकार की अवस्थाओं को प्राप्त करता है । उनमें से सुख और दुःख का सहेतुकत्व और उदासीनता का अहेतुकत्व बताते हैं कि सुख और दुःख कर्म के कार्यभूत हैं अर्थात् जन्मान्तरकृत पुण्य-पापरूप कर्म से उत्पन्न होते हैं और उदासीनता तो उसे स्वभावतः प्राप्त है ।

अब वासनानन्द के स्वरूप का विचार प्रारम्भ करते हैं ।

अर्थ – ये सुख-दुःख दो प्रकार के माने गये हैं – बाह्य भोगों से होने वाले और मनोराज्य से होने वाले । सुख और दुःख के अन्तराल में उदासीनता रहती है ।।९४।।

व्याख्या – निमित्त के कारण सुख-दुःख को द्विविध माना गया है । इसलिये कहते हैं कि बाह्य भोग से अर्थात् माला, चन्दन, वनिता आदि विषयों के भोग से और मनोराज्य से अर्थात् मानसिक भावना से सुख-दुःख दो प्रकार का माना गया है और उन सुख-दुःख के अन्तराल में (मध्यकाल में) तूष्णी अवस्था अर्थात् उदासीनता रहती है अर्थात् सुखाकार वृत्ति के नष्ट होने पर दूसरी (दुःखाकार) वृत्ति जब तक उत्पन्न नहीं होती, उसके बीच की अवस्था को उदासीन अवस्था कहते हैं ।

जाग्रदवस्था में विद्यमान उदासीनता ही स्वस्वरूपभूत आनन्द की अभिव्यंजिका है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ – 'आज मुझे कोई भी चिन्ता नहीं है इसलिए मैं सुखपूर्वक बैठा हूँ' ऐसा कहते हुए सभी लोग उदासीनता में निजानन्द के स्फुरण को कहते हैं ।।९५।।

अन्वयः - अखिलः जनः "अद्य मे का अपि चिन्ता न अस्ति। सुखं आसम् " इति ब्रुवन् औदासीन्ये निजानन्दभानं वक्ति ।।

व्याख्या :- यदर्थं जाग्रदादीनामवस्थानामुपन्यासस्तदिदानीं निरूपयति जाग्रदवस्थायां विद्यमान-मौदासीन्यमेव स्वस्वरूपभूतानन्दाभिव्यञ्जकमिति । अद्य मे न कापि चिन्तास्तीति सर्वोऽपि जनः कदाचित्कापि गृहादिविषयिणीचिन्ता नास्ति मेऽतस्सुखमासं सुखं यथा भवति तथा तिष्ठामीति ब्रुवन्नौदासीन्ये ह्युदासीनतासमये निजानन्दभानं स्वरूपानन्दस्फूर्तिं वक्ति ब्रूतेऽखिलो जन इत्यतो जागरणावस्थायामपि निजानन्दभानमस्तीत्यवगन्तव्यमिति शम् ।।

औदासीन्यानन्दो न ब्रह्मानन्द इति निरूपणम् -

अहमस्मीत्यहङ्कारसामान्याच्छादितत्वतः।
निजानन्दो न मुख्योऽयं किन्त्वसौ तस्य वासना ।।९६।।

अन्वयः "अहम् अस्मि" इति अहंकारसामान्याच्छादितत्वतः अयं निजानन्दः मुख्यः न। किं तु असौ तस्य वासना ।

व्याख्या :- यद्येवमौदासीन्यकाले यदि निजानन्दस्स्फुरति चेत्तर्हि स प्रागुक्तरीत्या ब्रह्मानन्द एव । तथा "किञ्चित्कालं प्रबुद्धस्य ब्रह्मानन्दस्य वासना । अनुगच्छेद्यतस्तूष्णीमास्ते निर्विषयस्सुखीति प्रागुक्तोदासीनकालावच्छेदेनावभासमानसुखरूपस्य तस्य वासनानन्दता न स्यादित्याशङ्कायां तस्याहङ्कारसामान्यावृतत्वान्न ब्रह्मानन्दतेति समाधत्ते । औदासीन्ये भासमान आनन्दोऽयं न मुख्यो निजानन्दः । अहमस्मीत्येवंरूपेणाहङ्कारसामान्येनावृतत्वान्मुख्यो नास्तीति भावः । तर्हि तस्य किंरूपतेत्यत्राह। किन्त्वसौ तस्य मुख्यनिजानन्दस्य वासना । कुतः ? । अहमस्मीत्यहङ्कारसामान्याच्छादितत्त्वतः । प्रत्येकव्यक्तिमनुल्लिख्य सुख्यस्मीति स्वसुखावबोधके वाक्य उल्लिख्यमानं यदहङ्कारसामान्यं तेनाच्छादितत्त्वात्। उपाधिकृतजीवभावसहितत्वादिति भाव इति शम् ।।

व्याख्या - आज मुझे किसी प्रकार की कोई भी चिन्ता नहीं है अतः निश्चिन्त होने से मैं सुखपूर्वक बैठा हूँ। इस प्रकार सभी लोग जब उदासीन अवस्था में स्थित होते हैं तब निजानन्द के अर्थात् स्वरूपानन्द के स्फुरण को कहते हैं ।

निजानन्द की अमुख्यता का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - 'मैं हूँ' इस प्रकार सामान्य अहंकार से आवृत होने के कारण यह निजानन्द मुख्य (आनन्द) नहीं है, किन्तु वह उसकी (ब्रह्मानन्द की) वासना है ।।९६।।

व्याख्या - उदासीन अवस्था में भासित होने वाला आनन्द यदि निजानन्दरूप है तो वह आनन्द ब्रह्मानन्द रूप होने से वासनानन्द रूप नहीं होगा । ऐसी आशंका होने पर कहते हैं कि 'मैं हूँ' इस प्रकार सामान्य अहंकार से आच्छादित होने के कारण उदासीनता में भासित होनेवाला यह आनन्द मुख्य आनन्द नहीं है किन्तु वह तो मुख्य निजानन्द की अर्थात् ब्रह्मानन्द की वासना है । उपाधिकृत जीवभावसहित होने से 'मैं सुखी हूँ' इस प्रकार अपने सुख के बोधक वाक्य में जो सामान्य अहंकार है, उससे आवृत होने के कारण उदासीनता में भासमान आनन्द निजानन्द नहीं है अपितु उसकी वासना है ।

मुख्यानन्दातिरिक्तवासनानन्दसद्भावे दृष्टान्तनिरूपणम् -

नीरपूरितभाण्डस्य बाह्ये शैत्यन्न तज्जलम् ।
किन्तु नीरगुणस्तेन नीरसत्तानुमीयते ।।९७।।

अन्वयः - नीरपूरितभाण्डस्य बाह्ये शैत्यं तत् जलं न। किं तु नीरगुणः। तेन नीरसत्ता अनुमीयते।

व्याख्या :- दृष्टान्तेन विशदयति । नीरपूरितभाण्डस्य जलपूर्णकुम्भस्य बाह्ये हस्तस्पर्शेन बहिर्भागस्पर्शेनानुभूयमानं यच्छैत्यमस्ति न तज्जलं तत्र द्रवत्वानुपलम्भात् । किं तर्हि तदित्याशङ्क्यायामाह। किन्तु नीरगुणः । कथं वा तस्य नीरसत्ता नीरस्य विद्यमानतानुमीयते । अत्रायं प्रयोगो घट उपलभ्यमानं शैत्यं जलजन्यं भवितुमर्हति शैत्यत्वाज्जल उपलभ्यमानशैत्यवत्। तथा जलवानयं घटश्शैत्यवत्त्वान्नीरधृतिवदिति शम् ।।

वासनानन्दस्य निजानन्दानुमापकत्वनिरूपणम् -

यावद्यावदहङ्कारो विस्मृतोऽभ्यासयोगतः।
तावत्तावत्सूक्ष्मदृष्टेर्निजानन्दोऽनुमीयते ।।९८।।

अन्वयः - अभ्यासयोगतः यावत् यावत् अहङ्कारः विस्मृतः तावत् तावत् सूक्ष्मदृष्टेः निजानन्दः अनुमीयते।

व्याख्या :- दृष्टान्ते शैत्यस्य नीरजानुमापकत्वमास्ताम् । दार्ष्टान्तिके किमायातमिति जिज्ञासायां वासनानन्दस्यापि निजानन्दानुमापकत्वमस्त्येवेत्याह । निरोधसमाधेरभ्यासयोगतो "ज्ञानमात्मनि महति नियच्छेत्तद्यच्छेच्छान्त आत्मनी" ति श्रुत्या तथा "लीने पूर्वविकल्पे तु यावदन्यस्य नोदयः ।

निर्विकल्पकचैतन्यं स्पष्टं तावद्विभासते । एवं द्वित्रिक्षणेष्वेव विकल्पस्य निरोधनम् ।। क्रमेणाभ्यस्यतां

उक्तार्थ में दृष्टान्त देते हैं ।

अर्थ - पानी से भरे बर्तन के बाहर जो शीतलता है, वह जल नहीं है किन्तु जल का गुण है । उससे बर्तन में स्थित जल की सत्ता का अनुमान होता है ।।९७।।

व्याख्या - पानी से भरे बर्तन अथवा घट को जब हम बाहर से छूते हैं तब वह अत्यन्त शीतल प्रतीत होता है । वह अनुभूत शीतलता बर्तन या घट आदि की नहीं है किन्तु जल की है । शीतलता जल का स्वभाविक गुण है । शीतलता से घट में स्थित जल की सत्ता का अनुमान होता है । यहाँ अनुमान प्रयोग इस प्रकार है - यह घट जलयुक्त है क्योंकि बाहर से शीतल है, जल के समान ।

उक्त दृष्टान्त को दार्ष्टान्तिक में घटाते हैं ।

अर्थ - अभ्यास योग से जितना-जितना अहंकार विस्मृत होता है उतना-उतना सूक्ष्मदृष्टि से निजानन्द का अनुमान किया जाता है ।।९८।।

व्याख्या - पूर्वोक्त दृष्टान्त से दार्ष्टान्तिक में क्या प्राप्त हुआ ? ऐसी आशंका होने पर कहते हैं कि बाह्य शीतलता के स्पर्श से जैसे घट में स्थित जल की सत्ता का अनुमान होता है, उसी प्रकार वासनानन्द से निजानन्द का अनुमान किया जा सकता है । निर्विकल्प समाधि का बार-बार अभ्यास करने से जितना-जितना अहंकार विस्मृत होता है अर्थात् चित्तवृत्तियाँ बाह्य व्यापार से उपरत होती हैं उतना-उतना सूक्ष्मदृष्टि

नित्यं ब्रह्मानुभवकाङ्क्षिभि''रिति च वाक्यवृत्तौ भगवत्पादभाष्यकारवचनेन च प्रतिपादित-निरोधसमाद्ध्यभ्यासयोगेन । अत्रैवमनुमानप्रयोगः । अहङ्कारलयविशिष्टक्षणेषु मध्ये द्वितीयादिक्षणं पक्षीकृत्य पूर्वाधिकसुखवत्त्वं साध्यते । तत्र च हेतुरहङ्कारलयविशिष्टकालत्वादिति । तद्विशिष्टाद्यक्षणवदिति दृष्टान्तः । एवञ्च तेन योगेनाहङ्कारस्तदानीन्तनचित्तवृत्तिर्यावद्यवद्विस्मृतो भवति विलयं याति तावत्तावत्सूक्ष्मदृष्टेश्चित्तस्य सूक्ष्मता जायते । तस्मान्निजानन्दो यथार्थभूतो ब्रह्मानन्दोऽनुमीयते। ''यच्छेद्वाङ्मनसी प्राज्ञा ''इत्यादिश्रुतेर्यावद्यावदभ्यस्तसमाधिवशाच्चित्तसौक्ष्म्यं सम्पाद्यते तावत्तावदहङ्कार-विस्मरणतारतम्यानुरूपा निजानन्दाभिव्यक्तिर्भवतीति भावः । अयमाशयो यदहङ्कारानाच्छादित एवानन्दो ब्रह्मानन्द इति मुख्यतया व्यपदिश्यते । प्रकृतेऽहङ्कारसद्भवात्तदाच्छादितत्वेन न मुख्यो ब्रह्मानन्दोऽपि तु तद्वासनारूपः ततो नात्यन्तविलक्षणो निजानन्द इत्यभ्युपेयमिति शम् ।।

समाधौ निजानन्दानुभवकथनम् -

सर्वात्मना विस्मृतस्सन्सूक्ष्मतां परमां व्रजेत् ।
अलीनत्वान्न निद्रैषा ततो देहोऽपि नो पतेत् ।।९९।।

अन्वयः - सर्वात्मना विस्मृतः सन् परमां सूक्ष्मतां व्रजेत् । अलीनत्वात् एषा निद्रा न। ततः देहः अपि नो पतेत् ।

व्याख्या :- सम्पूर्णनिजानन्दावाप्त्यै समपेक्षितबुद्धिसौक्ष्म्यस्य कोऽवधिरित्यत्र प्रत्यगभिन्नाद्वितीया-परोक्षब्रह्मात्मसाक्षात्कार एवावधिरित्याह । अहङ्कारस्सर्वात्मना समग्रतो विस्मृतस्सन्नशेषवृत्तिविरमे

से निजानन्द का अर्थात् यथार्थभूत ब्रह्मानन्द का अनुमान किया जा सकता है ।

यच्छेद्वाङ्मनसी प्राज्ञस्तद्यच्छेज्ज्ञान आत्मनि ।
ज्ञानमात्मनि महति नियच्छेत्तद्यच्छेच्छान्त आत्मनि ।। (कठो. १/३/१३)

विवेकी पुरुष वाणी आदि सभी इन्द्रियों को मन में लीन करे, उस मन का प्रकाश स्वरूप बुद्धि में, बुद्धि को महत्तत्व में और उसको शान्त आत्मा में लीन करे । इस प्रकार श्रुति में अहंकार की विस्मृति का उपाय दर्शाया गया है । इस तरह अभ्यास करने से चित्त की सूक्ष्मता सम्पादित होती है । उससे निजानन्द की अभिव्यक्ति होती है । भाव यह है कि अहंकार से आच्छादित होने के कारण वह मुख्य ब्रह्मानन्द नहीं है, अपितु उसकी वासना रूप है । इसलिये निजानन्द अत्यन्त विलक्षण नहीं है, ऐसा जानना चाहिये।

समाधि में निजानन्दानुभव का कथन करते हैं ।

अर्थ - (समाधि में) अहंकार पूर्णरूप से विस्मृत हो जाने पर अत्यन्त सूक्ष्म हो जाता है । (अन्तःकारण के) लीन न होने से यह निद्रावस्था नहीं है, इसीलिए (समाधि में) देह गिरता भी नहीं है।।९९।।

व्याख्या - सम्पूर्ण निजानन्द की प्राप्ति कब होती है ? ऐसी आकांक्षा होने पर कहते हैं कि समाधि में अहंकार पूर्णरूप से विस्मृत हो जाने पर अत्यन्त सूक्ष्मता को प्राप्त हो जाता है अर्थात् सूक्ष्म हो जाता है । ***शंका***- निद्रा में अनुभूयमान को आपने मुख्य आनन्द माना है, उस समय जैसे समस्त वृत्तियों के उपरत हो जाने से मुख्य आनन्द माना है, उसी प्रकार इस आनन्द को ही ब्रह्मानन्द मानने में आपको क्या आपत्ति है ? आप उसे निजानन्द क्यों कहते हैं ? ***समाधान*** - ऐसी शंका होने पर दोनों का भेद दिखाते

सति समाधौ परमामुत्कृष्टां सूक्ष्मतां व्रजेत् । ननु निद्रायामनुभूयमान आनन्दो मुख्य इत्यभ्युपगतो भवता । तदानीं विद्यमानस्यानन्दस्यापि सर्ववृत्त्युपरतिसमकालतयेदानीन्तनस्यापि तादृशत्वेन ब्रह्मानन्दत्वमेवास्तु । तर्हि किमित्युच्यते पूर्वो निजानन्द इति ? सर्वात्मना विस्मृतौ सा निद्रैवस्यादित्यत आह । अन्तःकरणस्य मनसोऽलीनत्वात्सर्ववृत्तीनां विलयेऽप्यन्तःकरणस्य विद्यमानत्वादेषावस्था निद्रा न भवति । सुषुप्तावन्तःकरणस्य विद्यमानत्वेऽपि तदा कारणे लयेन तद्रूपेण स्थितौ निद्रेत्युच्यते। तस्मादधुना न तस्य कारणे लयः । किन्त्वशेषवृत्तिनिवृत्तिरेव । वृत्तिविरमेऽप्यन्तःकरणं स्वस्वरूपेणावतिष्ठते । न लयङ्गच्छति । यतो भाष्यकारा भणन्ति "बुद्धेःकारणात्मनावस्थानं सुषुप्तिरि"ति। तदानीमन्तःकरणसत्त्वे लिङ्गमाह । सुषुप्तावन्तःकरणे विलीने सति देहपातो दृश्यते । एवञ्च यत्र यत्र सुप्तिमूच्छादावन्तःकरणस्य लयस्तत्र तत्र देहपातो दृष्ट इति नेह तद्दृश्यत इत्यविलीन इति गम्यते । ततोऽत्रालीनत्वादेव हेतोर्नपते देह इति देहपाताभावरूपहेतुनानुमीयतेऽलीनता । अत एवाहु "लींयते हि सुषुप्तौ तन्निगृहीतं न लीयत " इति शम् ।।

अहङ्कारानाच्छादित एवानन्दो ब्रह्मानन्द इति निरूपणम् –

न द्वैतं भासते नापि निद्रा तत्रास्ति यत्सुखम् ।
स ब्रह्मानन्द इत्याह भगवानर्जुनं प्रति ।।१००।।

अन्वयः – द्वैतं न भासते। निद्रा अपि न। तत्र यत् सुखम् अस्ति। सः ब्रह्मानन्दः। इति भगवान् अर्जुनं प्रति आह।

हैं कि अन्तःकरण के लीन हो जाने से समस्त वृत्तियों के लीन हो जाने पर भी अन्तःकरण का पूर्णरूप से नाश न होने के कारण अर्थात् अन्तःकरण की विद्यमानता के कारण यह अवस्था निद्रा नहीं है । सुषुप्ति में अन्तःकरण के विद्यमान होने पर भी उस समय वह कारण में लय होने से कारणरूप से स्थित रहता है, उस अवस्था को निद्रा कहा जाता है । किन्तु समाधि में उसका कारण में लय नहीं होता अपितु सम्पूर्ण वृत्तियों की निवृत्ति होती है । वृत्ति का विराम होने पर भी अन्तःकरण स्वरूप से अवस्थित रहता है । वह लय को प्राप्त नहीं होता है । सुषुप्ति में अन्तःकरण के विलीन हो जाने पर देहपात होना देखा गया है किन्तु समाधि में अन्तःकरण लीन न होने के करण शरीर गिरता नहीं है । भाव यह है कि शरीर न गिरने से अन्तःकरण के अलीनत्व का अनुमान किया जा सकता है ।

अहंकार की दो अवस्थाएँ हैं – लय और विनाश । उपदेशसार में रमण महर्षि कहते हैं कि –

लयविनाशने उभयरोधने लयगतं पुनर्भवति नो मृतम् । (उ.सा.१३)

लय और विनाश ये दोनों मनोनिरोध के उपाय हैं । लय हुआ मन पुनः उदित होता है अर्थात् पुनः लौटता है, जबकि नष्ट हो चुका मन पुनः नहीं लौटता। यहाँ मन अन्तःकरण का वाचक है ।

उक्त कथन में प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ – जिस काल में न द्वैत भासित होता है और न निद्रा ही होती है उस काल में जो सुख अनुभव में आता है, वह ब्रह्मानन्द ही है । ऐसा भगवान् श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा है ।।१००।।

व्याख्या – जिस काल में द्वैत प्रतीत नहीं होता है और निद्रा भी नहीं होती, उस समय जो सुख अनुभव

व्याख्या :- किमेतावता प्रकृते ब्रह्मविचारे फलितम् ? नन्वेवं सति निजानन्दोऽन्यानन्दोऽस्तु। किमुच्यते वासनानन्द इति । वासनानन्द इत्युक्तौ ब्रह्मानन्दवासनेत्येवार्थः । अस्य ब्रह्मानन्दत्वे प्रमिते ततः किञ्चिद्वैलक्षण्ये ब्रह्मानन्दवासनेति वक्तुं युक्तमित्याशङ्कायां तत्र प्रमाणमस्तीति प्रदर्शयति। यस्मिन्काले द्वैतं न भासते नापि निद्रास्ति बुद्धेः कारणात्मनावस्थानमपि नास्ति न देहपातोऽपि दृश्यते तस्मिन्काल उपलभ्यमानं यत्सुखमस्ति यदनुभूयते स ब्रह्मानन्द इति भगवानर्जुनं प्रत्याह । गीताचार्योक्त्यैवायं ब्रह्मानन्द इति प्रतीयत इति भावः । तथाचास्यार्थस्य प्रमाणं गीतायां षष्ठाध्यायस्थवचनमेवेति तत्त्वम् । एवञ्च निद्राप्राक्कालिकस्य वासनानन्दस्य ब्रह्मानन्दत्वेन भगवता व्यवहारादहङ्कारानाच्छादितस्यैव मुख्यब्रह्मानन्दत्वेनास्य मुख्यत्वाभावाद्गौणोऽयं व्यवहरो भगवता कृत इत्यवश्यमभ्युपेयमिति शम् ।।

आनन्दोपायप्रतिपादकगीतावाक्यानां प्रदर्शनम् -

शनैश्शनैरुपरमेद्बुद्ध्या धृतिगृहीतया ।
आत्मसंस्थं मनः कृत्वा न किञ्चिदपि चिन्तयेत् ।।१०१।।

अन्वयः- "धृतिगृहीतया बुद्ध्या शनैःशनैः उपरमेत् । मनः आत्मसंस्थं कृत्वा किंचित् अपि न चिन्तयेत् "।

व्याख्या :- पूर्वोक्तार्थप्रतिपादकानि भगवद्वचनान्यर्थक्रमेण प्रदर्शयति । धृतिगृहीतया धैर्येण निगृहीतया बुद्ध्या विषयेभ्यश्शनैश्शनैः कुशाग्रेण जलबिन्दुविश्लेषणपूर्वकमुच्छेषितोदधेरिवोपरमेत्। अत्र विषयेभ्यस्सहसा मनस उपरतौ धैर्यनिगृहीता बुद्धिस्साधनभूता । कियत्पर्यन्तमेवंकुर्यादितित्यत्राह। मन आत्मसंस्थमात्मनि स्वस्वरूपे संस्थित "मात्मैव सर्वं न ततोऽन्यत्किञ्चिदस्ती"त्येवं कृत्वान्यत्किञ्चिदपि न चिन्तयेत् । एष योगस्य परमोऽवधिः । एतेनात्र यमनियमासनप्राणायामाः क्रमात्प्रोच्यन्त इति शम्।।

का विषय होता है वह ब्रह्मानन्द ही है । ऐसा भगवान् श्रीकृष्ण ने श्रीमद्भगवद्गीता के छटवें अध्याम में अर्जुन के प्रति कहा है । भाव यह है कि निद्रा से प्राक्कालीन वासनानन्द को ही भगवान् ने ब्रह्मानन्दरूप से कहा है । अहंकार से अनाच्छादित को ही मुख्य ब्रह्मानन्द माना गया है अतः उक्त आनन्द में मुख्यत्व का अभाव होने के कारण भगवान् का उक्त कथन गौणदृष्टि से है, ऐसा जानना चाहिये ।

उक्तार्थ प्रतिपादक वाक्यों को दर्शाते हैं ।

अर्थ - धैर्ययुक्त बुद्धि से धीरे-धीरे उपरति को प्राप्त हो और मन को आत्मा में स्थित करके कुछ भी चिन्तन न करे ।।१०१।।

व्याख्या - यह श्लोक गीता (६/२५) का है । शनैः शनैः अर्थात् सहसा नहीं, क्रमपूर्वक धीरे-धीरे उपरति को प्राप्त करे । किसके द्वारा ? बुद्धि के द्वारा । कैसी बुद्धि के द्वारा ? धैर्ययुक्त बुद्धि के द्वारा उपरति को प्राप्त हो । तथा मन को आत्मा में स्थित करके अर्थात् 'यह सब कुछ आत्मा ही है, उससे अतिरिक्त अन्य कुछ भी नहीं है' इस प्रकार मन को आत्मा में अचल करके अन्य किसी भी वस्तु का चिन्तन न करे । यह योग की सर्वोत्कृष्ट विधि है ।

आत्मसंस्थित्युपायप्रदर्शनम् -

यतो यतो निश्चरति मनश्चञ्चलमस्थिरम् ।
ततस्ततो नियम्यैतदात्मन्येव वशन्नयेत् ॥१०२॥

अन्वयः - "चञ्चलम् अस्थिरम् मनः यतः यतः निश्चरति। ततः ततः नियम्य एतत् आत्मनि एव वशं नयेत्" ।

व्याख्या :- अस्य सम्पादनोपाये प्रवृत्तो योग्यादौ किंकुर्यादित्यत्राह । मन आत्मसंस्थं कर्तुं यतमानो योगी मनो निगृह्णीयात् । तच्च मनस्स्वभावतश्चञ्चलम् । अत एव दोषादस्थिरं विषयाद्विषयान्तरे गमन-स्वभावमेकस्मिन्विषयेऽनियतस्थितिकमेतादृशं मनो यदा यदा यस्मिन्यस्मिन्काले यतो यतो यस्माद्यस्मा-न्निमित्ताच्छाब्दस्पर्शरूपादिभ्यो निश्चरति बहिर्निर्गच्छति ततस्ततस्तस्मात्तस्माच्छब्दादिविषयेभ्यस्सकाशान्नियम्य ताञ्छब्दादीन्विषयाननित्यान्मिथ्याभूतांश्च क्षयिष्णुत्वादिदोषदुष्टान्विचिन्त्यात एवाभासीकृत्य वैराग्यभावनापूर्वकं मनो निरुध्य तन्मनस्स्वरूप आत्मन्यैव वशं नयेदात्मवश्यतामापादयेत्। एवं प्रत्याहारबलेन योगाभ्यास-बलादात्मन्येव मनो नियच्छेत्तेन प्रशाम्यति मनः । अनेन प्रत्याहारोऽपि दर्शित इति शम् ।।

मनसः प्रशान्तावात्मानन्दफलोपब्धिरिति निरूपणम् -

प्रशान्तमनसं ह्येनं योगिनं सुखमुत्तमम् ।
उपैति शान्तरजसं ब्रह्मभूतमकल्मषम् ॥१०३॥

अन्वयः - "शान्तरजसं प्रशान्तमनसं ब्रह्मभूतम् अकल्मषम् एनं योगिनम् उत्तमं सुखम् उपैति हि"।

व्याख्या :- एवं कृते किं फलितमित्यत आह । अथ च संयमाख्यं क्रमप्राप्तान्तरङ्गं

इस योग के सम्पादन के लिए प्रवृत्त हुआ अधिकारी आरम्भ में क्या साधन करे, इस आकांक्षा का उत्तर देते हैं ।

अर्थ - चंचल और अस्थिर मन जिस-जिस विषय में विचरता है, उस-उस विषय से रोककर उसे आत्मा में ही निरुद्ध करना चाहिये ।।१०२।।

व्याख्या - यह श्लोक गीता (६/२६) का है । इस प्रकार मन को आत्मा में स्थित करने में लगा हुआ योगी स्वाभाविक दोष के कारण जो अत्यन्त चञ्चल है और इसीलिए अस्थिर है ऐसा मन जिस-जिस शब्द, स्पर्शादि विषय के निमित्त से विचरता है अर्थात् बाहर जाता है । उस-उस शब्दादि विषयरूप निमित्त से इस मन को रोककर एवं उस-उस विषयरूप निमित्त को यथार्थ तत्त्वनिरूपण द्वारा आभासमात्र दिखाकर, वैराग्य की भावना से इस मन का बार-बार आत्मा में ही निरोध करना चाहिये अर्थात् इसे आत्मा के ही वशीभूत किया करे । इस प्रकार योगाभ्यास के बल से योगी का मन आत्मा में ही शान्त हो जाता है ।

ऐसा करने पर फलितार्थ बताते हैं ।

अर्थ - जिसका मन भली प्रकार शान्त है, जो पाप से रहित है और जिसका रजोगुण शान्त हो गया है । ऐसे इस जीवन्मुक्त योगी को उत्तम आनन्द प्राप्त होता है ।।१०३।।

व्याख्या - यह श्लोक गीता (६/२७) का है । जिसका मन भली-भाँति शान्त है, जिसका रजोगुण

धारणाध्यानसमाध्याख्यं योगाङ्गत्रयं तत्फलं च प्रकृतप्रकरणे सङ्क्षिपति । शतश्लोक्यामन्तिमश्लोक प्रतिपादितरीत्या तथा भगवद्गीतायामुक्तश्लोकविधिनिरूपितेन ब्रह्मात्मैक्यविचारेण साकमेवानुष्ठितत्वाद-खिलप्रतिबन्धक्षयाद्धारणादित्रयानुष्ठानकाले सञ्चिन्तिता"दहं ब्रह्मास्मी"ति महावाक्यादेव सञ्जातापरोक्ष-ज्ञानेनैवाज्ञानध्वस्तौ सिद्धायां सत्यां जीवन्मुक्तिलक्षणमसम्प्रज्ञातापराभिधनिर्विकल्पसमाधिसंज्ञयाप्यभिधत्ते। अकल्मषमपेता धर्मादिदोषत्वान्निर्मलं "प्राणायामैर्दहेदेनो धारणाभिश्चकिल्बिषमि"त्यादिवचनादुक्त-रूपधारणया निरस्तकलुषत्वादेव ब्रह्मात्मैक्यभावनासातत्यशीलिनमिति भावः । एतेन ध्यानं ध्वन्यते। अत एवैवं प्रत्याहारान्तयोगाङ्गपञ्चकानुष्ठानेन प्रकृष्टशमशालिमानसमतश्शान्तरजसं शान्तं रजो रजोगुणकार्यभूतं मोहादि यस्य तं विलीनमनस्कं प्रक्षीणमोहादिक्लेशरजसं रजोगुणकार्यभूतब्रह्म-लोकान्तयावदिष्टाब्दादिविषय विषयलोभबृन्दं ब्रह्मरन्ध्रादिदेशावच्छेदेनोक्तवाक्यार्थ-मतोऽकल्मष-मित्यादिपूर्वमेवोक्तम् । योगाभ्यासेन क्रमशस्सर्ववृत्तिविलये सति निरिन्धनवह्नित्स्वत एव मनो विलयं यातीति भावः । अत एव ब्रह्मभूतं ब्रह्मस्वरूपं "ब्रह्मैवेदं सर्व"मिति निश्चयवत्तया जीवन्मुक्तकल्पं ब्रह्म भावमापन्नं हिरवधारणे । निरुक्तविशेषणद्वयविशिष्टं योगिनमेव युज-समाधाविति स्मरणात्समाहितं ब्रह्मात्मैक्यविषयकचित्तैकाग्र्यवन्तमेनं साधकवरमुत्तमं उद्गतं निर्गतं तमो यस्मात्सत "तमुत्तमः पुरुषस्त्वन्यः परमात्मेत्युदाहृत" इतिस्मृतेर्विषयादिसुखविमुखत्वेन विलक्षणत्वान्निरतिशयं क्षयित्वसातिशयत्वादिदोषरहितं सुखमुपैत्युपगच्छति। अत्रोपगमनं च स्वरूपेणावस्थितिरेव । न त्वप्राप्तदेशप्राप्तिः ।अद्वैतात्मसुखं स्वस्वरूपात्मकमेवेति भावः। एतेनोन्मन्यवस्था व्यजते । अतश्चात्रोपैत्याविर्भवतीत्येव ग्राह्य इति दिक् ।।

योगनिरूपणपराणां भगवद्वचनानां निरूपणम् -

यत्रोपरमते चित्तं निरुद्धं योगसेवया ।
यत्र चैवात्मनात्मानं पश्यन्नात्मनि तुष्यति ।।१०४।।
सुखमात्यन्तिकं यत्तद्बुद्धिग्राह्यमतीन्द्रियम् ।
वेत्ति यत्र न चैवायं स्थितश्चलति तत्त्वतः ।।१०५।।

शान्त हो गया है अर्थात् जिसका मोहादि क्लेशरूप रजोगुण अच्छी प्रकार से क्षीण हो चुका है, जो ब्रह्मभूत (जीवन्मुक्त) है अर्थात् 'यह सब कुछ ब्रह्म ही है' ऐसे निश्चय वाला है और जो अधर्मादि दोषों से रहित है, उस योगी को निरतिशय उत्तम सुख प्राप्त होता है । यहाँ स्वरूप में स्थिति को ही उत्तम सुख की प्राप्ति कहा गया है ।

उक्तार्थ के प्रतिपादक गीता के चार श्लोकों का पठन करते हैं ।

अर्थ - योगानुष्ठान के द्वारा निरुद्ध चित्त जब उपरत हो जाता है और जब अन्तःकरण के द्वारा परमात्मा को देखता हुआ सन्तुष्ट हो जाता है तथा बुद्धिग्राह्य, इन्द्रियातीत जो सुख है, उसको जिस अवस्था में अनुभव करता है और जिस अवस्था में स्थित यह योगी तत्त्व से (वास्तविक स्वरूप से) विचलित नहीं होता। और जिसे प्राप्तकर लाभान्तर को उससे अधिक नहीं मानता एवं जिस अवस्था में स्थित योगी बड़े भारी दुःख से भी चलायमान नहीं होता । उस दुःख के संयोग से रहित को योग नाम से जानना चाहिये ।

यं लब्धा चापरं लाभं मन्यते नाधिकन्ततः ।
यस्मिंस्थितो न दुःखेन गुरुणापि विचाल्यते ॥१०६॥
तं विद्याद्दुःखसंयोगवियोगं योगसंज्ञितम् ।
स निश्चयेन योक्तव्यो योगोऽनिर्विण्णचेतसा ॥१०७॥
युञ्जन्नेवं सदात्मानं योगी विगतकल्मषः।
सुखेन ब्रह्मसंस्पर्शमत्यन्तं सुखमश्नुते ॥१०८॥

अन्वयः - चित्तं यत्र योगसेवया निरुद्धम् उपरमते च यत्र आत्मना आत्मानं पश्यन् आत्मनि एव तुष्यति।

अन्वयः - यत्र स्थितः अयम् आत्यन्तिकं बुद्धिग्राह्यम् अतीन्द्रियं यत् तत् सुखं वेत्ति च तत्त्वतः न एव चलति।

अन्वयः - (किं) च यं लब्धा अपरं लाभं ततःअधिकं न मन्यते। यस्मिन् स्थितः गुरुणा अपि दुःखेन न विचाल्यते ।

अन्वयः - तं दुःखसंयोगवियोगं योगसंज्ञितम् विद्यात् । सः योगः निश्चयेन अनिर्विण्णचेतसा योक्तव्यः।

अन्वयः- विगतकल्मषः योगी सदा आत्मानम् एव युञ्जन् सुखेन ब्रह्मसंस्पर्शम् अत्यन्तं सुखम् अश्नुते।

व्याख्या :- अत एवायं योगस्तत्र प्रागेव भगवता महाफलत्वेनोपन्यस्त इति पूर्वं सङ्गृहीतार्थ प्रपञ्चनपराञ्छ्लोकान्पठति । श्लोकेषु त्रिष्वपि यत्रेत्यादयो ये षड्यच्छब्दास्तेषां तं विद्यादिति चतुर्थश्लोकगततच्छब्देनान्वयः । यत्र यस्मिन्काले योगसेवया योगभ्यासेन वृत्तिनिरोधान्निरुद्धं विषयेभ्योऽपकृष्टं निवारितप्रचारं चित्तमुपरमते निवातदीपवदचञ्चलं निस्तरङ्गं शान्तं भवति । किञ्च

वह योग अनिर्विण्ण (उद्वेगरहित) चित्त से निश्चयपूर्वक करना चाहिये ।।१०४-१०७।।

व्याख्या - ये श्लोक गीता (६/२०, २१, २२, २३) के हैं । जिस काल में योगानुष्ठान के द्वारा अर्थात् योगाभ्यास से वृत्ति के निरोध से निरुद्ध चित्त उपरत हो जाता है अर्थात् वायु रहित स्थान में स्थित दीपक की ज्योति की तरह अचञ्चल हो जाता है । और आत्मा के द्वारा अर्थात् अन्तःकरण के द्वारा आत्मा को अर्थात् स्वयंप्रकाश अद्वितीय परमात्मा को देखता हुआ अर्थात् प्राप्त करता हुआ आत्मा में ही सन्तुष्ट हो जाता है अर्थात् अपनी आत्मा में ही तृप्त हो जाता है । और जिस काल में आत्मा में स्थित यह योगी आत्यन्तिक अर्थात् निरतिशय (अनन्त), बुद्धि से अग्राह्य अर्थात् इन्द्रियों की कुछ भी अपेक्षा न करके केवल बुद्धि से ही ग्राह्य है, तथा जो इन्द्रियातीत है अर्थात् इन्द्रियों की पहुँच से बाहर है यानी की जो विषयजन्य सुख नहीं है, ऐसे सुख का अनुभव करता है । और जिस काल में आत्मा में स्थित यह ज्ञानी तत्त्व से अर्थात् अपने स्वरूप से बिलकुल भी विचलित नहीं होता और जिसे प्राप्त कर लाभान्तर को उससे अधिक नहीं मानना अर्थात् जिस परमोत्कृष्ट तत्त्व को प्राप्त कर उससे भिन्न किसी भी लाभ को उससे अधिक नहीं मानता, यानी कि आत्मलाभ से परम लाभ कुछ भी नहीं है, ऐसा जो मानता है । और जिस अवस्था में स्थित यह योगी शस्त्राघात आदि भारी से भारी दुःखों से भी चलायमान नहीं होता अर्थात् दुःखों से भी जिसकी चित्तवृत्ति अन्यत्र नहीं जाती । उस दुःखों के संयोग से रहित को योग नाम

यस्मिन्काले चात्मनैवोपरतचित्तेन समाधिपरिशुद्धेनान्तःकरणेनात्मानं स्वयम्प्रकाशमद्वितीयं परं चैतन्यं ज्योतिस्स्वरूपं परमात्मानं पश्य "न्नहंब्रह्मास्मी"ति साक्षात्कुर्वन्कूटस्थ उपलब्धिं कुर्वन्नात्मनि निरुक्तस्वस्वरूपविषयेषु तृप्तिङ्गच्छति ।

किञ्च यत्र यस्मिन्काल आत्मनि स्थितोऽयं योगी चात्यन्तिकमत्यन्तमेव भवतीत्यात्यन्तिकं निरतिशयमद्वितीयमनन्तं बुद्धिग्राह्यमिन्द्रियनिरपेक्षयान्तर्मुखया बुद्ध्यैव ग्राह्यश्शोधिततत्पदार्थविषयकप्रमयैव ग्रहीतुं शक्यत इत्यतीन्द्रियमिन्द्रियगोचरातीतमविषयजनितं यदीदृशं सुखं वेत्त्यनुभवति ।

किञ्च यत्र यस्मिन्काले यत्र च स्थितोऽयमधिकारी ज्ञानी तत्त्वतस्तत्त्वस्वरूपान्नैव चलति स्वस्वरूपान्न प्रच्यवते । किञ्च यं स्वस्वरूपमात्मानं लब्ध्वा ततोऽपरं लाभमधिकं लाभान्तरं नैव मन्यत " आत्मलाभान्नपरं विद्यत " इत्यध्यात्मपटलवचनात् ।

किञ्च यस्मिन्नात्मस्वरूपे तत्त्वे स्थितो गुरुणापि दुःखेन माण्डव्यादिवच्छूलारोपणजन्य-प्राणान्तदुःखेनापि महता विषपानेन समुद्रपतनेन शस्त्राभिघातादिलक्षणेन सद्ग्रहः प्रह्लाद इव न विचाल्यते नान्यथावृत्तिर्भवति। सम्प्रत्युपपादितं योगं निगमयति । शनैश्शनैरित्यादिना यावद्भिर्विशेषणैर्विशिष्ट आत्मावस्थाविशेषो यो योगः प्रोक्तस्तं दुःखसंयोगवियोगं दुःखैस्संयोगस्सम्बन्धो दुःखसंयोगस्तेन वियोगो दुःखसंयोगविधुरस्सर्वदुःखसम्बन्धपरित्यागं योगसंज्ञितं विपरीतलक्षणया योग इत्येवं संज्ञा यस्येति योगसंज्ञितं विद्याज्जानीयादित्येवंविधयोगानुष्ठाने किञ्चित्कर्तव्यताविशेषमप्याह । सोऽयं पूर्वं निरुक्तो "योगोऽनिर्विण्णचेतसा" निर्वेदविरहितेन मनसा निश्चयेनाध्यवसायेन विश्वासदार्ढ्येन चित्तेन योक्तव्यस्समनुष्ठेय आदरातिशयवता ।

श्लोकचतुष्टयोक्तमर्थमुपसंहरति । विगतकल्मषोऽपेतदुरितो विगतपापो योगी ध्याननिष्ठो योगान्तरायवर्जित एवं यथोक्तक्रमेण सदा सततमात्मानं स्वस्वरूपे युञ्जन्नसन्दधानस्संयोजयन्सुखे-नानायासेन ब्रह्मसंस्पर्शं ब्रह्मणा संस्पर्शो यस्य सुखस्य तमद्वितीयैक्यविषयरूपं ब्रह्मस्वरूपभूतमत्यन्तम-विनश्वरमुत्कृष्टं निरतिशयं सुखमानन्दं सुखेनैवानायासेनाश्नुते समवाप्नोतीति दिक् ।।

से जानना चाहिये । दुःखों से संयोग होना 'दुःखसंयोग' है, उससे वियोग हो जाना दुःखों के संयोग का वियोग है । उस दुःख-संयोग-वियोग को 'योग' ऐसे विपरीत नाम से कहा हुआ जानना चाहिये । वह योग अनिर्विण्णचित्त से अर्थात् खेदरहित (उद्वेगरहित) मन से निश्चय पूर्वक अर्थात् दृढ़ विश्वास पूर्वक करना चाहिये ।

उक्तार्थ का उपसंहार करते हैं ।

अर्थ - वह पापरहित योगी इस प्रकार निरन्तर आत्मा को परमात्मा में लगाता हुआ ब्रह्मसम्बन्धी सुख को सुखपूर्वक प्राप्त हो जाता है ।।१०८।।

व्याख्या - योग विषयक विघ्नों से रहित हुआ निष्पाप योगी उपर्युक्त क्रम से सदा चित्त को समाहित करता हुआ अर्थात् आत्मा को परमात्मा में लगाता हुआ ब्रह्मसंस्पर्श को अर्थात् ब्रह्मसम्बन्धी सुख को सुखपूर्वक (अनायास) ही प्राप्त हो जाता है अर्थात् वह योगी अनायास ही ब्रह्मप्राप्तिरूप निरतिशय सर्वोत्कृष्ट सुख का अनुभव करता है ।

अनिर्विण्णस्य योगः फलतीति सदृष्टान्तनिरूपणम् -

उत्सेक उदधेर्यद्वत्कुशाग्रेणैकबिन्दुना ।
मनसो निग्रहस्तद्वद्भवेदपरिखेदतः॥१०९॥

अन्वयः - कुशाग्रेण एकबिन्दुना उदधेः उत्सेकः यद्वत्। तद्वत् मनसः निग्रहः अपरिखेदतः भवेत्।

व्याख्या :- शनैश्शनैरनायासेन योगाभ्यासः कर्तव्य इत्यत्र माण्डूक्यगौडपादकारिकां स्मरन्नन्वाचष्टे। नन्वेवमपि "स निश्चयेन योक्तव्यो योगोऽनिर्विण्णचेतसे" त्यत्र यथाश्रुते विरक्तचेतसेति प्रकृतानुकूलेऽर्थे सम्भवति सत्यप्यनिर्विण्णचेतसेत्यत्रात्यन्तादरातिशयवतेत्यर्थोऽयं कुतो व्याख्यात इति चेत्साम्प्रदायिक-सम्मतत्वा"दीर्घकालनैरन्तर्यसत्कारसेवितो दृढभूमि"रिति सूत्राशयाच्चेति गौडपादश्रीचरणवचनमेवात्राद-रातिशयांशे समुदाहरति । कुशाग्रेणोद्धृतेनैकेन बिन्दुनैकैकेन जलबिन्दुना क्रियमाण उदधेस्समुद्रस्योत्सेको बहिस्सेचनं यद्वत्क्रमशो कालेन भवेत्तद्वन्मसो निग्रहोऽपि टिट्टिभोपाख्यानन्यायेनापरिखेदतोऽनायासेन खेदाभावेन मनसो निग्रहोऽपि श्रमराहित्येनानुष्ठीयमानः कालान्तरे सिद्ध्येत् ।।

अयमेव समाधिर्मैत्रायणीशाखायामपि श्रूयत इति प्रदर्शनम् -

बृहद्रथस्य राजर्षेश्शाकायन्यो मुनिःसुखम् ।
प्राह मैत्राख्यशाखायां समाध्युक्तिपुरःसरम् ॥११०॥

मनोनिग्रह में धैर्य परमावश्यक है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - जैसे कुशा के अग्रभाग से एक-एक बूँद के द्वारा समुद्र को सुखाना (लम्बे धैर्यपूर्वक प्रयत्न से हो सकता है) ठीक वैसे ही खेदरहित (प्रयत्नशील) योगियों का मनोनिग्रह धैर्य से हो सकता है ।।१०९।।

व्याख्या - यह श्लोक माण्डूक्योपनिषद् की गौडपादकारिका (३/४१) से उद्धृत है योगाभ्यास धीरे-धीरे धैर्यपूर्वक करना चाहिये । इस आशय से कहते हैं कि जैसे कुशा के अग्रभाग से एक-एक बूँद के द्वारा समुद्र को सुखाना अर्थात् समुद्र को उलीचना दीर्घकाल तक धैर्यपूर्वक प्रयत्न करने से संभव हो सकता है, वैसे ही योगी का मनोनिग्रह भी हो सकाता है बशर्ते उसे खेदरहित होकर निरन्तर मनोनिग्रह के लिए प्रयत्नशील होना पड़ेगा । इस विषय में टिट्टीभ पक्षी द्वारा अपने अण्डे समुद्र से वापस लेने के लिए धैर्य पूर्वक किया गया प्रयत्न स्मर्तव्य है । धैर्यपूर्वक निरन्तर अभ्यास करने से कालान्तर में मनोनिग्रह अनायास ही हो जाता है । योगसूत्र में कहा है कि ***"स तु दीर्घकालनैरन्तर्यसत्काराऽऽसेवितो दृढभूमिः"*** (यो.सू. १/१४) अर्थात् वह अभ्यास बहुत कालतक निरन्तर (लगातार) और आदरपूर्वक साङ्गोपाङ्ग सेवन किया जाने पर दृढ़ अवस्था वाला होता है ।

उक्तार्थ में उपनिषद् प्रमाण को प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - मैत्राख्य (मैत्रायणी उपनिषद्) शाखा में शाकायन्य मुनि ने राजा बृहद्रथ को समाधि का वर्णन करते हुए ब्रह्मसुख का उपदेश किया ।।११०।।

व्याख्या - ब्रह्मानन्द प्राप्त करने का ध्यानयोग साधन केवल गीता में ही नहीं वरन् वेदों में भी मिलता है । यजुर्वेद की एक शाखा मैत्राण्य है, उसमें मैत्रायणी उपनिषद् है । उसमें शाकायन्य नाम के मुनि और राजा बृहद्रथ का संवाद है । वहाँ मुनि समाधि का विस्तृत वर्णन करते हैं और समाधि प्राप्त

यथा निरिन्धनो वह्निः स्वयोनावुपशाम्यति।
तथा वृत्तिक्षयाच्चित्तं स्वयोनावुपशाम्यति।।१११।।

अन्वयः - मैत्राख्यशाखायां शाकायन्यः मुनिः बृहद्रथस्य राजर्षेः समाध्युक्तिपुरःसरं सुखं प्राह ।

अन्वयः - निरिन्धनः वह्निः स्वयोनौ उपशाम्यति यथा। तथा चित्तं वृत्तिक्षयात् स्वयोनौ उपशाम्यति।

व्याख्या :- गीताशास्त्रप्रतिपादितोऽयमेवार्थो निरुक्तयोगो मैत्रायणीशाखायामप्युपदिष्ट एवेति तत्रत्यं संवादमवतारयति । शाकायन्यस्तन्नामको मुनि "र्दुःखेष्वनुद्विग्नमनास्सुखेषुविगतस्पृहः । वीतरागभयक्रोधस्स्थितधीर्मुनिरुच्यत" इत्यादिलक्षणलक्षितोबृहद्रथस्य राजर्षेर्ब्रह्मसुखं समाध्युक्तिपुरस्सरं प्राह मैत्राख्यशाखायां मैत्रायणीनामके यजुश्शाखाभेदे । तत्प्रकारप्रतिपादकान्मन्त्रान्पठति । निरिन्धनो दग्धकाष्ठो वह्निस्स्वयोनौ सत्त्वमात्र उपशाम्यति ज्वालादिरूपं विशेषाकारं परित्यज्य तेजोमात्ररूपे यथावतिष्ठते तथा तेनैव प्रकारेण चित्तमन्तःकरणमपि राजसादिसकलवृत्तीनां नाशात्स्वयोनावुपशान्तं सत्सत्त्वमात्रावशेषं भवतीति दिक् ।।

स्वयोनावुपशान्तचित्तस्य फलनिरूपणम् -

स्वयोनावुपशान्तस्य मनसस्सत्यकामिनः ।
इन्द्रियार्थविमूढस्यानृताःकर्मवशानुगाः ।।११२।।

अन्वयः - सत्यकामिनः स्वयोनौ उपशान्तस्य इन्द्रियार्थविमूढस्य मनसः कर्मवशानुगाः अनृताः।

व्याख्या :- अन्तःकरणस्य स्वकारणे सत्त्वमात्र उपशान्तेः प्रयोजनं निरूपयति । सत्यकामिनस्सत्यं परमात्मानं कामयतीति सत्यकामः कालत्रयाबाद्ध्यब्रह्मात्मप्राप्तिविषयकोत्कण्ठाशाली तस्य चैतादृशस्य

होने पर ब्रह्मानन्द का अनुभव होना सिद्ध करते हैं । आगे के आठ श्लोक उसी उपनिषद् से लिए गये हैं ।

उक्तार्थ के प्रतिपादक श्लोकों का पठन करते हैं ।

अर्थ - जैसे ईन्धन के बिना अग्नि अपने कारण में शान्त हो जाती है, वैसे ही वृत्ति के क्षय होने पर चित्त अपने कारण में लीन हो जाता है ।।१११।।

व्याख्या - (मैत्रायणी उपनिषद् में श्लो. ४/१) जैसे जलती हुई अग्नि में ईन्धन न डाला जाए तो वह स्वयं शान्त हो जाती है अर्थात् अपने कारणभूत तेज में लीन हो जाती है, उसी प्रकार समाधि अवस्था में विषयाकार वृत्तियाँ उपलब्ध न होने पर अर्थात् वृत्ति के क्षय (नष्ट) हो जाने पर चित्त अपने कारण कूटस्थ में लीन हो जाता है ।

स्वकारण में लीनता का फल बताते हैं ।

अर्थ - सत्यकामी, अपने कारण में उपशान्त और विषय ज्ञान से विमुख मन के कर्मवशात् प्राप्त होने वाले (सुख-दुःखदि) मिथ्यारूप हो जाते हैं । (मैत्रायणी उपनिषद् ४/२) ।।११२।।

व्याख्या - सत्य परमात्मा की कामना करने वाला सत्यकाम कहलाता है, उसी मन को सत्यकामी कहा गया है । और जो अपने कारण में उपशान्त हो चुका है अर्थात् वृत्ति क्षय हो जाने से जो ब्रह्म में लीन हो चुका है । इन्द्रियों के द्वारा विषयी किये जाने से शब्दादि विषयों को इन्द्रियार्थ कहा जाता है,

मनसस्स्वयोनावुपशान्तस्य सतोवृत्तिक्षयादिन्द्रियार्थविमूढस्येन्द्रियैरर्थ्यन्ते विषयीक्रियन्त इति शब्दस्पर्शादय इन्द्रियार्थास्तेषु विमूढस्य विमुखस्य शब्दादिज्ञानहीनस्य संस्कारतः कदाचिद्व्युत्थितस्याप्यनृता असत्यभूता इन्द्रियार्थाः कर्मवशानुगाः कर्मवशं जीवमनुगच्छन्तीति तादृशास्समाधानसुखादयस्स्वाविद्याकल्पितत्वेन मायिकत्वज्ञानेन मिथ्याभूतास्सन्तः प्रारब्धमनुसृत्य प्रसरन्ति । न तु तस्य भोगजनका इति शम् ।।

न हि चित्तादन्यस्संसार इति तत्त्वनिरूपणम् –

चित्तमेव हि संसारस्तत्प्रयत्नेन शोधयेत् ।
यच्चित्तस्तन्मयो मर्त्यो गुह्यमेतत्सनातनम् ।।११३।।

अन्वयः – चित्तम् एव हि संसारः तत् प्रयत्नेन शोधयेत् । मर्त्यः यच्चित्तः तन्मयः। एतत् सनातनं गुह्यम्।

व्याख्या :– भोगजनकत्वस्वभावानां कथं तदभावस्स्यादेवं चित्तोपशान्तौ जगन्मिथ्या भवेत्तच्चानुपपन्नं तदुपादानकत्वाभावात्तस्येत्याशङ्कायां हेतुः प्रदर्श्यते दृष्टिसृष्ट्यभिप्रायेणात्र सर्वमुपवर्ण्यते । चित्तमेव हि संसारस्तत्कल्पितत्वादतःप्रयत्नेन तच्चित्तं शोधयेद्वृत्तिराहित्येनैकाग्रं कुर्यात् । तद्यपि स्वरूपेण चित्तोपादानकं जगन्न भवति तथापि तस्य योग्यत्वं चित्तकारणमेव । हिशब्देनात्र सर्वानुभवं प्रमाणयति सुषुप्त्यादौ चित्तविलये भोगादर्शनात् । अतस्संसारश्चित्तात्मक इति महता प्रयत्नेनाभ्यासवैराग्यादिना तच्चित्तमेव रजस्तम आदिदोषरहितं कुर्यात् । ननु चित्तवृत्तिनिरोधे कथमात्मलाभस्स्यादात्मनोविमुक्तय आत्मैव शोधनीयो न चित्तमिति चेदुच्यते । मर्त्यो मरणशीलो देही सर्वोऽपि जन्तुर्यच्चित्तो यस्मिन्दारापत्यक्षेत्रादौ विषये यस्य मनो लग्नं भवेत्स तन्मयो भवेत्तदात्मक एव

उन इन्द्रियार्थों से विमुख मन मुक्त हो जाता है । यद्यपि प्रारब्धानुसार सुख-दुःख अवश्य प्राप्त होते हैं, किन्तु मन उन्हें मायिक और मिथ्या समझता है अतः उसके लिए सुख-दुःखादि सब मिथ्यारूप हो जाते हैं । भाव यह है कि ऐसा मन उदासीन रहने के कारण सदा ब्रह्मानन्द में निमग्न होकर सन्तुष्ट रहता है। उसे शब्दादि विषय कर्मवशात् ही प्राप्त होते हैं, अतः वे भोगजनक नहीं होते ।

चित्त को ही संसार का हेतु बताते हैं ।

अर्थ – चित्त ही संसार है । उसका प्रयत्नपूर्वक शोधन करना चाहिये । जैसा चित्त होता है मनुष्य भी तद्रूप ही होता है, यह सनातन रहस्य है । (मै.उ. ४/३)।।११३।।

व्याख्या – जिनका स्वभाव भोग उत्पन्न करना ही है, उनमें भोगोत्पन्न का अभाव कैसे हो सकता है ? और चित्त के उपशान्त हो जाने पर जगत् मिथ्या हो जाता है, यह कथन उचित नहीं, क्योंकि जगत् का उपादान चित्त नहीं है । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि चित्त के द्वारा कल्पित होने के कारण चित्त ही संसार है । इसलिये प्रयत्न पूर्वक उसका शोधन करना चाहिये अर्थात् वृत्ति का त्याग कर एकाग्रता का संपादन करना चाहिये । चित्त स्वरूप से जगत् का उपादान कारण न होने पर भी जगत् के भोग्यत्व के प्रति मुख्यकारण होने से, चित्त को ही संसार कहा गया है । यह बात अनुभव से भी सिद्ध है । सुषुप्ति में चित्त का लय हो जाने पर जगत् की भी विस्मृति हो जाती है, अतः चित्त ही संसार है । ***शंका –*** चित्तवृत्ति के निरोध से आत्मलाभ कैसे हो सकता है ? ***उत्तर –*** जिसका चित्त जैसा होता है, वह मनुष्य तद्रूप ही हो जाता है । ***''यच्चित्तस्तेनैष प्राणमायाति''*** (प्र.उ. ४/६/५) इत्यादि शास्त्रप्रमाण उपलब्ध

तत्साकल्यवैकल्याभ्यामहमेवसकलो विकल इति समारोपणात्तद्रूपतां भजते । ''यच्चित्तस्तेनैष प्राणमायाति'' यथाकारी यथाचारी तथा भवती''त्यादि शास्त्रतः । जीवस्य बन्धकं मानसं जगदित्युक्तमधस्ता''न्मृतेऽपि तस्मिन्वार्तायामश्रुतायां न रोदिति । अतस्सर्वस्य जीवस्य बन्धकृन्मानसं जग ''दित्यादिना । एतत्सनातनमिदमनादिसिद्धं गुह्यं परमरहस्यम् । अत उक्तम् - चित्तं हि चिद्विजीनात्तकाररहितं यदा । तकारो विषयाध्यासो जपारागो यथामणा''विति ।। अत्रेदमुक्तं वेदितव्यम्। स्वभावतश्शुद्धस्यात्मनो यतश्चित्तसम्पर्कादेव संसारित्वं ''ध्यायतीव लेलायतीवे'' ति श्रुतेः । अतश्चित्तस्य शोधनेनात्मनस्संसारनिवृत्तिरिति दिक् ।।

चित्तनैर्मल्यात्सुखावाप्तिरिति कथनम् -

चित्तस्य हि प्रसादेन हन्ति कर्म शुभाशुभम् ।
प्रसन्नात्मात्मनि स्थित्वा सुखमक्षय्यमश्नुते ।।११४।।

अन्वयः - चित्तस्य हि प्रसादेन शुभाशुभं कर्म हन्ति। प्रसन्नात्मा आत्मनि स्थित्वा अक्षय्यं सुखम् अश्नुते।

व्याख्या :- अनादिभवपरम्परोपार्जितसुखदुःखप्रदपुण्यपापकर्मणोस्सतोश्चित्तशोधनेनापि कथमात्मन-स्संसारनिवृत्तिर्भविष्यतीत्याशङ्कायां चित्तप्रसादोपलक्षितब्रह्मानुसन्धानेन सकलकर्मक्षयोपपत्तेर्मैवमिति दूरीकरोति । अयमाशयो यच्चित्तनैर्मल्येनासङ्क्षयस्तेनाक्षय्यसुखावाप्तिरिति। तदाह । हिरवधारणे । प्रसन्नात्मा प्रसादयुक्तान्तःकरणःप्रसन्न आत्मा चेतो यस्य स तथोक्तस्स चित्तस्य प्रसादेन तत्त्वज्ञानरूप-

---

हैं । द्वैतविवेक नामक चतुर्थ प्रकारण में (४/३५) जीव के बन्धन का कारण मानसिक जगत् ही है, इसका वर्णन कर आये हैं । अतः चित्त को आत्मा में स्थिर करने से मुनष्य ब्रह्मरूप ही हो जाता है ।

चित्तं चिद्विजानीयात् तकाररहितं यदा ।
तकारो विषयाध्यासो जपारागो यथा मणौ ।।

चित्त शब्द में दो तकार हैं - एक हलन्त्य और एक पूर्ण । चित् आत्मा को कहते हैं । तकार शब्द से विषयों के अध्यास का ग्रहण किया गया है अर्थात् चित्त विषयाध्यास रूपी तकार से जब रहित हो जाए तब उसे ही चित् (आत्मा) जानो । जैसे स्फटिक मणि के पास में रखे हुए जपाकुसुम को हटा देने पर शुद्ध स्फटिक ही रहता है, वैसे विषयाध्यास को हटा देने पर केवल चित् ही अवशिष्ट रहता है ।

चित्त की निर्मलता से सुख की प्राप्ति का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - प्रसन्नात्मा चित्त के प्रसाद से शुभ-अशुभ कर्म को नष्ट कर देता है और आत्मा में स्थित होकर अक्षय सुख प्राप्त करता है । (मै. उ. ४/४)।।११४।।

व्याख्या - अनादि जन्म परम्परा द्वारा उपार्जित सुख और दुःखप्रद पुण्य-पाप कर्म जब तक विद्यमान हैं तब तक चित्त के शोधन से भी आत्मा की संसार से निवृत्ति कैसे होगी ? इस शंका का परिहार करते हैं । चित्त की निर्मलता से अनेक जन्मोपार्जित कर्मों का भी क्षय संभव है । प्रसन्नात्मा अर्थात् प्रसन्न चित्तवाला पुरुष चित्त के प्रसाद से अर्थात् तदुपलक्षित ब्रह्मानुसन्धान से शुभाशुभ कर्मों को नष्ट कर देता है । श्रुति भी कहती है कि ***''तद्यथेषीकातूलमग्नौ प्रोतं प्रदूयेतैवं हाऽस्य सर्वे पाप्मानः प्रदूयन्ते''***

परमविमलपरिणामेन तदुपलक्षितब्रह्मानुसन्धानेन शुभाशुभं कर्म हन्ति नाशयति "तद्यथेषीकातूलमग्नौ प्रोतं प्रदूयेतैवं हास्य सर्वे पाप्मनः प्रदूयन्त" इति श्रुतेः "उपपातकेषु च सर्वेषु पातकेषु महत्सु च। प्रविश्यरजनीपादं ब्रह्मध्यानं समाचरेदित्यादिस्मृतेश्च । आत्मनि स्वस्वरूपभूतेऽद्वितीयानन्दलक्षणे परे ब्रह्मणि स्थित्वा ब्रह्मैवाहमिति निश्चयेन दृश्यजातं परिहृत्य चिन्मात्ररूपेणावस्थानमक्षय्यमविनाशि यत्सुखं स्वरूपभूतं तत् समश्नुत इति शम् ।।

आत्मप्रसादोपायनिरूपणम् –

समासक्तं यथा चित्तं जन्तोर्विषयगोचरे ।
यद्येवं ब्रह्मणि स्यात्तत्को न मुच्यते बन्धनात् ।।११५।।

अन्वयः – जन्तोः चित्तं विषयगोचरे यथा समासक्तम् । तत् ब्रह्मणि यदि एवं स्यात् कः बन्धनात् न मुच्यते ।

व्याख्या :– "प्रसन्नात्मात्मनि स्थित्वाक्षय्यं सुखमश्नुत" इत्यत्रोक्तमेवार्थं दृष्टान्तोक्तिपुरस्सरं द्रढयन्मनः प्रसादोपायमपि स्पष्टयति । जन्तोर्जननशीलस्य प्राणिनोऽविद्यावशाद्देहाभिमानयुक्तस्य जीवस्य चित्तं विषयगोचरे विषय एव गोचरस्तस्मिन्विषय एव बन्धकस्तत्रेन्द्रियप्रचारभूमौ यथा समासक्तं सम्यगासक्तं दृढं लग्नं भवति तथैव ब्रह्मणि प्रत्यगभिन्ने परमात्मनि यदि समासक्तं स्यात्तर्हि को वा बन्धनात्संसारान्न मुच्येत । सर्वोऽपि मुच्येतैवेति भाव इति शम् ।।

मनसो द्वैविध्यनिरूपणम् –

मनो हि द्विविधं प्रोक्तं शुद्धं चाशुद्धमेव च ।
अशुद्धङ्कामसम्पर्काच्छुद्धङ्कामविवर्जितम् ।।११६।।

(छा.उ. ५/२४/३) अर्थात् जिस प्रकार सींक का अग्रभाग अग्नि में घुसा देने से तत्काल जल जाता है, उसी प्रकार इस ज्ञानी के समस्त पाप भस्म हो जाते हैं । वह पुरुष आत्मा में स्थित होकर अर्थात् स्वस्वरूपभूत परब्रह्म में स्थित होकर अक्षय (कभी नष्ट न होने वाले) सुख को प्राप्त करता है ।

उक्तार्थ को ही दृढ़ करते हैं ।

अर्थ – प्राणी का चित्त जैसे विषयों में पूर्णतः आसक्त होता है, उसी प्रकार यदि वह ब्रह्म में आसक्त हो जाए तो भला ऐसा कौन है जो बन्धन से मुक्त न हो ? (मै.उ.४/५)।।११५।।

व्याख्या – जननशील को जन्तु अर्थात् प्राणी कहते हैं । अविद्यावशात् देहाभिमान युक्त प्राणी अर्थात् जीव का चित्त जैसे विषयों में पूर्णतः आसक्त होता है अर्थात् इन्द्रियप्रचारभूमि में जैसे दृढ़ता से संलग्न रहता है, उसी प्रकार यदि ब्रह्म में पूर्णरूप से अनुरक्त हो जाए तब कौन ऐसा पुरुष है जो संसार बन्धन से मुक्त न हो ? अर्थात् सभी मनुष्य अवश्य ही मुक्त हो जाएँगे ।

मन का द्वैविध्य दर्शाते हैं ।

अर्थ – मन दो प्रकार का कहा गया है – शुद्ध और अशुद्ध । कामना के सम्पर्क से मन अशुद्ध और कामना रहित मन शुद्ध है । (मै.उ. ४/६) ।।११६।।

अन्वयः - शद्धं च अशुद्धम् एव मनः हि द्विविधं प्रोक्तम् । कामसंपर्कात् अशुद्धं । कामविवर्जितम् शुद्धम्।

व्याख्या :- मनसः परस्परविरुद्धबन्धमोक्षकारणत्वोपपादनाय पूर्वोक्तार्थदृढीकरणाय च मनसो द्वैविध्यं प्रस्तौति । शुद्धमशुद्धमिति भेदेन मनो द्विविधं प्रोक्तम् । कामसम्पर्कात्काम इति क्रोधादेरप्युपलक्षणम् । तेषां सम्बन्धादशुद्धं मनो भवति । कामवर्जितं तु मनश्शुद्धं भवतीति शम् ।।

बन्धमोक्षयोर्हेतुर्मन एवेति निरूपणम् -

मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः ।
बन्धाय विषयासक्तं मुक्त्यै निर्विषयं स्मृतम् ॥११७॥

अन्वयः - मनुष्याणां बन्धमोक्षयोः कारणं मनः एव। विषयासक्तं बन्धाय। निर्विषयं मुक्त्यै स्मृतम् ।

व्याख्या :- द्विविधस्यैव मनसो बन्धमोक्षहेतुत्वमित्याह । मनुष्याणां बन्धमोक्षयोः कारणं मन एव। तत्कदा बन्धस्य कदा वा मोक्षस्य कारणमित्यत्राह । यदा तु विषयासक्तं मनस्तदा बन्धाय कल्पते । यदा तु निर्विषयं तत्त्वज्ञानान्मिथ्याभूतत्वेन निर्गता विषया यस्मात्तन्निरस्तविषयं मुक्त्यै भवतीति शम् ।।

प्रसन्नमनसोऽक्षय्यसुखावाप्तौ प्रमाणत्वेन श्रुतिवचनप्रदर्शनम् -

समाधिनिर्धूतमलस्य चेतसो
निवेशितस्यात्मनि यत्सुखं भवेत् ।
न शक्यते वर्णयितुङ्गिरा तदा
स्वयं तदन्तःकरणेन गृह्यते ॥११८॥

व्याख्या - परस्पर विरुद्ध बन्ध और मोक्ष के कारणरूप से मन का प्रतिपादन करने के लिए उसके द्वैविध्य को बताते हैं । मन दो प्रकार का कहा गया है - एक शुद्ध और दूसरा अशुद्ध । जब यह मन कामनाओं के सम्पर्क में आ जाता है अर्थात् काम-क्रोधादि से युक्त हो जाता है तब यह अशुद्ध कहा जाता है । तथा जब यह समस्त कामनाओं से रहित हो जाता है तब शुद्ध कहा जाता है । तात्पर्य यह है कि कामना का होना और न होना ही मन की शुद्धाशुद्धि का कारण है ।

द्विधाभूत मन ही बन्ध-मोक्ष का हेतु है, इसे कहते हैं ।

अर्थ - मनुष्यों का मन ही बन्धन और मोक्ष का कारण है । विषयासक्त मन बन्ध का और विषयरहित मन मुक्ति का कारण कहा गया है ।।११७।।

व्याख्या - (मै.उ. ४/११) मनुष्यों का मन ही उनके बन्धन और मोक्ष का कारण है । मन कब बन्धन का और कब मोक्ष का कारण होता है ? इस पर कहते हैं कि जब मन निर्विषयी हो जाता है अर्थात् शब्द, स्पर्शादि विषयों को मिथ्या जान लेने से उनका त्याग कर देता है तब वह मुक्ति का कारण होता है और जब यह मन विषयों में आसक्त हो जाता है तब यह बन्धन का कारण माना गया है ।

समाधि सुख में श्रुतिवचन प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - समाधि से निर्धूत मल वाले और आत्मा में निवेशित चित्त को जो सुख प्राप्त होता है, उसका वाणी के द्वारा वर्णन करना शक्य नहीं है । उस समय वह सुख स्वयं अन्तःकारण से ही ग्रहण होता है।।११८।।

अन्वयः – आत्मनि निवेशितस्य समाधिनिर्धूतमलस्य चेतसः यत् सुखं भवेत् । तदा गिरा वर्णयितुं न शक्यते। स्वयं तत् अन्तःकरणेन गृह्यते।

व्याख्या :– "प्रसन्नात्मात्मनि स्थित्वाक्षय्यं सुखमश्नुत" इत्युक्तमेवार्थं श्रुत्या प्रपञ्चयितुमुपक्रमते। समाधिनिर्धूतमलस्य समाध्याभ्यासेन प्रत्यग्ब्रह्मणोरैक्यगोचरप्रत्ययावृत्त्या निर्धूतमलस्य निश्शेषेण निवारितरजस्तमोमलस्य चित्तवृत्तिनिरोधेनापास्तविषयासक्तेरात्मन्यद्वैतत्वेन ब्रह्मस्वरूपे प्रतीचि निवेशितस्या"हं ब्रह्मास्मी"त्येतावन्मात्रज्ञानवतश्चेतसो यत्समाधौ सुखं भवेत्तत्समाधौ जायमानं सुखं गिरा वाचा वर्णयितुं न शक्यतेऽलौकिकसुखत्वेन तस्याननुभूतपूर्वत्वात् । किन्तु तदा तत्सुखानुभव-समये स्वस्वरूपभूतं सुखं स्वयमन्तःकरणेनैव गृह्यते । समाधावन्तःकरणस्य लयाभावादिति शम्।।

क्षणमात्रसमाधिरपि ब्रह्मानन्दप्रद एवेतिनिरूपणम् –

यद्यप्यसौ चिरङ्कालं समाधिर्दुर्लभो नृणाम् ।
तथापि क्षणिको ब्रह्मानन्दं निश्चाययत्यसौ ।।११९।।

अन्वयः – यद्यपि असौ समाधिः चिरं कालं नृणां दुर्लभः। तथापि क्षणिकः असौ ब्रह्मानन्दं निश्चाययति।

व्याख्या :– "स तु दीर्घकालनैरन्तर्यसंस्कारसेवितो दृढभूमि" रिति योगसूत्रे दीर्घकालस्य समाधिसाधने विनिवेशात्कलियुगेऽल्पायुषामस्माकं समाधिरतिदुर्लभ इति ब्रह्मानन्दनिश्चयः कथं सम्पद्यत इत्यत्राह । यद्यपि समाधावात्मनि सुखस्य सत्त्वेऽप्यसौ समाधिर्नृणां चिरं कालं सातत्येन दुर्लभः

व्याख्या – यह श्लोक भी मैत्रायणी उपनिषद् (४/९) से उद्धृत किया गया है । ***"प्रसन्नात्माऽऽत्मनि स्थित्वा सुखमक्षय्यमश्नुते"*** इस पूर्वोक्त गीता वचन के अर्थ को श्रुति के द्वारा स्पष्ट करते हैं कि समाधि से निर्धूत मलवाले अर्थात् चित्तवृत्ति के निरोध से विषयासक्ति को निरस्त करने वाले और आत्मा (प्रत्यागात्मा) में निवेशित अर्थात् 'मैं ब्रह्म हूँ' इतना ही ज्ञान जिसे है ऐसे चित्त को जो सुख प्राप्त होता है, उसका वर्णन वाणी के द्वारा करना संभव नहीं है । किन्तु उस समय अर्थात् उस सुख के अनुभवकाल में उस स्वरूपभूत सुख का स्वयं अन्तःकरण के द्वारा ही ग्रहण होता है । क्योंकि समाधि में अन्तःकरण सुषुप्ति के समान लीन नहीं हो जाता ।

क्षणिक समाधि भी ब्रह्मानन्दप्रदा होती है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ – यद्यपि वह समाधि मनुष्यों के लिये दीर्घकाल तक दुष्प्राप्य है, तथापि क्षणभर की भी वह समाधि ब्रह्मानन्द का निश्चय करा देती है ।।११९।।

व्याख्या – यह समाधि दुर्लभ होने के कारण इससे ब्रह्मानन्द का निश्चय कैसे संभव होगा ? योगसूत्रानुसार दीर्घकाल तक निरन्तर आदरपूर्वक अभ्यास करने से समाधिलाभ होना कहा गया है । किन्तु मनुष्यों की आयु अधिक न होने के कारण ब्रह्मानन्द का निश्चय कैसे संभव है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि क्षण भर की समाधि भी ब्रह्मानन्द का निश्चय कराने में समर्थ है । यद्यपि बहुत काल तक अभ्यास करने पर समाधि लाभ होता है और मनुष्य समाधि अवस्था में सदा नहीं रह सकता । जैसे मनुष्य की वासनाएँ कर्मों का फलभोग कराने के लिए उसे सुषुप्ति में से जाग्रत् में पहुँचा देती है,

क्षणकालमात्रमेवानुवर्तते । तथाप्यसौ क्षणिकस्समाधिर्ब्रह्मानन्दं ब्रह्माद्वैतस्वरूपमतिप्रेमास्पदं प्रत्यञ्चं निश्चाययति निर्णाययत्येवेति शम् ।।

ब्रह्मानन्दस्य सातत्यविचारणम् -

श्रद्धालुर्व्यसनी योऽत्र निश्चिनोत्येव सर्वथा ।
निश्चिते तु सकृत्तस्मिन्विश्वसित्यन्यदाप्ययम् ।।१२०।।

अन्वयः - श्रद्धालुः व्यसनी यः अत्र सर्वथा निश्चिनोति एव। तस्मिन् सकृत् निश्चिते तु अयम् अन्यदा अपि विश्वसिति।

व्याख्या :- क्षणमात्रस्फुरितेन कदाप्यननुभूतपूर्वेण निजानन्दरूपेण हेतुना कथं ब्रह्मानन्दानुभूतिर्जायते तत्र हेतोरनिश्चितत्वात् । यत आत्मदर्शनार्थं कृतश्रवणमननादिसाधना अपि केचिदानन्दनिश्चयशून्या बहिर्मुखा एव च वर्तन्ते । तस्मात्कथमत्र निश्चय इत्याशङ्कायां श्रद्धादिरहितानामानन्दनिश्चयाभावेऽपि तद्वतस्तन्निश्चयो भवत्येवेति निरूपयति । यश्श्रद्धालुश्श्रद्धा नाम गुरुशास्त्रादिविश्वासात्तदुक्त-फलावश्यम्भावनिर्णयरूपस्तच्छीलः । व्यसनी सर्वथाप्यहं येन केनापि प्रकारेण सम्पादयिष्यामीत्याग्रहो व्यसनं येन विना जाग्रति यदनवस्थितिस्तत्तस्य वा व्यसनं तद्वान् । तज्ज्ञानेऽभिनिवेशवान्यमादि-योगाङ्गाभ्यासस्वभावोऽत्र समाधौ सर्वदा ब्रह्मानन्दं निश्चिनोत्येव । भवतु नाम निश्चयस्तथापि तस्य क्षणिकत्वात्तदज्ञानकाले ब्रह्मानन्दस्य सत्वे सिद्धेऽपि तत्सार्वदिकं न स्यादित्यत्रोच्यते । अस्मिन्ब्रह्मानन्दे सकृन्निश्चिते ह्येकदा क्षणिकसमाधौ त्वयं सकृद् ब्रह्मानन्द निश्चयवान्मुमुक्षुर्योगतत्परः पुरुषोऽन्यदापि

वैसे ही समाधि की अवस्था में वे वसनाएँ मनुष्य को बहुत देर रहने नहीं देती । तथापि क्षणिक समाधि भी अनुपयोगी नहीं है, वह क्षणिक समाधि भी ब्रह्मानन्द का निश्चय करा देती है । भाव यह है कि वह समाधि में अनुभूयान वासनानन्द द्वारा ब्रह्मानन्द का निश्चय करा देती है ।

ब्रह्मानन्द के सातत्य का विचार करते हैं ।

अर्थ - इस समाधि में जो मनुष्य श्रद्धा और व्यसन वाला है, वह अवश्य ही (ब्रह्मानन्द का) निश्चय कर लेता है । उस (ब्रह्मानन्द) का एक बार भी निश्चय हो जाने पर यह (साधक) अन्यकाल में भी (ब्रह्मानन्द के सद्भाव का) विश्वास कर लेता है ।।१२०।।

व्याख्या - आत्मदर्शन के लिये श्रवणादि साधनों में प्रवृत्त हुए भी कई मनुष्य आनन्द के निश्चय से रहित बहिर्मुख ही रहते हैं और यदि क्षणमात्र की समाधि लग भी जाए तो उससे पूर्व में अननुभूत ब्रह्मानन्द की अनुभूति सर्वदा कैसे रह सकती है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि इस समाधि में जो मनुष्य श्रद्धा और व्यसन वाला है, वह अवश्य ही ब्रह्मानन्द का निश्चय कर लेता है । वेदान्तों का श्रवण, मनन करने पर भी यदि ब्रह्मानन्द में श्रद्धा न हुई तो मनुष्य न समाधि लाभ के लिए प्रयास करता है और न ब्रह्मानन्द का अनुभव करता है । वह व्यवहार में भी विरक्त या जीवन्मुक्त नहीं रह पाता । गुरु और शास्त्र वचन में विश्वास को श्रद्धा कहा गया है जो मनुष्य श्रद्धालु है और व्यसनी है । "मैं ब्रह्मानन्द अवश्य प्राप्त करूँगा" ऐसा दृढ़ निश्चय व्यसन कहलाता है । इस दृढ़ता से ध्यान-साधना करने वाला पुरुष अवश्य ही (समाधि में) ब्रह्मानन्द का निश्चय कर लेता है और इस ब्रह्मानन्द का केवल एक बार भी निश्चय हो जाने पर

समाधीतरकालेऽपि तस्मिन्ब्रह्मानन्दसत्त्वविषये विश्वसित्यानन्दविषये विश्वासं प्राप्नोत्येव । ब्रह्मानन्दमुपलभत एवेति भाव इति शम् ।।

क्षणमात्रसमाधिनापि सञ्जाते विश्वासे मुख्यानन्दमनुभावयत्येव सर्वदेति निरूपणम् -

तादृक्पुमानुदासीनकालेऽप्यानन्दवासनाम् ।
उपेक्ष्य मुख्यमानन्दं भावयत्येव तत्परः।।१२१।।
परव्यसनिनी नारी व्यग्रापि गृहकर्मणि।
तदेवास्वदयत्यन्तः परसङ्गरसायनम् ।।१२२।।
एवं तत्त्वे परे शुद्धे धीरो विश्रान्तिमागतः।
तदेवास्वादयत्यन्तर्बहिर्व्यवहरन्नपि।।१२३।।
धीरत्वमक्षप्राबल्येऽप्यानन्दास्वादवाञ्छया।
तिरस्कृत्याखिलाक्षाणि तच्चिन्तायां प्रवर्तनम् ।।१२४।।
भारवाही शिरोभारं मुक्त्वास्ते विश्रमङ्गतः।
संसारव्यापृतित्यागे तादृग्बुद्धिस्तु विश्रमः।।१२५।।

अन्वयः- तादृक्पुमान् उदासीनकाले अपि आनन्दवासनाम् उपेक्ष्य तत्परः मुख्यम् आनन्दमेव भावयति ।
अन्वयः - परव्यसनिनी नारी गृहकर्मणि व्यग्रा अपि अन्तः तत् एव परसङ्गरसायनम् आस्वादयति।
अन्वयः - एवं शुद्धे परे तत्त्वे विश्रान्तिम् आगतः धीरः बहिः व्यवहरन् अपि अन्तः तत् एव आस्वादयति।

सकृन्निश्चयवान वह पुरुष अन्य काल में अर्थात् समाधि से अन्य काल में भी ब्रह्मानन्द का सद्भाव होने से उसका विश्वास कर लेता है ।

उक्त कथन से सिद्ध प्रयोजन को कहते हैं ।

अर्थ - वैसा (पूर्वोक्त) पुरुष उदासीन अवस्था में भी वासनानन्द की अपेक्षा करके तत्पर (ब्रह्मनिष्ठ) होकर मुख्य (ब्रह्म) आनन्द की ही भावना करता है ।।१२१।।

व्याख्या - वैसा पुरुष अर्थात् श्रद्धा आदि के द्वारा एक बार भी समाधि में ब्रह्मसुख का निश्चय कर लेने वाला पुरुष उदासीन अवस्था में भी वासनानन्द की उपेक्षा करके तत्पर होकर अर्थात् ब्रह्मनिष्ठ होकर मुख्य आनन्द की अर्थात् ब्रह्मानन्द की ही भावना करता है ।

उक्त कथन में दृष्टान्त देकर उसे दार्ष्टान्तिक में घटाते हैं ।

अर्थ - जैसे परपुरुष में आसक्त नारी गृह कार्यों में व्यस्त रहते हुए भी परपुरुष के संग से उत्पन्न सुख का ही मन में आस्वादन करती है । उसी प्रकार शुद्ध परमतत्त्व में विश्रान्ति प्राप्त धीर पुरुष बाहर से व्यवहार करता हुआ भी भीतर से उसी (ब्रह्मसुख) का आस्वादन करता है ।।१२२-१२३।।

व्याख्या - पूर्वोक्त (९/८४) दृष्टान्त का ही स्मरण कराते हैं कि जैसे परपुरुष (जार) में आसक्त स्त्री घर के कार्यों में संलग्न रहते हुए भी परपुरुष के समागम से जन्य सुख का भीतर ही भीतर आस्वादन करती है, उसी प्रकार शुद्ध परम तत्त्व में जिसको विश्राम प्राप्त हो गया है, ऐसा धीरवर ज्ञानी पुरुष लोकदृष्टि

अन्वयः – अक्षप्राबल्ये अपि आनन्दास्वादवाञ्छया अखिलाक्षाणि तिरस्कृत्य तच्चिन्तायां प्रवर्तनं धीरत्वम्।

अन्वयः – भारवाही शिरोभारं मुत्त्वा विश्रमं गतः आस्ते। संसारव्यापृतित्यागे तादृग्बुद्धिः तु विश्रमः।

व्याख्या :- एवं ब्रह्मानन्दसत्ताविषये जातविश्रान्त उदासीनसमयेऽपि ब्रह्मानन्दवासनामपहाय मुख्यमानन्दं भावयतीत्याह । तादृक्पुमाञ्छृद्धादिसमन्वितस्सकृन्निश्चयवान्पुरुष औदासीन्यदशाया-मप्युपलभ्यमानं पूर्वोक्तामानन्दवासनामुपेक्ष्य तत्परो मुख्यानन्दे मग्नस्संस्तमेव भावयति ।

तथैव व्यवहारकालेऽपि निजानन्दं भावयतीत्यत्र पूर्वोक्तं दृष्टान्तं स्मारयति । गृहकर्मणि व्यग्रापि परव्यसनिनी नारी तमेव परसङ्गरसायनमन्तरास्वादयति । दृष्टान्तसिद्धमर्थं दार्ष्टान्तिके संयोजयति । एवं परेऽविद्या-तत्कार्यादिहीने शुद्धे परोऽक्षत्वमलविकले तत्त्वे ब्रह्मात्मतत्त्वे विश्रान्तिं सुखमागतो धीरो''धीरत्वं बुद्धतत्त्वस्य तत्त्वानुस्मृतिसन्तति''रित्युक्तलक्षणधैर्यवान्बहिर्व्यवहरन्नप्यन्तस्तदेव ब्रह्मसुखमास्वादयति ।

धीरपदार्थमपि स्पष्टं व्याकरोति । अक्षप्राबल्येऽक्षाणामिन्द्रियाणां प्राबल्ये विषयाभिमुख्येन पुरुषाकर्षणसामर्थ्येऽप्यानन्दास्वादवाञ्छयाखिलाक्षाणि तिरस्स्कृत्य तच्चिन्तायां तद् ब्रह्मसुखस्यानुसन्धान-चिन्तायां प्रवर्तनं यदस्ति तदेव धीरत्वमिति ग्राह्यम् ।

सम्प्रति समपेक्षितं विश्रान्तिपदार्थं सदृष्टान्तं कथयति । लोके यथा भारवाही भारं वहन्पुरुषश्श्रमहेतुं शिरसि स्थितं भारं मुत्त्वापनीय विश्रमं गतश्श्रमरहित आस्ते तद्वन्मिथ्यात्वेन निश्चित्य संसारव्यापृतित्यागे

से बाहर से व्यवहार करता हुआ अर्थात् खाता, पीता, हँसता, बोलता, लौकिक व्यवहार करता हुआ भी भीतर से उसी क्षणिक समाधिजन्य ब्रह्मसुख का आस्वादन (अनुभव) करता रहता है ।

धीरत्व किसे कहते हैं ?

अर्थ – इन्द्रियाँ प्रबल होने पर भी ब्रह्मानन्द के आस्वादन की इच्छा से उनका तिरस्कार कर उसी (ब्रह्मसुख) के अनुसन्धान में प्रवृत्त होना धीरत्व है ।।१२४।।

व्याख्या – इन्द्रियाँ प्रबल होने पर भी अर्थात् शब्द-स्पर्शादि विषयों को ग्रहण करने मैं पूर्णरूप से समर्थ होने पर भी ब्रह्मानन्द के आस्वादन की इच्छा से अर्थात् स्वस्वरूपभूत सुख के अनुसन्धान की उत्कट इच्छा से उन प्रबल इन्द्रियों का जो तिरस्कार कर देता है अर्थात् विषय सुखों में दोषदर्शन कर सर्वथा उनका त्याग कर देता है और उसके बाद उस ब्रह्मसुख की चिन्ता में अर्थात् ब्रह्मानुसन्धान में ही प्रवृत्त रहता है, वह धीर कहलाता है अर्थात् यही धीरत्व का लक्षण है । तथा***''देहेन्द्रियादिविषयेभ्यो धियं राति निगृह्णातीति धीरः'' जो देहेन्द्रियादि विषयों से बुद्धि का निग्रहण करता है, वह धीर कहा गया है । और ''विकारहेतौ सति विक्रियन्ते येषां न चेतांसि त एव धीराः''*** विकार के हेतु उपस्थित होने पर भी जिनके चित्त विकार को प्राप्त नहीं होते, उन्हें धीर कहा जाता है ।

अब विश्रान्ति शब्द का विवक्षित अर्थ दृष्टान्त सहित कहते हैं ।

अर्थ – जैसे भार ढोने वाला पुरुष सिर पर रखे भार को त्याग कर विश्राम पाता है, उसी प्रकार संसार के कार्यभार का त्याग करने पर जैसी बुद्धि होती है, वही विश्रान्ति शब्द का अर्थ है ।।१२५।।

व्याख्या – श्लोक १२३ में '**धीर**' के साथ '**विश्रान्ति**' शब्द भी आया है, यहाँ उसका अर्थ स्पष्ट करते हैं । जैसे भार ढोनेवाला व्यक्ति कुछ देर में थक जाता है, उसे थकान में व्याकुलता होती है । जब

संसारव्यापारविरामे सति तादृग्बुद्धिस्संसारव्यापारो मम श्रमस्य कारणं स च व्यापारभारस्त्यक्त एव मयेति बुद्धिर्यस्य स श्रमरहित आसमिति ज्ञायमानैव विश्रमशब्देनोच्यत इति दिक् ।।

जाग्रति ब्रह्मानन्दावाप्तिप्रकारनिरूपणम् -

विश्रान्तिं परमां प्राप्तस्त्वौदासीन्ये यथा तथा।
सुखदुःखदशायाञ्च तदानन्दैकतत्परः।।१२६।।
अग्निप्रवेशहेतौ धीश्शृङ्गारे यादृशी तथा ।
धीरस्योदेति विषयेऽनुसन्धानविरोधिनि ।।१२७।।
अविरोधिसुखे बुद्धिः स्वानन्दे च गमागमौ।
कुर्वन्त्यास्ते क्रमादेषा काकाक्षिवदितस्ततः।।१२८।।
एकैव दृष्टिः काकस्य वामदक्षिणनेत्रयोः ।
यात्यायात्येवमानन्दद्वये तत्वविदो मतिः।।१२९।।
भुञ्जनो विषयानन्दं ब्रह्मानन्दञ्च तत्ववित् ।
द्विभाषाभिज्ञवद्विद्यादुभौ लौकिकवैदिकौ ।।१३०।।
दुःखप्राप्तौ न चोद्वेगो यथापूर्वं यतो द्विदृक् ।
गङ्गामग्नार्धकायस्य पुंसश्शीतोष्णधीर्यथा ।।१३१।।

अन्वयः - परमां विश्रान्तिं प्राप्तः औदासीन्ये यथा। तथा दुःखदशायां तु च तदा आनन्दैकतत्परः।

वह अपने सिर पर रखे भारी सामान को त्याग देता है अर्थात् भूमि पर रख देता है तो उसे विश्राम मिलता है । वह व्याकुलता से मुक्त होकर सुख का अनुभव करता है । इसी प्रकार संसार के समस्त कार्यभार का अर्थात् व्यापारों का त्याग कर देने पर "श्रम से रहित होकर मैं सुखपूर्वक स्थित हूँ, संसार का व्यापार ही मेरे श्रम का कारण था उसको मैंने छोड़ दिया है, अब मैं निश्चिन्त हूँ" इस प्रकार की जो बुद्धि है, वही विश्रान्ति शब्द से कह गयी है ।

विश्रान्ति प्राप्ति का फल बताते हैं ।

अर्थ - निरतिशय विश्रान्ति को प्राप्त हुआ पुरुष जैसे उदासीनावस्था में (ब्रह्मानन्द के आस्वादन में तत्पर) रहता है, उसी प्रकार सुख-दुःख की दशा में (जाग्रत्काल में) भी उस ब्रह्मानन्द में ही तत्पर रहता है ।।१२६।।

व्याख्या - निरतिशय विश्रान्ति को प्राप्त हुआ पुरुष उदासीन अवस्था में जैसे ब्रह्मानन्द के आस्वादन में तत्पर रहता है अर्थात् मुख्य (ब्रह्म) आनन्द की भावना करता है, वैसे ही सुख-दुःख की दशा में अर्थात् जाग्रत् अवस्था में भी वह उस ब्रह्मानन्द में ही तत्पर रहता है । प्रारब्धानुसार ज्ञानी को भी सुख-दुःख प्राप्त होते हैं, किन्तु वह उनसे सुखी या दुःखी नहीं होता, वह सुख-दुःखादि के उपस्थित होने पर भी पूर्वानुभूत क्षणिक समाधिजन्य ब्रह्मसुख की भावना करता हुआ उनसे असंस्पृष्ट रहता है ।

अन्वयः - अग्निप्रवेशहेतौ शृङ्गारे यादृशी धीः। तथा अस्य धीः अनुसन्धानविरोधिनि विषये उदेति।
अन्वयः - अविरोधिसुखे च स्वानन्दे काकाक्षिवत् क्रमात् इतः ततः गमागमौ कुर्वन्ती एषा बुद्धिः आस्ते।
अन्वयः - काकस्य दृष्टिः एका एव वामदक्षिणनेत्रयोः याति आयाति एवं तत्वविदः मतिः आनन्दद्वये ।
अन्वयः - तत्त्ववित् भुञ्जानः विषयानन्दं च ब्रह्मानन्दं लौकिकवैदिकौ उभौ द्विभाषाभिज्ञवत् विद्यात् ।
अन्वयः - यतः द्विदृक् । दुःखप्राप्तौ यथापूर्वं च उद्वेगः न। यथा गङ्गामग्नार्धकायस्य पुंसः शीतोष्णधीः ।

व्याख्या :- विश्रान्तिप्राप्तेः फलितमाह । परमामुत्कृष्टां निरतिशयां विश्रान्तिं पूर्वोक्तलक्षणं प्राप्तः पुरुष औदसीन्ये तादृशायां यथा मुख्यमानन्दमनुभावयति परमानन्दास्वादने तात्पर्यवान्भवति तथा सुखदुःखदशायां सुखदुःखहेतुप्राप्तिकालेऽपि तदनुसन्धानं परित्यज्य जाग्रति च । चोऽप्यर्थे । तत्रापि तदौदासीन्यकालिकोक्तवासनानन्दोपेक्षणपूर्वकानुसंहितब्रह्मात्मैक्यानन्दस्वरूपभावना-परस्तत्तात्पर्यवान्भवति ।

नन्विष्टाप्राप्तिहेतोर्दुःखस्यानुसन्धानाभिलाषा मास्यात् कथमनुदिनमर्थ्यमानविषयसुखावाप्तिहेतौ विमुखता स्यादित्याशङ्कायां तस्य विषयसम्पादनादिद्वारातीव बहिर्मुखत्वापादनेन निजानन्दानुसन्धानविरोधित्वात्तदिच्छापि विवेकिनो न जायत इति सदृष्टान्तमाह । "भर्तारमनुगच्छेदि"ति-विधिवाक्याद्भर्तुर्मरणे तत्पत्न्या अग्निप्रवेशहेतौ धीरग्निप्रवेशे भर्तृरन्त्येष्ट्यग्निप्रवेशे दृढं बद्धेच्छा शीघ्रं देहविमोचनेच्छा दृढतरा सती शृङ्गारालङ्कारादौ तद्विलम्बकारणमुखमण्डनादौ यादृशी वैरस्यभावसहिता यथा स्यात्तथैवास्य ब्रह्मानन्दस्यानुसन्धानविरोधिनिविषये वैराग्यादिसाधनसम्पन्नविवेकिनो धीवैरस्येनोदेति। मृतस्वपतिमनुदेहं दहन्त्याः स्त्रियोऽलङ्करणादिकं यथा प्रतिकूलं तद्वद्विरक्तस्य विवेकिनो लौकिकसुखानुसन्धानमद्वैतात्मानुसन्धानप्रतिकूलमिति भावः ।

ज्ञानी में विषयसुख की इच्छा का अभाव दर्शाते हैं ।

अर्थ - अग्निप्रवेश के हेतुभूत शृंगार में (सती की) जैसे बुद्धि होती है, वैसे ही इस (ज्ञानी) की अनुसन्धान विरोधी विषय में बुद्धि उत्पन्न होती है ।।१२७।।

व्याख्या - दुःख प्रतिकूल होने के कारण दुःखानुसन्धान की इच्छा कोई नहीं करता किन्तु वैषयिक सुख अनुकूल होने से सभी मनुष्य उसको चाहते हैं । तो फिर ज्ञानी को वैषयिक सुखानुसन्धान की इच्छा क्यों नहीं होगी ? इस शंका का उत्तर दृष्टान्त पूर्वक देते हैं । पति की मृत्यु हो जाने पर उसकी चिता में स्वयं भी सती होने के लिये उत्सुक पतिव्रता नारी को अलंकारादि धारण करने में जैसे वैरस्य बुद्धि होती है । सती होने से पूर्व अलंकारादि द्वारा स्त्री का शृंगार किया जाता है, उसके बाद वह चिता पर आरूढ होती है । किन्तु पति की मृत्यु के कारण उसकी अग्निप्रवेश के हेतुभूत शृंगारादि में तनिक भी इच्छा नहीं होती । उन अलंकारादि को ग्रहण करने में उस समय उस नारी की जैसी बुद्धि होती है, वैसी ही इस ज्ञानी की बुद्धि ब्रह्मानन्द के अनुसन्धानविरोधी शब्दादि विषयों को ग्रहण करने में उत्पन्न होती है अर्थात् ज्ञानी की बुद्धि विषयजन्य सुखों की इच्छा नहीं करती ।

विषयानन्द और ब्रह्मानन्द में ज्ञानी की दृष्टि को दृष्टान्त देकर दर्शाते हैं।

अर्थ - अविरोधी सुख में और स्वानन्द (ब्रह्मानन्द) में कौवे के नेत्र के समान यह बुद्धि क्रम से आवागमन करती हुई स्थित होती है । कौवे की एक ही दृष्टि (चक्षु इन्द्रिय) वाम और दक्षिण नेत्र में

नन्वास्तामनुसन्धानविरोधिनि सुखे स्रक्चन्दनवनितादिजन्ये निरुक्तदृष्टान्तसिद्धतुच्छत्वबुद्धिः परन्तु तदविरोधिनि भोजनादिविषये कुतो न सा स्यादित्यत्राह । स्वस्वरूपानुसन्धानस्याविरोधिनि सुखे विरोधाभाववत्यप्रयत्नसाध्यत्वेन बहिर्मुखत्वाहेतौ सुखे स्वानन्दे च बुद्धिरितस्ततः काकाक्षिवद्गमागमौ कुर्वन्त्यास्ते । स्वस्वरूपानुसन्धानस्य सात्त्विकसुखानन्दस्याविरोधित्वं राजसतामससुखस्य विरोधित्वं चात्राभिहितं भवति ।

पूर्वमुपदर्शितं काकाक्षिन्यायं स्पष्टयति । अद्वैतब्रह्मानन्दानुसन्धानाविरोधिनि विषयानन्दे च योगिनो वृत्तिः कालभेदेनैकापि गमागमौ करोतीत्यत्रोक्तः काकाक्षिदृष्टान्तः । यथा काकस्य दृष्टिर्दृश्यतेऽनयेति दर्शनसाधनं चक्षुरिन्द्रियमेकमेव वामदक्षिणनेत्रगोलकयोः पर्यायेण गमनागमने करोत्येवमानन्दद्वयेऽपि स्वानन्दे तदविरोधिनि भोजनाद्यानन्दे च विवेकिनस्तत्त्वविदो मतिर्यात्यायात्येव गमनागमने कुरुते ।

दार्ष्टान्तिके संयोजयति । अत्र लौकिकस्स्वात्मानन्दाविरोधी विषयानन्दो वैदिक औपनिषदौ ब्रह्मानन्दस्तावुभौ भुञ्जानोऽनुसन्दधानस्तत्त्वविद्द्विभाषाभिज्ञवदुभावानन्दौ विद्यादवगच्छेत् । यो ज्ञानी स प्रारब्धवशाद्विषयान्भुञ्जानस्तज्जमपि विनैव विरोधमुपसेवते भाषाद्वयवेदिवत् । दुःखानुभवाभिलाषाभावेऽप्यनिवार्यतया तदनुभवसमयेह्युद्वेगो जायेतेत्युद्वेगसमये कथं स्वस्वरूपानन्दोऽनुभूयते ।

क्रम से आवागमन करती है, उसी प्रकार तत्त्ववेत्ता की बुद्धि भी दोनों प्रकार के आनन्द में आवागमन करती है ।।१२८-१२९।।

व्याख्या - जो विषय ब्रह्मानन्दानुसन्धान के विरोधी हैं, उनकी इच्छा ज्ञानी को भले ही न हो किन्तु जो विषयसुख अविरोधी हैं, उनमें ज्ञानी की बुद्धि की प्रवृत्ति क्यों नहीं होगी ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि स्वस्वरूपानुसन्धान के अविरोधी सुख में अर्थात् अप्रयत्न साध्य और बहिर्मुखत्त्व का अहेतुभूत जो सुख है उसमें तथा स्वानन्द में (ब्रह्मानन्द में) ज्ञानी की बुद्धि कौवे की नेत्रेन्द्रिय के समान इधर-उधर आती-जाती रहती है । जो विषयसुख प्रयत्नसाध्य हैं और मुख्यानन्द प्राप्ति के विरोधी हैं, उन्हें तो ज्ञानी पुरुष त्याग देता है । ऐसे सुख राजसी और तामसी सुख कहलाते हैं किन्तु इनके अतिरिक्त सात्विक सुख भी होते हैं, वे न तो मन को विक्षिप्त करते हैं और न उसे बहिर्मुखी बनाते हैं । अतः 'ये सुख ब्रह्मानन्द के बाधक नहीं हैं' ऐसा समझकर विवेकी पुरुष ब्रह्मानन्द और सात्विक विषयानन्द दोनों का भोग करता है । इसे समझाने के लिए कौवे की दृष्टि का उदाहरण देते हैं । कौवे के नेत्रगोलक दो होने पर भी उसकी दृष्टि अर्थात् नेत्रेन्द्रिय एक ही होती है । जब वह दाहिनी ओर देखना चाहता है तो उसकी दृष्टि दाहिने गोलक में आ जाती है और जब वह बाँई ओर देखना चाहता है तो बाँई ओर आ जाती है । इस प्रकार उसकी एक ही दृष्टि दोनों ओर क्रम से आवागमन करती है । इसी प्रकार तत्त्ववेत्ता की बुद्धि भी दोनों प्रकार के अर्थात् ब्रह्मानन्द के अविरोधी सात्त्विक भोजनादि विषयसुख और स्वानन्दरूप मुख्य आनन्द में क्रम से आती-जाती रहती है ।

दार्ष्टान्तिक को ही दृष्टान्तर से स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - लौकिक और वैदिक विषयानन्द और ब्रह्मानन्द का भोग करता हुआ तत्त्ववेत्ता द्विभाषाभिज्ञवत् उन दोनों (आनन्द) को जानता है ।।१३०।।

व्याख्या - द्विभाषाभिज्ञ (दुभाषिया) वह पुरुष है जो दो भाषाएँ जानता है, वह दोनों भाषाओं में अपनी बात कह सकता है और समझ भी सकता है । उसी प्रकार लौकिक ब्रह्मानन्द का अविरोधी

तदनुभवप्रतिबन्धकस्योद्वेगस्य तदानीं सत्त्वादित्याशङ्कायां तस्य न तदुद्वेगो जायत इति विशदीकरोति। तत्त्वविद उपभोगेनैव क्षयशीलस्य दुःखस्य प्राप्तौ मनस उद्वेगो यथापूर्वं तत्त्वविदो नोद्वेगः ।

कुत इत्यत्राह । यतो यस्माद्धेतोस्तत्त्वविद्द्विदृग्लौकिकवैदिकव्यवहारयोरुभयोरपि वेत्ता ह्यत एव दुःखप्राप्तावपि पूर्ववदाज्ञानदशायामिव न भवति तस्योद्वेगः । युगपत्परस्परविरुद्धोभयदर्शित्वं दृष्टान्तेन दृढयति । विवेकेन सर्वदा निजानन्दानुसन्धानं कुर्वतस्तत्त्वविदो दुःखानुभवकालेऽपि नैव स्वानन्दस्य तिरोधानं भवतीति भावः । यथा नदीस्नानसमये गङ्गामग्नस्यार्धकायास्य गङ्गायां नद्यां मग्नमर्धं कायो यस्य तस्य पुंसश्शीतोष्णधीरधःकाये शीतस्योर्ध्वकाय उष्णस्य च धीर्यथा जायते तथैव विरुद्धोभयदर्शित्वमस्येत्याशय इति दिक् ।।

स्वप्नेऽपि ब्रह्मानन्दावाप्तिनिरूपणम् -

इत्थं जागरणे तत्वविदो ब्रह्मसुखं सदा।
भाति तद्वासनाजन्ये स्वप्ने तद्धासने तथा ।।१३२।।

विषयानन्द और वैदिक (उपनिषदैकगम्य) ब्रह्मानन्द इन दोनों का उपभोग करता हुआ अर्थात् अनुसन्धान करता हुआ तत्त्ववेत्ता दोनों आनन्द को जानता है ।

ज्ञानी में पूर्ववत् उद्वेग का अभाव दृष्टान्त पूर्वक बताते हैं ।

अर्थ - क्योंकि विवेकी द्विदृक् (लौकिक और वैदिक) है, इसलिए दुःख प्राप्ति के समय पूर्व की भाँति उसे उद्वेग नहीं होता । जैसे गंगा में डूबा हुआ है आधा शरीर जिसका ऐसे पुरुष को शीत और उष्ण स्पर्श का ज्ञान एक ही काल में होता है ।।१३१।।

व्याख्या - दुःखानुभव की अभिलाषा न होने पर भी अनिवार्य रूप से उसके अनुभव काल में उद्वेग होता ही है तो ऐसी स्थिति में स्वरूपभूत आनन्द का अनुभव कैसे हो सकता है ? क्योंकि उस आनन्द का प्रतिबन्धक उद्वेग उस समय उपस्थित है । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि जिनका क्षय उपभोग से ही संभव है, उन दुःखों के प्राप्त होने पर तत्त्वेत्ता पूर्व की भाँति अर्थात् तत्त्वज्ञान के उदित होने से पूर्व की भाँति उद्विग्नता को प्राप्त नहीं होता है । उसका कारण बताते हैं - क्योंकि वह द्विदृक् है अर्थात् लौकिक और वैदिक उभयदर्शी है । एकसाथ परस्पर विरुद्ध उभयदर्शित्व को दृष्टान्त पूर्वक दृढ़ करते हैं । वैशाख की गरमी में जब गंगा नदी में स्नान करते समय पुरुष कमर तक के पानी में खड़ा रहता है तब उसके शरीर का आधा भाग जल के बाहर और आधा जल में निमग्न होता है । उस समय वह शरीर के ऊपरी भाग में उष्णता का और अधोभाग में गंगाजल की शीतलता का अनुभव करता है । अर्थात् उसे शीत और उष्ण स्पर्श का ज्ञान (अनुभव) जैसे एक ही काल में होता है, वैसे ही ज्ञानी का उभयदर्शित्व भी जानना चाहिये ।

स्वप्न में भी ब्रह्मानन्द प्राप्ति का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - इस प्रकार तत्त्ववेत्ता को जाग्रत् में सदा ब्रह्मसुख भासित होता है और उसकी (जाग्रत् की) वासना से उत्पन्न स्वप्न में भी वह (ब्रह्मसुख) उसी प्रकार भासित होता है ।।१३२।।

व्याख्या - अब तक जाग्रदवस्था में ब्रह्मानन्द अनुभव करने का वर्णन किया गया अब स्वप्नावस्था

अविद्यावासनाप्यस्तीत्यतस्तद्वासनोत्थिते ।
स्वप्ने मूर्खवदेवैष सुखन्दुःखञ्च वीक्ष्यते ॥१३३॥

अन्वयः – इत्थं तत्वविदः जागरणे सदा ब्रह्मसुखं भाति। तद्वासनाजन्ये स्वप्ने तत् तथा भासते।

अन्वयः – अविद्यावासना अपि अस्ति। अतः तद्वासनोत्थिते स्वप्ने मूर्खवत् एव एषः सुखं दुःखं च वीक्षते ।

व्याख्या :– एवं जाग्रति तत्त्वविदो ब्रह्मसुखानुसन्धानस्य साध्यतामनूद्य स्वप्नेऽपि तां प्रदर्शयति। तत्वविदो जागरणे ब्रह्मसुखमित्थमेवं प्रकारेण सदा सुखदुःखानुभवदशायां तूष्णीं स्थितौ चापि भवति। न केवलं जाग्रद्दशायामेव तद्भानमपि तु स्वप्नेऽपीत्याह । तथा तद्वासनाजन्ये तस्य जागरणस्य वासनया जन्ये । हेतुगर्भमेतद्विशेषणमतो जाग्रद्वासनाजन्यत्वात्स्वप्नस्य तत्रापि स्वप्नेऽपि तद्ब्रह्मसुखं जाग्रदवस्थायामिव भाति । समाहितस्य तत्वविदो जाग्रदनुभूतानन्दवासनाजन्ये स्वप्नेऽप्यविद्यावासना–जन्यत्वात्सुखदुःखानुभवेऽप्यस्तीत्याह । तत्रैवाविद्यावासनया हर्षशोकाद्यपि स्यादित्याशङ्कामपि परिहरति। स्वप्ने ह्यानन्दानुभवो न केवलं जाग्रद्वासनाबलादेव जायते । किन्तु तत्राविद्यावासनाबलादपीत्यतस्तद्वासना–जन्यत्वात्तत्राज्ञस्यैव सुखाद्यनुभवो भवतीति हृदयम् । स्वप्नस्य जाग्रदनुभूतानन्दवासनाया इवाविद्यावासनाया

में भी उसकी संभावना बताते हैं । जाग्रदवस्था में मनुष्य जो कुछ अनुभव करता है, उसके संस्कार चित्त में बने रहते हैं । ब्रह्म का आनन्द भी चित्त में अपना संस्कार अंकित करता है । वह संस्कार स्वप्न में अपना फल प्रकट करता है । उससे स्वप्नावस्था में भी ब्रह्मानन्द का अनुभव होता है । इस आशय से कहते हैं कि पूर्वोक्त प्रकार से तत्त्वेत्ता को जाग्रत् में अर्थात् प्रारब्धानुसार सुख- दुःख के भोग करते समय भी निरन्तर ब्रह्मसुख भासित होता है अर्थात् वह ब्रह्मसुख का अनुभव करता है और उस जाग्रदवस्था की वासना से उत्पन्न हुई स्वप्नावस्था में भी वह ब्रह्मसुख जाग्रदवस्था की तरह ही अनुभव में आता है।

ज्ञानी को स्वप्न में सुख-दुःखादि के अनुभव का कारण बताते हैं ।

अर्थ – (स्वप्न में) अवद्याावासना भी होने से उस वासना के उत्पन्न होने पर स्वप्न में यह ज्ञानी पुरुष मूर्ख की तरह सुख और दुःख का भी अनुभव करता है ।।१३३।।

व्याख्या – स्वप्न जाग्रदवस्था में अर्जित वासनाओं का ही खेल है । जाग्रदवस्था में ब्रह्मानन्द का अनुभव करने वाला व्यक्ति स्वप्न में भी उसका अनुभव करता है, किन्तु उसका स्वप्न केवल आनन्द की वासनाओं से ही उत्पन्न नहीं होता वरन् उसकी अविद्या की वासनाएँ भी उसमें कारणभूत हैं । इसलिए ज्ञानी पुरुष भी जब अविद्या की वासनाएँ उत्पन्न होती हैं तब स्वप्न में मूर्ख की तरह अर्थात् अज्ञानी पुरुष की तरह सुख और दुःख का अनुभव करता है ।

श्लोक में ज्ञानी को भी **मूर्खवत्** सुख–दुःख का भोक्ता कहने का तात्पर्य यह है कि यद्यपि ज्ञानी के हृदय की ग्रन्थि नष्ट हो गई है तथापि प्रारब्ध कर्म के अवशिष्ट रहने तक उसका शरीर बना रहता है । प्रारब्ध कर्म ज्ञानी और अज्ञानी का भेद नहीं करते, वे अपना फल अवश्य देते हैं । प्रारब्ध में अविद्या और कर्मफलभोग रहता है । उसका प्रभाव जाग्रत् और स्वप्न दोनों अवस्थाओं में दिखाई देता है । यहाँ भाव यह भी है कि यदि कोई साधक ब्रह्माभ्यास कर रहा हो और उसे स्वप्न में ब्रह्माभ्यास की तरह

अपि कारणत्वात्तत्र स्वप्रे चोभयविधवासनायास्सत्त्वात्सुखं दुःखं चानुभूयेते इति भाव इति शम् ।।

योगानन्दग्रन्थानुसन्धानफलनिरूपणम् -

ब्रह्मानन्दाभिधे ग्रन्थे ब्रह्मानन्दप्रकाशकम् ।
योगिप्रत्यक्षमध्याये प्रथमेऽस्मिन्नुदीरितम् ।।१३४।।

।। इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीभारतीतीर्थविद्यारण्यमुनिवर्यविरचितायां पञ्चदश्यां ब्रह्मानन्दे योगानन्दाख्यम् एकादशतमं प्रकरणं सम्पूर्णम् ।।

अन्वयः - ब्रह्मानन्दाभिधे ग्रन्थे अस्मिन् प्रथमे अध्याये ब्रह्मानन्दप्रकाशकं योगिप्रत्यक्षम् उदीरितम्।

व्याख्या :- एतावता ग्रन्थेनोक्तमर्थमुपसंहरति । ब्रह्मानन्दाभिधे ब्रह्मानन्दनामकेऽस्मिन्नध्याय-पञ्चकात्मके प्रथमेऽध्याये ब्रह्मानन्दप्रकाशकं सुषुप्त्यवस्थायां जाग्रत्स्वप्नयोरौदासीन्यकाले समाध्यवस्थायां सुखदुःखानुभवकाले च ब्रह्मानन्दस्य स्वप्रकाशचिद्रूपब्रह्मानन्दस्य प्रकाशकं योगिप्रत्यक्षं योगिनामनुभवरूपं प्रत्यक्षमुदीरितमित्यस्याध्यायस्य नामापि तत एव गृहीतमिति । इदं चोपलक्षणमागमादीनामप्यत्र दर्शितत्त्वादिति शम् ।।

अस्मिंस्तृतीये पञ्चके जीवब्रह्मणोरैक्यं निरूप्यते । तदुक्तं " तत्र तु पञ्चविवेकैः प्रथमं किल तत्पदार्थसंशुद्धिः अथ तावद्भिर्दीपैस्सा ज्ञेया त्वम्पदार्थस्य । आनन्दपञ्चकात्मब्रह्मानन्दाभिधप्रबन्धेन। अद्वैतैक्यतनुरसौ तात्पर्यादसिपदार्थस्ये"ति । तथा चाद्ये विवेकपञ्चके तत्पदार्थो मध्यमे दीपपञ्चके त्वम्पदार्थोऽन्त्य आनन्दपञ्चकेऽसिपदार्थश्च क्रमेण स्पष्टं निरूपित इत्ययं ग्रन्थस्सर्वोऽपि

विषयजन्य सुख-दुःख का भी अनुभव हो तो उस साधक को उनसे विचलित न होकर उनको प्रारब्धजन्य मानकर प्रसन्नता पूर्वक ब्रह्माभ्यास में लग जाना चाहिये ।

प्रकृत प्रकरण का उपसंहार करते हैं ।

अर्थ - ब्रह्मानन्द नामक ग्रन्थ के प्रथम अध्याय (प्रकरण) में ब्रह्मानन्द का प्रकाशक योगियों का प्रत्यक्ष अनुभव कहा गया है ।।१३४।।

व्याख्या - ब्रह्मानन्द नामक पाँच प्रकरणों वाले इस ग्रन्थ का योगानन्द नामक प्रथम प्रकरण यहाँ पर पूर्ण होता है । इस प्रकारण में समाधि आदि अवस्थाओं में स्वयंप्रकाश चैतन्यस्वरूप ब्रह्मानन्द को प्रकाशित करने वाला योगियों का (तत्त्वदर्शी महात्माओं का) प्रत्यक्ष अनुभव तथा शास्त्र और अनुमानादि प्रमाणों से भी प्रमाण रूप से कहा गया है । योग के द्वारा प्रत्यक्ष किया जाने से इस प्रकरण का नाम भी योगानन्द रखा गया है ।

इस आनन्द नामक तृतीय पञ्चक में जीव और ब्रह्म की एकता का निरूपण करते हैं । प्रथम विवेक पञ्चक के द्वारा तत् पदार्थ का शोधन किया गया है और द्वितीय दीप पञ्चक के द्वारा त्वं पदार्थ का शोधन किया गया है और तृतीय आनन्द नामक इस पञ्चक के द्वारा '**असि**' पद से लक्षित जीव और ब्रह्म की एकता का प्रतिपादन किया गया है । **इस प्रकार यह सम्पूर्ण ग्रन्थ *''तत्त्वमसि''* इस महावाक्य के अर्थ का ही निरूपण करता है ।** विषयवासना, प्रमाणासंभावना, प्रमेयासंभावना,

महावाक्यार्थनिरूपणपरः । तत्र च सर्वत्र विषयवासनाप्रमाणासंभावनाप्रमेयासंभावनासाधनविपरीत-भावनाफलविपरीतभावनाचेति पञ्चविधप्रतिबन्धानां सद्भावेनैकैकस्य प्रतिबन्धस्य दूरीकरणायैकैकोऽध्याय इति पञ्चदशाध्यायास्संज्ञाताः । तत्र चास्मिन्नेकादशेऽध्याये योगानन्दाख्ये चित्तविह्वलतारूपः प्रतिबन्धो योगानन्दनिरूपणेन दूरीक्रियत इत्यस्याध्यायस्य तत्परत्वं द्रष्टव्यम् । तदुक्तम् "कैवल्ये क्व नु विषया गुरुशास्त्रारामगाङ्गतीराद्याः । इति विह्वलता चित्ते प्रतिबन्धः प्रथम एष ऐक्येऽपि" " एकादशे तु यौगिकसुखस्य बोधेन निरतिशयतोक्त्या । निर्विषयेऽपि पुमर्थात्तत्परता तस्य निर्णेये" इति । एवञ्च प्रत्यग्ब्रह्मैक्ये विषयवासनाख्यः प्रथमः प्रतिबन्धः प्रदर्शितस्तस्यास्य प्रतिबन्धस्यैतत्प्रकरणप्रोक्तयोगानन्देन निरासः इति सिद्धः । तथाहि । अत्र ताव"द्ब्रह्मानन्दं प्रवक्ष्यामि ज्ञाते तस्मिन्नशेषतः । ऐहिकामुष्मिकानर्थव्रातं हित्वा सुखायत" इत्युपक्रम्य "ब्रह्मानन्दाभिधेग्रन्थे ब्रह्मानन्दप्रकाशकम् । योगिप्रत्यक्षमध्याये प्रथमेऽस्मिन्नुदीरित" मित्युपसंहारात्तेनाद्वैतानन्दानुभवे निरतिशयसुखपरत्वेनास्य दृश्यसुखाभासबाधकत्वं प्रथमं लिङ्गम् ।।

तथा "ब्रह्मवित्परमाप्नोति शोकं तरति चात्मवित् । रसो ब्रह्मरसं लब्ध्वानन्दी भवति नान्यथे"ति समारभ्ये "त्यादिश्रुतयो बह्व्यः पुराणैस्स्मृतिभिस्सह ब्रह्मज्ञानेऽनर्थहानिमानन्दं चाप्यघोषय"न्नित्यादिना तत्र तत्राभ्यासस्स्पष्ट एव । एतेनैवापूर्वताफलार्थवादोपपत्त्याख्यलिङ्गचतुष्टयमप्यूह्यम् । यतस्तेषां तत्र तत्र कण्ठत एव स्फुटतयोक्तिर्दृश्यत इति दिक् ।।

।। इति श्रीद्वारकाशारदापीठाधीश्वरैः एवं ज्योतिष्पीठाधीश्वरैः श्रीमज्जगद्गुरुशङ्कराचार्यैः अनन्तश्रीविभूषितश्रीस्वरूपानन्दसरस्वतिस्वामिभिः विरचितायां स्वरूपबोधिन्यां व्याख्यायां ब्रह्मानन्दे योगानन्दस्समाप्तः ।।

साधनविपरीतभ्रम और फलविपरीतभ्रम इन पाँच प्रकार के प्रतिबन्धों को ही इस ग्रन्थ के पन्द्रह प्रकरणों में एक-एक करके दूर किया गया है ।

प्रस्तुत प्रकरण विषयवासना नामक प्रथम प्रतिबन्ध का निवारक है । कैवल्य (ब्रह्म) में गुरुसेवन, शास्त्रविचार, उद्यान तथा गंगातीर आदि विषय कैसे संभव हैं ? इस प्रकार की चित्त में विह्वलता होना ही विषयवासना नामक प्रतिबन्ध कहा गया है । इसी के निराकरण का बोध कराकर उसकी निरतिशयता का वर्णन किया गया है । और यह सुख विषयजन्य भी नहीं है अतः पुरुषार्थ रूप होने से इस प्रकारण की तत्परता का निर्णय कर लेना चाहिये ।

"ब्रह्मानन्दं प्रवक्ष्यामि" (११/१) यहाँ से उपक्रम कर *"ब्रह्मानन्दाभिधे"* (११/१३४) यहाँ पर प्रकरण का उपसंहार किया होने से अद्वितीय ब्रह्मानन्द के अनुभव में निरतिशय सुख के प्रतिपादन के द्वारा दृश्य सुखाभास का बाधक प्रथम लिंग कहा गया है । और *"ब्रह्मवित् परमाप्नोति शोकं तरति चात्मवित्"* (११/२) इत्यादि श्लाकों में उक्तार्थ का अभ्यास स्पष्ट ही है । इसी प्रकार अपूर्वता, फल, अर्थवाद और उपपत्ति नामक लिगों का भी अनुमान कर लेना चाहिये ।

।। इस प्रकार द्वारका एवं ज्योतिष्पीठाधीश्वर अनन्तश्रीविभूषित जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी **श्रीस्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज** द्वारा विरचित **श्रीसद्गुरुसपर्या** नामक हिन्दी व्याख्या में योगानन्द नामक ग्यारहवाँ प्रकरण समाप्त हुआ ।।

।। द्वादशं प्रकरणम् -ब्रह्मानन्दे आत्मानन्दप्रकरणम् ।।

नन्वेवं वासनानन्दाद्ब्रह्मानन्दादपीतरम् ।
वेत्तु योगी निजानन्दं मूढस्यात्रास्ति का गतिः ।।१।।

अन्वयः - ननु एवं योगी वासनानन्दात् ब्रह्मानन्दात् अपि इतरं निजानन्दं वेत्तु। अत्र मूढस्य का गतिः अस्ति।

व्याख्या :- पूर्वस्मिन्प्रकरणे योगिनो निजानन्दमावेदितम् । तेन तदन्यस्य गत्यभावस्सूचितः । अतस्तस्यापि गतिं बोधयितुकामः प्रश्नमुखेनैवैतत्प्रकरणमुपक्रमते । प्रादर्शि च निजानन्दानुभवप्रकाशो विवेकिनां योगेन सम्प्रति मूढानामपि जिज्ञासूनामप्यात्मानन्दपदवाच्यत्वम्पदार्थविवेचनमुखेन ब्रह्मानन्दानुभवप्रकारः प्रदर्श्यते मन्दानुजिघृक्षया । प्रश्नार्थको ननुः । एवं पूर्व प्रकरणोक्तमार्गेण ब्रह्मानन्दात्सुषुप्तावनुभूयमानात्सोऽयं सुषुप्तिकालिकोऽपि प्राक्तनप्रकारेण विस्तरेण प्रपञ्चितस्तस्मात्तथावासनानन्दादपि विषयैर्विनौदासीन्येऽनुभूयमानादानन्दात्संस्कारात्सुप्तोत्थितस्यापि किञ्चित्कालमनुभूयमानसुखविशेषाच्चेतरं भिन्नं निजानन्दं "यावदहङ्कारो विस्मृतोऽभ्यासयोगतः । तावत्तावत्सूक्ष्मदृष्टेर्निजानन्दोऽनुमीयत" इत्यादिना योगिप्रत्यक्षक्रियया सत्यपि द्वैते तदनुल्लिख्यानुभूयमानं योगी समाधिनिष्ठागरिष्ठो वेत्तु । अत्र च ब्रह्मानन्दानुभवविषये मूढस्य योगविहीनस्य का गतिरस्तीति तां बोधयतीति शम् ।।

नात्यन्तं मूढानां विद्यायामधिकार इत्यनधिकारनिरूपणम् -

धर्माधर्मवशादेष जायतां म्रियतामपि ।
पुनः पुनर्देहलक्षैःकिन्नो दाक्षिण्यतो वद ।।२।।

प्रकरण का उपक्रम करते हैं ।

अर्थ - (शंका) इस प्रकार वासनानन्द और ब्रह्मानन्द से भी अन्य (निजानन्द) को योगी भले अनुभव करें, किन्तु इस विषय में मूढ़ (योगविहीन) की क्या गति होगी ?।।१।।

व्याख्या - ब्रह्मानन्द के अन्तर्गत पूर्वोक्त योगानन्द नामक प्रथम प्रकरण में योगरूप उपाय से विवेकी को निजानन्द का अनुभव जिस प्रकार से होता है, उसका प्रदर्शन करके अब अविवेकी जिज्ञासु के लिए आत्मानन्द शब्दवाच्य त्वं पदार्थ के विवेचन द्वारा ब्रह्मानन्द का वर्णन करने के लिए आत्मानन्द नामक इस द्वितीय प्रकारण का आरम्भ करते हुए सर्वप्रथम प्रश्नरूप से भूमिका बनाते हैं ।

श्लोक में 'ननु' प्रश्नार्थक है । इस प्रकार पूर्वोक्त रीति से सुषुप्ति में अनुभूयमान ब्रह्मानन्द से और विषयों के बिना उदासीन अवस्था में अनुभूयमान वासनानन्द से भी अन्य (भिन्न) निजानन्द को यदि योगी जानता है अर्थात् द्वैत की सत्ता रहने पर भी उसका तिरस्कार कर समाधिनिष्ठागरिष्ठ योगी निजानन्द को यदि जानता है (अनुभव करता है) तो भले जाने । किन्तु ब्रह्मानन्द के अनुभव के विषय में मूढ़ की अर्थात् योगविहीन पुरुष की क्या गति होगी ?

अतिमूढ़ को विद्या का अनधिकारी बताते हैं ।

अर्थ - यह मूढ़ पुरुष धर्म और अधर्मवशात् लाखों देह धारण द्वारा बार-बार जन्मे और मरे भी, उन पर हमारी दाक्षिण्यता (कृपा) से क्या होगा, यह बताओ ?।।२।।

अन्वयः – एषः धर्माधर्मवशात् देहलक्षैः पुनः पुनः जायताम् अपि म्रियतां नः दाक्षिण्यतः किम्? वद।

व्याख्या :– अतिमूढस्य विद्याधिकार एव नास्तीति प्रतिवदति । एषोऽतिमूढोऽतीतानेकजन्मसमासादिताद्धर्माधर्मवशात्पण्यपापफलपरिपाकवशादनादिसंसारे समतीतानेकजन्मानुष्ठितसुकृतदुष्कृतवशाद्देहलक्षैर्नानाविधदेहस्वीकारेणासङ्ख्याकैर्जन्मभिःपुनःपुनरनवरतं जायतां म्रियतां चेति भावः । "मृत्योस्समृत्युमाप्नोती"त्यादि श्रुतेः । तस्मिन्विषये दाक्षिण्यतस्सकलाज्ञबोधनसामर्थ्याभिनिवेशेनानुकूलभावेन नोऽस्माकं किं वद ? न किमपि प्रयोजनमिति भावः । नास्ति तस्यान्या गतिरिति शम्।।

दयालुना मूढस्यैवोपरि कृपया गतिःकल्पनीयेति प्रार्थनाकरणम् –

अस्ति वोऽनुजिघृक्षुत्वाद्दाक्षिण्येन प्रयोजनम् ।
तर्हि ब्रूहि स मूढः किं जिज्ञासुर्वा पराङ्मुखः ॥३॥

अन्वयः – वः अनुजिघृक्षुत्वात् दाक्षिण्येन प्रयोजनम् अस्ति। तर्हि सःमूढः किं जिज्ञासुः? पराङ्मुखो वा? ब्रूहि ।

व्याख्या :– निखिलजनानुग्राहकेणाचार्येण मूढस्यापि काचिद्गतिः प्रकल्पनीयेति भृशं प्रार्थयत्यन्तेवासीत्याह। मूढं प्रति वो युष्माकमनुजिघृक्षुत्वादनुगृहीतुमिच्छावत्त्वाच्छिष्योद्धारणेच्छायुक्तत्वाद्भवतां दाक्षिण्येन तदुद्धरणरूपं प्रयोजनमस्त्येव । एवं सम्प्रार्थितो गुरुर्मूढोद्धरणमार्गविवक्षया तं शिष्यं विकल्प्य पृच्छति । यदि मूढस्य काचन गतिःकल्पनीया चेत्तर्हि किं स मूढो जिज्ञासुः किं तत्त्वं ज्ञातुमिच्छुर्विरक्त आहोस्वित्पराङ्मुखस्तत्त्वविमुखो

व्याख्या – पूवोक्त प्रश्न का उत्तर देते हुए आचार्य कहते हैं कि जो अतिमूढ़ हैं, उनका ब्रह्मविद्या में अधिकार ही नहीं है । यह मूढ़ पुरुष अतीतानेक जन्मों से संग्रहीत धर्माधर्मवशात् अर्थात् पुण्य और पाप के फलों के परिपक्व हो जाने से असंख्य जन्मों के द्वारा पुनः पुनः (अनवरत) जन्में और मरें । ब्रह्मविद्या के अभाव में बार-बार जन्मना और मरता पड़ता है, श्रुति भी कहती है – ***"मृत्योः स मृत्युमाप्नोति"*** (क.उ.) अतः उन पर हमारी दाक्षिण्यता (कृपा) से क्या होगा ? अर्थात् ऐसे पुरुषों पर कृपा करने से उन पर अनुकूलभाव करने से हमारा क्या प्रयोजन है यह बताओ ? अर्थात् जिन्हें तत्त्वज्ञान में रुचि ही नहीं हैं, उन पर कृपा करने का कोई फल नहीं होता । भाव यह है कि जन्म-मरण के अतिरिक्त उनकी और कोई गति नहीं है ।

आचार्य सभी पर अनुग्रह करने वाले होते हैं अतः कृपा करके आचार्य को अतिमूर्ख की भी सद्गति का वर्णन करना चाहिये । इस प्रकार शिष्य प्रार्थना करता है ।

अर्थ – (शिष्य) आप आचार्य शिष्यों पर अनुग्रह करने की इच्छा वाले हैं, इसलिए आपकी कृपा का प्रयोजन अवश्य है । (आचार्य) अच्छा तो बताओ कि वह मूढ़ क्या जिज्ञासु है अथवा पराङ्मुख है ।।३।।

व्याख्या – मूढ़ों पर अनुग्रह करने की प्रार्थना करता हुआ शिष्य कहता है कि आप जैसे अद्वितीय ब्रह्मानन्द में निमग्न श्रोत्रिय-ब्रह्मनिष्ठ आचार्य सर्वदा शरणापन्न शिष्यों पर अनुग्रह करने की इच्छा वाले हैं अर्थात् अनुग्रह करना आपका स्वभाव ही है अतः आपकी कृपा का प्रयोजन अवश्य है । आपके अनुग्रह से वे भी संसार सागर से पार हो जाएँगे, अतः हे गुरुदेव ! उन मन्दबुद्धि वाले पुरुषों पर भी आपकी कृपारूपी अमृतवर्षा अवश्य ही होनी चाहिये । शिष्य की विनयपूर्वक प्रार्थना सुनकर आचार्य उस शिष्य

वा विषयासक्तो रागीवेति ब्रूहि । इति शम्।।

अधिकार्यनुसारमेवोपदेशः कर्तव्य इति निरूपणम् -

उपास्तिङ्कर्म वा ब्रूयाद्विमुखाय यथोचितम् ।
मन्दप्रज्ञन्तु जिज्ञासुमात्मानन्देन बोधयेत् ।।४।।

अन्वयः -विमुखाय यथोचितं कर्म उपास्तिं वा ब्रूयात्। मन्दप्रज्ञं जिज्ञासुं तु आत्मानन्देन बोधयेत्।

व्याख्या :- मूढानुजिघृक्षोः किमर्थमयं विकल्प इत्याशङ्क्याधिकारितारतम्येनोपास्तिकर्मादीनां मध्येऽन्यतममार्गविनिश्चयार्थमित्याह । गुरुसत्तमश्शिष्यस्य सामर्थ्यं विज्ञाय ब्रह्मजिज्ञासां प्रति विमुखाय तत्त्वज्ञानविमुखाय बहिर्मुखाय यथोचितमचितुमार्गमनतिक्रम्य यथायोग्यं ब्रह्मलोकादिसुखप्राप्तये ध्यानदीपप्रकरणोक्तनिर्गुणाहङ्ग्रहाद्युपास्तिं किञ्चिद्धीसौक्ष्म्ये सत्युपासनां तदभावे काम्यादिकर्महीन-मीशतोषबुद्ध्या निष्कामकर्मानुष्ठानं स्वर्गकामाय तु तत्साधनीभूतं ज्योतिष्टोमादिकं कर्म वा ब्रूयादुपदिशेत्। रोगनिदानानुरूपो ह्यौषधप्रचारः । जिज्ञासुत्वेऽपि सोऽति विवेकी मन्दप्रज्ञो वेति परीक्ष्यातिविवेकिनोऽ-व्यवहितपूर्वाध्यायोक्तप्रकारेण योगेन ब्रह्मसाक्षात्कारमभिप्रेत्य मन्दप्रज्ञस्यात्मदर्शनोपायमाह । जिज्ञासुं तत्त्वजिज्ञासावन्तं मन्दप्रज्ञं मन्दा जडा प्रज्ञा बुद्धिर्यस्य तमप्यात्मानन्देन बोधयेत् विवेचनद्वारा बोधयेदनात्मवित्त्वनिमित्तकशोकस्य पारं तारयत्विति प्रार्थ्यमानस्य नारदस्य "यद्वेदं तेन मोपसीद ततस्त ऊर्ध्वं वक्ष्यामी "त्यादिना सनत्कुमारेण बोधनमार्गदर्शनात्कर्मोपासनयोर्ब्रह्मज्ञानोपकारकत्वमनेन संसूचितमित्युपास्तयोऽत एवात्र ब्रह्मशास्त्रेऽपि चिन्तिता इत्युक्तं प्राक् ।।

से पूछते हैं कि अच्छा तुम पहले यह बताओ की वह मूढ़ पुरुष क्या जिज्ञासु है ? अर्थात् तत्त्व को जानने की इच्छा वाला विरक्त है ? अथवा पराङ्मुख है ? अर्थात् विषयासक्त होने के कारण तत्त्व से विमुख है?

अधिकारी के अनुसार ही उपदेश करने का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - विमुख पुरुष को कर्म अथवा उपासना का उपदेश करना चाहिये और मन्द बुद्धिवाले जिज्ञासु को आत्मानन्द (प्रकृत प्रकरण) के द्वारा बोध कराना चाहिये ।।४।।

व्याख्या - मूढ़ जनों पर अनुग्रह करने वाले आपके द्वारा पूर्वोक्त विकल्प प्रस्तुत करने का क्या रहस्य है ? ऐसी आकांक्षा होने पर कहते हैं कि अधिकारी के अनुसार ही उपदेश किया जाता है । इसीलिए उपासना और कर्म आदि में से अन्यतम मार्ग का निश्चय करने के लिए विकल्प पूर्वक प्रश्न किया गया है । श्रेष्ठगुरु शिष्य की सामर्थ्य को जानकर ब्रह्मजिज्ञासा के प्रति विमुख पुरुष को यथोचित ब्रह्मलोकादि सुख की प्राप्ति के लिए ध्यानदीप में वर्णित निर्गुण अहंग्रहादि उपासना अथवा कर्म का उपदेश करे । क्योंकि जैसा रोग होता है, उस रोग के कारणों को जानकर उसी के अनुसार औषध सेवन करने से ही लाभ होता है । और जो मन्दबुद्धि वाला किन्तु जिज्ञासु है, उसे इस प्रकारण में कहे जाने वाले आत्मानन्द के द्वारा बोध कराना चाहिये । अनात्मवित् होने के कारण जब नारद जी शोक निवृत्ति के लिए सनत्कुमार जी के पास गये तब उन्होंने पूँछा ***"यद् वेत्थ तेन मोपसीद ततस्त ऊर्ध्वं वक्ष्यामीति"*** (छा.उ. ७/१/१) तुम जितना जानते हो उतना मुझे बताओ उसके आगे मैं तुम्हें उपदेश करूँगा । इस प्रकार अधिकारी के अनुसार ही उपदेश करने का विधान प्राप्त होता है और इससे यह भी सूचित होता है कि

"उपास्तयोऽत एवात्र ब्रह्मशास्त्रेऽपि चिन्तिताः ।

प्रागनभ्यासिनःपश्चाद् ब्रह्माभ्यासेन तद्भवेदि"त्यादिना । तस्माच्छिष्यस्याधिकारानुगुणम् उपदेशो गुरुणा क्रियत इति दिक् ।।

जिज्ञासोर्मन्दप्रज्ञस्यात्मानन्दबोधनप्रकारे याज्ञवल्कोपदेशप्रदर्शनम् –

बोधयामास मैत्रेयीं याज्ञवल्क्यो निजप्रियाम् ।
न वा अरे पत्युरर्थे पतिः प्रिय इतीरयन् ।।५।।

अन्वयः – याज्ञवल्क्यः मैत्रेयीं निजप्रियाम् "अरे पत्युः अर्थे पतिः प्रियः न वा (वै)" इति ईरयन् बोधयामास ।

व्याख्या :– को वा लाघवादात्माभिन्न आनन्दः ? कथं तद्बोधनप्रक्रिया प्रामाणिकसम्प्रदायसिद्धा? केन वा को बोधितः ? इत्याद्याशङ्कासूत्तरप्रदानाय मैत्रेयीयाज्ञवल्क्यब्राह्मणमर्थतोऽवतारयति । याज्ञवल्क्यो निजप्रियां मैत्रेयीं "न वा अरे पत्युरर्थे पतिः प्रिय " इतीरयन्वदन्बोधयामास । यजुश्शाखाविशेषप्रवर्तको याज्ञवल्क्यस्स्वभार्यां समुपदिदेश "न वा अरे पत्युःकामाय पतिःप्रियो भवती"ति श्रुत्या । अरे इति प्रेमपुरस्सरं प्रियां सम्बोधयत्यृषिः । अरे मैत्रेयि ! पत्युः कामाय सन्तोषाय पतिः पत्न्याः प्रियो न

कर्म और उपासना ब्रह्मज्ञान की उपकारक हैं । इसीलिए वेदान्तों में यत्र-तत्र उपासना का भी बाहुल्य दृष्टिगोचर होता है । इस ग्रन्थ के सप्तम प्रकरण (१०५) में भी इसीलिए उपासना पर विस्तार से विचार किया गया है ।

इस प्रकार किसने किसको उपेदश किया है ? इस प्रश्न का उत्तर देते हैं ।

अर्थ – याज्ञवल्क्य जी ने अपनी पत्नी मैत्रेयी को "अरे पति के लिए पति प्रिय नहीं होता है" इस प्रकार कहते हुए (आत्मानन्द का) बोध कराया ।।५।।

व्याख्या – बृहदारण्यक के मैत्रेयी ब्राह्मण में कथा आती है कि याज्ञवल्क्य जी की मैत्रेयी और कात्यायनी नामक दो पत्नियाँ थीं । मैत्रेयी ब्रह्मवादिनी थी और कात्यायनी सामान्य स्त्रियों के जैसी बुद्धिवाली थी । याज्ञवल्क्य जी ने गृहस्थाश्रम का त्याग करके संन्यासाश्रम ग्रहण करने के लिए अपनी भार्या मैत्रेयी से अनुमति माँगी । उन्होंने अपनी संपत्ति का बटवारा कर देने की बात भी कही । यह सुनकर मैत्रेयी बोली – यदि धन से सम्पन्न यह सारी पृथ्वी मेरी हो जाए तो क्या मैं उससे अमर हो सकती हूँ? याज्ञवल्क्य जी बोले – नहीं, भोग सामग्री से सम्पन्न मनुष्यों का जैसा जीवन होता है, वैसा ही तेरा जीवन हो जाएगा । धन से अमृतत्त्व की प्राप्ति नहीं हो सकती । मैत्रेयी – जिससे में अमर नहीं हो सकती उसे लेकर मैं क्या करूँगी ? भगवन् ! आप अमृतत्त्व का जो साधन जानते हों, वही मुझे बताने की कृपा करें । मैत्रेयी की इस प्रकार ब्रह्मजिज्ञासा से प्रसन्न होकर याज्ञवल्क्य जी ने उन्हें आत्मतत्त्व का उपदेश देते हुए कहा कि ***"न वा अरे पत्युः कामाय पतिः प्रियो भवति"*** (बृ.उ. २/४/५, ४/५/६) अर्थात् हे मैत्रेयि! पति के लिए पति प्रिय नहीं होता किन्तु स्वयं के लिए ही प्रिय होता है । इस श्रुति के आख्यान से यह भी सूचित होता है कि मन्दबुद्धि के पुरुष मैत्रेयी और कात्यायनी की भाँति दो प्रकार के होते हैं। कात्यायनी बहिर्मुखी वृत्ति की है और मैत्रेयी जिज्ञासु है । याज्ञवल्क्य जी कात्यायनी को आत्मज्ञान का

भवति । किन्त्वात्मनस्तु कामायैवेति श्रुतेरर्थ इति शम् ।।

लोके सर्वमात्मार्थमेव प्रियं भवतीति निरूपणम् -

पतिर्जाया पुत्रवित्ते पशुब्राह्मणबाहुजाः ।
लोका देवा वेदभूते सर्वञ्चात्मार्थतः प्रियम् ।।६।।

अन्वयः - पतिः जाया पुत्रवित्ते पशुब्राह्मणबाहुजाः लोकाः देवाः वेदभूते च सर्वम् आत्मार्थतः प्रियम्।

व्याख्या :- मैत्रेय्यै तत्त्वबोधनाय याज्ञवल्क्यनिर्दिष्टान्पदार्थान्सङ्क्षिपति । " इयमात्मा परानन्दः परप्रेमास्पदं यतः । मा न हि भूवं भूयासमिति प्रेमात्मनीक्ष्यत" इति पूर्वमुपपादितरीत्या परप्रेमास्पदत्व-हेतुनात्मनः परानन्दतां सिषाधयिषुरादौ परप्रेमास्पदत्वहेतुप्रदर्शकस्या "त्मानस्तु कामाय सर्वं प्रियं भवती"त्यादि श्रुत्युदाहृतवाक्यस्य तात्पर्यमर्थतस्सङ्गृह्णाति । तथोत्तरत्र च प्रतिपादितेन परप्रेमास्पदत्वेन परमानन्दरूपता । सुखवृद्धिः प्रीतिवृद्धौ सार्वभौमादिषु श्रुतेत्यादिनेतरत्र च "परप्रेमास्पदत्वेन हेतुनात्मनः परमानन्दरूपतां प्रदिदर्शयिषुरादौ परप्रेमास्पदत्वहेतुसमर्थनाय तावदुदाहृतवाक्यस्योपलक्षणपरतात्पर्यमुप-दर्शयति । पतिजायापुत्रवित्तपशुब्राह्मणराजन्यलोकदेववेदादिकं भोग्यजातं भोक्तुश्शेषत्वाद्भोक्तृ-भोग्यभावसम्बन्धेनैव भवति प्रियं न स्वरूपत इति शम् ।।

आत्मनस्तु कामायेति श्रुत्यर्थनिरूपणम् ।

पत्याविच्छा यदा पत्न्यास्तदा प्रीतिङ्करोति सा ।
क्षुदनुष्ठानरोगाद्यैस्तदा नेच्छति तत्पतिम् ।।७।।

उपदेश नहीं करते और न वह उनका उपदेश सुनने आती है । क्योंकि वह सांसारिक पदार्थों से विरक्त न थी । किन्तु मैत्रेयी विरक्त होकर सब का त्याग कर अमृतत्त्व प्राप्ति का उपाय पूँछती है । अतः अधिकारी के अनुसार ही उपेदश करना श्रुतिसम्मत है ।

आत्मार्थ ही सब प्रिय हैं, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ - पति, पत्नी, पुत्र, वित्त, पशु, ब्राह्मण, क्षत्रिय, लोक, देव, वेद और पञ्चमहाभूत तथा सब कुछ आत्मा के लिए प्रिय है ।।६।।

व्याख्या - ***"इयमात्मा परानन्दः परप्रेमास्पदं यतः"*** (पं.द. १/८) इस प्रकार प्रथम प्रकरण में आत्मा को परमप्रेम का आस्पद कहा गया है । परमप्रेमास्पद होने के कारण ही आत्मा में परानन्दता को सिद्ध करने की इच्छा से सर्वप्रथम परमप्रेमास्पदत्व हेतु प्रदर्शित करने वाली ***"आत्मनस्तु कामाय सर्वं प्रियं भवति"*** इस बृहदारण्यक श्रुति में उदाहृत वाक्य के तात्पर्य का अर्थतः पठन करते हैं । याज्ञवल्क्य जी ने क्रम से पति, पत्नी, पुत्र, धन, पशु, ब्राह्मण, क्षत्रिय, स्वर्गादि लोक, इन्द्रादि देव, ऋगादि वेद, पृथ्वी आदि पञ्चमहाभूत, इतना ही नहीं सब कुछ केवल आत्मा के लिए ही प्रिय होता है, ऐसा मैत्रेयी को उपदेश किया।

"आत्मनस्तु कामाय" इस श्रुति के अर्थ का विचार प्रारम्भ करते हैं ।

अर्थ - सर्वप्रथम चार श्लोकों से पति, पत्नि और पुत्र के दृष्टान्त को विशद करते हैं । पत्नी को जब पति की इच्छा होती है तभी वह पति से प्रेम करती है । किन्तु जब उसका पति क्षुधा, अनुष्ठान या

न पत्युरर्थे सा प्रीतिः स्वार्थ एव करोति ताम् ।
पतिश्चात्मन एवार्थे न जायार्थे कदाचन ॥८॥
अन्योन्यप्रेरणेऽप्येवं स्वेच्छयैव प्रवर्तनम् ॥९॥
श्मश्रुकण्टकवेधेन बाले रुदति तत्पिता ।
चुम्बत्येव न सा प्रीतिर्बालार्थे स्वार्थ एव सा ॥१०॥

अन्वयः - यदा पत्न्याः पत्यौ इच्छा तदा सा प्रीतिं करोति। तत्पतिम् क्षुदनुष्ठानरोगाद्यैः तदा न इच्छति

अन्वयः - सा प्रीतिः पत्युः अर्थे न। तां स्वार्थे एव करोति। पतिः च आत्मनः अर्थे एव। जायार्थे कदाचन न ।

अन्वयः - एवम् अन्योऽन्यप्रेरणे अपि स्वेच्छया एव प्रवर्तनम् ।

अन्वयः - श्मश्रुकण्टकवेधेन बाले रुदति तत्पिता चुम्बति एव। सा प्रीतिः बालार्थे न। सा स्वार्थे एव।

व्याख्या :- "न वा अरे पत्युः कामाय पतिः प्रियो भवत्यात्मनस्तु कामाय पतिःप्रियो भवती"त्यादिवाक्यानां तात्पर्यार्थं प्रविभज्य प्रदर्शयितुमुपक्रमते । यदा यस्मिन्सन्दर्भे पत्न्या जायायाः पत्यौ भर्तरि विषये प्रीतिरिच्छा जायते तदा सा जाया तस्मिन्भर्तरि प्रीतिमिच्छां स्नेहं करोति । यदा यस्मिन्काले तत्पतिः पूर्वं प्रीत्यास्पदस्स पतिःक्षुदनुष्ठानरोगाद्यैः क्षुद्बुभुक्षानुष्ठानं यज्ञादिकर्माचरणं रोगादिः कुष्ठव्याद्ध्यादिरेतादृशैरिच्छाभावहेतुभिर्यदि युक्तस्संयुतो भवेत्तदा जायाप्रीतिकाले तं पतिं नेच्छति सा नैव कामयते । तथा च किं फलितमित्यत्राह । पत्न्या विधीयमाना या प्रीतिर्न सा पत्युर्भर्तुरर्थे तत्प्रयोजनविषये, किन्तु स्वार्थे । पत्नी यां प्रीतिं भर्तरि विधदाति सा स्वप्रयोजनायैव करोति ।

रोगादि से ग्रस्त होता है तब वह उस पति की इच्छा नहीं करती है । पति में स्त्री की वह प्रीति पति के लिए नहीं होती वरन् अपने लिए ही होती है और पति भी पत्नी के लिए उसे कभी प्रेम नहीं करता अपितु स्वयं के लिए ही करता है । इसी प्रकार एक दूसरे से प्रेम करने की प्रेरणा भी स्वसुख के लिए ही दोनों को प्रवृत्त करती है । पुत्र अपने पिता की कटीली दाढ़ी मूँछ चुभने से रोता है फिर भी पिता उसको चुम्बन करता ही है । पिता की वह प्रीति पुत्र के लिए नहीं वरन् अपने लिए ही है ।।७-१०।।

व्याख्या - पत्नी को जब पति की इच्छा होती है तभी वह उससे प्रेम करती है । उसे पति अत्यन्त प्रिय लगने लगता है किन्तु वह प्रेम अपने स्वार्थ के लिए होता है, पति के स्वार्थ के लिए नहीं । यदि उसका पति भूखा हो, रोगी हो, नपुंसक हो अथवा कर्मानुष्ठान में लगे होने के कारण भोग की इच्छा न रखता हो तो स्त्री उस पर प्रीति नहीं रखती । यदि पत्नी का प्रेम पति में उसी के लिए होता, तो संसार में अनेक स्त्रियाँ अपने जीवित पति का त्याग कर पर पुरुष का सेवन क्यों करतीं ? यद्यपि ऊपरी दृष्टि से यही दिखाई देता है कि पत्नी का प्रेम पति में उसी के लिए है और पति का प्रेम भी पत्नी में उसी के लिए है, किन्तु यह सत्य नहीं है । सब के भीतर सुखपाने की कामना ही छुपी रहती है । जब उसकी पूर्ति होती दिखाई देती है तो पत्नी अपने पति से और पति अपनी पत्नी से प्रेम करता है । श्रीतुलसीदास जी ने भी कहा है ***"सुर नर मुनि सब के यह रीति स्वारथ लागि करइ सब प्रीति"*** मुनष्य ही नहीं वरन् देवता और मुनि आदि सभी जब अपना स्वार्थ सिद्ध होते देखते हैं तब किसी से प्रेम करते हैं ।

अथैतत्पत्न्यादावप्यतिदिशति । " न वा अरे जायायै कामाय जाया प्रिया भवत्यात्मनस्तु कामाय जाया प्रिया भवती"त्यादिना प्रपञ्चयान्ते समुपसंहृतं " न वा अरे सर्वस्य कामाय सर्वं प्रियं भवत्यात्मनस्तु कामाय सर्वं प्रियं भवती"त्यनेन ।

अत्रैषां वाक्यानां तात्पर्यं क्रमशो विभज्य निरूपयति । जायायां पत्न्यां प्रीतिं पतिर्भर्ताऽपि स्वप्रयोजनायैव करोति न कदाचन जायार्थे भार्याप्रीत्यर्थम् । ननु दैवात्क्वचित्कालावच्छेदेनोभयानुकूल्यमपि संदृश्यत एव । तथैकैककामनया प्रवृत्तौ प्रीतिस्स्वार्था भवतु । युगपदुभयेच्छयाप्रवृत्तौ तत्र प्रीतेरुभयार्थता स्यादेवेत्याशङ्कायामाह । एवमुक्तेन प्रकारेणान्योऽन्यप्रेरणेऽपि स्वेच्छयैव स्वकामनापूरणेच्छयैव न परकामनापूरणाय प्रवर्तनमुभयोरिति न स्वार्थतायां किमपि बाधकमुत्पश्यामः ।

अत एव पुत्रादिष्वपि जनास्स्वेच्छयैव प्रवर्तन्त इत्युपदर्शयति । श्मश्रुकण्टकवेधेन कण्टकसदृशमुललोमभिर्वेधेन तज्जन्यक्लेशेन बाले पुत्रे शिशौ रुदत्यपि तत्पुत्रखेदमनादृत्य तत्पिता पुत्रं चुम्बत्येव । सा चुम्बनप्रयोजिका प्रीतिर्न बालार्थे किन्तु सा स्वार्थ एव । अतश्च पित्रा क्रियमाणबालमुखचुम्बनं न पुत्रप्रीत्युत्पादकं श्मश्रुकण्टकवेधेन रोदनकर्तृत्वात्तस्माद-वगन्तव्यमीदृक्चुम्बनादिकमात्मसन्तुष्टय एवेति दिक् ।।

जडवस्तुषु प्रीतिकरणेनापि ज्ञायते प्रीतिस्स्वार्थैवेति निरूपणम् -

निरिच्छमपि रत्नादिवित्तं यत्नेन पालयन् ।
प्रीतिङ्करोति स स्वार्थं वित्तार्थत्वन्न शङ्कितम् ।।११।।

ऐसा प्रतीत होता है कि जहाँ एक की इच्छा से दूसरे से प्रीति होती है, वहाँ तो वह अपने स्वार्थ से होती है, किन्तु जहाँ दोनों ओर से परस्पर प्रीति होती है, वहाँ स्वार्थ नहीं होना चाहिये, किन्तु ऐसा नहीं है । दो व्यक्तियों का परस्पर प्रेम भी परार्थ नहीं होता, वह भी स्वार्थ प्रेरित ही होता है । वे दोनों अपने सुख की कामना से परस्पर प्रेम करते हैं । यदि दो में से किसी एक के मन में दूसरे से सुख पाने की कामना न हो, तो उनका परस्पर प्रेम टिक नहीं सकता ।

याज्ञवल्क्य जी मैत्रेयी से कहते हैं कि पुत्र के लिये पुत्र प्रिय नहीं होता अपितु अपने लिये ही पुत्र प्रिय होता है । इसी अर्थ को स्पष्ट करते हुए ग्रन्थकार दृष्टान्त देते हैं । पिता अपने छोटे से बालक से प्यार करता है, उसे अपनी छाती में दबाता है और उसके मुख का बारम्बार चुम्बन करता है । बालक के मुँह में पिता की दाढ़ी-मूँछें काँटे की तरह चुभती हैं और उसका शरीर दबता है, उसे यह अच्छा नहीं लगता, उसे कष्ट होता है इसलिए वह रोता है तथापि पिता उसके कष्ट को न देखता हुआ उसे उछालता, हिलाता, छाती में दबाता और चुम्बन लेता रहता है । पिता का यह प्रेम पुत्र के लिये नहीं अपितु स्वयं की प्रसन्नता के लिये ही है ।

"न वा अरे वित्तस्य कामाय वित्तं प्रियं भवति" इस श्रुति के तात्पर्य को स्पष्ट करते हैं।

अर्थ - जिनमें इच्छा नहीं होती उन रत्न आदि वित्त को मनुष्य यत्नपूर्वक पालन करता हुआ उनमें प्रीति रखता है, वह प्रीति स्वार्थवश है । ऐसी शंका न करें कि उसकी प्रीति वित्त के लिए है ।।११।।

व्याख्या - पति, पत्नी और पुत्रादि चेतन होने से उनमें प्रीति करना स्वार्थ के लिये या परार्थ के

अनिच्छति बलीवर्दे विवाहयिषते बलात् ।
प्रीतिस्सा वणिगर्थैव बलीवर्दार्थता कुतः॥१२॥
ब्राह्मण्यं मेऽस्ति पूज्योऽहमिति तुष्यति पूजया ।
अचेतनाया जातेर्नो सन्तुष्टिः पुंस एव सा ॥१३॥
क्षत्रियोऽहं तेन राज्यङ्करोमीत्यत्र राजता ।
न जातेर्वैश्यजात्यादौ योजनायेदमीरितम् ॥१४॥
स्वर्गलोकब्रह्मलोकौ स्तां ममेत्यभिवाञ्छनम् ।
लोकयोर्नोपकाराय स्वभोगायैव केवलम् ॥१५॥
ईशविष्ण्वादयो देवाः पूज्यन्ते पापनष्टये ।
न तन्निष्पापदेवार्थन्तत्तु स्वार्थं प्रयुज्यते ॥१६॥
ऋगादयो ह्यधीयन्ते दुर्ब्राह्मण्यानवाप्तये ।
न तत्प्रसक्तं वेदेषु मनुष्येषु प्रसज्जते ॥१७॥
भूम्यादिपञ्चभूतानि स्थानतृट्पाकशोषणैः।
हेतुभिश्चावकाशेन वाञ्छन्त्येषां न हेतवः ॥१८॥
स्वामिभृत्यादिकं सर्वं स्वोपकाराय वाञ्छति ।
तत्तत्कृतोपकारस्तु तस्य तस्य न विद्यते ॥१९॥

अन्वयः - निरिच्छम् अपि रत्नादि वित्तं यत्नेन पालयन् प्रीतिं करोति। सा स्वार्थे। वित्तार्थत्वं शङ्कितम् न।

लिये है, ऐसा सन्देह हो भी सकता है किन्तु धन आदि तो जड़ हैं, उनमें उक्त सन्देह कैसे संभव है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि सोना, चाँदी, रत्न आदि तो जड़ पदार्थ हैं, उनमें अपनी कोई इच्छा-अनिच्छा नहीं है । उन्हें यदि कोई बड़े प्रयत्न से संभालकर रखता है और उनसे प्रीति करता है तो वह प्रीति स्वार्थवश ही है । धन में प्रीति रखने वाला पुरुष अपने स्वार्थ के लिए ही उसका संचय करता है । अतः ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये कि उसकी प्रीति वित्त के लिये है । यही नियम अन्य सभी अचेतन पदार्थों के प्रेम के विषय में समझ लेना चाहिये ।

अब ''न वा अरे पशूनां कामाय पशवः प्रिया भवन्ति'' इस श्रुति का तात्पर्य बताते हैं।

अर्थ - बैल की भार वहन करने की इच्छा न रहने पर भी बलात् उससे भार वहन करवाया जाता है, वह व्यापारी की स्वार्थ बुद्धि है । इसमें बैल की स्वार्थ सिद्धि की इच्छा कहाँ है ?।।१२।।

व्याख्या - चेतन होने पर भी भार ढोने की इच्छा रहित पशु में भी उसी न्याय को बताते हैं । व्यापारी अपना माल ढोने और गाड़ी खींचने के लिए बैल पालता है, उन्हें खिलता-पिलाता है और उनसे प्रेम

अन्वयः - बलीवर्दे अनिच्छति बलात् विवाहयिषते। सा प्रीतिः। वणिगर्था एव बलीवर्दार्थता कुतः?

अन्वयः - "ब्राह्मण्यं मे अस्ति अहं पूज्यः" इति पूजया तुष्यति। सा संतुष्टिः अचेतनायाः जातेः नो। पुंसः एव।

अन्वयः - "अहं क्षत्रियः। तेन राज्यं करोमि" इति अत्र राजता । जातेः न। इदं वैश्यजात्यादौ योजनाय ईरितम् ।

अन्वयः - "स्वर्गलोकब्रह्मलोकौ मम स्ताम् " इति अभिवाञ्छनं लोकयोः उपकाराय न। केवलं स्वभोगाय एव।

अन्वयः - ईशविष्ण्वादयः देवाः पापनष्टये पूज्यन्ते। तत् निष्पापदेवार्थं न। तत् तु स्वार्थं प्रयुज्यते।

अन्वयः - दुर्ब्राह्मण्यानवाप्तये ऋगादयः हि अधीयन्ते। तत् वेदेषु न प्रसक्तम्। मनुष्येषु प्रसज्जते।

अन्वयः - स्थानतृट्पाकशोषणैः च अवकाशेन हेतुभिः भूम्यादिपञ्चभूतानि वाञ्छति। एषां हेतवे न।

अन्वयः - स्वामिभृत्यादिकं सर्वं स्वोपकाराय वाञ्छति। तत्तत्कृतोपकारः तु तस्य तस्य न विद्यते।

व्याख्या :- एवं पतिजायापत्यादिचेतनेषु विधीयमानायाः प्रीतेः कतरस्मै प्रयोजनायेति स्वार्थत्वपरार्थत्वविषये सन्देहास्पदत्वान्निरुक्तश्रुतेरवशिष्टवाक्यार्थतात्पर्यप्रदर्शनपूर्वकं रत्नाद्यचेतनवस्तूदाहरणेन तेषामिच्छामात्ररहितत्वेन तत्र परार्थत्वशङ्काया एवानुदयात्स्पष्टतरप्रतीतिमभिप्रेत्य " न वा अरे वित्तस्य कामाय वित्तं प्रियं भवत्यात्मनस्तु कामाय वित्तं प्रियं भवती"त्यादिपर्यायैः प्रीतिकर्तुर्देवदत्तादेस्स्वार्थतां द्रढयति नवभिश्श्लोकैः । विष्णुदत्तादिः प्रीतिकर्ता रत्नादिवित्तं निरिच्छमपि महता यत्नेन पालयन् तत्र प्रीतिं करोति । सा प्रीतिर्हि स्वार्थे भवति । न केनापि वित्तार्थत्वमत्र शङ्कितम् । अयं भावः । तत्र यां प्रीतिं करोति सा स्वार्थे स्वस्य कण्ठादौ तद्धिरण्यधारणप्रयोजनविषयिण्येव सा प्रीतिर्भवति यतस्तस्यां प्रीत्यां रत्नार्थत्वं केनचिदद्ययावन्न शङ्कितमप्यस्तीति ।

क्वचिच्चेतनत्वेऽपि स्वतो वाहनादीच्छारहितस्य पशुविषयस्य " न वा अरे पशूनामित्यादि

करता है । उसका बैल से प्रेम बैल के लिए नहीं वरन् अपने स्वार्थ के लिए है । इसका पता तब चलता है जब वह बैलों को गाड़ी या हल में जोतता है । बैल वह भार ढोना नहीं चाहते तब उनका मालिक उनके साथ जबरदस्ती करता है । उन्हें डंडा भी मारता है । यदि वह प्रेम बैल के लिए ही होता तो वह बैल को इस प्रकार कष्ट न देता । भला पशुओं पर किया जाने वाला प्रेम उनके लिए कहाँ है ?

"न वा अरे ब्रह्मणः कामाय ब्रह्म प्रियं भवति" इस श्रुति के तात्पर्य को दर्शाते हैं ।

अर्थ - "मैं ब्राह्मण हूँ, मैं पूज्य हूँ" इस प्रकार मानने वाला पूजा से संतुष्ट होता है । यह सन्तुष्टि अचेतन 'जाति' की नहीं है अपितु पुरुष की ही है ।।१३।।

व्याख्या - 'जाति' एक अचेतन भाव है, उसे किसी का प्रेम प्राप्त होने पर सन्तुष्टि अथवा असन्तुष्टि नहीं होती । अपने ब्राह्मणत्व में प्रेम रखने वाला मनुष्य कहता है "मैं ब्राह्मण हूँ इसीलिए पूजनीय हूँ" और जब उसकी पूजा होती है तो वह उस पूजा से सन्तुष्ट होता है । उसकी यह सन्तुष्टि जाति के लिये नहीं है अपितु स्वयं के लिये ही है ।

"न वा अरे क्षत्रस्य कामाय क्षत्रं प्रिय भवति" इस श्रुति का भावार्थ स्पष्ट करते हैं।

पर्यायस्य तात्पर्यं पशावपि विशदयति । एवं बलीवर्दे वृषभेऽनडुह्यनिच्छति शकटादिभारमुद्वोढुम-नभिलषतीच्छामकुर्वति सत्यपि बलाद्विवाहयिषते विशेषेण तद्द्वारा स्वीयभारं वाहयितुं कामयत इच्छति । वणिग्वैश्यस्तस्मै तृणान्नपानादिना बलं सम्पाद्य विवाहयिषत इति ल्यब्लोपे पञ्चमी । अत्र च वहनादिविषयायाः प्रीतेर्वणिगर्थत्वेन न बलीवर्दार्थतेति स्पष्टम् ।

एवं ब्राह्मणत्वादिजातावपि प्रीतेस्स्वार्थविषयतामेव विशदीकर्तुं " न वा अरे ब्रह्मणः कामाये"ति पर्यायतात्पर्यं स्पष्टयति । मे ब्रह्मण्यमस्त्यतोऽहं पूज्य इति ब्रह्मण्यनिमित्तया पूजया ब्रह्मणोहमिति तज्जन्याभिमानवांस्तुष्यति प्रीतिं प्राप्नोति । सा प्रीतिर्नो जातेरचेतनाया अपि तु सा पुंस एव ।

तथैव क्षत्रियत्वादि जातावप्युपलक्षणत्वेन विवृण्य "न्न वा अरे क्षत्रस्येत्यादिपर्याय तात्पर्यमाह। अहं क्षत्रिय इति । राज्यसुखोपभोगनिमित्तं या प्रीति स्सा क्षात्रियत्वादि जात्यभिमानवत एवेति तेनाहं

अर्थ - 'मैं क्षत्रिय हूँ' इसलिए राज्य करता हूँ, यह राजापन जाति के लिये नहीं है, (वरन् अपने लिये है) वैश्य आदि जातियों के लिये भी यही योजना कही गयी है ।।१४।।

व्याख्या - "मैं क्षत्रिय हूँ" इसलिए प्रजा का पालन करते हुए राज्य करना मेरा कर्तव्य है । इस प्रकार मुनष्य अपनी क्षत्रिय जाति से प्रेम करता है । यह प्रेम अचेतन जातिविशेष के लिए नहीं है, किन्तु प्रेम करने वाले पुरुष के अपने प्रयोजन के लिए ही है । इसी प्रकार यदि किसी को अपनी वैश्य आदि जाति से प्रेम होता है तो वह भी जाति के लिए नहीं वरन् उस व्यक्ति के लिए ही है, इस प्रकार क्षत्रिय के दृष्टान्त से वैश्य आदि में भी इसे समझ लेना चाहिये ।

"न वा अरे क्षत्रस्य कामाय" इस श्रुति में याज्ञवल्क्य जी के वचनों का अर्थ इस तरह भी लग सकता है कि अन्य जाति के लोग ब्राह्मणों और क्षत्रियों से प्रेम करते हैं, उन्हें भेंट देकर उनकी पूजा और सेवा भी करते हैं । उनका यह प्रेम ब्राह्मणों और क्षत्रियों के लिए नहीं है । वे उन्हें अपना प्रेम दिखाकर स्वयं का स्वार्थ सिद्ध करना चाहते हैं । तपस्वी ब्राह्मणों की पूजा करके उनसे आशीर्वाद चाहते हैं और राजाओं या राजनेताओं की सेवा कर उनसे धन सम्पत्ति या पद प्राप्त करना चाहते हैं ।

"न वा अरे लोकानां कामाय" इत्यादि श्रुतिवाक्य का तात्पर्य दर्शाते हैं।

अर्थ - "मुझे स्वर्गलोक और ब्रह्मलोक की प्राप्ति हो" यह इच्छा उन लोकों के उपकार के लिए नहीं है, केवल स्वयं के भोग के लिए ही है ।।१५।।

व्याख्या - मनुष्य को इस लोक की वस्तुओं और व्यक्तियों में ही प्रेम नहीं होता, अपितु परलोक में भी प्रेम होता है । मनुष्य यज्ञ, दान आदि कर्म कर स्वर्गलोक जाना चाहता है, वहाँ के सुख बहुतकाल तक भोगना चाहता है । वह उपासना आदि के द्वारा ब्रह्मलोक भी पाना चाहता है । वहाँ सृष्टि के अन्तकाल तक सुख भोग कर मुक्त होना चाहता है । मनुष्य की यह अन्य लोकों में प्रीति उन लोकों के उपकार के लिए नहीं है । मनुष्यों का उन लोकों में पहुँचने से भी उन लोकों का उनसे कोई प्रयोजन सिद्ध नहीं होता । उच्च लोकों के प्रति मनुष्य का प्रेम स्वार्थ के लिए है । वहाँ वह स्वयं के लिए उत्तम भोगों की अभिलाषा रखता है ।

"न वा अरे देवानां कामाय" इस श्रुति के तात्पर्य को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - शंकर, विष्णु आदि देवों की पूजा मनुष्य अपने पाप नाश के लिए करता है । वह पूजा

राज्यं करोमीति राजता स्वर्थायैव न जातेर्जडाया। एवं वैश्यजात्यादौ योजनायैवेदमीरितमिति वैश्याद्युपलक्षणार्थत्वं प्रदर्शयति ।

तथैतत्स्वर्गादिलोकेऽपीति " न वा अरे लोकानां कामाये " त्यादि पर्यायस्य तात्पर्यं दर्शयति। मम कर्मठस्योपासकस्य वा यथोचितं स्वर्गलोकब्रह्मलोकौस्तां भवेतामिति यदभिवाञ्छनं तत्केवलं स्वभोगायैव । न लोकयोरुपकारायेति लोकद्वयोपादानं कर्मोपासनारूपसाधन-द्वयसम्पाद्यसकललोकोपलक्षणार्थमिति ग्राह्यम् ।

एवं देवेष्वप्याह । पापनष्टये पापनिवृत्तय ईशविष्ण्वादयो महेशविष्णुगणेशदिनेशाम्बिकाद्या देवाः पूज्यन्ते साधकैः । न हि तत्पूजनं निष्पापदेवार्थमपगतसर्वपाप्मनां स्वत एव पापसम्बन्धलेशशून्यानां देवानां लाभार्थं प्रयोजनाय । किन्तु तत्पूजादिकं तु स्वार्थं प्रयुज्यते पूजाकर्तुः प्रयोजनायैव ।।

निष्पाप देवों के लिए नहीं वरन् स्वार्थ के लिए की जाती है ।।१६।।

व्याख्या - मनुष्य शंकर, विष्णु, गणपति, सूर्य और दुर्गा आदि देवी-देवताओं की पूजा करता है। इसका प्रयोजन मनुष्य का अपना स्वार्थ ही है । देवी-देवताओं का पूजन करने से मनुष्य के पाप नष्ट होते हैं । इसी स्वार्थ से मनुष्य उनकी पूजा करता है, देवता तो स्वाभाविक रूप से पापरहित होते हैं, इसलिए मनुष्य द्वारा पूजित होने पर उन्हें कोई लाभ नहीं है । मनुष्य लौकिक कामनाओं से प्रेरित होकर भी देवी देवताओं की पूजा करते हैं । वहाँ भी मनुष्य अपने प्रयोजन की सिद्धि के लिए ही उनकी पूजा करते हैं ।

''न वा अरे वेदानां कामाय'' इस श्रुति का अर्थ बताते हैं ।

अर्थ - दुर्ब्राह्मण्यत्व दोष की प्राप्ति न हो इसलिए मनुष्य ऋगादि वेदों का अध्ययन करते हैं । वह दोष वेदों में प्रसक्त नहीं होता किन्तु मनुष्यों में ही प्राप्त होता है ।।१७।।

व्याख्या - श्रुति कहती है कि वेदों के लिए वेद प्रिय नहीं होते स्वयं के लिये प्रिय होते हैं । ब्राह्मण लोग दुर्ब्राह्मण्यत्व दोष से बचने के लिए ऋग्, यजुः आदि चारों वेदों का अध्ययन करते हैं । वेदविहीन ब्राह्मण व्रात्य कहलाता है । इसीको दुर्ब्राह्मण्यत्व कहा गया है । यह दोष वेदों को प्राप्त नहीं होता अर्थात् वेदाध्ययन न करने से वेदों में यह दोष नहीं प्राप्त होता किन्तु मनुष्यों (ब्राह्मणों) को ही प्राप्त होता है।

''न वा अरे भूतानां कामाय'' इस श्रुति वचन का स्पष्टीकरण करते हैं ।

अर्थ - मनुष्य पृथ्वी आदि पाँचभूतों की स्थान, पिपासा, पाक, शोषण और अवकाश के लिए ही इच्छा करते हैं, पृथ्वी आदि भूतों के लिए नहीं ।।१८।।

व्याख्या - पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश इनको पञ्चभूत कहा जाता है । सभी मनुष्य स्वयं के लिये ही इनसे प्रेम करते हैं । मनुष्य घर बनाने के लिए खेती आदि करने के लिए भूमि की कामना करते हैं । प्यास बुझाने के लिए, स्नान करने के लिए, वस्त्रादि धोने के लिए जल की कामना करते हैं। भोजन पकाने लिए और शीत निवारण आदि के लिए अग्नि की कामना करते हैं । गीले वस्त्र सुखाने के लिए और श्वाँस आदि लेने के लिए वायु की इच्छा करते हैं और चलने फिरने के लिए अवकाश देने वाले आकाश की भी कामना करते हैं । इस प्रकार मनुष्य भूमि आदि पाँचों भूतों से प्रेम करते हैं किन्तु उनका वह प्रेम उन भूमि आदि पाँच भूतों के लिए नहीं है वरन् स्वयं के लिए ही है ।

''न वा अरे सर्वस्व कामाय'' इस श्रुति का भाव दर्शाते हैं ।

अर्थ - (मनुष्य) स्वामी, सेवकादि सब की स्वप्रयोजनक के लिए ही इच्छा करता है ।

एवमेव वेदेष्वपि कथयति । दुर्ब्राह्मण्यानवाप्तये दुर्ब्राह्मणो व्रात्यस्तस्य भावस्तत्त्वं व्रात्यत्वानिवारणार्थमृगादयो वेदास्स्वस्वशाखा ह्यधीयन्तेऽध्ययनं कुर्वन्ति । तद्दुर्ब्राह्मण्यं मनुष्येष्वेव द्विजेष्वेव प्रसज्यते । न वेदेषु तत्प्रसक्तम्। मनुष्येषु कालौ क्षत्रियवैश्ययोरुक्तलक्षणलक्ष्ययोरद्यानुपलब्धेः "कलावद्यन्तयोस्स्थिति"रिति च वचनान्मनुष्यब्राह्मणेष्वित्येवार्थोऽत्र ग्राह्यः । तथा वेदपदविवक्षितस्वशाखाध्ययनाभावे दुर्ब्राणत्वपरिहारार्थं तद्ध्ययनवन्त एव मनुष्या ब्राह्मणास्तद्भिन्नास्तिर्यग्ब्राह्मणा एवेति च वेदितव्यम् ।

एवं भूतपञ्चकेऽप्याह । सर्वे प्राणिनस्स्थानतृट्पाकशोषणैस्स्थानप्रदानेन दाहोपशमनेन तृष्णानिवारणेनेत्यर्थो भुक्तान्नपचनेन चावकाशेनावकाशप्रदानेन चेत्येतैर्हेतुभिर्निमित्तै र्भूम्यादिपञ्चभूतानि मनुष्यैरपेक्ष्यन्ते । एषां पृथिव्यादीनां तु हेतवस्स्थानवाञ्छनादीनि तु निमित्तानि न सन्ति । अतो न स्वयमाकाङ्क्षन्ते ।

स्वाम्यादावप्येवमाह। "न वा अरे सर्वस्य कामये" त्यस्य पर्यायस्येदानीं तात्पर्यं प्रदर्शयति । तत्तत्कृतोपकारस्स्वामिना भृत्याय वेतनप्रदानं भृत्यकृतस्वामिसेवा च स्वार्थ एव परार्थो न विद्यते स्वप्रयोजनायैव भवति । भृत्यादिस्सर्वोजनस्स्वाम्यादिकं सर्वं स्वोपकारायैव वाञ्छति । तथैव स्वाम्यादिरपीति शम् ।।

श्रुतावनेकनिदर्शनप्रदर्शनस्य प्रयोजननिरूपणम् –

सर्वव्यवहृतिष्वेवमनुसन्धातुमीदृशम् ।
उदाहरणबाहुल्यं तेन स्वां वासयेन्मतिम् ।।२०।।

अन्वयः – सर्वव्यवहृतिषु एवम् अनुसन्धातुम् ईदृशम् उदाहरणबाहुल्यम् । तेन स्वां मतिं वासयेत्।

व्याख्या :– किमर्थं श्रुतौ ब्रह्मणो बहूदाहरणं प्रदत्तमित्याकाङ्क्षायामाह । स्वाभीष्टसम्पादनपरासु

तत्तत्कृतोपकार उन-उन व्यक्तियों के लिए नहीं होता है ।।१९।।

व्याख्या – इतने उदाहरणों से यह स्पष्ट कर दिया गया कि मनुष्य का जहाँ कहीं भी प्रेम होता है, वह उसके लिए नहीं होता वरन् सर्वथा स्वयं के लिए ही होता है । इस नियम में कहीं अपवाद नहीं मिलता। ग्रन्थकार अपनी ओर से यहाँ स्वामी और सेवक का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं । स्वामी अपने सेवक से प्रेम करता है, उसे भरण पोषण के लिए वेतन, वस्त्र, भवन, घर आदि देता है । इसका तात्पर्य यह नहीं है कि वह उस पर उपकार कर रहा है । वह तो स्वकार्य के लिए ही उसे वेतनादि प्रदान करता है । यदि वह सेवक सही कार्य न करे तो उसे सेवानिवृत्त कर देता है, उसके स्थान पर दूसरा सेवक रख लेता है ।

इसी प्रकार सेवक भी अपने स्वामी की सेवा करके उस पर उपकार नहीं करता वरन् स्वार्थ के लिए ही वह सेवा करता है । यदि उसे वेतन न दिया जाए तो वह अपने स्वामी को छोड़कर अन्य की सेवा में चला जाएगा । इससे सिद्ध होता है कि तत्तत्कृतोपकार उन-उन व्यक्तियों के लिए नहीं होता है। कोई भी किसी पर भी उपकार नहीं करता अपितु स्वयं के लिए ही अन्य से प्रेम करता है ।

इस प्रकार अनेकों दृष्टान्त देने का प्रयोजन बताते हैं ।

अर्थ – समस्त व्यवहारों में इस प्रकार का अनुसन्धान करने के लिए ऐसे अनेकों उदाहरण दिये गये हैं, उनसे अपनी बुद्धी को वासित करें । (उसी प्रकार अनुसन्धानवाली बनावें) ।।२०।।

सर्वव्यवहृतिष्वेवं "न वा अरे सर्वस्य कामाय सर्वं प्रियं भवत्यात्मनस्तु कामाय सर्वं प्रियं भवती"त्यनुसन्धातुमीदृशं चेतनाचेतननिरिच्छादीनां सर्वजगदन्तः पातिनामुदाहरणबाहुल्यं प्रदर्शितम्। एतेन सर्वा भोजनादिव्यवहृतिरिच्छापूर्विकैवेति व्याख्याता । तेन हेतुना स्वां स्वकीयां मतिं वासयेद्विवेकसंस्कृतां कुर्यात्सर्वं स्वस्यैव शेषत्वेन विज्ञाय स्वात्मनः प्रियतमत्वानुसन्धानवतीं कुर्यादिति शम् ।।

प्रीतिपदार्थः क इति प्रश्ननिरूपणम् -

अथ केयं भवेत्प्रीतिश्श्रूयते या निजात्मनि ।
रागो वध्वादिविषये श्रद्धा यागादिकर्मणि ।
भक्तिः स्याद्गुरुदेवादाविच्छा त्वप्राप्तवस्तुनि ।।२१।।

अन्वयः - अथ या निजात्मनि प्रीतिः श्रूयते। इयं का भवेत्। रागः वध्वादिविषये । श्रद्धा यागादिकर्मणि । भक्तिः गुरुदेवादौ स्यात् इच्छा तु अप्राप्तवस्तुनि ।

व्याख्या :- अथ प्रीतिस्वरूपनिर्णयार्थं विकल्प्य पृच्छति । यतश्च सर्वस्याप्यात्मशेषत्वेन प्रियतमत्वमुक्तम्। सा प्रीतिः प्रायो दुर्निरूपैव । कथमपि निर्वक्तुमशक्यत्वात् । निजात्मनि या प्रीतिश्श्रूयते सेयं प्रीतिरथ का भवेत् । "मङ्गलानन्तरारम्भप्रश्नकात्स्न्येष्वथो अथ" इत्यादिकोशादत्राथशब्दः प्रश्नार्थकः। अत्रेमे विकल्पाः । सा प्रीतिः किं रागरूपा ? उत श्रद्धारूपा? आहोस्विद्भक्तिरूपा ? यद्वेच्छारूपेति । अत्र च केति किंशब्दः पूर्वोक्तेषु चतुर्ष्वपि पक्षेषु प्रीतेस्सर्वविषयत्वं न सम्भवतीत्यभिप्रायकः । यदि सा प्रीती रागश्चेद्वध्वदिविषये एव स संभवेत् । न यागादिषु । यदि वा सा प्रीतिश्श्रद्धाचेद्यागादिकर्मण्येव भवेन्न वध्वादिषु । अथवा सा प्रीतिर्यदिभक्तिश्चेद्गुरुदेवादावेव स्यान्नेतरत्र। आहोस्विदिच्छा चेत्प्रीतिस्सा अप्राप्तवस्तुन्येव भवेन्न सम्प्राप्तवस्तुषु । रागश्रद्धाभक्तीच्छातिरिक्ततया प्रीतेर्लोकेऽननुभूयमानत्वात्प्रीतेस्सर्वविषयत्वं दुर्निरूपमेवेति भावः । अतश्च विवक्षितः प्रीतिपदार्थः कः इति शम् ।।

पक्षान्तराश्रयणेन प्रीतिपदार्थे सञ्जाताया आशङ्कायास्समाधाननिरूपणम् -

तर्ह्यस्तु सात्विकी वृत्तिस्सुखमात्रानुवर्तिनी ।
प्राप्ते नष्टेऽपि सद्भावादिच्छातो व्यतिरिच्यते ।।२२।।

व्याख्या - बृहदारण्यकोपनिषद् में इस प्रकार अनेकों दृष्टान्त किस लिये दिये गये हैं ? ऐसी आकांक्षा होने पर कहते हैं कि समस्त व्यवहारों में अर्थात् स्वाभीष्ट संपादन के लिए किये जाने वाले समस्त व्यवहारों में ***"न वा अरे सर्वस्य कामाय सर्वं प्रियं भवति आत्मनस्तु कामाय सर्वं प्रियं भवति"*** (बृ.उ. ४/५/६) इस प्रकार का अनुसन्धान करने के लिए ही (पूर्वोक्त) अनेकों उदाहरण दिये गये हैं । उनसे अपनी मति को वासित करें अर्थात् सब कुछ स्वयं (आत्मा) का ही शेषरूप जानकर बुद्धि को स्वयं के ही प्रियतमत्व का अनुसन्धान करने वाली बनावें ।

अब आत्मा में परमप्रीति का विचार प्रारम्भ करते हैं ।

अर्थ - (प्रश्न) जो अपनी आत्मा में प्रीति सुनी जाती है, यह प्रीति कैसी है ? यदि रागरूप है तो

अन्वयः – तर्हि सुखमात्रानुवर्तिनी सात्विकी वृत्तिः अस्तु । प्राप्ते नष्टे अपि सद्भावात् इच्छातः व्यतिरिच्यते।।

व्याख्या :- पूर्वं विकल्पोक्तप्रकारचतुष्टयव्यतिरिक्तं पक्षमादाय समाधत्ते । एवं च रागश्रद्ध-भक्तीच्छास्वन्यतमोऽपि प्रीतिपदशक्यो नैव दृश्यत इति भावः । तत्र रागेच्छयोर्व्युदासाय सात्विकी वृत्तिरित्युपक्रमते । तर्हि भक्तिश्रद्धारागेच्छारूपाणां प्रीतीनां लोकप्रसिद्धानां प्रकृतेऽसम्भवेऽपि तद्विलक्षणा काचित्प्रीतिर्विवक्षणीयेत्याहास्त्विति । सा प्रीतिस्सुखमात्रानुवर्तिनी सुखमेव सुखमात्रम् । तदितरव्युदासार्थो मात्रशब्दः सुखमेवानुसृत्य वर्तत इति सुखमात्रानुवर्तिनी सुखैकविषयेति भावः । "अविद्यास्तमयो मोक्षस्सा च बन्ध उदाहृत " इत्यादिवार्तिकात्सिद्धान्ते मोक्षस्यानादिरूपत्वेनाध्यस्ताविद्याध्वस्तिरूपस्य तस्याधिष्ठानीभूतब्रह्मात्मानतिरेकात्तदिच्छात्वात्मेच्छैव। तस्य सर्वात्मनैवाप्राप्तत्वाभावान्न तदिच्छायां व्यभिचारः । तत्प्रमायामतिव्याप्तिव्यावृत्तये सुखेत्युक्तम्। मात्रया च कान्ताङ्गालिङ्गनादिजन्यसुखनिरासः। तथा च प्रीतेर्लक्षणमेवं फलति सुखमात्रविषयकत्वेसति सात्विकचित्तवृत्तित्वमिति । तत्रापि सौषुप्तिकाविद्यावृत्तिव्यावृत्तगुणात्मिका सत्त्वगुणपरिणामरूपाचित्तवृत्तिरन्तःकरणवृत्तित्वं प्रीतिरिति फलतम्। ननु तर्हि सा प्रीतिरिच्छैवेत्याशङ्कायामिच्छातो वैलक्षण्यमाह । इच्छा केवलमप्राप्तसुखादिमात्रविषयैव।

वह स्त्री आदि विषय में होगी, यदि श्रद्धारूप है तो याग आदि कर्मों में होगी, यदि भक्तिरूप है तो गुरु और देवादि में होगी और यदि इच्छारूप है तो अप्राप्तवस्तु में होगी । (उत्तर) सुखमात्रानुवर्तिनी सात्त्विकी वृत्ति ही वह प्रीति है ।।२१-२२।।

व्याख्या – पूर्वोक्त दृष्टान्तों पर विचार करने से ज्ञात होता है कि मनुष्य की प्रीति अनेकों प्रकार की होती है । पति, पत्नी, पुत्र आदि में रागरूप प्रीति है । यज्ञ, दान आदि कर्मों में श्रद्धारूप प्रीति है, यह प्रीति रागरूप नहीं है । गुरु और देवी-देवताओं में श्रद्धारूप प्रीति है, यह प्रीति भी रागरूप नहीं है। और इसी प्रकार अप्राप्तवस्तु की प्राप्ति में इच्छारूप प्रीति होती है, यह प्रीति भी न श्रद्धारूप है और न भक्तिरूप ही । इस प्रकार व्यवहार में मनुष्यों की प्रीति नाना रूपों में दखिाई देती है, अतः आत्मा की प्रीति का निरूपण करना अशक्य है । इसलिए पूर्वपक्षी प्रश्न पूछता है (अथ शब्द प्रश्नार्थक है) कि अपनी आत्मा में जो प्रीति सुनी जाती है । वह प्रीति कैसी है ? अर्थात् उसका स्वरूप क्या है ? वह रागरूप है अथवा श्रद्धारूप या भक्तिरूप है अथवा इच्छारूप ? यदि रागरूप है तो वह स्त्री, पुत्रादि में ही होगी । यदि श्रद्धारूप है तो यागादि कर्मों में ही होगी। यदि भक्तिरूप है तो गुरु और देवता आदि में ही होगी और यदि इच्छारूप है तो अप्राप्तवस्तु की प्राप्ति में ही होगी, अन्य किसी में नहीं । क्योंकि रागादि के अतिरिक्त लोक में प्रीति का अन्य स्वरूप अनुभव में नहीं आता है । भाव यह है कि तुम सिद्धान्ती के द्वारा विवक्षित प्रीति का निरूपण करना संभव नहीं है । इस प्रश्न के उत्तर में सिद्धान्ती पक्षान्तर का आश्रय लेकर समाधान करते हैं । 'तर्हि ' अर्थात् राग, भक्ति, श्रद्धा और इच्छारूप लोक में प्रसिद्ध प्रीति का यदि प्रकृत में ग्रहण करना संभव न हो, तो उनसे विलक्षण किसी प्रीति को कहना चाहिये । इसलिए कहते हैं कि सुखमात्रानुवर्तिनी सुख को ही सुखमात्र कहा है, यहाँ मात्रशब्द सुखातिरिक्त का बाध करता है । इसलिए एकमात्र सुखविषयिका सात्त्विकी वृत्ति अर्थात् सत्वगुणात्मिका

इयं च प्रीतिस्सर्वविषयेऽस्याः प्रीतेस्सद्भावाद्विद्यमानत्वादप्राप्तसुखादिवस्तुविषयकेच्छातो व्यतिरिच्यते भिद्यत इति शम् ।।

न सुखसाधनत्वेन प्रीतिरात्मनीति निरूपणम् -

सुखसाधनतोपाधेरन्नपानादयःप्रियाः ।।२३।।
आत्मानुकूल्यादन्नादिसमश्चेदमुनात्र कः ।
अनुकूलयितव्यः स्यान्नैकस्मिन्कर्मकर्तृता ।।२४।।

अन्वयः - अन्नपानादयः सुखसाधनतोपाधेः प्रियाः ।।

अन्वयः - आत्मा आनुकूल्यात् अन्नादिसमः चेत् । अत्र अमुना अनुकूलयितव्यः कः स्यात् ? एकस्मिन् कर्मकर्तृता न।

व्याख्या :- अन्नपानादौ सुखसाधनत्वाद्यथा तत्र प्रीतिस्तथैवात्मन्यपि प्रेमदर्शनात्तस्य सुखसाधनत्वमेवस्त्विति शङ्कते । सुखसाधनतोपाधेस्सुखसम्पादने कारणभूतत्वादन्नपानादयो यथास्माकं प्रिया दृष्टास्तथैवात्माप्यानुकूल्यात्सुखसाधनेऽनुकूलभूतभूतत्वादन्नादिसमश्चेदात्मनोऽप्यन्नादिवत्सुख-साधनत्वमिति चेन्नेति समाधत्ते । अत्र शङ्कितुरिदमनुमान "मात्मान्नादिसमः आनुकूल्याद्व्यतिरेके व्याघ्रादिवदि"ति । विवादाध्यासित आत्मा सुखसाधनं प्रियत्वादन्नपानादिवदित्यादि । अस्मिन्ननुमाने हेतौ अन्नपानादिषु भोग्यत्वमुपाधिरित्यभिप्रायेण सिद्धान्ती परिहरति । अत्रास्मिन्लोकेऽमुना सुखसाधन-

---

चित्तवृत्ति ही प्रीति है अर्थात् ***"सुखमात्रानुवर्तित्वे सति चित्तस्य सात्त्विकवृत्तित्वं"*** ही प्रीति का लक्षण निष्पन्न होता है ।

इच्छा से प्रीति की विलक्षणता बताते हैं ।

अर्थ - (अप्राप्तवस्तु के प्राप्त होने पर) इच्छा के नष्ट हो जाने पर भी प्रीति बनी रहती है, इसलिए वह इच्छा से भिन्न है । (शंका) सुख साधन रूप उपाधि से अन्न-पानादि प्रिय होते हैं आत्मा भी अनुकूलता के कारण अन्नादि के समान सुख का साधन है (समाधान) इस लोक में आत्मा के द्वारा अनुकूल बनाने लायक कौन होगा ? (अर्थात् कोई नहीं) एक ही स्थान में कर्मत्व और कर्तृत्व दोनों नहीं हो सकते ।।२३-२४।।

व्याख्या - सिद्धान्ती आत्मप्रीति को इच्छा से विलक्षण बताने के लिए कहते हैं कि अप्राप्त वस्तु के प्राप्त होने पर जो सुख उत्पन्न होता है, वह स्थायी नहीं रहता किन्तु क्षणिक होता है । वस्तु के प्राप्त हो जाने पर उसको प्राप्त करने की इच्छा नहीं होती । जैसे पेट भर जाने पर प्रियमिष्टान्न खाने की भी इच्छा नहीं होती है । किन्तु आत्मविषयक प्रीति इच्छा के नष्ट होने पर भी नष्ट नहीं होती, वह सर्वदा बनी रहती है । इसीलिए अप्राप्तसुखादि विषयक इच्छा से इसकी भिन्नता सिद्ध होती है । जैसे अन्नपानादि सुख के साधन होने के कारण उनमें प्रीति होती है, वैसी ही प्रीति आत्मा में भी देखी जाती है । इसलिए आत्मा को भी सुख का साधन ही मानना चाहिये, इस प्रकार शंका करता हुआ ***पूर्वपक्षी*** कहता है कि सुख साधनरूप उपाधि से जैसे भोजन और मधुर शरबत आदि प्रिय होते हैं अर्थात् सुख संपादन के कारणभूत होने के कारण अन्नपानादि हमें प्रिय होते हैं, उसी प्रकार आत्मा भी अनुकूलता के कारण अर्थात् सुखसाधन में अनुकूलरूप होने के कारण अन्नादि के समान ही है । अर्थात् आत्मा भी अन्नादि के समान सुख का

भूतेनात्मनान्नपानादिवदनुकूलेनान्यः को भोक्तानुकूलयितव्यः प्रेमादिविषयतया सन्तर्पणीयस्स्यान्न-कोऽपीत्याशयः । आत्मातिरिक्तस्य भोक्तुरभावात् । ननु मास्त्वन्योऽनुकूलयितव्यस्स्वस्य स्वयमेवानुकूलयितव्यस्सूर्यतत्प्रभावादित्याशङ्क्याह । एकस्मिन्नेवात्मनि कर्मकर्तृतायुगपत्कर्मकर्तृत्वं तत्फलभोक्तृत्वमुपकार्यत्वमुपकारकत्वं चेति धर्मद्वयं न सम्भवति विरुद्धत्वात् । तस्मादेकत्र विरुद्ध-धर्मद्वयनिवेशो न युक्त इति शम् ।।

आत्मनो निरतिशयप्रेमास्पदत्वेनान्नपानादेस्सुखसाधनाद्वैलक्षण्यप्रदर्शनम् -

सुखे वैषयिके प्रीतिमात्रमात्मा त्वतिप्रियः ।
सुखे व्यभिचरत्येषा नात्मनि व्यभिचारिणि ।।२५।।
एकं त्यक्त्वान्यदादत्ते सुखं वैषयिकं सदा।
नात्मा त्याज्यो न चादेयस्तस्मिन्व्यभिचरेत्कथम् ।।२६।।

अन्वयः - वैषयिके सुखे प्रीतिमात्रम् । आत्मा तु अतिप्रियः। सुखे एषा व्यभिचरति आत्मनि न व्यभिचारिणि ।

अन्वयः - एकं वैषयिकं सुखं त्यक्त्वा अन्यत् सदा आदत्ते। आत्मा त्याज्यः न। आदेयः च न। तस्मिन् कथं व्यभिचरति?

व्याख्या :- किञ्च विषयसुखात्मप्रीत्योर्वैषम्यमप्यस्ति । आत्मनोऽन्नपानादिवत्सुखसाधनत्वाभावेऽपि सुखवद्भोक्तृशेषतास्यादित्याशङ्कायां निरतिशयप्रेमास्पदत्वान्नैवमिति परिहरति । वैषयिके शब्दादि विषयजन्ये सुखे प्रीतिमात्रं सामान्यतोऽल्पा प्रीतिः प्रीतिरेव काचिन्न निरतिशया । आत्मात्वतिप्रियोऽत्यन्तं

साधनमात्र है । ***समाधान*** - यदि ऐसा कहते हो तो यह बताओ कि इस लोक में सुखसाधनभूत इस आत्मा के द्वारा अन्य कौन अनुकूल बनाने लायक है अर्थात् किस भोक्ता के लिए आत्मा उसके अनुकूल बनेगा ? अर्थात् आत्मा से भिन्न कोई अन्य भोक्ता नहीं है । आत्मा से भिन्न कोई अनुकूलयितव्य भले ही न हो किन्तु आत्मा स्वयं ही स्वयं का भोक्ता होगा । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि एक ही स्थान में अर्थात् आत्मा में एकसाथ कर्मत्व और कर्तृत्व का होना संभव नहीं है अर्थात् आत्मा में एकसाथ क्रियाकर्तृत्व और उसके फलभोक्तृत्व ये दोनों धर्म नहीं रह सकते हैं ।

अन्नपानादि से आत्मा की अत्यन्त विलक्षणता दिखाते हैं ।

अर्थ - विषयजन्य सुख में केवल प्रीति है (निरतिशय प्रीति नहीं) किन्तु आत्मा तो अत्यन्त प्रिय है। विषयजन्य सुख में यह प्रीति व्यभिचरित होती है किन्तु आत्मा में विद्यमान प्रीति व्यभिचारिणी नहीं है ।।२५।।

व्याख्या - अन्नपानादि की तरह आत्मा सुख का साधन न होने पर भी वैषयिक सुख की तरह भोक्ता का शेष (भोक्ता के लिए) नहीं है । इस आशंका का परिहार आत्मा के निरतिशय प्रेमास्पदत्व हेतु से करते हैं और उत्तरार्ध से युक्ति भी दर्शाते हैं । विषयजन्य सुख में केवल प्रीति है, निरतिशय प्रीति नहीं है अर्थात् आंशिक है अथवा कहने मात्र को है, वास्तव में नहीं है । किन्तु आत्मा तो अतिप्रिय (अत्यन्तप्रिय) है अर्थात् निरतिशयप्रेमास्पद है । आत्मा के निरतिशयत्व में युक्ति बताते हैं कि यह प्रीति विषयजन्य सुख में व्यभिचरित होती है अर्थात् भक्तिरूपा, श्रद्धारूपा और रागरूपा प्रीति की तरह सुखान्तर

प्रियो निरतिशयप्रेमास्पदः । तस्माद्विषयजन्यसुखतुल्यो न भवति । आत्मनो निरतिशयप्रेमास्पदत्वे चोपपत्तिमाह । एषा प्रीतिस्सुखे विषयजन्यसुखे व्यभिचरति श्रद्धाभक्तिरागवत्कदाचित्सुखान्तरं गच्छति। न हि तस्मिन्नेव वैषयिके ह्येकत्र नियतावतिष्ठते । आत्मनि तु विद्यमानैषा प्रीतिर्न व्यभिचारिणी न कदाचिदपि विषयान्तरं गच्छति । अत एवास्यानिरतिशयत्वम् । तदुभयमपि स्पष्टं विवृणोति । वैषयिकं विषयजन्यं सुखं सदा ह्येकं विषयं त्यक्त्वान्यद्वस्त्वादत्ते स्वीकरोति । अनेन वैषयिके व्यभिचारस्स्पष्टीकृतः । अधुनात्मनि व्यभिचाराभावं प्रदर्शयति । किन्त्वात्मा न त्याज्यो नादेयश्च न ग्रहणयोग्यो हानोपादाननिर्मुक्त आत्मा । अयोग्यत्वात् । फलितमाह । एवं सति तस्मिन्नात्मनि कथं व्यभिचरेद्देवदत्तप्रीतिरिति शम् ।।

आत्मा नोपेक्षणीय इति निरूपणम् –

हानादानविहीनेऽस्मिन्नपेक्षा चेत्तृणादिवत् ।
उपेक्षितुः स्वरूपत्वान्नोपेक्ष्यत्वं निजात्मनः।।२७।।

अन्वयः – हानादानविहीने अस्मिन् तृणादिवत् उपेक्षा चेत्। उपेक्षितुः निजात्मनः स्वरूपत्वात् उपेक्ष्यत्वं न।

व्याख्या :– अयमात्मा न परित्याज्यो न परिग्राह्यो वास्तु । अथापि तृणादिवदुपेक्षणीयोऽस्त्वित्या–

में जाती है । किन्तु आत्मा में विद्यमान यह प्रीति कभी भी व्यभिचरित नहीं होती अर्थात् विषयान्तर में नहीं जाती, अतः आत्मा में निरतिशय प्रीति है ।

उक्तार्थ को ही स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ – वैषयिक सुख की प्रीति सदा एक विषय को छोड़कर अन्य वस्तु का ग्रहण करती है किन्तु आत्मा न त्याज्य है और न ग्राह्य है । फिर भला उस आत्मा में वह प्रीति व्यभिचरित कैसे हो सकती है ?।।२६।।

व्याख्या – विषयजन्य सुख की प्रीति सदा व्यभिचरित होती है क्योंकि पुरुष एक विषय का त्यागकर दूसरी वस्तु को ग्रहण करता रहता है । इसलिए विषयजन्य सुख त्याग और ग्रहण करने योग्य है । आत्मा का सुख ऐसा नहीं है । आत्मा न त्याज्य है और न ग्राह्य (ग्रहण करने योग्य) है । ऐसी स्थिति में उस आत्मा में वह प्रीति व्यभिचरित कैसे हो सकती है ? अर्थात् नहीं होती ।

आत्मा उपेक्ष्य भी नहीं है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ – (शंका) त्याग और ग्रहण से रहित आत्मा में तृणादि के समान उपेक्षा बुद्धि होगी (समाधान) यदि ऐसा कहते हो तो उपेक्षा करने वाले की स्वरूपभूत होने के कारण अपनी आत्मा का उपेक्ष्यत्व भी संभव नहीं है ।।२७।।

व्याख्या – पूर्वपक्षी कहता है कि यदि आत्मा परित्याज्य या परिग्राह्य नहीं है तो भले न हो, किन्तु तृण के समान उपेक्षित क्यों नहीं हो सकता ? अर्थात् हान (त्याग) और आदान (ग्रहण) से रहित आत्मा में तृणादि के समान उपेक्षा बुद्धि ही होगी इस शंका का उत्तर देते हैं कि जो उपेक्षा करने वाला है, आत्मा उसी का स्वरूपभूत होने के कारण कोई भी अपनी आत्मा की उपेक्षा नहीं कर सकता । जैसे हम आत्मा को न त्याग सकते हैं और न ग्रहण कर सकते हैं, उसी प्रकार हम अपनी आत्मा की उपेक्षा भी नहीं कर

शङ्कते । हानादानविहीने हानं परित्याग आदानं स्वीकारस्तदुभयविधुरे परित्यागपरिग्रहण-विरहितेऽस्मिन्नात्मनि तृणादिवदुपेक्षाह्यौदासीन्यमुदासीनभावोऽस्तु । हानोपादानाविषयत्वादेवात्मनो नोपेक्षाविषयत्वमपीति स्पष्टयन्नयोग्यत्वादिति हेतुं मनस्यभिप्रेत्य परिहरति । अस्यात्मन उपेक्षितुस्स्वरूप-त्वान्निजात्मन उपेक्ष्यत्वं नैव सम्भवति । उपेक्षाकर्तुर्यो निजात्मा सोऽविनाशिस्वरूपस्तस्य स्वस्वरूपत्वादेव स्वव्यतिरिक्ततृणादिवदुपेक्षाविषयत्वं न विद्यत इति शम्।।

न कदाचिदपि त्याज्य आत्मेति निरूपणम् -

रोगक्रोधाभिभूतानां मुमूर्षा वीक्ष्यते क्वचित् ।
ततो द्वेषाद्भवेत्त्याज्य आत्मेति यदि तन्न हि।।२८।।
त्यक्तुं योगस्य देहस्य नात्मता त्यक्तुरेव सा।
न त्यक्तुर्यस्ति स द्वेषस्त्याज्ये द्वेषे तु का क्षतिः।।२९।।

अन्वयः - रोगक्रोधाभिभूतानां क्वचित् मुमूर्षा वीक्ष्यते । ततः द्वेतात् आत्मा त्याज्यः भवेत् । इति यदि। तत् न हि ।

अन्वयः - त्यक्तुं योगस्य देहस्य आत्मता न। त्यक्तुः एव सा। सः द्वेषः त्यक्तरि न अस्ति। त्याज्ये द्वेषे तु का क्षतिः।

व्याख्या :- पूर्वं हानोपादानविनिर्मुक्त आत्मेत्युक्तं तन्न सङ्गच्छते । यत आत्मनो हानविषयत्वं क्वचिद्दृश्यत इत्याक्षिपति । रोगक्रोधाभिभूतानां जनानां क्वचिदात्मनि यतो मुमूर्षा मरणेच्छा हानेच्छा वीक्ष्यते दृश्यतेऽहं मरिष्यामीत्यादिरागाद्वा द्वेषाद्वा कथञ्चित्त्यागेच्छा भवति । ततस्तस्मात्कारणादात्मनि द्वेषादिसम्भवाद्वृश्चिकादिवदात्मापि त्याज्य इति यद्युच्येत तन्न युक्तम् । तत्त्यागस्यात्मव्यतिरिक्त-

---

सकते । रास्ते में जाते समय मनुष्य मार्ग में स्थित तृण, पाषाण आदि की उपेक्षा कर आगे चले जाते हैं । क्योंकि वे उनसे भिन्न हैं किन्तु उपेक्षा करने वाले का स्वरूप ही होने से आत्मा उससे भिन्न न होने के कारण उसकी उपेक्षा करना संभव नहीं है ।

आत्मा कभी भी त्याज्य नहीं है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - रोग और क्रोधादि से अभिभूत पुरुषों की कभी-कभी मरने की इच्छा भी देखी जाती है, अतः आत्मा से भी द्वेष होने से वह त्याज्य हो सकता है । यदि ऐसा कहते हो तो तुम्हारा कथन ठीक नहीं है । क्योंकि त्याग करने योग्य देह आत्मा नहीं है अपितु त्याग करने वाला ही आत्मा है । वह द्वेष त्याग करने वाले के प्रति नहीं है और त्याग करने योग्य देह के प्रति द्वेष करने से आत्मा की क्या हानि?।।२८-२९।।

व्याख्या - पूर्वपक्षी कहता है कि "आत्मा त्याग का विषय नहीं है" आपका यह कथन गलत है क्योंकि द्वेषवशात् आत्मा में भी त्याज्यत्व देखा गया है । रोग, क्रोध आदि से अभिभूत मनुष्य कभी-कभी मरने की इच्छा करते हुए देखे जाते हैं । अतः आत्मा भी द्वेष का विषय होने से त्याज्य हो सकता है । इस पर सिद्धान्ती कहते हैं कि आपका कथन ठीक नहीं है । यद्यपि आत्मा अत्याज्य है तथापि अज्ञान के कारण मनुष्य जब महारोग से पीड़ित होता है अथवा अत्यधिक क्रोध या शोक आदि से अभिभूत

देहविषयत्वादिति तत्र कारणमुपपादयति । आत्मा न केनापि त्युक्तुं शक्यते। स्वस्वरूपत्वात् । त्यक्तुस्स्वरूप आत्मा न त्याज्यः । त्यक्तुमुत्सृष्टुं योग्यस्य देहस्यात्मतैव नास्ति । तर्हि कस्यात्मतेत्यत्राह। त्यक्तुमुत्स्रष्टुं योग्यस्य परिहर्तव्यस्य देहस्यात्मताऽत्मत्वं नास्त्येव । किन्तु साऽत्मता त्यक्तुरेव देहत्यागकारिणो देहातिरिक्तस्य जीवस्य सात्मतेति भावः । जीवस्त्वविनाशी । यस्त्यागविषयो देहो न स आत्मा । कुत आत्मनो हेयत्वम् । स रोगक्रोधादिकृतो द्वेषस्त्यक्तरिनास्ति। किन्तु देहे । तस्यैव हि रोगक्रोधादिपैडितत्वात् । "धिगिदं जन्म, मरिष्यामी"ति वदति । रोगाद्याविष्टो जनस्त्याज्ये शरीरे द्वेषे सत्यात्मनः का नाम क्षतिः । न कापित्यर्थः । भवतु त्यक्तुरेवात्मत्वं प्रकृते किमायातमित्यत्राह। न त्यक्तर्यस्ति द्वेषः । अतो नात्मनस्त्याज्यत्वमित्याशयः । माभूदात्मनि विद्वेषो देहे नोपलभ्यत एवेत्यत्राह । त्याज्ये देहगोचरे द्वेषे सत्यपि का क्षतिरात्मनस्त्याज्यताभाववादिनो मम । आत्मभावस्तु देहादन्यस्य जीवस्य न तु देहस्य । अतो हानोपादानापेक्षाविधुर एवात्मेति सिद्धमिति शम् ।।

आत्मनस्तु कामायेति श्रुत्यर्थो युक्त्यनुभवसिद्ध इति निरूपणम् -

आत्मार्थत्वेन सर्वस्य प्रीतेश्चात्मा ह्यतिप्रियः।
सिद्धो यथा पुत्रमित्रात्पुत्रः प्रियतरस्तथा।।३०।।
मा न भूवमहं किन्तु भूयासं सर्वदेत्यसौ।
आशीस्सर्वस्य दृष्टेति प्रत्यक्षा प्रीतिरात्मनि।।३१।।

अन्वयः - सर्वस्य आत्मार्थत्वेन प्रीतेः च आत्मा हि अतिप्रियः सिद्धः। यथा पुत्रमित्रात् पुत्रः प्रियतरः। तथा ।

अन्वयः - "अहं मा भूवं न। किं तु सर्वदा भूयासम् " इति असौ आशीः सर्वस्य दृष्टा इति ।

होता है तो "मुझे धिक्कार है मैं अब जी कर क्या करूँगा, मेरा मर जाना ही अच्छा है" इस प्रकार मरने की इच्छा करता है । कई लोग विष खाकर अथवा जल में डूबकर या फाँसी लगाकर आत्महत्या भी कर लेते हैं । यद्यपि इसे आत्महत्या ही कहा जाता है किन्तु वस्तुतः वे अपनी आत्मा की हत्या नहीं करते हैं अपितु शरीर की ही हत्या करता है । देह त्याज्य है किन्तु आत्मा त्याज्य नहीं है । शरीर का त्याग करने वाले का अपने शरीर से ही द्वेष होता है क्योंकि उसी में महारोग आदि है । उसे अपने आत्मस्वरूप से द्वेष नहीं होता, अतः उसे त्यागने का प्रश्न ही नहीं उठता । इसलिये कहा कि त्याग करने योग्य देह आत्मा नहीं है । किन्तु त्याग करने वाला ही आत्मा है । रोग-क्रोधादिजन्य वह द्वेष त्यक्ता के प्रति नहीं है अतः आत्मा अत्याज्य है और यदि कोई त्यागने योग्य देह के प्रति द्वेष करता है तो उससे आत्मा की क्या हानि है ? अर्थात् कोई हानि नहीं है ।

आत्मा में निरतिशय प्रीति को युक्ति से पुष्ट करते हैं ।

अर्थ - आत्मा के लिए ही सब की प्रीति होने के कारण आत्मा अत्यन्त प्रिय सिद्ध होता है । जैसे पुत्र के मित्र से पुत्र अधिक प्रिय होता है, वैसे ही आत्मा अति प्रिय है ।।३०।।

व्याख्या - ***"आत्मनस्तु कामाय सर्वं प्रियं भवति"*** इस श्रुति में प्रतिपादित आत्मा की जो निरतिशय प्रीति है, उसका युक्ति से भी समर्थन करते हुए कहते हैं कि पति, पुत्र, पशु, वित्त आदि समस्त

आत्मनि प्रीतिः प्रत्यक्षा।

व्याख्या :- तदेवं " न वा अरे पत्युःकामाये"त्यारभ्या "त्मनस्तु कामाय सर्वं प्रियं भवती" त्यान्तायाश्श्रुतेस्तात्पर्यपर्यालोचनयात्मनःप्रियतमत्वं प्रादर्शि । सम्प्रत्यात्मनि या निरतिशया प्रीतिस्तां युक्तितोऽपि समर्थयति । सर्वस्य सुखसहितस्य तत्साधनजातस्य पतिजायापत्यक्षेत्रगृहपश्वादेरत्मार्थत्वेन स्वस्योपकारकारकत्वेन प्रीतेश्च ततोऽपि प्रियत्वादप्यात्मैवोपकार्य इति स्वयमतिशयेन प्रिय आत्मा सिद्धः । हिः प्रसिद्धौ । पतिपुत्रवित्ताद्यशेषसुखसम्पादकसमुदायस्यात्मार्थत्वेनात्मनः प्रयोजनायेतिकृत्वा प्रीतेः प्रियत्वादात्मातिप्रियो हीति भावः । विषयममुमेवोदाहरणेन स्पष्टयति लोके यथा पुत्र - मित्रात्पुत्रस्यमित्रभूतात्पुत्रद्वारा प्रीतिविषयाद्देवदत्तादेस्सकाशात्स्वपुत्रो विष्णुदत्तादिरव्यवधानेन प्रीतिविषया-त्सर्वस्मात्स्वयमतिशयेन प्रियो भवति पितुर्यज्ञदत्तादेस्तथा तद्वत्स्वसम्बन्धित्वेन प्रीतिविषयात्सर्वस्मात्स्व-यमतिशयेन प्रियो भवतीति भावः । एवमात्मनि श्रुतियुक्तिभ्यां समुपपादितां निरतिशयां प्रीतिं द्रढयति स्वानुभवप्रदर्शनेन च । तत्त्वविवेके च संविदो नित्यत्वस्वप्रकाशत्वनिरूपणावसरे विषयोऽयं क्षुण्णः "इयमात्मा परानन्दः परप्रेमास्पदं यतः । मा न भूवं हि भूयासमिति प्रेमात्मनीक्ष्यते" इति तत्र च पूर्वार्धो व्याख्यातचरः । अहं माभूवमिति न न क्वापि ममात्मसत्त्वमस्तु । किन्तु सर्वदैव भूयासम्। मम सत्ता सर्वत्र सदाचरत्वित्येवं रूपा याशीरिच्छा मनोरथः पर्थना सा सर्वस्य प्राणिजातस्य

सुख का संपादन करने वाले समुदाय आत्मा के लिये ही प्रिय होते हैं अतः आत्मा ही अत्यन्त प्रिय सिद्ध होता है । इस विषय में दृष्टान्त देते हैं कि जैसे पुत्र के मित्र से पिता को अपना पुत्र अधिक प्रिय होता है उसी प्रकार आत्मा भी अतिप्रिय है । पुत्र का मित्र होने के कारण पिता पुत्र के मित्र को भी अपने पुत्र के समान ही प्रेम करता है । उसे खिलाता-पिलाता है, लाड़ करता है किन्तु जब विपत्ति आती है तो वह अपने पुत्र को ही पहले बचाता है । क्योंकि पुत्र उसे अधिक प्रिय है । यही बात प्रकृत में भी जानना चाहिये ।

अब उक्तार्थ को स्वानुभव से स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - 'मैं न रहूँ, ऐसा नहीं किन्तु सदा बना रहूँ' ऐसी कामना सभी लोगों में देखी जाती है । इसलिये आत्मा में प्रीति प्रत्यक्ष सिद्ध है ।।३१।।

व्याख्या - तीन प्रकार के प्रमाण हैं - शास्त्र, युक्ति और अनुभव । बृहदारण्यकोपनिषद् में याज्ञवल्क्य ऋषि के उद्धृत वचन शास्त्र प्रमाण है, उसकी व्याख्या ५ से २० श्लोकों में की गयी उसके बाद २१ से ३० श्लोकों में युक्ति प्रमाण दिया गया । अब अनुभव प्रमाण प्रस्तुत करते हैं । इसका उल्लेख प्रथम प्रकारण के अष्टम श्लोक में भी कर चुके हैं । (उस श्लोक की व्याख्या देखें) कोई भी व्यक्ति यह नहीं चाहता कि मैं न रहूँ अर्थात् मेरा नाश हो जाए । किन्तु सभी यही चाहते हैं कि मैं सदा बना रहूँ अर्थात् मेरी सत्ता सदा बनी रहे । यह कामना सभी में समानरूप से विद्यमान रहती है, अतः सभी को प्रत्यक्ष अनुभूत होने से आत्मा में प्रीति प्रत्यक्ष सिद्ध है ।

पुत्रादि में आत्मता मुख्य नहीं है, इसका प्रतिपादन करना प्रारम्भ करते हैं।

सम्बन्धिनि सर्वत्र दृष्टैव । सर्वोऽपि जन एवमेव प्रार्थयत इति भावः। अत्र फलितं कथयति । यत एवं सर्वैः प्रार्थ्यतेऽत एवात्मनि प्रीतिर्निरतिशया प्रत्यक्षसिद्धानुभवगम्यैवेति शम् ।।

पुत्रादिष्वात्मता न मुख्येति निरूपणम् -

इत्यादिभिस्त्रिभिः प्रीतौ सिद्धायामेवमात्मनि।
पुत्रभार्यादिशेषत्वमात्मनः कैश्चिदीरितम् ॥३२॥
एतद्विवक्षया पुत्रे मुख्यात्मत्वं श्रुतीरितम् ।
आत्मा वै पुत्रनामेति तच्चोपनिषदि स्फुटम् ॥३३॥
सोऽस्यायमात्मा पुण्येभ्यः कर्मभ्यः प्रतिधीयते।
अथास्येतर आत्मायं कृतकृत्यः प्रमीयते॥३४॥
सत्यप्यात्मनि लोकोऽस्ति नापुत्रस्यात एव हि।
अनुशिष्टं पुत्रमेव लोक्यमाहुर्मनीषिणः॥३५॥
मनुष्यलोको जय्यः स्यात्पुत्रेणैवेतरेण नो।
मुमूर्षुर्मन्त्रयेत्पुत्रं त्वं ब्रह्मेत्यादिमन्त्रकैः॥३६॥
इत्यादिश्रुतयः प्राहुः पुत्रभार्यादिशेषताम् ।
लौकिका अपि पुत्रस्य प्राधान्यमनुमन्वते॥३७॥
स्वस्मिन्मृतेऽपि पुत्रादिर्जीवेद्वित्तादिना यथा ।
तथैव यत्नङ्कुरुते मुख्याः पुत्रादयस्ततः ॥३८॥
बाढमेतावता नात्मा शेषो भवति कस्यचित् ।

अर्थ - इत्यादि तीन प्रमाणों से इस प्रकार आत्मा में निरतिशय प्रेम के सिद्ध हो जाने पर भी कुछ लोगों ने आत्मा को पुत्र, भार्या आदि का शेष कहा है ।।३२।।

व्याख्या - पुत्रादि में आत्मता का खण्डन करने के लिए सिद्धान्ती पूर्ववृत्त का अनुकीर्तन पूर्वक मतान्तर में दूषण दिखाने के लिये मतान्तर का अनुवाद करते हैं । श्रुति, युक्ति और अनुभूति इन तीन प्रमाणों के द्वारा पूर्वोक्त प्रकार से आत्मा में निरतिशय प्रेम को सिद्ध कर देने पर भी श्रुतियों के अर्थों से अनभिज्ञ कुछ वादियों ने आत्मा को पुत्र, भार्या, वित्त आदि का शेष कहा है अर्थात् आत्मा पुत्रादि प्रयोजन के लिये ही है, ऐसा वे कहते हैं ।

यह कैसे ज्ञात हुआ ? इस पर कहते हैं ।

अर्थ - यही बताने की इच्छा से ***''आत्मा वै पुत्रनामा''*** इत्यादि श्रुति ने पुत्र में ही मुख्य आत्मत्व कहा है और उसीको (ऐतरेय) उपनिषद् में स्पष्ट रूप से कहा गया है ।।३३।।

व्याख्या - पुत्रादि में मुख्य आत्मत्व को मानने वाले स्वपक्ष में श्रुति का प्रमाण भी प्रस्तुत करते

अन्वयः – इत्यादिभिः त्रिभिः एवम् आत्मनि प्रीतौ सिद्धायां कैश्चित् आत्मनः पुत्रभार्यादिशेषत्वम् ईरितम्।

अन्वयः – एतद्विवक्षया "आत्मा वै पुत्र नामा" इति पुत्रे मुख्यात्मत्वं श्रुतीरितम् । (किं) च तत् उपनिषदि स्फुटम् ।

अन्वयः – अस्य सः अयम् आत्मा पुण्येभ्यः कर्मभ्यः प्रतिधीयते अथ अस्य अयम् इतरः आत्मा कृतकृत्यः प्रमीयते।

अन्वयः – अतः एव आत्मनि सति अपि अपुत्रस्य लोकः न अस्ति हि। मनीषिणः अनुशिष्टम् एव पुत्रं लोक्यम् आहुः।

अन्वयः – मनुष्यलोकः पुत्रेण एव जय्यः स्यात् इतरेण नो। "त्वं ब्रह्म" इत्यादि मन्त्रकैः मुमूर्षुः पुत्रं मन्त्रयेत्।

अन्वयः – इत्यादिश्रुतयः पुत्रभार्यादिशेषतां प्राहुः। लौकिकाः अपि पुत्रस्य प्राधान्यम् अनुमन्वते।

अन्वयः – स्वस्मिन् मृते अपि पुत्रादिः यथा वित्तादिना जीवेत् । तथा एव यत्नं कुरुते। तत्र पुत्रादयः मुख्याः।

अन्वयः – बाढम् । एतावता आत्मा कस्यचित् शेषः न भवति। गौणमिथ्यामुख्यभेदैः अयम् आत्मा त्रिधा भवति ।

व्याख्या :- निरुक्तार्थनिगमनपूर्वकं मतान्तरदोषप्रदिदर्शयिषया तदनुभाषते । इति शब्देऽत्रानुभव-परामर्शकः । आदिशब्दश्च श्रुतियुक्त्योःपरामर्शकः । तथा च श्रुतियुक्त्यनुभवरूपैस्त्रिभिः प्रमाणैरिति-सिद्धोऽर्थः । तत्र " न वा अरे पत्युः कामाय पतिः प्रियो भवत्यात्मनस्तु कामाय पतिःप्रियो भवतीत्यादिश्रुतेर्युक्तिघटितत्वान्प्रयागतीर्थराजे गङ्गायमुनोभयाम्भवच्छ्रुतियुक्तिलक्षणं प्रमाणद्वयं

हैं । वे कहते हैं पुत्र ही आत्मा है । इसी बात को कहने की इच्छा से श्रुति में कहा गया है ***"आत्मा वै पुत्रनामा"*** (कौषी.उ. २/११) अर्थात् आत्मा का ही नाम पुत्र है, अथवा अपने पुत्र को ही आत्मा कहते हैं । यह श्रुति नित्य आत्मा को गौण बताकर पुत्रादि को ही मुख्य आत्मा सिद्ध करती है और इसी बात को ऐतरेय आदि उपनिषदों में स्पष्ट रूप से कहा गया है ।

ऐतरेय उपनिषद् के वाक्य का अर्थतः पठन करते हैं ।

अर्थ – वह (पुत्ररूप से उत्पन्न हुआ) यह आत्मा कर्मों के लिए उसका प्रतिनिधि बना दिया जाता है । उसके बाद पिता का दूसरा आत्मा कृतकृत्य होकर चला जाता है ।।३४।।

व्याख्या – श्रुति कहती है ***"पुरुषे ह वा अयमादितो गर्भो भवति"*** (ऐ.उ. २/१/१) सबसे पहले यह (संसारी जीव रसादि क्रम से शुक्ररूप से) पुरुष के शरीर के भीतर ही गर्भरूप में होता है । ***"सोऽस्यायमात्मा पुण्येभ्यः कर्मभ्यः प्रतिधीयते । अथास्यायमितर आत्मा कृतकृत्यो वयोगतः प्रैति"*** (ऐ.उ. २/१/४) अर्थात् इस पिता का वह पुत्ररूप आत्मा शास्त्रोक्त पुण्यकर्मों के संपादन के लिये (घर में पिता के स्थान पर) प्रतिनिधि रूप से स्थापित किया जाता है । तदनन्तर इस पुत्र का अन्य पितारूप आत्मा वृद्ध हो जाने पर कृतकृत्य होकर यहाँ से प्रस्थान करता है ।

पिता के शरीर में वीर्यरूप से विकसित हुआ पुत्र स्त्री के गर्भ में पोषित होता है । जन्म के बाद पिता उसका पालन करता है और पुण्यकर्मों का अनुष्ठान करने के लिये पिता के द्वारा उसे अपने प्रतिनिधि

तद्वत्पूर्वश्लोकोक्तानुभूत्याख्यं तृतीयमपि मिलित्वा प्रमाणत्रित्वं सिद्ध्यतीति ज्ञेयम् । एवञ्चैतैस्त्रिभिः प्रमाणैरेवमुक्तेन प्रकारेणात्मनि प्रीतौ सिद्धायामपि कैश्चिच्छृत्यादीनामर्थानभिज्ञैरनवधारिततात्पर्यैरात्मनः पुत्रभार्यादिशेषत्वं पुत्रादिप्रयोजनायात्मेति पुत्रादीन्प्रति स्वस्योपसर्जनत्वमीरितमभिहितम् ।

ननूक्तप्रमाणत्रयविरुद्धमपत्याद्युपसर्जनत्वमात्मनस्तैः कथमुच्यते ? कथं वैतज्ज्ञायत इत्यत्राह । एतद्विवक्षया प्रतिज्ञातकेचिन्मतानुवादेच्छया पुत्रे मुख्यात्मत्वं श्रुतीरितं कौषीतक्युपनिषदेरित "मात्मा वै पुत्र नामासी"त्यादिश्रुत्या कथितमैतरेयादिष्वपि स्फुटमुपनिषदि तत्संज्ञके ग्रन्थे ।

अथोक्तोपनिषद्वाक्यमेवा किञ्चदर्थतस्सङ्ग्रथयति । अस्य पितुस्सोऽयमात्मा "पुरुषेह वयमादितो गर्भे भवती" त्यादिना प्रकरणादौ प्रागुपन्यस्तो गर्भत्वेनातिशयेन पालनीयत्वेन चोक्तः पुत्ररूप आत्मा पुण्येभ्यः कर्मभ्यः पुण्यकर्मानुष्ठानाय सत्कर्मानुष्ठानार्थमयं प्रत्यक्षः पुत्ररूपः प्रतिधीयते प्रतिनिधित्वेना-वस्थाप्यतेपित्रा । "अयं सोऽग्र एव कुमारं जन्मनोऽग्रेधिभावयती" त्यत्र पित्रोः पुत्ररूप आत्मा । पितुः पारम्पर्यानुष्ठानविषये पित्रा स्वात्मप्रतिनिधित्वेन विधीयते । अथानन्तरमयं प्रतिनिधित्वेन स्थापनोत्तरमस्य पितुरितरः प्रत्यक्षेण परिदृश्यमान आत्मा पुत्रादन्यो जराग्रस्तो जरसा वार्धक्येन ग्रस्तस्स्वयं कृतकृत्यस्सन्निर्वर्तितसर्वकार्यजातस्सन्प्रमीयते भुक्तारब्धकर्मफलो म्रियते । अनेन स्वेनैवाचरितव्यपुण्यकर्माचरणाय प्रतिनिधित्वेन स्थापनोक्त्या तस्य पुत्ररूपस्यात्मनो मुख्यत्वं स्वस्वरूपात्मनश्च जराग्रस्तत्वेन मरणोन्मुखत्वेन च कर्माद्यनुष्ठानानुपयोगितया गौणात्मत्वं चाभिहितमिति ध्येयम् ।

के रूप से स्थापित किया जाता है और उसके बाद इस पिता का पुत्र से अन्य प्रत्यक्षरूप से दृष्टिगोचर होने वाला जराग्रस्त आत्मा स्वयं कृतकृत्य होकर अर्थात् "मैंने सम्पूर्ण कर्तव्य कर्मों को कर लिया, अब मेरा कोई कर्तव्य शेष नहीं है" इस प्रकार स्वयं को कृतार्थ मानकर चला जाता है अर्थात् मृत्यु को प्राप्त होता है । इस प्रकार स्वयं के द्वारा आचरितव्य पुण्य कर्मों को करने के लिये प्रतिनिधि रूप से स्थापित करने से उस पुत्ररूप आत्मा का मुख्यत्व सिद्ध होता है और स्वस्वरूपभूत आत्मा का जराग्रस्त होने से कर्मादि अनुष्ठान के लिए अनुपयोगी होने के कारण गौणत्व भी सिद्ध होता है । अतः पुत्रादि में आत्मत्व मुख्य ही है ।

उक्तार्थ को दृढ़ करने के लिये प्रमाणान्तर प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - इसीलिये आत्मा के विद्यमान होते हुए भी कहा गया है कि पुत्ररहित को परलोक नहीं मिलता और मनीषियों ने भी अनुशिष्ट पुत्र को ही परलोक का साधन कहा है ।।३५।।

व्याख्या - क्योंकि पुत्र का मुख्य आत्मत्व है, इसलिये आत्मा के अर्थात् पितारूप आत्मा के (स्वयं के) विद्यमान रहने पर भी पुत्ररहित पिता को परलोक प्राप्त नहीं होता है, ऐसा कहा गया है । श्लोक में '**हि**' पुराणों में प्रसिद्धि का द्योतक है । इस प्रकार पुत्र के अभाव में लोक का अभाव होता है, ऐसा व्यतिरेकमुख से प्रदर्शित कर अन्वयमुख से तत्प्रतिपादक वाक्य का अर्थतः पठन करते हैं कि मनीषियों ने अर्थात् पण्डितों ने ***"त्वं ब्रह्म त्वं यज्ञः त्वं लोकः"*** (बृ.उ. १/५/१७) इत्यादि से वक्ष्यमाण अनुशिष्ट (शिक्षित) पुत्र को ही परलोक का साधन कहा है । इससे अनुशिष्ट पुत्र के होने पर परलोक होता है,

उक्तार्थानुग्राहिकामेव "नापुत्रस्य लोकोऽस्ती"ति श्रुतिमप्यर्थतोऽनुबध्नाति पुत्र एव मुख्य आत्मेत्यर्थ-दृढीकरणाय पुत्ररहितस्योत्तरगतिशून्यत्वबोधकं नापुत्रस्येति वाक्यमर्थतः पठंस्तत्तात्पर्यमपि विशदयति। यतः पुत्रस्य मुख्यमात्मत्वमत एवात्मनि पितरस्स्वास्मिन्सत्यपि स्थितेऽप्यपुत्रस्य पुत्रहीनस्य पितुर्लोकः परलोकः पुण्यकर्मजन्यो नास्ति । विषयोऽयं पुराणादिष्व "प्यपुत्रस्य गतिर्नास्ती"त्यादिना प्रसिद्ध इति हि शब्देनोच्यते ।

एवं पुत्राभावे लोकाभाव इति व्यतिरेकमुखेन पुत्रस्य मुख्यात्मत्वं प्रतिपाद्यन्वयमुखेन तत्प्रतिपादक "मनुशिष्टं पुत्रं लोक्यमाह" इत्यादिवाक्यमपि तत्तात्पर्यदिदर्शयिषयार्थतः पठति । मनीषिणः पण्डिताश्शास्त्रतात्पर्यकुशला अनुशिष्टं वक्ष्यमाणै "स्त्वं ब्रह्म त्वं यज्ञस्त्वं लोक" इत्यादिभिर्मन्त्रैरनुशिक्षितमेव पुत्रं लोक्यं परलोकाय हितं परलोकसाधनमाहुरित्यनेनानुशिष्टस्य पुत्रस्य सत्त्वे परलोक इत्यन्वयो दर्शितः । एवमन्वयव्यतिरेकाभ्यां परलोकोपयोगो दर्शितः ।

एवमन्वयव्यतिरेकाभ्यां परलोकोपयोगितया पुत्रस्य मुख्यात्मत्वं सिद्धमित्यर्थः । न केवलमामुष्मिक-सुखफलप्राप्तिसाधनं पुत्रः । किन्तु "सोऽयं मनुष्यलोकः नान्येन कर्मणेत्यैहिकसुखस्यापि पुत्रहेतुकत्व-प्रतिपादनपरं वाक्यमर्थतः पठति तत्तात्पर्यप्रबोधनाय । तेनैहिकामुष्मिकसाधनं पुत्र इति फलति । मनुष्यलोकः पुत्रेणैव जय्यो जेतुं शक्यस्स्यान्मनुष्यलोकसुखं पुत्रेणैव सम्पाद्यं, नो नेतरेण कर्मादिना साधनान्तरेण पुत्रशून्यस्य सुखसाधनमपि धनादिकं निर्वेदजनकं स्यादित्यर्थः । सोऽयमर्थश्श्रुतौ प्रतिपादित"स्सोऽयं मनुष्यलोकः पुत्रेणैव जय्यो नान्येन कर्मणे"ति पूर्वश्लोकोक्तपुत्रानुशासनावसरम्

ऐसा अन्वय प्रदर्शित किया गया है । इस प्रकार अन्वय और व्यतिरेक के द्वारा परलोकोपयोगी रूप से पुत्र का मुख्य आत्मत्व सिद्ध होता है ।

पुत्र के प्राधान्य को दर्शाते हैं ।

अर्थ - मनुष्यलोक पुत्र के द्वारा ही जीतने योग्य है, अन्य किसी से नहीं । मरते समय पिता अपने पुत्र को 'तुम ब्रह्म हो' इत्यादि मन्त्रों से उपदेश करे । इत्यादि श्रुतियों ने आत्मा को पुत्र, भार्या आदि का शेष कहा है और लौकिक जन भी पुत्र का प्राधान्य स्वीकार करते हैं ।।३६-३७।।

व्याख्या - पुत्र जैसे परलोक प्राप्ति का साधन है, वैसे ही इस लोक के सुख प्राप्त कराने का भी साधन है । श्रुति कहती है ***"अयं मनुष्यलोकः पुत्रेणैव जय्यो नान्येन कर्मणा"*** (बृ.उ. १/५/१६) अर्थात् यह मनुष्य लोक पुत्र के द्वारा ही जीता जा सकता है अर्थात् इस लोक का सुख पुत्र के द्वारा ही संपादित किया जा सकता है किसी अन्य कर्मादि साधनों से नहीं । पूर्वश्लोकोक्त पुत्रानुशासन काल और रीति को दर्शाते हुए कहते हैं कि मरते समय पिता अपने पुत्र को ***'त्वं ब्रह्म'*** इत्यादि मन्त्रों से उपदेश करे । ***"यदा प्रेष्यन्मन्यतेऽथ पुत्रमाह त्वं ब्रह्म त्वं यज्ञः त्वं लोक इति"*** (बृ.उ. १/५/१७) जब पिता यह समझता है कि मैं मरने वाला हूँ तो पुत्र से कहता है "तू ब्रह्म है, तू यज्ञ है, तू लोक है" इस प्रकार अध्यात्म विद्या से अनुशिष्ट पुत्र अपने महिमामय जीवन और उत्कृष्ट कार्यों से अपने पिता को यशस्वी बनाता है । यशस्वी होना ही मनुष्य लोक पर विजय है । यदि किसी प्रमादवश पिता के द्वारा कोई कर्तव्य अवशिष्ट रहता है तब पुत्र उन सब कार्यों को करके पिता को मुक्त कर देता है ।

अब तक पूर्वपक्षी ने आत्मा की अपेक्षा पुत्रादि की प्रधानता बताने वाली अनेक श्रुतियाँ उद्धृत की, वेदों के कर्मकाण्ड भाग में तो पुत्र की प्रशंसा करने वाली अगणित श्रुतियाँ भरी पड़ी हैं और पुराण तथा

अनुशासनप्रकारं च प्रदर्शति । मुमूर्षुर्मरणोन्मुखः पुत्रं ''त्वं ब्रह्म त्वं यज्ञस्त्वं लोक'' इति मन्त्रैर्मन्त्रयेदनुशिष्यात् । पुत्रस्यानुशासनं कुर्यादिति भावः । अनेन मरणावसर एवानुशासनावसरो मन्त्रपठनमेवानुशासनरीतिरित च दर्शितौ ।

निखिलपूर्वसन्दर्शिताभिस्सह '' प्रजयापितृभ्य'' इत्यादीनामपि सङ्ग्रहःकार्यः । आत्मनः पुत्रभार्यादिशेषतां प्राहुः । जायाया अ''प्यर्धो वा एष आत्मनो यत्पत्नी'' त्यादिश्रुतिभिर्ज्ञेयमात्मत्वम्। एवं प्राणादीनामप्यात्मत्वं तत्र तत्र द्रष्टव्यम् । पुत्रस्यात्मत्वं न केवलं श्रुतिमात्रप्रसिद्धमपितु लोकप्रसिद्धमपीत्याह । पुत्रस्य प्राधान्यं लौकिका अप्यनुमन्वते । लौकिकानुभवं प्रदर्शयति । यथा स्वस्मिन्मृतेऽपि पुत्रादिरादिनाकलत्रादयो गृह्यन्तेऽत्र । स वित्तादिना चात्रादिशब्देन क्षेत्रादिकं गृह्यते। स यथा जीवेत्तथा देवदत्तादिर्यत्नं कुरुते ।

अतस्सम्पूर्णस्य मतान्तरस्य सारमाह। ततस्तस्मात्पुत्रादयः पुत्रकलत्रादयो मुख्याः प्रधानभूता यस्मात्स्वप्रयासं सोढ्वापि पुत्रादिजीवनोपायं सम्पादयति । अथ सिद्धान्ती लौकिकप्रसिद्धिभ्यां पूर्वोक्तवचनैश्च समुपदर्शितं पुत्रादीनां प्रधान्यं नेतीति निराकर्तुमादौ बाढमित्यर्धमङ्गीकरोति । बाढं भवदुक्तरीत्या पुत्रादीनां प्राधान्यमस्तु । तह्यात्मनश्शेषित्वोपपादनं व्याकुप्येदित्याशङ्क्याह । एतावता पुत्रादेः क्वचित्प्रधान्यसिद्ध्यात्मा कस्यचित्पुत्रादेश्शेष उपसर्जनं न भवति । तदपेक्षया मुख्यो न भवति । ततस्तेषां मुख्यात्मत्वं न सिद्ध्यति । तस्मान्न पुत्रादीनां मुख्यात्मत्वमिति शम् ।।

इतिहास ग्रन्थों में भी पुत्रादि की कामना करने वाले अनेकों राजाओं का वर्णन आता है । उन्हें पुत्रादि के बिना घर-बार, धन-दौलत, राजपाठ आदि सब कुछ तुच्छ और दुःखदायी लगता था । उन्होंने अनेक कष्टों को सहते हुए पुत्र प्राप्ति के लिये अत्यधिक प्रयास किया । इससे ज्ञात होता है कि श्रुति प्रमाण ही नहीं अपितु लोकमत भी अर्थात् लौकिकजन भी पुत्रादि की प्रधानता स्वीकार करते हैं ।

लौकिकानुभव को प्रदर्शित करते हैं ।

अर्थ - पिता स्वयं को मरणकाल में भी वित्तादि के द्वारा पुत्र जिस प्रकार जीवित रहे, वैसा ही प्रयत्न करता है । इसलिये पुत्रादि ही मुख्य हैं ।।३८।।

व्याख्या - पिता अपने जीवन काल में बड़े कष्ट उठाकर धन अर्जित करता है । मकान बनवाता है, खेती-व्यापार आदि करता है और सुख के समस्त साधनों को जुटाता है, जिससे अपने मरने के बाद पुत्र, पत्नी आदि सुखपूर्वक जीवन यापन कर सकें । यदि पुत्रादि मुख्य न हों तो उनके लिए पिता इतना कष्ट क्यों उठाता ? इससे भी यही ज्ञात होता है कि पितारूप आत्मा की अपेक्षा पुत्ररूप आत्मा ही प्रधान है।

उक्तार्थ को अंगीकार कर त्रिविध आत्मा का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - आपका कथन ठीक है, किन्तु इतने से ही आत्मा किसी का शेष नहीं हो जाता । यह आत्मा गौण, मिथ्या और मुख्य इन भेदों से तीन प्रकार का होता है ।।३९।।

व्याख्या - अभी तक पूर्वपक्षी ने लोकमत और वेदमत के आधार पर अपने स्वरूपभूत आत्मा को गौण और पुत्र, भार्या आदि आत्मा को मुख्य सिद्ध किया । इस पर आचार्य कहते हैं कि आपका कथन ठीक है अर्थात् आपके कथनानुसार पुत्रादि का प्राधान्य भले ही हो, किन्तु इतने से ही अर्थात्

गौणमुख्यमिथ्यात्मत्वनिरूपणम् –

गौणमिथ्यामुख्यभेदैरात्मायं भवति त्रिधा ।।३९।।

अन्वयः – गौणमिथ्यामुख्यभेदैः अयम् आत्मा त्रिधा भवति ।

व्याख्या :– तेषां पुत्रादीनामुख्यात्मत्वं विशदयितुमात्मनस्त्रैविद्ध्यमुपदर्शयति । न हि प्रतिज्ञा-मात्रेणार्थसिद्धिरिति यत्र यत्र व्यवहारे यस्य यस्यात्मत्वं विवक्ष्यते तस्य तस्यात्मनस्तत्र तत्र प्राधान्यसन्दर्शनायोपोद्धातत्वेनात्मनस्त्रैविद्ध्यं निरूपयति । गौणात्मा मिथ्यात्मा मुख्यात्मा चेत्ययमात्मा त्रिधा भवतीति शम् ।।

पुत्रादेर्गौणात्मत्वप्रदर्शनम् –

देवदत्तस्तु सिंहोऽयमित्यैक्यं गौणमेतयोः ।
भेदस्य भासमानत्वात्पुत्रादेरात्मता तथा ।।४०।।

अन्वयः – "अयं देवदत्तः सिंहः" इति ऐक्यं गौणम् । एतयोः भेदस्य भासमानत्वात् । तथा पुत्रादेः आत्मता।

व्याख्या :– अयं देवदत्तस्सिंह इति प्रत्यक्षेण भिन्नतया प्रतीयमानयोर्देवदत्तसिंहयोश्शैर्यक्रौर्यादि-गुणयोगेनैक्यं गौणमेव गुणसाम्यजन्यमेव । कुतः । एतयोर्भेदस्य प्रत्यक्षतो भासमानत्वात् । अत एवायं प्रयोग औपचारिकः । दाष्टान्तिके योजयति । तथा पुत्रादेरात्मता गौण्येव । तस्मात्पुत्रादीनां गौणात्मत्वमेव भवतीति शम् ।।

कहीं–कहीं पर उनका प्राधान्य सिद्ध होने से ही आत्मा पुत्रादि का शेष नहीं हो जाता अर्थात् उनकी अपेक्षा अमुख्य नहीं हो जाता, इसीलिए उन पुत्रादि का मुख्यात्मत्व भी सिद्ध नहीं होता । उन पुत्रादि का अमुख्य आत्मत्व सिद्ध करने के लिए आत्मा के त्रैविध्य को दर्शाते हैं । यह आत्मा गौण, मिथ्या और मुख्य इन भेदों से तीन प्रकार का होता है ।

पुत्रादि के गौणात्मत्व का वर्णन करते हैं ।

अर्थ – 'यह देवदत्त सिंह है' इस वाक्य में इन दोनों (देवदत्त और सिंह) की एकता गौण है, क्योंकि दोनों का भेद स्पष्ट भासित होता है । उसी प्रकार पुत्रादि की आत्मता भी गौण ही है ।।४०।।

व्याख्या – गौण अर्थ में 'आत्मा' शब्द का प्रयोग कैसे होता है, इस बात को उदाहरण देकर समझते हैं । 'यह देवदत्त सिंह है' इस वाक्य में देवदत्त नामक एक पुरुष की सिंह नाम के निर्भय और शौर्यादि युक्त पशु के साथ एकता कही गयी है । किन्तु इसका अर्थ केवल इतना ही है कि देवदत्त सिंह के समान निर्भय और शौर्यादि गुण युक्त है । वस्तुतः पुरुष और सिंह की एकता नहीं हो सकती क्योंकि दोनों का भेद स्पष्ट भासित होता है । इसलिए देवदत्त में सिंह का आरोपण गौण है । उसी प्रकार पुत्र, भार्या आदि में आत्मा का आरोप करना भी गौण ही है । वे आत्मा के समान प्रिय होने के कारण प्रिय कहे गये हैं, वस्तुतः वे मुख्य आत्मा नहीं हैं ।

कोशादीनां मिथ्यात्मत्वप्रदर्शनम् -

भेदोस्ति पञ्चकोशेषु साक्षिणो न तु भात्यसौ ।
मिथ्यात्मतातः कोशानां स्थाणोश्चौरात्मता यथा ।।४१।।

अन्वयः - पञ्चकोशेषु साक्षिणः भेदः अस्ति। असौ न तु भाति। अतः कोशानां मिथ्यात्मता । स्थाणोः चौरात्मता यथा ।

व्याख्या :- अथ मिथ्यात्मानं क्रमागतं निरूपयति । पञ्चकोशेष्वन्नमयप्राणमय-मनोमयविज्ञानमयानन्दमयेषु परस्परं भेदोऽस्ति । तथापि साक्षिणस्सकाशाद्विद्यमानोऽप्यसौ न भाति नावभासतेऽत एव तेषां मिथ्यात्मता । अत्र दृष्टान्तमाह । यथा स्थाणोर्वस्तुतो भिन्नाच्चोरादभेदभ्रमेण चैरात्मता मिथ्या तथैवकोशानामपि मिथ्यात्मतैवेति शम् ।।

मुख्यात्मत्वोपपादनम् -

न भाति भेदो नाप्यस्ति साक्षिणोऽप्रतियोगिनः ।
सर्वान्तरत्वात्तस्यैव मुख्यमात्मत्वमिष्यते ।।४२।।

अन्वयः - साक्षिणः भेदः न भाति। न अस्ति अपि। अप्रतियोगिनः सर्वान्तरत्वात् तस्य एव आत्मत्वं मुख्यम् ईष्यते ।

व्याख्या :- गौणात्ममिथ्यात्मनोरुपपादनमकारि । सम्प्रति मुख्यात्मापि वक्तव्य इति चेत्सोऽनुपदं सूचितोऽपि तावन्मात्रेण मन्दप्रज्ञैर्न ज्ञायत इति साक्षिणो मुख्यात्मत्वं कण्ठत एव विशदयति । अप्रतियोगिनः प्रतियोगिरहितस्य साक्षिण इति साभिप्रायविशेषणम् । तस्य परमात्मनो भेदो देवदत्ते

अब मिथ्यात्मत्व को दर्शाते हैं ।

अर्थ - पाँच कोशों में साक्षी का भेद है पर वह भासित नहीं होता । इसलिए जैसे स्थाणु में चोर की प्रतीति मिथ्या है, वैसे ही पाँच कोशों में आत्मत्व मिथ्या है ।।४१।।

व्याख्या - अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय और आनन्दमय इन पाँच कोशों में साक्षी का भेद है अर्थात् साक्षी पाँच कोशों से भिन्न है, फिर भी वह साक्षी उन कोशों से भिन्न प्रतीत नहीं होता है । इस विषय में दृष्टान्त देते हैं कि जैसे ठूँठ (स्थाणु) में चोर की प्रतीति होना मिथ्या है, वैसे ही अन्नमयादि पाँच कोशों में आत्मबुद्धि का होना भी मिथ्या ही है । अर्थात् जैसे चोर से भिन्न स्थाणु की चौरात्मता मिथ्या है, वैसे ही पाँचों कोशों की भी मिथ्यात्मता है ।

अब साक्षी के मुख्यात्मत्व को विशद करते हैं ।

अर्थ - अप्रतियोगी साक्षी का भेद प्रतीत नहीं होता है और है भी नहीं । सर्वान्तर होने के कारण उसी का मुख्यात्मत्व कहा जाता है ।।४२।।

व्याख्या - पूर्व में गौण आत्मा और मिथ्या आत्मा का वर्णन किया गया । अब मुख्यात्मा को भी बताने की इच्छा से पूर्व में कई बार उसका वर्णन कर देने पर भी कण्ठतः उसको विशद करते हैं । जिसका कोई प्रतियोगी न हो, उसे अप्रतियोगी कहते हैं । साक्षी आत्मा का कोई प्रतियोगी न होने के कारण उसका

सिंहस्येव साक्षिणि कस्यचिद्वस्तुनो भेदो न भाति न प्रतीयते । नापि पञ्चकोशानामिव भेदोऽस्ति । अनुयोगित्वस्याप्युपलक्षणमिदमप्रतियोगिन इति । एवं च सर्वमपि घटाद्यविद्यान्तं द्वैतं स्वप्रकाशात्साक्षिणः पृथग्भासेत चेत्तत्प्रतियोगिकस्साक्षिण्यनुयोगिनि भेदो भासेतापि । तथा साक्षिप्रतियोगिकोऽसौ तत्रानुयोगिनि दृश्येऽपि भासेत । परन्तु तस्य रजतादिवत्कल्पितत्वाच्छुक्त्यादेरिव साक्षिणोऽधिष्ठानभूतात्पार्थक्येव स्फूर्त्यादिकमेव नास्तीत्ययमप्रतियोग्येवेति भावः । साक्षिभिन्नस्य सर्वस्यापि मिथ्यात्वान्मिथ्याभूतस्य प्रतियोगित्वासम्भवेन साक्षिणः प्रतियोगी नास्तीत्याशयः । ननु मास्तु भेदः । तेन साक्षिणो गौणत्व-मिथ्यात्वे मा भूताम् । तथापि मुख्यात्मत्वं कथमुच्यते इत्यत्राह । सर्वान्तरत्वात्सर्वान्तरत्वेन प्रतीयमानत्वात्तस्यैव साक्षिणो मुख्यमात्मत्वमिष्यते । सर्वान्तरत्वं च सर्वस्माद्देहादेःपुत्रादेश्च । अतस्सर्वसाक्षिणः प्रतीच आत्मत्वमनौपचारिकमभ्युपगन्तव्यमित्यर्थः । तथा चायं प्रयोगः । विमतस्साक्ष्येव मुख्यात्मा । अखिलान्तरत्वात् । व्यतिरेके दृश्यवत् । यो मुख्यात्मा न भवति स सर्वान्तरोऽपि न भवति यथाहङ्कारादिरित्ययं केवलव्यतिरेकीति शम् ।।

गौणमिथ्यामुख्यात्मनां तत्तद्व्यवहारौचित्यानुसारं ग्रहणमिति निरूपणम् –

सत्येवं व्यवहारेषु येषु यस्यात्मतोचिता ।
तेषु तस्यैव शेषित्वं सर्वस्यान्यस्य शेषता ।।४३।।

अन्वयः – एवं सति येषु व्यवहारेषु यस्य अत्मता उचिता। तेषु तस्य एव शेषित्वम् । अन्यस्य सर्वस्य शेषता ।

व्याख्या :– साक्षिणो मुख्यात्मत्वमेवं प्रत्यपादि । पूर्वोक्तत्रिविधात्मनामपि मध्ये यद्यद्व्यवहारेषु यस्य यस्योपयोगस्तत्तद्व्यवहारेषु तस्य तस्य प्राधान्यमित्याह । एवमात्मनो येषु व्यवहारेषु पूर्वोक्तात्मनां मध्ये यस्यात्मता प्रकरणोचिता तेषु तेषु व्यवहारेषु तस्यैव शेषित्वमङ्गित्वं प्राधान्यं तद्व्यतिरिक्तान्यस्य

भेद प्रतीत नहीं होता है । प्रतियोगी रहित साक्षी का भेद है भी नहीं । अर्थात् साक्षी से भिन्न सब कुछ मिथ्या होने से मिथ्याभूत पदार्थों का प्रतियोगित्व संभव नहीं है, इसीलिए साक्षी का कोई प्रतियोगी नहीं है । उसका भेद भले ही न हो पर मुख्यत्व कैसे कहते हो ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि वह सर्वान्तर है । सबको अन्तरात्मा रूप से प्रतीत होने के कारण साक्षी का ही मुख्य आत्मत्व कहा जाता है।

लोक में शेष-शेषीभाव की अपेक्षा का वर्णन करते हैं ।

अर्थ – ऐसा होने से जिन व्यवहारों में जिसकी आत्मता उचित हो, उनमें उसी की प्रधानता और अन्य सभी की गौणता जानना चाहिये ।।४३।।

व्याख्या – इस प्रकार साक्षी का मुख्यात्मत्व प्रतिपादन कर तीन प्रकार की आत्माओं में जिस-जिस व्यवहार में जिस-जिस की उपयोगिता होगी उस समय उसी की प्रधानता होगी । इस आशय से कहते हैं कि गौण, मिथ्या और मुख्य इन तीन प्रकार की आत्माओं के सिद्ध हो जाने से जिन-जिन व्यवहारों में जिसकी आत्मता उचित हो , उनमें उसी की प्रधानता और अन्य की गोणता माननी चाहिये अर्थात् पालन, पोषण आदि लौकिक तथा ब्रह्मात्मत्त्व अनुसन्धानादि वैदिक व्यवहारों में जिस पुत्र, देह अथवा साक्षी का आत्मरूपत्व युक्तियुक्त होगा, उन व्यवहारों में वही पुत्रादिरूप गौणात्मा, देहादिरूप मिथ्यात्मा

सर्वस्य शेषताङ्गत्वमप्राधान्यमित्येवं लोकव्यवहारेषु शेषशेषिभाव आपेक्षिक इति ज्ञेयम् । एवमात्मत्रैविध्ये सत्यपि लौकिकवैदिकव्यवहारेषु पालनपोषणब्रह्मात्मत्वानुसन्धानादिषु यस्य यस्य पुत्रदेहसाक्ष्या-देरुचितमात्मत्वं तस्य तस्य तत्र तत्र शेषित्वमन्यस्य च शेषत्वमित्यवगन्तव्यमिति शम् ।।

गौणात्मनश्शेषित्वप्रयोजकव्यवहारप्रदर्शनम् -

मुमूर्षोर्गृहरक्षादौ गौणात्मैवोपयुज्यते ।
न मुख्यात्मा न मिथ्यात्मा पुत्रश्शेषी भवत्यतः ।।४४।।
अध्येता बह्निरित्यत्र सन्नप्यग्निर्न गृह्यते ।
अयोग्यत्वेन योग्यत्वाद्बटुरेवात्र गृह्यते ।।४५।।

अन्वयः - मुमूर्षोः गृहरक्षादौ गौणात्मा एव उपयुज्यते। मुख्यात्मा न। मिथ्यात्मा न। अतः पुत्रः शेषी भवति।

अन्वयः - "अध्येता बह्निः" इति अत्र सन् अपि अग्निः अयोग्यत्वेन न गृह्यते। अत्र योग्यत्वात् वटुः एव गृह्यते ।

व्याख्या :- गौणात्मनश्शेषित्वव्यवहारमेव प्रपञ्चयति । मुमूर्षोर्मरणोन्मुखस्य गृहरक्षादौ कर्मणि गौणात्मैव दारापत्यादिरेवोपयुज्यते । उत्तरत्राजिजीविषुत्वात् । तत्र हि मुख्यात्मा साक्षी मिथ्यात्मा देहादिश्च नैवोपयुक्तो भवति । अतस्तत्र व्यवहार उपयोगानुसारात्पुत्रश्शेषी प्रधानं भवति । साक्षी मुख्यात्माप्यविकारत्वान्नोपयुज्यते । तथा मिथ्यात्मा कोशादिरपि नोपयुज्यते मरणोन्मुखत्वादिति भावः।

और साक्षीरूप मुख्यात्मा ही शेषी अर्थात् प्रधान होता है और उससे भिन्न सब की शेषता अर्थात् अप्रधानता होती है । तात्पर्य यह है कि जहाँ गौण आत्मा प्रधान है, वहाँ मिथ्या और मुख्य आत्मा अप्रधान है । जहाँ मिथ्या आत्मा प्रधान है, वहाँ गौण और मुख्य आत्मा अप्रधान है और इसी प्रकार जहाँ मुख्य आत्मा प्रधान है, वहाँ गौण और मिथ्या आत्मा अप्रधान है ।

गौणात्मा के शेषित्व प्रयोजक व्यवहार को दृष्टान्त पूर्वक दर्शाते हैं।

अर्थ - मरणासन्न पुरुष के लिए गृहरक्षादि में (पुत्ररूप) गौणात्मा ही उपयोगी है, इसलिए (उस समय) पुत्र ही शेषी (प्रधान) होता है, मुख्यात्मा और मिथ्यात्मा नहीं । 'यह अध्येता अग्नि है' इस वाक्य में अग्निपद विद्यमान होते हुए भी अयोग्यता के कारण अग्नि का ग्रहण नहीं होता किन्तु योग्यता के कारण यहाँ बटु (ब्रह्मचारी) ही ग्रहण किया जाता है ।।४४-४५।।

व्याख्या - मरणासन्न पुरुष की गृह, धन, सम्पत्ति, पशु आदि की रक्षा देख-भाल आदि के लिए पुत्र, भार्या आदि गौणात्मा ही उपयोगी है, क्योंकि उसके मरने के बाद भी पुत्रादि जीवित रहकर उन सबकी रक्षा और उपभोग आदि करेंगे । उस समय उसके लिए शरीर रूप मिथ्या आत्मा का कोई महत्व नहीं रहता क्योंकि उसका शरीर तो मरने वाला है । और मुख्यात्मा भी उसके लिए प्रधान नहीं होता क्योंकि वह तटस्थ, निष्क्रिय और असंग है । वह गृह आदि की रक्षा का भार नहीं ले सकता । इससे सिद्ध होता है कि मरणासन्न पुरुष के लिए पुत्र, भार्यादि गौणात्मा ही प्रधान है, मिथ्यात्मा और मुख्यात्मा नहीं ।

प्रतिपादिते गृहरक्षादिव्यवहारे सत्यपि स्वस्मीन्पुत्रादिस्वीकारे दृष्टान्तं प्रदर्शयति । ''अयमध्येता वह्नि'' राग्निर्माणवक इत्यादिव्यवहारेऽग्निशब्दस्स्वरूपेण विद्यमानोऽपि नाग्निपदार्थत्वेन गृह्यते वेदाध्येतृत्वरूपेऽर्थेऽयोग्यत्वेनाध्ययनानुपयोगित्वादपित्वध्येतृत्वयोग्यो वटुर्माणवक एवास्मिन्व्यवहारेऽग्निपदार्थतया गृह्यतेऽध्ययनयोग्यत्वादग्निशब्दस्त्वग्निगतशुचित्वपावनत्वादिगुणसमर्पकः । इत्थञ्चेदं निरुक्तगौणात्माख्यपुत्रग्रहणे निदर्शनमिति भाव इति शम् ।।

मिथ्यात्मनश्शेषित्वप्रयोजकव्यवहारप्रदर्शनम् ।

कृशोऽहं पुष्टिमाप्स्यामीत्यादौ देहात्मतोचिता ।
न पुत्रं विनियुङ्क्तेऽत्र पुष्टिहेत्वन्नभक्षणे ।।४६।।

अन्वयः – ''अहं कृशः पुष्टिम् आप्स्यामि'' इत्यादौ देहात्मता उचिता । अत्र पुष्टिहेत्वन्नभक्षणे पुत्रं न विनियुङ्क्ते।

व्याख्या :- गौणात्मप्राधान्यस्थलमुदाहृतं पूर्वं सम्प्रति मिथ्यात्मभूतस्य देहादेः प्राधान्यस्थलमुदाह्रियते । अहं कृशस्सञ्जातस्तस्मात्पौष्टिकवस्तूनामन्नक्षीरफलादीनां सेवनेन पुष्टिमाप्स्यामि सम्पादयिष्यामीत्यादौ व्यवहारे देहात्मता कार्श्यपुष्ट्यादियोग्यदेहादेरेवात्मतोचिता । लोकव्यवहारोपपत्तिप्रदर्शनेनोक्तमर्थं द्रढयति । अत्र निजकार्श्यप्रतीकारावसरे पुष्टिहेत्वन्नभक्षणे पुष्टेर्हेतुभूतस्यान्नस्य भक्षणे पुत्रं न विनियुङ्क्ते न तत्र प्रधानत्वेन स्वीकरोति । तत्र च देहादेरेव विनियोगान्मिथ्यात्मभूतस्य तस्यैव प्राधान्यमिति भाव इति शम् ।।

इस बात को दृष्टान्त पूर्वक समझाते हैं । यह अध्येता अग्नि है ***''अग्निर्माणवकः''*** इत्यादि वाक्यों में वेदाध्ययन करने वाले ब्रह्मचारी को अग्नि रूप कहा जाता है । यद्यपि इस वाक्य में अग्नि शब्द विद्यमान है तथापि अग्नि के द्वारा वेदाध्ययन रूप कर्म संपादन करना संभव न होने से (अयोग्यता के कारण) अग्नि शब्द से यहाँ बटु का ही ग्रहण किया जाता है क्योंकि ब्रह्मचारी में ही वेदाध्ययन की योग्यता है, अग्नि में नहीं । वस्तुतः ब्रह्मचारी को अग्नि कहने का तात्पर्य यह है कि यह ब्रह्मचारी अग्नि के समान पवित्र और तेजस्वी है । अग्नि के विशिष्ट गुणों का ही वहाँ ग्रहण होता है, अग्नि का नहीं ।

अब मिथ्यात्मा के प्राधान्य प्रयोजक व्यवहार को दर्शाते हैं ।

अर्थ – ''मैं कृश हो गया हूँ, मैं पुष्टि प्राप्त करूँगा'' इत्यादि व्यवहारों में देहात्मा की प्रधानता ही उचित है । यहाँ अपनी पुष्टि के हेतु पुत्र को अन्न भक्षण में नियुक्त नहीं किया जाता है ।।४६।।

व्याख्या – व्यक्ति जब दुबला-पतला हो जाता है तो वह कहता है कि मैं बहुत कृश हो गया हूँ, अब मैं पौष्टिक आहार ग्रहण कर (घी, दूध आदि का सेवक कर) और व्यायाम आदि कर पुष्टि प्राप्त करूँगा । इत्यादि व्यवहारों में शरीर में ही आत्मता की प्रधनता मानना उचित है । इसमें युक्ति दर्शाते हैं कि स्वयं की देह को हृष्ट-पुष्ट बनाने के लिए पौष्टिक आहारादि का सेवन करने के लिए कोई भी पुरुष पुत्र, भार्या आदि को नियुक्त नहीं करता । अतः उक्त व्यवहार में देहरूप मिथ्यात्मा की ही प्रधानता सिद्ध होती है ।

कर्त्रात्मप्राधान्यप्रयोजकव्यवहारप्रदर्शनम् -

तपसा स्वर्गमेष्यामीत्यादौ कर्त्रात्मतोचिता ।
अनपेक्ष्य वपुर्भोगञ्चरेत्कृच्छ्रादिकन्ततः ।।४७।।

अन्वयः- "तपसा स्वर्गम् एष्यामि" इत्यादौ कर्त्रात्मता उचिता। ततः वपुर्भोगम् अनपेक्ष्य कृच्छ्रादिकं चरेत्।

व्याख्या :- मिथ्यात्मप्रधान्यस्थलप्रदर्शनोत्तरं कर्तात्मप्रधान्यस्थलमपि प्रदर्शयति । यदा तु नियमेन तपः परिसमाप्य तेन तपसाहं स्वर्गमेष्यामि सम्पादयिष्यामीति व्यवहरति तस्मिन्व्यवहारादौ कर्त्रात्मता कर्तृशब्दवाच्यविज्ञानमयकोशस्यैवाहङ्करोमीति कर्तृत्वाभिमानाविष्टत्वात्तस्यैव तत्र प्रधानात्मतोचिता । न देहादेर्मिथ्यात्मनो न पुत्रादेर्गोणात्मनो वा । तदेवोपपत्तिपूर्वकं वदति । ततश्चास्मिञ्जन्मनि वपुर्भोगं वपुषोऽनुकूलस्रक्चन्दनवनितादि भोगानुभवमनपेक्ष्य कृच्छ्रादिकं प्राजापत्यसान्तपनाद्यनेकप्रकारकृच्छ्राद्यनुष्ठानं शरीरक्लेशकारकं चरेत्समनुतिष्ठेत । तदुक्तं "ब्राह्मणस्य तु देहोऽयं नोपभोगाय कल्पते । इह क्लेशाय महते प्रेत्यानन्त्य सुखाय चे "ति यतस्तद्व्यवहारे देहस्यात्मत्वमनुचितं तत एव निखिलदेहभोगपरित्यागपूर्वकं कर्त्रात्मन उपकारकं देहसन्तापजनकं व्रतादिकमाचरतीति भाव इति शम् ।।

मुख्यात्मप्राधान्यप्रयोजकव्यवहारप्रदर्शनम् -

मोक्ष्येऽहमित्यत्र युक्तं चिदात्मत्वन्तदा पुमान् ।
तद्वेत्ति गुरुशास्त्राभ्यां न तु किञ्चिच्चिकीर्षति ।।४८।।

अन्वयः - पुमान् "अहं मोक्ष्ये" इति तदा गुरुशास्त्राभ्यां तत् वेत्ति। किञ्चित् न तु चिकीर्षति अत्र चिदात्मत्वं युक्तम् ।

अब मुख्यात्मा के प्राधान्य प्रयोजक व्यवहार को दर्शाते हैं ।

अर्थ - "मैं मुक्ति प्राप्त करूँगा" इत्यादि व्यवहार में चिदात्मा की ही प्रधानता उचित है । उस समय पुरुष गुरु और शास्त्रों के द्वारा उस (मुख्यात्मा) को ही जानता है । वह अन्य किसी वस्तु की कामना नहीं करता ।।४७।।

व्याख्या - मनुष्य जब मुमुक्षु होता है तब वह कहता है कि मैं संसारबन्धन से मुक्त होना चाहता हूँ । वह दृढ़ निश्चय करता है कि शम-दमादि साधनों से सम्पन्न होकर मैं अवश्य ही मुक्ति प्राप्त करूँगा। इत्यादि व्यवहार में चैतन्यस्वरूप चिदात्मा (साक्षी) का ही प्राधान्य मानना उचित है । क्योंकि उस समय मुमुक्षु पुरुष गुरु और वेदान्तशास्त्रों के द्वारा परोक्षज्ञान प्राप्त कर निदिध्यासन के द्वारा "मैं सच्चिदानन्द ब्रह्म ही हूँ" इस प्रकार मुख्यात्मा को अनात्मा से पृथक् करके जानता है अर्थात् अपरोक्षज्ञान प्राप्त करता है । वह उस समय अन्य किसी पदार्थ की कामना नहीं करता और 'मैं कर्ता हूँ' इस प्रकार की बुद्धि से कोई भी व्यवहार करना नहीं चाहता है । इससे स्पष्ट होता है कि मुमुक्षु के कथन में मुख्यात्मा ही प्रधान है, गौणात्मा या मिथ्यात्मा नहीं ।

अब मुख्यात्मा के प्राधान्य प्रयोजक व्यवहार को दर्शाते हैं ।

अर्थ - 'मैं मुक्ति प्राप्त करूँगा' इत्यादि व्यवहार में चिदात्मा की ही प्रधानता उचित है । उस समय

व्याख्या :- एवं प्रासङ्गिकं सर्वं निरूप्याधुना मुख्यात्मप्राधान्यस्थलं प्रदर्शयति । यस्मिन्काले पुमान्विवेकवैराग्यसम्पन्नश्शमदमादिषड्गुणसहितो मुमुक्षुर्भवेत्तदाहं मोक्ष्ये संसारान्मुक्तो भविष्यामीति मतिं करोति तदा तत्र व्यवहारे चिदात्मत्वं चैतन्यस्वरूपस्य साक्षिणस्स्वप्रकाशसाख्याख्यमुख्यात्मत्वं प्रधानात्मत्वं युक्तमुचितम् । कुतः ? । तदा पुमान्मुमुक्षुर्गुरुशास्त्राभ्यामाचार्योपदेशवाक्यार्थविचाराच्चादौ परोक्षज्ञानमासाद्य ततो निदिध्यासनेनाहं ब्रह्मास्मीति तत्साक्षिणं प्रत्यगभिन्नपरमात्मानं वेत्त्यपरोक्षतया साक्षात्करोति । न तु किञ्चिदपि चिकीर्षति । अहङ्कर्तृत्वधिया व्यवहर्तुं नेच्छति । तदा नाहं कर्त्राद्यात्मेति गौणमिथ्याकर्त्राद्यात्मत्वम् "सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म""विज्ञानमानन्दं ब्रह्म ।" "अनन्तरोऽबाह्यः कृत्स्नः प्रज्ञानघन एवे" त्यादि श्रुतिभ्य इति दिक् ।।

समुदाहृतनानाविधात्मनां तत्तद्व्यवहरेषु व्यवस्थया प्राधान्यस्वीकारे दृष्टान्तनिरूपणम् -

विप्रक्षत्रादयो यद्वद्बृहस्पतिसवादिषु ।
व्यवस्थितास्तथा गौणमिथ्यामुख्या यथोचितम् ।।४९।।

अन्वयः - यद्वत् विप्रक्षत्रादयः बृहस्पतिसवादिषु व्यवस्थिताः। तथा गौणमिथ्यामुख्याः यथोचितम्।

व्याख्या :- पर्यवसितार्थं निरूपयति । तत्तदात्मनां तत्तद्व्यवहारे व्यवस्थितोऽधिकार इति

पुरुष गुरु और शास्त्रों के द्वारा उस (मुख्यात्मा) को ही जानता है । वह अन्य किसी वस्तु की कामना नहीं करता ।।४८।।

व्याख्या - मनुष्य जब मुमुक्षु होता है तब वह कहता है कि 'मैं संसार बन्धन से मुक्त होना चाहता हूँ' वह दृढ़ निश्चय करता है कि शम, दम आदि साधनों से सम्पन्न होकर मैं अवश्य ही मुक्ति प्राप्त करूँगा। इत्यादि व्यवहार में चैतन्यस्वरूप चिदात्मा (साक्षी) का ही प्राधान्य मानना उचित है । क्योंकि उस समय मुमुक्षु पुरुष गुरु और वेदान्त शास्त्रों के द्वारा परोक्ष ज्ञान प्राप्त कर निदिध्यासन के द्वारा 'मैं सच्चिदानन्द ब्रह्म ही हूँ' इस प्रकार मुख्यात्मा को अनात्मा से पृथक् करके जानता है अर्थात् अपरोक्ष ज्ञान प्राप्त करता है । वह उस समय अन्य किसी पदार्थ की कामना नहीं करता । और 'मैं करता हूँ' इस प्रकार की बुद्धि से कोई भी व्यवहार करना नहीं चाहता है । इससे स्पष्ट होता है कि मुमुक्षु के कथन में मुख्यात्मा ही प्रधान है, गौणात्मा और मिथ्यात्मा नहीं ।

पूर्वोक्त त्रिविध आत्मा की भिन्न-भिन्न व्यवहारों में भिन्न-भिन्न व्यवस्था द्वारा प्रधानता को दृष्टान्त पूर्वक समझाते हैं ।

अर्थ - जैसे ब्राह्मण, क्षत्रियादि बृहस्पतिसव आदि यागों को करने में अधिकारी रूप से नियुक्त हैं । उसी प्रकार गौण, मिथ्या और मुख्य आत्मा भी यथोचित ग्राह्य होता है ।।४९।।

व्याख्या - ***''विप्रः बृहस्पतिसवेन यजेत'' ''राजा राजसूयेन स्वाराज्यकामाय यजेत''*** और ***''वैश्यो वैश्यस्तोमेन यजेत''*** इस प्रकार शास्त्रों में ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य के लिए क्रमशः बृहस्पतिसव, राजसूय और वैश्यस्तोम नामक याग करने का विधान किया है । अतः जिसका जिस याग

सदृष्टान्तमाह । विप्रक्षत्रादयो ब्रह्मणराजन्यप्रभृतयो बृहस्पतिसवादिषु सोमयागविशेषेषु "ब्रह्मणो बृहस्पतिसवेन यजेते"ति विप्रस्यैव तत्राधिकारः न क्षत्रियवैश्ययोः । "राजा राजसूयेन स्वाराज्यकामो यजेते"ति क्षत्रियस्यैव राजसूयेऽधिकारः न ब्राह्मणवैश्ययोः । "वैश्यो वैश्यस्तोमेन यजेते"ति वाक्येन वैश्यस्यैव वैश्यस्तोमेऽधिकारो न ब्राह्मणक्षत्रिययोः । यथा नैयत्येन तत्र तत्र प्रातिस्विकस्तद्वद्यथाधिकारं व्यवस्थिता आत्मानो यस्मिन्प्रकरणे य उद्दिष्टः स एव तत्र प्रधानभूत आत्मा नान्य इति यथोचितं गौणमिथ्यामुख्या आत्मानस्तत्तद्व्यवहारौचित्यानुसारेण व्यवस्थितास्सन्तः प्रधानतया ग्राह्या भवन्ति।।

गौणमुख्याद्यात्मनां तत्तद्व्यवहारेषु यथाक्लृप्ता यथोचितं व्यवस्था तथैव तत्तत्प्रीतेरपि यथोचितं व्यवस्थेति निरूपणम् -

तत्र तत्रोचिते प्रीतिरात्मन्येवातिशायिनि ।
अनात्मनि तु तच्छेषे प्रीतिरन्यत्र नोभयम् ।।५०।।

अन्वयः - तत्र तत्र उचिते आत्मनि एव प्रीतिः अतिशायिनी। तत् शेषे अनात्मनि तु प्रीतिः अन्यत्र उभयं न ।

व्याख्या :-अथैवं प्रीतिमपि यथोचितां व्यवस्थापयति । "बाढमेतावता नात्मा शेषो भवति कस्यचित् । गौणमिथ्यामुख्यभेदैरात्मायं भवति त्रिधे"ति प्रतिज्ञातार्थं निरूप्य विचारणाफल-निगमनायोपक्रमते। यस्मिन्व्यवहारे यो य आत्मा युक्तो भवति तत्र तत्र तस्मिंस्तस्मिन्व्यवहारे उचिते उपयुक्ते इत्यतस्तत्र तत्र प्रधान आत्मन्येव प्रीतिरस्ति । तेषु चात्मन्येव मुख्यात्मभूते साक्षिण्येवाति-

---

में अधिकार है, वह उसी याग को कर सकता है, अन्य नहीं । जैसे बृहस्पतिसव ब्राह्मण ही कर सकता है, क्षत्रिय अथवा वैश्य नहीं । राजसूय क्षत्रिय ही कर सकता है, ब्राह्मण और वैश्य नहीं । वैश्यस्तोम वैश्य ही कर सकता है, ब्राह्मण और क्षत्रिय नहीं । इस प्रकार अपने-अपने अधिकारानुसार जो जहाँ नियुक्त है, वह वही याग कर सकता है ।

उसी प्रकार गौणात्मा, मिथ्यात्मा और मुख्यात्मा इन त्रिविध आत्मा का भी यथोचित ग्रहण हेता है । उन तीनों की प्रधानता अपने-अपने स्थान में है । मरणकाल में पुत्रादि गौणात्मा प्रधान है । स्वयं को हृष्ट-पुष्ट करने में शरीररूप मिथ्यात्मा की प्रधानता है । उसी प्रकार मुमुक्षु के लिए मुख्यात्मा ही प्रधान रूप से ग्राह्य है ।

अब फलितार्थ को कहते हैं ।

अर्थ - उस-उस व्यवहार में नियुक्त आत्मा में अतिशय प्रीति होती है और उसके शेषभूत अनात्मा में केवल प्रीति होती है तथा अन्यत्र दोनों का (अतिशय प्रीति-सामान्य प्रीति) अभाव होता है ।।५०।।

व्याख्या - श्लोक ३९ से प्रारम्भ किये गये त्रिविध आत्मा के विचार का सार प्रस्तुत करते हैं । जिस व्यवहार में जो-जो आत्मा नियुक्त होता है, उस-उस व्यवहार में उस-उस आत्मा की ही प्रधानता

शायिन्यतिशयवती निरतिशया प्रीतिस्सच्चिदानन्दात्मन्येव । तच्छेषे तस्य मुख्यात्मनश्शेषे शेषभूतेऽनात्मनि मुख्यात्मव्यतिरिक्ते गौणात्मादौ प्रीतिः प्रीतिमात्रमेव । न तु निरतिशयेत्यर्थः । अन्यत्र मुख्यात्मतच्छेषाभ्यामन्यस्मिन्नुभयं निरतिशयं सामान्यं वा प्रेम नास्ति । मुख्यात्मन्यतिशयिता प्रीतिर्गौणात्मादौ तच्छेषभूते साधारणा । उभयतो भिन्ने साधारण्यतिशयिता वा प्रीतिर्नास्तीति भाव इति शम् ।।

मुख्यात्मनोऽन्यस्य निरूपणम् -

उपेक्ष्यं द्वेष्यमित्यन्यद्द्वेधा मार्गतृणादिकम् ।
उपेक्ष्यं व्याघ्रसर्पादि द्वेष्यमेवञ्चतुर्विधम् ।।५१।।
आत्मा शेष उपेक्ष्यञ्च द्वेषञ्चेति चतुर्ष्वपि ।
न व्यक्तिनियमः किन्तु तत्तत्कार्यात्तथा तथा ।।५२।।
स्याद्व्याघस्संमुखो द्वेष्यो ह्युपेक्ष्यस्तु पराङ्मुखः ।
लालनादानुकूलश्चेद्विनोदायेति शेषताम् ।।५३।।
व्यक्तीनां नियमो माभूल्लक्षणात्तु व्यवस्थितिः।
आनुकूल्यं प्रातिकूल्यं द्वयाभावश्च लक्षणम् ।।५४।।

अन्वयः - अन्यत् उपेक्ष्यं द्वेष्यम् इति द्वेधा। मार्गतृणादिकम् उपेक्ष्यम्। व्याघ्रसर्पादि द्वेष्यम् । एवं चतुर्विधम्।

अन्वयः - आत्मा। शेषः। उपेक्ष्यं च। द्वेष्यं च इति। चतुर्षु अपि व्यक्तिनियमः न। किं तु तत्तत्कार्यात् तथा तथा ।

होती है । इसीलिए प्रधान में ही प्रीति होती है । भाव यह है कि उस समय मुख्यात्मभूत साक्षी आत्मा में ही निरतिशय प्रीति होती है । मुख्यात्मा के शेषभूत अनात्मा में अर्थात् गौणात्मा और मिथ्यात्मा में केवल प्रीति रहती है, मुख्यात्मा की तरह निरतिशय प्रीति नहीं रहती । तथा अन्यत्र अतिशय प्रीति और सामान्य प्रीति दोनों का अभाव होता है ।

पूर्वोक्त श्लोक के चतुर्थ पाद में पठित 'अन्यत्र' शब्द को स्पष्ट करते हैं।

अर्थ - अन्य वस्तु उपेक्ष्य और द्वेष्य रूप से दो प्रकार की है । मार्ग में स्थित तृण आदि उपेक्ष्य है और व्याघ्र, सर्पादि द्वेष्य है । इस प्रकार वस्तुएँ चार प्रकार की हैं ।।५१।।

व्याख्या - आत्मा में और आत्मा से सम्बन्धित वस्तुओं में तो अतिप्रीति और साधारण प्रीति होती है किन्तु अन्य वस्तुओं में प्रियता नहीं देखी जाती । जिन वस्तुओं में प्रेम नहीं होता वहाँ दो प्रकार के भाव हो सकते हैं - उपेक्षा का और द्वेष का । मार्ग में पड़े तृण (घास), कचरा, मिट्टी, कंकड़ आदि उपेक्ष्य होते हैं । मनुष्य उन पर ध्यान दिये बिना ही आगे बढ़ जाता है । किन्तु कुछ वस्तुओं से हानी होने की संभावना से मनुष्य उनसे द्वेष करता है । सिंह, व्याघ्र, सर्प और बिच्छू आदि से मनुष्य इसीलिए द्वेष करता है । इस प्रकार प्रियता के विचार से वस्तुएँ चार प्रकार की होती हैं ।

अन्वयः -व्याघ्रः संमुखः द्वेष्यः स्यात् । पराङ्मुखः चेत् तु उपेक्ष्यः। हि (यतः) लालनात् अनुकूलः विनोदाय। इति शेषताम् (भजते)।

अन्वयः- व्यक्तीनां नियमः मा भूत् तु लक्षणात् व्यवस्थितिः। आनुकूल्यं प्रातिकूल्यं च द्वयाभावः लक्षणम्।

व्याख्या :- किंवा तदन्यदङ्गित्वादिशून्यमनात्मवस्तु ? "नोभयमि"त्यत्राभिहितमित्यत उच्यते। अन्यदात्मनो मुख्यस्यान्यदित्युच्यमानं वस्तूपेक्ष्यमुपेक्षाविषयो द्वेष्यं द्वेषविषयश्चेति द्विधा द्विप्रकारं भवति । किन्तद्द्विविधमित्यत्र तदुभयमुदाहरति । मार्गगतं तृणलोष्टकाष्ठादिकमुपेक्ष्यम् । स्वस्यात्मन उपद्रवहेतुर्व्याघ्रसर्पादि द्वेष्यमेवमित्थं वक्ष्यमाणेन प्रकारेण चतुर्विधं विद्यात् । सङ्क्षेपेणोपक्षिप्तमेव चातुर्विध्यं विशदयति । आत्मा मुख्यात्मा शेषी तदन्य आत्मा शेषः । स उपेक्ष्यं द्वेष्यं चेति चतुर्षुविधेष्वयमत्यन्तप्रियोऽयं सामान्यतः प्रियोऽयमुपेक्ष्योऽद्वेष्य इत्यवधारणया निश्चयेन व्यक्तिनियमो नास्ति । किन्तु तत्तत्कार्यात्तस्मात्तस्मात्कार्यविशेषात्तथा तथा चतुर्विधेष्वन्यतमो भवति । आत्मादीनां चतुर्णामपि प्रियतमत्वादिकं न नियतमिति भावः । तस्मात्तस्मात्कार्यविशेषादुपकारादिरूपात्तथा तथा प्रियादिरूपतेत्याशयः ।

उक्त चातुर्विध्य को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - आत्मा, शेष, उपेक्ष्य और द्वेष्य इन चारों में प्रियता आदि का कोई स्थायी नियम नहीं है। किन्तु उनके कार्य को देखकर प्रियता आदि के भाव होते हैं ।।५२।।

व्याख्या - अतिशय प्रीति का विषय आत्मा, केवल प्रीति का विषय सुखसाधन, उपेक्षा का विषय तृण आदि और द्वेष का विषय सर्प-व्याघ्रादि, इस प्रकार वस्तु का चातुर्विध्य कहा गया । मुख्यात्मा (आत्मा) और उससे भिन्न आत्मारूप शेष, उपेक्ष्य और द्वेष्य, इन चार प्रकार की वस्तुओं में ऐसा कोई स्थायी नियम नहीं है कि यही अतिप्रिय है, यही सामान्य प्रिय है, यही उपेक्ष्य है अथवा यही द्वेष्य है । किन्तु उनके कार्य के द्वारा उनकी प्रियता आदि का ज्ञान होता है । कोई वस्तु सदा प्रिय या सदा द्वेष्य नहीं होती । किसी विशेष परिस्थिति में उसका कार्य देखकर उसमें प्रियता आदि का निर्णय किया जा सकता है । जो उसकी उपकारक (शेषभूत) होती है, वह सामान्य प्रिय होती है । जो न उपकारक हो और न अपकारक हो, वह उपेक्ष्य होती है । तथा जो वस्तु अपकारक होती है, वह द्वेष्य होती है ।

पूर्वोक्त कथन को उदाहरण से स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - सामने आता हुआ बाघ द्वेष्य होता है । पराङ्मुख उपेक्ष्य होता है और लालन-पालन करने से अनुकूल हो जाने पर विनोद का विषय होता है तथा उपकारक होता है ।।५३।।

व्याख्या - सभी वस्तुएँ सदा प्रिय या द्वेष्य नहीं होती । परिस्थिति बदलने पर उनके प्रति मनुष्यों का भाव भी बदल जाता है । यहाँ व्याघ्र का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं । बाघ दहाड़ता हुआ जब मनुष्य को खाने के लिए उस पर आक्रमण करने को तैयार होता है, उस समय वह द्वेष का विषय होता है और वही बाघ जब वन में विचरण करता हुआ मनुष्य से दूर जा रहा हो, उस समय वह उपेक्ष्य हो जाता है। यदि कोई बाघ का पालन पोषण करके सर्कस वालों के समान उसे अपने अनुकूल बना ले तो वह विनोद का विषय हो जाता है अर्थात् उस समय उससे न द्वेष होता है और उसमें उपेक्षा का भाव होता है किन्तु वह आनन्द देने वाला होने के कारण प्रिय हो जाता है । इस प्रकार व्यक्ति नियम के अभाव से एक ही

तत्तत्कार्यविशेषात्प्रियतमत्त्वादिसिद्धिरित्यर्थमेवोदाहरणेन विशदयन्सर्वत्राप्यनियमप्रयोजनाय प्रसिद्धे द्वेष्यव्याघ्रे प्रियतमत्त्वाभावं च दर्शयति । यदा व्याघ्रस्स्वभक्षणाय सम्मुख आगच्छति तदा द्वेष्यो भवति । स एव च व्याघ्रो यदि लालनात्स्वानुकूलो भवति तदा विनोदाय सन्तोषाय भवति । व्यक्तिनियमाभावेनैक एव व्याघ्रस्सन्दर्भानुसारेण द्वेष्योपेक्षाविनोदविषयो भवतीति भावः । ननु भवत्वेवमथापि साक्षी तु सर्वान्तरत्वान्मुख्यात्मैव प्रियतमः । परन्तु शेषादीनां त्रयाणां किमङ्गत्वादिव्यक्तिनियमोऽस्त्ययमेवाङ्गमयमेवोपेक्ष्योऽयमेव द्वेष्य इति व्यक्तिविशेषावच्छेदेनेत्यत आह। इत्यतश्शेषतां स्वस्योपकारत्वेन प्रियत्वं भजत इति । व्यक्तीनां विविधधर्माङ्गीकारे नियमाभावे व्यवहारव्यवस्थैव माभूदित्याशङ्क्याह । किञ्च शेषादिलक्षणमपि परिष्करोति । प्रेमौदासीन्यादिषु व्यक्तीनां नियमो माभूत्तथापि व्यवहारस्य व्यवस्थितिर्व्यवस्था लक्षणाद्भवतीत्यतः किंतल्लक्षणमित्या-शङ्कायामाह । शेषस्य प्रियस्यानुकूल्यं लक्षणं व्यावर्तको धर्मः। द्वेष्यस्य प्रातिकूल्यमुदासीनस्य चानुकूल्यप्रातिकूल्यद्वयाभाव इति लक्षणसङ्क्षेप इति दिक् ।।

आत्मनो निरतिशयप्रेमास्पदत्वनिरूपणम् –

आत्मा प्रेयान्प्रियश्शेषो द्वेषोपेक्षे तदन्ययोः।
इति व्यवस्थितो लोको याज्ञवल्क्यमतञ्च तत् ।।५५।।

अन्वयः – आत्मा प्रेयान् । शेषः प्रियः। तदन्ययोः द्वेषोपेक्ष्ये (भवतः)इति लोकः व्यवस्थितः। तत् च याज्ञवल्क्यमतम् ।

बाघ संदर्भानुसार द्वेष, उपेक्षा और विनोद का विषय हो जाता है ।

व्यवहार की व्यवस्था के लिए प्रियादिक का लक्षण बताते हैं ।

अर्थ – व्यक्तियों के नियम भले ही न हो, किन्तु लक्षण से उनकी व्यवस्था बन सकती है । अनुकूलता, प्रतिकूलता और दोनों का अभाव उनके लक्षण हैं ।।५४।।

व्याख्या – व्यक्तियों के विविध धर्मों का अंगीकार करने पर नियम के अभाव में व्यवहार व्यवस्था ही सिद्ध न होगी, ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि प्रेम, औदासीन्य आदि में व्यक्तियों का निमय भले ही न हो । तथापि व्यवहार की व्यवस्था असाधारण धर्म रूप लक्षण से हो सकती है । वह लक्षण क्या है ? तो कहते हैं कि अनुकूलता, प्रतिकूलता और दोनों का अभाव उनके लक्षण हैं । अपने से भिन्न वस्तु में प्रियता, उपेक्षा और द्वेष ये तीन धर्म हो सकते हैं । इन तीनों के अपने तीन लक्षण हैं । जिस वस्तु में अनुकूलता का लक्षण होता है, वह प्रिय लगती है । प्रतिकूल वस्तु में द्वेष होता है और दोनों (अनुकूलता और प्रतिकूलता) का अभाव होने पर वह वस्तु उपेक्ष्य हो जाती है । इन्हीं लक्षणों के आधार पर प्रियता आदि के भाव उत्पन्न होते हैं । वस्तु के लक्षण बदलने से उसके प्रति भाव भी बदल जाता है ।

आत्मा के निरतिशय प्रेमास्पदत्व का कथन करते हैं ।

अर्थ – आत्मा अतिप्रिय है, शेष प्रिय है और उनसे अन्य के प्रति द्वेष और उपेक्षा है । लोक में ऐसी व्यवस्था है और याज्ञवल्क्य जी का भी यही मत है ।।५५।।

व्याख्या :- एतावता प्रबन्धेन प्रतिपादितमर्थं श्रोतृबुद्धिलाघवाय सङ्क्षिपति । आत्मा प्रत्यगात्मा प्रत्यगानन्दः प्रेयान्निरतिशयप्रेमास्पदश्शेषस्तद्व्यतिरिक्तस्स्वोपसर्जनभूतो गौणात्मादिः प्रियो भवति । तदन्ययोस्ताभ्यामात्मनस्तच्छेषाच्चान्ययोर्व्याघ्रमार्गगततृणाद्योर्द्वेषोपेक्षे इति लोको व्यवस्थितो लोके व्यवस्था यथाक्रमं भवतः । लोको व्यवस्थित एवं चातुर्विध्येन व्यवस्थां प्राप्त इत्युक्तप्रकारचतुष्टयातिरिक्तं न किञ्चिद्विद्यत इत्यर्थः । तच्च याज्ञवल्क्यमतं श्रुत्यभिप्रेतमित्याह । "आत्मनस्तु कामाय सर्वं प्रियं भवती"ति यथा सर्वमुपपादितं तथेत्यात्मादीनां प्रियतमत्त्वादिकं यद्याज्ञवल्क्यमतं तत्सर्वसम्मतमित्याशय इति शम् ।।

आत्मनः प्रेमास्पदत्वे पुरुषविधब्राह्मणवाक्यानामर्थतोऽवतारणम् -

अन्यत्रापि श्रुतिः प्राह पुत्राद्वित्तात्तथान्यतः।
सर्वस्मादान्तरं तत्वं तदेतत्प्रेय इष्यताम् ।।५६।।

अन्वयः - "पुत्रात् वित्तात् तथा अन्यतः सर्वस्मात् आन्तरं तत्वम् । तत् एतत् प्रेयः इष्यताम्"। अन्यत्र अपि श्रुतिः प्राह ।

व्याख्या :- आत्मनः प्रियतमत्वे न केवलं मैत्रेयीब्राह्मणमेव प्रमाणमपि तु पुरुषविध-ब्राह्मणमपीत्याशयेन तद्वाक्यमर्थतस्सङ्ग्रथयति । अन्यत्रापि "तदेतत्प्रेयः पुत्रात्प्रेयो वित्तात्प्रेयोऽ-न्यस्मात्सर्वस्मादनन्तरं यदयमात्मे" त्यनेन वाक्येन पुरुषविधब्राह्मणे पुत्राद्वित्तात्तथान्यतस्सर्वस्मात्तदेतदान्तरं तत्त्वं प्रेम प्रियतमत्त्वमितीष्यतामिति श्रुतिः प्राह । पुत्रवित्तादेस्सर्वस्मात्प्रत्यगभिन्नपरमात्मनो निरतिशयप्रेमास्पदत्वं तत्र प्रतिपादितमिति भावः ।।

व्याख्या - आत्मा अतिप्रिय है अर्थात् प्रत्यगात्मा निरतिशय प्रेमास्पद है । शेष प्रिय है अर्थात् प्रत्यगात्मा से भिन्न गौणात्मादि केवल प्रिय हैं । उनसे अन्य जो व्याघ्र और तृणादि हैं, उनके प्रति क्रम से द्वेष और उपेक्षा होती है । लोक में ऐसी व्यवस्था है और यह श्रीयाज्ञवल्क्य जी का भी मत है । ***"आत्मनस्तु कामाय सर्वं प्रियं भवति"*** इस प्रकार पूर्व में प्रतिपादित याज्ञवक्ल्य जी के वचनानुसार भी उक्त कथन अविरुद्ध है ।

आत्मा के परम प्रेमास्पदत्व में श्रुति प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - अन्यत्र भी श्रुति कहती है "पुत्र से, धन से तथा अन्य सभी से यह आन्तर आत्मतत्त्व है" उसको अतिप्रिय जानों ।।५६।।

व्याख्या - न केवल मैत्रेयी ब्राह्मण में अपितु श्रुति अन्यत्र भी आत्मा के प्रेमास्पदत्व का वर्णन करती है ।***"तदेतत्प्रेयः पुत्रात्प्रेयो वित्तात्प्रेयोऽन्यस्मात् सर्वस्मादन्तरतरं यदयमात्मा"*** (बृ.उ. १/४/८) इस श्रुति में कहा गया है कि आत्मा पुत्र से, धन से और अन्य समस्त पदार्थों से अधिक प्रिय है, क्योंकि यह आत्मा सबसे अन्तरतम है । उसी आत्मा को निरतिशय प्रेम का विषय जानना चाहिये। तात्पर्य यह है कि इस श्रुति में पुत्र, वित्तादि सभी से प्रत्यगभिन्न परमात्मा के निरतिशय प्रेमास्पदत्व का प्रतिपादन किया गया है ।

विचारस्वरूपनिरूपणम् -

श्रौत्या विचारदृष्ट्याहं साक्ष्येवात्मा न चेतरः ।
कोशान्पञ्च विविच्यान्तर्वस्तुदृष्टिर्विचारणा ।।५७।।

अन्वयः - श्रौत्या विचारदृष्ट्या अयं साक्षी एव आत्मा इतरः च न। पञ्च कोशान् विविच्य अन्तर्वस्तुदृष्टिः विचारणा ।

व्याख्या :- कोऽयमात्मा यस्सर्वस्मात्प्रेयान्भवतीत्यत आह । श्रौत्या''हं ब्रह्मास्मी''त्यादिमहा-वाक्यसमुदायेन प्रतिपादितया श्रुत्यर्थपर्यालोचनरूपया विचारद्दष्ट्यालोच्यमाने सत्ययं साक्ष्येवात्मा नेतर इति साक्षिण एव मुख्यमात्मत्वं फलति । पुत्रादेर्नात्मत्वमिति । विचारदृष्ट्येत्यत्र विवक्षिता विचारणा किं रूपेत्यत्राह । अन्नमयादीनन्नमयप्राणमयमनोमयविज्ञानमयानन्दमयान्मिथ्याभूतान्पञ्च कोशा-न्विविच्यान्तर्वस्तुदृष्टिस्स्वयम्प्रकाशं सर्वसाक्षिभूतमन्तर्हृत्पुण्डरीके समुपलभ्यमानं निर्गुणत्वात्किञ्चिदनिर्वाच्यं वस्तु तन्मिन्दृष्टिर्विचारणेति कथ्यते । तैत्तिरीयादिश्रुत्युक्तप्रकारेणान्नमयादिकोशेभ्यश्चिदात्मानं पृथक्कृत्य सच्चिदानन्दात्मनोऽनुभवो विचारणेति पर्यवसन्नोऽर्थ इति शम् ।।

विचारणाप्रकारनिरूपणम् -

जागरस्वप्नसुप्तीनामागमापायभासनम् ।
यतो भवत्यसावात्मा स्वप्रकाशचिदात्मकः ।।५८।।

अन्वयः - जागरस्वप्नसुप्तीनाम् आगमापायभासनं यतः भवति। असौ स्वप्रकाशचिदात्मकः आत्मा।

व्याख्या :- अस्त्वेवं पञ्चकोशविवेकेनान्तर्वस्तुदर्शनलक्षणश्रुतिजन्यविचारदृष्ट्या साक्ष्यात्मन्येवाति-प्रीतिनिर्णयोऽथाप्यसावेव क इत्यत आह जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तीनामवस्थानां मध्य आगमापायभासनमेक-

---

विचार के स्वरूप का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - श्रुति की विचारदृष्टि से यह साक्षी ही आत्मा है, कोई दूसरा नहीं । पञ्चकोश का विवेचन कर अन्तर्वस्तु दृष्टि को ही विचारणा कहते हैं ।।५७।।

व्याख्या - ''अहं ब्रह्मास्मि'' (बृ.उ. १/४/१०) इत्यादि श्रुतियों के द्वारा प्रतिपादित विचार दृष्टि से आलोचना करने पर यह साक्षी ही आत्मा सिद्ध होता है, उससे भिन्न और कोई नहीं । उस विचारणा का स्वरूप क्या है ? इस पर कहते हैं कि अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय और आनन्दमय इन मिथ्यारूप पाँचों कोशों का सम्यक् विवेचन करके अन्तर्वस्तु दृष्टि को विचारणा कहते हैं अर्थात् जो स्वयंप्रकाश, सर्वसाक्षिभूत, हृदय रूपी कमल में उपलब्ध होने वाला और निर्गुण होने से अनिर्वाच्य वस्तु है, उसमें दृष्टि करने को विचारणा कहते हैं ।

निरुक्त सर्वान्तरस्थ वस्तु के दर्शन का प्रकार बताते हैं ।

अर्थ - जाग्रत् , स्वप्न और सुषुप्ति अवस्थाएँ जिसके द्वारा आती-जाती प्रतीत होती हैं, वह स्वप्रकाश चिद्रूप आत्मा है ।।५८।।

व्याख्या - पञ्चकोशातीत आत्मा स्वयंप्रकाशस्वरूप चेतन तत्त्व है । वह स्वयं को दीपक के समान प्रकाशित करता है । वह जाग्रत् आदि तीनों अवस्थाओं का भी प्रकाशक है । इसलिए कहा कि जाग्रत्,

स्यागमेऽन्यस्यापाय उत्तरोत्तरावस्थागमस्य पूर्वपूर्वावस्थानिवृत्तेश्चावभासनं यतो भवत्यसौ स्वप्रकाश-चिदात्मक आत्मा । अन्योऽन्यव्यावर्तकासु जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तिष्वनुवृत्तं सद्यत्तत्तदवस्था भासयति तदेव चिदात्मकं वस्तु साक्षीत्यर्थ इति शम् ।।

साक्षीतरेषां तरतमभावेन शेषत्वनिरूपणम् -

शेषाः प्रणादिवित्तान्ता आसन्नास्तारतम्यतः ।
प्रीतिस्तथा तारतम्यात्तेषु सर्वेषु वीक्ष्यते ।।५९।।

अन्वयः - शेषाः प्रणादिवित्तान्ताः तारतम्यतः आसन्नाः। तथा तेषु सर्वेषु तारतम्यात् प्रीतिः वीक्ष्यते।

व्याख्या :- एवमपि के तच्छेषा इत्यत्र पूर्वं सङ्ग्रहेणोक्तं श्रुत्यर्थं सम्प्रति प्रपञ्चयति । आत्मनश्शेषास्साक्षिव्यतिरिक्ताः प्राणादिवित्तान्तास्तारतम्यत आत्मन आसन्नास्सन्निहितास्सुखसाधन भूतास्तथैव तेषु सर्वेषु तारतम्यात्तथा प्रीतिर्वीक्ष्यते । सर्वैरपि प्राणादिषु तारतम्येन यथान्तरतं तद्वदेव तारतम्याप्रीतिरपि वीक्ष्यत इति शम् ।।

अनुभवेनापि प्रीतितारतम्यनिरूपणम् -

वित्तात्पुत्रः प्रियःपुत्रात्पिण्डः पिण्डात्तथेन्द्रियम् ।
इन्द्रियाच्च प्रियः प्राणः प्राणादात्मा प्रियःपरः।।६०।।

अन्वयः - वित्तात् पुत्रः प्रियः। पुत्रात् पिण्डः। तथा पिण्डात् इन्द्रियम्। इन्द्रियात् च प्राणः प्रियः। प्राणात् आत्मा परः प्रियः।

व्याख्या :- प्रीतितारतम्यात्प्राणादीनामासत्तितारतम्यमनुभवेन स्पष्टीकरोति । वित्ताद्धनापेक्षया

स्वप्न और सुषुप्ति ये तीनों अवस्थाएँ जिसके द्वारा आती-जाती प्रतीत होती हैं अर्थात् एक के आगमन पर अन्य का निर्गमन क्रम से जिसके द्वारा प्रतीत होता है, वह स्वयंप्रकाश चिद्रूप आत्मा है । जाग्रदादि अवस्थाओं के बदलते रहने पर भी उन सभी अवस्थाओं को जो भासित करता है, वही साक्षी चैतन्य है । इस प्रकार विचार करने से सर्वान्तरस्थ आत्मा का दर्शन होता है ।

साक्षी से भिन्न तारतम्यभाव से शेषत्व का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - प्राण से धन पर्यन्त शेष पदार्थ तारतम्य से आत्मा के निकट हैं और उन सब में प्रीति भी तारतम्य से ही देखी जाती है ।।५९।।

व्याख्या - आत्मा के शेष प्राण से लेकर धनपर्यन्त अर्थात् प्राण, इन्द्रिय, शरीर, पुत्र और धन ये तारतम्य से अर्थात् न्यूनाधिक भाव से आत्मा के निकट हैं अर्थात् आत्मा के सुख के साधनभूत हैं और उसी प्रकार उन सभी में तारतम्य से ही प्रेम देखने में आता है ।

न्यूनाधिक भाव से प्रीति के अनुभव को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - धन से अधिक पुत्र प्रिय है, पुत्र से शरीर, शरीर से इन्द्रियाँ और इन्द्रियों से भी प्राण अधिक प्रिय है तथा प्राण से भी आत्मा परम प्रिय है ।।६०।।

व्याख्या - इस श्लोक में न्यूनाधिकता से प्रियता का तारतम्य दिखाया गया है । मनुष्य को धन

प्रियः पुत्रस्तस्मात्पुत्रादपि प्रियः पिण्डो देहोऽन्नमयकोशः । तस्मादपि शरीरात्स्थूलात्प्रियमिन्द्रियं सूक्ष्मशरीरं तस्मादपीन्द्रियगणात्प्रियः प्राणस्ततोऽपि प्राणादात्मा परोऽत्यन्तं प्रियः । वित्तपुत्रदेहेन्द्रिय-प्राणात्मनां मध्ये पूर्वपूर्वस्मादुत्तरोत्तरस्सन्निहिततरस्तत्राप्यत्यन्तसन्निकृष्टत्वात्प्रियतमश्चात्मा। पुत्रादिविप-त्परिहाराय जनैस्सर्वैरपि क्रियते वित्तव्ययः । तथा पुत्रादिरपि कदाचित्परित्यज्यते स्वदेहसंरक्षणाय। तथैव कदाचित्ताडनादिना देहपीडाप्यङ्गीक्रियत इन्द्रियनाशपरिहाराय । मरणप्रसक्तौ प्राणभीतस्तत्संरक्षणा-येन्द्रियवैकल्यमप्यङ्गीकरोति । अत एवेदं ज्ञायते यदुत्तररोत्तरमतिशयेन प्रियता सर्वानुभवसिद्धा । विद्वदनुभवेनाप्यात्मनो निरतिशयप्रेमास्पदत्वं प्रसिद्ध्यतीति शम् ।।

आत्मनो निरतिशयप्रेमास्पदत्वबोधनाय श्रुतौ विद्वदविद्वत्संवादनिरूपणम् -

एवं स्थिते विवादोऽत्र प्रतिबुद्धविमूढयोः।
श्रुत्योदाहारि तत्रात्मा प्रेयानित्येव निर्णयः ।।६१।।
साक्ष्येव दृश्यादन्यस्मात्प्रेयानित्याह तत्त्ववित् ।
प्रेयान्पुत्रादिरेवेदं भोक्तुं साक्षीति मूढधीः ।।६२।।
आत्मनोऽन्यं प्रियं ब्रूते शिष्यश्च प्रतिवाद्यपि ।
तस्योत्तरं वचो बोधशापौ कुर्यात्तयोः क्रमात् ।।६३।।
प्रिय त्वां रोत्स्यतीत्येवमुत्तरं वक्ति तत्त्ववित् ।
स्वोक्तप्रियस्य दुष्टत्वं शिष्यो वेत्ति विवेकतः ।।६४।।

बहुत प्रिय होता है । किन्तु पुत्र धन से भी अधिक प्रिय होता है, क्योंकि पुत्र की रक्षा के लिए मनुष्य धन का त्याग कर देता है । पुत्र से स्वयं का स्थूल शरीर अधिक प्रिय है क्योंकि अपने शरीर की रक्षा के लिए मनुष्य कदाचित् पुत्र का भी त्याग कर देता है । स्थूल शरीर से भी मनुष्यों को अपनी इन्द्रियाँ अधिक प्रिय होती हैं, क्योंकि इन्द्रियों की रक्षा के लिए मनुष्य ताडनादिजन्य देह का कष्ट भी स्वीकार करता है । इन्द्रियों से भी प्राण अधिक प्रिय होता है, क्योंकि प्राणनाश का प्रसंग उपस्थित होने पर मनुष्य उसके निवारण के लिए इन्द्रिय की हानी भी स्वीकार करता है तथा प्राण से भी आत्मा सर्वाधिक प्रिय है क्योंकि उससे बढ़कर और कोई प्रिय पदार्थ नहीं है । इस प्रकार प्रीति का तारतम्य अनुभव सिद्ध है।

ज्ञानी और अज्ञानी के संवाद का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - ऐसी स्थिति होने पर भी इस विषय में ज्ञानी और अज्ञानी का संवाद श्रुति के द्वारा प्रदर्शित किया गया । वहाँ (उस विवाद में) आत्मा ही परम प्रिय है, ऐसा ही निर्णय हुआ । अन्य सभी दृश्य पदार्थ से साक्षी ही अधिक प्रिय है, ऐसा तत्त्ववेत्ता ने कहा । तथा पुत्रादि ही अत्यधिक प्रिय हैं और इसको भोगने के लिए ही साक्षी है, ऐसा मूढ़बुद्धि वाले ने कहा ।।६१-६२।।

व्याख्या - इस प्रकार आत्मा में निरतिशय प्रीति अनुभव से सिद्ध होने पर भी विद्वान् और मूढ़ के विवाद को दूर करने की इच्छा से श्रुति प्रदर्शित विप्रतिपत्ति पूर्वक निर्णय को कहते हैं । इस प्रकार आत्मा

अन्वयः - एवं स्थिते अत्र प्रतिबुद्धविमूढयोः विवादः श्रुत्या उदाहारि। तत्र "आत्मा प्रेयान् " इति एव निर्णयः ।

अन्वयः - साक्षी एव अन्यस्मात् दृश्यात् प्रेयान् " इति तत्त्ववित् आह। "प्रेयान् पुत्रादिः एव। साक्षी इमं भोक्तुम् " इति मूढधीः (आह)।

अन्वयः - शिष्यः प्रतिवादी च आत्मनः अन्यं प्रियं ब्रूते। तयोः तस्य उत्तरं वचः क्रमात् बोधशापौ कुर्यात्।

अन्वयः - तत्त्ववित् "प्रियं त्वां रोत्स्यति" इति एवम् उत्तरं वक्ति । शिष्यः स्वोक्तप्रियस्य विवेकतः दुष्टत्वं वेत्ति।

व्याख्या :- एवमात्मनि निरतिशयप्रीतेरनुभवसिद्धावपि विद्वन्मूढयोर्विवादपरिजिहीर्षया श्रुतिप्रदर्शितं निर्णयं विप्रतिपत्तिप्रदर्शनपूर्वकमाह । एवं स्थिते सति प्रतिबुद्धविमूढयोर्ज्ञानिनोरत्रात्मनि विषये विवादश्श्रुत्योपनिषदोदहार्युदाहृत उपन्यस्त इत्यर्थः । तत्रस्थ निर्णयमाह । तत्र विवादे श्रौते निर्णय आत्मैव प्रेयानिति । तत्रत्यं विवादं विशदयति । बृहदारण्यकश्रुतौ तत्त्वविदःकः पक्षोऽभिप्रेत इत्यत्रोच्यते। अन्यस्माद्दृश्याद्वैतात्साक्षी प्रत्यगात्मैव प्रेयानिति तत्त्वविज्ज्ञान्याह । चिदात्मैवप्रेयानिति ज्ञानिनोऽभिमतः पक्ष इति भावः । कोऽत्र प्रतिवादिनोऽज्ञस्य पक्ष इत्यत्राह । पुत्रादिरेव पुत्रवित्तजायादय एव प्रेयांस इमं द्वैतप्रपञ्चं भोक्तुं साक्षी भवतीति मूढधीराह । स मूढधीजिज्ञासुर्जिगीषुर्वा स्यादिति विकल्प्य तदनुरूपं समाधानं वक्तुमुपक्रमते । आत्मातिरिक्तस्य पुत्रादेःप्रियत्ववादिनो विभज्योत्तराभिधानाय

की निरतिशय प्रियता प्रमाण से सिद्ध हो जाने पर भी इस विषय में ज्ञानी और अज्ञानी का संवाद श्रुति के द्वारा प्रदर्शित किया गया । यद्यपि आत्मा परमप्रेमास्पद सिद्ध ही है तथापि श्रुति इस विषय में ज्ञानी और अज्ञानी का विवाद दिखाकर युक्तिपूर्वक आत्मा की परम प्रियता प्रतिपादित करती है । इस विवाद का उल्लेख बृहदारण्यक उपनिषद् में (१/४/८) मिलता है । ज्ञानी और अज्ञानी की मान्यताएँ एक दूसरे से विपरीत हाती हैं । ज्ञानी कहता है कि अन्य सभी दृश्य पदार्थों से अर्थात् स्त्री, पुत्र, धन, शरीरादि सभी से साक्षी आत्मा (प्रत्यगात्मा) ही परमप्रिय है । किन्तु इसके विपरीत अज्ञानी कहता है कि पुत्र, वित्त, पत्नी आदि ही परमप्रिय हैं और इस द्वैत प्रपञ्च का भोग करने के लिए ही साक्षी है । इस प्रकार ज्ञानी और अज्ञानी का मत परस्पर विरुद्ध है ।

विकल्प कर तदनुरूप समाधान के प्रकार को बताते हैं ।

अर्थ - अज्ञानी शिष्य और प्रतिवादी दोनों आत्मा से अन्य वस्तु को प्रिय कहते हैं । उनके प्रति उत्तर में कहे गये वचन क्रमशः एक के लिए बोध और दूसरे के लिए शाप रूप बन जाते हैं ।।६३।।

व्याख्या - वह मूढ़बुद्धि जिज्ञासु है अथवा जीतने की इच्छा वाला दुराग्रही है ? ऐसा विकल्प कर समाधान की रीति दर्शाते हैं । अज्ञानी शिष्य और दुराग्रही प्रतिवादी ये दोनों ही आत्मा से अन्य पुत्रादि को परमप्रिय कहते हैं । उन दोनों के प्रति क्रम से बोध और शाप रूप उत्तर देना चाहिये । जिज्ञासु के प्रश्न को बोध के द्वारा उत्तर दें और जीतने की इच्छा वाले को शाप से पराभूत कर दें अर्थात् गुरु के वचन जिज्ञासु शिष्य के लिए बोधप्रद और दुराग्रही प्रतिवादी के लिए शापरूप बन जाते हैं ।

पूर्वोक्त बोध-शापात्मक उत्तर को एक वाक्य से कहते हैं ।

अर्थ - 'प्रिय तुम्हें रुलायेगा' इस प्रकार तत्त्ववेत्ता (दोनों के प्रति एक ही) उत्तर कहता है । शिष्य

तं वादिनं विभज्य दर्शयतीति भावः । मूढधीश्शिष्यश्शासितुं योग्यस्तादृशः प्रतिवाद्यप्यात्मनोऽयं व्यतिरिक्तं पुत्रादिरूपं प्रियं प्रेमविषयं ब्रूते । तयोश्शिष्यप्रतिवादिनोर्बोधशापौ क्रमात्तस्योत्तरं वचः प्रतिवचनं कुर्यात् । जिज्ञासुं बोधेन समाहितं कुर्यात् । जिगीषुं च शापेन पराभूतं कुर्यादिति भावः। अथ तामेव श्रुतिं "स योऽन्यमात्मनः प्रियं ब्रुवाणं प्रतिब्रूयात्प्रियं त्वां रोत्स्यती"त्येवमर्थतः पठन्बोधशापात्मकमुत्तरमेकवाक्येन वक्ति । तत्त्वविच्छिष्यप्रतिवादिनावुभावपि प्रियं हे शिष्य रे प्रतिवादिंस्तवाभिमतं वित्तपुत्रादिकं स्वनाशेन त्वां शिष्यं प्रतिवादिनं वा रोत्स्यति रोदनं कारयिष्यति "प्रियं रोत्स्यती"त्येवमुत्तरं प्रतिवचनं वक्ति । शिष्यप्रतिवादिनोरुभयोरप्येकरूपं वाक्यं प्रतिवचनं कथं ताभ्यां प्रतिगृहीतमित्याशङ्कायां यथा शिष्येणावबुद्धं तद्द्योतयति । स्वोक्तप्रियस्य स्वेनोक्तस्य पुत्रादिरूपस्य प्रीतिविषयस्य दुष्टत्वं दुःखसाधनत्वं विवेकतो दोषविचारेण वक्ष्यमाणप्रकारेण वेत्ति विजानातीति दिक् ।।

पुत्रादिविषये दोषविचारप्रकारनिरूपणम् -

अलभ्यमानस्तनयः पितरौ क्लेशयेच्चिरम् ।
लब्धोऽपि गर्भपातेन प्रसवेन च बाधते ।।६५।।
जातस्य ग्रहरोगादि कुमारस्य च मूर्खता ।
उपनीतेऽप्यविद्यत्वमनुद्वाहश्च पण्डिते ।।६६।।
यूनश्च परदारादि दारिद्र्यञ्च कुटुम्बिनः।
पित्रोर्दुःखस्य नास्त्यन्तो धनी चेन्म्रियते तदा ।।६७।।

अन्वयः - तनयः अलभ्यमानः पितरौ चिरं क्लेशयेत्। लब्धः अपि गर्भपातेन प्रसवेन च बाधते।

अपने कहे हुए प्रिय की दुष्टता को विवेक से जान लेता है ।।६४।।

व्याख्या - तत्त्वेत्ता शिष्य और प्रतिवादी दोनों के प्रति यही उत्तर देता है कि तुम्हारा अभीष्ट धन-पुत्रादि तुम्हें अवश्य रुलायेगा । श्रुति कहती है ***"स योऽन्यमात्मनः प्रियं ब्रुवाणं ब्रूयात्प्रियं रोत्स्यतीति"*** (बृ.उ. १/४/८) अर्थात् आत्मा से भिन्न वस्तु को प्रिय कहने वाले पुरुष से वह कहता है कि तेरा प्रिय तुझे रुलायेगा । ये वचन तत्त्ववेत्ता के अपने शिष्य के प्रति है । शिष्य और प्रतिवादी दोनों के प्रति कहा गया एक ही वाक्य दोनों के प्रति भिन्न कैसे हो जाता है ? ऐसी शंका होने पर शिष्य ने जो जाना, उसको इस श्लोक के उत्तरार्ध से तथा आगे के चार श्लोकों के द्वारा स्पष्ट करेंगे । शिष्य ने भी प्रतिवादी की तरह पुत्रादि को प्रिय कहा था किन्तु गुरुवचन से वह अपने कहे हुए प्रिय की दुष्टता का अर्थात् उसके दुःखसाधनत्व को विवेक से अर्थात् उनके दोषों का विचार करके जान लेता है ।

पुत्र में दोष विचार के प्रकार को दर्शाते हैं ।

अर्थ - अलभ्यमान पुत्र माता-पिता को दीर्घकाल तक दुःख पहुँचाता है और प्राप्त होने पर भी गर्भपात अथवा प्रसव से पीड़ा पहुँचाता है । उत्पन्न हुए पुत्र को ग्रह, रोगादि बाधा होने पर दुःख होता है । कुमार होने पर भी यदि मूर्खता है यज्ञोवपवीत होने पर भी विद्या रहित हो, विद्वान् होने पर भी विवाह

अन्वयः - जातस्य ग्रहरोगादिः। कुमारस्य च मूर्खता। उपनीते अपि अविद्यत्वम् । पण्डिते च अनुद्वाहः।

अन्वयः - यूनः परदारादि च। कुटुम्बिनः च दारिद्र्यम्। धनी चेत् तदा म्रियते। पित्रोः दुःखस्य अन्तः न अस्ति।

व्याख्या :- दोषविचारप्रकारमेव प्रदर्शयति । अत्र पुत्रगतदोषकीर्तनं दारादिसर्वविषय-दोषोपलक्षणार्थम् । तनयः कुलं तनोति विस्तारयतीति तथाविधस्सचिरं महत्कालमलभ्यमानस्सन्पितरौ मातापितरौ क्लेशयेद्दुःखमुत्पादयेत । कथञ्चित्पुत्रकाम्येष्ट्याद्यनुष्ठानादिना लब्धोऽपि कदाचिद्गर्भपातेन बाधते । महता क्लेशेन जातस्यापि कुमारस्य ग्रहरोगादिर्ग्रहो बालग्रहादिः प्रसिद्धस्तथानेकविधरोगादिश्च बाधते । कथञ्चिद्दैवानुग्रहाद्बुद्धिङ्गतोऽपि मूर्खता बाधते । तथैव स्वकाले ह्युपनीतेऽप्युपनयनसंस्कार-संस्कृतेऽप्यविद्वत्त्वं बाधते । वाग्देव्या अनुग्रहात्पण्डिते जातेऽप्यनुद्वाहः कन्याया अलाभाद्बाधते । यदि स पुत्रो यूनश्चेत् परदारादिसम्बन्धोऽपि बाधते । एवं प्रेमास्पदत्वेनाभिहितेन पुत्रेण पित्रोर्दुःखस्यान्तो नास्त्येव । कदाचिद्रमानुग्रहाद्धनी भवति चेदपि तदा म्रियेतापमृत्युपीडितो भवतीत्यतोऽजातो जातोऽपि वा पुत्रोऽमितसन्तापहेतुरिति दिक् ।।

न होता हो और परस्त्री में रत हो, पुत्रादि सम्पन्न होकर भी धनहीन हो, धनवान होकर भी यदि मर जाए तो भी दुःख होता है, इस प्रकार माता-पिता के दुःख का कोई अन्त नहीं है ।।६५-६७।।

व्याख्या - विचार करने पर पुत्र आदि सभी पदार्थ दोषयुक्त और दुःखदायी दिखई देते हैं । पुत्र सभी को प्रिय लगता है किन्तु विचार करने पर वह भी दुःखदायी ही है । पुत्र की कामना होने पर जब तक वह प्राप्त नहीं हो जाता, तब तक माता-पिता को बड़ा दुःख होता है और जब वह गर्भ में आता है तब भी दुःख का कारण होता है । माता-पिता को चिन्ता लगी रहती है कि कहीं गर्भपात न हो जाए। यदि गर्भ सुरक्षित रह भी जाता है तो प्रसव के समय माता को शारीरिक और पिता को मानसिक पीड़ा पहुँचती है । प्रसव के बाद भी यदि वह मूल आदि खराब नक्षत्रों में जन्म ले अथवा रोगादि से युक्त हो, तब भी दुःख होता है और कुमार अवस्था को प्राप्त होने पर भी यदि वह मन्दबुद्धि का हो तब भी क्लेशकारक होता है और यज्ञोपवीतादि संस्कार कराने के बाद यदि वह वेदाध्ययनादि नहीं करता है अर्थात् विद्या से रहित रहता है तो भी माता-पिता बड़े दुःखी होते हैं और यदि विद्वान् भी हो जाए पर अपने कुल के अनुकूल योग्य कन्या न मिलने से उसका विवाह न होता हो, तब भी दुःख होता है । विवाह हो जाने पर भी परस्त्री लम्पट हो तब भी दुःख देता है और यदि सच्चरित्र वाला हो और पुत्रादि से सम्पन्न भी हो किन्तु धन रहित हो, तो वह अपने कुटुम्ब का पालन पोषण ठीक तरह से नहीं कर पाता । इसे देखकर भी माता-पिता सदा दुःखी रहते हैं और यदि लक्ष्मी देवी की कृपा से धनवान भी हो किन्तु पिता के सामने ही कालकवलित हो जाए तब तो महान कष्ट का कारण होता है । पुत्र उत्पन्न हो या न हो महान दुःख का ही कारण होता है । इस प्रकार विचार करने से ज्ञात होता है कि पुत्र को प्रधान मानने वाले माता-पिता के दुःख का कोई अन्त ही नहीं होता है । यहाँ पुत्रगत दोषों का वर्णन स्त्री, धन आदि समस्त गौणात्माओं में दोष का उपलक्षण है ।

जिज्ञासुना प्रीतिश्चिदात्मन्येव विधेयेति निरूपणम् -

एवं विविच्य पुत्रादौ प्रीतिं त्यक्त्वा निजात्मनि ।
निश्चित्य परमां प्रीतिं वीक्षते तमहर्निशम् ।।६८।।

अन्वयः - एवं पुत्रादौ विविच्य प्रीतिं त्यक्त्वा निजात्मनि परमां प्रीतिं निश्चित्य वीक्षते तम् अहर्निशं वीक्षते।

व्याख्या :- एवं विविच्य जिज्ञासुरनात्मनि प्रीतिं परित्यज्यात्मन्येव तां करोतीत्याह । एवं पूर्वमुपदर्शितप्रकारेण पुत्रादौ दारापत्यक्षेत्रादिविषयजाते विविच्य तद्गतान्दोषान्विभज्य ज्ञात्वा तत्र प्रीतिमपि परित्यज्य निजात्मनि प्रत्यग्भूते साक्षिणि परमामुत्तमां निरतिशयां प्रीतिं च विनिश्चित्य तमेव प्रत्यगात्मानमहर्निशं रात्रिन्दिवं सर्वदा वीक्षतेऽनुसन्धत्ते । पुत्रपत्न्यादौ दुःखविवेचनमुक्तं प्रबोधसुधाकरे दिङ्मात्रेण "भार्या रूपविहीना मनसः खेदाय जायते पुंसाम् । दैवाद्रूपवतीचेत्सा परपुरुषैर्वशीक्रियत" इत्यादिरिति शम् ।।

प्रतिवादिनश्शापप्रकारनिरूपणम् -

आग्रहाद्ब्रह्मविद्वेषादपि पक्षममुञ्चतः ।
वादिनो नरकः प्रोक्तो दोषश्च बहुयोनिषु ।।६९।।

अन्वयः - आग्रहात् ब्रह्मविद्वेषात् अपि पक्षम् अमुञ्चतः वादिनः नरकः बहुयोनिषु च दोषः प्रोक्तः।

जिज्ञासु की आत्मप्रीति का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - इस प्रकार विवेचन कर पुत्रादि में प्रीति का त्याग कर (जिज्ञासु) अपनी आत्मा में परमप्रीति का निश्चय करके दिन-रात उसी का चिन्तन करता है ।।६८।।

व्याख्या - तत्त्ववेत्ता गुरु के मुखारविन्द से उपेदश प्राप्त कर शिष्य पूर्वोक्त प्रकार से विवेचन कर पुत्र, भार्या और धन आदि में प्रीति का त्याग कर देता है अर्थात् उसे वे पूर्ववत् प्रिय नहीं लगते । अब उसका निश्चय यही होता है कि आत्मा ही परमप्रेमास्पद है । अतः वह दिन-रात उसीका अनुसन्धान करता है ।

पुत्र, पत्नी आदि में दुःख का विवेचन प्रबोध सुधाकर में कहा गया है । वहाँ कहा है कि भार्या यदि रूप रहित होती है तो मन को क्लेश पहुँचाती है और यदि सुन्दर हो तो परपुरुषों के द्वारा वश में कर ली जाती है । इसीलिये कहा गया है कि ***"भार्या रूपवती शत्रुः"*** और पुत्र से होने वाले दुःख का वर्णन करते हुए किसी कवि ने कहा है कि -

जायमानो हरेद्भार्यां वर्द्धमानो हरेद्धनम् ।
म्रियमाणो हरेत्प्राणान्नास्ति पुत्रसमो रिपुः ।।

अतः जिज्ञासु शिष्य अपनी आत्मा में ही परमप्रेम का दर्शन कर उसी में निमग्न रहता है ।

"प्रियं त्वां रोत्स्यति" **यह उत्तर प्रतिवादी के प्रति शापरूप कैसे हो जाता है ? इसका वर्णन करते हैं ।**

अर्थ - अपने दुराग्रह के कारण अथवा ब्रह्मवेत्ता के प्रति द्वेष के कारण अपने पक्ष को न छोड़ने वाले प्रतिवादी को नरक और अनेक योनियों में दुःख भोगना कहा गया है ।।६९।।

व्याख्या - जिज्ञासु शिष्य ने गुरु के उपदेश पर विचार करके पुत्रादि में प्रियत्व बुद्धि का त्याग कर

व्याख्या :- ननु भवत्वेवं शिष्यस्तथापि प्रतिवादिनः किंस्यादित्यत्र "प्रियं त्वां रोत्स्यती"त्युत्तरं प्रतिवादिनो विषये शापायत इत्याह । पुत्रादिः प्रेयानिति स्वपक्षसंरक्षणे "पुत्रादिषु प्रियत्वं सर्वथा न त्यजामी"त्येवं लक्षणादाग्रहादभिनिवेशादथवा ब्रह्मविद्द्वेषादपि "ब्रह्मसत्यं जगन्मिथ्ये"ति तत्त्वं यो वेत्ति स ब्रह्मवित्तस्मिन्स्वमतविरोधित्वाद्द्वेषस्तस्मादपि स्वस्य पक्षममुञ्चतोऽपरित्यजतः प्रतिवादिनो नरको नरान्कायत्याक्रन्दयतीति तथाविधो दुःखपरम्परेति भावः । क्रियाकारकसङ्कुलस्य द्वैतस्य फलभूतो बहुयोनिषु दोषश्चेष्टवियोगानिष्टप्राप्तिफलकजन्मरूपदोषश्च प्रोक्तः "पियं त्वां रोत्स्यती"ति वदताज्ञानिनेति शम् ।।

"ईश्वरो हि तथैवस्या" दिति श्रुतेरर्थप्रदर्शनम् -

ब्रह्मविद्ब्रह्मरूपत्वादीश्वरस्तेन वर्णितम् ।
यद्यत्तत्तत्तथैव स्यात्तच्छिष्यप्रतिवादिनोः ।।७०।।

अन्वयः - ब्रह्मवित् ब्रह्मरूपत्वात् ईश्वरः। तेन यत् यत् वर्णितं तत् तत् तच्छिष्यप्रतिवादिनोः तथा एव स्यात् ।

व्याख्या :- तत्त्वविदा ज्ञानिनोक्तस्यैकस्यैव वाक्यस्य जिज्ञासुं शिष्यं प्रत्युपदेशरूपत्वं जिगीषुं वादिनं प्रति च शापरूपत्वमिति रूपद्वयं विरुद्धं कथमेकत्र सङ्घटत इत्याशङ्कायां समाधातुर्गुरोस्साक्षादीश्वररूपत्वेन तस्याशयानुसारं सिद्ध्यत्येवोभयमिति मत्वा तदुपपत्त्युपपादकस्ये "श्वरो हि तथैवस्यादिति

दिया, इसलिए *"प्रियं त्वां रोत्स्यति"* गुरु का यह वचन उसके लिए बोधप्रद रहा । किन्तु अज्ञानी प्रतिवादी 'पुत्रादि ही परमप्रिय है' अपने इस पक्ष का दुराग्रह के कारण त्याग नहीं करता है और अपने पक्ष में अभिनिवेश के कारण उसी को सिद्ध करने के लिए पूर्ण प्रयत्न करता है अथवा वह ब्रह्मवेत्ता से द्वेष होने के कारण भी ऐसा करता है । ब्रह्म सत्य है और जगत् मिथ्या है, ऐसा जो जानता है, उसे ब्रह्मवित् कहा जाता है । अज्ञानी के लिए ब्रह्मवेत्ता का मत स्वमत से विरुद्ध होने के कारण वह ब्रह्मवेत्ता से द्वेष करता है । अपने पक्ष को बिल्कुल भी नहीं छोड़ता है । ऐसा जो प्रतिवादी होता है, उसके प्रति ब्रह्मवेत्ता के वचन शाप रूप हो जाते हैं । उस दुराग्रही प्रतिवादी को नरक प्राप्त होता है अर्थात् अनेक दुःख प्राप्त होते हैं । क्रिया-कारक संकुल युक्त द्वैत के फलभूत अनेकों योनियों में दुःख भोगना पड़ता है अर्थात् इष्ट का वियोग और अनिष्ट की प्राप्ति कराने वाले अनेकों शरीर धारण करने पड़ते हैं । *"मृत्योः स मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यति"* (कठो.२/१/१०) जो यहाँ नाना (भेद) देखता है, वह (बारम्बार) मृत्यु से मृत्यु को प्राप्त होता है ।

ब्रह्मवेत्ता की वाणी की अमोघता दर्शाते हैं ।

अर्थ - ब्रह्मवेत्ता ब्रह्मरूप होने के कारण ईश्वर ही कहा गया है । इसलिए वह शिष्य और प्रतिवादी के लिए जो कुछ कहता है, वह वैसा ही होता है ।।७०।।

व्याख्या - ब्रह्मवेत्ता के द्वारा कहा गया एक ही वाक्य शिष्य और प्रतिवादी के लिए भिन्न-भिन्न फल देने वाला कैसे हो सकता है ? इस शंका का समाधान करते हैं । *"ब्रह्मवित् ब्रह्मैव भवति"*

बार्हदारण्यकवचनमर्थतस्सङ्गृह्णस्तंत्तात्पर्यं प्रदर्शयति । यस्माद् ब्रह्मवित्स्वयं ब्रह्मैव "ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवती" तिश्रुतेस्स्वस्य ब्रह्मत्वानुभवाद् ब्रह्मरूपत्त्वं तस्मादेव स ईश्वरोऽत एवशापानुग्रहसमर्थस्तेन हेतुना शिष्यवादिनोर्विषये यद्यथोक्तं तत्तथैव फलति सत्यसङ्कल्पत्वात् । अतस्तेन वर्णितं यद्यदिष्टमनिष्टं वा तत्तच्छिष्यप्रतिवादिनोस्तथैव स्यात् । तस्य च ज्ञानिनो यश्शिष्यस्तं प्रतीष्टं यः प्रतिवादी तं प्रत्यनिष्टं चावश्यं भवति ब्रह्मविदभिप्रायानुसारेणेति भावः । ननु "प्रियं त्वां रोत्स्यती" त्येकमेव वचः कथं शिष्यप्रतिवादिनोः क्रमाद्विवेकनरकयोः प्रयोजकं स्यादिति चेन्न । अधिकारिभेदेन फलभेदाद्यथैकविधमेव जलं द्राक्षायां मधुरतरं मरीचिकायां च कटुतरं तद्वदिति तत्वमिति शम् ।।

"आत्मानमेव प्रियमुपासीते"त्यादिवाक्यस्यार्थनिरूपणम् –

यस्तु साक्षिणमात्मानं सेवते प्रियमुत्तमम् ।
तस्य प्रेयानसावात्मा न नश्यति कदाचन ।।७१।।

अन्वयः – (किं) तु यः साक्षिणम् आत्मानम् उत्तमं प्रियं सेवते तस्य प्रेयान् असौ आत्मा न कदाचन नश्यति।

व्याख्या :– एतावत्पर्यन्तं व्यतिरेकमुखेनोपदिष्टार्थस्यान्वयमुखेन प्रतिपादकं समनन्तरश्रुति–वाक्यमर्थतस्सङ्क्षिपति । समनन्तरं श्रूयमाणश्रुति"स्त्वात्मनामेव प्रियमुपासीत स य आत्मानमेव प्रियमुपास्ते नोहास्य प्रियं प्रमायुक्तं भवती"त्यादिका । उक्तवैलक्षण्यद्योतनार्थोऽत्र तु शब्दः । यस्त्वनात्मप्रियवादिनो विलक्षणो यश्शिष्य आत्मानमेवोत्तमं प्रियं सर्वव्यवहारसाक्षिणमत एवानुत्तमं निरतिशयप्रेमास्पदं चिन्मात्रमात्मानं सेवते सर्वदात्मानमेवानुसन्धत्ते प्रिय आत्मैव नान्योऽस्तीति निश्चित्य चिन्तयति । तस्य शिष्यादेः प्रेयानात्मा प्रियतमत्वेन मतोऽसावात्मा प्रतिवाद्यभिमतप्रियमिव न कदाचिदपि

(मु.उ. ३/२/९) अर्थात् ब्रह्म को जानने वाला ब्रह्म ही होता है । इस श्रुति में ब्रह्मवेत्ता को ब्रह्म ही कहा गया है, इसलिए आचार्य कहते हैं कि ब्रह्मवेत्ता ब्रह्मरूप होने के कारण ईश्वर (शाप और अनुग्रह करने में समर्थ) ही कहा गया है । इसलिए उसके द्वारा कहा हुआ वाक्य शिष्य और प्रतिवादी के लिए वैसा ही हो जाता है अर्थात् ब्रह्मवेत्ता के अभिप्रायानुसार शिष्य के लिए कल्याणकारण और दुराग्रही प्रतिवादी के लिए शापरूप (अनिष्ट कारक) हो जाता है । जैसे एक रूप होते हुए भी जल नमक में डालने पर खारा और शक्कर में डालने से मीठा हो जाता है, वैसे ही ब्रह्मवेत्ता का वचन भी अधिकारी भेद से फलीभूत होता है ।

"आत्मानमेव प्रियमुपासीत" इस श्रुतिवचन का अर्थ स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ – जो पुरुष प्रिय, उत्तम, साक्षी आत्मा का सेवन करता है । उसका वह प्रिय आत्मा कभी नष्ट नहीं होता है ।।७१।।

व्याख्या – एतावत्पर्यन्त व्यतिरेकमुख से कहे हुए अर्थ को अन्वयमुख से प्रतिपादन करने वाली ***"आत्मानमेव"*** (बृ.उ. १/४/८) इस श्रुति के अर्थ का संक्षेप से प्रतिपादन करते हुए कहते हैं कि अनात्मा को प्रिय मानने वाले प्रतिवादी से विलक्षण जो पुरुष (शिष्य) परमप्रिय और सर्वव्यवहार के साक्षी रूप होने से जो उत्तम है, ऐसे निरतिशय प्रेमास्पद आत्मा का सेवन करता है अर्थात् आत्मा ही परमप्रिय है, उसके सिवा

नश्यति । अपि तु सर्वदानन्दरूपस्सन्नवभासत इति शम् ।।

आत्मनः परमानन्दरूपत्वकथनम् -

परप्रेमास्पदत्वेन परमानन्दरूपता ।
सुखवृद्धिः प्रीतिवृद्धौ सार्वभौमादिषु श्रुता ।।७२।।

अन्वयः - परप्रेमास्पदत्वेन परमानन्दः इष्यताम् । सार्वभौमादिषु प्रीतिवृद्धौ सुखवृद्धिः श्रुता ।

व्याख्या :- एवमात्मनः परमप्रेमास्पदत्वमुपपाद्य तेनैव हेतुना परमानन्दरूपत्वं साधयति । आत्मनः परमानन्दरूपता कुतः ? परप्रेमास्पदत्वेनेत्येनेनायमनुमानप्रयोगः प्रसिद्ध्यति । आत्मा परमानन्दरूपः । निरतिशयप्रेमास्पदत्वात् । यः परमानन्दरूपो न भवति स परमप्रेमास्पदो न भवति यथा घट इति केवलव्यतिरेकिदृष्टान्तो निरतिशयप्रेम्णि निरतिशयानन्द इति स्फोरयितुं प्रेमातिरेकसुखातिरेकं दृष्टान्तेन दर्शयति । सार्वभौमादिषु सार्वभौमादि हिरण्यगर्भान्तेषु पदविशेषेषु यत्र यत्र प्रीतिवृद्धौ सुखवृद्धिरिति प्रीतिर्यावद्वर्धते तावत्सुखाभिवृद्धिरस्तीति " स एको मानुष आनन्द" इत्यादि तैत्तिरीयबृहदारण्यकवाक्यजातेन श्रुता । अत एतद्दृष्टान्तेन प्रीतेर्निरतिशयत्वे सत्यानन्दस्यापि तथात्वमनुमेयमिति शम् ।।

और कुछ नहीं । ऐसा निश्चय करके आत्मा का चिन्तन करता है, उसकी वह प्रिय आत्मा प्रतिवादी द्वारा अभिमत प्रियवस्तु की तरह कभी नष्ट नहीं होती है । अपितु सर्वदा आनन्दरूप से अवभासित होती है।

आत्मा के परमानन्दरूपत्व का कथन करते हैं ।

अर्थ - परम प्रेमास्पद होने के कारण आत्मा की परमानन्दरूपता सिद्ध होती है । प्रीतिवृद्धि होने पर सुख की भी वृद्धि होती है (श्रुति में) चक्रवर्ती सम्राट आदि के विषय में यह बात सुनी गयी है ।।७२।।

व्याख्या - इस प्रकार आत्मा की परम प्रेमास्पदता का प्रतिपादन कर अब उसके द्वारा परमानन्दता को सिद्ध करते हैं । आत्मा की परमानन्दरूपता कैसे है ? तो कहते हैं कि परम प्रेमास्पद होने के कारण आत्मा की परमानन्दरूपता सिद्ध होती है । इससे यह अनुमान प्रयोग भी दिखाया गया है - आत्मा परमानन्दरूप है क्योंकि निरतिशय प्रेमास्पद है, जो परमानन्दरूप नहीं होता, वह परम प्रेमास्पद भी नहीं होता, जैसे घट । इस प्रकार निरतिशय प्रेम के विषय आत्मा में केवल व्यतिरेक दृष्टान्त कहा गया, अब उसके निरतिशयानन्द को स्फुरित करने के लिए प्रेमातिरेक और सुखातिरेक को दृष्टान्त पूर्वक दिखाते हैं। प्रीतिवृद्धि होने पर सुख की भी वृद्धि होती है । बृहदारण्यक और तैत्तिरीय आदि उपनिषदों में यह बात सुनी गयी है । तैत्तिरीय उपनिषद् में चक्रवर्ती सम्राट के सुख से लेकर हिरण्यगर्भ पर्यन्त उत्तरोत्तर सुख की वृद्धि कही गयी है ।

चक्रवर्ती सम्राट् से क्रमशः सौ-सौ गुना सुख मनुष्यगन्धर्व, देवगन्धर्व, पितरों, आजानजदेव, कर्मदेव, देवता, इन्द्र, बृहस्पति, प्रजापति और ब्रह्मा का है । वह ब्रह्मा का सुख कामनारहित श्रोत्रिय को स्वभावतः प्राप्त होता है । इसकी विस्तृत व्याख्या चतुर्दश प्रकारण के श्लोक २१-३४ तक देखनी चाहिये।

आत्मनः परमानन्दरूपतायामाक्षेपपरिहारयोर्निरूपणम् -

चैतन्यवत्सुञ्चास्य स्वभावश्चेच्चिदात्मनः।
धीवृत्तिष्वनुवर्तेत सर्वास्वपि चितिर्यथा ॥७३॥

अन्वयः-चैतन्यवत् सुखं च अस्य चिदात्मनः स्वभावः चेत्। सर्वासु अपि धीवृत्तिषु यथा चितिः अनुवर्तेत।

मैवमुष्णप्रकाशात्मा दीपस्तस्य प्रभा गृहे ।
व्याप्नोति नोष्णता तद्वच्चितेरेवानुवर्तनम् ॥७४॥

अन्वयः - मा एवम् । उष्णप्रकाशात्मा दीपः तस्य प्रभा गृहे व्याप्नोति। उष्णता न। तद्वत् चितेः एव अनुवर्तनम् ।

व्याख्या :- ननु प्रत्यगात्मनः परमानन्दरूपता नोपपद्यते । तथात्वे चैतन्यमिव तत्स्वरूपभूतस्यानन्दस्यापि सर्वासु धीवृत्तिष्वनुवृत्तिः प्रसज्येतेत्याक्षिपति । चिदात्मनस्सुखमानन्दस्स्वभावश्चेच्चैतन्यवत्सर्वास्वपि धीवृत्तिषु यथा चितिरनुवर्तते तथैवानन्दोऽप्यनुवर्तेतेत्याक्षेपाशयः । चिदानन्दयोरुभयोरप्यात्मस्वरूपत्वेऽपि धीवृत्तिषु चित एवानुवृत्तिर्नानन्दस्येति सदृष्टान्तं परिहरति पूर्वपक्षम्। एवं यत्र चैतन्यभानं तत्रानन्दस्यापि भानमिति मास्तु नियमः । यतो दीप उष्णप्रकाशात्मा औष्ण्यं प्रकाशश्चेत्युभयस्वभावकस्तथापि गृहे तस्य प्रभैव व्याप्नोति न तूष्णता । तद्वद्धीवृत्तिषु चितेरेवानुवर्तनं न त्वानन्दस्यास्ति । तस्मान्नानुपपत्तिरिति शम्।

आत्मा की परमानन्दरूपता पर आक्षेप कर उसका परिहार करते हैं ।

अर्थ - (शंका) यदि चिदात्मा का स्वभाव चैतन्य के समान सुखस्वरूप भी है तो सम्पूर्ण बुद्धि वृत्तियों में जैसे चैतन्य की अनुवृत्ति होती है, वैसे ही सुख की भी होनी चाहिये । (समाधान) ऐसा नहीं है, जैसे दीपक उष्ण और प्रकाशस्वरूप है किन्तु घर में उसका प्रकाश ही फैलता है, न कि उष्णता । उसी प्रकार बुद्धिवृत्ति में आत्मा की चेतना का ही अनुवर्तन होता है । (आनन्द का नहीं)।।७३-७४।।

व्याख्या - ***शंका*** - पूर्वपक्षी आक्षेप करता है कि प्रत्यगात्मा की परमानन्दता नहीं बन सकती । यदि वैसा मानोगे तो वह चैतन्य के समान समस्त वृत्तियों में व्याप्त माननी पड़ेगी, किन्तु वैसा नहीं है । बुद्धिवृत्तियाँ हर क्षण उत्पन्न और नष्ट होती रहती हैं । आत्मा की चेतना ही उनको प्रकाशित करती है । यदि आत्मा का धर्म आनन्द भी हो, तो चेतना के साथ बुद्धि में हर समय आनन्द का भी अनुभव होना चाहिये, किन्तु ऐसा नहीं है । बुद्धि में चेतना का अनुभव होने पर भी मनुष्य सुख का अनुभव हर क्षण नहीं करता इससे ज्ञात होता है कि चेतना और सुख दो भिन्न धर्म हैं और ये दोनों आत्मा के धर्म नहीं हैं ।

समाधन - आपका कथन ठीक नहीं है, चेतना और आनन्द दोनों आत्मा के ही धर्म हैं । फिर भी एक की अनुवृत्ति बुद्धि वृत्तियों में होती है, दूसरे की नहीं । इस प्रकार जहाँ चैतन्य की प्रतीति होती हो वहाँ आनन्द का भी अनुभव हो यह कोई नियम नहीं है । इसे दीपक के दृष्टान्त से स्पष्ट करते हैं । दीपक में प्रकाश और उष्णता दोनों रहती हैं अर्थात् दीपक उष्णता और प्रकाश दोनों स्वभाव वाला है तथापि जिस कमरे में दीपक रखा जाता है, उसमें दीपक का प्रकाश सर्वत्र फैल जाता है किन्तु उसकी उष्णता सर्वत्र व्याप्त नहीं होती । इसी प्रकार आत्मचैतन्य की अनुभूति तो बुद्धि वृत्तियों में होती है किन्तु उसके आनन्द की नहीं । अतः बुद्धि में यदि आनन्द का अनुभव न हो तो आत्मा को भी आनन्द रहित नहीं मानना चाहिये । बुद्धि वृत्ति में आत्मा की चेतनता का ही अनुवर्तन होता है, आनन्द का नहीं ।

चिदानन्दयोरभेदेऽपि चिदभिव्यञ्जकधीवृत्तावानन्दाभिव्यक्तिविषये नियमाभाव आक्षेपसमाधान-निरूपणम् ।

गन्धरूपरसस्पर्शेष्वपि सत्सु यथा पृथक् ।
एकाक्षेणैक एवार्थो गृह्यते नेतरस्तथा ॥७५॥
चिदानन्दौ नैव भिन्नौ गन्धाद्यास्तु विलक्षणः ।
इति चेत्तदभेदोऽपि साक्षिण्यन्यत्र वा वद ॥७६॥
आद्ये गन्धादयोऽप्येवमभिन्नाः पुष्पवर्तिनः।
अक्षभेदेन तद्भेदे वृत्तिभेदात्तयोर्भिदा॥७७॥

अन्वयः - यथा गन्धरूपरसस्पर्शेषु सत्सु अपि एकाक्षेण पृथक् एकः एव अर्थः गृह्यते । इतरः न । तथा ।

अन्वयः - चिदानन्दौ न एव भिन्नौ । गन्धाद्याः तु विलक्षणाः । इति चेत् । तदभेदः अपि साक्षिणि अन्यत्र वा वद ।

अन्वयः -आद्ये पुष्पवर्तिनः गन्धादयः अपि एवम् अभिन्नाः । अक्षभेदेन तद्भेदे वृत्तिभेदात् तयोः भिदा ।

व्याख्या :- ननु चिदानन्दयोरभेदाच्चिदभिव्यञ्जकधीवृत्तावेवानन्दाभिव्यक्तिरपि स्यादित्यशङ्कायां नायमस्ति नियम इति दृष्टान्तमादौ प्रदर्शयति । चितेरनुवृत्तेस्सद्भावेऽपि तदभिन्नस्यानन्दस्य कुतो न

पूर्वोक्त कथन को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - जैसे एक वस्तु में गन्ध, रूप, रस और स्पर्श विद्यमान रहते हुए भी एक इन्द्रिय से एक ही विषय ग्राह्य होता है, दूसरा नहीं । वैसे ही बुद्धिवृत्ति में चेतना की ही अनुवृत्ति होती है, आनन्द की नहीं।।७५।।

व्याख्या - चैतन्य और आनन्द अभिन्न होने के कारण दोनों की अभिव्यक्ति भी एक साथ ही होनी चाहिये । इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि यह कोई नियम नहीं है । आत्मा चेतनस्वरूप और आनन्दस्वरूप दोनों है, किन्तु बुद्धिवृत्तियों में चेतना की ही अनुवृत्ति होती है । इसे इन्द्रिय-विषयों के दृष्टान्त से स्पष्ट करते हैं । एक पुष्प में अथवा फल आदि में गन्ध, रूप, रस, और स्पर्श ये चारों तन्मात्राएँ हो सकती हैं तथापि एक इन्द्रिय के द्वारा एक ही विषय का ग्रहण संभव है, सभी का नहीं । जैसे आँख रूप को ही ग्रहण कर सकती है, गन्धादि को नहीं । नासिका गन्ध को ही ग्रहण कर सकती है, स्पर्शादि को नहीं । इसी प्रकार आत्मा चैतन्य और आनन्द उभयरूप होने पर भी बुद्धिवृत्ति में केवल चेतना की ही अनुवृत्ति होती है, आनन्द की नहीं ।

पूर्वपक्षी की शंका पर सिद्धान्ती प्रतिप्रश्न कर समाधान करते हैं ।

अर्थ - गन्धादि तो विलक्षण है किन्तु चेतन और आनन्द भिन्न नहीं है । यदि ऐसा कहते हो तो यह बताओ कि उनका अभेद साक्षी में है या कहीं अन्यत्र ? प्रथम विकल्प स्वीकार करने पर पुष्प में रहने वाले गन्धादि विषय भी उसी प्रकार अभिन्न होंगे और दूसरे विकल्पानुसार इन्द्रियों के भेद से गन्धादि की भिन्नता मानने पर वृत्ति-भेद से उन दोनों (चित् और आनन्द) का भी भेद (सिद्ध) हो जाएगा ।।७६-७७।।

व्याख्या - पूर्वपक्षी कहता है कि चित् और आनन्द दोनों अभिन्न होने के कारण आपके द्वारा दिया

चित्तवृत्तिष्वनुवर्तनमिति शङ्कितुराशयः । एकस्मिन्नेव वस्तुनि रसालादौ गन्धरूपरसस्पर्शेषु सत्स्वपि यथैकाक्षेण घ्राणाद्येकैकेन्द्रियेण एक एवार्थो गन्धादिस्तेन तेन पृथग्गृह्यते नेतरश्च । घ्राणो गन्धस्यैव ग्राहको न रूपादेस्तथा चक्षू रूपमेव गृह्णाति न गन्धादिकम् । तथा धीवृत्तौ चैतन्यमेवावभासते नानन्दः । सामान्यतश्चित्तवृत्त्या चितिरेवावभासते । रम्यादिस्वेष्टविषयकज्ञानादिवृत्त्या स्वानन्दोऽप्यभिव्यज्यत इत्यर्थः।

अभिन्नयोश्चिदानन्दयोर्विषये विषमोऽयं दृष्टान्त इत्याशङ्कामपि विकल्प्य समाधत्ते। गन्धाद्या विलक्षणा भिन्ना इत्यतस्तेषां पृथग्भिन्नाक्षाविषयत्वं युक्तम् । प्रकृते न तथा चिदानन्दविषये। चिदानन्दौ न भिन्नाविति हेतोस्तयोर्न पृथग्विषयतासिद्धिरिति शङ्काभिप्रायः । उक्तवैषम्यं परिहर्तुं दार्ष्टान्तिके चिदानन्दयोरभेदः किं स्वाभाविक आहोस्विदौपाधिको वेति विकल्प्य दूषयति तच्छङ्कानुवादपूर्वकम्। इति चेद्रूपरसादीनां समेऽपि विषयनैयत्ये भेद इति मतमाश्रित्यायं पूर्वपक्षः। उक्तवैधर्म्यपरिहारार्थं विकल्पयति । तदभेदस्तयोश्चिदानन्दयोरभेद ऐक्यं साक्षिणि प्रत्यग्रूपे स्वात्मनीवान्यत्र तदुपाधिभूतधीवृत्तिषु वेति वद । समनियतानामभेद इति मतमाश्रित्याद्ये पक्षे दृष्टान्तदार्ष्टान्तिकयोस्साम्यमाह। आद्ये चिदानन्दयोस्साक्षिण्यभेदपक्षे पुष्पवर्तिनो गन्धादय एवेमेवाभिन्ना एव यतो भेदेन नैव प्रतीयन्ते । चिदानन्दवदेवाभिन्नाभेदरहिता गन्धादयः । इन्द्रियभेदेन तद्विषयकज्ञानभेदात्तद्भेदमाशङ्क्य तत्रापि द्वितीयपक्षेऽपि दृष्टान्तदार्ष्टान्तिकयोस्तौल्यमेवेति समाधत्ते । औपाधिकभेदस्तूभयत्रसम इति भावः । अक्षभेदेन गन्धादेर्व्यञ्जकानां घ्राणादीन्द्रियाणां भेदेन तद्भेदे तेषां गन्धादीनामौपाधिके भेदेऽभ्युपगते तथैव राजससात्विकतामसादीनां वृत्तीनां भेदात्तयोश्चिदानन्दयोर्भिदा चौपाधिकभेदोऽभ्युपगन्तव्यः । गन्धरूपरसादीनामेकद्रव्यनिष्ठानामवश्यं भेदे वाच्ये सति प्रकृतेऽपि वृत्तिभेदान्निरुक्तसामान्यविशेष-

---

गया दृष्टान्त विषम है । गन्धादि तो विलक्षण (भिन्न) है, इसलिए उनका भिन्न-भिन्न इन्द्रियों से ग्रहण होना कह सकते हैं किन्तु चित् और आनन्द के विषय में वैसा नहीं कह सकते अर्थात् चित् और आनन्द भिन्न नहीं है, अतः उन दोनों की पृथक् विषयता सिद्ध नहीं होती है । पूर्वपक्षी की इस शंका का परिहार करने के लिए सिद्धान्ती विकल्प पूर्वक प्रश्न पूँछते हैं कि तुम यह बातओ कि उन दोनों का भेद साक्षी आत्मा में ही है अथवा कहीं अन्यत्र ? (उनकी उपाधिभूत बुद्धिवृत्ति में है ?) प्रथम विकल्प में दृष्टान्त और दार्ष्टान्तिक दोनों की समता कहते हैं कि यदि प्रथम विकल्प स्वीकार करें अर्थात् चित् और आनन्द दोनों का साक्षी में अभेद स्वीकार करें तो पुष्प में रहने वाले गन्धादि भी इसी प्रकार अभिन्न मानने पड़ेंगे । क्योंकि एक को छोड़कर दूसरे को लेना अशक्य है और यदि दूसरा विकल्प स्वीकार करें तब तो औपाधिक भेद दोनों जगह समान ही है अर्थात् गन्धादि की अभिव्यंजक इन्द्रियों के भेद से उन गन्धादि का औपाधिक भेद हो सकता है तो उसी प्रकार सात्विक, राजसिक और तामसिक वृत्तियों के भिन्न होने के कारण चित् और आनन्द का भी औपाधिक भेद ही सिद्ध होता है ।

बुद्धि की सत्त्व और रजोवृत्ति के भेद से चित् और आनन्द का भेद कल्पित है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - सत्त्ववृत्ति में चित् और आनन्द की एकता उपलब्ध होती है क्योंकि वह वृत्ति निर्मल है तथा रजोगुणी वृत्ति की मलिनता के कारण उसमें सुख का अंश तिरस्कृत रहता है ।।७८।।

व्याख्या - तो फिर चित् और आनन्द दोनों की एकता कहाँ पर उपलब्ध होती है ? ऐसी आशंका

भावावच्छिन्नोदाहृतचित्तवृत्तिभेदादेव तयोश्चिदानन्दवस्तुनोरपि भेदो भवतीति भावः । चिदानन्दाभिव्यक्तिहेतुनां राजससात्विकवृत्तीनां भेदादेव भेद इत्याकूतमिति शम् ।।

कल्पित एव चिदानन्दयोर्भेद इति निरूपणम् -

सत्त्ववृत्तौ चित्सुखैक्यं तद्वृत्तेर्निर्मलत्वतः।
रजोवृत्तेस्तु मालिन्यात्सुखांशोऽत्र तिरस्कृतः।।७८।।

अन्वयः - सत्त्ववृत्तौ चित्सुखैक्यम् । तद्वृत्तेःनिर्मलत्वतः । रजोवृत्तेः तु मालिन्यात् अत्र सुखांशः तिरस्कृतः ।

व्याख्या :- ननु कथमसौ वृत्तिभेदश्चिदानन्दाभिव्यञ्जननियामकः ? चिदानन्दयोरैक्यं कुत्रोपलभ्यत? इत्यादि प्रश्नेषु समाधानाय बुद्धे रजस्सत्ववृत्तिभेदाच्चिदानन्दयोर्भेदः प्रकल्प्यत इत्याह । बुद्धेस्सत्त्ववृत्तौ शुभकर्मोपस्थापितायां सत्त्वगुणपरिणामरूपायां बुद्धिवृत्तौ चित्सुखैक्यं चितस्सुखस्य चैक्यमुपलभ्यते। तद्वृत्तेस्सत्त्ववृत्तेर्निर्मलत्वतश्शुद्धत्वात् । इत्युपपत्तिरुक्ता । कुतस्तर्हि भेदोऽवभासत इत्यत्राह । रजोवृत्तेस्तु मालिन्यादत्र सुखांश आनन्दांशस्तिरस्कृतः पिहितो भवतीति शम् ।।

आनन्दांशतिरस्कारे दृष्टान्तप्रदर्शनम् -

तिन्तिणीफलमत्यम्लं लवणेन युतं यदा ।
तदाम्लस्य तिरस्कारादीषदम्लं यथा तथा ।।७९।।

अन्वयः - यथा अत्यम्लं तिन्तिणीफलं यदा लवणेन युतं तदा अम्लस्य तिरस्कारात् ईषत् अम्लम् । तथा।

व्याख्या :-विद्यमानस्याप्यानन्दांशस्य तिरस्स्कारे दृष्टान्तं प्रदर्शयति । यथात्यम्लं तिन्त्रिणीफलं लवणेन युतं सदाम्लस्य तिरस्कारात्तिरोभूतत्वा दीषदम्लं तिरस्कृताम्लं दृश्यते तद्वदत्र रजोगुणावृतत्त्वादानन्दस्तिरस्कृत इति नानन्दोऽनुभूयते तथेति शम् ।।

होने पर युक्तियुक्त उत्तर देते हैं । बुद्धि में जब सत्त्वगुणी वृत्ति सर्वाधिक होती है तब चित् और आनन्द इन दोनों की एकता उपलब्ध होती है । क्योंकि वह सत्त्वगुणी वृत्ति अत्यन्त निर्मल (शुद्ध) होती है और जब बुद्धि में रजोगुणी वृत्ति प्रधान हो जाती है तब चित् और आनन्द दोनों की उपलब्धि नहीं होती है। वहाँ केवल चित् की उपलब्धि होती है, आनन्दांश वहाँ तिरोहित हो जाता है क्योंकि रजोगुणी वृत्ति सत्त्वगुणी वृत्ति के समान शुद्ध नहीं है अपितु मलिन है ।

आनन्दांश के तिरोधन को दृष्टान्त पूर्वक बताते हैं ।

अर्थ - अत्यन्त खट्टी इमली को जब नमक से युक्त कर दिया जाता है तब उसका खट्टापन तिरस्कृत हो जाने से वह कम खट्टी लगती है, वैसा ही प्रकृत में जानना चाहिये ।।७९।।

व्याख्या - तिंतिणीफल इमली को कहते हैं । इमली बहुत खट्टी होती है, उसका खट्टापन कम करने के लिए उसमें नमक लगा दिया जाता है । नमक लगाकर खाने से वह कम खट्टी लगती है । नमक मिला देने पर जैसे उसका खट्टापन तिरोहित हो जाने से वह कम खट्टी लगती है, वैसे ही रजोगुणीवृत्ति में आत्मा का आनन्दांश तिरस्कृत हो जाता है ।

ज्ञानयोगयोः फलादिसर्वसाम्यविचारनिरूपणम् –

ननु प्रियतमत्वेन परमानन्दतात्मनि ।
विवेक्तुं शक्यतामेवं विना योगेन किं भवेत् ॥८०॥

अन्वयः – ननु एवम् आत्मनि परमानन्दता प्रियतमत्वेन विवेक्तुं शक्यताम् । यौगेन विना किं भवेत्?

व्याख्या :– एवं प्रियतमप्रियोपेक्ष्यद्वेष्यविचारेणात्मा परमानन्दरूपो निरुपचरितप्रीतिविषयत्वात् इत्यादिनात्मानात्मविवेके सञ्जातेऽप्यपरोक्षप्रमां विना योगाभ्यासं नैव सेत्स्यतीति नायमपरोक्ष-ज्ञानसाधनक्षमस्तस्य योगशास्त्रज्ञानमभ्यासं च विना ह्यसंभवादिति गूढाभिसन्धिं पूर्वपक्षमुखेनावतारयति। नन्वेवं पूर्वोक्तप्रकारेण प्रियतमप्रियोपेक्ष्यद्वेष्यविचारेण मुख्यगौणमिथ्याभेदविवेचनेन च प्रियतमत्वेनात्मनि परमानन्दता विवेक्तुं शक्यताम् । तथापि योगेन विना किं भवेन्मुक्तिर्न सिद्ध्यतीति भावः । योगस्य मुक्तिसाधनत्वेनाभिहितत्वात् । नायं केवलं विवेकोऽपरोक्षद्वरामुक्ति साधनम् । योगो हि मुक्तिहेतुरिति गूढाभिसन्धिरिति दिक् ।।

विवेकस्यापि मोक्षसाधनत्वनिरूपणम् –

यद्योगेन तदेवेति वदामो ज्ञानसिद्धये ।
योगः प्रोक्तो विवेकेन ज्ञानङ्किन्नोपजायते ॥८१॥

अन्वयः – यत् योगेन तत् एव इति वदामः । ज्ञानसिद्धये योगः प्रोक्तः । विवेकेन किं ज्ञानं न उपजायते?

व्याख्या :– यद्योगेनात्मज्ञानापरोक्षज्ञानं भवतीति त्वयोच्यते तदेव विचारेणापि सिद्ध्येदिति

योग ही मुक्ति का साधन है, विचार नहीं । पूर्वपक्षी की इस शंका का निरूपण करते हैं ।

अर्थ – इस प्रकार प्रियतमत्व के द्वारा आत्मा में परमानन्दता का विवेक भले ही किया जा सकता हो किन्तु योग के बिना क्या होगा ?।।८०।।

व्याख्या – **'ननु'** प्रश्नार्थक है । पूर्वपक्षी शंका करता है कि इस प्रकार परमप्रिय, प्रिय, उपेक्ष्य और द्वेष्य का विचार करने से 'आत्मा परमानन्द रूप है' ऐसा विवेक हो जाने पर भी यह विवेक अपरोक्ष ज्ञान कराने में सक्षम नहीं है । योग के बिना अपरोक्षज्ञान होना संभव नहीं है, पूर्वपक्षी की इस गूढ़ाभिसन्धि को दर्शाते हैं । इस प्रकार प्रियतम, प्रिय आदि के विचार से और मुख्य, गौण तथा मिथ्या आत्मा के विवेक से प्रियतमत्व के द्वारा आत्मा में यदि परमानन्दता का विवेक किया जा सकता हो, तो भले ही वैसा हो तथापि योग के बिना क्या होगा ? अर्थात् बिना योग के मुक्ति की सिद्ध नहीं होगी । क्योंकि योग ही मुक्ति का साधन कहा गया है ।

पूर्वोक्त शंका का समाधान करते हैं ।

अर्थ – जो फल योग से प्राप्त होता है वही विवेक से होता है, हम ऐसा कहते हैं । योग ज्ञान की सिद्धि के लिए कहा गया है । विवेक के द्वारा क्या ज्ञान उत्पन्न नहीं होता ?।।८१।।

व्याख्या – ज्ञान और योग के फलादि साम्य का विचार करते हैं । जैसे योग अपरोक्ष ज्ञान का हेतु है, वैसे ही विवेक भी है, ध्यानयोग नामक ग्यारहवें प्रकरण (श्लो.१३२) में वर्णित योग के द्वारा जो ज्ञान होता है, वही ज्ञान विवेक के द्वारा भी होता है, हम ऐसा कहते हैं । अपरोक्ष ज्ञान की सिद्धि के लिये

गूढाभिसन्धिरेवोत्तरयति सिद्धान्ती । पूर्वाध्यायान्ते वर्णितो ध्यानयोगस्स्वप्नेऽपि ब्रह्मानन्दावाप्तिकथनावसर " इत्थं जागरणे तत्त्वविदो ब्रह्मसुखं सदा । भाति तद्वासनाजन्ये स्वप्ने तद्भासते तथे"ति यज्ज्ञानमुक्तं तथैव विवेकेनापि भातीति वदामः । योगो ब्रह्मापरोक्षज्ञानसिद्धये प्रोक्तश्चेन्मुख्यगौणमिथ्यात्मविवेकद्वारा कोशपञ्चकविवेचनेनापि ज्ञानं किं नोपजयते । योग इव विवेकोऽपि ज्ञानहेतुरित्याशय इति शम् ।।

विचारस्य मुक्तिसाधनत्वे प्रमाणत्वेन स्मृतिवाक्यप्रदर्शनम् -

यत्सांख्यैः प्राप्यते स्थानं तद्योगैरपि गम्यते ।
इति स्मृतं फलैकत्वं योगिनाञ्च विवेकिनाम् ॥८२॥

अन्वयः - "साङ्ख्यैः यत् स्थानं प्राप्यते । तत् योगैः अपि गम्यते" इति योगिनां विवेकिनां च फलैकत्वं स्मृतम् ।

व्याख्या :- विचारादिमार्गद्वयेऽपि तत्त्वसाक्षात्कारद्वारा मोक्षसाधनत्वे स्मृतिं प्रमाणयति । सम्यक्ख्याय-न्त्युपनिषदादितात्पर्यविषयत्वेन कथयन्ति ब्रह्मात्मैक्यं द्वैतमिथ्यात्वेनेति चेति तथा । साङ्ख्यैरात्मानात्मविवेकि-भिर्यत्स्थानं मोक्षाख्यं प्राप्यते गम्यते तद्योगिभिरपि प्राप्यत इत्यनेन योगिनां विवेकिनां च ज्ञानद्वारा मोक्षरूपफलस्यैकत्वेनोक्तेः फलैकत्वमिति विषयोऽयं ध्यानदीपेऽपि व्याख्यातचर एवेति शम् ।।

साङ्ख्ययोगयोस्सार्थक्यमधिकारिभेदेनेति निरूपणम् -

असाध्यः कस्यचिद्योगः कस्यचिज्ज्ञाननिश्चयः।
इत्थं विचार्य मार्गौ द्वौ जगाद परमेश्वरः ॥८३॥

अन्वयः - कस्यचित् योगः असाध्यः । कस्यचित् ज्ञाननिश्चयः । इत्थं विचार्य परमेश्वरः द्वौ मार्गो जगाद।

यदि योग का वर्णन किया गया है तो मुख्य, गौण और मिथ्या आत्मा के विवेक से तथा अन्नमयादि पाँच कोशों के विवेक से भी क्या ज्ञान उत्पन्न नहीं होता ? अवश्य होता है । भाव यह है कि जैसे योग ज्ञान का हेतु है वैसे ही विवेक भी ज्ञान का हेतु है ।

उसमें प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - "सांख्य के द्वारा जो स्थान प्राप्त होता है योग के द्वारा भी वही स्थान प्राप्त होता है" इस प्रकार योगियों और विवेकियों के लिए (मोक्षरूप) फल की एकता कही गयी है ।।८२।।

व्याख्या - विवेक द्वारा ज्ञान उत्पन्न होता है, इसमें क्या प्रमाण है ? ऐसी शंका होने पर श्रीमद्भगवद्गीता का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं । वहाँ कहा गया है कि जो स्थान सांख्य के द्वारा प्राप्त होता है, वही स्थान योग से भी प्राप्त होता है (गीता ५/५) इस प्रकार योगियों और सांख्यों (विवेकियों) को प्राप्त होने वाले फल की एकता कही गयी है । उससे सिद्ध होता है कि योग के समान विवेक भी अपरोक्ष ज्ञान का हेतु है । इस विषय को नवम ध्यानदीप प्रकरण (श्लो. १३५) में भली-भाँति स्पष्ट किया गया है ।

अधिकारी भेद से दोनों (सांख्य और योग) की सार्थकता का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - किसी के लिए योग असाध्य है तो किसी के लिए ज्ञान का निश्चय । इस प्रकार विचार करके परमेश्वर ने दो मार्गों का उपदेश किया है ।।८३।।

व्याख्या :- विवेकयोगयोरुभयोरपि तुल्यफलकत्वेऽन्यतरविधानमेव शास्त्रे कुतो नोक्तमित्या-शङ्कायामधिकारिभेदेनोभयोरप्यावश्यकत्वादित्यभिप्रेत्याह । उक्तं च बृहद्योगवासिष्ठे "द्वौ क्रमौ चित्तनाशस्य योगो ज्ञानं च राघव । योगस्तद्वृत्तिरोधस्स्याज्ज्ञानं सम्यगवेक्षणम् ।। असाध्यः कस्यचिद्योगः कस्यचिज्ज्ञा-ननिश्चयः । प्रकारौ द्वौ ततो देवो जगाद परमश्शिव" इत्यादि । भगवान्परमेश्वरः "कस्यचिदधिकारिणो योगोऽसाध्यः कस्यचिज्ज्ञाननिश्चयश्चासाध्य"इति इत्थं विचार्य द्वावपि मार्गौ कृपालुर्जगादेति शम् ।।

योगिनां विवेकिनां न फले तौल्यनिरूपणम् -

योगे कोऽतिशयस्तेऽत्र ज्ञानमुक्तं समं द्वयोः।
रागद्वेषाद्यभावश्च तुल्यो योगिविवेकिनोः ।।८४।।
न प्रीतिर्विषयेष्वस्ति प्रेयानात्मेति जानतः ।
कुतो रागः कुतो द्वेषःप्रातिकूल्यमपश्यतः ।।८५।।
देहादेःप्रतिकूलेषु द्वेषस्तुल्यो द्वयोरपि ।
द्वेषङ्कुर्वन्न योगी चेदविवेक्यपि तादृशः।।८६।।
द्वैतस्य प्रतिभानन्तु व्यवहारे द्वयोस्समम् ।
समाधौ नेति चेत्तद्वन्नाद्वैतत्वं विवेकिनः।।८७।।

अन्वयः - तत्र द्वयोः ज्ञानं समम् उक्तम् । योगे कः अतिशयः ? रागद्वेषाद्यभावः च योगिविवेकिनोः तुल्यः।

अन्वयः - आत्मा प्रेयान् इति जानतः न विषयेषु प्रीतिः अस्ति । रागः कुतः ? प्रातिकूल्यम् अपश्यतः द्वेषः कुतः ?

व्याख्या - यद्यपि सांख्य और योग के द्वारा मोक्षरूप एक ही फल प्राप्त होता है तथापि अधिकारी भेद से शास्त्रों में दोनों का वर्णन प्राप्त होता है । किसी व्यक्ति के लिए योग करना अत्यन्त कठिन होता है किन्तु विचार करना नहीं । ऐसे साधक के लिए सांख्य का प्रतिपादन किया गया है और कुछ लोग योगाभ्यास में तो समर्थ होते हैं किन्तु वे ज्ञान निश्चय अर्थात् विचार से ब्रह्मज्ञान प्राप्त करने में असमर्थ होते हैं । इस प्रकार विचार करके परमपिता परमेश्वर न सांख्य और योगरूपी दो मार्गों का भिन्न-भिन्न अधिकारी के प्रति उपदेश किया है । योगवासिष्ठ में श्रीवसिष्ठ जी राम जी से कहते हैं कि -

द्वौ क्रमौ चित्तनाशस्य योगो ज्ञानं च राघव।
योगस्तद् वृत्तिरोधस्स्याज्ज्ञानं सम्यगवेक्षणम् ।। (यो.वा.)

हे राघव ! चित्त का नाश करने के लिए दो उपाय कहे गये हैं - एक योग और दूसरा ज्ञान । वृत्ति के निरोध को योग और सम्यक् दर्शन को ज्ञान कहते हैं ।

सांख्य और योग की समानता दर्शाते हैं ।

अर्थ - तुम्हारा यहाँ योग में विवेक से क्या अतिशय है ? ज्ञानरूपी फल दोनों का समान कहा गया है और योगी तथा विवेकी में राग-द्वेष का अभाव एक समान है ।।८४।।

व्याख्या - योग विशेष प्रयास से साध्य है किन्तु विवेक के लिए अधिक परिश्रम की आवश्यकता

अन्वयः - देहादेः प्रतिकूलेषु द्वेषः द्वयोः अपि तुल्यः । द्वेषं कुर्वन् योगी न चेत् । तादृशः अविवेकी अपि।

अन्वयः - व्यवहारे द्वैतस्य प्रतिभानं तु द्वयोः समम् । समाधौ न इति चेत् । तद्वत् अद्वैतत्वं विवेकिनः न ।

व्याख्या :- महाप्रयाससाध्येऽनायाससाध्याद्विवेकाद्योगे कोऽतिशय इत्याशङ्क्य किमपरोऽक्षज्ञान-जनकत्वमुत रागादिराहित्यमाहोस्विद्द्वैतानुपलम्भनमिति विकल्प्य प्रथमं पक्षं प्रत्याचष्टे। विवेकादत्र योगे ते कोऽतिशयो न कोऽपि । अतिशयहेतुत्वेन विकल्पितेष्वाद्यं प्रदूषयति । विवेकयोगयोर्द्वयोरपि भगवता " ज्ञानयोगेन साङ्ख्यानां कर्मयोगेन योगिना" मित्यादिना परोक्षज्ञानलक्षणं फलं सममुक्तमिति न ततोऽस्त्यतिशयः । तथा द्वितीयं प्रत्याचष्टे । योगिविवेकिनो रागद्वेषाद्यभावश्च तुल्यस्समान एवेति न तत्राप्यतिशयः । ननु योगिन इव ज्ञानिनो रागद्वेषद्यभावः कथं सिद्ध्यतीत्यत्रोपपादयति । आत्मा

नहीं है । इसलिए वह सुलभ है और योग कठिन होने से दुर्लभ है । ऐसा देखकर कोई यह मान सकता है कि विवेक की अपेक्षा योग श्रेष्ठ है, इसीलिए लोग योगसाधना को अधिक महत्त्व देते हैं । योग को श्रेष्ठ मानने का क्या कारण है ? क्या योग अपरोक्षज्ञान का कारण है इसलिए श्रेष्ठ है अथवा उससे राग-द्वेषादि की निवृत्ति होती है इसलिए वह श्रेष्ठ है ? अथवा उससे द्वैत की उपलब्धि नहीं होती इसलिए वह विचार से श्रेष्ठ है ? इस प्रकार विकल्प कर उसका उत्तर देते हैं । तुम यह बताओ कि योग में विवेक की अपेक्षा क्या अतिशय (विशेषता) है ? अर्थात् कोई विशेषता नहीं है । अतिशय हेतु से विकल्पित प्रथम पक्ष में दोष दिखाते हैं । विवेक और योग दोनों के द्वारा ज्ञानलक्षण वाला जो फल कहा गया है, वह दोनों में समान ही है अर्थात् दोनों के द्वारा ज्ञानरूपी फल प्राप्त होना कहा गया है । अब दूसरे पक्ष में दोष दिखाते हैं । योगी और विवेकी इन दोनों में राग और द्वेष का अभाव भी एक समान ही होता है, अतः इस हेतु से भी योग विचार से विशिष्ट सिद्ध नहीं होता है ।

विवेकी में राग-द्वेषादि का अभाव दर्शाते हैं ।

अर्थ - आत्मा परमप्रिय है, ऐसा जानता हुआ पुरुष विषयों में प्रीति नहीं करता है अतः उसे राग कैसे हो सकता ? और प्रतिकूल को न देखते हुए को द्वेष कैसे हो सकता है ?।।८५।।

व्याख्या - एकमात्र आत्मा ही निरतिशय प्रिय है, ऐसा जानने वाले विवेकी को शब्दादि विषयों में प्रीति उत्पन्न नहीं होती है । गंगा का मधुर जल उपलब्ध होने पर कोई भी समुद्र के खारे जल को पीने की इच्छा नहीं करता । विषयों में जो व्यक्ति अनुकूलता को देखता है, वही उसमें आसक्त होता है ***''सुखानुशयी रागः''*** (यो.सू.२/७) सुख की प्रतीति के पीछे रहने वाला क्लेश राग कहलाता है । जो विवेकी होता है वह विषयों में राग के हेतु अनुकूलता को ही नहीं देखता है, फिर उसे राग कैसे हो सकता है ? अर्थात् नहीं हो सकता । और द्वेष का कारण प्रतिकूलदर्शन है ***''दुःखानुशयी द्वेषः''*** (यो.सू. २/८) दुःख की प्रतीति के पीछे रहने वाले क्लेश को द्वेष कहते हैं । विवेकी किसी को भी अपने प्रतिकूल नहीं मानता, फिर उसे किसी से भी द्वेष होने की संभावना ही कहाँ है ? लोक में यह प्रसिद्ध ही है कि अनुकूल पदार्थ में राग और प्रतिकूल पदार्थ में द्वेष होता है । विवेकी का विषयों में अनुकूलत्व और प्रतिकूलत्व न होने के कारण उसमें राग-द्वेष का भी अभाव होता है ।

द्वेषी के अयोगित्व और अविवेकित्व का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - देहादि के प्रतिकूल पदार्थों में दोनों का द्वेष एक समान ही है । यदि द्वेष करने वाला योगी

प्रेयान्निरतिशयप्रेमास्पदः प्रियतम इति जानतो विवेकिनो विषयेषु प्रीतिरेव नास्ति । विषयेषु रागहेतोरानुकूल्यमपश्यतो रागः कुतः ? प्रातिकूल्यमप्यपश्यतो द्वेषः कुतः? रागोऽनुकूलवस्तुनि । द्वेषः प्रतिकूलवस्तुनि च लोकप्रसिद्धः । विवेकिनो विषयेष्वनुकूलत्वप्रतिकूलत्वयोरभावेन तत्र रागद्वेषाभाव एवेत्याशयः । देहेन्द्रियादिपीडकेष्वपकारिषु विवेकिनोऽपि व्यवहारे द्वेषो दृश्यत एवेति चेदयोगिनोऽप्येत-त्समानमेवेत्याह । ततोऽपि नातिशयः कोऽपि । विवेकियोगिनोर्द्वयोरपि देहादेः प्रतिकूलेष्वनिष्टकारिषु सर्पादिषु द्वेषस्तुल्यस्समान एव । ननु तादृशेषु द्वेषं कुर्वन्योगी स्वयं नैव भवितुमर्हतीत्युच्यते चेत्तादृशो द्वेषकर्ताप्यविवेकी भवति विवेकवानपि नैव भवति । ननु द्वैतं योगिनो न भासत इत्ययमेव विवेकाद्योगेऽतिशय इति तृतीयपक्षश्चेत्किं तदभानं व्यवहारे द्वैतभानं तुल्यमेवेति नात्राप्यतिशयोऽन्यथा-व्यवहार एव न स्यादित्याह । व्यवहारे विवेकियोगिनोर्द्वयोरपि द्वैतस्य प्रतिभानं दर्शनं समं तुल्यमेव। अथ द्वितीयं पक्षमाशङ्क्य निराकरोति। योगिनस्समाधिसमये द्वैतं न भासत इति चेत्तर्ह्यद्वैततत्त्वं विवेकिनोऽपि यस्य विवेकिनोऽद्वैतमेव तत्त्वं न द्वैतमिति श्रुतियुक्तिभ्यां विवेचनवतो विवेकदशायां वैचारिकसमाधौ तद्वद्योगिवदेव द्वैतभानं नैवास्तीति न भासत इति न कोऽप्यतिशय इति शम् ।।

नहीं है तो द्वेष करने वाला विवेकी भी नहीं है ।।८६।।

व्याख्या - पूर्वपक्षी शंका करता है कि जो विवेकी है वह भी अपने शरीर के प्रतिकूल पदार्थों से द्वेष करता हुआ देखा जाता है, तो उसमें द्वेष का अभाव कैसे कह रहे हैं ? इसका उत्तर देते हैं कि ऐसा द्वेष योगी और विवेकी दोनों में समान रूप से विद्यमान रहता है । शरीर को हानि पहुँचाने वाले सर्प, व्याघ्रादि प्रत्येक अनिष्ट पदार्थों में विवेकी और योगी दोनों का द्वेष एक समान ही है । यदि तुम कहो कि योगी कभी किसी से द्वेष कर ही नहीं सकता, चाहे कितनी ही विपरीत परिस्थिति क्यों न हो, अतः जो द्वेष करता है वह योगी ही नहीं है । इसके उत्तर में कहते हैं कि यदि द्वेष करने वाला योगी नहीं हो सकता, तो वैसा द्वेष करने वाला विवेकी भी नहीं हो सकता अर्थात् द्वेष करने वाला अविवेकी है

वस्तुतः सच्चे योगी और विवेकी दोनों में राग-द्वेषादि का पूर्णतः अभाव हो जाता है किन्तु जो अपरिपक्व योगी अथवा विवेकी होता है, उसी में वे स्वल्पमात्रा में विद्यमान रहते हैं ।

अब पूर्वोक्त तृतीय पक्ष का निराकरण करते हैं ।

अर्थ - व्यवहार में दोनों को द्वैत की प्रतीति एक समान है । (योगी को) समाधि में द्वैत भासित नहीं होता, यदि तुम ऐसा कहते हो तो अद्वैत तत्त्व के विवेकी को भी विवेकदशा में द्वैत भासित नहीं होता है ।।८७।।

व्याख्या - श्लोक ८४ की व्याख्या में योग को विवेक से विशिष्ट मानने में तीन विकल्प प्रस्तुत किये गये, उनमें से दो का निराकरण कर अब तृतीय पक्ष का निराकरण करते हैं । जैसे विवेकी को द्वैत की प्रतीति होती है, वैसे योगी को नहीं होती इसलिए योग विवेक से श्रेष्ठ है । इस पक्ष में कहते हैं कि क्या व्यवहारदशा में विवेकी को द्वैत की प्रतीति होती है अथवा अन्यत्र ? इस प्रकार विकल्प कर प्रथम पक्ष में दोनों की तुल्यता दर्शाते हैं । व्यवहारदशा में विवेकी और योगी दोनों को द्वैत की प्रतीति समान रूप से होती है । अब दूसरे पक्ष का परिहार करते हैं । योगी को समाधि में द्वैत भासित नहीं होता है, यदि तुम ऐसा कहते हो तो यह बात विवेकी में भी समान ही है अर्थात् जैसे योगी को समाधि में द्वैत की प्रतीति नहीं होती, उसी प्रकार विवेकी को भी विवेकदशा में द्वैत भासित नहीं होता है ।

वैचारिकसमाधौ न द्वैतभानमित्यद्वैतानन्दे निरूपयिष्यत इति सूचनम् -

विवक्ष्यते तदस्माभिरद्वैतानन्दनामके ।
अध्याये हि तृतीयेऽतस्सर्वमप्यतिमङ्गलम् ॥८८॥

अन्वयः - तत् हि अद्वैतानन्दनामके तृतीये अध्याये अस्माभिः विवक्ष्यते । अतः सर्वम् अपि अतिमङ्गलम् ।

व्याख्या :- अद्वैततत्त्वविवेकिनो द्वैतभावनाभाव एवोत्तराध्यायेऽद्वैतानन्दनामके प्रतिपाद्यत इत्याह। अस्माभिरेतद्ग्रन्थकर्तृभिरद्वैतानन्दनामके तृतीये ह्यध्याये तद्वैचारिकसमाधावद्वैततत्त्वविवेकिनो द्वैतभानं नास्तीति विवक्ष्यत इत्यतस्सर्वमप्यतिमङ्गलमिति शम् ।

योगिविवेकिनोरेकत्वनिरूपणम् ।

सदा पश्यन्निजानन्दमपश्यन्निखिलं जगत् ।
अर्थाद्योगीति चेत्तर्हि सन्तुष्टो वर्धतां भवान् ॥८९॥

अन्वयः - निजानन्दं सदा पश्यन् निखिलं जगत् अपश्यन् अर्थात् योगी इति चेत् । तर्हि भवान् सन्तुष्टः वर्धताम् ।

व्याख्या :- नामरूपाद्यात्मकस्य द्वैतस्याद्वैतसच्चिदानन्दात्मनि कल्पितत्वेन सन्मात्रस्वरूपात्ततः पृथक्कारे सद्य एव गगनकुसुमायमानत्वं सम्पाद्यत इति वास्तविकविवेक्येव वास्तविकयोगीति चेदिष्टापत्तिरेवेत्यभिनन्दति । सदा निजानन्दं निरूपाधिकमात्मानन्दं पश्यन्निखिलं जगद्द्वैतप्रपञ्चमपश्यन्स

वैचारिक समाधि में भी द्वैत के अभाव को आगे स्पष्ट करेंगे, इसकी सूचना देते हैं।

अर्थ - हमारे द्वारा अद्वैतानन्द नामक तृतीय अध्याय में इस बात को स्पष्टरूप से कहा जाएगा । अतः पूर्वोक्त अर्थ सब मंगलमय ही है ॥८८॥

व्याख्या - अद्वैततत्त्व को जानने वाले (विवेकी) में द्वैत भावना का अभाव ही होता है इस बात का अगले अध्याय में प्रतिपादन किया जाएगा । इस आशय से कहते हैं कि हमारे द्वारा अद्वैतानन्द नामक आनन्दपञ्चक के तृतीय अध्याय में अर्थात् ग्रन्थ की दृष्टि से तेरहवें अध्याय में वैचारिक समाधि में अद्वैत तत्त्व के विवेकी को द्वैत की प्रतीति नहीं होती है । इस बात का विस्तार से स्पष्टरूप से प्रतिपादन किया जाएगा । इसलिए ग्रन्थ में अभी तक जो कुछ भी इस विषय में कहा गया है, वह सब कुछ निर्दोष होने के कारण मंगलमय (कल्याणप्रद) ही है ।

योगी और विवेकी की एकता का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - सदा निजानन्द का अनुभव करता हुआ और सम्पूर्ण जगत् को न देखने वाला जो विवेकी है, वह योगी ही होगा । यदि ऐसा कहते हो तो आप सन्तुष्ट होकर वृद्धि को प्राप्त हों ॥८९॥

व्याख्या - जिसे द्वैत की प्रतीति नहीं होती है, वह विवेकी योगी ही सिद्ध होता है । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि यह हमें भी अभीष्ट ही है । सदा निजानन्द को देखता हुआ अर्थात् निरुपाधिक आत्मानन्द

विवेकी वस्तुतो योग्येव भवतीति चेदिष्टापत्तिः । तर्हि भवानस्सत्पक्षे वर्तमान एवेति विज्ञाय समीचिन इति सन्तुष्टस्सन्वर्धतां दीर्घयुष्मान्भवत्विति सन्तुष्य विरमतीति शम् ।।

आत्मानन्दप्रकरणोपसंहरणम् –

ब्रह्मानन्दाभिधे ग्रन्थे मन्दानुग्रहसिद्धये ।
द्वितीयाध्याय एतस्मिन्नात्मानन्दो विवेचितः।।९०।।

।। इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीभारतीतीर्थविद्यारण्यमुनिवर्यविरचितायां पञ्चदश्यां ब्रह्मानन्दे आत्मानन्दाख्यं द्वादशतमं प्रकरणं सम्पूर्णम् ।।

अन्वयः – ब्रह्मानन्दाभिधे ग्रन्थे एतस्मिन् द्वितीयाध्याये मन्दानुग्रहसिद्धये आत्मानन्दः विवेचितः। इति आत्मानन्दः ।

व्याख्या :– अध्यायारम्भे प्रतिज्ञातं मन्दानुजिघृक्षया प्रारब्धस्य प्रकरणस्यार्थं सङ्क्षेपतः प्रदर्श्याध्यायार्थमुपसंहरति । ब्रह्मानन्दाभिधे ग्रन्थ एतस्मिन्द्वितीयाध्याये मन्दानुग्रहसिद्धय आत्मानन्दो विवेचितः । मन्दानुग्रहसिद्धये ब्रह्मानन्द एव समाधावनुभूयमानत्वाद्योगानन्द इत्युच्यते । जगतस्सृष्टि–स्थितिलयकारणत्वेन " यतो वा इमानि भूतानि जायन्त इति श्रुतिप्रतिपादितमभिन्ननिमित्तोपादानं ब्रह्माखण्डानन्दरूपतया सुषुप्तौ ज्ञात्रादित्रिपुटीविरहितावथायामनुभूयते । नायं विषयो विचारचतुरेतराणां सुगमः । मन्दबुद्धिस्तु पुत्रमित्रादिभिस्तादात्म्यमापद्य तेषु विकलेषु स्वयं विकल इति मन्यते । इयं भ्रान्तिरवश्यमपनेयेति मत्त्वा येषु पुत्रमित्रादिषु प्रीतिःक्रियते न त आत्मनोऽपि प्रियतराः । आत्मार्थमेवान्ये प्रियाः। तत आत्मन्यतिशायिनी प्रीतिरित्यात्मनश्शेषित्वं मन्दानुग्रहार्थमस्मिन्प्रकरणे सर्वजनानुभव–पूर्वकमुपदिश्यत इत्याशयः । ननु कर्मोपासनानन्दांस्त्रीन्प्रकरणादावुपक्रम्य कथमेकेनात्मानन्देनोपसंहार इति चेदत्रोच्यते । आत्मानन्द इत्यभिहितमिदं प्रकरणमिति वक्तुरात्मानन्द एवास्मिन्प्रकरणे विवक्षितः। उपासनानां नवमप्रकरणे निरूपितत्वात्कर्मणां च कर्मकाण्ड एव प्रपञ्चितत्वेन तयोस्तत एवावगन्त–व्यत्वादिति शम् ।

का अनुभव करता हुआ और सम्पूर्ण जगत् (द्वैतप्रपञ्च) को न देखने वाला जो विवेकी है, वह वस्तुतः योगी ही है । यदि ऐसा कहते हो तो कुतर्क का त्याग कर हमारे पक्ष को समीचीन मानने के कारण अब आप सन्तुष्ट होकर वृद्धि को प्राप्त हों अर्थात दीर्घायुष्मान बनो । यह हमारा आशीर्वाद है ।

प्रकृत प्रकरण का उपसंहार करते हैं ।

अर्थ – ब्रह्मानन्द नामक ग्रन्थ के इस द्वितीय अध्याय में मन्दबुद्धि जिज्ञासुओं पर अनुग्रह करने के लिए आत्मानन्द का विवेचन किया गया है ।।९०।।

व्याख्या – इस प्रकरण के प्रारम्भ में प्रतिज्ञात मन्दबुद्धि वाले जिज्ञासु पर अनुग्रह करने की इच्छा से प्रारम्भ किये गये इस प्रकरण के अर्थ को संक्षेप से प्रदर्शित कर उपसंहार करते हैं । ब्रह्मानन्द नामक पाँच प्रकरण वाले इस ग्रन्थ के दूसरे अध्याय (प्रकरण) में मन्दबुद्धि वाले जिज्ञासुओं पर अनुग्रह करने के लिए ही इस आत्मानन्द का विवेचन किया गया है ।

समाधि में अनुभूयमान होने से योगानन्द ही ब्रह्मानन्द कहलाता है । जगत् की सृष्टि, स्थिति और लय का कारण जो ब्रह्म है, उस का अखण्ड आनन्दरूप से सुषुप्ति में अर्थात् ज्ञाता, ज्ञान और ज्ञेयरूपी

प्रकरणेऽस्मिन्प्रमाणासम्भावनाख्यः प्रतिबन्धो दूरीक्रियते । सोऽयं प्रतिबन्ध उक्तोऽ"द्वैतिभिरैक्यार्थो यथामतं क्रियत एवमन्यैश्च । इत्यश्रद्धायेद्धा प्रतिबन्धोऽयं द्वितीय ऐक्येऽपी"ति । तद्विनिवृत्तिरप्यत्र भवतीति प्रत्यपादि । "अद्वैतरूप एक्ये मैत्रेयीब्राह्मणादिवाक्यानाम् । सम्यक्समन्वयोक्तेस्तत्परता द्वादशेऽपि विज्ञेऽये"ति । अत आत्मानन्दाख्यद्वादशप्रकरणस्यास्य प्रमाणासंभावनाबाधकत्वं यदुक्तं तत्कथमुपपद्यत इत्यत्रोच्यते । अस्मिन्नध्याये मैत्रेयीब्राह्मणादिवाक्यान्येव जीवत्वोपलक्षितचिन्मात्रस्य ब्रह्मत्वोपलक्षितचिन्मात्रेण सह निसर्गसिद्धैक्ये एव स्वारसिकत्वेन पर्यवस्यन्तीति शापान्तनिग्रहस्थानाऽधिकभेदवादिजल्पकथापूर्वकं प्रतिपादनात्किमिति निरुक्तौक्यविषयका श्रद्धा समृद्धिमूलप्रमाणा सम्भावनात्मकोक्तप्रतिबन्धबाधकत्वं न स्यात् । यद्यत्राचार्यैर्निरुक्तवाक्योपन्यासपूर्वकमुक्तैक्यप्रतिपादनं नैव कृतं स्यात्तर्हि घटेतापि त्वदुक्तशङ्कावकाशः। श्रुत्यपि " न वा अरे सर्वस्य कामाय सर्वं प्रियं भवत्यात्मनस्तु कामाय सर्वं प्रियं भवतीत्यादिरूपतया। एवं "तदेतत्प्रेयः पुत्रात्प्रेयो वित्तात्प्रेयोऽन्यस्मात्सर्वस्मादन्तरतरं यदयमात्मे"त्यादिरूपया च कण्ठत एव निरतिशयानन्दरूपब्रह्मण एवात्मत्वं बोधयन्त्या तदनङ्गीकारे च भेदवादिभ्यश्शापप्रदानमपि ब्रह्मविन्मुखेन कुर्वन्त्या सर्वलोकानुभवमपि ब्रुवन्त्योक्तशङ्कात्मक प्रतिबन्धः प्रबाध्यत इति तत्त्वमिति शम् ।।

।। इति श्रीद्वारकाशारदापीठाधीश्वरैः एवं ज्योतिष्पीठाधीश्वरैः श्रीमज्जगद्गुरुशङ्कराचार्यैः अनन्तश्रीविभूषितश्रीस्वरूपानन्दसरस्वतिस्वामिभिः विरचितायां स्वरूपबोधिन्यां व्याख्यायां ब्रह्मानन्दे आत्मानन्दस्समाप्तः ।।

त्रिपुटी से रहित अवस्था में अनुभव होता है । विचारचतुरेतरों के लिए यह विषय सुगम नहीं है । मन्दबुद्धि वाला तो पुत्र-मित्रादि से तादात्म्य करने के कारण उनके विकल या सकल होने पर स्वयं को भी वैसा ही मानता है । इस भ्रान्ति को अवश्य ही दूर करना चाहिये, ऐसा सोचकर जो पुत्र-मित्रादि में प्रीति करते हैं, उनको 'आत्मा के लिए ही ये सभी प्रिय होते हैं, आत्मा सब से प्रियतर है' यह बताने के लिए ही इस प्रकरण की रचना की गई है । इस बात को समझाने के लिए इस प्रकरण में सभी मनुष्यों के द्वारा अनुभूत विषय का प्रतिपादन किया गया है ।

पञ्चविध प्रतिबन्धों में से इस प्रकरण में प्रमाणासंभावना नामक द्वितीय प्रतिबन्ध का निराकरण किया गया है । अद्वैतवादियों के द्वारा और अन्यों के द्वारा भी जो जीव और ब्रह्म की एकता का प्रतिपादन किया जाता है, उसमें कोई प्रमाण नहीं है । वे अपने मन की पुष्टि के लिए ही उक्त बात कहते हैं अतः जीव और ब्रह्म की एकता में कोई प्रमाण न होने से दोनों की एकता मानना मूर्खता है । इस प्रकार की जीवब्रह्मैक्य में जो अश्रद्धा है, इसी को प्रमाणासंभावना नामक प्रतिबन्ध कहा जाता है । इस प्रकारण में बृहदारण्यक उपनिषद् के मैत्रेयी ब्राह्मण आदि के वाक्यों द्वारा अद्वैतरूप एकता का सम्यक् समन्वय किया गया है । अतः जीव और ब्रह्म की एकता के विषय में प्रमाण उपलब्ध कराने से इस प्रकरण का प्रमाणासंभावना नामक प्रतिबन्ध की निवृत्ति ही लक्ष्य है ।

।। इस प्रकार द्वारका एवं ज्योतिष्पीठाधीश्वर अनन्तश्रीविभूषित जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी **श्रीस्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज** द्वारा विरचित **श्रीसद्गुरुसपर्या** नामक हिन्दी व्याख्या में आत्मानन्द नामक बारहवाँ प्रकरण समाप्त हुआ ।।

।। त्रयोदशं प्रकरणम् -ब्रह्मानन्दे अद्वैतानन्दप्रकरणम् ।।

आत्मानन्दनिरूपणप्रतिज्ञा –

योगनन्दः पुरोक्तो यः स आत्मानन्द इष्यताम् ।
कथं ब्रह्मत्वमेतस्य सद्वयस्येति चेत् शृणु ॥१॥

अन्वयः – यः पुरा उक्तः योगनन्दः सः आत्मानन्दः इष्यताम् । सद्वयस्य एतस्य ब्रह्मत्वं कथम् इति चेत् ? शृणु।

व्याख्या :– आनन्दपञ्चकस्य प्रथमाध्याये प्रतिज्ञातमानन्दत्रयमेव । "आनन्दस्त्रिविधो ब्रह्मानन्दो विद्यासुखं तथा । विषयानन्द इत्यादौ ब्रह्मानन्दो विविच्यत" इति । ततश्च द्वितीयाध्याये "एतस्मिन्नात्मानन्दो विवेचित" इति पूर्वप्रतिज्ञातानन्दत्रयातिरिक्तात्मानन्दस्य निरूपणात्तद्विरोधो जायत इत्याशङ्कां निरस्स्यति । पुरा ह्येकादशप्रकरणे यो योगानन्द उक्तस्स एवात्मानन्द इष्यताम् । ब्रह्मानन्दो योगेन साक्षात्क्रियत इति योगानन्द इत्युच्यते । स एव गौणमिथ्यामुख्यात्मविवेचनेन विवेचितमुख्यात्मरूपत्वादात्मानन्द इत्युच्यत इत्याशयः । यथाप्रतिज्ञातस्यैव ब्रह्मानन्दस्य योगजन्यसाक्षात्कारविषयत्वेन योगानन्दत्वं निरूपाधिकत्वेन निजानन्दत्वं च व्यवहृतं तथा तस्यैव गौणमिथ्यात्मविवेचनावगम्यत्वविवक्षयात्मानन्दत्वमभ्यधायि । ननु गौणमिथ्यामुख्यभेदैरात्मायं भवति त्रिधे"ति । तस्मात्सजातीयाद्गौणात्मनः पुत्रभार्यादेर्मिथ्यात्मनो देहादेर्विजातीयादाकाशादेश्च विभिन्नस्य सद्वयस्यात्मानन्दस्य कथं योगानन्दैकतेत्याशङ्कते । सद्वयस्य गौणमिथ्यारूपद्वयसहितस्य एतस्यात्मानन्दस्याद्वयानन्दरूपब्रह्मत्वं कथं सिद्ध्यतीति चेत् शृणु । सजातीयत्वेनाभिमतस्य गौणात्मनः

आनन्द तीन प्रकार का है - ब्रह्मानन्द, विद्यानन्द और विषयानन्द । ग्यारहवें प्रकरण के ग्यारहवें श्लोक में आनन्द के त्रैविध्य की प्रतिज्ञा करके बारहवें प्रकरण में आत्मानन्द का वर्णन करने से क्या उक्त प्रतिज्ञा का विरोध नहीं होगा ? इस शंका को श्लोक के पूर्वार्ध से स्पष्ट करके उत्तरार्ध से पूर्वपक्षी की शंका प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ – जो योगानन्द पूर्व में कहा गया, वह आत्मानन्द है ऐसा जानो । इस सद्वय (आत्मानन्द) में ब्रह्मत्व कैसे हो सकता है ? यदि ऐसा कहते हो तो सुनो ।।१।।

व्याख्या – पिछले प्रकरण के श्लोक ८८ में कहा था कि अगले प्रकरण में यह विस्तार से बतायेंगे कि विचार से द्वैत का अभाव कैसे होता है । इसी को इस प्रकरण में स्पष्ट करेंगे । ग्यारहवें प्रकरण में जो योगानन्द कहा गया, वही आत्मानन्द है ऐसा जानो । ब्रह्मानन्द ही योग के द्वारा अनुभव में आने से योगानन्द कहलाता है । वही योगानन्द अर्थात् ब्रह्मानन्द गौण, मुख्य और मिथ्या आत्मा के विवेचन से विवेचित मुख्य आत्मरूप होने से आत्मानन्द कहलाता है । आत्मा गौण, मुख्य और मिथ्या रूप से तीन प्रकार का है, ऐसा आपने पहले (पं.द. १२/३९) में कहा है । इससे तो आत्मा अद्वितीय न होकर सद्वय सिद्ध होता है तो फिर योगानन्द के साथ उसकी एकता कैसे हो कसती है ? अर्थात् मुख्यात्मा गौणात्मा व मिथ्यात्मा के सहित होने से सद्वय सिद्ध होता है अतः इस सद्वय आत्मानन्द में अद्वय आनन्दरूप ब्रह्मत्व

पुत्रादेर्मिथ्यात्मनो देहादेश्च तैत्तिरीयादिश्रुत्यभिहित जगदन्तःपातित्वादाकाशादेश्च जगत आत्मानन्दातिरेकेणासत्त्वाच्च द्वितीयब्रह्मरूपता तस्य घटत इति शम् ।।

आत्मानन्दस्य ब्रह्मत्वप्रदर्शनम् -

आकाशादि स्वदेहान्तं तैत्तिरीयश्रुतीरितम् ।
जगन्नास्त्यन्यदानन्दादद्वैतब्रह्मता ततः ॥२॥

अन्वयः - तैत्तिरीयश्रुतीरितम् आकाशादि स्वदेहान्तं जगत् आनन्दात् अन्यत् न अस्ति। ततः अद्वौतब्रह्मता।

व्याख्या :- पूर्वश्लोके सबहुमानमुत्तरं वक्तुं शृण्विति यदाह तदेव विशदयति । यत"स्तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशस्सम्भूत" इत्याद्युपक्रम्य तैत्तिरीये ब्रह्मवल्यामुपपादितं "स वा एष पुरुषोऽन्नरसमयः" इत्यन्तेन ग्रन्थेन । तैत्तिरीयश्रुतिरितमाकाशादिस्वदेहान्तम् आकाशानिलानलाप्पृथिव्यौषध्यन्नरेतः पुरुषाद्यात्मकमिदं जगत्स्वस्य सृष्टिस्थितिलयानां कारणभूतादानन्दादन्यद्भिन्नं नास्त्येव किञ्चित् । ततस्तस्मात्कारणादात्मानन्दस्याद्वैतब्रह्मता । कार्यभूतस्य जगतः कारणभूतादानन्दादभिन्नत्वान्न तस्य पृथक्त्वमुच्यते । एवं सति गौणमिथ्यात्मनोराकाशादेश्च न पृथक्त्वं तेषामपि जगदन्तःपातित्वात् । यतो जगत्स्वस्यात्मानन्दस्याद्वितीयत्वमिति भाव इति शम्।।

आनन्दस्य जगत्कारणत्वनिरूपणम् -

आनन्दादेव तज्जातन्तिष्ठत्यानन्द एव तत् ।
आनन्द एव लीनञ्चेत्युक्तानन्दात्कथं पृथक् ॥३॥

कैसे हो सकता है ? अर्थात् नहीं हो सकता । सिद्धान्ती कहते हैं कि तुम्हें यदि ऐसी शंका हो तो हम उसका उत्तर दे रहे हैं, तुम सावधान होकर उसे सुनो ।

आत्मानन्द का ब्रह्मत्व दर्शाते हैं ।

अर्थ - तैत्तिरीय श्रुति में कहा है कि आकाश आदि से लेकर अपने शरीर पर्यन्त समस्त जगत् आनन्द से भिन्न नहीं है । इससे आत्मानन्द की अद्वितीय ब्रह्मरूपता सिद्ध होती है ।।२।।

व्याख्या - तैत्तिरीय श्रुति कहती है कि ***"तस्माद् वा एतस्मादात्मन आकाशस्सम्भूतः"*** यहाँ से लेकर ***"स वा एष पुरुषोऽन्नरसमयः"*** (तै.उ. २/१) यहाँ तक आकाशादि से लेकर अपने देह पर्यन्त अर्थात् स्थिति और लय के कारण भूत आनन्द से अकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी अभिन्न होने के कारण उसकी भिन्नता सिद्ध नहीं होती है । भाव यह है कि गौण और मिथ्या आत्मा तथा आकाशादि भी जगत् के अन्तर्गत होने से उनकी पृथकता नहीं है । इसलिए जैसे योगानन्द अद्वितीय है, वैसे ही आत्मानन्द भी अद्वितीय ही है ।

आनन्द के जगत्कारणत्व का कथन करते हैं ।

अर्थ - वह आनन्द से ही उत्पन्न हुआ है, आनन्द में ही स्थित है और आनन्द में ही लीन हो जाता है । ऐसा कहा जाने से जगत् आनन्द से भिन्न कैसे हो सकता है ?।।३।।

अन्वयः – तत् आनन्दात् एव जातम् ।तत् आनन्दे एव तिष्ठति। आनन्दे एव च लीनम् इति उक्त आनन्दात् कथं पृथक् ।

व्याख्या :– पूर्वं ''तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशस्सम्भूत'' इत्याद्युदाहृततैत्तिरीयश्रुतौ जगत्कारणत्वमात्मन उक्तं न त्वानन्दस्येति चेदुच्यते । तत्रैवान्ते ''चानन्दाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्त'' इत्यादि श्रवणादानन्दस्यैव जगत्कारणत्वमिति तान्येवार्थतः पठति । तानि च वाक्यानीत्थं श्रूयते । ''आनन्दाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते । आनन्देन जातानि जीवन्ति । आनन्दं प्रयन्त्यभिसंविशन्ती''ति । तज्जगदानन्दादेव जातमानन्द एव तज्जगत्तिष्ठत्यानन्द एव च लीनं भवति। फलितं कथयति । इत्येवं जगत्कारणत्वेनोक्तानन्दात्कथं पृथग्भवेज्जगतस्सृष्टिस्थितिलयानामानन्दस्य कारणत्वादानन्दादन्यज्जगन्नास्तीति । अत्रायमनुमानप्रयोगः । विवादास्पदं जगदानन्दान्न भिद्यते । तत्कार्यत्वात् । यद्यत्कार्यं तत्ततो न भिद्यते । यथा मृत्कार्यं घटादि मृदो न भिद्यत इति सर्वस्यापि कार्यस्य कारणानन्यत्वमिति शम् ।।

कार्यस्य करणादव्यतिरेकत्वनिरूपणम् –

कुलालाद्घट उत्पन्नो भिन्नश्चेति न शङ्क्यताम् ।
मृद्वदेष उपादानन्निमित्तन्न कुलालवत् ।।४।।

अन्वयः – ''कुलालात् घटः उत्पन्नः भिन्नः च'' इति न शङ्क्यताम्। एषः मृद्वत् उपादानं, कुलालवत् निमित्तं न।

व्याख्या :– तत्र तार्किकाशङ्कामुत्त्वा दूषयन्ति । ननु कारणादभिन्नं कार्यमित्यनैकान्तिकोऽयं नियमः । स्वकारणभूतात्कुलालाद्घटस्य भिन्नतया दृष्टत्वादिति चेन्न । घटं प्रति निमित्तकारणत्वात्

व्याख्या – ***''आत्मन आकाशस्सम्भूतः''*** (तै.उ. २/१) इस उक्त श्रुति में आत्मा को जगत् का कारण कहा गया है, आनन्द को नहीं । अतः आनन्द जगत् का कारण नहीं हो सकता । ऐसी शंका होने पर उसी श्रुति के वाक्यों का अर्थतः पठन करते हुए कहते हैं कि वह जगत् आनन्द से ही अत्पन्न हुआ है, आनन्द में ही स्थित है और अन्त में आनन्द में ही लीन हो जाता है । इस प्रकार श्रुति में आनन्द को ही जगत् का कारण कहा गया है । ऐसी स्थिति में वह उससे पृथक् कैसे हो सकता है ? श्रुतिवचन इस प्रकार है ***''आनन्दाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते, आनन्देन जातानि जीवन्ति, आनन्दं प्रयन्त्यभिसंविशन्तीति''*** (तै.उ. ३/६) तात्पर्य यह है कि सृष्टि, स्थिति और लय का कारणभूत होने से जगत् आनन्द से पृथक् नहीं है । यहाँ अनुमान प्रयोग इस प्रकार है – विवाद का विषय यह जगत् आनन्द से भिन्न नहीं है, आनन्द का कार्य होने से । जो जिसका कार्य होता है, वह उससे भिन्न नहीं होता, जैसे मृत्तिका का कार्य घट मृत्तिका से भिन्न नहीं होता है ।

आनन्द के उपादानत्व का प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ – घट कुम्भकार से उत्पन्न होने पर भी उससे भिन्न ही है । ऐसी शंका प्रकृत में नहीं करनी चाहिये, क्योंकि आनन्द मिट्टी के समान उपादान कारण है, कुम्भकार की तरह निमित्त कारण नहीं है।।४।।

व्याख्या – कारण से कार्य अभिन्न होता है, यह कोई अव्यभिचरित नियम नहीं है क्योंकि अपने

कुलालस्य युज्यत एव भेदः । नोपादानभूताया मृदो दृश्यते भेद इतीह चानन्दस्योपादानत्व-समर्थनादित्याह। घटः कुलालादुत्पन्नस्ततो भिन्नश्च । अतः कारणात्कार्यं भिन्नमिति नैव शङ्क्यताम्। मृद्वदिति तत्र हेतुरुपन्यस्यते । " यथा सौम्येकेन मृत्पिण्डेन सर्वं मृन्मयं विज्ञातं स्याद्वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्य" मिति हि छान्दोग्यश्रुतिः । घटं प्रति मृद्वज्जगत्प्रत्येष आनन्द उपादानं कारणम्। कार्योत्पादनार्थमुपादीयमानं कार्यान्वितं कारणमुपादानमित्युच्यते । न तु कुलालवन्निमित्तं कारणम् । एवञ्चैष आत्मानन्दो जगत्प्रत्युपादानं कारणं मृद्वद्घटस्येव । न कुलालवन्निमित्तकारणम्। तथा च सामान्यतः कारणादभिन्नं कार्यमिति नियमो नाद्रियते । किन्तूपादानकारणादभिन्नं कार्यमित्येवाङ्गीक्रियते । स च नानैकान्तिक इति न कोऽपि दोष इति शम् ।।

उपादानकारणलक्षणनिरूपणम् -

स्थितिर्लयश्च कुम्भस्य कुलाले स्तो न हि क्वचित् ।
दृष्टौ तौ मृदि तद्वत्स्यादुपादानं तयोश्श्रुतेः ।।५।।

अन्वयः - हि(यस्मात्) कुम्भस्य स्थितिः लयः च कुलाले क्वचित् न स्तः तौ मृदि दृष्टौ। तद्वत् उपादानं स्यात् । तयोः श्रुतेः ।

व्याख्या :- ननु घटं प्रति मृदिव कुलालोऽप्युपादानकारणं किं न स्यादित्याशङ्क्य तल्लक्षणमुच्यते। यस्योत्पत्तिप्रलययोर्यत्कारणं तस्य तदुपादानमिति । अतो न कुलालस्य घटं प्रत्युपादानतेत्याह । स्थितिलयाधारत्वमुपादानत्वमिति फलितमुपादानकारणलक्षणम् । हि यतो हेतोः कुम्भस्य स्थितिर्लयश्च क्वचिदपि न कुलाले स्त इत्यतो घटं प्रति कुलालो नोपादानं कारणं यस्माद्घटस्थितिलयौ न

कारणभूत कुलाल (कुम्भहार) से कार्यरूप घट भिन्नरूप से देखा गया है । इस शंका का उत्तर देते हैं। किसी वस्तु के दो कारण होते हैं - एक उपादान कारण और दूसरा निमित्तकारण । जिस कारण से वस्तु की उत्पत्ति होती है, वह उसका उपादान कारण है और जो व्यक्ति उसे उत्पन्न करता है, वह उसका निमित्त कारण कहलाता है । मिट्टी घट का उपादान कारण है और कुलाल निमित्त कारण । इसलिये कहते हैं कि घट कुलाल से उत्पन्न होता है और उससे भिन्न भी होता है । अतः कारण से कार्य भिन्न होता है, ऐसी शंका यहाँ नहीं करनी चाहिये । जैसे घट को उत्पन्न करने में मिट्टी उपादान कारण है, वैसे ही जगत् को उत्पन्न करने में आनन्द भी उपादान कारण है, कुलाल के समान निमित्त कारण नहीं है । इसलिए सामान्यतः कारण से कार्य अभिन्न होता है, इस नियम को अधिक महत्व नहीं दिया जाता किन्तु उपादान कारण से कार्य अभिन्न होता है, इस नियम को ही माना जाता है । और यह नियम अनैकान्तिक भी नहीं है ।

उपादान कारण के लक्षण का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - घट की स्थिति और लय कुलाल में कभी भी नहीं होते हैं । किन्तु वे दोनों मिट्टी में ही होते हैं । उसी प्रकार इस जगत् की उत्पत्ति और लय का उपादान कारण आनन्द है, ऐसा श्रुति कहती है ।।५।।

व्याख्या - जैसे मिट्टी को घट के प्रति उपादान कारण कहा गया है, वैसे ही कुलाल भी घट का उपादान कारण क्यों नहीं हो सकता ? ऐसी शंका होने पर उपादान कारण का लक्षण बताते हैं । जिस पदार्थ की उत्पत्ति और लय जिस कारण में होता है, उसी कारण को उस पदार्थ का उपादान कारण कहा

कुलालाधारौ भवत इति । तर्हि तौ कुत्र दृष्टौ प्रत्यक्षत उपलब्धौ । अतो घटस्थोपादानं मृद्भवति । एवं घटविषयमुक्त्वा प्रकृते योजयति । तद्व"दानन्दाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्त" इत्यादि श्रुतेर्जगतस्स्थितिलययोस्तयोरानन्द एवावगमादानन्द एव जगदुपादानकारणं घटस्य यद्वन्मृदुपादानं तद्वज्जगत आनन्द उपादानमिति शम् ।।

उपादानस्य त्रैविध्यनिरूपणम् –

उपादानं त्रिधा भिन्नं विवर्ति परिणामि च ।
आरम्भकञ्च तत्रान्त्यौ न निरंशेऽवकाशिनौ ।।६।।

अन्वयः – विवर्ति च परिणामि च आरम्भकम् उपादानं त्रिधा भिन्नम्। तत्र अन्त्यौ निरंशे न अवकाशिनौ (भवतः) ।

व्याख्या :– नन्वेवमपि घटे मृत्प्रतीतिवद् द्वैतेऽप्यानन्दप्रतीत्यापत्तिरित्याशङ्कायां तद्व्यवस्थां प्रदर्शियितुमुपादानकारणे त्रैविध्यमभिधाय प्रकृतेऽन्त्यपक्षद्वयं साङ्ख्यतर्किकाभिमतं निरंशत्वान्नैव सम्मतमित्याशयं विशदीकरोति । आनन्दस्य स्वाभिमतं जगदुपादानत्वं वक्तुमादौ तत्र त्रैविद्ध्यं प्रदर्श्य विप्रतिपत्तीर्निराकरोति । उपादानमुपादानकारणं विवर्ति परिणम्यारम्भकं चेति त्रिधा भिन्नम् । तत्र च त्रिषु भेदेष्वन्त्यौ परिणाम्यारम्भकपक्षौ निरंशे परस्मिन्ब्रह्मण्यवकाशिनौ सावकाशौ पक्षौ न भवतः । निरवयवत्वाद्ब्रह्मणः । अतो जगतो आनन्दो विवर्तोपादानमेव भवति । अतो जगतःपरं

जाता है । घट की स्थिति और लय कभी भी कुलाल में होता हुआ नहीं देखा गया है । इसलिये घट के प्रति कुलाल उपादान कारण नहीं है । तो फिर स्थिति और लय वे दोनों कहाँ होते हैं ? इस पर कहते हैं कि घट की स्थिति और लय दोनों मिट्टी में देखे गये हैं अर्थात् प्रत्यक्षरूप से उपलब्ध हैं । इसलिए घट का उपादान कारण मिट्टी ही है । उक्त दृष्टान्त को प्रकृत में घटाते हैं कि उसी प्रकार अर्थात् जैसे घट का उपादान कारण मिट्टी है, उसी प्रकार***"आनन्दाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते"*** (तै.उ. ३/६) इत्यादि श्रुतियों से ज्ञात होता है कि जगत् की स्थिति और लय आनन्द में ही होता है । इसलिए आनन्द जगत् का उपादान कारण है ।

उपादान के त्रैविध्य का वर्णन करते हैं ।

अर्थ – उपादान तीन प्रकार का है – विवर्ती, परिणामी और आरम्भक । उनमें अन्त के दोनों के लिए निरंश में अवकाश नहीं है ।।६।।

व्याख्या – आनन्द को जगत् का उपादान कारण मान लेने पर भी उसमें विप्रतिपत्ति बनी रहती है । अतः उसका परिहार करने के लिए उपादान कारण के त्रैविध्य को दर्शाकर परिणामवाद और आरम्भवाद में दोष दिखाते हैं । उपादान कारण विवर्ती, परिणामी और आरम्भक इस तरह तीन प्रकार का है अर्थात् उपादान के तीन भेद हैं । उन भेदों में जो अन्त के दो पक्षों का (परिणामवाद और आरम्भवाद का) अंशरहित (निरंश) परब्रह्म में अवकाश नहीं है । तात्पर्य यह है कि परब्रह्म जगत् का परिणामी और आरम्भक कारण नहीं है, अपितु विवर्ती है ।

ब्रह्म परिणाम्यारम्भककारणं वा न भवतीति शम्।।

आरम्भवादनिरूपणम् -

आरम्भवादिनोऽन्यस्मादन्यस्योत्पत्तिमूचिरे।
तन्तोः पटस्य निष्पत्तेर्भिन्नौ तन्तुपटौ खलु ॥७॥

अन्वयः - आरम्भवादिनः अन्यस्मात् अन्यस्य उत्पत्तिम् ऊचिरे। तन्तोः पटस्य निष्पत्तेः। तन्तुपटौ भिन्नौ खलु ।

व्याख्या :- तयोरनवकाशप्रदिदर्शयिषयादौ तार्किकाभिमतमारम्भवादमुपपादयति । वैशेषिकादय आरम्भवादिनः । अन्यस्मात्कारणात्कार्यापेक्षया भिन्नात्समवायकारणादन्यस्य कारणापेक्षया भिन्नस्य कार्यस्योत्पत्तिं जन्मोचिर आरम्भवादिनः । हेतुभिन्नसत्ताक एवारम्भ इति तल्लक्षणम् । कारणाद्भिन्नं कार्यमारभ्यत इति मन्यन्ते नैयायिकादयः । कुत एवं वदन्तीत्यत्र कारणमाह । तन्तोः पटस्य निष्पत्तेरुत्पत्तेरुपलम्भाद्दर्शनात् । उत्पत्तेराद्यक्षणसम्बन्धरूपतया पूर्वक्षणे कार्यस्य कारणाभिन्नत्वे पूर्वक्षणेऽपि कार्यसम्बन्धस्य सत्त्वे नाद्यक्षणसम्बन्धरूपोत्पत्तिस्स्यादिति तेषां भावः । एवं कार्यकारणभेदेन सिद्धं भेदं लोकानुभवतोऽपि दर्शयति । तन्तुपटौ कारणीभूततन्तुः कार्यभूतपटश्चेत्युभौ भिन्नौ खल्विति प्रसिद्धौ । विरुद्धपरिणामत्वद्विद्धार्थक्रियावत्त्वाच्चेति कार्यकारणयोर्विरोधस्सर्वैरनुभूयत इति शम् ।।

परिणामवादनिरूपणम् -

अवस्थान्तरतापत्तिरेकस्य परिणामिता।
स्यात्क्षीरन्दधि मृत्कुम्भस्सुवर्णङ्कुण्डलं यथा ॥८॥

आरम्भवाद का प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ - आरम्भवादी लोगों ने अन्य से अन्य की उत्पत्ति कही है । जैसे तन्तु से पट की निष्पत्ति होने पर भी तन्तु और पट भिन्न है, यह प्रसिद्ध ही है ।।७।।

व्याख्या - परिणामवाद का और आरम्भवाद का अद्वैत में अवकाश नहीं है, इसी बात को दिखाने के लिए सर्वप्रथम आरम्भवादी के मत का सहेतुक अनुवाद करते हैं और दृष्टान्त भी देते हैं । नैयायिकादि लोग आरम्भवादी हैं । वे अन्य कारण से अर्थात् कार्यापेक्षा से भिन्न समवायी कारण से अन्य की अर्थात् कारणापेक्षा से भिन्न कार्य की उत्पत्ति मानते हैं अर्थात् नैयायिकादि कारण से भिन्न कार्य का आरम्भ होता है, ऐसा मानते हैं । उसका कारण दृष्टान्त पूर्वक कहते हैं - जैसे तन्तु से पट की निष्पत्ति (उत्पत्ति) होती है । अतः तन्तु पट का उपादान कारण होने पर भी दोनों का अभेद नहीं है, दोनों भिन्न-भिन्न ही हैं । श्लोक में '**खलु**' प्रसिद्ध्यर्थक है । अतः कारणीभूत तन्तु (धागा) और कार्यभूत पट (वस्त्र) दोनों भिन्न ही हैं ।

अब परिणामवाद का प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ - एक ही वस्तु की अवस्थान्तरता प्राप्ति को परिणामिता कहते हैं । जैसे दूध दही बन जाता है, मिट्टी घड़ा और सुवर्ण कुण्डल बन जाता है ।।८।।

व्याख्या - सांख्यदर्शन परिणामवाद का समर्थक है । इसके अनुसार कार्य जब तक उत्पन्न नहीं

अन्वयः – एकस्य अवस्थान्तरतापत्तिः परिणामिता। यथा क्षीरं दधि। मृद् कुम्भः। सुवर्णं कुण्डलं स्यात्।।

व्याख्या :– अधुना साङ्ख्यानामभिमतं परिणामवादं विशदयति । एकस्य वस्तुनोऽवस्थान्तरतापत्ति–रन्यावस्थायाः प्राप्तिः पूर्वावस्थात्यागपुरस्सरमवस्थान्तरप्राप्तिः परिणाम इति साङ्ख्यैरुच्यते । परिणामविषय उदाहरणमाह । यथा क्षीरमातञ्चनेन दधि स्यात् । क्षीररूपं विहाय दधिरूपेण परिणमते । तथा मृत्कुम्भो भवति । सुवर्णं च कुण्डलं भवति । मृदाद्युदाहरणद्वयं तु तार्किकनिराकरणायैव। अवस्थान्तरं तु पटेऽपि दधिसममेवेति नैवारम्भवादस्सिद्ध्यतीति भावः । क्षीरमृत्सुवर्णादीनां क्षीरादिव्यवहारयोग्यतां परित्यज्य दध्यादिव्यवहारयोग्यतापत्तिः । मृत्सुवर्णयोः कुम्भकुण्डलाद्यवस्थायां मृत्सुवर्णयोः प्रतीयमानत्वेऽपि मृत्सुवर्णव्यवहारात्परिणाम इत्याशयः । अवस्थान्तरतापत्तित्वं परिणामित्वमिति सामान्यमिदं लक्षणम् । अतात्त्विकान्यथाभावो विवर्त इति तत्त्वम् । निष्कृष्टलक्षणं तु वक्ष्यते "क्षीरादौ परिणामोऽस्तु पुनस्तद्भाव वर्जनात् । एतावता मृदादीनां दृष्टान्तत्वं न हीयत" इत्यत्रेति शम् ।।

विवर्तलक्षणनिरूपणम् –

अवस्थान्तरभानन्तु विवर्तो रज्जुसर्पवत् ।
निरंशेऽप्यस्त्यसौ व्योम्नि तलमालिन्यकल्पनात् ।।९।।

अन्वयः – अवस्थान्तरभानं तु विवर्तः। रज्जुसर्पवत् । असौ निरंशे अपि अस्ति। व्योम्नि तलमालिन्यकल्पनात् ।

व्याख्या :– विवर्तस्वरूपमाह । पूर्वोक्तपक्षद्वयवैलक्षण्यद्योतनार्थस्तुशब्दः । कारणस्य स्वयं

होता तब तक वह कारण में ही अव्यक्तरूप से विद्यमान रहता है । एक ही वस्तु जब अन्य अवस्था को प्राप्त हो जाती है तब वह उसका परिणाम कारण मानी जाती है । सांख्यों के द्वारा इसी को परिणामिता कहा जाता है । इस विषय में तीन उदाहरण देते हैं । जैसे दूध दही हो जाता है अर्थात् दूध अपने रूप को छोड़कर दहीरूप में परिणत हो जाता है और मिट्टी घट हो जाती है तथा सुवर्ण कुण्डल बन जाता है । मिट्टी और सुवर्ण घट और कुण्डलावस्था में प्रतीत होने पर भी उनको मिट्टी या सुवर्ण नहीं कहा जाता किन्तु घट और कुण्डल रूप से ही व्यवहार होता है, इसीलिये इसे परिणाम कहा गया है । अवस्थान्तरता प्राप्ति को परिणामिता कहते हैं, यह सामान्य लक्षण कहा गया है ।

अब विवर्त के लक्षण का विवरण करते हैं ।

अर्थ – किन्तु एक अवस्था में दूसरी अवस्था का भान होना विवर्त है, जैसे रस्सी में सर्प की प्रतीति। आकाश में तलमालिन्य की कल्पना से वह विवर्त निरंश वस्तु में भी हो सकता है ।।९।।

व्याख्या – श्लोक में '**तु**' शब्द पूर्वपक्ष से विलक्षणता का द्योतक है । आरम्भवाद और परिणामवाद से विवर्तवाद में विलक्षणता है । एक अवस्था में दूसरी अवस्था का भान होना विवर्त कहलाता है । ***"विशेषेण वर्तनं भानं विवर्तः"*** अर्थात् विशेषरूप से भासित होने वाले को विवर्त कहते हैं । पूर्वावस्था का परित्याग किये बिना ही अवस्थान्तर में भासित होना विवर्त का लक्षण है । परिणामवाद के अनुसार कारण स्वयं अवस्थान्तर को प्राप्त हो जाता है जैसे दूध दही बन जाता है । और आरम्भवाद

किमपि विकारमनापाद्य पूर्वावस्थामपरिहायावस्थान्तरभानमन्यावस्थायामवभानं प्रतीतिर्विवर्तो भवति। विशेषेण वर्तनं भानं विवर्तः । पूर्वरूपमपरित्यज्यैवावस्थान्तराभानत्वं लक्षणं विवर्तस्य । तात्त्विकान्यथाभावः परिणाम इति च तत्त्वम् । परिणामश्चावस्थान्तरतापत्तिः । यथा क्षीरं दधिरूपेण। वस्त्वन्तरोत्पत्तिजनक आरम्भो यथा तन्तोः पटः । अवस्थान्तरभानमात्रमेव विवर्तः । यथा रज्ज्वात्मनावस्थितस्यैव द्रव्यस्य सर्पात्मनावभासनं विवर्तः इति बोद्धव्यम् । तत्रोदाहरणमाह । रज्जुसर्पवत् । यथा रज्जुस्स्वयं विकारमनापन्ना सर्प इव विशेषाकारेणाभासते तद्वदिति भावः । यतो रज्ज्वभावे सर्पस्यानवभासनम् । अतो भवति सर्पस्य कारणं रज्जुः । नन्वारम्भादिवद्विवर्तोऽपि निरंशे न सम्भवतीत्याशङ्क्य तस्य निरंशेऽपि सम्भवतीति दृष्टान्तमुखेन विशदयति निरंश इति । निरंशोऽपि निरवयवेऽपि व्योम्नि तलमालिन्यकल्पनात्तलमधोमुखेन्द्रनीलकटाह इति साम्प्रदायिकाः। तत्कल्पनात्तत्स्वरूपानभिज्ञैस्तलगतमालिन्यं नीलवर्णत्वं तयोःकल्पनादारोपणात्तस्य लोकैरनुभूयमानत्वादस्ति विद्यते इत्यतो नास्त्यसम्भव इति भाव इति शम् ।।

जगतो विवर्तोपादानमानन्द एवेतिनिरूपणम् -

ततो निरंश आनन्दे विवर्तो जगदिष्यताम् ।
मायाशक्तिः कल्पिका स्यादैन्द्रजालिकशक्तिवत् ।।१०।।

अन्वयः - ततः जगत् निरंशे आनन्दे विवर्तः इष्यताम् । मायाशक्तिः कल्पिका स्यात् ऐन्द्रजालिकशक्तिवत् ।

में भिन्न कारण से भिन्न कार्य की उत्पत्ति होती है जैसे तन्तु से घट । और विवर्तवाद के अनुसार कारण ही अन्य अवस्था को प्राप्त होता है जैसे रज्जु सर्प बन जाती है । रज्जु (रस्सी) स्वयं विकार को प्राप्त हुए बिना ही मन्द अन्धकार में सर्प के समान प्रतीत होती है । रज्जु के अभाव में रस्सी का भी भान नहीं हो सकता इसलिए रज्जु ही सर्प का कारण है । ***शंका*** - तब तो आरम्भवाद के समान विवर्त भी निरंश (अंशरहित) में नहीं हो सकता । ***समाधान*** - ऐसी शंका होने पर विवर्त निरंश में भी संभव है, इसे दृष्टान्त पूर्वक स्पष्ट करते हैं । निरंश आकाश में तलमालिन्य की कल्पना के समान वह विवर्त निरंश वस्तु में भी हो सकता है । वस्तुतः अवयवरहित आकाश का कोई रूप या रंग नहीं है तथापि ऐसा प्रतीत होता है कि क्षितिज पर आकाश का अन्त हो गया है तथा किसी ने आकाश को उल्टी कढ़ाई के समान लटका दिया हो और आकाश नीले रंग का भी प्रतीत होता है । कभी मलिन भी प्रतीत होता है । आकाश में इन सब की कल्पना विवर्त के कारण की जाती है और वह सभी के द्वारा अनुभवगम्य है । इसलिए निरंश में विवर्त की असंभावना नहीं है । निरंश आत्मवस्तु में भी विवर्त हो सकाता है ।

जगत् का उपादान कारण आनन्द ही है, इसका निरूपण करते हैं ।

अर्थ - इसलिए जगत् निरवयव आनन्द का विवर्त है ऐसा जानो । ऐन्द्रजालिक (जादूगर) की शक्ति के समान मायाशक्ति जगत् की कल्पना करती है ।।१०।।

व्याख्या - जगत् की उत्पत्ति में आनन्द का विवर्तत्व सिद्ध होता है, इसलिए जगत् निरवयव आनन्द का विवर्त है ऐसा जानो अर्थात् स्वयं विकार को प्राप्त हुए बिना आनन्द ही जागत् के समान भासित

व्याख्या :- एवञ्च जगदुत्पत्तेरानन्दस्य विवर्तत्वं सिद्ध्यतीत्याह । ततो निरंशेऽपि विवर्तसम्भावा-ज्जगन्निरंश आनन्दे विवर्त इष्यताम् । कल्पितमित्यङ्गीक्रियतामिति भावः । आनन्द एव स्वयमविकारो जगदिवावभासत इत्याशयः । नन्वन्यस्य कल्पकस्याभावे विवर्तो न स्यात् ? तथा कल्पनाहेतोर-भावादद्वितीय आनन्दे जगत्कल्पनमेवानुपपन्नमित्यत्राह । ऐन्द्रजालिकशक्तिवन्मायाशक्तिर्जगतः कल्पिका स्यात् । शक्तेश्च कल्पकत्वमैन्द्रजालिकनिष्ठाया मणिमन्त्रादिरूपाया मायाया गन्धर्वनगरादि-कल्पकत्वदृष्ट-चरमेव । अत एवोक्तं प्राक् । "सत्तत्वमाश्रिता शक्तिः कल्पयेत्सति विक्रियाः । वर्णा भित्तिगता भित्तौ चित्रं नानाविधं तथे"ति । तथा "मायी सृजति विश्वं सन्निरुद्धस्तत्र माययें"ति त्यादिना चेति शम् ।।

शक्तेश्शक्तादपार्थक्यनिरूपणम् -

शक्तिश्शक्तात्पृथङ्नास्ति तद्वद्दृष्टेर्न चाभिदा ।
प्रतिबन्धस्य दृष्टत्वाच्छक्त्यभावे तु कस्य सः ।।११।।

अन्वयः - शक्तिः शक्तात् पृथक् न अस्ति । तद्वत् दृष्टेः । अभिदा न च । प्रतिबन्धस्य दृष्टत्वात्। शक्त्यभावे तु सः कस्य ?

व्याख्या :- आत्मस्वरूपभूतादानन्दादन्यस्या मायाशक्तेः कश्चनाभ्युपगमेऽद्वितीयस्यात्मनोऽपि सद्वितीयत्वापत्तिरित्याशङ्कायां तस्याश्शक्तेश्च मिथ्यात्वविवक्षया तदनिर्वाच्यत्वं प्रदर्शयन्नुक्तशक्तिप्रकल्पने किं प्रमाणमित्याशङ्कायां तस्याश्शक्तेश्शक्तात्पृथक्सत्त्वं चेद्भवेदपि प्रमाणप्रतिपित्सा तदेव तावल्लौकिकाग्न्यादिशक्तावपि नैव सम्भवतीति प्रदर्शयति । शक्तिरग्न्यादेर्दाहकत्वशक्तिर्वह्निनिष्ठा स्फोटादिजनिका शक्ताच्छक्तिमतोऽग्न्यादेः पृथग्भिन्ना नैवास्ति । कुत इत्यत्राह । अत्र तद्वदिति भावप्रधानो निर्देशः । यथा घटोऽभिधेयः प्रमेयत्वात्पटवदिति केवलान्वयिन्यनुमाने घटपटस्य लाघवान्मीमांसकसम्मतायां जातावेव

होता है । अद्वितीय आनन्द में अन्य कल्पक का अभाव होने से विवर्त नहीं हो सकता । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि जादूगर की शक्ति के समान मायाशक्ति जगत् की कल्पना करती है । पूर्व में कहा भी है कि जैसे भित्तिगत वर्ण भित्ति में नानाविध चित्रों की कल्पना करते हैं, उसी प्रकार सत् तत्त्व का आश्रय लेने वाली शक्ति (माया) सत् में ही नाना प्रकार के विकारों की कल्पना करती है (पं.द. २/५९) ।

शक्ति का शक्तिमान से अपार्थक्य कहते हैं ।

अर्थ - शक्ति शक्तिमान से पृथक् नहीं हैं क्योंकि उसी तरह (अभिन्नरूप से) देखी जाती है । किन्तु वह अभिन्न भी नहीं है, क्योंकि उसका प्रतिबन्ध देखा जाता है और यदि शक्ति का आभाव ही मानेंगे तो वह प्रतिबन्ध किसका होगा ?।।११।।

व्याख्या - आनन्दस्वरूप आत्मा के अतिरिक्त माया का अंगीकार करने पर तो द्वैतापत्ति दोष प्राप्त होगा । ऐसी शंका होने पर माया के मिथ्यात्व की विवक्षा से उसकी अनिर्वचनीयता दर्शाते हैं । अग्नि की दाहकत्व शक्ति अग्निरूप शक्तिमान से पृथक् नहीं है । क्यों नहीं है ? तो कहते हैं क्योंकि अग्नि की शक्ति अग्नि से अभिन्नरूप में देखी जाती है । यदि अग्नि उसकी शक्ति से भिन्नरूप से उपलब्ध नहीं होती है, तब तो शक्ति और शक्तिमान की अभिन्नता होगी । इस पर कहते हैं कि वह अभिन्न भी नहीं है । क्यों नहीं है ? तो कहते हैं कि मणि, मन्त्रौषधि आदि के द्वारा शक्ति का प्रतिबन्ध देखा गया है ।

शक्तिर्विशेषनिर्देशाभावाद्गामानयेत्यादा वानयनक्रियासम्बन्धाद्गोव्यक्तिविशेषे च गोपदशक्तिं वदतो घटादिपदनिर्देशो भावप्रधानस्तथा प्रकृतेऽपि तद्वत्पदशक्त्यस्य तथात्वस्य शक्तिमदिवदृष्टेर्भेदे नासत्त्वस्य दर्शनाच्छक्तिमतो भेदेनानुपलभ्यमानत्वात् अग्न्यादिस्वरूपातिरेकेण । एवं तर्हि शक्तिश्शक्तिमतोऽभिन्ना स्यादित्यत्राह । उभयोरभिदाभेदोऽपि न च नैव विद्यते । अग्न्यादि स्वरूपमेव शक्तिरित्यपि न । तत्रापि हेतुं दर्शयति कुतः? मन्त्रौषधादीनां प्रतिबन्धस्य दृष्टत्वात् । मण्यादिजन्योऽग्निष्ठदाहप्रतिबन्धः । मणिमन्त्रौषधादिभिः शक्तिकार्यस्य स्फोटादेः प्रतिबन्धदर्शनात्स्वरूपातिरिक्ता शक्तिर्विज्ञेयेति भावः । अग्नेःप्रत्यक्षतःप्रतीयमानत्वेन सत्त्वे निश्चिते मण्यादिसमवधाने स्फोटादेरजननेन तत्र शक्तिनाशस्यावश्यमभ्युपेयत्वाद्वह्निस्वरूपातिरिक्ता शक्तिनाशस्यावश्यतीत्याशयः । ननु प्रतिबन्धकदर्शनाच्छक्तिस्सिद्ध्यतु किन्तु तस्या भेदो मास्त्वित्याशङ्कायामाह। शक्त्यभावे तु भेदेन शक्त्यभावे तु स प्रतिबन्धः कस्य स्यान्निर्विषय एव स्यात् । वह्नेः प्रत्यक्षतस्सिद्धत्वेन तदभिन्नायाश्शक्तेरपि सत्त्वाभ्युपगमप्रसङ्गात् । शक्ताद्भिन्नत्वेन शक्तेरभावेऽतु मणिमन्त्रादिकृतदाहादिकार्य-निरोधोऽग्नेस्सत्त्वेऽपि तत्कार्यस्य दाहस्य मण्यादिकृतो निरोधः प्रत्यक्षेणोपलभ्यते स न स्यात्तस्मात्तदन्यथानुपपत्त्या शक्तिश्शक्तादभिन्नेत्यपि वक्तुमयुक्तमेवेति तात्पर्यम् । प्रत्यक्षसिद्धाग्न्यादिस्वरूपस्य प्रतिबन्धासम्भवात्तद्व्यतिरिक्त-शक्त्यनभ्युपगमे सति प्रतिबन्धोऽप्यविषय एवेति भाव इति शम् ।।

शक्तिःकार्यानुमेयेति निरूपणम् -

शक्तेः कार्यानुमेयत्वादकार्ये प्रतिबन्धनम् ।
ज्वलतोऽग्नेरदाहे स्यान्मन्त्रादिप्रतिबन्धता ।।१२।।

मणि, मन्त्रादि के द्वारा अग्नि की दाहकता शक्ति प्रतिबन्धित हो जाती है । अग्नि का स्वरूप तो यथावत् रहता है किन्तु उसकी दाहकता प्रतिबन्धित हो जाने से वह जला नहीं सकती । इससे यह सिद्ध होता है कि अग्नि की शक्ति अग्नि से अभिन्न नहीं है, क्योंकि यदि दोनों अभिन्न होते तो उसकी शक्ति का प्रतिबन्ध नहीं होना चाहिये था । ***शंका*** - ठीक है, प्रतिबन्ध के कारण शक्ति की सत्ता सिद्ध होती है किन्तु उसका अग्नि से भेद कैसे हो सकता है ? ***उत्तर*** - यदि शक्ति का अभाव ही मानेंगे तो वह प्रतिबन्ध किसका होगा ? अर्थात् यदि अग्नि की दाहकता अग्नि से भिन्न नहीं है तो मणि, मन्त्रादि के द्वारा जिसका प्रतिबन्ध किया गया है, वह क्या है ? तात्पर्य यह है कि अग्नि प्रत्यक्ष सिद्ध होने के कारण मणि, मन्त्रादि से उसके प्रतिबन्धित होने का तो प्रश्न ही नहीं है और यदि शक्ति को शक्तिमान से पृथक् न माने तो वह प्रतिबन्ध निर्विषय हो जाएगा । अतः प्रतिबन्ध का विषय शक्ति है, ऐसा मानना ही पड़ेगा और वह अग्नि से पृथक् ही है ।

इसी प्रकार परमात्मा की माया शक्ति भी न उससे भिन्न है और न अभिन्न । वह अनिर्वचनीय है और इसीलिए उसे मिथ्या कहा जाता है । अतः आत्मा के अतिरिक्त माया की पृथक् सत्ता न होने के कारण अद्वैत पक्ष में द्वैतापत्ति दोष प्राप्त नहीं होता है ।

शक्ति कार्यानुमेया है, इसको दृष्टान्त पूर्वक बताते हैं ।

अर्थ - शक्ति कार्यानुमेया है, इसलिए कार्य के अभाव में प्रतिबन्ध का बोध होता है । जैसे प्रज्वलित अग्नि में दाहकता के न होने से मन्त्रादि के द्वारा उसका प्रतिबन्ध सिद्ध होता है ।।१२।।

व्याख्या - शक्ति तो अतिन्द्रिय है, अतः उसका नाश भी अवश्य अतिन्द्रिय ही होगा तो फिर उसके

अन्वयः–शक्तेः कार्यानुमेयत्वात् । अकार्ये प्रतिबन्धनम् । ज्वलतः अग्नेः अदाहे मन्त्रादिप्रतिबन्धता स्यात्।

व्याख्या :– शक्तेरतीन्द्रियत्वेनानिर्वचनीयत्वेन च तन्नाशस्याप्यतीन्द्रियत्वावश्यभावात्प्रतिबन्धः कथं ज्ञातुं शक्य इत्यत्रोच्यते । शक्तेःकार्यानुमेयत्वाच्छक्तेरप्रत्यक्षत्वादतीन्द्रिया शक्तिर्यतः कार्यलिङ्गम्यातोऽकार्ये सत्यपि कारणे कार्यानुत्पत्तौ सत्यां प्रतिबन्धोऽवगम्यत इति भावः । यत्र स्फोटादिकार्यं तत्राग्निशक्तिरित्यनुमितिविषयत्वादकार्ये चासति स्फोटादिकार्ये प्रतिबन्धोऽवगम्यते । कार्यानुमेयायाश्शक्तेर-भावोऽपि तदितरयावत्कारणसमवधानकालीनकार्याभावेनानुमातुं शक्यत इत्याशयः। उक्तमर्थं दृष्टान्तेन प्रदर्शयति । लोके स्वरूपेण ज्वलतोऽग्नेस्सकाशाद्दाहे दाहादिकक्षणे कार्येऽनुत्पद्यमाने सति मन्त्रादीनां मन्त्रतन्त्रयन्त्रमण्यौषधादीनां दाहशक्तिप्रतिबन्धता स्यादिति सिद्ध्यति । अग्नेर्मण्यादिना प्रतिबद्धशक्तिता किन्तु प्रतिबन्धसन्निधौ स्फोटादि न जनयतीत्यतश्शक्तिः प्रतिबद्धेत्यनुमातुं शक्यत इति शम् ।।

शक्तेरस्तितायां प्रमाणप्रदर्शनम् –

देवात्मशक्तिं स्वगुणैर्निगूढां मुनयोऽविदन् ।
परास्य शक्तिर्विविधा क्रियाज्ञानबलात्मिका ॥१३॥

अन्वयः – मुनयः देवात्मशक्तिं स्वगुणैः निगूढाम् अविदन् । क्रियाज्ञानबलात्मिका ।

व्याख्या :–इत्थं लौकिकीं शक्तिं स्वरूपतः प्रमाणतश्च प्रदर्श्य सम्प्रति ह्यात्मसत्तयैवोक्तमाया-शक्तिसद्भावे " ते ध्यानयोगानुगता अपश्यन्देवात्मशक्तिं स्वगुणैर्निगूढा"मिति । तथा परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया चे"ति च श्रुतिं प्रमाणयन्नर्थतस्तद्वाक्यं पठति । मुनयो मननशीलाः

प्रतिबन्ध को कैसे जाना जा सकता है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि शक्ति कार्यानुमेया है अर्थात् कार्य के द्वारा ही शक्ति का अनुमान होता है क्योंकि शक्ति प्रत्यक्ष का विषय नहीं है । जहाँ पर दाहकता होती है, वहाँ पर यह अनुमान किया जाता है कि वह अग्नि की शक्ति है और जहाँ पर अग्नि होने पर भी दाहकता का अर्थात् कार्य का अभाव होता है, वहाँ उस शक्ति के प्रतिबन्ध का बोध होता है । प्रज्वलित अग्नि में दाहकता के अभाव से यह सिद्ध होता है कि मन्त्रादि के द्वारा अग्नि को प्रतिबन्धित कर दिया गया है । अग्नि तो जलती हुई प्रतीत होती है किन्तु प्रतिबन्ध के कारण उसमें दहाकता नहीं रहती । इससे अग्नि की शक्ति प्रतिबन्धित हुई है, ऐसा अनुमान किया जा सकता है । इससे यह भी ज्ञात होता है कि मन्त्रादि का प्रभाव दाहकता पर पड़ता है, अग्नि पर नहीं । यह तभी सम्भव है जब अग्नि से उसकी दाहकता शक्ति भिन्न हो । कार्य से ही शक्ति का ज्ञान होता है, वह स्वतः प्रत्यक्ष नहीं होती है । माया शक्ति भी ऐसी ही है । उसके कार्यों के द्वारा उसका अनुमान किया जा सकता है ।

माया शक्ति के अस्तित्त्व में श्रुतिप्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ – मुनियों ने ब्रह्म की माया शक्ति को अपने गुणों के द्वारा निगूढ़ रूप से जाना है । इस ब्रह्म की पराशक्ति क्रिया, ज्ञान और बलरूप से विविध कही गयी है ।।१३।।

व्याख्या – ***''ते ध्यानयोगानु.....''*** (श्वे.उ. १/३) ***''पराऽस्य शक्तिः''*** (श्वे.उ. ६/८) इत्यादि श्वेताश्वतर उपनिषद् के मन्त्रों का अर्थतः पठन करके माया शक्ति के अस्तित्त्व को दर्शाते हैं । मननशील मुनियों ने जगत्, जीव और ईश्वर आदि के तत्त्व को जानने के लिए ध्यानयोग का अनुवर्तन कर देवात्मशक्ति को अर्थात् परब्रह्म की माया शक्ति को अपने गुणों के द्वारा निगूढ़ (अत्यन्त आवृत) जाना अर्थात् अपने गुणों

कालस्वभावादिकारणवादेषु दोषदृष्टयो जगज्जीवेश्वराणां तत्त्वावेक्षणाय जगत्कारणजिज्ञासया ध्यानयोगमास्थिता अधिकारिणस्सन्तो देवात्मशक्तिं देवं स्वयम्प्रकाशो द्योतनात्मा स्वप्रकाशचिदात्मा स चासावात्मा प्रत्यगभिन्नपरमात्मा, तस्य ब्रह्मणो मायाशक्तिं मायारूपां शक्तिं स्वगुणैस्स्वकार्यभूतैस्स्थूलसूक्ष्मशरीरैर्निगूढां नितरामावृतां यथोर्णनाभिस्स्वजन्यैस्तन्तुभिराव्रियते तथावृतामविदन्नजानन्साक्षात्कृतवन्तः ।

तस्यास्स्वरूपविषये तस्यामेव श्वेताश्वतरोपनिषद्गतं वाक्यान्तरमर्थतस्सङ्गृह्णाति । अस्य च परब्रह्मणः परात्यन्तमुत्कृष्टा जगत्कारणभूता शक्तिस्सा विविधानैकविधा श्रूयते । तद्वैविद्ध्यमेव प्रदर्शयति । क्रियाज्ञानबलात्मिका क्रियामेयचित्ररचना वैभवात्मकस्यास्य जगतो रचनारूपा । श्रुतिश्च "बहूनामेकं बीजं बहुधा यः करोती"ति। ज्ञानं च चित्स्वरूपमत्रापि श्रुति" श्चेतनश्चेतनानामेको बहूना"मिति । बलमिच्छा क्रियाज्ञानशक्तिसाहचर्या दतोऽत्र बलशब्देनेच्छाशक्तिरेव गृह्यते । क्रियाशक्तिबलानामात्मा स्वरूपं यस्यास्सा तथाभूता शक्तिरिति प्राह वेदवचः ।

अत्र च पूर्वोक्ताश्श्लोका अप्यर्थतोऽनुसन्धेयाः । ते च यथा "निस्तत्त्वा कार्यगम्यास्य शक्तिर्मायाग्निशक्तिवत्। न हि शक्तिः क्वचित्कैश्चिद्बुद्ध्यते कार्यतः पुरा । न सद्वस्तुसतश्शक्तिर्न हि वह्नेस्स्वशक्तिता । सद्विलक्षणतायां तु शक्तेः किं तत्त्वमुच्यताम् । शून्यत्वमिति चेच्छून्यं मायाकार्यमितीरितम्। न शून्यं नापि सद्यादृक्तादृक्तत्त्वमिहेष्यता"मित्यादीनि ।

तथैवात्र श्वेताश्वतरीया अपि केचन मन्त्रा अवश्यमनुसन्धेया इति तेऽप्यत्र लिख्यन्ते । "तमीश्वराणां परमं महेश्वरं तं देवतानां परमं च दैवतम् । पतिं पतीनां परमं परस्ताद्विदाम देवं भुवनेशमीड्यम् । न तस्य कार्यं करणं च विद्यते न तत्समश्चाभ्यदिकश्च दृश्यते । परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च। न तस्य कश्चित्पतिरस्ति लोके न चेशिता नैव च तस्य लिङ्गम् । स कारणं करणाधिपाधिपो न चास्य कश्चिज्जनिता न चाधिपः । यस्तूर्ननाभ इव तन्तुभिः प्रधानजैस्स्वभावतो देव एकः । स्वमावृणोत्सनो दधाद्ब्रह्माप्ययम् । एको देवस्सर्वभूतेषु गूढस्सर्वव्यापी सर्वभूतान्तरात्मा । कर्माध्यक्षस्सर्वभूताधिवासस्साक्षी चेता केवलो निर्गुणश्च। एको वशी निष्क्रियाणं बहूनामेकं बीजं बहुधा यः करोति । तमात्मस्थं येऽनुपश्यन्ति धीरास्तेषां सुखं शाश्वतं नेतरेषाम् । नित्यो नित्यानां चेतनश्चेतनानामेको बहूनां यो विदधाति कामान् । तत्कारणं साङ्ख्ययोगाधिगम्यं ज्ञात्वा देवं मुच्यते सर्वपाशै" रित्यादय इति शम् ।।

से आच्छादित परमात्मा की शक्ति का साक्षात्कार किया । इस परब्रह्म की पराशक्ति विविध है । उसके वैविध्य को दर्शाते हैं । वह पराशक्ति क्रिया, ज्ञान और बलरूप से विविध प्रकार की कही गयी है । अमेयचित्ररचनावैभवात्मक इस जगत् की रचना को क्रिया और चित्स्वरूप को ज्ञान कहा है तथा क्रिया और ज्ञानशक्ति के साहचर्य से बल शब्द से इच्छाशक्ति का ग्रहण होता है । इस प्रकार माया अनेक प्रकार की है । शांकर भाष्यानुसार परमात्मा की पराशक्ति स्वभाव से ही ज्ञानक्रिया और बलक्रिया वाली है । सम्पूर्ण विषयों के ज्ञान की प्रवृत्ति को ज्ञानक्रिया और अपनी सन्निधिमात्र से सबको वश में करके नियमन करने को बलक्रिया कहा गया है । इस विषय में द्वितीय प्रकरण के श्लो ४७, ४८, ४९ का भी अवलोकन करना चाहिये । वहाँ पर माया के स्वरूप और अनिर्वचनीयता को भी स्पष्ट किया गया है तथा श्वेताश्वतर उपनिषद् के छटवें अध्याय के सातवें मन्त्र से तेरहवें मन्त्र तक का भी अवलोकन करना चाहिये ।

माया शक्तिविषये योगवासिष्ठमपि प्रमाणमिति निरूपणम् -

इति वेदवचः प्राह वसिष्ठश्च तथाब्रवीत् ।
सर्वशक्ति परं ब्रह्म नित्यमापूर्णमद्वयम् ॥१४॥

अन्वयः - इति वेदवचः प्राह। तथा वसिष्ठः च अब्रवीत् । परं ब्रह्म नित्यं आपूर्णम् अद्वयम् सर्वशक्ति।

व्याख्या :- योऽर्थो वेदः प्राह स एवार्थो श्रीवसिष्ठेन रामायोपदिष्ट इति तमेवार्थतः पठति । न केवलं मायाशक्तिश्श्रुतिप्रसिद्धा । किन्तु स्मृतिप्रसिद्धापि । यथा श्रुतिर्विचित्रां मायाशक्तिमुक्तवती तथैवाब्रवीद्वसिष्ठो योगवासिष्ठाख्ये ग्रन्थे । मायाशक्तिप्रतिपादकान्वासिष्ठश्लोकानेव पठति । परं ब्रह्म सर्वशक्ति सोपाधिकत्वेन सर्वशक्तिमत् । परमार्थस्तु नित्यं निर्विकारमापूर्णमासमन्ताद्व्याप्तमत एवाद्वयं तत्परं ब्रह्म यया मायाशक्योल्लसति विशेषाकारेणावभासते विकसति विवर्तत इति भावः । तथासौ शक्तिः प्रकाशमभिव्यक्तिमधिगच्छति प्राप्नोतीति शम् ।।

मायाशक्तेरभिव्यक्तिप्रकारनिरूपणम् -

ययोल्लसति शक्त्यासौ प्रकाशमधिगच्छति ।
चिच्छक्तिर्ब्रह्मणो राम शरीरेषूपलभ्यते ॥१५॥

पूर्वोक्त कथन में महर्षि वसिष्ठ के वचनों को उद्धत करते हैं ।

अर्थ - इस प्रकार वेदों ने कहा है और श्रीवसिष्ठ जी ने भी उसी प्रकार कहा है कि परब्रह्म सर्वशक्तिमान, नित्य, परिपूर्ण और अद्वितीय है । जिस माया शक्ति से वह ब्रह्म जब उल्लसित होता है तब वह माया शक्ति अभिव्यक्त होती है । हे राम ! ब्रह्म की चेतन शक्ति (प्रत्येक) शरीरों में उपलब्ध होती है ।।१४-१५।।

व्याख्या - पूर्व श्लोकस्थ वाक्य कहाँ के हैं, यह बताकर मायाशक्ति केवल श्रुतिप्रसिद्ध ही नहीं है अपितु स्मृतिप्रसिद्ध भी है, यह बताते हैं । इस प्रकार (पूर्वोक्त वचन) वेदों ने कहा है और इसी अर्थ को अर्थात् जैसे श्रुति ने विचित्र माया शक्ति का वर्णन किया है, उसी प्रकार श्रीवसिष्ठ जी ने श्रीराम के प्रति कहा है । यह प्रसंग योगवासिष्ठ में प्राप्त होता है । योगवासिष्ठ के उत्पत्ति प्रकरण के १०० वें और १०१ वें सर्ग में इनका वर्णन प्राप्त होता है । यहाँ से लेकर अगले १४ श्लोकों तक श्रीभारतीतीर्थ जी ने योगवासिष्ठ के श्लोकों को ही उद्धत किया है । यहाँ श्रीवसिष्ठ जी श्रीराम से कहते हैं कि परब्रह्म सर्वशक्तिसम्पन्न है अर्थात् सोपाधिक रूप से सर्वशक्ति युक्त है तथा परमार्थ रूप से नित्य, निर्विकार और सब जगह व्याप्त अर्थात् परिपूर्ण है इसीलिए अद्वितीय भी है । वह परब्रह्म माया शक्ति के द्वारा जब उल्लसित (विकसित) होता है अर्थात् विवर्त को प्राप्त होता है तब मायाशक्ति प्रकाशित (अभिव्यक्त) होती है । उसी अभिव्यक्ति को स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि हे राम ! ब्रह्म की वह चेतनशक्ति देव, तिर्यक् और मनुष्यादि शरीरों में उपलब्ध होती है अर्थात् चेतनत्व व्यवहार की हेतुभूता देखी गई है । **श्लोक में पठित असौ शब्द स्त्रीलिंग है । अदस् शब्द के प्रथमा एकवचन में (स्त्रीलिंग और पुल्लिंग दोनों में) असौ (वह) रूप बनता है ।**

स्पन्दशक्तिश्च वातेषु दार्ढ्यशक्तिस्तथोपले ।
द्रवशक्तिस्तथाम्भस्सु दाहशक्तिस्तथानले ॥१६॥
शून्यशक्तिस्तथाऽऽकाशे नाशशक्तिर्विनाशिनि ।
यथाण्डेऽन्तर्महासर्पो जगदस्ति तथात्मनि ॥१७॥

अन्वयः - यया शक्त्या उल्लसति असौ प्रकाशम् अधिगच्छति। राम! शरीरेषु ब्रह्मणः चिच्छक्तिः उपलभ्यते ।

अन्वयः - वातेषु च स्पन्दशक्तिः। तथा उपले दार्ढ्यशक्तिः। तथा अम्भस्सु द्रवशक्तिः। तथा अनले दाहशक्तिः।

अन्वयः - तथा आकाशे शून्यशक्तिः। विनाशिनि नाशशक्तिः। यथा अण्डे अन्तः महासर्पः तथा आत्मनि जगत् अस्ति।

व्याख्या :- हे राम ! विश्वानामधीश्वर ! "राशब्दो विश्ववचनो मश्चापीश्वरवाचकः । विश्वानामीश्वरो यो हि तेन रामः प्रकीर्तितः ।। शरीरेषु देवतिर्यङ्मनुष्यादिलक्षणेषु देहावच्छेदेन ब्रह्मणश्चिच्छक्तिश्चेतनत्व-व्यवहारहेतुभूतोपलभ्यते संदृश्यते सर्वैरनुभूयते । वातेषु चलनहेतुभूतास्पन्दशक्तिस्तथोपले पाषाणे दार्ढ्यशक्तिस्तथाम्भस्सु द्रवशक्तिस्तथानलेऽग्नौ दाहशक्तिस्तथाकाशे शून्यशक्तिर्विनाशिनि नाशशक्तिश्चेत्येवमादिः प्रकाशमभिव्यक्तिमधिगच्छति । अनेनानभिव्यक्तदशायामपि अनभिव्यक्तस्यापि सत्त्वे दृष्टान्तं प्रस्तौति । यथा महासर्पोऽण्डेन्तर्जननात्प्रागप्यस्ति तथैवात्मनि परमात्मनि प्राक्सृष्टेरपि जगदस्त्येव । एवं सर्ववस्तुषु काचन नियता शक्तिर्दृश्यते । एवं विधाश्शक्तयस्तत्कार्यभूतं जगच्चाण्डेऽन्तर्महासर्पो यथा तथात्मनि सर्वं निगूढमित्याशयः । असत्कार्यवादनिरासार्थमेष दृष्टान्त इति शम् ।।

माया शक्ति की अभिव्यक्ति के प्रकार को दर्शाते हैं ।

अर्थ - ब्रह्म की वायु में स्पन्दन शक्ति अभिव्यक्त होती है, उसी प्रकार पाषाण में दार्ढ्यशक्ति, जल में द्रवशक्ति और अग्नि में दाहशक्ति अभिव्यक्त होती है । उसी प्रकार आकाश में शून्य शक्ति और विनाश में नाश शक्ति अभिव्यक्त होती है । जैसे अंडे के भीतर महासर्प होता है, उसी प्रकार आत्मा में जगत् है ।।१६-१७।।

व्याख्या - प्रथम श्लोक योगवासिष्ठ के उत्पत्तिप्रकरण के १०० वें सर्ग का ७ वाँ श्लोक है ।

राशब्दो विश्ववचनो मश्चापीश्वरवाचकः।
विश्वानामीश्वरो यो हि तेन रामः प्रकीर्तितः।।

'**रा**' शब्द विश्व का वाचक है और '**म**' शब्द ईश्वरवाचक है अतः समस्त विश्व अर्थात् समस्त ब्रह्माण्डों का जो ईश्वर है, इसलिए उसे राम कहा गया है । ऐसे श्रीराम से वसिष्ठ जी कहते हैं । पञ्चमहाभूतों में जो विशिष्ट शक्तियाँ हैं, वे ब्रह्म की ही हैं । वायु में चलन की हेतुभूत स्पन्दनशक्ति अभिव्यक्त होती है, उसी प्रकार पाषाण में दृढ़ता की हेतुभूत दार्ढ्यशक्ति अभिव्यक्त होती है, उसी प्रकार जल में आद्र करने की हेतुभूत द्रवशक्ति और अग्नि में जलाने की हेतुभूत दाहशक्ति अभिव्यक्त होती है । अनभिव्यक्त वस्तु भी है, इसमें दृष्टान्त देते हैं कि उसी प्रकार आकाश में अवकाश की हेतुभूत शून्य शक्ति और विनाश में नाश की शक्ति अभिव्यक्त होती है । अब अनभिव्यक्त के विषय में भी दृष्टान्त प्रस्तुत करते हैं कि जैसे अंडे के भीतर महासर्प रहता है अर्थात् बाहर से प्रतीत न होने पर भी अंडे के भीतर अनभिव्यक्त

ब्रह्मणि विचित्रजगतस्सत्त्वे दृष्टान्तनिरूपणम् -

फलपत्रलतापुष्पशाखाविटपमूलवान् ।
ननु बीजे यथा वृक्षस्तथेदं ब्रह्मणि स्थितम् ॥१८॥

अन्वयः - यथा फलपत्रलतापुष्पशाखाविटपमूलवान् वृक्षः ननु बीजे। तथा इदं ब्रह्मणि स्थितम्।

व्याख्या :- ब्रह्मणि जगतस्सत्त्वबोधनार्थं दृष्टान्तमाह । नन्वित्यामन्त्रणे । यथा फलपत्रलतापुष्प-शाखाविटपमूलवान्वृक्षो जन्मनः प्राग्बीजे स्थित एवमेवेदं जगदग्रे ब्रह्म स्थितमिति शम्।।

शक्तीनामभिव्यक्तिर्देशकालानुसारत एवेति निरूपणम् -

क्वचित्काश्चित्कदाचिच्च तस्मादुद्यन्ति शक्तयः ।
देशकालविचित्रत्वात्क्ष्मातलादिव शालयः ॥१९॥

अन्वयः - देशकालविचित्रत्वात् क्वचित् च कदाचित् काश्चित् शक्तयः तस्मात् उद्यन्ति। क्ष्मातलात् शालयः इव।

व्याख्या :- सर्वासामपि शक्तीनां युगपदेवाभिव्यक्तिः कुतो न स्यादित्यत्राह । तस्मादात्मनस्सकाशा-त्क्वचिद्देशविशेषे काश्चिच्छक्तयः कदाचित्समयविशेष एव उद्यन्ति । तासां सर्वासां शक्तीनां

रूप से रहता है, उसी प्रकार आत्मा में यह सम्पूर्ण नामरूपात्मक जगत् अनभिव्यक्त रूप से रहता है । यह दृष्टान्त असत्कार्यवाद के निराकरण के लिए दिया गया है ।

विचित्र जगत् के सत्त्व बोधनार्थ दृष्टान्त देते हैं ।

अर्थ - जैसे बीज में फल, पत्र, लता, पुष्प, शाखा, विटप और मूल सहित वृक्ष निश्चित रूप से रहता है, उसी प्रकार यह (जगत्) ब्रह्म में स्थित है ।।१८।।

व्याख्या - (उत्पत्ति प्रकरण सर्ग-१०० श्लोक-११ योगवासिष्ठ) बीज को देखने पर यह प्रतीत नहीं होता कि उसके अन्दर क्या है, किन्तु कालक्रम में वही छोटा-सा बीज एक विशाल वृक्ष का रूप धारण कर लेता है । इससे ज्ञात होता है कि बीज में वृक्ष अव्यक्त रूप से विद्यमान था । इसलिये कहते हैं कि जैसे विचित्र फल, पत्र, लता, पुष्प, शाखा, विटप और मूल सहित वृक्ष बीज में निश्चित रूप से रहता है, उसी प्रकार यह सम्पूर्ण जगत् ब्रह्म में अव्यक्त रूप से रहता है । पृथु तथा लघुभेद से शाखा और विटप का भेद है । विटप तृणों के गुच्छों को भी कहते हैं और विस्तार को भी कहते हैं । ***''विटं विस्तारं वाति पिबति वेति विटपः'' । ''विस्तारो विटपोऽस्त्रियाम्*** '' (अ.को.२/४/१४) ***''विटान् पातीति विटपः''*** पेड़ के फैलाव को भी विटप कहते हैं ।

देशकालानुसार ही शक्तियों की अभिव्यक्ति होती है, इसे दृष्टान्त पूर्वक दर्शाते हैं ।

अर्थ - जैसे देश, काल आदि की विचित्रता से पृथ्वीतल से धान्य आदि उत्पन्न होते हैं, उसी प्रकार क्वचित्, काश्चित् और कदाचित् उस ब्रह्म से शक्तियाँ उत्पन्न होती हैं ।।१९।।

व्याख्या - यह श्लोक योगवासिष्ठ उत्पत्ति प्रकरण (१००/२१) का है । जैसे भूमि में विद्यमान सभी बीजों में से किसी विशेष देश में विशेषकाल में कुछ विशेष बीजों की ही अंकुरोत्पत्ति होती है, सभी की नहीं । उसी प्रकार शक्ति की अभिव्यक्ति में भी जानना चाहिये । किसी देश में गेहूँ अधिक उत्पन्न होते हैं, तो कहीं पर चावल और कहीं बाजरा आदि । तथा किसी ऋतु में कुछ फल और सब्जियाँ होती हैं

युगपदभिव्यक्तौ दृष्टान्तं प्रदर्शयति । देशकालविचित्रत्वात्क्ष्मातलाद्भूतलाद्यथा शालय उद्यन्ति तद्वत्। यथा भूमिगतानां सर्वेषां बीजानामङ्कुरोत्पत्तिर्देशकालवैचित्र्येणैव भवति तद्वदिति भाव इति शम् ।।

जगत्कल्पकमनसो रूपनिरूपणम् -

स आत्मा सर्वगो राम नित्योदितमहावपुः ।
यन्मनाङ्मननीं शक्तिं धत्ते तन्मन उच्यते ।।२०।।

अन्वयः - राम! सर्वगः नित्योदितमहावपुः सः आत्मा यत् मनाक् मननीं शक्तिं धत्ते तत् मनः उच्यते ।

व्याख्या :- सम्प्रति जगतः कल्पनामत्र नाममात्ररूपतां प्रदिदर्शयिषुस्तत्कल्पकस्य मनसस्स्वरूपं दर्शयति । हे राम ! नित्योदितमहावपुर्नित्यमुदितं सदोदितप्रकाशमानं महदपरिच्छिन्नं देशकालादि-परिच्छेदरहितं वपुस्स्वरूपं यस्य स तथाभूतस्सर्वगस्सर्वव्यापी स आत्मा यत्समये मनागीषन्मननीं स्वपरावबोधनरूपां मायाशक्तिं तत्परिणामरूपां धत्ते धारयति तत्तदा तस्मिन् काले मन इत्युच्यत इति शम् ।।

जगत्कल्पनारीतिनिरूपणम् -

आदौ मनस्तदनुबन्धविमोक्षदृष्टी
पश्चात्प्रपञ्चरचना भुवनाभिधाना ।
इत्यादिका स्थितिरियं हि गता प्रतिष्ठा-
माख्यायिका सुभग बालजनोदितेव ।।२१।।

तो किसी में नहीं । इस प्रकार देश, काल आदि की विचित्रता से पृथ्वीतल से धान आदि उत्पन्न होते हैं । इसी प्रकार उस ब्रह्म की माया शक्ति भी हर देश-काल में अभिव्यक्त नहीं होती अपितु क्वचित् (किसी देश विशेष में), कदाचित् (किसी काल विशेष में) और काश्चित् (किसी विशेष प्रकार की) उत्पन्न होती है।

मन का स्वरूप बताते हैं ।

अर्थ - हे राम ! सर्वव्यापी नित्योदितमहावपु वह आत्मा जब स्वल्पमात्र भी मननशक्ति को धारण करता है तब वह मन कहलाता है ।।२०।।

व्याख्या - यह श्लोक योगवासिष्ठ उत्पत्ति प्रकरण (१००/१४) का है । जगत् कल्पनामात्र है इसे दिखाने के लिये अब जगत् के कल्पक मन का स्वरूप बताते हैं । श्रीवसिष्ठ जी बोले हे राम ! आत्मा (ब्रह्म) सर्वव्यापी है और नित्योदितमहावपु है अर्थात् ***(नित्यमुदितं प्रकाशमानं महत् अपरिच्छिन्नं वपुः स्वरूपं यस्य सः नित्योदितमहावपुः***) नित्य उदित प्रकाशमान अपरिच्छिन्न स्वरूप वाला है। ऐसा वह आत्मा जिस समय स्वल्पमात्र भी मनन शक्ति को अर्थात् स्वपरावबोधनरूपा मायाशक्ति को धारण करता है, उस समय उसी की मन संज्ञा हो जाती है अर्थात् तब वह मन कहलाता है ।

जगत् कल्पना की राति को दर्शाते हैं ।

अर्थ - हे सुभग ! पहले मन उत्पन्न होता है । उसके बाद बन्ध और मोक्ष की कल्पना होती है और उसके बाद संसार नामक प्रपञ्च की रचना होती है । इसकी स्थिति बालकों को विनोद के लिए

अन्वयः – आदौ मनः। तदनु बन्धविमोक्षदृष्टी। पश्चात् भुवनाभिधाना प्रपञ्चरचना इत्यादिका इयं स्थितिः प्रतिष्ठां हि गता । सुभग बालजनोदिता आख्यायिका इव ।

व्याख्या :- इदानीं जगतः कल्पनारीतिं प्रदर्शयति । हे सुभग ! राजकुमार ! आदौ प्रथमं मनो मनश्शक्तिर्मननशक्त्युल्लासेन भवति । तदनुमानो भवनोत्तरं बन्धविमोक्षदृष्टी बन्धस्य विमोक्षस्य च दृष्टी कल्पने भवतः । पश्चात्तत्कल्पनोत्तरं भुवनाभिधाना भुवनं लोकमित्यभिधानं नाम यस्यास्सा तथोक्ता प्रपञ्चरचना प्रपञ्चस्य नदीनगरगिरिसरिदर्णवादेरचना कल्पना भवति । इत्यादिकैवम्प्रकाराख्या-यिकारूपेण चिरकालप्रवर्तितेयं जगतस्स्थितिर्बालजनोदिताज्ञानिजनविनोदाय कथिताख्यायिकेव कथेव प्रतिष्ठां स्थैर्यं गता प्राप्ता । कल्पितस्यापि वास्तवत्वप्रतीतौ दृष्टान्त उक्तः। यथा बालेभ्यःकथिता कथा वास्तवताङ्गता तथेदं जगदपीति शम् ।।

वासिष्ठकथानुस्मरणम् –

बालस्य हि विनोदाय धात्री वक्ति शुभाङ्कथाम् ।
क्वचित्सन्ति महाबाहो राजपुत्रास्त्रयश्शुभाः॥२२॥
द्वौ न जातौ तथैकस्तु गर्भ एव न च स्थितः।
वसन्ति ते धर्मयुक्ता अत्यन्तासति पत्तने ॥२३॥
स्वकीयाच्छून्यनगरान्निर्गत्य विमलाशयाः।
गच्छन्तो गगने वृक्षान्ददृशुः फलशालिनः ॥२४॥
भविष्यन्नगरे तत्र राजपुत्रास्त्रयोऽपि ते ।
सुखमद्य स्थिताः पुत्र मृगयाव्यवहारिणः॥२५॥

कही हुई कहानी के समान मन में प्रतिष्ठित हो गयी है।२१।।

व्याख्या – यह श्लोक योगवासिष्ठ उत्पत्ति प्रकरण (१००/४३) का है । श्रीवसिष्ठ जी बोले हे सुभग! अर्थात् हे सौभाग्यशाली राम ! मायाशबलित परमात्मा से सर्वप्रथम मन नामक शक्ति उत्पन्न होती है। उसके उत्पन्न होने के बाद बन्धन और मोक्ष इन दोनों की कल्पना होती है और उसके बाद नदी, नगर, नग (पर्वत) नीरनिधि (समुद्र) आदि से युक्त संसारनामक प्रपञ्च की रचना (कल्पना) होती है । इसकी स्थिति बालकों के प्रति विनोद के लिए धात्री के द्वारा कही गयी कहानी के समान मन में प्रतिष्ठित हो गयी है ।

उक्त योगवासिष्ठ की कथा को कहते हैं ।

अर्थ – हे महाबाहो राम ! धात्री (उपमाता, धाय) बालक के विनोद के लिए एक शुभ (प्रिय लगने वाली) कथा कहती है । किसी देश में तीन सुन्दर राजकुमार रहते थे । उनमें से दो का जन्म नहीं हुआ था और एक तो माँ के गर्भ में ही न आया था । वे धर्मशील राजकुमार अत्यन्त असत् (शून्य) नामक नगर में निवास करते थे । शुद्धचित्त वाले उन तीनों ने (एक दिन) अपने शून्य नामक नगर से निकलकर

धात्र्येति कथिता राम बालकाख्यायिका शुभा ।
निश्चयं स ययौ बालो निर्विचारणया धिया ॥२६॥

अन्वयः - बालस्य विनोदाय हि धात्री शुभां कथां वक्ति । महाबाहो! क्वचित् त्रयः शुभाः राजपुत्राः सन्ति।

अन्वयः - द्वौ जातौ न। तथा एकः तु गर्भे एव च स्थितः न। ते धर्मयुक्ताः अत्यन्तासति पत्तने वसन्ति।

अन्वयः - विमलाशयाः स्वकीयात् शून्यनगरात् निर्गत्य गच्छन्तः गगने फलशालिनः वृक्षान् ददृशुः।

अन्वयः - पुत्र! ते त्रयः अपि राजपुत्राः अद्य मृगयाव्यवहारिणः तत्र भविष्यन्नगरे सुखं स्थिताः।

अन्वयः - राम! इति धात्र्या शुभा बालकाख्यायिका कथिता। सः बालः निर्विचारणया धिया निश्चयं ययौ।

व्याख्या :- बालजनायोदितां वासिष्ठस्थामाख्यायिकामाचष्टे । बालस्य हि विनोदाय धात्र्युपमाता शुभां कथां वक्ति । हे महाबाहो ! इति लालनपूर्वकं सम्बोधनम् । क्वचित्त्रयशुभा राजपुत्रास्सन्ति। तत्र द्वौ पुत्रौ न जातौ । तथैकस्तु गर्भ एव च न स्थितः । ते त्रयोऽपि राजकुमाराधर्मयुक्ता अत्यन्तासति पत्तने

जाते हुए आकाश में स्थित फलों से लदे हुए वृक्ष देखें । वे तीनों राजकुमार चलते हुए भविष्य नामक नगर में पहुँचे और वे तीनों अब वहीं पर शिकार खेलते हैं और सूखपूर्वक रहते हैं । हे राम ! जब धात्री ने बालक से यह कथा कही, तो विचार करने में असमर्थ बुद्धि के कारण उस बालक ने उस कथा को सत्य मान लिया ॥२२-२६॥

व्याख्या - श्रीवसिष्ठ जी ने श्रीराम से जब यह कहा कि यह जगत् मनोमात्र है अर्थात् झूठा है, जैसे धात्री बालक को विनोद के लिए कहानी सुनाती है । यह सुनकर श्रीराम ने उस कहानी को सुनने की जिज्ञासा की तब श्रीवसिष्ठ जी ने यह आख्यायिका सुनाई । (यह प्रसंग योगवासिष्ठ के उत्पत्ति प्रकरण के १०१वें सर्ग में है) वसिष्ठ जी बोले हे महाबाहो (है विशाल भुजाओं वाले) राम ! किसी राजपुत्र के विनोद के लिए उसकी धात्री (उपमाता) उसे एक अत्यन्त प्रिय लगने वाली कथा सुनाती है । वह कहती है कि किसी देश में तीन सुन्दर राजकुमार रहते थे । उसमें से दो राजकुमारों का जन्म ही नहीं हुआ था और एक तो माता के गर्भ में भी न आया था । एक दिन भाग्यवशात् बन्धुओं के मर जाने से वे खिन्नमन वाले होकर अपने अत्यन्त असत् (शून्य) नामक नगर से बाहर निकल गये । रास्ते में जाते हुए उन तीनों ने तीन विशाल वृक्षों को देखा । जिनमें से दो उत्पन्न ही न हुए थे और तीसरे का बीज बोया ही न गया था । उनमें से एक वृक्ष के नीचे विश्राम कर उनके अमृततुल्य फलों को खाकर वे वहाँ से आगे बढ़ गये । कुछ दूर चलने पर उन्हें तीन नदियाँ दिखाई दी । उनमें से एक पूर्णरूप से सूखी हुई थी और दो में अन्धे के नेत्रों के समान थोड़ा-सा भी जल न था । जो नदी सूख गई थी, उसमें उन तीनों ने सुखपूर्वक स्नान किया और दीर्घकाल तक जलक्रीडा करके दुग्ध के समान उसके जल को पीकर प्रसन्न हो गये और वहाँ से आगे चले, सूर्यास्त का समय हो रहा था तब वे पर्वत के समान ऊँचे भविष्य (आगे होने वाले) नामक महल में पहुँचे । वहाँ उन्होंने तीन उत्तम भवन देखे । उनमें से दो का निर्माण ही न हुआ था और तीसरा भित्तिशून्य था । वे तीनों उस भित्तिशून्य भवन में प्रविष्ट हो गये । वहाँ उन्होंने १०० बाल्टी चावल का भात अनेक व्यञ्जनों के साथ बनाया और तीन ब्राह्मणों को भोजन के लिए आमंत्रित किया।

वसन्ति । ते च विमलाशया निर्मलमनसस्स्वकीयाच्छून्यनगरान्निर्गत्य गच्छन्तो गगने फलशालिनः फलैर्विराजमानान्वृक्षान्ददृशुः । हे पुत्र ! ते त्रयोऽपि राजपुत्रा नृपसुता अद्य मृगयाविहारिणस्तत्र भविष्यन्नगरे सुखं स्थिताः । हे राम ! इति धात्र्या शुभा बालकाख्यायिका कथिता । सोऽपि बालस्तां श्रुत्वा निर्विचारणया धियाख्यायिकायास्सत्यत्वविषयेऽविशङ्कस्सन्निश्चयं ययाविति शम् ।।

वासिष्ठाख्यानस्य तात्पर्यनिरूपणम् –

इयं संसाररचना विचारोज्झितचेतसाम् ।
बालकाख्यायिकेवेत्थमवस्थितिमुपागता ।।२७।।

अन्वयः – इत्थम् इयं संसाररचना विचारोज्झितचेतसां बालकाख्यायिका इव अवस्थितिम् उपागता।

व्याख्या :–आख्यायिकार्थं प्रकृते योजयति । इयं संसाररचना विचारोज्झितचेतसां विचारेणोज्झितं विहीनं चेतो येषां तेषां विचारविरहितमनस्कानां बालकाख्यायिकेव यथा बालकाख्यायिका निर्विचारणधियो बालस्य निश्चितत्त्वं गता तथा वास्तवरूपामवस्थितिं गतेति शम् ।।

उन्होंने जिन तीन ब्राह्मणों को आमन्त्रित किया था उनमें से दो ब्राह्मण शरीर रहित थे और एक को मुख ही नहीं था । जिसे मुख नहीं था वह ब्राह्मण १०० बाल्टी चावल के भात को खा गया । उसके बाद भोजन करके तृप्त हुए वे राजकुमार भविष्य नामक नगर में शिकार करते हुए सुख पूर्वक निवास करने लगे । इस प्रकार धात्री ने राजकुमार को यह कहानी सुनाई और धात्री ने कहा तुम इस कथा को याद कर लोगे तो तुम पण्डित बन जाओगे । राजकुमार यह बात सुनकर प्रसन्न हो गया । श्रीवसिष्ठ जी करते हैं कि हे राम ! जब धात्री ने बालक से यह कथा कही तब उसने उस कथा को सत्य मान लिया । इसका कारण स्पष्ट ही है कि उस राजकुमार की बुद्धि विचार करने में असमर्थ थी, इसीलिए उसने इस काल्पनिक कथा को सत्य मान लिया ।

उक्त आख्यायिका के अर्थ को प्रकृत में घटाते हैं ।

अर्थ – इस प्रकार यह संसार रचना विचार रहित चित्तवाले मनुष्यों के (मन में) बालकाख्यायिका के समान स्थिति को प्राप्त हुई ।।२७।।

व्याख्या – (यो.वा.उ.प्र. १०१/३२) श्रीवसिष्ठ जी रामजी से कहते हैं कि हे राम ! इसी प्रकार यह संसाररचना भी विचार रहित चित्तवाले अर्थात् विचार करने में असमर्थ विषयी पुरुषों के मन में उक्त बालकाख्यायिका के समान स्थिति को प्रापत हुई है अर्थात् जैसे विचार करने में असमर्थ राजकुमार ने उक्त काल्पनिक कहानी को सत्य मान लिया, उसी प्रकार इस संसार को भी विचाररहित मनुष्य सत्य मानते हैं। किन्तु वस्तुतः यह संसार सत्य नहीं है केवल संकल्प मात्र है । इसी के बाद वसिष्ठ जी कहते हैं ।

संकल्पमात्रकलनैव जगत्समग्रं संकल्पमात्रकलनैव मनोविलासः।
संकल्पमात्रमतिमृत्सृज निर्विकल्पमाश्रित्य निश्चयमवाप्नुहि राम शान्तिम् ।।

(यो.वा.उ.प्र.१०१/३९)

अर्थात् हे राम ! यह सम्पूर्ण जगत् संकल्पमात्र की रचना है । और मनोविलास भी संकल्पमात्र ही है अर्थात् मन की रागादिवृत्ति और उनके विषयों को भी संकल्पमात्र ही जानो । इसलिये संकल्पमात्र मति का त्यागकर के निर्विकल्प समाधि का आश्रय लेकर तुम शाश्वत शान्ति को प्राप्त करो ।

शक्तेस्स्वरूपनिरूपणम् -

इत्यादिभिरुपाख्यानैर्मायाशक्तेश्च विस्तरम् ।
वसिष्ठः कथयामास सैव शक्तिर्निरूप्यते ॥२८॥

अन्वयः - इत्यादिभिः उपाख्यानैः मायाशक्तेः च विस्तरं वसिष्ठः कथयामास। सा एव शक्तिः निरूप्यते।

व्याख्या :- वासिष्ठवचनमुपसंहरन्नुपक्रान्तं मायाशक्तिस्वरूपं निरूपयति । तच्चोपक्रान्तं "ततो निरंश आनन्दे विवर्तो जगदिष्यताम् । मायाशक्तिः कल्पिका स्यादैन्द्रजालिकशक्तिव "दित्यत्र" वसिष्ठो मायाशक्तेश्च विस्तरं पूर्वोक्तै "स्सर्वशक्ति परं ब्रह्म नित्यमापूर्णमद्वय" मित्यादिभिः "क्वचित्सन्ति महाबाहो राजपुत्रास्त्रयश्शुभा" इत्यादिभिरुपाख्यानैश्च कथयामास । एतावता मायासद्भावे प्रमाणान्युपन्यस्तानीतः परं मायाशक्तेरनिर्वचनीयतां वक्तुं प्रतिजानीते । सैषा वासिष्ठादिषु प्रपञ्चिता शक्तिर्मायाशक्तिरथ निरूप्यते ।।

स्वाकार्याश्रयाभ्यां मायाशक्तेर्वैलक्षण्य निरूपणम् -

कार्यादाश्रयतश्चैषा भवेच्छक्तिर्विलक्षणा ।
स्फोटाङ्गारौ दृश्यमानौ शक्तिस्तत्रानुमीयते ॥२९॥

अन्वयः - एषा शक्तिः कार्यात् आश्रयतः च विलक्षणा भवेत्। स्फोटाङ्गारौ दृश्यमानौ । अत्र शक्तिः अनुमीयते ।

व्याख्या :- प्रतिज्ञातार्थमेव प्रपञ्चयति । एषा मायाशक्तिस्स्वस्य कार्याज्जगतस्स्वस्याश्रयतो

श्रीवसिष्ठवचानों का उपसंहार कर माया शक्ति के स्वरूप का निरूपण करने की प्रतिज्ञा करते हैं ।

अर्थ - इत्यादि उपाख्यानों के द्वारा श्रीवसिष्ठ जी ने मायाशक्ति का विस्तार पूर्वक वर्णन किया है। उसी शक्ति का निरूपण किया जाता है ।।२८।।

व्याख्या - श्वेताश्वतर उपनिषद् में जिस माया शक्ति का वर्णन किया गया है, उसी का योगवासिष्ठ में विस्तार पूर्वक वर्णन प्राप्त होता है । इस प्रकार श्रुति और स्मृति को प्रमाणरूप से उद्धृत कर श्रीभारतीतीर्थ जी युक्ति के द्वारा भी उक्तार्थ को सिद्ध करने की प्रतिज्ञा करते हैं । पूर्व के चौदह श्लोक योगवासिष्ठ से उद्धृत किये गये हैं । उनका उपसंहार करते हुए कहते हैं कि बालिकोपाख्यान आदि अनेकों उपाख्यानों के द्वारा श्रीवसिष्ठ जी ने मायाशक्ति का विस्तार पूर्वक वर्णन किया है । अब उसी मायाशक्ति का यहाँ युक्ति से प्रतिपादन किया जा रहा है अर्थात् उस मायाशक्ति की अनिर्वचनीयता को स्पष्ट करते हैं ।

मायाशक्ति अपने कार्य और आश्रय से विलक्षण है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - यह मायाशक्ति कार्य और आश्रय से विलक्षण है । स्फोट और अंगार ये दोनों प्रत्यक्ष दृष्टिगोचर होते हैं इसलिए उनमें अग्नि की दाहकत्व शक्ति का अनुमान किया जाता है ।।२९।।

व्याख्या - यह मायाशक्ति अपने कार्य जगत् और अपने आश्रय ब्रह्म से विलक्षण है । इस विषय में स्फोट और अंगार का दृष्टान्त देते हैं । स्फोट और अंगार ये दोनों प्रत्यक्ष दृष्टिगोचर होते हैं । दाहशक्ति

ब्रह्मणश्च विलक्षणा विरुद्धस्वभावा भवति । मायाशक्तेस्स्वकार्यादाश्रयतश्च वैलक्षण्यं दृष्टान्तेन विशदीकरोति । स्फोटाङ्गारौ वह्निगतदाहशक्तेः कार्यभूतस्स्फोटस्तथा तस्याश्शक्तेराश्रयभूतोऽङ्गारश्चेत्येतौ स्फोटाङ्गारौ प्रत्यक्षतो दृश्यमानौ । शक्तिस्तु तत्राङ्गारे विद्यमाना स्फोटजनिका या न साङ्गारे स्फोटे वा प्रत्यक्षतो दृश्यते । अपित्वनुमीयते कार्यलिङ्गेन । अतश्च दाहकत्वशक्तिस्स्वकार्याश्रयाभ्यां विलक्षणेति भाव इति शम् ।।

शक्तेस्स्वकार्याश्रयतो वैलक्षण्ये दृष्टान्तान्तरनिरूपणम् –

पृथुबुध्नोदराकारो घटः कार्योऽत्र मृत्तिका ।
शब्दादिभिः पञ्चगुणैर्युक्ता शक्तिस्त्वतद्विधा ।।३०।।

अन्वयः – पृथुबुध्नोदराकारः घटः कार्यः। शब्दादिभिः पञ्चगुणैः युक्ता मृत्तिका। अत्र शक्तिः। अतद्विधा ।

व्याख्या :– पूर्वोक्तार्थदार्ढ्यायोदाहरणान्तरमपि निरूपयन्यथाग्नेश्शक्तिर्निरूपिता तथैव मृदादीनां शक्तिरपि तत्कार्याश्रयाभ्यां विलक्षणेत्याह । यः पृथुबुध्नोदराकारः पृथु स्थूलं बुध्नं वर्तुलमुदरं यस्य स पृथुबुध्नोदरस्तादृश आकारो यस्य स तथाविधो घटोऽत्र कार्यः । कुलालेन दण्डादिना निष्पाद्यो भवतीति कार्यभूतः । तत्कारणभूता मृत्तिका च शब्दादिभिश्शब्दस्पर्शरूपस्सगन्धैः पञ्च गुणैर्युक्तोपेता मृत्तिका । तेषां गुणानामाश्रय इत्यर्थः । "अस्ति भूस्तत्त्वशून्यास्यां शब्दस्पर्शौ सरूपकौ । रसश्च परतो गन्धो नैजस्सत्ता विविच्यता" मित्यत्र पृथिव्या पञ्च गुणाश्रयत्वमभ्यधायि । शक्तिर्घटोत्पादनसमर्था

का कार्य स्फोट है और उसका आश्रय अंगार है । स्फोट और अंगार प्रत्यक्ष दिखाई देने पर भी अंगार में स्थित और स्फोट को उत्पन्न करने वाली शक्ति प्रत्यक्षरूप से अंगार में अथवा स्फोट में दिखती नहीं देती है किन्तु कार्यलिंग के द्वारा उसका अनुमान किया जाता है । अतः दाहकत्व शक्ति अपने कार्य और आश्रय से विलक्षण होती हैं । श्रीशंकराचार्य जी ने भी परमेश्वर की मायाशक्ति को अव्यक्त नामवाली और कार्य के द्वारा अनुमेय ही कहा है ।

अव्यक्तनाम्नी परमेशशक्तिरनाद्यविद्या त्रिगुणात्मिका परा ।
कार्यानुमेया सुधियैव माया यया जगत्सर्वमिदं प्रसूयते ।। (वि.चू. ११०)

उसी प्रकार मिट्टी आदि की शक्ति भी अपने कार्य और आश्रय से विलक्षण होती है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ – पृथु और बुध्नोदर आकार वाला घट कार्य है और (उसकी कारणभूता) मिट्टी शब्दादि पाँच गुणों से युक्त है किन्तु शक्ति तो उन दोनों से पृथक् है ।।३०।।

व्याख्या – जैसे स्फोट और अंगार से उसकी दाहकत्व शक्ति पृथक् है, उसी प्रकार मिट्टी आदि की शक्ति भी विलक्षण ही होती है । पृथु और बुध्नोदर आकार वाला अर्थात् स्थूल और वर्तुलोदर आकार वाला घट कार्य है और उसकी कारणभूता मिट्टी शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध इन पाँच गुणों से युक्त है अर्थात् मृत्तिका घटरूपी कार्य की आश्रयभूता है । पृथ्वी पञ्चगुणात्मिका है, इसका वर्णन पहले (२/९४) कर आये हैं । घटोत्पादन करने में समर्थ मिट्टी के आश्रित शक्ति उन दोनों के समान नहीं है अर्थात्

मृदाश्रया शक्तिस्त्वतद्विधोभयविलक्षणा न चोभयसदृशी । न कार्यभूतघटसदृशी पूर्वोक्ताकारशून्यत्वात्। नापि मृत्सदृशी शब्दादिगुणशून्यत्वात् । अतश्चोभयविलक्षणेति शम्।

शक्तेरचिन्त्यत्वनिरूपणम् -

न पृथ्वादिर्न शब्दादिश्शक्तावस्तु यथा तथा ।
अत एव ह्यचिन्त्यैषा न निर्वचनमर्हति ।।३१।।

अन्वयः - शक्तौ पृथ्वादिः न। शब्दादिः न। यथा तथा अस्तु। अतः एव एषा अचिन्त्या हि। निर्वचनं न अर्हति।

व्याख्या :- पूर्वोक्तं वैलक्षण्यं विशदयति । घटोत्पादिकायां शक्तौ स्वकार्यभूतस्य घटस्य धर्मः पृथ्वादिः पृथुबुध्नोदराकारता । न दृश्यते । तथा स्वाश्रयभूताया मृदो धर्मश्शब्दादिश्शब्दरूपादिगुणपञ्चककमपि न दृश्यते । तस्मादेवैषा शक्तिस्स्वकार्यादाश्रयाच्च विलक्षणेत्यर्थः । तर्हि सा शक्तिः कीदृशीत्यत्राह । सा शक्तिर्यथा दृश्यते तथैवास्तु । उक्तमर्थं स्पष्टयति । अत एव स्वकार्याश्रयाभ्यां विलक्षणत्वादेषा शक्तिरचिन्त्या चिन्तितुमप्यशक्या । यतः कार्यादाश्रयतश्च विलक्षणा । तर्हि किंरूपेयं शक्तिरित्यत्राह । येन केनापि भेदेनाभेदेनाचिन्त्यत्वादिना वा स्वरूपेण निर्वचनं नैवार्हति । तदवोचि प्रागेव''निस्तत्त्वा कार्यगम्यास्य शक्तिर्मायाग्निशक्तिवत् । न हि शक्तिः क्वचित्कैश्चिद्बुध्यते कार्यतः पुरा ।। न सद्वस्तु सतश्शक्तिर्न हि वह्नेस्स्वशक्तिता । सद्विलक्षणतायां तु शक्तेः किं तत्त्वमुच्यताम्।। शून्यत्वमिति चेच्छून्यं मायाकार्यमितीरितम्। न शून्यं नापि सद्यादृक्तादृक्तत्वमिहेष्यता''मित्यादिनेति दिक् ।।

कार्यरूप घट और आश्रयभूत मित्तिका से शक्ति पृथक् ही है । आकार शून्य होने के कारण शक्ति घट के समान नहीं है और शब्दादि से शून्य होने के कारण मिट्टी के समान भी नहीं है, अतः दोनों से विलक्षण है।

उक्त वैलक्षण्य का विवरण करते हैं ।

अर्थ - घटोत्पादक शक्ति में पृथ्वी आदि के धर्म नहीं है और शब्दादि गुणधर्म भी नहीं है । तो वह कैसी है ? वह जैसी है, वैसी ही है । इसलिये यह शक्ति अचिन्त्य है, इसका निर्वचन नहीं किया जा सकता ।।३१।।

व्याख्या - घट को उत्पन्न करने वाली शक्ति में अपने कार्यभूत घट के पृथ्वी आदि के धर्म अर्थात् घट के समान मोटापना, गोलपना अथवा स्थूलता आदि दिखाई नहीं देते हैं और उसमें अपने आश्रयभूत मिट्टी के शब्द, स्पर्शादि गुणधर्म भी दिखाई नहीं देते हैं । तब वह शक्ति कैसी है ? ऐसी आशंका होने पर कहते हैं कि वह शक्ति जैसी प्रतीत होती है, वैसी ही है । उक्तार्थ को ही विशद करते हुए कहते हैं कि इसीलिए अपने कार्य और आश्रय से विलक्षण होने के कारण यह शक्ति अचिन्त्य है तो । इस शक्ति का स्वरूप क्या है ? इस पर कहते हैं कि किसी भी तरह इसका निर्वचन करना संभव नहीं नहीं है अर्थात् यह अनिर्वचनीय है । इसका वर्णन द्वितीय प्रकरण (श्लोक ४९) में कर आये हैं । श्रीशङ्कराचार्य जी ने भी माया को सत्, असत् और उभयरूप से विलक्षण कहकर उसे अत्यन्त अद्भूत और अनिर्वचनीय कहा है ।

सन्नाप्यसन्नाप्युभयात्मिका नो भिन्नाप्यभिन्नाप्युभयात्मिका नो।
साङ्गाप्यनङ्गाप्युभयात्मिका नो महाद्भुताऽनिर्वचनीयरूपा ।। (वि.चू. १११)

कारणे शक्तिर्निगूढेत्युपपादनम् -

कार्योत्पत्तेः पुरा शक्तिर्निगूढा मृद्यवस्थिता ।
कुलालादिसहायेन विकाराकारतां व्रजेत् ॥३२॥

अन्वयः - शक्तिः कार्योत्पत्तेः पुरा मृदि निगूढा अवस्थिता। कुलालादिसहायेन विकाराकारतां व्रजेत्।

व्याख्या :- यदि स्वकार्यविलक्षणा मृदादेः काचिच्छक्तिर्विद्यते चेत्कुतो नावभासते कारणस्वरूपमिवेत्याशङ्कायामाह । मृच्छक्तिर्घटादिकार्योत्पत्तेःपुरा निगूढा सती मृद्यवस्थितावतिष्ठत इत्यतो नावभासत इति भावः । निगूढत्वे नोपरिष्टादपि तस्या अभिव्यक्तिस्स्यादित्याशङ्कायाम् अनभिव्यक्तस्यापि नवनीतादेर्मथनादिनेव कुलालादिव्यापारेण तस्याश्शक्तेरभिव्यक्तिस्स्यादिति दर्शयति। कुलालादीत्यादिपदेन दण्डचक्रादीनां ग्रहणम् । कारणे निगूढा सा शक्तिरुत्पादकपुरुषप्रयत्नेन विकाराकारतां व्रजेद्गच्छेत् । स्वस्वरूपेण शक्तेर्भानं तु न कदापि लभ्यते । सत्यां कारणसामग्र्यां सैव कार्यरूपेणाभिव्यज्यते । मृद्यवस्थिता शक्तिः कुलालादिसहायेन घटरूपेणेव भासत इति भाव इति शम् ॥

शक्तिकार्यस्वरूपनिरूपणम् -

पृथुत्वादिविकारान्तं स्पर्शादिञ्चापि मृत्तिकाम् ।
एकीकृत्य घटं प्राहुर्विचारविकला जनाः ॥३३॥

अन्वयः - विचारविकला जनाः पृथुत्वादिविकारान्तं च स्पर्शादिं मृत्तिकाम् अपि एकीकृत्य "घटं" प्राहुः।

कारण में शक्ति निगूढ़ रहती है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - कार्य (घट) की उत्पत्ति से पूर्व यह शक्ति मिट्टी में अति गूढ़ता से रहती है और बाद में वह कुलाल आदि की सहायता से विकार (कार्य) के आकार को प्राप्त होती है ॥३२॥

व्याख्या - कारणस्वरूप से अतिरिक्त यदि शक्ति है तो फिर कारणस्वरूप की तरह अर्थात् जैसे कारण का स्वरूप भासित होता है, उसी प्रकार शक्ति भी भासित क्यों नहीं होती ? इस प्रश्न का उत्तर देते हैं कि घटोत्पादक वह शक्ति जब तक अपने कार्य घट को उत्पन्न नहीं कर देती तब तक वह मिट्टी में अति गूढ़ता से रहती है अर्थात् अनभिव्यक्त रूप से रहती है । यदि शक्ति निगूढ़ है तो बाद में भी उसकी अभिव्यक्ति नहीं होनी चाहिये । इस आशंका का उत्तर देते हैं कि पूर्व में अनभिव्यक्त होने पर भी मन्थन के द्वारा जैसे नवनीतादि की अभिव्यक्ति होती है, उसी प्रकार कुलालादि के व्यपार से शक्ति की अभिव्यक्ति होती है । कुलालादि की सहायता से अर्थात् कुम्भकार, उसके दण्ड और चक्र आदि की सहायता से (व्यापार से) वह अनभिव्यक्त शक्ति विकार को अर्थात् कार्य (घट) के आकार को प्राप्त हो जाती है। भाव यह है कि स्वरूप से तो शक्ति का भान कदापि नहीं होता है किन्तु कारणसामग्री के रहने पर वह कार्यरूप से अभिव्यक्त होती है ।

कार्य और कारण के अभेद की प्रतीति के अभाव का कारण बताते हैं।

अर्थ - अविवेकी लोग पृथुत्वादि विकारान्त कार्य को और स्पर्शादि गुणयुक्त मिट्टी को भी एक मानकर 'यह घट है' ऐसा कहते हैं ॥३३॥

व्याख्या :- एवं कारणातिरिक्तस्य शक्तिकार्यस्याभ्युपगमे सिद्धः कार्यकारणयोर्भेदः कुतो नावभासत इत्याशङ्कायां भेदप्रतीतिहेतोर्विचारस्याभावादेवेत्याह । विचारविकला अविवेकिनो जना पृथुत्वादिविकारान्तपृथुबुध्नोदराकारादिमत्पदार्थं कार्यं तथा स्पर्शादिं शब्दस्पर्शादिगुणरूपां कारणभूतां च मृत्तिकामविचारत एकीकृत्य घटमिति प्राहुः । विचाराभावरूपप्रतिबन्धकवशात्तत्र विद्यमानोऽपि भेदो न प्रतीयत इत्याशय इति शम् ।।

अविवेकेन घटादिव्यवहार उपपत्तिनिरूपणम् -

कुलालव्यापृतेः पूर्वो यावानंशः स नो घटः ।
पश्चात्तु पृथुबुध्नादिमत्त्वे युक्ता हि कुम्भता ।।३४।।

अन्वयः - कुलालव्यापृतेः पूर्वं यावान् अंशः सः घटः नो। पश्चात् पृथुबुध्नादिमत्त्वे तु कुम्भता युक्ता हि।

व्याख्या :- पूर्वमुपपादिते घटादिव्यवहारे कारणमविचार एवेति कथं निश्चीयत इत्यत्राह । कुलालव्यापृतेः कुलालव्यापारात्पूर्वःपूर्वभाविनो घटाभिव्यञ्जकव्यापारोऽत्र तत्प्राग्विद्यमानो मृदो यावानंशो मृदंशस्य सम्पूर्णो भागो न स घटो भवति । एवञ्चाघटस्य घटत्वेन व्यवहारात्तस्य व्यवहारस्स्याविचार-मूलकत्वं स्पष्टमेवेति भावः । ननु तर्हि मुख्यं घटव्यवहारविषयत्वं कस्येत्यत्राह। पश्चात्तु कुलालव्यापारा-दनन्तरभाविनि पृथुबुध्नादिमत्त्वे तद्विकारे ह्येव कुम्भता घटपदव्यवहार्यता युक्ता हि। घटोत्पत्यनन्तरमेव

व्याख्या - यदि शक्ति का कार्य कारणातिरिक्त विद्यमान है तो फिर कार्य और कारण का भेद भासित क्यों नहीं होता है ? ऐसी आशंका होने पर अविचार को ही उसका कारण बताते हैं । विचारवान व्यक्ति शब्दादि गुणवाली मिट्टी को, उसमें विद्यमान घटत्व शक्ति को और घट को भी पृथक् रूप से जानता है । उसे मिट्टी में कारणता व घट में कार्यता भी दिखाई देती है । इन दोनों के बीच अव्यक्त शक्ति को भी वह अनुमान से जानता है । किन्तु जो लोग विचार करने में असमर्थ हैं, वे विवेक के अभाव के कारण कारणरूप मिट्टी, उसकी घटत्व शक्ति और कार्यरूप घट को मिलाकर एक कर देते हैं । उस अविवेकपूर्ण समुच्चय को ही वे लोग घट समझते हैं और कहते भी हैं । तात्पर्य यह है कि विचार के अभावरूप प्रतिबन्ध के कारण विद्यमान होने पर भी उनका भेद प्रतीत नहीं होता है ।

पूर्वोक्त घटव्यवहार अविचारमूलक है । यह कैसे सिद्ध हुआ ? ऐसी आशंका होने पर उसका उत्तर देते हैं ।

अर्थ - कुलाल के व्यापार से पूर्व (पिण्डरूप) जो अंश है, वह घट नहीं है । परन्तु बाद में स्थूल और वर्तुल उदर के आकार वाला होने पर ही उसकी घटरूपता कहना उचित है ।।३४।।

व्याख्या - कुलाल के व्यापार से पूर्व अर्थात् कुम्भकार के घटाभिव्यञ्जक व्यापार से पूर्व विद्यमान पिण्डरूप जो मिट्टी का अंश है, वह घट नहीं है । अतः उसे घटरूप से कहना अविचारमूलक ही है । तो फिर मुख्य घटव्यवहार का विषय क्या है ? इस पर कहते हैं कि कुलाल के व्यापार के बाद अर्थात् कुलाल के द्वारा उसे विशेष आकारादि देने के बाद जब वह स्थूल और वर्तुल उदर के आकार वाला जो जाता है, तो उस मिट्टी के पिण्ड की कुम्भ संज्ञा होती है अर्थात् तभी उसे कुम्भ कहना उचित है ।

घटपदप्रयोगदर्शनात्तत्रेति भावः । यतः कार्योत्पत्त्यनन्तरमेव तत्तत्पदव्यवहारो लोकैः क्रियत इति प्रकृते तत्रैव घटव्यवहारः प्रसिद्ध इति स एव मुख्यव्यवहारहिता प्रसिद्धिद्योतकेन प्रतीयते । अत्रेदं बोद्धव्यम् । घटे मृदंशःकुलालादिव्यापाराभिव्यक्तपृथुबुध्नोदरादिविकारांशश्चेति द्वावंशौ । तत्र कुलालादिव्यापारात्पूर्वमेव विद्यमानो मृदंशो घटो न भवति । अतः पृथुबुध्नोदराद्याकार एव घटस्स्यात्। तदाप्युभावंशावेकीकृत्याविचाराद्घट इति व्यवहार इति शम्।।

घटादिकार्यस्यापारमार्थिकत्वनिरूपणम् –

स घटो न मृदो भिन्नो वियोगे सत्यनीक्षणात् ।
नाप्यभिन्नः पुरा पिण्डदशायामनवेक्षणात् ॥३५॥

अन्वयः – सः घटः मृदः भिन्नः न। वियोगे सति अनीक्षणात्। अभिन्नः अपि न। पुरा पिण्डदशायाम् अनवेक्षणात् ।

व्याख्या :– एतावता ग्रन्थेन मृदतिरिक्तस्य घटस्य साधनेन तस्य पारमार्थिकत्वमायाति । तथा पारमार्थिकस्य घटस्य कथमपारमार्थिकानिर्वचनीयशक्तिकार्यत्वमुपपन्नमिति प्रश्ने तस्यापि पारमार्थिकता नैवास्तीति स्पष्टयति । स घटो मृदो न भिन्नः । कुतः ? मृदो वियोगे सति मृदंशस्य नाशोत्तरं तस्य घटस्यानीक्षणाददर्शनात् । मृद्भिन्नतया घटस्यादर्शनान्न घटो मृदो भिन्न इति भावः । तर्हि मृदाभिन्नोऽस्तु घट इत्यशङ्कां निराकरोति । घटो मृदोऽभिन्नोऽपि नास्ति । कुतः ? पुरा घटोत्पत्तेः प्राक्पिण्डदशायां घटस्यानवेक्षणाददर्शनात् । यदि स्यान्मृदभिन्नो घटस्तदा मृद्दशायामपि घटो दृश्येत । न हि तदा दृश्यते । एवं च मृद्भिन्नत्वेन मृदभिन्नत्वेन वा निर्वक्तुमशक्यतयानिर्वचनीयोऽपारमार्थिकोऽयं घट

कार्योत्पत्ति के बाद ही घट शब्द का व्यवहार लोक में प्रसिद्ध होने से उसी का मुख्य घट रूप से व्यवहार होता है । भाव यह है कि घट में दो अंश हैं –एक मिट्टी का अंश और दूसरा कुलालादि के व्यापार से अभिव्यक्त स्थूल, वर्तुलोदर आकार से विशिष्ट विकार का अंश । इनमें से कुलालादि के व्यापार से पूर्व ही विद्यमान मिट्टी का अंश घट नहीं है । इसलिए पृथुबुध्नोदरादि आकार वाले को ही घट कहा जाता है । ऐसा होने पर भी दोनों अंशों को एक करके अविचार के कारण 'यह घट है' ऐसा अविवेकी लोग व्यवहार करते हैं ।

घट की अपारमार्थिकता का वर्णन करते हैं ।

अर्थ – वह घट मिट्टी से भिन्न नहीं है, क्योंकि वह मिट्टी के बिना देखने में नहीं आता और वह उससे अभिन्न भी नहीं है, क्योंकि उत्पन्न होने से पूर्व वह मिट्टी की पिण्डदशा में नहीं दिखाई देता ।।३५।।

व्याख्या – इस प्रकार मिट्टी से अतिरिक्त घट को सिद्ध करने पर तो उसका पारमार्थिकत्व भी सिद्ध होता है । तो फिर पारमार्थिक घट अपारमार्थिक (अनिर्वचनीय) शक्ति का कार्य कैसे हो सकता है ? ऐसी शंका होने पर घट की अपारमार्थिकता को स्पष्ट करते हैं । वह घट मिट्टी के अभाव में नहीं दिखाई देता अर्थात् मिट्टी के अंश का नाश हो जाने पर उस घड़े का दर्शन नहीं होता है । मिट्टी से भिन्नरूप में घट का दर्शन न होने के कारण घट मिट्टी से भिन्न नहीं है । तो फिर अभिन्न मान लो । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि घट मिट्टी से अभिन्न भी नहीं है, क्योंकि घट की उत्पत्ति के पूर्व पिण्डदशा में घट का दर्शन नहीं होता है । यदि घट मिट्टी से अभिन्न होता तो मिट्टी में भी उसका दर्शन होना चाहिये, किन्तु वैसा होता नहीं है । तात्पर्य यह है कि इस प्रकार घट को मिट्टी से भिन्न अथवा अभिन्न रूप से कहना

इति तस्यानिर्वचनीयापारमार्थिकशक्तिकार्यत्वमुपपद्यत इति शम् ।।

शक्तिवत्कार्यस्याप्यनिर्वचनीयत्वनिरूपणम् -

अतोऽनिर्वचनीयोऽयं शक्तिवत्तेन शक्तिजः ।
अव्यक्तत्वे शक्तिरुक्ता व्यक्तत्वे घटनामभृत् ।।३६।।

अन्वयः - अतः शक्तिवत् अयम् अनिर्वचनीयः। तेन शक्तिजः। अव्यक्तत्वे शक्तिः उक्ता। व्यक्तत्वे घटनामभृत् ।

व्याख्या :- इदानीं फलितमाह । अतोऽयं घटश्शक्तिवदनिर्वचनीयः । स्वकारणान्मृदो भिन्नोऽभिन्नो वेति वक्तुमशक्यः । तेनोभयोस्साम्येन शक्तिजो मृन्निष्ठशक्तेरुत्पादितः । अतोऽवास्तविकशक्तिकार्यत्वमस्य नानुपपन्नमिति भावः । मायाशक्तेरनिर्वचनीयत्वे भाष्यकाराणामुक्तिः - "सन्नाप्यसन्नाप्युभयात्मिकानो भिन्नाप्यभिन्नाप्युभयात्मिकानो । साङ्गाप्यनङ्गाप्युभयात्मिकानो महाद्भुताऽनिर्वचनीयरूपा । ननु शक्ति तत्कार्ययोरुभयोरप्यनिर्वचनीयत्वे तयोर्व्यवहारभेदनियामकं किमित्यत्राह। अव्यक्तत्वे निगूढदशायां शक्तिरित्युक्ता शक्तिरितिव्यवहारः । कार्यरूपेण व्यक्तित्वे घटनामभृद्घट इति नाम्ना व्यवहारास्पदो भवति । तस्मादनिर्वचनीयमिति शम् ।।

लौकिकमायादृष्टान्तेन मायाया व्यक्ताव्यक्तत्त्वदृढीकरणम् -

ऐन्द्रजालिकनिष्ठापि माया न व्यज्यते पुरा ।
पश्चाद्गन्धर्वसेनादिरूपेण व्यक्तिमाप्नुयात् ।।३७।।

अन्वयः - ऐन्द्रजालिकनिष्ठा माया अपि पुरा न व्यज्यते। पश्चात् गन्धर्वसेनादिरूपेण व्यक्तिम् आप्नुयात्।

शक्य न होने के कारण वह अनिर्वचनीय अर्थात् अपारमार्थिक है । ऐसे घट को अपारमार्थिक शक्ति का कार्य कहने में कोई दोष नहीं है ।

फलितार्थ कहते हैं ।

अर्थ - अतः यह (घट) भी शक्ति की भाँति अनिर्वचनीय है । इसलिये शक्तिजन्य कार्य है । अव्यक्त दशा में यह शक्ति कहलाता है और व्यक्त होने पर घट नाम को धारण करता है ।।३६।।

व्याख्या - घट मिट्टी से न भिन्न है और न अभिन्न है अतः इसे शक्ति की तरह अनिर्वचनीय कहा गया है अर्थात् अपने कारण (मिट्टी) से घट भिन्न है अथवा अभिन्न, इसका वर्णन करना अशक्य होने से घट भी अनिर्वचनीय ही है । शक्ति और घट दोनों अनिर्वचनीय होने से घट को मिट्टी में स्थित शक्ति का कार्य कहना अनुचित नहीं है । यदि शक्ति और उसका कार्य ये दोनों अनिर्वचनीय हैं तो फिर उन दोनों का 'यह शक्ति है' और 'यह उसका कार्य है' एसा भेदव्यवहार क्यों है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि अव्यक्तदशा में अर्थात् निगूढ़ दशा में उसका शक्ति रूप से व्यवहार होता है और जब वह कार्यरूप से परिणत हो जाता है तब अर्थात् व्यक्त दशा में वह घट नाम को धारण कर लेता है अर्थात् 'घट' इस प्रकार व्यवहारस्पद बन जाता है ।

इसी प्रकार माया के अनिर्वचनीयत्व को लौकिक माया के दृष्टान्त से दृढ़ करते हैं ।

अर्थ - जादूगर में रहने वाली माया भी पहले नहीं दिखाई देती किन्तु उसका प्रयोग करने के बाद वह गन्धर्वसेना आदि रूप में अभिव्यक्ति को प्राप्त होती है ।।३७।।

व्याख्या :- एतावता मायालक्षणमेवं पर्यवसन्नम् । "कार्यात्प्रागव्यक्तत्वे सति स्वाश्रयाद्भेदाभेदाभ्यामसत्त्वे च सति कार्यात्मना व्यक्तत्व"मिति । ईदृशी माया लोके क्व दृष्टेत्यत्रैतत्स्पष्टयति । ऐन्द्रजालिकनिष्ठापि माया पुरा मणिमन्त्रादिप्रयोगात्पूर्वं न व्यज्यते नाभिव्यक्ता भवति । पश्चात्कार्योत्पत्यनन्तरं तु गन्धर्वसेनादिरूपेण व्यक्तिमभिव्यक्तिमाप्नुयादिति । तस्माज्जगत्केवलकल्पनामात्रमेवेत्याह वसिष्ठः - "सङ्कल्पमात्रकलनैव जगत्समग्रं सङ्कल्पमात्रकलनैव मनो विलासः । सङ्कल्पमात्रमतिमुत्सुज्य निर्विकल्पमाश्रित्य निश्चयमवाप्नुहि राम शान्तिम्" इति शम् ।।

वाचारम्भणश्रुतेरर्थविचारप्रदर्शनम् -

एवं मायामयत्वेन विकारस्यानृतात्मताम् ।
विकाराधारमृद्वस्तुसत्यत्वञ्चाब्रवीच्छ्रुतिः ॥३८॥

अन्वयः - एवं मायामयत्वेन विकारस्य अनृतात्मतां च विकाराधारमृद्वस्तुसत्यत्वं श्रुतिः अब्रवीत्।

व्याख्या :- एवं शक्तितत्कार्ययोरवास्तवत्वं शक्त्याश्रयस्य मृदादेर्वास्तवत्वं च श्रुतिवाक्येन द्रढयति । एवं पूर्वमुपपादितरीत्या मायामयत्वेन मायाकार्यत्वेन विकारस्य कार्यरूपस्य घटादेरनृतात्मतां मिथ्यारूपत्वं तथा विकाराधारमृद्वस्तुसत्यत्वं विकाराणां घटादीनामाधारभूता या मृत्तस्याश्च सत्यत्वं श्रुति "वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्य "मित्यादिश्रौतवचनमब्रवीदिति शम् ।।

अर्थतो वाचारम्भणश्रुतेः प्रदर्शनम् -

वाङ्निष्पाद्यन्नाममात्रं विकारो नास्य सत्यता ।
स्पर्शादिगुणयुक्ता तु सत्या केवलमृत्तिका ॥३९॥

व्याख्या - माया को समझने के लिए यहाँ ऐन्द्रजालिक (जादूगर) का दृष्टान्त देते हैं । जादूगर की शक्ति को भी (लौकिक) माया कहते हैं । वह शक्ति उसमें अप्रकट रूप से सदा रहती है । जब वह अपनी शक्ति का प्रयोग करता है और मन्त्र बोलता है तो वह शक्ति प्रकट होकर गन्धर्वनगर की रचना कर देती है । उसमें गन्धर्वों की सेना आदि दिखाई देते हैं । यह लोक में प्रसिद्ध ही है । इसी प्रकार परमात्मा भी बहुत बड़ा जादूगर है ***"मायां तु प्रकृतिं विद्यात् मायिनं तु महेश्वरम् "*** (श्वे.उ.) इस प्रकार श्रुति भी परमात्मा को मायावी कहती है । उसकी अप्रकट शक्ति माया कहलाती है और प्रकट होने पर वही जगत् का रूप धारण कर लेती है ।

वाचारम्भण श्रुति के अर्थ का विचार करते हैं ।

अर्थ - इस प्रकार मायामय होने के कारण श्रुति ने विकार (घट) को मिथ्या और विकार की आधारभूता मिट्टी को सत्य कहा है ।।३८।।

व्याख्या - शक्ति का कार्य घट मिथ्या है और शक्ति का आधार मृत्तिका सत्य है । यह बात छान्दोग्योपनिषद् में भी कही गयी है । ***"वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यम्"*** (छा.उ. ६/१/४) शक्ति और उसका कार्य घट ये दोनों ही मायामय होने के कारण श्रुति ने विकार को अर्थात् घट को मिथ्या और घटादि कार्यों की आधारभूता मिट्टी को सत्य कहा है ।

उक्त श्रुति का अर्थतः पठन करते हैं ।

अर्थ - (घटादि) विकार वाणी के द्वारा उच्चारण करने योग्य नाममात्र का है । इसकी सत्यता नहीं है । किन्तु स्पर्शादि गुणों से युक्त केवल मृत्तिका ही सत्य है ।।३९।।

अन्वयः – वाङ्निष्पाद्यं विकारः नाममात्रम् । अस्य सत्यता न। स्पर्शादिगुणयुक्ता तु केवलमृत्तिका सत्या।

व्याख्या :- छान्दोग्यगतां तामेव श्रुतिं "वाचारमभणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्य"मित्यादिकामर्थतः पठति । वाङ्निष्पाद्यं वाचा निष्पाद्यं सम्पादितव्यं वागिन्द्रियेणोच्चार्यं नाममात्रं विकारो नामैवास्य घटादेर्न सत्यता न नामातिरेकेण पारमार्थिकं रूपमस्ति । अतोऽस्य घटादेर्विकारस्य न सत्यता परमार्थता नास्ति । किन्तु स्पर्शादिकार्यनामादिविकारविधुरा मृत्तिका सत्या वास्तवी । घटाद्याधारभूता मृदेव सत्येत्यर्थः । सर्वं कार्यजातमवास्तवं विकारस्वरूपत्वात् । कारणं तु वास्तवं निर्विकारस्वरूपत्वादित्याशय इति दिक् ।।

कार्यमात्रस्य मिथ्यात्वनिरूपणम् –

व्यक्ताव्यक्ते तदाधार इति त्रिष्वाद्ययोर्द्वयोः।
पर्यायः कालभेदेन तृतीयस्त्वनुगच्छति ।।४०।।

अन्वयः – व्यक्ताव्यक्ते तदाधारः इति त्रिषु आद्ययोः द्वयोः कालभेदेन पर्यायः तृतीयः तु अनुगच्छति।

व्याख्या :- तदेवं शक्तितत्कार्ययोरुभयोरपि मिथ्यात्वं कथं स्यात्तत्राह । अपि च शक्ति – तत्कार्ययोरवास्तवत्त्वे तदाश्रयस्य च वास्तवत्वे कारणमपि प्रदर्शयति । व्यक्ताव्यक्ते व्यक्तं स्पष्टतया भासमानं घटादिकार्यजातमव्यक्तमनभिव्यक्तरूपा तत्कारणभूता शक्तिस्ते व्यक्ताव्यक्ते तादाधारस्तदाश्रयो मृदादिरित्येवं त्रिषु त्रयाणां मध्य आद्ययोर्द्वयोश्शक्तितत्कार्ययोः प्रथमोद्दिष्टयोरभिव्यक्तेः प्राक्पश्चादिदिति कालभेदेन तत्सम्बन्धिनोः कालयोर्भेदेन भेदस्य विद्यमानत्वात्पर्यायः क्रमेण स्थितिर्भवनं तथा

व्याख्या – घटादि विकार वाणी के द्वारा निष्पाद्य (संपादितव्य) अर्थात् उच्चारण करने योग्य नाममात्र के लिये ही है । इस विकार की सत्यता (पारमार्थिकता) नहीं है । किन्तु स्पर्श, रूप, रसादि गुणों से युक्त नामादि विकार से रहित केवल मिट्टी ही सत्य (परमार्थरूप) है । समस्त कार्य पदार्थ अवास्तविक हैं क्योंकि वे विकारवाले हैं और उनका कारण वास्तविक है क्योंकि कारण सर्वदा निर्विकार रहता है ।

शक्ति और उसके कार्य की अवास्तविकता तथा उनके आश्रय की वास्तविकता का कारण बताते हैं ।

अर्थ – व्यक्त (कार्य) अव्यक्त (शक्ति) और उन दोनों का आधार (मृत्तिका) इन तीनों में से पहले दो कालभेद से पर्याय हैं और तीसरा तो उन दोनों में स्थित है ।।४०।।

व्याख्या – शक्ति और शक्ति के कार्य मिथ्या होने में और उनके आधार के सत्यत्व में कारण बताते हैं । स्पष्ट रूप से भासमान घटादि कार्यों को व्यक्त कहते हैं, उसकी शक्ति को अव्यक्त कहते हैं और उन दोनों का आश्रय मिट्टी आदि है । इन तीनों (घट, शक्ति और मिट्टी) में से पहले दो अर्थात् शक्ति और उसके कार्य कालभेद से पर्याय हैं अर्थात् एक काल (भूतकाल) में जो अव्यक्त रूप से विद्यमान शक्ति है, वही दूसरे काल (वर्तमान काल) में व्यक्त रूप से घट है । कालभेद से उन दोनों में भेद विद्यमान होने के कारण दोनों का अस्तित्त्व क्रम से सिद्ध होता है । किन्तु तृतीय जो मृत्तिका है, वह उन दोनों की आश्रयरूपा है । वह शक्ति और उसके कार्य दोनों में स्थित रहती है । अनभिव्यक्त अवस्था में शक्ति

तृतीयस्तदुभयाधारभूता मृत्तिका तु शक्तिकार्ये उभे अप्यनुगच्छत्यनुवर्तते । अनभिव्यक्तावस्थायां शक्तिरित्युच्यते । अभिव्यक्तावस्थायां कार्यमित्युच्यते । शक्तिकार्ययोरुभयोरेकस्मिन्समयेऽनवस्थानाच्छक्तितत्कार्येऽन्येऽन्यं व्यावर्त्येते । अतस्तयोर्मिथ्यात्वं मृत्तिका तु समयद्वयेऽप्यनुवर्तत इत्यतस्तस्यास्सत्यत्वम् । अनृतत्वं च शक्तिकार्ययोः कादाचित्कत्वात्। सत्यत्वं चाधारस्य कालत्रयानुगामित्वादिति ज्ञेयमिति शम् ।।

विकारस्यैवासत्यत्वे हेतूनां प्रदर्शनम् –

निस्तत्त्वं भासमानञ्च व्यक्तुमुत्पत्तिनाशभाक् ।
तदुत्पत्तौ तस्य नाम वाचा निष्पाद्यते नृभिः ।।४१।।

अन्वयः–व्यक्तं निस्तत्त्वं भासमानं च उत्पत्तिनाशभाक् तदुत्पत्तौ नृभिः तस्य नामवाचा निष्पाद्यते।

व्याख्या :– पूर्वोक्तप्रकारेण व्यावृत्तत्वहेतुना व्यक्ताव्यक्तयोरुभयोरपि मिथ्यात्वे समानेऽपि व्यक्ते कार्ये एवानृतत्वमिति कोऽस्ति विशेष इत्याकाङ्क्षायां वाचारम्भणश्रुतिमनुसरन्हेतुत्रयं प्रदर्शयति। व्यक्तमभिव्यक्तं घटादिकार्यजातं निस्तत्वं याथार्थरहितं स्वरूपेणासत्तथापि भासमानमापातदृष्टेः प्रतीयमानं च । तथोत्पत्तिनाशभागुत्पत्तिविनाशवदुपलभ्यते । एवं तदुत्पत्तावुत्पत्यनन्तरं नृभिर्वाचा तस्य नाम निष्पाद्यते प्रकल्प्यते वागिन्द्रियजन्यनामात्मकत्वेन व्यवह्रियते च । केनचिन्नाम्ना व्यवहार एवोत्पत्तिरिति भावः । अत्र कार्यस्यानित्यत्वेऽसत्यत्वे त्रयो हेतव इमे प्रदर्शिता यज्जन्यत्वं निस्तत्वमसत्त्वं वस्तुनोऽविद्यमानेऽपि प्रतीयमानत्वमिति दिक् ।।

और अभिव्यक्त अवस्था में कार्य कहलाती है किन्तु दोनों का एक ही समय में विद्यमान रहना संभव न होने से शक्ति और उसके कार्य परस्पर भिन्न हैं । और उनकी स्थिति सदा नहीं रहती अतः दोनों मिथ्या हैं । किन्तु मिट्टी घट उत्पन्न होने से पूर्व और घट उत्पन्न होने के बाद भी रहती है अर्थात् घटोत्पादक शक्ति और घट इन दोनों में मिट्टी सदा अनुवर्तित होने से सत्य कही गयी है ।

श्रुति प्रतिपादित वाचारम्भण का विवरण करते हैं ।

अर्थ – व्यक्त (कार्य) निस्तत्त्व, भासमान और उत्पत्ति–नाश वाला है । उसकी उत्पत्ति होने पर मनुष्य वाणी के द्वारा उसके नाम की कल्पना करते हैं ।।४१।।

व्याख्या – व्यक्त (अभिव्यक्त) अर्थात् घटादि कार्य निस्तत्त्व (याथार्थ्य रहित) होते हैं तथापि भासमान होते हैं अर्थात् आपातदृष्टि से प्रतीयमान होते हैं । और वे उत्पत्ति तथा नाशवाले होते हैं अर्थात् उत्पन्न और नष्ट होने वाले होते हैं । उसकी उत्पत्ति होने पर मनुष्य वाणी के द्वारा उसके नाम की कल्पना करते हैं । किसी भी नाम से व्यवहार करना ही उसकी उत्पत्ति है । इस प्रकार तीन कारणों से विकार का मिथ्यात्व कहा गया है ।

कार्यस्य नाममात्रत्वनिरूपणम् -

व्यक्ते नष्टेऽपि नामैतन्नृवक्त्रेष्वनुवर्तते ।
तेन नाम्ना निरूप्यत्वाद्व्यक्तं तद्रूपमुच्यते ।।४२।।

अन्वयः-व्यक्ते नष्टे अपि एतत् नाम नृवक्त्रेषु अनुवर्तते। व्यक्तं तेन नाम्ना निरूप्यत्वात् तद्रूपम् उच्यते।

व्याख्या :- कार्यस्योत्पत्तिविनाशयोरनन्तरमप्युत्पन्नोऽयं घटो विनष्टोऽयं घट इति तत्तन्नाम्ना व्यवह्रियमाणत्वात्तत्तच्छब्दात्मको भवतीति प्रकृते श्रुत्युक्तवाचारम्भणत्वमुपपादयति । व्यक्ते घटादिकार्यरूपे सञ्जाते तथा नष्टेऽपि कार्यतादात्म्यपन्नतयैतन्नाम नृवक्त्रेषु नृणां शब्दप्रयोक्तृणां वक्त्रेषु मुखेषु व्यवहारकाले भाषारूपेणानुवर्तते । ततः किमायातमित्यत्राह । अतो व्यक्तं घटादिकार्यं तेन नृवक्त्रव्यवह्रियमाणेन नाम्ना तत्तच्छब्देन निरूप्यमाणत्वाद्व्यवह्रियमाणत्वात्तद्रूपं तस्य नाम्नो रूपमेव रूपं यस्य तत्तथोक्तं नामात्मकमपि तन्नाम्न एव व्यवह्रियमाणत्वाद्घटादिकार्यं घटादिशब्दस्वरूपमात्रं भवितुमर्हतीत्याकूतम् । अत्रायमनुमानप्रयोगः । विवादाध्यासितो घटो घटशब्दात्मको घटशब्देन व्यवह्रियमाणत्वाद्घटशब्दवदिति शम् ।।

कार्यस्यानित्यत्वसाधकानुमाननिरूपणम् -

निस्तत्त्वत्वाद्विनाशित्वाद्वाचारम्भणनामतः ।
व्यक्तस्य न तु तद्रूपं सत्यं किञ्चिन्मृदादिवत् ।।४३।।

अन्वयः - निस्तत्त्वत्वात् विनाशित्वात् वाचारम्भणनामतः मृदादिवत् व्यक्तस्य रूपं तत् किंचित् सत्यं न तु।

व्याख्या :- घटादिकार्यस्यासत्यत्वनिश्चायिकामनुमानरचनां प्रदर्शयति । व्यक्तस्य घटादिरूपस्य

कार्य के असत्यत्व का हेतु दर्शाते हैं ।

अर्थ - व्यक्त (घटादि) के नष्ट होने पर भी मनुष्यों के मुखों में उसकी अनुवृत्ति हुआ करती है। अतः नाम से निरूपित होने के कारण व्यक्त वस्तु भी तद्रूप कहलाती है ।।४२।।

व्याख्या - व्यक्त के नष्ट होने पर भी अर्थात् घटादि कार्य रूप के नष्ट हो जाने पर भी व्यवहार काल में मनुष्यों के मुख में भाषारूप से उसकी अनुवृत्ति हुआ करती है । "मेरा घट फूट गया, अब मुझे नया घट लाना होगा" इस प्रकार के वाक्यों में घट शब्द का प्रयोग तो है किन्तु अभिव्यक्त घट नहीं है । व्यवहार नाम से ही चलता है इसलिए समस्त रूप नाममात्र से निरूपित होने के कारण तद्रूप ही हैं । अर्थात् अयथार्थ घटादि कार्य के नष्ट हो जाने के बाद भी उसी नाम से व्यवहार का विषय होने से वे घटादि कार्य घटादि शब्दस्वरूप मात्र ही कहे जा सकते हैं ।

कार्य की अनित्यता को दर्शाने के लिए अनुमान प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - जैसे मृत्तिका सत्य है, वैसे (उसका) व्यक्त (घटादि कार्य) का वह रूप स्वल्पमात्र भी सत्य नहीं है क्योंकि वह निस्तत्त्व, विनाशी और वाणी से उत्पन्न नाममात्र है ।।४३।।

व्याख्या - व्यक्त हुए सभी कार्यों का मिथ्या होना सिद्ध होता है । यहाँ उसके तीन कारण बताते

कार्यस्य यत्पृथुबुन्धोदरादिरूपं प्रतीयमानं तद्रूपं यत्किञ्चिदपि किमपि सत्यं नास्त्येव । तत्र पूर्वोक्तं कारणत्रयं सङ्क्षिप्याह । निस्तत्त्वत्वान्निर्गतं तत्त्वं वास्तवस्वरूपं यस्मात्तत्तथोक्तं तस्य भावात् बाधितत्वादवास्तवस्वरूपत्वात्तथा विनाशित्वान्मृदि कारणभूतायां सत्यामेव विनाशाप्रति-योगित्वान्नश्वरस्वभावत्वाद्वाचारम्भणनामतो वचोभिर्निष्पाद्यमाननामरूपत्वाद्वागिन्द्रियजन्यशब्द-मात्रात्मकत्वादित्येषु त्रिष्वपि व्यतिरेकदृष्टान्तो मृद्वदिति । तथा सत्यत्रैवमनुमानप्रयोगः । घटादिकार्यमसत्यं निस्तत्त्वाद्यदसत्यं न भवति न तन्निस्तत्त्वं यथा घटाद्युपादानं मृदिति केवलव्यतिरेक्ययम् । एवमेव विनाशित्वाद्वाचारम्भण-त्वदित्यादिहेतूनां प्रयोगोऽपि द्रष्टव्य इति शम् ।।

कारणस्य सत्यत्वनिरूपणम् –

व्यक्तकाले ततः पूर्वमूर्ध्वमप्येकरूपभाक् ।
सतत्त्वमविनाशञ्च सत्यं मृद्वस्तु कथ्यते ।।४४।।

अन्वयः–व्यक्तकाले ततः पूर्वम् ऊर्ध्वम् अपि एकरूपभाक् । सतत्त्वं च अविनाशं मृद्वस्तु सत्यं कथ्यते।

व्याख्या :– व्यतिरेकदृष्टान्तभूतस्य विकाराधिष्ठानरूपस्य मृद्रूपोपादानस्य सत्यत्वं प्रतिपादयति। मृद्वस्तु व्यक्तकाले स्थितिकाले घटादिकार्यदशायां ततः पूर्वं कार्योत्पत्तेः पूर्वं पूर्वस्मिन्काल ऊर्ध्वं कार्यव्यक्तिविनाशोत्तरकालमपि चैकरूपभागैकरूपं भवति । सतत्त्वं व्यक्तादिकालेऽपि तत्त्वेन मृत्त्वेन सहितं तत्त्वेन वास्तविकरूपेण विशिष्टमविनाशं कार्ये घटे नष्टेऽपि स्वयं विनाशरहितं विकारेण सह नाशरहितं यन्मृद्वस्तु तत्सत्यमिति कथ्यते । अत्रायमनुमानप्रयोगः । विवादाध्यासितं मृद्वस्तु सत्यमेकाकारत्वात्सतत्त्वत्वादविनाशित्वादात्मवदित्यादीति शम् ।।

हैं । घटादिरूप से व्यक्त कार्य में जो स्थूलत्व और वर्तुलोदरत्व प्रतीत होता है, वह बिल्कुल सत्य नहीं है अर्थात् मिथ्या है । इसमें पूर्वोक्त तीन कारणों को संक्षेप से कहते हैं । निस्तत्त्व होने के कारण अर्थात् अवास्तविक होने के कारण, विनाशी होने के कारण अर्थात् नश्वर स्वभाव वाला होने के कारण तथा वाचारम्भणनाममात्र होना अर्थात् वाणी के द्वारा उच्चारित नाम ही जिसका स्वरूप है, ऐसा होने के कारण। इन तीनों कारणों से व्यक्त (कार्य) मिथ्या है । इन तीनों में व्यतिरेक से दृष्टान्त देते हैं ***''मृद्वदिति''*** (मिट्टी के समान) अर्थात् घटादि कार्य असत्य हैं, निस्तत्त्व होने के कारण । जो असत्य नहीं होता, वह निस्तत्त्व भी नहीं होता, जैसे मिट्टी । इसी प्रकार विनाशित्व और वाचारम्भणनामत्व में भी जानना चाहिये।

अब कारण के सत्यत्व का विचार करते हैं ।

अर्थ – व्यक्तकाल में उसके पूर्व और उत्तरकाल में भी एकाकार सतत्त्व और अविनाशी जो मृद् वस्तु है, वह सत्य कही जाती है ।।४४।।

व्याख्या – मृद् वस्तु (मिट्टी) घटादि कार्यदशा में और कार्योत्पत्ति के पूर्व तथा कार्य के विनष्ट हो जाने के बाद भी एकाकार रहती है । सतत्त्व अर्थात् वास्तविक तत्त्वरूप और अविनाशी अर्थात् विकार के साथ नष्ट न होने वाली विनाशरहित जो मृत्तिका वस्तु है, वह सत्य है ऐसा कहा जाता है । मिट्टी सत्य है, क्योंकि एकाकार है, सतत्त्व है, अविनाशी है, आत्मा के समान । ऐसा अनुमान का प्रकार यहाँ जानना चाहिये ।

विवर्तवादमतनिरूपणम् -

व्यक्तं घटो विकारश्चैत्येतैर्नामभिरीरितः।
अर्थश्चेदनृतः कस्मान्न मृद्बोधे निवर्तते ॥४५॥
निवृत्त एव यस्मात्ते तत्सत्यत्वमतिर्गता ।
ईदृङ्निवृत्तिरेवात्र बोधजा न त्वभासनम् ॥४६॥
पुमानधोमुखो नीरे भातोऽप्यस्ति न वस्तुतः ।
तटस्थमर्त्यवत्तस्मिन्नेवास्था कस्यचित्क्वचित् ॥४७॥
ईदृग्बोधे पुमर्थत्वं मतमद्वैतवादिनाम् ।
मृद्रूपस्यापरित्यागाद्विवर्तत्वं घटे स्थितम् ॥४८॥

अन्वयः - व्यक्तं घटः विकारः च इति एतैः नामभिः ईरितः। अर्थः अनृतः चेत् मृद्बोधे कस्मात् न निवर्तते ।

अन्वयः - निवृत्तः एव। यस्मात् ते तत्सत्यत्वमतिः गता। अत्र ईदृक् एव बोधजा निवृत्तिः। न तु अभासनम् ।

अन्वयः - नीरे अधोमुखः भातः अपि पुमान् वस्तुतः न अस्ति। कस्यचित् तस्मिन् तटस्थमर्त्यवत् आस्था क्वचित् न एव।

अन्वयः - ईदृक् बोधे अद्वैतवादिनां पुमर्थत्वं मतम्। मृद्रूपस्य अपरित्यागात् घटे विवर्तत्वं स्थितम्।

व्याख्या :- नन्वेवं सत्यभूताधिष्ठानज्ञाने सत्यधिष्ठानशुक्त्यादिज्ञान आरोपितरजतादेरिवारोपित-घटादेरपि निवृत्तिस्स्यात् । सा च न दृश्यते । घटादेः कार्यजातस्यासत्यत्वे तस्यारोपितरजतादेरि-वाधिष्ठानज्ञानेन निवर्त्यता स्यादित्यतः कथं तस्यानृतत्त्वमित्याशङ्कते । व्यक्तं घटो विकार इत्येतैस्त्रिभिर्नामभिश्शब्दैरीरितोऽधीयमानोऽर्थोऽनृतश्चेत्कार्यरूपस्तस्य कारणातिरेकेणासत्त्वेऽङ्गीक्रियमाणे

कारण के ज्ञान से कार्य की निवृत्ति कैसे हो सकती है ? ऐसी शंका कर उसका समाधान करते हैं ।

अर्थ - (प्रश्न) यदि व्यक्त, घट और विकार इन नामों से कही गयी वस्तु मिथ्या है, तो मृत्तिका का बोध होने पर वह निवृत्त (नष्ट) क्यों नहीं हो जाती ? (समाधान) वह निवृत्त ही है, क्योंकि उसमें तुम्हारी सत्यत्व बुद्धि नहीं रह गई है । यहाँ पर ऐसी बोधजन्य निवृत्ति ही मानना चाहिये, वस्तु की अप्रतीति रूप नहीं ॥४५-४६॥

व्याख्या - ***शंका*** - जैसे शुक्तिज्ञान से आरोपित रजतज्ञान की निवृत्ति हो जाती है, उसी प्रकार मृत्तिका के ज्ञान से घटादि की भी निवृत्ति होनी चाहिये । किन्तु लोक में ऐसा देखा नहीं गया है, अतः आप उसका मिथ्यात्व कैसे कहते हैं ? यदि व्यक्त, घट और विकार इत्यादि नामों से कही गयी वस्तु मिथ्या है, तो फिर उसकी कारणभूता मृत्तिका का भान हो जाने पर भी वह निवृत्त क्यों नहीं होती ? अर्थात् घट की निवृत्ति (नाश) क्यों नहीं होती ? कारण से भिन्न कार्य की अविद्यमानता अंगीकार करने पर कारण के

मृद्बोधे सति मृल्लक्षणायाः कारणभूतायास्सत्याया मृदो बोधे जाते सति कस्माद्घटो न निवर्तते । कुतस्तन्निवृत्तिर्न स्यात् । कारणभिन्नतया कार्यस्याविद्यमानत्वस्याङ्गीकारे कारणज्ञानेन कार्यनिवृत्तिरवश्यं स्यात् । यथा शुक्तिज्ञानेन रजतनिवृत्तिस्स्यादथापि मृत्तिकाया ज्ञाने सत्यारोपितघटनिवृत्तिस्स्यादथापि मृत्तिकाया ज्ञानानन्तरमप्यनिवृत्त एव हि घटो दृश्यते । प्रतीयमानत्वादित्याक्षेपसारः।

कारणज्ञानेन कार्यानिवृत्ताविष्टापत्तिं प्रदर्शयति । घटोऽपि निवृत्त एव । तत्रैवोपपत्तिं प्रदर्शयति। यस्मात्कारणात्ते तव तत्सत्यत्वमतिस्तस्य घटादिकार्यरूपस्य विषयस्य वास्तवत्वबुद्धिर्गता निवृत्ता तस्मादेव हेतोर्घटोऽपि निवृत्त एवेति भावः ।

ननु शुक्तिरजतस्थले समारोपितस्य रजतस्यैव निवृत्तिर्दृश्यते । न तु तस्य सत्यत्वबुद्धेरित्येवं प्रकृतेऽपि घटादेरपि निवृत्तिर्वक्तव्या । सा च नैव घटत इत्याशङ्कायां दृष्टान्तदार्ष्टान्तिक-योर्वैषम्यमत्र विद्यते । तस्य रजतत्वादेर्निरुपाधिकभ्रमत्वादस्तु तथात्वमथापीह सोपाधिकभ्रमे घटादौ सत्यत्वबुद्ध्यपगम एव निवृत्तिस्स्यादित्यभिप्रेत्याह । अत्र घटादिसोपाधिकभ्रमस्थलेष्वीदृगेव सत्यत्वज्ञाननिवृत्तिरूपा बोधजा ह्यधिष्ठानस्य याथार्थ्यज्ञानजन्या घटादेर्निवृत्तिरभ्युपेया । आभासनं कार्यस्वरूपाभानं तु निवृत्तिरिति

ज्ञान से कार्य की निवृत्ति भी अवश्य होनी चाहिये । जैसे शुक्ति के ज्ञान से रजत की निवृत्ति होती है और जैसे सस्सी के ज्ञान से सर्प की निवृत्ति होती है । उसी प्रकार मिट्टी के ज्ञान से आरोपित घट की भी निवृत्ति होनी चाहिये । किन्तु मिट्टी का ज्ञान हो जाने के बाद भी घट की निवृत्ति नहीं होती है क्योंकि उसकी प्रतीति होती है ।

समाधान – सर्वप्रथम कारण के ज्ञान से कार्य निवृत्ति में सम्मति दर्शाते हुए कहते हैं कि वह घट निवृत्त ही है । इसका कारण यह है कि उस घट में तुम्हारी सत्यत्व बुद्धि निवृत्त हो गई है ।

शंका – शुक्ति और रजत के दृष्टान्त में तथा रस्सी और सर्प के दृष्टान्त में आरोपित रजत और सर्प की निवृत्ति ही देखी गई है । उनमें सत्यत्वबुद्धि की निवृत्ति नहीं देखी गई है । इसी प्रकार प्रकृत में भी घटादि की ही निवृत्ति का निरूपण करना चाहिये और वह हो नहीं सकता ।

समाधान – (ऐसी शंका होने पर दृष्टान्त और दार्ष्टान्तिक के वैषम्य का अभिप्राय दर्शाते हैं) यहाँ घटादि सोपाधिक भ्रम के स्थलों में ऐसी ही निवृत्ति मानना चाहिये । अर्थात् सत्यत्वज्ञाननिवृत्तिरूपा बोधजन्या (अधिष्ठानयाथार्थ्यज्ञानजन्या) निवृत्ति ही मानना चाहिये । वस्तु की अप्रतीति रूप निवृत्ति अर्थात् कार्य का स्वरूप से ही भान न हो, ऐसी निवृत्ति नहीं मानना चाहिये ।

तात्पर्य यह है कि सत् पर आरोपित मिथ्या वस्तु दो प्रकार की हो सकती है – एक हमारे मन की कल्पना रूप अर्थात् निरुपाधिक भ्रम रूप और दूसरी माया का व्यक्त रूप अर्थात् सोपाधिक भ्रम रूप । पहले प्रकार का उदाहरण शुक्ति में रजत और रस्सी में सर्प है और दूसरे प्रकार का उदाहरण मिट्टी में घट या जल में मनुष्य का उल्टा प्रतिबिम्ब अथवा मरुस्थल में मृगमरीचिका है । पहले प्रकार का मिथ्या अध्यारोप अधिष्ठान का ज्ञान होने पर इस प्रकार से निवृत्त हो जाता है कि वह पुनः भासित ही नहीं होता है किन्तु दूसरे प्रकार का मिथ्या अध्यारोप सत्य का ज्ञान होने पर बौद्धिक रूप से तो निवृत्त हो जाता है किन्तु उसका आभास नहीं मिटता । यह जगत् घट के समान मिथ्या है, भ्रान्तिमान सर्प की भाँति नहीं । इसलिए ब्रह्मरूप अधिष्ठान का ज्ञान हो जाने पर बुद्धि से जगत् मिथ्या दिखाई देता है किन्तु इन्द्रियों से पूर्ववत् भासित होता है ।

नाभ्युपेया । स्वस्वरूपाप्रतीतिरेव निवृत्तिरिति नाभ्युपेयेत्याशयः । शुक्तिरजतभ्रमस्य निरुपाधिकत्वात्तत्र तदभावमपि निवृत्तिरित्यभ्युपेयते। सोपाधिकत्वनिरूपाधिकत्वभेदेनोभयोर्भ्रमयोर्वैषम्यात् । तद्दृष्टान्तेन घटादेर्निवृत्तिं प्रत्याशा नैव कार्येति भावः ।

एवं क्व दृष्टमित्यत्र विवेचयति । सोपाधिकभ्रमस्थलेऽभानं न निवृत्तिः । किन्त्वारोपितसत्यत्व-ज्ञाननिवृत्तिरेव तन्निवृत्तिरित्यत्र दृष्टान्तं प्रदर्शयति । नीरे जलेऽधोमुखो भातोऽप्यधोमुखतया प्रतिभासमानोऽपि पुमान्वस्तुतः परमार्थतो नास्ति । तस्मिन्नधोमुखजने कस्यचित्क्वचिदपि तटस्थमर्त्यवत्तीरवर्तिजन-वदास्थाभिमानो न विद्यत एव । अत्रेयमुपपत्तिः कस्यचिद्विवेकिनो जलेऽधोमुखे तटस्थपुंसि सत्यत्वाभिमानो न कदाप्यस्तीति। तीरस्थपुरुषेऽस्तित्वबुद्धिवत्प्रतीयमानेऽप्यधोमुखजनेऽस्तित्वबुद्धिर्न कस्याप्यस्तीत्यतस्स निवृत्त इत्येवाङ्गीकार्य इति भावः ।

जले ह्यधोमुखत्वेन सञ्चारिता नेत्रकिरणाः परावृत्यादशिरस्त्वादिनैव गृह्णन्तीत्याशयः । नन्वारोपितं घटादिकार्यं मिथ्यात्वात्तन्मिथ्यात्त्वज्ञानस्य न पुरुषार्थत्वमित्याशङ्क्यायामाह। ईदृग्बोधे सर्वं जगद्विकारस्वरूपं परे ब्रह्मण्यधिष्ठाने समारोपितं ब्रह्मणोऽन्यत्सर्वं मिथ्येत्याकारके ज्ञाने सति पुमर्थत्वमद्वितीयानन्दस्वरूपस्य पुरुषार्थस्य सिद्धिरित्यद्वैतवादिनामभिमतं मतम् । अद्वैतवाद आत्मानन्दातिरिक्तस्य सर्वस्य मिथ्यात्वनिश्चये

अतः सोपाधिक और निरुपाधिक भेद से दोनों भ्रम में वैषम्य होने से उक्त दृष्टान्त से घटादि की निवृत्ति की आशा नहीं करनी चाहिये ।

क्या सोपाधिक स्थल में उक्त नियम कहीं देखा गया है ? इस शंका का उत्तर देते हैं।

अर्थ - जल में अधोमुख प्रतीत होने पर भी पुरुष वस्तुतः वैसा नहीं है । तट पर खड़े मनुष्य के समान उसमें किसी की कभी भी आस्था (सत्यत्व बुद्धि) नहीं होती है ।।४७।।

व्याख्या - सोपाधिक भ्रम स्थल में वस्तु के अभान को ही उसकी निवृत्ति नहीं कहते हैं, किन्तु आरोपित सत्यत्व ज्ञान की निवृत्ति ही उसकी निवृत्ति कहलाती है । इस विषय में दृष्टान्त देते हैं । जल में अधोमुख अर्थात् सिर के बल खड़ा हुआ (प्रतिबिम्बित) प्रतीत होने पर भी वस्तुतः (परमार्थरूप से) पुरुष वैसा नहीं है । उस प्रतिबिम्बित अधोमुख वाले मनुष्य में किसी की कभी भी तट पर खड़े हुए मनुष्य के समान आस्था अर्थात् अभिमान नहीं होता है । यानी कि तट पर खड़े हुए पुरुष में जैसे अस्तित्व बुद्धि होती है, वैसी जल में प्रतिबिम्बित पुरुष में सत्यत्व बुद्धि किसी की भी नहीं होती है ।

विवर्तवाद को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - इस प्रकार के बोध में ही (हम) अद्वैतवादी लोग पुरुषार्थ मानते हैं । मृतिका के रूप का परित्याग न होने के कारण घट में विवर्तपना रहता है ।।४८।।

व्याख्या - आरोपित घटादि कार्य मिथ्या होने से उनके मिथ्यात्व के ज्ञान से पुरुषार्थत्व कैसे हो सकता है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि इस प्रकार के बोध में ही अर्थात् विकारवान जगत् अधिष्ठान रूप परब्रह्म में आरोपित है और ब्रह्म के अतिरिक्त सब कुछ मिथ्या है । इस प्रकार के ज्ञान में ही अद्वितीय आनन्दस्वरूप पुरुषार्थ की सिद्धि होती है, ऐसा हम अद्वैतवादियों का मत है । यदि घट मिट्टी का विवर्त है, ऐसा सिद्ध हो तब तो मिट्टी के ज्ञान से घट के सत्यत्व ज्ञान की निवृत्ति हो सकती है किन्तु घट मिट्टी का विवर्त ही है, यह सिद्ध नहीं होता है । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि घट रूप विकारावस्था में भी

सत्यद्वैतानन्दाभिव्यक्तिलक्षणः पुरुषार्थोऽस्तीति भावः। ननु घटो मृद्विवर्त इति यदि सिद्ध्यति तदा मृद्ज्ञानाद्घटसत्यत्वज्ञानं निवर्तेत । मृद्विवर्तत्वमेव घटस्य नैव सिद्धमित्याशङ्क्यायामाह । घटरूपविकारावस्थायामपि मृद्रूपस्यापरित्यागान्मृद्रूपपरित्यागाभावाद्घटे सिद्धं विवर्तत्वम् । यतश्च भेदवादीशस्तार्किकः खण्डितोऽतस्सिद्धं विवर्तत्वमित्याशय इति शम् ।।

आरम्भवादिनामन्येषां च मतनिरूपणम् –

परिणामे पूर्वरूपं त्यजेत्तत्क्षीररूपवत् ।
मृत्सुवर्णे निवर्तेते घटकुण्डलयोर्न हि ।।४९।।
घटे भग्ने न मृद्भावः कपालानामवेक्षणात् ।
मैवं चूर्णेऽस्ति मृद्रूपं स्वर्णरूपं त्वतिस्फुटम् ।।५०।।
क्षीरादौ परिणामोऽस्तु पुनस्तद्भाववर्जनात् ।
एतावता मृदादीनां दृष्टान्तत्वन्न हीयते ।।५१।।
आरम्भवादिनः कार्ये मृदो द्वैगुण्यमापतेत् ।
रूपस्पर्शादयः प्रोक्ताः कार्यकारणयोः पृथक् ।।५२।।
मृत्सुवर्णमयश्चेति दृष्टान्तत्रयमारुणिः ।
प्राहातो वासयेत्कार्यानृतत्वं सर्ववस्तुषु ।।५३।।

अन्वयः – परिणामे क्षीररूपवत् तत् पूर्वरूपं त्यजेत्। मृत्सुवर्णे घटकुण्डलयोः न निवर्तेते हि ।

अन्वयः – घटे भग्ने मृद्भावः न। कपालानाम् अवेक्षणात् । मा एवम् । चूर्णे मृद्रूपम् अस्ति। स्वर्णरूपं तु अतिस्फुटम् ।

अन्वयः – क्षीरादौ परिणामः अस्तु। पुनः तद्भाववर्जनात्। एतावता मृदादीनां दृष्टान्तत्वं न हीयते।

अन्वयः – आरम्भवादिनः कार्ये मृदः द्वैगुण्यम् आपतेत्। रूपस्पर्शादयः कार्यकारणयोः पृथक् प्रोक्ताः।

अन्वयः – आरुणिः मृत् सुवर्णम् अयः च इति दृष्टान्तत्रयं प्राह। अतः सर्ववस्तुषु कार्यानृतत्वं वासयेत्।

मिट्टी का परित्याग न होने के कारण घट में विवर्तत्व (विवर्तपना) है, यह सिद्ध होता है । अधिष्ठान का स्वरूप यथावत् बने रहने पर भी मिथ्या कार्य का भासित होना ही विवर्तवाद है ।

घट में मृत्तिका के स्वरूप का परित्याग न होने पर भी घट मृत्तिका का परिणाम क्यों नहीं होगा ? ऐसी आशंका का उत्तर देते हैं ।

अर्थ – परिणामवाद में दूध से दही उत्पन्न होने पर अधिष्ठान अपना पूर्वरूप त्याग देता है, किन्तु (विवर्तवाद के दृष्टान्त में) घट और कुण्डल के अधिष्ठान भूत मिट्टी और स्वर्ण के पूर्वरूप नष्ट नहीं होते।।४९।।

व्याख्या – मिट्टी ही घट रूप से परिणत हो जाती है, ऐसा नहीं कहना चाहिये । क्योंकि परिणामवाद के सिद्धान्त में कारण अपना रूप त्याग कर कार्य का रूप धारण कर लेता है, जैसे दूध से दही बन जाता है । दही बनने पर दूध की तरलता और मिठास नष्ट हो जाती है । दही बनने पर वह जम जाता है, खाने

व्याख्या :- ननु मृद्रूपपपरिणामाभावेऽपि मृत्परिणामो घट इति किं न वक्तव्यमित्याशङ्क्याचष्टे। मृदेव घटाकारेण परिणमत इति न वक्तव्यम् । कुतः ? परिणामे मृदाद्युपादानं पूर्वरूपं परिणामात्पूर्वरूपं यत्स्वीयं रूपं तत्परिणामानन्तरं क्षीररूपं तद्व्यजेत् । यत्र क्षीरादौ परिणामोऽभ्युपगम्यते तत्र क्षीरादिभावस्य पूर्वरूपस्य त्याग उपलभ्यत इत्यर्थः । एवञ्च यत्र पूर्वरूपपरित्यागस्तत्र परिणाम इति व्यवहारः । अत्र पूर्वरूपापरित्यागाद्विवर्तत्वमेवाभ्युपेयमितिभावः ।

ननु विवर्ते पूर्वरूपापरित्यागः क्व दृष्ट इति प्रश्ने मृत्सुवर्णयोर्दृश्यत इत्याचष्टे । अत्रारम्भवादी तद्व्यतिरेकं व्यनक्ति । घटकुण्डलयोमृत्सुवर्णे घटे मृत्कुणडले सुवर्णं च न निवर्तेते । मृत्सुवर्णविवर्तयोर्घटकुण्डलयोर्निष्पन्नयोरपि तत्कारणभूतमृत्सुवर्णरूपे न निवर्तेते इति प्रसिद्धमिति भावः । अत्र सुवर्णकुण्डलोपादानं दृष्टान्तप्रदर्शनार्थम्। यथा कुण्डले सत्यपि सुवर्णं न निवर्तते । कुण्डलसद्भावदशायामपि सुवर्णबुद्धेस्सत्वात् । तथा घटसद्भावदशायामपि मृन्न निवर्तत इत्यतस्सुवर्णस्येव मृदोऽपि विवर्तितैवेति भावः ।

ननु कुण्डलनाशे सुवर्णं सर्वैरुपलभ्यते न तथा घटनाशे मृदुपलभ्यते । तदानीं कपालयोरेवोपलम्भादिति शङ्कते । अत्रायं भावो यद्घटनाशे पालयन्तीति कपालानि तेषामवेक्षणादुपलम्भाद्घटे मृद्भावो मृद्रूपं नोपलभ्यत इत्यतः कथमुच्यते तस्य विवर्तत्वमित्याशयः।

पर खट्टा लगता है और दही अपना रूप त्याग कर पुनः दूध का रूप धारण नहीं करता । कारण परिणमित होकर कार्य का रूप धारण करता है, इसलिए इसे परिणामवाद कहते हैं । अतः जहाँ पर पूर्वरूप का परित्याग हो जाता है, वहाँ परिणामरूप व्यवहार होता है ।

किन्तु मिट्टी या स्वर्ण में ऐसा नहीं होता । मिट्टी से घट उत्पन्न होने पर भी मिट्टी यथावत् रहती है और घट के नष्ट हो जाने पर अपने यथार्थरूप में आ जाती है । इसी प्रकार स्वर्ण से कुण्डल बनने पर भी स्वर्ण यथावत् ही रहता है, उसकी स्वर्णता नष्ट नहीं होती । कुण्डल का रूप नष्ट होने पर स्वर्ण अपने रूप में आ जाता है । यही विवर्तवाद का सिद्धान्त है । अद्वैतमतानुसार जगत् ब्रह्म का विवर्त है । प्रकृत प्रसंग मिट्टी और घट का चल रहा है, इसलिए यहाँ सुवर्ण और कुण्डल को दृष्टान्तरूप से जानना चाहिये अर्थात् जैसे कुण्डल के रहने पर भी सोने की निवृत्ति नहीं होती अर्थात् स्वर्णबुद्धि बनी रहती है, उसी प्रकार घट के रहने पर भी मिट्टी की निवृत्ति नहीं होती है । भाव यह है कि सोने की तरह मिट्टी भी विवर्त को ही प्राप्त होती है ।

पूर्वोक्त कथन में शंका कर उसका समाधान करते हैं ।

अर्थ - शंका - घट फूट जाने पर मिट्टी नहीं बचती, क्योंकि वहाँ कपालों का ही दर्शन होता है। समाधान - ऐसा नहीं है, क्योंकि उनके चूर्ण होने पर मिट्टी का ही रूप रहता है और (आभूषण नष्ट होने पर तो) स्वर्ण का रूप अति स्पष्ट दिखाई देता है ।।५०।।

व्याख्या - ***शंका*** - घट मृत्तिका का विवर्त नहीं हो सकता, क्योंकि घट के नाश होने पर कपालों का ही दर्शन होता है, मिट्टी का नहीं । (इस प्रकार पूर्वार्ध से शंका कर उत्तरार्ध से उसका समाधान करते हैं) घट फूट जाने पर तो कपाल (खप्पर) शेष रहते हैं, मिट्टी शेष नहीं रहती अतः वहाँ मिट्टी की उपलब्धि

अत्र समाधत्ते । एवं मा वद । कुतः ? कपालानां चूर्णे मृद्रूपत्वमस्त्येव। कपालावस्थायां मृद्रूपस्यास्फुटत्वेऽपि तस्य चूर्णावस्थायां मृद्रूपं स्पष्टतया प्रतीयते । दृष्टान्तभूते सुवर्णे तु नैतच्छङ्काया एवावकाश इत्याह । स्वर्णरूपं त्वतिस्फुटम् । साक्षादिव स्फुटतया भासते । घटस्थले मृद्रूपस्य परम्परया स्फुटतया भानमित्येवानेव विशेषः ।

ननु श्रुति प्रसिद्धा मृदादयो विवर्तदृष्टान्तीभवितुमनर्हाःपरिणामित्वात्क्षीरादिवत्याशङ्कायां दृष्टान्तमङ्गीकृत्य दार्ष्टान्तिकं निराचष्टे । अत्रेदं विचार्यते य"दवस्थान्तरतापत्तिरेकस्य परिणामिता । स्यात्क्षीरं दधिमृत्कुम्भस्सुवर्णं कुण्डलं यथै"ति क्षीरमृत्सुवर्णानां परिणामिदृष्टान्तत्वं प्रागुपन्यस्तम् । सम्प्रति तु तेषां मध्ये मृत्सवर्णयोर्विवर्तयोरेव दृष्टान्तत्वं कथमुच्यते। कुतोवा क्षीरस्यापि तथात्वं न स्यादित्यादि । क्षीरादौ पुनर्विकारनाशे तद्भाववर्जनात्तस्य क्षीरादेर्भावस्य वर्जनात्परिणामोऽस्तु । तर्हि क्षीरवदेवावस्थान्तरमापद्यमानयोस्तयोर्विवर्तदृष्टान्तता न भवेत् । कुम्भकुण्डलावस्थायामवाप्तयो-र्मृत्सुवर्णयोर्विवर्तत्वं नोपपद्यत इत्याशङ्कां प्रत्याचष्टे । एतावता मृदादीनां विवर्तवादे विवर्तस्य दृष्टान्तत्वं न हीयते । क्षीरादेः परिणामित्वेन मृदादीनां सुवर्णादीनां च दृष्टान्तभावो नैव नश्यतीति भावः ।

क्षीरस्य पूर्वरूपपरित्यागपूर्वकमास्थान्तरप्राप्तौ तद्रूपविगलने सति पुनः पूर्वरूपं नैव दृश्यते । अतस्तत्र केवलपरिणामित्वमेव वक्तव्यम् । मृत्सुवर्णयोस्त्ववस्थान्तरप्राप्तौ तदपाये पूर्वरूपस्य दर्शनाद्विवर्तत्वमपि वक्तव्यम् । एवञ्चावस्थान्तरतापत्तिमात्रं परिणामलक्षणं पर्यवसन्नम् । तच्च त्रिष्वपि

नहीं होती है, इसलिए घट मिट्टी का विवर्त नहीं हो सकता । ***समाधान*** - ऐसा नहीं है अतः तुम ऐसा मत कहो, क्योंकि उन कपालों को चूर्ण कर देने पर मिट्टी ही प्रतीत होती है । वस्तुतः कपालावस्था में भी मिट्टी है ही, किन्तु उसका स्वरूप अस्फुट रहता है और उनकी चूर्णावस्था में मिट्टी का स्वरूप स्पष्ट रूप से प्रतीत होता है । तथा दृष्टान्त रूप स्वर्ण में तो उक्त शंका भी नहीं बन सकती । इसलिए कहते हैं कि स्वर्णरूप तो अतिस्फुट है अर्थात् आभूषण नष्ट होने पर तो स्वर्ण का रूप अत्यन्त स्पष्ट रूप से प्रतीत होता है, यह सर्वविदित ही है । भाव यह है कि घट स्थल में मिट्टी के स्वरूप का परम्परा से स्पष्ट भान होता है और स्वर्ण स्थल में साक्षात् स्पष्ट भान होता है । इतना ही दोनों में अन्तर है और कुछ नहीं। इसलिए मिट्टी और स्वर्ण के दृष्टान्तों में विवर्त का सिद्धान्त स्पष्ट देखने में आता है ।

क्षीरादि दृष्टान्त में भी विवर्त की शंका का निराकरण करते हैं ।

अर्थ - दूध आदि में तो परिणाम ही है, क्योंकि (दधि का नाश होने पर) पुनः दूध रूप प्राप्त नहीं होता । किन्तु इतने मात्र से मिट्टी आदि के दृष्टान्तत्व की हानि नहीं होती है ।।५१।।

व्याख्या - पूर्व में (१३/८) परिणाम के तीन दृष्टान्त दिये गये - दूध, मृत्तिका और सोना । उनमें यदि मृत्तिका और सोना ये दोनों विवर्त के दृष्टान्त हैं, ऐसा आप स्वीकार करते हो तो मिट्टी और स्वर्ण की तरह दूध को भी विवर्त का ही दृष्टान्त क्यों नहीं मानते ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि दूध आदि दृष्टान्त में परिणाम ही स्वीकार कर लेना चाहिये, क्योंकि दधि का नाश होने पर पुनः दुग्धरूपता नहीं रहती है, इसलिए दुग्धादि विवर्त का दृष्टान्त नहीं बन सकता । तब तो मिट्टी और स्वर्ण का भी विवर्तत्व सिद्ध न होगा । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि एतावता मिट्टी और स्वर्ण आदि के दृष्टान्तत्त्व की कोई हानि नहीं होती है ।

पूर्वनिर्दिष्टेष्वनुवर्तत इति न कोऽपि दोषः । अतश्च मृत्सुवर्णयोरपि परिणामिदृष्टान्तत्वोक्तिर्नासङ्गतेति तत्त्वम् । अवस्थान्तरविगलनोत्तरकालिकपूर्वरूपत्वं विवर्तत्वमिति पर्यवसन्नम् । तच्च मृत्सुवर्णयोरेव दृश्यते न तु क्षीरस्य । तथा च सिद्धं परिणामस्य व्यापकत्वं विवर्तस्य च तद्व्याप्यत्वम् ।

साम्प्रतमारम्भवादमपि विदलयति । ननु मृत्सुवर्णयोर्यदि परिणामित्वमप्यङ्गीक्रियते तद्वदारम्भकत्वमपि कुतो नाङ्गीक्रियत इत्याशङ्क्याह । कारणात्परमाणुभ्यः कार्यमारभ्यत इति कथयत आरम्भवादिनो मते ह्यारब्धे कार्ये घटे मृदो मृदपेक्षया द्वैगुण्यमापतेत् । कार्याकारेण कारणाकारेण च द्विगुणत्वमापद्यत इति भावः । तथा च सति गुरुत्वादिद्वैगुण्यमप्यापद्येत । कुत एतदिदित्यत्र कारणमुपपादयति । कार्यकारणयोरन्योऽन्यं भिन्नरूपत्वात्तयो रूपस्पर्शादयो गुणाः पृथक्प्रोक्ताः । एवञ्च कार्यगुणानां च पार्थक्येन मृद्युभयगुणसम्मेलनाद्द्वैगुण्यमापतेदित्यर्थः । रूपादीनां गुणानां कार्यकारणयोर्भेदस्यारम्भवादिभिरङ्गीकृतत्वात् । कारणगुणाः कार्यगुणानारभन्त इति हि तार्किकसमयः। अत्र चादिशब्देन परिणामस्यापि ग्रहणात्कार्यिभूतकटकादौ हाटकलक्षणकारणस्य द्वैगुण्यापत्तिरारम्भवादेऽपरिहार्या । सोऽयं परमाणुकारणवादे ब्रह्मसूत्रेषु निराकृतः (२-२-१२) उभयथापि न कर्मातस्तदभाव" इत्यत्र तद्भाष्ये चेति विज्ञेयम् ।

ननु मृदादेर्विवर्तदृष्टन्तत्वं कुत्रोपपादितमित्यत्राह । छान्दोग्ये तावदरुणस्य महर्षेः पुत्र उद्दालक

तात्पर्य यह है कि दूध जब अवस्थान्तर को प्राप्त हो जाता है तब उसका रूप परिवर्तित हो जाता है अर्थात् वह दही रूप से परिणत हो जाता है । दही बनने के बाद उसका पूर्वरूप दिखाई नहीं देता, इसलिए वहाँ केवल परिणामत्व ही कहना चाहिये । किन्तु मिट्टी और स्वर्ण अवस्थान्तर को प्राप्त होने पर भी उनके पूर्वरूप का दर्शन होता है, अतः उनका विवर्तत्व ही कहना चाहिये । वस्तुतः अवस्थान्तरता प्राप्ति रूप परिणाम का लक्षण तीनों दृष्टान्तों में विद्यमान होने के कारण मिट्टी और स्वर्ण का परिणामिदृष्टान्तत्त्व असंगत नहीं है । अवस्थान्तर विगलनोत्तरकालिक पूर्णरूपत्व को विवर्त कहना चाहिये और वह मिट्टी और स्वर्ण में ही है, दूध में नहीं । परिणामित्व व्यापक है किन्तु विवर्त व्याप्य है ।

मिट्टी और स्वर्ण का यदि परिणामित्व भी स्वीकार करते हैं तो फिर उसी प्रकार आरम्भक भी स्वीकार क्यों नहीं करते है ? इस शंका का उत्तर देते हैं ।

अर्थ - आरम्भवादियों के मतानुसार घटरूप कार्य में मिट्टी का द्वैगुण्य प्राप्त होगा, क्योंकि उन्होंने रूप, स्पर्शादि गुणों को कार्य और कारण से पृथक् कहा है ।।५२।।

व्याख्या - परमाणुरूप कारण से कार्य का आरम्भ होता है, ऐसा कहने वाले आरम्भवादी नैयायिकों के मतानुसार आरम्भ हुए घटरूपी कार्य में मिट्टी का द्वैगुण्य प्राप्त होगा । क्योंकि उनकी मान्यतानुसार कार्य और कारण भिन्नरूप है ।

कार्य-कारणता का तीसरा सिद्धान्त आरम्भवाद है । इसके अनुसार कार्य कारण से अवश्य उत्पन्न होता है किन्तु वह एक नूतनोत्पत्ति रूप होता है और कारण से पृथक् होता है । उनके मतानुसार कार्य उत्पन्न होने पर कारण और कार्य दोनों का अस्तित्त्व बना रहता है । घट उत्पन्न होने पर मिट्टी और घट दोनों की स्वतन्त्र सत्ता रहती है । इसलिए कारण से कार्य दोगुना होता है । आरम्भवादी कार्य दशा

आरुणिष्षष्टेऽध्याये "स यथा सोम्यैकेन मृत्पिण्डेन सर्वं मृन्मयं विज्ञातं स्या"दित्यारभ्य "कार्ष्णायसमित्येव सत्यमि" त्यन्तेन वाक्यसन्दर्भेण मृत्सुवर्णादिभिस्त्रिभिर्दृष्टान्तैर्विवर्तवादं प्राह । आरुणिरुद्दालकस्स्वीयं पुत्रं श्वेतकेतुं कार्यमात्रस्यानृतत्वमुपदिशन्मृत्सुवर्णमयो लोहमिति च विशदीचकार दृष्टान्तत्रयम् ।

दृष्टान्तत्रयोक्तिः किमर्थेत्याशङ्क्यायामुच्यते । यत एवं बहुषुमृदादिषु कार्यानृतत्वमुपलब्धमत एव भूतभौतिकरूपेषु वस्तुषुकार्यस्यानृतत्वं वासयेत्संयोजयेत् । सर्वस्य कार्यस्य मिथ्यात्वमभ्यसेद्यावद्वस्त्ववच्छेदेन कार्यमिथ्यात्वं स्वबुद्धिं प्रति मुमुक्षुस्स्वीकुर्विंतेति भावः । अत्र दृष्टन्तत्रयोक्त्या त्रित्वे बहुत्वमितिन्यायेन बहुषु कार्यानृतत्वोपलम्भेन सर्वेष्वपि वस्तुषु कार्यानृतत्वं कारणस्य सत्यत्वं चानुसन्दध्यात् । मृत्सुवर्णादिसर्वमपि कारणजातमन्यनिरूपितकार्यमपि भवतीति हेतोस्तत्र पारमार्थिका सत्ता नैवास्ति । परन्तु सर्वकारणकारणे न कस्यापि कार्यभूते परे ब्रह्मणि पारमार्थिक्येव सत्ता विद्यत इति ज्ञेयो विशेषः । व्यावहारिकसत्यत्वमुपादाय दृष्टान्तोपन्यासा इति दिक् ।।

में कारण और कार्य दोनों के रूप-स्पर्श आदि गुण पृथक् मानते हैं । घट में मिट्टी भी है और घट भी है । मिट्टी के अपने गुण शब्द-स्पर्शादि हैं और घट के अपने गुण गोलाकार, स्थूलता आदि हैं । आरम्भवाद (परमाणुकारणवाद) का निराकरण भगवान् श्रीभाष्यकार ने ब्रह्मसूत्र (२/२/१२) भाष्य में भली-भाँति किया है । जिज्ञासुओं का वहीं देखना चाहिये ।

विवर्तवाद में कारण की अव्यक्त शक्ति ही व्यक्त होकर कार्य का रूप धारण करती है और कार्य मिथ्या होता है । आरम्भवादानुसार कारण में कोई अव्यक्त शक्ति नहीं होती । कार्य की उत्पत्ति कारण से पृथक् एक नया आरम्भ होता है । इस मत में कार्य मिथ्या न होकर सत्य होता है ।

वेदान्त मत आरम्भवाद का इस आधार पर खण्डन करता है कि यदि कारण में कार्य किसी प्रकार पहले से विद्यमान न हो तो केवल अभाव से उसकी उत्पत्ति नहीं हो सकती । दूसरा यह कि कार्य की सत्ता कारण से स्वतंत्र नहीं देखी जाती, इसलिए उसे सत्य मानना अनुचित है और कार्य में रूप-स्पर्शादि कोई गुण नहीं होते, वह केवल भासित होता है । अतः आरम्भवाद युक्तियुक्त और प्रामाणिक न होने से अमान्य है ।

विवर्तवाद में मिट्टी और सुवर्ण की तरह श्रुतिप्रसिद्ध अन्य दृष्टान्त का निरूपण करते हैं।

अर्थ - आरुणि ने मृत्तिका, स्वर्ण और अयस (लोहा) इस प्रकार तीन दृष्टान्त कहे हैं । इसलिए समस्त वस्तुओं में कार्य के मिथ्यापन की वासना (भावना) करें ।।५३।।

व्याख्या - विवर्तवाद वेद सम्मत है, इसे बताने के लिए छान्दोग्य उपनिषद् में वर्णित आरुणि का कथन प्रस्तुत करते हैं । श्रीउद्दालक आरुणि अपने पुत्र श्वेतकेतु को समस्त कार्यों के मिथ्यात्व का उपदेश देते हुए ***"यथा सोम्येकेन मृत्पिण्डेन"*** (छा.उ. ६/१/४) यहाँ से लेकर ***"कृष्णायसमित्येव सत्यम्"*** (छा.उ. ६/१/६) यहाँ तक मिट्टी, सुवर्ण और लोहा इस प्रकार तीन दृष्टान्त देते हैं । उक्त कथन का फलितार्थ कहते हैं कि इसलिए समस्त वस्तुओं में कार्य के मिथ्यात्व की वासना (भावना) करें अर्थात् समस्त कार्यों में मिथ्यात्व का और कारण में सत्यत्व का अनुसन्धान करें ।

कारणांशस्यैव बोद्धव्यताकथनम् -

कारणज्ञानतः कार्यविज्ञानञ्चापि सोऽवदत् ।
सत्यज्ञानेऽनृतज्ञानङ्कथमत्रोपपद्यते ॥५४॥
समृत्कस्य विकारस्य कार्यता लोकदृष्टितः ।
वास्तवोऽत्र मृदंशोऽस्य बोधः कारणबोधतः ॥५५॥
अनृतांशो न बोद्धव्यस्तद्बोधानुपयोगतः।
तत्त्वज्ञानं पुमर्थं स्यान्नानृतांशावबोधनम् ॥५६॥
तर्हि कारणविज्ञानात्कार्यज्ञानमितीरिते ।
मृद्बोधान्मृत्तिका बुद्धेत्युक्तं स्यात्कोऽत्र विस्मयः ॥५७॥
सत्यङ्कार्येषु वस्त्वंशः कारणात्मेति जानतः।
विस्मयो मास्त्विहाज्ञस्य विस्मयः केन वार्यते ॥५८॥
आरम्भी परिणामी च लौकिकश्चैककारणे ।
ज्ञाते सर्वमतिं श्रुत्वा प्राप्नुवन्त्येव विस्मयम् ॥५९॥

अन्वयः - (किं) च कारणज्ञानतः कार्यविज्ञानम् अपि सः अवदत्। सत्यज्ञाने अनृतज्ञानम् कथम् अत्र उपपद्यते।

अन्वयः - समृत्कस्य विकारस्य लोकदृष्टितः कार्यता। अत्र वास्तवः मृदंशः। अस्य बोधः कारणबोधतः ।

अन्वयः - अनृतांशः बोद्धव्यः न। तद्बोधानुपयोगतः। तत्त्वज्ञानं पुमर्थम् अनृतांशावबोधनम् न स्यात्।

अन्वयः - तर्हि "कारणविज्ञानात् कार्यज्ञानम् " इति ईरिते "मृद्बोधान्मृत्तिका बुद्धा" इति उक्तं स्यात् । अत्र कः विस्मयः।

अन्वयः - सत्यम् । कार्येषु वस्त्वंशः कारणात्मा इति जानतः विस्मयः मा अस्तु। इह अज्ञस्य

कारणांश ही ज्ञातव्य है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - कारण के ज्ञान से कार्य का ज्ञान भी आरुणि ने कहा है । शंका - यहाँ (प्रकृत में) सत्य का ज्ञान होने पर मिथ्या का ज्ञान कैसे हो सकता है ? समाधान - मृत्तिका सहित उसके विकार को लोकदृष्टि से कार्य कहा जाता है । यहाँ मृत्तिका अंश ही सत्य है और इसका बोध कारण के बोध से होता है ।।५४-५५।।

व्याख्या - कारण के ज्ञान से कार्य का ज्ञान होता है, यह सिद्ध करने के लिए कार्यमिथ्यात्व का अनुसन्धान करना तो अनुचित ही है । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि कारण के ज्ञान से कार्य का भी ज्ञान होता है, ऐसा उन उद्दालक मुनि ने अपने पुत्र श्वेतकेतु के प्रति कहा है ।***"यथा सोम्येकेन मृत्पिण्डेन सर्वं मृण्मयं विज्ञातं स्यात्"*** (छा.उ. ६/१/४) ।

मिट्टी और सुवर्ण आदि कारण के ज्ञान से घट और कुण्डलादि कार्य का ज्ञान कैसे हो सकता है?

विस्मयः केन वार्यते ?

अन्वयः – आरम्भी च परिणामी च लौकिकः एककारणे ज्ञाते सर्वमतिं श्रुत्वा विस्मयं प्राप्नुवन्ति एव।

व्याख्या :– कारणज्ञानात्कार्यज्ञानसिद्धये कार्यानृतत्वानुसन्धानमप्युक्तमिति तत्र हेतुमाह । स उद्दालको "यथा सोम्येकेन मृत्पिण्डेन सर्वं मृन्मयं विज्ञातं स्या"दिति कारणज्ञानतः कार्यविज्ञानं चावदत् । यदि निरुक्तकार्यमिथ्यात्वसंस्कारादाढ्यं न स्याच्चेत्तर्हि कारणस्य मृदादेर्विज्ञानात्कार्यस्य घटकटकादिरूपकार्यस्य ज्ञानं कथं प्रसिद्ध्यतीत्याशङ्कां स्वयं श्रुतिः प्रतिपादयति । स च श्रुतिः "कथं नु भगवस्स आदेशो भवती"त्यादिका । तामेतामर्थतोऽनुवदति । मृदादिकारणस्य सत्यज्ञाने यथार्थज्ञाने सति तद्विलक्षणस्य घटादिकार्यसमूहस्यानृतज्ञानं कथमुपपद्यत इति शङ्का श्रुत्योपस्थापिता।

कार्यस्य सत्यानृतरूपांशद्वयविशिष्टत्वात्तत्र कारणादेकांशेन कार्यज्ञानमुपपद्यत इति समाधत्ते । समृत्कस्य कारणभूतमृत्सहितस्य विकारस्य घटादेर्लोकदृष्टितः कार्यता भवति । अधिष्ठानसहितमारोपितं घटादिकार्यशब्देनाभिधीयते । एवं सति घटादिकार्ये मृदादिकारणांशः पृथुबुध्नोदराकारविकारांशश्चेति द्वावंशौ विद्येते । अत्र च मृदंशो वास्तवस्तस्यास्य वास्तवांशस्य बोधः कारणबोधतो भवति । कारणज्ञाने सति कार्यगतवास्तवांशज्ञानसिद्धिरित्यर्थः । विकारस्य घटादेस्समृत्कस्य मृदविनाभावसिद्धस्य ज्ञानात्तत्त्वं सिद्ध्यति । अधिष्ठानभूतमृत्सहितस्य विकारस्य घटादिकार्यस्यारोपितस्य लोके कार्यशब्दार्थता प्रसिद्धिः।

भवत्वेतावता कारणज्ञानात्कार्यज्ञानं न सम्भवतीति पूर्वं कृतस्य चोद्यस्य परिहारः को जात

सत्य का ज्ञान होने पर अर्थात् मिट्टी आदि कारण का यथार्थ ज्ञान होने पर उससे विलक्षण घटादि कार्य का मिथ्याज्ञान कैसे हो सकता ? ऐसी शंका होने पर समाधान करते हैं कि कार्य दो अंशों से विशिष्ट होने के कारण वहाँ कारण के एकांश से कार्यज्ञान उत्पन्न होता है । कारणभूत मृत्तिका सहित घटादि की लोकदृष्टि से कार्यता होती है अर्थात् अधिष्ठानसहित आरोपित घटादि कार्य शब्द से कहे जाते हैं । इसीलिए घटादि कार्य में मिट्टी आदि कारण का अंश और स्थूलता, गोलपना आदि विकार का अंश, ये दोनों अंश रहते हैं । इनमें से मिट्टी का अंश वास्तविक है । इस वास्तविक अंश का बोध कारण के बोध से होता है । भाव यह है कि कारण का ज्ञान होने पर कार्यगत वास्तविक अंश के ज्ञान की सिद्धि होती है ।

तब तो कार्यगत सत्यांश की तरह मिथ्यांश भी जानना चाहिये, इस शंका का उत्तर देते हैं ।

अर्थ – मिथ्या अंश (कार्यरूप घट) का ज्ञान अनुपयोगी होने के कारण वह ज्ञातव्य नहीं है । तत्त्वज्ञान ही पुरुषार्थ है, असत् का ज्ञान पुरुषार्थ नहीं है ।।५६।।

व्याख्या – मृदंश और स्थूलत्वादि विकारांश, इस प्रकार घट में दो अंश रहते हैं । उन दोनों में से स्थूलत्वादि विकार का जो अंश है, वह जानने योग्य नहीं है, क्योंकि वह अनुपयोगी है अर्थात् उसके जानने से काई लाभ नहीं है । उसी को विशद करते हुए कहते हैं कि तत्त्वज्ञान ही पुरुषार्थ है अर्थात् अबाधितार्थ ज्ञान ही पुरुषार्थ प्रयोजक है । अनृतांश का ज्ञान पुरुषार्थ रूप नहीं है ।

तब तो मिट्टी से मिट्टी का ज्ञान होने पर क्या अपूर्वता सिद्ध होगी ? ऐसी शंका कर उसका समाधान करते हैं ।

अर्थ – ***शंका*** – कारण के विज्ञान से कार्य का ज्ञान होता है, ऐसा कहना तो वैसा होगा कि मिट्टी

इत्यत्र कार्यगतानृतांशज्ञानाभावेऽपि तद्गतसत्यांशज्ञानं भवत्येवेति परिहरति तां शङ्काम् । अत्र कार्ये यो वास्तवमृदंशोऽऽस्त्यस्य ज्ञानं कारणज्ञानादेव भवतीति न कापि क्षतिः ।

ननु कार्यगतवास्तवांश इवानृतांशोऽपि बोद्धव्य एवेत्याशङ्क्य मैवमिति परिहरति । घटे विद्यमानर्मृदंशपृथुबुध्नोदरादि-विकारांशयोर्मध्येऽनृतांशः पृथुबुध्नोदरादि विकारंशो न बोद्धव्यः । कुतः ? तद्बोधानुपयोगतस्तस्यानृतांशस्य ज्ञाने प्रयोजनाभावात् । प्रयोजनाभावमेव स्पष्टयति । तत्त्वज्ञानं तत्त्वस्याबाध्यस्य वस्तुनो ज्ञानमबाधितार्थ- ज्ञानं पुमर्थं पुंसो ज्ञातुः पुरुषस्यार्थः प्रयोजनं यस्मिस्तत्पुमर्थं पुरुषार्थप्रयोजकं स्यादित्यनृतांशावबोधनं न पुरुषार्थ इत्याशयः ।

विकारस्यानृतांशस्यावबोधनं प्रयोजनवन्न भवतीति भावः । मोक्षप्रदो न भवतीति सारार्थः । कारणज्ञानात्कार्यज्ञानं भवतीत्युक्तौ श्रोतृणां विस्मयो लोकेऽनुभवसिद्ध इत्यतः पूर्वोक्तदिशा कारणभूतमृद्ज्ञानात्कार्यविज्ञानं भवतीतीरिते प्रोक्ते सति मृद्बोधात्कारणभूताया मृदो ज्ञानान्मृत्तिका कार्यगतमृत्तिकांशोऽवबोद्धव्य इत्युक्तं स्यात् । एवं सत्यत्र कोऽस्ति विस्मयः । केवलशब्दचमत्कार एव । नत्वर्थविशेषः कोऽपीत्याशयः ।

यद्यपि कार्यगत सत्यासत्यांशविवेकवतां नायं विस्मयहेतुस्तथापि तद्विवेकविधुराणां विस्मयोऽपरिहार्य

के बोध से मिट्टी ज्ञात हुई । तो फिर यहाँ विस्मयकारक क्या है ? ***समाधान*** - आपका कथन सत्य है, कार्यों में वास्तविकांश कारणरूप ही है । ऐसा जानने वाले विद्वानों को विस्मय भले ही न हो किन्तु इस विषय में अज्ञानी के विस्मय का निवारण कौन कर सकता है ?।।५७-५८।।

व्याख्या - ***शंका*** - 'कारण के ज्ञान से कार्य का ज्ञान होता है' ऐसा कहने पर सुनने वालों को विस्मय होता है, यह लोकानुभव सिद्ध है । किन्तु आपने जिस कारण से कार्य का ज्ञान होना कहा है, उसके अनुसार तो मिट्टी के ज्ञान से मिट्टी का ज्ञान होता है , ऐसा अर्थ पर्यवसित होता है । यदि ऐसा ही है तो यह सभी जानते हैं, इसमें विस्मय की बात ही कहाँ है ? अर्थात् मिट्टी आदि कारण के विज्ञान से कार्य का ज्ञान होता है, ऐसा कहने पर तो कारणभूता मिट्टी के ज्ञान से कार्यगत मिट्टी के अंश का ज्ञान होता है, ऐसा सिद्ध होगा । ऐसी स्थिति में यहाँ विस्मयकारक क्या है ? अर्थात् आपके कथन में केवल शब्द चमत्कार ही है । अर्थ की दृष्टि से इसमें कोई अपूर्वता सिद्ध नहीं होती है । ***समाधान*** - उक्त शंका के उत्तर में कहते हैं कि यद्यपि कार्यगत सत्यांश और असत्यांश का विवेक करने वालों के लिये यह विस्मय का हेतु नहीं है तथापि जिनकी बुद्धि उक्त विवेक करने में असमर्थ है, ऐसे अज्ञानियों के लिए तो यह अवश्य ही विस्मय का हेतु है । सिद्धान्ती पूर्वपक्षी के कथन को अंगीकार करते हुए कहते हैं कि आपका कथन सत्य है । कार्यों में जो पारमार्थिक अंश है, वह कारणरूप ही है । ऐसा जानने वाले विद्वानों को भले ही विस्मय न हो । भाव यह है कि इस विषय में उनको विस्मय नहीं होता है, यह बात हम भी स्वीकार करते हैं । किन्तु जो इस विषय से अनभिज्ञ (अज्ञानी) हैं उनके विस्मय का निवारण कौन कर सकता है ? अर्थात् अविवेकी को विस्मय होता ही है, क्योंकि उसमें सत्यांश के ज्ञान का अभाव होता है ।

अविवेकी को आश्चर्य होता है, इस उक्तार्थ को विस्तार से कहते हैं ।

अर्थ - आरम्भवादी, परिणामवादी और लौकिकजन "एक कारण के जान लेने पर सब जान लिया

एवेत्याशङ्कां परिहरन्सत्यमित्यर्धमङ्गीकृत्याभिप्रायान्तरेण समाधत्ते । कार्येषु घटमृदादिषु वर्तमानो यो वस्त्वंशः पारमार्थिकांशस्स कारणात्मा कारणस्वरूपमेवेति जानतो विवेकिनो विदुषो मास्तु विस्मयः। ये तु तत्त्वं जानन्ति न तेषामाश्चर्यमित्यर्थः। अतस्तत्र विस्मयो नास्तीत्यस्माभिरप्यङ्गीक्रियते । किन्त्वज्ञस्य तत्त्वानभिज्ञस्य विस्मयः केन वार्यताम्? विवेचनाविकलोऽवश्यं विस्मितो भवत्येव । तस्याविवेकिनस्सत्यांशज्ञानाभावात् । अतस्तत्त्वज्ञानशून्यानां जायमानो विस्मयो न निवारयितुं शक्य इति भावः ।

"अज्ञस्य विस्मयः केन वार्यत" इत्युक्तमेवार्थं विशदयन्नज्ञकीर्तनपुरस्सरं विस्मयं प्रदर्शयति । आरम्भ्यारम्भवाद्यारम्भो नाम समवाय्यसमवायिनिमित्ताख्यकारणेभ्यो भिन्नस्य कार्यस्योत्पत्तिस्तां यो वक्ति सोऽयमारम्भीत्युच्यते । परिणामी परिणामवादी पूर्वरूपपरित्यागेन रूपान्तरप्राप्तिलक्षणं परिणामं यो वदति स परिणामी । लौकिकश्चोक्तप्रक्रियाद्वयानभिज्ञो लोकव्यवहारमात्रपरः केवलः पामर इत्येवमेषां त्रयाणामपि कारणस्यैकस्य ज्ञानादेककारणे ज्ञातेऽपि सर्वमवगतं सर्वस्य कार्यजातस्य मतिमवबोधं श्रुत्वानेकेषां कार्याणां विज्ञानं भवतीति वाक्यश्रवणाद्विस्मितो भवेत्सर्वस्य कार्यजातस्य ज्ञातं कारणमात्राद्भवतीति ज्ञात्वैकविज्ञानेन सर्वविज्ञानप्रतिज्ञां विज्ञायविस्मयं प्राप्नुवन्त्येव । औद्दालके विस्मयं श्रुतिः प्रदर्शयति "कथं नु भगवस्स आदेशो भवती"ति दिक् ।।

सर्वविज्ञानश्रुतितात्पर्यकथनम् –

अद्वैतेऽभिमुखीकर्तुमेवात्रैकस्य बोधतः ।
सर्वबोधश्श्रुतौ नैव नानत्वस्य विवक्षया ।।६०।।

जाता है" ऐसा सुनकर अवश्य ही विस्मय को प्राप्त होते हैं ।।५९।।

व्याख्या – आरम्भवाद स्वीकार करने वाले कारण और कार्य के लक्षण तथा उनकी पृथक् सत्ता मानते हैं, इसलिए वे कारण के ज्ञान से कार्य का ज्ञान होना स्वीकार नहीं करते हैं । परिणामवादियों के मतानुसार कारण परिणमित होकर कार्य का रूप धारण कर लेता है । इस प्रकार कारण और कार्य में अवस्थाकृत भेद होने से कारण के ज्ञान से कार्य का ज्ञान नहीं हो सकता । और जो इन दोनों सिद्धान्तों से अनभिज्ञ हैं, वे लौकिक लोग अर्थात् शास्त्रसिद्धान्त से अनभिज्ञ पामर लोग कार्य और कारण को मिलाकर वस्तु को कार्य प्रधान मानते हैं । उनकी दृष्टि में कार्य सत्य है । कार्यप्रधान होने कारण उनकी दृष्टि भेदवादी है । अतः उनके मतानुसार कारण के ज्ञान से समस्त कार्यों का ज्ञान नहीं हो सकता । इस प्रकार आरम्भवादी, परिणामवादी, और लौकिकमनुष्य ये तीनों 'एक कारण के ज्ञान से समस्त कार्यों का ज्ञान हो जाता है' इस बात को निश्चय पूर्वक नहीं मानते हैं । अतः इन लोगों के सामने जब उक्त बात कही जाती है तब उन्हें अवश्य ही आश्चर्य होता है ।

सर्वविज्ञानश्रुति के तात्पर्य का कथन करते हैं ।

अर्थ – अद्वैत में अभिमुख करने के लिए ही यहाँ श्रुति में एक कारण के विज्ञान से सब कार्यों का विज्ञान होना कहा गया है, नानात्व की विवक्षा से नहीं ।।६०।।

एकमृत्पिण्डविज्ञानात्सर्वमृन्मयधीर्यथा ।
तथैकब्रह्मबोधेन जगद्बुद्धिर्विभाव्यताम् ।।६१।।

अन्वयः - अद्वैते अभिमुखीकर्तुम् एव अत्र श्रुतौ एकस्य बोधतः सर्वबोधः। नानत्वस्य विवक्षया न एव।
अन्वयः - यथा एकमृत्पिण्डविज्ञानात् सर्वमृन्मयधीः। तथा एकब्रह्मबोधेन जगद्बुद्धिः विभाव्यताम्।

व्याख्या :- सामान्यतः प्रवृत्तायास्सर्व विज्ञानश्रुतेस्सङ्कोचेन सत्यांशमात्रपरतया योजने किं कारणमित्याशङ्कायां श्रुतेः सामान्यतो तात्पर्याभावाद्विशिष्य सङ्कोचेन योजनं क्रियते प्रयोजनवत्त्वसिद्ध्या इत्याह । एकस्य सर्वजगत्कारणभूतस्य परमात्मनो बोधतो ज्ञानेनाद्वैतेऽभिमुखीकर्तुं सुमुखीकर्तुं छान्दोग्य-श्रुतौ सर्वबोधस्सर्वेषां कार्याणां बोधश्श्रुतः । न तु नानात्वविवक्षया नानात्वस्य द्वैतस्य बुबोधयिषया। श्रोतृणामद्वैते सुमुखीकरणाय कार्यकारणप्रसङ्गं श्रुतिः करोति । न तु नानात्वबुबोधयिषया । किन्त्वेकत्वचिकीर्षयैवेति भावः ।

अतश्श्रुतेर्वस्तुसामान्यबोधने तात्पर्यं नास्तीति हेतोस्सङ्कोचेन योजनं कृतम् । अद्वैतविज्ञाने शिष्यमभिमुखीकर्तुमेवोपनिषद्येकस्य कारणस्य विज्ञानात्सर्वेषां कार्याणां विज्ञानमुक्तं न तु कार्याणामनेकेषां विज्ञानसिद्धय इति भावः । अथोक्ताद्वैताभिमुखीकरणपरां श्रुतिमर्थतस्सङ्गृह्णाति। "यथा सोम्येकेन मृत्पिणडेन सर्वं मृन्मयं विज्ञातं स्या"दिति श्रुतिप्रतिपादितं दृष्टान्तं दार्ष्टान्तिके संयोजयत्येकविज्ञानेन

व्याख्या - सामान्य रूप से प्रवृत्त सर्वविज्ञानश्रुति का संकोच कर उसे केवल सत्यांशपरक प्रतिपादित करने का क्या कारण है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि सामान्य अर्थ का प्रतिपादन करने में श्रुति का तात्पर्य न होने के कारण उसका संकोचपूर्वक व्याख्यान किया है । अद्वैत सद्ब्रह्म के विज्ञान में शिष्य को आकर्षित करने के लिए ही इस छान्दोग्य श्रुति में समस्त जगत् के कारणभूत एक परमात्मा के ज्ञान से समस्त कार्यों का ज्ञान हो जाता है, ऐसा कहा गया है । श्रुति का वह कथन नानात्व की विवक्षा से अर्थात् द्वैत का प्रतिपादन करने की इच्छा से नहीं कहा गया है । भाव यह है कि जिज्ञासु श्रोताओं को अद्वैत के प्रति आकर्षित करने के लिए ही श्रुति के द्वारा कार्य-कारण का प्रसंग उपस्थित किया गया है, उनका भेद प्रतिपादन करने की इच्छा से नहीं । अतः सामान्य वस्तु का बोध कराना श्रुति का तात्पर्य न होने से उसके अर्थ का संकोच कर दर्शाया गया है ।

"यथा सोम्येकेन मृत्पिण्डेन" (छा. ६/१/४) इस श्रुति में प्रतिपादित दृष्टान्त को दार्ष्टान्तिक में घटाते हैं ।

अर्थ - जैसे एक मृत्तिका के पिण्ड के ज्ञान से समस्त मृन्मय (घटादि) का ज्ञान हो जाता है, उसी प्रकार एक ब्रह्म के ज्ञान से सम्पूर्ण जगत् का ज्ञान हो जाता है, ऐसा समझना चाहिये ।।६१।।

व्याख्या - एक मृत्तिका के पिण्ड के ज्ञान से अर्थात् घट, शराव आदि कार्यों के कारणभूत एक मृत्पिण्ड के ज्ञान से जैसे समस्त मृन्मय का ज्ञान हो जाता है अर्थात् 'समस्त मिट्टी के विकारों का सत्यांश मिट्टी ही है' ऐसा बोध हो जाता है । उसी प्रकार एक ब्रह्म के ज्ञान से अर्थात् जगत् के कारणभूत अद्वितीय ब्रह्मतत्त्व के ज्ञान से सम्पूर्ण जगत् का ज्ञान हो जाता है अर्थात् सम्पूर्ण जगत् कारणभूत सत्यांश के द्वारा

सर्वविज्ञानप्रतिज्ञावक्यार्थनिरूपणाय । तथा "तमादेशमप्राक्षो येनाश्रुतं श्रुतं भवत्यमतं मतमविज्ञातं विज्ञात"मित्यादिवाक्यस्याप्यर्थं प्रदर्शन्प्रकृते फलितं प्रदर्शयति । एकमृत्पिण्डविज्ञानाद्घटशरावादि-कार्यबहुलस्य कारणभूतस्यैकस्य मृत्पिण्डस्य बोधात्सर्वमृन्मयधीस्सर्वमृद्विकारजातस्य सत्यांशो मृदिति बोधो यथा भवति तथैकब्रह्मबोधेन जगत्कारणभूतस्यैकस्य ब्रह्मणो ज्ञानेन जगद्बुद्धिस्सर्वं जगत्कारणभूतेन सत्यांशेन बुद्धोऽवबुद्धो भवतीति विभाव्यताम् । विभाव्यतामध्यस्तलक्षणस्य कार्यस्याधिष्ठा-नानतिरिक्तसत्ताकत्वेनाधिष्ठानीभूत सन्मात्रत्वविषयतया एवानुसन्धीयतामिति भावः ।

यथा घटशरावाद्युपादानस्यैकस्य मृत्पिण्डस्य बोधात्तद्विकाराणां सर्वेषां घटादीनां बोधो भवति। तथा सर्वोपादनस्यैकस्य ब्रह्मणो बोधात्तत्कार्यस्य कृत्स्नस्य जगतो बोधो भवतीत्यवगन्तव्यम् । अनेन च "यथा सौम्येकेने"ति "येनाश्रुतं श्रुतमि"ति श्रुतीव्याख्याते वेदितव्ये। यथा मृदाद्युपादान-कारणज्ञानेन तद्विकारभूतघटादिषु सत्यांशो मृद्वाद्यंश एवेति प्रतीयते तथैव जगदधिष्ठानस्य ब्रह्मणो ज्ञानेन तस्मिन्नारोपितस्य जगतस्सत्यांशो ब्रह्मैवेति स्पष्टं ज्ञायत इति सर्वमनवद्यम् ।।

कार्यकारणस्वरूपनिरूपणम् -

सच्चित्सुखात्मकं ब्रह्म नामरूपात्मकं जगत् ।
तापनीये श्रुतं ब्रह्म सच्चिदानन्दलक्षणम् ।।६२।।
सद्रूपमारुणिः प्राह प्रज्ञानं ब्रह्म बह्वृचः ।
सनत्कुमार आनन्दमेवमन्यत्र गम्यताम् ।।६३।।
विचित्य सर्वरूपाणि कृत्वा नामानि तिष्ठति ।
अहं व्याकरवाणीमे नामरूपे इति श्रुतेः ।।६४।।
अव्याकृतं पुरा सृष्टेरूर्ध्वं व्याक्रियते द्विधा ।
अचिन्त्यशक्तिर्मायैषा ब्रह्मण्यव्याकृताभिधा ।।६५।।
अविक्रियब्रह्मनिष्ठा विकारं यात्यनेकधा ।
मायान्तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनन्तु महेश्वरम् ।।६६।।

जान लिया जाता है ।*"यथा सोम्येकेन मृत्पिण्डेन सर्वं मृन्मयं विज्ञातं स्यात्"* (छा.उ. ६/१/४) और *"येनाश्रुतं श्रुतं भवत्यमतं मतमविज्ञातं विज्ञातं"* (छा.उ. ६/१/२) इन श्रुतियों के अर्थ का ही यहाँ वर्णन किया गया है । भाव यह है कि जैसे मिट्टी के ज्ञान से उसके विकारभूत घट, शराव आदि का मृदंश सत्यांश है, ऐसा ज्ञान होता है । उसी प्रकार ब्रह्मज्ञान से उस ब्रह्म में आरोपित जगत् का सत्यांश ब्रह्म ही है, ऐसा बोध होता है ।

अब कार्य-कारण के स्वरूप का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - ब्रह्म सच्चित्सुखात्मक है और जगत् नामरूपात्मक है । तापनीय उपनिषद् में ब्रह्म सच्चिदानन्द लक्षण वाला सुना गया है । आरुणि ने ब्रह्म को सद्रूप कहा है । ऋग्वेदी लोग ब्रह्म को प्रज्ञानरूप कहते हैं।

अन्वयः - सच्चित्सुखात्मकं ब्रह्म। नामरूपात्मकं जगत्। तापनीये सच्चिदानन्दलक्षणम् ब्रह्म श्रुतम्।

अन्वयः- आरुणिः सद्रूपम् । बह्वृचः प्रज्ञानं ब्रह्म। सनत्कुमारः आनन्दं प्राहः। एवम् अन्यत्र गम्यताम्।

अन्वयः - "सर्वरूपाणि विचित्य नामानि कृत्वा तिष्ठामि"। "अहम् इमे नामरूपे व्याकरवाणि" इति श्रुतेः ।

अन्वयः - सृष्टेः पुरा अव्याकृतम्। ऊर्ध्वं द्विधा व्याक्रियते। ब्रह्मणि अचिन्त्यशक्तिः माया एषा अव्याकृताभिधा ।

अन्वयः - अविक्रियब्रह्मनिष्ठा अनेकधा विकारं याति। "मायां तु प्रकृतिं विद्यात्। मायिनं तु महेश्वरम्।

व्याख्या :- कार्यकारणस्वरूपनिरूपणेन कार्यस्वरूपस्यासत्यत्वबोधनद्वारा तस्यानपेक्षतां बुबोधयिषुः कार्यकारणस्वरूपे विवेचयति । अथ च ब्रह्मजगतोस्स्वरूपापरिज्ञाने ब्रह्मज्ञानाज्जगतो ज्ञानं भवतीत्येवं नावगन्तुं शक्यत इत्याशङ्कायां तदवगमाय तदुभयस्वरूपं निरूपयति । ब्रह्म सच्चित्सुखात्मकं सच्चिदानन्दस्वरूपम् । जगच्च नामरूपात्मकं विकारस्वरूपम् । तस्य हि ब्रह्मणस्सच्चिदानन्दरूपत्वे किं प्रमाणमित्यपेक्षायां तापनीयादिश्रुतय एव प्रमाणमित्याह । "ब्रह्मैवेदं सर्वं सच्चिदानन्दमात्र" मित्युत्तरतापनीये नृसिंहतापनीये ब्रह्म सच्चिदानन्दलक्षणमिति श्रुतम् ।

स्वविवक्षितार्थे श्रुत्यन्तराण्यप्युदाहरति । तत्रापि विशिष्यैकरूपत्वं छान्दोग्यादावुक्तमिति पूर्वश्लोकस्थादिपदसूचितमर्थं स्पष्टीकरोति । "सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयं ब्रह्मे" त्यादिना

सनत्कुमार ने ब्रह्म को आनन्दस्वरूप कहा है, इसी प्रकार अन्यत्र भी जानना चाहिये।।६२-६३।।

व्याख्या - कार्य का असत्यत्व बताकर उसकी अनपेक्षता को बताने के लिए कार्य और कारण के स्वरूप का विवेचन करते हैं । ब्रह्म सच्चित्सुखात्मक है अर्थात् ब्रह्म सत्, चित् और आनन्दस्वरूप है । तथा जगत् नामरूपात्मक है अर्थात् नाम और आकाररूप विकार वाला है । ऐसा कहाँ पर कहा गया है ? तो कहते हैं कि नृसिंह उत्तर तापनीयोपनिषद् में ***"ब्रह्मैवेदं सर्वं सच्चिदानन्दमात्रम्"*** (नृ.उ.ता.७) इस प्रकार ब्रह्म सच्चिदानन्द लक्षण वाला सुना गया है ।

विवक्षितार्थ में अन्य श्रुतियों के उदाहरण भी प्रस्तुत करते हैं । ***"सदेव सोम्य इदमग्र आसीत्"*** (छा.उ. ६/२/१) इस प्रकार छान्दोग्य उपनिषद् में आरुणि (उद्दालक ऋषि) ने ब्रह्म को सद्रूप कहा है। **'बृह्वृचः'** अर्थात् ऋक्शाखा का अध्ययन करने वाले (ऋग्वेदी लोग) ***"प्रज्ञाने प्रतिष्ठितं प्रज्ञानेत्रो लोकः प्रज्ञा प्रतिष्ठा प्रज्ञानं ब्रह्म"*** (ऐ.उ. ३/४) इस प्रकार ब्रह्म को प्रज्ञान अर्थात् चिद्रूप कहते हैं। और छान्दोग्य उपनिषद् में नारद जी को उपदेश करते हुए श्रीसनत्कुमार ने ***"भूमात्वेव विजिज्ञासितव्यः"*** (छा.उ. ७/२३/१) यहाँ से प्रारम्भ कर***"यो भूमा तदमृतम्"*** यहाँ तक, भूमा शब्द से ब्रह्म को आनन्दस्वरूप कहा है । तैत्तिरीयोपनिषद् भी ब्रह्म को आनन्दस्वरूप कहती है ।***"आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान्"*** (तै.उ. २/४) इस प्रकार अन्य उपनिषदों में भी समझ लेना चाहिये । इस प्रकार ब्रह्म का सद्रूप, चिद्रूप और आनन्दरूप श्रुति के द्वारा ही प्रतिपादित है ।

अब जगत् के नामरूपस्वरूपत्व में श्रौत प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - ईश्वर समस्त रूपों का सृजन कर उनका नामकरण करके स्थित है । तथा "मैं इन नाम और रूप को व्यक्त करूँ" इस प्रकार अन्य श्रुति भी है ।।६४।।

ब्रह्मणस्सद्रूपं सत्तामात्रस्वरूपं छान्दोग्ये प्राहारुणिरुद्दालकः । बह्वृच ऋक्शाखाध्यायिनोऽपि चैतरेयोपनिषदि "प्रज्ञाने प्रतिष्ठितं प्रज्ञानेत्रो लोकः प्रज्ञा प्रतिष्ठा प्रज्ञानं ब्रह्मे" ति ब्रह्मणश्चिद्रूपत्वमाहुः।

एवं पूर्वोदाहृते एव छान्दोग्यब्राह्मणे सनत्कुमारो नारदाय "भूमात्वेव विजिज्ञासितव्य" इत्यारभ्य "यो वै भूमा तदमृत" मित्यन्तेन भूमशब्दाभिधेयं ब्रह्मैवानन्द इत्युपदिदेश "यो वौ भूमा तत्सुखमि"ति च । एवमेवान्यत्र तैत्तिरीयादा "वानन्दं ब्रह्मणो विद्वा" नित्यादि गम्यताम् ।

एवं ब्रह्मणस्सच्चिदानन्दरूपत्वं श्रुतिष्वभिहितम् । एवं ब्रह्मणस्सच्चिदानन्दरूपत्वे प्रमाणान्यभिधाय जगतो नामरूपात्मकत्वेऽपि श्रौतानि प्रमाणानि प्रदर्शयति। धाता सर्वरूपाणि यथापूर्वमकल्पयत्तथा पुनस्सर्जनाय विचित्य तेषां नामानि कृत्वा तिष्ठति । पुरुषसूक्ते "सर्वाणि रूपाणि विचित्य धीरो नामानि कृत्वाऽभिवदन्यदास्त"इति । तथा छान्दोग्येऽपीमे नामरूपे व्याकरवाण्यहमिति स्रष्टव्ये जगन्निष्ठे नामरूपे श्रुत्या प्रदर्शिते "अनेन जीवेनात्मनानुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणी"ति ।

एवं बृहदारण्यकेऽपि तद्धेदं तह्यव्याकृतमासीत्तन्नामरूपाभ्यामेव व्याक्रियतासौ नामायमिदं रूप"मिति। श्रुत्यानया यत्प्रदर्शितं सृष्टस्य जगतो नामरूपात्मकत्वं तदेव सारतः प्रदर्शयति। सृष्टेः पुरा पूर्वमिदं

व्याख्या - परमेश्वर समस्त रूपों को जैसे पूर्वकल्प में बनाया था, उसी प्रकार पुनः सर्जन करने के लिए उनका संकल्प कर, उनके नामों का निर्धारण करके स्थित है । यह जगत् नामरूपात्मक है । इस विषय में श्लोक के पूर्वार्ध में श्रुति का प्रमाण देते हैं ।

वेदाहमेतं पुरुषं महान्तमादित्यवर्णं तमसस्तु पारे ।
सर्वाणि रूपाणि विचित्य धीरो नामानि कृत्वाऽभिवदन् यदास्ते।।

और उत्तरार्ध से अन्य श्रुति का प्रमाण भी देते हैं कि ***"अनेन जीवेनात्मनानुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणि"*** (छा.उ. ६/३/२) इस प्रकार छान्दोग्य उपनिषद् में ईश्वर संकल्प करते हैं कि मैं इस जीवात्मारूप से अनुप्रवेश कर इन नाम और रूपों को अभिव्यक्त करूँ ।

उन्हीं नामरूपों में दूसरी श्रुति का उदाहरण देकर श्रुति में पठित अव्याकृत शब्द का अर्थ भी स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - सृष्टि से पूर्व यह जगत् अव्याकृत था और सृष्टि काल में दो प्रकार (नाम-रूप) से अभिव्यक्त हुआ । ब्रह्म में स्थित अचिन्त्य शक्ति यह माया ही अव्याकृत शब्द से कही गयी है ।।६५।।

व्याख्या - बृहदारण्यक उपनिषद् में भी जगत् को नामरूपात्मक ही कहा गया है । ***"तद्धेदं तर्हि अव्याकृतमासीत् तन्नामरूपाभ्यामेव व्याक्रियते, असौ नामाऽयमिदं रूप इति तदिदमाप्येतर्हि नामरूपाभ्यां व्याक्रियतेऽसौनामाऽयमिदं रूप इति"*** (बृ.उ. १/४/७) इस प्रकार जगत् की नामरूपात्मकता को दर्शाने वाली श्रुति का अर्थतः पठन करते हैं । सृष्टि से पूर्व यह जगत् अव्याकृत था अर्थात् अनभिव्यक्त नामरूपात्मक कुछ था और सृष्टि काल में नाम और रूप इस तरह दो प्रकार से अभिव्यक्त होता है अर्थात् उत्पत्ति से पूर्व जगत् बीजावस्था में था । उस समय अप्रत्यक्ष होने के कारण उसे प्रत्यक्षरूप से **'तत्'** शब्द से कहा गया है और सृष्टि काल में व्याकृत नामरूपात्मक था, यहाँ प्रत्यक्ष होने के कारण जगत्

जगदव्याकृतमनभिव्यक्तनामरूपात्मकं किञ्चिदासीत्किञ्चिद्रूपेणासीत् । तदेव सृष्टेरूर्ध्वं सृष्टिसमये द्विधा नामरूपभावेन वाच्यवाचकभावेन व्याक्रियते व्यक्तीक्रियते । विस्पष्टं नामरूपविशेषावधारणमर्यादं व्यक्तभावमापद्यत इति भावः । प्रागुत्पत्तेर्जगद्बीजावस्थमवर्तत । तस्मिन्कालेऽप्रत्यक्षत्वादिदंशब्देन चाभिधीयते ।

सृष्टेः पूर्वं यदव्याकृतावस्थमासीत्तदेव सृष्टिसमये व्याकृतावस्थमित्यवगम्यते । परोक्षप्रत्यक्षावस्थस्य जगत एकत्वमेवावगम्यते । तदेवेदमिदमेव तदव्याकृतमासीदिति ।

साम्प्रतं "तद्धेदं तर्ह्यव्याकृतमासी"दित्यत्राव्याकृतशब्दार्थं दर्शयति । येयं ब्रह्मण्यचिन्त्यशक्तिर्माया यस्याश्शक्तिरिदमित्थमिति मनसाप्यावगन्तुं चिन्तितुमप्यशक्या ब्रह्मणि स्थिता सैषा मायाव्याकृताभिधास्मिन्वाक्येऽव्याकृतेति नाम्नाभिधीयते । "तन्नामरूपाभ्यामेव व्याक्रियते"त्यस्यार्थं विवृणोति । अविक्रियब्रह्मनिष्ठा विकाररहिते परे ब्रह्मणि वर्तमानाविकारिणि ब्रह्मणि या नितरां स्थिता सान्याकृताभिधा माया ह्यनेकधा भूतभौतिकप्रपञ्चरूपेण बहुधा विकारं परिणामं याति प्राप्नोति। अचिन्त्यशक्तित्वात् ।

ब्रह्मणि माया वर्तत इत्यत्र श्रुत्यन्तरमपि संवादयति । मायां पूर्वोक्तां प्रकृतिं प्रक्रियतेऽनयेति प्रकृतिरुपादानकारणं विद्याज्जानीयात् । तस्या आश्रयत्वेन मायिनं तद्वन्तं महेश्वरं मायानियामकं विद्यात् । वशीकृतमायो मायी परमेश्वर इति भावः । उभयत्र तु शब्दः परस्परवैलक्षण्यद्योतनार्थः। वाक्यस्यास्यार्थः पूर्वमप्यभिहित एव "मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम् । स मायी सृजतीत्याहुश्श्वेताश्वतरशाखिनः । इत्यत्र, तथान्यत्रचापि "मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम्। अस्यावयवभूतैस्तु व्याप्तं सर्वमिदं जगदि"त्यत्रेति च दिक् ।।

'इदं' शब्द से कहा गया है । इससे यह ज्ञात होता है कि सृष्टि से पूर्व जो अव्याकृत अवस्था में था, वही सृष्टिकाल में व्याकृत अवस्था को प्राप्त होता है । यहाँ परोक्षरूप से स्थित और प्रत्यक्षरूप से स्थित दोनों जगत् का एकत्व ही कहा गया है । ***"तद्धेदं तर्हि अव्याकृतमासीत्"*** (बृ.उ. १/४/७) यहाँ पठित अव्याकृत शब्द का अर्थ कहते हैं कि मन से **'इदमित्थं'** इस प्रकार जो नहीं जानी जा सकती, वह अचिन्त्य शक्ति ब्रह्म में स्थित है । वही माया शक्ति यहाँ पर अव्याकृत शब्द से कही गयी है।

"नामरूपाभ्यामेव व्याक्रियते" (बृ.उ. १/४/७) इसका अर्थ स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - निर्विकार ब्रह्म में स्थित माया अनेक प्रकार से विकार को प्राप्त होती है । माया को तो प्रकृति और मायावी को महेश्वर जानो ।।६६।।

व्याख्या - ब्रह्म स्वतः निर्विकार है । वह किसी भी अवस्था में विकृत नहीं होता । निर्विकारता के कारण ही वह नित्य है, किन्तु उस निर्विकार परब्रह्म में स्थित जो अव्याकृत नामक माया है, वह अनेक प्रकार से विकार को प्राप्त होती है । अचिन्त्यशक्ति होने के कारण माया ब्रह्म में रहती है । इसमें श्वेताश्वरतोपनिषद् का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं कि माया को तो प्रकृति जानो और मायावी को महेश्वर जानो। इस श्रुति की व्याख्या पूर्व में (४/२) (६/१३२) विस्तार पूर्वक की जा चुकी है ।

आकाशस्वरूपविचारणम् –

आद्यो विकार आकाशस्सोऽस्ति भात्यपि च प्रियः।
अवकाशस्तस्य रूपं तन्मिथ्या न तु तत्त्रयम् ॥६७॥

अन्वयः – आद्यः विकारः आकाशः। सः अस्ति भाति अपि च प्रियः। तस्य रूपम् अवकाशः। तत् मिथ्या। तत् त्रयं तु न।

व्याख्या :– अथेदानीं मायोपहितस्य ब्रह्मणः प्रथमकार्यमाह । एतेषां सच्चिदानन्दानामधिष्ठानत्वेनानुस्यूतत्वं विश्वस्य तु नामरूपात्मकस्य कल्पितत्वेन प्रागभावप्रतियोगित्वं च प्रपञ्चयति । जगद्व्याकरणविधिर्निरूप्यत इति भावः । मायाया आद्यो विकार आकाशः । तत्र कारणादागतं रूपत्रयं सच्चिदानन्दाख्यमाह । स आकाशोऽस्ति भाति प्रियश्चेति लोके व्यवहारो दृश्यते । अस्तीति सत्ता ब्रह्मणो लक्षणम् । भातीति च चैतन्यधर्मः । स्वयंप्रकाशत्वाच्चैतन्यस्य । प्रियमित्यानन्दधर्मः। एवमाकाशस्सच्चिदानन्दरूपः । अधुना तस्य प्रातिस्विकं रूपमाह । तत्स्वरूपं त्ववकाशो विकारत्मकः। तस्याकाशस्वरूपस्य स्वकारणात्सच्चिदानन्दब्रह्मस्वरूपाद्वैलक्षण्यमाह । तत्स्वरूपमवकाशो मिथ्या परं त्वस्ति भाति प्रियमिति सत्तादित्रयं वास्तवमेव न मिथ्या । अयमर्थः पूर्वमपि व्याख्यात एषु श्लोकेषु "एकस्वभावं सत्तत्त्वमाकशो द्विस्वभावकः । नावकाशस्सति व्योम्नि स चैषोऽपि द्वयं स्थितम् ।। यद्वा प्रतिद्धनिर्व्योम्नो गुणो नासौ सतीक्ष्यते । व्योम्नि द्वौ सद्धवनी तेन सदेकं द्विगुणं वियत्।। या शक्तिः कल्पयेद्व्योम सा सद्व्योम्नोरभिन्नताम् । आपद्य धर्मधर्मित्वं व्यत्ययेनावकल्पयेत्।। ततो व्योमत्वमापन्नं व्योम्नस्सत्तां तु लौकिकाः । तार्किकाश्चावगच्छन्ति मायाया उचितं हि तत् ।। यद्यथा वर्तते तस्य तथात्वं भाति मानतः । अन्यथात्वं भ्रमेणेति न्यायोऽयं सार्वलौकिकः ।। एवं श्रुतिविचारात्प्राग्यथा यद्वस्तु भासते । विचारेण विपर्येति ततस्तच्चिन्त्यतां वियत् ।। भिन्ने वियत्सती शब्दभेदाद्बुद्धेश्च भेदतः । वाय्वादिष्वनुवृत्तं सन्नतु व्योमेति भेदधीः ।। सद्वस्त्वधिकवृत्तित्वाद्धर्मि व्योम्नस्तु धर्मता । धिया सतः पृथक्कारे ब्रूहि व्योम किमात्मकम् ।। अवकाशात्मकं तच्चेदसत्तदिति चिन्त्यताम् । भिन्नं सतोऽसच्च नेति वक्षि चेद्व्याहतिस्तवे" त्यादिष्विति शम् ।।

अब आकाश के स्वरूप का विचार प्रारम्भ करते हैं ।

अर्थ – मायोपाधिक ब्रह्म का प्रथम कार्य आकाश है । वह आकाश अस्ति, भाति और प्रिय है। उसका स्वरूप अवकाश है, वह मिथ्या है किन्तु वे (अस्ति, भाति, प्रिय) तीनों मिथ्या नहीं है ।।६७।।

व्याख्या – जगत् की अभिव्यक्ति का प्रकार बताते हुए सर्वप्रथम मायोपाधिक ब्रह्म के प्रथम कार्य का वर्णन करते हुए कहते हैं कि मायोपाधिक ब्रह्म का प्रथम विकार (कार्य) आकाश है । वह आकाश अस्ति, भाति और प्रिय है । इस प्रकार का व्यावहार लोक में देखा गया है । अस्ति (हैपना) ब्रह्म का लक्षण है । भाति (भासित होना) चैतन्य का धर्म है और प्रियता आनन्द का धर्म है । इस प्रकार आकाश सच्चिदानन्द स्वरूप है । किन्तु उसका स्वरूप जो आकाश है, वह तो विकारात्मक होने के कारण मिथ्या है । किन्तु अस्ति भाति और प्रिय ये कारण के तीन धर्म मिथ्या नहीं है । इस विषय में विस्तार से जानने के लिए द्वितीय प्रकरण के श्लोक ६१ से श्लोक ६९ तक का अवलोकन करना चाहिये ।

अवकाशात्मकाकाशस्य मिथ्यात्व उपपत्तिप्रदर्शनम् -

न व्यक्तेः पूर्वमस्त्येव न पश्चाच्चापि नाशतः।
आदावन्ते च यन्नास्ति वर्तमानेऽपि तत्तथा ॥६८॥

अन्वयः - व्यक्तेः पूर्वं न अस्ति एव। नाशतः पश्चात् च अपि नाशतः न। आदौ अन्ते च यत् न अस्ति तत् वर्तमाने अपि तथा।

व्याख्या :- तस्य चतुर्थरूपस्य मिथ्यात्वे हेतुमाह । व्यक्तेर्व्याकरणात्पूर्वं नास्त्येवानुपलम्भात्। पूर्वमपि सत्त्वे ह्याद्यक्षणसम्बन्धरूपाया उत्पत्तेस्तदानीमसम्भवाच्चेति भावः । सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीय''मित्यवधारणाबलाच्च । तथा नाशतः पश्चाच्चापि नास्ति नष्टत्वात् । ननूत्पत्तिविनाशयोर्मध्ये प्रतीयमानस्याकाशस्यावस्तुत्वं वक्तुं कथं शक्यत इत्यत्राह । आदावुत्पत्तेः पूर्वमन्ते च नाशानन्तरं यन्नास्ति यस्य प्रागभावप्रध्वंसाभावयोर्मध्येऽवभासनं तद्वर्तमानेऽपि तथाविद्यमानमेवेति भाव इति शम् ॥

उत्पत्तिनाशवतां मिथ्यात्वे गीतावचनोदाहरणम् -

अव्यक्तादीनि भूतानि व्यक्तमध्यानि भारत ।
अव्यक्तनिधनान्येवेत्याह कृष्णोऽर्जुनं प्रति ॥६९॥

अन्वयः - ''भारत! अव्यक्तादीनि व्यक्तमध्यानि अव्यक्तनिधनानि भूतानि एव'' इति कृष्णः अर्जुनं प्रति प्राह।

व्याख्या :- उक्तार्थे गीतावचनं प्रमाणयति । हे भारतार्जुन ! भूतानि प्राणिकोटयोऽव्यक्तादीन्यज्ञात

अवकाश के मिथ्यात्व में उपपत्ति दर्शाते हैं ।

अर्थ - आकाश उत्पत्ति से पूर्व नहीं है और नाश होने के बाद भी नहीं रहता । जो आदि और अन्त में नहीं है, वह वर्तमान काल में भी वैसी ही है अर्थात् है ही नहीं ॥६८॥

व्याख्या - अवकाशस्वरूप आकाश मिथ्या है, क्योंकि वह तीनों कालों में नहीं है । उत्पत्ति से पहले तो वह है ही नहीं और नष्ट हो जाने के बाद भी नहीं रहेगा । किन्तु वर्तमान में ऐसा प्रतीत होता है कि मानो वह है किन्तु ऐसा नहीं है, उसकी प्रतीति भ्रान्तिमात्र है । श्लोक की दूसरी पंक्ति श्रीगौडपादाचार्य रचित माण्डूक्य कारिका से उद्धृत है । उत्पत्ति और विनाश के मध्य प्रतीत होने वाले आकाश को मिथ्या कैसे कह सकते हैं ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि जो वस्तु उत्पत्ति से पूर्व और नाश के बाद नहीं रहती, वह वर्तमान में भी अविद्यमान ही है अर्थात् प्रागभाव और प्रध्वंसाभाव के मध्य में प्रतीत होने वाली वस्तु वर्तमान में भी अविद्यमान ही है ।

इस विषय में गीता वाक्य का उदाहरण देते हैं ।

अर्थ - हे भारत ! प्राणीमात्र का आदि अव्यक्त है, मध्य व्यक्त है और अन्त भी अव्यक्त ही है । ऐसा भगवान् कृष्ण ने अर्जुन के प्रति कहा है ॥६९॥

व्याख्या - गीता में भगवान् श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा है कि -

आदिर्येषां तानि तथोक्तानि भूतानि व्यक्तमध्यानि व्यक्त आविर्भाव उत्पत्तिविनाशयोर्मध्यघटितभागो येषां तानि तथोक्तानि । तानि चाव्यक्तनिधनान्येवाव्यक्तमनाविष्कृतं निधनं नाशनं येषां तथोक्तानि । तान्येवमेवेति श्रीगीताशास्त्रेऽर्जुनं प्रत्याह श्रीकृष्ण इति शम् ।।

सच्चिदानन्दरूपस्य सत्त्वेऽनुभूतिरेव प्रमाणमिति निरूपणम् -

मृद्वत्ते सच्चिदानन्दा अनुगच्छन्ति सर्वदा ।
निराकाशे सदादीनामनुभूतिर्निजात्मनि ।।७०।।

अन्वयः - मृद्वत् ते सच्चिदानन्दाः सर्वदा अनुगच्छन्ति। निराकाशे निजात्मनि सदादीनाम् अनुभूतिः।

व्याख्या :- सच्चिदानन्दाख्यब्रह्मरूपस्यावकाशे सत्त्वे किं प्रमाणमित्याशङ्कायां प्रमाण-मनुभूतिरेवेत्याह । अत्रायमनुमानप्रयोगः । सदादिरूप आत्मा ह्यधिष्ठानम् । अनुगतत्वान्मृद्वदिति। अत्र दृष्टान्तप्रदर्शनार्थ एव मृद्वदिति । घटादिषु यथा कालत्रयेऽपि मृदनुवर्तते तथा सदादिरूपत्रयं सर्वदानुगतमित्यभिप्रायः । मृद्वन्मृत्कार्ये घटादिस्थले कालत्रयेऽपि यथा मृदनुवर्तते । तथा सत्कार्य-भूतेष्वाकाशादिषु सर्वदा कालत्रयेऽपि ते सच्चिदानन्दा अनुगच्छन्ति । कथमिदं ज्ञायत इत्यत्राह। अवकाशं विहाय सदादिरूपत्रयं कथमनुभूतमिति प्रश्नाशयः । निराकाशे सति बुद्ध्याकाशांशस्यावकाशे मिथ्यात्वेन विवेचिते सति निजात्मनि सदादीनामनुभूतिर्दृश्यत इति शम् ।।

सच्चिदानन्दादवकाशस्य विवेचने मिथ्यात्वसिद्धिरित्यस्यार्थस्य विशदीकरणम् -

अवकाशे विस्मृतेऽथ तत्र किं भाति ते वद ।
शून्यमेवेति चेदस्तु नाम तादृग्विभाति हि ।।७१।।

अव्यक्तादीनि भूतानि व्यक्तमध्यानि भारत ।
अव्यक्तनिधनान्येव तत्र का परिदेवना ।। (गीता २/२८)

हे अर्जुन ! सम्पूर्ण प्राणी जन्म से पहले अव्यक्त थे और मरने के बाद भी अव्यक्त हो जाने वाले हैं । केवल बीच में ही प्रकट हैं, फिर ऐसी स्थिति में क्या शोक करना है ?

सच्चिदानन्द रूप के सद्भाव में अनुभूति ही प्रमाण है, ऐसा कहते हैं ।

अर्थ - (घटादि में) मृत्तिका के समान (आकाश में) सत्, चित् और आनन्द तीनों सर्वदा अनुगमन करते हैं और आकाश के अभाव में निजात्मा में सत् आदि की अनुभूति होती है ।।७०।।

व्याख्या - ब्रह्म के सत् आदि तीन रूप आकाश में विद्यमान हैं, इसमें क्या प्रमाण है? ऐसी आशंका होने पर अनुभव ही प्रमाण है, ऐसा उत्तर देते हैं । मिट्टी के कार्य घटादि स्थल में तीनों काल में जैसे मृत्तिका अनुगत रहती है, उसी प्रकार सत्कार्यभूत आकाशादि में सर्वदा (तीनों काल में) वे (पूर्वोक्त) सत्, चित् और आनन्द तीनों अनुगमन करते हैं । यह कैसे ज्ञात हुआ ? इस पर कहते हैं कि निराकाश में अर्थात् बुद्धि के द्वारा आकाश के अंश अवकाश के मिथ्यात्व का विवेचन कर लेने पर यानी कि आकाश के अभाव में अपनी आत्मा में सत् आदि की अनुभूति होती है ।

उक्तार्थ का ही प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ - अवकाश के विस्मृत हो जाने पर वहाँ क्या भासित होता है यह बताओ ? यदि तुम कहते

अन्वयः - अवकाशे विस्मृते अथ तत्र ते किं भाति वद ? शून्यम् एव इति चेत् अस्तु नाम । तादृक् विभाति हि ।

व्याख्या :- कदा वाऽत्मनो निराकाशत्वं ? प्रत्युत श्रुत्यैवोभययोर''प्याकाशवत्सर्वगतश्च नित्य'' इत्यनया सर्वगतत्वाद्यभिधानादित्यत आह । आकाशस्य स्वीयस्वरूपेऽवकाशे विस्मृते सति ह्यथानन्तरं ते तव किं भाति वद कथय ? । आकाशे स्वकारणादागतास्सच्चिदानन्दा धर्मास्तैस्सह स्वीय आकाशधर्मोऽवकाशः । तत्रान्त्येऽवकाशे मिथ्यात्वेन विस्मृते सति सच्चिदानन्दा एवावशिष्यन्त इति गूढाभिसन्धिः । तदुत्तरमाशङ्क्याङ्गीकृत्यापि तत्परिहरन्प्रतिवादिनश्चोद्यमनुवदति । अवकाशे विस्मृते सति शून्यमेव भातीति चेदङ्गीकृत्य परिहरति । तत्र विद्यमानस्य वस्तुनश्शून्यमिति नामास्तु नाम । तथापि तादृक्छून्यशब्दाभिधेयतया विशेष्यभूतं किञ्चिद्वस्तु विभाति प्रकाशते हि । हिरत्रावधारणार्थकः। शून्यमिति तस्यावकाशाभावविशिष्टस्य वस्तुनस्त्वकल्पितं नामास्तु । तथापि तादृग्वस्तुस्वतो विभात्येवेति भावः । अवकाशाभावरूप विशेषणस्य विशेष्याभावेऽविद्यमानत्वात्तस्यास्तित्वम् अवश्यमभ्युपेयम्। यथा घटाभाववद्भूतलमित्यत्र घटाभाववदिति विशेषणस्य भूतलमिति विशेष्याभावे निरर्थकता स्यादित्यतो विशेषणभूतस्यावकाशाभावस्यार्थतोऽस्तित्वमवश्यमभ्युपगन्तव्यम् । एवं सति भवदुक्तशून्यशब्दवाच्येऽपि सत्तारूपधर्मोऽङ्गीक्रियते । एवमेवाकाशादिभूतपञ्चकस्य निस्तत्वरूपता प्रागेव सुस्पष्टमभिहितापि सम्प्रति प्रसक्तानुप्रसक्त्या सामान्यतस्सूचितेति विज्ञेयम् । प्राक्चा''द्यो विकार आकाशस्सोऽवकाशस्वरूपवान्। आकाशोऽस्तीति सत्तत्त्वमाकाशेप्यनुगच्छती''त्यारभ्य ''पृथक्कृतायां भूमिर्मिथ्यावशिष्यते । भूमेर्दशांशतो न्यूनं ब्रह्माण्डं भूमिमध्यग''मित्यन्तैश्श्लोकैरिति शम् ।।

हो कि 'शून्य ही भासित होता है' तो ठीक है, वैसा कुछ तो भासित होता ही है ।।७१।।

व्याख्या - अकाश के स्वरूपभूत अवकाश के विस्मृत हो जाने पर '**अथ**' अर्थात् उसके बाद तुम्हें वहाँ पर क्या भासित होता है यह बताओ ? (यहाँ गूढाभिन्धि यह है कि आकाश में कारण से सत्, चित् और आनन्द नामक तीन गुणधर्म आये हैं और उसका स्वयं का धर्म अवकाश है । इन चारों में से अन्तिम को मिथ्यारूप से जानकर विस्मृत कर देने पर सत्, चित् और आनन्द ही अवशिष्ट रहते हैं) सिद्धान्ती पूर्वपक्षी से पूछते हैं कि तुम्हें उस समय क्या भासित होता है ? इस पर पूर्वपक्षी कहता है कि उस समय शून्य ही भासित होता है । सिद्धान्ती इस कथन का अंगीकार कर परिहार करते हैं कि ठीक है, उस समय भले शून्य ही हो अर्थात् उस समय विद्यमान वस्तु का '**शून्य**' ऐसा नाम भले ही हो । तथापि वैसी शून्य शब्द से ज्ञात वस्तु की विशेष्यभूत कोई न कोई वस्तु अवश्य ही प्रकाशित होती है। श्लोक में '**हि**' अवधारणार्थ है । तात्पर्य यह है कि अवकाश के अभावरूप विशेषण का अस्तित्त्व विशेष्य के अभाव में संभव नहीं है । जैसे 'भूतल पर घटाभाव है' इस वाक्य में घटाभाव रूप विशेषण का विशेष्य भूतल है । यदि भूतलरूप विशेष्य ही न हो तो घटाभाव रूपी विशेषण भी निरर्थक होगा । इसलिए विशेषणभूत अवकाश के अभाव का विशेष्य अवश्य अंगीकार करना चाहिये । इस प्रकार आपके द्वारा कहे गये शून्य शब्दवाच्य में भी सत्ता रूप धर्म का हम अंगीकार करते हैं ।

इस प्रकार आकाशादि पाँचों भूतों का मिथ्यात्व द्वितीयप्रकरण के श्लोक ६० से ९५ तक विशेषरूप से कहा गया है । यहाँ पर तो केवल प्रसंगवश उसको सूचित मात्र किया गया है ।

स्वरूपसुखलक्षणविचारप्रदर्शनम् -

तादृत्त्वादेव तत्सत्त्वमौदासीन्येन तत्सुखम् ।
आनुकूल्यप्रातिकूल्यहीनं यत्तन्निजं सुखम् ॥७२॥

अन्वयः - तादृत्त्वात् एव तत्सत्त्वम् । औदासीन्येन तत् सुखम्। आनुकूल्यप्रातिकूल्यहीनं यत् तत् निजं सुखम् ।

व्याख्या :- तस्य सत्ता किमित्यङ्गीक्रियत इत्यत्राह । तादृत्त्वादेव तत्सत्त्वं तादृत्त्वादवकाशाभावविशेष्यतया प्रतीयमानत्वात् । भवदुक्तशब्दाभिधेयत्वाच्च तत्सत्वं निश्चीयते । एवञ्चपूर्वं "तादृग्विभाति ही"ति वाक्येन विभात्येवेत्यर्थलाभाच्चित्त्वं तथा तादृत्त्वादेव तत्सत्त्वं तद्वदौदासीन्येन तत्सुखमप्यस्तीति सच्चिदानन्दरूपत्वमात्मन्यनुभवसिद्धमेवेति भावः । नन्वस्तु तस्य सत्त्वम् । सुखरूपत्वं तस्य कथमित्याशङ्कायामाह । तत्सुखमौदासीन्येन विषयानवगाहित्वात्तत्सुखं भवति । नन्वुदासीनरूपं सुखं न स्यात् । तस्यानुकूलतया वेद्यत्वानुभावादित्यत आह । आनुकूल्यप्रतिकूल्यहीनं यत्सुखं विद्यते तन्निजं सुखं स्वरूपसुखं भवति । यत्पूर्वमुक्तं सुखलक्षण "मनुकूलतया वेदनीयमिति तद्वैषयिकसुखस्यैव। न तु स्वरूपसुखस्य । आनुकूल्यप्रातिकूल्यराहित्यमेव स्वरूपसुखस्य लक्षणम् । तत्प्रकृतेऽस्तीति दिक् ।।

आनुकूल्यप्रातिकूल्यराहित्यमेव निजात्मसुखत्वमिति निरूपणम् -

आनुकूल्ये हर्षधीः स्यात्प्रातिकूल्ये तु दुःखधीः ।
द्वयाभावे निजानन्दो निजदुःखन्न तु क्वचित् ॥७३॥

अब स्वरूप सुख के लक्षण का विचार प्रारम्भ करते हैं ।

अर्थ - वैसा होने के कारण ही वह सद्रूप सिद्ध होता है और उदासीनता के कारण वह सुखस्वरूप है । जो अनुकूलता और प्रतिकूलता से रहित सुख है, वही निजसुख है ।।७२।।

व्याख्या - वैसा होने के कारण ही अर्थात् अवकाशाभाव के विशेष्य रूप से प्रतीयमान होने के कारण और तुम्हारे द्वारा शून्य शब्द से कहे जाने के कारण वह सद्रूप ही सिद्ध होता है । उसका सद्रूपत्व भले ही हो किन्तु उसका सुखस्वरूपत्व कैसे हो सकाता है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि वह उदासीनता के कारण अर्थात् निर्विषयी होने के कारण सुखस्वरूप है । ***शंका*** - उदासीनता सुखरूप नहीं हो सकती, क्योंकि उसका ज्ञान अनुकूलतया नहीं होता है । ***समाधान*** - उदासीनता भी सुखरूप ही है, क्योंकि अनुकूलता और प्रतिकूलता से रहित जो सुख है, वही निजसुख (आत्मसुख) है अर्थात् वही निजानन्द है । और 'अनुकूलतारूप से वेदनीय सुख है' ऐसा जो लक्षण पूर्व में कहा है, वह वैषयिक सुख का है, अपने स्वरूपभूत सुख का नहीं । आनुकूल्यप्रातिकूल्यराहित्य ही स्वरूपसुख का लक्षण है, जो प्रकृत में कहा गया है ।

स्वरूपसुख में उभयराहित्य को व्यतिरेक द्वारा दर्शाते हैं ।

अर्थ - अनुकूलता में हर्षबुद्धि होती है और प्रतिकूलता में दुःखबुद्धि । दोनों के अभाव में निजानन्द होता है, किन्तु निजदुःख तो बिल्कुल नहीं होता ।।७३।।

अन्वयः - आनुकूल्ये हर्षधीः। प्रातिकूल्ये तु दुःखधीः। द्वयाभावे निजानन्दः स्यात्। निजदुःखं तु क्वचित् न।

व्याख्या :- स्वरूपसुखे ह्युभयराहित्यं व्यतिरेकेण प्रदर्शयति। आनुकूल्ये सति हर्षधीस्सन्तोषस्यात्। प्रातिकूल्ये तु दुःखधीर्दुःखं चानुभूयते। सन्तोषाभावादानुकूल्याभावः। दुःखाभावात्प्रतिकूल्याभाव इत्याशयः। द्वयाभावे सन्तोषदुःखयोरभावे निजानन्दोऽनुभूयते। सुखदुःखान्तरालेषु विद्यमाने चैदासीन्ये निजानन्दभानस्याखिलजनानुभूतिसिद्धत्वादुपाधिविरहितो निजानन्दस्वरूप इत्यर्थः। अत्र च योगानन्दप्रकरणोक्तानन्दभेदविवक्षामकृत्वानन्दस्वरूपसुखलक्षणस्य प्रतिपिपादयिषयैव वैषयिसुखाद्यस्पृष्टं स्वरूपं सुखं निजानन्दशब्देनाभिहितमिति ज्ञेयम्। ननु निजानन्दस्यौदासीन्यत्वे निजं दुःखमप्यस्त्वित्याशङ्कायां तस्याननुभवाद्दुःखे निजरूपसिद्ध्यभावाच्छशशृङ्गायमाणमिति परिहरति। क्वचिदपि निजदुःखं न। दुःखे निजत्वस्य कुत्राप्यभावात्। आनन्दे स्वभावसिद्धत्वं तु ब्रह्मानन्दे सुप्रसिद्धमेवेति शम्॥

हर्षशोकयोर्मानसत्वनिरूपणम् -

निजानन्दे स्थिरे हर्षशोकयोर्व्यत्ययः क्षणात्।
मनसः क्षणिकत्वेन तयोर्मानसतेष्यताम्॥७४॥

अन्वयः - निजानन्दे स्थिरे हर्षशोकयोः क्षणात् व्यत्ययः। मनसः क्षणिकत्वेन तयोः मानसता इष्यताम्।

व्याख्या :- निजानन्दस्य नित्यत्वात्सदानन्दरूपत्वाच्च सर्वदा हर्ष एव स्यान्न कदापि शोकोऽनुभूयेत। किञ्च तत्र हर्षस्यापि सद्भावात्तदनुरोधेनानुकूल्यस्य निश्चेतुं शक्यत्वात्पूर्वोक्तनिजानन्दलक्षणमसम्भवदोष-

---

व्याख्या - अनुकूलता होने पर हर्षबुद्धि अर्थात् सन्तोष होता है और प्रतिकूलता में दुःखबुद्धि अर्थात् दुःख का अनुभव होता है। भाव यह है कि संतोष के अभाव में अनुकूलता का अभाव होता है और दुःखाभाव में प्रतिकूलता का अभाव होता है। और अनुकूलता-प्रतिकूलता दोनों के अभाव में निजानन्द का अनुभव होता है। सुख और दुःख की मध्यमावस्था में विद्यमान उदासीनता में निजानन्द का भान होता है। यह सभी लोगों के अनुभव से सिद्ध होने के कारण उपाधिरहित ही निजानन्द का स्वरूप है। एकादश प्रकरण में कथित आनन्द भेद की विवक्षा से यहाँ पर निजानन्द का वर्णन नहीं किया है अपितु वैषयिक सुख से रहित आनन्दस्वरूप सुख का लक्षण बताने के लिए ही निजानन्द शब्द का प्रयोग किया गया है।

तब तो निजसुख की तरह निजदुःख भी होना चाहिये। इस शंका का परिहार करते हुए कहते हैं कि निजदुःख तो बिल्कुल नहीं होता। क्योंकि दुःख के लिए निजत्व का प्रयोग कहीं नहीं देखा गया है। और आनन्द स्वाभाविक सिद्ध है, यह बात तो ब्रह्मानन्द में प्रसिद्ध ही है। तात्पर्य यह है कि इस प्रकार की शंका नहीं करनी चाहिये कि जैसे निजानन्द होता है, उसी प्रकार निजदुःख भी हो सकता है, क्योंकि आत्मा के दुःखरूप होने का कोई प्रमाण नहीं है।

हर्ष-शोक मानसिक हैं, इसका निरूपण करते हैं।

अर्थ - निजानन्द के स्थिर होने पर भी मन की क्षणिकता के कारण हर्ष और शोक का हर क्षण में विनिमय होता है। इसलिए उन दोनों (हर्ष-शोक) को मानसिक कहना चाहिये॥७४॥

व्याख्या - निजानन्द नित्य और आनन्दरूप होने के कारण सदा हर्ष ही होना चाहिये, शोक कभी

ग्रस्तमित्याशङ्कायां तस्य च नित्यत्वेऽपि तद्ग्राहिणो मनसः क्षणिकत्वेन मानसयोस्तयोरपि क्षणिकत्वमिति समाधत्ते । कारकचित्तवृत्तिविशेषस्तस्मिन्स्थिरेऽचले सत्यपि मनसः क्षणिकत्वेन चञ्चलत्वाद्धर्षशोकयोः क्षणात्क्षणमात्रादेव व्यत्ययस्सर्वांशेन शून्यत्वं विनिमयस्सम्भवति। अतस्तयोस्सुखदुःखयोर्मानसता मनसस्सम्बन्धता मनोधर्मत्वमिष्यताम् । अत्रायमभिप्रायः । यदि निजानन्दे हर्षस्स्यात्तदा तस्य नित्यत्वात्सदा हर्ष एव स्यात् । हर्षस्तु न निजानन्दधर्मः । अपि तु मनोधर्मः । तस्य च मनसः क्षणिकत्वात्तद्धर्मस्य हर्षस्यापि क्षणिकत्वान्न नित्यत्वप्रसङ्गः । एवञ्च तदभावदशायां शोकस्याप्यवकाशोऽस्त्येव । हर्षस्य मनोधर्मत्वाभ्युपगमेन हर्षप्रयोजकानुकूल्यमपि निजानन्देऽस्तीति लक्षणमपि नासम्भवग्रस्तमिति दिक् ।।

विकारेषु सर्वत्र सच्चिदानन्दसत्त्वप्रदर्शनम् –

आकाशेऽप्येवमानन्दस्सत्ताभाने तु सम्मते ।
वाय्वादिदेहपर्यन्तं वस्तुष्वेवं विभाव्यताम् ।।७५।।
गतिस्पर्शौ वायुरूपं वह्नेर्दाहप्रकाशने ।
जलस्य द्रवता भूमेः काठिन्यञ्चेति निर्णयः ।।७६।।
असाधारण आकार ओषध्यन्नवपुष्यपि ।
एवं विभाव्यं मनसा तत्तद्रूपं यथोचितम् ।।७७।।
अनेकधा विभिन्नेषु नामरूपेषु चैकधा ।
तिष्ठन्ति सच्चिदानन्दा विसंवादो न कस्यचित् ।।७८।।

भी नहीं होना चाहिये । और निजानन्द में हर्ष का सद्भाव होने से आनुकूल्य का निश्चय भी अवश्य किया जा सकता है । अतः आपके द्वारा पूर्वोक्त निजानन्द का लक्षण असंभवग्रस्त है । ऐसी शंका होने पर उसका परिहार करते हैं । निजानन्द (स्वरूपभूत आनन्द) के स्थिर होने पर भी मन की क्षणिकता के कारण अर्थात् मन की चञ्चलता के कारण हर्ष और शोक का हर क्षण में व्यत्यय (विनिमय) होता है। इसलिए उन दोनों हर्ष और शोक की मानसिकता अर्थात् मन से सम्बद्धता (मनोधर्म) कहना चाहिये।

यहाँ भाव यह है कि यदि निजानन्द में हर्ष है तब तो उसके नित्य होने के कारण सदा हर्ष ही होना चाहिये, किन्तु हर्ष निजानन्द का धर्म नहीं है । अपितु मनोधर्म है । वह मन क्षणिक होने के कारण उसके धर्म हर्ष का भी क्षणिकत्व सिद्ध होता है, अतः उसके नित्यत्व का तो प्रसंग ही नहीं है । तथा हर्ष की अभाव दशा में शोक का भी अस्तित्त्व है ही । अतः इस प्रकार हर्ष को मन का धर्म स्वीकार कर लेने पर हर्ष की प्रयोजिका अनुकूलता भी निजानन्द में नहीं है, यह लक्षण असंभवग्रस्त नहीं है अर्थात् सर्वथा निर्दोष ही है ।

दृष्टान्त में सिद्ध अर्थ को दार्ष्टान्तिक में घटाते हैं ।

अर्थ – इस प्रकार आकाश में भी आनन्द है तथा सत्ता और भान तो सम्मत ही है । इसी प्रकार वायु से लेकर देह पर्यन्त सभी वस्तुओं में विचार कर जान लेना चाहिये ।।७५।।

व्याख्या – इस प्रकार कारणगत सत्ता और भान का अनुगमन प्रतिवादी को स्वीकार कराकर, अब उसी दृष्टान्त से कारणीभूत ब्रह्म के आनन्द का भी कार्यभूत आकाश में अंगीकार करना चाहिये । इस

अन्वयः - एवम् आकाशे अपि आनन्दः। सत्ताभाने तु सम्मते। एवम् वाय्वादिदेहपर्यन्तं वस्तुषु विभाव्यताम् ।

अन्वयः - गतिस्पर्शौ वायुरूपम् । वह्नेः दाहप्रकाशने। जलस्य द्रवता ।भूमेः च काठिन्यम् इति निर्णयः।

अन्वयः - औषध्यन्नवपुषि अपि असाधारणः आकारः। एवं तत्तद्रूपं यथोचितं मनसा विभाव्यताम्।

अन्वयः - अनेकधा विभिन्नेषु नामरूपेषु च एकधा सच्चिदानन्दाः तिष्ठन्ति। कस्यचित् विसंवादः न।

व्याख्या :- एवमाकाशे कारणगतसत्ताभानयोरनुगमं प्रतिपाद्य तद्दृष्टान्तेन कारणीभूतब्रह्मानन्दस्यापि कार्यभूत आकाशेऽङ्गीकारः कर्तव्य इति दृष्टान्ते सिद्धमर्थं दाष्टान्तिके योजयित्वोपसंहरति । एवं निजात्मन्युक्तप्रकारेण पूर्वोक्तदृष्टान्तवशादाकाशेऽप्यानन्दोऽनुगतो विद्यत एवेति भावः । तत्र आनन्दद्यनुवृत्तौ तु वैमत्यमेव नास्त्यन्यथा त्वाकाशस्यैव गगनकुसुमत्वापत्तेः । ननु तयोर्दृष्टान्तत्वं न घटते । तत्राप्यनुगमस्यासिद्धत्वादित्याह । सत्ताभाने तु सम्मते । दृष्टान्तभूते ते सत्ताभाने शून्यं भातीति वदता भवताप्यभ्युपगम्येते एवाप्यतो नोपपादनीये इत्यतस्तयोर्दृष्टान्ततेत्यतिदिशत्याकाशे प्रतिपादितोऽर्थो वाय्वादि शरीरान्तेष्वभ्युपगन्तव्यस्सत्ताद्यनुगम इत्याह । सर्वेषु वस्तुषु वाय्वादिदेहपर्यन्तं प्रसिद्धेषु निखिलेष्वेवमेव विभाव्यतामालोच्यताम् ।

आशय से कहते हैं कि इस प्रकार पूर्वोक्त दृष्टान्त के कारण आकाश में भी आनन्द अनुगत है ही । ***शंका***- उन (सत्ता और भान) का दृष्टान्तत्त्व घटित नहीं हो सकता, क्योंकि वहाँ पर भी अनुगमन असिद्ध ही है ***समाधान*** - ऐसा नहीं है, क्योंकि सत्ता और भान तो सम्मत ही है अर्थात् दृष्टान्त रूप से तो तुम्हें भी सम्मत ही है । भाव यह है कि 'शून्य भासित होता है' ऐसा बोलने वाले तुमने उनको स्वीकार किया ही है, इसलिए उन दोनों के दृष्टान्तत्त्व में कोई विप्रतिपत्ति नहीं है । और इसी प्रकार आकाश के समान वायु से लेकर देह पर्यन्त सत्ता आदि का अनुगमन होता है ।

अब वायु आदि के असाधारण धर्मों को दो श्लोकों से दिखाते हैं।

अर्थ - ऐसा निर्णय है कि गति और स्पर्श वायु के रूप (असाधरण धर्म) हैं । दाह और प्रकाश अग्नि के, द्रवता जल का और कठिनता भूमि का रूप (असाधारण धर्म) है । और औषधि, अन्न, शरीर में भी असाधारण आकार हैं । इस प्रकार उन-उन के रूप को यथायोग्य मन के द्वारा विचार कर जान लेना चाहिये ।।७६-७७।।

व्याख्या - प्रत्येक पदार्थ का कोई न कोई असाधारण धर्म अवश्य होता है । कोई गुणधर्म किसी विशेष पदार्थ में पूर्णरूप से स्थित होने पर उसे उस पदार्थ का असाधारण धर्म कहते हैं । जैसे आकाश का असाधारण धर्म अवकाश है, उसी प्रकार वायु के गति और स्पर्श ये दो असाधारण धर्म हैं । दाहकता और प्रकाश ये दोनों अग्नि के असाधरण धर्म हैं । द्रवता जल का और कठिनता भूमिका रूप है अर्थात् असाधारण धर्म है । यह निष्कर्षरूप निर्णय अनुभव सिद्ध होने से सर्वमान्य है । इसी प्रकार औषधि, गेहूँ-चावल आदि अन्न और उनसे उत्पन्न हुए इस शरीर के भी असाधारण आकार हैं अर्थात् इन सभी में भी पूर्वोक्त विशेष प्रकार के आकारादि धर्म विद्यमान हैं । इस प्रकार तद्-तद् रूपों को अपने मन के द्वारा यथायोग्य विचार करके जान लेना चाहिये ।

तत्र वाय्वादीनां स्वीयानसाधारणधर्मान्प्रदर्शयति। गतिस्पर्शौ वायुरूपम् । दाहप्रकाशने वह्नेः रूपम् । द्रवता जलस्य रूपम् । काठिन्यं भूमेः रूपमिति च निर्णयः । एवमोषध्यन्नवपुष्यप्यसाधारण आकारो रूपमित्येवं तत्तद्रूपं यथोचितं मनसा विभाव्यं विचिन्त्यमित्युक्त विवेचनमुपसंहृत्य फलितमाह। नानारूपेष्वनेकधा विभिन्नेष्वेकधा सच्चिदानन्दास्तिष्ठन्ति । नात्र कस्य चिदपि विसंवादोऽस्ति । सच्चिदानन्दाः कारणधर्मा एकधा नियततया तिष्ठन्ति । न व्यभिचरन्ति। चेतनाचेतनेषु सर्वेष्वपि सच्चिदानन्दा अनुवर्तन्ते । तेषां तेषां नामरूपे परं व्यावर्त्येते । यत्सर्ववस्तुष्वनुवर्तते तत्सत्यं यद्व्यावर्तते तदसत्यमित्यतस्सच्चिदानन्दास्सत्यस्वरूपा नामरूपेत्वसत्यरूपे इति दिक् ।।

नामरूपयोः काल्पनिकत्वकथनम् –

निस्तत्वे नामरूपे द्वे जन्मनाशयुते च ते ।
बुद्ध्या ब्रह्मणि वीक्षस्व समुद्रे बुद्बुदादिवत् ।।७९।।
सच्चिदानन्दरूपेऽस्मिन्पूर्णे ब्रह्मणि वीक्ष्यते ।
स्वयमेवावजानाति नामरूपे शनैश्शनैः ।।८०।।

अन्वयः – नामरूपे द्वे निस्तत्वे। ते च जन्मनाशयुते। समुद्रे बुद्बुदादिवत् बुद्ध्या ब्रह्मणि वीक्षस्व।

अन्वयः – सच्चिदानन्दरूपे अस्मिन् पूर्णे ब्रह्मणि वीक्ष्यते नामरूपे शनैः शनैः स्वयम् एव अवजानाति ।

अब फलितार्थ कहते हैं ।

अर्थ – अनेक प्रकार से विभिन्न नाम-रूपों में सत्, चित् और आनन्द एक ही प्रकार से स्थित है। इस विषय में किसी को कोई विवाद नहीं है ।।७८।।

व्याख्या – अनेक प्रकार से भिन्न-भिन्न नाम-रूपों में भी सत्, चित् और आनन्द नामक जो कारण के गुण धर्म हैं, वे उन सभी में एक ही प्रकार से अर्थात् सर्वदा एकरूप से ही स्थित रहते हैं । चेतन और अचेतन समस्त पदार्थों में सत्, चित् आनन्द का एक समान अनुवर्तन होता है किन्तु उनके नाम और रूप परिवर्तित होत रहते हैं । जो समस्त पदार्थों में सदा अनुवर्तित हो, वह सत्य है और जो परिवर्तित न हो, वह असत्य है । अतः सत्, चित् और आनन्द सद्रूप हैं तथा नाम और रूप असद्रूप हैं ।

नाम-रूप के काल्पनिकत्व का कथन करते हुए उसका फल दर्शाते हैं ।

अर्थ – नाम और रूप दोनों निस्तत्त्व हैं और जन्म तथा नाश वाले हैं । समुद्र में बुद्-बुद् आदि के समान बुद्धि के द्वारा इन्हें ब्रह्म में कल्पित देखो । इस सच्चिदानन्द स्वरूप पूर्ण ब्रह्म को जान लेने पर साधक धीरे-धीरे स्वयं ही नाम और रूप की अवज्ञा करने लगता है ।।७९-८०।।

व्याख्या – प्रतीति के विषय असत्यभूत नाम और रूप की क्या गति होगी ? ऐसी आशंका होने पर कल्पितपना ही उनकी गति है, ऐसा उत्तर देते हैं । नाम और रूप दोनों निस्तत्त्व हैं अर्थात् कल्पित हैं । क्योंकि जन्म तथा नाश वाले हैं अर्थात् उत्पन्न होते हैं और विनष्ट हो जाते हैं । आदि-अन्त वाले होने के कारण ही वर्तमान में भी अविद्यमान ही हैं । तब वे कहाँ कल्पित हैं ? ऐसी आशंका होने पर

व्याख्या :- असत्यभूतयोः प्रतीयमानयोर्नामरूपयोः का गतिः ? किंरूपमित्यत्र कल्पितत्वमेव गतिर्निस्तत्वमेव तत्त्वं रूपमित्याह । नामरूपे द्वे निस्तत्वे निरस्ततत्त्वे कल्पिते । तत्र कल्पितत्वे हेतुरुच्यते। ते जन्मनाशयुक्ते जायेते विनश्येते च । अत एव वर्तमानेऽप्यविद्यमाने । तर्हि ते कुत्र कल्पिते इत्याकाङ्क्षायां निदर्शनमाह । समुद्रे बुद्बुदादिवद्यथा समुद्रजले फेनतरङ्गतुषारादिकं कल्पितं बुद्ध्या वीक्ष्यते तथैव नामरूपे ब्रह्मणि कल्पित इति बुद्ध्या वीक्षस्व विजानीहि । किं तेन ब्रह्मवीक्षणेनत्यत आह । अस्मिन्पूर्णे सच्चिदानन्दे ब्रह्मणि वीक्षिते सति नामरूपे स्वयमेव शनैश्शनैरवजानातीत्ययमर्थः प्रागप्यवोचाम "वासनायां प्रवृद्धायां वियत्सत्यत्ववादिनम् । सन्मात्राबोधयुक्तं च दृष्ट्वा विस्मयते बुधः । एवमाकाशमिथ्यात्वे सत्सत्यत्वे च वासिते । न्यायेनानेन वाय्वादेस्सद्वस्तु प्रविविच्यता" मित्यत्रेति शम् ।।

नामरूपयोरवज्ञाफलकथनम् -

यावद्यावदवज्ञा स्यात्तावत्तावत्तदीक्षणम् ।
यावद्यावद्वीक्ष्यते तत्तावत्तावदुभे त्यजेत् ।।८१।।

अन्वयः - यावत् यावत् अवज्ञा स्यात् तावत् तावत् तदीक्षणम् । यावत् यावत् तत् वीक्ष्यते । तावत् तावत् उभे त्यजेत् ।

व्याख्या :- ब्रह्मज्ञानदार्ढ्यस्य द्वैतावज्ञापूर्वकत्वाच्छ्रवणादिवद्द्वैतावज्ञापि नियमेन कर्तव्या । यतस्तयोर्वीक्षणावज्ञायोः परस्परहेतुत्वमित्याह । यावद्यावन्नामरूपात्मकद्वैतस्यावज्ञा भवति तावत्ताव त्तदीक्षणं

कहते हैं कि *"समुद्रे बुद्बुदादिवत्"* अर्थात् जैसे समुद्र के जल में बुलबुले, फेन, तरंग आदि कल्पित पदार्थ बुद्धि के द्वारा देखे जाते हैं, उसी प्रकार वे नाम और रूप भी ब्रह्म में कल्पित हैं ऐसा जानों । इससे क्या प्रयोजन सिद्ध होगा ? इस पर कहते हैं कि इस सच्चिदानन्द स्वरूप पूर्ण परब्रह्म परमात्मा को जान लेने पर अर्थात् -

मय्यखण्डसुखाम्भोधौ बहुधा विश्ववीचयः।
उत्पद्यन्ते विलीयन्ते मायामारुतविभ्रमात् ।। (वि.चू. ४९७)

मुझ अखण्ड आनन्द समुद्र में नामरूपात्मक विश्वरूपी नाना तरंगे माया रूपी वायु के वेग से उठती और लीन होती रहती हैं । इस प्रकार अपने यथार्थ स्वरूप ब्रह्म को प्रत्यगभिन्न रूप से जान लेने पर साधक धीरे-धीरे स्वयं ही नाम और रूप की अवज्ञा करने लगता है । अर्थात् नामरूपात्मक जगन्मिथ्यात्व उसकी बुद्धि में सुस्थिर हो जाता है । इस विषय में द्वितीय प्रकरण के श्लोक ७६, ७७ का भी अवलोकन करना चाहिये ।

नाम-रूप की अवज्ञा का फल बताते हैं ।

अर्थ - जितनी-जितनी द्वैत की अवज्ञा होगी, उतना ही उतना ब्रह्मदर्शन होगा और जितना-जितना ब्रह्म का दर्शन होगा उतना ही उतना उन दोनों (नाम-रूप) का त्याग होगा ।।८१।।

व्याख्या - ब्रह्मज्ञान की दृढ़ता के लिए द्वैत की अवज्ञा करना भी आवश्यक होने से श्रवण, मननादि की तरह उसे भी नियमपूर्वक करना चाहिये । क्योंकि उन दोनों (श्रवणादि और द्वैतावज्ञा) का ब्रह्मज्ञान में परस्पर हेतुत्व कहा गया है । साधक जितनी-जितनी द्वैत की अवज्ञा करेगा, उसे उतना ही उतना ब्रह्मदर्शन

ब्रह्मणो दर्शनं भवति । तद्ब्रह्म यावद्याव द्वीक्ष्यतेऽनुभवति तावत्तावदुभे नामरूपे त्यजेदिति शम् ।।

द्वैतावज्ञापूर्वकब्रह्मदर्शनाभ्यासस्य फलनिरूपणम् -

तदभ्यासेन विद्यायां सुस्थितायामयं पुमान् ।
जीवन्नेव भवेन्मुक्तो वपुरस्तु यथा तथा ।।८२।।

अन्वयः-तदभ्यासेन विद्यायां सुस्थितायाम् अयं पुमान्। जीवन् एव मुक्तः भवेत्। वपुः यथा तथा अस्तु।

व्याख्या :- एवं नामरूपात्मकद्वैतानादरपूर्वकं सर्वत्रानुस्यूताद्वैत सच्चिदानन्दात्मतत्त्वानुचिन्तनाभ्यासफलं प्रदर्शयति । तदभ्यासेन द्वैतावज्ञापूर्वकब्रह्मात्माभ्यासेन सुस्थितायां विपरीतभावना संस्कारलक्षणप्रतिबन्धबाधेन जीवन्मुक्तिदानदक्षायां सत्यां विद्यायां सुदृढायामयं जिज्ञासुः पुमान्धन्यो जीवन्नेव मुक्तो भवेद्वपुस्तु देहस्तु यथा तथा यथाप्रारब्धमनुवर्तेतेति शम् ।।

ब्रह्माभ्यासस्वरूपनिरूपणम् -

तच्चिन्तनन्तत्कथनमन्योन्यन्तत्प्रबोधनम् ।
एकदेकपरत्वञ्च ब्रह्माभ्यासं विदुर्बुधाः ।।८३।।

अन्वयः - तच्चिन्तनम्। तत्कथनम्। अन्योऽन्यं तत्प्रबोधनम्। एकदेकपरत्वं च ब्रह्माभ्यासं बुधाः विदुः।

व्याख्या :- श्लोकोऽयं प्राक्तृप्तिदीपे विवृत इति शम् ।।

सुलभ हो जाएगा और उस ब्रह्म का जितना-जितना दर्शन अर्थात् अनुभव होगा तथा द्वैत की अवज्ञा होगी, उतना ही उतना उन नाम और रूप दोनों का त्याग स्वतः ही होता जाएगा । जैसे घट की ओर से दृष्टि हटने पर मिट्टी और आभूषण की ओर से दृष्टि हटने पर स्वर्ण दिखई देने लगता है, उसी प्रकार ब्रह्म पर आरोपित नामरूपात्मक जगत् की उपेक्षा करने से उसके अधिष्ठान रूप ब्रह्म का दर्शन होना स्वाभाविक हो जाता है।

इस प्रकार के अभ्यास का फल बताते हैं ।

अर्थ - उस अभ्यास से विद्या के सुस्थिर हो जाने पर यह पुरुष जीवितावस्था में ही मुक्त हो जाता है । उसका शरीर जैसा था, वैसा भले रहे ।।८२।।

व्याख्या - इस प्रकार द्वैतावज्ञापूर्वक ब्रह्मदर्शन के अभ्यास से विपरीत भावना रूप प्रतिबन्ध को नष्ट कर परमसुख देने वाली अत्मविद्या सुस्थिर हो जाती है और उसके स्थिर होने पर जिज्ञासु पुरुष जीवितावस्था में मुक्त हो जाता है अर्थात् जीवन्मुक्त हो जाता है ।

मुक्त होने वाला जीव है, शरीर नहीं । इसलिए जीवन्मुक्त पुरुष का शरीर पूर्ववत् बना रहता है । ज्ञान होने पर शरीर नष्ट नहीं हो जाता । वह स्वस्थ अथवा रोगी जैसा पहले था, वैसा ही प्रारब्धानुसार बना रहता है । किन्तु वह ज्ञानी के सुख-दुःख का कारण नहीं होता । इसलिए कहा कि उसका शरीर जैसा था वैसा भले ही रहे, उससे उक्त जीवन्मुक्त की अवस्था में कोई अन्तर नहीं आता है ।

अब ब्रह्माभ्यास के स्वरूप का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - उसीका चिन्तन, उसीका कथन, परस्पर उसी ब्रह्मतत्त्व का बोध कराना और ब्रह्म में ही निष्ठा रखना, इन्हीं को ज्ञानवानों ने ब्रह्माभ्यास जाना (कहा) है ।।८३।।

इदानीं ब्रह्मभ्यासस्वरूपमाह -

वासनानेककालीना दीर्घकालन्निरन्तरम् ।
सादरञ्चाभ्यस्यमाने सर्वथैव निवर्तते ॥८४॥

अन्वयः- अनेककालीना वासना दीर्घकालं निरन्तरं च सादरम् अभ्यस्यमाने सर्वथा एव निवर्तते।

व्याख्या :- नन्वनादिकालमारभ्य प्रतिभासमानस्य द्वैतस्य कादाचित्केन ज्ञानाभ्यासेन कथं निवृत्तिरित्याशङ्कायां दीर्घकालनैरन्तर्येण सत्कारसेवितेनाभ्यासेन निवर्तत एवेति समाधत्ते । ब्रह्मणि दीर्घकालं निरन्तरं सादरं चाभ्यस्यमानेऽनेककालीनापि वासना सर्वथैव निवर्तते गिरिगुहायामनादिकालतो अनुवर्तमानमप्यन्धकारमेकक्षणोदितसूर्यकिरणप्रकाशेन यथा निवर्तते तद्वदिति भावः । प्रपञ्चस्यानादित्वादेव कालस्य सर्वाधारत्वप्रयोजिकेयं शक्तिः काली सा विना चे"तीनस्सूर्ये प्रभौ राज्ञी"ति नानार्थकोशान्नियामिका प्रभुवद्यस्यास्सा तथोक्ता सा चासौ दीर्घा चेयं कालीना चेति तथोक्तेत्यत्र न कोऽप्यपशब्दभ्रमः कार्यः । पूर्वोक्तविधया साधुत्वस्य साधितत्वात् । पतञ्जलिरपिदीर्घकालनैरन्तर्यसत्काराणामेवावश्यकत्वमवोचदिति शम् ।।

व्याख्या - इस श्लोक की व्याख्या सप्तम प्रकरण (श्लोक १०६) में कर आये हैं । वहीं देखना चाहिये ।

वासना की निवृत्ति के लिए दीर्घकाल पर्यन्त ब्रह्माभ्यास करने की आवश्यकता बताते हैं ।

अर्थ - दीर्घकाल पर्यन्त निरन्तर और आदरपूर्वक ब्रह्माभ्यास करने से अनेक जन्मों से दृढ़ हुई वासना सर्वथा निवृत ही हो जाती है ।।८४।।

व्याख्या - अनादि काल से प्रारम्भ होकर अभी भी प्रतीत होने वाले द्वैत की, कभी-कभी होने वाले ब्रह्माभ्यास से निवृत्ति कैसे हो सकती है ? ऐसी शंका होने पर दीर्घकाल पर्यन्त ब्रह्माभ्यास से उसकी निवृत्ति होती है, ऐसा समाधान करते हैं । ब्रह्माभ्यास दीर्घकाल पर्यन्त, बिना आलस्य के निरन्तर और आदरपूर्वक करने से अनेकों जन्मों की दृढ़ वासना समूल नष्ट हो जाती है । वसिष्ठ जी श्रीराम से कहते हैं कि -

जन्मान्तरचिरारूढा राम संसारवासना ।
सा चिराऽभ्यासयोगेन विना न क्षीयते क्वचित् ।। (यो.वा.)

हे राम ! यह संसार वासना अनेक जन्मों से अत्यन्त दृढ़ हो चुकी है, इसका क्षय दीर्घकाल पर्यन्त योगाभ्यास किए बिना कभी भी नहीं हो सकता । पतञ्जलि मुनि ने भी योगसूत्र में कहा है कि ***"स तु दीर्घकालनैरन्तर्यसत्काराऽऽसेवितो दृढभूमिः"*** (यो.सू. १/१४) वह अभ्यास बहुत काल तक निरन्तर (लगातार) और आदरपूर्वक साङ्गोपाङ्ग सेवन किया जाने पर दृढ़ अवस्था वाला हो जाता है ।

अतः ब्रह्माभ्यास दीर्घकाल पर्यन्त करना चाहिये । जैसे पर्वत की गुफा में अनादिकाल से अनुवर्तमान होने पर भी अन्धकार क्षणमात्र के लिए उदित हुए सूर्य की एक किरण से भी अर्थात् सूर्यप्रकाश से निवृत्त हो जाता है, उसी प्रकार दीर्घकाल के अभ्यासजनित एकक्षण की निर्विकल्प समाधि भी हृदय के अन्धकार को और अनादिवासना को पूर्णरूप से नष्ट कर देती है ।

मायाशक्तेरनेकविकारोत्पादकत्वकथनम् -

मृच्छक्तिवद्ब्रह्मशक्तिरनेकाननृतान्सृजेत् ।
यद्वा जीवगता निद्रा स्वप्नश्चात्र निदर्शनम् ॥८५॥

अन्वयः- मृच्छक्तिवत् ब्रह्मशक्तिः अनेकान् अनृतान् सृजेत्। यद्वा अत्र जीवगता निद्रा च स्वप्नः निदर्शनम्।

व्याख्या :- भवत्वेवं दीर्घकालं निरन्तरं सत्कारं च तच्चिन्तनादिनाभ्यस्यमानं ब्रह्मैव विपरीत भावनासंस्कारध्वंसनाज्जीवन्मुक्तिसुखदमथाप्येकस्याद्वैतस्य तस्य परब्रह्मणोऽनेकविधजगत्कारणत्व-मेवादावात्मनि नो घटत इत्याशङ्कायां मायासहितस्य तस्य ब्रह्मणस्सर्वमप्युपपद्येततरामित्याह। ब्रह्मशक्तिरनेकानसङ्ख्याकाननृतान्कार्याणि मृच्छक्तिवत्सृजेत् । ननु मृच्छक्तेस्सत्यत्वादनेकहेतुत्वाद्विषमो दृष्टान्तः। मृच्छक्तिमायाशक्त्योस्सत्यासत्यत्वभेदेन वैलक्षण्याद्दृष्टान्तदार्ष्टान्तिकयोर्वैलक्षण्यम्। ननु मृदादिदृष्टान्त एवादौ कारणीभूत सन्मात्रज्ञानेन सकलकार्यभूतानन्तानिर्वचनीयदृश्यज्ञानबोधनाद-द्वैताभिमुखीकरणेन श्रोतृणां तत्त्वसाक्षात्कारद्वाराद्वैतसच्चिदानन्दात्मामृतमात्रतात्पर्यकस्ततः क्व तच्छक्ति-दृष्टान्तेन जगतीव्यवस्था घटेतेत्यस्वरस्याद्दृष्टान्तान्तरमाह । यद्वा जीवगता निद्रा शक्तिरनेकानृतान्यथा सृजति तद्वदिति । स्वप्नश्चात्र निदर्शनं क्रमान्मायाख्ये ह्यविद्यापरनाम्नि कारणे जगल्लक्षणे कार्ये च दृष्टान्तोऽस्तीति शम् ।।

निद्रादृष्टान्तनिरूपणम् -

निद्राशक्तिर्यथा जीवे दुर्घटस्वप्नकारिणी ।
ब्रह्मण्येषा स्थिता माया सृष्टिस्थित्यन्तकारिणी ॥८६॥

माया शक्ति के अनेक विकारोत्पादकत्व का कथन करते हैं ।

अर्थ - मृतिका की शक्ति के समान ब्रह्म की शक्ति माया अनेक मिथ्या पदार्थों की रचना करती है । अथवा जीवगत निद्रा और स्वप्न इस विषय में (निस्सन्दिग्ध) उदाहरण हैं ।।८५।।

व्याख्या - दीर्घकाल पर्यन्त, निरन्तर और सत्कार पूर्वक '**तच्चिन्तनं**' इत्यादि ब्रह्माभ्यास से भास्यमान ब्रह्म विपरीत भावाना को नष्ट कर जीवन्मुक्ति का सुख देने वाला भले ही हो, किन्तु उस एक अद्वितीय परब्रह्म से अनेकविध जगत् उत्पन्न कैसे हो कसता है ? अर्थात् एक ही ब्रह्म का अनेकाकार जगत् के प्रति कारणत्व नहीं बन सकता । ऐसी शंका होने पर माया सहित एक ही ब्रह्म अनेकाकार जगत् का हेतु बन सकता है, ऐसा समाधान करते हैं । मृत्तिका की शक्ति के समान ब्रह्म की मायाशक्ति अनेक मिथ्या पदार्थों की रचना करती है । मृत्तिकानिष्ठ शक्ति सत्य है परन्तु ब्रह्मनिष्ठ शक्ति माया तो अनित्य है अतः आपका दृष्टान्त विषम है । ऐसी शंका होने पर अन्य दृष्टान्त देते हैं । अथवा जीवगत निद्रा और स्वप्न को इस विषय में निस्सन्दिग्ध उदाहरण समझना चाहिये ।

उक्त निद्रा दृष्टान्त को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - जैसे जीव में स्थित निद्रा शक्ति अघटित स्वप्न की रचना कर देती है, उसी प्रकार ब्रह्म में स्थित यह मायाशक्ति जगत् की उत्पत्ति, स्थिति और नाश करने वाली है ।।८६।।

अन्वयः - यथा जीवे निद्राशक्तिः दुर्घटस्वप्नकारिणी। ब्रह्मणि स्थिता एषा माया सृष्टिस्थित्यन्तकरिणी।

व्याख्या :- निद्रादृष्टान्तं विवृणोति । यथा जीवे निद्राशक्तिर्दुघटस्वप्नकारिणी तथैव ब्रह्मण्येषा स्थिता माया सृष्टिस्थित्यन्तकारिणीति शम् ।।

निद्राया दुर्घटस्वप्नकारित्वनिरूपणम् -

स्वप्ने वियद्गतिं पश्यत्स्वमूर्धच्छेदनं यथा ।
मुहूर्ते वत्सरौघञ्च मृतपुत्रादिकं पुनः।।८७।।

अन्वयः - यथा स्वप्ने वियद्गतिम् । स्वमूर्धच्छेदनम् । मुहर्ते च वत्सरौघम् । मृतपुत्रादिकं पुनः पश्येत्।

व्याख्याः- दुर्घटकारित्वमेव दर्शयन्दार्ष्टान्तिके योजयति । मञ्चोपरि निद्रायमाणः पुरुषस्स्वप्ने क्वचित्स्वस्य वियद्गतिं गगनगमनं क्वचिच्च स्वमूर्धच्छेदनं स्वशिरश्छेदनं क्वचिन्मुहूर्तेऽल्पकाल एव वत्सरौघमनेकसंवत्सर-पूगांस्तथा क्वचिन्मृतपुत्रादिकं च पुन पश्यतीति किमाश्चर्यं दुर्घटकारित्वे शक्तेरिति शम् ।।

स्वप्नस्य दुर्घटत्वे हेतुप्रदर्शनम् -

इदं युक्तमिदन्नेति व्यवस्था तत्र दुर्लभा ।
यथा यथेक्ष्यते यद्यत्तत्तद्युक्तं तथा तथा ।।८८।।

अन्वयः - "इदं युक्तम् इदं न" इति व्यवस्था तत्र दुर्लभा। यत् यत् यथा यथा ईक्ष्यते तत् तत् तथा तथा युक्तम् ।

व्याख्या - जैसे जीव में स्थित निद्रारूपी शक्ति जो बन नहीं सकता ऐसे दुर्घट स्वप्न को रचने वाली है अर्थात् अघटित स्वप्न की रचना कर देती है, उसी प्रकार ब्रह्म में स्थित अचिन्त्य मायाशक्ति भी इस विचित्र नामरूपात्मक जगत् की उत्पत्ति, स्थिति और लय करने वाली बन सकती है ।

निद्रा के दुर्घटस्वप्नकारित्व को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - जैसे स्वप्नावस्था में पुरुष अपने आपको आकाश में उड़ता हुआ देखता है, अपना सिर कटा देखता है । क्षणभर में अनेक वर्षों को बीता हुआ देखता है और अपने मरे हुए पुत्रादि से पुनः मिलता है ।।८७।।

व्याख्या - स्वप्नावस्था दुर्घटकारिणी क्यों है ? इस पर कहते हैं । यह निद्रा ऐसे अद्‌भुत अनुभव कराती है जो सर्वथा अशक्य होते हैं । इसलिए निद्रा को दुर्घटस्वप्नकारी कहा गया है । यहाँ उसके कुछ उदाहरण प्रस्तुत करते हैं । मनुष्य जब निद्राधीन हो जाता है तो कभी-कभी वह स्वयं को पंख से युक्त आकाश में उड़ता हुआ देखता है । कभी-कभी वह स्वयं के ही मस्तक को कटा हुआ देखता है । निद्रावस्था कुछ क्षण की होने पर भी कई बार मनुष्य ऐसा अनुभव करता है कि उसके कई वर्ष व्यतीत हो गये हैं । निद्रा काल में ही वह स्वयं को बालक से युवा और युवा से नाती-पोतों से युक्त वृद्धरूप में अनुभव करता है । और कभी-कभी अपने मरे हुए पुत्र, मित्र, पत्नी आदि का भी स्वप्न में दर्शन होता है । वस्तुतः ये सब सर्वथा असम्भव होने पर भी निद्रा महारानी इन सबका सहज में ही दर्शन और अनुभव करा देती है, इसलिये निद्रा को दुर्घटस्वप्नकारी कहा गया है ।

स्वप्न के दुर्घटत्व का हेतु बताते हैं ।

अर्थ - वहाँ (स्वप्नावस्था में) 'यह युक्त है, यह युक्त नहीं है' ऐसी व्यवस्था दुर्लभ है । वहाँ तो जो-जो दृश्य जैसा-जैसा देखने में आता है, वह-वह दृश्य वैसे-वैसे ही ठीक मानना पड़ता है ।।८८।।

व्याख्या :- हेतुमत्र स्पष्टयति । तत्र स्वप्ने "इदं युक्तमिदं नेतीति व्यवस्था निर्णयो दुर्लभैव । यद्यद्यथा यथेक्ष्यते तथा तथा तत्तद्युक्तमिति सुदुर्लभव्यवस्थाकत्वमेवात्र स्वप्ने दुर्घटत्वहेतुरिति शम्।।

मायाशक्तेरपि दुर्घटकारित्वनिरूपणम् -

ईदृशो महिमा दृष्टो निद्राशक्तेर्यदा तदा ।
मायाशक्तेरचिन्त्योऽयं महिमेति किमद्भुतम् ।।८९।।

अन्वयः - यदा निद्राशक्तेः ईदृशः महिमा दृष्टः। तदा मायाशक्तेः अयम् अचिन्त्यः महिमा। इति किम् अद्भुतम् ?

व्याख्या :- एवं निद्राशक्तेर्दुर्घटघटकत्वं विशदीकृत्य प्रकृते कैमुत्यतस्तत्सिद्धिं द्योतयति । उत्पादविनाशशालित्वेनानित्याया निद्राशक्तेरपीदृशाशक्तित्वे किमु वक्तव्यं मयाशक्तेः प्रभावमित्याचष्टे। निद्राशक्तेरीदृशो महिमा यथा दृष्टस्तथा मायाशक्तेरयं महिमाघटितघटनापटीयाख्यो ह्यचिन्त्यो मनसाऽप्यनूह्य इत्युक्ते किमद्भुतं न किमपीति भाव इति शम् ।।

मायाब्रह्मण्यनेकान्विकारान्कल्पयीति प्रदर्शनम् ।

शयाने पुरुषे निद्रा स्वप्नं बहुविधं सृजेत् ।
ब्रह्मण्येवं निर्विकारे विकारान्कल्पयत्यसौ ।।९०।।

व्याख्या - स्वप्नावस्था में मनुष्य जो कुछ देखता है, उस समय उसे वह सत्य ही दिखता है । जागने पर उसे जाग्रदवस्था की तुलना में उसके युक्त अथवा अयुक्त का बोध होता है । किन्तु उस स्वप्नावस्था में 'यह युक्त है' और 'यह अयुक्त है' ऐसी व्यवस्था ही दुर्लभ है । वहाँ पर तो जो दृश्य जैसा दिखाई पड़ता है, उसे वैसा ही स्वीकार करना पड़ता है । इसलिए स्वप्न दुर्घट कहा गया है ।

कैमुतिक न्याय से माया में भी दुर्घटकारित्व का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - जब निद्राशक्ति की ऐसी महिमा दिखाई देती है तो मायाशक्ति की यह महिमा अचिन्त्य हो उसमें क्या आश्चर्य है ?।।८९।।

व्याख्या - उत्पन्न और नष्ट होने वाली निद्राशक्ति अनित्य होने पर भी यदि स्वप्न में दुर्घट कार्य को उत्पन्न कर सकती है तो फिर मायाशक्ति के विषय में तो कहना ही क्या ? इस आशय से कहते हैं कि जब निद्राशक्ति की भी ऐसी अद्भुत महिमा दिखाई देती है तो फिर अघटित-घटनापटीयसी परमात्मा की मायाशक्ति की यह महिमा अचिन्त्य अर्थात् मन से परे है ऐसा कहने पर आश्चर्य की कौन-सी बात है ? अर्थात् इसमें कोई आश्चर्य नहीं है । तात्पर्य यह है कि जीव की निद्राशक्ति भी एक प्रकार की माया ही है । जीव अल्पशक्तिमान है, इसलिए उसकी निद्राशक्ति भी अल्पशक्तिमती है । फिर भी उसकी बड़ी विचित्र महिमा है । ईश्वर तो सर्वशक्तिमान है और उसकी मायाशक्ति भी बड़ी बलवती है । यदि वह जगत् रूपी विचित्र रचना कर सकती है तो यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है ।

माया ब्रह्म में अनेकों विकारों की कल्पना करती है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - सोये हुए पुरुष में जैसे निद्राशक्ति अनेकप्रकार के स्वप्न की रचना करती है उसी प्रकार वह माया निर्विकार ब्रह्म में ही अनेक विकारों की कल्पना करती हैं ।।९०।।

अन्वयः - शयाने पुरुषे निद्रा बहुविधं स्वप्नं सृजेत्। एवं निर्विकारे ब्रह्मणि विकारान् कल्पयति।

व्याख्या :- मायाया जगद्धेतुत्वे दृष्टान्तमाह । पुरुषेशयने सति निद्रा बहुविधं स्वप्नं सृजेद्यथा तथासौ मायैवं निर्विकारे ब्रह्मणि विविधान्विकारान्कल्पयतीति शम् ।

मायाकृतनानासृष्टिप्रकारनिरूपणम् -

खानिलाग्निजलोर्व्यण्डलोकप्राणिशिलादिकाः।
विकारः प्रणिधीष्वन्तश्चिच्छाया प्रतिबिम्बिता ॥९१॥

अन्वयः- खानिलाग्निजलोर्व्यण्डलोकप्राणिशिलादिकाः विकाराः। प्राणिधीषु अन्तः चिच्छाया प्रतिबिम्बिता ।

व्याख्या :- मायाकृतनानासृष्टिप्रकारं प्रधर्शयंस्तानेव विकारान्स्वसम्मतं तत्स्वरूपं च निरूपयति। खानिलाग्निजलोर्व्यण्डलोकप्राणिशिलादिका विकाराः खमाकाशोऽनिलो वायुरग्निर्वह्निर्जलमाकापोर्वीभूमिरण्डो ब्रह्माण्डो लोकास्सत्यलोकादयः प्राणिनश्चतुरशीतिकोटिसङ्ख्याका जीवगणाश्शिला विविधप्रकारा आदिपदेन वृक्षादयश्च ते सर्वे विकारा अधिष्ठाने ब्रह्मणि मायया प्रकल्पिताः । ननु तेषु सर्वेषु पाञ्चभौतिकत्वेन साम्ये सत्यपि केषाञ्चिच्चैतनत्वं केषाञ्चिच्च जडत्वमिति चेतनाचेतनविभागप्रयोजकधर्मं प्रदर्शयति। प्राणिधीषु जीवबुद्धिषु प्राणिशरीरेष्वन्तरन्तरिति प्रमाणादिवृत्तयवच्छिन्नचिदाभासो व्युदस्यते। एवञ्च कूटस्थाविविक्तसर्वजीवबुद्धिप्रतिबिम्बितचिदाभासप्रतिबिम्बिता इत्यर्थस्सूचित इत्यनेनात्र बिम्बराहित्यमेवात्र दुर्घटत्वमित्येतेन प्रतिजीवं प्रपञ्चभेदरूपं भामतीमतमत्र सूचितं वेदितव्यम्। तत्र प्राणिबुद्धिष्वन्तरन्तःकरणेषु

व्याख्या - पुरुष जब सो जाता है तो वह पूर्णरूप से निश्चेष्ट हो जाता है । उसकी इन्द्रियाँ अपने कारण में लीन हो जाती हैं, फिर उस सोये हुए पुरुष में स्थित निद्राशक्ति विषय और इन्द्रियों के बिना ही अनेक प्रकार के स्वप्न की रचना कर देती है । इस प्रकार निर्विकार ब्रह्म में अचिन्त्य मायाशक्ति भी अनेक नाम-रूप आदि विकारों की कल्पना कर सकती है ।

मायाकृत नाना सृष्टि प्रकार को दर्शाते हैं ।

अर्थ - आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी, ब्रह्माण्ड, लोक, प्राणी और शिला आदि सब माया के विकार हैं । प्राणियों की बुद्धियों में चैतन्य की छाया प्रतिबिम्बित होती है ॥९१॥

व्याख्या - खं अर्थात् आकाश, अनिल (वायु), अग्नि, जल, उर्वी (पृथ्वी), अण्ड (ब्रह्माण्ड), चतुर्दश भुवन, ८४ लाख योनियों में स्थित जीवराशि और शिला आदि सब माया के विकार अर्थात् कार्य हैं । ये समस्त विकार अधिष्ठान रूप ब्रह्म में माया के द्वारा कल्पित हैं । सभी विकार पाञ्चभौतिक होने पर भी कुछ चेतन हैं और कुछ जड़ हैं । इसका क्या कारण है ? ऐसी शंका होने पर चेतन और जड़ के विभाग का कारण बताते हैं कि प्राणियों की बुद्धियों में अर्थात् अन्तःकारण में चैतन्य की छाया प्रतिबिम्बित होती है ।

प्राणियों में चैतन्य और चिदाभास की व्याप्ति होने के कारण चैतन्य की स्पष्ट प्रतीति होती है, इसलिए उनमें चेतनत्व का व्यवहार होता है । वृक्षादि में अन्तःकरण की प्रतीति न होने के कारण चिदाभास की

चिच्छाया चितश्चैतन्यस्य छायाप्रतिबिम्बिता भवति । चैतन्यप्रतिबिम्बनादेवात्र चेतनत्वमितरत्र तदभावाज्जडत्वमिति व्यावहारिको विभागः । प्राणिषु चिद्व्याप्ते चिदाभासव्याप्तेश्च सद्भावाच्चितस्स्फुटतया भानादेषां चेतनत्वव्यवहारसिद्धिः । अन्येषु वृक्षादिष्वन्तः करणस्य भानाच्चिदाभासव्याप्तेरनभिव्यक्तत्वाच्चिन्मात्रस्यैव व्याप्य तत्र चितोऽस्फुटत्वेन तेष्वचेतनत्वेन च सिद्ध्यति व्यावहारः । शिलावृक्षादिषु चैतन्यान्तःकरणयोरस्तितां निश्शङ्कमाधुनिकभौतिकवैज्ञानिका अप्यङ्गीकुर्वन्त्येव । अतश्चाचेतना इत्यस्यास्फुटचैतन्यवन्त इत्येवार्थो वक्तव्यो न तु चैतन्याभाववन्त इति । चितस्सर्वव्यापकत्वेन तदभावस्य दुरुपपादत्वादित्येवं चेतनविभागस्सुकर इति शम् ।।

सर्वत्रब्रह्मदृष्टेः कर्तव्यत्वज्ञापनम् –

चेतनाचेतनेष्वेषु सच्चिदानन्दलक्षणम् ।
समानं ब्रह्म भिद्येते नामरूपे पृथक् पृथक् ।।९२।।

अन्वयः – एषु चेतनाचेतनेषु सच्चिदानन्दलक्षणं ब्रह्म समानम् । नामरूपे पृथक् पृथक् भिद्येते।

व्याख्या :– लोके चेतनाचेतनत्वविभागश्चैतन्यतदभावकृतश्चिद्रूपब्रह्मकृतो वा किं न स्यादित्याशङ्कायां ब्रह्मणस्सर्वोपादानत्वेन सर्वत्र समत्वादिति समादधाति । अथ च प्रकृतनामरूपात्मकद्वैतस्य कल्पितत्वेनोपेक्षणपूर्वकमधिष्ठानीभूताद्वैतसच्चिदानन्दरूपब्रह्मात्मचिन्तनमेवात्र प्रपञ्च्यते । एषु चेतनाचेतनेषु सच्चिदानन्दलक्षणं ब्रह्माधिष्ठानं समानमेव । सर्वोपादानत्वात् । उपादानस्य च तत्कार्येष्वननुगमो न

व्याप्ति न होने से उनमें केवल चैतन्य की ही व्याप्ति है । चैतन्य के अस्फुट होने के कारण ही उनमें अचेतत्त्व का व्यहार होता है । वस्तुतः उनमें भी चेतना है ही । **वृक्ष-वनस्पति आदि में भी अन्तःकरण का सद्भाव पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध वैज्ञानिक श्रीजगदीशचन्द्र बोस ने वैज्ञानिक आधार पर सिद्ध कर दिखाया है, जिसे प्रायः समस्त आधुनिक वैज्ञानिक भी स्वीकार करते हैं ।** वस्तुतः अचेतन पदार्थों में भी चैतन्य तो रहता ही है केवल अस्फुट होने के कारण उन्हें अचेतन कहा जाता है । अन्यथा चेतनत्व के सर्वव्यापकत्व का निरूपण ही असंभव हो जाएगा । इस प्रकार चेतन और अचेतन का विभाग समझ लेना चाहिये ।

चेतन और अचेतन का भेद ब्रह्मकृत नहीं है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ – इन (समस्त) चेतन और अचेतन पदार्थों में सत्, चित् और आनन्द लक्षण वाला ब्रह्म समान रूप से स्थित है । केवल नाम और रूप का ही पृथक्-पृथक् भेद है ।।९२।।

व्याख्या – चेतन और अचेतन का विभाग चिद्रूप ब्रह्म का किया हुआ क्यों नहीं होगा ? ऐसी आशंका होने पर कहते हैं कि ब्रह्म सबका उपादान कारण होने से सर्वत्र समान है, इसलिए उक्त विभाग ब्रह्मचैतन्यकृत नहीं है । पूर्वोक्त आकाश से लेकर शिलादि तक वर्णित समस्त चेतन और अचेतन पदार्थों में सत्, चित् और आनन्द (अस्ति, भाति और प्रिय) लक्षण वाला ब्रह्म एक समान स्थित है । इसलिए जड़-चेतन का विभाग ब्रह्मकृत नहीं हो सकता । उनके भेद का कारण उनके भिन्न-भिन्न नाम और रूप ही हैं, अतः केवल नाम और रूप का ही पृथक्-पृथक् भेद है । तात्पर्य यह है कि ब्रह्म सबका उपादान होने के कारण सर्वगत है।

क्वापि दृष्टः । तेनैव हेतुना सर्वस्मिन्नपि कार्ये व्याप्तमेव चैतन्यमिति क्वापि चैतन्याभावो दुर्निरूप एवेत्यतः पूर्वोक्त एव विभागस्समुचित इति भावः । किन्तु नामरूपे पृथक्पृथग्भिद्येते इति शम् ।।

नामरूपयोरुपेक्षायां ब्रह्मज्ञानसिद्धिप्रदर्शनम् -

ब्रह्मण्येते नामरूपे पटे चित्रमिव स्थिते ।
उपेक्ष्य नामरूपे द्वे सच्चिदानन्दधीर्भवेत् ।।९३।।
जलस्थेऽधोमुखे स्वस्य देहे दृष्टेऽप्युपेक्ष्य तम् ।
तीरस्थ एव देहे स्वे तात्पर्यं स्याद्यथा तथा ।।९४।।
सहस्त्रशो मनोराज्ये वर्तमाने सदैव तत् ।
सर्वैरुपेक्ष्यते यद्वदुपेक्षा नामरूपयोः ।।९५।।
क्षणे क्षणे मनोराज्यं भवत्येवान्यथान्यथा ।
गतङ्गतं पुनर्नास्ति व्यवहारो बहिस्तथा ।।९६।।
न बाल्यं यौवने लभ्यं यौवनं स्थाविरे तथा ।
मृतः पिता पुनर्नास्ति नायात्येव गतं दिनम् ।।९७।।
मनोराज्याद्विशेषः कः क्षणध्वंसिनि लौकिके ।
अतोऽस्मिन्भासमानेऽपि तत्सत्यत्वधियं त्यजेत् ।।९८।।
उपेक्षिते लौकिके धीर्निर्विघ्ना ब्रह्मचिन्तने ।
नटवत्कृतिमास्थाय निर्वहत्येव लौकिकम् ।।९९।।
प्रवहत्यपि नीरेऽधः स्थिरा प्रौढशिला यथा ।
नामरूपान्यथात्वेऽपि कूटस्थं ब्रह्म नान्यथा ।।१००।।

अन्वयः - पटे चित्रम् इव ब्रह्मणि एते नामरूपे स्थिते। नामरूपे द्वे उपेक्ष्य सच्चिदानन्दधीः भवेत्।

अन्वयः - जलस्थे अधोमुखे स्वस्य देहे दृष्टे अपि तम् उपेक्ष्य तीरस्थ स्वे देहे एव तात्पर्यं यथा स्यात् तथा ।

अन्वयः - यद्वत् सहस्त्रशः मनोराज्ये वर्तमाने तत् सर्वैः सदा एव उपेक्ष्यते। नामरूपयोः उपेक्षा।

उपादान का अपने कार्यों में अनुगमन हो, ऐसा लोक में कहीं भी नहीं देखा गया है । इसलिए जड़ वस्तुओं में चैतन्य के अभाव का निरूपण संभव नहीं है । इसलिए पूर्वोक्त विभाग ही उचित है ।

नाम-रूप की उपेक्षा से ब्रह्मज्ञान की सिद्धि का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - पट में चित्र के समान ब्रह्म में ये नाम और रूप स्थित (कल्पित) हैं । नाम और रूप दोनों की उपेक्षा कर देने पर सत्, चित् आनन्दस्वरूप ब्रह्म का बोध होता है ।।९३।।

अन्वयः - क्षणे क्षणे अन्यथा मनोराज्यं भवति एव। गतं गतं पुनः न अस्ति। तथा बहिः व्यवहारः।

अन्वयः - बाल्यं यौवने न लभ्यम् । तथा यौवनं स्थाविरे। मृतः पिता पुनः न अस्ति। गतं दिनं न आयाति एव ।

अन्वयः - क्षणध्वंसिनि लौकिके मनोराज्यात् कः विशेषः। अतः अस्मिन् भासमाने अपि तत्सत्यत्वधियं त्यजेत् ।

अन्वयः - लौकिके उपेक्षिते धीः ब्रह्मचिन्तने निर्विघ्ना। नटवत् कृतिम् आस्थाय लौकिकं निर्वहति एव।

अन्वयः - नीरे प्रवहति अपि अधः प्रौढशिला यथा स्थिरा। नामरूपान्यथात्वे अपि कूटस्थं ब्रह्म अन्यथा न।

व्याख्या :- ब्रह्मणि नामरूपयोः कल्पितत्वात्तयोरुपेक्षायां सर्वत्र सच्चिदानन्दधीर्भवति । ब्रह्मणश्चिज्जडसाधारणत्वान्नामरूपभेदे सच्चिदानन्दसाम्ये च कल्पितत्वादिलक्षणहेतुं द्योतयन्दृष्टान्तेन तं साधयति । पटे चित्रमिवैते नामरूपे ब्रह्मणि स्थिते समारोपिते इति भावः । ब्रह्मणस्सर्वकल्पनाधारत्वात्सर्वगतत्वमिति ज्ञेयम् । तत्कथमवगम्यत इत्याकाङ्क्षायां कल्पितनामरूपत्यागेऽधिष्ठानं

व्याख्या - नाम और रूप ब्रह्म में कल्पित होने से उनकी उपेक्षा कर देने पर ब्रह्मज्ञान प्राप्त होता है । इस आशय से कहते हैं कि पट में चित्र के समान ब्रह्म में ये नाम और रूप कल्पित हैं । यह कैसे जाना जा सकता है ? इस पर कहते हैं कि नाम-रूप की उपेक्षा कर देने पर अर्थात् मिथ्यात्व बुद्धि से उनका अनादर कर देने पर सर्वत्र सच्चिदानन्द बुद्धि हो जाती है । 'सम्पूर्ण जगत् सच्चिदानन्द स्वरूप ही है' ऐसी बुद्धि हो जाती है अर्थात् सर्वत्र ब्रह्मदर्शन होने लगता है ।

तात्पर्य यह है कि जैसे चित्रपट में कल्पित नदी, पर्वत तथा पशु-पक्षी आदि की उपेक्षा कर देने पर उनका अधिष्ठान रूप वस्त्र ही बुद्धि में रह जाता है, उसी प्रकार जगत् के सम्पूर्ण नाम-रूपों की उपेक्षा कर देने पर उनका अधिष्ठान रूप सच्चिदानन्द स्वरूप ब्रह्म ही बुद्धि में शेष रहता है और 'वही ब्रह्म मैं हूँ' ऐसी बुद्धि बन जाती है ।

उक्तार्थ में दृष्टान्त देते हैं ।

अर्थ - जैसे जलस्थ अधोमुखी अपना देह दृश्यमान होने पर भी उसकी उपेक्षा करके तीरस्थ अपने देह में ही ममत्व होता है, उसी प्रकार प्रकृत में भी जानना चाहिये । और जैसे हजारों मनोरथ विद्यमान होने पर सर्वदा ही सब लोग उनकी उपेक्षा करते हैं, उसी प्रकार नाम और रूप दोनों की उपेक्षा करनी चाहिये ।।९४-९५।।

व्याख्या - तालाब के तट पर खड़े होकर पानी में अपनी परछाही देखें तो वह सिर के बल उल्टी खड़ी दिखाई देती है, किन्तु उसे देखकर कोई भी स्वयं को उल्टा खड़ा हुआ नहीं मानता । मनुष्य जल में अपना प्रतिबिम्ब देखने पर भी उस प्रतिबिम्ब की उपेक्षा कर तीर पर स्थित अपने देह में ही ममत्व करता है अर्थात् प्रतिबिम्ब प्रतीत होने पर भी उसमें आत्मबुद्धि नहीं करता है, उसी प्रकार प्रकृत ब्रह्म के विषय में भी जान लेना चाहिये अर्थात् इसी प्रकार साधक को अपने नश्वर शरीर आदि की उपेक्षा कर अपने सच्चिदानन्द रूप यथार्थ आत्मस्वरूप में ही स्थित रहना चाहिये ।

हर मनुष्य के मन में अनेकों मनोरथ उत्पन्न होते रहते हैं, किन्तु कोई भी उन्हें सत्य नहीं मानता।

ब्रह्मावगम्यत इत्याचष्टे । द्वे नामरूपे उपेक्ष्य मिथ्यात्वबुद्ध्यानादृत्य । नामरूपयोरुपेक्षायां सर्वत्र सच्चिदानन्दधीस्सर्वं जगत्सच्चिदानन्दस्वरूपमिति बुद्धिर्भवेत् ।

उपेक्षायां चित्रदृष्टान्तेन हेतुद्योतितोऽपि कदाचिद्रम्यतमचित्रेऽत्यादरोऽपि सर्वानुभवसिद्ध इति दृष्टान्तान्तरं दर्शयति। जलस्थे नीरस्थेऽधोमुखे देहे तीरगतमनुष्यदेहादौ परिदृश्यमानेऽपि तत्रादरं परित्यज्य तटाकजलेऽधोमुखेन प्रतिफलिते परित्यक्तादरस्तीरस्थे स्वदेहे तद्विपरीते एव ममत्वबुद्धिस्तात्पर्यं यथा तथेति । अत्राधोमुखप्रतिबिम्बदर्शने कारणं त्वादर्शादौ सम्मुखे निर्मलद्रव्ये तद्भेदनाद्यसमर्थानां चक्षुःकिरणा परावृत्य बिम्बभूतमुखादिग्रहणे प्राप्ते सति पुरस्स्थितव्यावहारिकदेवदत्तदर्शने द्रष्टुर्दक्षिणं चक्षुस्तद्वामावयवैस्सहैव सम्बध्यते । तदितरमितरैरतस्तेषां तत्संस्काराद्बिम्बभूतोऽपि तथैव भासत इति वामस्कन्धस्थितं यज्ञोपवीतमप्यादर्शे दक्षिणस्कन्धगतत्वेन यथा भासते तथा जलस्थे प्रतिबिम्बदर्शने द्रष्टा तावदधो मुखी भवतीति तदीयचक्षुःकिरण अपि तमधोमुखमूर्ध्वपादमेव गृह्णन्तीति सर्वमनवद्यम्।

सभी उन मनोरथों की उपेक्षा ही करते हैं । उसी प्रकार मनोकल्पित वस्तुओं की तरह नाम और रूप इन दोनों की सदा उपेक्षा करनी चाहिये ।

उक्तार्थ को ही स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - जैसे प्रतिक्षण मनोरथ अन्यथा-अन्यथा होता ही रहता है और बीता हुआ चला ही जाता है, पुनः लौट कर नहीं आता है, उसी प्रकार बाह्य व्यवहार भी समझना चाहिये ।।९६।।

व्याख्या - मनुष्य के द्वारा किया हुआ मनोरथ अर्थात् मन से कल्पित वस्तुएँ प्रतिक्षण अन्यथा-अन्यथा होती ही रहती हैं । मन में अनेक कल्पनाएँ उत्पन्न होती ही रहती हैं, एक कल्पना जाती है तो दूसरी आ जाती है । इस प्रकार इनका आवागमन सतत चलता ही रहता है । अर्थात् कल्पनाएँ उत्पन्न और विलीन होती रहती हैं । और जो बीत गया, वह पुनः लौटकर नहीं आता । इस प्रकार कल्पना का मनोराज्य क्षणिक, परिवर्तनशील और नश्वर है । इसीलिए मनुष्य इसे मिथ्या समझकर इसकी उपेक्षा करते हैं ।

और इसी प्रकार बाह्य व्यवहार में भी समझ लेना चाहिये । भाव यह है कि जाग्रत् अवस्था में आत्मव्यतिरिक्त वस्तुएँ उत्पन्न और विनष्ट होती रहती है ।

'गतं गतं पुनर्नास्ति' इस पूर्वोक्त कथन का विवरण करते हैं ।

अर्थ - यौवन में बाल्यावस्था उपलब्ध नहीं होती, उसी प्रकार वृद्धावस्था में यौवन उपलब्ध नहीं होता । मृत पिता पुनः लौटकर नहीं आता और बीता हुआ दिन कभी लौटकर नहीं आता ।।९७।।

व्याख्या - व्यक्ति जब युवावस्था को प्राप्त हो जाता है तो पुनः उसे बाल्यावस्था की प्राप्ति नहीं हो सकती और जो वृद्धावस्था को प्राप्त हो चुका है, वह सोचे कि में युवा हो जाऊँ, तो यह भी संभव नहीं है । न युवावस्था में बाल्यावस्था उपलब्ध होती है और न वृद्धावस्था में यौवन । इसी प्रकार मृत्यु को प्राप्त हुआ पिता भी पुनः लौटकर नहीं आता अर्थात् मृत्यु के बाद बाल्यादि कोई अवस्था नहीं रहती है और जो दिन बीत जाता है, वह भी पुनः लौटकर नहीं आता । इस प्रकार समस्त बाह्य व्यवहार भी मनोराज्य के समान क्षणिक ही हैं ।

इस प्रकार लौकिक पदार्थों की मनोराज्य से अविशेषता बताकर उसके क्षणिकत्व साधन का प्रयोजन बताते हैं ।

अत्र नामरूपयोः क्षणिकत्वेनोपेक्ष्यत्वे सर्वलोकप्रसिद्धान्दृष्टान्तान्तरानपि दाढ्यर्थमाह । यद्वत्सदैव मनोराज्ये सहस्रशो वर्तमानेऽपि सर्वैरुपेक्ष्यते तद्वन्नामरूपयोरुपेक्षा सदैव कर्तव्येति मनः कल्पितं वस्तुजातमिव नामरूपे निरसनीये इति भावः ।

प्रपञ्चवैचित्र्ये दृष्टान्तमुदाहरति । मनोराज्यमन्तस्सम्भावितं मनोरथकल्पितवस्तुजातं क्षणे क्षणे प्रतिक्षणमन्यथान्यथा भवत्येव । "उत्पाद्यन्ते विलीयन्ते मनुष्याणां मनोरथा" इत्युक्तेः । गतं गतमेव पुनर्नास्ति । बहिर्व्यवहारोऽपि तथैव भवति । जाग्रत्यात्मव्यतिरिक्तानि वस्तून्युत्पद्यन्ते विनश्यन्ति चेत्याशयः।

गतं गतं पुनर्नास्तीति पूर्वोक्तं विवृणोति । गतं बाल्यं यौवने न केनापि लब्धं न वा स्थाविरे वार्धक्ये यौवनमुपलब्धम् । तथैव मृतः पिता पुनर्नास्त्येव । एवं गतं दिनं पुनर्नायात्येव ।

अर्थ - क्षणमात्र में नष्ट होने वाले लौकिक पदार्थ में मनोराज्य से क्या वैशिष्ट्य है ? (अर्थात् कुछ नहीं) इसलिए इसके भासित होने पर भी उसमें सत्यत्व बुद्धि का परित्याग करें ।।९८।।

व्याख्या - मनोराज्य और लौकिक विषय दोनों एक समान क्षणिक हैं । वे बीत जाने पर पुनः वापस नहीं आते । इसलिए कहा कि क्षणमात्र में नष्ट होने वाले अर्थात् अत्यल्प काल में विनष्ट होने वाले लौकिक पदार्थ में मनोराज्य की तुलना में क्या विशेषता है ? अर्थात् कुछ भी विशेषता नहीं है । इसलिए जैसे मनोराज्य में सत्यत्व बुद्धि का त्याग कर दिया जाता है, उसी प्रकार लौकिक पदार्थ के भासित होने पर भी अर्थात् इस द्वैत जगत् का सत्य के समान भान होने पर भी उसमें सत्यत्व बुद्धि का परित्याग कर देना चाहिये ।

द्वैतसत्यत्वधी के त्याग का प्रयोजन बताते हैं ।

अर्थ - लौकिक पदार्थों की उपेक्षा कर देने पर ब्रह्मचिन्तन में बुद्धि निर्विघ्न हो जाती है । ज्ञानी पुरुष नट के समान कार्य करता हुआ व्यवहार को करता ही है ।।९९।।

व्याख्या - लौकिक पदार्थों की अर्थात् द्वैत की उपेक्षा कर देने पर ब्रह्मचिन्तन में बुद्धि निर्विघ्न (निरातङ्क) हो जाती है अर्थात् चित्त के विक्षेपों के दूर हो जाने पर ब्रह्म में चित्त की एकाग्रता हो जाती है । तब तो ब्रह्मज्ञानी का लौकिक व्यवहार ही न होगा । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि ज्ञानी पुरुष नट के समान कार्य करता हुआ लौकिक व्यवहार करता ही है । अर्थात् जैसे रामलीला का मञ्चन करते हुए राम, लक्ष्मण, रावण आदि का वेष धारण करने वाले नट अपने-अपने पात्रों के अनुरूप कार्य में आस्था करके उनका भली-भाँति निर्वाह करते हैं, वैसे ही ज्ञानी पुरुष भी लौकिक व्यवहार का निर्वाह अवश्य कर सकता है । पात्रगत शोक-मोहादि का अभिनय करता हुआ भी जैसे नट उससे लिप्त नहीं होता है, उसी प्रकार ब्रह्मानुसन्धान में सन्निविष्ट चित्त वाला ज्ञानी लौकिक व्यवहार को कृत्रिम जानता हुआ भी उसे भली-भाँति करता ही है । तात्पर्य यह है कि जैसे वेषधारी नट पात्रोचित शोक, मोहादि कार्यों का अनुकरण करता है, उसी प्रकार ज्ञानी भी अज्ञानी के अनुकरण का आलम्बन लेकर व्यवहार का निर्वाह करता है ।

व्यवहाररत होने पर भी ब्रह्मज्ञानी निर्विकार ही रहता है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - जैसे पानी बहते रहने पर भी उसके नीचे भारी शिला स्थिर पड़ी रहती है, वैसे ही नाम-रूप परिवर्तित होते रहने पर भी कूटस्थ ब्रह्म अन्यथा नहीं होता ।।१००।।

व्याख्या - ऊपर नदी के जल का प्रवाह बहता रहने पर भी उसके नीचे स्थित भारी शिला बिना

द्वैतक्षणिकत्वमुपसंहरन्लौकिकस्य मनोराज्यादविशेषमाचष्टे । क्षणध्वंसिनि ह्यतिस्वल्पकाले एव नाशनशीले लौकिके वस्तुनि को विशेषो मनोराज्यान्न कोऽपीति भावः । एवं लौकिकव्यवहारस्य क्षणभङ्गुरत्वसाधने प्रयोजनमाह । अतोऽस्मिन्द्वैते जगति सत्यमिव भासमाने प्रतीयमानेऽपि तत्सत्यत्वधियं तस्य द्वैतस्य सत्यत्वबुद्धिं त्यजेत् । द्वैतसत्यत्वधीपरित्यागेन लौकिकोपेक्षायां को लाभ इति प्रश्ने ब्रह्मणि धीस्स्थिरा भवतीत्याह । लौकिके द्वैत उपेक्षिते सति ब्रह्मचिन्तने धीर्निर्विघ्ना निरातङ्का भवति । अपेतचित्तविक्षेपत्वाद् ब्रह्मणि चित्तैकाग्र्यं भवतीति भावः ।

तथा सति ब्रह्मनिष्ठस्य लोकव्यवहारः कथं स्यात्तदावश्यकता च दर्शिता भगवता "लोकसङ्ग्रहमेवापि सम्पश्यन्कर्तुमर्हसी"ति चेत्तत्राह । नटवद्रामादिवेषधारी नट इव कृतिं तत्तत्पात्रोचितकार्यानुकरणमास्थाय निर्वहति । तथा लौकिकं व्यवहारं निर्वहत्येव । तत्तत्पात्रोचितशोकमोहादिकमभिनयन्नपि नटस्स्वयं न तेन लिप्यते । तथैव ब्रह्मानुसन्धानसन्निविष्टचित्तो ज्ञानी कृत्रिमत्वेन निश्चितमपि लोकव्यवहारं करोति । नटवत्कृतिमास्थायेत्यत्र "कृत्रिमास्थाया"मित्यपि पाठस्तस्मिन्पक्षे कृत्रिमा च सास्था व्यवसायस्तस्यां लौकिकं निर्वहत्येवेत्यर्थो बोध्यः । मिथ्याव्यवसायी

कंपन के जैसे स्थिर पड़ी रहती है, उसी प्रकार नाम-रूप के परिवर्तित होने पर भी अर्थात् विकारवान नाम-रूपों को ब्रह्म में आरोपित करने पर भी अधिष्ठानभूत कूटस्थ ब्रह्म अन्यथा नहीं होता अर्थात् कूट के समान स्थिर ब्रह्म विकारवान नहीं होता है । तात्पर्य यह है कि बाहर से दृश्यमान चाञ्चल्यादिक जैसे जल का ही है, तदन्तर्गत शिला का नहीं, उसी प्रकार समस्त विकार बुद्धि के ही हैं उसमें स्थित ब्रह्म के नहीं । अतः नाम-रूप से अभिन्न बुद्धि के विकृत होने पर भी ज्ञानवान का वास्तविक स्वरूप कभी भी विकार को प्राप्त नहीं होता । वस्तुतः लौकिक व्यवहार का अभिनय करता हुआ भी ज्ञानी अपने स्वरूप का विस्मरण नहीं करता है ।

दृष्टान्त - एक बार बनारस में रामलीला का मञ्चन हो रहा था । जिस दिन रावण-अंगद का संवाद होना था, उसी के एक दिन पहले रावण का अभिनय करने वाला रुग्ण हो गया । आयोजकों के मन में बड़ी चिन्ता हुई, अब अन्त समय में रावण का अभिनय कर सके ऐसा पात्र कहाँ मिलेगा ? वे सभी रावण के अनुरूप पात्र का अन्वेषण करते रहे, किन्तु वैसा कोई व्यक्ति न मिला । अन्त में उनकी दृष्टि कल्लू हलवाई पर पड़ी । वह देखने में बलवान और कृष्णवर्ण का भी था, अतः सभी ने उसे ही रावण का अभिनय करने के लिए उपयुक्त मानकर उसे अपना मनोरथ सुनाया । कल्लू हलवाई पढ़ा-लिखा तो था नहीं, उसने अपनी असमर्थता प्रकट की । किन्तु आयोजकों ने अनेक प्रकार से अनुनय विनय और प्रलोभन देकर उसे अभिनय के लिए राजी कर लिया । उससे कहाँ तुम्हें मञ्च पर कुछ भी नहीं बोलना है केवल दसमुख लगाकर सिंहासन पर बैठै रहना है ।

योजना के अनुसार मञ्चन प्रारम्भ हुआ । अंगद रावण को भाँति-भाँति से समझाता और ललकारता है और मुट्ठी बाँधकर रावण से कहता है कि "मैं आज तुझे जीवित नहीं छोड़ूँगा । इतना कहकर रावण की ओर बढ़ता ही है कि उसी समय रावण का अभिनय करने वाला अंगद के पैर पकड़ कर रोने लगता है और कहता है, मालिक ! हम रावण नाहीं हूँ, हम तो कल्लू हलवाई हूँ, मुझे मत मारो ।

इस दृष्टान्त का निष्कर्ष यह है कि जैसे रावण का अभिनय करते हुए भी कल्लू हलवाई अपने वास्तविक स्वरूप को नहीं भूला, उसी प्रकार ज्ञानी पुरुष भी लौकिक व्यवहारों को करते हुए भी जल

भूत्वेति भावः । यथा वेषधारी पात्रोचितशोकमोहादिकार्यमनुकरोति तथा ब्रह्मज्ञान्यप्यज्ञान्यनुकरणमवलम्ब्य व्यवहरतीत्याशयः।

ज्ञानिनोऽपि व्यवहाराभ्युपगमे विकारित्वं प्रसज्येतेति चेन्न । बुद्धौ व्यवहारवत्यामपि तत्साक्ष्यात्मा। निर्विकार एवेति सदृष्टान्तमाह । उपरि नीरे प्रवहत्यप्यधस्स्थिता प्रौढशिलाकम्पनीया यथा स्थिरा सती न किञ्चिच्चलति तथैव नामरूपान्यथात्वेऽप्युपर्यारोपितानां नामरूपाणामन्यथात्वेऽपि विकारस्वरूपत्वेऽपि कूटस्थमधिष्ठानभूतं कूटमिव स्थैर्यमापन्नं ब्रह्म ह्यन्यथाविकारवन्न भवति । बहिर्दृश्यमानचाञ्चल्यादिकं यथा जलस्यैव न तदन्तर्गतप्रौढशिलायास्तथा विकारस्सर्वोऽपि बुद्धेरेव न तु तत्स्थस्य ब्रह्मण इति बुद्धौ संसरत्यामपि न ज्ञानी संसरतीति दिक् ।।

नामरूपावगमनाय ब्रह्मावगतेरावश्यकत्वनिरूपणम् -

निश्छिद्रे दर्पणे भाति वस्तुगर्भं बृहद्वियत् ।
सच्चिद्घने तथा नाना जगद्गर्भमिदं वियत् ।।१०१।।
अदृष्ट्वा दर्पणन्नैव तदन्तस्थेक्षणन्तथा ।
अमत्वा सच्चिदान्दं नामरूपमतिः कुतः।।१०२।।
प्रथमं सच्चिदानन्दे भासमानेऽथ तावता ।
बुद्धिं नियम्य नैवोर्ध्वं धारयेन्नामरूपयोः।।१०३।।

अन्वयः- निश्छिद्रे दर्पणे वस्तुगर्भं बृहत् वियत् भाति। तदा सच्चिद्घने नाना जगद्गर्भम् इदं वियत्।
अन्वयः - दर्पणम् अदृष्ट्वा तदन्तस्थेक्षणं न एव। तथा सच्चिदान्दम् अमत्त्वा नामरूपमतिः कुतः।
अन्वयः-प्रथमं सच्चिदानन्दे भासमाने अथ तावता बुद्धिं नियम्य ऊर्ध्वं नामरूपयोः न एव धारयेत्।

के प्रवाह में स्थित भारी शिला की तरह अंकपित और निर्विकार ही रहता है ।

अखण्ड ब्रह्म में उससे विलक्षण जगत् कैसे भासित हो सकता है ? इस शंका का समाधान करते हैं ।

अर्थ - जैसे निश्छिद्र दर्पण में वस्तुओं से भरा विशाल आकाश दिखाई देता है, उसी प्रकार सच्चिदानन्दघन ब्रह्म में नाना प्रकार के जगत् से पूर्ण यह आकाश भासित होता है ।।१०१।।

व्याख्या - जैसे निश्छिद्र अर्थात् अवकाशरहित दर्पण में ***'वस्तुगर्भम्'*** अर्थात् ***''बहूनि वस्तूनि गर्भे यस्य सन्ति''*** अनेक वस्तुएँ जिसके गर्भ है ऐसा (वस्तुओं से भरा हुआ) विशाल आकाश दिखाई देता है अर्थात् प्रतिबिम्ब रूप से प्रतीत होता है, उसी प्रकार***'नानाजगद्गर्भम्'*** अर्थात् ***''अनेकानि जगन्ति यस्य गर्भे सन्ति तत्''*** अनेक जगत् जिसके गर्भ में स्थित हैं वह अर्थात् नाना प्रकार के जगत् से पूर्ण यह आकाश सच्चिदानन्दघन परब्रह्म में भासित होता है । **'घन'** शब्द परब्रह्म में निश्छिद्रत्व का सूचक है । भाव यह है कि वस्तुतः परब्रह्म में किसी का भी प्रवेश सम्भव नहीं है ।

यह श्लोक श्रीआद्य शङ्कराचार्य रचित दक्षिणामूर्तिस्तोत्र के प्रथम श्लोक के अर्थ का प्रतिपादन करता है । वह श्लोक इस प्रकार है -

व्याख्या :- मिथ्याभूतमिदंजगदखण्डे ब्रह्मणि कथमवभासत इति प्रश्ने सदृष्टान्तं द्वैतमिथ्यात्वसाधकं हेतुं प्रदर्शयति । निश्छिद्रे दर्पणे सावकाशवस्तुनो यथा भानं तद्वदित्यभिप्रायेणाह । यथानिश्छिद्रेऽवकाशरहिते दर्पणे वस्तुगर्भं बहूनि वस्तूनि गर्भे यस्य सन्ति तत्तथाभूतं बृहद्विद्यद्भाति प्रतिबिम्बतया प्रतीयते । तथा नानाजगद्गर्भमनेकानि जगन्ति यस्य गर्भे सन्ति तदिदं वियत्सच्चिद्घने सच्चित्स्वरूपे परे ब्रह्मणि भात्यारोपितत्वेनावभासते । परे ब्रह्मणि निश्छिद्रत्वसूचको घनशब्दः । निबिडीकृतरसघने सान्द्रानन्दस्वरूपे परे ब्रह्मणि वस्त्वन्तरस्यान्तःप्रवेशो वस्तुतो नास्त्येव । अत्र विशेषस्तु दाष्टान्तिकेबिम्बमन्तरैव भानं तदुक्तमद्वैतसुधायाम् । "मय्यद्वैतचिदादर्शे द्रष्ट्रापि सहितं जगत्। चित्रबिम्बं विनैवेदं प्रतिबिम्बत्वमागत"मिति। तथैवोक्तं भाष्यकारैः - "विश्वं दर्पणदृश्यमाननगरीतुल्यं निजान्तर्गतं पश्यन्नात्मनि मायया बहिरिवोद्भूतं यथा निद्रया । यस्साक्षात्कुरुते प्रबोधसमयं स्वात्मानमेवाद्वयं तस्मै श्रीगुरुमूर्तये नम इदं श्रीदक्षिणामूर्तये।।

नन्वदृश्ये ब्रह्मणि कथं जगत्प्रतीतिरिति सदृष्टान्त -मधिष्ठानज्ञानपूर्वकमेवाध्यस्तज्ञानमित्याह । यथा प्रतिबिम्बस्य दर्शनाय दर्पणमपेक्षत एवमेव नामरूपयोरवगमनाय सच्चिदानन्दस्वरूपमवश्यमवेक्षणीयमित्याशयं द्योतयति । दर्पणमदृष्ट्वा तदन्तस्स्थेक्षणं तस्यान्तस्स्थितस्य प्रतिबिम्बस्येक्षणं च नैव सम्भवति तथा सच्चिदानन्दं परं ब्रह्मामत्वाविज्ञाय नामरूपमतिस्तयोर्ज्ञानं कुतस्सिद्ध्यति । नामरूपयोः प्रतीयमानयोस्सतोः कथं निर्विषयब्रह्मात्मावगतिरित्याशङ्कायां तद्बुद्ध्युपायं तत्र हेतुं तेन वृत्तिनिरोधनं च राजयोगाभिधानमप्याह। प्रथमं सच्चिदानन्दे ब्रह्मणि भासमाने सत्यथ पश्चात्तावता तावन्मात्रेण बुद्धिं नियम्य तत ऊर्ध्वं तस्मिन्कल्पितयोर्नामरूपयोर्नैव बुद्धिं न धारयेत्। सच्चिदानन्दे ब्रह्मणि कल्पितनामरूपात्मके प्रपञ्चे सच्चिदानन्दमात्रमेव गृहीत्वान्यत्सर्वं त्यजेदिति शम् ।।

विश्वं दर्पणदृश्यमाननगरीतुल्यं निजान्तर्गतं
पश्यन्नात्मनि मायया बहिरिवोद्भूतं यथा निद्रया ।
यस्साक्षात्कुरुते प्रबोधसमये स्वात्मानमेवाद्वयं
तस्मै श्रीगुरुमूर्तये नम इदं श्रीदक्षिणामूर्तये।। (दक्षिणामूर्तिस्तोत्रं-१)

जो दर्पण में दिखाई देने वाले नगर के समान अपने आत्मा में ही समस्त नाम-रूपात्मक जगत् को निद्रावत् माया के द्वारा बाहर प्रतीत होता देखते हैं तथा प्रबोध के समय अपने अद्वय आत्मा में ही अपने आपका जो प्रत्यक्ष अनुभव करते हैं, उन (वेदान्त और संन्यासियों के प्रथम आचार्य) गुरुरूपधारी भगवान् श्रीदक्षिणामूर्ति (शङ्कर) को यह हमारा किया हुआ नमस्कार स्वीकृत हो ।

नाम-रूप को जानने के लिए भी सच्चिदानन्द को जानना आवश्यक है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - जैसे दर्पण को देखे बिना उसके भीतर स्थित पदार्थ का (प्रतिबिम्ब का) दर्शन नहीं हो सकता, उसी प्रकार सत्, चित् और आनन्दस्वरूप ब्रह्म को जाने बिना नाम-रूपों का ज्ञान कैसे हो सकता है ?।।१०२।।

व्याख्या - जैसे प्रतिबिम्ब का दर्शन करने के लिए दर्पण को देखा जाता है, उसी प्रकार नाम और रूप को जानने के लिए सच्चिदानन्द स्वरूप ब्रह्म का दर्शन भी अति आवश्यक है । इस अभिप्राय से कहते हैं कि जैसे दर्पण को देखे बिना उसके भीतर स्थित पदार्थ अर्थात् प्रतिबिम्ब का दर्शन संभव ही नहीं है, उसी प्रकार सच्चिदानन्द परब्रह्म को जाने बिना नाम और रूप उन दोनों का ज्ञान कहाँ से हो सकता है ? अर्थात् नहीं हो सकता । अतः नाम-रूप के ज्ञान के लिए भी ब्रह्मज्ञान आवश्यक है ।

अद्वैतानन्दप्रकरणफलनिरूपणम् –

एवञ्च निर्जगद्ब्रह्म सच्चिदानन्दलक्षणम् ।
अद्वैतानन्द एतस्मिन्विश्राम्यन्तु जनाश्चिरम् ॥१०४॥

अन्वयः – एवं च निर्जगत् ब्रह्म सच्चिदानन्दलक्षणम् । एतस्मिन् अद्वैतानन्दे जनाः चिरं विश्राम्यन्तु।

व्याख्या :- एवं कृते सर्वद्वैतनाश इत्याह । एवं च सच्चिदानन्दलक्षणं परं ब्रह्मनिर्जगज्जगतो निर्गतमपास्तद्वैतं भवति। एतदनुसन्धाने मुक्तान्मुमुक्षूंश्च साधारण्येन प्रार्थयन्स्वामानित्वं व्यनक्ति । एतस्मिन्नद्वैतानन्दे जना मुमुक्षवो मुक्ताश्च चिरं विश्राम्यन्तु संसारविश्रान्तिलक्षणमोक्षसुखमनुभवन्त्विति शम् ।।

अद्वैतानन्दप्रकरणोपसंहरणम् –

ब्रह्मानन्दाभिधे ग्रन्थे तृतीयोऽध्याय ईरितः।
अद्वैतानन्द एव स्याज्जगन्मिथ्यात्वचिन्तया ॥१०५॥

।। इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीभारतीतीर्थविद्यारण्यमुनिवर्यविरचितायां पञ्चदश्यां ब्रह्मानन्दे अद्वैतानन्दाख्यं त्रयोदशतमं प्रकरणं सम्पूर्णम् ।।

अन्वयः–ब्रह्मानन्दाभिधे ग्रन्थे तृतीयः अध्यायः ईरितः। जगन्मिथ्यात्वचिन्तया अद्वैतानन्दः एव स्यात्।

व्याख्या :- प्रकृतानन्दपञ्चकग्रन्थेनास्य प्रकरणस्य साङ्गत्यं तदभ्यासफलं च कथयन्प्रकरणमुपसंहरति । ब्रह्मानन्दाभिदे ग्रन्थे तृतीयोऽध्याय ईरितः । जगन्मिथ्यात्वचिन्तया समस्तद्वैते ध्वस्ते सत्यद्वैतानन्द एव निष्प्रपञ्चपरिपूर्णानन्द एव स्याच्चित्तवृत्तौ भातीति शम् ।।

प्रकरणेऽस्मिन्नसिपदार्थविषये प्रमेयासम्भावना विनिवार्यास्ति । तदुक्तं "सम्भवति जीव ईशस्सोऽयं वा कथमपीहकल्पान्ते । न च दृश्यतेऽत्र तर्कः प्रतिबन्धोऽयं तृतीय ऐक्येऽपी"ति प्रमेयासम्भावनाख्यं

नाम-रूप की प्रतीति होने पर निविर्षय ब्रह्म का ज्ञान कैसे हो सकता है ? इस शंका का उत्तर देते हैं ।

अर्थ – पहले सच्चिदानन्द ब्रह्म के भासित होने पर तत्पश्चात् उतनेमात्र से (ब्रह्माकार वृत्ति के द्वारा) उसमें अपनी बुद्धि को स्थिर करके उसके बाद (बुद्धि में) नाम और रूप को धारण ही न करे ।।१०३।।

व्याख्या – ब्रह्म को जाने बिना जगत् को देखते रहने से वह नामरूपात्मक, अस्तित्वहीन और मिथ्या भासित नहीं हो सकता । इसलिए आचार्य कहते हैं कि पहले सच्चिदानन्द ब्रह्म के भासित होने पर तत्पश्चात् उतने मात्र से अर्थात् ब्रह्माकार वृत्ति के द्वारा ब्रह्म के सच्चिदानन्द लक्षण को जान लेने से और उसे जानकर अपनी बुद्धि उसी में स्थिर करके अर्थात् बुद्धि को ब्रह्ममयी बनाकर उसके बाद बुद्धि में नाम और रूप को धारण ही न करे । इस जगत् के यथार्थ स्वरूप को जान लेने के बाद बुद्धि को मिथ्या नाम और रूपों में न लगावे । अभिप्राय यह है कि अधिष्ठानभूत सच्चिदानन्द ब्रह्म में कल्पित नामरूपात्मक प्रपञ्च वस्तुतः सच्चिदानन्दमात्र ही है । इस प्रकार बुद्धि से ग्रहण करके नाम-रूप को विषय करने वाली बुद्धि में नाम-रूप को प्रविष्ट ही न होने दे । उसे ब्रह्म में ही स्थित रखे ।

अब फलितार्थ कहते हैं ।

अर्थ – इस प्रकार सच्चिदानन्द लक्षण वाला ब्रह्म द्वैतरहित सिद्ध होता है । इस अद्वैतानन्द में मुमुक्षु जन दीर्घकाल पर्यन्त विश्राम प्राप्त करें ।।१०४।।

शोधितजीवब्रह्मैक्ये प्रतिबन्धकमभिधायो''क्तं त्रयोदशेऽपि च नानाविधयुक्तितोऽद्वयैक्यस्य । सम्भावनमिति तस्य तु तत्प्रधान्यं समवसेय'' मित्यास्याद्वैतानन्दाख्यस्य त्रयोदशप्रकरणस्य तद्बाधकत्वं तत्कथमुपपद्यत इति चेदुच्यते । अत्र हि मृद्घटोदाहरणेन कारणस्योपादानाख्यस्य सत्यत्वं सर्वावस्थानुगतत्वात्कार्यस्य विकाराख्यघटादेरतथात्वान्मिथ्यात्वं चोक्तमिति तु निर्विवादमेव । एवं च ''कार्योपाधिरयं जीवः कारणोपाधिरीश्वर'' इति श्रुतेर्जीवस्य कार्योपाधित्वेन कार्यमिथ्यात्वसिद्धिनान्तरीयकसिद्धमिथ्यात्वात्तदुपलक्षितचिन्मात्रस्य कारणोपाधिनेश्वरेण विशिष्टेन सहैक्यासम्भवेऽपि कारणे कारणतायाः कार्यैकनिरूपितत्वात्तन्मिथ्यात्वेनैतस्याप्यविनाभावसिद्धमिथ्यात्वात्तदुपलक्षितचिन्मात्रेण सहैक्ये किं नाम बाधकम्? न हि घटोपाधिभङ्गे घटाकाशस्य महाकाशेन सहैक्ये निसर्गसिद्धे कश्चिदपि विप्रतिपद्यते विद्वान्। एवं निद्रास्वप्नदृष्टान्तेनात्रत्येनैव कार्यकारणात्मकस्य निखिलद्वैतस्य मिथ्यात्वं तदुपलक्षितस्य तदधिष्ठानचिन्मात्रस्याद्वैतब्रह्मणः पारमार्थिकमैक्यमपि सुघटमेव । तस्मादुचितमेवास्य प्रकरणस्य प्रमेयासंभवनारूपप्रतिबन्धबाधकत्वमिति सर्वं शिवम् ।।

।। इति श्रीद्वारकाशारदापीठाधीश्वरैः एवं ज्योतिष्पीठाधीश्वरैः श्रीमज्जगद्गुरुशङ्कराचार्यैः अनन्तश्रीविभूषितश्रीस्वरूपानन्दसरस्वतिस्वामिभिः विरचितायां स्वरूपबोधिन्यां व्याख्यायां ब्रह्मानन्दे अद्वैतानन्दस्समाप्तः ।।

व्याख्या - पूर्वोक्त प्रकार से यह सिद्ध हो चुका है कि सच्चिदानन्द लक्षण वाला परब्रह्म परमात्मा निर्जगत् है अर्थात् जिसमें से द्वैत निकल चुका है ऐसा द्वैत रहित ही है । ऐसे द्वैत रहित अद्वैत रूपी आनन्द में मुमुक्षु जन दीर्घकाल पर्यन्त अर्थात् सदा सर्वदा के लिए विश्राम प्राप्त करें अर्थात् संसारविश्रान्तिलक्षण वाले मोक्षसुख का अनुभव करें । यहाँ आशीर्वाद रूप में आचार्य कामना करते हैं कि सभी मुमुक्षु जन अपने स्वरूपभूत अद्वैतानन्द में परम विश्रान्ति को प्राप्त हों ।

अब प्रकृत प्रकरण का उपसंहार करते हैं ।

अर्थ - ब्रह्मानन्द नामक ग्रन्थ में तृतीय अध्याय कहा गया । जगत् के मिथ्यात्व का विचार करने से मुमुक्षु अद्वैतानन्द स्वरूप ही हो जाता है ।।१०५।।

व्याख्या - ब्रह्मानन्द नामक ग्रन्थ में अर्थात् ब्रह्मानन्द नामक पाँच प्रकरणों वाले इस ग्रन्थ में अद्वैतानन्द नामक तृतीय अध्याय (प्रकरण) का भली-भाँति निरूपण किया गया । इस प्रकरण में वर्णित जगत् के मिथ्यात्व का जो साधक निरन्तर विचार करता रहता है । उसके समस्त द्वैतभाव ध्वस्त हो जाने से वह अद्वैतानन्द स्वरूप ही हो जाता है अर्थात् निष्प्रपञ्च परिपूर्ण आनन्दस्वरूप परमात्मा ही निरन्तर उसके चित्त में प्रकाशित होता है ।

इस अद्वैतानन्द नामक प्रकरण में पञ्चविध प्रतिबन्धों में से तृतीय प्रमेयासंभावना नामक प्रतिबन्ध का निराकरण किया गया है । जीव और ब्रह्म की एकता संभव नहीं है । वह जीव यहीं ब्रह्म होता है अथवा कल्पान्तर में ? इस विषय में कोई युक्ति भी नहीं है, अतः अद्वैत असंभव है । बुद्धि में ऐसा दुराग्रह होना प्रमेयासंभावना नामक ज्ञान का प्रतिबन्ध कहा गया है । प्रतिबन्ध के रहते ब्रह्मज्ञान होना संभव नहीं है । अतः जीव और ब्रह्म की एकता के विषय में प्रकृत प्रकरण में अनेक युक्तियों का प्रतिपादन कर दोनों का ऐक्य स्थापित किया गया है । अतः यह प्रकरण प्रमेयासंभावना नामक प्रतिबन्ध का प्रध्वंसक है ।

।। इस प्रकार द्वारका एवं ज्योतिष्पीठाधीश्वर अनन्तश्रीविभूषित जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी **श्रीस्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज** द्वारा विरचित **श्रीसद्गुरुसपर्या** नामक हिन्दी व्याख्या में अद्वैतानन्द नामक तेरहवाँ प्रकरण समाप्त हुआ ।।

।। चतुर्दशं प्रकरणम् -ब्रह्मानन्दे विद्यानन्दप्रकरणम् ।।

विद्यानन्दस्वरूपनिरूपणम् -

योगेनात्मविवेकेन द्वैतमिथ्यात्वचिन्तया ।
ब्रह्मानन्दं पश्यतोऽथ विद्यानन्दो निरूप्यते ॥१॥
विषयानन्दवद्विद्यानन्दो धीवृत्तिरूपकः ।
दुःखाभावादिरूपेण प्रोक्त एष चतुर्विधः ॥२॥

अन्वयः - योगेन आत्मविवेकेन द्वैतमिथ्यात्वचिन्तया ब्रह्मानन्दं पश्यतः अथ विद्यानन्दः निरूप्यते।

अन्वयः - विषयानन्दवत् विद्यानन्दः धीवृत्तिरूपकः। दुःखाभावादिरूपेण एषः चतुर्विधः प्रोक्तः।

व्याख्या :- विद्यानन्दं प्रकरणमुपक्रमते । योगेन दुःखसंयोगवियोगो योगः स च योगानन्दे षड्भिश्श्लोवैरुपवर्णितः । "शनैश्शनैरुपरमेद्बुध्या धृतिगृहीतया । आत्मसंस्थं मनःकृत्वा न किञ्चिदपि चिन्तयेत् । यतो यतो निश्चरति मनश्चञ्चलमस्थिरम् । ततस्ततो नियम्यैतदात्मन्येव वशं नयेत् । प्रशान्तमनसं ह्येनं योगिनं सुखमुत्तमम् । उपैति शान्तरजसं ब्रह्मभूतमकल्मषम् । यत्रोपरमते चित्तं निरुद्धं योगसेवया । यत्र चैवात्मनात्मानं पश्यन्नात्मनि तुष्यति । सुखमात्यन्तिकं यत्तद्बुद्धिग्राह्यमतीन्द्रियम्। वेत्ति यत्र न चैवायं स्थितश्चलति तत्त्वतः । यं लब्ध्वा चापरं लाभं मन्यते नाधिकं ततः ।

आनन्द तीन प्रकार का है - ब्रह्मानन्द, विद्यानन्द और विषयानन्द । ब्रह्मानन्द के तीन भेद हैं - योगानन्द, आत्मानन्द और अद्वैतानन्द । इन तीनों का विस्तृत वर्णन ग्यारहवें, बारहवें और तेरहवें प्रकरण में किया गया । अब इस चैदहवें प्रकरण में विद्यानन्द का वर्णन करते हैं । विषयानन्द का निरूपण अगले प्रकरण में किया जाएगा । इस विभाजन का मुख्य आधार बुद्धिवृत्तियाँ हैं । वृत्तिहीन अवस्था में जिस आनन्द का अनुभव होता है, वह ब्रह्मानन्द है और वृत्ति के सद्भाव में जो सुखानुभूति होती है, वह वृत्तिभेद से विद्यानन्द और विषयानन्द इन दो प्रकार की है । बौद्धिक ब्रह्मज्ञान से सुख प्राप्त होने को विद्यानन्द कहते हैं और भौतिक विषयों के संपर्क से विषयाकारवृत्तिजन्य सुख को विषयानन्द कहते हैं ।

दुःखाभाव, कामाप्ति, कृतकृत्यता और प्राप्तप्राप्यता ये चार विद्यानन्द के अवान्तर भेद हैं, इन्हीं चारों का इस प्रकारण में क्रमशः वर्णन किया जाएगा ।

विद्यानन्द के स्वरूप का विचार प्रारम्भ करते हैं ।

अर्थ -योग के द्वारा, आत्मविवेक के द्वारा और द्वैत के मिथ्यात्व के चिन्तन द्वारा ब्रह्मानन्द को देखते हुए अब विद्यानन्द का निरूपण किया जाता है । विषयानन्द के समान विद्यानन्द भी बुद्धिवृत्ति रूप ही है । यह विद्यानन्द दुःखाभाव आदि भेद से चार प्रकार का कहा गया है ।।१-२।।

व्याख्या- योग के द्वारा अर्थात् दुःख के संयोग से रहित योग के द्वारा इसका वर्णन ग्यारहवें प्रकारण में ***''शनैः शनैरुपरमेत्''*** यहाँ से लेकर ***''यस्मिन् स्थितो न दुःखेन गुरुणापि विचाल्यते''*** (११/१०६) यहाँ तक इन छः श्लोकों में किया गया है और आत्मतत्त्व के विवेक के द्वारा तथा द्वैत के मिथ्यात्व के चिन्तन (विचार) द्वारा ब्रह्मानन्द को देखते हुए अर्थात् ब्रह्मानन्द का अनुभव करने वाले पुरुष के लिए अब इस प्रकरण में विद्यानन्द का निरूपण किया जाता है । विद्यानन्द भी ब्रह्मानन्द के अन्तर्गत ही है, इसका प्रतिपादन ग्यारहवें प्रकरण के ग्यारहवें श्लोक में किया जा चुका है ।

विद्यानन्द के स्वरूप को विशद करते हुए कहते हैं कि यह विद्यानन्द पन्द्रहवें प्रकरण में कहे जाने

यस्मिन्स्थितो न दुःखेन गुरुणापि विचाल्यते । तं विद्याद्दुःखसंयोगवियोगं योगसंज्ञितम् । स निश्चयेन योक्तव्यो योगोऽनिर्विण्णचेतसे" त्यादिना । तेनात्मविवेकेन द्वैतमिथ्यात्वचिन्तया च ब्रह्मानन्दं पश्यतोऽनुभवतो विद्यानन्दोऽथास्मिन्प्रकरणे निरूप्यते । विद्यानन्दस्य ब्रह्मानन्दादीनामेकतमत्वमुक्तं प्राक् । "आनन्दस्त्रिविधो ब्रह्मानन्दो विद्यासुखं तथा । विषयानन्द इत्यादौ ब्रह्मानन्दो विविच्यत" इत्यत्र । विद्यानन्दस्वरूपं विशदयति । विद्यानन्दो धीवृत्तिरूपको विषयानन्दवत् । तस्यावान्तरभेदमाह। एष विद्यानन्दो दुःखाभावादिरूपेण चतुर्विधः प्रोक्त इति शम् ।।

विद्यानन्दस्य चातुर्विध्यनिरूपणम् -

दुःखाभावश्च कामाप्तिःकृतकृत्योऽहमित्यसौ ।
प्राप्तप्राप्योऽहमित्येव चातुर्विध्यमुदाहृतम् ।।३।।

अन्वयः - "दुःखाभावः" "कामाप्तिः च" "अहं कृतकृत्यः" इति असौ "अहम् प्राप्तप्राप्यः" इति एव चातुर्विध्यम् उदाहृतम् ।

व्याख्या :- उक्तं चातुर्विध्यं प्रदर्शयति । दुःखाभावः, कामाप्तिः, कृतकृत्योऽहमिति, प्राप्तप्राप्योऽहमिति चैवमसौ विद्यानन्दस्तस्यास्योदाहृतं चातुर्विध्यम् । एतद्व्याख्या पूर्वं तृप्तिदीपे सप्तावस्था निरूपणावसरे कृता । "कर्ता भोक्तेत्येवमादि शोकजातं प्रमुञ्चति । कृतं कृत्यं प्रापणीयं प्राप्तमित्येव तुष्यति । अज्ञानमावृतिस्तद्वद्विक्षेपश्च परोक्षधीः । अपरोक्षमतिः शोकमोक्षस्तृप्तिर्निरङ्कुशा" इति श्लोकयोरिति शम्।।

दुःखस्य द्वैविध्यनिरूपणम् -

ऐहिकञ्चामुष्मिकञ्चेत्येवं दुःखं द्विधेरितम् ।
निवृत्तिमैहिकस्याह बृहदारण्यकं वचः ।।४।।

अन्वयः - ऐहिकं च आमुष्मिकं च इति एवं दुःखं द्विधा ईरितम्। ऐहिकस्य निवृत्तिं बृहदारण्यकं वचः आह।

वाले विषयानन्द के समान बुद्धिवृत्ति रूप अर्थात् बुद्धिगम्य ही है और दुःखाभाव आदि इसके चार भेद कहे गये हैं ।

उक्त चातुर्विध्य को दर्शाते हैं ।

अर्थ - दुःखाभाव, कामाप्ति, मैं कृतकृत्य हूँ और मैं प्राप्तप्राप्य हूँ, इस प्रकार विद्यानन्द चार प्रकार का कहा गया है ।।३।।

व्याख्या - दुःख का अभाव, समस्त कामनाओं की प्राप्ति, मैं कृतकृत्य हूँ ऐसी कृतकृत्यता और मैं प्राप्तप्राप्य हूँ अर्थात् मुझे जो कुछ पाना था, वह सब मैनें प्राप्त कर लिया । इस प्रकार विद्यानन्द के चार भेद कहे गये हैं । तृप्तिदीप नामक सप्तम प्रकरण के श्लोक ३२ आदि में इस श्लोक की व्याख्या स्पष्ट रूप की जा चुकी है । वहीं देखना चाहिये ।

दुःख का द्वैविध्य प्रदर्शित करते हैं ।

अर्थ - ऐहिक और आमुष्मिक इस प्रकार दुःख दो प्रकार का कहा गया है । ऐहिक दुःख की निवृत्ति का बृहदारण्यक उपनिषद् के वाक्य ने प्रतिपादन किया है ।।४।।

व्याख्या - तृप्तिदीप में श्लोक ३३ में कही गयी जीव की सात अवस्थाओं का कूटस्थविषयकत्व

व्याख्या :- पूर्वं तृप्तिदीपप्रकरणोक्तानां सप्तावस्थानां कूटस्थविषयकत्वं चिदाभासस्यानुभूयमानत्वं चोपदर्शितम् । "अभानावरणे नष्टे जीवत्वारोपसङ्गयात् । कर्तृत्वाद्यखिलश्शोकस्ससंाराख्यो निवर्तत" इत्यत्र दिङ्मात्रेण प्रदर्शितं दुःखाभावस्वरूपं प्रपञ्चयन्नादौ दुःखस्य द्वैविद्ध्यं प्रदर्शयति । निवर्तनीयं प्रतियोगिदुःखमैहिकामुष्मिकमिति चेत्येवं द्विधेरितम् । ब्रह्मात्मैक्यप्रथयैवैहिकस्य सर्वस्य समूलस्य ध्वस्तौ बार्हदारण्यकवचनमेव प्रमाणमिति प्रतिजानीते । ऐहिकस्य दुःखस्य निवृत्तिं बृहदारण्यकं वच आहेति शम् ।।

ऐहिकदुःखनिवृत्तौ प्रमाणनिरूपणम् -

आत्मानञ्चेद्विजानीयादहमस्मीति पूरुषः ।
किमिच्छन्कस्य कामाय शरीरमनुसंज्वरेत् ।।५।।
जीवात्मा परमात्मा चेत्यात्मा द्विविध ईरितः ।
चित्तादात्म्यात्त्रिभिर्देहैर्जीवस्सन्भोक्तृतां व्रजेत् ।।६।।

अन्वयः - पूरुषः आत्मानं "अयम् अस्मि" इति चेत् विजानीयात् किम् इच्छन् कस्य कामाय शरीरम् अनुसंज्वरेत् ।

अन्वयः - जीवात्मा परमात्मा च इति आत्मा द्विविधः ईरितः। त्रिभिः देहैः चित्तादात्म्यात् जीवः सन् भोक्तृतां व्रजेत् ।

व्याख्या :- आत्मन्यनुभूयमानश्शोकसम्बन्धः कथमुपपद्यत इत्यत्र समाधानविवक्षया तृप्तिदीपादौ पूर्वं विस्तरतो विवृतमपि प्रकृते सङ्क्षेपतो व्याकुरुते । आत्मा जीवात्मा परमात्मा चेति द्विविध ईरित इति द्वैविध्यमात्मनि शौकसम्बन्धं दिदर्शयिषुरब्रवीत् । जीवस्वरूपं निरूपयितुं तत्रात्मनो जीवत्वे

और चिदाभास से अनुभूयमानत्व को प्रकरण ७ श्लोक ४३ पर्यन्त प्रदर्शित कर श्लोक ४६ में दिङ्मात्र रूप से प्रदर्शित दुःखाभव के स्वरूप को इस विद्यानन्द नामक प्रकरण के श्लोक ४ से १७ तक विस्तार से बताने के लिये सर्वप्रथम दुःख के द्वैविध्य को दर्शाते हुए कहते हैं कि दुःख दो प्रकार का होता है। एक इस लोक से सम्बन्धित (ऐहिक) है और दूसरा परलोक से सम्बन्धित (आमुष्मिक) है । इन दोनों में से ऐहिक दःख की निवृत्ति का उपाय बृहदारण्य श्रुति में कहा गया है ।

उक्त श्रुतिवचन का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - यदि पुरुष (अपनी) आत्मा को 'यह मैं हूँ' इस प्रकार जान ले तो फिर कौन-सी इच्छा करता हुआ और किस कामना से शरीर के पीछे सन्तप्त होगा ।।५।।

व्याख्या - सप्तम तृप्तिदीप के प्रथम श्लोक में इस श्लोक की व्याख्या की जा चुकी है, वहीं देखना चाहिये ।

आत्मा में शोक का सम्बन्ध दिखाने के लिए आत्मभेद का कथन करते हैं ।

अर्थ - आत्मा दो प्रकार का कहा गया है - जीवात्मा और परमात्मा । (वह आत्मा) तीन देहों के साथ तादात्म्य से जीव होकर भोक्तृत्व को प्राप्त होता है ।।६।।

निमित्तमाह । चिच्छुद्धाद्वैतचिदेवाविद्यया त्रिभिस्स्थूलसूक्ष्मकारणाख्यैर्देहैः प्रसिद्धैश्शरीरैस्साकं तादात्म्यात्तादात्म्यभ्रमतो भेदसहिष्णवभेदाध्यासाज्जीवस्सन्भोक्तृतां व्रजेदत आत्मा जीवो भोक्तेत्युच्यते । जग्रदादिविमोक्षान्तस्य संसारस्यानुभूतिमापद्यते । विषयोऽय "मीक्षणादिप्रवेशान्ता सृष्टिरीशेन कल्पिता। जाग्रदादिविमोक्षान्तस्संसारो जीवकल्पित" इत्यत्र क्षुण्ण इति शम् ।।

परमात्मस्स्वरूपनिरूपणम् -

परात्मा सच्चिदानन्दस्तादात्म्यं नामरूपयोः।
गत्वा भोग्यत्वमापन्नस्तद्विवेके तु नोभयम् ॥७॥

अन्वयः-परात्मा सच्चिदानन्दः। नामरूपयोः तादात्म्यं गत्वा भोग्यत्वम् आपन्नः। तद्विवेके तु उभयं न।

व्याख्या :- इदानीं परमात्मनस्स्वरूपं निर्दिशति । परात्मा सच्चिदानन्दः । कथं तर्हि तस्य त्रिभिर्देहैस्तादात्म्यं भोग्यतापत्तिर्वेत्यत्रोच्यते । नामरूपयोरधिष्ठानभूतत्वात्तत्तादात्म्यं गत्वं प्राप्य भोग्यत्वमापन्नः । नन्वथापि कथं कदा वा भोक्तृभोग्यादिद्वैतोपशान्तिरित्यत आह । तद्विवेके तस्य शरीरत्रयस्य जगतश्च विवेके पार्थक्यज्ञाने सति तु नोभयं भोक्तृभोग्यरूपमुभयमपि नास्तीति शम् ।।

शारीरकज्वरनिरूपणम् -

भोग्यमिच्छन्भोक्तुरर्थे शरीरमनुसंज्वरेत् ।
ज्वरास्त्रिषु शरीरेषु स्थिता न त्वात्मनो ज्वराः ॥८॥

व्याख्या - एक ही आत्मा उपाधि से दो प्रकार का कहा गया है - एक जीवात्मा और दूसरा परमात्मा। आत्मा जीवभाव को कैसे प्राप्त हुआ, इसका कारण बताते हैं कि स्थूल, सूक्ष्म और कारण नामक तीन शरीरों के साथ तादात्म्य से अर्थात् चैतन्य की एकता के भ्रम से जीव बनकर भोक्ता बन जाता है । पूर्व में कहा है कि (७/४) जाग्रत् से लेकर मोक्षपर्यन्त का संसार जीव कल्पित है । अतः जीव इनमें अभिमानी होने से उनका अनुभव करता है ।

अब परमात्मा का स्वरूप कहते हैं ।

अर्थ - सच्चिदानन्द परमात्मा नाम-रूपों से तादात्म्य प्राप्त कर भोग्यत्व को प्राप्त होता है । उसका विवेक होने पर (भोक्ता-भोग्य) दोनों नहीं हैं ।।७।।

व्याख्या - परमात्मा तो सच्चिदानन्द स्वरूप है, उसका तीन देहों से तादात्म्य कैसे हो सकता है? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि नाम-रूप का अधिष्ठानभूत होने से उनसे तादात्म्य को प्राप्त कर वह भोग्यत्व को प्राप्त होता है । तब उसके भोग्यत्व का अभाव कब होता है ? ऐसी आकांक्षा होने पर कहते हैं कि उसका विवेक होने पर अर्थात् स्थूलादि तीनों शरीर और जगत् का विवेक (पार्थक्य ज्ञान) होने पर तो भोक्ता और भोग्यरूप दोनों ही नहीं रहते ।

उक्तार्थ का विवरण करते हैं ।

अर्थ - भोक्ता के लिये भोग्य पदार्थों की इच्छा करने वाला पुरुष शरीर के पीछे स्वयं को सन्तप्त करता है । ज्वर तीनों शरीरों में ही स्थित है । आत्मा में ज्वर नहीं है । धातु की विषमता से उत्पन्न व्याधियाँ

व्याधयो धातुवैषम्ये स्थूलदेहे स्थिता ज्वराः।
कामक्रोधादयः सूक्ष्मे द्वयोर्बीजन्तु कारणे ॥९॥

अन्वयः – भोक्तुः अर्थे भोग्यम् इच्छन् शरीरम् अनुसंज्वरेत्। ज्वराः त्रिषु शरीरेषु स्थिताः। आत्मनः तु ज्वराः न।

अन्वयः– धातुवैषम्ये व्याधयः स्थूलदेहे स्थिताः ज्वराः। कामक्रोधादयः सूक्ष्मे। द्वयोः बीजं तु कारणे।

व्याख्या :– पूर्वोक्तमर्थं विवृणोति । भोक्तुरर्थे भोग्यमिच्छञ्छरीरमनुसञ्ज्वरेत् । ते च ज्वरास्त्रिषु शरीरेष्वेव स्थिताः । ननु ज्वराः किमात्मनि सन्ति ? नेत्याह । आत्मनो ज्वरा नैव स्युः ।

अत्रार्थे पूर्वोक्ता इमे श्लोका अनुसन्धेयाः । ते च यथा "इत्यभिप्रेत्य भोक्तारमाक्षिपत्यविशङ्क्या। कस्य कामायेति ततश्शरीरानुज्वरो नहि ।। स्थूलं सूक्ष्मं कारणं च शरीरं त्रिविधं स्मृतम् । अवश्यं त्रिविधोऽस्त्येव तत्र तत्रोचितो ज्वरः ।। वातपित्तश्लेष्मजन्यव्याधयः कोटिशस्तनौ । दुर्गन्धित्वमरूपत्व–दाहभङ्गादयस्तथा ।। कामक्रोधादयश्शान्तिदान्त्याद्या लिङ्गदेहगाः । ज्वरा द्वयेऽपि बाधन्ते प्राप्त्या प्राप्त्य नरं क्रमात् ।। स्व परं च नवेत्त्यात्मा विनष्ट इव कारणे । आगामि दुःखबीजं चेत्येतदिन्द्रेण दर्शितम् । एते ज्वराश्शरीरेषु त्रिषु स्वाभाविका मताः । वियोगे तु ज्वरैस्तानि शरीराण्येव नासते"।। इति ।

पूर्वोक्ताञ्छरीरत्रयानुरूपाञ्ज्वरानाह । कस्मिञ्छरीरे को ज्वर इति प्रश्ने प्रथमं स्थूलदेहे विद्यमानाञ्ज्वरान्प्रदर्शयति । धातुवैषम्ये सति स्थूलदेहेऽनुभूयमाना व्याधयो ज्वरास्तत्र स्थिताः । लिङ्गदेहकारणदेहगताञ्ज्वरानाह । सूक्ष्मे शरीरे सत्त्वरजस्तमोगुणवैषम्ये सति कामक्रोधादयो ज्वराः। कारणे शरीरे तु द्वयोः पूर्वोक्तयोर्बीजं संस्कारादीत्यवगन्तव्यमिति शम् ।।

स्थूल देह में होने वाले ज्वर हैं । काम, क्रोध आदि सूक्ष्मशरीर में होने वाले ज्वर हैं और उन दोनों ज्वरों का बीज कारण शरीर में स्थित ज्वर है ।।८–९।।

व्याख्या – भोक्ता के लिए भोग्य पदार्थों की इच्छा करता हुआ अविवेकी पुरुष शरीर के पीछे अपने आपको सन्तप्त करता रहता है । किन्तु वास्तविक दृष्टि से देखें तो ये सन्ताप अथवा दुःख तीनों शरीरों में ही स्थित हैं, इनका आत्मा के साथ कोई सम्बन्ध नहीं है । आत्मा में सर्वथा स्वल्पमात्र भी ज्वर नहीं है ।

किस शरीर में कौन–सा सन्ताप है ? ऐसी आशंका के उत्तर में कहते हैं कि कफ, बात और पित्त इन तीन धातुओं की विषमता होने पर स्थूल शरीर में अनेक प्रकार के रोग उत्पन्न हो जाते हैं । इन व्याधियों को ही स्थूल देह का ज्वर कहा गया है और काम, क्रोध, लोभ आदि मानसिक विकार आन्तरिक रोग हैं । वे भी पीड़ा पहुँचाते हैं । ये सूक्ष्म शरीर के ज्वर हैं । कारण शरीर तीनों गुणों की वासनाओं का भण्डार है । उन्हीं वासनाओं के कारण सूक्ष्म और स्थूल शरीरों में रोग उत्पन्न होता है । इसलिए जीव की वासनाएँ कारण शरीर का ज्वर है । इन वासनाओं को ही दोनों शरीरों के ज्वर का बीज कहा गया है । अज्ञान के कारण इन शरीरों से तादात्म्य करने वाला जीव उनके ज्वरों से स्वयं को सन्तप्त अनुभव करता है। इस विषय में सप्तम प्रकरण के श्लोक २२२ से श्लोक २२७ तक का अवलोकन करना चाहिये ।

"आत्मानं चेदि"ति श्रुतितात्पर्यकथनम् -

अद्वैतानन्दमार्गेण परात्मनि विवेचिते ।
अपश्यन्वास्तवं भोग्यं किन्नामेच्छेत्परात्मवित् ॥१०॥

अन्वयः - अद्वैतानन्दमार्गेण परात्मनि विवेचितं भोग्यं वास्तवम् अपश्यन् परात्मवित् किं नाम इच्छेत्।

आत्मानन्दोक्तरीत्यास्मिञ्जीवात्मन्यवधारिते ।
भोक्ता नैवास्ति कोऽप्यत्र शरीरे तु ज्वरः कुतः ॥११॥

अन्वयः - आत्मानन्दोक्तरीत्या अस्मिन् जीवात्मनि अवधारिते अत्र शरीरे कः अपि भोक्ता तु न एव अस्ति। ज्वरः कुतः ?

व्याख्या :- कुतः ।। "आत्मानं चेद्विजानीया"दित्यादि श्रुतेस्तात्पर्यविवरणद्वारा पूर्वोक्तमर्थं स्पष्टयति अद्वैतानन्दमार्गेण जीवेश्वरौ मायाकल्पितौ परमात्मा चात्माभिन्न इत्याकारकेण परात्मनि मायाकार्यनामरूपाभ्यां सच्चिदानन्दे परमात्मनि विवेचिते भेदेन ज्ञाते सति मिथ्यात्वनिश्चयेन निखिलं प्रपञ्चमपश्यन्नगणयन्वास्तवं भोग्यं नामरूपात्मकं संयोगवियोगाभ्यां क्रमादिष्टत्वाद्यवच्छेदेन सुखादिप्रदमखिलदृश्यं तुच्छं विजानन्परात्मवित्किं नामेच्छेत् । आत्मानन्दप्रकरणोक्तरीत्या जीवात्मनोर्यथार्थस्वरूपेऽसङ्गकूटस्थचैतन्यरूपतया निश्चिते सति कामयितुर्भोक्तुरेवाभावाच्छरीरसन्ताप-रूपज्वरादिसम्बन्धोऽपि नास्तीत्याह । अस्मिञ्जीवात्मनि पूर्वोक्तात्मानन्दोक्तरीत्यावधारिते भोक्तैव कश्चन

पूर्वोक्त "आत्मानं चेद् विजानीयात्" इस श्रुति का तात्पर्य दर्शाते हुए उक्तार्थ को स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - अद्वैतानन्द में कहे हुए प्रकार से परमात्मा को जान लेने पर भोगों में वास्तविकता नहीं दिखाई देती, फिर भला परमात्मवेत्ता किस वस्तु की इच्छा करेगा ?।।१०।।

व्याख्या - तेरहवें अद्वैतानन्द नामक प्रकरण में कहे हुए प्रकार से अर्थात् जीव और ईश्वर माया कल्पित हैं और परमात्मा अपनी आत्मा से भिन्न नहीं है, इस प्रकार अद्वैतानन्द में कही गई रीति से जब मुमुक्षु परमात्मा का विवेचन कर लेता है अर्थात् आत्मा और अनात्मा के भेद का सम्यक् ज्ञान हो जाने पर उसे जब भोग्यपदार्थ वास्तविक नहीं लगते, तब वह सर्वथा उन भोग पदार्थों को तुच्छ मानकर उनकी उपेक्षा ही करता है । ऐसी स्थिति में वह आत्मवेत्ता किस अनित्य वस्तु की कामना करेगा ? अर्थात् नहीं करेगा।

आत्मा में ज्वर का अभाव दर्शाते हैं ।

अर्थ - 'आत्मानन्द' में कही हुई रीति से इस जीव और आत्मा का सम्यक् ज्ञान होने पर इस शरीर में कोई भोक्ता ही नहीं रह जाता, फिर भला सन्ताप कैसे होगा ?।।११।।

व्याख्या - आत्मानन्द नामक बारहवें प्रकरण में जीव और आत्मा का विवेक किया गया है । वहाँ स्पष्ट किया गया है कि 'आत्मा' यह शब्द तीन अर्थों में प्रयुक्त होता है - मुख्य, मिथ्या और गौण । मुख्य सच्चिदानन्द आत्मा साक्षी स्वरूप है । पञ्चकोशविशिष्ट देहाभिमानी जीव मिथ्या आत्मा है और पुत्र, धन आदि गौण आत्मा कहे गये हैं । इस प्रकार विवेक करने से जो पुरुष मुख्य आत्मा को जान लेता है, उसे जीवभाव का मिथ्यात्व समझ में आ जाता है । यदि जीव ही मिथ्या है तो फिर उसका भोक्तृत्व भी मिथ्या

नास्ति । अत्र शरीरे कुतस्तु ज्वरो नैव कोऽपि ज्वर इत्यर्थः । अत्रा "निच्छति बलीवर्दे विवाहयिषते बलात् । प्रीतिस्सा वणिगर्थैव बलीवदार्थता कुत" इत्यारभ्य "श्रौत्या विचारदृष्ट्यायं साक्ष्येवात्मा न चेतरः । कोशान्पञ्च विविच्यान्तर्वस्तु दृष्टिर्विचारणे" त्यन्त ग्रन्थोऽर्थतोऽनुसन्धेय इति शम् ।।

ज्ञानिन आमुष्मिकदुःखाभावनिरूपणम् -

पुण्यपापद्वये चिन्ता दुःखमामुष्मिकं भवेत् ।
प्रथमाध्याय एवोक्तं चिन्ता नैनं तपेदिति ।।१२।।
यथा पुष्करपर्णोऽस्मिन्नपामश्लेषणन्तथा ।
वेदनादूर्ध्वमागामिकर्मणोऽश्लेषणं बुधे ।।१३।।

अन्वयः - पुण्यपापद्वये चिन्ता आमुष्मिकं दुःखं भवेत्। प्रथमाध्याये एव"एनं चिन्ता न तपेत्" इति उक्तम् ।

अन्वयः - यथा अस्मिन् पुष्करपर्णे अपाम् अश्लेषणम् तथा वेदनात् ऊर्ध्वं बुधे आगामिकर्मणः अश्लेषणम् ।

व्याख्या :- एवमैहिकदुःखाभावमभिधाय पारत्रिकं तं वक्तुमादौ तत्सङ्गिपति । आमुष्मिकं दुःखं पुण्यपापद्वये चिन्ता भवेत् । तदभावश्च प्रागेवोपवर्णित इति स्मारयति । एनं ज्ञानिनं "किमहं साधुना करवम् । किमहं पापमकरव"मित्यारिका चिन्ता प्रथमाध्याय एव दर्शिता नैनं तपेदित्युक्तम्।

सिद्ध होता है । तात्पर्य यह है कि भोक्ता और भोग्य का मिथ्यात्व सिद्ध हो जाने पर तीनों शरीरों के ज्वरों से ज्वरित होने वाला ही नहीं रह जाता, जब इस शरीर में कोई भोक्ता ही नहीं रह जाता फिर भला शारीरिक सन्तापों से सन्ताप कैसे हो सकता है ? अर्थात् तत्त्वेत्ता को शारीरिक सन्ताप सन्तप्त नहीं कर सकते ।

आत्मा के त्रैविध्य का वर्णन बारहवें प्रकरण के श्लोक १२ से ५७ तक किया गया है । उनका अवलोकन करना चाहिये ।

अब आमुष्मिक ज्वर का मिथ्यात्व स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - पुण्य और पाप इन दोनों की चिन्ता आमुष्मिक (पारलौकिक) ज्वर है । प्रथम अध्याय में ही कह दिया गया है कि इस तत्त्ववेत्ता को इनकी चिन्ता सन्तप्त नहीं करती ।।१२।।

व्याख्या - चतुर्थ श्लोक में ऐहिकामुष्मिक भेद से दो प्रकार का दुःख कहा गया । उनमें से ऐहिक दुःख और उसकी निवृत्ति का उपाय बताकर अब आमुष्मिक ज्वर (दुःख) का प्रदर्शन करते हुए कहते हैं कि पुण्य और पाप इन दोनों की चिन्ता पारलौकिक ज्वर है । प्रथम अध्याय में तत्त्ववेत्ता को ये ज्वर सन्तप्त नहीं करते इसका वर्णन कर आये हैं अर्थात् योगानन्द नामक ग्यारहवें प्रकरण में श्लोक ५ से ९ तक अनेक श्रुतियों का प्रमाण प्रस्तुत कर यह स्पष्ट कर चुके हैं कि ज्ञानी को पारलौकिक ज्वर अर्थात् मैंने पुण्य कर्म क्यों नहीं किये ? मैंने पाप कर्म क्यों किये ? इस प्रकार की चिन्ता सन्तप्त नहीं करती है ।

ज्ञानी में आगामी कर्मों का असंश्लेष दर्शाते हैं ।

अर्थ - जैसे कमल पत्र में जल का संश्लेष नहीं होता है, उसी प्रकार ज्ञानोत्तरकाल में इस ज्ञानी में आगामी कर्म का संश्लेष नहीं होता है ।।१३।।

विचारोऽय''मानन्दं ब्रह्मणो विद्वान्न बिभेति कुतश्चन । एतमेव तपन्नेषा चिन्ता कर्माग्निसंभृते''त्यत्र विहितः । ननु ज्ञानिनः परारब्धकर्मचिन्तारूपसन्तापाभावेऽप्यागामिविषयचिन्ता भवत्येवेत्याशङ्कायां ''तद्यथा पुष्करपलाश'' इति श्रुत्यर्थपठनेन समाधत्ते ।

ननु प्रथमोक्त ''मेतमेव तपन्नेषा चिन्ता कर्माग्निसम्भृते''ति वचनं सञ्चितपरमेवास्तु । क्रियमाणं तु बाधकं स्यादेवेति चेन्न । ''तद्यथा पुष्करपर्ण'' इत्यादिश्रुत्या ज्ञानिन आगामिकर्म सम्बन्धनिराकरणात्तद्विषयापि चिन्ता नास्त्येवेति भावः। यथा चास्मिन्पुष्करपर्णे पद्मपत्रेऽपां जलानामश्लेषणमसंस्पृष्टता तथा वेदनादूर्ध्वं ज्ञानोत्पत्तेरनन्तरं बुधे विदुष्यागामिकर्मणोऽप्यश्लेषणं भवतीति शम् ।।

नास्त्येव ज्ञानिनस्सञ्चितकर्मचिन्तापीत्यत्र प्रमाणानां निरूपणम् -

इषीकातृणतूलस्य वह्निदाहः क्षणाद्यथा ।
तथा सञ्चितकर्मास्य दग्धं भवति वेदनात् ।।१४।।

व्याख्या - ज्ञानवान को प्रारब्ध कर्म की चिन्ता भले ही न हो, किन्तु आगामी कर्म विषयक चिन्ता तो अवश्य ही होती होगी । इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि जैसे कमलपत्र में जल की बूँदें रहने पर भी कमल पत्र उससे संश्लिष्ट नहीं होता है अर्थात् उससे अलिप्त ही रहता है, उसी प्रकार ज्ञान हो जाने के बाद ज्ञानी में आगामी कर्म का संश्लेष नहीं होता है अर्थात् ज्ञानी आगामी कर्मों से सर्वथा अलिप्त ही रहता है । गीता में भी भगवान् कहते हैं कि ज्ञानवान पुण्य-पाप से उसी तरह लिप्त नहीं होता जैसे जल से कमल का पत्र लिप्त नहीं होता ***''लिप्यते न स पापेन पद्मपत्रमिवाम्भसा''*** (गीता ५/१०) और छान्दोग्य उपनिषद् में आचार्य जाबाल उपकोशल (सत्यकाम) को उपदेश देते हुए कहते हैं कि ***''अहं तु ते तद् वक्ष्यामि यथा पुष्करपलाश आपो न श्लिष्यन्त एवमेवं विदि पापं कर्म न श्लिष्यते''*** (छा.उ. ४/१४/३) (अब मैं तुझे वह बताता हूँ जिसे जानने वाले से पापकर्म का उसी प्रकार सम्बन्ध नहीं होता जैसे कमल पत्र से जल का सम्बन्ध नहीं होता) इस श्रुति का अर्थ ही प्रकृत श्लोक में समाधान रूप से प्रस्तुत किया गया है, जिससे यह सिद्ध होता है कि ज्ञानी आगामी कर्मों से संलिप्त नहीं होता है । आद्यशंकराचार्य जी ने भी विवेकचूड़ामणि में कहा है (श्लोक ४५०-४५१) कि ज्ञानी स्वयं को असंग और उदासीन जानकर जैसे आकाश लिप्त नहीं होता, उसी प्रकार आगामी कर्मों से कभी भी थोड़ा-सा भी लिप्त नहीं होता है । घट से परिच्छिन्न हुआ आकाश जैसे घड़े में स्थित मदिरा की गन्ध से लिप्त नहीं होता है, उसी प्रकार उपाधि के सम्बन्ध से आत्मा भी उपाधि के धर्मों से लिप्त नहीं होता है।

ज्ञानवान में सञ्चित कर्म विषयक चिन्ता का अभाव दर्शाते हैं ।

अर्थ - जैसे इषीका नामक तृण की तूल को अग्नि क्षणभर में जला डालती है, उसी प्रकार ज्ञान के बल से इस ज्ञानी के समस्त सञ्चित कर्म दग्ध हो जाता हैं ।।१४।।

व्याख्या - ***''तद्यथेषीकातूलमग्नौ प्रोतं प्रदूयेतैव हास्य सर्वेपाप्मानः प्रदूयन्ते''*** (छा.उ. ५/२४/३) अर्थात् जैसे इषीका नामक तृण की तूला अर्थात् रुई अग्नि में डालते ही वह तत्काल भस्मीभूत हो जाती है, उसी प्रकार ज्ञानवान के समस्त सञ्चित कर्म भी नष्ट हो जाते हैं । इस श्रुति के बल से ज्ञानवान को सञ्चित कर्म की चिन्ता भी नहीं होती है । इषीका तृण एक प्रकार की घास है, उसे कांस कहते हैं।

यथैधांसि समिद्धोऽग्निर्भस्मसात्कुरुतेऽर्जुन ।
ज्ञानाग्निस्सर्वकर्माणि भस्मसात्कुरुते तथा ॥१५॥
यस्य नाहङ्कृतो भावो बुद्धिर्यस्य न लिप्यते ।
हत्वापि स इमाँल्लोकान्न हन्ति न निबध्यते ॥१६॥
मातापित्रोर्वधः स्तेयं भ्रूणहत्यान्यदीदृशम् ।
न मुक्तिं नाशयेत्पापं मुखकान्तिर्न नश्यति ॥१७॥

अन्वयः - यथा इषीकातृणतूलस्य क्षणात् वह्निदाहः तथा अस्य संचितकर्म वेदनात् दग्धं भवति।

अन्वयः-अर्जुन! यथा समिद्धः अग्निः एधांसि भस्मसात् कुरुते तथा ज्ञानाग्निः सर्वकर्माणि भस्मसात् कुरुते।

अन्वयः - यस्य अहंकृतः भावः न। यस्य बुद्धिः न लिप्यते। सः इमान् लोकान् हत्वा अपि न हन्ति न निबध्यते ।

अन्वयः-मातापित्रोः वधः स्तेयं भ्रूणहत्या अन्यत् ईदृशं पापं मुक्तिं न नाशयेत् । मुखकान्तिः न नश्यति।

व्याख्या :- एतदर्थे "तद्यथैषीकातूलमग्नौ प्रोतं प्रदूयेतैवं हास्य सर्वे पाप्मानः प्रदूयन्ते" इति श्रुतिबलेन ज्ञानिनस्सञ्चितकर्मविषयचिन्तापि न विद्यत इत्याह । इषीकातृणतूलस्य तृणविशेषस्येषीकातृणस्य तूलं सूक्ष्मावयवः कार्पासदृशस्तस्य यथा वह्निदाहः क्षणाद्भवति तथास्य ज्ञानिनो वेदनादात्मज्ञानात्सञ्चितकर्म दग्धं भवति ।एतस्मिन्नेवार्थे गीतावचनमप्युदाहरति । यथा समिद्धो ज्वलितोऽग्निरेधांसि शुष्केन्धनानि भस्मसात्कुरुते फलकारणत्वस्य विनाशो हेतुर्भवति हे अर्जुन ! तथैव ज्ञानाग्निस्सर्वकर्माणि

उसकी बाली में से तूल पैदा होती है । (इषीका के रुई सदृश सूक्ष्म अवयव को तूल कहते हैं) तूल का यदि क्षणभर के लिए भी अग्नि से सम्पर्क हो जाता है तो वह तत्काल जल जाती है, उसी प्रकार ज्ञानी के सञ्चित कर्म भी ज्ञानाग्नि से तत्काल जलकर भस्म हो जाते हैं ।

श्रीशङ्कराचार्य जी कहते हैं कि -

अहं ब्रह्मेति विज्ञानात्कल्पकोटिशतार्जितम् ।
सञ्चितं विलयं याति प्रबोधात्स्वप्नकर्मवत् ।। (वि.चू. ४४८)

अर्थात् जग जाने पर जैसे स्वप्नावस्था के कर्म लीन हो जाते हैं, उसी प्रकार 'मैं ब्रह्म हूँ' ऐसा जान लेने पर करोड़ों कल्पों के सञ्चित कर्म नष्ट हो जाते हैं ।

इसी अर्थ में गीता का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - हे अर्जुन ! जैसे प्रज्वलित अग्नि काष्ठों को जलाकर भस्म कर देती है, उसी प्रकार ज्ञानरूपी अग्नि सम्पूर्ण कर्मों को भस्मसात् कर देती है । (गीता ४/३७)।।१५।।

व्याख्या - इस भगवद्गीता के श्लोक में भी पूर्वोक्त छान्दोग्य श्रुति के मत को पुष्ट किया गया है । यहाँ ***'सर्वकर्माणि'*** का तात्पर्य समस्त सञ्चित कर्म ही हैं । छान्दोग्योपनिषद् के***''सर्वे पाप्मानः''*** (छा.उ. ५/२४/३) का तात्पर्य समस्त सञ्चित कर्म ही हैं । ज्ञानी पुरुष के लिए सभी सञ्चित कर्म पाप रूप ही हैं, क्योंकि दोनों प्रकार के कर्म बन्धनकारी ही हैं । सब कर्मों का तात्पर्य सञ्चित के साथ प्रारब्ध और आगामी कर्म नहीं है । ज्ञानी के केवल सञ्चित कर्म ही बिना फल दिये नष्ट हो जाते हैं । प्रारब्ध

भस्मसात्कुरुते । आरब्धं यच्छरीरं तदुपभोगेनैव शाम्यति । यदनारब्धं सञ्चितमनेकजन्म-समुपार्जितमुत्तरजन्मनिमित्तं च तत्सर्वं ज्ञानाग्निना निर्बीजवत्क्रियत इति तात्पर्यार्थः। निरस्ताहङ्कर्तृत्वभावस्य कर्मसम्बन्धो नास्तीत्याह । यस्य भावस्सन्मात्ररूप आत्माहङ्कृतोऽहङ्कारतादात्म्यसाधितो न भवति । अत एव यस्य बुद्धिः कर्मफलैर्न लिप्यते स इमान्प्रत्यक्षविषयांल्लोकांस्तत्स्थान्प्राणिनो हत्वापि विनिहत्य स्थितोऽपि न हन्ति न निबद्ध्यते च । एतत्स्मृतिवाक्यमूलभूतां श्रुतिं " न मातृवधेन न पितृवधेन न स्तेयेन न भ्रूणहत्यया नास्य पापं च न चुक्रुषो मुखन्नील" मित्यादिकामर्थतः पठति । मातापित्रोर्वधो हननं स्तेयं स्वर्णचौर्यादि । भ्रूणहत्या गर्भस्य शिशोस्साङ्गवेदविदो वा हत्या । ईदृशमन्यदपि न किञ्चित्प्रतिबध्नाति । मुखकान्तिरपि न नश्यति । सर्वं च पापं नाशयेदिति

कर्म तो छूटे हुए बाण के समान लक्ष्यभेद कर अर्थात् अपना फल देकर ही शान्त होते हैं और आगामी कर्म से ज्ञानी लिप्त नहीं होता है, इसका वर्णन श्लोक १३ में कर आये हैं ।

भगवान् श्रीकृष्ण कहते हैं कि हे अर्जुन ! जैसे प्रज्वलित अग्नि ईधन को अर्थात् काष्ठ के समूह को जलाकर भस्म कर देती है, उसी प्रकार यह ज्ञानरूपी अग्नि भी समस्त सञ्चित कर्मों को जलाकर भस्मसात् कर देती है अर्थात् निर्बीज कर देती है । वस्तुतः ईधन की भाँति ज्ञानरूपी अग्नि कर्मों को साक्षात् भस्मसात् नहीं करती है, इसलिये इसका यही अभिप्राय है कि यथार्थ ज्ञान समस्त सञ्चित कर्मों को निर्बीज करने का हेतु है ।

कर्म अहंकार और कर्तृत्व भाव रहित को बन्धन में नहीं डालते हैं, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - जिसके अन्तःकरण में अहंकार का भाव नहीं है और जिसकी बुद्धि (कर्म में) लिप्त नहीं होती, वह इन सब लोकों को मारकर भी न मारता है और न बन्धन को प्राप्त होता है ।।१६।।

व्याख्या - शास्त्र और आचार्य के उपदेश से सुसंस्कृत मन वाले को अहंकार नहीं होता है । जिस शुद्धान्तःकरण पुरुष के मन में 'मैं कर्ता हूँ' इस प्रकार की भावना नहीं होती है तथा जिसकी बुद्धि अर्थात् आत्मोपाधिभूत अन्तःकरण 'मैंने अमुक कार्य किया, उसके फलस्वरूप मुझे नरक में जाना पड़ेगा' इस प्रकार का अनुताप नहीं करता है । ऐसा ज्ञानी पुरुष इन समस्त लोकों को अर्थात् समस्त प्राणियों को मारकर भी वास्तव में उन्हें नहीं मारता है, हननक्रिया नहीं करता है और उसके परिणाम से अर्थात् पाप के फल से भी नहीं बँधता है ।

''न मातृवधेन, न पितृवधेन, न स्तेयेन, न भ्रूणहत्यया, नास्य पापं च न चुक्रुषो मुखान्नीलं वेति'' (कौषी.उ. ३/१) इस श्रुतिवाक्य का अर्थतः पठन करते हैं ।

अर्थ - माता-पिता का वध, चोरी, गर्भहत्या तथा ऐसे ही अन्य घोरपाप भी ज्ञानी की मुक्ति को नष्ट नहीं कर सकते और उसके मुख की कान्ति नष्ट नहीं होती ।।१७।।

व्याख्या - इस श्लोक का तात्पर्य यह है कि बड़े से बड़े पापकर्म भी ज्ञानी की मुक्ति में बाधक नहीं हो सकते । पाप और पुण्य का फल तभी मिलता है जब उन कर्मों में अहंकार और कर्तृत्व बुद्धि हो, किन्तु ज्ञानी का अहंकार और कर्तृत्व बुद्धि पूर्णतया नष्ट हो जाने के कारण वह किसी भी कर्म से लिप्त नहीं होता है । वस्तुतः ज्ञानी पुरुष से माता-पिता का वध अथवा चोरी आदि पापकर्म हो ही नहीं सकते किन्तु यदि किसी प्रबल प्रारब्धवशात् या गलती से ऐसा हो भी जाए तो उन कर्मों में अभिमान का अभाव होने के कारण वह उन पाप कर्मों से लिप्त नहीं होता है और उसके मुख की कान्ति भी नष्ट

निरहङ्कारनिस्सङ्गोत्कर्षमात्र परैवेयमिति ध्येयम् । अस्यार्थश्च वर्णितोऽनुभूतिप्रकाशे । "वाचा च मनसा मातृवधादीन्कुरुते यदि । तथापि ज्ञानिनो मोक्षो न ह्येतैर्विनिवार्यते। पापं कृतवतोऽप्यस्य मुखे हर्षक्षयो न हि । न मुक्तिर्नश्यतीत्येव शास्त्रैरस्य विनिश्चया" दित्यादिनेति शम् ।।

ज्ञानिनः कामाप्तिनिरूपणम् -

दुःखाभाववदेवास्य सर्वकामाप्तिरीरिता ।
सर्वान्कामानसावाप्त्वा ह्यमृतोऽभवदित्यतः ॥१८॥

अन्वयः - अस्य दुःखाभाववत् एव सर्वकामाप्तिः ईरिता। "असौ सर्वान् कामान् आप्त्वा हि अमृतः अभवत् " इति अतः।

व्याख्या :- पूर्वोक्तचातुर्विध्यमध्ये क्रमागतं कामावाप्तिमाह । अस्य ज्ञानिनो दुःखाभाववदिव सर्वकामाप्ति "स्सर्वान्कामानाप्त्वामृतोऽभवदित्यत" इत्यार्थिकया चैतरेयश्रुत्येरिता कथिता ।।

ज्ञानिनः कामाप्तौ छान्दोग्य श्रुतिनिरूपणम् -

जक्षन्क्रीडन्रतिं प्राप्तः स्त्रीभिर्यानैस्तथेतरैः।
शरीरन्न स्मरेत्प्राणः कर्मणा जीवयेदमुम् ॥१९॥

नहीं होती है । व्यक्ति यदि कोई पापकर्म करता है तो उसका मुख फीका पड़ जाता है किन्तु ज्ञानी अभिमान रहित होने के कारण उसके मुख पर कर्मजन्य किसी भी प्रकार का विकार नहीं आता है अर्थात् वह सहजावस्था में ही सदा स्थिर रहता है ।

उक्त चार प्रकार के विद्यानन्द में से अब द्वितीय कामावाप्ति का विचार प्रारम्भ करते हैं ।

अर्थ - दुःखाभाव की तरह इस ज्ञानी को समस्त कामनाओं की प्राप्ति होना श्रुति में कहा गया है । "समस्त कामनाओं को प्राप्त कर वह ज्ञानी अमृत हो जाता है"।।१८।।

व्याख्या - यहाँ आचार्य ऐतरेय उपनिषद् का उदाहरण देकर ज्ञानी पुरुष के लिए समस्त कामनाओं की प्राप्ति सिद्ध करते हैं ।

"स एवं विद्वानस्माच्छरीरभेदादूर्ध्व उत्क्रम्यामुष्मिन् स्वर्गे लोके सर्वान्कामानाप्त्वामृतः समभवत्" (ऐ.उ. २/१/६) अर्थात् इस प्रकार जानने वाला वह ज्ञानी इस शरीर के भेद से ऊपर उठकर इस उत्तम लोक में पहुँच गया जहाँ समस्त कामनाओं को प्राप्त कर अमृत हो गया ।

इस श्रुति से ज्ञात होता है कि अज्ञानी पुरुष एकशरीर में ही सीमित होने के कारण समस्त कामनाओं को पूरी नहीं कर पाता । किन्तु ज्ञानी पुरुष शरीर भेद से ऊपर उठकर अनन्त चेतनस्वरूप हो जाता है । इस स्थिति में समस्त काम्य पदार्थ उसकी अनन्तता के अन्तर्गत आ जाते हैं । इसलिये कहा कि दुःखाभाव की तरह अर्थात् जैसे ज्ञानी पुरुष के समस्त दुःख क्षीण हो जाते हैं, उसी प्रकार उसे समस्त कामनाओं की प्राप्ति भी हो जाती है, ऐसा श्रुति में कहा गया है ।

"जक्षन् क्रीडन् रममाणः स्त्रीभिर्यानैर्वा" (छा. ८/१२/३) इत्यादि श्रुति के अर्थ का पठन कर कामावाप्ति का विवरण करते हैं ।

अर्थ - खाता हुआ, खेलता हुआ, स्त्रियों से अथवा सवारियों से तथा अन्यों के साथ प्रीति को

अन्वयः-जक्षन् क्रीडन् स्त्रीभिः यानैः तथा इतरैः रतिं प्राप्तः शरीरं न स्मरेत् । प्राणः कर्मणा अमुं जीवयेत्।

व्याख्या :- पूर्वं "सर्वान्कामानाप्त्वामृतस्समभवदि"त्यैतरेयवचनमृदाहृतं सम्प्रति "जक्षन्क्रीड-न्रममाणस्त्रीभिर्वा यानैर्वा ज्ञातिभिर्वा नोपजनं स्मरन्निदं शरीर" मित्यादि छान्दोग्यवचनमर्थतः सङ्गृह्णाति। ज्ञानी स्त्रीभिर्यानैस्तथेतरैर्वा जक्षन्भुञ्जानः क्रीडन्वा रतिं प्राप्तोऽपि न शरीरं स्मरेत् । तस्य प्राण एवामुं शरीरं कर्मणा तद्बलेन जीवयेत् । उपभोगेन प्रारब्धकर्मनाशपर्यन्तं ज्ञानी न प्राणैर्वियुज्यत इति भावः। अस्या श्रुतेरर्थस्सङ्गृहीतोऽनुभूतौ - "इन्द्रराजादिदेहेषु नानाखाद्यादिभक्षयन् । बालैस्साकं हसन्स्त्रीभिः कदाचिद्रमते सह । यानैःक्वापि ज्ञातिभिश्च सहितो मोदते खलु । न कदाचित्स्मरत्येतद्वपुर्जनसमीपगम्। एतद्देहेनतादात्म्यभ्रान्त्या दुःखमभूत्पुरा। विवेकेन भ्रमेऽपेते तद्दुःखं नाद्य वीक्ष्यते । इन्द्रराजादिदेहेषु न तादात्म्यं पुरापि च । अतो न तद्दुःखशङ्काप्यस्य तु विद्यते । सुखानि तद्देहगानि साक्षीसर्वाण्यवेक्षते। साक्ष्यात्मत्वाभिमानी सञ्ज्ञानी तान्यभिमन्यते । दुःखान्यपीक्षते साक्षी तथाप्येतेषु तत्त्ववित् । नाभिमानमुपादत्ते दुःखानां मायिकत्वतः । ब्रह्मानन्दस्य लेशास्स्युरानन्दा विषयोत्थिताः । अतस्तत्त्वविदः पक्षपातो ह्येतेषु विद्यते । पुण्यमेवामुमाप्नोति न देवान्पापमाप्नुयात्। इति श्रुत्यन्तरं ब्रूते सुखं सर्वात्मदर्शिन" इत्यादिनेति शम्।।

ज्ञानिनस्सर्वकामावाप्तौ तैत्तिरीयवचननिरूपणम् -

सर्वान्कामान्सहाप्नोति नान्यवज्जन्मकर्मभिः।
वर्तन्ते श्रोत्रिये भोगा युगपत्क्रमवर्जिताः।।२०।।

प्राप्त हुआ (ज्ञानी पुरुष) शरीर को स्मरण नहीं करता । प्राण ही इस ज्ञानी को कर्म (प्रारब्ध) के द्वारा जीवित रखता है ।।१९।।

व्याख्या - ज्ञानी पुरुष खाता-पीता हुआ, खेलता-हसता हुआ, स्त्रियों से अथवा सवारियाँ से तथा अन्य जाति बन्धुओं के साथ प्रीति को प्राप्त हुआ भी अपने शरीर का स्मरण नहीं करता है । प्राण ही इसको जीवित रखते हैं अर्थात् उपभोग के द्वारा प्रारब्धकर्मों के नाशपर्यन्त ज्ञानी का प्राणों से वियोग नहीं होता है । प्रारब्धानुसार उसका शरीर बना रहता है ।

श्रीशंङ्कराचार्य जी ने कहा है कि -

अहिनिर्ल्वयनीवायं मुक्तदेहस्तु तिष्ठति ।
इतस्ततश्चाल्यमानो यत्किञ्चित्प्राणवायुना ।। (वि.चू.५५०)

अर्थात् सर्प की केचुली के समान देहाभिमान से रहित यह ब्रह्मवेत्ता प्राणवायु के द्वारा थोड़ा बहुत यहाँ-वहाँ चलायमान होता रहता है ।

ज्ञानी की सर्वकामावाप्ति का प्रतिपादन करने वाली "सोऽश्नुते सर्वान् कामान् सह ब्रह्मणा विपश्चितेति" (तै.उ. २/२) इस श्रुति का अर्थतः पठन करते हैं।

अर्थ - ज्ञानीपुरुष समस्त कामनाओं को एकसाथ ही प्राप्त कर लेता है तथापि उसका अन्य (अज्ञानी) के समान कर्म से जन्म नहीं होता है । श्रोत्रिय में समस्त भोग क्रमरहित एकसाथ रहते हैं ।।२०।।

अन्वयः - "सर्वान् कामान् सह आप्नोति"। श्रोत्रिये अन्यवत् जन्मकर्मभिः भोगा न वर्तन्ते। युगपत् कर्मवर्जिताः।

व्याख्या :- ज्ञानिनस्सर्वकामावाप्तिप्रतिपादिकां "सोऽश्नुते सर्वान्कामान्सह । ब्रह्मणा विपश्चितेती" त्याकारिकां तैत्तिरीयवचनरीतिमर्थतः पठति । ज्ञानी सहैवसर्वान्कामानवाप्नोति । अन्यवदज्ञवज्जन्म-कर्मभिर्नाप्नोति । ज्ञानिनः कर्मफलप्राप्तिरूपभोगाङ्गीकारे तदनुकूलं जन्मापि स्यादितिशङ्का निवारिता नान्यवदित्यादिना । तेषां ज्ञानेन सर्वस्यापि कर्मणो दग्धत्वादिति भावः । तदुक्तं भगवत्पादैः - "अहं ब्रह्मेतिविज्ञानात्कल्पकोटिशतार्जितम् । सञ्चितं विलयं याति प्रबोधात्स्वप्नकर्मवत्" इति विवेके । ज्ञानिनः कर्मणां जन्माजनकत्वे बहुजन्मस्वनुभोग्या भोगाः कथमेकस्मिन्नेव जन्मन्युपपद्यन्त इत्यत्राह। श्रोत्रिये ब्रह्मनिष्ठे सर्वेऽपि भोगा युगपदेव क्रमवर्जितास्सन्तो वर्तन्ते । अन्यैर्जीवैर्यानि सुखान्यनुभूयन्ते तानि सर्वाणि सर्वात्मभूतत्वाज्ज्ञान्यनुभवतीति भावः ।।

श्रोत्रियानन्दोत्कृष्टतानिरूपणम् -

युवा रूपी च विद्यावान्नीरोगो दृढचित्तवान् ।
सैन्योपेतस्सर्वपृथ्वीं वित्तपूर्णां प्रपालयन् ॥२१॥
सर्वैर्मानुष्यकैर्भोगैस्सम्पन्नस्तृप्तभूमिपः ।
यमानन्दमवाप्नोति ब्रह्मविच्च तमश्नुते ॥२२॥

व्याख्या - *"सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म, यो वेद निहितं गुहायां परमे व्योमन्*
सोऽश्नुते सर्वान् कामान् सह ब्रह्मणा विपश्चितेति" (तै.उ. २/१/१)

अर्थात् ब्रह्म सत्य, ज्ञानस्वरूप और अनन्त है । जो मनुष्य हृदयरूपी गुहा में स्थित परम व्योम में छिपे उस ब्रह्म को जानता है, वह इस विज्ञानस्वरूप ब्रह्म के साथ समस्त भोगों का अनुभव करता है।

इस श्रुति से ज्ञात होता है कि ज्ञानी पुरुष समस्त कामनाओं को एकसाथ ही प्राप्त कर लेता है । ज्ञानी का कर्मफलप्राप्ति रूप भोग अंगीकार करने पर तो तदनुकूल जन्म भी प्राप्त होगा । ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि ज्ञानी की यह सर्वकामाप्ति अज्ञानियों की कामाप्ति जैसी नहीं है, उससे भिन्न है। ज्ञानी अपने हृदय में परब्रह्म परमात्मा को प्राप्तकर उसके साथ एकाकार हो जाता है और समस्त भोग्य पदार्थों को अपने अन्दर एकसाथ प्राप्त कर लेता है । उसके लिए आत्मा से भिन्न कुछ भी नहीं रह जाता, अतः अज्ञानियों के समान कर्म से उसका पुनः जन्म नहीं होता है । यदि कर्म ज्ञानी के जन्म को उत्पन्न करने में असमर्थ हैं तो फिर अनेकों जन्मों में भोगे जाने वाले कर्म एक ही जन्म में कैसे उत्पन्न हो सकते हैं ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि श्रोत्रिय में समस्त कर्म क्रमरहित एक साथ रहते हैं । अर्थात् अन्य जीवों के द्वारा जिन-जिन सुखों का अनुभव किया जाता है, वे सभी सुख सर्वात्मभूत होने के कारण ज्ञानी एकसाथ ही अनुभव कर लेता है ।

तैत्तिरीयोपनिषद् में वर्णित श्रोत्रियानन्द की उत्कृष्टता को दो श्लोकों से दर्शाते हैं ।

अर्थ - युवा, रूपवान , विद्यावान , नीरोगी, दृढचित्त वाला, सैन्य युक्त धन से परिपूर्ण समस्त पृथ्वी का पालन करते हुए मनुष्य लोक के समस्त भोगों से सम्पन्न चक्रवर्ती सम्राट् को जो आनन्द प्राप्त होता है, उस आनन्द को ब्रह्मवेत्ता भी प्राप्त करता है ।।२१-२२।।

मर्त्यभोगे द्वयोर्नास्ति कामस्तृप्तिरतस्समा ।
भोगान्निष्कामतैकस्य परस्यापि विवेकतः ॥२३॥
श्रोत्रियत्वाद्वेदशास्त्रैर्भोगदोषानवेक्षते ।
राजा ब्रहद्रथो दोषांस्तान्गाथाभिरुदाहरत् ॥२४॥
देहदोषांश्चित्तदोषान्भोग्यदोषाननेकशः ।
शुना वान्ते पायसे नो कामस्तद्वद्विवेकिनः॥२५॥

अन्वयः - युवा रूपी च विद्यावान् नीरोगःदृढचित्तवान् सैन्योपेतः वित्तपूर्णां सर्वपृथ्वीं प्रपालयन्''।

अन्वयः- सर्वैः मानुष्यकैः भोगैः संपन्नः तृप्तभूमिपः यम् आनन्दम् अवाप्नोति तं च ब्रह्मवित् अश्नुते''।

अन्वयः - द्वयोः मर्त्यभोगे कामः न अस्ति अतः तृप्तिः समा एकस्य भोगात् निष्कामता। परस्य अपि विवेकतः।

अन्वयः - श्रोत्रियत्वात् वेदशास्त्रैः भोगदोषान् अवेक्षते। बृहद्रथः राजा तान् दोषान् गाथाभिः उदाहरत्।

अन्वयः- देहदोषान् चित्तदोषान् अनेकशः भोग्यदोषान् । शुनां वान्ते पायसे कामः नो। तद्वत् विवेकिनः।

व्याख्या :- अधुना तैत्तिरीयबृहदारण्यकवाक्यान्यर्थतस्सङ्क्षिप्य श्रोत्रियानन्दोत्कृष्टतां वदति । अत्र ''युवा स्यात्साधु युवाध्यायिक'' इत्याद्यनुवाकस्समग्रोऽप्यनुसन्धेयः । युवा रूपी सर्वजगन्मोहको विद्यावान्विद्व-ज्जनमनोहरो नीरोगी वज्रवद्दृढगात्रो दृढचित्तवांश्चित्तपारवश्यविरहितस्सैन्योपेतश्चतुरङ्गबल-

---

व्याख्या - इस श्लोक में ***''युवा स्यात् साधु युवाध्यायिकः''***तैत्तिरीय (२/८) और बृहदारण्यक उपनिषद् (४/३/३३) के मन्त्रों की व्याख्या ही की गई है । धन, यौवन, रूप आदि से सम्पन्न चक्रवर्ती सम्राट् को जो सुख होता है, वह सुख ब्रह्मवेत्ता को सहज में ही प्राप्त होता है । सार्वभौम अर्थात् चक्रवर्ती सम्राट् से लेकर हिरण्यगर्भ पर्यन्त जीवनिष्ठ समस्त सुख ज्ञानी में कैसे संभव हैं ? ऐसी आशंका के उत्तर में कहते हैं कि समस्त सुखों को ज्ञानी ने ब्रह्मानन्द के अंश रूप से जान लिया है, अतः समस्त सुखों की प्राप्ति ज्ञानी को हो सकती है ।

वस्तुतः श्रुति का तात्पर्य ज्ञानी में विषयजन्य सुखों की प्राप्ति का वर्णन करना नहीं है । किन्तु आत्मज्ञान की तृप्ति से भिन्न अन्य समस्त कामनाओं का अल्पीयस्त्व कहना ही श्रुति को अभीष्ट है । अतः उक्त वचन स्तुत्यात्मक अर्थवाद रूप है ।

चक्रवर्ती राजा और ज्ञानी की तृप्ति की समानता दर्शाते हैं ।

अर्थ - मर्त्यलोक के भोगों की कामना दोनों (चक्रवर्ती राजा और ज्ञानी) में नहीं है । एक की उपभोग से निष्कामता है तो दूसरे की विवेक से, अतः कामतृप्ति दोनों में समान ही है ॥२३॥

व्याख्या - चक्रवर्ती सम्राट् और श्रोत्रिय-ब्रह्मनिष्ठ पुरुष, इन दोनों में विषयगत प्राप्ति समान न रहने के कारण आनन्द की अनुभूति एक समान कैसे हो सकती है ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि कामनिरपेक्ष भाव दोनों में समान होने से तृप्ति की समानता बन सकती है । मृत्युलोक के भोग में चक्रवर्ती सम्राट् और तत्त्वदर्शी दोनों पुरुषों की कामना नहीं है । तृप्ति सुख का ही एकरूप है । तृप्त पुरुष को सुख का अनुभव होता है । चक्रवर्ती राजा और ज्ञानी दोनों अपने-अपने प्रकार से तृप्त हैं । चक्रवर्ती राजा को

विशिष्टस्सन्वित्तपूर्णां सर्वपृथ्वीं प्रपालयन् । ननु सार्वभौमादिहिरण्यगर्भान्तानां जीवनिष्ठानामानन्दानां कथं ज्ञानिनि सम्भव इत्याशङ्क्यायां सर्वेषामानन्दानां ज्ञानिना समवगतब्रह्मांशत्वात्सम्भव इति समाधत्ते। मानुष्यकैर्मनुष्योपभोग्यैस्सर्वैर्भोगैस्सम्पन्नस्तृप्तभूमिपस्तृप्तश्चासौ भूमिपश्चेति तथोक्तो यं यादृशमानन्दमाप्नोति तं तादृशमेव ब्रह्मविच्चाप्यश्नुते । अनेन ज्ञानिनः कामो वा तत्प्राप्तिर्वा केवलमारोपितमेव । येमेतूच्छिन्नदोषैर्मृदित-कषायैर्मानसास्सत्याः कामा अनृतापिधाना अनुभूयन्ते विद्याभिव्यङ्ग्यत्वात्त एव मुक्तेन सर्वात्मभूतेन सम्बध्यन्त इत्यात्मज्ञानिनस्तुतये निर्दिश्यन्ते। आत्मज्ञानतृप्तेरितरकामना-नामल्पीयस्त्वकथन एव श्रुतेस्तात्पर्यमिति भावः । सम्राजस्सर्वभोगसम्भवेन तत्तत्कामनानिवृत्तौ तृप्तिस्सिद्ध्यतु । ज्ञानिनस्तदलाभेन कथं तादृशी तृप्तिरित्याशङ्क्यायां नैरपेक्ष्यसाम्यात्तृप्ति साम्यमित्याचष्टे। द्वयोस्सार्वभौमश्रोत्रिययोस्सम्राड् ज्ञानिनोर्मर्त्यभोगे मनुष्यलोकभोगे कामो नास्त्येवेत्यत उभयोस्तृप्तिस्समैव। तृप्तिसाम्ये हेतुमाह । एकस्य राज्ञो भोगादनुभवन्निष्कामता । परस्यापि विवेकिनो ब्रह्मनिष्ठस्य विवेकतो भोगानां मिथ्यात्वनिश्चयात् । एवं च कामस्यैव तृप्तिविघटकत्वात्तदभावस्योभयत्रापि सत्त्वातृप्तिसाम्यमित्याशयः । विवेकत इत्युक्तमर्थं विवृणोति । ज्ञानी स्वस्य श्रोत्रियत्वाद्धेतोर्भोग-दोषान्वेदशास्त्रैरवेक्षते । विषयदोषाश्च कुत्र केन वा निरूपिता इत्यत्राह। तान्दोषान्विषयगतदोषान्गाथाभी

समस्त भोग्य पदार्थ प्राप्त होने से उसे अन्य भोगों को प्राप्त करने की इच्छा नहीं होती है और वह सदा तृप्त रहता है । ज्ञानी पुरुष को राजा की तरह समस्त पदार्थ तो प्राप्त नहीं होते हैं किन्तु अपने विवेक से वह भोगों को मिथ्या और दूषित समझकर उनकी इच्छा नहीं करता है । ज्ञानी इच्छा न करने के कारण तृप्त रहता है । इस प्रकार कामनिरपेक्षभाव दोनों में समान होने के कारण तृप्ति की भी समानता कही गई है ।

'विवेकतः' इस उक्त अर्थ का स्पष्टीकरण करते हैं ।

अर्थ - (ज्ञानी) श्रोत्रिय होने के कारण वेद-शास्त्रों के द्वारा भोग के दोषों को देखता है । राजा बृहद्रथ ने उन दोषों को उपाख्यानों के द्वारा कहा है ।।२४।।

व्याख्या - ज्ञानीपुरुष श्रोत्रिय-ब्रह्मनिष्ठ होने के कारण वेद-शास्त्रों के द्वारा विषयजन्य भोगों में सर्वदा दोष का ही दर्शन करता है । विषयजन्य दोषों का निरूपण कहाँ किया गया है ? ऐसी आकांक्षा के उत्तर में कहते हैं कि बृहद्रथ नामक राजा ने उन विषयजन्य दोषों का मैत्रायणी उपनिषद् (१/२,३,४) में गाथाओं के माध्यम से विस्तार से वर्णन किया है ।

उन दोषों को दर्शाते हैं ।

अर्थ - उन्होंने (राजा बृहद्रथ ने) अनेक प्रकार के देह-दोषों का चित्त-दोषों का और विषय-दोषों का वर्णन किया है । जैसे कुत्ते द्वारा वमन की हुई खीर खाने की इच्छा कोई नहीं करता, उसी प्रकार विवेकी पुरुष की विषयसुख भोगने की इच्छा नहीं होती है ।।२५।।

व्याख्या - ***''भगवन्नस्थिचर्मस्नायुमज्जामांसशुक्रशोणितश्लेष्माश्रुदूषिते विण्मूत्रवात-पित्तकफसंघाते दुर्गन्धे निःसारेऽस्मिन्छरीरे किं कामोपभोगैः''*** (मैत्रा.उ. १/२) इस प्रकार देहगत दोषों का, ***''कामक्रोधलोभभयविषादेर्ष्येष्टवियोगानिष्टसंप्रयोगक्षुत्पिपासाजरामृत्युरोगशोका-द्यैरभिहतेऽस्मिञ्छरीरे किं कामोपभोगैः''*** (मैत्रा.उ. १/२) इस प्रकार सूक्ष्मशरीरगत चित्तदोषों का तथा ***''सर्वं चेदं क्षयिष्णु पश्यामो यथेमे दंशमशकादयस्तृणवन्नश्यतयोद्भूतप्रध्वंसिनः''***

राजा बृहद्रथ उदाहरत् । सेयं गाथा मैत्रायण्युपनिषदि लभ्यते । "भगवन्नस्थिचर्मस्नायुमज्जा-मांसशुक्रशोणितश्लेष्माश्रुदूषिते विण्मूत्रवातपित्तकफसंघाते दुर्गन्धे निःसारेऽस्मिन्छरीरे किं कामोपभोगैः" इत्यादिना स्थूलदेहदोषास्तथा "कामक्रोधलोभभयविषादेर्ष्येष्टवियोगानिष्टसंप्रयोगक्षुत्पिपासा-जरामृत्युरोग-शोकाद्यैरभिहतेऽस्मिञ्छरीरे किं कामोपभोगैः" इति सूक्ष्मदेहदोशाः अपि वर्णिताः तानेव दोषान्सङ्क्षिपति। अनेकशो विद्यमानान्देहदोषांश्चित्तदोषान्भोग्यदोषाननेकशो बहुधोदाहरत् । विवेकिनः कामानुदये दृष्टान्तमाह। तद्विवेकिनो महानुभावस्य शुना वान्ते पायसे नो काम उपजायत इति शम् ।।

सार्वभौमाच्छ्रोत्रियस्य श्रेष्ठत्वद्योतनाय तद्दोषनिरूपणम् -

निष्कामत्वे समेऽप्यत्र राज्ञस्साधनसञ्चये ।
दुःखमासीद्भाविनाशादतिभीरनुवर्तते ।।२६।।
नोभयं श्रोत्रियस्यातस्तदानन्दोऽधिकोऽन्यतः ।
गन्धर्वानन्द आशास्ति राज्ञो नास्ति विवेकिनः ।।२७।।

अन्वयः-निष्कामत्वे समे अपि अत्र राज्ञः साधनसञ्चये दुःखम् आसीत्। इति भाविनाशात् भीः अनुवर्तते।

(मैत्रा.उ. १/३) इत्यादि विषयदोषों का राजा बृहद्रथ ने वर्णन किया है ।

जैसे कुत्ते के द्वारा वमन की हुई अत्यन्तप्रिय होने पर भी खीर खाने की इच्छा कोई भी बुद्धिमान पुरुष नहीं करता है, उसी प्रकार विवेकी पुरुष भी विषयसुख भोगने की इच्छा नहीं करता है । यह दृष्टान्त काम्यपदार्थों में अत्यन्त जुगुप्सा उत्पन्न करने के लिए दिया गया है ।

चक्रवर्ती राजा की अपेक्षा श्रोत्रिय के सुख का श्रेष्ठत्व दर्शाते हैं ।

अर्थ - निष्कामत्व समान होने पर भी राजा को साधन सञ्चय में दुःख हुआ था और उनके भाविनाश का अत्यन्त डर भी बना रहता है ।।२६।।

व्याख्या - यद्यपि ज्ञानी और चक्रवर्ती सम्राट् इन दोनों में निष्कामता समान है तथापि ज्ञानी की सर्वकामाप्ति राजा की तुलना में श्रेष्ठ है । राजा के पास प्रत्यक्ष में यद्यपि समस्त पदार्थों का संग्रह परिलक्षित होता है किन्तु वह साधन राजा को अनायास ही प्राप्त नहीं हुए हैं । उसने अनेकों युद्ध किये, अनेकों राजाओं को परास्त किया और विश्वविजयी बनने में न जाने कितने ही शारीरिक और मानसिक कष्टों को सहन किया तब जाकर आज वह निष्कामभाव से सुख भोग रहा है । और दूसरा यह कि उसका वह सुख स्थिर नहीं है, उसमें भय विद्यमान है । उसे अपने राज्य की और संपत्ति की निरन्तर चिन्ता लगी रहती है । कोई भारी शत्रु उत्पन्न न हो जाए और राज्य पर आक्रमण न कर दे, इत्यादि अनेकों चिन्ताएँ उसे असहज बनाती रहती हैं । अतः भाविनाश का अत्यन्त भय राजा को कभी नहीं छोड़ता है अर्थात् राजा का सुख भयमिश्रित सुख है ।

वह सुख सुख नहीं, जिसमें दुःख है भय है रोना है ।
मिलावट से जो है खाली, उसी का नाम सोना है ।।

अतः निष्कामता समान होने पर भी चक्रवर्ती सम्राट् की अपेक्षा तत्ववेत्ता का सुख श्रेष्ठ है ।

अन्वयः – श्रोत्रियस्य उभयं न । अतः तदानन्दः अन्यतः अधिकः । राज्ञः गन्धर्वानन्दे आशा अस्ति । विवेकिनः न अस्ति।

व्याख्या :– अथ सिंहावलोकनन्यायेन प्रागुक्तसार्वभौमश्रोत्रिययोस्समत्वेऽपि विशेषान्तरमप्याह। सार्वभौमश्रोत्रिययोः निष्कामत्वे कामनाराहित्ये समेऽप्यत्र राज्ञः क्लेशद्वयमधिकं वर्तते । राज्ञस्साधनसञ्चये साधनानां भोग्यपदार्थानां सञ्चये सम्पादने दुःखमासीत्तथोत्तरकाले सार्वभौमत्वस्य भाविनाशाद्भाविकाले नाशस्मरणादप्यतिभीर्महद्भयमनुवर्तत इति दोषद्वयमुक्तम् । सार्वभौमत्वं साधनसाध्यं पश्चाच्च तन्नाशभीतिश्चेति दोषद्वयसद्भावाच्छ्रोत्रिये तु तदुभयाभावाच्चाधिक्यं प्रदर्श्य सम्प्रत्याधिक्यान्तरमप्याह। श्रोत्रियस्य तूभयं दुःखभयद्वयं पूर्वोक्तं यतो नासत्यतस्तस्य ज्ञानिन आनन्दोऽन्यतस्सार्वभौमादधिकः। न केवलं साधनसञ्चयभाविनाशरूपदुःखद्वयमेव न । राज्ञस्सम्राजो गन्धर्वानन्देऽप्याशास्ति । अत एवाधिकक्लेशः । विवेकिनस्तु नाशास्ति । सर्वात्मकत्वात्कृतकृत्यत्वाद्धन्यत्वात्तस्येति शम् ।।

आनन्दतारतम्यनिरूपणम् –

अस्मिन्कल्पे मनुष्यस्सन्पुण्यपाकविशेषतः।
गन्धर्वत्वं समापन्नो मर्त्यगन्धर्व उच्यते ।।२८।।

श्रोत्रिय में उक्त दोनों दुःखों का आभाव दिखाते हैं ।

अर्थ – वे दोनों दुःख श्रोत्रिय को नहीं होते हैं, इसलिए उसका आनन्द अन्य से अधिक है । राजा को तो गन्धर्वानन्द की आशा रहती है, किन्तु विवेकी को वह भी नहीं है ।।२७।।

व्याख्या – चक्रवर्ती सम्राट् को विषयों का संचयरूप भूतकालीन दुःख और भविष्य में उनके नष्ट हो जाने का भयरूप दुःख ये दोनों दुःख होते हैं । किन्तु वे दोनों दुःख श्रोत्रिय को नहीं होते हैं । उसे न तो विषयों के संचय का दुःख है और न उनके नष्ट होने का भय । क्योंकि वह समस्त कामनाओं का त्याग करने से तृप्त है । इसीलिए उसकी तृप्ति सापेक्ष न होने से निरंकुश है । अर्थात् ज्ञानी का आनन्द अन्य सभी से अधिक है ।

चक्रवर्ती राजा समस्त पृथ्वी का राज्य पाकर भले ही तृप्त हो, किन्तु जब वह जानता है कि गन्धर्वलोक का सुख उसके राज्य के सुख से सौ गुना अधिक है, तो वह उसकी कामना करने लगता है । इस कारण से उसकी कामाप्ति अधूरी रह जाती है और उसे अल्पता का दुःख अनुभव होने लगता है । किन्तु ज्ञानी पुरुष किसी लोक की इच्छा नहीं करता है । वह विवेक से उन सभी लोकों को नश्वर जानकर उनके प्रति उदासीन हो जाता है । इसलिए उसकी कामाप्ति सर्वथा पूर्ण है।

आनन्द का तारतम्य दर्शाने की इच्छा से सर्वप्रथम गन्धर्वों के भेद को दो श्लोकों से कहते हैं ।

अर्थ – इस कल्प में मनुष्य होकर किसी विशेषपुण्य के फलोन्मुख होने से गन्धर्व शरीर को प्राप्त हुआ जीव मर्त्यगन्धर्व कहा जाता है । और पूर्वकल्प में किए हुए पुण्य के प्रभाव से यदि कल्प के आदि में ही गन्धर्व योनि को प्राप्त होता है, वैसा जीव इस लोक में देवगन्धर्व कहलाता है ।।२८-२९।।

व्याख्या – मनुष्य लोक से अगला उच्चलोक गन्धर्वलोक है । वहाँ निवास करने वाले गन्धर्व दो

पूर्वकल्पे कृतात्पुण्यात्कल्पादावेव चेद्भवेत् ।
गन्धर्वत्वन्तादृशोऽत्र देवगन्धर्व उच्यते ॥२९॥
अग्निष्वात्तादयो लोके पितरश्चिरवासिनः ।
कल्पादावेव देवत्वङ्गता आजानदेवताः ॥३०॥
अस्मिन् कल्पेऽश्वमेधादि कर्म कृत्वा महत्पदम् ।
अवाप्याजानदेवैर्याः पूज्यास्ताः कर्मदेवताः॥३१॥
यमाग्निमुख्या देवाः स्युर्ज्ञातविन्द्रबृहस्पतिम् ।
प्रजापतिर्विराट् प्रोक्तो ब्रह्मा सूत्रात्मनामकः॥३२॥

अन्वयः- अस्मिन् कल्पे मनुष्यः सन् पुण्यपाकविशेषतः गन्धर्वत्वं समापन्नः मर्त्यगन्धर्वः उच्यते।

अन्वयः-पूर्वकल्पे कृतात् पुण्यात् कल्पादौ एव गन्धर्वत्वं भवेत् चेत् तादृशः अत्र देवगन्धर्वः उच्यते।

अन्वयः - लोके चिरवासिनः अग्निष्वात्तादयः पितरः कल्पादौ एव देवत्वं गताः आजानदेवताः।

अन्वयः - अस्मिन् कल्पे अश्वमेधादि कर्म कृत्वा महत् पदम् अवाप्य याः आजानदेवैः पूज्याः ताः कर्मदेवताः।

अन्वयः - यमाग्निमुख्याः देवाः स्युः। इन्द्रबृहस्पती ज्ञातौ। प्रजापतिः विराट् प्रोक्तः। ब्रह्मा सूत्रात्मनामकः।

व्याख्या :- तत्रोपपत्तिविवक्षया वैविद्ध्यं दर्शयति । अस्मिन्कल्पे पुण्यपाकविशेषतो मनुष्यस्सन्कल्पान्तरे गन्धर्वत्वं समापन्नो मर्त्यगन्धर्व इत्युच्यते । सन्त्यन्ये ये पूर्वकल्पकृतपुण्यपरिपाक-विशेषात्तत्कल्पादावेव गन्धर्वत्वमापन्नास्ते देवगन्धर्वा इत्युच्यन्ते । पूर्वकल्पे कृतात्पुण्यात्कल्पादावेव

प्रकार के होते हैं - एक मनुष्यगन्धर्व और दूसरे देवगन्धर्व । इसी कल्प में अर्थात् वर्तमान सृष्टि में मनुष्य जन्म प्राप्तकर यदि कोई पुण्यकर्म करता है तो उन कर्मों के फलरूप वह जीव मनुष्य शरीर का त्याग करने के बाद गन्धर्व शरीर को प्राप्त होता है, उसे मर्त्यगन्धर्व कहते हैं । इनसे भिन्न भी गन्धर्व हैं, जो कल्प के प्रारम्भ में ही गन्धर्वत्व को प्राप्त हुए हैं, ऐसे गन्धर्वों को देवगन्धर्व कहते हैं । पूर्व कल्प में जिसने अधिक पुण्य कर्म किया है, वह उन पुण्यकर्मों के प्रताप से यदि इस कल्प के प्रारम्भ में ही गन्धर्वत्व को प्राप्त होता है अर्थात् यदि गन्धर्व योनि में ही जन्म लेता है तो उसे इस लोक में देवगन्धर्व कहा जाता है । मनुष्यगन्धर्व की तुलना में देवगन्धर्व का ऐश्वर्य अधिक होने से मनुष्यगन्धर्व भी सर्वाधिक सुखी नहीं होता है ।

अर्धश्लोक से पितरों का वर्णन कर ढ़ाई श्लोकों से त्रिविध देवानन्द के ज्ञानार्थ देवताओं के भेद दर्शाते हैं ।

अर्थ - पितृलोक में चिरकाल से वास करने वाले अग्निष्वात्तादि पितर हैं । कल्प के आदि में ही देवत्व को प्राप्त हुए आजानदेव कहलाते हैं । और इस कल्प में अश्वमेधादि कर्म करके उच्च पद को प्राप्तकर आजानदेवों से जो पूजित होते हैं, वे कर्मदेवता कहे जाते हैं ।।३०-३१।।

गन्धर्वत्वं भवेच्चेद्देवगन्धर्व इत्युच्यते । अत्र कल्पादावेव गन्धर्वत्वमिति पूर्वस्माद्विशेषः । तत्र त्वस्मिन्नेव कल्पे मनुष्यशरीरावच्छेदेन कृतपुण्यस्य पाकविशेषात्तद्देहपातोत्तरमेव गन्धर्वत्वप्राप्तिरिति विशेषः । देवगन्धर्वानन्दाधिक्यप्रदर्शनाय चिरलोकपितॄन्सङ्कीर्तयति । अग्निष्वात्तादयो ये पितरः पितृदेवताः पितॄणां लोके चन्द्रमण्डलोपरि भागस्थिते चिरवासिनस्तथा कल्पादावेव ये देवत्वङ्गतास्त आजानदेवताः । द्विविधा देवाः कर्मदेवा आजानदेवा इति । एतत्कल्पीयकर्मफलेन देवत्वं प्राप्ताः कर्मदेवाः । पूर्वकल्पकृतकर्मफलेन कल्पादावेव देवयोनावुत्पन्ना आजानदेवाः । एते कर्मदेवेभ्यश्श्रेष्ठाः। कर्मदेवतात्वं विवृणोति । अस्मिन्कल्पेऽश्वमेधादियागोऽश्वः प्रधानतया मेध्यते हिंस्यतेऽत्रेत्यश्वमेध एकविंशतियूपानेकपशुविशिष्टो यज्ञविशेषः । तदादिशास्त्रचोदितं विविधं पुण्यकर्मकृत्वा महत्पदं स्वर्गादिलोकमवाप्याजानदेवैः कल्पादौ देवयोनौ सञ्जातैर्या विद्याकर्मोत्कृष्ट्येन पूज्या भवन्ति ताः कर्मदेवताः कर्मणा प्रशस्ता देवता भवन्ति । आजानदेवपदस्यार्थं वार्तिककार एवमाह – " आजानो देवलोकस्स्यात्तज्जा आजानजास्स्मृताः । स्मार्तकर्मकृतस्तत्र जायन्ते देवभूमिष्वि"ति । आजानदेवानां मध्ये मुख्यानाह । आजानदेवेषु यमाग्निमुख्या यमाग्नी मुख्यमादिर्येषां ते देवा वरुणवायुकुबेरादयस्तथोक्ताः। तत्रेन्द्रबृहस्पती ज्ञातौ प्रसिद्धौ । " स एतमे व पुरुषं ब्रह्म ततमपश्यदिदमदर्शमिति । तस्मादिन्द्रो नामेदिन्द्रो ह वै नाम तमिदिन्द्र नाम सन्तमिन्द्र इत्याचक्षत"

व्याख्या – गन्धर्वलोक से पितृलोक श्रेष्ठ है । पितृश्राद्धादि करने पर यह लोक प्राप्त होता है । इस लोक में निवास करने वाले पितरों में अग्निष्वात्त मुख्य है । जिन पितृलोकों में चिरकाल तक स्थिति होती है, उन लोकों को चिरलोक कहते हैं । इसलिए कहा कि अपने पितृलोक में चिरकाल से निवास करने वाले अग्निष्वात्तादि पितृ कहलाते हैं और कल्प के प्रारम्भ में ही देवत्व को प्राप्त हुए जो जीव हैं, वे आजानदेवता कहलाते हैं । आजान देवलोक को कहते है, उसमें उत्पन्न होने वाले को आजानदेव (आजानज) कहते हैं । विशेष स्मार्त कर्मों का अनुष्ठान करने वाले उस लोक में उत्पन्न होकर आजानदेव कहलाते हैं । श्रीसुरेश्वराचार्य जी ने भी वार्तिक में कहा है –

आजानो देवलोकः स्यात्तज्जा आजानजाः स्मृताः।
स्मार्तकर्मकृतस्तत्र जायन्ते देवभूमिषु ।। (तै.भा.वार्तिक ५१३)

इस कल्प में अश्वमेधादि कर्म करके अर्थात् इक्कीस यूप वाले तथा सप्तदशपुशुविशिष्ट विशेष प्रकार के यज्ञ को करके मृत्यु के बाद उच्च स्वर्गादि लोक को प्राप्त हुए जो जीव हैं, वे कर्मदेवता कहलाते हैं । ये कर्मदेवता आजानदेवों के द्वारा पूजित होते हैं ।

पितृलोक से देवलोक श्रेष्ठ है । वहाँ वास करने वाले देवता तीन कोटि के हैं – आजानदेव, कर्मदेव और प्रधानदेव । आजानदेव कल्प के आदि में ही देवत्व प्राप्त कर लेते हैं किन्तु ये अन्य देवताओं की अपेक्षा निम्न कोटि के होते हैं । इसलिए इन्हें कर्मदेवताओं की पूजा करने वाला कहा गया है ।

अर्थ – यम-अग्नि आदि प्रधान देव हैं । इन्द्र और बृहस्पति तो प्रसिद्ध ही है । प्रजापति को विराट् और ब्रह्मा को सूत्रात्मा कहा गया है ।।३२।।

व्याख्या – यम, अग्नि, वायु, वरुण, कुबेर आदि मुख्य देवता कहे गये हैं । यद्यपि इनका सुख

इति श्रौतव्युत्पत्तेरिन्द्रश्च बृहत्या वाचः पतिरिति देवपुरोहितश्चेत्युभावतिप्रख्यातौ । प्रजापतिरिति विराट्प्रोक्तः । ब्रह्मदेवस्सूत्रात्मनामकस्समष्टिशरीरोपाधिको हिरण्यगर्भो भवति । एवं तारतम्येनानन्दभेदाः प्रपञ्चिता इति शम् ।।

सूत्रात्मानन्दान्तानप्यतिशेतेऽकामहतश्रोत्रियानन्द इति निरूपणम् -

सार्वभौमादिसूत्रान्ता उत्तरोत्तरकामिनः।
अवाङ्मनसगम्योऽयमात्मानन्दस्ततः परः।।३३।।
तैस्तैः काम्येषु सर्वेषु सुखेषु श्रोत्रियो यतः।
निःस्पृहस्तेन सर्वेषामानन्दास्सन्ति तस्य ते।।३४।।
सर्वकामाप्तिरेषोक्ता यद्वा साक्षिचिदात्मना।
स्वदेहवत्सर्वदेहेष्वपि भोगानवेक्षते ।।३५।।
अज्ञस्याप्येतदस्त्येव न तु तृप्तिरबोधतः।
यो वेद सोऽश्नुते सर्वान्कामानित्यब्रवीच्छ्रुतिः।।३६।।
यद्वा सर्वात्मतां स्वस्य साम्ना गायति सर्वदा।
अहमन्नं तथान्नादश्चेति साम ह्यधीयते।।३७।।

अन्वयः- सार्वभौमादिसूत्रान्ताः उत्तरोत्तरकामिनः। अवाङ्मनसगम्यः अयम् आत्मानन्दः ततः परम्।

अन्वयः - तैः तैः काम्येषु सर्वेषु सुखेषु श्रोत्रियः यतः निःस्पृहः तेन सर्वेषां ते आनन्दाः तस्य सन्ति।

अन्वयः - एषा सर्वकामाप्तिः उक्ता। यद्वा साक्षिचिदात्मना स्वदेहवत् सर्वदेहेषु अपि भोगान् अवेक्षते।

अन्वयः - अज्ञस्य अपि एतत् अस्ति एव। अबोधतः तृप्तिः तु न। "यो वेद सः सर्वान् कामान् अश्नुते" इति श्रुतिः अब्रवीत् ।

अन्वयः - यद्वा स्वस्य सर्वात्मतां साम्ना सर्वदा गायति "अहम् अन्नं तथा अन्नादः च"। इति साम हि अधीयते।

कर्मदेवताओं से सौ गुना अधिक है तथापि इन्द्र की तुलना में कम है । इन्द्र और बृहस्पति दोनों प्रसिद्ध ही है । इन्द्र का सुख यमादि देवताओं के सुख की तुलना में सौ गुना अधिक कहा गया है, क्योंकि इन्द्र देवताओं के राजा हैं । बृहस्पति इन्द्र के भी गुरु होने के कारण उनका सुख इन्द्र से भी सौ गुना अधिक कहा गया है । प्रजापति को विराट् कहते हैं । बृहस्पति से भी सौ गुना अधिक सुख प्रजापति का है और सूत्रात्मा अर्थात् ब्रह्माजी जिन्हें हिरण्यगर्भ भी कहते हैं । उन समस्त समष्टि सूक्ष्मशरीराभिमानी हिरण्यगर्भ का सुख प्रजापति के सुख से भी सौ गुना अधिक कहा गया है ।

आत्मानन्द की सर्वश्रेष्ठता प्रदर्शित करते हैं ।

अर्थ - चक्रवर्ती सम्राट् से लेकर सूत्रात्मा (ब्रह्मा) पर्यन्त सभी अपने से ऊपर-ऊपर के आनन्द के इच्छुक हैं किन्तु यह आत्मानन्द मन और वाणी से अगम्य है, इसलिए उनमें श्रेष्ठ है ।।३३।।

व्याख्या :- अथ सार्वभौमादिसूत्रान्तानन्देभ्योऽपि श्रोत्रियेण शमादिमता ब्रह्मविदा लब्धेऽद्वैत-ब्रह्मानन्दे विशेषोऽभिधत्ते । सार्वभौमादिसूत्रान्ता उत्तरोत्तरकामिन उत्तरस्मात्पदादुत्तरस्य पदस्य कामिनो भवन्ति । उत्तरोत्तरेति तेषामपरत्वे हेतुगर्भं विशेषणम् । एभ्यस्सर्वेभ्योऽधिकतममानन्दमाह। यतोऽयमात्मानन्दोऽवाङ्मनसगम्यो मनसा चिन्तितुं वाचा वर्णितुं वाशक्यस्ततः परस्सर्वोत्कृष्ट इत्येवमवागित्याद्यात्मानन्देऽपि तत्तस्य परत्वं स्पष्टमेव । एवं श्रोत्रिये निखिलनिरुक्तानन्दसत्त्वे निस्पृहतैव हेतुः । सर्वेषामिन्द्रादीनामानन्दाश्श्रोत्रिये विद्यन्त इत्याह । एषा सर्वकामाप्तिर्विवृतैकप्रकारिकोक्ता । अत्रैव प्रकारान्तरमप्याह । यद्वा साक्षिचिदात्मना सर्वव्यवहारस्य साक्षिभूतेन चित्स्वरूपेण स्वदेह-वत्सर्वदेहेष्वपि भोगानवेक्षते यथाऽस्मिन्नुपाधिपरिहारेणानन्दरूपत्वमिव देहान्तरेष्वप्युपाध्यपरामर्शा-दानन्दरूपतेति भावः । अवेक्षते ज्ञातत्वाज्ञातत्वाभ्यां सर्वं साक्षिभास्यमिति सिद्धान्तादज्ञातत्वेनानुसन्धता

व्याख्या - चक्रवर्ती सम्राट् से लेकर ब्रह्मा पर्यन्त सब का सुख एक से बढ़कर एक कहा गया है अतः सभी अपने से अधिक सुख वाले को देखकर स्वयं में अल्पता का अनुभव कर दुःखी होते हैं। और पुण्यादि श्रेष्ठ कर्मों को करके उन-उन लोकों के आनन्द की प्राप्ति की कामना करते हैं । इस प्रकार उन सभी का सुख परिमित है किन्तु आत्मानन्द अपरिमित है । उसकी अनन्तता या पूर्णता मन और वाणी का विषय नहीं है अर्थात् इस आत्मानन्द का मन से चिन्तन करना अथवा वाणी से वर्णन करना दोनों ही अशक्य है । इसलिए ज्ञानी का आत्मानन्द ही सर्वश्रेष्ठ है ।

निस्पृह होने के कारण समस्त आनन्द श्रोत्रिय में सुने गये हैं, इसका वर्णन कहते हैं।

अर्थ - चक्रवर्ती राजा आदि जिन-जिन सुखों की कामना करते हैं, उन सब में श्रोत्रिय निस्पृह होता है, इसलिए उसे उन सब का आनन्द प्राप्त होता है ।।३४।।

व्याख्या - चक्रवर्ती राजा आदि सभी जिन-जिन सुखों की इच्छा करते हैं, श्रोत्रिय उन समस्त सुखों को अशाश्वत मानकर उनका त्याग कर देता है, उन सुखों से सर्वथा निस्पृह हो जाता है । यह निस्पृहता ही श्रोत्रिय के परमसन्तोष का कारण है । इसलिए उन सभी को होने वाले आनन्द को कामनारहित श्रोत्रिय अनायास ही प्राप्त कर लेता है । सन्तोष प्राप्त होने पर अन्य समस्त सुख तुच्छ हो जाते हैं, इसलिए कहा है कि -

गोधन गजधन वाजिधन और रतन धन खान ।
जब आवै सन्तोष धन सब धन धूरि समान ।।

प्रतिपादित अर्थ का उपसंहार कर पक्षान्तर को कहते हैं अर्थात् सर्वकामाप्ति का अन्य प्रकार दर्शाते हैं ।

अर्थ - यह सर्वकामाप्ति कही गयी । अथवा साक्षी चिदात्मारूप से अपने शरीर की भाँति सब शरीरों में भी भोगों को प्राप्त कर लेता है ।।३५।।

व्याख्या - पूर्वोक्त रीति से एकप्रकार की सर्वकामाप्ति का निरूपण कर दिया गया, अब प्रकारान्तर से उसका निरूपण करते हैं । सर्वव्यवहार के साक्षीभूत से चित्स्वरूप से अपने शरीर की भाँति अर्थात् मनुष्य जैसे अपने देह में आनन्दाकार बुद्धि का साक्षी होकर उसका सुख भोगता है, उसी प्रकार ज्ञानी पुरुष चक्रवर्ती सम्राट् आदि सभी शरीरों में साक्षीरूप से स्वयं को ही मानकर उन शरीरों के द्वारा भोगे जाने वाले सुखों का स्वयं भोग करता है । साक्षी केवल एक ही अन्तःकरण की वृत्तियों का साक्षी नहीं

इत्यर्थः । ननूक्तरूपा सर्वकामाप्तिरज्ञस्यापि साधारणैवेति तस्य तृप्तिरपीदृशीस्यादित्याशङ्कायामज्ञस्य सर्वबुद्धिसाक्ष्यहमिति ज्ञानाभावान्मैवमित्याह । एतदुक्तरूपा सर्वकामाप्तिरज्ञस्यापि यद्यप्यस्त्येव । तथाप्यबोधतस्सर्वबुद्धिसाक्ष्यहमिति ज्ञानाभावान्नास्ति तृप्तिः । उक्तार्थे तैत्तिरीयश्रुतिं प्रमाणयति । " यो वेद निहितं गुहायां परमे व्योमन् । सोऽश्नुते सर्वान्कामान्सह। ब्रह्मणा विपश्चितेती"ति । यः पुरुषो "निहितं गुहायां परमे व्योमन्नि"तिवर्णितं प्रत्यगात्माभिन्नपरमात्मानं वेदापरोक्षतया साक्षात्कारोति स ब्रह्मवित्सर्वान्कामानश्नुते युगपदाप्नोतीति श्रुतिरब्रवीत् । पूर्वोक्तश्रुत्या "त्वैतस्यैवानन्दस्यान्यानि भूतानि मात्रामुपजीवन्ती"तिब्रह्मात्मरूपतयैव सर्वकामाप्तिरुक्तेत्यस्वरसात्प्रकारान्तरेण सर्वकामाप्तिमाचष्टे। यद्वा "स य श्चायं पुरुषे । यश्चासावादित्ये । स एक" इत्येवं विदित्वान्नमयाद्यानन्दमयान्तान्कोशान्मिथ्यात्वधिया विविच्य "ब्रह्मपुच्छं प्रतिष्ठे " त्यखण्डैकरसानन्दं स्वात्मत्वेन यस्साक्षात्करोति ब्रह्मवित्स जीवन्मुक्तस्सर्वदा स्वस्य सर्वात्मतां साम्ना गीतिस्वरूपेण मन्त्रेण यद्वा सर्वेण समस्तेन सामेति सर्वसमत्वप्रतिपादकमन्त्रेण गायति तद्गानप्रकार " इमांल्लोकान्कामान्नी कामरूप्यनुसञ्चर"न्नित्यादिना दर्शितश्श्रुतौ ।

है अपितु सर्वात्मक होने के कारण सब के मन में अनुभूत होने वाली तृप्ति और सुख का भी साक्षी है । इसलिए ज्ञानी को सब के सुख एकसाथ प्राप्त हो जाते हैं ।

उक्त तृप्ति का कारण बोध ही है, इसका श्रुतिप्रमाण से निरूपण करते हैं।

अर्थ - अज्ञानी को भी पूर्वोक्त यह (सर्वसुख) प्राप्त ही है । किन्तु बोध के न होने से उसे तृप्ति नहीं होती है । क्योंकि जो ब्रह्म को जानता है, वह समस्त कामनाओं को प्राप्त करता है, ऐसा श्रुति ने कहा है ।।३६।।

व्याख्या - आपके द्वारा कही गयी सर्वकामाप्ति अज्ञ में भी विद्यमान ही है तो फिर उसे तृप्ति भी होगी ? ऐसी शंका होने पर कहते हैं कि यद्यपि पूर्वोक्त यह सर्वकामाप्ति अज्ञानी में भी है ही तथापि अबोध के कारण अर्थात् "सर्वबुद्धि का साक्षी मैं ही हूँ" इस प्रकार के ज्ञान का अभाव होने से अज्ञानी को तृप्ति की अनुभूति नहीं होती है । ज्ञानी-अज्ञानी सभी पुरुष तत्त्वतः साक्षी ही हैं । अज्ञानी इसे नहीं जानता और ज्ञानी जानता है, दोनों में बस इतना ही अन्तर है । ज्ञानी साक्षीभाव में स्थित रहने के कारण सब के शरीर-मन-बुद्धि का साक्षी रहता है और उन सब की कामाप्ति से सन्तुष्ट होकर सुखी रहता है । श्रुति कहती है कि ***"यो वेद निहितं गुहायां परमे व्योमन् सोऽश्नुते सर्वान् कामान् सह ब्रह्मणा विपश्चिता"*** (तै.उ. २/१/१) अर्थात् जो हृदयाकाश में निहित ब्रह्म को जानता है, वह विज्ञानस्वरूप ब्रह्म के साथ समस्त भोगों का अनुभव करता है । इस प्रकार ज्ञानी की सर्वकामाप्ति में श्रुति भी प्रमाण है ।

सर्वकामाप्ति का अब तीसरा प्रकार बताते हैं ।

अर्थ - अथवा ज्ञानी सदा अपनी सर्वात्मता को सामवेद के मन्त्र द्वारा गाता है - "मैं अन्न हूँ तथा अन्न खाने वाला हूँ" इस प्रकार सामवेदपाठी साम का अध्ययन करते ही हैं ।।३७।।

व्याख्या - अथवा जो यह पुरुष है, वही आदित्य में भी है । इस प्रकार जानकर अन्नमय से लेकर विज्ञानमय पर्यन्त कोशों को बुद्धि के द्वारा मिथ्यारूप जानकर उनका विवेचन कर ***"ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा"*** इस प्रकार अखण्ड आनन्द रस को अपने आत्मरूप से जिसने साक्षात् कर लिया है, वह ब्रह्मवित् (जीवन्मुक्त) सर्वदा अपनी सर्वात्मकता को सामवेद के गीतिरूप मन्त्र से सदा गाया करता है । उस

अहमन्नं यद्यदद्यते व्रीहियवादिकं तदन्नं तदहमस्मि मिथ्यांशस्य नामरूपादिकस्य विवेचनेन परमार्थभूतं वस्त्वहमेवेति सर्वात्मकत्वानुभवस्सूच्यते । तथान्नादो योऽन्नमत्ति सोऽप्यहमेव चेति सामश्रुतिरधीयते । हीरत्र निश्चितार्थे । "एतत्समगायन्नास्त" इत्यादिना प्रसिद्धेव सा श्रुतिरिति शम् ।।

कृतकृत्यत्वनिरूपणम् -

दुःखाभावश्च कामाप्तिरुभे ह्येवं निरूपिते।
कृतकृत्यत्वमन्यच्च प्राप्तप्राप्यत्वमीक्षताम् ।।३८।।

अन्वयः - एवं दुःखाभावः च कामाप्तिः उभे हि निरूपिते। अन्यत् च कृतकृत्यत्वं प्राप्तप्राप्यत्वम् ईक्षताम् ।

उभयं तृप्तिदीपे हि सम्यगस्माभिरीरितम् ।
त एवात्रानुसन्धेयाः श्लोका बुद्धिविशुद्धये।।३९।।

अन्वयः - उभयं तृप्तिदीपे अस्माभिः सम्यक् ईरितं हि। ते एव श्लोकाः अत्र बुद्धिविशुद्धये अनुसन्धेयाः।

गान का प्रकार बताते हैं - "मैं अन्न हूँ अर्थात् ब्रीहि, यवादिक जो कुछ भी खाया जाने वाला अन्न है, वह अन्न मैं ही हूँ अर्थात् मिथ्या नाम-रूपादि का विवेचन कर देने के बाद परमार्थभूत जो वस्तु अवशिष्ट रहती है, वह वस्तु (ब्रह्म) मैं ही हूँ तथा "अन्नाद भी मैं ही हूँ" अर्थात् जो अन्न को खाता है वह भी मैं ही हूँ, ऐसा साम श्रुति में कहा गया है । श्लोक में 'हि' निश्चयार्थक है । वह श्रुति इस प्रकार है - ***"इमांल्लोकान् कामान्नी कामरूप्यनुसञ्चरन् । एतत्सामगायन्नास्ते हा ३ वु हा ३ वु हा ३ वु। अहमन्नमहमन्नमहमन्नम् । अहमन्नादो २ ऽहमन्नादो २ ऽहमन्नादः"*** (तै. ३/३/१०) ।

अब कृतकृत्यता का विचार प्रारम्भ करते हैं ।

अर्थ - इस प्रकार दुःखाभाव और सर्वकामाप्ति इन दोनों का निरूपण कर दिया । अब (शेष बची)कृतकृत्यता और प्राप्तप्राप्यता का अवलोकन करें ।।३८।।

व्याख्या - इस प्रकरण के प्रारम्भ में विद्यानन्द के चार भेद बताये थे । उनमें से पहले दो दुःखाभाव और सर्वकामाप्ति का वर्णन हो गया । अब विद्यानन्द के शेष दो प्रकार अवशिष्ट रहे - एक कृतकृत्यता और दूसरा प्राप्तप्राप्यता, अब उनका वर्णन करते हैं ।

बुद्धि की शुद्धि के लिये पूर्वोक्त श्लोकों का स्मरण कराते हैं ।

अर्थ - हमने उन दोनों का तृप्ति दीप नामक प्रकरण में भालि-भाँति वर्णन किया है । बुद्धि की शुद्धि के लिये वे ही श्लोक यहाँ पर भी अनुसन्धेय हैं ।।३९।।

व्याख्या - ग्रन्थकर्ता स्वामी श्रीभारतीतीर्थ जी कहते हैं कि शेष बचे दो प्रकार (कृतकृत्यता और प्राप्तप्राप्यता) का हमने विस्तारपूर्वक तृप्तिदीप नामक सप्तम प्रकरण में भली-भाँति वर्णन किया है । उन्हीं श्लाकों का बुद्धि की शुद्धि के लिये अर्थात् अन्तःकरण की निर्मलता के लिये यहाँ सम्यक् अनुसन्धान करना चाहिये । इस कथन से यह भी ज्ञात होता है कि उक्त श्लोकों का अनुसन्धान बुद्धि को शुद्ध करने वाला है।

ऐहिकामुष्मिकव्रातसिद्ध्यै मुक्तेश्च सिद्धये ।
बहुकृत्यं पुरास्याभूत्तत्सर्वमधुना कृतम् ।।४०।।

अन्वयः - अस्य पुरा ऐहिकामुष्मिकव्रातसिद्ध्यै च मुक्तेः सिद्धये बहु कृत्यम् अभूत् । तत् सर्वम् अधुना कृतम् ।

तदेतत्कृतकृत्यत्वं प्रतियोगिपुरःसरम् ।
अनुसन्दधदेवायमेवं तृप्यति नित्यशः ।।४१।।

अन्वयः - अयं तत् एतत् कृतकृत्यत्वं प्रतियोगिपुस्सरम् अनुसन्दधत् एव। एवं नित्यशः तृप्यति।

दुःखिनोऽज्ञाः संसरन्तु कामं पुत्राद्यपेक्षया।
परमानन्दपूर्णोऽहं संसरामि किमिच्छया ।।४२।।

अन्वयः - दुःखिनः अज्ञाः कामं पुत्राद्यपेक्षया संसरन्तु। परमानन्दपूर्णः अहं किमिच्छया संसरामि।

अनुतिष्ठन्तु कर्माणि परलोकयियासवः ।
सर्वलोकात्मकः कस्मादनुतिष्ठामि किङ्कथम् ।।४३।।

अन्वयः - परलोकयियासवः कर्माणि अनुतिष्ठन्तु। सर्वलोकात्मकः कस्मात् किं कथम् अनुतिष्ठामि।

कृतकृत्यता का निरूपण करते हैं ।

(श्लो. ४०. से लेकर श्लो. ५७ तक के श्लोकों की व्याख्या तृप्तिदीप नामक सप्तम प्रकरण में श्लोक २५३ से २७० तक की जा चुकी है, वहीं दृष्टव्य है)

अर्थ - इस तत्त्ववज्ञानी को ज्ञान से पूर्व ऐहिक और आमुष्मिक विषय समूहों की सिद्धि के लिये तथा मोक्ष की सिद्धि के लिये बहुत कर्त्तव्य अवशिष्ट था, किन्तु अब (ज्ञानोत्तरकाल में) उसके द्वारा समस्त कर्तव्य पूर्ण हो गये ।।४०।।

तदेतत् .....

अर्थ - इस पूर्वोक्त कृतकृत्यता को प्रतियोगिपुरस्सर अनुसन्धान करता हुआ, यह ज्ञानवान वक्ष्यमाण प्रकार से सर्वदा तृप्ति का अनुभव करता है ।।४१।।

दुःखिनो.....

अर्थ - दुःखी अज्ञानी लोग पुत्रादि की आकांक्षा से यथेष्ट संसारगति को भले ही प्राप्त होवें, किन्तु मैं तो परमानन्द से परिपूर्ण हूँ । अतः मैं किस कामना से संसारगति को प्राप्त करूँ ?।।४२।।

अनुतिष्ठन्तु.....

अर्थ - परलोक की इच्छा वाले भले ही (यज्ञादि) कर्मों का अनुष्ठान करें, किन्तु मैं तो समस्त लोकों में व्याप्त हूँ । फिर भला मैं किस प्रयोजन से, कैसे और किस कर्म का अनुष्ठान करूँ ?।।४३।।

व्याचक्षतान्ते शस्त्राणि वेदानध्यापयन्तु वा ।
येऽत्राधिकारिणो मे तु नाधिकारोऽक्रियत्वतः।।४४।।

अन्वयः – ये अत्र अधिकारिणः ते शास्त्राणि व्याचक्षतां वा वेदान् अध्यापयन्तु । मे तु अक्रियत्वतः अधिकारः न ।

निद्राभिक्षे स्नानशौचे नेच्छामि न करोमि च ।
द्रष्टारश्चेत्कल्पयन्ति किं मे स्यादन्यकल्पनात् ।।४५।।

अन्वयः–निद्राभिक्षे स्नानशौचे न इच्छामि न च करोमि। द्रष्टारः कल्पयन्ति चेत् अन्यकल्पनात् मे किं स्यात्?

गुञ्जापुञ्जादि दह्येत नान्यारोपितवह्निना ।
नान्यारोपितसंसारधर्मानेवमहं भजे।।४६।।

अन्वयः – गुञ्जापुञ्जादि अन्यारोपितवह्निना न दह्येत। एवम् अन्यारोपितसंसारधर्मान् अहं न भजे।

शृण्वन्त्वज्ञाततत्त्वास्ते जानन्कस्माच्छृणोम्यहम् ।
मन्यन्तां संशयापन्ना न मन्येऽहमसंशयः।।४७।।

अन्वयः – अज्ञाततत्त्वाः ते शृण्वन्तु। अहं जानन् कस्मात् शृणोमि? संशयापन्नाः मन्यन्ताम् ।

व्यायक्षताम् .....

अर्थ – जो लोग शास्त्र अध्यापन के अधिकारी हों, वे भले ही शास्त्र और वेदों को पढ़ावें तथा उनकी व्याख्या करें, किन्तु मैं तो क्रियारहित होने से उक्त क्रिया का अधिकारी नहीं हूँ ।।४४।।

निद्राभिक्षे.....

अर्थ – निद्रा और भिक्षा तथा स्नान और शौच मैं न तो इनको करने की इच्छा करता हूँ और न इनको करता ही हूँ । यदि अन्य दृष्टा लोग मुझ में इन क्रियाओं की कल्पना करते हैं, तो भले करें, अन्य की कल्पना से मुझे क्या हानि है ?।।४५।।

गुञ्जापुञ्जादि.....

अर्थ – गुञ्जा फल के ढ़ेर पर कोई अन्य पुरुष अग्नि का आरोपण करे तो उससे कोई जल नहीं जाता, इसी प्रकार अन्य के द्वारा आरोपित संसारधर्मों को मैं प्राप्त नहीं होता हूँ ।।४६।।

शृण्वन् .....

अर्थ – जिन्हें तत्त्वज्ञान न हुआ हो वे अज्ञानी लोग भले ही श्रवण करें, मैं तत्त्व को जानने वाला किस लिये श्रवण करूँ ? जो संशयग्रस्त हैं वे भले ही मनन करें, किन्तु मैं सन्देह रहित होने से मनन नहीं करता हूँ ।।४७।।

अहम् असंशयः न मन्ये।

विपर्यस्तो निदिध्यासेत्किं ध्यानमविपर्यये ।
देहात्मत्वविपर्यासन्न कदाचिद्भजाम्यहम् ।।४८।।

अन्वयः-विपर्यस्तः निदिध्यासेत् । अहं देहात्मत्वविपर्यासं कदाचित् न भजामि। अविपर्यात् किं ध्यानम् ?

अहं मनुष्य इत्यादिव्यवहारो विनाप्यमुम् ।
विपर्यासञ्चिराभ्यस्तवासनातोऽवकल्पते।।४९।।

अन्वयः - अहं मनुष्यः इत्यादिव्यवहारः अमुं विपर्यासं विना अपि चिराभ्यस्तवासनातः अवकल्पते।

आरब्धकर्मणि क्षीणे व्यवहारो निवर्तते।
कर्माक्षये त्वसौ नैव शाम्येद्ध्यानसहस्रतः।।५०।।

अन्वयः - प्रारब्धकर्मणि क्षीणे व्यवहारः निवर्तते। कर्माक्षये तु असौ ध्यानसहस्रतः न एव शाम्येत् ।

विरलत्वं व्यवहृतेरिष्टञ्चेद्ध्यानमस्तु ते।
अबाधिकां व्यवहृतिं पश्यन्ध्यायाम्यहङ्कुतः।।५१।।

अन्वयः - व्यवहृतेः विरलत्वम् इष्टम् चेत् ते ध्यानम् अस्तु। अहं व्यवहृतिम् अबाधिकां पश्यन्

विपर्यस्तो....

अर्थ - जिसे विपरीत ज्ञान हो, वह भले ही निदिध्यासन करे किन्तु जिसे विपरीत ज्ञान नहीं है, वह भला निदिध्यासन क्यों करे ? मैं देह में आत्मभाव रूप विपरीतज्ञान को कभी भी प्राप्त नहीं होता हूँ।।४८।।

अहं मनुष्य.....

अर्थ - 'मैं मनुष्य हूँ' इत्यादि प्रकार का व्यवहार उस पूर्वोक्त विपरीतभावना के बिना भी बहुत काल से अभ्यस्त वासना (संस्कार) से बन सकता है ।।४९।।

प्रारब्ध.....

अर्थ - प्रारब्ध कर्म के क्षीण होने पर ही व्यवहार की निवृत्ति होती है । किन्तु प्रारब्धकर्म के क्षयाभाव में वह (व्यवहार) हजारों बार ध्यान करने से भी शान्त नहीं होता है ।।५०।।

विरलत्वं.....

अर्थ - यदि तुम्हें व्यवहार की विरलता (अल्पता) अभीष्ट हो, तो तुम ध्यान अवश्य करो, किन्तु व्यवहार को अबाधक देखता हुआ (जानता) मैं कैसे ध्यान करूँ? ।।५१।।

कुतः ध्यायामि?

विक्षेपो नास्ति यस्मान्मे न समाधिस्ततो मम।
विक्षेपो वा समाधिर्वा मनसः स्याद्विकारिणः॥५२॥

अन्वयः – यस्मात् ते विक्षेपः न अस्ति ततः मम समाधिः न। विक्षेपः वा समाधिः वा विकारिणः मनसः स्यात् ।

नित्यानुभवरूपस्य को मेऽत्रानुभवः पृथक् ।
कृतङ्कृत्यं प्रापणीयं प्राप्तमित्येव निश्चयः॥५३॥

अन्वयः – नित्यानुभवरूपस्य मे कः वा अनुभवः पृथक् ? "कृत्यं कृतम् । प्रापणीयं प्राप्तम् " इति एव निश्चयः।

व्यवहारो लौकिको वा शास्त्रीयो वान्यथापि वा।
ममाकर्तुरलेपस्य यथारब्धं प्रवर्तताम् ॥५४॥

अन्वयः– लौकिकः वा शास्त्रीयः वा अन्यथा अपि वा व्यवहारः अकर्तुः अलेपस्य मम यथारब्धं प्रवर्तताम् ।

अथवा कृतकृत्योऽपि लोकानुग्रहकाम्यया।
शास्त्रीयेणैव मार्गेण वर्तेऽहङ्का मम क्षतिः॥५५॥

अन्वयः – अथ वा अहं कृतकृत्यः अपि लोकानुग्रहकाम्यया शास्त्रीयेण मार्गेण एव वर्ते। मम का क्षतिः?

विक्षेपो.....

अर्थ – क्योंकि मुझे विक्षेप नहीं है, इसलिए मुझे समाधि की आवश्यकता नहीं है । विक्षेप अथवा समाधि विकारी मन की ही अवस्थाएँ हैं ॥५२॥

नित्यानु.....

अर्थ – नित्य अनुभवस्वरूप मेरा पृथक् अनुभव कैसे हो सकता है ? इसलिए जो करना था, वह कर लिया और जो प्राप्त करने योग्य था, वह प्राप्त कर लिया । यही मेरा निश्चय है ॥५३॥

व्यवहारो.....

अर्थ – अकर्ता और अलिप्त मेरा लौकिक, शास्त्रीय अथवा निषिद्ध व्यवहार प्रारब्धानुसार भले ही होता रहे ॥५४॥

अथवा.....

अर्थ – अथवा कृतकृत्य होने पर भी प्राणियों पर अनुग्रह करने की इच्छा से यदि मैं शास्त्रीय मार्ग का अनुसरण करता हूँ तो उससे मेरी क्या हानि है ?॥५५॥

देवार्चन.....

विष्णुं ध्यायतु.....

अर्थ – देवपूजन, स्नान, शौच और भिक्षा आदि कार्यों में शरीर भले ही प्रवृत्त होवे, वाणी तार (प्रणव)

देवार्चनस्नानशौचभिक्षादौ वर्ततां वपुः।
तारं जपतु वाक् तद्वत्पठत्वाम्नायमस्तकम् ॥५६॥

अन्वयः - देवार्चनस्नानशौचभिक्षादौ वपुः वर्ततां। वाक् तारं जपतु तद्वत् आम्नायमस्तकं पठतु।

विष्णुं ध्यायतु धीर्यद्वा ब्रह्मानन्दे विलीयताम् ।
साक्ष्यहङ्किञ्चिदप्यत्र न कुर्वे नापि कारये ॥५७॥

अन्वयः - धीः विष्णुं ध्यायतु। यद्वा ब्रह्मानन्दे विलीयताम्। साक्षी अहम् अत्र किंचित् अपि न कुर्वे न अपि कारये ।

व्याख्या :- इमे सर्वेऽपि श्लोकाः तृप्तिदीपे २५३ समारभ्य २७० पर्यन्तं व्याख्याताः ।।

प्राप्तप्राप्यतानिरूपणम् -

कृतकृत्यतया तृप्तः प्राप्तप्राप्यतयापुनः।
तृप्यन्नेवं स्वमनसा मन्यतेऽसौ निरन्तरम् ॥५८॥

अन्वयः - असौ कृतकृत्यतया तृप्तः पुनः प्राप्तप्राप्यतया तृप्यन् स्वमनसा निरन्तरम् एवं मन्यते।

धन्योऽहं धन्योऽहं नित्यं स्वात्मानमञ्जसा वेद्मि ।
धन्योऽहं धन्योऽहं ब्रह्मानन्दो विभाति मे स्पष्टम् ॥५९॥

अन्वयः - नित्यं स्वत्मानम् अञ्जसा वेद्मि। अहं धन्यः। अहं धन्यः। मे ब्रह्मानन्दः स्पष्टं विभाति। अहं धन्यः। अहं धन्यः।

धन्योऽहं धन्योऽहं दुःखं सांसारिकन्न वीक्षेऽद्य ।
धन्योऽहं धन्योऽहं स्वस्याज्ञानं पलायितं क्वापि ॥६०॥

अन्वयः - अद्य सांसारिकं दुःखं न वीक्षे। अहं धन्यः। अहं धन्यः। स्वस्य अज्ञानं क्व अपि

का जप भले ही करे और उसी प्रकार उपनिषद् का पाठ भी भले करे, बुद्धि चाहे विष्णु का ध्यान करे अथवा ब्रह्मानन्द में विलीन हो जाए, किन्तु मैं इन सबका साक्षी हूँ । अतः इन कार्यों को न करता हूँ और न करवाता हूँ ।।५६-५७।।

अब प्राप्तप्राप्यता का विचार प्रारम्भ करते हैं ।

(इन सातों श्लोकों की तृप्तिदीप नामक सप्तम प्रकरण में श्लोक २९१ से श्लोक २९७ तक व्याख्या की जा चुकी है, वहीं देखना चाहिये)

अर्थ - वह विद्वान् कृतकृत्यता के कारण तृप्त होकर भी पुनः वक्ष्यमाण प्रकार से प्राप्तप्राप्यता के कारण तृप्ति का अनुभव करता हुआ अपने मन के द्वारा निरन्तर इस प्रकार मानता है ।।५८।।

धन्योऽहं.....

अर्थ - मैं धन्य हूँ, मैं धन्य हूँ क्योंकि मैं नित्य अपने आत्मा को साक्षात् जानता हूँ । मैं धन्य हूँ,

पलयितम् ।अहं धन्यः। अहं धन्यः।

धन्योऽहं धन्योऽहं कर्तव्यं मे न विद्यते किञ्चित् ।
धन्योऽहं धन्योऽहं प्राप्तव्यं सर्वमद्य सम्पन्नम् ।।६१।।

अन्वयः - मे किंचित् कर्तव्यं न विद्यते। अहं धन्यः। अहं धन्यः। अद्य प्राप्तव्यं सर्वं संपन्नम् ।अहं धन्यः। अहं धन्यः।

धन्योऽहं धन्योऽहं तृप्तेर्मे कोपमा भवेल्लोके ।
धन्योऽहं धन्योऽहं धन्यो धन्यः पुनःपुनर्धन्यः।।६२।।

अन्वयः - अहं धन्यः। अहं धन्यः। मे तृप्ते लोके का उपमा भवेत् ?।अहं धन्यः। अहं धन्यः। धन्यः। धन्यः। पुनः पुनः धन्यः।

अहो पुण्यमहो पुण्यं फलितं फलितं दृढम् ।
अस्य पुण्यस्य सम्पत्तेरहो वयमहो वयम् ।।६३।।

अन्वयः - पुण्यम् अहो। पुण्यम् अहो। दृढं फलितं फलितम्। अस्य पुण्यस्य संपत्तेः वयम् अहो। वयम् अहो।

अहो शास्त्रमहो शास्त्रमहो गुरुरहो गुरुः।
अहो ज्ञानमहो ज्ञानमहो सुखमहो सुखम् ।।६४।।

अन्वयः - शास्त्रम् अहो। शास्त्रम् अहो। गुरुः अहो। गुरुः अहो। ज्ञानम् अहो। ज्ञानम् अहो । सुखम् अहो। सुखम् अहो।

मैं धन्य हूँ क्योंकि मुझे ब्रह्मानन्द स्पष्ट भासित हो रहा है । मैं धन्य हूँ, मैं धन्य हूँ क्योंकि सांसारिक दुःखों को आज मैं नहीं देखता हूँ । मैं धन्य हूँ, मैं धन्य हूँ क्योंकि मेरा अज्ञान कहीं पलायन कर गया है । मैं धन्य हूँ, मैं धन्य हूँ क्योंकि अब मुझे करने के लिए कोई कर्तव्य नहीं रह गया है । मैं धन्य हूँ, मैं धन्य हूँ क्योंकि मुझे जो प्राप्त करना था आज वह सब प्राप्त हो गया । मैं धन्य हूँ, मैं धन्य हूँ क्योंकि मेरी तृप्ति की उपमा लोक में क्या होगी ? मैं धन्य हूँ, मैं धन्य हूँ बारम्बार धन्य हूँ ।।५९-६२।।

अहो पुण्यमहो.....

अर्थ - (हमारा) पुण्यकर्म आश्चर्य है, आश्चर्य है, वह फलित हुआ और भली-भाँति फलित हुआ। इस पुण्य की संपत्ति से हम आश्चर्यरूप हैं, हम धन्य हैं ।।६३।।

अहोशास्त्रमहो.....

अर्थ - अध्यात्मशास्त्र बड़ा अद्भुत है, उसके प्रवक्ता गुरु भी बड़े अद्भुत हैं । उनका दिया हुआ ज्ञान भी बड़ा अद्भुत है और उस ज्ञान से प्राप्त हुआ सुख भी बड़ा अद्भुत है ।।६४।।

अब प्रकरण का फल बताते हुए उपसंहार करते हैं ।

अर्थ - ब्रह्मानन्द नामक ग्रन्थ में विद्यानन्द नामक चौथा अध्याय कहा गया, उसके उत्पन्न होने तक इस अध्याय का अभ्यास करना चाहिये ।।६५।।

ब्रह्मानन्दाभिधे ग्रन्थे चतुर्थोऽध्याय ईरितः।
विद्यानन्दस्तदुत्पत्तिपर्यन्तोऽभ्यास इष्यताम् ॥६५॥

।। इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीभारतीतीर्थविद्यारण्यमुनिवर्यविरचितायां पञ्चदश्यां ब्रह्मानन्दे विद्यानन्दाख्यं चतुर्दशतमं प्रकरणं सम्पूर्णम् ।।

अन्वयः - ब्रह्मानन्दाभिधे ग्रन्थे विद्यानन्दः चतुर्थः अध्यायः ईरितः। तदुत्पत्तिपर्यन्तः अभ्यासः इष्यताम् ।

व्याख्या :- इममध्यायमुपसंहरति । अस्मिन्ब्रह्मानन्दाभिधे ग्रन्थेऽयमध्यायश्चतुर्थ ईरितः कथितो विद्यानन्दः । अथैतदाविर्भावावधिमुमुक्षोश्शमादीनां श्रवणादीनां च दीर्घकाल नैरन्तर्यसत्कार-पूर्वकानुष्ठानावश्यकतां विधत्ते । इष्यतां चाभ्यासस्तदुत्पत्तिपर्यन्तो ज्ञानोत्पत्तिपर्यन्त इति शम् ।।

अनेन प्रकरणेनासिपदे साधनविपरीतिभावना निवर्त्यते । तथाहि । "ज्ञानेऽपि देहपातानन्तरमेवास्ति मुक्तिरद्वैतात् । सप्तमभूम्यावेति प्रतिबन्धोऽयं चतुर्थ एक्येऽपी"ति शोधिततत्त्वम्पदार्थयोरैक्यविषयक-चतुर्थप्रतिबन्धग्रथनमेव चतुर्दशेऽपि ज्ञानादेवाद्वयात्मतनुमुक्तेः । उक्तत्वात्स्पष्टतरं तत्परता तस्य किं न स्या" दिति विद्यानन्दाभिधस्यास्य चतुर्दशप्रकरणस्य तद्बाधकत्वमुक्तम् । तदेव विव्रियते । ब्रह्मानन्दे ह्यत्र ब्रह्मात्मैक्यविषयकापरोक्षप्रमयानिखिलाविद्यातद्व्याप्यतत्कार्यात्मकदृश्यबाधेनाद्वैतसच्चिदानन्दात्म-मात्रस्थितिलक्षणा मुक्तिस्स्पष्टतरैव प्रतिपादितेति नैवात्र वैमत्यगन्धोऽपीति शम् ।।

।। इति श्रीद्वारकाशारदापीठाधीश्वरैः एवं ज्योतिष्पीठाधीश्वरैः श्रीमज्जगद्गुरुशङ्कराचार्यैः अनन्तश्रीविभूषितश्रीस्वरूपानन्दसरस्वतिस्वामिभिः विरचितायां स्वरूपबोधिन्यां व्याख्यायां ब्रह्मानन्दे विद्यानन्दस्समाप्तः ।।

व्याख्या - ब्रह्मानन्द नामक पाँच प्रकरणों वाले इस ग्रन्थ में विद्यानन्द नाम का चतुर्थ अध्याय कहा गया अर्थात् पञ्चदशी के अनुसार चौदहवाँ प्रकरण कहा गया । इस प्रकरण का भली-भाँति अनुसन्धान करने से विद्यानन्द की प्राप्ति होती है । यदि एकबार से उक्त आनन्द की प्राप्ति न हो तो उसके लिए आचार्य बार-बार इस प्रकरण का अभ्यास करने की सलाह देते हुए कहते हैं कि जब तक विद्यानन्द उत्पन्न न हो जाए तब तक इस प्रकरण का बारम्बार अभ्यास करें ।

इस प्रकरण के द्वारा शोधित तत् और त्वं पद की एकताविषयक फलविपरीत भ्रम नामक चतुर्थ प्रतिबन्ध का निराकरण किया गया है ।

ज्ञान हो जाने पर भी मुक्ति तो देहपात होने के बाद ही मिलती है अथवा तो तुर्यगा नामक ज्ञान की सप्तमभूमिका में ही प्राप्त होती है । इस प्रकार का मोक्षफल विषयक भ्रम होना फलविपरीतभ्रम नामक चतुर्थ प्रतिबन्ध कहलाता है । इस विद्यानन्द नामक प्रकरण में ज्ञान होते ही मुक्ति प्राप्त होना सिद्ध किया गया है । अतः इस प्रकारण का तात्पर्य उक्त चतुर्थ प्रतिबन्ध को दूर करना ही है ।

।। इस प्रकार द्वारका एवं ज्योतिष्पीठाधीश्वर अनन्तश्रीविभूषित जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी **श्रीस्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज** द्वारा विरचित **श्रीसद्गुरुसपर्या** नामक हिन्दी व्याख्या में विद्यानन्द नामक चौदहवाँ प्रकरण समाप्त हुआ ।।

।। पञ्चदशं प्रकरणम् -ब्रह्मानन्दे विषयानन्दप्रकरणम् ।।

विषयानन्दस्य ब्रह्मानन्दद्वारभूतत्वकथनम् ।

अथात्र विषयानन्दो ब्रह्मानन्दांशरूपभाक् ।
निरूप्यते द्वारभूतस्तदंशत्वं श्रुतिर्जगौ ।।१।।

अन्वयः - अथ अत्र ब्रह्मानन्दांशरूपभाक् विषयानन्दः निरूप्यते। द्वारभूतः तदंशत्वं श्रुतिः जगौ।

व्याख्या :- अथैतस्य पञ्चमाध्यायस्य प्रतिपाद्यमाह । अथेत्यानन्तर्यार्थे । अत्रास्मिन्प्रकरणे ब्रह्मानन्दांशरूपभाग्ब्रह्मानन्दस्य योऽंशस्तस्य रूपं भजतीति तादृशोऽत एव द्वारभूतो ब्रह्मानन्दोपयोगित्वं विषयानन्दस्याक्षतमिति भावः । एतेन मोक्षशास्त्रे लौकिकस्य विषयानन्दस्य निरूपणमसम्बद्धमिति निरस्तम् । एवम्भूतो विषयानन्दस्तत्र रूपरसादयो विषयास्तेषामानन्दो निरूप्यते । तस्य ब्रह्मानन्दैकदेशत्वे किं मानमित्यत्रोच्यते । विषयानन्दस्य तदंशत्वं तस्य ब्रह्मानन्दस्यैकदेशत्वं श्रुतिर्जगाविति शम् ।।

एतस्यैवानन्देत्यादिश्रुतेरर्थसङ्ग्रहणम् -

एषोऽस्य परमानन्दो योऽखण्डैकरसात्मकः ।
अन्यानि भूतान्येतस्य मात्रामेवोपभुञ्जते ।।२।।

विषयानन्द वास्तव में विषय का आनन्द नहीं है वरन् शान्त मन में पड़ रहा ब्रह्मानन्द का प्रतिबिम्ब है । यह आनन्द संसारी मनुष्य को सहज उपलब्ध है किन्तु अज्ञान के कारण उसे इस आनन्द का रहस्य ज्ञात नहीं है । विषयानन्द को विषय का आनन्द समझने वाले अज्ञानी मनुष्य विषयों के मोह में पड़ते हैं और विषयों की कामना तथा उनका भोग करने के लिए संसार चक्र में भटकते रहते हैं । किन्तु विषयानन्द को ब्रह्म का आनन्द समझने वाले पुरुष विषयों की कामना त्याग कर ब्रह्मज्ञान की कामना करते हैं और यहीं से वे ब्रह्मानन्द के द्वार में प्रवेश पाते हैं ।

विषयानन्द ब्रह्मानन्द का द्वारभूत है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - अब यहाँ ब्रह्मानन्द के अंशरूप विषयानन्द का निरूपण किया जाता है । यह ब्रह्मज्ञान का द्वार है । श्रुति ने इसे ब्रह्मानन्द का अंश कहा है ।।१।।

व्याख्या - श्लोक में 'अथ' शब्द आनन्तर्यार्थ है । अब मोक्षशास्त्र के इस प्रकरण में ब्रह्मानन्द के अंशरूप विषयानन्द का हम निरूपण करने जा रहे हैं । यह विषयानन्द ब्रह्मानन्द की प्राप्ति का द्वारा है अर्थात् ब्रह्मज्ञान प्राप्ति में उपयोगी है । अंश के द्वारा अंशी की प्राप्ति होना लोक में प्रसिद्ध होने से अंश को अंशी की प्राप्ति में उपयोगी माना गया है । इसलिए विषयानन्द भी ब्रह्मानन्द का अंश होने से उसके द्वारा भी ब्रह्मानन्द की प्राप्ति होना संभव है और इससे यह बात भी अप्रामाणिक सिद्ध होती है कि मोक्षशास्त्र में लौकिक विषयानन्द का वर्णन करना असम्बद्ध है । इस प्रकार रूप, रस आदि विषयों से उत्पन्न होने वाले उस विषयानन्द का निरूपण किया जाता है । विषयानन्द ब्रह्मानन्द का अंशभूत है ऐसा कहाँ से पता चला ? इस शंका के उत्तर में कहते हैं कि श्रुति ने इस विषयानन्द को ब्रह्मानन्द का अंश कहा है।

उसी प्रमाण भूत श्रुतिवचन का अर्थतः पठन करते हैं ।

अर्थ - इस परमात्मा का जो यह परमानन्द है, वह अखण्डैकरसात्मक है । अन्य प्राणी इसके एक अंश को ही भोगते हैं ।।२।।

अन्वयः - यः अखण्डैकरसात्मकः एषः अस्य परमानन्दः अन्यानि भूतानि एतस्य मात्राम् एव उपभुञ्जते ।

व्याख्या :- "एषोऽस्य परमानन्दः" "एतस्यैवानन्दस्यान्यानि भूतानि मात्रामुपजीवन्तीत्याकारिकां श्रुतिमर्थतः पठति । अस्य परब्रह्मणो य एष परमानन्दस्सोऽरखण्डैकरसात्मको भेदत्रयशून्यमानन्दरसघनस्वरूपं भवत्यन्यानि भूतानि प्राणिन एतस्य ब्रह्मानन्दस्य मात्रामेवांशमेवोपभुञ्जतेऽनुभवन्ति ।।

मनोवृत्तीनां त्रैविध्यनिरूपणम् -

शान्ता घोरास्तथा मूढा मनसो वृत्तयस्त्रिधा ।
वैराग्यं क्षान्तिरौदार्यमित्याद्याश्शान्तवृत्तयः ।।३।।

अन्वयः - शान्ताः घोराः तथा मूढाः मनसः वृत्तयः त्रिधा। वैराग्यं क्षान्तिः औदार्यम् इत्याद्याः शान्तवृत्तयः ।

तृष्णा स्नेहो रागलोभावित्याद्या घोरवृत्तयः।
सम्मोहो भयमित्याद्याःकथिता मूढवृत्तयः ।।४।।

अन्वयः- तृष्णा स्नेहः। रागलोभौ इत्याद्याः घोरवृत्तयः । संमोहः भयम् इत्याद्याः मूढवृत्तयः कथिताः।

व्याख्या :- निरंशस्योपाधिमन्तरा सांशत्वासम्भवाद्विषयानन्दस्य तदंशत्त्वप्रदर्शनाय तदुपाधिभूतान्तः-करणवृत्तीनां विभागप्रदर्शनपूर्वकं स्वरूपमाह । पूर्वं विषयानन्दस्य ब्रह्मानन्दांशरूपत्वं सप्रमाणं

व्याख्या - ***"एषोऽस्य परमानन्द एतस्यैवानन्दस्यान्यानि भूतानि मात्रामुपजीवन्ति"*** (बृ.उ. ४/३/३२) यह इसका परमानन्द है । इस आनन्द की मात्रा के आश्रित ही अन्य प्राणी जीवन धारण करते हैं। इसी श्रुति का अर्थतः पठन करते हुए आचार्य कहते हैं कि इस परब्रह्म का जो यह परमानन्द है, वह अखण्डैकरसात्मक है अर्थात् स्वगत आदि तीनों भेदों से रहित आनन्दरस से घनीभूत स्वरूप वाला है । अन्य प्राणी इस ब्रह्मानन्द की मात्रा को ही अर्थात् एक अंश को ही भोगते हैं अर्थात् अनुभव करते हैं ।

गोस्वामी श्रीतुलसीदास जी ने भी इसी अर्थ को इस चौपाई के माध्यम से प्रकट किया है ।

जो आनन्दसिंधु सुखरासी । सीकर तें त्रैलोक सुपासी ।।
सो सुखधाम राम अस नामा । अखिल लोक दायक विश्रामा ।।

ये जो आनन्द के समुद्र और सुख की राशि हैं, जिस आनन्द सिन्धु के एक कण से तीनों लोक सुखी होते हैं, जो समस्त लोकों को विश्राम (शान्ति) देने वाले हैं, उस सुख के धाम का 'राम' ऐसा नाम है ।

मनोवृत्तियों का त्रैविध्य दर्शाते हैं ।

अर्थ - मन की तीन प्रकार की वृत्तियाँ हैं - शान्त, घोर और मूढ़ । वैराग्य, क्षान्ति और उदारता आदि शान्तवृत्तियाँ हैं । तृष्णा, स्नेह तथा राग और लोभ इत्यादि घोरवृत्तियाँ हैं । सम्मोह, भय इत्यादि मूढ़ वृत्तियाँ कही गयी हैं ।।३-४।।

व्याख्या - विषयानन्द ब्रह्मानन्द का ही अंश है, इस बात को दिखाने के लिए आनन्द की उपाधिभूत अन्तःकरण की वृत्तियों का विभाग पूर्वक वर्णन करते हैं । सात्त्विक वृत्तियों को शान्तवृत्तियाँ कहते हैं, राजसी वृत्तियों को घोर वृत्तियाँ कहते हैं और तामसीवृत्तियों को मूढ़वृत्तियाँ कहते हैं । इस प्रकार मन

प्रतिज्ञातमुपपादयितुं तदुपयोगित्वेन विषयानन्दस्य चित्तवृत्तिविशेषरूपत्वात्सामान्यत आदौ ता एव वृत्तयस्त्रैविध्येन विभिनत्ति । मनसो वृत्तयश्शान्तास्सात्विक्यो घोरा राजस्यस्तथा मूढास्तामस्य इति त्रिधा भवन्ति । ननु सत्वादिगुणभेदेन भवत्वेवमथापि तन्निर्णय एवादौ कथं कार्य इत्यत्रैकैक-स्योदाहरणान्याह । वैराग्यं विषयेषु वैरस्यभावना । क्षान्तिर्विवेकेन दुःखसहिष्णुता । औदार्यमुदारतात्रादिशब्देनाद्वेष्टृत्वामानित्वाभयादयो गृह्यन्ते । तृष्णा विषयाभिलाषस्स्नेहश्चेतनविषयः प्रेमा । रागलोभौ राग उत्कटेच्छा, स्नेह एव दीर्घकालनैरन्तर्यसत्कारघटित एव रागः । लोभो वित्तलालस्यमत्राप्याद्यशब्देन दम्भादयो ग्राह्या इमा घोरवृत्तयः । सम्मोहो विस्मृतिर्भयमत्रादिशब्देनालस्याद्या ग्राह्या इतीमा मूढवृत्तय इति कथिता इति शम् ।।

सर्ववृत्तिषु चिद्रूपप्रतिबिम्बननैयत्यनिरूपणम् –

वृत्तिष्वेतासु सर्वासु ब्रह्मणश्चित्स्वभावता ।
प्रतिबिम्बति शान्तासु सुखञ्च प्रतिबिम्बति ।।५।।

अन्वयः – एतासु सर्वासु वृत्तिषु ब्रह्मणः चित्स्वभावता प्रतिबिम्बति। शान्तासु सुखं च प्रतिबिम्बति।

व्याख्या :– एवं भिन्नासु वृत्तिषु ब्रह्मणश्चैतन्यरूपत्वं भासत इति प्रदर्शयति । एतासु सर्वासु वृत्तिषु ब्रह्मणश्चित्स्वभावता प्रतिबिम्बति । तत्र शान्तासु वृत्तिषु विशेषमाह । चकारोऽप्यर्थकः । तेनानुक्तद्वयसमुच्चयो भवति । शान्तासु सुखं ब्रह्मण आनन्दरूपं च प्रतिबिम्बति सद्रूपचिद्रूपत्वे च। अत्र च नियामकं तु सर्वस्मिन्नपि निर्मलद्रव्ये सूर्यप्रकाशप्रतिबिम्बनेऽपि सूर्यकान्तमणौ तावदौष्ण्य-मप्युपलभ्यत इति नैर्मल्यवैपुल्यमेवेति शम् ।।

की वृत्तियाँ तीन प्रकार की हैं । अब एक-एक का क्रम से उदाहरण देते हैं । वैराग्य, क्षान्ति अर्थात् विवेकपूर्वक दुःख को सहन करना और उदारता आदि (आदि शब्द से दया, सन्तोषादि का ग्रहण करना चाहिये) शान्तवृत्तियाँ हैं । तृष्णा अर्थात् विषयों की अभिलाषा, स्नेह अर्थात् चेतनविषयक प्रेम, उत्कट इच्छारूप राग और धन की लालसा रूप लोभ इत्यादि घोरवृत्तियाँ हैं तथा सम्मोह (विस्मृति) भय, आलस्य, प्रमाद आदि मूढ़वृत्तियाँ कही गयी हैं ।

समस्त वृत्तियों में ब्रह्म की चिद्रूपता भासित होती है, इसका वर्णन कर सात्त्विक वृत्तियों की विशेषता भी दर्शाते हैं ।

अर्थ – इन सभी वृत्तियों में ब्रह्म की चद्रिूपता प्रतिबिम्बित होती है किन्तु केवल शान्त वृत्तियों में उसका सुख प्रतिबिम्बित होता है ।।५।।

व्याख्या – इस प्रकार नाना प्रकार की सभी वृत्तियों में ब्रह्म की चिद्रूपता भासित होती है अर्थात् सत्व, रज और तमोगुण की समस्त वृत्तियों में ब्रह्म की चैतन्यता प्रतिबिम्बित होती है । किन्तु शान्त वृत्तियाँ अन्य वृत्तियों से विशिष्ट हैं । क्योंकि ब्रह्म का सुख केवल इन्हीं वृत्तियों में प्रतिबिम्बित होता है, अन्य में नहीं अर्थात् ब्रह्म का आनन्द इन्हीं वृत्तियों में परिलक्षित होता है । श्लोक में पठित 'चकार' से ब्रह्म का सद्रूपत्व और चिद्रूपत्व का भी सम्मुच्चय किया गया है ।

निर्गुणस्यापि प्रतिबिम्बने प्रमाणनिरूपणम् -

रूपं रूपं बभूवासौ प्रतिरूप इति श्रुतिः।
उपमा सूर्यकेत्यादि सूत्रयामास सूत्रकृत् ॥६॥

अन्वयः - "असौ रूपं रूपं प्रतिरूपः बभूव" इति श्रुतिः। "उपमा सूर्यक" इत्यादि सूत्रकृत् सूत्रयामास

एक एव हि भूतात्मा भूते भूते व्यवस्थितः।
एकदा बहुधा चैव दृश्यते जलचन्द्रवत् ॥७॥

अन्वयः - एव एव हि भूतात्मा भूते भूते व्यवस्थितः। जलचन्द्रवत् एकधा च बहुधा एव दृश्यते।

उक्तार्थ में प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - वह ब्रह्म रूप-रूप (प्रत्येक देह) में प्रतिरूप (प्रतिबिम्बत) हुआ, ऐसी श्रुति है और ब्रह्म सूत्रकार (वेदव्यास जी) ने भी ***"अत एव चोपमा सूर्यकादिवत्"*** इत्यादि सूत्र की रचना की है ॥६॥

व्याख्या - ***अग्निर्यथैको भुवनं प्रविष्टो रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव ।***
एकस्तथा सर्वभूतान्तरात्मा रूपं रूपं प्रतिरूपो बहिश्च ।। (कठो. २/२/९)

इस कठोपनिषद् में वह परमात्मा प्रत्येक देह में प्रतिबिम्बित हुआ, ऐसा कहा गया है और भगवान् श्रीवेदव्यास जी ने भी ब्रह्मसूत्र में इसी अर्थ का प्रतिपादन करने वाले सूत्र की रचना की है । वह सूत्र इस प्रकार है - ***"अत एव चोपमा सूर्यकादिवत्"*** (ब्र.सू. ३/२/१८) इस सूत्र में श्रीव्यास जी ने जल में सूर्य के प्रतिबिम्ब का उदाहरण देकर जीव का स्वरूप स्पष्ट किया है । सूत्र का अर्थ इस प्रकार है । आत्मा चैतन्य, निर्विशेष, मन और वाणी से अतीत है और जिसका वर्णन अन्य रूपों का निषेध करके ही होता है, ऐसा है । इसलिये इसकी उपाधि से प्राप्त हुई अवास्तविक और विशेषता वाली अवस्था के अभिप्राय से ही उस आत्मा के लिये जल में पड़े सूर्य के प्रतिबिम्ब आदि की उपमा मोक्ष शास्त्रों में दी जाती है ।

एक ही परमात्मा के उपाधिकृत नानात्व को श्रुति प्रमाण से दर्शाते हैं ।

अर्थ - एक अद्वितीय भूतात्मा ही समस्त प्राणियों में व्यवस्थित है, वह जल में प्रतिबिम्बित चन्द्र के समान एकधा और बहुधा दिखाई देता है ॥७॥

व्याख्या - **यह श्लोक ब्रह्मबिन्दूपनिषद् से (१२) उद्धृत है ।** यह श्रुति भी कहती है कि परमात्मा (भूतात्मा) एक ही है, किन्तु वह समस्त प्राणियों में विभक्त-सा नाना रूप दिखाई देता है । एक ही भूतात्मा समस्त प्राणियों में व्यवस्थित अर्थात् स्थिति को प्राप्त कर (विद्यमान होकर) जल में प्रतिबिम्बित चन्द्र के समान प्रतीत होता है । आकाश में चन्द्रमा एक ही है और एक ही रहता है किन्तु जल से भरे अनेकों घटों में वह नानारूप से दिखाई देता है, उसी प्रकार मनुष्य, पशु, पक्षी आदि घटस्थानीय सभी प्राणियों में चन्द्रस्थानीय वह परमात्मा एकधा और बहुधा दिखाई देता है अर्थात् एक होता हुआ भी अनेकों प्रकार का प्रतीत होता है ।

जले प्रविष्टश्चन्द्रोऽयमस्पष्टः कलुषे जले।
विस्पष्टो निर्मले तद्वद्द्वेधा ब्रह्मापि वृत्तिषु॥८॥

अन्वयः - जले प्रविष्टः अयं चन्द्रः । कलुषे जले अस्पष्टः। निर्मले विस्पष्टः। तद्वत् ब्रह्म अपि वृत्तिषु द्वेधा।

घोरमूढासु मालिन्यात्सुखांशश्च तिरोहितः।
ईषन्नैर्मल्यतस्तत्र चिदंशप्रतिबिम्बनम् ॥९॥

अन्वयः - घोरमूढासु मालिन्यात् सुखांशः च तिरोहितः। ईषन्नैर्मल्यतः तत्र चिदंशप्रतिबिम्बनम्।

यद्वापि निर्मले नीरे वह्नेरौष्ण्यस्य सङ्क्रमः।
न प्रकाशस्य तद्वत्स्याच्चिन्मात्रोद्भूतिरेव च॥१०॥

श्रुति में कथित दृष्टान्त का आशय स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - जल में प्रविष्ट यह (प्रतिबिम्बरूप) चन्द्रमा जैसे मलिन जल में अस्पष्ट और निर्मल जल में विस्पष्ट दिखाई देता है, उसी प्रकार ब्रह्म भी वृत्तियों में दो प्रकार का दिखाई देता है ॥८॥

व्याख्या - निरवयव ब्रह्म की किसी उपाधि में चिन्मात्र अंश की प्रतीति और किसी उपाधि में चित् और आनन्द दोनों अंश की प्रतीति होती है, इस प्रकार विभाग करना अयुक्त है । ऐसी शंका होने पर दृष्टान्तसहित उसका परिहार करते हैं । जल में प्रतिबिम्ब रूप से प्रविष्ट यह प्रसिद्ध चन्द्रमा मलीन जल में अस्पष्ट दिखाई देता है और वही चन्द्रमा जब स्वच्छ और शान्त जल में प्रतिबिम्बित होता है तो बिल्कुल साफ दिखाई देता है । उसी प्रकार अखण्ड अद्वितीय ब्रह्म भी अन्तःकरण की भिन्न-भिन्न वृत्तियों में दो प्रकार का दिखाई देता है । अर्थात् घोर और मूढ़ वृत्तियों में ब्रह्म केवल चिद्रूप से और शान्तवृत्तियों में चिदानन्द रूप से प्रतीत होता है ।

उक्त द्वैविध्य का विवरण करते हैं ।

अर्थ - घोर और मूढ़ वृत्तियों में मलिनता के कारण आनन्द अंश तिरोहित रहता है । किन्तु थोड़ी-सी निर्मलता के कारण वहाँ चिदंश प्रतिबिम्बित होता है ॥९॥

व्याख्या - स्थूल शरीर की अपेक्षा सूक्ष्म शरीर निर्मल है । उसमें शान्त, घोर और मूढ़ वृत्तियाँ भी इतनी निर्मल हैं कि उन सब में परमात्मा का चिदंश प्रतिबिम्बत हो सकता है । इसलिए कोई भी वृत्ति उत्पन्न क्यों न हो, उसमें सभी को चेतना का अनुभव तो होता ही है । शान्तवृत्तियों की तुलना में घोर और मूढवृत्तियाँ मलिन हैं । इसी मलिनता के कारण उन वृत्तियों में ब्रह्म का आनन्द अंश तिरोहित रहता है तथापि स्थूल शरीर की अपेक्षा थोड़ी-सी अधिक निर्मलता के कारण उन दोनों वृत्तियों में चिदंश प्रतिबिम्बित होता है ।

अब दूसरा दृष्टान्त प्रस्तुत करते हैं ।

अर्थ - अथवा जैसे निर्मल जल में अग्नि की उष्णता का संचार होता है किन्तु प्रकाश का नहीं, उसी प्रकार (घोर और मूढ वृत्तियों में) ब्रह्म की चेतना की ही अभिव्यक्ति होती है । (आनन्द की नहीं)॥१०॥

अन्वयः - यद्वा निर्मले नीरे अपि वह्नेः औष्ण्यस्य संक्रमः प्रकाशस्य न। तद्वत् चिन्मात्रोद्भूतिः एव च स्यात्।

काष्ठे त्वौष्ण्यप्रकाशौ द्वावुद्भवङ्गच्छतो यथा।
शान्तासु सुखचैतन्ये तथैवोद्भूतिमाप्नुतः॥११॥

अन्वयः - यथा काष्ठे औष्ण्यप्रकाशौ द्वौ उद्भवं गच्छतः। तथा एव शान्तासु सुखचैतन्ये उद्भूतिम् आप्नुतः।

वस्तुस्वभावमाश्रित्य व्यवस्था तूभयोस्समा।
अनुभूत्यनुसारेण कल्प्यते हि नियामकम् ॥१२॥

अन्वयः - वस्तुस्वभावम् आश्रित्य तु उभयोः व्यवस्था समा। अनुभूत्यनुसारेण नियामकं कल्प्यतेहि।

व्याख्या :- उक्तार्थे श्रुतिं प्रमाणयति । असौ परमात्मा "रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूवे"ति श्रुतिरवोचत् एवमत्र ब्रह्मसूत्रमपि प्रमाणयति । "अत एव चोपमासूर्यकादिव"दिति व्याससूत्रे सूर्यकेत्याद्युपमेति

व्याख्या - चन्द्रमा की उपाधि जल (मलिन और स्वच्छ) दो प्रकार का होने से चन्द्रमा में उक्त कथन ठीक है किन्तु प्रकृत में अन्तःकरण रूप उपाधि जल की भाँति दो प्रकार की नहीं है । अन्तःकरण तो एक ही है तो फिर आत्मा के एक अंश का भान और दूसरे अंश का अभान कैसे बन सकता है ? ऐसी शंका होने पर दृष्टान्त पूर्वक उक्त शंका का समाधान करते हैं । जैसे निर्मल जल में अग्नि की उष्णता का तो संचार होता है किन्तु अग्नि के प्रकाश का संचार नहीं होता (इसीलिए अग्नि के संपर्क से जल गर्म तो हो सकता है किन्तु प्रकाशमान नहीं हो सकता) उसी प्रकार राजसी घोर और तामसी मूढ़ वृत्तियों में ब्रह्म का चिदंश ही अभिव्यक्त होता है, आनन्द अंश नहीं ।

शान्तवृत्तियों में चित् और आनन्द की प्रतीति को अन्य दृष्टान्त से स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - जैसे काष्ठ में अग्नि की उष्णता और प्रकाश दोनों उत्पन्न होते हैं, उसी प्रकार शान्तवृत्तियों में सुख और चैतन्य दोनों ही अभिव्यक्ति को प्राप्त होते हैं ॥११॥

व्याख्या - उष्णता और प्रकाश ये दोनों अग्नि के स्वाभाविक गुणधर्म हैं । पूर्वश्लोक में यह बताया गया कि जल में अग्नि की उष्णता संभव है किन्तु प्रकाश नहीं । इसी तरह घोर और मूढ़ वृत्तियों में ब्रह्म का चिदंश ही अभिव्यक्त होता है किन्तु आनन्द अंश नहीं । अब उसी अग्नि का पुनः उदाहरण देते हैं किन्तु इस बार अग्नि का संपर्क जल से नहीं अपितु काष्ठ से कराते हैं । आचार्य कहते हैं कि जैसे लकड़ी को जलाने पर उसमें अग्नि के दोनों गुणधर्म (उष्णता और प्रकाश) उत्पन्न हो जाते हैं । उसी प्रकार सत्वगुण की शान्तवृत्तियों में ब्रह्म का चिदंश और आनन्द अंश ये दोनों अभिव्यक्त हो जाते हैं ।

इस प्रकार की व्यवस्था का कारण बताते हैं ।

अर्थ - वस्तु के स्वभाव का आश्रय लेकर दोनों की व्यवस्था एक समान है क्योंकि अनुभूति के अनुसार ही नियामक की कल्पना होती है ॥१२॥

व्याख्या - कहीं पर ब्रह्म का आनन्द अंश प्रकट होना और कहीं पर तिरोहित होना, दोनों ही वस्तु के स्वभाव के अनुसार होते हैं । दृष्टान्त और दार्ष्टान्त दोनों में वस्तु स्वभाव का आश्रय लेकर एक समान व्यवस्था की जाती है । यहाँ जल, अग्नि और काष्ठ दृष्टान्त रूप हैं और शान्त, घोर तथा मूढ़ वृत्तियाँ और चिदानन्द ब्रह्म दार्ष्टान्त है ।

जल का स्वभाव है कि वह अग्नि की उष्णता मात्र का ग्रहण करता है, उसका प्रकाश नहीं । उसी

सूत्रकृत्सूत्रकारो व्यासमहर्षिस्सूत्रयामास सूत्रं निबबन्ध । यथा"ह्ययं ज्योतिरात्माविवस्वानपो भिन्ना बहुधैकोऽनुगच्छन् । उपाधिना क्रियते भिन्नरूपो देवःक्षेत्रेष्वेवमजोऽयमात्मे" ति तद्विषयवाक्यम् ।

अस्य सूत्रस्यायमर्थः। यतोऽयमात्मा निर्विशेषोऽत एवास्योपाधिकृतं बहुरूपत्वमसत्त्वमिति । जलसूर्यकादिवत्युपमोपादीयत इति ।

स्वरूपेणैकस्यैव परमात्मन उपाधिकृतनानात्वे ब्रह्मबिन्दुश्रुतिमर्थतः पठति । एक एव हि भूतात्मा भूते भूते व्यवस्थितस्स्थितिमवाप्तस्सञ्जलचन्द्रवज्जले प्रतिफलित चन्द्रवदेकधा बहुधा चैव दृश्यते ।

ननु निरवयवस्य ब्रह्मणः क्वचिच्चिन्मात्रभानमितरत्र चिदानन्दभानमित्येवं विभागकरणमनुपपन्नमित्याशङ्कायां श्रुत्युक्तदृष्टान्ताशयं विवृण्वन्विस्पष्टं वृत्तिषु चित्प्रतिबिम्बस्य चित्सुखोभयप्रतिबिम्बस्य च व्यवस्थां दर्शयति। अयं चन्द्रो जले प्रविष्ट एकरूपस्तथापि कलुषे जलेऽस्पष्टो निर्मले च जले विस्पष्ट इत्युपाधिभेदवशाद्विभिन्नतयैवाव भासते ।

एवमुक्तमर्थं दार्ष्टान्तिके योजयति । तद्वद्द्वेधा द्विविधं ब्रह्मापि वृत्तिषु सात्विकादिषु भवति । तथा च कलुषजलावच्छेदेन चन्द्रस्यास्पष्टत्वाद्यथा प्रकाशांशमात्रप्रतिबिम्बश्शुद्धजलावच्छेदेन तु विस्पष्टत्वात्प्रकाशचन्द्रशक्यानन्दजनत्वोभयोरपि प्रतिबिम्बनं तथोक्तवृत्तिषु ब्रह्मणोऽपि प्रतिबोधितचिदादिप्रतिबिम्बव्यवस्था द्रष्टव्या ।

द्वैविद्ध्यं विवृणोति । मालिन्याद्घोरमूढासु वृत्तिषु सुखांशस्तिरोहितस्तत्र सत्ववृत्तावीषन्नैर्मल्यतश्चिदंशप्रतिबिम्बनमनुभूयते ।

ननु चन्द्रोपाधेरुदकस्यद्वैविद्ध्यादंशभानमुपपन्नं पृकृते तूपाधिभूतस्यान्तः करणस्यापञ्चीकृतपञ्चमहाभूतसत्त्वमात्रकार्यत्वेनैकत्वात्पङ्किलादिजलदृष्टान्तेनांशभानमनुपपन्नमित्यस्वारस्याद् दृष्टान्तान्तरमाह । यद्वेति दृष्टान्तमन्यदुपन्यस्यते वह्नेः पात्रमात्रव्यवहितमहानसादिगताग्नेर्निर्मले नीरे सङ्क्रम औष्ण्यस्य न प्रकाशस्य यथा तद्वद्राजसतामसवृत्तिषु चिन्मात्रोद्भूतिरेव चित्स्फुरणमेव स्यान्न तु सुखांशस्य। तथा च सत्त्वैककार्येऽन्तःकरणे सात्विकशान्तवृत्तिषु ब्रह्मसन्निकर्षे व्यवधायकाभावात्तत्र चिदानन्दावुभावपि प्रतिबिम्बतस्तदितरघोरादिवृत्तिषु तु रजोगुणादिव्यवधाने नेषन्मालिन्याच्चिन्मात्रप्रतिफलनमग्न्यौष्ण्यवदुपपन्नमेवेति भावः ।

एतदेवोदाहरणान्तरेण शान्तासु वृत्तिषु चिदानन्दयोरुभयोर्भानं समर्थयति। यथौष्ण्यप्रकाशौ द्वावपि काष्ठे ह्युद्भवं गच्छतस्तथैव शान्तासु वृत्तिषु सुखचैतन्ये उभे अप्युद्भूतिमाप्नुतः ।

ननूक्तव्यवस्थायां किं मानमित्यत आह । वस्तुस्वभावमाश्रित्योभयोर्व्यवस्था समैव । एवं तर्हि प्रकृते किं स्वभाववाद आश्रीयते ?। नेत्याह । तर्हि किमत्र नियामकमनुभूतिरेवेत्याह। नियामकमनुभूत्यनुसारेण कल्प्यते हि । तथा चानुभूत्यन्यथानुपपत्तिरेवात्र मानम् । स्वभाववादे त्वन्यथोपपत्तेर्नेह स इत्याशय इति शम् ।।

प्रकार काष्ठ अग्नि के दोनों गुणधार्मों का ग्रहण करता है । इसी प्रकार घोर और मूढ़ वृत्तियाँ ब्रह्म के चिदंश का ही ग्रहण करती हैं, आनन्दांश का नहीं । किन्तु सत्वमयी शान्तवृत्तियाँ ब्रह्म के चिदंश और आनन्दांश दोनों का ग्रहण करती हैं । अनुभूति के अनुसार ही नियामक की कल्पना होती है । यह सब अनुभव प्रमाण से सिद्ध है । अनुभव से जल में उष्णता ज्ञात होती है, प्रकाश उपलब्ध नहीं होता । अनुभव से ही काष्ठ में उष्णता और प्रकाश दोनों मिलते हैं । इसी प्रकार शान्त वृत्तियों में चेतना और आनन्द दोनों का अनुभव होता है, किन्तु घोर और मूढ़ वृत्तियों में केवल चैतन्य ही अनुभव में आता है आनन्द नहीं।

घोरवृत्तिषु सुखाभावनिरूपणम् -

न घोरासु न मूढासु सुखानुभव ईक्ष्यते।
शान्तास्वपि क्वचित्कश्चित्सुखातिशय ईक्ष्यताम् ॥१३॥

अन्वयः - न घोरासु न मूढासु सुखानुभवः ईक्ष्यते। शान्तासु अपि क्वचित् कश्चित् सुखातिशयः ईक्ष्यताम् ।

गृहक्षेत्रादिविषये यदा कामो भवेत्तदा।
राजसस्यास्य कामस्य घोरत्वात्तत्र नो सुखम् ॥१४॥

अन्वयः - गृहक्षेत्रादिविषये यदा कामः भवेत् तदा राजसस्य अस्य कामस्य घोरत्वात् तत्र सुखं नो।

सिध्येन्न वेत्यस्ति दुःखमसिद्धौ तद्विवर्धते।
प्रतिबन्धे भवेत्क्रोधो द्वेषो वा प्रतिकूलतः॥१५॥

अन्वयः - सिध्येत् वा न इति दुःखम् अस्ति। असिद्धौ तत् विवर्धते। प्रतिबन्धे क्रोधः भवेत् । प्रतिकूलतः द्वेषः वा।

घोर और मूढ़ वृत्तियों में सुखाभाव का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - सुखानुभव न घोर वृत्तियों में दिखाई देता है और न मूढ़ वृत्तियों में । शान्त वृत्तियों में भी कभी किसी सुख की अधिकता होती है, ऐसा (अनुभवपूर्वक) देख लो ॥१३॥

व्याख्या - नियामकत्व की कल्पना करने वाले अनुभव को दर्शाते हुए कहते हैं कि घोर वृत्तियों में सुखानुभव अर्थात् आनन्द का अनुभव दिखाई नहीं देता है और तामसी मूढ़वृत्तियों में भी सुखानुभव नहीं होता है । यद्यपि शान्तवृत्तियों में सुखानुभव होना कहा गया है, तथापि वह सर्वत्र एक समान देखने में नहीं आता है । कभी किसी समय में अथवा पुरुष में कोई विशेष सुखातिशयता होती है अर्थात् शान्तवृत्तियों में भी सुखानुभूति का प्रवाह एक समान नहीं रहता कभी अधिक सुख अनुभव में आता है तो कभी कम । यह सर्वानुभव सिद्ध है ।

घोर कामवृत्ति में सुखाभाव दर्शाते हैं ।

अर्थ - जब गृह-क्षेत्रादि विषयक इच्छा होती है तब रजोगुणी यह इच्छा घोरवृत्ति रूप होने से उसमें सुख नहीं होता ॥१४॥

व्याख्या - मनुष्य के मन में जब घर, जमीन, परिवार आदि की कामना होती है तो वह सुखी नहीं रह पाता है । क्योंकि कामना रजोगुण की घोरवृत्ति है और घोरवृत्ति रूप होने के कारण ही कामना में सुखानुभूति होना संभव नहीं है ।

घोरवृत्ति में सुखाभाव को अधिक स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - 'यह कार्य सिद्ध होगा या नहीं' ऐसा संशय रहने पर दुःख होता है और कार्य न होने पर दुःख बढ़ता है । बाधा पड़ने पर क्रोध आता है और विरोधी से द्वेष होता है ॥१५॥

व्याख्या - गृह-क्षेत्रादि की सिद्धि होगी अथवा नहीं ? अर्थात् कामनाजन्य कोई कार्य सिद्ध होगा या नहीं ? ऐसा संशय जब तक बना रहता है तब तक मनुष्य को दुःख प्राप्त होता है । अर्थात् पहले

अशक्यश्चेत्प्रतीकारो विषादः स्यात्स तामसः।
क्रोधादिषु महद्दुःखं सुखशङ्कापि दूरतः॥१६॥

अन्वयः – प्रतीकारः चेत् अशक्यः विषादः स्यात् । सः तामसः। क्रोधादिषु महत् दुःखं सुखशङ्का अपि दूरतः।

व्याख्या :– नियामकत्वे कल्पकमनुभवं दर्शयति । घोरासु वृत्तिषु सुखानुभव आनन्दानुभवो नेक्ष्यते तथैव मूढास्वपि वृत्तिषु नेक्ष्यते । नन्वेवं चेत्तर्हि किं शान्तास्वपि सुखप्रतिबिम्बैकरूप्यमस्ति न वेत्यत्र शान्तास्वप्यानन्दप्रकाशोऽस्ति सोऽपि क्व चित्सुखातिशयो भवतीत्याह । शान्तास्वपि वृत्तिषु सर्वत्र समं नेक्ष्यते । किन्तु क्वचित्समयेषु वा पुरुषेषु वा कश्चित्सुखातिशय ईक्ष्यताम् ।

निरुक्तघोरमूढवृत्तिषु कामादीनां घोरत्वे न तत्र सुखाभावमेवाभिनीय दर्शयति । यदा गृहक्षेत्रादिविषये कामो भवेत्तदास्य कामस्य राजसस्य घोरत्वान्नो तत्र सुखम् । सुखासिद्धौ दुःखं वर्धते । सुखस्य प्रतिबन्धे तु क्रोधो भवति । अतो गृहक्षेत्रादेस्सिद्धौ सत्यामपि तत्सुखस्य प्रतिबन्धेऽन्यैरातङ्के कृते सति क्रोधः । आतङ्ककारिणां हिंसाकरणाभिलाषनिमित्ता चित्तवृत्तिर्भवति । काम एव केनचित्प्रतिहतः क्रोधात्मना परिणमते ।

अथवा प्रतिकूलतस्सिद्धगृहक्षेत्रादेः प्रतिकूलवर्तनेन सुखप्रतिकूलस्य दुःखस्य सत्त्वात्तत्र कदाचिद्धिंसादिजनकचित्तवृत्तेरजननेऽपि द्वेषोऽसम्भाषणकटुभाषणाद्यनुकूला चित्तवृत्तिर्भवेत्। द्वेषस्य तामसत्वादतिदुःखकारणत्वम् । परिहासस्याशक्यत्वे विषादो भवति ।

कार्य की असिद्धि रूप भय बना रहता है और यदि पूर्णरूप से पता चल जाए की यह कार्य असिद्ध हो गया है तब तो वह दुःख अत्यधिक बढ़ जाता है और यदि गृह, क्षेत्रादि की प्राप्ति हो भी जाए, किन्तु उस सुख में यदि कोई बाधा पड़ती है तो क्रोध उत्पन्न होता है अर्थात् बाधा पहुँचाने वाले के प्रति हिंसा करने की अभिलाषा वाली चित्तवृत्ति उत्पन्न होती है । काम ही किसी के द्वारा विघ्न उत्पन्न करने पर क्रोध का रूप धारण कर लेता है । अथवा प्रतिकूलता से अर्थात् प्राप्त हुए गृह–क्षेत्रादि के प्रति कोई प्रतिकूलवर्तन करता है तो उस विरोधी के प्रति मन में द्वेष उत्पन्न होता है । इस प्रकार घोरवृत्ति दुःख की ही जननी है ।

द्वेष तामसी वृत्ति होने से अत्यन्त दुःखदायी है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ – यदि विरोधी का प्रतीकार संभव न हुआ तो विषाद होता है, वह तामसिक है । और क्रोधादि में महादुःख होता है, वहाँ सुख की संभावना दूर तक नहीं है ।।१६।।

व्याख्या – घोरवृत्तियों की तरह मूढ़वृत्तियाँ भी दुःखदायी हैं । यदि विरोधी का प्रतीकार किसी भी उपाय से संभव न हुआ अर्थात् यदि वह बलवान् हुआ तो उसका सामना करने की हिम्मत के अभाव में मन में विषाद उत्पन्न होता है, वह विषाद तामसिक है अर्थात् तमोगुण का कार्य है । तात्पर्य यह है कि विषाद तामसिक होने से उसमें सुख नहीं मिल सकता । और क्रोधादि वृत्तियाँ तो अतिशय दुःखदायी हैं, यह तो सभी को ज्ञात ही है । अतः उन क्रोधादि वृत्तियों में सुख की आशा करना तो मरूभूमि में

तस्यापि तामसत्वान्न तत्र सुखमित्याह । दुःखो निरोद्धुमशक्यश्चेत्प्रतीकारः प्रतिबन्धानिरासः । विषादोऽति खेदस्स्यात्स तामसः । अतः क्रोधादिषु महद्दुःखम् । विषादादीनां तामसत्वान्न तत्र सुखमित्यर्थः । किं बहुना सुखशङ्का सुखसम्भावनापि दूरत एवेति शम् ।।

शान्तवृत्तिषु सुखानुभवनिरूपणम् -

काम्यलाभे हर्षवृत्तिश्शान्ता तत्र महत्सुखम् ।
भोगो महत्तरं लाभप्रसक्तावीषदेव हि ।।१७।।

अन्वयः - काम्यलाभे शान्ता हर्षवृत्तिः। तत्र महत् सुखम्। भोगो महत्तरम् । लाभप्रसक्तौ ईषत् एव हि।

महत्तमं विरक्तौ तु विद्यानन्दे तदीरितम् ।
एवं क्षान्तौ तथौदार्ये क्रोधलोभनिवारणात् ।।१८।।

मधुर जल के सरोवर की कामना करने जैसा है । इसलिए कहा कि क्रोधादि वृत्तियों में तो सुख की संभावना दूर-दूर तक कहीं नजर ही नहीं आती है ।

अब शान्तवृत्तियों में सुखानुभव का निरूपण करते हैं ।

अर्थ - काम्य की प्राप्ति में शान्त हर्षवृत्ति होती है, उसमें बड़ा सुख मिलता है । काम्य पदार्थ के भोग में उससे भी अधिक सुख होता है और लाभ की आशा में थोड़ा-सा ही सुख होता है ।।१७।।

व्याख्या - जब काम्य पदार्थ निर्बाध रूप से प्राप्त हो जाने की आशा रहती है तब उस समय स्वल्प सुख का अनुभव होने लगता है । इससे ज्ञात होता है कि कामनाजन्य विक्षेप कामपूर्ति की आशा से शान्त होने लगता है और उसी के साथ ब्रह्मानन्द प्रतिबिम्बित होकर सुखानुभूति कराने लगता है । और काम्य पदार्थ की प्राप्ति हो जाने पर हर्षवृत्ति उत्पन्न होती है, जो सत्त्वगुणी वृत्ति होने से शान्तवृत्ति कही गयी है । प्रियवस्तु की प्राप्ति से होने वाले हर्ष को मोद कहा है और वही हर्ष जब बढ़ जाता है तो प्रमोद कहलाता है । हर्षवृत्ति शान्त होने के कारण उसमें बहुत सुख होता है और जब उस काम्यपदार्थ का भोग किया जाता है तब उस भोगकाल में तो महत्तर सुखानुभूति होती है । काम्य वस्तु का भोग तृप्ति प्रदान कर वृत्ति को बहुत शान्त कर देता है, उस समय पहले से अधिक सुख प्राप्त होता है । इस प्रकार शान्तवृत्तियों में सुखानुभूति होती है ।

वैराग्य महत्तम सुख का कारण है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ - किन्तु वैराग्य में महत्तम सुख होता है, उसे विद्यानन्द में कहा गया है । इसी प्रकार क्रोध और लोभ का अभाव होने से क्षान्ति तथा उदारता में भी उसी प्रकार महत्तम सुख होता है ।।१८।।

व्याख्या - सुख के तारतम्य को देखें तो वैराग्य की वृत्ति में सब से अधिक सुख होता है । काम्य वस्तु के भोग में जो सुख होता है, उसे महत्तर कहा गया है किन्तु वैराग्य सुख उससे भी अधिक होने से उसे महत्तम कहा गया है । इस सुख की महिमा का वर्णन विद्यानन्द नामक चौदहवें प्रकरण में विस्तार पूर्वक किया जा चुका है । क्षान्ति और उदारता भी शान्तवृत्ति के अन्तर्गत होने से इनके सद्भाव में भी वैराग्यसुख के समान महत्तम सुख प्राप्त होता है । स्वयं कष्ट सहन करके भी दूसरों को क्षमा करने वाली वृत्ति जब उत्पन्न हो जाती है तब मनुष्य को किसी भी परिस्थिति में क्रोध नहीं आता है और उदारता की

अन्वयः – विरक्तौ तु महत्तमं तत् विद्यानन्दे ईरितम्। एवं क्षान्तौ तथा औदार्ये क्रोधलोभनिवारणात्।

यद्यत्सुखं भवेत्तत्तद्ब्रह्मैव प्रतिबिम्बनात् ।
वृत्तिष्वन्तर्मुखास्वस्य निर्विघ्नं प्रतिबिम्बनम् ॥१९॥

अन्वयः – यत् यत् सुखं तत् तत् ब्रह्म एव प्रतिबिम्बनात् भवेत्। अन्तर्मुखासु वृत्तिषु अस्य निर्विघ्नं प्रतिबिम्बनम् ।

व्याख्या :- कामलाभस्य सुखतरकारणत्वमाह । एवं घोरादिवृत्तिषु दुःखादिफलासु चिदंशमात्रानुवृत्तिमुपपाद्येदानीं सात्विकासु शान्तवृत्तिषु चिदानन्दोभयप्रतिबन्धनं प्रपञ्चयति । काम्यलाभे शान्ता हर्षवृत्तिस्तत्र च महत्सुखं भोगे च महत्तरम् । ननु काम्यलाभप्रसक्तौ पुत्रकामस्य स्वपत्नीगर्भधारणदर्शनतस्सुखोपलब्धेस्तत्कीदृगित्यत आह । लाभप्रसक्तावीषदेव हि । अनुभवसमये महत्तरं सुखं भवति । लाभप्रसक्तौ सत्यां लाभाभिमुख्ये सति ईषदेव हि स्वल्पमेव हि भवति ।

वैराग्यस्य महत्तमसुखकारणत्वमाह । विरक्तौ तु वैराग्ये सति महत्तमं सुखम् तत्कीदृशमित्यपेक्षायां तत्स्मारयति । तद्विद्यानन्द ईरितम् "विषयेष्वपि लब्धेषु तदिच्छोपरमे सति । अन्तर्मुखमनोवृत्तावानन्दः प्रतिबिम्बती"त्यादिना ।

एतदन्यत्राप्यतिदिशति । क्षान्तौ तथौदार्ये क्रोधलोभनिवारणादेवं महत्तमं सुखं स्यात् । यद्यत्सुखं तत्सर्वं ब्रह्मानन्दप्रतिबिम्बनाद्ब्रह्मैवेत्याह । यद्यत्काम्यप्रसक्तिलाभभोगादिनिमित्तं वा वैराग्यसमुत्पन्नं वा सुखं भवेत्तत्तत्सर्वं ब्रह्मानन्दस्य प्रतिबिम्बनात्प्रतिफलनाद् द्वारभूतत्वाद् ब्रह्मैव भवति । अन्तःकरणस्य वृत्तिष्वन्तर्मुखासु सतीषु विषयेष्वपि लब्धेषु तदिच्छोपरमे सति अन्तर्मुखमनोवृत्तावानन्दः प्रतिबिम्बती"त्युक्तरीत्यास्य ब्रह्मणः प्रतिबिम्बनं निर्विघ्नं भवति । बाह्यवस्तुपरित्यागे हर्षादिवृत्तयो यदान्तर्मुखा भवन्ति तदा ब्रह्मानन्दस्य द्वारी भवन्तीति भाव इति शम्।।

वृत्ति पूर्णरूप से स्थिर हो जाती है । इसलिए कहा कि क्षान्ति में क्रोध का और उदारता में लोभ का अभाव होने से क्षान्ति और उदारता में भी महत्तम सुख प्राप्त होता है ।

जिस-जिस सुख का अनुभव होता है, वह ब्रह्मानन्द का ही प्रतिबिम्ब होने से ब्रह्मसुख ही है, इसका वर्णन करते हैं ।

अर्थ – जो-जो सुख होता है, वह (ब्रह्मानन्द का) प्रतिबिम्ब होने से ब्रह्मरूप ही है । वृत्तियों के अन्तर्मुख होने पर इस (ब्रह्म) का प्रतिफलन निर्विघ्न रूप से होता है ।।१९।।

व्याख्या – काम्य पदार्थों की आशा से, प्राप्ति से और भोग से अथवा वैराग्य वृत्ति से भी जो-जो सुख होता है, वह-वह समस्त सुख ब्रह्मानन्द का प्रतिबिम्ब (प्रतिफलनरूप) होने से अर्थात् ब्रह्म का द्वारभूत होने के कारण ब्रह्मरूप ही है । अन्तःकरण की वृत्तियों के अन्तर्मुख होने पर अर्थात् विषयों के प्राप्त होने पर उनकी इच्छा के उपरत हो जाने से जब मन अन्तर्मुख हो जाता है तब उसमें आनन्द प्रतिबिम्बित होता है । इस पूर्वोक्त (११/८६) रीति से इस ब्रह्म का प्रतिबिम्बन निर्विघ्न रूप से होता है । भाव यह है कि बाह्य वस्तु का परित्याग कर देने पर हर्षादि वृत्तियाँ जब अन्तर्मुख हो जाती हैं तब वे ब्रह्मानन्द की द्वारभूता हो जाती है ।

सच्चिदानन्दस्फुरणस्थलनिरूपणम् -

सत्ता चितिः सुखञ्चेति स्वभावा ब्रह्मणस्त्रयः।
मृच्छिलादिषु सत्तैव व्यज्यते नेतरद्द्वयम् ॥२०॥

अन्वयः - सत्ता चितिः सुखं च इति त्रयः स्वभावाः ब्रह्मणः। मृच्छिलादिषु सत्ता एव व्यज्यते ईतरत् द्वयं न ।

सत्ता चितिर्द्वयं व्यक्तं धीवृत्त्योर्घोरमूढयोः।
शान्तवृत्तौ त्रयं व्यक्तं मिश्रं ब्रह्मोत्थमीरितम् ॥२१॥

अन्वयः - घोरमूढयोः धीवृत्तयोः सत्ता चितिः द्वयं व्यक्तं शान्तवृत्तौ त्रयं व्यक्तम् । इत्थं मिश्रं ब्रह्म ईरितम् ।

अमिश्रं ज्ञानयोगाभ्यां तौ च पूर्वमुदीरितम् ।
आद्येऽध्याये योगचिन्ता ज्ञानमध्याययोर्द्वयोः॥२२॥

अन्वयः- अमिश्रं ज्ञानयोगाभ्यां तौ च पूर्वम् उदीरितौ। आद्ये अध्याये योगचिन्ता। द्वयोः अध्याययोः ज्ञानम्।

अब ब्रह्म का स्वभाव और उसके अभिव्यक्त होने के स्थानों का निर्देश करते हैं ।

अर्थ - सत्ता, चेतना और सुख ये तीन ब्रह्म के स्वभाव हैं । मिट्टी, शिला आदि में सत्ता ही अभिव्यक्त होती है, अन्य दो (चेतना और सुख) नहीं । सत्ता और चेतना ये दोनों बुद्धि की घोर और मूढ़ वृत्तियों में व्यक्त होते हैं तथा शान्तवृत्ति में तीनों व्यक्त होते हैं । इस प्रकार मिश्रब्रह्म कहा गया है ॥२०-२१॥

व्याख्या - समस्त वृत्तियों में जिस-जिस वृत्ति में जिस-जिस रूप से ब्रह्म के स्वरूप का अनुभव होता है, उसे दिखाने के लिए उसके स्वरूप का स्मरण कराते हैं । ब्रह्म के तीन स्वभाव हैं - सत्ता, चेतना और सुख । ये तीनों ब्रह्म की तरह सर्वत्र व्याप्त हैं किन्तु इन तीनों की अभिव्यक्ति हर जगह पर एक समान नहीं होती है । मिट्टी पत्थर आदि जड़ पदार्थों में ब्रह्म की सत्ता मात्र की अभिव्यक्ति होती है अर्थात् 'मिट्टी है, पथ्थर है' इस प्रकार का व्यवहार सर्वत्र देखा जाता है । इत्यादि वाक्यों में 'है' सर्वत्र जुड़ा रहता है, इसीसे उस पदार्थ की सत्ता का बोध होता है । जड़ मिट्टी आदि में जो सत्ता है, वह ब्रह्म की ही है। इन जड़ पदार्थों में ब्रह्म की चेतना और सुख ये दोनों अनभिव्यक्त रहते हैं अर्थात् शिला आदि में चेतना और सुख का अभाव रहता है । और अत्यन्त मलिन स्वभाव के कारण बुद्धि की घोर तथा मूढ़ वृत्तियों में ब्रह्म की सत्ता और चेतना ये दोनों तो अभिव्यक्त होते हैं, पर सुख अभिव्यक्त नहीं होता । किन्तु शान्तवृत्ति में ब्रह्म के तीनों स्वभाव व्यक्त होते हैं अर्थात् वैराग्य, उदारता और क्षान्ति आदि शान्तवृत्तियों में ब्रह्म की सत्ता, चेतना और सुख तीनों की अभिव्यक्ति होती है । इस प्रकार मिश्रब्रह्म अर्थात् मायामिश्रित (मायोपाधिक) ब्रह्म कहा गया है ।

अमिश्रित ब्रह्मानुभव के स्थान का निर्देश करते हैं ।

अर्थ - ज्ञान और योग के द्वारा अमिश्र ब्रह्म जाना जा सकता है । उन दोनों को पहले कहा जा चुका है । ब्रह्मानन्द के प्रथम अध्याय में योग का विचार और दूसरे दो अध्याय में ज्ञान का विचार किया जा चुका है ॥२२॥

व्याख्या :- सर्वत्र वृत्तिषु यद्यद्वृत्तौ यद्यद्रूपेण ब्रह्मस्वरूपमवभासते तत्प्रदर्शनाय सर्वत्र ब्रह्मस्वरूपानुभूतिप्रदर्शनाय च तत्स्वरूपं स्मारयति । ब्रह्मणस्सत्ता चितिस्सुखं चेति त्रयस्स्वभावाः। सच्चिदानन्दस्वरूपं ब्रह्मैवेत्यर्थः । सत्तादित्रयाणां स्फुरणस्थानान्याह । मृच्छिलादिषु सत्तैव सन्मात्रमेव व्यज्यते स्फुरति । इतरद् द्वयं न व्यज्यते । तत्र सत्तैवास्तिता मात्रधर्म एवाचेतनेषु दृश्यते । घटोऽस्तीत्यादिव्यवहारात् । घोरमूढयोर्धीवृत्योस्सत्ता चितिश्चेति द्वयं व्यक्तं भवति । शान्तवृत्तौ तु सच्चिदानन्दरूपं त्रयं व्यक्तं भवति । इत्थमेवं प्रकारेण मायामिश्रं ब्रह्म भवतीतीरितम् । अमिश्र-ब्रह्मानुभवस्थानमाह । ज्ञानं ज्ञानविचारश्च द्वयोरात्मानन्दाद्वैतानन्दाख्ययोरध्याययोर्विहित इति शम् ।।

मायात्रितयस्य स्फुरणस्थलनिरूपणम् ।

असत्ताजाड्यदुःखे द्वे मायारूपं त्रयं त्विदम् ।
असत्ता नरशृङ्गादौ जाड्यङ्काष्ठशिलादिषु ।।२३।।

अन्वयः - असत्ता जाड्यदुःखे द्वे इदं त्रयं मायारूपम्। नरशृङ्गादौ असत्ता। काष्ठशिलादिषु जाड्यम् ।

घोरमूढधियोर्दुःखमेवं माया विजृम्भिता।
शान्तादिबुद्धिवृत्त्यैक्यान्मिश्रं ब्रह्मेति कीर्तितम् ।।२४।।

अन्वयः - घोरमूढधियोः दुःखम् । एवं माया विजृम्भिता। शान्तादिबुद्धिवृत्त्यैक्यात् "मिश्रं ब्रह्म" इति कीर्तितम् ।

व्याख्या :- मायायास्सर्वानुस्यूतं रूपं किमित्यत्राह । असत्ता तथा द्वे जाड्यदुःखे जाड्यं चिद्विरोधित्वं दुःखं सुखविरोधित्वं चेति मिलित्वा त्रयमिदं मायारूपं भवति । तत्स्थानान्युदाहरति । नरशृङ्गादावसत्ता काष्ठशिलादिषु जाड्यं च । फलितमाह । घोरमूढधियोर्दुखमित्येवं सर्वत्र माया

व्याख्या - मिश्र ब्रह्म का ज्ञान तो शास्त्र प्रमाण से सहज ही उपलब्ध है, किन्तु अमिश्र (निष्प्रपञ्च) ब्रह्म को तो योग और ज्ञान के द्वारा ही जाना जा सकता है । इसलिए योग और ज्ञान का अभ्यास करना आवश्यक है । समस्त उपाधियों से रहित ब्रह्म का अनुभव योग और विचार से ही संभव है । इन दोनों का वर्णन पहले किया जा चुका है । ब्रह्मानन्द के प्रथम योगानन्द नामक ग्यारहवें प्रकरण में योग का और आत्मानन्द (प्रकरण-१२) तथा अद्वैतानन्द (प्रकरण-१३) में ज्ञान का विस्तार पूर्वक वर्णन किया जा चुका है ।

अब माया के रूप का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - असत्ता, जड़ता और दुःख ये तीन माया के रूप हैं । नरशृंग आदि में असत्ता और काष्ठ, शिला आदि में जड़ता है । घोर और मूढ़ बुद्धि वृत्तियों में दुःख है । इस प्रकार माया सर्वत्र व्याप्त है। ब्रह्म शान्त आदि बुद्धि वृत्तियों से एकता के कारण मिश्रब्रह्म कहा गया है ।।२३-२४।।

व्याख्या - सत्ता, चेतना और आनन्द ब्रह्म का स्वरूप है । इसके विपरीत असत्ता, जड़ता और दुःख ये तीन माया के रूप हैं । मनुष्य का सींग अथवा खरगोश का सींग, वन्ध्या का पुत्र, आकाशकुसुम

प्रतिभासते । राजसतामसबुद्धी एव घोरमूढधियौ । ब्रह्मणो मिश्रत्वमुपपादयति । ननु यच्छान्तादि-वृत्तिषु सच्चिदानन्दरूपं पूर्णमेव ब्रह्म प्रतिबिम्बति चेत्कथं तत्र शान्तवृत्तौ त्रयं व्यक्तं मिश्रं ब्रह्मेत्थमीरित" मिति प्रोच्यत इति चेन्न । शान्तादिबुद्धिवृत्तितादात्म्यादित्याह । शान्तादिबुद्धिवृत्त्यैक्यात्सात्विकराजस-तामसवृत्तिभिरैक्याद्विवेचनाभावाद्ब्रह्ममिश्रितमितीरितमिति भाव इति शम् ।।

मिश्रब्रह्मध्यानप्रकारनिरूपणम् -

एवं स्थितेऽत्र यो ब्रह्म ध्यातुमिच्छेत्पुमानसौ ।
नृशृङ्गादिमुपेक्षेत शिष्टं ध्यायेद्यथायथम् ।।२५।।

अन्वयः - एवं स्थिते अत्र यः ब्रह्म ध्यातुम् इच्छेत् असौ पुमान्। नृशृङ्गादिम् उपेक्षेत। शिष्टं यथायथं ध्यायेत् ।

शिलादौ नामरूपे द्वे त्यक्त्वा सन्मात्रचिन्तनम् ।
त्यक्त्वा दुःखं घोरमूढधियोस्सच्चिद्विचिन्तनम् ।।२६।।

अन्वयः- शिलादौ नामरूपे द्वे त्यक्त्वा सन्मात्रचिन्तनम्। घोरमूढधियोः दुःखं त्यक्त्वा सच्चिद्विचिन्तनम्।

शान्तासु सच्चिदानन्दांस्त्रीनप्येवं विचिन्तयेत् ।
कनिष्ठमध्यमोत्कृष्टास्तिस्त्रश्चिन्ताः क्रमादिमाः।।२७।।

इत्यादि कभी भी विद्यमान न होने के कारण इन में माया की असत्ता परिलक्षित होती है । लकड़ी, पत्थर आदि में जड़ता और घोर तथा मूढ़ बुद्धि वृत्तियों में दुःख उपलब्ध होता है । इस प्रकार माया शक्ति जगत् में सर्वत्र व्याप्त है । अब ब्रह्म के मिश्रत्व का प्रतिपादन करते हैं कि शान्त आदि बुद्धि वृत्तियों से अर्थात् सात्विक, राजसिक और तामसिक वृत्तियों से एकता के कारण यानी कि विवेचना के अभाव के कारण परब्रह्म परमात्मा मिश्रब्रह्म कहलाता है । श्लोक २१ में इसका उल्लेख किया जा चुका है ।

उक्त वर्णन का अभिप्राय स्पष्ट करते हैं ।

अर्थ - ऐसी स्थिति होने के कारण, जो पुरुष ब्रह्म का ध्यान करना चाहे वह नृशंग आदि की उपेक्षा करे और शेष रहे (ब्रह्म के लक्षणों) का यथोचित ध्यान करे ।।२५।।

व्याख्या - माया और ब्रह्म के इस प्रकार तीन रूप का निश्चय हो जाने के कारण जो पुरुष ब्रह्म का ध्यान करने की इच्छा करता हो, वह नरशृंग आदि मायोपाधि की उपेक्षा करे और अवशिष्ट रहे ब्रह्म का यथोचित ध्यान करे अर्थात् माया की असत्ता, जड़ता और दुःख रूप तीन लक्षणों की उपेक्षा कर सच्चिदानन्द ब्रह्म का ध्यान करे ।

पूर्वोक्त कथन का आशय स्पष्ट कर ध्यान का तारतम्य दर्शाते हैं ।

अर्थ - शिला आदि में नाम और रूप इन दोनों को त्यागकर सत्ता मात्र का चिन्तन करना चाहिये। घोर और मूढ़ वृत्तियों में दुःख का त्यागकर सत् और चित् का चिन्तन करना चाहिये । शान्तवृत्तियों में सत्, चित् और आनन्द इन तीनों का चिन्तन करना चाहिये । इस प्रकार ये तीनों चिन्तन क्रम से कनिष्ठ, मध्यम और उत्कृष्ट कहे गये हैं ।।२६-२७।।

अन्वयः - एवं शान्तासु सच्चिदानन्दान् त्रीन् अपि विचिन्तयेत्। इमाः तिस्रः चिन्ताः क्रमात् कनिष्ठमध्यमोत्कृष्टाः।

मन्दस्य व्यवहारेऽपि मिश्रब्रह्मणि चिन्तनम् ।
उत्कृष्टं वक्तुमेवात्र विषयानन्द ईरितः॥२८॥

अन्वयः - मन्दस्य व्यवहारे अपि मिश्रब्रह्मणि चिन्तनं उत्कृष्टं वक्तुम् एव अत्र विषयानन्दः ईरितः।

औदासीन्ये तु धीवृत्तेश्शैथिल्यादुत्तमोत्तमम् ।
चिन्तनं वासनानन्दे ध्यानमुक्तं चतुर्विधम् ॥२९॥

अन्वयः - औदासीन्ये तु धीवृत्तेः शैथिल्यात् वासनानन्दे चिन्तनं उत्तमोत्तमम् । चतुर्विधम् ध्यानम् उक्तम्।

व्याख्या - शिला, मिट्टी आदि जड़ पदार्थों में नाम और रूप इन दोनों का त्यागकर सन्मात्र का अर्थात् ब्रह्म की सत्तामात्र (सत्यांश) का ध्यान (चिन्तन) करना चाहिये । घोर और मूढ़ बुद्धिवृत्तियों में दुःखरूपी माया के अंश का त्यागकर ब्रह्म की सत्ता और चेतना का चिन्तन करना चाहिये । और शान्त वृत्तियों में समस्त वृत्तियों के अंश का त्याग कर ब्रह्म के सत्, चित् और आनन्द इन तीनों लक्षणों का चिन्तन करना चाहिये । अर्थात् सर्वत्र माया के कार्यों का त्याग कर देना चाहिये । उक्त ध्यान का तारतम्य बताते हैं कि इस तरह ये तीनों प्रकार के ध्यान क्रम से कनिष्ठ, मध्यम और उत्कृष्ट कहे गये हैं । सन्मात्र विषयक ध्यान कनिष्ठ, सत् और चित् विषयक ध्यान मध्यम और सच्चिदानन्द विषयक ध्यान उत्तम है ।

निर्गुणब्रह्म का ध्यान करने में अनधिकारी पुरुषों पर अनुग्रह करने के लिए उनका मिश्रब्रह्म के ज्ञान में अधिकार दर्शाते हैं ।

अर्थ - मन्द बुद्धि वाले पुरुष को व्यवहार में भी मिश्रब्रह्म का चिन्तन करना उत्तम है, यही करने के लिए विषयानन्द का वर्णन किया गया है ॥२८॥

व्याख्या - जो मन्द बुद्धि पुरुष लौकिक व्यवहार में प्रवृत्त है, वह ब्रह्म का चिन्तन कैसे कर सकता है ? इस प्रश्न का उत्तर देते हैं कि लौकिक व्यवहार में प्रवृत्त मन्द बुद्धि वाले पुरुष के लिए मिश्रब्रह्म (सप्रपञ्च ब्रह्म) का चिन्तन ही उत्तम है । यही बताने के लिए हमने यहाँ (पन्द्रहवें प्रकरण में) विषयानन्द का वर्णन किया है । भाव यह है कि व्यवहार में प्रवृत्त पुरुष का सगुण ब्रह्म के ध्यान में ही अधिकार है, निर्गुण ब्रह्म के ध्यान में नहीं ।

इस प्रकार वृत्तिसहित तीन प्रकार के ध्यान का निरूपण कर अब वृत्तिरहित ब्रह्मध्यान को बताते हैं ।

अर्थ - उदासीन अवस्था में बुद्धिवृत्ति की शिथिलता के कारण वासनानन्द का ध्यान सर्वोत्तम है। इस तरह ध्यान चार प्रकार का कहा गया है ॥२९॥

व्याख्या - ***''सुखदुःखान्तरालेषु भवेत्तूष्णीमवस्थितिः''*** (प.द. ११/९४) सुख और दुःख के अन्तराल में उदासीनता रहती है । ऐसी उदासीन अवस्था में अर्थात् वृत्तिरहित तूष्णी अवस्था में बुद्धि की वृत्तियाँ शिथिल हो जाती हैं । इसलिए वासनानन्द का ध्यान पूर्वोक्त तीन प्रकार के ध्यानों से भी उत्तम है अर्थात् सर्वोत्तम है । वासनानन्द का वर्णन इस प्रकार किया जा चुका है कि

न ध्यानं ज्ञानयोगाभ्यां ब्रह्मविद्यैव सा खलु ।
ध्यानेनैकाग्र्यमापन्ने चित्ते विद्या स्थिरीभवेत् ।।३०।।

अन्वयः - ज्ञानयोगाभ्यां ध्यानं न। सा खलु ब्रह्मविद्या एव। ध्यानेन ऐकाग्र्यम् आपन्ने चित्ते विद्या स्थिरी भवेत् ।

व्याख्या :- प्रकृतमुपसंहृत्य ब्रह्मध्यानोपायं विधत्ते । मायाया ब्रह्मणश्चैवं रूपत्रये स्थिते सति यः पुमान्ब्रह्मध्यातुमिच्छेदसौ नृशृङ्गादिं नरशृङ्गादिरूपमायोपाधिमुपेक्षेत । शिष्टं सर्वं ब्रह्म यथायथं यथायोग्यं ध्यायेन्नृशृङ्गादिविहायान्यत्र ब्रह्मध्यायेदिति भावः ।

उक्तध्यानप्रकारमेवावबोधयति । शिलादौ जडपदार्थे नामरूपे द्वे असत्ये त्यक्त्वा सन्मात्रचिन्तनं सत्तामत्रस्य सत्यांशस्य चिन्तनं कुर्यात् । घोरमूढबुद्धिषु प्रागुक्तराजसतामसमानसवृत्त्योर्दुःखं परित्यज्य सच्चिद्रूपयोश्चिन्तनं कर्तव्यमित्याह । घोरमूढधियोर्दुःखं मायांशं त्यक्त्वा सच्चिद्विचिन्तनं सच्चितोर्विचिन्तनं कुर्यात् ।

अथ क्रमप्राप्तशान्ताख्यसात्विकवृत्तिषु सच्चिदानन्दरूपस्य पूर्णस्यैव ब्रह्मणः प्रतिफलनात्तच्चिन्तनमात्रेणैव वृत्तिनिष्ठनामरूपजाड्यानां स्वयमेव विलयनात्तत्त्यागमनुक्त्यैव तच्चिन्तनं विधत्ते । शान्तासु सच्चिदानन्दांस्त्रीनप्येवं वृत्त्यंशं त्यक्त्वा विचिन्तयेत् । मायाकार्यं परित्यजेदिति भावः । अथोक्तानां चिन्तनानां तारतम्यमाह ।

इमास्तिस्रस्सच्चिदानन्दविषयिकाश्चिन्ताः क्रमात्कनिष्ठमध्यमोत्कृष्टा नीचमध्यमाधिका इत्युच्यते। सन्मात्रविषयिणी कनिष्ठा । सच्चिद्विषयिणी मध्यमा । सच्चिदानन्दविषयिणी चोत्तमेति विवेकः । निर्गुणब्रह्मध्यानानधिकारिणोऽनुग्रहायमिश्राब्रह्मज्ञानेऽधिकारं दर्शयति । मन्दस्य मन्दबुद्धेर्लौकिकव्यवहारे प्रवृत्तस्यापि मिश्रब्रह्मणि । दृश्योपहितब्रह्मविषये सप्रपञ्चब्रह्मणि चिन्तनमुत्कृष्टमिति वक्तुमेवात्रास्मिन्प्रकरणे विषयानन्द ईरित मन्दाधिकार्यनुजिघृक्षयेति भावः ।

व्यवहारप्रवृत्तस्य सगुणब्रह्मोपासनेऽधिकारः । न तु निर्गुणोपासने । "बहुव्याकुलचित्तानां विचारात्तत्त्वधीर्न

अहमस्मीत्यहंकारसामान्याच्छादितत्त्वतः।
निजानन्दो न मुख्योऽयं किंत्वसौ तस्य वासना ।। (पं.द. ११/९६)

इस प्रकार वृत्तिसहित तीन प्रकार के ध्यान और वृत्तिरहित एक प्रकार का ध्यान, सब मिलाकर चार प्रकार का ध्यान कहा गया है ।

ध्यान से चित्त की एकाग्रता के द्वारा विद्या की स्थिरता का प्रतिपादन करते हैं ।

अर्थ - ज्ञान और योग से प्राप्त होने वाली ब्रह्मविद्या ही है, वह ध्यान नहीं है । ध्यान के द्वारा एकाग्रता प्राप्त होने पर चित्त में विद्या स्थिर होती है ।।३०।।

व्याख्या - योगानन्द, आत्मानन्द और अद्वैतानन्द नामक प्रकरणों में वर्णित ज्ञान और योग से प्राप्त ब्रह्मज्ञान ध्यान नहीं है, अतः ब्रह्मज्ञान ज्ञान का अवान्तर भेद नहीं है । तब वह ज्ञान क्या है ? इस पर कहते हैं कि वह ब्रह्मविद्या ही है । वह ज्ञान ब्रह्मविद्या रूप होने कारण ब्रह्मविद्या के साधनभूत ध्यान में उसके अन्तर्भाव की संभावना ही नहीं है । ध्यान और ब्रह्मविद्या के साध्य-साधनभाव को विशद

ही" ति प्रागुक्तत्वात् । एवं शान्तादिवृत्तित्रयावच्छेदेन ब्रह्मचिन्तनलक्षणं सवृत्तिकं ध्यानत्रयरूपं विषयानन्दमभिधायाधुना वासनानन्दाभिधं निर्वृत्तिकमुत्तमोत्तमं तादृशाधिकारिणस्तुरीयं ध्यानमभिधत्ते।

औदासीन्ये तु सुखदुःखान्तरालेषु वृत्तिरहिता तूष्णीमवस्थितिरौदासीन्यं तत्र धीवृत्तेश्शैथिल्यादुत्तमोत्तमात्पूर्वोक्त ध्यानत्रितयादुत्तममेभ्यो ध्यानेभ्योऽधिकमुत्कृष्टं वासनानन्दे चिन्तनं ध्यानमन्यदुक्तम्। एवं च चतुर्विधं ध्यानम् । वासनानन्द "स्त्वहमस्मीत्यहङ्कारसामान्याच्छादितत्वतः। निजानन्दो न मुख्योऽयं किन्त्वसौ तस्य वासने" त्यत्र निरूपितः । वृत्तिसहितं ध्यानं त्रिविधं तद्रहितमेकमिति मिलित्वा ध्यानस्य चातुर्विध्यम् ।

ननु वृत्तिविनिर्मुक्तब्रह्मचिन्तनस्य ध्यानत्वोक्तौ पातञ्जलादिमताविशिष्टत्वेन ज्ञानयोगाभ्यामुत्पन्नं ज्ञानं ध्यानावान्तरभेद एव भवेदित्यत्राह । योगानन्दात्मानन्दाद्वैतानन्दप्रकरणेषु विवृताभ्यां ज्ञानयोगाभ्यां लब्धं ब्रह्मज्ञानं न ध्यायन् । अतश्च ब्रह्मज्ञानं न ज्ञानावान्तरभेदः । तर्हि तज्ज्ञानं किं भवेदित्यत्राह। सा ब्रह्मविद्यैव खलु । तस्य ज्ञानस्य ब्रह्मविद्यास्वरूपत्वेन तत्साधनभूते ध्यानेऽन्तर्भावो भवतीति शङ्कापि न कार्या । ध्यानब्रह्मविद्ययोस्साध्यसाधनभावं विशदयति । ध्यानेनैकाग्र्यमापन्ने चित्तवृत्तिनिरोधरूपेण सच्चिदानन्दस्वरूपचिन्तनेनैकाग्र्यमापन्ने चित्ते विद्या ब्रह्मज्ञानं स्थिरीभवेत् । स्थिरा संशयविपर्ययविरहादज्ञान-तत्कार्यादिबाधदक्षेति भावः । तथा च स्थिरीभूतं ब्रह्मज्ञानं ध्यानेऽन्तर्भवितुं नार्हतीति शम् ।।

विद्यास्वरूपनिरूपणम् –

विद्यायां सच्चिदानन्दा अखण्डैकरसात्मताम् ।
प्राप्य भान्ति न भेदेन भेदकोपाधिवर्जनात् ।।३१।।

करते हुए कहते हैं कि ध्यान के द्वारा एकाग्रता प्राप्त होने पर अर्थात् चित्तवृत्ति के निरोध द्वारा सच्चिदानन्दस्वरूप के चिन्तन से एकाग्रता प्राप्त होने पर विद्या (ब्रह्मज्ञान) स्थिर होती है । भाव यह है कि स्थिरीभूत ब्रह्मज्ञान ध्यान के अन्तर्गत नहीं हो सकता ।

अब विद्या के स्वरूप का वर्णन करते हैं ।

अर्थ – विद्या में सत्, चित् और आनन्द ये तीनों अखण्ड एकरसात्मकता को प्राप्त होकर भासित होते हैं । भेदकोपाधि के अभाव से भिन्नरूप से भासित नहीं होते हैं ।।३१।।

व्याख्या – विद्या में अर्थात् ज्ञानदशा में सत्, चित् आनन्द ये तीनों अखण्डैकरसात्मकता को प्राप्त होकर भासित होते हैं । भेद की परिकल्पना करने वाली उपाधि के अभाव से भिन्न रूप से भासित नहीं होते हैं । अथवा ब्रह्मविद्या में सत्, चित् और आनन्द एकरूपत्व को प्राप्त कर भासित होते हैं, भिन्नरूप से भासित नहीं होते हैं । ध्यान में सत्, चित् और आनन्द तीनों का भान होने पर भी वे तत्तद्रूप से ही भासित होते हैं, किन्तु विद्या में एकरूपता को प्राप्त कर भासित नहीं होते है । इस प्रकार ब्रह्मविद्या का विषयों से भी वैलक्षण्य प्रदर्शित किया गया है ।

उन्हीं भेदक उपाधियों का वर्णन कर उनके परिहार का उपाय भी बताते हैं ।

अर्थ – शान्त, घोर और शिला आदि भेदकोपाधियाँ मानी गयी हैं । योग से अथवा विवेक से इन

अन्वयः - विद्यायां सच्चिदानन्दाः अखण्डैकरसात्मतां प्राप्य भान्ति। भेदेन न। भेदकोपाधिवर्जनात्।

शान्ता घोराश्शिलाद्याश्च भेदकोपाधयो मताः।
योगाद्विवेकतो वैषामुपाधीनामपाकृतिः ॥३२॥

अन्वयः - शान्ताः घोराः च शिलाद्याः भेदकोपाधयः मताः। योगात् विवेकतः एषाम् उपाधीनाम् अपाकृतिः ।

निरुपाधिब्रह्मतत्त्वे भासमाने स्वयंप्रभे ।
अद्वैते त्रिपुटी नास्ति भूमानन्दोऽत उच्यते ॥३३॥

अन्वयः - स्वयंप्रभे अद्वैते निरुपाधिब्रह्मतत्त्वे भासमाने त्रिपुटी न अस्ति। अतः भूमानन्दःउच्यते।

व्याख्या :- अखण्डैकानन्दरससाक्षात्कारोपकारकत्वाद् ब्रह्मविद्याया विद्यात्वमित्याह । विद्यायां ज्ञानदशायां सच्चिदानन्दा अखण्डैकरसात्मतां प्राप्य भान्ति । भेदकोपाधिवर्जनाद्भेदपरिकल्पन - समर्थस्योपाधेरभावाद्भेदेन न भान्ति । यद्वा ब्रह्मविद्यायां सच्चिदानन्दा अखण्डैकरसात्मतामेकस्वरूपतां प्राप्य भान्ति । भेदेन प्रातिस्विकरूपेण ते न भान्ति । ध्याने तावत्सच्चदानन्दानां त्रयाणां भानेऽपि तत्तद्रूपेणैव भानम् ।

विद्यायामिवैकरूप्यं प्राप्य न भानमित्येवं ब्रह्मविद्याया विषयतोऽपि प्रदर्शितं वैलक्षण्यम् । के वा ते भेदकोपाधयः कथं वा तेषां वर्जनमित्यत्राह । शान्ता घोरा धीवृत्तयश्शिलाद्या इत्युपलक्षणया मूढवृत्तीनामपिग्रहणम् । ते च सर्वेऽङ्गीकृता भेदकोपाधयः । केनोपायेन ते परिह्रियन्त इत्यत्राह । योगाद्योगानन्दप्रकरणे यथाविवृतं तथा वात्मानमनात्मभिर्विवेकतो वा विवेचनाद्वैषामुपाधीनामपाकृतिर्भवति। केचित्त्वस्मिञ्छलोके च शब्दोऽनुक्तसमुच्चायकस्तेन त्रिपुटीसङ्ग्रहः । तस्या नाशोऽप्यैकरूप्येण

उपधियों का परिहार होता है ॥३२॥

व्याख्या - शान्त, घोर और मूढ़ बुद्धिवृत्तियाँ तथा शिला, मिट्टी आदि भेद उत्पन्न करने वाली उपाधियाँ मानी गयी हैं । किस उपाय से उनका परिहार हो सकता है ? इसके उत्तर में कहते हैं कि योगानन्द प्रकरण में वर्णित योग से तथा आत्मा और अनात्मा के विवेक से (विवेचन) इन उपाधियों का परिहार होता है । कुछ लोगों के मतानुसार श्लोक में 'च' शब्द अनुपयुक्त का समुच्चायक है, अतः चकार से त्रिपुटी का ग्रहण होता है । उसके नाश होने पर ब्रह्मविद्या में एकरूपता का भान होता है । इस प्रकार ध्यान से इसमें विलक्षणता है ।

उपाधि के दूर होने पर भूमानन्द की प्राप्ति का वर्णन करते हैं ।

अर्थ - स्वयंप्रकाश अद्वितीय निरुपाधिक ब्रह्मतत्त्व के भासित होने पर त्रिपुटी नहीं रहती, इसलिए वह भूमानन्द कहलाता है ॥३३॥

व्याख्या - स्वयं को प्रकाशित करने के लिए जिसे प्रकाशान्तर की अपेक्षा न हो, उसे स्वयंप्रकाश कहते हैं, ऐसे स्वयंप्रकाश, अद्वितीय, समस्त उपाधियों से रहित (निरुपाधिक) ब्रह्मतत्त्व के भासित होने पर अर्थात् ब्रह्म का साक्षात्कार हो जाने पर ज्ञाता, ज्ञान और ज्ञेय रूपी त्रिपुटी नहीं रह जाती । अतः उस

भानं ब्रह्मविद्यायामिति ध्यानतो वैलक्षण्यम् । आशयोऽयमुत्तरश्लोकस्वारस्यादवगम्यत इत्याहुः । भेदकोपधीनामपाकरणे भूमानन्दावप्तिरित्याह । स्वयम्प्रभे स्वयमिति वृत्तिव्युदासः । स्वयम्प्रकाशे निरुपाधिब्रह्मतत्त्वेऽद्वैते परे ब्रह्मणि त्रिपुटी ज्ञातृज्ञानज्ञेयरूपा नास्त्यतोऽयं भूमानन्द इत्युच्यते । "यत्र नान्यत्पश्यति नान्यच्छृणोति नान्यद्विजानाति स भूमो"ति भूमैव सुखं "नाल्पे सुखमस्ती"ति च छान्दोग्ये श्रूयत इति शम् ।।

ग्रन्थोपसंहरणम् –

ब्रह्मानन्दाभिधे ग्रन्थे पञ्चमोऽध्याय ईरितः।
विषयानन्द एतेन द्वारेणान्तः प्रविश्यताम् ।।३४।।

अन्वयः – ब्रह्मानन्दाभिधे ग्रन्थे पञ्चमः अध्याय ईरितः। विषयानन्दः एतेन द्वारेण अन्तः प्रविश्यताम्।

व्याख्या :– एवमखिलाद्वैतशास्त्रतत्प्रकरणतात्पर्यभूमिभूतयावदद्वैतध्वस्त्युपलक्षिताद्वैतसच्चिदानन्द–ब्रह्मात्मैक्यरूपमुक्तिलक्षणभूमानन्दमुपपाद्येदानीं पञ्चदशप्रकरणीचरमतृतीयांशात्मकपञ्चदश्या पञ्चदशप्रकरणस्य सङ्गतिं द्वारद्वारीभवरूपमाह । ब्रह्मानन्दाभिदधे तन्नामके ग्रन्थे पञ्चमोध्याय ईरितः कथितः ।

प्रकरणादौ यत्प्रतिज्ञानं द्वारभूतत्वं विषयानन्दस्य तदेवोपसंहरति । एतेन पञ्चकोशप्रकरणविवेचनेन गृहान्तः परिवेष्टितस्य प्रत्यगाभिन्नपरब्रह्मसार्वभौमस्य साक्षात्कारार्थमेतेन विषयानन्दनामकेन

समय जिस आनन्दस्वरूप परब्रह्म का अनुभव होता रहता है, उसे भूमानन्द अर्थात् अपरिच्छिन्न आनन्द कहते हैं ।

प्रकृत प्रकरण का उपसंहार करते हैं ।

अर्थ – ब्रह्मानन्द नामक ग्रन्थ में विषयानन्द नामक पाँचवा अध्याय कहा गया, इस द्वार से भीतर (ब्रह्मानन्द में) प्रवेश करना चाहिये ।।३४।।

व्याख्या – पञ्चदशी के तृतीय आनन्द पञ्चक के ब्रह्मानन्द नामक ग्रन्थ में विषयानन्द नाम का पाँचवा अध्याय अर्थात् सम्पूर्णग्रन्थ की दृष्टि से पन्द्रहवाँ प्रकरण कहा गया । इस प्रकरण के प्रारम्भ में प्रतिज्ञा की गई थी कि यह प्रकरण ब्रह्मज्ञान का द्वारभूत है, उसीका उपसंहार कहते हैं । मन्दबुद्धि पुरुष को इस द्वार से ब्रह्मानन्द में प्रवेश करना चाहिये । पञ्चकोश का विवेचन कर हृदय रूपी गुहा में प्रविष्ट प्रत्यगभिन्न सार्वभौम परब्रह्म परमात्मा का साक्षात्कार करने के लिए सर्वजन सुलभ इस विषयानन्द नामक द्वार से जो कि अद्वैत रहस्य रूपी दुर्ग का बाह्य द्वार है, भीतर प्रवेश करना चाहिये ।

आचार्य का आशय यह है कि विषयानन्द ब्रह्मानन्द तक पहुँचने के लिए प्रवेश–द्वार के समान है। मन्दबुद्धि के साधक इस प्रकरण में बताये गये चार प्रकार का ध्यान क्रमशः करने का अभ्यास करें। इसके फलस्वरूप उनका चित्त शुद्ध और एकाग्र हो जाएगा । तदनन्तर वे योग अथवा ज्ञान के द्वारा अन्त में ब्रह्मानन्द तक पहुँच सकेंगे । वही अन्तिम लक्ष्य है ।

मंगलाचरण पूर्वक ग्रन्थ का उपसंहार करते हैं ।

अर्थ – इस ब्रह्मानन्द प्रकरण से हरि–हर रूप परमात्मा सर्वदा प्रसन्न रहें और शुद्ध मन वाले अपने

सर्वजनसामान्येनाद्वैतरहस्यदुर्गमबाह्यद्वारेणान्तः प्रविश्यताम् । विषयप्रतिभासकालेऽपि मिथ्यात्वेन तत्तिरस्कारपूर्वकाद्वैतस्वप्रकाश प्रत्यगानन्दचिन्तनोपपादनादस्य विषयानन्द इत्यन्वर्थाभिधानत्वं सिद्धमिति शम् ।।

ग्रन्थान्ते मङ्गलाचरणम् -

प्रीयाद्धरिर्हरोऽनेन ब्रह्मानन्देन सर्वदा ।
पायाच्च प्राणिनस्सर्वान्स्वाश्रिताञ्छुद्धमानसान् ।।३५।।

।। इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीभारतीतीर्थविद्यारण्यमुनिवर्यविरचितायां पञ्चदश्यां ब्रह्मानन्दे विषयानन्दाख्यं पञ्चदशतमं प्रकरणं सम्पूर्णम् ।।

अन्वयः - अनेन ब्रह्मानन्देन हरिर्हरः सर्वदा प्रीयात् स्वाश्रितान् शुद्धमानसान् सर्वान् प्राणिनः च पायात्।

व्याख्या :- अत्राचार्यस्स्वग्रन्थान्तेऽपि "मङ्गलादीनि मङ्गलमध्यानि मङ्गलान्तानि शास्त्राणि प्रथन्त" इति महभाष्यवचनमनुसृत्याशीर्वादलक्षणं मङ्गलं सफलं कलयन्नद्वैतात्मानमेव भक्तानुग्रहार्थं मायामयलीलाविग्रहविशेषावच्छिन्नं परमेश्वरं प्रार्थयते । मुमुक्षुजनानुजिघृक्षया प्रारिप्सितमिमं महद्ग्रन्थं प्रत्यगभिन्नपरमात्माभिधेयस्य स्वेक्षणापरिकल्पितजगदुत्पत्तिस्थितिलयाधिकृतपरमेश्वरस्य चरणारविन्द-योर्निजां कृतिं चार्पयति । अनेन ब्रह्मानन्देन परमेश्वरः सर्वदा प्रीयात्पायात्स्वाश्रिताञ्छुद्धमानसात्सर्वा-न्प्राणिनः । तेन सर्वप्राणिनां तत्करणकं रक्षण "मेतस्यैवानन्दस्यानि भूतानि मात्रामुपजीवन्ती"ति

आश्रित समस्त प्राणियों की रखा करें ।।३५।।

व्याख्या - ***मङ्गलादीनि मङ्गलमध्यानि मङ्गलान्तानि शास्त्राणि प्रथन्ते*** (महाभाष्य) जिन शास्त्रों के आदि, मध्य और अन्त में मंगलाचरण किया जाता है, वे शास्त्र सुप्रसिद्ध होते हैं । इस महाभाष्य के वचनानुसार ग्रन्थकर्ता यहाँ आशीर्वादात्मक मंगलाचरण करते हैं । मुमुक्षुओं पर अनुग्रह करने के लिए प्रारीप्सित इस महान ग्रन्थ के अन्त में उपक्रम के समान उपसंहार में भी मंगलाचरण करते हुए प्रत्यगभिन्न परमात्मा के चरण कमलों में अर्थात् अपने ईक्षण मात्र से जगत् की उत्पत्ति, स्थिति और लय आदि की कल्पना करने वाले हरि और हर आदि अनेक रूपों में अभिव्यक्त होने वाले परमेश्वर के चरण कमलों में अपनी इस कृति को अर्पण करते हैं । हरि (विष्णु) और हर (शिव) रूप परमात्मा वामभाग में प्रकटित हरिरूप और दक्षिणभाग में प्रकटित हररूप मायामय लीलाविग्रह विशेषावच्छिन्न परमेश्वर अथवा हरिहरादिस्वरूप से प्रतीयमान परमेश्वर इस ब्रह्मानन्द प्रकरण से अर्थात् ब्रह्म का ज्ञान कराने में सहायक इस पञ्चदशी नामक ग्रन्थ से सर्वदा प्रसन्न रहें । और अपने आश्रित शुद्धान्तःकरण वाले समस्त प्राणियों की सर्वदा रक्षा करें अर्थात् अपने यथार्थ स्वरूप का बोध कराकर इस संसारसागर में डूबने से उनकी रक्षा करें ।

इस प्रकरण के द्वारा फलविपरीतभावना नामक पञ्चम प्रतिबन्ध का निराकरण किया गया है । यद्यपि ब्रह्म एकरस ही है तथापि मोक्ष में द्वैत सुख रहता है क्योंकि मोक्षसुख का साक्षी उसका अनुभव करता है । जैसे स्वयं प्रकाश होने पर भी सूर्य और उसकी किरणों में भेद है, उसी प्रकार मोक्ष में भी है । इस

श्रुतेरिष्टशब्दाद्यवच्छेदेनैव । स्वाश्रितशब्दितभक्तानां तु सार्वादिकपरानुरक्तिरूपभक्तिदानेनैव । एवं शुद्धमानसमुमुक्षूणां तु निरुक्तमुक्त्यैवेति शम् ।।

प्रकरणस्यास्यासिपदार्थविषयकफलविपरीतभावनानाशने तात्पर्यम् । तथाहि । "एकरसेऽपि मिथुनसुखममृतेऽस्त्येव स्वरूपसाक्षितया । स्वप्रभरवितत्करवत्प्रतिबन्धः पञ्चमोऽयमैक्येऽपी"ति शोधित-जीवब्रह्मैक्यविषयकफलविपरीतभावनाभिधं पञ्चमप्रतिबन्धमुपन्यस्य "पञ्चदशेऽप्युक्तिः खल्वद्वैतस्व-प्रकाशसुखभूम्नः । सर्वांशभास्यभासकराहितस्येति तस्य तत्परते"ति पञ्चदशप्रकरणस्य तद्बाधकत्वमुक्तं तत्कथमुपपद्यत इति चेत्सत्यम् । यद्यद्वैतात्मनि स्वप्रकाशेऽपि व्यावहारिकसावयवस्वप्रकाश-रविवत्स्वभास्य भासकभावेन स्वरूपसाक्षित्वं निरवयवे निर्गुणे ब्रह्मणि स्याच्चेद्भटेतापीयं शङ्का। तदेव तु कालत्रयेऽपि नैव सम्भवतीति विषयानन्देऽत्र दृश्योपलक्षित ब्रह्मध्यानबोधनेनैवोक्तम् । तथाहि । अत्र प्रकरणे तावच्छान्तादिपदवाच्यसात्विकादिवृत्युपलक्षितसच्चिदानन्दोऽत उच्यते" इति कण्ठत एवोपसंहारव्याजेन निर्गुणनिरवयवाद्वैतभूमानन्दस्वप्रकाशब्रह्मात्मवस्तु निखिलदृश्यबाधध्वनन-पूर्वकमेव बोधितमिति तु निर्विवादमेवेति शम् ।।

शङ्कराश्लेषविलसदानन्दामृतनिर्भराम् । विश्वोत्तंसितपादाब्जां ब्रह्मविद्यां विभावये ।।

।। इति श्रीद्वारकाशारदापीठाधीश्वरैः एवं ज्योतिष्पीठाधीश्वरैः श्रीमज्जगद्गुरुशङ्कराचार्यैः अनन्तश्रीविभूषितश्रीस्वरूपानन्दसरस्वतिस्वामिभिः विरचितायां स्वरूपबोधिन्यां व्याख्यायां ब्रह्मानन्दे विषयानन्दस्समाप्तः ।।

।। समाप्तश्चायङ् ग्रन्थः ।।

प्रकार की भावना को ज्ञान का प्रतिबन्ध कहा गया है । इसी प्रतिबन्धन की निवृत्ति के लिए इस प्रकरण में यह दर्शाया गया है कि अद्वितीय, स्वयंप्रकाश, भूमातत्त्व समस्त भास्य-भासकादि त्रिपुटियों से सर्वथा रहित है, वही मोक्षसुख है और वह एकरूप ही है । इस प्रकार इस ग्रन्थ की तत्परता सिद्ध होती है ।

अतः फलविपरीतभावना का निराकरण ही इस प्रकरण का लक्ष्य है । ॐ

सर्वे भवन्तु सुखिनस्सर्वे सन्तु निरामयाः ।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग्भवेत् ।।

।। ॐ शान्तिश्शान्तिश्शान्तिः ।।

।। इस प्रकार द्वारका एवं ज्योतिष्पीठाधीश्वर अनन्तश्रीविभूषित जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी **श्रीस्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज** द्वारा विरचित **श्रीसद्गुरुसपर्या** नामक हिन्दी व्याख्या में विषयानन्द नामक पन्द्रहवाँ प्रकरण समाप्त हुआ ।।

।। इति श्रीसद्गुरुसपर्याव्याख्या ग्रन्थश्च सम्पूर्णः ।।